Kfz., Kraftfahrzeug मोटरगाड़ी

kg, Kilogramm किलोग्राम

KG, Kommanditgesellsellschaft असीमित साझेदारी वाला समवाय
kHz, Kilohertz किलोहेर्ट्‌स
Kl., Klasse कक्षा; कोटि, श्रेणी
km, Kilometer किलोमीटर
km/h, km/st, Kilometer je Stunde किलोमीटर प्रति घंटा
Kto., Konto खाता
kW. Kilowatt किलोवाट
kWh, Kilowattstunde क़िलोवाट प्रति घंटा
KZ, Konzentrationslager नज़रबंदी-शिविर

L

l, Liter लिटर
lfd., laufend चालू
lfd.M., laufenden Monats इस मास का
lfd.Nr., laufende Nummer चालू संख्या
Lkw, LKW, Lastkraftwagen ट्रक
LP, Langspielplatte बड़ा रेकॉर्ड
LPG, Landwirtschaftliche Produktionsgenossenschaft कृषि उत्पादन-संघ (पूर्वी जर्मनी में)
lt., laut ......के अनुसार
ltd., leitend प्रवर, निदेशक

M

m, Meter मीटर
M, Mark मार्क (पूर्वी जर्मनी में)
mA, Milliampere मिलीऐम्पियर
MA., Mittelalter मध्ययुग
M.A., Magister Artium एम०ए० की उपाधि (-प्राप्त)
m.a.W., mit anderen Worten दूसरे शब्दों में
mb, Millibar मिलीबार
Md.→Mrd.
MdB, Mitglied des Bundestages पश्चिमी जर्मनी की "लोक-सभा" का सदस्य
MdL, Mitglied des Landtages पश्चिमी जर्मनी में "विधान-सभा" का सदस्य
m.E., meines Erachtens मेरे विचार से, मेरी नज़र में
MEZ, mitteleuropäische Zeit मध्ययूरोपीय समय
mg, Milligramm मिलीग्राम
MG, Maschinengewehr मशीनगन
mhd., mittelhochdeutsch मध्ययुगीन उच्च-जर्मन-भाषा
MHz, Megahertz मेगाहेर्ट्‌स
Mill., Million दस लाख
Min., Minute मिनट
Mio.→Mill.
ml, Milliliter मिलीलीटर

mm, Millimeter मिलीमीटर
möbl., möbliert फ़र्नीचर आदि से युक्त
MP, Militärpolizei फ़ौजी पुलिस
Mrd., Milliarde अरब
Ms., Mskr. Manuskript पांडुलिपि
m/s(ek), Meter je Sekunde मीटर प्रति सेकंड
mtl., monatlich मासिक
m.W., meines Wissens जहाँ तक मुझे ज्ञात है

N

N, Nord(en) उत्तर
Nachf., Nachfolger(in) उत्तराधिकारी, उत्तराधिकारिणी
nachm., nachmittags दोपहर के बाद, अपराह्न को
NATO, Nordatlantikpakt उत्तरी-अटलांटिक-संधि
n. Br. nördlicher Breite उत्तरी अक्षांश पर
n. Chr., nach Christus ईसा के बाद; ईसवी सन्
nhd., neuhochdeutsch - प्रचलित (नवीन) उच्च-जर्मन भाषा
n.J. nächsten Jahres अगले वर्ष का (के, की)
n.M., nächsten Monats अगले मास का (के, की)
NN, Normalnull समुद्रतल
N.N., Name unbekannt, irgend jemand अज्ञातनाम; कोई भी
NNO, Nordnordost(en) उत्तर-उत्तरपूर्व, उत्तर-ईशान
NNW, Nordnordwest(en) उत्तर-उत्तरपश्चिम, उत्तर-वायव्या
NO, Nordost(en) उत्तरपूर्व, ईशान
Nr., Nummer संख्या
NS, Nachschrift पुनश्च, पश्चलेख
N.T., Neues Testament नवविधान
NW, Nordwest(en) उत्तरपश्चिम, वायव्या

O

O, Ost(en) पूर्व
o. ä., oder ähnliches या इसी प्रकार का (के, की)
o.B., ohne Befund लक्षण अविद्यमान (किसी रोग के)
OB, Oberbürgermeister महापौर
Obb., Oberbayern बवेरिया का पहाड़ी क्षेत्र
OEZ, osteuropäische Zeit पूर्वी यूरोप का स्टैंडर्ड समय
OHG, Offene Handelsgesellschaft सार्वजनिक साझा-संघ
o.J., ohne Jahr बिना वर्ष के उल्लेख के
ö.L., östlicher Länge पूर्वी रेखांश पर
ONO, Ostnordost(en) पूर्व-उत्तरपूर्व, पूर्व-ईशान
o.P.→o. Prof.
OP, Operationssaal शल्य-कक्ष, ऑपरेशन-कक्ष
o Prof., ordentlicher Professor पीठाध्यक्ष प्रोफ़ेसर

P

p.a., per anno   प्रति वर्ष
p.A., per Adresse   द्वारा
Pfd., Pfund   पाउण्ड
Pkw, PKW, Personenkraftwagen   कार
pp., ppa. per procura   पूर्णाधिकार के द्वारा (हस्ताक्षरों में प्रयुक्त)
Prof., Professor   प्रोफ़ेसर
PS, 1. Pferdestärke   अश्वशक्ति
    2. Postskript(um)   पुनश्च, पश्चलेख

Q

qcm (cm^2), Quadratzentimeter   वर्गसेंटीमीटर
qkm (km^2), Quadratkilometer   वर्गकिलोमीटर
qm (m^2), Quadratmeter   वर्गमीटर

R

r, Radius   व्यासार्ध
rd., rund   लगभग
resp., respektive   या, अर्थात्, यानी
rm, Raummeter   घनमीटर

S

S, Süd(en)   दक्षिण
s., siehe   देखिए
S., Seite   पृष्ठ
Sa., Summa   योग
s.Br., südlicher Breite   दक्षिणी अक्षांश पर
Schw., Schwester   बहन
s.d., siehe dies   यह देखिए
SED, Sozialistische Einheitspartei Deutschlands पूर्वी जर्मनी का राजनैतिक दल
Sek., Sekunde   सेकंड
sen., Senior   वरिष्ठ (अधिकारी); मालिक; पिता
sm, Seemeile   समुद्री मील
s o., siehe oben   ऊपर देखिए
SO, Südost(en)   दक्षिणपूर्व, अग्निकोण
sog., sogenannt   तथाकथित
SOS, internationales Notsignal   अंतर्राष्ट्रीय संकट-संकेत
SPD, Sozialdemokratische Partei Deutschlands   पश्चिमी जर्मनी का एक राजनैतिक दल
SS, Sommersemester   ग्रीष्म-सत्र
SSO, Südsüdost(en)   दक्षिण-दक्षिणपूर्व, दक्षिण-अग्निकोण
SSW, Südsüdwest(en)   दक्षिण-दक्षिणपश्चिम, दक्षिण-नैर्ऋत्य
St., 1. Stück   अदद
    2. Sankt   सन्त

Std., Stunde घंटा
StGB, Strafgesetzbuch दंड-संहिता
StPO, Strafprozeßordnung दंड-प्रक्रिया-संहिता
Str., Straße सड़क,, मार्ग, पथ
StVO Straßenverkehrsordnung सड़क-यातायात-नियमावली
s.u., siehe unten नीचे देखिए
SW, Südwesten दक्षिणपश्चिम, नैर्ऋत्य
s.Z., seinerzeit तब, उस समय

T

t. Tonne टन
TH, Technische Hochschule तकनीकी महाविद्यालय
Tsd., Tausend हज़ार
TU, Technische Universität तकनीकी विश्वविद्यालय
u., und तथा
u.a., 1. unter anderem, unter anderen अन्य......के साथ-साथ
2. und andere(s) तथा अन्य......, तथा और......
u.ä., und ähnliche(s) और इस प्रकार का (के, की)......
u.a.m., und andere (s) mehr तथा अन्य कई, तथा और कुछ
u.A.w.g., um Antwort wird gebeten कृपया उत्तर दें
u.desgl. (m.), und desgleichen (mehr) और इसी प्रकार के (या की) कई अन्य......
u. dgl. (m.), und dergleichen (mehr) और ऐसे या ऐसी ही कई (और)
u. d.M., unter dem Meeresspiegel समुद्रतल से नीचे
ü.d.M,. über dem Meeresspiegel समुद्रतल से ऊपर
UdSSR, Union der Sozialistischen Sowjetrepubliken समाजवादी सोवियत गणराज्यों का संघ, सोवियत संघ
U/min, Umdrehungen pro Minute चक्कर प्रति मिनट
urspr., ursprünglich मूलतः
USA, Vereinigte Staaten von Amerika (संयुक्त राष्ट्र) अमेरिका
usf., und so fort आदि
usw., und so weiter आदि
u.U., unter Umständen संभवतः ; आवश्यकता हुई तो
u.v.a.(m.), und viele(s) andere (mehr) तथा अन्य अनेक ; तथा और बहुत
u.zw., und zwar यथार्थतः ; नामतः कुछ और स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो

V

v., von का, के, की
V, Volt वोल्ट
V., Vers छन्द-पंक्ति
VA, Voltampere वोल्ट एम्पियर
v.Chr. vor Christus ईसा से पूर्व
VEB, Volkseigener Betrieb सरकारी कारख़ाना, लोक निर्माणी (पूर्वी जर्मनी में)
Verf., Verfasser रचयिता

verw., verwitwet विधुर, विधुरित
vgl., vergleiche ...से मिलाइए, ...से तुलना कीजिए
v.H., vom Hundert प्रतिशत
v.J., vorigen Jahres पिछले वर्ष का (के, की)
v.M., vorigen Monats पिछले मास का (के, की)
vorm., 1. vormals पहले
2. vormittags पूर्वाह्न को
Vors., Vorsitzende(r) अध्यक्ष/अध्यक्षा
v.T., vom Tausend प्रतिसहस्र
VW, Volkswagen पश्चिमी जर्मनी में निर्मित एक कार का मार्का, जनता-कार

W

W, West(en) पश्चिम
WEZ, westeuropäische Zeit पश्चिमी यूरोप का स्टैंडर्ड समय
w.L., westlicher Länge पश्चिमी रेखांश पर
WNW, Westnordwest(en) पश्चिम-उत्तरपश्चिम, पश्चिम-वायव्या
WS, Wintersemester शीत-सत्र
WSW, Westsüdwest(en) पश्चिम-दक्षिणपश्चिम, पश्चिम-नैऋत्य
Wwe., Witwe विधवा

Z

Z., 1. Zahl संख्या
2. Zeile पंक्ति
z.B., zum Beispiel उदाहरणतया
z.H., zu Händen ...के लिए, ...को प्राप्त हो
z.K., zur Kenntnisnahme जानकारी के लिए
ZPO, Zivilprozeßordnung दीवानी मुक़दमे की कार्यवाही की नियमावली
z.T., zum Teil अंशतया
Ztr., Zentner आधा क्विन्टल (ऑस्ट्रिया तथा स्विट्ज़रलैंड में एक क्विन्टल)
zus., zusammen के साथ; कुल मिलाकर
z.Z., z., Zt., zur Zeit इस समय, ...के समय

A

A: das A und O आदि और अंत, सर्वस्व, सब कुछ; von A bis Z आदि से अंत तक, पूर्णतया; wer A sagt, muß auch B sagen जो काम प्रारंभ किया है उसे अंत तक (पूरा) करना पड़ेगा।

à, präp. प्रति, फ़ी; 5 Seiten à 30 Zeilen तीस-तीस पंक्तियों के पांच पृष्ठ।

Aal, m (-[e]s/-e) सर्पमीन; **~en,** v/r (h.) U: sich in der Sonne aalen (काम करने के बजाय) आराम से धूप में पड़ा रहना; **~glatt,** adj. सर्पमीन की भाँति चिकना; fig: दुर्ग्राह्य, चालाक; **~ig,** adj. → aalglatt

Aas, n (-es/-e) सड़ी-गली लाश, पशु का सड़ा हुआ शव; Schimpfwort (pl: Äser): अधम व्यक्ति, कमीना; **~en,** v/i (h.) U: अपव्यय क०, फ़ुज़ूलखर्ची क०; **~geier,** m गृद्ध, गिद्ध; U: स्वार्थ-साधक, शोषक; **~ig,** adj. पूतिमय, सड़ा-गला; fig: घृणास्पद, दुष्ट, कमीन।

ab, präp. (+dat.) 1. zeitlich: से, से लेकर; ab 1. Januar पहली जनवरी से; ab heute आज से; von nun ab अब से; ab und zu [ab und an] यदा-कदा, कभी-कभी; 2. räumlich: से, से दूर, से अलग, से हटकर; ab hier यहाँ से; ab Delhi दिल्ली से (आगे); weit ab von der Straße सड़क से (काफ़ी) दूर, सड़क से (काफ़ी) हटकर; rechts ab! दाहिनी ओर जाओ!; II. adv., U: der Knopf ist ab बटन टूट गया है।

abänder-lich, adj. परिवर्तनीय; संशोधनीय; **~n,** v/t (h.) परिवर्तित क०; बदलना; (umarbeiten) का रूप बदलना; (verbessern) सुधारना, में संशोधन क०; **~ung,** f (-/-en) परिवर्तन, संशोधन, सुधार, तब्दीली; **~ungsfähig,** adj. परिवर्तनयोग्य, सुधार के योग्य।

abarbeiten, 1. v/t (h.) काम पूरा क०; eine Schuld: काम करके ऋण चुकाना; 2. v/r (h.) घोर परिश्रम क०, घोर परिश्रम से अपना स्वास्थ्य बिगाड़ना।

Abart, f (-/-en) प्रकार, उपप्रकार, उपजाति, प्रभेद, क़िस्म; **~en,** v/i (s.) स्वाभाविक आचरण से विचलित होना या हो जाना, अन्य प्रकार का होना या हो जाना; रूपांतरित होना या हो जाना; **~ig,** adj. अस्वाभाविक, अप्राकृतिक; अवविकसित; er ist abartig veranlagt वह लौंडेबाज़ है, वह बटुकविलासी है।

abätzen, v/t (h.) अम्ल द्वारा पृथक् क०, तेज़ाब से मिटाना; med: प्रदाहन क०।

Abbau, m (-[e]s) von Mineralien: खनिकर्म, खनन, खान-खुदाई, खनिज-अर्जन; von Personal: छँटनी, छाँट; körperlicher/geistiger: शारीरिक/मानसिक ह्रास; (Demontage) ढाना, गिराना; fig: कमी, घटाव; chem: वियोजन, अपघटन; **~en,** 1. v/t (h.) Mineralien: खनिज-अर्जन क०, खनन क०; Personal: छँटनी क०; Gebäude: ढाना, गिराना; Maschinen: मशीन या उसके किसी पुर्जे को खोलकर अलग क०; chem: वियोजित क०; अपघटित क०; 2. v/i (h.) क्षीण होना, कमज़ोर होना, की क्षमता में ह्रास होना; **~mittel,** n, chem: वियोजक, अपघटक; **~würdig,** adj. खनिज-अर्जन के योग्य; खनिजयुक्त।

abbeißen, v/t (h.) दाँतों से काट लेना या काट देना, दाँतों से काटकर अलग क०।

abbeizen, v/t (h.) → beizen; क्षारीय पदार्थ से अलग कर लेना या कर देना।

abbekommen, v/t (h.) → bekommen; अलग कर लेना, अलग कर पाना; U: er hat etw. abbekommen (दूसरे या दूसरों के साथ) उसकी भी पिटाई हो गई या उसे भी गालियाँ पड़ गईं या उसे भी यों ही हानि हो गई।

abberuf-en, v/t (h.) पद से वापस बुला लेना, (विदेश में की हुई) नियुक्ति रद्द कर देना; **~ung,** f (-/-en) नियुक्ति का रद्द किया जाना, पद से वापस बुलाया जाना; poet: मृत्यु ।

abbestell-en, v/t (h.) (किसी वस्तु के लिए दिया गया) ऑर्डर रद्द क० या कर देना, ऑर्डर वापस ले लेना; **~ung,** f (-/-en) ऑर्डर रद्द क० या ऑर्डर का रद्द किया जाना, ऑर्डर का वापस लिया जाना ।

abbetteln, v/t (h.): jdm. etw. abbetteln गिड़गिड़ाकर किसी से कुछ माँग लेना, भिक्षा के रूप में किसी से कुछ माँग लेना ।

abbieg-en, 1. v/t (h.) मोड़ना, मोड़ देना; fig: संकट या आपत्ति का निवारण क०; विषय-परिवर्तन क०; 2. v/i (s.) मुड़ना, मुड़ जाना; **~ung,** f(-/-en) मोड़ ।

Abbild, n (-[e]s/-er) (Ebenbild) प्रतिरूप; (Nachbildung) प्रतिकृति; **~en,** v/t (h.) चित्रित क०, का चित्र बनाना, चित्र के रूप में प्रस्तुत क०; **~ung,** f (-/-en) चित्र, रेखाचित्र, आकृति ।

abbinden, 1. v/t (h.) खोल देना, बंधनमुक्त क०; eine Warze: मस्से को कसकर बाँध देना (जिससे वह गिर जाए); ein Kalb: दूध छुड़ाना; med: अंग-विशेष में रक्त-संचालन या रक्त-स्राव को रोकने के लिए कसकर पट्टी बाँध देना; 2. v/i (h.) Zement: (गारे या सीमेंट आदि का) कड़ा हो जाना ।

Abbitte, f (-/-n) क्षमायाचना, क्षमाप्रार्थना; Abbitte tun/leisten क्षमायाचना क०; **~n,** v/t(h.): jdm. etw. abbitten किसी से किसी बात के लिए क्षमा माँगना ।

abblas-en, v/t (h.) फूँककर उड़ा देना; Angriff: आक्रमण समाप्त करने की (बिगुल बजाकर) आज्ञा देना; Jagd: शिकार समाप्त करने का बिगुल बजाना; Dampf/Gas: भाप निकाल देना; U: eine Sache abblasen किसी पूर्वनिश्चित कार्य को न क०; **~ventil,** n गैस के प्रवाह का नियन्त्रणकारी वाल्व ।

abblättern, v/i (s.) (के) पत्ते झड़ना; (की) पपड़ी गिरना ।

abblend-en, v/t (h.) प्रकाश कम क०, रोशनी मद्धिम क०; phot: कैमरे में डायफ़्राम के संचालन द्वारा प्रकाश कम क०; **~licht,** n कार का शीर्ष-प्रकाश जिसे मंद किया जा सके; **~ung,** f प्रकाश कम क० या प्रकाश का मंद किया जाना ।

abblitzen, v/i(s.)U: (किसी के पास से) विना कोई सफलता प्राप्त किए लौटना; jdn. abblitzen lassen किसी को निराश करके लौटा देना ।

abblühen, v/i (s.) मुरझा जाना, कुम्हला जाना; fig: कुम्हला जाना, कांतिहीन या शिथिल हो जाना ।

Abbrand, m (-[e]s/ ⸗e) धातु-अवशेष, अवशिष्ट धातु; जारण द्वारा धातु की मात्रा में कमी ।

abbrechen, 1. v/t (h.) तोड़ देना या तोड़ लेना, तोड़कर अलग क०; (demolieren) ढा देना; गिरा देना; fig: (plötzlich beenden) अकस्मात् समाप्त कर देना; U: seine Zelte abbrechen अपने तम्बू उखाड़ देना किसी निवास-स्थान को छोड़ देना; Beziehungen abbrechen सम्बन्ध-विच्छेद क०; 2. v/i (s.) टूट जाना; fig: अचानक समाप्त हो जाना, रुक जाना ।

abbremsen, v/t & v/i (h.) ब्रेक लगाकर रोकना; ब्रेक लगाना; fig: (प्रगति, उन्नति, विकास) में बाधा डालना, रोकना ।

abbrennen, 1. v/t (h.) जला देना, जला डालना, भस्म कर देना; ein Feuerwerk: आतिशबाज़ी, पटाखे आदि छोड़ना; 2. v/i (s.) जल जाना, भस्म हो जाना; U: → abgebrannt

abbringen, v/t (h.) अलग क०, अलग कर लेना या कर देना; jdn. von etw.

abbringen किसी को परामर्श द्वारा कुछ करने से रोकना ।
abbröckeln, v/i (s.) धीरे-धीरे टूटकर गिरना; kfm: Kurse: बाज़ार-भाव का गिरना ।
Abbruch, m (-[e]s/ ⸚e) (Niederreißen) ढाया जाना, गिराया जाना; (jähe Beendigung) अचानक समाप्ति या समापन, विच्छेद; (Schaden) क्षति, हानि, नुक़सान; Abbruch der diplomatischen Beziehungen राजनयिक सम्बन्धों का विच्छेद; das tut unserer Freundschaft keinen Abbruch इससे हमारी मित्रता पर आँच नहीं आती; **~reif,** adj. जीर्ण-शीर्ण, जिसकी मरम्मत संभव न हो ।
abbrühen, v/t (h.) गरम पानी (या द्रव) से जलाना या झुलसाना; fig: → abgebrüht
abbuch-en, v/t (h.) खर्च-खाते में लिखना, बट्टे खाते में डालना, काटना; **~ung,** f (-/-en) व्यवकलन, कटौती ।
abbürsten, v/t (h.) बुरुश से झाड़ना या झाड़ देना ।
abbüßen, v/t (h.) प्रायश्चित्त क०; (दण्ड भोगना) ।
Abc, n (-/-) वर्णमाला, ककहरा; fig: प्रारम्भिक ज्ञान; **~-Schütze,** m प्रथम कक्षा का बालक ।
ABC-Waffen, f/pl. परमाण्विक-जीवाण्विक-रासायनिक अस्त्र ।
abdach-en, v/t (h.) ढालू बनाना; **~ung,**f (-/-en) हल्की ढलान ।
Abdampf, m (-[e]s/ ⸚e) अपशिष्ट वाष्प, उत्स्रावित वाष्प; **~en,** v/i (s.) भाप निकलना या भाप निकालना; U: चला जाना ।
adbank-en, 1. v/t (h.) पदच्युत क०, सेवामुक्त क०, बरखास्त क०; 2. v/i (s.) पदत्याग क०, इस्तीफ़ा देना; **~ung** f (-/-en) (Rücktritt) पदत्याग, इस्तीफ़ा; (Thronverzicht) राजत्याग ।
abdecken, v/t (h.) आच्छादन उतारना, छत उतारना; मेज़ से खाने के बर्तन हटाना ।
Abdecker, m (-s/-) चर्मनिकर्षक, चर्मापनयनकर्ता, चमड़ा उतारने वाला; **~ei,** f (-/-en) चर्मापनयनशाला ।
abdicht-en, v/t (h.) संद बंद क०, छेद बंद क०, दरार भरना, कलापट्टी क०; **~ung,** f (-/-en) संदबंदी, कलापट्टी, दरार का भरा जाना ।
abdienen, v/t (h.) ऋण उतारने के लिए सेवा क०, निश्चित अवधि के लिए सेवा क० ।
abding-bar, adj. (परामर्श के बाद) परिवर्तनीय; **~en,** v/t (h.): jdm. etw. abdingen मोल-भाव करके किसी से कोई वस्तु सस्ते मूल्य पर प्राप्त कर लेना ।
abdrängen, v/t (h.): jdn. von der Straße abdrängen बलप्रयोग द्वारा किसी को मार्ग से हटा देना ।
abdrehen, 1. v/t (h.) (बलपूर्वक) घुमाकर अलग क०; Hals: गरदन मरोड़कर मार देना; Wasserhahn: टोंटी बंद कर देना; Licht: बत्ती बुझाना; 2. v/i (s.) दिशा बदलना, मुड़ जाना ।
Abdruck, m (-[e]s/ ⸚e) (Spur) चिह्न, निशान; (pl: Abdrucke) प्रतिलिपि, नक़ल; **~en,** v/t (h.) छापना, मुद्रित क०; पुनर्मुद्रण क० ।
abdrücken, 1. v/t (h.) (बंदूक आदि का घोड़ा) दबाना; (चाबी आदि) की छाप तैयार क०; U: jdn. abdrücken किसी को कसकर गले लगाना; es drückt mir das Herz ab इससे मुझे हार्दिक कष्ट होता है; 2. v/i (h.) का निशान बनना ।
abdunkeln, v/t (h.) अँधेरा क०; Farbe: गाढ़ा क० ।
abebben, v/i (s.) बाढ़ का उतर जाना; fig: कम हो जाना, घट जाना ।
Abend, m (-s/-e) संध्या, शाम; (Vorabend) पूर्वसंध्या; (abendliche Veranstaltung) सांध्य-कार्यक्रम; poet: पश्चिम; am Abend शाम को;

संध्या समय; des Abends संध्या समय (प्रतिदिन); gegen Abend शाम के आसपास; jeden Abend हर शाम को; gen Abend ziehen पश्चिम की ओर जाना; Guten Abend! संध्या-काल का अभिवादन; zu Abend essen रात का भोजन क०; der Heilige Abend ख्रीस्त-जयंती की पूर्व-संध्या, 24 दिसम्बर की संध्या; ein bunter Abend रंगीन शाम,मनोरंजक कार्यक्रमों की संध्या; ~**ausgabe,** f, Zeitung: सांध्य-संस्करण; ~**blatt,** n सांध्य-समाचारपत्र; ~**brot,** n रात या शाम का भोजन; ~**dämmerung,** f झुटपुटा, संध्या का धुंधलका; ~**essen,** रात या शाम का भोजन; ~**füllend,** adj.पूरी शाम चलने वाला; ~**gesellschaft,** f सांध्य-गोष्ठी; ~**kasse,** f, theat: सायंकालीन चालू बुकिंग की खिड़की; ~**kleid,** n सायंकालीन परिधान,शाम की पोशाक; ~**land,** n पश्चिम, पाश्चात्य-जगत्; ~**länder,**mपाश्चात्य-जगत् का निवासी; ~**ländisch,** adj. पाश्चात्य; ~**lich,** adj. सायंकालीन, शाम का; ~**mahl,** n, eccl: प्रभु-भोज, कोम्युनो, परम-प्रसाद; ~**rot,** n/~**röte,** f सांध्य-लालिमा; ~**s,** adv. शाम को; um 6 Uhr abends शाम को छः बजे; von morgens bis abends सुबह से शाम तक; ~**schule,**f रात्रि-विद्यालय, सांध्य-कालिक विद्यालय; ~**stern,** m सांध्य-तारक; ~**zeitung,** f संध्या को निकालने वाला समाचार पत्र ।

Abenteu-er, n (-s/-) साहसकर्म, जीवट का काम; (Liebeserlebnis) काम-क्रीड़ा; ~**erlich,** adj. अपूर्व, जोखिम वाला, खतरनाक;रत्यात्मक; ~**erlust,** f खतरनाक काम करने की आकांक्षा; ~**rer, m** (-s/-) जोखिम का काम करने वाला, दुस्साहसी; U: धोखेबाज, जालसाज़, शेखी बघारकर फ़ायदा उठाने वाला ।

[1]**aber,** 1.konj. परंतु, पर, किंतु, लेकिन, मगर; 2. adv. फिर से, और, दुबारा; tausend und aber tausend कई हजार; 3. int.: aber, aber ! अरे ! यह क्या कह रहे हो?!;aber ich bitte Sie ! आप भी कमाल करते है !

[2]**Aber,** n (-s/-) (Einwand) आपत्ति, उज्र, एतराज़; (Bedingung) शर्त; das Wenn und Aber अगर-मगर, किन्तु-परन्तु ।

Aber-glaube, m (-ns) अंधविश्वास; ~**gläubisch,** adj. अंधविश्वासी ।

aberkenn-en, v/t (h.): jdm. etw. aberkennenकिसी को किसी अधिकार, सम्पत्ति, उपाधि आदि से वंचित क०; ~**ung,** f (-/-en) वंचित किया जाना, वंचना, विच्युति ।

abermal-ig, adj. बार-बार का; पुनरावृत; ~**s,** adv. फिर से, दुबारा, पुनः ।

abernten, v/t (h.) फ़सल काटना; einen Baum: पेड़ से सारे फल तोड़ लेना ।

Aberwitz, m (-es) सनक, तरंग, मूर्खता; ~**ig,** adj. सनकी, मूर्ख ।

abfahr-en, 1. v/i (s.) चला जाना, प्रस्थान क०, गाड़ी आदि का छूटना; fig: किसी से झिड़की या दो टूक जवाब पाकर चला जाना; 2. v/t (h.) गाड़ी आदि से ले जाना; eine Strecke: वाहन द्वारा किसी मार्ग को आरंभ से अंत तक तय क०; Reifen: प्रयोग द्वारा टायरों को घिस डालना; ~**bereit,**adj. प्रस्थान के लिए तैयार ~**t,** f (-/-en) यात्रारम्भ, प्रस्थान; (Talfahrt) नीचे की ओर जाने का मार्ग; ~**tslauf,** m स्की के साथ नीचे की ओर दौड़ ।

Abfall, m (-[e]s/ ⸚e) (Müll) कूड़ा-करकट;(Unbrauchbares)असार भाग, व्यर्थ अंश; o. pl: (Abhang) ढाल, ढलान;(Lossagung) अभित्याग, अलग होना, छोड़कर चला जाना; (negative Entwicklung) पतन, अधःपतन; ~**eimer,** m कूड़ादान, कूड़े की टोकरी; ~**en,** v/i (s.) गिर जाना; कम होना, घटना; fig: von jdm. abfallen किसी से अलग हो जाना,

किसी का विरोधी हो जाना;fig: gegen etw./jdn. abfallen किसी वस्तु/व्यक्ति की तुलना में निम्न स्तर का होना; der Berg fällt steil ab पहाड़ खड़ी ढलान का है; es wird für jeden etwas dabei abfallen इसमें सबके हिस्से में कुछ न कुछ आएगा; ~**end,** adj. ढालू।

abfällig, adj. अपमानजनक, तिरस्कार-युक्त; eine abfällige Bemerkung तिरस्कारयुक्त उक्ति या कथन; abfällig über jdn. reden किसी की निन्दा क०।

Abfall-haufen, m कूड़े का ढेर; ~**produkt,** n अपशिष्ट उत्पाद; ~**verwertung,** f कूड़े-करकट का सदुपयोग(क०)।

abfälschen, v/t (h.) दूसरी दिशा में फेंकना (फ़ुटबॉल आदि)।

abfang-en, v/t (h.) पकड़ लेना, बीच में ही रोक या पकड़ लेना या क़ाबू पा लेना; jdn. abfangen किसी को रास्ते में ही पकड़ लेना; ~**jäger,** m, mil: अन्तारोधक विमान।

abfärben, v/i (h.;s.) रंग उतरना, रंग छूटना; auf jdn. abfärben किसी पर प्रभाव पड़ना।

abfass-en, v/t (h.) लिखना, रचना क०, शब्दबद्ध क०; ~**ung,** f (-/-en) वाक्यरचना, शब्दचयन।

abfaulen, v/i (s.) सड़ जाना।

abfeilen, v/t (h.) रेती से चिकना क० या अलग क०।

abfertig-en, v/t (h.) तैयार कर देना; निष्पादन क०; jdn. abfertigen किसी को निपटाना; किसी (ग्राहक) को उसकी इच्छा पूरी किए बिना टाल देना; ~**ung,** f (-/-en) (Erledigung) निष्पादन, पूरा किया जाना;von Waren: निकासी अथवा अन्तर-स्थान; von Kunden: निपटाना; (unfreundliche Behandlung) रुक्ष व्यवहार।

abfeuern, v/t (h.) (गोली आदि) चलाना या दागना।

abfind-en, v/t (h.): jdn. abfinden किसी को मुआवज़ा देना, किसी की क्षतिपूर्ति क०; sich mit etw. abfinden किसी बात या वस्तु से असंतुष्ट होते हुए भी उससे निबाह क०; ~**ung,** f (-/-en) क्षतिपूर्ति, मुआवज़ा; ~**ungsvertrag,** m क्षतिपूर्ति का अनुबंध, मुआवज़ानामा।

abfischen, v/t (h.) किसी जलाशय की सारी मछलियाँ पकड़ लेना; किसी वस्तु को कँटिया से निकाल लेना।

abflachen, v/t (h.) समतल क०।

abflauen, v/i (s.) कम होना; fig: बाज़ार में मंदी आना।

abfliegen, 1. v/i (s.) उड़ जाना; उड्डयन प्रारंभ क०; 2. v/t (h.) किसी क्षेत्र का वायुयान द्वारा पर्यवेक्षण क०।

abfließen, v/i (s.) बहना, बह जाना, बह निकलना।

Abflug, m (-[e]s/ ⸗e) उड़ान; उड़ान का आरंभ, वायुयान से प्रस्थान; ~**szeit,** f वायुयान के प्रस्थान का समय।

Abfluß, m (-'sses/ ⸗'sse) (Ausflußstelle) जलनिर्गम-स्थान, परनाला, मोरी; (Entleerungsrohr) निकास-नलिका, पाइप; Wegführung von Wasser: बहाव, बहना; fig: von Geld: धन का ख़र्च होना; ~**graben,** m मोरी, परनाला, नाली, नाला; ~**rohr,** n निकास-नली, पाइप, अपवाहिका।

Abfolge, f (-/-n) अनुक्रम; in rascher Abfolge उत्तरोत्तर, जल्दी-जल्दी एक के बाद एक।

abfordern, v/t (h.) jdm. etw. abfordern किसी से किसी वस्तु या बात की माँग क०।

abformen, v/t (h.) ढालना, गढ़ना, की प्रतिकृति बनाना।

abforsten, v/t (h.) बनकटाई क०, वन के (सभी) वृक्ष काट देना।

abfragen, v/t (h.): jdn. etw. abfragen किसी से पूछ-पूछकर उत्तर प्राप्त करने का प्रयत्न क०; किसी से रटा हुआ पाठ पूछना।

abfressen, v/t (h.) (पशुओं का) किसी वृक्ष के सभी पत्तों को खा जाना।

abfrieren, v/i (s.) कठोर शीत से शरीर के अंगों का गिर जाना।

Abfuhr, f (-/-en) (Wegbeförderung) परिवहन, स्थानान्तरण; beim Fechten: अशक्त कर देने वाला वार; fig: झिड़की, दो टूक जवाब; fig: jdm. eine Abfuhr erteilen किसी को झिड़क देना या दो टूक जवाब दे देना।

abführ-en, 1. v/t (h.) ले जाना, दूर ले जाना; Gefangene: बंदी बनाकर ले जाना, बंदीगृह में ले जाना; Geld: धन भेजना, निश्चित स्थान पर धन जमा कर देना; 2. v/i (h.) med: दस्त लाना, दस्तावर होना, (मृदु) रेचन क०; **~mittel,** n मृदुरेचक, जुलाब; **~ung,** f (-/-en) (दूर) ले जाया जाना, बंदी बनाकर ले जाया जाना; उद्धरण की समाप्ति का चिन्ह।

Abfüll-anlage, f किसी तरल उत्पाद को बोतलों में भरने की मशीन; **~en,** v/t (h.) बोतल में भरना, निथारकर बोतल में भरना।

abfütter-n, v/t (h.) खिलाना, भोजन देना, चारा डालना; U: अनिच्छा से खिलाना; **~ung,** f (-/-en) भोजन देना; चारा डालना; U: अनिच्छा से खिलाना।

Abgabe, f (-/-n) (Verkauf) विक्रय; (Auslieferung) दाति, वितरण; (Schalter) वितरण-स्थान; वितरण की खिड़की; (Überlassung) सुपुर्दगी, दे देना; pl: (Steuern) कर, (राज-) शुल्क; Abgabe der Stimme bei Wahlen चुनाव में मतदान, वोट डालना; Abgabe einer Erklärung घोषणा क०, वक्तव्य देना; सफ़ाई पेश क०; **~nfrei,** adj. करमुक्त, शुल्कमुक्त; **~npflichtig,** adj. कराधेय, करदेय, जिसपर कर देना आवश्यक हो।

Abgang, m (-[e]s/ ⸚e) (Weggehen) गमन, जाना; (Verlust) हानि नुक़सान; theat: प्रस्थान; (Fehlgeburt) गर्भस्राव; poet: मृत्यु।

abgängig, adj. लुप्त, खोया, गुम, ग़ायब, लापता।

Abgangszeugnis, n अन्तरण-प्रमाणपत्र, विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र।

Abgas, n (-es/-e) अपशिष्ट गैस।

abgaunern, v/t (h.): jdm. etw. abgaunern किसी से कुछ ठग लेना; किसी से बेईमानी करके कुछ हथिया लेना।

abgearbeitet, adj. थका, थका-माँदा, परिश्रान्त, निढाल।

abgeben, v/t (h.) (aushändigen) दे देना, सौंप देना, के हवाले कर देना; (verzichten) त्याग देना, छोड़ देना; Kartenspiel: ताश बाँटना; ein Urteil abgeben निर्णय या फ़ैसला देना, विचार प्रकट क०; sich mit etw. abgeben किसी काम में लग जाना; sich mit jdm. abgeben (अपने से निम्न स्तर के) किसी व्यक्ति से सम्पर्क रखना या सम्बन्ध स्थापित क०; er würde einen guten Lehrer abgeben वह अच्छा शिक्षक बनने के योग्य है अथवा अच्छा शिक्षक बनेगा।

abgebrannt, adj. जला हुआ; U: जिसका सारा धन खर्च हो गया हो; U: ich bin total abgebrannt मेरे पास एक कानी कौड़ी भी नहीं बची है।

abgebrochen, adj. टूटा हुआ, भग्न, खण्डित।

abgeblitzt, adj. U: अस्वीकृत, निराश होकर लौटा हुआ।

abgebrüht, adj., fig: निर्लज्ज, बेशर्म; निष्ठुर, कठोर।

abgedroschen adj., fig: अर्थशून्य, घिसा-पिटा।

abgefeimt, adj. धूर्त, चालाक, चालबाज़।

abgegriffen, adj. (abgenutzt) पुराना, घिसा हुआ; fig: (abgedroschen) अर्थशून्य, घिसा-पिटा।

abgehackt, 1. adj. काटकर अलग किया हुआ; 2. adv., fig: abgehackt sprechen रुक-रुककर बोलना।

abgehärmt, adj. निस्तेज, हतोत्साह, शोकग्रस्त।

abgehärtet, adj. दृढ़ीभूत, कठोर, पक्का ।

abgehen, 1. v/i (s.) (weggehen/-fahren) चला जाना, प्रस्थान कर जाना, (गाड़ी आदि का) छूटना; (sich lösen) अलग हो जाना, टूट जाना; theat: रंगमंच से प्रस्थान क०; med: Blut: बह जाना, स्राव होना; von der Schule: (विद्यालय) छोड़ देना; von einem Plan: निश्चय से हट जाना, इरादा छोड़ देना; es ging schlecht ab यह काम तो बिगड़ गया, die Ware geht gut ab यह सौदा खूब बिकता है; ihr geht nichts ab उसे किसी चीज़ की कमी नहीं है; davon gehe ich nicht ab मैं इस पर डटा रहूँगा, मैं इससे रत्ती-भर नहीं टलूँगा; U: ihm geht der Humor ab उसमें विनोदप्रियता की कमी है; 2. v/t (h.) eine Strecke: किसी मार्ग पर (निरीक्षणार्थ) आरंभ से अंत तक चलना ।

abgehetzt, adj. उत्पीड़ित; अशक्त, हाँफता हुआ ।

abgekämpft, adj. क्लांत, श्रांत, निढाल ।

abgekartet, adj., fig: ein abgekartetes Spiel पूर्वनिश्चित छल या चालबाज़ी ।

abgeklärt, adj. (weise) प्रज्ञ, विवेकी; (leidenschaftslos) आवेगहीन, लोकोत्तर, अनासक्त; **~heit,** f (-) प्रज्ञा, विवेक; आवेगहीनता, अनासक्ति, लोकोत्तरता ।

abgelagert, adj. पका, सिझाया हुआ ।

abgelebt, adj. (tot) मृत; (verbraucht) ढला हुआ, जर्जर, क्षीण ।

abgelegen, adj. दूरस्थ, दूरवर्ती, विविक्त; **~heit,** f (-) दूरस्थिति, दूरवर्तिता, विविक्तता ।

abgelt-en, v/t (h.) (ऋण) चुकाना, अदा कर देना या क०; **~ung,** f (-/-en) अदायगी, चुकौती, क्षतिपूर्ति ।

abgemacht, adj. निश्चित, पक्का, तय, तयशुदा; abgemacht! तो बात पक्की हो गई !

abgemagert, adj. कृश, क्षीण, दुबला ।

abgemessen, adj. नपा-तुला ।

abgeneigt adj. (abhold) प्रतिकूल, विद्वेषपूर्ण; (ungewillt) अनिच्छुक; ich wäre nicht abgeneigt... मैं... के लिए सहर्ष तैयार हूँ ।

abgenutzt, adj. घिटा-पिटा, पुराना, जीर्ण-शीर्ण ।

Abgeordnet-e, m/f (-n/-n) (Vertreter) प्रतिनिधि; parl: संसद-सदस्य; **~enhaus,** n संसद, संसद-भवन ।

abgerissen, 1. adj. तोड़कर या फाड़कर अलग किया हुआ; (schäbig) फटा-पुराना, जीर्ण-शीर्ण; (heruntergekommen) फटीचर, फटेहाल; 2. adv., fig: abgerissen sprechen असंगत या असम्बद्ध बातें क०; रुक-रुककर बोलना ।

Abgesandte, m/f (-n/-n) दूत, प्रणिधि ।

Abgesang, m (-[e]s/ ⸚e) Minnesang: जर्मनी के मध्ययुगीन गीतिकाव्य में छंद का अंतिम भाग ।

abgeschieden, adj. (tot) मृत, मरा हुआ; (einsam) पृथक्, विरक्त, अकेला; **~heit,** f (-) विरक्ति, पार्थक्य, वियुक्ति ।

abgeschliffen, adj., fig: सुसंस्कृत, शिष्ट ।

abgeschlossen, adj. बंद; (beendet) पूर्ण, सम्पूरित; fig: (abgeschieden) एकांत; विरक्त; **~heit,** f (-) एकांतता, एकांतवास, विरक्ति ।

abgeschmackt, adj. फीका, स्वादहीन; fig: असंगत, अनर्गल, ऊटपटाँग, मूर्खतापूर्ण; **~heit,** f (-) असंगति, अयुक्ति, मूर्खता ।

abgesehen, präp.: abgeshen von के अतिरिक्त, के अलावा ।

abgesondert, adj., fig: विरक्त, एकांत, पृथक् ।

abgespannt, adj., fig: थका, श्रांत; **~heit,** f (-) थकावट, क्लांति ।

abgespielt, adj., Schallplatte: घिसा हुआ।
abgestanden, adj. पर्युषित, बासी, उबसा हुआ; fig: घिसा-पिटा।
abgestorben, adj. (tot) मृत, मरा हुआ; fig: सुन्न, संवेदनाहीन, संवेदना-शून्य।
abgestumpft,adj.भोथरा, कुंठित, कुंद; fig: उदासीन, भावशून्य; **~heit,** f (-) उदासीनता, भावशून्यता।
abgetakelt, adj., U: अशक्त, अक्षम, बेकार।
abgetan, adj.पूरा किया हुआ, सम्पूरित, निपटाया हुआ।
abgeteilt, adj. विभाजित, विभक्त।
abgetragen, adj., Kleider: फटा-पुराना, पहना हुआ।
abgewinnen, v/t (h.): einer Sache etw. abgewinnen किसी बात या परिस्थिति से कुछ न कुछ लाभ उठा लेना; jdm. etw. abgewinnen चालाकी से किसी से कुछ प्राप्त कर लेना।
abgewirtschaftet, adj. अव्यवस्था के कारण नष्ट; Person: अशक्त, क्षीण।
abgewöhnen, v/t (h.) jdm. etw. abgewöhnen किसी की कोई आदत छुड़ाना; sich etw. abgewöhnen किसी बात की आदत छोड़ना।
abgezählt, adj. गिना हुआ।
abgezehrt, adj. क्षीण; कृश।
abgießen,v/t (h.) वर्तन से तरल पदार्थ उँडेल देना; साँचे में ढालना।
Abglanz, m (-es) प्रतिदीप्ति; fig: झलक, छाया, बिम्ब।
abgleiten, v/i(s.) फिसल जाना, फिसल पड़ना; fig: बेकार हो जाना, व्यर्थ या प्रभावहीन सिद्ध होना।
Abgott, m(-es/ ⸚ er) (Götze) देवता, देव-मूर्ति, बुत; (Idol) भक्तिभाजन।
Abgött-erei, f (-) मूर्तिपूजा, बुत-परस्ती; **~isch,** adj. अतिभक्तिपूर्ण; sie liebt ihr Kind abgöttisch वह अपने बच्चे को बेहद प्यार करती है।
abgraben, v/t (h.) खोद डालना; Wasser: नहर या नदी से पानी काट लेना; fig: jdm. das Wasser abgraben किसी के प्रभाव-क्षेत्र को नष्ट कर देना।
abgrämen, v/r (h.) निरन्तर दुःखी रहना।
abgrasen, v/t (h.) (घास के मैदान आदि को) पूरी तरह चर डालना; fig: किसी क्षेत्र-विशेष में इतना अधिक काम कर डालना कि किसी अन्य व्यक्ति के लिए कुछ करने को शेष न रह जाए।
abgreifen, v/t (h.) छूना, टटोलना, टटोलकर अनुभव क०; छिजाना, निरन्तर प्रयोग द्वारा क्षीण कर देना।
abgrenz-en, v/t (h.) सीमाबद्ध क०, सीमांकन क०; fig: सीमित क०, (शब्द आदि की) स्पष्ट परिभाषा देना; **~ung,** f (-/-en) सीमा-निर्धारण, सीमांकन, परिसीमन; हदबंदी; be-grifflich: अर्थ-निर्धारण, परिभाषा; **~ungsposten,** m, kfm: आस्तगित धन (लेखे में)।
Abgrund, m (-[e]s/ ⸚ e) वितल, अगाध गर्त, रसातल, खड्ड।
abgründig, adj. →abgrundtief
abgrundtief, 1. adj. अगाध, अत्यन्त या अत्यधिक गहरा; 2. adv., fig: jdn. abgrundtief hassen किसी से अत्यधिक घृणा क०।
abgucken, v/t (h.) U: अनधिकृत रूप से देख लेना, किसी की नज़र बचा-कर देख लेना; किसी की नक़ल क०।
Abguß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) (Abformung) साँचे में ढालना, ढलाई; (Geformtes) ढली हुई मूर्ति।
abhacken, v/t (h.) काट डालना।
abhaken, v/t (h.) (सूची आदि में)सही का निशान लगाना।
abhalftern, v/t (h.) घोड़े की अगाड़ी उतारना; U: jdn. abhalftern किसी को बरख़ास्त कर देना।
abhalt-en, 1. v/t (h.) ein Kind: शिशु को मल-मूत्र विसर्जन के लिए अलग

हटाकर पकड़ रखना, शिशु को पाखाना या पेशाब कराना; eine Versammlung: सभा का संचालन क॰; Gottesdienst: सामूहिक प्रभु-प्रार्थना का संचालन क॰; jdn. von etw. abhalten किसी को कुछ करने से रोकना; 2. v/i (h.) ein Schiff vom Ufer: जहाज़ का तट से दूर जाना; **~ung,** f (-/-en) (Durchführung) संचालन, यथाविधि अनुष्ठान; (Verhinderung) कुछ करने से रोकना, बाधा डालना।

abhandeln, v/t (h.) ein Thema: विवेचन क॰, निरूपण क॰, प्रतिपादन क॰; jdm. etw. abhandeln सौदा करके किसी से कोई वस्तु सस्ते में प्राप्त कर लेना।

abhanden, adv.:abhanden kommen खो जाना, चोरी चला जाना।

Abhandlung, f (-/-en) schriftlich: निबंध, शोधप्रबंध; mündlich: वार्ता, व्याख्या।

Abhang, m (-[e]s/ ⸚e) अवरोह,ढाल।

abhängen, 1. v/t (h.) उतार लेना, उतार देना, किसी टँगी या जुड़ी वस्तु को अलग कर देना; fig: jdn. abhängen किसी को पीछे छोड़ देना, किसी से आगे निकल जाना; 2. v/i (h.) लटकना; पर निर्भर होना; Fleisch abhängen lassen मांस को स्वादिष्ट बनाने के लिए कुछ समय तक लटकने देना; von jdm. abhängen किसी व्यक्ति पर निर्भर होना; किसी व्यक्ति पर आश्रित होना; किसी के वशीभूत होना; von etw. abhängen किसी बात पर निर्भर होना।

abhängig,adj. निर्भर, अधीन, पराधीन; von jdm. abhängig sein किसी पर निर्भर होना; das ist von den Umständen abhängig यह परिस्थितियों पर निर्भर करता है;gramm: abhängige Rede असाक्षात्कथन; **~keit,** f (-/-en) पराधीनता, निर्भरता, अधीनता; pol: परतंत्रता।

abhärmen, v/r (h.)दु:खी होना, व्यथित होना।

abhärt-en, v/t (h.) den Körper: शरीर को कठोर बनाना या कष्टसह बनाना, कष्ट सहने की आदत डालना; sich gegen Gefühle abhärtenकठोर हृदय बनना, स्वयं को निष्ठुर बनाना; **~ung,** f (-/-en) कठोर हो जाना, पक्का हो जाना, निष्ठुर या कठोरहृदय बन जाना।

abhaspeln, v/t (h.) रील या गरारी से (डोरा आदि) उतारना; fig: (वार्ता या भाषण) नीरस ढंग से पढ़ देना।

abhauen, 1. v/t (h.) काटकर अलग कर देना; 2. v/i (s.) U: भाग जाना, फूट लेना, खिसक जाना।

abhäuten, v/t (h.) चमड़ा उतारना, खाल खींचना।

abheb-en, 1. v/t (h.) उठा लेना, उठा देना; tel: टेलीफ़ोन का रिसीवर उठाना; Geld: खाते से धन निकालना; Kartenspiel: पत्तों की गड्डी काटना; 2. v/r (h.): sich abheben von से भिन्न होना, की तुलना में बेहतर होना; 3. v/i (h.): auf etw. abheben किसी वस्तु या बात की ओर ध्यान आकृष्ट क॰ या इशारा क॰; Flugzeug: ऊपर उठना; **~ung,** f (-/-en) vom Konto: खाते से धन निकाला जाना।

abheften, v/t (h.) नत्थी कर देना (फ़ाइल में)।

abheilen, v/i (s.) पूरी तरह (से) स्वस्थ हो जाना, पूरी तरह ठीक हो जाना।

abhelfen, v/i (h.) einem Übel: (कष्ट, शिकायत आदि) दूर कर देना।

abhetzen, 1. v/t (h.) जल्दबाजी करके थका देना;2. v/r (h.) जल्दबाजी करने के कारण थक जाना।

Abhilfe, f (-/-n) सहायता, उपशम, राहत, छुटकारा; Abhilfe schaffen सहायता या राहत पहुँचाना, कष्ट आदि से छुटकारा दिलाना।

abhobeln, v/t (h.) रंदे से अलग क० या चिकना क०; कसना ।

abhold, adj. विमुख, प्रतिकूल, विद्वेष-पूर्ण, विरुद्ध; einer Sache abhold sein किसी बात या वस्तु को पसंद न क० ।

abhol-en, v/t (h.) ले आना, जाकर लाना; ~**ung,** f (-) ले आना, जाकर लाना ।

abholz-en, v/t (h.) वनकटाई क०; पेड़ या झाड़-झंखाड़ काट देना; ~**ung,** f (-/-en) वनकटाई, वननाशन, झाड़-झंखाड़ की सफ़ाई ।

abhorchen, v/t (h.) अनुश्रवण क०, अनधिकृत रूप से दूसरों की बातचीत सुनना; med: आले से हृदय की गति की परीक्षा क० ।

Abhör-anlage, f, tel: दूसरों की टेलीफ़ोन-वार्ता सुनने का संयंत्र; अनु-श्रवण या संचारेक्षण का संयंत्र; ~**dienst,** m, mil: सेना का संचारेक्षण-विभाग; ~**en,** v/t (h.) आलोचनात्मक दृष्टि-कोण से सुनना; किसी का रटा हुआ पाठ सुन लेना; अनुश्रवण क० ।

abirren, v/i (s.) मार्ग से विचलित हो जाना, भटक जाना; विषयवस्तु से दूर चला जाना; fig: अच्छा चाहते हुए भी अनजाने में अनुचित काम कर बैठना ।

Abitur, n (-s/-e) [lat.] आबीटूर, स्कूल की अंतिम परीक्षा जिसके आधार पर विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हो सके; ~**ient,** m (-en/-en) आबीटूर-परीक्षा में बैठने वाला ।

abjagen, 1. v/t (h.) भगाना, भगा देना; jdm. etw. abjagen किसी से लड़-झगड़कर कोई वस्तु ले लेना या छीन लेना; 2. v/r (h.) जल्दबाज़ी के कारण थक जाना ।

abkämmen, v/t (h.) कंघी द्वारा अलग क०; ein Gelände: कई लोगों के साथ किसी क्षेत्र का चप्पा-चप्पा छान डालना ।

abkanten, v/t (h.) की नोकों को गोल क० ।

abkanz-eln, v/t(h.) डाँटना, फटकारना; ~(e)**lung,** f (-/-en) फटकार, डाँट ।

abkaps-eln, 1. v/t (h.) सम्पुटिका में बंद क०; 2. v/r (h.) सम्पुटिका में बंद हो जाना; fig: समाज से अलग-थलग रहना, एकांतवास क०; ~(e)**lung,** f (-/-en) सम्पुटिका में बंद होना या किया जाना; fig: एकांतवास, एकाकीपन ।

abkarten, v/t (h.) पहले से ही (छल या बेईमानी की) योजना बना लेना; →abgekartet

abkauen, v/t (h.) चबाकर अलग क०; चबा डालना ।

abkaufen, v/t (h.): jdm. etw. abkaufen किसी से कुछ ख़रीद लेना; fig: das kaufe ich Ihnen nicht ab· मुझे आपकी इस बात पर विश्वास नहीं ।

Abkehr, f (-) विराग, विरक्ति, अरुचि; (Verzicht) त्याग, परित्याग; ~**en,** 1. v/r (h.) किसी व्यक्ति या वस्तु की ओर से मुँह मोड़ लेना; sich von jdm. abkehren किसी के प्रति उदासीन हो जाना; 2. v/t (h.) किसी वस्तु को झाड़ू से साफ़ कर देना, बुहारकर हटा देना ।

abketteln, v/t (h.) बुनाई पूरी होने पर किनारे के आख़िरी फंदों को पक्का क० ।

abkippen, 1. v/t (h.) गिरा देना; 2. v/i (s.) गिर जाना, गिर पड़ना ।

abklappern, v/t (h.) U: fig: Häuser abklappern कुछ प्राप्त करने के लिए)घर-घर का दरवाज़ा खटखटाना ।

abklären, 1. v/t (h.)निथारना, निथरने देना; 2. v/r (h.) निथरना, स्वच्छ होना; fig: धीरे-धीरे अज्ञान का मिटना, धीरे-धीरे प्रज्ञ होना; →abge-klärt

Abklatsch, m (-es/-e) (Ab-druck) प्रतिलिपि, मुद्रण-फलक; (Ebenbild) प्रतिमूर्ति, प्रतिबिम्ब; fig: कोरी नक़ल, मूल्यहीन अनुकरण; ~**en,** v/ t (h.) प्रतिलिपि, प्रतिमूर्ति आदि बनाना; jdn. abklatschen

med: (किसी रोगी को) भीगे कपड़े से थपथपाना; beim Tanzen: बॉल-नृत्य में भाग ले रहे व्यक्तियों में से किसी को ताली बजाकर अपने साथ नाचने के लिए आमंत्रित क० ।

abklemmen, v/t (h.) क्लिप या शिकंजे से भींच देना; fig: वार्तालाप आदि बंद कर देना या रोक देना ।

abklingen, v/i (s.) धीरे-धीरे कम होना या घटना ;

abklopfen, 1. v/t (h.) ठोंक या पीट-कर साफ़ क०; ठोंककर अलग क०; med: शरीर के अंगों को ठोंककर रोग-निदान क०; fig: Argumente auf ihreStichhaltigkeit hin abklopfen तर्कों के औचित्य की परीक्षा क०; 2. v/i (h.) mus: निर्देश-दण्डिका से वादन समाप्त करने का संकेत देना ।

abknabbern, v/t (h.) टूँगना, थोड़ा-थोड़ा करके खाना ।

abknallen, v/t(h.) गोली से उड़ा देना ।

abknapsen, (auch abknappen) v/t (h.) U: मेहनताने आदि में कटौती क०, मेहनताना काट लेना ।

abkneifen, v/t (h.) हाथ या चिमटी आदि से नोंच लेना या नोंचकर अलग क० ।

abknicken, 1. v/t (h.) मोड़ना, मोड़ देना, मोड़कर अलग क०, मोड़कर तोड़ देना; 2. v/i (s.) Straße: मुड़ना ।

abknipsen, v/t (h.) →abkneifen

abknöpfen, v/t (h.) बटन खोलकर अलग क० या कर देना; U: jdm. Geld abknöpfen किसी से चतुराई से धन प्राप्त कर लेना, किसी से रुपया-पैसा झटक लेना ।

abknüpfen, v/t (h.) गाँठ खोल देना, गाँठ खोलकर अलग कर देना ।

abknutschen, v/t (h.) खूब चूमा-चाटी क० ।

abkochen, v/t (h.) उबालकर जीवाणु-रहित क० ।

abkommandier-en, v/t (h.) mil: सैनिक या सैन्य-टुकड़ी को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेज देना; ~**ung,** f (-/-en) एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाना ।

Abkomme, m (-n/-n) वंशज, संतान ।

[1]**abkommen,** v/i (s.) विचलित हो जाना, विपथित हो जाना; vom Thema: से दूर हो जाना, से हट जाना; sport: अच्छा प्रारम्भ क० या होना; von einer Meinung: विचार बदल देना ।

[2]**Abkommen,** n (-s/-) समझौता, अनुबंध(-पत्र), संविदा(-पत्र), इक़रार(नामा); ein Abkommen treffen/schließen समझौता क०, संविदा क० ।

Abkommenschaft, f (-) वंशजगण, संतति, भावी पीढ़ियाँ ।

abkömmlich, adj.: heute bin ich nicht abkömmlich आज मैं नहीं आ सकता ।

Abkömmling, m (-[e]s/-e)→Abkomme

abkoppeln, v/t (h.) खोल देना, अलग कर देना; रेल के डिब्बे काटना ।

abkratzen, 1. v/t (h.) खुरचना, खुरचकर अलग कर देना खुरचकर साफ़ कर देना, 2. v/i (s.) U: मर जाना ।

abkriegen, v/t (h.)→ abbekommen

abkühl-en, 1. v/t (h.) ठंडा क० या कर देना, शीतल बनाना; 2. v/i (s.) (भोजन आदि का, ठंडा होना; 3. v/r (h.) ठंडा पड़ जाना, ठंडा हो जाना; fig: Gefühle: (उद्वेग, आवेश आदि का) ठंडा पड़ जाना; ~**ung,** f (-/-en) शीतलन, ठंडा होना या पड़ जाना; fig: सम्बन्धों में तनाव उत्पन्न हो जाना ।

Abkunft, f (-/ ⸗e) अन्वय, उद्गम ।

abkuppeln, v/t (h.) दो जुड़ी हुई गाड़ियों को अलग क० ।

abkürz-en, v/t (h.) Weg: रास्ता छोटा क०;Wort: संक्षेपण क०, संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत क०; ~**ung,** f (-/-en) छोटा रास्ता; संक्षेपण; संक्षिप्त शब्द ।

abküssen, v/t (h.) ख़ूब चूमना ।

ablad-en, v/t (h.) माल उतारना, माल उतारकर वाहन को ख़ाली क०; fig: Kummer bei jdm. abladen किसी के आगे अपना दुखड़ा रोना; ~**eplatz,** m माल आदि उतारने का स्थान ।

Ablage, f (-/-n) (Bord) किसी वस्तु को रखने का तख़्ता; (Garderobe) अलमारी, तोशाख़ाना, कपड़े आदि टाँगने का स्थान; Registratur: फ़ाइल, संचिका, मिसिल ।

ablager-n, v/t (h.) गोदाम में रखना; geol: अवसादन क०; Wein ablagern lassen पकाने या सिझाने के लिए अंगूरी को गोदाम में रखना; ~**ung,** f (-/-en) (Reifung) पकाई, सिझाई; (Rückstand) अवशेष, उच्छिष्ट, तलछट; geol: कल्क, क्लेद, अवसाद ।

Ablaß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) eccl: पापमोचन, दण्डमोचन; (Preisnachlaß) छूट, कटौती; (Ablaufrohr) जल-अपवाहक नली, अपवाहिका ।

ablassen, v/t (h.) निकाल देना; einen Teich: का पानी बहा देना, ख़ाली कर देना; jdm. etw. ablassen किसी को कुछ बेचना; von etw. ablassen कुछ न क०, कोई काम न क०; vom Preis: मूल्य में छूट देना ।

Ablativ, m (-s/-e) gramm: अपादान कारक, पंचमी ।

Ablauf, m(-[e]s/ ⸚ e) (Abflußstelle) निर्गम-द्वार, निर्गम-स्थान; (Abflußrohr) अपवाहिका; पाइप; eines Geschehens: अनुक्रम;(Beendigung) समाप्ति, अंत; nach Ablauf von zwei Wochen दो सप्ताह (समाप्त होने के) पश्चात्; ~**en,** 1. v/t (h.) Schuhe: बहुत चलकर जूते घिस डालना; eine Straße: किसी वस्तु या व्यक्ति को ढूंढते हुए पूरी सड़क पार क० या पार कर जाना; jdm. den Rang ablaufen→Rang; sich die Beine nach etw. ablaufen किसी वस्तु को प्राप्त करने के लिए काफ़ी भाग-दौड़ क०; 2. v/i (s.)होना, घटित होना, चलना, चालू रहना; (abfließen) बह जाना, निकल जाना; (vergehen) गुज़र जाना, समाप्त हो जाना, की अवधि या वैधता का अंत हो जाना; eine Uhr läuft ab घड़ी बंद हो जाती है, घड़ी रुक जाती है; das ist noch einmal gut abgelaufen यह एक बार फिर अनुकूल रहा, बात एक बार फिर बन गई; fig: seine Uhr ist abgelaufen उसका अन्तसमय आ गया है ।

ablauschen, v/t (h.) अनुश्रवण क०, चुपके से या चोरी से सुन लेना ।

Ablaut, m (-es/-e) gramm: अपश्रुति, स्वर-परिवर्तन ।

abläuten, v/i (h.) घंटे द्वारा (सामूहिक प्रार्थना के अंत का) संकेत देना ।

Ableben, n (-s) poet: मृत्यु ।

ablecken, v/t (h.) चाट लेना, चाट डालना, चाटकर साफ़ क० ।

abledern, v/t (h.) सांभर-चर्म से रगड़कर चमका देना ।

ableg-en, 1. v/t (h.) रख देना, अलग रख देना; Briefe: फ़ाइल क०, नत्थी क०; Kleider: उतारना; Gewohnheiten: छोड़ देना; einen Eid: शपथ लेना; eine Prüfung: परीक्षा में बैठना, परीक्षा देना; Zeugnis ablegen von etw. किसी बात की गवाही देना; fig: er hat seine Maske abgelegt उसने अपना मुखौटा उतार दिया है, अब वह अपना असली रूप दिखा रहा है; legen Sie bitte ab ! ओवरकोट व हैट आदि उतार दीजिए; 2. v/i (h.) Pflanze: नए पौधे निकलना; ~**er,** m (s/-) bot: शाखा से निकला नया पौधा, नई पौध; शाखा जिसकी क़लम लगाई जा सके; U: शाखा-कार्यालय ।

ablehn-en, v/t (h.) अस्वीकार क०, नामंज़ूर क०, नकारना;etw. ablehnen किसी बात को स्वीकार न क०; jdn. ablehnen किसी को मान्यता न

देना, किसी का तिरस्कार क०; ~**ung,** f (-/-en) अस्वीकृति, अस्वीकरण, नामंज़ूरी, इनकार।

ableisten, v/t (h.): den Militärdienst ableisten सैन्य-सेवा (पूरी) क०।

ableit-en, v/t (h.) (umlenken) मार्ग-परिवर्तन क०, दिशा-परिवर्तन क०, विशाखन क०; el: भूयोजन क०; eine Formel: प्राप्त क०,से निकालना, व्युत्पन्न क०; ~**ung,** f (-/-en) (Umlenkung) मार्ग-परिवर्तन, दिशा-परिवर्तन; eines Flusses: विशाखन; (Folgerung) परिणाम, निष्कर्ष आदि का निकाला जाना; gramm: व्युत्पत्ति, निरुक्ति; el: विपथन, विचलन; el: (Erdung) भूयोजनीकरण; math: व्युत्पत्ति; ~**ungssilbe,** f, gramm: प्रत्यय, अन्तसर्ग।

ablenk-en, v/t (h.) दूसरी दिशा में ले जाना; phys: अपवर्वितत क०; jdn. ablenken किसी का ध्यान बँटाना; किसी का मन-बहलाव क०; ~**ung,** f (-/:en) मार्ग-परिवर्तन, दिशा-परिवर्तन, दिक्-परिवर्तन; phys: अपवर्तन; fig: (Zerstreuung) मन-बहलाव, मनोरंजन, ध्यान बँटाना; ~**uugsmanöver,** n, fig: ध्यान दूसरी ओर करने की चाल या तरकीब।

ablesen, v/t (h.) लिखा या छपा हुआ पढ़ देना; ein Gerät: मापक-यंत्र के अंकों को पढ़ना या पढ़कर लिख लेना; (absuchen) ढूंढना, ढूंढकर एकत्र क०, चयन क०; jdm. einenWunsch von den Augen ablesen किसी के चेहरे से उसकी इच्छा जान लेना; Strom ablesen बिजली के मीटर से उपभुक्त बिजली की मात्रा का पता लगाना।

ableugnen, v/t (h.) किसी बात का खंडन क०, किसी बात को क़बूल न क० या न मानना।

ablicht-en, v/t (h.) फ़ोटोस्टैट (प्रतिलिपि) बनाना; ~**ung,** f (-/-en) फ़ोटोस्टैट (प्रतिलिपि)।

abliefer-n, v/t (h.) सौंप देना, सुपुर्द क०, पहुँचा देना; ~**ung,** f (-/-en) सुपुर्दगी, सौंपान।

abliegen, v/i (h.) दूरस्थ होना, दूर होना; रखे-रखे परिपक्व होना।

ablisten, v/t (h.) : jdm. etw. ablisten छल या धोखे से किसी से कुछ प्राप्त कर लेना।

ablocken, v/t (h.): jdm. etw. ablocken प्रलोभन देकर किसी से कुछ प्राप्त कर लेना।

ablöschen, v/t (h.) बुझा देना; सोख्ते से सुखा देना।

ablös-en, 1. v/t (h.) अलग क०,पृथक् क०; धन देकर छुड़ाना; jdn. ablösen किसी को कार्यमुक्त क०; किसी के स्थान पर काम क०; 2. v/r (h.) अलग हो जाना, अलग होकर या टूटकर गिरना; ~**ung,** f (-/-en) (Losmachen) अलग किया जाना, पृथक्करण; (Abgeltung) निष्कृति-धन, छुड़ाई, फिरौती; (Schichtwechsel) पारा-परिवर्तन; कार्यमुक्त कराने वाला या वाले; (Befreiung) मुक्ति।

abluchsen, v/t (h.): jdm. etw. abluchsen छल से किसी से कुछ प्राप्त कर लेना।

abmach-en, v/t (h.) (lösen) अलग क० या कर लेना; (vereinbaren) किसी के साथ कुछ तय क०; → abgemacht; ~**ung,** f (-/-en) समझौता, अनुबंध।

abmager-n, v/i (s.) कृश हो जाना, दुबला हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) कृश होना, दुबला होना; ~**ungskur,** f वज़न घटाने की चिकित्सा जिसमें भोजन की मात्रा कम कर दी जाती है।

abmähen, v/t(h.) घास की कटाई क०।

abmalen, v/t (h.) किसी वस्तु या व्यक्ति का यथारूप चित्र बनाना।

Abmarsch, m (-es) प्रस्थान, मार्च का प्रारंभ; ~**bereit,** adj. प्रस्थान या मार्च के लिए तैयार; ~**ieren,** v/i (s.) मार्च क०, कूच क०।

abmartern, v/r (h.) अपने आपको कोसना या दोष देना ।

abmatten, v/i (s.) थकना, क्षीण हो जाना, कांतिहीन हो जाना ।

abmeld-en, v/t (h.) स्थानीय पुलिस को किसी के स्थान-परिवर्तन की सूचना देना; ein Auto: कार का पंजीकरण रद्द कराना; sich vom Dienst abmelden सेवा छोड़कर जाने की सूचना देना; U: er ist bei mir abgemeldet मेरे हृदय में उसके लिए कोई स्थान नहीं रहा; ~**ung,** f (-/-en) पंजीकरण को रद्द कराना, पंजीकरण का रद्द किया जाना; beim Einwohnermeldeamt: स्थानीय पुलिस को स्थान छोड़ने की सूचना या इस सूचना का दिया जाना ।

abmess-en, v/t (h.) माप-निर्धारण क०, नापना, तोलना; ~**ung,** f (-/-en) (Maßnehmen) माप-निर्धारण; (Ausmaße) आकार-मान, लम्बाई-चौड़ाई; (Zuteilung) निर्धारित मात्रा में तोलना या नापना ।

abmontieren, v/t (h.) मशीन या उसके किसी पुर्ज़े को खोलकर अलग क० ।

abmühen, v/r (h.) कठोर परिश्रम क०, कष्ट या तकलीफ़ उठाना ।

abmurksen, v/t (h.): U: jdn. abmurksen किसी को मार डालना ।

abmuster-n, 1. v/t (h.) (मल्लाहों आदि) को सेवा से मुक्त क०, सैन्य-सेवा से मुक्त क०; 2. v/i (h.) (मल्लाहों आदि का) सेवा से मुक्त होना, सैन्य-सेवा से मुक्त होना; ~**ung,** f (-/-en) mil: (सैन्य) सेवा से मुक्ति ।

abnabeln, v/t (h.) ein Kind: नवजात शिशु की नाभि-नाड़ी काटना ।

abnagen, v/t (h.) कुतरकर अलग क०; हड्डी से मांस को कुतरकर खा लेना ।

abnäh-en, v/t (h.) सिलाई द्वारा तंग बनाना, चुनट डालना; ~**er,** m (-s/-) टाँका, चुनट, मोटी सिलाई ।

Abnahme, f (-/-n) (Wegnahme) ले लेना, छीन लेना, अलग कर लेना; (Schwund) ह्रास, कमी, घटाव, घटती; einer Ware: क्रय, ख़रीद; (behördliche Prüfung) स्वीकृति के हेतु सरकारी जाँच, नव-निर्मित भवन आदि की नगर निगम द्वारा जाँच ।

abnehm-en, 1. v/i (h.) (weniger werden) कम होना, घटना, क्षीण या दुर्बल होना; (nachlassen) का प्रभाव कम होना, ह्रास होना, ज़ोर कम होना; 2. v/t (h.) (wegheben) उठाकर अलग क०, उतारना या उतार लेना; (herunternehmen) उतार लेना (टँगी हुई वस्तु को); (aufkaufen) ख़रीद लेना, मोल लेना; Maschen: बुनाई में फंदे घटाना; eine Prüfung: परीक्षा लेना, इम्तहान लेना; जाँच क०; (jdm. wegnehmen) किसी से कुछ ले लेना या छीन लेना; jdm. Arbeit abnehmen किसी के काम में हाथ बँटाना या किसी काम अपने ऊपर ले लेना; jdm. ein Versprechen abnehmen किसी से कोई प्रतिज्ञा या वादा करवा लेना, किसी से वचन ले लेना; U: das nehme ich Ihnen nicht ab मैं आपकी इस बात पर विश्वास नहीं करता, मुझे आपकी इस बात पर विश्वास नहीं है; ~**er,** m (-s/-) क्रेता, ग्राहक, ख़रीदार ।

Abneigung, f (-/-en) अरुचि, अपवृत्ति, घृणा, नफ़रत ।

abnorm, adj. (regelwidrig) नियम-विरुद्ध, अनियमित; (ungewöhnlich) असाधारण, असामान्य, अस्वाभाविक; (krankhaft) अपसामान्य, विकृत, अप्रकृत; ~**ität,** f (-/-en) (Regelwidrigkeit) अनियमितता, असामान्यता; (Mißbildung) अंग-विकृत, अपसामान्यता ।

abnötigen, v/t (h.): jdm. etw. abnötigen किसी से कुछ ऐंठ लेना, बलपूर्वक किसी से कुछ ले लेना; किसी के हृदय में कोई भावना पैदा क० ।

abnutz-en, v/t (h.) छिजाना, घिस

डालना, अधिक इस्तेमाल से बेकार कर देना; ~ung, f (-/-en) छीज, घिसाव, अधिक उपयोग द्वारा बेकार या मूल्यहीन हो जाना।

abnütz-en, v/t (h.) → abnutzen; ~**ung,** f (-/-en) → Abnutzung

Abonn-ement, n (-s/-s) für Zeitung:पूर्वक्रय, पेशगी देकर अखबार आदि की आगामी प्रतियों को अवधि-विशेष तक प्राप्त करने का अधिकार; für Theaterplatz: निश्चित अवधि के लिए अग्रिम आरक्षण; ~**ent,** m (-en/-en) पूर्वक्रेता, पेशगी देने वाला ग्राहक, जिसके लिए नाट्यशाला के स्थान का अग्रिम आरक्षण हो; ~**ieren,** v/t (h.) पूर्वक्रय क०, पेशगी देकर निश्चित अवधि के बिए नाट्यशाला के स्थान का आरक्षण कराना, अखबार के लिए पेशगी देना।

abordn-en, v/t (h.): jdn. abordnen किसी को प्रतिनिधि बनाकर भेजना; ~**ung,** f (-/-en) प्रतिनिधि-मण्डल, शिष्टमण्डल।

[1]**Abort,** m (-[e]s/-e) शौचघर, शौचालय, पाखाना।

[2]**Abort,** m(-[e]s/-e) [lat.] med: गर्भपात, गर्भस्राव।

abpacken, v/t (h.) थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पैक क०।

abpassen, v/t (h.) के समान बनाना; jdn. abpassen किसी से मिलने के लिए उसके निकलने की प्रतीक्षा क०।

abpfeifen, v/t (h.) ein Spiel: सीटी बजाकर खेल या पारी की समाप्ति क०।

abpflücken, v/t (h.) फल या फूल आदि तोड़ लेना।

abplagen,v/r (h.) कठोर परिश्रम क०, कष्ट या तकलीफ़ उठाना।

abplatt-en, v/t (h.)चपटा क०;~**ung,** f (-/-en) चपटा किया जाना; चपटापन; der Erdkugel: ध्रुव-क्षेत्र में पृथ्वी का चपटापन।

Abprall, m (-[e]s/-e) प्रतिक्षेप, प्रतिघात, धक्का; ~**en,** v/i (s.) प्रतिक्षेपित होना; fig: प्रभावहीन रह जाना, बेअसर रह जाना।

abpressen, v/t (h.) दबाकर खाली क०, निचोड़ लेना; fig: jdm. etw. abpressen किसी से दबाव से कुछ ऐंठना।

abputzen, v/t (h.) पूर्णतया साफ़ कर देना; पुताई या पॉलिश आदि क०।

abquälen, v/r (h.) (कुछ प्राप्त करने के लिए) घोर यन्त्रणाएँ सहना।

abqualifizieren, v/t (h.): jdn. abqualifizierenकिसी की योग्यता को न मानना।

abrackern,v/r (h.) घोर परिश्रम क०।

abrahmen, v/t (h.) Milch: (दूध) से क्रीम निकालना।

Abrakadabra, n (-s) (मन्त्र या जादू के) अस्पष्ट बोल; निरर्थक शब्द।

abraten, v/i (h.): jdm. von etw. abraten किसी को कोई काम न करने की सलाह देना।

Abraum, m (-[e]s) (Abfall) कूड़ा-करकट, मलबा; im Bergbau: पृथ्वी की ऊपरी पर्त जिसके नीचे खनिज पदार्थ हों।

abräumen, v/t (h.) साफ़ क०, मेज़ से बर्तन आदि हटाना।

Abraumsalz, n लवण-निपेक्ष।

abreagieren,1. v/t (h.) eine Spannung: मानसिक तनाव को किसी प्रतिक्रिया द्वारा मिटाना; 2. v/r(h.) शान्त हो जाना, अपने आपको आवेश या मानसिक तनाव से मुक्त क०।

abrechn-en, 1. v/i (h.) हिसाब क०, हिसाब मिलाना; हिसाब देना, हिसाब लेना; fig: mit jdm. abrechnen किसी से निपटना, किसी से बदला लेना; 2. v/t (h.) आय-व्यय का लेखा बनाना, हिसाब बराबर क०; कम कर लेना, घटा लेना, हिसाव में काट लेना; ~**ung,** (-/-en) (Rechnung)हिसाब, लेखा, हिसाब-किताब, आय-व्यय का लेखा-जोखा; (das Abziehen) व्यवकलन, कटौती; (Ausgleich) हिसाब

मिलाना, हिसाब बराबर क०; fig: निपटारा, बदला, प्रतिशोध; etw. in Abrechnung bringen किसी व्यय को हिसाब में लिखना, हिसाब करते समय कुछ काट लेना; fig: mit jdm. Abrechnung halten किसी से निपटना, किसी से बदला लेना ।

Abrechte, f (-/-n) कपड़े की उलटी तरफ़ ।

Abred-e, f (-/-n) (Ableugnen) खण्डन, प्रतिवाद; (Verabredung) समझौता; etw. in Abrede stellen किसी बात का खण्डन क०; **~en,** v/t (h.): etw. mit jdm. abreden किसी से कोई बात तय क० ।

abregen, v/r (h.) शांत हो जाना, गुस्सा थूक देना, अपना क्रोध या जोश ठण्डा क० ।

abreib-en, v/t (h.) रगड़ या घिसकर अलग कर देना, रगड़कर साफ़ क० या चमकाना, रगड़ना, अपघर्षण क०; **~ung,** f (-/-en) घर्षण, अपघर्षण, रगड़ाई; U: पिटाई, ठुकाई; ज़बरदस्त डाँट ।

Abreis-e, f (-/-n) प्रस्थान, गमन; यात्रा पर जाना; **~en,** v/i (s.) प्रस्थान क० चला जाना, यात्रा पर जाना ।

Abreiß-block, m कागज़ों क. ब्लॉक जिससे आवश्यकतानुसार कागज़ फाड़े जा सकें; **~en,** 1. v/t (h.) फाड़ देना; फाड़ डालना; ढा देना, तोड़ देना; 2. v/i (s.) फट जाना; ढह जाना, टूट जाना, टूट या फटकर अलग हो जाना; fig: der Kontakt zu ihm ist abgerissen उसके साथ सम्बन्ध समाप्त हो गया है ।

abreiten, 1. v/t (h.) सीमाग्र या किसी स्थान का घोड़े पर चढ़कर निरीक्षण क०; घोड़े को सवारी करके थका देना; 2. v/i (s.) घोड़े पर सवार होकर चला जाना ।

abricht-en, v/t (h.) जानवरों को सधना या साधना, पशु-प्रशिक्षण क०; **~ung,** f (-) जानवरों की सधाई, पशु-प्रशिक्षण ।

Abrieb, m (-es) अपघर्षण, नदीतल में बहाव के कारण पत्थरों का घिस जाना ।

abriegel-n, v/t (h.) चटख़नी या क़ाबला लगा देना, बन्द कर देना; eine Straße abriegeln घेरा डालकर सड़क बन्द कर देना; **~ung,** f (-/-en) घेरा, मोरचाबन्दी ।

abringen, v/t (h.): jdm. etw. abringen किसी से उसकी इच्छा के विरुद्ध कुछ प्राप्त कर लेना ।

Abriß, m (-'sses/-'sse) (Abbruch) टूट जाना, तोड़ा जाना, ढाया जाना; (Übersicht) सारांश, संक्षेप, ख़ुलासा; (Skizze) रूप-रेखा, रेखाचित्र, कच्चा नक़्शा ।

abrollen, 1. v/t (h.) पहियों पर आगे बढ़ाना; (रील) खोलना; 2. v/i (s.) पहियों पर आगे बढ़ना या लुढ़कना ।

abrücken, 1. v/t (h.) (wegrücken) (दूर) खिसका देना, खिसकाकर हटा देना; 2. v/i (s.) mil: पीछे हटना; मार्च कर जाना; fig: von etw./jdm. abrücken किसी बात या व्यक्ति से कोई सम्बन्ध न रखना (चाहना) ।

Abruf, m (-[e]s/-e) आह्वान, पुकार, बुलावा; निश्चित तिथि पर माल भेजने का आदेश; fig: sich auf Abruf bereithalten बुलाए जाने पर पहुँचने के लिए तैयार रहना, अवसर या आवश्यकता पर पहुँचने के लिए तैयार रहना; **~en,** v/t (h.) पद से वापस बुलाना, दूसरे स्थान पर जाने का आदेश देना; Eisenbahn: रेलगाड़ी के आने या जाने का समय घोषित क० ।

abrund-en, v/t (h.) गोल बनाना; fig: पूर्ण क०, परिमार्जित क०; Zahlen: किसी संख्या में इकाई के अंक को शून्य बना देना; **~ung,** f (-/-en) Kanten: कोनों आदि का गोल किया जाना; Zahlen: किसी संख्या को घटाकर दस से विभाज्य बनाया जाना, किसी संख्या में इकाई के अंक को शून्य बनाना; fig: पूर्ण किया जाना; परिमार्जन ।

abrupfen, v/t (h.) निकियाना, पर आदि नोचकर अलग क०, पकाने से पहले मुर्गी आदि के पर अलग क०।

abrupt, adj. अप्रत्याशित, आकस्मिक; असंगत, असम्बद्ध।

abrüst-en, 1. v/i (h.) निःशस्त्रीकरण क०, शस्त्राल्पन क०; 2. v/t (h.) पाड़ हटाना; **~ung,** f (-/-en) पाड़ का हटाया जाना; mil: निःशस्त्रीकरण, शस्त्राल्पन।

abrutschen, v/i (s.) फिसल जाना, फिसल पड़ना, रपट जाना; वायुयान का एक ओर को फिसल कर गिर जाना; fig: सामाजिक प्रतिष्ठा से वंचित हो जाना, कुमार्ग पर पड़ जाना।

absacken, v/i(s.) धसक जाना; (उड़ते वायुयान की) ऊँचाई का अचानक कम होना; fig: की क्षमता में ह्रास होना।

Absag-e, f (-/-n) (Rückgängigmachen) पूर्वनिश्चित आयोजन को रद्द करने की सूचना, माल आदि के ऑर्डर को रद्द करने की सूचना; (Ablehnung) अस्वीकृति, नकार; **~en,** v/t (h.) आयोजन को रद्द करने की सूचना देना, आयोजन में भाग न लेने की सूचना देना, (निमंत्रण आदि) अस्वीकार क०।

absägen, v/t (h.) आरे या आरी से अलग कर देना; fig: किसी को नौकरी से निकलवा देना या निकाल देना।

absahnen, v/t(h.) Milch: दूध के ऊपर की मलाई या क्रीम की पर्त को निकाल लेना; fig: बिना किसी परिश्रम के प्राप्त कर लेना।

absatteln, v/t(h.) घोड़े की जीन उतारना।

Absatz, m (-es/⸚e) vom Schuh: जूते की एड़ी, गुल; (Treppenpodest) सीढ़ियों के बीच का पाँवदान, मध्यमंच; (Kapitel) परिच्छेद, अनुच्छेद, कण्डिका, पैराग्राफ़; (Ablagerung) तलछट, तलौंछ; o.pl: kfm: विक्रय, खपत; **~bar,** f, U: जूतों की तुरन्त मरम्मत करने की दुकान; **~belebung,** f विक्रय-वृद्धि, खपत में बढ़ती; **~gebiet,** n विक्रय-क्षेत्र; **~krise,** f विक्रय-ह्रास, खपत की कमी से उत्पन्न संकटावस्था; **~markt,** m बाज़ार; **~steigerung,** f व्यापार में वृद्धि; **~stockung,** f विक्रय का रुक जाना, खपत का बन्द हो जाना; **~weise,** adv. थोड़ा-थोड़ा करके; एक एक अनुच्छेद लेकर।

absaufen, v/i(s.) डूब जाना; गिरना, नीचे आना।

absaug-en, v/t (h.) चूस लेना; गर्द को चूसकर साफ़ करने वाले यंत्र से क़ालीन आदि साफ़ क०; **~pumpe,** f चूषण-पम्प।

abschab-en, v/t(h.) खुरच देना, खुरच कर अलग क०; **~sel,** n(-s/-) खुरचन, छीलन।

abschaff-en, v/t (h.) उठा देना, समाप्त क०, उन्मूलन क०, उत्सादित क०, अन्त क०; **~ung,** f (-/-en) उन्मूलन, उत्सादन, निरसन, समाप्ति।

abschälen, 1. v/t(h.) छिलका, छाल या पपड़ी उतारना; 2. v/r(h.) पपड़ी या छाल उतरना।

abschalten, 1. v/t(h.) स्विच बन्द कर देना, स्विच बन्द करके बिजली का प्रवाह रोक देना; 2. v/i(h.) U: ध्यान देना बन्द कर देना, सुनना बन्द कर देना।

abschatt-en, v/t(h.) प्रकाश रोकना, छाया क०; सूक्ष्म (वर्ण-) भेद प्रस्तुत क०; **~ung,** f (-/-en) (Lichtschutz) प्रकाश रोकने का साधन; (Schattierung) सूक्ष्म (वर्ण-)भेद।

abschätz-en, v/t(h.) अनुमान लगाना, अन्दाज़ क० या लगाना, आकलन क०; **~ig,** adj. उपेक्षापूर्ण, तिरस्कारपूर्ण, अपमानजनक, निन्दापूर्ण; **~ung,** f (-/-en) अनुमान, अन्दाज़, आकलन।

Abschaum, m (-es) झाग, फेन, गाज; fig: कूड़ा-करकट; अधम एवम् भ्रष्ट व्यक्ति या लोग।

abschäumen, v/t(h.) फेन निकाल देना।

abscheren, v/t(h.) कतर देना, काट देना; Schaf: ऊन कतरना; tech: अनुप्रस्थ (अनुयांन?) का प्रतिबल डालना।

Abscheu, m (-[e]s)/f(-) घृणा, विरुचि।
abscheuern, v/t(h.) रगड़ कर साफ़ क०, माँजना; रगड़ कर जर्जर क०।
abscheu-erregend/~lich, adj. (häßlich) कुरूप, भयंकर; (ekelhaft) घृणास्पद, घृण्य, जुगुप्साकर; (schlecht) बुरा, निकृष्ट, जघन्य; **~lichkeit,** f (-/-en) कुरूपता, भयंकरता; घृणास्पदता; निकृष्टता, जघन्यता।
abschicken, v/t(h.) भेज देना, प्रेषित कर देना।
abschieb-en, 1. v/t(h.) सरका देना, खिसका देना; Schuld: किसी पर दोषारोपण क०; Arbeit, Verantwortung: कोई काम या ज़िम्मेदारी किसी के मत्थे मढ़ना या किसी पर डालना; Ausländer: विदेशियों को निर्वासित क०; 2. v/i (s.) U: schieb ab! चल हट निकल यहाँ से!; **~ung,** f (-/-en) निर्वासन, विवासन; देश-निकाला; **~ungshaft,** f विवासनार्थ कारावास।
Abschied, m (-[e]s/-e) विदाई, वियोग; (Entlassung) पदच्युति, सेवा से मुक्ति; Abschied nehmen विदाई लेना; heute erhält Herr X seinen Abschied आज श्री X सेवामुक्त हो जाएंगे; **~sfeier,** f विदाई-उत्सव, विदाई-समारोह; **~sschmerz,** m वियोग-दुःख, विरह।
abschießen, v/t(h.) दागना, गोली चलाना, गोली से मार देना या मार गिराना; तीर आदि छोड़ना या चलाना; fig: jdn. abschießen किसी के विरुद्ध षड़यन्त्र करके उसे पदच्युत क०; fig: den Vogel abschießen बाज़ी मार लेना, सबसे श्रेष्ठ निकलना, किसी आयोजन का केन्द्र-बिन्दु बन जाना।
Abschirm-dienst, m, mil: प्रतिगुप्त-चर्या-विभाग; **~en,** v/t(h.) आड़ देना, से बचाना, से रक्षा क०; fig: jdn. gegen etw. abschirmen किसी को किसी बात के प्रभाव से बचाए रखना; **~ung,** f (-/-en) आड़, परदा, बचाव; fig: बाह्य प्रभावों से बचाव।
abschirren, v/t(h.) ज़ीन या साज़ आदि से मुक्त क०, ज़ीन आदि उतारना।
abschlacht-en, v/t(h.) मांस प्राप्त करने के लिए काटना, हलाल क०, ज़िबह क०; fig: हत्या क०, वध क०, बर्बरता-पूर्वक वध क०; **~ung,** f(-/-en) हनन, वध, हलाल; (Massenmord) जन-हत्या, क़त्लेआम।
abschlaffen, v/i(s.) ढीला हो जाना, लटक जाना; थक जाना।
Abschlag, m (-[e]s/⸚e) (Preisnachlaß) मूल्य में छूट, बट्टा; (Abholzung) वनकटाई, वननाशन; (Teilzahlung) क़िश्त, क़िस्त, आंशिका; (Kursabzug) न्यन्तर; sport: फ़ुटबॉल या हॉकी आदि में गेंद को खिलाड़ियों के बीच फेंकना; **~en,** v/t(h.) प्रहार द्वारा अलग क०; einen Baum: काट गिराना; ein Gerüst: ढा देना, गिरा देना; einen Angriff: आक्रमण नाकाम कर देना; eine Bitte: कोई प्रार्थना या माँग अस्वीकार कर देना; jdm. etw. abschlagen किसी की कोई बात न स्वीकार क०, किसी की प्रार्थना अस्वीकार कर देना।
abschlägig, adj. नकारी, नकारात्मक, अस्वीकारात्मक; ein Gesuch abschlägig bescheiden किसी प्रार्थना (-पत्र) को अस्वीकार कर देना।
Abschlagszahlung, f क़िस्त; क़िस्तों में अदायगी।
abschlämmen, v/t (h.) कीचड़ अलग क०, कीचड़ धो देना, धोकर साफ़ क०।
abschlecken, v/t(h.) → ablecken.
abschleifen, 1. v/t(h.) घिसना, रगड़ना, रेतना, घिस या रेत कर चिकना क०; fig: परिष्कार क०, सुधार क०; 2. v/r (h.) घिसते-घिसते चिकना हो जाना; fig: परिष्कृत हो जाना, सुधर जाना।
Abschlepp-dienst, m (ख़राब) कारों आदि को सड़क से खींच कर ले जाने वाला विभाग; **~en,** v/t बाँध कर खींच ले जाना, रस्सी या ज़ंजीर से

खींचना या खींच कर ले जाना; ~**fahrzeug,** n कारों आदि को सड़क से खींचकर ले जाने वाला ट्रक; ~**seil,** n बाँध-रस्सी, अनुकर्षण-रस्सी ।

abschließ-en, 1. v/t(h.)(zuschließen) बन्द क०, बन्द कर देना, ताला लगा देना; (gültig machen) पक्का क० (समझौता या सौदा आदि); (beenden) पूरा क०, समाप्त क०; ein Konto: खाता पूरा क०, जमा-नामे बराबर क०; eine Wette: शर्त बदना, शर्त लगाना; 2. v/i(h.): mit etw. abschließen कोई काम समाप्त क०; mit jdm. abschließen किसी से सम्बन्ध समाप्त क०; fig: sie hat mit ihrer Vergangenheit abgeschlossen उसने अपने अतीत को भुला दिया है, वह अपने अतीत से कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहती; fig: sich abschließen अन्तर्मुखी हो जाना; ~**end,** adj. (endgültig) अन्तिम, आख़िरी; adv. (zum Schluß) अन्ततः, अन्त में; ~**ung,** f(-/-en) (Sicherung) ताले में रखा जाना, सुरक्षित रखा जाना; (Isolierung) पृथक्करण; एकान्त ।

Abschluß, m (-sses/ ∸ sse) (Ende) अन्त, समाप्ति, उपसंहार; (Isolierung) पृथक्करण; der Bilanz: लेखाबंदी; eines Vertrages: संविदा या समझौते का पक्का किया जाना; eine Sache zum Abschluß bringen किसी काम को पूरा क०; größere Abschlüsse tätigen बड़े पैमाने पर ठेके लेना या देना, बड़े पैमाने पर समझौते क०; ~**bericht,** m समापक विवरण, समापक वृत्तान्त; ~**klasse,** f अन्तिम कक्षा; ~**provision,** f दलाली, कमीशन, एजेन्ट की लब्धि; ~**prüfung,** f अन्तिम परीक्षा; ~**zeugnis,** n प्रमाणपत्र, सनद, डिप्लोमा, समापक परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र ।

abschmecken, v/t(h.) चखना, चखकर स्वाद की परीक्षा क०, चखकर देखना, चखकर आवश्यकतानुसार नमक-मिर्च आदि मिलाना ।

abschmeicheln, v/t(h.) : jdm. etw. abschmeicheln चाटुकारी या ख़ुशामद द्वारा किसी से कुछ प्राप्त कर लेना ।

abschmelzen, 1. v/t(h.) पिघला देना, पिघला कर अलग कर देना; 2. v/i(s.) पिघल जाना, पिघल कर बह जाना ।

abschmieren, v/t(h.) गंदे लेख में प्रतिलिपि बनाना, घसीट में प्रतिलिपि तैयार क०; मशीन आदि में तेल या ग्रीस लगाना ।

abschminken, v/t(h.) के चेहरे से शृंगार-द्रव्यों को साफ़ क० ।

abschmirgeln, v/t(h.) रेगमाल से रगड़कर चिकना क० ।

abschnallen, 1. v/t(h.) बकसुआ खोलना, (बकसुआ) खोलकर अलग क०; 2. v/i(h.) U: आश्चर्यचकित होना ।

abschneiden, 1. v/t(h.) काटना, काट देना, काट डालना, काट कर अलग क०; fig: Weg: मार्ग को छोटा क०, छोटे रास्ते से होकर जाना; fig: jdm. das Wort abschneiden किसी के बीच में बोल पड़ना, किसी को बोलने न देना; fig: das Dorf ist von der Außenwelt abgeschnitten बाह्य जगत से इस गाँव का कोई सम्बन्ध नहीं रहा (यातायात एवं संचार-साधनों के छिन्न-भिन्न हो जाने से); 2. v/i(h.) : gut/schlecht abschneiden प्रतियोगिता या परीक्षा में अच्छे/बुरे अंक पाना ।

Abschnitt, m (-[e]s/-e) (Teilstück) टुकड़ा, खण्ड, भाग, हिस्सा; (Zeitraum) कालखण्ड, अवधि; (Kapitel) परिच्छेद, अनुच्छेद, अध्याय; (Segment) वृत्त-खण्ड, छिन्नांश; ~**sweise,** adv. थोड़ा-थोड़ा करके, खण्डों में, चरणों में ।

abschnür-en, v/t(h.) ख़ूब कस कर लपेटना, रक्तस्राव या रक्तप्रवाह को रोकने के लिए कस कर बाँधना; डोरी की सहायता से सीधी रेखाएं बनाना; ~**ung,** f (-/-en) (Drosselung) कस कर बाँधा जाना, कस कर लपेटा जाना;

med: रक्तस्राव या रक्तप्रवाह का रोका जाना।

abschöpfen, v/t(h.) (फेन, क्रीम आदि) निकाल लेना; fig: den Rahm abschöpfen सर्वोत्तम अंश या वस्तु ले लेना।

abschrägen, v/t(h.) तिरछा या आड़ा बनाना।

abschrauben, v/t(h.) पेंच खोल कर अलग कर लेना।

abschreck-en, v/t(h.): jdn. abschrecken किसी को डरा देना, किसी को भयपूर्ण चेतावनी देना; Speisen: उबले हुए खाद्य पदार्थों को पानी से ठण्डा क०; ~**end,** adj. डरावना, भयकारी, अपभायक; ~**ung,** f (-/-en) भय, भयपूर्ण चेतावनी।

abschreib-en, v/t(h.) नक़ल क०, (नक़ल) उतारना, प्रतिलिपि क०, प्रतिलेखन क०; kfm: बट्टे-खाते में डालना; किसी वस्तु का मूल्य कम क०; U: etw. abschreiben किसी वस्तु को नष्ट समझ लेना; U: jdm. abschreiben किसी को निमंत्रण न स्वीकार करने की लिखित सूचना देना, किसी को किसी आयोजन के रद्द करने या होने की लिखित सूचना देना; Farbband: टाइपराइटर के फ़ीते को पूरी तरह इस्तेमाल कर डालना; ~**ung,** f (-/-en) kfm: बट्टे-खाते में लिखा जाना या लिखना।

abschreiten, v/t (h.) सम्मानार्थ सेना-प्रदर्शन की टुकड़ी (का निरीक्षण करते हुए उस) के पास से गुज़रना, मोर्चे आदि की जांच के लिए उसके एक किनारे से दूसरे किनारे तक पैदल जाना।

Abschrift, f (-/-en) प्रतिलिपि, अनुलिपि, नक़ल; ~**lich,** adj. अनुलिपिकृत।

abschuften, v/r(h.) घोर परिश्रम क०।

abschupp-en, v/t (h.) का शल्क या छिलका उतारना; ~**ung,** f (-/-en) शल्क का उतारा जाना, शल्क उतरना।

abschürf-en, v/t(h.) खरोंचना, खरोंच डालना, रगड़ से खाल छील देना; ~**ung,** f (-/-en), med: छिलन, खरोंच, ऊपरी चोट जिसमें खाल छिल जाए।

Abschuß, m (-sses/ ⸚sse) (Schuß) गोली का छूटना या दागा जाना; einer Rakete: रॉकेट का दागा जाना; eines Flugzeuges: वायुयान को गोली मार कर गिराया जाना, विमान-भेदन; von Wild: (जंगली पशुओं का) वध।

abschüssig, adj. प्रपाती, अतिप्रवण, दुरारोह; ~ **keit,** f (-) प्रवणता, दुरारोहता।

Abschuß-liste, f, fig: काली सूची, बरख़ास्त किए जाने या गिरफ़्तार किए ज़ाने वालों की सूची; er steht auf der Abschußliste उसका नाम काली सूची में है; ~**rampe,** f रॉकेट दागने का अड्डा।

abschütteln, v/t (h.) झाड़ कर अलग क० या फेंक देना; fig: jdn. abschütteln किसी से पूरी तरह सम्बन्ध तोड़ देना; किसी को दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंकना; fig: Erinnerungen abschütteln स्मृतियों को एकदम मिटा देना या दिमाग़ से निकाल देना।

abschwächen, v/t(h.) कमज़ोर या दुर्बल कर देना, का ज़ोर कम कर देना।

abschwarten, v/t(h.) (जंगली पशु की) खाल उतारना।

abschwatzen, v/t (h.): jdm. etw. abschwatzen किसी से चालाकी की बातें कर के कुछ प्राप्त कर लेना।

abschweif-en, 1. v/i(s.) मार्ग से विचलित होना, पथभ्रष्ट होना; vom Thema: विषय-वस्तु से दूर चला जाना; 2. v/t(h.) tech: रेशम आदि को रंगने से पहले विशेष द्रव्यों के साथ उबालना; ~**ung,** f (-/-en) व्यतिक्रम, विषयान्तर।

abschwellen, v/i (s.) med: सूजन का घटना; Lärm: शोर या ध्वनि का कम होना।

abschwenken, 1. v/t (h.) खँगालना,

प्रक्षालन क०; 2. v/i (s.) मुड़ना, घूम जाना, दूसरी दिशा में चलने लगाना; fig: अपने विचार बदलना, रंग बदलना, रुख़ बदलना।

abschwindeln, v/t (h.): jdm. etw. abschwindeln किसी से कोई वस्तु ठग लेना।

abschwingen, v/i (s.) झटके के साथ उतर पड़ना, छलाँग लगाकर उतरना।

abschwören, v/t (h.) सशपथ खंडन क०; सशपथ त्याग देना, कुछ न करने की क़सम खाना; dem Glauben abschwören धर्म को तिलांजलि देना, धर्म को सशपथ त्याग देना; fig: dem Alkohol abschwören मद्यपान न करने की क़सम खाना।

Abschwung, m (-[e]s/ ⸚e) sport: झटके या छलांग के साथ उतरना; Konjunkturphase: बाज़ार में मन्दी।

abseh-bar, adj. (erkennbar) स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, ज़ाहिर; (übersehbar) जिसका अन्दाज़ लगाया जा सके; सीमित, थोड़ा; in absehbarer Zeit थोड़े समय में, शीघ्र ही; **~en,** 1. v/t (h.): jdm. etw. absehen किसी से कुछ सीख लेना, किसी की नक़ल क०; es auf etw. absehen किसी वस्तु की ताक में रहना; die Diebe hatten es auf den Schmuck abgesehen चोर गहनों की ताक में थे, चोरों का उद्देश्य गहनों को चुराना था; es ist noch nicht abzusehen, wie das Spiel ausgeht अभी यह नहीं कहा जा सकता कि खेल का अंत क्या होगा, अभी यह कहना सम्भव नहीं कि खेल में कौन जीतेगा; die Folgen sind nicht abzusehen परिणाम क्या होगा यह नहीं कहा जा सकता; 2. v/i (h.): von etw. absehen कोई काम न क०, कोई काम रहने देना; नज़रन्दाज़ क०, पर ध्यान न देना; von einer Bestrafung absehen दण्ड न देना (दण्ड देने के औचित्य के बावजूद भी)।

abseifen, v/t (h.) साबुन से धोना।

abseihen, v/t (h.) छानना।

abseilen, v/t (h.) (पर्वतारोही को) रस्सी से बाँध कर नीचे उतारना।

Abseite, f (-/-n) पीछा, पृष्ठ-पट, उलटी तरफ़।

abseit-ig, adj. (abgelegen) दूरस्थ, दूरवर्ती; (unnatürlich) अप्राकृतिक, अस्वाभाविक, असंगत।

[1]**abseits,** 1. adv. एक ओर, अलग, दूर; 2. präp. (+ gen. oder von) से दूर से अलग, से हट कर, से एक ओर; abseits des Weges [abseits vom Wege] मार्ग से दूर या अलग।

[2]**Abseits,** n (-/-) sport: (फ़ुटबॉल या हॉकी आदि में) ऑफ़साइड।

absend-en, v/t (h.) भेजना, भेज देना, प्रेषित क०; **~er,** m (-s/-) प्रेषक, भेजने वाला; **~ung,** f (-/-en) प्रेषण, भेजा जाना।

absengen, v/t (h.) झुलसाना, झुलसा कर अलग क०, झुलसा देना; Geflügel: मुर्गी आदि के पंखों को अलग करने के वाद वचे रोंओं को झुलसा कर साफ़ क०।

absenk-en, v/t (h.) साहुल की सहायता से सिधाई निश्चित क०; bot: स्ट्रॉबेरी आदि की टहनी को भूमि में गाड़ कर नया पौधा उगाना; **~er,** m (-s/-) →Ableger, bot.

abservieren, v/t (h.) मेज़ से बर्तन आदि हटाना; fig: jdn. abservieren किसी को बरख़ास्त क०।

absetz-en, 1. v/t (h.) रखना, रख देना; गिरा देना; eine Last: बोझ उतार कर रख देना; einen Hut: हैट उतारना; jdn. absetzen किसी को पदच्युत क०; किसी को किसी स्थान पर गाड़ी से उतारना या छोड़ देना; theat: ein Stück: किसी नाटक या फ़िल्म को प्रोग्राम से निकालना; beim Sprechen: बोलते बोलते थोड़ी देर के लिए रुक जाना; von der Steuer: किसी धनराशि को करयोग्य आय से घटाना या निकालना;

kfm: Ware: बेचना, निकालना; er trank die Flasche leer, ohne abzusetzen उसने बोतल एक साँस में ख़ाली कर दी ; er setzte mich vor der Haustüre ab उसने मुझे घर के दरवाज़े पर उतार दिया, वह मुझे घर तक छोड़ गया (गाड़ी से); dieses Thema wird von der Tagesordnung abgesetzt इस विषय को कार्यक्रम की सूची से निकाल दिया जाएगा, इस विषय पर बात नहीं होगी; 2. v/r(h.) (sich niederschlagen) बैठ जाना (अवक्षेप आदि), नीचे जम जाना, घनीभूत होकर नीचे गिरना; U: चला जाना, भाग जाना ; ~ung, f (-/-en) (Amtsenthebung) पदच्युति, बरखास्तगी, अपदस्थीकरण ; bei Steuer: करयोग्य आय से किसी धनराशि की कटौती ।

absichern, 1. v/t (h.)रक्षा क०, सुरक्षित रखना, बचाव क० ; 2. v/r (h.): sich gegen etw. absichern स्वयम् को किसी बात से सुरक्षित रखना, किसी बात से बचने के लिए पहले से प्रबंध क० ।

Absicht, f (-/-en) अभिप्राय, आशय, उद्देश्य, मंशा, इरादा; (Vorhaben) संकल्प, कुछ करने का निश्चय; etw. mit Absicht tun कोई काम जानबूझ कर क०, कोई काम इरादतन क०; eine Absicht hegen कोई इरादा क०, कोई आशय रखना; ~**lich,** 1. adj. साभिप्राय, अभिप्रेत, ज्ञानकृत; 2. adv. इरादतन, जानबूझकर; ~**slos,** adj. अनभिप्रेत, अनैच्छिक, बिना इरादे का ।

absingen, v/t (h.) काग़ज़ से पढ़-पढ़ कर गाना ।

Absinth, m (-[e]s/-e) [griech.] अफ़संतीन ।

absitzen, 1. v/t (h.) Hose: पतलून आदि को लगातार पहन कर तार-तार कर देना ; Strafe: कारावास का दण्ड भोगना, जेल काटना; Zeit: निश्चित अवधि तक बैठे रहना ; 2. v/i (s.) vom Pferd: घोड़े से उतरना ; vom Motorrad: मोटरसाइकिल से उतरना।

absolut, 1. adj. [lat.] पूर्ण, सम्पूर्ण, परम, निर्बाध, निरपेक्ष, अनपेक्ष; 2. adv. पूर्णतया, विल्कुल, एकदम ; die absolute Mehrheit पूर्ण बहुमत; der absolute Nullpunkt (-273, 16°C) परम शून्य, कैलविन के तापमापक का शून्य ; U: das ist absolut falsch यह विल्कुल ग़लत है; U: er hat absolut nichts gearbeitet उसने विल्कुल कुछ भी नही किया है; ~**e,** n (-n) परम तत्व, स्वयंभू ।

Absolution, f (-/-en) [lat.] eccl: निर्मुक्ति, क्षमादान, पापमोचन ।

Absolutis-mus, m (-) [lat.] तानाशाही, एकतन्त्र, निरंकुशता; ~**tisch,** adj. निरंकुश, तानाशाही ।

Absol-vent, m (-en/-en) [lat.] प्रशिक्षण या शिक्षा (-काल) को सफलतापूर्वक समाप्त करने वाला; ~**vieren,** v/t (h.) eccl: jdn. absolvieren किसी को पापमुक्त क०; eine Prüfung : परीक्षा में सफल होना, प्रशिक्षण या शिक्षा आदि को सफलतापूर्वक समाप्त क०; ~**vierung,** f (-/-en) सफलतापूर्ण समापन ।

Absonder-heit, f (-/-en) विलक्षणता, अनूठापन, अनोखापन, सनक ; ~**lich,** adj. विलक्षण, अनूठा, अनोखा, सनकी, निराला; ~**lichkeit,** f (-/-en) →Absonderheit

absonder-n, 1. v/t (h.) अलग, विलग, पृथक् या विविक्त क०; med: स्रावित क०, निस्सारित क०; 2. v/r (h.) अलग, विलग, पृथक् या विविक्त होना ; ~**ung,** f (-/-en) पृथक्करण ; med: स्रवण, स्राव ।

absor-bieren, v/t (h.) [lat.] सोख लेना, चूस लेना, आत्मसात् क०, chem: अवशोषण क०; ~**ption,** f (-/-en) अवशोषण ; ~**ptionsvermögen,** n अवशोषण-शक्ति, अवशोषण की क्षमता; ~**ptiv,** adj. अवशोषी ।

abspalt-en, v/t (h.) चीरना, चीर देना,

चीरकर या फाड़कर अलग क०; विभाजित क०; ~ung, f (-/-en) विभाजन; (Trennung) पृथक्करण ।

abspann-en, v/t (h.) जुते हुए जानवर को खोलना; तनाव कम क०, ढीला क०; सुरक्षा के लिए चारों ओर रस्सी लपेटना; **~ung,** f (-/-en) तनाव का कम किया जाना या होना; सुरक्षा के लिए लपेटी गई रस्सी; (Ermüdung) थकान, श्रान्ति ।

absparen, v/t (h.): sich etw. vom Munde absparen कोई वस्तु ख़रीद सकने के लिए अपने भोजन तक में बचत क० ।

abspeisen, v/t (h.) खिलाना, भोजन देना; fig: jdn. mit etw. abspeisen किसी को छलपूर्वक घटिया या मूल्यहीन वस्तु से संतुष्ट कर देना ।

abspenstig, adj. विमुख, निष्ठाहीन; er hat mir einen Freund abspenstig gemacht उसने मेरे एक मित्र को मेरे ख़िलाफ़ भड़का दिया है ।

absperr-en, v/t (h.) (zuschließen) बन्द कर देना, चटख़नी लगा देना, ताला लगा देना; पानी, बिजली आदि बन्द कर देना या काट देना; Straße: सड़क बन्द कर देना, सड़क पर घेरा डाल देना; **~hahn,** m रोघनी; **~ung,** f (-/-en) रोक, परिरोध; (Barrikade) घेरा, घिराव ।

Abspiel, n (-[e]s/-e) sport: (फ़ुटबॉल, हॉकी आदि में) अपने दल के खिलाड़ी को गेंद देना; **~en,** 1. v/t (h.) Ball: अपने दल के खिलाड़ी को गेंद देना; Schallplatte: रेकॉर्ड बजाना; vom Blatt: स्वर चिह्नों को देख-देखकर वादन क०; 2. v/r (h.) होना, घटित होना ।

absplittern, 1. v/t (h.) छिपटियों या किरचों में तोड़ना; 2. v/i(s.) छिपटियों या किरचों में टूटना ।

Absprache, f (-/-n) विचार-विमर्श, परामर्श; समझौता; eine Absprache treffen कोई समझौता क०; nach Absprache, mit ihm उससे परामर्श के बाद ।

absprechen, v/t (h.): etw. mit jdm. absprechen किसी के साथ कोई बात तय क०, किसी से किसी बात पर विचार-विमर्श क०; jdm. etw. absprechen किसी की योग्यता न मानना, किसी को कोई काम करने के योग्य न समझना ।

abspreizen, v/t (h.) (भवन-निर्माण में) आड़ी थूनियों द्वारा सहारा देना ।

absprengen, v/t (h.) बलपूर्वक अलग क०; Rasen: सींचना; mil: किसी सैनिक या सैन्य-टुकड़ी का उसके सहयोगियों से सम्पर्क तोड़ देना ।

abspringen, v/i (s.) (herunterspringen) कूद पड़ना; (sich lösen) टूट जाना, टूटकर गिर जाना, चटक जाना; fig: (का) साथ छोड़ देना, (से) सम्बन्ध तोड़ देना; U: पूर्वनिश्चित आयोजन में भाग न लेना ।

abspritzen, v/t (h.) फुहारना, पर फुहार डालना ।

Absprung, m (-[e]s/ ⸚ e) कूद, कुदान, छलाँग ।

abspulen, v/i (h.) चर्खी या वलनी से उतारना ।

abspülen, v/t(h.) खँगालना, धोकर साफ़ क० ।

abstamm-en, v/i(s.) का वंशज होना; से उद्भूत होना; **~ung,** f(-/-en) उद्गम, उद्भव, वंश, अन्वय; eines Wortes: व्युत्पत्ति; **~ungslehre,** f मानवजाति के विकास का सिद्धान्त ।

Abstand, m (-[e]s/ ⸚ e) (Zwischenraum) अन्तर, दूरी, फ़ासला; (Intervall) अन्तराल; (Unterschied) विषमता, असमता, अन्तर; (Zahlung) किसी वस्तु के स्वामित्व-परिवर्तन के लिए दिया गया धन, क्षतिपूर्ति, पगड़ी; Abstand halten दूर रहना, फ़ासला रखना; Abstand nehmen von etw. किसी वस्तु या बात से सम्बन्ध त्याग देना;

Abstand gewinnen von etw. किसी वस्तु या बात के प्रति उदासीन होना; er ist mit Abstand der beste Schüler वह अच्छे विद्यार्थियों से भी कहीं अधिक अच्छा है; ~ssumme, f पगड़ी, स्वामित्व-परिवर्तन के लिए दिया गया धन; हरजाना, मुआवज़ा ।

abstatten, v/t (h.): jdm. einen Besuch abstatten किसी से मिलने जाना ।

abstauben, v/t(h.) धूल साफ़ क०, धूल झाड़ना; U: चुराना ।

abstech-en, 1. v/t (h.) ein Tier: नुकीली वस्तु से चुभाकर मार डालना; Hochofen: धातु-निर्माण में प्रयुक्त भट्ठी से पिघली हुई धातु को बाहर निकालने की टोंटी खोलना; Wein: अंगूरी को उसके अवक्षेप से अलग क०; 2. v/i(h.) von etw./jdm.abstechen किसी वस्तु/व्यक्ति से भिन्न होना या बेहतर होना; ~er,m (-s/-) गन्तव्य-स्थान के मार्ग में पड़ने वाले किसी अन्य स्थान को गमन या उस स्थान की सैर ।

absteck-en, v/t (h.)Fläche/Strecke: सीमांकन क०; Kleid: सिलाई से पहले कपड़े पर निशान लगाना; ~ung, f (-/-en) सीमांकन; सिलाई से पहले कपड़े पर चिह्नांकन ।

abstehen, v/i (s.) (schal werden) किसी पेय का रखे-रखे बेस्वाद हो जाना; (wegstreben) से दूर होने का प्रयत्न क०; abstehende Ohren बाहर की ओर निकले हुए कान ।

absteif-en,v/t (h.) कलफ़ लगाकर कड़ा क०; अस्थायी टेक लगाना; ~ung, f (-/-en) टेक, थूनी ।

Absteig-e, f (-/-n) टिकने का स्थान, अस्थायी निवास-स्थान; ~en, v/i (s.) नीचे उतरना; fig: im Hotel: होटल आदि में टिकना; ~equartier, n → Absteige; कुख्यात होटल ।

abstell-en, v/t (h.) (niedersetzen) रख देना, नीचे रख देना, अलग रख देना; (aufbewahren) सँभाल कर रखना या रख देना; Geräte: (abschalten)बंद कर देना, (का स्विच) ऑफ़ कर देना; Gewohnheiten: छोड़ देना, त्याग देना; Mißstände: समाप्त क०, दूर क०, मिटाना; eine Sache auf etw. abstellen किसी वस्तु का किसी अन्य वस्तु के आधार पर निर्माण क०, किसी बात का ध्यान रखते हुए कोई काम क०; mil: jdn. zu etw. abstellen किसी सैनिक को किसी अन्य काम में लगाना; ~gleis, n बग़ली रेलपथ, साइडिंग; fig: jdn. aufs Abstellgleis schieben किसी का महत्व समाप्त कर देना; ~hahn, m रोधनी; ~platz, m सामान रखने का स्थान; कार खड़ी करने का स्थान; ~raum, m सामान रखने का कक्ष, गोदाम, भंडार, गैरज, गराज; ~ung, f (-/-en) (Aufbewahrung)रखा जाना, सँभालकर रखा जाना;(Beseitigung) उन्मूलन,समाप्ति; von Geräten: बंद किया जाना; von Personen: स्थानान्तरण, एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जाना ।

abstempeln, v/t (h.) पर मोहर लगाना; fig: jdn. abstempeln als etw. किसी को कोई नाम दे देना, किसी को चोर, बदमाश, बेईमान, लड़ाका आदि के नाम से प्रसिद्ध कर देना ।

absterben, v/i (s.) मर जाना; संवेदनाशून्य हो जाना, सुन्न हो जाना ।

Abstich, m (-[e]s/-e) von Flüssigkeiten: च्यावन, वेधन करके चुआना; des Hochofens: भट्ठी से पिघली हुई धातु को टोंटी खोलकर निकालना ।

Abstieg, m (-[e]s/-e) उतार, ढाल, नीचे की ओर जाने का मार्ग; fig: पतन, अधःपतन ।

abstillen, v/t (h.) ein Kind: दूध छुड़ाना, स्तनपान की आदत छुड़ाना ।

abstimm-en, 1. v/i (h.) मतदान क०; 2. v/t (h) अनुकूलन क०; mus: समस्वरित क०, सुर मिलाना; aufeinander abstimmen एक दूसरे के अनुकूल बनाना; एक दूसरे से मेल खाता

हुआ बनाना; etw. miteinander abstimmen एक दूसरे के समान बनाना; etw. mit jdm. abstimmen किसी के साथ कोई बात तय क०, किसी के साथ किसी बात पर एकमत हो जाना; ~**ung,**f (-/-en)(Wahlgang)मतदान; (Anpassung) अनुकूलन; mus: समस्वरित किया जाना; Funktechnik: एक ही या समान तरंग-दैर्घ्य पर लाना।

Abstin-ent,[lat.]1.adj.संयमी, परहेज़ी, मद्यत्यागी; 2. m (-en/-en)→Abstinenzler; ~**enz,** f (-) संयम, परहेज़, मद्यत्याग;~**enzler,** m (-s/-) संयमी, मद्यत्यागी; ~**enztag,** m, eccl: व्रत-दिवस।

abstoppen,1. v/i(h.)रुकना, रुक जाना, 2. v/t (h.) रोकना, रोक देना, गति कम क०; विराम-घड़ी से गति नापना।

Abstoß, m (-es/ ⁻̈e) गोल की लाइन से फुटबॉल को पैर द्वारा खिलाड़ियों के बीच फेंकना; ~**en,** v/t (h.) (wegstoßen) धक्का देकर अलग क०, एक ओर को ढकेलना या ढकेल देना; (in Schwung bringen) धक्के द्वारा दोलित क०; (beschädigen) तोड़ना, तोड़ देना; fig: jdn. abstoßen) किसी के हृदय में घृणा उत्पन्न कर देना; U:Waren abstoßen माल जल्दी तथा सस्ते दामों पर बेचना; Hörner abstoßen श्रृंगों को गिराना (हिरण आदि का); U: sich die Hörner abstoßen बालोचित चंचलता को त्याग देना, प्रौढ़ हो जाना; das stößt mich ab यह मेरे हृदय में घृणा पैदा करता है, इससे मुझे घृणा होती है; das Boot stößt vom Ufer ab नाव किनारे से दूर हो जाती है; die Pole von Magneten stoßen sich ab चुम्बक के समान-ध्रुव एक दूसरे से विकर्षित होते हैं; das Geschirr ist stark abgestoßen चीनी के बर्तन टूटे-फूटे हैं; ~**end,** adj. घृणास्पद, घिनावना, विकर्षक।

~**abstottern,** v/t (h.) U: क़िस्तों में अदायगी क०।

abstrafen, v/t (h.): jdn. abstrafen किसी को दंड देना।

abstrahieren, v/t (h.) [lat.] व्यापक बनाना, निरपेक्ष बनाना।

abstrakt, adj. [lat.] निरपेक्ष; अमूर्त, गूढ़, दुर्बोध; eine abstrakte Zahl कल्पित संख्या; abstrakte Kunst अमूर्त कला; ~**ion,** f (-/-en) अमूर्तीकरण, कल्पना मात्र; ~**um,**n(-s/-'ta) दुर्बोध कल्पना; gramm: भाववाचक संज्ञा।

abstrampeln,v/r (h.) U: बहुत प्रयत्न क०, बहुत भाग-दौड़ क०।

abstreichen, v/t (h.) पोंछ देना, पोंछकर साफ़ क०; कम, क०, घटाना; (Gelände absuchen) किसी क्षेत्र को पूरी तरह छान डालना; 2. v/i (h.)Federwild: (जंगली पक्षियों का) उड़ जाना।

abstreifen, v/t (h.) (ausziehen) उतारना, उतार देना; (herunterziehen) आवरण, वस्त्र आदि खींच लेना; खाल खींचना; Schuhe: पायंदाज़ पर रगड़कर जूते साफ़ क०; fig: eine Gewohnheit abstreifen (बुरी) आदत छोड़ देना।

abstreiten,v/t (h.) नकारना, का खंडन क०।

Abstrich, m(-[e]s/-e) लिखाई में नीचे की ओर खींची गई रेखा; (Abzug) कटौती, घटाव; med: परीक्षण के लिये फुरेरी से लिया गया स्राव; fig: Abstriche machen कटौती क०, कम क०, थोड़े में काम चलाना।

abstrus, adj. [lat.] दुरूह, गूढ़।

abstuf-en, v/t (h.) वर्गीकृत क०, का श्रेणीकरण क०; Farben: क्रमशः रंगान्तरण क०, रंगों को क्रमशः परिवर्तित क०; ~**ung,** f (-/-en) श्रेणीकरण, वर्गीकरण; fig: सूक्ष्म भेद; von Farben: रंगान्तरण, वर्ण-भेद, वर्णछटा; gramm: अपश्रुति, स्वारानुक्रम, अप्लाउट।

abstumpf-en, 1. v/t (h.) भुथरा बनाना, भोथरा बना देना; 2. v/i (s.) भुथरा या भोथरा हो जाना:fig:कुंठित, जड़, उदासीन, भावहीन हो जाना; ~**ung,**f (-/-en) der Sinne: कुंठा; जड़ता, उदासीनता, भावहीनता ।

Absturz, m (-es/ ⸚ e) (Fall) (धमाके के साथ) गिरना, विमान का भूमि पर गिरना; (Abhang) खड़ी चट्टान, पातुक, दरद ।

abstürzen, v/i (s.) गिर पड़ना, मुँह के बल गिर पड़ना, नीचे गिर पड़ना; बहुत ढालू होना;

abstützen,v/t(h.) थूनी या टेक लगाना, सहारा देना ।

absuchen, v/t (h.) पूर्ण रूप से खोजना, छान डालना ।

absurd, adj. [lat.] बेतुका, असंगत, अयुक्त, अनर्गल; ~**ität,** f (-/-en) बेतुकापन, असंगति,अयुक्तता,अनर्गलता ।

Abszeß, m (-'sses/-'sse)[lat.] med: फोड़ा, विद्रधि ।

Abszisse(nachse), f (-/-n) [lat.] math: भुज, भुजाक्ष, य-अक्ष ।

Abt, m (es/ ⸚ e) [lat./griech.] मठाध्यक्ष, मठाधीश ।

abtakel-n, v/t (h.)ein Schiff: जहाज़ के पाल आदि उतारना, जहाज़ को आयोग से मुक्त क०; U: jdn. abtakeln किसी को बरखास्त कर देना; किसी को पदच्युत कर देना, ~**ung,** f (-/en) जहाज़ के पाल, मस्तूल आदि का उतारा जाना; पदच्युति ।

abtasten, v/t (h.) टटोलना, परिस्पर्शन क०; med: टटोलकर रोग का पता लगाना, स्पर्श-परीक्षण क० ।

abtauen, 1. v/t (h.) हिम आदि को पिघलाना; संद्रवित क०; 2. v/i (h.) हिम आदि का पिघलना, संद्रवित होना ।

Abtei, f (-/-en) (lat./griech.] मठ ।

Abteil,n(-[e]s/-e) रेल का डिब्बा, ~**en,** v/t (h.) विभाजित क०; अलग क०; ~**ung,** f (-/-en) (Lostrennung) पृथक्करण, वियोजन, अलग किया जाना; (Teil) भाग, खण्ड; (Untergliederung) विभाग, उपविभाग, महकमा; mil: सैन्यदल, सेना की टुकड़ी; ~**ungsleiter,**m, kfm: विभागाध्यक्ष ।

abtelefonieren, v/t (h.): jdm. abtelefonieren किसी को निमंत्रण न स्वीकार करने की सूचना टेलीफ़ोन द्वारा देना, किसी को किसी आयोजन के रद्द किए जाने की सूचना टेलीफ़ोन द्वारा देना ।

abteuf-en, v/t (h.) einen Schacht: (कुआँ) खोदना, ज़मीन में छेद क०; ~**ung,** f (-/-en) कुआँ खोदा जाना; कुआँ, ज़मीन में किया गया गहरा छेद ।

abtippen, v/t (h.) U: टाइप कर देना, (हाथ से लिखे हुए की) टाइपराइटर से नक़ल कर देना ।

Äbtissin, f (-/-nen) मठाध्यक्षा ।

abtön-en, v/t (h.) Farben: रंगों को क्रमशः एक से दूसरे में परिवर्तित क०; Töne: सुर को मंद क० या धीमा क०; सुरों को क्रमशः बदलना; ~**ung,** f (-/-en) वर्ण-छटा, वर्ण-भेद, आभा-भेद, स्वर-भेद;gramm: अपश्रुति, अप्लाउट ।

abtöt-en, v/t (h.) (töten) मार डालना; (unterdrücken) पर नियंत्रण क०, पर क़ाबू क०, का दमन क०; med: einen Nerv: सुन्न कर देना; संवेदनाशून्य कर देना; fig: sich abtöten सांसारिक सुखों से विमुख हो जाना; सन्यास ले लेना; ~**ung,** f (-/-en) (Tötung) हत्या, हनन; (Unterdrückung) इच्छाओं का दमन, नियंत्रण ।

Abtrag, m(-[e]s)हानि, क्षति, नुक़सान; jdm. Abtrag tun किसी को हानि पहुँचाना; ~**en,** v/t (h.) Schulden: ऋण चुकाना, क़िस्तों में कर्ज़ उतारना; Kleider: कपड़ों को पहन-पहन कर घिस देना या तार-तार कर देना; Berge: पहाड़ या भूमि के उभार को खत्म क० या समतल क०;Speisen: (बचे हुए) खाने को मेज़ से हटाना; Gebäude: ढा देना, गिरा देना;

~ung, f (-/-en) von Schulden: ऋण का (क़िस्तों में) चुकाया जाना; von Erdreich: मिट्टी या मलवा साफ़ क०; तलेक्षण, समतलन; (Einreißen) ढाना, ढाया जाना।

abträglich, adj. हानिकर, हानिकारक, क्षतिप्रद, अपकारक; प्रतिकूल,।

Abtransport, m (-es/-e) परिवहन, स्थानान्तरण, ले जाया जाना; **~ieren,** v/t (h.) परिवहन क०, ले जाना।

abtreib-en, 1. v/t (h.) निकाल देना, दूर कर देना, अलग कर देना; पहाड़ी चरागाहों से घाटी की ओर हाँकना; ein Pferd: दौड़ा कर थका देना; med: गर्भपात क०, भ्रूणपात क०; chem: शुद्ध या परिष्कृत क०; 2. v/i (s.) बह जाना; निश्चित पथ से हट जाना; **~end,** adj,, med: गर्भस्रावक, गर्भपातक; **~ung,** f गर्भस्राव, गर्भपात; भ्रूणहत्या।

abtrenn-en, v/t (h.) अलग क० या कर देना, (काटकर, फाड़कर, उधेड़कर) अलग क०; **~ung,** f पृथक्करण, अलग किया जाना; (काटकर, फाड़कर, उधेड़कर) अलग किया जाना।

abtret-en, 1. v/t (h.) Schuhe: (जूतों को) पायंदाज पर रगड़ कर साफ़ क०, साफ़ करने के लिए जूतों को पायंदाज पर रगड़ना; Sachen/Rechte: वस्तुएँ या अधिकार अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को दे देना, स्वत्व त्याग देना, दूसरों के लिए अपना अधिकार छोड़ देना; 2. v/i (s.) प्रस्थान क०, चला जाना, हट जाना, पीछे हटना, पश्चाद्गमन क०; **~er,** m (-s/-) (Fußmatte) पायंदाज, पाँवदान; jur: हस्तान्तरक, बैनामा करने वाला, अपना अधिकार त्यागने वाला; **~ung,** f (-/-en) स्वत्व-त्याग, अधित्याग; jur: हस्तान्तरण, बैनामा (क०); **~ungsurkunde,** f हस्तान्तरण-संविदा; बैनामा।

Abtrieb, m (-[e]s/-e) von Vieh: पहाड़ी चरागाहों से घाटी की ओर हँकाई; tech: शाफ़्ट का गतिमान सिरा।

Abtrift, f (-/-en) संवहन-कोण; von Vieh:→Abtrieb

Abtritt, m (-[e]s/-e) मंच से प्रस्थान; पदत्याग; fig: मृत्यु; U: शौचालय, शौच-स्थान।

abtrocknen, 1. v/t (h.) सुखाना; 2. v/i (s.) सूखना।

abtropfen, v/i (s.) रिसना, टपकना, चूना, बूँद-बूँद करके गिरना।

abtrotzen, v/t (h.): jdm. etw. abtrotzen ज़िद या हठ द्वारा किसी से कोई वस्तु प्राप्त कर लेना।

abtrünnig, adj. स्वपक्षत्यागी, देशद्रोही, अभक्त, ग़द्दार; **~e,** m/f (-n/-n) स्वपक्षत्यागी या देशद्रोही व्यक्ति, ग़द्दार (पुरुष या स्त्री); **~keit,** f (-) स्वपक्षत्याग, देशद्रोह, अभक्ति, ग़द्दारी।

abtun, v/t (h.) अलग कर देना, उतार देना; etw. abtun कुछ पूरा कर देना, निष्पादित क०, समाप्त क०; किसी चीज़ या बात को टाल देना; U: jdn. abtun किसी को मार डालना; Wild tut sich ab जंगली पशु अपने झुण्ड से अलग हो जाता है।

abtupfen, v/t (h.) घाव आदि को फाहे से साफ़ क०।

aburteil-en, v/t (h.) दण्डादेश देना, फ़ैसला सुनाना, सज़ा का हुक्म सुनाना; fig: jdn. aburteilen किसी की कटु आलोचना क०, किसी की निन्दा क०; **~ung,** f (-/-en) अपराध-निर्णय, दण्डादेश।

abverlangen, v/t (h.): jdm. etw. abverlangen किसी से किसी वस्तु या बात की माँग क० या अपेक्षा क०।

abwägen, v/t (h.) विवेचन क०, ऊँच-नीच सोचना, सोच-विचार क०।

abwählen, v/t (h.) मतदान द्वारा पदच्युत क०।

abwälzen, v/t (h.) fig: के मत्थे मढ़ना, के सिर पर डालना या थोपना।

abwand-eln, v/t (h.) रूपान्तर क०, बदलना, परिवर्तित क०; gramm: विभक्ति लगाना, रूप चलाना; **~(e)lung,** f (-/-en) परिवर्तन, अदल-बदल;

gramm: शब्द-रूपान्तर, कारकों का रूपान्तर।

abwandern, v/i (s.) (loswandern) चल पड़ना, प्रस्थान कर जाना; (auswandern) प्रव्रजन क०, देशान्तरगमन क०; ~**ung,**f(-/-en) von Menschen: प्रवसन, प्रव्रजन; von Kapital: सम्पत्ति का वहिर्गमन।

Abwärme, f (-) tech: अपशिष्ट ऊष्मा।

abwart-en, v/t (h.) की प्रतीक्षा क०, का इन्तज़ार क०; eine günstige Gelegenheit abwarten अनुकूल अवसर की प्रतीक्षा क०; warten Sie ab! धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कीजिए!, तसल्ली रखिए!, das bleibt abzuwarten देखिए क्या होता है, देखिए यह हो या न हो; U: / spw: abwarten und Tee trinken धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कीजिए (शायद आपके हित में निर्णय हो जाए); ~**end,** adj. : eine abwartende Haltung einnehmen विवेकी, समयानुवर्ती या अवसरानुरोधी नीति अपनाना।

abwärts, adv. नीचे की ओर, अवनति, पतन या ह्रास के मार्ग पर; abwärts gehen नीचे के ओर जाना; fig: es geht abwärts mit ihm वह क्षीण होता जा रहा है; वह अवनति के मार्ग पर है।

Abwasch, m (-es) जूठे वर्तन या उनकी सफ़ाई; ~**bar,** adj. धोने योग्य, धुलाई-सह; ~**en,** v/t (h.) धोकर साफ़ क०, धो डालना।

Abwasser,n(-s/ ⸚) (Schmutzwasser) मलजल, गंदा पानी; einer Turbine: अपशिष्ट जल।

abwechs-eln, 1. v/t (h.) एक के बाद एक क०; एक वस्तु को दूसरी वस्तु के द्वारा वारी-वारी से वदल देना, अदला-वदली क०; 2. v/i (h.) वारी-वारी से होना, वारी वदलना; ~**elnd,** adj. एकान्तर, एक के वाद एक वाला; adv. वारी-वारी से; ~**(e) lung,** f (-/-en) परिवर्तन, वदलाव; fig: मनवहलाव; ~**lungsreich,** adj. विविध, नानारूप, मनवहलावयुक्त; ~**lungsweise,** adv. →abwechselnd

Abweg, m (-[e]s/-e) उपमार्ग; fig: ग़लत रास्ता, अनुचित मार्ग; fig: auf Abwege geraten ग़लत रास्ते पर पड़ जाना; ~**ig,** adj. (irrig) भ्रामक, ग़लत, असंगत; (sonderbar) विलक्षण, अजीव; ~**igkeit,** f (-/-en) भ्रामकता, असंगति; विलक्षणता।

Abwehr, f (-) (Schutz) वचाव, रोक, रक्षा; (Verteidigung) प्रतिरक्षा, रक्षार्थ विरोध या आक्रमण; ~**bereitschaft,** f, mil: रक्षा या प्रतिरक्षा की तत्परता या तैयारी; des Körpers: शरीर की रोगों से वचने की क्षमता; ~**dienst,** m mil: प्रतिगुप्तचर्या; ~**en,** v/t (h.) आक्रमण का (सफलतापूर्वक) मुक़ावला क०, वार रोक देना; निवारण क०, वचा जाना; फ़ुटबॉल आदि में विरोधी खिलाड़ी को आगे वढ़ने से रोकना; fig: प्रशंसा आदि अस्वीकार क०; ~**kampf,** m रक्षात्मक युद्ध, प्रतिरक्षा-युद्ध, रक्षा-संग्राम; ~**stellung,** f रक्षात्मक मुद्रा, वार या आक्रमण रोकने की स्थिति; mil: रक्षा-रेखा, मोरचा; ~**stoff,**m; med: रोगप्रतिकारक पदार्थ, शरीर के रोगनाशक द्रव्य।

abweich-en, v/i (s.) : von jdm. abweichen किसी व्यक्ति से भिन्न होना, किसी व्यक्ति के विचारों से भिन्न विचार वाला होना; von etw. abweichen किसी वस्तु से भिन्न होना, किसी वस्तु के समान न होना, किसी वस्तु रूप या आकार में भिन्न होना; vom Kurs: पथ से हटना, मार्ग से विचलित होना, भिन्न दिशा में जाना, अपसारित होना; von einer Regel: अपवाद होना; vom Thema: विषय-वस्तु से दूर जाना, विषय-वस्तु से हटना; vom Weg: मार्ग से हटना, विपथित होना, मार्ग छोड़ देना; fig: vom rechten Weg abweichen उचित मार्ग से हट जाना, अनुचित काम क०; ~**end,** adj. भिन्न, विभिन्न, अन्य; gramm: नियम विरुद्ध; er gab

eine abweichende Darstellung des Geschehens उसने घटना का अन्य या भिन्न विवरण दिया; ~**ler,** m (-s/-) सरकारी मत का विरोधी, सत्ताधारी पार्टी की नीति का विरोध करने वाला; ~**ung,** f (-/-en) विचलन, विपथन, अपसारण; अनियमितता, नियमविरुद्धता; अन्तर, भिन्नता।

abweis-en, v/t (h.) न मानना, न लेना, अस्वीकार क०; jdn. adweisen किसी को दो टूक जवाव देना, किसी के साथ रूखा या अनुदार व्यवहार क०; eine Bitte: किसी प्रार्थना को अस्वीकार कर देना; eine Klage: मुक़दमा रद्द कर देना या खारिज कर देना; Angriff: आक्रमण, वार या आक्षेप नाकाम कर देना; ~**end,** adj. रूखा, अनुदार, प्रतिकूल; ~**ung,** f (-/-en) einer Person: दो टूक जवाव, रूखा या अनुदार व्यवहार; eines Antrages: अस्वीकरण।

:**abwendbar,** adj. निवार्य, निरोध्य, परिहार्य; ~**keit,** f (-) निवार्यता, निरोध्यता, परिहार्यता।

:**abwenden,** v/t (h.) मोड़ना, घुमाना, दूसरी ओर को मोड़ देना; den Blick: नज़र घुमाना, दूसरी ओर देखना या देखने लगना, आंखें फेर लेना; ein Unglück: किसी आपत्ति का निवारण क०; etw. von jdm. abwenden किसी को किसी आपत्ति आदि से बचा लेना; sich abwenden मुड़ना, मुड़ जाना; fig: sich von jdm. abwenden किसी से सम्बन्ध तोड़ देना।

:**abwerb-en,** v/t (h.) Kunden: किसी के ग्राहकों को फुसला कर अपने ग्राहक बनाना; Arbeitskräfte: किसी के नौकरों या कर्मचारियों को फुसला कर अपनी सेवा में ले लेना या नियुक्त क०; ~**ung,** f (-/-en) ग्राहकों, नौकरों या कर्मचारियों को फुसला कर ले जाना।

:**abwerfen,** v/t (h.) फेंक देना, नीचे की ओर फेंकना या फेंक देना; गिराना या गिरा देना; das Geweih: (हिरन का) शृंगाभों को गिराना या उतारना; fig: ein Joch: जूआ उतार फेंकना, मुक्त हो जाना; Zinsen: ब्याज लाना, ब्याज देना, से ब्याज मिलना; beim Kartenspiel: पत्ते फेंक देना, ख़राव पत्ते आने पर बाज़ी में सम्मिलित न होना; das Geschäft wirft etwas ab दूकान से या कारोवार से कुछ या थोड़ा-वहुत लाभ होता है।

abwert-en, v/t (h.) मूल्य घटाना, अवमूल्यन क०; eine Währung: मुद्रामूल्य घटाना, मुद्रा का अवमूल्यन क०; ~**ung,** f (-/-en) मुद्रा का अवमूल्यन।

abwesen-d, adj. (nicht da) अनुपस्थित, ग़ैरहाज़िर, नामौजूद; (zerstreut) अन्यमनस्क, दुचित्ता; ~**heit,** f (-) अनुपस्थिति, ग़ैरहाज़िरी, नामौजूदगी; अन्यमनस्कता, दुचित्तापन।

abwetzen, v/t (h.) घिसना, छिजाना, कपड़ों आदि को अधिक प्रयोग द्वारा तार-तार कर देना।

abwick-eln, v/t (h.) चरखी या वलनी आदि से उतारना, खोलना, लिपटी हुई चीज़ को खोलना; ein Geschäft: निष्पादित क०, सही ढंग से पूरा क०; es wickelt sich ab यह होता है या घटित होता है; ~**lung,** f (-/-en) (Abspulen) चरखी या वलनी से उतारा जाना, गुच्छों आदि का खोलना या खोला जाना; (Durchführung) निष्पादन, परिसमापन।

abwiegen, v/t (h.) किसी वस्तु के एक भाग को अलग करके तोलना।

abwimmeln, v/t (h.): jdn. abwimmeln किसी को टरका देना, किसी को बहाना वना कर वापस भेज देना।

Abwind, m (-[e]s/-e) भूमि की ओर बहने वाली वायु, दबाऊ वायु।

abwinden, v/t (h.) चरखी पर लिपटे हुए तार, रस्से आदि को खोलना।

abwinken, v/i (h.) (रेलगाड़ी आदि को) चल पड़ने के लिए संकेत देना; ablehnend हाथ हिलाकर मनाही या अस्वीकृति का संकेत देना।

abwirtschaften, v/i (h.) कुव्यवस्था द्वारा बरबाद या तबाह कर देना;

→abgewirtschaftet

abwischen, v/t (h.) पोंछना, पोंछ देना, पोंछ कर साफ़ कर देना ।

abwracken, v/t (h.) पुराने जहाज़ को तोड़ देना ।

Abwurf, m (-[e]s/ ⩦ e) (Fallenlassen) पातन, (ऊपर से) गिराना; (Ertrag) प्राप्ति, लाभ, मुनाफ़ा; bei Handball: गोली द्वारा गेंद का फेंका जाना ।

abwürgen, v/t (h.) गला घोंटना, गला घोंट देना; बिना क्लच दबाए हुए ब्रेक लगा कर कार का इंजन ठप कर देना; fig: ठप कर देना, आगे न बढ़ने देना, पनपने न देना ।

abzahlen, v/t (h.) चुका देना; क़िस्तों में अदा क० या चुकाना ।

abzählen, v/t (h.) गिनना, गिनती क०, गिन-गिन कर अलग क०; (subtrahieren, (गिनती में) घटा लेना ।

Abzahlung, f (-/-en) क़िस्त, क़िस्तों में अदायगी; etw. auf Abzahlung kaufen किसी वस्तु को क़िस्तों पर ख़रीदना; **~sgeschäft,** n, kfm: भाटक-क्रय, क़िस्तों का सौदा ।

abzapfen, v/t (h.) ein Faß: में छेद करके या टोंटी लगा कर निकालना, में टोंटी लगाना; med: Blut: शरीर से रक्त निकालना, नश्तर या सूई लगा कर ख़ून निकालना ।

abzappeln, v/r (h.) U: बहुत हाथ-पैर पटकना ।

abzäun-en, v/t (h.) वाड़ा बना कर घेरना, हाते या वाड़े में बन्द क०; **~ung,** f (-/-en) घेरा, अहाता ।

abzehr-en, 1. v/t (h.) med: क्षीण क०, दुर्बल क०; 2. v/r (h.) (abmagern) दुबला होना, कृश होना; (sich abhärmen) दुःखी होना, व्यथित होना; **~ung,** f (-/-en) कृश होना, दुर्बल होना ।

Abzeichen, n (-s/-) विशिष्टता का चिह्न या निशान; (Auszeichnung) पदक, तमग़ा; mil: बैज, बिल्ला, फ़ीती ।

abzeichnen, v/t (h.) चित्र या रेखाचित्र की नक़ल बनाना, देख-देख कर अंकित क०; ein Schriftstück: किसी पत्र या दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर क० या नाम के प्रथम अक्षर लिखना; fig: es zeichnet sich ab .... यह प्रत्यक्ष हो रहा है.., यह प्रकट हो रहा है ..., यह सामने आ रहा है ।

Abzieh-apparat, m अनुलिपित्र; **~bild,** n काँच, लकड़ी, धातु आदि की चिकनी सतह पर अनुचित्रित तस्वीर; **~en,** 1. v/i (s.) चला जाना, प्रस्थान कर जाना; धूएँ आदि का निकल जाना; वादलों आदि का छँट जाना; 2. v/t (h.) (wegnehmen) खींच लेना, हटा लेना; fig: seine Hand von jdm. abziehen किसी की सहायता करना बन्द कर देना; (subtrahieren) घटाना, कम क०; Flüssigkeit: अपवाहित क०, निकाल लेना, खींच लेना; Haut/Fell: खींचना, उतारना; (Kopie machen) अनुलिपि बनाना, फ़ोटोकॉपी बनाना; chem: आसवन क० ।

abzielen, v/i (h.): auf etw. abzielen किसी वस्तु को लक्ष्य बनाना, किसी वस्तु पर ताक लगाना ।

abzirkeln, v/t (h.) ठीक-ठीक नापना या मापना, परकार से नापना; fig: कोई काम बिल्कुल ठीक-ठीक या बारीक़ी से क०; सूक्ष्म परिभाषा देना ।

Abzug, m(-[e]s/ ⩦ e) (Einbehaltung) कटौती, बट्टा, घटाई गई राशि; des Gewehrs: बन्दूक आदि का घोड़ा; des Kamins: चिमनी का निकास; von Truppen: पश्चगमन, फ़ौजों का पीछे हटना; (Kopie) अनुलिपि, फोटोकॉपी, प्रतिलिपि ।

abzüglich, adv. को घटाकर, घटाने के बाद ।

Abzugs-bügel/~hebel, m बन्दूक आदि का घोड़ा ।

abzwacken, v/t (h.) U: jdm. etw. abzwacken किसी से कुछ ऐंठ लेना ।

Abzweig-dose, f, el: विशाखन सॉकेट; **~en,** 1. v/i (s.) विशाखित होना, अलग हो जाना; 2. v/t (h.) U: चुपचाप

बचा लेना, गुप्त रूप से या चुराकर बचा लेना; ~**ung,** f (-/-en) विशाखन, विशाखित मार्ग; el: उप-तार।
abzwicken, v/t (h.) नोंच कर या चाप कर अलग करना, चाँप देना या चाप देना।
[1]**ach,** int. आह, अरे; ach ja! अच्छा!, अरे हां; iron : ach nein! अरे वाह!, अरे नहीं! ach was! अरे छोड़ो!, अरे रहने दो! ach was? सच?, वास्तव में? ach wo! अरे नहीं! यह असम्भव है।
[2]**Ach,** n (-s/-) आह, कष्ट, पीड़ा; das Ach und Weh कष्ट एवम् पीड़ा; mit Ach und Krach रो-पीट कर, जैसे-तैसे।
Achat, m (-[e]s/-e) [griech.] गोमेद, अक़ीक।
Achilles-ferse, f, fig: वेध्य या भेद्य अंग, मर्मस्थान, दुर्योधन की रान; ~**sehne,** f, anat: पिंडुली के मांसल भाग के अन्त व एड़ी के बीच का पेशी-वन्ध।
Achse, f (-/-n) (Mittellinie) सम-विभाजक रेखा; (Drehlinie) अक्ष; mech: धुरी ; math: अक्ष; fig: auf Achse sein (बिना बीच में आराम किए हुए) चलते रहना।
Achsel, f (-/-n) स्कन्ध, अस, कंधा; fig: jdn. über die Achsel ansehen किसी को तिरस्कार- पूर्ण दृष्टि से देखना, किसी को हेय समझना; etw. auf die leichte Achsel nehmen (किसी काम को) लापरवाही से क०, (किसी काम को) महत्व न देना; ~**bein,** n, anat: स्कन्धास्थि; ~**höhle,** f बगल, काँख; ~**klappe,** f / ~**stück,**n कंधे का पट्टा (जिस पर सिपाही के रेजीमेन्ट का नाम आदि लिखा रहता है); ~**zucken,** n कंधे उचकाना (किसी प्रश्न का उत्तर टालने के लिए)।
Achs-enkreuz, n, math: भुज-युग्म; ~**recht,** adj. अक्षीय, आक्ष; ~**stand,** m कार आदि की अगली और पिछली धुरियों के बीच का फ़ासला।
[1]**acht,** adj. अष्ट, आठ; acht Tage आठ दिन, अठवाड़ा, एक सप्ताह; binnen acht Tagen एक सप्ताह के अन्दर-अन्दर, आठ दिन के अन्दर-अन्दर; um halb acht (Uhr) साढ़े सात बजे।
[2]**Acht,** f (-/-en) आठ की संख्या; ताश का अट्ठा।
[3]**Acht,** f (-) विधि-वहिष्कार, निर्वासन; U: (समाज-, जाति-,) वहिष्कार; jdn. in Acht und Bann tun किसी को क़ानूनी संरक्षण से परे क०, किसी को समाज से वहिष्कृत कर देना।
[4]**Acht,** f (-) ध्यान, ख़याल, सावधानी, होशियारी; etw. außer acht lassen किसी वस्तु या बात पर (जानबूझकर) ध्यान न देना; nimm dich in acht! सावधान हो जा; संभल कर रह! auf jdn. achtgeben किसी पर नज़र रखना, किसी पर ध्यान रखना।
achtbar, adj. सम्मान्य, आदरणीय, सम्माननीय, ईमानदार; ~**keit,** f (-) सम्मान्यता, आदरणीयता, सम्माननीयता।
Achteck, n अष्टभुज, अष्टकोण-आकृति; ~**ig,** adj. अष्टभुजीय, अष्टकोणीय, अठकोनिया।
Achtel, n (-s/-) अष्टांश, आठवां भाग; mus: अर्धपाद स्वर।
achten, 1. v/t (h.): jdn. achten किसी का सम्मान क०, किसी का आदर क०, किसी के प्रति श्रद्धालु होना; ein Gebot achten किसी धर्मादेश या नियम का पालन क०; 2. v/i (h.) : auf jdn. achten किसी पर ध्यान रखना, किसी का ख़याल रखना, किसी पर नज़र रखना; auf etw. achten किसी वस्तु या बात का ध्यान रखना, किसी बात को ध्यान में रखना।
ächten, v/t (h.) कानूनी संरक्षण से परे क०, निर्वासित क०; U: समाज-च्युत क०, सम्मान-च्युत क०।
Achtender, m (-s/-) अष्टशृंगीय मृग, अठसिंघा हिरन।
achtens, adv. अष्टमतः, आठवीं बात यह है कि...।
Achter, m (-s/-) (Zahl) 8 की आकृति

या शक्ल, आठ की संख्या; (Boot) आठ व्यक्तियों द्वारा चलाई जाने वाली नाव ।

Achterbahn, f कलापटरी जिसपर गाड़ी ऊंचाई से एकाएक नीचे आती है और फिर इस के ज़ोर से ऊपर चढ़ जाती है (मेलों आदि में मनोरंजन का एक साधन) ।

Achterdeck, n (-s/-s) जहाज़ का पिछला डेक ।

achterlastig, adj पीछे की ओर अधिक भारित, उलार ।

achterlei, adv. आठ प्रकार का; आठ भिन्न भिन्न चीज़ें, काम, सम्भावनाएं आदि ।

achtern, adv. पीछे, पीछे की ओर ।

achtfach / achtfältig, adj. आठगुना।

achtgeben, v/i (h.)→achten, 2. v/i

achtjährig, adj. अष्टवर्षीय, आठ साल का ।

achtlos, adj. असावधान, लापरवाह, अन्यमनस्क; **~igkeit,** f (-) असावधानी, लापरवाही, अन्यमनस्कता ।

achtmal, adv. आठ वार ।

achtsam, adj. सावधान, सतर्क, एकाग्र; **~keit,** f (-) सावधानी, सतर्कता, एकाग्रता ।

Achtstundentag, m दिन में आठ घण्टों का कार्यकाल ।

achttägig, adj अष्टदिवसीय, आठ दिन का, एक सप्ताह का ।

Achtung, f (-) (Aufmerksamkeit) सावधानी, सतर्कता ; (Ehrfurcht) आदर, सम्मान, श्रद्धा; Achtung Stufe! सावधान, आगे सीढ़ी है!, संभल कर, आगे सीढ़ी है !

Ächtung, f (-) विधि-वहिष्कार, निर्वासन, क़ानूनी संरक्षण से परे किया जाना; U: समाज-च्युति, सम्मान-च्युति ।

achtung-gebietend, adj. सम्मानोत्पादक, प्रभुत्वपूर्ण, दवदवेदार; **~slos,** adj. निरादरपूर्ण, अशिष्ट, श्रद्धाहीन; **~svoll,** adj. आदरपूर्ण, श्रद्धालु, श्रद्धायुक्त, शिष्ट ।

acht-zehn, adj. अठारह; **~zig,** adj. अस्सी; **~ziger,** 1. m अशीतवर्षीय व्यक्ति ; 2. adj. सन '80 से '90 के बीच का; er ist in den Achtzigern उस की आयु 80 और 90 के बीच है ।

ächzen, v/i (h.) कराहना, आह भरना ।

Acker, m (-s/-) खेत, उर्वर भूमि-खण्ड; **~bau,** m (-s) कृषि-कर्म, खेतीबारी, कृषि; **~gaul,** m जुताई का घोड़ा; **~krume,** f खेत की ऊपरी भुरभुरी मिट्टी; **~land,** n कृषि-भूमि, कृष्य भूमि, कृषियोग्य भूमि; **~n,** v/i (h.) जोतना, जुताई क०; U: घोर परिश्रम क०, जी-जान से मेहनत क० ।

a conto adv. [ital.] kfm: अंतरिम भुगतान के रूप में ।

ad absurdum, [lat.]: etw. ad absurdum führen किसी बात का अनौचित्य या वेतुकापन सिद्ध क० या कर देना ।

ad acta, [lat.] : etw. ad acta legen फ़ाइल में नत्थी कर देना; fig: किसी बात पर विचार करना त्याग देना ।

Adams-apfel, m [hebr.] anat: कंठ (-मणि), टेंटुआ; **~kostüm,** n, U: im Adamskostüm नंगा, निर्वस्त्र ।

adäquat, adj. [lat.] यथेष्ट, पर्याप्त, उचित ।

add-ieren, v/t (h.) [lat.] जोड़ना, मिलाना; **~iermaschine,** f जोड़-यन्त्र, अनुकलक; **~ition,** f (-/-en) जोड़, योग ।

Ade, n (-s/-s) अलविदा, विदाई का नमस्कार ।

Adel, m (-s) अभिजात वर्ग, कुलीन वर्ग; fig: उच्चता, श्रेष्ठता; **~ig,** adj. अभिजात, कुलीन; **~n,** v/t (h.) अभिजात वर्ग का सदस्य बनाना; **~sstand,** m अभिजात वर्ग, कुलीन समाज, कुलीन वर्ग; jdn. in den Adelsstand erheben किसी को अभिजात वर्ग में सम्मिलित क०, किसी को अभिजात वर्ग का सदस्य बनाना ।

Ader, f (-/-n) (Blutgefäß) धमनी,

शिरा, नस; (Maserung) तन्तु, धारी; geol: शिरा; fig: मनोवृत्ति, तबीअत, मिज़ाज; jdn. zur Ader lassen किसी का रक्त निकालना या रक्तमोक्षण क०; er hat eine dichterische Ader उसकी मनोवृत्ति कविता की ओर है, उसका मिज़ाज शायराना है; **~ig/äderig,** adj. शिरामय, धारीदार; **~geflecht,** n धमनियों या शिराओं का जाल, शिरा-तन्त्र, तन्तुरचना; **~laß,** m (⏑̈'sses/⏑̈'sse) रक्तमोक्षण।

äder-n, v/t (h.) धारियां डालना, धारीदार बनाना; **~ung,** f (-/-en) धारियां (डालना); bot: शिरा-तन्त्र।

Adhäsion, f (-/-en) [lat.] चिपकाव, आसंजन; med: आसंजन, वन्ध, अंगों का एक दूसरे के साथ जुड़ जाना।

Adieu, n (-s/-s)→Ade

Adjektiv, n (-s/-e) [lat.] विशेषण; **~isch,** adj वैशेषणिक, विशेषणात्मक।

Adjutant, m (-en/-en) [frz.] mil: सहायक अफ़सर, एजूटेंट, अजूटाँ।

Adler, m (-s/-) गरुड़, सुपर्ण, महाश्येन; **~nase,** f वक्र या टेढ़ी नासिका।

adlig, adj.→adelig; **~e,** m/f (-n/-n) कुलीन पुरुष या स्त्री।

Administr-ation, f (-/-en) [lat.] प्रशासन; **~ativ,** adj. प्रशासनिक, प्रशासकीय; **~ator,** m (-s/-en) प्रशासक; **~ieren,** v/t (h.) प्रशासन क०।

Admiral, m (-s/-e) [arab.] नौसेनापति, जलसेनापति, एडमिरल; **~ität,** f (-/-en) नौ-अधिकरण, नवाधिकरण।

adopt-ieren, v/t (h.) [lat.] गोद लेना, दत्तक ग्रहण क०; **~ion,** f (-/-en) दत्तक-ग्रहण, गोद लेना; **~iveltern,** pl. दत्तक माँ-बाप; **~ivkind,** n दत्तक संतान।

Adress-ant, m (-en/-en) [frz.] (पत्र-) प्रेषक; **~at,** m (-en/-en) प्रेषिती, पाने वाला।

Adreßbuch, n पता-पुस्तिका।

Adress-e, f (-/-n) पता; मानपत्र, समावेदन; fig: an die falsche Adresse geraten ग़लत ठिकाने पर पहुंच जाना, ग़लत व्यक्ति के पास पहुंच जाना; **~ieren,** v/t (h.) पता लिखना; के नाम भेजना।

adrett, adj. [frz.] बना-ठना, साफ़-सुथरा।

adsor-bieren, v/t [lat.] chem: अधिशोषण क०; **~ption,** f (-/-en) अधिशोषण।

Advent, m (-[e]s/-e) [lat.] eccl: ख्रीस्त-जयन्ती से पूर्व के चार सप्ताह, ख्रीस्त-जयन्ती के पूर्व के चारों रविवार या उन में से एक; **~ist,** m (-en/-en) ईसा के पुनरावतार में विश्वास रखने वाले सम्प्रदाय का सदस्य, ईसा के पुनरावतार में विश्वास रखने वाला; **~skranz,** m देवदारु की डालियों से गूँथा तथा चार मोमबत्तियों से सजाया गया चक्र (ये मोमबत्तियां ख्रीस्त-जयन्ती से पूर्व के चार रविवारों पर क्रमशः जलाई जाती हैं तथा इस त्यौहार के पास आने को सूचित करती हैं) **~ssonntag,** m ख्रीस्त-जयन्ती के पहले के चारों रविवार या उनमें से एक; **~szeit,** f ख्रीस्त-जयन्ती से पूर्व के चार सप्ताह।

Adverb, n (-s/-ien) [lat.] क्रियाविशेषण; **~ial,** adj. क्रियाविशेषणात्मक; **~ialsatz,** m क्रियाविशेषणात्मक उपवाक्य।

Advokat, m (-en/-en) [lat.] अधिवक्ता, समर्थक, एडवोकेट; **~ur,** f (-/-en) एडवोकेट का कार्यालय।

Aerodynamik, f (-) [griech.] वायुगतिकी।

Aerostatik, f (-) [griech,] वायुस्थैकी।

Affäre, f (-/-n) [frz.] (Angelegenheit) मामला, काम, कार्य, बात; (Abenteuer) प्रेम-संबंध, कामक्रीड़ा; sich aus der Affäre ziehen किसी मामले से अलग हो जाना, किसी झंझट से बच निकलना।

Affe, m (-n/-n) बन्दर, कपि, वानर; U: (शेखी मारने वाला) मूर्ख व्यक्ति;

U: छैला, बाँका, बहुत बन-ठन कर रहने वाला व्यक्ति; U: einen Affen an jdm. gefressen haben किसी को बहुत अधिक चाहना; U: ich glaube, mich laust der Affe मुझे बड़ा अचंभा हो रहा है; यह बड़ी हैरत की बात है; U: er hat einen Affen वह नशे में चूर है।

Affekt, m (-[e]s/-e) [lat.] भावावेश, आवेश, संवेग; im Affekt handeln आवेश में कुछ क० या कर बैठना; **~ation,** f (-/-en) →Affektiertheit; **~handlung,** f आवेश में किया हुआ काम, आवेश में या बिना सोचे-विचारे उठाया हुआ क़दम।

affektier-en, v/t (h.) [lat.] बनना, ढोंग क०, का ढोंग रचना; **~t,** adj. बनावटी, ढोंगपूर्ण; **~theit,** f (-) दिखावा, ढोंग, कृतकता।

äffen, v/t (h.) (täuschen) चकमा देना, धोखा देना, जटना; (zum Narren halten) मूर्ख बनाना, चिढ़ाना, मनोरंजनार्थ किसी की नक़ल बनाना।

Affen-brotbaum, m गोरक्षी का पेड़; **~liebe,** f, U: अन्धप्रेम; **~schande,** f, U: घोर कलंक, घोर लज्जा का विषय; **~tempo,** n, U: अतिद्रुतगति, बहुत तेज़ी; **~theater,** n, U: बनावटी व्यवहार, ढोंग, तमाशा, विडम्बना।

affig, adj. बनावटी, दिखावटी; मूर्ख; **~keit,** f (-) दिखावा, ढोंग; मूर्खता।

Affinität, f (-/-en) [lat.] साम्य, सादृश्य, सजातीयता; chem: युयुक्षा।

äffisch, adj. बन्दर-सा, कपिवत्; →affig

Afghane, m (-n/-n) अफ़ग़ानी, अफ़ग़ानिस्तान का निवासी; Hunderasse: लम्बे बालों वाला अफ़ग़ानी कुत्ता।

Afrika, n (-s) अफ़्रीका; **~ner,** m (-s/-) अफ़्रीका निवासी; **~nisch,** adj. अफ़्रीकी; **~nist,** m(-en/-en) अफ़्रीका की भाषाओं, संस्कृति तथा भूगोल का विद्वान या विद्यार्थी; **~nistik,** f (-) अफ़्रीका की भाषाओं, संस्कृति तथा भूगोल का अध्ययन।

After, m (-s/-) anat: गुदा, मलद्वार।

After-miete, f उपकिरायेदारी, दर-किरायेदारी, शिकमी किरायेदारी; **~rede,** f निन्दा, मिथ्यापवाद।

Agenda, f (-/-'den) [lat.] कार्यसूची, कार्यावली।

Agent, m (-en/-en) [lat.) (Spion) गुप्तचर, जासूस; (Vertreter) अभिकर्ता, एजेन्ट; **~ur,** f (-/-en) अभिकर्तृत्व, एजेन्सी; एजेन्ट का कार्यालय।

Agglomer-at, n (-[e]s/-e) [lat.] ज्वालाश्मचय; **~ation,** f (-/-en) ढेर, संचय; **~ieren,** v/t (h.) एकत्र या संचय क०; sich agglomerieren एकत्र या संचय होना या हो जाना।

Aggregat, n (-[e] s/-e) [lat.] समाहार, समुच्चय, समूह; tech: संकुल, सम्मेल; **~zustand,** m, phys: पदार्थों की अवस्थिति।

Aggress-ion, f (-/-en) [lat.] आक्रमण, अग्रधर्षण; **~iv,** adj. आक्रमणशील, अग्रधर्षी; लड़ाका, झगड़ालू; **~or,** m (-s/-en) आक्रामक, अभिधावक, अग्रधर्षक।

agieren, v/i (h.) [frz.] (handeln) करना, काम क०, व्यवहार क०; (darstellen) अभिनय क०, की भूमिका में आना।

agil, adj. [frz.] चुस्त, फुर्तीला, तेज़; **~ität,** f (-) चुस्ती, फुर्ती, तेज़ी।

Agio, n (-s/-s) [ital.] अधिदेय, अधिमूल्य, बढ़ौती; व्यन्तर, वट्टा।

Agit-ation, f (-/-en) [lat.] आलोड़न, आंदोलन; **~ator,** m (-s/-en) आंदोलनकर्ता, आंदोलक; **~ieren,** v/i (h.) आंदोलन क०, उत्तेजना फैलाना।

Agnosti-ker, m (-s/-) [lat.] अज्ञेयवादी, अज्ञातवादी; **~zismus,** m (-) अज्ञेयवाद, अज्ञातवाद; **~zieren,** v/t (h.) मान्यता देना।

Agonie, f (-/-en) [griech.] प्राणपीड़ा।

Agraffe, f (-/-n) [frz.] जड़ाऊ पिन, पोशाक का बकलस।

Agrar-ier, m (-s/-) [lat.] भूमिधर, कृषक, किसान; **~isch,** adj. कृषि-सम्बन्धी; **~staat,** m कृषिप्रधान राज्य; **~wirtschaft,** f कृषिकर्म, खेतीबारी; ग्रामीण अर्थव्यवस्था।

Agrikultur, f (-) [lat.] कृषिविज्ञान; काश्तकारी, किसानी।

Agro-nom, m (-en/-en) [lat.] कृषि-शास्त्री, सस्यविज्ञानी; **~nomie,** f (-) कृषिशास्त्र, सस्यविज्ञान; **~nomisch,** adj. कृषिशास्त्रीय।

Ägypt-en, n (-s) मिस्र; **~isch,** adj. मिस्र का; **~ologie,** m (-n/-n) मिस्र के इतिहास, भूगोल, संस्कृति आदि का विद्वान या विद्यार्थी; **~ologie,** f मिस्र का इतिहास, भूगोल, संस्कृति आदि (अध्ययन के विषय के रूप में)।

[1]**ah,** int. आह, ओह, अरे; हाय; वाह।

[2]**Ah,** n (-s/-s) दुःख, आश्चर्य, विरक्ति आदि का व्यंजक शब्द, आह, हाय।

aha, int. अहा; आहा; अच्छा तो यह बात है!; देखा न!

Aha-Erlebnis, n अचानक संदर्भ का समझ में आ जाना।

Ahle, f (-/-n) सूआ, सूजा, सुतारी।

Ahn (e), m (-en/-en) पूर्वज, पूर्वपुरुष, पुरखा।

ähneln, v/i (h.) के सदृश होना, के समरूप होना।

ahnen, v/t (h.) (vermuten) पूर्वाभास होना, पूर्वानुमान क० या लगाना; (fühlen) अनुभव क०, महसूस क०; U: mir ahnt, daß मुझे लग रहा है कि..., मुझे आभास हो रहा है कि...।

ahnd-en, v/t (h.) बदला लेना; (bestrafen) दण्डित क०, सज़ा देना; **~ung,** f (-/-en) बदला; दण्ड, सज़ा।

Ahn-enforschung, f पूर्वजों के विषय में अनुसंधान; **~enkult,** m पूर्वज-पूजा; **~enrecht,** n पैतृक प्राधिकार, पुश्तैनी हक़; **~enreihe,** f वंशक्रम; **~entafel,** f वंशतालिका, वंशवृक्ष, शजरा; **~frau,** पूर्वजा, पुरखिन; **~herr,** m पूर्वज, पुरखा।

ähnlich, adj. सदृश, समान, तुल्य, मिलता-जुलता; U: das sieht dir ähnlich तुझसे और क्या आशा की जा सकती है?, तू तो ऐसा करेगा ही; **~keit,** f (-/-en) सादृश्य, समानता, समरूपता।

Ahnung, f (-/-en) पूर्वाभास, अन्दाज़; U: er hatte keine blasse Ahnung उसे कुछ भी पता नहीं था; U: er hat von Tuten und Blasen keine Ahnung वह बिल्कुल मूर्ख है, वह बिल्कुल बेवकूफ़ है, वह बिल्कुल बौड़म है; **~slos,** adj. भोला, बेख़बर, मासूम; **~slosigkeit,** f (-) भोलापन, बेख़बरी, मासूमियत; **~svoll,** adj. पूर्वाभासयुक्त,।

ahoi, int. हो, अहो, हैया (मल्लाहों की भाषा में)।

Ahorn, m (-s/-e) मैपिल, द्विफल; **~en,** adj. मैपिल का।

Ähre, f (-/-n) बाल, बाली; Ähren lesen बालें एकत्र क०, सिल्ला बीनना।

Akadem-ie, f (-/-n) [griech.] (Hochschule) उच्चविद्यालय, महाविद्यालय; (gelehrte Gesellschaft) अकादमी; **~iker,** m (-s/-) उच्चशिक्षाप्राप्त व्यक्ति; **~isch,** adj. शैक्षिक, विद्वत्ता-पूर्ण, शास्त्रीय; fig: अव्यावहारिक, सैद्धान्तिक मात्र; das akademische Viertel जर्मन विश्वविद्यालयों में पाठ्यारंभ से पूर्व की चौथाई घंटे की छूट।

Akazie, f (-/-n) कीकर, बबूल।

Akklimati-sation, f (-/-en) [lat./griech.] दशानुकूलन, दशानुवर्तन, परि-स्थिति-अनुकूलन; **~sieren,** v/t (h.) जलवायु या परिस्थिति के अनुकूल बनाना; sich akklimatisieren जल-वायु या परिस्थिति का अभ्यस्त हो जाना।

Akkord, m (-[e]s/-e) [frz.] mus: ताल-मेल; jur: समझौता; Lohnart: उजरती काम का पारिश्रमिक; im Akkord arbeiten उजरती काम क०; **~arbeiter,** m उजरती कारीगर, उज-रती मज़दूर।

Akkordeon, n (-s/-s) एक प्रकार का वलिवाद्य जो गले में लटकाकर बजाया जाता है।

Akkord-lohn, m उजरती (काम का) पारिश्रमिक; **~satz,** m उजरती मेहनताने की दर।

akkredit-ieren, v/t (h.) einen Gesandten: प्रत्यायित क०, प्राधिकृत क०; kfm: किसी के नाम खाता खोलना, किसी को ऋण देना या दिलाना; **~iv,** n (-s/-e) प्रत्ययपत्न, प्राधिकार पत्र।

Akku, m (-s/-s)→Akkumulator

Akku-mulator, m (-s/-en) [lat.] संचायक (सेल); **~mulation,** f (-/-en) संचयन, संचय; **~mulieren,** v/t (h.) संचय क०, एकत्र क०, इकट्ठा क०, जोड़ना।

akkurat, adj. [lat.] यथार्थ, परिशुद्ध, सही, ठीक; **~esse,** f (-) यथार्थता, परिशुद्धता।

Akkusativ, m (-s/-e) [lat.] gramm: कर्मकारक, द्वितीया।

Akne, f (-/-n) med: मुहाँसों या फुंसियों का रोग।

Akontozahlung, f [ital.] अंतरिम भुगतान; → a conto

Akribie, f (-) [griech.] यथार्थपरकता।

Akrobat, m (-en/-en) [griech.] नट, कलाबाज़; **~isch,** adj. कलाबाज़ी का, कलाबाज़ जैसा; **~ik,** f (-) कलाबाज़ी।

Akt, m (-[e]s-/e) [lat.] theat: अंक; (Vorgang) कार्य, कृत्य, क्रिया; Malerei: नग्नचित्र; (Koitus) मैथुन।

Akte, f (-/-n) संचिका, नत्थी, फ़ाइल; etw. zu den Akten legen →ad acta; **~ndeckel,** m सजिल्द फ़ाइल; फ़ाइल-कवर; **~nkundig,** adj. फ़ाइल में दर्ज; **~nmappe,** f→Aktentasche; **~nnotiz,** f/**~nvermerk,** m स्मरण-पत्र, नोट, पत्रक, विवरणिका; **~nzeichen,** n निर्देश-चिह्न, निर्देश-अंक; **~ntasche,** f पत्राधान, ब्रीफ़केस।

Akteur, m (-s/-e) [frz.] कर्ता, करने वाला; अभिनेता।

Aktie, f (-/-n) [lat.] अंश, शेयर; fig: seine Aktien steigen उसका महत्व बढ़ता जा रहा है; **~ngesellschaft,** सीमित समवाय, सीमित लोक-समवाय; **~nkapital,** n शेयर-पूंजी, अंश-पूंजी।

Aktion, f (-/-en) [lat.] (Tätigkeit) कार्य, काम, कृत्य, क्रिया, कर्म; Kampagne) अभियान, आंदोलन; in Aktion treten कार्यरत होना, काम में जुट जाना; **~sradius,** m प्रभाव-क्षेत्र, कार्य-क्षेत्र।

Aktionär, m (-s/-e) शेयरधारी।

[1]**aktiv,** adj. [lat.] (tätig) सक्रिय, क्रियाशील; (lebendig) फुर्तीला, चुस्त, जानदार; mil: सामरिक सेवा में; das aktive Wahlrecht केवल चुनने का अधिकार (चुने जाने का नहीं); ein aktives Mitglied सक्रिय सदस्य।

[2]**Aktiv,** n (-s) / **Aktivum,** n, gramm: कर्तृवाच्य।

Aktiva, f/pl., kfm: परिसम्पत्ति।

aktiv-ieren, v/t (h.) कार्योद्यत क०, सक्रिय बनाना; **~ismus,** m (-) क्रियावाद, कर्मण्यतावाद; **~ist,** m (-en/-en) क्रियावादी, कर्मण्यतावादी; **~ität,** f (-/-en) क्रियाशीलता, सक्रियता; हलचल, सरगर्मी।

Akt-modell, n नग्नचित्र का मॉडल; **~zeichnung,** f नग्न-रेखाचित्र।

Aktu-alität, f (-) (lat.) प्रासंगिकता, सामयिकता, आधुनिकता; **~ell,** adj. प्रासंगिक, सामयिक, आधुनिक।

Akust-ik, f (-) [griech.] ध्वनिकी, ध्वनिविज्ञान; (Klangwirkung) ध्वनिकता, श्रवण-गुण; **~isch,** adj. ध्वानिक, ध्वनि-सम्बन्धी।

akut, adj. [lat.] अत्यावश्यक; अत्यन्त, विकट, घोर, नितान्त; med: अतिपाती।

Akzent, m (-[e]s/-e) [lat.] (Tonfall) (प्रांतीय) उच्चारण, लहजा; (Betonung) स्वराघात; उच्चारण-चिह्न; fig: den Akzent auf etw. legen किसी बात पर बल देना; mit Akzent

sprechen प्रांतीय उच्चारण या ख़ास लहज़े में बोलना; ~uieren, v/t (h.) उच्चारण-चिह्न लगाना; fig: पर बल देना, पर ज़ोर देना।

Akzept, n (-[e]s/-e) [lat.] kfm: सकार, स्वीकरण; (Wechsel) स्वीकृत हुंडी या बिल; **~abel,** adj. स्वीकार्य; **~ant,** m (-en/-en), kfm: ग्रहण या स्वीकार करने वाला; **~ieren,** v/t (h.) स्वीकार क०, मंज़ूर क०।

Alabaster, m (-s/-) सिलखड़ी, सेलखड़ी।

Alarm, m (-[e]s/-e) [ital.] चेतावनी, संकट-सूचना, ख़तरे का संकेत; Alarm schlagen संकट की घंटी बजाना, ख़तरे की सूचना देना; blinder Alarm संकट की झूठी सूचना; **~anlage,** f सचेतक उपकरण या व्यवस्था; **~bereitschaft,** f (-) mil: संकट का सामना करने की तैयारी, युद्ध की तैयारी; **~ieren,** v/t (h.) संकट की सूचना देना, चेतावनी देना, सचेत क०; fig: eine alarmierende Meldung चिंताजनक या भयप्रद समाचार; **~stufe,** f mil: आकुल स्थिति, चौकसी की सापेक्ष स्थिति; **~zeichen,** n ख़तरे या संकट का संकेत।

Alaun, m (-[e]s/-e) [lat.] फिटकरी।

Alban-er, m (-s/-) अल्बानियावासी, अल्बानिया का नागरिक; **~ien,** n (-s) अल्बानिया।

Alber-ei, f (-)→Albernheit; **~n,** 1. v/i (h.) जानबूझ कर हास्यास्पद या बेतुका काम क०; 2. adj. हास्यास्पद, मूर्खतापूर्ण; मूर्ख; **~nheit,** f (-) मूर्खता, हास्यास्पदता।

Albin-ismus, m (-) [span.] रंजकहीनता; **~o,** m (-s/-s) रंजकहीन व्यक्ति।

Album, n (-s/-'ben) संग्रह-पुस्तक, चित्राधार, एलबम।

Alchim-ie, f (-) [arab./griech.] कीमिया; **~ist,** m (-en/-en) कीमियागार।

Alge, f (-/-n) [lat.] (समुद्री) शैवाल।

Algebra, f (-) [arab.] बीजगणित; **~isch,** adj. बीजीय, बीजगणित-सम्बन्धी।

alias, adv. [lat.] उर्फ़।

Alibi, n (-s/-s) [lat.] अन्यत्र-स्थिति, अपराध के समय अन्यत्र होने का प्रमाण।

Alimente, pl. [lat.] निर्वाह-व्यय, निर्वाह-धन, सम्भृति।

Alkal-i, n (-s/-en) [arab.] chem: क्षार; **~isch,** adj. क्षारीय।

Alkohol, m (-s/-e) [arab.] मद्यसार, अल्कोहल; **~frei,** adj. मद्यहीन, मद्यरहित; **~gehalt,** m मद्यसार की मात्रा; **~haltig,** adj. मद्ययुक्त; **~ika,** pl. मद्यसारिक पेय; **~iker,** m (-s/-) मद्यप, मदात्ययी, शराबी, पियक्कड़; **~isch,** adj. मद्यसारिक, मादक, मद्ययुक्त; मद्यिक; **~isieren,** v/t (h.) मद्यसारिक बनाना, मद्ययुक्त बनाना; **~ismus,** m (-) मदात्यय, पानात्यय, अतिपायिता; **~spiegel,** m, im Blut: रक्त में मद्यसार की मात्रा; **~verbot,** n मद्यनिषेध, शराबबंदी, नशाबंदी; **~vergiftung,** f मद्य-विषायण, मदात्यय से शरीर में होने वाली विकृति।

Alkoven, m (-s/-) [arab.] शय्याकोष्ठ।

[1]**All,** n (-s) ब्रह्मांड, अंतरिक्ष।

[2]**all,** 1. adj. (ganz) समस्त, सम्पूर्ण, पूरा, सारा, पूर्ण; (gesamt) सब, सभी, अखिल; (jeder ohne Ausnahme) प्रत्येक, हरएक, हर; alle Tage प्रतिदिन, रोज़, हर दिन; alle beide दोनों के दोनों; alle zwei Wochen दो सप्ताह में एक बार, हर दो हफ़्तों के बाद; auf alle Fälle हर दशा में, हर हालत में, all mein Geld ist verloren मेरा सारा धन बरबाद हो गया है; all meine Arbeit war umsonst मेरा सारा परिश्रम व्यर्थ गया, मेरी सारी मेहनत बेकार गई; alle Welt weiß davon सारी दुनिया को इसका पता है, सारी दुनिया इस बात को जानती है; ohne allen Zweifel

निस्संदेह, बिना किसी संदेह के; vor allen Dingen सर्वाधिक, सर्वप्रथम, सबसे पहले; in aller Eile बहुत जल्दी में; aller Voraussicht nach बहुत संभव है कि, पूरी संभावना है कि; Wir sind aller Sorgen ledig हमें कोई भी चिंता नहीं है; alles Gute wünschen समस्त-शुभ की कामना क० (किसी के लिए); nicht um alles in der Welt किसी मूल्य पर नहीं, किसी क़ीमत पर नहीं; alles in allem betrachtet कुल मिलाकर देखा जाए तो ....; dies geht über alles यह (मेरे लिए) सबसे महत्वपूर्ण है, इससे बढ़कर (मेरे लिए) और कुछ नहीं; U: nun ist mir alles eins अब मेरे लिए सब बराबर है; spw: aller Anfang ist schwer हर काम का प्रारंभ कठिन होता है; U: das Kind ist ihr ein und alles यह बालक उसका सर्वस्व है ; 2. adv., U: alle समाप्त, ख़त्म; mein Geld ist alle मेरा धन समाप्त हो गया है।

allabendlich, adj. हर शाम का, रोज़ शाम को होने वाला।

allbekannt, adj. सुप्रसिद्ध, विख्यात; कुख्यात, नामी।

Allee, f (-/-n) [frz.] वृक्षवीथि।

Allegor-ie, f (-/-n) [griech.] अन्योक्ति, प्रतीक-कथा, रूपक-कथा; **~isch,** adj. लाक्षणिक, अन्योक्तिपरक; **~isieren,** v/t (h.) लाक्षणिक रूप में या अन्योक्ति के रूप में प्रस्तुत क०।

allein, 1. adj. (einsam) एकाकी, अकेला; (einzig) एकमात्र; 2. adv. (nur) केवल, मात्र, सिर्फ़; der Verdacht allein reicht aus संदेह मात्र (ही) पर्याप्त है; 3. Konj. परंतु, लेकिन, मगर; ich wollte schlafen, allein der Lärm war zu stark मैं सोना चाहता था, परंतु शोर बहुत अधिक हो रहा था; **~besitz,** m एकमात्र स्वामित्व; **~erbe,** m एकमात्र दायाद या वारिस; **~gang,** m: im Alleingang अकेले, बिना किसी की सहायता के; **~herrschaft,** f एकाधिपत्य, एकच्छत्रता, पूर्ण प्रभुत्व; **~ig,** adj. एकमात्र, अनन्य; **~sein,** n एकांत, अकेलापन; **~stehend,** adj. अकेला, एकाकी; अविवाहित; **~unterhalter,** m मंच पर अकेले आकर मनोरंजन करने वाला कलाकार।

allemal, adv. (immer) सदैव, हमेशा; U: (auf jeden Fall) हर दशा में, हर हालत में; was er kann, das kann ich allemal जितना उसे आता है उतना तो मुझे हर हालत में आता है, जो वह कर सकता है वह तो मैं हर हालत में कर सकता हूँ; ein für allemal [ein für alle Male] निश्चित रूप से, सदा के लिए, आख़िरी तौर पर।

allen-falls, adv. (gerade noch) बहुत हुआ तो; (eventuell) शायद, परिस्थिति आने पर; (zur Not) आवश्यकता पड़ने पर, वक्त-ज़रूरत के लिए; **~thalben,** adv. हर जगह, सर्वत्र, सब तरफ़, हरसू।

aller-art, adj. हर प्रकार का, हर तरह का, सब प्रकार का; **~äußerst,** adj. दूरतम सिरे का, अन्त्य; fig: बिल्कुल आख़िरी।

Allerbarmer, m (-s) सब पर दया करने वाला, भगवान।

aller-best, adj. सर्वोत्कृष्ट, सबसे अच्छा; **~dings,** 1. adj. अवश्य, निस्संदेह, बेशक; 2. konj. तथापि, फिर भी, परंतु फिर भी; **~erst,** 1. adj. सर्वप्रथम, सबसे पहला; 2. adv. सबसे पहले।

Allerg-ie, f (-/-n) [griech.] med: प्रत्यूर्जता, तीव्रग्राहिता, एलर्जी; **~isch,** adj. प्रत्यूर्जतापूर्ण, तीव्रग्राही।

aller-hand, adj. (allerlei) भाँति-भाँति का, कई प्रकार का, नानाविध; U: (ziemlich viel) काफ़ी अधिक, बहुत अधिक; er wußte allerhand Neues zu erzählen उसने बहुत सी नई बातें सुनाईं; das ist ja allerhand! यह

तो हद हो गई!; ~**heiligen,** n (-) नवम्बर की पहली तारीख़ को पड़ने वाला ईसाई-पर्व (संत-आत्माओं की स्मृति में); ~**höchst,** adj. सर्वोच्च, सबसे ऊँचा; ~**höchstens,** adv. बहुत हुआ तो, अधिक से अधिक; ~**lei,** 1. adj. भाँति-भाँति का, नाना प्रकार का, नानाविध; 2. n (-s/-s) घालमेल, खिचड़ी; Leipziger Allerlei कई सब्जियों को एक साथ पका कर बनाया गया व्यंजन; ~**letzt,** adj. सबसे अंतिम; ~**liebst,** adj. सबसे प्रिय; ~**nächst,** adj. : in allernächster Zeit जल्दी से जल्दी, अगले दो-एक दिनों में; ~**seelen,** n (-) नवम्बर की दूसरी तारीख़ को पड़ने वाला ईसाई-पर्व (मृत सम्बन्धियों की स्मृति में); ~**seits,** adv. सब तरफ़, सब ओर; सबको; ~**weltskerl,** m हरफ़नमौला; ~**werteste (r),** m (-n/-n) U: चूतड़ ।

alles, 1. adj.→all; 2. pron. सब, सब के सब; alles rannte zur Unglücksstelle सब के सब दुर्घटना-स्थल की ओर दौड़ पड़े ।

allesamt, adv. सर्वशः, सब के सब एक साथ, सब मिलाकर ।

allezeit, adv. सदैव, हमेशा, हर समय ।

Allgegen-wart, f (-) सर्वव्यापिता, सर्वव्यापकता; ~**wärtig,** adj. सर्वव्यापी, विभु ।

allgemein, 1. adj. (überall bekannt) व्यापक, सर्वसामान्य, बहुप्रचलित, आम, साधारण; (für alle bestimmt) सार्विक, सार्वजनिक, सार्वजनीन; (grundsätzlich) सामान्य नियम का, प्रायिक; im allgemeinen सामान्य तौर पर, प्रायः; allgemeine Wehrpflicht अनिवार्य सैन्य-सेवा; allgemeines Wahlrecht सार्वजनिक मताधिकार; 2. adv. आम तौर पर, साधारणतया, सामान्यतयः; ~**befinden,** n सामान्य दशा या अवस्था, स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती; ~**bildung,** f सामान्य शिक्षा, सामान्य ज्ञान; ~**gültig,** adj. सर्वमान्य, सार्वजनिक रूप से वैध; ~**gut,** n सार्वजनिक सम्पत्ति, जनसम्पत्ति; ~**heit,** f (-) व्यापकता, सामान्यता, सार्विकता; जनसाधारण, सर्वसाधारण; ~**verständlich,** adj. सर्वबोधगम्य; सब की समझ में आने वाला; ~**wohl,** n जनकल्याण, सर्वहित ।

Allheilmittel, n सर्वरोगहर, रामबाण ।

Allheit, f (-) सम्पूर्णता, समग्रता, साकल्य, समष्टि ।

Allianz, f (-/-en) [frz.] संधि, संधि-संधान, संश्रय ।

Alligator, m (-s/-en) [span.] नक्र, ग्राह, घड़ियाल ।

alli-ieren, v/t (h.) [frz.] संधि क०, संश्रय क०; ~**ierte,** m (-n/-n) संश्रित राष्ट्र, सम्बद्ध राष्ट्र या व्यक्ति, मित्र-राष्ट्र ।

Alliteration, f (-/-en) [lat.] अनुप्रास, वर्णावृत्ति ।

alljährlich, adj. वार्षिक, सालाना, हर वर्ष होने वाला ।

Allmacht, f (-) सर्वशक्तिमत्ता ।

allmächtig, adj. सर्वशक्तिमान ।

allmählich, 1. adj. क्रमिक, धीरे-धीरे होने या किया जाने वाला; 2. adv. धीरे-धीरे, शनैः-शनैः ।

allmonatlich, adj. मासिक, हर माह होने वाला ।

Allonge, f (-/-n) [frz.] बेचान पर्ची, हुंडी आदि पर लगा हुआ अतिरिक्त काग़ज़ ।

Allopath, m (-en/-en) [griech.] एलौपैथी-चिकित्सक; ~**ie,** f (-) एलौपैथी, विषम-चिकित्सा ।

Allotria, n (-s/-) [griech.] चापल्य, अठखेलियाँ, हास्यास्पद आचरण ।

allseit-ig, adj. सबतरफ़ा, चौतरफ़ा; सर्वतोमुखी; ~**s,** adv. सब तरफ़, सब ओर, सर्वत्र ।

Alltag, m (-[e]s/-e) (Werktag) काम का दिन (छुट्टी का नहीं); (Einerlei) रोज़मर्रा, जीवन का एक-सा ढर्रा ।

alltäglich, adj. रोज का, हर दिन का;

साधारण, मामूली; ~**keit,** f (-/-en) साधारणता, सामान्यता; साधारण बात, रोज़ की दाल-रोटी।

Allüre, f (-/-n) [frz.] eines Pferdes: घोड़े की चाल; pl: (Lebensart) जीवन-प्रणाली, विशेष आचरण या व्यवहार, नखरा, चोचला।

allwöchentlich, adj. साप्ताहिक, हर सप्ताह होने वाला।

allzu, adv. अत्यधिक, बहुत अधिक, बहुत, अति; ~**bald,** adv. अतिशीघ्र, बहुत जल्द; ~**lange,** adv. बहुत देर तक, बहुत अधिक देर तक; ~**oft,** adv. बहुत बार, कई बार; ~**viel,** adv. बहुत अधिक, बहुत ज़्यादा, अतिशय।

Alm, f (-/-en) पहाड़ी चरागाह।

Alma mater, f [lat.] मातृसंस्था, अपना विश्वविद्यालय।

Almanach, m (-s/-) [arab.] वर्ष-वृत्तांत-पुस्तक; तिथिपत्र, जंत्री, पंचांग।

Almosen, n (-s/-e) [griech.] भिक्षा, भीख।

Aloe, f (-/-n) अगरु, अगर, घीकुँवार।

[1]**Alp,** m (-[e]s/-e)→Alptraum

[2]**Alp,** f (-/-en) / **Alpe,** f (-/-n) पहाड़ी चरागाह, आल्प्स-पर्वतों में स्थित चरागाह।

Alpdrücken, n→Alptraum

Alp-englühen, n सूर्यास्त के समय पर्वत-शिखरों की लालिमा; ~**enjäger,** m पर्वतों में शिकार करने वाला, आल्प्स-पर्वतों में शिकार करने वाला; mil: पर्वतीय क्षेत्र में युद्ध के लिए प्रशिक्षित सैनिक।

Alphabet, n (-[e]s/-e) वर्णमाला, ककहरा; ~**isch,** adj. वर्णानुक्रमिक; ~**isieren,** v/t (h.) वर्णक्रम से रखना।

alp-in, adj. पर्वतीय, आल्पीय, पर्वतारोहण-सम्बन्धी; ~**inismus,** m (-) पर्वतारोहण-कला; ~**inist,** m (-en/-en) पर्वतारोही।

Älpler, m (-s/-) आल्प्स-पर्वतों में रहने वाला।

Alptraum, m दुःस्वप्न।

Alraun, m (-s/-e) / **Alraune,** f (-/-n) विशाखमूल, लक्ष्मणा।

als, konj. 1. (zu der Zeit/da, gerade) जब, ज्योंही, जैसे ही; als ich ein Kind war जब मैं बालक था, जब मैं छोटा था; als ich eintrat जब मैं अंदर घुसा, ज्योंही मैं अंदर घुसा; 2. zur Bezeichnung einer Annahme: मानों, जैसे; mir war, als hätte jemand gerufen मुझे लगा मानों किसी ने पुकारा हो या किसी ने आवाज़ दी हो; 3. zur Bezeichnung einer Eigenschaft: की तरह, की हैसियत से, के तौर पर, के रूप में; als Beispiel उदाहरण के तौर पर; als Andenken स्मृतिचिह्न या निशानी के रूप में; als Fachmann विशेषज्ञ की हैसियत से; 4. zur Bezeichnung eines Vergleichs: से, की बनिस्वत; er ist größer als ich वह मुझसे बड़ा है; 5. zur Aufzählung: sowohl Vater als auch der Sohn पिता और पुत्र दोनों; ~**bald,** adv. अविलम्ब, तत्काल, तत्क्षण, तुरन्त, फ़ौरन, उसी समय; ~**dann,** adv. इस पर, इस बात पर, तब, तत्पश्चात्।

also, 1. Konj. फलस्वरूप, फलतः, अतः, इसलिए, अतएव; (na) also! देखा न! और क्या कहा था मैंने! हुई न आख़िरश वही बात! ; also das stimmt nicht यह बात तो ग़लत है, यह तो बिल्कुल झूठ है; 2. adv. (so) इस प्रकार, यों, इस क़दर; also sprach Zarathustra ज़रदुश्त ने यों कहा, ज़रदुश्त-उवाच।

[1]**alt,** adj. (bejahrt) वृद्ध, बूढ़ा, गतायु; (nicht frisch) बासी, जो ताज़ा न हो; (vertraut) चिरपरिचित, चिरघनिष्ठ; (gebraucht/abgenutzt) पुराना, घिसा-पिटा, इस्तेमाल किया हुआ; (unverändert) अपरिवर्तित, जैसे का तैसा; (traditionell) पारम्परिक, परम्परागत; (aus früherer Zeit) प्राचीन,

पुरातन, पूर्वकालिक, भूतपूर्व; er ist noch ganz der alte वह अब भी बिल्कुल वैसा ही है जैसा पहले था; es blieb alles beim alten सब कुछ जैसे का तैसा बना रहा; am alten hängen रूढ़िवादी होना, अतीत में मग्न रहना; das Alte Testament पूर्वविधान।

[2]**Alt,** m (-s) गंभीर नारी-स्वर, गायिका की मोटी आवाज़।

Altar, m (-[e]s/-e) वेदी, वेदिका।

alt-backen, adj. बासी; U: दक़ियानूस, रूढ़िवादी, पुरानी विचारधारा का; **~bauwohnung,** f (पश्चिमी जर्मनी में) सन् 1950 से पूर्व निर्मित मकान; **~bekannt,** adj. चिरपरिचित, चिरविदित; **~bewährt,** adj. परखा हुआ, आज़माया हुआ; **~e,** 1. m बूढ़ा, बुड्ढा, बुज़ुर्ग; U: पिता, पति, मालिक, वरिष्ठ अधिकारी; 2. f बुढ़िया, बूढ़ी स्त्री; U: पत्नी; 3. n परम्परा, प्रथा, पुरानी बातें; **~ehrwürdig,** adj. पूज्य, श्रद्धेय, आदरणीय; **~eingesessen,** adj. कई पीढ़ियों से बसा हुआ; **~eisen,** n रद्दी लोहा; **~enteil,** n बुढ़ापे में सम्पत्ति अपनी संतान या अन्य के नाम कर देने के बाद जीवन-निर्वाह के लिए प्राप्त सुविधाएँ।

Alter, n (-s) आयु, अवस्था, वय, उम्र; spw: Alter schützt vor Torheit nicht यह ज़रूरी नहीं है कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ समझदारी भी बढ़े, बुज़ुर्गी ब-अक़्लस्त न बसाद।

älter, adj. से अधिक उम्र का, से अधिक आयु का; अधेड़; eine ältere Dame अधेड़ आयु की महिला।

altern, v/i (s.) बूढ़ा होना; पकना।

Alternative, f (-/-n) [frz.] विकल्प।

alters, adv. : von alters her चिरकाल से।

Alters-aufbau, m वयोवर्गों पर आधारित वर्गीकरण या संरचना; **~erscheinung,** f बुढ़ापे का चिह्न, आयु-विशेष का लक्षण; **~genosse,** m समवयस्क, हमउम्र; **~grenze,** f वय-सीमा; **~heim,** n वृद्धाश्रम, वृद्धावास; **~klasse,** f वयोवर्ग; **~schwäche,** f वृद्धावस्था की क्षीणता, बुढ़ापे की कमज़ोरी; **~sichtigkeit,** f जरा-दूर-दृष्टि; **~stufe,** f→Altersklasse; **~versorgung,** f बुढ़ापे में निर्वाह का प्रबंध, निवृत्तिका, पेंशन; **~zulage,** f आयु-भत्ता।

Altertum, n (-s/ ⸚er) पुराकाल, पुरातन-काल; यूनान और रोम की संस्कृति का स्वर्ण-युग (ईसा से सात सौ वर्ष पूर्व से चार सौ अस्सी ई० तक); pl: पुराकाल की कलाकृतियाँ।

Altertüm-elei, f (-) पुराकालीन शैली की नक़ल; **~lich,** adj. पुराकालीन, अप्रचलित।

Alterung, f (-) पकाई।

alt-gedient, adj. बहुत दिनों से पदस्थ, अनुभवी, तजरुबेकार; **~gewohnt,** adj. प्रायिक, रिवाजी, जिसकी बहुत दिनों से आदत हो; **~hergebracht,** adj. पारम्परिक, प्रथागत; **~hochdeutsch,** 1. adj. प्राचीन उच्च-जर्मन; 2. n प्राचीन उच्च-जर्मन भाषा (सन् 750 से सन् 1050 तक की जर्मन भाषा)।

Altist, m (-en/-en) गंभीर स्वर में गाने वाला किशोर; **~in,** f (-/-nen) गंभीर स्वर में गाने वाली गायिका।

alt-jüngferlich, adj. चिरकुमारीवत्; दक़ियानूस; **~klug,** adj. बूढ़ों की तरह बातें करने वाला, अकालप्रौढ़।

ältlich, adj. बूढ़ा-सा।

Alt-meister, m विशेषज्ञ, प्रवीण व्यक्ति; sport: भूतपूर्व विजेता; **~modisch,** adj. पुराने ढंग का; दकियानूस, रूढ़िवादी; **~papier,** n रद्दी काग़ज़; **~philologe,** m प्राचीन-भाषा-शास्त्री (लैटिन व ग्रीक का विद्वान); **~philologie,** f प्राचीन-भाषा-शास्त्र; **~stadt,** f नगर का प्राचीन भाग; **~väterisch,** adj. पुरानी विचारधारा वाला, रूढ़िवादी; **~väterlich,** adj. गौरवपूर्ण, गरिमामय; **~waren,** f/pl. कबाड़; **~warenhändler,** m कबाड़ी;

~**wasser,** n, eines Flusses: नदी की मृतशाखा का पानी; ~**weibersommer,** m हेमंत ऋतु के गरम दिन; हेमंत काल में हवा में उड़ता हुआ मकड़ी का जाला।

am, präp. 1. = an dem; 2. mit Superlativ: am höchsten उच्चतम (रूप से); am schönsten सुन्दरतम (रूप से); 3. zeitlich: am Morgen सुबह को, सुवह के समय, सुबह, प्रातःकाल; am Abend शाम को, शाम के समय, सन्ध्या समय; 4. gerade stattfindend: er ist am Arbeiten वह इस समय काम कर रहा है; 5. örtlich: am Ufer des Flusses नदी-तट पर।

Amalgam, n (-s/-e) पारदमिश्रण; ~**ieren,** v/t (h.) पारदित क०।

Amateur, m (-s/-e) [frz.] शौकीन, प्रेयानुशीली, अव्यवसायी।

Amazone, f (-/-n) [griech.] वीरांगना, रणप्रिय स्त्री, मर्दानी औरत।

Ambiti-on, f (-/-en) [lat.] महत्वाकांक्षा; ~**ös,** adj. महत्वाकांक्षी।

Ambival-enz, f (-/-en) [lat.] द्वैधवृत्ति; ~**ent,** adj. उभयभावी, द्विभावी, द्वैधवृत्तिक।

Amboß, m(-'sses/-'sse) mech: निहाई, संदान, अहरन; anat: स्थूणक।

Ambros-ia, f (-) [griech.] अमृत, सुधा; fig: अतिस्वादिष्ट भोजन; ~**isch,** adj. अमृतोपम; अतिस्वादिष्ट।

ambulan-t, adj. [lat.] घूमता-फिरता; med: ambulante Behandlung तुरत उपचार, तुरत चिकित्सा; ~**z,** f (-/-en) Abteilung: तुरत-चिकित्सा-विभाग; Wagen: अस्पताल-गाड़ी।

Ameise, f (-/-n) चींटी, पिपीलिका; ~**nhaufen,** m बाँबी, वल्मीक, बिमौरा; ~**kribbeln,** n चींटी-सी चढ़ना, चुनचुनी होना, सिहरन की संवेदना मानो शरीर पर चींटियाँ चल रहीं हों; ~**nsäure,** f, chem: फॉर्मिक एसिड।

Amen, n (-s/-) [hebr.] आमेन, तथास्तु, स्वस्ति; fig: स्वीकृति; ja und amen zu etw. sagen किसी बात के लिए अपनी स्वीकृति देना।

Amerikan-er, m (-s/-) अमरीका का नागरिक, अमरीकी; ~**isch,** adj. अमरीकी; ~**ist,** m(-en/-en) अमरीका की भाषाओं एवं वहाँ की संस्कृति का विद्वान या विद्यार्थी; ~**istik,** f अमरीका की भाषाओं एवं वहाँ की संस्कृति का अध्ययन।

Amethyst, m (-[e]s/-e) [griech.] जम्बुमणि।

Ami, m (-s/-s) U: →Amerikaner; U: अमरीकी सिगरेट।

Amme, f (-/-n) आया, धाय, बालपरिचारिका; ~**nmärchen,** n, fig: बेसिरपैर की या ऊटपटाँग बात।

Ammoniak, n (-s) [griech.] chem: अमोनिया।

Ammonium, n (-s) chem: अमोनिया-लवणों का एक संयोजक मूलक जो क्षार-धातुओं के समान व्यवहार करता है।

Amnesie, f (-/-n) [griech.] स्मृतिलोप।

Amnest-ie, f (-/-n) [griech.] राजक्षमा, सर्वक्षमा; ~**ieren,** v/t (h.) राजक्षमा देना।

Amöbe, f (-/-n) [griech.] अमीबा, जीवाणु; ~**nruhr,** f, med: अमीबा पेचिश।

Amok, m (-s) [mal.] : Amok laufen हिंसोन्मत्त होना; ~**läufer,** m हिंसोन्मत्त व्यक्ति।

amoral-isch, adj. [lat.] निर्नैतिक, नीतिबाह्य, सदाचारेतर; ~**ismus,** m निर्नैतिकता, नीतिबाह्यता, सदाचारेतरता।

amorph, adj. [griech.] अनाकार; chem: अक्रिस्टलीय, रवाहीन।

Amortis-ation, f (-/-en) [lat.] kfm: विलय-व्यवस्था, परिशोधन, ऋण-परिशोध; ~**ieren,** v/t (h.) विलीन क०, ऋणपरिशोध क०।

Amour-en, pl. [frz.] U: प्रेम-सम्बन्ध; ~**ös,** adj. प्रेमसम्बन्ध-विषयक; प्रेम-मग्न।

Ampel, f (-/-n) [lat.] (Hängelampe)

निलम्बी लालटेन; im Straßenverkehr: यातायात-नियंत्रक बत्ती ।
Ampere, n (-s/-) el: एम्पियर ।
Amphi-bie, f (-/-n) [griech.] उभयचर, जलभूमिचर; ~**bienfahrzeug,** n जल-स्थलीय मोटरकार; ~**bisch,** adj. जलस्थलीय, जलथली; ~**theater,** n खुली छत वाली वृत्ताकार रंगशाला ।
Amplitude, f (-/-n) [lat.] phys: दोलनांक ।
Ampulle, f (-/-n) [lat.] (kleine Flasche) शीशी, काँच की तुम्बिका; med: सम्पुटक, इंजेक्शन की शीशी ।
Amput-ation, f (-/-en) [lat.] अंगछेदन, अंगविच्छेद; ~**ieren,** v/t (h.) अंगविच्छेद क० ।
Amsel, f (-/-n) कस्तूरा चिड़िया ।
Amt, n (-[e]s/ ⸚er) (Behörde) संस्था, दफ़्तर, कार्यालय; (Aufgabe) कर्तव्य, फ़र्ज़; (öffentliche Stellung) सरकारी पद, ओहदा; ohne pl: (Messe) ख्रीस्त-याग, मिस्सा; U: टेलीफ़ोन-मिलान-केन्द्र; seines Amtes walten अपना कर्तव्य पूरा क०; von Amts wegen पदेन; ~**ieren,** v/i (h.) किसी पद पर काम क०, का कार्यभार ले लेना या सँभालना; ~**ierend,** adj. कार्यकारी, कार्यवाही; ~**lich,** adj. सरकारी, राजकीय, आधिकारिक; ~**mann,** m आसेधक, आदेशपत्रों आदि के लिए नियुक्त छोटा अधिकारी ।
Amts-anmaßung, f अनधिकृत रूप से किसी पद के अधिकारों का लाभ उठाना; ~**befugnis,** f पदाधिकार, पदक्षमता; ~**bereich,** m प्रशासन-क्षेत्र, अधिकार-क्षेत्र; ~**bescheid,** m आज्ञप्ति, सरकारी सूचना; ~**eid,** n पद-शपथ; ~**enthebung,** f पदच्युति, बरख़ास्तगी; ~**führung,** f संचालन, प्रबंध, किसी अधिकारी का काम करने का ढंग; ~**geheimnis,** n पदीय गोपनीयता, सरकारी राज़; ~**gericht,** n क्षेत्रीय न्यायालय; ~**geschäfte,** n/pl. सरकारी प्रकार्य, पदीय कार्य; ~**gewalt,** f पदाधिकार, पदसत्ता; ~**handlung,** f पदीय कार्यवाही, सरकारी कार्यवाही; ~**kette,** f महापौर या उपकुलपति आदि द्वारा समारोहों पर पहनी जाने वाली माला या ज़ंजीर; ~**miene,** f पदीय भाव-भंगिमा, सरकारी कर्मचारी की अकड़-फों; ~**mißbrauch,** m भ्रष्टाचार, अपने पद से अनुचित लाभ उठाना; ~**person,** f अधिकारी, पदाधिकारी; ~**schimmel,** m, U: फ़ीताशाही, दफ़्तरशाही; ~**tracht,** f पदाधिकारियों की औपचारिक पोशाक; ~**stunden,** f/pl. कार्यसमय, दफ़्तर का समय; ~**vergehen,** n पद-कर्तव्य का पालन न क०, भ्रष्टाचार; ~**weg,** m उचित सरणी, उचित माध्यम, पदीय माध्यम; ~**zeichen,** n Telephon: टेलीफ़ोन-लाइन ख़ाली होने की सूचक-ध्वनि; ~**zeit,** f कार्यकाल, पदकाल ।
Amulett, n (-[e]s/-e) [lat.] ताबीज, तावीज़, गण्डा ।
amüs-ant, adj. [frz.] मनोरंजक, हास्यकर; ~**ement,** n (-s/-s) मनोरंजन, मनबहलाव; ~**ieren,** v/t (h.): sich amüsieren अपना मनोरंजन या मनबहलाव क० ।
an, I. präp. (+dat. & akk.) 1. (dicht bei/nahe bei) के पास, के निकट, के आसन्न, से सटा हुआ, पर; das Bild hängt an der Wand तस्वीर दीवार पर टँगी है; das Bild an die Wand hängen तस्वीर को दीवार पर टाँगना; 2. (beschäftigt mit) में व्यस्त, पर; er ist an der Arbeit वह काम पर है, वह काम में व्यस्त है; an die Arbeit gehen काम पर जाना; 3. (tätig bei) में; an der Universität lehren विश्वविद्यालय में पढ़ाना; 4. Zeitangabe: an jenem Tage उस दिन; II. adv. से, से आगे; चालू, ऑन; von heute an आज से, आज से आगे; das Radio ist an रेडियो चालू है, रेडियो ऑन है;

III. versch.: es fehlt an allem हर चीज़ की कमी है; es liegt an Ihnen यह आप पर निर्भर है, यह आपके निर्णयाधीन है; इसका कारण आप हैं; an mir soll es nicht liegen मेरे कारण यह काम नहीं रुकेगा, मेरी ओर से इस काम में कोई बाधा नहीं पड़ेगी; es ist an der Zeit समय हो गया है, अब वक्त आ गया है; an Krücken gehen बैसाखियों के सहारे चलना; an einer Krankheit leiden किसी रोग से पीड़ित होना; an und für sich वैसे तो; an jdn. schreiben किसी को पत्र लिखना; an die tausend Leute waren anwesend लगभग एक हज़ार व्यक्ति उपस्थित थे।

Anachronis-mus, m (-/-'men) [griech.] कालदोष, पुरावशेष; **~tisch,** adj. कालदोषी।

analog, adj. [griech.] सादृश्यमूलक, अनुरूप; **~ie,** f (-/-n) सादृश्य, साधर्म, अनुरूपता, साम्यानुमान; **~isch,** adj. →analog

Analphabet, m (-en/-en) [griech.] निरक्षर, अनपढ़, अशिक्षित; **~entum,**n/ **~ismus,** m निरक्षरता।

Analy-se, f (-/-n) विश्लेषण; **~sieren,** v/t (h.) विश्लेषण क॰; **~tiker,** m (-s/-) विश्लेषक; **~tisch,** adj. विश्लेषिक, विश्लेषणात्मक।

Anämie, f (-/-n) [griech.] med: रक्तक्षीणता, अरक्तता।

Anamnese, f (-/-n) [griech.] med: अनुस्मरण।

Anarch-ie,f(-/-n) [griech.] अराजकता, अव्यवस्था, आतंक; **~isch,** adj. अराजक; **~ismus,** m (-) अराजकतावाद, आतंकवाद; **~ist,** m (-en/-en) अराजकतावादी, आतंकवादी।

Anästhes-ie, f (-/-n) [griech.] संज्ञाहरण; संवेदना-अभाव, निश्चेतनता, बेहोशी; **~ieren,** v/t (h.) निश्चेतन या बेहोश क॰।

Anatom, m (-en/-en) [griech.] शरीरशास्त्री, शरीररचनाविज्ञानी; **~ie,** f (-/-n) o:pl. शरीररचना विज्ञान, शरीरशास्त्र; (Institut) शरीरशास्त्र-विभाग; **~isch,** adj. शरीररचना-संबंधी।

anbacken, v/i (s.) चिपकना, (बर्फ़, कीचड़ आदि का जूतों में) चिपकना।

anbahnen, v/i (h.) प्रारंभ क॰, का मार्ग प्रशस्त क॰; sich anbahnen का मार्ग खुलना, सामने आना, के होने की संभावना होना।

Anbändel-ei, f (-/-en) प्रेमसंबंध स्थापित करने का प्रयत्न; झगड़ा करने का प्रयत्न; **~n,** v/i (h.) प्रेमसंबंध स्थापित क॰, किसी से घनिष्ठ होने का प्रयत्न क॰; किसी से झगड़ा मोल लेना; **~ung,** f (-/-en)→Anbändelei

Anbau, m (-[e]s/-ten) (Gebäude) उपभवन, उपगृह; o.pl: (Kultivierung) कृषि, खेती; **~en,** v/t (h.) अनुपूरक-निर्माण क॰, किसी इमारत को बड़ा करने के लिए उसके अतिरिक्त भवन बनाना; की खेती क॰; **~fähig,** adj. खेती के योग्य, जिसपर खेती की जा सके; जिसकी खेती की जा सके; **~fläche,** f कृषि-क्षेत्र, ज़मीन जिस पर खेती होती हो; **~möbel,**n/pl. फ़र्नीचर जिसमें आवश्यकतानुसार अतिरिक्त अनुपूरक- खंड जोड़े जा सकें।

anbefehlen, v/t (h.) : jdm. etw. anbefehlen किसी को कुछ करने का आग्रहपूर्ण परामर्श देना।

Anbeginn, m (-s) poet: प्रारंभ, आरंभ, शुरूआत।

anbehalten, v/t (h.) Kleider usw: पहने रहना, न उतारना।

anbei, adv. संलग्न, (के) साथ में।

anbeißen, 1. v/t (h.) दाँतों से काटना, में दाँत लगाना; 2. v/i (h.) मुँह मारना, फँस जाना (मछली का); fig: के लोभ में आ जाना, फँस जाना।

anbelangen, v/t (h.) : was mich anbelangt जहाँ तक मेरा प्रश्न है।

anbellen, v/t (h.) पर भूँकना; fig: पर चिल्लाना।

anberaum-en, v/t (h.) बैठक, सभा आदि की तिथि निश्चित क०; **~ung,** f (-/-en) तिथि-निर्धारण।

anbet-en, v/t (h.) की उपासना क०, की आराधना क०; fig: की पूजा क०, पर अत्यन्त श्रद्धा रखना।

Anbetracht: in Anbetracht der Tatsache, daß ... इस बात को ध्यान में रखते हुए कि·········।

Anbetreff: in Anbetreff के संबंध में, के विषय में; **~en,** v/t (h.)→anbelangen

anbetteln, v/t(h.) हठपूर्वक भीख माँगना; अत्याग्रह क०, चिरौरी-मिन्नत क०।

Anbetung,f(-/-en) उपासना, आराधना, पूजा; fig: (Bewunderung) अतिश्रद्धा, अतिभक्ति।

anbieder-n, v/r (h.) अभद्रतापूर्वक घनिष्ठता स्थापित करने का प्रयास क०; **~ung,** f (-/-en) अभद्रतापूर्वक घनिष्ठता स्थापित करने का प्रयत्न, बेशऊर बेतकल्लुफ़ी।

anbieten, v/t (h.) प्रस्तुत क०, पेश क०; देना, मोल लगाना; का प्रस्ताव क०; Waren: बेचने के लिए दिखाना; U: jdm. Streit anbieten किसी को झगड़ा करने की धमकी देना।

anbinden, 1. v/t (h.) (डोरे आदि से) बाँधना; fig: kurz angebunden sein रूखी बात क०, रूखा व्यवहार क०; 2. v/i (h.) U: mit jdm. anbinden किसी से झगड़ा क०, किसी से झगड़ा मोल लेना।

Anbiß,m (-'sses/-'sse) पहला निवाला; (Köder) मछली पड़ने का केंचुआ आदि; प्रलोभन।

anblasen, v/t (h.) की ओर फूंकना; आग तेज़ करने के लिए फूंकना; शिकार प्रारंभ करने का बिगुल बजाना; U: jdn. anblasen किसी को डाँटना-फटकारना।

Anblick, m (-[e]s/-e) दृश्य, नज़ारा; नज़र, अवलोकन; रूप, आकार; **~en,** v/t (h.) देखना, अवलोकन क०, पर निगाह डालना, की ओर देखना।

anblinzeln, v/t (h.) किसी की ओर देखकर आँखें मिचमिचाना या मिचकाना।

anbohren, v/t (h.) बरमे से छेद करना प्रारंभ क०, ऊपरी सतह पर बरमा चलाना।

anbraten, v/t (h.) थोड़ा-सा तलना, मामूली-सा तलना।

anbrechen, v/t (h.) पहला टुकड़ा तोड़ना; बोतल आदि खोलना, उपभोग करना प्रारंभ कर देना (जिससे संचिति की मात्रा कम होने लगे); 2. v/i (s.) शुरू हो जाना; दिन, रात, अँधेरा, उजाला आदि होना।

anbrennen, 1. v/t (s.) जलने लगना, जल जाना; etw. anbrennen lassen ध्यान न देने के कारण पक रही वस्तु का जल जाना, पक रही वस्तु पर ध्यान न दे पाना; 2. v/t (h.) जलाना, सुलगाना।

anbring-en, v/t (h.) (befestigen) पर लगाना, पर जड़ना या बाँधना; (herbeibringen) लाना, ले आना; Waren: बेचना, निकालना; Änderungen: (परिवर्तन) क०; Bitte: सामने रखना।

Anbruch, m (-s) (Beginn) प्रारंभ, आरंभ, शुरूआत; (krankes Holz) कीड़ा लगी हुई लकड़ी, सड़ी हुई लकड़ी।

anbrüchig, adj., Holz: सड़ता हुआ (काष्ठ)।

anbrüllen, v/((h.) किसी पर ज़ोर से चिल्लाना या दहाड़ना।

anbrüten, v/t (h.) सेना प्रारंभ क० (अंडा); अंत तक न सेना।

Andacht, f (-/-en) (Gottesdienst) प्रार्थना, पूजा, स्तुति, उपासना; o.pl: गंभीर चिंतन, मनन, तल्लीनता; **~svoll,** adj.→andächtig

andächtig, adj. उपासना में लीन; तल्लीन, तन्मय।

andauern, v/i (s.) होते रहना, अधिक देर तक जारी रहना, समाप्त न होना;

~**d**, adj. अनवरत, लगातार, निरंतर ।

Andenken, n (-s/-) (Erinnerung) स्मृति, यादगार, याद; (Souvenir) स्मारिका, याद के लिए दी या रखी हुई चीज़, निशानी ।

ander, adj. भिन्न, अन्य, दूसरा, अगला; etwas anderes दूसरी बात, और बात, कुछ और, अन्य बात; jemand anders कोई और, कोई अन्य व्यक्ति; die anderen दूसरे लोग, और लोग; unter anderem औरों के अतिरिक्त, औरों के साथ-साथ, दूसरी बातों, वस्तुओं आदि के साथ-साथ; das ist alles andere als angenehm यह अत्यन्त अप्रिय है; ein ums andere Mal बार-बार; am anderen Tag अगले दिन, दूसरे दिन, किसी और दिन; anderer Meinung sein सहमत न होना, भिन्न विचार का होना; anderen Sinnes werden अपनी राय बदल देना; sich eines anderen besinnen अपना विचार या निर्णय बदल देना; ~**(e)nfalls,** adv. अन्यथा, यदि परिस्थिति भिन्न हुई तो, नही तो, वरना; ~**enorts,** adv. दूसरे या अन्य स्थान पर; ~**(e)ntags,** adv. दूसरे दिन, अन्य दिन; ~**(e)nteils,** adv. दूसरे पक्ष में, दूसरी ओर, दूसरी तरफ़; ~**erseits,** adv. दूसरी ओर, दूसरी तरफ़; ~**lei,** adv. अन्य प्रकार का; ~**mal,** adv: ein andermal फिर कभी (आज नहीं) ।

ändern, 1. v/t (h.) (verändern) बदलना, बदल देना, परिवर्तित क०; Kleider: काट-छाँट कर ठीक या फ़िट क०; seine Meinung ändern अपना विचार बदलना; das ändert nichts an der Tatsache, daß . . . इससे इस बात में कोई अंतर नहीं पड़ता कि . . . ; 2. v/r (h.) बदल जाना; सुधर जाना, अपने आचरण में परिवर्तन लाना ।

anders, adv. अन्य प्रकार से, दूसरी तरह से, भिन्न ढंग से; die Sache verhält sich ganz anders यह मामला बिल्कुल भिन्न प्रकार का है, यह बात बिल्कुल और ही है; er hat sich die Sache anders überlegt उसने इस विषय में दूसरा निर्णय ले लिया है; sich anders besinnen अपना कार्यक्रम बदल देना; अपना निर्णय बदल देना; das ist etwas anderes यह दूसरी बात है, यह और ही बात है; er ist anders als ich वह मुझसे भिन्न है; mir wird ganz anders मेरी तबीअत खराब हो रही है; U: er ist anders/andersrum वह लौंडेबाज़ है; ~**artig,** अन्य प्रकार का, दूसरी तरह का, और क़िस्म का; ~**denkende,** m/f अन्य या भिन्न विचारों वाला व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); ~**gesinnte,** m/f →Andersdenkende; ~**gläubige,** m/f भिन्न धर्मावलम्बी, भिन्न मतावलम्बी व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); ~**herum,** दूसरी तरफ़ से, उलटी तरफ़ से, दूसरे ढंग से; ~**sein,** n भिन्नता; ~**wie,** adv. और किसी तरह से; ~**wo,** adv. कहीं और, किसी अन्य स्थान पर; ~**woher,** adv. कहीं और से, किसी अन्य स्थान से, किसी और जगह से; ~**wohin,** adv. कहीं और, किसी अन्य स्थान को, किसी अन्य दिशा में ।

anderthalb, adj. डेढ़ ।

Änderung, f (-/-en) परिवर्तन, तब्दीली, हेरफेर; सुधार, मरम्मत ।

ander-wärtig, adj. अन्यत्र का, कहीं और का; अन्य, दूसरा; ~**wärts,** adv. अन्य स्थान पर, कहीं और; अन्य दिशा में; ~**weitig,** adj. अन्य, दूसरा, भिन्न प्रकार का; 2 adv. अन्यत्र, अन्य प्रकार से, अन्य काम या मामले में ।

andeut-en, v/t (h.) संकेत क०, इशारा क०; बताना, इशारतन कहना, जताना; अभिव्यंजित क०; चिह्नों द्वारा दिखाना; ~**ung,** (-/-en) (Hinweis) संकेत, इशारा, इंगित, सुझाव; (Spur) चिह्न, लक्षण; (Anspielung) इंगित, संकेत,

व्यंग्यात्मक संकेत; ~ungsweise, adv. सांकेतिक रूप से, इशारतन; मामूली-सा, हल्का-सा।
andichten, v/t (h.): jdm. etw. andichten किसी के विषय में कोई ग़लत बात कहना, किसी को किन्हीं गुणों या अवगुणों से युक्त बताना।
andonnern, v/t (h.) U: jdn. andonnern किसी पर गरजना, किसी को बहुत डाँटना।
Andrang, m (-[e]s) भीड़, जमावड़ा, रेलपेल; बड़ी या भारी माँग।
andrehen, v/t (h.), Licht usw: बत्ती आदि जलाना; ऑन क०; U: jdm. etw. andrehen किसी को कुछ भेड़ देना।
andringen, v/i (s.) : gegen etw./jdn. andringen किसी वस्तु/व्यक्ति की ओर एकत्र होकर बढ़ना।
androh-en, v/t (h.) किसी बात की धमकी देना; **~ung,** f (-/-en) धमकी, धमकी भरी चेतावनी।
Andruck, m (-[e]s/-e) नमूने के लिए बनाई गई चित्र आदि की मुद्रित प्रतिकृति, ईक्ष्य-पत्र।
andrücken, v/t (h.) दबाना, दबा देना।
anecken, v/i (s.) से टकरा जाना; fig: से भिड़ जाना, से लड़ पड़ना; er eckt überall an वह हर जगह झगड़ा खड़ा कर देता है, वह जगह लड़ बैठता है।
aneifern, v/t (h.) प्रोत्साहित क०, प्रेरित क०।
aneign-en, v/r (h.) अधिग्रहण क०, हथिया लेना; प्राप्त कर लेना; अपना लेना; sich Kenntnisse aneignen ज्ञान प्राप्त क०, जानकारी हासिल कर लेना; **~ung,** f (-/-en) अधिग्रहण; प्राप्ति; अंगीकरण।
aneinander, adv. एक दूसरे के साथ, एक दूसरे के पास, एक दूसरे के पास से; aneinander vorbeireden अपनी-अपनी कहते रहना, एक दूसरे की बात को बिना सुने या समझे बोलते चले जाना, एक दूसरे की बात न समझना; **~fügen,** v/t (h.) एक दूसरे से जोड़ना या मिलाना; **~geraten,** v/i (s.) fig: आपस में मार-पीट कर बैठना; **~grenzen,** v/i (h.) एक दूसरे के आसन्न होना, एक दूसरे के पास होना; **~reihen,** v/t (h.) एक के बाद एक पंक्तिबद्ध क०।
Anekdote, f (-/-n) [griech.] घटना, क़िस्सा, चुटकुला (अधिकतर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति से संबंधित)।
anekeln, v/t (h.) घृणा या जुगुप्सा उत्पन्न क०।
Anemone, f (-n) [griech.] जंगली गुलाब।
Anerbe, m (-n/-n) एकमात्र उत्तराधिकारी।
Anerbiet-en, n (-s/-) सुझाव, पेशकश; प्रस्ताव; **~ung,** f (-/-en) प्रस्तुतीकरण, पेशकश।
anerkannt, adj. मान्यता-प्राप्त, सर्वमान्य, प्रसिद्ध; **~ermaßen,** adv. सर्वसम्मति से, जैसा कि सब मानते हैं, जैसा कि सर्वविदित है।
anerkenn-en, v/t (h.) अनुमोदन क०, समर्थन क०; प्रशंसा क०; क़दर क०, को मान्यता प्रदान क०; pol: मान्यता देना; Forderungen: (दावे, अध्यर्थना आदि) को मान लेना, स्वीकार कर लेना; ein Kind: किसी बालक का पिता होने के तथ्य को मान लेना; **~enswert,** adj. मान्य, स्वीकार्य; अनुमोदनीय; प्रशंसनीय; **~ung,** f (-/-en) (Bestätigung) प्रामाणिक स्वीकरण, स्वीकृति; मान्यता; (Billigung) अनुमोदन; (Würdigung) प्रशंसा, श्लाघा, jur: वैधीकरण; jdm. seine Anerkennung aussprechen किसी की प्रशंसा क०।
Anerziehen, v/t (h.) की आदत डालना (प्रशिक्षण या परवरिश द्वारा)।
anerzogen, adj. असहज, अस्वाभाविक, प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त, बहिर्जात।
anfachen, v/t (h.) Feuer: आग तेज

क० ; fig: की ज्वाला भड़का देना ।

anfahr-en, 1. v/i (s.) गाड़ी आदि चालू क० या चलाना प्रारम्भ क०; 2. v/t (h.) (herbeibringen) गाड़ी में लाना या लेकर आना ; jdn. anfahren किसी पर गाड़ी चढ़ा देना; U: jdn. anfahren किसी को डाँटना-फटकारना, किसी पर चिल्लाना; **~t,** f (-/-en) (Start) गाड़ी के चलने का प्रारम्भ, यात्रा का प्रारम्भ; (Heranfahren) आगमन, पास पहुंचना; (Anfahrtsweg) प्रवेश-मार्ग, कहीं पहुंचने का मार्ग; (Anfahrtszeit) कहीं पहुंचने में लगा समय ।

Anfall, m (-[e]s ⸚ e) (Überfall) आक्रमण, धावा, हमला; (plötzliches Auftreten) बीमारी आदि का अचानक दौरा; o.pl: (Ausbeute) फ़सल, प्राप्ति, लाभ, मुनाफ़ा; fig: आकस्मिक उद्‌गार; er handelte in einem Anfall von Leichtsinn वह अचानक अविवेकपूर्ण या चंचलतापूर्ण व्यवहार कर बैठा; **~en,** 1. v/t (h.) पर आक्रमण क०, पर टूट पड़ना; 2. v/i (s.) होना, उत्पन्न होना, आ पड़ना; in diesen Tagen ist viel Arbeit angefallen इन दिनों बहुत काम आ पड़ा है ।

anfällig, adj. रोगप्रवण, प्रतिक्रियाशील; **~keit,** f (-) रोगप्रवणता, प्रतिक्रियाशीलता ।

anfallsweise, adv. कभी-कभी, आकस्मिक रूप से ।

Anfang, m (-[e]s/ ⸚ e) (Beginn) आरम्भ, प्रारम्भ, आदि, शुरूआत; (Einleitung) भूमिका, प्रस्तावना; (Grundlage) आधार, (Ursprung) उद्‌गम, उद्‌भव; spw: aller Anfang ist schwer → all; das ist der Anfang vom Ende यह अन्त का प्रारम्भ है; **~en,** 1. v/t (h.) (beginnen) प्रारम्भ क०, शुरू क०; (zuwege bringen) कार्यान्वित क०, चालू क०; ein Geschäft anfangen कोई धंधा शुरू क०, कोई दुकान शुरू, क०, mit jdm. Streit anfangen किसी से लड़ाई-झगड़ा शुरू क०; damit kann ich nichts anfangen यह मेरे लिए बिल्कुल बेकार है; mit ihm ist heute nichts anzufangen आज उसकी मनःस्थिति बहुत ख़राब है, आज उसका मिज़ाज विगड़ा हुआ है, आज उससे कोई काम नहीं लिया जा सकता; 2. v/i (h.) प्रारम्भ होना, शुरू होना; von vorn anfangen फिर से शुरू हो जाना; U: das fängt ja gut an! यह आरम्भ तो अच्छा नहीं है, यह शुरूआत तो अच्छी नहीं है; die Schule fängt um 8 Uhr an पाठशाला ८ बजे शुरू होती है; er hat angefangen zu rauchen उसने धूम्रपान प्रारम्भ कर दिया है ।

Anfäng-er, m (-s/-) नौसिखिया, अनाड़ी; ein blutiger Anfänger जिसका ज्ञान अत्यन्त प्रारम्भिक हो; **~lich,** adj. प्रारम्भिक, आरम्भिक, शुरूआत का ।

anfangs, adv. प्रारंभ में, आदि में, शुरू में; **~bestand,** m प्रारंभिक पूँजी या माल; **~stadium,** n प्रारंभिक चरण या अवस्था ।

anfassen, v/t (h.) पकड़ना, हाथ में लेना, छूना, हाथ लगाना; fig: वर्ताव क०, व्यवहार क०; करना; jdn. hart anfassen किसी के साथ कठोर व्यवहार क०; eine Sache richtig anfassen किसी काम को ठीक ढंग से करना; faß doch mal mit an! ज़रा मदद करना!

anfauchen, v/t (h.) पर गुर्राना; U: jdn. anfauchen किसी पर चिल्लाना, किसी को भला-बुरा कहना ।

anfaulen, v/t (s.) सड़ना, सड़ने लगना, (किसी वस्तु का) ख़राब होने लगना ।

anfecht-en, v/t (h.) Urteil: पर आपत्ति क०, को न मानना; की सत्यता या औचित्य पर संदेह क०; Vertrag: अमान्य सिद्ध करने का प्रयत्न क०; jds. Meinung anfechten किसी की धारणा का विरोध क० das ficht mich nicht an यह मुझे प्रलोभित नहीं करता; **~ung,** f (-/-en) jur: विरोध, अमान्य सिद्ध करने का प्रयत्न; (Versuchung)

परीक्षा, प्रलोभन, कुमार्ग-प्रेरण ।

anfeind-en, v/t (h.) किसी के प्रति विद्वेषपूर्ण शब्दों का प्रयोग क०, किसी से वैमनस्यपूर्ण व्यवहार करना; ~**ung,** f (-/-en) विद्वेषपूर्ण या वैमनस्यपूर्ण व्यवहार ।

anfertig-en, v/t (h.) तैयार क०; निर्मित क०; का उत्पादन क०; ~**ung,** f (-/-en) निर्माण, उत्पादन; तैयार क० ।

anfeuchten, v/t (h.) नम क०, गीला क०, थोड़ा भिगोना ।

anfeuer-n, v/t (h.) जलाना, आग जलाना; fig: jdn. anfeuern किसी को प्रोत्साहित क०; खेल-प्रतियोगिता में चिल्ला-चिल्ला कर किसी खिलाड़ी का हौसला बढ़ाना; ~**ung,** f (-/-en) (आग) जलाना; प्रोत्साहन; ~**ungsrufe,** m/pl. दर्शकों द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की आवाजें ।

anflehen, v/t (h.) अनुनय-विनय क०, चिरौरी क० ।

anfliegen, 1. v/t (h.) (वायुयान का) किसी स्थान को जाना; 2. v/i (s.) चुपचाप उड़ते हुए समीप पहुँचना या आना; fig: में बिना परिश्रम के सफलता मिलना; der Samen ist angeflogen बीज उड़कर पहुँच गया है; fig: der Erfolg fliegt ihm nur so an उसे बिना किसी परिश्रम के ही हर काम में सफलता प्राप्त हो जाती है ।

Anflug, m (-[e]s/ ⸚e) das Heranfliegen) वायुयान का अभिगम, विमान का (अवतरण के लिए) समीप पहुँचना; (leichter Überzug) हल्की परत; (kurze Gemütsbewegung) दौर, दौरा, उद्गार; fig: झलक, हल्की लहर; er zeigte nur den Anflug eines Lächelns उसके चेहरे पर मुस्कान की केवल एक झलक दिखाई दी ।

anforder-n, v/t (h.) माँगना, की माँग क०, की अपेक्षा क०, सप्लाई का ऑर्डर देना; ~**ung,** f (-/-en) (Bestellung) माँग, सप्लाई का ऑर्डर; an Leistung: अपेक्षा, अपेक्षित योग्यता ।

Anfrag-e, f (-/-n) प्रश्न, परिप्रश्न; (Erkundigung) पूछताछ, जाँच-पड़ताल; (Auskunftsersuchen) परिपृच्छा, दरियाफ़्त; eine parlamentarische Anfrage संसद् में उठाया गया प्रश्न; ~**en,** v/i (h.) पूछना, से सवाल क०; bei jdm. anfragen किसी से कुछ पूछना, किसी से जानना चाहना; bei jdm. um etw. anfragen किसी से कुछ माँगना ।

anfressen, v/t (h.) कुतर देना, काट देना; कीड़ों का लगना, कीड़ों द्वारा किसी वस्तु का नष्ट किया जाना ।

anfreund-en, v/r (h.) से मित्रता क०; किसी बात को मानने में न हिचकिचाना; ~**ung,** f (-/-en) मित्रता का प्रारंभ, मित्रता ।

anfrieren, v/i (s.) ठंड से अकड़ जाना; जमने लगना, से ठंड के कारण चिपका रहना ।

anfüg-en, v/t (h.) संलग्न क०; के साथ जोड़ना, अनुयोजन क०; ~**ung,** f (-/-en) (Beilage) अनुलग्नक, संलग्न पत्र आदि; (Befestigung) संयोजन, अनुयोजन, के साथ जोड़ा जाना ।

anfühlen, v/r (h.) छूकर अनुभव क०, टटोलकर देखना; देखकर समझ लेना; der Stoff fühlt sich rauh an कपड़ा (छूने पर) खुरदरा लगता है, कपड़ा खुरदरा है; fig: man fühlt ihm seinen Kummer an उसे देखकर पता चल जाता है कि वह व्यथित है ।

anführen, v/t (h.) का नेतृत्व क०, मार्गदर्शन क०; प्रस्तुत क०, पेश क०; (zitieren) उद्धरित क०, का उल्लेख क०; U: jdn. anführen किसी को उल्लू बनाना; jdn. als Zeugen anführen किसी को साक्षी के रूप में प्रस्तुत क०; ~**er,** m (-s/-) (Befehlshaber) नेता, नायक, अगुआ; सेनापति; (Anstifter) भड़काने वाला, सरगना; ~**ung,** f (-/-en) नेतृत्व, मार्गदर्शन; प्रस्तुतीकरण; (Zitat) उद्धरण,

अवतरण, उल्लेख, हवाला; ~**ungszeichen,** n उद्धरण-चिह्न ।
anfüllen, v/t (h.) भर देना ।
Angabe, f (-/-n) (Behauptung) कथन, उक्ति, बयान; (Auskunft) विवरण, सूचना; (Hinweis) उल्लेख; beim Tennis: खिलाड़ी द्वारा गेंद का फेंका जाना, सर्विस; o.pl: (Prahlerei) शेखी, डींग; U: das ist alles nur Angabe यह सब कोरी डींग है ।
angaffen, v/t (h.) को घूर-घूर कर देखना ।
angängig, adj. ग्राह्य, साध्य, संभव; अनुमत, अनुज्ञात, अनुमोद्य ।
angeb-en, 1. v/t (h.) कहना, बताना, बयान देना; निर्धारित क०; की रिपोर्ट क०, की चुपचाप शिकायत क०; देना; fig: den Ton angeben का कर्ता-धर्ता होना; er gibt an, krank gewesen zu sein वह कहता है कि वह बीमार था; 2. v/i (h.), U: (prahlen) डींग मारना, शेखी बघारना; Tennis: खेल प्रारंभ करने के लिए गेंद फेंकना, सर्विस क०; Kartenspiel: पत्ते बाँटना; ~**er,** m (-s/-) रिपोर्ट करने वाला; शेखीख़ोर, बड़बोल, डींग मारने वाला; ~**erei,** f (-/-en) शेख़ी बघारना, डींग मारना, शेखीबाज़ी; ~**erisch,** adj. शेखीबाज़, बड़बोल; आडंबरी ।
Angebinde, n (-s/-) छोटा-सा उपहार, छोटी भेंट, तोहफ़ा ।
angeblich, 1. adj. तथाकथित, कथित; बनावटी, आडम्बरपूर्ण; 2. adv: er ist angeblich krank वह बीमार होने का बहाना करता है ।
angeboren, adj. अंतर्जात, जन्मजात, स्वाभाविक ।
Angebot, n (-[e]s/-e) (Vorschlag) प्रस्ताव, पेशकश, सुझाव; an Waren: प्राप्यता; उपलब्ध माल; (Preisangebot) निवेद, निविदा; kfm: Angebot und Nachfrage माँग और पूर्ति ।
angebracht, adj. संगत, उचित, उपयुक्त; ich halte es für angebracht, . . . मेरे विचार से यह उचित है कि . . .।
angedeihen, v/t (h.) : jdm. etw. angedeihen lassen किसी को कुछ प्राप्त होने देना, किसी को कुछ दिलाना ।
Angedenken, n (-s) poet: स्मृति, याद, याददाश्त ।
angegossen, adj., fig: die Jacke sitzt wie angegossen कोट बिल्कुल फ़िट है; कोट बिल्कुल ठीक आता है ।
angegraut, adj., Haare: कुछ-कुछ सफ़ेद ।
angegriffen, adj. परिश्रांत, जीर्ण; er besitzt eine angegriffene Gesundheit उसका स्वास्थ्य ख़राब रहता है; sie sieht angegriffen aus वह थकी-माँदी (या बीमार-सी) दिखती है ।
angeheiratet, adj. विवाह द्वारा प्राप्त; पति से संबंधित, पत्नी से संबंधित, विवाहोपरांत बनी (रिश्तेदारी) ।
angeheitert, adj. गुलाबी नशे में ।
angeh-en, 1. v/i (s.) प्रारंभ होना; जलने लगना; चालू हो जाना; सड़ने लगना, das geht (gerade noch) an यह ठीक ही है, यह चलता है, (वैसे मैं इससे पूर्णतया संतुष्ट तो नहीं हूँ लेकिन) यह ठीक ही है, es geht nicht an, daß...यह तो उचित नहीं है कि . . ., यह तो संभव नहीं है कि . . .; 2. v/t (h.) jdn. angehen किसी के साथ (अभद्र) व्यवहार क०; jdn. um etw. angehen किसी से कोई चीज़ माँगना; gegen etw. angehen किसी बात का प्रबल विरोध क०; किसी बात की सख़्त खिलाफत क०; das geht mich nichts an इससे मेरा कोई संबंध नहीं, इससे मुझे कुछ लेना-देना नहीं; was geht Sie das an? इससे आपका क्या मतलब ? इससे आपको क्या?; was mich angeht, . . . जहां तक मेरा प्रश्न है . . . ; ~**end,** adj. भावी, प्रत्याशित, उदीयमान ।
angehör-en, v/i (h.) jdm. angehören किसी का होना, किसी से संबंधित होना; einem Verein usw: का सदस्य

होना; **~ig,** adj. संबंधित; **~ige,** m/f (-n/-n) संबंधी, रिश्तेदार, नातेदार; सदस्य, सदस्या; **~igkeit,** f (-) संबंध; सदस्यता।

Angeklagte, m/f (-n/-n) अभियुक्त, अभियुक्ता।

angeknackst, adj., U: कुछ टूटा हुआ; कुछ क्षतिग्रस्त, कुछ खराब; fig: sein Ruf ist angeknackst उसकी प्रतिष्ठा में धब्बा लग गया है।

angekränkelt, adj. बीमार-सा, कुछ बीमार; fig: von etw. angekränkelt sein किसी बात से क्षुब्ध होना।

Angel, f (-/-n) बंसी, काँटा; (Türbeschlag) द्वार-संधि, कब्ज़ा; (Drehpunkt) चूल; zwischen Tür und Angel चलते-चलते, खड़े-खड़े, जाते-जाते; er will die Welt aus den Angeln heben वह संसार का कायापलट करना चाहता है।

angelegen, adj., fig: sich eine Sache angelegen sein lassen किसी बात को विशेष महत्व देना, किसी बात में विशेष दिलचस्पी लेना; **~heit,** f (-/-en) बात, मामला; **~tlich,** 1. adj. अत्यावश्यक; आग्रहपूर्ण; 2. adv. आग्रह के साथ, आग्रहपूर्वक।

angelehnt, adj. केवल उढ़काया हुआ, पूरी तरह बन्द न किया हुआ (द्वार आदि)।

angelernt, adj. प्रशिक्षित; कृत्रिम, बहिर्जात।

Angel-haken, m मछली पकड़ने का काँटा, बंसी का काँटा; **~n,** v/t (h.) मछली पकड़ना; fig: फाँसना, फाँस लेना; की खोज में रहना; nach Komplimenten angeln प्रशंसा प्राप्त करने का प्रयत्न क०, प्रशंसा की खोज में रहना; sie hat sich einen reichen Mann geangelt उसने अमीर पति फाँस लिया है; **~punkt,** m केंद्रबिंदु, ध्रुव; **~rute,** f बंसी।

Angel-sachse, m (-n/-n) एंग्लो-सैक्सन; **~sächsisch,** adj. एंग्लो-सैक्सन-समाजीय, एंग्लो-सैक्सन-संबंधी।

Angelschnur, f बंसी की डोर।

angemessen, adj. (passend) उपयुक्त, उचित; (entsprechend) अनुकूल, यथेष्ट।

angenehm, adj. (behaglich) प्रिय, सुखद, रुचिकर, मनोहर; (willkommen) सुखागत, वांछित; ein Mensch mit angenehmem Wesen मनोहर प्रकृति का व्यक्ति; eine angenehme Überraschung सुखद आश्चर्य; sehr angenehm! आपसे मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई।

angenommen, adj.: angenommen, daß... मान लीजिए कि ..., यदि ..., अगर ...।

Anger, m (-s/-) घास-स्थली, शाद्वल, बाँगर।

angeregt, adj. सजीव, उत्तेजनापूर्ण।

angesäuselt, adj., U: गुलाबी नशे में।

angeschlagen, adj. टूटा-फूटा, थोड़ा टूटा हुआ; Boxer: मुष्टिप्रहार के कारण डगमगाता हुआ; U: er ist angeschlagen वह थकान से चूर है।

angeschlossen, adj. सम्बद्ध।

angeschmiert, adj., U: जो धोखा खा गया हो, जिसे धोखा दिया गया हो।

angeschrieben, adj., fig: bei jdm. gut/schlecht angeschrieben sein किसी की नज़र में अच्छा/बुरा होना।

Angeschuldigte, m/f(-n/-n) अभियुक्त, अभियुक्ता।

angesehen, adj. सम्मानित, प्रतिष्ठित।

angesessen, adj. आवासी, बहुत दिनों से बसा हुआ।

Angesicht, n (-[e]s/-e) poet: मुख, मुखारविन्द, मुखड़ा, चेहरा; fig: im Angesicht des Todes मौत के समक्ष; **~s,** präp. (+gen.) के समक्ष, के होते हुए, पर ध्यान देते हुए; angesichts dieser Tatsache इस बात पर ध्यान देते हुए, इस तथ्य के समक्ष।

angespannt, adj., fig: तनावपूर्ण, संकटपूर्ण; die angespannte politische Lage तनावपूर्ण राजनैतिक

स्थिति; 2. adv. ग़ौर से, ध्यानपूर्वक; er lauscht angespannt वह ध्यानपूर्वक सुन रहा है।

angestammt, adj. पैतृक।

Angestellte, m/f (-n/-n) वेतनभोगी, (द्वितीय या तृतीय श्रेणी का) कर्मचारी; ~**nverhältnis,** n: im Angestelltenverhältnis stehen वेतनभोगी होना, नौकरी में होना।

angestrengt, 1. adj. सश्रम, मेहनत वाला; 2. adv. परिश्रम के साथ।

angetan, adj. से सज्जित, से सजा; से प्रसन्न, से प्रभावित; angetan sein mit (Kleidung) (वस्त्रों) से सज्जित होना; von jdm. angetan sein किसी से प्रसन्न या प्रभावित होना; er war von dieser Idee wenig angetan उसे यह विचार अधिक पसंद नहीं आया, उसे यह बात (बहुत) अच्छी नहीं लगी।

angetrunken, adj. हल्के या गुलाबी नशे में।

angewandt, प्रयुक्त, प्रायोगिक, व्यावहारिक; eine angewandte Wissenschaft व्यावहारिक विज्ञान।

angewiesen, adj. आश्रित, निर्भर; auf etw./jdn. angewiesen sein किसी (वस्तु या) बात/व्यक्ति पर आश्रित होना।

angewöhn-en, 1. v/t (h.) की आदत डाल देना, का अभ्यस्त बनाना, का आदी बनाना; 2. v/r (h.) किसी बात की आदत डाल लेना, का अभ्यस्त या आदी बन जाना; ~**ung,** f (-/-en) आदत डालना, आदी बनाना

Angewohnheit, f (-/-en) आदत, लत।

angewurzelt, adj. निश्चेष्ट, अचल; fig: er stand da wie angewurzelt वह जड़वत् खड़ा रहा।

angezeigt, adj., fig: उपयुक्त, उचित; ich halte das für angezeigt मेरे विचार से यह उपयुक्त होगा।

Angina, f (-/-'nen) [lat.] med: गलशोथ, कंठ-प्रदाह, कंठ-शूल।

angleich-en, v/t (h.) के सदृश, समान या अनुकूल बनाना; sich einander angleichen एक दूसरे के अनुकूल या समान बनना; ~**ung,** f (-/-en) सदृशीकरण।

Angler, m (-s/-) मछलीमार, मछली पकड़ने वाला।

anglieder-n, v/t (h.) संयोजित क०, अनुयोजित क०, से मिलाना, का अंग बनाना; ~**ung,** f (-/-en) संयोजन, अनुयोजन, मिलाना, का अंग बनाना।

Anglikan-er, m (-s/-) [lat.] एंग्लिकन, इंग्लैंड के चर्च का अनुयायी; ~**isch,** adj. इंग्लैंड के चर्च से संबंधित।

anglisieren, v/t (h.) [lat.] अंग्रेजी ढंग का बनाना, आंग्ल बनाना।

Anglist, m (-en/-en) [lat.] अंग्रेजी भाषा, साहित्य आदि का विद्वान या विद्यार्थी; ~**ik,** f (-) अंग्रेजी भाषाविज्ञान एवं साहित्य (अध्ययन के विषय के रूप में)।

Anglizismus, m (-/-'men) [lat.] आंग्लीयता, आंग्लवाद।

Anglo-manie, f (-) [lat.] आंग्लोन्माद, अंग्रेज़ियत का दीवानापन; ~**phil,** adj. आंग्लप्रेमी, अंग्रेज़ियत का प्रशंसक।

anglotzen, v/t (h.) को घूर-घूर कर देखना।

angreif-bar, adj. आक्रमण के योग्य, चढ़ाई करने योग्य; fig: आलोच्य, दोषपूर्ण; ~**en,** v/t (h.) आक्रमण क०, चढ़ाई क०, हमला क०; खेल-प्रतियोगिता में विरोधी दल पर धावा क०; jdn. angreifen (mit Worten) किसी का अपमान क०, किसी को गाली देना, किसी से कटु शब्द कहना; fig: eine Arbeit angreifen कोई काम हाथ में लेना; seine Ersparnisse angreifen बचत को खर्च करना प्रारंभ क०; dieses Licht greift die Augen an इस रोशनी से आँखों पर ज़ोर पड़ता है; ~**er,** m (-s/-) आक्रमणकारी, आक्रामक, अभिधावक, हमलावर।

angrenzen, v/i (h.) से सटा होना, से मिला होना, से लगा होना, से आसन्न होना, के साथ समान सीमा वाला होना;

के सदृश होना ।

Angriff, m (-[e]s/-e) आक्रमण, धावा, हमला; sport: खेल-प्रतियोगिता में विरोधी दल पर धावा; fig: अपशब्दों या कटु शब्दों का प्रयोग, अपमान, गालीगलौज़; **~sfläche,** f, fig: jdm. eine Angriffsfläche bieten किसी को आक्रमण या आलोचना का मौक़ा देना; **~slustig,** adj युयुत्सु, आक्रमणशील; लड़ाका ।

angrinsen, v/t (h.) किसी की ओर देखकर धृष्टतापूर्वक मुस्कराना ।

Angst, f (-/ ⸚ e) भय, भीति, डर; आशंका, खटका, अंदेशा; vor etw. Angst haben किसी वस्तु या बात से डरना; jdm. Angst machen किसी को भयभीत क०, किसी को धमकी देना, किसी को डर दिखाना; jdm. Angst einjagen किसी को डरा देना, किसी के मन में डर बैठा देना; jdm. Angst einflößen (अपने व्यवहार द्वारा) किसी के हृदय में भय उत्पन्न कर देना; jdn. in Angst und Schrecken versetzen किसी को बुरी तरह डरा देना; mir ist angst und bange मुझे बहुत अधिक डर है; es mit der Angst zu tun bekommen को डर लगने लगना, के पैरों के तले की मिट्टी खिसकने लगना ।

ängstigen, 1. v/t (h.) डराना, भयभीत क०, आशंकित क०; 2. v/r (h.) डरना, भयभीत होना, आशंकित होना ।

ängstlich, adj. भीरु, कातर; संकोची; आशंकित; **~keit,** f (-) भीरुता, कातरता; संकोच ।

Angst-hase, m, U: कायर, बुज़दिल, डरपोक व्यक्ति; **~schweiß,** m भय-स्वेद, घबराहट या भय के मारे निकला पसीना; **~voll,** adj. अतिभीरु, डरपोक ।

anhaben, v/i (s.) Kleider: पहने होना; fig: jdm. etw. anhaben wollen किसी को क्षति पहुँचाना चाहना; fig: die Hosen anhaben→Hose

anhaften, v/i (s.) से चिपका होना, से लगा होना; fig: में समाया होना, का अंग बन गया होना ।

anhaken, v/t (h.) हुक से जोड़ना; (किसी सूची में) सही का निशान लगाना ।

Anhalt, m (-[e]s/-e) (Halt) आधार, मूलाधार; (Stütze) सहारा; (Anhaltspunkt) सुराग, संकेत, आधार; **~en,** 1. v/i (h.) (halten) रुकना, ठहर जाना; (andauern) जारी रहना, लगातार होते रहना, चलते रहना; 2. v/t (h.) रोकना; आगे न बढ़ने देना; खड़ा कर देना; जारी रखना, होने देना; den Atem anhalten साँस रोके रखना; jdn. zu etw. anhalten किसी को कुछ करने के लिए बाध्य क०, किसी से (कर्तव्य के रूप में) कुछ करवाना; sich anhalten गिरने से बचने के लिए किसी चीज़ का सहारा लिए रहना या उसे कसकर पकड़े रखना; um ein Mädchen anhalten किसी लड़की से विवाह करने के लिए प्रस्ताव क०; **~end,** adj. अविच्छिन्न, अनवरत, अविराम, लगातार; **~er,** m (-s/-) U: अनुरोध-यात्रा करने वाला; per Anhalter fahren अनुरोध-यात्रा क०; **~spunkt,** m सुराग, संकेत, आधार ।

anhand, präp. (+ gen.) की सहायता से, के द्वारा ।

Anhang, m (-[e]s/ ⸚ e) (Zusatz) परिशिष्ट, परिशेषिका, पूरक भाग; (Anhängerschaft) अनुयायीगण; U: (Familie) परिवार ।

anhängen, 1. v/t (h.) पर लटकाना; (hinzufügen) के साथ जोड़ना या लगाना; fig: jdm. Arbeit anhängen किसी के सिर पर काम थोप देना; fig: jdm. ein Verbrechen anhängen wollen किसी के सिर कोई अपराध मढ़ना चाहना; sich an jdn. anhängen किसी के साथ लग जाना, किसी के साथ हो लेना; 2. v/i (h.) fig: के साथ

लगा होना, में समाया होना; ihm hängt ein eigenartiger Geruch an उसके शरीर से अजीब-सी गंध आती है; ~**er,** m (-s/-) (Beiwagen) अनुयान, ट्रेलर; (Gepäckzettel) अंकितक, नामपत्र, लेबल; (Schmuck) लटकन, ढोलना, लॉकेट; (Jünger) अनुयायी, अनुचर, शिष्य; ~**erschaft,** f अनुयायीगण, अनुचरगण, शिष्यगण; ~**ig,** adj. जारी, चलता हुआ; लम्बित, विचाराधीन; einen Prozeß anhängig machen मुकदमा जारी क०, पर मुकदमा चलाना; ~**lich,** adj. आसक्त, अनुरक्त; निष्ठावान, वफ़ादार; ~**lichkeit,** f (-) आसक्ति, अनुरक्ति; निष्ठा, वफ़ा(दारी) ~**sel,** n (-s/-) पुच्छक, संलग्नक, अंकितक, लेबल; U: पूँछ, दुमछल्ला, पिछलग्गू।

Anhauch, m (-[e]s)हल्की परत; fig: लहर, झलक; ~**en,** v/t (h.) पर फूँक मारना, पर मुँह की भाप डालना।

anhauen, v/t (h.) (पेड़ आदि को) काटना शुरू क०; vulg: jdn. um etw. anhauen किसी से धृष्टतापूर्वक या निर्लज्जतापूर्वक कुछ माँगना, vulg: jdn. anhauen किसी को छेड़ना।

anhäuf-en, 1. v/t (h.) का ढेर लगाना, एकत्र क०, (अप)संचय क०, जमा क०; 2. v/r (h.) का ढेर लग जाना, एकत्र होना, जमा होना; ~**ung,** f (-/-en) (Haufen) ढेर, समूह; (Sammlung) संचयन, संचय; (stete Wiederholung) अनवरत पुनरावृत्ति।

anheben, 1. v/t (h.) उठाना, थोड़ा सा उठाना; fig: Preise: बढ़ाना, में वृद्धि क०; 2. v/i (h.) प्रारंभ होना, शुरू होना।

anheften, v/t (h.) नत्थी क०, नत्थी कर देना, आलपीन या धागे से साथ जोड़ देना।

anheilen, v/i (s.) ठीक हो जाना, घाव आदि का भरना या सूख जाना।

anheimelnd, adj. सुखद, सुखकर, आरामदेह, घर जैसे वातावरण वाला।

anheim-fallen, v/i(s.): jdm. anheimfallen किसी के हिस्से में आना, किसी के ज़िम्मे पड़ना, किसी को मिलना; es fiel mir anheim इसकी ज़िम्मेदारी मेरी थी, यह काम मुझे करना था; ~**geben,** v/t (h.) →anheimstellen; ~**stellen,** v/t (h.): jdm. etw. anheimstellen कोई बात किसी के निर्णय पर छोड़ देना।

anheischig, adv.: sich anheischig machen वचन देना, कुछ करने के लिए तत्पर हो जाना।

anheizen, v/t (h.) आग जलाना (कमरा आदि गरम करने के लिए); fig: उत्तेजित क०, प्रदीप्त क०।

anherrschen, v/t (h.) किसी पर चिल्लाना, पर रोब जमाना, को डराना-धमकाना।

anheuern, v/t (h.) (नाविकों आदि को) नियुक्त क०, सेवा में लेना।

Anhieb, m (-[e]s/-e) पहला वार; fig: auf Anhieb प्रथम प्रयत्न में, पहली दफ़ा ही।

anhimmeln, v/t (h.) पर अत्यन्त श्रद्धा रखना, का भक्त होना; की भूरि-भूरि प्रशंसा क०।

Anhöhe, f (-/-n) टीला, पहाड़ी; चढ़ाई।

anhören, v/t (h.) सुनना, ध्यान से सुनना, कान देना; jdn. anhören किसी की फ़रियाद सुनना; das hört sich nicht schlecht an यह बात ख़राब तो नहीं लगती है, यह प्रस्ताव स्वीकार किया जा सकता है।

animalisch, adj. जान्तव, पाशविक, हैवानी।

animier-en, v/t (h.) प्रेरित क०, प्रोत्साहित क०, बढ़ावा देना; ~ **mädchen,** n/~**dame,** f मधुशाला में पुरुषों को अधिक पीने के लिए प्रेरित करने वाली स्त्री।

Animismus, m (-) [lat.] जड़ात्मवाद, जीववाद, सर्वचेतनावाद।

Animosität, f (-/-en) [lat.] शत्रुता, वैर, विद्वेष ।
Anis, m (-es/-e) [griech.] सौंफ ।
ankämpfen, v/i (h.) : gegen etw. ankämpfen किसी बात के विरुद्ध संघर्ष क० ।
Ankauf, m (-[e]s/ ⸚e) क्रय, ख़रीद ; थोक में ख़रीद; ~**en,** v/t (h.) ख़रीदना, मोल लेना; थोक में ख़रीदना ।
Ankäufer, m (-s/-) क्रेता, क्रयी, ख़रीदार, ग्राहक ।
Anker, m (-s/-) [lat.] लंगर, स्थिरक ; tech: स्थिरक, धातु की आड़ी पट्टी या कमानी, झूला-पुल के तारों को जकड़ने का लोहे का टुकड़ा, जकड़-पट्टी ; poet: आशा, सहारा; vor Anker gehen लंगर डालना; vor Anker liegen (जहाज़ का) लंगर डाले खड़ा होना; den Anker lichten लंगर उठाना या निकालना; ~**kette,** f लंगर की ज़ंजीर; ~**n,** v/i (h.) लंगर डालना; ~**platz,** m लंगर-स्थान, लंगरगाह, पोतबंधन-स्थान ~**winde,** f ह्वीत, ढोल-चर्खी (जिसपर लंगर की ज़ंजीर लिपटी रहती है) ।
anketten, v/t (h.) ज़ंजीर से बाँधना ।
Anklage, f (-/-n) अभियोग, आरोप, इल्ज़ाम ; Anklage erheben दोषारोपण क०, अभियोग लगाना; मुक़दमा चलाना; unter Anklage stehen अभियुक्त होना; पर मुक़दमा चल रहा होना; jdn. unter Anklage stellen किसी पर अभियोग लगाकर उसके विरुद्ध मुक़दमा चलाना, किसी को अपराधी ठहराना ; ~**bank,** f अभियुक्त का कठघरा ; ~**n,** v/t (h.) पर दोषारोपण क०, पर अभियोग लगाना; पर मुक़दमा चलाना ।
Ankläger, m (-s/-) अभियोग लगाने वाला, दोषारोपण करने वाला ; jur: वादी, मुद्दई; ~**isch,** adj. अभियोगात्मक ।
Anklage-schrift, f अभियोग-पत्र; ~**vertreter,** m, jur: मुद्दई का वकील ।
anklammern, 1. v/t (h.) के साथ जड़ना, के साथ कस देना (शिकंजे या क्लिप से) ; 2. v/r (h.) से चिपटना, से चिपट जाना; fig: पर डटे या अड़े रहना ।
Anklang, m (-[e]s/ ⸚e) (leichte Ähnlichkeit) थोड़ा-सा सादृश्य, समानता की झलक; (freundliche Annahme) अनुमोदन, क़द्र, पसंद; mus: स्वरसाम्य, समस्वरता, ताल-मेल; dieser Film fand großen Anklang इस फ़िल्म को लोगों ने बहुत पसंद किया ।
ankleben, 1. v/t (h.) पर चिपकाना, चिपका देना; 2. v/i (s.) चिपका होना, चिपकना ।
ankleid-en, v/t (h.) कपड़े पहनाना; ~**ezimmer,** n शृंगार-कक्ष, कपड़े बदलने का कमरा ।
anklingeln, v/t (h.) U: jdn. anklingeln किसी को टेलीफ़ोन क० ।
anklingen, v/i (s.) सुझाना, की याद दिलाना, की तरह लगना; (etw.) anklingen lassen जताना, स्पष्ट क०, सांकेतिक रूप में कुछ कहना ।
anklopfen, v/i (h.) खटखटाना; fig: किसी के यहां थोड़ी देर के लिए जाना ।
anknipsen, v/t (h.) Licht usw: बत्ती आदि जलाना, ऑन क० ।
anknüpf-en, 1. v/t (h.) से बाँधना, गाँठ लगाकर जोड़ना; fig: प्रारंभ क०, स्थापित क० ; Beziehungen anknüpfen संबंध स्थापित क० ; 2. v/i (h.): an etw. anknüpfen से आरंभ क०, से आगे बढ़ाना, किसी बात का प्रसंग देकर आगे बोलना; ~**ung,** f (-/-en) एक साथ जोड़ा या बाँधा जाना, गाँठ लगाकर जोड़ा या बाँधा जाना; fig: सम्बन्ध-स्थापन, सम्पर्क-स्थापन; ~**ungspunkt,** m सम्बन्ध-बिंदु, सम्पर्क-बिंदु; समान रुचि या अनुभूति ।
ankohlen, v/t (h.) U: jdn. ankohlen किसी को उल्लू बनाना,

किसी की खिल्ली उड़ाना ।
ankommen, 1. v/i (s.) (eintreffen) आना, पहुँचना; (sich nähern) समीप आना, पास पहुंचना; fig: bei jdm. ankommen किसी के द्वारा स्वीकृत होना; किसी के द्वारा समझा जाना; U: das Stück ist beim Publikum gut angekommen (यह) नाटक जनता को ख़ूब पसंद आया है; U: er ist an dieser Schule nicht angekommen उसे इस विद्यालय में प्रवेश नहीं मिला; fig: gegen ihn ist nicht anzukommen उसका मुक़ाबला करना संभव नहीं है; es kommt nur auf ihn an यह केवल उसके ऊपर निर्भर है; gerade darauf kommt es an यही तो सबसे महत्वपूर्ण बात है, इसी पर तो सबकुछ निर्भर है; es kommt bei dieser Arbeit nicht auf Schnelligkeit an इस काम में जल्दबाज़ी की आवश्यकता नहीं है, महत्व इस बात का नहीं है कि यह काम जल्दी किया जाए; ich lasse es darauf ankommen मैं अब इस मामले में कुछ भी नहीं करूँगा; अब जो भी होता है हो (मैं जोखिम उठाता हूँ); damit kommt er bei mir nicht an इससे वह मुझे प्रभावित नहीं कर सकता; 2. v/t (h.) को मर्मान्तिक पीड़ा पहुंचाना; को वशीभूत कर लेना, के मन में छा जाना, पर हावी हो जाना; der Verzicht kam ihn hart an इस त्याग से उसे मर्मान्तिक पीड़ा हुई; ihn kam das Verlangen an,...उसे···की प्रबल आकांक्षा हुई, वह···की प्रबल आकांक्षा के वशीभूत हो गया।
Ankömmling, m (-s/-e) आगंतुक, आनेवाला ।
ankotzen, v/t (h.) vulg: पर उल्टी कर देना, पर वमन कर देना, के ऊपर क़ै कर देना; fig: das kotzt mich an इससे मुझे घृणा होती है ।
ankreiden, v/t (h.) fig: jdm. etw. ankreiden किसी को किसी बात का दोष देना; किसी की किसी बात का बुरा मान जाना ।
ankreuzen, v/t (h.) टिक क०, पर निशान लगाना (किसी सूची आदि में) ।
ankündig-en, v/t (h.) की (पूर्व) सूचना देना, की घोषणा क०, का ऐलान क०; **~ung,** f (-/-en) (Bekanntmachung) घोषणा, ऐलान; (Voraussage) पूर्वसूचना, पूर्वज्ञापन ।
Ankunft, f (-/ ⸗e) आगमन, आना; **~szeit,** f आने या पहुँचने का समय ।
ankuppeln, v/t (h.) किसी अनुयोजक द्वारा जोड़ना ।
ankurbel-n, v/t (h.) मोटर चालू करने के लिए क्रैंक या अराल घुमाना; fig: में जान डाल देना; **~ung,** f (-/-en) eines Motors: अराल या क्रैंक का घुमाना; fig: (Belebung) जान डालना ।
anlächeln, v/t (h.) किसी की ओर देखकर मुस्कराना, किसी की ओर मुस्कराते हुए देखना ।
anlachen, v/t (h.) किसी को हँसकर देखना, किसी की ओर हँसते हुए देखना; आकर्षक होना, लुभावना होना, लुभाना; U: er hat sich ein Mädchen angelacht उसने एक लड़की से दोस्ती कर ली है, उसने एक लड़की फँसा ली है; der Apfel lacht mich an यह सेब मुझे बड़ा लुभावना लग रहा है, मेरी इस सेब को खाने की इच्छा हो रही है ।
Anlage, f (-/-n) (Veranlagung) अभिवृत्ति, स्वाभाविक रुझान; प्रवणता, प्रवृत्ति; (Begabung) प्रतिभा, बुद्धि-विभव, मेधा; (Entwurf: Plan) प्रारूप, मसौदा, ख़ाका; (Beilage) संलग्न पत्र, अनुलग्नक; von Geld: (जमा) संपत्ति, लगी पूंजी; einer Fabrik: कारखाने की इमारत एवं संयन्त्र आदि; eines Dramas: कथानक-विन्यास, वस्तु-विन्यास; (Grünfläche/Park) पार्क, घास का मैदान आदि; (Fertigstellung) बनाना, तैयार क०; **~berater,** m

पूंजी-निवेश के विषय में परामर्श देने वाला; ~**vermögen,** n, kfm: बद्ध या स्थिर सम्पत्ति, स्थिर परिसम्पत्ति ।

anlangen, 1. v/i (s.) (तक) पहुंचना, (तक) आना; 2. v/t (h.)→anbelangen; U: etwas anlangen किसी वस्तु को छूना या पकड़ना ।

Anlaß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) (Ursache) कारण, निमित्त, हेतु, वजह; (Gelegenheit) उपलक्ष, अवसर, मौका ।

anlass-en, v/t (h.) einen Motor: चालू क०; चालू रहने देना, चलते इंजन आदि को बंद न क०; U: Kleider: पहने रहना, न उतारना; die Sache läßt sich gut an इस बात की शुरूआत अच्छी है; einen Hund gegen jdn. anlassen किसी पर कुत्ते को दौड़ा देना; ~**er,** m (-/-s), mot: कार का इंजन चालू करने का यन्त्र ।

anläßlich, präp. (+gen.) के उपलक्ष में, के अवसर पर; anläßlich seines Geburtstages उसके जन्मदिन के उपलक्ष में ।

anlasten, v/t (h.) : jdm. etw. anlasten किसी पर कोई आरोप लगाना, किसी को किसी बात का ज़िम्मेदार ठहराना ।

Anlauf, m (-[e]s/ ⸚ e) प्रारंभ, कुछ करने की तैयारी; आदित्वरण; fig: प्रयत्न, यत्न, कोशिश; ~**en,** 1. v/i (s.) (herbeilaufen) दौड़ कर आना, दौड़ते हुए सामने से निकलना, दौड़ते हुए सामने आना; (Schwung nehmen) आदित्वरण के लिए दौड़ लगाना; (beginnen) प्रारंभ होना, शुरू होना; (sich häufen) एकत्र होना, बढ़ना; Fensterglas usw: वाष्पाच्छादित हो जाना, भाप बैठ जाने से शीशे आदि का धुंधला हो जाना; Metalle: गर्मी से धातुओं के रंग में परिवर्तन आ जाना; U: vor Wut rot anlaufen गुस्से से लाल हो जाना; einen Motor anlaufen lassen इंजन चालू क०; der Film ist heute angelaufen फ़िल्म आज से चालू हो गई है; das Geschäft ist gut angelaufen धंधा अच्छा चल निकला है, दूकान अच्छी चल निकली है; seine Schulden sind hoch angelaufen उसपर ऋण बहुत बढ़ गया है; 2. v/t (h.) में पहुँचना, में आना; das Schiff lief den Hafen an जहाज बंदरगाह में पहुँच गया; ~**zeit,** f किसी काम की तैयारी में लगा समय; आदित्वरण-काल; धंधे आदि के चल निकलने तक का समय ।

Anlaut, m (-[e]s/-e) gramm: प्रारंभिक ध्वनि, आद्याक्षर की ध्वनि ।

anläuten, v/t (h.) U: jdn./bei jdm. anläuten किसी को टेलीफ़ोन क० ।

anleg-en, 1. v/t (h.) (an etw. legen) के पास रखना, से सटाकर रखना; (anlehnen) पर टिकाना, के सहारे टिकाना या लगाना; Straße: (सड़क, पटरी आदि) बिछाना; Rasen: दूर्वा-क्षेत्र बनाना, वाटिका आदि लगाना; Geld: (पूंजी) लगाना; Roman: (कथानक की) रूपरेखा बनाना; Sammlung: (संचय) प्रारंभ कर देना; Kleider: पहनना, धारण क०; पहनाना; das Gewehr: (बंदूक आदि से) निशाना लगाना; jdm. Fesseln anlegen: किसी को हथकड़ी या बेड़ी पहनाना; fig: किसी को बंधन में डाल देना; (mit) Hand anlegen किसी काम में सहायता देना, किसी काम में हाथ बटाना; Hand an jdn. anlegen किसी के साथ बलप्रयोग क०, किसी को मारना, किसी को मार डालने का प्रयत्न क०; es auf etw. anlegen किसी बात की ताक में रहना; fig: hier werden strenge Maßstäbe angelegt यहाँ के नियम कठोर हैं, यहाँ कठोर नियमों का पालन होता है; soviel Geld will ich nicht dafür anlegen इसके लिए मैं इतना व्यय नहीं करना चाहता, इसमें मैं इतना अधिक धन नहीं लगाना चाहता; 2. v/i (h.) am Ufer: तट पर आना या पहुँचना, तट पर लगना;

~eplatz, घाट, घाट-अवतरणी।
anlehn-en, v/t (h.) पर टिकाना, के सहारे टिकाना; eine Tür: उढ़काना, पूरा बंद न क॰; sich anlehnen an का सहारा लेना, के सहारे टिक जाना; fig: का अनुकरण क॰, को आदर्श मानकर चलना; **~ung,** f (-/-en) सहारा, मदद; (Nachahmung) अनुकरण, नक़ल; **~ungsbedürftig,** adj. पराश्रित, दूसरों का सहारा या स्नेह चाहने वाला।
Anleihe, f (-/-n) (Geldaufnahme) ऋण, कर्ज़; U: शब्दचौर्य, भावचौर्य, साहित्यिक चोरी।
anleit-en, v/t (h.): jdn. anleiten किसी को मार्ग दिखाना, किसी का पथ-प्रदर्शन क॰, किसी को कुछ सिखाना; **~ung,** f (-/-en) मार्गदर्शन, पथ-प्रदर्शन, प्रशिक्षण; अनुदेश, हिदायत।
anlern-en, v/t (h.) को प्रशिक्षित क॰, प्रशिक्षण देना; **~ling** m (-[e]s/-e) प्रशिक्षार्थी।
anlesen, v/r (h.): sich etw. anlesen पढ़कर कोई चीज़ सीख लेना।
anliefer-n, v/t (h.) निश्चित स्थान पर पहुँचाना, घर पर पहुँचाना; **~ung,** f (-/-en) निश्चित स्थान पर पहुँचाना या पहुँचाया जाना, निश्चित स्थान पर सुपुर्दगी।
[1]**anliegen,** 1. v/i (s.) (beiliegen) संलग्न होना; चिपकना; के पीछे पड़ना; के समीप होना, के आसन्न होना; Kleider liegen an कपड़े तंग हैं; jdm. anliegen किसी के पीछे पड़ जाना, किसी का पिंड न छोड़ना; 2. v/t (h.) (zusteuern auf) की ओर बढ़ना; (निश्चित स्थान) की ओर गतिमान होना; das Schiff liegt N an जहाज़ N की ओर बढ़ रहा है।
[2]**Anliegen,** n (-s/-) इच्छा, प्रार्थना; चिंता, चिंता का विषय।
anlieg-end, 1. adj तंग, चुस्त, चिपका हुआ; 2. adv. साथ में संलग्न; **~er,** m (-s/-) पड़ोसी; सार्वजनिक सड़क से आसन्न मकान में रहने वाला।
anlocken, v/t (h.) लालच देकर अपने पास बुलाना, प्रलोभित क॰।
anlügen, v/t (h.) से झूठ बोलना।
anmachen, v/t (h.) Feuer: आग जलाना; Licht: बत्ती जलाना, ऑन क॰; Salat: तेल, मसाले आदि मिलाकर सलाद तैयार क॰; U: (befestigen) के साथ बाँधना, के साथ जोड़ना या जकड़ना, के साथ लगाना।
anmahnen, v/t (h.) (किसी से) पत्रोत्तर देने या माल भेजने का तक़ाज़ा क॰, (किसी को) कुछ करने की याद दिलाना।
anmalen, v/t (h.) रंगना, रंग क॰, पोतना; U: sich anmalen श्रृंगार क॰।
Anmarsch, m (-[e]s/ ⸚e) (सेनाओं का) आगे बढ़ना या समीप आना; im Anmarsch sein अग्रसर होना, समीप पहुँचना; **~ieren,** v/i (s.) मार्च करते हुए आगे बढ़ना, समीप आना।
anmaß-en, v/t (h.): sich etw. anmaßen अनधिकृत रूप से कोई काम क॰, किसी बात का झूठा दावा क॰, किसी बात की धृष्टता क॰; Rechte: अवैध रूप से किसी अधिकार का प्रयोग क॰; **~end,** adj. (vermessen) धृष्ट, ढीठ, गुस्ताख़; (unverschämt) निर्लज्ज, बेशर्म; **~ung,** f (-/-en) (Unverschämtheit) निर्लज्जता; धृष्टता, गुस्ताख़ी; (Dünkel) अहंकार, दर्प, घमंड।
Anmeld-eformular, n रजिस्ट्रेशन या पंजीयन का फ़ॉर्म; **~efrist,** f पंजीयन की अवधि; पंजीयन कराने की अवधि; **~egebühr,** f पंजीयन-शुल्क, रजिस्ट्रेशन-फ़ीस; **~en,** v/t (h.) की सूचना देना; पंजीयन कराना; tel: ein Gespräch; ट्रंक-कॉल बुक कराना; kfm: Konkurs anmelden अपने को दिवालिया करार देना, अपने दिवाले की सूचना देना; **~ung,** f (-/-en) (पूर्व) सूचना, स्थानीय पुलिस को अपने आगमन की सूचना; पंजीयन, रजिस्ट्रेशन; (Rezeption) स्वागत-कक्ष।

anmerk-en, v/t (h.) (sagen) कहना, उल्लेख क०; (anstreichen) चिह्नित क०, पर निशान लगाना; jdm. etw. anmerken किसी व्यक्ति को देखकर कुछ पता लगा लेना, किसी के चेहरे या व्यवहार से कुछ भाँप लेना; er läßt sich seinen Kummer nicht anmerken उसे देखकर पता नहीं चलता कि वह व्यथित है; **~ung,** f (-/-en) (Bemerkung) उक्ति, कथन, टिप्पणी; (Fußnote) पाद-टिप्पणी।

anmessen, v/t (h.), Kleider: (कपड़ों की) नाप लेना, नाप के अनुसार सिलाई क०।

anmuster-n, v/t (h.) (नौ)सेना में भर्ती क० या होना; **~ung,** f (-/-en), mil: (नौ)सेना में भर्ती।

Anmut, f (-) लालित्य, लावण्य, मनोहरता।

anmuten, v/t (h.): es mutet mich an मुझे लगता है कि...।

anmut-ig, adj. ललित, मनोहर, लावण्यमय, चारु; **~svoll,** adj. →anmutig

annagen, v/t (h.) कुतरना, कुतरना शुरू क०, कुतर देना।

annähen, v/t (h.) सी देना, सिलाई द्वारा जोड़ना, (बटन) लगाना।

annäher-n, 1. v/t (h.) समीप लाना; लगभग समान बनाना; 2. v/r (h.) समीप आना; लगभग समान हो जाना; unsere Standpunkte haben sich angenähert हमारे विचार लगभग एक से हो गए हैं, हमारे विचारों में (कुछ) सामीप्य आ गया है; **~nd,** 1. adj. लगभग; प्रत्यासन्न; 2. adv. क़रीब-क़रीब, मोटे तौर पर; **~ung,** f (-/-en) (Näherkommen) निकट-गमन, समीप आना, नैकट्य; (Anfreundung) मित्रता क०, दोस्ती क०; **~ungsversuch,** m मित्रता या घनिष्ठता का प्रयत्न, **~ungsweise,** adv. लगभग, क़रीब-क़रीब, मोटे तौर पर।

Annahme, f (-/-en) आदान, ग्रहण, प्राप्ति, लेना; (Zustimmung) स्वीकृति, मंज़ूरी; (Vermutung) अनुमान, कल्पना।

Annalen, f/pl [lat.] (Jahrbücher) वर्ष-वृत्तांत-पुस्तकें; (Geschichtsbericht) ऐतिहासिक विवरण।

annehm-bar, adj. स्वीकार्य, मान्य; यथोचित, मुनासिब; **~en,** v/t (h.) (entgegennehmen) लेना, ले लेना; (akzeptieren) स्वीकार क०, मंज़ूर क०, मान लेना; (sich angewöhnen) की आदत डालना, का आदी बनना; (vermuten) अनुमान क०, अंदाज़ लगाना, समझना, मान लेना; (in Dienst Stellen) को सेवा में लेना, को नियुक्त क०; sich einer Sache annehmen किसी बात या काम की ज़िम्मेदारी ले लेना; ein Kind annehmen किसी बच्चे को गोद लेना; eine Stellung annehmen कोई पद स्वीकार कर लेना; nehmen wir einmal an,...यदि हम मान लें कि..., यदि मान लिया जाए कि...; der Stoff nimmt die Farbe nicht an (इस) कपड़े पर रंग नहीं चढ़ता है; der Hund nimmt die Fährte an शिकारी कुत्ता पदचिह्नों का पीछा करता है; **~lich,** adj. स्वीकार्य; (angenehm) प्रिय, सुखद, मनोरम; **~lichkeit,** f (-/-en) मनोरमता; सुखसाधन, सुभीता।

annektieren, v/t (h.) [lat.] मिला लेना, अपने अधिकार में कर लेना।

Annex, m (-es/-e) [lat.] (Zubehör) उपांग, अतिरिक्त उपकरण या पुर्ज़ा; (Anlage) अनुलग्नक, परिशिष्ट; (Anbau) उपभवन; **~ion,** f (-/-en) समामेलन, अपने राज्य में मिला लेना।

anno, adv. : anno 1950 सन् 1950 ई० में; U: anno dazumal उन दिनों, बहुत पहले कभी, प्राचीन काल में।

Annonc-e, f (-/-n) [frz.] विज्ञापन, इश्तहार; **~ieren,** 1.(v/t (h.) विज्ञापित क०, का इश्तहार निकालना; 2. v/t (h.) अख़बार में इश्तहार देना।

annullier-en, v/t (h.) [lat.] रद्द क०, अभिशून्यन क०, निराकरण क०; ~**ung,**f (-/-en) अभिशून्यन, निराकरण, रद्द क०।

Anode, f (-/-n) धनाग्र, एनोड।

anöden, v/t (h.) U: jdn. anöden किसी को उकता देना या उबा देना; das ödet mich an इससे मुझे उकताहट होती है।

anomal, adj. [griech.] अनियमित, असामान्य, नियम-विरुद्ध; ~**ie,** f(-/-n) अनियमितता, असामान्यता, अपवाद।

anonym, adj. [griech.] अनाम, गुमनाम; ~**ität,** f (-) अनामत्व, गुमनामी।

Anorak, m (-s/-s) [esk.] बंद गले की टोपीदार तथा जलसह जाकेट।

anorden-en, v/t (h.) व्यवस्थित क०; क्रमबद्ध क०, वर्गीकृत क०; (befehlen) का आदेश देना, निदेश देना; ~**ung,** f (-/- en) (Gliederung) विन्यास, व्यवस्था, क्रम; (Weisung) निर्देश, निदेश; (Vorschrift) विनियम, अधिनियम।

anorganisch, adj. अजैव, अजीवज; chem: अप्रांगारिक, अकार्बनिक।

anormal, adj.→anomal

anpacken, v/t (h.) (anfassen) पकड़ना, पकड़ लेना; U:(beginnen) (कोई काम) शुरू क० या हाथ में लेना।

anpass-en, v/t (h.) Kleider: फ़िट क०, वस्त्र को पहनाकर देखना कि ठीक आता है या नहीं; fig: (abstimmen) के अनुकूल क० या बनाना; fig: sich anpassen के अनुसार चलना, के जैसा बन जाना; परिस्थिति के अनुकूल बन जाना; ~**ung,** f (-/-en) अनुकूलन, दशानुकूलन, परिस्थिति-अनुकूलन; ~**ungsfähig,** adj. अनुकूलनशील; ~**ungsfähigkeit,** f(-) अनुकूलनशीलता।

anpeilen, v/t (h.) का दिक्मान निर्धारित क०।

anpfeifen, v/t (h.) ein Spiel: सीटी बजाना (खेल-प्रतियोगिता प्रारम्भ करने के लिए); U: jdn. anpfeifen किसी को डांटना-फटकारना।

Anpfiff, m (-[e]s/-e) sport: खेल प्रारम्भ होने की सीटी; U: (Rüffel) डांट-फटकार।

anpflanz-en, v/t (h.) रोपना, जमाना, लगाना; ~**ung,** f (-/-en) रोपण; (Plantage) रोपस्थली, बाग़ान।

anpflaumen, v/t (h.) U: jdn. anpflaumen किसी की खिल्ली उड़ाना; किसी से अश्लील बातें कहना।

anpinseln, v/t (h.) पर रंग क०, पर ब्रुश या कूंची से रंग क०।

anspirschen, v/r (h.) लुक-छिप कर समीप पहुंचना।

anpöbel-n, v/t (h.) jdn. anpöbeln किसी को छेड़ना; ~**ung,** f (-/-en) छेड़खानी, छेड़छाड़।

Anprall, m (-[e]s/-e) टक्कर, संघात; ~**en,** v/i (s.) से टकराना।

anpranger-n, v/t (h.), fig: की खुलेआम भर्त्सना क०; ~**ung,** f (-/- en) खुलेआम भर्त्सना।

anpreis-en, v/t (h.): की तारीफ़ क०, की सराहना क०; ~**ung,** f (-/- en) प्रशंसा, सराहना, तारीफ़।

Anprob-e, f (-/-n) पक्की सिलाई से पहले वस्त्र को पहनकर या पहनाकर देखना; ~**ieren,** v/t (h.) वस्त्र आदि को पहनकर देखना कि ठीक आता है या नहीं।

anpumpen, v/t (h.) U: jdn. anpumpen किसी से उधार लेना।

Anrainer, m (-s/-) पड़ोसी, प्रतिवासी।

anranzen, v/t (h.) U: jdn. anranzen किसी को बुरी तरह डांटना।

[1]**anraten,** v/t (h.) को सलाह देना, को मशविरा देना, (किसी को कुछ करने का) परामर्श देना।

[2]**Anraten,** n(-s): auf Anraten von N. N. के परामर्श पर, N. की सलाह पर।

anrechn-en, v/t (h.) (किसी) के हिसाब में जोड़ना, (किसी) के नामे लिखना, (किसी) के खर्चे में लिखना; fig: ich

rechne ihm das hoch an मैं उसके इस काम की क़द्र करता हूँ, मैं इस काम को महत्वपूर्ण समझता हूँ; ~**ung,** f (-/-en) : etw. in Anrechnung bringen किसी बात का ध्यान रखना; हिसाब में किसी व्यय आदि को सम्मिलित क० ।

Anrecht, n (-[e]s/-e) अधिकार, प्राधिकार, हक़ ।

Anred-e, f (-/-n) सम्बोधन, सम्बोधन-शब्द, सम्बोधन-शैली, सरनामा; ~**efall,** m, gramm : सम्बोधन-कारक; ~**en,** v/t (h.) किसी से बात प्रारंभ क०, किसी को संबोधित क०; U : jdn. schwach anreden किसी से जानबूझकर मूर्खता की बात क०, जानबूझकर किसी से असंगत बात क० ।

anreg-en, v/t (h.) (veranlassen) का कारण बनना, करवाना; करने का सुझाव देना; (ermuntern) को बढ़ा देना, प्रेरित क०; प्रणोदित क०; (beleben) में जान डाल देना, सजीव बनाना; उद्दीपित क०; jdn. zu etw. anregen किसी को कुछ करने की प्रेरणा या राय देना; Tee regt an चाय स्फूर्तिदायक होती है या स्फूर्ति देती है; ~**end,** adj. प्रेरक, उद्दीपक, उत्तेजक, जान डालने वाला; (fesselnd) रोचक, मनोहर, दिलचस्प; ~**ung,** f (-/-en) (Vorschlag) सुझाव, राय, मशविरा; (Anstoß) प्रेरणा, प्रोत्साहन, प्रचोदन, प्रणोदन; मानसिक प्रोत्तेजना ।

anreicher-n, v/t (h.) संवर्द्धित क०, की अभिवृद्धि क०; chem : सांद्र क०; ~**ung,** f (-/- en) संवर्धन, अभिवृद्धि; chem : सांद्रण ।

anreih-en, 1. v/t (h.) पंक्तिबद्ध क०, क्रमश: रखना, एक के बाद एक रखना; 2. v/r (h.) पंक्तिबद्ध होना, एक के बाद एक आना; ~**ung,** f (-/- en) पंक्ति-बंधन, क्रमश: रखना ।

Anreis-e, f (-/-n) किसी स्थान की यात्रा (निश्चित तिथि पर); किसी स्थान पर आगमन; ~**en,** v/i (s.) (निश्चित तिथि पर) किसी स्थान पर पहुंचना ।

anreiß-en, v/t (h.) फाड़ना, फाड़ देना; Vorräte : संचिति का उपयोग प्रारंभ कर देना; (vorzeichnen) रूपरेखा तैयार क०, कच्चा ख़ाका तैयार क०; U : किसी से किसी वस्तु की बहुत प्रशंसा क०, किसी के पीछे पड़ जाना; ~**er,** m (-s/-), U: दलाल, ग्राहक, फँसा कर लाने वाला; ~**erisch,** adj. अत्यन्त प्रशंसायुक्त, दलालों जैसा ।

Anreiz, m (-es/-e) प्रलोभन; लाभ की संभावना; प्रेरणा, प्रोत्साहन; ~**en,** v/t (h.) प्रलोभित क०; प्रोत्साहित क०, प्रेरित क०; (herausfordern) उत्तेजित क०, उकसाना, उभाड़ना; (steigern) बढ़ाना ।

anremp-eln, v/t (h.) (किसी को) धक्का देना, इरादतन धकियाना; fig: (किसी को) छेड़ना; से झगड़ा करने का प्रयत्न क० ।

anrennen, 1. v/i (s.) दौड़कर आना, दौड़ते हुए आना; 2. v/t (h.) jdn. anrennen किसी को दौड़ते हुए धक्का मारना; gegen etw. anrennen किसी वस्तु की ओर दौड़ना ।

Anricht-e, f (-/-n) भोजन या बर्तन रखने की अलमारी; ~**en,** v/t (h.) Speisen: भोजन सजाना; fig: (verursachen) का कारण बनना, करना (हानि आदि) ।

anrollen, v/i (s.) लुढ़कना, लुढ़कने लगना, लुढ़कते हुए आना; वायुयान का उतरने के बाद ज़मीन पर दौड़ते हुए आना।

anrüchig, adj. कुत्सित, गर्हणीय; कुख्यात, बदनाम; ~**keit,** f (-) गर्हणीयता; कुख्याति, बदनामी ।

anrücken, 1. v/t (h.) के पास सरकाना, सरकाकर समीप क०; 2. v/i (s.) समीप आना, पास पहुंचना ।

Anruf, m (-[e]s/-e) (Zuruf) पुकार; tel: कॉल, टेलीफ़ोन; ~**beantworter,** m, tech: टेलीफ़ोन का जवाब देने वाला स्वचालित यन्त्र; ~**en,** v/t

(h.) पुकारना, आवाज़ देना, बुलाना; आह्वान क०; से सहायता की प्रार्थना क०; tel: टेलीफ़ोन क०; das Gericht anrufen अदालत में फ़रियाद क०; Gott anrufen ईशावाहन क०; **~er,** (-s/-) आह्वान करने वाला; टेलीफ़ोन करने वाला; **~ung,** f (-/-en) Gottes: ईशावाहन; des Gerichtes: अदालत में फ़रियाद क०, अदालत की सहायता लेना।

anrühren, v/t (h.) (berühren) छूना, स्पर्श क०; (mischen) (पानी आदि के साथ) घोलना; गूँदना, माँड़ना; fig: er rührte das Essen überhaupt nicht an उसने भोजन को हाथ तक नहीं लगाया।

Ansag-e, f (-/-n) आख्यापन, सूचना, घोषणा; **~en,** v/t (h.) घोषित क०, सूचित क०, की पूर्वसूचना देना; कहना; sich (bei jdm.) ansagen किसी के यहां पहुँचने की (पूर्व)सूचना देना; jdm. den Kampf ansagen किसी का विरोध करने का बीड़ा उठा लेना; **~er,** m (-s/-) im Radio: उद्घोषक, घोषक, वाचक; (Conférencier) किसी आयोजन का संचालक।

ansamm-eln, 1. v/t (h.) एकत्र क०, इकट्ठा क०, संचित क०, जमा क०; 2. v/r (h.) एकत्र होना, इकट्ठा होना, जमा होना; **~lung,** f (-/-en) संचयन; (Haufen) संचय, ढेर, समूह; भीड़।

ansässig, adj. आवासी, अधिवासी।

Ansatz, m (-es/⸚e) (Anfang) प्रारंभ, आरंभ, शुरूआत; आसार; (Schätzung) अनुमानित व्यय का निर्धारण; (Mundstück) मुखिका; (Verbindungsstück) मशीन के दो भागों को जोड़ने वाला अतिरिक्त भाग; für Arznei usw: औषधि या पेय बनाने के लिए आवश्यक पदार्थों का सम्मिश्रण; math: हल का प्रथम चरण; er hat einen Ansatz zu einem Bauch उसके शरीर पर तोंद के आसार दिखते हैं, उसकी तोंद निकलने लगी है; im Ansatz war der Plan vernünftig प्रारंभ में योजना युक्ति-संगत थी; **~punkt,** m प्रारंभ-बिंदु; **~stelle,** f मशीन के दो भागों के जोड़ का स्थान।

ansaugen, v/t (h.) सोखना प्रारम्भ क०, सोख कर खींचना।

anschaff-en, v/t (h.) (besorgen) का प्रबन्ध क०, अर्जित क०; (kaufen) ख़रीदना; sich Kinder anschaffen बच्चे पैदा क०; **~ung,** f (-/-en) अर्जन, प्रबन्ध; क्रय; **~ungskosten,** pl. क्रय-मूल्य, (मूल) लागत।

anschau-en, v/t (h.) देखना, की ओर देखना, का अवलोकन क०; **~lich,** adj. बोधात्मक; सुस्पष्ट; सजीव, जीता-जागता; eine anschauliche Darstellung सजीव चित्रण; **~lichkeit,** f (-) बोधात्मकता, सुस्पष्टता, सजीवता; **~ung,** f (-/-en) (Betrachtung) अवलोकन; (Versunkenheit) गहन चिंतन या मनन (की स्थिति); (Meinung) दृष्टिकोण, विचार, मत; (Vorstellung) कल्पना; **~ungsmaterial,** n दृष्टांत-सामग्री।

Anschein, m(-s) प्रतीति, आभास, झलक, संभावना; allem Anschein nach स्पष्टतया, प्रतीयमानतः, sich den Anschein geben का दिखावा क०; **~end,** adv. प्रतीयमानतः, दृश्यमानतः, लगता है कि।

anschicken, v/r (h,): sich anschicken, etw. zu tun कुछ करने की तैयारी क०, कुछ करने के लिए तत्पर होना।

anschieben, v/t (h.): ढकेलकर आगे बढ़ाना, आगे को ढकेलना या खिसकाना।

anschienen, v/t (h.) पर खपची बाँधना।

anschießen, 1. v/t (h.) पर गोली चलाना, को गोली मारना; जाँच के लिए नई बन्दूक को चलाना; 2. v/i (s.) fig: तीर की तरह दौड़ना; chem: क्रिस्टल बनना।

anschirren, v/t (h.) घोड़े आदि पर साज़ चढ़ाना।

Anschiß, m (-'sses/-'sse) vulg: सख्त डांट-फटकार ।

Anschlag, m (-[e] s/ ⸚ e) (Bekanntmachung) विज्ञापन, इश्तहार; (Attentat) हत्या का प्रयत्न, आक्रमण, हमला; (Kostenschätzung) अनुमानित व्यय; मूल्यांकन; (Schußbereitschaft) बन्दूक आदि की किसी भी समय दागे जा सकने की स्थिति; auf Schreibmaschine usw: पियानो या टंकन-मशीन पर उंगली का प्रहार; beim Stricken: बुनाई का पहला फंदा; tech: किसी यन्त्र की गति स्थिर करने का खटका; **~brett,** n विज्ञप्ति आदि चिपकाने का तख़्ता, सूचनापट्ट; **~en,** 1. v/i (h.) (anprallen) से टक्कर खाना, से टकराना; (Wirkung zeigen) अपना प्रभाव दिखाना, का असर दिखना; 2. v/t (h.) (befestigen) के साथ जड़ देना, के साथ मज़बूती से लगा देना; (öffentl. aushängen) (इश्तहार आदि) टाँगना, चिपकाना; (beschädigen) तोड़ना, तोड़ देना, फोड़ देना; Ton/Saite: ध्वनि निकालना/झंकृत क०; ein Thema: (किसी विषय की) चर्चा चलाना; an etw. anschlagen किसी वस्तु पर प्रहार क० या चोट क० (हाथ या उंगली से भी); U: einen anderen Ton anschlagen अपना रुख बदलना; sie schlägt ihre Leistung zu gering an वह अपनी कार्यक्षमता (या काम) को कम आँकती है, वह अपनी योग्यता का कम अनुमान करती है ।

anschleichen, 1. v/i (s.) दबे पाँव आना, दबे पाँव समीप पहुँचना; 2, v/r (h.) चोरी-चोरी या दबे पाँव समीप पहुँचने का प्रयत्न क० या पहुँचना ।

anschließen, 1. v/t (h.) (befestigen an) से जोड़ देना, से बाँध देना, से संयुक्त क०; बाँध देना, जकड़ देना; el: विद्युत-परिपथ से जोड़ना; 2. v/r (h.) से आसन्न होना; के तुरन्त बाद होना या घटित होना या आना; sich jdm. anschließen किसी के साथ हो लेना, किसी के साथ लग जाना; sich jds. Meinung anschließen किसी की राय से सहमत हो जाना; an seine Rede schloß sich eine rege Diskussion an उसके भाषण के (तुरंत) वाद ज़ोरदार बहस शुरू हो गई; an das Haus schließt sich ein Park an घर से सटा हुआ एक पार्क है; 2. v/i (h.) (eng anliegen) तंग होना, चुस्त होना; **~d,** 1. adj. zeitlich: उत्तरवर्ती, उत्तरकालीन, तुरन्त बाद का; räumlich: आसन्न, सन्निकट; 2. adv. तदनन्तर, उसके तुरन्त बाद ।

Anschluß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) संयोजन; सम्बन्ध-स्थापन; (Annektierung) समामेलन; Strom-/Wasseranschluß usw: बिजली का सॉकेट; बिजली या पानी का कनेक्शन; tel: टेलीफ़ोन; Zug: मेल, मिलान; U: जान-पहचान, मित्रता; U: er sucht Anschluß वह जान-पहचान करने की तलाश में है; U: sie hat den Anschluß verpaßt उसकी गाड़ी छूट गई, **~dose,** f, el: बिजली का सॉकेट; **~station,** f जंक्शन; **~zug,** m मिलान-गाड़ी ।

anschmieg-en, 1. v/t (h.) के अनुकूल बनाना, के अनुकूल रूपांतरित क०; 2. v/r (h.) लिपटना, लिपट जाना; चिपटना; के अनुकूल बनना; **~sam,** लिपट जाने वाला, चिपट जाने वाला; प्रेमविह्वल ।

anschmieren, v/t (h.) पर चुपड़ना, लीपापोती क० U: jdn. anschmieren किसी को धोखा देना, किसी को ठग लेना ।

anschnallen, v/t (h.) पेटी या पट्टी से बाँधना या बाँध देना ।

anschnauz-en, v/t (h.) U: jdn. anschnauzen किसी पर चिल्लाना या दहाड़ना, किसी को बुरी तरह डाँटना; **~er,** m (-s/-)U: तगड़ी डाँट-फटकार ।

anschneiden, v/t (h.) काटना, काटना प्रारंभ क०; Brot usw: रोटी आदि के

टुकड़े काटना; fig: ein Thema: किसी विषय की चर्चा चलाना, किसी विषय पर वात प्रारंभ क०; med: चीरा लगाना।

Anschnitt, m (-[e]s/-e) किसी वस्तु का काटा हुआ पहला टुकड़ा; (Schnittfläche) (काटे हुए टुकड़े की) काट-सतह।

anschrauben, v/t (h.) पेंच द्वारा कसना या जड़ना।

[1]**anschreiben,** v/t (h.) an die Tafel: पर लिखना; Schulden: (उधार-खाते में) लिखना; jdn. anschreiben किसी को पत्र लिखना; →angeschrieben

[2]**Anschreiben,** n (-s/-) पत्र, चिट्ठी; सहपत्र, व्याख्यात्मक पत्र।

anschreien, v/t (h.) पर चिल्लाना।

Anschrift, f (-/-en) पता।

anschuldig-en, v/t (h.) पर अभियोग लगाना, पर दोषारोपण क०; ~**ung,** f (-/-en) (Beschuldigung) अभियोग लगाना; अभियुक्ति, अभियोग, आरोप; (Verleumdung) दोषारोपण; मिथ्यापवाद, निंदा।

anschüren, v/t (h.) आग जलाना (चिमनी आदि में); fig: की ज्वाला भड़का देना।

Anschuß, m (-'sses/ ⸗ 'sse) पहला फ़ायर; गोली लगने की जगह।

anschwärmen, 1. v/t (h.): jdn. anschwärmen किसी पर फ़िदा होना; 2. v/i (s.) (मधुमक्खियों आदि का) झुंड में समीप आना।

anschwärz-en, v/t (h.) को काला क०, पर कालिख लगाना; fig: jdn. anschwärzen किसी पर कलंक लगाना; किसी की वदनामी क०; ~**ung,** f (-/-en) काला क०, कालिख लगाना; fig: कलंक (लगाना), वदनामी या निंदा (क०)।

anschweißen, v/t (h.) झलाई द्वारा जोड़ना, के साथ वैल्ड क०।

anschwell-en, v/i (s.) फूलना, सूजना, बढ़ना; ~**ung,** f (-/en) सूजन, शोथ; med: अर्बुद।

anschwemm-en, v/t (h.) वहाकर किनारे लगा देना, नदी का बालू आदि को लाकर तट पर जमा कर देना; ~**ung,** f (-/-en) जलोढक, जलोढ मिट्टी, वाढ़ के द्वारा लाई गई मिट्टी या रेत।

anschwindeln, v/t (h.) को धोखा देना, से झूठ बोलना।

[1]**ansehen,** v/t (h.) (betrachten) देखना, का अवलोकन क०; की ओर देखना; jdm. etw. ansehen किसी को देखकर कुछ पता लगा लेना, किसी के चेहरे से कुछ ताड़ या भाँप लेना; jdn. für etw. ansehen किसी को कुछ समझना या मानना; ich sehe das als meine Pflicht an इसे मैं अपना कर्तव्य मानता हूँ; das ist sehr schön anzusehen यह अत्यन्त नयनाभिराम है; fig: das sehe ich nicht länger mit an मैं इसे और अधिक सहन नहीं कर सकता;

[2]**Ansehen,** n (-s) प्रतिष्ठा, सम्मान, मान, इज़्ज़त; er genießt großes Ansehen वह अतिप्रतिष्ठित व्यवित है; ohne Ansehen der Person urteilen व्यक्ति की प्रतिष्ठा आदि पर ध्यान न देते हुए निर्णय क०, निष्पक्ष निर्णय क०।

ansehnlich, adj. (hübsch) चारु, मनोहर, सुंदर, ख़ूबसूरत; (stattlich) भव्य, शानदार; (reichlich) पर्याप्त, वहुत, काफ़ी।

anseilen, v/t (h.) (पर्वतारोहण में गिरने से बचने के लिए) रस्सी से बाँधना।

ansengen, v/t (h.) झुलसाना।

ansetzen, 1. v/t (h.) (anfügen) के साथ जोड़ना, चिपकाना, सीना आदि; (vorbereiten) पेय आदि तैयार क०; eine Arznei ansetzen औषधि-निर्माण के लिए आवश्यक पदार्थों को मिलाना या मिलाकर रखना; einen Termin ansetzen तिथि निश्चित क०; einen Preis ansetzen मूल्य

निश्चित क०; das Glas ansetzen गिलास मुँह से लगाना; einen Hund auf jds. Fährte ansetzen किसी को खोजने के लिए उसके पदचिन्हों पर कुत्ते को छोड़ देना; der Baum hat Knospen angesetzt पेड़ में कलियाँ निकल आईं हैं; U: er hat Fett angesetzt वह मोटा हो गया है; 2. v/i (h.): zu etw. ansetzen कुछ करने की तैयारी क०; 3. v/r (h.) लग जाना, जम जाना (धूल, जंग आदि का)।

Ansicht, f (-/-en) (Bild) चित्र, तस्वीर; (Anblick) दृश्य, झाँकी; fig: (Meinung) विचार, दृष्टिकोण; jds. Ansicht teilen किसी से सहमत होना; meiner Ansicht nach मेरे विचार से; zur Ansicht परखने के लिए, परिशीलन के लिए; **~ig,** adj.: ich wurde seiner ansichtig वह मुझे दिख गया, मेरी नज़र उसपर पड़ गई; **~skarte,** f तस्वीर-कार्ड; **~ssache,** f: das ist Ansichtssache यह अपने-अपने विचार की बात है; **~ssendung,** f परखने या परिशीलन के लिए भेजा गया नमूना।

ansied-eln, 1. v/t (h.) (व्यक्तियों) को बसाना, को आबाद क०; 2. v/r (h.) बस जाना; **~ler,** m (-s/-) बस जाने वाला, बसाया जाने वाला, उपनिवेशी; **~lung,** f (-/-en) बसाना, बसाया जाना, बसना; (Siedlung) बस्ती, उपनिवेश।

Ansinnen, n (-s) अनुचित, वेजा या निर्लज्ज अपेक्षा या माँग; ein Ansinnen an jdn. stellen किसी से वेजा माँग क०।

ansonsten, adv. अन्यथा, नहीं तो, वरना।

anspann-en, v/t (h.) (straff machen) तानना; Zugtiere: जोतना, पर जूआ रखना; seine Kräfte anspannen अपनी शक्ति को एकत्र क०; **~ung,** f (-/-en) तानना; तनाव, खिंचाव, टान; (Streß) श्रांति; दवाव, तंगी।

anspeien, v/t (h.) पर थूकना।

Anspiel, n (-[e]s/-e) sport: खेल का प्रारंभ।

anspiel-en, v/i (h.) sport: खेल प्रारंभ क०; किसी खिलाड़ी की ओर गेंद आदि फेंकना; Kartenspiel: बाज़ी शुरू क०; (Andeutung machen) की ओर संकेत, इशारा या लक्ष्य क०; **~ung,** f (-/-en) संकेत, इशारा, इंगित।

anspitzen, v/t (h.) नुकीला बनाना; U: jdn. anspitzen किसी को भड़का देना, किसी को चढ़ा देना (कुछ करने के लिए)।

Ansporn, m (-[e]s/-e) प्रोत्साहन, प्रेरणा; **~en,** v/t (h.) एड़ लगाना; fig: प्रोत्साहित क०, प्रेरित क०।

Ansprache, f (-/-n) (Rede) भाषण, व्याख्यान; (geistige Anregung) बौद्धिक प्रेरणा।

ansprechen, 1. v/t (h.) (anreden) से बात क०, संबोधन क०; jdn. auf etw. ansprechen किसी से किसी विषय पर बात चलाना या बात क०; jdn. um etw. ansprechen किसी से कोई वस्तु माँगना; jdn./etw. ansprechen als ...किसी व्यक्ति/वस्तु को...की तरह समझना, मानना या बताना; 2. v/i (h.) (gefallen) को अच्छा लगना, सुहाना, भाना या आकर्षित क०; प्रतिक्रिया दिखाना, सूक्ष्मग्राही या सुग्राही होना; das Instrument spricht schwer an यह यंत्र सुग्राही नहीं है; der Apparat spricht auf die leiseste Berührung an यह यंत्र अत्यन्त सूक्ष्मग्राही है; **~d,** adj. आकर्षक, मनमोहक।

anspringen, 1. v/t (h.) पर चढ़ बैठना; 2. v/i (s.) (zum Lauf ansetzen) दौड़ना प्रारंभ क०; Motor: चालू होना।

anspritzen, v/t (h.) पर छींटे डालना, पर छिड़कना।

Anspruch, m (-[e]s/ ⸚e) (Anrecht) स्वत्वाधिकार, अधिकार, हक़, (Forderung) माँग, अध्यर्थन, दावा; er nimmt

für sich das Recht in Anspruch, ...वह इस अधिकार का दावा करता है कि......; er stellt große Ansprüche उसकी माँगें बहुत बड़ी हैं, वह बहुत अधिक की अपेक्षा रखता है; seine Arbeit nimmt ihn stark in Anspruch उसे अपने काम में बहुत मेहनत पड़ती है, उसे अपने काम में बहुत समय देना पड़ता है; jds. Zeit in Anspruch nehmen किसी का समय लेना या ख़राब क०; ~slos, adj. विनीत; साधारण; सीधा-सादा; आकांक्षाहीन; ~slosigkeit, f (-)विनय; सादगी; सीधापन; आकांक्षाहीनता; ~svoll, adj. दुष्तोषणीय; अहकारी; उच्च बौद्धिक या सांस्कृतिक स्तर वाला।

anspucken, v/t (h.) →anspeien

anspülen, v/t (h.) →anschwemmen

anstacheln, v/t (h.) (किसी को काम के लिए)कोंचना, उकसाना या प्रेरित क०।

Anstalt, f (-/-en) (Institution) संस्था, संस्थान, पीठ, प्रतिष्ठान; U: (Heilstätte) पागलख़ाना; Anstalten treffen für etw. कुछ करने की तैयारी क०।

Anstand, m (-[e]s/ ⁻⁻e) (Einwand) आपत्ति, उज्र, एतराज़; bei Jagd: शिकार-मंच; o. pl: (Benehmen) शालीनता, शिष्टाचार, सभ्याचार, भद्रता, सद्व्यवहार; Anstand nehmen an etw. किसी बात पर आपत्ति क०; den Anstand wahren शिष्टाचार का ख़याल रखना।

anständig, 1. adj. शिष्ट, भद्र, शालीन; 2. adv., U: अच्छी तरह, खूब डट कर, मन भर कर, खूब ढंग से; ~**keit,** f (-) शिष्टता, भद्रता, शालीनता; ~**keitshalber,** adv. →anstandshalber

Anstands-besuch, m औपचारिक भेंट; ~**dame,** f सामाजिक अवसरों पर किसी युवती की अभिभाविका या सखी; ~**halber,** adv. शिष्टाचार के नाते, लोकलाज के कारण; ~**los,** adj. विना रोक-टोक के, बिना हिचकिचाहट के, निर्बाध; ~**regel,** f शिष्टाचार का नियम, शिष्टरीति, लोकाचार।

anstarren, v/t (h.) को घूर-घूर कर या आँखें फाड़कर देखना।

anstatt, 1. präp. (+gen.) के बदले, के स्थान पर, की जगह, के बजाय; 2. konj. के बदले, के बजाय; anstatt zu arbeiten, ging er spazieren काम करने के बजाय वह घूमने चला गया।

anstauen, v/t (h.) रोकना, जमा क०, प्रवाह-रोधन द्वारा जमा क०।

anstaunen, v/t (h.) किसी की ओर आश्चर्यचकित होकर देखना, के समक्ष किंकर्तव्यविमूढ़-सा खड़ा रहना।

anstechen, v/t (h.) में टोंटी लगाना; कोंचकर देखना, नुकीली वस्तु से कुरेदना।

ansteck-en, v/t (h.) (mit Nadel befestigen) (बिल्ला, बैज आदि) सूई से लगाना; einen Ring: पहनना; (in Brand setzen) आग लगाना; (infizieren) संदूषित क०, छूत लगाना, संक्रमित क०; fig: (übertragen) दूसरों के मन में समान भाव या समान प्रतिक्रिया उत्पन्न क०, प्रभावित क०; seine gute Laune steckt alle an उसका उल्लास संक्रामक है, उसके उल्लास से प्रभावित होकर सभी का हृदय उल्लास से भर जाता है; ~**end,** adj.,med: संक्रामक, सांसर्गिक, छुतहा; fig: मुग्धकारी, प्रभावित करने वाला, ~**nadel,** f जड़ाऊ पिन; ~**ung,** f (-/-en) संक्रामण, संक्रमण, रोगसंचार, छूत।

anstehen, v/i (s.) (Schlange stehen) पंक्ति में खड़े होना, पंक्ति में खड़े होकर प्रतीक्षा क०; (sich geziemen) उचित होना, अनुकूल होना, शोभा देना; Schulden stehen an कर्ज़ अभी तक बना है, कर्ज़ चुकाया नहीं गया है; er läßt seine Schulden anstehen वह अपना ऋण नहीं चुकाता है; ein Termin

steht an तिथि निश्चित हो चुकी है; die anstehenden Fragen wurden erörtert प्रस्तुत प्रश्नों पर विचार-विमर्श किया गया।

ansteigen, v/i (s.)बढ़ना, में वृद्धि होना; (ऊपर को) चढ़ना; die Straße steigt steil an यह खड़ी चढ़ाई वाली सड़क है।

anstelle, präp. (+gen. od. von) के स्थान पर, की जगह, के बदले।

anstell-en, 1. v/t (h.) (anlehnen) के सहारे टिकाना; (in Gang setzen) चलाना, ऑन क०; jdn. anstellen किसी को नियुक्त क०; etw. anstellen कुछ क०; Beobachtungen anstellen ध्यान से देखना, का अवलोकन क०; 2. v/r (h.) (in Schlange anreihen) लाइन में लगना, पंक्ति में खड़ा होना; (sich zieren) बनना, दिखावा क०, चोचले क०; (wehleidig tun) पीड़ा का दिखावा क०; er stellt sich geschickt an वह चतुराई से काम करता है, **~erei,** f (-) (lästiges Warten) लाइन में खड़े रहकर प्रतीक्षा क०; U: (Getue) दिखावा, आडम्बर; U: (Wehleidigkeit) पीड़ा या कष्ट का दिखावा ; **~ig,** adj. (geschickt) कुशल, निपुण, चतुर, होशियार; (gelehrig) सुशिक्ष्य, ग्रहणशील, सरलता से सीखने वाला; **~ung,** f (-/-en) (Stelle) पद, नौकरी; (Bestallung) नियुक्ति, नियोजन; **~ungsprüfung,** f नियुक्ति से पूर्व की परीक्षा।

ansteuern, v/t (h.) की ओर चलना या जाना, वाहन को...की ओर ले जाना।

Anstich, m (-[e]s/-e) eines Fasses : बियर आदि के ढोल में टोंटी लगाना; (erster Spatenstich) किसी निर्माण-योजना के उद्घाटनार्थ पहली खुदाई।

Anstieg, m (-[e]s/-e) चढ़ाव, चढ़ाई; ऊपर चढ़ने या जाने का मार्ग; fig : (Steigerung) वृद्धि, बढ़ती।

anstieren, v/t (h.) को मूर्ख की तरह आँखें फाड़ कर देखना।

anstift-en, v/t (h.) उकसाना, अवप्रेरित क०, दुरुत्साहित क०; **~er,** m (-s/-) दुरुत्साहक, अवप्रेरक, उकसाने वाला; **~ung,** f (-/-en) दुरुत्साहन, अवप्रेरण, उकसाई।

anstimmen, v/t (h.) अलापना; प्रारंभ क०।

Anstoß, m (-es/ ⸚e) Fußball : फ़ुटबॉल के खेल का प्रारंभ; (Ärgernis) अप्रसन्नता, खीझ, नाराज़गी, क्षोभ; आपत्ति; fig : (Anlaß) कारण; प्रेरणा; **~en,** 1. v/i (s.) (anprallen) से टकराना; (angrenzen) आसन्न होना; mit den Gläsern anstoßen प्रथा के अनुसार मद्यपान के पूर्व चषकों को टकराना; die Birnen sind angestoßen नाशपातियाँ दाग़ी हैं; darauf wollen wir anstoßen! आइए, इस (ख़ुशी) के उपलक्ष में पिया जाए !; 2. v/t (h.) को धक्का देना, को टक्कर मारना, को धक्का मारकर गतिशील क०।

anstößig, adj. अप्रिय, आपत्तिजनक; अशिष्ट, शिष्टाचार-विरुद्ध; अश्लील; **~keit,** f (-) आपत्तिजनकता; अशिष्टता; अश्लीलता।

anstrahlen, v/t (h.) पर तीव्र प्रकाश डालना, को प्रकाशमान क०, को ज्योतित क०; jdn. anstrahlen किसी को प्रसन्नता से चमकती हुई आँखों से देखना।

anstreben, v/t (h.) के लिए प्रयास क०।

anstreich-en, v/t (h.) (bemalen) पर रंग क०, पुताई क०; (kenntlich machen) ग़लतियों आदि पर निशान लगाना, निशान लगाकर स्पष्ट क०; **~er,** m (-s/-) पुताई करने वाला।

anstreng-en, v/t (h.) (beanspruchen) पर दबाव डालना, से अधिक काम लेना, पर ज़ोर डालना; sich anstrengen (कठिन) परिश्रम क०, के लिए संघर्ष या अथक प्रयत्न क०; seinen Geist anstrengen अपने दिमाग़ पर ज़ोर डालना; einen Prozeß anstrengen मुक़दमा चलाना, मुक़दमा दायर क०; →angestrengt; **~end,** adj. श्रमसाध्य, कठोर,

कठिन, कमरतोड़; ~**ung,** f (-/-en) घोर परिश्रम, श्रांति; संघर्ष, अथक प्रयत्न।

Anstrich, m (-[e]s/-e) पुताई; पुताई का रंग या क़लई; fig: (Anschein) ऊपरी दिखावा, मुलम्मा।

Ansturm, m (-[e]s/⸗e) (Angriff) आक्रमण, धावा, चढ़ाई, हमला; (Andrang) रेल-पेल।

anstürmen, v/i (s.) बहुत तेज़ी से दौड़कर आना, तूफ़ान की तरह दौड़ना; हमला क०।

Ansuchen, n (-s/-) (Bitte) निवेदन, प्रार्थना, याचना, अर्ज़; (Gesuch) निवेदन-पत्र, प्रार्थना-पत्र, अर्ज़ी।

antanzen, v/i (s.) नृत्य प्रारंभ क०; (नाचते हुए) आना; U: jdn. antanzen lassen किसी को कहीं बुलाना या कहीं पहुँचने की आज्ञा देना।

Antarkt-is, f दक्षिण ध्रुवप्रदेश; ~**isch,** adj. दक्षिणध्रुवीय, दक्षिणध्रुवप्रदेशीय।

antasten, v/t (h.) टटोलना, सावधानी से छूना; अनधिकृत रूप से छूना; jds. Ehre antasten किसी की प्रतिष्ठा को आँच पहुंचाना, किसी की इज़्ज़त पर हाथ डालना।

Anteil, m(-[e]s/-e) (Teil) भाग, अंश, हिस्सा; शेयर; (Mitgefühl) सहानुभूति, हमदर्दी; दिलचस्पी; Anteil nehmen an etw. किसी बात में दिलचस्पी लेना; किसी बात से सहानुभूति रखना; ~**ig,** adj. आनुपातिक, यथाभाग; ~**mäßig,** adj.→anteilig; ~**nahme,** f (-) सहानुभूति, हमदर्दी; दिलचस्पी; ~**schein,** m शेयर, शेयरधारिता का प्रमाणपत्र; ~**seigner,** m शेयरधारी, अंशधारी।

antelefonieren, v/t (h.) को टेलीफ़ोन क०।

Antenne, f (-/-n) [lat.] el: ऐन्टेना, एरियल, विद्युत-ग्राहक; zool: शृंगिका, स्पर्श-शृंगिका; fig: सहजबुद्धि, पूर्वाभास की क्षमता, ग्रहणशीलता।

Antholog-ie, f (-/-n) [griech.] संग्रह, चयनिका, संकलन; ~**isch,** adj. संग्रहसंबंधी, संग्रह के रूप का।

[1]**Anthrazit,** m (-[e]s/-e) [griech.] कड़े पत्थर का कोयला।

[2]**Anthrazit,** n (-[e]s) धुएँ जैसा रंग।

anthropo-gen, adj. [griech.] मनुष्य द्वारा प्रभावित, मानवकृत; ~**genie,** f (-) मानवोद्भव-विज्ञान; ~**loge,** m (-n/-n) मानवविज्ञानी; ~**logie,** f (-) मानवविज्ञान; ~**id,** m (-en/-en) मानवाकार।

antialkoholiker, m (-s/-) मद्यविरोधी।

Antibabypille, f [eng.] गर्भनिरोधक टिकिया।

antibakteriell, adj. प्रतिजीवाण्विक।

Antibio-tikum, n (-s/-'tika) प्रतिजीवाणु; ~**tisch,** adj. प्रतिजैवी।

antik, adj. पुराकालीन, पुरातन; यूनानी अथवा रोमन काल का; ~**e,** f (-/-n) o. pl: (Altertum) पुराकाल; यूनानी अथवा रोमन काल; pl. (Altertümer) पुराकालीन निधियाँ।

Antiklerikalismus, m (-) चर्च का विरोध, चर्चविरोधवाद।

Antikörper, m/pl. प्रतिपिंड, रोग-प्रतिकारक।

Antilope, f(-/-n) कुरंग, चौसिंगा हिरण।

Antimon, n (-s) chem: एंटीमोनी।

Antinomie, f (-/-n) [griech.] विप्रतिषेध, विरोध।

Antipathie, f (-/-n) [griech.] विद्वेष, वैर-भाव, नैसर्गिक या सहज घृणा।

Antipode, m (-n/-n) [griech.] पृष्ठवासी, प्रतिलोकवासी; fig: (मत)-विरोधी।

Antiqu-ar, m (-s/-e) [lat.] Buchhändler: पुरानी पुस्तकों का विक्रेता; (Antiquitätenhändler) पुरातन वस्तुओं का विक्रेता; ~**ariat,** n (-[e]s/-e) पुरानी पुस्तकों की दुकान; ~**iert,** adj. पुराना, अप्रचलित; ~**ität,** f (-/-en) पुरावस्तु; ~**itätenhandlung,** f पुरावस्तुओं की दुकान।

Antisemit, m (-en/-en) यहूदी-विरोधी; ~**ismus,** m (-) यहूदीविरोधवाद।

Antisepsis, f (-) [griech.] med: पूति-दोषरोध, पीप या सड़न की रोक-थाम।
Antithe-se, f (-/-n) [griech.] प्रतिस्थापना, प्रतिपक्ष; ~**tisch,** adj. प्रतिपक्षीय।
Antitoxin, n (-s/-e) [griech.] प्रति-जीवविष।
Antlitz, n (-es/-e) poet: मुख, मुखड़ा, मुखारविंद।
Antonym, n (-s/-e) [griech.] विपर्याय, विलोम।
Antrag, m (-[e]s/ ⁚⁚ e) (Gesuch) प्रार्थनापत्र, आवेदनपत्र, अर्ज़ी, दरख़्वास्त; (Vorschlag) प्रस्ताव; विवाह-प्रस्ताव; ~**sformular,** n आवेदनपत्र, प्रार्थनापत्र अर्ज़ी का फ़ॉर्म; ~**sgemäß,** adj. प्रार्थना या प्रस्ताव के अनुसार; ~**steller,** m (-s/-) आवेदक, प्रार्थी।
antreffen, v/t (h.) से मुलाक़ात होना, से भेंट होना; wann kann ich Sie zuhause antreffen? आप घर पर कब मिलेंगे?
antreib-en, 1. v/t (h.) (in Bewegung setzen) चलाना, गतिमान क०, दौड़ाना; (drängen) के पीछे पड़ना, से जल्दी करने को कहना; fig: प्रेरित क०; 2. v/i (s.) बह कर आना, बहकर किनारे लगना।
antreten, 1. v/i (s.) पास आना; पंक्तिबद्ध होना; (किसी काम के लिए) उपस्थित होना या आना; mil: angetreten! लाइन बाँधो!; 2. v/t (h.) (in Gang setzen) पैडल दबाकर चालू क०; (übernehmen) पदग्रहण क०, दायित्व ग्रहण क०; (beginnen) प्रारंभ क०, शुरू क०; eine Stellung antreten पद ग्रहण क०; eine Reise antreten यात्रारंभ क०; eine Erbschaft antreten दाय ले लेना; den Beweis antreten प्रमाण प्रस्तुत क०।
Antrieb, m(-[e]s/-e) tech: नोदन, प्रणोदन; ऊर्ज्वाकर्मशक्ति; (Beweggrund) हेतु, उद्देश्य, अभिप्राय; fig: (Anreiz) प्रेरणा, प्रोत्साहन, लाभ की संभावना; aus freiem Antrieb etw. tun स्व-प्रेरणा से कोई काम क०; ~**skraft,** f संवेग, नोदनशक्ति, कर्मशक्ति।
antrinken, 1. v/i (h.) पहला घूँट पीना, पीना शुरू क०; 2. v/t (h.): sich Mut antrinken संकोच मिटाने के लिए मद्यपान क०; sich einen Rausch antrinken जानबूझकर ख़ूब मद्यपान क०, मदमत्त होने के लिए पीना।
Antritt, m (-[e]s/-e) einer Treppe: सीढ़ी का प्रथम सोपान, ज़ीने की पहली सीढ़ी; fig: (Beginn) प्रारंभ, आरंभ, शुरूआत; ~**sbesuch,** m (कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत की) प्रथम भेंट; ~**srede,** f पदभार-ग्रहण के उपलक्ष में दिया गया भाषण, प्रथम भाषण; ~**svorlesung,** f नियुक्ति के बाद प्रोफ़ेसर द्वारा दिया गया परिचायक भाषण।
antun, v/t (h.) (anziehen) पहनना, धारण क०; jdm. etw. antun किसी को हानि पहुँचाना, किसी को कुछ कर देना; U: sich etw. antun आत्महत्या क०; fig: er hat es ihr angetan वह उस (लड़की) को बहुत अच्छा लगता है, वह उस पर आशिक़ हो गई है; dieses Kleid hat es ihr angetan यह पोशाक उसे बहुत पसंद है; tun Sie mir nur das nicht an! मुझे इससे बचाए रखिए! मेरे ऊपर यह कृपा मत कीजिए!; jdm. Zwang antun किसी को बाध्य क०; tun Sie sich keinen Zwang an! औपचारिकता के चक्कर में न पड़िए!, तकल्लुफ़ मत कीजिए!
Antwort, f (-/-en) उत्तर, जवाब; fig: (Reaktion) प्रतिक्रिया; ~**en,** v/i (h.) उत्तर देना, जवाब देना; ~**schein,** m: internationaler Antwortschein अन्तर्राष्ट्रीय जवाबी-कूपन; ~**schreiben,** n उत्तर-पत्र, उत्तर।
Anus, m (-/-) [lat.] गुदा, मलद्वार।
anvertrauen, v/t (h.) jdm. etw. anvertrauen किसी वस्तु को किसी के विश्वास पर छोड़ देना, किसी का भरोसा करके कोई वस्तु उसके हवाले कर देना;

किसी को कोई बात चुपचाप बता देना; sich jdm. anvertrauen स्वयं को किसी के सहारे छोड़ देना; किसी को अपना कोई गुप्त भेद बता देना।

anverwandt, adj. संबंधित; **~e,** m/f (-n/-n) संबंधी, रिश्तेदार।

anvisieren, v/t (h.) [lat.] को उद्देश्य बनाना, को नज़र में रखना।

anwachsen, v/i (s.) की जड़ें निकलना, बढ़ना, विकसित होना; fig: (zunehmen) में वृद्धि होना; में बाढ़ आना।

Anwalt, m (-[e] s/ ⸚e) Rechtsanwalt) अधिवक्ता, वकील, एडवोकेट; (Bevollmächtigter) प्राधिकृत व्यक्ति, प्रतिनिधि; fig: (Fürsprecher) समर्थक, हिमायती; fig: sich zum Anwalt einer Sache machen किसी बात का समर्थक बन जाना, किसी बात का समर्थन क० **~schaft,** f (-) वकील-वर्ग; वकील का पद; वकालत; **~skammer,** f अधिवक्ता-समिति; **~skanzlei,** f वकील का कार्यालय।

anwand-eln, v/t (h.) (ergreifen) को वशीभूत कर लेना, पर क़ब्ज़ा कर लेना, किसी भावना या मनोवेग के वश में हो जाना; Furcht wandelte mich an भय मेरे रोम-रोम में बस गया; **~ung,** f (-/-en) मनोवेग, दौरा।

anwärmen, v/t (h.) गरम क०, थोड़ा-सा गरम क०।

Anwärter, m (-s/-) प्रत्याशी, उम्मीदवार।

Anwartschaft, f (-) प्रत्याशा, प्रतीक्षा।

anwehen, v/t (h.) हवा का (वीज, पराग आदि को) उड़ाकर ले जाना।

anweis-en, v/t (h.) (anordnen) आदेश देना, निदेश देना; हिदायत क०; (unterweisen) को सिखाना; (Geld überweisen) धन भेजना; (zuteilen) देना, वाँट कर देना, सुपुर्द क० (काम आदि); jdm. einen Platz anweisen किसी को बैठने का स्थान दिखाना; किसी को रहने आदि का स्थान देना; **~ung,** f (-/-en) (Befehl) आदेश, हुक्म, आज्ञा; (Anleitung) निदेश. निर्देश, हिदायत।

anwend-bar, adj. प्रयोज्य, उपयोज्य, व्यवहार्य; **~barkeit,** f (-) व्यवहार्यता, प्रयोजनीयता; **~en,** v/t (h.) प्रयोग क०, इस्तेमाल में लाना; कार्यान्वित क०; **~ung,** f (-/-en) प्रयोग, उपयोग, इस्तेमाल; कार्यान्वयन।

anwerb-en, v/t (h.) मज़दूरों, रंगरूटों आदि को) भर्ती क०; **~ung,** f (-/-en) (मज़दूरों, रंगरूटों आदि की) भर्ती।

anwerfen, v/t (h.) Motor: इंजन चालू क०।

Anwesen, n (-s/-) भवन, गृह-परिसर; अचल सम्पत्ति।

anwesen-d, adj. उपस्थित, विद्यमान मौजूद, हाज़िर; **~heit,** f उपस्थिति, विद्यमानता, मौजूदगी; **~heitsliste,** f उपस्थिति-सूची।

anwidern, v/t (h.) →anekeln

anwinkeln, v/t (h.) मोड़ना (जिससे कोण की आकृति बने); den Arm anwinkeln बाँह मोड़ना, हाथ को कंधे की ओर ले जाना।

Anwohner, m (-s/-) पड़ोसी, प्रतिवासी।

Anwuchs, m(-es/ ⸚e) वृद्धि, उपचय; (junger Wald) नया वन, विकासशील वन।

Anwurf, m (-[e]s/ ⸚e) bei Ballspiel: पहली फेंक (Verputz) मोटा छर्रा (दीवारों के पलस्तर का); fig: (Schmähung) निंदा, उपालंभ, भर्त्सना, शिकवा।

anwurzeln, v/i (s.) की जड़ें निकलना; →angewurzelt

Anzahl, f (-) संख्या, राशि, मात्रा।

anzahl-en, v/t (h.) पहली क़िस्त अदा क०, आंशिक भुगतान क०; **~ung,** f (-/-en) पहली क़िस्त, आंशिक भुगतान।

anzapf-en, v/t (h.) वियर के ढोल आदि में टोंटी लगाकर वियर निकालना, छेद करके निकालना; fig:/U: jdn. anzapfen किसी से उधार लेना या माँगना; किसी के पेट की बात निकालना;

~ung, f (-/-en) eines Fasses: बियर आदि के ढोल में टोंटी लगाना, टोंटी लगाकर बियर आदि निकालना; eines Baumes: किसी पेड़ में छेद करके रस निकालना; U:(Ausfragen) पेट की बात निकालना; U: (Borgen) उधार लेना या माँगना।

Anzeichen, n (-s) चिह्न, निशान; शकुन, आसार; (Sypmptom) (रोग-) लक्षण।

anzeichnen, v/t (h.) दीवार या श्यामपट्ट पर आरेखन या चित्रांकन क०; किताब आदि में चिह्न लगाना।

Anzeig-e, f(-/-n) (Annonce) विज्ञापन, इश्तहार; (Bekanntmachung) सूचना, ज्ञप्ति, घोषणा, ऐलान; bei Polizei: रिपोर्ट, प्रतिवेदन; **~en,** v/t (h.) दिखाना, प्रदर्शित क०; (annoncieren) का इश्तहार देना, समाचारपत्र में विज्ञापन देना, का विज्ञापन क०; (bekanntmachen) की घोषणा क०, की सूचना देना; (verklagen) की रिपोर्ट क०; ein Verbrechen anzeigen किसी अपराध की (पुलिस को) सूचना देना; das Thermometer zeigt 20 Grad an तापमापक 20 डिग्री दिखा रहा है, तापमापक के अनुसार तापक्रम 20 डिग्री है; es zeigt sich an यह स्पष्ट है, यह दिखता है, यह सामने आता है; **~enannahme,** f विज्ञापन-दफ़्तर, विज्ञापन-विभाग; **~enbüro,**→Anzeigenannahme; **~enteil,** m, der Zeitung: विज्ञापनों वाला भाग; **~er,** m (-s/-) रिपोर्ट करने वाला, सूचना देने वाला; an Gerät: संकेतक, सूचक।

anzett-eln, v/t (h.) ताना-बाना बनाना; fig: षडयंत्र रचना, दुरभिसंधि क०, साज़िश क०; **~(e) lung,** f (-/-en) दुरभिसंधि, षडयंत्र, साज़िश, कुचक्र।

anzieh-en, 1. v/t (h.) (spannen) तानना, खींचना; अपनी ओर खींचना; (bekleiden) वस्त्र पहनाना; fig: (reizen/anlocken) आकर्षित क०, आकृष्ट क०; मोहित क०, मुग्ध क०; sich anziehen कपड़े पहनना, वस्त्र धारण क०; ein Magnet zieht Eisen an चुम्बक लोहे को आकर्षित करता है; eine Schraube anziehen पेंच कसना; fig: die Zügel anziehen सख़्ती क०; 2. v/i (h.) खींचते हुए आगे बढ़ना; शतरंज में पहली चाल चलना; fig: die Preise ziehen an क़ीमतें बढ़ रहीं हैं; fig: die Kälte zieht an सर्दी बढ़ रही है; **~end,** adj. आकर्षक, मनोहर, मुग्धकारी; **~ung,** f (-/-en) (Kraftwirkung) आकर्षणशक्ति; गुरुत्वाकर्षण; fig: (Reiz) आकर्षण, मनोहरता, मोहनी; **~ungskraft,** f आकर्षणशक्ति; der Erde: गुरुत्वाकर्षण।

Anzug, m (-[e]s/ ¨-e) सूट, कपड़ों का जोड़ा; o.pl: (Herannahen) समीप आना, पास पहुंचना ein Sturm ist im Anzug तूफ़ान आने वाला है।

anzüglich, adj. अर्थगर्भित, विचारोत्तेजक,; उद्दीपक; अश्लील **~keit,** f (-/-en) अर्थगर्भिता, विचारोत्तेजकता; गूढ़ार्थ; अश्लील बात।

anzünden, v/t (h.) जलाना; सुलगाना।

anzweifeln, v/t (h.) पर संदेह क०।

Aorta, f (-/-'ten) [griech.] महाधमनी।

apart, adj. [frz.] मोहक, मनोहर, आकर्षक; असाधारण।

Apartment, n (-s/-s) [frz.] (छोटा) फ़्लैट; **~haus,** n इमारत जिसमें केवल फ़्लैट हों।

Apath-ie, f (-) [griech.] भावशून्यता, उदासीनता; **~isch,** adj. भावशून्य, उदासीन।

Apfel, m (-s/ ¨) सेब; spw: der Apfel fällt nicht weit vom Stamm जैसा बाप वैसा बेटा; fig: in den sauren Apfel beißen किसी अप्रिय काम को क० या करने के लिए बाध्य होना; **~baum,** m सेब का पेड़; **~brei,** m /**~mus,** n सेब की चटनी या लुगदी; **~saft,** m सेब का रस;

~schimmel, m चितकबरा घोड़ा ।
Apfelsine, f (-/-n) [niederl.] नारंगी, मुसम्मी ।
Aphoris-mus, m (-/-'men) [griech.] सूक्ति, सूत्र, वचन; **~tisch,** adj. सूत्रात्मक ।
apodiktisch, adj. [griech.] अकाट्य, सुनिश्चित ।
Apokalyp-se, f (-/-n) [griech.) रहस्योद्घाटन; प्रकाशना-ग्रंथ; **~tisch,** adj. भविष्यसूचक, भविष्योद्घोषी ।
apolitisch, adj. अराजनीतिक, राजनीति में रुचि न लेने वाला ।
Apost-el, m (-s/-) [griech.] ईसा का पट्टशिष्य; प्रेरित; धर्मप्रचारक; **~olat,** n (-[e]s/-e) धर्मप्रचारक-वर्ग; धर्मप्रचारकत्व; **~olisch,** adj. प्रेरितिक; (päpstlich) पोप का; (biblisch) बाइबिल का; der apostolische Segen पोप का आशीर्वाद ।
Apostroph, m (-s/-e) [griech.] वर्णलोप का चिह्न; **~e,** f (-/-n) औपचारिक संबोधन; **~ieren,** v/t (h.) वर्णलोप का चिह्न लगाना; औपचारिकता से संबोधित क०; jdn. apostrophieren als. . . किसी को. . . का नाम देना ।
Apothek-e, f (-/-n) [griech.] औषधिशाला, औषधियों की दूकान; **~er,** m भेषजज्ञ, औषधि-निर्माता, औषधिविक्रेता ।
Apparat, m (-[e]s/-e) [lat.] (Gerät) उपकरण, यंत्र; (Ausrüstung) संयंत्र, उपस्कर; (Aufwand) तंत्र, संगठन; der Apparat der Verwaltung प्रशासन-तंत्र; **~ur,** f (-/-en) उपस्कर, साज-सामान, लवाज़मा ।
Appartement, n (-s/-e)→Apartment
Appell, m(-s/-e) अभ्यर्थना, अपील; mil: हाज़िरी-परेड; **~ant,** m (-en/-en) jur: पुनर्वादी, अपीलकर्ता; **~ation,** f (-/-en) jur: अपील; **~ieren,** v/i(h.) : an jdn. appellieren किसी से प्रार्थना, अनुरोध, आग्रह या निवेदन क०; jur: पुनरावेदन क०, अपील क०; fig: ich appelliere an Ihre Vernunft मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप अपने विवेक से काम लें ।
Appetit, m (-[e]s/-e) क्षुधा, बुभुक्षा, भूख, खाने की रुचि; fig: रुचि, अभिलाषा; **~anregend,** adj. क्षुधावर्धक; fig: मोहक, आकर्षक; **~hemmer,** m, med: क्षुधानाशक औषधि; **~lich,** adj. स्वादिष्ट, क्षुधावर्धक; fig: मोहक, रुचिकर, आकर्षक; **~los,** adj. क्षुधाहीन; रुचिहीन; **~losigkeit,** f (-) क्षुधाहीनता; रुचिराहित्य ।
applau-dieren, v/i (h.) [lat.] वाह-वाह क०, तालियाँ बजाना; **~s,** m (-es) करतल-ध्वनि, साधुवाद, वाहवाही ।
applizieren, v/t (h.) [lat.] (दवा आदि) लगाना ।
Approb-ation, f (-/-en) [lat.] चिकित्सक के व्यवसाय के लिए आवश्यक अनुमति, चिकित्सक का लाइसेंस; **~ieren,** v/t (h.) (चिकित्सक का) लाइसेंस देना ।
Aprikose, f (-/-n) [lat.] ख़ुबानी, ज़रदालू ।
April, m (-[s]/-e) [lat.] अप्रैल; U: jdn. in den April schicken (पहली अप्रैल पर) किसी को मूर्ख बनाना; **~scherz,** m पहली अप्रैल का मज़ाक; **~wetter,** n, fig: शीघ्र परिवर्तनशील मौसम ।
Aquädukt, m (-[e]s/-e) [lat.] कृत्रिम जल-प्रणाल ।
Aqua-marin, m (-s/-e) [lat.] वैरूज; **~nautik,** f (-) अंतर्जलीय अनुसंधान; **~planing,** n भीगी सड़क पर कार के पहियों का फिसलना; **~rell,** n (-s/--e) जलरंगचित्र; **~rium,** n (-s/-'rien) मछलीघर, जलजीवशाला ।
Äquator, m (-s/-en) [lat.] भूमध्यरेखा, विषुवद्रेखा ।
Äquivalen-t, 1. n (-[e]s/-e) [lat.] समानक, पर्याय, तुल्यांक, समानार्थ; 2. adj. तुल्यमान, सम, समानार्थक,

पयार्यवाची; **~z,** f (-) तुल्यता, समता, समानार्थकता ।

Ar, n (-s/-e) [lat.] क्षेत्र के माप की इकाई (1 Ar=100 वर्गमीटर)।

Ära, f (-/Ären) [lat.] युग, काल ।

Araber, m (-s/-) अरबी, अरब-निवासी ।

Arabeske, f (-/-n) [ital./frz.] अरबस्क ।

arabisch, adj. अरबी ।

Arbeit, f (-/-en) (Tätigkeit) काम, कार्य, क्रिया; (Beruf) नौकरी, धंधा, व्यवसाय, पेशा, रोज़गार; (Mühe) मेहनत, उद्यम; (Werk) रचना, कृति; phys: कार्य; eine schriftliche Arbeit प्रबंध, शोधप्रबंध, लेख; er geht ganz in seiner Arbeit auf वह अपने काम में पूर्णतया तल्लीन हो जाता है, उसे अपने काम के अलावा और कुछ नहीं सूझता; spw: Arbeit macht das Leben süß मेहनत का फल मीठा, परिश्रम से जीवन में मिठास आती है; **~en,** 1. v/i (h.) कोई भी काम क०, नौकरी क०, परिश्रम क०, पढ़ाई-लिखाई का काम क० आदि; Geld: व्याज लाना; Holz: संवलित होना, ऐंठना; Maschine: चलना, चालू होना; Teig: उठना; Most: उठना; an etw. arbeiten किसी विषय पर काम क० या करते होना; gegen jdn. arbeiten किसी के विरुद्ध काम क० या जाना, किसी का विरोध क०; auf etw. hin arbeiten किसी उद्देश्य के लिए परिश्रम क०; 2. v/t (h.) (anfertigen) वनाना, तैयार क०; es arbeitet sich schlecht bei dieser Hitze इस गर्मी में काम ढंग से नहीं होता है; **~er,** m (-s/-) श्रमिक, मजदूर, कारीगर; **~erklasse,** f मज़दूर-वर्ग, श्रमिक-वर्ग; **~erschaft,** f (-) श्रमिकगण, मज़दूरगण, श्रमिक-समुदाय; **~geber,** m नियोक्ता, नौकरी देने वाला; मालिक; **~nehmer,** m नौकरी करने वाला, नौकर, वेतन-भोगी; **~nehmervertretung,** f वेतन-भोगियों का प्रतिनिधि, वेतनभोगियों की प्रतिनिधि-संस्था; **~sam,** adj. परिश्रमी, मेहनती, मेहनतकश; **~samt,** n रोज़गार-दफ़्तर, नियोजन-कार्यालय; **~seifer,** m काम करने का जोश; **~seinkommen,** n वेतन, तनख़्वाह, पारिश्रमिक, मज़दूरी; **~serlaubnis,** f विदेशियों को नौकरी करने की अनुमति; **~sfähig,** adj. काम या नौकरी करने के योग्य, कार्यक्षम; **~sfähigkeit,** f कार्यक्षमता; **~sfeld,** n कार्यक्षेत्र; **~sgang,** m कार्य-व्यवस्था; कार्यचक्र, दौर; etw. in einem Arbeitsgang erledigen कोई काम एक ही दौर में पूरा कर देना; **~sgeist,** m काम करने की प्रवृत्ति या रुचि; **~sgemeinschaft,** f एक ही विषय पर अध्ययन करने वालों का दल; अध्ययन-दल; **~sgenehmigung,** f →Arbeitserlaubnis; **~sgerät,** n काम के लिए आवश्यक यंत्र या उपस्कर; **~sgericht,** n श्रमन्यायालय; **~shaus,** n सपरिश्रम कारावास पाने वालों का बंदीगृह; **~skittel,** m काम करने की पोशाक; **~skraft,** f (Mensch) काम करने वाला, श्रमिक, मज़दूर, कर्मचारी; (Schaffenskraft) कार्यशक्ति, ऊर्जा; **~slager,** n बंदी-शिविर जिसमें (राजनैतिक) बंदियों को शारीरिक परिश्रम करना पड़ता है; **~slohn,** m वेतन, तनख़्वाह, पारिश्रमिक, मेहनताना, मज़दूरी; **~slos,** adj. बेरोज़गार, बेकार; **~slose,** m/f (-n/-n) बेरोज़गार व्यक्ति; **~slosengeld,** n बेरोज़गारी-भत्ता; **~slosenhilfe,** f बेरोज़गारी के समय सरकार द्वारा दी गई आर्थिक सहायता; **~slosenversicherung,** f बेरोज़गारी-बीमा; **~slosigkeit,** f (-) बेरोज़गारी, बेकारी; **~smarkt,** m श्रम-बाज़ार; **~smoral,** f काम करने का मनोबल या हौसला; **~splan,** m काम की परियोजना; **~splatz,** m काम करने का स्थान; (रिक्त) पद या जगह; **~sprozeß,** m कार्य-प्रक्रम; **~srecht,** n श्रम-विधि, श्रम-संबंधी क़ानून; **~sreich,** adj.

श्रमयुक्त, परिश्रम वाला; ~sscheu, adj. कामचोर; ~stag, m काम करने का दिन (छुट्टी का नहीं); दैनिक कार्यकाल; ~steilung, f (-) किसी काम का विभिन्न चरणों में विभाजन; ~stier, n, Mensch: अत्यधिक काम करने वाला व्यक्ति; ~stitel, m किसी पुस्तक या लेख का छपने से पहले का अनंतिम शीर्षक; ~sunfähig, adj. अशक्त, असमर्थ, काम करने से लाचार; ~sunfähigkeit, f (-) असमर्थता, अशक्तता; ~sunfall, m कार्यस्थल पर हुई दुर्घटना; ~sverhältnis, n नौकरी, मुलाज़मत, मालिक और कर्मचारी का क़ानूनी संबंध; in einem Arbeitsverhältnis stehen वेतनभोगी होना, नौकरी में होना; ~svermittlung, f नौकरी दिलाने वाला दफ़्तर, नियोजन-कार्यालय; ~svorgang, m कार्य-प्रक्रम का चरण-विशेष; ~sweise, f काम करने का ढंग; ~swillig, adj. काम करने का इच्छुक, काम करने के लिए तत्पर; ~szeit, f कार्य-काल, काम करने का समय, कार्य-समय; gleitende Arbeitszeit सुविधानुसार परिवर्तनीय कार्य-समय; ~szimmer, n कार्यकक्ष, काम करने का कमरा।

archaisch, adj. [griech.] प्राचीन, पुराना, अप्रचलित।

Archäolog-e, m (-n/-n) [griech.] पुरावशेष-शास्त्री, पुरातत्वज्ञ, पुरातत्ववेत्ता; **~ie,** f (-) पुरावशेष-विद्या, पुराविद्या, पुरातत्व-विज्ञान।

Arche, f (-/-n) [lat.] छतदार नाव, ढकी हुई नाव।

Archipel, m (-s/-e) [griech.] द्वीपसमूह।

Architekt, m(-en/-en) [griech.) वास्तुकार, भवननिर्माता, वास्तुविद्; **~onik,** f (-/-en) स्थापत्य, वास्तुकला; **~onisch,** adj. वास्तुशिल्पीय, संरचनात्मक; **~ur,** f (-/-en) वास्तुकला, वास्तुशिल्प।

Archiv, n (-s/-e) [lat.] पुरालेख-संग्रह, पुरालेख-संग्रहालय, प्रलेख-संग्रह, अभिलेख-संग्रह; **~ar,** m (-s/-e) पुरालेखपाल, प्रलेखों का व्यवस्थापक।

Areal, n(-/-e) [lat.] क्षेत्र, क्षेत्रफल।

Arena, f(-/-'nen) [lat.] मल्लभूमि, अखाड़ा; युद्धस्थल।

[1]**arg,** 1. adj. (schlimm) बुरा, ख़राब; (böse) दुष्ट, पापी, गर्ह्य; U: घोर, नम्बरी; diese Arbeit liegt im argen यह काम आगे नहीं बढ़ रहा है, यह काम लटक गया है; er ist ein arger Säufer वह नम्बरी पियक्कड़ है; 2. adv., U: (sehr) अधिक, घोर, बहुत; er hat mir arg mitgespielt उसने मेरे साथ बहुत दुष्टता की; er treibt es zu arg वह अति कर रहा है।

[2]**Arg,** n (-s)दुर्भाव, द्वेष, विद्वेष, वैमनस्य; er ist ohne Arg वह द्वेषहीन है, वह भला आदमी है।

Argentin-ien, n (-s) अर्जेन्टिना, अर्जेन्टाइना; **~isch,** adj. अर्जेन्टिना का।

Ärger, m (-s) (Verdruß) कोप, रोष, क्रोध, नाराज़गी, (Verdrossenheit) खीझ, संताप, कुढ़न, मलाल; **~lich,** adj. (aufgebracht) क्रोधित, क्षुब्ध, नाराज़, झुँझलाया हुआ; (peinlich) कष्टकर, संतापक, अवखेदी; **~n,** 1. v/t (h.) को तंग क०, पीड़ित क०, परेशान क०, खिझाना, सताना; 2. v/r (h.) चिढ़ना, खीझना, झुँझलाना, क्षुब्ध होना, नाराज़ होना; **~nis,** n (-ses/-se) (Mißstand) दुर्व्यवस्था, खीझ या क्षोभ का विषय; (Skandal) लोकापवाद, आपत्तिजनक बात, अपकीर्ति।

Arg-list, f (-) धूर्तता, कपट, धोखा, चालाकी; **~listig,** adj. धूर्त, कपटी, धोखेबाज़, चालाक; **~los,** adj. निष्कपट, निश्छल, भोला; **~losigkeit,** f (-) निष्कपटता, निश्छलता, भोलापन।

Argument, n (-[e]s/-e) [lat.] तर्क, प्रतर्क, दलील; **~ation,** f (-/-en) प्रतर्कना, युक्ति-कलाप, तर्क-वितर्क; **~ieren,** v/i (h.) तर्क क०, दलील पेश क०, बहस क०।

Arg-wohn, m (-s) संशय, अविश्वास,

अप्रतीति, संदेह, शक; ~**wöhnen,** v/t (h.) पर संशय क०, पर संदेह क०, पर अविश्वास क०, पर शक क०; ~**wöhnisch,** adj. शंकाशील, अविश्वासी, संदेही, शंकाकुल, शक्की।

Arie, f (-/-'rien) [ital.] गीतिनाट्य का तीन चरणों का गीत।

Ari-er, m (-s/-) [sans./pers.] आर्य; ~**isch,** adj. आर्य, आर्यों का।

Aristokrat, m (-en/-en) [griech.] कुलीन व्यक्ति; fig: उच्च विचारों वाला व्यक्ति; ~**ie,** f (-/-n) अभिजातवर्ग; अभिजाततंत्र; (Oberschicht) उच्चवर्ग; ~**isch,** adj. कुलीन, अभिजातवर्गीय; अभिजाततंत्रीय; fig: उच्च विचारों वाला।

Arithmet-ik, f (-) [griech.] अंकगणित, हिसाब; ~**isch,** adj. अंकगणितीय।

Arkade, f (-/-n) [lat.] तोरण, मेहराब; pl: तोरणावृत मार्ग, तोरणपथ, आच्छादित मार्ग।

Arkt-is, f (-) [griech.] उत्तरध्रुव-क्षेत्र; उत्तरध्रुव-वृत्त; ~**isch,** adj. उत्तरध्रुवीय।

[1]**arm,** adj. (bedürftig) निर्धन, दीन, दरिद्र, रंक, अकिंचन, अभावग्रस्त, ग़रीब, कंगाल; (bedauernswert) बेचारा, अभागा; (kümmerlich) अल्प, थोड़ा, अपर्याप्त; U: er ist arm dran उसकी दशा दयनीय है, उसकी हालत ख़राब है; U: er ist ein armer Schlucker वह भुक्खड़ है; er ist arm an Verständnis वह अनुदार है।

[2]**Arm,** m (-[e]s/-e) बाँह, बाहु, भुजा, भुज; (Verzweigung) शाखा, शाखिका; Arm in Arm हाथ में हाथ डाले; der Arm des Gesetzes क़ानून की गिरफ़्त; fig: jdm. unter die Arme greifen किसी की सहायता क०; fig: jdm. in den Arm fallen किसी के काम में बाधक होना, किसी को कुछ करने से रोकना; U: jdn. auf den Arm nehmen किसी की खिल्ली या मज़ाक उड़ाना; jdn. in die Arme schließen किसी को सीने या गले से लगाना, किसी को बाँहों में भर लेना।

Armatur, f (-/-en) [lat.] यंत्रसमूह, उपकरण ~**enbrett,** n यंत्रफलक।

Arm-band, n बाजूबंद; हाथघड़ी की पट्टी या चेन; ~**banduhr,** f हाथघड़ी; ~**binde,** f बाँह का बिल्ला या पट्टा; med: गलपट्टी; ~**brust,** f कलदार धनुष।

Armee, f (-/-n) [frz.] सेना, वाहिनी, फ़ौज; fig: भीड़, समूह।

Ärmel, m (-s/-) आस्तीन; fig: etw. aus dem Ärmel schütteln कोई काम चुटकी बजाते कर देना; ~**los,** adj. बिना आस्तीन का; ~**schoner,** m आस्तीनपोश।

Ärmelkanal, m इंग्लैंड और यूरोप के बीच का जलमार्ग।

Armen-haus, n दरिद्रालय, कंगालघर; ~**recht,** n दरिद्र-रक्षा-क़ानून।

Arm-lehne, f कुर्सी का हत्था; ~**leuchter,** m शाखदीप, दीपाधार; U: Schimpfwort: महामूर्ख, चूतिया, चूतिए की दीवट।

ärmlich, adj. ग़रीब-सा, अभावग्रस्त, ग़रीब, दयनीय; निराशाजनक, मामूली; ~**keit,** f (-) अभावग्रस्तता, ग़रीबी, दयनीयता; निराशाजनकता, मामूलीपन।

Arm-reif, m कंगन, चूड़ी, कड़ा; ~**schiene,** f med: बाँह की खपची; ~**selig,** adj. दीन-हीन; अपर्याप्त, अल्प; तुच्छ, नगण्य; ~**seligkeit,** f (-) दीनहीनता; अपर्याप्तता; तुच्छता, ~**spange,** f बाजूबंद; ~**stuhl,** m हत्थेदार कुर्सी; ~**stütze,** f →Armlehne

Armut, f (-) निर्धनता, दरिद्रता, ग़रीबी, कंगाली; अभाव, कमी; ~**szeugnis,** n अभाव या अयोग्यता का प्रतीक या प्रमाण; fig: damit hat er sich ein Armutszeugnis ausgestellt इसके द्वारा उसने अपनी अयोग्यता का प्रदर्शन किया।

Armvoll, m अँकवार-भर।

Aroma, n (-s/-'men; -'mata) [griech.] सुरभि, सुगंध, सुवास; **~tisch,** adj. सुरभित, सुवासयुक्त ।

Arrang-ement, n (-s/-s) [frz.] (Anordnung) विन्यास; प्रबंध, तैयारी; (Abmachung) समझौता; mus: स्वर-व्यवस्था, वाद्य-व्यवस्था; **~ieren,** v/t (h.) का विन्यास क०, की व्यवस्था क०; समझौता क०; sich mit jdm. arrangieren किसी के साथ (आपस में) कोई बात तय कर लेना; आपस में निपटारा कर लेना ।

Arrest, m (-es/-e) [frz.] (Haft) गिरफ़्तारी, हिरासत, क़ैद; (Nachsitzen) विद्यालय में छुट्टी के बाद बैठकर काम करने का दंड; **~ant,** m (-en/-en) बंदी; विद्यार्थी जिसे छुट्टी के बाद बैठकर काम करने का दंड मिला हो; **~ation,** f (-/-en) गिरफ़्तारी, बंदीकरण ।

arretieren, v/t (h.) [frz.] (verhaften) बंदी बनाना, गिरफ़्तार क०, हिरासत में लेना; tech: अवरुद्ध क०, रोकना ।

arrivier-en, v/i (s.) [frz.] सफलता पाना, नाम पैदा क०; **~t,** adj. सफलता-प्राप्त, प्रसिद्ध, नामी ।

arrogan-t, adj. [frz.] अहंकारी, घमंडी, अभिमानी, दंभी; **~z,** f (-) अहंकार, घमंड, अभिमान, दंभ, दर्प ।

Arsch, m (-es/ ⸚e) vulg: नितम्ब, चूतड़, गाँड़; **~backe,** f पुट्ठा, चूतड़; **~kriecher,** m, U: ख़ुशामदी, चापलूस, अतिचाटुकार; **~loch,** n, vulg: मलद्वार, गुदा; U: Schimpfwort: कमज़ोर तथा नीच प्रकृति के व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त एक भद्दी गाली ।

Arsen, n (-s) [griech.] chem: संखिया ।

Arsenal, n (-s/-e) [arab.] शस्त्रशाला, अस्त्रागार, हथियारघर ।

Art, f (-/-en) (Gattung) प्रकार, क़िस्म; वंश, जाति, नस्ल; (Beschaffenheit) गठन, बनावट, रूप; (Weise) रीति, रूप, ढंग, तरीक़ा; (Benehmen) आचरण, व्यवहार, बर्ताव, सलूक; (Wesen) प्रकृति, स्वभाव; aus der Art schlagen अन्य प्रकार का हो जाना, स्वजाति के गुणों को खो देना; ist das eine Art? यह भी कोई तरीक़ा है !?; auf diese Art und Weise इस प्रकार से; haben Sie eine Uhr in dieser Art ? क्या आपके पास इस बनावट की (कोई) घड़ी है?; **~bedingt,** adj. जातिगत; वंशगत; **~eigen,** adj. विशिष्ट, अभिलाक्षणिक, जातिविशेष का निजी, नैसर्गिक; **~en,** v/i (s.): nach jdm. arten किसी के सदृश होना, किसी के समान दिखना, किसी पर जाना ।

Arteri-e, f (-/-'rien) [griech.] धमनी; **~ell,** adj. धमनीय; **~enverkalkung,** f med: धमनी-काठिन्य, धमनी-जरठता; **~osklerose,** f (-)→ Arterienverkalkung

artesisch, adj.: ein artesischer Brunnen बुम्बकूप, उत्स्रुत कूप ।

art-fremd, adj. परकीय, भिन्न जाति का, भिन्नप्रकृति; **~gemäß,** adj. वंशानुकूल, स्वभावानुकूल, स्वभावगत; **~genosse,** m समजातीय; **~gewicht,** n, phys: सापेक्षिक भार ।

Arthritis, f (-/-'tiden) [griech.] med: संधिवात, संधिशोथ, गठिया ।

artig, adj. (folgsam) आज्ञाकारी; (wohlerzogen) भद्र, सुशील, शिष्ट, शालीन; **~keit,** f (-/-en) आज्ञाकारिता; भद्रता, सुशीलता, शिष्टता, शालीनता; jdm. Artigkeiten sagen किसी से मीठी बातें क०, किसी की (उसके) मुँह पर प्रशंसा क० ।

Artikel, m (-s/-) (kurzer Aufsatz) लेख, लघुनिबंध, लघुप्रबंध; (Abschnitt) अनुच्छेद; jur: धारा, दफ़ा; (Ware) पदार्थ, वस्तु, चीज़; gramm: उपपद ।

Artikul-ation, f (-/-en) [lat.] स्फुट उच्चारण, स्पष्टोच्चारण; **~ieren,** v/t (h.) स्पष्टोच्चारण क० ।

Artiller-ie, f (-/-'rien) [frz.] तोपख़ाना तोपें, तोपों से लैस सैन्यदल; ~**ist,** m (-en/-en) तोपची, गोलंदाज़ ।

Artist, m (-en/-en) [frz.] कलाबाज़, सरकस का कलाकार; ~**isch,** adj. सरकस-कला-संबंधी; कलापूर्ण, कलात्मक ।

Art-merkmal, n जातिविशेष का लक्षण या चिह्न; ~**ung,** f (-/-en) स्वभाव, गुण; ~**verwandt,** adj. समजातीय ।

Arznei, f (-/-en) [lat./griech.] औषधि, दवा, भेषज; ~**kunde,** f (-) औषधिविज्ञान, भेषजिकी; ~**mittel,** n/pl. औषधियाँ, दवाइयाँ ।

Arzt, m (es/ ⸚ e) [lat./griech.] चिकित्सक, हकीम, डॉक्टर, वैद्य ।

ärztlich, adj. चिकित्सकीय, डॉक्टरी; ärztliches Attest डॉक्टरी प्रमाणपत्र ।

As, n (-ses/-se) (Spielkarte) ताश का एक्का; fig: क्षेत्र-विशेष में सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति; fig: er ist ein As in Mathematik वह गणित में सबसे अच्छा है ।

Asbest, m (-es/-e) [griech.] अश्मतंतु, शिलातंतु ।

asch-blond, adj. धूसर-पीत केशों वाला; ~**e,** f (-/-n) भस्म, राख, ख़ाक; fig: in Sack und Asche gehen दीन-हीन दशा में रहना; Friede seiner Asche ! उसकी आत्मा को शांति मिले !; ~**enbahn,** m भस्मावृत मार्ग, राख-बिछा मार्ग; ~**enbecher,** m राखदानी; ~**enbrödel,** n (-s/-) fig: उपेक्षिता या अनादृता युवती; उपेक्षित व्यक्ति; ~**enkrug,** m भस्म-कलश; ~**enputtel,** n (-/-)→Aschenbrödel; ~**er,** m (-s/-)→Aschenbecher; ~**ermittwoch,** m बुधवार जिससे ईस्टर के पूर्व का उपवास-काल प्रारंभ होता है; भस्म-बुधवार; ~**fahl,** adj. भस्मवत्, विवर्ण, फक; ~**grau,** adj. भस्मवर्ण, धूसर; fig: विषण्ण, हतप्रभ, बुझा-बुझा-सा; ~**ig,** adj. राखदार, भस्मपूर्ण ।

äs-en, v/i (h.) मृगों का चरना; ~**er,** m (-s/-) मृग; मृगमुख ।

Asiat, m (-en/-en) एशिया-निवासी, एशियाई; ~**isch,** adj. एशिया का, एशियाई ।

Asien, n (-s) एशिया ।

Aske-se, f (-/-n) [griech.] तपस्या, एकांतवास, विराग, त्याग; ~**t,** m (-en/-en) तपस्वी, एकांतवासी, वैरागी, त्यागी; ~**tisch,** adj. तपस्यापूर्ण, विरागपूर्ण ।

asozial, adj. [lat.] समाजविरोधी, समाजघाती, समाज के सिद्धांतों के प्रतिकूल; ~**ität,** f (-) समाजविरोध ।

Aspekt, m (-[e]s/-e) [lat.] दृष्टिकोण, पक्ष, पहलू ।

Asphalt, m (-[e]s/-e) धूम्रजतु, सड़कें बनाने का मसाला; ~**ieren,** v/t (h.) सड़क पक्की क० ।

Aspirant, m (-en/-en) [lat./frz.] आकांक्षी, प्रार्थी, उम्मीदवार ।

Assel, f (-/-n) [lat.] काष्ठकृमि, लकड़ी का कीड़ा ।

Assessor, m (-s/-en) [lat.] अतिरिक्त अध्यापक या न्यायाधीश, अध्यापक या न्यायाधीश के पद का उम्मीदवार ।

Assimil-ation, f (-/-en) [lat.] सदृशीकरण; स्वांगीकरण; (Anpassung) अनुकूलन; ~**ieren,** v/t (h.) सदृशीकरण क०, सम्मिलित कर लेना ।

Assist-ent, m (-en/-en) [lat.] सहायक, सहकारी; ~**enz,** f (-/-en) साहाय्य, सहकारिता; ~**enzarzt,** m सहायक चिकित्सक; ~**ieren,** v/t (h.) साहाय्य क०, सहयोग देना, का हाथ बटाना ।

Assozi-ation, f (-/-en)[lat.] (Zusammenschluß) संयोजन, संबंध-स्थापन; gedanklich: विचार-संगति; ~**ieren,** v/t (h.) विचार-संगति स्थापित क०; संबंध स्थापित क०, सम्मिलित कर लेना ।

Ast, m (-[e]s/ ⸚ e) शाखा, डाल, डाली; anat: उपांग; U: sich einen Ast lachen हँसते-हँसते दोहरा हो जाना ।

ästen, v/i (h.) शाखाएँ निकलना, शाखित होना ।

Aster, f (-/-n) तारक-फूल ।

Ästhet, m (-en/-en) [griech.] सौंदर्य-संवेदी, सौंदर्योपासक, सौंदर्यवादी; **~ik,** f (-) सौंदर्यशास्त्र, सौंदर्यबोध-शास्त्र; **~isch,** adj. सौंदर्यात्मक, सौंदर्यपरक; सौंदर्यशास्त्रीय; सुरुचि-सम्पन्न; **~izismus,** m (-) सौंदर्यवाद; सौंदर्य-संवेदना।

Asthma, n (-s) [griech.] श्वास-प्रदाह, दमा; **~tiker,** m (-s/-) श्वासरोगी, दमे का रोगी; **~tisch,** adj. दमैल, दमे का, श्वासरोग-संबंधी।

äst-ig, adj. शाखादार, बहुत शाखाओं वाला; ग्रन्थिल, गाँठदार; **~ling,** m (-s/-e) (Schößling) अनुभवहीन व्यक्ति, बच्चा; Vogel: पक्षिशावक।

Ast-loch, n डालों के संधिस्थल की गाँठ; **~los,** adj. बिना गाँठ का।

astral, adj. [griech.] नक्षत्रीय, नाक्षत्रिक।

astrein, adj., U: बिना हेराफेरी या घपले वाला।

Astro-loge, m (-n/-n) [griech.] ज्योतिषी, दैवज्ञ, मौहूर्तिक; **~logie,** f (-) नक्षत्रफल-गणन-विद्या, फलित ज्योतिष; **~logisch,** adj. ज्योतिष-संबंधी, ज्योतिषिक; **~naut,** m (-en/-en) अंतरिक्ष-यात्री; **~nautik,** f (-) अंतरिक्षविज्ञान, अंतरिक्ष-यात्रा-विज्ञान, अंतरिक्षयानिकी; **~nom,** m (-en/-en) खगोलज्ञ, खगोलवेत्ता, नक्षत्रविद्; **~nomie,** f (-) खगोल-विज्ञान, खगोलिकी, नक्षत्रविद्या; **nomisch,** adj. खगोलीय; fig: (sehr groß) बहुत बड़ा, बहुत ऊँचा; **~physik,** f (-) खगोल-भौतिकी, अंतरिक्ष-भौतिकी।

Astwerk, n डालें, शाखाएँ, शाखाजाल।

Äsung, f (-) चराई (मृगों की); चारा, कोंपल आदि।

Asyl, n (-s/-e) [griech.] (Zufluchtsort) शरणस्थल, शरण-स्थान, शरण; Heim: दीनाश्रम, अनाथाश्रम; jdm. Asyl gewähren किसी को शरण देना; **~recht,** n, pol: शरणाधिकार, पनाह का हक़।

Asymmetr-ie, f (-/-n) [griech.] असममिति, असममितता; **~isch,** adj. असममित, असमरूप।

Asymptote, f (-/-n) [griech.] math: अनन्तस्पर्शी रेखा।

Atelier, n (-s/-s) [frz.] शिल्पागार, चित्रनिर्माणशाला।

Atem, m (-s) श्वास, साँस; (Lebenskraft) जीवन-शक्ति, प्राण, दम; fig: der Atem der Freiheit आज़ादी की साँस; Atem holen साँस लेना, दम भरना, दम लेना; Atem schöpfen काम के बीच में थोड़ा सुस्ताना या दम लेना; außer Atem sein हाँफना; jdn. in Atem halten किसी को लगातार व्यस्त रखना; wieder zu Atem kommen फिर से दम लेने या सुस्ताने का अवसर पाना; in einem Atem एक ही साँस में; fig: der Atem der Natur प्रकृति की प्राणशक्ति; **~beraubend,** adj. आश्चर्यचकित कर कर देने वाला, सकपका देने वाला; **~gerät,** n ऑक्सीजन-श्वसन-उपकरण; **~los,** adj. निष्प्राण, निर्जीव, रुद्धश्वास; fig: हाँफता हुआ; **~not,** f साँस फूलना, साँस लेने में कष्ट होना, श्वास-रोध; दम; **~pause,** f दम-भर, अल्पकालिक विराम; **~wege,** pl., anat: श्वासोच्छ्वास-मार्ग; **~zug,** m साँस, श्वास, प्रश्वास।

Atheis-mus, m (-) [griech.] नास्तिक-वाद, निरीश्वरवाद; **~t,** m (-en/-en) नास्तिक, निरीश्वरवादी; **~tisch,** adj. नास्तिक, निरीश्वरवादी।

Äther, m (-s) [griech.] chem: ईथर; poet: व्योम, गगन; वायु।

Athlet, m (-en/-en) [griech.] व्यायाम या खेल का प्रतियोगी, मल्ल, पहलवान; **~isch,** adj. हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा।

Atlant-ik, m (-s) अंधमहासागर, अट-लांटिक महासागर; **~isch,** adj. अंध-महासागरीय।

Atlas, m (-/-'lanten) [griech.] एटलस, भूचित्रावली; o. pl:, anat: शीर्षधर।

atmen, 1. v/i (h.) साँस लेना, प्रश्वसन क०, जीवित होना, जीना; 2. v/t (h.) श्वास के साथ अंदर ले जाना; poet: का आनंद लेना।

Atmosphär-e, f (-/-n) [griech.] (Lufthülle) वायुमंडल, वायुचक्र; phys: वायुदाब; fig: (Umwelt) वातावरण, माहौल; **~isch,** adj. वायुमंडलीय, वातावरण- संबंधी।

Atmung, f (-) श्वसन, प्रश्वसन, श्वासोच्छ्वास; **~sorgane,** n/pl. श्वासोच्छ्वास-इंद्रियाँ।

Atoll, n (-s/-e) मूँगा-टापू, प्रवालद्वीप।

Atom, n (-s/-e) [griech.] परमाणु, कण, सूक्ष्म अंश; **~antrieb,** m परमाणु-शक्ति; **~ar,** adj. परमाण्विक, परमाण्वीय; **~bombe,** f परमाणु-बम, एटम बम; **~energie,** f परमाण्विक ऊर्जा, परमाणु-ऊर्जा; **~isieren,** v/t (h.) कणीकृत क०, परमाणुओं में परिवर्तित क०; **~kern,** m परमाणु-नाभिक; **~kraftwerk,** n परमाणु-ऊर्जा-उत्पादनकेंद्र; **~krieg,** m परमाणु-युद्ध; **~pilz,** m एटम बम के विस्फोट से उत्पन्न धुएं का छत्रक; **~reaktor,** m परमाणु-रिएक्टर; **~waffe,** f परमाणु-अस्त्र; **~zertrümmerung,** f परमाणु-विस्फोट।

atonal, adj. [lat.] mus: विषमतान, बेसुरा।

Atrium, n (s-/-'rien) [lat.] प्रांगण, आँगन; **~haus,** n भवन जिसके बीच में आँगन हो।

Attache, m (-s/-s) [frz.] राजदूत का सहकारी।

Attack-e, f (-/-n) [frz.] आक्रमण, हमला, वार; आक्षेप; **~ieren,** v/t (h.) आक्रमण क०; आक्षेप क०।

Atten-tat, n (-[e]s/-e) [lat.] छलघात, कपटहिंसा का प्रयत्न, हत्या का प्रयत्न; **~täter,** m छलघाती, कपटहिंसक, गुप्त-वधक, हत्या का प्रयत्न करने वाला।

Attest, n (-es/-e) [lat.] (डॉक्टरी) प्रमाण-पत्र; **~ieren,** v/t (h.) प्रमाणित क०।

Attrakt-ion, f (-/-en) [lat.] आकर्षण; आकर्षण की वस्तु; **~iv,** adj. आकर्षक, मनोहर; **~ivität,** f (-) आकर्षकता, मनोहरता।

Attrappe, f (-/-n) [frz.] अनुकृति, नकली मूर्ति, नकली वस्तु; fig: धोखा, जाल।

Attribut, n (-[e]s/-e) [lat.] (Eigenschaft) गुण, विशेषता; (Sinnbild) प्रतीक; gramm: विशेषण।

atypisch, adj. असामान्य।

ätz-en, v/t (h.) अम्ललेखन क०; med: तेज़ाब से दागना या गुलना, तेज़ाब से जलाना, संक्षारित क०; **~er,** m (-s/-) अम्ललेखक; **~ung,** f (-/-en) अम्ललेखन, अम्लांकन; अम्ललेख; संक्षारण, निक्षारण।

au, int. ओह, हाय (पीड़ा-पुकार)।

Au(e), f (-/-(e)n) शाद्वल-स्थली, घास-स्थली, बाँगर, नदी के पास का सुसिंचित मैदान।

Aubergine, f (-/-n) [frz.] बैंगन, भाटा।

auch, 1. konj. भी, एवमपि, और; 2. adv. (ebenfalls) भी, साथ ही; (ebenso) इसी तरह; (wirklich) वास्तव में, वाक़ई; nicht nur. . . sondern auch. . . न केवल. . . वरन् . . .भी; sowohl A als auch B A के साथ B भी, केवल A ही नहीं B भी; wie dem auch sei जो भी हो, जैसा भी हो; was auch immer geschehen mag चाहे जो भी (घटित) हो; ist das auch wahr ? क्या यह वास्तव में सच है ?

Audienz, f (-/-en) [lat.] साक्षात्कार, दर्शन, भेंट।

Auditorium, n (-s/-'rien) [lat.] (Hörsaal) सभा-भवन, श्रवणशाला, श्रोताकक्ष; (Publikum) श्रोतागण, श्रोता-समुदाय।

Auer-hahn, m एक प्रकार का जंगली मुर्गा; **~ochse,** m यूरोपीय वन्य वृषभ, अन्ना बैल।

auf, I. präp. (+dat. & akk.) 1. örtlich: पर, के ऊपर; में; das Buch liegt auf dem Tisch किताब मेज़ पर रखी (या पड़ी) है; legen Sie das Buch auf den Tisch किताब को मेज़ पर रख दीजिए; er wohnt auf dem Land वह देहात में रहता है; in den Ferien fahre ich auf das Land छुट्टियों में मैं देहात जाऊँगा; 2. zeitlich: के लिए, तक; sich auf 10 Jahre verpflichten दस वर्षों के लिए अनुबंधित होना; auf Lebenszeit जीवन भर के लिए, मृत्यु तक; auf Wiedersehen ! फिर मिलने तक (नमस्कार)! ; 3. während: के दौरान, के दरमियान; auf der Jagd शिकार के दरमियान; auf der Reise यात्रा के दौरान; 4. versch: auf Ehre und Gewissen अपनी प्रतिष्ठा और ईमान की क़सम (खा कर); auf gut Glück भाग्य के के सहारे; auf Befehl von के आदेश पर; auf Rechnung von के व्यय पर, के खर्चे पर; auf Grund (aufgrund) von के कारण; के आधार पर; aufs Geratewohl यों ही, विना पूर्वनिश्चय या विना योजना के; aufs beste अच्छी से अच्छी तरह से; aufs neue फिर से; es geht auf 10 Uhr दस वजने वाले हैं; auf Anfrage पूछने पर; auf meine Bitte hin मेरी प्रार्थना के उत्तर में, मेरे निवेदन पर; auf einmal अचानक, एकाएक, अकस्मात्; er will alles auf einmal वह सब कुछ एक वार में ही चाहता है, वह सब का सब एक ही बार में चाहता है; auf diese Art इस प्रकार (से), इस ढंग या तरीके से; auf Englisch अंग्रेज़ी में; U: auf gut Deutsch gesagt स्पष्ट शब्दों में, साफ़-साफ़ शब्दों में, खुले अल्फ़ाज़ में; II. adv. : auf und ab gehen इधर-उधर टहलना; er ist auf und davon वह चुपचाप भाग गया है, वह विना विदाई लिए हुए (या विना दुआ-सलाम के) भाग गया है; III. int. auf ! उठो ! ; आगे बढ़ो ! ; शाबाश ! ; चलो जल्दी करो ! ; auf gehts ! चलो चलते हैं ! ; चलो काम शुरू किया जाए ! ; IV. konj.: auf daß es ihm wohl ergehe ! जिससे कि (या ताकि) उस को कठिनाइयाँ न उठानी पड़ें ।

aufarbeit-en v/t (h.) (कोई काम) पूरा क०; पड़ा हुआ काम निपटाना; (neu herrichten) किसी वस्तु को नये रूप में प्रस्तुत क० या चमकाना या नया-सा वनाना; **~ung,** f (-/-en) पड़े हुए काम का निष्पादन; नवीनीकरण, दुरुस्ती ।

aufatmen, v/i (h.) मुक्ति की साँस लेना, राहत या मुक्ति का अनुभव क० ।

aufbahr-en, v/t (h.) मृत व्यक्ति को अंतिम दर्शन के लिए किसी स्थान पर रखना; **~ung,** f (-/-en) मृत व्यक्ति का अंतिम दर्शन के लिए रखा जाना ।

Aufbau, m (-[e]s/-e-ten); (Errichtung) स्थापना; निर्माण; (Wiederaufbau) पुनर्निर्माण, पुनःरचना; (Überbau) उपरिभवन; अधिरचना; कार आदि का ऊपरी ढाँचा; (Anordnung) विन्यास, क्रम; नाटक आदि की संरचना; **~arbeit,** f पुनर्निर्माण-कार्य, निर्माण-कार्य; **~en,** v/t (h.) (neu bauen) पुनर्निर्माण क०; (errichten) की संरचना क०; auf etw. aufbauen पर आधारित करना ।

aufbäumen, 1. v/t (h.) करघे के तुर पर लपेटना; 2. v/r (h.) पिछले पैरों पर खड़ा होना; fig: विरोध क० ।

aufbauschen, v/t (h.) फुलाना, स्फीत क०; fig: वढ़ा-चढ़ा कर कहना, अतिशयोक्ति क०; →aufgebauscht

Aufbauschule, f उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ।

aufbegehren, v/i (h.) भड़क उठना, जल्दी क्रुद्ध हो जाना; विरोध क०, खिलाफ़त क० ।

aufbehalten, v/t (h.) हैट, टोपी, चश्मा आदि पहने रहना ।

aufbeißen, v/t (h.) दाँत से दबाकर खोलना, दाँतों से(बादाम आदि) तोड़ना ।
aufbekommen, v/t (h.) खोल पाना, खोल सकना; Aufgaben: (घर पर करने के लिए) पाना या मिलना ।
aufbereit-en, v/t (h.) परिमार्जित क०, परिष्कृत क०; कच्ची धातु को धोकर निकालना; तैयार क०; **~ung,** f (-/-en) परिमार्जन, परिष्कार; तैयारी; von Erzen: कच्ची धातु का धोकर निथारा जाना ।
aufbesser-n, v/t (h.) सुधारना; वेतन आदि में वृद्धि क०; **~ung,** f (-/-en) सुधार; वेतनवृद्धि ।
aufbewahr-en, v/t (h.) सँभालकर रखना, हिफ़ाज़त से रखना; **~ung,** f (-/-en) सँभालकर या हिफ़ाज़त से रखा जाना; हिफ़ाज़त से रखने का स्थान ।
aufbiet-en, v/t (h.) प्राख्यापन क०, अभिज्ञापन क०; सभी साधनों को एकत्र करके प्रयोग में लाना; alle seine Kräfte aufbieten अपनी सारी शक्तियों को एकत्र करके लगाना; **~ung,** f (-/-en) (Aufgebot) प्राख्यापन, अभिज्ञापन, सिविल विवाह की पूर्व-सूचना; (Zusammennehmen) शक्तियों, साधनों आदि का एकत्रीकरण या नियोजन; unter Aufbietung aller Kräfte सभी साधनों को लगाकर, पूरी ताक़त लगाकर ।
aufbinden, v/t (h.) ऊपर को बाँधना; खोलना ।
aufblähen, v/t (h.) फुलाना, स्फीत क०, में हवा भरना; fig: sich aufblähen शेखी बघारना, डींग मारना ।
aufblasen, v/t (h.) फुलाना, में हवा भरना; fig: sich aufblasen शेखी बघारना, डींग मारना; →aufgeblasen
aufbleiben, v/i (s.) जागते रहना, सोने न जाना; खुला रहना ।
aufblicken, v/i (h.) ऊपर की ओर देखना, पलक उठाना; fig: zu jdm. aufblicken किसी को श्रद्धा की दृष्टि से देखना ।
aufblitzen, v/t (s./h.) चमक जाना, थोड़ी-सी देर के लिए चमक उठना ।
[1]**aufblühen,** v/i (s.) खिलना, खिल उठना; fig: फलना-फूलना, विकसित होना या हो जाना ।
[2]**Aufblühen,** n (-s) fig: विकास, उन्नति, समृद्धि ।
aufbrauchen, v/t (h.) पूरी तरह उपयोग कर डालना, इस्तेमाल द्वारा समाप्त कर देना ।
aufbrausen, v/i (s.) में बुलबुले उठना; उफन उठना; उमड़ पड़ना; fig: शीघ्र उत्तेजित या क्रुद्ध हो जाना; Beifall brauste auf करतल-ध्वनि गूँज उठी; **~d,** adj., fig: उफन पड़ने वाला, शीघ्र उत्तेजित हो उठने वाला ।
aufbrechen, 1. v/t (h.) तोड़कर खोलना; अनधिकृत रूप से खोलना (पत्र आदि); तोड़ डालना; जानवर का पेट फाड़कर अंतड़ियाँ आदि निकालना; 2. v/i (s.) खुल जाना; फट जाना; टूट जाना; खिल जाना; (starten) चल देना. प्रस्थान क० ।
aufbrennen, 1. v/t (h.) पशुओं को दागना; किसी को गोली मार देना; 2. v/i (s.) जल उठना ।
aufbringen, v/t (h.) खोल सकना, खोल पाना; लाना; लगाना, चढ़ाना; प्रस्तुत क०, सामने लाना; fig: jdn. aufbringen किसी को क्रुद्ध कर देना; Geld: धन आदि का प्रबंध क०; Gerücht: फैलाना; प्रचलित क०; Schiff: परिग्रहण क०, को पकड़कर अपने अधिकार में कर लेना; dazu brachte er keinen Mut auf इसके लिए उसकी हिम्मत नहीं पड़ी, वह इसके लिए हिम्मत नहीं कर सका; →aufgebracht
Aufbruch, m (-[e]s/ ⸚e) प्रस्थान, गमन, यात्रारंभ; शिकार के बाद निकाली गई जानवर की अँतड़ियाँ आदि; im Aufbruch begriffen sein जाने के लिए तत्पर होना ।
aufbrühen, v/t (h.) गरम पानी से झुलसाना; चाय, कॉफ़ी आदि बनाना ।

aufbürden, v/t (h.): jdm. etw. aufbürden किसी पर कुछ थोपना या लादना, किसी के सिर कुछ मढ़ना ।

aufdecken, 1. v/t (h.) आच्छादन या आवरण हटाना; खोलना, खोल कर दिखाना; fig: रहस्योद्घाटन क०, (भेद) खोलना; 2. v/i (h.) मेज़ पर भोजन आदि सजाना ।

aufdrängen, 1. v/t (h.): jdm. etw. aufdrängen किसी को ज़बरदस्ती कुछ थमा देना या दे देना, किसी पर कुछ लादने या थोपने का प्रयत्न क०; 2. v/r (h.) किसी के पीछे पड़ना या पड़ जाना ।

aufdrehen, 1. v/t (h.) घुमाकर ढीला क० या खोलना; घड़ी में चाबी देना; 2. v/i (h.) त्वरित होना, तेज़ी से बढ़ने लगना, वाहन आदि तेज़ चलाना; fig: प्रफुल्लित होना; →aufgedreht

aufdringlich, adj. आग्रही, ज़िद्दी, बहुत पीछे पड़ने वाला; **~keit,** f (-/-en) दृढ़ाग्रह, अतियाचना ।

Aufdruck, m (-[e]s/-e) कार्डों, चित्रों आदि पर छपा लेख; पैड आदि का छपा भाग **~en,** v/t (h.) पर छापना या छाप देना, के ऊपर छापना ।

aufdrücken, v/t (h.) दबाकर खोलना; पर दबाकर रखना, पर छापना; Siegel: लगाना (मोहर) ।

aufeinander, adv. एक दूसरे पर, एक के ऊपर एक; एक के बाद एक, एक दूसरे के बाद; **~folge,** f अनुक्रम, सिलसिला; **~folgen,** v/i (s.) एक के बाद एक का आना या घटित होना, क्रमशः घटित होना; **~prallen/~stoßen,** v/i (s.) एक दूसरे से टकराना; fig: में परस्पर संघर्ष या विरोध होना ।

Aufenthalt, m (-[e]s/-e] (Verweilen) निवास, निवास-काल, टिकना, ठहरना; (Verzögerung) स्थगन, ठहराव या रुकने का समय; **~serlaubnis/ ~sgenehmigung,** f निवास-अनुज्ञा, बिदेशियों के लिए अस्थायी निवास की अनुमति; **~sort,** m रुकने, टिकने या ठहरने का स्थान; **~sraum,** m विनोद-कक्ष, कॉमनरूम ।

auferleg-en, v/t (h.): jdm. etw. auferlegen किसी पर कुछ मढ़ या थोप देना, किसी पर कर, शर्तं आदि लगाना; **~ung,** f (-) थोपा या मढ़ा जाना, लगाया जाना ।

aufersteh-en, v/i (s.) जी उठना, पुनर्जीवित हो जाना; **~ung,** f (-/-en) eccl: ईसा का पुनरुत्थान या मृतोत्थान ।

auferweck-en, v/t (h.) पुनर्जीवित क०; **~ung,** f (-/-en) poet: पुनरुज्जीवन ।

aufessen, v/t (h.) भोजन पूरा खा लेना, जूठन न छोड़ना ।

auffädeln, v/t (h.) पिरोना ।

auffahr-en, 1. v/i(s.) (aufschrecken) चौंक जाना, (घबराकर) उठ खड़ा होना; fig: (zornig werden) क्रुद्ध हो जाना, उबल पड़ना; (Aufstellung nehmen) जुलूस के लिए सुसज्जित वाहनों का आकर खड़ा होना; (Unfall bauen) गाड़ी पर गाड़ी चढ़ा देना; aus Grube: खान से बाहर आना; 2. v/t (h.) वाहन के अधिक प्रयोग से किसी मार्ग को तोड़ देना; (मिट्टी, रेत, सीमेंट आदि को) गाड़ी से लाकर या ले जा कर डालना; U: er ließ Sekt auffahren उसने शैम्पेन (मँगाकर) पिलवाई; **~end,** adj. प्रचंड, उग्र, उत्तेजनशील; **~t,** f (-/-en) हाते की सड़क; (steile Straße) खड़ी ढलान वाली सड़क, पहाड़ पर चढ़ने का रास्ता; (Rampe) रपटा, ढलान; (Festzug) सुसज्जित वाहनों का जुलूस; **~unfall,** m दुर्घटना जिसमें एक गाड़ी दूसरी पर पीछे से टकरा या चढ़ जाए ।

auffall-en, v/i (s.) ध्यानाकर्षक होना, पर अनायास ही नज़र पड़ जाना; असाधारण या अद्भुत होना (जिससे तुरंत नज़र पड़ जाए); **~end,** adj. ध्यानाकर्षक, अद्भुत, असाधारण; प्रादर्शनिक ।

auffällig, adj.→auffallend

auffang-en, v/t (h.) बीच में ही पकड़

या रोक लेना; (festhalten) पकड़ लेना, पकड़ कर हथिया लेना; (zufällig hören) कहीं सुन लेना; ~(s)lager, n शरणार्थी-शिविर।

auffärben, v/t (h.) पर दुबारा रंग चढ़ाना।

auffass-en, v/t (h.) fig: समझना, के रूप में समझना या व्याख्या क०; ich habe das anders aufgefaßt मैंने इसका दूसरा अर्थ निकाला; **~ung,** f (-/-en) (Auslegung) व्याख्या, अर्थ; अनुभूति, बोध; (Meinung) विचार, धारणा, राय; **~ungsgabe,** f बोध-प्रतिभा, अनुभूति-शक्ति, धारणा-शक्ति; **~ungsvermögen,** n अनुभूति-क्षमता, बोधक्षमता।

auffind-en, v/t (h.) पा लेना, खोज निकालना; **~ung,** f (-/-en) खोज निकालना, ढूँढ निकालना।

auffischen, v/t (h.) U: jdn. auffischen किसी को पकड़ लाना या फँसा लाना, किसी को ढूँढ लाना।

aufflackern, v/i (s.) (थोड़ी देर के लिए) भड़क उठना।

aufflammen, v/i (s.) धधकना, से लपटें निकलना; अचानक जल उठना; fig: भड़क उठना।

aufflechten, v/t (h.) की गूँथन खोलना।

auffliegen, v/i (s.) ऊपर को उड़ना या उड़ जाना; Tür: झटके के साथ खुल जाना; (explodieren) विस्फोटित हो जाना; U: jdn. auffliegen lassen किसी की पोल खोल देना (जिससे उसे भारी हानि हो); U: ihr Plan flog auf उसकी योजना विफल हो गई।

aufforder-n, v/t (h.) कुछ करने के लिए प्रार्थना क० या आदेश देना, कुछ करने की चेतावनी देना; zum Tanz: नृत्य के लिए आमंत्रित क०; **~ung,** f (-/-en) (Einladung) निमंत्रण, आमंत्रण (कुछ करने के लिए); (Bitte) प्रार्थना, याचना, निवेदन; (Befehl) आदेश, आज्ञा, हुक्म।

aufforst-en, v/t (h.) वन लगाना, वनरोपण क०; **~ung,** f (-/-en) वनरोपण।

auffressen, v/t (h.) खा डालना, चर डालना।

auffrisch-en, 1. v/t (h.) नया बनाना; चमकाना; ताज़ा क०; 2. v/i (h.): es frischt auf मौसम कुछ ठंडा हो रहा है; der Wind frischt auf वायु तेज़ हो रही है; **~ung,** f (-/-en) नवीनीकरण, ताज़ा क०।

aufführ-en, v/t (h.) theat: मंचस्थ क०; मंच पर प्रस्तुत क०, का अभिनय या प्रदर्शन क०; in Tabelle: में लिखना; दर्ज क०, चढ़ाना, दिखाना (सूची आदि में); sich gut/schlecht aufführen अच्छा/बुरा आचरण क०; **~ung,** f (-/-en) अभिनय, प्रदर्शन, मंचस्थीकरण; o. pl: (Benehmen) आचरण, व्यवहार।

auffüllen, v/t (h.) ऊपर तक भर देना; फिर से भरना; पुनरापूरित क०।

Aufgabe, f (-/-n) (Pflicht) कर्तव्य, फ़र्ज़, ज़िम्मेदारी; (Arbeit) काम, कार्य; (Schulaufgabe) स्कूल का काम, अभ्यास; eines Paketes usw: डाकघर में प्रेषण के लिए देना; पैकिट आदि देने की खिड़की; o. pl: (Verzicht) त्याग; प्रयत्न या चेष्टा का परित्याग; (दूकान आदि की) स्थायी बंदी।

aufgabeln, v/t (h.) काँटे या पाँचे से कोंचकर उठाना; U: jdn. aufgabeln किसी को ढूँढ लाना या पकड़ लाना।

Aufgaben-bereich/~kreis, m कार्यक्षेत्र।

Aufgang, m (-[e]s/ ⸚e) उदय; उत्थान; (Treppe) सीढ़ी, ज़ीना, ऊपर का मार्ग; der Aufgang der Sonne सूर्योदय।

aufgebauscht, adj., fig: अतिरंजित, अतिशयोक्तिपूर्ण।

aufgeben, v/t (h.) (verzichten) त्याग देना, छोड़ देना; (sich geschlagen geben) हार मान लेना, निराश हो जाना; Aufgaben: घर या स्कूल का काम देना; Paket usw: डाकघर की खिड़की पर पैकिट आदि दे देना।

aufgeblasen, adj., fig: दंभी, घमंडी; **~heit,** f (-) fig: दंभ, घमंड, अहंकार, दर्प ।

Aufgebot, n (-[e]s/-e) (Aufbieten) प्रख्यापन, अभिज्ञापन; bei Heirat: रजिस्ट्री-विवाह की सूचना; mil: अनिवार्य भरती, जवरी भरती; das Aufgebot bestellen रजिस्ट्री-विवाह के लिए दरख़्वास्त लगाना ।

aufgebracht, adj., fig: उत्तेजित, क्रुद्ध ।

aufgedreht, adj., fig: प्रफुल्लित ।

aufgedonnert, adj., U: ख़ूब सजा-धजा ।

aufgedunsen, adj. सूजा हुआ, आप्यायित ।

aufgehen, v/i (s.) (sich öffnen) खुल जाना; Teig: उठना; Sonne/Mond: उदित होना, निकलना; Samen: अंकुरित होना, अंकुर निकलना; in etw. aufgehen में मिल जाना, में सम्मिलित हो जाना; के हाथों में चला जाना; fig: (किसी काम) में तल्लीन हो जाना, को किसी काम के अलावा कुछ और न सूझना; 2 geht in 6 auf छः में दो का भाग पूरी तरह चला जाता है, छः में दो से भाग देने पर कुछ भी शेष नहीं वचता ।

aufgehoben, adj. (bewahrt) संरक्षित, जमा, हिफ़ाज़त से रखा हुआ; (abgeschafft) रद्द (किया हुआ); spw: aufgeschoben ist nicht aufgehoben मुल्तवी करने का मतलब मंसूख़ करना नहीं होता है, जो आज नहीं हो रहा है वह फिर कभी हो जाएगा ।

aufgeklärt, adj. (wissend) प्रबुद्ध, प्राप्तज्ञान, ज्ञानोद्दीप्त; (vorurteilslos) पूर्वाग्रहरहित, पक्षपातरहित; **~heit,** f (-) प्रबुद्धता; पूर्वाग्रह-राहित्य, निष्पक्षता ।

aufgeknöpft, adj., fig: आनन्दित, प्रसन्न, उल्लसित ।

aufgelaufen, adj. सूजा हुआ, जिसमें फफोले पड़ गए हों (पैर); die aufgelaufenen Schulden पुंजित ऋण ।

Aufgeld, n (Aufschlag) अतिरिक्त मूल्य, अधिमूल्य; (Agio) मुद्रा-वट्टा ।

aufgelegt, adj. (की) मनोवृत्ति या चित्तवृत्ति में; er ist schlecht aufgelegt वह नाख़ुश है, उसका मूड ख़राब है ।

aufgelöst, adj., fig: अशान्त, विकल, परेशान, घबराया हुआ; sie ist in Tränen aufgelöst वह बुरी तरह रो रही है ।

aufgeräumt, adj., fig: उल्लसित, प्रफुल्लित ।

Aufgesang, m जर्मनी के मध्ययुग की कविताओं का प्रथम भाग ।

aufgeschlossen, adj., fig: पूर्वाग्रहमुक्त, पूर्वाग्रहरहित, उदार, सहिष्णु; **~heit,** f (-) पूर्वाग्रह-राहित्य, उदारता, सहिष्णुता ।

aufgeschmissen, adj., U: परेशान, किंकर्तव्यविमूढ़ ।

aufgeschossen, adj.: ein lang aufgeschossener Mensch लम्बा-तड़ंगा व्यक्ति, बहुत लम्बे क़द का व्यक्ति ।

aufgeweckt, adj., fig: चतुर, होशियार, तीक्ष्णमति, व्युत्पन्नमति; **~heit,** f (-) चातुर्य, होशियारी, तीक्ष्णमतित्व ।

aufgeworfen, adj., Lippen: थूथन जैसे या लटके हुए (होंठ) ।

aufgießen, v/t (h.) Tee: चाय की पत्तियों पर गरम पानी डालना ।

aufglieder-n, v/t (h.) विभाजित क०, उपविभाजित क०; विन्यास क०; वाक्य-विच्छेद क०; **~ung,** f (-/-en) विभाजन, उपविभाजन; विन्यास; वाक्य-विच्छेद ।

aufgreifen, v/t (h.) jdn. aufgreifen किसी को पकड़ लेना; fig: ein Thema aufgreifen किसी विषय को आगे वढ़ाना ।

Aufguß, m (-'sses/ ¨ 'sse) जलसेक, निषेक, फाँट ।

aufhaben, 1. v/t (h.) हैट या चश्मा पहने होना; U: er hat die Tür auf उसका दरवाज़ा खुला है; 2. v/i (h.): das Geschäft hat auf दूकान खुली है ।

aufhaken, v/t (h.) के हुक खोलना ।

aufhalsen, v/t (h.): jdm. etw.

aufhalsen किसी पर कुछ थोपना या लादना, कोई काम किसी के सिर पर डाल देना।

aufhalten, v/t (h.) Tür: खुला रखना; jdn. aufhalten किसी को जाने न देना, किसी को रोके रखना; किसी का समय बरबाद क०; sich mit etw. aufhalten किसी काम में व्यस्त रहना, किसी काम में लगे रहना; sich über etw. aufhalten किसी बात या वस्तु की निंदा या भर्त्सना क०; wo hält er sich jetzt auf? वह आज-कल या अब कहाँ है? वह आजकल कहाँ ठहरा है?

aufhäng-en, v/t (h.) टाँग देना, लटका देना; फाँसी देना; sich aufhängen फाँसी लगा लेना; U: jdm. etw. aufhängen किसी को कोई अवांछित या बेकार वस्तु थमा देना; किसी के सिर कुछ मढ़ देना; **~er,** m (-s/-) (Schlaufe) टँगनी; fig: अत्याकर्षक विषयवस्तु, सनसनीख़ेज़ समाचार; **~ung,** f, tech: आलम्बन।

aufhäufen, v/t (h.) को ढेरों में एकत्रित क०; जोड़ कर रखना, एकत्रित क०, इकट्ठा क०।

[1]**aufheben,** v/t (h.) उठाना, ऊपर को उठाना, उठा लेना, उठा देना; (auf-bewahren) सँभाल कर रखना, हिफ़ाज़त से रखना; (abschaffen) रद्द कर देना, मंसूख़ क०; का उन्मूलन क० या कर देना; (beenden) समाप्त क० या कर देना, ख़त्म क० या कर देना।

[2]**Aufheben,** n (-s): viel Aufhebens von etw. machen किसी बात का झमेला खड़ा कर देना।

Aufhebung, f (-) निराकरण, अभिशून्यन, रद्द क०; उन्मूलन, समाप्ति।

aufheiter-n, v/t (h.): jdn. aufheitern किसी को ख़ुश कर देना; किसी को ढाढ़स बँधाना; das Wetter heitert sich auf मौसम साफ़ हो रहा है; **~ung,** f (-) प्रसन्न क०; ढाढ़स बँधाना; met: मौसम का साफ़ होना।

aufhelfen, v/t (h.): jdm. aufhelfen किसी को सहारा देकर खड़ा क०।

aufhell-en, v/t (h.) चमकीला बनाना fig: (klären) स्पष्टीकरण क०, (छिपे तथ्यों पर) प्रकाश डालना; es hellt sich auf मौसम साफ़ हो रहा है; **~ung,** f (-/-en) चमकीला बनाना; स्पष्टीकरण; met: मौसम का साफ़ होना।

aufhetz-en, v/t (h.) भड़काना, उभाड़ना, उकसाना, आंदोलित क०; **~ung,** f (-/-en) भड़काया जाना, उकसाया जाना।

aufholen, 1. v/t (h.) Segel: पाल ऊपर खींचना या चढ़ाना; नुक़सान या देर आदि को पूरा कर लेना; 2. v/i (h.) आगे दौड़ने या चलने वाले के समीप पहुँच जाना, आगे वाले के बराबर पहुँच जाना या आ जाना।

aufhorchen, v/i (h.) अचानक ध्यान-पूर्वक सुनने लगना।

aufhören, v/i (h.) रुक जाना, बंद हो जाना; समाप्त हो जाना; किसी काम को बंद कर देना; U: da hört (sich) doch alles auf! यह तो हद हो गई!

aufjagen, v/t (h.) चौंका देना, घबरा देना।

aufjauchzen, v/i (h.) प्रसन्नता से चीख उठना।

Aufkauf, m (-s/⸚e) अधिक मात्रा में क्रय, बड़े पैमाने की ख़रीद; **~en,** v/t (h.) बड़े पैमाने पर ख़रीदना, अधिक मात्रा में क्रय क०; सारा माल ख़रीद लेना।

Aufkäufer, m (-s/-) बड़े पैमाने पर ख़रीदने वाला।

aufklappen, v/t (h.) खोलना।

aufklär-en, v/t (h.) को स्पष्ट क०, सुलझाना, पर प्रकाश डालना; jdn. aufklären किसी का अज्ञान मिटाना, किसी को किसी विषय की जानकारी देना; Kind: (बालक को) यौन-शिक्षा

देना; Flüssigkeit: को निर्मल बनाना; mil: शत्रु की चौकियों आदि का पता लगाना, शत्रु की गतिविधि का निरीक्षण क०; ~er, m (-/-) प्रबोधक, ज्ञानोद्दीपक; mil: शत्रु की गतिविधि का निरीक्षण करने वाला व्यक्ति या वायुयान; ~erisch, adj. प्रबोधक; ख़ुफ़िया, शत्रु की गतिविधि के निरीक्षण से संबंधित; ~ung, f (-/-en) (Klärung) स्पष्टीकरण; सुलझाया जाना या हल किया जाना; प्रबोधन; eines Kindes: (बालक की) यौन-शिक्षा; mil: शत्रु की गतिविधि का निरीक्षण; Epoche: जर्मन-साहित्य का प्रबोधन-काल।

aufklauben, v/t (h.) बीनना, बीन कर एकत्र क०।

aufkleb-en, v/t (h.) पर चिपकाना; **~er,** m (-s/-) लेबल, चिप्पा, लेपपत्र।

aufknöpfen, v/t (h.) के बटन खोलना; →aufgeknöpft

aufknüpfen, v/t (h.) की गाँठ खोलना; U: jdn. aufknüpfen किसी को फाँसी देना।

aufkochen, 1. v/i (s.) उबलना, में उबाल आना, उबलने लगना; 2. v/t (h.) उबालना, में उबाल आने देना।

[1]**aufkommen,** v/i (s.) (entstehen) बनना, उत्पन्न होना, पैदा होना; सामने आना, खड़ा होना; आना, प्रचलित होना; (genesen) स्वस्थ होना; fig: für etw. aufkommen किसी ख़र्च की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेना; किसी वस्तु या बात के लिए व्यय क०; fig: gegen jdn. aufkommen किसी का मुक़ाबला कर सकना; किसी का विरोध कर सकना; ein Sturm kommt auf तूफ़ान आने वाला है।

[2]**Aufkommen,** n (s-) (Erscheinen) प्रकट होना, सामने आना; (Entstehen) उत्पन्न होना, पैदा होना, खड़ा होना; (Genesung) आरोग्य-लाभ, स्वास्थ्य-लाभ; Steuer: राजस्व, मालगुज़ारी, राज्यकर।

aufkratzen, v/t (h.) खरोंच देना, खरोंच मार देना।

aufkrempeln, v/t (h.) Ärmel: आस्तीन चढ़ाना।

aufkreuzen, v/i (s.) U: आना, आ पहुँचना, आ टपकना।

aufkriegen, v/t (h.) →aufbekommen

aufkündigen, v/t (h.) →kündigen

auflachen, v/i (h.) हँस पड़ना, हँस उठना।

aufladen, v/t (h.) पर लादना; el: चार्ज क०, आवेशित क०; fig: jdm. etw. aufladen किसी पर कुछ लाद देना या थोप देना।

Auflage, f (-/-n) आदेश, निदेश, व्यादेश; (Bedingung) शर्त; (Stütze) पीठिका, टेक; (obere Schicht) ऊपरी परत; कुर्सी आदि की गद्दी; (Edition) संस्करण **~nhöhe,** f किसी संस्करण की प्रतियों की संख्या।

auflandig, adj., Wind: समुद्र से आने वाली (हवा)।

auflass-en, v/t (h.) U: (offen lassen) खुला रहने देना, खुला छोड़ देना; U: (aufbehalten) हैट या चश्मा पहने रहना; Bergwerk: खान में काम बंद कर देना; jur: अभिहस्तांतरण क०; **~ung,** f (-/-en) (Stillegung) खान आदि की बंदी; jur: अचल सम्पत्ति का अभिहस्तांतरण।

auflauern, v/t (h.): jdm. auflauern किसी की घात में बैठना।

Auflauf, m (-[e]s/ ⸗e) von Menschen: भीड़, रेलपेल; Speise: हलुए की भाँति का हल्का भोजन; **~en,** 1. v/t (h.) U: Füße: बहुत चलना (जिससे पैर सूज जाएँ); 2. v/i (s.) (sich häufen) इकट्ठा हो जाना, पुंजित हो जाना; Flut: बाढ़ आना, बढ़ना; Schiff: (जहाज़ का) जलमग्न चट्टान या सैकत से टकरा जाना।

aufleben, v/i (s.) जी उठना, फिर से प्रसन्नचित्त हो जाना; फिर से जाग

उठना (घृणा, द्वेष आदि का)।
auflegen, v/t (h.) पर रखना; खोलकर रखना; Bücher: प्रकाशित क०; tel: रिसीवर रखकर टेलीफ़ोन बंद कर देना; kfm: Anleihen: (किसी योजना के) ऋण-पत्रों को बेचना प्रारंभ क०।
auflehn-en, 1. v/t (h.) के सहारे टिकाना, पर टिकाना; 2. v/r (h.) fig: का विरोध क०; पर रोष प्रकट क०; **~ung,** f (-/-en) विरोध; विद्रोह; रोष।
auflesen, v/t (h.) (aufheben) उठा लेना, उठाकर एकत्र क०, बीन लेना, चुन लेना; (zufällig bekommen) इत्तफ़ाक से प्राप्त कर लेना, को इत्तफ़ाक से मिल जाना; fig: संयोगवश सुन लेना, कहीं सुन कर याद कर लेना (मुहावरे, शब्द आदि); U: jdn. auflesen संयोगवश मिल गए किसी व्यक्ति को साथ ले आना।
aufleuchten, v/i (h.) चमक उठना।
aufliegen, 1. v/i (h.) पड़ा होना; खुला पड़ा होना; ein Schiff liegt auf जहाज़ बेकार पड़ा है (प्रयोग के योग्य नहीं है); 2. v/r (h.) पड़े-पड़े शरीर में दर्द होने लगना।
auflisten, v/t (h.) की सूची बनाना, को सूची में लिखना या अंकित क०।
auflocker-n, v/t (h.) ढीला क०, ढील देना; मिट्टी को भुरभुरा क०; fig: मनोरंजक बनाना, रोचक बनाना।
auflodern, v/i (s.) धधक उठना, भड़क उठना।
auflös-en, v/t (h.) ढीला क०, खोलकर अलग क०; समाप्त क०; संबंध-विच्छेद क०; रद्द क०; का हल निकालना; in Flüssigkeit: घोलना; Verlobung: मँगनी तोड़ना; →aufgelöst; fig: es hat sich in Wohlgefallen aufgelöst यह (झंझट या बात) अपने आप समाप्त हो गई; U: er hat sich in Luft aufgelöst वह ऐसा ग़ायब हुआ जैसे गधे के सिर से सींग; **~ung,** f (-/-en) (Beendigung) समाप्ति; संबंध-विच्छेद; (Außerkraftsetzung)अभिशून्यन, रद्द क०; Zerfall in Flüssigkeit: विलयन, द्रवण; घोल; fig: (Klärung) समस्या का हल या समाधान।
aufmach-en, 1. v/t (h.) (öffnen) खोलना; ein Geschäft: कोई दूकान खोलना; (zurecht machen) सुसज्जित क०, सजाना; 2. v/r (h.) चलने लगना, चल निकलना; **~ung,** f (-/-en) बाह्य सज्जा, पैकिंग आदि; eines Menschen: रूप-सज्जा, बनाव-शृंगार।
Aufmarsch, m (-[e]s/ ⁼e) (Festzug) शोभायात्रा, जुलूस; mil: अभिमुख-प्रयाण, मार्चपास्ट; युद्ध के लिए सेना का एकत्रीकरण; **~ieren,** v/i (s.) मार्चपास्ट क०; युद्ध आदि के लिए एकत्र होना।
aufmerk-en, v/i (h.) दत्तचित्त होना, ध्यान देना, ध्यान से सुनना; **~sam,** 1. adj. दत्तचित्त; सचेत, सावधान; (höflich) विनम्र, सुशील; jdn. auf etw. aufmerksam machen किसी का ध्यान किसी बात की ओर आकर्षित क०; 2. adv.: aufmerksam zuhören दत्तचित्त होकर सुनना; **~samkeit,** f (-/-en) o.pl: (Konzentration) दत्तचित्तता, एकाग्रता; (Gefälligkeit) उपहार, प्रीतिदान, भेंट; (Zuvorkommenheit) शिष्टाचार, आदर-सत्कार, तवज्जह, विनम्रतापूर्ण व्यवहार।
aufmöbeln, v/t (h.) U: jdn. aufmöbeln किसी को फिर से प्रसन्नचित्त कर देना, किसी की हिम्मत बढ़ा देना।
aufmucken, v/i (h.) U: का विरोध क०, की खिलाफ़त क०।
aufmunter-n, v/t (h.) : jdn. aufmuntern किसी को प्रसन्नचित्त कर देना, किसी की हिम्मत बढ़ाना; **~ung,** f (-/-en) प्रोत्साहन, प्रेरणा, बढ़ावा।
aufmüpfig, adj., U: हठी, ज़िद्दी।
aufnähen, v/t (h.) पर सी देना या टाँक देना।
Aufnahme, f (-/-n) (Empfang)

स्वागत, सत्कार; (das Aufnehmen) लेना; हाथ में लेना, प्रारंभ क०; ग्रहण क०; सोख लेना, हृदयंगम क०, अंगीकार क०; (das Wahrnehmen) समझ लेना; (Zulassung) प्रवेश, भरती, दाख़िला; eines Protokolls: नोट कर लेना, लिख लेना; in Register: पंजी या रजिस्टर में दर्ज कर लेना; als Mitglied: सदस्य बना लेना, सदस्य की तरह स्वीकार कर लेना; von Essen: सेवन; von Geld: ऋण या कर्ज़ लेना; eines Geländes: सर्वेक्षण; phot: चित्र, फ़ोटो, छायाचित्र; फ़िल्म या चलचित्र बनाना; Tontechnik: रेकॉर्ड, ध्वनि-अभिलेख; ध्वनि-अभिलेखन; sein Buch hat eine gute Aufnahme gefunden उसकी किताब लोगों को बहुत पसंद आई; sie fand bei ihren Schwiegereltern eine freundliche Aufnahme ससुराल में उसका अच्छा स्वागत-सत्कार हुआ, ससुराल वालों ने उसे अच्छी तरह रखा; er hat in einer guten Schule Aufnahme gefunden उसे एक अच्छे विद्यालय में प्रवेश मिल गया; ~**fähig,** adj. (आशु) ग्राही, तेज़ दिमाग़ का, कुशाग्र; chem: शोषणक्षम; ~**fähigkeit,** f (-) आशुग्राहिता; chem: शोषणक्षमता; ~**prüfung,** f प्रवेश-परीक्षा; ~**studio,** n चलचित्र-निर्माणशाला, स्टूडियो; ~**vermögen,** n ग्रहणशीलता, किसी बात को समझने की क्षमता।

aufnehmen, v/t (h.) लेना, ले लेना, स्वीकार क०; (hoch heben) उठा लेना; एकत्र कर लेना; (jdn. beherbergen) किसी को शरण देना, किसी को अपने यहाँ रख लेना; als Mitglied: सदस्य बना लेना; (photographieren) छायाचित्र या फ़ोटो बनाना; auf Band: रेकॉर्ड क०, ध्वनि-अभिलेखन क०; Geld: ऋण लेना; Essen: सेवन क०; (beginnen/fortsetzen) प्रारंभ क०/आगे बढ़ाना; हाथ में लेना (किसी काम को); (niederschreiben) लिख लेना; (aufsaugen) सोख लेना; geistig: समझ लेना; Gelände: सर्वेक्षण क०; Bestand: स्टॉक लेना; (zulassen) दाख़िल कर लेना, प्रवेश दे देना; fig: es mit jdm. aufnehmen किसी का मुक़ाबला क०, किसी से बराबरी क०; Maschen aufnehmen (बुनाई में) फंदा उठाना; er nahm jedes seiner Worte in sich auf उसने उसके हर शब्द को हृदयंगम कर लिया।

aufnötigen, v/t (h.) : jdm. etw. aufnötigen किसी को ज़बरदस्ती कुछ थमा देना या दे देना।

aufopfer-n, v/t (h.) बलिदान क०, आत्मत्याग क०; sich für jdn. aufopfern किसी के लिए आत्मत्याग क०, अपना ध्यान न करते हुए किसी की सेवा में रत हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) बलिदान, आत्मत्याग; निष्ठा, अनुरक्ति।

aufpacken, v/t (h.) पैकिंग आदि खोलना; पर लादना।

aufpäppeln, v/t (h.) ख़ूब खिलाना-पिलाना; लाड़-प्यार से पालना।

aufpass-en, v/i (h.) ध्यान देना, होशियार रहना; पहरा देना; auf jdn. aufpassen किसी पर नज़र रखना, किसी की निगरानी या देखभाल क०; ~**er,** m (-s/-) पहरेदार; निगरान।

aufpflanzen, v/t(h.) (aufrichten) खड़ा क०; (झंडा आदि) गाड़ना; (aufpfropfen) पौधों में क़लम लगाना; U: sich vor jdm. aufpflanzen किसी के आगे अकड़कर बैठना।

aufplatzen, v/i (s.) फट जाना, अंदरूनी दबाव के कारण खुल जाना।

aufplustern, v/t (h.) पंख खड़े क०, पंख फैलाना; fig: sich aufplustern शेख़ी बघारना।

aufpolieren, v/t (h.) चमकाना; fig: U: Kenntnisse aufpolieren ज्ञान को ताज़ा क० या बढ़ाना।

aufpolstern, v/t (h.) पर गद्दी आदि लगाना, गद्दी आदि की मरम्मत क०।

Aufprall, m (-[e]s/-e) टक्कर, संघात;

~en, v/i (s.) से टकराना, से टक्कर खाना ।

Aufpreis, m (-es/-e) अतिरिक्त मूल्य, अधिमूल्य ।

aufprobieren, v/t (h.) हैट या चश्मे को पहनकर देखना ।

aufpulvern, v/t (h.) fig: jdn. aufpulvern किसी की हिम्मत वढ़ाना; किसी को उद्दीपित क० ।

aufpumpen, v/t (h.) पम्प से हवा भरना ।

aufputschen, v/t (h.) भड़काना, उकसाना; उद्दीपित क० ।

Aufputz, m (-es) अतिरंजित शृंगार या सज्जा; **~en,** v/r (h.) U: वहुत अधिक शृंगार क० ।

aufquellen, v/i (s.) नमी से फूल जाना ।

aufraffen, 1. v/t (h.) झपटकर उठाना, पर झपटना (उठाने के लिए); 2. v/r (h.) कुछ करने के लिए स्वयं को मजवूर क०, कुछ करने के लिए अपना सारा दम लगा देना ।

aufragen, v/i (h.) ऊपर की ओर निकला हुआ होना ।

aufrappeln, v/r (h.) पुनः स्वस्थ हो जाना ।

aufrauhen, v/t (h.) खुरदरा वनाना ।

aufräum-en, v/t (h.) ढंग से रखना; साफ़ क० ; सजाना; fig: mit etw. aufräumen किसी वात को समाप्त कर देना; fig: die Krankheit hat unter der Bevölkerung aufgeräumt बीमारी के प्रकोप से वहुतों की जान चली गई; →aufgeräumt; **~ung,** f (-) ढंग से रखा जाना, सफ़ाई; **~ungsarbeiten,** f/pl. सफ़ाई का काम ।

aufrechn-en, v/t (h.) का हिसाव वरावर क० ; शेष या बक़ाया का भुगतान क०, हिसाब बेबाक़ क०; **~ung,** f (-/-en) हिसाब की वेबाक़ी ; क्षतिपूर्ति, मुआवज़ा ।

aufrecht, adj. सीधा, खड़ा; fig: (ehrenhaft) ईमानदार, सच्चा; **~erhalten,** v/t (h.) वनाए रखना, क़ायम रखना ।

aufreg-en, v/t (h.) उत्तेजित क०; घवरा देना; को गुस्सा दिलाना; sich aufregen उत्तेजित होना; घवरा जाना; गुस्सा होना; **~end,** adj. उत्तेजक, घवरा देने वाला; औत्सुक्यवर्धक, सनसनीख़ेज़; **~ung,** f (-/-en) उत्तेजना, घवराहट, हड़वड़ाहट; सनसनी ।

aufreib-en, v/t (h.) रगड़कर छील देना (खाल आदि); थका देना, परिश्रांत कर देना; नष्ट कर देना, का सफ़ाया कर देना; **~end,** adj. थकाने वाला, परिश्रांत करने वाला ।

aufreihen, v/t (h.) एक पंक्ति में खड़ा क० या रखना; पिरोना ।

aufreißen, 1. v/t (h.) फाड़कर खोलना, उधेड़ना; खोदना, खोदकर उखाड़ना; fig: (आँखें या मुँह) फाड़ना; 2. v/i (s.) खुल जाना; फट जाना, चटक जाना, दरक जाना; उधड़ जाना ।

aufreiz-en, v/t (h.) उत्तेजित क०, भड़काना, उकसाना; **~end,** adj. उत्तेजक; **~ung,** f (-/-en) उत्तेजना, उकसावा ।

aufrichten, v/t (h.) ऊपर को उठाना, खड़ा क०; स्थापित क०; fig: jdn. aufrichten किसी को ढाढ़स बँधाना ।

aufrichtig, adj. ईमानदार, सच्चा, सत्यनिष्ठ; अकृत्रिम; **~keit,** f (-) ईमानदारी, सचाई, सत्यनिष्ठा; अकृत्रिमता ।

aufriegeln, v/t (h.) चटखनी खोलना, चटखनी खींचकर खोलना ।

Aufriß, m (-'sses/-'sse) रेखाचित्र; रूपरेखा; ढाँचा; संक्षिप्त विवरण ।

aufritzen, v/t (h.) चीरा लगाना, चीरा लगाकर खोल देना ।

aufrollen, v/t (h.) चर्खी आदि पर चढ़ाना; चर्खी आदि से उतारना; गोल किए काग़ज़ आदि को खोलना; fig: (किसी मामले की) पूरी छानबीन क०; mil: बगली आक्रमण द्वारा दुश्मन को पीछे हटाना ।

aufrücken, v/i (s.) आगे बढ़ना, अग्रसर होना; पदोन्नति पाना।
Aufruf, m (-[e]s/-e) आह्वान, पुकार, निवेदन; von Geld: विमुद्रीकरण की सूचना; **~en,** v/t (h.) नाम लेकर पुकारना; किसी काम के लिए आह्वान क०; विमुद्रीकरण क० या उसकी सूचना देना।
Aufruhr, m (-s/-e) (Tumult) उपद्रव, हंगामा, खलबली; (Erhebung) विद्रोह, ग़दर; fig: (innere Unruhe) मानसिक क्षोभ।
aufrühr-en, v/t (h.) fig: खलबली या हंगामा मचा देना; उत्तेजित क०, क्षोभ उत्पन्न क०; पुरानी बातों या यादों को जाग्रत क०; **~er,** m (-s/-) उपद्रवी, विद्रोही, विप्लवी, बाग़ी; **~erisch,** adj. विद्रोहपूर्ण, बग़ावत का, भड़काने वाला; विप्लवग्रस्त।
aufrunden, v/t (h.) किसी संख्या के इकाई के अंक को शून्य बना देना तथा दहाई के अंक को एक से बढ़ा देना।
aufrüst-en, 1. v/t (h.) पाड़ लगाना; 2. v/i (h.) mil: पुनरस्त्रीकरण क०; **~ung,** f (-/-en) पाड़ लगाना; mil: पुनरस्त्रीकरण।
aufrütt-eln, v/t (h.) fig: हिला देना, खलबली मचा देना; **~(e) lung,** f (-/-en) खलबली।
aufsag-en, v/t (h.) रटी हुई कविता आदि सुनाना; (संबंध-विच्छेद) की सूचना देना; **~ung,** f (-/-en) संबंध-समापन की सूचना।
aufsammeln, v/t (h.) उठा लेना, उठाकर इकट्ठा कर लेना।
aufsässig, adj. विद्रोही; अड़ियल, ज़िद्दी; अपकारी, विरोधी; **~keit,** f (-) विद्रोह; ज़िद; विरोध।
Aufsatz, m (-es/ ⸚e) निबंध, प्रबंध; (Aufbau) ऊपरी संरचना, ऊपरी भाग, ऊपरी तामीर; ऊपर रखी गई वस्तु।
aufsaugen, v/t (h.) सोख लेना; fig: etw. in sich aufsaugen किसी बात को हृदयंगम कर लेना।
aufschauen, v/i (h.)→aufblicken
aufscheuchen, v/t (h.) चौंका देना, डरा देना, डरा कर भगा देना।
aufscheuern, v/t (h.) रगड़कर छील देना (खाल आदि)।
aufschicht-en, v/t (h.) एक के ऊपर एक रखना, का ढेर लगाना; geol: स्तरीकरण क०; **~ung,** f (-/-en) स्तरीकरण, स्तरविन्यास।
aufschieb-en, v/t (h.) खिसकाकर खोलना, सरकाकर खोलना; fig: (verschieben) विलम्बित क०, स्थगित क०, मुल्तवी क०; **~ung,** f (-/-en) विलम्बन, स्थगन, मुल्तवी।
aufschießen, v/i (s.) (hochfahren) अचानक ऊपर को उठना, उठ पड़ना; Saat: के अंकुर निकलना; का तेज़ी से बढ़ना; →aufgeschossen
Aufschlag, m (-[e]s/ ⸚e) (Aufprall) टक्कर, संघात, संघट्ट; (Preiserhöhung) मूल्यवृद्धि, अधिमूल्य, अधिशुल्क; an Hose: पतलून की मोहरी का मुड़ा हुआ पट्टा; beim Tennis: खिलाड़ी की गेंद फेंकने की बारी; **~en,** 1. v/t (h.) प्रहार द्वारा खोलना, तोड़ना, फोड़ना; पर ठोंकना; ऊपर को मोड़ना; खोलना; गाड़ना, (तम्बू) लगाना; 2. v/i (s.) से टकराना; (टेनिस में) सर्विस क०; का मूल्य बढ़ना; ऊपर को बढ़ना या उठना।
aufschlitzen, v/t (h.) चीरा लगाकर खोलना, में दरार डालना।
aufschluchzen, v/i (h.) सिसक उठना, अचानक सिसकियाँ भरने लगना।
Aufschluß, m (-'sses/ ⸚'sse) (Klärung) स्पष्टीकरण; व्याख्या; जानकारी; geol: अयस्क या खनिज-युक्त प्रस्तर प्राप्त होने का स्थान।
aufschlüsseln, v/t (h.) नियम-विशेष के अनुसार उपविभाजित क०; कूट खोलना, कूटानुवाद क०।
aufschlußreich, adj. स्पष्ट, सविवरण, जिससे जानकारी मिले।
aufschnappen, 1. v/i (s.) (स्वचालित

ताले का) खुल जाना; 2. v/t (h.) झपट कर मुँह से पकड़ लेना; fig: कहीं से सुन लेना।

aufschneid-en, 1. v/t (h.) काटकर खोलना; कतलों में काटना; 2. v/i (h.) शेखी बघारना, डींग मारना; **~er,** m (-s/-) शेखीख़ोर, डींग मारने वाला, लम्बी-चौड़ी हाँकने वाला; **~erei,** f (-) शेखीख़ोरी, डींगबाज़ी; **~erisch,** adj. शेखी भरा, अतिरंजित।

Aufschnitt, m (-[e]s) ठंडे मांस के कतले।

aufschnüren, v/t (h.) डोरे आदि से बाँधना; बँधा हुआ डोरा या फ़ीता आदि खोलना।

aufschrauben, v/t (h.) पेंच के द्वारा कसना; पेंच खोलना।

aufschrecken, 1. v/i (s.) चौंक जाना, चौंक कर उठ पड़ना; 2. v/t (h.) चौंका देना, चौंका कर भगा या उठा देना।

Aufschrei, m (-[e]s/-e) चीत्कार, चीख, पुकार।

aufschreibcn, v/t (h.) लिखना, लिख लेना, नोट क०, नोटकर लेना।

aufschreien, v/i (h.) चिल्ला उठना, चीख पड़ना।

Aufschrift, f (-/-en) (Beschriftung) लेबल, चिप्पे आदि पर का लेख; auf Briefen: पता; (Inschrift) उत्कीर्ण लेख, शिलालेख, मुद्रालेख।

Aufschub, m (-[e]s/ ⸚e) विलम्बन, स्थगन, मुल्तवी।

aufschürfen, v/t (h.) खाल छील देना।

aufschütteln, v/t (h.) हिलाकर या झटका देकर ढीला क०।

aufschütt-en, v/t (h.) पर डालना, पर जमा क०, बाँध आदि बनाने के लिए भराई क०; गिरा देना, ढरका देना; **~ung,** f (-/-en) भराव, बाँध; geol: बालू या मिट्टी आदि का जमाव।

aufschwatzen, v/t (h.) U: jdm. etw. aufschwatzen किसी को कुछ लेने या ख़रीदने के लिए फुसला लेना, किसी को फुसलाकर कुछ ख़रीदने के लिए राज़ी कर लेना।

aufschwemm-en, 1. v/i (s.) फूल जाना; मिट्टी का मुलायम हो जाना या कीचड़ बन जाना; 2. v/t (h.) फुलाना, मुलायम क०; ein aufgeschwemmtes Gesicht सूजा हुआ चेहरा; **~ung,** f (-/-en) फूल जाना; मुलायम हो जाना या किया जाना; des Körpers: सूजन, शोथ; मुटापा।

aufschwingen, v/r (h.) ऊपर को उठना या उड़ना; U: sich (zu etw.) aufschwingen बहुत टालमटोल या सोच-विचार के बाद कुछ करने का निर्णय क०।

Aufschwung, m (-[e]s/ ⸚e) sport: पेंग, हिलकोरा, ऊपर की ओर को दोलन; (Hochstimmung) उत्साह, उल्लास; Konjunkturphase: व्यापार-उत्कर्ष, गरमबाज़ारी।

[1]**aufsehen,** v/i (h.)→aufschauen

[2]**Aufsehen,** n (-s) उत्तेजना; हलचल, सनसनी; **~erregend,** adj. सनसनीखेज़, हलचल मचा देने वाला; उत्तेजना पैदा करने वाला, आपत्तिजनक।

Aufseher, m(-s/-) अध्यवेक्षक, निरीक्षक; अभिभावक; निगरान, पहरेदार।

aufsein, v/i (s.) खुला होना; जागते होना, जाग रहा होना।

aufsetzen, 1. v/t (h.) पर रखना, से जोड़ना; पर चढ़ाना; पर ऊपर से लगाना; sich aufsetzen उठकर बैठना; Speisen: पकाने के लिए आग पर चढ़ाना; Brief/Rede: की रूपरेखा तैयार क०; U: einen Dickkopf aufsetzen ज़िद्दी हो जाना, ज़िद क०; 2. v/i (h.) Flugzeug: उतरना, अवतरित होना, ज़मीन छूना।

Aufsicht, f (-/-en) (Draufsicht) किसी वस्तु का शीर्षदृश्य, ऊँचाई से दृष्टिपात किए जाने पर दिखने वाला रूप; ऊपर से दृष्टिपात; o. pl: (Überwachung) अभिभावकत्व, देख-भाल, निगरानी; निरीक्षकत्व; निरीक्षण;

~sbeamte, m निरीक्षण करने वाला अधिकारी, पर्यवेक्षक; ~sbehörde, f पर्यवेक्षी-संस्था, निरीक्षण करने वाली संस्था; ~srat, m, kfm: पर्यवेक्षी-समिति; पर्यवेक्षी-समिति का सदस्य।

aufsitzen, v/i (s., h.) पर बैठना, (घोड़े, साइकिल आदि) पर चढ़ना; सोने न जाना, (जागते हुए) बैठे रहना; U: jdm. aufsitzen किसी से धोखा खा जाना; sie hat die ganze Nacht aufgesessen वह सारी रात बैठी रही (सोई नहीं)।

aufspalt-en, v/t (h.) चीर देना; विभाजित कर देना, विखंडित कर देना; ~ung, f (-/-en) विभाजन, विखंडन।

aufspannen, v/t (h.) तानना; फैलाना, चौड़ा क०; (छतरी आदि) खोलना।

aufsparen, v/t (h.) बचा रखना, बाद के लिए उठा रखना।

aufspeicher-n, v/t (h.) जमा करके रखना, जमा कर लेना; अपसंचय क०; संचित क० (बिजली आदि); ~ung, f (-/-en) संकलन, संग्रहण, संचयन; अपसंचयन।

aufsperren, v/t (h.) (ताला, दरवाजा आदि) खोल देना; खोलना।

aufspielen, 1. v/i (h.) (नृत्य आदि के लिए) वादन क०; 2. v/r (h.) fig: शान दिखाना, शेखी बघारना।

aufspießen, v/t (h.) (मांस आदि को) सींख पर चढ़ाना; को भोंककर या बींधकर उठा लेना, नोंक पर उठा लेना।

aufspringen, v/i (s.) कूद पड़ना, उछल पड़ना; (sich öffnen) खुल जाना, झटके के साथ खुल जाना; (aufplatzen) फट जाना; auf Zug: पर कूद कर चढ़ना।

aufspulen, v/t (h.) चर्खी या वलनी पर चढ़ाना।

aufspür-en, v/t (h.) सुराग़ लगा लेना, ढूँढ निकालना, के चिह्नों का पीछा करते हुए छिपने के स्थान का पता लगाना।

aufstacheln, v/t (h.): jdn. aufstacheln किसी को भड़काना, उकसाना, उभाड़ना।

Aufstand, m (-[e]s/⸚e) विद्रोह, विप्लव, बग़ावत; क्रांति, आंदोलन।

aufständisch, adj. विद्रोही, विप्लवी; क्रांतिकारी।

aufstap-eln, v/t (h.) एक के ऊपर एक रखना; जमा कर लेना।

Aufstau, m (-s/-e) बाँध; रुका या बँधा हुआ पानी; ~en, v/t (h.) (पानी को) रोकना या बाँधना।

aufstechen, v/t (h.) नुकीली वस्तु से खोदना; में छेद क०।

aufstecken, v/t (h.) पर रखना, पर लगाना; सिलाई या आलपीन द्वारा जोड़ देना; Haare: ऊपर को बाँधना; U: (aufgeben) त्याग देना, छोड़ देना।

aufstehen, v/i (s.) उठना, खड़ा होना, खड़ा हो जाना; vom Bett: सोकर उठना; gegen jdn. aufstehen किसी का विरोध क०; U: das Fenster steht auf खिड़की खुली है।

aufsteigen, v/i (s.) ऊपर को उड़ना या चढ़ना; घोड़े आदि पर चढ़ना; beruflich: उन्नति क०, तरक़्क़ी पाना, आगे बढ़ना।

aufstell-en, v/t (h.) संविन्यस्त क०, क्रम से रखना; (aufrichten) खड़ा क०, स्थापित क०; निश्चित स्थान पर रखना या लगाना; sich aufstellen खड़ा होना, आकर खड़ा होना; bei Wahlen: चुनाव के लिए खड़ा क०; Behauptungen: निश्चयपूर्वक या बलपूर्वक कहना; Rekord: कीर्तिमान या रेकॉर्ड स्थापित क०; Liste: बनाना, तैयार क०; ~ung, f (-/-en) (Ordnung) व्यवस्था, विन्यास, क्रम; (Tabelle) सूची, सारणी, फ़ेहरिस्त, लिस्ट; Wahlvorschlag: चुनाव के लिए खड़ा किया जाना; (Kostenberechnung) व्यय-सूची।

aufstemmen, v/t (h.) सब्बल या रम्भे से खोलना; हाथ या पैर को किसी वस्तु पर मज़बूती से टिकाना।

Aufstieg, m (-[e]s/-e) चढ़ाव, चढ़ाई, आरोह; fig: उत्थान, उन्नति, तरक़्क़ी; **~smöglichkeit,** f उन्नति की सम्भाव्यता, तरक़्क़ी की गुंजाइश।

aufstöbern, v/t (h.) ढूँढ निकालना; चौंका देना।

aufstock-en, v/t (h.) भवन पर अतिरिक्त मंज़िल या मंज़िलें बनाना; मूल्य बढ़ाना; शेयर का धन बढ़ाना; **~ung,** f (-/-en) eines Hauses: अतिरिक्त मंज़िल या मंज़िलों का निर्माण; kfm:, des Kapitals: मूल्य-वृद्धि, शेयर के धन की वृद्धि।

[1]**aufstoßen,** 1. v/t (h.) झटके या धक्के के साथ खोलना; पर पटक देना; 2. v/i (s.) जहाज़ का जलमग्न चट्टान या रेत से टकरा जाना; ऐसा होना कि तुरंत नज़र पड़ जाए; U: (rülpsen) डकार लेना; U: es ist mir aufgestoßen इस पर मेरी नज़र पड़ी, यह मेरी नज़र में आया।

[2]**Aufstoßen,** n (-s) डकार।

aufstreben, v/i (s.) उन्नति के शिखर पर पहुँचने का प्रयत्न क०, जल्द तरक़्क़ी करने की कोशिश क०।

aufstreichen, v/t (h.) पर लगाना या चुपड़ना या लेप क०।

aufstreifen, v/t (h.)→aufkrempeln

Aufstrich, m (-[e]s/-e) लिखने में ऊपर की ओर खींची हुई रेखा; लेप; auf Brot: रोटी की चुपड़न, रोटी पर लगाई गई वस्तु (जैसे मक्खन, आदि)।

Aufstrom, m (-[e]s) ऊपर की ओर उठती हुई हवा।

aufstülpen, v/t (h.) पर असावधानी या लापरवाही से रखना; ऊपर को चढ़ाना या मोड़ना।

aufstützen, v/t (h.) पर टिकाना; sich aufstützen (मेज़ आदि पर) हाथ टिकाना।

aufsuchen, v/t (h.) ढूँढना, तलाश क०; jdn. aufsuchen किसी से मिलने जाना, किसी के यहाँ जाना।

auftakeln, v/t (h.) Schiff: पाल आदि चढ़ाना; fig: sich/jdn. auftakeln अपना/किसी का बहुत अधिक बनाव-शृंगार क०।

Auftakt, m (-[e]s/-e) किसी पद के प्रथम साघात अक्षर के पहले का भाग; mus: पूर्वालाप, अलाप; fig: प्रारंभ, आरंभ, शुरूआत।

auftanken, v/t (h.) & v/i (h.) (कार आदि में) पेट्रोल भरना।

auftauchen, v/i (s.) पानी की सतह पर आना; fig: प्रकट होना, अचानक आ पहुँचना।

auftauen, 1. v/i (s.) पिघलना (बर्फ़ का); fig: संकोच त्यागना; 2. v/t (h.) (जमी बर्फ़ को) पिघलाना।

aufteil-en, v/t (h.) पूर्णतया विभाजित कर देना; बाँट देना, वितरित कर देना; **~ung,** f (-/-en) पूर्ण विभाजन; वितरण, बँटाई; बँटवारा।

auftischen, v/t (h.) मेज़ पर लाकर रखना; fig: बताना, सुनाना, प्रस्तुत क०, पेश क०; fig: jdm. Lügen auftischen किसी को झूठी बातें बताना।

Auftrag, m (-[e]s/ ¨-e) (Bestellung) सप्लाई का ऑर्डर; सप्लाई का अनुबंध (Aufgabe) सौंपा हुआ काम; जीवन-लक्ष्य; ठेका; (Befehl) आज्ञा, आदेश; (Farbschicht) रंग की परत; **~en,** 1. v/t (h.) jdm. etw. auftragen किसी को किसी काम के लिए आदेश या निदेश देना; किसी को कोई काम सौंपना; ठेका देना; Speisen: (भोजन आदि को) मेज पर लाकर रखना; Farben: चढ़ाना, करना; Kleider: पहनते रहना, ख़ूब पहनना; fig: er trägt zu dick auf वह बहुत बढ़ा-चढ़ा कर कहता है, वह बहुत शेखी मारता है; 2. v/i (h.): die Hose trägt auf इस पतलून को पहन कर पहननेवाला मोटा लगता है; **~geber,** m काम सौंपने वाला; ठेका देने वाला; ऑर्डर देने वाला; **~sbestätigung,** f ठेके या ऑर्डर आदि की प्राप्ति-सूचना;

~**sgemäß,** adj. ऑर्डर के अनुसार; ठेके की शर्तों के अनुसार;आदेशानुसार।
auftreffen, v/i (s.) से टकराना।
auftreiben, v/t (h.) चौंका देना; धूल आदि उड़ाना; (blähen) फुलाना, फुला देना; U: ढूंढकर लाना, ढूंढ निकालना।
auftrennen, v/t (h.) टाँके आदि तोड़कर खोलना, उधेड़ना।
[1]**auftreten,** 1. v/i (s.) क़दम रखना; theat: मंच पर आना; (sich verhalten) आचरण क०, व्यवहार क०; (in Erscheinung treten) प्रकट होना, सामने आना; घटित होना, होना; 2. v/t (h.) ठोकर मारकर या पदप्रहार से खोलना।
[2]**Auftreten,** n (-s) प्रकटन, आविर्भाव, सामने आना; (Verhalten) आचरण, व्यवहार; (Vorkommen) होना, घटित होना।
Auftrieb, m (-[e]s/-e) phys: उत्प्लावकता; des Viehs: पशुओं को पहाड़ी चरागाहों पर ले जाना; fig: प्रेरणा, प्रोत्साहन !
Auftritt, m (-[e]s/-e) (Treppe) सोपान, द्वार या वेदी के सामने का पत्थर; theat: नाटक का दृश्य, नाटक के अंक का उपभाग; fig: तूतू-मैंमैं।
auftrumpfen, v/i (h.; s.) fig: किसी के सामने अपनी श्रेष्ठता का वखान क०।
auftürmen, v/t (h.) का ढेर लगाना।
aufwachen, v/i (s.) जाग जाना।
aufwall-en, v/i (s.) उबल जाना, उबल पड़ना; fig: उमड़ना, उमड़ पड़ना; ~**ung,** f (-) fig: आवेश, लहर।
Aufwand, m (-[e]s) (Verschwendung) अपव्यय, फ़ुज़ूलख़र्ची; (Prunk) धूमधाम, शान; (Getue) दिखावा, झमेला, बखेड़ा; kfm: लागत, कुल व्यय, किसी काम के लिए आवश्यक धन, समय, दौड़-धूप आदि; ~**sentschädigung,** f व्यय की प्रतिपूर्ति; पारिश्रमिक, परिश्रम का फल, किसी काम के लिए किए गए परिश्रम तथा व्यय का प्रतिदान।
aufwärmen, v/t (h.) फिर से गरम क०; खेलकूद-प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले चुस्ती और ताज़गी के लिए हाथ-पैर चलाना; fig: Erinnerungen: ताज़ा क०।
Aufwart-efrau, f दिन-दिन की नौकरानी, केवल थोड़े समय के लिए काम करने आने वाली नौकरानी; ~**en,** v/i (h.): bei jdm. aufwarten किसी के यहाँ केवल दिन-दिन की नौकरी क०; mit etw. aufwarten किसी वस्तु को प्रस्तुत क० या प्रस्तुत करने के लिए तैयार रहना; damit kann ich leider nicht aufwarten मैं (आपकी) यह सेवा नहीं कर सकता, मुझे खेद है कि मैं यह वस्तु आपकी सेवा में प्रस्तुत नहीं कर सकता।
aufwärts, adv. ऊपर की ओर, उच्चतर स्थान की ओर; fig: सुधार या उन्नति के मार्ग पर; fig: es geht wieder aufwärts mit ihm उसकी (आर्थिक) दशा अब फिर सुधर रही है, उसका स्वास्थ्य अब सुधर रहा है।
Aufwartung, f (-/-en) दिन-दिन का काम; औपचारिक भेंट; jdm. seine Aufwartung machen किसी से औपचारिक भेंट करने जाना।
Aufwasch, m (-es) बर्तनों की धुलाई या सफ़ाई; गंदे या जूठे बर्तन; fig: in einem Aufwasch एक ही बार में; ~**en,** v/t (h.) धोना, धो डालना, साफ़ क०।
aufwecken, v/t (h.) जगा देना; fig: में जान डाल देना, सजीव बना देना।
aufweich-en, 1. v/t (h.) नरम क०, मुलायम क० या बनाना; 2. v/i (s.) नरम या मुलायम हो जाना।
aufweisen, v/t (h.) दिखाना, प्रदर्शित क०; में कोई गुण या लक्षण होना, किसी गुण या लक्षण वाला होना।
aufwend-en, v/t (h.) का प्रयोग क०, लगाना; व्यय क०; ~**ig,** adj. बहुत खर्च वाला; जिसके लिए बहुत दौड़-धूप या परिश्रम करना पड़े; ~**ung,** f (-/-en) (Ausgabe) व्यय, ख़र्च;

(Aufbietung) साधनों का प्रयोग या नियोजन ।

aufwerfen, v/t (h.) ऊपर को फेंकना या झटकना; (wölben) गोल क०; (häufen) जमा क०, का ढेर लगाना; (zur Sprache bringen) की चर्चा चलाना, प्रश्न आदि क० या रखना; sich zu etw. aufwerfen कुछ बन जाना (निर्णायक, समर्थक, विरोधी आदि); →aufgeworfen

aufwert-en, v/t (h.) का मूल्य बढ़ाना; Währung: की विनिमय-दर बढ़ाना; **~ung,** f (-/-en) मूल्य में वृद्धि; विनिमय-दर में वृद्धि ।

aufwickeln, v/t (h.) चर्खी आदि पर चढ़ाना, गुल्ला बनाना, पर लपेटना; किसी लिपटी वस्तु को खोलना ।

aufwieg-eln, v/t (h.) उकसाना, भड़काना, आंदोलित क०, अपोत्तेजित क०; **~elei,** f (-/-en) → Aufwiegelung; **~(e)lung,** f (-/-en) उकसाना, भड़काना, आंदोलित क०, अपोत्तेजन ।

aufwiegen, v/t (h.) से भारी, महत्वपूर्ण या प्रभावशाली होना; fig: संतुलन स्थापित क०, की कमी को पूरा क० ।

Aufwiegler, m (-s/-) भड़काने वाला, अपोत्तेजक; **~isch,** adj. भड़काने या उकसाने वाला, अपोत्तेजक ।

Aufwind, m (-[e]s/-e) आरोही या ऊर्ध्वगामी वायु ।

aufwirbeln, v/t (h.) चक्रवात की तरह ऊपर उठाना; fig: viel Staub aufwirbeln बवंडर खड़ा क० ।

aufwischen, v/t (h.) पोंछ लेना, पोंछ देना, पोंछ कर सुखाना ।

Aufwuchs, m (-es/ ⸚e) अल्पायु वन; o.pl: (Nachkommenschaft) संतति, संतान ।

aufwühlen, v/t (h.) fig: के हृदय में खलबली मचा देना; के ज़ख्मों को हरा कर देना ।

aufzähl-en, v/t (h.) एक-एक का उल्लेख क०, क्रम से उल्लेख क०; परिगणन क०, एक-एक करके गिनना; **~ung,** f (-/-en) क्रमबद्ध उल्लेख; परिगणन ।

aufzäumen, v/t (h.) लगाम लगाना ।

aufzehr-en, v/t (h.) खा लेना; नष्ट क०, क्षीण क०; व्यय क०, उड़ा देना; **~ung,** f (-) खपत, व्यय; क्षय, विनाश ।

aufzeichn-en, v/t (h.) का रेखाचित्र प्रस्तुत क०; (aufschreiben) लिख लेना, लेखबद्ध क०; **~ung,** f (-/-en) रेखाचित्र; चित्रांकन; (Niederschrift) लिखित बात, नोट; लिख लेना; (Notizen) परिपत्र, परचा, उपलेख; Film/Ton: फ़िल्म/टेप पर अंकित क०; फ़िल्म/अंकित टेप ।

aufzeigen, v/t (h.) प्रदर्शित क०, दिखाना; सिद्ध क०; प्रसिद्ध बनाना ।

aufziehen, 1. v/t (h.) Schublade: खींचकर खोलना; Uhr usw: में चाबी देना; (aufkleben) पर चिपकाना; Kinder: पालना-पोसना, बड़ा क०, की परवरिश क०; U: आयोजित क०; U: jdn. aufziehen किसी से मज़ाक क०, किसी को तंग क०; fig: andere Saiten aufziehen सख़्ती क०; 2. v/i. (s.) समीप आना, पास पहुँचना; घिर आना ।

Aufzucht, f (-) पशु-पालन, पशुओं/पौधों को पाल-पोस कर बड़ा क०; zool: पशु-शावक ।

Aufzug, m (-[e]s/ ⸚e) (Lift) उत्थापयंत्र, उत्थापक, लिफ़्ट; (Festzug) शोभायात्रा, जुलूस; (Aufmachung) वेशभूषा; Weberei: ताना; theat: नाटक का अंक; mil: मार्च-पास्ट, परेड; **~schacht,** m उत्थापक-कूप, लिफ़्ट का मार्ग, लिफ़्ट की सुरंग ।

aufzwingen, v/t (h.): jdm. etw. aufzwingen किसी को बलपूर्वक या ज़बरदस्ती कुछ दे देना, किसी पर कुछ ज़बरदस्ती लाद देना ।

Aug-apfel, m, anat: अक्षिगोल, नेत्रगोलक; fig: आँख का तारा, स्नेहपात्र;

fig: etw. wie seinen Augapfel hüten किसी वस्तु को बड़ी हिफ़ाज़त से रखना; ~e, n (-s/-n) आँख, नेत्र, चक्षु; आँख जैसी वस्तु (जैसे मोरपंख में); fig: दृष्टि, नज़र; परख; (Knospenansatz) कोशिकालय, मुकुल; (Tupfen) शोरवे आदि में चिकनाई की बूँद; (Punktzahl) ताश या पाँसे के खेल में अंक-संख्या; fig: er hatte nur Augen für sie उसकी आँखों में बस वह ही समाई थी; fig: ich bin ganz Auge मैं ध्यानपूर्वक देख रहा हूँ; fig: jdm. fest ins Auge sehen किसी से दृढ़तापूर्वक आँख मिलाना; das stach mir sofort in die Augen इसपर मेरी नज़र तुरंत पड़ गई; fig: jdm. etw. vor Augen halten किसी वस्तु या तथ्य को किसी के सामने रखना; fig: jdm. die Augen öffnen किसी की आँखें खोल देना, किसी को वास्तविकता से अवगत कराना; fig: eine Sache im Auge behalten किसी वस्तु पर नज़र रखना; किसी बात को विचाराधीन रखना, किसी बात का ध्यान रखना; fig: etw. ins Auge fassen किसी बात की योजना बनाना; ein Auge auf etw./jdn. werfen किसीवस्तु/व्यक्ति पर लट्टू हो जाना; unter vier Augen mit jdm. reden किसी के साथ अकेले में बात करना; fig: ihm gingen plötzlich die Augen auf अचानक उसकी आँखें खुल गईं, उसने अचानक वास्तविकता को पहचाना; fig: da gingen ihm die Augen über इस पर (या तब) उसकी आँखें भर आईं; fig: das ist ihm ein Dorn im Auge यह उसे बहुत खलता है, यह उसकी आँख का काँटा है; geh mir aus den Augen! मेरे सामने से हट जा, मेरी निगाह से दूर हो जा; fig: ein Auge zudrücken अनदेखी क०, नज़रअन्दाज़ी क०; große Augen machen आश्चर्य से नेत्रों को विस्फारित क०; fig: mit einem blauen Auge davonkommen सस्ते बच निकलना; थोड़ी हानि उठाकर किसी झंझट से बच निकलना; spw: Auge um Auge, Zahn um Zahn आँख के बदले आँख, दाँत के बदले दाँत; बराबर का प्रतिशोध; शठे-शाठ्यं समाचरेत; spw: aus den Augen, aus dem Sinn आँख से ओझल दिल से दूर, आँख की ओट पहाड़ की ओट; fig: das paßt wie die Faust aufs Auge यह बिल्कुल अनुपयुक्त है।

äugeln, v/i (h.) आँखें लड़ाना, भ्रू विलास क०, आसक्त दृष्टि डालना।

äugen, v/i (h.) ध्यान से देखना, (चारों ओर) देखना।

Augen-arzt, m नेत्र-चिकित्सक; **~blick,** m क्षण, पल; **~blicklich,** 1.adj. क्षणिक, तात्कालिक; 2. adv. तुरंत, अविलम्ब, फ़ौरन, एकदम; **~braue,** f भृकुटि, भौंह; **~deckel,** m पलक, पपोटा, नेत्रच्छद; **~fällig,** adj. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, ज़ाहिर; **~glas,** n उपनेत्र, ऐनक, चश्मा; **~höhle,** f नेत्रकोटर, नेत्रगर्त; **~leiden,** n नेत्रपीड़ा, नेत्ररोग; **~licht,** n दृष्टि, दृष्टिशक्ति; **~maß,** n अनुपात-बोध, अन्दाज़; **~merk,** n: sein Augenmerk auf etw. richten किसी बात पर अपना ध्यान केंद्रित क०; **~ränder/~ringe,** m/pl. थकान के कारण आँखों के नीचे पड़ने वाले गड्ढे; **~schein,** m: etw. in Augenschein nehmen किसी वस्तु को ध्यान से देखना, किसी वस्तु/बात का निरीक्षण क०; der Augenschein trügt हाथी के दाँत खाने के और दिखाने और; **~scheinlich,** 1. adj. प्रकट, प्रत्यक्ष, सुव्यक्त; प्रतीयमान, दृश्यमान, भासमान; 2. adv. प्रतीयमानतः; प्रकट रूप से; **~spiegel,** m, med: दृष्टिपटलदर्शी, नेत्रदर्शी; **~sprache,** f आँखों की भाषा; **~wasser,** n, med: आँख की दवा, नेत्रबिंदु; poet: अश्रु, आँसू, अश्क; **~weide,** f सुखद दृश्य; **~zahn,** m अक्षिदंत, कुक्कुरदंत;

~**zeuge,** m अक्षिसाक्षी, चश्मदीद गवाह।

Augur, m (-s/-en; -en/-en) [lat.] शकुनवक्ता, नजूमी।

August, m (-[e]s/-e; -/-e) Monat: अगस्त; (Spaßmacher) विनोदप्रिय व्यक्ति, जोकर; der dumme August भोला-भाला व्यक्ति (जिसके सीधेपन का सब लाभ उठाते हों)।

Auktion, f (-/-en) [lat.] नीलाम, क्रोश-विक्रय; ~**ator,** m (-s/-en) नीलामकर्ता; ~**ieren,** v/t (h.) नीलाम क०।

Aula, f (-/-'len) [griech.] विशाल श्रोताकक्ष।

[1]**aus,** I. präp. (+dat.) (herkommend von) örtlich & zeitlich: से, में से, के बाहर; का, के, की; (infolge/aufgrund von) से, के आधार पर; के कारण, के मारे; (bestehend aus) का, का बना हुआ; er ist aus Delhi वह दिल्ली का (रहनेवाला) है; diese Statue stammt aus dem 15. Jahrhundert यह मूर्ति पन्द्रहवीं शताब्दी की है; sie stammt aus guter Familie वह अच्छे घराने की है; aus Erfahrung lernen अनुभव से सीखना; etw. aus Angst tun कोई काम डर के कारण क०; ich weiß das aus sicherer Quelle यह मुझे विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है; der Ring ist aus Gold अँगूठी सोने की है; was ist aus ihm geworden? उसका क्या हुआ?; उसकी क्या दशा हो गई है?!; die Kinder sind längst aus dem Haus बच्चे कभी के घर से चले गए; fig: ich habe ihn aus den Augen verloren वह मेरी नज़र से निकल गया, मेरी उससे बहुत दिनों से भेंट नहीं हुई; das Kleid ist aus der Mode इस पोशाक का अब चलन नहीं है, इस पोशाक का फ़ैशन खत्म हो गया है; II. adv. (heraus/hinaus) बाहर, बाहर की ओर; (zu Ende/verbraucht) समाप्त, ख़त्म; बंद; das Radio ist aus रेडियो बंद है; auf etw. aus sein कुछ पाना चाहना, किसी वस्तु या बात के चक्कर में होना, किसी बात की फ़िराक में होना fig: er geht bei uns ein und aus उसका हमारे यहाँ आना-जाना है; fig: ich weiß nicht mehr ein noch aus मुझे आगा-पीछा नहीं सूझता, मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूँ; die Schule ist aus स्कूल की छुट्टी हो गई है; das Mehl ist aus आटा समाप्त हो गया है; es ist aus mit ihm उसके लिए और कोई आशा नहीं है; वह मरने वाला है; उसका खेल ख़त्म हो गया है; U: von mir aus मुझे कोई आपत्ति नहीं।

[2]**Aus,** n फ़ुटबॉल, हॉकी आदि खेलों के सीमित क्षेत्र से बाहर का मैदान।

ausarbeit-en, v/t (h.) किसी काम का सविस्तार निष्पादन क०; ब्योरेवार तैयार क०; को अंतिम रूप देना; को परिष्कृत क०; गढ़ना; ~**ung,** f (-/-en) सविस्तार निष्पादन; ब्योरेवार तैयारी; को अंतिम रूप दिया जाना; परिष्कार किया जाना; गढ़ाई।

ausart-en, v/i (s.) अन्य प्रकार का हो जाना; का रूप धारण क०; अपविकसित होना; ~**ung,** f (-/-en) अपविकास।

ausatmen, v/i & v/t (h.) श्वास निकालना, निःश्वास छोड़ना।

ausbaden, v/t (h.) fig: को भुगतना, (किसी अन्य के किए का) परिणाम भुगतना।

ausbalancieren, v/t (h.) संतुलित कर देना।

Ausbau, m (-[e]s/-ten) o. pl: पूरा क० या किया जाना, निष्पादन; तैयार क०; (Erweiterung) विस्तरण या परिवर्धन का काम; fig: दृढ़ीकरण, मज़बूत बनाना; ~**en,** v/t (h.) (herausnehmen) से बाहर निकाल लेना, से अलग क० (पुर्जा आदि); Haus: अधिनिर्माण क०, विस्तृत क०;

निर्माण का बचा-खुचा काम पूरा क०, पूरी तरह निवास के योग्य बनाना; fig: दृढ़ क०, मज़बूत बनाना, पक्का क०; fig: eine Freundschaftsbeziehung ausbauen किसी मित्रता को दृढ़ क० ।

ausbedingen, v/t (h.): sich etw. ausbedingen किसी से अपनी कोई शर्त मनवा लेना, अनिवार्य शर्त के रूप में किसी बात की अपेक्षा क० ।

ausbeißen, v/t (h.) : sich einen Zahn ausbeißen असावधानी से काट कर दाँत तोड़ लेना; fig: sich die Zähne an etw. ausbeißen किसी काम के लिए घोर परिश्रम क० ।

ausbesser-n, v/t (h.) (verbessern) सुधारना, मरम्मत क०, दुरुस्त क०; (restaurieren) जीर्णोद्धार क०; **~ung,** f (-/-en) सुधार, मरम्मत, दुरुस्ती; जीर्णोद्धार ।

ausbeul-en, v/t (h.) कार आदि पर के गड्ढे, चिब या पिचक को ठीक क० ।

Ausbeu-te, f (-/-en) प्राप्ति, लाभ; उपज, पैदावार **~en,** v/t (h.) Bergwerk: खनिजार्जन क०; jdn. ausbeuten किसी से अनुचित लाभ उठाना, किसी का शोषण क०; **~er,** m (-s/-) शोषक, स्वार्थ-साधक, दूसरों से अनुचित लाभ उठाने वाला; **~erei,** f (-/-en) शोषण, स्वार्थ-साधन, लाभ-साधन; **~ung,** f (-/-en) (Nutzung) समुपयोजन, उपयोग; (Ausbeuterei) शोषण, स्वार्थ-साधन ।

ausbezahlen, v/t (h.) पूरा भुगतान क० या कर देना ।

ausbild-en, v/t (h.) : jdn. ausbilden किसी को प्रशिक्षित क०, किसी को प्रशिक्षण देना; etw. ausbilden किसी वस्तु को बनाना, गढ़ना या विकसित क०; **~er,** m (-s/-) प्रशिक्षक, काम सिखाने वाला; **~ung,** f (-/-en) प्रशिक्षण, ट्रेनिंग; **~ungsbeihilfe,** f वृत्ति, वज़ीफ़ा, प्रशिक्षण हेतु दी गई आर्थिक सहायता ।

ausbitten, v/r (h.) माँगना, की इच्छा या अपेक्षा रखना; ich bitte mir Ruhe aus ! मैं शांति की अपेक्षा करता हूँ, (कृपया) शांत रहिए !

ausblasen, v/t (h.) (फूँककर) बुझा देना ।

[1]**ausbleiben,** v/i (s.) न होना, न आना, न पहुँचना, न मिलना; das konnte nicht ausbleiben इसका होना अवश्यम्भावी था ।

[2]**Ausbleiben,** n (-s) अनुपस्थिति, न आना, न मिलना ।

ausbleichen, 1. v/i (s.) विरंजित हो जाना, का रंग उड़ जाना; 2. v/t (h.) विरंजित कर देना ।

ausblenden, v/t (h.) Radio/Film: धीरे-धीरे ध्वनि कम क०, धीरे-धीरे चित्र को लुप्त कर देना ।

Ausblick, m (-[e]s/-e) दृश्य, नयन-गोचर क्षेत्र या प्रदेश; fig: आशा या सफलता की संभावना, भविष्य ।

ausblühen, v/i (h.) Gestein: में लोनी लगना, (मौसम आदि के प्रभाव से) क्षयग्रस्त होना या हो जाना ।

ausbluten, v/i (s.) का सारा रक्त वह जाना; पूर्ण रक्तस्राव के कारण मर जाना; →ausgeblutet

ausboot-en, v/t (h.) जहाज़ से नावों द्वारा तट पर लाना; U: बेदख़ल कर देना; छलपूर्वक पदच्युत कर देना; **~ung,** f (-/-en) नावों द्वारा तट पर लाया जाना; U: बेदख़ली; पदच्युति (छल द्वारा) ।

ausborgen, v/t (h.): sich etw. ausborgen कुछ उधार लेना, थोड़े समय के लिए कोई वस्तु माँग लेना ।

ausbrech-en, 1. v/i (s.) (sich befreien) निकल भागना; Pferd: चौंककर भाग जाना; Schweiß: बह निकलना; Krankheit: फैलना, फैल जाना; fig: (beginnen) प्रारंभ होना, शुरू होना; भड़क उठना, फूट पड़ना; in Tränen ausbrechen रो पड़ना, के आँसू फूट पड़ना; 2. v/t (h.) (herausbrechen) तोड़ लेना, तोड़ देना; (erbrechen)

उल्टी या क़ै कर देना; ~er, m (-s/-) निकल भागने वाला।

ausbreit-en, 1. v/t (h.) चौड़ा क०; फैलाना; की परतें खोलना; का प्रचार क०; 2. v/r (h.) विस्तृत होना; फैलना; फैला होना; बढ़ना; **~ung,** f (-/-en)(Auseinanderfalten) फैलाना, चौड़ा क०, परतें खोलना; (Verbreitung) फैलाव; विस्तार; प्रचार, प्रसार।

ausbrennen, 1. v/t (h.) जला डालना; med: दाग देना; जलाकर विसंक्रमित क०; 2. v/i (s.) जल जाना, जल कर भस्म हो जाना।

ausbringen, v/t (h.) Trinkspruch: किसी व्यक्ति के लिए सलामती जाम उठाने से पहले उसके विषय में या उसके लिए कुछ कहना।

Ausbruch, m (-[e]s/ ⁚⁚e) aus Gefängnis: पलायन, कारावास से निकल भागना; von Gefühlen: आकस्मिक उद्गार; einer Krankheit: उद्रेक, प्रकोप; (plötzlicher Beginn) अचानक प्रारंभ; eines Vulkans: अचानक फूट पड़ना।

ausbrüten, v/t (h.) अंडों को सेकर बच्चे निकालना; fig: सोच निकालना।

Ausbuchtung, f (-/-en) उन्नत या प्रशस्त भाग, उभार।

Ausbund, m (-[e]s/ ⁚⁚e): er ist ein Ausbund an Bosheit वह विद्वेष का अवतार है।

ausbügeln, v/t (h.) fig: किसी के द्वारा बिगाड़ी गई बात को फिर बनाना।

ausbündig, adj. उत्कृष्ट, आदर्श, नमूने के उपयुक्त।

ausbürger-n, v/t (h.) की नागरिकता छीन लेना, नागरिकता-च्युत क०; **~ung,** f (-/-en) नागरिकता-च्युति।

ausbürsten, v/t (h.) बुरुश से झाड़ना या साफ़ क०।

Ausdauer, f (-) दम, तितिक्षा; (Geduld) धैर्य, धीरज, सहनशक्ति; (zäher Wille) दृढ़ निश्चय, अटलता; **~nd,** adj. अटल, दृढ़ निश्चय वाला, सदा प्रयत्नशील, हिम्मत न हारने वाला; bot: चिरस्थायी, बारहमासी।

ausdehn-en, v/t (h.) फैलाना, विस्तृत क०; fig: zeitlich: अवधि बढ़ाना; **~ung,** f (-/-en) (Dimension) आयाम; räumliche: फैलाव, विस्तार, प्रसरण; phys: विस्तार, फैलाव, प्रसार (गर्मी के कारण)।

ausdenken, v/t (h.) सोच निकालना; की कल्पना क०; sich etw. ausdenken मन में कोई योजना बना लेना; es ist nicht auszudenken यह असंभव है, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

ausdeut-en, v/t (h.) व्याख्या क०, अर्थ-निर्णय क०, समझाना; **~ung,** f (-/-en) व्याख्या, अर्थनिर्णय, मीमांसा।

ausdienen, v/t (h.) सेवाकाल पूरा क०, सेवा या प्रयोग के योग्य न रहना; →ausgedient

ausdrehen, v/t (h.) खराद से खोखला क०; Licht: स्विच घुमाकर बत्ती बुझाना।

Ausdruck, m (-[e]s/ ⁚⁚e) (Wort) शब्द, शब्द-प्रयोग; sprachlich: शब्द, प्रयोग-शैली, कथन, मुहावरा; (Mienenspiel) भाव-भंगिमा, मुद्रा, भावाभिव्यक्ति; (Bezeigung) अभिव्यक्ति, अभिव्यंजना, प्रदर्शन।

ausdrucken, v/t (h.) की छपाई पूरी कर देना।

ausdrück-en, v/t (h.) दबा देना, मसल देना; दबाकर बुझाना; दबाकर बाहर निकालना; प्रकट क०, प्रदर्शित क०; शब्दबद्ध क०; fig: sich ausdrücken कहना, बोलना, अपने विचार प्रकट क०; **~lich,** 1. adj. सुस्पष्ट, सुनिश्चित, साफ़; सख़्त; 2. adv.: etw. ausdrücklich verbieten किसी बात की कड़े (या स्पष्ट) शब्दों में मनाही क०।

Ausdrucks-kraft, f अभिव्यंजना-शक्ति, अच्छा बोलने की क्षमता; **~kunst,** f अभिव्यंजनावाद; अभिव्यंजना-कला; मूकाभिनय; **~los,** adj. भावहीन

अभिव्यक्तिहीन; ~losigkeit, f (-) भावराहित्य, अभिव्यक्तिहीनता; ~weise, f अभिव्यंजना-शैली; भाषा-शैली, बोलने का ढंग।

ausdünnen, v/t (h.) Haare: (कैंची से) हल्का क०।

ausdünst-en, v/i (h.) से भाप निकलना, से महक निकलना; पसीना आना; **~ung,** f (-/-en) (Absonderung) भाप निकलना, वाष्पीभवन; (Dunst) भाप; des Körpers: शरीर की गंध, पसीना।

auseinander, adv. एक दूसरे से अलग, एक दूसरे से दूर, अलग-अलग; die Häuser liegen weit auseinander मकानों के बीच काफ़ी जगह ख़ाली है, मकान एक-दूसरे से काफ़ी दूरी पर हैं; **~brechen,** v/t (h.) के दो टुकड़े कर देना; **~fallen,** v/i (s.) दो टुकड़ों में टूट जाना, दो टुकड़ों में टूटकर गिर जाना; **~falten,** v/t (h.) खोलना, फैलाना (मुड़ा हुआ काग़ज़ आदि); **~gehen,** v/i (s.) (sich trennen) अलग हो जाना; (दो टुकड़ों में) टूट जाना; विशाखित होना; (sich auflösen) तितर-बितर हो जाना; U: (dick werden) मोटा हो जाना; **~halten,** v/t (h.) अलग-अलग पकड़ना, अलग-अलग रखना; fig: अंतर समझना; **~leben,** v/r (h.): sie haben sich auseinandergelebt उन्होंने अपने जीवन को अलग-अलग मोड़ दे दिया है, उनका जीवन भिन्न-भिन्न दिशाओं में चला गया है; **~nehmen,** v/t (h.) पुर्ज़े अलग क०, खोलना; **~reißen,** v/t (h.) दो टुकड़ों में फाड़ना या फाड़ डालना; को एक दूसरे से बलपूर्वक अलग क० (दो लड़ने वालों को या गुत्थमगुत्था व्यक्तियों को); **~setzen,** v/t (h.): jdm. etw. auseinandersetzen किसी को कुछ समझाना; sich mit etw. auseinandersetzen किसी विषय या बात का गंभीर अध्ययन क०; sich mit jdm. auseinandersetzen किसी से वाद-विवाद क०; **~setzung,** f (-/-en) झगड़ा, विवाद; वाद-विवाद; विवेचना; jur: संपत्ति का बँटवारा।

auserkoren/auserlesen / ausersehen/ auserwählt, adj. मनोनीत, वरित, चुना हुआ।

ausessen, v/t (h.) पूरा खा लेना (कुछ भी बचा न छोड़ना)।

ausfahr-en 1. v/i (s.) सैर के लिए गाड़ी में जाना; (स्टेशन, बंदरगाह आदि से रेलगाड़ी या जहाज़ आदि का) बाहर निकलना; 2. v/t (h.) : jdn. ausfahren किसी को सैर के लिए गाड़ी में ले जाना; Fahrgestell usw: अवतरण के लिए विमान के पहियों आदि को बाहर निकालना; ausgefahrene Straßen (अधिक प्रयोग द्वारा) टूटी-फूटी सड़कें; **~t,** f (-/-en) फाटक, गेट; द्वारपथ, कार के लिए हाते से बाहर निकलने की सड़क; (Ausflug) कार से सैर; aus Hafen: (बंदरगाह से) जहाज़ का प्रस्थान; aus Schacht: खान से बाहर आना; eines Zuges: स्टेशन से प्रस्थान।

Ausfall, m (-[e]s/ ⸗e) (Nichtstattfinden) किसी काम का निश्चित समय पर न होना; काम पर न पहुँचना, अनुपस्थित होना; (Verlust) क्षति, हानि, लोप; (Ergebnis) फल, परिणाम, नतीजा; (gehässiger Angriff) विद्वेषपूर्ण आक्षेप, अपमानजनक व्यवहार; mil: अवरुद्ध स्थान से आक्रमण; **~bürgschaft,** f घाटे की पूर्ति की गारंटी; **~en,** v/i (s.) अनुपस्थित होना, काम पर न आ सकना; वार क०; होना, बन पड़ना; गिर जाना, झड़ना (बाल आदि); (nicht stattfinden) (निश्चित समय पर) न होना; tech: बिगड़ जाना, ख़राब हो जाना; der Sportler ist durch Krankheit ausgefallen बीमारी के कारण खिलाड़ी खेल में भाग नहीं ले सका; die Ernte ist gut ausgefallen फ़सल अच्छी हुई है; **~end,** adj. → ausfällig

ausfällig, adj. अपमानकारी, अपमानजनक; er wurde ausfällig वह गाली-गलौज़ करने लगा, वह उल्टी-सीधी बकने

लगा, उसका व्यवहार अपमानजनक हो गया।

Ausfall-serscheinung, f संक्षय के लक्षण; **~straße,** f नगर से बाहर जाने वाला मुख्य मार्ग।

ausfechten, v/t (h.) fig: लड़ाई-झगड़े द्वारा फ़ैसला क०।

ausfegen, v/t (h.) बुहार देना, बुहार कर साफ़ कर देना।

ausfertig-en, v/t (h.) (ausstellen) तैयार कर देना, बना देना; पासपोर्ट आदि जारी क०; jur: Urkunden: दस्तावेज़ तैयार क० या उनपर हस्ताक्षर क०; **~ung,** f (-/-en) तैयार किया जाना; पासपोर्ट आदि का जारी किया जाना; jur: दस्तावेज़ों का बनाया जाना या उनपर हस्ताक्षर किया जाना; eine Rechnung in doppelter Ausfertigung किसी बिल की मूल- तथा अनुलिपि, किसी बिल की दो प्रतियाँ।

ausfindig, adj.: etw. ausfindig machen किसी वस्तु को खोज निकालना।

ausfliegen, 1. v/i (s.) उड़ जाना; fig: घर से चले जाना; fig: der Vogel ist ausgeflogen जिसकी खोज थी वह घर पर नहीं है; 2. v/t (h.) को वायुयान द्वारा देश से बाहर ले जाना।

ausfließen, v/i (s.) बहना, बह जाना।

Ausflucht, f (-/ ⸚e)(Ausrede) बहाना, बतबनाई, टाल-टूल, हीला-हवाला; (Fluchtloch) बचाव या भाग निकलने का रास्ता।

Ausflug, m (-[e]s/ ⸚e) भ्रमण, सैर, वन-विनोद, पिकनिक; eines Vogels: घोंसले से उड़ जाना।

Ausflügler, m (-s/-) भ्रमण करने वाला, सैर करने वाला।

Ausfluß, m (-'sses/ ⸚'sse) (Abfluß) जल-निर्गम-स्थान, नाली, मोरी, परनाला; med: स्राव; निस्सरण; o. pl: fig: परिणाम, नतीजा; उत्पत्ति।

ausforschen, v/t (h.) का पता लगाना; के पेट की बात निकालना; की थाह लेना।

ausfragen, v/t (h.) खोद-खोद कर पूछना।

ausfransen, 1. v/i (s.) वस्त्र के तार निकालना या निकल जाना; 2. v/t (h.) झब्बों, झालर आदि से सज्जित क०।

Ausfuhr, f (-/-en) निर्यात।

ausführbar, adj. निर्यात के योग्य; (möglich) संभव; करणीय; **~keit,** f (-) संभाव्यता, करणीयता।

Ausfuhrbestimmungen, f/pl. निर्यात-संबंधी विनियम, निर्यात-नियंत्रण के नियम।

ausführen, v/t (h.) (exportieren) निर्यात क०; (durchführen) करना, कार्यान्वित क०, निष्पादित क०; (darlegen) सविवरण कहना, बताना, प्रस्तुत क०; jdn. ausführen किसी सिनेमा, नाटक, होटल आदि में ले जाना।

ausführlich, adj. सविस्तार, ब्योरेवार, विस्तीर्ण, व्यापक; **~keit,** f (-) विस्तीर्णता, व्यापकता, विस्तार।

Ausfuhr-sperre, f निर्यात-निषेध, निर्यातावरोध; **~überschuß,** m निर्यात-अतिरेक।

Ausführung, f (-/-en) (Verwirklichung) कार्यान्वयन, निष्पादन, प्रतिपादन; (Machart) बनावट, रचना (-शैली); (Darlegung) सविवरण प्रस्तुतीकरण, व्याख्या, वर्णन।

ausfüllen, v/t (h.) से भर देना, पूरित कर देना; छेद आदि बंद कर देना; Formular: भरना; fig: को पूरी तरह व्यस्त रखना; को संतोष प्रदान क०।

Ausgabe, f (-/-n) (Aushändigung) वितरण, देना; वितरण की खिड़की; (Zahlung) व्यय, ख़र्च, लागत; (Edition) संस्करण; von Aktien: वितरण या विक्रय; **~nbuch,** n व्यय-पुस्तिका, रोकड़-बही; **~nstelle,** f वितरण-स्थान, वितरण, विक्रय या बुकिंग की खिड़की।

Ausgang, m (-[e]s/ ⸚e) (das Hinausgehen) गमन, प्रस्थान; निर्गमन, निकासी; (Tür) द्वार, दरवाज़ा; निर्गम-

द्वार; (Schluß) अंत, समाप्ति; (Ergebnis) फल, परिणाम, नतीजा; der Diener hat heute Ausgang नौकर की आज छुट्टी है; ~s, präp. (+gen.) के अंत में; ~sbeschränkung, f गृहेतिष्ठ-आदेश, करफ़्यू; ~smaterial, n मूल -सामग्री; ~spunkt, m प्रारंभ, प्रारंभ का स्थान; मूल विषयवस्तु।

ausgeben, 1. v/t (h.) (verteilen) देना, वितरित क०, बाँटना; Geld: व्यय क०, ख़र्च क०; Losung: चालू क०, प्रचलित क०, चलन में लाना; sich ausgeben अपनी शक्ति को क्षीण क०, कमज़ोर होना; sich ausgeben als jd. अनधिकृत रूप से किसी दूसरे के नाम या पद से अपना परिचय देना; U: ich gebe einen aus मैं अपने व्यय पर सब को एक-एक गिलास पिलवाता हूं; 2. v/i (h.) काफ़ी होना, पर्याप्त होना।

ausgebildet, adj. प्रशिक्षित, कुशल।

ausgebleicht, adj. विरंजित किया हुआ।

ausgeblichen, adj. जिसका रंग अपने-आप उड़ गया हो।

ausgeblutet, adj., fig: पूर्णतया शोषित।

ausgebombt, adj. बमों द्वारा पूर्णतया ध्वस्त।

Ausgeburt, f (-/-en) fig: कुत्सित अथवा विरूप उत्पत्ति; eine Ausgeburt der Hölle नरक-दूत, नरपिशाच, शैतान।

ausgedehnt, adj., fig: लम्बा-चौड़ा, सुविस्तृत।

ausgedient, adj. अवकाश-प्राप्त; पुराना, जो इस्तेमाल के क़ाबिल न रहा हो।

ausgefallen, adj., fig: अद्भुत, अजीब, विलक्षण।

ausgefeilt, adj., fig: सुपरिष्कृत, त्रुटि-रहित, बेऐब।

ausgeglichen, adj. संतुलित, शांत मन वाला; fig: परिष्कृत, सुरुचिपूर्ण; ~heit, f (-) मानसिक संतुलन; शैली आदि की चारुता।

ausgeh-en, v/i (s.) जाना, बाहर जाना, सैर को जाना; मनोविनोद के लिए कहीं जाना; Haare: गिरना, झड़ना; (enden) ख़त्म होना, समाप्त हो जाना; von etw. ausgehen किसी विषय को आधार बनाकर बात प्रारंभ क०; किसी धारणा के आधार पर कुछ क०; er geht auf Abenteuer aus वह जोखिम के कामों के लिए तत्पर रहता है, fig: er ging frei aus वह (सज़ा, काम, मेहनत आदि से) बच गया; fig: er ging leer aus वह ख़ाली हाथ रह गया, उसे कुछ भी नहीं मिला; wie ist die Sache ausgegangen? इस मामले का फ़ैसला क्या हुआ?, इस मामले का क्या हुआ?; der Plan ging von ihm aus यह योजना उसकी चलाई हुई है; ~verbot, n गृहेतिष्ठ-आदेश, करफ़्यू; mil: बैरकों से बाहर न निकलने का आदेश।

ausgehungert, adj. क्षुधार्त, क्षुधापीड़ित।

ausgekocht, adj., U: पक्का, नम्बरी।

ausgelassen, adj., fig: प्रसन्नचित्त, आनन्दित, प्रफुल्ल; ~heit, f (-) प्रफुल्लता, उल्लास, ज़िन्दादिली।

ausgeleiert, adj., U: घिसा-पिटा, अतिव्यवहृत, जीर्ण।

ausgemacht, adj. पुष्टिकृत, तयशुदा; U: das ist ein ausgemachter Betrug यह पक्का धोखा है।

ausgemergelt, adj. दुर्बल, क्षीण।

ausgenommen, 1. adv. को छोड़कर, के अतिरिक्त; 2. konj.: ausgenommen, daß ... यह बात और है कि ...।

ausgeprägt, adj. सुस्पष्ट, सुव्यक्त; प्रखर; ~heit, f (-) सुस्पष्टता; प्रखरता।

ausgepumpt, adj., fig: परिश्रांत, थकान से चूर।

ausgerechnet, adv. अदबदा के, ठीक तब जब नहीं चाहिए, ठीक वही जो अवांछित हो; ausgerechnet mir muß das passieren! मेरे ही साथ यह होना था! (जबकि मैं वैसे ही और झंझटों में फँसा हूँ)।

ausgereift, adj., fig: पूर्ण विकसित, प्रौढ़, परिपक्व।

ausgeschlossen, adj. असंभव; das ist ausgeschlossen! इसका प्रश्न ही नहीं उठता!; यह असंभव है!

ausgeschnitten, adj., Kleid: बहुत खुले गले वाली (जनानी पोशाक जिसके पहनने पर वक्षस्थल का कुछ भाग दिखाई दे)।

ausgesprochen, 1. adj. प्रबल, सुनिश्चित, बहुत अधिक; er hatte ein ausgesprochenes Glück उसका भाग्य बड़ा प्रबल था; 2. adv.: ich tue das ausgesprochen gern इसके करने में मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है, मैं यह काम बड़ी ख़ुशी से करता हूँ।

ausgestalt-en, v/t (h.) सजाना, सज्जित क०; बनाना, गढ़ना, रूप या आकार देना; की व्यवस्था क०, का प्रबंध क०; **~ung,** f (-/-en) गढ़ना, बनाना; व्यवस्था, प्रबंध, सज्जा।

Ausgestoßene, m/f (-n/-n) बहिष्कृत, निर्वासित, परित्यक्त व्यक्ति (स्त्री या पुरुष)।

ausgesucht, adj. चुना हुआ, उत्तम; अच्छे के चुनाव के बाद बचा हुआ घटिया।

ausgetreten, adj., Schuhe: घिसा हुआ, अधिक प्रयोग से फैला हुआ।

ausgewachsen, adj. पूर्ण विकसित।

ausgewählt, adj. उत्तम, बढ़िया।

ausgewogen, adj. संतुलित।

ausgezeichnet, adj. अत्युत्तम, उत्कृष्ट; पुरस्कृत।

ausgiebig, 1. adj. प्रचुर, विपुल, अधिक मात्रा में; 2. adv. ख़ूब, डटकर, दिल खोलकर, बहुत; **~keit,** f (-) प्राचुर्य, वैपुल्य, बहुलता।

ausgießen, v/t (h.) उँडेल देना; उँडेल कर ख़ाली कर देना; साँचे में ढालना।

Ausgleich, m (-[e]s/-) (Ebnung) समकरण; संतुलन, समन्वय; (Wettmachen) प्रतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति; (Versöhnung) समझौता, सुलह, निपटारा; (Vergeltung) बदला, प्रतिशोध; प्रतिदान, प्रत्युपकार; einer Rechnung: हिसाब बराबर क०, लेन-देन चुकता क०; **~en,** v/t (h.) सम या समतल क०; लेन-देन बराबर क०; हिसाब चुकता क०; समझौता क० या कराना; fig: का अंतर समाप्त कर देना; प्रतिपूर्ति क०, प्रतिकार क०; **~sgetriebe,** n, tech: भिन्नक गियर; **~sgymnastik,** f संतुलन-व्यायाम; **~szahlung,** f मुआवज़ा; समकारी भुगतान; **~ung,** f (-/-en)→Ausgleich

ausgleiten, v/i (s.) फिसल पड़ना, रपट जाना।

ausglühen, v/t (h.) तापानुशीतित क०; ख़ूब गरम करके साफ़ क०।

ausgrab-en, v/t (h.) उत्खनन क०, भूमि से बाहर निकालना; शवोत्खनन क०; fig: गड़े मुर्दे उखाड़ना, भूली-बिसरी बातों की याद ताज़ा क०; **~ung,** f (-/-en) उत्खनन; शवोत्खनन; fig: गड़े मुर्दे उखाड़ना।

ausgreifen, v/i (h.) लम्बे डग भरना, बहुत तेज़ी से चलना।

Ausguß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) सिंक, बर्तन आदि धोने की (दीवार के साथ लगी) नाँद; an Kanne: केतली की टोंटी।

aushaken, v/t (h.) हुक से उतारना, हुक खोलना; U: da hakt es bei ihm aus यहाँ पर (या इसके बाद) उसकी गाड़ी ठप हो जाती है।

aushalten, 1. v/t (h.) सहन क०, बरदाश्त क०; jdn. aushalten किसी का भरण-पोषण क०; 2. v/i (h.) →ausharren

aushandeln, v/t (h.) मोलतोल या बातचीत के द्वारा तय कर लेना।

aushändig-en, v/t(h.) दे देना, सौंप देना, सुपुर्द कर देना; **~ung,** f (-/-en) सुपुर्दगी, सौंपान।

Aushang, m (-[e]s/ ⸚ e) इश्तहार, विज्ञापन-पत्र, पोस्टर।

Aushäng-ebogen, m प्रूफ़रीडिंग के बाद मुद्रित प्रथम पत्र; **~en,** v/t (h.) प्रदर्शन के लिए लटकाना या टाँगना; किवाड़ आदि को क़ब्जे पर से उतारना; **~eschild,** n नामपटल, साइनबोर्ड;

fig: दिखावा, झूठा प्रदर्शन, प्रचार के लिए मिथ्याडम्बर ।

ausharren, v/i (h.) डटे रहना, दृढ़ रहना ।

aushauchen, v/t (h.) नि:श्वास छोड़ना, मुँह से भाप निकालना; poet: sein Leben aushauchen मर जाना ।

aushauen, v/t (h.) (modellieren) काटकर या तराशकर कोई रूप देना; Dickicht: झाड़-झंखाड़ को काटकर साफ़ क० ।

aushäusig, adj. अधिकतर घर के बाहर रहनेवाला ।

ausheben, v/t (h.) Tür usw: क़ब्ज़े पर से उतारना; Graben: खोदना, की खुदाई क०; mil: भरती क०; ein Verbrechernest ausheben बदमाशों का अड्डा तोड़ देना, बदमाशों को गिरफ़्तार कर लेना ।

aushecken, v/t (h.) सोच निकालना ।

ausheil-en, 1. v/t (h.) पूरी तरह स्वस्थ या रोगमुक्त कर देना; 2. v/i (s.) पूरी तरह स्वस्थ या रोगमुक्त हो जाना; घाव का पूरी तरह भर जाना; ~**ung,** f (-/-en) पूर्णनीरोगण; घाव का पूरी तरह भर जाना ।

aushelfen, 1. v/i (h.) अस्थायी रूप से या थोड़े समय के लिए मदद क०; bei jdm. im Haushalt aushelfen किसी के घर के कामकाज में अस्थायी रूप से हाथ बँटाना; 2. v/t (h.) : jdm. mit etw. aushelfen किसी की किसी वस्तु से सहायता क० ।

Aushilfe, f (-/-n)(Notbehelf) अस्थायी या कामचलाऊ प्रबंध,तात्कालिक उपाय; (Hilfskraft) अल्पकालिक या अस्थायी सहकर्मचारी; (Vertretung) एवजी, एवजी में काम करने वाला; ~**skraft,** f एवजी में काम करने वाला, अल्पकालिक सहायक; ~**sweise,** adv. एवजी में; अस्थायी या अल्पकालिक रूप से ।

aushöhl-en, v/t (h.) खोखला क० या कर देना; में गड्ढा क०; तलोच्छेदन क०; ~**ung,** f (-/-en) गुफा, माँद; गह्वर, गड्ढा, कोटर ।

ausholen, 1. v/i (h.) थप्पड़ मारने के लिए हाथ पीछे की ओर खींचना; लम्बे डग भरना, तेज़ी से चलना; fig: weit ausholen (beim Erzählen) बहुत पीछे से बात शुरू क०; 2. v/t (h.): jdn. ausholen किसी के पेट की बात निकालने का प्रयत्न क० ।

Ausholzung, f (-/-en) वन में झाड़-झंखाड़ की कटाई ।

aushorchen, v/t (h.) से कोई भेद जानने का प्रयत्न क० ।

Aushub, m (-s) उत्खात मिट्टी, खोदी हुई मिट्टी, मलबा ।

aushungern, v/t(h.)भूखों मारना, भूखा रखना, क्षुधार्त क०; →ausgehungert

auskämmen, v/t (h.) कंघी क०, कंघी से साफ़ क० ।

auskehren, v/t (h.) बुहार देना, बुहार कर साफ़ क० ।

auskennen, v/r (h.) के विषय में जानकारी रखना,को अच्छी तरह जानना ।

Auskerbung, f (-/-en) दंतुरण; दाँता, खाँचा ।

auskernen, v/t (h.) की गुठली निकालना, के बीज निकालना ।

ausklammern, v/t (h.) fig: पर ध्यान न देना, एक तरफ़ पड़ा रहने देना ।

Ausklang, m (-[e]s/ ⸚ e) mus: अंतिम स्वर; fig: अंत, समाप्ति ।

auskleiden, v/t (h.) पर फ़र्श या परदे आदि चढ़ाना; (ausziehen) के वस्त्र उतारना, को नंगा क० ।

ausklingen, v/i (s.) ध्वनि का धीरे-धीरे कम हो जाना; fig: धीरे-धीरे समाप्त हो जाना ।

ausklopfen, v/t (h.) ठोंककर साफ़ क० ।

ausklügel-n, v/t (h.) हर बारीक़ी को ध्यान में रखते हुए कुछ सोच निकालना ।

ausknipsen, v/t (h.) स्विच ऑफ़ क० ।

ausknobeln, v/t (h.) पाँसा फेंककर फ़ैसला क०; कुशाग्रबुद्धि से (कुछ) सोच निकालना ।

auskochen, v/t (h.) उबालकर निकाल लेना या अलग कर लेना; खौलाकर साफ़ क०; (sterilisieren) खौलाकर जीवाणुरहित बनाना; →ausgekocht

[1]**auskommen,** v/i (s.) निर्वाह कर लेना, के पास···की पर्याप्त मात्रा होना; fig: mit jdm. auskommen किसी के साथ निभना, किसी के साथ बिना कठिनाइयों के रह सकना।

[2]**Auskommen,** n (-s) जीविका, आजीविका, रोज़ी; निर्वाह के पर्याप्त साधन; (Koexistenz) शांतिपूर्ण सहअस्तित्व; wir haben unser Auskommen हमारे पास जीवन-निर्वाह के लिए पर्याप्त साधन हैं; mit ihm ist kein Auskommen उसके साथ निभना या पटना असंभव है।

auskömmlich, adj. पर्याप्त, काफ़ी।

auskörnen, v/t (h.) की गुठली निकालना, के बीज निकालना।

auskosten, v/t (h.) fig: का पूरा मज़ा लेना, का छककर मज़ा लेना।

auskramen, v/t (h.) निकालकर रखना, निकालकर फैलाना; fig:Erinnerungen: पुरानी यादों को ताज़ा क०।

auskratzen, v/t (h) नोंचकर निकाल लेना; खुरचकर निकाल देना।

auskugeln, v/t (h.) Gelenke: जोड़ से हटाना, (जोड़) उखाड़ना।

auskühl-en, 1. v/i (s.) शीतल होना, पूरी तरह ठंडा होना; 2. v/t (h.) शीतल क०, पूरी तरह ठंडा क०; ~**ung,** f (-/-en) शीतलीकरण; शीतलीभवन।

auskundschaft-en, v/t (h.) का पता लगाना, का भेद लेना, का समाचार लाना (गुप्तचर्या द्वारा); ~**er,** m भेदिया, गुप्तचर; ख़बर या पता लगाने वाला; ~**ung,** f (-) भेद लेना, पता लगाना, गुप्तचर्या द्वारा समाचार लाना।

Auskunft, f (-/ ⁻e) जानकारी, वृत्तांत, सूचना; Schalter: पूछताछ-खिड़की; tel: (टेलीफ़ोन-) सूचना-केंद्र; ~**ei,** f (-/-en) पूछताछ-कार्यालय, सूचना-कार्यालय; ~**sbeamte,** m पूछताछ-कार्यालय का कर्मचारी।

auslachen, v/t (h.) की हँसी उड़ाना।

auslad-en, v/t (h.) भारमुक्त क०, से माल आदि उतारना; mil: सैनिकों को किसी स्थान पर गाड़ी में ले जाकर छोड़ना; U: jdn. ausladen किसी को निमन्त्रित करने के बाद न आने को कहना, किसी को दिया गया निमन्त्रण वापस ले लेना; ~**end,** adj., fig: Stil: विस्तारपूर्ण; Bewegungen: अतिव्याप्त; ~**ung,** f (-/-en) (Entladen) भारमुक्त क०, गाड़ी आदि से माल उतारना; tech: परास, परिसर; U: निमन्त्रण वापस ले लेना।

Auslage, f (-/-n) im Schaufenster: प्रदर्शन के लिए माल सजाना; (Unkosten) व्यय, ख़र्च; sport: प्रारंभिक स्थिति या मुद्रा; रक्षात्मक स्थिति।

auslagern, v/t (h.) मूल्यवान वस्तुओं को) किसी अन्य स्थान पर रखना।

Ausland, n (-[e]s) विदेश, परदेश।

Ausländ-er, m (-s/-) विदेशी, परदेशी; ~**ergesetz,** n विदेशीय-अधिनियम, विदेशियों से संबंधित क़ानून; ~**isch,** adj. विदेशी, वैदेशिक, विदेशीय।

Auslands-anleihe, f, kfm: विदेश से लिया ऋण; ~**korrespondent,** m विदेश-संवाददाता; विदेशी भाषाओं में पत्रव्यवहार करने वाला कर्मचारी; ~**reise,** f विदेशयात्रा; ~**presse,** f विदेश के समाचारपत्र; ~**vertretung,** f विदेशी प्रतिनिधि, विदेशी प्रतिनिधि का कार्यालय; ~**zulage,** f विदेश-भत्ता।

auslangen, v/i (h.) थप्पड़ मारने के लिए हाथ पीछे खींचना; कुछ पकड़ने लिए हाथ बढ़ाना; U: (ausreichen) पर्याप्त होना, काफ़ी होना।

Auslaß, m (-'sses/ ⁻'sse) निर्गम, निकास, निकासी।

auslass-en, v/t (h.) निकालना, निकलने देना; पर उतारना (ग़ुस्सा आदि); को छोड़ देना, को सम्मिलित न क०,

पर ध्यान न देना; Wasser: बहाना, बहने देना; Speck: पिघलाकर चर्बी निकालना; Butter: पिघलाना; Saum: सिलाई खोलकर कपड़े का थोड़ा भाग बाहर निकालना (जिससे वस्त्र लम्बा या चौड़ा हो जाए); sich über etw./jdn. auslassen किसी वस्तु/व्यक्ति के विषय में कुछ कहना या अपने विचार प्रकट क०; seine Wut an jdm. auslassen अपना गुस्सा किसी पर उतारना; → ausgelassen; ~**ung,** f (-/-en) छोड़ देना, न सम्मिलित क०; छोड़ी हुई वस्तु या बात; (Äußerung) कथन, वक्तव्य; gramm: लोपन, लोप; ~**ungszeichen,** n लोप-चिह्न, अक्षरलोप का चिह्न ।

auslasten, v/t (h.) पूरी तरह लाद देना; fig: er ist mit dieser Arbeit voll ausgelastet इस काम में उसे अपनी पूरी ताक़त लगानी पड़ती है (वह और कोई दूसरा काम नहीं ले सकता) ।

Auslauf, m(-[e]s/ ⁻⁻e) बच्चों के खेलने-कूदने का स्थान; पालतू पशुओं के लिए वन्यवत् फिरने का अहाता; (Abfluß) जलनिर्गम-द्वार, बहाव का स्थान, परनाला, मोरी; (Abklingen) क्रमिक समाप्ति; ~**en,** v/i (s.) (ausfließen) बह जाना, बह निकलना; ख़ाली हो जाना; Motor: इंजन आदि का धीरे-धीरे ठप हो जाना; sich auslaufen खूब चलना; चलते-चलते थक जाना; fig: (enden) समाप्त होना; का रूप ले लेना (छोर पर); Schiff: प्रस्थान क०; die Farben laufen beim Waschen aus धुलाई करने पर ये रंग फैल जाते हैं; wir lassen diesen Artikel auslaufen इस माल की निकासी के बाद हम इसे और नहीं बेचेंगे; ~**end,** adj.: eine auslaufende Ware माल जो समाप्त होने वाला हो ।

Ausläufer, m (-s/-) eines Gebirges: शैलबाहु, पर्वतमाला; bot: प्रशाखा, उपशाखा ।

auslaug-en, v/t (h.) निक्षालन क०; U: ich bin völlig ausgelaugt मैं बिल्कुल थका हूँ, मैं बिल्कुल थक गया हूँ ।

Auslaut, m (-[e]s/-e)gramm: अंताक्षर की ध्वनि, शब्द की अंतिम ध्वनि ।

ausläuten, 1. v/i (h.) घंटा या घंटी का धीरे-धीरे बजना; समाप्त हो जाना; 2. v/t (h.) घंटा बजाकर सूचना देना ।

ausleben, v/r (h.) जीवन का आनंद उठाना ।

ausleeren, v/t (h.) ख़ाली कर देना; पेट साफ़ क० ।

ausleg-en, v/t (h.) (zugänglich machen) प्रदर्शन या प्रयोग के लिए खोलकर या फैलाकर रखना; (belegen mit) विस्फोटक-सुरंग या फंदे आदि बिछाना; से ढँकना, से पाटना; fig: (interpretieren) अर्थनिर्णय क०, व्याख्या क०, के रूप में समझना; Geld: के लिए व्यय क०, के लिए उधार के तौर पर दे देना; Leitungen: लगाना; बिछाना; sich auslegen पटेबाज़ी में आगे की ओर झुकना; ~**er,** m (-s/-)(Interpretator) भाष्यकार, व्याख्याकार, टीकाकार; eines Bootes: चप्पू फँसाने के लिए कड़ेदार खूँटा; नाव को उलटने से बचाने के लिए प्रयुक्त पार्श्ववर्ध; arch: प्रास, तोड़ा; ~**eware,** f (Teppiche) ग़लीचे, दरीचे, क़ालीन आदि; ~**ung,** f (-/-en) (Deutung) व्याख्या, अर्थ-निर्णय; (Exegese) धर्मग्रंथ-भाष्य ।

Ausleih-e, f (-/-n) पुस्तकालय में पुस्तकें देने का स्थान; ~**en,** v/t (h.) उधार देना, उधार लेना; पुस्तकालय से किताबें लेना; (पुस्तकालय का) किताबें देना ।

auslernen, v/i (h.) प्रशिक्षण-काल पूरा क०; fig: man lernt nie aus मनुष्य सदैव कुछ-न-कुछ नई बात सीख सकता है, सीखने की उम्र कभी नहीं ख़त्म होती ।

Auslese, f (-/-n) श्रेष्ठ भाग, सर्वोत्कृष्ट भाग; fig: (Elite) विशिष्ट वर्ग ।

ausliefer-n, v/t (h.) देना, सौंप देना; निर्माता द्वारा दूकानदार को माल भेजना; Gefangene: विदेशी बंदियों को उनकी सरकार के हवाले क०;

jdn. ausgeliefert sein किसी के चंगुल में होना, किसी के वश में होना; ~ung, f (-/-en) von Waren: दूकानदार को माल भेजा जाना; सुपुर्दगी; Schalter: वितरण की खिड़की; jur: विदेशी बंदी की उसकी सरकार को वापसी; ~ungsantrag, m, jur: विदेश में बंदी अपने नागरिक की वापसी के लिए उसकी सरकार द्वारा दिया गया प्रार्थना-पत्र।

ausliegen, v/t (h.) प्रदर्शन या विक्रय के लिए रखा होना।

auslöffeln, v/t (h.) चम्मच से खा लेना।

auslöschen, v/t (h.) fig: बुझा देना, मिटा देना, उड़ा देना; साफ़ कर देना; fig: का सफ़ाया कर देना, को मिटा देना।

auslosen, v/t (h.) गुट्टी चुनकर निश्चय क०, भाग्यपत्रक या चिट्ठी डालना।

auslös-en, v/t (h.) धन देकर मुक्ति दिलाना, फिरौती देकर छुड़ाना; tech: स्थिरक या खटके को खोल देना; चालू कर देना; Pfand: गिरवी वस्तु को छुड़ाना; Knochen: हड्डियों से मांस अलग क०; (bewirken) उत्पन्न क०, जागृत क०; **~er,** m (-s/-) an Kamera: कैमरे का बटन; **~ung,** f (-/-en) (Bewirkung) उत्पन्न क० या होना (भावनाओं आदि का); (Loskauf) धन देकर मुक्ति दिलाना, निष्क्रय; (Rückkauf) गिरवी वस्तु का छुड़ाना; tech: स्थिरक, खटका, लिवलिवी।

Auslosung, f (-/-en) गुट्टी चुनकर निश्चय किया जाना, लॉटरी डालकर निश्चय क०।

ausloten, v/t (h.) (साहुल या पनसाल से) गहराई नापना; fig: की थाह लेना।

auslüften, v/t (h.) हवा देना, हवा में रखना।

ausmachen, v/t (h.) (löschen) बुझा देना; (erkennen; aufspüren) पहचान लेना; का पता लगा लेना; (sich belaufen auf) का होना, का बनना; fig: (vereinbaren) तय क०, निश्चित क०, निर्धारित क०; U: Erbsen usw: फली से दाने निकालना; U: Kartoffeln usw: खोदकर निकालना; einen Streit vor Gericht ausmachen किसी झगड़े का अदालत में फ़ैसला क०; würde es Ihnen etw. ausmachen, ...? क्या आपको इसमें कुछ आपत्ति या कष्ट होगा यदि...; das macht nichts aus इससे कोई अंतर नहीं पड़ता; → ausgemacht

ausmahlen, v/t (h.) पीसना।

ausmalen, v/t (h.) Zimmer: पर रंग क०, की पुताई क०; Figuren: में रंग भरना; fig: का सजीव चित्रण क०; fig: sich etw. ausmalen किसी बात की सजीव कल्पना क०।

ausmanövrieren, v/t (h.) fig: jdn. ausmanövrieren किसी को तरकीब से या छलपूर्वक निकाल देना।

Ausmarsch, m(-[e]s/ ⸚e)सेना का पड़ाव से कूच।

Ausmaß, n (-es/-e) (Ausdehnung) विस्तार; (Menge) राशि, मात्रा, परिमाण; in großem Ausmaß विशाल मात्रा में, बड़े पैमाने पर।

ausmauern, v/t (h.) दीवार से घेरना।

ausmeißeln, v/t (h.) तराश कर निकालना।

ausmergeln, v/t (h.) क्षीण कर देना, कृश कर देना; →ausgemergelt

ausmerzen, v/t (h.) घटिया वस्तु को अलग कर देना; ख़राब नस्ल के पशुओं को निकाल देना या मार देना; ग़लती सुधार देना; निकाल देना, हटा देना, मिटा देना।

ausmess-en, v/t (h.) ठीक-ठीक नापना, ठीक-ठीक माप लेना; **~ung,** f (-/-en) ठीक-ठीक नपाई या माप।

ausmisten, v/t (h.) से गोबर, कूड़ा आदि निकालना; U: कबाड़ या बेकार की वस्तुओं को निकाल फेंकना।

ausmünzen, v/t (h.) सिक्का ढालना; fig: किसी बात को अपने लाभ के दृष्टिकोण से समझना।

ausmuster-n, v/t (h.) अच्छा-अच्छा चुन लेना, ख़राब-ख़राब निकाल देना; mil: रोग के कारण सैन्यसेवा से निकाल देना; **~ung,** f (-/-en) अच्छे का चुनाव; mil: रोग के कारण सैन्यसेवा से निकाला जाना ।

Ausnahm-e, f (-/-n) अपवाद; किसी नियम से छूट; die Ausnahme bestätigt die Regel सिद्धान्त की पुष्टि अपवाद से होती है; **~efall,** m अपवाद, अपवाद का विषय, अपवाद की दशा; **~egesetz,** n बचाव-क़ानून, व्यावृत्ति-उपबंध, क़ानून जिसमें व्यक्ति- या वर्ग-विशेष के लिए छूट हो; **~ezustand,** m आपातिक स्थिति; आपत्कालीन स्थिति; **~slos,** adv. बिना अपवाद के; बिना किसी छूट के; **~sweise,** adv. अपवाद-स्वरूप, रियायत या छूट के तौर पर ।

ausnehm-en, v/t (h.) से निकाल लेना, को ख़ाली कर देना; (ausschließen) निकाल देना, अलग क०, छोड़ देना; Huhn: पकाने के लिए साफ़ क०; U: jdn. ausnehmen किसी को लूट लेना; किसी के पेट की बात निकालने का प्रयत्न क०; fig: es nimmt sich gut aus यह अच्छा लगता है; **~end,** 1. adj. असामान्य, असाधारण; 2. adv: das gefällt mir ausnehmend gut यह मुझे बहुत ही पसंद है ।

ausnüchter-n, v/t (h.) का नशा उतारना; **~ung,** f (-/-en) नशा उतारना या उतरना; होश में आना; **~ungszelle,** f नशे में धुत्त लोगों को होश में लाने की कोठरी (थानों या समाज-कल्याण-केन्द्रों में) ।

ausnützen, v/t (h.)→ausnutzen

ausnutz-en, v/t (h.) से लाभ उठाना, का लाभ उठाना, का पूर्ण या समुचित उपयोग क०; का शोषण क०, से अनुचित लाभ उठाना; **~ung,** f (-/-en) समुचित उपयोग, पूर्ण उपयोग; eines Menschen: शोषण ।

auspacken, 1. v/t (h.) की पैकिंग खोलना; से सामान निकालना; U: स्वेच्छा से विस्तारपूर्वक बतलाना या क़बूल क० ।

auspeitsch-en, v/t (h.) कोड़े से पिटाई क०; **~ung,** f (-/-en) कोड़े से पिटाई ।

auspfeifen, v/t (h.) सीटी बजाकर नापसंदगी ज़ाहिर क०, हूट क०; theat: das Stück wurde ausgepfiffen नाटक लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया ।

ausplaudern, v/t (h.) भेद खोलना, गोपनीय बात प्रकट क० ।

ausplündern, v/t (h.) पूरी तरह लूट लेना ।

auspolstern, v/t (h.) पर गद्दी चढ़ाना; कपड़ों आदि में गद्दीदार तह लगाना ।

ausposaunen, v/t (h.) शेखी बघारते हुए उच्च स्वर में कोई बात फैलाना ।

ausprägen, v/t (h.) (सिक्का) बनाना; fig: सुस्पष्ट बनाना, सुस्पष्ट या विशिष्ट रूप देना; →ausgeprägt

auspressen, v/t (h.) दबाकर निकालना, निचोड़ना ।

ausprobieren, v/t (h.) का परीक्षण क०, जाँचना, आज़माना ।

Auspuff, m (-[e]s/-e) tech: इंजन से अपशिष्ट गैसों के निकलने का मार्ग; **~rohr,** n अपशिष्ट गैसों के निकास की नली, उत्स्राव-नाड; **~topf,** m (अपशिष्ट गैसों से उत्पन्न शोर को कम करने वाला) रवशामक ।

auspunkten, v/t (h.) Boxer: पर अंकों द्वारा विजय पाना ।

Ausputz, m (-es) an Kleidern: गोटा-पट्टी, झालर, वस्त्र-सज्जा; (Abfall) अन्न की सफ़ाई के बाद बचा कूड़ा-करकट; **~en,** v/t (h.) (reinigen) साफ़ क०; (schmücken) सज्जित क०, सजाना; Sträucher: (झाड़ी, पौधे आदि की) छँटाई क० ।

ausquartieren, v/t (h.) को निवास-स्थान से निकाल देना, को घर से बाहर कर देना ।

ausquetschen, v/t (h.)→auspressen; U: jdn. ausquetschen किसी से खोद-खोद कर पूछना ।

ausradieren, v/t (h.) रबर से मिटा देना; fig: मिटा देना, नेस्तनाबूद कर देना, का नामोनिशान मिटा देना।

ausrangieren, v/t (h.) रेल के बेकार डिब्बों को अलग कर देना; fig: बेकार वस्तुओं को निकाल फेंकना।

ausrauben, v/t (h.) पूरी तरह लूट लेना।

ausrauchen, v/t (h.) सिगरेट आदि पूरी पी लेना।

ausräuchern, v/t (h.) धुँआ देकर कीड़ों, पतंगों से मुक्त क०।

ausraufen, v/t (h.) : sich die Haare ausraufen (क्रोध या दुःख से) अपने बाल नोचना।

ausräumen, v/t (h.) ख़ाली कर देना, सारा सामान बाहर निकाल देना, साफ़ कर देना; fig: Mißverständnisse: ग़लतफ़हमियों को मिटा देना।

ausrechn-en, v/t (h.) हिसाब लगा लेना, हिसाब लगा कर पता लगाना; अनुमान लगाना; fig: Sie können sich selbst ausrechnen, was das bedeutet आप स्वयं अनुमान लगा सकते हैं कि इसका क्या महत्व है; →ausgerechnet; **~ung,** f (-/-en) परिकलन, परिकलन-परिणाम।

Ausred-e, f (-/-n) बहाना, बतबनाई, हीला-हवाला, टालमटोल; eine faule Ausrede झूठा बहाना; **~en,** 1. v/i (h.) बात पूरी क०; 2. v/t (h.) : jdm. etw. ausreden किसी के दिमाग़ से कोई बात निकाल देना, किसी को कुछ न करने के लिए समझाना।

ausreichen, v/i (h.) पर्याप्त होना, काफ़ी होना; **~d,** adj. पर्याप्त; Notenstufe: उत्तीर्ण होने भर को पर्याप्त (जर्मनी में परीक्षाफल की एक श्रेणी)।

ausreifen, v/i (s.) पक जाना; →ausgereift

Ausreis-e, f (-/-n) प्रस्थान, स्वदेश से प्रस्थान, विदेश-यात्रा; **~egenehmigung,** f विदेश-यात्रा की अनुमति; **~en,** v/i(s.) विदेश-यात्रा पर जाना।

ausreiß-en 1. v/t (h.) फाड़कर अलग क०, फाड़ लेना; खींचकर अलग क०, खींच निकालना; जड़ समेत खींच लेना; 2. v/i (s.) U: भाग जाना, भाग निकलना; sport: दौड़ की प्रतियोगिता में सबसे काफ़ी आगे निकल जाना; Naht: उधड़ जाना, फट जाना; **~er,** m (-s/-) U: भगोड़ा, घर से भाग जाने वाला बालक या पालतू जानवर।

ausreiten, 1. v/t (h.) Pferd: घोड़े पर चढ़कर उसे बाहर ले जाना; 2. v/i (s.) घोड़े पर सैर को निकलना।

ausrenken, v/t (h.) जोड़ से हटाना, जोड़ उखाड़ना; sich den Arm ausrenken की बाँह उतर जाना; U: sich den Hals nach jdm. ausrenken किसी पर नज़र जमाकर उसके साथ-साथ अपनी गर्दन मोड़ते जाना।

ausricht-en, v/t (h.) (einpassen) समन्वयन क०; सही-सही फ़िट बैठाना; (gerade richten) पंक्तिबद्ध क०, एक सीध में लाना; (veranstalten) का आयोजन क०, का व्यय उठाना; का प्रबंध क०; (erreichen) पाना, प्राप्त क०, में सफलता प्राप्त क०; fig: jdm. etw. ausrichten किसी को कोई संदेश या ख़बर देना; eine Hochzeit ausrichten किसी विवाह का प्रबंध क० या व्यय उठाना; in dieser Sache konnte ich nichts ausrichten इस मामले में मैं कुछ भी नहीं कर सका; mit Geld ist da nichts auszurichten रुपए-पैसे से यहाँ काम नहीं चलेगा, रुपए-पैसे से इस बात में सफलता नहीं मिलने वाली है; **~ung,** f (-/-en) समन्वयन; संरेखण, पंक्तिबंधन; einer Nachricht: संदेश पहुँचाना या देना।

Ausritt, m (-[e]s/-e) अश्वारूढ़ होकर सैर पर निकलना।

ausrod-en, v/t (h.) (कृषि-भूमि प्राप्त करने के लिए) वनकटाई क०; **~ung,** f (-/-en) कृषि-भूमि प्राप्त करने के लिए वनकटाई।

ausrollen, 1. v/t (h.) चर्खी से तार

आदि उतारना; Teig: बेलना, बेलकर चौड़ा क०; 2. v/i (s.) Flugzeug: अवतरण के बाद वायुयान का धीरे-धीरे गतिहीन हो जाना ।

ausrott-en, v/t (h.) मिटा देना, का बिल्कुल सफ़ाया कर देना, का नामोनिशान मिटा देना; **~ung,** f (-/-en) विनाश, जातिविनाश; विध्वंस ।

ausrücken, 1. v/i (s.) सीध से बाहर हो जाना, बाहर को निकल या खिसक जाना; mil: पड़ाव से निकलना या कूच क०; U: भाग जाना, भाग निकलना; 2. v/t (h.) tech: विसंयोजित क० ।

Ausruf, m (-[e]s/-e) पुकार, चीत्कार विस्मयोद्गार, (Bekanntmachung) घोषणा, उद्घोषणा; **~en,** v/t (h.) घोषित क०; बेचने के लिए चिल्ला-चिल्लाकर अपने माल की प्रशंसा क०; किसी को किसी पद पर नियुक्त करने की घोषणा क०; **~er,** m (-s/-) उद्घोषक, ऐलान करने वाला; **~ewort,** n, gramm: विस्मयादिबोधक शब्द, विस्मयबोधक अव्यय; **~ungszeichen,** n विस्मयबोधक चिह्न ।

ausruhen, v/i (h.) आराम क०; sich ausruhen आराम क० ।

ausrupfen, v/t (h.) (घास-फूस या मुर्गी आदि के पंख) नोच कर साफ़ क० ।

ausrüst-en, v/t (h.) सज्जित क०, के लिए आवश्यक सामग्री मुहैय्या क०; mil: शस्त्रीकरण क०; tech: प्रसाधित क०; sich mit etw. ausrüsten किसी सामान से लैस होना; **~ung,** f (-/-en) सज्जा; सैन्य-सामग्री, आयुध-कलाप; सज्जित या लैस किया जाना; शस्त्रीकरण ।

ausrutschen, v/i (s.) फिसल जाना; अनायास मुँह से निकल जाना ।

Aussaat, f (-) (das Säen) बुवाई,बोना; (Saat) बीज ।

aussäen, v/t (h.) बोना, बुवाई क०; fig: का बीज डालना ।

Aussag-e, f (-/-en) (Erklärung) कथन; वक्तव्य, बयान; (Inhalt) सार, किसी साहित्यिक रचना में निहित संदेश; vor Gericht: बयान; **~en,** 1. v/t (h.) बता देना, कहना; सार-गर्भित होना; 2. v/i (h.) jur: बयान देना; **~esatz,** m, gramm: अस्ति-वाचक वाक्य; **~eweise,** f, gramm: क्रियाभाव ।

Aussatz, m, (-es) कुष्ठ, कोढ़ ।

aussätzig, adj. कुष्ठरोग से पीड़ित; **~e,** m/f (-n/-n) कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति (स्त्री या पुरुष), कोढ़ी, कोढ़िन ।

aussaugen, v/t (h.) सोख लेना, चूस लेना; चूसकर खाली कर देना; fig: jdn. aussaugen किसी का शोषण क० ।

Ausschabung, f (-/-en) med: शरीर के किसी भीतरी भाग को खुरचना (विशेषतया गर्भाशय से भ्रूण को खुरचकर गर्भपात कराना) ।

ausschacht-en, v/t (h.) खोदना, की खुदाई क०; **~ung,** f खुदाई, उत्खनन; खोदा हुआ गड्ढा ।

ausschalen, v/t (h.) (verschalen) तख़्तों आदि से मढ़ना; (Schalung entfernen) पाड़ या पाइट हटाना; फलकावरण हटाना; (schälen) छीलना, का शल्क उतारना ।

ausschalt-en, v/t (h.) बंद कर देना, ऑफ़ कर देना; fig: jdn. ausschalten किसी को निष्क्रिय कर देना या रास्ते से हटा देना; **~ung,** f (-/-en) यंत्र या उपकरण को बंद क०, ऑफ़ क०; fig: रास्ते से हटाना, निष्क्रिय कर देना ।

Ausschank, m (-[e]s/ ⸚e) मधुशाला, बार; (Theke) मधुशाला की लम्बी मेज जिसके ऊपर से शराब बेची जाती है ।

Ausschau, f. (-): Ausschau halten nach jdm. किसी की तलाश क०, किसी की राह देखना; **~en,** v/i (h.) →aussehen; nach jdm. ausschauen किसी की बाट जोहना या राह देखना ।

ausscheid-en, 1. v/t (h.) अलग क०, पृथक क०; मलोत्सर्ग क०; med:

स्रावित क०; chem: वियोजित क०; अलग क०; अवक्षेपित क०; math: विलुप्त क०; 2. v/i (s.) सेवामुक्त होना; आरंभिक प्रतियोगिता में हार जाना; का प्रश्न न उठना; **~ung,** f (-/-en) पृथक्करण; मलोत्सर्जन; मल; med: स्राव; स्रावण; chem: नियोजन, अवक्षेपण, अवक्षेप; sport: प्रारंभिक प्रतियोगिता में पराजय; **~ungskampf,** m आरंभिक प्रतियोगिता, फ़ाइनल से पूर्व की प्रतियोगिता।

ausschenken, v/t (h.) गिलास में उँडेलना; मधुशाला की मेज़ पर से गिलासों को भर कर देना।

ausscheren, v/i (s.) किसी वाहन का अपने मार्ग से विचलित हो जाना; fig: रंग बदलना, रुख़ बदलना।

ausschicken, v/t (h.): jdn. ausschicken किसी को किसी विशेष काम के लिए भेजना।

ausschiffen, v/t (h.) जहाज़ से उतारकर तट पर पहुँचाना; sich ausschiffen जहाज़ से उतरकर तट पर पहुँचना।

ausschimpfen, v/t (h.): jdn ausschimpfen किसी को डाँट देना।

ausschlachten, v/t (h.): (ausweiden) अँतड़ियाँ आदि बाहर निकालना; U: Auto usw: पुरानी गाड़ी आदि के पुर्ज़े अलग करके उनका उपयोग क०; U: (ausnutzen)का पूरा-पूरा लाभ उठाना।

ausschlafen, 1. v/i (h.) की नींद पूरी होना; 2. v/t (h.): den Rausch ausschlafen सोकर नशा उतारना।

Ausschlag, m (-[e]s/ ⸗e) med: शरीर पर निकले दाने या फुँसियाँ; eines Zeigers: विक्षेप, विचलन, विस्थापन, दोलन; fig: निर्णायक तथ्य या घटना; diese Bemerkung gab den Ausschlag यह कथन निर्णायक था; **~en,** 1. v/t (h.) प्रहार द्वारा बाहर निकाल देना; नष्ट कर देना; (auskleiden) सज्जित क०, सजाना; (ablehnen) अस्वीकार कर देना; 2. v/i (h.) Pferd: दुलत्ती मारना, पैर फटकारना; Zeiger: विचलित होना, दोलित होना; Pflanze: में कलियाँ निकलना; fig: es ist zum Guten ausgeschlagen इसका परिणाम अच्छा हुआ; **~gebend,** adj. निर्णायक, निश्चायक।

ausschließ-en, v/t (h.) किसी को बाहर निकालकर ताला लगा लेना; किसी को अंदर न आने देना; fig: निकाल देना, बहिष्कृत कर देना; पर ध्यान न देना, को छोड़ देना, को सम्मिलित न क०; →ausgeschlossen; **~lich,** 1. adj. एकमात्र, अनन्य, अकेला; विशिष्ट; अपवर्जक; 2. präp. (+ gen.) के अतिरिक्त, को छोड़कर; 3. adv. केवल, के अतिरिक्त और कुछ नहीं; **~lichkeit,** f (-) अनन्यता, एकमात्रता; अपवर्जिता; **~ung,** f (-/-en) बहिष्करण; प्रतियोगिता में भाग न लेने देना; सम्मिलित होने की क़ानूनी मनाही।

Ausschlupf, m (-es/-e) बच निकलने या निकल जाने का मार्ग।

ausschlüpefn, v/i (s.) फिसलकर बाहर आना; अंडे से निकलना।

Ausschluß m (-'sses/ ⸗'sse) निष्कासन, बहिष्कार; अपवर्जन; das Gericht tagte unter Ausschluß der Öffentlichkeit अदालत की कार्यवाही सर्वसाधारण की अनुपस्थिति में हुई, अदालत ने जनसाधारण को बाहर निकालकर अपनी कार्यवाही पूरी की।

ausschmelzen, v/t (h.) पिघलाना।

ausschmieren, v/t (h.) U: jdn. ausschmieren किसी को धोखा देना, किसी को ठग लेना।

ausschmück-en, v/t (h.) सजाना, सज्जित क०, अलंकृत क०; fig: eine Schilderung ausschmücken किसी बात को नमक-मिर्च लगाकर कहना; **~ung,** f (-/-en) अलंकरण; सजावट; अतिरंजन।

ausschneiden, v/t (h.) काटना, काट लेना, काट डालना; काटकर बड़ा क०; पेड़ों आदि की छँटाई क०।

Ausschnitt, m (-[e]s/-e) an Kleid: गले की काट; tech: कटान, खाँचा; द्वारक; छिद्र; (Teil) अंश, भाग; अख़बार की कतरन।

ausschnüffeln, v/t (h.) U: चुपचाप तलाशी लेना, चुपचाप तलाशी लेकर किसी बात का पता लगाना।

ausschöpfen, v/t (h.) से पानी निकालना, से पानी उलीचना; से पानी निकालकर ख़ाली कर देना; fig: का पूरा-पूरा उपयोग क॰; alle Möglichkeiten ausschöpfen सभी संभव साधनों का प्रयोग क॰।

ausschreib-en, v/t (h.) Wort: शब्दों में लिखना (किसी संख्या को); किसी शब्द को पूरा-पूरा लिखना; Rechnung: बिल बनाना या तैयार क॰; Wahlen: (चुनाव की) घोषणा क॰; Wettbewerb: किसी प्रतियोगिता का विज्ञापन देना; Stelle: किसी पद का विज्ञापन देना; **~ung,** f (-/-en) einer Stelle: किसी पद का विज्ञापन eines Auftrages: निविदा के लिए विज्ञापन; eines Wettkampfes: किसी प्रतियोगिता का विज्ञापन।

ausschreit-en, v/i(s.) लम्बे डग भरना; ग़लत क़दम उठाना; **~ung,** f (-/-en) अतिक्रमण, अतिचार, अनैतिक कार्य।

Ausschuß, m (-'sses/ ⸗ s'se) (Kommission) समिति, आयोग, कमीशन; Schußwunde: शरीर से गोली निकलने का स्थान या वहाँ का घाव; o. pl: (fehlerhafte Ware) घटिया माल; कूड़ा-करकट; **~sitzung,** f आयोग या समिति की बैठक।

ausschütteln, v/t(h.) झाड़ कर साफ़ क॰।

ausschütt-en, v/t (h.) ढरका देना, उलटकर ख़ाली कर देना; kfm: Dividende: लाभांशों का वितरण क॰; U: jdm. sein Herz ausschütten किसी के आगे अपना दुखड़ा रोना; U: sich vor Lachen ausschütten हँसते-हँसते लोट-पोट हो जाना; **~ung,** f (-/-en) kfm: लाभांश-वितरण।

ausschwärmen, v/i (s.) झुंडों में उड़ जाना; mil: रणक्षेत्र में तितर-बितर हो जाना या फैल जाना।

ausschweif-en, v/i (s.) fig: विषय-वस्तु से हटना; विलासपूर्ण जीवन व्यतीत क॰; 2. v/t (h.) (auskerben) में गोल खाँचे बनाना; **~end,** adj., fig: विलासी, लम्पटतापूर्ण, पथभ्रष्ट; विषयवस्तु से असंबंधित; **~ung,** f (-/-en) विलासिता, लम्पटता, व्यभिचार; विषयवस्तु से दूर होना।

ausschweigen, v/r (h.) किसी विषय पर कुछ न कहना, मौन धारण कर लेना।

ausschwitzen, v/t (h.) पसीने की राह निकाल देना।

Aussegnung, f (-/-en) eines Toten: मृतक को घर से ले जाने से पहले पादरी द्वारा अभिमंत्रित किया जाना।

[1]**aussehen,** v/i (h.) दिखना; लगना, प्रतीत होना; देखना; nach jdm. aussehen किसी की राह देखना; sie sieht gut aus वह सुंदर है, वह सुंदर लगती है या लग रही है; das sieht gar nicht gut aus यह तो बहुत ख़राब है; यह मामला बड़ा संगीन है; das sieht nach nichts aus यह बिल्कुल बेकार है; यह तो किसी काम का नहीं लगता; es sieht ganz danach aus, . . . बिल्कुल ऐसा लगता है कि…; es sieht nach Regen aus लगता है कि बरसात होगी; U: so sehen Sie aus! आप यह चाहते हैं, पर ऐसा होगा नहीं; यह आपकी ख़ामख़याली है।

[2]**Aussehen,** n (-s) बाह्य रूप, दिखाव, बनाव; प्रतीति।

außen, adv. बाहर, बाहरी सतह पर; nach außen hin gibt er sich gelassen ऊपर से वह बड़ा संयमित दिखता है; **~ansicht,** f बाह्य दृश्य; **~bordmotor,** m जहाज़ या स्टीमर का बाहरी इंजन।

aussenden, v/t (h.): jdn. aussenden किसी को किसी विशेष उद्देश्य या काम से भेजना; Radio: प्रसारित क॰।

Außen-dienst, m क्षेत्र-कार्य,कार्यालय के बाहर का काम; **~handel,** m विदेश-व्यापार; **~minister,** m विदेश-मंत्री; **~ministerium,** n विदेश-मंत्रालय; **~politik,** f विदेशनीति; **~posten,** m, mil: बाहरी चौकी; पृथक प्रहरी-सैनिक; **~seiter,** m बाहरी आदमी, असदस्य व्यक्ति; समाजभीरु व्यक्ति; अलग-थलग रहने वाला व्यक्ति; sport: प्रतियोगी जिसके जीतने की कोई संभावना न हो; **~stände,** pl., kfm: असंगृहीत या अप्राप्त धन; **~stehende,** m/f (-n/-n) बाहरी व्यक्ति; किसी संस्था या दल आदि की भीतरी बातों से अपरिचित व्यक्ति; **~welt,** f (-) बाह्य-जगत।

außer, 1. präp. (+dat.) (außerhalb) के बाहर, के परे; (ausgenommen) के अतिरिक्त, के अलावा, को छोड़कर, के सिवाय; außer Dienst सेवानिवृत्त, अवकाश-प्राप्त; außer Atem हाँफता हुआ; außer Betrieb ख़राब, बिगड़ा हुआ; außer Fassung geraten आपे से बाहर हो जाना, आत्म-नियंत्रण खो बैठना; außer sich sein आपे से बाहर होना; er ist außer sich vor Freude वह ख़ुशी के मारे फूला नहीं समाता; außer Landes gehen विदेश चला जाना, स्वदेश छोड़ देना; das steht außer Frage यह सुस्पष्ट है, यह बात बिल्कुल पक्की है; alle außer ihm sind gekommen उसके अतिरिक्त और सभी आ गए हैं; 2. konj. यह बात और है कि, यदि···न···तो; er kommt immer pünktlich, außer er ist krank [..., außer daß/wenn er krank ist] यदि वह बीमार न पड़ जाए तो वह सदैव समय पर आता है; **~beruflich,** adj. नौकरी या पेशे के अतिरिक्त का; **~dem,** adv. इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, इसके साथ-साथ।

äußer, adj. बाह्य, बाहरी, बाहर का; der äußere Eindruck बाह्य रूप पर आधारित राय या विचार; seine äußere Erscheinung उसका बाह्य रूप; die äußeren Angelegenheiten eines Staates किसी राज्य के विदेश-नीति-संबंधी मामले; **~e,** n बहिर्भाग; बाह्य रूप, रूपरंग; sie hält viel auf ihr Äußeres वह अपने रूपरंग का बहुत ध्यान रखती है, वह बहुत बन-सँवर कर रहती है; der Minister des Äußeren विदेश-मंत्री।

außer-ehelich, adj. अवैवाहिक; विवाहेतर, जारज, दोग़ला; **~gewöhnlich,** adj. असाधारण, असामान्य, विशिष्ट; **~halb,** 1. präp (+gen.) के अतिरिक्त, के बाहर, के परे; 2. adv. बाहर, (शहर, घर या देश के) बाहर; er wohnt außerhalb वह शहर से दूर (या बाहर) रहता है।

äußerlich, 1. adj. बाह्य, बाहरी; 2. adv. ऊपर से, बाहर-बाहर; **~keit,** f (-/-en) बाह्याचार, औपचारिकता, दिखावा; गौण बात।

äußern, v/t (h.) कहना; दिखाना, प्रकट क०; sich äußern über etw. किसी विषय या वस्तु पर अपने विचार प्रकट क०; seine Meinung äußern अपनी राय प्रकट क०।

außer-ordentlich, 1. adj. असाधारण, असामान्य; अतिरिक्त; 2. adv. अत्यधिक, बहुत; ein außerordentlicher Professor सहयोगी प्रोफ़ेसर, रीडर; eine außerordentliche Versammlung विशेष रूप से बुलाई गई बैठक या सभा; **~planmäßig,** adj. योजना के अतिरिक्त का या बाहर का; **~sinnlich,** adj. अनुभवातीत, इन्द्रियातीत।

äußerst, 1. adj. बाह्यतम, सिरे का; अंतिम; आख़िरी; अत्यन्त, परम; 2. adv. अत्यधिक, नितांत, बहुत ही अधिक; das ist der äußerste Preis यह बिल्कुल आख़िरी दाम है; bis zum Äußersten gehen अपनी चरम सीमा तक उद्यम क०; das Äußerste befürchten परम अशुभ की आशंका क०; jdn. bis zum

Äußersten bringen किसी को हद से अधिक मजबूर क०; im äußersten Falle अधिक से अधिक, बहुत हुआ तो; das ist von äußerster Wichtigkeit यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है; sein äußerstes tun भरसक प्रयत्न क०; कुछ उठा न रखना, यथासाध्य उद्यम क०; äußerst überrascht sein अत्यन्त चकित होना; das Äußerste wagen बड़े से बड़ा जोखिम उठाना, सब कुछ दाँव पर लगा देना, जान की बाज़ी लगा देना।

außerstande, adv. (के लिए) असमर्थ, से लाचार; außerstande sein, etw. zu tun कुछ करने के लिए असमर्थ होना; ich sehe mich außerstande, das zu tun मुझमें इसे करने की सामर्थ्य नहीं है।

Äußerung, f (-/-en) कथन, उक्ति; अभिव्यक्ति।

aussetz-en, 1. v/i (h.) किसी जारी काम का रुक जाना; क्रम टूट जाना; (ausruhen) (कुछ देर के लिए) आराम क०; (stocken) रुक जाना, ठप हो जाना; beim Spiel: बाज़ी न लेना या छोड़ देना; 2. v/t (h.) (verschieben) स्थगित क०, मुल्तवी क०; (ausschreiben) इनाम या पुरस्कार की घोषणा क०; ein Kind: नवजात शिशु को कहीं रख आना; Pflanze: गमलों से निकालकर ज़मीन में लगाना; fig: आलोचना क०; में दोष निकालना; er hat an allem etw. auszusetzen वह हर चीज़ में कोई न कोई दोष निकाल लेता है; sich/jdn. einer Gefahr aussetzen स्वयं को/किसी को ख़तरे में डालना; eine Strafe zur Bewährung aussetzen आचरण-सुधार का अवसर देने के लिए सज़ा रद्द कर देना; ~**ung,** f (-/-en) (Unterbrechung) किसी जारी काम का रुकना; (Verschiebung) मुल्तवी, स्थगन; eines Kindes: नवजात शिशु को कहीं छोड़ आना; einer Belohnung: पुरस्कार की घोषणा क०; einer Strafe: सज़ा रद्द क०।

Aussicht, f (-/-en) दृश्य, परिदृश्य, नयन-गोचर प्रदेश; fig: भविष्य; संभावना, सफलता के आसार, आशा; jdm. etw. in Aussicht stellen किसी को किसी बात की आशा दिलाना, किसी से किसी बात का वादा क०; ~**slos,** adj. निराशा-जनक, बिना किसी भविष्य का, जिसकी सफलता की कोई आशा न हो; ~**slosigkeit,** f (-) निराशाजनकता; ~**spunkt,** m स्थान जहाँ से आसपास का दृश्य अच्छी तरह दिखे; प्रेक्षण-स्थल; ~**sreich,** adj. आशापूर्ण; अच्छे भविष्य वाला, होनहार; जिसकी सफलता के आसार अच्छे हों; ~**sturm,** m प्रेक्षण-मीनार।

aussieben, v/t (h.) छलनी से छानना; fig: अच्छा-अच्छा चुन लेना।

aussied-eln, v/t (h.) बस्ती से निकाल देना; बस्ती ख़ाली क० या कराना; ~**(e)lung,** f (-/-en) बस्ती ख़ाली क० या बस्ती का ख़ाली कराया जाना; बस्ती से निकाला जाना।

aussinnen, v/t (h.) सोच निकालना।

aussöhn-en, 1. v/t (h.) समझौता कराना, झगड़े के बाद मेल कराना; 2. v/r (h.) समझौता कर लेना, झगड़े के बाद मेल क०, मनमुटाव समाप्त क०; ~**ung,** f (-/-en) समझौता, मनमुटाव की समाप्ति, झगड़े के बाद मेल।

aussonder-n, v/t (h.) छाँटना, छाँटकर निकाल देना, छाँटकर अलग कर देना; ~**ung,** f (-/-en) छँटाई के बाद निकाला जाना, पृथक्करण।

Ausspann, m (-[e]s/-e) जुते हुए पशुओं को बदलना; सराय जिसके साथ अस्तबल हो; ~**en,** 1. v/i (h.) आराम क०; विश्राम क०; 2. v/t (h.) जूए से खोलना; तानना, तानकर फैलाना; U: jdm. die Freundin ausspannen किसी की प्रेमिका को फँसा लेना; ~**ung,** f (-/-en)(Erholung) आराम, विश्राम; → Ausspann

ausspar-en, v/t (h.) (जगह) ख़ाली छोड़ना; ~**ung,** f (-/-en) ख़ाली

छोड़ी हुई जगह; जगह ख़ाली छोड़ना।

ausspeien, v/i & v/t (h.) थूक देना; क़ै कर देना।

aussperr-en, v/t (h.) किसी के सामने दरवाज़ा बंद कर लेना, किसी को अंदर न आने देना; Arbeiter: तालाबंदी द्वारा मज़दूरों को काम पर आने से रोकना; ~**ung,** f (-/-en) von Streikenden: तालाबंदी।

ausspiel-en, 1. v/t (h.) (ins Spiel bringen) (खेल प्रारंभ करने के लिए) पत्ता फेंकना; (als Gewinn aussetzen) इनाम के रूप में रखना (लॉटरी आदि में); fig: jdn. gegen jdn. ausspielen किसी को किसी के साथ भिड़ा देना; 2. v/i (h.) ताश के खेल में पहली चाल चलने वाला होना; fig: er hat ausgespielt उसका खेल ख़त्म हो गया है; ~**ung,** f (-/-en) लॉटरी के इनामों का निकाला जाना।

ausspinnen, v/t (h.) fig: सोच निकालना; आगे बढ़ाना (किसी बात को)।

ausspionieren, v/t (h.) (जासूसी करके) पता लगा लेना।

Aussprache, f (-/-n) उच्चारण, उच्चारण-विधि, तलफ़्फ़ुज; (Gespräch) वार्तालाप, विचार-विमर्श।

aussprechen, 1. v/t (h.) उच्चारण क०; (äußern) प्रकट क०; jdm. seinen Dank aussprechen किसी को धन्यवाद देना; sich aussprechen अपने विचार प्रकट क०; sich mit jdm. aussprechen किसी के साथ बातचीत करके किसी ग़लतफ़हमी को मिटाना; 2. v/i (h.) बात पूरी क०।

Ausspruch, m (-[e]s/ ¨-e) उक्ति, सूक्ति, कहावत; कथन।

ausspucken, v/i & v/t(h.) थूक देना।

ausspülen, v/t (h.) धोना, धोकर साफ़ क०।

ausstaffieren, v/t (h.) सजाना, सज्जित क०, से लैस क०।

Ausstand, m (-[e]s/ ¨-e) (Streik) हड़ताल; U: अवकाश-प्राप्ति, नौकरी छोड़ना; U: er feiert heute seinen Ausstand वह अवकाश-प्राप्ति के उपलक्ष में आज अपने सहकर्मियों को दावत दे रहा है।

ausständig, adj. हड़ताली।

ausstatt-en, v/t (h.) सजाना, सज्जित क०; को आवश्यक सामग्री देना; ~**ung,** f (-/-en) (Ausrüstung) साज़-सामान, उपस्कर; (äußere Aufmachung) बाह्यसज्जा, सजावट; (Aussteuer) दहेज़; नई दुलहन का साज़-सामान।

ausstechen, v/t (h) को खोदकर निकाल लेना; भोंककर निकाल लेना या देना; fig: jdn. ausstechen किसी से आगे बढ़ जाना; किसी से बेहतर होना।

ausstehen, 1. v/t (h.) (ertragen) सहना, सहन क०, बरदाश्त क०; U: ich kann ihn nicht ausstehen उससे मुझे नफ़रत है; 2. v/i (h.) बक़ाया, अशोधित, अप्राप्त होना; न आया या न मिला होना; diese Rechnung steht noch aus यह बिल अभी तक चुकाया नहीं गया है, इस बिल का पैसा अभी तक नहीं आया है; das Ergebnis steht noch aus परिणाम अभी तक नहीं आया है।

aussteigen, v/i (s.) वाहन आदि से उतरना; U: साथ छोड़ देना, साझा छोड़ देना।

ausstell-en, v/t (h.) (zur Schau stellen) प्रदर्शन के लिए रखना; (ausfertigen) बनाना, तैयार क०; जारी क०; ~**er,** m (-s/-) नुमाइश में अपना माल प्रदर्शित करने वाला; einer Urkunde: दस्तावेज़ आदि जारी करने वाला; ~**ung,** f (-/-en) प्रदर्शनी, नुमाइश; von Dokumenten: जारी किया जाना, बनाया जाना; ~**ungsgelände,** n प्रदर्शनी-स्थल, नुमाइश का मैदान।

aussterben, v/i (s.) विलुप्त हो जाना (जाति, नस्ल आदि का); धीरे-धीरे अप्रचलित हो जाना; जनहीन हो जाना।

Aussteuer, f (-/-n) दहेज़, दुलहन का साज-सामान ।
Ausstieg, m (-[e]s/-e) वाहन आदि से उतरने का दरवाज़ा ।
ausstopfen, v/t (h.) ठूँसना, भरना (रूई आदि) ; मृत पशु की खाल में भूसा आदि भरना ।
Ausstoß, m (-es) (Anstich) बियर आदि का ढोल से निष्कासन; kfm: उत्पादन; **~en,** v/t (h.) प्रहार द्वारा निकाल देना, निकाल देना, अलग कर देना, छोड़ देना; jdn. ausstoßen किसी को बहिष्कृत कर देना; fig: einen Schrei ausstoßen चीख मारना, चीख उठना; **~ung,** f (-/-en) (Ausschluß) निष्कासन, बहिष्कार; (Elision) ध्वनि-, स्वर- या अक्षर-लोप ।
ausstrahlen, v/t (h.) विकीर्ण क० ; फैलाना; Radio: प्रसारित क० ; fig: sie strahlt Zuversicht aus उसके चेहरे से (दृढ़) विश्वास टपकता है; **~ung,** f (-/-en) विकिरण, प्रसारण; fig: eines Menschen: कांति, आभा ।
ausstrecken, v/t (h.) फैलाना, लम्बा क० ; बाहर को निकालना; die Arme nach etw. ausstrecken किसी वस्तु की ओर हाथ बढ़ाना; sich ausstrecken लेट जाना ।
ausstreichen, v/t (h.) (durchstreichen) लिखे हुए को काट देना; (bestreichen mit) से चुपड़ना, पर चुपड़ना ।
ausstreuen, v/t (h.) छितराना, छिड़कना; fig: (Gerüchte) फैलाना, उड़ाना (अफ़वाह) ।
ausströmen, 1. v/t (h.)(ausstrahlen) फैलाना; 2. v/i (s.) फूट निकलना, बह निकलना; तेज़ी से निकलना; उमड़ पड़ना ।
aussuchen, v/t (h.) (auswählen) चुनना, छाँट लेना; (auslesen) चुन या बीन कर साफ़ क० ; →ausgesucht
Austausch, m (-[e]s/-e) आदान-प्रदान, विनिमय, अदला-बदली, उलटा-पलटा; Austausch von Gedanken विचार-विनिमय; kultureller Austausch सांस्कृतिक आदान-प्रदान; **~bar,** adj. विनिमेय, बदलने योग्य; **~en,** v/t (h.) (auswechseln) बदलना, बदल देना, प्रतिस्थापित क०, एक के स्थान पर दूसरे को लगाना; wechselseitig: आदान-प्रदान क०, आपस में अदला-बदली क० ; **~motor,** m, tech: प्रतिस्थापित इंजन; **~schüler,** m दो संस्थाओं या देशों के बीच आदान-प्रदान की योजना के अंतर्गत आया या भेजा गया विद्यार्थी ।
austeilen, v/t (h.) बाँटना, बाँट देना, वितरित कर देना; **~ung,** f (-/-en) वितरण, बाँटना ।
Auster, f (-/-n) [lat./griech] शुक्ति; **~nbank,** f शुक्तितट; **~nfischerei,** f शुक्ति पकड़ने का धंधा ।
Austilgung, f (-) अभिलोपन; ध्वंस, नाश, विनाश ।
austoben, 1. v/t (h.) क्रोध, आवेश आदि को खुलकर व्यक्त क० या निकालना; 2. v/r (h.) क्रोध या आवेश से ख़ूब गरजना-तरजना; (बच्चों का) ख़ूब ऊधम या शोर मचाना ।
Austrag, m (-[e]s/ ⸗e) निर्णय, फ़ैसला; einen Streit vor Gericht zum Austrag bringen किसी मामले का न्यायालय में फ़ैसला कराना; **~en,** v/t (h.) Zeitungen usw: अख़बार आदि बाँटने के लिए ले जाना; ein Kind: नियत काल तक गर्भ धारण किए रहना; (Eintrag löschen) किसी दर्ज की हुई बात को मिटा देना; fig: einen Kampf austragen किसी झगड़े को निपटाना, किसी झगड़े का फ़ैसला क० ; किसी प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन क० ; **~ung,** f (-/-en) (Verteilung) पत्रों, अख़बारों आदि का वितरण; eines Kindes: नियत काल तक गर्भधारण; fig: झगड़े का निपटारा; प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन ।
Austräger, m (-s/-) धावक संदेशवाहक; fig: चुगलख़ोर, पिशुन ।

Austral-ien, n (-s) ऑस्ट्रेलिया; **~ier,** m (-s/-) ऑस्ट्रेलिया-निवासी; **~isch,** adj. ऑस्ट्रेलिया का।

austreib-en, v/t(h.): jdn. austreiben किसी को निकाल देना या बाहर कर देना या बहिष्कृत कर देना; Vieh: चरागाह में ले जाना; Teufel: शैतान भगाना, भूत भगाना; fig: jdm. etw. austreiben किसी के दिमाग़ से कोई बात निकाल देना, किसी की कोई आदत छुड़ा देना; **~ung,** f (-/-en) (Vertreibung) निष्कासन, बहिष्करण; des Teufels: भूतापसरण, भूत भगाना।

austreten, 1. v/i (s.) बाहर निकलना या आना; aus Verein usw: की सदस्यता त्याग देना; U: शौचालय जाना; 2. v/t (h.) कुचल देना, रौंद देना; Schuhe: चलकर या ख़ूब पहनकर चौड़ा क० या घिसना; Feuer: कुचलकर बुझा देना; → ausgetreten

austrinken, v/i & v/t (h.) पूरा पी लेना, पीकर ख़ाली कर देना।

Austritt, m (-[e]s/-e) (Verlassen) सदस्यता-त्याग; निकलना; (kleiner Balkon) छज्जा, बारजा; (Treppenabsatz) सीढ़ी का अंतिम सोपान; (Öffnung) निकास, निर्गम-द्वार; **~ser-klärung,** f सदस्यता-त्याग की घोषणा।

austrocknen, 1. v/i (s.) सूख जाना; 2. v/t (h.) सुखाना, पोंछकर सुखाना, पोंछ डालना।

austüfteln, v/t (h.) U: सोच निकालना, गहन चिंतन के बाद कोई हल निकालना।

ausüb-en, v/t (h.) का पालन क०; पूरा क०; Beruf: की तरह काम क०, के व्यवसाय या धंधे में होना; Einfluß/Macht: (प्रभाव/शक्ति) का प्रयोग क०; sie übt einen großen Einfluß auf ihn aus उसका उसके ऊपर बहुत प्रभाव है, वह उसके वशीभूत है; fig: Druck auf jdn. ausüben किसी पर दबाव डालना; **~ung,** f (-/-en) पालन, परिपालन, कर्तव्य-पालन।

Ausverkauf, m (-[e]s/ ⸚e) निकासी-विक्रय, अवशिष्ट माल की बिक्री; fig: मिट्टी के मोल बेच देना।

auswachsen, v/i (s.) पूर्णविकसित होना; (Keime treiben) बाली का अंकुरित होना, बाली से अंकुर निकलना; fig: sich zu etw. auswachsen का रूप धारण कर लेना; U: es ist zum Auswachsen यह बहुत उबाने वाली बात है।

Auswahl, f (-/-en) (Wahl) चयन, चुनाव, प्रवरण; (Sortiment) संग्रह, संकलन; (Auslese) सर्वोत्तम या चुनिंदा वस्तुएँ, सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति।

auswählen, v/t (h.) चुनना, चयन क०, छाँटना, छाँट लेना।

auswalzen, v/t (h.) बेलन-दलित्र से चपटा क०; fig: पर अनावश्यक प्रलाप क०।

Auswander-er, m (-s/-) प्रवासी, परावासी, देशत्यागी, परदेशवासी; **~n,** v/i (s.) स्वदेश-त्याग क०, उत्प्रवास क०, विदेश जाकर वहाँ बस जाना; **~ung,** f (-/-en) उत्प्रवास, देश-त्याग, परदेश-गमन।

auswärt-ig, adj. अन्यत्रवासी, बाहर का; विदेशी, विदेश-संबंधी; die auswärtigen Angelegenheiten (eines Staates) किसी राज्य के विदेशनीति-संबंधी मामले; das Auswärtige Amt विदेश-मंत्रालय; **~ige,** m/f (-n/-n) परदेशी, अन्यत्रवासी व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); **~s,** adv. (nicht am Ort) नगर या देश के बाहर; (nicht zu Hause) घर के बाहर; er kommt von auswärts वह शहर के बाहर से आता है; wir essen heute auswärts हम आज घर से बाहर (शहर में कहीं) भोजन करेंगे; **~sspiel,** n, sport: अन्य नगर में खेला गया मैच (अपने नगर में नहीं)।

auswaschen, v/t (h.) धोना, धो डालना, धोकर साफ़ या अलग क०; geol: अपरदन क०, अपक्षारण क०; chem: घोलकर निकाल देना/लेना।

auswechs-elbar, adj. बदलने या प्रतिस्थापन के योग्य; **~eln,** v/t (h.) प्रतिस्थापन क०, बदलना, एक के स्थान पर दूसरे को लगाना; **~(e) lung,** f (-/-en) प्रतिस्थापन, बदलना।

Ausweg, m (-[e]s/-e) युक्ति, साधन, बचाव का मार्ग, ज़रिया-गुज़र; **~los,** adj. निराशाजनक, बिना किसी बचाव के मार्ग का; **~losigkeit,** f (-) निराशाजनकता।

Ausweich-e, f (-/-n) तंग सड़क के पास की जगह (जिसपर गाड़ी रोककर सामने से आने वाली गाड़ी को निकलने की राह दी जाए); तंग रास्ते का चौड़ा बनाया जाना; दोहरी रेल-पटरी डालना; **~en,** v/i (s.) एक तरफ़ को हट जाना; सामने से हट जाना; एक तरफ़ को हट कर रास्ता देना; U: jdm. ausweichen किसी की नज़र से बचना; U: einer Arbeit ausweichen किसी काम से बचना; **~end,** adj. टालमटोल वाला, अस्पष्ट, असंगत; er gab mir eine ausweichende Antwort उसने मुझे स्पष्ट उत्तर नहीं दिया (वह बात टाल गया); **~gleis,** n बगली रेलपथ, साइडिंग; **~manöver,** n, fig: टालमटोल का प्रयत्न।

ausweiden, v/t (h.) जानवरों की अँतड़ियाँ आदि निकालना।

ausweinen, v/r (h.) ख़ूब रोना, रो-रो कर आँखें सुजा लेना; रोते-रोते थक जाना।

Ausweis, m (-es/-e) परिचय-पत्र, पहचान-पत्र; वैधता-पत्र **~en,** 1. v/t (h.) निर्वासित क०; देश से निकालन देना; निष्कासित क०; 2. v/r (h.) अपना परिचय-पत्र दिखाना, किसी संदर्भ में अपनी वैधता प्रमाणित क०; **~papiere,** n/pl. काग़ज़ात जिनके द्वारा किसी व्यक्ति की पहचान प्रमाणित की जा सके; **~ung,** f (-/-en) निर्वासन, विवासन, देश-निकाला; **~ungsbefehl,** m निर्वासन-आदेश।

ausweit-en, v/t (h.) चौड़ा क०, फैलाना; fig: die Affäre weitet sich aus यह मामला बढ़ता जा रहा है; **~ung,** f (-/-en) विस्तरण, विस्तारण; विस्तार, फैलाव।

auswendig, 1. adj. बाह्य, बाहरी; 2. adv. कंठस्थ करके, बिना पुस्तक आदि की सहायता के; etw. auswendig lernen कुछ कंठस्थ कर लेना।

auswerfen, v/t (h.) (ausschachten) खोदना, उत्खनन क०; (hinausschleudern) बाहर को फेंकना; Geld: पारिश्रमिक के रूप में देना; med: रक्त, कफ़ आदि थूकना या निकालना।

auswert-en, v/t (h.) मूल्यांकन क०; विश्लेषण द्वारा परिणाम निकालना; का उपयोग क०; **~ung,** f (-/-en) (Verwertung) उपयोग, समुचित उपयोग eines Fragebogens: मूल्यांकन; विश्लेषण।

auswetzen, v/t (h.) घिसकर चिकना या समतल कर देना; fig: की कसर पूरी कर देना, किसी ग़लती या भूल का शोधन कर देना।

auswickeln, v/t (h.) खोलना।

auswiegen, v/t (h.) सही-सही मात्रा में तोलना।

auswinden, v/t (h.) निचोड़ना।

auswirk-en, 1. v/t (h.) (erreichen) किसी के लिए कुछ हासिल क०; 2. v/r (h.) का परिणाम होना, का फल होना; पर असर डालना; **~ung,** f (-/-en) परिणाम, फल, नतीजा, अंजाम; प्रभाव, असर।

auswischen, v/t (h.) पोंछकर साफ़ क०; पोंछ डालना; मिटा देना; U: jdm. eins auswischen किसी के साथ कोई बुराई क०।

auswittern, v/i (s.) जलवायु के प्रभाव से क्षतिग्रस्त होना।

auswringen, v/t (h.)→auswinden

Auswuchs, m (-es/ ⸚ e)(Wucherung) अपवृद्धि, ग्रंथि, गुल्म, अर्बुद; fig: (Mißstand) कुप्रथा, दुर्व्यवस्था, नैतिक ह्रास, आदर्श-च्युति।

auswuchten, v/t (h.) tech: पहिए या घूर्णक आदि को संतुलित क० ।
Auswurf, m (-[e]s/ ⸚e) med: शरीर द्वारा निष्कासित पदार्थ (रक्त, पीब, कफ़ आदि); eines Vulkans: लावा; fig: (Abschaum) नीच या कुत्सित व्यक्ति ।
auszacken, v/t (h.) दंतुरित क० या बनाना ।
auszahlen, v/t (h.) अदा क०, चुकता क०, चुका देना; (entlohnen) पारिश्रमिक या मेहनताना देना; fig: sich auszahlen से लाभ होना, लाभकर होना; fig: das zahlt sich nicht aus इससे कोई फ़ायदा नहीं ।
auszähl-en, v/t (h.) (zählen) गिनना, गणना क०; (ausscheiden) गणना द्वारा अलग क०, गणना द्वारा किसी को किसी काम के लिए नियुक्त क० (विशेषतया बच्चों के खेल में); Boxer: आहत मुष्टि-योद्धा को दस तक गिनकर पराजित घोषित क०; **~ung,** f (-/-en) गणना, गिनाई ।
Auszahlung, f (-/-en) अदायगी, भुगतान (मेहनताने का भी) ।
auszehr-en, v/t (h.) क्षीण क०, शक्तिहीन क०; **~ung,** f (-) med: क्षय ।
auszeichn-en, v/t (h.) (kennzeichnen) चिह्नित क०, पर विशिष्टता का चिह्न लगाना; की विशिष्टता दिखलाना; Waren: पर मूल्य का चिप्पा लगाना; jdn. auszeichnen किसी को वरीयता देना; किसी को सम्मान-चिह्न या पदक से विभूषित क०; sich auszeichnen विशिष्टि होना, औरों की तुलना में विशिष्ट या उत्कृष्ट होना; diese Schule zeichnet sich dadurch aus, daß... इस स्कूल की यह विशेषता है कि.........; **~ung,** f (-/-en) (Kennzeichnung) विशिष्टता; विशेषता; चिह्नन, अंकन; kfm: क्रेय वस्तुओं पर मूल्य का चिप्पा लगाना; (Orden) तमग़ा, बिल्ला, सम्मान-चिह्न, पदक; eine Prüfung mit Auszeichnung bestehen परीक्षा में विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण होना ।
auszieh-en, 1. v/t (h.) खींच लेना, खींचकर निकाल लेना, खींचकर लम्बा क०; Draht: किसी धातु से तार बनाना; Kleider: उतारना; (exzerpieren) पुस्तक आदि से कोई अंश नक़ल कर लेना या निकालना; (Extrakt entnehmen) अर्क़ निकालना; sich ausziehen नंगा होना, कपड़े उतारना; fig: jdn. ausziehen किसी को लूट लेना; 2. v/i (s.) प्रस्थान कर जाना, कूच कर जाना; मकान से निकल जाना, मकान बदल लेना; auf Raub ausziehen डकैती या लूट के लिए निकलना; **~tisch,** m मेज़ जिसका आकार उसके अंदर लगे तख़्ते को खींचकर बढ़ाया जा सके ।
auszirkeln, v/t (h.) (परकार से) ठीक-ठीक मापना; fig:→austüfteln
Auszug, m (-[e]s/ ⸚e) aus Wohnung: घर छोड़ना या बदलना; (Exzerpt) पुस्तक आदि से उद्धृत अंश या अवतरण; (Extrakt) अर्क़, अरक; eines Kontos: बैंक के खाते का विवरणपत्र; Mehl: बढ़िया मैदा; (Abmarsch) बहिर्गमन, प्रस्थान, कूच; **~sweise,** adv. अंशतया, कुछ अंशों में ।
autark, adj. [griech.] आत्मनिर्भर; **~ie,** f (-/-n) आत्मनिर्भरता ।
Authent-ie, f (-)[griech.] मौलिकता, प्रामाणिकता; **~isch,** adj. प्रामाणिक, मौलिक, आप्त; **~izität,** f (-) →Authentie
Auto, n (-s/-s) [lat./griech.] कार, मोटरगाड़ी, मोटर, गाड़ी; **~bahn,** f केवल मोटरगाड़ियों के प्रयोग के लिए प्रमुख सड़क, आउटोबान ।
Autobiographie, f आत्मकथा, आत्म-चरित, आत्मवृत्त ।
Autobus, m बस ।
Autodidakt, m स्वयंशिक्षित व्यक्ति ।

Auto-fahrer, m कारचालक; **~fried-hof,** m टूटी-फूटी कारों को फेंकने या जमा करने का स्थान।

auto-gen, adj. स्वजात, आत्मजनित; आत्मनिर्भर; autogenes Training बिना किसी निदेशक की सहायता के अपने आप किया जाने वाला थकान मिटाने का व्यायाम; **~gramm,** n (-s/-e) किसी प्रसिद्ध व्यक्ति के हस्ताक्षर; **~graph,** m (-en/-en) ग्रंथकार की निज़ी लिपि।

Autokino, n मैदानी सिनेमा जहाँ दर्शक अपनी कार में बैठे-बैठे फ़िल्म देखता है।

Autokrat, m (-en/-en) निरंकुश शासक; तानाशाह; **~isch,** adj. निरंकुश, एकतंत्रीय, स्वेच्छाचारी।

Automat, m (-en/-en) स्वचालित यंत्र; fig: यंत्रवत् काम करने वाला व्यक्ति; **~ik,** f (-/-en) स्वचलता; स्वचलिकी, स्वचलता का सिद्धांत; im Auto: स्वचालित यंत्रसमूह; **~ion,** f (-) स्वचल-यंत्रीकरण; **~isch,** adj. स्वचल, स्वचालित, स्वतःचलित; **~isieren,** v/t (h.) स्वचल बनाना, स्वचल-यंत्रीकरण क०; **~isierung,** f →Automation; **~ismus,** m (-) स्वचलता, स्वतःक्रिया; यंत्रवत् क्रिया।

Automobil, n (s/-e)→Auto

autonom, adj. स्वायत्त, स्वतंत्र, स्वाधीन; **~ie,** f (-/-n) स्वशासन, स्वायत्तता।

Autopsie, f (-/-n) [griech.] med: शवपरीक्षा।

Autor, m (-s/-en) [lat.] लेखक, रचयिता, ग्रंथकार।

Autoris-ation, f (-/-en)[lat.] प्राधिकरण, अधिकृतीकरण; **~ieren,** v/t (h.) प्राधिकृत क०, को प्राधिकार देना।

autorit-är, adj. प्राधिकारवादी; निरंकुश; **~ät,** f (-) अधिकार, प्राधिकार; प्रतिष्ठा; सम्मान; pl: (-en)(Experte) विशेषज्ञ।

Autosuggestion, f [griech.] psych: आत्म-सम्मोहन, आत्म-निर्देश।

autsch, int.→au

Avance, f (-/-n)[frz.]: jdm. Avancen machen किसी का अनुग्रह प्राप्त करने का प्रयत्न क०; कुछ लाभ उठाने के लिए किसी की चाटुकारिता क०; किसी से प्रणय-प्रार्थना क०।

avancier-en, v/i (s.)[frz.] पदोन्नति पाना; **~ung,** f (-/-en) पदोन्नति।

Avantgard-e, f (-/-n)[frz.] सेनाग्र; अग्रसर; **~ist,** m (-en/-en) अपने समय से आगे के विचारों वाला व्यक्ति, प्रगतिवादी; **~istisch,** adj. प्रगतिवादी।

Aversion, f (-/-en) [frz.] विरुचि, विद्वेष, घृणा।

avisieren, v/t (h.) [frz./ital.] की सूचना देना, की पूर्वसूचना देना।

axial, adj. [lat.] अक्षीय, अक्ष।

Axiom, n (-s/-e) [griech.] (Grundsatz) स्वयंसिद्ध, स्थिर सिद्धांत; math: स्वयंतथ्य, स्वतःसिद्ध प्रमाण।

Axt, f (-/ ⸚ e) परशु, कुठार, कुल्हाड़ी, कुल्हाड़ा।

Azur, m (-s) [pers.] आसमानी-नील, नभोनील; **~blau,** 1. n आसमानी रंग; 2. adj. आसमानी-नीले रंग का।

azyklisch, adj. [griech.] अचक्रीय; अनावर्ती।

B

babbeln, v/i (h.) U: बकवक क०, बकवास क० ।

Baby, n (-s/-s) [eng.] शिशु, दूध पीता बच्चा; **~ausstattung,** f (भावी) शिशु के कपड़े आदि; **~sitter,** m(-s/-) शिशु-परिचारक, माँ-बाप की अनुपस्थिति में शिशु की देख-भाल करने वाला ।

Bacch-anal, n (-s/-e; -s/-ien) [lat./griech.] सुरादेवोत्सव; fig: मद्यपानोत्सव; **~ant,** m (-en/-en) सुरादेवपूजक, सुराभक्त; **~antisch,** adj. नशे में चूर, मदमत्त; ऐयाश ।

Bach, m (-[e]s/ ⸚e) छोटी नदी, नदिका, क्षुद्र सरिता, नाला ।

Bach-e, f (-/-n) जंगली शूकरी; **~er,** m (-s/-) जंगली शूकर ।

Bachstelze, f (-/-n) खंजन, नदी-तट पर पाई जाने वाली एक चिड़िया ।

Back, f (-/-en) Schiff: गलही; Boot: नाव का पिछला भाग; (Eßtisch an Bord) नाविकों की भोजन की मेज़; **~bord,** m (-[e]s/-e) जहाज़ का वामपार्श्व; **~bord(s),** adv. बाईं तरफ़ ।

Backe, f (-/-n) गाल, कपोल; Bremsvorrichtung: दोतरफ़ा ब्रेक का एक भाग; bei Werkzeugen: किसी उपस्कर के एक समान दो भागों में से एक ।

backen, 1. v/t (h.) पकाना, भूनना, तलना, सेंकना; (dörren) सुखाना; 2. v/i (h.) पकना, भुनना, सिकना; चिपकना; das Brot backt रोटी पक रही है; der Schnee backt वर्फ़ चिपक रही है (जूतों आदि में) ।

Backen-bart, m गलमुच्छा; **~grübchen,** n (हँसते समय) गाल में पड़ने वाला गड्ढा; **~knochen,** m गंडास्थि; **~streich,** m थप्पड़, चाँटा, तमाचा; **~tasche,** f बंदरों आदि की गाल की थैली, गलधानी, गलेथर; **~zahn,** m चर्वण-दंत, दाढ़ ।

Bäcker, m (-s/-) नानवाई, कांदविक; **~ei,** f (-/-en) नानवाई की दूकान, बेकरी ।

Back-fisch, m भूनी हुई मछली; U: कमसिन लड़की; **~form,** f केक आदि बनाने का साँचा; **~huhn,** n भूनी हुई मुर्गी; **~obst,** n सूखे फल; **~ofen,** n तंदूर, आपाक, बेकिंग-रेंज ।

Backpfeife, f, U: थप्पड़, चाँटा, तमाचा ।

Back-pulver, n पाकचूर्ण; **~stein,** m ईंट; **~steinbau,** m ईंटों की इमारत; **~trog,** m आटा गूँधने की नाँद; **~werk,** n पिष्टक, पिष्टान्न, पेस्ट्री या केक आदि ।

Bad, n (-[e]s/ ⸚er) (Badezimmer) स्नानगृह, गुसलख़ाना; (Schwimmbad) तरण-कुंड, तैरने का जलाशय; (Säuberung) निमज्जन, स्नान, प्रक्षालन; (Kurort) स्वास्थ्यप्रद झरनों या स्रोतों का स्थान, खनिजयुक्त जल-स्रोतों का स्थान; chem: (रंजक) घोल; ein Bad nehmen स्नान क०, नहाना; das Kind mit dem Bade ausschütten निरर्थक या बेकार वस्तु के साथ महत्वपूर्ण वस्तु को भी फेंक देना ।

Bade-anstalt, f सार्वजनिक तरण-कुंड, जन-स्नानगृह; **~anzug,** m स्त्रियों की तैरने की पोशाक; **~hose** f तैरने का जाँघिया या घुटन्ना; **~kappe,** f तैरते समय बालों को भीगने से बचाने के लिए पहनी जाने वाली टोपी; **~kur,** f झरनों या स्रोतों के पानी से उपचार, जलोपचार; **~mantel,** m तौलिए जैसे कपड़े का लबादा; **~meister,** m सार्वजनिक तरण-कुंडों की देखभाल करने वाला ।

baden, 1. v/t (h.) नहलाना, निमज्जित क०; 2. v/i (h.) नहाना, स्नान क०; तैरना; in der Sonne baden धूप

खाना; in Schweiß gebadet sein पसीने से तर-बतर होना।

Bade-öl, n स्नान-जल में मिलाया जाने वाला सुगंधित द्रव्य; **~ort,** m स्नान-चिकित्सा का स्थान, जलोपचार का स्थान; **~saison,** f तैरने का मौसम; **~salz,** n स्नान-जल में मिलाया जाने वाला सुगंधित पदार्थ; **~strand,** m तैरने या नहाने का तट, पुलिन; **~tuch,** n बड़ा तौलिया; **~wanne,** f स्नान-हौदी, स्नान-टब; **~zeug,** n तैरने की पोशाक, टोपी आदि; **~zimmer,** n स्नान-कक्ष, गुसलखाना; शौचगृह, शौचालय; **~zusatz,** m→Badeöl

baff, adj., U: (ganz) baff sein अवाक् हो जाना, आश्चर्यचकित होना।

Bagage, f (-) [frz.] (Gepäck) यात्रा-सामग्री, सामान; (Troß) माल, असवाव, वोझा; U: हेय व्यक्तियों की टोली।

Bagatell-e, f (-/-n) [frz.] क्षुद्र या नगण्य वस्तु या बात; **~isieren,** v/t(h.) किसी वात का महत्व कम क०, किसी बात को नगण्य समझना या बताना; **~sache,** f, jur: तुच्छ मुक़दमा; मामूली अपराध।

Bagger, m (-s/-) तलकर्षक, निकर्षित्र, निकर्षक; **~führer,** m निकर्षित्र-चालक; **~n,** v/t & v/i (h.) निकर्षण क०, तलकर्षण क०।

bah/bäh, int. छी!

bähen, 1. v/t (h.) dial: रोटी सेंकना; med: गरम पानी से सेंकना, गरम पानी में दवा मिलाकर सेंकना; 2. v/i (h.) (भेड़ों का) भें-भें क०।

Bahn, f (-/en) (Eisenbahn) रेलपथ, रेलमार्ग, पटरी; (glatter Weg) चिकना रास्ता; स्किटल के खेल की चिकनी पटरी; वायुयान की अवतरण-पट्टी; (Fahrbahn) सड़क, सड़क पर अंकित सफ़ेद रेखाओं के वीच का मार्ग (गाड़ियों के लिए); von einem Stoff: कपड़े का अर्ज़; astron: परिक्रमा-पथ; phys: प्रक्षेप-पथ; U: रेलगाड़ी; mit der Bahn fahren रेलगाड़ी से यात्रा क०; fig: auf die schiefe Bahn geraten कुपथगामी या दुश्चरित्र हो जाना, ग़लत रास्ते पर पड़ जाना; sein Leben verläuft in geregelten Bahnen उसका जीवन नियमित रूप से व्यतीत होता है; ein Gespräch in eine bestimmte Bahn lenken किसी वार्तालाप को विशेष दिशा में मोड़ना; er brach sich (freie) Bahn उसने अपना मार्ग प्रशस्त कर लिया, उसने अपने लिए रास्ता साफ़ कर लिया; **~anschluß,** m रेल-गाड़ियों का मेल या पथ-संयोग; **~arbeiter,** m रेल-कर्मचारी; **~beamte,** m रेल विभाग का (वरिष्ठ) कर्मचारी; **~brechend,** adj. युगप्रवर्ती, अग्रगामी; **~damm,** m रेल की पटरियों के आसपास का भराव, ऊँची मेंड़ जिसपर रेल की पटरियाँ बिछीं हों।

bahnen, v/t (h.) समतल क०; सुगम्य वनाना; sich einen Weg durch die Menge bahnen भीड़ को चीरकर आगे बढ़ना; jdm. den Weg bahnen किसी का मार्ग प्रशस्त क०।

Bahn-fahrt, f रेलयात्रा, रेलगाड़ी का सफ़र; **~fracht,** f रेल द्वारा ले जाया जाने वाला माल; **~gleis,** n रेल की पटरी; **~hof,** m स्टेशन; U: jdn. mit großem Bahnhof empfangen किसी का वड़ी धूमधाम से स्वागत क०; U: ich verstehe nur Bahnhof मेरी समझ में कुछ भी नहीं आ रहा; **~hofshalle,** f स्टेशन-हॉल; **~lagernd,** adj. जिसे पाने वाले को स्वयं स्टेशन जाकर लाना पड़े; **~polizei,** f रेलवे-पुलिस; **~post,** f रेलवे डाकघर, स्टेशन का डाकघर; **~räumer,** m इंजन-छाज; **~schranke,** m रेलपथ का फाटक, रेलवे-क्रॉसिंग का फाटक; **~steig,** m प्लेटफ़ॉर्म; **~steigkarte,** f प्लेटफ़ॉर्म-टिकट; **~überführung,** f सड़क के ऊपर बना रेलगाड़ी का पुल; **~übergang,** m रेलवे-लाइन और सड़क का चौराहा, रेलवे-क्रॉसिंग; **~unterführung,** f सड़क के नीचे से

गुज़रता हुआ रेलपथ; ~**verbindung,** f रेल-यातायात; रेलपथ-संयोग; ~**verkehr,** m रेल-यातायात; ~**versand,** m रेल द्वारा प्रेषण; ~**wärter,** m झंडीवान, सिगनलमैन; ~**wärterhäuschen,** n सिगनलमैन की गुमटी।

Bahr-e, f (-/-n) für Kranke: आहत या रोगी व्यक्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की खाट, स्ट्रेचर; für Tote: अर्थी; von der Wiege bis zur Bahre जन्म से मृत्यु तक, आजीवन; ~**tuch,** n शवाच्छादन, क़फ़न।

Bai, f (-/-en) [frz.] समुद्र-कुक्षि, खाड़ी।

Baiss-e, f (-/-n) [frz.] (आढ़त या सट्टे में) मूल्य-ह्रास; ~**ier,** m मंदड़िया, मूल्य-ह्रास का अनुमान लगाने वाला।

Bajonett, n (-[e]s/-e) [frz.] किरिच, संगीन।

Bake, f (-/-n) (Seezeichen) संकेतक, संकेत-दीप, प्रकाश-स्तंभ; bei Eisenbahn: रेल का सिगनल।

Bakteri-e, f (-/-n) [griech.] जीवाणु, रोगाणु, बैक्टीरिया; ~**ell,** adj. जैवाणुक, जीवाण्वी; ~**enkrieg,** m जैवाणुक युद्ध; ~**ologe,** m (-n/-n) जीवाणु विज्ञानी, जीवाणुवेत्ता; ~**ologie,** f (-) जीवाणुविज्ञान; ~**ologisch,** adj. जीवाणुवैज्ञानिक, जीवाणुविज्ञान-संबंधी; ~**zid,** adj. जीवाणुनाशी।

Balanc-e, f (-/-n) [frz.] संतुलन; ~**eakt,** m संतुलन, संतुलन-क्रिया; ~**ieren,** 1. v/t (h.) संतुलित क०; 2. v/i (s.) संतुलित होना; ~**ierstange,** f संतुलन-दंड (नटों द्वारा काम में लाया जाने वाला)।

bald, adv. (in Kürze) शीघ्र, जल्दी; U: (beinahe) लगभग, क़रीब-क़रीब; sie wäre bald gestorben वह लगभग मर ही गई थी, वह मरते-मरते बच गई; er redet bald so, bald anders वह कभी इधर की कहता है, कभी उधर की।

Baldachin, m (-s/-e) [ital.] चाँदनी, चँदोवा।

Bälde, f : in Bälde शीघ्र, जल्दी।

baldig, adj. शीघ्र का, जल्दी का; ~**st,** adv. शीघ्रातिशीघ्र, जल्दी से जल्दी।

baldmöglichst, adv. →baldigst

Baldrian, m (s/-) विदारी कंद, विल्लालोटन; ~**tropfen,** m/pl. विदारी कंद का सत।

[1]**Balg,** m/n (-[e]s/ ⸚er) नटखट बालक या लड़का।

[2]**Balg,** m (-[e]s/ ⸚e) (abgezogenes Fell) पशुओं की खींची हुई खाल; (ausgestopfter Körper) भूसे आदि से भरी पशु की खाल; an Orgel: धौंकनी; anat: →Balgdrüse; ~**drüse,** f जीभ के नीचे स्थित रसस्रावी ग्रंथि।

balg-en, v/r (h.) मारपीट क०, आपस में उलझना, हाथापाई क०; ~**erei,** f (-/-en) मारपीट, हाथापाई।

Balg-geschwulst, f, med: खाल के नीचे का अहानिकर अर्बुद; ~**haare,** n/pl. कच्ची ऊन।

Balkan, m (-s) बाल्कान प्रदेश।

Balken, m (-s/-) धरन, धरनी, धन्नी, शहतीर, कड़ी; (Stütze/Träger) थूनी, टेक, खंभा, स्तंभ; (vom Pflug aufgeworfene Erde) हल चलाने से निकली मिट्टी; anat: बड़े मस्तिष्क के दोनों भागों के बीच का नाड़ी-तंत्र; U: er lügt, daß sich die Balken biegen वह सफ़ेद झूठ बोलता है; fig: ein Balken im Auge क्षोभ या कुढ़न का कारण; ~**decke,** f शहतीरों से पाटी हुई छत, शहतीरों की छत; ~**überschrift,** f मोटे अक्षरों में लिखित शीर्षक; ~**waage,** f इस्पात की तराजू, विषमभुज तुला; ~**werk,** n शहतीरों या धन्नियों की पटाई।

Balkon, m (-s/-s;-e) छज्जा, बारजा, प्रालिंद; im Kino/Theater: नाट्यशाला या सिनेमाघर में छज्जे पर लगी सीटें।

[1]**Ball,** m (-[e]s/ ⸚e) गेंद, कंदुक; geogr: ग्लोब; poet: (कोई भी) गोलाकार वस्तु।

²Ball, m (-[e]s/ ⁻ e)[frz.] (Tanzveranstaltung) नृत्य, नृत्योत्सव, नृत्य-समारोह ।

Ballad-e, f (-/-n) [frz.] गाथागीत; **~enhaft,** गाथावत्, गाथा जैसा; **~esk,** adj. →balladenhaft

Ballast, m (-es/-e) स्थैर्यभार, भारभूत, अचल भार; fig: भार, बोझ, दायित्व ।

ballen, 1. v/t (h.) घनीकरण क०, पिंडीभूत क०, एकत्र क०; sich ballen घनीकृत होना, पिंडीभूत होना, एकत्र होना; die Faust ballen मुट्ठी बाँधना; mit geballter Faust drohen घूँसा दिखाकर धमकी देना; 2. v/i (h.) गेंद खेलना ।

Ballen, m (-s/-) गाँठ, गट्ठर; anat: हथेली या तलवे का उभार।

ballern, v/i (h.) U: बंदूक आदि चलाना, धमाका क० ।

Ballett, n (-[e]s/-e) [ital.] नृत्यनाटक, नृत्यबहुल अभिनय, बैले; **~euse,** f(-/-n) नृत्यसुंदरी, नर्तकी, बैले की नर्तकी; **~meister,** m बैले-निर्देशक; **~ratte,** f, U: बैले की नर्तकी, बैले की रंजनबाला ।

Ballist-ik, f (-) प्राक्षेपिकी; **~isch,** adj. प्राक्षेपिकी, अस्त्रक्षेप-सम्बन्धी ।

Ball-kleid, n नृत्योत्सव की पोशाक; **~königin,** f नृत्योत्सव की सबसे सुदंर स्त्री ।

Ballon, m (-s/-s) [frz.] Spielzeug: गुब्बारा; (Flugkörper) व्योमयान, बैलून; (bauchige Flasche) प्रकूपी बोतल, मोटे पेट वाली बोतल; **~führer,** m व्योमयान-चालक, गुब्बारची; **~korb,** m व्योमयान का टोकरा ।

Ball-saal, नृत्यकक्ष, बॉलरूम; **~schuhe,** m/pl. नृत्य के जूते ।

Ballspiel, n गेंद का खेल ।

Ballung, f (-/-en) एकत्रीकरण, संगुटीकरण, घनीकरण, जमाव, संकुलन; **~sgebiet,** n / **~sraum,** m संकुलन-क्षेत्र ।

Balsam, m (-s/-e) [hebr.] राल तथा रसायनिक तैलों से बना मरहम, बालसम; fig: चैन, राहत; **~ieren,** v/t (h.) पर लेप क०. पर बालसम लगाना; शव-लेप क०; **~ierung,** f शवलेप; **~isch,** adj. सुगंधित, सुगंधयुक्त; शांतिदायक, उपशमकारक ।

Balustrade, f (-/-n) [frz.] पतले और छोटे खंभों की पंक्ति ।

Balz, f (-/-en) पक्षियों का युग्मन या युग्मन-काल; **~en,** v/i (पक्षियों का) मैथुन क०, नरपक्षी द्वारा मादा को युग्मन या मैथुन के लिए लुभाना; **~zeit,** f पक्षियों का युग्मन-काल ।

Bambus, m (-ses/-se) [mal.] बाँस, वेणु; **~rohr,** n बाँस, बाँस का पौधा; बाँस की लग्घी; **~sprossen,** f/pl. बाँस की कोंपल; **~stab,** m/**~stock,** m बाँस की छड़ी, बाँस का डण्डा ।

Bammel, m (-s) U: Bammel haben डरना, भयार्त होना ।

bammeln, v/i (h.) U: झूलना, लटकना, दोलायमान होना ।

banal, adj. [frz.] (alltäglich) सामान्य, साधारण, तुच्छ; (platt) घिसा-पिटा; **~isieren,** v/t (h.) किसी बात को घिसे-पिटे रूप में प्रस्तुत क०, किसी बात को साधारण बनाना; **~ität,** f (-/-en) तुच्छता, साधारणता, घिसापिटापन; तुच्छ या घिसी-पिटी बात ।

Banane, f (-/-n) [span./port.] केला, कदली ।

Banause, m (-n/-n) [griech.] संकीर्ण मति वाला व्यक्ति; गँवार, असभ्य व्यक्ति, निम्न वर्ग का व्यक्ति; **~ntum,** n. गँवारपन; संकीर्णमति ।

¹Band, m (-[e]s/ ⁻ e) (Buch) पुस्तक, किताब; (Einband) जिल्द ।

²Band, n (-[e]s/-e) poet: बंधन, पाश; zarte Bande knüpfen प्रेमसंबंध स्थापित क० ।

³Band, n (-[e]/ ⁻ er) (धातु, चमड़े, कपड़े आदि की) पट्टी, पट्टिका, फ़ीता, पट्टा; (Fließband) चक्कों पर चढ़ा हुआ मज़बूत पट्टा, वाहक-पट्टा; (Ton-

band) संगीत या संवाद अंकित करने का टेप; im Funkverkehr: बैंड, मीटर-बैंड; anat: तंतु, स्नायुपट्टिका; am Band arbeiten वाहक-पट्टे वाली मशीन पर काम क०; etw. auf Band sprechen किसी बात को टेप करने के लिए बोलना; am laufenden Band लगातार, निरन्तर, अविराम।

[4]**Band,** f (-/-s) [eng.] संगीत-मंडली, बैंड।

Bandag-e, f (-/-n) [frz.] घाव आदि पर बाँधी गई पट्टी, शरीर के जोड़ों या अन्य अंगों पर रक्षार्थ चढ़ाई गई पट्टी; **~ieren,** v/t (h.) पट्टी बाँधना।

Band-aufnahme, f टेप पर अंकित ध्वनि, अंकित टेप; **~breite,** f मीटर-बैंड।

Beigeschmack, m (-s) तीखा स्वाद, हीक; fig: किसी बात का अप्रिय पक्ष या इससे उत्पन्न अरुचि।
beigesellen, v/t (h.) के साथ कर देना, को साथी के रूप में देना; से मिलाना; sich jdm. beigesellen किसी के साथ हो लेना, किसी के साथ लग लेना।
Beihilfe, f (आर्थिक)सहायता, मदद; jur: अपराध करने में दी गई सहायता।
beikommen, v/i (s.) : einer Sache beikommen किसी बात की थाह लगा लेना, किसी बात से निपटना, किसी बात पर क़ाबू पा लेना; fig: jdm. beikommen किसी की कमज़ोरी का पता लगा लेना; किसी की चालाकियों को पकड़ लेना; किसी के मर्मस्थल पर चोट कर सकना; fig: ihm ist nicht beizukommen उससे भिड़ना मुश्किल है, उसकी गतिविधियों की थाह ले पाना कठिन है।
Beil, n (-[e]s/-e) कुठार, परशु, कुल्हाड़ी।

Beilage, f (-/-n)समाचारपत्र का परिशिष्ट, क्रोडपत्र; (Beigericht) मुख्याहार के साथ की अन्य खाद्य सामग्री ।

beiläufig, 1. adj. आनुषंगिक, इत्तफ़ाकिया; विना अधिक महत्व देते हुए कहा गया; 2. adv. यों ही, अप्रासंगिक रूप से, ख़ास तौर पर नहीं ।

beileg-en, v/t (h.) (schlichten) झगड़ा, मतभेद, मनमुटाव आदि समाप्त क०; (beifügen) संलग्न क०; einer Sache Bedeutung beilegen किसी बात को महत्व देना; **~ung,** f (-/-en) झगड़े, मतभेद आदि का समापन; संलग्नीकरण ।

beileibe, adv.: beileibe nicht! किसी भी दशा में नही, कदापि नहीं, क़तई नहीं ।

Beileid, n (-[e]s) समवेदना, हमदर्दी, मातमपुर्सी; **~sbezeigung,** f (-/-en) समवेदना प्रकट क०, मातमपुर्सी क०, शोक प्रकट क० ।

beiliegen, v/i (h.) संलग्न होना; **~d,** adj. संलग्न ।

beim, präp.=bei dem

beimengen, v/t (h.)→beimischen

beimessen, v/t (h.) : einer Sache Bedeutung beimessen किसी बात को महत्व देना; jdm. die Schuld an etw. beimessen किसी पर किसी बात का आरोप लगाना ।

beimisch-en, v/t (h.) में मिलाना, में घोल देना, सम्मिश्रित क०; **~ung,** f (-/-en) सम्मिश्रण (क०) ।

Bein, n (-[e]s/-e) टाँग, पैर; पाया; (Knochen) अस्थि, हड्डी; sich auf die Beine machen जाना, चल पड़ना, चल देना; jdm. auf die Beine helfen किसी को खड़े होने में मदद देना; wieder auf die Beine kommen पुन: स्वस्थ हो जाना; so früh sind Sie schon auf den Beinen! आप इतने सवेरे उठ गए!, आप इतने सबेरे निकल पड़े! ; U: jdm. Beine machen किसी को डरा या धमकाकर भगा देना; U: die Beine in die Hand nehmen बहुत जल्दी-जल्दी चलना; सिर पर पैर रखकर भागना; U: er reißt sich kein Bein aus वह (इस काम के लिए) कोई विशेष कष्ट नहीं उठाता है; spw: Lügen haben kurze Beine झूठ के पाँव कहाँ?; fig: dieses Argument steht auf schwachen Beinen यह तर्क बहुत कमज़ोर है, यह दलील बहुत कच्ची है; fig: jdm. ein Bein stellen किसी के काम में अड़ंगा लगाना, किसी को हानि पहुँचाने का प्रयत्न क०; fig: mein Geldbeutel hat Beine bekommen मेरा बटुआ खो गया है; fig: Klotz am Bein पाँव की बेड़ी; fig: Stein und Bein frieren बर्फ़ीली सर्दी होना; fig: die Angst ist ihm durch Mark und Bein gegangen डर उसके रोम-रोम में बस गया, डर उसकी नस-नस में बैठ (या समा) गया; spw: Stein und Bein schwören हर संभव सौगंध खाना (बात मनवाने के लिए) ।

beinahe, adv. लगभग, क़रीब-क़रीब ।

Beiname, m उपनाम, विशेष नाम, उपाधि ।

Bein-bruch, m अस्थिभंग, टाँग टूटना; Hals- und Beinbruch wünschen (कार्य की सफलता के लिए प्रयुक्त शुभ-कामना के शब्द) : तुम्हारा मनोरथ सफल हो; **~ern,** adj. हड्डी का; हाथी-दाँत का ।

beinhalten, v/t (h.) : das Schreiben beinhaltet,daß . . . पत्र में लिखा है कि . . .।

Bein-haus, n क़ब्रों से निकाली हड्डियों को रखने का कक्ष; **~haut,** f अस्थ्यावरण, अस्थिच्छद, पर्यस्थि; **~kleid,** n पायजामा, पतलून; **~ling,** m पाँयचा; पाँयचा; मोज़े का ऊपरी भाग; **~prothese,** f नकली टाँग, लकड़ी की टाँग; **~schiene,** f, med: टाँग की खपची; **~schwarz,** n अस्थि-कालिमा, अस्थि-कोयला ।

beiordn-en, v/t (h.) सहायक के रूप में नियुक्त क०; समकक्ष बनाना;

~**ung,** f (-/-en) सहायक के रूप में नियुक्ति; समकक्ष बनाया जाना।
beipflichten, v/i (h.): jdm./einer Sache beipflichten किसी व्यक्ति/बात से सहमत होना, किसी व्यक्ति/ बात का समर्थन या अनुमोदन क०।
Beiprogramm, n अतिरिक्त कार्यक्रम।
Beirat,m (-[e]s/ ⸚e)(Berater)परामर्श-दाता, सलाहकार; (Ausschuß) मंत्रणा-परिषद्।
beirren, v/t (h.) चकरा देना, भ्रम में डालना; का ध्यान भंग क०; sich nicht beirren lassen भ्रम में न पड़ना, अपने विचारों पर अटल रहना।
beisammen, adv. साथ-साथ, मिलकर, एक ही स्थान पर; U: er hat seinen Verstand nicht ganz beisammen उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है; ~**sein,** n भेंट, मुलाक़ात।
Beisatz, m, gramm: समानाधिकरण, एकान्वय।
Beischlaf, m सहवास, संभोग, मैथुन।
Beischrift, f पार्श्व-टिप्पणी, पश्चलेख।
Beisein, n (-s) उपस्थिति, मौजूदगी।
beiseite, adv. अलग, दूर, एक ओर, एक ओर को; Geld beiseite legen धन की बचत क०, धन बचाकर रखना; jdn. beiseite nehmen किसी से कोई गुप्त बात कहने के लिए उसे एक ओर ले जाना; U: Spaß beiseite! मैं मज़ाक नहीं कर रहा, यह मज़ाक नही है, मैं गंभीरतापूर्वक कह रहा हूँ।
beisetz-en, v/t (h.) दफ़न क०, दफ़नाना, अन्त्येष्टिक्रिया क०; chem: सम्मिश्रित क०; ~**ung,** f (-/-en) दफ़न, अन्त्येष्टि।
beisitz-en,v/i(h.) उपपरीक्षक, उपन्याया-धीश आदि के रूप में काम क०; ~**er,** m उपपरीक्षक, उपन्यायाधीश आदि।
Beispiel, n (-[e]s/-e) उदाहरण, दृष्टांत, मिसाल; (Vorbild/Muster) आदर्श, नमूना; (Probe) बानगी; zum Beispiel उदाहरण के तौर पर,बतौर मिसाल, उदाहरणार्थ; mit gutem Beispiel vorangehen कोई आदर्श उपस्थित क०; ~**haft,** adj. अनुकरणीय, आदर्श; ~**los,** adj. अद्वितीय, अभूतपूर्व, बेमिसाल; ~**sweise,** adv. उदाहरणार्थ।
beispringen, v/i (s.): jdm. beispringen किसी की सहायता क०, किसी की मदद क०।
beiß-en, 1. v/t (h.) दाँतों से काटना, दाँतों से या मुँह से पकड़ना; काटना, डंक मारना, डसना; (kauen) चबाना, चर्वण क०; U: sie haben nichts zu beißen वे अत्यन्त निर्धन हैं; 2. v/i(h.) काटना, मुँह मारना; कटु होना, चरपरा होना, लगना, चुभना; der Rauch beißt in die Augen धुआँ आँखों में लगता है; dieser Pullover beißt पुलोवर चुभता है; Pfeffer beißt auf der Zunge मिर्च जीभ पर लगती है; diese Farben beißen sich ये रंग आपस में मेल नहीं खाते हैं; nach etw. beißen किसी वस्तु की ओर मुँह मारना; ~**end,** adj., fig: कटु, मर्मस्पर्शी, चुटीला; ~**korb,** m मुसका, मुखबँधनी, मोहरा, जाबा; ~**zahn,** m कृन्तक, छेदक (दंत); ~**zange,** f चिमटी; fig: कर्कशा, झगड़ालू स्त्री।
Beistand, m (-[e]s/ ⸚e) jur: मुद्दालेह का सहायक; o. pl: (Hilfe) सहायता, मदद; jdm. Beistand leisten किसी की सहायता क०; ~**spakt,** m पारस्परिक सहायता का समझौता।
beistehen, v/i (h.): jdm. beistehen किसी की सहायता क०; Gott steh(e) mir bei! ईश्वर मेरी सहायता कर!
Beisteuer, f (-/-n) देन; अंशदान; आर्थिक सहायता; ~**n,** v/t (h.) देना, प्रदान क०; लेख आदि देना।
beistimm-en, v/i (h.) की बात का अनुमोदन क०; ~**ung,** f (-) अनुमोदन।
Beistrich, m (-[e]s/-e) अल्पविराम, कॉमा।
Beitrag, m (-[e]s/ ⸚e) दत्तांश; प्रदत्त वस्तु; (Zahlung) दत्तांश, चंदा, बीमे

की क़िस्त; (Aufsatz) प्रदत्त रचना, लेख; ~en, v/t & v/i (h.) देना, प्रदान क०; fig: किसी काम में योगदान देना।

beitreib-en, v/t (h.) ऋण, कर आदि वसूल क०, (वलप्रयोग द्वारा) वसूल क० या उगाहना; **~ung,** f (-/-en) (वल-प्रयोग द्वारा) वसूली, उगाही।

beitreten, v/i (s.) के साथ हो लेना, में साथ देना; का सदस्य वनना।

Beitritt, m (-[e]s/-e) के साथ होना; का सदस्य वनना; **~serklärung,** f (-/-en) सदस्य बनने की घोषणा।

Beiwagen, m (Anhänger) अनुयान; bei Motorrad: पार्श्व-गाड़ी।

Beiwerk, n उपसाधन; (Staffage) सज्जा, उपसज्जा।

beiwohn-en, v/i (h.) (zugegen sein) किसी घटना के समय उपस्थित होना, (किसी आयोजन आदि को) देखना; (Geschlechtsverkehr haben mit) के साथ सहवास, संभोग, मैथुन क०; **~ung,** f (-/-en) किसी घटना या आयोजन के समय दर्शक के रूप में उपस्थिति; सहवास, मैथुन।

Beiwort, n (-[e]s/ ⸚er) विशेषण, विशिष्टतावाचक या गुणसूचक शब्द।

Beize, f (-/-n) (Holzfarbe) लकड़ी का रोग़न; लकड़ी पर रोग़न करने से पहले प्रयुक्त अभिरंजक घोल; (Marinade) मांस के मृदुकरण के लिए प्रयुक्त नमक या सिरके का घोल; in Gerberei : पशुचर्म को संसाधित करने का रसायनिक घोल; für Saatgut: वीज की सुरक्षा के लिए प्रयुक्त कीट-नाशक द्रव्य; chem:/tech: अम्ल, अम्लीय घोल, अम्लमार्जन-घोल; (Beizjagd) वाज़ की सहायता से शिकार।

beizeiten, adv. उचित समय पर, ठीक समय पर, समय से।

beiz-en, v/t (h.) चर्म, काष्ठ, मांस आदि को संसाधित क०; अम्लमार्जन क०; बाज़ की सहायता से शिकार क०; **~falke,** m शिकार के लिए प्रशिक्षित वाज़; **~jagd,** f वाज़ की सहायता से शिकार; **mittel,** n संसाधक द्रव्य।

bejahen, v/t (h.) हाँ क०, हाँ में उत्तर देना; fig: अनुमोदन क०, समर्थन क०।

bejahrt, adj. वृद्ध, वयोवृद्ध, बूढ़ा; पुराना।

bejammern, v/t(h.) पर विलाप या शोक क०; **~swert,** adj. शोचनीय, दयनीय, खेदजनक।

bejubeln, v/t (h.) की जयजयकार क०।

bekämpf-en, v/t (h.) के विरुद्ध लड़ना, से युद्ध क०; Ansichten: का विरोध क०; के विरुद्ध संघर्ष क०; Krankheiten: रोगोन्मूलन का प्रयत्न क०; **~ung,** f (-) युद्ध; विरोध, संघर्ष; रोगोन्मूलन का प्रयत्न।

bekannt, adj. सर्वविदित, सर्वज्ञात, विदित; प्रसिद्ध, मशहूर, नामी; (nicht neu) चिरविदित, पुराना, वहुत दिनों से मालूम; (vertraut mit) परिचित, घनिष्ठ; diese Tatsache ist mir bekannt यह बात मुझे मालूम है; er ist mir seit Jahren bekannt मैं उसे कई वर्षों से जानता हूँ; darf ich Sie mit meinem Bruder bekannt machen? आइए मैं अपने भाई से आपका परिचय करा दूँ; er ist ein bekannter Mann वह एक प्रसिद्ध व्यक्ति है; U: er ist bekannt wie ein bunter Hund उसे सब जानते हैं; **~e,** m/f (-n/n) परिचित व्यक्ति (स्त्री या पुरुष), मुलाक़ाती, दोस्त; **~enkreis,** m मित्र-मंडल, परिचित लोग; **~ermaßen,** adv.जैसा कि सर्वविदित है, यह तो सभी जानते हैं कि; **~gabe,** f (-) विज्ञप्ति, अधिसूचन, घोषणा; **~geben,** v/t (h.) घोषित क०, विदित क०, की सूचना देना, बताना, की घोषणा क०; **~lich,** adv.→bekanntermaßen; **~machen,** v/t(h.)→bekanntgeben; **~machung,** f (-/-en) घोषणा, ऐलान; (Anschlag) विज्ञप्ति,इश्तहार, घोषणापत्र; **~schaft,** f (-/-en) परिचित व्यक्ति, परिचित

लोग, मित्र-मंडल; o. pl : जान-पहचान।

bekehr-en, v/t (h.) धर्मपरिवर्तन क०, धर्मान्तरित क०; fig: jdn. zu etw. bekehren किसी को कोई काम करने के लिए तैयार क०, किसी को अपने रास्ते पर ले आना, किसी का मन-परिवर्तन क०; **~er,** m (-s/-) (किसी का) धर्मपरिवर्तन करने वाला, मिशनरी; **~te,** m/f (-n/-n) धर्मान्तरित व्यक्ति; **~ung,** f (-/-en) धर्मपरिवर्तन, धर्मान्तरण; मन-परिवर्तन।

bekenn-en, v/t (h.) (gestehen) अपराध स्वीकार क०, क़बूलना; (wahre Meinung sagen) अपने असली विचार प्रकट क०, अपना वास्तविक मन्तव्य प्रकट क०; sich zu etw. bekennen किसी बात से पूर्णतया सहमत होना, किसी बात में विश्वास रखना; sich zu jdm. bekennen किसी व्यक्ति का पूर्ण समर्थन क०; sich für schuldig bekennen अभियोग स्वीकार क०; Farbe bekennen पहले चले गए पत्ते के रंग का पत्ता चलना; fig: अपना वास्तविक रूप दिखाना; **~tnis,** n (-ses/-se) धर्ममत, धर्मसार, धर्मसिद्धांत; धार्मिक सम्प्रदाय; पाप-स्वीकरण, अपराध-स्वीकरण; **~tnisfreiheit,** f अपना धर्म चुनने एवं उसका अनुसरण करने की स्वतंत्रता; **~tnisschule,** f साम्प्रदायिक विद्यालय, सम्प्रदाय-विशेष का विद्यालय।

beklag-en, v/t (h.) पर विलाप क०, पर शोक क०, खेद प्रकट क०; के साथ सहानुभूति क०; sich über etw./jdn. beklagen किसी वस्तु/व्यक्ति की शिकायत क०; **~enswert,** adj./ **~enswürdig,** adj. शोचनीय, दयनीय, खेदजनक, दु:खद; **~te,** m/f (-n/-n) प्रतिवादी, मुद्दालेह, अभियुक्त, अभियुक्ता।

beklatschen, v/t (h.) को ताली बजाकर शाबाशी देना, का ताली बजाकर अनुमोदन क०; के बारे में अफ़वाहें उड़ाना, की निंदा क०।

bekleben, v/t (h.) पर चिपकाना; पर पूरी तरह चिपका देना।

bekleckern, v/t (h.) पर धब्बे डालना; U: er hat sich nicht mit Ruhm bekleckert उसने कोई प्रशंसा का काम नहीं किया, उसने अनाड़ियों जैसा व्यवहार किया।

beklecksen, v/t (h.) →bekleckern.

bekleid-en, v/t (h.) कपड़े पहनाना; (कपड़ों, परदों आदि से) ढकना या आच्छादित क०; ein Amt: किसी पद पर (नियुक्त) होना; **~ung,** f (-/-en) वस्त्र,कपड़े; आवरण; **~ungsindustrie,** f वस्त्र-उद्योग; **~ungsvorschrift,** f विशेष अवसर या स्थान के अनुकल वस्त्र पहनने की अनिवार्यता।

beklemm-en, v/t (h.) रुद्ध क०, जकड़ लेना; पीड़ित क०, आशंकित या व्याकुल क०; **~end,** adj. दमघोंटू; व्याकुल करने वाला; **~ung,** f (-/-en) घुटन, परिताप, व्याकुलता, बेचैनी, वेदना।

beklommen, adj. वेदनाग्रस्त, पीड़ित, चिंताग्रस्त, व्याकुल, बेचैन; **~heit,** f (-) व्याकुलता, बेचैनी, घबराहट।

bekloppt, adj., U: मूर्ख, मंदमति, कुंदज़ेहन।

beknien, v/t (h.) U: jdn beknien किसी से घुटनों पर गिरकर प्रार्थना क०।

bekochen, v/t (h.) U: के लिए भोजन बनाना, को भोजन बनाकर खिलाना।

bekommen, 1. v/t (h.) पाना, प्राप्त क०, को मिलना; (sich zuziehen) (को) लग जाना, (को) हो जाना (बीमारी आदि); Hunger bekommen भूख लगना; er hat Schläge bekommen उसकी पिटाई हुई है, उसे मार पड़ी है; Lust zu etw. bekommen कुछ करने की इच्छा होना; sie bekommt ein Kind वह गर्भवती है; sie hat ein Kind bekommen उसके बच्चा हुआ है; was bekommen Sie ? आपको मुझे कितना देना है?; आप क्या लीजिएगा या ख़रीदिएगा ? dieses Buch ist

nirgends zu bekommen यह किताब कहीं नहीं मिलती; was bekomme ich zu essen? मेरे लिए खाने को क्या है?, मुझे खाने को क्या मिलेगा ?; ich habe dieses Buch geschenkt bekommen यह पुस्तक मुझे भेंट में मिली है; wir werden Regen bekommen वर्षा होने वाली है; eine Arbeit fertig bekommen किसी काम को पूरा क० या कर पाना; ich habe ihn nie zu Gesicht bekommen उसे मैंने कभी नहीं देखा; U: kalte Füße bekommen (के) पैरों के तले की मिट्टी खिसकना; 2. v/i (s.) सुपाच्य होना, सह्य होना, के लिए स्वास्थ्यकर होना, के माफ़िक होना या आना; का अच्छा या बुरा प्रभाव पड़ना; das Essen ist mir nicht bekommen यह भोजन मेरे माफ़िक नहीं आया, यह भोजन मुझे पचा नहीं; der Umgang mit Ihnen ist ihm gut/schlecht bekommen आपके संसर्ग का उस पर अच्छा/बुरा प्रभाव पड़ा है; wohl bekomms! यह आपको स्वास्थ्यकर हो!

bekömmlich, adj. स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्धक, सुपाच्य, सह्य ।

beköstig-en, v/t (h.) को भोजन देना, को खिलाना-पिलाना, ~**ung,** f (-) खिलाना-पिलाना ।

bekräftig-en, v/t (h.) पुष्ट क०, परिपुष्ट क०, की संपुष्टि क०, का सप्रमाण समर्थन क०; eine Aussage durch einen Eid bekräftigen सौगंध खाकर किसी कथन की पुष्टि क०; ~**ung,** f (-/-en) पुष्टीकरण, सप्रमाण समर्थन, संपुष्टि ।

bekränzen, v/t (h.) को माला या हार पहनाना, को पुष्प-चक्र (या पल्लव-चक्र आदि) से सज्जित क० ।

bekreuz-en, v/t (h.) क्रूस का निशान बनाते हुए किसी को आशीर्वाद देना; ~**igen,** v/r(h.) अपने मस्तक और हृदय के बीच हाथ से क्रूस का चिह्न बनाना ।

bekriegen, v/t (h.) से युद्ध क०, का विरोध क० ।

bekritt-eln, v/t (h.) छिद्रान्वेषण क०, नुक्ताचीनी क०, छोटी-छोटी बातों की आलोचना क०; ~(e) **lung,** f (-/-en) छिद्रान्वेषण, नुक्ताचीनी ।

bekritzeln, v/t (h.) घसीटकर लिखना ।

bekümmer-n, v/t (h.) को दुःखी, पीड़ित, परेशान क०, को कष्ट पहुँचाना; das bekümmert mich nicht इससे मुझपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता; sich um etw. bekümmern किसी बात के लिए परेशान होना; ~**nis,** f (-/-se) poet: पीड़ा, दुःख, चिंता, परेशानी, व्याकुलता ।

bekund-en, v/t (h.) घोषणा क०, खुलेआम कहना; (zeigen) दिखाना, प्रदर्शित क०, प्रकट क०; ~**ung,** f (-/-en) घोषणा, ऐलान; प्रदर्शन, प्रकटीकरण ।

belächeln, v/t (h.) पर मुस्कराना, पर व्यंग्यपूर्वक मुस्कराना ।

belachen, v/t (h.) पर हँसना; का मज़ाक उड़ाना ।

belad-en, v/t (h.) पर लादना, को लाद देना; fig: पर बोझ डालना; ~**ung,** f (-/-en) भार, लदा हुआ माल; o.p: लदाई ।

Belag, m (-[e]s/ ⸗e) मैल की परत, किसी सतह पर जमा हुआ मैल; (कोई भी) हल्की परत या तह; auf Brot: रोटी पर रखा पनीर या गोश्त का कतला; med: जीभ या दाँतों पर जमा मैल ।

Belager-er, m (-s/-) घेरा डालने वाला; ~**n,** v/t (h.) घेरा डालना, घेर लेना; (सेना द्वारा); fig: चारों तरफ़ से घेर लेना; ~**ung,** f (-/-en) घिराई; घेरा, घिराव; ~**ungszustand,** m शत्रु द्वारा घेरा डालने से उत्पन्न संकटापन्न स्थिति ।

Belang, m (-[e]s-/-e) (Angelegenheit) मामला; (Wichtigkeit) महत्व, अहमियत; (Interesse) हित; ~**en,** v/t (h.) (betreffen) का प्रश्न होना, का सवाल या संबंध होना; (zur

Verantwortung ziehen) का ज़िम्मेदार बनाना, पर क़ानूनी कार्यवाही क०; was mich belangt जहाँ तक मेरा प्रश्न है; er wurde wegen Diebstahls belangt उस पर चोरी का मुक़दमा चलाया गया; ~**los,** adj. महत्वहीन; ~**losigkeit,** f (-/-en) महत्वहीनता; ~**reich,** adj. महत्वपूर्ण; ~**ung,** f (-) पर मुक़दमा दायर क०, पर क़ानूनी कार्यवाही क०।

belassen, v/t (h.) छोड़ देना, रहने देना; belassen wir es dabei इस बात को यहीं तक रहने दें, इस बात को आगे न बढ़ाएँ।

belast-en, v/t (h.) पर बोझ डालना; (bedrücken) सताना, कष्ट देना, को पीड़ित क०, को व्याकुल क०; (beschuldigen) पर दोष लगाना, को दोषी ठहराना; के अपराध का सबूत देना; ein Konto: नामे लिखना, विकलित क०; ein Grundstück: (ज़मीन आदि) बंधक रखना; er ist erblich belastet उस पर वंशानुगत प्रभाव है, उस पर ख़ानदानी असर है।

belästig-en, v/t (h.) परेशान क०, तंग क०; छेड़ना, छेड़ख़ानी क०; के पीछे पड़ना, से दुराग्रह क०; ~**ung,** f(-/-en) परेशान क०, छेड़ना, दुराग्रह क०; छेड़ख़ानी, छेड़-छाड़।

Belastung, f (-/-en) (Traglast) बोझ, भार, वज़न; (Beschuldigung) दोषारोपण, दोषी ठहराना; (Verpflichtung) ज़िम्मेदारी, दायित्व, भार; eines Kontos: नामे डाला जाना, विकलन; eines Grundstücks: बंधक रखा जाना; fig: चिंता, परेशानी, मानसिक एवं शारीरिक कष्ट; ~**sanzeige,** f बैंक द्वारा भेजी गई विकलन की सूचना; ~**sprobe,** f भार सहने की क्षमता की जाँच, fig: सहनशक्ति की परीक्षा, कठिन परीक्षा; ~**zeuge,** m अपराध साबित करने वाला गवाह, मुद्दई का गवाह।

belaub-en, v/r (h.): der Baum belaubt sich वृक्ष पल्लवित हो रहा है; ~**ung,** f (-) पर्णसमूह, पल्लव-समूह।

belauern, v/t (h.) की ताक में रहना, की घात में रहना, पर नज़र रखना (जासूसी करने के लिए)।

belaufen, 1. v/t (h.) (begehen) पर चलना; (bespringen) नर-पशु का मैथुन क०; 2. v/r (h.) का होना, का बनना; die Rechnung beläuft sich auf DM 50,- बिल पचास मार्क का बना है।

belauschen, v/t (h.) छुपकर सुनना या सुन लेना, की कनसुई लेना।

beleb-en, v/t (h.) में जान डाल देना, सजीव बना देना, अनुप्राणित क०; fig: को बढ़ावा देना, को प्रेरित क०, को प्रफुल्लित क०; ~**t,** adj. (lebhaft) सजीव, जानदार; सक्रिय; प्रफुल्लित; (verkehrsreich) चहल-पहल वाला; ~**ung,** f (-) अनुप्राणन, प्राण-संचारण, अनुप्रेरण, वर्धन।

belecken, v/t (h.) चाटना; U: von der Zivilisation kaum beleckt सभ्यता से अछूता, सभ्यता से परे।

Beleg, m (-[e]s/-e) प्रलेख, दस्तावेज़; वाउचर, रसीद आदि; (Zitat) उद्धरण; (Beweisstück) लिखित प्रमाण या सबूत; ~**bar,** adj. जिसका लिखित प्रमाण दिया जा सके; ~**en,** v/t (h.) (bedecken mit) से आच्छादित क० या ढँकना, से चुपड़ना; (beweisen) लिखित प्रमाण पेश क०, साबित क०; Platz: आरक्षित क०; Zimmer: (कमरे आदि में) लोगों को रखना या टिकाना; Boot: तट पर बाँधना; Vorlesung: किसी पाठ्यक्रम के लिए स्थान सुरक्षित कराना; Ausgaben: (व्यय की) रसीदें प्रस्तुत क०; jdn. mit einer Strafe belegen किसी को दंड देना; eine Aussage mit Beispielen belegen किसी कथन की उदाहरणों द्वारा पुष्टि क०; der Hengst belegt die Stute बीजाश्व घोड़ी को लाँघता है; ~**exemplar,** n लेखक की प्रति; मानार्थ प्रेषित प्रति; ~**schaft,** f (-/-en) कर्मीदल, कर्मचारीगण;

~**stück,** n →Belegexemplar; ~**t,** adj. आवृत, लेपित; जिसपर मैल जमा हो; सुरक्षित; tel: व्यस्त, ख़ाली नहीं; ein belegtes Brot सैंडविच; er hat eine belegte Stimme उसका स्वर भारी या भर्राया हुआ है; das Hotel ist voll belegt होटल में कोई कमरा ख़ाली नहीं है।

belehn-en, v/t (h.) (jdm. Lehen übertragen) किसी को जागीर देना; (beleihen) किसी मूल्यवान वस्तु पर ऋण लेना या देना; ~**ung,** f (-/-en) जागीर देना; मूल्यवान वस्तु पर ऋण लेना या देना।

belehr-en, v/t (h.) पढ़ाना, सिखाना, को शिक्षा या परामर्श देना, प्रबुद्ध क०; jdn. eines Besseren belehren किसी की धारणा में परिवर्तन क०; ~**ung,** f (-/-en) शिक्षा, शिक्षण, परामर्श(दान); प्रबोधन; (Zurechtweisung) (सुधारार्थ) डाँट-डपट।

beleibt, adj. मोटा, स्थूलकाय, मांसल, तोंदल; ~**heit,** f (-) मोटापा, मोटापन।

beleidig-en, v/t (h.) का अपमान, अनादर, तिरस्कार क०; ~**t,** adj. अपमानित; रुष्ट, नाराज़, रूठा हुआ; ~**ung,** f (-/-en) अपमान, अनादर, तिरस्कार।

beleihen, v/t (h.) (belehnen) को जागीर देना; ein Grundstück: पर ऋण लेना या देना, बंधक रखना या बंधक के रूप में स्वीकार क०।

belemmert, adj., U: अप्रिय, ख़राब, हानिकर; घबराया हुआ; आसानी से मूर्ख बन जाने वाला।

belesen, adj. जिसने बहुत पढ़ा हो, सर्वशास्त्रपारंगत; ~**heit,** f (-) सर्वशास्त्रपारंगतता, बहुत पढ़ने से प्राप्त ज्ञान।

beleucht-en, v/t (h.) प्रदीप्त क०, पर प्रकाश डालना; fig: स्पष्ट क०, समझाना; fig: ein Problem von allen Seiten beleuchten किसी समस्या पर सब ओर से प्रकाश डालना, किसी समस्या को पूरी तरह स्पष्ट क०; ~**er,** m (-s/-) theat: मंच के प्रकाश का प्रबंधक; ~**ung,** f (-/-en) प्रकाश, रोशनी; स्पष्टीकरण; ~**ungskörper,** m दीप, दीपक, बत्ती; ~**ungsstärke,** f (-) प्रदीपन-मान।

beleum(un)det, adj. ख्यात; gut/schlecht beleum(un)det sein विख्यात/कुख्यात होना।

belfern, v/i (h.) U: चीख़ना, चिल्लाना; गुर्राना, डाँटना-डपटना; झगड़ा क०।

Belg-ien, n (-s) बेल्जियम; ~**ier,** m (-s/-) बेल्जियम-निवासी; ~**isch,** adj. बेल्जियम का, बेल्जियम-संबंधी।

belicht-en, v/t (h.) phot: उद्भासित क०; ~**ung,** f (-/-en) उद्भासन; ~**ungemesser,** m उद्भासन-मापक; ~**ungszeit,** f उद्भासन-काल।

[1]**belieb-en,** v/t & v/i (h.) चाहना, पसंद क०, के प्रति रुचि रखना, के प्रति झुकाव होना; es beliebt mir, . . . मैं . . . चाहता हूँ; ganz wie es Ihnen beliebt जैसा आप चाहें, जैसी आपकी मर्ज़ी; wenn es Ihnen beliebt यदि आप चाहें; Sie belieben wohl zu scherzen आप तो मज़ाक कर रहे हैं।

[2]**Belieb-en,** n (-s) इच्छा, रुचि, पसंद, ख़ुशी; ~**ig,** adj. कोई भी; यथेच्छ, मनमाना; ein beliebiges Beispiel कोई भी उदाहरण; jeder beliebige हर कोई, कोई भी; ~**t,** adj. लोकप्रिय, सर्वप्रिय, जनप्रिय, प्रिय; ~**theit,** f (-) लोकप्रियता, सर्वप्रियता।

beliefer-n, v/t (h.) को लाकर देना, के लिए मुहैया क०, को सप्लाई क०; ~**ung,** f(-) लाकर देना, मुहैया क०, सप्लाई क०।

bellen, v/i (h.) भूँकना, भौंकना; fig: (husten) बुरी तरह खाँसना।

Belletrist, m (-en/-en) [frz.] ललित-साहित्यकार, ललित साहित्य का रचयिता; ~**ik,** f (-) ललित या उदात्त साहित्य; ~**isch,** adj. ललित, ललितसाहित्यिक।

belob-(ig)en, v/t (h.) की सराहना, प्रशंसा, तारीफ़ क०, का प्रशंसापूर्ण उल्लेख क०; ~**(ig)ung,** f (-/-en) सराहना, प्रशंसा, तारीफ़, प्रशंसापूर्ण उल्लेख।

belohn-en, v/t (h.) प्रतिफल या

पारिश्रमिक देना, पुरस्कार देना, इनाम देना; ~**ung,** f (-/-en) प्रतिफल, पारिश्रमिक, पुरस्कार, इनाम ।

belüft-en, v/t (h.) संवातित क०, में वायु-संचार क०; ~**ung,** f (-) संवातन, वायु-संचार; ~**ungsanlage,** f वायु-संचार-व्यवस्था ।

belügen, v/t (h.) से झूठ बोलना, को झूठ बोलकर धोखा देना ।

belustig-en, v/t (h.) को प्रसन्न क० या बहलाना, का मनोरंजन क०; sich belustigen प्रसन्न होना; ~**ung,** f (-/-en) मनोरंजन ।

bemächtig-en, v/r (h.): sich einer Sache bemächtigen किसी वस्तु पर बलपूर्वक अधिकार या क़ब्ज़ा कर लेना; किसी वस्तु को हथिया लेना; ~**ung,** f (-) अभिग्रहण, क़ब्ज़ा ।

bemäkeln, v/t (h.) (में/के) दोष निकालना, नुक़्ताचीनी क०, आलोचना क० ।

bemalen, v/t (h.)(anstreichen) पोतना, पर रंग क०; (bunt machen) रंग-बिरंगा बनाना; U: sich bemalen चेहरे पर क्रीम, पाउडर आदि पोतना, मेकअप क० ।

bemäng-eln, v/t (h.) (में/की) त्रुटियाँ निकालना, की कटु आलोचना क०; ~**(e)lung,** f (-/-en) कटु आलोचना ।

bemann-en, v/t (h.) नाव, अंतरिक्ष-यान आदि पर व्यक्ति या व्यक्तियों को लगाना या रखना; ~**ung,** f (-/-en) नाव या अंतरिक्ष-यान आदि पर नियुक्त व्यक्ति, कर्मीदल ।

bemänt-eln, v/t (h.) (beschönigen) अप्रिय बात को प्रिय बनाकर कहना; (zu verbergen suchen) पर परदा डालने का प्रयत्न क०; ~**(e)lung,** f (-/-en) छिपाने का प्रयत्न, परदा डालने का प्रयत्न, परदापोशी ।

bemeistern, v/t (h.) U: jdn. bemeistern किसी को अपने अधिकार में कर लेना, किसी पर विजय पा लेना; U: sich bemeistern आत्मनियंत्रण क० ।

bemerk-bar, adj. अवगम्य, इन्द्रियगोचर; sich bemerkbar machen लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित क०; ~**en,** v/t (h.) (wahrnehmen) सुनना, सुन लेना; देखना, देख लेना, की उपस्थिति का अनुभव क०; का सहजबुद्धि से पता लगा लेना; (sagen) कहना; ~**enswert,** adj. असाधारण, विशिष्ट, जिसकी ओर अनायास ध्यान आकर्षित हो जाए; ~**ung,** f (-/-en) कथन, उक्ति, टीका-टिप्पणी; eine treffende Bemerkung सुसंगत कथन, ठीक मौक़े पर कही गई बात ।

bemess-en, 1. v/t (h.) (zuteilen) संविभाजित क०, बाँट देना (नाप-तोल कर); (abschätzen) अंदाज़ लगाना (नाप, मात्रा आदि का); 2. adj. नपा-तुला, बँटा हुआ; meine Zeit ist knapp bemessen मेरे पास समय कम है; ~**ung,** f (-/-en) संविभाजन; अंदाज़ लगाना ।

bemitleid-en, v/t (h.) से सहानुभूति क०, हमदर्दी दिखाना; ~**ung,** f (-) सहानुभूति- प्रदर्शन ।

bemittelt, adj. धनी, अमीर ।

bemogeln, v/t (h.) U: धोखा देना,(खेल आदि में) बेईमानी क० ।

bemoost, adj. काईदार; fig: गतायु, बूढ़ा ।

bemüh-en, v/t (h.) : jdn. bemühen किसी को कष्ट या तकलीफ़ देना; किसी से कोई काम लेना; sich bemühen कष्ट उठाना, तकलीफ़ उठाना, प्रयत्नशील होना, उद्यम क०; sich um etw. bemühen किसी वस्तु या बात के लिए परिश्रम या प्रयत्न क०; ~**ung,** f (-/-en) (Anstrengung) उद्यम, परिश्रम, कष्ट; (Bestreben) प्रयत्न, प्रयास, कोशिश ।

bemüßigen, v/t (h.) U: के लिए बाध्य या मजबूर क०; sich zu etw. bemüßigt fühlen/sehen स्वयं को कुछ करने के लिए बाध्य पाना, कुछ करने की बाध्यता महसूस क० ।

bemustern, v/t (h.) नमूना संलग्न क०, नमूने के साथ भेजना ।

bemuttern, v/t (h.) (का) माँ की तरह ध्यान रखना।

benachbart, adj. पड़ोस का, पास का, निकटवर्ती, समीपवर्ती।

benachrichtig-en, v/t (h.) को सूचित क० या सूचना देना, संदेश भेजना, जानकारी देना, से अवगत कराना; ~**ung,** f (-/-en) सूचना देना; संदेश।

benachteilig-en, v/t (h.) को हानि पहुँचाना, के अधिकारों को कम क०; ~**ung,** f (-/-en) क्षति, हानि, अधिकारहरण।

benageln, v/t (h.) में कीलें गाड़ना या ठोंकना; नाल लगाना!

benagen, v/t (h.) कुतरना, कुतरकर नष्ट क०; fig: छुपकर हानि पहुँचाना।

benebelt, adj., U: मदोन्मत्त, नशे में चूर।

Benediktiner, m (-s/-) [lat.] Mönch: सेंट बेनेडिक्ट के मत का अनुयायी साधु; (Kräuterbranntwein) जड़ी-बूटियों से बनी एक प्रकार की ब्रांडी।

Benefiz, n (-es/-e) [lat.] (Pfründe) पादरी की जीवनवृत्ति; (Anrecht an Gewinn) किसी प्रदर्शन से अर्जित लाभ में भागीदारी का अधिकार; ~**iant,** m (-en/-en) लाभानुभोगी; अर्जित लाभ का भागीदार; ~**iar,** m (-s/-e)/~**iat,** m (-en/-en) गिरजाघर का वृत्तिभोगी; ~**vorstellung,** f लाभार्थ आयोजित प्रदर्शन।

[1]**benehmen,** 1. v/t (h.) : jdm. etw. benehmen किसी से कुछ ले लेना या छीन लेना; die Angst benahm ihm die Sprache डर के मारे उसकी बोलती बंद हो गई; 2. v/r (h.) आचरण क०, व्यवहार क०, बर्ताव क०, पेश आना; शिष्ट व्यवहार क०; er weiß sich zu benehmen वह व्यवहारकुशल है; benimm dich! बदतमीज़ी मत कर!, तमीज़ से बैठ!

[2]**Benehmen,** n (-s) (Betragen) आचरण, बर्ताव, व्यवहार, आचार-व्यवहार; (Einvernehmen) सहमति, मतैक्य; sich mit jdm. ins Benehmen setzen किसी से बातचीत क०; किसी की सहमति प्राप्त करने का प्रयत्न क०।

beneiden, v/t (h.) ईर्ष्या क०, डाह क०; jdn. um etw. beneiden किसी से किसी बात की ईर्ष्या क०; ~**swert,** adj. ईर्ष्य, जिसके लिए ईर्ष्या हो।

benenn-en, v/t (h.) नाम देना, नाम रखना; einen Termin: निश्चित क०, निर्धारित क०; math: भिन्न हल करने के लिए हर को समान बनाना; ~**ung,** f (-/-en) नामकरण; निर्धारण; math: हर का समानीकरण।

benetz-en, v/t (h.) poet: आर्द्र क०, गीला क०, भिगोना; ~**ung,** f (-) आर्द्रीकरण।

Bengal-e, m (-n/-n) बंगाली; ~**en,** n (-s) बंगाल; ~**i,** n (-[s]) बंगला (भाषा); ~**isch,** adj. बंगाली, बंगाल का; ein bengalisches Feuer रंगीन आतिशबाज़ी।

Bengel, m (-s/-s) U: नटखट छोकरा।

benommen, adj. चक्कर से आक्रांत; नशे के प्रभाव में; fig: अनुभवशक्ति-विहीन, सुन्न, जड़ीकृत; ~**heit,** f (-) घुमड़ी; नशे का प्रभाव; अनुभवशक्ति-विहीनता।

benötig-en, v/t (h.) की आवश्यकता होना, की ज़रूरत होना; ~**ung,** f (-) आवश्यकता, ज़रूरत।

benutz-en/benütz-en, v/t (h.) (verwenden) का प्रयोग, उपयोग, इस्तेमाल क०, को काम में लाना; (Vorteil ziehen aus) से लाभ उठाना; jdn. für eigene Zwecke benutzen किसी को अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए काम में लाना; ~**er,** m (-s/-) उपयोग या इस्तेमाल करने वाला; ~**ung,** f (-) उपयोग, इस्तेमाल; ~**ungsanweisung,** f उपयोग या इस्तेमाल का निर्देश; ~**ungsgebühr,** f किसी वस्तु को प्रयोग में लाने का शुल्क।

Benzin, n (-s/-e) [arab.] पेट्रोल; ~**kanister,** m पेट्रोल का पीपा;

~messer, m→Benzinuhr; ~motor, m पेट्रोल-इंजन; ~uhr, f पेट्रोल की मात्रा मापने का यंत्र (कार आदि में)।

Benzoe, f (-) [arab.] chem: लोहवान, लोवान; ~**säure,** f बेन्ज़ोइक-अम्ल ।

Benzol, n (-s/-e) [arab.] chem: बेंज़ीन ।

beobacht-en, v/t (h.) (genau betrachten) ध्यानपूर्वक देखना, ग़ौर से देखना, निरीक्षण क०; (bemerken) का पता लगाना, की उपस्थिति का अनुभव क०, देखना; (beschatten) की गतिविधि पर नज़र रखना; (befolgen) का पालन क०; dieses Verhalten habe ich noch nie an ihm beobachtet मैंने उसे इस प्रकार का व्यवहार करते हुए कभी नहीं देखा; ~**er,** m (-s/-) द्रष्टा, देखने वाला, प्रेक्षक, निरीक्षक; गतिविधि पर नज़र रखने वाला; ~**ung,** f (-/-en) अवलोकन, प्रेक्षण, निरीक्षण; (Überwachung) निगरानी, गतिविधि पर नज़र रखना; ~**ungsgabe,** f पर्यवेक्षण की क्षमता; ~**ungsposten,** m प्रेक्षण-चौकी; ~**ungsstand,** m प्रेक्षण-मचान; ~**ungsstation,** f, med: अस्पताल का विभाग जिसमें रोगी को निरीक्षण के लिए कुछ समय तक रखा जाता है ।

beordern, v/t (h.) आदेश देना, हुक्म देना; किसी स्थान पर भेजना ।

bepacken, v/t (h.) लाद देना ।

bepflanz-en, v/t (h.) (में या पर) पौधे लगाना; ~**ung,** f (-) पौधे लगाना; किसी स्थान या भूखंड पर लगे सारे पौधे ।

bepflastern, v/t (h.) Straße: पलस्तर या डामर क०, खड़ंजा डालना; U: Wunde: पर पलस्तर लगाना ।

bepinseln, v/t (h.) पर कूंची चलाना, पर कूंची से रंग क० ।

bequem, adj. (behaglich) आरामदेह, सुखद, प्रिय; (passend) ठीक फ़िट होने वाला, न चुभने या काटने वाला; (träge) आलसी, आरामपसंद; ~**en,** v/r (h.) (sich fügen) (कुछ करने के लिए) राज़ी हो जाना; (sich herbeilassen) कुछ करने की कृपा क०; ~ **lich,** adj. आलसी, आरामपसंद; स्थूलकाय; ~**lichkeit,** f (-/-en) (Annehmlichkeit) सुविधा, सुख-साधन; (Komfort) आराम, सुख; (Trägheit) आलसीपन ।

berappen, v/t(h.) [jidd.] U: अदा क० ।

berat-en, v/t (h.) jdn. beraten किसी को परामर्श, मंत्रणा, राय, सलाह देना; sich mit jdm. beraten किसी के साथ विचार-विमर्श क०; da sind Sie schlecht beraten यह चीज़ तो अच्छी नहीं है! ; ~**er,** m(-s/-) परामर्श-दाता, सलाहकार; ~**schlagen,** v/t (h.) को परामर्श, सलाह, राय देना; ~**schlagung,** f. (-/-en)→Beratung; ~**ung,** f (-/-en) परामर्श-दान; ~**ungsstelle,** f परामर्श-कार्यालय ।

beraub-en, v/t (h.) को लूटना, लूट लेना; fig: से वंचित क०, छीन लेना; poet: er ist des Augenlichtes beraubt उस की आँखें जाती रहीं; ~**ung,** f (-/-en) लूट, लूट-मार, लूट-पाट ।

beräuchern, v/t (h.) धुआँरना, धूमित क०, को धुआँ देना; fig: की ख़ुशामद, चाटुकारिता, चापलूसी क० ।

berausch-en, v/t (h.) उन्मत्त या मदहोश क०; fig: मंत्रमुग्ध क०; sich an etw. berauschen किसी बात पर मुग्ध हो जाना; ~**end,** adj. मादक; मोहक, सम्मोहक; ~**t,** adj. मदोन्मत्त, मस्त, नशे में चूर; fig: मंत्रमुग्ध, सम्मोहित; ~**theit,** f (-) मदोन्मत्तता, मस्ती; मंत्रमुग्धता ।

berech-enbar, adj. गणनीय, परिकलनीय; जिसका अनुमान लगाया जा सके; ~**nen,** v/t (h.) (ausrechnen) हिसाब लगाना, परिकलन क०; (abschätzen) अंदाज़ लगाना; अनुमान लगाना; (erwägen) आगा-पीछा सोचकर कुछ

क०; केवल अपने लाभ को ध्यान में रखते हुए कुछ क०; **~nend,** adj. आगा-पीछा सोचने वाला; केवल अपने लाभ को ध्यान में रखने वाला; **~nung,** f (-/-en) (Ausrechnung) परिकलन, हिसाब; (Voranschlag) अनुमानित व्यय; (Eigennützigkeit) केवल अपने लाभ का ध्यान (रखना)।

berechtig-en, v/t (h.) प्राधिकृत क०, को प्राधिकार या अधिकार देना; das berechtigt zu großen Hoffnungen इससे बड़ी आशाएँ की जा सकती हैं; **~t,** adj. अधिकृत, प्राधिकृत; न्यायसंगत, औचित्यपूर्ण; **~te,** m/f (-n/-n) अधिकृत व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); **~terweise,** adv. साधिकार, अधिकृत रूप से; न्यायसंगत रूप से; **~ung,** f (-/-en) अधिकृतीकरण; अधिकार, प्राधिकार; न्यायसंगति, औचित्य; **~ungsschein,** m अधिकार-पत्र ।

bered-en, v/t (h.) पर बात क० या विचार-विमर्श क०; jdn. zu etw. bereden किसी को कुछ करने के लिए बलपूर्वक कहना; etw. mit jdm. bereden किसी से किसी विषय पर विचार-विमर्श क०; sich mit jdm. bereden किसी से मंत्रणा क०; **~sam,** adj. →beredt; **~samkeit,** f (-) →Beredtheit; **~t,** adj. वाक्पटु, वाग्मी, सुवक्ता; fig: प्रभावकारी, अर्थपूर्ण; **~theit,** f (-) वाग्मिता, वाक्पटुता ।

Bereich, m (-[e]s/-e) क्षेत्र, इलाक़ा, सीमित क्षेत्र; (Wirkungskreis) प्रभाव-क्षेत्र, पहुँच; das fällt nicht in meinen Bereich यह मेरे क्षेत्र से बाहर है; das liegt im Bereich des Möglichen यह संभव है ।

bereicher-n, v/t (h.) धनी, सम्पन्न या समृद्ध बनाना; बढ़ाना, विस्तृत क०; sich bereichern (अनुचित रूप से) धन-संचय क० या धनी बन जाना; sich bereichern an etw. किसी योजना आदि के माध्यम से अपार धनराशि एकत्र कर लेना; **~ung,** f (-/-en) समृद्ध बनाना; अनुचित रूप से धन-संचय; वृद्धि ।

[1]bereifen, v/t (h.) Auto: टायर लगाना; Faß: वियर आदि के ढोल पर धातु की पत्तियाँ चढ़ाना ।

[2]bereifen, v/t (h.): es bereift sich तुषार पड़ रहा है ।

Bereifung, f (-/-en) टायर लगाना; किसी गाड़ी के सब टायर ।

bereinig-en, v/t (h.) fig: सुव्यवस्थित क०, सुलझाना, निपटाना; **~ung,** f (-) सुलझाना, निपटाना ।

bereisen, v/t (h.) की यात्रा क०, दौरा क० ।

bereit, adj. (fertig) तैयार; (gewillt) उद्यत, तत्पर, इच्छुक; sich bereit erklären, etw. zu tun कुछ करने के लिए तैयार या सहमत हो जाना ।

[1]bereiten, v/t (h.)(herstellen) बनाना, तैयार क०; (verursachen) का कारण बनना; das Essen bereiten भोजन तैयार क०; eine Medizin bereiten औषधि बनाना; jdm. Kummer bereiten किसी के लिए परेशानी का कारण बनना।

[2]bereit-en, v/t (h.) घोड़े पर सवारी क०; घोड़े को सवारी की आदत डालना, घोड़े को साधना; **~er,** m (-s/-) अश्व-शिक्षक, घोड़े को साधने वाला ।

bereit-finden, v/r (h.) कुछ करने के लिए राजी होना; **~halten,** v/t (h.) तैयार रखना; sich bereithalten तैयार रहना; **~legen,** v/t (h.) तैयार करके रखना; **~machen,** v/r (h.) तैयार होना ।

bereits, adv. →schon; ही; केवल; वैसे ही, यों ही ।

Bereit-schaft, f (-/-en) तत्परता, उद्यतता; mil: सतर्कता, मुस्तैदी; **~schaftsdienst,** m चौबीस घंटे काम करने वाला (आपत्कालीन) सेवा-विभाग, आपातोपयोगी सेवा; **~stellen,** v/t(h.) तैयार करके प्रस्तुत क०, का प्रबंध कर देना; mil: सेना को सतर्कता की स्थिति

में ले आना या तैनात कर देना; ~**ung,** f (-) बनाया जाना, तैयार किया जाना; ~**willig,** adj. तत्पर, इच्छुक, उत्कंठित, मुस्तैद; ~**willigkeit,** f (-) तत्परता, उत्सुकता, उत्कंठा, मुस्तैदी।

berennen, v/t (h.) पर धावा बोल देना, पर आक्रमण कर देना।

bereuen, v/t & v/i (h.) पर पश्चात्ताप क० या पछताना, के कारण दुःखी होना; etw. bitter bereuen किसी बात पर घोर पश्चात्ताप क०।

Berg, m (-[e]s/-e) पर्वत, शैल, गिरि, पहाड़; fig: (große Menge) ढेर, बहुत अधिक मात्रा; ein Berg von Briefen चिट्ठियों का ढेर; ein Berg von Arbeit बहुत अधिक काम; jdm. goldene Berge versprechen किसी से बड़े-बड़े वादे क०, किसी को सब्ज़ बाग़ दिखाना; fig: der Kranke ist über den Berg रोगी ख़तरे से बाहर है; fig: er ist bereits über alle Berge वह तो (कब का) फ़रार हो चुका है; fig: mit seiner Meinung hinter dem Berg halten अपने विचार गुप्त रखना या प्रकट न क०; fig: mir standen die Haare zu Berge मेरे रोंगटे खड़े हो गए; U: er steht da wie der Ochse vorm Berg वह किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा है; spw: der Glaube versetzt Berge विश्वास से पहाड़ों को भी हिलाया जा सकता है; ~**ab,** adv. नीचे की ओर, उतार पर; fig: es geht bergab mit ihm वह पतनोन्मुख है, वह अवनति के मार्ग पर है; उसका स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है; ~**an,** adv.→bergauf; ~**arbeiter,** m खनक, खनिक, खान में काम करने वाला; ~**auf,** adv. ऊपर की ओर, चढ़ाव पर; fig: उन्नति के मार्ग पर; fig: es geht wieder bergauf स्थिति में अब फिर सुधार हो रहा है; ~**bahn,** f पर्वत-रेल; ~**bau,**m खनन-उद्योग; ~**bewohner,** m पर्वत-निवासी, पहाड़ी।

bergen, v/t (h.) (retten) बचा लेना, (मलबे, खान, बर्फ़ आदि में) दब गए लोगों को बाहर निकालना; poet: etw. in sich bergen अपने में कुछ अन्तर्विष्ट रखना या छुपाए रखना; er birgt ein Geheimnis in sich वह कुछ भेद छुपाए है; dieses Experiment birgt viele Gefahren (in sich) इस प्रयोग से बहुत से ख़तरे हैं; यह प्रयोग बहुत ख़तरनाक है।

Berg-führer, m पर्वतों में रास्ता दिखाने वाला, पहाड़ी पथ-प्रदर्शक; ~**gipfel,** m शैल-शिखर, पर्वत-शिखर; ~**grat,** m पर्वत-कटक, पहाड़ की लम्बी-सँकरी चोटी; ~**ig,** adj. शैलमय, पर्वतीय, पर्वती, पहाड़ी; ~**kette,** f पर्वत-श्रेणी, पर्वतमाला; ~**knappe,** m →Bergmann; ~**krankheit,** f पर्वत-रोग, ऊँचाई पर विरल वायु के कारण उत्पन्न रोग; ~**kristall,** m शैलस्फट, स्फटिक, बिल्लौर; ~**kuppe,** f शैलशिखर, छोटी पहाड़ी की चोटी; ~**mann,** m खनक, खनिक, खान में काम करने वाला; ~**predigt,** f, eccl: पर्वत-प्रवचन (ईसा का); ~**reich,** adj. पर्वत-बहुल, शैलमय, कोहिस्तानी, पर्वतीय; ~**rennen,** n पर्वतारोहण-प्रतियोगिता; ~**rücken,** m पर्वतपृष्ठ, चौड़ा पर्वत-कटक; ~**rutsch,** m शैल-स्खलन; ~**salz,**n शैल-लवण, सैंधव; ~**sattel,**m शैलीय अवतल-प्रदेश; ~**schuhe,** m/pl. पर्वतारोहण के जूते; ~**steiger,** m पर्वतारोही; ~**stock,** m पर्वतारोहण की छड़ी; (Gebirgsmassiv) गिरिपिंड; ~**sturz,** m→Bergrutsch; ~**tour,** f पर्वत-भ्रमण, पहाड़ों की सैर; ~**und-Tal-Bahn,** f →Achterbahn

Bergung, f (-/-en) बर्फ़ या मलबे में दब गए लोगों को बचाना।

Berg-wacht, f (-) पर्वतीय रक्षा-सेवा, (पर्वतारोहियों आदि के लिए); ~**wand,**f खड़ी चट्टान; ~**werk,** n खान।

Bericht, m (-[e]s/-e) (Meldung) संवाद, सूचना; रिपोर्ट; (Wiedergabe in Wort/Bild) शाब्दिक या लिखित

विवरण; (Protokoll) किसी सभा या बैठक की कार्यवाही का लिखित ब्योरा; (Kommentar) व्याख्यात्मक वृत्तांत; einen Bericht abfassen लिखित विवरण तैयार क०; jdm. Bericht erstatten किसी को ब्योरेवार सूचना देना; laut Bericht von A अ के विवरण के अनुसार; ~**en,** v/i & v/t (h.) संवाद देना, सूचना देना, ब्योरेवार विवरण देना; ~**erstatter,** m संवाददाता, रिपोर्टर; ~**erstattung,** f (-) विवरण देना या लिखना; विवरण-शैली।

berichtig-en, v/t (h.) सुधारना, संशोधित क०, ठीक क०, सही क०; jdn. berichtigen किसी की ग़लती सुधारना, किसी के ग़लत या असत्य कथन का खंडन क० तथा उसे सुधारना; ~**ung,** f (-/-en) ग़लती या ग़लत कथन का सुधार, संशोधन।

beriechen, v/t (h.) को सूँघना, सूँघकर परखना; U: sich beriechen एक दूसरे का मन जानने की कोशिश क०।

beries-eln, v/t (h.) पर छिड़कना. को सींचना, को(सदैव) नम रखना; fig: लगातार प्रभाव डालते रहना; ~**(e)lung,** f (-) सिंचाई; लगातार छिड़काव; fig: लगातार प्रभावित क०।

beringen, v/t (h.) Vögel: (पक्षियों) के पंजे में छल्ला डालना।

beritten, adj. अश्वारूढ़, घुड़सवार; berittene Polizei घुड़सवार पुलिस।

Berliner, m (-s/-) बर्लिन-निवासी; Gebäck: पूआ जिसके अंदर फलों का मुरब्बा भरा होता है; ~**n,** v/i (h.) बर्लिन की बोली में बोलना।

Bernstein, m (-s/-e) कहरुवा, तृणमणि; ~**ern,** adj. कहरुवे का।

Berserker, m (-s/-) क्रोधांध योद्धा; ~**wut,** f (-) अंधा क्रोध।

bersten, v/i (s.) (aufbrechen) फट जाना, फूट जाना, विस्फोटित हो जाना; (zerspringen) चटक जाना, में दरार पड़ जाना; fig: vor Lachen bersten हँसते-हँसते लोट-पोट हो जाना; der Bus ist zum Bersten voll बस ठसाठस भरी है।

berüchtigt, adj. कुख्यात, नम्बरी।

berück-en, v/t (h.) (verlocken) लुभाना, वहकाना, प्रलोभन देकर फँसाना; (bezaubern) सम्मोहित क०, पर जादू डालना; ~**end,** adj. सम्मोहक, लुभावना।

berücksichtig-en, v/t (h.) (beachten) का ध्यान रखना, का लिहाज़ क०; (किसी बात या तथ्य को) मानना; (in Betracht ziehen) पर विचार क० या सोचना; ~**ung,** f (-) ध्यान, लिहाज़; सोच-विचार।

Beruf, m (-[e]s/-e) व्यवसाय, वृत्ति, धंधा, पेशा; (Berufung) (ईश्वरीय) आह्वान, जीवन-लक्ष्य; einem Beruf nachgehen कोई धंधा क०, किसी नौकरी में होना; einen Beruf ergreifen कोई पेशा अख़्तियार क०; von Berufs wegen नौकरी या धंधे की आचार-नीति का पालन करते हुए; नौकरी की परिस्थितियों के कारण।

[1]**berufen,** v/t (h.) in ein Amt: नियुक्त क०, मनोनीत क०; (kommen lassen) बुलाना, बुला भेजना; ein Unglück/Geister: (आपत्ति, भूत-प्रेत) बुलाना; sich auf etw./jdn. berufen किसी बात/व्यक्ति का हवाला देना।

[2]**berufen,** adj. विशेष योग्यता प्राप्त, क्षम, सुयोग्य।

beruf-lich, 1. adj. व्यावसायिक, धंधे या पेशे से संबंधित; 2. adv.: was machen Sie beruflich? आप क्या काम करते हैं?, आपका व्यवसाय क्या है?, व्यवसाय के तौर पर आप क्या करते हैं?; ~**sausbildung,** f किसी व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण; ~**sberatung,** f व्यवसाय-चुनाव का परामर्श देने वाला सरकारी कार्यालय; ~**sgeheimnis,** n व्यावसायिक रहस्य को गोपनीय रखने की बाध्यता; (bestimmter Kniff) व्यवसाय-विशेष का रहस्य; ~**sheer,** n (वैतनिक सैनिकों वाली) नियमित सेना; ~**skleidung,** f

काम करने की पोशाक, व्यवसाय-विशेष की वर्दी; ~skrankheit, f व्यवसाय-विशेष में होने वाली बीमारी; ~sleben, n: im Berufsleben stehen धंधे में (व्यस्त) होना; ~smäßig, adj. व्यवसायिक, पेशेवर; ~sschule, f बहुशिल्प-विद्यालय; ~ssoldat, m वैतनिक या नियमित सैनिक; ~ssportler, m व्यवसायिक खिलाड़ी; ~sstand, m व्यवसाय-विशेष; व्यवसाय-विशेष में लगे सभी लोग; ~stätig, adj. नौकरीशुदा, नियोजित, नियुक्त; ~stätige, m/f(-n/-n) नौकरी करने वाला व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); ~sumschulung, f धंधा बदलने के लिए प्रशिक्षण; ~sunfähig, adj. नौकरी या धंधा करने के अयोग्य (शारीरिक रूप से); ~sverband, m व्यवसाय-संघ; ~sverkehr, m धंधे या नौकरी पर आने या वहाँ से वापस जाने के समय का यातायात; ~sverbrecher, m पेशेवर अपराधी; ~swahl, f व्यवसाय या धंधे का चयन; ~szweig, m व्यवसाय, व्यवसाय-क्षेत्र।

Berufung, f (-/-en) (innere Bestimmug) आंतरिक प्रेरणा, ईश्वरीय आह्वान; jur: अपील, पुनर्विचार-प्रार्थना; gegen ein Urteil Berufung einlegen किसी निर्णय के विरुद्ध अपील क०; **~sinstanz,** f पुनर्विचार-न्यायालय, अपील-कोर्ट; **~sklage,** f अपील, पुनरावेदन, पुनर्विचार की प्रार्थना।

beruhen, v/i (h.) पर आधारित होना, का कारण होना; etw. auf sich beruhen lassen किसी बात को जहाँ का तहाँ रहने देना या आगे न बढ़ाना; diese Annahme beruht auf einem Irrtum यह धारण ग़लत है, इस धारणा का आधार ग़लत है।

beruhig-en, v/t (h.) शांत क०; (beschwichtigen) संतुष्ट क०, चुप क०; (trösten) तसल्ली देना, ढाढ़स बंधाना; sich beruhigen शांत होना या हो जाना; die Lage hat sich beruhigt स्थिति (अब) शांत हो गई है; **~ung,** f (-/-en) दिलासा, ढाढ़स, तसल्ली (की बात); **~ungsmittel,** n, med: उपशामक (औषधि)।

berühmt, adj. (geschätzt) प्रतिष्ठित, प्रतिष्ठा-प्राप्त; (weithin bekannt) प्रसिद्ध, विख्यात, मशहूर; **~heit,** f (-/-en) विख्यात या प्रसिद्ध व्यक्ति; o.pl: (großer Ruhm) प्रसिद्धि, ख्याति।

berühr-en, v/t (h.) छूना, छू लेना, स्पर्श क०; से सटा या लगा होना; (flüchtig erwähnen) की सरसरी तौर पर चर्चा चलाना; (angehen) से संबंधित होना; fig: छू जाना, मर्मस्पर्शी होना; पर प्रभाव डालना; die Eisenbahnlinie berührt diese Stadt nicht यह शहर रेलमार्ग पर नहीं पड़ता, रेलगाड़ी इस शहर से होकर नहीं निकलती; diese Bemerkung berührt mich यह कथन मुझसे संबंधित है; sein Unglück berührt mich nicht उसके दुर्भाग्य का मेरे हृदय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा; **~ung,** f (-/-en) स्पर्श; संबंध; मिलन; fig: mit etw. in Berührung kommen का किसी विषय-वस्तु या बात से परिचय होना; fig: wir sind über all die Jahre in Berührung geblieben पिछले सारे वर्षों में हमारा सम्पर्क बना रहा; **~ungslinie,** f, math: स्पर्श-रेखा, स्पर्शज्या; **~ungspunkt,** m, fig: विचारों की समानता; math: स्पर्श-बिंदु।

besäen, v/t (h.) में बीज बोना; fig: (dicht bedecken mit) से ढँक देना या आच्छादित कर देना।

besag-en, v/t (h.)(bedeuten) का अर्थ होना, अर्थ या मतलब रखना; (verraten) साबित क०; खोलकर रखना; das besagt gar nichts इसका कोई अर्थ नहीं होता; इससे क्या होता है!, इससे कुछ नहीं होता; dieser Brief besagt alles इस पत्र से सब कुछ स्पष्ट हो जाता है; **~te,** m/f (-n/-n) : der Besagte ist eingetroffen जिसकी चर्चा हो रही थी वह आ गया है; **~termaßen,** adv. जैसा कि कहा जा चुका है।

besait-en, v/t (h.) (वाद्ययंत्र) पर तार चढ़ाना; ~**et,** adj., fig: sie ist zart besaitet वह अतिसंवेदनशील है।

Besamung, f (-/-en) (Aussaat) बुवाई, बीज बोना; (künstliche Befruchtung) कृत्रिम गर्भाधान।

besänftig-en, v/t (h.) शांत क०, संतुष्ट क०, को सांत्वना देना; मंद क०, कम क०; ~**ung,** f (-/-en) सांत्वना, शांत(क०); कम क०।

besät, adj: der Himmel ist mit Sternen besät आकाश में तारे छाए हैं।

Besatz, m (-es/ ⸗e) an Uniform: वर्दी के कफ़, कॉलर आदि; an Kleidern: किनारा, किनारी, गोटा, पट्टी।

Besatzung, f (-/-en) कर्मी-दल, वायुयान, जहाज़, पनडुब्बी आदि पर नियुक्त लोग; mil: आधिपत्य-सेना; ~**sarmee,** f क़ब्ज़ा करने वाली सेना, आधिपत्य-सेना; ~**smacht,** f क़ब्ज़ा करने वाला देश; ~**struppen,** f/pl. क़ब्ज़ा करने वाले सैनिक; ~**szone,** f अधिकृत-क्षेत्र।

besaufen, v/r (h.) vulg: अत्यधिक मद्यपान क०, ख़ूब पीना।

Besäufnis, n (-ses/-se) U: अत्यधिक मद्यपान।

besäusel-n, v/r (h.) U: गुलाबी नशा क०, हल्का नशा क०; ~**t,** adj. गुलाबी नशे में।

beschädig-en, v/t (h.) को क्षति या हानि पहुँचाना, को क्षतिग्रस्त क०, की तोड़फोड़ क०; ~**t,** adj. क्षतिग्रस्त, टूटा-फूटा; ~**ung,** (-/-en) क्षति, हानि, तोड़-फोड़।

[1]**beschaffen,** v/t (h.) का प्रबंध क०, मुहैया क०, लाकर देना, जुटाना; sich etw. beschaffen कुछ प्राप्त क०, उपलब्ध क०, अपने लिए लाना।

[2]**beschaffen,** adj. बना हुआ, गठित, की प्रकार का, किसी अवस्था या दशा में; ~**heit,** f (-) गठन, बनावट; दशा, अवस्था; प्राकृतिक गुण, स्वभाव; विशेषता, वैशिष्ट्य।

Beschaffung, f (-/-en) प्रबंध, इंतज़ाम; मुहैया क०, जुटाना।

beschäftig-en, 1. v/t (h.) को व्यस्त क०, काम में लगाना; को नौकरी देना, नियुक्त क०; dieses Problem beschäftigt ihn यह समस्या उसे व्यस्त रखती है; 2. v/r (h.) व्यस्त होना, काम में लगना; dieser Artikel beschäftigt sich mit A. यह लेख A. के विषय में है; ~**ung,** f (-/-en) (Beruf) नौकरी, पेशा, धंधा, व्यवसाय, काम, रोज़गार; (Zeitvertreib) शग़ल, व्यासंग; ~**ungslage,** f रोज़गार की स्थिति; ~**ungslos,** adj. बेरोज़गार; ~**ungstherapie,** f किसी ख़ास काम में लग कर मानसिक रोग की चिकित्सा; U: बिना प्रयोजन के कुछ करते रहना।

beschäl-en, v/t (h.) घोड़े का मैथुन क०; ~**er,** m (-s/-) जननाश्व, बीजाश्व; ~**ung,** f (-/-en) घोड़ों का मैथुन।

beschäm-en, v/t (h.) लज्जित क०, शर्मिन्दा क०, पानी-पानी कर देना; ~**end,** adj. लज्जास्पद; ~**ung,** f (-) लज्जा, शर्म; प्रतिष्ठा-भंग, अपमान; लज्जित किया जाना या होना।

beschatt-en, v/t (h.) पर छाया क०, को धूप से बचाना; fig: (überwachen) का चुपचाप पीछा क०, की जासूसी क०, पर नज़र रखना; ~**ung,** f (-) छाया क०; fig: की गतिविधि पर नज़र रखना।

Beschau, f (-) (Betrachtung) निरीक्षण, परीक्षण, ध्यान से देखना; (Zollprüfung) सीमाशुल्क-अधिकारी द्वारा जाँच; von Fleisch: गोश्त बेचने से पहले सरकारी अधिकारी द्वारा उसकी जाँच; ~**en,** v/t (h.) निरीक्षण क०, परीक्षण क०, जाँच क०, ध्यान से देखना; ~**er,** m (-s/-) निरीक्षक, परीक्षक, जाँच करने वाला; ~**lich,** adj. ध्यानशील, मननशील, चिंतनशील; स्वप्निल; सुखद; ein beschaulicher Abend स्वप्निल संध्या; ~**lichkeit,** f (-) ध्यानशीलता, मननशीलता, चिंतनशीलता; सुख।

Bescheid, m (-[e]s/-e) (Antwort)

उत्तर, जवाब; (Auskunft) ख़बर, इत्तला, ज्ञप्ति; (behördliche Entscheidung) आज्ञप्ति, आदेश, सरकारी निर्णय; jdm. Bescheid geben किसी को इत्तला देना; U: jdm. Bescheid stoßen किसी से डाँट-डपट क०, किसी को खरी-खरी सुनाना; Bescheid wissen über etw. किसी बात की पूरी जानकारी रखना; ich weiß schon Bescheid! मुझे (अच्छी तरह) मालूम है।

[1]**bescheiden,** v/t (h.) आधिकारिक निर्णय से अवगत कराना; jdn. zu sich bescheiden किसी को अपने पास आने का आदेश देना या अपने पास बुलाना; sich bescheiden थोड़े में संतुष्ट होना, थोड़े में सब्र क०; sich mit etw. bescheiden किसी वस्तु से संतुष्ट हो जाना; poet: Gott beschied es so ईश्वर की यही इच्छा थी।

[2]**bescheiden,** adj. (einfach) साधारण, मामूली; (genügsam) थोड़े में संतुष्ट होने वाला या सब्र करने वाला; (ohne Dünkel) विनीत, विनयशील, शालीन, निरहंकार; ~**heit,** f (-) साधारणता; सब्र, संतोष; विनयशीलता, अहंकार-हीनता।

bescheinen, v/t (h.) पर प्रकाश डालना, पर रोशनी डालना।

bescheinig-en, v/t (h.) लिखित रूप से प्रमाणित क०, की तसदीक़ क०, का प्रमाण-पत्र देना; की रसीद देना; hiermit wird bescheinigt, daß . . . प्रमाणित किया जाता है कि . . . ; ~**ung,** f (-/-en) (Bestätigung) प्रमाण-पत्र, प्रमाणक; (Quittung) रसीद, पावती; (Attest) डॉक्टरी प्रमाण-पत्र।

bescheißen, v/t (h.) vulg: को ठग लेना या धोखा देना।

beschenken, v/t (h.) को भेंट या उपहार देना; jdn. mit etw. beschenken किसी को कोई वस्तु उपहार के रूप में देना।

bescher-en, v/t (h.) भेंट देना; उपहारों का वितरण क०; ~**ung,** f (-/-en) उपहार-वितरण; बड़े दिन पर घरों में उपहारों का वितरण; U: da haben wir die Bescherung! लो, अब आ पड़ी न!, लो, अब फँस गए!, लो, अब मुसीबत आ पड़ी।

beschicht-en, v/t (h.) पर परत चढ़ाना; ~**ung,** f (-/-en) परत; परत चढ़ाना।

beschicken, v/t (h.) भेजना, प्रतिनिधि आदि भेजना; einen Ofen: में खनिज डालना या डालते रहना; sein Haus: घर का प्रबंध क०; अपने मामले तय क०; eine Ausstellung: प्रदर्शनी में सामान भेजना।

beschieß-en, v/t (h.) पर गोली चलाना, बमबारी क०, गोलाबारी क०, ~**ung,** f (-/-en) गोलाबारी, बमबारी।

beschiffbar, adj.→schiffbar

beschilder-n, v/t (h.) नाम की तख़्ती लगाना, मार्गदर्शक पट्टिकाएँ लगाना; ~**ung,** f (-) पट्टिकाएँ लगाना; मार्गदर्शक पट्टिकाएँ (लगाने का काम)।

beschimpf-en, v/t (h.) को डाँटना-फटकारना, झिड़क देना; ~**ung,** f (-/-en) डाँट-फटकार, झिड़क।

beschirm-en, v/t (h.) poet: की रक्षा क०; ~**ung,** f (-) रक्षणा, रक्षा।

Beschiß, m (-'sses) vulg: धोखा, बेईमानी, ठगई।

beschissen, adj. अत्यन्त अप्रिय, अत्यन्त प्रतिकूल, बहुत ख़राब; wir sind in einer beschissenen Lage हमलोगों की दशा बहुत बुरी है।

beschlabbern, v/r (h.) U: भोजन करते समय हाथ, मुँह, कपड़े आदि गंदे क०।

beschlafen, v/t (h.) (begatten) किसी स्त्री के साथ संभोग क०, चोदना; पर एक रात सोच विचार क० (तुरंत उत्तर न देना, उत्तर को अगले दिन तक के लिए टाल देना); fig: ich muß diese Sache noch einmal beschlafen मुझे इस विषय पर एक रात और विचार करना पड़ेगा।

Beschlag, m (-[e]s/ ⸚e) कुर्की, ज़ब्ती, राज्यसात्करण; (Scharnier usw.) जोड़ने

या सज्जा के लिए प्रयुक्त धातु-पट्टियाँ; (Hufeisen)घोड़े की नाल; auf Metallen: धातुओं पर ऑक्सीकरण द्वारा बनी परत; an Fensterscheiben: भाप या नमी की परत; zool: मृगों का मैथुन; etw. in Beschlag nehmen किसी वस्तु को ज़ब्त कर लेना, किसी वस्तु का राज्यसात्करण क०; U: jdn. mit Beschlag belegen किसी की संपत्ति का राज्यसात्करण क० ।

[1]**beschlagen,** 1. v/t(h.) सज्जा आदि के लिए धातु-पट्टियाँ जड़ना; मढ़ना; किसी वस्तु की परत चढ़ाना; Pferd: नाल लगाना; Segel: पाल चढ़ाना; zool: मृग का मैथुन क०; 2. v/i (h.) (anlaufen) भाप आदि जमने से धुँधला पड़ जाना; ऑक्सीकरण द्वारा मैला पड़ जाना; das Fenster beschlägt (sich) भाप, नमी आदि के जमने के कारण खिड़की का शीशा धुँधला पड़ रहा है; Silber beschlägt (sich) ऑक्सीकरण के कारण चाँदी काली हो जाती है ।

[2]**beschlagen,** adj., fig: पारंगत, ज्ञाता, जानकार; sie ist auf diesem Gebiet sehr beschlagen वह इस क्षेत्र में पारंगत है ।

Beschlagnahm-e, f (-/-n) ज़ब्ती: राज्यसात्करण; ~**en,** v/t(h.) ज़ब्त कर लेना; हड़प लेना, राज्यसात्करण क० ।

beschleichen, v/t (h.) के पास दबे पाँव पहुँचना; fig: Furcht beschlich ihn (धीरे-धीरे) भय उसके दिल में समा गया; fig: mich beschleichen Zweifel मुझे कुछ-कुछ संदेह है, मुझे पूरा भरोसा नहीं है ।

beschleunig-en, v/t (h.) की गति बढ़ाना, को त्वरित या तेज़ क०; ~**ung,** f (-/-en) त्वरण, जल्दी या शीघ्रता क० ।

beschließen, v/t (h.) (beenden) समाप्त क०, ख़त्म क०; पूरा क०; (entscheiden) निर्णय क०, फ़ैसला क०, निश्चय क०, तय क०; eine Gesetzesänderung beschließen क़ानून में किसी परिवर्तन का निर्णय क० ।

Beschließerin, f गृहपालिका, गृहावेक्षिका ।

beschlossen, adj. निश्चित, तयशुदा, पक्का; das ist eine beschlossene Sache यह तयशुदा बात है, यह बात पक्की है (इसमें परिवर्तन की कोई गुंजाइश नहीं है); ~**ermaßen,** adv. जैसा निश्चित या तय किया जा चुका है ।

Beschluß, m (-'sses/ ⁓'sse) (Entscheidung) निश्चय, निर्णय, फ़ैसला; (Übereinkommen) बहुमत से अनुमोदित प्रस्ताव, सामूहिक निर्णय; einen Beschluß fassen कोई निर्णय लेना; ~**fähig,** adj.: die Versammlung ist beschlußfähig सभा के सदस्य कार्यवाह-संख्या में उपस्थित हैं; ~**fassung,** f (-) प्रस्ताव का बहुमत से अनुमोदित होना; ~**unfähig,** adj. निर्णय लेने में असमर्थ (कार्यवाह-संख्या में न उपस्थित होने के कारण) ।

beschmieren, v/t (h.) (schmutzig machen) गंदा क०, मैला क०, पर लीप-पोत क०; (unsauber bemalen) लापरवाही से रंग क० या भरना; Brot: पर मक्खन आदि लगाना ।

beschmutzen, v/t (h.) गंदा क०, मैला क०; fig: को बदनाम क०, पर कलंक लगाना, को कलंकित क०; fig: das eigene Nest beschmutzen अपनों की बुराई क० ।

beschneid-en, v/t (h.) (glatt schneiden) किनारे तराशना या काटना; (stutzen) छाँटना; Bäume: काट-छाँट कर ठीक क०; Wein: (अंगूरी में) मिलावट क०; med: सुन्नत क०, मुसलमानी क०, शिश्नचर्मछेदन क०; fig: (einschränken) (स्वतंत्रता, अधिकार, समय आदि) सीमित क० या घटाना; ~**ung,** f (-/-en) कटाई; bot: छँटाई; von Wein: मिलावट; med: सुन्नत, मुसलमानी; fig: स्वतंत्रता, अधिकार, समय आदि घटाना ।

beschneit, adj. हिमाच्छादित, हिममय ।

beschnüffeln, v/t (h.) U: सूँघना; मन

की थाह लेना; fig: की जासूसी क०, का भेद जानने का प्रयत्न क० ।
beschnuppern, v/t (h.)→beschnüffeln
bescholten, adj. कुख्यात, बदनाम ।
beschönig-en, v/t (h.) अप्रिय बात को प्रिय बना कर कहना, किसी बात की बुराई को छिपाने का प्रयत्न क०; **~ung,** f (-/-en) बुराई छिपाने का प्रयत्न ।
beschränk-en, v/t (h.) (reduzieren) घटाना, कम क०; (einengen) सीमित क०; sich beschränken auf etw. स्वयं को किसी बात या वस्तु तक सीमित कर लेना; der Redner beschränkte sich auf das Wesentliche वक्ता ने केवल महत्वपूर्ण तथ्यों का ही उल्लेख किया; **~t,** adj. (eingeengt) सीमित; (knapp) थोड़ा, अल्प, कम; fig. geistig: मंदमति, अविकसित बुद्धि का, जड़बुद्धि; संकीर्णमना ।
Biene, f (-/-n) मधुमक्खी, शहद की मक्खी; U: dufte Biene छमकछल्लो, छबीली (युवती); ~**nfleiß,** m घोर परिश्रम; ~**nkorb,** m मधुमक्खियों को पालने के लिए प्रयुक्त टोकरी; ~**nschwarm,** m मधुमक्खियों का झुंड; ~**nstich,** m मधुमक्खियों का दंश; Gebäck: क्रीम का एक केक जिसपर बादाम की कतरन लगी होती है; ~**nstock,** m →Bienenkorb; ~**nvater,** m →Bienenzüchter; ~**nwachs,** n मधुमोम; ~**nzucht,** f मधुमक्खी-पालन; ~**nzüchter,** m मधुपाल।

biennal, adj. द्वैवार्षिक, दोसाला।

Bier, n(-[e]s/-e) बियर; ~**baß,** m, U: मोटी भरभरी आवाज़; ~**brauer,** m बियर बनाने वाला; ~**deckel,** m बियर का गिलास रखने के लिए गत्ता; ~**garten,** m मैदान या वाटिका में बना बियर पीने का रेस्तराँ; ~**glas,** n बियर का मग (काँच का); ~**hefe,** f बियर बनाने का ख़मीर; ~**krug,** m बियर का बड़ा पानपात्र; ~**reise,** f एक के बाद एक कई मद्यशालाओं में बियर पीने जाना; ~**ruhe,** f, U: न भंग की जा सकने वाली ख़ामोशी; ~**verlag,** m बियर की आढ़त; ~**zipfel,** m जेबघड़ी की चेन के साथ का पट्टा।

Biese, f (-/-n) सिली हुई चुनट या परत; an Uniformhose: उच्च सेनाधिकारी की वर्दी के पतलून की रेशमी पट्टी।

Biest, n (-[e]s/-er) U: (Vieh) ढोर, मवेशी, डाँगर; Schimpfwort: नरपशु, हैवान।

Biestmilch, f (-) कक्षीर, पेवसी, गिजरी, बियाने के बाद का पहला दूध।

biet-en, v/t (h.) प्रस्तुत क०, पेश क०; bei Auktion: बोली देना, प्रदान क०; bei Auktion: बोली लगाना; mir bot sich eine günstige Gelegenheit मुझे एक अच्छा मौक़ा दिखा; er bot mir die Hand zur Versöhnung उसने मेरी ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया; fig: jdm. die Stirn bieten किसी का सामना क०, किसी

का खुल्लमखुल्ला विरोध क॰; jdm. Willkommen bieten किसी का स्वागत क॰; jdm. Schach bieten किसी को शह देना; das lasse ich mir nicht bieten! यह मेरे साथ नहीं किया जा सकता, मैं अपने साथ यह नहीं होने दूंगा; ~**er,** m (-s/-) बोली लगाने वाला।

Bigam-ie, f (-/-n) द्विविवाह; ~**ist,** m (-en/-en) दो विवाह करने वाला।

bigott, adj. धर्मांध; धर्मात्मा होने का ढोंग करने वाला; ~**erie,** f (-) धर्मांधता; धर्मात्मा होने का ढोंग।

Bikini, m (-s/-s) बिकीनी, स्त्रियों के लिए तैरने का जाँघिया व अँगिया का जोड़ा।

Bilanz, f (-/-en)[lat.] kfm. लेखा-जोखा, लेन-देन का चिट्ठा, खाता; fig: eine Bilanz ziehen लेखा-जोखा क॰, अच्छे बुरे का अन्तर निकालना; eine Bilanz frisieren खाते में जालसाज़ी क॰; ~**analyse,** f लेखे-जोखे या खाते का विश्लेषण; ~**ieren,** 1. v/i (h.) लेखा या खाता तैयार क॰; 2. v/t (h.) खाते में लिखना।

bilateral, adj. [lat.] द्विपक्षीय।

Bild, n(-[e]s/-er)चित्र, तैलचित्र, रेखाचित्र; (Foto) फ़ोटो, छायाचित्र, दृश्य; (Anblick/klare Vorstellung) स्पष्ट कल्पना; (Symbol) प्रतीक; fig: er ist ein Bild von einem Mann वह पुरुषत्व का प्रतीक है; sich ein Bild von etw. machen können किसी बात की स्पष्ट कल्पना क॰; im Bilde sein über etw. किसी बात से पूरी तरह परिचित होना, किसी बात को अच्छी तरह समझना या जानना; ihm bot sich ein Bild des Grauens उसके सामने एक संत्रासपूर्ण दृश्य आया; das Bild der Krankheit ist nicht klar रोग के लक्षण स्पष्ट नहीं हैं; ~**band,** m केवल चित्रों वाली पुस्तक; ~**bericht,** m सचित्र-संवाद; ~**berichterstatter,** m सचित्र संवाद देने वाला संवाददाता।

bilden, v/t (h.) 1. (formen/gestalten) बनाना, का निर्माण क॰; गढ़ना, को आकार या रूप देना; (sein/ausmachen) होना, का रूप धारण क॰ या कर लेना; sich bilden बनना, उत्पन्न होना; 2. (Bildung vermitteln) शिक्षा देना, शिक्षित क॰; sich bilden शिक्षा प्राप्त क॰, स्वयंशिक्षण क॰।

Bild-erbuch, n चित्रयुक्त पुस्तक (विशेषतया बच्चों के लिए); ~**errätsel,** n चित्र-पहेली; ~**erreich,** adj. चित्रित, चित्र-बाहुल्य वाला; Sprache: रूपक-अलंकार-पूर्ण; ~**erreichtum,** m चित्र-बाहुल्य; रूपक-अलंकार का बाहुल्य; ~**erschrift,** f चित्रलिपि; ~**fläche,** f (Leinwand) सिनेमाघर का पर्दा; (Gesichtsfeld) परिदृश्य; fig: er ist von der Bildfläche verschwunden वह (एकदम) ग़ायब हो गया है; ~**funk,** m टेलीविज़न, दूरदर्शन; ~**haft,** adj. चित्रोपम; सरस, सजीव, प्रतिमा-विधायक; ~**hauer,** m (-s/-) मूर्तिकार, बुततराश; ~**hauerei,** f (-) मूर्तिकला; ~**hübsch,** adj. अतिसुन्दर, निहायत ख़ूबसूरत; ~**konserve,** f, U: बाद में प्रसारण के लिए संचित फ़िल्में; ~**kraft,** f (-) भाषा की सजीवता; ~**nis,** n (-ses/-se) छविचित्र; व्यक्तिचित्र, रूपचित्र; उपमा; ~**röhre,** f, tech: टेलीविज़न की चित्र-नलिका; ~**sam,** adj., fig: सीखने की क्षमता रखने वाला; ~**schärfe,** f चित्र की सुस्पष्टता; ~**schirm,** m टेलीविज़न का पर्दा; ~**schön,** adj. अत्यन्त सुंदर, निहायत ख़ूबसूरत; ~**stock,** m सड़क के किनारे बना किसी देवता का मूर्ति-स्तंभ।

Bildung, 1. f (-/-en) रूप, रूप-संरचना, रूप-विन्यास, बनावट, संघटन; उत्पत्ति; बनना या बनाया जाना; संस्थापन, निर्माण; 2. f (-) शिक्षण, प्रशिक्षण; शिक्षा, तालीम; (Kenntnisstand) ज्ञान, जानकारी, वक़ूफ़; (Anstand) सभ्यता, शिष्टाचार; सुरुचि;

~sanstalt, f शिक्षालय, प्रशिक्षण-संस्था; ~sbeflissen, adj. जिज्ञासु; ज्ञान प्राप्त करने के लिए उत्सुक; ~sgrad, m शिक्षा-स्तर; ~shunger, m, fig: ज्ञान की भूख या जिज्ञासा; ~sstätte, f →Bildungsanstalt; ~svorgang, m निर्माण- प्रक्रम; ~sweg, m शिक्षा के विभिन्न चरण; शिक्षा-काल का विवरण।

Bildwerfer, m चित्र-प्रक्षेपक, चित्र-प्रक्षेपित्र।

Billett, n (-[e]s/-e; -s) [frz.] टिकट, यात्रा-टिकट; प्रवेश-टिकट।

billig, adj. सस्ता, सुलभ, कम दाम का; (angemessen) मुनासिब, मुनासिब दाम का; न्यायसंगत; (nichtssagend) तुच्छ, नगण्य, अनर्गल; (minderwertig) मामूली, बेकार; das ist nicht mehr als recht und billig यह बिल्कुल न्यायसंगत है; spw: was dem einen recht ist, ist dem anderen billig जो एक कर सकता है वह दूसरा भी कर सकता है; जो एक के लिए उचित है वह दूसरों के लिए अनुचित क्यों हो?; eine billige Ausrede लचर बहाना; der Anzug sieht billig aus सूट बड़ा सस्ता दिखता है; **~denkend,** adj. तुच्छ विचारों वाला, टुच्चा।

billigen, v/t (h.) का अनुमोदन क०, के लिए सहमति देना।

billig-erweise, adv. न्यायसंगत या न्यायोचित रूप से; **~keit,** f (-/-en) सस्तापन; न्यायसंगति, औचित्य।

Billigung, f (-) अनुमोदन, सहमति।

Billion, f (-/-en) दस खरब।

bim bam, int. टनटन; U: heiliger Bimbam! हे भगवान; धत् तेरे की!

Bimmel, f (-/-n) U: घंटी; **~n,** v/i (h.) U: घंटी बजाना।

bims-en, v/t (h.) U: (abreiben) रगड़ना, रगड़कर साफ़ क०; (schinden) से बहुत काम लेना; (strebsam lernen) सबसे अच्छे नम्बर पाने के लिए ख़ूब मेहनत क०; vulg: चोदना; **~stein,** m झामक, झाँवाँ।

Binde, f (-/-n) med: पट्टी; Stoffstreifen: कपड़े की पट्टी; गलपट्टी, फ़ीता, पटका, टाई आदि; für Damen: मासिक-धर्म के समय स्त्रियों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली गद्दी; fig: plötzlich fiel ihm die Binde von den Augen अचानक उसकी आँखों से पर्दा हट गया; U: sich einen hinter die Binde gießen मदिरापान क०; **~gewebe,** n, anat: संयोजी ऊतक; **~glied,** n संयोजक-अंग, गुरिया; fig: मध्यस्थ; **~haut,** f, anat: नेत्र-श्लेष्मा।

binden, 1. v/t (h.) (festmachen) बाँधना, कसकर बाँधना, बाँध देना; बंधन में डालना; ग्रंथित क०, में गाँठ लगाना; Besen: तीलियों या सींकों से झाड़ू बनाना; Bücher: जिल्द चढ़ाना; Fässer: वियर आदि के ढोल पर धातु की पत्तियाँ चढ़ाना; Schleife/Krawatte: बाँधना; Blumen: फूलों को बाँधकर गुलदस्ता बनाना; Soße: गाढ़ा क०, में आलन लगाना; chem: संसृक्त क०; fig: sich binden बँधना, बँध जाना, बंधन में पड़ना या पड़ जाना; fig: ihm sind die Hände gebunden उसके हाथ बँधे हुए हैं; U: ich werde Ihnen doch nicht alles auf die Nase binden मैं आपको सब कुछ थोड़े ही बता दूँगा; ist sie schon gebunden? क्या उसका रिश्ता पक्का हो गया है?; ihn bindet ein Versprechen वह वचनबद्ध है; 2. v/i (h.) जोड़ना, चिपकाना; कड़ा होना; dieser Leim bindet gut यह गोंद अच्छा चिपकाता है; Zement bindet सीमेंट कड़ी हो जाती है; **~d,** adj. बाध्यकारी, पक्का।

Bind-er, m (-s/-) बाँधने वाला व्यक्ति, बाँधने वाली मशीन; (Krawatte) टाई; arch: दीवार में लम्बाई की तरफ़ से चिनी हुई ईंट; **~estrich,** m योजिका, योजक चिह्न, समास-चिह्न;

~ewort, n समुच्चय-अव्यय; ~faden, m बाँधने या पैक करने का डोरा, सुतली; U: es regnet Bindfäden घनघोर वर्षा हो रही है।

bindig, adj. बँधा हुआ, बद्ध; Boden: संसक्तिशील, संसक्त; ~keit, f (-) संसक्तिशीलता।

Bindung, f (-/-en) (Verbindung) संबंध, ताल्लुक, बंधन; (Zusammenhalt) बंध; fig: (Verpflichtung) (नैतिक) बाध्यता, बंधन; fig: eine Bindung eingehen कोई संबंध स्थापित क०; किसी से रिश्ता पक्का कर लेना; बंधन में पड़ जाना।

binnen, präp. (+gen. oder dat.) के अंदर-अंदर, में; binnen eines Monats एक मास के अंदर-अंदर; binnen kurzem थोड़े समय में।

Binnen-gewässer, n अन्तःस्थलीय जलाशय; ~hafen, m अन्तःस्थलीय बंदरगाह; ~handel, m (अन्तर)देशीय व्यापार; ~land, n भीतरी प्रदेश; ~meer, n स्थलरुद्ध या भूवेष्टित सागर; ~reim, m कविता की पंक्ति के अन्दर अंत्यानुप्रास; ~schiffahrt, f अन्तर्देशीय जहाज़रानी; ~see, m अन्तःस्थलीय झील; ~wanderung, f अन्तर्देशीय-प्रवासन।

Binse, f (-/-n) नरकट, नरकुल, जलबेंत; fig: das ist mir in die Binsen gegangen इसमें मैं असफल हो गया; ~nwahrheit, f /~nweisheit, f सामान्योक्ति।

Bio-chemie, f (-) [griech.] जीवरसायन; ~chemiker, m जीवरसायनशास्त्री; ~chemisch, adj. जीवरसायनी; ~genese, f (-) जीवजनन, जीवोत्पत्तिवाद, जीव से जीव की उत्पत्ति का सिद्धांत; ~genetisch, adj. जीवोत्पत्तिवादी; ~graph, m (-en/-en) जीवनीलेखक; ~graphie, f (-/-n) जीवनी, जीवन-चरित्; ~graphisch, adj. जीवनी-संबंधी, जीवनी जैसा; ~loge, m (-n/-n) जीवविज्ञानी, जीवशास्त्री; ~logie, f (-) जीवविज्ञान; ~logisch, adj. जैव, जीवविज्ञानीय; ~mantie, f /~mantik, f (-) हस्तरेखाओं आदि के आधार पर आयु बताना; ~metrie, f /~metrik, f (-) जीवांकिकी, जीवसांख्यिकी; ~physik, f (-) जीवभौतिकी; ~sphäre, f जीव-मंडल; ~tisch, adj. जैव, जीवीय, समजीव; ~top, m/n (-s/-e) जीवक्षेत्र।

bipolar, adj. [lat.] द्विध्रुवी; ~ität, f (-/-en) द्विध्रुवीयता।

Biquadrat, n [lat.] math: चतुर्घात।

Birke, f (-/-n) भूर्ज, भोजवृक्ष; ~n, adj. भूर्ज की लकड़ी का।

Birma, n (-s) बर्मा; ~ne, m (-n/-n) बर्मा-निवासी; ~nisch, adj. बर्मा का, बर्मा-संबंधी।

Birn-baum, m नाशपाती का पेड़; ~e, f (-/-n) नाशपाती; el: बल्ब, लट्टू; U: सिर, सर, खोपड़ी; ~(en)förmig, adj. नाशपाती की शक्ल का।

bis, I. präp. (+akk.) 1. örtlich: तक; ich begleite Sie noch bis Delhi मैं दिल्ली तक आप के साथ चलूँगा; das Glas ist bis an den Rand gefüllt गिलास लबालब भरा है; bis wohin soll ich Sie mitnehmen? मैं आपको कहाँ तक साथ ले चलूँ?; 2. zeitlich: तक; bis wann kann ich das Buch behalten? मैं यह किताब कब तक रख सकता हूँ?; bis in einer Stunde एक घंटे के अंदर तक; bis auf den heutigen Tag आज तक, आज के दिन तक; bis in die Nacht hinein arbeiten रात में देर तक काम क०; bis jetzt ist er noch nicht gekommen अभी तक (तो) वह नहीं आया है; ich warte noch bis 10 Uhr मैं दस बजे तक और प्रतीक्षा करूँगा; bis vor einem Jahr war er noch ganz gesund एक साल पहले तक वह बिल्कुल स्वस्थ था; 3. bei nicht genau bestimmbarer Menge/Güte: तक; 5 bis 10 Personen

waren anwesend पाँच से दस तक की संख्या में लोग उपस्थित थे; ich bezahle bis (zu) 100 DM मैं सौ मार्क तक दूँगा; er kommt in ein bis zwei Tagen वह एक-दो दिन में आ जाएगा; bis auf weiteres अगला निर्णय करने या होने तक (अनिश्चित समय के लिए); 4. (außer) के अतिरिक्त, को छोड़कर; sie starben alle bis auf drei तीन को छोड़कर बाक़ी सब मर गए; II. konj. जबतक, तक; ich warte, bis er kommt मैं उसके आने तक प्रतीक्षा करूँगा; bis daß der Tod uns scheidet जबतक मृत्यु हमें एक दूसरे से अलग नही कर दे, जीवन के अंत तक।

Bisam, m (-s/-e) [hebr.] जलवासी गंधाखु की खाल; **~ratte,** f जलवासी गंधाखु।

Bischof, m (-s/ ⸚ e) बिशप; **~smütze,** f बिशप-किरीट; **~ssitz,** m बिशप के निवास का नगर, धर्मप्रांत का मुख्य नगर; **~sstab,** m बिशप का अधिकार-दंड; **~swürde,** f बिशप की गरिमा, बिशप का पद।

bisexuell, adj. उभयलिंगकामुक।

bisher, adv. अब तक, अभी तक; **~ig,** adj. अब तक का, अभी तक का।

Biskuit, n (-s/-s; -e) [frz.] रससिक्त केक।

bislang, adv.→bisher

Bison, m (-s/-s) [lat.] उत्तरी अमरीका में पाया जाने वाला जंगली साँड़।

Biß, m (-'sses/-'sse) (das Beißen) काटना; डसना; (Bißverletzung) काटने का घाव, दंश; fig: पीड़ा, चुभन।

bißchen, adj. & adv.: ein bißchen थोड़ा सा, ज़रा सा; kein bißchen बिल्कुल नहीं, क़तई नहीं, ज़रा भी नहीं; ich habe nur ein bißchen Zeit मेरे पास केवल थोड़ा-सा समय है।

Bissen, m (-s/-) ग्रास, कौर, निवाला; fig: अल्प-भोजन; fig: das ist ein fetter Bissen यह फ़ायदे वाली बात है, यह फ़ायदे वाला सौदा है।

bissig, adj. कटखना, काटू, लागू; fig: चुभता हुआ, तीखा, कटु; fig: eine bissige Bemerkung चुभती हुई बात; **~keit,** f (-/-en) कटखनापन, काटूपन; तीखापन।

Bistum, n (-s/ ⸚ er) धर्मप्रांत।

bisweilen, adv. कभी-कभी, कभी-कमार, जब-तब।

Bittbrief, m निवेदन-पत्र, याचिका।

[1]**bitte,** adv. कृपया, मेहरबानी करके; (wie) bitte? जी?; क्या कहा आपने?, क्षमा कीजिए मैं आपकी बात नहीं सुन पाया; entschuldigen Sie bitte क्षमा कीजिएगा!, माफ़ कीजिएगा!; bitte sehr! कोई बात नहीं! (धन्यवाद के उत्तर में); ज़रूर, अवश्य (सकारात्मक उत्तर के रूप में)।

[2]**Bitt-e,** f (-/-n) प्रार्थना, याचना, निवेदन, अनुरोध, मिन्नत, अर्ज़, माँग; eine Bitte abschlagen किसी प्रार्थना को अस्वीकार कर देना; **~en,** v/t (h.) से प्रार्थना क०, से माँगना; की मिन्नत क०; jdn. um etw. bitten किसी से कुछ माँगना; jdn. zu sich bitten किसी को अपने पास बुलाना; sich bitten lassen मिन्नतें करवाना, नखरे क०; ich muß doch sehr bitten! अब रहने भी दीजिए!, अब बहुत हो गया!; Herr A. läßt bitten श्री A. के पास अब आप जा सकते हैं; Sie können bitten und betteln, es hilft Ihnen nichts आप चाहे कितनी भी मिन्नत-खुशामद करें कोई फ़ायदा (या असर) नहीं होगा।

bitter, 1. adj., im Geschmack: कड़आ, कटु; fig: कटु, मर्मभेदी, व्यंग्यपूर्ण; क्रुद्ध, संतप्त; अप्रसन्न, हतोत्साह; bittere Tränen weinen फूट-फूट कर रोना; jdm. bittere Vorwürfe machen किसी की घोर भर्त्सना क०; das ist mein bitterer Ernst मैं यह अत्यन्त गंभीरतापूर्वक कह रहा हूँ; er

ist durch harte Schicksalsschläge bitter geworden भाग्य के कठोर आघातों से वह कटु हो गया है; bittere Ironie कटु व्यंग्य; 2. adv.: etwas bitter bereuen किसी बात पर घोर पश्चात्ताप क०; es ist bitter kalt बहुत अधिक ठंड है; das tut bitter not इसकी घोर आवश्यकता है, यह अत्यन्त आवश्यक है; **~böse,** adj. बेहद नाराज़, अत्यन्त रुष्ट, अत्यन्त क्रुद्ध; **~erde,** f (-/-n) मैग्नीशिया, भ्राजेय; **~ernst,** adj. अत्यन्त गंभीर; **~kalt,** adj. अत्यन्त ठंडा; **~keit,** f (-/-en) कटुता; तीखापन; संताप, क्रोध; **~lich,** adv. बुरी तरह, अत्यन्त, बेहद; er weinte bitterlich वह फूट-फूट कर रोया; **~nis,** f (-/-se) कड़ुआ-पन; कटुता, संताप; **~salz,** n, chem: एप्सम लवण, मैग्नेशियम सल्फ़ेट; **~süß,** adj. कट्वामधु, कड़ुआ-मीठा।

bitteschön, adv.→bitte

Bitt-gang, m किसी से कुछ माँगने जाना; तीर्थयात्रा; **~schrift,** f→ Bittbrief; **~steller,** m प्रार्थी, निवेदक, याचक।

Bitumen, n (-s) [lat.] डामर, विटूमिन।

Biwak,n (-s/-s)[frz.] दिक्शिविर,पड़ाव, डेरा; **~ieren,** v/i (h.) पड़ाव डालना।

bizarr, adj. [span.] अनोखा, विलक्षण, विचित्र; (verschroben) सनकी; **~erie,** f (-/-n) विलक्षणता, अनोखापन; सनक।

Bizeps, m (-es/-e) [lat.] anat: द्विशिर पेशी।

Blabla, n (-s) U: बकवास, अनर्गल-प्रलाप, अंट-शंट बातें।

bläh-en, 1. v/i (h.) वायुवर्धक होना; फूलना, में हवा का भर जाना; Hülsenfrüchte blähen दालें उदरवायुवर्धक होती हैं; 2. v/t (h.): der Wind bläht die Segel हवा पालों को फुला देती है; **~ung,** f (-/-en) med: उदर-वायु, पाद, अपान-वायु।

blam-abel, adj. [frz.] निंद्य, निन्दनीय; **~age** f (-/-n) अपयश, कलंक, निन्दा का विषय; **~ieren,** v/t (h.) निन्दा क०, को दोष लगाना; sich blamieren भारी ग़लती क०, अपयश कमाना।

blank, 1. adj. (glänzend) चमकदार, चमकीला; (sauber) साफ़-सुथरा, स्वच्छ; (abgewetzt) घिसाई या रगड़ के कारण चमकने वाला; (bloß) नंगा, अनाच्छादित; fig: निरा, कोरा; das ist blanker Unsinn यह कोरी बकवास है; U: ich bin blank मेरी जेब बिल्कुल ख़ाली है; 2. adv: blank ziehen म्यान से तलवार निकालना।

Blank-ett, n (-[e]s/-e) [span.] न भरा हुआ या आधा भरा हुआ पर हस्ताक्षर-युक्त फ़ॉर्म; **~ieren,** v/t (h.) किसी वस्तु को ख़रीदने से पहले बेचना।

blanko, [span.] 1. adj. ख़ाली, न भरा हुआ; 2. n (-s/-s) हस्ताक्षरयुक्त कोरा चेक; **~scheck,** m हस्ताक्षरयुक्त कोरा चेक; **~vollmacht,** f असीमित प्राधिकार।

Blankvers, m अतुकांत कविता।

Blase, f (-/-n) बुलबुला, बुदबुदा; anat: मूत्राशय, वस्ति; med: छाला, फफोला; in Glas/Stein: काँच, पत्थर आदि में वह स्थान जहाँ हवा भर गई हो, अनुप्रस्थ भ्रंश; chem: भभका; U: दल, समूह।

Blas-ebalg, m धौंकनी, भाथी; **~en,** 1. v/i (h.) चलना, बहना (वायु का); der Wind bläst हवा बहती है या बह रही है; 2. v/t (h.) फूंकना, फूंक मारना; ein Instrument: बजाना (बाँसुरी, शहनाई आदि); Glas: फूँकना, फूँककर काँच की वस्तुएँ बनाना; U: jdm. den Marsch blasen किसी को डाँटना, किसी से भला-बुरा कहना; Trübsal blasen खिन्नचित्त रहना।

Blasenstein, m पथरी, अश्मरी।

Bläser, m (-s/-) बिगुलवादक, फूँककर बजाए जाने वाले वाद्ययंत्रों को बजाने वाला; फूँककर काँच का सामान बनाने वाला।

blasiert, adj. [frz.] दर्पी, मिथ्यागर्वी, घमंडी, अहंकारी; **~heit,** f (-) दर्प, मिथ्या गर्व, घमंड, अहंकार।

blasig, adj. बुलबुलेदार, फफोलों से युक्त; बुलबुलों या फफोलों जैसा।

Blas-instrument, n फूँककर बजाया जाने वाला वाद्ययंत्र; **~kapelle,** f बैंड जिसमें केवल फूँककर बजाए जाने वाले यंत्र हों; **~rohr,** n फुँकनी; अमरीका के आदि-वासियों की तीर चलाने की लम्बी फुँकनी।

Blasphem-ie, f (-/-n) [griech.] धर्म-निन्दा, ईश्वर-निन्दा; **~isch/ ~istisch,** adj. धर्मनिन्दक, ईश्वर-निन्दक।

blaß, adj. निस्तेज, निष्प्रभ, फीका; हल्का, रंगहीन; fig: उबाने वाला, उबाऊ; fig: er hat keinen blassen Schimmer उसे कुछ भी नहीं मालूम है।

Blässe, f (-) निष्प्रभता, फीकापन; हल्कापन, रंगहीनता; पशुओं के माथे का उजला धब्बा; fig: उबाऊपन।

bläßlich, adj. निष्प्रभ-सा, निस्तेज-सा।

Blatt, n (-[e]s/ ⸚er) bot: पत्र, पर्ण, पत्ता, पत्ती; दल; Papier: पन्ना, वरक़; (Zeitung) समाचारपत्र, अख़बार; (Spielkarte) ताश का पत्ता; tech: von Säge: फलक; (Metallfolie) धातुपत्र; mus: er spielt vom Blatt वह स्वरचिह्न-पत्र को देखकर वादन करता है; fig: das steht auf einem anderen Blatt यह बिल्कुल भिन्न बात है; fig: das Blatt hat sich gewendet परिस्थति बदल गई है; fig: er nimmt kein Blatt vor den Mund वह अत्यन्त स्पष्टभाषी है; वह मुँहफट है; fig: er hatte alles auf ein Blatt gesetzt उसने सब कुछ (एक ही) दाँव पर लगा दिया; fig: damit wurde ein neues Blatt der Weltgeschichte aufgeschlagen इसके साथ विश्व-इतिहास में एक नया पृष्ठ खुला; fig: er ist ein unbeschriebenes Blatt वह अनुभवहीन है, वह कोरे काग़ज़ की तरह है।

Blättererz, n→Blatterz

Blatter, f (-/-n) med: चेचक का दाग़; pl: चेचक; **~ig;** adj. चेचक के दाग़ों से भरा।

blätt(e)rig, adj. पत्तीदार, पत्ती वाला।

Blätter-magen, m जुगाली करने वाले पशुओं का तृतीय आमाशय; **~n,** 1. v/i (h.) पन्ने पलटना या उलटना; (abbröckeln) की पपड़ी उतरना या झड़ना, (की) पपड़ी टूट टूट कर गिरना; in einem Buch blättern किताब के पन्ने उलटना; der Lack blättert रोग़न झड़ रहा है; 2. v/t (h.):er blätterte die Geldscheine auf den Tisch उसने नोटों को एक-एक करके मेज पर रख दिया; **~teig,** m मोयन के साथ गूँधा हुआ मैदा; **~werk,** n→Blattwerk

Blatt-gold, n स्वर्ण-पत्र, सोने का वर्क़; **~grün,** n, bot: पर्णहरिमा, क्लोरोफ़िल; **~laus,** f पौधे की जूँ, लाही; **~los,** adj. पर्णहीन, बिना पत्ते का; **~pflanze,** f बहुत पत्तों वाला पौधा (जिसमें कभी फूल न खिलते हों); **~silber,** n रजत-पत्र, चाँदी का वर्क़; **~werk,** n पल्लव-गुच्छ, पर्णसमूह; बेलबूटे।

[1]**blau,** adj. नीला, नील वर्ण का, आसमानी; fig: (betrunken) मदिरोन्मत्त, नशे में चूर; fig:/poet: die blaue Blume जर्मन स्वच्छन्दतावाद का प्रतीक नीलकुसुम; U: er macht heute blau वह आज छुट्टी मना रहा है; U: blaue Jungs नौसैनिक; mil: blaue Bohnen गोलियाँ, छर्रे; jdn. grün und blau schlagen किसी की ख़ूब पिटाई क०; med: ein blauer Fleck अंदरूनी चोट का निशान; fig: er ist noch einmal mit einem blauen Auge davongekommen वह एक बार फिर सस्ते में छूट गया, वह

एक बार फिर मामूली क्षति उठाकर बच गया है; blaue Finger bekommen (vor Kälte) सर्दी से उँगलियों का नीला पड़ जाना; fig: sie hat blaues Blut वह अभिजात-वर्ग की है; fig: das ist blauer Dunst यह धोखा है; यह कपोलकल्पना मात्र है; U: er wird noch sein blaues Wunder erleben! अभी क्या हुआ है, अभी तो उसे और अधिक अचंभा होगा; der blaue Brief पदच्युति का पत्र, विद्यालय आदि से निष्कासन का पत्र।

[2]**Blau,** n (-s) नीलिमा, नीला रंग; eine Fahrt ins Blaue मनोरंजन-सैर, बिना उद्देश्य के सैर; U: er lügt das Blaue vom Himmel herunter वह सफ़ेद झूठ बोलता है; **~äugig,** adj. नीली आँखों वाला; **~beere,** f नीलबदरी (यूरोप में पाई जाने वाली नीली मकोई); **~blütig,** adj. अभिजात-वर्गीय, कुलीन।

Bläue, f (-) नीलिमा, नीलापन; **~n,** v/t (h.) नीला क० या रंगना; नील लगाना।

Blau-fuchs, m उत्तरध्रुवीय लोमड़ी या उसका चर्म; **~grau,** adj. सुरमई, नीलाभ; **~kraut,** n बैंगनी या लाल बंदगोभी।

bläulich, adj. नीला-सा।

Blau-licht, n, phys: दृश्यमान प्रकाश का ह्रस्व-तरंगायाम वाला अंश; U: अस्पताल- या पुलिस-गाड़ी की नीली बत्ती; **~meise,** f गंगरा जैसी एक छोटी चिड़िया; **~papier,** n नीला कार्बन; **~pause,** f नीलछाय, नीला नक़्शा, अंतिम रूपरेखा; **~öl,** n शुद्ध एनिलीन; **~rot,** adj. बैंगनी; **~säure,** f हाइड्रोसायनिक अम्ल; **~strumpf,** m, fig: एकतरफ़ा ज्ञान वाली अहंकारी विदुषी।

Blech, n (-[e]s/-e) टीन; U: mus: मुँह से बजाए जाने वाले पीतल के वाद्ययंत्रों को बजाने वाली मंडली; U: केक बनाने का साँचा; U: अंट-शंट, अनाप-शनाप; U: aufs Blech hauen डींग मारना; **~blasinstrument,** n मुँह से बजाया जाने वाला धातु का वाद्ययंत्र; **~büchse/~dose,** f टीन का डिब्बा।

blechen, v/i (h.) U: ख़र्च क०, अदा क०।

blech-ern, adj. टीन का बना; im Klang: टनटनी (आवाज़); **~musik,** f धातु से बने वाद्ययंत्रों का संगीत; **~schere,** f धातुपत्र काटने का कैंचा।

blecken, v/t (h.): die Zähne: गुर्राकर दाँत दिखाना।

[1]**Blei,** n (-[e]s/-e) सीसा, राँगा; (Lot) साहुल; poet: बंदूक आदि की गोली; fig: meine Arme sind wie Blei मेरी बाहें बोझिल हो रहीं हैं।

[2]**Blei,** m (-[e]s/-e) U: → Bleistift

Blei-ader, f अयस्क में सीसे की रेखा; **~arbeit,** f चाँदी में सीसे का मिलाना।

Bleibe, f (-/-n) रहने या टिकने की जगह; पनाह, शरणस्थल; U: मकान, घर; **~n,** v/i (s.) रहना, रह जाना; रुक जाना, न जाना, बने रहना; टिकाऊ होना; es bleibt (übrig) यह शेष रहता है; bei jdm. bleiben किसी के यहाँ या साथ बने रहना; diese Farben bleiben ये रंग टिकाऊ हैं; jdm. treu bleiben किसी के प्रति वफ़ादार बने रहना; es bleibt dabei! यह बात पक्की है, इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा; ich bleibe dabei! मैं अपनी धारणा नहीं बदलूंगा; मैं जहाँ हूँ वहीं बना रहूँगा; bleiben Sie bei der Sache! विषय-वस्तु से दूर न जाइए!; es bleibt abzuwarten अब इसकी प्रतीक्षा करनी है (कि); das muß unter uns bleiben यह बात हमारे बीच ही रहनी चाहिए; das wird nicht ohne Folgen bleiben इसका कुछ-न-कुछ फल अवश्य होगा; was bleibt mir noch zu tun? अब मेरे लिए और क्या करने को बाक़ी है ?, अब मैं और कर (ही) क्या सकता हूँ?;

es blieb alles beim alten हर बात वैसी की वैसी बनी रही; bleiben Sie mir vom Hals! मेरे पीछे न पड़िये!; U: laß das bleiben! रहने दे!, यह मत कर!; U: das bleibt sich gleich यह एक ही बात है, बात एक ही है; ~nd, adj. टिकाऊ, स्थायी।

bleich, adj. विवर्ण, निस्तेज, फीका, पीला, निष्प्रभ; ~**e**, f (-/-n) विरंजन-स्थान; o.pl: विवर्णता, पीलापन, निष्प्रभता; ~**en**, 1. v/t (h.) विरंजित क०; नील लगाकर सफ़ेदी बढ़ाना; 2. v/i (s.) विरंजित होना; पीला पड़ना; ~**gesicht**, n (अमरीका के आदिवासियों की भाषा में) गौरवर्ण व्यक्ति; ~**sucht**, f, med: रक्तक्षीणता, अरक्तता; bot: हरिमाहीनता, क्लोरोफ़िल-शून्यता; ~**süchtig**, adj. क्षीणरक्त क्लोरोफ़िल-शून्य।

blei-ern, adj. सीसे का; fig: भारी, बोझिल; ~**farben**/~**farbig**, adj. सुरमई; ~**gießen**, n वर्ष के अंतिम दिन पिघले सीसे को पानी में डालकर उससे बनी आकृतियों के आधार पर भविष्य का पता लगाने की पुरानी जर्मन प्रथा; ~**glanz**, m सीसा निकालने की कच्ची धातु; ~**glas**, n सीसे की भस्म को मिलाकर बनाया गया काँच; ~**ig**, adj. जिसमें सीसे के अंश हों; ~**schwer**, adj. अत्यन्त भारी; ~**stift**, m पेंसिल; ~**vergiftung**, f सीसा-विषाक्तन।

Blend-e, f (-/-n) (Lichtschutz) प्रकाशावरोध, झिलमिली, परदा, आड़; घोड़े की आँखों के ढक्कन, अँधेरी; an Kleidern: कपड़ों के सलमे-सितारे या गोटा-पट्टी; arch: ताखा, आला, ताक़; phot: कैमरे का प्रकाश-छिद्र; कैमरे के लेंस का ढक्कन; chem: जस्ते का सल्फ़ाइड; ~**en**, v/i & v/t (h.) चौंधिया देना, चकाचौंध क०; mil: टैंकों आदि पर छद्मावरण चढ़ाना; arch: आले आदि बनाना; (Augenlicht zerstören) आँखें फोड़ देना, अंधा कर देना; fig: धोखा देना, की आँखों में धूल झोंकना; चालाकी से प्रभावित क०; ~**end**, adj. चमकता हुआ, चकाचौंध करने वाला; U: उत्कृष्ट, बहुत बढ़िया; ~**er**, m (-s/-) आँखों में धूल झोंकने वाला; अपनी हैसियत से बढ़कर दिखने वाला; ~**ling**, m (-s/-e) bot: मिश्रज; ~**rahmen**, m प्रकाशावरोध-चौखटा; ~**ung**, f (-/-en) durch Licht: चौंधिया देना; des Augenlichts: अंधा कर देना; mil: गोली से बचाव करने वाली आड़; ~**werk**, n दृष्टिभ्रम, धोखा, झाँसा, बहकावा।

Blesse, f (-/-n) पशु के माथे का उजला धब्बा; माथे पर उजले धब्बे वाला पशु।

bless-ieren, v/t (h.) [frz.] घायल क०, ज़ख़्मी क०; ~**ur**, f (-/-en) घाव, ज़ख़्म।

[1]**Bleu,** n (-s)[frz.]→Blau

[2]**bleu,** adj. →blau

bleuen, v/t (h.) U: मारना, पिटाई क०, पीटना।

Blick, m (-[e]s/-e) सरसरी दृष्टि या नज़र, दृष्टिपात; (Ausdruck der Augen) दृष्टि, नज़र; देखने का ढंग, आँखों की अभिव्यक्ति, रुख़; (Aussicht) दृश्य, नज़ारा, झाँकी; U: sie hat den bösen Blick उसकी नज़र बुरी है; jdn. mit Blicken durchbohren किसी को चुभने वाली नज़र से देखना; das habe ich auf den ersten Blick erkannt यह तो मैं पहली नज़र ही में पहचान गया या समझ गया; ~**en**, v/i(h.) दृष्टिपात क०, पर नज़र डालना, देखना; fig: das läßt tief blicken इस (तथ्य) से और भी कई बातों का पता चलता है; er läßt sich nicht blicken वह दिखाई नहीं पड़ता; laß dich hier nicht mehr blicken! अब यहाँ फिर कभी क़दम न रखना!, अब यहाँ फिर कभी दिखाई न पड़ना!; ~**fang**, m जिसपर तुरंत नज़र पड़ जाए (वस्तु या विज्ञापन); ~**feld**, n दृष्टि-क्षेत्र; ~**punkt**, m, fig: केन्द्रबिंदु; fig: er steht im Blickpunkt der Öffentlichkeit

सार्वजनिक जीवन में उसका महत्वपूर्ण स्थान है; ~winkel, m, fig: दृष्टिकोण।

blind, adj. अंधा, नेत्रहीन; Spiegel: धुंधला; Scheibe: अपारदर्शी; fig: विचारशून्य, प्रमत्त, अंधा; ein blinder Passagier बिना किराया दिए हुए जहाज़ पर यात्रा करने वाला; blinder Eifer विचारशून्य उत्साह; blinder Zorn अंधा क्रोध; blinde Liebe अंधा प्रेम; blind schreiben (auf Schreibmaschine) टाइपराइटर के अक्षरों को बिना देखे टाइप क० (तेज़ टाइप क०); **~darm**, m, anat: उंडुकपुच्छ; **~darmentzündung**, f उंडुकपुच्छ-शोथ; **~ekuh**, f (-) आँख-मिचौनी, लुका-छिपी; **~enschrift**, f उत्कीर्ण लेख (अंधे व्यक्तियों के लिए); **~enhund**, m अंधे व्यक्तियों का मार्गदर्शक कुत्ता; **~flug**, m अंध-उड़ान, केवल यंत्रों की सहायता से की गई उड़ान; **~gänger**, m अनफट गोला, गोली आदि; fig: असफल व्यक्ति, निकम्मा आदमी; **~heit**, f (-) अंधापन, दृष्टिहीनता, अंधत्व; fig: er ist mit Blindheit geschlagen उसे भला-बुरा नहीं सूझता, उसकी आँखों पर परदा पड़ा है; **~lings**, adv. अंधाधुंध, बिना सोचे-विचारे; **~schleiche**, f बहुत छोटी आँखों वाला विषहीन सरीसृप; **~wütig**, adj. क्रोधांध।

blink-en, v/i (h.) चमकना, चमचमाना; बत्ती से संकेत देना; **~er**, m (-s/-) कार की संकेत-बत्ती या उसका स्विच; beim Angeln: मछली पकड़ने के लिए चारे के स्थान पर प्रयुक्त धातु का चमकीला टुकड़ा; **~ern**, v/i (h.) (blinzeln) आँखें मिचकाना, पलक मारना; (blinken) प्रकाश-संकेत देना; **~feuer**, n संकेताग्नि; **~licht**, n प्रकाश-संकेतक, कौंध-बत्ती; am Auto: कार की संकेत-बत्ती; **~zeichen**, n कौंध-संकेत; प्रकाश-संकेत।

blinzeln, v/i (h.) आँखें मिचकाना, पलक झपकाना या मारना; (zwinkern) आँख मारना, आँख से इशारा क०।

Blitz, m (-es/-e) बिजली, तड़ित्; U: wie der Blitz अत्यन्त तेज़ी से, बिजली की तरह; U: wie ein geölter Blitz बहुत ही तेज़ी से; wie ein Blitz aus heiterem Himmel आकस्मिक रूप से; **~ableiter**, m तड़ित्-संवाहक; **~artig**, adj. बिजली की तरह, बहुत तेज़; **~blank**, adj. चमचमाता हुआ; **~en**, 1. v/i (h.) कौंधना, बिजली का चमकना; U: es blitzt पेटीकोट नीचे चमक रहा है; 2. v/t (h.) U: phot: क्षणदीप से फ़ोटो उतारना; **~esschnelle**, f बिजली की सी शीघ्रता; **~gespräch**, n, tel: तुरंत आयोजित टेलीफ़ोन-वार्ता; **~krieg**, m अतिशीघ्र परिचालित युद्ध; **~licht**, n, phot: क्षणदीप; **~sauber**, adj. अत्यन्त साफ़-सुथरा; U: अत्यन्त सुन्दर (स्त्री के लिए प्रयुक्त) **~schlag**, m बिजली का गिरना; **~schnell**, adj. अत्यन्त तेज़; **~telegramm**, n तत्काल भेजा और पहुँचाया जाने वाला तार।

Block, m (-[e]s/ ⁚⁚e) (Klotz) कुंदा; Stein: अनगढ़ पत्थर, शिलाखंड; tech: रेलगाड़ी-रोक; pol: राष्ट्रों या दलों का गुट; Seife: साबुन का डंडा; aus Papier: लेखन-पैड; zum Foltern: अपराधियों के पैरों में कसने का शिकंजा; pl. (-s): भवन-समूह; im Block kaufen/verkaufen ढेर के ढेर ख़रीदना/बेचना; **~ade**, f (-/-n) घेराबंदी, नाकाबंदी; mil: शत्रु की सेनाओं द्वारा घिराव; **~en**, v/t (h.) रोक देना (रेलगाड़ी आदि); **~flöte**, f लकड़ी की बाँसुरी; **~frei**, adj., pol: गुटों से बाहर; गुट-निरपेक्ष; **~haus**, n लकड़ी के कुंदों से बना मकान; **~ieren**, v/t (h.) अवरुद्ध क०, रोक देना; Räder: जाम हो जाना; typ: मुद्रण में किसी अक्षर या शब्द के स्थान पर ठप्पा छापना; **~ierung**, f (-/-en) अवरोधन; जाम होना; अक्षर या शब्द के स्थान पर ठप्पा छापना; घेराबंदी;

~ig, adj. कुंदे जैसा; गाँठदार; बेडौल, भोंडा; ~kondensator, m, el: अवरोधक-संधारित्र; ~schrift, f बड़े अक्षरों का लेख; ~signal, n रेलगाड़ी को रोकने का सिगनल; ~stelle, f सिगनल-कोठरी, सिगनल-बकस।

blöd(e), adj. मंदबुद्धि, अल्पबुद्धि, बुद्धू, कुंदज़ेहन; U: नीरस, उबाने या उकताने वाला; झेंपू, शर्मीला।

blödel-n, v/i (h.) हँसी-मज़ाक क०, मसखरापन क०; ~ei, f (-/-en) हँसी-मज़ाक, मसखरापन, ठिठोली।

Blöd-heit, f (-) बुद्धूपन, बेवक़ूफ़ी; ~ian, m (-s/-e) मंदबुद्धि व्यक्ति, मूर्ख, काठ का उल्लू; ~ling, m (-s/-e) → Blödian; ~sinn, m (-s) med: न्यून-बुद्धिता, बुद्धि-दुर्बलता; U: बेहूदगी की बात, बेहूदगी का काम; ~sinnig, adj. बेहूदा; अल्पबुद्धि, कुंदज़ेहन।

blöken, v/i (h.) रँभाना, हुंकारना; भें-भें या में-में क०।

blond, adj. सुनहरा, सोनल; ~ieren, v/t (h.) बालों को सुनहरा बनाना; ~ine, f (-/-n) सुनहरे बालों वाली लड़की या स्त्री।

bloß, 1. adj. नग्न, नंगा, अनाच्छादित; ख़ाली, से शून्य या हीन; अकेला, एकमात्र; mit bloßen Füßen नंगे पैर; mit bloßen Händen kämpfen ख़ाली हाथों से लड़ना; mit bloßem Auge केवल आँख से (बिना वर्धक-लेंस या दूरबीन आदि के); der bloße Gedanke läßt mich erschauern (इसके) विचार मात्र से ही मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं; auf den bloßen Verdacht hin केवल संदेह के आधार पर; 2. adv. केवल, सिर्फ़; बिल्कुल; ich habe bloß noch 5 DM मेरे पास केवल पाँच मार्क और हैं; tun Sie das bloß nicht! यह बिल्कुल न कीजिए!, इसे तो बिल्कुल न कीजिए!

Blöße, f (-/-n) नग्नता, नंगापन; (Lichtung) वन का निर्वृक्ष क्षेत्र; mil: रक्षापंक्ति की कमज़ोर जगह या कड़ी; fig: कमज़ोरी; fig: sich eine Blöße geben अपनी कमज़ोरी न छिपाना, दूसरों को आलोचना का अवसर देना।

bloß-legen, v/t (h.) अनावृत क०, उघाड़ना, खोलकर सामने रख देना; विगोपन क०; ~stellen, v/t (h.) का भेद खोल देना, का भंडाफोड़ कर देना, की पोल खोल देना; ~stellung, f (-/-en) भंडाफोड़।

Bluff, m (-s/-e;-s) [eng.] धुप्पल, झाँसा-पट्टी; ~en, v/t (h.) झाँसा देना।

blühen, v/i (h.) फूलना, पुष्पित होना, खिलना, चिटकना; fig: विकसित होना, फलना-फूलना; fig: ihr Weizen blüht (आजकल) उसके दिन बड़े अच्छे हैं; U: das kann Euch auch noch blühen यह तुम लोगों के साथ भी हो सकता है; ~d, adj. पुष्पित, मुकुलित (होता हुआ); fig: फलता-फूलता हुआ; प्रसन्नचित fig: das ist blühender Unsinn यह बिल्कुल बकवास है।

Blümchenkaffee, m, U: बहुत पतली कॉफ़ी।

Blume, f (-/-n) पुष्प, कुसुम, प्रसून, फूल; des Bieres: गिलास में उँडेली बियर का फेन; bei Wolf/Fuchs: पूँछ का सिरा; des Weins: अंगूरी की सुगंध; fig: उत्कर्ष, सार-भाग; fig: etw. durch die Blume sagen कोई बात इशारों में कहना; ~nbeet, n फूलों की क्यारी; ~nkohl, m फूलगोभी; ~nladen, m फूलों की दूकान; ~nstock, m गमले में उगाया फल का पौधा; ~nstrauß, m गुलदस्ता; ~ntopf, m गमला; ~nvase, f फूलदान; ~nzwiebel, f पुष्पकंद।

blumig, adj. पुष्पमय; Wein: सुगंधमय; fig: Sprache: अलंकृत, आलंकारिक।

Bluse, f (-/-n) कुर्ती, ब्लाउज़।

Blut, n (-[e]s) रक्त, ख़ून, रुधिर, लहू; (Abstammung) वंश, कुल; fig: स्वभाव, प्रकृति, मिजाज; fig: heißes

Blut haben गर्म मिज़ाज का होना; कामुक होना; fig: ruhig Blut bewahren शांत बने रहना; fig: das wird böses Blut machen इससे वैमनस्य उत्पन्न होगा, यह बात झगड़ा उत्पन्न करेगी; jdn. bis aufs Blut quälen किसी को बहुत संताप देना, किसी को बहुत यंत्रणा देना; fig: ich habe Blut geschwitzt मैं अत्यन्त भयभीत हो गया; die Musik liegt ihr im Blute संगीत उनकी रग-रग में बसा है, उसके ख़ून में संगीत है; fig: junges Blut जवान पीढ़ी; **~ader,** f रक्तवाहिका, शिरा; **~arm,** adj. रक्त की कमी वाला; अत्यन्त दीन, अकिंचन, दरिद्र; **~armut,** f, med: रक्तहीनता, रक्त की कमी; **~bad,** n, fig: हत्या-कांड, ख़ूनख़राबी; **~bank,** f, med: रक्त-बैंक; **~bild,** n, med ख़ुर्दबीन से की गई रक्तपरीक्षा का परिणाम; **~bildend,** adj. रक्तवर्धक; **~bildung,** f (-) रक्तनिर्माण; **~buche,** f, bot: लाल पत्तों वाला बीच-वृक्ष; **~druck,** m, med: रक्तचाप, रक्तदाब; **~dürstig,** adj. ख़ून का प्यासा, रक्त-पिपासु।

Blüte, f (-/-n) (Blume) पुष्प, कुसुम, फूल; (das Blühen) पुष्पण, फूल खिलना; fig: बहार, पूर्णोत्कर्ष; उत्कर्ष-काल; U: जाली नोट; die Bäume stehen in voller Blüte वृक्ष पुष्पित हो रहे हैं; die Blüte der Jugend जवानी की बहार।

Blut-egel, m जोंक; **~en,** v/i (h.) रक्तस्राव होना, रक्त बहना; U: (zahlen/büßen) ख़र्च क०, ख़र्च उठाना; der Baum blutet पेड़ रो रहा है, पेड़ का रस बह रहा है; fig: mir blutet das Herz मैं अत्यन्त शोकग्रस्त (या दुःखी) हूँ।

Blüten-blatt, n पंखुड़ी, दल; **~honig,** m मधुमक्खियों का शहद (असली शहद); **~kelch,** m पुटक, बाह्य दलपुंज; **~lese,** f, fig: उत्तम साहित्य का संकलन; **~stand,** m पुष्प समूह; **~staub,** m पराग, पुष्परज; **~stecher,** m पुष्पनाशक कीड़ा; **~weiß,** adj. हिमश्वेत।

Blut-er, m (-s/-) med: जिसके रक्त में आतंचन की क्षमता कम या न हो, हीमोफ़ीलिया का रोगी; **~erguß,** m गुमटा, अंदरूनी चोट।

Blütezeit, f पुष्पण-काल; fig: उत्कर्ष-काल, परमोत्कर्ष-काल; स्वर्ण-युग।

Blut-farbstoff, m रुधिर-वर्णिका, रक्त-कणरंजक द्रव्य; होमोग्लोबीन; **~faserstoff,** m तन्त्वि, रक्त जमाने वाला वर्णहीन तरल पदार्थ; **~gefäß,** n शिरा, रक्तवाहिका; **~geld,** n हत्यारे द्वारा हत्या की क्षतिपूर्ति के रूप में दिया गया धन; अपराधी को पकड़वाने का इनाम; **~gerinnsel,** n ख़ून का थक्का; **~gerinnung,** f रक्त-आतंचन, ख़ून में थक्के पड़ना, लहू जमना; **~gier,** f रक्त-पिपासा; **~gierig,** adj. रक्त-पिपासु; **~gruppe,** f रुधिर-वर्ग, रक्त-वर्ग; **~hochzeit,** f (-) fig: (1572 ई० में ह्यूगेनॉट ईसाइयों की पेरिस में की गई सामूहिक हत्या), हत्याकांड; **~hund,** m भेदिया कुत्ता, गंधानुसारी कुत्ता; **~ig,** adj. रुधिराक्त, रक्तरंजित, ख़ून से लथपथ, लहूलुहान; eine blutige Tat ख़ून, हत्या; U: ein blutiger Anfänger बिल्कुल नौसिखिया; **~jung,** adj. चढ़ती जवानी में; **~konserve,** f परिरक्षित रक्त; **~körperchen,** n रक्तकणिका, रक्ताणु; **~kreislauf,** m रक्त-परिसंचरण; **~kuchen,** m ख़ून का थक्का; **~leere,** f स्थानिक अरक्तता, अंगविशेष में रक्तसंचार की रुकावट; **~probe,** f रक्त-जाँच या इसके लिए लिया गया रक्त; **~rache,** f हत्या का प्रतिशोध; **~rausch,** m हत्या-उन्माद; **~reinigend,** adj. रक्त शुद्ध करने वाला; **~rot,** adj. ख़ून जैसा लाल, ख़ूनी लाल; **~rünstig,** adj., Tier/Mensch:

रक्तपिपासु; रक्तपातप्रिय; Erzählung: भयंकर रोमांचकारी, जिसमें ख़ूनख़राबी का वर्णन हो; ~**sauger,** m (Egel) जोंक, जलौका; fig: Mensch: शोषक, खसोटा; ~**sbrüderschaft,** f अपने तथा अपने मित्र के रक्त को निष्ठापूर्वक मिलाकर बने मिश्रण को पीकर पक्की की गई मित्रता; ~**schande,** f कौटुम्बिक व्यभिचार, अगम्यागमन; ~**schänderisch,** adj. अगम्यागमनात्मक; ~**schuld,** f हत्या, ख़ून; ~**senkung,** f, med: रोग-निरूपण के लिए रक्त-अवसादन; ~**spende,** f रक्तदान; ~**spender,** m रक्तदाता; ~**stillend,** adj. रक्तस्राव-रोधक; ~**stillung,** f रक्तस्राव-रोधन; ~**sturz,** m तीव्र रक्तस्राव, शिरा आदि का फट जाना; ~**sverwandt,** adj. समरक्त, सगोत्र, जिससे ख़ून का रिश्ता हो; ~**sverwandtschaft,** f रक्तसंबंध, ख़ून का रिश्ता; ~**tat,** f ख़ून, हत्या; ~**transfusion,** f→Blutübertragung; ~**übertragung,** f रक्ताधान, ख़ून चढ़ाना; ~**ung,** f (-/-en) रक्तस्राव; (Menstruation) मासिक-धर्म, ऋतुस्राव; ~**unterlaufen,** adj.: blutunterlaufene Stellen शरीर के शोणिताप्लुत भाग; ~**untersuchung,** f रक्त-जाँच; ~**vergießen,** n रक्तपात, ख़ूनख़राबी; ~**vergiftung,** f रक्त-विषायण रक्त-विषाक्तता; ~**voll,** adj., fig: सजीव, सक्रिय, फ़ुर्तीला; ~**wenig,** adj., U: बहुत कम, बहुत थोड़ा, अत्यल्प; ~**wurst,** f पशुरक्त से बना लंगोचा; ~**zeuge,** m हुतात्मा, शहीद; ~**zucker,** m रक्तशर्करा; ~**zuckerspiegel,** m रक्तशर्करा की मात्रा।

Bö, f (-/-en) [niederl.] झोंका, झकोरा, निर्घात।

Boa, f (-/-s) [lat.] दक्षिण-अमरीकी अजगर; U: (Schal) समूर या परों का गुलूबंद या मफ़लर।

Bob, m (-s/-s) [eng.] हिमशकट।

Bock, m (-[e]s/ ⸚e) भेड़ा, मेढ़ा, मेष; बकरा; नर-पशु; Turngerät: व्यायाम के लिए लकड़ी का घोड़ा; (Gestell) रैक, कपड़े टाँगने की घोड़ी; (Kutschersitz) कोचवान की सीट; U: भद्दी भूल, भारी गलती; tech: जैक, अड्डा, टेकन; U: er hat einen Bock [ihn stößt der Bock] वह ज़िद कर रहा है; U: einen Bock schießen भारी भूल क०; fig: das hieße den Bock zum Gärtner machen यह तो चोर को कोतवाल बनाने वाली बात हुई; ~**beinig,** adj. धनुर्जंघी; ज़िद्दी, हठी; ~**bier,** n अधिक मद्यसार वाली बियर; ~**en,** v/i (h.) Pferd: पिछले पैरों पर खड़ा होना; Horntiere: सींग मारना; Ziegen/Schafe: गरम होना, मदकाल में होना; fig: ज़िद क०, हठ क; ~**ig,** adj., fig: ज़िद्दी, हठी, दुराग्रही; ~**shorn,** n. Beschlag: ऐंठनदार चौखट या चौखटा; fig: jdn. ins Bockshorn jagen किसी को डराना-धमकाना, किसी को डरा-धमकाकर उल्लू बनाना; ~**springen,** n, sport: लकड़ी के घोड़े के ऊपर से छलाँग मारना।

Boden, m (-s/ ⸚) भूमि, धरती, ज़मीन; (Anbaufläche) कृषि-भूमि; (Grund) तल, तह; फ़र्श; (Speicher) दुछत्ती, टाँड; (Ladedeck) जहाज़ का माल रखने का डेक; fig: ich befinde mich auf dem Boden der Tatsachen मैं वास्तविकता की भूमि पर खड़ा हूँ; fig: den Boden unter den Füßen verlieren पैरों के तले की मिट्टी खिसकना; आधार खो देना; fig: (an Boden gewinnen) का प्रभाव बढ़ना, की धाक जमना; fig: ihm brennt der Boden unter den Füßen उसे भागना पड़ेगा, उसे पलायन करना पड़ेगा; jdn. zu Boden schlagen किसी को मार कर गिरा देना; die Augen zu Boden schlagen आँखें झुका लेना; jdn. unter den Boden bringen किसी को दफ़नाना;

U: das schlägt dem Faß den Boden aus! यह बात तो हद से बाहर हो गई!; U: er ist wie ein Faß ohne Boden उसकी नीयत कभी नहीं भरती; ~abwehr, f, mil: भूमि से हवाई हमले की रोक; ~bearbeitung, f कृषिकर्म, खेतीबारी; ~belag, m भूमिच्छद, फ़र्श; ~beschaffenheit, f भूमि-प्रकार; ~erhebung, f पहाड़ी, टीला, भूमि का उभार; ~frost, m तुषार, पाला; ~kammer, f दुछत्ती, अटारी; ~kultur, f कृषिकर्म, खेती आदि; ~los, adj. अगाध, अथाह, बहुत गहरा; fig: बहुत अधिक, हद से ज़्यादा, घोर; ~personal, n हवाई अड्डे के भूमीय कर्मचारी; ~reform, f भूमि-सुधार, भूसंपदा-संबंधी सुधार, भूमि-वितरण-संबंधी सुधार; ~satz, m अवपंक, अवमल, तलछट; ~schätze, m/pl. खनिज-संपदा; ~senkung, f अवतलन, धसकन; ~ständig, adj. देशज, किसी स्थान पर स्थायी रूप से बसने वाला; सुस्थिर, पक्का; ~station, f अंतरिक्षयान की भूमीय नियंत्रणशाला; ~streitkräfte, f/pl. पैदल सेना, थल-सेना; ~turnen, n ज़मीन पर किए गए कलात्मक व्यायाम।

Bogen, m (-s/ ⁻) गोला, चक्कर, घुमाव, मोड़, झुकाव; (Schußwaffe) धनुष, कमान, कोदंड, शरासन; für Streichinstrument: ग़ज़; arch: मेहराब; mus: योजिका, एक ही ऊँचाई वाले दो स्वरों के ऊपर खींची जाने वाली वक्र-रेखा; Papier: पत्रफलक, ताव; fig: einen Bogen um jdn. machen किसी के रास्ते से बचकर निकल जाना; fig: sie hat den Bogen überspannt वह हद से आगे निकल गई है, वह बहुत आगे बढ़ गई है; U: er hat den Bogen raus उसने गुर समझ लिया है; U: wir flogen in hohem Bogen hinaus हमलोगों को बाहर निकाल दिया गया; ~form, f फ़ोलियो-आकार; ~gang, m तोरण-पथ; ~lampe, f चापदीप, आर्कलैम्प; ~minute, f $\frac{1}{60}$ अंश का कोण; ~schießen, n धनुष-बाण चलाने की प्रतियोगिता; ~sehne, f शिंजिनी, ताँत।

bog-ig, adj. झुकावदार, मोड़दार, मेहराबी; ~ner, m (-s/-) धनुष बनाने वाला।

Bohle, f (-/-n) काष्ठ-फलक, लकड़ी का पटरा; ~n v/t (h.) (ausbohlen) पटरे बिछाना, पटरों से पाटना।

Böhm-en, n (-s) बोहेमिया; ~isch, adj. बोहेमिया का; fig: böhmische Dörfer बिल्कुल न समझ में आनेवाली बात।

Bohne, f (-/-n) सेम, छीमी, लोबिया; (Kaffeebohne) कॉफ़ी का बीज या दाना; U: blaue Bohnen →blau; U: nicht die Bohne कुछ भी नहीं; बिल्कुल नहीं; U: das ist keine Bohne wert यह बिल्कुल बेकार है; ~nkaffee, m कॉफ़ी के बीजों के चूर्ण से बनी कॉफ़ी; ~nstange, f सेम की बेल लगाने की वल्ली; U: दुबला-पतला तथा लम्बा व्यक्ति; ~nstroh, n, U: er ist dumm wie Bohnenstroh वह वज्रमूर्ख है।

Bohner, m (-s/-) फ़र्श को चिकना करने का बुरुश; ~bürste, f → Bohner; ~n, v/t (h.) फ़र्श को मोम-युक्त पदार्थ से चमकाना; ~wachs, n फ़र्श को चमकाने का मोमयुक्त पदार्थ।

bohr-en, v/i & v/t (h.) छेद क०, वेधन क०, वेधना, बरमाना; (tief einhöhlen) खोखला क०, अंदर तक छेद क०; (hineinstoßen) घुसेड़ना, घुसाना; fig: पीछे पड़े रहना, नाक में दम कर देना; in der Nase bohren नाक में उँगली क०; nach Öl bohren तेल की खोज में ज़मीन में अंदर तक छेद क०; der Schmerz bohrt पीड़ा से नाक में दम है; ~end, adj., Schmerz: भेदक, नाक में दम करने वाला; ~er, m (-s/-) बरमा, छेद करने का यंत्र; ~löffel, m भूभेदी बरमे का मिट्टी बाहर फेंकने वाला भाग;

~maschine, f → Bohrer; ~turm, m भूभेदन-स्थल का उत्थम्भ; ~ung, f (-/-en) वेधन, छिद्रण; (तेल आदि की खोज में) भूमि-वेधन ।

böig, adj. तूफ़ानी, झोंकेदार ।

Boje, f (-/-n) [frz.] प्लव, किसी जल मार्ग में लगाए गए संकेत-चिह्न ।

Böller, m (-s/-) तुपकची, छोटी बंदूक; **~n,** v/i (h.) तुपकची चलाना; धड़ाका क० ।

Bollwerk, n (-[e]s/-e) गढ़, बुर्ज; (Kai) तरंग-रोध ।

[1]**Bolzen,** m (-s/-) कीलक, रिवेट; von Armbrust: छोटा तीर ।

[2]**bolzen,** 1. v/i (h.) im Fußball: नियमविरुद्ध धक्का-मुक्की क०; 2. v/t (h.) U: jdn. bolzen किसी की पिटाई क० ।

Bombard-ement, n (-s/-s) [frz.] बमवर्षा, बमबारी, गोलाबारी; **~ieren,** v/t (h.) बमबारी क०; U: jdn. mit Fragen/Bitten bombardieren किसी पर प्रश्नों/माँगों की बौछार क०; **~ierung,** f (-/-en)→Bombardement

Bombast, m (-es) [eng.] शब्दाडम्बर; **~isch,** adj. शब्दाडम्बरपूर्ण ।

Bombe, f (-/-n) [frz.] बम, गोला; fig: kugelig Geformtes: गोले या बम के आकार की कोई भी वस्तु; diese Nachricht schlug wie eine Bombe ein इस समाचार ने सनसनी फैला दी; fig: die Bombe ist geplatzt सत्य प्रकट हो गया है; झगड़ा हो गया है ।

Bomben-angriff, m बम-वर्षकों का हमला, बमबारी; **~erfolg,** m, U: महान सफलता; **~fest,** adj., U: बिल्कुल पक्का, बहुत मज़बूत; **~geschäft,** n, U: अतिलाभदायी धंधा या सौदा; **rolle,** f, U: अतिप्रभावशाली भूमिका; **~sicher,** adj. बमसह, अभेद्य, बमरोधी; U: बिल्कुल पक्का, अचूक, अमोघ, बिल्कुल निश्चित; **~teppich,** m, mil: बहुत अधिक संख्या में गिराए गए बम; **~trichter,** m बम गिरने से बना गह्वर या गढ़ा ।

Bomber, m (-s/-) mil: बमवर्षक यान; U: फ़ुटबॉल में खूब गोल करने वाला ।

Bon, m (-s/-s) [frz.] कूपन, पर्णिका, पुर्जी ।

Bonbon, n/m (-s/-s) [frz.] टॉफ़ी, कम्पट ।

Bonifi-kation, f (-/-en) [lat.] प्रतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति; **~zieren,** v/t (h.) प्रतिपूर्ति क० ।

Bonität, f (-) [lat.] उत्कर्षता, अच्छाई; सम्पन्नता, शोधक्षमता ।

Bonus, m (-/-) [lat.] बोनस, अधिलाभांश ।

Bonze, m (-n/-n) [jap.] U: अहलकार; दलनेता; उच्च अधिकारी ।

Boom, m (-s/-s) [eng.] kfm: अल्पकालिक व्यापार-उत्कर्ष, गरमबाज़ारी ।

Boot, n (-[e]s/-e) नाव, नौका, किश्ती; **~shaken,** m नाव का आँकुड़ा, नाव का काँटा, नाव-लग्गी; **~smann,** m (-[e]s/-leute) नाविक, केवट; अधिकारी-नाविक; **~ssteg,** m अवतरण-पटरा ।

Bor, n (-s) [arab.] chem: बोरॉन; **~ax,** m (-es) सुहागा ।

[1]**Bord,** n (-[e]s/-e) तख़्ता, अलमारी का तख़्ता ।

[2]**Bord,** m (-[e]s/-e) (Rand) किनारा, कोर; mar: जहाज़ की कोर; alle Mann an Bord! सब लोग डेक पर एकत्र हो जाओ!; Mann über Bord! सावधान! कोई समुद्र में गिर गया है; von Bord gehen जहाज़ से उतरना; fig: etw. über Bord werfen किसी बात को त्याग देना, किसी बात का लिहाज़ छोड़ देना; **~buch,** n जहाज़ का रोज़नामचा, जहाज़ की यात्रा-दैनिकी ।

Bordell, n (-s/-e) [frz.] वेश्यालय, रंडीख़ाना, चकला ।

Bord-funk, m जहाज़ी बेतार-का-तार;

~ieren, v/t (h.) किनारा या किनारी लगाना; ~kante, f/~schwelle, f/ ~stein, m पैदल-पथ का मुख्य मार्ग की ओर को उठा हुआ किनारा; ~üre, f (-/-n) किनारा, गोट, झालर; अलंकृत हाशिया; ~wand, f जहाज़ की बाहरी दीवार।

Borg, m: auf Borg उधार, उधार के तौर पर; ~**en,** v/t (h.) उधार देना; उधार लेना।

Bork-e, f (-/-n) वल्कल, पेड़ की छाल; ~**enkäfer,** m वल्कलजीवी कीड़ा; ~**enkrepp,** m वल्कल-पत्र, पेड़ की छाल से बना काग़ज़; ~**ig,** adj. वल्कल की तरह खुरदरा।

Born, m (-[e]s/-e) poet: स्रोत; फ़व्वारा।

borniert, adj. [frz.] रूढ़िवादी, दक़ियानूसी, अनुदार, संकीर्णमना; ~**heit,** f (-/-en) रूढ़िवादिता, दक़ियानूसी, अनुदारता, संकीर्णता।

Borsalbe, f सुहागे की मलहम।

Börs-e, f (-/-n) [lat.] शेयरों के क्रय-विक्रय का स्थान, शेयर-बाज़ार, स्टॉक-एक्सचेंज; (Geldbeutel) मनीबैग, बटुआ, पैसे रखने की थैली; ~**enbericht,** m शेयर-बाज़ार के समाचार; ~**enblatt,** n शेयर-बाज़ार का समाचारपत्र; ~**enfähig,** adj. शेयर-बाज़ार में विनिमेय; जिसे शेयर-बाज़ार में प्रवेश का अधिकार हो; ~**enkrach,** m शेयर-बाज़ार की संकटावस्था; ~**enkurs,** m शेयर-बाज़ार की विनिमय-दर; ~**enmakler,** m शेयर-दलाल; ~**enmanöver,** n शेयर-बाज़ार में की गयी हेरा-फेरी; ~**ennotierung,** f/~**ennotiz,** f शेयर-बाज़ार की दैनिक विनिमय-दर का विज्ञापन; ~**enpapier,** n शेयर; ~**enspekulation,** f शेयर-बाज़ार की सट्टेबाज़ी; ~**enspekulant,** m/~**ianer,**m (-s/-) शेयर-बाज़ार का सट्टेबाज।

Borst-e, f (-/-n) कूच, शूक, कड़े बाल; ~**entier,** n/ ~**envieh,** n शूकर, सूअर; ~**ig,** adj. शूकयुक्त, कड़े बालों वाला; fig: चिड़चिड़ा, क्रोधी, उत्तेजनशील; ~**igkeit,** f, fig: चिड़चिड़ापन, उत्तेजनशीलता।

Borte, f (-/-n) गोटा, पट्टी, किनारी, किनारा।

Böschung, f (-/-en) ढाल, कगार; ~**swinkel,** m प्रवणता, प्रवणता का परिमाण।

bös (e), adj. अप्रसन्न, नाखुश, नाराज़, क्रुद्ध; (schlecht) ख़राब, अप्रिय, बुरा; (sündig) पापी, बुरा; (unartig) अभद्र, बदमाश; (schädigend) अशुभकर, अनिष्टकारी, हानिकर; दुष्ट, अशुभचिंतक; (schmerzhaft) पीड़ाप्रद।

bös-artig, adj. अहितेच्छु, अशुभचिंतक, द्वेषी, विद्वेषपूर्ण, दुष्ट, बदमिज़ाज, बुरा; med: सांघातिक; ~**artigkeit,** f (-) द्वेषपूर्णता, दुष्टता, बदमिज़ाजी; med: सांघातिकता; ~**e,** n (-n) शैतान; ~**ewicht,** m दुष्ट, पापी, अपकारी व्यक्ति।

bos-haft, adj. ईर्ष्यालु, दुर्भावनायुक्त, सासूय, द्वेषपूर्ण, दूसरे की हानि पर सुख का अनुभव करने वाला; ~**haftigkeit,**f/ ~**heit,** f (-/-en) ईर्ष्याभाव, द्वेष, दूसरे की हानि पर सुख का अनुभव करने की प्रवृत्ति; किसी को हानि पहुँचाने के लिए किया गया कोई काम।

böswillig, adj. अहितेच्छु, विद्वेषपूर्ण, दुर्भावनापूर्ण, जान-बूझकर हानि पहुँचाने वाला; ~**willigkeit,** f (-/-en) विद्वेष, दुर्भावना, जान-बूझकर हानि या पीड़ा पहुँचाने की प्रवृत्ति।

Boß, m (-'sses/-'sse) [eng.] अध्यक्ष; मालिक, स्वामी।

Botan-ik, f (-)[griech.] वनस्पतिविज्ञान; ~**iker,** m (-s/-) वनस्पतिज्ञ; ~**isch,** adj. वानस्पतिक, वनस्पतिविज्ञान-संबंधी; ~**isieren,** v/i (h.) पौधे इकट्ठे क०।

Bot-e, m (-n/-n) संदेशवाहक, संदेशहर; (Laufbursche) धावक, छोटा-मोटा

काम करने वाला छोकरा या भृत्य, हरकारा; poet: दूत; **~engang,** m संवादवहन, संदेश ले जाना, दूत-कार्य; **~enjunge,** m धावक छोकरा; **~enlohn,** m धावक को दी गई बख़्शीश, संदेशवाहक को दिया गया इनाम।

botmäßig, adj. पराधीन, अधीन; **~keit,** f (-) शासन, हुकूमत।

Botschaft, f (-/-en) समाचार, संवाद; pol: राजदूतावास, राजदूत का कार्यालय; **~er,** m (-s/-) राजदूत।

Böttcher, m (-s/-) शराब रखने के ढोल बनाने वाला; **~ei,** f (-/-en) शराब के ढोल बनाने का काम; शराब के ढोल बनाने की दूकान।

Bottich, m (-s/-e) लकड़ी की नाँद।

Bouillon, f (-/-s) [frz.] मांसरस, यूष; **~würfel,** m जमाए हुए यूष का घनाकार टुकड़ा।

Boulevard, m (-s/-s) [frz.] मुख्य पथ, मुख्य मार्ग; **~presse,** f (-) उत्तेजना या सनसनी फैलाने वाले घटिया स्तर के अख़बार।

Boutique, f (-/-n) [frz.] फ़ैशन के सामान की दुकान।

Bowle, f (-/-n) Getränk:अंगूरी शराब में फलों को मिलाकर बनाया गया पेय; Gefäß: इस पेय को रखने का पात्र।

[1]**Boxen,** n (-s) [eng.] मुष्टियुद्ध।

[2]**box-en,** v/i (h.) मुष्टियुद्ध क०; **~er,** m (-s/-) मुष्टियोद्धा; Hunderasse: मझोले क़द का चौड़ी थूथन वाला पूँछ-कटा कुत्ता; **~handschuh,** m मुष्टियुद्ध का दस्ताना; **~kampf,** m मुष्टियुद्ध; **~ring,** m मुष्टियुद्ध का अखाड़ा।

Boykott, m (-[e]s/-e) बहिष्कार, बायकाट; **~ieren,** v/t (h.) बायकाट क०, बहिष्कार क०।

brach, adj. ख़ाली, परती, जिसपर कृषिकर्म न हो; fig: अप्रयुक्त; fig: er läßt seine Kräfte brach liegen वह अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं करता है; **~e,** f (-/-n) अप्रयुक्त भूमि, परती छोड़ी हुई भूमि; **~en,** v/t (h.) परती छोड़ी हुई भूमि पर फिर से खेती क०; भूमि को बिना कृषिकर्म के पड़े रहने देना; **~land,** n →Brache

Brachialgewalt, f (-)[lat.](शारीरिक) बलप्रयोग; (अभद्र) हाथापाई।

[1]**Bracke,** f (-/-n) गाड़ी के बम की अनुप्रस्थ लकड़ी।

[2]**Bracke,** m (-n/-n) शिकारी कुत्ता।

brack-ig, adj.,Wasser: खारा, नमकीन; **~wasser,** n मीठे और खारे जल का मिश्रण (नदीमुख पर)।

Brahmane, m (-n/-n) ब्राह्मण।

Bramarbas, m (-/-se)[span.] शेखीख़ोर, डींग मारने वाला; **~ieren,** v/i (h.) डींग मारना।

Branch-e, f (-/-n) [frz.] kfm: शाखा; व्यवसाय, पेशा; **~enkenntnis,** f व्यवसाय-विशेष का ज्ञान; **~enkundig,** adj. व्यवसाय-विशेष का ज्ञान रखने वाला; **~enverzeichnis,** n, tel: व्यवसायों के अनुसार वर्गीकृत निर्देशिका।

Brand, m(-[e]s/ ⸗e) आग, अग्निकांड; (Brandmal) पशुओं के शरीर पर गरम लोहे से लगाया गया चिह्न, दाहांक; von Kalk/Ziegeln: दहन, ज्वलन; (Heizstoff) ईंधन; (große Hitze) झुलसा देने वाली गर्मी; bot: अंगमारी, चित्ती; med: कोथ; U: (Durst) प्यास (अधिक मदिरापान के बाद की); U: (Rausch) भारी नशा; **~blase,** f फफोला, छाला; **~bombe,** f अग्नि-बम; **~brief,** m, U: धमकी भरा पत्र; तुरत सहायता की प्रार्थना वाला आशु-पत्र; **~direktor,** m फ़ायर-ब्रिगेड का अध्यक्ष; **~eisen,** n (-s/-) पशुओं को दाहांकित करने का लोहा।

branden, v/i (h.) लहराना, तट से टकराना, तरंगायित होना, उमड़ना; fig: Applaus brandete ihm entgegen उसके लिए वाहवाही का तूफ़ान उमड़ पड़ा।

Brand-fackel, f, fig: भड़काने वाला या अशांति फैलाने वाला व्यक्ति; **~gasse,** f मकानों के बीच की गली या मकानों के

बीच छोड़ी गई जगह (जिससे आग एक घर से दूसरे में न लग जाए); ~geruch, m जलने की गंध; ~ig, adj. जलने की, जली हुई सी (गंध); med: कोथमय; bot: चित्तीदार (अंगमारी के फलस्वरूप); ~kasse, f अग्निबीमा-कंपनी; ~mal, n जलने का निशान या दाग़; (Brandzeichen) दाहांक; fig: कलंक (का टीका), दाग़; ~marken, v/t (h.) fig: खुलेआम निन्दा क०, को कलंकित क०; ~mauer,f दो इमारतों के बीच की अग्निरोधक भित्ति; ~neu, adj., U: एकदम नया; ~opfer, n आहुति, होम; ~pilz, m, bot: कंड, कायमा; ~rede, f, fig: भड़काने वाला भाषण; ~rot, adj. अग्नि की तरह लाल; ~salbe, f जले पर लगाने की मलहम; ~schatzen, v/t (h.) आगज़नी और लूटमार के द्वारा उगाही क०; ~schatzung, f (-/-en) आगज़नी और लूटमार के द्वारा उगाही; ~sohle, f जूते का भीतरी तल्ला; ~stätte, f अग्निकांड का स्थल; आग जलाने की जगह; ~stifter, m आग लगाने वाला, अगज़नी करने वाला; ~stiftung, f (-/-en) आगज़नी।

Brandung, f (-/-en) समुद्र की लहरें, महोर्मि, भग्नोर्मि; लहरों का तट से टकराना।

Brand-wache, f अग्निकांड-स्थल की पहरेदारी; अग्निकांड-स्थल का पहरेदार; ~wunde,f जले का घाव; ~zeichen,n दाहांक, दाहचिह्न।

Branntwein, m ब्रांडी।

Brasil-ianer, m (-s/-) ब्राज़ील-निवासी; ~ianisch, adj. ब्राज़ील का, ब्राज़ील-संबंधी; ~ien, n (-s) ब्राज़ील।

Brasse, f (-/-n) [frz.] पाल घुमाने की रस्सी।

[1]**Braten,** m (-s/-) थोड़ा सा तलकर अपने ही यूष में सिझाया हुआ मांस का बडा टुकड़ा; fig: ein fetter Braten अच्छी उपलब्धि; मोटा आसामी; fig: er hat den Braten gerochen उसने ख़तरे को ताड़ लिया है; उसने परिस्थिति को भाँप लिया है।

[2]**brat-en,** 1. v/t (h.) (मांस को) तलकर (उसके ही यूष में) पकाना; भूनना, तलना; 2. v/i (h.) भुनना, झुलस जाना, गर्मी सहना:; U: in der Sonne braten धूप खाना; ~ensoße, f पके मांस का शोरबा; ~enwender, m करछुल; ~kartoffeln, f/pl. उबले आलुओं के तले हुए टुकड़े; ~pfanne, f फ़्राइंगपैन, चपटी मूठदार कड़ाही; ~röhre, f भर्जित्र; बेकिंग-रेंज; ~rost, m भूनने के लिए प्रयुक्त झँझरी।

Bratsch-e, f (-/-n) [ital.] बेला; ~ist, m (-en/-en) बेलावादक।

Brat-spieß, m मांस भूनने की नुकीली छड़; ~wurst, f गोमांस का लंगोचा।

Bräu, n (-[e]s/-e; -s) (Brauerei) बियर-निर्माणशाला; Bier: बियर; एक बार मे बनी बियर की कुल मात्रा; Wirtschaft: बियर-रेस्तराँ।

Brauch, m (-[e]s/ ⸗e) प्रथा, रिवाज, दस्तूर; आदत।

brauchbar, adj. उपयोगी, लाभदायक; इस्तेमाल के क़ाबिल; ~keit, f (-) उपयोगिता।

brauchen, v/t (h.) (nötig haben) की आवश्यकता होना, की ज़रूरत होना; (verwenden) का प्रयोग क०, इस्तेमाल क०, उपयोग में लाना।

bräuchlich, adj. प्रायिक, व्यावहारिक, रिवाजी; उपयोगी।

Brauchtum, n (-s/ ⸗er) परम्परा।

Braue, f (-/-n) भौंह, भौं, भ्रू, भृकुटि।

brau-en, 1. v/t (h.) Bier: बियर बनाना; Punsch: मदिरायुक्त पेय तैयार क०; fig: da braut sich etw. zusammen कुछ अनर्थ होने वाला है, वहाँ कुछ गड़बड़ की तैयारियाँ हो रहीं हैं; 2. v/i (h.) (brodeln) खदबदाना; ~er, m (-s/-) बियर बनाने वाला; ~erei, f (-/-en) बियर-निर्माणशाला; ~gerechtigkeit, f बियर-निर्माण की

Dienst, m (-es/-e) सेवा, नौकरी; सैन्य-सेवा; सेवा-कार्य, नौकरी का काम; (Gefälligkeit) सहायता, उपकार; jdm. einen Dienst leisten किसी का कोई उपकार क०, किसी की कोई सहायता क०; ich stehe (Ihnen) zu Diensten मैं आपकी सेवा के लिए तैयार हूँ, मैं आपकी ख़िदमत के लिए हाज़िर हूँ; jds. Dienste in Anspruch nehmen किसी से काम लेना; der öffentliche Dienst सरकारी सेवा, सरकारी नौकरी; was steht zu Diensten? आपकी क्या आज्ञा है?; मैं आपकी क्या सेवा करूँ?; ~**abteil,** n रेलगाड़ी में कर्मचारियों का डिब्बा ।

Dienstag, m मंगलवार; ~**s,** adv. हर मंगलवार को ।

Dienst-alter, n सेवा में व्यतीत किया समय; ~**anweisung,** f सेवा-संबंधी निर्देश, कार्य-निर्देश; ~**auffassung,** f सेवाकार्य के विषय में व्यक्तिगत धारणा, कार्य-निष्ठा; ~**bar,** adj. सेवा के लिए

तत्पर या प्रतिबद्ध, ताबेदार; fig: ein dienstbarer Geist सेवक, नौकर; ~**barkeit,** f (-/-en) सेवा-तत्परता, ताबेदारी; ~**bereit,** adj. सहायता या सेवा के लिए तत्पर, अनुग्रहशील; Apotheke : खुली हुई (दवाइयों की दूकान); ~**bezüge,** m/pl. वेतन, तनख़ाह; ~**bote,** m (-n/-n) सेवक, नौकर, परिचर; ~**eid,** m पद-शपथ; ~**habend,** adj. काम पर, ड्यूटी पर तैनात; ~**grad,** m, mil: पद; ~**leistung,** f सेवा; सहायता; ~**lich,** 1. adj. सरकारी, आधिकारिक, सेवा-संबंधी; U: पदीय भाव-भंगिमा में, रूखा; 2. adv.: dienstlich verreist सरकारी दौरे पर, नौकरी से संबंधित काम के लिए दौरे पर; ~**mädchen,** n घरेलू नौकरानी, परिचारिका; ~**ordnung,** f सेवा-नियमावली, कार्यालय आदि के नियम; ~**pflicht,** f अनिवार्य सेवा, अनिवार्य सैन्यसेवा; ~**reise,** f सरकारी दौरा, नौकरी से संबंधित काम के लिए दौरा; ~**stelle,** f कार्यालय, दफ़्तर, नौकरी का स्थान; ~**stunden,** f/pl. कार्य-समय, काम करने का समय; ~**tauglich,** adj. सैन्यसेवा के लायक; ~**unfähig,** adj. सेवा के अयोग्य; ~**untauglich,** adj. सैन्यसेवा-अक्षम, सैन्यसेवा के अयोग्य; ~**vergehen,** n कर्तव्योल्लंघन; ~**vorschrift,** f → Dienstanweisung; ~**wagen,** m सरकारी या नौकरी से संबंधित काम के लिए प्रयुक्त गाड़ी; ~**weg,** m औपचारिक या उचित माध्यम या सरणी; auf dem Dienstweg उचित माध्यम या सरणी से; ~**wohnung,** f सरकारी मकान ।

dies, demonstrativpron. यह ।

diesbezüglich, adj. इससे संबंधित, इस विषय का, इस संबंध का ।

diese, f, **dieser,** m, **dieses,** n, demonstrativpron. यह; (pl. diese ये)।

dieselbe, demonstrativpron., f वही, वही वाली ।

diesig, adj. कोहरेदार ।

dies-jährig, adj. इस वर्ष का, इस साल का; ~**mal,** adv. इस बार, इस दफ़ा; ~**malig,** adj. इस बार का; ~**seitig,** adj. इस ओर का; इहलौकिक, सांसारिक; ~**seits,** 1. adv. इस ओर; 2. präp. (+gen.) के इस ओर; 3. n (-) संसार, इहलोक, मर्त्यलोक ।

Dietrich, m(-s/-e) हर ताले को खोलने वाली कुंजी, सर्वकुंजी ।

diffamier-en, v/t (h.) [lat.] निंदा क०, बदनाम क०, मानहानि क०; ~**ung,** f (-/-en) मानहानि, निंदा ।

Differential, n (-s/-e) [lat.] math: अवलोकन; ~**getriebe,** n, tech: भिन्नक गियर; ~**rechnung,** f चलन-कलन ।

Differenz, f (-/-en) [lat.] अंतर्भेद, फ़र्क़; (Fehlbetrag) घाटा, कमी; शेष, बाक़ी; pl:, U: अनबन, झगड़ा; ~**ieren,** v/t (h.) भेद या विशिष्टता पहचानना या दिखलाना; math: अवकलन क० ।

differieren, v/t (h.) [lat.] भिन्न होना, अलग प्रकार का होना; भिन्न मत होना ।

diffizil, adj. [lat.] कठिन, मुश्किल, दुष्कर, दुःसाध्य; नाजुक ।

diffus, adj. [lat.] विसरित, विसारित; diffuses Licht विसरित प्रकाश; fig: अस्पष्ट, अनिश्चित; विश्रृंखलित, अंड-बंड; ~**ion,** f (-/-en) विस्तार, प्रसार ।

Digitaluhr, f अंकों में समय बताने वाली बिना सूइयों की घड़ी ।

Diktaphon, n (-[e]s/-e) [lat.]→Diktiergerät

Diktat, n (-s/-e) [lat.] श्रुतलेखन, श्रुतलेख; (Befehl) आदेश अधिदेश; अकाट्य आज्ञा; ~**or,** m (-s/-en) तानाशाह, एकाधिपति, अधिनायक; ~**orisch,** adj. तानाशाही, एकाधिपतीय, अधिनायकीय; ~**ur,** f (-/-en) तानाशाही, अधिनायकतंत्र ।

diktier-en, v/t (h.) [lat.] लिखाना, लिखवाना, लिखने के लिए बोलना;

अधिकारपूर्वक आज्ञा देना, हुक्म चलाना; ~gerät, n श्रुतभाष, डिक्टाफ़ोन।

Dilat-ion, f (-/-en) [lat.] विलम्बन, स्थगन, मुल्तवी; **~orisch,** adj. विलम्बकारी, विलम्बी।

Dilemma, n (-s/-s) [griech.] उभय-संकट, उभयदंश; द्विविधा, असमंजस, दुविधा।

Dillettant, m (-en/-en)[ital.] प्रेयानु-शीली; अविशेषज्ञ; अल्पज्ञ; **~isch,** adj. शौक़िया; अविशेषज्ञ या अल्पज्ञ की भाँति किया हुआ; **~ismus,** m (-) प्रेयानुशीलन, कच्चा काम, घपलेबाजी, अनाड़ीपन।

Dill, m (-[e]s/-e) सोआ, सोया।

Dimension, f (-/-en [lat.] आयाम; विमा; विस्तार, परिमाण, लम्बाई-चौड़ाई-ऊँचाई, परिमाप; **~al,** adj. आयामात्मक; विमीय; परिमाण-संबंधी।

Diminutiv, n (-s/-e) [lat.] gramm: अल्पार्थक, लघुत्वार्थक या क्षुद्रत्ववाचक शब्द; fig: क्षुद्राकृति वस्तु।

Diner, n (-s/-s) [frz.] मुख्य भोजन; दावत, भोज, प्रीतिभोज।

Ding, n (-[e]s/-e) वस्तु, पदार्थ, चीज़; बात; fig: मामला; U: (pl:-er) बेकार की चीज़; लड़की; U: ein junges Ding कमसिन या अल्पायु छोकरी; guter Dinge sein प्रसन्नचित्त होना; es geht nicht mit rechten Dingen zu इस मामले में कुछ गड़बड़ (या घपला) है, यह उचित या स्वाभाविक रूप से नहीं हो रहा है; vor allen Dingen सर्व-प्रथम, सबसे पहले; das ist ein Ding der Unmöglichkeit यह असंभव है; das Ding an sich (दार्शनिक कांट के अनुसार) वास्तविक अस्तित्व; तत्व; wie die Dinge liegen,...जैसी स्थिति है, उसके अनुसार..., वर्तमान स्थिति के अनुसार...; spw: aller guten Dinge sind drei हर काम तीन बार करने पर ही पक्का होता है, तीन की संख्या शुभ है; U: ein Ding drehen जुर्म क०, अपराध क०, कोई निषिद्ध काम क०।

dingen, v/t (h.) अपनी सेवा या नौकरी में रखना; धन देकर कुछ करने के लिए तैयार क०, किसी को ख़रीद लेना; ein gedungener Mörder ज़रख़रीद क़ातिल।

ding-fest, adj.: jdn. dingfest machen किसी को बंदी बना लेना; **~lich,** adj. वस्तुगत, वस्तुविशेष से संबंधित; kfm: eine dingliche Forderung वस्तुविशेष की अधिकारपूर्ण माँग; **~s,** n, U:→Ding; **~wort,** n, gramm: संज्ञा।

dinieren, v/i (h.) भोजन क०।

Diode, f (-/-n) el: द्विअग्र, डायोड।

Diözese, f (-/-n) [griech.] बिशप का प्रदेश या हलका।

Diphterie, f (-/-n) [griech.] कंठ-रोहिणी, डिप्थीरिया।

Diphthong, m (-s/-e) [griech.] संयुक्त स्वर, द्विस्वर।

Diplom, n (-[e]s/-e) [griech.] उपाधि-पत्र, सनद, डिप्लोमा।

Diplomat, m (-en/-en) [griech.] राजनयिक, कूटनीतिज्ञ; fig: व्यवहार-कुशल व्यक्ति; **~ie,** f (-) राजनय, कूटनीति; fig: व्यवहार-कौशल, नीति-चातुर्य; **~isch,** adj. राजनयिक, कूट-नैतिक; das diplomatische Korps राजनयिक-निकाय; fig: व्यवहारकुशल, नीति-निपुण।

diplomiert, adj. [griech.] उपाधिपत्र-प्राप्त, डिप्लोमा-प्राप्त।

Dipol, m द्विध्रुव।

dir, pron., dat. von du तुझे, तुझको, तुझसे, तेरे लिए।

direkt, 1. adj. [lat./frz.] सीधा, ऋजु, सरल; स्पष्ट, प्रत्यक्ष; direkte Rede साक्षात्कथन; 2. adv. साफ़-साफ़, स्पष्टतया।

Direkt-ion, f (-/-en) [lat./frz.] दिशा, अभिदिशा; निदेशालय; संचालक-मंडल; **~ive,** f (-/-n) निदेश, निदेशपत्र;

~**or,** m (-/-en) निदेशक, संचालक, निर्देशक, अध्यक्ष; ~**orat,** n (-[e]s/-e) निदेशक, संचालक आदि का पद; निदेशालय; ~**orial,** adj. निदेशक का, निदेशक-संबंधी।

Direktrice, f (-/-n) (वस्त्र-उद्योग में) विभाग-विशेष की अध्यक्षा।

Direx, m, U: प्रधानाध्यापक।

Dirig-ent, m (-en/-en) [lat.] ऑर्केस्ट्रा का निर्देशक; ~**ieren,** v/t (h.) mus: ऑर्केस्ट्रा का संचालन या निर्देशन क०; fig: भेजना या भेज देना, के पास या की ओर जाने को कहना; ~**ismus,** m (-) सरकार द्वारा नियंत्रित अर्थ-व्यवस्था।

Dirndl, n (-s/-) ऑस्ट्रिया तथा बवेरिया की एक ज़नानी पोशाक; dial: लड़की; बच्ची।

Dirne, f (-/-n) रंडी, वेश्या, नगरवधू; ग्रामीण लड़की।

Disharmon-ie, f (-/-n) [lat./griech.] mus: विस्वरता; fig: मतभेद, फूट; ~**ieren,** v/i (h.) विस्वर होना; में मतभेद होना; मेल न खाना; ~**isch,** adj. विस्वर, बेसुरा; बेमेल; fig: भिन्नमत।

Diskont, m (-s/-e) [ital.] kfm: बट्टा; मितीकाटा; ~**ieren,** v/t (h.) Wechsel: मितीकाटा क०; ~**satz,** m अधिकोष का अपहार-अर्ध, मितीकाटे की दर।

Diskothek, f (-/-en) संगीत के रेकार्डों का संग्रह; Lokal: युवा-पीढ़ी की रुचि के नृत्य का स्थान, डिस्कोथेक।

diskreditieren, v/t (h.) [lat.] बदनाम क०, मान या प्रतिष्ठा घटाना।

Diskrepanz, f (-/-en) [lat.] भिन्नता, विसंगति; मतभेद; अंतर।

diskret, adj. [frz.] अवसर देखकर बात करने वाला, किसी के भेद को स्वयं तक सीमित रखने वाला; व्यवहारकुशल; बिना दिखावे का; ~**ion,** f (-) व्यवहार-कौशल, किसी के भेद को अपने तक सीमित रखना।

diskriminier-en, v/t (h.) [lat.] भेद-भाव क०, पक्षपात क०; ~**ung,** f (-/en) भेद-भाव, पक्षपात।

Diskurs, m (-es/-e) [frz./lat.] संभाषण, वार्तालाप, वाद-विवाद।

Diskus, m (-/-'ken; -se) [griech.] चक्र, चक्का, डिस्कस।

Diskussion, f (-/-en)[lat.] वादविवाद, बहस; विचार-विमर्श, विचार-विनिमय।

diskut-abel, adj. [lat.] स्वीकार्य; विचार्य; विवाद्य; ~**ieren,** 1. v/i (h.) बहस क०, वादविवाद क०; विचार-विमर्श क०; 2. v/t (h.) पर विचार क०, का पर्यावलोचन क०, का विवेचन क०।

Dispens, m (-es/-e) [lat.] नियम या अनिवार्यता से छूट; ~**ieren,** v/t (h.) (निश्चित अवधि के लिए) छूट या छुट्टी देना; औषधि बनाना तथा देना।

disponieren, v/i (h.)[lat.] सुव्यवस्थित क०, क्रम से रखना; का प्रबंध क०, की योजना बनाना; काम लेना या काम में लगाना।

Disposition, f (-/-en) [lat.] (Plan) योजना; (Anordnung) व्यवस्था, प्रबंध; (körperliche/seelische Verfassung) शारीरिक/मानसिक स्थिति; Neigung zu etw.: प्रवृत्ति, प्रवणता, उन्मुखता।

Disput, m (-[e]s/-e) [lat.] विवाद, बहस, जिरह; ~**abel,** adj. विवाद्य, विवादास्पद; ~**ation,** f (-/-en) वाद-विवाद, शास्त्रार्थ ~**ieren,** v/i (h.) तर्क-वितर्क क०, शास्त्रार्थ क०।

Disqualifi-kation, f (-/-en) [lat.] अनर्हीकरण, नियमोल्लंघन के कारण प्रतियोगिता आदि से निष्कासन; ~**zieren,** v/t (h.) अनर्ह क०, नियमोल्लंघन के कारण प्रतियोगिता आदि से निकाल देना; ~**zierung,** f (-/-en) →Disqualifikation

Dissertation, f (-/-en) [lat.] शोध-निबंध, शोध-प्रबंध।

Dissonanz, f (-/-en) [lat.] स्वरवैषम्य, बेसुरापन; fig: मनमुटाव, मतभेद, मत-वैषम्य।

Distanz, f (-/-en) [lat.] दूरी, अंतर, फ़ासला; **~ieren,** v/t (h.) sport: को पीछे छोड़ देना, से आगे निकल जाना; fig: sich von etw./jdm. distanzieren किसी वस्तु/व्यक्ति से वास्ता न रखना चाहना।

Distel, f (-/-n) भटकटैया।

distinguiert, adj. [lat.] विशिष्ट; प्रतिष्ठित, लब्धप्रतिष्ठ।

Distrikt, m (-[e]s/-e) [lat.]→Bezirk

Disziplin, f (-/-en) विद्या-विशेष, विषय-विशेष, विषय, मज़मून; o. pl: अनुशासन; **~argewalt,** f अनुशासनिक कार्यवाही करने का अधिकार; **~arisch,** adj. अनुशासनात्मक, अनुशासनिक; **~arstrafe,** f अनुशासनिक दंड; **~arverfahren,** n आनुशासिक या अनुशासनिक कार्यवाही; **~ell,** adj.→ disziplinarisch; **~iert,** adj. अनुशासित; **~los,** adj. अनुशासनहीन।

Diva, f (-/-s;-'ven) [ital.] (सिने-) तारिका।

diverg-ent, adj. [lat.] अपसारी; **~enz,** f (-/-en) अपसरण, अपसारिता; **~ieren,** v/i (h.) भिन्न दिशाओं में जाना, अपसारित होना।

divers, adj. [lat.] नानाविध, विविध; diverse Bücher कई पुस्तकें।

Divi-dend, m (-en/-en) [lat.] math: भाज्य; **~dende,** f (-/-n) kfm: लाभांश; **~dieren,** v/t(h.) भाग देना; **~sion,** f (-/-en) math: भाग; mil: डिवीज़न, चमू; **~sor,** m (-s/-en) भाजक।

Diwan, m (-s/-e) [pers.] सोफ़ा; दीवान।

doch, 1. konj. पर, परंतु, लेकिन, फिर भी; ich machte ihm diesen Vorschlag, doch er lehnte ihn ab मैंने उसके सामने यह प्रस्ताव रखा लेकिन उसने इसे अस्वीकार कर दिया; ich habe auf ihn gewartet, doch er kam nicht मैं उसकी प्रतीक्षा करता रहा, पर वह नहीं आया; wenn es doch wahr wäre! काश यह सत्य होता! 2. adv. हाँ, अवश्य, बिल्कुल, ही, न; also doch! हुई न वही बात!; ja doch! हाँ, अवश्य!; nicht doch! अरे, रहने दो!; haben Sie ihn nicht gesehen?- Doch. क्या आपने उसे नहीं देखा (है)?-हाँ, हाँ, बिल्कुल (देखा है); kommen Sie doch mit! साथ आइए न!, साथ आइए तो!, अरे, आइए, आइए, साथ चलिए!

Docht, m (-[e]s/-e) वाती, वत्ती, वर्तिका।

Dock, n (-[e]s/-e) [eng.] गोदी, डॉक; **~en,** v/t (h.) डॉक में ले जाना।

Dogge, f (-/-n) [eng.] बुलडॉग, बुलडॉग की जाति का एक कुत्ता।

Dogma, n (-s/-'men) [griech.] धर्म-सिद्धांत; सिद्धांत, मत; **~tik,** f (-) धर्मसैद्धान्तिकी; **~tiker,** m (-s/-) धर्मसैद्धान्तिकी का अध्यापक; हठधर्मी; **~tisch,** adj. धर्मसैद्धान्तिक; हठधर्मी, मतांध; **~tisieren,** v/t (h.) सिद्धान्त के रूप में प्रस्तुत क०; **~tismus,** m (-) सिद्धान्तवाद, मतांधता, हठधर्मिता।

doktern, v/i (h.) U: बिना पर्याप्त ज्ञान के चिकित्सा क०, नीमहकीमी क०; U: an jdm. herumdoktern बिना पर्याप्त ज्ञान के किसी की उल्टी-सीधी औषधियों से चिकित्सा क०।

Doktor, m (-s/-en) [lat.] विद्या-वाचस्पति या डॉक्टर (की उपाधि) U: वैद्य, चिकित्सक, डॉक्टर; **~and,** m (-en/-en) डॉक्टर की उपाधि का प्रत्याशी; **~arbeit,** f डॉक्टर की उपाधि के लिए लिखित शोध-प्रबंध; **~ieren,** v/i (h.) डॉक्टर की उपाधि प्राप्त क०; **~grad,** m डॉक्टर की उपाधि।

Doktrin, f (-/-en) [lat.] मत, वाद, सिद्धान्त; **~är,** adj. सैद्धान्तिक; मताग्रही, मतवादी।

Dokument, n (-[e]s/-e) [lat.] प्रलेख, दस्तावेज, लिखित प्रमाण; **~arbericht,** m वृत्त-विवरण, वृत्त-चित्र; **~arisch,**

adj. लिखित; प्रलेखीय, दस्तावेज़ी; ~ation, f (-) वृत्त-विवरण; प्रलेख-पोषण; ~ieren, v/t (h.) प्रलेखों या दस्तावेज़ों द्वारा प्रमाणित क०; का दस्तावेज़ बनाना ।

Dolch, m (-[e]s/-e) कटार, कटारी ।

Dolde, f (-/-n) पुष्पछत्र ।

Dole, f (-/-n) भूमिगत मोरी या मल-प्रणाल।

doll, adj., U:→toll

Dollar, m (-s/-s) डॉलर ।

dolmetsch-en, v/i & v/t (h.) [türk.] दुभाषिए का काम क०; मौखिक भाषांतर क०; **~er,** m (-s/-) दुभाषिया, भाषांतरकार ।

Dom, m(-[e]s/-e) [lat.] महागिरजाघर, कैथीड्रल ।

Domäne, f (-/-n) [frz.] (सरकारी) भू-संपत्ति, रियासत; fig: ज्ञानक्षेत्र ।

Domherr, m विशप, कैथीड्रल का अध्यक्ष ।

domi-nant, adj. [lat.] प्रमुख, प्रधान; **~nante,** f (-/-n) प्रमुख या प्रधान लक्षण या बात; mus: सरगम का पंचम स्वर; **~nanz,** f (-) प्रमुखता, प्रधानता, प्रभुत्व; **~nieren,** v/i (h.) प्रमुख होना, से बढ़कर होना ।

Domizil, n (-s/-e) [lat.] निवास-स्थान ।

Dompteur, m (-s/-e) [frz.] जंगली जानवरों को साधने तथा उनका प्रदर्शन करने वाला ।

Donner, m (-s/-) मेघगर्जन, गरज, गड़गड़ाहट; er stand da, wie vom Donner gerührt वह(आश्चर्य के कारण) स्तब्ध खड़ा था, वह जड़ीभूत-सा खड़ा था; **~n,** v/i (h.) गरजना, गड़गड़ाना, कड़कड़ाना, कड़कना; U: गरजना, ज़ोर से चिल्लाते हुए डाँटना; es donnert बादल गरज रहे हैं; **~schlag,** m वज्राघात, वज्रपात, गाज ।

Donnerstag, m बृहस्पतिवार, गुरुवार; **~s,** adv. हर बृहस्पतिवार को ।

Donner-stimme, f गरजती हुई आवाज़; **~wetter,** n तड़ित्-झंझा; U: ज़ोरदार डाँट; उच्च स्वर में झगड़ा; fig: wie ein Donnerwetter dreinfahren अचानक गरज उठना और डाँटना प्रारंभ कर देना; अचानक आतंक मचा देना; U: zum Donnerwetter! अरे गाज गिरे! (क्रोध को प्रकट करने के लिए प्रयुक्त शब्द); भई वाह!, क्या कमाल है!

doof, adj., U: मूर्ख, बेवकूफ़, कमअक़्ल ।

Doppel, n (-s/-) अनुलिपि, प्रतिलिपि; Tennis: जोड़ों में खेल; **~bett,** n युग्म-शय्या, दो व्यक्तियों के लिए बनाया गया पलंग; **~bödig,** adj. द्वयर्थक; अस्पष्ट, संदिग्ध; **~decker,** m द्विफलक विमान; दो मंज़िलों वाली बस; **~deutig,** adj. द्वयर्थक; **~deutigkeit,** f (-/-en) द्वयर्थकता; **~fenster,** n दोहरी खिड़की; **~gänger,** m (-s/-) प्रतिरूप, किसी व्यक्ति से हू-बहू मिलता-जुलता व्यक्ति; **~kinn,** n दुठुड्डी, ठुड्डी के नीचे का लटकता हुआ भाग; **~laut,** m दो समान व्यंजनों या दो समान स्वरों का एक साथ आना; **~leben,** n: ein Doppelleben führen (दिखावे या धोखे के लिए) दुरंगा या दो तरह का जीवन व्यतीत क०; **~n,** v/t (h.) दुगुना क०, दोहरा क०; **~reihig,** adj. दोहरे अग्रभाग का (कोट आदि), द्विवक्षस; **~punkt,** m द्विबिंदु, अपूर्णविराम; **~seitig,** adj. दुतरफ़ा, दोनों तरफ़ का; **~sinn,** m दोहरा अर्थ; श्लेष; **~sinnig,** adj. दोहरे अर्थ वाला, द्वयर्थक; श्लेषात्मक; संदिग्ध; **~stecker,** m, el: दोहरा प्लग; **~t,** adj. दुगुना, दोहरा; ich habe das Buch doppelt मेरे पास इस पुस्तक की दो प्रतियाँ हैं; doppelte Moral दोहरी नैतिकता, एक ही बात पर दो भिन्न मानदंडों के आधार पर विचार प्रकट क०; fig: er spielt ein doppeltes Spiel वह दुरंगी चाल चलता है; adv: er ist doppelt so alt wie ich उसकी आयु मेरी आयु से दुगुनी है; **~verdiener,** m दो जगहों से वेतन पाने वाला; जिसकी पत्नी भी वेतनभोगी हो; **~verdienst,** m दोहरी कमाई; **~zentner,** m एक क्विंटल; **~zimmer,** n दो पलंगों वाला कमरा, दो लोगों के रहने

का कमरा; ~**züngig,** adj. दोतरफ़ा बात करने वाला, कपटी, धोखेबाज़; ~**züngigkeit,** f (-) कपटपूर्ण आचरण, दोतरफ़ा बात क० ।

Dorf, n (-[e]s/ ⸚ er) ग्राम, गाँव; ~**bewohner,** m ग्रामवासी, गाँव में रहने वाला ।

dörf-isch, adj. ग्राम्य, गाँव-जैसा; ~**ler,** m (-s/-) ग्रामवासी, देहाती; ~**lich,** adj. ग्रामीण, गाँव का ।

Dorn, m (-[e]s/-e) कंटक, काँटा, शूल; tech: छेद बड़ा करने का शंकु के आकार का गुटका; ein Lebensweg voller Dornen कंटकयुक्त जीवन-मार्ग; fig: das ist ihm ein Dorn im Auge→Auge; ~**enkrone,** f काँटों का ताज; ~**envoll,** adj. कंटकयुक्त, काँटेदार; fig: कंटकयुक्त, कष्टमय; ~**ig,** adj.. काँटेदार; ~**röschen,** n एक जर्मन परी-कथा में वर्णित कन्या जो शापवश सौ साल तक सोती रही।

dorren, v/i (h.) सूखना, सूख जाना ।

dörr-en, v/t (h.) सुखाना, भूनना; ~**obst,** n सूखे हुए फल ।

Dorsch, m (-es/-e) स्नेहमीन ।

dort, adv. वहाँ, उस स्थान पर, उस जगह पर; ~**her,** adv.: von dorther वहाँ से, उस स्थान से; ~**hin,** adv. वहाँ(को), उस स्थान की ओर; ~**hinaus,** adv. वहाँ बाहर (की ओर); fig: bis dorthinaus इस या उस हद तक; ~**ig,** adj. वहाँ का, उस स्थान का ।

Dose, f (-/-n) (टीन का) छोटा डिब्बा, डिब्बी; ~**nmilch,** f डिब्बे का दूध, संघनित दूध, ~**nöffner,** m टीन के डिब्बे खोलने का उपकरण ।

dösen, v/i (h.) U: ऊँघना ।

dosieren, v/t (h.) [griech.] निश्चित मात्रा में बाँटना ।

dösig, adj., U: ऊँघता हुआ, निद्रालु, उनींदा ।

Dos-is, f (-/-'sen) [griech.] मात्रा, ख़ुराक ।

dotieren, v/t (h.) [lat.] (के लिए) धन प्रदान क० ।

Dotter, m/n (-s/-)पीतक, अंडे की ज़र्दी; ~**gelb,** adj. पीतक के रंग का ।

Doz-ent, m (-en/-en) [lat.] प्राध्यापक, रीडर; ~**entur,** f (-/-en) प्राध्यापक का कार्य या पद, रीडर का कार्य या पद; ~**ieren,** v/i (h.) पढ़ाना; fig: उपदेश देना, भाषणबाज़ी क० ।

Drache, m (-n/-n)/**Drachen,** m(-s/-) नक्र या सर्पसदृश पौराणिक जंतु; Spielzeug: पतंग, कनकौआ; fig: कर्कशा, लड़ाकी स्त्री ।

Dragée, n (-s/-s) [frz.] औषधि की शर्करावृत गोली ।

Draht, m (-[e] s/ ⸚ e) तार, तंतु; U: तार, टेलीग्राम; U: auf Draht sein फुर्तीला, सतर्क, चौकन्ना होना; ~**anschrift,**f तार का पता, तार-पता; ~**en,** v/t(h.) तार देना, तार द्वारा प्रेषित क०; ~**gitter,** n तार-जाली, तार की जाली; ~**ig,** adj., fig: छरहरे एवं बलिष्ठ शरीर का; ~**los,** adj. बेतार का; ~**schere,** f तार काटने की कैंची; ~**seil,** n तार-रज्जु, तार की रस्सी; ~**seilbahn,** f रज्जु-रेल; ~**verhau,** m तारों से बनाई गई रोक या बाधा; ~**zieher,**m (-s/-) तारकश; fig: सूत्र-संचालक, गुप्त रूप से नियंत्रण करने वाला ।

drakonisch, adj. कठोर, सख़्त ।

[1]**Drall,** m(-[e]s/-e) ऐंठन, मरोड़, घुमाव; झुकाव, प्रवृत्ति phys: संवेग-घूर्ण ।

[2]**drall,** adj. मोटा-ताज़ा, हृष्ट-पुष्ट, गोल-मटोल; ~**heit,** f (-) हृष्टपुष्टता, मोटा-ताज़ा या गोल-मटोल शरीर या आकृति।

Drama, n (-s/-'men)[griech.] नाटक; fig: नाटकीय घटना; ~**tik,** f (-) नाट्य-कला; fig: नाटकीयता; ~**tiker,** m(-s/-) नाटककार; ~**tisch,** adj. नाटकीय, नाटक-संबंधी; fig: प्रभावशाली; ~**tisieren,** v/t (h.) नाटकीय बनाना; नाटक का रूप देना; ~**turg,** m (-en/-en) नाट्यशास्त्री; ~**turgie,** f (-/-n) नाट्यशास्त्र; नाट्यकला; ~**turgisch,** adj. नाट्यशास्त्र या नाट्यकला-संबंधी ।

dran, adv. →daran

Dränage, f (-/-n) [frz.] med: नलियों द्वारा मवाद खींचना ।

Drang, m(-[e]s) दबाव; जल्दी, जल्दबाज़ी; अंत:प्रेरणा, उत्कंठा; हाजत; fig: प्रबल इच्छा, ललक, लालसा ।

Drängel-ei, f (-) धकियाना, धक्कम-धक्का(क०), धकपेल; fig: (किसी बात के लिए) पीछे पड़ जाना या ज़ोर देना; **~n,** v/i (h.) धकियाना, धक्कम-धक्का क०; fig: पीछे पड़ जाना ।

dräng-en, 1. v/t (h.) दबाना, भींचना; रेला देना, ठेलना, धकेलकर बढ़ाना; fig: जल्दी करने को कहना; मजबूर क०, पर ज़ोर डालना; fig: jdn. zu etw. drängen किसी को कुछ करने के लिए प्रेरित क०; sich nach vorne drängen धकियाकर आगे बढ़ना; 2. v/i(h.) जल्दी क०; जल्दी का होना, में देर क गुंजाइश न होना; die Zeit drängt समय बहुत कम है; auf/nach etw. drängen किसी बात पर ज़ोर डालना, किसी बात में देरी स्वीकार न क० ।

Drang-sal, f (-/-e) विपत्ति, विपदा; दु:ख, कष्ट; मनस्ताप; **~salieren,** v/t (h.) सताना, पीड़ित क०, तंग क०, दिक क०; **~voll,** adj. ठसाठस भरा हुआ; fig: विपत्तिपूर्ण, दु:खपूर्ण ।

dränier-en, v/t(h.)[frz.] उत्सारण क०, अपवाहित क०; med: नलियों द्वारा मवाद निकालना ।

drapieren, v/t (h.)[frz.] वस्त्राच्छादित क०, (वस्त्रादि से) सजाना ।

drastisch, adj. [griech.] उग्र, कठोर; प्रबल, सशक्त, ज़बरदस्त; शीघ्रप्रभावकारी ।

drauf, adv. →darauf

Drauf-gänger, m (-s/-) दु:साहसी, बिना सोचे-विचारे जूझ पड़ने वाला; **~gängerisch,** adj. दु:साहसिक; **~gängertum,** n दु:साहसिकता; **~gehen,** v/i(s.)U: की बलि चढ़ जाना; ख़र्च हो जाना, समाप्त हो जाना; मर जाना; **~losgehen,** v/i (s.) टूट पड़ना, बिना सोचे-विचारे आगे बढ़ना; **~losreden,** v/i (h.) अंधाधुंध प्रलाप क० या करने लगना; **~sicht,** f ऊपर से दृष्टिपात किए जाने पर दिखने वाला रूप ।

draus, adv. → daraus

draußen, adv. बाहर; विदेश में ।

drechs-eln, v/t(h.) खरादना, खराद कर बनाना; fig: गढ़ना, कलात्मक रूप देना; **~ler,** m (-s/-) खरादी; **~lerei,** f (-/-en) खरादी का धंधा; खरादघर, खरादी की दूकान ।

Dreck, m(-[e]s) U: गंदगी, मैल; कूड़ा; कीचड़; fig: नगण्य बात या वस्तु; fig: jdn. in den Dreck ziehen किसी की निंदा या बुराई क०; fig: die Karre aus dem Dreck ziehen बिगड़ा हुआ काम बनाना; fig: das geht Sie einen Dreck an इससे आपका कोई संबंध नहीं (आप होते कौन हैं?) fig: das kümmert mich einen Dreck मुझे इसकी रत्ती भर परवाह नहीं है; **~fink,** m, U: गंदा (रहने वाला) व्यक्ति; **~spatz,** m, U:→Dreckfink; **~ig,** adj., U: गंदा, मैला, मैला-कुचैला; fig: (gemein) कुत्सित, नीच; (obszön) अश्लील, गंदा; (schlecht) बुरा, ख़राब; es geht ihm dreckig उसकी दशा ख़राब है; **~skerl,** m, U: गंदा रहने वाला व्यक्ति; नीच व्यक्ति ।

Dreh, m (-[e]s/-e) U: मोड़, घुमाव; fig: तरकीब; fig: er hat den Dreh raus उसने (इसे करने की) तरकीब निकाल ली है या समझ ली है; fig: auf den Dreh kommen तरकीब निकालना या निकाल लेना; **~bank,** f वर्तनी, वर्तक-यंत्र; **~bar,** adj. घूर्णशील, घूर्ण्य; **~buch,** n दृश्यविधान-पुस्तक, दृश्यलेख; **~en,** v/t (h.) घुमाना, मोड़ना, फिराना, की दिशा बदलना; (wenden) पलटना, उलटना; (drechseln) खरादना; fig: बदल देना, अर्थ-परिवर्तन क०; Seile: बटना; Pillen: बनाना; Zigaretten: बनाना, रोल क०; Filme:(चलचित्र)बनाना; sich drehen घूमना; पलट या उलट जाना; fig:

er dreht und wendet sich वह अपना पिंड छुड़ाने के लिए हर संभव प्रयत्न करता है, वह बहुत बहाने बनाता है या टालमटोल करता है; es dreht sich darum,...प्रश्न इस बात का है..., बात यह है...; mir dreht sich alles im Kopf मेरा सिर चकरा रहा है; U: ein Ding drehen कोई अपराध क०, कोई निषिद्ध काम क०; 2. v/i (h.) घूमना, दिशा बदलना, फिरना, मुड़ना; **~er,** m खरादी; **~stuhl,** m घूमने वाली कुर्सी; **~tür,** f चक्र-द्वार; **~ung,** f (-/-en) घूर्णन; चक्र, चक्कर; **~zahl,** f प्रति मिनट पूरे किए गए चक्करों की संख्या।

[1]**Drei,** f (-/-en) तीन की संख्या; Notenstufe: संतोषजनक (जर्मनी में परीक्षाफल की श्रेणी)।

[2]**drei,** adj. तीन; fig: er kann nicht bis drei zählen वह महामूर्ख है; um halb drei (Uhr) ढाई बजे; sie sind zu dreien वे तीन हैं, उनकी संख्या तीन है; **~dimensional,** adj. त्रिविमीय; **~eck,** n त्रिभुज; **~eckig,** adj. त्रिकोणीय, तिकोना; **~ecksverhältnis,** n, fig: दो और एक का प्रेम-त्रिकोण; **~einigkeit,** f (-) eccl: त्रियेक परमेश्वर; **~erlei,** adj. तीन प्रकार का, त्रिविध; तीन बातें; **~fach,** adj. तिगुना; **~fältig,** adj.→dreifach; **~faltigkeit,** f (-) →Dreieinigkeit; **~hundert,** adj. तीन सौ; **~jährig,** adj. तीन वर्षीय, तीन बरस का; **~jährlich,** 1. adj. हर तीन साल बाद होने वाला, त्रैवार्षिक; 2. adv. हर तीन साल के बाद; **~käsehoch,** m, U: बौना; छोटा (ढीठ) बालक; **~klang,** m, mus: त्रिस्वर-ध्वनि; **~königsfest,** n प्रभु-प्रकाश (ईसाइयों का छः जनवरी को पड़ने वाला त्योहार); **~mal,** adv. तीन बार, तीन दफ़ा; **~malig,** adj. तीन बार का, तीन बार किया हुआ; **~master,** m तीन मस्तूलों वाला जलयान; **~monatig,** adj. तीन महीनों का; **~monatlich,** 1. adj. हर तीन महीने बाद होने वाला, त्रैमासिक; 2. adv. हर तीन महीनों के बाद; **~motorig,** adj. तीन इंजनों वाला।

drein, adv.→darein

Dreirad, n तिपहिया साइकिल; तीन पहियों वाला वाहन; **~räd(e)rig,** adj. तिपहिया, तीन पहियों वाला; **~satz,** m, math: त्रैराशिक नियम, ऐकिक नियम।

dreißig, adj. तीस; **~er,** adj.: in den dreißiger Jahren चौथे दशक में; er ist in den Dreißigern उसकी आयु तीस और चालीस के बीच है; **~stel,** n (-s/-) तीसवाँ भाग।

dreist, adj. उद्धत, धृष्ट, ढीठ, गुस्ताख़; निर्लज्ज; दुर्विनीत, अविनयशील; **~igkeit,** f (-/-en) उद्धतता, धृष्टता, ढिठाई, गुस्ताख़ी; निर्लज्जता, दुर्विनीतता, अविनयशीलता।

drei-stöckig, adj. तिमंज़िला; **~stündig,** adj. तीन घंटे का; **~tägig,** adj. तीन दिन का, त्रिदिवसीय; **~teilig,** adj. तीन भागों वाला; **~viertelmehrheit,** f तीन चौथाई का बहुमत; **~viertelstunde,** f पौना घंटा; **~zack,** m त्रिशूल; **~zehn,** adj. तेरह; fig: jetzt schlägt's dreizehn बस, अब हद हो गई, इससे आगे मैं बरदाश्त नहीं करूँगा।

Dresch-e, f (-) U: पिटाई, कुटाई, मार; **~en,** v/i & v/t (h.) दाँना, दाँवना, गाहना; U: jdn. dreschen किसी की खूब पिटाई या कुटाई क०; fig: leeres Stroh dreschen बेकार मेहनत क०; व्यर्थ प्रलाप क०; घिसी-पिटी बातें दोहराना; **~er,** m (-s/-) दाँय चलाने वाला।

Dress-eur, m (-s/-e) [frz.] पशु-प्रशिक्षक; **~ieren,** v/t (h.) साधना, (पशुओं को) प्रशिक्षित क०; **~ur,** f (-/-en) पशु-प्रशिक्षण।

dribb-eln, v/i (h.) [eng.] पैर से लुढ़काना या लुढ़काकर आगे ले जाना (फ़ुटबॉल को)।

Drift, f (-/-en) [eng.] समुद्रजल का

बहाव (वायु के कारण); उतराना; ~**en,** v/i (h.) उतराना, तिरना।

Drill, m (-) कवायद, ड्रिल; कठोर प्रशिक्षण; ~**en,** v/t (h.) सख़्ती के साथ प्रशिक्षित क०, कठोर अनुशासन में रखना; पंक्ति में बोना; tech: बरमाना, बरमे से छेद क०।

Drillich, m (-s/-e) टुइल, किरमिच।

Drilling, m (-s/-e) एक साथ उत्पन्न तिक्का बच्चों में से एक; Gewehr: तिनाली बंदूक।

drin, adv.→darin

dring-en, v/i (s.) घुसना, घुस जाना, प्रवेश कर जाना; में व्याप्त हो जाना; बलपूर्वक घुसना या निकलना; auf etw. dringen किसी बात के लिए अड़ जाना; in jdn. dringen किसी के पीछे पड़ जाना, किसी के कान खा जाना; aus dem Zimmer dringt laute Musik कमरे से संगीत की तेज़ आवाज़ आ रही है; die Nässe dringt durch die Kleider नमी कपड़ों में समा जाती है या समा रही है; ihre Bitte drang ihm zu Herzen उसकी प्रार्थना उसके हृदय को छू गई, उसकी प्रार्थना से उसका हृदय पिघल गया; ~**end,** 1. adj.(eilig) शीघ्रता का, जल्दी का; (wichtig) अत्यावश्यक, अत्यन्त महत्वपूर्ण; 2. adv. ज़ोर देकर, साग्रह; निर्विलम्ब; हर हालत में, हर दशा में; er hat es dringend nötig उसे इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है; er ist der Tat dringend verdächtig इस अपराध के संबंध में सबसे अधिक शक उसी पर है; ~**lich,** adj. अत्यावश्यक, अत्यन्त महत्वपूर्ण, बहुत ज़रूरी; ~**lichkeit,** f (-) अत्यावश्यकता, महत्व; अविलम्बिता।

drinnen, adv. अंदर, भीतर, इसके या उसके अंदर।

dritt-(e), adj. तीसरा, तृतीय; zu dritt तीन की संख्या में; das Dritte Reich तृतीय राइष, हिटलर का सत्ता-काल (सन् 1933 से सन् 1945 तक); der lachende Dritte दो व्यक्तियों के झगड़े में लाभ उठाने वाला तीसरा; ~**el,** n (-s/-) एक तिहाई, तीसरा भाग; ~**eln,** v/t (h.) तीन समान भागों में बाँटना; ~**ens,** adv. तृतीयत:, तीसरे।

Drog-e, f (-/-n) उपविष, स्वापक (औषधि); ~**enabhängig,** adj. उपविष-व्यसनी, स्वापक औषधियों का आदी; ~**erie,** f (-/-n) इत्रख़ाना; अंगराग की दुकान; ~**ist,** m (-en/-en) अंगराग-विक्रेता; अत्तार।

Droh-brief, m धमकी का पत्र; ~**en,** v/i (h.) धमकी देना, घुड़की देना; की आशंका होना; jdm. mit etw. drohen किसी को किसी बात की धमकी देना; ihm droht Gefahr उसपर संकट आने की आशंका है; das Flugzeug drohte abzustürzen वायुयान के गिर पड़ने की आशंका थी।

Drohne, f (-/-n) नर-मधुमक्खी, पुंमधुप fig: हराम की खाने वाला, परजीवी।

dröhnen, v/i (h.) गड़गड़ाना, गड़गड़ा उठना, गूँजना, गूँज उठना, गरजना, गरज उठना; भिनभिनाना; भन्नाना; mir dröhnt der Kopf मेरा सिर भन्ना रहा है; die Musik dröhnt mir in den Ohren संगीत मेरे कानों में गूँज रहा है।

Drohung, f (-/-en) धमकी, घुड़की।

drollig, adj. हास्यकर, विनोदक; अनोखा, विचित्र; ~**keit,** f (-/-en) हास्यास्पदता; अनोखापन, विचित्रता।

Droschke, f (-/-n)[russ.] बग्घी, घोड़ा-गाड़ी; (Taxi) टैक्सी।

Drossel, f (-/-n) बाम्कार (एक गाने वाली चिड़िया)।

drossel-n, v/t (h.) गला घोंटना; ठप कर देना; (verringern) कम क०, घटाना, दबाना; ~**ung,** f (-/-en) गला घोंटना; ठप किया जाना; घटाया, दबाया, कम किया जाना।

drüben, adv. वहाँ, उस तरफ़, दूसरी ओर; fig: परलोक में।

drüber, adv.→darüber

Druck, m (-[e]s/ ⸚e; -e) phys: दाब, प्रतिबल; tech: मुद्रण, छपाई; Pressendes:

दबाव; बोझ, वजन; fig: (Bedrängnis)कष्ट,पीड़ा,विपदा, मनस्ताप; fig: (Zwang) मजबूरी; दबाव; (pl: Drucke) : मुद्रित प्रति; ein Buch in Druck geben किसी पुस्तक को छपने के लिए देना; fig: im Druck sein काम आदि के दबाव में होना; तंगी या परेशानी में होना; fig: Druck auf jdn. ausüben किसी पर दबाव डालना; **~bogen,** m मुद्रण में प्रयुक्त काग़ज़ का ताव (आठ, सोलह या बीस पृष्ठ का); **~buchstabe,** m मुद्रण में प्रयुक्त अक्षर; स्पष्ट अक्षर।

Drückeberger, m (-s/-) कामचोर।

drucken, v/t (h.) छापना, मुद्रित क०; er lügt wie gedruckt वह सफ़ेद झूठ बोलता है।

drücken, 1. v/t (h.) दबाना, पर दबाव डालना; Löhne/Preise: घटाना, कम क०; sport: बिना झटके के भारोत्तोलन क०; fig: चिंता में डालना, मनस्ताप देना, मानसिक कष्ट पहुँचाना; die Schulbank drücken स्कूल जाना; fig: es drückt mich,...इससे मुझे मानसिक कष्ट होता है(कि)...; fig: ich weiß, wo ihn der Schuh drückt मुझे मालूम है कि उसे क्या परेशानी है; fig: jdn. an die Wand drücken अपने लाभ के लिए किसी की प्रगति में बाधा डालना; jdm. die Hand drücken किसी से हाथ मिलाना; jdm. etw. in die Hand drücken किसी को कुछ पकड़ा या थमा देना; U: jdn. drücken किसी को दबाना, किसी पर अनुचित दबाव डालना; 2. v/i (h.) दबाना, गड़ना, काटना, कष्टदायी होना; खिन्नता या विषाद उत्पन्न क०; der Schuh drückt जूता काटता है; die Hitze drückt गर्मी से कष्ट होता है; das Essen drückt (यह) भोजन क़ब्ज़ करता है या पेट को भारी करता है; das Wetter drückt aufs Gemüt (यह) मौसम खिन्नता उत्पन्न करता है; 3. v/r(h.) चुपचाप खिसक जाना, किसी काम से बच निकलना, (किसी काम से बचने के लिए) बहाना क०; sich vor etw. drücken किसी काम से बचना, किसी काम को न करना चाहना; **~d,** adj. भारी, वज़नी, कष्टकर, असह्य; अवसादक, विषादजनक; fig: दूभर, दुःसह; drückende Hitze उमसदार गर्मी।

Drucker, m (-s/-) मुद्रक, छापने वाला।

Drücker, m (-s/-) खटकदार ताला; घोड़ा, लिबलिबी; यंत्र आदि चालू करने का बटन; fig:, U: die Hand am Drücker haben प्रभावशाली पद पर होना; किसी भी समय कोई क़दम उठाने की स्थिति में होना; fig., U: am Drücker sitzen प्रभावशाली पद पर होना।

Druck-erei, f (-/-en) मुद्रणालय, छापाख़ाना; **~erpresse,** f मुद्रण-यंत्र, छापने की मशीन; **~erschwärze,** f छपाई में प्रयुक्त स्याही; **~fehler,** m अशुद्धि, मुद्रण की ग़लती; **~fertig,** adj. छपने के लिए तैयार; **~fest,** adj. दबावसह; **~kabine,** f दाबानुकूलित केबिन; **~knopf,** m बटन, स्विच; चुटपुटी बटन; **~legung,** f मुद्रण; मुद्रण का आरम्भ; **~luft,** f सम्पीडित वायु; **~messer,** m दाबमापी, वायुदाबमापी; **~mittel,** n, fig: किसी पर दबाव डालने का साधन, बात या वस्तु जिसके द्वारा किसी पर दबाव डाला जा सके; **~platte,** f मुद्रण-फलक; **~probe,** f प्रूफ़, शोध्यपत्र; tech: दाब-परीक्षण; **~reif,** adj. मुद्रणीय, जिसे बिना किसी संशोधन के छापा जा सके; **~sache,** f पुस्तक-डाक, बुकपोस्ट; **~schrift,** f प्रकाशन; बड़े या मोटे अक्षरों की लिखाई; **~seite,** f मुद्रित पृष्ठ।

drucksen, v/i (h.) U: हिचकिचाना, आगा-पीछा क०, स्पष्ट बात न क०।

Druck-stock, m मुद्रांक, ठप्पा, ब्लॉक; **~technik,** f मुद्रण की तकनीक; **~verband,** m, med: कस कर बाँधी

गई पट्टी; ~**vorlage,** f पांडुलिपि; ~**welle,** f झकोरा; दाब-लहर।

drum, adv.→darum

drunten, adv. नीचे, वहाँ नीचे।

drunter, adv.→darunter

Drüse, f (-/-n) ग्रंथि, गिल्टी।

Dschungel, m (-s/-) जंगल।

du, personalpron. तू; mit jdm. auf du und du stehen किसी का घनिष्ठ मित्र होना, किसी के साथ घनिष्ठ संबंध होना।

Dualis-mus, m (-/-'men) [lat.] द्वैतवाद; ~**tisch,** adj. द्वैतवादी, द्वैतवाद-संबंधी।

Dübel, m (-s/-) गुज्झी, गिट्टक, मेख।

dubios, adj. [lat.] संदिग्ध, संदेहास्पद; अविश्वसनीय।

Dub-lee, n (-s/-s) [frz.] धातु जिस पर सोने, चाँदी आदि का पानी चढ़ा हो; ~**lette,** f (-/-n) द्विक, जोड़ा, द्वयक।

duck-en, 1. v/t (h.) का सिर नीचे को दबाना या झुकाना; fig: नीचा दिखाना; वश्य बनाना; 2. v/r (h.) झुक जाना, सिर झुकाना; fig: वश्य हो जाना; हाँ-हुज़ूरी क०, ख़ुशामद क०; ~**mäuser,** m (-s/-) हाँ-हुज़ूरिया, दब्बू; ~**mäuserisch,** adj. हाँ-हुज़ूरी करने वाला, दब्बू प्रकृति का।

dudel-n, v/i (h.) [türk.] मशकबीन बजाना; fig: गुनगुनाना, अस्पष्ट स्वर में बोलना या गाना; ~**sack,** m मशकबीन।

Duell, n (-s/-e) [lat.] द्वन्द्व, द्वन्द्व-युद्ध; ~**ieren,** v/t (h.): sich duellieren द्वन्द्व-युद्ध क०।

Duett, n (-[e]s/-e) [ital.] युगलगान, युगलवादन।

Duft, m (-[e]s/ ⸚ e) सुगंध, ख़ुशबू।

dufte, adj. [hebr.] U: उत्कृष्ट, बहुत बढ़िया।

duft-en, v/i (h.) महक आना, सुगंध या ख़ुशबू आना; ~**ig,** adj., fig: अत्यन्त कोमल, बहुत हल्का; ~**stoff,** m सुगंध-द्रव्य।

duld-en, 1. v/i (h.) चुपचाप कष्ट उठाना या झेलना, उफ़ न क०; 2. v/t (h.) सहन क०, बरदाश्त क०; ~**sam,** adj. सहनशील; उदारचेता; ~**samkeit,** f (-) सहनशीलता, सहनशक्ति; उदारता; ~**ung,** f (-) सहन, बरदाश्त; उदारता।

dumm, adj. मूर्ख, बेवक़ूफ़; बुद्धिहीन, मंदबुद्धि, अल्पबुद्धि, जड़मति; मूर्खतापूर्ण; (einfältig) अविवेकी, नासमझ; (peinlich) कष्टकर, तकलीफ़देह; अनुपयुक्त; नाजुक; ein dummes Gesicht machen चकरा जाना; आश्चर्यचकित हो जाना; ich habe ein dummes Gefühl मैं आशंकित-सा हूँ, मुझे अजीब-सा लग रहा है; sich dumm anstellen मूर्ख बनना; अनाड़ीपन क०; jdm. dumm kommen किसी के साथ धृष्टता या गुस्ताख़ी क०; jdn. für dumm verkaufen किसी को बेवक़ूफ़ बनाना; jetzt wird mir's aber zu dumm! अब यह मेरी बरदाश्त के बाहर है; ~**dreist,** adj. मूर्ख तथा साथ-साथ धृष्ट भी; ~**heit,** f (-/-en) मूर्खता, बेवक़ूफ़ी; बुद्धिहीनता; अविवेक, नासमझी; बेवक़ूफ़ी या मूर्खता का काम; ~**kopf,** m मूर्ख, बेवक़ूफ़, बुद्धिहीन, अविवेकी, नासमझ व्यक्ति।

dümmlich, adj. नासमझ, अविवेकी; मूर्ख।

dumpf, adj. उमसदार, दमघोंटू; Geruch: फफूंद की तरह की (गंध), सड़ी हुई सी (गंध); सीलन की बदबू वाला; Geräusch: दबा हुआ, अवमंदित, मंद; fig: व्याकुल करने वाला; अस्पष्ट; eine dumpfe Ahnung अस्पष्ट पूर्वाभास, व्याकुल करने वाला आभास या पूर्वाभास; ~**heit,** f (-) दुर्गंधयुक्तता; मंदता; उमस; व्याकुलता या विमूढ़ता; ~**ig,** adj. फफूंददार, सीलनदार; दुर्गंधयुक्त; उमसदार।

Düne, f (-/-n) बालू का टीला, टिब्बा, टीबा।

Dung, m (-[e]s) गोबर, लीद आदि की खाद, करीष, पाँस।

Düng-emittel, n → Dünger; ~**en,** v/t (h.) में खाद देना या लगाना; ~**er,**

m (-s/-) प्राकृतिक या रासायनिक खाद।

Dunghaufen, m करीष-चय, खाद बनाने के लिए जमा किए हुए गोबर आदि का ढेर।

Düngung, f (-) खाद का प्रयोग; खाद लगाना।

dunkel, 1. adj. अँधेरा, अंधकारपूर्ण; काला; धुँधला, प्रकाशहीन; गाढ़े रंग का; (unklar) अस्पष्ट, धुँधला; (fragwürdig) संदिग्ध; बद, निंद्य, गर्ह्य; Farben: गाढ़ा, गहरा; Stimme/Töne: भारी, मोटा; fig: im dunkeln tappen पता न लगा सकना, खोज में असफल रहना; fig: jdn. im dunkeln lassen über etw. किसी को किसी बात-विशेष के बारे में कुछ भी न बताना, किसी को अंधकार में रखना; ein dukler Punkt कलंक की बात; निंद्य बात; er macht dunkle Geschäfte वह काला धंधा करता है; eine dunkle Erinnerung धुँधली याद; 2. n (-s) अंधकार, अँधेरा, अँधियाला, तिमिर; fig: अंधकार, अज्ञान; अस्पष्टता, अनिश्चितता।

Dünkel, m (-s/-) अहंकार, दर्प, घमंड; **~haft,** adj. अहंकारी, घमंडी।

Dunkel-heit, f (-) अंधकार अँधेरा; **~kammer,** f, phot: तिमिर-कोष्ठ, अँधेरा कमरा; **~mann,** m गुप्त या संदिग्ध जीवन व्यतीत करने वाला; **~n,** v/i (h.) अँधेरा होना, रात होना; **~rot,** adj. गहरा लाल; **~ziffer,** f अज्ञात संख्या (वर्जित कामों या उनको करने वालों की)।

dünken, 1. v/i (h.) लगना, प्रतीत होना; mir/mich dünkt मुझे लगता है; 2. v/r (h.) अपने आप को समझना।

dünn, adj. (nicht dick) तनु, पतला, बारीक; दुबला, कृश; झीना, महीन; (nicht dicht) कम, विरल, घना नहीं, छितरा; (gehaltarm) पनीला, कम गाढ़ा; Luft: विरल; Stimme: कमजोर; **~darm,** m छोटी आँत; **~druck,** m पतले काग़ज़ पर मुद्रण; **~e,** f (-) / **~heit,** f (-) कार्श्य, तनुता, पतलापन, दुबलापन; अघनता; विरलता; **~emachen,** v/r(h.)U: चुपचाप खिसक या भाग जाना; **~flüssig,** adj. अति-तरल, जलप्राय; **~schiß,** m. vulg: अतिसार, दस्त की बीमारी।

Dunst, m (-[e]s/ ⸗e) वाष्प, भाप; कोहरा; धुआँ; (Ausdünstung) शरीर की गंध, पसीने की गंध; o.pl:, U: जानकारी, ज्ञान; fig: jdm. blauen Dunst vormachen किसी से झूठ बोलना, किसी को ग़लत बात बताना; U: er hat keinen blassen Dunst → blaß; **~en,** v/i (h.) से भाप निकलना।

dünsten, 1. v/i (h.)→dunsten; 2. v/t (h.) भाप में पकाना, सिझाना।

Dunst-glocke, f / **~haube,** f धुएँ का घना बादल (बड़े नगरों या औद्योगिक क्षेत्रों में); **~ig,** adj. धुएँदार, कुहरेदार; धुँधला; **~kreis,** m वायुमंडल; परि-मंडल; fig: प्रभाव-क्षेत्र; **~schleier,** m धुंध, कुहासा; **~wolke,** f धुंध या धुएँ का बादल।

Dünung, f (-/-en) तूफ़ान के बाद की समुद्री लहरें।

Duplieren, v/t (h.) [lat.] दुगुना क०।

Duplikat, n (-[e]s/-e) [lat.] प्रतिलिपि, प्रतिकृति।

dupli-zieren, v/t (h.) [lat.] दुगुना क०; **~zität,** f (-) द्वैधता।

durch, I. präp. (+ akk.) 1. räumlich: के आर-पार, के पार, में से, से होकर, के बीच से; durch den Fluß schwimmen नदी के पार तैरकर जाना; durch das Fenster sehen खिड़की से(या खिड़की के पार)देखना; fig: durch die Prüfung fallen परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाना; 2. zeitlich: के अन्त तक; das ganze Jahr durch साल के अंत तक, पूरे साल तक या पूरे साल भर; ihre Freundschaft währte durch das ganze Leben उनकी मित्रता जीवन के अंत तक बनी रही; 3. mittels/infolge (von) के द्वारा, के ज़रिए, से, के हाथ; के कारण, के फलस्वरूप; II. adv.:

durch und durch पूर्णतया, पूर्ण रूप से; बिल्कुल; er ist bei mir unten durch वह मेरी नजर में गिर गया है; es ist schon 8 Uhr durch आठ बज चुके हैं, समय आठ से ऊपर हो चुका है; haben Sie das Buch schon durch? क्या आपने (यह) किताब पूरी करली या पढ़ ली?

durchackern, v/t (h.) पूरी तरह जोतना या जोत डालना, की जुताई पूरी कर डालना; fig: →durcharbeiten, 2.

durcharbeiten, 1. v/i(h.) बिना विश्राम के काम करते रहना (किसी अवधि के अंत तक); 2. v/t (h.) का गहन अध्ययन क०, (किसी विषय आदि पर) अच्छी तरह काम क०; sich durcharbeiten कठिनाइयों या बाधाओं पर विजय पाते हुए आगे बढ़ना।

durchatmen, v/i(h.) गहरी साँस लेना।

durchaus, adv. पूर्णतया; बिल्कुल, हर हालत में; durchaus nicht बिल्कुल नहीं, हरगिज नहीं, क़तई नहीं; wenn Sie durchaus wollen यदि आप हर हालत में चाहते हैं।

durchbacken, v/t(h.) पूरी तरह पकाना, अंत तक पकाना।

durchbeißen, 1. v/t (h.) दाँतों से काट कर अलग कर देना, दाँतों से दो टुकड़े कर देना; 2. v/r (h.) fig: जीवन में संघर्षरत रहना, कठिनाइयों पर विजय पाना या पा लेना।

durchbekommen, v/t (h.) के आर-पार कर सकना; में डाल सकना; तोड़ कर अलग कर पाना; बचा लेना (कठिनाई, बीमारी आदि से); स्वीकार करा लेना।

durchbetteln, v/r (h.) भीख माँग कर गुज़ारा क०।

durchbiegen, v/t (h.) पूरी तरह मोड़ देना।

durchbilden, v/t (h.) पूरी तरह शिक्षित या प्रशिक्षित क०; का पूर्ण विकास क०।

durchblättern, v/t (h.) पन्ने पलटना, सरसरी नज़र से पढ़ना।

durchbleuen, v/t (h.) U: खूब पिटाई क०।

Durchblick, m झरोखा, गवाक्ष, निरीक्षण-छिद्र; fig: निरीक्षण, परीक्षण, ध्यान से देखना; **~en,** v/i (h.) आर-पार देखना; fig: पूरी तरह समझना; fig: etw. durchblicken lassen किसी बात को (इशारतन) स्पष्ट कर देना।

durchblut-en, v/t(h.) में रक्तसंचार क०; schlecht durchblutete Haut त्वचा जिसमें रक्तसंचार अपर्याप्त मात्रा में होता हो; **~ung,** f (-) रक्तसंचार; **~ungsstörung,** f रक्तसंचार की अनियमितता।

durchbohren, v/t (h.) a) में छेद क०, के आर-पार छेद क०; er hat das Brett durchgebohrt उसने तख्ते में छेद कर दिया है; b) बेधना, में घुस जाना, को बेधते हुए निकल जाना; die Kugel durchbohrte seinen Körper गोली उसके शरीर में घुस गई, गोली उसके शरीर को बेधती हुई निकल गई।

durchboxen, 1. v/t (h.) U: खींच-तान कर या संघर्ष द्वारा आगे बढ़ाना, वाद-विवाद द्वारा (किसी बात को) मनवा लेना; 2. v/r (h.) U: घूंसेबाज़ी करते हुए आगे बढ़ना; संघर्षमय जीवन बिताना।

durchbraten, 1. v/t (h.) पूरी तरह तलना या भूनना; 2. v/i (h.) पूरी तरह तल जाना या भुन जाना।

durchbrechen, 1. v/t (h.) a) के आर-पार रास्ता बनाना; को तोड़ कर अलग कर देना; (zerbrechen) तोड़ डालना, टुकड़े-टुकड़े कर देना; wir haben die Wand durchgebrochen हमने दीवार को तोड़ कर अलग कर दिया है, हमने दीवार के आर-पार रास्ता बना लिया है; b) (gewaltsam durchstoßen) में घुसते हुए निकल जाना, को तोड़ते हुए निकल जाना; Gesetze/Vorschriften: का उल्लंघन क०; das Auto hat die Bahnschranken durchbrochen कार रेल-फाटकों को तोड़ती हुई निकल गई; 2. v/i (s.)(entzwei gehen) टूट जाना, टुकड़े-टुकड़े हो जाना; fig: निकल आना,

प्रकट हो जाना; (बीमारी आदि का) फैल जाना; der Zahn ist durchgebrochen दाँत निकल आया है ।

durchbrennen, 1. v/t(h.) जलाकर अलग कर देना; 2. v/i(s.) जल जाना, जलकर पिघल जाना; फ़्यूज़ उड़ जाना; U: चुपचाप भाग जाना या पलायन कर जाना ।

durchbringen, v/t (h.) कठिनाइयों पर विजय पाने में (किसी की) सहायता क०; का भरण-पोषण क०; einen Kranken: स्वस्थ कर देना, मरने से बचा लेना; Antrag: (प्रस्ताव आदि को)स्वीकार करा लेना; fig:, Geld: उड़ा डालना, बरबाद कर देना; er bringt seine Schwester mit durch वह साथ में अपनी बहन का भी भरण-पोषण करता है ।

Durchbruch, m बलपूर्वक प्रवेश; तोड़ते हुए निकल जाना; दीवार आदि में तोड़ कर बनाया गया छेद; fig: प्रकटीभवन; निकलना; प्रसार ।

durchdacht,adj. सुविचारित, सुविवेचित ।

durchdenken, v/t (h.) पर विचार क०, पर सोच-विचार क०; ich habe Ihren Plan noch einmal durchdacht मैंने आपकी योजना पर एक बार फिर विचार किया (है) ।

durchdrängen, v/t(h.)बलपूर्वक घुसेड़ना, बलपूर्वक आगे बढ़ाना; sich durchdrängen बलपूर्वक घुसना या आगे बढ़ना ।

durchdrehen, 1. v/t (h.) पूरा घुमा देना; (क़ीमा बनाने की मशीन में डालकर) क़ीमा बनाना; 2. v/i (h.) U: आपा खो देना, आपे के बाहर हो जाना, पागल हो जाना ।

durchdringen, 1. v/i (s.) घुस जाना, अंदर तक पहुँच जाना; के आर-पार चला जाना; फैल जाना; fig: er ist mit seinem Vorschlag durchgedrungen कठिनाइयों के बावजूद भी उसका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया; 2. v/t (h.) (बलपूर्वक) घुसेड़ना या घुसेड़ देना: को पार करते हुए निकल जाना, के आर-पार रास्ता बनाना; fig: से ओतप्रोत क० या कर देना; er hat das Dickicht durchdrungen वह घने जंगल के आर-पार चला गया (है), उसने घने जंगल के बीच से रास्ता बना लिया (है) ।

durchdrücken, v/t (h.) पूरा दबा देना, पूरी तरह दबा देना या कुचल देना या भींच देना; fig:→durchsetzen

durchdrungen, adj. से ओतप्रोत, से पूर्ण या भरा हुआ ।

durcheilen, v/t (h.) को शीघ्रतापूर्वक पार कर जाना; को शीघ्रतापूर्वक पूरा कर लेना; fig: er hat die Karriereleiter durcheilt वह शीघ्र ही उच्च पद पर पहुँच गया ।

durcheinander, 1. adv. अस्तव्यस्त, उलटा-पुलटा; गड्डमड्ड किया हुआ; fig: ich bin (ganz) durcheinander मैं चकरा गया हूँ; 2. n (-s) अव्यवस्था, गड़बड़, घालमेल, अस्तव्यस्तता; संभ्रम, उलझन; ~**bringen,** v/t (h.) अव्यवस्थित कर देना; fig: चकरा देना, व्यग्र कर देना; ~**geraten,** v/i (s.) अव्यवस्थित हो जाना, बेतरतीब हो जाना; fig: उलझन में पड़ जाना; ~**reden,** v/i (h.) बिना दूसरे की (या दूसरों की) सुने हुए एक साथ बोलना ।

durchfahren, 1. v/i (s.) बिना रुके हुए आगे चला जाना; गंतव्य स्थान तक सीधे जाना (बिना गाड़ी आदि बदले हुए); der Zug ist durchgefahren रेलगाड़ी(यहाँ) बिना रुके हुए सीधी चली गई; 2. v/t (h.) की यात्रा क०; er hat mit seinem Auto ganz Europa durchfahren उसने अपनी कार से सारे यूरोप की यात्रा की; fig: ein Schmerz durchfuhr mich अचानक मेरे शरीर में पीड़ा होने लगी; मुझे अचानक मानसिक पीड़ा का अनुभव हुआ ।

Durchfahrt, f (-/-en) पारगमन; आर-पार जाने वाला मार्ग ।

Durchfall, m, med: अतिसार, दस्त की बीमारी; (Mißerfolg) असफलता ।

durchfallen, v/i (s.) में से गिर पड़ना;

अनुत्तीर्ण या असफल हो जाना; er ist bei der Prüfung durchgefallen वह परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया।

durchfaulen, v/i (s.) पूरी तरह सड़ जाना।

durchfechten, v/t (h.)→ausfechten; sich durchfechten संघर्षमय जीवन व्यतीत क०; संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना।

durchfeilen, v/t (h.) रेती से घिस कर अलग कर देना।

durchfeuchten, v/t (h.) पूरी तरह भिगो देना या तर कर देना; der Verband ist mit Blut durchfeuchtet पट्टी ख़ून से तर हो गई है।

durchfinden, v/r (h.) सही रास्ता निकाल लेना।

durchfliegen, 1. v/i (s.) U: er ist bei der Prüfung durchgeflogen वह परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया है; 2. v/t (h.) को उड़ते हुए पार क०; सरसरी नज़र से पढ़ना; ich habe das Buch nur durchflogen मैंने (इस) पुस्तक को केवल सरसरी नज़र से पढ़ा है।

durchfließen, v/t (h.) के बीच से होकर बहना; der Fluß durchfließt das Tal नदी घाटी के बीच से होकर बहती है।

durchfluten, v/t (h.) जलमग्न कर देना fig: फैल जाना; das Sonnenlicht durchflutete das Zimmer सूर्य का प्रकाश कमरे में फैल गया या फैला था।

durchforschen, v/t (h.) छान डालना, में सब जगहों पर ढूँढ डालना; के सारे पहलुओं पर काम करना या कर डालना; er hat dieses Thema gründlich durchforscht उसने इस विषय के सभी पहलुओं पर काम किया है।

durchfragen, v/r (h.) पूछते-पूछते गंतव्य तक पहुंच जाना।

durchfressen, 1. v/t (h.) कुतर डालना, कुतर कर नष्ट कर देना; क्षय कर देना, बेकार कर देना; der Rost hat den Eimer durchgefressen जंग से बाल्टी बेकार हो गई है, जंग ने बाल्टी को बिल्कुल बेकार कर दिया है; 2. v/r (h.) vulg: दूसरों के टुकड़े तोड़ना।

durchfrieren, v/i (s.) सर्दी से जम जाना, ठंड से जम जाना।

Durchfuhr, f (-/-en) पारवहन।

durchführ-bar, adj. करणीय, सुकर, सम्पाद्य, संचालनीय, व्यवहार्य; **~barkeit,** f (-) करणीयता, सुकरता, सम्पाद्यता, संचालनीयता, व्यवहार्यता; **~en,** v/t (h.) के आर-पार क० या ले जाना; करना, कार्यान्वित क०; सम्पादित या निष्पादित क०, पूरा क०; का संचालन क०; **~ung,** f (-/-en) कार्यान्वयन; सम्पादन, निष्पादन, पूरण; संचालन।

durchfurcht, adj. वलियुक्त, रेखांकित, झुर्रीदार।

durchfüttern, v/t (h.) नियमित रूप से खाने को देना, भरण-पोषण क०।

Durchgang, m आर-पार जाने वाला रास्ता, गलियारा; तोरण-पथ; sport: दौर, पाली, चक्कर; astron: संक्रमण, याम्योत्तर-गमन।

Durchgänger, m (-s/-) (Ausreißer) भगोड़ा; शरणार्थी; Pferd: चौंकने वाला घोड़ा, चमकुल घोड़ा।

durchgängig, adj. सार्वजनिक, सर्वसाधारण का; व्यापक, आम।

Durchgangs-lager, n शरणार्थी-शिविर; **~verkehr,** m अबाध यातायात; **~zug,** m सीधी गाड़ी।

durchgeben, v/t (h.) (durchreichen) आगे बढ़ाना, एक के बाद एक करके सब को देना; (durchsagen) प्रसारित क०, घोषित क०; टेलीफ़ोन पर कहना; diese Nachricht wurde eben im Radio durchgegeben यह समाचार अभी-अभी रेडियो में प्रसारित किया गया।

durchgedreht, adj., fig: आपे से बाहर; विक्षिप्त, पागल।

durchgehen, 1. v/t (s.) की परीक्षा या जाँच क०, पर विचार-विमर्श क०; 2. v/i (s.) के आर-पार जाना या चला जाना, से होकर निकलना या निकल जाना; बिना रोक-टोक के निकल जाना;

(akzeptiert werden) स्वीकृत हो जाना मंज़ूर हो जाना; (ausreißen) (चुपचाप) भाग जाना; Pferd: बिदक जाना, बिदक कर भाग खड़ा होना; sie läßt ihrem Sohn alles durchgehen वह अपने लड़के पर कोई रोक-टोक नहीं लगाती है; ~d, adj. अनवरत, अविच्छिन्न, अखंड; सतत, लगातार; सीधी (गाड़ी आदि); 2. adv., fig: बिना अपवाद के, बिना किसी छूट के; शुरू से अंत तक।

durchgeistigt, adj. बौद्धिक; मेधा-सम्पन्न; चिन्मय।

durchglühen, 1. v/i (s.) तापदीप्त होना; (फ़्यूज़) उड़ जाना; 2. v/t (h.) a) तापदीप्त क०; b) fig: से ओतप्रोत क०, की आग में जलाना; von Leidenschaft durchglüht आवेशोन्मत्त; कामोन्मत्त।

durchgreifen, v/i (h.) के आर-पार हाथ डाल कर पकड़ना; fig: व्यवस्था स्थापित क०; सख़्त क़दम उठाना।

durchhalte-n, v/i (h.) डटे रहना, दृढ़ रहना, अंत तक झेलना या बरदाश्त क०; ~vermögen, n तितिक्षा, सहनशक्ति; दम।

durchhauen, v/t (h.) काट डालना, काट कर टुकड़े-टुकड़े कर देना; ख़ूब पिटाई क०; sich durchhauen झाड़-झंखाड़ काट कर अपना रास्ता साफ़ कर लेना।

durchhecheln, v/t (h.) सन आदि को पूरी तरह साफ़ कर डालना; U: एक-एक करके सबकी निंदा क० या कर डालना।

durchhelfen, v/i (h.) कठिनाइयों पर विजय पाने में (किसी की) सहायता क०; (किसी को) किसी परेशानी से निकालना; sich durchhelfen कठिनाइयों पर अकेले ही विजय पाना।

durchkämmen, v/t (h.) Haare: अच्छी तरह काढ़ना या कंघी क०; Gelände: छान डालना।

durchkämpfen, v/t (h.) पूरा ज़ोर लगा कर मंज़ूर करा लेना; sich durchkämpfen संघर्षमय जीवन बिताना; संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना।

durchkauen, v/t (h.) अच्छी तरह चबाना, चबा डालना; fig: पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श क०; बार बार दोहरा कर कंठस्थ कर लेना या समझ लेना।

durchkneten, v/t (h.) अच्छी तरह गूँदना या माँड़ना।

durchkommen, v/i (s.) (sich durchzwängen) (बलपूर्वक) पार हो जाना या निकल जाना; tel: टेलीफ़ोन मिला लेना; U: (bewältigen) पर विजय पा लेना; U: (bestehen) उत्तीर्ण हो जाना; fig: बच जाना, फिर स्वस्थ हो जाना; सफलता पाना; गुज़ारा कर लेना।

durchkreuzen, v/t (h.) a) काट देना, काटा बना देना, आर-पार रेखा खींच देना; b) fig: व्यर्थ कर देना, निष्फल कर देना; में बाधा डालना या डाल देना; ich habe seine Pläne durchkreuzt मैंने उसकी योजनाओं को निष्फल कर दिया।

durchkriechen, v/i (s.) से रेंग कर निकल जाना, के आर-पार रेंग कर या सरक कर निकल जाना।

Durch-laß, m (-'sses/ ⸗ 'sse) निर्गम-द्वार; आर-पार जाने का सँकरा मार्ग; पुलिया; ~lassen, v/t (h.) आगे निकलने या जाने देना; में बाधा न डालना, (प्रस्ताव आदि) मंज़ूर हो जाने देना; उत्तीर्ण कर देना; पारगम्य होना।

durchlässig, adj. पारगम्य; पारभासी; निःस्रावी; छिद्रिल; ~lässigkeit, f (-) पारगम्यता; पारभासकता; निःस्राविता।

Durchlaucht, f (-): Euer Durchlaucht अत्रभवान्।

durchlaufen, 1. v/i (s.) से दौड़ते हुए गुज़र जाना या निकल जाना; ohne Pause: बिना रुके हुए अंत तक दौड़ जाना; (durchsickern) (से) बह जाना, से बहकर निकल जाना, चू जाना, टपक जाना; 2. v/t (h.) a) चल-चल कर घिस डालना; er hat die Sohlen durchgelaufen उसने चल-चल कर अपने जूते घिस डाले हैं; b) दौड़ते हुए

या तेज़ी से पार कर देना; fig: समाप्त कर लेना, पूरा कर लेना; व्याप्त हो जाना er hat die Schule durchlaufen उसने स्कूल की पढ़ाई पूरी कर ली है; fig: ihn durchlief ein Gefühl der Furcht उसे डर लगने लगा, वह भयभीत हो गया।

Durchlauferhitzer, m तात्क्षणिक जलतापक।

durchleben, v/t (h.) भोगना, सहना; गुज़ारना; er durchlebte Stunden der Angst उसने भय के कई घंटे गुज़ारे, वह कई घंटे तक भयग्रस्त रहा।

durchlesen, v/t (h.) शुरू से अंत तक पढ़ना।

durchleucht-en, 1. v/i (h.) आर-पार चमकना; das Licht leuchtet durch प्रकाश आर-पार चमक रहा है; 2. v/t (h.) परिप्रदीप्त क०, प्रकाश से भर देना; U: (röntgen) एक्सरे-चित्र लेना; ~**ung,** f (-/-en) परिप्रदीपन; एक्सरे द्वारा परीक्षण।

durchlochen, v/t (h.) में छेद क० या कर देना; der Schaffner durchlocht die Fahrkarte कंडक्टर टिकट में छेद करता है।

durchlöchern, v/t (h.) में छेद कर देना, को छिद्रिल बना देना; वेध देना; die Motten haben den Pullover durchlöchert कीड़ों ने स्वेटर में छेद कर दिये।

durchlüft-en, v/t (h.) में वायुसंचार क०, को अच्छी तरह संवातित क०; ich habe das Zimmer durchlüftet मैंने कमरे को अच्छी तरह संवातित कर दिया है; ~**ung,** f (-/-en) संवातन, वायुसंचार।

durchmachen, v/t (h.) भोगना, भुगतना (कष्ट आदि) उठाना, झेलना; U: eine Nacht durchmachen मित्रों के साथ बैठकर या नाचते-गाते रात बिता देना।

Durchmarsch, m सैनिकों का मार्च करते हुए निकल जाना; ~**ieren,** v/i (h.) (बिना रुके हुए) मार्च करते हुए निकल जाना।

durchmessen, v/t (h.) poet:→durchschreiten; er durchmißt das Zimmer mit langen Schritten वह कमरे में लम्बे क़दम रखते हुए टहल रहा है।

Durchmesser, m (-s/-) व्यास।

durchmischen, v/t (h.) अच्छी तरह मिलाना या मिला देना, अच्छी तरह घोट देना।

durchnäßt, adj. तर-बतर, शराबोर।

durchnehmen, v/t (h.) अच्छी तरह विचार-विमर्श क०; विवेचन क०, प्रस्तुत क०, की व्याख्या क०; पढ़ाना, समझाना।

durchnumerieren, v/t (h.) शुरू से अंत तक क्रमानुसार अंक डालना।

durchpeitschen, v/t(h.) fig: (विधायक या प्रस्ताव आदि को) शीघ्रता से पारित क० या कराना।

durchpressen, v/t(h.) पूरी तरह निचोड़ देना; (मशीन में डाल कर) लुगदी आदि बनाना।

durchprügeln, v/t(h.) ख़ूब पिटाई क०।

durchquer-en, v/t (h.) को पार क०, के आर-पार जाना; ~**ung,** f (-/-en) पारण, पार-गमन।

durchrasseln, v/i (s.) U: अनुत्तीर्ण हो हो जाना।

durchrechnen, v/t (h.) ठीक-ठीक या अच्छी तरह हिसाब लगाना; हिसाब की जाँच क०।

durchreiben,v/t(h.)→durchscheuern

Durchreiche, f (-/-n) सामान देने की खिड़की; ~**n,** v/t (h.) खिड़की या झरोखे आदि में से देना।

Durchreise, f (-/-n) पारगमन; यात्रा; यात्रा के बीच का थोड़ी देर का विराम; ~**n,** 1. v/i (s.) से होकर निकल जाना (यात्रा के दौरान); er ist hier durchgereist वह यहाँ से होकर गुज़रा है; 2. v/t (h.) की यात्रा क०, की सैर क०, का भ्रमण क०; er hat dieses Land durchreist उसने इस देश की सैर की

है; ~visum, n पारगमन-दृष्टांक, पारगमन-वीज़ा।

durchreißen, 1. v/t (h.) फाड़ डालना, फाड़ कर अलग कर देना; 2. v/i (s.) फट जाना।

durchringen, v/r (h.) बहुत आंतरिक संघर्ष के बाद कुछ करने का निश्चय क० या कर लेना।

durchrosten, v/i(h.)ज़ंग लगने के कारण टूट जाना।

Durchsage, f (-/-n) घोषणा, सूचना; **~n,** v/t (h.) घोषित क०, बतलाना, टेलीफ़ोन पर कहना या बतलाना।

durchsägen, v/t(h.) आरी से काट देना, आरी से काट कर अलग क०।

entschlüpfen, v/i(s.)→entrinnen/entkommen; diese Bemerkung ist mir entschlüpft अनायास ही यह बात मेरे मुँह से निकल गई ।

Entschluß, m(-'sses/⸚'sse) (दृढ़) निश्चय, संकल्प निर्णय, फ़ैसला ।

entschlüsseln, v/t (h.) (गूढ़ लिपि का) अर्थ निकालना या अर्थ लिखना ।

Entschlußkraft, f संकल्प-शक्ति ।

entschuldbar, adj. क्षम्य, माफ़ी के योग्य, क्षन्तव्य; ~**keit,** f (-) क्षम्यता, क्षन्तव्यता ।

entschulden, v/t (h.)ऋणमुक्त क० ।

entschuldig-en, v/t (h.) क्षमा क०, माफ़ क०; की सफ़ाई पेश क०; sich entschuldigen क्षमा माँगना, माफ़ी माँगना; न आने की सूचना देना; न रुकने या अन्य काम करने की आज्ञा माँगना; entschuldigen Sie

(bitte) ! क्षमा कीजिएगा !; entschuldigen Sie, daß ich so spät komme क्षमा कीजिए कि मैं इतनी देर से आया; er läßt sich entschuldigen उसने न आने की सूचना भेजी है या भेज दी है; seine Unerfahrenheit entschuldigt vieles उसकी अनुभवहीनता के आधार पर उसकी बहुत सी ग़लतियों को क्षमा किया जा सकता है; sein Verhalten ist nicht zu entschuldigen उसका व्यवहार (या आचरण) अक्षम्य है; ~**ung,** f (-/-en) क्षमा, माफ़ी; (Rechtfertigung) क्षमाहेतु, सफ़ाई; (Absage) न आ सकने की सूचना, अस्वीकृति; ~**ungsgrund,** m क्षमाहेतु ।

Entschuldung, f (-/-en) ऋणमुक्त क० या किया जाना ।

entschweben, v/i(s.) poet: (मँडराते हुए) उड़ जाना, चला जाना ।

entschwefeln, v/t (h.) से गंधक अलग कर देना या क० ।

entschwinden, v/i (s.) लुप्त हो जाना, ग़ायब हो जाना; aus dem Blickfeld: अदृश्य, ओझल हो जाना; aus dem Gedächtnis: दिमाग़ से निकल जाना, भूल जाना ।

entseelt, adj. निर्जीव, मृत ।

entsend-en, v/t (h.) भेजना, भेज देना, प्रेषित क० या कर देना; ~**ung,** f (-) प्रेषण ।

entsetzen, 1. v/t (h.) (absetzen) पदच्युत क०, बरख़ास्त क०; (erschrecken) डरा देना, भयभीत कर देना, दहला देना; (empören) विक्षुब्ध क०; sich entsetzen भयभीत हो जाना, डर जाना; sich über etw./jdn. entsetzen किसी बात/व्यक्ति पर क्षोभ प्रकट क०; mil: घिरे हुए दुर्ग आदि को मुक्त कराना; 2. n (-s) डर, भय, क्षोभ ।

entsetzlich, 1. adj. भयंकर, डरावना, भयावह; क्षोभकारी, घिनावना; 2. adv. बहुत, अत्यंत; er ist entsetzlich dumm वह अत्यंत मूर्ख है; ~**keit,** f (-) भयंकरता, भयावहता; घिनावनापन, जघन्यता ।

Entsetzung, f (-/-en) पदच्युति, बरख़ास्तगी; घिरे हुए दुर्ग को मुक्त कराना ।

entseuch-en, v/t (h.) विसंक्रमण क०; रोगाणुहीन क० या बनाना; ~**ung,** f (-/-en) विसंक्रमण, रोगाणुनाशन ।

entsichern, v/t (h.) Waffe: बंदूक आदि का सुरक्षा-तालक खोल देना ।

entsinnen, v/r (h.) का स्मरण क० या होना, की याद क० या होना; ich entsinne mich seiner मुझे उसकी याद है ।

entspann-en, 1. v/t (h.) तनाव मिटाना, तनाव समाप्त क०, ढीला क०; Muskeln: शिथिल क०, ढीला क०, ढीला छोड़ना; 2. v/r (h.) शिथिल होना, ढीला होना, ढीला पड़ना; का तनाव कम होना; fig: विश्राम क०, आराम क०; अपना मनबहलाव क०; die Lage entspannt sich zusehends परिस्थिति में प्रत्यक्षतः तनाव घटता जा रहा है; ~**ung,** f (-) तनाव की समाप्ति; शिथिलीकरण, शिथिलीभवन; fig: विश्राम, आराम; मनोरंजन, मनबहलाव ।

entspinnen, v/r (h.) प्रारंभ होना या हो जाना, शुरू हो जाना; विकसित हो जाना ।

entsprech-en, v/i (h.) के अनुकूल होना, से मेल खाना; के उपयुक्त होना; (willfahren) पूरा क०(इच्छा, प्रार्थना, माँग आदि को), स्वीकार क०; (ähnlich sein) के सदृश होना, के समान होना; einem Zweck entsprechen किसी काम के लिए उपयुक्त होना; das entspricht genau meinen Vorstellungen यह मेरी कल्पनाओं से बिल्कुल मेल खाता है, इसकी मैंने बिल्कुल ऐसी ही कल्पना

की थी; मुझे बिल्कुल यही चाहिए; jds. Wünschen entsprechen किसी की इच्छाओं को पूरा क०; einer Bitte entsprechen किसी प्रार्थना को स्वीकार कर लेना; diese Arbeit entspricht nicht Ihrem Können यह काम आपकी क्षमता के अनुकूल नहीं है; ~end, 1. adj. (angemessen) यथेष्ट, पर्याप्त, उपयुक्त; अनुकूल, अनुरूप; (ähnlich) सदृश, समान; 2. adv. (gemäß) के अनुसार, के मुताबिक़; die Vergütung erfolgt entsprechend der Qualifikation वेतन (या पारिश्रमिक) योग्यता के अनुसार दिया जाएगा; den Umständen entsprechend परिस्थितियों के अनुसार; ~ung, f (-/-en) (Analogie) साहश्य, अनुरूपता; (genaue Wiedergabe) सनानक; प्रतिरूप, प्रतिवस्तु।

entsprießen, v/i (s.) (अंकुर) निकलना; (abstammen von) से उत्पन्न होना।

entspringen, v/i (s.) से निकलना, से उत्पन्न या उद्भूत होना, से विकसित होना; →entfliehen

entstammen, v/i (s.) से आना; से उत्पन्न होना, से उद्भूत होना; का वंशज होना।

entstauben, v/t (h.) धूल झाड़ना, से धूल साफ़ क०।

entsteh-en, v/i (s.) (sich entwickeln) विकसित होना, बनना, बन जाना, प्रोद्भूत होना, बनाया जाना, निर्मित होना या किया जाना, सर्जित किया जाना या होना; (hervorgehen aus) से पैदा होना, से उत्पन्न होना; entstehen durch के द्वारा उत्पन्न होना, का परिणाम होना; im Entstehen begriffen sein सर्जनाधीन, निर्माणाधीन, विरचनाधीन होना; ~ung, f (-/-en) (Entwicklung) विकास, प्रगति; (Ursprung) उत्पत्ति, उद्भव; ~ungsgeschichte, f सृजन-वृत्तान्त, उत्पत्ति-वृत्तांत; उत्पत्ति-ग्रंथ (बाइबिल का प्रथम अध्याय (जिसमें सृष्टि का वर्णन है)।

entsteinen, v/t (h.) (से या की) गुठली निकालना।

entstell-en, v/t (h.) विकृत क०, विरूपित क०, का रूप बिगाड़ना; fig: किसी कथन या उद्धरण आदि को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत क०; ~t, adj. विकृत, विरूपित; ~ung, f (-/-en) विरूपण, विकृतीकरण; विकृति; मिथ्या या अशुद्ध वर्णन।

entstör-en, v/t (h.) el: व्यतिकरण को दूर क० या रोकना; ~ung, f (-) व्यतिकरण-निवारण।

entströmen, v/i (s.) से वह निकलना, फूट पड़ना, निकल पड़ना; से आना, से निकलना (सुगंध आदि)।

entsühn-en, v/t (h.) पापमुक्त क०, अपराधमुक्त क०; ~ung, f (-) पाप-मुक्ति, अपराध-मुक्ति।

enttäusch-en, v/t (h.) हताश, निराश क०, की आशाओं पर पानी फेर देना; आशा के विरुद्ध ख़राब होना या अच्छा न होना; ~t, adj. निराश, हताश; ~ung, f (-/-en) निराशा, हताशा, नैराश्य; क्षोभ।

entthron-en, v/t (h.) गद्दी से उतारना, सिंहासनच्युत क०; fig: अपदस्थ क०; ~ung, f(-) सिंहासनच्युति; अपदस्थीकरण।

entvölker-n, v/t (h.) जनशून्य कर देना; जनह्रास क०, निर्जन बना देना, जनसंख्या घटा देना; ~t, adj. जनशून्य, निर्जन; ~ung, f (-) जनह्रास; निर्जनीकरण।

entwachsen, v/t (h.) से बढ़कर निकलना या बाहर आना; fig: er ist den Kinderschuhen entwachsen वह प्रौढ़ हो गया है, उसकी बालसुलभ रुचियाँ समाप्त हो गई हैं।

entwaffn-en, v/t (h.) निरस्त्र कर देना, से हथियार रखवा लेना; fig: अवाक् कर देना, की बोलती बंद कर देना, भौचक्का कर देना; ~end, adj., fig: अवाक् या भौचक्का कर देने

वाला; ~**ung,** f (-) निरस्त्रीकरण।

entwalden, v/t (h.) वनरहित क० या बनाना।

entwarn-en, v/i (h.) mil: दुश्मन के हवाई हमले की समाप्ति की सूचना देना; ~**ung,** f (-/-en) दुश्मन के हवाई हमले की समाप्ति की सूचना।

entwässer-n, v/t (h.) जलविहीन क०, से जल खींच लेना, जलमुक्त क०, गंदे पानी को निकालना; ~**ung,** f (-/-en) जल-निकास की व्यवस्था, अपवहन तंत्र; अपवहन, जल-निष्कासन; ~**ungsgraben,** m नाली, मोरी; ~**ungssystem,** n अपवहन-तंत्र।

entweder, konj.: entweder . . . , oder . . . या(तो). . . या. . .; das Entweder-Oder दो में से एक का चुना जाना, दो बातों, वस्तुओं, सम्भावनाओं आदि के बीच निर्णय; विकल्प।

entweichen, v/i (s.) (entfliehen) निकल भागना; (herausströmen) (गैस आदि का) निकलना या निकल जाना।

entweih-en, v/t (h.) अपवित्र क०; यज्ञ भंग क०; ~**ung,** f (-) अपवित्री-करण; यज्ञभंग।

entwend-en, v/t (h.) चुरा लेना, पार कर देना; jdm. etw. entwenden किसी की कोई वस्तु चुरा लेना या पार कर देना; ~**ung,** f (-/-en) चोरी।

entwerfen, v/t (h.) तैयार क०, बनाना; की रूपरेखा बनाना, का खाका खींचना, का नक़्शा बनाना, का प्रारूप बनाना; ein Muster entwerfen कोई नमूना तैयार क०; einen Plan entwerfen कोई योजना बनाना, किसी योजना की रूपरेखा तैयार क०।

entwert-en, v/t (h.) (Wert mindern) मूल्य घटाना, मूल्य कम क०; (ungültig machen) टिकट आदि को दुबारा प्रयोग के लिए बेकार क०; Währung: अवमूल्यन क०; विमुद्रीकरण क०; ~**ung,** f (-) टिकट आदि का दुबारा प्रयोग के लिए बेकार किया जाना; अवमूल्यन; विमुद्रीकरण।

entwes-en, v/t (h.) कीड़ों-मकोड़ों से मुक्त क०; ~**ung,** f (-/-en) निष्कीटन, कीटनाशन।

entwick-eln, v/t (h.) उत्पन्न क०, बनाना, तैयार क०; विकसित क०; बढ़ाना; की रचना क०; (darlegen) प्रस्तुत क०, सामने रखना, दिखाना; sich entwickeln उत्पन्न होना, बनना; विकसित होना, बढ़ना, प्रगति क०; phot: चित्र उभारना, फ़ोटो-प्लेट को धोना; ~**ler,** m (-s/-) phot: चित्र उभारने का रसायन।

Entwicklung, f (-/-en) (Entstehung) उत्पत्ति, उद्भव; विरचन, निर्माण; बनना; (Entfaltung) विकास; वृद्धि, बढ़ती, प्रगति; phot: चित्र उभारने का काम; ~**salter,** n किशोरावस्था, बालक के शारीरिक विकास की आयु; ~**sfähig,** adj. विकास्य, विकासनीय; विकास की क्षमता वाला; ~**sgang,** m विकास-क्रम; ~**sgeschichte,** f विकास का इतिहास; जीव-विकास-इतिहास; ~**shelfer,** m विदेशी विकास-योजना के अंतर्गत काम करने वाला विदेशी; ~**shilfe,** f विकासार्थ दी गई सहायता; ~**sland,** n विकासशील देश; ~**sstufe,** f प्रगति या विकास का चरण।

entwinden, v/t (h.) : jdm. etw. entwinden किसी का हाथ मरोड़ कर उससे कोई वस्तु छीन लेना; ich entwand mich seinem Griff मैं (झटके के साथ) मुड़कर उस की पकड़ से मुक्त हो गया।

entwirren, v/t (h.) खोलना, सुलझाना; fig: सुलझाना।

entwischen, v/i (s.) बच निकलना; पकड़ से निकल जाना; बच जाना।

entwöhnen, v/t (h.) Süchtige: की लत या आदत छुड़ाना, का व्यसन छुड़ाना; Säuglinge: दूध छुड़ाना, छाती छुड़ाना; er hat sich des Trinkens entwöhnt उसने पीने की आदत छोड़ दी है, उसने पीना छोड़ दिया है।

entwölken, v/t (h.) : der Himmel entwölkt sich आसमान से बादल छँट रहे हैं; fig: seine Stirn entwölkte sich उसके चेहरे पर प्रसन्नता आ गई।

entwürdig-en, v/t (h.) अवमानित क०, का मानमर्दन क०; को नीचा दिखाना; **~end,** adj. अपमानजनक, मानहानिकर; **~ung,** f (-) मानमर्दन, मानभंग, अपमान।

Entwurf, m (-[e]s/ ⸚e) (Plan) आरेख, रूपरेखा, खाका, नक़्शा; (Modell) नमूना, ढाँचा; (Konzept) मसौदा।

entwurz-eln, v/t (h.) जड़ समेत उखाड़ देना; fig: बेघरबार कर देना; **~elt,** adj., fig: बेघरबार (किया हुआ); **~(e)lung,** f (-/-en) जड़ समेत उखाड़ना या उखड़ जाना; fig: बेघरबार किया जाना।

entzauber-n, v/t (h.) जादू-टोने के प्रभाव से मुक्त क०; का मोह दूर क०; fig: आकर्षणहीन बना देना; **~ung,** f (-) जादू-टोने से मुक्ति; मोह से मुक्ति; आकर्षणहीन बनाना।

entzieh-en, 1. v/t (h.) खींच लेना; ले लेना, छीन लेना; वापस ले लेना; न देना; ज़ब्त कर लेना; बंद कर देना; einem Kind das Taschengeld entziehen (किसी) बच्चे का जेबखर्च बंद कर देना; jdn. dem Einfluß einer Person entziehen किसी को किसी व्यक्ति के प्रभाव से बाहर कर लेना; 2. v/r (h.) से मुक्त हो जाना; की ओर से खिंच जाना; से दूर या अलग हो जाना; से बच निकलना; er hat sich seiner Verantwortung entzogen वह अपनी ज़िम्मेदारी से बच निकला है; das entzieht sich meiner Kenntnis यह मुझे नहीं मालूम है; **~ung,** f (-) ले लेना, छीन लेना; वंचन; **~ungsanstalt,** f मादक वस्तुओं की लत छुड़ाने का संस्थान; **~ungskur,** f मादक वस्तुओं की लत छुड़ाने की चिकित्सा।

entziffer-bar, adj. जिसे पढ़ा जा सके, जिसका अर्थ निकाला जा सके; **~n,** v/t (h.) पढ़ना (गूढ़लिपि का), अर्थ निकालना; eine Geheimschrift entziffern गूढ़लिपि का अर्थ निकालना; ich kann seine Schrift nicht entziffern मैं उसकी लिपि नहीं पढ़ पाता हूँ; **~ung,** f(-)पठन; अवकूटन।

entzück-en, 1. v/t (h.) आह्लादित क०; हर्षोन्मत्त क० या कर देना; मोह लेना, मुग्ध क०; 2. n (-s)→ Entzückung; **~end,** adj. आह्लादक; मोहक, मनोहर, मुग्ध करने वाला; **~ung,** f (-) (Begeisterung) आह्लाद, उमंग, भावोन्माद;(Ekstase) आनन्दातिरेक, हर्षोन्माद।

Entzug, m (-[e]s) वंचन; ज़ब्ती।

entzünd-bar, adj. सुदाह्य, ज्वलनशील; **~en,** 1. v/t (h.) Feuer: जलाना, सुलगाना; Licht: जलाना; fig: की ज्वाला भड़का देना; 2. v/r (h.) जलने लगना, सुलगाना, आग पकड़ना; med: सूजना, सूज जाना; fig: der Streit entzündete sich an diesem Thema इस बात पर झगड़ा खड़ा हो गया, यह विषय विवाद का कारण था; **~lich,** adj. → entzündbar; med: प्रदाहक, प्रदाहात्मक; **~ung,** f (-/-en) प्रज्वलन, ज्वलन; med: सूजन, सोज़िश, शोथ।

entzwei, adv. अलग, अलग-अलग, दो टुकड़े; भग्न, टूटा, टूटा-फूटा।

entzweibrechen, 1. v/t (h.) के दो टुकड़े कर देना; तोड़ देना; 2. v/i (s.) के दो टुकड़े हो जाना; टूट जाना।

entzweien, 1. v/t (h.) को अलग कर देना, में फूट डालना या डाल देना, में झगड़ा कराना; 2. v/r (h.) अलग हो जाना, परस्पर झगड़ा कर लेना ।
entzweigehen, v/i (s.) टूट जाना ।
entzweireißen, v/t (h.) दो टुकड़ों में फाड़ना; फाड़ देना, फाड़ डालना; 2. v/i (s.) फट जाना ।
entzweischlagen, v/t (h.) प्रहार द्वार तोड़ डालना, चकनाचूर या टुकड़े-टुकड़े कर देना ।
Enzian, m (-s/-e) [lat.] किरात कुल का नीले फूलों वाला पौधा या इससे खींची गई शराव ।
Enzyklika, f (-/-'ken) [griech.] eccl: पोप-परिपत्र, पोप द्वारा भेजा जाने वाला सार्वभौम पत्र ।
Enzyklopäd-ie, f (-/-n) [griech.] विश्वज्ञान, सर्वज्ञान; Sachwörter-buch: विश्वकोश, सार्वभौमकोश; ~**isch,** adj. सर्वज्ञान-विषयक; सर्वज्ञान-सम्पन्न; विश्वकोशीय ।
Enzym, n (-s/-e) [griech.] chem: किण्वक, एन्ज़ाइम ।
Epen, pl.→ Epos
Epidem-ie, f (-/-n) [griech.] महामारी; ~**isch,** adj. संक्रामक, वहुजनव्यापक ।
Epidermis, f (-/-'men) [griech.] वाह्य त्वचा, अधिचर्म ।
Epigone, m (-n/-n) [griech.] उत्तराधिकारी, उत्तरवर्ती; अनुकारक, नक़्क़ाल ।
Epigramm, n (-s/-e)[griech.] सूक्ति; विनोदपूर्ण या व्यंग्यपूर्ण लघु-कविता; ~**atisch,** adj. सूक्तिपूर्ण; विनोदपूर्ण, व्यंग्यपूर्ण, मार्मिक ।
Epik, f (-) [griech.] वर्णनात्मक या महाकाव्य की शैली में लिखित रचनाएँ, महाकाव्य-कला; ~**er,** m (-s/-) महाकाव्य-रचयिता ।
Epikurier, m (-s/-) [griech.] यूनानी दार्शनिक एपीकूर के सिद्धांतों को मानने वाला; fig: भोगवादी, तृप्तिवादी ।
Epilep-sie, f (-) [griech.] अप्समार, मिरगी; ~**tiker,** m (-s/-) मिरगी का रोगी; ~**tisch,** adj. मिरगी का, अप्समारी ।
Epilog, m (-s/-e) [griech.] उप-संहार ।
episch, adj. [griech.] महाकाव्य-सदृश, महाकाव्य की शैली में ।
Episkop, n (-s/-e) [griech.] चित्र-क्षेपी यंत्र ।
Episkopat, n (-s/-e) [griech.] eccl: विशप का पद; विशप-समाज ।
Episode, f (-/-n) [griech./lat.] (Zwischenspiel) प्रक्षेप (नाटक में); (Nebenhandlung) उपकथा, उपाख्यान; (Erlebnis) घटना; क़िस्सा; ~**nhaft,** adj. उपाख्यानात्मक; प्रासंगिक ।
episodisch, adj. →episodenhaft
Epistel, f (-/-n) [griech./lat.] पत्र, ख़त; चिट्ठी; धर्मपत्र ।
Epitaph, n (-s/-e) [griech.] समाधि-लेख; स्मृतिलेख ।
Epizentrum, n [griech.] अधिकेंद्र; उत्केंद्र ।
epoch-al, adj. [griech.] युगान्तर-कारी, युगप्रवर्तक, युगविधायक; सनसनीख़ेज़; ~**e,** f (-/-n) युग, काल; युगान्तर; dieses Geschehen wird Epoche machen यह घटना एक नए युग का प्रारंभ करेगी, यह घटना युगान्तरकारी है ।
Epos, n (-/Epen) [griech.] वीर-काव्य, महाकाव्य ।
er, personalpron. वह, उसने ।
erachten, 1. v/t (h.) मानना, सोचना, समझना; ich erachte das als/für notwendig मैं इसे आवश्यक समझता हूँ; 2. n (-s) धारणा, विचार; मान्यता; meines Erachtens [nach meinem Erachten] मेरे विचार में, मेरे विचार से, मेरी धारणा के अनुसार ।

erarbeiten, v/t (h.) परिश्रम करके या काम करके प्राप्त क०।

Erb-adel, m वंशानुगत आभिजात्य; **~anlage,** f आनुवंशिक तत्व, गुण, क्षमता आदि; **~anspruch,** m दाय प्राप्त करने का अधिकार,मौरूसी हक़।

erbarm-en, 1. v/t (h.) (के हृदय में) करुणा, दया, तरस, रहम उत्पन्न क०; er erbarmt mich मुझे उस पर दया आती है; sich jds. erbarmen किसी पर दया क०, किसी पर तरस खाना; 2. n(-s) दया, करुणा, सहानुभूति, रहम, तरस; **~enswert,** adj. दयनीय, दयायोग्य, करुणाजनक; **~er,** m (-s/-) poet: ईश्वर, भगवान; सहायक।

erbärmlich, 1.adj.→erbarmenswert; (dürftig) दरिद्र, दीन-हीन; अपर्याप्त, बहुत कम; (schändlich) घृण्य, घृणित, जघन्य, नीच, कमीन; (sehr schlecht) बहुत खराब; बहुत बुरा; ein erbärmlicher Verdienst बहुत कम आय; er ist in einem erbärmlichen Zustand उसकी दशा बहुत खराब है; ein erbärmlicher Mensch नीच व्यक्ति; कमीन इंसान;2. adv.: er sieht erbärmlich aus वह बहुत खराब दिखता है, उसकी दशा बहुत खराब लगती है; er hat sich erbärmlich benommen उसने बहुत बुरा आचरण किया।

Erbarmung, f (-)दया, करुणा, तरस, रहम, सहानुभूति; **~slos,** adj. निर्दय, निष्ठुर, कठोर, बेरहम; fig: कड़ा, कठोर, ज़बरदस्त; **~svoll,** adj. दयालु, सदय, सहानुभूतिशील, हमदर्द; **~swürdig,** adj.→erbarmenswert

erbau-en, 1. v/t (h.) बनाना, निर्माण क०; बना कर खड़ा क०, संस्थापित क०; fig: आह्लादित क०, प्रसन्न क०; उल्लसित क०; von etw. erbaut sein किसी बात से प्रसन्न होना; 2. v/r(h.) आह्लादित होना, प्रसन्न होना या हो जाना; er erbaute sich an dieser Musik वह इस संगीत से आह्लादित हो गया; **~er,** m (-s/-) निर्माता; संस्थापक; **~lich,** adj. आह्लादजनक, आनन्दप्रद, प्रसन्नतादायक; **~lichkeit,** f (-) आह्लादजनकता, आनन्दप्रदता, प्रसन्नतादायकता; **~ung,** f (-) निर्माण; संस्थापन; आह्लाद, प्रसन्नता।

erb-berechtigt, adj. दाय प्राप्त करने का हक़दार; **~e,** 1. n (-s) दाय, रिक्थ, पैतृक सम्पत्ति, मीरास; उत्तराधिकार; परम्परा, कुलपरम्परा; ein Erbe antreten दाय को स्वीकार क०; उत्तराधिकारी के रूप में किसी पद को ग्रहण क०; ein Erbe ausschlagen दाय को अस्वीकार क०; 2. m (-n/-n) दायाद, दायाधिकारी, उत्तराधिकारी, वारिस।

erbeben, v/i (s.) काँप जाना, थरथरा जाना, लरज जाना।

erb-eigen, adj. दायागत, वंशागत, पुश्तैनी, मौरूसी; **~eigentum,** n दायागत सम्पत्ति, पुश्तैनी जायदाद; **~en,** v/t (h.) दाय में पाना, उत्तराधिकार में प्राप्त क०; **~engemeinschaft,** f दायाद-समूह, सभी दायाधिकारी।

erbetteln, v/t (h.) भीख माँग कर प्राप्त कर लेना।

erbeuten, v/t (h.) लूट लेना, लूट कर प्राप्त कर लेना; शिकार आदि फँसा लेना।

erb-fähig, adj.→erbberechtigt; **~fall,** m सम्पत्तिधारी की मृत्यु (जिसके परिणाम स्वरूप किसी को उसकी सम्पत्ति मिले); सम्पत्ति का परावर्तन; **~fehler,** m वंशानुगत दोष; **~feind,** m पुश्तैनी दुश्मन; fig: शैतान; **~folge,** f दायाधिकारक्रम; **~folgerecht,** n दायाधिकारक्रम का क़ानून; **~gesund,** adj. जिसे कोई वंशानुगत रोग न हो; **~gut,** n दाय, मीरास; पुश्तैनी जायदाद; (Erbanlagen) आनुवंशिक तत्व, गुण

आदि ।
erbieten, v/r (h.) (के लिए) तत्पर होना ।
Erbin, f दायाधिकारिणी, उत्तराधिकारिणी ।
erbitten, v/t (h.) माँगना; माँग कर लेना; प्रार्थना या खुशामद कर के माँगना; sich nicht erbitten lassen कठोर बना रहना, पर प्रार्थना या खुशामद का असर न पड़ना ।
erbitter-n, v/t (h.) के मन में कटुता उत्पन्न क०, को अत्यन्त क्रुद्ध क०; **~t,** adj. कटु; प्रचंड, भीषण; erbittert sein über etw. किसी बात के कारण कटु होना, किसी बात पर कटुता का अनुभव क०; sie sind erbitterte Feinde वे एक दूसरे के जानी दुश्मन हैं; **~ung,** f (-) कटुता ।
erb-krank, adj. वंशानुगत रोग से पीड़ित; **~krankheit,** f वंशानुगत रोग ।
erblassen, v/i (s.) विरंजित हो जाना का मुँह उतर जाना; पीला पड़ जाना; poet: मर जाना; vor Neid erblassen डाह से पीला पड़ जाना ।
Erb-lasser, m सम्पत्ति या जायदाद छोड़ कर मरने वाला; **~lehre,** f आनुवंशिकी ।
erbleichen, v/i (s.) फीका पड़ जाना, पीला पड़ जाना; का मुँह उतर जाना; die Farben sind erbleicht रंग फीके पड़ गए हैं; poet: मर जाना; er ist erblichen वह मर गया है ।
erblich, adj. वंशानुगत, वंशागत, कुलज, आनुवंशिक; **~keit,** f (-) आनुवंशिकता; पैतृक या वंशानुगत गुण ।
erblicken, v/t (h.) देख लेना, पर नज़र पड़ जाना; fig: (की तरह) देखना या मानना,समझना; das Licht der Welt erblicken जन्म लेना; in ihm erblicke ich meinen größten Feind मैं उसे अपना सबसे बड़ा शत्रु मानता हूँ ।
erblinden, v/i (s.) अंधा हो जाना, नेत्रहीन हो जाना ।
erblühen, v/i (s.) खिलना, खिल जाना, खिल कर फूल हो जाना; fig: पूर्णतया विकसित हो जाना ।
Erb-masse, f → Erbgut; **~onkel,** m, U: धनवान चाचा, मामा, फूफा, मौसा (जिसकी मृत्यु के बाद उसकी सम्पत्ति मिलने की आशा हो) ।
erbosen, 1. v/t (h.) क्रुद्ध क०, को गुस्सा दिलाना; 2. v/r (h.) क्रुद्ध होना, गुस्सा होना ।
erbötig, adj. तत्पर, तैयार (कुछ करने के लिए) ।
Erb-pacht, f पैतृक भूधृति, पुश्तैनी पट्टेदारी; **~pächter,** m मौरूसी पट्टेदार ।
erbrechen, v/t (h.) (aufbrechen) बलपूर्वक खोलना, तोड़कर खोलना; तोड़ डालना; (sich übergeben) उलटी कर देना, क़ै कर देना ।
Erbrecht, n दाय-संबंधी क़ानून ।
erbringen, v/t (h.) लाकर प्रस्तुत क०; den Nachweis erbringen, daß... इस बात का सबूत (लाकर) प्रस्तुत क० कि...।
Erb-schaft, f (-/-en) दान, रिक्थ, पैतृक सम्पत्ति, मीरास; **~schafts-steuer,** f दाय-कर, रिक्थ-शुल्क; **~schein,** m दायाधिकार का प्रमाणपत्र; **~schleicher,** m बेईमानी से दाय प्राप्त करने वाला; **~schleicherei,** f (-) बेईमानी से दाय प्राप्त करने का प्रयत्न ।
Erbse, f (-/-n) मटर; **~ngroß,** adj. मटर के आकार का; **~nstroh,** n मटर का भूसा, मटर के सुखाए हुए पौधे ।
Erb-stück, n दाय में प्राप्त वस्तु; **~sünde,** f; eccl: आदि पाप; पाप करने की जन्मजात प्रवृत्ति; **~tante,** f, U: धनवान चाची, मामी, बुआ, मौसी (जिसके मरने पर उसकी सम्पत्ति के मिलने की आशा हो);

~teil, n दायांश, दाय भाग; (ererbte Veranlagung) वंशानुगत प्रभाव, वंशानुगत प्रतिभा; **~teilung,** f दाय-विभाजन; **~vertrag,** m दाय-अनुबंध।

Erd-achse, f भू-अक्ष; **~anziehung,** f (पृथ्वी का) गुरुत्वाकर्षण; **~arbeiten,** f/pl. खुदाई, खनन; **~bahn,** f पृथ्वी का परिक्रमा-पथ; **~ball,** m भूमंडल, पृथ्वी; **~beben,** n भूचाल, भूकम्प; **~bebenherd,** m भूकम्प-केंद्र; **~bebenkunde,** f भूकम्प विज्ञान; **~bebenmesser,** m भूकम्प-लेखी; **~beere,** f स्ट्रॉबेरी, हिसालू; **~beerfarben/~beerfarbig,** adj. स्ट्रॉबेरी के रंग का, हल्का लाल; **~boden,** m भूमि, धरती, जमीन, पृथ्वी की सतह; dem Erdboden gleichmachen मिट्टी में मिला देना, ध्वस्त कर देना, नेस्तनाबूद कर देना।

Erde, f (-/-n) (Erdkugel) भू, पृथ्वी; (Welt) जगत्, संसार, दुनिया, जहान; इहलोक; (Erdreich) मिट्टी, मृतिका; (Bodenart) भूमि, धरती, ज़मीन; poet: die Mutter Erde धरती माता; poet: auf Erden संसार में; unter der Erde liegen मृत होना, क़ब्र में होना; jdn. unter die Erde bringen किसी को दफ़नाना; किसी की मृत्यु का कारण बनना; fig: mit beiden Beinen fest auf der Erde stehen जीवन में सक्रिय होना; zu ebener Erde wohnen सबसे निचली मंज़िल में रहना; sie hat bei ihm die Hölle auf Erden उसके घर में उसे बहुत यंत्रणाएँ सहनी पड़ती हैं, उसके घर में उसका जीवन नर्क के समान है; **~n,** v/t(h.) el: भूयोजन क०; **~nbürger,** m पार्थिव, भूनिवासी, मनुष्य; **~nfern,** adj. पृथ्वी से दूर; **~nglück,** n पार्थिव सुख, सांसारिक सुख।

erdenk-en, v/t (h.) सोच निकालना; आविष्कार क०; **~lich,** adj. कल्पनीय, मनोगम्य, सम्भव; sich alle erdenkliche Mühe geben हर संभव प्रयत्न क०, कुछ भी उठा न रखना।

Erden-leben, n पार्थिव, सांसारिक, ऐहिक जीवन; **~nah,** adj. पृथ्वी के समीप का; **~rund,** n, poet: पृथ्वी; **~schwere,** f, poet: सांसारिकता, सांसारिक मोह या बंधन।

erd-fahl, adj. मटमैला, मिट्टी के रंग का; **~farbe,** f गेरू; **~farben/~farbig,** adj.→erdfahl; **~ferne,** f भूम्युच्च, अपभू, द्राघिमा; **~gas,** n प्राकृत वाति, प्राकृतिक गैस; **~geist,** m पृथ्वी के अंदर रहना वाला वेताल; **~geschichte,** f भू-इतिहास, भूवृत्त; **~geschichtlich,** adj. भौवृत्तीय, भू-इतिहास से संबंधित; **~geschoß,** n सबसे नीचे की मंज़िल; **~haft,** adj. भूमि-जैसा, पृथ्वी-जैसा; fig: सांसारिक; गँवारू।

erdichten, v/t (h.) कल्पना क०, (बातें) गढ़ना, सोच निकालना।

erd-ig, adj. मृणमय, मटियाला; **~innere,** n पृथ्वी का अभ्यन्तर, मैग्मा; **~karte,** f पृथ्वी का नक़्शा, भूमंडल का नक़्शा; **~kreis,** m पृथ्वी, भूमंडल; **~kruste,** f भूपृष्ठ, भूपटल; **~kugel,** f (-) →Erdball; **~kunde,** f भूगोल; **~kundler,** m भूगोलज्ञ, भूगोलविद्; **~leitung,** f, el: भूयोजक तार, भूसम्पर्क; **~magnetismus,** m पार्थिव चुम्बकत्व; **~messung,** f भूमापन; भूगणित; **~nah,** adj. भूमि के समीप का; **~nähe,** f भूमि-नीच, उपभू; **~nuß,** f मूंगफली; **~oberfläche,** f धरातल, भूतल; **~öl,** n भूतैल, खनिज तैल, मिट्टी का तेल।

erdolchen, v/t (h.) कटार भोंक कर मार डालना।

Erd-pech, n डामर, अलकतरा;

~**probe,** f मिट्टी का नमूना (परीक्षण के लिए); ~**reich,** n मिट्टी, मृत्तिका।
erdreisten, v/r (h.) का साहस क०, की धृष्टता क०।
Erdrinde, f भूपृष्ठ, भूपटल।
erdröhnen, v/i (s.) गरज उठना, गड़गड़ा उठना, घड़घड़ा उठना।
erdrossel-n, v/t (h.) गला घोंट कर मार डालना (खाली हाथों से या रस्सी से); ~**ung,** f (-/-en) गला घोंट कर की गई हत्या।
Erdroßlung, f →Erdrosselung
erdrücken, v/t (h.) दवा कर या कुचल कर मार डालना; fig: पर अधिक दवाव डालना, पीस डालना; erdrückende Beweise अकाट्य प्रमाण।
Erd-rutsch, m भू-स्खलन; ~**schatten,** m पृथ्वी की परछाईं (जिससे चन्द्रग्रहण पड़ता है); ~**schicht,** f भू-स्तर; ~**schluß,** m, el: भूसम्पर्क, भूयोजन; ~**sicht,** f (वायुयान आदि से) पृथ्वी का दिखाई पड़ना; ~**stoß,** m भूकम्प का झटका; ~**teil,** m भूखंड, महाद्वीप; ~**trabant,** m पृथ्वी का कृत्रिम उपग्रह।
erdulden, v/t (h.) सहन क०, वरदाश्त क०, झेलना।
Erd-umdrehung, f भू-घूर्णन; ~**umfang,** m पृथ्वी की परिधि; ~**umkreisung,** f कृत्रिम उपग्रह द्वारा पृथ्वी की परिक्रमा; ~**ung,** f (-) el: भूयोजन; ~**verbunden,** adj. सांसारिक, इहलौकिक, संसारप्रेमी; ~**vemessung,** f भूसर्वेक्षण, भूमापन; ~**wall,** m ऊँची मेंड़, मिट्टी की दीवार, मिट्टी का ढेर, टीला; ~**wärme,** f भू-उष्णता, भूताप; ~**wärts,** adv. पृथ्वी की ओर।
ereifer-n, v/r (h.) उत्तेजित होना या हो जाना, क्रुद्ध होना या हो जाना; sich über etw. ereifern किसी बात पर उत्तेजित हो जाना, किसी बात की भर्त्सना क०; ~**ung,** f (-) उत्तेजना, आवेश, क्रोध, रोष; भर्त्सना।
ereign-en, v/r (h.) होना, घटित होना, ~**is,** n (-ses/-se) घटना, विशेष या महत्वपूर्ण घटना; ein freudiges Ereignis खुशी, वालक का जन्म; ~**isreich,** adj. घटनापूर्ण।
ereilen, v/t (h.) (किसी को) जा पकड़ना; के वरावर पहुँच जाना; पर अचानक आ पड़ना, अचानक धर दबोचना; poet: der Tod hat ihn ereilt अचानक उसकी मृत्यु हो गई।
Erektion, f (-/-en) [lat.] उत्थान, उद्धर्षण, शिश्नोच्छ्राय।
Eremit, m (-en/-en) [griech.] वैखानस, एकान्तवासी; ~**age,** f पर्णशाला, आश्रम, कुटिया।
ererben, v/t (h.) दाय में पाना।
[1]**erfahren,** v/t (h.) का पता चलना, की जानकारी होना, मालूम होना या हो जाना, सुनना; (erleben) भोगना, भुगतना; का अनुभव, तजरुवा क०; (empfangen) पाना, प्राप्त क०, को प्राप्त होना; etw. zu erfahren suchen किसी वात को जानने की कोशिश क०, किसी वात के वारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न क०; er hat in seinem Leben viel Leid erfahren उसने अपने जीवन में बहुत कष्ट भोगा है; er hat eine sorgfältige Pflege erfahren उसे सुचिन्तित उपचर्या प्राप्त हुई।
[2]**erfahren,** adj. अनुभवी, तजरुवेकार; कुशल, दक्ष; ~**heit,** f (-) अनुभव, तजरुवा; दक्षता।
Erfahrung, f (-/-en) अनुभव, तजरुवा; अनुभूत ज्ञान; प्रभाव डालने वाली घटना; etw. in Erfahrung bringen किसी वात का पता लगाना, किसी वात को जान लेना; eine Erfahrung machen कोई अनुभव क०; ich weiß das aus eigener Erfahrung इस वात का मैंने स्वयं अनुभव किया है, इस बात को मैं अपने

अनुभव से जानता हूँ; ~saustausch, m अनुभवों का आदान-प्रदान; ~sgemäß, adv. अनुभवानुसार, जैसा कि आम तजरुबा है; ~sreich, adj. अनुभवपूर्ण; अनुभवी; ~statsache, f अनुभूत तथ्य; ~swelt, f किसी व्यक्ति के समस्त अनुभव; ~swissenschaft, f प्रयोगाश्रित विज्ञान।

erfass-en, v/t (h.) पकड़ लेना, कस कर पकड़ लेना; fig: (verstehen) पूरी तरह समझ लेना;(beeinflussen) को पूर्णरूपेण प्रभावित क०, पर हावी हो जाना, की नस-नस में समा जाना; statistisch: सर्वेक्षण में सम्मिलित क०; की सूची बनाना, को सूची आदि में सम्मिलित क०; **~ung,** f (-) सूचीकरण, सूचीबद्ध क०; सर्वेक्षण।

erfind-en, v/t (h.) आविष्कार क०, ईजाद क०; (erdichten) सोच निकालना; (झूठी बातें) गढ़ना, U: diese Geschichte ist glatt erfunden यह कहानी एकदम मनगढ़न्त है, यह बात बिल्कुल झूठ है; **~er,** m (-s/-) आविष्कारक, ईजादकर्ता; **~erisch,** adj. आविष्कारशील; कुशाग्र, विदग्ध; सर्जनात्मक, सर्जनशील; spw: Not macht erfinderisch आवश्यकता आविष्कार की जननी है, मुसीबत में अपने आप रास्ता सूझता है; **~ung,** f (-/-en) आविष्कार, ईजाद, (Erdichtung) (कपोल-)कल्पना, मनगढ़न्त; **~ungsgabe,** f कल्पना-शक्ति; विदग्धता; प्रतिभा; **~ungsreich,** adj.→erfinderisch

erflehen, v/t (h.) घिघिया कर माँगना, अनुनय-विनय क०, चिरौरी क०; अनुनय-विनय द्वारा प्राप्त कर लेना।

Erfolg, m (-[e]s/-e) सफलता, कामयाबी; सफल वस्तु या काम; (Folge) फल, परिणाम, नतीजा; (Wirkung) प्रभाव, असर; er hat Erfolg im Leben उसका जीवन सफलतापूर्ण है; alle Bemühungen blieben ohne Erfolg सारे प्रयत्न असफल हो गए, सारे प्रयत्न निष्फल रह गए; diese Veranstaltung war ein voller Erfolg यह आयोजन पूर्ण सफलता को प्राप्त हुआ; von Erfolg gekrönt सफलीभूत; **~en,** v/i (s.) होना, घटित होना, (निष्पादित) किया जाना; die Zahlung ist noch nicht erfolgt अदायगी अभी तक नहीं की गई है; **~hascherei,** f (-)सफलता-प्राप्ति के लिए घोर प्रयत्न; सफलता की लिप्सा; **~los,** adj. असफल, नाकामयाब, निष्फल; **~losigkeit,** f(-)असफलता, निष्फलता, नाकामयाबी; **~reich,** adj. सफल, कामयाब; समृद्धिशाली; **~smensch,** m अपने व्यवसाय में पूर्ण सफलता पाने वाला व्यक्ति; सफलतावादी, केवल अपनी प्रगति के बारे में सोचने वाला व्यक्ति; **~srechnung,** f, kfm: हानि-लाभ का हिसाब; **~versprechend,** adj. होनहार, आशाजनक।

erforder-lich, adj. अनिवार्य, आवश्यक, ज़रूरी, अवश्यकरणीय, अपरिहार्य; **~n,** v/t (h.) की आवश्यकता उत्पन्न क०; की आवश्यकता होना, की ज़रूरत होना; की अपेक्षा रखना, माँगना, चाहना; diese Arbeit erfordert viel Geduld यह काम बहुत धैर्य चाहता है, इस काम में बहुत तसल्ली की ज़रूरत है; **~nis,** n (-ses/-se) आवश्यकता, ज़रूरत; अनिवार्यता, अपरिहार्यता; शर्त।

erforsch-en, v/t (h.) जानने का प्रयत्न क०; पता लगाना, जान लेना; अन्वेषण, अनुसंधान, गवेषणा क०; छानबीन क०, जाँच क०; अनुशीलन क०; **~ung,** f (-) अन्वेषण, अनुसंधान, गवेषणा; छानबीन, जाँच; अनुशीलन।

erfragen, v/t (h.) पूछ लेना, पूछ कर जान लेना या पता लगा लेना।

erfrechen, v/r (h.) की धृष्टता,

गुस्ताखी क०; sich erfrechen, etw. zu tun कुछ करने की धृष्टता क० ।

erfreu-en, 1. v/t (h.) प्रसन्न, आनन्दित, हर्षित, खुश क०; jdn. mit etw. erfreuen किसी को किसी वस्तु या बात के द्वारा प्रसन्न क०; 2. v/r (h.) प्रसन्न, आनन्दित, खुश होना; sich einer Sache erfreuen किसी वस्तु या बात पर प्रसन्न होना; किसी वस्तु का भोग क०; किसी वस्तु को रखना; er erfreut sich bester Gesundheit उसका स्वास्थ्य बहुत अच्छा है; **~lich,** adj. आनन्दप्रद, प्रसन्नतादायक; प्रिय, रुचिकर; **~licherweise,** adv. प्रसन्नता की बात है कि; सौभाग्यवश ।

erfrier-en, v/i (s.) ठंड से मर जाना या नष्ट हो जाना; ठंड के कारण सुन्न पड़ जाना; **~ung,** f (-/-en) ठंड के द्वारा मृत्यु, ठंड के द्वारा नाश (पौधों आदि का); ठंड के कारण सुन्न पड़ गया अंग ।

erfrisch-en, v/t (h.) ठंडक पहुँचाना, ताज़गी देना, ताज़ा क०, पुन: सबल क०; sich erfrischen जलपान क०; **~ung,** f (-/-en) जलपान; o.pl: ताज़गी देना, ताज़ा क०; **~ungs-raum,** m जलपान-कक्ष ।

erfüll-en, 1. v/t (h.) से भर देना, से पूर्ण क० या कर देना, से ओतप्रोत कर देना; fig: पूरा क०, निबाहना, सत्य कर देना; को संतोष प्रदान क०; ein Versprechen erfüllen (कोई) वादा निबाहना; eine Bedingung erfüllen कोई शर्त पूरी क०; seine Pflicht erfüllen अपना कर्तव्य पूरा क०; ganz von Vertrauen zu jdm. erfüllt sein किसी के प्रति विश्वास से ओतप्रोत होना; fig: sein Beruf erfüllt ihn ganz वह अपने व्यवसाय से संतुष्ट है; 2. v/r (h.) सत्य हो जाना, सच निकलना, पूरा हो जाना; die Vorhersage erfüllte sich भविष्यवाणी पूरी हो गई; **~ung,** f (-) पालन, पूर्ति; निष्पादन; सत्यभवन; तृप्ति, संतोष, मानसिक संतुलन; ihr Wunsch ist in Erfüllung gegangen उसकी इच्छा पूरी हो गई (है); fig: sie hat in dieser Aufgabe ihre Erfüllung gefunden इस काम में उसे संतोष की प्राप्ति हुई; **~ungsort,** m, jur: अनुबंध को पूरा करने का स्थान ।

ergänz-en, v/t (h.) (vervollständigen) पूर्ण कर देना, को पूरा कर देना, जिस चीज़ की कमी हो उसे जोड़ देना; U: sich gegenseitig ergänzen एक दूसरे का सम्पूरक होना, परस्पर एक दूसरे की कमी को पूरा क०; **~ung,** f (-/-en) सम्पूरण, आपूरण; पूरक, सम्पूरक; (Objekt) कर्म; **~ungsband,** m सम्पूरक संस्करण; **~ungsfarbe,** f (अनु) पूरक रंग ।

ergattern, v/t (h.) U: हथिया लेना, चालाकी से ले लेना, पार कर देना, मार लेना ।

ergaunern, v/t (h.) U: (कोई वस्तु) ठग लेना या छल-कपट से प्राप्त कर लेना ।

[1]ergeben, 1. v/t (h.) (Ertrag bringen) से प्राप्त होना, से मिलना; का फल होना;(erweisen)सिद्ध क०, साबित क०; die Sammlung ergab 1000 DM चंदे से (या में) एक हज़ार मार्क प्राप्त हुए; 2 x 2 ergibt 4 दो और दो का गुणनफल चार होता है; 2. v/r (h.) (die Waffen strecken) हथियार डाल देना, समर्पण कर देना, हार मान लेना; (daraus folgen) से निकलना, का निष्कर्ष होना या निकलना; sich in etw. ergeben किसी निर्णय को स्वीकार कर लेना; fig: sich jdm. ergeben किसी के वशीभूत हो जाना, किसी का मुरीद बन जाना; es ergab sich, daß. . . यह (घटित) हुआ कि. . .; aus dieser Aussage ergibt sich,. . . इस कथन से यह निष्कर्ष निकलता है

कि. . .; sich einem Laster ergeben कोई बुरी लत डाल लेना; sich in sein Schicksal ergeben भाग्य के निर्णय को स्वीकार कर लेना।

[2]**ergeben,** adj. आज्ञाकारी, आज्ञा-परायण, वश्य; (untertänig) अति-विनीत, अतिविनम्र, निष्ठावान; **~heit,** f (-) आज्ञाकारिता, आज्ञा-परायणता, वश्यता; अतिविनय, अतिविनम्रता, निष्ठा।

Ergebnis, n (-ses/-se) (Resultat) परिणाम, नतीजा, फल; निष्कर्ष; math: उत्तर, हल; die Untersuchung blieb ohne Ergebnis जाँच का कोई परिणाम नहीं निकला; **~los,** 1. adj. निष्फल, परिणामहीन, व्यर्थ; 2. adv.: die Suche ist ergebnislos verlaufen खोज बेकार रही, खोज का कोई परिणाम नहीं निकला; **~reich,** adj. सफल, सपरिणाम।

Ergebung, f (-) समर्पण, आत्मसमर्पण; अधीनता-स्वीकरण; अतिविनय, निष्ठा; संतोष।

[1]**ergehen,** 1. v/i (s.) भेजा जाना; जारी या लागू किया जाना; निर्णय का दिया जाना; की हालत होना; er ließ den Befehl ergehen, . . . उसने (यह) हुक्म जारी किया कि . . .; diese Vorschrift erging an alle Mitarbeiter यह आदेश सभी कर्म-चारियों के नाम भेजा गया; Gnade vor Recht ergehen lassen (किसी को) क्षमा कर देना, (किसी को) दंड न देना, क़ानून से नहीं, दया से फ़ैसला क०; wie ist es Ihnen ergangen? आपका क्या हाल रहा?; आपके साथ क्या-क्या बीती?; es wird ihm schlecht ergehen उसकी दुर्दशा हो जाएगी; 2. v/r (h.): sich über ein Thema ergehen किसी विषय की विस्तृत विवेचना क०, किसी विषय पर विस्तारपूर्वक बोलना; sich in Vermutungen ergehen über etw. किसी बात के बारे में हर संभव कल्पना कर डालना; er erging sich in Schmähungen über ihn उसने उसकी घोर निन्दा की; उसने उसकी घोर भर्त्सना की; sie ergehen sich im Park वे पार्क में घूमते हैं, वे पार्क में घूम रहे हैं।

[2]**Ergehen,** n (-s) हाल, हाल-चाल, हालात; स्वास्थ्य, तबियत।

ergiebig, adj. उर्वर, उपजाऊ; लाभदायक, लाभप्रद, फ़ायदेमन्द; **~keit,** f (-) उर्वरता, उपजाऊपन; उत्पादकता; लाभदायकता, लाभप्रदता।

ergießen, 1. v/t (h.) poet: उँडेलना; में डुबो देना; में नहलाना; fig: jdm. sein Herz ergießen किसी के आगे अपना दिल खोल कर रख देना; der Mond ergießt sein Licht über die Stadt चंद्रमा नगर को अपनी चाँदनी में नहला रहा है; 2. v/r (h.) बहना, बह निकलना, बह जाना; निकल पड़ना; फैल जाना; der Fluß ergießt sich ins Meer नदी समुद्र में मिल जाती है; die Milch ergoß sich über das Tischtuch दूध मेज़पोश पर फैल गया; eine Flut von Schimpfworten ergoß sich über ihn उसके ऊपर अंधाधुंध गालियाँ पड़ीं।

erglühen, v/i (s.) उत्तप्त होना, प्रज्वलित होना, धधक उठना; fig: कांतिमय या दीप्तिमान हो जाना; तमतमा जाना; लाल हो जाना (चेहरे का); in Liebe zu jdm. erglühen किसी के प्यार में जलना या जल उठना, किसी के प्यार में धधकना या धधक उठना; in Zorn erglühen क्रोध में चेहरा तमतमा जाना।

ergo, konj. [lat.] अतः, अतएव, इस-लिए।

ergötz-en, 1. v/t (h.): jdn. ergötzen किसी को प्रफुल्लित. आह्लादित क०; किसी का मनोरंजन क०; sich an etw. ergötzen किसी

वस्तु या बात का मज़ा लूटना; किसी बात पर प्रसन्न होना; 2. n (-s) प्रसन्नता, आह्लाद, खुशी; मनोरंजन; ~lich, adj. प्रसन्नतादायक, आनन्द-प्रद; मनोरंजक; हास्यकर, हास्यजनक।

ergrauen, v/i (h.) सफ़ेद हो जाना (बालों का); fig: बूढ़ा हो जाना, के बाल पक जाना।

ergreif-en, v/t (h.) कस कर पकड़ लेना, दबोच लेना; अपना लेना, अपने हाथ में ले लेना, हथिया लेना; (festnehmen) पकड़ लेना, गिरफ़्तार कर लेना; fig: पर मर्मस्पर्शी प्रभाव डालना; einen Beruf ergreifen कोई व्यवसाय अपनाना, कोई पेशा अख्तियार क०; die Macht ergreifen सत्ता हथिया लेना; die Flucht ergreifen भाग जाना; das Wort ergreifen बोलना प्रारंभ क०, बोलने लगना; eine Gelegenheit ergreifen किसी अवसर का लाभ उठाना; Angst ergriff mich मैं भयभीत हो गया, डर मेरी नस-नस में समा गया; sein Tod hat uns tief ergriffen उसकी मृत्यु से हमें महान दुःख हुआ; **~end,** adj. मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी; **~ung,** f (-) गिरफ़्तारी, बंदीकरण।

ergriffen, adj. प्रभावित, मर्मस्पृष्ट, भावोन्मत्त, भावावेशग्रस्त; **~heit,** f (-) भावोन्माद, भावावेश।

ergrimmen, v/i (s.) क्रुद्ध, कुपित, खफ़ा, नाराज़ हो जाना।

ergründen, v/t (h.) का पूरा-पूरा पता लगाना, को पूर्ण रूप से समझ लेना, (किसी बात की) तह तक पहुँचना।

Erguß, m (-'sses/ ⸗ 'sse) वहिःस्रवण, निःसरण; वीर्य-स्खलन; med: स्यन्दन; fig: धाराप्रवाह भाषण; **~gestein,** n ठंडा लावा।

erhaben, adj. उत्थित, उभरा हुआ, बहिर्विष्ट; उत्कीर्ण; fig: भव्य, अलौकिक, शानदार, महान, उच्च, लोकोत्तर, (लोभ, मोह आदि) से परे; er fühlt sich allen erhaben वह अपने को सबसे महान समझता है, वह अंहकारी है; er ist über jeden Verdacht erhaben वह हर संदेह से परे है, उस पर कोई संदेह नहीं किया जा सकता; fig: ein erhabener Anblick अलौकिक दृश्य; **~heit,** f (-) उभार, वहिर्विष्टता; भव्यता, अलौकिकता, महानता, उच्चता, लोकोत्तरता।

Erhalt, m (-[e]s) प्राप्ति, पाना; **~en,** v/t (h.) (bekommen) पाना, प्राप्त क०, को मिलना; (bewahren) को सुरक्षित रखना, सँभाल कर रखना, बनाए रखना, क़ायम रखना; का भरण-पोषण क०, का ख़र्च चलाना या देना; sich erhalten जीवित रहना; बना रहना, क़ायम रहना, चलता रहना; er muß die ganze Familie allein erhalten उसे सारे परिवार का भरण-पोषण अकेले ही करना पड़ता है; das Auto ist gut erhalten (यह) कार अच्छी हालत में है; dieser Brauch hat sich über Jahrhunderte hinweg erhalten यह प्रथा शताब्दियों तक चलती रही; यह प्रथा शताब्दियों से चली आ रही है; er hat sich bei guter Gesundheit erhalten उसने अपने स्वास्थ्य का (सदैव) ध्यान रखा है; उसका स्वास्थ्य अच्छा बना रहा; **~er,** m (-s/-) poet: संरक्षक, पोषक, भरण-पोषण करने वाला।

erhältlich, adj. प्राप्य, उपलभ्य, उपलब्ध।

Erhaltung, f (-/-en) समारक्षण, संरक्षण, भरण-पोषण, देख-रेख, देख-भाल; क़ायम रखना, बनाए रखना।

erhandeln, v/t (h.) मोल-तोल करके लेना या ले लेना।

erhängen, 1. v/t (h.) फाँसी पर चढ़ा कर मार डालना; 2. v/r (h.) फाँसी लगा लेना, फाँसी लगा कर आत्महत्या क०।

erhärt-en, v/t (h.) कठोर या कड़ा

बनाना; fig: की संपुष्टि क०, परिपुष्ट क०; सिद्ध क०, सही साबित क०; ~ung, f (-) कठोरीकरण, कठोरीभवन; fig: पुष्टिकरण, परिपुष्टि ।

erhaschen, v/t (h.) पकड़ना, झपट कर पकड़ लेना या ले लेना; fig: कहीं सुन लेना; पा लेना ।

erheb-en, 1. v/t (h.) (emporheben) उठाना, ऊपर उठाना, उन्नत क०; खड़ा क०; (geltend machen) का दावा क०; (verlangen) माँगना; (कर आदि) लगाना या वसूल क०; (rühmen) का गुणगान क०, की प्रशंसा क०; (anstimmen)प्रारंभ क०; fig: आनन्दित कर देना; उत्प्रेरित क०; die Stimme erheben आवाज़ ऊँची क०; Anklage erheben (gegen jdn.) (किसी पर) अभियोग लगाना या मुक़दमा दायर क०; Anspruch auf etw. erheben किसी वस्तु या बात पर अपने अधिकार का दावा क०; sein Glas erheben (auf jdn.) किसी की सलामती का जाम पीना; eine Zahl ins Quadrat erheben किसी संख्या का वर्गकरण क०; die Hand gegen jdn. erheben किसी पर हाथ उठाना; jdn. zum Anführer erheben किसी को अपना नेता बना लेना; 2. v/r (h.) उन्नत होना; उठना, खड़ा हो जाना; उभरना; (आँधी, तूफ़ान आदि का) आना या प्रारंभ होना; sich gegen jdn. erheben किसी का विरोध क०; किसी के खिलाफ़ बग़ावत क०; sich über jdn. erheben किसी से आगे निकल जाना; fig: es erhebt sich nun die Frage,. . . अब प्रश्न यह उठता है कि. . .; der Vogel erhebt sich in die Luft चिड़िया ऊपर को उड़ती है; das Gebirge erhebt sich bis zu 8000 m पर्वत-श्रृंखला आठ हज़ार मीटर की ऊँचाई तक जाती है; ~end, adj. आनन्दप्रद; उत्प्रेरक ।

erheblich, 1. adj. (bedeutsam) महत्वपूर्ण; वज़नी, भारी; (groß) बड़ा, विशाल; (zahlreich) बहुसंख्यक, बहुत अधिक संख्या में, बहुत अधिक; 2. adv. कहीं अधिक, बहुत अधिक, अत्यन्त, अत्यधिक ।

Erhebung, f (-/-en) उभार; टीला, पहाड़ी, पहाड़; (Aufstand) क्रांति, आंदोलन, बग़ावत; (Befragung) सर्वेक्षण, सर्वे; आँकड़े, सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त सामग्री; (Gebührenforderung) वसूली; fig: उत्प्रेरण; आह्लाद ।

erheiraten, v/t (h.) (सम्पत्ति आदि को) विवाह द्वारा प्राप्त कर लेना ।

erheischen, v/t (h.) की अपेक्षा क०, आग्रहपूर्वक माँगना ।

erheiter-n, 1. v/t (h.) प्रसन्न क०, आनन्दित क०, को हँसी दिलाना; 2. v/r (h.) प्रसन्न होना, आनन्दित होना, को हँसी आना; ~ung, f (-/-en) मनोरंजन, मनोविनोद, आनन्द ।

erhell-en, 1. v/t (h.) प्रदीप्त क०, ज्योतित क०, में उजाला क०; fig: समझाना, स्पष्ट क०, पर प्रकाश डालना; 2. v/r (h.) प्रदीप्त होना, चमक उठना; fig: seine Miene erhellte sich उसके चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी; ~ung, f (-) प्रदीपन; fig: स्पष्टीकरण ।

erhitz-en, 1. v/t (h.) गरम क०; fig: क्रुद्ध या उत्तेजित क०; 2. v/r (h.) गरम हो जाना; fig: क्रुद्ध या उत्तेजित होना या हो जाना; ~ung, f (-) तापन; उत्तेजन ।

erhoffen, v/t (h.) की आशा, कामना, उम्मीद, अपेक्षा क० या रखना ।

erhöh-en, v/t (h.) ऊँचा क०; की ऊँचाई बढ़ाना; चढ़ाना; (vergrößern) बढ़ाना, वृद्धि क०; jdn. erhöhen किसी को पदोन्नति देना; die Preise erhöhen क़ीमतें बढ़ाना; die Geschwindigkeit erhöhen गति बढ़ाना; er hat erhöhte

Temperatur उसको हल्का बुख़ार है; ~**ung,** f (-/-en) ऊँचाई में वृद्धि; बढ़ती, वृद्धि; (Hügel) चढ़ाई; टीला, पहाड़ी; ~**ungszeichen,** n, mus: उच्च स्वर का चिह्न ।

erhol-en, v/r (h.) शान्त या प्रकृतिस्थ हो जाना; ठीक, चंगा, स्वस्थ होना या हो जाना, स्वास्थ्यलाभ क०; विश्राम क०, अपनी थकान दूर क०; kfm: विनिमय-दर, बाज़ार-भाव आदि में वृद्धि होना; ~**sam,** adj. शांतिपूर्ण, शान्त, विश्रान्त; आरामदेह; ~**ung,** f (-) स्वास्थ्यलाभ, प्रकृतिलाभ; विहार; (Entspannung) विश्राम, आराम; ~**ungsbedürftig,** adj. जिसे विश्राम की आवश्यकता हो; ~**ungsgebiet,** n विहार-क्षेत्र; ~**ungsreise,** f विहार-यात्रा; ~**ungsurlaub,** m विश्रामार्थ लिया गया अवकाश ।

erhör-en, v/t (h.) की सुन लेना, की प्रार्थना सुन लेना या स्वीकार कर लेना या पूरी कर देना; ~**ung,** f (-) सुनवाई, प्रार्थनापूर्ति ।

erinner-lich, adj. स्मरणस्थ, याददाश्त में; es ist mir noch erinnerlich मुझे अभी भी इसकी याद है, यह मुझे अभी भी याद है; ~**n,** 1. v/t (h.) स्मरण दिलाना, याद दिलाना, की याद ताज़ा क०; का ध्यान दिलाना; का तक़ाज़ा क०; er erinnert mich an einen verstorbenen Freund वह मुझे एक मृत मित्र की याद दिलाता है, उसे देख कर मुझे एक मृत मित्र की याद आती है; 2. v/r (h.) याद क०, स्मरण क०, की याद होना; ich erinnere mich dessen मुझे इसकी (या उसकी) याद है; ich erinnere mich genau an diesen Tag मुझे इस दिन की पूरी याद है; soweit ich mich erinnere,... जहाँ तक मुझे स्मरण है; ~**ung,** f (-/-en) स्मरण, स्मरणशक्ति, याद, याददाश्त; (Mahnung) तक़ाज़ा; (Andenken) स्मृति; स्मृति-चिह्न, निशानी; jdm. etw. in Erinnerung bringen/rufen किसी को किसी बात की याद दिलाना; seine Erinnerung läßt immer mehr nach उसकी स्मरणशक्ति क्षीण होती जा रही है; meiner Erinnerung nach जहाँ तक मुझे याद है; in/zur Erinnerung an के स्मरणार्थ; ~**ungstafel,** f स्मारक-पटल; ~**ungsvermögen,** n स्मरण-शक्ति, याददाश्त ।

erjagen, v/t (h.) का शिकार क०; fig: घोर परिश्रम करके प्राप्त क० ।

erkalten, v/i (s.) ठंडा पड़ जाना, प्रशीतित हो जाना; fig: जोश आदि का ठंडा पड़ जाना या समाप्त हो जाना; fig: ihre Gefühle für ihn sind erkaltet उसके प्रति उसका प्रेम समाप्त हो गया है, वह उसके प्रति उदासीन हो गई है ।

erkälten, v/r (h.) को सर्दी या ठंड लग जाना, को जुकाम हो जाना ।

Erkaltung, f (-) शीतलन ।

Erkältung, f (-/-en) ठंड, सर्दी, जुकाम ।

erkämpfen, v/t (h.) संघर्ष करके प्राप्त कर लेना ।

erkaufen, v/t (h.) ख़रीद लेना, क्रय कर लेना; (bestechen) को घूस देना; घूस देकर कोई काम करवा लेना; fig: के लिए भारी मूल्य चुकाना; fig: das ist ein teuer erkaufter Ruhm für ihn इस ख्याति के लिए उसे भारी मूल्य चुकाना पड़ा ।

erkenn-bar, adj. दृष्टिगोचर, स्पष्ट, अनुभवगम्य; ~**barkeit,** f (-)स्पष्टता, अनुभवगम्यता, अवगम्यता; ~**en,** v/t (h.) पहचानना, पहचान लेना, पूर्व-परिचित ठहराना; देखना, देख लेना; (geistig erfassen) समझना, समझ लेना, जान जाना; (durchschauen) भाँप लेना, ताड़ लेना; किसी की असलियत को पहचान लेना; jur: का निर्णय देना, क़रार देना, ठहराना; sich jdm. zu erkennen geben किसी को अपना परिचय देना; किसी

को अपना असली रूप दिखाना; etw. zu erkennen geben कोई बात बताना, किसी बात को दिखाना, किसी बात को स्पष्ट कर देना; eine Krankheit erkennen किसी रोग का निदान क०; das Gericht erkannte auf Freispruch अदालत ने बरी करने का निर्णय दिया।

erkennt-lich, adj. कृतज्ञ, आभारी, शुक्रगुज़ार, एहसानमंद; sich (jdm.) erkenntlich zeigen (किसी के प्रति) आभार-प्रदर्शन क०; किसी के एहसान का बदला चुकाना; **~lichkeit,** f (-/-en) कृतज्ञता, आभार, एहसान; प्रत्युपकार; आभारप्रदर्शनार्थ दी गई भेंट; **~nis,** 1. f (-/-se) (प्रत्यक्ष)ज्ञान, प्रज्ञान, जानकारी, बोध, अवगम; 2. n (-ses/-se) jur: निर्णय, फ़ैसला; **~nisvermögen,** n बोधशक्ति, बोधक्षमता।

Erkennung, f (-) परिचयन, पहचानना, पहचान, शिनाख्त; **~sdienst,** m पुलिस का शिनाख्त-विभाग; **~smarke,** f, mil: सैनिकों की पहचान का बिल्ला (जिसे गले में पहना जाता है); **~szeichen,** n पहचान-संकेत; पहचान-चिह्न।

Erker, m (-s/-) [lat./frz.] बाहर को निकला हुआ झरोखा, बाहर को निकली हुई खिड़की, बरोठेदार खिड़की।

erklär-bar, adj. व्याख्येय, समझाने या बोध कराने योग्य; **~en,** v/t (h.) (erläutern) स्पष्ट क०, समझाना, का बोध कराना; (deuten) की व्याख्या क०; (kundtun) बताना; की घोषणा क०, का एलान क०; की सूचना देना; निश्चयपूर्वक कहना; sich erklären स्पष्ट होना या हो जाना; अपने मन की बात कहना; sich jdm. erklären किसी से अपने मन की बात कहना; किसी से प्रणय-निवेदन क०; sich für/gegen jdn. erklären किसी के पक्ष/विपक्ष में होने की घोषणा क०, किसी के पक्ष/विपक्ष में बोलना; ich kann mir das nicht erklären मैं यह नहीं समझ पा रहा हूँ, यह मेरी समझ में नहीं आता है; den Krieg erklären युद्ध की घोषणा क०; ich erkläre hiermit, daß... मैं इसके द्वारा सूचित करता हूँ कि . . .; **~end,** adj. व्याख्यात्मक, निदर्शी; **~lich,** adj. स्पष्ट, बोधगम्य; स्वाभाविक; प्रत्यक्ष; **~licherweise,** adv. स्वाभाविक रूप से, स्वाभाविक है कि; **~ung,** f (-/-en) (Erläuterung) स्पष्टीकरण; (Auslegung) व्याख्या, विवृत्ति; (Deklaration) घोषणा, एलान; प्रख्यापन, विज्ञप्ति, वक्तव्य, सूचना; jur: बयान, अभिसाक्ष्य।

erklecklich, adj. (beträchtlich) बहुत, अधिक; विशाल, भारी; (ausreichend) पर्याप्त, यथेष्ट, काफ़ी।

erklettern, v/t (h.) पर चढ़ जाना; (पर्वत-शिखर) पर विजय पाना।

erklimmen, v/t (h.) →erklettern; fig: er hat den Gipfel des Ruhms erklommen वह ख्याति के शिखर पर पहुँच गया है।

erklingen, v/i (s.) बजना, बज उठना, की आवाज़ होना; सुनाई देना।

erklügeln, v/t (h.) →austüfteln/ausklügeln

erkrank-en, v/i (s.) बीमार पड़ जाना, रोगग्रस्त हो जाना; er ist an Pocken erkrankt उसको चेचक हो गई है; **~ung,** f (-/-en) बीमार होना, रोगग्रस्त होना या हो जाना; रोग, बीमारी।

erkühnen, v/r (h.) की धृष्टता या गुस्ताखी क०, का दुस्साहस क०।

erkunden, v/t (h.) के विषय में जानकारी प्राप्त क० या जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न क०, के बारे में पूछना या पूछताछ क०; mil: शत्रु के क्षेत्र का पर्यवेक्षण क०।

erkundig-en, v/r(h.)पूछना,पता लगाना, जानना चाहना; sich nach etw. erkundigen किसी वस्तु या बात के बारे में पूछना या पता लगाना; sich

über jdn. erkundigen किसी के बारे में पूछताछ क०, किसी के चरित्र या उसकी क्षमता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त क०; ~**ung,** f (-/-en) परिप्रश्न, परिपृच्छा, पूछताछ, दरियाफ़्त, जाँच-पड़ताल; Erkundigungen über jdn. einziehen किसी के बारे में जानकारी हासिल क० ।

Erkundung, f (-/-en) mil: पर्यवेक्षण, टोह; ~**sflug,** m, mil: पर्यवेक्षण-उड़ान ।

erküren, v/t (h.) चुन लेना, वरण कर लेना ।

erlaben, v/r (h.) ताज़ा हो जाना, (जलपान आदि द्वारा) ताज़गी का अनुभव क० ।

erlahmen, v/i (s.) पंगु हो जाना; fig: थक कर चूर हो जाना, अशक्त हो जाना; मंद पड़ जाना, ढीला पड़ जाना ।

erlangen, v/t (h.) पाना, प्राप्त क०; उपार्जित क०, अर्जित क० ।

Erlaß, m (-'sses/-'sse) (Verfügung) आज्ञप्ति, आदेश, अध्यादेश; einer Strafe: माफ़ी, दंड से मुक्ति; einer Schuld: छूट, परिहार ।

erlassen, v/t (h.) (आज्ञप्ति, आदेश आदि) जारी क०; (क़ानून, नियम बनाना, प्रख्यापित क० या घोषित क०; (in Kraft treten lassen) (क़ानून, नियम आदि) लागू क०; Strafe/Schuld: छोड़ देना, माफ़ क० या कर देना; की छूट देना ।

erläßlich, adj. (verzeihlich) क्षमा, माफ़ी, छूट के योग्य; (nicht bindend) निवार्य, अबाध्यकर ।

erlaub-en, v/t (h.) की अनुमति, आज्ञा, इजाज़त देना; sich etw. erlauben कुछ करने की धृष्टता क०; अपने लिए कुछ ख़रीदना या ख़रीद कर रखना; Rauchen ist nicht erlaubt धूम्रपान मना है; darf ich mir erlauben, Sie einzuladen? क्या मैं आपको आमंत्रित कर सकता हूँ या आमंत्रित करने का दुस्साहस कर सकता हूँ; bei seinem Verdienst kann er sich kein Auto erlauben अपनी आमदनी के हिसाब से वह मोटरकार नहीं रख सकता; was erlauben Sie sich! आप कैसी धृष्टता कर रहे हैं?!; यह क्या बदतमीज़ी है (आपकी)?; ~**nis,** f (-/-se) अनुमति, आज्ञा, इजाज़त, अनुज्ञा; अनुज्ञा-पत्र ।

erlaucht, adj. उच्च, महान; लब्ध-प्रतिष्ठ; यशस्वी ।

erlauschen, v/t (h.) कनसुई लेकर जान लेना, चुपचाप सुन लेना ।

erläuter-n, v/t (h.) स्पष्ट क०, समझाना, का बोध कराना; भाष्य, विवृत्ति, टीका लिखना; ~**ung,** f (-/-en) स्पष्टीकरण; भाष्य, विवृत्ति, टीका, व्याख्या ।

Erle, f (-/-n) भिदुर, भोजपत्र की जाति का एक पेड़; ~**n,** adj. भिदुर की लकड़ी का ।

erleb-en, v/t (h.) देखना, का साक्षी होना; का अनुभव क०; भोगना, भुगतना; ich habe das selbst erlebt मैंने यह स्वयं देखा है, इसका मैंने स्वयं अनुभव किया है; er hat seinen 60. Geburtstag nicht mehr erlebt वह अपनी साठवीं वर्षगाँठ तक जीवित नहीं रहा; U: er will etwas erleben वह कुछ देखना चाहता है, वह कुछ अनुभव करना चाहता है; U: der kann was erleben! आने दो उसको! (उसकी तबियत हरी कर दूँगा!); U: hat man sowas je erlebt? यह अपूर्व है; क्या कभी ऐसा भी हुआ है?; das Theaterstück hat gestern seine 100. Aufführung erlebt यह नाटक कल सौवीं बार प्रदर्शित किया गया; ~**nis,** n (-ses/-se) घटना; (अपूर्व) अनुभव; ~**nisreich,** adj. घटनापूर्ण ।

erledig-en, v/t (h.) (ausführen) निष्पादित क०, निष्पन्न क०, करना; (zu Ende bringen) समाप्त क०, पूरा क०; U: jdn. erledigen किसी को मार डालना; किसी को तबाह कर देना; U: ich bin total erledigt मैं थक

कर चूर हो गया हूँ; U: er ist für mich erledigt मेरे लिए वह मर चुका है; ~ung, f (-/-en) निष्पादन, कार्य-निष्पत्ति, पूरा क० या किया जाना।

erleg-en, v/t (h.) Wild: वध क०; Pfand: गिरवी रखना, गारंटी के तौर पर जमा क०; **~ung,** f (-) वध।

erleichter-n, v/t (h.) भारमुक्त क०, का बोझ उतारना; का बोझ हल्का क०; हल्का क०, सरल बनाना; er hat sein Gewissen erleichtert उसने अपनी अन्तरात्मा का बोझ हल्का कर लिया; U: jdn. um etw. erleichtern किसी की कोई वस्तु चुरा लेना; **~ung,** f (-/-en) भारमुक्त क० या किया जाना; सरलीकरण; मुक्ति; राहत, चैन।

erleiden, v/t (h.) सहन क०, बरदाश्त क०; झेलना, भुगतना; पर आ पड़ना, को हो जाना; Schiffbruch erleiden का जहाज़ डूब जाना; fig: असफल हो जाना; eine Niederlage erleiden पराजित हो जाना, मात खाना।

erlern-bar, adj. सीखने योग्य, ज्ञेय, शिक्ष्य; **~barkeit,** f (-) ज्ञेयता, शिक्ष्यता; **~en,** v/t (h.) सीखना, सीख लेना, का ज्ञान प्राप्त क०।

[1]**erlesen,** v/t (h.) चुनना, चुन लेना।

[2]**erlesen,** adj. उत्कृष्ट, उत्तम; चुनिन्दा; विशिष्ट; **~heit,** f (-) उत्कृष्टता, उत्तमता; विशिष्टता।

erleucht-en, v/t (h.)प्रदीप्त क०, ज्योतित क०; fig: प्रबुद्ध क०, ज्ञान-सम्पन्न क०; **~ung,** f (-/-en) प्रदीपन; fig: प्रबोधन, प्रबोध।

erliegen, v/i (s.): einer Krankheit: का शिकार हो जाना, से मर जाना, के कारणवश मर जाना; einer Versuchung: से बच न पाना, का शिकार हो जाना, के वशीभूत हो जाना; er ist seinen Verletzungen erlegen चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई; zum Erliegen kommen ठप हो जाना।

erlisten, v/t (h.) चालबाज़ी या चालाकी से प्राप्त कर लेना।

erlogen, adj. असत्य, मिथ्या, झूठ; U: das ist erstunken und erlogen यह बिल्कुल झूठ है।

Erlös, m (-es/-e) (Einnahme) अर्थागम, आयं, आमदनी, प्राप्ति; (Gewinn) लाभ, मुनाफ़ा।

erlöschen, v/i (s.) बुझ जाना; (aufhören zu bestehen) का अस्तित्व समाप्त हो जाना, ख़त्म हो जाना, मिट जाना; poet: का अंत होना, मर जाना; (आँखों का) पथरा जाना; sein Anspruch ist erloschen उसका अधिकार (या दावा) समाप्त हो गया है; poet: seine Augen erloschen उस की आँखें पथरा गईं; poet: er sprach mit erlöschender Stimme वह मरणासन्न आवाज़ में बोला।

[1]**erlösen,** v/t (h.) आमदनी के रूप में प्राप्त क०, किसी वस्तु के बदले में धन प्राप्त क०।

[2]**erlös-en,** v/t (h.) छुड़ाना; मुक्त क०, मुक्ति दिलाना, उद्धार क०; eccl: मोक्ष दिलाना; der Tod hat ihn von langem Leiden erlöst मृत्यु ने उसे लम्बी बीमारी से मुक्ति दिला दी; **~er,** m(-s/-)छुड़ाने वाला, मुक्तिदाता, मुक्ति दिलाने वाला; eccl: ईसा मसीह; **~ung,** f (-/-en) मुक्ति, उद्धार; fig: छुटकारा, राहत, भारमुक्ति; eccl: मोक्ष।

erlügen, v/t (h.) (झूठी बातें) गढ़ना या बनाना।

ermächtig-en, v/t (h.) अधिकार या प्राधिकार देना, प्राधिकृत क०; कुछ करने की आज्ञा देना; er ist nicht ermächtigt, das zu tun वह इस काम को करने के लिए प्राधिकृत नहीं है; **~ung,** f (-/-en) (Erlaubnis) अनुज्ञप्ति, आज्ञा; (Befugnis) अधिकार, प्राधिकार।

ermahn-en, v/t (h.) कुछ करने को कहना या समझाना, किसी कर्त्तव्य की याद दिलाना; चेतावनी देना; jdn. zur

Ruhe ermahnen किसी को शांत होने के लिए कहना; ~ung, f (-/-en) प्रबोधन; चेतावनी ।

ermang-eln, v/i (h.) की कमी होना, का अभाव होना; करना भूल जाना, करने से चूक जाना; es ermangelt der Sorgfalt सावधानी का अभाव है; ich werde nicht ermangeln, es zu tun मैं यह करना नहीं भूलूंगा; **~(e)lung,** f: in Ermangelung einer Sache किसी वस्तु के अभाव में ।

ermannen, v/r (h.) की हिम्मत क०, का साहस क० ।

ermäßig-en, v/t (h.)कम क०, घटाना, मूल्य, शुल्क आदि में कमी क० या छूट देना; **~ung,** f (-/-en) कटौती, रियायत, छूट ।

ermatt-en, 1. v/t (h.) थका देना, क्लान्त कर देना; 2. v/i (s.)थक जाना, क्लान्त हो जाना; कम हो जाना, घट जाना, ठंडा पड़ जाना; sein Eifer ist ermattet उसका जोश ठंडा पड़ गया है; **~ung,** f (-) थकान, क्लान्ति; न्यूनीभवन ।

ermessen, 1. v/t (h.) आँकना, अनुमान या अंदाज़ लगाना; के बारे में राय या विचार बनाना; 2. n (-s) (Entscheidung) निर्णय, निर्णय-सामर्थ्य; (Gutdünken) राय, विचार, विवेक, समझबूझ; विवेकाधिकार; das steht in seinem Ermessen यह उसके निर्णयाधीन है; nach menschlichem Ermessen अतिसम्भाव्यत:; मानवीय विवेक के आधार पर; **~sentscheidung,** f विवेकगत निर्णय; **~sfrage,** f: das ist eine Ermessensfrage इस समस्या को केवल स्वविवेक द्वारा हल किया जा सकता है (क़ानून आदि से नहीं) ।

ermitteln, v/t (h.) पता लगा लेना; जाँच-पड़ताल क०,तहक़ीक़ात क०, जाँच-पड़ताल द्वारा पता लगाना; die Polizei ermittelt in dieser Sache (gegen ihn) पुलिस इस मामले में (उसके ख़िलाफ़) तहक़ीक़ात कर रही है ।

Ermittlung, f (-/-en) जाँच-पड़ताल, तहक़ीक़ात, छानबीन; अभिनिश्चयन; **~sbeamte,** m जाँच-पड़ताल करने वाला अधिकारी; **~sverfahren,** n जाँच-पड़ताल, तहक़ीक़ात की कार्यवाही ।

ermöglichen, v/t (h.) सम्भव बनाना, का अवसर देना; jdm. etw. ermöglichen किसी को किसी बात का अवसर देना ।

ermord-en, v/t (h.) हत्या, क़त्ल, ख़ून क० या कर देना; **~ung,** f (-/-en) हत्या, क़त्ल, ख़ून ।

ermüd-en, 1. v/t (h.) थका देना, क्लान्त कर देना; 2. v/i(s.) थक जाना, क्लान्त हो जाना; er ermüdet leicht वह जल्दी थक जाता है; **~ung,** f (-/-en) थकान, क्लान्ति; **~ungserscheinung,** f थकान का लक्षण ।

ermunter-n, 1. v/t (h.) जगा देना, चैतन्य कर देना, स्फूर्तिमय बना देना, स्फूर्ति उत्पन्न क०; fig: प्रोत्साहित या प्रेरित क०; jdn. zu etw. ermuntern किसी को किसी बात के लिए प्रेरित क०; 2. v/r (h.) जाग जाना, चैतन्य होना या हो जाना; fig: हिम्मत क०, साहस बटोरना; sich zu etw. ermuntern किसी काम के लिए हिम्मत क० या साहस बटोरना; **~ung,** f (-/-en) प्रोत्साहन, बढ़ावा, प्रेरणा ।

ermutig-en v/t (h.) प्रोत्साहित क०, की हिम्मत बँधाना, को साहस दिलाना; को बढ़ावा देना; **~ung,** f (-/-en) प्रोत्साहन, बढ़ावा, समर्थन ।

ernähr-en, v/t (h.) भोजन देना, खिलाना; fig: का पेट पालना, का ख़र्च चलाना, का पालन-पोषण क०; **~er,** m (-s/-) पेट पालने वाला, पोषक; **~ung,** f (-) आहार, भोजन, खाना; fig: पालन-पोषण, पोषण; **~ungsfehler,** m भोजन में असंतुलन;असंतुलित भोजन से उत्पन्न रोग; **~ungsweise,** f खान-पान की आदत ।

ernenn-en, v/t(h.)नियुक्त क०; मनोनीत

क०; er wurde zum Professor ernannt उसे प्रोफ़ेसर के पद पर नियुक्त किया गया; ~ung, f (-/-en) नियुक्ति; मनोनयन; ~ungsurkunde, f नियुक्ति-पत्र।

erneuer-n, v/t (h.) मरम्मत क०, सुधारना, नया बना देना; नया क०; दोबारा स्थापित क०; (Teile auswechseln) नये पुर्ज़े लगाना, पुर्ज़े बदलना या बदल देना; (wieder in Kraft setzen) फिर से प्रारम्भ, जारी, लागू क० या कर देना; (neu beleben) पुनरुज्जीवित क०; ताज़ा क०; **~ung,** f (-/-en) मरम्मत, सुधार; नवीनीकरण; पुनरारम्भ; पुनःस्थापन।

erneut, 1. adj. नवीकृत; पुनरावृत; 2. adv. फिर से, दोबारा, पुनः, नये सिरे से।

erniedrig-en, v/t (h.) (demütigen) अवमानित क०, का मानमर्दन क०, को नीचा दिखाना; (degradieren) पदावनत क०, का दर्जा घटाना; mus: सुर मंदा क०; **~ung,** f (-/-en) अवमान, मानमर्दन, निम्नीकरण; सुर का मंद किया जाना।

[1]**ernst,** 1. adj. (streng) कड़ा, सख्त, कठोर; संयत; (wichtig) महत्वपूर्ण, वज़नी, वज़नदार; (nicht heiter) अविनोदी, विनोदरहित; उदास, विषण्ण; (ermahnend) चेताने वाला, चेतावनीपूर्ण; (würdevoll) गंभीर, संजीदा, गुरु, गौरवपूर्ण; (aufrichtig) सच्चा, वास्तविक; (bedrohlich) संकटपूर्ण, खतरनाक, चिन्ताजनक, संगीन; 2. adv.: eine Sache ernst nehmen किसी बात पर गम्भीरता से ध्यान देना, किसी बात को महत्वहीन न समझना; er ist nicht ernst zu nehmen वह जो कहता है उसे करता नहीं, उसकी बात का कोई महत्व नहीं है; वह गम्भीरतापूर्वक बात नहीं करता है।

[2]**Ernst,** m (-es) संयतता; सख्ती, कड़ाई; गाम्भीर्य, गम्भीरता, गुरुता; सच्चाई; (Zielstrebigkeit) दृढ़ता, दृढ़-निश्चयता; (Bedrohlichkeit) चिन्ताजनकता, संकटपूर्णता, संगीनी; ich sage das allen Ernstes मैं यह बिल्कुल गम्भीरतापूर्वक कह रहा हूँ; das ist mein voller Ernst यह मज़ाक नहीं है, यह मेरा दृढ़ निश्चय है; im Ernst! सच!; यह पक्की बात है; er läßt den nötigen Ernst vermissen उसमें यथोचित गम्भीरता (या कड़ाई) की कमी है; den Ernst der Lage verkennen परिस्थिति की गम्भीरता को न समझना; **~fall,** m आपत्काल; युद्ध, युद्ध की स्थिति; **~gemeint,** adj. गम्भीरतापूर्ण, गम्भीरतापूर्वक या पक्के इरादे के साथ कहा गया; **~haft,** adj. गम्भीर, गम्भीरतापूर्ण; यथार्थ, वास्तविक; विकट, उग्र, संगीन; **~lich,** 1. adj. वास्तविक; गम्भीरतापूर्ण; 2. adv. वास्तव में, वाक़ई, सचमुच; अधिक, बहुत; er ist ernstlich krank वह बहुत बीमार है, वह सख्त बीमार है; jetzt bin ich ernstlich böse अब मैं वास्तव में नाराज़ हूँ।

Ernte, f (-/-n) फ़सल, पैदावार, उपज; fig: फल, परिणाम, नतीजा; **~arbeiter,** m लुनेरा; फ़सल काटने के लिए रखा गया मज़दूर; **~ausfall,** m फ़सल का मारा जाना, शस्य-नाश; **~dankfest,** n शरत्कालीन त्योहार जिसपर अच्छी फ़सल के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया जाता है; **~n,** v/t (h.) लुनना, (फ़सल) काटना; fig: परिणामस्वरूप पाना, फल भोगना, को मिलना; (नाम, प्रतिष्ठा आदि) कमाना; für eine Arbeit Anerkennung ernten किसी काम के लिए प्रशंसा पाना; fig: er erntet jetzt die Früchte seines Fleißes अब उसे अपने परिश्रम का फल मिल रहा है; fig: er erntet, ohne gesät zu haben वह दूसरों के परिश्रम का लाभ उठाता है, वह दूसरों के परिश्रम पर मौज करता है; **~segen** m, fig: अच्छी फ़सल; **~zeit,** f फ़सल काटने के दिन, शरत्।

ernüchter-n, v/t (h.) का नशा उतारना, पीने के बाद होश में लाना; fig: का मोह दूर क०; **~ung,** f (-/-en) नशा उतारा जाना, नशा उतरना, होश में लाना या आना; fig: मोहनिवारण, मोहभंग ।

Erober-er, m(-s/-) जेता, विजेता, देश-जेता; **~n,** v/t (h.) mil: पर विजय प्राप्त क०, को हरा देना, को अपने अधीन कर लेना, फ़तह क०; fig: के मन में सहानुभूति या प्रेम उत्पन्न क०, (का दिल) जीत लेना, **~ung,** f (-/-en) mil: विजय, अभिजिति, फ़तह; देशजय; fig: eine Eroberung machen किसी के हृदय को जीत लेना; fig: er geht auf Eroberungen aus वह लड़कियाँ फँसाने के चक्कर में है या रहता है; **~ungslustig,** adj. विजयाकांक्षी, विजयलिप्सु; युयुत्सु ।

eröffnen, v/t (h.) प्रारम्भ क०, शुरू क०; का उद्घाटन क०; खोलना; चालू क०; प्रकट क०, बताना; jdm. etw. eröffnen किसी को कुछ बताना; sich jdm. eröffnen किसी को अपने मन की बात बताना; das Feuer eröffnen गोलाबारी शुरू क०; ein Geschäft eröffnen दूकान खोलना; ein Konto eröffnen खाता खोलना; ein Verfahren eröffnen मुक़दमे की सुनवाई शुरू क०; ein Testament eröffnen वसीयतनामा खोलना; ihm haben sich viele Möglichkeiten eröffnet उसके लिए कई मार्ग खुल गए हैं ।

Eröffnung, f (-/-en) प्रारम्भ, प्रारम्भण; उद्घाटन; प्रकटीकरण; प्रकट की हुई बात; शतरंज में प्रारंभिक चाल; **~sansprache,** f उद्घाटन-भाषण; **~sbilanz,** f, kfm: प्रारंभिक रोकड़ का चिट्ठा; अथशेष; **~svorstellung,** f, theat: उद्घाटकीय प्रदर्शन, उद्घाटनार्थ प्रदर्शन; **~ssitzung,** f उद्घाटकीय अधिवेशन, प्रथम अधिवेशन।

erogen, adj. [griech.] कामोत्तेजक, कामोत्पादक ।

erörter-n, v/t (h.) पर विवाद क०, पर विचार-विमर्श क०, पर वाद-विवाद क०, पर विचार-विनिमय क०; **~ung,** f (-/-en) विचार-विमर्श, विचार-विनिमय, वाद-विवाद ।

Erosion, f (-/-en) [lat.] भूक्षरण, अपरदन ।

Erot-ik, f (-) [griech.] कामशास्त्र; रत्यात्मकता, शृंगारिकता; कामवासना, कामुकता; **~isch,** adj. शृंगारिक, शृंगारात्मक; रत्यात्मक, कामविषयक; कामोद्दीपक ।

erpicht, adj.: auf etw. erpicht sein किसी वस्तु या बात की ताक में रहना; किसी बात पर उतारू होना ।

erpress-en, v/t (h.) दबाव से ऐंठना, भेद खोलने की धमकी देकर धन वसूल क०, भयादोहन क०; बाध्य क०; **~er,** m (-s/-) भयादोहक, दबाव से ऐंठने वाला; **~erisch,** adj. भयादोही; **~ung,** f (-/-en) भयादोहन ।

erprob-en, v/t (h.) परखना, जाँचना, आज़माना; ein erprobtes Mittel आज़मायी हुई औषधि, आज़माया हुआ इलाज; **~ung,** f (-/-en) परख, आज़माइश ।

erquick-en, v/t (h.) ताज़ा क०, को नयी शक्ति प्रदान क०, नवीन जीवन का संचार क०; **~lich,** adj. नवजीवनदायी; सुखकर, प्रसन्नतादायक; **~ung,** f (-/-en) ताज़गी; प्रसन्नता, सुख ।

erraten, v/t (h.) ताड़ लेना, भाँप लेना, जान लेना, का अनुमान लगा लेना; (Rätsel lösen) पहेली का हल निकाल लेना ।

Erratum, n (-s/Errata) [lat.] ग़लती, भूल, चूक; अशुद्धि ।

errechnen, v/t (h.) हिसाब लगा लेना, हिसाब लगा कर पता लगा लेना ।

erreg-bar, adj. उत्तेज्य, उत्तेजनीय, उत्तेजनशील; चिड़चिड़ा; **~barkeit,** f (-) उत्तेज्यता, उत्तेजनशीलता; चिड़चिड़ापन; **~en,** v/t (h.) उत्तेजित क०,

उद्दीप्त क०; क्षुब्ध क०, ग़ुस्सा दिलाना, चिढ़ाना; (erzeugen) पैदा क०, का कारण बनना; sich erregen उत्तेजित होना; Aufsehen erregen सनसनी पैदा क०, हलचल मचा देना; Verdacht erregen संदेह पैदा क०; **~end,** adj. उत्तेजक, उद्दीपक; **~er,** m (-s/-) उत्तेजक, उद्दीपक; उभाड़ने वाला; med: रोगोत्पादक जीवाणु; **~t,** adj. उत्तेजित, उद्दीप्त; क्षुब्ध, क्रुद्ध; **~theit,** f (-) उत्तेजना, भावावेश, क्रोध, संक्षोभ; **~ung,** f (-/-en) उत्तेजन, उद्दीपन; उत्तेजना, भावावेश; geschlechtliche: कामोत्तेजना।

erreich-bar, adj. पहुँच के भीतर, प्राप्तव्य, गन्तव्य; साध्य; **~en,** v/t (h.) (ankommen) पहुँचना, पहुँच जाना; (einholen) के बराबर आ जाना या पहुँच जाना; ein Ziel: प्राप्त कर लेना, में सफल हो जाना; sind Sie telefonisch zu erreichen? क्या आप से टेलीफ़ोन पर बात की जा सकती है ?; क्या आपके पास टेलीफ़ोन है ?; er hat im Leben alles erreicht उस ने जीवन में सब कुछ प्राप्त कर लिया है।

errett-en, v/t (h.) रक्षा क०, उद्धार क०, से बचा लेना, प्राण-रक्षा क०; **~er,** m (-s/-) उद्धारक, (जान) बचाने वाला; **~ung,** f (-/-en) रक्षण, प्राण-रक्षण, उद्धार।

erricht-en, v/t (h.) (erbauen) निर्माण क०, बना कर खड़ा कर देना; (gründen) स्थापित क०, की स्थापना क०; (aufstellen) सीधा खड़ा क०; ein Geschäft errichten (नई) दूकान खोलना; sein Testament errichten वसीयतनामा लिखना; **~ung,** f (-) निर्माण; स्थापना; उत्थापन।

erring-en, v/t (h.) परिश्रम से प्राप्त कर लेना, पा लेना; **~ung,** f (-) परिश्रम से प्राप्त क०।

erröten, 1. v/i (s.) लाल पड़ जाना, के मुख पर लाली आना (लज्जा, क्रोध आदि के कारण); 2. n (-s) लज्जारंजन, लज्जारुणिमा।

Errungenschaft, f (-/-en) प्राप्ति, उपलब्धि; असाधारण कार्य, कमाल, महान सफलता; jur: विवाह के बाद पति या पत्नी द्वारा अर्जित सम्पत्ति।

Ersatz, m (-es) अनुकल्प, उपकल्प; स्थानापन्न, प्रतिहस्त; (Entschädigung) क्षतिपूर्ति, मुआवज़ा; mil: रक्षित सैन्य, अतिरिक्त सैन्य; med: प्रतिरोपित अंग; **~anspruch,** m मुआवज़ा पाने का अधिकार या दावा; **~dienst,** m अनिवार्य सैन्यसेवा के स्थान पर की गई कोई अन्य असैनिक सेवा; **~kasse,** f स्वास्थ्य-बीमा-संस्था; **~leistung,** f क्षतिपूर्ति, मुआवाज़ा, हरजाना; **~mann,** m प्रतिपुरुष; sport: अतिरिक्त खिलाड़ी; **~pflicht,** f क्षतिपूर्ति की ज़िम्मेदारी, देयता, दायिता; **~pflichtig,** adj. दायी; **~reifen,** m कार आदि का अतिरिक्त पहिया; **~spieler,** m, sport: अतिरिक्त खिलाड़ी; theat: अतिरिक्त अभिनेता; **~teil,** n फ़ालतू या अतिरिक्त पुर्ज़ा; **~weise,** adv. अनुकल्प के रूप में; हरजाने के रूप में; एवजी में।

ersaufen, v/i (s.) डूब जाना, डूबने के कारण मर जाना; Mine/Schacht: पानी से भर जाना, जलमग्न हो जाना।

ersäufen, v/t (h.) U: डुबा कर मार डालना, डुबा देना; fig: seinen Kummer in Alkohol ersäufen अपने दुःख को शराब पी कर भुलाना।

erschaff-en, v/t (h.) बनाना, उत्पन्न क०, सर्जित क०, को अस्तित्व में लाना, की रचना क०; **~ung,** f (-/-en) रचना, आविष्कार।

erschallen, v/i (s.) बजना, बज उठना, ध्वनित होना, की आवाज़ होना; seine Stimme erschallen lassen बोलना।

erschaudern, v/i (s.) सिहरना, सिहर जाना; काँप उठना, थरथरा जाना।

erscheinen, 1. v/i (s.) (sich zeigen) दिखाई देना, सामने आना, आना, प्रकट होना; उपस्थित होना, हाज़िर होना, पेश होना; (herausgegeben werden) प्रकाशित होना; (scheinen) प्रतीत होना, लगाना, भासित होना; er muß vor Gericht erscheinen उसे अदालत में पेश होना है; das Buch wird in Kürze erscheinen (यह) किताब शीघ्र ही प्रकाशित होगी; das erscheint mir merkwürdig यह बात मुझे विचित्र लगती है; 2. n (-s) आगमन; प्रकटीभवन, प्रकटन, उपस्थिति; प्रकाशन; पेशी।

Erscheinung, f (-/-en) आविर्भाव, प्रकटन, सामने आना; (Sichtbares) दृश्य, झाँकी, झलक; (das Äußere) बाह्य रूप; (Veröffentlichung) प्रकाशन; संस्करण; (Vision) स्वप्न, स्वप्नगत वस्तु; (Geist) भूत, प्रेत; philos: कोई भी दृष्टिगोचर तथा बोधगम्य वस्तु; आभास, प्रतिभास, माया, प्रपंच; **~sbild,** n दृश्यरूप, दृश्य आकृति; med: रोग-लक्षण; **~sfest,** n, eccl: ईसा मसीह के आविर्भाव का त्योहार (जो ६ जनवरी को पड़ता है); **~sform,** f बाह्य रूप, बाह्य आकृति; **~sjahr,** n प्रकाशन-वर्ष।

erschieß-en, v/t (h.) गोली से मार देना; sich erschießen गोली मारकर आत्महत्या क०; U: ich bin total erschossen मैं थककर चूर हो गया हूँ; **~ung,** f (-/-en) गोली द्वारा मृत्यु या मृत्युदंड; **~ungskommando,** n गोली द्वारा मृत्युदंड के लिए नियुक्त सैनिक-दल।

erschlaff-en, 1. v/i (s.) ढीला पड़ जाना, शिथिल हो जाना;अशक्त हो जाना, थक जाना; 2. v/t (h.) ढीला कर देना, शिथिल कर देना; अशक्त कर देना, थका देना; **~ung,** f (-) शिथिलीकरण, शिथिलीभवन; थकान।

erschlagen, v/t (h.) प्रहार द्वारा मार डालना, प्रहार द्वारा हत्या कर देना; U: ich bin ganz erschlagen मैं अत्यधिक विस्मित हूँ; मै थककर चूर हो गया हूँ; er wurde vom Blitz erschlagen उसके ऊपर बिजली गिर जाने से उसकी मृत्यु हो गई।

erschleichen, v/t (h.) धोखे से या बेईमानी से प्राप्त कर लेना; चापलूसी तथा झूठी बातों द्वारा प्राप्त कर लेना।

erschließ-en, v/t (h.) (öffnen) खोलना, खोल देना; (nutzbar machen) विकसित क०, उपयोग के योग्य बनाना; (zugänglich machen) गम्य, अभिगम्य बनाना; (folgern) से परिणाम, निष्कर्ष, नतीजा निकालना; eine Blume erschließt sich फूल खिलता है; ein Baugrundstück erschließen भूमिखंड को निर्माण के लिए विकसित क०; sich jdm. erschließen किसी से अपने मन की बात कहना; einen Markt erschließen किसी विक्रय-क्षेत्र में अपना माल पहुँचाना; **~ung,** f (-) खोलना; अभिगम्य बनाना; विकास, विकास-कार्य।

erschmeicheln, v/t (h.) चापलूसी या ख़ुशामद से प्राप्त कर लेना।

erschöpf-en, v/t (h.) (ermüden) थका देना, क्लान्त कर देना; क्षीण कर देना, अशक्त कर देना; (ausbeuten) से पूरा लाभ उठाना; ख़ाली कर देना; पूरी तरह इस्तेमाल कर डालना; (gründlich abhandeln) पूर्णरूपेण विवेचना क०; meine Kräfte sind erschöpft मेरी शक्ति क्षीण हो गई है; die Vorräte sind erschöpft रसद समाप्त हो गई है, भंडार ख़ाली हो गया है; die Erzlager sind erschöpft खानों से कच्ची धातु पूरी तरह निकाली जा चुकी है, खाने ख़ाली हो चुकी हैं; dieses Thema ist erschöpft इस विषय पर और कुछ कहना शेष नही रह गया है, इस विषय की पूरी विवेचना की जा चुकी है; **~ung,** f (-)

थकान, क्लान्ति; क्षीणता; रिक्तीकरण, निःशेषण; समाप्ति ।

erschreck-en, 1. v/i (s.) डर जाना, भयभीत हो जाना, चौंक जाना; घबरा जाना; zu Tode erschrecken अत्यन्त भयभीत हो जाना; 2. v/t (h.) डरा देना, भयभीत कर देना, चौंका देना; घबरा देना; **~end,** adj. भयंकर, डरावना, घबरा देने वाला ।

Erschrockenheit, f (-) भयार्त्त अवस्था ।

erschütter-n, v/t (h.) हिला देना, डगमगा देना, झँझोड़ देना, झकझोर देना; fig: के होश उड़ा देना, पर मर्म-स्पर्शी प्रभाव डालना, को धक्का पहुँचाना; को सदमा पहुँचाना; ihr Tod hat ihn tief erschüttert उसकी मौत से उसे बड़ा सदमा हुआ; mein Vertrauen zu ihm ist erschüttert उसके प्रति मेरा विश्वास डाँवाडोल हो गया है; **~ung,** f (-/-en) झटका, धक्का, विघात; fig: मर्मस्पर्शी प्रभाव, मर्माघात; सदमा; भावोन्माद ।

erschwer-en, v/t (h.) fig: कठिन बनाना, मुश्किल बनाना, में बाधा डालना, में अड़ंगा लगाना, अड़चन पैदा क॰; **~nis,** f (-/-se) बाधा, रुकावट, अड़चन, अड़ंगा; जटिलता, कठिनाई; **~niszulage,** f विशेष रूप से कठिन कामों के लिए अतिरिक्त भत्ता; **~ung,** f (-/-en)→Erschwernis

erschwindeln, v/t (h.) झाँसा देकर ऐंठ लेना, चारसौबीसी द्वारा प्राप्त कर लेना ।

erschwing-en, v/t (h.) का खर्च देना या उठाना, (खर्च करने) के लिए समर्थ होना; **~lich,** adj. खर्च करने की सामर्थ्य के भीतर, मुनासिब; लभ्य, साध्य ।

ersehen, v/t (h.) (wahrnehmen) देखना, देख लेना; (entnehmen) समझना, समझ लेना, जान जाना, जान लेना, को पता चलना; aus diesem Schreiben ist zu ersehen, daß . . . इस पत्र से यह स्पष्ट है कि. . .।

ersehnen, v/t (h.) की अभिलाषा या लालसा क॰, के लिए ललकना, लालायित होना या तरसना ।

ersetz-bar, adj. प्रतिस्थापनीय, प्रतिस्थाप्य; प्रतिकार्य; जिसे बदला जा सके; **~en,** v/t (h.) (auswechseln) बदलना, प्रतिस्थापित क॰; (vertreten) के स्थान पर काम क॰, के बदले काम क॰; के बदले काम आना; Auslagen: वापस देना, अदा क॰; Verlust: की क्षतिपूर्ति या प्रतिपूर्ति क॰; **~lich,** adj.→ersetzbar

ersichtlich, adj. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, ज़ाहिर ।

ersinnen, v/t (h.) (ausdenken) सोच निकालना; (erfinden) (झूठी बातें) गढ़ना ।

ersitz-en, v/t (h.) jur: चिरभोग द्वारा अधिग्रहण क॰; **~ung,** f (-) चिरभोगजन्य अधिग्रहण ।

erspähen, v/t (h.) देख लेना, (ग़ौर से देख कर) पहचान लेना; fig: einen Vorteil für sich erspähen अपने लाभ की बात भाँप लेना या पहचान लेना ।

erspar-en, v/t (h.) Geld: बचत क॰, बचा लेना; (unterlassen) नहीं क॰, से रहना; से बचाए रखना; jdm. etw. ersparen किसी को किसी बात से बचाना या बचाए रखना; diese Enttäuschung blieb ihm erspart वह इस निराशा (या विफलता) से बच गया; **~nis,** f (-/-se) बचत ।

ersprieß-en, v/i (s.) खिलना, चटकना; विकसित होना; (Nutzen bringen) उपयोगी होना, लाभकर होना; **~lich,** adj. उपयोगी, लाभकर, फ़ायदेमन्द ।

erst, 1. adv. (zuerst) प्रारंभ में, पहले सर्वप्रथम; पहले तो; (nur) केवल, सिर्फ़; ही; से पहले नहीं; से अधिक नहीं; (nun gar) तो, ही; अभी तो; erst versprach er zu kommen, dann

sagte er ab पहले (तो) उसने आने का वादा किया फिर मना कर दिया; die Arbeit wird erst morgen fertig werden काम तो कल पूरा होगा, काम कल से पहले पूरा नहीं होगा; ich traf ihn erst gestern मैं उससे कल ही मिला (कल से पहले नहीं); warum erfahre ich das erst jetzt? यह बात मुझे पहले क्यों नहीं बताई गई?; es muß sich erst noch erweisen, ob er recht hatte अभी तो यह साबित होना बाक़ी है कि उसका कहना ठीक था; wenn er nur erst da wäre! काश वह यहाँ होता!; अगर कहीं वह यहाँ होता; jetzt erst recht nicht! अब तो कदापि नहीं!; 2. adj.→erst(e)

erstarken, v/i (s.) सशक्त, तगड़ा हो जाना।

erstarr-en, v/i (s.) fig: कड़ा या सख़्त हो जाना; अकड़ जाना, ऐंठ जाना; गाढ़ा हो जाना; पथरा जाना; fig: निर्जीव हो जाना; स्तम्भित हो जाना; की मौलिकता समाप्त हो जाना; sein Gesicht erstarrte, als er mich sah मुझे देख कर वह स्तम्भित हो गया; मुझे देख कर उसके चेहरे पर कठोरता आ गई; **~ung,** f (-) घनीभवन; अकड़न, ऐंठन; निर्जीवता, निष्क्रियता; कठोरीभवन;स्तम्भित होना।

erstatt-en, v/t (h.) देना, वापस देना; (ersetzen) प्रतिपूर्ति क०, क्षतिपूर्ति क०; Bericht erstatten विवरण देना, हाल बताना, ख़बर देना, इतिवृत्त देना; Anzeige erstatten (के विरुद्ध) रपट लिखाना, की रिपोर्ट क०; **~ung,** f (-) (Rückzahlung) ख़र्च आदि वापस देना, अदायगी; (Ersatzleistung) प्रतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति, प्रत्यार्पण; Bericht: (इतिवृत्त, विवरण, संवाद आदि) देना या भेजना।

Erstaufführung, f प्रथम प्रदर्शन।

erstaun-en, 1. v/t (h.) चकित या विस्मित क०, अचम्भे में डाल देना; 2. v/i (s.) चकित या विस्मित होना, अचम्भे में पड़ जाना; 3. n (-s) विस्मय, आश्चर्य, अचम्भा; **~lich,** adj. आश्चर्यजनक, विस्मयकर;(bemerkenswert) असाधारण।

Erst-ausgabe, f प्रथम संस्करण; **~besteigung,** f प्रथम आरोहण; **~druck,** m→Erstausgabe

erst(e), adj सर्वप्रथम, प्रथम, पहला, अव्वल दर्जे का; das erste Mal पहली बार;bei erster Gelegenheit सर्वप्रथम अवसर पर; an erster Stelle stehen सबसे आगे या सबसे ऊपर होना; den ersten Schritt tun श्रीगणेश क०, शुरूआत क०; पहला क़दम उठाना; das erste Hotel am Platze प्रथम श्रेणी का होटल, सब से अच्छा होटल; das ist das erste, was ich höre यह पहली बात (या ख़बर) है जो मैं सुन रहा हूँ; etw. aus erster Hand kaufen किसी वस्तु को उसके प्रथम उपभोक्ता से ख़रीदना;Informationen aus erster Hand मूलप्राप्त समाचार, प्रथम स्रोत से प्राप्त ख़बरें; in erster Linie मुख्यतया; fürs erste फ़िलहाल; der erste beste [der erstbeste] कोई भी (जिसपर पहले नज़र पड़ जाए); हर कोई; der Erste des Monats महीने की पहली तारीख़; der Erste Offizier कप्तान के बाद का सर्वोच्च अफ़सर (जहाजों पर); der Erste Vorsitzende प्रथम अध्यक्ष; Erste Hilfe leisten तात्कालिक या प्रथम उपचार क०; Erster Klasse fahren प्रथम श्रेणी में यात्रा क०।

erstechen, v/t (h.) किसी नुकीली वस्तु के प्रहार द्वारा मार डालना।

erstehen, 1. v/t (h.) ख़रीदना, ख़रीद लेना, क्रय कर लेना; 2. v/i (s.) von den Toten: क़ब्र से उठ खड़ा होना (ईसामसीह के लिए प्रयुक्त)।

ersteigen, v/t (h.) पर चढ़ना या चढ़ जाना, के शिखर पर पहुँच जाना।

ersteigren, v/t (h.) नीलाम में ख़रीदना या ख़रीद लेना।

Ersteigung, f (-) आरोहण ।
erstell-en, v/t(h.)(bauen)निर्माण क०, बनाना; (anfertigen) तैयार क०, बना कर देना;~**ung,** f (-)निर्माण; तैयारी ।
erstens, adv. प्रथमतः, एक-तो, पहली बात यह है ।
ersterben, v/i (s.) मर जाना, का अंत हो जाना; fig: क्षीण हो जाना; लुप्त या विलीन हो जाना ।
erstere, adj. & pron. प्रथमोक्त, दो में पहला ।
erst-erwähnt, adj. प्रथमोक्त, प्रथम-चर्चित; ~**gebärende,** f जो पहली बार बच्चे को जन्म दे रही हो; ~**geboren,** adj. प्रथमजात, प्रथमज, पहलौठा; ~**geborene,** m/f (-n/-n) पहलौठी का बच्चा; ~**geburt,** f प्रथमजात संतान, पहलौठी का बच्चा; ~**geburtsrecht,** n ज्येष्ठाधिकार; ~**genannt,** adj. प्रथमोक्त, पूर्वोक्त ।
erstick-en, 1. v/i (s.) दम घुटना, दम घुटने से मृत्यु हो जाना; fig: समाप्त हो जाना, मिट जाना; fig: in Arbeit ersticken बहुत अधिक काम होना, काम के मारे सिर उठाने की फ़ुरसत न होना; U: er erstickt fast im Geld वह बहुत धनवान है; hier ist es zum Ersticken heiß यहाँ दमघोंटू गर्मी है; 2. v/t (h.) गला घोंट कर मार डालना, श्वासरोधन करके मार डालना; fig: का दमन क०, नष्ट कर देना; fig: im Keime ersticken आरंभ में ही नष्ट कर देना, उगते ही कुचल देना, बढ़ने न देना, पनपने न देना; Tränen erstickten ihre Stimme आँसुओं से उसका गला अवरुद्ध हो गया; mit erstickter Stimme अवरुद्ध स्वर में; ~**ung,** f (-/-en) श्वासरोधन, श्वासावरोधन, दम घुटना; ~**ungsanfall,** m श्वासावरोध का दौरा; ~**ungstod,** m श्वासरोधजनित मृत्यु ।
erst-klassig, adj. प्रथम श्रेणी का, अव्वल दर्जे का; बहुत बढ़िया; ~**kläßler,** m (-s/-) dial: प्रथम कक्षा का बालक; ~**ling,** m (-s/-e) प्रथमजात संतान, पहलौठी का बच्चा; प्रथम रचना; ~**lingsarbeit,** f प्रथम रचना; प्राथमिक रचना; ~**lingsausstattung,** f पहलौठी के बच्चे के कपड़े आदि; ~**malig,** adj. पहली बार होने वाला; ~**mals,** adv. पहली बार ।
erstrahlen, v/i (s.) चमकने लगना, चमचमाने लगना ।
erstrangig, adj.→erstklassig
erstreben, v/t (h.) के लिए प्रयास क०; की अभिकांक्षा या अभिलाषा क०; ~**swert,** adj. वांछनीय, अभिकांक्षनीय ।
erstreck-en, v/r (h.) räumlich: फैला हुआ होना, विस्तृत होना; zeitlich: चलना, चलता रहना; fig: से संबंधित होना; der Wald erstreckt sich über mehrere Quadratkilometer वन कई वर्गकिलोमीटर तक फैला हुआ है; die Prüfung erstreckt sich über mehrere Tage परीक्षा कई दिनों तक चलेगी या चलती रहेगी; fig: die polizeilichen Untersuchungen erstrecken sich auf einen bestimmten Personenkreis पुलिस कुछ ख़ास लोगों के बीच में ही जाँच-पड़ताल कर रही है; ~**ung,** f (-/-en) विस्तार, फैलाव।
erstreiten, v/t (h.) झगड़ा या संघर्ष करके प्राप्त कर लेना ।
erstunken, adj. U:→erlogen
erstürmen, v/t (h.) mil: तूफ़ानी हमला कर के जीत लेना (गढ़, क़िला आदि); Berg: (पहाड़ पर) दौड़ कर चढ़ जाना।
Erstwähler, m पहली बार मतदान करने वाला ।
ersuchen, 1. v/t (h.) अनुरोध क०, प्रार्थना क०, विनती क०, विनय क०; jdn. um eine Auskunft ersuchen किसी से कोई जानकारी प्राप्त करने के लिए अनुरोध क०, किसी से विनयपूर्वक कोई बात

पूछना; 2. n (-s/-) अनुरोध, प्रार्थना, विनय, विनती।

ertappen, v/t (h.) (किसी को कोई निषिद्ध कार्य करते हुए) पकड़ लेना; jdn. auf frischer Tat ertappen किसी को रंगे हाथों पकड़ लेना।

erteil-en, v/t(h.)देना, प्रदान क०;सौंपना, सुपुर्द क०; jdm. einen Auftrag erteilen किसी को कोई ठेका देना,किसी को कोई काम सौंपना; Auskünfte erteilen सूचना देना, जानकारी देना; jdm. Vollmacht erteilen किसी को प्राधिकार देना या प्राधिकृत क०; Unterricht erteilen पढ़ाना; ~**ung,** f (-) देना, दिया जाना; सौंपना, सौंपा जाना।

ertönen, v/i (s.) ध्वनित होना या हो उठना, बज उठना।

ertöten, v/t (h.) poet: मार देना; का दमन क०।

Ertrag, m (-[e]s/ ⸚e) फ़सल, पैदावार, उपज; प्रत्यागम, अर्थागम, आय; फल; (Gewinn) लाभ, मुनाफ़ा।

ertragen, v/t (h.) सहना, सहन क०, बरदाश्त क०, झेलना, उठाना।

ertragfähig, adj. उत्पादनशील, उत्पादन-क्षम; लाभकर, जिस से मुनाफ़ा हो; उपजाऊ; ~**keit,** f (-) उत्पादनशीलता, उत्पादन-क्षमता; लाभकरता।

erträglich, adj. सह्य, सहनीय, बरदाश्त के क़ाबिल; (mittelmäßig) न बहुत ख़राब न बहुत अच्छा, मध्यम श्रेणी का, कामचलाऊ।

ertrag-los, adj. अनुर्वर, अनुत्पादी, बंजर; अलाभकर; ~**reich,** adj. अत्युर्वर, जिससे अच्छी फ़सल मिले; लाभदायक, लाभकर, सुलाभी; ~**slage,** f: die Ertragslage in der Landwirtschaft पैदावार,पैदावार की हालत; ~**ssteigerung,** f उपज में वृद्धि।

ertränken, v/t (h.) डुबाकर मार डालना, डुबाकर हत्या कर देना; fig: seine Sorgen in Alkohol ertränken अपनी चिन्ताओं को शराब पी कर भुलाना; sich ertränken डूब मरना, डूब कर आत्महत्या क०।

erträumen, v/t (h.) के सपने देखना; की प्रबल आकांक्षा या अभिलाषा क०।

ertrinken, 1. v/i (s.) डूब जाने के कारण मृत्यु हो जाना; 2. n(-s) डूबने के कारण हुई मृत्यु।

ertrotzen, v/t (h.) ज़िद या हठ द्वारा प्राप्त कर लेना।

ertüchtig-en, v/t (h.) सक्षम बनाना, की क्षमता बढ़ाना; (व्यायाम या अभ्यास द्वारा शरीर को) मज़बूत या कठोर बनाना; ~**ung,** f (-) क्षमता बढ़ाना; कठोरीकरण (शरीर का)।

erübrigen, 1. v/t (h.)बचा देना, छोड़ देना, बचाना, बचा रखना; (समय) देना या निकालना; ich kann von meinem Verdienst nichts erübrigen मैं अपनी आमदनी में से कुछ भी नहीं बचा सकता हूँ या दे सकता हूँ; dafür kann ich keine Zeit erübrigen इसके लिए मैं समय नहीं दे सकता; 2. v/r (h.) अनावश्यक होना, की आवश्यकता न रहना या रह जाना; es erübrigt sich, darüber zu diskutieren इस पर वाद-विवाद करने की आवश्यकता नहीं है या नहीं रह गई।

eruieren, v/t (h.) [lat.] का पता लगाना, ज्ञात क०।

Erupt-ion, f (-/-en) [lat.] eines Vulkans: उद्भेदन, उद्गार, ज्वालामुखी का फूट पड़ना; med: फोड़ा, फुंसी; ~**iv,** adj. उद्भेदी; उद्भेदनजन्य; ~**ivgestein,** n ज्वालामुखीजनित शिला, ठंडे लावे की शिला।

erwachen, 1. v/i (s.) जाग जाना; होश में आ जाना; fig: की आँखें खुल जाना; अचानक उत्पन्न होना (भावना आदि का); poet: der Tag erwacht दिन निकलता है; 2. n (-s) जागृति, उद्बोधन; जाग जाना।

erwachsen, 1. v/i (s.) बड़ा होना, बढ़ना, वयस्कता को प्राप्त होना; fig:

उत्पन्न होना, पैदा होना; fig: daraus werden ihm Schwierigkeiten erwachsen इससे उसके लिए कठिनाइयाँ उत्पन्न होंगीं; 2. adj. परिपक्व, प्रौढ़, बड़ा, सयाना; ~e, m (-n/-n) बड़ा, सयाना, प्रौढ़, परिपक्व व्यक्ति; ~enbildung, f प्रौढ़-शिक्षा।

erwäg-en, v/t (h.) पर विचार क०, पर मनन क०, का आगा-पीछा सोचना; का इरादा या विचार क०; **~enswert,** adj. विचार योग्य, विचार्य, स्वीकार्य; **~ung,** f (-/-en) विचार, सोच-विचार, मनन; etw. in Erwägung ziehen किसी बात पर विचार क०।

erwählen, v/t (h.) चुन लेना; वरण कर लेना, पसंद कर लेना।

erwähn-en, v/t (h.) उल्लेख क०, चर्चा क० या चलाना, ज़िक्र क०; **~enswert,** adj. उल्लेखनीय; **~ung,** f (-/-en) उल्लेख, चर्चा, ज़िक्र।

erwärm-en, 1. v/t(h.) गरम क०, उत्तप्त क०; 2. v/r(h.) गरम होना या हो जाना; fig: sich für etw./jdn. erwärmen किसी वस्तु/व्यक्ति में दिलचस्पी लेना या लेने लगना; **~ung,** f (-) ऊष्णीकरण, ऊष्णीभवन, गरम क० या होना।

erwart-en, 1. v/t (h.) (warten auf) की प्रतीक्षा क०, की राह देखना, का इंतज़ार क०; (hoffen auf) की आशा क०; की उम्मीद रखना; की अपेक्षा क० या रखना; ein Kind erwarten गर्भवती होना; wir erwarten heute Besuch आज हमारे यहाँ मेहमान आने वाले हैं; er kann es kaum erwarten वह बहुत उतावला हो रहा है; es ist zu erwarten, daß ... इस बात की आशा (की जा सकती) है कि...; von ihm hätte ich mehr erwartet उससे मुझे अधिक उम्मीद थी; von ihm darf man noch einiges erwarten वह होनहार है, उससे और उम्मीद की जा सकती है; 2. n (-s) आशा, उम्मीद; wider Erwarten ist alles gutgegangen आशा तो नहीं थी, फिर भी सब काम ठीक हो गया; **~ung,** f (-/-en) प्रतीक्षा, इंतज़ार; अपेक्षा; (Hoffnung) आशा, प्रत्याशा, उम्मीद; (Spannung) प्रबल उत्सुकता; पूर्वाशा; **~ungsgemäß,** adj. आशा या अपेक्षा के अनुकूल; **~ungsvoll,** 1. adj. आशापूर्ण; उत्सुकतापूर्ण; 2. adv. आशान्वित होकर, उम्मीद के साथ, उम्मीद लेकर; उत्सुकतापूर्वक।

erweck-en, v/t (h.) जगा देना, जागरित क०; पुनर्जीवित क०; fig: उत्पन्न क०, पैदा क० या कर देना (भावना आदि); **~ung,** f (-/-en) पुनरुज्जीवन; उद्बोधन; fig: भावनाओं आदि को पैदा क०।

erwehren, v/r (h.) से बचना, से दूर रहना, को दूर रखना, को रोकना; sie konnte sich der Tränen nicht erwehren वह आँसुओं को नहीं रोक सकी, (न चाहते हुए भी) वह रो पड़ी; ich kann mich des Eindrucks nicht erwehren, daß . . . (न चाहने पर भी) यह विचार मेरे मन में आता है कि..., मुझे लगता है कि...।

erweichen, v/t (h.) नरम क०, मुलायम बनाना; fig: द्रवीभूत कर देना, पिघला देना, (किसी से) बात मनवा लेना; fig: jds. Herz erweichen किसी के हृदय को पिघला देना, किसी के हृदय में दया उत्पन्न कर देना; fig: sich erweichen lassen कठोरता त्याग देना, बात मान लेना, राज़ी हो जाना, झुक जाना।

Erweis, m (-es/-e) प्रमाण, सबूत; **~en,** 1. v/t (h.) प्रमाणित क०; साबित क०; अर्पित क०, (कृपा, सेवा, अहसान आदि) करना; jdm. einen Dienst erweisen किसी की कोई सेवा क०; किसी का कोई काम क०; es ist erwiesen, daß... यह साबित हो चुका है कि...; 2. v/r (h.) साबित होना, सिद्ध होना, निकलना, सामने आना;

das hat sich als falsch erwiesen यह बात ग़लत निकली या ग़लत साबित हुई; es hat sich erwiesen, daß... यह साबित हो गया है कि...; sich dankbar erweisen आभारी होना, आभार-प्रदर्शन क०; ~lich, adj. प्रमाण्य, साबित या सिद्ध करने योग्य।

erweiter-n, 1. v/t (h.) चौड़ा क०, चौड़ाना, विस्तृत क०, फैलाना; बड़ा क०, में वृद्धि क०; ein Haus erweitern मकान को बड़ा क० (अधि-निर्माण द्वारा); einen Bruch erweitern भिन्न के लव तथा हर को एक ही संख्या से गुणा क०; fig: sein Wissen erweitern अपना ज्ञान बढ़ाना; fig: seinen Horizont erweitern अपने अनुभव या ज्ञान की सीमा को बढ़ाना; 2. v/r (h.) चौड़ा होना या हो जाना, विस्तृत होना; बढ़ना या बढ़ जाना, में वृद्धि होना; **~ung,** f (-/-en) विस्तारण, विस्तार; वर्धन, वृद्धि; **~ungsbau,** m उपभवन, उपगृह, अधिनिर्मित भवन-खंड; **~ungsfähig,** adj. विस्तारणीय, प्रसारणीय; वर्धनीय।

Erwerb, m (-[e]s/-e) (Verdienst) आय, आमदनी, कमाई; अर्जन;(Kauf) क्रय, ख़रीद; (Gewerbe) धन्धा, व्यव-साय; **~en,** v/t (h.) (kaufen) क्रय क०; ख़रीदना; (erlangen) प्राप्त क०, हासिल क०; (verdienen) कमाना, अर्जित क०, पैदा क०; (erlernen) सीखना, सीख लेना; **~er,** m (-s/-) अर्जक, उपार्जक; **~lich,** adj. क्रेय; व्यवसाय से संबंधित; **~sbeschränkung,** f काम करने की अस-मर्थता, असामर्थ्य; अक्षमता; **~sfähig,** adj. काम करने योग्य, अपनी जीविका कमाने योग्य; **~sfähigkeit,** f (-) काम करने की समर्थता या क्षमता; **~slos,** adj. बेकार, बेरोजगार; **~slosigkeit,** f (-) बेकारी, बेरोज़गारी; **~squelle,** f जीविका का साधन, जीविकोपार्जन का स्रोत; **~ssinn,** m अर्जनशीलता; **~stätig,** adj. बारोज़गार, काम करता हुआ, कमाऊ; **~stätigkeit,** f (-) रोज़गार, धन्धा, व्यवसाय, पेशा, नौकरी; **~sunfähig,** adj. अस्वस्थ, अक्षम, असमर्थ, काम करने या जीविकोपार्जन के अयोग्य; **~sunfähigkeit,** f (-) (काम करने की) असमर्थता; **~szweig,** m व्यवसाय-शाखा; **~ung,** f (-/-en) अर्जन, उपार्जन, क्रय, ख़रीद; प्राप्ति।

erwider-n, v/t (h.) उत्तर देना, जवाब देना, प्रत्युत्तर देना; (vergelten) का प्रतिफल या बदला चुकाना; प्रतिकार क०, प्रतिदान क०; jds. Besuch erwidern बदले के रूप में किसी से भेंट करने जाना; **~ung,** f (-/-en) उत्तर, जवाब, प्रत्युत्तर; प्रतिफल, प्रतिदान, प्रतिकार।

erwiesenermaßen, adv. जैसा कि सिद्ध किया जा चुका है, जैसा कि साबित हो चुका है।

erwirken, v/t (h.) घटित क०; करवाना; कार्यान्वित क०, सम्पन्न क०।

erwischen, v/t (h.) U: (अंतिम क्षण में) पकड़ लेना; (किसी को) निषिद्ध काम करते हुए पकड़ लेना; पा लेना, को मिल जाना; ihn hat's erwischt वह तबाह हो गया; वह मर गया; वह मारा गया; उसकी दुर्दशा हो गई; उसे चोट आ गई; वह फँस गया।

erwünscht, adj. वांछित; सुखद, प्रिय।

erwürgen, v/t (h.) गला घोंट कर मार डालना।

Erz, n (-es/-e) धातुयुक्त खनिज, अयस्क, धातुक; poet: काँसा; **~ader,** f धातु रेखा।

erzähl-en, v/t (h.) बताना, सुनाना, कहना, वर्णन क०; U: झूठ बोलना, गप मारना; U: erzählen Sie mir keine Märchen! बेसिरपैर की मत मारिए !; U: der kann mir viel erzählen मुझे उसकी बात पर विश्वास नहीं है; erzählende Dichtung वर्णनात्मक काव्य; **~er,**

m (-s/-) वर्णनकर्त्ता, कथक, कहानी आदि सुनाने वाला; ~erisch, adj. वर्णनात्मक, विवरणात्मक; ~ton, m वर्णन-शैली; सुनाने या कहने का ढंग; ~ung, f (-/-en) वर्णन, वृत्तान्त; कथा, कहानी, क़िस्सा; Form der Dichtung: लघुकथा; ~weise, f वर्णन-शैली।

Erz-aufbereitung, f कच्ची धातु को धोकर निथारना; **~bergbau,** m धातुक-खनन-उद्योग; **~bergwerk,** n कच्ची धातु की खान।

Erzbischof, m महाधर्माध्यक्ष, आर्च-विशप।

Erzbösewicht, m महादुष्ट, परमशठ।

erzdumm, adj. महामूर्ख।

erzeigen, v/t (h.) प्रदर्शित क०, दिखाना; sich dankbar erzeigen आभार-प्रदर्शन क०।

erzen, adj. कांस्य; धात्विक, धातु का; fig: अत्यन्त कठोर, फ़ौलादी।

Erzengel, m प्रधान देवदूत।

erzeug-en, v/t (h.) उत्पादित क०; बनाना, तैयार क०, निर्माण क०; (verursachen) का कारण बनना, उत्पन्न क०; ein Kind: गर्भस्थ क०; **~er,** m (-s/-) निर्माता, उत्पादक; जनक, पिता; **~nis,** n (-ses/-se) उत्पादन, उत्पत्ति; उत्पादित वस्तु; उत्पाद; **~ung,** f (-) उत्पादन, निर्माण, विनिर्माण; गर्भस्थीकरण।

erzfaul, adj. अत्यन्त आलसी।

Erzfeind, m महाशत्रु, पक्का दुश्मन।

Erzgang, m → Erzader

Erzgauner, m नम्बरी बदमाश।

Erzgießerei, f ढलाईखाना, ढलाई-घर।

erzieh-en, v/t (h.) पाल-पोस कर बड़ा क०; की परवरिश क०; (नैतिक) शिक्षा देना, पढ़ाना-लिखाना; शिक्षित क०; **~er,** m (-s/-) शिक्षक, गुरू; **~erisch,** adj. शिक्षात्मक; **~lich,** adj. → erzieherisch

Erziehung, f (-) पालन-पोषण; परवरिश; (Ausbildung) शिक्षा; शिक्षा-दीक्षा; (Manieren) सभ्यता, शिष्टता, तमीज़, तहज़ीब; **~sanstalt,** f बालसुधार-भवन; **~sbeihilfe,** f शिक्षा या प्रशिक्षण-विशेष के लिए दी गई आर्थिक सहायता; **~sberatung,** f पालन-पोषण या शिक्षा आदि की (मनोवैज्ञानिक) समस्याओं के विषय में परामर्श देने वाली संस्था; **~sberechtigte,** m/f (-n/-n) अभिभावक, अभिभाविका; **~sminister,** m शिक्षा-मंत्री; **~swesen,** n शिक्षा-व्यवस्था, शिक्षा-प्रणाली; **~swissenschaft,** f शिक्षणशास्त्र, संशैक्षिकी।

erzielen, v/t (h.) प्राप्त क० या कर लेना, पाना, पा लेना; में सफल हो जाना; गोल क०; मुनाफ़ा क०।

erzittern, v/i (s.) काँप जाना, थरथरा जाना।

erzkonservativ, adj. अत्यन्त रूढ़िवादी।

Erzlügner, m महाझूठा।

Erzlump, m अतिनीच व्यक्ति, धूर्त-शिरोमणि।

Erzübel, n बहुत बड़ी बुराई, बहुत बुरी बात, सबसे बड़ी बुराई।

erzürnen, v/t (h.) क्रुद्ध क० या कर देना, नाराज़ क० या कर देना; sich erzürnen क्रुद्ध या नाराज़ हो जाना।

Erzwäsche, f कच्ची धातु को धोकर निथारना, अयस्क की धुलाई।

erzwingen, v/t (h.) धमकी या दुराग्रह या बलप्रयोग द्वारा प्राप्त कर लेना; fig: Erfolg erzwingen अथक परिश्रम द्वारा सफलता प्राप्त कर लेना।

es, personalpron., nom. & akk., 1. यह, वह (व्यक्ति, वस्तु, वाक्य, उपवाक्य आदि के स्थान पर प्रयुक्त); Was macht das Kind? — Es schläft. बच्चा क्या कर रहा है?— वह सो रहा है; Wer hat das Buch? —Ich habe es nicht किताब किसके पास है?—(वह) मेरे पास नहीं है; Wer ist dieser Mann?—Es ist mein

Bruder यह आदमी कौन है?–यह मेरा भाई है; Wer ist da? – Ich bin es. कौन है?– (यह) मैं हूँ; Er ist reich, ich bin es auch वह धनवान है (और) मैं भी धनवान हूँ; Er sagte, ich sollte gehen, und ich tat es उसने मुझे जाने को कहा और मैं चला गया या चला आया; ich habe es satt इससे मेरा जी भर गया है, मैं इससे आजिज़ आ गया हूँ; ich bin es leid मैं इससे दुःखी हो गया हूँ, मैं इससे ऊब गया हूँ; 2. unpersönlicher Gebrauch: es klingelt घंटी बज रही है, कोई घंटी बजा रहा है; es klopft कोई दरवाज़ा खटखटा रहा है; es regnet वर्षा हो रही है; es schneit बरफ़ गिर रही है; es freut mich, daß... मुझे प्रसन्नता है कि···; es tut mir leid मुझे खेद है; es ist 8 Tage her आठ दिन हो गए हैं, यह आठ दिन पहले की बात है; es gab wenig Regen in diesem Jahr इस साल कम वर्षा हुई; es scheint, als ob...ऐसा लगता है कि. . .; es wird erzählt लोग कहते हैं, कहा जाता है; es heißt in der Bibel बाइबिल में लिखा है; es war einmal ein König कभी एक राजा हुआ करता था; es lebe der König! महाराज की जय!, महाराज ज़िंदाबाद।

Esche, f (-/-n) अंगू (का पेड़); **~n,** adj. अंगू की लकड़ी का।

Esel, m (-s/-) गधा, गदहा, गर्दभ; U: मूर्ख व्यक्ति; **~ei,** f (-/-en) U: मूर्खता; **~sbrücke,** f, fig: कोई बात याद रखने की तरकीब; **~sohr,**n,fig: पन्ने का मुड़ा हुआ कोना।

Eskalation, f (-) [eng.] वृद्धि, बढ़ती; तीव्रीकरण।

Eskapade, f (-/-n) [frz.] घोड़े का ग़लत क़दम; fig: शरारत; अविचारित काम, ऊटपटाँग काम; अन्यगमन।

Eskimo, m (-s/-s) [indian.] अलास्का या ग्रीनलैंड का निवासी, एस्कीमो।

Eskort-e, f (-/-n) [frz.] मार्गरक्षी; मार्गरक्षी-दल; **~ieren,** v/t (h.) मार्गरक्षा के लिए साथ जाना।

esoterisch, adj. [griech.] गुह्य, गूढ़; केवल दीक्षित व्यक्तियों को ज्ञात।

Espe, f (-/-n) चलपर्ण, पीपल की भाँति का एक योरोपीय वृक्ष; fig: sie zittert wie Espenlaub वह पीपल के पत्ते की तरह काँप रही है; **~n,** adj. चलपर्ण की लकड़ी का।

Espresso, 1. m (-s/-s) [ital.] इतालवी पद्धति से बनाई गई कॉफ़ी; गाढ़ी कॉफ़ी; 2. n (-/-) छोटा कहवा-घर जिसमें इतालवी ढंग की कॉफ़ी मिलती हो।

Esprit, m (-s) [frz.] वाग्विदग्धता।

Essay, m/n (-s/-s) [eng.] साहित्यिक निबंध या प्रबंध; **~ist,** m (-en/-en) निबंधकार; **~istisch,** adj. निबंध की शैली में (लिखित)।

eß-bar, adj. भोज्य, भक्ष्य, खाद्य, खाने योग्य; **~besteck,** n छुरी, काँटा, चम्मच आदि।

[1]**essen,** v/t (h.) खाना, का सेवन क॰, भोजन क॰; zu Mittag essen दिन का भोजन क॰; zu Abend essen रात का या शाम का भोजन क॰; essen gehen खाने जाना; spw: es wird nichts so heiß gegessen, wie es gekocht wird कोई भी बात इतनी खतरनाक या कठिन नहीं होती है जितनी कि वह प्रारंभ में लगती है।

[2]**Essen,** n (-s/-) खाना, भोजन; **~smarke,** f खाने का टिकट, पुर्जी जिसपर भोजन मिलता है (विद्यार्थियों के या बड़े कारखानों के भोजनालयों में प्रचलित); **~szeit,** f भोजन का समय।

Essenz, f (-/-en) [lat.] chem: अर्क़; o. pl: सार, तत्व।

Esser, m (-s/-) खादक, खाने वाला; er ist ein guter Esser उसकी खुराक अच्छी है; वह खूब खाता है।

Eß-geschirr, n भोजन के वर्तन; **~gewohnheiten,** f/pl. खान-पान की आदतें।

Essig, m (-s/-e) [lat.] सिरका; U: damit ist es Essig वह बात तो बिगड़ गई, उसमें सफलता नहीं मिली या मिलेगी; **~gurke,** f सिरके में रखा हुआ खीरा; **~säure,** f, chem: ऐसिटिक एसिड, शुक्तिक अम्ल।

Eß-küche, f रसोई जिसमें खाने की मेज़ भी रखी हो; **~löffel,** m बड़ा चम्मच, सूप खाने का चम्मच; **~lokal,** n रेस्तराँ, भोजनालय; **~lust,** f खाने की रुचि; **~tisch,** m खाने की मेज़; **~waren,** f/pl. खाद्य सामग्री, खाने का सामान; **~zimmer,** n खाने का कमरा, भोजन-कक्ष।

Ester, m (-s/-) chem: प्रलवण, एस्टर।

Estrich, m (-s/-e) पक्का फ़र्श।

etablier-en, [frz.] 1. v/t (h.) की स्थापना क०, स्थापित क०; 2. v/r (h.) बस जाना, जम जाना; अपना धन्धा जमा लेना; **~ung,** f (-) संस्थापन; बस जाना, धन्धा जमा लेना।

Etablissement, n (-s/-s) [frz.] दूकान, कारखाना, व्यापार-गृह; सार्वजनिक मनोरंजन-स्थान।

Etage, f (-/-n) [frz.] मंज़िल, तल्ला; **~nbett,** n एक शय्या के ऊपर जड़ी हुई शय्या, बहुमंज़िला शय्या।

Etappe, f (-/-n) [frz.] चरण, सोपान; मंज़िल, मुक़ाम; mil: विजित क्षेत्र; रसद भेजने का इलाक़ा; अड्डा, आस्थान; **~nweise,** adv. क्रमशः; थोड़ा-थोड़ा करके।

Etat, m (-s/-s) [frz.] आय-व्ययक, बजट; अनुमानित आय-व्यय।

etepetete, adj., U: टीप-टाप वाला, नखरेबाज़।

Eth-ik, f (-) [griech.] नीतिशास्त्र, नीतिविद्या; **~isch,** adj. नीति-शास्त्रीय, नीति-विषयक।

ethn-isch, adj. [griech.] नृजातीय, मानवजातीय; **~ographie,** f (-) नृजाति-वर्णन, मानवजाति-वर्णन; **~ologe,** m (-n/-n) नृजातिवेत्ता, मानवजाति-वैज्ञानिक; **~ologie,** f (-) नृजाति-विज्ञान, मानवजाति-विज्ञान; **~ologisch,** adj. नृजातीय, जातिगत, नृजातिविज्ञान-संबंधी।

Ethologie, f (-)[griech.] जैववासिकी; चरित्रशास्त्र, आचारशास्त्र।

Ethos, n (-) [griech.] आचार, लोकाचार, लोकनीति; प्रथा।

Etikett, n (-s/-e;-s) [frz.] नाम-पत्र, लेबल; **~ieren,** v/t (h.) पर लेबल लगाना या चिपकाना।

Etikette, f (-/-n) [frz.] शिष्टाचार।

etlich-e, indefinitpron. कुछ; कई, थोड़े-से; थोड़ा-बहुत, काफ़ी, काफ़ी-कुछ; etliche Male→etlichemal; nach etlichen Stunden कुछ घंटों के बाद, कई घंटों के बाद; er hat etliches für uns getan उसने हमारे लिए काफ़ी-कुछ किया है, उसने हमारी काफ़ी सहायता की है; er hat etliches Gute getan उसने कई (या काफ़ी) अच्छे काम किए हैं; **~emal,** adv. कुछ बार, दो-चार; कई बार।

Etüde, f(-/-n) [frz.] mus: अभ्यास-संगीत-रचना।

Etui, n (-s/-s) [frz.] डिबिया; चश्मे आदि का खोल या घर।

etwa, adv. (ungefähr) लगभग, क़रीब-क़रीब, तक़रीबन; (vielleicht) कदाचित्; शायद; कहीं; (zum Beispiel)उदाहरण के तौर पर; es waren etwa 50 Personen anwesend लगभग पचास लोग उपस्थित थे; wollen Sie etwa schon gehen? आप कदाचित् जाना चाहते हैं?; तो क्या जाना चाहते हैं आप ?; wenn man Ihnen etwa erzählt... उदाहरण के तौर पर अगर आप से कोई कहता है कि…; Sie werden doch nicht etwa glauben, was er sagt आप कहीं उसकी बात पर

विश्वास कर लेंगे क्या ? (आपको उसकी बात पर विश्वास नहीं करना चाहिए); ~ig, adj. सम्भाव्य, सम्भावित, आनुषंगिक, परिस्थिति-विशेष में होने वाला।

etwas, 1. indefinitpron. कुछ, कोई बात, कोई वस्तु, कोई चीज़; kann ich etwas für Sie tun? क्या मैं आपके लिए कुछ कर सकता हूँ ?; gibt es etwas Neues? कोई नई ख़बर है क्या?; das ist etwas anderes वह दूसरी बात है, यह और बात है; U: das will etwas heißen इसका अर्थ बहुत-कुछ है, यह बड़ी बात है; 2. adj. थोड़ा-सा, कुछ, थोड़ा-बहुत; geben Sie ihm etwas Milch! उसे थोड़ा-सा दूध दे दीजिए!; er spricht etwas Deutsch वह थोड़ी-सी जर्मन बोलता है; 3. adv. कुछ-कुछ, थोड़ा-सा, किंचित्; 4. n कोई बात या चीज़ (जिसे बताया या समझाया न जा सके); विशेषता; sie hat ein gewisses Etwas उसमें कोई ख़ास बात है, उसमें कोई विशेष आकर्षण है।

Etymolog-ie, f (-/-n) [griech.] शब्दव्युत्पत्तिशास्त्र, व्युत्पत्ति-विज्ञान; **~isch,** adj. व्युत्पत्ति-विषयक।

Etymon, n (-s/-'ma) [griech.] मूल-शब्द, शब्द-मूल।

euch, dat. & akk. von ihr तुमको, तुमलोगों को, तुम्हें।

Eucharistie, f (-/-n) [griech.] eccl: यूखारिस्त, परमप्रसाद; परम-प्रसाद से पूर्व की प्रार्थना।

euer, gen. von ihr तुम्हारा, तुमलोगों का।

Eugen-ik, f (-) [griech.] सौजनिकी, सुसन्ततिविज्ञान; **~isch,** adj. सौजनिकी-विषयक, सौजनिकी पर आधारित।

Eukalyptus, m (-) [griech.] अनु-कर्पूर, गंधसफ़ेदा, यूकलिप्टस।

Eule, f (-/-n) उल्लू, उलूक, घुग्घू; fig: बुद्धिमत्ता या कुरूपता का प्रतीक; fig: das hieße Eulen nach Athen tragen यह तो "उलटे बाँस बरेली को" वाली बात हुई।

Eulenspiegel, m (-s/-) शेख़चिल्ली, शरारती व्यक्ति; **~ei,** f (-/-en) शरारत, शेख़चिल्ली जैसा आचरण।

Eunuch, m (-en/-en) [griech.] छिन्नवृषण मनुष्य, क्लीव, नपुंसक, हिजड़ा, खोजा।

Euphor-ie, f (-) [griech.) सुखानु-भूति, सुखाभास; सुख-भ्रांति; नीरोगता की भावना (विशेषतया मृत्यु से पूर्व); **~isch,** adj. सुखानुभूतिपूर्ण; सुख-भ्रान्तिमय, सुख-भ्रान्ति पर आधारित।

Eurasier, m (-s/-) व्यक्ति जिसके माँ-बाप में से एक एशियाई तथा दूसरा योरोपीय हो।

eur-erseits, adv. तुम्हारी तरफ़ से, तुम लोगों की ओर से; **~esgleichen,** pron. तुम्हारे जैसे, तुम्हारे सरीखे, तुम लोगों जैसे; **~ethalben/~etwegen,** adv. तुम्हारे कारण, तुमलोगों के कारण; **~etwillen,** adv: um euretwillen तुम्हारे लिए; तुम्हारी वजह से, तुमलोगों के कारण; **~ige,** m/f/n तुम्हारा वाला, तुम्हारी वाली।

Europa, n (-s) [griech.] योरोप, यूरोप।

Europä-er, m (-s/-) योरोप-निवासी; **~isch,** adj. योरोपीय, यूरोप का; **~isieren,** v/t (h.) योरोपीय बनाना।

Euter, n (-s/-) ऊध, ऊधस, अयन, ऐन।

Euthanasie, f (-) [griech.] सहज-मृत्यु की स्थिति लाना (औषधि देकर)।

evakuier-en, v/t(h.) [lat.] व्यक्तियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, संकट-ग्रस्त क्षेत्र से निकालकर ले जाना, **~ung,** f (-/-en) एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाना।

evangel-isch, adj. [griech.] इंजील-चतुष्टय पर आधारित या उससे

संबंधित; (protestantisch) प्रोटेस्टैंट, लूथर का अनुयायी या लूथर के मत पर आधारित; ~**ist,** m (-en/-en) इंजील-चतुष्टय के लेखकों में से कोई एक; ~**ium,** n (-s/-'lien) ईसामसीह की जीवनगाथा; इंजील-चतुष्टय में से कोई एक; ईसामसीह का संदेश; fig: परमपावन ग्रंथ; दिव्य वचन।

Eventu-alität, f (-/-en) [frz./lat.] सम्भाव्यता, सम्भाव्य घटना; ~**ell,** 1. adj. सम्भावित, सम्भाव्य; 2. adv. सम्भवत:, यदि आवश्यकता हुई तो।

Evolution, f (-/-en)[lat.] क्रमविकास, विकास; ~**stheorie,** f विकासवाद, उद्विकासवाद।

ewig, 1. adj. शाश्वत, सनातन, नित्य, अनन्त; अविरत, सतत, निरन्तर; अपरिवर्तनीय; अक्षय, अमर; U: निरन्तर; बहुत देर तक चलने वाला; लगातार; चिरकालीन; सदैव का, सदैव होने वाला;das Ewige Licht गिरजाघरों में लगातार जलने वाले दीप का प्रकाश; poet: der ewige Schlaf मृत्यु; poet: in die ewige Ruhe eingehen सदा के लिए सो जाना, मर जाना; U: ich habe ihn seit ewigen Zeiten nicht mehr gesehen मैंने उसे बहुत समय से नहीं देखा है; 2. adv. सदैव के लिए; बहुत देर तक; अनन्तकाल के लिए; auf immer und ewig सदैव के लिए, अनन्तकाल के लिए; das ist ewig schade यह सदैव के लिए खेद का विषय है; ~**keit,** f(-/-en) चिरन्तनता, सनातनता; शाश्वतत्व; अनन्तकाल; दीर्घकाल; ~**lich,** adv., poet: →ewig

ex : U: ex trinken एक ही घूंट या साँस में गिलास खाली क०।

exakt, adj. [lat.] यथार्थ, यथातथ्य, सही, ठीक; परिशुद्ध, विशुद्ध; exakte Wissenschaften यथातथ्य विज्ञान, शुद्ध विज्ञान (भौतिकी, रसायनशास्त्र, गणित आदि); ~**heit,** f (-) यथार्थता, यथातथ्यता; विशुद्धता।

Exalt-ation, f (-) [lat.] आनन्दातिरेक; भावोन्माद; ~**ieren,** v/r (h.) उल्लसित होना या हो जाना, अतिप्रभावित होना; भावोन्मत्त हो जाना।

Exam-en, n (-s/-'mina) [lat.] परीक्षा, इम्तहान; ~**inand,** m (-en/-en) परीक्षार्थी, इम्तहान देने वाला; ~**inator,** m (-s/-en) परीक्षक; ~**inieren,** v/t (h.) परीक्षा लेना, इम्तहान लेना।

Exege-se, f (-/-n) [griech.] व्याख्या, टीका; धर्मग्रंथभाष्य; ~**t,** m(-en/-en) व्याख्याकार, टीकाकार; धर्मग्रंथभाष्यकार; ~**tik,** f (-) धर्मग्रंथभाष्यशास्त्र; ~**tisch,** adj. टीकासंबंधी; धर्मग्रंथभाष्य पर आधारित; व्याख्यात्मक।

exekut-ieren, v/t (h.) [lat.] निष्पन्न क०, निष्पादित क०; को प्राणदंड देना; ~**ion,** f (-/-en) निष्पादन, कार्यनिष्पत्ति; प्राणदंड।

Exekutiv-e, f (-) [lat.] कार्यपालिका; ~**gewalt,** f निष्पादन-संहृति, कार्यपालिका; ~**organ,** n कार्यांग, कार्यकारी विभाग; विधिप्रवर्तक विभाग (पुलिस आदि)।

Exekutor, m (-s/-en) [lat.] जल्लाद।

Exempel, n (-s/-) [lat.] उदाहरण; आदर्श, नमूना; die Probe aufs Exempel machen किसी बात की सत्यता को परखना या परख द्वारा साबित क०;ein Exempel statuieren (सर्वसाधारण को) चेतावनी देने के लिए किसी को कठोर दंड देना, चेतावनी के रूप में सख्ती का नमूना पेश क०।

Exemplar, n (-s/-e) [lat.] नमूना, बानगी; प्रतिनिधिरूप; पुस्तक आदि की प्रति; ~**isch,** adj. आदर्शस्वरूप, नमूने के उपयुक्त, आदर्श।

Exemplifi-kation, f (-/-en) [lat.] सोदाहरण स्पष्टीकरण; ~**zieren,** v/t (h.) सोदाहरण स्पष्ट क०, उदाहरण देकर समझाना।

exer-zieren, 1.v/t (h.) अभ्यास कराना; mil: क़वायद कराना, प्रशिक्षित क०; 2. v/i(h.) अभ्यास क०, mil: क़वायद क०; **~zitium,** n (-s/-'tien) अभ्यास, अभ्यासार्थ दिया गया प्रश्न; pl., eccl: मनन, ध्यान ।

Exhibition, f (-/-en) [lat.] प्रदर्शन; प्रदर्शनी, नुमाइश; **~ismus,** m (-) कामांगप्रदर्शनोन्माद, **~ist,** m (-en/-en) कामांग-प्रदर्शक, गुह्यांग-प्रदर्शक ।

Exhum-ation, f (-/-en) [lat.]→ Exhumierung; **~ieren,** v/t (h.) उत्खनन क०; शवोत्खनन क०; **~ierung,** f (-/-en) उत्खनन; शवोत्खनन ।

Exil, n (-s/-e)[lat.] निर्वास; देशत्याग; देशत्याग के वाद रहने का स्थान; **~regierung,** f निर्वास में रहने वाले व्यक्तियों द्वारा वनाई गई सरकार ।

existent, adj.[lat.] विद्यमान, वर्तमान; सास्तित्व; **~ial/~iell,**adj. अस्तित्वात्मक; **~ialismus,**m (-) अस्तित्ववाद; **~ialist,** m (-en/-en)अस्तित्ववादी ।

Existenz, f (-/-en) [lat.] (Dasein) अस्तित्व, सत्ता, भाव; (Lebensunterhalt) जीविका, रोज़ी; U: eine verkrachte Existenz असफल व्यक्ति; er hat sich eine sichere Existenz aufgebaut उसने अपनी जीविका का समुचित प्रवंध कर लिया है; **~fähig,** adj. जीवित रहने योग्य; **~kampf,** m जीवन-संघर्ष, अस्तित्व के लिए संघर्ष; **~minimum,** n जीवित रहने के लिए आवश्यक न्यूनतम साधन, निर्वाह के लिए आवश्यक न्यूनतम धन ।

existieren, v/i (h.) [lat.] होना, अस्तित्व रखना, विद्यमान होना; जीवित रहना ।

Exklave, f (-/-n) [frz.] वहि:क्षेत्र ।

exklusiv, adj. [lat.] अनन्य,एकमात्र; अपवर्जक; (vornehm) उत्कृष्ट, विशिष्ट; प्रतिष्ठित; **~e,** adv. को छोड़कर, के अतिरिक्त, के बिना; **~ität,** f (-) अनन्यता, एकमात्रता; अपवर्जकता; उत्कृष्टता, विशिष्टता ।

Exkommuni-kation, f (-/-en) eccl: धर्मच्युति, धार्मिक सम्प्रदाय से वहिष्करण; **~zieren,** v/t (h.) धर्मच्युत क०, धार्मिक सम्प्रदाय से निकाल देना ।

Exkrement, n (-[e]s/-e)[lat.] मल-मूत्र, विष्ठा; गोवर आदि, उत्सर्जित पदार्थ ।

Exkurs, m (-es/-e) [lat.] विषयान्तर, व्यतिक्रम; अतिरिक्त व्याख्या, अतिरिक्त वर्णन, परिशिष्ट; **~ion,** f (-/-en) आमोद-भ्रमण, सैर; अध्ययन-यात्रा ।

Exmatrikul-ation, f (-/-en) [lat.] विश्वविद्यालय छोड़ना, विश्वविद्यालय से नाम कटा जाना; **~ieren,** v/t (h.) विश्वविद्यालय (के रजिस्टर) से नाम काटना ।

Exminister, m भूतपूर्व मंत्री ।

Exodus, m (-) [griech.] निर्गमन, वहिर्गमन, मिस्र से यहूदियों का प्रस्थान (जैसा कि पूर्वविधान में निहित मूसा की दूसरी पुस्तक में वर्णित है); मूसा की दूसरी पुस्तक का शीर्षक ।

exogen, adj. [griech.] वहिर्जनित, वहिर्जात ।

exorbitant, adj. [lat.] अतिशय, अत्यधिक, हद से ज्यादा; असाधारण ।

Exor-zismus, m (-/-'men) [griech.] भूतापसारण, झाड़-फूँक; **~z(is)ieren,** v/t (h.) निरासित क०, (भूत या अपदूत) उतारना या भगाना ।

Exot, m (-en/-en) [griech./lat.] विदेशी, दूरदेश का निवासी, विदेशागत या दूरदेश का पशु, पौधा आदि; **~arium,** n(-s/-'rien) चिड़ियाघर में विदेशी पशुओं को रखने का अहाता; **~isch,** adj. विदेशी, विदेशागत, दूरदेश का ।

Expansion, f (-/-en) [lat.] प्रसार, प्रसरण, विस्तार; **~spolitik,** f विस्तारवाद (की नीति) ।

expansiv, adj. [lat.] प्रसारी, विस्तारशील ।

Expansionismus, m [lat.] विस्तार-वाद ।

Expedition, f (-/-en) अभियात्रा, खोज यात्रा; अभियान, चढ़ाई ।

Experiment, n (-s/-e) [lat.] प्रयोग, परीक्षण; fig: जोखिम (का काम), ख़तरनाक काम; **~al/~ell,** adj. प्रयोगात्मक, प्रायोगिक, प्रयोगमूलक; **~ator,** m (-s/-en) प्रयोगकर्ता; **~ieren,** v/i (h.) प्रयोग क० ।

Expert-e, m (-n/-n) [lat.] विशेषज्ञ, सुविज्ञ व्यक्ति; **~ise,** f (-/-n) विशेष ज्ञान, सुविज्ञता ।

explo-dieren, v/i (s.) [lat.) विस्फुटित होना, विस्फोट होना, आवाज़ या धमाके के साथ फट जाना; fig: क्रोध से चिल्ला पड़ना; **~sion,** f (-/-en) विस्फोट, धमाका, धड़ाका; विस्फोटन; **~siv,** adj. विस्फोटक, विस्फोटी, प्रस्फोटी; **~ivstoff,** m विस्फोटक पदार्थ ।

Expon-ent, m (-en/-en) [lat.] भाष्यकार, व्याख्याता; प्रतिनिधि; प्रतिपादक; math: घातांक; **~ieren,** v/t (h.) प्रतिपादित क०; की व्याख्या क०, समझाना; के ख़तरे या प्रभाव में डालना; phot: चित्रपट को रोशनी लगने देना या खुला छोड़ देना ।

Export, m (-[e]s/-e) [lat.] निर्यात; **~artikel,** m निर्यात-वस्तु; **~bestimmungen,** f/pl. निर्यात-विनियम, निर्यात-संबंधी क़ानून; **~eur,** m (-s/-e) निर्यातकर्ता, निर्यातक; **~ieren,** v/t (h.) निर्यात क० ।

Exposé, n (-s/-s)[frz.] रूपरेखा, संक्षिप्त विवरण, वस्तुसार ।

Exposition, f (-/-en) [lat.] प्रदर्शनी; प्रतिपादन, प्रस्तुतीकरण; आमुख; phot: चित्रपट को खुला छोड़ना, उद्भासन ।

[1]**Expreß,** m (-'sses/-'sse)[lat.]→ Expreßzug

[2]**expreß,** 1. adj. आशुग; 2. adv. द्रुतगामी दूत के द्वारा, द्रुतप्रदेय डाक की तरह; **~brief,** m आशुपत्र; **~gut,** n आशुग माल; **~zug,** m मेल गाड़ी, द्रुतगामी रेलगाड़ी ।

Expression-ismus, m (-) [lat.] अभिव्यंजनावाद; **~ist,** m (-en/-en) अभिव्यंजनावादी; **~istisch,** adj. अभिव्यंजनावाद का, अभिव्यंजनावादी; expressionistische Malerei अभिव्यंजनावाद की चित्र-कला ।

exquisit, adj. [lat.] उत्कृष्ट, उत्तम, बहुत बढ़िया ।

Extemporale, n (-s/-'lien) [lat.] विद्यार्थियों द्वारा बिना किसी सहायता के लिखित कार्य या अभ्यास, अपूर्व-सूचित परीक्षा (अध्यापक द्वारा) ।

extensiv, adj. [lat.] सुविस्तृत,व्यापक; गहन, गंभीर, घोर ।

extern, adj. [lat.] बाह्य, बाहरी; प्राइवेट (विद्यार्थी, परीक्षार्थी, आदि); विद्यालय के छात्रावास में न रहने वाला ।

extra, 1. adj., U:(außerordentlich) असाधारण, असामान्य; अतिरिक्त; (besonder) विशेष, ख़ास, विशिष्ट; 2. adv. (nur) केवल, सिर्फ़; (eigens) (बात या काम-विशेष) के लिए ही; (zusätzlich) ऊपर से, के अलावा, और; 3. n(-s/-s) U: अतिरिक्त सज्जा, अतिरिक्त मूल्य की वस्तु ।

Extra-blatt, n क्रोड़-पत्र; **~fein,** adj. अत्यधिक महीन या बारीक; अत्युत्तम, अत्युत्कृष्ट ।

extra-hieren, v/t (h.) [lat.] खींच लेना, बाहर निकाल लेना; किसी पुस्तक आदि से कोई अंश लेना या लिख लेना; chem: निस्सारण क०, (अर्क़ या सार) निकालना; **~kt,** m (-[e]s/-e)[lat.] सत्व, निचोड़; निष्कर्ष; उद्धरण, किसी पुस्तक का कोई अंश; chem: अर्क़, सार; **~ktion,** f (-/-en) निष्कर्षण; निस्सारण ।

extravagan-t, adj. [frz.] असाधारण, विलक्षण; उच्छृंखल, अमर्यादित; **~z,** f (-/-en) असाधारणता, विलक्षणता;

उच्छृंखलता।

Extrawurst, f,U: er will immer eine Extrawurst gebraten haben वह सदैव सबसे अलग बात की अपेक्षा करता है, वह सदैव असाधारण या विशेष व्यवहार की अपेक्षा करता है।

extrem, 1. adj. [lat.] अंतिम, आखिरी; बाह्यतम, छोर का; उग्र, असीमित; उत्कट; आत्यन्तिक, अतिशय; अमर्यादित; 2. n (-s/-e) पराकाष्ठा, चरमसीमा, चरमबिन्दु।

Extremis-mus, m (-) [lat.] अतिवाद; उग्रतावाद, चरमपन्थ; ~**t,** m (-en/-en) अतिवादी, चरमपन्थी।

Extremität, f (-/-en) [lat.] meist pl.: देहशाखा, अग्रान्त, अग्रांग।

extrovertiert, adj. [lat.] बहिर्मुखी।

exzellen-t, adj. [lat.] श्रेष्ठ, उत्तम, उत्कृष्ट, बहुत बढ़िया, बहुत उम्दा; ~**z,** f (-/-en) श्रेष्ठता, उत्तमता, उत्कृष्टता, उत्कर्ष; Titel: अत्रभवान, तत्रभवान, महामहिम, महामहिम्ना आदि।

Exzentr-iker, m (-s/-) [lat.] सनकी, तरंगी, मौजी व्यक्ति; ~**isch,** adj. सनकी, तरंगी, लहरी, मौजी।

exzerp-ieren, v/t (h.) [lat.] पुस्तक आदि से कोई अंश लेना या लिख लेना; ~**t,** n(-[e]s-/e) उद्धृत अंश, संकलित अंश (पुस्तक आदि का)।

Exzeß, m (-'sses/-'sse) [lat.] अतिक्रमण; अति, असंयम।

exzessiv, adj.[lat.] अतिशय, अत्यधिक, अतिमात्र, बेहद।

E-Zug, m→Eilzug

F

Fabel, f (-/-n) [lat.] नीतिकथा, शिक्षात्मक कहानी; einer Dichtung: कथानक, कथावस्तु; (unglaubliche Geschichte) निराधार गल्प, बेसिर-पैर की बात, झूठ, गप; ~**ei,** (-/-en) झूठी बातें (क०), झूठी गप (मारना), मनगढ़न्त; ~**haft,** adj. आश्चर्यजनक, विस्मयकारी; असाधारण, उत्कृष्ट, बहुत बढ़िया; ~**hans,** m गप्पी, गपोड़िया; ~**n,** v/i & v/t (h.) मनगढ़न्त क०, झूठी बातें क०; बेसिरपैर की बातें क०; ~**wesen,** n काल्पनिक या अवास्तविक जीव।

Fabrik, f (-/-en) [frz.] कारखाना, फ़ैक्टरी, निमार्णी, उद्योगशाला; ~**ant,** m (-en/-en) निर्माता; कारखाने का मालिक; ~**at,** n (-[e]s/-e) उत्पाद, उत्पादित वस्तु; मार्का, छाप; ~**ation,** f (-/-en) उत्पादन, निर्माण; मशीनी उत्पादन; ~**mäßig,** adj. कारखाने में निर्मित-सा, पुंजोत्पादन का; ~**neu,** adj. बिल्कुल नया, एकदम नया।

fabrizieren, v/t (h.) निर्माण क०, बनाना, तैयार क०; fig: बनाना, गढ़ना, रचना, रच कर रखना।

fabulieren, 1. v/t (h.) [lat.] की कल्पना क०, (झूठी कहानियों का) आविष्कार क०, (बातें) बनाना; 2. v/i (h.) →fabeln

Fach, n (-[e]s/⸚er) खाना, कोष्ठ; दराज़; दरवाज़े आदि का दिल्ला; (Fachgebiet) विषय, विषय-विशेष; क्षेत्र, कार्यक्षेत्र; व्यवसाय, धंधा; Weberei: ताने के धागों के बीच का स्थान; ein Mann vom Fach विशेषज्ञ; ~**arbeiter,** m (प्रशिक्षित) कारीगर, शिल्पकार; ~**arzt,** m चिकित्सा-शास्त्र के किसी क्षेत्र का विशेषज्ञ, विशेषज्ञता-प्राप्त चिकित्सक; ~**ausbildung,** f विशेष प्रशिक्षण,

विशेषज्ञता के लिए प्रशिक्षण; **~ausdruck,** m पारिभाषिक शब्द; **~buch,** n पाठ्य-पुस्तक।

fächeln, 1. v/t (h.) पर पंखा क० या पंखे से हवा क०; 2. v/i (h.) फहराना, फड़फड़ाना।

Fächer, m (-s/-) पंखा, व्यजन; **~palme,** f पंखिया खजूर, पनई ताड़।

Fach-gebiet, n विषय, विषय-विशेष; क्षेत्र, कार्यक्षेत्र; व्यवसाय, धंधा; **~gerecht,** adj. कुशलतापूर्ण, कुशलतापूर्वक किया गया; **~geschäft,** n विशेष वस्तुओं की दूकान, विशेष प्रकार की वस्तुओं की दूकान; **~kenntnisse,** f/pl. विशेष ज्ञान, व्यावसायिक ज्ञान; **~kraft,** f सुविज्ञता-प्राप्त कर्मचारी या कारीगर; **~kreise,** m/pl: in Fachkreisen ist man der Ansicht,... विशेषज्ञों का मत है कि...; **~kundig,** adj. सुविज्ञ, विषय-विशेष की जानकारी रखने वाला; **~lehrer,** m विषय-विशेष का अध्यापक; तकनीकी या व्यावसायिक विषयों का अध्यापक; **~lich,** adj. विषय-विशेष का, विषय-विशेष-संबंधी; व्यावसायिक, तकनीकी; **~literatur,** f विषय-विशेष की पुस्तकें; **~mann,** m विशेषज्ञ; **~männisch,** adj. प्रवर, कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ, विशेषज्ञ का; **~schaft,** f (-/-en) व्यवसाय-संघ, व्यवसाय-विशेष के सभी लोग; निकाय; **~schule,** f व्यवसाय-विशेष का विद्यालय, व्यावसायिक विद्यालय; बहुशिल्प-शिक्षणालय; **~simpelei,** f (-) (व्यवसाय-विशेष से अनभिज्ञ लोगों की उपस्थिति में) व्यवसाय-विशेष पर वार्तालाप; **~simpeln,** v/i (h.) व्यवसाय-विशेष की बातें क० (अनभिज्ञ लोगों की उपस्थिति में); **~sprache,** f पारिभाषिक शब्दावली; **~verband,** m, kfm: व्यापारसंघ; **~werk,** n, (बृहत्) पाठ्य-पुस्तक; arch: भवन-निर्माण की एक विधि जिसमें दीवारें शहतीरों के चौखटों में ईंटें भर कर बनाई जाती हैं; **~wissen,** n विषय-विशेष या व्यवसाय-विशेष का ज्ञान; **~zeitschrift,** f विषय-विशेष की पत्रिका, व्यावसायिक पत्रिका।

Fackel, f (-/-n) मशाल।

fackeln, v/t (h.) U: हिचकना, हिचकिचाना, झिझकना, आगा-पीछा क०।

Fackel-träger, m मशालची; **~zug,** m मशालों का जुलूस।

fad(e), adj. [frz.] स्वादहीन, फीका; (schal) पर्युषित, बासी, उबसा हुआ; fig: घिसा-पिटा; आकर्षणहीन; नीरस, निर्भाव; उबाऊ।

fädeln, 1. v/t (h.) पिरोना, डोरा डालना; 2. v/i (h.) (कपड़े आदि) के तार या रेशे निकलना।

Faden, m(-s/ ⸚) डोरा, तागा, धागा; सूत, सूत्र; तन्तु, तार, रेशा; fig: der rote Faden मूल विचार, मूल प्रवृत्ति; fig: den Faden verlieren विषय-वस्तु से दूर चला जाना; प्रसंग (की बात) भूल जाना; fig: er hält alle Fäden in der Hand सारा नियंत्रण उसके हाथ में है, उसने सारे अधिकार अपने हाथ में ले रखे हैं; fig: sein Leben hing an einem seidenen Faden उसका जीवन भारी संकट में था, उसकी जान बचने की बहुत कम उम्मीद थी; fig: er ist um eines Fadens Breite dem Tod entgangen मौत के मुँह से वह बाल-बाल बच गया; fig: er hat keinen guten Faden an ihm gelassen उसने उसके बारे में एक भी अच्छी बात नहीं कही, उसने उसकी घोर निन्दा की; **~kreuz,** n अनुप्रस्थ तंतु (दूरबीन आदि में); **~lauf,** m तंतु-विन्यास; **~nudeln,** f/pl. सेवइयाँ; **~scheinig,** adj. झीना, झिरझिरा; fig: ein fadenscheiniger Vorwand कच्चा बहाना; **~wurm,** m सूत्रकृमि, चुनचुना, चुन्ना।

Fadheit, f (-) [frz.] स्वादहीनता, फीकापन; fig: नीरसता, निर्भावता; उबाऊपन; आकर्षणहीनता; घिसापिटापन।

Fagott, n (-[e]s/-e) [ital.] अलगोजा ।
fähig, adj. समर्थ, क्षम, योग्य, क़ाबिल; zu etw. fähig sein कुछ करने के योग्य होना; er ist ein fähiger Kopf वह क़ाबिल आदमी है; U: er ist zu allem fähig! उसमें हर बुरे या ग़लत काम करने की क्षमता है; **~keit,** f (-/-en) सामर्थ्य, क्षमता, योग्यता, क़ाब्रिलियत ।
fahl, adj. धुँधला, मंद, हल्का (प्रकाश); पीला, निस्तेज, फक (चेहरा); **~heit,** f (-) धुँधलापन; पीलापन, तेजहीनता, निष्प्रभता ।
Fähnchen, n (-s/-) झंडी; आलपीन पर लगी हुई (त्रिभुजाकार) झंडी; U: घटिया पोशाक ।
fahnd-en, v/i (h.):nach etw./jdm. fahnden किसी लापता वस्तु/व्यक्ति की तलाश क०; **~ung,** f (-/-en) खोज, तलाश ।
Fahne, f (-/-n) ध्वज, पताका; झंडा; (Korrekturabzug) पंक्ति-प्रूफ़, गेली-प्रूफ़; (behaarter Schwanz) झबरी पूंछ, बालदार पूंछ (गिलहरी आदि की); fig: die Fahne hochhalten डटा रहना, झंडा ऊँचा रखना; fig: mit fliegenden Fahnen zu etw. übergehen/überlaufen (किसी के) देखते-देखते अपने दृष्टिकोण को बदल देना, विस्मयकारी शीघ्रता के साथ किसी अन्य मत का समर्थन करने लगना; U: er hat eine Fahne उसके मुँह से शराब की बदबू आ रही है; **~neid,** m सैनिकों द्वारा ग्रहण की गई राजभक्ति की शपथ; **~nflucht,** f सेना से भाग जाना; **~nflüchtig,** adj. सेना से भागा हुआ; fig: दलबदलू, मतबदलू; विश्वासघाती; **~njunker,** m सेना में अफ़सर के पद का प्रत्याशी; **~nstange,** f ध्वजदंड ।
Fähnrich, m (-s/-e) → Fahnenjunker .
Fahr-bahn, f गाड़ियों आदि का पथ, सड़क; लेन; **~bar,** adj. जिसे चलाया जा सके, चलाने योग्य (गाड़ी आदि); **~dienstleiter,** m रेलगाड़ियों के आवागमन को नियंत्रित करने वाला अधिकारी ।
Fähre, f (-/-n) तरणी, नाव ।
fahren, 1. v/i (s.) (कार, रेलगाड़ी आदि का) चलना; किसी वाहन से चलना या यात्रा क०; (sich schnell bewegen) तेज़ी से (आगे) बढ़ना या झपटना; spazieren fahren कार आदि से सैर के लिए निकलना या सैर क०; mit der Bahn fahren रेलगाड़ी से यात्रा क०; er fährt Erster Klasse वह प्रथम श्रेणी में यात्रा करता है; in die Kleider fahren जल्दी से कपड़े पहन लेना; in die Höhe fahren उछल पड़ना; jdm. an die Kehle fahren किसी का गला दबोचना; mit der Hand in die Tasche fahren (झटके से) जेब में हाथ डालना; fig: der Schreck fuhr mir in die Glieder भय मेरी नस-नस में समा गया; fig: ich bin bisher immer gut mit ihm gefahren उसके साथ मुझे अभी तक सदैव अच्छा अनुभव हुआ है; fig: dieser Gedanke fuhr mir plötzlich in den Sinn यह विचार अचानक मेरे दिमाग़ में आया; fig: einen Plan fahren lassen किसी योजना को कार्यान्वित न क०, किसी इरादे को छोड़ देना; 2. v/t (h.) (lenken) चलाना; (befördern) (एक स्थान से दूसरे स्थान पर) ले जाना, वहन क०; jdn. spazieren fahrenकिसी को सैर कराने के लिए गाड़ी में ले जाना; Sand fahren (किसी वाहन के द्वारा) रेत ढोना; er fährt dieses Auto seit 2 Jahren वह इस कार (या गाड़ी) को दो वर्ष से चला रहा है; es fährt sich gut in diesem Auto इस गाड़ी में यात्रा करना आरामदेह है; यह गाड़ी अरामदेह है; U: jdn. über den

Haufen fahren किसी के ऊपर गाड़ी चढ़ा देना; ~d, adj. चलता हुआ, अस्थिर, यायावर; fahrende Leute ख़ानाबदोश (लोग)।

Fahr-er, m (-s/-) चालक, ड्राइवर; ~**erei,** f (-) अधिक देर तक गाड़ी चलाना; अनाड़ीपन से गाड़ी चलाना; ~**erflucht,** f दुर्घटना के बाद चालक का पलायन; ~**erhaus,** n चालक-कोष्ठ; ~**gast,** m यात्री (टैक्सी, बस, रेल आदि का); ~**geld,** n यात्रा-शुल्क, किराया, भाड़ा; ~**gelegenheit,** f परिवहन की सुविधा; किसी के साथ उसकी गाड़ी में जाने का अवसर; ~**gestell,** n कार आदि का निचला ढाँचा; वायुयान का अवचक्र।

fahrig, adj. अधीर, बिकल, व्यग्र; अधीरतापूर्ण, व्यग्रतापूर्ण; चलचित्त; दुचित्ता, अन्यमनस्क।

Fahrkarte, f यात्रा-पत्र, टिकट।

fahrlässig, adj. असावधान, लापरवाह, ग़ैरज़िम्मेदार; ~**keit,** f (-/-en) असावधानी, लापरवाही, ग़ैर-ज़िम्मेदारी।

Fahrlehrer, m कार आदि चलाने का प्रशिक्षग देने वाला, चालन-प्रशिक्षक।

Fährmann, m केवट, नाविक, माँझी।

Fahr-plan, m रेलगाड़ी या बस आदि की समय-सारिणी; ~**planmäßig,** 1. adj. अनुसूचित (समय-सारिणी में), नियत; 2. adv. ठीक समय पर; अनुसूचित समय के अनुसार; ~**praxis,** f कार आदि चलाने का अभ्यास, चालन-अभ्यास; ~**preis,** m भाड़ा, किराया; ~**prüfung,** f चालन-परीक्षा; ~**rad,** n साइकिल; ~**rinne,** f, mar: जलयान का निर्धारित मार्ग; ~**schein,** m →Fahrkarte

Fährschiff, n →Fähre

Fahr-schule, f चालन-स्कूल, कार आदि चलाने का प्रशिक्षण देने वाला स्कूल; ~**schüler,** m कार चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला; ~**stuhl,** m उत्थापक, लिफ़्ट; मरीज़ों को ले जाने की पहिएदार कुर्सी; ~**stunde,** f कार चलाने के प्रशिक्षण का घंटा, चालन-अभ्यास का घंटा।

Fahrt, f (-/-en) रेलगाड़ी, कार आदि से यात्रा; (Geschwindigkeit) वेग, गति; (Ausflug) सैर; fig: उत्साह, जोश; आवेश, क्रोध, ताव; freie Fahrt haben का मार्ग साफ़ होना, को हरी झंडी (या वत्ती) मिल जाना; fig: in Fahrt kommen जोश या ताव में आना।

Fährte, f (-/-n) पद-चिह्न; fig: सुराग़, सूत्र।

Fahrtenbuch, n चालक का रोज़नामचा।

fahrtüchtig, adj. (कार आदि) चलाने के योग्य; जिसे चलाया जा सके, जो चालन के योग्य हो (कार आदि); ~**keit,** f (-) चालन-क्षमता; कार आदि की प्रयोज्यता।

Fahrtwind, m चालन द्वारा उत्पन्न प्रतिरोधी वायु-प्रवाह।

Fahr-wasser, n (Fahrrinne) जलयान का निर्धारित मार्ग; fig: प्रभाव-क्षेत्र; निजी ज्ञान का क्षेत्र, अनुकूल या स्वाभाविक परिस्थिति; fig: er ist in seinem Fahrwasser यह उसके निजी ज्ञान का क्षेत्र है, इस विषय में वह सबकुछ जानता है; इस परिस्थिति में वह ऐसा अनुभव करता है जैसे पानी में मछली; ~**werk,** n वायुयान का अवचक्र; ~**zeit,** f यात्रा-समय, वाहन का एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का समय; ~**zeug,** n वाहन, गाड़ी, सवारी; ~**zeugpapiere,** n/pl. कार की रजिस्ट्री आदि के काग़ज़ात; ~**zeugpark,** m संस्था- या संगठन-विशेष के सभी वाहन।

fair, adj. [eng.] उचित, न्यायसंगत, न्यायोचित; निष्पक्ष, सच्चा, ईमानदार; ~**neß,** f (-) औचित्य, न्यायसंगति; निष्पक्षता, सच्चाई, ईमानदारी।

Fäkalien, pl.[lat.] विष्ठा, मल।

Faksimile, n (-s/-s) [lat.] प्रतिकृति,

अनुलिपि ।
Fakt, m→Faktum
faktisch, 1. adj. [lat.] वास्तविक; 2. adv. वास्तव में, वस्तुतः ।
Faktor, m(-s/-en) [lat.] विदेश-स्थित शाखा का प्रबंधक; math: गुणनखंड; गुणक, अपवर्तक; fig: महत्वपूर्ण बात, घटक, कारण, निमित्त, तत्व, उपादान; **~ei,** f (-/-en) kfm: विदेश-स्थित शाखा ।
Faktum, n (-s/-'ten) [lat.] तथ्य; घटना ।
Faktur, f (-/-en) [ital.] बीजक, बिल; **~ieren,** 1.v/i (h.) बीजक बनाना, बिल बनाना; 2. v/t (h.) के दाम लगाना, को बिल में सम्मिलित क०; **~ist,** m (-en/-en) बीजक या बिल बनाने वाला ।
Fakultät, f (-/-en) [lat.] संकाय, प्रभाग; o.pl., math: एक से लेकर किसी भी संख्या तक की सभी संख्याओं का गुणनफल ।
fakultativ, adj. [lat.] वैकल्पिक, ऐच्छिक ।
falb, adj. मटमैला; हल्का भूरा, पीला-सा ।
Falk-e, m (-n/-n) श्येन, बाज़; **~enbeize,** f बाज़ की सहायता से शिकार; **~enier,** m (-s/-e) →Falkner; **~enjagd,** f बाज़ की सहायता से शिकार; **~ner,** m (-s/-) श्येनपालक, बाज़ की सहायता से शिकार करने वाला; **~nerei,** f (-/-en) बाज़ की सहायता से शिकार करने की विद्या, बाज़ को सिखलाने की कला ।
Fall, m (-[e]s/ ⸚e) (das Fallen) गिरना, अवपात, पतन; कम होना, घटना; (Situation) स्थिति, दशा, हालत, परिस्थिति; (Kasus) कारक; jur: मुक़दमा; med: रोगी, किसी रोगी का उदाहरण; fig: विनाश, पतन, तबाही, बरबादी; zu Fall kommen गिर पड़ना; का पतन होना या हो जाना; fig: er hat unseren Plan zu Fall gebracht उसने हमारी योजना को असफल कर दिया; U: klarer Fall! अवश्य!, बिल्कुल!; auf jeden Fall [auf alle Fälle] हर हालत में, हर दशा में; im Falle daß,... यदि... तो; gesetzt den Fall,... मान लीजिए कि...; von Fall zu Fall entscheiden परिस्थिति-विशेष के अनुसार निर्णय लेना या क०; auf keinen Fall कदापि नहीं, बिल्कुल नहीं; हरगिज़ नहीं; für alle Fälle बहरहाल, जो भी हो; das ist ganz mein Fall यह बिल्कुल मेरे अनुकूल है, यह मुझे बहुत पसंद है, यह बिल्कुल मेरी पसंद की बात (या चीज़) है; spw: Hochmut kommt vor dem Fall मरने वाली चींटी के पर निकल आते हैं, घमंडी का सिर नीचा; **~beil,** n शिरच्छेद-यंत्र, गिलोटीन; **~brücke,** f ऊठाऊ पुल ।
Falle, f (-/-n) शिकार-पिंजड़ा, खटकेदार पिंजड़ा; फंदा; कूटावपात, चोरगढ़ा; fig: जाल; घात, कूटनीतिक उपाय; षड्यंत्र; U: शय्या, बिस्तर; fig: jdn. in eine Falle locken किसी को किसी जाल में फँसाना; fig: jdm. eine Falle stellen किसी के लिए ज़ाल बिछाना, किसी को फँसाने के लिए कोई षड्यंत्र क० ।
fallen, v/i(s.) (stürzen) गिरना, गिर पड़ना, पड़ना; झड़ना; (niedriger werden)कम होना या हो जाना, घटना, घट जाना;(erobert werden) पराजित हो जाना,जीत लिया जाना;im Krieg: वीरगति पाना, मारा जाना; etw. fallen lassen किसी योजना आदि को छोड़ देना या कार्यान्वित न क०; fig: jdn. fallen lassen किसी की सहायता करना बंद कर देना; die Preise sind gefallen दाम गिर (या घट) गए हैं; Regen fällt वर्षा हो रही है, पानी गिर रहा है; das Sonnenlicht fällt ins Zimmer

सूर्य का प्रकाश कमरे में पड़ रहा है; ein Schuß ist gefallen एक गोली दागी गई, (एक) गोली चलने की आवाज़ हुई; es fielen böse Worte अपशब्दों का आदान-प्रदान हुआ; der Verdacht fiel auf ihn उसके ऊपर (लोगों को) शक हुआ, लोगों ने उस पर शक किया; das Los ist auf sie gefallen उसके नाम लॉटरी निकली, लॉटरी में उसका नाम निकला; dieses Jahr fällt Diwali auf einen Sonntag दीपावली इस वर्ष इतवार को पड़ रही है; er fiel in einen väterlichen Ton वह (अचानक) पितृवत् स्वर में बोलने लगा; jdm. auf die Nerven fallen किसी को उकताना या उबाना या खिजाना; in Schlaf fallen सो जाना; fig: ein gefallenes Mädchen कौमार्यच्युत या सतीत्वच्युत लड़की, पतित लड़की; वेश्या, रंडी; dieser Stoff fällt gut इस कपड़े में सिलवटें नहीं पड़ती हैं; sein Vermögen fällt nach seinem Tod an den Staat उसकी मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पत्ति सरकार को मिलेगी; dieses Bild fiel mir sofort in die Augen मेरी दृष्टि इस चित्र पर एकदम पड़ गई; diese Sache fällt nicht ins Gewicht इस बात का कोई महत्व नहीं है; diese Arbeit fällt ihm schwer यह काम उससे नहीं होता है, इस काम के करने में उसे कठिनाई होती है; es fällt mir schwer zu sagen, daß...मुझे यह कहने में कष्ट होता है कि,...; fig: diese Handlung fällt unter den Begriff Hochverrat इस काम का दूसरा नाम देशद्रोह है, इस काम को देशद्रोह की संज्ञा दी जाती है।

fällen, v/t (h.) गिराना, काट गिराना; धराशायी क०; fig: Urteil: राय देना, (निर्णय, फ़ैसला) क० या देना; ein Lot fällen लम्ब खींचना या गिराना; chem: अवक्षेप क०।

Fallensteller, m कूट अहेरी; फंद-अहेरी पिंजड़ा लगाकर शिकार करने वाला।

Fall-geschwindigkeit, f, phys: पतन-वेग, गिरने की रफ़्तार; **~grube,** f चोरगढ़ा, कूटावपात; **~höhe,** f ऊँचाई जिससे कोई वस्तु या व्यक्ति गिरे।

fällig, adj. देय, दातव्य; प्राप्य; कृत्य; **~keit,** f (-/-en) भुगतान-तिथि।

Fall-obst, n वृक्ष से गिरे फल; **~reep,** n जहाज़ से बाहर लटकाई जा सकने वाली सीढ़ी (यह साधारणतया रस्सियों और डंडों की होती है), जहाज़ से तट पर आने-जाने की सीढ़ी।

falls, konj. अगर, आदि।

Fall-schirm, m हवाई छतरी, पैराशूट; **~schirmjäger,** m छतरी-सैनिक, छत्रधारी सैनिक; **~schirmspringer,** m पैराशूट द्वारा उतरने वाला; **~strick,** m, fig: षड्यंत्र-जाल, फंदा, जाल; **~studie,** f व्यक्तिवृत्त; किसी परिस्थिति या घटना या बात-विशेष का यथातथ्य विवरण; **~sucht,** f, med: अप्समार, मिरगी; **~tür,** f छतद्वार, फ़र्शदरवाज़ा।

Fällung, f (-/-en) chem: अवक्षेपण।

fall-weise, adv. एक-एक करके; **~wind,** m नीचे की ओर गिरने वाली वायु।

[1]**falsch,** adj. ग़लत; अशुद्ध; असत्य, अयथार्थ, मिथ्या; (unecht) नक़ली, जाली, खोटा; (irrig) भ्रामक, भ्रांतिजनक; (unaufrichtig) कपटी, बेईमान, मैले दिल वाला; निष्ठाहीन।

[2]**Falsch,** n/m (-es) poet: कपट, छल-कपट; er ist ohne Falsch वह निष्कपट है; es ist kein Falsch in ihm उसमें कपट लेशमात्र भी नहीं है, उसका दिल बिल्कुल साफ़ है।

fälsch-en, v/t (h.) अयथार्थ रूप में प्रस्तुत क०; को जाली बनाना, में जालसाज़ी क०; **~er,** m (-s/-) जालसाज़।

Falsch-geld, n जाली मुद्रा, जाली नोट या सिक्के; **~heit,** f (-) छल-कपट, बेईमानी; निष्ठाहीनता; असत्यता,

अयथार्थता; अशुद्धता; भ्रामकता।

fälschlich, adj. ग़लत, अयथार्थ; कपट-पूर्ण, छलपूर्ण; ~**erweise,** adv. ग़लती से; छलपूर्वक धोखा, देने के उद्देश्य से।

Falsch-meldung, f झूठी ख़बर, असत्य समाचार; ~**münzer,** m जाली सिक्के बनाने वाला, जाली मुद्रा बनाने वाला; ~**spieler,** m पत्ताचोर, खेल में बेईमानी करने वाला।

Fälschung, f (-/-en) जाली काम; जालसाज़ी; नक़ली या जाली वस्तु।

falt-bar, adj. जिसे मोड़ा जा सके, मोड़ने योग्य, तहाने योग्य; ~**e,** f (-/-n) परत, तह; मोड़;चुनट, सिलवट, शिकन; (Runzel) झुर्री, शिकन; geol: वलन।

fälteln, v/t (h.) में चुनट डालना; छोटी-छोटी परतों में मोड़ना।

falten, v/t (h.) मोड़ना; में शिकन डालना; में चुनट डालना; (zusammenlegen) तहाना, तह क०; घरी क०; Hände: (हाथ) जोड़ना।

Falten-gebirge, n वलित पर्वत-शृंखला; ~**rock,** m चुनटदार लहँगा; ~**wurf,** m चुनटें; वस्त्र-विन्यास, वस्त्र-व्यवस्था।

Falter, m (-s/-) तितली।

faltig, adj. परतदार; चुनटदार; गुँजला हुआ, जिसमें सिलवटें पड़ी हों; झुर्रीदार।

Falt-stuhl, m टुटवाँ कुर्सी, टूटदार कुर्सी; ~**ung,** f (-/-en) geol: संवलन।

Falz, m (-es/-e) (Faltstelle) परत या तह की मोड़, मोड़ की लकीर, शिकन; भंज; tech: किनारे पर मुड़े हुए धातुफलकों को एक दूसरे में फँसा कर तथा ठोंक कर बनाया गया जोड़; खाँचा, साल, पैताम; an Buch: पुट्ठे और जिल्द के बीच का खाँचा; ~**en,** v/t (h.) मोड़ना, तह क०; धातुफलकों को किनारे पर मोड़कर एक दूसरे से जोड़ना; खाँचा आदि डालना; Leder: मोटाई समान क०।

famili-är, adj. [lat.] पारिवारिक, परिवार-संबंधी; fig: घनिष्ठ, अन्तरंग; धृष्ट, ढीठ; ~**arität,** f (-) घनिष्ठता; अतिपरिचय, बेतकल्लुफ़ी; धृष्टता।

Familie, f (-/-n) [lat.] परिवार; घराना, वंश, कुटुम्ब, कुल, ख़ानदान; गृहस्थी; bot/zool: जाति, नस्ल; eine Familie gründen गृहस्थी जमाना; ~**nanschluß,** m: mit Familienanschluß परिवार के सदस्य की भाँति; ~**nkreis,** m: im engen Familienkreis केवल निकटतम संबंधियों की उपस्थिति में, केवल निकटतम संबंधियों के बीच या साथ; ~**nname,** m कुल-नाम; वंश-नाम; ~**nplanung,** f परिवार-नियोजन; ~**nsinn,** m पारिवारिकता, परिवार के प्रति लगाव; ~**nstand,** m पारिवारिक या वैवाहिक स्थिति (जैसे विवाहित, अविवाहित, विधुर, तलाकशुदा आदि); ~**nzulage,** f परिवार-भत्ता; ~**nzuwachs,** m, U: परिवार में वृद्धि, परिवार में नवजात शिशु।

famos, adj. [lat.] उत्कृष्ट, उत्तम; भव्य, शानदार, प्रतापी।

Famulus, m (-/-'li) [lat.] शिष्य,चेला; सेवक;प्रोफ़ेसर का सहयोगी; चिकित्सालय में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला चिकित्सा-शास्त्र का विद्यार्थी।

Fan, m (-s/-s) [eng.] भक्त, प्रेमी।

Fanal, n (-s/-e) [ital.] संकेताग्नि; fig: (किसी असाधारण घटना का) संकेत।

Fanat-iker, m (-s/-) [lat.] मतांध, व्यक्ति, कट्टर समर्थक, हठधर्मी, दुराग्राही; ~**isch,** adj. कट्टर, मतांध, दुराग्राही; ~**isieren,** v/t (h.) कट्टर या मतांध बना देना; ~**ismus,** m (-) कट्टरपन, मतांधता, दुराग्रह, दीवानापन; धर्मांधता।

Fanfare, f (-/-n) [frz.] तूर्यनाद, तुरही या बिगुल आदि का निर्घोष।

Fang, m (-[e]s/ ⸚e) फाँसना, फँसाना, पकड़ना, पकड़; शिकार; (Beute)

वभाव, पकड़ा हुआ शिकार; (Kralle) (शिकारी पक्षी का) पंजा; चंगुल; (Rachen) शिकारी जानवर का हलक़; (Grube) जंगली जानवरों को पकड़ने का चोरगढ़ा; einem Tier den Fang geben (अधमरे) पशु को त्वराघात द्वारा मार देना; auf Fang ausgehen शिकार पर जाना; der Fischer hat einen guten Fang gemacht मछुए ने खूब मछलियाँ पकड़ीं; fig:/U: sie hat einen guten Fang gemacht उसने फ़ायदे का सौदा किया है; fig:/U: उसने मोटे आसामी को फँसा लिया है; उसने फ़रार मुजरिम को पकड़ लिया है; in die Fänge eines Tigers geraten बाघ के पंजों में फँस जाना; fig: jdn. in seinen Fängen halten किसी को अपने चंगुल में रखना; **~arm,** m शिकार फाँसने का अंग (अष्टपद आदि का); **~en,** v/t (h.) (ergreifen) पकड़ना, पकड़ लेना, गिरफ़्तार कर लेना; (erbeuten) फँसा लेना, वभाना; fig: sich fangen अपने आप पर नियंत्रण कर लेना; प्रकृतिस्थ हो जाना; einen Dieb fangen चोर को पकड़ना या गिरफ़्तार क०; Feuer fangen में आग लग जाना, जलने लगना; fig: मुग्ध हो जाना, आशिक़ हो जाना; भावोन्मत्त हो जाना; sich gefangen geben क़ैद हो जाना; वशीभूत हो जाना; U: du fängst gleich eine! अभी तमाचा पड़ जाएगा !

Fänger, m (-s/-) पक़ड़ने वाला, फँसाने वाला व्यक्ति या उपकरण।

Fang-frage, f कपटपूर्ण प्रश्न, चालाकी का सवाल (जिसके उत्तर में मुँह से वह बात निकल जाए जिसे आदमी न बताना चाहता हो); **~leine,** f पागर; पैराशूट की डोरी; **~netz,** n जाल, पाश; **~schuß,**m अधमरे पशु को मार डालने के लिए चलाई गई गोली; **~stoß,** m वेदनान्तक घात, त्वराघात, अधमरे पशु को पूरी तरह मार डालने के लिए किया गया प्रहार; **~zahn,** m शिकारी पशु का भेदक दंत या कीला।

Fantasie, f (-/-n) [ital.] mus: कल्पना प्रधान संगीत-रचना, शास्त्रमुक्त संगीत-रचना; → Phatasie

Farb-band, n टाइपराइटर का फ़ीता; **~druck,** m रंगीन छपाई; **~e,** f (-/-n) वर्ण, रंग; (Mittel zum Färben) रंगद्रव्य, रंग;bei Spielkarten: रंग (ईंट, पान, चिड़ी, हुकुम में से कोई एक); eines Landes usw: ध्वज, पताका, झंडा; der Stoff hat (an) Farbe verloren कपड़े का रंग उतर (या उड़) गया है; fig: die Farbe verlieren सकपका जाना, का चेहरा उतर जाना; fig: Farbe bekennen अपने वास्तविक विचार प्रकट क०; fig: der Politiker hat die Farbe gewechselt (इस) राजनीतिज्ञ ने अपना दल बदल दिया है; fig: das verleiht der Sache erst Farbe इससे बात दिलचस्प बनती है; **~echt,** adj. पक्के रंग का, पक्के रंग वाला।

färben, v/t (h.) रँगना, में रंग भरना, पर रंग चढ़ाना, रंगीन बनाना, रंजित क०; fig: अतिरंजित क०; का रूप बदल कर कहना या प्रस्तुत क०; fig: einen Bericht färben किसी संवाद को विशेष शैली में प्रस्तुत क०; sich die Haare färben अपने बाल रँगना।

farben-blind, adj. वर्णान्ध; **~blindheit,** f (-) वर्णान्धता; **~druck,** m रंगबिरंगी छपाई; **~freudig,** adj. रंगीन, रंगबिरंगा, चटकीला; **~froh,** adj.→farbenfreudig; **~lehre,** f वर्ण-विज्ञान; **~pracht,** f चटकीलापन, रंगबिरंगापन; **~prächtig,** adj. चटकीला तथा रंगबिरंगा; **~reich,** adj. कई रंगों वाला, रंगबिरंगा; **~sinn,** m वर्ण-विन्यास की क्षमता; **~spiel,** n रंगदीप्ति।

Färber, m (-s/-) रंजक, रँगरेज़; **~ei,** f (-/-en) रँगरेज़ की दूकान; रँगाई का कारख़ाना; रँगरेज़ी का धन्धा।

Farb-fernsehen, n रंगीन टेलीविज़न; **~fernseher,** m, U: रंगीन चित्र प्रसारित करने वाला टेलीविज़न-यंत्र; **~film,** m रंगीन चलचित्र; phot: रंगीन फ़िल्म; **~gebung,** f (-) रंजन; **~ig,** adj. रंगीन, रंगबिरंगापन;fig: सजीव; **~ige,** m/f (-n/-n) अश्वेत व्यक्ति; **~igkeit,** f (-) रंगबिरंगा; fig: सजीवता; **~kasten,** m रंगों का डिब्बा, रंग-पेटिका; **~los,** adj. रंगहीन, अवर्ण, वर्णहीन; fig: नीरस, उबाने वाला; **~losigkeit,** f (-) वर्ण-हीनता, अवर्णता; fig: नीरसता; **~stift,** m रंगीन पेंसिल; **~stoff,** m रंगद्रव्य; **~ton,** m रंगत, वर्णभेद, रंगों का सूक्ष्म भेद ।

Färbung, f (-/-en) रंजन, रँगाई; रँगत, वर्णभेद; fig: प्रवृत्ति, झुकाव ।

Farce, f (-/-n) [frz.] तमाशा, ढोंग, विडम्बना;Kochkunst:भरत, मसाला ।

Farm, f (-/-en) [eng.] चक, फ़ार्म, फ़ारम; **~er,** m (-s/-) कृषक,खेतिहर, फ़ार्म का मालिक ।

Farn, m (-[e]s/-e) / **~kraut,** n पर्णांग, पर्ण ।

Farre, m (-n/-n) कम उम्र का साँड़, वृषभ, विजार ।

Färse, f (-/-n) बछिया, कलोर, ओसर ।

Fasan, m (-[e]s/-e) [griech.] चेड़, तीतर के प्रकार की एक चिड़िया; **~erie,** f (-/-n) चेड़खाना, चेड़ों को पालने का बग़ीचा ।

Fasching, m (-s/-e;-s) dial:→Fastnacht

Faschis-mus, m (-) [ital.] फ़ाशिस्टवाद, उग्रराष्ट्रिकता; **~t,** m (-en/-en) फ़ाशिस्ट, उग्रराष्ट्रिक ।

Faselei, f (-/-en) बकवास, अनर्गल प्रलाप, अनाप-शनाप बात; अनवधान, लापरवाही ।

Fas(e)ler, m (-s/-) बक्की, बकवास करने वाला, अनाप-शनाप या बेहूदी बातें करने वाला ।

Fasel-hans, m→Fasler; **~ig,** adj. असावधान, लापरवाह; बेलिहाज़, छिछोरा, चंचल; अनमना, अन्यमनस्क; **~n,** v/i (h.) बकवास क०, अनाप-शनाप या बेहूदी बातें क०; लापरवाही या अनमनेपन से काम क० ।

Faser, f (-/-n) तन्तु, तन्तुक; von Textilien: रेशा, सूत ।

fas(e)rig, adj. तन्तुमय, रेशेदार, तान्तव; जिसके रेशे निकलने लगे हों ।

faser-n, v/i (h.) के रेशे निकलना; तार-तार हो जाना; **~stoffe,** m/pl. कच्चे धागे(रेशम आदि के),कच्चा सूत; **~ung,** f (-) वितन्तूभवन, रेशे-रेशे हो जाना ।

Faß, n (-'sses/ ⸚ 'sser) शराब रखने का ढोलाकार पात्र, शराब आदि रखने का (लकड़ी का) ढोल; fig: das schlägt dem Faß den Boden aus! यह तो हद हो गई! यह तो बेशर्मी की हद हो गई; fig: er brachte das Faß erst ins Rollen इस काम को ठीक से शुरू तो उसने किया ।

Fassade, f (-/-n) [frz.] अग्रभाग, पुरा-भाग, सामना; fig: दिखावा, दिखावट; fig: seine Freundlichkeit ist nur Fassade उसकी मित्रता दिखावा-मात्र है; **~nkletterer,** m (दीवारों पर चढ़कर खिड़की से घुसने वाला) चोर ।

faßbar, adj. बोधगम्य; समावेश्य; वास्तविक ।

Faß-binder, m शराब आदि रखने का ढोलाकार पात्र बनाने वाला; **~daube,** f शराब के ढोल की मुड़ी हुई लकड़ी ।

fassen, 1. v/t (h.) (ergreifen) पकड़ना, छूना, हाथ में लेना; (fangen) पकड़ लेना, गिरफ़्तार क०;(einfassen) जड़ना; पर चौखटा आदि चढ़ाना; (in sich aufnehmen) में आना, में समाना; (verstehen) समझना; पर विश्वास आना; Essen fassen भोजन लेना, भोजन उठाकर लेना या लाना; einen Verbrecher fassen अपराधी को बंदी बना लेना या गिरफ़्तार क०; einen Edelstein fassen रत्न या मणि आदि को जड़ना; dieses Gefäß

faßt 5 Liter इस वर्तन में पाँच लिटर आते हैं, इस वर्तन की धारिता पाँच लिटर है; das ist doch nicht zu fassen ! यह असंभव है ! इसपर विश्वास नहीं आता !; seine Gedanken in Worte fassen अपने विचारों को शब्दवद्ध क०; Vertrauen zu jdm⁄ fassen किसी पर भरोसा क० या करने लगना; fig: sich ein Herz fassen हिम्मत क०, साहस क०; einen Entschluß fassen कोई निर्णय (या फ़ैसला या निश्चय) क० या कर लेना; Entsetzen faßte ihn bei diesem Anblick यह देखकर वह अवाक् (या स्तम्भित) रह गया; यह देखकर उसके रोंगटे खड़े हो गए; 2. v/r (h.) अपने आप पर नियंत्रण पा लेना, प्रकृतिस्थ हो जाना; किसी काम या घटना के लिए तैयार होना या हो जाना; sich in Geduld fassen धीरज रखना, तसल्ली क०; हड़वड़ी न मचाना; er konnte sich vor Freude kaum fassen वह खुशी के मारे फूला नहीं समाया, वह प्रसन्नता के मारे आत्म-नियंत्रण खो बैठा; er nahm die Nachricht gefaßt entgegen इस समाचार को सुनकर वह घवराया नहीं; sich kurz fassen थोड़े में वात पूरी क०; sich auf etw. gefaßt machen किसी वात या घटना के लिए तैयार हो जाना; 3. v/i (h). पकड़ना, दन्तचक्र या चर्खी के दाँतों का परस्पर फँसना।

faßlich, adj. वोधगम्य, मनोगम्य, समझ में आ जाने वाला।

Fasson, f (-/-s) [frz.] (Form) रूप, आकार; (Schnitt) काट (वस्त्रों की); fig: ढंग, तरीक़ा; तहज़ीव; ~**ieren,** v/t (h.) विशेष ढंग से वनाना, को विशेष रूप या आकार देना।

Fassung, f (-/-en) (Umrahmung) चौखटा; रत्न आदि का घर; फ्रेम; वल्व का सॉकेट; fig: (Beherrscht-heit) आत्मनियंत्रण, आत्मसंवरण, धैर्य, शान्ति; (Version) शब्दयोजना, वर्णन; fig: aus der/außer Fassung geraten अशान्त हो जाना, झल्ला पड़ना; ~**skraft,** f समझ, वोध, समझने की क्षमता; das geht über meine Fassungskraft यह मेरी समझ से वाहर है, यह मेरी समझ में नहीं आता है; ~**slos,** adj. अवाक्, भौचक्का, हैरान, व्याकुल, घवराया हुआ; ~**slosigkeit,** f (-) अशान्ति, घवराहट, हैरानी, व्याकुलता; ~**svermögen,** n धारिता, आयतन; fig: → Fassungskraft

fast, adv. लगभग, क़रीव-क़रीव, तक़रीवन, ग़ालिवन।

fasten, 1. v/i (h.) व्रत रखना, उपवास क० रोज़ा रखना; लंघन क०, अनाहार रहना, फाका क०; 2. n(-s)व्रत,उपवास, लंघन; ~**zeit,** f उपवास-काल, ईस्टर से पहले के चालीस दिन (उपवास के लिए निर्धारित)।

Fast-nacht, f पूत-मंगल; पूत-काल; पूत-काल का अ.नंदोत्सव; ~**tag,** m उपवास का दिन।

Faszin-ation, f (-) [lat.] सम्मोहन; आकर्षण; ~**ieren,** v/t (h.) मोहित क०, मोह लेना, मंत्रमुग्ध क०।

fatal, adj. [lat.] घातक, प्राणहर; दुर्भाग्यपूर्ण; अप्रिय, कष्टकर; ~**ismus,** m (-) भाग्यवाद, दैववाद; ~**ist,** m (-en/-en) भाग्यवादी, दैववादी; ~**ität,** f (-/-en) दुर्भाग्य, विपत्ति, अनर्थ।

Fata Morgana, f (-) [ital./arab.] मरीचिका; मृगतृष्णा; fig: धोखा, भ्रम, भ्रांति।

Fatzke, m (-n/-n) U: छैला, बाँका; दंभी।

fauchen, v/i (h.) घुरघुराना, खोंखियाना; भकभकाना, फक-फक क० (इंजन का); fig: चिल्ला कर या ग़ुस्से से बोलना।

faul, adj. (moderig) फफूँददार, फफूँदियाहा; क्षयग्रस्त; पूतिगंधयुक्त, वदवूदार; (verdorben) सड़ा हुआ, सड़ा-गला, सड़ियल; (träge) आलसी, निष्क्रिय; कामचोर; U: (bedenklich)

सन्दिग्ध, संदेहजनक; गड़बड़वाला; sich auf die faule Haut legen आलस में पड़ा रहना, निष्क्रिय होना या बन जाना, कुछ भी न क०; U: eine faule Sache गड़बड़वाली बात, दाल में काले वाली बात; U: fauler Zauber धोखा, छल, छल-कपट; faule See (हवा न चलने के कारण) शांत समुद्र।

Fäule, f (-) क्षय, अपक्षय; सड़न, सड़ाव, गलन, पूयन।

faulen, v/i (h.) क्षय हो जाना; बिगड़ना, सड़ना, गलना, पूयित होना।

faul-enzen, v/i (h.) आलसी या निष्क्रिय होना, कुछ भी न क०, पड़ा रहना, काहिली क०; ~**enzer,** m (-s/-) आलसी, निष्क्रिय, काहिल व्यक्ति; ~**heit,** f (-) आलस, आलस्य, काहिली, निष्क्रियता; ~**ig,** adj. पूतिमान, सड़ा-सा।

Fäulnis, f (-)सड़न, गलन;पूति, पूतिता।

Faul-pelz, m → Faulenzer; ~**tier,** n सुस्तपाँव, शाखालंबी (दक्षिणी अमरीका में पाया जाने वाला पशु)।

Fauna, f (-/-'nen) [lat.] प्राणिजात, प्राणिसमूह, जीव-जंतु।

Faust, f (-/ ⸚ e) मुट्ठी, मुष्टि, मुक्का, घूँसा; fig: die Faust in der Tasche ballen अपने क्रोध को छिपाना; मन ही मन क्रुद्ध होना; fig: sich ins Fäustchen lachen किसी की हानि पर प्रसन्न होना; ~**dick,** adj., fig: बहुत मोटा; बहुत बड़ा (झूठ, बहाना आदि); U: er hat's faustdick hinter den Ohren वह बहुत चालू है; ~**en,** v/t (h.) (गेंद आदि को) मुट्ठी से मारना; ~**hammer,** m बड़ा हथौड़ा; लोहार का हथौड़ा; ~**handschuh,** m → Fäustling; ~**kampf,** m मुष्टियुद्ध, घूँसेबाज़ी; ~**keil,** m मुट्ठी के आकार का नुकीला पत्थर (जिसका प्रस्तर-युग में हथियार की भाँति प्रयोग होता था)।

Fäustling, m (-[e]s/-e) बिना उँगलियों का दस्ताना।

Faust-pfand, n गिरवी रखी हुई वस्तु; ~**recht,** n क़ानून अपने हाथ में लेना, बलपूर्वक बदला लेना (अपने साथ किए गए अन्याय का); ~**regel,** f मोटा नियम, साधारणीकृत नियम; ~**schlag,** m मुष्टि-प्रहार; ~**skizze,** f कच्चा खाका, मोटा खाका।

Favorit, m (-en/-en) [frz.] कृपापात्र, प्रीतिभाजन, मुँहलगा व्यक्ति; प्रत्याशित विजेता।

Faxe, f (-/-n) मुख-विकृति; भँड़ैती, मसखरापन; Faxen machen मुँह बनाना; भँड़ैती क०।

Fazit, n (-s/-e;-s) [lat.] अन्तिम परिणाम; सीख।

Februar, m (-[s]/-e) [lat.] फ़रवरी।

fecht-en, v/i (h.) तलवार आदि से पटा खेलना, पटेबाज़ी क०; भीख मांगना; ~**er,** m (-s/-) पटेबाज़, तलवारिया; भिखमंगा।

Feder, f (-/-n) पिच्छ, पर, पंख; Schreibgerät: क़लम, लेखनी; tech: कमानी; pl:, U: बिस्तर; die Feder führen ज़िम्मेदार होना, कर्ता-धर्ता होना; dies ist ein Werk aus der Feder Schillers यह ग्रंथ (या पुस्तक) शिलर की रचना है; U:sich mit fremden Federn schmücken दूसरे के श्रेय को अपना बताना; U: raus aus den Federn! उठो!; निकलो बिस्तर से!; ~**ball,** m चिड़िया (खेलने की); ~**bett,** n पंखों से भरा गद्दा, पंखों से भरी रज़ाई; ~**brett,** n गोता-तख्ता; ~**fuchser,** m अतिसिद्धान्तवादी, हर बात को अक्षरश: लेने वाला; कलम-घीसू, निम्न श्रेणी का लेखक; ~**führend,** adj. ज़िम्मेदार, प्रभारी, कार्य-भारी; ~**gewicht,** n, sport: हल्का वज़न (53 किलोग्राम से 57 किलोग्राम तक), हल्के वज़न का घूँसेबाज़ या पहलवान; ~**halter,** m होल्डर; ~**kleid,** n पक्षति; ~**kraft,** f (-)

प्रत्यस्थता, लचीलापन, लोच; ~**krieg,** m, U: साहित्यिक युद्ध; ~**leicht,** adj. बहुत हल्का; ~**lesen,** n (-s): er macht nicht viel Federlesens वह (अधिक) औपचारिकता नहीं करता है, वह बेतकल्लुफ़ है; वह सीधी-सीधी बात करता है; ~**messer,** n पतला चाक़ू, जेब-चाक़ू; ~**n,** 1. v/i (h.) पंख गिराना, के पंख झड़ना; लचीला होना; ein federnder Gang लचीली या लचकदार चाल; 2. v/t (h.) लचीला या लचकदार बनाना, (कार आदि में) स्कन्द लगाना; ~**strich,** m क़लम से खींची लकीर; ~**ung,** f (-) tech: स्कन्द, स्कन्द लगाना; ~**vieh,** n पक्षी-गण, पखेरू, परदार प्राणी; ~**waage,** f कमानीदार तुला; ~**wild,** n शिकार के योग्य चिड़ियाँ; ~**wolke,** f पक्षाभ-मेघ; ~**zange,** f चिमटी।

Fee, f (-/-n) [frz.] परी; ~**nhaft,** adj. परियों-जैसा, परीवत्; जादुई।

Feg(e)feuer, n, eccl: स्वर्ग-प्रवेश से पूर्व का पापमोचन-स्थान जहाँ (कैथॉलिक मत के अनुसार) आत्माओं को आग में जलना पड़ता है।

feg-en, 1. v/t (h.) बुहारना, झाड़ू से साफ़ क०, में झाड़ू देना; उड़ा ले जाना (हवा का पत्तों आदि को); हिरन का सींगों को रगड़कर साफ़ क०; 2. v/i (s.) तेज़ चलना (हवा का); ~**er,** m (-s/-) झाड़ू, बढ़नी, बुहारी; U: छैला, बाँका; छिनाल लड़की, कामोन्मादिनी लड़की; ~**sel,** n (-s/-) कूड़ा, झाड़न।

Fehde, f (-/-n) शत्रुता, वैर, दुश्मनी; कुलवैर; ~**handschuh,** m, fig: jdm. den Fehdehandschuh hinwerfen किसी को चुनौती देना।

[1]**fehl,** adj. अनुपयुक्त, असंगत; fehl am Platze sein किसी स्थान पर अनुपयुक्त होना; कहीं पर अपात्र होना, दाल-भात में मूसरचंद होना।

[2]**Fehl,** m (-s): er ist ohne Fehl उसमें कोई दोष नहीं है, वह निष्कलंक है।

Fehl-anzeige, f ग़लत सूचना, ग़लत रिपोर्ट; ~**betrag,** m अविद्यमान धन-राशि, धनराशि जिसकी रसीद न हो; घाटा, कमी; ~**bitte,** f असफल याचना या प्रार्थना; eine Fehlbitte tun की प्रार्थना का अस्वीकृत होना; व्यर्थ में ही याचना क०; ~**diagnose,** f ग़लत रोग-निरूपण; ~**en,** v/i (h.) अविद्यमान होना, अनुपस्थित होना या रहना, ग़ायब होना या रहना, लापता होना; की कमी होना, का अभाव होना; के अभाव का अनुभव क०, की कमी महसूस क०; poet: पाप क०; er fehlt häufig in der Schule वह स्कूल से अकसर ग़ायब रहता है; es fehlt ihm an Erfahrung उसमें अनुभव की कमी है, वह अनुभवहीन है; ihr habt mir sehr gefehlt मुझे तुम लोगों की बहुत कमी महसूस हुई, मुझे तुम लोगों की बहुत याद आई; U: das hat mir gerade noch gefehlt! बस इसी की और कमी थी!; es fehlte nicht viel und er wäre ertrunken उसके डूब जाने में बहुत कमी नहीं रह गई थी, वह डूबने से बाल-बाल बच गया; weit gefehlt! बिल्कुल ग़लत!, एकदम गलत!; was fehlt Ihnen? आप को क्या तकलीफ़ है?; wo fehlt's denn? क्या तकलीफ़ है?, कहाँ तकलीफ़ है?; es an nichts fehlen lassen हर संभव प्रयत्न क०, कुछ भी उठा न रखना।

Fehler, m (-s/-) त्रुटि, ग़लती; भूल, चूक; दोष; कमी; ऐब; (Unzulänglichkeit) अपर्याप्तता; कमज़ोरी, दोष; ~**frei,** adj. त्रुटिहीन, दोषहीन, बेऐब; सही, ठीक; पूर्ण, दोषमुक्त; ~**grenze,** f सह्य त्रुटि, त्रुटि-सीमा, ग़लती की गुंजाइश; ~**haft,** adj. त्रुटिपूर्ण, ग़लत, दोषपूर्ण, अशुद्ध; सदोष; ~**los,** adj. → fehlerfrei; ~**quelle,** f त्रुटि-स्रोत, ग़लती का मूल कारण।

Fehl-farbe, f (ताश के खेल में) बदरंगी,

रंग जो तुरुप न हो; बदरंगी सिगार या चुरट; बदरंगी डाक-टिकट; ~**geburt,** f गर्भस्राव, गर्भपात; ~**gehen,** v/i (s.) चूकना, चूक जाना; fig: ग़लती क०, ग़लत रास्ते पर होना; ~**griff,** m, fig: भारी भूल, बहुत बड़ी ग़लती; ग़लत काम, ग़लत उपाय; ~**leiten,** v/t (h.) ग़लत दिशा में बढ़ाना या भेजना, ग़लत मार्ग पर लाना; ~**schlag,** m, fig: असफलता, नाकामयाबी; ~**schlagen,** v/i (s.) असफल या निष्फल होना, नाकामयाब होना या हो जाना; ~**schluß,** m ग़लत निष्कर्ष; ~**start,** m दौड़-प्रतियोगिता में किसी प्रतियोगी का प्रारंभ से पूर्व दौड़ने लगना, दौड़-प्रतियोगिता का नियम-विरुद्ध प्रारंभ; ~**tritt,** m ग़लत क़दम; fig: भूल, चूक; नैतिक पतन, पाप; ~**urteil,** n ग़लत निर्णय, ग़लत फ़ैसला; ग़लत धारणा; ~**zündung,** f प्रतिविस्फोटन; U: असंगत प्रतिक्रिया; ग़लतफ़हमी।

feien, v/t (h.) (जादुई शक्ति द्वारा) अभेद्य बनाना, निरापद बनाना; प्रतिरक्षित क०, असंक्राम्य बनाना; gegen etw. gefeit sein किसी बात के प्रति निरापद होना, प्रतिरक्षित होना।

Feier, f (-/-n) [lat.] उत्सव, जलसा; पर्व, त्योहार; zur Feier des Tages दिवस-विशेष के उपलक्ष में, उत्सव-विशेष को मनाने के लिए; ~**abend,** m छुट्टी, छुट्टी का समय, दैनिक कार्य समाप्त होने का समय; U: अन्त, समाप्ति; ~**lich,** adj. विधिवत्, रीतिक; समारोही, औपचारिक; अनुष्ठानिक; ~**lichkeit,** f(-/-en) औपचारिकता, धूमधाम; समारोह, उत्सव; अनुष्ठान; ~**n,** 1. v/t (h.) ein Fest: मनाना; jdn. feiern किसी का जयजयकार के साथ स्वागत क०, किसी के सम्मानार्थ समारोह क०; 2. v/i (h.) U: छुट्टी मनाना, काम पर न जाना; U: krank feiern बीमारी का बहाना करके छुट्टी मनाना; ~**stunde,** f उत्सव, उत्सव का अवसर; ~**tag,** m छुट्टी का दिन; त्योहार का दिन।

feig(e), adj. कायर, डरपोक, भीरु, बुज़दिल।

Feige, f (-/-n) [lat.] अंजीर, उदुम्बर, गूलर; ~**nblatt,** n, fig: अश्लीलता या लज्जा को छिपाने का अपर्याप्त उपाय।

Feig-heit, f (-) कायरता, भीरुता, बुज़दिली; ~**ling,** m(-s/-e) कापुरुष, कायर, बुज़दिल।

feil, adj. क्रेय, विक्रेय, बिकाऊ, बेचने के लिए; diese Sache ist mir um keinen Preis feil इस वस्तु को मैं किसी मूल्य पर नहीं बेचूँगा; ~**bieten,** v/t (h.) बेचने के उद्देश्य से सजाकर रखना या प्रस्तुत क०।

Feil-e, f (-/-n) रेती; ~**en,** v/t (h.) रेतना, रेती से घिसना या चिकना क०; fig: परिष्कृत क०; ~**enhauer,** m रेती बनाने वाला।

feilhalten, v/t (h.)→feilbieten

Feilicht, n (-) रेती के रगड़ने से निकला चूरा, बुरादा।

Feilkloben, m शिकंजा, बाँक।

feilschen, v/i (h.) मोल-तोल क०, मोल-भाव क०, सौदेबाज़ी क०।

Feilsel, n (-s/-)→Feilicht

fein, adj. सूक्ष्म, पतला; बारीक, महीन; परिष्कृत, शिष्ट; प्रतिष्ठित; (zierlich) सुकुमार, कोमल; (elegant) भड़कीला, भड़कदार; ललित, रमणीय; (erlesen) चुनिंदा, उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, बहुत उम्दा; (tadellos) दोषमुक्त, उत्तम, बढ़िया; (genau) सूक्ष्म; सही; ein feines Sieb सूक्ष्म रंध्रों वाली छलनी; feines Mehl मैदा; ein feiner Mensch सुशिष्ट व्यक्ति; प्रतिष्ठित व्यक्ति; बढ़िया आदमी, सच्चा व ईमानदार व्यक्ति; ein feines Ohr haben सूक्ष्म श्रवणशक्ति वाला होना; fig: das ist fein! बहुत अच्छा!; feine Leute बड़े लोग, लब्धप्रतिष्ठ

लोग; U: ein feiner Plan सुविचारित योजना; चालबाज़ी वाली योजना; U: er ist fein heraus उसके ठाठ हैं, वह बड़े मज़े में है; **~arbeit,** f सूक्ष्मता का काम, सूक्ष्मकर्म; **~bäckerei,** f मिष्टान्न बनाने वाली बेकरी।

[1]**feind,** adj.: jdm. feind sein किसी को पसंद न क०, किसी के प्रति विरुचि या विद्वेष रखना।

[2]**Feind,** m (-[e]s/-e) शत्रु, वैरी, दुश्मन; प्रतिद्वन्द्वी, विरोधी; **~berührung,** f, mil: शत्रु से मुठभेड़; **~eshand,** f, fig: in Feindeshand fallen दुश्मन के हाथ लग जाना, शत्रु के अधिकार में हो जाना; **~lich,** adj. शत्रुतापूर्ण, वैरपूर्ण, विद्वेषी; शत्रु का; mil: die feindlichen Linien शत्रु का मोरचा; jdm. feindlich gesinnt sein किसी से शत्रुता रखना, किसी के प्रति विद्वेष की भावना रखना; **~lichkeit,** f (-/-en) शत्रुतापूर्ण या विद्वेषपूर्ण व्यवहार, वैमनस्य; **~schaft,** f (-/-en) शत्रुता, वैर, दुश्मनी; वैमनस्य, विरोध; **~selig,** adj. शत्रुतापूर्ण, वैरपूर्ण; वैमनस्यपूर्ण, विद्वेषपूर्ण; **~seligkeit,** f (-/-en) युद्ध, युद्ध की कार्यवाही; o. pl: शत्रुता, वैर; वैमनस्यतापूर्ण भावना, वैमनस्य, विद्वेष।

fein-fühlig, adj. कोमल हृदय; व्यवहारकुशल; नाज़ुक; **~fühligkeit,** f (-) संवेदनशीलता; व्यवहारकुशलता, व्यवहारकौशल; नज़ाकत; **~gefühl,** n (-s) संवेदनशीलता; व्यवहार-कौशल; **~gehalt,** m धातु की विशुद्ध मात्रा, मान (स्वर्णमान, रजतमान आदि); **~glied(e)rig,** adj. सुकुमार; **~heit,** f (-/-en) सूक्ष्मता, पतलापन, बारीकी; सुकुमारता; उत्कर्ष, श्रेष्ठता; परिष्कार; उत्तमता; बारीकी की बात, सूक्ष्म भेद; लालित्य; **~kosthandlung,** f विशिष्ट खाद्य-पदार्थों की दूकान; **~mechanik,** f (-) सूक्ष्मयांत्रिकी, सूक्ष्म यंत्रों को बनाने की विद्या; **~mechaniker,** m सूक्ष्मयंत्रकार, सूक्ष्म यंत्रों को बनाने वाला; **~schmecker,** m (-s/-) स्वाद का पारखी; **~sinnig,** adj. कोमलहृदय; सूक्ष्म भेद को समझने वाला; संवेदनापूर्ण; **~wäsche,** f महीन तथा मुलायम कपड़े के वस्त्र; महीन तथा मुलायम वस्त्रों की धुलाई।

feist, adj. मोटा, चरबीदार; मोटा-ताज़ा, हृष्टपुष्ट; **~e,** f/ **~heit,** f/ **~igkeit,** f (-) मोटापा; हृष्टपुष्टता।

feixen, v/i (h.) U: तिरस्कारपूर्ण हँसी हँसना; किसी की हानि पर प्रसन्न होकर मुस्कराना।

Feld, n (-[e]s/-er) (Ackerland) खेत; mil: रणक्षेत्र, लड़ाई का मैदान; (Spielfeld) मैदान, खेल का मैदान; im Brettspiel: खाना, चौखाना; phys: क्षेत्र; fig: क्षेत्र, कार्यक्षेत्र; विषय-विशेष; die Felder bestellen खेतों की जुताई आदि क०, खेती का काम क०; fig: ins Feld führen सामने रखना, प्रस्तुत क० (तर्क आदि); fig: das Feld räumen मैदान छोड़कर भाग जाना; fig: gegen jdn. zu Felde ziehen किसी का विरोध क०; fig: das Feld behaupten मैदान मार लेना; (मैदान में) डटा रहना; ein magnetisches Feld चुम्बकीय क्षेत्र; चुम्बकत्व-क्षेत्र; **~arbeit,** f खेतीबारी का काम; **~bett,** n सफ़री पलंग, टुटवाँ पलंग; **~früchte,** f/pl. कृषीय पैदावार; **~gottesdienst,** m युद्धस्थल या मोरचे पर आयोजित सामूहिक पूजा; **~grau,** adj. ख़ाकी, मटमैला भूरा; **~herr,** m सेनापति; युद्धनीतिज्ञ; **~hüter,** m→ Feldschütz; **~mark,** f किसी प्रक्षेत्र की भूसम्पत्ति; किसी जागीर की सारी भूसम्पत्ति; **~marschall,** m फ़ील्डमार्शल, सर्वोच्च फ़ौजी अफ़सर; **~marschmäßig,** adj. लम्बे प्रयाण या मार्च के लिए उपयुक्त; **~post,** f

युद्धकालीन डाक-व्यवस्था; ~**salat,** m बथुए-जैसी सब्ज़ी जिसका सलाद की भाँति प्रयोग होता है; ~**schütz,** m खेतों की रखवाली के लिए नियुक्त व्यक्ति; ~**stecher,** m दूरबीन, दूरेक्षिका; ~**stein,** m विस्थापित शिलाखंड; सीना-पत्थर; ~**webel,** m (-s-) mil: सारजेंट; ~**weg,** m खेतों के बीच की पगडंडी या कच्ची सड़क; ~**zeichen,** n झंडा, पताका; ~**zug,** m युद्ध, नियमित युद्धक्रम; मुहिम, अभियान; ein Feldzug gegen die Armut ग़रीबी के विरुद्ध अभियान।

Felge, f (-/-n) नेमि, कगर; हाल।

Fell, n (-[e]s/-e) पशुओं की रोमयुक्त खाल, पशुचर्म; U: चमड़ी, खाल, चरसा; U: jdm. das Fell über die Ohren ziehen किसी को धोखा देना; U: jdm. das Fell gerben किसी की खूब पिटाई क०; U: ein dickes Fell haben मानापमान की अनुभूति से परे होना, मानापमान की चिन्ता न क०, मोटी चमड़ी वाला होना; U: dich juckt wohl das Fell? मार खाने की तबियत है क्या?

Fels, m (-en/-en)/**Fels-en,** m (-s/-) चट्टान शैल; fig: er ist fest wie ein Felsen वह चट्टान की तरह अटल (या दृढ़) है; ~**block,** m शैल-समूह; ~**enbein,** n, anat: शंखास्थि; ~**enfest,** adj., fig: अविचल, अविचलनीय, अटल, पक्का; ich bin felsenfest davon überzeugt मुझे इसपर पक्का विश्वास है; ~**ennest,** n चट्टानों में बनाया हुआ छिपने का स्थान; ~**ig,** adj. चट्टानी, शैलीय, शैलमय, पथरीला; ~**wand,** f खड़ी चट्टान, चट्टानी कगार।

Feme, f (-/-n) / ~**gericht,** n गुप्त न्यायालय (जर्मनी में चौदहवीं शताब्दी से अठारहवीं शताब्दी तक प्रचलित); आपत्कालीन न्यायालय।

feminin, adj. [lat.] स्त्रीवत्, स्त्रियोचित, ज़नाना; gramm: स्त्रीवाची, स्त्रीलिंग का; ~**um,** n (-s/-'na) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग का शब्द।

Fenchel, m (-s) कलौंजी, मँगरैला।

Fenster, n (-s/-) खिड़की, झरोखा, गवाक्ष, दरीचा; in Briefumschlägen: पते के स्थान का पारदर्शी भाग, दरीचा; U: Geld zum Fenster hinauswerfen धन लुटाना या बरबाद क०; ~**bank,** f / ~**brett,** n खिड़की के आगे लगा हुआ लकड़ी या पत्थर का फलक; ~**flügel,** m खिड़की का पार्श्व, फ़रमेदार खिड़की; ~**gitter,** n खिड़की पर लगी जाली; ~**glas,** n खिड़की का काँच; ~**laden,** m झिलमिली, चिक; ~**ln,** v/i (h.) dial: रात में खिड़की के रास्ते अपनी प्रेमिका के कमरे में जाना; ~**rahmen,** m खिड़की का चौखटा; ~**scheibe,** f खिड़की का शीशा; ~**sims,** m→ Fensterbank; ~**sturz,** m सरदल, सोहावटी; ~**umschlag,** m दरीचेदार लिफ़ाफ़ा।

Ferien, pl. [lat.] छुट्टियाँ, छुट्टियों के दिन, अवकाश; ~**lager,** n अवकाश-शिविर; ~**reise,** f अवकाश-यात्रा, छुट्टियाँ बिताने के लिए की गई यात्रा; ~**zeit,** f छुट्टियों के दिन।

Ferkel, n (-s/-) सूअर का बच्चा, कम उम्र का सूअर; U: गंदा व्यक्ति; ~**ei,** f (-/-en) U: गंदगी; अश्लील बात, अश्लीलता; ~**n,** v/i (h.) शूकरी का ब्याना; U: अश्लील बातें क०।

Ferment, n (-s/-e) [lat.] chem: किण्व, किण्वक, खमीर, जामन; ~**ation,** f (-/-en) किण्वन, सन्धान; ~**ativ,** adj. किण्वक, खमीर उठाने वाला; ~**ieren,** v/t (h.) किण्वित क०, किण्वन द्वारा सेवनीय या स्वादिष्ट बनाना।

fern, adj., räumlich: दूर, दूरस्थ, दूरवर्ती, दूर का; zeitlich: बहुत समय पूर्व घटित; बहुत समय बाद घटने वाला, दूर का; ferne Länder दूरस्थ देश; fern (von) der Straße सड़क से दूर;

fern von jdm. sein किसी से दूर होना; किसी से भिन्न होना; von ferne [von fernher] दूर से; das lag mir fern मेरी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी; (इसके लिए) मेरा कोई इरादा नहीं था; ~**amt,** n, tel: नगरान्तर दूरभाष का मिलान-केन्द्र, ट्रंक-कॉल का मिलान केन्द्र; ~**bleiben,** v/i (s.) दूर रहना, से संबंध न रखना; न आना, न पहुँचना, न जाना, अनुपस्थित रहना; er ist der Schule ferngeblieben वह स्कूल नहीं गया (या आया); ~**e,** f (-/-n) दूरी; कालान्तर; das liegt noch in weiter Ferne यह बहुत दूर की बात है।

ferner, adv. इसके अतिरिक्त, इसके अलावा, इस से आगे; ~**hin,** adv. आगे (भी), भविष्य में (भी)।

Fern-fahrer, m नगरान्तर ट्रक-चालक, नगरान्तर परिवहन करने वाला चालक; ~**gespräch,** n नगरान्तर दूरभाष, ट्रंक-कॉल; ~**glas,** n दूरबीन, दूरेक्षिका; ~**halten,** v/t (h.) दूर रखना, अलग रखना; sich von jdm. fernhalten किसी से दूर रहना, किसी से संबंध न रखना; ~**lenkung,** f→ Fernsteuerung; ~**licht,** n, mot: कार का दूर तक जाने वाला प्रकाश, शीर्ष-प्रकाश; ~**meldewesen,** n दूर-संचार-व्यवस्था; ~**mündlich,** adj. दूरभाषिक, टेलीफ़ोन पर कहा गया; ~**rohr,** n दूरबीन; ~**ruf,** m, tel: टेलीफ़ोन, कॉल; टेलीफ़ोन-नम्बर; ~**schnellzug,** m मेल गाड़ी (सुदूर स्थानों को जाने वाली); ~**schreiben,** n दूरलेखी या तारलेखी द्वारा भेजा समाचार; ~**schreiber,** m तारलेखी, दूरलेखी, दूरलिख यंत्र; ~**sehapparat,** m टेलीविज़न, दूरवीक्षण-यंत्र; ~**sehempfänger,** m →Fernsehapparat; ~**seher,** m, U:→ Fernsehapparat; ~**sehschirm,** m टेलीविज़न का परदा; ~**sehsendung,** f टेलीविज़न पर प्रसारित (कोई एक) प्रोग्राम; टेलीविज़न द्वारा प्रसारण; ~**sehtechnik,** f दूरवीक्षण-तकनीक; ~**sehturm,** m टेलीविज़न-स्तम्भ, टेलीविज़न का प्रसारण-स्तम्भ; ~**sicht,** f (-) परिदृश्य; सुदूर दृश्य, दूर तक दिखाई पड़ना; ~**sichtig,** adj., med: दीर्घदृष्टि; ~**sprechanschluß,** m टेलीफ़ोन का संयोजन; टेलीफ़ोन; ~**sprecher,** m दूरभाष; टेलीफ़ोन; ~**steuerung,** f दूरस्थ केन्द्र से नियंत्रण, बेतार द्वारा नियंत्रण; ~**studium,** n पत्र-व्यवहार द्वारा पढ़ाई; ~**unterricht,** m पत्र-व्यवहार द्वारा प्रशिक्षण; ~**verkehr,** m नगरान्तर यातायात; ~**weh,** n सुदूर देशों के भ्रमण की लालसा, भ्रमण-लालसा।

Ferse, f (-/-n) एड़ी; fig: jdm. dicht auf den Fersen sein किसी का छाया की तरह पीछा क०; ~**ngeld,** n, U: Fersengeld geben भाग जाना, भाग निकलना।

fertig, adj. (vollendet) समाप्त, समापित; तैयार; बना-बनाया; (bereit) तत्पर, (कुछ करने के लिए) तैयार; (gewandt) दक्ष, निपुण; अनुभवी; ich bin fertig मैं तैयार हूँ; मैंने काम पूरा कर लिया है; er ist fertig im Lügen वह झूठ बोलने में निपुण है; U: ich bin total fertig मैं थककर चूर हो चुका हूँ; U: mit Dir bin ich fertig! मैं अब तेरे साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहता हूँ; U: damit werde ich allein fertig इसे मैं अकेले ही कर लूँगा; इससे मैं अकेले ही निपट लूँगा; fig: er wird mit diesem Erlebnis nicht fertig वह इस घटना (या बात) को पचा नहीं पा रहा है; ~**bauweise,** f पूर्वनिर्मित भागों को जोड़कर मकान बनाने की विधि; ~**bringen,** v/t (h.) कर लेना, कर सकना, सम्पादित क०; उत्पन्न क०; fig: (हिम्मत करके) कर डालना; ~**en,** v/t (h.) बनाना; तैयार क०,

निर्मित क०; ~**erzeugnis,** n तैयार माल; ~**haus,** n पूर्वनिर्मित भागों या खंडों से बना मकान; ~**keit,** f (-/-en) क्षमता; दक्षता; नैपुण्य; ~**kleidung,** f बने-बनाए कपड़े; ~**kriegen,** v/t (h.)→fertigbringen; ~**machen,** v/t (h.) पूरा क० या कर देना; तैयार क० या कर देना; U: jdn. fertigmachen किसी को मार डालना; किसी को बहुत अधिक मानसिक पीड़ा पहुँचाना; ~**stellen,** v/t (h.) पूरा या समाप्त कर देना; तैयार कर देना; ~**stellung,** f (-/-en) समाप्ति, निष्पत्ति; ~**ung,** f (-) निर्माण; ~**ungsprozeß,** m निर्माण-प्रक्रम; ~**ware,** f तैयार माल ।

fesch, adj. बना-ठना, सुरुचिपूर्ण, रमणीय; भड़कीला ।

Fessel, f (-/-n) बेड़ी; हथकड़ी; निगड़, ज़ंजीर; fig: बंधन; anat: गुमची, गामचा, पैर और टाँग के जोड़ का स्थान; अश्वखुर-संधि; ~**ballon,** m बँधुआ गुब्बारा; ~**gelenk,** n अश्वखुर-संधि, घोड़े के पगहा बाँधने की जगह; ~**n,** v/t (h.) हथकड़ी या बेड़ी लगाना, कसकर बाँध देना, ज़ंजीर से जकड़ देना; fig: बंधन में डाल देना; बाँध लेना, मंत्रमुग्ध कर लेना; ~**nd,** adj., fig: मंत्रमुग्ध करने वाला ।

[1]**fest,** adj. ठोस, कठोर, कड़ा; अविलेय; (stabil) मज़बूत, दृढ़, पक्का; (unerschütterlich) अडिग, अचल, निश्चल; अटल; दृढ़; पक्का; (gleichbleibend) निश्चित; न बदलने वाला; स्थायी, पक्का; festes Tuch मज़बूत कपड़ा; ein fester Knoten मज़बूत गाँठ; feste Nahrung ठोस भोजन; feste Grundsätze haben दृढ़ नियमों वाला होना; feste Kundschaft पक्के या स्थायी ग्राहक; feste Preise निश्चित दाम; ein festes Einkommen haben बँधी हुई तनखाह पाना, स्थायी आय वाला होना; einen festen Schlaf haben गहरी नींद वाला होना; das ist mein fester Wille यह मेरी दृढ़ इच्छा है; fest an etw. glauben किसी बात पर दृढ़ विश्वास क०; etw. steif und fest behaupten किसी बात को दृढ़तापूर्वक कहना ।

[2]**Fest,** n (-es/-e) त्योहार, पर्व; उत्सव, जलसा, जश्न; गोष्ठी; U: es war mir ein Fest यह मेरे लिए प्रसन्नता का विषय था, इससे मुझे बहुत प्रसन्नता हुई; spw: man muß die Feste feiern, wie sie fallen हर अवसर का लाभ उठाना, जभी घर में आटा और घी जुड़ जाए तभी दिवाली मना लेना; ~**akt,** m समारोह; ~**beleuchtung,** f उत्सव या त्योहार के उपलक्ष में की गई प्रकाश-सज्जा ।

fest-binden, v/t (h.) बाँधना या बाँध देना, कस कर बाँधना; ~**bleiben,** v/i (s.) दृढ़ बना रहना; ~**e,** f (-/-n) poet:→Festung

Festessen, n प्रीतिभोज, दावत ।

fest-fahren, v/i (s.) धँसना, धँस जाना, अटक जाना, फँस जाना; (जहाज़ या नाव का) भूग्रस्त हो जाना; fig: आगे न बढ़ पाना; fig: die Verhandlungen sind festgefahren बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है (दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़ गए हैं); ~**gelder,** n/pl., kfm: सावधि जमा, निश्चित अवधि के लिए जमा किया हुआ धन ।

Festhalle, f समारोह-कक्ष, समारोहों के लिए बनाया हॉल ।

fest-halten, 1. v/t (h.) पकड़ना, मज़बूती से या कसकर पकड़ना, पकड़े रहना, न छोड़ना, आगे न जाने देना; हवालात में रखना; fig: अंकित कर लेना; का चित्र या रेकॉर्ड बना लेना; sich festhalten (बस आदि में) गिरने से बचने के लिए कुछ पकड़ लेना; 2. v/i (h.) न उखड़ना, न अलग होना; चिपका रहना, जमा रहना;

fig: an etw. festhalten किसी बात पर डटे रहना; ~igen, 1. v/t (h.) मज़बूत बनाना, दृढ़ क० या बनाना; टिकाऊ बनाना; पक्का क०; स्थिर क०; 2. v/r (h.) दृढ़ होना या हो जाना, पक्का हो जाना; ~igkeit, f (-) ठोस-पन; दृढ़ता, स्थिरता; मज़बूती; कठोरता; अटलता; ~igung, f (-) दृढ़ीकरण; स्थिरीकरण ।

Festivität, f (-/-en)→Fest

fest-kleben, 1. v/i (h.) चिपकना, चिपका रहना, लगा रहना; 2. v/t (h.) चिपकाना, चिपका देना, लगा देना (गोंद आदि से); **~land,** n मुख्य भूमि, महाद्वीप; **~ländisch,** adj. महाद्वीप का, महाद्वीप-संबंधी; मुख्य भूमि का; **~ legen,** 1. v/t (h.) निश्चित क०, निर्धारित क०; (किसी धनराशि को) निश्चित अवधि के लिए जमा कर देना; 2. v/r (h.) वचन देना, वचनबद्ध हो जाना; (अपना) अंतिम निर्णय देना ।

festlich, adj. उत्सव का; समारोही; आनन्दमय; भव्य, शानदार; **~keit,** f (-/-en) उत्सव, जलसा; o.pl: आनन्द, हर्ष; भव्यता, शान ।

fest-liegen, v/i (h.) Schiff: भूग्रस्त पड़ा होना, फँसा हुआ होना; Gelder: सावधि जमा होना, अनुपलभ्य होना; Termine: तय या निश्चित हो चुका होना; निर्धारित किया जा चुका होना; **~machen,** v/t (h.) (festbinden) बाँध देना, (कसकर) बाँधना; (vereinbaren) तय क०, पक्का क०, निर्धारित क० ।

Festmahl, n भोज, प्रीतिभोज, दावत ।

Festmeter, m घन मान ।

festnageln, v/t (h.) कीलों से जड़ देना; fig: jdn. (auf etw.) festnageln किसी की किसी बात को पकड़ लेना, किसी को उसी के कथन द्वारा बाँधना; **~nahme,** f (-/-n) गिरफ़्तारी, बंदीकरण; **~nehmen,** v/t (h.) बंदी बनाना, गिरफ़्तार क० या कर लेना; **~preis,** m निश्चित मूल्य (जिसमें मोल-तोल की संभावना न हो) ।

Fest-rede, f किसी उत्सव के उपलक्ष में दिया गया भाषण; **~saal,** m समारोहों के लिए बनाया हॉल; समारोह-कक्ष; **~schrift,** f अभिनन्दन-ग्रंथ ।

fest-setzen, 1. v/t (h.) (bestimmen) निर्धारित क०, निश्चित क०; (verhaften) बंदी बनाना, कारागार में रखना; 2. v/r (h.) (festkleben) चिपक जाना, जम जाना, लग जाना (ज़ंग आदि का); fig: (कुप्रथा या बुराई आदि) की जड़ जम जाना; **~sitzen,** v/i (h.) कसकर चिपका या जमा होना; भूग्रस्त पड़ा होना, फँसा होना, अटका होना; आगे न बढ़ पाने की स्थिति में होना ।

Festspiel, n किसी समारोह के उपलक्ष में रचित नाटक; आवर्ती या नियतकालिक प्रदर्शन-समारोह ।

fest-stehen, v/i (h.) निश्चित होना, निर्धारित होना, तयशुदा होना, पक्का होना; **~stellen,** v/t (h.) कूतना, का अनुमान लगाना; देखना, देख लेना, का अनुभव क०; कहना; सिद्ध क०; (ermitteln) पता लगाना, मालूम क०; **~stellung,** f (-/-en) अभिनिश्चयन; कथन ।

Festtag, m उत्सव-दिवस; पर्व का दिन; छुट्टी का दिन ।

festtreten, v/t (h.) पैरों से दबाकर कड़ा कर देना या चिपका देना; sich festtreten दबकर कड़ा हो जाना या चिपक जाना ।

Festung, f (-/-en) क़िला, गढ़, दुर्ग, नगर-दुर्ग ।

festverzinslich, adj., kfm: जिससे निश्चित मात्रा में ब्याज प्राप्त होता रहे ।

Festzug, m शोभायात्रा, जुलूस ।

Fetisch, m (-es/-e) [port.] पूजा-वस्तु, पूजित वस्तु; कामोत्तेजक वस्तु; **~ismus,** m (-) वस्तुपूजा; वस्तु-कामुकता, वस्तु-रति ।

न रुकना (किसी काम के बीच में), आगे चलना; ~**fall**, m समाप्ति, उन्मूलन, निराकरण; आगे न होना; ~**führen**, v/t (h.) दूर ले जाना; जारी रखना, करता रहना, (किसी काम को) आगे बढ़ाना; ~**führung**, f जारी रखना, पुनरारम्भ, पुनर्ग्रहण; ~**gang**, m गमन, चला जाना; प्रगति, विकास, आगे बढ़ना; ~**gehen**, v/i (s.) चला जाना; आगे बढ़ना, होता रहना; ~**geschritten**, adj. विकसित, उन्नत, प्रगत; ~**gesetzt**, 1. adj. अविच्छिन्न, अनवरत, सतत, लगातार; 2. adv. बारम्बार, बराबर, लगातार; ~**hin**, adv.→fortan; ~**jagen**, 1. v/t (h.) (मार कर) भगा देना; निकाल देना, निकाल बाहर क०; 2. v/i (s.) तेज़ी से भाग जाना, दौड़ जाना; ~**kommen**, v/i (s.) आगे बढ़ना, आगे को आना; fig: प्रगति, उन्नति क०, बढ़ना; U: चला जाना, का स्थानान्तरण होना; खो जाना, लापता हो जाना; ~**lassen**, v/t (h.) जाने देना, छोड़ देना; ~**laufen**, v/i (s.) भाग जाना, घर से भाग जाना, किसी से दूर या किसी को छोड़कर भाग जाना; ~**laufend**, adj., fig: क्रमिक, क्रमागत; ~**leben**, v/i (h.) आगे जीवित रहना, (मृत्यु के बाद अपनी रचनाओं या संतान आदि में) जीता रहना; ~**machen**, v/i (h.) U: करता रहना, (किसी काम को) जारी रखना; चला जाना, फूट जाना (जाने के अर्थ में); ~**pflanzen**, 1. v/t (h.) प्रवर्धन क०, की संख्या बढ़ाना (प्रजनन द्वारा); 2. v/r (h.) बढ़ना, सन्तानोत्पत्ति क०, बच्चे पैदा क०, की संख्या बढ़ना; phys: फैलना, प्रसारित होना; ~**pflanzung**, f (-) प्रवर्धन, प्रजनन; phys: प्रसारण; ~**pflanzungsorgan**, n जननांग; ~**räumen**, v/t (h.) अलग हटा देना, रास्ते से हटा देना, एक तरफ़ को (हटाकर) रख देना; ~**satz**, m, anat: प्रवर्ध; ~**schaffen**, v/t (h.) दूर क० या कर देना, दूर ले जाना, हटा देना, हटा ले जाना; ~**scheren**, v/r (h.) U: scheren Sie sich fort! हट जाइए यहाँ से!, निकल जाइए यहाँ से!; ~**scheuchen**, v/t (h.) डराकर भगा देना, मारकर भगा देना; ~**schicken**, v/t (h.) भेज देना; जाने को कहना, भगा देना; ~**schleichen**, v/r (h.) दबे पाँव खिसक जाना या चला जाना; ~**schleppen**, 1. v/t (h.) खींचकर ले जाना, बलपूर्वक घसीटते हुए ले जाना; 2. v/r (h.) घिसटना; घिसटते हुए जाना; धीरे-धीरे आगे बढ़ना (कथानक आदि का); ~**schreiben**, v/t (h.) बाह्यकलन क०, मौजूदा तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ाना; ~**schreiten**, v/i (s.) प्रगति क०, उन्नति क०, तरक़्क़ी क०, (बीमारी का) बढ़ना, (समय का) कटना; आगे बढ़ना, अगला काम क०; ~**schreitend**, adj. पुरोगामी; प्रगामी, वर्धमान; बढ़ता हुआ; ~**schritt**, m प्रगति, उन्नति, तरक़्क़ी; विकास; सुधार; वृद्धि; ~**schrittlich**, adj. प्रगतिवादी, प्रगतिसमर्थक, सुधारसमर्थक; ~**setzen**, v/t (h.) अलग या एक तरफ़ को रख देना; fig: (किसी काम को) आगे बढ़ाना, करता रहना, जारी रखना; ~**setzung**, f (-/-en) (किसी काम का) आगे बढ़ाया जाना, जारी रखना या रखा जाना; eines Romans: उत्तरकथा, अगला भाग; ~**setzungsroman**, m धारावाहिक उपन्यास; ~**stehlen**, v/r (h.) चुपचाप चला जाना; ~**stürzen**, v/i (s.) हड़बड़ाकर दौड़ पड़ना, जल्दी से भाग जाना; ~**währen**, v/i (h.)→fortdauern; ~**während**, adv. लगातार, बराबर, निरन्तर; सारे समय; ~**wälzen**, 1.v/t (h.) एक तरफ़ को लुढ़का देना, लुढ़काकर अलग या दूर हटा देना; 2. v/r (h.) मंथर गति से आगे बढ़ना या बहना; ~**werfen**, v/t (h.) फेंक देना; ~**wirken**, v/i (h.) का आगे भी या

बाद तक प्रभाव होना; ~zahlen, v/t (h.) आगे भी अदा क०; ~ziehen, 1. v/t (h.) खींचते हुए ले जाना या आगे बढ़ाना; खींचकर अलग या दूर कर देना; 2. v/i (s.) दूर चला जाना, आगे चला जाना या निकल जाना; घर या शहर छोड़ कर चला जाना।

Forum, n (-s/-'ren) [lat.] fig: vor dem Forum der Öffentlichkeit खुले आम, सार्वजनिक रूप से, जनता के सामने।

fossil, 1. adj. [lat.] अश्मीभूत, प्रस्तरित; प्रागैतिहासिक; 2. n (-s/-ien) जीवाश्म, प्रागैतिहासिक जीवावशेष, प्रस्तरित वस्तु।

fötal, adj.[lat.] भ्रूणीय, भ्रूण-संबंधी।

Foto, n (-s/-s) (Photo) [griech.] छायाचित्र, तस्वीर, फ़ोटो।

Fötus, m (-ses/-'ten) [lat.] भ्रूण।

Foul, n (-s/-s) [eng.] नियमविरुद्ध खेल; ~**en,** v/i (h.) नियमविरुद्ध खेलना।

Foyer, n (-s/-s) [frz.] प्रकोष्ठ, उपान्तिका।

Fracht, f (-/-en) (Frachtgut) (जहाज़ी) माल; रेल, जहाज़ या वायुयान द्वारा भेजी जाने वाली वस्तुएँ; (Ladung) भार, नौभार; लदान; (Frachtkosten) माल-भाड़ा, भाटक, वहन-शुल्क; ~**brief,** m लदान-पत्र, बिलटी; ~**en,** v/t (h.) भेजना; वहन क०; ~**er,** m (-s/-) भारवाही जहाज़, भारवाही वायुयान; ~**gut,** n माल, रेल, जहाज़ या वायुयान द्वारा भेजी जाने वाली वस्तुएँ; ~**kosten,** pl. माल-भाड़ा, वहन-शुल्क; ~**satz,** m वहन-शुल्क की दर; ~**schiff,** n भारवाही जहाज़, लद्दू जहाज़; ~**verkehr,** m माल-यातायात।

Frack, m (-[e]s/ ⸚e) [frz.] समारोही कोट जिसका पिछला भाग घुटनों तक जाता है तथा अगला भाग केवल कमर तक; ~**schoß,** m समारोही कोट का पिछला भाग।

Frag-e, f (-/-n) प्रश्न, सवाल; fig: समस्या, मामला, झंझट; संदेह; das steht außer Frage यह पक्की बात है; ~**ebogen,** m प्रश्न-पत्र, प्रश्नावली, प्रश्नमाला; ~**en,** 1.v/t(h.) पूछना, प्रश्न पूछना या क०, सवाल क०; माँगना; um Erlaubnis fragen आज्ञा माँगना; jdn. um Rat fragen किसी से सलाह माँगना; nach jdm. fragen किसी के बारे में पूछना, किसी को ढूँढना; diese Ware ist zur Zeit sehr gefragt इस वस्तु की आजकल बहुत माँग है; ich frage mich, ob...मैं सोच रहा हूँ कि...; 2. v/r (h.): es fragt sich, ob... प्रश्न यह है कि..., प्रश्न इस बात का है कि...; ~**er,** m (-s/-) पृच्छक, प्रश्नकर्त्ता, पूछने वाला; ~**erei,** f (-) अप्रिय पूछताछ, जवाबतलब; ~**esatz,** m प्रश्नवाचक वाक्य; ~**esteller,** m →Frager; ~**estellung,** f प्रश्न, प्रश्न का रूप या संविन्यास; ~**estunde,** f संसद-सदस्यों के लिए निर्धारित समय जिसमें वे सरकार से प्रश्न कर सकते हैं; ~**ewort,** n प्रश्नवाचक सर्वनाम; ~**ezeichen,** n प्रश्नवाचक चिह्न।

fragil, adj. [lat.] भंगुर; दुर्बल कमज़ोर, सुकुमार।

frag-lich, adj. (zweifelhaft) संदेहजनक, संदेहपूर्ण; (betreffend) कथित, सम्बद्ध; ~**los,** adv. निस्संदेह; बेशक।

Fragment, n (-[e]s/-e) [lat.] टुकड़ा, विखंड, अंश, भाग; ~**arisch,** adj आंशिक।

fragwürdig, adj. संदिग्ध, संदेहपूर्ण; अविश्वसनीय।

Fraktion, f (-/-en) [lat.] संसद में स्थानप्राप्त पार्टी; ~**sbeschluß,** m संसद के दल-विशेष का निर्णय; ~**szwang,** m संसद के दल-विशेष की एकमत होने की अनिवार्यता।

Fraktur, f (-/-en) [lat.] med: अस्थिभंग; Schriftart: पुरानी जर्मन लिपि; U: mit jdm. Fraktur reden

किसी से खरी बात क०, किसी से मुँहफट बात क० ।

frank, adv.: frank und frei निस्संकोच, स्पष्ट एवम् मुक्त रूप से ।

Frankatur, f (-/-en) [ital.] पत्रों आदि पर डाक-टिकटों का लगाया जाना; डाक-टिकट ।

Franke, m (-n/-n) यूरोप की एक आदिम जाति का व्यक्ति; पश्चिमी जर्मनी के फ़्रांकन प्रान्त का निवासी ।

frankieren, v/t (h.) [ital.] पत्र आदि पर टिकट लगाना ।

fränkisch, adj. पश्चिमी जर्मनी के फ़्रांकन प्रान्त का ।

franko, adv. [ital.] पूर्वदत्त डाक-भार वाला ।

Frankreich, n (-s) फ़्रांस ।

Frans-e, f (-/-n) झब्बा; ~**ig,** adj. झब्बेदार ।

Franz-ose, m (-n/-n) फ़्रांस-निवासी, फ़्रांसीसी; ~**ösisch,** adj. फ़्रांस का, फ़्रांसीसी; U: sich auf französisch empfehlen चुपचाप या विना सूचना के चला जाना ।

frapp-ant, adj. [frz.] असाधारण, आश्चर्यजनक, विस्मयकारक; ~**ieren,** v/t (h.) विस्मित क० या कर देना; ~**ierend,** adj.→frappant

Fräs-e, f (-/-n) tech: आक्षुरक यंत्र; घूर्णी फावड़ा, घूर्णी फावड़ों से युक्त मशीन; (Halskrause) एक कान से दूसरे कान तक ठोड़ी के नीचे से जाती हुई दाढ़ी; ~**en,** v/t (h.) घूर्णी फावड़ों वाली मशीन से ज़मीन काटना या जोतना; ~**er,** m (-s/-) Arbeiter: घूर्णी फावड़ों वाली मशीन से काम करने वाला; tech: आक्षुरक यंत्र; घूर्णी फ़ावड़ों वाली मशीन ।

Fraß, m (-es/-e) चारा, शिकारी पशुओं का भोजन; U: ख़राव या अस्वादिष्ट खाना ।

Fratz, m (-es/-e) चंचल छोकरी, चालू या चालाक लड़की; (Geck) छैला, बना-ठना आदमी; दम्भी; (unartiges Kind) नटखट बच्चा ।

Fratze, f (-/-n) [ital.] मुख-विकृति; U: मुँह; ~**nhaft,** adj. विरूप, विकृत ।

Frau, f (-/-en) नारी, स्त्री, औरत, तिरिया, ज़नानी, मुसम्मात; (Ehefrau) पत्नी, वीवी, जोरू; Anrede: श्रीमती; ~**enarzt,** m स्त्रीरोग-चिकित्सक; ~**enbewegung,** f नारी-आन्दोलन; ~**enfrage,** f स्त्रियों के अधिकारों की समस्या; ~**enfunk,** m (रेडियो में) स्त्रियों के लिए कार्यक्रम; ~**enhaar,** n, bot: कन्याकेश; ~**enheilkunde,** f स्त्रीरोगविज्ञान; ~**enheld,** m, U: औरतवाज़, छोकरीवाज़, लौंडियावाज़; ~**enherrschaft,** f स्त्रीराज्य, नारी-तंत्र; ~**enmilch,** f माँ का दूध, स्त्री का दूध; ~**enrechtlerin,** f नारियों के अधिकारों के लिए आंदोलन करने वाली; ~**enschaft,** f स्त्री-समाज; स्त्री-संघ; ~**enschuh,** m, bot: पादोष्ठक-प्रजाति का पीनशिफ़; ~**ensleute,** pl., U: स्त्रियाँ, औरतें; ~**entum,** n स्त्रीत्व, नारीत्व; ~**enzimmer,** n, U: औरत, मुसम्मात, ज़नानी ।

Fräulein, n (-s/-) कन्या, लड़की, अविवाहित स्त्री; Anrede: सुश्री, कुमारी; परिवेशिका या सार्वजनिक स्थान या संस्थान में काम करने वाली स्त्री को पुकारने का शब्द ।

fraulich, adj. स्त्रीवत्, नारी-सुलभ, स्त्रियोचित; ~**keit,** f (-) स्त्रीवत्ता, नारी-सुलभता; नारी-स्वभाव ।

frech, adj. धृष्ट, ढीठ, उद्धत, गुस्ताख़, बदतमीज़; ~**dachs,** m, U: धृष्ट युवक, बदतमीज़ या गुस्ताख़ आदमी; ~**heit,** f (-/-en) धृष्टता, ढिठाई, गुस्ताख़ी, बदतमीज़ी; ~**ling,** m→ Frechdachs

Fregatte, (-/-n) [ital.] रणपोत, युद्धपोत (विशेष रूप से पनडुब्बियों को नष्ट करने के लिए प्रयुक्त) ।

frei, adj. (nicht gefangen) मुक्त; बंधनहीन, आज़ाद; फ़रार; (unab-

hängig) स्वाधीन, स्वतंत्र; स्वच्छन्द; (unbehindert) अबाधित, बेरोक; (unbesetzt) खाली, रिक्त; unentgeltlich) मुफ़्त, निःशुल्क; (franko) पूर्वदत्त डाक-भार वाला; (offen) खुला; निस्संकोच; स्पष्टवादी; (ungenau) लगभग ठीक या सही, मोटा; अशाब्दिक, स्वतंत्र; ohne Hilfsmittel: बिना किसी सहायता के किया हुआ; frei sein von etw. किसी बात, वस्तु, गुण आदि से मुक्त या परे या हीन होना; ich habe heute frei आज मेरी छुट्टी है; das Mädchen ist noch frei यह लड़की अभी अविवाहित है; von Schulden frei sein ऋणमुक्त होना; die freien Berufe स्वच्छन्द व्यवसाय (जहाँ किसी की नौकरी का प्रश्न न हो, जैसे कलाकार आदि); etw. aus freien Stücken tun कोई काम स्वेच्छा से क०; jdm. freie Hand lassen किसी को (कुछ करने की) पूरी आज़ादी देना; jdm. freies Geleit gewähren किसी को किसी स्थान तक बेरोकटोक पहुँचाने की गारंटी देना; es steht Ihnen frei zu gehen यदि आप चाहें तो जा सकते हैं, आपको जाने की पूरी आज़ादी है; eine freie Stelle रिक्त पद, खाली जगह; ist dieser Platz noch frei? क्या यह जगह(या सीट) खाली है?; etw. frei Haus liefern किसी वस्तु को बिना भाड़ा या शुल्क लिए हुए घर तक पहुँचाना; der Eintritt ist frei प्रवेश निःशुल्क है; auf freiem Feld खुले मैदान में; ein freies Buch पुस्तक जिसपर लेखक का रचना-स्वत्व समाप्त हो चुका हो; freie Liebe उन्मुक्त प्रेम; eine freie Übersetzung अशाब्दिक या स्वतंत्र अनुवाद; aus freier Hand einen Kreis zeichnen बिना परकार आदि की सहायता के वृत्त खींचना; U: ich bin so frei मुझे इसमें कोई संकोच नहीं है; मैं···की धृष्टता करता हूँ ।

Frei-bad, n खुले स्थान में तैरने का कुंड या तालाब; ~**ballon,** m गुब्बारा जिसमें गुब्बारची उड़ सके; ~**bank,** f घटिया मांस की दूकान; ~**beruflich,** adj. स्वच्छन्द व्यवसाय करने वाला; जो कर्मचारी न हो; अनियुक्त; ~**betrag,** m कर-मुक्त धनराशि; ~**beuter,** m (-s/-) जलदस्यु; fig: नीति या धर्म की परवाह न करते हुए अपने लाभ को ढूँढने वाला व्यक्ति; ~**bleibend,** adj., kfm: बिना बाध्यता का, अबाध्यकारी; परिवर्तनीय; ~**brief,** m विशेषाधिकार-लेख्य; लेख्यबद्ध विशेषाधिकार; fig: विशेषाधिकार लेने की धृष्टतापूर्ण स्वच्छन्दता; ~**denker,** m स्वच्छन्द चिन्तक; धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति; ~**denkerisch,** adj. धर्मनिरपेक्ष, धर्मनिरपेक्षवादी; ~**e,** n (-n) खुला मैदान, खुली हवा; खुला आकाश, खुली जगह; im Freien खुली जगह में, खुली हवा में; ins Freie gehen घर से बाहर निकलना, खुली हवा में जाना ।

frei-en, 1. v/i (h.): um ein Mädchen freien किसी लड़की से विवाह-प्रस्ताव क०; 2. v/t (h.) को पत्नी बना लेना; ~**er,** m (-s/-) विवाहार्थी, विवाह की इच्छा करने वाला, प्रेमी, प्रणयी; ~**ersfüße,** pl: auf Freiersfüßen gehen प्रणय-याचना क०, विवाह की इच्छा क० ।

Frei-exemplar, n समर्पित प्रति; आलोचक को भेजी गई प्रति; ~**frau,** f सामंतक की पत्नी; ~**gabe,** f मुक्ति, छोड़ देना; ज़ब्ती के आदेश का वापस लिया जाना; बंद मार्ग का खोला जाना; शव-परीक्षा के बाद शव की सुपुर्दगी; ~**geben,** v/t (h.)मुक्त क०, छोड़ देना; ज़ब्ती आदि के आदेश को वापस लेना; बंद मार्ग को खोल देना; सार्वजनिक प्रदर्शन की छूट देना; शव-परीक्षा के बाद शव को वापस क०; ~**gebig,** adj. उदार, दानी, दानशील; ~**gebigkeit,** f (-) उदारता, दानशीलता; ~**gehege,** n खुली जगह में बनाया

गया जानवरों का अहाता; ~**geist,** m → Freidenker; ~**geistig,** adj. →freidenkerisch; ~**gepäck,** n निःशुल्क जाने वाला सामान; ~**grenze,** f कर-मुक्त वनराशि की सीमा; ~**hafen,** m शुल्कमुक्त बन्दरगाह; ~**halten,** v/t (h.) ख़ाली रखना, रोक रखना (जगह या सीट); को खिलाना-पिलाना, के टिकट आदि के पैसे देना; से बचाना, से मुक्त रखना; ~**handel,** m अबाध व्यापार; ~**händig,** adj. बिना हाथों के या बिना हाथों को टेके हुए किया गया; ~**heit,** f (-/-en) स्वतंत्रता, आज़ादी; स्वच्छन्दता, धृष्टता; छूट; (Vorrecht) विशेषाधिकार, प्राधिकार; sich Freiheiten herausnehmen स्वच्छन्दतापूर्वक अनुचित काम क०; ich nehme mir die Freiheit,...मैं... करने की धृष्टता करता हूँ; ~**heitlich,** adj. स्वतंत्रता-प्रेमी, स्वतंत्रता का समर्थन करने वाला; ~**heitskampf,** m स्वतंत्रता-संग्राम; ~**heitsstrafe,** f कारावास, क़ैद; ~**heraus,** adv. साफ़-साफ़, स्पष्ट रूप से, बिना घुमा-फिरा-कर; ~**herr,** m सामन्त, नवाब; ~**in,** f (-/-nen) सामन्त की पत्नी या लड़की; ~**karte,** f निःशुल्क प्रवेश-पत्र; ~**kommen,** v/i (s.) मुक्त होना, छूट आना; ~**körperkultur,** f नग्नतावाद; ~**korps,** n स्वैच्छिक सेना; ~**kuvert,** n → Freiumschlag; ~**land,** n खुला मैदान, खेत; ~**land-gemüse,** n खेत में उगाई सब्ज़ी; ~**lassen,** v/t (h.) छोड़ देना; मुक्त क० या कर देना, रिहा क०; जगह आदि छोड़ना; ~**lassung,** f (-/-en) रिहाई; जगह आदि का छोड़ा जाना; ~**lauf,** m मुक्त चक्र (साइकिल आदि का); ~**lebend,** adj. स्वच्छन्द, आज़ाद रहने वाला; ~**legen,** v/t (h.) अनाच्छादित क०, अनावृत क०, आवरण या ढँकने वाली परतों से मुक्त क०।

freilich, adv. अवश्य, निस्सन्देह; वाक़ई, वस्तुतः, सचमुच; जैसा कि मानना पड़ेगा।

Frei-lichtbühne, f अनाच्छद मंच, खुले आसमान के नीचे बना मंच; ~**machen,** v/t (h.) Platz: ख़ाली क०; साफ़ क०; Brief: पर टिकट लगाना या चिपकाना; Körper: निर्वस्त्र क०; U: sich freimachen काम न क०, छुट्टी मनाना; छुट्टी लेना; sich von etw. freimachen किसी बात से मुक्त होना; ~**marke,** f डाक-टिकट; ~**maurer,** m जगत-नागरिकत्व पर आधारित एक गुप्त आंदोलन का सदस्य; ~**maurerei,** f (-)/~**maurertum,** n (-s) जगत-नागरिकत्व पर आधारित एक आंदोलन; ~**mut,** m निष्कपटता, स्पष्टवादिता; ~**mütig,** adj. निष्कपट, स्पष्टवादी; ~**mütigkeit,** f (-) →Freimut; ~**nehmen,** v/t (h.): (sich) einen Tag freinehmen एक दिन की छुट्टी लेना; ~**sasse,** m (-n/-n) भूमिधर; ज़मीनदार; ~**schaffend,** adj. स्वच्छन्द (व्यवसाय करने वाला); ~**schar,** f, mil: गुरिल्ला-दल, छापामार-दल; ~**schärler,** m (-s/-) mil: गुरिल्ला, छापामार; ~**schwimmen,** v/r (h.) fig: प्रयत्न करके (चिन्ता, ज़िम्मेदारी, बंधन आदि से) मुक्त होना; ~**schwimmer,** m, sport: पंद्रह मिनट तक लगातार तैर सकने वाला; ~**sinn,** m उदारता; उदारतावाद, प्रजातंत्रीय सुधारों की प्रवृत्ति; ~**sinnig,** adj. उदार, प्रजातंत्रीय सुधारों के अनुकूल, प्रजातंत्रीय सुधारों की प्रवृत्ति वाला; ~**sprechen,** v/t (h.) बरी क०; पापमुक्त क०; ~**spruch,** m, jur: निर्दोष होने का निर्णय; बरी किया जाना; ~**staat,** m गणतंत्र; गणराज्य; ~**stätte,** f शरण-स्थान; ~ **stehen,** v/i (h.) की आज़ादी होना, की आज्ञा होना; ख़ाली होना (मकान आदि); ~**stelle,** f निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा;

~**stellen,** v/t (h.) के निर्णय पर छोड़ देना; (सैन्य-सेवा न करने की) छूट देना; की छुट्टी क०; ~**stoß,** m फ़ुटबॉल में नियमविरुद्ध खेल का दंड (इसमें विरोधी दल का खिलाड़ी निर्बाध रूप से गेंद को मार सकता है); ~**stunde,** f खाली घंटा (स्कूल में)।

Freitag, m शुक्रवार; ~**s,** adv. हर शुक्रवार को।

Frei-tisch, m मुफ़्त भोजन; ~**tod,** m आत्महत्या; ~**treppe,** f भवन के प्रवेश-द्वार की सीढ़ियाँ; ~**übung,** f व्यायाम, कसरत; ~**umschlag,** m टिकट लगा हुआ लिफ़ाफ़ा; ~**wild,** n, fig: रक्षाहीन व्यक्ति; ~**willig,** adj. स्वैच्छिक, स्वेच्छाकृत; ~**willigkeit,** f (-) स्वैच्छिकता, स्वेच्छाधीनता; स्वेच्छा; ~**zeichen,** n, tel: टेलीफ़ोन-लाइन के खाली होने का संकेत; ~**zeit,** f खाली समय, छुट्टी का समय; फ़ुरसत; ~**zeitgestaltung,** f खाली समय का सदुपयोग; ~**zügig,** adj. स्थान-विशेष से न बँधा हुआ, स्वेच्छा से निवास-स्थान बदलने वाला; U: उदार; ~**zügigkeit,** f (-) निवास-स्थान बदलने की स्वतंत्रता; U: उदारता।

fremd, adj. वैदेशिक, परराष्ट्रीय, विदेशी, परदेशी, अन्य स्थान का, वाहर का; ग़ैर; (einem anderen gehörend) पराया, दूसरे का, बेगाना; (unbekannt) अपरिचित; अनभ्यस्त; विजातीय; अजीव; ein fremdes Land अपरिचित देश; विदेश; ich bin fremd hier मैं यहाँ अजनबी हूँ; fremdes Gut पराया माल; das ist mir fremd इसे मैं नहीं जानता हूँ; ~**artig,** adj. अन्य प्रकार का, भिन्न; विजातीय;अपरिचित; ~**artigkeit,** f(-) भिन्नता; विजातीयता; अपरिचितता; ~**e,** 1. f (-) अज्ञात देश, विदेश; अनजान जगह; 2. m/f (-n/-n) विदेशी स्त्री या पुरुष, वाहरी व्यक्ति; ~**e(l)n,** v/i (h.) अपरिचित लोगों के बीच सकुचाना।

Fremden-buch, n अतिथि-पुस्तिका, होटल का रजिस्टर; ~**führer,** m पर्यटकों का मार्गदर्शक, गाइड; संदर्शिका; ~**haß,** m विदेशी-द्वेष; ~**heim,** n पर्यटकों का भोजनावास, पथिकावास, यात्रीभवन; ~**legion,** f, mil: भृतक विदेशियों की सेना; ~**verkehr,** m पर्यटन; ~**zimmer,** n अतिथि-कक्ष।

Fremd-heit, f (-) अपरिचय, अज्ञान; विलक्षणता; रूखेपन या अलगाव का व्यवहार; ~**herrschaft,** f विदेशी शासन; ~**kapital,** n, kfm: उधार ली हुई पूँजी; ~**körper,** m शरीर के किसी अंग में प्रवेश कर गई कोई ठोस वस्तु,शल्य; fig: घुसपैठिया; ~**ländisch,** adj. विदेशी; परराष्ट्रीय; ~**ling,** m (-[e]s/-e) विदेशी, परदेशी, वाहर का या ग़ैर आदमी; ~**sprache,** f विदेशी भाषा; ~**sprachig,** adj. विदेशी भाषा का; विदेशी भाषा में लिखित; विदेशी भाषा बोलने वाला; ~**sprachlich,** adj. विदेशी भाषा से संबंधित; ~**wort,** n विदेशी भाषा का शब्द; ~**wörtelei,** f /**wörterei,** f विदेशी शब्दों के प्रयोग का आधिक्य।

frenetisch, adj. [griech.] प्रचंड, उग्र; उन्मत्त।

frequen-tieren, v/t (h.) [lat.] (किसी स्थान पर) स्वभावतः जाना, प्रायः जाना, बार-बार जाना; ~**z,** f (-/-en) phys: आवृत्ति; (Häufigkeit) प्रायिकता, बारम्बारता; (Besucherzahl) उपस्थित लोगों की संख्या, उपस्थिति।

Fresko, n (-s/-'ken) [ital.] भित्ति-चित्र।

Fressalien, pl., U: खाद्य-सामग्री; खाने-पीने का सामान।

Fresse, f (-/-n) vulg: मुँह, थोबड़ा।

fress-en, 1. v/i & v/t (h.) जानवरों का खाना, चरना; U: बहुत अधिक खाना, भरना, ठूँसना, भकोसना; गटकना, निगलना; fig: क्षीण क०; संक्षारित क०; नष्ट क०; U: jdm. aus der Hand fressen किसी के वशीभूत होना; U:

einen Narren an etw./jdm. gefressen haben किसी वस्तु/व्यक्ति पर मुग्ध या आशिक़ होना; U: hast du es nun gefressen? अब समझ में आ गया न ?; fig: ein fressendes Geschwür फोड़ा या व्रण जो बढ़ता चला जाए; fig: die Säure fraß ein Loch in den Teppich तेज़ाब पड़ने से क़ालीन में छेद हो गया; fig: er frißt allen Ärger in sich hinein वह सारे क्षोभ को चुपचाप पी जाता है, वह चुपचाप कुढ़ता रहता है; fig: das Auto frißt viel Benzin कार में बहुत अधिक पेट्रोल लगता है; 2. n (-s/-) चारा, पशुओं का भोजन; vulg: खाना, भोजन; U: das ist ein gefundenes Fressen für ihn उसे इसी का इन्तज़ार था, यह बात उसके बिल्कुल अनुकूल है (क्योंकि वह इससे लाभ उठाएगा); ~er, m (-s/-) चरता हुआ पशु; fig: अतिभोजी, खाऊ, पेटू ।

Freß-paket, n, U: खाद्य पदार्थों का पैकिट; ~**sack**, m, U: अतिभोजी, खाऊ, पेटू ।

Freud-e, f (-/-n) हर्ष, प्रसन्नता, ख़ुशी, आनन्द, आह्लाद; सुख; Freude an etw. haben किसी वस्तु को भोगना; किसी वस्तु का सुख उठाना; etw. mit Freuden tun किसी काम को प्रसन्नतापूर्वक क०; jdm. eine Freude bereiten किसी को प्रसन्न क०; jdm. die Freude verderben रंग में भंग क०; in Freud und Leid सुख-दुःख में; ~**enbotschaft**, f प्रसन्नतादायक समाचार, ख़ुशख़बरी; ~**enfest**, n आनन्दोत्सव; जश्न; ~**engeschrei**, n किलकारी, प्रसन्नता की चीख़; ~**enhaus**, n वेश्यालय, रंडीख़ाना, चकला; ~**enmädchen**, n वेश्या, रंडी; ~**enrausch**, m आनन्दोन्माद, हर्षोन्माद; ~**enreich**, adj. आनन्दमय; सुखपूर्ण; ~**ensprung**, m प्रसन्नता के उन्माद में लगाई गई छलाँग; ~**entag**, m आनन्द-दिवस, ख़ुशी का दिन; ~**entanz**, m: einen Freudentanz aufführen हर्षोन्माद में नाचना; प्रसन्नता से नाचने लगना; ~**entränen**, f/pl. हर्षाश्रु, ख़ुशी के आँसू; ~**estrahlend**, adj. ख़ुशी से चमकता हुआ, अतिप्रफुल्लित; ~**ig**, adj. प्रसन्नचित्त; प्रसन्नतादायक, आनन्दकर, ख़ुशी का; ein freudiges Ereignis प्रसन्नतादायक घटना; ख़ुशी, शिशु-जन्म; ~**los**, adj. अप्रसन्न, दुःखी, मलिन; आनन्दहीन; नीरस; ~**losigkeit**, f (-) दुःख; मलिनता, मालिन्य, आनन्दराहित्य; नीरसता; ~**voll**, adj. हर्षित; आनन्दित; आनन्ददायक, प्रसन्नतादायक ।

freuen, 1. v/t (h.) प्रसन्न, हर्षित, आनन्दित, ख़ुश करना; es freut mich, daß... मुझे (इस बात की) प्रसन्नता है कि...; es hat mich gefreut, Sie kennenzulernen आपसे मिलकर (मुझे) प्रसन्नता हुई; 2. v/r (h.) प्रसन्न, हर्षित, आनन्दित, ख़ुश होना; हर्ष, प्रसन्नता, आनन्द का अनुभव क०; sich über etw./jdn. freuen किसी बात/व्यक्ति पर आनन्द का अनुभव क०; sich an etw. freuen किसी वस्तु को देख कर प्रसन्नता का अनुभव क०, किसी वस्तु या बात से प्रसन्न होना; sich auf etw. freuen उत्सुकतापूर्ण प्रसन्नता से किसी बात की प्रतीक्षा क०; sich des Lebens freuen जीवन का आनन्द लूटना ।

[1]**freund**, adj.: jdm. freund sein किसी को पसंद क०, किसी के प्रति स्नेह की भावना रखना ।

[2]**Freund**, m (-[e]s/-e) मित्र, सुहृद, दोस्त; U: प्रेमी; शौक़ीन; gut Freund mit jdm. sein किसी के साथ घनिष्ठ होना; किसी का घनिष्ठ मित्र होना; er ist ein Freund guten Essens वह स्वादिष्ट भोजन का शौक़ीन है, वह अच्छा खाना पसंद करता है; ich bin kein Freund von großen Worten मैं शब्दाडम्बर नहीं पसंद करता हूँ; unter Freunden दोस्तों के बीच,

आपस में; ~eskreis, m मित्र-वर्ग; मित्र-लोग; ~lich, adj. (wohlwollend) स्नेही, सौम्य, सदय; (ansprechend) हँसमुख, प्रिय; मिलनसार, भद्र; ~lichkeit, f (-) स्नेह, सौम्यता, सदयता; भद्रता; मिलनसारी; ~schaft, f (-/-en) मैत्री, मित्रता, दोस्ती; ~schaftlich, adj. मैत्रीपूर्ण; ~schaftsdienst, m अनुग्रह, उपकार, मित्रता के नाते की गई सेवा; ~schaftsvertrag, m, pol: मैत्री-संघि।

Frev-el, m (-s/-) महापातक, अपवित्रीकरण; घोर अशिष्टता, घोर अपमान, बहुत बड़ी बदतमीज़ी; poet: घोर अपराध, बड़ा जुर्म; ~elhaft, adj. महापातकी, अधर्मी, देवद्रोही; अमर्यादित; बदतमीज़ी का; नियमोल्लंघनकारी, मुजरिमाना; ~eln, v/i (h.) (धर्म, न्याय, नैतिकता आदि का) निन्द्य रूप से उल्लंघन क०; ~ler, m (-s/-) ईश-निन्दक, धर्मद्रोही; (धर्म, न्याय आदि का) निन्द्य रूप से उल्लंघन करने वाला।

Friede, m (-ns/-n)/ **Friede-n,** m (-s/-) शांति, अमन; युद्धविराम; सन्धि; सुलह; (innere Harmonie) मानसिक शांति, निराकुलता; der ewige Frieden मृत्यु के बाद की अपार शान्ति; U: ich traue dem Frieden nicht! मुझे घोखे की आशंका है; lassen Sie mich in Frieden! मुझे तंग न कीजिए!, मेरी जान मत खाइए!; ~nsbruch, m शान्तिभंग, शांति के समझौते को तोड़ना; ~nsfühler, m, fig: die Friedensfühler ausstrecken युद्धविराम या शांति-समझौता करने की तत्परता को प्रकट क०; ~nspfeife, f, fig: die Friedenspfeife rauchen शान्ति-समझौता क०, झगड़ा समाप्त क०; सुलह क०; ~nsrichter, m अवैतनिक न्यायाधीश; निर्णायक, पंच; ~nsschluß, m शान्ति-समझौता क०; सुलह क०; ~nsstifter, m मध्यस्थ, शान्ति-समझौता कराने वाला; ~nsvertrag, m शान्ति-समझौता; सन्धि-पत्र, सुलहनामा।

fried-fertig, adj. शान्तिप्रिय, अमनपसंद, शान्ति का इच्छुक; ~hof, m क़ब्रिस्तान; ~lich, adj. शान्तिप्रिय, अमनपसंद, शांतिपूर्ण, कलहविमुख; (wohltuend still) शान्तिमय, प्रशान्त; (verträglich) सान्त्वनाशील, शान्तचित्त, मैत्रीपूर्ण, शान्तिपूर्ण, ग़म खाने वाला; U: seien Sie doch friedlich! झगड़ा मत कीजिए न!; अब शान्त भी हो जाइए न!; ~liebend, adj. शान्तिप्रेमी; शान्तिप्रिय, कलहविमुख; ~los, adj. अशांत, शान्तिहीन; बेचैन; झगड़ालू; ~sam, adj. →friedlich

frieren, v/i (h.) ठंड पड़ना, ठंड से अकड़ या जम जाना; को ठंड लगना, ठिठुरना; पर बरफ़ ही हल्की परत जमना; ich friere [es friert mich] मुझे ठंड लग रही है; U: sich zu Tode frieren ठंड से मरा जाना; U: es friert Stein und Bein→ Bein; die Fenster sind gefroren खिड़कियों पर बरफ़ की हल्की परत जम गई है।

Fries, m (-es/-e) चित्रवल्लरी; Gewebe: एक ओर रोयें वाला ऊनी कपड़ा।

Friesel-n, m & n/pl., med: फुंसियाँ, पूयस्फोटिकाएँ; ~fieber, n कंगु-ज्वर; स्वेदराजिकाज्वर।

frigid-(e), adj. [lat.] शीतल, ठंडा; भावशून्य; sexuell: निर्मद, मंदकाम; ~ität, f (-) शीतलता; भावशून्यता; निर्मदता।

Frika-delle, f (-/-n) [frz.] कोफ़्ता; ~ssee, n (-s/-s) मांस के छोटे-छोटे टुकड़ों से बना तरीदार व्यंजन।

Friktion, f (-/-en) [lat.] घर्षण, रगड़; fig: मनमुटाव।

frisch, adj. (nicht müde) अश्रान्त, न थका हुआ, ताज़ा; (munter) चुस्त,

फुर्तीला; (erneuert) नवीभूत, नया; (kürzlich geschehen) हाल का, हाल ही में घटित, ताज़ा; Gemüse/Blumen: ताज़ा, हरा; Wäsche: उजला, साफ़, धुला हुआ; नया; Wetter: ठंडा; Brot: ताज़ी, नरम, मुलायम; Wasser: ताज़ा, अलवण, मीठा; Aussehen: सुस्वस्थ; तेजपूर्ण, दमकता हुआ, गुलाबी (चेहरा); auf frischer Tat रंगे हाथों; frische Fährten ताज़े पद-चिह्न; die Erinnerung daran ist noch ganz frisch उस बात की याद अभी भी ताज़ी है; frische Luft ताज़ी हवा; ठंडी हवा; frisch drauflos arbeiten (नई) शक्ति या (नये) उत्साह के साथ कुछ क०; निस्संकोच काम प्रारम्भ क०; spw: frisch gewagt ist halb gewonnen जिसने हिम्मत कर ली उसकी आधी जीत हो गई, श्रीगणेश अच्छा हो तो आधा काम हो गया; **~auf,** int. ठीक है! बहुत अच्छे!, आगे बढ़ो!, शावाश!; **~e,** f (-) ताज़गी; फुर्ती, चुस्ती; सुस्वस्थता; (Kühle) ठंड, सर्दी; (Sauberkeit) स्वच्छता; **~en,** v/t (h.) poet: को ताज़गी या चुस्ती देना; Eisen: परिष्कृत क० (ऑक्सीकरण द्वारा); **~haltebeutel,** m (प्लास्टिक का) थैला जिसमें खाद्य पदार्थ ताज़े बने रहते हैं; **~ling,** m (-[e]s/-e) जंगली सूअर का बच्चा; **~luft,** f ताज़ी हवा; **~weg,** adv. बेधड़क, बेझिझक, निस्संकोच।

Fris-eur, m (-s/-e) [frz.] नाई, नापित, हज्जाम, केशप्रसाधक; **~euse,** f (-/-n) केशप्रसाधिका, नाई का काम करने वाली स्त्री; **~ieren,** v/t (h.) काढ़ना, केश-प्रसाधन क०; U: विशेष प्रभाव उत्पन्न करने के लिए बदल देना (समाचार या संवाद आदि), प्रभावोत्पादक रूप में प्रस्तुत क०; **~ör,** m (-s/-e)→Friseur

Frist, f (-/-en) निश्चित या निर्धारित काल, अवधि; तिथि; अन्तिम तिथि; **~en,** v/t (h.) टाल देना, की तिथि बढ़ा देना, में देर कर देना; जैसे-तैसे बनाए रखना, बमुश्किल क़ायम रखना; sein Leben fristen जैसे-तैसे जीवन के दिन काटना; **~los,** adj. बिना अवधि का, बिना नोटिस का; jdn. fristlos entlassen किसी को बिना नोटिस के नौकरी से निकाल देना।

Frisur, f (-/-en) केश-सज्जा, केश-विन्यास, हजामत।

frit-ieren, v/t (h.) [frz.] तलना; **~üre,** f (-/-n) तलने के लिए कड़ाही में डाली हुई चिकनाई; तली हुई वस्तु।

frivol, adj. [frz.] चंचल; छिछोरा; अश्लील; **~ität,** f (-/-en) चंचलता, छिछोरापन; अश्लीलता।

froh, adj. प्रसन्न, खुश, हर्षित, प्रफुल्लित; आनन्दमय, प्रसन्नतादायक; eine frohe Botschaft खुशखबरी, प्रसन्नतादायक समाचार; frohen Mutes sein प्रसन्न-चित्त होना; **~gemut,** adj. प्रसन्नचित्त, प्रफुल्लचित्त; निश्चिन्त।

fröhlich, adj. प्रसन्न, आनन्दित; हँस-मुख, निश्चिन्त; **~keit,** f (-) प्रसन्नता, आनन्द; हँसमुखपन।

froh-locken, v/i (h.) आह्लादोन्मत्त होकर चिल्लाना, अत्यानन्दित होना; आनन्द मनाना, हुलसना; schadenfroh: किसी की हानि पर अतिप्रसन्न होना; **~sinn,** m (-s) प्रसन्नता, प्रफुल्लता, उल्लास; हँसमुखपन, हँसमुख प्रकृति।

fromm, adj. धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण, धार्मिक, भक्त; (geduldig) सहनशील, विनीत; धीर, सधा हुआ, शान्त प्रकृति का (घोड़ा आदि); ein frommer Wunsch अभिलाषा-मात्र; इच्छाजनित विश्वास या धारणा, भ्रम।

Frömmel-ei, f (-) धार्मिकता या धर्म-परायणता का ढोंग; **~n,** v/i (h.) धर्मान्ध होना; धर्मपरायणता का ढोंग क०।

fromm-en, v/i (h.) उपयोगी होना, फ़ायदेमन्द होना; es frommt mir यह

मेरे लिए उपयोगी है; ~**heit,** f (-) धार्मिकता, धर्मपरायणता, धर्मनिष्ठा, भक्ति, ईशपरायणता।

Frömm-igkeit, f (-)→Frommheit; ~**ler,** m (-s/-) धर्मपरायणता का ढोंग रचने वाला।

Fron, f (-/-en) टहल, चाकरी, जबरदस्ती करवाई गई सेवा, बेगार; ~**arbeit,** f टहल, चाकरी या बेगार का काम; ~**dienst,** m→Fronarbeit

Fronleichnam, m (-[e]s) eccl: ख्रीस्तदेह-पर्व।

frönen, v/i (h.) का दास होना, का मुरीद होना, का लती होना; einer Leidenschaft frönen किसी वासना का दास होना।

Front, f (-/-en) [frz.] (Stirnseite) अग्रभाग, सामना, अगाड़ी; mil: रणक्षेत्र; सेनामुख, मोरचा; (geschlossene Einheit) संगठित दल या गुट्ट; met: सीमाग्र; fig: Front machen gegen jdn./etw. किसी व्यक्ति/बात का विरोध क०; ~**al,** adj. सामने का, सम्मुख; ~**kämpfer,** m अगली पंक्ति में लड़ने वाला।

Frosch, m (-es/⸚e) मेंढक, मंडूक; टाइपराइटर का गुटका जिसके द्वारा पंक्ति की लम्बाई घटायी या बढ़ायी जा सके; सारंगी आदि के गज़ का गुटका; Feuerwerkskörper: उछलने वाला पटाखा; U: sei kein Frosch! अरे बनो मत!; U: einen Frosch im Halse haben का स्वरभंग होना, की आवाज़ का घरघराना; ~**blut,** n, fig: er hat Froschblut वह उदासीन (या विरक्त) प्रकृति का व्यक्ति है; ~**laich,** m मेंढक के अंडे; ~ **mann,** m गोताखोर (जो पानी के अंदर काम करने के लिए प्रशिक्षित होते हैं); ~**perspektive,** f निम्नस्थ स्थान से ऊपर की ओर अवलोकन; fig: कूपमंडूक का दृष्टिकोण।

Frost, m (-es/⸚e) तुषार, पाला; शीत, सरदी; ~**beule,** f शीतशोथ।

frösteln, v/i (h.) हल्का तुषार पड़ना; ठिठुरना, ठंड से थोड़ा-थोड़ा काँपना; mich fröstelt [ich fröst(e)le] मैं ठंड से काँप रहा हूँ; es fröstelt हल्का तुषार पड़ रहा है।

frost-en, v/t (h.) शीतलित क०; परिरक्षणार्थ जमा देना; ~**ig,** adj. बहुत ठंडा, तुषारवत्; fig: रूखा, असौम्य; ~**igkeit,** f (-) ठंडापन, तुषारवत्ता; fig: रूखापन, असौम्यता।

Frott-ee, m/n (-[s]/-s) [frz.] उत्पाश वस्त्र, तौलिया का कपड़ा; ~**eetuch,** n→ Frottiertuch; ~**ieren,** v/t (h.) रक्त-संचार को बढ़ाने के लिए कपड़े से रगड़ना; (तौलिया से) रगड़ कर पोंछना; ~**iertuch,** n तौलिया।

frotzeln, v/t (h.) U: छेड़-छाड़ क०, नोंक-झोंक क०।

Frucht, f (-/⸚e) फल; (Keimling) भ्रूण, गर्भ; (Getreide) शस्य, फ़सल; अनाज, धान्य; (Feldertrag) ज़मीन से प्राप्त पैदावार; fig: फल, परिणाम, नतीजा; eine Frucht abtreiben गर्भपात क०; fig: verbotene Früchte निषिद्ध कार्य या बातें; fig: das sind die Früchte seines Fleißes यह उसके परिश्रम का फल है; ~**bar,** adj. उपजाऊ; उर्वर, फलवान; जननक्षम; fig: लाभदायक, हितकर, सफल; ~**barkeit,** f (-) उर्वरता; जनन-क्षमता; लाभदायकता, हितकारिता; ~**barmachung,** f उर्वरीकरण, उपजाऊ बनाना।

Früchtchen, n (-s/-) छोटा फल; U: निकम्मा या नालायक व्यक्ति।

frucht-en, v/i (h.) फलीभूत होना; का प्रभाव होना; alle Ermahnungen fruchten nichts सारी चेतावनियों का कोई प्रभाव नहीं ~**fleisch,** n फल का गूदा; ~**folge,** f शस्य-आवर्तन; ~**ig,** adj. जिसमें फल का स्वाद हो (अंगूरी शराब आदि); ~**los,** adj., fig: निष्फल, परिणामहीन;

असफल, व्यर्थ; ~ presse, f फलों का रस निकालने की मशीन; ~saft, m फल का रस; ~wasser, n, anat: उल्वोदक, गर्भोदक, ~wechsel, m→ Fruchtfolge; ~zucker, m, फलशर्करा।

frugal, adj. [lat.] साधारण, सादा।

früh, adj. प्रारंभिक, प्रारंभ का; यथासमय; प्रातःकालीन; (vorzeitig) निश्चित समय से पूर्व का; अगता; अकाल, कालपूर्व, असामयिक; von früh bis spät सुबह से शाम तक; am frühen Morgen बहुत सवेरे; früh am Morgen तड़के, तड़के का समय; frühes Obst अगता फल; der Zug kam zu früh (an) गाड़ी निश्चित समय से पहले आ गई; **~aufsteher**, m तड़के उठने वाला; **~beet**, n गरम क्यारी; **~e**, f(-)प्रातः-काल, तड़का, भोर, सवेरा; in aller Frühe बहुत तड़के; **~er**, 1. adj. प्राचीन, प्राचीन काल का, पहले का; in früheren Zeiten पुराने दिनों में, प्राचीन काल में; 2. adv. पहले, पिछले या गत समय में; जल्दी, समय से पहले; **~estens**, adv. जल्दी से जल्दी, शीघ्रातिशीघ्र; से पहले नहीं; **~geburt**, f कालपूर्व प्रसव; **~jahr**, n वसन्त; **~jahrsputz**, m वसन्त में घरों की सफ़ाई; **~ling**, m (-s/-e) वसन्त; fig: युवाकाल, जोवन; बहार; **~lingshaft**, adj. वसन्ती, वसन्त-जैसा; **~ messe**, f प्रातःकालीन ख्रीस्तयाग या मिस्सा; **~morgens**, adv. तड़के, बहुत सवेरे; **~reif**, adj. अकालपक्व; अकालप्रौढ़; **~schoppen**, m प्रातःकालीन शराब का दौर; **~sport**, m प्रातःकालीन व्यायाम; **~stück**, n कलेवा, नाश्ता; **~stücken**, v/i & v/t (h.) कलेवा या नाश्ता क०; **~zeitig**, adj. कालपूर्व; यथासमय।

Frustr-ation, f (-/-en) [lat.] कुंठा, आशाभंग, नैराश्य; विफलीकरण; **~ieren**, v/t (h.) हतोत्साह क०, कुंठित क०; (vereiteln) विफल क० या कर देना।

Fuchs, m (-es/ ⸚ e) लोमड़ी; Pferd: लाली लिए हुए बादामी रंग का घोड़ा; Falter: लाली लिए हुए बादामी रंग की तितली; Sternbild: दंडक, लोमश; fig: घाघ, धूर्त, कपटी या चालाक व्यक्ति; **~bau**, m लोमड़ी की माँद; **~en**, v/t (h.) U: es fuchst mich मैं इससे परेशान हूँ, मैं इससे तंग आ गया हूँ, मैं इससे कुढ़ता हूँ; **~ig**, adj. लाल या लाली लिए हुए बादामी बालों वाला; U: क्रोधी, चिड़चिड़ा; **~schwanz**, m, bot: लोमशपुच्छ, वान्द्रा; tech: हाथ की आरी; **~teufelswild**, adj. अतिक्रुद्ध, क्रोधान्ध।

Fuchtel, f(-/-n)खड्ग,कटार, चौड़ी तल-वार; fig: unter jds. Fuchtel stehen किसी के कठोर नियंत्रण में होना, किसी की मुट्ठी में होना; **~n**, v/t (h.): mit etw. (herum)fuchteln किसी चीज़ को इधर-उधर घुमाना।

Fuder, n (-s/-) एक गाड़ी-भर, जितना एक गाड़ी में समाए, एक लढ़िया-भर।

Fug, m (-[e]s): mit Fug und Recht पूर्णाधिकार के साथ, पूर्णौचित्य के साथ।

Fuge, f (-/-n) जोड़, सन्धि, खाँचा; क़ब्ज़ा, चूल; mus: स्वरसंगीत-रचना जिसमें एक ही धुन क्रमशः सभी स्वरों में गाई जाए; fig: aus den Fugen geraten टूट-फूट जाना; अस्तव्यस्त या विपर्यस्त हो जाना; **~n**, v/t (h.) जोड़ना, जोड़ मिलना।

füg-en, 1. v/t (h.) जोड़ना, जड़ना, बैठाना, जोड़ मिला कर फ़िट क०; (hinzugeben) मिलाना, मिला देना, संलग्न क०; (geschehen machen) करना, कराना, करवाना; का आदेश देना; der Zufall fügte es so संयोग ने ऐसा कराया, इत्तफ़ाक से ऐसा हुआ; 2. v/r (h.) मान लेना, स्वीकार कर

लेना, का विरोध न क०, दब जाना; निबाहना, किसी परिस्थिति को स्वीकार कर लेना; इत्तफ़ाक से होना, संयोगवश होना; किया जाना; sich in etw. fügen किसी परिस्थिति को स्वीकार कर लेना तथा उसे न चाहते हुए भी निबाहना; ~lich, adv. औचित्य के साथ, साधिकार; उचित ढंग से; ~sam, adj. दब्बू, दबैल; आज्ञाकारी; अनुकूलनशील; ~samkeit, f (-) दब्बूपन; आज्ञाकारिता; अनुकूलनशीलता; ~ung, f(-/-en) संयोग, दैवयोग, इत्तफ़ाक, यदृच्छा, विधि का विधान ।

fühl-en, 1. v/t (h.) अनुभव क०, महसूस क०; मानना, समझना; (mit Tastsinn wahrnehmen) छूना, स्पर्श क०, छूकर अनुभव क०, टटोल कर देखना; fig: (ahnen) को लगना, प्रतीत होना या आभास होना; den Puls fühlen नब्ज़ देखना; U: ich fühle alle Knochen मेरी हड्डी-हड्डी में दर्द हो रहा है, मेरे सारे शरीर में पीड़ा हो रही है; 2. v/i (h.) (इंद्रियबोध से) अनुभव होना, महसूस होना; संवेदनशील होना, अनुभूतिशील होना; टटोलना, कुछ देखने या उठाने के लिए हाथ डालना; jeder Mensch fühlt हर मनुष्य संवेदनशील (या अनुभूतिशील) होता है; er fühlte nach dem Geld in seiner Tasche उसने पैसे निकालने के लिए अपनी जेब में हाथ डाला, पैसों के लिए उसने अपनी जेब को टटोला; 3. v/r (h.) स्वयम् को कुछ मानना या समझना, को लगना, को महसूस होना;घमंड क०, घमंडी होना; er fühlt sich gut/schlecht उसकी तबियत अच्छी/खराब है; er fühlt sich als Künstler वह अपने को कलाकार समझता है; sie fühlt sich ihm verpflichtet वह उसके प्रति आभार का अनुभव करती है, वह स्वयम् को उसका आभारी समझती है; er fühlt sich verpflichtet, allen zu helfen वह सबकी सहायता करने के लिए अपने को बाध्य समझता है,सबकी सहायता करने को वह अपना कर्तव्य समझता है; U: sie fühlt sich वह घमंडी है; ~er, m (-s/-) स्पर्शक, स्पर्शेन्द्रिय, स्पर्शशृंग; fig: seine Fühler ausstrecken सावधानी से किसी बात को जानने का प्रयत्न क०; ~los, adj. अनुभूतिहीन; भावनाशून्य; निष्ठुर, संगदिल; ~ung, f(-) स्पर्श; संबंध, संसर्ग, सम्पर्क; mit jdm. in Fühlung bleiben किसी से सम्पर्क बनाए रखना; ~ungnahme, f सम्पर्क स्थापित क०; सम्पर्क (स्थापित करने का प्रयास) ।

Fuhre, f(-/-n) गाड़ी द्वारा वहन; गाड़ी में लदा माल, शकट-भार; खेप, गाड़ी का एक चक्कर ।

führ-en, 1. v/t (h.) (Weg weisen) का मार्गदर्शन क०, को रास्ता दिखाना; (के) मार्ग पर लाना; (stützen) सहारा देना, सहारा देकर पहुँचाना या ले जाना; (handhaben) चलाना, चालन क०; (befördern) ले जाना; (bei sich haben) अपने साथ रखना; (zum Verkauf anbieten) बेचने के लिए मुहैया क० या रखना; बेचना; (leiten) का अधिकारी, अगुआ, नायक होना; का नेतृत्व क०; के अध्यक्ष की हैसियत से काम क०; Krieg führen युद्ध क०; einen Prozeß führen मुक़दमा चलाना; den Vorsitz führen अध्यक्ष होना, सभापति होना; die Aufsicht führen देख-रेख क०, निगरानी क०; einen Titel führen अपने नाम के साथ किसी उपाधि को लगाना, किसी उपाधि का प्रयोग क०; diesen Artikel führen wir nicht यह वस्तु हम नहीं बेचते हैं, यह वस्तु हमारी दुकान में नहीं मिलेगी; der Fluß führt Steine नदी पत्थरों को बहाकर ले जाती है; ein Geschäft führen कोई दूकान चलाना; 2. v/r (h.) व्यवहार क०, आचरण क०; 3. v/i (h.) सबसे आगे

होना (दौड़ आदि में); जाना; fig: का परिणाम होना, का फल होना, का नतीजा या अंजाम होना; से लाभ होना, से कुछ हासिल होना; wohin wird das noch führen? इसका और क्या अंजाम होगा, यह बात और कहाँ तक बढ़ेगी; das führt zu nichts इससे कुछ भी नहीं हासिल होगा, यह उद्यम व्यर्थ है; diese Straße führt nach Delhi यह सड़क दिल्ली जाती है; ~**end,** adj. प्रधान, प्रमुख, मुख्य; महत्वपूर्ण; लब्धप्रतिष्ठ; उच्च; ~**er,** m (-s/-) अगुआ, नेता; मार्ग-दर्शक; पथप्रदर्शक; गाइड; चालक; Buch: संदर्शिका, गाइड़; fig: महत्व-पूर्ण व्यक्ति (किसी क्षेत्र-विशेष में); ~**erschein,** m चालन-अनुज्ञप्ति, कार आदि चलाने का लाइसेंस; ~**erstand,** m रेलगाड़ी के चालक का स्थान।

Fuhr-lohn, m ढुलाई, भाड़ा, वहन-शुल्क; ~**mann,** m ढुलाई करने वाला गाड़ीवान; ~**park,** m किसी परिवहन-संस्था के वाहनों की कुल संख्या।

Führung, f (-/-en) (Leitung) नेतृत्व, अध्यक्षता; नेता-वर्ग, प्रमुख अधिकारी (-लोग); निर्देशन, व्यवस्था; संचालित निरीक्षाटन, गाइड के साथ भ्रमण या निरीक्षण; (Benehmen) आचरण, व्यवहार; tech: अधिकारक-यंत्र, यंत्र जो गतिमान पुरज़े की गति-विधि को नियंत्रित करे; sport: प्रति-योगिता में सबसे आगे होना; ~**szeugnis,** n चरित्र-प्रमाणपत्र।

Fuhr-unternehmen, n परिवहन-व्यव-साय; ~**werk,** n शकट, बोझागाड़ी, ठेला, वाहन; ~**werken,** v/i (h.) परिवहन-व्यवसाय क०; U: जोश के साथ काम क०।

Fülle, f (-) पूर्णता, परिपूर्णता, (Überfluß) प्राचुर्य, बाहुल्य, बहुतायत; (Dicksein) मोटापा; (pl: Füllen): भरत; भरने का मसाला।

[1]**füllen,** v/t (h.) भरना, भर देना; das Kino füllte sich allmählich सिनेमाघर धीरे-धीरे भर गया।

[2]**Füllen,** n (-s/-)→Fohlen

Füll-er, m (-s/-) फाउन्टेनपेन; ~**federhalter,** m →Füller: ~**horn,** n फूलों तथा फलों से परिपूर्ण शृंग; fig: प्राचुर्य, बाहुल्य; ~**ig,** adj. मोटा-सा, गद्दर; ~**sel,** n (-s/-) भरने का या भराई करने का कोई भी पदार्थ; ~**ung,** f (-/-en) भरत, भराव; भरी हुई या भरने की वस्तु; →Fülle; o.pl: भराई, भराई का काम; ~**wort,** n→Flickwort

fumm-(e)lig, adj. U:→fahrig; ~**eln,** v/i (h.) U: छूना, टटोलना, हाथ फिराना या लगाना; sport: फ़ुटबॉल आदि के खेल में इधर-उधर दौड़ना।

Fund, m (-[e]s/-e) प्राप्ति, उपलब्धि; पाई हुई वस्तु; bei Ausgrabungen: खनिज पदार्थों आदि का अनुसंधान।

Fundament, n (-[e]s/-e) नींव, आधार, बुनियाद; आधार, मूल; ~**al,** adj. मूल, मूलभूत, आधारभूत, बुनियादी; भारी; ~**ieren,** v/t (h.) की नींव डालना; का आधार बनाना।

Fund-büro, n लुप्त-वस्तु-कार्यालय; ~**grube,** f नई खान; fig: निधि; भंडार, ख़ज़ाना; ज्ञान-स्रोत।

fundier-en, v/t (h.) स्थापित क०, जमाना, दृढ़ क०; में धन लगाना, आर्थिक रूप से दृढ़ क०; ~**t,** adj.: fundiertes Wissen ठोस ज्ञान, बहुत अच्छी जानकारी; ein gut fundiertes Geschäft अच्छी जमी हुई दुकान, जमा हुआ धंधा।

fündig, adj. खनिज आदि की खोज में सफल।

Fund-ort, m प्राप्ति-स्थान, स्थान जहाँ कोई वस्तु मिली या पाई गई हो; ~**stätte/**~**stelle,** f → Fundort

Fundus, m (-) [lat.] सम्भार, संग्रह, संचय, आधार; उपलब्ध साधन।

fünf, 1. adj. पाँच; U: er läßt alles

fünfe g(e)rade sein वह सतर्कता या सावधानी नहीं बरतता है, वह लापरवाही से काम करता है; fig: das fünfte Rad am Wagen sein अवांछनीय या अवांछित होना; 2. f (-/-en) Zahl: पाँच की संख्या; Note: अपर्याप्त (परीक्षाफल की एक श्रेणी); ~**eck**, n पंचभुज; ~**er**, m (-s/-) U:→fünf; 2. Geldstück: पाँच (फ़्फ़ेनिष) का सिक्का; ~**erlei**, adj. पाँच प्रकार का; ~**fach**, adj. पाँच गुना; ~**hundert**, adj. पाँच सौ; ~**jahresplan**, m पंचवर्षीय योजना; ~**jährig**, adj. पंचवर्षीय, पाँच वर्ष का ~**jährlich**, adj. हर पाँच सालों के बाद होने वाला; ~**kampf**, m पाँच विषयों की शारीरिक प्रतियोगिता; ~**markstück**, n पाँच मार्क का सिक्का; ~**tagewoche**, f सप्ताह जिसमें केवल पाँच दिन काम किया जाए; ~**tausend**, adj. पाँच हज़ार; ~**tel**, n (-s/-) पाँचवाँ भाग; ~**uhrtee**, m अपराह्न की चाय-गोष्ठी; ~**zehn**, adj. पन्द्रह; ~**zig**, adj. पचास; ~**zigstel**, n (-s/-) पचासवाँ भाग।

fungieren, v/i (h.): fungieren als etw. के पद पर काम क०, की तरह या की हैसियत से काम क०।

Funk, m (-[e]s) वेतार द्वारा संचार; रेडियो; ~**bild**, n वेतार द्वारा प्रसारित किया हुआ चित्र।

Funke, m (-ns/-n) चिनगारी, स्फुलिंग, अग्निकण; fig: असाधारण सूझ, अचानक दिमाग़ में आने वाली बात; लव-लेश, अत्यल्प मात्रा; कारण।

funkel-n, v/i (h.) कौंधना, कौंध जाना, चमक जाना; चमचमाना; टिमटिमाना, झिलमिलाना; ~**nagelneu**, adj., U: बिल्कुल नया, एकदम नया।

[1]**Funken**, m (-s/-) →Funke

[2]**funk-en**, 1. v/i (h.) से चिनगारियाँ उठना या निकलना; U: es funkt nicht यह ख़राब है, यह काम नहीं करता है; सफलता नहीं मिल रही है; U: endlich hat es bei ihm gefunkt अंत में जाकर बात उसकी समझ में आ गई; 2. v/t (h.) वेतार द्वारा प्रसारित क०; ~**er**, m (-s/-) वेतार द्वारा समाचार आदि प्रसारित करने वाला, वितन्तु-चालक; ~**feuer**, n वितन्तु-उज्ज्ञप्ति- स्थात्र, वेतार द्वारा जहाज़ों का मार्गदर्शन करने की व्यवस्था; ~**gerät**, n वेतार-प्रेषित्र, नभोवाणी-यंत्र; ~**kolleg**, n गृह-पाठियों के लिए रेडियो द्वारा प्रसारित किया जाने वाला कार्यक्रम; ~**sprechverkehr**, m वितन्तु-दूरभाषण, वेतार द्वारा वार्तालाप; ~**spruch**, m वेतार द्वारा प्रेषित समाचार; ~**station**, f वेतार-केन्द्र; ~**stille**, f वेतार द्वारा संचार का निषेध; ~**streife**, f वेतार से लैस पुलिस की टुकड़ी।

Funktion, f (-/-en) [lat.] कार्य, कर्तव्य; पद, पदभार, पदकार्य, कार्यभार; महत्व, उद्देश्य; math: श्रित, फलन; ~**är**, m (-s/-e) कृत्यकारी, कार्यकर्ता; ~**ell**, adj. कार्य-संबंधी; वृत्तिमूलक; क्रियागत; ~**ieren**, v/i (h.) काम क०, क्रिया क०, चलना; कार्य निष्पन्न क०, कर्तव्य-पालन क०; ~**sfähig**, adj. चालू हालात में, जिससे काम लिया जा सके; कार्य निष्पन्न करने योग्य।

Funk-turm, m रेडियो के कार्यक्रम को प्रसारित करने का स्तम्भ; ~**verkehr**, m वेतार द्वारा संचार; ~**wagen**, m वेतार से लैस (पुलिस की) कार; ~**werbung**, f रेडियो या टेलीविजन द्वारा विज्ञापन।

Funzel, f (-/-n) U: कम प्रकाश देने वाला दीप।

für, 1. präp. (+akk.) के हेतु, के निमित्त, के वास्ते, के लिए; के स्थान पर, के बदले, के नाम में; für jdn. einspringen किसी की अनुपस्थिति में उसके स्थान पर काम क०; sein

Leben für jdn. opfern किसी के लिए अपने प्राणों की बलि दे देना; das ist für ihn यह उसके लिए है; was kann ich für Sie tun? मैं आपके लिए क्या कर सकता हूँ ?; मैं आपकी क्या सेवा करूँ ?; er ist sehr groß für sein Alter उम्र के हिसाब से उसका क़द बड़ा है; das ist nichts für mich इसमें मुझे कोई रुचि नहीं है, यह मुझे अच्छा नहीं लगता है; diese Sache spricht für sich यह बात बिल्कुल स्पष्ट है; diese Sache hat etw. für sich इस वस्तु (या बात) का कुछ न कुछ फ़ायदा है; das ist eine Sache für sich यह एक विशेष मामला है, यह (कुछ) अपनी ही तरह की बात है; das spricht für ihn यह (बात) उसके पक्ष में है; यह उसके हित की बात है ; er lebt für sich वह अलग-थलग रहता है; ich für meine Person जहाँ तक मेरा प्रश्न है; Jahr für Jahr हर वर्ष; ein für allemal अंतिम रूप से, हमेशा के लिए; an und für sich वैसे तो; fürs erste फ़िलहाल; was für ein Mensch ist er? वह कैसा आदमी है ?; was für Bücher liest er? वह किस प्रकार की पुस्तकें पढ़ता है?;2. n: das Für und Wider पक्ष और विपक्ष ।

fürbaß, adv., poet: आगे, आगे को ।

Fürbitte, f दूसरे या दूसरों के लिए की गई प्रार्थना ।

Furch-e, f (-/-n) कूँड़, हलरेखा; पहिये का चिह्न, लीक; झुर्री, शिकन; **~en,** v/t (h.) कूँड़ बनाना; लीक बनाना; झुर्री डालना;**~ig,** adj. हलरेखाओं से युक्त; झुर्रीदार; जिसमें लीक या पहिये के चिह्न पड़े हों ।

Furcht, f (-) डर, भय, भीति; आशंका, अंदेशा; poet: श्रद्धा, निष्ठा; भक्ति; **~bar,** 1. adj. भयानक, डरावना, भयंकर; U: बुरा, ख़राब; 2. adv. अत्यन्त, बहुत, खूब ।

fürcht-en, 1. v/t (h.) से डरना, से भयभीत होना; की आशंका होना या क०; etw./jdn. fürchten किसी बात/व्यक्ति से डरना; er fürchtet die Gefahr nicht उसे ख़तरे से डर नहीं लगता, वह ख़तरे से नहीं डरता; ich fürchte, daß wir zu spät kommen मुझे आशंका है कि हम देर से पहुँचेंगे; es steht zu fürchten, daß... अन्देशा इस बात का है कि,···,आशंका यह है कि...; 2. v/i (h.): für jdn. fürchten किसी के लिए चिन्तित होना; 3. v/r (h.) डरना; भयभीत होना; **~erlich,** adj. →furchtbar

furcht-los, adj. निडर, निर्भय, निर्भीक; **~sam,** adj. भीरु, डरपोक, कातर; कायर, बुज़दिल; **~samkeit,** f (-) भीरुता, कातरता; कायरता; बुज़दिली ।

fürder(hin), adv. आगे भी, भविष्य में (भी) ।

Furie, f(-/-n) [griech.] U: चंडी, उग्रचंडा रमणी ।

Furnier, n(-s/-e) [frz.] (लकड़ी की चीज़ों पर लगा) अच्छी लकड़ी का स्तर; **~en,** . v/t (h.) लकड़ी की चीज़ों पर अच्छी लकड़ी का स्तर चढ़ाना ।

Furor, m(-s/-e) [ital.] क्रोधोन्माद; **~e,** f (-) संक्षोभ; कुहराम, हंगामा; सनसनी; अत्यधिक अभिरुचि; Furore machen हंगामा मचा देना; सनसनी-खेज़ संफलता प्राप्त क० ।

Fürsorg-e, f (-) देख-भाल, देख-रेख, ध्यान; जनकल्याण-संस्था; **~eamt,** n जनकल्याण-केन्द्र; **~eerziehung,** f बाल-सुधार, बाल-अपराधियों की शिक्षा (सुधार-भवनों में); **~er,** m (-s/-) जनकल्याण-कर्मचारी; समाज-सेवक; **~erisch,** adj. जनकल्याण-संबंधी, जनकल्याण का;**~lich,** adj. दूसरों के कल्याण की भावना से पूर्ण, प्रेमपूर्ण; दूसरोंका ध्यान रखने वाला;**~lichkeit,** f(-)दूसरों का कल्याण करने की भावना या प्रवृत्ति, दूसरों की चिन्ता, दूसरों का

ध्यान; ~**sprache,** f संस्तुति,सिफ़ारिश; ~**sprecher,** m सिफ़ारिश करने वाला।

Fürst, m (-en/-en) राजा, नवाव, अधिपति, शासक; ~**enhaus,** n रजवाड़ा, शाही खानदान, राजवंश; ~**entum,** n(-s/ ⸚ er)राज्य, रियासत; ~**lich,** 1. adj. राजसी, राजोचित, शाही; fig: भव्य, शानदार, वैभवशाली; प्रचुर, भरपूर; 2. adv., fig: खूब दिल खोलकर, प्रचुर मात्रा में।

Furt, f(-/-en) पाँज, पाँझ, नदी का उथला स्थान जिसे पैदल पार किया जा सके।

Furunkel, n(-s/-)[lat.] फुंसी, फुड़िया, फोड़ा।

fürwahr, adv. सचमुच, वास्तव में, दरहक़ीक़त।

Fürwitz, m ढिठाई, धृष्टता, गुस्ताखी।

Fürwort, n, gramm: सर्वनाम।

Furz, m (-es/-e) vulg: अधोवायु, पाद; ~**en,** v/i (h.) पादना।

Fusel, m (-s/-) [lat.] घटिया ब्रांडी, ठर्रा।

fuseln, v/i (h.) शौक़िया दस्तकारी क०, छोटी-मोटी चीज़ें वनाना; छोटे अक्षरों में लिखना।

Fusion, f (-/-en) [lat.] विलय, संयोजन; ~**ieren,** v/t (h.) विलयीकरण क०; मिला कर एक वनाना या क०।

Fuß, m(-es/ ⸚ e) पैर, पाँव, चरण, पाद; eines Möbelstücks: पाया; (Sockel) आधार, अधोभाग; Versmaß: चरण; पाद; altes Längenmaß: फ़ुट (वारह इंच); U: टाँग; zu Fuß gehen पैदल जाना या चलना; er ist gut zu Fuß वह अच्छा चलने वाला है; fig: Fuß fassen जम जाना; अपनी स्थिति या अपने प्रभाव को दृढ़ क०; fig: festen Fußes दृढ़तापूर्वक; stehenden Fußes तुरन्त, फ़ौरन; fig: auf eigenen Füßen stehen आत्मावलम्वी होना, अपने पैरों पर खड़ा होना; fig: auf die Füße fallen विना हानि उठाए वच निकलना; fig: mit beiden Füßen auf der Erde stehen यथार्थवादी होना; fig: ihm brennt der Boden unter den Füßen इस स्थान पर रहना उसके लिए खतरनाक है, वह भागना चाहता है, उसे भागना पड़ेगा; fig: jdn. auf freien Fuß setzen किसी को स्वतंत्र कर देना, किसी को आज़ाद या रिहा कर देना; fig: auf großem Fuße leben राजसी ठाठ से रहना, फ़ुज़ूलखर्ची क०; U: das Buch hat Füße bekommen किताव चोरी हो गई है, किसी ने किताव को चुरा लिया है; fig: dieses Argument steht auf schwachen Füßen यह तर्क कच्चा है; fig: mit jdm. auf gespanntem Fuße stehen किसी के साथ मनमुटाव होना; fig: jdm. auf die Füße treten किसी का अपमान क०, किसी की भावनाओं को चोट (या ठेस) पहुँचाना; U: kalte Füße bekommen डर जाना, डर के कारण किसी इरादे को छोड़ देना, के पैरों के तले की मिट्टी खिसकना; ~**abstreifer/** ~**abtreter,** m पाँवदान, पायंदाज; ~**angel,** f चतुःशूल; ~**bad,** n पाद-स्नान, पादप्रक्षालन, ~**ball,** m फ़ुटवॉल; ~**bank,** f पादपीठ, पीढ़ा, मूढ़ा; ~**boden,** m फ़र्श; ~**breit,** m: keinen Fußbreit weichen ज़रा भी न हटना।

Fussel, f(-/-n) (कपड़े से निकलने वाला) रेशा, रोयाँ; कपड़ों पर चिपका हुआ डोरा या रेशा; ~**ig,** adj. रेशेदार, जिस पर डोरे या रेशे आदि चिपके हों; U: sich den Mund fusselig reden कहते-कहते (या चिल्लाते-चिल्लाते) थक जाना; ~**n,** v/i (h.) से रेशे या डोरे निकलना।

füßeln, v/i (h.) (मेज़ के नीचे) पैर लड़ाना।

fuß-en, v/i (h.) fig: auf etw.

fußen पर आधारित होना; ~**ende,** n पायँता, पैंताना, ~**fall,** m घुटनों पर झुक जाना, किसी के पैरों पर गिर पड़ना; ~**fällig,** 1. adj. अतिविनीत, अतिविनयपूर्ण, पैरों पर गिरा हुआ; 2. adv. पैरों पर गिरकर; ~**gänger,** m पदयात्री, पादाचारी; ~**gängerzone,** f शहर के केन्द्र में स्थित (विक्रय-)स्थल जहाँ मोटर-गाड़ियों का प्रवेश वर्जित हो; ~**leiste,** f दीवार और फ़र्श के सन्धि-स्थान पर लगी हुई लकड़ी आदि की पट्टिका; ~**note,** f पादटिप्पणी, फ़ुटनोट; ~**pfad,** m पैदल मार्ग, पगडंडी; ~**pflege,** f पाद-प्रसाधन; पाद-चिकित्सा; ~**punkt,** m, math: लम्ब-पाद, रेखा तथा उस पर गिराए गए लम्ब के मिलने का विन्दु; astron: अधोविन्दु, पादविन्दु; ~**sack,** m पैरों को गरम रखने का आवरण; ~**spur,** f पदचिह्न, पैरों का निशान; ~**(s)tapfen,** m पदचिह्न; fig: in jds. Fuß(s)tapfen treten किसी के पदचिह्नों पर चलना; ~**tritt,** m पादाघात, लात, ठोकर; ~**volk,** n पैदल सेना; ~**weg,** m पैदल पथ।

futsch, adj., U: खोया हुआ, लुप्त, लापता; खराब, टूटा हुआ या टूट गया; नष्ट हो गया।

Futter, n (-s/-) चारा, रातिब, (पालतू) जानवरों का भोजन; (Auskleidung) गत्ते आदि की भरत; in Kleidern: अस्तर; tech: टेक; ~**al,** n (-s/-e) खोल, घर; ~**korn,** n चारे का अन्न; ~**krippe,** f नाँद; ~**mittel,** n/pl. चारा, रातिब, चारे या रातिब का सामान; ~**n,** v/i & v/t(h.) U: खाना, चबाना।

füttern, v/t (h.) को चारा डालना; छोटे बच्चे को भोजन देना या खिलाना; (auskleiden) गत्ते आदि से भराई क०; Kleider: में अस्तर लगाना।

Futter-neid, m किसी की उपलब्धि पर जलन या ईर्ष्या; ~**pflanze,** f चारे के लिए बोया गया पौधा, पशु-शस्य।

Fütterung, f (-/-en) चारा या भोजन देने का काम; बच्चे को भोजन खिलाना; गत्ते आदि से भराई; अस्तर लगाना।

Futur, n (-s/-e) [lat.] भविष्य; भविष्यत्काल; ~**isch,** adj. भविष्यत्काल में प्रयुक्त; ~**ismus,** m (-) भविष्यवाद; ~**istisch,** adj. भविष्यवादी; ~**um,** n (-s/-'ra) gramm: भविष्यत्काल।

G

Gabe, f (-/-n) दान, देन; भेंट, उपहार, तोहफ़ा; (Almosen) भिक्षा, भीख; (Opfer) चढ़ावा; (Dosis) ख़ुराक; (Begabung) प्रतिभा।

Gabel, f (-/-n) काँटा (भोजन करने का); Werkzeug: जँदरा, पाँचा; tel: टेलीफ़ोन के चोंगे का आधार; (Verzweigung) द्विशाखी कोण, विटप-संधि; तिराहा; द्विशाखन; Geweih: द्विशाखी शृंग; **~deichsel,** f बैलगाड़ी आदि का द्विशाखी बम; **~frühstück,** n नाश्ते और दोपहर के भोजन के बीच में लिया गया भोजन, दूसरा नाश्ता; **~ig,** adj. द्विशाखित; विशाखित; **~mücke,** f मच्छर; **~n,** v/t (h.) काँटे में फँसाना, काँटे से उठाना; sich gabeln द्विशाखित हो जाना; **~stapler,** m भारी पेटियों को एक के ऊपर एक रखने की मशीन; **~ung,** f (-/-en) द्विशाखन, शाखन; तिराहा।

Gabentisch, m मेज़ जिसपर उपहार सजा कर रखे गए हों।

Gabler, m (-s/-) (Rehbock) द्विशाखी शृंगों वाला मृग; →Gabelstapler

Gacker-ei, f (-/-en) मुर्ग़ी, बतख़ आदि की कुड़-कुड़; fig: काँय-काँय; **~n,** v/i (h.) (मुर्ग़ी, बतख़ आदि का) कुड़कुड़ाना; fig: बक-बक क० या मचाना, काँय-काँय क०।

Gaffel, f (-/-n) विषम चतुर्भुज के आकार वाले पाल का उपरी लट्ठा।

gaff-en, v/i (h.)विस्मित नेत्रों से देखना, आश्चर्य से देखना, मुँह फाड़ कर देखना, टकटकी लगाकर देखना; **~er,** m (-s/-) विस्मित दर्शक, टकटकी लगा कर देखने वाला; **~erei,** f (-) मुँह फाड़ कर या टकटकी लगाकर देखना।

Gag, m (-s/-s) [eng.] ठिठोली, चल-चित्र आदि की हास्यजनक बात या घटना।

Gage, f (-/-n) [frz.] मानदेय; कलाकारों का मेहनताना या वेतन।

gähnen, v/i (h.) जँभाई लेना, जमुहाई लेना; fig: ein Abgrund gähnte dicht vor uns विशाल गर्त्त हमारे आगे (मुँह फाड़े खड़ा) था; fig: gähnende Leere उबा देने वाला सूनापन।

Gala, f (-) [span.] उत्सव, समारोह, समारम्भ आदि पर पहने जाने वाले वस्त्र, धराऊ वस्त्र; sich in Gala werfen धराऊ कपड़े पहनना; **~mäßig,** adj. शानदार, भव्य, समारोही।

Galan, m (-s/-e) [span./frz.] प्रेमी, प्रणयी, यार।

galant, adj. [span./frz.] शृंगारिक, नारीसेवापरायण, रमणीरंजक, नारी-भक्त; शिष्ट, भद्र; **~erie,** f (-/en) शृंगारिकता, नारीसेवापरायणता, नारीभक्ति; शिष्टता, शिष्टाचार, भद्रता।

Gala-uniform, f प्रदर्शन-परेड की वर्दी; **~vorstellung,** f ससमारोह प्रदर्शन।

Galeere, f (-/-n) [ital.] पतवार-पोत; **~nsträfling,** m पतवार चलाने वाला बंदी।

Galeone, f (-/-n) [ital.] जहाज़, जलपोत।

Galerie, f (-/-n)[lat./ital.] वीथिका, वीथी; theat: नाट्यशाला आदि की बालकनी, गैलरी; (Kunstsammlung) कलाकृतियों का संकलन या उसके प्रदर्शन का कक्ष।

Galgen, m (-s/-) मृत्युदोला, वधफलक; tech: अर्गला; **~frist,** f, fig: आख़िरी मोहलत; **~gesicht,** n, U: अपराधियों जैसा चेहरा; **~humor,** m निष्ठुर विनोद, संकटकाल की कटुतापूर्ण विनोदशीलता; **~strick,** m/

~vogel, m फाँसी के योग्य व्यक्ति; नीच, अधम, कमीन व्यक्ति।

Galion, n (-s/-s) [span.] युद्धपोत का अग्रभाग; **~sfigur,** f जहाज़ के अग्र-भाग पर लगी पुतली।

Gallapfel, m द्रुस्फोट, वृक्ष-व्रण।

Galle, f (-/-n) पित्त; U: (Gallenblase) पित्ताशय; fig: mir läuft die Galle über मैं अत्यन्त क्रुद्ध हूँ; मुझे बहुत गुस्सा आता है; fig: Gift und Galle speien अत्यन्त क्रुद्ध होना, क्रोध में अतिकटुतापूर्ण बातें कहना; **~(n)bitter,** adj. अत्यन्त कटु, बहुत अधिक कड़वा; **~nblase,** f पित्ताशय; **~nkolik,** f पित्ताशय-शूल; **~nstein,** m पित्तअश्मरी, पित्ताश्म।

Gallert, n (-[e]s/-e)/**Gallert-e,** f (-/-n) श्लेषा, श्लिषि, सरेस; **~ig,** adj. श्लिषीय, श्लैष।

Galli-en, n (-s)[lat.] रोमन काल में फ़्रांस, बेल्जियम तथा उत्तरी इटली से मिलकर बने क्षेत्र का नाम, प्राचीन गॉल; **~er,** m (-s/-) प्राचीन गॉल का निवासी।

gallig, adj. अत्यन्त कड़वा; fig: कटु; चिड़चिड़ा।

Gallizismus, m (-/-'men) अन्य भाषा में फ़्रांसीसी वाक्य-रचना या मुहावरे का प्रयोग।

Gallone, f(-/-n) [eng.] गैलन।

Gallopp, m (-s/-e;-s) [frz.] घोड़े की सवेग चाल, सरपट चौकड़ी; Tanz: एक प्राचीन नृत्य; fig: सवेग चाल, द्रुतगति, तेज़ी; **~ieren,** v/i (s.) घोड़े का चौकड़ी भरना; सवेग चलना; fig: बहुत तेज़ी से बढ़ना; **~ierend,** adj., fig: बहुत तेज़ी से बढ़ने वाला; galoppierende Inflation द्रुतगति से बढ़ने वाली मुद्रास्फीति।

Galosche, f (-/-n) [frz.] (घुटने तक का) रबड़ का ऊपरी जूता।

Galvani-sation, f (-) यशदीकरण, गैल्वनीकरण; **~sch,** adj. गैल्वनी, गैलवानी; **~sieren,** v/t (h) यशदीकरण क०, जस्ता या क़लई चढ़ाना, गैल्वनीकरण क०।

Galvano, n (-s/-s) विद्युत्-मुद्रांक; विद्युन्मुद्र; **~meter,** n (-s/-) धारा-मापी, गैल्वनोमीटर; **~technik,** f विद्युद्-रोपण।

Gamasche, f (-/-n) [frz.] गुल्फत्राण, टंगत्राण; U: sie hat Gamaschen vor ihm वह उससे डरती है।

Gammastrahlen, m/pl.,phys: गामा किरणें।

gammel-ig, adj. ख़राब, सड़ा-गला; fig: आलसी तथा मैला-कुचैला; **~n,** v/i (h.) जान-बूझ कर गंदा रहना; बहुत धीरे-धीरे काम क०।

Gammler, m (-s/-) जान-बूझ कर गंदा रहने वाला, समाज से अलग-थलग तथा गंदगीपूर्ण जीवन बिताने वाला।

Gams, m/f, dial: →Gemse; **~bart,** m जंगली पहाड़ी बकरी के बालों का गुच्छा जिसे हैट की सज्जा के रूप में प्रयोग किया जाता है।

[1]**gang:** das ist gang und gäbe यह (यहाँ का) दस्तूर है।

[2]**Gang,** m (-[e]s/⸚e)(das Gehen) चाल, ठवन; जाना;(Besorgung)काम, सौंपा हुआ काम, दूतकार्य; कोई काम करने के लिए जाना, कोई काम करने के लिए लगाया गया चक्कर; in Arbeits-ablauf: क्रिया-क्रम का एक चरण, एक बार में किया गया काम; Speisen-folge: भोजन-क्रम का एक चरण, दौर; फेरा; (Flur) लम्बा प्रकोष्ठ, ड्योढ़ी; बरोठा; उपान्तिका; (umschlossener Weg) आच्छादित मार्ग; प्रवेशमार्ग; पतला या सँकरा मार्ग, मार्गिका; Bergbau: सुरंग; संदर, धातु-रेखा; mot: गियर, योक्त्र; eines Gewindes: पेंच-दूरी, चूड़ी-अंतराल; o.pl: (Ablauf/Verlauf)क्रम, चक्र, दौरान; fig: गति, चालू हालत; चालन, परि-चालन; प्रचलन; er hat einen schweren Gang उसकी चाल भारी है, उसकी चाल में लोच नहीं है; er

hat einen schweren Gang vor sich उसे अभी एक कठिन (या अप्रिय) काम क॰ है; ich habe noch einige Gänge zu machen मुझे अभी और दो-चार काम करने जाना है, मुझे अभी और दो-चार चक्कर लगाने हैं; ein Fuchsbau besteht aus vielen Gängen लोमड़ी की माँद में कई (प्रवेश-)मार्ग होते हैं; dieses Auto hat 5 Gänge इस कार में पाँच गियर हैं; eine Sache in Gang halten कोई काम चालू रखना, किसी काम (या मामले) को समाप्त न होने देना; etw. in Gang setzen कुछ प्रारंभ क॰ या चालू क॰; der Gang der Entwicklung विकास-चक्र, प्रगति-क्रम; die Maschine ist in Gang मशीन चालू है; die Arbeit ist in vollem Gange काम पूरे ज़ोर से चल रहा है; da ist etw. im Gange वहाँ कुछ हो रहा है; वहाँ कुछ किया जा रहा है।

Gang-art, f चाल, ठवन, चलने का ढंग; eines Pferdes: गतिवेग, गति-मुद्रा; ~**bar,** adj. गम्य; fig: व्यव-हार्य, साध्य, स्वीकरणीय; प्रचलित (मुद्रा आदि)।

Gängel-band, n, fig: jdn. am Gängelband führen किसी को अपनी इच्छा के अनुसार चलाना, किसी को अपने अधीन वनाए रखना, किसी का अभिभावकत्व क॰; ~**ei,** f (-) किसी को अपनी इच्छा के अनुसार चलाने का प्रयत्न, किसी की स्वाधीनता में हस्तक्षेप, किसी को हर वात में (अवांछित) परामर्श देना; ~**n,** v/t (h.) किसी को अपनी इच्छा के अनुसार चलाना या इसका प्रयत्न क॰, किसी की स्वाधीनता में हस्तक्षेप क॰।

Gang-gewicht, n, bei Uhr: घड़ी का लोलक; ~**höhe,** f, bei Schraube: चूड़ी-अन्तराल, पेंच-दूरी।

gängig, adj. तेज़ चलने वाला, द्रुतगामी; (üblich) प्रचलित; (gut verkäuflich) खूब बिकने वाला; ein gängiges Pferd तेज़ (दौड़ने वाला) घोड़ा; eine gängige Redensart प्रचलित मुहावरा।

Gangschaltung, f गियर डालना; गियर-वदली; योक्त्र-तंत्र।

Gangster, m (-s/-) [eng.] डाकू, डकैत; चौकीमार, तस्कर- व्यापारी।

Gangway, f (-/-s) [eng.] जहाज़ या वायुयान पर जाने का मार्ग।

Ganove, m (-n/-n) [hebr.] ठग, चोर, तस्कर; धूर्त व्यक्ति, धोखेवाज़।

Gans, f (-/ ⸚e) हंसिनी; U: मूर्ख स्त्री।

Gänse-blümchen, n गुलवहार, डेज़ी, सुन्दरा; ~**braten,** m हंस का मांस; ~**füßchen,** n, U: उद्धरणचिह्न; ~**haut,** f, fig: सिहरन; ~**klein,** n हंस की कलेजी तथा पचौनी आदि; ~**marsch,** m, fig: im Gänsemarsch gehen एक के पीछे एक होकर चलना; ~**rich,** m (-s/-e) हंस, नर-हंस; ~**wein,** m; U: पानी, जल।

ganz, 1. adj. (ungeteilt) पूर्ण; अवि-भाजित, अखंडित; (unbeschädigt) अक्षत; साबुत, समूचा;(allumfassend) समस्त, समग्र; (völlig) सम्पूर्ण, पूरा, कुल, निरा; 2. adv. (sehr ähnlich) विल्कुल सदृश, हूवहू; U: (sehr) बहुत, निहायत; विल्कुल, नितान्त, सर्वथा; ganze Zahlen पूर्ण संख्याएँ, पूर्णांक; bei dem Erdbeben ist nichts ganz geblieben भूकम्प में कुछ भी साबुत नहीं बचा; von ganzem Herzen पूरे दिल से; mit ganzer Kraft पूरी या सारी शक्ति लगा कर; die ganze Welt समस्त जगत्; ich bin ganz Ohr मैं विल्कुल एकाग्र (या दत्तचित्त) हो कर सुन रहा हूँ; die ganze Nacht hindurch सारी रात; ich habe mein ganzes Geld verloren मैंने अपना पूरा या सारा धन खो दिया है; er ist ein ganzer

Mann वह पूरा मर्द है, वह निरा मर्द है, वह असली मर्द है; er ist ganz der Vater वह अपने बाप के बिल्कुल सदृश है; es geht mir ganz gut मेरा हाल बहुत अच्छा है; es ist mir ganz egal मुझे इसकी बिल्कुल परवाह नहीं; ganz gewiß! बिल्कुल, अवश्य-मेव, अवश्य ही; ganz und gar पूरी तरह, पूर्णरूपेण; im ganzen genommen कुल मिलाकर, सब मिलाकर; im großen und ganzen अधिकांशतः; कुल मिला कर ।

Ganze, n (-n/-n) समष्टि, सब-कुछ, सारा का सारा; aufs Ganze gehen सब-कुछ चाहना; सब-कुछ बाज़ी पर लगा देना; हर दशा में अन्तिम निर्णय चाहना; es geht ums Ganze अन्तिम निर्णय आवश्यक है; यहाँ सारे के सारे का सवाल है; यह करो या मरो वाली बात है ।

Gänze, f (-) → Ganzheit; zur Gänze पूर्णरूपेण; सब का सब ।

Ganz-heit, f (-) पूर्णता, अखंडता, अक्षतता, समग्रता, साकल्य, सम्पूर्णता; **~heitlich,** adj. पूर्णता, समग्रता, समष्टि पर आधारित; **~heitsmethode,** f बिना हिज्जे किए हुए पढ़ना सिखाने की पद्धति ।

gänzlich, 1. adj. पूरा, पूर्ण, सम्पूर्ण; समस्त, सकल; निरा; 2. adv. पूर्णतया, पूर्णरूपेण; अच्छी तरह से, बिल्कुल, निहायत, नितान्त, सर्वथा ।

ganz-tägig, adj. पूर्णदिवसीय, सारा दिन चलने वाला; **~tagsbeschäftigung,** f पूर्णदिवसीय काम या धंधा; **~tagsschule,** f पूर्णदिवसीय विद्यालय ।

gar, 1. adj. (fertig gekocht) पका (हुआ), गला (हुआ); (fertig zubereitet) तैयार; सिझा हुआ; das Fleisch ist noch nicht gar मांस अभी पका नहीं है; das Leder ist gar चमड़ा सिझ गया है; 2. adv. पूर्ण-रूपेण, पूर्णतया; बिल्कुल, क़तई; भी, भी तो, तो; बहुत; gar oft बहुत अक्सर, कई बार; gar mancher बहुत लोग, कोई कोई तो; gar nichts कुछ भी नहीं; बिल्कुल कुछ भी नहीं; das kommt gar nicht in Frage इसका क़तई प्रश्न नहीं उठता, क़तई नहीं, बिल्कुल नहीं; daran besteht gar kein Zweifel इसमें (बिल्कुल) कोई संदेह नहीं है; das ist gar wohl möglich यह बहुत सम्भव है; U: seid doch nicht gar so laut! इतना शोर मत करो न!

Garage, f (-/-n)[frz.] गराज, गैराज, मोटर-कक्ष ।

Garant, m (-en/-en) [frz.] प्रत्याभू, गारन्टीकर्ता, ज़मानत करने वाला ।

Garantie, f (-/-n) [frz.] प्रत्याभूति, गारन्टी, ज़मानत; **~ren,** v/t (h.) गारन्टी क०, प्रत्याभूति देना, ज़मानत क० या देना, का ज़िम्मा लेना; **~leistung,** f गारन्टी (देना या क०); **~lohn,** m गारन्टीकृत न्यूनतम आय; **~schein,** m गारन्टी-पत्र, प्रत्याभूति-पत्र, ज़मानतनामा ।

Garaus, m: jdm. den Garaus machen किसी की हत्या कर देना, किसी को मार डालना ।

Garbe, f (-/-n) पूला, पूली, गट्ठर, पुलिन्दा; fig: von Lichtstrahlen: प्रकाशपुंज; fig: von Kugeln: बौछार; bot: सहस्रपर्णी ।

Gard-e, f (-/-n) [frz.] (Leibwache) अंगरक्षक-दल, अंगरक्षी दल; (Elitetruppe) विशिष्ट सैनिक-दल; U: मंडली, दल; **~ist,** m (-en/-en) अंगरक्षी सैनिक, विशिष्ट सैनिक-दल का सदस्य ।

Garderobe, f (-/-n) (Kleiderablage) वस्त्र-मंजूषा, वस्त्रागार, कपड़े टाँगने की जगह; (Kleider) कपड़े, लिबास (अवसर-विशेष का); theat: अभिनेताओं या अभिनेत्रियों का शृंगार-कक्ष; **~nfrau,** f वस्त्रागार-परिचारिका; **~ nmarke,** f वस्त्रागार

में जमा किए वस्त्रों की रसीद के रूप में दिया गया पुर्जा या टोकन।
Gardine, f (-/-n) खिड़की का परदा; fig: hinter schwedischen Gardinen sitzen जेल काटना; **~npredigt,** f, U: पत्नी द्वारा की गई भर्त्सना या डाँट-फटकार; **~ nstange,** f परदा टाँगने की छड़।
Gare, f (-) भुरभुरापन (ज़मीन का), उर्वरता; Gerberei: चर्मशोधक घोल।
garen, 1. v/t (h.) पूरी तरह पकाना या गलने देना; 2. v/i (s.) पूरी तरह पक जाना या गल जाना।
gären, v/i (h.) ख़मीर उठना, किण्वन होना, किण्वित होना; fig: im Volke gärt es जनता भड़क रही है, जनता में उत्तेजना फैल रही है, जनता असंतुष्ट है।
Gar-küche, f रेस्तराँ, भोजनालय, आहार-गृह; **~leder,** n सिझा हुआ चमड़ा।
Gärmittel, n किण्वक, ख़मीर, जामन।
Garn, n (-[e]s/-e) डोरा, तागा, धागा, सद्दी, मंझा; (Netz) जाल; fig: jdm. ins Garn gehen किसी के जाल में (या बहकावे में) फँस जाना; fig: ein Garn um etw. spinnen किसी बात के विषय में कहानी गढ़ना; **~rolle,** f डोरे का गुल्ला।
Garnele, (-/-n) [niederl.] झींगा, झींगी।
garnier-en, v/t (h.)[frz.] अलंकृत क०, सजाना, व्यंजनों को अतिरिक्त पदार्थों से सजाना; **~ung,** f (-/-en) अलंकार, अलंक्रिया, व्यंजन-सज्जा।
Garnison, f (-/-en) [frz.] mil: गढ़, दुर्ग; गढ़सेना, दुर्गसेना।
Garnitur, f(-/-en) [frz.] सजावट, गोट-पट्टी; जोड़ा, जोड़ी (कपड़ों आदि की)।
garstig, adj. कुरूप, बदसूरत, भद्दा, भोंड़ा; गंदा, घिनावना, वीभत्स; नीच, कमीन, अशिष्ट; **~keit,** f(-/-en) कुरूपता, बदसूरती; भद्दापन; घिनौनापन, बीभत्सता; नीचता, अशिष्टता।
Garten, m (-s/ ¨) बाग़ बग़ीचा, उद्यान, वाटिका, फुलवारी, उपवन; **~arbeit,** f बाग़बानी, उद्यान-कार्य, उद्यान कर्म; **~architekt,** m भू-दृश्य-निर्माता, नागरिक उद्यानों का स्थल तथा रूप आदि निर्धारित करने वाला वास्तुकार; **~bau,** m उद्यानकर्म, बाग़बानी; औद्यानिकी, उद्यान-विज्ञान; **~beet,** n क्यारी; **~erde,** f उद्यान की दोमट मिट्टी; **~fest,** n उद्यान-गोष्ठी, उद्यान-पार्टी; **~gerät,** n बाग़बानी का औज़ार; **~haus,** n उद्यानगृह; **~laube,** f उद्यानगृह; लतामंडप, कुंज; **~schau,** f उद्यान-प्रदर्शनी, पुष्प-प्रदर्शनी; **~schlauch,** m पौधे सींचने की रबड़ आदि की नली; **~stadt,** f नगर जिसमें कई उद्यान हों, उद्यान-नगर (विस्तृत परिपार्श्व में बसाया गया); **~wirtschaft,** f उद्यान में स्थित रेस्तराँ; बाग़बानी; **~zaun,** m वाटिका के आस-पास का जंगला या घेरा।
Gärtner, m (-s/-) माली, उद्यानरक्षक, बाग़वान; **~ei,** f (-/-en) उद्यान-व्यवसाय; रोपणी, पौधाघर, ज़ख़ीरा; **~n,** v/i (h.)(शौकिया) बाग़बानी क०।
Gärung, f (-/-en) किण्वन, ख़मीर उठना; fig: उत्तेजना उत्क्षोभण, असंतोष।
Gas, n (-es/-e) Aggregatszustand: वाति, वायव्य, गैस; Brennstoff: द्रव-गैस; पेट्रोल; Gas geben कार आदि की गति बढ़ाना (त्वरित्र-पैडिल दबाकर); U: शीघ्रता क०; **~behälter,** m→Gaskessel; **~brand,** m, med: (घाव में गैस बनने से उत्पन्न प्राणघातक) कोथ; **~flasche,** f गैस का सिलिंडर; **~förmig,** adj. गैस-सा, गैसीय, वायव, वातीय; **~gemisch,** n भिन्न गैसों का मिश्रण; **~hahn,** m गैस की टंकी या गैस के सिलिंडर की टोंटी; **~hebel,** m → Gaspedal;

~heizung, f गैस द्वारा चालित तापन-व्यवस्था; ~herd, m गैस का चूल्हा; ~kammer, f विषैली गैस द्वारा प्राणदंड देने की कोठरी; ~kessel, m गैस की टंकी; ~leitung, f वाति-नाड, गैस-नली, गैस-पाइप; ~mann, m गैस-मापक-यंत्र पढ़ने वाला; ~maske, f विषैली गैस से रक्षा करने वाला नक़ाब, गैस-त्राण; ~ofen, m गैस का चूल्हा; गैस का तापन-यंत्र; ~pedal, n त्वरित्र, त्वरित्र-पैडिल।

Gasse, f (-/-n) गली, कूचा, वीथिका; **~nhauer,** m (-s/-) लोकप्रिय गीत; **~njunge,** m आवारा छोकरा; **~nkehrer,** m, U: सड़क पर झाड़ू लगाने वाला।

Gast, m (-es/ ⸚ e) अतिथि, अभ्यागत; निमंत्रित व्यक्ति, मेहमान; im Hotel: होटल में ठहरा व्यक्ति; theat: दर्शक; bei jdm. zu Gast sein किसी का मेहमान होना; **~arbeiter,** m प्रवासी मज़दूर।

Gäste-buch, n अतिथि-पुस्तिका; होटल का रजिस्टर; **~liste,** f अतिथि-सूची; **~zimmer,** n अतिथि-कक्ष।

gast-frei/~freundlich, adj. सत्कार-शील, मेहमाननवाज़; **~freundschaft,** f सत्कार, सत्कारशीलता; मेहमाननवाज़ी; **~geber,** m आतिथेय, मेज़बान, मेहमानदार; **~geschenk,** n अतिथि द्वारा साथ लाई गई भेंट; **~haus,** n अतिथिगृह, अतिथि-भवन; रेस्तराँ, भोजनालय; **~hof,** m रेस्तराँ, भोजनालय, आहारगृह; **~hörer,** m अतिथि-विद्यार्थी; **~ieren,** v/i (h.) theat: अतिथि के रूप में अभिनय क० (किसी अन्य नगर या नाट्यशाला में); **~lich,** adj. (gastfreundlich) सत्कारशील; (gemütlich) सुखद, प्रिय; **~lichkeit,** f सत्कारशीलता; सुखदता; **~mahl,** n दावत, प्रीतिभोज; **~professor,** m अतिथि-प्रोफ़ेसर, आमंत्रित प्राध्यापक; **~recht,** n आतिथ्य पाने का अधिकार; **~rolle,** f अतिथि-भूमिका; आमंत्रित अभिनेता की भूमिका।

gastri-tisch, adj. [griech.] med: जठरीय; **~tis,** f (-/-'tiden) जठर-शोथ।

Gastronom, m (-en/-en) [griech.] भोजनालय चलाने वाला, भोजनालय का मालिक; पाक-कला में दक्ष व्यक्ति; स्वाद का पारखी, भोजनविलासी; **~isch,** adj. पाककला-संबंधी; सुभोजनविलास-संबंधी; भोजनालय के व्यवसाय से संबंधित।

Gast-spiel, n अतिथि-नाटकमंडली का प्रदर्शन, आमंत्रित कलाकार या कलाकारों का प्रदर्शन; **~stätte,** f रेस्तराँ; भोजनालय, आहारगृह; **~stube,** f रेस्तराँ आदि का जलपान-कक्ष या भोजन-कक्ष; **~vorlesung,** f अतिथि-प्रोफ़ेसर द्वारा दिया गया भाषण या पाठ्यक्रम; **~wirt,** m रेस्तराँ या भोजनालय चलाने वाला, रेस्तराँ का मालिक; **~wirtschaft,** f रेस्तराँ; भोजनालय, आहारगृह।

Gas-uhr, f गैस-मापक-यंत्र; **~vergiftung,** f गैस-जन्य विषाक्तता; **~werk,** n गैस-वितरण-व्यवस्था; गैसघर।

Gatte, m (-n/-n) पति; pl: दम्पति।

Gatter, n (-s/-) जाली, झँझरी; जालक, जंगला।

Gattin, f (-/-nen) पत्नी, घरवाली।

Gattung f (-/-en) प्रकार, क़िस्म; जाति, नस्ल; Literatur: प्रकार, साहित्यिक या कलात्मक रचना की शैली; biol: श्रेणी, वंश, जाति, नस्ल; **~sbegriff,** m जाति-परिभाषा, जातिवाचक शब्द; **~sname,** m जाति-नाम।

Gau, m(-[e]s/-e) प्रशासन-क्षेत्र (ज़िला तहसील आदि)।

Gaudi, f, dial:→Gaudium

Gaudium, n (-s) [lat.] रागरंग, मज़ा।

Gaukel-bild, n मतिभ्रम; भ्रांति;

धोखा; ~**ei,** f (-/-en)बाजीगरी, हाथ की सफ़ाई; धोखा; मतिभ्रम; चालबाज़ी; ~**n,** v/i (h.) बाजीगरी क०; मतिभ्रम उत्पन्न क०; इधर-उधर फुदकना, पंख फड़फड़ाते हुए उड़ना; ~**spiel,** n→ Gaukelei ।

Gaukler, m (s-/-) बाजीगर; मतिभ्रम उत्पन्न करने वाला, धोखेबाज़;~**ei,** f (-/-en)→Gaukelei; ~**isch,** adj. कपटपूर्ण,धोखेबाज़ी का, चालबाज़ी का ।

Gaul, m (-[e]s/ ⸚ e) घोड़ा, अश्वक, टट्टू; डग्गा;spw: einem geschenkten Gaul schaut man nicht ins Maul दान की बछिया के कान नहीं टटोले जाते ।

Gaumen, m (-s/-) दन्तमांस, मसूड़ा; तालु, तालू; fig: er hat einen feinen Gaumen वह स्वाद का पारखी है; ~**kitzel,** m स्वादिष्ट पदार्थ जिसे देख कर मुंह में पानी आ जाए; ~**laut,** m तालव्य ध्वनि ।

Gauner, m(-s/-) [hebr.] ठग, चोर, तस्कर; धोखेबाज, चालबाज, धूर्त व्यक्ति; ~**ei,** f (-/-en) धोखेबाज़ी, छल-कपट, चालबाज़ी, धूर्तता; ~**isch,** adj. धोखेबाज़ी का, चालबाज़ी का, धूर्ततापूर्ण, कपटपूर्ण; ~**sprache,** f चोरों, उचक्कों, ठगों आदि की विशेष भाषा (-शैली); ~**stück,** n झाँसा-पट्टी, धोखेबाज़ी या चालबाज़ी (का काम) ।

Gaze, f (-/-n) [frz.] बारीक जालीदार कपड़ा ।

Gazelle, f (-/-n) [ital.] छोटा सुदंर कुरंग, चिकारा, कलपुंछ; fig: सुन्दर छरहरे बदन का व्यक्ति ।

Geächtete, m/f (-n/-n) विधिवहिष्कृत व्यक्ति ।

Geächze, n (-s) अनवरत आर्तनाद, लगातार कराहना ।

Geäder, n (-s) नसें, शिरायें, शिरा-तंत्र, ~**t,** adj. शिरामय ।

Geäse, n (-s/-) मृगमुख; मृग द्वारा खाया हुआ चारा ।

Geäst, n (-es) शाखायें, टहनियाँ, शाखा-तंत्र ।

Gebäck, n (-s/-e) पिष्टक, पेस्ट्री, केक, बिस्कुट आदि ।

Gebälk, n (-[e]s/-e) शहतीरें, धरनें; शहतीरों का ढाँचा ।

Gebärde, f (-/-n) इंगित, इशारा, अंगसंचालन; भाव-भंगिमा, हाव-भाव, अकड़-फों; ~**n,** v/r (h.)आचरण क०; व्यवहार क०; er gebärdet sich wie ein Kind वह एक बच्चे की तरह आचरण करता है; ~**nsprache** f मूक भाषा, संकेत-भाषा ।

gebaren, 1. v/r (h.) →gebärden; 2. n (-s) आचरण, व्यवहार, बरताव ।

gebär-en, v/t (h.) जन्म देना, पैदा क०; fig: सोच निकालना, उत्पन्न क०; ~**mutter,** f, anat: गर्भाशय, बच्चादानी ।

Gebäude, n (-s/-e) इमारत, भवन, गृह; fig: भाव-संरचना, विचार-पद्धति; ~**steuer,** f गृह-कर, भवन-कर ।

Gebein, n (-[e]s/-e) (Skelett) कंकाल, ठठरी, अस्थिपंजर;(sterbliche Hülle) पार्थिव अवशेष ।

Gebelfer, n (-s) भों-भों; fig: चीख़-पुकार, काँय-काँय, डाँट-डपट, गाली-गलौज़ ।

Gebell, n (-s) भों-भों, भोंकना, लगातार भोंकना ।

geben, 1. v/t (h.) देना, दे देना; पकड़ाना, पकड़ा देना; भेंट क० या कर देना; (zuteilen) (काम आदि) नियत क०, बाँटना, बाँट देना; (gewähren) का अनुदान देना, प्रदान क०; (überlassen) के लिए छोड़ देना, के हवाले क०; (veranstalten) (पार्टी, प्रीतिभोज आदि) देना, का आयोजन क०; (aufführen) प्रदर्शित क०, दिखाना, का अभिनय क०; (ergeben) से बनना, से निकलना; का परिणाम होना; eine Party. geben प्रीतिभोज (या पार्टी) देना; heute wird (ein Stück von) Shakespeare gegeben आज शेक्सपियर का एक नाटक प्रदर्शित

किया जाएगा; diese Trauben geben einen guten Wein इन अंगूरों से अच्छी शराब निकलती(या बनती) है; ich gebe nichts auf seine Worte मुझे उसकी बात का भरोसा नहीं, मैं उसकी बात पर विश्वास नहीं करता हूँ; मैं उसकी बात (या उसके शब्दों) को कोई महत्व नहीं देता हूँ; was würde ich nicht alles dafür geben! मैं इसके लिए क्या कुछ नहीं देने को तैयार हूँ ?; sein Verhalten gibt mir zu denken उसका व्यवहार मुझे सोचने के लिए बाध्य करता है, उसके व्यवहार से मुझे चिन्ता होती है; er gab mir zu verstehen, daß ich unerwünscht sei उसने मुझे (इशारतन) बताया कि मेरी उपस्थिति अवांछित थी; er gab sich mir zu erkennen उसने मुझे अपना परिचय दिया, उसने मुझे अपना असली रूप दिखाया; sich geben आचरण क०, व्यवहार क०; बनना, का दिखावा क०; sie gibt sich ganz natürlich वह बिल्कुल स्वाभाविक आचरण करती है, वह बनती नहीं है; er gibt sich, als sei er ein großer Mann वह ऐसा बनता है मानो कोई बहुत बड़ा आदमी हो; das Fieber gibt sich bald बुख़ार जल्दी कम हो जाएगा या उतर जाएगा; wenn sich eine Gelegenheit gibt यदि अवसर मिलता है तो..., अगर मौक़ा मिले तो...; das gibt sich schon wieder! सब ठीक हो जाएगा (चिन्ता की कोई बात नहीं है); fig: etw. von sich geben कुछ कहना या बताना, कुछ प्रकट क०, कुछ व्यक्त क०; es gibt (होता) है, (होते) हैं; पाया जाता है, पाये जाते हैं; का अस्तित्व होता है;होगा, आएगा (तूफ़ान, अच्छा मौसम आदि); es gibt keine Geister भूत नहीं होते हैं, भूतों का अस्तित्व नही होता है; es gibt keinen Grund, an ihm zu zweifeln उसपर संदेह करने का कोई कारण नहीं है; was gibt's? क्या है ?; क्या बात (या मामला) है ?; das gibt's nicht! इसका प्रश्न नहीं उठता!; यह असम्भव है!; das gibt's doch nicht! यह तो असम्भव है! यह हो ही नहीं सकता!; was es nicht alles gibt in dieser Welt! इस दुनिया में क्या-क्या नहीं होता है; U: gib's ihm! मार साले को !; spw: Geben ist seliger als Nehmen लेने से देना भला; 2. v/i (h.) पत्ते बाँटना; टेनिस आदि में सर्विस क० ।

gebefreudig, adj. दानशील, दानी, वदान्य ।

Geber, m (-s/-) दाता, दायक, देने वाला; ~**laune,** f: in Geberlaune sein देने की मनोदशा में होना ।

Gebet, n (-[e]s/-e) स्तुति, प्रार्थना; आराधना, ध्यान, नमाज़; U: jdn. ins Gebet nehmen किसी से जवाबतलब क०, किसी को डाँटना-फटकारना; ~**buch,** n प्रार्थना-पुस्तिका, प्रार्थना-संग्रह; ~**smühle,** f प्रार्थना-चक्र (लामा का); ~**steppich,** m मुसल्ला, जानमाज़ ।

gebeugt, adj., fig: चिन्ताग्रस्त, जीवन से निराश ।

Gebiet, n (-[e]s/-e) क्षेत्र, प्रदेश, इलाक़ा; (Herrschaftsbezirk) प्रशासन-क्षेत्र, हलक़ा; fig: (Fachbereich) विषय, विषय-विशेष, कार्यक्षेत्र ।

gebiet-en, 1. v/t (h.) की आज्ञा देना, का आदेश या हुक्म देना; fig: की आवश्यकता होना; fig: in diesem Fall ist Eile geboten यहाँ या इस मामले में शीघ्रता की आवश्यकता है; 2. v/i (h.) पर शासन क०, पर राज्य क०; के पास होना, के अधिकार में होना; ~**er,** m (-s/-) शासक; स्वामी, मालिक; ~**erisch,** adj. आदेशपूर्ण, अधिकारपूर्ण, साधिकार; अत्यावश्यक, अवश्यकरणीय ।

Gebilde, n (-s/-) (अनिश्चित रूप या आकार की) वस्तु, चीज़; रचना, सृजित

वस्तु; उत्पाद।

gebildet, adj. सुशिक्षित, सुविज्ञ, सुसंस्कृत; ~**e,** m/f (-n/-n) सुशिक्षित, सुविज्ञ, सुसंस्कृत व्यक्ति।

Gebimmel, n (-s) घंटी या घंटे की अनवरत टनटनाहट।

Gebinde, n (-s/-) von Garn: लच्छा, अंटी; von Blumen: गुलदस्ता; हार, माला; फूलों का बँधा हुआ गुच्छा; (Faß/Behälter) शराब आदि का ढोल; बोतलें रखने की खानेदार पेटी; पात्र, आधान।

Gebirg-e, n (-s/-) पर्वत-श्रेणी, पर्वत-माला, पहाड़; ~**ig,** adj. पर्वतीय, पहाड़ी; ~**ler,** m (-s/-) पहाड़ी, पर्वत-निवासी; ~**sbewohner,** m→ Gebirgler; ~**sgegend,** f पर्वतीय क्षेत्र; पहाड़ी इलाक़ा, पर्वत-प्रदेश; ~**sjäger,** m, mil: पर्वतीय क्षेत्र में युद्ध के लिए प्रशिक्षित सैनिक; ~**skette,** f पर्वत-माला, गिरि-शृंखला; ~**sstock,** m गिरि-पिंड; ~**swand,** f चट्टानी कगार; पर्वत-पार्श्व; ~**szug,** m पर्वत-माला, पर्वत-शृंखला।

Gebiß, n (-'sses/-'sse) दन्तावली, बत्तीसी; नक़ली बत्तीसी; Zaumteil: मुखरी, दहाना।

Gebläse, n (-s/-)धौंकनी, भाथी; mot: अतिभरक।

Geblök, n (-s) मिमियाना, भें-भें क०, रँभाना।

geblümt, adj. फूलों के नमूने वाला; poet: अलंकृत, अलंकारिक।

Geblüt, n (-[e]s) poet: वंश, कुल।

geboren, adj.: Frau A ist eine geborene B विवाह से पहले श्रीमती A का नाम B था, श्रीमती A का कन्या-कुलनाम B है; fig: er ist der geborene Politiker उसमें राजनीति की विशेष प्रतिभा है, वह(मानो) जन्म-जात राजनीतिज्ञ है।

geborgen, adj., fig: sich geborgen fühlen अपने को सुरक्षित समझना; ~**heit,** f (-) सुरक्षा; अभय, निश्चिन्तता।

Gebot, n (-[e]s/-e) अधिदेश, आदेश, आज्ञा; माँग, अपेक्षा; नियम; (Preis-angebot) बोली (नीलाम में); eccl: ईश्वरीय नियम, धर्मादेश; dem Gebot der Stunde gehorchen परिस्थिति के अनुसार काम क०, वक्त के मुताबिक काम क०; dies ist ein Gebot der Höflichkeit यह शिष्टाचार की माँग है; die Zehn Gebote यहूदियों के दस धर्मादेश, मूसा के दस आदेश; spw: Not kennt kein Gebot अर्थी दोषो न पश्यति, आवश्यकता में सभी कुछ उचित है; all mein Besitz steht Ihnen zu Gebote मेरी सारी सम्पत्ति आपकी सेवा में प्रस्तुत है।

Gebräu, n (-[e]s/-e) अर्क़, आसव, औट या उबालकर तैयार किया हुआ पेय; घटिया पेय।

Gebrauch, m (-[e]s/ ⸚ e) प्रथा, परि-पाटी, परम्परा, रिवाज, दस्तूर; o.pl: प्रयोग, इस्तेमाल; सेवन; etw. in Gebrauch nehmen किसी वस्तु का प्रयोग क०; nur zum einmaligen Gebrauch केवल एक बार के इस्ते-माल के लिए; ~**en,** v/t (h.) काम में लाना, प्रयोग क०, इस्तेमाल क०; das ist nicht zu gebrauchen यह अप्रयोज्य है, यह इस्तेमाल के लायक नहीं है; er ist zu nichts zu gebrauchen वह किसी काम के क़ाबिल नहीं है।

gebräuchlich, adj. प्रचलित, प्रायिक, सामान्य, सामान्य रूप से प्रयुक्त, चलित; dieses Wort ist nicht mehr gebräuchlich यह शब्द अब प्रचलित नहीं है; eine gebräuchliche Redensart प्रचलित मुहावरा; ~**keit,** f (-) प्रचलन, चलन, सामान्यता, प्रायिकता।

Gebrauchs-anmaßung, f, jur: अप्राधिकृत प्रयोग, किसी वस्तु का

अनधिकृत रूप से प्रयोग; ~**anweisung,** f प्रयोग के लिए निर्देश; सेवन-विधि; ~**fähig,** adj. प्रयोज्य, व्यवहार्य, इस्तेमाल के क़ाबिल; ~**fertig,** adj. प्रयोग के लिए तैयार; ~**gegenstand,** m इस्तेमाल की चीज़, उपयोगी वस्तु; ~**wert,** m उपयोगिता, उपयोगगत मूल्य, किसी वस्तु का व्यक्ति-विशेष के लिए मूल्य या महत्व।

gebraucht, adj. पुराना, इस्तेमाल किया हुआ; ~**wagen,** m पुरानी कार।

[1]**gebrech,** adj., Gestein: भुरभुरा, भंगुर, खस्ता।

[2]**Gebrech,** n (-[e]s/-e) जंगली सूअर की थूथन या उससे खोदी हुई मिट्टी।

[1]**gebrechen,** v/i (h.): es gebricht ihm an Mut उसमें साहस का अभाव है।

[2]**Gebrech-en,** n (-s/-) अंगहानि; अशक्तता, दौर्बल्य, कमज़ोरी; विक्षिप्तता, मानसिक दौर्बल्य; ~**lich,** adj. अस्वस्थ, बीमार-सा; भंगुर; (schwach) अशक्त, दुर्बल, कमज़ोर; fig: (unvollkommen) अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, दोषयुक्त; ~**lichkeit,** f (-) अस्वस्थता; अशक्तता, दुर्बलता, कमज़ोरी; अपूर्णता, त्रुटिपूर्णता।

gebrochen, 1. adj., fig: हतोत्साह, जीवन से निराश; टूटा-फूटा, टूटा; mit gebrochener Stimme निराशापूर्ण स्वर में; gebrochenen Herzens टूटे दिल से; 2. adv.: er spricht gebrochen Deutsch वह टूटी-फूटी तथा ग़लत जर्मन बोलता है।

Gebrüder, pl. भ्रातागण, भाई-लोग।

Gebrüll, n (-s) गरज, दहाड़; अनवरत चिल्ल-पों या रोदन।

Gebühr, f (-/-en) शुल्क, फ़ीस, कर, o.pl: औचित्य; मर्यादा; jdn. über Gebühr beanspruchen किसी से उचित से अधिक काम लेना; किसी पर उचित से अधिक दबाव डालना; ~**en,** v/i (h.) यथोचित होना, मर्यादोचित होना, शोभनीय होना; ihm gebührt Respekt वह आदर का पात्र है; ~**end,** adj. यथोचित, मर्यादोचित, मुनासिब; ~**endermaßen,** adv. यथोचित रूप से; ~**enfrei,** adj. निःशुल्क; मुफ़्त; ~**enmarke,** f टिकट; रसीदी टिकट; शुल्क-पत्र, अंक-पत्र; ~**enpflichtig,** adj. सशुल्क; ~**enordnung,** f शुल्क-सूची, शुल्क-दर; ~**lich,**→ gebührend

gebunden, adj. बद्ध, बाध्य, बँधा हुआ; er ist schon gebunden वह वचन-बद्ध है; उसकी मँगनी हो चुकी है; ein gebundenes Buch सजिल्द पुस्तक; gebundene Rede कविता, छन्द, कविता के रूप में कही गई बात; gebundene Preise बँधे हुए या निश्चित दाम; gebundene Wärme प्रच्छन्न ऊष्मा; ~**heit,** f (-) बद्धता; बाध्यता; बंधन।

Geburt, f (-/-en) जन्म, पैदाइश; (Abstammung) वंश, कुल; poet: प्रादुर्भाव; उत्पत्ति; er ist Deutscher von Geburt वह पैदाइशी जर्मन है; poet: Geburt und Grab प्रादुर्भाव और विनाश, जन्म और मृत्यु; poet: diese Tat ist eine Geburt seines Hasses यह काम उस की घृणा की उत्पत्ति है; ~**enbeschränkung,** f संतति-निग्रह; ~**enkontrolle,** f संतति-निग्रह; ~**enregelung,** f परिवार-नियोजन के उद्देश्य से जनन-निरोध या संतति-निग्रह; ~**enziffer,** f जन्म-दर।

gebürtig, adj जन्मजात, पैदाइशी।

Geburts-anzeige, f जन्म-सूचना, जन्म-विज्ञापन; ~**fehler,** m पैदाइशी कमज़ोरी या कमी, जन्मगत कमी; ~**haus,** n जन्मगृह, घर जिसमें जन्म हुआ हो; ~**helfer,** m प्रसावक; ~**hilfe,** f प्रासविकी, प्रसूति-विज्ञान; प्रसाविका या दाई का काम (किसी शिशु के जन्म के समय); ~**jahr,** n जन्मवर्ष; ~**ort,** m जन्म-स्थान; ~**tag,** m जन्मदिवस; वर्षगाँठ;

~tagskind, n व्यक्ति जिसकी वर्षगाँठ मनाई जा रही हो; **~urkunde,** f जन्मतिथि-प्रमाणपत्र; **~vorgang,** m प्रसव, प्रसवन; **~wege,** m/pl. प्रसव-मार्ग, जनन-पथ; **~wehen,** f/pl. प्रसव-पीड़ा ।

Gebüsch, n (-es/-e) झाडियाँ, झाड़-झंखाड़ ।

Geck, m (-en/-en) छैला, बाँका, वेषाभिमानी, फ़ैशनपरस्त व्यक्ति; **~enhaft,** adj. बना-ठना, बाँका-तिरछा, अलबेला, फ़ैशनपरस्त ।

Gedächtnis, n (-ses/-se) स्मरणशक्ति; याददाश्त; (Erinnerung) स्मृति, स्मरण, याद, यादगार; etw./jdn. im Gedächtnis behalten किसी बात/व्यक्ति की याद रखना; sich etw. ins Gedächtnis zurückrufen किसी वस्तु या बात की याद (ताज़ा) क०; **~schwäche,** f स्मरणशक्ति की क्षीणता, याददाश्त की कमज़ोरी; **~stütze,** f किसी बात को याद रखने की युक्ति (जैसे रूमाल में गाँठ), स्मरण-पत्र, स्मारक; **~verlust,** m स्मृतिलोप, स्मृति-हानि ।

Gedank-e, m (-ns/-n) विचार, ख़याल, ध्यान; योजना, इरादा; (Vorstellung) कल्पना, धारणा, भावना, प्रत्यय; (Einfall) सूझ, आकस्मिक विचार या युक्ति; in Gedanken vertieft/versunken sein ध्यानमग्न होना, विचारों में तल्लीन होना; jdn. auf andere Gedanken bringen किसी का ध्यान विचलित क०, किसी का ध्यान दूसरी ओर आकर्षित क०; sich mit dem Gedanken tragen; etw. zu tun कुछ करने का इरादा रखना; ich mache mir Gedanken um ihn मैं उसके बारे में चिन्तित हूँ; welch ein Gedanke! क्या कल्पना है?!; अँधेरे में अंधे को क्या (दूर की) सूझी ?!; U: kein Gedanke daran! बिल्कुल नहीं,क़तई नहीं, इसका प्रश्न नहीं उठता; **~enarm,** adj. विचारहीन, विचारशून्य; **~enaustausch,** m विचार-विनिमय, विचार-विमर्श; **~enblitz,** m अचानक कौंध जाने वाला ख़याल; **~enfülle,** f विचारों का प्राचुर्य; **~engang,** m विचारधारा, ख़यालों का सिलसिला; विचार, ख़याल; **~enlesen,** n विचार-पठन, परचित्तज्ञान; **~enlos,** adj. चिन्तनहीन, मननविहीन, बेख़बर, बेपरवाह, ध्यानरहित, अविचारशील; **~enlosigkeit,** f (-/-en) चिन्तन-हीनता, बेख़बरी, बेपरवाही, ध्यान-राहित्य; **~enreichtum,** m→ Gedankenfülle; **~enstrich,** m रेखिका, डैश; **~enübertragung,** f अतीन्द्रिय भावविनिमय,विचार-सम्प्रेषण, विचारान्तरण; **~enverbindung,** f विचार-साहचर्य; **~enverloren,** adj. विचारमग्न, विचारों में तल्लीन, ख़यालों में खोया हुआ; **~envoll,** adj. विचारपूर्ण, विचारशील, मननशील, चिन्तनशील; **~enwelt,** f विचार-जगत्, कल्पना-जगत्; विचार, कल्पनाएँ; **~lich,** adj. वैचारिक, बौद्धिक, मानसिक; काल्पनिक, अवास्तविक ।

Gedärm, n (-[e]s/-e) अंतड़ियाँ; आँतें ।

Gedeck, n (-[e]s/-e) एक व्यक्ति के लिए आवश्यक खाने की मेज़ की सज्जा (काँटा, छुरी, प्लेट, तौलिया आदि); (Menü) निर्धारित व्यंजन-क्रम ।

Gedeih, m (-s): auf Gedeih und Verderb हर परिस्थिति में; बिला शर्त, बिना किसी प्रतिबन्ध के; **~en,** 1. v/i (s.) बढ़ना, विकसित होना, पनपना, फलना-फूलना; उन्नति क०; तरक़्क़ी क०, प्रगति क०; das Kind gedeiht prächtig बच्चा ख़ूब अच्छी तरह बढ़ रहा है; wie weit ist Ihre Arbeit gediehen? आपका काम कहाँ तक पहुँच गया है ?; spw: unrecht Gut gedeiht nicht चोरी का धन मोरी में; अनधिकृत रूप से अर्जित

सम्पत्ति फलती नहीं है; 2. n (-s) वृद्धि, विकास, प्रगति, फलना-फूलना; **~lich,** adj. लाभकारी, हितकारी; विकास-कारी, उन्नतिकारी।

gedenk-en, 1. v/i (h.) (sich erinnern) की याद क०, का ध्यान क०; ध्यान रखना, ख़याल रखना; (Absicht haben) का इरादा रखना; ich habe seiner in meinem Testament gedacht मैंने अपने वसीयतनामे में उसका ख़याल रखा है; ich gedenke, einige Tage zu verreisen मेरा कुछ दिन के लिए यात्रा पर जाने का इरादा है; 2. n (-s) स्मृति, याद, यादगार; **~feier,** f स्मरणोत्सव; **~gottesdienst,** m स्मारक-ख्रीस्तयाग; **~rede,** f संस्मारक भाषण; **~stätte,** f स्मारक स्थल, स्मारक-स्थल; **~tafel,** f स्मारक पट्ट; **~tag,** m स्मरणोत्सव-दिवस, वर्षगाँठ।

Gedicht, n (-[e]s/-e) पद्य, पद, कविता; fig: अत्यन्त सुन्दर या उत्कृष्ट कोटि की वस्तु; fig: dieser Sari ist ein Gedicht यह साड़ी बहुत सुन्दर (या बढ़िया) है; **~band,** m कविता-संग्रह।

gediegen, adj. (zuverlässig) विश्वसनीय, विश्वस्त, ईमानदार; (fundiert) ठोस, आधारयुक्त; (rein) विशुद्ध, खरा, अमिश्रित; (sorgfältig gemacht) बहुत मनोयोग के साथ किया हुआ, अच्छी तरह किया हुआ, बहुत अच्छा; U: विलक्षण, अनोखा, अलबेला; **~heit,** f (-) विश्वस-नीयता, विश्वस्तता; ठोसपन, आधार-युक्तता; विशुद्धता, खरापन; उत्तमता, श्रेष्ठता; विलक्षणता।

Gedräng-e, n (-s) भीड़, जनसमूह; (Ansturm) रेल-पेल, धक्कमधक्का; धकापेल; fig: कठिन परिस्थिति; fig: ins Gedränge kommen परेशानी या कठिनाई में पड़ जाना; **~t,** 1. adj. संक्षिप्त; eine gedrängte Dar-stellung संक्षिप्त विवरण; 2. adv. der Bus war gedrängt voll बस ठसाठस भरी थी।

gedrechselt, adj., fig: Stil: आडम्बरपूर्ण, अस्वाभाविक।

gedrückt, adj., fig: उदास, खिन्न, मलिन; खिन्नतापूर्ण; **~heit,** f (-) उदासी, खिन्नता, मालिन्य।

gedrungen, adj., fig: नाटा और गठीला, कोतगर्दना।

Gedudel, n (s-) लगातार बीन, भोंपू, तुरही आदि का बजाया जाना।

Geduld, f (-) (Ausdauer) सहन-शक्ति, धैर्य, धीरता, धीरज; (Nachsicht) सहिष्णुता, क्षांति; sich in Geduld fassen धीरज रखना; die Geduld verlieren अधीर हो जाना; fig: jds. Geduld auf die Folter spannen किसी के धैर्य की कठोर परीक्षा लेना; **~en,** v/r (h.) धीरज रखना, धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा क०; **~ig,** adj. धीर, धैर्यवान; सहिष्णु; **~sfaden,** m, fig: mein Geduldsfaden reißt jetzt अब मैं अधिक धीरज नहीं रख सकता, अब मैं और अधिक सहन नहीं कर सकता; **~sprobe,** f धैर्य-परीक्षा; **~sspiel,** n खेल जिसमें बहुत धीरज की आ-वश्यकता हो; धीरज का काम।

gedunsen, adj. फूला या सूजा हुआ।

geeignet, adj. अनुकूल, उपयुक्त, सुविधाजनक; योग्य, क्षम, लायक; **~enorts,** adv. उचित स्थान पर।

Geest, f (-/-en) समुद्रतटीय उच्च भूमि।

Gefahr, f (-/-en) (Bedrohung) खटका, आशंका; (Unheil) संकट, आपद, ख़तरा; (Wagnis) जोखिम; Gefahr laufen ख़तरा मोल लेना, जोखिम या खतरे में पड़ना, जोखिम उठाना; auf eigene Gefahr अपनी ज़िम्मेदारी पर, अपने जोखिम पर; sich/jdn. in Gefahr bringen अपने आप को/किसी को ख़तरे में डालना;

auf die Gefahr hin, verwundet zu werden घायल होने की आशंका-पूर्ण संभावना होते हुए भी, घायल होने का ख़तरा होते हुए भी ।

gefährd-en, v/t (h.) जोखिम में डालना; ख़तरे में डालना, के लिए ख़तरा उत्पन्न क०; कलंकित क०; पर नैतिक रूप से बुरा प्रभाव डालना; **~ung,** f (-/-en) ख़तरे, संकट में डाला जाना; कलंकित किया जाना; ख़तरा, संकट; बुरा प्रभाव (नैतिक दृष्टिकोण से) ।

Gefahren-bereich, m संकट-क्षेत्र, ख़तरे का इलाक़ा; **~herd,** m संकट-स्रोत; संकट-स्थल; **~quelle,** f संकट का कारण; संकट-स्रोत; **~zone,** f संकट-क्षेत्र, ख़तरनाक इलाक़ा; **~zulage,** f जोखिम-भत्ता ।

gefährlich, adj. ख़तरनाक, संकटमय, संकटपूर्ण; गम्भीर; चिन्ताजनक; संगीन, नाज़ुक; (gewagt) तर्कहीन, विना सोचे-समझे किया हुआ, जोखिमी, विपत्तिजनक; **~keit,** f (-) संकट-पूर्णता; गम्भीरता; चिन्ताजनकता, संगीनी; तर्कहीनता, विपत्तिजनकता ।

gefahrlos, adj. ख़तरे से ख़ाली, क्षति-भय-मुक्त, निरापद; अहानिकर; **~igkeit,** f (-) अभय; निरापदता; अहानिकरता, सुरक्षा ।

Gefährt, n (-[e]s/-e) शकट, गाड़ी, वाहन, यान; सवारी ।

Gefährte, m (-n/-n) साथी, संगी, सहपथी; सहचर; मित्र ।

gefahrvoll, adj. संकटपूर्ण; संकटमय, ख़तरनाक, भयंकर, जोखिम वाला ।

Gefälle, f (-s/-) उतार, ढलान, प्रवणता, आनति; Bergbau: खान से प्राप्त कच्चा माल; math: अनुपातिक उतार-चढ़ाव, प्रवणता; fig: अन्तर; ऊँच-नीच की भावना ।

[1]**Gefallen,** m (-s/-) उपकार, अनुग्रह; कृपा, अहसान ।

[2]**Gefallen,** n(-s) प्रसन्नता; अनुराग, रुचि, पसन्द; अनुमोदन, समर्थन ।

[3]**gefallen,** v/i (h.) को अच्छा या प्रिय लगना, पसंद आना; मन लगना; sich etw. gefallen lassen किसी बात को सहन क०; U: diese Sache will mir nicht recht gefallen यह बात मुझे अच्छी नहीं लगती, इसमें कुछ गड़बड़ है; wie gefällt es Ihnen in Delhi? आपको दिल्ली कैसी लगी ? क्या आपका मन दिल्ली में लगता है ?; U: das lasse ich mir nicht länger gefallen इसे मैं और अधिक बर्दाश्त नहीं करूँगा ।

Gefallene, m (-n/-n) वीरगति को प्राप्त सैनिक ।

gefällig, adj. (angenehm) प्रिय, रोचक, रमणीय, मनोहर;(erwünscht) वांछित, वांछनीय; (entgegenkommend) अनुग्राहक, उपकारी, कृपालु, मेहरबान, अनुग्रहशील; प्रसन्नतापूर्वक दूसरों की सहायता करने वाला; ein gefälliger Anblick रोचक या मनोहर दृश्य; noch eine Tasse Tee gefällig? क्या आप एक प्याला चाय और लेंगे ?; sich jdm. gefällig erweisen किसी पर अनुग्रह क०; **~keit,** f (-/-en) उपकार; अनुकम्पा, अनुग्रह; अहसान; o.pl: सौजन्य, अनुग्रहशीलता, उपकारिता, मेहरबानी; **~keitshalber,** adv. अनुग्रह के रूप में; अहसान के तौर पर; **~st,** adv., U: कृपा करके, मेहरबानी करके (ना-ख़ुशी या अनिच्छा की अभिव्यक्ति के रूप में); seien Sie gefälligst ruhig! कृपा करके शान्त हो जाइए!; verlassen Sie gefälligst mein Haus! मेहरबानी करके आप मेरे घर से चले जाइए!

Gefall-sucht, f दूसरों को पसन्द आने की लिप्सा, ललिताभिनय; **~süchtig,** adj. दूसरों को पसन्द आने की लिप्सा रखने वाला, ललिताभिनय करने वाला ।

Gefangen-e, m/f (-n/-n) बंदी, क़ैदी (स्त्री या पुरुष); **~enlager,** n बंदी-शिविर; **~halten,** v/t (h.) क़ैद

रखना, बंदी बनाए रखना; ~**nahme,** f (-) बंदीकरण, गिरफ़्तारी; mil: बंदीकरण तथा निरस्त्रीकरण; ~**nehmen,** v/t (h.) बंदी बना लेना, क़ैद कर लेना, गिरफ़्तार कर लेना; ~**schaft,** f (-) क़ैद, बंदी-स्थिति; हिरासत; ~**setzen,** v/t (h.) गिरफ़्तार करके बंद कर देना, क़ैद कर देना ।

Gefängnis, n (-ses/-se) बंदीगृह, कारागार, क़ैदखाना, जेलखाना; (Haftstrafe) कारावास का दंड; ~**strafe,** f कारावास का दंड, क़ैद की सज़ा; ~**wärter,** m क़ैदखाने का पहरेदार; कारापाल; ~**zelle,** f कारा-कक्ष, क़ैदखाने की कोठरी ।

Gefasel, n (-s/-) बकवास, अनर्गल प्रलाप ।

Gefäß, n (-es/-e) पात्र, बर्तन, भाजन, बासन; anat: वाहिका, नलिका (शिरा, धमनी आदि); bot: वाहिका; am Schwert: तलवार की मूठ पर लगा हस्तत्राण ।

gefaßt, adj. शान्त, प्रकृतिस्थ, संतुलित, स्थिरचित्त; ich bin auf das schlimmste gefaßt मैं अशुभ से अशुभ के लिए तैयार हूँ; ~**heit,** f (-) शान्ति, मानसिक संतुलन, स्थिरचित्तता ।

Gefecht, n (-[e]s/-e) लड़ाई, समाघात, भिड़न्त, मुठभेड़; jdn. außer Gefecht setzen किसी का निष्क्रिय, निष्प्रभाव, युद्ध के अयोग्य बना देना; fig: in der Hitze des Gefechts हड़बड़ी में, जल्दबाज़ी में; fig: etw. ins Gefecht führen किसी बात को तर्क के रूप में प्रस्तुत क० ।

Gefieder, n (-s) पक्षति, पिच्छकलाप, पक्षावरण; ~**t,** adj. पिच्छयुक्त, पंखदार; bot: पक्षवत्, परनुमा ।

Gefilde, n (-s/-) poet: क्षेत्र, मैदान; प्रदेश ।

Geflatter, n (-s) फड़फड़ाहट, लगातार पंख फड़फड़ाना ।

Geflecht, n (-[e]s/-e)→Flechtwerk

gefleckt, adj. चितकबरा ।

Geflissen-heit, f (-) अध्यवसाय, मनोयोग; ~**tlich,** 1. adj. साभिप्राय, ज्ञानकृत; 2. adv. इरादतन, जान-बूझ कर, बद कर ।

Geflügel, n (-s) गृहपक्षी, कुक्कुटादि; खाद्य पक्षी या उनका मांस; ~**t,** adj. पंखदार, पिच्छयुक्त; fig: geflügelte Worte अतिप्रचलित कहावतें ।

Geflunker, n (-s) शेखी, डींग, गप, मनगढ़न्त, झूठ, अतिशयोक्ति ।

Geflüster, n (-s) कानाफूसी ।

Gefolg-e, n (-s/-) परिजनसमूह; अनुयायी-समुदाय; किसी बड़ी हस्ती के साथ चलने वालों का दल; fig: im Gefolge haben का कारण बनना, को उत्पन्न क०; ~**schaft,** f (-/-en) अनुयायी-समूह; परिजन लोग, सभी साथ चलने वाले लोग; jdm. Gefolgschaft leisten किसी के साथ चलना, किसी की आज्ञा मानना; ~**smann,** m अनुयायी, समर्थक; साथ चलने वाला व्यक्ति ।

gefräßig, adj. खाऊ, पेटू; **keit,** f (-) खाऊपन, पेटूपन ।

Gefreite, m (-n/-n) mil: उपनायक ।

Gefrier-apparat, m→Gefriertruhe; ~**en,** v/i (s.) जम जाना, प्रशीतित हो जाना, ठंड से अकड़ जाना; ~**fest,** adj. शीतसह, न जमने वाला; ~**fleisch,** n श्यान-यंत्र में रखा मांस; ~**punkt,** m श्यानांक, हिमांक; ~**truhe,** f श्यान-यंत्र, श्यानक (जिसमें खाद्य पदार्थों को बहुत लम्बी अवधि तक परिरक्षित रखा जा सकता है) ।

Gefüge, n (-s/-) (Struktur) संरचना, बनावट; तन्तु-विन्यास; विन्यास; (System) तंत्र, व्यवस्था, संगठन ।

gefügig, adj. (gehorsam) आज्ञाकारी, आज्ञापरायण; (nachgiebig) नमनशील, जल्दी झुक जाने या बात मान लेने वाला, दब्बू; (unterwürfig) वश्य, वशवर्ती, दासवत्; jdn. gefügig machen किसी को अपने वश में कर लेना; किसी के विरोध को समाप्त कर

देना, किसी को झुका देना; ~**keit,** f (-) आज्ञाकारिता, आज्ञापरायणता; नमनशीलता; वश्यता, वशवर्तिता; दब्बूपन।

Gefühl, n (-[e]s/-e) (Tastempfindung) स्पर्श-अनुभूति, स्पर्शना; संवेदना, अनुभूति-क्षमता; (seelische Regung) भावना, मनोभाव, मनोवेग, भावात्मक अनुभूति; (Ahnung) पूर्वबोध, पूर्वज्ञान, अहसास; (Empfindsamkeit) भावुकता, भावप्रवणता; (Sinn für etw.) (किसी बात की) परख या पहचान, सहज बोध, सहज प्रतिभा, मूलप्रवृत्ति सहजवृत्ति; er singt mit viel Gefühl वह बहुत भावुकता के साथ गाता है; er hat ein Gefühl für Musik संगीत के प्रति उसकी सहज प्रवृत्ति है; jds. Gefühle verletzen किसी की भावनाओं को चोट पहुँचाना; mit jds. Gefühlen spielen किसी की भावनाओं से खिलवाड़ क०; seinen Gefühlen freien Lauf lassen अपने भावावेश पर नियंत्रण न क०, बिना किसी संकोच के अपनी भावनाओं को प्रदर्शित क०; etw. im Gefühl haben को किसी बात का सहजबोध होना; ~**los,** adj. सुन्न, संवेदनशून्य; जड़; भावनाहीन; (hartherzig) भावशून्य, निर्दय, कठोर, निष्ठुर; ~**losigkeit,** f (-) संवेदनशून्यता; जड़ता; भावशून्यता, निर्दयता, कठोरता, निष्ठुरता; ~**sausbruch,** m भावावेश, मनोवेग; ~**sbetont,** adj. भावुक, भावप्रवण; भावप्रधान; ~**sduselei,** f (-) अतिभावुकता; सस्ती भावुकता; ~**sleben,** n भावनाएँ, भावनाविषयक जीवन, भावना-जगत्; ~**smäßig,** 1. adj. भावना पर आधारित, भावनागत; 2. adv. सहजबुद्धि से; भावना के आधार पर; ~**smensch,** m भावप्रधान या भावुक व्यक्ति; ~**voll,** adj. भावनापूर्ण; कोमलहृदय; संवेदनशील; (rührselig) भावुक, भावुकतामय; अतिनाटकीय।

gegeben, adj., fig: वर्तमान, मौजूदा; उचित; अत्युत्तम, सब से अच्छा; etw. als gegeben voraussetzen किसी बात की विद्यमानता को पहले से ही मान लेना, पहले से ही मान लेना कि परिस्थिति-विशेष सामने आएगी; unter den gegebenen Umständen मौजूदा हालात में, वर्तमान परिस्थितियों में; zu gegebener Zeit उचित समय पर, समय आने पर; dies ist die gegebene Lösung यह सबसे अच्छा समाधान (या हल) है, समस्या के हल की यह सब से अच्छी सूरत है; ~**enfalls,** adv. यदि ऐसा हुआ तो, यदि यह स्थिति उत्पन्न हुई तो; सम्भवतः; आवश्यकता पड़ने पर; ~**heit,** f (-/-en) वास्तविकता, हक़ीक़त; दशा, परिस्थिति।

gegen, präp. (+akk.) (in Richtung auf) की ओर, की तरफ़; पर; gegen Osten पूर्व की ओर; mein Zimmer liegt gegen Süden मेरा कमरा दक्षिण की ओर है; sich gegen einen Baum lehnen पेड़ की ओर झुकना, पेड़ पर टिक जाना, पेड़ का सहारा लेना; (ungefähr) के लगभग, के आस-पास, के क़रीब; gegen 100 Leute waren versammelt सौ के क़रीब लोग जमा थे, क़रीब सौ लोग एकत्र थे; ich komme gegen 10 Uhr मैं दस बजे के क़रीब आऊँगा; vergleichend: की तुलना में, के मुक़ाबले (में); gegen ihn bin ich geradezu arm उसकी तुलना में तो मैं बहुत ग़रीब हूँ; gegen gestern ist es heute sehr warm कल के मुक़ाबले आज बहुत गर्मी है; (in der Haltung zu) के प्रति; hart gegen jdn. sein किसी के प्रति कठोर होना; (im Austausch) के बदले (में), को लेकर; gegen Bezahlung पारिश्रमिक देकर या लेकर, मुफ़्त में नहीं; etw. gegen Quittung aushändigen रसीद लेकर कोई वस्तु सौंपना या देना; (entgegen/

gegensätzlich) के विरुद्ध, के ख़िलाफ़; के विपरीत, के प्रतिकूल; gegen jede Vernunft handeln विवेक के प्रतिकूल काम क०, नासमझी का काम क०; er handelt gegen seine Vorschriften वह उसके आदेशों के विरुद्ध (या प्रतिकूल) काम करता है; dieses Medikament wirkt gegen Fieber यह औषधि ज्वर घटाती है; gegen diese Krankheit gibt es kein Mittel इस रोग की कोई औषधि नहीं है, यह मर्ज़ लाइलाज है।

Gegen-angebot, n प्रतिप्रस्ताव; **~angriff,** m प्रत्याक्रमण, जवाबी हमला; **~befehl,** m किसी आदेश को रद्द करने वाला आदेश; **~besuch,** m जवाबी भेंट, बदले के रूप में मिलने जाना; **~bewegung,** f प्रतिक्रिया; प्रत्यान्दोलन; tech: प्रतिगति; **~beweis,** प्रतिप्रमाण, प्रतिसाक्ष्य; किसी बात का खंडन करने वाला प्रमाण; **~buchung,** f, kfm: दोहरा लेखा।

Gegend, f (-/-en) प्रदेश; क्षेत्र, इलाक़ा; अंगक्षेत्र; (Umgebung) परिप्रदेश, आस-पास का इलाक़ा।

Gegen-druck, m प्रतिदाब; प्रतिरोध, विरोध; **~einander,** adv. एक दूसरे के विरुद्ध; एक दूसरे की ओर; आपस में; **~einanderprallen,** v/i (s.) एक दूसरे से टकराना; fig: में विरोध होना; **~erklärung,** f प्रतिघोषणा, विपरीत कथन; **~frage,** f प्रतिप्रश्न; **~füßler,** m पृष्ठवासी, प्रतिलोकवासी; **~gabe,** f प्रतिदान, बदले में दी हुई भेंट; **~gewicht,** n प्रतिभार; fig: संतुलन, प्रतिसंतुलन; **~gift,** n प्रतिविष; **~kandidat,** m प्रतिद्वन्द्वी, विरोधी; प्रतिस्पर्धी; **~klage,** f प्रत्यारोप, प्रतिवाद; **~kläger,** m प्रतिवादी, मुद्दालेह, प्रत्यारोप लगाने वाला; **~läufig,** adj. विरोधी दिशा में चलनशील; **~leistung,** f प्रतिसेवा; बदले में किया काम, प्रतिकार प्रत्युपकार; (Entschädigung) प्रतिपूर्ति; पारिश्रमिक; हरजाना; **~liebe,** f: sie fand keine Gegenliebe उसका प्रेम स्वीकार नहीं हुआ; उसे प्रेम के बदले प्रेम नहीं मिला; **~maßnahme,** f प्रत्युपाय; **~mittel,** n प्रतिविष; औषधि; **~partei,** f विरोधी दल; vor Gericht: विपक्ष, विपक्षी दल; **~probe,** f प्रतिजाँच, प्रतिपरीक्षण; **~rechnung,** f नियंत्रण-लेखा; दोहरा बिल, बिल की अनुलिपि; **~rede,** f उत्तर, जवाब; प्रतिकथन, प्रतिभाषण; प्रतिकूलोक्ति; **~revolution,** f प्रतिक्रान्ति, प्रत्यान्दोलन; **~satz,** m विपर्याय, विरुद्धार्थ; विपरीतता, वैपरीत्य; (Kontrast) वैषम्य, विषमता, विरोध; (Widerspruch) अन्तर्विरोध, परस्पर-विरोध, विरोध; व्याघात; fig: वैमनस्य, विद्वेष, दुश्मनी; **~sätzlich,** adj. विपर्यायी, विरुद्धार्थक; विषम; विरोधी, विरोधात्मक, परस्पर-विरोधी, विरोधपूर्ण; विपरीत, उलटा; **~schlag,** m प्रतिप्रहार; **~seite,** f, fig: विपक्षी दल, विरोधी दल, विपक्ष; **~seitig,** adj. (zweiseitig) द्विपक्षी, दुतरफ़ा; (wechselseitig) पारस्परिक, आपसी; **~seitigkeit,** f (-) द्विपक्षिता; पारस्परिकता; **~spieler,** m प्रतिद्वन्द्वी (खिलाड़ी); fig: विरोधी; **~spionage,** f प्रतिगुप्तचर्या; **~stand,** m वस्तु, पदार्थ, चीज़; fig: (Thema) विषय, विषयवस्तु; fig: (Ziel) लक्ष्य, ध्येय; पात्र, भाजन; **~ständlich,** adj. वास्तविक, वस्तुगत; मूर्त, साकार; gramm: वस्तुवाचक; ein gegenständliches Substantiv वस्तुवाचक संज्ञा; gegenständliche Malerei मूर्त चित्रकला; **~standslos,** adj. (überflüssig) अनावश्यक, फ़ालतू, फ़ुज़ूल; (ungültig) रद्द, अमान्य, जिसकी वैधता न हो; (irrelevant) असंगत, विसंगत, अप्रासंगिक; (zwecklos) व्यर्थ, बेकार; (abstrakt) अमूर्त, भावगत;

~stimme, f प्रतिकूल मत, विरोध में दिया गया मत; er wurde mit 10 Gegenstimmen gewählt उसके विरोध में (केवल) दस मत पड़े तथा वह चुन लिया गया; **~stoß,** m प्रत्याक्रमण **~strömung,** f प्रतिवाह; fig: प्रत्यान्दोलन; **~stück,** n प्रतिवस्तु; पूरक वस्तु; विरोधाभासी वस्तु, बिल्कुल उलटी चीज़, विलोम; **~teil,** n उलटी बात; विपर्याय, विलोम; प्रतिवाद; वैपरीत्य; प्रतिस्थापना; **~teilig,** adj. विपरीत, उलटा; प्रतिकूल; **~über,** 1. präp. (+ dat. od. von) के सामने, के सम्मुखस्थित; के प्रति, के साथ; er wohnt gleich gegenüber der Schule वह स्कूल के बिल्कुल सामने रहता है; mir gegenüber verhielt er sich immer korrekt मेरे प्रति (या साथ) उसने सदैव उचित आचरण किया; (im Vergleich zu) की तुलना में, के मुक़ाबले में; fig: के होते हुए; के सामने, की हालत में; 2. adv. सामने, दूसरी तरफ़; 3. n (-s/-) सम्मुखीन व्यक्ति, सामने बैठा व्यक्ति; **~überstehen,** v/i (h.) के सामने खड़ा होना, के आमने-सामने खड़ा होना; fig: के प्रति (मित्रता, शत्रुता आदि की) भावना रखना; **~überstellen,** v/t (h.) का सामना कराना, का मुक़ाबला कराना; fig: की तुलना क॰; **~überstellung,** f (-/-en) सामना, मुक़ाबला (कराना); तुलना; **~übertreten,** v/t (h.) के सम्मुख आना, के सामने आना; **~verkehr,** m सामने से आने वाली गाड़ियाँ आदि; द्विदिश यातायात या संचार; **~vorschlag,** m प्रतिप्रस्ताव; **~wart,** f (-) इहकाल, वर्तमान; (Anwesenheit) उपस्थिति, मौजूदगी; gramm: वर्तमान काल; **~wärtig,** 1. adj. (erinnerlich) स्मृतिस्थ, याद (में); (anwesend) उपस्थित, मौजूद, विद्यमान; (aktuell) आधुनिक, आजकल प्रचलित; (jetzig) वर्तमान, मौजूदा, सामयिक, आजकल का, अब का; sein Name ist mir im Moment nicht gegenwärtig मुझे उसका नाम इस समय याद नहीं (आ रहा) है; leider kann ich nicht selbst gegenwärtig sein खेद है कि मैं स्वयम् उपस्थित न हो सकूँगा; die gegenwärtige Mode आधुनिक (या प्रचलित) फ़ैशन; 2. adv. इस समय; आजकल, इन दिनों; gegenwärtig stecken wir in einer Krise इन दिनों हम संकट की स्थिति में हैं; **~wartsnah(e),** adj. सामयिक, आधुनिक वर्तमान से संबंधित, वर्तमान-विषयक, इहकालपरक; **~wehr,** f प्रतिरक्षा, रक्षार्थ प्रतिरोध; **~wert,** m तुल्य मूल्य, समान मूल्य; **~wind,** m प्रतिवात, सम्मुख हवा, सामने से आने वाली हवा; **~wirkung,** f प्रतिक्रिया, प्रतिप्रभाव, परिणाम; **~zeichnen,** v/i & v/t (h.) प्रतिहस्ताक्षर क॰; **~zeichnung,** f प्रतिहस्ताक्षरण; **~zeuge,** m प्रतिसाक्षी, विपक्ष का गवाह; **~zug,** m सम्मुख से आने वाली रेलगाड़ी; Schach: विरोधी की चाल, चाल के बदले चाल; fig: विरोधी के इरादे को नाकाम करने का प्रयत्न ।

Gegner, m (-s/-) विरोधी; शत्रु, दुश्मन; प्रतिपक्षी; sport: विरोधी खिलाड़ी, प्रतिद्वन्द्वी; **~isch,** adj. विरोधी; शत्रु का; प्रतिपक्षीय; **~schaft,** f (-) विरोध; वैर, शत्रुता; (Feinde) शत्रुगण; विरोधी-समुदाय ।

Gegröle, n (-s) शोरगुल ।

Gehab-e, n (-s) बनावटी आचरण, दिखावा, ढोंग; कृत्रिमता, कृतकता; नखरेबाज़ी, अकड़-फ़ों; **~en,** v/r (h.): gehab dich wohl ! अलविदा !

Gehacktes, n (-n) क़ीमा ।

Gehalt, 1. n (-[e]s/ ⸗er) वेतन, तनख़ाह; 2. m (-[e]s/-e) (Inhalt) अन्तर्वस्तु, सार; (Nährwert) पोषक तत्व, पोषार्हा; (Anteil) अंश, मात्रा; von Münzen: मान (स्वर्णमान, रौप्यमान आदि) ।

gehalten, adj.: wir sind gehalten, das zu tun हमसे यह (काम) करने की अपेक्षा की जाती है, हम यह करने को वाध्य हैं ।

gehalt-los, adj. अपुष्टिकर, जिसमें पोषक तत्व न हों; fig: सारहीन, खोखला; ~**losigkeit,** f (-) पोषाहार्हीनता, अपुष्टिकरता; fig: सारहीनता, खोखलापन; ~**voll,** adj. पुष्टिकर, पौष्टिक, पोषाहारयुक्त; fig: ससार, सारपूर्ण, अर्थगर्भित, विचारोत्तेजक ।

Gehalts-anspruch, m अपेक्षित वेतन; ~**aufbesserung,** f वेतन-वृद्धि; ~**auszahlung,** f वेतन-वितरण, वेतन-भुगतान; ~**empfänger,** m वेतनभोगी; ~**erhöhung,** f वेतन-वृद्धि; ~**forderung,** f → Gehaltsanspruch; ~**gruppe,** f वेतन-क्रम; वेतन-वर्ग; ~**kürzung,** f वेतन में कटौती; ~**liste,** f वेतन-चिट्ठा, वेतन-नामावलि; ~**stufe,** f वेतन-स्तर, वेतन-मान; ~**vorschuß,** m वेतन का अग्रिम अंश, पेशगी; ~**zahlung,** f वेतन-विवरण ।

Gehänge, n (-s/-) (Waffengurt) सैनिक-पेटी; (Behang) कोई भी लटकती हुई वस्तु; (Girlande) लटकती हुई माला, वन्दनवार; Schmuck: लटकन, बुन्दा आदि; (Abhang) ढाल प्रवणता ।

geharnischt, adj., fig: कठोर, क्रोधपूर्ण, तिरस्कारपूर्ण; अतिस्पष्ट, साफ़-साफ, खरा-खरा; eine geharnischte Strafpredigt तिरस्कारपूर्ण डाँट-फटकार ।

gehässig, adj. (schadenfroh) औरों की या दूसरों की हानि पर प्रसन्न होने वाला; (haßerfüllt) घृणापूर्ण, विद्वेषपूर्ण, प्रद्वेषी; (bösartig) बुरा, दुष्ट, वदमिज़ाज; अशुभचिन्तक, अनिष्ट चाहने वाला, अहितेच्छु; ~**keit,** f (-/-en) घृणा; विद्वेषपूर्णता, दुष्टता, वदमिज़ाजी; अहितेच्छा; विद्वेषपूर्ण कथन या काम ।

Gehäuse, n (-s/-) खोल, घर, बकस, डिब्बा; (Kernhaus) बीजकोष; zool: कवच, कर्पर ।

Gehege, n (-s/-) जंगली पशुओं के लिए सुरक्षित क्षेत्र, वाड़ा, घेरा; fig: अधिकार क्षेत्र; fig: jdm. ins Gehege kommen किसी के काम में टाँग अड़ाना; किसी के अधिकारक्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश क० ।

geheim, adj. रहस्यमय, रहस्यपूर्ण, गूढ़; (verborgen) प्रच्छन्न, गुप्त, गुह्य, छिपा हुआ; (vertraulich) गोपनीय; eine geheime Abmachung गुप्त समझौता, गोपनीय समझौता; etw. im geheimen tun कोई काम छुपकर क०; das muß streng geheim bleiben इसकी खबर किसी को नहीं लगनी चाहिए; ~**abkommen,** n गुप्त समझौता; ~**agent,** m गुप्तचर, भेदिया; ~**bund,** m गुप्त संघ, गुप्त संगठन; ~**dienst,** m खुफ़िया विभाग; ~**fach,** n गुप्त या प्रच्छन्न दराज़; ~**halten,** v/t (h.) गुप्त रखना, किसी को न वताना, छिपाए रखना; ~**haltung,** f (-) सगोपन, छिपाए रखना; ~**nis,** n (-ses/-se) भेद, रहस्य, गुप्त वात, मर्म; ein Geheimnis aus etw. machen किसी वात को छिपाना, किसी वात को भेद की तरह रखना; das ist ein offenes Geheimnis यह एक प्रकट रहस्य है, इस बात को सभी जानते हैं; strenge Disziplin ist das Geheimnis seines Erfolges कठोर अनुशासन उसकी सफलता का रहस्य है; ~**niskrämer,** m हर वात को गुप्त रखने वाला; रहस्यों को जानने की शेखी मारने वाला; रहस्यप्रिय या भेदपसंद व्यक्ति; ~**niskrämerei,** f (-) हर वात को गुप्त रखना या इसका प्रयत्न; रहस्यों या गोपनीय वातों को जानने की शेखी; रहस्यप्रियता; ~**nistuerei,** f (-) → Geheimniskrämerei; ~**nisvoll,** adj. रहस्यमय, भेदभरा; (rätselhaft) गूढ़,

दुरूह, दुर्बोध; (unheimlich) भयंकर, रोमांचकारी, तिलस्मी; ~**polizei,** f खुफ़िया पुलिस; ~**ratsecken,** f/pl., U: माथे के किनारों पर की गंज, लालाटिक खल्वाटता; ~**sache,** f गोपनीय बात, गोपनीय मामला; ~**schrift,** f गूढ़लेख, कूटलेख, संकेत-लेख; ~**sprache,** f विशेष संकेतों की भाषा; ~**tuerei,** f (-) रहस्यप्रियता, भेदपसंदी; ~**tür,** f चोरदरवाज़ा, गुप्त द्वार।

Geheiß, n (-es) आज्ञा, आदेश; auf Geheiß von A. A के आदेश पर।

[1]**gehen,** 1.v/i (s.) जाना, चलना; (weggehen) चला जाना; रवाना होना, कूच क०; प्रस्थान क०; (abreisen) यात्रा पर जाना, सफ़र क०; (funktionieren) चलना, काम देना, चालू हालत में होना; an etw. gehen किसी काम को आरंभ क०; in sich gehen पश्चात्ताप क०; von jdm. gehen किसी को छोड़ देना, किसी से संबंध समाप्त कर देना; mit jdm. gehen किसी का साथ देना; U: Sita geht schon 3 Jahre mit Mohan सीता और मोहन के तीन वर्ष से घनिष्ठ संबंध हैं; schlafen gehen सोने जाना; zur Schule gehen स्कूल जाना; fig: mit jdm. durch dick und dünn gehen किसी का हर परिस्थिति में साथ देना; fig: sich gehen lassen आत्मनियंत्रण खो देना; er läßt es sich gut gehen वह ठाठ कर रहा है, उसके ठाठ हैं; wie geht es Ihnen?— Es geht आप का क्या हाल है?— चलता है (या ठीक ही है); es geht mir gut मैं ठीक हूँ, मेरी तबियत ठीक है, मेरा हाल अच्छा है, मेरे दिन अच्छे कट रहे हैं; wie geht das Geschäft? धंधा कैसा चल रहा है ?; U: es geht wie geschmiert काम बहुत अच्छा चल रहा है; यह अत्यन्त सरल है; es geht hier um Leben und Tod यहाँ जीवन और मृत्यु का प्रश्न है; es wird schon gehen काम चल जाएगा (किसी न किसी तरह); worum geht es? क्या मामला (या बात) है?, किस बात की चर्चा चल रही है ?; der Zug geht in 5 Minuten गाड़ी पाँच मिनट में छूटने वाली है; dieser Bus geht zum Flughafen यह बस हवाई अड्डे (को) जाती है; er ist nach Amerika gegangen वह अमरीका चला गया है; sie ist ins Wasser gegangen उसने डूबकर जान दे दी ; der Schreiber geht zum nächsten Ersten लिपिक अगले मास की पहली तारीख को नौकरी छोड़ देगा; U: er ist gegangen worden उसे पद (या नौकरी) से निकाल दिया गया है, उसे पद (या नौकरी) से जाना पड़ा; das Radio geht nicht mehr रेडियो ख़राब हो गया है, रेडियो काम नहीं देता है; 2. v/t (s.) को पैदल तय क०; पर चलना।

[2]**Gehen,** n (-s) गमन, प्रस्थान; जाना, चलना; (Abschied) विदाई, रुख़सत; sport: तेज़ चलने की प्रतियोगिता।

geheuer, adj. : hier ist es nicht geheuer यह स्थान भयानक है; यहाँ भूत लगते हैं; diese Sache ist nicht ganz geheuer यह बात भयोत्पादक है; इस मामले में कुछ दाल में काला है, इस मामले में कुछ गड़बड़ है।

Geheul(e), n (-s) आक्रन्दन, चीख़-पुकार, रोदन; हुआना (पशुओं का)।

Gehilfe, m (-n/-n) सहायक, सहयोगी, सहकारी।

Gehirn, n (-[e]s/-e) मस्तिष्क, भेजा, मग़ज़, दिमाग़; fig: बुद्धि, समझ; fig: er ist das Gehirn dieser Bande वह इस गिरोह का दिमाग़ है, इस गिरोह में सोचने का काम वह करता है; ~**erschütterung,** f मस्तिष्काघात; ~**hautentzündung** f मस्तिष्कशोथ, मस्तिष्कच्छदकोप;

~**schlag,** m निमस्तिष्क-रक्ताघात; ~**wäsche,** f, fig: मत-आरोपण, मनोमार्जन।

gehoben, adj. (bessergestellt) उच्च, उत्थित, अपेक्षाकृत उच्च स्तर का; (heiter) प्रफुल्ल, प्रसन्नतापूर्ण; in gehobener Stellung (अपेक्षाकृत) उच्च पद पर; eine gehobene Sprache उच्च स्तर की भाषा, परिष्कृत भाषा; in gehobener Stimmung sein प्रफुल्लचित्त होना, प्रसन्नतापूर्ण मन:स्थिति में होना।

Gehöft, n (-[e]s/-e) प्रक्षेत्र, फ़ार्म, फ़ारम।

Gehölz, n (-es/-e) वनवृक्ष तथा झाड़-झंखाड़; (kleiner Wald) छोटा वन।

Gehör, n (-s) श्रवणशक्ति, श्रवण-क्षमता, श्रवणेन्द्रिय; fig: सुनवाई; er hat ein feines Gehör उसकी श्रवणशक्ति बहुत सूक्ष्म है; fig: sich Gehör verschaffen किसी को अपनी बात सुनने के लिए बाध्य क०, ज़बरदस्ती अपनी बात या फ़रियाद सुनाना; fig: er fand mit seinem Vorschlag kein Gehör उसका प्रस्ताव स्वीकार नहीं हुआ।

geherchen, v/i (h.) (आज्ञा, आदेश) मानना, का पालन क०; मशीन आदि का सुग्राही होना।

gehören, v/i (h.) की सम्पत्ति होना, का होना; das Auto gehört mir (यह) कार मेरी है; (dazu zählen) में गिनती होना, में गिना जाना; से संबंधित होना, का अंग होना; das gehört nicht zur Sache इसका इस बात से कोई संबंध नहीं है; er gehört zu den größten Gelehrten unserer Zeit वह हमारे युग के सबसे महान विद्वानों में गिना जाता है; (seinen Platz haben) का स्थान होना; die Kleider gehören in den Schrank कपड़ों का स्थान अलमारी में होता है, कपड़ों को अलमारी में होना चाहिए; der Kranke gehört ins Bett मरीज़ को बिस्तर में होना चाहिए; sich gehören उचित (या संगत) होना, शोभा देना; das gehört sich nicht यह असंगत है, यह शोभा नहीं देता; ऐसा नहीं करना चाहिए; U: er gehört bestraft für diese Tat उसे इस काम के लिए सज़ा मिलनी चाहिए; fig: dazu gehört eine Menge Geld इसके लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता है (या होगी)।

gehörig, 1. adj. अंशभूत, संघटक; का, के अधिकार में; (gebührend) उचित, औचित्यपूर्ण, यथोचित; 2. adv. अच्छी तरह, ख़ूब, कसकर, जमकर, ढंग से।

gehörlos, adj. बधिर, बहरा, बहिरा; ~**enschule,** f बहिरों का विद्यालय।

Gehörn, n (-[e]s/-e) सींग, सींगों का जोड़ा; मृगश्रृंग; ~**t,** adj. सींगदार, श्रृंगयुक्त; U: ein gehörnter Ehemann पुरुष जिसकी पत्नी अन्य-गमन करती हो, अन्य पुरुष के साथ सहवास करने वाली स्त्री का पति।

gehorsam, 1. adj. आज्ञाकारी, आज्ञा-परायण; कर्तव्यनिष्ठ; 2. m (-s) कर्तव्यनिष्ठा, निष्ठा, स्वामिभक्ति; आज्ञापरायणता; अनुषक्ति; ~**keit,** f (-) आज्ञाकारिता, आज्ञापरायणता, हुक्मबरदारी; कर्तव्यनिष्ठता।

Geh-rock, m पुरुषों का लम्बा कोट; ~**steig,** m → Gehweg

gehupft, adj., fig: das ist gehupft wie gesprungen (चाहे यह करो चाहे वह) बात एक ही है, यह एक ही बात है।

Geh-weg, m पैदल-पथ,सड़क की पटरी; ~**werk,** n चालन-यंत्र, यंत्रसमूह जिसके द्वारा कोई मशीन चलती हो।

Geier, m (-s/-) गीध, गिद्ध, गृध्र; fig: महालोभी व्यक्ति, खसोटा।

Geifer, m (-s) लार, मुंह से निकलने वाला झाग; fig: रोष, क्रोध, कटुता;

~**er,** m (-s/-) जिसके मुँह से लार टपकती हो; fig: घोर निन्दक, अत्यन्त क्रोध करने वाला, क्रोधान्ध व्यक्ति; ~**n,** v/i (h.) मुँह से लार टपकाना या झाग निकालना; लार टपकना, झाग निकलना (मुँह से); fig: क्रोधान्ध हो जाना, क्रोधान्ध होकर घोर निन्दा क० ।

Geige, f (-/-n) बेला, वॉयलिन; fig: sie will immer die erste Geige spielen वह हमेशा (या हर बात में) सबसे आगे रहना चाहती है; fig: alle sollen nach seiner Geige tanzen वह चाहता है कि सब उसके इशारों पर नाचें; fig: ihr hängt der Himmel voller Geigen वह अत्यन्त आशावादी है; वह हवाई क़िले बना कर प्रसन्न रहती है (या होती है); ~**n,** 1. v/i (h.) वॉयलिन बजाना; 2. v/t (h.) fig: ich werde ihm meine Meinung geigen मैं उसे खरी-खरी सुना दूँगा; ~**nbauer,** m वॉयलिन-निर्माता; ~**nkasten,** m वॉयलिन का खोल ।

Geigerzähler,m, phys: रेडियोधर्मिता-मापक ।

geil, adj., Mensch: कामोन्मत्त; Tier: गरम, मस्त, गर्मी में; Pflanze: प्रवर्द्धिष्णु, बहुत फैलने वाला; Boden: अत्युर्वर; ~**e,** f (-) → Geilheit; ~**heit,** f (-) अतिकामुकता, कामोन्माद, गरमी, मस्ती; प्रवर्द्धिष्णुता; अत्युर्वरता ।

Geisel, f (-/-n) बन्धक व्यक्ति; ~**nahme,** f बन्धक बनाना या बनाया जाना ।

Geiß, f (-/-en) dial: →Ziege; हिरणी, मृगी; पहाड़ी बकरी ।

Geißel, f (-/-n) कोड़ा, चाबुक, हंटर, कशा; biol: कशाभिका, कशाभ; fig: महाविपत्ति, अनिष्ट, दंड; ~**n,** v/t (h.) कोड़े लगाना, कोड़े से पिटाई क०; कशाघात क०; fig: खुलेआम निन्दा क०; ~**ung,** f (-(-en) कोड़ों से पिटाई, कशाघात; fig: खुलेआम निन्दा या भर्त्सना ।

Geist, m 1. (-es) प्राण, जीव; आत्मा, अंतरात्मा; चेतना; विवेक, बुद्धि, समझ; मानस; विवेकशक्ति, सोचने की क्षमता; विचार, ख़याल; (Sinn) भाव, प्रवृत्ति; युगचेतना, युगबोध; (Scharfsinn) कुशाग्रता, बुद्धिमानी, अक़्लमन्दी, अक़्ल; वाग्विदग्धता; Haltung: अभिवृत्ति; आचार-व्यवहार, रवैया; Alkohol: सत्व, अर्क़, आसव; 2. (-es/-er) Mensch: मनस्वी, मनीषी, व्यक्तित्व; (Gespenst) भूत, प्रेत, छाया; (Dämon) संरक्षक या प्रेरक आत्मा; der Heilige Geist पवित्र आत्मा, ईश्वर; spw: der Geist ist willig, aber das Fleisch ist schwach विवेक तो संयम चाहता है परन्तु शरीर संसार के प्रलोभनों से नहीं बच पाता; im Geiste bin ich bei euch विचारों में मैं तुम लोगों के पास हूँ; er gab den Geist auf वह दिवंगत हो गया; der Geist der Zeit युग-चेतना, युग-विशेष की प्रवृत्ति; der Geist des Abendlandes पाश्चात्य की प्रवृत्ति; पाश्चात्य का वाङमय; ich werde in seinem Geiste handeln मैं उसके विचारों के अनुसार चलूँगा; ich weiß, wes Geistes Kind er ist मुझे मालूम है कि वह किस प्रकार का व्यक्ति है; er ist ein Mann von Geist वह बुद्धिमान व्यक्ति है, वह बुद्धिजीवी है; er ist ein enger Geist वह संकीर्ण-मना आदमी है; U: bist du denn von allen guten Geistern verlassen?क्या तेरी बुद्धि बिल्कुल भ्रष्ट हो गई है ?; hier geht ein Geist um यहाँ (एक) भूत लगता है; U: dienstbare Geister सेवकगण, नौकर-चाकर; hier weht der Geist des Todes यहाँ मौत की छाया पड़ चुकी है, यहाँ मौत का राज्य है ।

Geister-beschwörung, f भूत बुलाना या भगाना; ~**geschichte,** f भूतों

की कहानी; ~**glaube,** m भूतों पर विश्वास; ~**haft,** adj. प्रेत-तुल्य, भूत-जैसा; fig: त्रिवर्ण, पीला, जिसपर मुर्दनी छाई हो; ~**n,** v/i (h.) भूतों का लगना, किसी मृत व्यक्ति का भूत की तरह प्रकट होना या आना-जाना; U: इधर-उधर दौड़ना, चहलक़दमी क०; ~**stunde,** f भूतों के आने का समय (रात के बारह बजे से एक बजे तक); ~**welt,** f प्रेत-जगत् ।

geistes-abwesend, adj. अन्यमनस्क, बेख़बर, भुलक्कड़; ~**abwesenheit,** f (-) अन्यमनस्कता, बेख़बरी, भुलक्कड़-पन; ~**arbeiter,** m बुद्धिजीवी; ~**blitz,** m सूझ; दिमाग़ में कौंध जाने वाली बात या तरकीब; ~**gegenwart,** f उपस्थित बुद्धि, आशुबुद्धि, तत्कालबुद्धि, प्रत्युत्पन्नमति; ~**gegenwärtig,** adj. आशुबुद्धि, व्युत्पन्नमति, तीक्ष्णमति; ~**gestört,** adj. विक्षिप्त, भ्रांतमति, पागल; ~**größe,** f: er ist keine Geistesgröße वह कोई मनस्वी नहीं है; ~**haltung,** f मनोवृत्ति, स्वभाव, मिज़ाज; ~**krank,** adj. विक्षिप्त, पागल, बावला, दीवाना; ~**krankheit,** f विक्षेप, पागलपन, दीवानगी (का रोग); ~**schwäche,** f दिमाग़ी कमज़ोरी, मूर्खता, अल्पबुद्धिता, मूढ़ता; ~**störung,** f →Geisteskrankheit; ~**verwandt,** adj. सहबुद्धि, सहप्रवृत्ति, हमख़याल, हमदिमाग़; ~**wissenschaften,** f/pl. मानविकी; ~**wissenschaftlich,** adj. मानविकीय; ~**zustand,** m मनोदशा, मानसिक स्थिति; jdn. auf seinen Geisteszustand hin untersuchen किसी की मानसिक स्थिति की जाँच क० ।

geistig, adj. बौद्धिक, मानसिक, आध्यात्मिक, दिमाग़ी; मदिरायुक्त; आन्तरिक; geistige Getränke मदिरायुक्त पेय; er ist unser geistiger Führer वह हमारा बौद्धिक नेता है; das ist mein geistiges Eigentum इसपर मेरा रचना-स्वत्व है, यह मेरे दिमाग़ की उपज है; fig: geistige Nahrung ज्ञान, बुद्धि का भोजन (पुस्तकें, संगीत आदि); ~**keit,** f (-) बौद्धिकता, आध्यात्मिकता; अध्यात्म ।

geistlich, adj. (kirchlich) गिरजाघर का, धार्मिक; (priesterlich) पादरी का, पादरी-वर्ग का; ~**e,** m (-n/-n) पादरी, पुरोहित; ~**keit,** f (-) पादरी-वर्ग, समस्त पादरी-समुदाय ।

geist-los, adj. (dumm) मूर्ख, बुद्धि-हीन; (leer) सारहीन, तत्वहीन; (langweilig) नीरस, उबाने वाला, उकताने वाला; ~**reich,** adj. बुद्धि-मान, कुशाग्र, विदग्ध; (witzig) विनोद-पूर्ण, प्रत्युत्पन्नमति, हाज़िर-जवाब; (treffend) मौक़े का, संगत; ~**tötend,** adj. नीरस, एकरस, उबाने वाला; ~**voll,** adj. बुद्धिमान, विदग्ध, कुशाग्र; प्रत्युत्पन्नमति, होशियार, हाज़िर-जवाब ।

Geiz, m (-es) कृपणता, कंजूसी; pl: (-e) bot: अंकुर; अन्तर्भूस्तरी; ~**en,** v/i (h.) कृपणता क०; कंजूसी क०; mit etw. geizen किसी वस्तु की किफ़ायत क०, किसी वस्तु का केवल समुचित प्रयोग क०; ~**hals,** m कृपण या कंजूस व्यक्ति, अर्थपिशाच; ~**ig,** adj. कृपण, कंजूस, मक्खीचूस; ~**kragen,** m→Geizhals

Gejammer, n(-s) विलाप, रोदन, हाय-तोबा; दुखड़ा रोना ।

Gejohle, n (-s) हो-हल्ला, हू-हू, लगा-तार हुआना ।

Gekeife, n(-s) लगातार काँय-काँय, तू-तू मैं-मैं, तक़रार ।

Gekicher, n(-s) दबी हुई हँसी; लगातार ही-ही (क०) ।

Gekläff(e), n(-s) कुत्ते की भों-भों ।

Geklapper, n (-s) खड़खड़ाहट, खटर-खटर ।

Geklimper, n (-s) auf Klavier: पियानों पर यों ही हाथ मारना, बजाना न आते हुए भी बजाना; mit Lidern:

पलकों को झपझपाना ।

geknickt, adj., fig: हतोत्साह, पस्त-हिम्मत ।

Geknister, n (-s) चटचटाहट, खर-खराहट ।

gekonnt, adj. (perfekt) पक्का, सही, निपुणतापूर्वक किया हुआ; (kunstvoll) कलापूर्ण, कलात्मक ।

Gekrätz, n (-es) धातु-मल, लोह-चून ।

Gekreische, n (-s) कें-कें; चीं-चीं, चूं-चूं ।

Gekritzel, n (-s) घसीट, किचिर-पिचिर लिखाई; (unleserliche Schrift) अपाठ्य लेखन ।

Gekröse, n (-s/-) anat: अंत्रपेशी, आंत्रयोजनी, आँतों की झिल्ली;Speise: ओझरी, पशु की अंतड़ियों आदि से बना भोजन ।

gekünstelt, adj. कृत्रिम, बनावटी, दिखावटी ।

Gel, n (-s/-) पारदर्शी मरहम; →Gelatine

Gelächter, n (-s/-) अट्टहास, ठहाका, क़हक़हा; उपहास ।

gelackmeiert, adj.,U: धोखा खाया हुआ, छला हुआ, जिसे हानि उठानी पड़े ।

Gelage, n (-s/-) पानगोष्ठी, मदिरा-पान के साथ प्रीतिभोज ।

Geläger, n (-s/-) बियर या अंगूरी का तलछट ।

Gelände, n (-s/-) भूमि, मैदान, ज़मीन; ~**abschnitt,** m भूमिखंड, खेत; ~**ausbildung,** f, mil:अभ्यासिक प्रशिक्षण; ~**gängig,** adj., Auto: हर प्रकार की ज़मीन पर चलने योग्य; ~**lauf,** m क्षेत्रपार दौड़ ।

Geländer, n (-s/-) रेलिंग, जंगला, सीढ़ियों आदि के आस-पास के डंडे जिन्हें पकड़ कर लोग चढ़ या उतर सकें ।

Geländewagen, m हर प्रकार की भूमि पर चलने योग्य वाहन, जीप ।

gelangen, v/i(s.) पहुँचना, पहुँच जाना; der Brief gelangte nicht rechtzeitig zu mir पत्र मेरे पास समय से नहीं पहुँचा; ich bin zu der Ansicht gelangt,...मैं इस विचार(या निष्कर्ष) पर पहुँचा हूँ;fig: er gelangte zu großen Ansehen उसे बहुत प्रतिष्ठा प्राप्त हुई ।

Gelaß, n(-'sses/-'sse) poet: छोटा तथा अँधेरा कक्ष ।

gelassen, adj. धीर, अक्षुब्ध, प्रकृतिस्थ, शांत; (gleichgültig) उदासीन, आवेग-हीन; ~**heit,** f (-) धैर्य, अक्षुब्धता, प्रकृतिस्थता, शांति; उदासीनता, आवेग-हीनता ।

Gelatin-e, f (-/-n) [frz.] श्लेष, जिले-टिन; ~**ieren,** v/t (h.) श्लेषीकरण क०; ~**ös,** adj. श्लेषीय, श्लेषी ।

Gelaufe, n (-s) इधर-उधर दौड़ना; दौड़-धूप ।

geläufig, 1. adj. (vertraut) सुपरि-चित; प्रचलित, व्यवहृत, सुज्ञात; प्रायिक; fig: (fließend) धाराप्रवाह; दक्षहस्त; dieser Ausdruck ist mir geläufig यह मुहावरा (या शब्द) मुझे ज्ञात है; 2. adv.: er spielt das Klavier sehr geläufig वह पियानो बजाने में दक्षहस्त है;~**keit,** f (-) सुप-रिचितता, प्रायिकता; धाराप्रवाहिता; दक्षहस्तता ।

gelaunt,adj.: gut/schlecht gelaunt sein प्रफुल्ल/खिन्न (मन:स्थिति में) होना ।

Geläut, n (-[e]s/-e)→Geläute; (Läutwerk) घंटियाँ, घंटावली; von Hunden: शिकार का पीछा करते हुए कुत्तों का एक साथ भौंकना; ~**e,** n (-s/-) घंटानाद, घंटियों की टनटना-हट ।

gelb, 1. adj. पीत, पीतवर्ण, पीताभ, पीला, ज़र्द; die Gelbe Rasse मंगोली जाति; dial: gelbe Rüben गाजर; fig: gelb vor Neid sein डाह के मारे पीला पड़ जाना, डाह के कारण मरा जाना; 2. n (-s) पीलिमा, पीला रंग; ~**fieber,** n, med: पीतज्वर;

~gießer, m पीतल की ढलाई करने वाला ~lich, adj. आपीत, पीला-सा; ~schnabel, m, fig:→Grünschnabel; ~sucht,f, med: कामला, पीलिया; ~süchtig, adj. कामला से पीड़ित; ~wurz, f हल्दी।

Geld, n (-[e]s/-er) o.pl: रुपया-पैसा, पैसा; मुद्रा; धन, अर्थ, वित्त; (Kapital) विशाल धनराशि, पूंजी, रक़म; धन, द्रव्य, निधि; etw. zu Geld machen किसी वस्तु को बेच देना, किसी चीज़ के पैसे बना लेना या पैसे खड़े कर लेना; er schwimmt im Geld वह अत्यन्त धनी है, वह कुबेर है; das läuft ins Geld इसमें बहुत खर्च होता है;इसमें बहुत पैसा लग रहा है; U: das Geld zum Fenster hinauswerfen अपव्यय क०; फ़ुज़ूलखर्ची क०; spw: Geld regiert die Welt बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रुपैया; öffentliche Gelder राजस्व, सरकारी धन; ~anlage, f लागत, लगी पूंजी; ~aristokratie, f, fig: धनिक-वर्ग; धनिकतंत्र; ~beutel, m बटुआ, थैली, मनीबेग; ~briefträger, m धनादेश (या मनीऑर्डर) वाला डाकिया; ~börse, f→Geldbeutel; ~einheit, f मुद्रा की इकाई; ~entwertung, f अवमूल्यन; मुद्रास्फीति; ~geber, m वित्तदाता, ऋणदाता, साहूकार;~gier,f धनलोलुपता; ~heirat, f धन के कारण किया गया विवाह; ~institut, n धन-संस्था, बैंक; ~lich, adj. धन-संबंधी, आर्थिक, वित्तीय; ~mangel, m धनाभाव; ~mann, m, fig: धनिक, धनी, पूंजीपति; ~markt, m, kfm: मुद्रा-बाज़ार; ~mittel, n/pl: आर्थिक साधन,धन, पूंजी;~quelle, f धनस्रोत, धनप्राप्ति का साधन; ~schein, m नोट, अर्थपत्र;~schrank, m तिज़ोरी; ~sorgen, f/pl: Geldsorgen haben आर्थिक कष्ट में होना, पैसे की तंगी होना, धनाभाव होना; ~spende, f आर्थिक दान, धन-दान; ~strafe, f आर्थिक दंड या जुर्माना; ~stück, n सिक्का; ~umtausch, m धन-विनिमय, मुद्रा-विनिमय; ~verkehr, m आर्थिक लेन-देन; ~verlegenheit, f: ich bin in Geldverlegenheit मैं इस समय अर्थसंकट में हूँ; ~verschwendung, f अपव्यय, फ़ुज़ूलखर्ची; ~wert, m मुद्रा-मूल्य; मूल्य; मुद्राक्रयशक्ति; ~wesen, n अर्थव्यवस्था, वित्तव्यवस्था।

Gelee, n (-s/-s) [frz.] श्लेष्यक, अवलेह, सान्द्र द्रव, जेली।

Gelege, n (-s/-) एक बार में दिए हुए अंडे, घोंसले में रखे अंडे; जलांडक; काटकर रखा हुआ वालियों का पूला।

gelegen, adj., fig: सुविधाजनक, उपयुक्त, मौक़े का, समयोचित; अनुकूल; sein Vorschlag kommt mir sehr gelegen उसका प्रस्ताव मेरे लिए अत्यन्त समयोचित (या अनुकूल) है; mir ist sehr viel daran gelegen मैं यह हर हालत में चाहता हूँ, मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

Gelegenheit, f (-/-en) सुयोग, सुअवसर; (Anlaß) अवसर, मौक़ा, उपलक्ष; (Einrichtung) सुविधा, सुभीता; bei Gelegenheit मौक़ा मिलने पर,फिर कभी; eine Gelegenheit wahrnehmen अवसर का लाभ उठाना; die Gelegenheit beim Schopfe packen अवसर का लाभ उठाना; अवसर को हाथ से न निकलने देना; spw: Gelegenheit macht Diebe अवसर हाथ लगने पर भला आदमी भी बुरा काम कर डालता है; ein Zimmer mit Waschgelegenheit कमरा जिसमें हाथ-मुँह धोने की सुविधा हो; ~sarbeit, f अनियत काम; अवसर का काम; ~sarbeiter, m अनियत मज़दूर; अवसर पाकर काम करने वाला मज़दूर; ~sgedicht, n अवसर-विशेष के लिए रचित कविता; ~skauf, m मौक़े की ख़रीद;

(इत्तफ़ाकिया) सस्ता सौदा ।

gelegentlich, 1. adj. कादाचित्क, अवसरिक,अनियत;eine gelegentliche Arbeit अनियत काम; 2. adv. कभी-कभी, कभी-कभार, यदा-कदा, कभी, अवसर मिलने पर; besuchen Sie uns doch gelegentlich कभी हमारे यहाँ आइए मौक़ा निकाल कर!; कभी-कभी हमारे यहाँ आया कीजिए !

gelehr-ig, adj. (anstellig) सुशिक्ष्य, शिक्षणीय, आसानी से या जल्दी सीखने वाला; (klug) बुद्धिमान, चतुर, होशियार; **~igkeit,** f (-) सुशिक्ष्यता, शिक्षणीयता; **~samkeit,** f (-) पांडित्य, विद्वत्ता; **~t,** adj. विद्वान, पांडित्यपूर्ण; **~te,** m (-n/-n) विद्वान, ज्ञानी, पंडित; **~theit,** f(-) पांडित्य, विद्वत्ता ।

Geleier, n (-s) एकसुरी लय, एकसुरा गायन ।

Geleise, n(-s/-) रेलगाड़ी की पटरियाँ; fig: नेमिमार्ग, नियमित जीवनचर्या; नियमित या व्यवस्थित कार्य-पद्धति,लीक; fig: er ist aus dem Geleise geraten उसका जीवन अनियमित हो गया है, उसके काम (या जीवन) की व्यवस्था बिगड़ गई है ।

Geleit, n (-[e]s/-e) मार्गरक्षी, रक्षा-दल; सहचर-गण; poet: साथ, साहचर्य, fig: प्रस्तावना; **~en,** v/t (h.) साथ जाना, (का) साथ देना, (तक) पहुँचाना; **~wort,** nप्राक्कथन; भूमिका; **~zug,** m,mar: रक्षक पोतों का दल ।

[1]**gelenk,** →gelenkig

[2]**Gelenk,** n (-[e]s/-e) संधि, अस्थि-संधि; जोड़, गाँठ; tech: चूल, क़ब्ज़ा, जोड़; **~ig,** adj. नम्य, लचकदार, नमनशील; फुर्तीला, स्फूर्तिशील, तेज़; **~igkeit,** f (-) नम्यता, लचक; फुर्ती, स्फूर्तिशीलता, तेज़ी ।

gelernt, adj., U: प्रशिक्षित, प्रशिक्षण-प्राप्त; er ist ein gelernter Schneider वह प्रशिक्षणप्राप्त दरज़ी है, उसने दरज़ी के व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त किया (हुआ) है ।

Gelichter, n (-s) निम्न वर्ग के लोग, तेली-तमोली, धुनिए-जुलाहे ।

Geliebte, 1. f (-n/-n) प्रेमिका, प्रेयसी; रखैल; 2. m (-n/-n) प्रेमी ।

geliefert, adj., U: er ist total geliefert उसकी बधिया बैठ गई, उस का बेड़ा ग़र्क़ हो गया ।

gelieren, v/i (s.) [frz.] जम जाना, सान्द्र हो जाना, की जेली बन जाना ।

gelind(e), 1. adj. मन्द, नरम; सौम्य; हल्का; (mäßig) मध्यम, मामूली; साधारण; ein gelinder Wind मन्द पवन; ein gelinder Schmerz हल्का दर्द, मीठा दर्द; 2. adv., U: gelinde gesagt सौम्यता से कहिए तो, कठोर शब्दों का प्रयोग न करते हुए कहा जाए तो ।

gelingen, v/i (s.) में सफलता मिलना, में सफल या कामयाब होना; बन पड़ना, अच्छा बन जाना या अच्छा बन पड़ना; 2. n (-s) सफलता, कामयाबी ।

Gelispel, n (-s) थदीकरण, तुतलाहट ।

gell, adj. : ein geller Schrei कर्णवेधी चीख; **~en,** v/i (h.) कर्णकटु होना, कर्णवेधी होना; की तेज़ आवाज़ होना; तीखी और कर्णकटु ध्वनि से भर जाना; der Lärm gellte ihm in den Ohren उसके कानों में शोर की तीखी ध्वनि हो रही थी, शोर के मारे उसके कान भन्ना रहे थे;ein gellender Schrei कर्णवेधी चीख ।

geloben, v/t (h.) की प्रतिज्ञा क०, का वचन देना, की शपथ लेना, का दृढ़ निश्चय क०, की दृढ़ प्रतिज्ञा क०; jdm. die Treue geloben किसी को उसके प्रति वफ़ादार बने रहने का वचन देना; ich habe mir gelobt, nicht mehr zu rauchen मैंने भविष्य में धूम्रपान न करने की दृढ़-प्रतिज्ञा की है ।

Gelöbnis, n (-ses/-se) वचन, प्रतिज्ञा, प्रण, शपथ ।

gelten, v/i (h.) वैध होना, की वैधता

होना, वैधता रखना, मान्य होना; प्रचलित होना; चलन में होना; लागू होना; (wichtig sein) का महत्व, मूल्य, प्रभाव होना; (bestimmt sein für...)के लिए होना; (betrachtet werden als...)के रूप में मान्यता रखना, माना जाना, समझा जाना; (ankommen auf...)...की आवश्यकता होना; (gehen um...)का प्रश्न होना, का सवाल होना; es gilt! बात पक्की हो गई !, शर्त लग गई !; die Wette gilt! शर्त पक्की हो गई !; dieser Ausweis gilt nicht mehr इस परिचय-पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है; nach geltendem Recht ist das nicht zulässig प्रचलित क़ानून के अनुसार यह अनुमत नहीं है; dieses Argument lasse ich nicht gelten इस तर्क को मैं मान्यता नहीं देता, इस तर्क को मैं नहीं स्वीकार करूँगा; etw. geltend machen किसी बात का दावा क०, किसी बात को मनवा लेना; was gilt die Wette? कितने की शर्त लगी ?, क्या शर्त लगाते हो?; ihr verliebter Blick galt Ihnen, nicht mir उसकी प्रेमासक्त दृष्टि आपके लिए थी मेरे लिए नहीं; er gilt als/für reich वह अमीर माना जाता है, लोग उसे अमीर समझते हैं; von ihm gilt es, daß er reich ist उसके बारे में कहा जाता है कि वह अमीर है; jetzt gilt es, Mut zu zeigen अब हिम्मत दिखाने (या करने) की आवश्यकता है, अब हिम्मत करने का वक्त है, अब बिना हिम्मत के काम नहीं चलेगा; es gilt unsre Freiheit यह हमारी स्वतन्त्रता का प्रश्न है; er gilt etw. bei dem Minister मंत्री की नज़रों में उसकी मान्यता है, मंत्री के यहां उसकी चलती है ।

Geltung, f (-) वैधता, मान्यता; प्रभाव महत्व; सम्मान, प्रतिष्ठा; sich Geltung verschaffen मान्यता या प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेना; in dieser Aufmachung kommt ihre Schönheit voll zur Geltung इस वेशभूषा में उसका सौंदर्य खिल उठता है, इस सज्जा में उसका सौंदर्य अपने पूर्ण प्रभाव को प्राप्त होता है; **~sbedürfnis,** n सम्मान-लिप्सा; **~sbereich,** m वैधता-क्षेत्र; प्रभाव-क्षेत्र; **~sdauer,** f वैधता-काल ।

Gelübde, n (-s/-) दृढ़ प्रतिज्ञा, धार्मिक प्रतिज्ञा, व्रत; ein Gelübde ablegen व्रत लेना ।

Gelumpe, n (-s) U: कबाड़, सामान, असबाब ।

Gelüst-(e), n (-[e]s/-e) तीव्र इच्छा, प्रचंड-कामना; ein Gelüste verspüren nach etw. किसी वस्तु (या बात) के लिए तीव्र इच्छा होना; **~en,** v/i (h.) : es gelüstet mich nach etw. मुझे किसी वस्तु (या बात) की तीव्र इच्छा हो रही है ।

[1]**gemach,** int. शान्ति से!, धीरे-धीरे!, तसल्ली से!

[2]**Gemach,** n(-[e]s/ ⸚er) कमरा, कक्ष ।

gemächlich, 1. adj. (langsam) धीमा, मन्द, मंथर, सुस्त, धीरे-धीरे, होने या किया जाने वाला; (bequem) आरामपसंद, ढीला; 2.adv. धीरे-धीरे, आराम से; **~keit,** f (-) धीमापन, मंथरता; आरामपसंदगी, ढीलापन ।

gemacht, adj., U: gemacht! बात पक्की हो गई !; U: कृत्रिम, दिखावटी; U: er ist ein gemachter Mann वह अच्छे पद पर है, उसकी स्थिति बहुत अच्छी है ।

Gemahl, m (-[e]s/-e) पति; **~in,** (-/-nen) पत्नी ।

gemahnen, v/t(h.) का स्मरण दिलाना, की याद दिलाना ।

Gemälde, n (-s/-) रंग-चित्र, चित्र; **~ausstellung,** f चित्र-प्रदर्शनी; **~galerie,** f चित्र-संग्रहालय; **~sammlung,** f चित्र-संग्रह ।

Gemarkung, f (-/-en) (Grenze) सीमा, सीमारेखा;(Gemeindebezirk) प्रशासन-क्षेत्र ।

gemäß, 1. adj. उपयुक्त, उचित, मुनासिब; 2. präp. (+ dat.) के अनुकूल; के अनुसार, के मुताबिक; gemäß unserer Vereinbarung हमारे समझौते के अनुसार (या के अनुकूल); er handelt gemäß seinen Vorschriften वह उसके निर्देशों के अनुसार काम करता है (वह उसके आदेशों का पालन करता है)।

gemäßigt, adj. संतुलित, संयत, संयमी, मिताचारी; geogr: शीतोष्ण।

Gemäuer, n (-s/-) (Mauerwerk) ईंट या पत्थर की इमारत; दीवारें; (Ruine) खंडहर, भग्नावशेष।

gemein, 1. adj.(gewöhnlich) साधारण, सामान्य, मामूली; (gemeinsam) सामूहिक, सर्वनिष्ठ, समान; (unverschämt) निर्लज्जतापूर्ण, धृष्ट; अश्लील; (boshaft) अधम, नीच, कमीन; ein gemeiner Soldat साधारण सैनिक; der gemeine Mann साधारण व्यक्ति, सर्वसाधारण; ein gemeiner Bruch साधारण भिन्न; mit Ihnen habe ich nichts gemein आपके और मेरे बीच कोई समानता नहीं है; आपका और मेरा कोई मेल नहीं; आपसे मेरा कोई संबंध नहीं; fig: sich mit jdm. gemein machen किसी से निकट संबंध स्थापित क०; eine gemeine Tat नीच करतूत; das ist eine gemeine Lüge यह निर्लज्जतापूर्ण झूठ है; 2. adv., U: बहुत, अधिक; ~**besitz,** m सामूहिक सम्पत्ति, सार्वजनिक सम्पत्ति।

Gemeinde, f (-/-n) समुदाय, समाज; छोटा गाँव या क़स्बा (नागरिक प्रशासन की सबसे छोटी इकाई के रूप में); U: नागरिक प्रशासन-कार्यालय; eccl: सम्प्रदाय, धर्मसंघ, भक्त-समूह; ~**behörde,** स्थानीय प्रशासन, स्थानीय प्रशासन-कार्यालय; म्यूनिसिपैलिटी, नगरपालिका; ~**bezirk,** m प्रशासन-क्षेत्र, म्यूनिसिपैलिटी का अधिकार क्षेत्र; ~**diener,** m नगरपालिका का दफ़्तरी या संदेशवाहक; ~**ordnung,** f नगरपालिका के अधिनियम; ~**rat,** m नगरपालिका का सभासद; ~**verwaltung,** f नागरिक प्रशासन, स्थानीय प्रशासन।

Gemeine, m (-n/-n) mil: साधारण सैनिक।

gemein-faßlich, adj. सर्वसाधारण की समझ में आने वाला, सबकी समझ में आने वाला; ~**gefährlich,** adj. सबके लिए ख़तरनाक; ~**geist,** m (-es) भाईचारे की भावना, सामाजिकता की भावना; ~**gültig,** adj. सर्वमान्य, सार्वजनिक रूप से वैध; ~**gut,** n सार्वजनिक सम्पत्ति; ~**heit,** f (-/-en) अधमता, नीचता, कमीनपन; निर्लज्जता; ~**hin,** adv. सामान्यतः, साधारणतया, प्रायः, व्यापक रूप से; ~**kosten,** pl., kfm: उपरिव्यय, मुतफ़र्रिक़ ख़र्च; ~**nutz,** m (-es) जनहित, जनकल्याण; ~**nützig,** adj. जनहितकारी; ~**platz,** m सामान्योक्ति, घिसी-पिटी बात; ~**sam,** 1. adj. सामूहिक; संयुक्त; सबका, बहुतों का; पारस्परिक, आपसी; समान, एक-सा; 2. adv. साथ-साथ; मिलकर, एक साथ; ~**samkeit,** f सामूहिकता; समानता; पारस्परिकता।

Gemeinschaft, f (-/-en) (Gruppe) समुदाय, दल, संघ, समूह; (Verbindung) पारस्परिक संबंध, सम्पर्क; बंधन, साहचर्य, सहजीवन; die eheliche Gemeinschaft वैवाहिक बंधन, वैवाहिक जीवन; die häusliche Gemeinschaft पारिवारिक जीवन; ~**lich,** 1. adj. समुदाय-विशेष का, समुदाय-विशेष से संबंधित; सामूहिक; पारस्परिक; 2. adv. साथ-साथ, मिलकर; ~**sarbeit,** f सामूहिक कार्य; ~**sgefühl,** n/~**sgeist,** m सामाजिक चेतना, सामाजिकता की भावना, भाईचारे की भावना; ~**sküche,** f सम्मिलित पाकशाला, सर्व-पाकशाला, सबके प्रयोग की रसोई; ~**skunde,**

f समाजशास्त्र; ~sraum, m सर्व-कोष्ठ, सबके प्रयोग का कमरा; सामूहिक मनोरंजन-कक्ष; ~sschule, f धर्मनिरपेक्ष विद्यालय ।

Gemein-schuldner, m दिवालिया; **~sinn,** m सामाजिकता की भावना, सामाजिक चेतना; **~verständlich,** adj. सर्वबोधगम्य, सबकी समझ में आने वाला; **~wesen,** n प्रशासन-संस्था; प्रशासन-व्यवस्था; सार्वजनिक संस्था; **~wohl,** n जनहित, जनकल्याण ।

Gemeng-e, n (-s/-) मिश्रण; घालमेल, गड्डमड्ड; (Kampf) मुठभेड़, मार-पीट, हाथापाई; Landwirtschaft: एक ही खेत में कई जिंसों का उगाया जाना; **~sel,** n (-s/-) मिश्रण, घाल-मेल, गड्डमड्ड ।

gemessen, adj. मन्द; संयत, संतुलित; औपचारिक; (würdig) आत्मगौरव-पूर्ण, गंभीर, संजीदा; gemessenen Schrittes धीरे-धीरे क़दम उठाते हुए, गम्भीरतापूर्वक (या औपचारिकता के साथ) क़दम उठाते हुए; mit gemessenen Worten गम्भीर शब्दों में, गम्भीरतापूर्वक ।

Gemetzel, n (-s) मार-काट, हत्याकांड ।

Gemisch, n (-es/-e) मिश्रण; **~t,** adj. , fig: ein gemischter Chor →Chor; U: संदिग्ध, कुख्यात; fig: einer Sache mit gemischten Gefühlen entgegensehen किसी बात के प्रति संदेह या भयमिश्रित संकोच की भावना रखना; **~twarenhandlung,** f परचूनी की दुकान, पनसारी की दूकान ।

Gems-bart, m → Gamsbart; **~bock,** m आल्प्स पर्वतों में पाया जाने वाला पहाड़ी बकरा; **~e,** f (-/-n) आल्प्स पर्वतों की पहाड़ी बकरी ।

Gemunkel, n (-s) जनप्रवाद, काना-फूसी, गुप्त निन्दा ।

Gemurmel, n (-s) मरमराहट, कल-कलाहट; खुसुर-फुसुर ।

Gemüse, n (-s/-) शाक, साग, सब्ज़ी, साग-पात; U: junges Gemüse नौजवान लोग, किशोर-किशोरियाँ; **~garten,** m शाक आदि उगाने की वाटिका; **~händler,** m सब्ज़ी वाला, शाक-विक्रेता; **~handlung,** f सब्ज़ी की दूकान; सब्ज़ी का व्यापार; **~konserven,** f/pl. परिरक्षित सब्ज़ी या उसके डिब्बे ।

gemustert, adj. नमूनेदार, बेलबूटेदार ।

Gemüt, n (-[e]s/-er) o.pl: भाव-दशा, मन:स्थिति, दिल, दिमाग़; मन, अंतरात्मा, अंतर; मिज़ाज, चित्तवृत्ति; pl: मनुष्य, इन्सान, व्यक्ति; dieser Vorfall hat die Gemüter erregt इस घटना से लोग उत्तेजित हो गए, इस घटना ने लोगों के दिल में क्षोभ उत्पन्न कर दिया; er hat ein sonniges Gemüt वह बहुत ख़ुश-मिज़ाज है; U: sich etw. zu Gemüte führenकिसी बात को मनस्थ (या अंगीकार) क०; किसी वस्तु का स्वाद लेना; किसी पदार्थ का स्वाद लेते हुए सेवन क० ।

gemütlich, adj. (behaglich) आरामदेह, सुखद; (zwanglos) अनौपचारिक, मैत्रीपूर्ण, स्वाभाविक; (umgänglich) मिलनसार, ख़ुश-मिज़ाज, तबियतदार, मौजी; (lang-sam) मंथर, मंद (गति आदि); machen Sie sich's gemütlich! आराम से बैठ जाइए!; hier herrscht eine gemütliche Atmosphäre यहाँ का वातावरण अनौपचारिक (या सुखद) है; ein gemütliches Beisammensein अनौपचारिक गोष्ठी; ein gemütlicher Spaziergang मंथर गति से टहलना, धीरे-धीरे आराम से टहलना; **~keit,** f (-) सुखदता; अनौपचारिकता, बेतकल्लुफ़ी; शान्ति, आराम, मौज; U: da hört die Gemütlichkeit auf ! यह बात अब

हद के बाहर जा रही है ।

gemüt-los, adj. adj. हृदयहीन, निर्दय, निष्ठुर; भावनारहित; **~losigkeit,** f (-) हृदयहीनता, निर्दयता, निष्ठुरता; भावना-राहित्य; **~sarm,** adj. जिसमें भावावेग या भावनाओं का अभाव हो; **~sarmut,** f (-) भावनाओं का अभाव; **~sart,** f मनोवृत्ति, स्वभाव, प्रकृति, मिज़ाज; **~sbewegung,** f मनोवेग, आवेश, भावावेश; **~skrank,** adj. विषादग्रस्त, विषादी; उन्मादी; **~skrankheit,** f विषाद, मालीख़ूलिया; उन्माद; **~smensch,** m, U: मनमौजी, मनमानी करने वाला व्यक्ति; **~sruhe,** f शांति, धैर्य, धीरता; **~sverfassung,** f मनोदशा, मन:स्थिति; **~voll,** adj. कोमलहृदय, सहृदय; भावनाप्रवण ।

[1]**gen,** präp. (+akk.) poet: की ओर; die Sonne wandert gen Westen सूर्य पश्चिम की ओर प्रयाण करता है ।

[2]**Gen,** n (-s/-e) पित्रैक, जीन ।

genau, 1. adj. यथार्थ, यथातथ्य, सुनिश्चित; ठीक, सही, पक्का, ठीक-ठीक; (gewissenhaft) कर्तव्यनिष्ठ, नियमनिष्ठ, ईमानदार;(detailliert) विस्तृत, ब्योरेवार;(pingelig) अतिसतर्क, अतिसावधान, काइयाँ; die genaue Zeit ठीक समय (न कम न ज्यादा); genaue Wiedergabe यथातथ्य तथाकथन (या प्रस्तुतीकरण); 2. adv. बिल्कुल, बिल्कुल ठीक, ठीक, ठीक-ठीक;अक्षरश:; निश्चित रूप से; genau! आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं, बिल्कुल यही बात है; genau um 5 Uhr ठीक पाँच बजे; die Befehle genau befolgen आदेशों का अक्षरश: पालन क०; etw. sehr genau nehmen अतिनियमनिष्ठ होना, किसी काम में बहुत सावधानी बरतना; wissen Sie das genau? क्या आपको यह निश्चित रूप से मालूम है; **~igkeit,** f (-) यथार्थता, यथातथ्यता, सुनिश्चितता; अतिसतर्कता, अतिसावधानी, काइयाँपन; कर्तव्यनिष्ठा, नियमनिष्ठा; ठीक-ठीक होना; **~so,** adv. बिल्कुल ऐसे ही, ठीक इसी प्रकार से ।

Gendarm, m (-en/-en) [frz.] सशस्त्र पुलिसवाला; **~erie,** f (-/-n) सशस्त्र पुलिस-विभाग ।

Genealog-e, m (-n/-n) [griech.] वंशावलीप्रणेता, वंशावली-विद्या का पंडित; **~ie,** f (-/-n) वंशावली-विद्या; **~isch,** adj. वंशपरम्परागत; आनुवंशिक ।

genehm, adj. मान्य, स्वीकार्य, इच्छा के अनुकूल, प्रिय, सुखद ।

genehmig-en, v/t (h.) (bewilligen) अनुमोदित क०, मंज़ूर क०, का समर्थन क०; (erlauben) अनुमति, आज्ञा, इजाज़त देना; U: sich einen genehmigen एक गिलास शराब पीना (या चढ़ाना); **~ung,** f (-/-en) अनुमोदन, मंज़ूरी, समर्थन; अनुमति, इजाज़त ।

geneigt, adj., fig: (zugetan) अनुग्रहपूर्ण, कृपापूर्ण; अनुरागपूर्ण; (bereit) तैयार, प्रवृत्त; jdm. geneigt sein किसी पर कृपालु होना; किसी के प्रति अनुराग रखना, किसी से प्रसन्न होना; das Glück ist mir geneigt भाग्य मुझ पर प्रसन्न है; ich bin Ihrem Plan sehr geneigt मुझे आपकी योजना बहुत पसन्द है; ich bin geneigt, diese Arbeit zu übernehmen मैं इस काम की ज़िम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूँ; **~heit,** f (-) अनुग्रह, कृपा, अनुराग; झुकाव, तत्परता ।

General, m (-s/-e; ⁓e) जनरल,सेनापति; eccl: धर्मसंघ का अध्यक्ष ।

General-bevollmächtigte, m/f पूर्णाधिकारी प्रतिनिधि (स्त्री या पुरुष); **~direktion,** f महानिदेशालय, महासंचालकालय; **~direktor,** m महानिदेशक, महासंचालक; **~e,** n (-s/-'lien) आम बात या मामला;

~feldmarschall, m, mil: फ़ील्ड-मार्शल; ~gouvereur, m महाराज्य-पाल, गवर्नर जनरल; ~isation, f (-/-en) सामान्यीकरण; ~isieren, v/t (h.) सामान्यीकरण क०, सामान्यीकृत रूप में प्रस्तुत क०; ~issimus, m (-/-'mi) mil: संयुक्त स्थल तथा जल और वायुसेना का सेनाधिपति,महासेना-पति; ~ität, f, mil: जनरल-समुदाय; ~probe, f अंतिम पूर्वाभ्यास या पूर्वा-भिनय; ~sekretär, m महासचिव; ~stab, m, mil: सर्वबलाधिकरण; ~stäbler, m (-s/-)/~stabs-offizier, m सर्वबलाधिकरण से संबंधित अफ़सर; ~streik, m पूर्ण हड़ताल, सार्वजनिक हड़ताल; ~versammlung, f सामान्य अधिवेशन; ~vollmacht, f पूर्णाधिकार, व्यापक प्राधिकार ।

Generation, f (-/-en) [lat.] पीढ़ी, पुश्त; die junge Generation युवा पीढ़ी; ~skonflikt, m/~sproblem, n पुरानी और नई पीढ़ी का मतभेद, दो पीढ़ियों के मतभेद से उत्पन्न समस्या ।

Generator, m (-s/-en) [lat.] जनित्र ।

generell, adj. [lat.] सामान्य, सार्व-जनिक, आम ।

generieren, v/t (h.) [lat.]प्रजनन क०; उत्पन्न क०, पैदा क० ।

generisch, adj. [lat.] जातीय, जाति-गत, प्रजातिगत ।

gener-ös, adj. [frz.] उदार, उदार-चेता; दानी, दानशील; ~osität, f (-) उदारता; दानशीलता ।

Genese, f (-) [griech.] उत्पत्ति; उद्भव; विकास ।

genesen, v/i (s.) स्वास्थ्यलाभ क०, ठीक हो जाना, अच्छा हो जाना; von einer Krankheit genesen किसी रोग से मुक्त हो जाना; poet: sie genas eines Sohnes उसने एक पुत्र को जन्म दिया ।

Genesis, f (-) [griech.] उत्पत्ति-ग्रंथ, मूसा की प्रथम पुस्तक (पूर्वविधान में निहित) ।

Genesung, f (-) स्वास्थ्यलाभ ।

Genet-ik, f (-) [griech.] जनन-विज्ञान, उत्पत्तिविज्ञान; ~isch, adj. उत्पत्ति-संबंधी, जननविज्ञान-संबंधी; उत्पत्तिमूलक ।

Genetiv, m→ Genitiv

genial, adj. [lat.] प्रतिभावान, विदग्ध, विचक्षण; उत्तम, बहुत बढ़िया; ~ität, f (-) विदग्धता, विचक्षणता; उत्तमता ।

Genick, n (-[e]s/-e) ग्रीवासंधि, गरदन, गुद्दी; fig: diese Tat wird ihm das Genick brechen यह करतूत उसे तबाह कर देगी; ~fänger, m शिकारी का चाकू, शिकार करने का चाकू; ~starre, f (-) med: मस्तिष्क-मेरुच्छद-कोप या इसके कारण गरदन का अकड़ जाना ।

Genie, n (-s/-s) [lat.] प्रतिभाशाली, मेधावी व्यक्ति; o.pl: प्रतिभा, मेधा ।

genier-en, v/t (h.) [frz.] तंग क०, परेशान क०, सताना; sich genieren झेंपना, शरमाना, लज्जालु या झेंपू होना; ~lich, adj. लज्जालु, झेंपू, शरमीला ।

genieß-bar, adj. उपभोग्य, सेवनीय; U: प्रसन्नचित्त, खुशमिज़ाज, प्रसन्न मनः-स्थिति में; U: er ist heute nicht genießbar आज उसका मिज़ाज खराब है; ~en, v/t (h.) सेवन क०, खाना, पीना; का रस लेना, का आनन्द या मज़ा लूटना; fig: पाना, प्राप्त क०, का भागी या पात्र होना; को प्राप्त होना या मिलना; das Leben genießen जीवन का रस लेना, जीवन का मज़ा लूटना; fig: er genießt einen sehr guten Ruf वह बहुत प्रतिष्ठाप्राप्त व्यक्ति है, लोग उसकी बहुत इज़्ज़त (या प्रशंसा) करते हैं; fig: er genießt das Vertrauen seines Chefs वह अपने मालिक का विश्वासपात्र है, उसे अपने मालिक का विश्वास प्राप्त है; ~er, m (-s/-) रसिक, भोगी, किसी वस्तु का मज़ा लूटने वाला; सुस्वाद भोजन का प्रेमी या पारखी; ~erisch,

1. adj. रसिकवत्, रसिक-जैसा; भोग-वादी; 2. adv. आनन्द का अनुभव करते हुए, मज़ा लूटते हुए।

genital, adj. [lat.] जनन-संबंधी, जननांगी; ~**ien,** pl. जननांग, जननेंद्रियाँ।

Genitiv, m (-s/-e) [lat.] संबंध कारक, षष्ठी।

Genius, m (-/-'nien) [lat.] संरक्षक आत्मा; o.pl: सृजनक्षमता; प्रतिभा, मेधा।

Genörgel, n (-s) छिद्रान्वेषण, क्षोभ या क्रोध की बड़बड़ाहट।

Genosse, m (-n/-n) सखा, सहचर, साथी; कामरेड; सहयोगी, सहकारी; ~**nschaft,** f (-/-en) सहकारी समिति; ~**nschaftlich,** adj. सहकारी, सहकारिता पर आधारित, सहकारी समिति-संबंधी; ~**nschaftswesen,** n सहकारी व्यापार।

Genre, n (-s/-s) [frz.] कलात्मक या साहित्यिक रचना का प्रकार; ~**haft,** adj. सामान्य, प्रतिदिन का।

genug, adv. पर्याप्त, काफ़ी, बहुत; wir haben genug zum Leben जीवन के लिए आवश्यक धन (या सामग्री) हमारे पास पर्याप्त मात्रा में है; es ist genug यह काफ़ी है; jetzt ist es aber genug! बस, अब बहुत हो गया! इससे अधिक मैं सहन नहीं करूँगा; fig: ich habe genug davon! मैं इससे तृप्त हो चुका हूँ, मैं इससे आजिज़ आ चुका हूँ; मुझे इसमें कोई रुचि नहीं रही; genug jetzt! बस बहुत हो गया अब!; laß es genug sein! बस कर भई!, छोड़ भी इस बात को!; es ist nun genug des Streites बहुत लड़ लिया अब बस करो; es ist über und über genug यह पर्याप्त से अधिक है।

Genüg-e, f (-): zur Genüge पर्याप्त मात्रा में, समुचित रूप से; बहुत अच्छी तरह से; jds. Forderungen Genüge leisten/tun किसीकी माँगों को पूरा क०; ~**en,** v/i (h.) पर्याप्त होना, काफ़ी होना; का पालन क०; को पूरा क०; es genügt यह काफ़ी है; U: mir genügt's मुझे और नहीं चाहिए; मैं इससे तृप्त हो चुका हूँ; seiner Pflicht genügen अपने कर्तव्य का पालन क०; den Anforderungen genügen आवश्यकताओं या माँगों को पूरा क०; ~**sam,** adj. थोड़े में संतोष (या सब्र) करने वाला, ~**samkeit,** f (-) थोड़े में संतोष करने की क्षमता या आदत।

genug-tun, v/i (h.) jdm. genugtun किसी को संतुष्ट क०, किसी की क्षतिपूर्ति क०, किसी की इच्छाओं को पूरा क०; ~**tuung,** f (-) संतुष्टि, संतोष; क्षतिपूर्ति; प्रायश्चित्त; Genugtuung empfinden संतोष का अनुभव क०; jdm. Genugtuung leisten किसी की इच्छाओं को पूरा क०, किसी को मानहानि का बदला लेने का अवसर देना, किसी को उसके प्रति किए गए अन्याय का बदला चुकाना।

Genus, n (-/-'nera) [lat.] जाति, नस्ल, प्रकार; gramm: लिंग।

Genuß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) उपभोग, सेवन, भोग; आनन्द, सुख, मज़ा; mit Genuß essen मज़ा लेते हुए खाना; es ist ein Genuß, ihm zuzuhören उसकी बातों (या वार्ता) को सुनने में आनन्द आता है।

genüß-lich, adv. मज़ा (या आनन्द) लेते हुए, चुस्की लेते हुए, सुख का अनुभव करते हुए; ~**ling,** m (-[e]s/-e) भोगी, विलासी, ऐयाश।

Genuß-mensch, m → Genüßling; ~**mittel,** n उत्तेजक खाद्य या पेय; ~**reich,** adj. सुस्वाद, मज़ेदार; ~**sucht,** f स्वाद-लिप्सा, भोग-लिप्सा, विलास-लिप्सा; ~**süchtig,** adj. स्वादलिप्सु, स्वादलोलुप, भोगलोलुप, विलासलोलुप।

Geo-däsie, f (-) [griech.] भूगणित; भूमापन; ~**dät,** m (-en/-en) भूमापक; ~**graph,** m (-en/-en) भूगोलज्ञ, भूगोलवेत्ता; भूगोल का विद्यार्थी

या अध्यापक; **~graphie,** f (-) भूगोल; **~graphisch,** adj. भौगोलिक, भूगोल-; **~loge,** m (-n/-n) भूवैज्ञानिक, भूविज्ञानविद्; भूविज्ञान का विद्यार्थी या अध्यापक; **~logie,** f (-) भूविज्ञान, भूगर्भविज्ञान, भौमिकी; **~logisch,** adj. भौमिकीय, भूवैज्ञानिक, भूगर्भ-संबंधी; **~meter,** m (-s/-) भूमापक; **~metrie,** f (-) ज्यामिति, रेखागणित; **~metrisch,** adj. ज्यामितीय; **~physik,** f (-) भूभौतिकी; **~physikalisch,** adj. भूभौतिकीय; **~zentrisch,** adj. भूकेन्द्रीय, भूकेन्द्रिक ।

Gepäck, n (-[e]s) यात्रा-सामग्री, बोरिया-बिस्तर, सामान; mil: प्रयाण-सामग्री; **~abfertigung,** f यात्रा-सामग्री को लेकर प्रेषण के लिए तैयार किए जाने की खिड़की; **~annahme,** f रेल आदि द्वारा भेजे जाने वाले सामान को देने की खिड़की; सामान जमा करने की खिड़की; **~aufbewahrung,** f सामानघर,यात्री-सामानघर;**~ausgabe,** f सामानघर से सामान बाहर देने की खिड़की;**~netz,** n रेल-गाड़ी आदि में सामान रखने का जाल;**~schein,** m (सामानघर में रखे) सामान की रसीद; **~stück,** n सामान की अदद; **~träger,** m भारिक, कुली; am Fahrrad usw.: कैरियर; **~versicherung,** f यात्रा-सामग्री का बीमा; **~wagen,** m सामान-यान, संभार-वाहन ।

Gepard, m (-s/-e) [frz.] चीता; तेंदुआ ।

gepfeffert, adj., fig: अश्लील; हद से अधिक, बहुत अधिक (मूल्य) ।

Gepfeife, n (-s) लगातार सीटी बजाना ।

Gepflogenheit, f (-/-en) आदत; प्रथा, रिवाज ।

Geplänkel, n (-s) खंडयुद्ध, मुठभेड़, छुटपुट मुक़ाबला;fig: झड़प, कहा-सुनी, नोंक-झोंक ।

Geplapper,n (-s) बालालाप; बकवास, अनर्गल प्रलाप ।

Geplärr-(e), n (-s)रोदन ।

Geplätscher, n (-s) छपछपाहट ।

Geplauder, n (-s) गप-शप ।

Gepolter, n (-s) गड़गड़ाहट; शोरगुल; U: डाँट-फटकार ।

Gepräge, n (-s) छापा, छाप; fig: छाप; विशिष्टता, विशिष्ट गुण ।

Gepränge, n (-s) सज-धज, तड़क-भड़क, चमक-दमक ।

Geprassel, n (-s) खड़खड़ाहट, कड़कड़ाहट, चटचटाहट ।

Gequassel, n (-s) U: अनर्गल प्रलाप, बकवास; बक-बक; मूर्खतापूर्ण बातें ।

Gequatsche, n (-s) U: बक-बक; बकवास,अनर्गल प्रलाप, ऊटपटाँग बातें ।

Ger, m (-s/-e) भाला, बरछा, नेजा ।

[1]**gerade,** 1. adj. (aufrecht) सीधा, खड़ा, उर्ध्व; (nicht krumm) अवक्र, ऋजु, सरल, सीधा; (direkt) सीधा; (aufrichtig) ईमानदार, सच्चा, निष्कपट, स्पष्टवादी; math: सम; eine gerade Haltung शरीर की अवक्र स्थिति, उर्ध्व मुद्रा; eine gerade Linie ऋजु रेखा, सरलरेखा; gerade Zahlen सम संख्यायें; den geraden Weg gehen ईमानदारी के मार्ग पर चलना; er ist ein gerader Mensch वह निष्कपट व्यक्ति है; 2. adv. (soeben) अभी-अभी, अभी ही, इसी क्षण, बिल्कुल अभी; अभी, इसी समय; (genau) बिल्कुल, एकदम; ठीक; U: ही; यों ही, इत्तफ़ाक से; ich bin gerade gekommen मैं बिल्कुल अभी आया हूँ; ich bin gerade beim Arbeiten मै इस समय काम कर रहा हूँ; da wir gerade davon sprechen, चूँकि इस समय इस (बात) की चर्चा चल रही है, तो...; जब अब उसका ज़िक्र चल ही रहा है तो...; es ist gerade ein Jahr her,... ठीक एक साल पहले की बात है..., ठीक

एक साल हुआ है...; Sie kommen gerade zur rechten Zeit आप बिल्कुल उचित समय पर पहुँच रहे हैं, आप बिल्कुल ठीक समय पर आए हैं; er arbeitet gerade so viel, wie er muß वह उतना ही काम करता है जितना उसे करना पड़ता है; das ist gerade das, was ich suche मैं इसी को खोज रहा था, मुझे इसी की तलाश थी; gerade so ist es gewesen बिल्कुल ऐसा ही हुआ, बिल्कुल यही बात थी; U: nun gerade nicht! तो (अब तो) बिल्कुल नहीं, अब तो कदापि नहीं;U: warum gerade ich? मैं ही क्यों?; das geschieht ihm gerade recht! यह दंड उसे ठीक ही मिल रहा है!; U: ich kam gerade vorbei,...मैं यों ही चला आया,...; मैं इत्तफ़ाक से उधर से गुज़रा...; er ist mir nicht gerade unsympathisch ऐसा नहीं है कि वह मुझे बिल्कुल अप्रिय लगता हो।

²Gerade, f (-n/-n) math: ऋजुरेखा, सरल रेखा; Rennstrecke: दौड़-पथ का सीधा वाला भाग; beim Boxkampf: सीधा मुष्टिप्रहार।

gerade-aus, adv. बिल्कुल सीधे, एकदम सीधे, सीधे, नाक की सीध में; U: साफ़-साफ़, स्पष्ट रूप से, निस्संकोच; **~biegen,** v/t (h.) सीधा क०; की वक्रता समाप्त क०; fig: बिगड़ी बात को बना देना; **~heraus,** adv. साफ़-साफ़, निस्संकोच, बिना घुमा-फिरा कर।

gerädert, adj., U: ich fühle mich wie gerädert मैं थककर चूर हो गया हूँ।

gerade-nwegs, adv. एक दम सीधे; **~so,** adv. बिल्कुल इसी प्रकार से; **~stehen,** v/i (s.) सीधे खड़े होना; fig: für: etw. geradestehen किसी बात का उत्तरदायित्व लेना, किसी बात के लिए उत्तरदायी होना; **~wegs,** adv.→geradenwegs; **~zu,** adv. निपट, निरा, सरासर, बिल्कुल, एकदम।

Gerad-heit, f (-) ऊर्ध्वता; सिधाई; ईमानदारी, निष्कपटता, स्पष्टवादिता; **~linig,** adj. ऋजुरेखीय, सरलरैखिक; fig: सीधा-सादा, निष्कपट, सच्चा, ईमानदार; **~linigkeit,** f (-) सरलरैखिकता, रेखीयता; fig: निष्कपटता, सच्चाई, ईमानदारी; **~sinnig,** adj. निष्कपट, सरलहृदय, सच्चा, ईमानदार।

Geranie, f(-/-n) [griech.] कषायमूल, लाल फूलों वाला एक पौधा।

Gerassel, n (-s) कड़कड़ाहट, खनखनाहट।

Gerät, n (-[e]s/-e) यंत्र, औज़ार, उपकरण, उपस्कर, कलयंत्र, मशीन।

geraten, 1. v/i (s.) (gelingen) बन पड़ना, (अच्छा या ख़राब) हो जाना या बन जाना; (gut gedeihen) ख़ूब बढ़ना, प्रगति क०; (zufällig gelangen) में पड़ जाना, फँस जाना; (sich entwickeln) (के अनुरूप) विकसित होना, की तरह बन जाना, पर जाना; बन जाना, का कारण बनना;der Kuchen ist geraten केक अच्छा बन गया है; die Ernte ist in diesem Jahr gut geraten इस साल फ़सल अच्छी हुई है; das Kind gerät prächtig बालक ख़ूब प्रगति कर रहा हैं; das Kind ist nach dem Vater geraten बच्चा अपने बाप पर गया है; außer sich geraten आपे से बाहर हो जाना; diese Sache geriet ihm zum Verhängnis यह बात उसके (लिए) सर्वनाश का कारण बन गई; er geriet auf Abwege वह गलत रास्ते पर पड़ गया; sie sind in Armut geraten वे निर्धन हो गए; U: aneinander geraten एक दूसरे से लड़ पड़ना; 2. adj. उपयुक्त, उचित, तर्कसंगत, मुनासिब; es scheint mir geraten, noch zu warten मेरे

विचार से यह उचित होगा कि थोड़ी और प्रतीक्षा की जाए ।

Geratewohl, n: aufs Geratewohl बिना सोचे-विचारे, बिना जाने-बूझे, यों ही, यदृच्छया ।

Gerätschaften, pl. (सभी) यंत्र, औज़ार, उपकरण आदि ।

Geratter, n (-s) गड़गड़ाहट, घड़घड़ाहट ।

geraum, adj.: ich warte schon eine geraume Weile मैं काफ़ी (या बहुत) देर से प्रतीक्षा कर रहा हूँ; seit geraumer Zeit बहुत दिनों से, लम्बे अर्से से, काफ़ी समय से ।

geräumig, adj. विशाल, लम्बा-चौड़ा, जिसमें काफ़ी जगह हो; **~keit,** f (-) विशालता ।

Geräusch, n (-[e]s/-e) नाद, रव, आवाज़; कोलाहल, शोर, हो-हल्ला; **~kulisse,** f नेपथ्य का कोलाहल; **~los,** adj. नीरव, ध्वनिहीन, शांत, निःशब्द; **~losigkeit,** f (-) नीरवता, शांति; **~pegel,** m ध्वनि-घनत्व; **~voll,** 1 adj. कोलाहलपूर्ण, शोरगुल वाला;2.adv. शोर करते हुए, ज़ोर से ।

gerb-en, v/t (h.) चमड़ा कमाना, सिझाना, चर्मशोधन क०; U: →Fell; **~er,** m (-s/-)चर्मशोधक, चर्मसंस्कर्ता; **~erei,** f (-/-en) चर्मशोधशाला, चर्मसंस्कार-गृह; **~säure,** f शल्किक अम्ल ।

gerecht, adj. न्याय्य, न्यायसंगत, न्यायोचित, न्यायपूर्ण; सकारण, तर्कसंगत, औचित्यपूर्ण; (unparteiisch) निष्पक्ष, समदर्शी; न्यायपरायण; (passend) उपयुक्त, उचित, समुचित, यथोचित; eine gerechte Strafe न्यायोचित दंड; ein gerechter Mensch निष्पक्ष व्यक्ति; gerechter Lohn यथोचित फल; यथोचित पारिश्रमिक;ein gerechter Vorwurf सकारण भर्त्सना, औचित्यपूर्ण निन्दा; jds. Ansprüchen gerecht werden किसी की माँगों को पूरा क०; jdm. gerecht werden किसी के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार क०; **~fertigt,** adj. न्यायोचित, न्यायसंगत; औचित्यपूर्ण, सकारण; **~igkeit,** f (-) न्याय, इंसाफ़; न्यायसंगति, न्याययुक्तता; औचित्य; poet: क़ानून; अदालत; न्याय-परिपालन; die Gerechtigkeit Gottes ईश्वरीय न्याय; jdm. Gerechtigkeit widerfahren lassen किसी के साथ न्याय क०, किसी के साथ न्यायपूर्ण आचरण क०; fig: jdn. der Gerechtigkeit ausliefern किसी को क़ानून के हवाले कर देना; **~igkeitssinn,** m न्याय-वृत्ति, न्याय की भावना, न्याय-चेतना ।

Gerede, n (-s) बक-बक, बकवास, प्रलाप; (Nachrede) जनप्रवाद, गुप्तनिन्दा; अफ़वाह; jdn. ins Gerede bringen किसी के बारे में अफ़वाहें उड़ाना,किसी के विषय में जनप्रवाद का कारण बनना ; sie ist ins Gerede gekommen वह जनप्रवाद का विषय बन गई है, उसके बारे में अफ़वाहें उड़ रही हैं ।

gereichen, v/i (h.) : diese Tat wird ihm zur Ehre gereichen इस काम से उसे प्रतिष्ठा प्राप्त होगी, यह काम उसके लिए प्रतिष्ठा का कारण बनेगा; dies wird Ihnen nicht zum Schaden gereichen यह आपके लिए हानि का कारण नहीं बनेगा, इससे आपको हानि नहीं होगी ।

gereizt, adj. खिन्न, क्षुब्ध; अधीर, व्यग्र; med: अतिसंवेदित; **~heit,** f (-) खिन्नता, क्षोभ; व्यग्रता, अधीरता ।

gereuen, v/i (h.) : es gereut mich मुझे (इसका) खेद है (कि) ।

[1]**Gericht,** n (-[e]s/-e) पका हुआ भोजन, विशिष्ट भोजन, व्यंजन ।

[2]**Gericht,** n (-[e]s/-e) न्यायाधिकरण, न्यायालय, अदालत, कचहरी, इजलास;(Richterkollegium) न्यायाधीशगण, न्यायमंडल; fig: न्याय-परिपालन; fig: (Strafe) दंड, सज़ा; das

Gericht anrufen अदालत में फ़रियाद क०; über jdn. zu Gericht sitzen किसी के बारे में फ़ैसला क०, किसी के मामले (या मुक़दमे) में सुनवाई क०; hohes Gericht! जर्मनी की अदालतों में न्यायाधीश को संबोधित करने के शब्द; eccl: das Jüngste Gericht कल्पान्त-दिवस, क़यामत; fig: hart mit jdm. ins Gericht gehen किसी की घोर भर्त्सना क०; किसी के लिए कठोर दंड का निर्णय देना; ~**lich,** adj. न्यायिक, अदालती, क़ानूनी, न्यायालय द्वारा किया गया; ~**sakten,** f/pl. अदालती दस्तावेज़, अदालती फ़ाइलें; ~**sbarkeit,** f(-) न्याय-अधिकार; ~**sbeschluß,** m न्यायालय का निर्णय, अदालती फ़ैसला; ~**sbezirk,** m न्याय-क्षेत्र, न्यायाधिकार-क्षेत्र; ~**sdiener,** m न्यायालय का चपरासी; ~**sgebäude,** n न्यायालय, अदालत (की इमारत); ~**shof,** m न्यायालय; der Oberste Gerichtshof सर्वोच्च (या उच्चतम) न्यायालय; ~**skosten,** pl. क़ानूनी कार्रवाई का व्यय, मुक़दमे का ख़र्च; ~**smedizin,** f (-) विधि-आयुर्विज्ञान, न्यायालयीय चिकित्सा-विज्ञान; ~**ssprache,** f न्यायालय की भाषा; ~**sstand,** m आधिकारिक या अधिकारक्षेत्रीय न्यायालय, मुक़दमा चलने की जगह; ~**stag,** m अदालत लगने का दिन; मुक़दमे की सुनवाई का दिन; ~**sverfahren,** n अदालती कार्यवाही, मुक़दमा; ~**sverhandlung,** f मुक़दमे की सुनवाई; ~**svollzieher,** m कुर्क-अमीन; ~**swesen,** n न्याय-व्यवस्था।

gerieben, adj., fig: धूर्त, मक्कार, चालाक, चालबाज़; ~**heit,** f (-) fig: धूर्तता, मक्कारी, चालाकी, चालबाज़ी।

Geriesel, n (-s) फुहार, झींसी।

gering, adj. (klein) लघु, छोटा; (wenig) अल्प, थोड़ा, कम; (unbedeutend) नगण्य, महत्वहीन, मामूली; तुच्छ, क्षुद्र; घटिया; es besteht nur noch eine geringe Chance बहुत कम उम्मीद है (या रह गई है); uns fehlt nicht das geringste हमें किसी बात की (या कोई) कमी नहीं है; schon bei den geringsten Schwierigkeiten gibt er auf छोटी से छोटी कठिनाई के आते ही वह हिम्मत हार जाता है; die Löhne sind nur um ein geringes gestiegen वेतनों में केवल मामूली (या थोड़ी) वृद्धि हुई है; das interessiert mich nicht im geringsten मुझे इसमें क़तई दिलचस्पी नहीं है; das ist Ware von geringer Qualität यह घटिया माल है; ~**achten,** v/t (h.)→ geringschätzen; ~**fügig,** adj. नगण्य, मामूली, बहुत थोड़ा-सा; ~**fügigkeit,** f (-/-en) नगण्यता, महत्वहीनता, उपेक्ष्यता; छोटी-सी बात, मामूली-सी बात; अल्यल्प मात्रा; ~**schätzen,** v/t(h.) को कम या महत्वहीन समझना, का तिरस्कार क०, की उपेक्षा क०; ~**schätzig,** adj. तिरस्कारपूर्ण, निन्दात्मक, उपेक्षापूर्ण, अनादरपूर्ण; ~**schätzigkeit,** f (-) तिरस्कारपूर्ण, निन्दात्मक, उपेक्षापूर्ण आचरण; ~**schätzung,** f(-) तिरस्कार, उपेक्षा; अवहेलना, अनादर, निन्दा; ~**stenfalls,** adv. कम से कम; ~**wertig,** adj. क्षुद्र, घटिया, कम मूल्य का।

Gerinne, n (-s/-) क्षुद्र नदिका, नाला; जलप्रपात; नाली।

gerinn-en, v/i (s.) जमना, स्कन्दित हो जाना, में थक्के पड़ जाना; ~**sel,** n (-s/-) थक्का, द्रव का घनीभूत अंश; →Gerinne

Gerippe, n (-s/-) (Skelett) अस्थि-पंजर, कंकाल; (Gerüst) ढाँचा; fig: ख़ाका, रूपरेखा।

gerippt, adj. पट्टीदार, धारीदार, पाँजरदार, शिरायुक्त।

gerissen, adj., fig: चालाक, चालबाज़, धूर्त, मक्कार; ~**heit,** f (-) fig:

चालाकी, चालबाजी, धूर्तता, मक्कारी।

German-e, m (-n/-n) राइन नदी के उत्तर-पूर्व तथा स्कैन्डिनेविया में रहने वाली पुरानी वन्य जाति का आदमी, जर्मनिक जाति का व्यक्ति; **~isch**, adj. जर्मनिक; **~isieren**, v/t(h.)जर्मन (ढंग का) बनाना; **~ismus**, m (-/-'men) जर्मन शैली, किसी अन्य भाषा में जर्मन शैली का प्रयोग; **~ist**, m (-en/-en) जर्मन साहित्य, भाषा एवम् संस्कृति का विद्वान या विद्यार्थी; **~istik**, f (-) जर्मन साहित्य, भाषा तथा संस्कृति (अध्ययन के विषय के रूप में); **~istisch**, adj. जर्मन साहित्य तथा भाषा आदि से संबंधित।

gern(e), adv. प्रसन्नतापूर्वक, ख़ुशी से, बाख़ुशी, शौक से, चाव से; etw. gern tun कोई काम ख़ुशी से क०; U: ich habe das nicht gern getan यह मैंने जानबूझकर (या इरादतन) नहीं किया; jdn. gern haben किसी को चाहना या पसन्द क०; U: er kann mich gern haben! मैं उससे कोई सम्बंध नहीं रखना चाहता, मुझे उसमें कोई दिलचस्पी नहीं; मुझे उसकी कोई परवाह नहीं; ich habe es gern, wenn es regnet जब बरसात होती है तो मुझे अच्छा लगता है, बरसात मुझे पसंद है; U: das habe ich gern! यह मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है (व्यंग्यात्मक उक्ति); ich sehe es nicht gern, wenn er das tut मुझे उसका यह करना पसंद नहीं है; er ist ein gern gesehener Gast bei uns उसके आने पर हमें बड़ी प्रसन्नता होती है, उसका आना हमें अच्छा लगता है; diese Bäume wachsen gern auf sandigem Boden रेतीली भूमि में ये वृक्ष ख़ूब बढ़ते हैं; von Herzen gern! हार्दिक प्रसन्नता के साथ, अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक।

Gerne-groß, m दूसरों के आगे बड़प्पन का ढोंग करने वाला व्यक्ति, जो दूसरों से यह अपेक्षा रखे कि वे उसे बड़ा आदमी समझें; **~klug**, m जो दूसरों से यह अपेक्षा रखे कि वे उसे अक़्लमंद समझें।

Geröchel, n (-s) गले की घर्राहट या घरघराहट।

Geröll, n (-s/-e) रोड़ी, पत्थर के टुकड़े व बटियाँ आदि।

Gerste, f (-) यव, जौ; **~nkorn**, n जौ का दाना; fig: गुहांजनी, गुहैया, बिलनी, गुहेरी; **~nsaft**, m, poet: बियर।

Gerte, f (-/-n) साँट, साँटा, हरी टहनी; **~nschlank**, adj. छरहरा, इकहरे बदन का।

Geruch, m (-[e]s/ ¨-e) गंध, बास, महक, बू; o.pl: घ्राणशक्ति; o. pl., fig: ख्याति, नाम; लोकमत; fig: er steht in schlechtem Geruch वह बदनाम है; **~los**, adj. गंधहीन, गंधरहित; **~losigkeit**, f (-) गंधराहित्य; **~ssinn**, m घ्राणेन्द्रिय, घ्राणशक्ति।

Gerücht, n (-[e]s/-e) जनप्रवाद, निराधार चर्चा, अफ़वाह; **~emacher**, m अफ़वाहें उड़ाने वाला, **~weise**, adv. अफ़वाह के रूप में, बतौर अफ़वाह।

geruhen, v/i (h.): geruhen, etw. zu tun कुछ करने की अनुकम्पा (या कृपा) क०।

geruhsam, adj. सुखद; शान्तिपूर्ण; **~keit**, f (-) सुखदता; शान्ति, शान्तिपूर्णता।

Gerumpel, n (-s) घनध्वनि, गड़गड़ाहट, धड़धड़ाहट।

Gerümpel, n (-s) काठ-कबाड़, टूटा-फूटा पुराना सामान।

Gerund-ium, (-s/-'dien) [lat.] क्रियावाचक संज्ञा; **~iv**, n (-s/-e) क्रियात्मक विशेषण।

Gerüst, n (-[e]s/-e) मंच, मचान, पाइट, पाड़; ढाँचा; fig: रूपरेखा, ख़ाका।

Gerüttel, n (-s) लगातार झकझोरना; हिचकोले, झटके ।
gerüttelt, adv. लबालब, मुहाँ-मुँह; fig: बहुत अधिक; der Eimer ist gerüttelt voll वाल्टी लबालब भरी है; fig: dazu gehört ein gerüttelt Maß an Disziplin इस के लिए बहुत अधिक अनुशासन की आवश्यकता (होती) है ।
gesalzen, adj., U: कमरतोड़ या बहुत ऊँचा (मूल्य); तगड़ा, ज़ोरदार; gesalzene Preise बहुत ऊँची क़ीमतें; eine gesalzene Ohrfeige ज़ोरदार तमाचा ।
gesamt, adj. पूरा, सम्पूर्ण; सब, सभी; समस्त, समग्र, सकल, कुल; व्यापक, समावेशक; ~**ausgabe,** f किसी की समस्त रचनाओं का संस्करण; ~**ausgaben,** f/pl. कुल व्यय, कुल खर्च; ~**bedarf,** m कुल ज़रूरत, कुल आवश्यकता(यें); ~**betrag,** m कुल धनराशि, कुल योग; ~**bild,** n, fig: समावेशक विवरण; समावेशक मत; ~**eindruck,** m समावेशक मत; समस्त धारणायें या उनका सार; ~**einnahme,** f कुल आय, कुल आमदनी; ~**heit,** f (-) सम्पूर्णता; समष्टि, समग्रता, साकल्य; सम्पूर्ण इकाई; सब के सब; ~**schule,**f सम्मिलित विद्यालय जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का प्रबंध हो; ~**wohl,** n जन-कल्याण, जनहित, सर्वहित ।
Gesandt-e, m (-n/-n) राजनयिक दूत, उपराजदूत; ~**schaft,** (-/-en) प्रतिनिधिमंडल, राजनयिक दूतमंडल; (Auslandsvertretung) दूतावास, राजदूतावास ।
Gesang, m(-[e]s/ ⸚e) गायन; गायन-कला; (Lied) गीत; भजन; eines Epos: सर्ग; poet: ध्वनि, आवाज़; poet: der Gesang der Geige वॉयलिन की ध्वनि; ~**buch,** n भजनावली, भजनसंग्रह, गीत-पुस्तिका; ~**lich,** adj. गायन-संबंधी; ~**skunst,** f गायन-कला; ~**verein,** m गायन-क्लब ।
Gesäß, n (-es/-e) नितम्ब, चूतड़, पिछाड़ी ।
Gesäusel, n (-s) सरसराहट, खरखराहट; U: चाटुकारितापूर्ण या अतिमिष्ट भाषण ।
Geschäft, n (-[e]s/-e) (Tätigkeit) काम, कार्य, नौकरी; (Aufgabe) काम, ज़िम्मेदारी; कार्यभार; (Gewerbe) व्यवसाय, व्यापार, कारबार, धंधा, पेशा; (Betrieb usw.) कारख़ाना; जीविकोपार्जन का स्थान; दूकान; (Handel) सौदा, व्यापार; U: ein kleines Geschäft machen पेशाब क०, लघुशंका क०; U: ein großes Geschäft machen पाख़ाना क०, शौच क०; er geht täglich ins Geschäft वह रोज़ काम पर जाता है; ein Geschäft abschließen व्यापार की शर्तें पक्की क०, सौदा पक्का क०; mit jdm. ins Geschäft kommen किसी के साथ व्यावसायिक संबंध स्थापित क०; dunkle Geschäfte काले धंधे, अवैध व्यवसाय; in Geschäften reisen व्यवसाय हेतु यात्रा क०; ein gutgehendes Geschäft अच्छी चलने वाली दूकान; अच्छा चलने वाला धंधा या कारोबार; ~**emacher,** m अवसर पर तथा हर चीज़ से पैसा बनाने वाला; ~**emacherei,** f (-) हर अवसर पर तथा हर चीज़ से पैसा बनाने का प्रयत्न; ~**ig,** adj. (aktiv) सक्रिय; कार्यशील, कार्यरत; फुर्तीला; व्यस्त; (fleißig) मेहनती, उद्यमी, परिश्रमी; ~**igkeit,** f (-) सक्रियता, कार्यशीलता; फुर्ती, मेहनत, उद्यम; व्यस्तता; ~**lich,**1. adj. व्यावसायिक, व्यापार-संबंधी, काम या नौकरी से संबंधित; 2. adv. व्यापार, काम, नौकरी, धंधे के संबंध में; ~**sabschluß,** m व्यापार की शर्तों का पक्का किया जाना, सौदा पक्का क०;

~**santeil,** m साझे का अंश; किसी व्यवसाय में लगी पूँजी का अंश; ~**sauto,** n कारखाने या फ़र्म की कार; ~**sbedingungen,** f/pl. व्यापार की शर्तें; ~**sbereich,** m: Minister ohne Geschäftsbereich निर्विभाग मंत्री; ~**sbeziehungen,** f/pl. व्यावसायिक संबंध; व्यापार-संबंध; ~**sbücher,** n/pl. बही-खाता, लेखा-बही, लेन-देन या आय-व्यय का विवरण; ~**sfähig,** adj., jur: बालिग़,व्यापार-व्यवहार के लिए क्षम; ~**sfähigkeit,** f (-) व्यापार-व्यवहार की क्षमता; ~**sfreund,** m व्यक्ति जिससे अच्छे व्यावसायिक संबंध हों; साझीदार; ~**sführer,** m व्यवस्थापक, प्रबंधक, प्रबंध-संचालक, संचालक; ~**sführung,** f (-) प्रबंध, प्रबंध-संचालन, संचालन; संचालक, संचालक-समिति; ~**sgang,** m: der Geschäftsgang läßt zu wünschen übrig व्यापार (या धंधा) ठीक नही चल रहा है; ~**sjahr,** n व्यवसाय-वर्ष; ~**sleben,** n व्यावसायिक दिनचर्या; व्यावसायिक जीवन; ~**sleitung,** f → Geschäftsführung; ~**sleute,** pl. व्यवसायी लोग, व्यापारी लोग; ~**smann,** m व्यापारी, व्यवसायी; ~**smäßig,** adj. व्यावसायिक; fig: औपचारिक; ~**sordnung,** f स्थायी आदेश; कार्यसूची; ~**sreise,** f व्यावसायिक यात्रा, व्यापार, काम, धंधे से संबंधित यात्रा; दौरा; ~**srisiko,** n व्यवसायगत जोखिम; ~**sschluß,** m दूकानबंदी का समय; काम या दफ़्तर से छुट्टी का समय; ~**sstelle,** f कार्यवाही दफ़्तर; ~**sstunden,** f/pl. व्यापार-समय; कार्य-समय; ~**sträger,** m कार्यदूत, प्रभारी राजनयिक दूत; ~**stüchtig,** adj. व्यवसायकुशल; ~**sverbindung,** f व्यापार-संबंध; ~**sviertel,** n व्यवसाय-केन्द्र, बाजार; ~**swagen,** m→Geschäftsauto; ~**swert,** m ख्याति, व्यापार-विख्याति; ~**szeit** f व्यापार-समय; कार्य-समय ।

gescheckt, adj. चितकबरा ।

geschehen, 1. v/i (s.) (sich ereignen) होना, घटना, घटित होना; संयोग होना; किया जाना; (jdm. widerfahren) लगना; etw. geschehen lassen कुछ होने देना, (किसी को) कुछ करने देना; es ist nun mal geschehen अब तो यह हो चुका है; geschehen ist geschehen जो हो गया सो गया; was soll damit geschehen? इसका क्या किया जाए?; U: das geschieht ihm ganz recht! वह इसी लायक है, उसके साथ यही होना उचित था या है, उसे बिल्कुल उचित दंड मिला; ihm wird nichts geschehen उसे कुछ नहीं होगा, उस-पर कोई आँच नहीं आएगी;es ist um ihn geschehen उसका बेड़ा ग़र्क हो गया, उसकी बधिया बैठ गई; वह दिल खो बैठा; वह मर गया; ich wußte nicht, wie mir geschah मुझे पता नहीं कि मुझे कैसा लगा, मुझे पता नहीं कि मुझे क्या हो गया; 2. n (-s/-) घटना, घटनाक्रम ।

Geschehnis, n (-ses/-se)→ Geschehen

gescheit, adj. (klug) बुद्धिमान, चतुर, सयाना, होशियार; (schlau) चालाक; (vernünftig) विवेकी, समझदार; daraus werde ich nicht gescheit यह मेरी समझ में नहीं आता है (या आ रहा है); aus ihm werde ich nicht gescheit उसका व्यवहार मेरी समझ में नहीं आता; U: du bist wohl nicht ganz gescheit! तेरा दिमाग़ तो नहीं खराब हो गया?; ~**heit,** f (-) बुद्धिमानी, चातुर्य, होशियारी; चालाकी; विवेक, समझदारी ।

Geschenk, n (-[e]s/-e)भेंट, उपहार, सौगात, तोहफ़ा; देन; jdm. ein Geschenk machen किसी को कोई भेंट देना; jdm. etw. zum Geschenk machen किसी को कुछ भेंट के

रूप में देना; fig: ein Geschenk des Himmels ईश्वर की देन; ~**artikel,** m उपहार-वस्तु; ~**packung,** f उपहारार्थ सुन्दर संवेष्टन या पैंकिंग; ~**papier,** n पन्नी, उपहार को लपेटने का काग़ज़; ~**weise,** adv. उपहारस्वरूप, उपहार के रूप में।

Geschicht-e, f, o.pl: (Historie) इतिहास, इतिवृत्त, तारीख़; o. pl: (Vergangenheit) अतीत; (Erzählung) कथा, कहानी, क़िस्सा; गप; (Vorfall)घटना, बात, मामला, मसला; U: झंझट, चक्कर; er studiert Geschichte वह इतिहास का विद्यार्थी है; das gehört der Geschichte an यह अतीत की बात है; U: erzähl mir doch keine Geschichten! अरे गप मत मार!; das ist eine alte Geschichte यह पुरानी बात है; das ist eine dumme Geschichte यह बुरी झंझट है, यह बुरा चक्कर है; ~**enbuch,** n कथासंग्रह, कहानीसंग्रह; ~**lich,** adj. ऐतिहासिक, इतिहास-प्रसिद्ध; ~**sbild,** n इतिहास के विषय में धारणा, ऐतिहासिक ज्ञान, इतिहास का ज्ञान; ~**sbuch,** n इतिहास की पुस्तक; ~**sforscher,** m इतिहास पर शोधकार्य करने वाला, इतिहासज्ञ; ~**sklitterung,** f ऐतिहासिक तथ्यों की (मनमानी)तोड़-मरोड़, ऐतिहासिक तथ्यों का असत्य रूप में प्रस्तुतीकरण; ~**sschreiber,** m इतिहासकार, इतिहास-लेखक; ~**sschreibung,** f(-) इतिहास-लेखन; ~**sunterricht,** m इतिहास का पाठ; ~**swerk,** n इतिहास-ग्रंथ, इतिहास की वृहत् पुस्तक; ~**swissenschaft,** f इतिहास-विज्ञान।

Geschick, n (-[e]s/-e) भाग्य, क़िस्मत, अदृष्ट; o.pl: नैपुण्य, निपुणता, दक्षता, कौशल; हस्त-दक्षता, हस्तकौशल; ~**lichkeit,** f (-) नैपुण्य, निपुणता, दक्षता, कौशल; हस्तदक्षता, हस्त-कौशल; ~**t,** adj. (gewandt) निपुण, दक्ष, कुशल; (fingerfertig) हस्त-दक्ष, तेज़ उँगलियों वाला; fig: चतुर; होशियार; चालाक, चालू; ~**theit,** f (-) निपुणता, दक्षता, कौशल; हस्तदक्षता; चतुराई; होशियारी, चालाकी, चालूपन।

Geschiebe, n (-s/-) U: धकापेल; geol: नदीतल के शिलाखंड तथा गोलाश्म आदि।

Geschimpfe, n (-s) डाँट-फटकार, गाली-गलौज; लगातार बड़बड़ाना।

Geschirr, n (-[e]s/-e)बरतन-भाँडे, चीनी के बर्तन; der Zugtiere: अश्व-सज्जा, पशु-सज्जा; (Ausrüstung für bestimmte Arbeit) कार्य-विशेष के लिए आवश्यक साज़ या उपस्कर; fig: sich ordentlich ins Geschirr legen घोर प्रयास करना (किसी बात के लिए), ख़ूब ज़ोर लगाना या मारना; ~**spülmaschine,** f (चीनी के) बरतन धोने की मशीन; ~**tuch,** n बरतन पोंछने की तौलिया।

Geschlecht, n (-[e]s/-er) लिंगभेद, स्त्री-पुरुष-भेद, नर-मादा-भेद; (Gattung) जाति, नस्ल; (Familie) वंश, कुल, ख़ानदान; (Generation) पीढ़ी, पुश्त; gramm: लिंग; das starke Geschlecht पुरुष-जाति; das schwache/schöne Geschlecht नारी-जाति,स्त्री-जाति; das menschliche Geschlecht मानव-जाति; sie stammt aus einem vornehmen Geschlecht वह ऊँचे ख़ानदान की है; das kommende Geschlecht भावी पीढ़ी; ~**erkunde,** f वंशावली-विद्या; ~**lich,** adj. जातीय, जातिगत; (sexuell) मैथुनिक, लैंगिक; योनि-संबंधी, जननेन्द्रियविषयक; ~**lichkeit,** f(-) लैंगिकता; कामुकता, कामवासना; ~**sakt,** m मैथुन, संभोग; ~**sbeziehungen,** f/pl. शारीरिक संबंध, संभोग-संबंध; ~**skrank,** adj. यौन रोग से पीड़ित,

रतिरोगी; ~**skrankheit,** f रतिरोग, यौन रोग; ~**slos,** adj. अलिंगी; लिंगभेदरहित; नपुंसक; ~**smerkmal,** n लिंगभेदसूचक विशिष्टता; ~**sname,** m जाति-नाम; कुल-नाम; ~**sorgane,** n/pl. जननेन्द्रियाँ, जननांग; ~**sregister,** n वंशावली, शजरा; ~**sreif,** adj. प्रजनन-क्षम; तारुण्य को प्राप्त; ~**sreife,** f प्रजनन-क्षमता; यौवनारम्भ, तारुण्य; ~**stafel,** f→Geschlechtsregister; ~**steile,** n/pl.→ Geschlechtsorgane; ~**strieb,** m कामप्रवृत्ति, कामवासना; कामुकता, कामोन्माद; ~**sumwandlung,** f लिंग-परिवर्तन; ~**sverkehr,** m संभोग, मैथुन, सहवास, विसाल, वस्ल; ~**swort,** n, gramm: लिंगसूचक शब्द, उपपद।

geschliffen, adj. भद्र, सुशिष्ट; Sprache: परिमार्जित, परिष्कृत; ~**heit,** f (-) भद्रता, सुशिष्टता; परिष्कार।

geschlossen, 1. adj सुसम्बद्ध, स्वतः-पूर्ण; बंद; रोका हुआ; असार्वजनिक; (einstimmig) एकमत; Vokal: संवृत; eine geschlossene Gesellschaft असार्वजनिक गोष्ठी; in geschlossener Front एकमत होकर; eine in sich geschlossene Abhandlung सुसम्बद्ध प्रबंध; 2. adv. एकमत होकर; सब के सब एक साथ; मिलकर; ~**heit,** f (-) सुसम्बद्धता, स्वतःपूर्णता; असार्वजनिकता; एकमतता।

Geschluchze, n (s.) हिचकियाँ, सिसकियाँ, सिसक, लगातार सिसकना।

Geschmack, m (-[e]s/-e;U: ⸚er) स्वाद, ज़ायका, आस्वाद; (Geschmackssinn) स्वाद-अनुभूति, आस्वादन की शक्ति या क्षमता; पसंद; (Sinn für Schönes usw.) परख; प्रवृत्ति; सौन्दर्य आदि के प्रति रुझान या झुकाव; fig: सुरुचि, रुचि; प्रवृत्ति; अभिरुचि; diese Äpfel sind sehr sauer im Geschmack इन सेवों का स्वाद बहुत खट्टा है, ये सेब बहुत खट्टे हैं; sie kleidet sich mit Geschmack वह सुरुचिपूर्ण वस्त्र पहनती है; der Geschmack der heutigen Generation वर्तमान पीढ़ी की प्रवृत्ति या रुचि; das ist nicht nach meinem Geschmack यह मेरी पसंद का नहीं है; U: die Geschmäcker sind verschieden हर व्यक्ति की अपनी अपनी रुचि होती है; an einer Sache Geschmack finden किसी वस्तु को पसन्द क० (या करने लगना); auf den Geschmack kommen (की) लत लग जाना, (किसी वस्तु की) चाट लग जाना; ~**lich,** adj. स्वाद, रुचि, पसंद, प्रवृत्ति आदि का या इनसे संबंधित; ~**los,** adj. स्वादहीन, फीका; बेमज़ा; fig: लालित्यहीन, सुरुचिहीन, असुन्दर; घृष्टतापूर्ण, अशिष्ट, बेहूदा, अभद्र; ~**losigkeit,** f (-) स्वादहीनता, फीकापन; fig: लालित्यहीनता, सुरुचिहीनता; घृष्टता, अशिष्टता, बेहूदगी, अभद्रता; ~**srichtung,** f प्रवृत्ति; रुचि-विशेष; ~**(s)sache,** f: das ist Geschmackssache यह तो अपनी अपनी पसंद की बात है; ~**voll,** adj. स्वादयुक्त, स्वादिष्ट; लालित्यपूर्ण, सुरुचिपूर्ण।

Geschmatze, n (-s) भोजन करते समय चप-चप की ध्वनि।

Geschmeide, n (-s/-) poet: जड़ाऊ गहने।

geschmeidig, adj. सुनम्य, लचीला, लोचदार; फुर्तीला; नरम, मुलायम; fig: चतुर, चालाक, होशियार; व्यवहारकुशल; दुर्ग्राह्य; ~**keit,** f (-) सुनम्यता, लचीलापन, लोच; फुर्ती; नरमी; fig: चतुराई, चालकी; व्यवहार-कौशल, दुर्ग्राह्यता।

Geschmeiß, n (-es) कीड़े-मकोड़े; शिकारी पक्षियों का बीट; U: हीन वर्ग के लोग, तेली-तमोली; गुंडे-बदमाश।

Geschmetter, n (-s) तीव्र नाद;

(तुरही, नरसिंहा आदि का) निर्घोष।

Geschmier(e), n (-[e]s) लीप-पोत, लीपा-पोती; चिकनाई के धब्बे; U: घसीट तथा धब्बेदार लेख।

Geschmuse, n(-s) U: चूमा-चाटी।

Geschnatter, n(-s) बतख़ की आवाज; U: अनवरत प्रलाप, बक-बक।

geschniegelt, adj. सजा-धजा, बना-ठना, चिकना-चुपड़ा।

Geschnörkel, n (-s) सजावट; अलंकृत अक्षर; सजावट के लिए आकृतियों का उभार।

Geschöpf, n (-[e]s/-e) प्राणी, जीव; रचना; (geistiges Erzeugnis) उत्पत्ति, आविष्कार; der Mensch ist ein Geschöpf Gottes मनुष्य ईश्वर की रचना है; das ist ein Geschöpf seiner Phantasie यह उसकी कल्पना की उत्पत्ति है।

Geschoß, n(-'sses/-'sse)गोली, गोला, बम, रॉकेट, प्रक्षेपित अस्त्र; (Stockwerk) मंज़िल, तल्ला; ~**bahn**, f प्रक्षेप-पथ; ~**hülse**, f/~**mantel**, m गोली आदि का खोल, ख़ाली कारतूस।

geschraubt, adj., fig: बनावटी, दिखावटी, कृत्रिम, आडम्बरी, आडम्बरपूर्ण; ~**heit**, f (-) दिखावा, दिखावटीपन, कृत्रिमता, आडम्बर।

Geschrei, n (-s) अनवरत चीत्कार, आर्तनाद, चीख़; fig: बेकार की चीख़पुकार, बतंगड़, उपद्रव; fig: viel Geschrei um eine Sache machen किसी बात का बतंगड़ बना देना, किसी बात के लिए बेकार उपद्रव मचाना।

Geschreibsel, n (-s) U: घसीट लेख, अपाठ्य लेख; fig: घटिया कहानी या उपन्यास आदि, निम्न कोटि की साहित्यिक रचना।

Geschütz, n (-es/-e) तोप, मॉर्टर; fig: grobes/schweres Geschütz auffahren अत्यन्त स्पष्ट तथा कटु शब्दों का प्रयोग क०; किसी कथन का प्रबल विरोध क०; ~**feuer**, n गोलाबारी; ~**stand**,m तोपों का अवस्थान।

Geschwader,n (-s/-) von Schiffen: युद्धपोतों की टुकड़ी; von Flugzeugen: लड़ाकू विमानों का दस्ता(इसमें कम से कम अठारह विमान होते हैं)।

Geschwafel, n (-s) U: बक-बक, बकवास, अनर्गल प्रलाप; मूर्खतापूर्ण बातें।

Geschwätz, n (-es) निरर्थक तथा अनावश्यक प्रलाप, बकवास; गप, निराधार बात; ~**ig**, adj. अतिवाचाल, बातूनी; जिसके पेट में बात न टिके; ~**igkeit**, f (-) अतिवाचालता, बातूनीपन।

geschweige, adv.& konj.: ich kann nicht aufstehen, geschweige denn arbeiten मुझसे उठा तक नहीं जाता है, काम करना तो दूर रहा, मैं उठ भी नहीं सकता हूँ, काम करने की कौन कहे; ich habe ihn kaum gesehen, geschweige denn erkannt मैंने उसे देखा भी नहीं, पहचानने की कौन कहे, पहचानना तो दूर, मैं उसे देख तक नहीं पाया।

geschwind, 1. adj. शीघ्रग, द्रुत, तेज़; 2. adv. जल्दी से, शीघ्रता से; komm doch geschwind mal her! इधर आना ज़रा जल्दी से !; ~**igkeit**, f (-/-en) क्षिप्रता, तेज़ी; phys: गति, रफ़्तार, चाल; spw: Geschwindigkeit ist keine Hexerei तेज़ी से काम क० कोई जादूगरी नहीं है, यदि आदमी चाहे तो तेज़ी से काम कर सकता है; ~**igkeitsbegrenzung**, f रफ़्तार की पाबन्दी, गति-प्रतिबंध; ~**igkeitsmesser**, m गतिमापक।

Geschwister, pl. भाई-बहन; ~**kind**, n भतीजा, भतीजी, भानजा, भानजी; ~**lich**,adj. भाई-बहन-जैसा; भ्रातृवत, भगिनीवत; ~**liebe**, f भाई-बहन का स्नेह।

geschwollen, adj., fig: कृत्रिम, दिखावटी, आडम्बरपूर्ण; eine geschwollene Ausdrucksweise

आडम्बरपूर्ण भाषा-शैली ।

Geschworene, m/f (-n/-n) jur: शप्त न्यायज्ञ, शप्त न्यायज्ञा, न्यायसभ्य; ~**nbank,** f न्यायसभ्यासन, शप्तजनी-प्रकोष्ठ; ~**ngericht,** n न्यायसभ्यों वाला न्यायालय, अभिसत्र-न्यायालय ।

Geschwulst, n (-es/-e) med: ग्रंथि, गुल्म, अर्बुद, गाँठ ।

Geschwür, n (-[e]s/-e) med: विद्रधि, व्रण, नासूर; fig: कलंक, नासूर; fig: die Korruption ist ein Geschwür unserer Gesellschaft भ्रष्टाचार हमारे समाज का नासूर है; ~**ig,** adj. व्रणी, व्रणित, व्रणयुक्त; व्रणवत, व्रण-जैसा ।

Geselle, m (-n/-n) परसेवी शिल्पकार, प्रशिक्षण-प्राप्त कारीगर जो दूसरों के लिए काम करता हो; (Gefährte) साथी, संगी, सहजीवी; (Bursche) व्यक्ति, आदमी, जीव; er ist ein übler Geselle वह दुष्ट जीव है, वह बुरा आदमी है ।

gesellen, v/r (h.) sich (zu) jdm. gesellen किसी के साथ हो लेना, किसी के साथ लग लेना, किसी का साथी बन जाना ।

Gesellen-brief, m शिल्प-विशेष की परीक्षा का प्रमाणपत्र जिसे प्राप्त करने के बाद कोई भी परसेवी शिल्पकार बन सकता है; ~**prüfung,** f शिल्प-विशेष के प्रशिक्षण की समापक परीक्षा; ~**stück,** n शिल्प-विशेष के प्रशिक्षण की समापक परीक्षा में दिया गया काम ।

gesellig, adj. मिलनसार; मनोरंजक, अनौपचारिक; Tiere: यूथचारी, यूथी; ~**keit,** f (-/-en) अनौपचारिक आयोजन, मनोरंजक गोष्ठी; o.pl: मिलनसारी, मैत्रीपूर्ण या अनौपचारिक आचरण; यूथचारी स्वभाव ।

Gesellschaft, f(-/-en) समाज, सम्प्रदाय, जनसमुदाय; प्रतिष्ठित या उच्च वर्ग; साथ, संगति, साहचर्य; (geladener Kreis) आमंत्रित लोगों की मंडली; गोष्ठी; (Vereinigung) (सामान्य उद्देश्यों से एकतावद्ध व्यक्तियों का) संघ, संस्था, सभा; jur: समवाय, कम्पनी, व्यापार-समिति; jdn. in die Gesellschaft einführen किसी को उच्च वर्ग में सम्मिलित क०; eine Gesellschaft geben गोष्ठी का आयोजन क०, पार्टी देना; jdm. Gesellschaft leisten किसी का साथ देना; er ist in schlechte Gesellschaft geraten वह बुरी संगति में पड़ गया है; ~**er,** m (-s/-) साथी, संगी, सखा; साझेदार, भागी; ~**lich,** 1. adj. समाज का, समाज से संबंधित, सामाजिक; 2. adv. समाज (की दृष्टि) में, सामाजिक रूप से; ~**santeil,** m शेयर; सामूहिक पूँजी का अंश; ~**sanzug,** m गोष्ठी आदि में पहनने का सूट; ~**sklasse,** f समाज की श्रेणी, वर्ग, तवक़ा; ~**slehre,** f समाजशास्त्र, समाजविज्ञान, सामाजिकी; ~**sordnung,** f सामाजिक व्यवस्था, समाज-व्यवस्था; ~**sreise,** f सामूहिक यात्रा; विशेष जनसमूह के लिए आयोजित यात्रा; ~**sspiel,** n गोष्ठियों में खेला जाने वाला मनोरंजक खेल; ~**stanz,** m सामाजिक नृत्य; ~**svertrag,** m साझेदारी का अनुबंध; philos: सामाजिक अनुबंध; ~**szimmer,** n गोष्ठीकक्ष ।

Gesetz, n (-es/-e) (Regel) नियम, सिद्धान्त; jur: विधि, क़ानून; math: सिद्धांत; ein Gesetz verabschieden क़ानून पास क०; ein Gesetz brechen क़ानून तोड़ना, क़ानून का उल्लंघन क०; sich an die Gesetze halten क़ानून का पालन क०, क़ानून के अनुसार आचरण क०; das Gesetz der Fliehkraft केन्द्रापसरण का सिद्धान्त; ~**buch,** n नियमावली; विधिसंग्रह, संहिता; ~**entwurf,** m क़ानून का मसौदा; ~**eskraft,** f वैधता; ~**eslücke,** f क़ानून में कमी, क़ानून से वचाव का रास्ता; ~**esnovelle,** f विधि-संशोधन, क़ानून-विशेष में परिवर्तन;

अतिरिक्त या नया क़ानून; **~estreu,** adj. क़ानून का पालन करने वाला, विधिनिष्ठ; **~esübertretung,** f विध्योल्लंघन, क़ानून का उल्लंघन; **~esvorlage,** f संसद में प्रस्तुत किया गया क़ानून का मसौदा; **~gebend,** adj. विधायी, विधान-; **~geber,** m विधायक, विधिकर्ता, सरकार; **~gebung,** f विधि-निर्माण; **~lich,** adj. वैधानिक, संवैधानिक, विधिसम्मत; वैध, क़ानूनी; gesetzliche Schritte gegen jdn. einleiten किसी के विरुद्ध क़ानूनी कार्यवाही क०; die Eltern sind die gesetzlichen Vertreter ihrer Kinder माँ-बाप अपने बच्चों के विधिसम्मत प्रतिनिधि (होते) हैं; **~los,** adj. विधि-विरुद्ध, अवैध; विधिभंजक, उपद्रवी, अराजक; **~losigkeit,** f (-) विधि-विरोध, अवैधता; अव्यवस्था, अराजकता, अन्धेर; **~mäßig,** adj. विधिसंगत, विधिसम्मत, वैध, क़ानूनी; (regelmäßig) नियमित; **~mäßigkeit,** f (-) वैधता, विधि-सम्मति; नियमितता।

gesetzt, 1. adj., fig: गंभीर, संयत, परिपक्व, प्रौढ़; (wohlhabend) धनी, खाता-पीता; 2.konj.: gesetzt daß, [gesetzt den Fall, daß...] यदि..., यदि यह मान लिया जाए कि...; **~enfalls,** adv. यदि, मान लो कि, मान लिया जाए कि; **~heit,** f (-) fig: गंभीरता, प्रौढ़ता।

gesetz-widrig, adj. विधि-विरुद्ध, अवैध, क़ानून के खिलाफ़, ग़ैरक़ानूनी; **~widrigkeit,** f विधि-विरोध, अवैधता; ग़ैरक़ानूनी काम या बात।

Gesicht, n(-[e]s/-er) मुख, चेहरा, मुँह, शक्ल, मुखड़ा; दृष्टि, निगाह; (Grimasse) मुख-विकृति; मुख-मुद्रा, भंगिमा; fig;(Aussehen)आकृति, रूप, शक्ल; fig: (pl. -e): आभास, आभास-शक्ति, अन्तःचक्षु द्वारा देखी हुई वस्तु या बात; jdm. etw. ins Gesicht sagen किसी से बिना संकोच के कोई धृष्टता की बात कह देना; ich habe ihn heute noch nicht zu Gesicht bekommen आज मैंने उसे अभी तक नहीं देखा है, आज मुझे वह अभी तक नहीं दिखाई पड़ा; Gesichter schneiden मुख विकृत क०, मुँह बनाना या बिराना; ein langes Gesicht machen मुँह लटकाना, किसी बात से अप्रसन्न हो जाना; fig: diese Aussage schlägt der Wahrheit ins Gesicht यह बात (या बयान या कथन) सच्चाई के मुँह पर तमाचा है; fig: der Wahrheit ins Gesicht sehen सत्य को स्वीकार क०, वास्तविकता का मुक़ाबला क०; fig: sein Gesicht wahren अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखना, लोकलाज बनाए रखना; आत्मसंयम बनाए रखना; fig: sein Gesicht verlieren अपनी प्रतिष्ठा खो बैठना, अपमानित हो जाना, खिसिया जाना; dadurch bekommt die Sache ein anderes Gesicht इससे इस मामले की शक्ल ही बदल जाती है; fig: da zeigte er sein wahres Gesicht तब उसने अपना असली रूप दिखाया; **~sausdruck,** m मुख-मुद्रा, भावभंगिमा, रुख; **~sfarbe,** f मुखराग, रूप-रंग; **~sfeld,** n दृष्टिक्षेत्र; **~skreis,** m क्षितिज, दिगन्त; fig: अनुभव या ज्ञान की सीमा; जानकारी, अनुभव, तजरुबा; **~smaske,** f / **packung,** f मुखावरण, मुखौटा, नक़ाब; **~spunkt,** m दृष्टिकोण, दृष्टि, विचार; **~swasser,** n मुखकांतिवर्धक द्रव; **~szüge,** m/pl. चेहरा-मोहरा, नाक-नक़्श; आकृति, रूप, शक्ल।

Gesims, n (-es/-e) दीवार से बाहर को निकाला हुआ पट्ट या फलक, खिड़की के नीचे का (शिला-) फलक।

Gesinde, n (-s/-) नौकर-चाकर।

Gesindel, n (-s) निम्नवर्ग, कुली-कबाड़ी, तेली-तम्बोली, धुनिया-जुलाहे।

gesinnt, adj. विशेष मनोवृत्ति वाला;

विशेष विचारों या भावनाओं वाला; jdm. gut/schlecht gesinnt sein किसी के प्रति अच्छी/बुरी भावनायें रखना; er ist ein anders gesinnter Mensch als ich उसकी विचारधारा मेरी विचारधारा से भिन्न है, वह मुझसे भिन्न विचारों वाला व्यक्ति है।

Gesinnung, f (-/-en) विचार, विचारधारा, भाव; मनोवृत्ति, रुख; प्रकृति, प्रवृत्ति; चरित्रबल, निष्ठा; (Überzeugung) सम्प्रत्यय, विश्वास; er hat eine niedrige Gesinnung वह नीच प्रकृति का आदमी है, उसकी मनोवृत्ति गर्हणीय है; fig: er ist ein Mensch von Gesinnung वह निष्ठावान व्यक्ति है; **~sgenosse,** m समान विचारधारा वाला व्यक्ति, हमख़याल; **~slos,** adj. जिसकी अपनी विचारधारा न हो; सिद्धांतहीन, चरित्ररहित, अनैतिक, निष्ठाहीन; **~slosigkeit,** f (-) सिद्धान्तहीनता, चरित्रहीनता, अनैतिकता निष्ठाहीनता, चरित्रबल-राहित्य; **~slump,**m, U: चरित्रबलहीन व्यक्ति, अवसरवादी; **~streu,** adj. निष्ठावान, आत्मनिष्ठ; **~swechsel,** m मनपरिवर्तन, विचारों में परिवर्तन सिद्धान्तों में परिवर्तन।

gesitt-et, adj. नीतिसंगत, नैतिक; सदाचारी, सदाचारपूर्ण; भद्र, शिष्ट, सुशील; सभ्य, सुसंस्कृत; **~ung,** f (-) नीति-संगति; भद्रता, शिष्टता; सभ्यता।

Gesöff,n (-[e]s/-e) U: घटिया पेय; ठर्रा।

gesondert, 1. adj. अलग, पृथक, पृथक्कृत; 2.adv. अलग से, ऊपर से; die Verpackung wird gesondert in Rechnung gestellt पैकिंग के दाम ऊपर से लगेंगे।

gesonnen, adj.: jdm. übel gesonnen sein किसी के प्रति द्वेष की भावना रखना; ich bin gesonnen, ihm zu verzeihen मैं उसे क्षमा करने का इरादा रखता हूँ, मेरा इरादा उसे क्षमा कर देने का है।

Gespann, n (-[e]s/-e) युग्मित पशु; जुते हुए पशु; युग्मित यान या शकट, जुती हुई गाड़ी आदि; fig: जोड़ी, एक साथ काम करने वाले दो व्यक्ति; fig: die beiden sind ein gutes Gespann इन दोनों की जोड़ी अच्छी है।

gespannt, adj. उत्सुक, उत्कंठित; आतुर, व्यग्र; (feindselig) मनोमालिन्ययुक्त; mit gespannter Aufmerksamkeit zuhören उत्सुकतापूर्वक सुनना;fig: gespannt sein auf etw. किसी बात की उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा क०; कुछ जानने के लिए उत्सुक होना; gespannte Beziehungen मनोमालिन्ययुक्त संबंध, मनमुटाव; **~heit,** f (-) उत्सुकता, उत्कंठा; आतुरता, व्यग्रता; मनोमालिन्य, मनमुटाव, तनाव।

Gespenst, n(-es/-er) भूत, प्रेत, बेताल; (Trugbild) छायाभास; मनोलीला; माया; fig: महाविपत्ति, संकट; sie sieht aus wie ein Gespenst उसका चेहरा भूतों-जैसा दिखता है (वह बहुत दुर्बल हो गई है); Sie sehen Gespenster! यह आपकी मनोलीला है, आपका भय निराधार है; आप बहुत निराशावादी हैं; fig: das Gespenst des Hungers lauert überall भुखमरी की महाविपत्ति घात लगाए बैठी है; **~ergeschichte,** f भूत-कथा, भूतों की कहानी; **~erglaube,** m भूतों में विश्वास; **~erhaft,** adj. प्रेततुल्य, भूत-जैसा, भूतों जैसा; (unwirklich) अवास्तविक; (unheimlich) भयंकर, भयोत्पादक; **~ern,** v/i (h.): es gespenstert hier यहाँ भूत लगते हैं, यहाँ भूत आते हैं(या रहते हैं); **~erstunde,** f →Geisterstunde; **~isch,** →gespensterhaft

Gesperre, n(-s/-) tech: रोधक यंत्र, मशीनों की गति को रोकने की यंत्रावली, रोकदार दाँत का पहिया।

Gespiel-e,m(-n/-n)बालसखा,बालमित्र,

बचपन का साथी; ~**in,** f (-/-nen) वालसखी, बचपन की साथिन ।

Gespinst, n (-es/-e) जाल, जाला; तन्त्र-सन्तति; fig: ein Gespinst aus Lügen झूठ की भरमार ।

Gespons, 1. m (-es/-e) poet: पति; दूल्हा, वर; 2. n (-es/-e) poet: पत्नी; दुलहन ।

Gespött, n (-[e]s) उपहास, हँसी, मज़ाक; उपहास का पात्र; jdn. zum Gespött (der Leute) machen किसी को (लोगों के) उपहास का पात्र बना देना ।

Gespräch, n (-[e]s/-e) वार्तालाप, संलाप, संभाषण, वातचीत, कथोपकथन; चर्चा, चर्चा का विषय; tel: टेलीफ़ोन पर वातचीत; das Gespräch auf etw. bringen वार्तालाप को किसी विषय-विशेष की ओर मोड़ना, किसी वात की चर्चा चलाना; mit jdm. ins Gespräch kommen किसी से वातचीत (प्रारंभ) क०; dieser Film ist das Gespräch der Stadt इस फ़िल्म की सारे शहर में चर्चा है, यह फ़िल्म सारे शहर की चर्चा का विषय है; ~**ig,** adj. वाचाल, आलापप्रिय, वातूनी; ~**igkeit,** f (-) वाचालता, आलाप-प्रेम; ~**sgegenstand,** m वार्तालाप का विषय, वादविवाद की विषयवस्तु; ~**spartner,** m संभाषी, जिसके साथ वातचीत की जाए; ~**sstoff,** m: ihm ist der Gesprächsstoff ausgegangen उसके पास और कुछ कहने को नहीं रहा; ~**sweise,** adv. वातचीत के दौरान ।

gespreizt, adj., fig: अस्वाभाविक, दिखावटी; ~**heit,** f (-) fig: अस्वाभाविकता, दिखावा, वढ़ा-चढ़ा कर वात करने का ढंग ।

gesprenkelt, adj. चित्तीदार ।

Gespür, n (-s) fig: वोध, अन्तर्वोध, सहज अनुभव, ज्ञान, पहचान; er hat kein Gespür für die Schönheit der Sprache उसे भाषा के सौन्दर्य का वोध नहीं है ।

Gestade, n (-s/-) poet: तट, तीर; समुद्रतट ।

Gestalt, f (-/-en) (äußere Form) मूर्तरूप, रूप, वाह्यरूप, आकार; गठन, डील-डौल; (Person in Literatur) (साहित्यिक रचना का) पात्र, चरित्र; er ist von schöner Gestalt उसके शरीर की गठन सुन्दर है;Gott erschien in Gestalt eines Hirten भगवान गड़रिए के रूप में प्रकट हुए; fig: einer Sache Gestalt geben किसी वात को कार्यान्वित क०, किसी वात को मूर्त रूप देना; fig: unser Plan nimmt langsam Gestalt an हमारी योजना धीरे-धीरे विकसित हो रही है; die Gestalt des Faust फ़ाउस्ट, फ़ाउस्ट का चरित्र; ~**en,** 1.v/t (h.) (Form geben) को आकार या रूप देना, मूर्त रूप देना, गढ़ना, रचना, वनाना; (entwerfen) की रूपरेखा तैयार क०;(organisieren) का आयोजन क०, का प्रवंध क०; 2. v/r (h.) आकार या रूप ग्रहण क०, वनना, (के रूप में) विकसित होना, वन जाना; होना, हो जाना; fig: es wird sich alles zum Besten gestalten सव कुछ ठीक हो जाएगा; ~**er,** m (-s/-) आकार या रूप देने वाला, वनाने वाला,रचयिता, सृजक;आयोजक; रूपरेखा वनाने वाला; ~**los,** adj. आकारहीन, अमूर्त, निराकार; अनाकार, वेडौल, अनगढ़, अनियतरूप, भद्दा; ~**losigkeit,** f (-) अमूर्तता; वेडौलपन, कुगठन; आकृतिविहीनता; ~**ung,** f (-/-en) विरचना, सृजन, निरूपण ।

Gestammel, n (-s) हकलाहट ।

gestanden, adj.,U: ein gestandener Mann गंभीर एवम् प्रौढ़ पुरुष; U: ein gestandener Bayer पक्का ववैरिया-निवासी ।

geständ-ig, adj. जिसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया हो, जिसने अपना जुर्म क़वूल कर लिया हो; der

Angeklagte ist geständig अभियुक्त ने अपना जुर्म क़बूल कर लिया है; ~**nis,** n(-ses/-se) अपराध-स्वीकरण, जुर्म का इक़बाल; (किसी को) अपने मन की बात बताना; ein Geständnis ablegen जुर्म क़बूल कर लेना; jdm. ein Geständnis machen किसी को अपने मन की कोई बात बताना।

Gestänge, n (-s/-) tech: संयोजन-शलाकायें।

Gestank, m (-[e]s) दुर्गन्ध, बदबू।

gestatten, v/t (h.) अनुमति, आज्ञा, इजाज़त देना; (bewilligen) अनुमोदन क०, स्वीकार क०, मंजूर क०; (dulden) होने देना, करने से न रोकना, बरदाश्त क०;ist es gestattet zu rauchen? क्या (यहाँ) धूम्रपान की आज्ञा है?; gestatten Sie? क्या आपकी इजाज़त है?; कृपया मुझे आगे निकल जाने दीजिए; fig: mein Einkommen gestattet mir nicht, ein Auto zu halten मेरी आय में कार रखने की गुंजाइश नहीं है।

Geste, f (-/-n) [lat.] भावव्यंजना के लिए अंगविक्षेप या अंगचालन; fig: प्रदर्शन, चेष्टा; sein Angebot war nur eine Geste der Höflichkeit उसका प्रस्ताव विनम्रता (या भद्रता) का प्रदर्शन-मात्र था।

gestehen, 1.v/i (h.) अपराध स्वीकार कर लेना या क०, जुर्म क़बूल क० या कर लेना; 2. v/t (h.) स्वीकार क०, मान लेना, क़बूल क० या कर लेना; बताना, प्रकट क०; jdm. etw. gestehen किसी को कुछ बताना या प्रकट क०; ich muß gestehen, daß ich Sie nicht erkannt habe मुझे स्वीकार करना पड़ेगा कि मैं ने आप को नहीं पहचाना; offen gestanden,...सच पूछिए तो..., सच बात यह है कि...।

Gestehungskosten, pl., kfm: मूल लागत।

Gestein, n (-[e]s/-e)खनिजयुक्त चट्टानें, खनिज; चट्टान, शैल; ~**sart,** f खनिज-प्रकार; ~**skunde,** f (-) खनिजविज्ञान, खनिजिकी।

Gestell, n (-[e]s/-e) (Regal) खुली अलमारी, रैक; (Unterbau) (निचला) ढाँचा; न्याधार, आधार, पीठिका, चौकी; einer Brille: फ्रेम; U: व्यक्ति, आदमी; U: er ist ein langes Gestell वह लमटंगा है, उसका क़द बहुत ऊँचा है।

Gestellung, f(-/-en) प्राप्य या उपलभ्य बनाना, सेवा के लिए प्रस्तुत किया जाना या क०; mil: सैन्यसेवा के लिए उपस्थिति; ~**sbefehl,** m उपलभ्य बनाने का आदेश; mil: सैन्यसेवा के लिए उपस्थित होने का आदेश।

gest-ern, 1. adv. कल (बीता हुआ), गत दिवस; U: er ist nicht von gestern वह मूर्ख नहीं है; वह बहुत होशियार (या चालाक या चालू) है; 2. n (-) बीता हुआ कल, गत दिवस; अतीत।

gestiefelt, adj. बूट पहने हुए; fig: gestiefelt und gespornt बिल्कुल तैयार, प्रस्थान के लिए तैयार।

Gestik, f(-) [lat.] अंगचालन, अंगविक्षेप, सांकेतिक भाषा; ~**ulation,** f(-/-en) अंगचालन या संकेतों द्वारा भावव्यंजना; ~**ulieren,** v/i (h.) भावव्यंजना के लिए अंगचालन क०, संकेतों द्वारा भाव प्रकट क०।

Gestirn, (-[e]s/-e) तारा, सितारा, तारक, तारामंडल; नक्षत्र; ग्रह; ~**t,** adj. तारकित, तारामय।

Gestöber, n (-s/-) झंझावत, आँधी, अंधड़, तूफ़ान।

gestohlen, adj., U: er kann mir gestohlen bleiben उसकी मुझे क़तई परवाह नहीं, मुझे उसमें कोई दिलचस्पी नहीं।

Gestöhn(e), n (-s) कराह, आर्तनाद।

Gestotter, n हकलाहट, अटक-अटक कर बोलना।

Gesträuch, n(-[e]s/-e) झाड़ियाँ, झाड़-

झंखाड़ ।

gestreift, adj. धारीदार ।

gestrichen, adv.: gestrichen voll लबालब भरा हुआ, ऊपर तक भरा हुआ, पूरा भरा हुआ; U: ich habe die Nase gestrichen voll मेरी नाक में दम आ चुका है, मेरा जी भर गया है ।

gestrig, adj. कल का, पिछले दिन का, गत दिवस का ।

Gestrüpp, n(-[e]s/-e) झाड़-झंखाड़ ।

Gestühl,n(-[e]s/-e) किसी कक्ष की सारी कुर्सियाँ; एक साथ जुड़ी हुई कुर्सियों की पंक्तियाँ ।

Gestüt, n (-[e]s/-e) अश्वशाला, अश्वपालन-संस्था; ~**szeichen,** n अश्वशाला का दाहांक ।

Gesuch, n (-[e]s/-e) प्रार्थनापत्र, आवेदनपत्र, दरख़ास्त; ~**steller,** m आवेदक, दरख़ास्त लगाने वाला ।

gesucht, adj., fig: कृत्रिम, अस्वाभाविक, आडम्बरपूर्ण ।

gesund, adj. (nicht krank) स्वस्थ, तन्दुरुस्त; हृष्ट-पुष्ट; (förderlich) लाभकर, फ़ायदेमंद; स्वास्थ्यकर, स्वास्थ्यवर्धक, पुष्टिकर; fig: प्राकृतिक, स्वाभाविक; यथोचित; fig: der gesunde Menschenverstand सहज बुद्धि; ~**beter,** m, U: झाड़-फूँक द्वारा इलाज करने वाला, दुआ या प्रार्थना द्वारा इलाज करने वाला; ~**brunnen,** m खनिजयुक्त जल-स्रोत या शैलोदक; ~ **en,** v/i (s.) स्वास्थ्य-लाभ क०, तन्दुरुस्त हो जाना; अच्छा या ठीक हो जाना; fig: die Wirtschaft muß wieder gesunden अर्थव्यवस्था को फिर से ठीक (या सामान्य) बनाना पड़ेगा ।

Gesundheit, f (-) स्वास्थ्य, आरोग्य, तन्दुरुस्ती; auf Ihre Gesundheit! आपकी सलामती के लिए!; Gesundheit! ईश्वर तुम्हें स्वस्थ रखे! (किसी के छींकने पर प्रयुक्त शब्द); ~**lich,** adj. स्वास्थ्य-संबंधी, स्वास्थ्य का; ~**samt,** n लोक-स्वास्थ्य-संस्था; ~**sapostel,** m, U: स्वास्थ्य के विषय में अतिसतर्क रहने वाला व्यक्ति; ~**sdienst,** m लोक-स्वास्थ्य-सेवा; ~**shalber,** adv. स्वास्थ्य-संबंधी करणों से, स्वास्थ्य-रक्षा के लिए; ~**spflege,** f स्वास्थ्य-रक्षा, स्वास्थ्य-रक्षा के उपाय; ~**sschädlich,** adj. स्वास्थ्य के लिए हानिकर; ~**wesen,** n लोक-स्वास्थ्य-व्यवस्था; ~**szeugnis,** n नीरोग या स्वस्थ होने का प्रमाणपत्र; ~**szustand,**m स्वास्थ्य, स्वास्थ्य-दशा ।

Gesundung, f(-)स्वास्थ्यलाभ, आरोग्य-लाभ; fig: पुनरुद्धार, समुत्थान ।

Getäfel, n (-s) दीवार या फ़र्श आदि पर जड़े तख़्ते, तख़्तावन्दी ।

Getändel, n (-s)खिलवाड़, चोचलहाई, चोंचलेबाज़ी, इश्क़बाज़ी; हँसी-मज़ाक या बेकार की बातों में समय नष्ट क० ।

Getier, n (-s) जन्तु, जानवर, कीड़े-मकोड़े ।

getigert, adj.: eine getigerte Katze धारीदार बिल्ली ।

Getöse, n (-s) कर्णभेदी निनाद, रव, कोलाहल ।

getragen, adj., fig: समंजित; गंभीर; धीमा, भारी (चाल आदि) ।

Getrampel, n (-s) पददलन, लगातार पैर पटकना ।

Getränk, n (-[e]s/-e) पेय; geistige Getränke मदिरायुक्त पेय ।

getrauen, v/r (h.) की हिम्मत क० या पड़ना, का साहस क० या होना; ich getraue mich/mir nicht, zu ihm zu gehen मेरी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं पड़ती ।

Getreide, n (-s/-) अन्न, धान्य, अनाज, गल्ला; ~**anbau,** m अनाज उगाना, अनाज की खेती क०; ~**art,** f अन्न का प्रकार, जिंस; ~**börse,** f अनाज की आढ़त; ~**produkte,** n/pl. अन्न से बने पदार्थ ।

getreu, adj. स्वामिनिष्ठ, वफ़ादार;

यथातथ्य, सही; के अनुसार, (के) अनुकूल; eine getreue Schilderung der Lage परिस्थिति का यथातथ्य विवरण; er handelt getreu seinem Versprechen वह अपने वादे के अनुसार काम करता है (या चलता है); **~e,** m (-n/-n) स्वामिभक्त, वफ़ादार व्यक्ति; अनुयायी; वफ़ादार मित्र; **~lich,** adv. वफ़ादारी से, निष्ठापूर्वक सही-सही, ज्यों का त्यों।

Getriebe, n(-s/-) tech: मशीनों की गतिविध को नियंत्रित करने के पुर्जे, चालन-यंत्र, योक्त्र, गियर; fig: चहल-पहल, शोरशराबा, भीड़-भाड़।

getrost, 1. adj. आश्वस्त, निश्चिन्त, आत्मविश्वासपूर्ण, आशापूर्ण, आशान्वित; 2. adv. वेधड़क, बिना हिचक के, निश्चिन्त होकर; das können Sie getrost tun यह (काम) आप वेधड़क कर सकते हैं।

Getto, n (-s/-s) तिरस्कृत लोगों का मुहल्ला; यहूदी-टोला।

Getue, n (-s) दिखावा, बनावट आडम्बर, ढोंग, तमाशा; U: अतिरंजित आचरण।

Getümmel, n (-s) दंगा या हंगामा मचाती हुई भीड़; हलचल, खलबली।

getüpfelt, adj. बिन्दीदार, बिन्दु-चित्रित।

geübt, adj. अभ्यस्त, सधा हुआ।

Gevatter, m (-s/-n) धर्मपिता; मित्र, दोस्त, यार; रिश्तेदार, नातेदार; **~schaft,** f(-) (Patenschaft) धर्मपितृत्व; (Verwandtschaft) रिश्तेदारी, नातेदारी, संबंधीगण; (Freundeskreis) मित्रमंडली, यार-दोस्त; (Klüngel) गुट, गुट्ट।

Gevier-t, n (-[e]s/-e) चतुर्भुज, वर्ग; छपाई में व्यवहृत वर्ग **~teilt,** adj. चार भागों में विभाजित; **~tmeter,** m वर्ग मीटर।

Gewächs, n(-es/-e) पौधा, घास, घास-फूस; med: अर्बुद; U: मनुष्य, व्यक्ति।

gewachsen, adj. प्राकृतिक; अकृष्ट; fig: er zeigte sich der Lage nicht gewachsen वह परिस्थित का सामना करने के योग्य नहीं था, वह परिस्थिति का सामना नहीं कर सका।

Gewächshaus, n पौधाघर, तापगृह, गरमखाना, काँचघर।

gewagt, adj. जोखिमी, जोखिम-भरा, जोखिम का; साहसिक, निर्भीकता का; किंचित् अश्लील; ein gewagtes Unternehmen जोखिम का काम; **~heit,** f (-) जोखिम, संकटपूर्णता।

gewählt, 1. adj. श्रेष्ठ, प्रवर, उच्च श्रेणी का; परिष्कृत, परिमार्जित; 2. adv. er drückt sich sehr gewählt aus वह अत्यंत परिष्कृत भाषा का प्रयोग करता है।

gewahr, adj.: einer Sache gewahr werden किसी वस्तु को देख लेना, किसी वस्तु या तथ्य की उपस्थिति का अनुभव क०, किसी वस्तु का दिखाई पड़ना; किसी बात का पता चलना।

Gewähr, f (-) प्रत्याभूति; गारंटी।

gewahren, v/t (h.) देखना, देख लेना, जान लेना, को दिखाई पड़ना, को पता चलना।

gewähren, v/t (h.) देना, प्रदान क०; (इच्छा, प्रार्थना आदि को) पूरा क०, स्वीकार क०, मंजूर क०; jdn. gewähren lassen किसी को पूरी छूट या आज़ादी देना, किसी को कुछ करने से न रोकना।

gewähr-leisten, v/t (h.) का पूर्ण आश्वासन देना, की गारंटी देना, का ज़िम्मा या उत्तरदायित्व लेना; **~leistung,** f (-) आश्वासन; समाश्वासन, गारंटी, उत्तरदायित्व।

Gewahrsam, 1. m (-s/-e) अभिरक्षा, निगरानी, देखभाल; हिरासत, क़ैद, कारानिरोध; 2. n (-s/-e) बंदीगृह, क़ैदखाना; हवालात।

Gewährsmann, m प्रतिभू, ज़ामिन; व्यक्ति जिसकी बात का हवाला दिया जा सके; मुख़बिर, विश्वसनीय समाचार-दाता।

Gewährung, f (-) अनुदान, प्रदान; स्वीकृति, मंजूरी ।

Gewalt, f (-/-en) (Macht) सत्ता, प्रभुत्व, अधिकार, प्रभाव; (Zwang) अत्याचार, हिंसा, ज़बरदस्ती, जुल्म, तशद्दुद; (Kontrolle) नियंत्रण; (große Kraft) बल, शक्ति, ताक़त; ज़ोर; nackte Gewalt नग्न हिंसा, नग्न बलप्रयोग, खुलासा जुल्म; Gewalt anwenden बलप्रयोग क०; in jds. Gewalt stehen किसी की मुट्ठी में होना, किसी के नियन्त्रण में होना; einer Frau Gewalt antun किसी स्त्री के साथ बलात्कार या हठ-संभोग क०; die elterliche Gewalt माँ-बाप का अधिकार, अभिभावकत्व; sich in der Gewalt haben आत्मनियंत्रित होना; in der Kurve verlor er die Gewalt über den Wagen मोड़ में कार उसके नियंत्रण से बाहर हो गई; **~akt,** m हिंसा (का काम), बलप्रयोग, जुल्म; **~enteilung,** f अधिकार-विभाजन, शासन-सत्ता का विभाजन (विधि-निर्माण, न्याय-पालन तथा प्रशासन में); **~herrscher,** m निरंकुश शासक, तानाशाह; **~ig,** 1. adj.शक्तिशाली,प्रभावशाली;विशाल, दीर्घाकार, बहुत बड़ा; प्रचंड, प्रबल, ज़ोरदार, गज़ब का; 2. adv., U: बहुत अधिक, अत्यधिक, बेहद, निहायत; **~los,** adj. अहिंसात्मक; **~marsch,** m बलकृत प्रयाण, बहुत लम्बा मार्च; **~mensch,** m क्रूर या अत्याचारी व्यक्ति; **~sam,** adj. हिंसात्मक, बलकृत; er starb eines gewaltsamen Todes उसकी हत्या कर दी गई; **~tat,** f हिंसा (का काम), अत्याचार, जुल्म; बलप्रयोग; हत्या का प्रयत्न, छलघात; **~tätig,** adj. क्रूर, बर्बर, नृशंस,अत्याचारी; हिंसापूर्ण, हिंसात्मक; **~tätigkeit,** f (-/-en)क्रूरता,बर्बरता, नृशंसता, अत्याचार; हिंसात्मकता; बलप्रयोग; **~verbrechen,** n बलप्रयोग द्वारा किया गया अपराध (डकैती, हत्या, अपहरण आदि); **~verbrecher,** m बलप्रयोग द्वारा अपराध करने वाला (डकैत, हत्यारा, अपहरणकर्ता, बलात्कारी आदि) ।

Gewand, n (-[e]s/ ⸚er) वस्त्र, परिधान, लिबास, जामा; पद-विशेष का परिधान; fig: बाह्य सज्जा ।

gewandt, adj. तेज़, फुर्तीला; दक्ष, कुशल; चतुर, होशियार, प्रत्युत्पन्नमति; व्यवहारकुशल; **~heit,** f (-) फुर्ती; दक्षता; चातुर्य, होशियारी; तीव्रबुद्धिमत्ता; व्यवहार-कौशल ।

gewärtig, adj. : einer Sache gewärtig sein किसी बात की अपेक्षा रखना, पहले से जानना कि कोई बात होगी; किसी बात की आशा क०; किसी बात के लिए तैयार रहना; ich war mir dessen nicht gewärtig मुझे इसकी आशा नहीं थी; **~en,** v/t (h.) : ich habe es zu gewärtigen मुझे इसके लिए तैयार रहना पड़ेगा ।

Gewäsch, n (-es) U: निरर्थक प्रलाप, बकवास ।

Gewässer, n (-s/-) जलाशय, जलक्षेत्र, समुद्र, झील, नदी, नाला आदि; fließendes Gewässer नदी-नाले; stehendes Gewässer थमा हुआ पानी (झील, तालाब आदि) ।

Gewebe, n (-s/-) वस्त्र, कपड़ा; med: ऊतक, ऊति, तन्तु-विन्यास; poet: जाल; poet: ein Gewebe von Lügen झूठ का जाल; **~lehre,** f anat: ऊतकविज्ञान, औतिकी ।

Gewehr, n ([e]s/-e) लम्बी नली वाला आग्नेय अस्त्र (बन्दूक, राइफ़ल, मशीनगन, कड़ाबीन आदि); eines Keilers: खाँग, नेस; **~kolben,** m बन्दूक आदि का कुंदा; **~lauf,** m बन्दूक आदि की नली ।

Geweih, n (-[e]s/-e) मृगशृंग ।

Gewerb-e, n (-s/-) लघु उद्योग, शिल्प-उद्योग; धन्धा, पेशा, व्यवसाय; **~ebetrieb,** m लघु उद्योगशाला,

शिल्पशाला; ~efreiheit, f अपना धन्धा चुनने की आज़ादी; ~elehrer, m शिल्प-शिक्षक; ~eschein, m किसी धंधे को करने के लिए आवश्यक अनुज्ञा-पत्र या लाइसेंस; ~eschule, f (बहु) शिल्प-शिक्षणालय; ~esteuer, f व्यवसाय-कर; ~etreibende, m (-n/-n) शिल्पी, व्यवसायी; ~lich, adj. व्यावसायिक, लघुऔद्योगिक; ~smäßig, 1. adj. व्यावसायिक, धन्धे के रूप में या आर्थिक लाभ के लिए किया जाने वाला; पेशावर, पेशेवर; 2. adv. धन्धे के रूप में, आर्थिक लाभ के लिए।

Gewerkschaft, f (-/-en) व्यवसाय-संघ; मज़दूर-संघ, श्रमिक-संघ; कार्मिक-संघ; ~(l)er, m (-s/-) व्यवसाय-संघ का सदस्य; कार्मिक-संघी, श्रमिक-संघी; ~lich, adj. व्यवसाय-संघीय, कार्मिक-संघीय, व्यवसाय-संघ या कार्मिक-संघ से संबंधित।

gewesen, adj., U: भूतपूर्व, पहले का।

Gewicht, n (-[e]s/-e) भार, बोझ; वज़न; (Schwere) भारिता, गुरुत्व; (Gewichtsmaß) बाट, बटखरा, बट्टा; fig: गुरुता, गंभीरता, महत्व, वज़न; sie achtet auf ihr Gewicht वह अपने वज़न का ख़याल रखती है, वह अपने वज़न को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रयत्नरत रहती है; fig: einer Sache großes Gewicht beimessen किसी बात को बहुत महत्व देना, किसी बात को बहुत महत्वपूर्ण मानना; fig: sein Wort hat Gewicht bei mir मैं उसकी बात को महत्वपूर्ण मानता हूँ, मैं उसकी बात को महत्व देता हूँ; fig: diese Sache fällt nicht ins Gewicht यह बात महत्वहीन है (इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता); ~heben, n भारोत्थापन, वेट-लिफ़्टिंग; ~ig, adj. भारी, वज़नी, वज़नदार; पूरे वज़न वाला; fig: महत्वपूर्ण; गंभीर; प्रभावशाली; ~igkeit, f (-) fig: महत्व; गाम्भीर्य; प्रभाव; ~seinheit, f भार की इकाई; ~sklasse, f, sport: भार-श्रेणी; ~sverlust, m भार में कमी; ~szunahme, f भार में वृद्धि।

gewieft, adj., U: होशियार, चालाक; धूर्त; धोखेबाज़।

gewiegt, adj., fig: चतुर, होशियार; अनुभवी।

Gewieher, n (-s) हिनहिनाहट; U: ज़ोर की हँसी; अट्टाहास।

gewillt, adj. अविमुख, रज़ामन्द, तैयार; gewillt sein, etw. zu tun कुछ करने के लिए रज़ामन्द (या तैयार) होना।

Gewimmel, n (-s) रेल-पेल, भीड़-भड़क्का; जन्तुओं, कीड़ों-मकोड़ों की बहुतायत।

Gewimmer, n (-s) घें-घें, पें-पें; क्रन्दन, विलाप।

Gewinde, n (-s/-) einer Schraube: चूडियाँ (पेंच की); (Girlande) हार, माला, तोरण, वन्दनवार।

Gewinn, m (-[e]s/-e) kfm: लाभ; नफ़ा, मुनाफ़ा, प्राप्ति, अर्थागम; (Nutzen) लाभ, फ़ायदा; bei Verlosung: इनाम (लॉटरी आदि में); ~anteil, m लाभांश; ~beteiligung, f लाभ-विभाजन; ~en, 1. v/t (h.) जीतना, जीत लेना, में विजयी होना, जीत जाना; इनाम के रूप में पाना; सम्मत या सहमत कर लेना; (erlangen) पा लेना, प्राप्त कर लेना, हासिल कर लेना; Rohstoffe: खनिजार्जन क०; अयस्क आदि से शुद्ध धातु प्राप्त क० या निकालना; einen Kampf gewinnen किसी संग्राम (या प्रतियोगिता) में विजयी होना; einen Prozeß gewinnen मुक़दमा जीत जाना; Zeit gewinnen अनुकूल अवसर के मिलने तक समय प्राप्त करने का प्रयत्न क०; टालमटोल क०, किसी निर्णय को टालना; jdn. für etw. gewinnen किसी को किसी बात के लिए सहमत कर लेना; jdn. zum Freund gewinnen किसी को मित्र के रूप में पा लेना, किसी की मित्रता प्राप्त कर लेना;

in diesem Bergwerk wird Silber gewonnen इस खान से (या में) चाँदी निकाली जाती है; fig: ich gewann die Überzeugung, daß er log मुझे विश्वास था (या हो गया) कि वह झूठ बोल रहा था; ich gewinne es nicht über mich मैं यह नहीं कर पाऊँगा, मुझसे यह नहीं हो पाएगा, मैं इसके लिए अपने आपको बाध्य नहीं कर सकता (हूँ); spw: gewonnenes Spiel haben सफल-प्रयत्न हो जाना, मैदान मार लेना; spw: wie gewonnen, so zerronnen जैसे आया वैसे ही गया, चोरी का धन मोरी में; spw: wer nicht wagt, der nicht gewinnt जो जोखिम नहीं उठाता वह कुछ पाता नहीं, जो बाज़ी पर कुछ नहीं लगाता, वह जीतता भी कुछ नहीं; 2. v/i (h.) अच्छा लगने लगना, बेहतर, अधिक अच्छा, अधिक प्रभावशाली हो जाना; बढ़ना, में वृद्धि होना; das Bild hat durch den neuen Rahmen gewonnen (यह) चित्र नये चौखटे में अधिक अच्छा लगने लगा है; sie hat in letzter Zeit sehr gewonnen पिछले दिनों में वह (अधिक) अच्छी लगने लगी है, पिछले दिनों में उसकी सुन्दरता (या सौम्यता आदि) में वृद्धि हुई है; er gewinnt immer mehr an Ansehen उसकी प्रतिष्ठा दिनों दिन बढ़ती जा रही है; das Flugzeug gewann immer mehr an Höhe वायुयान की ऊँचाई लगातार बढ़ती गई; ~end, adj. आकर्षक, मनमोहक, दिलरुबा; sie hat ein gewinnendes Wesen उसका स्वभाव मनमोहक है; ~er, m (-s/-) विजेता, विजयी; ~ler, m (-s/-) हर परिस्थिति से लाभ उठाने वाला; मुनाफ़ाखोर; ~rechnung, f: Verlust- und Gewinnrechnung हानि-लाभ का लेखा, लाभालाभ-लेखा; ~reich, adj. प्रलाभी, अर्थकर, लाभप्रद; ~spanne, f मुनाफ़े की गुंजाइश; ~streben, n लाभ के लिए प्रयास; ~sucht, f लाभ-लिप्सा, लाभलोलुपता; ~süchtig, adj. लाभलिप्सु, लाभलोलुप; ~ung, f (-) उपलब्धि, प्राप्ति, अर्जन; उत्पादन; ~verteilung, f लाभ-वितरण, लाभ-सहभाजन, लाभ-विभाजन।

Gewinsel, n (-s) रोना-चिल्लाना, क्रन्दन, विलाप; घें-घें, पें-पें।

Gewirr, n (-[e]s) परस्पर उलझे हुई तागों आदि की लट, उलझेड़ा; fig: पेचीदगी, उलझन, अव्यवस्था; अव्यवस्थित बाहुल्य; ein Gewirr von Stimmen एक साथ कई लोगों के बोलने से उत्पन्न अव्यवस्था, शोरगुल।

gewiß, 1.adj. निःसंशय, निश्चित, पक्का; विशेष, खास; unbestimmt: कोई, कोई-कोई, कुछ; einer Sache gewiß sein किसी बात के बारे में पक्का विश्वास होना; aus gewissen Gründen kann ich nicht mehr sagen विशेष कारणों से (या कुछ कारणों से) मैं और कुछ नहीं कह सकता; ein gewisser Herr Varma steht draußen कोई वर्मा जी बाहर खड़े हैं; एक वर्मा जी बाहर खड़े हैं; gewisse Leute कुछ लोग, कोई-कोई (लोग); in gewisser Hinsicht haben Sie recht विशेष दृष्टिकोण से (देखा जाए तो). आपका कहना ठीक है; U: ein gewisses Örtchen शौचालय; 2. adv. अवश्य, अवश्य ही, हर हालत में; बिल्कुल; बिल्कुल पक्की तरह से, निश्चित रूप से; er kommt ganz gewiß वह अवश्य आएगा; ich weiß das ganz gewiß यह मुझे निश्चित रूप से ज्ञात है; er hat es gewiß nicht böse gemeint उसका अभिप्राय निश्चित रूप से बुरा नहीं था; aber gewiß doch! हाँ-हाँ!, बिल्कुल!, अवश्य ही!

Gewissen, n(-s)अन्तरात्मा, अन्तर्चेतना, विवेक, अन्दरूनी आवाज़, अन्तःकरण, आत्मा, दिल; ईमान; अच्छाई और बुराई का भेद समझने की आन्तरिक प्रेरणा; er hat ein schlechtes

Gewissen वह अपने किए से संतुष्ट नहीं है, उसे अपनी करनी पर क्षोभ है, उसे अपने किए के परिणाम का डर है, उसने कुछ अनुचित काम किया है जिससे उसकी आत्मा दुःखी है; er hat zwei Menschen auf dem Gewissen उसने दो व्यक्तियों की हत्या की है; jdm. ins Gewissen reden किसी को बहुत अधिक समझाना-बुझाना, किसी पर अपनी विवेकबुद्धि का प्रयोग करने के लिए ज़ोर डालना; spw: ein gutes Gewissen ist ein sanftes Ruhekissen जिसकी आत्मा निर्मल है वह चैन की नींद सोता है।

gewissen-haft, adj. कर्तव्यनिष्ठ, विश्वसनीय, ईमानदार; अत्यन्त सावधानीपूर्वक काम करने वाला, अत्यवधानी; **~haftigkeit,** f (-) कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी; अत्यवधान; **~los,** adj. कर्तव्यनिष्ठाहीन, निष्ठाहीन, बेईमान; लापरवाह, ग़ैरज़िम्मेदार; **~losigkeit,** f (-) निष्ठाहीनता, बेईमानी; लापरवाही, ग़ैरज़िम्मेदारी; **~sbisse,** m/pl. पाप-बोध; अनुताप, पश्चात्ताप, पापबोध जन्य आत्मिक कष्ट; **~sfrage,** f अन्तःकरण के निश्चय की बात, ईमान की बात; **~skonflikt,** m आन्तरिक संघर्ष; **~snot,** f → Gewissenskonflikt; **~ssache,** f अन्तरात्मा के निर्णय की बात; **~szwang,** m: unter Gewissenszwang stehen अन्तरात्मा की आवाज़ के विरुद्ध आचरण करने की मजबूरी में होना।

gewissermaßen, adv. एक प्रकार से, एक दृष्टि से; किसी हद तक।

Gewiß-heit, f (-) नैश्चित्य, निश्चितता, संशयहीनता, निर्भ्रान्तता, पूर्ण विश्वास या भरोसा; पूरी जानकारी; प्रमाण; ich kann es nicht mit Gewißheit sagen मैं यह निश्चित रूप से नहीं कह सकता; es ist zur Gewißheit geworden इसकी निश्चितता में संदेह नहीं रहा, यह बात निश्चित रूप से ज्ञात या साबित हो गई; **~lich,** adv. बिल्कुल, अवश्य, अवश्य ही, हर हालत में।

Gewitter, n (-s/-) तड़ित्-झंझा, गरज-तरज के साथ तूफ़ान; fig: कोप-गर्जना; तू-तू मैं-मैं, ज़ोरदार झगड़ा; fig: ein eheliches Gewitter मियाँ-बीवी की तू-तू मैं-मैं; **~haft /~ig,** adj. गरज का, तड़ित्-झंझाकुल, तड़ित्-झंझा वाला; **~n,** v/i (h.) : es gewittert गरज के साथ वर्षा हो रही है; तड़ित्-झंझा आने वाला है; **~regen,** m गरज के साथ वर्षा; **~wolke,** f गर्जन-मेघ।

gewitzigt, adj. जो हानि उठाकर या अनुभव द्वारा चतुर बन गया हो।

gewitzt, adj. होशियार, चालाक, चंट।

gewogen, adj.: jdm. gewogen sein किसी के प्रति उदार (या स्नेहमय) होना; किसी से स्नेह क०; **~heit,** f (-) उदारता; स्नेह।

gewöhnen, 1. v/t (h.) की आदत डाल देना, की लत लगा देना, का अभ्यस्त, आदी, लती बना देना; (किसी के मन में) किसी के प्रति लगाव उत्पन्न कर देना; 2. v/r (h.) की आदत डाल लेना, की लत लगा लेना, का अभ्यस्त, आदी, लती हो जाना; से घनिष्ठ हो जाना, से हिल जाना, से लगाव महसूस क०।

Gewohnheit, f (-/-en) आदत, लत; प्रथा, रिवाज, दस्तूर; es ist mir zur Gewohnheit geworden यह मेरी आदत बन गई है; aus (alter) Gewohnheit आदतन; (पुरानी) प्रथा के अनुसार; **~smäßig,** adj. नित्य; नैत्यिक, अभ्यासजनित, आभ्यासिक; रिवाजी, दस्तूरी; **~smensch,** m आदी, लती, आदत का ग़ुलाम; **~srecht,** n चिरभोगजन्य अधिकार; **~stier,** n, U: der Mensch ist ein Gewohnheitstier मनुष्य आदत का ग़ुलाम होता है; **~strinker,** m पुराना या अभ्यस्त पियक्कड़, आदतन पीने वाला, शराब का लती; **~sver-**

brecher, m अपराध करने का लती, पुराना या अभ्यस्त अपराधी ।

gewöhnlich, 1. adj. (alltäglich) नित्य, नैत्यिक, रोज़ का; (üblich) प्रायिक, रिवाजी, आचारिक, प्रचलित, दस्तूरी; U: साधारण, सामान्य, मामूली, घिसा-पिटा; अभद्र, अशिष्ट; 2. adv. सामान्यतः, साधारणतया, प्रायः; आम तौर पर, अमूमन; नियमित रूप से, हमेशा; अक्सर; für gewöhnlich stehe ich um 6 Uhr auf अमूमन मैं छः बजे उठ जाता हूँ; er kam wie gewöhnlich zu spät वह हमेशा की तरह देर से आया ।

gewohnt, adj. अभ्यस्त, आदी; प्रायिक, प्रचलित; चिरपरिचित; etw. in gewohnter Weise tun किसी काम को प्रायिक ढंग से क०; ich bin es gewohnt, um 6 Uhr aufzustehen मेरी छः बजे उठने की आदत है ।

gewöhnt, adj. अभ्यस्त, आदी; an etw. gewöhnt sein किसी बात का आदी होना ।

gewohntermaßen, adv. आदतन, हमेशा की तरह, प्रायिक रूप से, जैसा कि दस्तूर है ।

Gewöhnung, f (-) आदत पड़ना, अभ्यास पड़ना; अनुकूलन; आदी बना देना, लत डाल लेना; पशुओं की सधाई ।

Gewölbe, n (-s/-) मेहराबी छत, चापछत; मेहराबी छत वाला कमरा या तहखाना; fig: गोलाकार या मंडलाकार आच्छादन; das Gewölbe des Himmels आकाशमंडल; ~**bogen,** m मेहराब ।

Gewölk, n (-[e]s) बादल, घटायें, मेघपुंज ।

Gewühl, n (-[e]s/-e) अव्यवस्थापूर्ण बाहुल्य; रेल-पेल, भीड़-भड़क्का ।

gewürfelt, adj. चारखानेदार ।

Gewürm, n (-[e]s) सरीसृप कीट, कृमि, सूँड़ा, सूँड़ी, केंचुए आदि ।

Gewürz, n (-es/-e) मसाला; ~**ig,** adj. मसालेदार; सुरभियुक्त; ~**nelke,** f लौंग, लवंग ।

Geysir, m (-s/-e) उष्णोत्स ।

gezackt, adj. दन्तुर, दन्तुरित, दाँतेदार, खाँचेदार; नुकीला; उच्चावच ।

gezähnt, adj. आरावत् किनारे वाला, दन्तुर (जैसे डाक-टिकट आदि) ।

Gezänk, n (-[e]s) कलह, लड़ाई, झगड़ा, तू-तू मैं-मैं ।

Gezanke, n (-s) → Gezänk

Gezappel, n (-s) छटपटाहट, तड़-फड़ाहट, हाथ-पैर हिलाना या पटकना; अधीरता, बेचैनी ।

Gezeiten, pl. ज्वार-भाटा ।

Gezeter, n (-s) गुहार, गोहार, दुहाई ।

geziemen, 1. v/i (h.) शोभा देना, के लिए उचित, मुनासिब, शोभनीय होना; का पात्र होना, के योग्य होना; ihm geziemt Achtung वह आदर के योग्य है, उसे आदर मिलना चाहिए; 2. v/r (h.) उचित, मुनासिब, मर्यादोचित, शोभनीय होना; das geziemt sich nicht यह उचित (या शोभनीय) नहीं है; ~**d,** 1. adj. उचित, समुचित, मर्यादोचित, मर्यादापूर्ण, शोभनीय; mit geziemendem Respekt समुचित आदर के साथ; 2. adv. : sich geziemend benehmen मर्यादोचित आचरण क० ।

geziert, adj. कृत्रिम, अप्राकृतिक, दिखावटी, बनावटी; ~**heit,** f (-) कृत्रिमता, अप्राकृतिकता, दिखावा; दिखावटी या बनावटी आचरण ।

Gezisch(e), n(-[e]s) अनवरत फूत्कार; (तिरस्कारद्योतक) हू-हू या सीटियाँ ।

Gezischel, n (-s) कानाफूसी, खुसर-फुसर; गुप्त निन्दा ।

Gezücht, n (-[e]s/-e) बच्चे, पोटे, रेवड़; (नीच) व्यक्ति ।

Gezweig, n (-es) poet: शाखायें, डालियाँ, टहनियाँ ।

Gezwitscher, n (-s) चहक, चहचहाना,

चहचहाहट; fig: चहक, बच्चों या किशोरियों की बातचीत ।

gezwungen, adj., fig: कृत्रिम, अप्राकृतिक, अस्वाभाविक; औपचारिक; **~ermaßen,** adv. मजबूरी में, बाध्य या मजबूर होकर; **~heit,** f कृत्रिमता, अस्वाभाविकता; औपचारिकता ।

Ghetto, n → Getto

Gicht, f (-) संधिशोथ, गठिया; tech: pl: Gichten: भ्राष्ट्र-मुख; **~ig,** adj. गठिया से पीड़ित ।

gickern, v/i (h.) U: मुँह बंद करके हँसना ।

Giebel, m (-s/-) तिकोना गृहशिखर, त्रिकोणिका; U: नाक, नासिका **~dach,** n तिकोने शिखर वाली छत, त्रिअंकी छत; **~fenster,** n तिकोने गृहशिखर में लगी खिड़की; **~ig,** adj. तिकोने (गृह)शिखर वाला, त्रिकोणिक-जैसा ।

Gier, f (-) लिप्सा, लोलुपता, तृष्णा; उत्सुकता, उत्कंठा; **~en,** v/i (h.) को पाना, चाहना, के लिए ललचाना, के लिए लालायित होना; mar:. जहाज़ का प्रविचलित होना; **~ig,** 1. adj. लुब्ध, लोलुप, लालायित; उत्सुक, उत्कंठित; 2. adv. लोलुपता के साथ; उत्कंठापूर्वक; **~igkeit,** f (-) →Gier

Gieß-bach, m वेगधारा, प्रपाती धारा, प्रचंड स्रोत; **~en,** v/t & v/i (h.) उँडेलना, ढारना, ढरकाना; Metall: ढालना, ढलाई क०; (einfüllen) में उँडेलना, भरना, डालना; U: सींचना, को पानी देना; Tee in die Tasse gießen प्याले में चाय डालना; Pflanzen gießen पौधे सींचना, पौधों को पानी देना; U: es gießt मूसलाधार वर्षा हो रही है; **~er,** m (-s/-)ढलैया, ढलाई करने वाला; U. फुहारा, हजारा; **~erei,** f (-/-en) ढलाईघर, ढलाई-खाना; **~kanne,** f फुहारा, हजारा।

Gift, n (-[e]s/-e) विष, गरल, ज़हर; fig: विनाश का कारण, विध्वंसक बात, सिद्धान्त, विचारधारा आदि; fig: द्वेष, विद्वेष, घृणा; fig: Alkohol ist Gift für ihn शराब उसके लिए ज़हर है; fig: dieses Buch ist Gift für sie इस पुस्तक का उसके ऊपर बहुत बुरा (या विनाशकारी) प्रभाव पड़ेगा; fig: darauf kannst du Gift nehmen यह बात बिल्कुल पक्की है; **~drüse,** f विषग्रन्थि; **~en,** v/t (h.) : jdn. giften किसी को(विद्वेषपूर्वक) तंग क० या क्षुब्ध क०; U: das giftet mich यह बात मेरे मन में क्षोभ उत्पन्न करती है, यह बात मुझे अत्यन्त अप्रिय लगती है; **~gas,** n विषाक्त गैस, विषैली गैस; **~grün,** adj. चटकीला हरा; **~ig,** 1. adj. विषाक्त, विषमय, विषैला, ज़हरीला; fig: विद्वेषपूर्ण, घृणापूर्ण; अहितेच्छु; क्रोधोन्मत्त; कटु; 2. adv: jdn. giftig ansehen किसी को सक्रोध दृष्टि से देखना, किसी को फाड़ खाने को दौड़ना; **~igkeit,** f (-) विषाक्तता, सविषता, विषमयता, ज़हरीलापन; fig: विद्वेष; घृणा; अहितेच्छा, अहितेच्छुता, क्रोधोन्माद; **~mischer,** m विषघाती, विषदाता; **~mord,** m विष देकर की गई हत्या; **~nudel,** f, U: विद्वेषपूर्ण व्यक्ति; कर्कशा, लड़ाका स्त्री; **~pfeil,** m विषाक्त बाण; fig: कटु बात; **~pflanze,** f विषैला, ज़हरीला पौधा; **~pilz,**m विषैला छत्रक; **~schlange,** f ज़हरीला साँप; **~stoff,** m विष, गरल, हलाहल, ज़हर; **~zahn,** m विषदन्त, ज़हर का दाँत ।

Gigant, m (-en/-en) [griech.] भीमकाय व्यक्ति; दैत्य, दानव; **~isch,** adj. भीमकाय, दैत्याकार; अतिविशाल, विराट्; बहुत बड़ा ।

Gigolo, m (-s/-s) [frz.] व्यावसायिक सहनर्तक; U: भड़ुआ; क्रीतप्रेमी; किराये का प्रेमी ।

gilben, v/i (s.) : das Papier gilbt काग़ज़ पीला पड़ जाता है ।

Gilde, f (-/-n) शिल्पिसंघ; संघ, निकाय ।

Gimpel, m (-s/-) सुचटक, हरिवर्ष-कालपुच्छ (एक गाने वाली चिड़िया); fig: मूर्ख, बुद्धू, बौड़म ।

Ginster, m (-s/-) [lat.] पीले फूलों वाली एक झाड़ी जिससे झाड़ू बनाया जाता है ।

Gipfel, m (-s/-) शिखर, चोटी, शीर्ष; fig: चरमसीमा, पराकाष्ठा; U: das ist der Gipfel यह तो हद हो गई; **~konferenz,** f, fig: शीर्ष-सम्मेलन; **~n,** v/i (h.) : in etw. gipfeln की पराकाष्ठा होना, का अंत होना; die Diskussion gipfelte in einem Streit वाद-विवाद यहाँ तक बढ़ा कि झगड़ा हो गया; seine Behauptungen gipfelten darin, daß...उसके कथन की पराकाष्ठा यह थी कि···; **~punkt,** m चरमबिन्दु, शीर्ष-बिन्दु; पराकाष्ठा, पराकोटि ।

Gips, m (-es/-e) आचूर्ण, चिरोड़ी, जिप्सम; पोताई का चूना; med: पलस्तर, दग्धाचूर्ण; **~abdruck,** m जिप्सम में ली गई छाप; **~en,** v/t (h.) जिप्सम चढ़ाना, पोताई क०; **~ern,** adj. जिप्सम का; **~figur,** f जिप्सम की मूर्ति ।

Giraffe, f (-/-n) [ital.] ज़राफ़ा, जिराफ़ ।

girieren, v/t (h.) [ital.] kfm: चलन में लाना; चेक के पीछे हस्ताक्षर क०; (हुंडी आदि का) बेचान क० ।

Girlande, f (-/-n) [frz./ital.] हार, माला ।

Giro, n (-s/-s) [ital.] kfm: पृष्ठांकन; हुंडी का बेचान.बेचान या दूसरे के नाम करने का प्रमाणीकरण; चालू खाते से लेन-देन; **~konto,** n चालू खाता ।

girren, v/i (h.) गुटरगूँ क०, टुटरूँ-टूँ (की ध्वनि) क०; fig: स्त्रियों का कामातुर होकर गिटकरी भरना या हँसना ।

Gischt, 1. m (-es)/2. f (-) समुद्री लहरों का झाग, फेन ।

Gitarr-e, f (-/-n) [span.] गिटार; **~ist,** m (-en/-en) गिटारवादक ।

Gitter, n (-s/-) जंगला, जाली, झँझरी; जंगले की दीवार, जंगलेदार दीवार; पास-पास लगी छड़ों का बाड़ा या फाटक आदि; U: hinter Gittern sitzen कारावास में होना, क़ैदख़ाने में होना, जेल काटना; **~leinen/~stoff,** m क़सीदा काढ़ने को मोटा कपड़ा; किरमिच; **~tür,** f छड़ों का दरवाज़ा, जंगलेदार दरवाज़ा; **~werk,** n छड़ों की जाली या झँझरी, जंगला ।

Gladiole, f (-/-n) [lat.] कृपाणपर्ण-प्रजाति का पौधा या उसका फूल ।

Glanz, m (-es) दीप्ति, द्युति, चमक, कांति, आभा; fig: शान, धूमधाम, तड़क-भड़क; महिमा, प्रताप, गौरव; fig: eine Prüfung mit Glanz bestehen (किसी) परीक्षा में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण होना; U: mit Glanz und Gloria durchfallen धूमधाम से (अर्थात् बहुत बुरी तरह से) असफल हो जाना, परीक्षा में बहुत बुरे नम्बर पाना ।

glänzen, 1. v/t (h.) चमकाना, चमका देना, चमकदार बनाना; 2. v/i (h.) चमकना, चमचमाना, जगमगाना, झिलमिलाना; fig: औरों की तुलना में उत्कृष्ट होना, सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित क० या कर लेना; U: er glänzte durch Abwesenheit वह अनुपस्थित था; **~d,** 1. adj. चमकदार, जगमगाता हुआ, चमचमाता हुआ; fig: भव्य, शानदार; बहुत बढ़िया, उच्चकोटि का, अत्युत्तम; fig: eine glänzende Leistung विशिष्ट सफलता, उत्कृष्ट या भव्य प्रदर्शन, बहुत अच्छा काम; 2. adv. बहुत ही अच्छा, बहुत अच्छी तरह से; es geht mir glänzend मेरा हाल बहुत अच्छा है ।

Glanz-farbe, f चमकीला रोग़न, चमकीला रंग; **~leder,** n चमकदार चमड़ा; **~leistung,** f विशिष्ट सफलता, भव्य या उत्कृष्ट प्रदर्शन, उच्च कोटि का कार्यसम्पादन, बहुत अच्छा काम;

Hand-fertigkeit, f हस्त-दक्षता, हस्त-कौशल; **~fest,** adj. मज़बूत, तगड़ा, ठोस, पक्का; ग्राह्य, प्रत्यक्ष; **~feuerwaffe,** f लघु शस्त्र, हाथ में लेकर चलाया जाने वाला अग्नि-शस्त्र; **~fläche,** f हथेली; **~gearbeitet,** adj. हस्तनिर्मित, हाथ का बना; **~geld,** n बयाना; पेशगी; जेबखर्च; घूस; **~gelenk,** n कलाई, पहुँचा, मणिबंध; fig: etw. aus dem Handgelenk schütteln कोई काम बड़ी सरलता से कर देना; हथेली पर सरसों जमा देना; **~gemein,** adv. handgemein werden हाथापाई क०; **~gemenge,** n मुठभेड़, हाथापाई, मारपीट, छीना-झपटी; **~gepäck,** n हाथ में ले जाने वाला सामान; **~geschrieben,** adj. हस्तलिखित, हाथ का लिखा; **~granate,** f (-/-n) हथगोला; **~greiflich,** adj. स्पर्शज्ञेय, स्पर्शगोचर, सहजग्राह्य; प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट; हिंसापूर्ण, हिंसात्मक; ein handgreiflicher Erfolg प्रत्यक्ष सफलता, अच्छी-खासी कामयाबी; er wurde plötzlich handgreiflich वह अचानक हाथापाई (या मारपीट) पर उतर आया; **~greiflichkeit,** f (-/-en) स्पर्शज्ञेयता, स्पर्शगोचरता, सहजग्राह्यता; प्रत्यक्षता, सुस्पष्टता; हिंसात्मक काम, मारपीट; **~griff,** m दस्ता, हत्था, हत्थी; हस्तकौशल; हस्तलाघव; किंचित् परिश्रम; in einem Handgriff थोड़े-से परिश्रम के साथ; एक बार में; **~habe,** f (-) fig: कोई कार्यवाही करने का कारण, आधार, साधन; सबूत, प्रमाण; wir haben keine Handhabe gegen ihn उसके खिलाफ़ कार्यवाही करने के लिए हमारे पास कोई आधार, साधन, प्रमाण नहीं है; **~haben,** v/t (h.) उचित ढंग से प्रयोग क०, इस्तेमाल क०, बरतना; संचालन क०, प्रबंध क०; **~habung,** f (-/-en) प्रयोग, इस्तेमाल; संचालन, प्रबंध; **~koffer,** m

बकसिया, अटैची, छोटा सूटकेस; **~kuß,** m करपृष्ठ-चुम्बन (विशेषतया स्त्रियों के अभिवादन के लिए); U: das nehme ich mit Handkuß इसे मैं बड़ी प्रसन्नता (या शुक्रगुज़ारी) के साथ ले लूँगा; **~langer,** m (-s/-) मज़दूर; अधीनस्थ कर्मचारी, मातहत; **~langerdienste,** m/pl: Handlangerdienshte leisten छोटे-मोटे काम क०, हुक्म बजाना या बजा लाना।

Händler, m (-s/-) विक्रेता, दुकानदार; व्यापारी, सौदागर, वणिक, बनिया।

Hand-lesekunst, f हस्तरेखाविज्ञान; **~lich,** adj. सुचालनीय; हल्का, सुविधाजनक।

Handlung, f (-/-en) कार्रवाई; काम, कर्म, करतूत; आचरण, बरताव; einer Dichtung: कथानक, कथावस्तु; kfm: दूकान, दुकान; **~sbevollmächtigte,** m (-n/-n) व्यापारी का प्राधिकृत प्रतिनिधि, मुख्तार; **~sfähigkeit,** f व्यापार-व्यवहार की क्षमता; **~sfreiheit,** f स्वनिर्णय के प्रयोग की स्वतंत्रता, स्वनिर्णय के आधार पर काम (या आचरण) करने की स्वतंत्रता; **~sreisende,** m (-n/-n) वाणिज्य-यात्री; **~svollmacht,** f मुख्तारी, व्यापार-प्राधिकार; **~sweise,** f कार्यविधि, क्रियाविधि, कार्यप्रणाली; व्यवहार, बरताव, आचरण।

Hand-pferd, n दाहिनी तरफ़ जुता हुआ घोड़ा; **~pflege,** f हस्त-प्रसाधन, नख-प्रसाधन; **~reichung,** f (-) सहायता, मदद; **~rücken,** m करपृष्ठ, हाथ का पृष्ठभाग; **~schelle,** f हथकड़ी; **~schlag,** m हाथ मिलाना; **~schreiben,** n स्वहस्तलिखित पत्र; हाथ से लिखा सिफ़ारशी खत; **~schrift,** f हस्तलेख, हस्तलिपि, लिखावट; **~schriftlich,** adj. हस्तलिखित, हाथ का लिखा; **~schuh,** m दस्ताना; fig: jdm.den Handschuh hinwerfen किसी को (मुक़ाबले के लिए) चुनौती देना; **~stand,** m हाथों के बल खड़ा होना; **~streich,** m आकस्मिक सबल आक्रमण, सहसा आक्रमण; **~tasche,** f झोला, हैंड-बैग; **~tuch,** n तौलिया, अँगोछा, गमछा; **~umdrehen,** n: im Handumdrehen ज़रा-सी देर में,एकदम,पलक मारते ही; **~voll,** f(-) मुट्ठी-भर; **~warm,** adj. अलपोष्ण, कदुष्ण, गुनगुना; **~werk,** n (-[e]s) हस्तशिल्प, कारीगरी, राज, मिस्त्री आदि का पेशा; fig: sein Handwerk verstehen अपने काम में चतुर होना; fig: man muß ihm das Handwerk legen उसकी अनुचित, अवैध, हानिकर करतूतों का अंत करना पड़ेगा; fig: jdm. ins Handwerk pfuschen किसी के काम में दख़ल देना; **~werker,**m(-s/-) हस्तशिल्पी; कारीगर, हस्तकर्मी, दस्तकार; **~werklich,** adj. शिल्प-संबंधी, शिल्पीय दक्षता के साथ किया हुआ; (handgearbeitet) हाथ का बना; **~wörterbuch,** n संहृत शब्दकोश; **~zeichen,** n हाथ द्वारा दिया गया संकेत; विरोध या सहमति प्रकट करने के लिए हाथ उठाना; हस्ताक्षर के स्थान पर बनाया कोई भी चिह्न; वस्तुओं पर बनाया पहचान का चिह्न; **~zettel,** m विज्ञाप-पत्र, हस्त-पत्रक, पर्चा।

hanebüchen, adj., U: क्षोभकारी; घोर, ज़बरदस्त; अविश्वास्य, अविश्वसनीय।

Hanf, m (-[e]s) शण, सन, पटुआ, सनई; **~en,** adj. सन का बना।

Hang, m(-[e]s/ ⸗e) ढाल, प्रवण भूमि, अवसर्पिणी भूमि; o.pl: प्रवृत्ति, अभिरुचि, झुकाव।

Hangar, m (-s/-s) [frz.] विमान-शाला।

Hänge-bauch, m लटकता हुआ पेट, तोंद; **~brücke,** f झूला-पुल।

Hänge-matte, f दलारा, दो पेड़ों या लट्ठों के बीच बँधा जाल जिस पर सोया जाता है; **~n,** 1. v/i (h.) लटकना,

झूलना, लटका या टँगा होना; छाया होना या रहना; (sich neigen) झुका होना, तिरछा होना; (के भार से) झुक जाना, से लदा होना; fig: (nicht weiter kommen) आगे न बढ़ना या बढ़ पाना, फँसा या लटका होना, फँसा या लटका रहना; fig: an jdm. hängen किसी से हिला होना, किसी को बहुत चाहना, किसी से बहुत प्रेम क०; der Baum hängt voller Früchte वृक्ष फलों के भार से झुक गया है, पेड़ फलों से लदा है; die Mauer hängt दीवार तिरछी है; sie blieb mit dem Rock hängen उसका लहँगा फँस (या हिलग) गया; U: ich hänge bei ihm (fest) मेरे ऊपर उसका बहुत अधिक ऋण है, मैं उसका ऋण नहीं चुका पा रहा हूँ; U: er hängt in Englisch अँग्रेज़ी में उसके नम्बर खराब हैं, अँग्रेज़ी में वह लटक रहा है; fig: der Prozeß hängt immer noch मुक़दमा अभी भी लटका हुआ है, मुक़दमे का फ़ैसला अभी तक नहीं हुआ है; fig: an jds. Lippen hängen किसी की बातों को अत्यन्त एकाग्रतापूर्वक सुनना; fig: lassen Sie den Kopf nicht hängen! दिल छोटा न कीजिए !, हिम्मत न हारिए; 2. v/t (h.) लटकाना, टाँगना; (erhängen) फाँसी देना, फाँसी पर चढ़ाना; mit Hängen und Würgen जैसे-तैसे, रो-पीट कर; fig: sich an jdn. hängen किसी का साथ न छोड़ना, किसी का पिंड न छोड़ना, किसी के पीछे लग (या पड़) जाना; ~r, m(-s/-) झँगोला, वोरे के आकार का वस्त्र (जिसमें कमर आदि न छाँटी गई हो); ~schloß, n कुंडी में लटकाने का ताला ।

Hänsel-ei, f (-/-en) दिल्लगी, मज़ाक, हँसी, ठट्ठा; ~**n,** v/t (h.) की हँसी या मज़ाक उड़ाना, से दिल्लगी क०, को तंग क० ।

Hanswurst, m (-es/-e) विदूषक; मसखरा, भाँड़; ~**iade,** f (-/-n) भँड़ैती, मसखरी ।

Hantel, f (-/-n) लोहे के छोटे द्विमुंड मुगदर, डम्बेल ।

hantieren, v/i (h.) प्रयोग क०, काम में लाना, में जोड़-तोड़ क०, का हस्तोपचार क० ।

hapern, v/i (h.) का अभाव होना, की कमी होना; आगे न बढ़ पाना; (के कारण) लटक जाना; es hapert bei ihm in Mathematik गणित में वह कमज़ोर है, गणित में उसकी गाड़ी लटक जाती है ।

Häppchen, n (-s/-) अत्यल्प मात्रा; थोड़ा-सा (भोजन) ।

Happ-en, m (-s/-) ग्रास, निवाला, कौर; अल्प भोजन; ~**ig,** adj. लोभी, लालची; खाऊ; U:अत्यधिक; मनमाना; ग़ैरमुनासिब ।

Häre-sie, f (-/-n) [griech.] धर्मद्रोह, अपधर्म, परधर्म-सेवा, कुफ़्र; ~**tiker,** m (-s/-) धर्मद्रोही, अपधर्मी, परधर्म-सेवी, काफ़िर; ~**tisch,** adj. धर्मद्रोह-पूर्ण, काफ़िराना ।

Harfe, f (-/-n) पुरुतंत्री, वल्लकी, हार्प; ~**n,** v/i (h.) पुरुतंत्री बजाना; ~**nist,** m (-en/-en) पुरुतंत्री-वादक ।

Harke, f (-/-n) पाँचा; जेली; U: ich werde ihm zeigen, was eine Harke ist मैं उसे खरी-खरी सुना दूँगा, मैं उसका दिमाग़ ठिकाने लगा दूँगा; ~**n,** v/t (h.) पाँचे से संकृत क०, पाँचे से बटोरना या साफ़ क० ।

Harlekin, m (-s/-e) [ital.] विदूषक, मसखरा; भाँड़; ~**ade,** f (-/-n) विदूषक-नाट्य, मसखरी ।

Harm, m (-[e]s) (Gram) शोक, दुःख, विषाद, संताप; (Kränkung) अपमान, मानहानि, दुर्व्यवहार ।

härmen, v/r (h.) शोकाकुल, दुःखी, व्यथित होना ।

harmlos, adj. (arglos) निष्कपट, भोला, निश्छल; अहितेच्छा से परे,

(किसी का) बुरा न चाहने वाला; (ungefährlich)अहानिकर; ~igkeit, f (-) निष्कपटता, भोलापन, सारल्य; अहानिकरता।

Harmon-ie, f (-/-n) [griech.] (Wohlklang)सुरीलापन;mus:स्वरसाम्य, समस्वरता;(Eintracht)ऐक्य,सामंजस्य,मेल, मेलजोल, मित्रभाव, प्रेमभाव; सुसंगति; **~ieren,** v/i(h.): sie harmonieren gut miteinanderवे आपस में मेल खाते हैं (स्वर, रंग, व्यक्ति आदि); वे परस्पर शांतिपूर्ण जीवन विताते हैं, उनमें आपस में मतभेद नहीं होता है;**~ika,**f (-/-s) वलिवाद्य; **~isch,** adj. समस्वर, स्वरसाम्यपूर्ण; सुरीला; ऐक्यपूर्ण, सद्भावपूर्ण; सुसंगत; संतुलित या शांत मनवाला; **~isieren,** v/t (h.) संगत या समस्वर क०; सद्भावपूर्ण बनाना; **~ium,** n (-s/-'nien) हारमोनियम।

Harn, m (-[e]s) मूत्र, मूत, पेशाब; **~blase,** f मूत्राशय; **~drang,** m पेशाब की हाजत; **~en,** v/i (h.) मूत्रत्याग क०, लघुशंका क०, मूतना, पेशाब क०।

Harnisch, m (-es/-e) कवच, बख्तर; fig: er gerät leicht in Harnisch वह बहुत जल्दी (या ज़रा-सी बात में) आग-बबूला हो जाता है।

Harn-leiter, m मूत्रवाहिनी, गवीनी; **~röhre,** f मूत्रमार्ग; **~treibend,** adj. मूत्रवर्धक, मूत्रल, पेशाब लाने वाला।

Harpun-e, f (-/-n) [niederl./frz.] मत्स्यभाला, काँटेदार बर्छी; **~ieren,** v/t (h.) काँटेदार बर्छी से मारना।

harren, v/i (h.) की प्रतीक्षा क० या करते रहना; की प्रतीक्षा में रहना; ich harre seiner मैं उसकी प्रतीक्षा कर रहा हूं।

barsch, 1. adj. रुक्ष, रूखा, कटोर, सख्त, कटु, कड़ा; Schnee: पपड़ीदार; 2. m (-es) पपड़ीदार हिम।

hart, adj. कड़ा, कठोर, सख्त; ठोस, दुर्भेद्य, मज़बूत; कटु; प्रचंड, उग्र, तीव्र; (schwer) कठिन, मुश्किल, दुष्कर, श्रमसाध्य; कष्टकर, दुखदायी;(streng) कठोर, सख्त, अतिनियमनिष्ठ; (grausam) निष्ठुर, निर्दय, संगदिल, बेरहम; (unnachgiebig) अडिग, हार न मानने वाला; हठीला, ज़िद्दी; Farben: विपर्यासी, विपर्यासपूर्ण; Laute: अघोष; Aussprache: कठोर, कर्कश; अपरिष्कृत; Getränke: नशीला, नशा करने वाला; Strahlen: भेदक, पारगामी; fig: eine harte Nuß जटिल समस्या; U: er ist hart im Nehmen वह बहुत कुछ झेल लेता है; eine harte Strafe कठोर दंड; ein harter Winter सख्त जाड़ा; ein hartes Schicksalदुर्भाग्य, बदक़िस्मती; wir hatten eine harte Zeit हमने बहुत कठिनाइयाँ उठाईं हैं; हमने बहुत तंगी के दिन गुज़ारे हैं; ein harter Wind प्रचंड वायु; eine harte Arbeit कठिन काम, दुष्कर कार्य; ein harter Kampf घोर संघर्ष; घमासान युद्ध; ein hartes Herz haben संगदिल होना; bei dem Streit fielen harte Worte झगड़े में कठोर (या कटु) शब्दों का प्रयोग हुआ; hartes Wasser कठोर जल; fig: harte Währung मुद्रा जिसका अवपात न हो; 2. adv. कठोरतापूर्वक, कड़ाई से; बहुत अधिक, बिल्कुल पास, बिल्कुल आसन्न; jdn. hart anfassen किसी के साथ कठोरता का आचरण क०, किसी के साथ सख्ती क०; in dieser Diskussion ging es hart auf hart इस वाद-विवाद में ईंट का जवाब पत्थर से दिया गया, इस वाद-विवाद में दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे तथा उन्होंने उग्र तर्कों को प्रस्तुत किया; das Haus liegt hart an der Straße मकान सड़क से बिल्कुल सटा हुआ है।

Härte, f (-/-n) कठोरता, कड़ापन; दुर्भेद्यता, मज़बूती; कटुता, प्रचंडता, उग्रता; भीषणता; कड़ाई, सख्ती,

अतिशय नियमनिष्ठा; निष्ठुरता, निर्दयता, बेरहमी; हठ, ज़िद; कठिनाई, मुश्किल, दुष्करता; तंगहाली, विपत्ति, कठिन परिस्थिति; ~**n**, v/t (h.) कठोर, कड़ा, सख्त बनाना (धातुओं आदि को); ~**paragraph**, m विशेष रूप से कठिन परिस्थितियों पर ध्यान देते हुए (कर आदि में) छूट देने या रियायत करने का विधि-खंड; ~**prüfung**, f कठोरता-परीक्षण, काठिन्य-परीक्षण; ~**skala**, f कठोरता-मापक्रम (हीरे या अन्य रत्नों की कठोरता नापने के लिए); ~**test**, m→Härteprüfung

hart-gekocht, adj. उबाल कर कड़ा किया हुआ (अंडा); ~**geld**, n धातुमुद्रा, सिक्के; ~**gesotten**, adj. → hartgekocht; fig: पक्का, नम्बरी; ~**gummi**, m वल्कनीकृत रबड़, गंधक मिला कर कठोरीकृत रबड़, ~**herzig**, adj. पाषाणहृदय, संगदिल, निष्ठुर, निर्दय; ~**herzigkeit**, f (-) पाषाणहृदयता, निष्ठुरता, निर्दयता; ~**hörig**, adj. ऊँचा सुनने वाला, कुनबहरा; ~**leibig**, adj. मलबंध या मलावरोध से पीड़ित; ~**näckig**, adj. दुराग्रही, अड़ियल, जिद्दी, हठी; दुर्जेय, दुर्दम्य, दुर्दान्त; ~**näckigkeit**, f (-) दुराग्रह, हठ, ज़िद, अड़ियलपन; दुर्जेयता; दुर्दम्यता।

Härtung, f (-) कठोरीकरण (धातुओं का)।

Harz, n (-es/-e) सर्जास, उद्यास, राल, धूना; ~**en**, v/i (h.) से सर्जास निकलना; ~**ig**, adj. उद्यासमय; उद्यासवत्, लसलसा, चिपचिपा।

Hasard, n (-s) [frz.] द्यूत, जूआ; ~**eur**, m (-s/-e)जूआरी, द्यूतकर, fig: जोखिम उठाने वाला व्यक्ति; ~**ieren**, v/i (h.)जूआ खेलना; fig: जोखिम उठाना, सब कुछ दाँव पर लगा देना।

Hasch, n (-s) U:→ **Haschisch**

Haschee, n (-s/-s) [frz.] क़ीमा।

[1]**haschen**, v/i (h.) U: हशीश पीना।

[2]**haschen**, 1. v/t (h.) पकड़ लेना, झपट लेना, झपट कर पकड़ लेना; 2. v/i (h.): nach etw. haschen किसी वस्तु की ओर झपटना(पकड़ने के लिए); fig: किसी वस्तु को प्राप्त करने का प्रयत्न क०, किसी वस्तु की आकांक्षा रखना; 3. n(-s) बच्चों का छू-पकड़ का खेल, छुआ-छुऔअल।

Häscher, m (-s/-) poet: गिरफ़्तार करने वाला;पकड़ने के लिए पीछा करने वाला अत्याचारी, उत्पीड़क।

haschieren, v/t (h.) [frz.] छोटे-छोटे टुकड़े क०, क़ीमा बनाना।

Haschisch, n (-) [arab.] हशीश, भाँग।

Hase, m (-n/-n) शशक, खरहा, खरगोश; fig: कायर, कापुरुष; U: falscher Hase क़ीमे की टिकिया; fig: da liegt der Hase im Pfeffer समस्या की बात यह है, असली समस्या तो यह है, समस्या की जड़ यह हैं; fig: mein Name ist Hase मुझे कुछ भी नहीं मालूम है।

Hasel, f (-/-n) → Haselstrauch; ~**nuß**, f पिंगल-फल; ~**strauch**, m पिंगलफल (पेड़ या झाड़ी)।

Hasen-fuß, m/~**herz**, n fig: कायर डरपोक, भीरु, बुज़दिल इंसान; ~**panier**, n: das Hasenpanier ergreifen पलायन कर जाना, भाग जाना, नौ दो ग्यारह हो जाना; ~**pfeffer**, m खरगोश की टांगों, पसलियों आदि से बना मसालेदार भोजन; ~**rein**, adj. केवल हिरन का पीछा करने के लिए साधा हुआ(शिकारी कुत्ता); U: diese Sache ist nicht ganz hasenrein इस मामले में कुछ दाल में काला है; ~**scharte**, f, med: खंडोष्ठ, ऊपर के होंठ में जन्मजात कटान।

Haspe, f (-/-n) क़ब्जा, चूल; छपका, कुंडा।

Haspel, f (-/-n) (Garnrolle) अटेरन; (Sperrkreuz) चक्र-द्वार; (Förderwelle) बेलन-चरखी, हस्त-घर्घरी; ~**n**, v/t (h.) बेलन-चरखी

की सहायता से ऊपर खींचना; Garn: अटेरन पर चढ़ाना, चरखी पर चढ़ाना या लपेटना; U: जल्दबाज़ी क०, जल्दी-जल्दी बोलना या क० ।

Haß; m (-'sses) घृणा, नफ़रत; द्वेष, विद्वेष ।

hass-en, v/t (h.) घृणा, नफ़रत, द्वेष क०; **~enswert,** adj. घृण्य, घृणास्पद, गर्ह्य, कुत्सित; **~er,** m (-s/-) घृणा करने वाला, द्वेष रखने वाला; **~erfüllt,** adj. घृणापूर्ण, घृणा से ओतप्रोत, द्वेषपूर्ण, पुरनफ़रत ।

häßlich, adj. कुरूप, असुन्दर, बदसूरत; भद्दा, भोंड़ा, बदशक्ल; (abstoßend) घिनावना, विकर्षक; fig: नीच, कमीन; अशिष्ट, अभद्र; अप्रिय; **~keit,** f (-) कुरूपता, बदसूरती; भद्दापन, भोंड़ापन; नीचता, कमीनपन ।

Hast, f (-) अतिशीघ्रता, बहुत जल्दी, हड़बड़ी, उतावली; **~en,** v/i (h.) जल्दी क०; जल्दबाज़ी क०, शीघ्रता से चलना या दौड़ना; **~ig,** 1. adj. त्वरित, तेज़, जल्दी का, जल्दी वाला; अविचारित; 2. adv. जल्दी से, शीघ्रता से; **~igkeit,** f (-) → Hast

hätscheln, v/t (h.) (liebkosen) दुलारना, पुचकारना, लाड़-प्यार क०; (verwöhnen) बहुत लाड़-प्यार से पालना, बहुत लाड़-प्यार से रखना ।

Hatz, f (-/-en) कुत्तों के साथ शिकार; (jagdhunde) शिकारी कुत्ते; fig: असंयत मनोविनोद ।

Haube, f (-/-n) स्त्रियों का शिरोवस्त्र (पुराने काल में विवाहिता स्त्री की पहचान); टोपी, कनटोपी; मठवासिनी का शिरोवेष्टन; bei Vögeln: शिखा, कलगी; (बाज़ के लिए) चमड़े की टोपी; (Aufsatz) गोलाकार आच्छादन, बोनेट; zool: रोमन्थकारी पशु का द्वितीय आमाशय; fig: sie ist unter die Haube gekommen उसका विवाह हो गया है ।

Haubitze, f (-/-n) [tschech.] उच्च शतघ्नी, तोप ।

Hauch, m (-[e]s/-e) (Atem) श्वास, उच्छ्वास, साँस; फूँक; (Luftzug) हल्का झोंका; गमक; (dünner Überzug) (किसी सतह पर जम जाने वाली) मुँह की भाप; कोहरे, भाप आदि की परत; fig: अल्प मात्रा, पुट, थोड़ा-सा; **~dünn,** adj. अत्यन्त बारीक या पतला; अत्यन्त विरल या कम; **~en,** 1. v/i (h) मुँह से निःश्वास छोड़ना, मुँह से हवा निकालना; 2. v/t (h.) फुसफुसाना, बहुत धीरे से (या चुपके से) कहना; **~ fein,** adj. अत्यन्त महीन; **~laut,** m महाप्राण, ह-कार; **~zart,** adj: अत्यन्त कोमल ।

Haudegen, m, fig: अनुभवी योद्धा, युयुत्सु योद्धा ।

Hau-e, f (-) कुल्हाड़ी, फरसा; गैंती; बसूला; U: पिटाई, ठुकाई; Haue bekommen की ठुकाई या पिटाई होना; **~en,** v/t (h.) (fällen) काटना, काट गिराना; (zerhacken) छोटे-छोटे टुकड़ों में काटना, का क़ीमा बनाना; (bearbeiten) गढ़ना, (संगतराशी द्वारा) बनाना, तराशना, तराश कर कोई रूप देना; (mähen) (घास) काटना, लुनना; U: की ठुकाई या पिटाई क०; (पर) रख, फेंक, पटक, डाल देना; Bergbau: खनिज आदि को तोड़ या काट कर अलग क०, खनन क०; U: um sich hauen अपने चारों ओर हाथ चलाना या मारना, अपने चारों ओर प्रहार क०; U: jdm. eine hauen किसी के (एक) चाँटा जड़ देना: U: auf Hauen und Stechen miteinander stehen (किसी की) किसी के साथ शत्रुता होना; fig: das ist nicht gehauen und nicht gestochen यह न इधर का है न उधर क; यह बिल्कुल अस्पष्ट है; **~er,** m (-s/-) Bergbau: खनक; des Ebers: खाँग, नेस ।

Häuer, m (-s/-) खनक ।

Haufe, m (-ns/-n) →Haufen

häufeln, v/t (h.) छोटे-छोटे ढेरों में रखना; (के आस-पास) मिट्टी के छोटे-छोटे ढेर बनाना (पौधों आदि को सहारा देने के लिए)।

Haufen, m (-s/-) ढेर, अम्बार; झुंड, समूह; U: बहुत अधिक, ढेर सारा; U: ich habe einen Haufen Arbeit मेरे पास बहुत अधिक काम है; fig: jdn. über den Haufen rennen किसी को जबरदस्त धक्का मार कर गिरा देना; fig: über den Haufen schießen नष्ट कर देना, नेस्तनाबूद कर देना; (किसी को) गोली से उड़ा देना।

häufen, v/t (h.) का ढेर लगाना; एकत्र क०, जमा क०; ऊपर तक भरना; sich häufen एकत्र होना, जमा होना; का ढेर बन जाना; बढ़ जाना, अधिक हो जाना; die Arbeit häuft sich काम इकट्ठा होता जा रहा है, काम बढ़ रहा है या बढ़ता जा रहा है; ein gehäufter Eßlöffel ऊपर तक (या पूरा) भरा हुआ चम्मच।

Haufen-dorf, n यत्र-तत्र स्थित भवन-समूहों वाला गाँव; **~weise,** adv. ढेरों में, ढेर के ढेर, झुंड के झुंड, बहुत अधिक मात्रा में; **~wolke,** f मेघपुंज, कपासी मेघ।

häufig, 1. adj. अक्सर या प्राय: होने वाला, प्रायिक; बहुसंख्यक, विपुल; 2. adv. अक्सर, प्राय:, बहुधा; **~keit,** f (-)प्रायिकता, बारम्बारता।

Häufung, f (-/-en) ढेर लगाना या लगाया जाना; संचयन, एकत्रीकरण, एकत्रीभवन; समूह, पुंज, ढेर, अम्बार; वृद्धि, बढ़ती; प्रायिकता, बारम्बारता।

Haupt, n (-es/ ⸚er) सिर, सर, शीर्ष, मुंडक; शिखा, चोटी(पर्वत की); (Leiter) अध्यक्ष, प्रधान; अगुआ, नेता; (Stück Vieh) रास; fig: einen Feind aufs Haupt schlagen शत्रु को पूर्णतया पराजित कर देना; शत्रु को नेस्तनाबूद कर देना; er ist das Haupt der Familie वह (इस) परिवार का कर्त्ता-धर्ता है; fig: zu Häupten des Bettes पलंग के सिरहाने; **~abschnitt,** m प्रमुख खंड, भाग, हिस्सा; **~aktionär,** m प्रमुख शेयरधारी; **~amtlich,** adj. पूर्णकालिक (सेवा, नौकरी आदि); **~augenmerk,** n विशेष ध्यान; **~bahnhof,** m बड़ा स्टेशन, मुख्य स्टेशन; **~beruf,** m मुख्य व्यवसाय; **~beruflich,** adj. मुख्य व्यवसाय के रूप में किया जाने वाला; **~buch,** n, kfm: प्रपंजी, खाता-बही; **~darsteller,** m प्रमुख या प्रधान अभिनेता; **~eingang,** m मुख्य द्वार, प्रवेशमार्ग; **~erbe,** m मुख्य दायाधिकारी; **~eslänge,** f : er überragt mich um Hauptes-länge मैं उसके कंधे तक पहुँचता हूँ; **~fach,** n मुख्य विषय; **~fehler,** m प्रमुख भूल, सबसे बड़ी ग़लती; मुख्य दोष; **~figur,** f मुख्य व्यक्ति; सर्वेसर्वा; theat: नायक, नायिका; **~film,** m मुख्य चलचित्र, असली फ़िल्म; **~gebäude,** n मुख्य भवन; **~gericht,** n मुख्य व्यंजन (व्यंजन-सूची में); **~gewinn,** m प्रमुख लाभ; लॉटरी आदि का सबसे बड़ा इनाम; **~haar,** n सिर के बाल; **~hahn,** m, tech: मुख्य टोंटी, मुख्य प्रवाहिका की टोंटी।

Häuptling, m (-s/-e) मुखिया, सरदार; U: डकैतों आदि के गिरोह का सरदार; **~s,** adv. सिर के बल।

Haupt-mahlzeit, f मुख्य भोजन; **~mann,** m, mil: कप्तान, कैप्टन; **~merkmal,** n विशेष लक्षण, प्रमुख लक्षण, विशिष्टता; **~nahrung,** f मुख्य आहार, मुख्य खाद्यपदार्थ; **~nenner,** m, math: सर्वनिष्ट हर; **~niederlassung,** f, kfm: प्रधान कार्यालय, सदर मुक़ाम; **~person,** f मुख्य, प्रमुख, प्रधान व्यक्ति; सर्वेसर्वा; **~post,** f / **~postamt,** n बड़ा डाकखाना, महाप्रेषालय; **~probe,** f, theat: सवेश पूर्वाभ्यास; **~quartier,**n,

mil: हेडक्वार्टर, मुख्यालय; **~regel,** f मुख्य नियम; **~rolle,** f महत्वपूर्ण भूमिका; theat: नायक या नायिका की भूमिका, प्रधान भूमिका; **~sache,** f मुख्य बात, विशेष बात, महत्वपूर्ण बात; **~sächlich,** 1. adj. मुख्य, प्रधान, प्रमुख; विशेष, ख़ास, महत्वपूर्ण;2. adv.मुख्यतया, प्रमुखतया, मुख्य रूप से, विशेषतया, विशेष रूप से, ख़ास तौर पर; **~saison,** f मुख्य काल, मुख्य समय (पर्यटन आदि का); **~satz,** m, gramm: प्रधान वाक्य; philos: स्वयंतथ्य; **~schlagader,** f महाधमनी; **~schlüssel,** m सर्वकुंजी, मास्टरकुंजी, सभी तालों में लगने वाली कुंजी; **~stadt,**f राजधानी;**~straße,** f मुख्य मार्ग, मुख्य सड़क; **~treffer,** m लॉटरी का प्रथम इनाम; **~verhandlung,** f, jur: प्रमुख अन्वीक्षा या विचारणा; **~verkehrszeit,** f शिखर-यातायात का समय;**~versammlung,** f, kfm: (किसी संख्या, संघ आदि का) प्रमुख अधिवेशन जिसमें सभी सदस्य भाग लें; **~verwaltung,** f, kfm: प्रधान संचालनालय, प्रधान कार्यालय, सदर मुक़ाम; **~wort,** n संज्ञा; **~zeuge,** m, jur: मुख्य साक्षी ।

Haus, n (-es/ ⸚er) भवन, इमारत; गृह, मकान, घर; (Heim) स्वगृह, अपना घर; (Hausbewohner) किसी इमारत या मकान में रहने वाले सभी लोग; (Familie) ख़ानदान, कुटुम्ब, परिवार; (Dynastie) राजवंश; (Unternehmen)व्यापार-संस्था,कम्पनी, फ़र्म या इनका कार्यालय; (Gehäuse) कवच, कर्पर, शंख, सीपी आदि; parl: सदन;astrol:गृह, जन्मकुंडली का ख़ाना; U: व्यक्ति, आदमी; ich esse heute außer Haus मैं आज बाहर खाना खाऊँगा; hier fühle ich mich zu Hause मुझे यहाँ अच्छा लगता है; von Haus aus मूलतः; सदैव से ही; das ganze Haus feiert heute Diwali घर के सभी लोग आज दिवाली मना रहे हैं, इस संस्था या कार्यालय के सभी लोग आज दिवाली मना रहे हैं; aus gutem Hause stammen अच्छे ख़ानदान का होना; das Haus besorgenघर का काम-काज सँभालना; theat: vor vollem Hause spielen ठसाठस भरी नाट्यशाला में अभिनय क॰; das Hohe Haus सदन, संसद-भवन; U: altes Haus! चिरपरिचित मित्र, पुराना मित्र (संबोधन के रूप में); **~altar,**mगृह-वेदिका;**~angestellte,** f घरेलू नौकरानी; **~apotheke,** f घरेलू दवाख़ाना; **~arbeit,** f घर का काम, गृह-कार्य;**~arrest,**m नज़रबंदी; घर से निकलने की मनाही (सज़ा के रूप में); **~arzt,** m पारिवारिक चिकित्सक; **~aufgabe,** f स्कूल में दिया गया घर का काम;**~backen,**adj. घर पर तैयार किया या पकाया हुआ; fig: साधारण, ग्रामीण, केवल घरेलू कामों में निपुण (लड़की);**~bar,** f गृह-पेयकक्ष; **~bau,** m (-[e]s/-ten) गृहनिर्माण; गृह, भवन; **~besitzer,** m गृहस्वामी, मकान-मालिक ।

Häuschen, n (-s/-) छोटा मकान, कुटी; कुटीर; U: शौचालय; fig: aus dem Häuschen geraten आपे से बाहर हो जाना ।

Haus-dame,f गृह-प्रबंधिका;**~drache,** m, U: कर्कशा पत्नी, कलहप्रिय गृहिणी; **~durchsuchung,** f →Haussuchung; **~eigentümer,** m → Hausbesitzer

hausen, v/i (h.) (झुग्गी-झोपड़ी या ख़राब मकान में) रहना, निवास क॰; (wüten) तोड़-फोड़ क॰, उत्पात मचाना ।

Häuser-block,m भवन-समूह;**~meer,** n, fig: पास-पास बने हुए बहुत से मकान ।

Haus-flur, m प्रकोष्ठ, ड्योढ़ी, बरोठा; **~frau,** f गृहिणी; मकान-मालकिन; **~freund,** m परिवार-मित्र; पत्नी का प्रेमी; **~friede,** m गृहशांति; गृह-सत्ता;

अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले के विरुद्ध क़दम उठाने का अधिकार; ~**friedensbruch,** m (-[e]s) jur: गृहशांति-भंग; अनाधिकार प्रवेश, अतिक्रमण; ~**gebrauch,** m घरेलू इस्तेमाल; nur zum Hausgebrauch कामचलाऊ, काम चलाने-भर को; ~**gehilfin,** f घर के काम में हाथ बटाने वाली नौकरानी; ~**halt,** m (-[e]s/-e) गृह-व्यवस्था; गृहस्थी;(Etat) आयव्ययक, बजट; ~**halten,** v/i (h.) गृह-व्यवस्था क०, गृहस्थी चलाना, घर चलाना; fig: किफ़ायत, बचत क०; बचत के साथ काम चलाना; ~**hälterin,** f गृह-प्रबंधिका; ~**hälterisch,** 1.adj. किफ़ायती, मितव्ययी, कमख़र्च; 2.adv. किफ़ायत के साथ; ~**haltsgeld,** n गृहस्थी के व्यय का धन; ~**haltsjahr,** n बजट-वर्ष, वित्त-वर्ष; ~**haltsplan,** m बजट, आयव्ययक; ~**herr,** m गृहस्वामी;मकान-मालिक;(Gastgeber) मेज़बान; ~**hoch,** 1. adj. घर के बराबर उँचा; fig: बहुत ऊँचा; 2. adv. बहुत अधिक मात्रा में, बेहद; बहुत बुरी तरह ।

hausier-en, v/i (h.) घर घर जाकर सामान बेचना, फेरी लगाना; fig: er geht mit dieser Geschichte überall hausieren वह हर एक को और हर जगह यह बात बताता फिरता है, वह हर जगह इस बात का डंका पीटता फिरता है; ~**er,** m (-s/-) घर घर जाकर सामान बेचने वाला, फेरी वाला ।

Haus-kleid, n घर पर पहनने की पोशाक, अनौपचारिक पोशाक; ~**kreuz,** n,fig: पारिवारिक आपत्ति; कलहप्रिय गृहिणी; ~**lehrer,** m गृह-शिक्षक ।

Häusler, m (-s/-) गाँव में रहने वाला जिसके पास अपना मकान हो तथा खेती के लिए अपनी ज़मीन न हो ।

häuslich, 1. adj. घर का, घर से संबंधित, घरेलू, पारिवारिक; अपना अधिकांश समय घर पर व्यतीत करने वाला; गृहासक्त, घरघुस्सू; घर के काम-काज में निपुण, घर के काम-काज में रुचि लेने वाला; 2. adv. घर की तरह; sich häuslich bei jdm. einrichten किसी के यहाँ जाकर डट जाना (लम्बी अवधि के लिए), किसी के यहाँ जाकर पड़ाव डाल देना; ~**keit,** f (-/-en) o. pl: गृहासक्ति, घरघुस्सूपन; घर के काम-काज में निपुणता या रुचि; (Heim) घर, मकान, निवास-स्थान, स्वगृह ।

Haus-mädchen, n परिचारिका, दासी, लौंडी, नौकरानी; ~**mannskost,** f साधारण, घरेलू (पौष्टिक) भोजन; ~**marke,** f निजी वस्तुओं पर बनाया पहचान का चिह्न; फ़र्म-विशेष का व्यापार-चिह्न; ~**meister,** m रखवाल, प्रभारी, मकान की देखभाल या मरम्मत आदि का ज़िम्मेदार कारिन्दा; ~**mittel,** n घरेलू दवा; ~**mutter,** f (बालबच्चेदार) गृहिणी; छात्रावास या शिशु-भवन आदि की अध्यक्षा; ~**mütterchen,** n, U: घरवाली; ~**nummer,** f घर का नम्बर, मकान-नम्बर; ~**ordnung,** f सामूहिक आवास (जैसे छात्रावास, पथिकावास, वृद्धाश्रम आदि) की नियमावली; ~**rat,** m (-[e]s) घरेलू सामान; ~**recht,** n गृह-सत्ता, अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने का अधिकार; ~**schlüssel,** m घर के प्रवेशद्वार की कुंजी; ~**schuh,** m घर के पहनने का जूता ।

Hausse, f (-/-n) [frz.] kfm: गरम बाज़ारी, शेयर-बाज़ार में तेज़ी ।

Haus-segen, m, fig: der Haussegen hängt schief (उसके) घर में कलह होती रहती है; ~**stand,** m (-es) गृहस्थी; einen Hausstand gründen गृहस्थी बसाना; ~**suchung,** f घर की तलाशी; ~**tier,** n पालतू जानवर, गृह्य पशु; ~**tochter,** f परिवार के

साथ रहने वाली तथा घर के काम में हाथ बटाने वाली परायी लड़की; **~tür,** f गृह-द्वार; **~vater,** m गृहस्थी का (बालबच्चेदार) कर्त्ता; सामूहिक आवास का अध्यक्ष, वार्डन आदि; **~verwalter,** m मकान-मालिक का कारिंदा; **~wesen,** n गृहस्थी; **~wirt,** m मकानदार, मकान-मालिक; **~wirtschaft,** f (-) गृह-प्रबंध; गृह-व्यवस्था, गृहविज्ञान।

Haut, f (-/⁖e) खाल, त्वचा; pl: पशुचर्म, चाम; (Hülle) खोल; केंचुली; (dünne Schicht) हल्की ऊपरी परत, झिल्ली, जाली; (Pelle) छाल, छिलका; U: व्यक्ति, इन्सान; fig: sie ist nur noch Haut und Knochen वह बहुत दुबली हो गई है; fig: sich seiner Haut wehren आत्मरक्षा क०; U: aus der Haut fahren आपे से बाहर हो जाना, आग-बबूला हो जाना; fig: er kann nicht aus seiner Haut heraus वह अपना स्वभाव नहीं बदल सकता, कुत्ते की पूँछ को बारह वर्ष करवे की टोंटी में रखा जब निकाला तो टेढ़ी की टेढ़ी, जाकी जैसी जौनि है ताकी तैसी तौनि; fig: ich möchte nicht in seiner Haut stecken मैं उसकी परिस्थिति में नहीं होना चाहूँगा; fig: mit heiler Haut davonkommen बिना हानि उठाए बच निकलना; fig: seine Haut zu Markte tragen (किसी बात या व्यक्ति के समर्थन में) अपने आप को खतरे में डालना; fig: dieses Buch geht unter die Haut यह पुस्तक बहुत प्रभावकारी है; U: auf der faulen Haut liegen आलस में पड़े रहना, कुछ भी नहीं क०; U: sie ist eine treue Haut वह स्त्री एक वफ़ादार इंसान है, वह निष्ठावान या वफ़ादार है; fig: jdm. die Haut über die Ohren ziehen किसी को मूँड़ लेना, ठग लेना, लूट लेना; **~abschürfung,** f छिलन, खरोंच; **~arzt,** m चर्मरोगों का चिकित्सक, चर्मचिकित्सक; **~ausschlag,** m शरीर पर निकले दाने, फुंसियाँ आदि।

häuten, 1. v/t (h.) चर्मापनयन क०, चमड़ा उतारना या निकालना, खाल खींचना; 2. v/r (h.) केंचुली छोड़ना या उतारना; का विशल्कन होना, की पपड़ी या खाल उतरना।

haut-eng, adj. बहुत तंग या चुस्त; **~farbe,** f शरीर का रंग; मुखराग।

häutig, adj. चर्मवत्, चमड़े-जैसा; चर्मयुक्त।

Haut-krankheit, f चर्मरोग, त्वचा-रोग; **~nah,** adj., fig: अत्यन्त समीप, बिल्कुल नजदीक, सटा हुआ; **~pflege,** f त्वचाप्रसाधन; **~plastik,** f / **~transplantation,** f, med: चर्म-प्रतिरोपण।

Häutung, f (-/-en) चर्मापनयन; केंचुली छोड़ना, विशल्कन।

Haxe, f →Hachse

H-Bombe, f उदजन बम, हाइड्रोजन बम।

he, int. हे!, ए!; अरे!

Hebamme, f (-/-n) सूतिका, प्रसाविका, दाई, धनकुन।

Hebe-balken, m उत्तोलन-दंड, उत्तोलक; **~bühne,** f उत्तोलन-मंच; कार आदि को ऊपर उठाने वाली कल (जिससे कि कार के नीचे खड़े होकर मरम्मत की जा सके)।

Hebel, m (-s/-) घुमाऊ हत्था, हस्तक, उद्याम; भारोत्थापक दंड, उत्तोलक; fig: am längeren Hebel sitzen (किसी विरोधी की तुलना में) अधिक शक्तिशाली या प्रभावशाली होना; fig: alle Hebel in Bewegung setzen हर संभव प्रयत्न क०; **~kraft,** f उत्तोलक-शक्ति।

heb-en, v/t (h.) उठाना, ऊपर को उठाना, उठा लेना; उठाकर ले चलना; उठाकर किसी स्थान पर रख देना; (zutage fördern) बाहर निकालना, दबी हुई वस्तु को ऊपर निकालकर

लाना; fig: को बढ़ाना, में वृद्धि या सुधार क०; को अधिक अच्छा या प्रभावशाली बना देना; math: समानयन क०; sich heben (ऊपर को) बढ़ना, चढ़ना; में सुधार होना; fig: seine Stimmung hebt sich allmählich उसकी मनोदशा में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है; U: er hebt gern einen वह (शराब) पीने का शौक़ीन है; ein Wrack heben भू-ग्रस्त पोतावशेषों को वाहर निकालना; ein Haus heben मकान खड़ा क०; ein Kind heben प्रसव कराना; fig: die Stimme heben आवाज़ ऊँची क०; U:es hebt mich, wenn ich das sehe इसे देख कर मुझे मतली आने लगती है; ~er, m (-s/-) उत्तोलक; phys: साइफ़न ।

Hebrä-er, m (-s/-) इब्रानी, इवरानी, यहूदी; **~isch,** 1. adj. इब्रानी; 2. n इब्रानी भाषा ।

Hebung, f (-/-en) उत्तोलन, उत्थापन, ऊपर उठाने की क्रिया; वाहर निकालना; fig: उत्थान, उन्नति, सुधार, वृद्धि; geol: भूपृष्ठ का उभार; (betonte Silbe) साघात स्वर ।

Hechel, f (-/-n) शण-कंकट, सन आदि साफ़ करने की कंघी ।

Hechel-ei, f (-/-en) U: परनिन्दा, दूसरों की वुराई (क०); **~n,** 1. v/t (h.) सन आदि को कंघी से साफ़ क०; 2. v/i (h.) (कुत्ते का) हाँफना; fig: दूसरों की वुराई क० ।

Hecht, m (-[e]s/-e) नुकीले थूथन वाली मीठे पानी की एक शिकारी मछली; U: पानी में सिर के वल छलाँग; U: er ist ein toller Hecht वह बहुत ज़िन्दादिल आदमी है; fig: der Hecht im Karpfenteich अत्यन्त कर्मठ एवं सजीव व्यक्ति जो दूसरों को भी काम करने के लिए वाध्य करता हो; **~en,** v/i (s.) सिर के वल पानी में छलाँग लगाना; **~grau,** adj. नीलाभ धूसर; **~sprung,** m सिर के वल पानी में छलाँग ।

Heck, n (-[e]s/-e) mar: दुम्बाल, दवूसा, जहाज़ का पिछला भाग; mot: कार की पिछाड़ी ।

[1]**Hecke,** f (-/-n) झाड़वन्दी, वाड़े या हाते की झाड़ियों की पंक्ति ।

[2]**Hecke,** f (-/-n) पोटे, पूर, झोल; प्रजनन-ऋतु; **~n,** v/i & v/t (h.) अंडे सेना, प्रजनन क०, जननक्रिया से संख्या में वृद्धि क० या होना; fig: Geld heckt धन को धन खींचता है, धन से धन वनता है ।

Hecken-rose, f झाड़ी का गुलाव; **~schere,** f माली की कैंची, झाड़ी आदि काटने की वड़ी कतरनी; **~schütze,** m छिपकर गोली चलाने वाला ।

Heckmotor, m कार के पिछले भाग में लगा इंजन ।

Heer, n (-[e]s/-e) mil: थलसेना, पैदल सेना, फ़ौज; fig: झुंड, समूह; **~esleitung,** f सैन्य-संचालन, सैन्य-संचालन-अधिकारी; **~führer,** m सेनापति, सेनाध्यक्ष; **~lager,** n सैन्य-शिविर, सैन्य-पड़ाव; **~schar,** f (-/-en) poet: झुंड, समूह, भीड़; die himmlischen Heerscharen स्वर्ग-दूत, फ़रिश्ते; **~schau,** f (-) सेना-प्रदर्शन, परेड; **~straße,** f सेना द्वारा प्रयुक्त मार्ग; मुख्य मार्ग ।

Hefe, f (-) खमीर, यीस्ट; तलछट, तलौंछ; fig: अधम एवं भ्रष्ट लोग; **~gebäck,** n खमीरयुक्त आटे का केक आदि; **~teig,** m खमीरयुक्त गुँधा हुआ आटा ।

hefig, adj. खमीरयुक्त, खमीरी, खमीर-जैसा ।

Heft, n (-[e]s/-e) कॉपी, नोटवुक; einer Zeitschrift: पत्रिका, पत्रिका का अंक; (Griff) मूठ, दस्ता, हत्था; fig: sie hat in diesem Haus das Heft in der Hand इस घर में उसकी चलती है ।

Heftel, n (-s/-) वकसुआ, वकलस,

छल्ला-कुंडी; ~**n,** v/t (h.) बकसुआ लगाना, बकलस से कस देना; आलपीन से टाँक देना ।

heft-en, v/t (h.) लगा देना, टाँक देना; जड़ देना; तुरपना, मोटे टाँकों से सिलना; Blätter: डोरे या आलपीन से नत्थी क०; fig: sich an jdn. heften किसी के पीछे छाया की तरह लग जाना; fig: die Augen auf jdn. heften किसी को टकटकी लगाकर देखना; ~**faden,** m तुरपने या नत्थी करने का डोरा ।

heftig, adj. तेज़, प्रबल, प्रचंड, तीव्र, उग्र; उग्र प्रकृति वाला, क्रोधशील, ग़ुस्सैल; प्रकुपित, अतिक्रुद्ध; अधीर, उतावला; ein heftiger Wind प्रचंड वायु; heftige Schmerzen तेज़ दर्द, अत्यधिक पीड़ा; ein heftiger Mensch क्रोधशील, अधीर, उतावला इंसान; ~**keit,** f (-) तेज़ी, प्रचंडता, उग्रता; उग्र प्रकृति, क्रोधशीलता;अधीरता, उतावलापन ।

Heft-klammer, f स्वज, क्लिप; जिल्दसाज़ी में प्रयुक्त पतले तार की कसनी; ~**lade,** f जिल्दसाज़ की सिलाई की मशीन; ~**pflaster,** n औषधियुक्त पट्टी जो घाव पर चिपक जाए; ~**stich,** m तुरपन, कच्चा टाँका; ~**zwecke,** f रेखण-पिन ।

Hege, f (-/-n) जंगली पशुओं का संरक्षण तथा उनका पोषण (विशेषतया जाड़ों में जब घास बरफ़ से ढक जाती है) ।

Hegemon-ie, f (-/-n) [griech.] नेतृत्व, आधिपत्य; ~**isch,** adj. प्रमुख, आधिपत्यपूर्ण ।

heg-en, v/t (h.) का संरक्षण क०, को सुरक्षित रखना; को बनाए रखना; को दिल में रखना, को मन में रखना; (umsorgen) पालना, पालन-पोषण क०; दुलारना; का अधिक ख़याल रखना; einen Wunsch hegen कोई इच्छा रखना; einen Verdacht hegen कोई संदेह क०, कोई शक क०; ~**er,** m (-s/-) देखभाल करने वाला; वनपाल, वनरक्षक; ~**eschlag,** m / ~**ewald,** m आरक्षित वन; ~**ezeit,** f निषेधकाल (शिकार के लिए) ।

Hehl, n (-s): er macht keinen Hehl aus seiner Abneigung वह अपनी अरुचि (या घृणा) को छिपाता नहीं है, वह अपनी अरुचि (या घृणा) को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कर देता है; ~**en,** v/t (h.) चोरी का माल रखना या छिपाना; अपराधी की सहायता क०; ~**er,** m(-s/-)चोरी का माल रखने या छिपाने वाला, चोरों का मददगार; ~**erei,** f (-/-en) चोरी का माल छिपाना; अपने लाभ के लिए अपराधी की सहायता ।

hehr, adj., poet: उदात्त, उच्च, महान; लोकोत्तर; भव्य, शानदार; ~**e,** / ~**heit,** f (-) उच्चता, महानता; लोकोत्तरता; भव्यता ।

[1]**Heide,** m (-n/-n) ग़ैर-ईसाई, ग़ैर-मुसलमान, ग़ैर-यहूदी; बहुदेववादी; नास्तिक; काफ़िर, विधर्मी ।

[2]**Heide,** f (-/-n) बंजर, बीढ़, अजोत भूमि, क्षेप्या भूमि; ~**kraut,** n क्षेप्यज ।

Heidelbeere, f झरबेरी, नीलबदरी ।

Heiden-angst, f, U: बहुत अधिक भय; ~**geld,** n, U: बेशुमार धन, बहुत अधिक धन; ~**lärm,** m, U: बहुत अधिक शोर; ~**mäßig,** adj., U: बहुत अधिक, बेशुमार, बेहिसाब ।

Heid-entum, n (-s) बहुदेववाद; कुफ़; नास्तिकता; बहुदेववादियों की दुनिया; ~**nisch,** adj. ग़ैर-ईसाई, ग़ैर-मुसलमान, ग़ैर-यहूदी; बहुदेववादी; नास्तिकतापूर्ण; काफ़िराना ।

heikel, adj. (schwierig) कठिन, मुश्किल; संगीन, नाज़ुक; टेढ़ा, नकचढ़ा, चिड़चिड़ा; (wählerisch) दुस्तोषणीय, दुस्तोष्य ।

heil, 1. adj. अक्षत, अनोपहत, बेचोट, अक्षुण्ण, साबुत; स्वस्थ, भला-चंगा; 2. n (-[e]s) (Hilfe) सहायता, मदद;

(Nutzen) लाभ, कल्याण, हित; (Glück) सौभाग्य; भाग्य; eccl: मुक्ति, मोक्ष, उद्धार, त्राण ।

Heiland, m (-s) eccl: त्राणकर्ता, परित्राता (ईसामसीह के लिए प्रयुक्त) ।

Heil-anstalt, f आरोग्य-निवास; पागलखाना; **~bad,** n स्वास्थ्यलाभ के लिए सखनिज झरने में स्नान; सखनिज झरने का स्थान; **~bar,** adj. चिकित्स्य, इलाज के योग्य, साध्य, शमनीय; **~brunnen,** m सखनिज झरना (जिसमें स्नान से स्वास्थ्यलाभ हो); **~en,** 1. v/i (s.) अच्छा, ठीक, स्वस्थ, नीरोग हो जाना; घाव का भर जाना; fig: हानि उठाकर सतर्क या चतुर हो जाना, की आँखें खुल जाना; 2. v/t (h.) स्वस्थ, ठीक, अच्छा, चंगा कर देना; fig: की आँखें खोल देना, के (हानिकर) प्रभाव से मुक्त करा देना; **~froh,** adj., U: अत्यन्त प्रसन्न, बहुत खुश; **~gymnastik,** f नीरोगकारी व्यायाम ।

heilig, adj. पवित्र, पावन, पुण्य, पूत; पुण्यात्मा, धर्मात्मा; धार्मिक, ईशभक्त; परमपावन, अलंघ्य, अलंघनीय; पूज्य, पूजनीय; der Heilige Abend चौबीस दिसम्बर की संध्या; der Heilige Geist परमात्मा, ईश्वर की पवित्र आत्मा; der Heilige Stuhl पोप का पद; पोप का सिंहासन; वैटिकन-सरकार; der Heilige Vater पोप; die Heilige Schrift बाइबिल; das Heilige Land पुण्य-देश, फ़िलिस्तीन; das Heilige Grab ईसामसीह की क़ब्र; eine heilige Pflicht परमपावन कर्तव्य; अलंघ्य कर्तव्य; eine heilige Stille महान शांति, अपार शांति; **~abend,** m चौबीस दिसम्बर की संध्या; **~e,** m/f (-n/-n) पुण्यात्मा (स्त्री या पुरुष); मृत स्त्री या पुरुष जिसे पोप पुण्यात्मा घोषित करे; U: ein sonderbarer Heiliger विचित्र प्राणी, अजीब आदमी; **~en,** v/t (h.) पुण्य, पवित्र, पावन मानना; पवित्र क०; पुण्यात्मा या सन्त घोषित क०; fig: का औचित्य दिखाना; उचित प्रमाणित क०; fig: der Zweck heiligt die Mittel उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी साधन उचित होते हैं; **~enschein,** m भा-मंडल, प्रभामंडल; **~halten,** v/t (h.) पुण्य, पावन, पूज्य, अलंघनीय मानना; **~keit,** f (-) पवित्रता, पुनीतता; सन्तता; Seine Heiligkeit महासन्त!, महात्मा! (पोप के संबोधन के लिए प्रयुक्त शब्द); **~sprechen,** v/t (h.) पुण्यात्मा या संत घोषित क०; **~sprechung,** f (-/-en) सन्त-घोषण; **~tum,** n पुण्य-स्थान, मंदिर, मसजिद, पैगोडा, गिरजा आदि; तीर्थस्थान; fig: कोई भी पूजनीय वस्तु; **~ung,** f (-) पवित्रीकरण; सन्त-घोषण; fig: औचित्य-प्रदर्शन ।

Heil-kräuter, n/pl. बूटियाँ, जड़ी-बूटियाँ (जिनका औषधि के रूप में प्रयोग किया जाए); **~kunde,** f (-) चिकित्सा-विज्ञान, चिकित्साशास्त्र; **~kundig,** adj. चिकित्साविज्ञान में पारंगत; **~los,** adj. अत्यन्त, भारी, घोर; दुष्ट, अधम, कमीन; eine heillose Unordnung घोर अव्यवस्था; ein heilloser Mensch कमीना, अधम या दुष्टात्मा मनुष्य; **~mittel,** n औषधि, दवा; **~praktiker,** m (पंजीयित) भेषज-वृत्तिक, वैद्य, हकीम; **~quelle,** f सखनिज झरना (जिसका पानी रोग-विशेष का शमन करता है); **~sam,** adj. स्वास्थ्यकर, नीरोगकारी; fig: हितकारी, लाभकर ।

Heilsarmee, f मुक्ति-सेना ।

Heilserum, n औषधि के रूप में प्रयुक्त प्रतिजीवविष, सीरम ।

Heils-geschichte, f, eccl: ईसामसीह के जीवन और दुःखभोग का वृत्तान्त; **~lehre,** f मानव-मुक्ति का धर्मसिद्धांत ।

Heil-ung, f (-/-en) नीरोगण, स्वस्थ क० या होना, स्वास्थ्यलाभ; **~verfahren,** n उपचार, चिकित्सा, इलाज ।

Heim, 1. n (-[e]s/-e) निवास, आवास, स्वगृह, घर; (Anstalt) सामूहिक आवास; आश्रम; सुधारगृह; 2. adv. घर; **~arbeit,** f घरेलू धंधा, घर पर किया गया व्यावसायिक काम; घरेलू धंधे का उत्पाद ।

Heimat, f (-) जन्मस्थान, घर; मातृभूमि, जन्मभूमि, स्वदेश; निवासस्थान, प्राकृतिक वास; **~film,** m आंचलिक फ़िल्म; **~kunde,** f अपना स्थानीय इतिहास तथा भूगोल, अंचल-विशेष का इतिहास तथा भूगोल आदि; **~kunst,** f प्रादेशिक कला, आंचलिक कला; **~land,** n मातृभूमि, स्वदेश; **~lich,** adj. स्वदेशी; देश या घर की भाँति का; स्वदेश या घर की याद दिलाने वाला, परिचित-सा; **~los,** adj. बेघरबार; राष्ट्रिकताहीन, नागरिकताहीन; **~ort,** m जन्मस्थान, स्थायी निवासस्थान; **~vertriebene,** m (-n/-n) शरणार्थी, स्वदेश से निष्कासित व्यक्ति ।

Heim-chen, n (-s/-) झींगुर, झिल्ली; **~elig,** adj. सुखद; सुखकर, सुखप्रद, घर-जैसा, घर-जैसे वातावरण वाला; **~fahren,** v/i (s.) घर जाना (गाड़ी आदि से); **~fahrt,** f घर की ओर यात्रा; **~fall,** m, jur: प्रत्यावर्तन; सम्पत्ति का राजगमन; **~führen,** v/t (h.) fig· किसी लड़की से विवाह क० या उसे विवाह करके घर ले आना; **~gang,** m (-es) poet: मृत्यु; **~gehen,** v/i (s.) घर जाना; poet: दिवंगत हो जाना; **~isch,** 1. adj. स्वदेशी, देशी; घर का, घरेलू, घर-जैसा, चिरपरिचित; 2. adv.: sich an einem Ort heimisch fühlen किसी स्थान में रम जाना, किसी स्थान को अपना घर समझना; **~kehr,** f (-) घर लौटना; स्वदेश लौटना; **~kehrer,** m (-s/-) स्वदेश लौटने वाला (युद्धबंदी); **~kommen,** v/i (s.) घर आना, घर लौटना; **~leiter,** m सामूहिक आवास का अध्यक्ष, वार्डन; **~leuchten,** v/i (h.) U: jdm. heimleuchten किसी को फटकार देना, किसी को खरी-खरी सुना देना, किसी को फटकारकर भगा देना ।

heimlich, 1. adj. गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ; dial: सुखद, सुखमय, घर-जैसा; 2. adv. गुप्त रूप से, छिपकर, चोरी-छिपे, लोगों की नज़र बचाकर, चुपचाप, चुपके से; **~keit,** f (-/-en) गुप्तता, प्रच्छन्नता; गुप्त रूप से किया गया काम; रहस्य, भेद; रहस्यमयता; **~tuer,** m (-s/-) रहस्यप्रिय व्यक्ति, नज़रचोर; गोपनीयता का आडम्बर करने वाला; **~tuerei,** f (-/-en) गोपनीयता का आडम्बर; **~tun,** v/i (h.) गोपनीयता का आडम्बर क० ।

Heim-stätte, f घर, निवासस्थान, रहने की जगह; **~suchen,** v/t (h.) पर आक्रमण क०, पर आ पड़ना, पर हावी हो जाना, को अपना शिकार बनाना; fig: के घर जाना, से मिलने जाना; **~suchung,** f (-/-en) महान विपत्ति, घोर संकट; eccl: अभ्यागमन; **~tücke,** f (-) छलयुक्ति, कपटयुक्ति; शत्रुभाव, द्वेष, घात; **~tückisch,** adj. धूर्त, कपटी, द्वेषी; छलपूर्ण, कपटपूर्ण, शत्रुभावपूर्ण, घातक, खतरनाक; **~wärts,** adv. घर की ओर, घर; स्वदेश (की ओर); **~weg,** m घर का रास्ता; **~weh,** n गृह-वियोग, स्वदेश-विरह, घर की याद; **~zahlen,** v/t (h.) का प्रतिकार क०; बदला लेना; **~zahlung,** f प्रतिकार, बदला, प्रतिशोध ।

Heirat, f (-/-en) विवाह, शादी; परिणय, पाणिग्रहण; **~en,** 1. v/i (h.) विवाह क०, शादी क०; 2. v/t (h.) से विवाह क०; **~santrag,** m विवाह-प्रस्ताव; **~sanzeige,** f विवाह-सूचना; **~sfähig,** adj. विवाहयोग्य; **~slustig,** adj. विवाह करने के लिए उत्सुक; **~sschwindler,** m विवाह करने का वचन देकर ठगने वाला; **~surkunde,** f विवाह-पत्र, विवाह का प्रमाणपत्र; **~svermittler,** m विवाह कराने वाला मध्यस्थ ।

heischen, v/t (h.) माँगना; की याचना क०; की भीख माँगना ।
heiser, adj. भग्नस्वर, भर्राता हुआ, जिसका गला पड़ गया हो; फटे बाँस-जैसा, भरभरा; ~**keit,** f (-) स्वरभंग; भर्राहट, भरभरापन ।
heiß, 1. adj. उष्ण, तप्त, गर्म; fig: उग्र, प्रचंड, भीषण; तीव्र, प्रबल, हार्दिक; die heißen Zonen उष्ण प्रदेश; fig: ein heißer Kampf भीषण या घमासान युद्ध; fig: ein heißer Wunsch उत्कट इच्छा; fig: ein heißes Gebet हार्दिक या ज़ोरदार प्रार्थना; fig:/U: heiße Ware चोरी का माल; fig: jdm. die Hölle heiß machen किसी की नाक में दम कर देना; 2. adv., fig: ज़ोर-शोर से, सरगर्मी से, उत्तेजनापूर्वक; हृदय से, बहुत अधिक; etw. heiß ersehnen किसी बात या वस्तु की हार्दिक कामना क०; es ging heiß her वातावरण उत्तेजनापूर्ण (या कोलाहलपूर्ण) था, खूब ज़ोरदार बहस हुई; ~**blütig,** adj., U: उत्तेजनीय, उग्र प्रकृति का, गरममिज़ाज ।
heißen, 1. v/i (h.) का नाम होना; कहा जाना; लिखा होना; होना; की आवश्यकता होना; (bedeuten) का अर्थ होना, का अभिप्राय होना, महत्वपूर्ण होना, का महत्व होना; es heißt कहा जाता है, लोग कहते हैं; nun heißt es vorsichtig sein अब सावधान हो जाने (या रहने) की आवश्यकता है; das will etw. heißen! यह कोई मामूली बात नहीं है!, यह बड़ी (या महत्वपूर्ण) बात है; das will nicht viel heißen इसका कोई महत्व नहीं है; यह कोई बड़ी बात नहीं है; wie heißt das auf Hindi? इसे हिन्दी में क्या कहते हैं ?; 2. v/t (h.) (nennen) को नाम देना, के नाम से पुकारना; कहना, की संज्ञा देना, की भाँति समझना; (befehlen) आज्ञा, आदेश देना, करने को कहना; er hieß ihn einen Feigling उसने उसे क़ायर कहा (या बताया), उसने उसे कायर के नाम से पुकारा; jdn. willkommen heißen किसी का स्वागत क०; wer hieß Sie, das zu tun? आपसे यह करने के लिए किसने कहा ?; das heißen Sie lieben? इसे आप प्यार क० कहते हैं ?; etw. gut heißen किसी बात को उचित, अच्छा समझना या मानना, किसी बात का अनुमोदन क० ।
heiß-ersehnt, adj. अत्यन्त काम्य, जिसके लिए उत्कट इच्छा हो; ~**geliebt,** adj. परम प्रिय; ~**hunger,** m अतोषणीय क्षुधा, तीव्र या अतृप्य भूख; पदार्थ-विशेष को खाने की तीव्र इच्छा; ~**hungrig,** adj. पदार्थ-विशेष को खाने की तीव्र इच्छा वाला; ~**laufen,** v/i (s.) & v/r (h.) घर्षण द्वारा तप्त हो जाना; इंजन आदि का चलते-चलते बहुत गरम हो जाना; ~**sporn,** m, fig: क्रोधी या उतावला व्यक्ति; अविवेकी व्यक्ति; ~**spornig,** adj. उत्तेजनीय, शीघ्र क्रुद्ध हो जाने वाला; उतावला; अविवेकी; ~**wasserspeicher,** m गरम पानी की टंकी ।
heiter, adj. (amüsant) मनोरंजक, हास्यकर; (vergnügt) उल्लसित, प्रसन्नचित, प्रफुल्ल; विनोदपूर्ण, उल्लासपूर्ण; (innerlich ausgeglichen) अविक्षुब्ध, निरुद्वेग; Wetter: साफ़, खुला, बिना बादलों का; U: das kann ja heiter werden! यह तो गड़बड़ बात है!, इसके आसार बुरे हैं!; fig: wie ein Blitz aus heiterem Himmel अचानक, अकस्मात; ~**keit,** f (-) उल्लास, प्रफुल्लता, प्रसन्नता, ज़िन्दादिली; मनोरंजन, विनोद; हँसी, अट्टहास ।
heiz-en, 1. v/i (h.) गरम होना, गरमी देना; der Ofen heizt gut तापक अच्छी गरमी देता है; 2. v/t (h.) गरम क०; गरमाना; में आग जलाना या तेज़ क०; ein Zimmer heizen

कमरा गरम क०; ~**er,** m (-s/-) किसी भट्ठी, रेलगाड़ी के इंजन आदि में कोयला या ईंधन झोंकने वाला; ~**gas,** n ईंधन-गैस; ~**kissen,** n रज़ाई या गद्दी जिसे बिजली द्वारा गरम किया जाए; ~**körper,** m तापक यंत्र, तापन के लिए प्रयुक्त उपकरण; ~**material,** n ईंधन; ~**öl,** n ईंधन-तैल; ~**sonne,** f गोलाकार परावर्तक वाला बिजली का हीटर; ~**ung,** f (-/-en) तापन, गरम क०; तापन-व्यवस्था, तापक यंत्र, तापन-उपकरण; ~**wert,** m, phys: उष्मकरी अर्हा।

Hektar, m/n (-s/-e) [griech.] हेक्टर, एक भूमिमाप(1 हेक्टर = 2.471 एकड़)।

hektisch, adj. [griech.] med: क्षय-रोग का, क्षयरोग से ग्रस्त; बहुत दिनों तक बना रहने वाला (ज्वर); fig: उत्तेजित, विह्वलतापूर्ण, खलबली वाला।

Hekto-gramm, n [griech.] हेक्टोग्राम (= 100 ग्राम); ~**graph,** m (-en/-en) प्रतिलिपियाँ बनाने या छापने का यंत्र; ~**graphieren,** v/t(h.) की प्रतिलिपियाँ बनाना; ~**liter,** n/m हेक्टोलिटर (= 100 लिटर)।

Held, m (-en/-en) वीर, शूरवीर, सूरमा, बहादुर; einer Dichtung: नायक, क़था-पुरुष; U: अनाड़ी; कायर; तीसमार खाँ; fig: er ist der Held des Tages वह सबके आकर्षण का केन्द्र है, आज वह सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है; U: Sie sind ein Held! आप निहायत बहादुर आदमी हैं! (अर्थात आप अनाड़ी, कायर, घोंचू हैं); ~**endichtung,** f वीरकाव्य, वीर-गाथा; ~**enhaft,** 1. adj. पराक्रमी, पराक्रमशील, शौर्यमय, वीरोचित; 2. adv. वीरतापूर्वक, वीरोचित रूप से; ~**enmut,** m शौर्य, पराक्रम, साहस, ~**enmütig,** adj. पराक्रमी, शूर, अत्यन्त साहसी; ~**entat,** f वीरता, पराक्रम का काम, अत्यन्त साहस का काम; ~**entod,** m वीरगति, वीरोचित मृत्यु; ~**entum,** n वीरत्व; वीरता, सूरता, शौर्य।

heldnisch, adj. →heldenhaft

helf-en, v/i (h.) की सहायता क०, मदद क०, का सहायक होना, को सहारा देना; लाभकर, स्वास्थ्यकर, फ़ायदेमंद होना; jdm. in den Mantel helfen किसी को कोट पहनाना, किसी की कोट पहनने में सहायता क०; jdm. zu seinem Recht helfen किसी को उस का हक़ दिलवाना; अपना अधिकार पाने में किसी की सहायता क०; sich zu helfen wissen खुद अपनी मदद कर सकना, बिना किसी की सहायता के अपनी समस्याओं को हल करने की क्षमता रखना; U: ihm ist nicht zu helfen! उसके लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता है (वह किसी की बात नहीं मानता है); U: dem werde ich helfen! मैं उसका दिमाग़ दुरुस्त कर दूँगा; मैं उसकी तबियत हरी कर दूँगा; da hilft nichts, wir müssen es tun यहाँ कोई तरकीब नहीं चलेगी यह काम हमें करना ही पड़ेगा, बचत का कोई रास्ता नहीं है हमें यह करना ही पड़ेगा; ich kann mir nicht helfen, ich muß lachen मुझसे हँसे बिना नहीं रहा जाता, मुझसे हँसी नहीं रुकती; ~**er,** m (-s/-) सहायक, मददगार; ~**ershelfer,** m अपराध-सहकारी, अभिषंगी, सहापराधी।

Helio-graphie, f (-/-n) [griech.] उत्कीर्णन-विधि, प्रकाश-संकेतन द्वारा उत्कीर्णन की विधि; ~**gravüre,** f प्रकाशचित्रमुद्रण-विधि; भामुद्र, आलोक-टंकित पत्र।

heliozentrisch, adj. [griech.] सूर्य-केन्द्रीय।

Helium, n (-s) सूर्य के वातावरण में पाई जाने वाली एक गैस, हीलियम।

hell, 1. adj. चमकीला, चमकदार, द्युतिमान, दीप्त, प्रकाशयुक्त; साफ़, निर्मल, उजला; Töne: ऊँचा, उच्च; Farben: हल्का; fig: (klug) तीव्रबुद्धि,

बुद्धिमान, कुशाग्र, तेज़, होशियार; fig: (stark)ज़ोरदार, ज़बरदस्त; अत्योत्साह-पूर्ण; बहुत बड़ा, बहुत अधिक; fig: er ist ein heller Kopf वह कुशाग्र-बुद्धि है; fig: das ist heller Wahnsinn यह बहुत बड़ा (या निरा) पागलपन है; fig: seine helle Freude an etw. haben किसी वस्तु या बात से अत्यधिक प्रसन्न होना; 2. adv. बेहद, अत्यधिक; ~**auf,** adv.: hellauf lachen खुलकर हँसना, ठहाका मार कर हँसना; ~**blau,** adj. हल्का नीला; ~**braun,** adj. हल्का भूरा; हल्का कत्थई; ~**e,** f (-) → Helligkeit

Hellebarde, f (-/-n) भालेदार फरसा।

Hellen-e, m (-n/-n) प्राचीन यवन, यूनानी; ~**isch,** adj. यूनानी, यूनान-संबंधी; ~**ismus,** m (-) (सिकदर के समय से ईसा के तीस वर्ष पूर्व तक की) यूनानी संस्कृति; ~**ist,** m (-en/-en) प्राचीन यूनानी संस्कृति का विद्वान; ~**istisch,** adj. यूनानी संस्कृति का, यूनानी संस्कृति पर आधारित।

Heller, m (-s/-) एक पुराना जर्मन सिक्का; fig: auf Heller und Pfennig पाई-पाई, एक-एक पाई।

hell-häutig, adj. गौरवर्ण, गोरा; ~**hörig,** adj. अतिसूक्ष्म श्रवणशक्ति वाला, अच्छे कानों वाला; जिसके आर-पार आवाज़ चली जाए; fig: कुशाग्र, होशियार; लिफ़ाफ़ा देखकर खत का मज़मून भाँप लेने वाला; ~**icht,** adj.: es geschah am hellichten Tag यह दिन-दहाड़े घटित हुआ; ~**igkeit,** f (-) द्युति, चमक, दीप्ति, ज्योति; (ध्वनि की) उच्चता; (रंग का) हल्कापन; कुशाग्रता, होशियारी; उत्साहपूर्णता; ~**sehen,** 1. v/i (h.) परोक्षदर्शन क०, अतीन्द्रियदर्शन क०, भविष्य की बातों को पहले ही जान लेना या देख लेना; 2. n (-s) परोक्षदर्शन, अतीन्द्रिय-दर्शन; ~**seher,** m (-s/-) परोक्षदर्शी, अतीन्द्रियदर्शी, भविष्यदृष्टा; ~**seherisch,** adj. अतीन्द्रियदर्शी, भविष्यदर्शन पर आधारित, भविष्यद्दृष्टा-जैसा; ~**sichtig,** adj. कुशाग्रबुद्धि, विचक्षण; ~**wach,** adj. पूरी तरह जाग्रत; fig: पूर्णतया एकाग्रचित्त।

Helm, m (-[e]s/-e) शिरस्त्राण, लोहे का टोप; (Turmdach) मीनार का गुम्बद या गुम्मट; (Stiel) बेंट; ~**sturz,** m शिरस्त्राण से जुड़ा हुआ मुखावरण।

Helvetien, [lat.] स्विट्ज़रलैंड।

Hemd, n (-[e]s/-en) कमीज़, कुर्ता; U: jdn. bis aufs Hemd ausziehen किसी के कपड़े तक उतरवा लेना, किसी को पूरी तरह लूट लेना; fig: das Hemd ist mir näher als der Rock पहले अपने पीछे पराये, पहले घर में चिराग जलेगा फिर मसजिद में; ~**bluse,** f कुर्ती, ब्लाउज़; ~**särmel,** m: in Hemdsärmeln बिना कोट के; ~**särmelig,** adj. बिना कोट पहने हुए; fig: ढीले-ढाले कपड़ों में।

Hemisphäre, f [griech.] गोलार्ध; med: बड़े मस्तिष्क का अर्ध भाग।

hemm-en, v/t (h.) (bremsen) रोकना, बढ़ने न देना, गति कम क०; अवरुद्ध क०; (verzögern) में बाधा या अड़-चन डालना, में रोड़ा लगाना; fig: (के मन में) संकोच; झेंप, लज्जा उत्पन्न क०; fig: sein Aussehen hemmt ihn उसे अपने बाह्य रूप के कारण संकोच होता है, वह बदसूरत है इस लिए वह झेंपता है; fig: er ist gehemmt वह संकोची, झेंपू है; ~**nis,** n (-ses/-se) रोक, अवरोध, रुकावट; बाधा, विघ्न, अड़चन, अड़ंगा; ~**schuh,** m पहिये को घूमने से रोकने के लिए प्रयुक्त लकड़ी या लोहे की रोक, आड़, ब्रेक, कुत्ता; fig: विघ्न, बाधा, अड़चन, अड़ंगा; ~**ung,** f (-/-en) रुकावट, रोकना, रोका जाना; बाधा, विघ्न, अड़चन, संकोच, लज्जा, झेंप; bei Uhr: गतिक्रम-नियंत्रक पुर्ज़ा; ~**ungslos,** adj. बेरोक, अबाधित, बेलगाम, उच्छृंखल; निर्लज्ज,

बेशर्म, संकोचहीन; ~ungslosigkeit, f (-) उच्छृंखलता; निर्लज्जता, बेशर्मी, संकोच-राहित्य, संकोचहीनता।

Hengst, m (-es/-e) जननाश्व; टापदार चौपायों का नर (नर-घोड़ा, नर-गधा, नर-ज़ेबरा आदि)।

Henkel, m (-s/-) बर्तन, टोकरी आदि की पकड़, कड़ा।

henk-en, v/t (h.) फाँसी देना, फाँसी पर चढ़ाना; **~er,** m (-s/-) फाँसी देने वाला, जल्लाद; U: zum Henker damit! भाड़ में जाए यह!; **~ersmahlzeit,** f फाँसी पर चढ़ने से पूर्व का अन्तिम भोजन; fig: लम्बी यात्रा से पूर्व का अन्तिम भोजन।

Henna, f (-) [arab.] मेंहदी, हिना।

Henne, f (-/-n) मुर्ग़ी; (कुछ अन्य) मादा-पक्षी।

Hepatitis, f (-/-'tiden) [griech.] यकृत-शोथ।

her, adv. इधर (को), इस ओर (को), इस तरफ़ (को); से, से पहले (का), पहले, पूर्व; her damit! लाओ (इधर)!, निकालो!; geben Sie das her! इधर दीजिए!, लाइए (मुझे) दीजिए!; kommen Sie her! इधर आइए!; wo kommen Sie her? आप कहाँ से आते हैं?; आप कहाँ के रहने वाले हैं?; wo haben Sie das her? यह आपको कहाँ से मिला?, इसे आप कहाँ से लाए?; यह आपने कहाँ से (या किससे) सीखा या सुना; das ist lange her (इसे) बहुत दिन हुए, यह बहुत पुरानी बात है, यह बहुत पहले की घटना है; ich kenne ihn von früher her मैं उसे पहले से जानता हूँ von alters her युगों से; U: hinter jdm. her sein किसी के पीछे लगे होना; किसी की तलाश में होना; U: hinter einer Sache her sein किसी वस्तु को हर हालत में प्राप्त करना चाहना; fig: es ist nicht weit her damit यह वस्तु घटिया, मामूली, बेकार है; fig: es ist nicht weit her mit ihm वह कोई काम का आदमी नहीं है, वह मामूली, महत्वहीन, बेकार आदमी है।

herab, adv. नीचे की ओर (बोलने वाले की दिशा में), (वहाँ) ऊपर से (इधर) नीचे की ओर; fig: jdn. von oben herab behandeln किसी के साथ अहंकारपूर्ण व्यवहार क०, किसी को अपने से हीन समझना; **~blicken,** v/i (h.) (वहाँ ऊपर से) इधर नीचे की ओर देखना; **~gehen,** v/i (s.) इधर नीचे की ओर चलना या चलकर आना; **~hängen,** v/i (h.) नीचे की ओर लटकना; **~lassen,** 1. v/t (h.)(इधर) नीचे की ओर गिराना, लटकाना, आने देना; 2. v/r (h.) रस्सी आदि की सहायता से नीचे को उतरना; fig: कुछ करने की कृपा क०; से बात करने का अहसान क०; **~lassend,** adj. अहंकारपूर्ण; अहसान-भरा; तिरस्कार-पूर्ण, उपेक्षापूर्ण; **~sehen,** v/t (h.) →herabblicken; **~setzen,** v/t (h.) कम क०, घटाना; fig: की उपेक्षा क०, का तिरस्कार, अपमान क०; **~setzung,** f (-/-en) कम क० या किया जाना, घटाना; fig: उपेक्षापूर्ण, तिरस्कारपूर्ण, अपमानजनक व्यवहार या आचरण; **~sinken,** v/i(s.) (वहाँ ऊपर से) इधर नीचे को आना या उतरना; poet: छा जाना; fig: पतित हो जाना, गिर जाना; die Nacht sank herab रात छा गई, रात हो गई; **~steigen,** v/i (s.) (इधर नीचे को) उतरना या उतरकर आना, इधर नीचे को चलकर आना; **~stürzen,** v/i (s.) नीचे को लुढ़क कर आना, गिर पड़ना; (वहाँ ऊपर से) दौड़ते हुए या तेज़ी से इधर नीचे को आना; **~würdigen,** v/t (h.) fig: की उपेक्षा क०, का तिरस्कार या अपमान क०, किसी की योग्यताओं को कम करके बताना; **~würdigung,** f तिरस्कार, अपमान, उपेक्षा, तिरस्कार-पूर्ण, उपेक्षापूर्ण व्यवहार; निम्नीकरण,

निम्नकोटीकरण।

Heraldik, f(-)[frz.] कुलचिह्न-विद्या।

heran, adv. इधर को, इधर पास को; पर, के समीप, के साथ-साथ; **~arbeiten,** v/r (h.) परिश्रम या उद्यम करके (किसी लक्ष्य के) समीप पहुँचना; **~bilden,** v/t (h.) (किसी विशेष उद्देश्य से) प्रशिक्षित क०; **~brausen,** v/i (s.) ज़ोर-शोर से समीप आना या पहुँचना; **~bringen,** v/t (h.) ले आना, (इधर को) समीप लाना; से अवगत कराना; **~eilen,** v/i (s.) तेज़ी से समीप आना; **~gehen,** v/i (s.) समीप आना या पहुँचना; fig: an etw. herangehen किसी काम को प्रारंभ क०; **~kommen,** v/i (s.) समीप आना, पास आना; **~machen,** v/r (h.) U: sich an jdn. heranmachen किसी उद्देश्य से किसी की निकटता ढूँढना, किसी खास इरादे से किसी के समीप पहुँचना; sich an eine Arbeit heranmachen किसी काम को प्रारंभ क०; **~nahen,** v/i (s.) समीप आना, पास आना; **~reichen,** v/i (h.) को पकड़ना; तक पहुँचना; fig: की बराबरी कर सकना, के समान योग्य होना; के समान होना; fig:er reicht nicht an seinen Vater heran उसकी योग्यता अपने पिता की योग्यता से कहीं कम है; **~reifen,** v/i (s.) विकसित होना या हो जाना, विकसित होकर बन जाना; **~rücken,** 1. v/t (h.) पास को सरकाना या खिसकाना; 2. v/i (s.) के समीप आना या पहुँचना; **~schaffen,** v/t (h.) ले आना; मुहैया क०, प्रबंध क०; **~tragen,** v/t (h.) उठाकर पास लाना, उठाकर लाना, ढोकर लाना; fig: (प्रार्थना, शिकायत आदि को) किसी के पास तक पहुँचना, के सामने पेश क०; **~treten,** v/i (s.) पास आना या पहुँचना; के पास (तक) चला जाना; fig: mit einer Bitte an jdn. herantreten किसी से किसी बात की प्रार्थना क०, किसी के सामने कोई माँग रखना; **~wachsen,** v/i (s.) बड़ा होना, बढ़ना, बढ़ता जाना; **~wagen,** v/r (h.) (किसी व्यक्ति या वस्तु) के पास पहुँचने की हिम्मत या धृष्टता क०; fig: किसी काम को आत्मविश्वास के साथ (प्रारंभ) क०; **~ziehen,** 1. v/t (h.) पास खींचना, खींचकर पास कर लेना; (aufziehen) पालन-पोषण क०, पाल-पोस कर बड़ा क०; fig: er hat ihn zu seinem Nachfolger herangezogen उसने उसे अपना उत्तराधिकारी बनाने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया या पद-कार्य से पूरी तरह परिचित करा दिया; 2. v/i (s.) पास आना, समीप आना।

herauf, adv. इधर ऊपर की ओर, U: ऊपर की ओर; **~arbeiten,** v/r (h.) परिश्रम के द्वारा ऊँचे पद पर पहुँच जाना, (परिश्रम के साथ) ऊपर पहुँचना या पहुँच जाना; **~beschwören,** v/t (h.) की याद ताज़ा क०; का आह्वान क०, को बुलाना; का कारण बनना; (झगड़ा, मुसीबत, परेशानी आदि को) खड़ा कर देना; **~bitten,** v/t (h.) ऊपर अपने पास बुलाना, ऊपर अपने पास आने को कहना; **~bringen,** v/t (h.) ऊपर लाना, ऊपर ले आना; **~dämmern,** v/i (s.) (दिन) निकलना, (भोर) होना; der Morgen dämmerte herauf सुबह हो गई (थी); **~dringen,** v/i (s.) (शोर आदि का) ऊपर तक पहुँचना; **~führen,** 1. v/t (h.) ऊपर पहुँचाना, ऊपर का रास्ता दिखाना; 2. v/i (h.) (रास्ते का) ऊपर तक जाना; **~kommen,** v/i (s.) ऊपर आना; **~schalten,** v/i (h.) mot: बड़ा गियर डालना; अगला गियर लगाना; **~setzen,** v/t(h.) बढ़ाना, में वृद्धि क०; **~ziehen,** 1. v/t (h.) (इधर) ऊपर को खींचना; 2. v/i (s.) समीप आना, आने वाला होना; ein Gewitter zieht herauf तड़ित्-झंझा आने

वाला है।

heraus, adv. बाहर, बाहर की ओर; U: heraus mit der Sprache! बोलो!, बिना संकोच के कह डालो!; aus sich heraus अपने आप; U: er hat es heraus उसने इसका हल निकाल लिया है; etw. offen heraus sagen कोई बात साफ़-साफ़ कह देना; **~arbeiten,** v/t (h.) (aus Materialmasse formen) गढ़ना, बनाना, को रूप देना, तराश कर बनाना; (betonen) पर ज़ोर देना, को सविस्तार प्रतिपादित क०; U: sich aus Schwierigkeiten herausarbeiten परिश्रम के द्वारा कठिनाइयों पर विजय पाना, परिश्रम के द्वारा कठिनाइयों से बच निकलना; U: einen Tag herausarbeiten अन्य दिनों में अधिक काम करके एक दिन की छुट्टी निकाल लेना; **~beißen,** v/t (h.) दाँतों से काटकर निकाल लेना; ऐसे काटना कि दाँत टूट जाए; **~bekommen,** v/t (h.) जान लेना, का पता लगा लेना; का हल निकाल लेना, हल के रूप में निकालना; का अर्थ निकाल लेना; गूढ़लिपि को पढ़ लेना; Flecken: छुड़ा या निकाल सकना (धब्बे आदि); Wechselgeld: को मिलना (छुट्टा, रेज़गारी आदि); **~bringen,** v/t (h.) बाहर निकालना, निकाल लाना, बाहर ले आना; बाज़ार में लाना, निकालना; (veröffentlichen) प्रकाशित क०, निकालना; ein neues Produkt herausbringen नया उत्पाद निकालना या बाज़ार में लाना; er brachte vor Schreck keinen Ton heraus मारे डर के उसकी बोलती बंद हो गई; **~dringen,** v/i (s.) बाहर निकलना, बाहर तक पहुँचना, बाहर से दिखाई या सुनाई देना; **~drücken,** v/t (h.) दबाकर बाहर निकालना; **~fahren,** v/i (s.) कार, साइकिल आदि से बाहर निकलना, अन्दर से बाहर निकलना (गाड़ी आदि का सुरंग से); U: मुँह से निकल जाना या निकल पड़ना; U: diese Bemerkung ist mir so herausgefahren यह बात मेरे मुँह से यों ही निकल गई; **~finden,** 1. v/i(h.) बिना सहायता के बाहर आना, बिना सहायता के बाहर आने के मार्ग को पा लेना; fig: कष्ट, संकट, परेशानी से बच निकलना; 2. v/t (h.) का पता लगा लेना; जान लेना; ढूँढकर निकाल लेना, ढूँढ निकालना; बचत का या बाहर का मार्ग ढूँढ निकालना; **~fliegen,** v/i (s.) उड़कर बाहर आना; U: (नौकरी से) निकाल दिया जाना; बाहर कर दिया जाना; **~fließen,** v/i (s.) से बहकर निकलना, बहकर बाहर आना; चूना, टपकना; **~forderer,** m (-/s-) चुनौती देने वाला; **~fordern,** v/t (h.) को चुनौती देना; माँगना, वापस देने को कहना; (reizen) कुछ करने के लिए भड़काना या उकसाना या अवप्रेरित क०(विद्वेष की भावना से); गुस्सा दिलाना, चिढ़ाना; लुभाना, लालायित क०; उत्तेजित क०; herausfordernde Blicke आमंत्रित करती हुई दृष्टि, प्रणय-निवेदन करती हुई दृष्टि; उद्धत, अवज्ञापूर्ण दृष्टि; **~forderung,** f चुनौती; उत्तेजन; **~gabe,** f (-) देना, वापस देना, वापसी; (Veröffentlichung) प्रकाशन; **~geben,** v/t (h.) देना, निकालना; सौंप देना; (zurückgeben) वापस देना; (ausliefern) विदेशी बंदी को उसकी सरकार के हवाले क०; (veröffentlichen) प्रकाशित क०, निकालना; संपादित क०; Wechselgeld: शेष धन या छुट्टा देना; ich kann nicht herausgeben मेरे पास रेज़गारी नहीं है (मैं आपके नोट को नहीं तोड़ सकता); **~gehen,** v/i (s.) बाहर निकलकर आना; छूटना; निकलना; die Flecken gehen nicht mehr heraus (ये) धब्बे अब नहीं छूटें (या निकलें)गे; fig: aus sich

herausgehen संकोच छोड़ देना, खुल जाना; ~greifen, v/t (h.) चुनना, चुनकर या छाँटकर निकाल लेना; का उदाहरण के तौर पर उल्लेख क०; ~haben, v/t (h.) का पता लगा लेना, का हल निकाल लेना; जान लेना, को अच्छी तरह समझ लेना, का पूर्णबोध हो जाना; ~halten, v/r (h.) किसी बात, समस्या, मामले, झगड़े, झंझट में न पड़ना, से दूर या अलग रहना; halten Sie sich da heraus! आप इस मामले में मत पड़िए!; ~hängen, v/i (h.) बाहर की ओर लटकना या लटका होना, बाहर से दिखाई पड़ना; U: etw. heraushängen lassen लोगों को प्रभावित करने के उद्देश्य से किसी वस्तु को अत्यन्त प्रत्यक्ष रूप से दिखाना; U: diese Arbeit hängt mir zum Hals heraus→Hals; ~hauen, v/t (h.) U: बलपूर्वक या संघर्षपूर्वक छुड़ाना या बचाना (किसी घिरे हुए या पिटते हुए व्यक्ति को); sich heraushauen संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना, संघर्षपूर्वक अपना रास्ता साफ़ क०; संघर्षपूर्वक आत्म-रक्षा करते हुए बच निकलना; ~heben, 1. v/t (h.) उठाकर बाहर निकालना; fig: पर बल या ज़ोर देना, का विशेष उल्लेख क०; 2. v/r (h.) स्पष्ट दिखाई देना, श्रेष्ठ या प्रमुख होना; अपने पूर्ण प्रभाव को प्राप्त होना; ~helfen, v/t (h.) (किसी को) सहायता देकर बाहर निकालना, (किसी की) बाहर निकलने में सहायता क०; fig: jdm. aus Schwierigkeiten heraushelfen किसी को कठिनाइयों, परेशानियों से छुटकारा दिलाना; ~holen, v/t (h.) बाहर निकालना, निकाल लाना, निकालकर बाहर ले आना; fig: को मुक्ति या छुटकारा दिलाना; fig: er hat bei den Verhandlungen das beste für sich herausgeholt (समझौते की) बातचीत में उसने अपनी सारी शर्तें मनवा लीं; fig: man muß jedes Wort mühsam aus ihr herausholen उससे हर बात खोद-खोदकर पूछनी पड़ती है, वह बहुत कम बोलती है; ~kehren, v/t (h.) बुहारकर बाहर निकालना या डालना; fig: की भाँति आचरण क०, बनना; अपने पद का रुआब झाड़ना; ~klauben, v/t (h.) एक-एक करके निकालना या निकाल लेना; ~klingeln, v/t (h.) घंटी बजाकर बाहर आने के लिए बाध्य क० या कहना; टेलीफ़ोन करके बुलाना; ~kommen, v/i (s.) बाहर आना, (बाहर) निकलकर आना, प्रकट होना, निकलना; (veröffentlicht werden) प्रकाशित होना, निकलना; (herausgebracht werden) चलन में लाया जाना, बाज़ार में आना, निकलना; (entdeckt werden) का पता चल जाना, प्रकट हो जाना, (भेद) खुल जाना; Kartenspiel: खेल प्रारंभ क०, पहला पत्ता चलना; das kommt auf eins/dasselbe heraus इससे कोई अंतर नहीं पड़ता, यह भी वही बात हुई; sie kam aus dem Erzählen nicht mehr heraus उस की बात का कोई अंत ही नहीं हुआ; was kommt bei der Rechenaufgabe heraus? सवाल का हल क्या निकला?, (इस) प्रश्न का उत्तर कितना निकला?; U: dabei kommt nichts heraus इससे कोई लाभ नहीं है (या होगा); ~kriegen, v/t (h.) → herausbekommen; ~kristallisieren, v/t (h.) fig: निश्चित हो जाना, निश्चित रूप से स्पष्ट हो जाना; ~laufen, v/i (s.) दौड़कर बाहर आना, दौड़ते हुए बाहर निकलना; चू जाना, टपक जाना, टपककर निकल जाना; ~lesen, v/t (h.) चुनना, चुनकर बाहर निकालना; (पढ़कर) अर्थ निकालना, अनुमान लगाना, समझना; ~locken, v/t (h.) प्रलोभन देकर बाहर निकालना या बुलाना; U: etw.

aus jdm. herauslocken किसी से चालाकी द्वारा कोई वस्तु प्राप्त कर लेना; चालाकी द्वारा किसी से किसी बात या भेद को जान लेना; **~lügen,** v/r (h.) झूठ बोलकर अपनी जान बचाना, झूठ बोलकर अपना पिंड छुड़ाना; **~machen,** 1. v/t (h.) U: बीज आदि निकालना; धब्बे आदि छुड़ाना या दूर क०; 2. v/r (h.) U: अच्छी तरह विकसित हो जाना, पहले से अधिक सुन्दर हो जाना या बन जाना; **~nehmen,** v/t (h.)बाहर निकालना, निकाल लेना; fig: स्कूल छुड़वा देना; fig: sich etw. herausnehmen कुछ करने की धृष्टता क०; अमर्यादित रूप से कोई काम क०; कुछ करने की स्वतंत्रता का दुरुपयोग क०; किसी अनुचित बात को अपना हक़ समझना; **~platzen,** v/i (s.) U: अचानक बोल पड़ना या हँस पड़ना; **~pressen,** v/t (h.) निचोड़कर निकालना; fig: etw. aus jdm. herauspressen किसी से कोई वस्तु दबाव से ऐंठना; दबाव या मानसिक यंत्रणाओं द्वारा किसी से कोई बात कबुलवाना; **~putzen,** v/t (h.) सजाना, सज्जित क०; का शृंगार क०; sich herausputzen अपना शृंगार क०, खूब सज-धज जाना; **~ragen,** v/i (h.) → hervorragen; **~reden,** v/r (h.) सफ़ाई देकर अपने पर किए जाने वाले शक को मिटाना; बातें या बहाने बनाकर अपना पिंड छुड़ाना; **~reißen,** v/t (h.) फाड़ लेना, फाड़कर अलग कर लेना; उखाड़ डालना; U: fig: से निकालकर अलग या दूर ले जाना; से मुक्त क०, से बचाना; U: jdn. aus Schwierigkeiten herausreißen किसी को कठिनाइयों से मुक्त क० या कराना;fig: deshalb werde ich mir kein Bein herausreißen इस वजह से मैं कोई परेशानी नहीं मोल लूँगा; U: die Eins in Mathematik hat ihn herausgerissen गणित में प्रथम श्रेणी के अंकों ने उसे अनुत्तीर्ण होने से बचा लिया; **~rücken,** 1. v/t (h). खिसकाकर या सरकाकर बाहर लाना; U: Geld herausrücken पैसे देना, पैसे ढीले क०; 2. v/i (s.) कहना, बोलना, बताना, प्रकट क०; er rückt nicht mit der Sprache heraus वह बात छिपा रहा है, वह इस बात को बताना नहीं चाहता है; **~rutschen,**v/i (s.) सरक या फिसलकर बाहर हो जाना; fig: अनायास ही मुँह से निकल जाना; fig: das ist mir nur so herausgerutscht यह बात अनायास ही मेरे मुँह से निकल गई (मैं इसे कहना नहीं चाहता था); **~sagen,** v/t (h.) कह डालना; etw. frei heraussagen निस्संकोच कह डालना; **~schälen,** v/t (h.) छीलना; fig: धीरे-धीरे उघाड़ना या प्रकट क०; sich herausschälen धीरे-धीरे स्पष्ट होना, दृष्टिगोचर होना, सामने आना; **~schallen,** v/i (s.) बाहर से सुनाई देना या पड़ना; **~schauen,** v/i (h.) इधर बाहर की ओर देखना; fig: को मिलना, प्राप्त होना (लाभ के रूप में); fig: was schaut dabei für mich heraus? इसमें मुझे क्या (या कितना) मिलेगा?; **~schinden,** v/t (h.) पा लेना, प्राप्त कर लेना, (हेराफेरी से) बना लेना (धन आदि), निकालना (समय); **~schlagen,** 1. v/t (h.) प्रहार द्वारा अलग क० या कर लेना, प्रहार द्वारा निकाल लेना या निकाल देना; fig: पाना, पा लेना, प्राप्त कर लेना, (तरकीब या हेराफेरी से) धन या अपने फ़ायदे की सूरत निकालना; समय निकालना; fig: einen Vorteil für sich herausschlagen अपने फ़ायदे की (कोई) सूरत निकालना, अपना लाभ कर लेना; 2. v/i (s.) तेज़ी से बाहर को निकलना; **~schleudern,** v/t (h.) इधर बाहर को फेंक देना या पटक देना; Worte: खीझकर या क्रुद्ध होकर कहना, बोलना; **~schmecken,**

v/t (h.) भोजन में पड़े मसाले आदि के स्वाद को स्पष्ट रूप से महसूस क० या पहचान लेना; **~schmeißen,** v/t (h.) इधर बाहर को फेंकना; बाहर निकाल देना, बाहर कर देना; **~schneiden,** v/t (h.) काट लेना, काटकर अलग कर लेना या कर देना; **~schreiben,** v/t (h.) (किसी पुस्तक आदि से कोई अंश) नक़ल कर लेना या लिख लेना; **~schreien,** v/t (h.) चिल्लाकर बताना; **~sein,** v/i (s.) U: निश्चित होना या हो जाना; निकल आना; निकल जाना, निकाल दिया जाना; प्रकाशित हो जाना, ज्ञात हो जाना; fig: पर विजय पा लेना, से मुक्त हो जाना; die Knospen sind heraus कलियाँ निकल आई हैं; seine Kauzähne sind heraus उसकी दाढ़ें निकाल दी गईं हैं (या उखड़ गईं हैं); das Ergebnis ist noch nicht heraus नतीजा अभी नहीं निकला है (या प्रकाशित हुआ है); fig: er ist aus den anfänglichen Schwierigkeiten heraus उसने प्रारंभिक कठिनाइयों पर विजय पा ली है; **~springen,** v/i (s.) कूदकर बाहर आना, से कूद पड़ना; से टूटकर गिर जाना; fig:→herausschauen; fig: **~spritzen,** 1. v/i (s.) फुहारे की तरह छूटना, फूट निकलना; 2. v/t (h.) दबाकर फुहार निकालना; **~sprudeln,** 1. v/i (s.)फूट निकलना, तेज़ी के साथ निकलकर बहना; 2. v/t (h.) हड़बड़ाकर या जल्दी-जल्दी कहना, बड़बड़ाना; **~stellen,** 1. v/t (h.) बाहर लाकर रखना या रख देना; fig: पर ज़ोर देना; की विशेषतायें बताना, का विशेष उल्लेख क०; 2. v/r (h.) का पता चलना, सामने आना, साबित होना; की भाँति साबित होना, निकलना; **~strecken,** v/t (h.) बाहर निकालना, बाहर क०; **~streichen,** v/t (h.) fig: का विशेष रूप से उल्लेख क०; की भूरि-भूरि प्रशंसा क०; **~strömen,** v/i (s.) फूट पड़ना, उमड़ पड़ना; fig: बहुत अधिक संख्या में कहीं आना; **~stürzen,** v/i (s.) बहुत तेज़ी से बाहर को आना, दौड़ते हुए बाहर निकलना; **~suchen,** v/t (h.) चुन लेना, चुनकर निकाल लेना; **~treten,** v/i (s.) बाहर आना, बाहर निकलकर आना; बाहर को निकल आना; **~trommeln,** v/t (h.) U: किसी को घर से बाहर निकाल लाना (शोर मचाकर या घंटी बजाकर), किसी को घर से या बिस्तर से उठाकर साथ ले जाना; **~wachsen,** v/i (s.) बाहर को बढ़ना, ऊपर को उगना, बाहर को उगना; fig: er ist aus der Hose herausgewachsen उसका पतलून छोटा हो गया है; U: diese Sache wächst mir zum Hals heraus इस बात, काम, मामले से मैं तंग आ गया हूँ; **~werfen,** v/t (h.) इधर बाहर को फेंकना, बाहर फेंकना; **~winden,** v/r (h.) युक्ति से बच निकलना, चालबाज़ी से या बहाने बनाकर अपना पिंड छुड़ाना; **~wollen,** v/i (h.) U: बाहर आना चाहना, बाहर निकलना चाहना; fig: er will nicht mit der Sprache heraus वह साफ़-साफ़ नहीं कहना चाहता है, वह इस बात को बताना नहीं चाहता है; **~würgen,** v/t (h.) खखारकर बाहर निकाल देना; क़ै कर देना; Worte: कठिनाई के साथ या बहुत ज़ोर लगाकर धीरे-धीरे बोलना; **~ziehen,** v/t (h.) बाहर को खींचना, खींचकर बाहर कर लेना, निकाल लेना (चाकू, पिस्तौल आदि); fig: (किसी पुस्तक आदि से कोई अंश) नक़ल कर लेना या लिख लेना।

herb, adj. तीखा, चरपरा; कड़ुआ-सा; खट्टा-सा (अंगूरी का स्वाद); fig: रुक्ष, रूखा, निष्ठुर; शुष्क, संयत; कटु, घोर; दु:खद; fig: eine herbe Enttäuschung घोर निराशा या विफलता।

Herbarium, n (-s/-'rien) [lat.]

उद्भिज-संग्रह, वनस्पति-संग्रह ।

herbei, adv. इधर, इस तरफ़, इस तरफ़ को, यहाँ; **~bringen,** v/t (h.) यहाँ ले आना, इधर ले आना; **~eilen,** v/i (s.) तेज़ी से इधर या यहाँ आना, तेज़ी से पास आना; **~führen,** v/t (h.) fig: सम्पादित क०; उत्पन्न क०, का कारण बनना; का परिणाम होना; **~holen,** v/t (h.) यहाँ ले आना; (सहायता के लिए) ले आना, बुला लेना, बुला लाना; **~kommen,** v/i (s.) इधर को आना, यहाँ आना, समीप आना; **~lassen,** v/r (h.)fig: संकोच के साथ तैयार होना (कुछ करने के लिए); कुछ करने की कृपा क०; **~laufen,** v/i (s.) दौड़कर यहाँ आना, दौड़ते हुए इधर या समीप आना; **~locken,** v/t (h.) प्रलोभन देकर अपने पास बुलाना; **~rufen,** v/t (h.) अपने पास बुलाना, सहायता के लिए बुलाना; **~schaffen,** v/t (h.) लाना, ले आना; मुहैया क०, का प्रबंध क०; लाकर रखना; सामने रखना, लाकर प्रस्तुत क०; **~schleppen,** v/t (h.) घसीटकर ले आना, ढोकर ले आना; **~sehnen,** v/t (h) किसी बात के होने की आकांक्षा क०, किसी व्यक्ति के आने की आकांक्षा क०, चाहना कि कुछ हो जाए, चाहना कि कोई व्यक्ति-विशेष आ जाए; **~strömen,** v/i (s.) उमड़ पड़ना, आकर एकत्रित होने लगना; **~stürzen,** v/i (s.) दौड़कर पास आना या पहुँचना, तेज़ी से पास आना या पहुँचना; **~winken,** v/t (h.) (हाथ या झंडी आदि के) संकेत या इशारे द्वारा अपने पास बुलाना; **~wünschen,** v/t (h.) →herbeisehnen; **~ziehen,** v/t (h.) पास खींचना या खींच लेना ।

herbekommen, v/t (h.) U: से पाना या प्राप्त क०; से लाना, से ले आना ।

herbemühen, v/t (h.) यहाँ आने का कष्ट देना ।

herbeordern, v/t (h.) यहाँ बुलाना, यहाँ आने का आदेश देना ।

Herberg-e, f (-/-n) पथिकावास, सराय, धर्मशाला; युवा पर्यटकों का आवास, युवजन-पर्यटकावास; **~svater,** m युवजन-पर्यटकावास का अध्यक्ष ।

herbestellen, v/t (h.) U: (यहाँ) आने को कहना, बुला भेजना ।

herbeten, v/t (h.) U: (किसी बात को) यंत्रवत् कह देना, बोल देना, पढ़ देना ।

Herbheit, f (-) तीखापन, कड़ुआहट; खट्टापन; fig: रूखापन, निष्ठुरता, शुष्कता, संयतता; गांभीर्य ।

herbitten, v/t (h.) यहाँ आने की प्रार्थना क०, यहाँ बुलाना, आमंत्रित क० ।

herbringen, v/t (h.) इधर लाना, यहाँ लाना या ले आना, पास लाना ।

Herbst, m (-es/-e) शरत्, शरत्काल; dial: अंगूर की फ़सल; fig: der Herbst des Lebens बुढ़ापे का प्रारंभ, जीवन का शरत्काल; **~eln,** v/i (h.) धीरे-धीरे शरत् होना या आना; **~en,** v/i (h.) →herbsteln; dial: अंगूर की फ़सल उतारना; **~lich,** adj. शारद, शरत्कालीन; **~ling,** m (-[e]s/-e) शरत्कालीन फल; शरत्काल में पैदा हुआ बछड़ा, शरत्काल में पैदा हुई बछिया; **~zeitlose,** f, bot: शारद हिरण्यतुत्थ ।

Herd, m (-[e]s/-e) चूल्हा, अँगीठी, विद्युत्-चूल्हा; fig: घर, परिवार; केन्द्र, उद्गम-स्थान; med: रोगाणु-केन्द्र;spw: eigener Herd ist Goldes wert अपना मकान कोट समान, अपने घर से बढ़कर संसार में कोई और स्थान नहीं।

Herde, f (-/-n) यूथ, वृन्द, पशुओं का झुंड, गल्ला; fig: भीड़, झुंड, जन-साधारण; **~nmensch,** m दलवृत्ति वाला व्यक्ति, विचारहीन व्यक्ति, व्यक्ति जिसका अपना कोई विचार न हो; **~ntrieb,** m यूथवृत्ति, दलवृत्ति, भेड़िया-धसान; **~nweise,** adv. झुंड बनाकर, झुंडों में; fig: झुंड के झुंड,

बहुत अधिक संख्या में ।
herein, adv. इधर अन्दर, यहाँ अन्दर की ओर; herein! अंदर आ जाइए!; **~bekommen,** v/t (h.) के यहाँ आना या पहुँचना (माल आदि का); को मिलना या प्राप्त होना, के यहाँ अंदर को भेजा जाना; diese Ware bekommen wir morgen herein यह माल कल हमारी दूकान में आएगा; **~bitten,** v/t (h.) अन्दर आने को कहना, अन्दर बुलाना; **~brechen,** v/i (s.) अचानक आ जाना, अचानक प्रारंभ हो जाना; पर अचानक आ पड़ना या टूट पड़ना; die Nacht brach herein अचानक रात हो गई; das Unglück brach über ihn herein उसपर अचानक मुसीबत आ पड़ी; **~dringen,** v/i (s.) इधर अंदर को आना, घुसना, पहुँचना, प्रवेश क०, इधर अंदर तक पहुँचना; **~fallen,** v/i (s.) fig: आसानी से धोखा खा जाना, के चरके में आ जाना, की प्रवंचना, चालबाजी, बातों में आ जाना; auf jdn. hereinfallen किसी की बातों में आ जाना; **~führen,** v/t (h.) अंदर पहुँचाना, अंदर लिवा लाना; **~holen,** v/t (h.) अंदर ले आना; Aufträge usw:ठेका आदि प्राप्त क०; fig: (पिछड़े हुए काम को) पूरा क०; **~legen,** v/t(h.)इधर अंदर रखना या रख देना; fig: jdn. hereinlegen किसी को चकमा, चरका, धोखा देना, किसी को उल्लू बनाना; **~platzen,** v/i (s.) U: अचानक आ जाना, आ पहुँचना, आ टपकना; **~rasseln,**v/i(s.) U: धोखा खा जाना; **~schaffen,** v/t (h.) अंदर ले आना, लाकर अंदर रखना; **~schneien,** v/i (s.) U:अचानक आ जाना या आ टपकना; **~strömen,** v/i (s.) बहुत अधिक मात्रा में अंदर को बहना; fig: उमड़ पड़ना, बहुत अधिक संख्या में अंदर आना; **~stürmen,** v/i (s.) fig: दौड़कर अंदर आना, इधर अंदर की ओर दौड़ना; **~stürzen,** v/i (s.) fig: तेज़ी से अंदर आना, दौड़ते हुए अंदर आना ।
herfallen, v/i (s.): über jdn. herfallen किसी पर टूट पड़ना; U: किसी की बुराई या निन्दा क० ।
Hergang, m घटनाक्रम ।
hergeben, v/t (h.) इधर को देना, पकड़ाना; दे देना, भेंट कर देना; वापस देना, लौटा देना; fig: der Sportler gab sein Letztes her खिलाड़ी (या प्रतियोगी) ने अपनी सारी शक्ति लगा दी; fig: dieser Film gibt zu wenig her यह फ़िल्म बेकार है, इस फ़िल्म में कोई विशेष नवीनता नहीं है; इस फ़िल्म से आमदनी की बहुत कम गुंजाइश है; fig: dazu gebe ich mich nicht her इस (काम) के लिए मैं तैयार नहीं हूँ, यह काम मेरे स्तर से बहुत नीचे का है ।
hergebracht, adj. प्रथागत, परम्परागत, पारंपरिक, रूढ़, रूढ़िगत; am Hergebrachten hängen परम्परावादी, रूढ़िवादी, दक़ियानूस होना ।
her-gehen, v/i (s.) होना, घटित होना; चलना; इधर को आना या चलना; hinter jdm. hergehen किसी के पीछे-पीछे चलना; hier geht es heiß her यहाँ का वातावरण उत्तेजनापूर्ण (या कोलाहलपूर्ण) है; **~haben,** v/t (h.) U: wo haben Sie das her? यह आप कहाँ से लाए? यह आपको कहाँ से मिला ?; **~gelaufen,** adj. ऐरा-गैरा, जानें कहाँ का, ऐसा ही कोई आवारा-सा; **~halten,** 1. v/t (h.) इधर को क०, इधर को बढ़ाना; 2. v/i (h.) U: als etw. herhalten की तरह काम में लिया जाना, का ढोंग क०, की भूमिका निभाना; für etw. herhalten müssen कोई काम क० पड़ना, किसी काम के लिए भुगतना पड़ना; **~holen,** v/t (h.) इधर ले आना, लिवा लाना, बुला लाना; fig: das ist weit hergeholt यह बिल्कुल असंगत,

असम्बद्ध, ऊटपटाँग बात है; ~hören, v/i (h.) U: सुनना, ग़ौर से सुनना; alle mal herhören! सब लोग ध्यान से सुनो!, इधर ध्यान दीजिए!

Hering, m (-s/-e) हिलसा, हेरिंग; तम्बू गाड़ने की खूँटी; U: दुबला-पतला व्यक्ति ।

her-kommen, 1.v/i (s.) यहाँ आना, इधर आना; का (रहने वाला) होना, से आना; (herrühren von) के कारण होना, की वजह से होना; wo kommen Sie her? आप कहाँ से आते हैं?; आप कहाँ के रहने वाले हैं?; 2. n (-s) (Abstammung) कुल, वंश; (Brauch) प्रथा, परम्परा; **~kömmlich,** adj. प्रथागत, पारंपरिक; अभिसामयिक, प्रचलित; **~kriegen,** v/t (h.) → herbekommen; **~kunft,** f (-) कुल, वंश; उद्गम; eines Wortes: व्युत्पत्ति, मूल; **~laufen,** v/i (s.) U: hinter jdm. herlaufen किसी का पीछा क०; **~leiten,** v/t (h.) से निकालना, से व्युत्पन्न क०; पर आधारित क०; sich herleiten von से निकलना, से व्युत्पन्न होना; पर आधारित होना; **~machen,** 1. v/r (h.) U: sich über etw. hermachen किसी वस्तु पर टूट पड़ना (लेने या खाने के लिए); 2. v/i (h.): viel von etw. hermachen किसी बात का झमेला खड़ा कर देना ।

Hermaphrodit, m(-en/-en)[griech.] उभयलिंगी व्यक्ति; **~isch,** adj. उभयलिंगी ।

Hermelin, 1. n (-s/-e) हिमद्युति (नेवले की जाति का एक जंतु); 2. m (-s/-e) हिमद्युति का चर्म ।

Hermeneutik, f (-) [griech.] शब्दार्थ-मीमांसा, भाष्यविज्ञान ।

hermetisch, 1. adj. वायु- एवं जलरुद्ध; fig: चारों ओर से घिरा हुआ या रुद्ध; 2. adv.: eine Gegend hermetisch abriegeln किसी क्षेत्र को चारों ओर से घेर लेना (जिससे कोई उसके अंदर न जा सके) ।

hernach, adv. बाद में; तत्पश्चात, तब ।

hernehmen, v/t (h.) लेना, उठा लेना, से लेना या ले आना; U: (sich) jdn. hernehmen किसी को (एक तरफ़ ले जाकर) डाँटना-फटकारना या भला-बुरा कहना ।

hernieder, adv., poet: नीचे, नीचे की ओर ।

Hero-e, m (-n/-n) → Heros; **~enhaft,** adj. → heroisch

[1]**Heroin,** f (-/-nen) [griech.] नायिका (की भूमिका करने वाली) ।

[2]**Heroin,** n (-s) [griech.] प्रमीली, अफ़ीम के सार से निर्मित एक औषधि ।

hero-isch, adj. [griech.] वीरोचित, शौर्यमय; पराक्रमी, शौर्यवान; **~isieren,** v/t (h.) को शूरवीर घोषित क०, बना देना, समझना; की भूरि-भूरि प्रशंसा क०; **~ismus,** m (-) वीरत्व, शौर्य, वीरता, पराक्रम ।

Herold, m (-[e]s/-e) fig: अग्रदूत, वार्तावह; उद्घोषक ।

Heros, m (-/-'roen) [griech.] वीर, शूरवीर; अर्धदेव ।

Herr, m (-[e]n/-en) (Mann) सज्जन, पुरुष, आदमी; (Gebieter) स्वामी, मालिक; शासक; नाथ; पति; Anrede: श्री, श्रीमान; (Gott) ईश्वर, भगवान; sein eigener Herr sein स्वाधीन होना; fig: Herr über sich selbst sein आत्मसंयमित होना, अपने आप पर क़ाबू रखना; Herr der Lage sein परिस्थिति पर विजय पा लेना; einer Sache Herr werden किसी बात, परिस्थिति पर क़ाबू पा लेना; den großen Herrn spielen बड़ा आदमी बनना, बड़प्पन का ढोंग क०; फ़ुजूलख़र्ची क० (दिखावे के लिए); der Tag des Herrn रविवार; U: er ist ein großer Philosoph vor dem Herrn वह उच्च कोटि का दार्शनिक है; in

aller Herren Länder सारे संसार में।

Herreise, f यहाँ तक की यात्रा।

Herren-abend, m पुरुषों की सांघ्य-गोष्ठी; **~anzug,** m मर्दाना सूट; **~haus,** n कोठी, हवेली, प्रासाद; **~leben,** n: ein Herrenleben führen ऐश क०, ठाठ की ज़िन्दगी बसर क०; **~los,** adj. स्वामिहीन, बिनुपति; लावारिस, आवारा; **~schneider,** m मर्दाने कपड़े सिलने वाला दर्ज़ी; **~sitz,** m (Landgut) जागीर; Reitsitz: घोड़े पर बैठने का सामान्य ढंग; **~zimmer,** n गृहस्वामी का (काम करने का) कमरा।

Herrgott, m ईश्वर, भगवान, मालिक, प्रभु; **~sfrühe,** f: in aller Herrgottsfrühe बहुत सवेरे।

herrichten, v/t (h.) (vorbereiten) तैयार क०, तैयार करके रखना; (ordnen) सजाना; ठीक क०, सुधारना, कपड़ों आदि की मरम्मत क०; sich herrichten सज जाना।

herrisch, adj. प्रभुतापूर्ण; दबंग; अहंमन्य; निरंकुश; आदेशपूर्ण; ज़ालिमाना।

herrlich, 1. adj. बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट, अत्युत्तम; भव्य, शानदार; अतिसुन्दर; 2. adv. बहुत अच्छी तरह से; U: er lebt herrlich und in Freuden वह ठाठ की ज़िन्दगी बसर कर रहा है, उसके आनन्द ही आनन्द हैं; **~keit,** f (-/-en) U: बहुत बढ़िया, सुन्दर, शानदार वस्तु या बात; o.pl: भव्यता, शान; उत्कर्ष; सौंदर्य।

Herrschaft, f (-/-en) o.pl: शासन, राज्य; प्रभुत्व, आधिपत्य, अधिकार; नियंत्रण, क़ाबू; (Landbesitz) जागीर; (bessere Leute) कुलीन या धनाढ्य व्यक्ति; स्वामिजन; für Dienstboten: मालिक और मालकिन, मालिक और उसका परिवार; meine Herrschaften! देवियो और सज्जनो!; **~lich,** adj. स्वामिजनोचित; धनाढ्य व्यक्तियों का; विशाल, भव्य, शानदार, उच्च श्रेणी का।

herrsch-en, v/i (h.) का स्वामी, मालिक, शासक होना; पर राज्य, शासन, हुकूमत क०; (walten) का राज्य होना, का बोलबाला होना, छाया होना, प्रबल होना; **~er,** m (-s/-) शासक, सम्राट, राजा, बादशाह; **~erhaus,** n राजवंश; रजवाड़ा; **~sucht,** f (-) सत्ता की भूख, आधिपत्य-लिप्सा; **~süchtig,** adj. सत्ता का भूखा, आधिपत्यलिप्सु।

her-rufen, v/t (h.) इधर बुलाना, इधर आने को कहना; **~rühren,** v/i (h.) से आना, से होना, के कारण होना, की वजह से होना; **~sagen,** v/t (h.) सुनाना (रटी हुई बात, कविता आदि); **~schaffen,** v/t (h.) इधर लाना, ले आना, लाकर प्रस्तुत क०।

herstell-en, v/t (h.) बनाना, का निर्माण या उत्पादन क०; U: इधर को रखना, रख देना, खड़ा क०; **~er,** m (-s/-) निर्माता, उत्पादक; **~ung,** f (-) निर्माण, विनिर्माण, उत्पादन।

herüber, adv. इधर, इस ओर, इस तरफ़, इस पार; kommt doch zu uns herüber! इधर हम लोगों के पास आ जाओ न!

herum, adv. के इर्द-गिर्द, के चारों ओर; U: um Delhi herum दिल्ली के इर्द-गिर्द; (ungefähr) लगभग, क़रीब, तक़रीबन; U: das kostet um 50 Mark herum इसका मूल्य लगभग पचास मार्क है; (unbestimmte Richtung) इधर-उधर; U: er spazierte in der Stadt herum वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा; **~albern,** v/i (h.) U: लड़कपन क०, जानबूझ कर बेतुके काम क०; **~basteln,** v/i (h.) U: (बेकार की) दस्तकारी या ठोंक-पीट क०; **~bringen,** v/i (h.) U: घुमा पाना; fig: →herumkriegen; **~bummeln,** v/i (h.) U: इधर-उधर फिरना,

आवारागर्दी क०; ~**doktern,** v/i (h.) U: an jdm. herumdoktern विना पर्याप्त ज्ञान के उलटी-सीधी औषधियों से किसी की चिकित्सा क०; ~**drehen,** v/t (h.) पूरी तरह घुमा देना या घुमाना; उलट देना; fig: jdm. die Worte im Munde herumdrehen किसी के शब्दों का जानबूझ कर उलटा अर्थ निकालना; ~**drücken,** v/r (h.) U: समय गँवाना, मटरगश्ती क०; fig: किसी काम से बचना, किसी काम को टाल जाना; ~**drucksen,** v/i (h.) U: साफ़-साफ़ बात न क०, मतलब की बात में टालमटोल या आना-कानी क०; ~**fahren,** v/i (s.) U:कार, साइकिल आदि से इधर-उधर घूमना; um etw. herumfahren कार, साइकिल, जहाज़ आदि से किसी वस्तु या स्थान की परिक्रमा क०; mit den Händen in der Luft herumfahren इधर-उधर हाथ मटकाना; ~**fingern,** v/i (h.) U: an etw. herumfingern किसी चीज़ को यों ही उँगलियों से टटोलना, किसी वस्तु पर उँगलियाँ फिराना; ~**fragen,** v/i (h.) U: आसपास के सभी लोगों से पूछना; ~**fuchteln,** v/i (h.) U: अकारण हाथ-पैर चलाना, बेमतलब हाथ मटकाना; यों ही इधर-उधर हिलाना; ~**führen,** 1. v/t (h.) किसी को कोई स्थान दिखाना, किसी स्थान में घुमाना; के चारों ओर लगाना; einen Zaun um ein Grundstück herumführen किसी भूखंड के चारों ओर बाड़ा या घेरा बनाना; 2. v/i (h.) के आसपास या चारों ओर से जाना (मार्ग); ~**fuhrwerken,** v/i (h.) U: (औज़ारों आदि से) शोर मचाते हुए काम क०; ~**fummeln,** v/i (h.) U: यों ही हाथ या उँगलियाँ फिराना, अकारण हस्तसंचार क०, बेकार की दस्तकारी या ठोंक-पीट क०; ~**geben,** v/t (h.) एक के बाद एक को देना; सभी उपस्थित लोगों के बीच बाँट देना; (किसी वस्तु को) सबके बीच में घुमा देना; ~**gehen,** v/i (s.) U: (umhergehen) इधर-उधर चलना, घूमना, टहलना; चक्कर काटना; Sache: एक के बाद एक को दिया जाना,एक के बाद एक के हाथों में पहुँचना; Zeit: गुज़रना, कटना, व्यतीत होना; dieser Gedanke geht mir schon lange im Kopf herum यह ख़याल मेरे दिमाग़ में बहुत दिनों से चक्कर काट रहा है; ~**hacken,** v/i (h.) U: auf jdm. herumhacken बात-बात में किसी की ग़लतियाँ निकालते रहना, किसी को बात-बात में तंग क०; ~**horchen,** v/i (h.) U: कुतूहलपूर्वक इधर-उधर की सुनते फिरना; ~**kommandieren,** v/t (h.) U: किसी को लगातार दौड़ाते रहना, किसी से लगातार काम लेते रहना; ~**kommen,** v/i (s.) U: घूमना-फिरना, भ्रमण क०, दुनिया देखना; um etw. herumkommen किसी बात या काम से बचना; ~**kramen,** v/i (h.) U: टटोलते हुए ढूँढना, खखोलना; ~**kriegen,** v/t (h.) U: किसी को कुछ करने के लिए तैयार या राज़ी कर लेना, किसी को फुसला लेना, किसी को अपना विचार बदलने के लिए बाध्य कर देना; ~**liegen,** v/i (h.) U: फैला होना, पड़ा होना, बेतरतीब पड़ा होना; ~**lungern,** v/i (h.) U: समय गँवाना, मक्खी मारना; बेकार घूमते फिरना, आवारागर्दी क०; ~**meckern,** v/i (h.) U: बात-बात में भौंकना या असंतोष प्रकट क०; ~**rätseln,** v/i (h.) U: जानने का प्रयत्न क०, अर्थ निकालने का प्रयत्न क०, पढ़ लेने या समझ लेने का प्रयत्न क०; ~**reden,** v/i (h.) U: um etw. herumreden सीधी बात पर न आना, किसी बात को टालने का प्रयत्न क०; ~**reichen,** v/t (h.) →herumgeben; ~**reiten,** v/i (s.) U: घोड़े पर चढ़कर इधर-उधर सैर क०; fig: auf etw. herumreiten किसी बात पर

डटे रहना, किसी बात को बार-बार दोहराना; ~**schlagen,** v/r (h.) fig: sich mit etw. herumschlagen किसी परेशानी या समस्या से संघर्ष क०; किसी काम को बहुत अधिक परिश्रम के साथ क०; ~**schnüffeln,** v/i (h.) U: कुतूहलपूर्वक हर चीज़ को छूना तथा देखना, ताक-झाँक क०; किसी कमरे आदि की तलाशी लेना; ~**schreien,** v/i (h.) U: अकारण चिल्लाना या चिल्ल-पों मचाना; अकारण डाँट-फटकार करते रहना; ~**sitzen,** v/i (s.) के आस-पास बैठना; U: हाथ पर हाथ रखे बैठे रहना; ~**spionieren,** v/i (h.) U: ताक-झाँक क०, चोरी-छिपे कुछ पता लगाने का प्रयत्न क०; ~**sprechen,** v/r (h.) U: फैलना, फैल जाना (अफ़वाह आदि); ~**stehen,** v/i (s.) के आसपास खड़े होना; U: बिना किसी काम के खड़े रहना, अकारण सिर पर चढ़े रहना; ~**streifen,** v/i (s.) U: इधर-उधर चक्कर काटना या घूमना; ~**streiten,** v/r (h.) U: sich mit jdm. herumstreiten किसी से (लगातार) लड़ते-झगड़ते रहना; ~**tollen,** v/i (s.) उछल-कूद मचाना, इधर-उधर छलाँगें लगाना; ~**treiben,** v/r (h.) इधर-उधर घूमते रहना, व्यर्थ में घूमकर समय काटना, मटरगश्ती क०; fig: बदचलनी क०, अनैतिक जीवन व्यतीत क०; ~**werfen,** v/t (h.) झटके के साथ घुमाना या मोड़ना; U: sich im Schlaf herumwerfen नींद में इधर-उधर करवटें बदलना; ~**wirtschaften,** v/i (h.) U: अकारण ही कुछ न कुछ करते रहना, बिना किसी प्रत्यक्ष उद्देश्य के लगातार कुछ न कुछ करते रहना; ~**wühlen,** v/i (h.) U: (कोई खास चीज़ ढूँढते हुए बाकी) सब चीज़ें उलट-पलट कर देना; ~**wursteln,** v/i (h.) U: बिना जानकारी के हस्तोपचार क०, उलटी-सीधी ठोंक-पीट क०; अनाड़ियों-जैसा कच्चा काम क०; ~**zanken,** 1. v/i (h.) U: टंटा मचाना, झगड़ा करते रहना; 2. v/r (h.) U: के साथ उलझना या उलझते रहना या लड़ते रहना।

herunter, adv., U: इधर नीचे, नीचे की ओर, नीचे को, नीचे की तरफ़; kommen Sie herunter! इधर नीचे आ जाइए!,नीचे उतर आइए!; U: er ist mit den Nerven herunter वह आजकल उत्तेजनीय या चिड़चिड़ा हो गया है; ~**brennen,** v/i (s.) पूरी तरह जल जाना (मोमबत्ती आदि); नीचे तक जल जाना, जल कर खाक हो जाना (मकान आदि); ~**bringen,** v/t (h.) नीचे ले आना, उतार लाना; U: तबाह कर देना, बरबाद कर देना; अतिक्षीण कर देना;~**drücken,** v/t (h.)नीचे की ओर दबाना; fig: Preise herunterdrücken क़ीमतें गिरा देना, भाव बिगाड़ देना; मोल-तोल द्वारा मूल्य कम करा लेना; ~**fallen,** v/i (s.) गिर पड़ना, नीचे गिर जाना;~**gehen,** v/i (s.) उतरना, नीचे आना; कम हो जाना, घट जाना; mit dem Preis heruntergehen दाम घटाना, क़ीमत कम क०; ~**handeln,** v/t (h.) Preise usw: मोल-तोल करके कम करवा लेना; ~**hauen,** v/t (h.) U: jdm. eine herunterhauen किसी के थप्पड़ मार देना, किसी के तमाचा रसीद कर देना; ~**klappen,** v/t (h.) नीचे की ओर मोड़ देना या पलट देना; ~**kommen,** v/i (s.) नीचे आना, (नीचे) उतरना; fig: गिर जाना, पतित हो जाना; दुर्बल, क्षीण, कमज़ोर हो जाना; अवनति पर होना, में पहले से कम लाभ होना: बिगड़ जाना (धन्धा, व्यापार आदि); फटेहाल हो जाना; ~**leiern,** v/t (h.) U: नीरस ढंग से सुना देना, कह देना, पढ़ देना; ~**machen,** v/t (h.) U: jdn. heruntermachen किसी की घोर भर्त्सना क०, किसी को बुरी तरह डाँटना; किसी की घोर निन्दा क०,

किसी को बिल्कुल बेकार या ख़राब साबित क०; ~putzen, v/t (h.) → heruntermachen; ~rasseln, v/t (h.) U: तेज़ी से सुना देना, बिना अटके हुए कह डालना या सुना डालना; ~schalten, v/i (h.) mot: निचला गियर डालना या लगाना; ~sehen, v/i (h.) fig: auf jdn. heruntersehen किसी को तुच्छ समझना, किसी को नीची निगाह से देखना; ~sein, v/i (s.) U: बहुत दुर्बल, क्षीण, कमज़ोर होना; उतर गया होना (बुख़ार आदि); घाटे में चलना (धन्धा); ~setzen, v/t (h.) U: → herabsetzen; ~wirtschaften, v/t (h.) U: (कुप्रबंध, दुर्व्यवस्था, बदइंतज़ामी से) तबाह या बरबाद कर देना।

hervor, adv. इधर आगे को, इधर आगे की ओर; इधर बाहर को; इधर ऊपर को; **~bringen,** v/t (h.) उत्पन्न क०, पैदा क०; को जन्म देना; (आवाज़) निकालना (मुँह से या बाजे पर); **~gehen,** v/i (s.) fig: से परिणाम, निष्कर्ष, नतीजा निकलना; से उत्पन्न होना, से पैदा होना; als Sieger hervorgehen विजयी होना; **~heben,** v/t (h.) पर विशेष बल या ज़ोर देना, का विशेष उल्लेख क०; अपेक्षाकृत मोटे या भिन्न प्रकार के अक्षरों में छापना; **~kehren,** v/t (h.) fig: → herauskehren; **~kommen,** v/i (s.) सामने निकल कर आना, प्रकट होना, (इधर) बाहर को या ऊपर को झाँकना; **~ragen,** v/i (h.) बाहर या ऊपर को निकला हुआ होना; अपेक्षाकृत बड़ा या लम्बा होना; fig: असाधारण, विशिष्ट, ध्यानाकर्षक होना; **~ragend,** adj., fig: असाधारण, विशिष्ट, ध्यानाकर्षक, उत्कृष्ट, उच्च कोटि का; **~rufen,** v/t (h.) बाहर बुलाना; fig: का कारण बनना, को उत्पन्न क०, को जन्म देना; **~springen,** v/i (s.) उछलकर बाहर को या ऊपर को आना; **~stechen,** v/i (h.) fig: अपेक्षाकृत सुस्पष्ट होना, विशिष्ट या प्रमुख होना; **~stechend,** adj., fig: विशिष्ट, प्रमुख; **~stehen,** v/i (s.) उदग्र होना, बाहर को निकला हुआ होना, उभरा हुआ होना; **~treten,** v/i (s.) आगे बढ़ कर आना, बाहर निकल कर आना; (धीरे-धीरे) सामने आना; साफ़-साफ़ दिखाई पड़ने लगना या दिखाई पड़ना; fig: स्पष्ट होना या हो जाना; नाम कमाना या पैदा क०, ख्याति प्राप्त क०; **~tun,** v/r (h.) U: विशिष्टता प्राप्त क०, ख्याति प्राप्त क०, प्रसिद्ध हो जाना; अपनी क्षमता या योग्यता का प्रदर्शन क०, अपना महत्व दिखाना, अपनी महिमा बखानना; **~zaubern,** v/t (h.) जादू से बना देना, जादू करके कोई वस्तु सामने ले आना; fig: अचानक सामने रख देना या प्रस्तुत कर देना; **~ziehen,** v/t (h.) निकालना, (खींचकर) बाहर निकालना या लाना।

her-wärts, adv. इधर को, इस तरफ़ को; यहाँ आते हुए, यहाँ तक के रास्ते पर; **~weg,** m यहाँ आने का मार्ग, यहाँ तक का मार्ग।

Herz, n (-ens/-en) हृदय, हृत्, दिल; (Brust) वक्षःस्थल, छाती, सीना; (Mittelpunkt) केन्द्र, मध्य; अभ्यन्तर; (Zentrum des Gefühls) मन, अन्तरात्मा, अन्तर, मर्म; (Mut) साहस, हिम्मत; Spielkarte: पान; jdn. an sein Herz drücken किसी को छाती से लगा लेना; jdn. ins Herz schließen किसी को बहुत अधिक चाहना; er ist mir ans Herz gewachsen मुझे उससे स्नेह हो गया है; jdm. von Herzen gut sein किसी के प्रति हार्दिक सद्भावना रखना; sein Herz an eine Sache hängen किसी वस्तु को बहुत अधिक चाहना, किसी वस्तु से बहुत प्रेम क०, किसी वस्तु पर फ़िदा हो जाना; jdm. das Herz brechen किसी का दिल तोड़ना या तोड़ देना; kein Herz im

Leibe haben भावनाशून्य होना, निष्ठुर होना, हृदयहीन होना; fig: das Herz auf dem rechten Fleck haben →Fleck; dieses Unglück brach ihr das Herz इस दुर्भाग्य से उसे इतना दुःख हुआ कि वह मर गई; er brachte es nicht übers Herz सहानुभूति या दया की भावना ने उसे यह करने से रोक दिया, वह इस काम को कर डालने का निश्चय नहीं कर पाया (सहानुभूति या दया के कारण); fig: seinem Herzen einen Stoß geben कुछ करने का निश्चय कर डालना, अपने आन्तरिक संकोच पर विजय पा लेना; fig: etw. auf dem Herzen haben कोई अभिप्राय या इच्छा रखना; fig: sich etw. zu Herzen nehmen किसी बात को हृदयंगम कर लेना, किसी बात की गाँठ बाँध लेना; पर किसी बात का मर्मस्पर्शी प्रभाव होना, किसी बात से बहुत दुःखी होना; fig: jdm. etw. ans Herz legen किसी को कुछ करने के लिए प्रेरित क०; किसी से किसी वस्तु की विशेष अनुशंसा क०; fig: seinem Herzen Luft machen अपने दिल की (या मन की) बात को कह डालना; fig: mit halbem Herzen bei der Sache sein किसी काम को बेमन से क०;fig: das Herz auf der Zunge tragen मन में आई बात को तुरन्त कह डालना; fig: jdn./etw. auf Herz und Nieren prüfenकिसी व्यक्ति/वस्तु का पूर्णरूपेण परीक्षण क०; sich ein Herz fassen साहस क०, हिम्मत क० ।

herz-allerliebst, adj. परमप्रिय, अत्यन्त प्रिय, प्रियतम; **~allerliebste,** m/f (-n/-n) प्रियतम; प्रियतमा; **~anfall,** m/**~attacke,** f दिल का दौरा, हृद्पात; **~bewegend,** adj., fig: मर्मस्पर्शी; **~blatt,** n आभ्यन्तर पंखुड़ी, अमुकुलित पंखुड़ी; fig:प्रियतम, जानेमन; **~blut,** n, poet: जीवन; ख़ूनेजिगर ।

herzeigen, v/t (h.) दिखाना, देखने देना ।

Herz-eleid, n दुःख,व्यथा, शोक; **~en,** v/t (h.) आलिंगन क०, चूमना-चाटना, प्यार क० ।

Herzens-brecher, m, fig: स्त्री-चित्त-चोर; औरतबाज़, लौंडियाबाज़; **~gut,** adj. अतिसहृदय, अतिशय उदार, बहुत भला, बहुत अच्छा; **~güte,** f महान सहृदयता, उदारता, भलाई; **~lust,** f: nach Herzenslust ख़ूब मन भर के; **~qual,** f (गहरा) विषाद, दुःख; **~wunsch,** m हार्दिक आकांक्षा ।

herz-erfrischend, adj. दिल ख़ुश कर देने वाला, उल्लसित, आनन्दित, आह्लादित कर देने वाला; **~ergreifend,** adj. हृदयस्पर्शी, मर्मस्पर्शी; **~erquickend,**adj.→ herzerfrischend; **~erschütternd,** adj. हृदयविदारक, मर्मभेदी; **~fehler,** m हृदयरोग; **~haft,** 1. adj. ज़ोरदार, ज़बरदस्त; (würzig)मसालेदार, चटपटा; 2. adv. ज़ोर से; दिल खोलकर ।

herziehen, v/t (h.) (इधर को) खींचना, खींच लेना, खींचकर पास क० या लाना; खींचते हुए चलना; U: (यहाँ) आकर रहने लगना; (के साथ) चलना; fig: über jdn. herziehen किसी की निन्दा क०, किसी की बुराई क० ।

herz-ig, adj. आकर्षक, मनोहर, मनमोहक, प्रीतिकर, प्यारा; **~infarkt,** m, med: हृदयसंघट्ट, हृदयातिपात; **~kammer,** f, anat: हृद्वेश्म, हृत्प्रकोष्ठ; **~kirsche,** f हृदय के आकार की मीठी चेरी; **~klappe,** f, anat: हृत्कपाट; **~klopfen,** n (-s) हृत्स्पंद, दिल की धड़कन; **~krank,** adj. हृदयरोग से पीड़ित; **~lich,** 1. adj. हार्दिक, आन्तरिक, स्नेहपूर्ण; निष्कपट, सच्चा; 2. adv., U: ख़ूब, अत्यन्त, बहुत; **~lichkeit,** f (-) हार्दिकता; निष्कपटता; स्नेह, सौहार्द, आत्मीयता; **~los,** adj. हृदयहीन,

हृदयशून्य, भावनाशून्य, निष्ठुर, निर्दय, क्रूर; ~**losigkeit,** f (-) हृदयहीनता, निष्ठुरता, निर्दयता, क्रूरता, भावना-शून्यता; ~**-Lungen-Maschine,** f, med: हृत्पेशी के ऑपरेशन के समय प्रयुक्त मशीन जो थोड़े समय के लिए रक्त-परिसंचरण का नियंत्रण करती है।

Herzog, m (-[e]s/ ⸚e) राजक; छोटी रियासत का प्रशासक, ड्यूक; ~**lich,** adj. ड्यूक का, ड्यूकवत्; ~**tum,** n (-s/ ⸚er) ड्यूक का प्रशासन-क्षेत्र, ड्यूक की रियासत।

Herz-schlag, m हृत्संकुचन; हृदयगति का रुक जाना; हृत्स्पंदन; ~**schritt-macher,** m हृदयगति-नियामक नाड़ीतंत्र; हृदयगति-नियामक यंत्र; ~**stück,** n, fig: रेल की पटरियों के विशाखन-स्थल पर लगाया जाने वाला पटरी का टुकड़ा, किरती, डिब्बी; ~**transplantation,** f हृदय-प्रतिरोपण; ~**trieb,** m, bot: मुख्य अंकुर; ~**zerreißend,** adj. हृदयविदारक, मर्मभेदी।

hetero-gen, adj. [griech.] पंचमेल, विषमांग, विविधजातीय; ~**sexualität,** f विलिंगता; विलिंगकामुकता, इतरलिंग-कामुकता, प्राकृतिक मैथुन।

Hetz-e, f (-/-n) (Hetzjagd) कुत्तों के साथ शिकार; (Verfolgung) पीछा, पीछे पड़ना; (Verunglimpfung) अपोत्तेजना, मिथ्यापवाद, निन्दा, किसी के विरुद्ध अधिप्रचार; fig: अतिशीघ्रता, हड़बड़ी, उतावली; ~**en,** 1. v/t (h.) खदेड़ना, का पीछा क०, के पीछे पड़ना; कुत्तों के साथ शिकार क०; दौड़ाना; भड़काना; den Hund auf/gegen jdn. hetzen किसी पर कुत्ता दौड़ा देना; fig: mit allen Hunden gehetzt sein घाघ, धूर्त, मक्कार होना; 2. v/i (h.) बहुत जल्दी क०, जल्दबाज़ी क०; उतावली क०; fig: gegen jdn. hetzen किसी के विरुद्ध मिथ्या प्रचार क०, किसी की खुलेआम निन्दा क०; 3. v/r (h.) जल्दबाज़ी क०, जल्दबाज़ी के कारण थक जाना; ~**er,** m (-s/-) अपोत्तेजक, भड़काने, उकसाने, मिथ्या प्रचार करने वाला, निन्दक; ~**erisch,** adj. अपोत्तेजक, भड़काने वाला; ~**jagd,** f कुत्तों के साथ शिकार; ~**kampagne,** f किसी के विरुद्ध प्रचार का अभियान; ~**rede,** f किसी (व्यक्ति या राजनैतिक दल) के विरोध में दिया गया अपोत्तेजक भाषण; ~**schrift,** f अपोत्तेजक पत्र या पत्रिका।

Heu, n (-[e]s) चारे के लिए सुखाई हुई घास; fig: er hat Geld wie Heu उसके पास बहुत अधिक धन है; ~**boden,** m सूखी घास जमा करने की अटारी या दुछत्ती।

Heuch-elei, f (-/-en) कपटाचार, मिथ्याचार; ढोंग, पाखंड; ~**eln,** 1. v/i (h.) कपटाचार, मिथ्याचार, ढोंग, पाखंड क०; बनना; 2. v/t (h.) का ढोंग क०, का स्वाँग क०; का झूठा प्रदर्शन क०; ~**ler,** m (-s/-) कपटाचारी, मिथ्याचारी; ढोंगी, पाखंडी; ~**lerisch,** adj. कपटाचारपूर्ण, पाखंड-पूर्ण; कपटी, छली, पाखंडी, मक्कार।

heuen, v/i (h.) चारे के लिए घास काटना तथा सुखाना।

[1]**heuer,** adv., dial: इस वर्ष, इस साल।

[2]**Heuer,** f (-/-n) सामुद्रिकों का वेतन; ~**n,** v/t (n.)→anheuern

heul-en, v/i(h.) हुआना(कुत्ते या भेड़िये का); साँय-साँय क० (हवा का); बजना (साइरन का) U: रोना, आक्रन्दन क०; U: es ist zum Heulen इसपर रोना आता है, यह अत्यन्त क्षोभकारी है; ~**erei,** f (-) घें-घें, में-में, पें-पें, अनवरत रोदन; ~**peter,** m, U: बहुत रोने वाला बालक, बात-बात में रो देने वाला बालक; ~**suse,** f, U: बहुत रोने वाली बालिका या किशोरी, बात-बात में रो देने वाली किशोरी; ~**ton,** m प्रश्रृंग या साइरन की

लड़खड़ाती हुई ध्वनि ।

Heu-schnupfen, m, med: परागज ज्वर; ~**schrecke,** f घासवल्गी, टिड्डा, आँखफोड़वा ।

heut-e, 1. adv. आज; आजकल, वर्तमान समय में; heute abend आज शाम को; heute vor 8 Tagen पिछले सप्ताह आज ही के दिन; heute in 2 Wochen दो सप्ताहों के बाद आज ही के दिन; heute über ein Jahr एक साल के बाद आज ही के दिन; von heute anआज से आगे, आज से लेकर; fig: von heute auf morgen बहुत जल्दी, बहुत थोड़े समय में; die Mode von heute आजकल का फ़ैशन; 2. n (-) वर्तमान (समय); ~**ig,** adj. आज का, आज के दिन का; वर्तमान; der heutige Tag आज का दिन; die heutige Post आज की डाक; die heutige Zeit वर्तमान समय; ~**igentags,** adv. आज; आजकल; ~**zutage,** adv. आजकल, इन दिनों ।

Hexa-eder, n (-s/-) [griech.] षट्फलक, षट्पार्श्वक; ~**gon,** n (-s/-e) षड्भुज; ~**gonal,** adj. षड्भुजाकार; ~**gramm,** n(-s/-e) षड्रेखाकृति; ~**meter,** m (-s/-) षट्पदी ।

Hex-e, f (-/-n) अभिचारिका, जादूगरनी, मायाविनी; डाइन; U: कर्कशा, कलहप्रिय स्त्री; ~**en,** 1. v/i (h.) जादूगरी क०, जादू क०; 2. v/t (h.) जादू द्वारा सम्पन्न या उत्पन्न क०; ~**enkessel,** m, fig: उत्तेजनापूर्ण कोलाहल, दंगा; ~**enmeister,** m अभिचारी, जादूगर, मायावी, ओझा; ~**enschuß,** m, med: कटिवात, कटिवेदना, चिक; ~**erei,** f (-) अभिचार, माया, जादूगरी; fig: das ist keine Hexerei यह बड़ा साधारण काम है, यह बहुत आसान है ।

Hibiskus, m (-/-'ken)[lat.] गुड़हल ।

Hieb, m (-[e]s/-e) प्रहार, आघात; (Schramme) खरोंच, कोड़े की मार का निशान; fig: कटाक्ष, ताना; (Abholzung) वनकटाई; tech: रेती का खाँचा; fig: auf den ersten Hieb प्रथम प्रयत्न में ही, तुरन्त; fig: dieses Argument ist hieb- und stichfest यह तर्क अकाट्य है ।

hier, adv. यहाँ, इस स्थान पर; (in dieser Richtung) इस ओर, इस दिशा में ।

hieran, adv. इस (बात) के साथ, इस के तुरंत आगे; इससे बिल्कुल लगा हुआ; इसके द्वारा; इसके बारे में ।

Hierarch-ie, f (-/-n) [griech.] पदानुक्रम; श्रेणीबद्ध संगठन, समाज या समूह; सोपान-तंत्र; eccl: पादरी-तंत्र; ~**isch,** adj. सोपानतंत्रीय, सोपान-तंत्र पर आधारित; श्रेणियों में विभक्त ।

hier-auf, adv. तब, तत्पश्चात्, इसके तुरत बाद, इसपर, इसके जवाब में; ~**aus,** adv. इससे; ~**bei,** adv. इस अवसर पर, इस मौक़े पर; इसके साथ-साथ; ~**bleiben,** v/i (s.) यहाँ बने रहना, रुक जाना, ठहर जाना, यहाँ से न जाना; ~**durch,** adv. इसके द्वारा, इससे; ~**für,** adv. इसके लिए; ~**gegen,** adv. इसके विपरीत; इसके विरोध में; ~**her,** adv. इस ओर (को), इधर (को), यहाँ; das gehört nicht hierher इसका स्थान यहाँ नहीं है; यह इस स्थान पर असंगत है; ~**hin,** adv. इधर को, इस ओर को, इस जगह पर; ~**in,** adv. इसमें, इस बात में; ~**mit,** adv. इसके साथ; इसके द्वारा; ~**nach,** adv. तब, तत्पश्चात्, इसके तुरत बाद, इस बात के बाद ।

Hieroglyph-e, f (-/-n) [griech.] चित्राक्षर, चित्रलिपि (प्राचीन मिस्र में प्रचलित); pl., U: अपाठ्य लेख; ~**isch,** adv. चित्रलिपि में लिखित; fig: गूढ़, दुर्बोध ।

hier-orts, adv. यहाँ इस जगह; ~**über,**adv. इस पर, इस विषय पर, इसके बारे में, इसके विषय में; ~**um,** adv. इसके लिए; इसके विषय में; ~**unter,** adv. इसमें, इसके अन्तर्गत;

इससे; was verstehen Sie hierunter? इसका आप क्या अर्थ लगाते हैं?; आपके लिए इसका क्या अर्थ है?; ~von, adv. इससे; इसका; इसके विषय में; ~zu, adv. इस पर, इसके बारे में; इसके साथ; इसके अतिरिक्त, इसके अलावा; ~zulande, adv. इस देश में।

hiesig, adj. यहाँ का, इस स्थान का, इस देश का, देशी।

hieven, v/t (h.)ऊपर को खींचना (रस्से आदि से)।

Hifthorn, n शिकारियों द्वारा प्रयुक्त शृंगी।

Hilf-e, f (-/-n) सहायता, मदद, इमदाद; सहारा, सहयोग; उपचार; सहायक कर्मचारी, सहयोगी; jdm. zu Hilfe kommen किसी की सहायता क०; sie braucht ärztliche Hilfe उसे चिकित्सकीय उपचार (या सहायता) की आवश्यकता है;Erste Hilfe leisten प्रथम उपचार क०; **~eleistung,** f सहायता, मदद (क०); **~eruf,** m सहायता के लिए पुकार; **~los,** adj. निरवलम्ब, बेसहारा, निस्सहाय, निराश्रय, अनाथ; निरुपाय, विवश, लाचार, मजबूर; **~losgikeit,** f (-) असहायता, निराश्रयता; निरुपायत्व, विवशता, लाचारी; **~reich,** adj. सदैव सहायता करने को तत्पर, परोपकारी।

Hilfs-arbeiter, m (अस्थायी) सहायक कर्मचारी या मज़दूर; **~bedürftig,** adj. जिसे सहायता की आवश्यकता हो; अकिंचन, ग़रीब, ज़रूरतमन्द; लाचार, विवश; **~bedürftigkeit,** f (-) विवशता, लाचारी,मजबूरी; अकिंचनता, ग़रीबी, ज़रूरतमन्दी; **~bereit,** adj. सहायता करने को तत्पर, सहयोगशील; परोपकारी; **~bereitschaft,** f (-) सहयोगशीलता, सहायता करने की प्रवृत्ति, परोपकारिता; **~maßnahme,** f (आपत्काल में) सहायता, सहायता का काम, उपाय, साधन; **~mittel,** n उपकरण, औज़ार, साधन; आर्थिक साधन या सहायता; **~schule,** f पिछड़े हुए बच्चों के लिए विद्यालय-विशेष; **~verb,/~zeitwort,** n सहायक क्रिया।

Himbeere, f (-/-n) रसबदरी, रस-कृष्णबदरी।

Himmel, m (-s/-) आकाश, आसमान, व्योम, नभ; (Baldachin) छतरी, चँदोवा,चँदवा, चाँदनी; poet: कटिबंध; जलवायु, आबोहवा; Sitz Gottes: स्वर्ग, परलोक, वैकुन्ठ, देवलोक; fig: दैव, ईश्वर, भगवान; unter freiem Himmel schlafen खुले आसमान के नीचे सोना, खुले में सोना; fig: wie vom Himmel gefallen अकस्मात्, अचानक, सहसा; fig: Himmel und Hölle in Bewegung setzen ज़मीन आसमान के कुलाबे एक कर देना; fig: das schreit zum Himmel यह अत्यन्त असहनीय है, यह अत्यन्त क्षोभकारी है, यह तो हद हो गई; poet: diese Früchte sind unter südlichem Himmel gereift ये फल दक्षिणी जलवायु में पके हैं; fig: im siebenten Himmel schweben/sein सातवें आसमान में होना, आनन्द-विभोर होना; um Himmels willen! ईश्वर के नाम पर; हाय भगवान!; dem Himmel sei Dank! ईश्वर का लाख-लाख शुक्र है; gebe der Himmel, daß.. ईश्वर करे कि...; U: aus allen Himmeln fallen बहुत अधिक निराश होना, की सारी आशाओं पर पानी फिर जाना; **~an,** adv. आकाश की ओर; **~angst,** adv., U: mir ist himmelangst मैं अत्यन्त भयभीत हूँ; **~bett,** n चँदोवेदार पलंग; **~blau,** adj. आकाशनील, नभोनील; **~donnerwetter,** int., U: अरे वज्रपात हो जाए!, अरे गाज गिरे!; **~fahrt,** f (-) eccl: ईसामसीह का स्वर्गारोहण; मरियम का उद्ग्रहण; **~fahrtskommando,** n, U: गरदन-

तोड़ काम; mil: जाँबाज़ी का काम; जान की वाज़ी लगाने वालों की टुकड़ी; **~fahrtsnase,** f, U: ऊपर की ओर उठी या मुड़ी हुई नाक; **~hoch,** 1. adj. अत्यन्त ऊँचा, वहुत अधिक ऊँचा; 2. adv.: himmelhoch jauchzend हर्षोन्मत्त होकर; **~reich,** n स्वर्ग, स्वर्गलोक, जन्नत; **~schreiend,** adj. घृणित, घिनावना; लज्जाजनक, शर्मनाक; घोर, महान; ein himmelschreiendes Unrecht घोर अन्याय; **~sgewölbe,** n आकाशमंडल, नभमंडल; **~skönigin,** f मरियम (ईसा-मसीह की जननी); **~skörper,** m खपिंड, खगोलकाय; **~srichtung,** f दिशा, दिग्विन्दु; **~(s)schlüssel,** m, bot: पीतसेवती का पौवा या फूल; **~(s)stürmend,** adj., fig: अपार, असीम, वहुत अधिक, वेहद; **~szelt,** n, poet: आकाश, गगन, आकाशमंडल, गगनमंडल, नभमंडल; **~wärts,** adv. आकाश की ओर; **~weit,** adj., U: विशाल, वहुत वड़ा; (एक दूसरे से) वहुत दूर।

himmlisch, adj. खगोलीय; स्वर्गीय, दिव्य, स्वर्गिक; स्वर्गवत्; fig: भव्य, शानदार, अत्युत्कृष्ट;मनोरम,अतिसुन्दर; himmlische Geduld महान धीरता, सहनशक्ति, तितिक्षा।

hin, adv. उधर को, उस तरफ़(या ओर) को, किसी वस्तु की दिशा में, को, की ओर, तक;U:(kaputt)ध्वस्त, टूट गया, टूट गया हुआ;U: (tot) मर गया, मृत; U: (verdorben) खराव हो गया; fig: (auf Grund) के आधार पर; Fahrkarte hin und zurück दोनों तरफ़ का टिकट, वापसी टिकट;U: das Glas ist hin गिलास टूट गया है; U: es ist alles hin सब कुछ नष्ट या वरवाद हो गया है; fig: auf sein Wort hin उसके वचन के आधार पर, उसके कहने पर; fig: auf ein Ziel hin arbeiten किसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में कार्य क०;fig: hin und her schwanken दुविधा में होना, निश्चय न कर पाना; hin und her gehen इधर-उधर चलना या टहलना; hin und wieder कभी-कभी, यदा-कदा; U: es ist noch eine Woche hin एक हफ़्ता और लगेगा; nach langem Hin und Her वहुत सोच-विचार के वाद।

hinab, adv. उधर नीचे की ओर, वहाँ नीचे; यहाँ (ऊपर) से वहाँ (नीचे) की तरफ़।

hinan, adv. की ओर, के समीप को; poet: (उधर) ऊपर को, ऊपर की ओर।

hinauf, adv. (यहाँ नीचे से वहाँ) ऊपर की ओर, ऊपर को, ऊपर;**~arbeiten,** v/r (h.) fig: परिश्रम के द्वारा (अपेक्षाकृत) उच्च पद पर पहुँच जाना; **~gehen,** v/i (s.) ऊपर को जाना, ऊपर जाना, चढ़ना; fig: (मूल्यों का) वढ़ना या चढ़ना;**~schnellen,** v/i(s.) fig:, Preise: तेज़ी से वढ़ना; **~schrauben,** v/t(h.) fig:, Preise: वढ़ाना, में वृद्धि क०; **~setzen,** v/t (h.) ऊपर रख देना; fig: (मूल्य, किराया आदि) वढ़ाना; **~treiben,** v/t (h.) पशुओं को ऊपरी या पहाड़ी चरागाह में हाँककर ले जाना; fig:, Preise: वढ़ाना, में वृद्धि क०।

hinaus, 1. adv. यहाँ अंदर से वाहर की ओर, वाहर को; वाहर; से वाहर; से वढ़कर, से ऊपर; से परे, के वाद भी; nach vorn hinaus wohnen आगे की ओर (या मकान के अगले भाग में) रहना; auf Jahre hinaus कई वर्षों के लिए; bis über den Tod hinaus मृत्यु के वाद तक; U: darüber sind wir hinaus हम उस अवस्था (या मंज़िल या मुक़ाम) को पार कर चुके हैं, हम उससे परे हैं; worauf wollen Sie hinaus? आपका अभिप्राय क्या है?; 2. int. निकल (जाओ) यहाँ से!; **~begleiten,** v/t (h.) के साथ वाहर तक जाना, को वाहर तक पहुँचाना;

~ekeln, v/t (h) U: किसी को इतना तंग क० कि वह भाग (या चला) जाए, को लगातार तंग करके (भाग) जाने को बाध्य क०; ~fahren, v/i (s.) कार आदि में बैठकर बाहर जाना; mar: खुले समुद्र में जाना; ~feuern, v/t(h.)→hinauswerfen; ~fliegen, v/i (s.) U: (नौकरी से) निकाल दिया जाना; ~führen, 1. v/t (h.) बाहर तक पहुँचाना; 2. v/i (h.) बाहर की ओर जाना या निकलना (दरवाज़ा, सड़क आदि); ~gehen, v/i (s.) बाहर जाना, बाहर निकलना; की ओर खुलना या स्थित होना (दरवाज़ा, खिड़की आदि); fig: über etw. hinausgehen की सीमा को पार कर जाना, से बढ़कर होना; ~jagen, v/t (h.) बाहर खदेड़ देना, खदेड़ कर बाहर निकाल देना; fig: जाने को मजबूर कर देना, नौकरी से बिना पूर्व-सूचना के निकाल देना; ~komplimentieren, v/t (h.) को नम्रतापूर्वक बाहर कर देना; U: निकाल देना, बाहर कर देना; ~laufen, v/i (s.) बाहर को दौड़ना, दौड़कर बाहर जाना; fig: das läuft auf Betrug hinaus यह धोखे वाली बात है, इस (बात, काम, योजना आदि) का अन्तिम उद्देश्य है धोखा देना; fig: das läuft auf dasselbe hinaus इसका अंतिम परिणाम तो वही होगा, यह तो वही बात हुई, इसका अर्थ तो वही हुआ; ~lehnen, v/r (h.) (खिड़की आदि के अंदर से) बाहर को झुकना; ~schieben, v/t(h.) बाहर को सरका या ढकेल देना, ढकेलकर या सरकाकर बाहर कर देना; fig: मुल्तवी कर देना, की तिथि बढ़ा देना, में देर क०; ~schießen, v/i (s.) fig: über das Ziel hinausschießen लक्ष्य से आगे निकल जाना, अति-लंघन क०, किसी काम की अति क०; ~schleichen, v/i (s.) चुपचाप या दबे पाँव बाहर निकल जाना; ~setzen, v/t (h.) निकालकर बाहर रख देना; U: बाहर निकाल देना, बाहर कर देना; ~stellen, v/t (h.) बाहर रख देना; (विद्यार्थी को दंड के रूप में कक्षा के) बाहर खड़ा कर देना; ~strömen, v/i (s.) फूट पड़ना, उमड़ पड़ना (बाहर को); fig: बहुत अधिक संख्या में कहीं जाना; ~stürzen, 1. v/i(s.) तेज़ी से बाहर निकलना; 2. v/t (h.) खिड़की आदि से बाहर ढकेल देना; 3. v/r (h.) खिड़की से बाहर कूदकर आत्महत्या क०; ~wachsen, v/i (s.) से अधिक (या बाहर को) बढ़ जाना; fig: से आगे निकल जाना, की अवस्था को पार कर चुकना; ~werfen, v/t (h.) बाहर फेंक देना; fig: निकाल देना; बाहर कर देना, नौकरी से निकाल देना; ~ziehen, 1. v/i (s.) दूर या बाहर चला जाना; दूसरी जगह जाकर रहने लगना; 2. v/t (h.) बाहर खींच ले जाना; fig: (तारीख़) बढ़ाना, लम्बा क० (अवधि को); (किसी काम की समाप्ति या निर्णय आदि) को टालना; ~zögern, v/t (h.) में देर क०, को लटकाना, को टालना।

Hinblick, m: in/im Hinblick auf का ध्यान रखते हुए, का खयाल रखते हुए, को मद्देनज़र रखते हुए।

jawohl,adv. जी हाँ, अवश्य, बिल्कुल।

Jawort, n हामी, स्वीकृति, मंज़ूरी, सहमति; sie gab ihm ihr Jawort उसने उसके साथ निकाह क़बूल कर लिया, उसने उसके साथ विवाह के के लिए हामी भर दी।

Jazz, m (-) [eng.] जाज़, उत्तरी अमरीका के हब्शियों के नृत्यगीतों पर आधारित एक संगीत-शैली।

[1]je, int.: ach je! आह!, अरे!, हे भगवान!

[2]je, 1.adv. कभी, कभी भी; सदैव, हमेशा; haben Sie so etw. je gehört? आपने कभी ऐसी बात भी सुनी है?; waren Sie je in Indien? क्या आप कभी भारतवर्ष में थे?; mehr denn je सदैव से अधिक; seit eh und je सदैव से, हमेशा से; vor Zahlen: के हिसाब से,......कर के; je zwei und zwei दो-दो करके, दो-दो के हिसाब से; die Kinder erhielten je fünf Mark बच्चों को पाँच-पाँच मार्क मिले; 2. präp. (+akk.) के लिए, प्रति, फ़ी; Sie zahlen zwei Mark je angefangene Minute हर शुरू किए हुए मिनट के लिए आपको दो मार्क देने होंगे; 3. konj., bei Komparativ: je eher, desto besser जितनी जल्दी उतना ही अच्छा; je älter er wird, um so vernünftiger wird er जितनी ही उसकी उम्र बढ़ती जाती है उतना ही वह समझदार होता जाता है; (entsprechend) के अनुसार, यह इस पर निर्भर करता है; je nachdem, wie lange ich warten muß यह इस पर निर्भर करता है कि मुझे कितनी देर प्रतीक्षा करनी पड़ेगी; je nach Bedarf आवश्यकता के अनुसार; je nach der Lage परिस्थिति के अनुसार।

Jeans, f/pl.[eng.] मोटे कपड़े का बिना क्रीज़ वाला पतलून।

jede, f/~r,m/~s,n, indefinitpron. प्रत्येक, हर, हर कोई, हरएक; कोई भी; jeden Tag प्रतिदिन, हर दिन, रोज़; jeder Mensch हर व्यक्ति; die Busse fahren zu jeder vollen Stunde बसें हर पूरे घंटे के बाद चलतीं हैं; am ersten jeden/jedes Monats हर मास की पहली तारीख को; ohne jeden Zweifel बिना किसी संदेह के; jeder hat seine Fehler हरएक की अपनी कमज़ोरियाँ होतीं हैं; alles und jedes सब-कुछ; jedem das Seine जिसकी जैसी इच्छा हो (उसे वैसा ही करने दो); जो जिस योग्य है उसे वही प्राप्त हो!

jedenfalls, adv. हर हालत में, हर दशा में, बहरहाल; जो भी हो, जैसा भी हो, कुछ भी हो।

jeder-lei, adv. हर प्रकार का, सब

प्रकार का; **~mann**, indefinitpron. हर कोई, सभी (लोग)।

jedesmal, adv. हर बार, हर दफ़ा; **~ig**, adj. हर बार का।

jedoch, adv. तथापि, फिर भी; लेकिन, परन्तु, किन्तु, मगर।

jedwede,f/**~r**, m/**~s**, n, indefinitpron. → jede

jegliche, f/**~r**, m/**~s**, n, indefinitpron. → jede

jeher, adv.: von jeher सदैव से, हमेशा से।

jemals, adv. कभी, कभी भी।

jemand, indefinitpron. कोई; irgend jemand कोई भी; ist hier jemand? कोई है यहाँ ?; क्या कोई यहाँ है?

jene,f/**~r**, m/**~s**, n, demonstrativpron. वह, वह वाला; पूर्वोक्त, पूर्वकथित; zu jener Zeit उस समय, उन दिनों; in jenen Tagen उन दिनों; dies und jenes यहाँ-वहाँ की बातें, दुनिया और जहान की बातें, सभी संभव बातें।

jenseitig, adj. उस पार का; परलोक का।

jenseits, 1. präp. (+gen.) के उस पार; से परे; jenseits des Flusses नदी के उस पार; 2. adv. उस पार, उस तरफ़; 3. n (-) परलोक; U: jdn. ins Jenseits befördern किसी की हत्या कर देना।

Jesuit, m (-en/-en) येसु-संघ का सदस्य।

Jesus, m ईसामसीह।

jetz-ig, adj. अब का, इस समय का, वर्तमान; der jetzige König वर्तमान राजा; **~t**, 1. adv. अब, अभी, इस समय; ich erledige das gleich jetzt मैं इसे अभी तुरंत किए देता हूँ; von jetzt an अब से, अब से लेकर; आइन्दा, भविष्य में; 2. n (-) / **~tzeit**, f वर्तमान, वर्तमान समय।

jeweil-ig, adj. तत्सम्बंधी; समय-विशेष का; अपना-अपना; कार्यभारी, स्थानापन्न; **~s**, adv. समय-विशेष पर, समय-समय पर; (निश्चित समय पर) हर बार, हमेशा।

Jiddisch, n (-[s]) यूरोप के यहूदियों की भाषा (जर्मन, इब्रानी तथा स्लावोनिक भाषाओं का घालमेल)।

Joch, n (-[e]s/-e) जूआ, जुआ, युग; (Gespann von Zugtieren) जुते हुए बैलों आदि की जोड़ी; (Schultertrage) बहँगी; arch: अनुप्रस्थ शहतीर; सरदल; दो खंभो के बीच का भाग; fig: दासता, ग़ुलामी, पराधीनता; बंधन, भार, बोझ; **~bein**, n गंडास्थि।

Jod, n (-s) [griech.] chem: जम्बुकी, आयोडीन।

jod-eln, v/i (h.) स्वर को कम्पित क०, स्वर को कम्पित करके अलापना या गाना; **~ler**, m (-s/-) कम्पित स्वर में अलाप या गायन; स्वर को कम्पित करके गाने वाला।

Joghurt, m/n (-s) [türk.] दही।

Johannisbeere, f पाकबदरी।

johlen, v/i (h.) ज़ोर से पुकारना; चीखना, चिल्लाना।

Jolle, f (-/-n) छोटी पालदार नौका; डोंगी, छोटी नाव।

Jongl-eur, m (-s/-e) [frz.] बाजीगर; हाथ की सफ़ाई दिखाने वाला; **~ieren**, v/i & v/t (h.) बाजीगरी क०, हस्तलाघव प्रदर्शित क०; fig: कपट या चालाकी से काम निकालना, आँखों में धूल झोंकना; वाक्छल क०।

Joppe, f (-/-n) [ital.] ढीला-ढाला मर्दाना कोट।

Jota, n (-[s]/-s) [griech.] fig: कण, रत्ती-भर लवमात्र, तिल-भर; fig: ich weiche kein Jota von meiner Behauptung ab मैं अपनी बात (या अपने कथन) में तिल-भर भी परिवर्तन नहीं करूँगा।

Journal, n (-s/-e) [frz.] दैनिकी, दैनिक पंजी, रोज़नामचा; पत्रिका; kfm: कच्ची बही; **~ismus**, m (-)

पत्रकारिता, अखबारनवीसी; पत्रकारों की शैली; **~ist,** m (-en/-en) पत्रकार, अखबारनवीस; **~istik,** f (-) पत्रकारिताविज्ञान (अध्ययन के विषय के रूप में); **~istisch,** adj. पत्रकारिता-संबंधी, पत्रकारिता का ।

jovial, adj. तबीअतदार, ज़िन्दादिल, खुशमिज़ाज; सहिष्णु, शुभेच्छु; **~ität,** f (-) ज़िन्दादिली, खुशमिज़ाजी, तबीअतदारी; सहिष्णुता ।

Jubel, m (-s) [lat.] हर्षोन्माद, प्रसन्नता की चिल्लाहट, हर्षोद्घोष, खुशी के मारे नाचना, गाना, उछलना आदि; **~jahr,** n जयन्ती-वर्ष; U: alle Jubeljahre विरले ही, नहीं के बराबर; मुद्दतों के बाद कहीं एक बार; **~n,** v/i (h.) हर्षोन्मत्त होना, खुशी के मारे नाचना, गाना, उछलना ।

Jubil-ar, m (-s/-e)[lat.] अपनी जयन्ती मनाने वाला व्यक्ति; व्यक्ति जिसके सम्मानार्थ किसी महोत्सव का आयोजन किया गया हो; **~äum,** n (-s/-'läen) जयन्ती; **~ieren,** v/i (h.)→ jubeln; Vögel: चहकना, चहचहाना ।

juchz-en, v/i (h.) → jauchzen; **~er,** m (-s/-) → Jauchzer

juck-en, 1. v/t (h.) खुजली पैदा क०; U: खुजलाना; 2. v/i (h.) खुजली होना; U: was juckt mich das? मुझे इससे क्या लेना-देना ?; fig: es juckt ihn, seine Geschichte zu erzählen वह अपनी कहानी सुनाने के लिए बेचैन है; **~reiz,** m खुजली, खुजलाहट ।

Judas, m (-/-se) fig: विश्वासघाती; **~kuß,** m, fig: विश्वासघाती का मित्रतापूर्ण आचरण; विश्वासघात के इरादे से किया गया आत्मीयता का प्रदर्शन; **~lohn,** m, fig: विश्वासघात का पुरस्कार ।

Jude, m (-n/-n) [hebr.] यहूदी; **~ntum,** n यहूदी समाज; यहूदी धर्म ।

jüdisch, adj. यहूदी ।

Jugend, f (-) किशोरावस्था, विकासावस्था; (उठती) जवानी, तरुणाई, यौवन; (junge Leute) युवजन; die Jugend von heute आज के युवजन, आज के लड़के-लड़कियाँ; **~amt,** n बाल-कल्याण-कार्यालय; **~frei,** adj. सेन्सर-संस्था द्वारा किशोर-किशोरियों के लिए उचित या उपयुक्त ठहराया हुआ; dieser Film ist nicht jugendfrei इस फ़िल्म को किशोर-किशोरियों को दिखाने की अनुमति नहीं है; **~gefährdend,** adj. किशोर-किशोरियों के चरित्र को भ्रष्ट करने वाली (पुस्तक, रचना, फ़िल्म आदि); **~heim,** n युवक-गोष्ठीगृह; युवजन-आवास; **~herberge,** f युवजन-पर्यटकावास, युवा-पर्यटकावास; **~jahre,** n/pl. किशोरावस्था; जवानी के दिन; अल्हड़पन के दिन; **~lich,** adj. किशोरावस्था-संबंधी, यौवन-संबंधी; युवासुलभ, युवजनोचित; युवा, तरुण; अल्पवयस्क-सा या जवान-सा दिखने वाला; युवावस्था का, तारुण्य का, जवानी का; **~liche,** m/f (-n/-n) किशोर; किशोरी; **~lichkeit,** f (-) तारुण्य, तरुणाई; यौवन, युवावस्था; जवान-सा दिखना; कैशोर्य, लड़कपन; **~schutz,** m, jur: बच्चों या अल्पवयस्कों का शारीरिक तथा नैतिक पतन से बचाव; **~stil,** m बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ की कला-शैली, **~zeit,** f जवानी, जवानी के दिन, युवावस्था; बचपन ।

Jugoslaw-e, m (-n/-n) यूगोस्लाविया-निवासी; **~ien,** n (-s) यूगोस्लाविया; **~isch,** adj. यूगोस्लाविया का ।

Juli, m (-[s]/-s) [lat.] जुलाई ।

jung, adj. अल्पवयस्क, कम उम्र का, छोटा, कमसिन; नया, हाल का, हाल में घटित; (jugendlich) युवा, तरुण, जवान; (frisch) हरा, ताज़ा; चुस्त, फुर्तीला; ein junges Mädchen जवान लड़की; von jung auf छोटे से ही, बचपन से ही; er ist trotz

seines Alters jung geblieben इतनी आयु के बावजूद भी उसका स्वभाव (या आचरण) जवानों जैसा है; junges Gemüse हरी या ताज़ी सब्ज़ी; U: नौजवान लोग;ein junges Unternehmen हाल ही में शुरू किया गया व्यवसाय, हाल ही में स्थापित की गई कम्पनी; ein jung verheiratetes Paar हाल ही में विवाहित दम्पति; **~brunnen,** m, fig:प्रेरणा-स्रोत; **~e,** 1. m (-n/-n) लड़का, छोकरा, लौंडा; ताश के पत्तों में ग़ुलाम; 2. n (-n/-n) पशु-शावक; **~en,** v/i (h.) वियाना, वच्चे देना; **~enhaft,** adj. लड़कों जैसा; अल्हड़; बचकाना ।

Jünger, m (-s/-) शिष्य, चेला; अनुयायी ।

Jungfer, f (-/-n) कुमारी, कन्या, कुँवारी, अक्षता, अक्षतयोनि; परिचारिका, अविवाहिता नौकरानी; eine alte Jungfer चिरकुमारी, अविवाहिता; **~nfahrt,** f प्रथम यात्रा (जहाज़ की); **~nflug,** m प्रथम उड़ान (विमान की); **~nhäutchen,** n, anat: योनिच्छद; **~nkranz,** m विवाह के समय वधू द्वारा सिर पर पहना जाने वाला पुष्प-वलय जो उसके अक्षतयोनि होने का प्रतीक होता है; **~nrede,** f प्रथम भाषण; **~schaft,** f (-) कौमार्य; कुँआरापन ।

Jung-frau, f कुँवारी, कुँआरी, कुमारी, कन्या, असम्भुक्ता तरुणी या स्त्री, अक्षतयोनि, अक्षता; astrol: कन्या राशि; U: कन्या राशि में पैदा हुआ व्यक्ति; **~fräulich,** adj. अक्षतयोनि, अक्षता, असम्भुक्ता; fig: शुद्ध, निर्मल, निष्कलंक; वेदाग़; **~fräulichkeit,** f (-) अक्षतता, अक्षतयोनित्व, कौमार्य, कुमारीत्व; शुद्धता, शुचिता, निर्मलता, निष्कलंकता; **~geselle,** m कुँआरा, अविवाहित पुरुष; **~gesellin,** f कुँआरी, अविवाहिता स्त्री ।

Jüngling, m (-s/-e) नवयुवक, नौजवान, पट्ठा, जवान लड़का ।

jüngst, 1. adj. सबसे कम उम्र का; सब से छोटा, सबसे बाद में पैदा हुआ; हाल का, नवीनतम; अन्तिम; in jüngster Zeit अभी पिछले दिनों में; die jüngsten Ereignisse हाल की घटनायें, नवीनतम घटनायें; 2. adv. हाल ही में; ich traf ihn jüngst मैं उससे हाल ही में मिला हूँ ।

Juni, m (-[s]/-s) [lat.] जून ।

junior, 1. adj. [lat.] छोटा, अपेक्षाकृत कम आयु का; 2. m (-s/-en) (कम्पनी के) मालिक का लड़का; अल्पवयस्क प्रतियोगी ।

Jura, n/pl. [lat.]→Jus; er studiert Jura वह विधिशास्त्र का विद्यार्थी है, वह क़ानून पढ़ता है ।

Juris-diktion, f (-) [lat.] न्याय-अधिकार; न्याय-परिपालन; **~prudenz,** f (-) विधिशास्त्र, न्यायशास्त्र ।

Jurist, m (-en/-en) [lat.] विधिवेत्ता; विधिशास्त्र का अध्यापक या विद्यार्थी; **~erei,** f (-) U: न्यायशास्त्र का ज्ञान तथा न्याय-परिचालन, विधिशास्त्र; **~isch,** adj. न्यायिक, क़ानूनी; विधि-शास्त्र का, विधिशास्त्र पर आधारित ।

Jus, n (-/Jura) [lat.] विधि; अधिकार ।

just, adv. ठीक, बिल्कुल; अभी-अभी, ऐन उसी वक्त ।

justier-en, v/t (h.) [lat.] मानकित या मानकीकृत क०; व्यवस्थित क०, ठीक क०; छपाई में स्तंभों की ऊँचाई बराबर क० या रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए पंक्ति को खिसकाना; यंत्रों को समंजित क०; **~ung,** f (-) मानकी-करण; व्यवस्था; पंक्ति-व्यवस्था (छपाई में); समंजन ।

Justiz, f (-) [lat.] न्यायव्यवस्था, न्याय-परिपालन, क़ानून; **~behörde,** f विधि-संस्था, विधि-कार्यालय; **~irrtum,** m विधि-विभ्रम, विधि की भूल; न्यायिक भ्रम; **~minister,** m विधि-मंत्री; **~mord,** m वैधानिक परन्तु न्यायविरुद्ध मृत्युदंड, न्यायिक भ्रम के

क़ारण किसी निर्दोष व्यक्ति को मृत्युदंड दिया जाना ।

Jute, f (-) [eng.] सन, पटसन, पटुआ, जूट ।

Juwel, n (-s/-en) [frz.] रत्न, मणि, जवाहर; fig: बहुमूल्य या बहुमान्य व्यक्ति, रत्न; ~**ier,** m (-s/-e) जौहरी, मणिकार, जड़ाऊ ज़ेवर बेचने वाला, सर्राफ़ ।

Jux, m (-es/-e) U: हँसी, मज़ाक़, ठिठोली; ~**en,** v/i (h.) हँसी, मज़ाक़, शरारत, ठिठोली क० ।

K

Kabale, f (-/-n) [frz.] कुचक्र, षड्यंत्र, साज़िश ।

Kabarett, n (-s/-e) [frz.] व्यंग्य-नाट्यशाला, छोटी नाट्यशाला जिसमें प्रहसनों या व्यंग्यात्मक रचनाओं का प्रदर्शन किया जाए; प्रहसन, व्यंग्यात्मक रचना; ~**ist,** m (-en/-en) व्यंग्य-रचनाकार; व्यंग्यात्मक प्रहसनों का प्रदर्शन करने वाला ।

Kabbel-ei, f (-/-en) U: मैत्रीपूर्ण छेड़-छाड़, नोक-झोंक; ~**n,** v/r (h.) U: नोक-झोंक क०, हँसी-हँसी में झगड़ना ।

Kabel, n (-s/-) el: विजली का तार; (Trosse) तार या जूट का मोटा रस्सा; (Überseetelegramm) समुद्र पार भेजा जाने वाला तार, समुद्री तार, केबिलग्राम ।

Kabeljau, m (-s/-s;-e) [niederl.] स्नेहमीन ।

Kabel-länge, f, mar: लम्बाई की एक नाप (=185 मीटर), ~**n,** v/t (h.) समुद्री तार द्वारा भेजना; समुद्री तार भेजना; ~**nachricht,** f समुद्री तार द्वारा भेजा समाचार, तार-संदेश ।

Kabine, f (-/-n) [frz.] कोष्ठिका, कोठरी; mar: केबिन, दवूसा ।

Kabinett, n (-s/-e) [frz.] कोठरी, उपकक्ष; संग्रह-कक्ष; संग्रहीत वस्तुओं की अलमारी या पेटिका; pol: मंत्रि-मंडल; ~**sfrage,** f, pol: किसी मंत्री के विरुद्ध अविश्वास-प्रस्ताव से संबंधित प्रश्न; ~**stück,** n अत्यन्त मूल्यवान वस्तु; fig: श्रेष्ठकृति; अत्यन्त बुद्धिमानी या चतुराई का काम; ~**wein,** m उत्कृष्ट कोटि की अंगूरी (शराब) ।

Kabrio, n (-[s]/-s) U: → Kabriolett

Kabriolett, n (-s/-e) [frz.] टमटम; खुली मोटरकार ।

Kabuse, f (-/-n) → Kombüse; U: विना प्रकाश की कोठरी; झुग्गी; झोपड़ी ।

Kachel, f (-/-n) सुचिक्कणीकृत चटिया, टाइल; ~**n,** v/t (h.) में टाइल लगाना या जड़ना; ~**ofen,** m कमरा गर्म करने की अँगीठी या भट्ठी जिसकी दीवार टाइलों की हो ।

Kacke, f (-) vulg: गू, पाख़ाना, टट्टी; ~**n,** v/i (h.) हगना, टट्टी क० ।

Kadaver, m (-s/-) [lat.] मृत पशु, पशु की लाश; ~**gehorsam,** m अंधानुसरण, दासवत् आज्ञाकारिता ।

Kadenz, f (-/-en) [lat.] मूर्च्छना, लय; स्वरावरोह; स्वर की संयोजित गति ।

Kader, m (-s/-) [frz.] वर्ग, संवर्ग, संगठन; विशेष रूप से प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं का दल ।

Kadett, m (-en/-en) [frz.] सेनाछात्र,

अफ़सर के पद का प्रत्याशी सैन्य छात्र; छात्र-सैनिक, कैडेट; ~enschule, f सैनिक विद्यालय ।

Kadi, m (-s/-s) [arab.] क़ाज़ी ।

Kadmium, n (-s) [lat.] chem: मृज्धातु ।

kaduzieren, v/t (h.) [lat.] jur: अवैध या अमान्य घोषित क० ।

Käfer, m (-s/-) कंचुकपक्ष-भृंग, गुबरैले के प्रकार का कोई भी भृंग; U: तरुणी, किशोरी ।

Kaff, n (-s/-s) U: छोटा महत्वहीन गाँव ।

Kaffee, 1. m (-s/-s) [arab.] कापेय, कहवा, कॉफ़ी; (Frühstück) नाश्ता; 2. n (-s/-s) → Café; **~bohne,** f कापेय-बदरी, कॉफ़ी का बीज या दाना; **~haus,** n → Café; **~kanne,** f कॉफ़ी की केतली; **~klatsch,** m, U: गृहणियों की कॉफ़ी-गोष्ठी (विशेषतया दोपहर को गप-शप के लिए); **~kränzchen,** n कॉफ़ी-गोष्ठी; **~maschine,** f कॉफ़ी बनाने की विद्युच्चालित मशीन; **~mühle,** f कॉफ़ी के दाने पीसने का उपकरण; **~satz,** m कॉफ़ी की तलछट; **~schwester,** f/ **~tante,** f, U: कॉफ़ी पीने की शौक़ीन स्त्री; गृहिणियों की कॉफ़ी-गोष्ठी में भाग लेने वाली; **~tasse,** f कॉफ़ी का प्याला; **~wärmer,** m कॉफ़ी की केतली को ढकने का रुई भरा हुआ टोप ।

Käfig, m (-s/-e) पिंजरा, पिंजड़ा, झाँपा; कटहरा, कटघरा; tech: गुटीभारु; बॉल वेयरिंग; fig. in einem goldenen Käfig sitzen सोने के पिंजरे में बसना ।

Kaftan, m (-s/-e) [pers.] ख़फ़्तान, ईरानी जामा ।

kahl, adj. गंजा, केशहीन, खल्वाट; fig: अनावृत, नंगा; अनलंकृत; वृक्षहीन, उजाड़; eine kahle Wand बिना चित्र आदि वाली दीवार, अनलंकृत दीवार; eine kahle Gegend वृक्षहीन क्षेत्र, उजाड़ इलाक़ा; ein kahles Schiff बिना पाल आदि वाला जहाज़; ein kahler Baum पल्लवहीन वृक्ष; **~heit,** f (-) खल्वाटता, गंज, गंजापन; अनावृतता; अनलंकृतता; उजाड़पन; **~hieb,** m → Kahlschlag; **~kopf,** m गंजा सिर, गंजी चाँद; गंजा व्यक्ति, गंजू; **~köpfig,** adj. गंजा; **~schlag,** m पूर्णरूपेण वन-नाशन (क०); **~wild,** n शृंगहीन जंगली पशु ।

Kahm, m (-[e]s/-e) [lat.] फफूंदी, फफूंद; **~en,** v/i (h.) में फफूंदी लगना; **~ig,** adj. फफूंददार ।

Kahn, m (-s/ ⁻⁻e) छोटी नौका; (नदियों में चलने वाली) मालवाही नौका; **~fahrt,** f छोटी नौका से सैर ।

Kai, m (-s/-e;-s) पोतघाट, जहाज़ी घाट; घाट, समुद्र या नदी का पक्का तट ।

Kaiman, m (-s/-e) [span./indian.] मकर, मगर ।

Kaimauer, f पोतघाट की दीवार; समुद्र या नदी के पक्के तट की दीवार ।

Kainszeichen, n, fig: अपराधी के शरीर पर अपराध के स्पष्ट चिह्न ।

Kaiser, m (-s/-) [lat.] सम्राट, शहंशाह; **~adler,** m क्रव्याद सुपर्ण; **~haus,** n सम्राट का परिवार, शाही ख़ानदान; **~lich,** adj. सम्राटीय, शहंशाही; **~ling,** m (-s/-e) मक्षी-अभिकवक से मिलता-जुलता एक खाद्य छत्रक; **~reich,** n साम्राज्य; **~schmarren,** m (-s/-) अंडे तथा मैदे से बना मीठा चीला; **~schnitt,** m, med: गर्भ निकालने के लिए उदर-विपाटन; **~tum,** n सम्राट का शासन, सम्राट का प्रभुत्व; साम्राज्य ।

Kajak, m (-s/-s) [eskim.] एस्किमो की डोंगी, पनसुइया ।

Kajüte, f (-/-n) केबिन, दबूसा ।

Kakao, m (-s) [indian.] कपिशक, कोको के बीज का चूर्ण या इससे बना

पेय; U: jdn. durch den Kakao ziehen किसी की खिल्ली उड़ाना, किसी को उपहास का पात्र बना देना; ~**bohne,** f कोको का बीज।

Kaki, m → Khaki

Kaktee, f (-/-n)/**Kaktus,**m(-/-'teen) [griech.] नागफ़ण, नागफनी।

Kalamität, f (-/-en) [frz.] विपत्ति, संकट, आपद्।

Kalauer, m (-s/-) [frz.] निम्न कोटि की शब्दक्रीड़ा, घटिया या घिसा-पिटा चुटकुला; ~**n,** v/i (h.) श्लेष में बोलना, निम्न कोटि की शब्दक्रीड़ा क०।

Kalb, n (-[e]s/ ⸚er) बछड़ा; बछिया; मृगशावक, हिरनौटा; fig: der Tanz um das Goldene Kalb नगद-नारायण की आराधना; ~**e,** f (-/-n) ओसर, कलोर; ~**en,** v/i (h.) बियाना (गाय, मृगी आदि का); Gletscher: से हिमशिलाओं का गिरना; ~**ern,** v/i (h.) U: मूर्खतापूर्ण आचरण क०; मूर्खता का काम क०, मूर्खों की भाँति खीसें निपोरना।

Kaleidoskop, n (-s/-e) [griech.] नानारूपेक्ष, बहुरूपदर्शी (उपकरण); ~**isch,** adj. बहुरूपदर्शी जैसा, नानारूपेक्ष की वर्णाकृति के समान।

Kalender, m (-s/-) [lat.] तिथिपत्र, पंचांग; कैलेंडर, तिथियुक्त डायरी; पंचांग;पद्धति, कालदर्श; ~**jahr,** n पंचांग-वर्ष; एक जनवरी से इकतीस दिसम्बर तक का समय।

Kalfaktor, m (-s/-en) [lat.] सार्वजनिक भवनों में तापन-व्यवस्था की देखभाल करने वाला; हर छोटा-मोटा काम करने वाला परिचारक, चपरासी; fig: खुशामदी टट्टू।

Kali, n (-s) [arab.] → Kalium; पोटाश, पोटैशियम-लवण।

Kalib-er, n (-s/-) [frz.] bei Feuerwaffen: नली का आन्तरिक व्यास; गोली या गोले का व्यास; U: प्रकार, क़िस्म, तरह; योग्यता, क्षमता; U: sie sind vom gleichen Kaliber वे एक ही प्रकार के हैं; ~**rieren,** v/t (h.) मानकीकृत क०, अंशांकित क०।

Kalif, m (-en/-en) [arab.] ख़लीफ़ा।

Kalium, n (-s) [arab.] chem: पोटैशियम, दहातु।

Kalk, m (-[e]s/-e) [lat.] चूना, चूर्णक; ~**brennerei,** f चूना-भट्टा; ~**en,** v/t (h.) चूने से पुताई क०; ~**grube,** f चूने का गढ़ा, चूर्णक-गर्त; ~**hütte,** f → Kalkbrennerei; ~**ig,** adj. चूनेदार, चूनिया; ~**stein,** m चूना-पत्थर, चूर्णप्रस्तर।

Kalkül,m(-s/-e)[frz.] (Berechnung) हिसाब; मोटा हिसाब, अनुमान; math: गणन-पद्धति, परिकलन-पद्धति।

Kalkul-ation,f (-/e-en) [frz.] कलन, परिकलन, हिसाब, गणन, गणना; ~**ator,** m (-s/-en) गणक, परिकलक; गणित्र, परिकलित्र; ~**atorisch,** adj. गणनात्मक, परिकलनात्मक; ~**ieren,** v/t (h.) कलन, परिकलन, गणन क०, का हिसाब लगाना; (erwägen) पर विचार क०, का आगा-पीछा सोचना।

Kalligraph-ie, f (-)[griech.] सुलेखन, खुशनवीसी; ~**isch,** adj. सुलेखन-संबंधी, सुलेखीय; सुंदर लिपि में लिखित।

Kalme, f (-/-n) [frz.] हवा का न चलना, वायु-निश्चलता; ~**ngürtel,** m/~**nzone,** f, geogr: प्रशान्त मंडल।

Kalori-e, f (-/-n) [lat.] ऊष्मांक, कैलॉरी; ~**meter,** n (-s/-) ऊष्मामापी।

kalt, adj. ठंडा, शीत, सर्द; (gefühlsarm) उद्वेगहीन, भावशून्य; शान्त;हृदयहीन,संगदिल;(gleichgültig) उदासीन; रूखा, रुक्ष; अनासक्त; (frigid) निर्मद, मंदकाम; U: das ist doch kalter Kaffee! यह (तो) घिसी-पिटी बात है, यह (तो) बेकार की

बकवास है; fig: der kalte Krieg शीतयुद्ध; fig: kalte Farben नीलाभ या श्वेताभ वर्ण; fig: das läßt mich kalt इसका मेरे ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ता; इसमें मुझे क़तई दिलचस्पी नहीं है; ~**blüter,** m (-s/-) शीतरुधिर जन्तु, विषमतापी जन्तु; ~**blütig,** adj. शीतरुधिर, विषमतापी; fig: निष्ठुर, निर्दय, नृशंस; ~**blütigkeit,** f (-) शीतरुधिर-विशिष्टता; fig: निष्ठुरता, निर्दयता, नृशंसता।

Kälte, f (-) ठंडक, ठंड, शीत, सर्दी; (Gleichgültigkeit) अनासक्ति, उदासीनता; रुक्षता, रूखापन; (Gefühllosigkeit) उद्वेगहीनता, भावशून्यता; शान्ति; हृदयहीनता; (Frigidität) निर्मदता; ~**einbruch,** m शीत का अचानक प्रारंभ; ~**grad,** m हिमांक से नीचे का तापक्रम; ~**welle,** f शीतलहर, शीत-तरंग।

Kalt-front, f, met: शीत-सीमाग्र; ~**luft,** f ठंडी हवा; ~**machen,** v/t (h.) U: मार डालना; ~**schale,** f ठंडा सूप; ~**schnäuzig,** U: 1. adj. भावनाशून्य; सहानुभूतिहीन, हृदयहीन निर्दय; रूखा, रुक्ष, बेमुरव्वत; 2. adv. निर्दयता से, रूखेपन से, बेमुरव्वती से; ~**schnäuzigkeit,** f (-) भावनाशून्यता; सहानुभूतिहीनता, हृदयहीनता, निर्दयता; रूखापन, बेमुरव्वती; ~**stellen,** v/t(h.) ठंडा होने रख देना; fig: jdn. kaltstellen किसी के प्रभाव को पूर्णतया समाप्त कर देना।

Kalzin-ation, f[lat.]→Kalzinierung; निस्तापन का उत्पाद; ~**ieren,** v/t (h.) निस्तप्त क०; ~**ierung,** f (-) निस्तापन।

Kalzit, m (-[e]s/-e) [lat.] कैल्शियम-युक्त एक खनिज; चूने का कच्चा कार्बन-क्षार।

Kalzium, n (-s) [lat.] chem: कैल्शियम।

Kamel, n (-s/-e) [griech.] ऊँट, उष्ट्र; U: मूर्ख, बुद्धू; ~**haar,** n ऊँट के बालों की ऊन या इससे बना कपड़ा।

Kamellen, f/pl., U: olle Kamellen घिसी-पिटी बातें, पुरानी अप्रचलित बातें।

Kamera, f (-/-s) [lat.] कैमरा।

Kamerad, m (-en/-en) [lat.] सहकारी, एक साथ काम करने वाला; साथी, सहचर, संगी; मित्र, दोस्त; ~**schaft,** f (-/-en) साथ, साहचर्य; मैत्री, दोस्ती; ~**schaftlich,** adj. मैत्रीपूर्ण, सखावत्; ~**schaftsgeist,** m मैत्रीपूर्ण वृत्ति, सौहार्द या पारस्परिक विश्वास की भावना।

Kameramann, m चलचित्र के लिए फ़ोटोग्राफ़ लेने वाला व्यक्ति।

Kamille, f (-/-n) [griech.] चंद्रगंध-प्रजाति का पौधा, बबूना।

Kamin, m (-[e]s/-e) चिमनी, धुआँरा, धुआँकश; कमरे का आतिशदान; दर्रा, तंग दरार; ~**feger,** m/~**kehrer,** m धुआँकश की सफ़ाई करने वाला।

Kamm, m (-[e]s/ ⸚e) कंघा, कंघी, कंकत; bei Huhn: कलगी; bei Schlachtvieh: चौपायों की गर्दन का ऊपरी भाग; bei Pferd: अयाल, याल, केसर; (Grat) कटक; Weberei: धुनकी, कंघी; U: ihm schwillt der Kamm वह बेलगाम हो रहा है, उस का दिमाग़ चढ़ रहा है; fig: alles über einen Kamm scheren सब धान बाईस पसेरी तोलना।

kämmen, v/t (h.) में कंघी क०, काढ़ना; (सन, ऊन आदि को) कंघी से साफ़ क०; sich kämmen अपने बालों में कंघी क०, अपने बाल काढ़ना।

Kammer, f (-/-n)[lat./griech.] छोटा कमरा, कोष्ठिका, कोठरी; संग्रह-कक्ष; भीतरी कमरा या गुहा; med: प्रकोष्ठ; jur: न्यायगृह, न्यायालय, इजलास; parl: सदन; मंडल; mil: हथियार तथा वर्दी आदि रखने का कमरा; बंदूक आदि का भीतरी कोष्ठ, पेट, खज़ाना।

Kammerdiener, m व्यक्तिगत सेवक,

निजी नौकर, ख़ानसामा ।
Kämmerei, f (-/-en) किसी प्रशासन-क्षेत्र की आर्थिक व्यवस्था का कार्यालय; नगरकोषाध्यक्ष का कार्यालय, ख़ज़ाना ।
Kämmerer, m (-s/-) नगरकोषाध्यक्ष; ख़ज़ांची; किसी संग्रह का प्रबंधक, 'ग्रहपाल-'।
Kammer-frau, f निजी सेविका या लौंडी; **~jäger,** m मकानों के कीड़ों-मकोड़ों को मारने वाला; **~jungfer,** f निजी नौकरानी या लौंडी (जो अविवाहित हो); **~musik,** f थोड़े वाद्ययंत्रों के वृन्दवादन के लिए संगीत-रचना; **~sänger,** m महागायक (गायकों को दी जाने वाली उपाधि); **~spiel,** n, theat: छोटी नाट्यशाला में अभिनय के योग्य नाटक; pl: छोटी नाट्यशाला ।
Kammgarn, n शुद्ध ऊन का तागा या कपड़ा ।
Kampagne, f (-/-n) [frz.] युद्ध, मुहिम; fig: अभियान, आन्दोलन ।
Kampf, m (-[e]s/ ⸚e) मुठभेड़ समाघात; युद्ध, संग्राम; संघर्ष; लड़ाई, झगडा; sport : प्रतियोगिता; ein Kampf auf Leben und Tod घोर संग्राम जिसमें जीवन या मृत्यु का प्रश्न हो; jdm. den Kampf ansagen किसी को मुक़ाबले के लिए चुनौती देना; **~bahn,** f अखाड़ा, स्टेडियम ।
kämpfen, v/i (h.) लड़ना; लड़ाई, युद्ध, संग्राम, संघर्ष क०; का विरोध क०, की ख़िलाफ़त क०; für jdn./etw. kämpfen किसी व्यक्ति/बात का घोर एवं सक्रिय समर्थन क०; um etw. kämpfen किसी बात के लिए घोर संघर्ष क० ।
Kampfer, m(-s)[arab.] कपूर, कर्पूर ।
Kämpfer, m (-s/-) योद्धा, लड़ाका, संघर्ष करने वाला; **~isch,** adj. युयुत्सु, युद्धोत्साही, युद्धप्रिय, संघर्षप्रिय ।
kampf-erprobt, adj. जिसे युद्ध का अनुभव हो, जो युद्ध में अपना पराक्रम दिखा चुका हो; **~flugzeug,** n बमवर्षक विमान; **~gebiet,** n युद्धक्षेत्र, रणक्षेत्र; **~geist,** m युद्धोत्साह; **~hahn,** m लड़ने वाला मुर्ग़ा, मुर्ग़बाज़ी का मुर्ग़ा; U: झगड़ालू या लड़ाका व्यक्ति; **~handlung,** f, mil: भिड़न्त, मुठभेड़, लड़ाई; **~kraft,** f युद्ध-क्षमता; **~linie,** f मोरचा; **~los,** adv. बिना युद्ध के, बिना विरोध के; **~lustig,** adj. युयुत्सु, युद्ध के लिए तत्पर, लड़ाका, आक्रमणशील; **~richter,** m, sport : खेलपंच, अंककार, रेफ़ी; **~stoff,** m युद्ध में प्रयुक्त रासायनिक या जीवाण्विक पदार्थ; **~unfähig,** adj. युद्ध-अक्षम; **~unfähigkeit,** f (-) युद्ध-अक्षमता ।
kampieren, v/i (h.) शिविर या पड़ाव डालना, शिविर में रात बिताना, तम्बुओं में रहना ।
Kanad-a, n कनाडा; **~ier,** m (-s/-) कनाडा-निवासी; **~isch,** adj. कनाडा का ।
Kanaille, f (-/-n) [frz.] अधम या नीच व्यक्ति, कमीन या ज़लील इन्सान ।
Kanal, m (-s/ ⸚e) नहर, कुल्या; (Meeresstraße) ज़लमार्ग, जलांतराल; (Rohr) नली, नाली, मलप्रणाल; Funktechnik: संचारमार्ग, संचार-लाइन; med: नाल; fig: स्रोत, माध्यम, मार्ग, सूत्र; U: ich habe den Kanal voll मैं तंग आ चुका हूँ, मेरी नाक में दम हो चुका है; fig: die Nachricht gelangte durch geheime Kanäle an die Öffentlichkeit समाचार गुप्त सूत्रों द्वारा जनता तक पहुँच गया; **~arbeiter,** m खुदाई-मजदूर, बेलदार; मलप्रणाल में काम करने वाला ।
Kanalis-ation, f (-/-en) नहर-कराई; मल-व्यवस्था, मल-निर्यास; **~ieren,** v/t (h.) में पानी और मैले के निकास का प्रबंध क०; Fluß: को नौगम्य बनाना ।
Kanarienvogel, m पीत चटकी (एक पालतू गाने वाली चिड़िया) ।
Kandare, f (-/-n)[ungar.] दहाने की

ज़ंजीर, लगाम में लगा लोहे का टुकड़ा जो घोड़े के मुँह में रहता है; fig: jdn. an die Kandare nehmen किसी के साथ सख़्ती क० ।

Kandelaber, m (-s/-) [frz.] दीप-वृक्ष; मोमवत्ती का आधार जिसमें एक साथ कई मोमवत्तियाँ लगाई जा सकें ।

Kandid-at, m (-en/-en) [lat.] प्रार्थी, उम्मीदवार; (Prüfung) परीक्षार्थी; **~atur**, f (-/-en) अभ्यर्थिता, उम्मीद-वारी; **~ieren,** v/i (h.) उम्मीदवार होना, प्रार्थी होना; चुनाव के लिए खड़ा होना ।

kandieren, v/t (h.) [ital.] को पागना, पर खाँड चढ़ाना ।

Kandis, m (-) [ital.] मिश्री; **~frucht,** f पागा हुआ फल; **~zucker,** m → Kandis

Kaneel, (-s/-e) [frz.] दालचीनी, दारु-सिता ।

Känguruh, n (-s/-s) कंगारू ।

Kanin, n (-s/-e) [lat.] ख़रगोश की खाल; **~chen,** n (-s/-) ख़रगोश, शशक, खरहा ।

Kanister, m (-s/-) [lat.] कनस्तर, पीपा ।

Kann-Bestimmung, f अवाध्यकारी नियम ।

Kanne, f (-/-n) केतली ।

Kannibal-e, m (-n/-n) [span.] नरभक्षी, मनुजाद, आदमख़ोर; fig: अतिक्रूर मनुष्य; **~isch,** adj. नर-भक्षी, आदमख़ोर; **~ismus,** m (-) नरभक्षण, नरभक्षिता, आदमख़ोरी; zool: स्वजातिभक्षण ।

Kanon, m (-s/-s) [griech.] प्रनियम, नियम; मापदंड, अधिमत; (stilles Gebet) निःशब्द प्रार्थना, मूक प्रार्थना (ख्रीस्तयाग के समय); mus: दोरी गीत; o.pl: प्रामाणिक वाइबिल-संग्रह; Schriftgröße: छपाई के सबसे वड़े अक्षर; eccl: चर्च द्वारा सन्त घोषित किए गए लोगों की सूची; eccl:, pl: (-es) धर्मादेश, धार्मिक नियम, मज़हबी फ़तवा; astron: ग्रहण-तालिका ।

Kanon-ade, f (-/-n) [ital.] वमवारी, गोलावारी; **~e,** f (-/-n) तोप; U: वन्दूक, पिस्तौल आदि; महान विद्वान, धुरंधर, अत्यन्त निपुण या होशियार व्यक्ति; U: er ist eine Kanone in Mathematik वह गणित में वहुत होशियार है, वह गणित में धुरंधर है; U: diese Dissertation ist unter aller Kanone यह शोधप्रवंध विल्कुल वेकार है; **~enfutter,** n, U: युद्ध-वलि, तोप-चारा; **~ier,** m (-s/-e) तोपची ।

Kanon-iker, m (-s/-) [griech.] चर्च-विधानवादी, धर्मविधानशास्त्री; **~isch,** adj. चर्च-वैधानिक, धर्मवैधानिक; **~isieren,** v/t (h.) को संत घोषित क० या संतों की सूची में सम्मिलित क० ।

Kantate, f (-/-n) [lat.] संगीत-काव्य ।

Kant-e, f (-/-n) [lat.] किनारा, कोर; गोटा, पट्टी, किनारी; U: Geld auf die hohe Kante legen (वक़्त-वेवक़्त के लिए) धन वचाना या वचा कर रखना; **~el,** m/n (-s/-) वर्गाकार अनुप्रस्थ काट वाली रेखनी या पटरी; **~eln,** v/t (h.) किनारे या किनारी पर पक्की सिलाई क०, किनारे को तिरछे वखिये से मज़वूत क०; **~en,** 1. v/t (h.) कोर के वल खड़ा क०, किनारे के वल टिकाना, किनारे के वल मोड़ना; में गोट या किनारी लगाना; 2. m (-s/-) डवलरोटी का पहला या अन्तिम टुकड़ा; **~haken,** m आँकुड़े-दार छड़ (लकड़ी से लट्ठों आदि को पलटने के लिए); fig: jdn. am Kanthaken fassen किसी को खरी-खरी सुना देना; किसी को किसी वात के लिए ज़िम्मेदार ठहराना, किसी का गला नापना; **~ig,** adj. किनारेदार, कोणित, गोल नहीं (तिकोना, चौकोर, वहुभुजाकार आदि); fig: ein kantiges Gesicht चौकोर-सा चेहरा ।

Kantine, f (-/-n) [ital.] जलपानगृह,

कैन्टीन ।

Kanton, m (-s/-e) [frz.] प्रान्त, प्रदेश, उपमंडल, प्रशासन-क्षेत्र; स्विट्ज़रलैंड का प्रान्त; ~**ist,** m (-en/-en) fig: er ist ein unsicherer Kantonist वह भरोसे का आदमी नहीं है ।

Kantönligeist, m, U: रूढ़िवादिता, दक़ियानूसी; संकीर्ण प्रान्तीयतावाद ।

Kantor, m (-s/-en) [lat.] गिरजाघर का गायक तथा वाद्यराज बजाने वाला; ~**at,** n (-e[s]/-e) गिरजाघर के गायक का पद; ~**ei,** f (-/-en) गिरजाघर के गायक का निवासस्थान ।

Kanu, n (-s/-s) पेड़ के तने को खोखला करके बनाई गई डोंगी; Sportboot: चप्पूदार छोटी नाव ।

Kanüle, f (-/-n) [frz.]med: प्रवेशिनी, शोषनाली; इंजेक्शन लगाने की सूई ।

Kanzel, f (-/-n) [lat.] प्रवचन-मंच (गिरजाघर में); शिकारी का मचान; (Lehrstuhl) पीठ; प्रोफ़ेसर का पद; im Flugzeug: विमानचालक का स्थान, कॉकपिट ।

Kanzlei, f (-/-en) [lat.] (वकील या नोटरी आदि का) कार्यालय; सर्वोच्च प्रशासन-कार्यालय; केन्द्रीय सचिवालय; ~**sprache,** f/~**stil,** m दफ़्तरी भाषा, प्रशासनिक भाषा-शैली ।

Kanzler, m (-s/-) [lat.] ऑस्ट्रिया तथा पश्चिमी जर्मनी में प्रधानमंत्री; (Kanzleivorsteher) सर्वोच्च प्रशासन-कार्यालय का अध्यक्ष; einer Universität: कुलसचिव ।

Kanzlist, m (-en/-en) [lat.] लिपिक ।

Kap, n (-s/-s) [lat.] अंतरीप ।

Kapaun, m (-s/-e) [lat.] खस्सी मुर्ग़ा ।

Kapazität, f (-/-en) ग्रहणशक्ति; धारिता, समाई; क्षमता; kfm; उत्पादन-क्षमता; fig: विशेषज्ञ, विद्वान ।

Kapell-e, f (-/-n) [lat.] छोटा-सा गिरजाघर; mus: संगीत-मंडली, बैंड; ~**meister,** m संगीतनिर्देशक ।

Kaper, f (-/-n) [lat./griech.] इक्षुर (की कली) जिसे मसाले की भाँति भी प्रयोग किया जाता है ।

Kaper-ei, f (-) [niederl.] व्यापारी जहाज़ को लूटना, वाणिज्य-पोत का लूटा जाना; ~**n,** v/t (h.) व्यापारी जहाज़ को लूट लेना; fig: हथिया लेना, अपने क़ब्ज़े में कर लेना ।

kapieren, v/t (h.) [lat.] समझना, समझ लेना; की समझ में आना ।

kapillar, adj. [lat.] केशिकीय, केशिका-; ~**e,** f (-/-n) med: केश-वत् सूक्ष्म शिरा; phys: केशिकानली, कैपिलरी नली; ~**ität,** f (-) केशिकत्व ।

[1]**kapital,** adj. [lat.] विशेष, विशिष्ट; मुख्य, प्रधान, महान; तगड़ा, ज़बरदस्त, बड़ा, बड़े सींगों वाला; ein kapitaler Hirsch तगड़ा, या बड़े सींगों वाला हिरन, (ज़बरदस्त) महामृग ।

[2]**Kapital,** n (-s/-ien;-e) [lat.] धन, धन-सम्पत्ति; kfm: पूँजी; मूलधन, लागत; fig: अत्यन्त मूल्यवान वस्तु, ख़ज़ाना, सम्पत्ति; totes Kapital निष्क्रिय पूँजी; fig: Kapital aus etw. schlagen किसी बात या परिस्थिति आदि से लाभ उठाना; ~**anlage,** f पूँजी-निवेश, किसी वस्तु या काम में धन लगाना; ~**band,** m ज़ुज़बन्दी का पट्टा; ~**buchstabe,** m बड़ा अक्षर; ~**ertragssteuer,** f लाभांश-कर, पूँजी से प्राप्त ब्याज आदि पर लगने वाला कर; ~**fehler,** m बहुत बड़ी ग़लती, मुख्य ग़लती; ~**flucht,** f देशी पूँजी का विदेश में जमा किया जाना; ~**gesellschaft,** f संयुक्त-स्कंध-समवाय; ~**intensiv,** adj. जिसके लिए बहुत अधिक पूँजी की आवश्यकता हो; ~**isieren,** v/t (h.) पूँजी में परिणत क०; ~**ismus,** m (-) पूँजीवाद; पूँजी-दारी; ~**ist,** m (-en/-en)पूँजीवादी; पूँजीदार, अत्यन्त धनाढ्य व्यक्ति; ~**istisch,** adj. पूँजीवादी, पूँजीवाद से संबंधित, पूँजीवाद पर आधारित; ~**kräftig,** adj. पूँजीदार, धनाढ्य;

~**markt,** m मुद्रा-बाज़ार; ~**verbrechen,** n महान अपराध, मृत्युदंड-अपराध ।

Kapitän, m (-s/-e) [frz.] जहाज़ का कप्तान; pilot: विमान का कप्तान; sport: दलनायक ।

Kapitel, n (-s/-) [lat.] अध्याय; eccl: बड़े गिरजाघर के पादरियों की पूर्ण संख्या या उनकी सभा; मठवासी पादरियों की सभा; fig: विषय, बात, मामला; fig: das ist ein Kapitel für sich यह एक विशेष मामला या बात है, यह अपने ही प्रकार की बात है; ~**fest,** adj., U: अच्छी जानकारी रखने वाला (विशेषतया बाइबिल की) ।

Kapitell, n (-s/-e) [lat.] arch: खम्भे का शीर्ष ।

Kapitul-ation, f (-/-en) [lat.] mil: आत्मसमर्पण; आत्मसमर्पण-पत्र; ~**ieren,** v/i (h.) आत्मसमर्पण क०, अधीनता या वश्यता स्वीकार क०; fig: हार मानना ।

Kaplan, m (-s/-e) [lat.] सहायक पादरी ।

Kappe, f (-/-n) चपटी टोपी; शिरोवेष्टन, शिरोवस्त्र; eines Schuhes: जूते का अगला या पिछला भाग; deckender Teil: चपटा ढक्कन, छत्र; arch: छत; गुम्बद, गुम्बज; fig: das nehme ich auf meine Kappe मैं इसकी ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेता हूँ ।

kapp-en, v/t (h.) (verkürzen) छोटा क०, छाँट देना; (abhauen) काट देना; männliches Tier: खस्सी क०; वधिया क०; ~**hahn,** m खस्सी मुर्ग़ा ।

Käppi, n (-s/-s) लम्बी फ़ौजी टोपी ।

Kapriole, f (-/n) [ital.] छलाँग, कुलाँच; घोड़े की एक ही स्थान पर प्रदर्शनार्थ उछल-कूद; fig: नटखटी, शरारत, तरकीब, चाल ।

Kapriziös, adj. [frz.] स्वेच्छाचारी, मनमौजी ।

kapsel, f (-/-n) संपुट, संपुटिका, पुटी; (Raumkapsel) अंतरिक्षयान; bot: बीजकोष ।

Kaptalband, m → Kapitalband

kaputt, adj. U: टूटा हुआ, टूट गया, भग्न, खंडित; (vernichtet) नष्ट, विनष्ट; (erschöpft) थका-माँदा, थका हुआ, परिश्रान्त ।

Kapuze, f (-/-n) [lat.] कोट या लबादे के साथ जुड़ी टोपी; शिरोवेष्टन, शिरोवस्त्र ।

Kapuziner, m (-s/-) [lat.] फ्रांसिस्की धर्मसंघ की एक विशेष शाखा का मठवासी पादरी; ~**affe,** m भिक्षुकपि; ~**predigt,** f, fig: चेतावनीयुक्त प्रवचन, भर्त्सनापूर्ण प्रवचन ।

Karabiner, m (-s/-) [frz.] कड़ाबीन, छोटी बंदूक; → Karabinerhaken; ~**haken,** m (ज़ंजीर आदि का) खटकेदार छल्ला या हुक (जैसे कुत्ते के पट्टे और ज़ंजीर को जोड़ने वाली कड़ी) ।

Karacho, n (-s) [span.]:mit/im Karacho तेज़ी से, झटके के साथ ।

Karaffe, f (-/-n) [frz.] काँच का सुराही जैसा पात्र, क़राबा ।

Karambol-age, f (-/-n)[frz.] टक्कर, संघट्ट; beim Billard: दो-गेंदी मार; fig: झगड़ा, लड़ाई; ~**ieren,** v/i (h.;s.)दो-गेंदी मार मारना;fig: झगड़ा या लड़ाई क० ।

Karamel, m (-s) [frz.] दग्धशर्करा; ~**le,** f (-/n) दग्धशर्करा की टॉफ़ी ।

Karat, n (-[e]s/-e) [frz.] कैरट; हीरे की तौल ।

Karate, n (- s) [jap.] आत्मरक्षार्थ निकट युद्ध ।

Karbonat, n (-[e]s/-e) [lat.] chem: प्रांगारीय, कार्बोनेट ।

Karbunkel, m (-s/-) [lat.] छिद्रार्बुद, जहरबाद ।

Kardamom, m/n (-s/-en) एला, इलायची ।

Kardangelenk, n, tech: सर्वप्रयोजन जोड़ ।

Kardätsche, f (-/-n) [ital.] खरहरा;

Weberei: ऊन आदि साफ़ करने का कंघा या बुरुश; Bauwesen: गारे या सीमेंट को लगाने के बाद चिकना करने का पट्टा ।

Kardinal, m(-s/≃e) [lat.] कार्डिनल, पोप का चुनाव करने वाला बिशप ।

Kardinal-fehler, m आधारभूत ग़लती, भारी भूल; **~zahl,** f गणनसंख्या ।

Kardiogramm, n (-s/-e) [griech.] हृत्स्पंद-लेख ।

Karenz, f (-/-en) / **~zeit,** f [lat.] प्रतीक्षाकाल; kfm: अनुपलभ्यता-काल ।

Karfreitag, m ईस्टर के पूर्व का शुक्रवार, ईसामसीह के क्रूसारोपण का दिन ।

Karfunkel, m → Karbunkel

karg, adj. अल्प, कम, अपर्याप्त; सादा, साधारण, मामूली; अनलंकृत; कृपण, कृपणतापूर्ण, किफ़ायती; ein karges Mahl साधारण भोजन; ein karges Zimmer अनलंकृत कमरा; fig: eine karge Antwort संक्षिप्त(या अपर्याप्त) उत्तर; **~en,** v/i (h.): mit etw. kargen किसी वस्तु या बात में किफ़ायत क॰; **~heit,** f (-) अल्पता, कमी, अपर्याप्तता; सादापन, मामूलीपन; अनलंकृतता; कृपणता; संक्षिप्तता ।

kärglich, adj. कम, अल्प, अपर्याप्त; दीन-हीन, अकिंचन; नगण्य, तुच्छ ।

kariert, adj. [frz.] चारखानेदार ।

Karies, f (-) [lat.] दन्तास्थि-क्षय; अस्थिक्षय, अस्थिक्षरण ।

Karikatur, f (-/-en) [ital.] व्यंग्यचित्र, उपहासचित्र, कार्टून; **~ist,** m (-en/-en) व्यंग्य-चित्रकार ।

karikieren, v/t (h.) [ital.] का व्यंग्य-चित्र बनाना, कार्टून के माध्यम से मज़ाक़ उड़ाना ।

kariös, adj. [lat.] अस्थिक्षयग्रस्त ।

Karita-s, f (-) [lat.] हितैषिता, सद्भाव; परोपकार; दान, पुण्य, ख़ैरात; **~tiv,** adj. धर्मार्थ, पुण्यार्थ, ख़ैराती ।

Karmesin, n (-s) [pers./arab.] कृमिज, कृमिराग, कार्मिज रंजक; **~rot,** adj. कार्मिज रक्त, गहरा लाल ।

Karneval, m (-s/-e;-s) [ital.] पिशितोत्सव; कार्नीवाल, ईस्टर से पूर्व की रंगरलियाँ ।

Karnickel, n (-s/-) dial: शशक, खरहा, ख़रगोश; fig: बलि का बकरा, दूसरों के लिए दोषी ठहराया जाने वाला व्यक्ति; U: मूर्ख, उल्लू, गोबर-गणेश ।

Karo, n (-s/-s) [frz.] समचतुर्भुज; Kartenspiel: ईंट (का पत्ता) ।

Karosse, f (-/-n) [frz.] शानदार बग्घी ।

Karosserie, f (-/-n) [frz.] वहित्रयान-काय, कार आदि का ढाँचा ।

Karotin, n (-s) [frz.] गर्जरेण्य, पौधों तथा सब्जियों में पाया जाने वाला विटामिन 'ए' ।

Karotte, f (-/-n) [frz.] गाजर, गर्जर ।

Karpfen, m (-s/-) शफ़री, कार्प ।

Karre, f (-/-n)→Karren; U: die Karre aus dem Dreck ziehen बिगड़ी बात को बनाना, परेशानी को समाप्त क॰, गाड़ी को दलदल से निकालना ।

Karree,n(-s/-s) [frz.]वर्ग; समचतुर्भुज; चतुर्भुज ।

Karren, 1. m (-s/-) शकट, गाड़ी; छकड़ा; ठेला, ठिलिया, एक पहिये से चार पहियों तक की कोई भी गाड़ी; fig: den Karren in den Dreck fahren बात को बिगाड़ देना, गाड़ी को दलदल में फँसा देना; fig: er läßt den Karren einfach laufen वह जो होता है सो होने देता है; 2. v/t (h.) गाड़ी से ढोना, गाड़ी में ले जाना ।

Karrier-e, f (-/-n) [frz.] प्रगति, प्रगति-क्रम; घोड़े की सरपट चौकड़ी; er hat Karriere gemacht उसने अच्छा पद प्राप्त कर लिया है; **~ist,** m (-en/-en) व्यक्तिगत सफलतावादी ।

Karst,(-es/-e) दो फाल वाली गैंती, दो फाल वाला फावड़ा; o.pl., geol: चूर्णिय शैल ।

Karte, f (-/-n) कार्ड, पत्रक, पत्र;

टिकट; (Eintrittskarte) प्रवेशपत्र; (Spielkarte) ताश, पत्ता; (Speisekarte) व्यंजन-सूची; (Visitenkarte) परिचय-पत्र, अभ्यागत-पत्र, विज़िटिंग कार्ड; (Landkarte) मानचित्र, नक़शा; fig: alles auf eine Karte setzen सब-कुछ एक ही दाँव पर लगा देना; fig: er mußte seine Karten aufdecken उसे अपना वास्तविक मन्तव्य प्रकट करना पड़ा, उसे हक़ीक़त ज़ाहिर करनी पड़ी, उसे असली बात बतानी पड़ी; fig: sich nicht in die Karten sehen/gucken lassen अपनी योजनाओं को गुप्त रखना; Karten legen ताश के पत्तों से भविष्य बताना।

Kartei, f (-/-en) पत्रक-देशना, कार्ड-सूचिका; **~Karte,** f कार्ड-सूचिका का कार्ड; **~kasten,** m पत्रक-देशना-मंजूषा; **~leiche,** f पत्रक-देशना की निविष्टि जो बेकार या अनावश्यक हो गई हो।

Kartell, n (-s/-e) [frz.] उत्पादक-संघ; **~ieren,** v/t (h.) उत्पादक-संघ बनाना।

Karten-brief, m पोस्टकार्ड, पत्रकार्ड; **~haus,** n ताश के पत्तों से बनाया मकान; mar: (जहाज़ में) सामुद्रिक मानचित्रों का कक्ष; fig: रेत का महल, असफल विचार; fig: sein Plan stürzte wie ein Kartenhaus zusammen उसकी योजना असफल हो गई; **~kunststück,** n ताश के पत्तों की बाजीगरी; **~spiel,** n ताश का खेल; ताशों की गड्डी; **~werk,** n एटलस, मानचित्रावली।

kartieren, v/t (h.) का मानचित्र बनाना; पत्रक-देशना में चढ़ाना।

Kartoffel, f (-/-n) [ital.] आलू; U: पकौड़ी-जैसी नाक; मोज़े में हो गया छेद; **~brei,** m आलू का भरता, उबले हुए आलुओं की नमकीन गाढ़ी लपसी; **~käfer,** m आलू की फ़सल को नष्ट करने वाला कीड़ा; **~knödel,** m आलू के भरते के गोले; **~puffer,** m आलू का चीला या चिल्ला; **~püree,** n → Kartoffelbrei; **~salat,** m आलू का सलाद।

Kartograph, m (-en/-en) [lat./griech.] मानचित्रकार, नक़्शानवीस; **~ie,** f (-) मानचित्र-कला, नक़शा-नवीसी।

Karton, m (-s/-s) [frz.] (Pappe) गत्ता, दफ़्ती; (Schachtel) गत्ते या दफ़्ती का डिब्बा; Malerei: भित्ति-चित्र का रेखाचित्र; Buchdruck: शुद्धिपत्र; पूरक या अतिरिक्त पृष्ठ; **~age** f (-/-n) गत्ते की पैकिंग; गत्ते या दफ़्ती की जिल्द; **~iert,** adj. पत्रावरणबद्ध, मोटे कागज़ या गत्ते की जिल्द वाला, पेपरबैक।

Kartothek, f (-/-en)→Kartei

Karussell, n (-s/-s;-e) [frz.] चक्रदोला, चक्र।

Karwoche, f ईस्टर से पूर्व का सप्ताह, दुःखभोग-सप्ताह।

Karzer, m (-s/-) [lat.] विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों का नज़रबंदी का कमरा; विद्यार्थियों की नज़रबंदी।

Karzinom, n (-s/-e) [griech.] कर्कटार्बुद, कैन्सर का अर्बुद।

Kaschemme, f (-/-n) [zig.] शराब का अड्डा, शराबख़ाना जिसमें गुन्डे-बदमाश इकट्ठे होते हों।

kaschieren, v/t (h.) [frz.] छिपाना, गुप्त रखना, (बात) दबा लेना; पर (पारदर्शी) पन्नी या काग़ज़ चिपकाना।

Käse, m (-s/-) [lat.] चीज़, दधिक, पनीर; U: बकवास, प्रलाप; **~blatt,** n, U: घटिया अखबार, निम्न श्रेणी का समाचारपत्र; **~glocke,** f चीज़ ढकने का काँच का घंटाकार बर्तन; **~kuchen,** m चीज़ का केक; **~magen,** m रोमन्थी पशुओं का चतुर्थ आमाशय; **~n,** v/i (h.) पनीर या चीज़ बनाना; जमना (दूध का); **~r,** m (-s/-) पनीर या चीज़ बनाने वाला; **~rei,** f (-/-en) चीज़-निर्माणशाला।

Kasern-e, f (-/-n) स्थायी सेनावास, छावनी, पक्की बैरकें; ~**enhof,** m स्थायी सेनावास का प्रांगण या अहाता; ~**ieren,** v/t (h.) छावनी या पक्की बैरकों में रखना (सैनिकों को)।

käsig, adj. चीज़ जैसा, पनीर जैसा; fig: निष्प्रभ, पीला।

Kasino, n (-s/-s) [ital.] क्लब, नृत्य-शाला; द्यूतशाला; mil: अफ़सरों का भोजनालय तथा मनोरंजन का स्थान।

Kaskade, f (-/-n) [frz.] कृत्रिम जल-प्रपात, क्रमप्रपात; जलप्रपात जैसी आतिशबाज़ी।

Kaskoversicherung, f विमान, जहाज़ तथा कार आदि का बीमा।

Kasper, m (-s/-) U: बौड़मबसन्त, मूर्ख, भोंदू; →Kasperle; ~**le,** n (-s/-) पुतली के खेल में विदूषक या भाँड़; ~**letheater,** n पुतली का खेल जिसमें विदूषक की मुख्य भूमिका हो; ~**n,** v/i (h.) मूर्खतापूर्ण आचरण क०, विदूषकवत् आचरण क०, भँड़ैती क०।

Kassandraruf, m, fig: महान संकट या विनाश की चेतावनी, अनिष्ट की भविष्यवाणी।

Kasse, f (-/-n) नक़दी-बकस, नक़दी-पेटिका; in Läden: दूकानों में खरीदी वस्तु का मूल्य चुकाने का स्थान; in Bank: बैंक में लेन-देन की खिड़की; theat: नाट्यशाला आदि में टिकट की खिड़की; (Zahlstelle) ख़ज़ान्ची का दफ़्तर, ख़ज़ान्ची की खिड़की (किसी संस्था आदि में); (Krankenkasse) स्वास्थ्य-बीमा-संस्था; kfm: नक़दी, नक़द धन; Kasse machen हिसाब मिलाना; er ist gut bei Kasse उसके पास पर्याप्त धन है।

Kassen-anweisung, f ख़ज़ान्ची को दिया गया अदायगी का आदेश; ~**arzt,** m स्वास्थ्य-बीमा-संस्था द्वारा मान्यता-प्राप्त चिकित्सक; ~**bestand,** m रोकड़-बाक़ी, मौजूदा नक़दी; ~**buch,** n रोकड़-बही; ~**patient,** m आगोपित रोगी, रोगी जिसकी चिकित्सा का व्यय स्वास्थ्य-बीमा-संस्था दे; ~**schein,** m रसीद; विक्रेय वस्तु पर लगी पर्ची या विक्रेता द्वारा दी गई परची जिसके आधार पर ग्राहक मूल्य चुकाता है; ~**schlager,** m खूब बिकने वाली वस्तु; खूब चलने वाली फ़िल्म; ~**schrank,** m तिजोरी; ~**sturz,** m : Kassensturz machen रोकड़-बाकी का पता लगाना, हिसाब लगा कर देखना कि कितनी नक़दी बाक़ी है; ~**wart,** m ख़ज़ान्ची; ~**zettel,** m → Kassenschein

Kasserolle, f (-/-n) [frz.] ढक्कनदार कड़ाही।

Kassette, f (-/-n) [frz.] पेटिका, मंजूषा; प्रकाश-अवरोधी डिब्बा (फ़िल्म आदि रखने के लिए); कैसेट (संगीत आदि अंकित करने के लिए); किताबों का पीठ की ओर को खुला हुआ डिब्बा; arch: छत का दिल्ला।

Kassiber, m (-s/-) [jidd.] गुप्त रूप मे वंदीगृह में ले जाया गया या वहाँ से लाया गया पत्र।

Kassier, m (-s/-e) → Kassierer; ~**en,** v/t (h.) धन लेना, धन लेकर जमा क०; U: हथिया लेना; गिरफ़्तार कर लेना; jur: (निर्णय आदि को) रद्द कर देना; Beamte: बर्खास्त क०, नौकरी से निकाल देना; ~**er,** m (-s/-) ख़ज़ान्ची।

Kastanie, f (-/-n) [lat./griech.] आरुणि (वृक्ष या फल), पाँगर या उसका फल; fig: für jdn. die Kastanien aus dem Feuer holen किसी के हित के लिए कोई अप्रिय या ख़तरनाक काम क०; ~**nbraun,** adj. लाल भूरे रंग का।

Kaste, f (-/-n) [port.] जाति, वर्ण।

kastei-en, v/r (h.) [lat.] आत्मदमन क०, तपस्या क०; ~**ung,** f (-/-en) आत्मदमन, तपस्या।

Kastell, n (-s/-e) [lat.] गढ़, दुर्ग; ~**an,** m (-s/e) दुर्गपति; द्वारपाल; प्रबन्धक, कारिन्दा, भवन की मरम्मत

तथा देखभाल करने वाला ।

Kasten, m (-s/⸚) पेटी, संदूक, वकस, चौकोर मंजूषा; खाना, दराज़; अलमारी, धाड़ी; कोई भी चौकोर आधान या पात्र; U: पत्र-पेटी; पुराना मकान; पुराना जहाज़, पुरानी गाड़ी, कोई भी पुराना वाहन; कोई भी चौकोर उपकरण (रेडियो, टेलिविज़न आदि); वैरक, स्कूल, कारावास आदि; फ़ुटबॉल आदि में गोल; fig: er hat nicht viel auf dem Kasten वह विशेष बुद्धिमान नहीं है, वह बुद्धिहीन है ।

Kastenwesen, n वर्णव्यवस्था, जाति-पाँति का भेद ।

Kastr-at, m (-en/-en) [lat.] वधिया किया हुआ आदमी, उच्छिन्नांड आदमी; **~ation,** f(-/-en) वध्रीकरण, अंडोच्छेदन, वधियाकरण; **~ieren,** v/t (h.) वधिया क०, खस्सी क०, का अंडोच्छेदन क० ।

Kasus, m (-/-) [lat.] स्थिति, दशा, हाल, परिस्थिति; gramm: कारक ।

Katafalk, m (-s/-e) [ital.] शवमंच ।

Katakombe, f (-/-n) [griech.] भूगर्भस्थ समाधिस्थान, क़ब्रों का तहखाना ।

Katalog, m (-[e]s/-e) [griech.] सूचीपत्र, सूची, तालिका; **~isieren,** v/t (h.) की सूची बनाना, को सूचीबद्ध क० ।

Katalys-ator, m (-s/-en) [griech.] chem: उत्प्रेरक; **~e,** f (-/-n) उत्प्रेरण; **~ieren,** v/t (h.) उत्प्रेरण क० ।

Katapult, m/n (-[e]s/-e) [lat./griech.] शिलाप्रक्षेपक; गुलेल, गोफन, गुफनी; tech: विमान को उड़ाने का रपटा; **~ieren,** v/t (h.) गुलेल आदि की सहायता से फेंकना; tech: विमान को रपटे की सहायता से उड़ाना ।

Katarakt, m (-[e]s/-e) [griech.] प्रपात, महाजलप्रपात; med: मोतियाबिन्द ।

Katarrh, m (-s/-e) [griech.] नज़ला, ज़ुकाम, प्रतिश्याय, सरदी; श्लेष्मल झिल्ली की सूजन; **~alisch,** adj. श्लेष्मल झिल्ली की सूजन से संबंधित; सरदी या ज़ुकाम का ।

Kataster, n/m (-s/-) [ital.] भू-विवरणिका, भूसम्पत्ति-पंजी (जिसके आधार पर लगान आदि निर्धारित किया जाता है); **~amt,** n भूसम्पत्ति-पंजीयनालय ।

katastroph-al, adj. [griech.] अनर्थकर, विध्वंसकारी, आपत्तिकर; **~e,** f (-/-n) महाविपत्ति, विध्वंस, अनर्थ; **~engebiet,** n संकटग्रस्त क्षेत्र, विपत्तिग्रस्त क्षेत्र ।

Kateche-se, f (-/-n) [griech.] प्रश्नोत्तर द्वारा धर्मशिक्षा; **~t,** m (-en/-en) धर्मशिक्षक ।

katechis-ieren, v/t (h.) [griech.] को प्रश्नोत्तर द्वारा धर्मशिक्षा देना; **~mus,** m (-/-'men) ईसाई धर्म की प्रश्नोत्तरी ।

Kategor-ie, f (-/-n) [griech.] वर्ग, संवर्ग, कोटि, श्रेणी; philos: मूल धारणा, वैचारिक रूप; **~isch,** 1. adj. सुस्पष्ट, सुनिश्चित; philos: निरपेक्ष, निरुपाधिक; der kategorische Imperativ विवेक का आदेश, सर्वोपरि नैतिक कर्तव्य; 2. adv. साफ़-साफ़, सुस्पष्ट रूप से, सीधे-सीधे; etw. kategorisch ablehnen किसी बात के लिए साफ़-साफ़ मना कर देना; **~isieren,** v/t (h.) वर्गीकृत क०; सर्वोपरि या अवश्यकरणीय मानना (या बनाना) ।

Kater, m (-s/-) विडाल, बिलौटा; fig: मदिरापान का दुष्परिणाम (सिर-दर्द और थकान) ।

Katharsis, f (-) [griech.] भावशान्ति, भावोन्नयन ।

Katheder, n/m (-s/-) [griech.] भाषणमंच, व्याख्यानपीठ; fig: पीठ, प्रोफ़ेसर का पद; **~blüte,** f, fig: अध्यापक के मुँह से अनायास ही निकल गई हास्यजनक बात ।

Kathedrale, f (-/-n) [lat.] प्रधान

गिरजाघर, कैथीड्रल।

Kathete, f (-/-n) [griech.] समकोण त्रिभुज की सबसे छोटी भुजा।

Katheter, n (-s/-) [griech.] med: नाल-शलाका, मूत्रनिष्कासन-नलिका; **~isieren,** v/t (h.) नाल-शलाका को प्रवेश क० या इसके द्वारा मूत्र या अन्य तरल पदार्थ को बाहर निकालना।

Kathode, f (-/-n) [griech.] ऋणाग्र, कैथोड।

Kathol-ik, m (-en/-en) [griech.] (रोमन) कैथॉलिक ईसाई; **~isch,** adj. कैथॉलिक, कैथॉलिक धर्म पर आधारित; **~isieren,** v/t (h.) कैथॉलिक बनाना, कैथॉलिक धर्म का अनुयायी बनाना; **~izismus,** m (-) (रोमन) कैथॉलिक धर्म।

Katode, f → Kathode

Kattun, m (-s/-e) [arab.] महीन छींट; महीन सूती कपड़ा; **~en,** adj. महीन छींट का; महीन सूती कपड़े का।

katz-balgen, v/r (h.) हँसी-हँसी में हाथापाई क० या झगड़ना; **~balgerei,** f (-/-en) हँसी-हँसी की हाथापाई, छीना-झपटी; **~buckeln,** v/i (h.) खुशामद क०, चाटुकारिता क०; दासवत् आचरण क०।

Kätzchen, n (-s/-) छोटी बिल्ली; बिल्ली का बच्चा; fig: खुशामदी लड़की; bot: निलम्बशूकी; भूर्ज, भिदुर आदि की कली।

Katze, f (-/-n) बिल्ली, बिडाल-प्रजाति का कोई भी जीव; fig: die Katze läßt das Mausen nicht कोई भी अपनी जन्मजात प्रवृत्ति को नहीं छोड़ पाता, कुत्ते की पूँछ बारह बरस टोंटी में रखी जब निकाली तो टेढ़ी की टेढ़ी; U: mit jdm. Katz und Maus spielen किसी को लटकाए रखना; किसी को धीरे-धीरे पीड़ित क०; sie ist falsch wie eine Katze वह बहुत कपटी है, वह बहुत बेवफ़ा है (लेकिन ऊपर से वफ़ादारी का ढोंग करती है); fig: die Katze im Sack kaufen किसी वस्तु को बिना देखे ख़रीद लेना; किसी बात को बिना जाँच-पड़ताल के स्वीकार कर लेना; fig: die Katze aus dem Sack lassen किसी रहस्य को प्रकट क०, मन की बात या अपने इरादे को ज़ाहिर क०; U: es war alles für die Katz यह सब व्यर्थ ही में किया।

Katzen-auge, n लशुन्य, लहसुनिया; (Rückstrahler) साइकिल, कार आदि के पीछे लगा हुआ परावर्तक; **~buckel,** m बिल्ली का कूबड़; **~freundlich,** adj., U: कपटपूर्ण मित्रता करने वाला, मुँहदेखी मित्रता करने वाला, मित्रता का ढोंग करने वाला; **~jammer,** m आत्मग्लानि, क्षोभ, अनुताप, पछतावा; nach Rausch: नशे के बाद की खिन्नता; **~kopf,** m (Pflasterstein) सड़क बनाने में प्रयुक्त गोल पत्थर या बटिया; mar: लंगर को रोकने का कुंदा; U: हल्की धौल या चपत (सिर पर); **~kraut,** n बिल्लालोटन, बिदारी कंद; **~musik,** f, U: बेसुरा संगीत; **~sprung,** m, U: बहुत थोड़ी दूरी, दो क़दम का रास्ता; **~tisch,** m, U: बच्चों की खाने की मेज़; **~wäsche,** f, U: पंचस्नान, केवल हाथ-मुँह धोना; **~zunge,** f चॉकलेट का जिह्वाकार टुकड़ा।

Kauderwelsch, n (-s) अबोधगम्य भाषा-शैली, गपड़-सपड़, समझ से बाहर की भाषा या बातचीत।

kauen, v/t (h.) चबाना, चर्वण क०; Nägel kauen दाँतों से नाख़ून काटना; er kaut jedes Wort वह हर शब्द को चबा-चबा कर बोलता है, वह बहुत धीरे-धीरे बोलता है; fig: an etw. kauen किसी काम को करने में कठिनाई का सामना क०; किसी दुःख को न भूल पाना।

kauern, v/i (h.) दबकना, सिकुड़कर बैठना, उकड़ूँ बैठना।

Kauf, m (-[e]s/ ¨-e) क्रय, ख़रीद; fig: etw. in Kauf nehmen किसी बात

को अपने सिर पर लेना; किसी अप्रिय बात को स्वीकार कर लेना; fig: guten/leichten Kaufes davonkommen मामूली हानि उठाकर बच निकलना या बच जाना; ~**en,** v/i & v/t (h.) क्रय क०; खरीदना, खरीद लेना, मोल लेना; fig: jdn. kaufen किसी को घूस देना, किसी को घूस देकर कुछ काम कराना; U: den kaufe ich mir! उससे मैं निपटूँगा, उसकी तबियत मैं हरी करूँगा।

Käufer, m (-s/-) क्रेता, खरीदार।

Kauf-haus, n (विशेष प्रकार की वस्तुओं की) बड़ी दूकान, विक्रयागार; ~**kraft,** f, des Geldes: मुद्रा-क्रयशक्ति; ~**kräftig,** adj. धनी, धनवान, धनाढ्य; ~**leute,** pl. व्यापारी (लोग)।

käuflich, adj. क्रेय; बिकाऊ; fig: घूसखोर, उत्कोच्य; ~**keit,** f, fig: उत्कोच्यता।

Kauf-lust, f (-) खरीदने की इच्छा या मनोवृत्ति; ~**mann,** m (-s/Kaufleute) दूकानदार, बनिया; विक्रेता; jur: (आत्मनिर्भर) व्यापारी, सौदागर; ~**männisch,** adj. व्यापारिक, तिजारती; व्यापार-संबंधी; वाणिज्य-सम्बन्धी; ~**preis,** m क्रयमूल्य; ~**vertrag,** m क्रय-अनुबंध, विक्रयपत्र; ~**zwang,** m खरीदने की बाध्यता।

Kaugummi, m चर्वण-निर्यास, चूइंग गम।

Kaulquappe, f (-/-n) बेंगची, छुछमछली, मेढक की इल्ली।

kaum, adv. (fast nicht) लगभग नहीं, नहीं के बराबर; (schwerlich) मुश्किल से, कठिनाई से; (vermutlich nicht) शायद नहीं, शायद ही, संभवत: नहीं; zeitlich: अभी-अभी ही, मुश्किल से; das ist kaum zu glauben इसपर मुश्किल से विश्वास आता है, यह तो कमाल हो गया; ich sehe ihn kaum noch उससे मेरी मुलाक़ात नहीं के बराबर होती है; kommen Sie morgen zu uns?–Wohl kaum क्या आप कल हमारे यहाँ आएँगे?–संभवत: नहीं; kaum gingen wir hinaus, da begann es zu regnen हम (अभी-अभी) बाहर निकले ही थे कि बारिश होने लगी; es dauerte kaum 5 Minuten (इसमें) मुश्किल से पाँच मिनट लगे।

kausal, adj. [lat.] कारणात्मक, कारण-संबंधी; कारणवाची; gramm: प्रेरणार्थक, कारणवाचक; ~**gesetz,** n कारण-कार्य-सिद्धान्त, कारण-नियम; ~**ität,** f (-) कारणता, कारणत्व; कार्य-कारण-संबंध; ~**prinzip,** n → Kausalgesetz; ~**satz,** m, gramm: कारणवाचक वाक्य; ~**zusammenhang,** m कारण-कार्य-संबंध।

Kausche, f (-/-n) [frz.] mar: रस्से के छोर पर लगी धातु की कड़ी।

Kaution, f (-/-en) [lat.] अवधान-द्रव्य, ज़मानती रुपया, प्रतिभू-धन, पारिभाव्य धन।

Kautschuk, m (-s/-e) [indian.] कूचुक, रबड़।

Kauz, m (-es/-e) घुग्घू; fig: अनोखा, विलक्षण, सनकी व्यक्ति।

Kavalier, m (-s/-e) [frz.] किसी महिला का सहचर; नारीमोहन, रमणीरंजक, नारीसेवापरायण आदमी; ~**sdelikt,** n तुच्छ अपराध, छोटी भूल, मामूली अपराध; ~**stuch,** n कोट की ऊपरी जेब में रखा रूमाल (अलंकार-मात्र)।

Kavaller-ie, f (-/-n) [ital.] अश्वसेना, रिसाला, अश्वारोही सेना; ~**ist,** m (-en/-en) अश्वारोही सैनिक।

Kaviar, m (-s) [türk.] पंचपालि-प्रजाति की एक मछली के अंडे।

Kebs-e, f / ~**weib,** n उपपत्नी, रखैल, रखेली।

keck, adj. निर्भीक, निडर; ढीठ, उद्धत; ~**heit,** f (-) निर्भीकता; ढिठाई, उद्धतता।

Kegel, m (-s/-) स्किटल के खेल की

शुंडाकार लकड़ी; math: शंकु; Kegelförmiges: कोई भी शंक्वाकार वस्तु; Schriftgröße: मुद्रणाक्षर का आकार; U: mit Kind und Kegel सारे परिवार के साथ; **~bahn,** f स्किटल के खेल की चिकनी पटरी; **~förmig,/~ig,** adj. शंक्वाकार, शांकव; **~junge,** m स्किटल के खेल में शुंडाकार लकड़ियों को सजाकर रखने वाला लड़का; **~n,** 1. v/i (h.) स्किटल खेलना; 2. v/i (s.) U: गिर पड़ना; **~schieben,** n स्किटल खेलना; **~schnitt,** m, math: शंकुपरिच्छेद, शंकु-छेद; **~stumpf,** m शंकु-छिन्नक, लूनाग्र शंकु।

Kegler, m (-s/-) स्किटल का खिलाड़ी।

Kehl-e, f (-/-n) गला, कंठ; ग्रसिका, हलक़; ग्रासनली, श्वासनली; (Vertiefung)गोल खाँचा, गोल कटान; aus voller Kehle schreien गला (या हलक़) फाड़ कर चिल्लाना; U: das ist ihm in die falsche Kehle geraten वह इस वात का बुरा मान गया; U: jdm. das Messer an die Kehle setzen किसी को धमकी देना, किसी पर ज़ोर डालना (कुछ करवाने के लिए); fig: ihm steht das Wasser bis zur Kehle वह बुरी तरह से (आर्थिक) संकट में फँसा हुआ है; fig: dieser Anblick schnürte ihm die Kehle zu इस दृश्य को देखकर उसका गला रुँध गया (या उसकी वोलती वंद हो गई); **~en,** v/t (h.) में (गोल) खाँचा वनाना; मछली की अंतड़ियाँ आदि निकालना; **~kopf,** m, anat: घोषित्र, कंठ, स्वरयंत्र; **~laut,** m कंठ्य ध्वनि; **~ung,** f (-/-en) गोल खाँचा, लम्बा गोल खाँचा।

Kehraus, m (-) किसी समारोह का अन्तिम नृत्य, समापक नृत्य-समारोह।

Kehre, f (-/-n) कैंची मोड़; sport: उलटी छलाँग।

[1]**kehren,** 1. v/t (h.) मोड़ना, पलटना, लौटना, फेरना; jdm. den Rücken kehren किसी की ओर पीठ फेरना; किसी से सम्वंध समाप्त कर देना, किसी को छोड़ देना; das Unterste zuoberst kehren उलट-पलट कर देना; fig: er ist in sich gekehrt वह अन्तर्मुखी हो गया है; 2. v/r (h.) मुड़ना, पीछे की ओर मुड़ जाना; fig: की परवाह क०, पर ध्यान देना; fig: er kehrte sich nicht an unsere Warnung उसने हमारी चेतावनी की कोई परवाह नहीं की।

Kosmet-ik, f (-) [griech.] अंग; प्रसाधन, शृंगार-प्रसाधन; **~ikerin,** f (-/-nen) शृंगार-प्रसाधन के विषय में सुविज्ञ स्त्री, शृंगार-सामग्री वेचने वाली; **~ikum,** n (-s/-'ka) कांति-द्रव्य, अंगराग, लावण्यवर्धक द्रव्य; **~isch,** adj. अंग-प्रसाधन-संबंधी, शृंगार-संवंधी; सौंदर्य या लावण्य बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया ।

kosmisch, adj. अंतरिक्षीय ।

Kosmo-gonie, f (-/-en) [griech.] सृष्टिशास्त्र, विश्वोत्पत्ति, ब्रह्मांडोत्पत्ति; **~graphie,** f (-/-en) सृष्टि-वर्णन, विश्ववृत्तान्त; **~logie,** f (-/-en) सृष्टि विज्ञान, ब्रह्मांडिकी; **~naut,** m (-en/-en) अंतरिक्ष-यात्री; **~nautik,** f (-) अंतरिक्षयानिकी; **~nautisch,** adj: अंतरिक्षयानिकी-संबंधी; **~polit,** m (-en/-en) विश्वनागरिक; विश्व-व्यापी पशु या पौधा; **~politisch,** adj. विश्वहितैषी, विश्वप्रेमी; विश्व-व्यापी, सर्वदेशीय; **~s,** m (-) ब्रह्मांड, विश्व, विश्वव्यवस्था ।

Kost, f(-) आहार, भोजन, खाना; Kost und Logis रहने तथा खाने का प्रबंध ।

kostbar, adj. मूल्यवान, क़ीमती, वहु-मूल्य, महार्ह; **~keit,** f (-/-en) मूल्यवान वस्तु; o.pl: मूल्यवत्ता, बहु-

मूल्यता, महार्हता ।

[1]**Kosten,** v/t (h.) चखना, का स्वाद लेना, चखकर देखना ।

[2]**kosten,** [lat.] v/i (h.) व्यय होना, ख़र्च होना, का मूल्य या दाम होना, की क़ीमत होना; dieser Sari kostet zweihundert Rupien इस साड़ी का मूल्य दो सौ रुपये है; dieser Reise hat mich viel Geld gekostet इस यात्रा में मेरा बहुत धन व्यय हो गया; fig: sein Leichtsinn kostete ihm das Leben अपने अविवेक का मूल्य उसे (अपने) जीवन से चुकाना पड़ा ।

[3]**Kosten,** pl. व्यय, ख़र्च, लागत; das geht auf meine Kosten इसका व्यय मैं दूँगा; fig: auf Kosten anderer दूसरों को हानि या नुक़सान पहुँचाकर; U: Sie werden auf Ihre Kosten kommen आपके दाम वसूल हो जाएँगे; आपको पछतावा नहीं होगा; **~berechnung, f** व्यय का हिसाब (लगाना); **~frage,** f ख़र्च का सवाल, पैसे की समस्या; **~frei,/ ~los,** adj. निःशुल्क, मुफ़्त (का), जिसमें व्यय न हो; **~pflichtig,** adj. सशुल्क; **~punkt,** m व्यय (की बात), लागत (की समस्या); **~voranschlag,** m लागत का अनुमानित अंकपत्र, अनुमानित व्यय, तख़मीना, प्राक्कलन ।

kost-frei, 1. adj. मुफ़्त भोजनव्यवस्था वाला; 2. adv: er wohnt bei uns kostfrei हम उससे केवल किराया लेते हैं भोजन के पैसे नहीं; **~gänger,** m (-s/-) किसी के यहाँ व्यय देकर भोजन प्राप्त करने वाला व्यक्ति; **~geld,** n भोजन का व्यय ।

köstlich, 1. adj. स्वादिष्ठ; ज़ायक़ेदार, लज़ीज़; बहुत बढ़िया, अत्युत्तम, शानदार; fig: मज़ेदार, विनोदपूर्ण, हास्यजनक; 2. adv. ख़ूब, अत्यधिक, ठाठ के साथ; wir haben uns köstlich amüsiert हमने ख़ूब मज़ा लिया या लूटा, हमें बड़ा आनन्द आया; **~keit,** f (-/-en) अतिस्वादिष्ट पदार्थ ।

Kostporbe, f चखने के लिए लिया गया थोड़ा-सा अंश; fig: नमूना, उदाहरण ।

kostspielig, adj. महँगा, बहुत अधिक व्यय वाला ।

Kostüm, n (-s/-e) [frz./ital.] युगविशेष की वेशभूषा या पोशाक; für Damen: स्त्रियों की पोशाक का जोड़ा (स्कर्ट और जाकिट); (Verkleidung) ललित-वस्त्र (नाट्यशाला के); छद्मवेश; **~ball,** m / **~fest,** n छद्मवेश-समारोह; **~ieren,** v/t (h.) को युगविशेष की पोशाक या या ललित-वस्त्र पहनाना, को छद्मवेश धारण कराना ।

Kostverächter, m: fig: er ist kein Kostverächter वह स्वाद (या आनन्द) की अवहेलना करने वालों में से नहीं है; वह जीवन का आनन्द लूटता है; वह स्वाद का पारखी है ।

Kot, m (-[e]s) कीचड़, पंक, कर्दम; विष्ठा, मल ।

Kotangens, m (-/-) [lat.] math: कोटिस्पर्शज्या, कोस्प ।

Kotelett, n (-[e]s/-s) [frz.] पसली के गोश्त का टुकड़ा, मांसयुक्त पसली का टुकड़ा ।

Koteletten, pl. [frz.] कपोलास्थि या कनपटी पर के बाल, क़लम ।

Köter, m (-s/-) निकम्मा कुत्ता, लेंड़ी-कुत्ता ।

Kotflügel, m पंकरोक, मडगार्ड ।

kotzen, v/i (h.) vulg: उलटी क०, क़ै क०, ओकना; das ist zum Kotzen यह अत्यन्त घृणाजनक है; यह बहुत उबाऊ है ।

Krabbe, f (-/ n) केकड़ा, कर्कट; U: सुन्दर बच्चा; कमसिन छोकरी, कमसिन हसीना ।

krabbeln, 1. v/i (s.) U: रेंगना; घुटनों के बल चलना; हाथों तथा पैरों की सहायता से चढ़ना; 2. v/t (h.) U: गुदगुदाना; सहलाना; खुजलाना; U: es krabbelt गुदगुदी हो रही है;

खुजली हो रही है।

Krach, m(-[e]s/-e;-s;U: ⸚e) रव,शोर, कोलाहल, हुल्लड़; U: (Streit) झगड़ा, कलह, तू तू-मैं मैं; U: (Wirtschaftskrise) आर्थिक संकट; भाव का अचानक गिरना; दिवाला; Krach machen शोर मचाना; U: Krach schlagen ज़ोर-ज़ोर से डाँटना-डपटना; **~en,** 1. v/i (h.) चरचराना, चर्राना, चरमराना; गरजना, गड़गड़ाना; चटकना; U: टूट जाना; धड़ाका होना; 2. v/r (h.) U: sich mit jdm. krachen किसी से झगड़ा क०; **~er,** m (-s/-) U: बूढ़ा आदमी, मरियल आदमी।

krächzen, v/i (h.) काँव-काँव क०; खरखराना, में खरखराहट होना; fig: खरखराती आवाज़ में बोलना।

[1]**kraft,** präp. (+gen.) के आधार पर; के बल पर; की बिना पर।

[2]**Kraft,** f (-/⸚e) बल, शक्ति, ताक़त, ज़ोर; दम; मनोबल; बुद्धिबल; phys: ऊर्जा; (Gültigkeit) वैधता, मान्यता; (Arbeiter) कर्मचारी; मज़दूर; er ist durch die Krankheit von Kräften gekommen वह बीमारी के कारण कमज़ोर हो गया है; diese Arbeit geht über meine Kräfte यह काम मेरी ताक़त के बाहर है, यह काम मेरे वश का नहीं है; fig: die treibende Kraft प्रेरक शक्ति; प्रेरणा का स्रोत; das Schiff fährt mit voller Kraft जहाज़ पूरे ज़ोर से (या पूरी रफ़्तार से) चल रहा है; das Gesetz tritt morgen in Kraft (यह) क़ानून कल से लागू हो जाएगा; er ist für unsere Firma eine wertvolle Kraft वह हमारी फ़र्म के लिए बहुत उपयोगी कर्मचारी है; **~akt,** m, U: बलप्रयोग, ज़बरदस्ती; बहुत अधिक बल लगाकर किया हुआ काम; **~ausdruck,** m अभद्र या अश्लील शब्द, गाली; **~brühe,** f पौष्टिक यूष, मांस का शोरवा।

Kräfte-verfall, m शक्तिनाश, बलनाश, शक्ति का क्षीण होना; **~verhältnis,** n, pol: (दो देशों या गुटों की) सैनिक शक्ति की सापेक्ष स्थिति।

Kraft-fahrer, m कारचालक, ट्रकचालक; शोफ़र; **~fahrzeug,** n मोटरगाड़ी (कार, ट्रक आदि); **~fahrzeugbrief,** m मोटरगाड़ी की विवरण-पुस्तिका; **~fahrzeugschein,** m मोटरगाड़ी-पंजीयन-पत्रक; **~feld,** n, phys: प्रभावक्षेत्र; **~futter,** n पौष्टिक चारा।

kräftig, 1. adj. बलवान, शक्तिशाली, ताक़तवर, तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट; ज़ोरदार, (gehaltvoll) पुष्टिकर, पौष्टिक, पोषाहारयुक्त; (derb) अभद्र, गँवारू; अश्लील; 2. adv., U: पूरी शक्ति से, बलपूर्वक; अच्छी तरह से, दिल खोलकर, खूब; **~en,** v/t (h.) को बल या ताक़त देना, को बलशाली बनाना, (के लिए) पौष्टिक होना; **~ung,** f (-/-en) पौष्टिक पेय या खाद्य; o. pl: बलवर्द्धन, शक्तिवर्द्धन; स्वास्थ्यलाभ।

kraft-los, adj. शक्तिहीन, बलहीन, अशक्त, कमज़ोर; jur: अवैध, अमान्य; **~losigkeit,** f (-) शक्तिहीनता, अशक्तता, कमज़ोरी; jur: अवैधता; **~maschine,** f इंजन; इंजनयुक्त मशीन; **~meier,** m (-s/-) U: पहलवान, धौंसिया, दबंग; **~mensch,** m बलशाली व्यक्ति, भीम, पहलवान; **~probe,** f बल-परीक्षा; **~protz,** m, U: अपनी ताक़त की शेखी बघारने वाला, डींगिया पहलवान; **~rad,** n मोटरसाइकिल; **~stoff,** m इंजन का ईंधन; **~strom,** m अधिक ऊर्जा वाली विद्युत्, पावर; **~strotzend,** adj. अत्यन्त हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताज़ा; **~voll,** adj. बलवान, शक्तिशाली, ताक़तवर, तगड़ा; **~wagen,** m मोटरगाड़ी (कार, ट्रक आदि); **~werk,** n, el: विद्युत्-केन्द्र; बिजलीघर; **~wort,** → Kraftausdruck

Kragen, m (-s/-) कॉलर, गरेबान,

गरदनी; fig: गला; जान, ज़िन्दगी; fig: jdn. am/beim Kragen nehmen किसी से जवाबतलब क०; fig: ihm platzte der Kragen वह आग-बबूला हो गया; ~knopf, m गले का बटन; ~weite, f गले की नाप ।

Krähe, f (-/-n) कौआ, काक;fig: eine Krähe hackt der anderen kein Auge aus एक ही वर्ग के लोग एक दूसरे को हानि नहीं पहुँचाते; ~n, v/i (h.)बाँग देना, कुकड़ूँ-कूँ क०;fig: (बच्चों का) ज़ोर से चीखना; ~nfüße, m/pl., fig: आँख के कोने के पास पड़ीं झुर्रियाँ; घसीट, दुर्लेख; ~winkel, m, fig: टुच्चों का क़स्बा; छोटा क़स्बा; या गाँव (जिसमें छोटी तबियत के लोग रहते हों) ।

Krakeel, m(-s/-e) U: झगड़ा, टंटा, लड़ाई, तू तू-मैं मैं; शोर, कोलाहल; ~en,v/i (h.) झगड़ा क०, तू तू-मैं मैं क०; शोर मचाना; ~er, m (-s/-) झगड़ालू व्यक्ति ।

Krakel-ei, f (-) U: दुर्लेख, घसीट; ~fuß, m घसीट का अक्षर; ~ig, adj. घसीट में लिखा हुआ, टेढ़ा-तिरछा लिखा हुआ; ~n, v/i (h.) घसीटना, टेढ़ा-तिरछा लिखना ।

Krall-e, f (-/-n) पंजा, चंगुल; fig: jdm. die Krallen zeigen किसी की धौंस का जवाब धौंस से देना; किसी को अपनी शक्ति का अनुभव करा देना; ~en, v/t (h.) कसकर पकड़ना (पंजों से या हाथों से); में उंगलियाँ गड़ा देना; sich an etw. krallen किसी वस्तु को कसकर पकड़ना या पकड़े रहना; ~ig, adj. पंजेदार; पंजे जैसा ।

Kram, m (-[e]s) सामान; बोरिया-बिस्तर; काठ-कबाड़; U: मामला, बात, झंझट;U: das paßt mir nicht in meinen Kram इससे मुझे असुविधा होगी; ~en, v/i (h.) ढूँढना, तलाशी लेना ।

Krämer, m (-s/-) छोटा दूकानदार; पंसारी, पनसारी; U: संकीर्णमना या ओछा व्यक्ति, टुच्चा; ~geist, m / ~seele, f, U: टुच्चा, ओछा व्यक्ति, छोटे दिल वाला व्यक्ति ।

Kramladen, m छोटी-मोटी चीज़ों की दूकान; पंसारी की दूकान ।

Krampf, m (-[e]s/ ⁻̈ e) ऐंठन, मरोड़, आकर्ष, उग्र पेशी-आकुंचन; o. pl.,U: दिखावा, आडम्बर, तमाशा; बकवास; ~ader, f स्फीत शिरा; ~artig, adj. आकर्षी, ऐंठनदार, आक्षेपात्मक; ~en, v/t (h.) ; die Finger um etw. krampfen किसी वस्तु को मुट्ठी में जकड़ लेना, किसी वस्तु को कसकर पकड़ लेना या पकड़े रहना; ~haft, adj. ऐंठनदार, आकर्षी, आक्षेपात्मक; fig: सश्रम, बहुत परिश्रम या परेशानी के साथ किया हुआ, घोर; ~lösend, adj. आक्षेपहारी, प्रत्याकर्षी, ऐंठन मिटाने वाला ।

Kran, m (-[e]s/ ⁻̈ e) भारोत्तोलन-यंत्र, बक, क्रेन, मलसूत; ~führer, m बक-चालक, क्रेन चलाने वाला ।

Kranich, m (-s/-e) क्रौंच, सारस ।

krank, adj. बीमार, अस्वस्थ, रुग्ण, रोगग्रस्त; sich krank fühlen बीमार-सा महसूस क०; sich krank melden रोग-अवकाश लेना, अस्वस्थता-अवकाश लेना;der Arzt hat mich krank geschriebenचिकित्सक ने मुझे अस्वस्था का प्रमाणपत्र (दे) दिया है; ~e, m (-n/-n) रोगी, मरीज़ ।

kränkeln, v/i (h.) अक्सर बीमार रहना, लगातार बीमार-सा रहना ।

kranken, v/i (h.) : fig: an etw. kranken किसी बात या कमी के कारण क्षति, हानि, नुक़सान उठाना, किसी बात के कारण बिगड़ जाना या आगे न बढ़ पाना ।

kränken, v/t (h.) का अपमान क०, की भावनाओं को चोट पहुँचाना, किसी के दिल को चोट पहुँचाना; sich kränken über के कारण दुःखी होना ।

Kranken-auto, n → Kranken-

wagen; ~**bericht,** m रोगी की दशा का विवरण. रोगी-बुलेटिन; ~**besuch,** m मरीज़ की मिज़ाजपुर्सी के लिए जाना; चिकित्सक का रोगी को देखने जाना; ~**bett,** n रोग-शय्या; ~**geld,** n स्वास्थ्य-बीमा-संस्था द्वारा दिया जाने वाला रोग-भत्ता; ~**geschichte,** f रोग-विवरण; ~**gymnastik,**f नीरोगकारी व्यायाम; ~**haus,** n चिकित्सालय, अस्पताल; ~**kasse,** f स्वास्थ्य-बीमा-संस्था; ~**kost,** f पथ्य, रोगी का आहार; ~**lager,** n → Krankenbett; ~**pflege,** f रोगी की परिचर्या; ~**pfleger,** m रोगी-परिचारक, रोगी की परिचर्या करने वाला; ~**schein,** m स्वास्थ्य-बीमा-संस्था द्वारा जारी किया हुआ पत्रक जो चिकित्सक को दिया जाता है तथा जिसके आधार पर उसे चिकित्सा का व्यय मिलता है; ~**schwester,** f नर्स, रोगी-परिचारिका; ~**versicherung,**f स्वास्थ्य-बीमा; ~**wagen,** m अस्पताल-गाड़ी; ~**zimmer,**n रोगी-कक्ष ।

krankfeiern, v/i (h.) अस्वस्थता का बहाना करके छुट्टी मनाना ।

krankhaft, adj. रोगात्मक; रोगग्रस्त; रोगजन्य; fig: अपसामान्य,अस्वाभाविक; उग्र, प्रचंड; विकृत ।

Krankheit, f (-/-en) रोग, बीमारी, मर्ज़; fig: बुराई; ~**sbild,** n रोग के सभी लक्षण; ~**serreger,** m रोगाणु, रोगोत्पादक जीवाणु; ~**shalber,** adv. बीमारी के कारण; ~**sherd,** m रोगाणु-केन्द्र; ~**sträger,** m रोगाणु-वाहक; ~**sverlauf,** m रोग-विकास; ~**zeichen,** n रोग-लक्षण ।

kränk-lich, adj. बीमार-सा; नित्यरोगी, अक्सर बीमार रहने वाला; ~**ung,** f (-/-en) अपमान, बेइज़्ज़ती; अवमानना, मानमर्दन ।

Kranz, m (-es/ ⸚e) पत्तों या फूलों को गूँथकर बनाया गया वृत्ताकार हार; पल्लवकिरीट, पुष्पकिरीट; Kreisförmiges: परिचक्र, परिवलय, परिमंडल, कोई भी किरीटीय वस्तु; Kuchen: छल्ले के आकार का केक; eines Rades: प्रधि, हाल ।

Kränzchen, n (-s/-) fig: मंडली, गोष्ठी ।

Kranzjungfer, f वधू-सखी ।

Krapfen, m (-s/-) पूआ-विशेष जिसमें फलों का मुरब्बा भरा जाता है ।

kraß, adj. [lat.] बहुत बड़ा, भारी, महान, घोर; परम, नितान्त, आत्यन्तिक; ज़बरदस्त, असाधारण; सुस्पष्ट; ein krasser Widerspruch बहुत बड़ा या घोर अन्तर्विरोध; eine krasse Lüge बहुत बड़ा या ज़बरदस्त झूठ ।

Krater, m (-s/-) [griech.] ज्वालामुख; चषकाकार विवर, गह्वर ।

Kratz-bürste, f तारों या बहुत कड़े बालों का बुरुश; खरारा, खरहरा; fig: बदमिज़ाज व्यक्ति (स्त्री या पुरुष), अक्खड़ या ज़िद्दी व्यक्ति; ~**bürstig,** adj. , fig: बदमिज़ाज, अक्खड़, ज़िद्दी; ~**bürstigkeit,** f (-) बदमिज़ाजी, अक्खड़पन, ज़िद ।

Kratze, f (-/-n) खुरचनी, बेलचा; ऊन आदि साफ़ करने का कंघा ।

Krätze, f (-) med: खाज, खुजली, खारिश, कंडु, कच्छु; tech: छीलन, खुरचन ।

kratz-en, 1. v/i (h.) खरखराना; चुभना, लगना, खारिश होना; नोचना-खरोंचना; पंजा मारना; die Feder kratzt क़लम खरखराती है; der Pullover kratzt स्वेटर चुभता है, स्वेटर से खुजली होती है; 2. v/t (h.) खुरचना; खरोंचना, पंजे या नाखून से खरोंच मारना; खुजलाना; में खारिश पैदा क॰; es Kratzt mich im Hals मेरे गले में खारिश हो रही है; U: die Kurve kratzen भाग जाना, फूट लेना; U: das kratzt mich nicht इससे मेरी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता; ~**er,** m (-s/-) खुरचनी; आखुरक; (Schramme) खरोंच; ~**fuß,** m, U:

नतमस्तक नमस्कार; ~ig, adj., U: चुभने वाला, खुजली करने वाला।

krätzig, adj. खरसैला, खजहा, खाज से पीड़ित।

kraue(l)n, v/t (h.) → ²kraulen

Kraul, n (-s) [eng.] पेट के वल तैरना, पेट के वल तैराकी (की प्रतियोगिता)।

¹kraulen, v/i (s.;h.) पेट के वल तैरना।

²kraulen, v/t (h.) उँगलियों से सहलाना, स्नेहपूर्वक खुजलाना।

kraus, adj., Haare: घुँघराला, लच्छेदार; लहरदार, तंरगित; Stirn: झुर्रीदार, शिकनदार; Tuch: लोमशतल, रोयेंदार; fig: विश्रृंखलित, उलझा हुआ, अव्यवस्थित; krause Maschen बुनाई के उलटे फंदे; fig: krause Gedanken विश्रृंखलित विचार; ~e, f (-/-n) चुनटदार गोल कॉलर; im Haar: घूँघर, अलक, लच्छा।

kräuseln, 1. v/t (h.)में चुनटें डालना; को घुँघराला वनाना; को तरंगित क०; सिकोड़ना (माथा); 2. v/r (h.): घुँघराला वन जाना, में छल्ले पड़ जाना; तरंगित होना।

kraus-en, v/t (h). को घुँघराला वनाना; में चुनटें डालना; सिकोड़ना (माथा; नाक); ~**kopf,** m, U: घुँघराले वालों वाला व्यक्ति।

Kraut, n(-[e]s/ ⸚er)शाक, हरा पौधा, हरियाली; मूली, गाजर, आलू आदि के पत्ते; घास-फूस; (Heilkraut) जड़ी, वूटी; o.pl: वंदगोभी; U: तम्बाकू; die Pflanze schießt ins Kraut (इस) पौधे में बहुत अधिक पत्ते निकल रहे हैं; gegen den Tod ist kein Kraut gewachsen मौत का कोई इलाज नहीं; fig: hier sieht es aus wie Kraut und Rüben यहाँ बहुत अव्यवस्था है, यहाँ सव उलटा-सीधा पड़ा है।

Kräutertee, m जड़ी-वूटियों की चाय।

Kraut-kopf, m बन्दगोभी; ~**salat,** m बन्दगोभी का सलाद।

Krawall, m (-s/-e) दंगा, उपद्रव; U: शोरगुल, हुल्लड़।

Krawatte, f (-/-n) [frz.] टाई; ~**nnadel,**f टाई-पिन,टाई की चिमटी।

krax-eln, v/i (s.) U: हाथों और पैरों के वल चढ़ना; ~**ler,** m (-s/-) U: पर्वतारोही।

Kreat-ion, f (-/-en) [lat.] सृष्टि; रचना, आविष्कार; नये फ़ैशन की पोशाक या उसका नमूना; ~**iv,** adj. सर्जनात्मक, सर्जनशील; ~**ur,** f (-/-en) प्राणी, जीव; fig: घृण्य व्यक्ति; किसी के हाथों की कठपुतली।

Krebs, m (-es/-e) कर्कट, केकड़ा; med: कर्कट रोग, कर्कटार्वुद; o.pl., astrol:कर्क राशि;U:कर्क राशि में पैदा हुआ व्यक्ति;~**en,** v/i (h.) केकड़े पकड़ना; केकड़े पकड़ने का धंधा क०; fig: हाथों और पैरों के वल चढ़ना;घोर परिश्रम क०;~**forschung,**f कर्कट रोग के विषय में अनुसंधान;~**gang,** m पश्चगमन;fig: अधोगति,अवनति;~**rot,**adj. उवाले हुए चिंगट की तरह लाल, वहुत लाल; ~**schaden,** m, fig: वुराई, विकार, नासूर।

Kredenz, f (-/-en) [ital.] भोजनागार में किनारे पर लगी हुई मेज़, भोजन आदि रखने का किनारे का तख़्ता; ~**en,** v/t (h.) पेश क०, प्रस्तुत क० (भोजन या पेय)।

Kredit, 1. n (-s/-s) [ital./lat.] जमावाक़ी; 2. m (-[e]s/-e) ऋण, कर्ज़, उधार दिया या लिया गया धन; (Vertrauenswürdigkeit) साख; ~**anstalt,** f → Kreditinstitut, ~**fähig,** adj. ऋणशोधक्षम, जिसकी साख हो; ~**ieren,** 1. v/i (h.) ऋण देना, उधार देना; 2. v/t (h.) के खाते में लिखना या जमा क०; ~**institut,** n (ऋणदायी) वैंक; ~**iv,** n (-s/-e) प्रत्यय-पत्र; ~**or,** m (-s/-en) ऋणदाता।

Kreide, f (-/-n) [lat.] खड़िया, खटी; fig: bei jdm. in der Kreide

stehen किसी का कर्ज़दार होना; ~**bleich,** adj., fig: पीला, विवर्ण, फक, कफ़न की तरह सफ़ेद; ~**felsen,** m खटी-शैल, खटी-प्रस्तर; ~**weiß,**→ kreidebleich; ~**zeichnung,** f काली या रंगीन खड़िया से बनाया (रेखा)-चित्र।

kreidig, adj. खटीमय; खड़िया जैसा; खड़िया-सा सफ़ेद।

kreieren, v/t (h.) [frz.] सबसे पहली बार बनाना, का निर्माण क०, का आविष्कार क०; theat: की भूमिका को सबसे पहली बार विशेष रूप देना।

Kreis, m (-es/-e) गोला, घेरा; चक्कर, परिक्रमा; math: वृत्त; (Bereich) दायरा, क्षेत्र; (Verwaltungsbezirk) ज़िला; प्रशासनक्षेत्र, हलक़ा; von Menschen: मंडल, मंडली, समुदाय; समाज; im Kreise der Familie केवल परिवार के सदस्यों के बीच; sie feierten im engsten Kreise उन्होंने केवल घनिष्ठ लोगों के साथ जलसा मनाया; er verkehrt in den besten/feinsten Kreisen उसका बड़े लोगों के समाज में उठना-बैठना है; fig: die Ermittlungen der Polizei betwegen sich im Kreise पुलिस की जाँच-पड़ताल में कोई प्रगति नहीं हो रही है; ~**abschnitt,** m, math: वृत्त-खंड (किसी रेखा द्वारा कटा हुआ); ~**ausschnitt,** m, math: त्रिज्य खंड; ~**bahn,** f वृत्ताकार परिक्रमापथ।

kreischen, v/i (h.) चीखना, चीकना; चीं-चीं क०, चूँ-चूँ क०, चर्राना।

Kreisel, m (-s/-) लट्टू, फिरकी, फिरकनी; tech: घूर्णिका, घूर्णाक्षस्थापी; fig:→Kreisverkehr; ~**n,** v/i (h.) लट्टू नचाना, फिरकी घुमाना; घूर्णन क०, चक्कर खाना।

kreis-en, v/i (h.,s.) चक्कर लगाना, घूमना, (की) परिक्रमा क०; Blut: परिसंचरित होना; fig: ihre Gedanken kreisten nur um ihn वह लगातार उसीके बारे में सोचती रही; ~**förmig,** adj. वृत्ताकार, वर्तुल, गोल; ~**lauf,** m चक्र, चक्कर; med: परिसंचरण; ~**laufstörungen,** f/pl. परिसंचरण की अनियमितता; ~**linie,** f, math: वृत्त; ~**rund,** adj. वृत्ताकार, वर्तुल; ~**säge,** f गोलाकार आरा।

kreiß-en, v/i (h.) को प्रसव-पीड़ा होना; ~**saal,** m प्रसव-कक्ष।

Kreis-stadt, f ज़िला; ~**verkehr,** m चौराहे पर बने गोल चबूतरे या चक्कर की परिधि के साथ से गाड़ी निकालना।

Krem, f/m, U:→Creme

Krematorium, n (-s/-'rien) [lat.] शवदाहगृह।

Krempe, f (-/-n) टोप की कोर या बाढ़।

[1]**Krempel,** f (-/-n) tech: कपड़े या ऊन के रेशे निकालने की मशीन।

[2]**Krempel,** m (-s) [ital.] U: रद्दी सामान, काठ-कबाड़।

krepieren, v/i (s.) [ital.] vulg: मर जाना; Geschoß: फट जाना, विस्फोटित हो जाना।

Krepp, m (-s/-s;-e) [frz.] खुरदरी सतह का बारीक कपड़ा, वितला, क्रेप; ~**en,** v/t (h.) क्रेप जैसा बनाना; ~**(p)apier,** n क्रेप जैसा काग़ज़; ~**sohle,** f खुरदरी रबड़ का तल्ला।

Kresse, f (-/-n) चंद्रशूर, हालिम, चंसुर।

Krethi und Plethi, U: ऐरे-ग़ैरे पँचकल्यानी, ऐरे-ग़ैरे नत्थू-ख़ैरे।

Kretin, m (-s/-s) [frz.] विकलांग तथा मूढ़ व्यक्ति; भोंदू।

Kreuz, 1. n (-es/-e) [lat.] गुणनचिह्न, कट्टा; (Galgen) सलीब, क्रूस; eccl: क्रूस का निशान; anat: पीठ का निचला भाग, कमर; Kartenspiel: चिड़ी; fig: अप्रिय ज़िम्मेदारी, बोझ; दुर्भाग्य, कष्ट, मुसीबत; eccl: das Kreuz machen/schlagen क्रूस का निशान बनाना; die Linien laufen

über Kreuz रेखायें एक दूसरे को काटती हैं; das Rote Kreuz रेड-क्रॉस; fig: zu Kreuze kriechen दब जाना, झुक जाना, आत्मसम्मान को त्यागकर किसी दबाव को स्वीकार कर लेना; fig: sein Kreuz auf sich nehmen अपनी मुसीबत को भुगतना; fig: jdn. aufs Kreuz legen किसी को चरका देना, किसी को धोखा देना; किसी को ठग लेना; U: es ist ein Kreuz mit ihr उसके साथ बड़ी परेशानी होती है, उसके मारे बड़ी मुसीबत है; U: ich mache drei Kreuze hinter ihm मैं बहुत खुश हूँ कि उससे मेरा पिंड छूट गया; 2. adv.: kreuz und quer आड़े-तिरछे, इधर उधर; बिना किसी क्रम (या व्यवस्था) के ।

Kreuz-bein, n anat: त्रिकास्थि; **~blütler,** m (-s/-) राजिका-कुल (का पौधा); **~en,** 1. v/i (s.) mar: जहाज़ का हवा के विरुद्ध चलना; जहाज़ का यात्रा पर होना; 2. v/t (h.) काटना, (का रास्ता) काटना; आड़ा-बेंड़ा रखना; (टाँगों या बाँहों को) एक दूसरे पर रखना; Tiere/Pflanzen: संकरण क०; fig: er hat meinen Weg mehrmals gekreuzt मेरी उससे कई बार भेंट हुई (है); die Züge kreuzen sich hier (इन) गाड़ियों का मिलान यहाँ होता है, (ये) गाड़ियाँ यहाँ आकर मिलती हैं; unsere Briefe haben sich gekreuzt आपकी चिट्ठी आने से पहले ही मैं आपको लिख चुका हूँ; **~er,** m (-s/-) mar: जंगी जहाज़, द्रुतगामी युद्धपोत; **~eszeichen,** n क्रूस का निशान; **~fahrer,** m क्रूस-युद्ध में भाग लेने वाला, ईसाई धर्म-योद्धा या मुजाहिद; **~fahrt,** f जहाज़ से विहारयात्रा; → Kreuzzug; **~feuer,** n कई तरफ़ से गोलीबारी या बमबारी; fig: im Kreuzfeuer der Kritik stehen की हर तरफ़ से आलोचना होना; **~fidel,** adj., U: अतिप्रसन्न; **~gang,** m मठ के आँगन के चारों ओर का बरामदा; **~igen,** v/t (h.) सलीब पर ठोंकना, क्रूसारोपण क०; **~igung,** f (-/-en) क्रूसारोपण, सलीब पर ठोंका जाना; **~lahm,** adj. जिसकी कमर में फ़ालिज मार गया हो; टूटी कमर वाला; fig: थका तथा कटिवेदना से पीड़ित; **~otter,** f सामान्य पृदाकु (एक विषैला यूरोपीय साँप); **~ritter,** m → Kreuzfahrer; **~schmerz,** m कटिवेदना, कमर का दर्द; **~stich,** m स्वस्ति-सीवा, गुणनचिह्न के आकार का टाँका; **~ung,** f (-/-en) चौराहा; (Züchtung) संकरण; संकर, दोग़ला; **~verhör,** n जिरह, प्रतिपृच्छा; **~weg,** m चौराहा; eccl: ईसा के दुःखभोग का मार्ग (पिलातुस के महल से गोलगाथा तक); fig: er steht an einem Kreuzweg वह दुविधा में है, उसे एक कठिन बात का निर्णय लेना है; **~weise,** adv. आड़े-बेंड़े; **~worträtsel,** n वर्ग-पहेली; **~zug,** m जरूसलम को मुसलमानों के आधिपत्य से मुक्त कराने तथा ईसाई धर्म के प्रचार के लिए युद्ध, क्रूसयुद्ध, धर्मयुद्ध, जिहाद; fig: किसी आदर्श के लिए संघर्ष ।

kribb-(e)lig, adj., U: अधीर, व्यग्र, विकल, **~eln,** v/i (h.) (में) सुरसुरी, झुनझुनी, खुजली होना, झनझनाना; (कीड़ों; सूँड़ियों आदि का) बिलबिलाना; mein Arm kribbelt मेरी बाँह में झुनझुनी हो रही हैं ।

kriech-en, v/i (s.) रेंगना, पेट के बल चलना; fig: बहुत धीरे-धीरे चलना या आगे बढ़ना; fig: er kriecht vor seinem Chef वह अपने अफ़सर की खुशामद करता है; **~er,** m (-s/-) fig: खुशामदी टट्टू, जीहुज़ूरिया, चाटुकार; **~erisch,** adj. खुशामदी, चाटुकारितापूर्ण; **~pflanze,** f बेल, विसर्पी लता, वल्लरी; **~spur,** f बहुत धीरे चलने वाली गाड़ियों की लेन

(आउटोबान पर); ~**tier,** n सरीसृप, विसर्पी जन्तु ।

Krieg, m (-[e]s/-e) युद्ध,समर, संग्राम, रण, लड़ाई, जंग; fig: संघर्ष; झगड़ा; शत्रुता, दुश्मनी ।

kriegen, v/t (h.) U: पाना, प्राप्त क०, को मिलना; पकड़ लेना; फाँस लेना ।

Krieg-er, m (-s/-) योद्धा; सैनिक, सिपाही; ~**erdenkmal,**n युद्ध-स्मारक; ~**erisch,** adj. सामरिक, युद्ध-, युद्ध-संबंधी; (streitbar) युद्धप्रिय, युयुत्सु, लड़ाकू; ~**erwitwe,** f विधवा जिसका पति वीरगति को प्राप्त हुआ हो; ~**führend,** adj. युद्ध में रत; ~**führung,** f युद्धनीति, रणनीति, युद्धकला; ~**sbeil,** n: fig: das Kriegsbeil begraben सन्धि कर लेना; ~**sbeschädigt,** adj. युद्ध में आहत, जो युद्ध में विकलांग हो गया हो; ~**sdienst,** m सैन्यसेवा; ~**sdienstverweigerer,** m सैन्यसेवा से इनकार करने वाला; ~**serklärung,** f युद्ध की घोषणा; ~**sfuß,** m: fig: mit jdm. auf Kriegsfuß leben की किसी से शत्रुता होना; ~**sgefangene,** m (-n/-n) युद्धबंदी,युद्ध में बंदी बनाया गया सैनिक; ~**sgefangenschaft,** f युद्धबंदी-स्थिति; ~**sgericht,** n फ़ौजी अदालत, सेना-न्यायालय; ~**sgräberfürsorge,**f युद्ध में खेत रहे सैनिकों की क़ब्रों की देखभाल (करने वाली समिति); ~**shinterbliebenen,** pl. युद्ध में अनाथ हो गए लोग; ~**slustig,** adj. युयुत्सु, युद्धप्रिय, लड़ाकू; ~**srat,** m युद्धपरिषद; युद्धपरिषद का सदस्य; fig: Kriegsrat halten किसी योजना पर विचार-विमर्श क०; ~**srecht,** n युद्धाचार-संहिता; ~**sschauplatz,** m युद्धस्थल, रणक्षेत्र; ~**sschiff,** n युद्ध-पोत, जंगी जहाज; ~**sverbrechen,** n युद्धापराध, युद्धाचार-संहिता का उल्लंघन; ~**sverbrecher,** m युद्धाचार-संहिता का उल्लंघन करने वाला; ~**sversehrt,** adj. →kriegsbeschädigt; ~**szeit,** f युद्धकाल; ~**szug,** m आक्रमण के लिए प्रस्थान; अभियान ।

Krimi, m (-s/-s) [lat.] U: जासूसी उपन्यास; ~**nalbeamte,** m ख़ुफ़िया पुलिस का कर्मचारी, अपराधि-अनुसंधान-विभाग का कर्मचारी; ~**nalist,** m (-en/-en) → Kriminalbeamte; ~**nalistik,** f (-) अपराधिकी, अपराधविज्ञान; ~**nalistisch,** adj. अपराधविज्ञान-संबंधी, अपराध-विज्ञान का, अपराधिकी पर आधारित; ~**nalität,** f (-) अपराधिता; ~**nalpolizei,** f खुफ़िया पुलिस, अपराधि-अनुसंधान-पुलिस; ~**nalroman,** m → Krimi; ~**nell,** adj. अपराधी, अपराधशील; दंड्य, दंडनीय, आपराधिक; ~**nologie,** f (-) अपराध-विज्ञान ।

Krimskrams, m (-) U: रद्दी सामान, काठ-कबाड़ ।

Kring-el, m (-s/-) U: छल्ला, वलय; Gebäck: छल्ले के आकार का बिस्कुट; ~**(e)lig,** adj. छल्ले जैसा, छल्लेदार; ~**eln,** v/r (h.) में छल्ले पड़ जाना, छल्लेदार बन जाना, मुड़ जाना; U: हँसते-हँसते दोहरा हो जाना; das Haar kringelt sich बालों में छल्ले पड़ जाते हैं, बाल मुड़ जाते हैं; U: es ist zum Kringeln यह बहुत हँसाने वाली बात है ।

Kripo, f (-) U:→Kriminalpolizei

Krippe, f (-/-n) नाँद, खोर, चरनी, चरई; (Kinderhort) शिशुसदन; eccl: ईसा के जन्म की झाँकी; ~**nspiel,** n ईसा के जन्म का नाटक ।

Kris-e, f (-/-n) [griech.] संकट, संकटावस्था, संकट-स्थिति; →Krisis; ~**eln,** v/i (h.) : es krieselt संकट की आशंका है; ~**enanfällig,** adj. अस्थिर, संकट-प्रवण; ~**enfest,** adj. स्थिर, दृढ़, जिस पर संकटावस्था का प्रभाव न पड़े; ~**is,**f (-/-'sen) med:

रोग का चरमबिंदु, दारुण मोक्ष।

Kristall,[griech.] 1. m (-s/-e) रवा, मणिभ, केलास, क्रिस्टल; 2. n (-s) →Kristallglas; **~en,** adj. क्रिस्टल जैसा, पारभासी, पारदर्शी; बिल्लौरी शीशे का; **~glas,** n बिल्लौरी शीशा; **~in,/~inisch,** adj. रवेदार,क्रिस्टलीय; **~isation,**f (-/-en) मणिभ बनना, क्रिस्टलन; **~isieren,** v/i (h.) क्रिस्टल बनना; **~klar,** adj. पारभासी, पारदर्शी;fig: सुस्पष्ट,प्रत्यक्ष, साफ़, ज़ाहिर।

Kriterium, n(-s/-'rien) [griech.] मापदंड, मानदंड, कसौटी।

Kritik, f (-/-en) [griech.] समालोचनात्मक राय, समीक्षा; o.pl: आलोचना, नुक़्ताचीनी; समालोचना; an jdm. Kritik üben किसी की आलोचना क०; diese Arbeit ist unter aller Kritik यह काम बहुत घटिया है; der Film bekam gute Kritiken इस फ़िल्म पर अच्छी समीक्षायें लिखी गईं, कई समालोचकों ने इस फ़िल्म की प्रशंसा की है; **~aster,** m (-s/-) छिद्रान्वेषक, ज़रा-ज़रा-सी बात में नुक़्ताचीनी करने वाला; **~er,** m (-s/-) आलोचक; समालोचक, समीक्षक; **~los,** 1. adj. अनालोचनात्मक; आलोचनदृष्टि-शून्य, समालोचनवृत्ति-रहित; 2. adv. बिना किसी आलोचना के; **~losigkeit,**f (-) आलोचनदृष्टि-शून्यता, समालोचनवृत्ति-राहित्य।

krit-isch, adj. आलोचनात्मक; समीक्षात्मक, समालोचनात्मक, विवेचनात्मक; छिद्रान्वेषी, दोषग्राही; (entscheidend) निश्चयात्मक; (bedrohlich) संकटपूर्ण; नाज़ुक, संगीन; खतरनाक; phys: क्रान्तिक; **~isieren,** v/t (h.)आलोचना क०, में दोष या मीन-मेख निकालना; की समालोचना क०, का गुण-दोष-विवेचन क०, का मूल्यांकन क०।

Kritt-elei, f (-/-en) U: नुक़्ताचीनी, छिद्रान्वेषण, मीन-मेख निकालना; **~(e)lig,** adj., U:ज़रा-ज़रा-सी बात में नुक़्ताचीनी करने वाला, हर बात से अप्रसन्न रहने वाला; **~eln,** v/i (h.) नुक़्ताचीनी क०, मीन-मेख निकालना; ज़रा-ज़रा-सी बात का शिकवा क०; **~(e)ler,** m (-s/-) →Kritikaster

Kritz-elei, f (-/-en) U: क़लमघिसाई; कुलेख, अस्पष्ट लेख, घसीट, गिचपिच लेख; **~(e)lig,** adj. घसीट में लिखा हुआ, अपाठ्य, गिचपिच; **~eln,** v/i (h.) कुलेख लिखना, गिचपिच या अस्पष्ट (लेख) लिखना;क़लमघिसाई क०।

Krokodil, n (-s/-e) [griech.] मकर, मगर; **~stränen,** f/pl., fig: कपटपूर्ण अश्रु, मिथ्याविलाप, कृत्रिम दुःख-प्रदर्शन, झूठ-मूठ का रोना।

Krokus, m (-/-;-se) [lat./griech.] कुंकुम-प्रजाति का पौधा या उसका फूल।

Krone, f (-/-n) [lat.] ताज, मुकुट, किरीट; eines Baumes: शीर्ष, शिखर, चोटी; einer Blüte: दलपुंज, पुष्पछत्र; über Zahn: उपरिदन्त, कृत्रिम दन्त-शिखरक; am Geweih: मृगशृंग का ऊपरी भाग; Währungseinheit: स्वीडन, नॉर्वे, डेनमार्क, आइसलैंड तथा चेकोस्लोवाकिया की वर्तमान मुद्रा; fig: सम्राट या सम्राज्ञी; शाही खानदान; उत्कर्ष, सर्वोत्तम अंश; पराकाष्ठा, चरमबिन्दु; U: सिर, शीर्ष; fig: die Rechte der Krone सम्राट या सम्राज्ञी के अधिकार; शाही खानदान के अधिकार; fig: die Krone der Schöpfung मानव, मनुष्य; स्त्री; fig: das setzt doch allem die Krone auf! यह तो हद हो गई !; U: er hat einen in der Krone वह नशे में है; U: was ist ihm in die Krone gefahren? उसे क्या हो गया है?, उसका मिज़ाज क्यों बिगड़ गया है?, वह किस बात पर नाराज़ हो गया है?; U: dadurch wird ihm kein Stein aus der Krone fallen इससे उसका सम्मान नहीं घट जाएगा।

krönen, v/t (h.) का राज्याभिषेक क०;

को राज्याभिषिक्त क०, को ताज पहनाना; fig: को चरमोत्कर्ष पर पहुँचाना; को सफलतापूर्वक निष्पादित क०; fig: seine Bemühungen waren von Erfolg gekrönt उसके प्रयत्न सफलीभूत हो गए।

Kron-erbe, m युवराज, राज्य का उत्तराधिकारी; **~juwelen,** n/pl. राजपरिवार के आभूषण; **~leuchter,** m दीपवृक्ष, झाड़; **~prinz,** m युवराज।

Krönung, f (-/-en) राज्याभिषेक, ताजपोशी; fig: सफल निष्पादन; चरमोत्कर्ष, पराकाष्ठा।

Kronzeuge, m प्रमुख साक्षी।

Kropf, m(-es/ ⸚ e)med: घेंघा, गलगंड; von Vögeln: पोटा।

kröpfen, 1. v/t (h.) Gänse: को मोटा करने के लिए बलपूर्वक खिलाना; Gesimse:दीवार के उभार के आसपास शिलाफलक लगाना; Stäbe: मोड़ना, मोड़कर लगाना; 2. v/i (h.) Raubvögel: निगलना।

kropfig,/kröpfig, adj. गलगंड वाला, गलगंड से पीड़ित; bot: अविकसित, गाँठदार।

Krösus, m (-/-se) fig: धनकुबेर, बहुत अमीर आदमी।

Kröt-e, f (-/-n) zool: भेक (मेढक के सदृश एक जन्तु); fig: चंचल बालिका; pl., U: पैसे, सिक्के; **~ig,** adj., U: ज़िद्दी, हठी, मनमानी करने वाला।

Krück-e, f (-/-n) बैसाखी; बेंत या छतरी का हत्था; नानबाई का आटा गूँधने का डंडा; **~stock,** m हत्थेदार छड़ी।

Krug, m(-[e]s/ ⸚ e)मर्तबान, मरतबान; घड़ा; मग, मग्घा, बड़ा पानपात्र; spw: der Krug geht so lange zum Brunnen, bis er bricht मिट्टी का घड़ा एक न एक दिन टूट ही जाता है; अति का परिणाम बुरा होता है।

Krume, f (-/-n) (Krümel) टुकड़ा, कण, किनका; (Brotinneres) रोटी का सारभाग; des Ackerbodens: खेत की सतह, जुती हुई भूमि की ऊपरी मिट्टी।

Krüm-el, m (-s/-) टुकड़ा, कण, किनका; **~(e)lig,** adj. भुरभुरा, खस्ता; **~eln,** 1. v/i (h.) छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाना; 2. v/t (h.) छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ना, मीसना, मींजना (रोटी आदि)।

krumm, adj. मुड़ा हुआ, टेढ़ा, वक्र, वंकित, चापाकार; fig: धोखे-धड़ी का, बेईमानी का, चारसौबीसी का; अनुचित, ग़लत; krumme Beine धनुषाकार टाँगें; math: eine krumme Linie वक्र रेखा; fig: er macht krumme Geschäfte वह धोखे-धड़ी के धंधे करता है, वह हेरा-फेरी या चारसौबीसी करता है; fig: krumme Wege gehen अनुचित काम क०, धोखा-धड़ी क०; fig: ein krummer Rücken विनम्रता या चापलूसी की मुद्रा।

krümmen, v/t (h.) मोड़ना, झुकाना; टेढ़ा, वक्र, चापाकार बनाना; fig: ihm wird kein Haar gekrümmt werden उसका बाल भी बाँका नहीं होगा; sie krümmt sich vor Schmerzen दर्द के मारे वह दोहरी हुई जा रही है; sie krümmte sich vor Lachen वह हँसते-हँसते लोट-पोट हो गई, हँसी के मारे वह दोहरी हो गई।

Krumm-holz, n वक्राकार या टेढ़ा डंडा; **~nehmen,** v/t (h.) U: बुरा मानना; U: er hat es mir nicht krummgenommen उसने मेरी इस बात का बुरा नहीं माना; **~säbel,** m वक्र खड्ग, टेढ़ी तलवार; **~stab,** m बिशप का अधिकारदंड।

Krümmung, f (-/-en] नमन, वंकन; मोड़, घुमाव, वक्रता; चापाकार सतह, मेहराबी सतह।

Krumpel, / Krümpel, m (-s/-) U: शिकन, सिलवट।

krump(e)lig, adj. शिकनदार।

krumpeln,/krümpeln, 1. v/i (h.) U: में शिकनें पड़ना; 2. v/t (h.) U: में शिकनें डालना।

krumpf-echt, adj. सैन्फ़राइज्ड, जो धुलाई के बाद न सिकुड़े; **~en,** v/i (s.) धुलाई के बाद सिकुड़ जाना या तंग हो जाना।

Krüpp-el, m (-s/-) लूला, लँगड़ा, पंगु, विकलांग; **~elhaft,** adj. अपंग, अपांग, विकलांग; **~(e)lig,** adj. → krüppelhaft

Krust-e, f (-/-n) [lat.] पपड़ी, पपँटी; छिलका, वल्क; कठिन आवरण; **~entier,** n, zool: कठिन-वर्ग का जन्तु; **~ig,** adj. पपड़ीदार, पपँटीय, पपड़ी जैसा; कड़ा, सख्त; कठिनावरण-युक्त।

Kruzifix, n (-es/-e) [lat.] क्रूस-मूर्ति, क्रूसारोपित ईसा की मूर्ति।

Krypta, f (-/'ten) [griech.] गिरजाघर का तहख़ाना।

Kuba, n क्यूबा; **~ner,** m (-s/-) क्यूबा-निवासी; **~nisch,** adj. क्यूबा का।

Kübel, m (-s/-) [lat.] डोल, बाल्टी; U: es gießt wie mit Kübeln मूसलाधार वर्षा हो रही है।

kub-ieren, v/t (h.) [lat./griech.] math: का घन या घनफल निकालना; **~ikmaß,** n घन माप; **~ikmeter,** m घनमीटर; **~ikwurzel,** f, math: घनमूल।

Kubis-mus, m (-) [lat./griech.] घनवाद, घन-चित्रण; **~t,** m (-en/-en) घनवादी, घन-चित्रकार; **~tisch,** adj. घनवादी।

Kubus, m (-/-'ben) [lat./griech.] घन; math: त्रिघात।

Küche, f (-/-n)[lat.] रसोई, पाकशाला, बावरचीख़ाना, चौका; (Kochkunst) पाककला, पाकविद्या; (Ernährung) भोजन, खाना, आहार; die französische Küche फ्रांसीसी पाककला, फ्रांसीसी भोजन; kalte Küche ठंडा भोजन; fig: in (des) Teufels Küche kommen झंझट या मुसीबत में पड़ जाना।

Kuchen, m (-s/-) केक; **~blech,** n केक बनाने का साँचा।

Küchenchef, m वरिष्ठ रसोइया या बावरची, होटल आदि की रसोई में काम करने वाले लोगों का अध्यक्ष।

Kuchenform, f → Kuchenblech

Küchen-geräte, n/pl. रसोई में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण; **~herd,** m चूल्हा (बिजली का या गैस का); **~latein,** n, U: निम्न श्रेणी की लैटिन, असाहित्यिक लैटिन; **~maschine,** f रसोई में प्रयोग किया जाने वाला बिजली का उपकरण; **~meister,** m → Küchenchef; **~messer,** n सब्ज़ी छीलने या काटने का चाकू; **~schabe,** f, zool: तिलचटा, तैलपायी; **~schelle,** f, bot: वायुवेप (घंटी की तरह का एक फूल); **~schrank,** m रसोई की अलमारी; **~zettel,** m भोजन-सूची।

Küchlein, n (-s/-) छोटा केक, → Küken

Kücken, n (-s/-) → Küken

Kuckuck, m (-s/-e) पिक, कोकिला, कोयल; U: शैतान, नरकदूत; कुर्क-अमीन की मोहर; U: hol dich der Kuckuck! मैं तुमसे तंग आ गया हूँ, मेरा पिंड छोड़ भाई!; U: weiß der Kuckuck, wo er ist! किसे मालूम कि वह कहाँ है, राम जाने कि वह कहाँ है; **~sei,** n, fig: चालाकी से किसी के सिर मढ़ी हुई वस्तु; **~suhr,** f कोयल घड़ी।

Kuddelmuddel, n/m (-s) U: घपला, घालमेल, अव्यवस्था।

Kufe, f (-/-n) स्लेज गाड़ी के नीचे लगे दो मुड़े हुए पटरों या लकड़ी के टुकड़ों में से एक; बरफ़ या पानी की सतह पर उतरने वाले विमानों में पहियों के स्थान पर लगे पटरों में से एक; (Kübel)

डोल, बाल्टी ।

Küfer, m (-s/-) सुरागार का अध्यक्ष ।

Kugel, f (-/-n) गोला, गोलक; कोई भी गोलाकार वस्तु; Geschoß: गोली, छर्रा, गोला; U: फ़ुटबॉल, गेंद; U: eine ruhige Kugel schieben आराम से या धीरे-धीरे काम क०, अधिक परिश्रम न क०; **~gelenk,** n उलूखल-संधि; **~ig,** adj. गोल, गोलाकार; गोल-मटोल; **~lager,** n, tech: गोली-लाग, बॉल बेयरिंग; **~n,** 1. v/t(h.) लुढ़काना; U: sich kugeln लोट-पोट हो जाना; 2. v/i (s.) U: लुढ़कना; **~regen,** m गोलियों की बौछार; **~rund,** adj. गोलाकार, एकदम गोल; U: बहुत मोटा, गोल-मटोल; **~schreiber,** m बॉलपेन, गोल नोक की क़लम; **~sicher,** adj. गोलीरोक, गोलीसह, अभेद्य; **~stoßen,** n लौह गोलक फेंकने की प्रतियोगिता, शॉटपुट-प्रतियोगिता ।

kuglig, adj.→ kugelig

Kuh, f (-/ ⸚e) गाय, गऊ, धेनु, गौ; U: dumme Kuh मूर्ख स्त्री; **~fladen,** m गाय का गोबर, (गाय के) गोबर का चोंथ; **~fuß,** m, tech: सब्बल, रम्भा; **~glocke,** f गाय के गले की घंटी; **~handel,** m, U: सौदेबाज़ी, मोल-तोल; खींच-तान; **~haut,** f: U: das geht auf keine Kuhhaut! यह हद के बाहर की बात है ।

kühl, adj. शीतल, ठंडा; ताज़ा तथा ठंडा (मौसम, पवन आदि); fig: रूखा, उदासीन; ग़ैरमिलनसार; शान्त, धीर; औपचारिक; fig: einen kühlen Kopf behalten शान्त बना रहना; हड़बड़ा या घबरा न जाना, आत्मनियंत्रण न खोना; **~anlage,** f प्रशीतन-संयंत्र ।

Kuhle, f (-/-n) गड्ढा, गढ़ा, गर्त ।

Kühl-e, f (-) शीतलता, ठंडक; ताज़गी (मौसम आदि की); fig: रूखापन, उदासीनता; धैर्य; औपचारिकता; **~en,** v/t (h.) शीतल क०, ठंडा क०, को ठंडक पहुँचाना; **~er,** m (-s/-) शीतलक; mot: तापनाशक यंत्र; **~haus,** n/**~raum,** m शीतागार, सर्दख़ाना; **~schrank,** m प्रशीतित्र, रेफ़रीजरेटर, फ़्रिज; **~truhe,** f प्रशीतन-पेटी; **~ung,** f (-/-en) शीतलन; ठंडी हवा, ताज़गी; **~wasser,** n, mot: इंजन को ठंडा करने के लिए प्रयुक्त पानी ।

kühn, adj. निर्भीक, साहसी; धृष्ट, ढीठ, गुस्ताख़, निर्लज्ज; **~heit,** f (-) निर्भीकता, साहस; धृष्टता, गुस्ताख़ी, निर्लज्जता ।

Kuhpocken, pl. गोचेचक ।

kujonieren, v/t (h.) [frz.] को तंग क०, को परेशान क० ।

Küken, n (-s/-) चूज़ा, कुक्कुट-शावक; U: किशोरी, कमसिन छोकरी ।

kulan-t, adj. [frz.] उदार, अनुग्राहक; **~z,** f (-) उदारता, अनुग्रह ।

Kuli, m (-s/-s) U:→Kugelschreiber

kulinarisch, adj. [lat.] पाककला-संबंधी, पाक-, सुस्वादु भोजन का ।

Kulisse, f (-/-n) [frz.] मंच-सज्जा, यवनिका, रंगमंच का (सचित्र) परदा; an Börse: अतिरिक्त शेयर-व्यापार; fig: hinter die Kulissen schauen गुप्त वास्तविकता का पता लगाना, परदे के पीछे देखना; fig: das spielt sich hinter den Kulissen ab यह गुप्त रूप से होता है, यह परदे के पीछे होता है ।

Kuller-augen, n/pl., U: बड़ी और गोल आँखें; **~n,** U: 1. v/t (h.) लुढ़काना; 2. v/i (s.) लुढ़कना ।

Kult, m (-[e]s/-e) [lat.] पूजा-पद्धति; पूजा, उपासना; fig: einen Kult mit etw. treiben किसी वस्तु या बात को बहुत अधिक महत्व देना; **~isch,** adj. पूजा-संबंधी, पूजा का ।

kultivier-en, v/t (h.) [lat.] Boden: को उर्वर बनाना; पर खेती क०; fig: को सुसंस्कृत या सभ्य बनाना; का परिष्कार क०; को बढ़ाना या विकसित

क॰, को स्नेहपूर्वक पालना; ~t, adj. सुसंस्कृत, सभ्य, भद्र; परिष्कृत; ~ung, f (-) उर्वर बनाने का काम; कृषिकार्य; खेती; fig: सुसंस्कृतीकरण; परिष्करण ।

Kultstätte, f पूजा-स्थान, पूजा-स्थल ।

Kultur, f (-/-en) संस्कृति;Landwirtschaft: कृषिकर्म, खेती; Forstwirtschaft: वनरोपण; med: जीवाणु-समूह; o.pl: सभ्यता, तहज़ीब; **~abkommen,** n दो राष्ट्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का समझौता; **~austausch,** m सांस्कृतिक आदान-प्रदान; **~banause,** m गँवार, सांस्कृतिक महत्व को न समझने वाला; **~beutel,** m शरीर-प्रसाधन की सामग्री का झोला; **~ell,** adj. सांस्कृतिक; **~film,** m सांस्कृतिक चलचित्र; **~geschichte,** f संस्कृति का इतिहास, मानव-सभ्यता का इतिहास; **~geschichtlich,** adj. संस्कृति के इतिहास पर आधारित, मानव-सभ्यता के इतिहास से संबंधित; **~gut,**n सांस्कृतिक उपलब्धि; संस्कृति का प्रतीक; **~land,** n कृषिभूमि; सांस्कृतिक परम्परा वाला देश; **~politik,** f सांस्कृतिक आदान-प्रदान की नीति, संस्कृति की रक्षा तथा उन्नति की नीति; **~politisch,** adj. सांस्कृतिक आदान-प्रदान की नीति से संबंधित; संस्कृति की रक्षा तथा उसके विकास की नीति से संबंधित; **~stufe,** f सभ्यता-स्तर; **~zentrum,** n सांस्कृतिक केन्द्र; सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भवन ।

Kultus, m (-/-'te) →Kult; o.pl: संस्कृति, शिक्षा; **~minister,** m शिक्षामंत्री; **~ministerium,** n शिक्षा-मंत्रालय ।

Kümmel,m (-s) ज़ीरा; Branntwein: ज़ीरे की ब्रांडी; **~türke,** m. U:ओछा व्यक्ति ।

Kummer, m (-s) चिन्ता, फ़िक्र, परेशानी; (Seelenschmerz) शोक, विषाद, दुःख, मनोव्यथा ।

kümmer-lich, adj. दयनीय, दीन-हीन, अभावग्रस्त; (dürftig) अपर्याप्त, कम, थोड़ा; (unentwickelt) अविकसित, अल्पविकसित, रुद्धविकास, छोटा तथा कमज़ोर; **~ling,** m (-s/-e) अविकसित मनुष्य, जानवर, पौधा; **~n,** 1. v/r (h.) : sich um etw. kümmern किसी वस्तु या बात की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेना, किसी वस्तु या बात का खयाल रखना; sich um jdn. kümmern किसी की देखभाल क॰, किसी का खयाल क॰ या रखना, किसी की सेवा या परिचर्या क॰; 2. v/t (h.): das kümmert mich nicht इससे मेरा कोई सरोकार नहीं; मुझे इसकी कोई फ़िक्र नहीं;was kümmert mich das! इससे मेरा क्या सरोकार!; मुझे इसकी क्या फ़िक्र!; 3. v/i (h.) का विकास न होना, (ठीक से) न बढ़ना; **~nis,** f (-/-se) →Kummer

kummervoll, adj. चिन्तित, परेशान; विषादयुक्त, शोकग्रस्त, व्यथित ।

Kummet, n (-s/-e) → Kumt

Kumpan, m (-s/-e) [lat.] साथी, संगी, यार, दोस्त, मित्र; अभिषंगी; **~ei,** f (-) याराना, यारबाशी; मित्रमंडली ।

Kumpel, m (-s/-) खनक, खान में काम करने वाला मज़दूर; U: साथी, सहकर्मचारी ।

Kumt, n (-[e]s/-e) [slaw.] घोड़े के गले का साज़ ।

Kumul-ation, f (-/-en) [lat.] → Kumulierung; **~ativ,** adj.संचयी; उपचित; **~ieren,** 1.v/t (h.) bei Wahlen: एक ही उम्मीदवार के पक्ष में अपने सभी मतों को देना; 2. v/i (h.) एकत्रित हो जाना, संचित होना; **~ierung,**f (-/-en) एक ही उम्मीदवार के पक्ष में अपने सभी मतों का दान; एकत्रीभवन; संचय; **~us,** m (-/-'li) मेघपुंज, कपासी मेघ ।

kund, adj. ज्ञात, विदित, मालूम;

poet: ich tue kund und zu wissen मैं सार्वजनिक रूप से घोषणा करता हूँ।

kündbar, adj. समाप्य, सावधि, जिसे सूचना देकर रद्द या मंसूख किया जा सके।

[1]**Kunde,** f (-/-n) समाचार, सूचना, ख़बर; ज्ञान, जानकारी।

[2]**Kunde,** m (-n/-n) ग्राहक, गाहक, आसामी; U: व्यक्ति, आदमी।

Kunden-dienst, m निर्माता या विक्रेता द्वारा तकनीकी उपकरणों की जाँच या मरम्मत; ग्राहक की सेवा; **~fang,** m ग्राहकों को फँसाना; **~kreis,** m ग्राहक-समुदाय; **~werbung,** f ग्राहक बनाने का प्रयत्न।

kundgeb-en, v/t (h.) बताना, की सूचना देना; प्रकट क०, घोषित क०; **~ung,** f (-/-en) प्रकटीकरण, प्रदर्शन; सभा, सम्मेलन।

kundig, adj. जानकार, अनुभवी, तजरुबेकार; की क्षमता (रखने) वाला, क्षम; des Schreibens kundig sein को लिखना आना।

kündig-en, v/t (h.) Vertrag: समाप्त क०, रद्द क०, का प्रतिसंहरण क०, (अनुबंध, समझौते आदि) को रद्द करने की सूचना देना; Dienstverhältnis: इस्तीफ़ा देना; नौकरी से निकालना या इसकी सूचना देना; jdm. die Freundschaft kündigen किसी से मित्रता समाप्त कर देना; **~ung,** f (-/-en) समापन, प्रतिसंहरण; अनुबंध के समापन की सूचना; इस्तीफ़ा; नौकरी से निकालने का नोटिस; घर छोड़ने का नोटिस (किरायेदार द्वारा दिया गया या किरायेदार को दिया गया); U:→ Kündigungsfrist; **~ungsfrist,** f नोटिस की अवधि; **~ungsschutz,** m विशेष परिस्थितियों में नौकरी से न निकाले जा सकने का क़ानून।

[1]**Kundschaft,** f (-) ग्राहक-समुदाय; U: ग्राहक, गाहक।

[2]**Kundschaft,** f (-) पर्यवेक्षण, टोह; किसी बात का पता लगाना; **~en,** v/t (h.)→auskundschaften; **~er,** m (-s/-) पर्यवेक्षक; किसी बात का पता लगाने वाला, किसी बात का पता लगाने को भेजा गया व्यक्ति; गुप्तचर।

kundtun, v/t (h.) बताना, प्रकट क०।

künftig, 1. adj. भावी, आने वाला; 2. adv.→künftighin; **~hin,** adv. भविष्य में, आइन्दा।

Kunst, f (-/⸚e) कला; सभी कलाकृतियाँ; (meisterliches Können) दक्षता, निपुणता, कौशल; U: das ist keine Kunst यह कोई मुश्किल काम नहीं है, यह बहुत आसान है; fig: nach allen Regeln der Kunst अत्यन्त दक्षतापूर्वक; fig: die Schwarze Kunst मुद्रण-कला; जादू, जादू-टोना; fig: hier bin ich mit meiner Kunst zu Ende इससे आगे मैं भी कुछ नहीं कर सकता; इससे आगे मुझे भी नहीं मालूम है कि क्या किया जाए; **~akademie,** f कला-अकादमी; **~ausstellung,** f कलाकृतियों की नुमाइश, कला-प्रदर्शनी; **~druck,** m कला-पत्र पर मुद्रण की विधि; मुद्रित कला-पत्र; **~dünger,** m कृत्रिम खाद।

Künstel-ei, f (-) दिखावा, बनावट, ढोंग, नख़रेबाज़ी; **~n,** 1. v/i (h.) नख़रेबाज़ी क०, बनना; 2. v/t (h.) का ढोंग या दिखावा क०।

Kunst-faser, f कृत्रिम तन्तु या रेशा, संश्लेषित रेशा; **~fehler,** m, med: चिकित्सक या औषधि-निर्माता की ग़लती; **~fertig,** adj. दक्ष, निपुण; **~fertigkeit,** f (-) दक्षता, निपुणता; **~gerecht,** adj. दक्षतापूर्वक या सही ढंग से किया हुआ; **~geschichte,** f कला का इतिहास; **~gewerbe,** n शिल्प-कला, हस्तकला, दस्तकारी; **~griff,** m विशेष कौशल, विशेष तरकीब, हस्तलाघव-विशेष; **~handel,**

m कलाकृतियों का व्यापार; ~hand-werk, n → Kunstgewerbe; ~honig, m कृत्रिम या संश्लिष्ट मधु; ~leder, n कृत्रिम चमड़ा ।

Künstler, m (-s/-) कलाकार; **~isch,** adj. कलात्मक; **~name,** m कृतक नाम, उपनाम ।

künstlich, adj. अस्वाभाविक, अप्राकृतिक; कृत्रिम; नक़ली; बनावटी, दिखावटी ।

Kunst-liebhaber, m कलाप्रेमी; **~los,** adj. अकलात्मक, कलाहीन, साधारण, मामूली; **~maler,** m चित्रकार, चितेरा; **~pause,** f अभिप्रेत विराम; **~richtung,** f कला-शैली; **~sammlung,** f कलाकृतियों का संग्रह; **~seide,** f कृत्रिम कौशेय, संश्लेषित रेशम; **~stoff,** m संश्लिष्ट पदार्थ; **~stopfen,** n रफ़ू (क०), कपड़े के छेद को उसी के धागों से भरना; **~stück,** n चाल, करतव, तरकीब, कमाल; कलाबाज़ी; U: das ist kein Kunststück यह कोई कमाल की बात नहीं है, यह बहुत मामूली या आसान काम है; **~verständnis,** n कला का ज्ञान; **~voll,** adj. कलापूर्ण, कलात्मक; **~werk,** n कलात्मक रचना, कलाकृति; **~wort,** n रचित शब्द, संयुक्त शब्द ।

kunterbunt, adj. गड्डमड्ड, अव्यवस्थित ।

Kupfer, n (-s) ताम्र, ताँबा; (Kupfergeld) ताँबे के सिक्के; **~ig,** adj. ताम्र-सदृश, ताँबे जैसा; **~n,** adj. ताँबे का; **~rot,** adj. ताम्ररक्त, ताँबे जैसा लाल; **~schmied,** m ताम्रकार, ताम्रिक; **~stecher,** m (-s/-) ताम्रपत्र पर उत्कीर्णन करने वाला; **~stich,** m नक़्क़ाशीदार ताम्रपत्र या उसका चित्र ।

kupieren, v/t (h.) [frz.] काटना, काट लेना; Krankheit: का दमन क०; Hund/Pferd: की पूँछ काटना ।

Kupon, m (-s/-s) [frz.] →Coupon

Kuppe, f (-/-n] [frz.] गोलाकार पर्वत-शिखर, गोल टीला; des Fingers: पोर, उँगली का अग्रभाग; von Nägeln usw: कील या आलपीन की घुंडी ।

Kuppel, f (-/-n) [ital.] गुम्बज, गुम्बद ।

Kuppelei, f (-) कुटनाई, कुटनापा, कुटनागीरी, व्यभिचार या अवैध सम्भोग में सहायता ।

[1]**kuppeln,** 1. v/t (h.) → koppeln; 2. v/i (h.) कार आदि का ग्राभ या कलच दबाना ।

[2]**kupp-eln,** v/i (h.)कुटनापा क०, अवैध सम्भोग के लिए मौक़ा, सहायता या स्थान देना; **~ler,** m (-s/-) कुटना; भड़ुआ ।

Kupplung, f (-/-en) ग्राभ, कलच ।

Kur, f (-/-en) [lat.] चिकित्साक्रम, चिकित्सा-पद्धति; स्वास्थ्य-लाभ के लिए स्थान-विशेष में रहना, स्वास्थ्य-पर्यटन ।

Kür, f (-) sport: प्रतियोगिता में प्रदर्शित ऐच्छिक अभ्यास; poet: चयन, वरण, चुनाव ।

Kurat-el, f (-/-en) [lat.] अभिभावकत्व, संरक्षण; **~or,** m (-s/-en) अभिभावक, संरक्षक; an Universität: विश्वविद्यालय के प्रबंध का सरकार की ओर से नियुक्त निरीक्षक; einer Stiftung: प्रबंधक; **~orium,** n (-s/-'rien) प्रबंधसमिति; पर्यवेक्षी या निरीक्षक संस्था ।

Kurbel, f (-/-n) [lat.] कूर्पर (-हस्तक), अराल (-दंड), भ्रामणी, क्रैंक; **~n,** v/i (h.) घुमाना (अराल-दंड, आदि को); **~welle,** f कूर्परेखा, अराल-दंड, क्रैंक-धुरी ।

Kürbis, m (-ses/-se) [lat.] कूष्मांड-प्रजाति की बेल या उसका फल (कद्दू, कुम्हड़ा, लौकी आदि) ।

Kurd-e, m (-n/-n) कुर्द, कुर्दिस्तान-वासी; **~isch,** adj. कुर्दों का, कुर्दिस्तान-संबंधी ।

küren, v/t (h.) poet: का वरण क०,

को चुनना ।

Kurgast, m स्वास्थ्य-पर्यटक, स्वास्थ्य-लाभ के लिए आया हुआ व्यक्ति ।

Kurie, f (-/-n) [lat.] eccl: पोप-प्रशासन (का केन्द्रीय कार्यालय) ।

Kurier, m (-s/-e) [frz.] (राजनयिक) संदेशहर; आशुदूत ।

kurieren, v/t (h.) [lat.] स्वस्थ या नीरोग क०, से छुटकारा दिलाना ।

kurios, adj. [frz./lat.] विलक्षण, अनोखा, अजीब; सनकी; **~ität,** f (-/-en) विलक्षणता; विरली या विलक्षण वस्तु; **~um,** n (-s/-'sa) विलक्षण घटना या वात; विलक्षण या विरली वस्तु ।

Kur-ort, m स्वास्थ्य-स्थान, सखनिज झरनों का स्थान, स्वास्थ्य-लाभ के लिए उपयुक्त स्थान; **~pfuscher,** m कठ-बैद, नीमहकीम ।

Kurs, m (-es/-e) [lat.] पथ, मार्ग, निर्धारित पथ; उड्डयन-पथ; (Richtung) दिशा, दिशाकोण; (Kursus) पाठ्यक्रम, कोर्स; kfm: विनिमय-दर; हुंडी आदि का निवेदित भाव, निर्ख; fig:, pol: नीति; fig: er steht bei ihr hoch im Kurs वह उसको वहुत मानती है, उसकी नजर में उसकी वहुत इज्जत है; **~buch,** n रेल-समय-सारिणी ।

Kurschatten, m, U: प्रेमी या प्रेमिका जिससे स्वास्थ्य-स्थान पर संवंध वन गये हों ।

Kürschner, m (-s/-) [slaw.] लोमचर्म कमाने वाला; **~ei,** f (-) लोमचर्म-कर्मशाला; लोमचर्म-व्यवसाय ।

Kurs-entwicklung, f, kfm: विनिमय-दर में परिवर्तन, विनिमय-दर में उतार या चढ़ाव; निवेदित भाव में परिवर्तन; **~gewinn,** m विनिमय-दर या भाव में परिवर्तन से हुआ लाभ ।

kursieren, v/i (s.; h.) [lat.] Geld: चलन में होना; fig: Gerüchte: अफ़वाह या खवर का उड़ना ।

kursiv, adj. [lat.] प्रवाही; **~e,** f (-/-n)/**~schrift,** f प्रवाही लेख ।

kursorisch, adj. [lat.] अनवरत, अविराम, लगातार ।

Kursus, m (-/Kurse)[lat.] पाठ्यक्रम, कोर्स ।

Kurs-verlust, m विनिमय-दर या भाव में परिवर्तन से हुई हानि; **~wagen,** m किसी स्थान तक सीधा जाने वाला रेलगाड़ी का डिव्वा; **~wert,** m विपणि-मूल्य, शेयर या हुंडी का निवेदित मूल्य ।

Kurtaxe, f स्वास्थ्य-लाभ के लिए आये हुए व्यक्तियों से लिया जाने वाला व्यक्ति-कर ।

Kurtisane, f (-/-n) [frz.] गणिका, वेश्या (उच्च स्तर की) ।

Kurv-e, f (-/-n) [lat.] मोड़; math: वक्र रेखा; चाप; U: स्त्री के स्तनों, नितम्वों आदि की गोलाई; **~en,** v/i (s.) चक्कर काटना; कार या विमान को इधर-उधर मोड़ते हुए चलाना; **~enreich,** adj. मोड़दार, सर्पिल; U: सुगठित (स्त्री के शरीर के लिए प्रयुक्त); **~ig,** adj. → kurvenreich; **~isch,** adj., math: वक्र ।

kurz, adj., räumlich: छोटा, जो लम्वा न हो; zeitlich; अल्पकालिक, थोड़ी देर तक होने वाला; fig: संक्षिप्त; eine kurze Hose कम लम्वा या छोटा पतलून, ओछा पतलून; ein kurzer Besuch अल्पकालिक भेंट, थोड़े समय के लिए मिलने जाना; fig: etw. mit kurzen Worten erklären किसी वात को संक्षिप्त शव्दों में समझाना; sich kurz fassen थोड़े में कहना, संक्षेप में कहना; vor kurzem थोड़े समय पहले, थोड़ी देर पहले; थोड़े दिन पहले, हाल ही में; es ist kurz nach sieben Uhr सात वजकर कुछ मिनट हुए हैं; kurz danach उसके थोड़ी देर वाद ही; fig: den kürzeren ziehen घाटे में रहना, नुक़सान उठाना; खाली हाथ रह जाना; U: einen kurzen Atem haben जल्दी हिम्मत हार

जाना; U: er ist zu kurz gekommen उसे (उसके हक़ से) कम मिला या दिया गया, वह घाटे में रहा; fig: er ist kurz angebunden वह रुक्ष स्वभाव का है; वह अल्पभाषी है; fig: kurz und gut ख़ैर (जो भी हो), ग़रज़ यह कि, संक्षेप में।

Kurz-arbeit, f अल्पकालिक कार्य, कार्यसमय का न्यूनीकरण (आर्थिक संकट के कारण); **~ärm(e)lig,** adj. आधी बाँहों (या आस्तीनों) का; **~atmig,** adj. दमैल; fig: जल्दी हार मान जाने वाला।

Kürze, f (-) छोटाई, छोटापन, लघुता; अल्पकालिकता; कम अवधि; fig: संक्षेप; in Kürze शीघ्र ही; fig: in der Kürze liegt die Würze संक्षिप्त कथन विस्तृत विवरण से अच्छा (या प्रभावकारी) होता है।

Kürzel, n (-s/-) आशुलिपि का चिह्न।

kürzen, v/t (h.) छोटा क० या बनाना; कम क०, घटाना; संक्षिप्त क०; math: सरल क० (भिन्न को)।

kurz-erhand, adv. तुरन्त, फ़ौरन; विना हिचकिचाहट के, विना अधिक देर तक सोचे हुए; **~fassung,** f सारांश, संक्षिप्त विवरण, संक्षेप; **~film,** m लघु चलचित्र; **~fristig,** adj. थोड़े समय का, कम अवधि का, अल्पावधि; **~geschichte,** f लघुकथा; **~halten,** v/t (h.) : U: jdn. kurzhalten किसी को तंगी में रखना; **~lebig,** adj. अल्पजीवी; fig: क्षणस्थायी, क्षणभंगुर।

kürzlich, adv. हाल ही में, कुछ दिन पहले।

Kurz-nachrichten, f/pl. संक्षिप्त समाचार; **~schließen,** v/i (h.) el: लघुपथित क०; **~schluß,** m, el: तार जल जाना, फ़्यूज उड़ जाना; **~schlußhandlung,** f, fig: अविवेचित कार्य; **~schrift,** f आशुलिपि; **~schriftlich,** adj. आशुलिपि में लिखित; **~sichtig,** adj. निकटदर्शी; fig: अदूरदर्शी; **~sichtigkeit,** f (-) निकटदृष्टि; fig: अदूरदर्शिता; **~streckenlauf,** m छोटी दौड़, चार सौ मीटर तक की दौड़; **~treten,** v/i (h.) fig: में किफ़ायत क०; में सावधानी वरतना; **~um,** adv. संक्षेप में, मुख़्तसर अल्फ़ाज़ में।

Kürzung, f (-/-en) घटाई, लघुकरण, ह्रस्वीकरण; कटौती; संक्षेपण।

Kurz-waren, f/pl. छोटा-मोटा समान, बिसात का सामान; **~weg,** adv. → kurzerhand; **~weil,** f (-) मनोरंजन, मनवहलाव; **~weilig,** adj. मनोरंजक; **~wellen,** f/pl. ह्रस्व तरंगें, लघु तरंगें; **~wort,** n किसी शब्द का संक्षिप्त रूप, परिवर्णी शब्द।

kuscheln, v/r (h.) [frz.]: sich an jdn. kuscheln किसी से लिपटना या लिपट जाना, प्यार से किसी से सट जाना।

kuschen, v/i(h.) [frz.]: vor jdm. kuschen किसी के आगे चुप हो जाना या चुप रहना, किसी से दबना।

Kusine, f (-/-n) → Cousine

Kuß, m (-'sses/ ⸚'sse) चुम्बन, चुम्मा, बोसा; **~echt,** adj. चुम्बन-सह, जो चुम्बन करने से न छूटे (लिपस्टिक का रंग)।

küssen, v/t (h.) का चुम्बन क०, को चूमना, का चुम्मा या बोसा लेना।

kuß-fest, adj. → kußecht; **~hand,** f अपनी उँगलियों को चूमकर किसी दूर खड़े (या बैठे) व्यक्ति के प्रति स्नेह या प्यार का प्रदर्शन; U: das nehme ich mit Kußhand इसे मैं बड़ी प्रसन्नता के साथ ले लूंगा।

Küste, f (-/-n) [niederl.] समुद्रतट, समुद्रतटीय क्षेत्र; **~nfischerei,** f समुद्रतटीय मत्स्य-ग्रहण; **~ngewässer,** n/pl. सीमांतर्गत जलक्षेत्र; **~nschutz,** m समुद्रतट-प्रतिरक्षा; **~nstrich,** m समुद्रतट-रेखा; वेला-प्रान्त; **~nwache,** f समुद्रतट-रक्षक दल।

Küster, m (-s/-) [lat.] गिरजाघर का

परिचर; गिरजादार ।

Kustos, m (-/-'toden) [lat.] संग्रह-पाल ।

Kutsch-bock, m कोचवान के बैठने का स्थान, कोचवान की सीट; **~e,** f (-/-n) [ungar.] कोच, रथ, यान; **~er,** m (-s/-) कोचवान; **~ieren,** 1. v/t (h.) को रथ या कोच में ले जाना; 2. v/i (s.) U: कोच या रथ चलाना ।

Kutte, f (-/-n) [frz.] मठवासियों का लबादा ।

Kutteln, f/pl. dial: ओझर तथा अयन आदि से बना व्यंजन ।

Kutter, m (-s/-) [eng.] एक मस्तूल वाली तेज़ नाव; रिकाब किश्ती, मत्स्य-ग्रहण के लिए प्रयुक्त इंजनदार नौका ।

Kuvert, n (-[e]s/-e) [frz.] लिफ़ाफ़ा; (Gedeck) एक व्यक्ति के लिए आवश्यक खाने की मेज़ की सज्जा; **~ieren,** v/t (h.) को लिफ़ाफ़े में रखना ।

Kux, m (-es/-e) [tschech.] खनन-उद्योग का शेयर ।

Kybernetik, f (-) [griech.] किसी भी तंत्र के द्वारा सूचना के विधायन तथा नियंत्रित संचारण का विज्ञान, साइबर्नेटिक्स ।

L

Lab, n (-[e]s/-e) zool: वत्सातंचि, बछड़े के चतुर्थ आमाशय में पाया जाने वाला किण्वक ।

labber-ig, adj., U: पनियल, फीका, बेस्वाद; ढीला, श्लथ, लपसी जैसा; **~n,** v/i (h.) mar: (पाल का) ढीला लटकना, कसा हुआ न होना; U: लप-लप की ध्वनि करते हुए पीना, सपोड़ना, जीभ चटकारना; कपड़ों पर खाना आदि गिराना; fig: निरर्थक बकवास क० ।

Labe, f (-) fig: नई स्फूर्ति या ताज़गी देने वाली बात या वस्तु, अमृत; सुख या राहत (पहुँचाने वाली बात या वस्तु); **~n,** v/t (h.) नई स्फूर्ति या ताज़गी देना, सुख या राहत पहुँचाना, उज्जीवित क०; sich an etw. laben किसी पदार्थ को सुख का अनुभव करते हुए खाना या पीना; किसी वस्तु या बात से सुख, राहत, स्फूर्ति का अनुभव क०; **~trank,/~trunk,** m स्फूर्तिदायक पेय ।

labial, [lat.] 1. adj. ओष्ठ-विषयक, ओष्ठ-संबंधी; ओष्ठ्य; 2. m (-s/-e) ओष्ठ्य ध्वनि; **~laut,** m ओष्ठ्य ध्वनि ।

labil, adj. [lat.] क्षीण, कमज़ोर; अक्सर बीमार हो जाने वाला; असंतुलित, डाँवाँडोल; fig: ढुलमुल, अविश्वसनीय; **~ität,** f क्षीणता, कमज़ोरी; असंतुलन, डाँवाँडोलपन; fig: ढुलमुलपन, अविश्वसनीयता ।

labiodental, [lat.] 1. adj. दन्त्योष्ठ्य; 2. m (-s/-e) दन्त्योष्ठ्य ध्वनि ।

Labmagen, m, zool: रोमन्थक पशुओं का चतुर्थ आमाशय ।

Labor, n (-s/-s) [lat.] प्रयोगशाला, अनुसंधानशाला; **~ant,** m (-en/-en) प्रयोगशाला-सहायक; **~atorium,** n (-s/-'rien) →Labor; **~ieren,** v/i (h.): an etw. laborieren किसी काम को (पूरा करने के) लिए कठिन परिश्रम क०; an einer Krankheit laborieren किसी रोग से ग्रस्त होना,

किसी रोग से मुक्त होने के लिए घोर यत्न क० ।

Labsal, n (-s)/f (-)→Labe

Labung, f (-) स्फूर्ति या ताज़गी देना; सुख या राहत पहुँचाना; सुख, राहत; सान्त्वना, तसल्ली ।

Labyrinth, n (-[e]s/-e) [griech.] भूलभुलैया; fig: अव्यवस्था; गोरखधंधा; anat: आन्तर कर्ण; ~**isch,** adj. भूलभुलैया जैसा; fig: अव्यवस्थित; जटिल, पेचीदा ।

[1]**Lache,**f (-/-n)किसी स्थान पर एकत्रित कोई द्रव; पानी से भरी गढ़ैया, डबरी; am Baum: पेड़ के तने पर छाल काट कर बनाया गया चिह्न; पेड़ का रस निकालने का खाँचा ।

[2]**Lache,** f (-) U: हँसी, हँसने का ढंग ।

lächeln, 1.v/i (h.)मुस्कराना; 2. n(-s) मुस्कान, मुस्कराहट, स्मिति ।

lach-en, 1.v/i (h.)हँसना; प्रसन्न होना; प्रसन्नता का प्रदर्शन क०; हँसी उड़ाना; 2. n (-s) हँसी; प्रसन्नता; er lachte Tränen हँसते हँसते उसके आँसू निकल आए; er lachte sich krank हँसते हँसते उसका पेट फूल गया, वह हँसी के मारे दोहरा हो गया; da gibt es nichts zu lachen यह गम्भीर मामला है, इसमें हँसी की कोई बात नहीं है; U: sich ins Fäustchen lachen मन ही मन प्रसन्न होना (किसी की हानि पर); U: das wäre ja gelacht, wenn wir das nicht könnten यदि हम यह न कर पाये तो बड़ी लज्जा की बात होगी; U: bei ihr hat er nichts zu lachen वह उसके साथ बहुत सख्ती करती है; über ihn lachen [seiner lachen] उसकी हँसी उड़ाना; spw. wer zuletzt lacht, lacht am besten जो प्रारंभ में असफल हो गया उसे बाद में(या अंत में) सफलता मिल सकती है; ihm verging das Lachen वह हँसना भूल गया, उसकी सब हँसी निकल गई; ~**er,** m (-s/-) हँसने वाला; हँसोड़ा; die Lacher auf seiner Seite haben लोगों को हँसाकर उनके हृदय में अपने लिए सहानुभूति पैदा कर देना ।

lächerlich,1. adj.हास्यास्पद, उपहास्य; (unbedeutend) महत्वहीन, तुच्छ, नगण्य; jdn. lächerlich machen किसी को उपहास का पात्र बनाना, किसी की निंदा क०;sich lächerlich machen उपहास का पात्र बनना, अपयश कमाना;etw. ins Lächerliche ziehen किसी बात को हँसी में उड़ा देना; 2. adv. बहुत, बेहद; ~**keit,** f (-/-en) हास्यास्पद, तुच्छ, नगण्य बात; o.pl: हास्यास्पदता, उपहास्यता ।

Lach-gas, n हास-गैस; ~**haft,** adj. हास्यास्पद, उपहास्य;बेतुका; ~**krampf,** m हँसी का दौरा; ~**lustig,** adj. बहुत हँसने वाला, हँसमुख ।

Lachs, m (-es/-e) मृदुपक्षा, सामन (एक प्रकार की शिकारी मछली); ~**farben,** adj. नारंगी रंग की झलक लिए हुए गुलाबी; ~**schinken,** m सूअर के पुट्ठे का धुँआया हुआ मुलायम मांस ।

Lack, m (-[e]s/-e) [sans.] लाख, लाक्षा; (glänzender Anstrich) रोग़न, मुलम्मा; ~**affe,** m, fig: बाँका, छैला, बना-ठना व्यक्ति; ~**en,** v/t (h.) →lackieren; ~**farbe,** f रोग़न, मुलम्मा; लाक्षक; ~**ieren,** v/t (h.) पर रोग़न चढ़ाना या लगाना, पर मुलम्मा चढ़ाना; U: der Lackierte sein ठगा जाना, धोखा खाया हुआ होना; ~**ierer,** m (-s/-) रोग़न करने वाला, रंगसाज़ ।

Lackl, m (-s/-[n]) dial: उजड्ड, गँवार; अनाड़ी ।

Lackleder, n रोग़न किया हुआ चमड़ा, चमचमाता हुआ चमड़ा ।

Lackmus, n (-) chem: शेवल, लिटमस; ~**papier,** n शेवलपत्र, लिटमस-काग़ज़ ।

Lackschuh, m रोग़न किए हुए चमड़े का जूता ।

[1]Lade, f (-/-n) लकड़ी का संदूक, पेटी; शवपेटी; दराज़।

Lade-bühne, f उद्भरण-मंच, लदाई करने का चबूतरा या रपटा; **~fläche,** f वाहन का फ़र्श जिसपर माल लादा जाए; **~gerät,** n, el: संचायक (सेल) को आवेशित करने का यंत्र: **~hemmung,** f बंदूक आदि का जाम हो जाना; fig: अवसर के उपयुक्त बात कहने में संकोच; **~kran,** m लदाई करने का क्रेन; **~linie,** f, mar: भार सीमा-रेखा (जिसके पानी के बाहर दिखते रहने तक जहाज़ में माल लादा जा सकता है); **~maschine,** f, el: →Ladegerät

[1]laden, v/t (h.) लादना, भरना; पर माल चढ़ाना, में माल भरना; Gewehr: भरना; el: आवेशित क०, चार्ज क०; jur: न्यायालय में उपस्थित होने के लिए बुलाना, अदालत में तलब क०; Gäste: आमंत्रित क०, को न्योता देना; der Wagen hat Gemüse geladen गाड़ी में सब्ज़ी लदी है; fig: eine Verantwortung auf sich laden किसी ज़िम्मेदारी को अपने ऊपर ले लेना या लाद लेना; fig: jds. Haß auf sich laden किसी की घृणा का पात्र बन जाना; U: er hat schwer geladen वह नशे में धुत्त है।

[2]Laden, m (-s/ ⸚) दुकान, दूकान; am Fenster: झाँप, झिलमिली, चिक; U: den Laden hinschmeißen किसी काम या योजना को छोड़ देना (तंग आकर); U: ich werde den Laden schon schmeißen मैं इस काम को सँभाल लूँगा; **~dieb,** m दुकानों में छोटी-मोटी चोरी करने वाला; **~hüter,** m, fig: न बिकने वाली चीज़; **~mädchen,** n दूकान में सामान बेचने वाली लड़की; **~preis,** m विक्रय-मूल्य, फुटकर दाम; **~schluß,** m दूकानबंदी, दूकान बंद होने का समय; **~schlußgesetz,** n दूकानबंदी-क़ानून; **~straße,** f दूकानों वाली सड़क (जिस पर गाड़ियाँ नहीं के बराबर चलती हों); **~tisch,** m मेज़ या पटल जिसके पीछे दूकानदार खड़ा होता हो; etw. unter dem Ladentisch verkaufen कोई वस्तु चोरी-छिपे बेचना।

Lade-platz, m उद्भरण-स्थान, माल लादने का स्थान; घाट; **~rampe,** f→Ladebühne; **~raum,** m ख़ाव, फलका, नावोदर, जहाज़ आदि में माल लादने का स्थान; **~schein,** m वहन-पत्र, बिल्टी; **~stock,** m बारूद भरने का गज़, सुम्बा; **~streifen,** m कारतूसों का पट्टा; **~trommel,** f रिवाल्वर का चक्का।

lädieren, v/t (h.) तोड़ना, फोड़ना, को क्षति पहुँचाना; को चोट पहुँचाना, घायल क०।

Ladung, f (-/-en) लदाई; लदा हुआ माल, भार; Feuerwaffen: स्फोटक, बारूद; el: आवेश, चार्ज; jur: न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश, सम्मन; U: ढेर सारा, ढेर, बहुत अधिक मात्रा।

Lafette, f (-/-n) [frz.] अरावा, तोपगाड़ी।

Laffe, m (-n/-n) U: छैला, बाँका, वेषाभिमानी।

Lage, f (-/-n) o.pl: स्थिति, अवस्थिति; o.pl., fig: अवस्था, दशा, हालत, परिस्थिति; (Schicht) तह, पर्त; स्तर; mil: बाढ़ (एक बाज़ू की सब तोपों की); एक बार में दागी गई गोलियाँ; mus: स्वरस्तर; U: दौर; dieses Haus hat eine günstige Lage यह मकान सुविधाजनक स्थान पर स्थित है, यह मकान मौक़े का है, इस मकान की स्थिति सुविधाजनक है; eine Lage Papier und eine Lage Pappe एक तह काग़ज़ और एक तह दफ़्ती; eine Lage Bier बियर का एक दौर, एक दौर बियर; fig: in der Lage sein, etw. zu tun कुछ करने की स्थिति में होना, कुछ

करने के योग्य होना; ~bericht, m, mil: स्थिति-प्रतिवेदन, स्थिति का विवरण; ~besprechung, f स्थिति पर विचार-विमर्श; ~plan, m स्थान-मानचित्र ।

Lager, n (-s/-) खुले में निवास का प्रबंध, कामचलाऊ आवास,शिविर, तम्बू या बैरकें आदि; (Bett) बिस्तर; सोने या आराम करने का स्थान; (Ruheplatz des Wildes) जंगली जानवरों के रैनबसेरे का स्थान; kfm: गोदाम, भंडार, आगार, डिपो; mil: पड़ाव; tech: धारक, बेयरिंग; arch: टेक, धारक स्तम्भ; geol: संस्तर; शैलस्तर; fig: दल, गुट, पक्ष; U: er hat immer eine Ausrede auf Lager उसके पास हमेशा कोई न कोई बहाना तैयार रहता है; **~aufnahme,** f मालसूची की तैयारी, स्टॉक की जाँच; **~bestand,**m गोदाम में उपलब्ध सारा माल; **~beständig,** adj. जो गोदाम में रखे रहने से ख़राब न हो; **~bier,** n अल्पकिण्वित बियर, हल्की बियर; **~buch,** n मालसूची-पुस्तक; **~fest,** adj.→ lagerbeständig; **~feuer,** n अलाव, शिविर-अलाव; **~führer,** m शिविर-अध्यक्ष; **~gebühr,** f गोदाम-भाड़ा; **~halter,** m गोदाम-प्रबंधक; **~haus,** n संग्रहागार, गोदाम; **~ist,** m गोदाम-कर्मचारी, गोदाम-सहायक; **~leben,**n शिविर-जीवन; **~meister,** m गोदाम; प्रबंधक, गोदाम का अध्यक्ष ।

lagern, 1. v/t (h.) जमा करके रखना, गोदाम में रखना; (bequem hinlegen) आरामदेह स्थिति में रखना, आरामदेह स्थिति में लिटाना; die Kinder lagerten sich um das Lagerfeuer बच्चे अलाव के आस-पास जमा हो गए या जमा होकर बैठ गए; 2. v/i (h.) गोदाम में पड़ा होना या पड़ा रहना; जमा होना, रखा होना, रखा जाना; (campen) तम्बू लगाकर रहना, शिविर में रहना; पड़ाव डाले होना, पड़ाव डालना, तम्बू लगाना; fig:छाया होना (बादलों का) ।

Lager-obst, n गोदाम में रखने योग्य फल; **~ort,/~platz,** m शिविर-स्थल, तम्बू लगाने की जगह; **~raum,** m संग्रह-कोष्ठ, गोदाम; **~stätte,** f → Lagerort; geol: खनिज-निक्षेप; **~ung,** f संचयन, संग्रहण, गोदाम में डालना; गोदाम में रखने की विधि; tech: धारक, बेयरिंग; geol: स्तरण, स्तरविन्यास ।

Lagune, f (-/-n) [lat.] समुद्रताल, अनूप, लैगून ।

lahm, adj. लकवा मारा हुआ, बेकार, टूटा हुआ, जिसे नहीं हिलाया-डुलाया जा सके; पंगु, अपंग, लँगड़ा, चलने-फिरने से मजबूर, विकलांग; fig: शक्तिहीन, क्षीण, थका-माँदा; U: ढीला-ढाला, स्फूर्तिहीन; उबाऊ, उबाने वाला; U: lahme Entschuldigung झूठा या कच्चा बहाना; **~en,** v/i (h.) लँगड़ाना, लँगड़ाकर चलना ।

lähmen, v/t (h.) विकलांग, पंगु; लूला, लँगड़ा कर देना, चलने-फिरने से मजबूर कर देना; fig: शक्तिहीन कर देना; का प्रभाव समाप्त कर देना; को ठप कर देना ।

Lahm-heit, f (-) अपंगता, लँगड़ापन, विकलांगता; fig: शक्तिहीनता, असमर्थता;U:ढीलाढालापन; उबाऊपन; **~legen,** v/t (h.) fig: को ठप कर देना ।

Lähmung, f (-) लकवा; फ़ालिज, अंगघात, संस्तम्भ;einseitige/halbseitige Lähmung पक्षाघात, अर्धांगघात ।

Laib, m (-[e]s/-e) गोलाकार या अंडाकार पिंड (डबलरोटी या चीज़ का) ।

Laich, m (-[e]s/-e) जलांडक; **~en,** v/i (h.) अंडे देना (जलजीवियों का); **~wanderung,** f मछलियों का अंडे देने के स्थान को प्रस्थान; **~zeit,** f जलजीवियों के अंडजनन का समय ।

Laie, m (-n/-n) [griech.] अविशेषज्ञ, सामान्य जन, साधारण आदमी; **~nbruder,** m गृहकाजी या सहायक

धर्मसंघी; ~**nbühne,** f अप्रशिक्षित कलाकारों की रंगशाला; ~**nhaft,** adj. अदक्ष, अप्रवीण, अविशेषज्ञ-जैसा, बेढंगा; ~**nrichter,** m पंच, अप्रशिक्षित न्यायाधीश; ~**nspiel,** n अप्रशिक्षित या अव्यावसायिक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया हुआ प्रदर्शन; ~**ntheater,** n →Laienbühne

Lakai, m (-en/-en) [türk.] औपचारिक वस्त्रों से सज्जित नौकर; fig: जीहुज़ूरिया, दासवत् आचरण करने वाला; ~**enhaft,** adj. दासवत्, ग़ुलामों जैसा।

Lake, f (-/-n) लवण-जल।

Laken, n (-s/-) चादरा, चद्दर, चादर।

lakonisch, adj. [griech.] संक्षिप्त, सारगर्भित, अल्पशाब्दिक।

Lakritze, f (-/-n) [griech.] जेठीमधु, मधुयष्टिका।

lallen, v/t & v/i (h.) तुतलाना; भारी ज़बान से बोलना, (बीमारी या नशे के कारण) अस्पष्ट बोलना।

Lamelle, f (-/-n) [frz.] पटलिका; चक्रिका; ~**nkupplung,** f पटलिका-ग्राभ, बिम्ब-ग्राभ।

lament-abel, adj. [lat.] विलापनीय; शोचनीय, दयनीय; ~**ieren,** v/i (h.) विलाप क०; पर क्षोभ प्रकट क०, की शिकायत क०; ~**o,** n (-s/-s) शोकगीत; U: शिकायत, शिकवा।

Lametta, n (-s) [ital.] धातु का चमकीला डोरा, धातुपत्र की लम्बी तथा पतली फ़ीतियाँ; U: पदक, तमग़ा।

Lamm, n (-[e]s/ ⸚er) मेमना; fig: भोला-भाला व्यक्ति, अत्यन्त सहनशील व्यक्ति; poet: das Lamm Gottes ईसामसीह; ~**en,** v/i (h.) भेड़ का बियाना।

Lämmer-geier, m जटायु; ~**wolke,** f पक्षाभ-मेघ।

lamm-fromm, adj., U: अत्यन्त आज्ञाकारी, अत्यन्त धैर्यवान; ~**sgeduld,** f, U: महान धीरज।

Lamp-e, f (-/-n) [griech.] दीप, दीपक, चिराग़; लैम्प, बत्ती; ~**enfieber,** n उत्तेजना, भीति; मंचभीति, मंचभीरुता; ~**enschirm,** m दीप-छादक; ~**ion,** m (-s/-s) [frz.] कंडील।

lancieren, v/t (h.)[frz.] प्रचलित क०, चलन में लाना; fig: आगे बढ़ाना, चालाकी से उच्च पद पर पहुँचाना; को प्रसिद्ध क०, को प्रसिद्धि दिलवाना।

Land, n (-es/ ⸚er) देश, राष्ट्र; प्रदेश, प्रान्त, राज्य; o.pl: भूमि, ज़मीन, भूसम्पत्ति; स्थल; देहात, देहाती इलाक़ा; an Land gehen जहाज़ से उतरकर स्थल पर जाना, जलयात्रा के बाद स्थल पर जाना; auf dem Land leben देहात में रहना; außer Landes gehen विदेश जाना, देश छोड़कर जाना; fig: ich sehe noch kein Land मुझे अभी इसका छोर नहीं दिखाई पड़ता, लक्ष्य अभी बहुत दूर है; fig: etw. an Land ziehen किसी वस्तु को हथिया लेना; fig: jdn. an Land ziehen किसी व्यक्ति को अपने पक्ष में कर लेना; fig: viele Jahre gingen ins Land कई वर्ष व्यतीत हो गए; fig: eine Unschuld vom Lande सीधी-सादी ग्रामीण युवती; ~**arbeiter,** m खेतों में मज़दूरी करने वाला मज़दूर; ~**arzt,** m देहात का चिकित्सक; ~**aus,** adv. : landaus, landein देश विदेश में; दूर दूर तक, चारों ओर; ~**bau,** m कृषिकर्म, खेती; ~**besitz,** m भूसम्पत्ति; ~**bevölkerung,** f ग्रामीण जनता, देहात में रहने वाले।

Lande-bahn, f अवतरण-पट्टी; ~**geschwindigkeit,** f अवतरण-गति।

landeinwärts, adv. भीतरी प्रदेश की ओर।

landen, 1. v/i (s.) ज़मीन पर उतरना या पहुँचना (विमान का); घाट पर लगना या पहुँचना (जहाज़ का); U: जा पहुँचना, जा पड़ना; (जेलख़ाने या कूड़े की टोकरी) का सफ़र क०; U: er ist bei ihr nicht gelandet उस (लड़की) ने उसे घास तक नहीं डाली,

उसे उसके पास सफलता नहीं मिली; 2. v/t (h.) ज़मीन पर उतारना; U: जमा देना, बैठा देना (प्रहार आदि); मार लेना, जीत लेना (इनाम आदि); को सफलतापूर्वक कार्यान्वित क० ।

Landenge, f भूसंधि, स्थल-संयोजक, भूडमरूमध्य ।

Lande-piste, f → Landebahn; **~platz,** m अवतरण-स्थल; पोतघाट, जहाज़ी घाट ।

Ländereien, f/pl. भूसम्पत्ति, जायदाद, जागीर ।

Länder-kampf, m, sport: अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता; **~kunde,** f भूगोल; **~spiel,** n, sport:→Länderkampf

Landes-aufnahme, f मानचित्र बनाने के लिए भूमापन; **~ebene,** f: auf Landesebene प्रान्तीय स्तर पर; **~farben,** f/pl. राष्ट्रीय ध्वज के रंग; **~grenze,** f राष्ट्रीय सीमा; प्रान्तीय सीमा, राज्य-सीमा; **~herr,** m राजा, शासक; **~kunde,** f देश-विशेष की संस्कृति (अध्ययन के विषय के रूप में); **~regierung,** f प्रान्तीय सरकार, राज्य-सरकार; **~sprache,** f राष्ट्रीय भाषा, देश-विशेष की भाषा; **~üblich,** adj. देश-विशेष में प्रचलित, देश-विशेष का प्रथागत; **~verrat,** m देशद्रोह; **~verweisung,** f देशनिकाला, निर्वासन ।

Lande-verbot, n अवतरण-निषेध; **~zone,** f अवतरण-क्षेत्र ।

Land-flucht, f ग्राम-त्याग, देहात छोड़ कर शहरों में बस जाना; **~fremd,** adj. विदेशी, परदेसी, बाहर का; **~friedensbruch,** m दंगा, बलवा; (किसी देश या राष्ट्र में) लोकशांति को भंग क०; **~funk,** m देहाती जनता का कार्यक्रम; **~gericht,** n सत्र-न्यायालय; **~gut,** n जागीर, भूसम्पत्ति; **~heim,** n सावास पाठशाला; शहर से बाहर स्थित विद्यार्थी-विश्रान्ति-भवन; **~jäger,** m ग्रामीण पुलिस का सिपाही; fig: एक प्रकार का लंगोचा; **~karte,** f मानचित्र, नक़्शा; **~kreis,** m ज़िला; **~läufig,** adj. प्रचलित, सामान्य ।

Ländler, m (-s/-) चक्र-नृत्य (ऑस्ट्रिया तथा बवेरिया में प्रचलित एक लोक-नृत्य) ।

ländlich, adj. ग्राम्य, ग्रामीण, देहाती ।

Land-luft, f देहात की शुद्ध वायु; **~macht,** f राष्ट्र जिसकी स्थलसेना बहुत शक्तिशाली हो; **~maschine,** f कृषिकर्म की मशीन; **~messer,** m सर्वेक्षक, भूमापक; **~nahme,** f भूमि-उपनिवेशन, भूमि-लुंठन; **~plage,** f महाविपत्ति; लोककंटक; **~pomeranze,** f, U: सीधी-सादी ग्रामीण लड़की; **~rat,** m ज़िला-अध्यक्ष, ज़िलाधीश; **~ratte,** f, U: भूकीट, असामुद्रिक; **~regen,** m झड़ी, लगातार बारिश; **~säugetier,** n भौम स्तनी, थलचर स्तनपायी (पशु) ।

Landschaft, f (-/-en) भूदृश्य, प्राकृतिक दृश्य; क्षेत्र, प्रदेश, इलाक़ा; स्थलाकृति; **~lich,** adj. भूदृश्य-संबंधी, प्राकृतिक; क्षेत्रीय, प्रादेशिक; स्थलाकृति-संबंधी; **~smaler,** m प्रकृति का चित्रकार, भूदृश्यों के चित्र बनाने वाला; **~spflege,** f प्राकृतिक सौंदर्य की रक्षा, प्रकृति-रक्षा ।

Land-schule, f ग्रामीण विद्यालय; **~ser,** m (-s/-) U: सैनिक; **~sitz,** m गाँव में स्थित जागीर; **~smann,** m स्वदेशवासी, हमवतन; **~straße,** f मुख्य सड़क, मुख्य पथ; **~streicher,** m आवारागर्द, खानाबदोश; **~streitkräfte,** f/pl. स्थल-सेना; **~strich,** m क्षेत्र, इलाक़ा; **~tag,** m प्रान्तीय संसद्, विधानसभा; **~tier,** n स्थलचर पशु, स्थलचारी ।

Landung, f (-/-en) अवतरण, अवतारण; **~sbrücke,** f अवतरण-पटरी ।

Land-urlaub, m सामुद्रिकों की छुट्टी, तटयात्रा-अवकाश; **~vermessung,** f→Landesaufnahme; **~volk,** n ग्रामीण लोग, देहाती जनता; **~wärts,**

adv. स्थल की ओर; भीतरी प्रदेश की ओर; ~weg, m स्थलमार्ग; ~wind, m स्थल से समुद्र की ओर बहने वाली वायु; ~wirt, m कृषक, किसान, खेतिहर; ~wirtschaft, f खेतीबारी, कृषिकर्म; कृषिशास्त्र, कृषिविज्ञान; ~wirtschaftlich, adj. कृषि-संबंधी, खेतीबारी का, कृषीय; कृषिविज्ञान का; ~wirtschaftsministerium, n कृषि-मंत्रालय; ~zunge, f भूजिह्वा ।

lang, 1. adj. लम्बा, दीर्घ; ऊँचा, ऊँचे क़द का; बड़ा; zeitlich: बहुत देर तक चलने वाला, लम्बा; ein langer Zug लम्बी रेलगाड़ी; लम्बा जुलूस; ein langes Kleid लम्बी पोशाक; eine lange Telefonnummer लम्बा (या कई अंकों वाला) टेलीफ़ोन-नंबर; das Seil ist acht Meter lang रस्सी आठ मीटर लम्बी है; eine lange Rede लम्बा भाषण; lange Zeit habe ich nichts von ihm gehört बहुत समय से मुझे उसका कोई समाचार नहीं मिला, उसने मुझे बहुत दिनों से कोई खबर नहीं दी; ihm wird die Zeit lang उसका वक़्त नहीं कटता है; über kurz oder lang कभी न कभी; 2. adv.→lange; तक, -भर; fünf Jahre lang पाँच वर्ष तक; eine Zeit lang बहुत देर तक, काफ़ी अवधि तक; कुछ दिनों तक; ein Leben lang ज़िन्दगी-भर; 3. präp. (+akk.) → entlang

lang-ärmelig, adj. लम्बी आस्तीन वाला; ~atmig, adj., fig: अति-विस्तृत, लम्बा-चौड़ा; उबाऊ; ~bein, n, U: लमटंगा, लम्बू; poet; Meister Langbein सारस; ~beinig, adj. लम्बी टाँगों वाला; ~e, adv. लम्बी अवधि तक, काफ़ी देर तक, देर तक; U: कहीं, कहीं अधिक, बिल्कुल; अधिक, ज़्यादा; wie lange dauert es noch? इसमें कितनी देर और लगेगी?; es ist schon lange her, daß...यह बहुत पहले की बात है कि...; U: das ist für ihn lange gut यह उसके लिए कहीं (अधिक) उपयुक्त है, उसके लिए यह ज़रूरत से ज़्यादा अच्छा है; U: er kann das noch lange nicht वह यह करने के योग्य नहीं है, यह बिल्कुल उसके बस का नहीं है; U: da fragt man nicht erst lange इसमें ज़्यादा पूछताछ की ज़रूरत नहीं है, इसमें अधिक सोच-विचार की ज़रूरत नहीं है; U: da kann er lange warten उसकी आशा (या प्रतीक्षा) व्यर्थ है, उसकी आशा पूरी नहीं होगी ।

Länge, f(-/-n) लम्बाई, दैर्घ्य; विस्तार; zeitlich: अवधि; geogr: देशान्तर रेखा, देशान्तर वृत्त, रेखांश; fig: सार-हीन विस्तार, उबा देने वाला विवरण; U: etw. in die Länge ziehen किसी काम की अवधि को बढ़ाते जाना या बढ़ाना; U: diese Arbeit zieht sich in die Länge इस काम में बहुत समय लग रहा है, यह काम तो द्रौपदी का चीर हो गया है; U: auf die Länge अधिक समय तक, बहुत दिनों तक; fig: dieser Roman hat Längen इस उपन्यास में कई उबा देने वाले विवरण हैं ।

langen, 1. v/i (h.) U: की ओर हाथ बढ़ाना, पकड़ना, हाथ डालना; तक (हाथ) पहुँचना, तक आना; (genügen) पर्याप्त होना, काफ़ी होना; (auskommen) से काम चला लेना; es langt बस !, यह काफ़ी है, इतना पर्याप्त है; die Hose langt nur bis zu den Knöcheln पतलून केवल टखनों तक पहुँचता है; U: jetzt langt's mir aber! अब मैं और सहन नहीं कर सकता, अब मेरे धैर्य की सीमा पार हो चुकी है; 2. v/t (h.) U: den werde ich mir langen मैं उसकी तबियत हरी कर दूँगा, मैं उसे खरी-खरी सुना दूँगा; U: jdm. eine langen किसी के तमाचा जड़ देना ।

längen, v/t (h.) लम्बा क॰, बढ़ाना, बड़ा क॰; U: में पानी मिलाना, पानी

मिलाकर पतला क० ।

Längen-grad, m देशान्तर रेखांश; **~kreis,** m याम्योत्तर-वृत्त, ध्रुववृत्त; **~maß,** n लम्बाई की नाप ।

Lang-(e)weile, f (-) ऊब, उचाट; **~finger,** m, U: चोर, हथलपका; **~flügelig,** adj. लम्बे पंखों वाला; **~fristig,** adj. लम्बी अवधि का; **~haarig,** adj. लम्बे बालों वाला; **~jährig,** adj. कई वर्षों का; **~lauf,** m लम्बी दौड़; **~lebig,** adj. दीर्घजीवी; **~lebigkeit,** f (-) दीर्घजीविता, दीर्घ आयु; **~legen,** v/r (h.) U: लेट जाना, लम्बा हो जाना ।

länglich, adj. लम्बा-सा; **~rund,** adj. अंडाकार, दीर्घवृत्ताकार ।

Lang-mut, f धैर्य; उदारता, सहिष्णुता; **~mütig,** adj. धैर्यवान; उदार; सहिष्णु; **~mütigkeit,** f → Langmut; **~ohr,** n, U: गधा; **~ohrig,** adj. लम्बे कानों वाला ।

längs, präp. (+ gen.) के साथ-साथ, के किनारे-किनारे, की लम्बाई की तरफ़; **~achse,** f अन्वायाम अक्ष, अनुदैर्घ्य अक्ष ।

langsam, 1. adj. मंद, मंथर, मंदगति; दीर्घसूत्री, चिरकारी, विलंबकारी; सुस्त, काहिल; (schwerfällig) मंदबुद्धि; 2. adv. धीरे-धीरे, आराम से; **~keit,** f (-) मंथरता, मांद्य; दीर्घसूत्रता, विलंबकारिता; मंद बुद्धि ।

Lang-schläfer, m देर तक सोने वाला, देर से सोकर उठने वाला; **~spielplatte,** f देर तक बजने वाला रेकॉर्ड, बड़ा रेकॉर्ड ।

Längs-richtung, f अन्वायाम दिशा, लम्बाई की ओर; **~schnitt,** m अन्वायाम छेद, अनुदैर्घ्य काट; **~seits,** adv. लम्बाई की दिशा में, लम्बाई की ओर को ।

längst, adv. बहुत अधिक समय (या दिनों) से, जाने कब से, जाने कब का; das weiß ich längst यह तो मुझे बहुत दिनों से मालूम है, यह तो मुझे जाने कब से मालूम है; er hat längst nicht so viel Geld wie Sie उसके पास आपसे कहीं कम धन है; **~ens,** adv., U: अधिक से अधिक; in längstens zwei Jahren अधिक से अधिक दो वर्षों में ।

lang-stielig, adj. लम्बे डंठल वाला; fig: उबाऊ, उबा देने वाला; **~streckenflug,** m लम्बी उड़ान, दूर की उड़ान; **~streckenflugzeug,** n लम्बी उड़ान का विमान; **~streckenlauf,** m लम्बी दौड़; **~streckenrakete,** f दूरमार रॉकेट; **~streckler,** m, U: लम्बी दौड़ दौड़ने वाला ।

Languste, f (-/-n) [frz.] महाचिंगट, अश्मचिंगट ।

lang-weilen, v/t (h.) उबा देना, उबाना, उकता देना; थका देना, परेशान क०; sich langweilen ऊब जाना, उकताना, उकता जाना; बेकार बैठा रहना, के पास कुछ भी करने को न होना; **~weiler,** m (-s/-) उबाने वाला व्यक्ति; **~weilig,** adj. उबाने वाला, उचाट पैदा करने वाला, उबाऊ; **~weiligkeit,** f (-) उबाऊपन; **~welle,** f, phys: दीर्घ तरंग; **~wierig,** adj. बहुत समय लेने वाला, जिसमें बहुत समय लगे; जटिल, कठिन, दुष्कर; **~wierigkeit,** f (-) जटिलता; कठिनता; दुष्करता; अतिविस्तार, अपविस्तार ।

Lanz-e, f (-/-n) बल्लम, भाला; fig: eine Lanze für jdn. brechen किसी का पक्ष लेना; किसी का खुलेआम समर्थन क०; **~ette,** f (-/-n) med: नश्तर, कुन्तिका ।

lanzinierend, adj. [frz.] : lanzinierender Schmerz अचानक चुभन की भाँति होने वाला दर्द, टीस ।

lapidar, adj. [lat.] वजनी, ज़ोरदार, ज़बरदस्त; संक्षिप्त ।

Lapislazuli, m (-/-) [lat.] नीलोपल; लाजवर्द ।

Lappalie, f (-/-n) छोटी-सी बात,

महत्वहीन, तुच्छ, नगण्य बात।
Lappe, m (-n/-n) लैपलैंड का निवासी, लैप जाति का आदमी।
Lappen, m (-s/-) चिथड़ा, लत्ता; anat: लोलकी, ललरी, पालि; zool: जलपक्षियों के पंजों की खाल; गलचर्म; U: बड़ा नोट; U: jdm. durch die Lappen gehen किसी के हाथ से निकल जाना, किसी से बच निकलना।
läppen, v/t (h.) tech: प्रमार्जित क०।
läppern, v/t (h.) dial: लप-लप करते हुए पीना।
lappig, adj., U: श्लथ, ढीला, लिजलिजा; bot: सपालि, पालिमत्।
läppisch, adj. मूर्खतापूर्ण, बचकाना, हास्यास्पद।
Lapp-länder, m (-s/-) → Lappe; **~ländisch,** adj. लैपलैंड का।
Lapsus, m (-/-) [lat.] ग़लती, भूल, चूक; Lapsus linguae मुँह से ग़लती से निकल गई बात, बोलने की चूक; ग़लती से अशुद्ध उच्चारण।
Lärche, f (-/-n) पर्णपाती श्रीदारु।
Larifari, n (-s/-s) बकवास, अनर्गल प्रलाप।
Lärm, m (-[e]s) रव, शोर, कोलाहल, हुल्लड़, शोरगुल; **~en,** v/i (h.) शोर मचाना, कोलाहल क०, हो-हल्ला क०।
Larve, f (-/-n) [lat.] zool: डिंभक, इल्ली; fig: नक़ाब, मुखावरण।
lasch, adj., U: शिथिल, ढीला; निस्तेज, स्फूर्तिहीन, आलसी; ढीला-ढाला, ढिल्लमुतान; फीका, बेस्वाद।
Lasche, f (-/-n) पल्ला, पट्टा; पेटी के बकसुए के पास लगा चमड़े का छल्ला; Schuh: जूते की जीभ; tech: जोड़-पट्टी; प्रकोणी।
Laschheit, f (-) शिथिलता, ढीलापन, स्फूर्तिहीनता; ढीलाढालापन; फीकापन।
Lase, f (-/-n) [lat.] टोंटीदार लोटा।
lasieren, v/t (h.) काँचित क०, पर पारदर्शी रोग़न चढ़ाना।
Läsion, f (-/-en) [lat.] med: चोट, घाव।

lassen, 1. v/t (h.) रहने देना, छोड़ देना, (आने, जाने, घुसने, निकलने)देना; छोड़ना, निकालना; (unterlassen) न क०, छोड़ देना, (किसी काम को करना) बंद कर देना; (zurücklassen/ablegen) साथ न ले जाना, छोड़ देना; जमा करदेना, रख देना; (überlassen) दे देना, के लिए छोड़ देना; बेचना; (dulden/nicht hindern) करने देना, होने देना, करने से न रोकना, होने से न रोकना, में हस्तक्षेप न क०; (veranlassen) कोई काम करवाना; keinen Fremden in das Haus lassen किसी अपरिचित व्यक्ति को घर में न घुसने देना; Pferde aus dem Stall lassen घोड़ों को अस्तबल से निकालना; Wasser lassen पेशाब क०; Wasser in die Wanne lassen स्नान-हौदी में पानी भरना; er hat mir die Luft aus den Reifen gelassen उसने मेरी गाड़ी (या साइकिल) के पहियों की हवा निकाल दी; lassen Sie mich allein! मुझे अकेला छोड़ दीजिए !; lassen Sie es so! इसे ऐसा ही रहने दीजिए ! इसे ऐसा ही छोड़ दीजिए !; lassen Sie diese Bemerkungen! इन उक्तियों को छोड़ दीजिए !; ये बातें मत कहिए!; tun Sie, was Sie nicht lassen können! यदि आप इसे हर हालत में करना चाहते हैं तो कीजिए!, जो आपकी इच्छा हो वह कीजिए (परंतु मैं सहमत नहीं हूँ)!; das Gepäck habe ich am Bahnhof gelassen सामान मैंने स्टेशन पर छोड़ दिया (या जमा कर दिया); das Auto lasse ich zu Hause कार मैं घर पर ही छोड़ दूँगा; कार मैं घर पर ही छोड़े जाता हूँ; ich kann Ihnen mein Auto bis morgen lassen मैं अपनी कार आप को कल तक के लिए दे सकता हूँ; billiger kann ich Ihnen diese Kamera nicht lassen इससे कम मूल्य पर यह कैमरा मैं आपको नहीं दे

सकता; die Kinder lärmen lassen बच्चों को शोर मचाने देना; jdn. gehen lassen किसी को जाने देना; das Licht brennen lassen बत्ती जलने देना; etw. fallen lassen किसी वस्तु को गिरा देना; etw. sehen lassen किसी वस्तु को दिखाना या देखने देना; sich etw. nicht gefallen lassen किसी बात को न सहन क०, किसी बात का विरोध क०; eine Hose schneidern lassen पतलून सिलवाना; das Auto reparieren lassen कार की मरम्मत करवाना; lassen Sie hören! बोलिए!, कहिए!, सुनाइए!; lassen Sie sich gesagt sein, daß... कान खोल कर सुन लीजिए कि...; 2. v/r (h.): es läßt sich nicht beschreiben यह अवर्णनीय है, इसका वर्णन असंभव है; das läßt sich schon machen यह किया जा सकता है, यह संभव है, यह हो जाएगा; das läßt sich leicht erraten इसका अनुमान तो आसानी से लगाया जा सकता है; das Fenster läßt sich nicht öffnen खिड़की नहीं खुल रही है, खिड़की जाम हो गई है; das läßt sich nicht beweisen इसको साबित क० मुश्किल या असंभव है; U: dieser Wein läßt sich trinken यह अंगूरी खराब नहीं है; 3. v/i (h.): von etw. lassen किसी काम को (या आदत को) छोड़ देना; von jdm. lassen किसी से संबंध समाप्त कर देना; किसी का पीछा या पिंड छोड़ देना।

lässig, 1. adj. लापरवाह; उपेक्षापूर्ण, उदासीन; (salopp) ढीला-ढाला, बेपरवाह, अनौपचारिक; 2. adv. लापरवाही से, उपेक्षापूर्वक; आसानी से; आराम से, बेतकल्लुफ़ी से; ~**keit,** f (-) लापरवाही; उपेक्षा, उदासीनता; ढीलाढालापन, अनौपचारिकता, बेतकल्लुफ़ी।

läßlich, adj. क्षम्य, क्षमणीय, क्षन्तव्य; नगण्य, मामूली।

Lasso, n/m (-s/-s) [span.] फाँसा, कमन्द।

Last, f (-/-en) भार, बोझ, वज़न; (Frachtgut) रेल, जहाज़ या विमान द्वारा भेजा जाने वाला माल; mar: खाव, फलका; pl: व्यय, अनिवार्य व्यय; ऋणभार, क़र्ज़; fig: भार; चिन्ता; दायित्व, ज़िम्मेदारी; das Porto geht zu Ihren Lasten डाक-व्यय आप को देना होगा; fig: jdm: zur Last fallen किसी पर बोझ बनना या होना; fig: jdm. etw. zur Last legen किसी को किसी बात के लिए दोषी ठहराना; ~**auto,** n, U:→ Lastwagen: ~**en,** v/i (h.) पर भार होना, पर लदा होना; पर छाया होना; eine große Verantwortung lastet auf seinen Schultern उसके कंधों पर बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है; auf diesem Haus lasten Schulden यह मकान बंधकित है; die Stille lastete im Raum कमरे में शांति छाई हुई थी; ~**enfrei,** adj. दाय या ऋण से मुक्त (भूसम्पति या जायदाद आदि)।

[1]Laster, m (-s/-)→Lastwagen

[2]Laster, n (-s/-) व्यसन, लत; अवगुण, दुर्गुण, बुराई; U: er ist ein langes Laster वह लमटंगा है।

Lästerer, m (-s/-) निन्दक; मिथ्यापवादी।

lasterhaft, adj. व्यसनी, लती; व्यसनपूर्ण, भ्रष्ट, अनैतिक।

läster-lich, adj. निन्दात्मक; निन्दापूर्ण; मिथ्यापवादपूर्ण, मिथ्यानिन्दात्मक; ~**maul,** n, U: निन्दक; मिथ्यापवादी, मिथ्या निन्दा करने वाला, बदनाम करने वाला; ~**n,** v/i & v/t (h.) निन्दा क०; मिथ्या निन्दा क०; बदनाम क०; धर्म-निन्दा या ईश-निन्दा क०; ~**zunge,** f→Lästermaul

lästig, adj. भारी, कष्टप्रद, क्लेशकर, क्लांतिकर, अप्रिय, अवांछनीय; सिर खा जाने वाला; तंग करने वाला; jdm.

lästig fallen किसी को भारी या अप्रिय लगना, किसी को तंग क० ।

Last-kraftwagen, m →Lastwagen; **~schrift,** f, kfm: विकलन, नामे; **~tier,** n भारवाही पशु, बोझ ढोने वाला पशु; **~wagen,** m भारवाही मोटर-गाड़ी, ट्रक, ठेला; **~zug,** m ट्रेलर के साथ जुड़ी हुई ट्रक, एक या कई अनुयानों वाली ट्रक ।

Lasur, f (-/-en] [lat.] पारदर्शी रोग़न (की तह); **~stein,** m → Lapislazuli

lasziv, adj. [lat.] काममूलक, कामोद्दीपक; अश्लील; **~ität,** f (-/-en) काममूलकता, कामोद्दीपकता; अश्लीलता ।

Latein, n (-s) लैटिन (भाषा); fig: er ist mit seinem Latein am Ende वह हतबुद्धि है, उसकी समझ में नहीं आता है कि वह और क्या करे, उसे कोई रास्ता नहीं सूझता; **~amerika,** n दक्षिणी तथा मध्य अमरीका, लातीनी अमरीका; **~amerikanisch,** adj. दक्षिणी तथा मध्य अमरीका से संबंधित, लातीनी अमरीका का; **~er,** m (-s/-) लैटिन का विद्यार्थी या विद्वान; **~isch,** 1. adj. लैटिन का, लातीनी; 2. n (-s) लैटिन भाषा ।

laten-t, adj. [lat.] अप्रकट, अप्रत्यक्ष, गुप्त; med: अप्रत्यक्ष लक्षणों वाला, उद्भवन-अवस्था में; **~z,** f (-) अप्रकटता, अप्रत्यक्षता, गुप्तता; med: उद्भवनकाल, रोग की प्रारंभिक अवस्था ।

Laterne, f (-/-n) [lat.] लालटेन, कंडील; सड़क की बत्ती; **~npfahl,** m सड़क की बत्ती का खम्भा; fig: ein Wink mit dem Laternenpfahl अत्यन्त स्पष्ट संकेत ।

latin-isieren, v/t (h.) को लैटिन रूप देना, लैटिन रूप में परिवर्तन क० (शब्द आदि); **~um,** n (-s) लैटिन की प्रबुद्ध-परीक्षा ।

Latrine, f (-/-n) [lat.] पुरीष-स्थान, संडास, पाखाना; शौचालय ।

[1]Latsche, f (-/-n) वामन चीड़ या देवदारु (का वृक्ष) ।

[2]Latsche, f (-/-n) /**Latschen,** m (-s/-) U: चप्पल, चट्टी, पुराना ढीला-ढाला जूता ।

latsch-en, U: 1. v/i (s.) पैर घसीट कर चलना; 2. v/t (h.) : jdm. eine latschen किसी के तमाचा जड़ देना; **~ig,** adj., U: ढीला-ढाला, ढिल्लड़, लापरवाह ।

Latte, f (-/-n) लम्बा तथा पतला पटरा, लम्बी पटरी; sport: ऊँची कूद में प्रयुक्त पतली पटरी; U: लम्बू, लमटंगा; U: eine lange Latte von Wünschen माँगों की लम्बी सूची, बहुत अधिक माँगें ।

Latz, m (-es/⸚e) [frz./lat.] पतलून का पल्ला जो छाती को ढकता है; (Mundtuch) गतिया, गाँती ।

lau, adj. गुनगुना, अल्पोष्ण, शीरगर्म; सुहावना (मौसम, पवन आदि); fig: अनुत्सुक, मन्दोत्साह, बेमन (का); उदासीन ।

Laub, n (-[e]s) पर्णावली, पर्णसमूह, पत्ते; Kartenspiel: जर्मन ताशों में एक रंग; **~baum,** m पत्तेदार वृक्ष, पर्णधारी वृक्ष ।

Laube, f (-/-n) कुंज, लतामंडप; उद्यानगृह; arch: आच्छादित मार्ग, तोरणिका; द्वारमंडप; theat: मंच के आगे दायीं ओर बना हुआ आच्छादित दर्शक-कक्ष या मंडप; **~ngang,** m तोरणपथ, लताओं या वृक्षों के पत्तों से ढँका हुआ उद्यान-मार्ग; **~nkolonie,** f वाटिकाओं का समूह, शहर के बाहर का वाटिका-क्षेत्र जिसमें नगरवासियों की अपनी-अपनी फुलवारी होती है ।

Laub-frosch, m वृक्ष-मंडूक; **~säge,** f छोटी टेढ़ी आरी, नक़्क़ाशी-आरी; **~wald,** m पर्णधारी वृक्षों का वन; **~werk,** n पर्णसमूह, पर्णयुक्त टहनियाँ, सजावट के लिए बनाए गए

बेल-बूटे ।

Lauch, m (-[e]s/-e) गन्दना, प्याज़ जैसी एक वनस्पति ।

Laudatio, f (-/-nes) [lat.] प्रशंसा, गुणगान; अभिनंदन-भाषण ।

Lauer, f (-) घात; घात-स्थान; auf der Lauer liegen घात लगाकर बैठना; घात लगाना; ताक में रहना, ताक लगाना; **~n,** v/i (h.) घात लगाना, घात लगाकर बैठना, घात में रहना, ताक लगाना, ताक में रहना; fig: auf jdn. lauern किसी की राह देखना, किसी की प्रतीक्षा देखना, किसी की बाट जोहना; U: auf eine günstige Gelegenheit lauern उचित अवसर की प्रतीक्षा क०, अच्छे मौक़े की ताक में रहना ।

Lauf, m (-[e]s/⸚e) दौड़; दौड़ना, धावन; sport: दौड़-प्रतियोगिता; eines Gewehrs: नली, नाल; (Weg) पथ; मार्ग; बहाव-मार्ग, प्रवाह; des Wildes/Hundes: जंगली जानवर या कुत्ते की टाँग; o. pl., fig: क्रम, चक्र; दौरान; गति, चालू हालत, चाल (मशीन आदि की); mus: स्वरों का एकवत् प्रतीत होने वाला द्रुत प्रवाह, द्रुत स्वरग्राम-पथ; fig: im Laufe der Zeit धीरे-धीरे, समय के साथ-साथ; fig: im Laufe des Gesprächs बातचीत के दौरान; fig: einer Sache freien Lauf lassen किसी बात को होने देना, किसी बात के घटनाक्रम में बाधा न डालना; **~bahn,** f व्यावसायिक प्रगति-क्रम; पेशा; **~bursche,** m धावक, हरकारा, टहलुआ; **~en,** 1. v/i (s.) दौड़ना; चलना; घूमना, घूमना-फिरना; (fließen) बहना; रिसना, चूना, टपकना; (verlaufen) निकलना, जाना (मार्ग आदि); (gültig sein) वैध होना, मान्य होना (अनुबंध, दस्तावेज़ आदि); Maschine: चलना, चालू हालत में होना; das Kind kann noch nicht laufen बच्चा अभी चल नहीं पाता है; einen Dieb laufen lassen चोर को गिरफ़्तार न क०, चोर को छोड़ देना; चोर को गिरफ़्तार न कर पाना; das Wasser läuft nicht (नल से) पानी नहीं आ रहा है; Wasser in die Wanne laufen lassen स्नान-हौदी में पानी भरना; der Eimer läuft डोल चूता है, बाल्टी टपकती है; U: seine Nase läuft उसकी नाक बहती है; Tränen liefen ihr über die Wangen आँसू उसके गालों पर बह रहे थे; fig: es lief mir eiskalt über den Rücken मैं बहुत भयभीत हो गया; die Straße läuft mitten durch das Dorf सड़क गाँव के बिल्कुल बीच से निकलती (या जाती) है; fig: die Sache läuft यह मामला चल रहा है, (यह) काम ठीक चल रहा है; eine Sache laufen lassen किसी बात को होने देना, किसी बात के घटनाक्रम में बाधा न डालना; fig: mein Antrag läuft noch मेरे प्रार्थनापत्र पर विचार हो रहा है; der Vertrag läuft über zehn Jahre यह अनुबंध दस वर्ष तक मान्य रहेगा, इस अनुबन्ध की अवधि दस वर्ष है; dieser Film läuft schon seit vier Wochen यह फ़िल्म चार सप्ताह से चल रही है; das Geschäft läuft auf den Namen seines Vaters दूकान उसके पिता के नाम पर है; U: jdm. über den Weg laufen किसी से अचानक भेंट हो जाना; U: nach etw. laufen किसी वस्तु की तलाश में रहना, किसी वस्तु की तलाश क०; 2. v/t (h.) : Ski laufen स्की चलाना; er hat einen neuen Rekord gelaufen उसने दौड़ में नया रेकॉर्ड स्थापित किया है; ich habe mir Blasen an den Füßen gelaufen दौड़ते-दौड़ते मेरे पैरों में छाले पड़ गए हैं; 3.v/r (h.) U: es läuft sich gut in diesen Schuhen ये जूते आरामदेह हैं; der Motor hat sich heiß gelaufen इंजन चलते-

चलते गर्म हो गया है; ~end, 1. adj. वर्तमान; चालू; आवर्ती; गतिमान, चलता हुआ; निरंतर, अनवरत; das laufende Jahr वर्तमान वर्ष, चालू वर्ष; die laufenden Ausgaben आवर्ती (या चालू) व्यय; laufende Nummer क्रमांक, क्रमसंख्या; auf dem laufenden sein वर्तमान परिस्थितियों से अवगत होना या रहना; sich auf dem laufenden halten (परिस्थिति के) परिवर्तनों के बारे में लगातार जानकारी प्राप्त करते रहना; 2. adv. लगातार, बार-बार, हमेशा, आए दिन।

Läufer, m (-s/-)धावक, दौड़ाक, दौड़ने वाला; Schachfigur: पीला, फ़र्ज़ी, ऊँट; Teppich: लम्बा तथा कम चौड़ा क़ालीन (ज़ीने या बरोठे आदि का); tech: मशीन का गतिमान पुर्जा।

Lauf-erei, f (-/-en) U: दौड़-धूप; इधर-उधर चलना; **~feuer,** n तेज़ी से बढ़ती हुई आग, दावानल;fig: diese Nachricht verbreitete sich wie ein Lauffeuer यह खबर दावानल की तरह फैल गई; **~gitter,** n → Laufstall

läufig,adj. गरम, मदकाल में(कुतिया)।

Lauf-junge, m → Laufbursche; **~katze,** f, tech: छोटा हवीत,काँटा; **~kundschaft,** f अनियमित ग्राहक, आए-गए ग्राहक; **~masche,** f धागा निकल जाने से मोज़े आदि में पड़ गई सॉंट; **~paß,** m: jdm. den Laufpaß geben किसी को भगा देना, किसी की (हमेशा के लिए) छुट्टी कर देना; **~schritt,** m दौड़ का क़दम, तेज़ क़दम; im Laufschritt gehen तेज़ चलना; **~stall,** m/**~ställchen,** n छोटे बच्चों का कटघरा; **~zeit,** f अवधि, मियाद; einer Hündin: मदकाल।

Lauge, f (-/-n) क्षारोदक, सज्जीदार पानी, विक्षालन-घोल, साबुन का घोल; **~n,** v/t (h.) समाधेय तत्वों को घोलकर अलग क०; विक्षालन क०।

Lauheit, f (-) अल्पोष्णता; सुहावनापन (मौसम आदि का); fig: अनुत्सुकता; उदासीनता।

Laun-e, f (-/-n) मिज़ाज, मन:स्थिति, मनोदशा (समय-विशेष पर); (Einfall) अचानक मन में आ गई बात, तरंग; मौज, झक, सनक;guter Laune sein [bei Laune sein] खुश होना, अच्छी मनोदशा में होना; Launen haben चलचित्त होना; मौजी होना; **~enhaft,** adj. चलचित्त; मौजी, तरंगी; सनकी, झक्की; **~ig,**adj. विनोदपूर्ण; विनोदात्मक; **~isch,** adj. → launenhaft

Laus, f (-/ ⸚ e)जूँ, जुआँ, डींगर;चीलर; U: jdm. eine Laus in den Pelz setzen किसी को परेशान क०, किसी के मार्ग में कठिनाइयाँ पैदा क०; U: ihm ist wohl eine Laus über die Leber gelaufen? उसका मिज़ाज इस समय ख़राब है; **~bub,** m, dial: शैतान लौंडा, नटखट छोकरा।

lausch-en, v/i (h.) कनसुई लेना, छिपकर सुनना; ध्यानपूर्वक सुनना, ग़ौर से सुनना; **~er,** m (-s/-) कनसुई लेने वाला, छिपकर सुनने वाला; खुरदार जंगली जानवर का कान; **~ig,** adj. गुप्त एवम् सुखद।

Laus-ebengel, / **~ejunge,** m, U: नटखट या शैतान बालक, धृष्ट लड़का; **~en,** v/t (h.) के जुएँ बीनना या निकालना; **~er,** m, U: → Lausebengel; **~erei,** f (-/-en) अप्रिय बात; **~ig,** 1.adj., U: ख़राब, बुरा; अप्रिय; तुच्छ, क्षुद्र; घिनावना; 2. adv. बहुत, बेहद।

[1]**laut,** 1. adj. ऊँचा, महाघोष, ज़ोर का; कोलाहलपूर्ण; fig: diese Sache darf nicht laut werden इस बात का क़िसी को पता नहीं चलना चाहिए; fig: seine Gefühle laut werden lassen अपनी भावनाओं को प्रकट क०; 2. adv. ज़ोर से, ऊँची आवाज़ में; 3. m (-[e]s/-e) ध्वनि, नाद, स्वर,

आवाज़; keinen Laut von sich geben कुछ भी न बोलना, बिलकुल चुप रहना, चुप्पी मार जाना; der Hund gibt Laut कुत्ता आवाज़ करता है अर्थात् भौंकता है।

²laut, präp. (+ gen.) के अनुसार, के मुताबिक; laut Befehl आदेशानुसार; laut Gesetz क़ानून के मुताबिक।

lautbar, adj.: lautbar werden ज्ञात होना, विदित होना।

Lautbildung, f उच्चारण।

Laute, f (-/-n) तंत्री, विपंची, तारों का एक वाद्ययंत्र।

lauten, v/i (h.) (klingen) सुनाई पड़ना, लगना; (einen Wortlaut haben) के बोल होना, होना; die Rechnung lautet auf fünfzig Mark बिल पचास मार्क का है; der Paß lautet auf den Namen A. पासपोर्ट A के नाम पर जारी किया गया है।

läuten, 1. v/i (h.) बजना, बज उठना, घंटी या घंटे का बजना; fig: etw. läuten hören के कानों में किसी बात की भनक पड़ना; 2. v/t (h.) बजाना; (घंटी या घंटा) बजाना।

lauter, 1. adj. शुद्ध, विशुद्ध, खरा; (ehrlich) निष्कपट, ईमानदार, सच्चा; 2. adv. केवल, सिर्फ़; er erzählt lauter Lügen वह झूठ के अतिरिक्त और कुछ नहीं बोलता है, वह सिर्फ़ झूठी बातें करता है; **~keit,** f (-) शुद्धता, विशुद्धता; निष्कपटता, ईमानदारी।

läuter-n, v/t (h.) को शुद्ध क॰, को परिष्कृत क॰; को साफ़ क॰; fig: को निर्दोष बनाना, को निर्मल बनाना, का आंतरिक विकास क॰; **~ung,** f (-) शुद्धिकरण, परिष्करण; सफ़ाई; fig: निर्दोषीकरण, निर्मलीकरण; आंतरिक विकास।

laut-hals, adv. ज़ोर से, चिल्लाकर, ऊँची आवाज़ में; **~heit,** f (-) उच्चता; **~ieren,** v/t (h.) एक-एक शब्द का उच्चारण क॰; **~lehre,** f ध्वनिविचार, उच्चारणशास्त्र; **~lich,** adj. उच्चारण-संबंधी, ध्वन्यात्मक; **~los,** adj. अघोष, ध्वनिहीन, अश्रव्य; ख़ामोश, शांत; **~losigkeit,** f (-) अघोषता, अश्रव्यता; ख़ामोशी, शांति; **~malerei,** f (-) ध्वनि-अनुकरण; **~schrift,** f ध्वन्यात्मक लिपि, ध्वनि-लिपि; **~sprecher,** m ध्वनि-विस्तारक, लाउडस्पीकर, ध्वनिवर्धक; **~stark,** adj. बहुत ज़ोर का; अतिकोलाहलपूर्ण; प्रबल, ज़ोरदार; **~stärke,** f ध्वनि की उच्चता, तारत्व; **~verschiebung,** f व्यंजन-परिवर्तन; **~wandel,** m ध्वनि-परिवर्तन, उच्चारण परिवर्तन।

Läutwerk, n घंटियाँ, घंटावाद्य; ध्वनित्र।

lauwarm, adj. गुनगुना, अल्पोष्ण।

Lava, f (-/-'ven) [ital.] भूराल, लावा।

Lavendel, m (-s/-) [lat.] आमोहन, लैवेंडर।

lavieren, v/i (h.) [niederl.] mar: टेढ़े-मेढ़े चलते हुए आगे बढ़ना, वायु की दिशा के विपरीत टेढ़े-मेढ़े चलना; fig: कठिनाइयों पर चतुराई से विजय पाना; के बीच से बचते हुए निकलना; चालाकी से काम निकालना (दोनों पक्षों से)।

Lawine, f (-/-n) [lat.] हिम-स्खलन, हिमधाव।

lax, adj. [lat.] ढीला-ढाला, लापरवाह; ढीला, अकठोर, शिथिल; अदृढ़; **~heit,** f (-) ढीलाढालापन, लापरवाही; ढील, अकठोरता, शिथिलता; अदृढ़ता।

Lazarett, n (-[e]s/-e) [ital.] फ़ौजी अस्पताल, सैनिक चिकित्सालय; **~schiff,** n चिकित्सालय-पोत।

Lebe-dame, f पुंश्चली, ऐयाश औरत, विषयासक्त स्त्री; **~hoch,** n जयकार, जय-जयकार; **~mann,** m ऐयाश; विषयासक्त पुरुष, भोगवादी।

¹leben, 1. v/i(h.) जीना, जीवित होना या रहना; जीवनयापन क॰, ज़िन्दगी बिताना; रहना, निवास क॰; er lebt seit vielen Jahren hier वह कई वर्षों

से यहाँ रहता है; sie lebt nur ihrer Familie वह केवल अपने परिवार के लिए जीवित रहती है; er wird immer in unseren Herzen leben उसकी याद हमारे दिलों में हमेशा बनी रहेगी; er lebte in dem Glauben, daß...उसे विश्वास था कि...; उसे आशा थी कि...;das ist mein Vater wie er leibt und lebt यह मेरे पिताजी का असली स्वभाव है;es lebe Indien! हिन्दोस्तान ज़िन्दाबाद!; so wahr ich lebe! यह बिल्कुल सच है, जो मैंने कहा है वह कोरा सत्य है; leben Sie wohl! अलविदा!; spw: leben und leben lassen सहिष्णु होना; "जियो और जीनो दो" (के सिद्धान्त का अनुसरण क०); 2. v/t (h.): er lebt das Leben eines Einsiedlers वह वैखानस का जीवन व्यतीत करता है; 3. v/r (h.): es lebt sich gut hier यहाँ जीवन आराम से कटता है; hier läßt es sich leben यहाँ रहना मुझे अच्छा लगता है, यहाँ ज़िन्दगी आराम से कट सकती है।

²**Leben,** n (-s/-) जीवन, ज़िन्दगी; अस्तित्व; जीवन-काल; (Lebenskraft) प्राण, जान; (Lebensweise) जीवन-चर्य्या, रहन-सहन; (Treiben) चहल-पहल; sich das Leben nehmen आत्महत्या क०, खुदकुशी क०; jdn. ums Leben bringen किसी की हत्या कर देना; etw. ins Leben rufen किसी संस्था आदि की स्थापना क०; er führt ein ruhiges Leben वह शान्तिमय जीवन व्यतीत करता है; das tue ich für mein Leben gern मुझे इसका बहुत चाव है, इसे मैं बहुत चाव से करता हूँ; die Straßen sind voller Leben सड़कों पर बहुत चहल-पहल है; diese Erzählung ist aus dem Leben gegriffen इस कहानी में जीवन की वास्तविकता (या वास्तविक जीवन) का वर्णन है; U: er bringt Leben in die Bude वह माहौल में जान डाल देता है।

lebend, adj. जीवित, ज़िन्दा, सप्राण; प्रचलित; eine lebende Sprache प्रचलित भाषा; ~**ig,**adj.जीवित,ज़िन्दा, सप्राण; (lebhaft) फुर्तीला, जानदार; सजीव; fig सजीव, जीवन्त, विशद, जीता-जागता; सुस्पष्ट; fig: eine lebendige Erinnerung सजीव स्मृति, जीती-जागती याद।

Lebens-abend, m बुढ़ापा, वृद्धावस्था, ज़ईफ़ी; ~**art,** f जीवनयापन का (सुसंस्कृत) ढंग, रहन-सहन का तरीक़ा; ~**auffassung,** f जीवन-सिद्धान्त; ~**aufgabe,** f जीवन-कर्तव्य, जीवन का उद्देश्य; ~**bedingungen,** f/pl. जीवन,जीवनयापन की सुविधायें, जीवन-यापन की परिस्थिति; ~**bejahend,** adj. जीवन से संतुष्ट, आशावादी; ~**echt,** adj. जीवन की वास्तविकता से पूर्ण; वास्तविक रूप से मिलता-जुलता; ~**erfahrung,** f जीवन का अनुभव; ~**erwartung,** f सम्भावित आयु; ~**faden,** m: poet: sein Lebensfaden riß jäh ab उसकी अचानक मृत्यु हो गई; ~**fähig,** adj. जीवनक्षम; ~**fremd,** adj. जीवन की वास्तविकता से अनभिज्ञ; आदर्शवादी; ~**freude,** f जीवित होने की प्रसन्नता या खुशी; ~**froh,** adj. प्रसन्न, प्रफुल्ल, जीवन से संतुष्ट; ~**führung,** f रहन-सहन, जीवन-चर्य्या; ~**gefahr,** f मौत का ख़तरा; ~**gefährlich,** adj. संघातक, प्राणघातक, जानलेवा, जिससे मौत का खतरा हो; ~**gefährte,** m जीवन-साथी (पति या यार); ~**geister,** m/pl., fig: स्फूर्ति, ओज, फुर्ती; ~**groß,** adj. प्राकृत आकार का; ~**größe,** f प्राकृत आकार; ~**haltung,** f जीवन-निर्वाह; ~**haltungskosten,**pl. जीवन-निर्वाह का व्यय; ~**kampf,** m जीवन का संघर्ष; जीवन के लिए संघर्ष; ~**klug,** adj. दुनियादारी के मामलों में चतुर

या अनुभवी; ~kraft, f जीवन-शक्ति, प्राण, जान, दम; ~künstler, m हर परिस्थिति में जीवन का सुख लेने वाला, छोटी-छोटी चीज़ों से जीवन को सुखमय बना लेने वाला; ~lage, f परिस्थिति; ~länglich, adj. आजीवन, सम्पूर्ण जीवन-काल के लिए; ~lauf, m जीवन-क्रम, संक्षिप्त जीवन-वृत्तान्त; ~licht, n: poet: sein Lebenslicht ist erloschen उसका देहावसान हो गया है; ~linie, f जीवन-रेखा (हाथ में); ~lustig, adj. जीवन का आनन्द लूटने वाला, भोगवादी; ~mittel, n/pl. खाद्य सामग्री; ~müde, adj. जीवन से तंग आया हुआ, मृत्यु की आकांक्षा करने वाला; ~mut, m जीवन-संघर्ष का साहस, जीने का साहस, कर्मठता; ~nah, adj. जीवन की वास्तविकता से मिलता-जुलता, जीवन की वास्तविकता से दूर नहीं; ~standard, m जीवन-स्तर; ~stellung, f स्थायी पद; आजीवन सेवायोजन; ~unterhalt, m जीवन-निर्वाह की वस्तुएँ, जीवन-निर्वाह के लिए आवश्यक धन; ~versicherung, f जीवन-बीमा; ~wandel, m रहन-सहन, चाल-चलन; ~weg, m जीवन, जीवन-मार्ग; ~weise, f जीवन-चर्य्या; ~weisheit, f जीवन-सिद्धान्त; ~werk, n जीवन-कृत्य, कलाकृति या रचना जिसपर रचयिता ने आजीवन काम किया हो; ~wichtig, adj. जीवन के लिए महत्वपूर्ण, अत्यन्त महत्वपूर्ण; ~wille, m जीने की चाह; ~zeichen, n जीवित होने का संकेत या चिह्न (जैसे दिल की धड़कन, साँस का चलना आदि); fig: खबर, समाचार, पत्र; ~zeit, f जीवन-काल; auf Lebenszeit सारे जीवन के लिए ।

Leber, f (-/-n) यकृत्, जिगर, कलेजा; fig: frei von der Leber weg reden बिना हिचक या संकोच के अपने विचारों को प्रकट क॰; ~**fleck,** m तिल, मस्सा, लहसुन; ~**tran,** m स्नेहमीन-यकृत्-तैल, मछली के जिगर का तेल ।

Leb-ewesen, n जीव, प्राणी; ~**ewohl,** n: jdm. Lebewohl sagen किसी से विदाई लेना; ~**haft,** adj. फुर्तीला, जानदार; ज़ोरदार, उत्तेजनापूर्ण; तीव्र, उत्कट; चटकीला, चमकीला; fig: सजीव, विशद, जीता-जागता, सुस्पष्ट; lebhafter Verkehr बहुत अधिक यातायात; eine lebhafte Debatte उत्तेजनापूर्ण वादविवाद, ज़ोरदार बहस; lebhaftes Interesse बहुत अधिक दिलचस्पी; eine lebhafte Beschreibung सजीव वर्णन, जीता-जागता वर्णन; eine lebhafte Farbe चटकीला रंग ।

Lebkuchen, m एक मसालेदार केक (बड़े दिन के पकवानों में से एक) ।

leb-los, adj. निर्जीव, बेजान, मृत; ~**tag,** m जीवन, सारी ज़िन्दगी; (all) mein Lebtag nicht अपने सारे जीवन में नहीं; कभी भी नहीं, ताज़िंदगी नहीं; ~**zeiten,** pl: zu seinen Lebzeiten उसके जीवन-काल में ।

lechzen, v/i (h.): nach etw. lechzen किसी वस्तु के लिए लालायित होना या ललचाना या तरसना; fig: nach Rache lechzen प्रतिशोध की आग में धधकना ।

leck, 1. n (-[e]s/-e) छेद, सूराख़ (नाव; जहाज़, बर्तन आदि के पेंदे में); 2. adj. जिसके पेंदे में सूराख़ या दरार हो ।

[1]**lecken,** v/i (h.) के पेंदे में सूराख़ या दरार होना, में पानी का आ जाना (नाव, जहाज़ आदि), चूना, टपकना; der Eimer leckt डोल चूता है ।

[2]**lecken,** v/t & v/i (h.) चाटना, पर जीभ फिराना; fig: sich die Finger nach etw. lecken किसी चीज के लिए लालायित होना या ललचाना; U: er sieht aus wie geleckt वह बहुत चिकना-चुपड़ा या साफ़-सुथरा दिखता है; fig: die Flammen

lecken लपटें लपलपाती हुई आगे बढ़ रही हैं।

lecker, adj. सुस्वादु, ज़ायकेदार, लज़ीज़; U: आकर्षक, हसीन, नमकीन; **~bissen,** m अतिस्वादिष्ट खाद्य; **~ei,** f (-/-en) अत्यन्त स्वादिष्ट मिठाई, बहुत बढ़िया मिठाई; **~ig,** adj. चटोरा; मिठाईपसंद; **~maul,** n, U: चटोरा, मिठाईपसंद व्यक्ति; **~n,** v/i (h.) U: चटोरा या मिठाईपसंद होना, अक्सर स्वादिष्ट चीज़ें खाना; चाट खाना।

Leder, n (-s/-) परिष्कृत चर्म, चमड़ा; sport: फ़ुटबॉल; U: jdm. das Leder gerben किसी की पिटाई क०; fig: vom Leder ziehen झगड़ा प्रारंभ क०; आक्षेप क०; **~ig,** adj. चमड़े जैसा; **~n,** 1. v/t (h.) पर चमड़ा लगाना या चढ़ाना; U: jdn. ledern किसी की ठुकाई (या पिटाई) क०; 2. adj. चमड़े का; fig: उबाने वाला, उकता देने वाला, बेमज़ा।

ledig, adj. अविवाहित; (से) मुक्त, (से) परे, (से) बरी; U: ein lediges Kind अविवाहित स्त्री का बच्चा; ich bin aller Verantwortung ledig मैं सारी ज़िम्मेदारियों से मुक्त हो चुका हूँ।

lediglich, adv. केवल, सिर्फ़।

Lee, f (-) (जहाज़ का) अनुवात पार्श्व; वायु-प्रतिकूल पार्श्व।

leer, adj. खाली, रिक्त; fig: छूछा, निस्सार, निरर्थक, खोखला; fig: leere Worte निरर्थक बातें, खोखली बातें; fig: leere Versprechungen झूठे वादे; fig: leer ausgehen खाली हाथ रह जाना, को कुछ भी हाथ न लगना; **~e,** f (-) रिक्तता, खालीपन; खाली स्थान; fig: छूछापन, निरर्थकता, असारता, खोखलापन; **~en,** v/t (h.) खाली क०; der Saal leerte sich allmählich हॉल धीरे-धीरे खाली हो गया; **~gut,** n खाली बोतलें आदि; **~lauf,** m, mot: क्लीव दन्ती, शून्य गियर; fig: व्यर्थ परिश्रम; बिना उत्पादन के मशीन का चलना; **~laufen,** v/i (s.) खाली हो जाना।

legal, adj. [lat.] वैध, क़ानूनी, विधि-सम्मत; **~isation,** f→Legalisierung; **~isieren,** v/t (h.) वैध बनाना; **~isierung,** f (-/-en) वैधीकरण।

[1]Legat, n (-[e]s/-e) [lat.] रिक्थ, उत्तरदान।

[2]Legat, m (-en/-en) [lat.] पोप का दूत या प्रतिनिधि।

Legation, f(-/-en) [lat.] प्रतिनिधि-मंडल; दूत, राजनयिक दूतमंडल।

legen, 1. v/t (h.) लिटाना; रखना, रख देना; लगाना, बिछाना; बोना, लगाना; U: गिरा देना, धराशायी कर देना; Feuer legen आग लगाना; Gleise legen पटरियाँ बिछाना; das Fundament legen नींव रखना; Kartoffeln legen आलू बोना; 2. v/r (h.) लेट जाना; बीमार पड़ जाना; रुक जाना, बंद हो जाना, कम होना या हो जाना, घट जाना, उतर जाना; der Wind hat sich gelegt हवा बंद हो गई है; der Schmerz legt sich allmählich दर्द धीरे-धीरे कम हो रहा है; fig: sich für etw. ins Zeug legen किसी बात का घोर समर्थन क०; 3. v/i (h.) अंडे देना, अंडा देना।

legend-är, adj. [lat.] पौराणिक, अनुश्रुत; fig: असाधारण, आश्चर्यजनक; प्रसिद्ध; **~e,** f (-/-n) अनुश्रुति, पौराणिक कथा, दन्तकथा; (Zeichen-erklärung) प्रयुक्त चिह्नों का विवरण (नक़्शे आदि में); (Bildunterschrift) चित्र-विवरण; auf Münzen: मुद्रा-लेख; पदक-लेख।

leger, adj. [frz.] अनौपचारिक, बेतकल्लुफ़।

legier-en, v/t (h.)[lat.] के साथ मिश्र-धातु बनाना; में आलन देना, को आलन देकर गाढ़ा क०; **~ung,** f (-/-en) मिश्रधातु।

Legion, f (-/-en) [lat.] अक्षौहिणी;

सेना; fig: वृहत् संख्या, अपार संख्या; fig: der Beispiele ist Legion इसके असंख्य उदाहरण हैं; ~är, m (-s/-e) सैनिक ।

legislat-iv, adj. [lat.] विधायी, विधिकारी; ~**ive**, f (-/-n) विधानमंडल; विधायिनी शक्ति, विधान-शक्ति; ~**ur**, f (-/-en) विधि-निर्माण; विधानमंडल; ~**urperiode**, f विधानमंडल का कार्यकाल ।

legitim, adj. [lat.] वैध, न्यायसंगत; Kind: औरस; ~**ation**, f (-/-en) अधिकार, प्राधिकार; प्राधिकार-पत्र, प्रत्यय-पत्र: वैधीकरण, प्रमाणन; औरसीकरण; ~**ationspapier**, n प्राधिकार-पत्र, प्रत्यय-पत्र, परिचय-पत्र; ~**ieren**, v/t(h.)विध्यनुकूल क०,न्यायसंगत बनाना या ठहराना, औरस ठहराना; औरसीकृत क०;प्राधिकृत क०,को प्राधिकार देना; sich legitimieren अपना परिचय-पत्र या प्राधिकार-पत्र दिखाना; ~**ierung**, f (-) विध्यनुकूलन, वैधीकरण; औरसीकरण; प्राधिकरण; ~**ität**, f (-) वैधता, न्यायसंगति; औरसत्व ।

Lehen, n (-s/-) जागीर; ~**sherr**, m जागीर देने वाला (राजा, सम्राट); ~**smann**, m जागीरदार; ~**swesen**, n जागीरदारी-प्रथा ।

Lehm, m (-[e]s/-e) दुमट, दुम्मट, चिकनी मिट्टी; मिट्टी का गारा; ~**ig**, adj. दुमटी; दुमट-जैसा; चिकनी मिट्टी का; गारे जैसा ।

Lehn-e, f (-/-n) कुर्सी का हत्था, कुर्सी, सोफ़ा आदि की पीठ; ~**en**, 1. v/t (h.) पर टिकाना, के सहारे रखना; eine Leiter an die Wand lehnen सीढ़ी को दीवार के सहारे रखना या टिकाना; 2. v/i (h.) पर टिका होना, से टिका होना, के सहारे टिका होना; die Leiter lehnt an der Wand सीढ़ी दीवार से टिकी है; 3. v/r (h.) झुकना, झुक जाना, से टिक जाना, का सहारा लेना; sich an etw. lehnen किसी चीज़ पर झुक जाना, किसी वस्तु का सहारा लेना या उससे टिक जाना; sich aus dem Fenster lehnen खिड़की से वाहर को झुकना ।

Lehnsherr, m → Lehensherr

Lehnstuhl, m आरामकुर्सी; हत्थेदार कुर्सी ।

Lehnwort, n गृहीत शब्द ।

Lehr-amt, n अध्यापक का पद; ~**auftrag**, m विश्वविद्यालय में (अंशकालिक) शिक्षाभार; ~**beruf**, m अध्यापन, अध्यापकी; कोई भी व्यवसाय जिसके लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता हो; ~**buch**, n पाठ्य-पुस्तक; ~**e**, f (-/-n) धर्मसिद्धान्त; सिद्धान्त, मत; (Regel) नियम, सिद्धान्त; (Ratschlag) उपदेश, शिक्षा, राय, परामर्श; (Warnung) चेतावनी,सबक़; Schlußfolgerung aus Erfahrung: सीख, सबक़, शिक्षा; für einen Beruf: प्रशिक्षण; प्रशिक्षण-काल; eine Lehre aus etw. ziehen किसी बात से कोई सबक़ लेना या सीखना; das soll Ihnen eine Lehre sein इससे आपकी आँखें खुल जानी चाहिए, इसे आपको चेतावनी के रूप में देखना चाहिए; ~**en**, v/t & v/i (h.) पढ़ाना, सिखाना, शिक्षा देना; jdn. etw. lehren किसी को कुछ पढ़ाना या सिखाना; das wird die Zukunft lehren भविष्य इस वात को सावित करेगा, इसका प्रमाण (या जवाव) तो भविष्य ही देगा; ~**er**, m (-s/-) शिक्षक, अध्यापक, गुरु, अवबोधक; ~**erschaft**, f (-) अध्यापकगण, किसी विद्यालय के सभी अध्यापक; ~**fach**, n अध्ययन का विषय; अध्यापकी; ~**gang**, m प्रशिक्षण-क्रम, कोर्स; ~**geld**, n: fig: Lehrgeld zahlen (müssen) कष्ट या हानि उठाकर अनुभव प्राप्त क०;U: er kann sich das Lehrgeld zurückzahlen lassen उसने कुछ भी नहीं सीखा है,उसे कुछ भी नहीं आता है; ~**haft**, adj. शिक्षात्मक; उपदेशात्मक;

~**herr,** m प्रशिक्षक; ~**junge,** m प्रशिक्षु, प्रशिक्षार्थी; ~**körper,** m अध्यापकगण, प्राध्यापकगण; ~**kraft,** f अध्यापक, अध्यापिका; ~**ling,** m प्रशिक्षार्थी, प्रशिक्षु; ~**mädchen,** n व्यवसाय-विशेष का प्रशिक्षण पाने वाली लड़की; ~**meinung,** f सिद्धान्त, मत; ~**meister,** m प्रशिक्षक, उस्ताद, गुरु; ~**mittel,** n शिक्षा सामग्री, शिक्षण के लिए आवश्यक वस्तुएँ; ~**plan,** m पाठ्यक्रम, पाठ्य-विवरण; ~**reich,** adj. शिक्षाप्रद; ~**satz,** m (मुख्य) सिद्धान्त, सारवाक्य; math: प्रमेय; ~**stelle,** f प्रशिक्षु की जगह; ~**stoff,** m पाठ्य विषय-वस्तु; ~**stuhl,** m प्रोफ़ेसर का पद; ~**zeit,** f प्रशिक्षण-काल।

Leib, m (-[e]s/-er) काया, देह, शरीर, वदन, जिस्म; पेट, उदर; ich habe nichts im Leib मैं भूखा हूँ, मेरा पेट ख़ाली है; poet: gesegneten Leibes sein गर्भवती होना; fig: mit Leib und Seele तन-मन से, मनसा वाचा कर्मणा; fig: diese Rolle ist ihm wie auf den Leib geschrieben यह भूमिका मानो उसके लिए ही लिखी गई हो, वह इस भूमिका का अभिनय बहुत अच्छी तरह करना है; U: sich den Leib vollschlagen ठूँस-ठूँस कर खाना; U: bleiben Sie mir vom Leibe! मेरा पिंड छोड़ दीजिए!, मेरे पीछे न पड़िए!, मुझ से दूर ही रहिए!; fig: sich jdn. vom Leib halten किसी को अपने पास न आने देना, किसी को अपने से दूर रखना; U: jdm. auf den Leib rücken किसी के सिर पर चढ़ना, किसी को अपनी उपस्थिति द्वारा तंग क०; ~**arzt,** m व्यक्तिगत चिकित्सक; ~**binde,** f पेट-पट्टी, उदर-पट्टी; ~**chen,** n (-s/-) बंडी, कुर्ती, चोली; ~**eigen,** adj. पराधीन, अधीन, ग़ुलामी करने वाला; ~**eigene,** m (-n/-n) दास, ग़ुलाम; ~**eigenschaft,** f(-) दासता, ग़ुलामी; ~**eserbe,** m सन्तान; औरस दायाद; ~**esfrucht,** f भ्रूण, गर्भ; ~**eskraft,** f: er schrie aus Leibeskräften वह अपनी पूरी शक्ति से चिल्ला पड़ा या चिल्ला रहा था; ~**esübungen,** f/pl. व्यायाम, कसरत; ~**esvisitation,** f शरीर की तलाशी; ~**garde,** f अंगरक्षी दल, अंगरक्षक-दल; ~**gericht,** n अत्यन्त प्रिय व्यंजन या भोजन; ~**haftig,** 1. adj. मूर्तिमान, साकार; वास्तविक, असली; 2. adv. सशरीर; स्वयं, ख़ुद; ~**haftige,** m (-n/-n) शैतान, पिशाचनाथ; ~**lich,** adj. शारीरिक, जिस्मानी, दैहिक; (blutsverwandt) सगा, समरक्त; ~**rente,** f सारे जीवन के लिए दी गई पेंशन; ~**schmerz,** m/~**schneiden,** n (-s) उदरशूल; ~**speise,** f → Leibgericht; ~**wache,** f → Leibgarde; ~**wächter,** m अंगरक्षक; ~**wäsche,** f अन्तर्वस्त्र, अन्तरीय, नीचे या अंदर पहनने के कपड़े।

Leich-e, f (-/-n) शव, लाश; छपाई में छूट गया शब्द या वाक्य; ~**enbegängnis,** n शवयात्रा, अन्त्येष्टि, दफ़न; ~**enbittermiene,** f, fig: mit Leichenbittermiene मलिनमुख होकर, शोक-संतप्त होकर; ~**enblaß,** adj. मृतक जैसा निस्तेज, अत्यन्त विवर्ण; ~**enfledderer,** m शवदस्यु; ~**enhalle,** f शवकक्ष, शवगृह; ~**enöffnung,** f शव-परीक्षा, मुर्दे की चीर-फाड़; अपमृत्यु-विचारणा; ~**enschändung,** f शव की दुर्दशा क०; शव-सम्भोग; ~**enschau,** f शव-परीक्षा (बिना चीर-फाड़ के); ~**enschmaus,** m अन्त्येष्टि के बाद का भोज; ~**enstarre,** f शव-काठिन्य; ~**entuch,** n कफ़न; ~**nam,** m (-[e]s/-e) शव, लाश।

leicht, 1. adj. हलका, हल्का, कम वज़न का; धीमा, मन्द; (geringfügig) कम; मामूली, साधारण; (nicht schwierig) सरल, आसान, सहज,

सुकर; fig: मनोरंजक, सुगम; हल्का, छिछोरा, उथला; U: अनैतिक, वदचलन; eine leichte Berührung हल्का या कोमल स्पर्श; leichte Kleidung हल्के कपड़े, गर्मी के कपड़े; leichte Speisen हल्के खाद्य, सुपाच्य व्यंजन; fig: leichtes Fieber हल्का बुख़ार, हरारत; fig: mit ihm hat man ein leichtes Spiel वह वहुत जल्दी लोगों की वातों में आ जाता है, उसको राज़ी कर लेना वहुत आसान है; fig: sie hat eine leichte Hand वह वहुत हस्त-दक्ष है; fig: das ist mir ein leichtes यह मेरे लिए कोई वड़ी वात नहीं है; fig: leichte Musik सुगम संगीत; 2. adv. धीरे से, हल्के से; आसानी से; शीघ्र, वड़ी जल्दी; das ist leicht gesagt (यह) कहना वहुत आसान है; das kann leicht sein यह काफ़ी सम्भव है; das kommt so leicht nicht zweimal vor यह इतनी आसानी से फिर नहीं होने वाला है; sie ist leicht beleidigt वह वड़ी जल्दी बुरा मान जाती है; **~athlet,** m खेलकूद-प्रतियोगी; व्यायामी, कसरती; **~athletik,** f (-) खेलकूद (प्रतियोगिता); **~athletisch,** adj. खेलकूद (-प्रतियोगिता)-संवंधी; **~blütig,** adj. फुर्तीला; चंचल; प्रसन्नचित्त; **~fertig,** adj. चलचित्त, चंचल; अविवेकी; अविवेचित; असावधान, लापरवाह; U: अनैतिक; **~fertigkeit,** f (-) चंचलता; अविवेक, असावधानी; लापरवाही; U: अनैतिकता; **~fuß,** m: Bruder Leichtfuß मस्त मौला, वेपरवाह आदमी; **~füßig,** adj., fig: फुर्तीला, तेज; **~gläubig,** adj. आशुविश्वासी, भोला-भाला; प्रवंच्य; **~gläubigkeit,** f (-) आशुविश्वास, आशुविश्वासिता, भोलापन; प्रवंच्यता; **~herzig,** adj., fig: प्रसन्नचित्त; बेपरवाह; **~hin,** adv. विना सोचे-विचारे; **~igkeit,** f (-) सरलता, आसानी; हल्कापन, छिछोरापन, उथलापन; **~lebig,** adj., fig: वेपरवाह; आरामपसन्द; **~metalle,** n/pl. हल्की धातुयें; **~sinn,** m (-[e]s) अविवेक; अविवेचित कार्य; U: वेअक़्ली, कमअक़्ली; **~sinnig,** adj. अविवेकी; अविवेचित; विना सोचे-विचारे काम करने वाला, वेपरवाह ।

[1]**leid,** adv.: es tut mir leid मुझे (इसका) खेद है; ich bin es leid मैं इससे तंग आ गया हूँ, मैं इससे दुःखी हो गया हूँ ।

[2]**Leid,** n (-[e]s) दुःख, व्यथा, मानसिक पीड़ा, शोक; कष्ट, मानसिक चोट; jdm. ein Leid antun/zufügen किसी को कोई दुःख या कष्ट देना, किसी को कोई मानसिक चोट पहुँचाना; jdm. sein Leid klagen किसी से अपना दुखड़ा रोना; **~eform,** f, gramm: कर्मवाच्य ।

[1]**leiden,** 1. v/i (h.) दुःख भोगना, कष्ट पाना, मुसीवतें झेलना; से पीड़ित या आक्रान्त होना, के मारे दुःखी या परेशान होना; unter etw. leiden किसी वात के मारे परेशान या तंग होना, किसी बात से दुःखी रहना; किसी वात के कारण हानि उठाना या क्षत हो जाना; an einer Krankheit leiden किसी रोग से पीड़ित होना; 2. v/t (h.) को सहन क०, वरदाश्त क०, भुगतना, झेलना; पर आपत्ति न क०, को होने देना; पसन्द क०, को अच्छा लगना; Hunger leiden भूखों मरना; diese Sache leidet keinen Aufschub इस वात या मामले को तुरन्त निपटाना होगा, इस मामले में देर की गुंजाइश नहीं है; ich leide das nicht länger मैं यह अव और अधिक सहन नहीं करूँगा; jdn. nicht leiden können किसी को पसन्द न क०, किसी से नफ़रत क०; ich kann das nicht leiden मुझे यह पसन्द नहीं है, मुझे यह अच्छा नहीं लगता है ।

[2]**Leiden,** n (-s/-) रोग, (लम्बी)

बीमारी; दुःखभोग; कष्ट, तकलीफ़, मुसीबत, परेशानी।

Leidenschaft, f (-/-en) भावातिरेक, भावावेश; तीव्रोत्साह, शौक़; आसक्ति, अनुराग; कुप्रवृत्ति, व्यसन, दुर्वासना, लत; कामवासना; **~lich**, adj. भावपूर्ण, ओजपूर्ण; प्रबल, प्रचंड, तीव्र, उत्कट, उग्र; वासनामय; **~slos**, adj. शांत, धीर, निरावेग, संयत; अनासक्त, निर्लिप्त।

Leidens-gefährte, m दुःख का साथी, हमतकलीफ़; **~geschichte**, f, eccl: ईसा के दुःखभोग का वृत्तान्त; **~miene**, f शोकार्त्त मुद्रा, दुःखपूर्ण भावभंगिमा।

leider, adv. दुर्भाग्यवश; सखेद, अफ़सोस के साथ, खेद है कि..., अफ़सोस है कि...।

leid-ig, adj. दुःखदायी, कष्टदायी, कष्टप्रद; अप्रिय; **~lich**, 1. adj. मध्यम श्रेणी का, औसत दर्जे का, मामूली; कामचलाऊ, संतोषजनक; 2. adv. न बहुत अच्छा न बहुत खराब।

leid-voll, adj. दुःखपूर्ण, कष्टमय; **~wesen**, n: zu meinem Leidwesen...खेद है कि...।

Leier, f (-/-n) [lat./griech.] तारों का एक प्राचीन यूनानी वाद्ययंत्र; fig: बार-बार दोहराई गई बात, घिसी-पिटी बात; tech: कूर्पर (-हस्तक); astron: अभिजित्; U: immer die alte Leier वही पुराना दुखड़ा, वही हमेशा का रोना, **~kasten**, m एक प्रकार का हत्येदार वाद्ययंत्र जिसके हत्थे को घुमाने पर हमेशा एक ही लय बजती है; **~n**, v/i & v/t(h.) (हत्थेदार वाद्ययंत्र का) हत्था घुमाना; U: नीरस स्वर में बोलना, जप देना।

Leih-bücherei, f किताबें उधार देने वाला पुस्तकालय; सशुल्क पुस्तकालय; किराये पर किताबें देने वाली संस्था; **~e**, f (-) jur: उधार; **~en**, v/t (h.) उधार लेना; उधार देना; jdm. etw. leihen किसी को कोई वस्तु उधार देना; sich etw. (von jdm.) leihen किसी से कोई वस्तु उधार लेना; fig: jdm. sein Ohr leihen किसी की बात सुनना, किसी की बात की सुनवाई क०; **~gebühr**, f उधार-शुल्क; **~haus**, n बंधक या गिरवी रखने की दूकान; **~weise**, adv. उधार के रूप में, बतौर कर्ज़।

Leim, m(-[e]s/-e) सरेस; गोंद; लासा; fig: jdm. auf den Leim gehen किसी के जाल में फँस जाना, किसी की कपटनीति का शिकार हो जाना; U: aus dem Leim gehen टूटना, टूट जाना; **~en**, v/t (h) सरेस आदि से चिपकाना; पर लासा लगाना; U: को ठग लेना; को धोखा देना; **~ig**, adj. चिपचिपा, लसलसा; **~rute**, f लसौटा, खोंचा, लासेदार टहनी; **~sieder**, m सरेस बनाने वाला; U: मन्दबुद्धि, चूतिया; ढीला-ढाला तथा नीरस व्यक्ति।

Lein, m (-[e]s/-e) उमा, सन, पटसन, फ़्लैक्स।

Leine, f (-/-n) डोर, डोरी, पतली रस्सी; U: Leine ziehen भाग जाना।

Leinen, 1. n (-s/-) सन का कपड़ा, मोटा कपड़ा; 2. adj.सन के कपड़े का, मोटे कपड़े का।

Lein-kuchen, m अलसी की खली; **~öl**, n अलसी का तेल; **~saat**, f/ **~samen**, m अलसी, उमाबीज, तीसी।

Lein-tuch, n चादर; **~wand**, f (-) सन का कपड़ा; किरमिच, कैन्वस; पाल; सिनेमाघर का परदा।

leise, adj. धीमा, हल्का, लगभग अश्रव्य; मन्द; (gering) कम, मामूली; ज़रा-सा; er hat einen leisen Schlaf उसकी नींद कुत्ते की नींद की तरह है, वह ज़रा-सा खटका होते ही जाग जाता है; ein leiser Wind मन्द पवन; ein leiser Verdacht ज़रा-सा शक, मामूली शक; ich hatte nicht die leiseste Ahnung मुझे (इसका) बिल्कुल अनुमान (या ज्ञान) नहीं था; nicht im

leisesten क़तई नहीं, बिल्कुल नहीं, कदापि नहीं; ~treter, m, fig: ख़ुशामदी, चाटुकार; ~treterisch, adj., fig: चाटुकारितापूर्ण; ख़ुशामदी, चापलूस।

Leiste, f (-/-n) पट्टिका, पट्टी, पत्ती (धातु या लकड़ी आदि की); anat: वक्षण, उरु-मूल।

[1]**Leisten,** m (-s/-) जूते का फ़रमा; कलबूत, क़ालिब; fig: alles über einen Leisten schlagen सब धान बाईस पसेरी तोलना; spw: Schuster, bleib bei deinen Leisten वही काम करो जो तुम्हें आता है, जिस विषय का ज्ञान न हो उसकी बात नहीं करनी चाहिए।

[2]**leisten,** v/t (h.) करना, सम्पन्न क०, निष्पादित क०; कर दिखाना; देना, प्रदान क०; harte Arbeit leisten घोर परिश्रम क०; jdm. Gehorsam leisten किसी की आज्ञा मानना; Ersatz leisten क्षतिपूर्ति क०, हरजाना देना; sich etw. leisten अपने लिए कुछ लेना या ख़रीदना; किसी बात की धृष्टता क०; किसी बात की क्षमता या सामर्थ्य रखना, किसी बात की गुंजाइश निकालना, को किसी बात की गुंजाइश होना।

Leistung, f (-/-en) काम, कार्य, कृत्य; किसी परिश्रम का परिणाम; कार्य-क्षमता; किसी के लिए किया गया व्यय; phys: ऊर्जा, शक्ति; **~sfähig,** adj. कार्यक्षम; **~sfähigkeit,** f कार्यक्षमता; **~sgrenze,** f, कार्यक्षमता की सीमा; **~slohn,** m उजरती (काम का) पारिश्रमिक; **~sschwach,** adj. कम कार्य-क्षमता वाला; कम काम या परिश्रम करने वाला; **~ssport,** m प्रतियोगिक खेल-कूद; **~sstark,** adj. अत्यधिक कार्य-क्षम; ख़ूब काम या परिश्रम करने वाला; **~svermögen,** n कार्यक्षमता; **~szulage,** f विशेष कार्यकुशलता का भत्ता, निपुणता-विशेष का भत्ता।

Leit-artikel, m समाचारपत्र का प्रमुख लेख; सम्पादकीय; **~bild,** n आदर्श; **~en,** v/t (h.) (führen) का नेतृत्व क०; का अध्यक्ष होना; (lenken) का संचालन क०; चलाना; का मार्ग निर्धारित क०; मार्ग-विशेष से ले जाना या आगे बढ़ाना; phys: चालन क०; sich von jdm. leiten lassen किसी की बात या राय मानना; किसी से प्रेरित होकर कुछ क०; fig: etw. in die Wege leiten किसी काम को प्रारम्भ क०।

[1]**Leiter,** m (-s/-) अध्यक्ष; संचालक निर्देशक; phys: चालक।

[2]**Leiter,** f (-/-n) सीढ़ी, नसेनी; **~wagen,** m लढ़ी, लढ़िया, घोड़ागाड़ी।

Leit-faden, m, fig: प्रवेशिका, संदर्शिका, पाठ्य-पुस्तक; **~feuer,** n मार्गदर्शक प्रकाश; **~gedanke,** m प्रमुख विचार, मूल विचार; **~hammel,** m भेड़ों के गल्ले के आगे-आगे चलने वाला भेड़ा; U: अगुआ, नेता, सरदार; **~motiv,** n मूल भाव, कलाकृति का मूल अभिप्राय; mus: प्रधान या बार-बार दोहराई जाने वाली स्वर-लहरी; **~spruch,** m आदर्शोक्ति, आदर्श-वाक्य; **~stern,** m, fig: ध्रुवतारा; **~tier,** n पशुओं के झुंड या गल्ले का नेता, पशुओं के झुंड के आगे-आगे चलने वाला जानवर।

Leitung, f (-/-en) नेतृत्व, निर्देशन, अध्यक्षता, संचालन; नेता(गण), निर्देशक(गण), संचालक(गण); Rohr usw: नल, नली, पाइप आदि; el: बिजली का तार; परिपथ; tel: टेलीफ़ोन-लाइन; U: eine lange Leitung haben मंदबुद्धि होना, कमअक़्ल होना, की समझ में बात देर से आना; **~swasser,** n नल का पानी।

Leitwerk, n विमान का पश्चभाग (जिसका प्रयोग दिशा-परिवर्तन या ऊँचाई को घटाने-बढ़ाने में किया जाता है)।

Lektion, f (-/-en) [lat.] पाठ, सबक़; U: jdm. eine Lektion erteilen किसी को कोई सबक़ देना या सिखाना।

Lektor, m (-s/-en) [lat.] प्राध्यापक;

प्रकाशन-संस्कर्ता; ~at, n (-[e]s/-e) प्राध्यापक का पद; प्रकाशन-संस्कर्ता का पद; प्रकाशन-विभाग।

Lektüre, f (-) [lat.] पढ़ने की सामग्री; पठन, पढ़ना।

Lende, f (-/-n) पसलियों और कमर के बीच का मांस; कमर, कटि; **~nschurz,** m लुंगी, तहमद; केवल जननांगों तथा नितम्बों को ढकने का कपड़ा या आवरण।

lenk-en, v/t (h.) घुमाना, मोड़ना; की ओर मोड़ना, का रुख बदलना; Fahrzeug: चलाना; fig: को अनुशासन में रखना; पर नियंत्रण क० या रखना, नियंत्रित क०; संचालन क०; ein Auto lenken मोटरकार चलाना; jds. Aufmerksamkeit auf etw. lenken किसी का ध्यान किसी बात की ओर आकर्षित क०; spw: der Mensch denkt, Gott lenkt बंदा जोड़े पली पली और राम उघारें कुप्पा, मेरे मन कछु और है, साईं के कछु और; **~er,** m (-s/-) नियंत्रक, नियंत्रणकर्ता; चालक; U: साइकिल का हैंडल; **~rad,** n चालन-चक्र, या चालन-चक्का; **~sam,** adj., fig: वश्य, नम्य; आज्ञाकारी, विनीत; **~stange,** f साइकिल का हस्तक या हैंडल; **~ung,** f(-/-en) चालन-यंत्रावली, अरित्र-यंत्रावली; o.pl: चालन; संचालन, नियंत्रण।

Lenz, m (-es/-e) poet: वसन्त, बहार; वर्ष, साल।

Leopard, m (-en/-en) [lat.] पृदाकु पुंडरीक, तेंदुआ।

Lepr-a, f (-) [griech.] कुष्ठ, कोढ़; **~os,/ ~ös,** adj. कुष्ठग्रस्त, कोढ़ से पीड़ित।

Lerche, f (-/-n) लवा, भारद्वाज, भरत, भरुही।

lern-begierig, adj. सीखने का इच्छुक या उत्सुक; अध्ययनशील; जिज्ञासु; **~eifer,** m सीखने का उत्साह या चाव; **~eifrig,** adj. पढ़ने में मेहनत करने वाला; **~en,** v/t&v/i (h.) सीखना, सीख लेना; (का) प्रशिक्षण प्राप्त करना; U: पढ़ना, स्कूल का काम क०; याद क०, रटना; einen Beruf lernen किसी व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त क०; aus seinen Fehlern lernen अपनी ग़लतियों से सीखना; spw: was Hänschen nicht lernt, lernt Hans nimmermehr बूढ़े तोते राम-राम नहीं पढ़ते हैं; 2. v/r (h.) याद हो जाना, रट जाना; solche Lieder lernen sich leicht ऐसी कवितायें जल्दी याद हो जाती हैं; **~mittel,** n पढ़ने के लिए आवश्यक वस्तुएँ (किताब, कॉपी आदि); **~mittelfreiheit,** f पढ़ने के लिए आवश्यक वस्तुओं का मुफ़्त दिया जाना; **~prozeß,** m सीखने का प्रक्रम।

Les-art, f पाठान्तर; रूपान्तर; **~bar,** adj. सुपाठ्य, स्पष्ट।

Lesb-ierin, f (-/-nen) [griech.] समलिंगकामुक स्त्री, स्त्री कामुक स्त्री; **~isch,** adj. समलिंगकामुक (केवल स्त्रियों के लिए प्रयुक्त)।

Lese, f (-/-n) अंगूर की फ़सल।

Lese-brille, f केवल पढ़ने का चश्मा; **~buch,** n पाठ्य-पुस्तक, पाठमाला; **~n,** 1.v/i & v/t (h.) पढ़ना, पढ़ लेना; पढ़कर सुनाना; पढ़कर समझ लेना, भाँप लेना; (Vorlesungen halten) विश्वविद्यालय में पढ़ाना; (sammeln) बीनना, चुनना; एकत्र क०; उठा लेना; parl: पर विचार-विमर्श क०; die Messe lesen मिस्सा पढ़ना, विधिवत् ख्रीस्तयाग क०; ich habe davon gelesen मैने इसके बारे में पढ़ा है; in jds. Augen lesen किसी की आँखों से उसके मन की बात भाँप लेना; 2. v/r (h.) U: dieses Buch liest sich leicht यह पुस्तक पढ़ने में आसान है, इस पुस्तक की विषयवस्तु या शैली क्लिष्ट नहीं है; **~nswert,** adj. पढ़ने योग्य; **~probe,** f विज्ञापन के उद्देश्य से छापा गया किसी पुस्तक का एक अंश;

नाटक का प्रथम पूर्वाभ्यास जिसमें संवादों में काट-छाँट की जाती है; ~r, m (-s/-) पाठक, पढ़ने वाला; वीनने वाला, चुनने वाला; ~ratte, f, U: किताबी कीड़ा; ~rei, f (-) U: अंधाधुंध पढ़ना; ~rkreis, m पाठक-मंडल; ~rlich, adj. → lesbar; ~rschaft, f (-) पाठकगण; ~saal, m वाचनालय; ~stoff, m पढ़ने की सामग्री (किताबें, अख़बार आदि); ~wut, f पढ़ने का चाव, पढ़ने की तीव्र इच्छा, पढ़ने की लत; ~zeichen, n पुस्तकपर्णी, स्थलनिर्देशक ।

Lesung, f (-/-en) पाठन, वाचन; जाप; parl: किसी क़ानून के मसौदे पर विचार-विमर्श या वहस ।

Letharg-ie, f (-) [griech.] तन्द्रा, तन्द्रालुता; fig: अकर्मण्यता; निश्चेष्टता, औदासीन्य; ~isch, adj. तन्द्रालु, निद्रालु; fig: अकर्मण्य; निश्चेष्ट, उदासीन ।

Letter, f (-/-n) [lat.] मुद्रणाक्षर ।

letzt, 1. adj., in Reihenfolge: अन्तिम, आख़िरी, पिछले सिरे या छोर का; qualitativ: सबसे ख़राब; (vergangen) गत, पिछला; der Letzte Wille अन्तिम इच्छा, वसीयत; die Letzte Ölung कैथॉलिक सम्प्रदाय में मृत्यु के समय सम्पन्न किया जाने वाला विलेपन-संस्कार; jdn. zur letzten Ruhe betten किसी को दफ़नाना; in den letzten Zügen liegen आख़िरी साँसें गिनना; bis auf den letzten Mann आख़िरी जवान तक; letzten Endes अन्ततः, अन्ततोगत्वा, अन्त में, आख़िरकार, आख़िरश; er ist der Letzte in seiner Klasse वह अपनी कक्षा का सबसे ख़राब विद्यार्थी है; letzte Woche गत सप्ताह; in letzter Zeit पिछले दिनों (में); die letzten Nachrichten अन्तिम समाचार; er wäre der letzte, dem ich vertraute मुझे उस पर बिल्कुल विश्वास नहीं है; fig: sein Letztes geben अपनी पूरी कोशिश क०, अपना सारा दम लगा देना; 2. f: zu guter Letzt अन्त में, अख़ीर में; ~ens, adv. अन्ततः, अन्तिम स्थान पर, (और) अन्तिम वात यह है कि...; कुछ ही समय पहले; ~ere, adj. अवरोक्त, पश्चादुक्त; ~hin, adv. हाल ही में, कुछ ही समय पहले; अन्ततः, अन्त में; ~lich, adv. अन्त में, अख़ीर में, अन्ततः; ~willig, adj. वसीयती, दित्सापत्रीय ।

Leu, m (-en/-en) [lat.] poet: सिंह, शेर ।

Leucht-e, f (-/-n) वत्ती, चिराग़; मशाल, लालटेन, कोई भी प्रकाश देने वाली वस्तु; U: बुद्धिमान या कुशाग्रबुद्धि व्यक्ति; प्रसिद्ध विशेषज्ञ; U: er ist keine Leuchte वह मंदबुद्धि है; ~en, v/i (h.) प्रकाश क०; से प्रकाश निकलना, चमकना; चमचमाना, टिमटिमाना, जगमगाना; jdm. leuchten किसी को (अँधेरे में) दिया दिखाना; die Sonne leuchtet सूर्य चमकता है; die Freude leuchtete aus ihren Augen ख़ुशी उसकी आँखों से चमक रही थी, प्रसन्नता से उसकी आँखें चमक रही थीं; ~end, adj. चमकीला, चमकता हुआ; चटकीला; fig: ein leuchtendes Beispiel ज्वलन्त या अनुकरणीय उदाहरण; ~er, m (-s/-) दीवट, वत्तीदान, शमादान; ~feuer, n, mar: संकेतदीप, आकाशदीप; संकेतक प्रकाश; ~kraft, f, phys: प्रभासन-शक्ति; von Farben: चटकीलापन; ~kugel, f प्रकाश-कारतूस, प्रकाश-गोला; ~pistole, f प्रकाश-पिस्तौल; ~röhre, f निऑन-दीप, निऑन-ट्यूब; ~turm, m, mar: दीपस्तम्भ, प्रकाशस्तम्भ ।

leugn-en, v/t(h.) का खंडन क०, को नकारना, को ग़लत या असत्य वताना; से मुकरना; ~er, m (-s/-) नकारने वाला, किसी वात को असत्य वताने वाला; मुकरने वाला ।

Leukämie, f (-/-n) [griech.] med:

श्वेतरक्तता ।

Leumund, m (-[e]s) नाम, ख्याति, लोकमत (निकनामी या बदनामी); चरित्र, चाल-चलन; **~szeugnis,** n चरित्र-प्रमाणपत्र, लोकमत-प्रमाणपत्र ।

Leute, pl. लोग, लोग-बाग; जनता, जनसाधारण; रिश्तेदार;(Untergebene) नौकर-चाकर; मातहत-लोग; meine Leute मेरे संबंधी या रिश्तेदार; es ist unter die Leute gekommen यह बात लोगों को मालूम हो गई है; wir sind jetzt geschiedene Leute हमारे आपस के संबंध अब समाप्त हो चुके हैं; **~schinder,** m मातहतों को तंग करने वाला ।

Leutnant, m (-s/-s;-e) [frz.] उप-लेफ़्टिनेन्ट ।

leutselig, adj. मिलनसार; सहिष्णु, उदार; **~keit,** f (-) मिलनसारी; सहिष्णुता, उदारता ।

Levit, m (-en/-en) [hebr.] यहूदियों का पुजारी; eccl: कैथॉलिक चर्च का वेदी-सेवक; U: jdm. die Leviten lesen किसी को डाँटना-फटकारना, किसी की घोर भर्त्सना क० ।

lexi-kalisch, adj. [griech.] कोश-विषयक, कोश-प्रयुक्त; **~kograph,** m (-en/-en) कोशकार, कोश-निर्माता; **~kon,**n (-s/-'ka) निघंटु, शब्दकोश ।

Liane, f (-/-n) [frz.] महालता, कठ-लता, काष्ठारोही ।

Liban-ese, m (-n/-n) लिबनान-निवासी; **~esisch,** adj. लिबनान का; **~on,** m (-[s]) लिबनान ।

Libelle, f (-/-n) [lat.] व्याधपतंग, चिउरा; tech: तलमापी, साधनी ।

liberal, adj. [lat.] स्वतंत्रताप्रेमी; पूर्वाग्रहरहित; उदार, उदारचेता; **~isieren,** v/t (h.) में ढील या छूट देना, में उदारता बरतना; **~ismus,** m (-) उदारवाद, उदारतावाद; **~istisch,** adj. उदारवादी, उदारवाद पर आधारित; **~ität,** f (-) स्वतंत्रता-प्रेम; पूर्वाग्रहराहित्य; उदारता ।

¹licht, adj. प्रकाशमय, प्रकाशित; चमकीला; कम घना; der lichte Morgen प्रकाशमय प्रभात; ein lichtes Rot चमकीला लाल रंग; lichter Wald कम घना वन; lichte Höhe आन्तरिक ऊँचाई, मुक्तान्तर (जैसे सड़क से पुल की निचली सतह तक की ऊँचाई, फ़र्श से भीतरी छत तक की ऊँचाई आदि) ।

²Licht, n (-[e]s/-er) प्रकाश, रोशनी, उजाला; बत्ती, दीपक, दिया, चिराग़, मोमबत्ती; künstliches Licht कृत्रिम प्रकाश; das Licht der Welt erblicken जन्म लेना, का जन्म होना; fig: bei Licht gesehen ग़ौर से सोचने पर, ग़ौर से सोचा जाए तो; fig: etw. ans Licht bringen किसी बात को प्रकट क० या सामने लाना, किसी बात का भेद खोलना; fig: Licht in eine Sache bringen किसी मामले को सुलझाना; fig: etw. ins rechte Licht setzen किसी वस्तु की अच्छाइयों पर समुचित प्रकाश डालना; fig: er scheut das Licht उसका दिल साफ़ नहीं है, वह लोगों से बचता है; fig: jdn. hinters Licht führen किसी को धोखा देना; fig: jdm. ein Licht aufstecken किसी को किसी बात से पूरी तरह अवगत कराना; fig: jetzt geht mir ein Licht auf अब यह बात मेरी समझ में आ रही है; fig: etw. in gutem Licht erscheinen lassen किसी वस्तु की प्रशंसा क०;fig:das wirft kein gutes Licht auf ihn इससे उसकी प्रतिष्ठा पर बुरा असर पड़ता है; fig: sein Licht unter den Scheffel stellen अपनी योग्यता का प्रदर्शन न क०, निरहंकार या शालीन होना; U: er ist kein großes Licht वह (कोई) बहुत बुद्धिमान या योग्य (आदमी) नहीं है; spw: wo viel Licht ist, ist viel Schatten चिराग़ तले अँधेरा ।

Licht-bild, n फ़ोटो, [illegible] छायाचित्र;

~bildner, m (-/-) छायाचित्रकार, फ़ोटोग्राफ़र; ~blick, m, fig: आशा की किरण; ~echt, adj.: lichtechte Farben पक्के रंग (जो प्रकाश में फीके न पड़ें); ~empfindlich, adj. प्रकाश न सहन कर सकने वाला; प्रकाश के प्रभाव से खराब हो जाने वाला, सुग्राही ।

[1]**lichten,** 1. v/t (h.) छाँटना, हल्का क०, कम घना बनाना, घटाना; einen Wald lichten वन को कम घना बनाना (वृक्षों को काटकर); fig: die Reihen des Feindes wurden stark gelichtet शत्रु के बहुत से सैनिक मार दिये गए; 2. v/r (h.) घटना, कम होना; fig: प्रकट होना, प्रकाश में आना, खुलना; der Nebel lichtet sich कुहरा कम हो रहा है; fig: das Geheimnis lichtet sich allmählich भेद धीरे-धीरे खुल रहा है ।

[2]**lichten,** v/t (h.) mar: उठाना, ऊपर को खींचना; den Anker lichten लंगर उठाना ।

licht-erloh, adv. धधकते हुए, लपलपाती हुई लपटों के साथ; ~**ermeer,** n, fig: प्रकाश का समुद्र, असंख्य दीप या दीपमालायें; ~**geschwindigkeit,** f प्रकाश की गति; ~**hof,** m प्रकाशमय आँगन, काँच से पाटा हुआ आँगन या कक्ष; phot: अति-उद्भासित स्थान; astron: प्रभामंडल; ~**hupe,** f कार का प्रकाश-संकेत; ~**jahr,** n प्रकाश-वर्ष; ~**maschine,** f कार आदि में प्रयुक्त विद्युज्जनित्र; ~**pause,** f फ़ोटो-अनुरेखण द्वारा बनाई गई प्रतिलिपि, सूक्ष्मग्राही काग़ज़ पर बनाई गई फ़ोटोस्टेट प्रतिलिपि; ~**schalter,** m स्विच, बटन; ~**scheu,** adj. प्रकाश को न सहन कर सकने वाला; fig: लोगों की नजर से बचने वाला, काले धन्धे करने वाला; ~**spiel,** n चलचित्र, सिनेमा, फ़िल्म; ~**spielhaus,** n सिनेमाघर; ~**ung,** f (-/-en) वन के बीच का प्रकाशमय स्थल, वन के बीच का निर्वृक्ष स्थल; ~**voll,** adj., fig: सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष, ज़ाहिर ।

Lid, n (-[e]s/-er) पलक, वर्त्म; ~**schatten,** m पलकों पर लगाने का सौंदर्यवर्धक पदार्थ ।

lieb, adj. प्रिय, प्यारा, अज़ीज़; (gütig) कृपालु, मेहरबान; (herzlich) हार्दिक; स्नेहपूर्ण, प्रेमपूर्ण; (artig) सुशील, सुशिष्ट, शालीन, आज्ञाकारी; (angenehm) सुखद, प्रिय; U: मनोहर, मनमोहक, प्यारा; wenn Ihnen Ihr Leben lieb ist अगर आप को अपनी जिन्दगी प्यारी है; das ist sehr lieb von Ihnen यह आपकी बड़ी कृपा है; es wäre mir lieb, wenn Sie kämen यदि आप आयेंगे तो यह मेरे लिए बहुत प्रिय बात होगी; U: bei jdm. lieb Kind sein किसी की कृपा का पात्र होना; U: sich bei jdm. lieb Kind machen किसी का कृपा-पात्र बनने का प्रयत्न क०, किसी की खुशामद क०; U: ach du liebe Zeit! हे भगवान!, अरे राम!; U: er schläft den lieben langen Tag वह सारे दिन सोता रहता है; ~**äugeln,** v/i (h.): mit etw. liebäugeln किसी वस्तु को पाना चाहना; किसी काम को करना चाहना; mit jdm. liebäugeln किसी से आँखें लड़ाना; ~**chen,** n (-s/-) प्रियतमा, जानेमन; ~**e,** f (-) प्रेम, प्यार, प्रीति, मुहब्बत, इश्क़; स्नेह, ममता; (Barmherzigkeit) दया, रहम, रहमोकरम; U: उपकार, कृपा, अहसान; U: (pl: Lieben) प्रेम-संबंध; जिससे प्रेम हो, माशूक़; fig: etw. mit dem Mantel der Liebe zudecken किसी निन्द्य बात को क्षमा कर देना; ~**ediener,** m खुशामदी टट्टू, जीहुज़ूरिया; ~**edienerei,** f (-) खुशामद, जीहुज़ूरी; ~**edienern,** v/i (h.) खुशामद क०, जीहुज़ूरी क०; ~**elei,** f (-/-en) इश्क़बाज़ी, प्रेम का खिलवाड़; ~**eln,** v/i (h.) इश्क़बाज़ी क०; प्रेम

का खिलवाड़ क०; चूमना-चाटना, चूमाचाटी क० **~en,** v/t (h.) से प्रेम, प्यार, इश्क़, मुहब्बत, स्नेह आदि क०; को चाहना; पसंद क०; का शौक़ीन होना, को शौक़ से क०; er liebt (es) zu reisen वह देशाटन का शौक़ीन है; **~enswert,** adj. प्रेम के योग्य; मनोहर, दिलरुबा, मोहक, बहुत प्यारा, जो बहुत अच्छा या प्यारा लगे; **~enswürdig,** adj. सौम्य, भद्र, सुशिष्ट, व्यवहारशील; परोपकारी, सहयोगशील; अनुग्रहशील, मेहरबान; **~enswürdigkeit,** f (-) सौम्यता, भद्रता, सुशिष्टता; व्यवहारशीलता; परोपकारिता, सहयोगशीलता; मेहरबानी, अनुग्रह; **~er,** adv. अधिमानतः; अधिक शौक़ से; अधिक अच्छा होगा, बेहतर है या होता; ich trinke lieber Tee als Kaffee मैं कॉफ़ी की अपेक्षा चाय पसंद करता हूँ; er hätte lieber warten sollen यदि वह प्रतीक्षा कर लेता तो अधिक अच्छा होता; **~esbrief,** m प्रेमपत्र; **~esgabe,** f भेंट, प्रेमोपहार; दान; **~esgedicht,** n प्रेमगीत, प्रेम-कविता, शृंगारिक कविता; **~esgeschichte,** f प्रेमकहानी; U: प्रेम-संबंध; **~eskummer,** m प्रेम-व्यथा, प्रेमोपेक्षा से उत्पन्न व्यथा या आकुलता; वियोग-व्यथा; **~eslied,** n प्रेमगीत; **~esmühe,** f: das ist verlorene Liebesmüh(e) यह प्रयत्न व्यर्थ है; **~espaar,** n प्रेमी युग्म; **~estrunken,** adj. प्रेममग्न, इश्क़ में ग़ाफ़िल; **~evoll,** adj. प्रेममय, प्रेमपूर्ण; प्रेमी, स्नेही; **~gewinnen,** v/t (h.) को चाहने लगना, से प्रेम करने लगना; को पसंद करने लगना; **~haben,** v/t (h.) को चाहना, से प्यार क०; **~haber,** m (-s/-) प्रेमी, यार, आशिक़; शौक़ीन, प्रेयानुशीली; **~haberei,** f (-/-en) शौक़, शग़ल, व्यासंग, प्रेयानुशीलन; **~haberwert,** m व्यक्ति-विशेष के लिए महत्व, व्यासंग-विशेष के लिए महत्व या उपयोगिता; भावात्मक महत्व; **~kosen,** v/t (h.) को चूमना-चाटना; को दुलारना या प्यार क०, को प्यार से सहलाना; **~kosung,** f (-/-en) चूमाचाटी, दुलार, प्यार से सहलाना; **~lich,** adj. लावण्यमय, चारु, मनोहर; रमणीय, रुचिकर; सुखद, प्रीतिकर, प्यारा, अच्छा लगने वाला; **~ling,** m (-s/-e) प्रेमपात्र; प्रियतम, प्रियतमा; कृपापात्र; **~lingsbeschäftigung,** f सबसे प्रिय काम, सबसे बड़ा शौक़; **~los,** adj. प्रेमशून्य, प्रेमविहीन, निर्मोही, निष्ठुर; रूखा, दूसरों का ध्यान न रखने वाला, बेलिहाज़; **~reiz,** m लावण्य, लालित्य, चारुता, मनोहरता; **~reizend,** adj. लावण्यमय, ललित, चारु, मनोहर, रुचिर; **~schaft,** f (-/-en) (अल्प-कालिक) प्रेम-संबंध ।

Lied, n (-[e]s/-er) कविता; काव्य, पद्य; गाथाकाव्य; गीत, धुन; U: immer das alte Lied सदैव एक ही (या वही) बात, हमेशा वही रोना; fig: das ist das Ende vom Lied यह इस बात का अन्त है, इस प्रकार से यह बात समाप्त हुई; fig: davon weiß ich ein Lied zu singen इससे मुझे अप्रिय अनुभव हुए हैं; यह तो मैं अपने अनुभव से बता सकता हूँ कि यह बात (या मामला आदि) अप्रिय है; **~erabend,** m कविता-गोष्ठी ।

liederlich, adj. (unordentlich) अव्यवस्थित, लापरवाही से किया हुआ; लापरवाह, फूहड़; (verkommen) अनैतिक, दुराचारी, बदचलन; **~keit,** f (-) अव्यवस्था; लापरवाही, फूहड़पन; अनैतिकता, दुराचारिता, बदचलनी ।

Lied-ertafel, f गायन-क्लब, संगीत-मंडली; **~haft,** adj. कविता जैसा ।

Liefer-ant, m (-en/-en) सम्भरक, प्रदायक, माल सप्लाई करने वाला; **~auto,** n → Lieferwagen; **~bar,** adj. प्राप्य, उपलभ्य; उपलब्ध, जिसे तुरंत सप्लाई किया जा सके;

~bedingungen, f/pl. सप्लाई की शर्तें; ~frist, f सप्लाई की अवधि; ~n, v/t (h.) पहुँचाना, भेजना (माल आदि), सप्लाई क०; देना; पेश क०, प्रस्तुत क०; Beweise liefern सबूत प्रस्तुत क०; eine Schlacht liefern युद्ध क०; हमले का जवाब देना; जवाबी हमला क०; U: geliefert sein का बेड़ा ग़र्क हो जाना, की बधिया बैठ जाना, की खटिया खड़ी हो जाना; ~schein, m माल-सूची, रवन्ना, चालान, रसीद; ~ung, f (-/-en) दाति, सुपुर्दगी, सप्लाई; भेजा हुआ माल, भेजा जाने वाला माल; ~wagen, m माल भेजने की मोटरगाड़ी।

Lieg-e, f (-/-n) एक व्यक्ति के लेटने का दीवान या सोफ़ा, सफ़री या टुटवाँ पलंग, शयनिका; ~ekur, f विश्राम-चिकित्सा; ~en, v/i (h.) लेटना, लेटा होना, पडा; होना; स्थित होना, बसा होना; में रखा या पड़ा होना; पर निर्भर होना; के अनुकूल होना; im Bett liegen बिस्तर में लेटा होना; im Sterben liegen मरणासन्न होना; sich in den Armen liegen एक दूसरे का आलिंगन क०, एक दूसरे की बाँहों में होना; das Buch liegt auf dem Tisch किताब मेज़ पर पड़ी है; der Hund liegt an der Kette कुत्ता ज़ंजीर से बँधा है; Kalkutta liegt am Ganges कलकत्ता गंगा के किनारे बसा है; die Brüder liegen miteinander in Streit भाइयों में आपस में झगड़ा चल रहा है; jdm. mit etw. in den Ohren liegen से बार-बार किसी बात के लिए कहना या प्रार्थना क०, किसी के कान खाना; die Stadt liegt in Trümmern (यह) नगर पूर्णतया ध्वस्त हो गया है; brütende Hitze liegt über der Stadt शहर में उमसदार गर्मी छायी हुई है; das lag nicht in meiner Absicht यह मेरा अभिप्राय नहीं था, यह मैं नहीं करना चाहता था, वह मैंने इरादतन नहीं किया है; an mir soll's nicht liegen मैं कोई बाधा नहीं डालूँगा, मैं कोई बाधा नहीं बनूँगा; mir liegt nichts daran इसमें मुझे कोई दिलचस्पी नहीं है, इसका मेरा कोई इरादा नहीं है, मैं (...) बिल्कुल नहीं चाहता हूँ; mir ist vor allem daran gelegen, daß... मेरी सर्वोपरि इच्छा यह है कि..., मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि..., मेरा सर्वोपरि उद्देश्य यह है कि...; die Entscheidung liegt bei ihm (यह) निर्णय तो उसके हाथ में है; es liegt an ihm यह उस पर निर्भर करता है; diese Arbeit liegt mir nicht यह काम मेरी रुचि के अनुकूल नहीं है; ~en-bleiben, v/i (s.) न उठना, पड़ा रहना, लेटा रहना, छूट जाना, पड़ा रह जाना; Waren: न बिकना; Arbeit: पड़ा रहना, पूरा न किया जाना, अधूरा रह जाना; ~enlassen, v/t (h.) पड़ा रहने देना; (किसी वस्तु को किसी जगह) भूल से छोड़ जाना या छोड़ आना, (साथ ले जाना) भूल जाना; ~enschaft, f (-/-en) भूसम्पत्ति; ~esitz, m कार आदि की सीट जिसे सीधा करके उसपर लेटा जा सके; ~estuhl, m आराम-कुर्सी; ~estütz, m, sport: दंड; ~ewagen, m शयन-यान; ~ezeit, f, mar: बंदरगाह में जहाज़ के ठहरने का (निर्धारित) समय।

Lift, m (-[e]s/-s;-e) [eng.] उत्थापक, लिफ़्ट।

Liga, f (-/-'gen) [span.] लीग, संघ।

Ligatur, f (-/-en) [lat.] युक्ताक्षर, जुड़वाँ अक्षर; mus: स्वर-संयोजन; (स्वर-लिपि में) संयोजनी; med: तन्तु-बंधन।

liieren, v/t (h.) से सम्बद्ध क० या कर देना; sich mit jdm. liieren किसी से मिल जाना; किसी से घनिष्ठता या प्रेम-संबंध स्थापित कर लेना।

Likör, m (-s/-e) [frz.] मधिवरा, मीठी ब्रांडी।

lila, adj. [arab.] (हल्का) बैंगनी, नील-लोहित, जामुनी ।

Lilie, f (-/-n) [lat./griech.] कुमुदिनी, नलिनी ।

Liliputaner, m (-s/-) वामन, बौना ।

Limit, n (-s/-s) [eng.] सीमा; मूल्य-सीमा; ~**ieren,** v/t (h.) सीमित क० ।

Limonade, f (-/-n) [frz.] निम्बु-पानक, नींबू-शरबत ।

Limousine, f (-/-n) [frz.] बंद मोटर-कार ।

lind, adj. मंद, हल्का; सुहावना ।

Linde, f (-/-n) सुच्छाय-प्रजाति का एक वृक्ष, वासच्छाय ।

linder-n, v/t (h.) उपशमित क०; कम क०, हल्का क०, घटाना; ~**ung,** f (-/-en) उपशमन, प्रशमन; सुधार ।

lindgrün, adj. हल्का हरा ।

Lineal, n (-s/-e) [lat.] रेखनी, रेखक, पटरी ।

linear, adj. [lat.] रेखीय, रैखिक; रेखाकार ।

Linguist, m (-en/-en) [lat.] भाषा-विज्ञानी; ~**ik,** f (-) भाषाविज्ञान; ~**isch,** adj. भाषाविज्ञान का, भाषा-विज्ञान पर आधारित ।

Linie, f (-/-n) [lat.] रेखा, लकीर, लीक; सीमारेखा; क़तार, पंक्ति; (Zeile) पंक्ति, लाइन (किताब आदि में); Verkehrsstrecke: मार्ग; बस या ट्राम (का नम्बर); (Abstammungsreihe) वंशावली, वंशक्रम; mil: मोरचा; mar: भूमध्यरेखा; fig: विचारधारा; नीति; दिशा; स्तर; U: छरहरापन, शरीर की गठन; welche Linie fährt zur Universität? यूनिवर्सिटी किस नम्बर की बस (या ट्राम) जाती है?; er kämpft in vorderster Linie वह सबसे अगले मोरचे पर लड़ रहा है; fig: eine gemeinsame Linie verfolgen एक ही या समान नीति का अनुसरण क०; mar: die Linie passieren/kreuzen भूमध्यरेखा को पार क०; fig: in erster Linie मुख्यत:, प्रधानतया, विशेष रूप से; सर्वप्रथम, सबसे पहले; fig: auf der ganzen Linie पूर्णतया; प्रारंभ से अन्त तक; U: auf die (schlanke) Linie achten शरीर को छरहरा बनाए रखने का प्रयत्न क०; ~**nblatt,** n लाइनदार काग़ज़, ~**nflugzeug,** n सामान्य यातायात का विमान; ~**nrichter,** m फ़ुटबॉल, हॉकी आदि में खेल के मैदान की सीमा रेखा का रेफ़री; ~**nschiffahrt,** f जहाज़ द्वारा नियमित रूप से यात्रा का प्रबंध; ~**ntreu,** adj. नीतिनिष्ठ, किसी दल की नीति का पूर्ण समर्थन करने वाला; ~**nverkehr,** m नियमित यातायात (का प्रबंध) ।

lin(i)ier-en, v/t (h.) [frz.] पर लाइनें खींचना, को लाइनदार बनाना; ~**ung,** f (-) लाइनदार बनाने की क्रिया; लाइनें ।

link, adj. बायाँ, वाम; pol: वामपंथी; die linke Seite वाम पार्श्व; कपड़े की उलटी तरफ़; मोज़े, पतलून आदि की अन्दरूनी तरफ़; linke Maschen उलटे फंदे; U: zwei linke Hände haben अकुशल या अदक्ष होना, अनाड़ी होना; U: etw. mit der linken Hand erledigen किसी काम को बेगार के रूप में (या लापरवाही से) क०; ~**e,** f (-/-n) वाम पार्श्व; बायाँ हाथ; pol: वामपंथी वर्ग या दल; ~**erhand,** adv. बायीं ओर, बायीं तरफ़; ~**isch,** adj. अकुशल, अदक्ष, अनाड़ी; ~**s,** adv. बायीं तरफ़, बायीं ओर; उलटे, उलटी तरफ़ से; pol: वामपंथियों के पक्ष में; links um! बायें घूम !; fig: jdn. links liegenlassen किसी की उपेक्षा क०, किसी की ओर बिल्कुल ध्यान न देना ।

Links-außen, m, sport: फ़ुटबॉल, हॉकी आदि में बायीं ओर का अग्र खिलाड़ी; ~**händer,** m (-s/-) खब्बा, वामहस्त व्यक्ति; ~**händig,** adj. खब्बा, वामहस्तिक, वामहस्त; ~**händigkeit,** f (-) खब्बापन, वामहस्तता; ~**herum,** adv. बायीं ओर से (होकर);

~**verkehr,** m सड़क पर वायीं ओर गाड़ी आदि चलाने का नियम ।

Linnen, n (-s/-) poet: → Leinen

Linse, f (-/-n) मसूर; im Auge: स्फट-वीक्ष, नयन-वीक्ष; opt: ताल, वीक्ष, लेन्स ।

linsen, v/i (h.) U: ग़ौर से देखना, ध्यानपूर्वक देखना ।

Linsen-fleck, m → Leberfleck; ~**gericht,** n: fig: etw. für ein Linsengericht hergeben किसी वस्तु को मिट्टी के मोल दे देना ।

Lippe, f (-/-n) ओठ, होठ, अधर, ओंठ; die Lippen aufwerfen उपेक्षा से होठ (या मुँह) बिराना; sich auf die Lippen beißen होठ चबाना (क्रोध से); fig: an jds. Lippen hängen किसी की बातों को बहुत ध्यानपूर्वक सुनना; U: eine Lippe riskieren बेलिहाज़ बोलना; किसी की बात का विरोध क०; ~**nbekenntnis,** n दिखावटी बात, दिखावे के लिए कही गई बात; कथन-मात्र; ~**nlaut,** m ओष्ठ्य ध्वनि; ~**nstift,** m रंजनशलाका, लिपस्टिक ।

Liquid-ation, f (-/-en) [lat.] चिकित्सक (की फ़ीस) का बिल; kfm: परिसमापन; अवसायन, कारोबार की बंदी का कार्य; ~**ieren,** v/t (h.) का बिल बनाना, फ़ीस के रूप में माँगना; ein Geschäft: कारोबार या दूकान को बंद कर देना; का अवसायन क०; Konflikte: का अन्त क०, को मिटा देना; Menschen: को मार डालना; ~**ität,** f (-) kfm: शोधनक्षमता ।

Lira, f (-/-'re) [lat.] इटली की मुद्रा ।

lispeln, v/i (h.) थदीकरण क०, 'स' के उच्चारण में जीभ को दाँतों के बीच ठेलना; poet: die Blätter lispeln im Wind हवा में पत्ते सरसरा रहे हैं ।

List, f (-/-en) छल, कपट, चालाकी, चालबाज़ी; U: mit List und Tücke छल-कपट से ।

Liste, f (-/-n) [ital.] सूची, तालिका, फ़ेहरिस्त; (Wahlliste) सूची-मतदान के आधार पर बनी किसी दल के उम्मीदवारों की सूची; die schwarze Liste काली सूची; ~**npreis,** m सूची-मूल्य ।

list-enreich, adj. बहुत चालाक, बहुत चतुर, घाघ; ~**ig,** adj. चालाक, कपटी, धूर्त; कपटपूर्ण, छलयुक्त; चतुर, चालू ।

Litanei, f (-/-en) [griech.] पादरी तथा श्रोताओं द्वारा बारी-बारी से गाया गया प्रार्थना-गीत, स्तुति-माला; U: लम्बी तथा नीरस बात; ताँता, लम्बी सूची ।

Liter, n/m (-s/-) [lat./griech.) लिटर ।

Literar-historiker, m साहित्य के इतिहास का विद्वान; ~**historisch,** adj. साहित्य के इतिहास से संबंधित, साहित्य के इतिहास पर आधारित; ~**isch,** adj. साहित्यिक, साहित्य-विषयक ।

Literat, m (-en/-en) [lat.] साहित्यकार, लेखक; क़लमघीसू, निम्न श्रेणी का लेखक ।

Literatur, f (-/-en) [lat.] साहित्य, साहित्यिक संस्कृति; काल-विशेष की सारी साहित्यक रचनायें; विषय-विशेष की पुस्तकें; ~**denkmal,** n मूल्यवान साहित्यिक रचना; ~**geschichte,** f साहित्य का इतिहास; ~**nachweis,** m संदर्भिका, संदर्भ-ग्रंथसूची; ~**preis,** m किसी असाधारण साहित्यिक रचना के लिए दिया गया पुरस्कार, साहित्य-पुरस्कार; ~**verzeichnis,** n ग्रंथसूची, संदर्भ-ग्रंथसूची ।

Litfaßsäule, f इश्तहार लगाने का गोल स्तम्भ, विज्ञापन-स्तम्भ ।

Litho-graph, m (-en/-en) [griech.] अश्ममुद्रक; ~**graphie,** f (-/-n) अश्ममुद्रण ।

Liturg-ie, f (-/-n) [griech.] पूजा-पद्धति, उपासना-पद्धति; ~**isch,** adj. पूजा-पद्धति-विषयक, पूजा-पद्धति-सम्मत, पूजा-पद्धति पर आधारित ।

Litze, f (-/-n) [lat.] फ़ीता, गोटा;

गुँथी हुई डोरी; el: कई आवरणयुक्त पतले तारों को गूँथकर बनाया मोटा लचीला तार ।

Livr-ee, f (-/-n) [frz.] सेवकों की वर्दी; **~iert,** adj. वर्दी पहने हुए (सेवक)।

Lizenz, f (-/-en) [lat.] अनुज्ञप्ति, अनुज्ञा, अनुज्ञापत्र, लायसेंस; **~ieren,** v/t (h.) (के लिए) अनुज्ञा प्रदान क० ।

Lob, n (-[e]s/-e) प्रशंसा, सराहना, श्लाघा, तारीफ़; des Lobes voll sein über jdn. किसी की भूरि-भूरि प्रशंसा क०; jdm. Lob zollen किसी की प्रशंसा या सराहना क०; **~en,** v/t (h.) की प्रशंसा, सराहना, तारीफ़ क०; das lob ich mir! यह मुझे अच्छा लगता है; **~enswert,** adj. प्रशंसनीय, सराहनीय, क़ाबिलेतारीफ़; **~gesang,** m स्तुति, गुणगान; **~hudelei,** f (-/-en) घोर प्रशंसा, बेहद तारीफ़; चाटुकारिता, चापलूसी; **~hudeln,** v/i (h.) घोर प्रशंसा क०, बेहद तारीफ़ क०; चापलूसी क० ।

löblich, adj. प्रशंसनीय, श्लाघ्य, सराहनीय ।

Lob-lied, n गुणगान, प्रशंसा-गीत; fig: ein Loblied über jdn. singen/ anstimmen किसी का गुणगान क०, किसी की बहुत प्रशंसा क०; **~preisen,** v/t(h.) का गुणगान क०, का स्तुतिगान क०, की कृतज्ञतापूर्वक प्रशंसा क०; **~rede,** f गुणगान, गुणानुवाद; प्रशंसा-भाषण, अभिनन्दन-भाषण; sich in Lobreden über jdn. ergehen किसी की भूरि-भूरि प्रशंसा क०; **~singen,** v/i (h.) का गुणगान क०, का स्तुति-गान क०, की स्तुति क० ।

Loch, n (-[e]s/ ⸗er) छेद, छिद्र, रंध्र, सूराख; (Tierbau) बिल; माँद; U: प्रकाशहीन तंग कमरा या निवासस्थान; कारागार, जेलख़ाना; U: er sitzt im Loch वह जेल काट रहा है; U: das neue Auto hat ein großes Loch in meinen Beutel gerissen नई कार ख़रीदने के बाद तो मेरा बटुआ ख़ाली हो गया; U: ein Loch mit einem anderen zustopfen (नया) ऋण लेकर (पुराना) ऋण चुकाना; U: Löcher in die Luft gucken अन्यमनस्क होना, दिवास्वप्न देखना; U: jdm. ein Loch in den Bauch reden किसी का सिर खा जाना, बातों की झड़ी लगा देना; U: jdm. ein Loch in den Bauch fragen किसी से खोद-खोद कर पूछना, किसी से प्रश्नों की झड़ी लगा देना, किसी को प्रश्न पूछ-पूछ कर तंग कर देना; U: auf dem letzten Loch pfeifen बहुत फटेहाल होना, अपनी शक्ति की सीमा तक पहुँच जाना; U: der Wind pfeift jetzt aus einem anderen Loch अब सख़्ती की जा रही है; U: jdm. zeigen, wo der Zimmermann das Loch gelassen hat किसी को बाहर कर देना, किसी को कमरे या घर से निकाल देना; U: er säuft wie ein Loch वह बहुत अधिक पीता है; **~en,** v/t (h.) में छेद क०, छेदित क०; को छिद्रिल बनाना; **~er,** m (-s/-) छेदक ।

löch(e)rig, adj. छिद्रिल, छेददार ।

Loch-karte, f कम्प्यूटर का कार्ड जिस-पर आँकड़े पंच किए जाते हैं; **~streifen,** m कम्प्यूटर में प्रयुक्त काग़ज़ का फ़ीता (आँकड़े या अन्य दत्त सामग्री पंच करने के लिए); **~ung,** f (-/-en) छिद्रण; छिद्र ।

[1]**Locke,** f (-/-n)→ Lockpfeife

[2]**Locke,** f (-/-n) अलक, घूँघर, लच्छे-दार लट या ज़ुल्फ़ ।

[1]**locken,** v/t (h.) प्रलोभन या लालच देकर पास बुलाना, फँसाना; fig: प्रलोभन देना लुभाना; मोहित क०, लुब्ध क०; फुसलाना; कुछ करने की इच्छा पैदा क०; jdn. in eine Falle locken किसी को धोखे या प्रलोभन के द्वारा किसी स्थान पर बुलाना या पहुँचाना ।

[2]**locken,** v/t (h.) Haare: घुंघराला

या लहरदार वनाना, एक ओर को मोड़ना या कुंचित क०; das Haar lockt sich वाल अपने आप मुड़ जाते हैं, वाल छल्लेदार या कुंचित हो जाते हैं; ~**wickel,** /~**wickler,** m (-s/-) वालों को घुँघराला या कुंचित वनाने के लिए प्रयुक्त छोटी चरखी, कर्लर।

locker, adj. श्लथ, शिथिल, ढीला; हिलता हुआ; भुरभुरा; असंहत, छिदरा; fig: असंयत, अनैतिक; स्वच्छंद; ein lockerer Zahn हिलता हुआ दाँत; lockerer Boden भुरभुरी ज़मीन; lockere Vorschriften शिथिल नियम; fig: ein lockeres Leben führen अनैतिक या असंयत जीवन विताना; fig: die Zügel locker lassen सख्ती में कमी क०, ढील देना; U: eine lockere Hand haben मरकहा या मरखना होना, जल्दी मारपीट कर वैठने वाला होना; U: bei ihm ist eine Schraube locker वह झक्की है, उसका दिमाग़ कुछ खराव है; ~**lassen,** v/t (h.) U: ढील क०; झुक जाना, हार मान जाना, प्रयत्न करना छोड़ देना; ~**machen,** v/t (h.) U: ढीला क०; देना, निकालना, खर्च करने के लिए दे देना; U: Geld lockermachen पैसे ढीले क०, पैसे निकालना या देना।

locker-n, 1. v/t (h.) ढीला क०, में ढील देना या लाना, ढीला छोड़ देना; fig: Vorschriften lockern नियमों में ढील लाना, नियमों में उदारता लाना; 2. v/r (h.) ढीला हो जाना, हिलने लगना; fig: ihre Freundschaft hat sich gelockert उनकी घनिष्ठता समाप्त हो गई है; ~**ung,** f (-) ढील, शिथिलता, ढिलाई; शिथिलन, शिथिलीकरण।

lockig, adj. घुंघराला, छल्लेदार; लहरदार।

Lock-mittel, n जानवरों को फँसाने का चारा; fig: प्रलोभन, प्रलोभन का साधन; ~**pfeife,** f शिकारी या चिड़ीमार की सीटी जिससे पक्षियों की आवाज़ की नक़ल की जाती है; ~**ruf,** m जानवरों या पक्षियों को पास वुलाने या फँसाने के लिए दी गई आवाज़; मैथुन के लिए मादा को पास वुलाने के लिए नर की आवाज़; ~**ung,** f (-/-en) प्रलोभन, लालच; ~**vogel,** m चिड़ियों को फँसाने के लिए प्रयुक्त चिड़िया; fig: प्रलोभन का साधन; किसी व्यक्ति को प्रलोभन या लालच द्वारा फँसाने या फँसवाने वाला व्यक्ति।

Loden, m (-s/-) मोटा ऊनी कपड़ा।

lodern, v/i (h.) प्रज्वलित होना, धधकना, भभकना; फैल जाना; die Flammen loderten empor लपटें ऊपर की ओर धधक रहीं थीं, लपटें ऊपर की ओर फैल गयीं; fig: Haß loderte aus seinen Augen उसकी आँखों से नफ़रत टपक रही थी, उसकी आँखों में घृणा धधक रही थी; fig: lodernde Begeisterung तीव्र उत्साह।

Löffel, m (-s/-) चम्मच; चमचा; des Hasen: कान; U: die Löffel spitzen ग़ौर से सुनना, ध्यानपूर्वक सुनना; U: eins/ein paar hinter die Löffel kriegen पिट जाना, के थप्पड़ पड़ जाना; U: schreibt Euch das hinter die Löffel! तुमलोग इस वात को कान खोलकर सुन लो!, तुम इस वात को हमेशा के लिए याद कर लो!; U: er hat die Weisheit auch nicht mit Löffeln gefressen वह कोई वहुत वुद्धिमान आदमी नहीं है; ~**n,** v/t (h.) चम्मच से खाना; चम्मच या चमचे से निकालना; ~**weise,** adv. एक-एक चम्मच भर, चम्मच के हिसाव से।

Log, n (-s/-e) [eng.] mar: जहाज़ का गतिमापक यंत्र या गतिमापक काष्ठखंड।

logarith-mieren, v/i & v/t (h.) [griech.] लघुगणक निकालना; ~**misch,** adj. लघुगणकीय; ~**mus,** m (-/-'men) लघुगणक।

Logbuch, n जहाज़ का रोज़नामचा ।

Loge, f (-/-n) [frz.] जगत-नागरिकत्व वाले गुप्त-संसदियों का सम्मेलन-कक्ष; theat: पृथक दर्शक-कक्ष ।

Loggia, f(-/-'ggien) (ital.) बरामदा; बारजा, छज्जा ।

logier-en, v/i (h.) [frz.] रहना, ठहरना, निवास क०; **~gast,** m ठहरने वाला मेहमान ।

Logik, f (-) [griech.] तर्कशास्त्र; तर्क-संगति; तर्क; **~er,** m (-s/-) तर्क-शास्त्री, तर्कशास्त्र का विद्वान; तार्किक ।

Logis, n (-/-) [frz.] निवासस्थान; ठहरने का स्थान; mar: कर्मीदल का कक्ष, जहाज़ पर काम करने वालों का कमरा ।

log-isch, adj. तर्कसंगत, युक्तियुक्त; तर्कशास्त्रीय, तर्कशास्त्र पर आधारित; U: सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष, ज़ाहिर; **~ischerweise,** adv., U: तर्क के आधार पर, तर्कानुसार, तार्किक रूप से सोचने पर; **~ismus,** m (-/-'men) तर्कसंगत निष्कर्ष, तर्क पर आधारित निष्कर्ष; o.pl: तर्कवाद; **~istik,** f (-) गणितीय तर्क; निगमनिक तर्क; mil: संभार-तंत्र ।

[1]**Lohe,** f (-/-n) ज्वाला, धधकती हुई लपट ।

[2]**Lohe,** f (-/-n) चमड़ा सिझाने का कस्सा ।

[1]**lohen,** v/i (h.) प्रज्वलित होना, धधकते हुए जलना ।

[2]**loh-en,** v/t (h.) सिझाना, कमाना; **~gerber,** m चर्मशोधक, चर्मकार ।

Lohn, m (-[e]s/ ⸚e) वेतन; मज़दूरी, पारिश्रमिक; fig: प्रतिफल, करनी का फल; पुरस्कार, इनाम; fig: er wird noch seinen Lohn bekommen उसे अपनी करनी का फल मिल जाएगा, उसे अपने किए की सज़ा (ज़रूर) मिलेगी; spw: Undank ist der Welt Lohn भलाई का बदला अक्सर बुराई के रूप में मिलता है, हवन करते हाथ जलते हैं; **~büro,** n, kfm: निष्कृति-कार्यालय, वेतन या पारिश्रमिक की अदायगी का दफ़्तर; **~diener,** m अस्थायी सेवक; **~en,** v/t (h.) का प्रतिफल देना, का बदला देना या चुकाना; सार्थक होना, लाभकर होना; के योग्य होना; jdm. etw. lohnen किसी को किसी बात का प्रतिफल देना; das Museum lohnt einen Besuch अजायबघर देखने के योग्य है; das lohnt die Mühe nicht इसके लिए मेहनत करने से कोई लाभ नहीं; diese Arbeit lohnt sich यह काम लाभकर या सार्थक है ।

löhnen, v/t (h.) को पारिश्रमिक या मेहनताना देना ।

lohn-intensiv, adj., kfm: जिसमें अधिक मज़दूरी देनी पड़े, जिसमें उच्च-वैतनिक कर्मचारियों को रखना पड़े; **~-Preis-Spirale,** f वेतन-वृद्धि के फलस्वरूप मूल्यों में वृद्धि के कारण और अधिक वेतन की माँग; **~satz,** m वेतन-क्रम; **~steuer,** f आयकर; **~stopp,** m वेतन-स्थिरीकरण; **~streifen,** m वेतन-पर्णी ।

Löhnung, f (-/-en) mil: वेतन की अदायगी; वेतन ।

[1]**lokal,** adj. [lat.] स्थानीय, स्थानिक, मुक़ामी, स्थान-विशेष का; med: lokale Betäubung स्थान-विशेष का निश्चेतन किया जाना, स्थानीय संवेदनाहरण ।

[2]**Lokal,** n (-[e]s/-e) [lat.] कक्ष, भवन; रेस्तराँ, मधुशाला, पानागार ।

Lokal-bericht, m स्थानीय समाचार; स्थानीय घटनाओं का वृत्तान्त; **~blatt,** n स्थानीय समाचारपत्र; **~isieren,** v/t (h.) स्थानबद्ध क०, स्थान-विशेष में सीमित रखना; का स्थान निर्धारित क०; **~isierung,** f (-) स्थानीकरण, स्थानसीमन; स्थान-निर्धारण; **~ität,** f (-/-en) संस्थिति; स्थान, कक्ष, कमरा; U: die Lokalitäten शौचालय तथा स्नानगृह; **~kolorit,** n स्थानीय पृष्ठ-भूमि का चित्रण; **~nachrichten,** f/pl.

स्थानीय समाचार; **~termin,** m, jur: घटनास्थल पर अदालती जाँच-पड़ताल की तिथि।

Lokativ, m (-s/-e) [lat.] gramm: अधिकरण कारक, सप्तमी।

Lokomotive, f (-/-n) [lat.] रेलगाड़ी का इंजन।

Lokus, m (-/-se) [lat.] U: शौचालय, पाख़ाना।

Lombard, m/n (-[e]s/-e)[frz.] kfm: वंधक रखना (शेयरों या हुंडियों को); **~ieren,** v/t (h.) (शेयरों या हुंडियों को) वंधक रखना।

Lorbeer, m (-s/-en) जयपत्र का पेड़, तेजपात का पेड़; →Lorbeerblatt; fig: Lorbeeren pflücken/ernten प्रशंसा या कीर्ति प्राप्त क०; सफलता प्राप्त क० ;U: damit sind keine Lorbeeren zu ernten इससे लोगों को प्रभावित नहीं किया जा सकता, इससे कोई ख्याति नहीं मिलेगी; U: (sich) auf seinen Lorbeeren ausruhen किसी सफलता को प्राप्त करने के वाद आलसी हो जाना, अतीत में प्राप्त सफलता के सहारे जीना; **~blatt,** n जयपत्र, तेजपात; **~kranz,** m जयपत्र-किरीट (विजेता या कवि के सम्मान के लिए)।

Lore, f (-/-n) [eng.] मालगाड़ी का खुला हुआ डिव्वा।

[1]**Los,** n (-es/-e) भाग्य-पत्रक; लॉटरी का टिकट;(Schicksal) भाग्य, क़िस्मत, तक़दीर; das Große Los लॉटरी का प्रथम इनाम; fig: mit etw. das Große Los ziehen अत्यन्त लाभकर निर्णय लेना, किसी वात या वस्तु से भाग्य खुल जाना; das Los entscheiden lassen भाग्य-पत्रक द्वारा निर्णय क०।

[2]**los,** 1. adj. अवद्ध, निर्वन्ध, खुला; टूट गया; → lose; der Knopf ist los बटन टूट गया है; 2. adv.: los! चलो!; आगे बढ़ो!; जल्दी करो!; sie will los von ihrem Mann वह अपने पति से अलग हो जाना चाहती है; U: hier ist etw. los यहाँ ख़ूव घूमधाम है, यहाँ खूव रंगरलियाँ मनाई जा रही हैं; यहाँ कुछ गड़वड़ है; U: was ist (hier) los? (यहाँ) क्या हो रहा है?, यहाँ क्या गड़वड़ है?, क्या वात है?, क्या मामला है?; U: was ist mit Ihnen los? आपको क्या हो गया है?; U: eine Sache los sein किसी वस्तु को खो देना; किसी वस्तु से हाथ धो वैठना; किसी वस्तु से पिंड छूट जाना; U: er hat etw. los वह बहुत योग्य (या होशियार या क़ाविल) आदमी है।

losarbeiten, v/i (h.) काम करने लगना, काम शुरू कर देना।

lösbar, adj. जिसे हल किया जा सके, सरल, आसान; chem: विलेय, घुलनशील।

los-binden, v/t (h.) खोल देना, को वंधनमुक्त क०; **~brechen,** 1. v/t (h.) तोड़ लेना, तोड़ देना, तोड़कर अलग क०; 2. v/i (s.) अचानक प्रारंभ हो जाना, अचानक हो उठना, अचानक आ जाना (तूफ़ान, आँधी आदि)।

Löschblatt, n सोख़्ता।

[1]**löschen,** v/t (h.) वुझाना, वुझा देना; सोख़्ते से सुखा देना; (tilgen) काट देना, निकाल देना, मिटा देना (टीप, इन्दराज आदि); चुका देना (ऋण); (beseitigen) मिटा देना, लुप्त कर देना; einen Brand löschen आग वुझाना; das Licht löschen वत्ती वुझाना; eine Schuld löschen ऋण चुकाना; den Durst löschen प्यास वुझाना।

[2]**löschen,** v/t (h.) mar: उतारना (माल को)।

Lösch-er, m (-s/-) आग वुझाने का यंत्र; सोख़्ता; **~mannschaft,** f आग वुझाने वालों का दल; **~papier,** n → Löschblatt

[1]**Löschung,** f (-/-en) इन्दराज आदि की कटाई; ऋणशोधन।

²Löschung, f (-/-en) mar: माल की उतराई ।

Löschzug, m फ़ायरब्रिगेड की टुकड़ी ।

lose, adj. ढीला, कसकर नहीं बँधा हुआ; खुला, विना नत्थी किया हुआ; असम्बद्ध; असंगठित; अदृढ़; (nicht abgepackt) विना पैक किया हुआ, खुला; U: असंयत; अश्लील; वदचलन, दुराचारी; ढीठ, गुस्ताख; lose Blätter विना नत्थी किए हुए काग़ज़; sie trägt ihr Haar lose वह अपने वालों को खुला रखती है; fig: ein loses Mädchen वदचलन लड़की; U: lose Reden führen अश्लील वातें क०, गंदी वातें क०; U: ein loses Maul haben मुँहफट होना ।

Lösegeld, n निष्कृति-धन, मुक्तिमूल्य, फिरौती ।

loseisen, v/t (h.) U: से छुड़ाना, से मुक्त क०, से पिंड छुड़ाना ।

losen, v/i (h.) भाग्य-पत्रक द्वारा निर्णय क०, पाँसा डालकर या सिक्का उछाल कर निर्णय क० ।

lösen, 1. v/t (h.) (lockern) ढीला क०; (losmachen) अलग क०, छुड़ाना; मुक्त क०; खोलना; (zergehen lassen) घोलना; (enträtseln) का हल निकालना, को सुलझाना; (auflösen) तोड़ देना, समाप्त कर देना; (rückgängig machen) अभिशून्य क०, रद्द क०; einen Knoten lösen गाँठ खोलना; eine Aufgabe lösen प्रश्न को हल क०; eine Fahrkarte lösen टिकट ख़रीदना; eine Verlobung lösen मँगनी तोड़ देना; einen Schuß lösen गोली दागना; fig: der Wein hat seine Zunge gelöst अंगूरी पीने के वाद वह खुल गया या खुलकर वात करने लगा; fig: die Stimmung war gelöst वातावरण में तनाव नहीं था; माहौल में वेतकल्लुफ़ी थी; 2. v/r (h.) ढीला हो जाना, खुल जाना; अलग हो जाना; घुल जाना, पिघल जाना, हल हो जाना, सुलझ जाना; sich von jdm. lösen किसी से संवंध तोड़ देना; किसी के प्रभाव से मुक्त हो जाना, ein Schuß; löste sich गोली अपने आप छूट गई; एक गोली चली; das Problem hat sich gelöst समस्या हल हो गई है ।

los-fahren, v/i (s.) (गाड़ी से) जाना या प्रस्थान क०, (किसी पर) दौड़ पड़ना; **~gehen,** v/i (s.) जाना, प्रस्थान क०; (explodieren) फट जाना, विस्फोटित होना; Feuerwaffen: (वंदूक, पिस्तौल आदि का) चल जाना; U: प्रारंभ होना, शुरू होना; auf jdn. losgehen किसी पर टूट पड़ना; **~kaufen,** v/t (h.) का निष्क्रय क०, धन देकर छुड़ाना; **~ketten,** v/t (h) की ज़ंजीर खोल देना; **~kommen,** v/i (s.) चलना, चला जाना; से अलग होकर आगे वढ़ना; von etw. loskommen किसी वात या वस्तु से जान वचाना या पिंड छुड़ाना; **~lachen,** v/i (h.) हँस पड़ना, अचानक हँसने लगना; **~lassen,** v/t (h.) छोड़ देना; जाने देना; einen Hund auf jdn. loslassen किसी के ऊपर कुत्ता दौड़ा देना; U: eine Rede loslassen भाषण देना; **~legen,** v/i (h.) U: जोश के साथ किसी काम को शुरू क०; वोलने लगना; को ताव आ जाना; ग़ुस्से से उवल पड़ना ।

löslich, adj. विलेय, घुलनशील ।

los-lösen, 1. v/t (h.) से अलग क०, छुड़ाना; 2. v/r (h.) से अलग होना, छूटना; **~machen,** v/t (h.) से अलग क०, छुड़ाना; मुक्त क०; खोलना; fig: sich von jdm. losmachen किसी की पकड़ से अपने आप को मुक्त कर लेना, किसी से पिंड छुड़ा लेना; **~marschieren,** v/i (s.) चल पड़ना; कूच क०, मार्च प्रारंभ क०; **~platzen,** v/i (s.) U: अचानक वोल पड़ना, ग़ुस्से से उवल पड़ना; एकाएक हँस पड़ना; **~reißen,** v/t (h.) फाड़कर अलग कर देना; उधेड़ देना, वलपूर्वक

अलग कर देना; der Hund hat sich losgerissen कुत्ते ने बलपूर्वक अपने को मुक्त कर लिया, कुत्ता (ज़ंजीर) छुड़ा कर भाग गया; fig: ich konnte mich von diesem Anblick nicht losreißen मैं इस दृश्य से इतना प्रभावित हुआ कि चाहकर भी वहाँ से हट न सका; **~rennen,** v/i (s.) दौड़ने लगना ।

Löß, m (-'sses/-'sse) पीली मिट्टी ।

los-sagen, v/r (h.) से संबंध समाप्त कर देना, से अलग हो जाना; **~sagung,** f (-/-en) संबंध-विच्छेद; **~schießen,** v/i (s.) fig: बहुत तेज़ी से दौड़ने लगना; की ओर बहुत तेज़ी से दौड़ना, पर टूट पड़ना; U: बोलने लगना, जल्दी से कहना या बताना; fig: auf jdn. losschießen किसी (के पास जल्दी पहुँच जाने के लिए उस)की ओर दौड़ना, किसी के पास दौड़कर जाना; U: schießen Sie los! जल्दी कहिए!, जल्दी बोलना शुरू कीजिये!, कह डालिए!; **~schlagen,** 1. v/t (h.) तोड़ देना, तोड़कर अलग कर देना, प्रहार द्वारा अलग क॰; fig: Waren losschlagen माल बेच देना, माल (सस्ते में) निकाल देना; 2. v/i (h.) मारने लगना, की पिटाई शुरू कर देना, पर डंडे, मुक्के, लातें आदि बरसाना शुरू क॰; आक्रमण क॰, हमला क॰; **~sprechen,** v/t (h.) को मुक्त कर देना, को पापमुक्त क॰; **~steuern,** v/i (s.) fig: auf etw. lossteuern किसी वस्तु या स्थान आदि की ओर बढ़ना; किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जुट जाना; **~stürmen,** v/i (s.) बहुत तेज़ी से दौड़ने लगना; **~trennen,** v/t (h.) से अलग कर देना, से पृथक कर देना ।

Losung, f (-/-en) आदर्श-वाक्य; नारा; mil: संकेत-शब्द, पहचान-शब्द; des Wildes: विष्ठा, मल ।

Lösung, f (-/-en) einer Aufgabe: हल (निकालना); समाधान (क॰); सुलझाना; (Ergebnis) परिणाम, हल, उत्तर; (Aufhebung) समाप्ति; अभिशून्यन; chem: घोल; **~smittel,** n विलायक द्रव्य ।

Losungswort, n, mil: →Losung

los-werden, v/t (s.) U: से हाथ धो बैठना, गँवा देना; से पीछा छुड़ाना, से पिंड छुड़ा लेना; बेच देना, निकाल देना; ich werde diesen Gedanken nicht los मेरे दिमाग़ से यह विचार नहीं निकलता है; **~ziehen,** v/i (s.) U: जाना, चला जाना; gegen/über jdn. losziehen किसी की निन्दा (या बुराई) क॰ ।

Lot, n (-[e]s/-e) math: लम्ब; (Senkblei) साहुल; पनसाल; U: hier ist etw. nicht ganz im Lot यहाँ कुछ गड़बड़ है; U: etw. ins Lot bringen किसी (बिगड़ी हुई) बात को बनाना, किसी मामले को ठीक कर देना; **~en,** v/t (h.) सिधाई नापना (साहुल से); गहराई नापना ।

löt-en, v/t (h.) झालना, पिघले राँगे से जोड़ देना (तारों आदि को); **~kolben,** m कहिया, झलाई-यंत्र ।

Lotos, m (-/-)/**~blume,** f [griech.] कमल ।

lotrecht, adj. अभिलम्ब; **~e,** f लम्ब ।

Nacht-ruhe, f नींद, निद्रा; **~s,** adv. रात को, रात के समय, रात में; **~schicht,** f रात की पारी; **~schlafend,** adj. zu nachtschlafender Zeit रात को, रात को जब सभी लोग सो रहे हों, रात में सोते समय; **~schwärmer,** m रात को निकलने वाली एक तितली; fig: रात्रिकालीन मनोरंजन का आनंद उठाने वाला; **~schwester,** f रात की परिचारिका या नर्स; **~seite,** f, fig: अप्रिय या असुविधाजनक पहलू; **~tisch,** m बिस्तर के पास की छोटी मेज़; **~topf,** m शयनागार-मूत्रपात्र।

nachtun, v/t (h.): es jdm. nachtun किसी की बराबरी क०, किसी की

देखादेखी क० ।

Nacht-vorstellung, f रात्रिकालीन प्रदर्शन; **~wache,** f रात का पहरा; रात का पहरा देने वाले पुलिस के सिपाही; **~wächter,** m रात का चौकीदार; U: लद्धड़ आदमी; **~wandeln,** v/i (s.;h.) नींद में चलना, निद्राचारी होना; **~wandler,** m (-s/-) निद्राचारी; **~wandlerisch,** adj.: mit nachtwandlerischer Sicherheit निर्भ्रान्त भाव से; बिना भूले-भटके, एक दम सीधे; **~zug,** m रात की गाड़ी ।

Nachuntersuchung, f दुबारा जाँच, अस्पताल से छुट्टी पाने के बाद की जाँच ।

nachwachsen v/i (s.) फिर से उग आना, फिर से अंकुरित हो जाना ।

Nachwahl, f, parl: उपचुनाव ।

Nachwehen, f/pl. प्रसवोत्तर पीड़ा; fig: कष्टदायी उत्तरपरिणाम ।

nachweinen, v/t & v/i (h.): einer Sache nachweinen किसी वस्तु की क्षति या हानि पर (बहुत दिनों तक) दुःखी होना; U: ich weine ihm keine Träne nach उसके चले जाने का मुझे रत्ती-भर खेद नहीं है ।

Nachweis, m (-es/-e) प्रमाण, सबूत; **~bar,** 1. adj. प्रमाण्य, जिसका सबूत पेश किया जा सके; 2. adv. जैसा कि प्रमाणित किया जा सकता है; **~en,** v/t (h.) को प्रमाणित, साबित, सिद्ध क०, का प्रमाण या सबूत प्रस्तुत क०; को दिलवाना; को (किसी बात की) सूचना देना; man kann ihm nichts nachweisen उसके विरुद्ध किसी बात का सबूत नहीं है, उसे किसी भी बात के लिए सप्रमाण दोषी नहीं ठहराया जा सकता है; jdm. eine Arbeit nachweisen किसी को काम दिलवाना; किसी को किसी रिक्त स्थान की सूचना देना; **~lich,** 1. adj. प्रमाण्य; प्रमाणित; 2. adv. जैसा कि प्रमाणित किया जा सकता है; जैसा कि प्रमाणित किया जा चुका है ।

Nachwelt, f भावी पीढ़ियाँ ।

nachwiegen, v/t (h.) फिर से तोलना, तोलकर देखना ।

Nachwinter, m वसंतकालीन शीत ।

nachwirk-en, v/i (h.) का उत्तरप्रभाव होना, का असर बाद तक होना; **~ung,** f उत्तरप्रभाव, पश्च-प्रभाव ।

Nachwuchs, m (-es) फिर से उगना; fig: युवा पीढ़ी, क्षेत्र-विशेष में प्रशिक्षण पाने वाले युवजन, उभरती प्रतिभायें; U: शिशु, बच्चा, सन्तान, संतति ।

nachzahlen, v/t (h.) बाद में देना या अदा क०; अधिशुल्क के रूप में देना, अतिरिक्त रूप से अदा क० ।

nachzählen, v/t (h.) फिर से गिनना, गिनकर देखना ।

Nachzahlung, f अधिशुल्क, अतिरिक्त रूप से अदा किया गया धन; बाद की अदायगी, अतिरिक्त अदायगी ।

nachzeichnen, v/t (h.) के अनुसार (या को देख-देखकर) रेखाचित्र बनाना; (की रेखाओं) को चटक या स्पष्ट बनाना, पर फिर से पेंसिल चलाना ।

nachziehen, 1. v/i (s.) के पीछे-पीछे चलना; का पीछा करते हुए चलना; के बाद जाकर बस जाना, भी जाकर बस जाना; U: देखादेखी कोई काम क०; 2. v/t (h.) को घसीटते हुए चलना, को घसीटकर चलना; (nachzeichnen) को (रंग से) चटक या स्पष्ट बनाना; पर (फिर से) रंग क० या लगाना; (nachzüchten)नया उगाना, फिर से उगाना; Schrauben: फिर से कसना, दुबारा कसना ।

nachzotteln, v/i (s.) U: खरामा-खरामा चलते हुए आना, पीछे रह जाना, किसी के पीछे धीरे-धीरे क़दम उठाते हुए चलना ।

Nachzügler, m (-s/-) देर से आने वाला; विवाह के कई वर्षों बाद पैदा होने वाली संतान ।

Nackedei, m (-s/-s;-e) नंगा बच्चा, नंगधड़ंगा बच्चा ।

Nacken, m (-s/-) गर्दन (का पिछला भाग), गुद्दी; er hat einen steifen Nacken उसकी गर्दन अकड़ गई है, वह सिर हिलाने में असमर्थ है; fig: den Nacken steifhalten सिर न झुकाना, हार न मानना, (किसी से) न दबना; fig: jdm. den Nacken steifen किसी को बढ़ावा देना; fig: jdm. im Nacken sitzen किसी के सिर पर सवार होना, किसी पर कुछ करने के लिए दबाव डालना; पर हावी होना; fig: ihm sitzt die Angst im Nacken वह बहुत भयभीत है; fig: er hat den Schalk im Nacken वह बहुत मज़ाक़िया है ।

nackt, adj. नंगा, नग्न, विवस्त्र; अनावृत, खुला; खाली, अलंकाररहित; पल्लवरहित; बे-बाल का; बिना पंखों का; nackte Tatsachen नग्न तथ्य; das nackte Leben retten ख़ाली जान बचाना; mit nackten Worten खुले शब्दों में; nackte Wände ख़ाली दीवारें (बिना चित्र आदि के); mit nacktem Auge ख़ाली आँख से; **~heit,** f (-) नग्नता, नंगापन, विवस्त्रता; अलंकार-राहित्य; वृक्षों, पल्लवों, पंखों, बालों आदि का राहित्य ।

Nadel, f (-/-n) सूई, सुई, सूची; (Stecknadel) आलपीन; (Stricknadel) बुनने की सलाई; (Häkelnadel) क्रोशिया; (Schmucknadel) जड़ाऊ पिन; (Tannennadel) सूच्याकार पत्ती (शंकुवृक्ष की); eines Meßinstrumentes: सूचक, सुई; fig: wie auf Nadeln sitzen घोर मानसिक कष्ट पाना, अत्यंत अधीर या विकल होना, धर्मसंकट में होना; fig: in dem Saal konnte keine Nadel zu Boden fallen हॉल खचाखच भरा हुआ था; **~arbeit,** f सुईकारी, सीना-पिरोना, सिलाई-कढ़ाई; **~baum,** m शंकुवृक्ष; **~hölzer,** n/pl. शंकुधर-कुल, शंकुधारी वृक्ष; **~kissen,** n पिनगद्दी, आलपीन की गद्दी ; **~n,** v/i (h.): der Baum nadelt शंकुवृक्ष की पत्तियाँ झड़ रहीं हैं; **~öhr,** n सुई का छेद, नाका, डोरा पिरोने का छेद; **~stich,** m सुई की कोंच, सुई की कोंच का घाव; टाँका; fig: ताना, कटु शब्द, मर्मान्तक पीड़ा पहुँचाने वाला शब्द; **~wald,** m शंकुवृक्षों का वन ।

Nagel, m (-s/ ¨-) कील, कीला; खूँटी, मेख; anat: नख, नाख़ून; fig: etw. an den Nagel hängen किसी काम या बात को छोड़ देना; fig: den Nagel auf den Kopf treffen बिल्कुल सही बात कहना, किसी बात की वास्तविकता को पहचान लेना; fig: Nägel mit Köpfen machen ढंग का काम क०, किसी योजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित क०; fig: er ist ein Nagel zu meinem Sarg वह मेरी (अकाल)मृत्यु का कारण बनेगा; U: etw. unter den Nagel reißen किसी वस्तु को हथिया लेना; fig: es brennt mir auf den Nägeln यह बहुत शीघ्रता का काम है, मैं इससे शीघ्रातिशीघ्र निपट जाना चाहता हूँ; **~feile,** f नख-रेती; **~haut,** f नख-उपचर्म; **~lack,** m नाख़ूनों पर लगाने का रंग; **~n,** v/t(h.) में कीलें जड़ना; को कीलों से जड़ना या जोड़ना; **~neu,** adj. एकदम नया, अभिनव; **~pflege,** f नख-प्रसाधन; **~schere,** f नख-कर्तनी ।

nag-en, v/i & v/t (h.) कुतरना, कुतर-कुतरकर खाना या अलग क०; चबाना; fig: क्षय क०, धीरे-धीरे नष्ट क०; an einem Knochen nagen हड्डी से कुतर-कुतरकर मांस अलग क० या खाना; हड्डी चबाना (कुत्ते का); fig: die Sorgen nagen an seiner Gesundheit चिन्ताओं के कारण उसका स्वास्थ्य ख़राब होता जा रहा है; **~er,** m(-s/-)/ **~etier,** n कृन्तक (जन्तु); **~ezähne,** m/pl. कृन्तक-दन्त ।

nah(e), 1. adj. समीप, समीपवर्ती, समीपस्थ, नजदीक का; शीघ्र ही होने

वाला; नज़दीकी, निकट, घनिष्ठ; die nahe Stadt समीपवर्ती नगर; in naher Zukunft शीघ्र ही, निकट भविष्य में; die Ferien sind nah छुट्टियाँ आने वाली हैं,छुट्टियाँ दूर नहीं हैं; sie war den Tränen nahe वह रोने को हो गई, उसकी आँखों में आँसू छलक आए; die nahe Verwandtschaft निकट संबंधी, नज़दीकी रिश्तेदार; नज़दीकी रिश्ता; von nahem betrachtet पास से देखने पर; ध्यान से देखने पर; fig: ध्यानपूर्वक विचार करने पर; ich weiß nichts Näheres इससे अधिक मुझे नहीं मालूम है; (इसके बारे में) कोई पक्की बात मुझे नहीं ज्ञात है; ich kenne ihn nicht näher मेरा उससे निकट परिचय नहीं है; nahe daran sein, etw.zu tun कुछ करने ही वाला होना; das Haus steht nah an der Straße मकान सड़क के समीप है; 2. präp. (+dat.) के. समीप, के निकट, के पास; nahe dem Fluß नदी के समीप; fig: dem Wahnsinn nahe stürzte er sich auf ihn वह (लगभग) पागलों की तरह उसपर टूट पड़ा।

Nahaufnahme, f, phot: पास से लिया गया चित्र, निकटचित्र।

Nähe, f (-) निकटता, सामीप्य, सान्निध्य; पड़ोस, आस-पड़ोस, पास-पड़ोस, प्रतिवेश, fig: aus der Nähe betrachtet ग़ौर से देखने पर, ध्यानपूर्वक विचार करने पर।

nahe-bei, adv. अत्यन्त समीप, बिल्कुल पास में; ~**gehen,** v/i (s) पर मर्मस्पर्शी प्रभाव डालना, के मर्म को छू जाना; ~**legen,** v/t (h.): jdm. etw. nahelegen किसी को कुछ करने का परामर्श या सुझाव देना; diese Geschehnisse legen den Verdacht nahe, daß... इन घटनाओं से यह संदेह होता है कि...; ~**liegen,** v/i (h.) स्वाभाविक होना, सबसे पहले सूझना या दिमाग़ में आना;सुस्पष्ट होना, प्रत्यक्ष होना; der Verdacht liegt nahe, daß...यह सन्देह तो स्वाभाविक है कि...; ~**liegend,** adj. समीपस्थ, पास का; fig: सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष; स्वाभाविक।

nahen, v/i (s.) समीप आना या पहुँचना, नज़दीक आना; poet: der Morgen naht सवेरा होने वाला है।

nähen, 1. v/i (h.) सिलाई क०; 2. v/t (h.) सीना, सिलना।

näher-bringen, v/t (h.): jdm. etw. näherbringen किसी को कुछ समझाना; ein Problem einer Lösung näherbringen किसी समस्या को उसके हल के समीप लाना; ~**kommen,** v/i (s.) fig: से घनिष्ठ हो जाना, के साथ घनिष्ठता बढ़ना; einander näherkommen आपस में घनिष्ठता बढ़ना, आपस में घनिष्ठ हो जाना; ~**n,** v/t (h.) के समीप लाना या क०; sich jdm. nähern किसी के समीप आना या पहुँचना; fig: किसी से जान-पहचान करने का प्रयत्न क०; fig: sich dem Ende nähern का अवसान या अन्त समीप होना, समाप्त या खत्म होने वाला होना; fig: die Ferien nähern sich dem Ende छुट्टियाँ समाप्त होने वाली हैं; ~**treten,** v/i(s.): fig: jdm. nähertreten किसी के सम्पर्क में आना; fig: einem Vorschlag nähertreten किसी प्रस्ताव पर विचार क०; ~**ung,** f (-/-en) math: सन्निकटन; ~**ungswert,** m, math: सन्निकट मान।

nahestehen, v/i (h.): jdm. nahestehen किसी का अंतरंग, घनिष्ठ या आत्मीय होना; er steht dieser Partei nahe वह इस दल का समर्थक है।

nahezu, adv. लगभग, क़रीब-क़रीब।

Nähfaden, m सिलाई का डोरा, पेचक।

Nahkampf, m निकट मुठभेड़, आमने-

सामने का मुक़ाबला ।

Näh-kästchen, n सिलाई का डिब्बा; **~maschine,** f सिलाई की मशीन; **~nadel,** f सिलाई की सूई ।

Nähr-boden, m कृषिभूमि, उर्वर भूमि; biol: संवर्धांग; fig: अनुकूल परिस्थिति, वृद्धि में सहायक परिस्थिति; **~en,** 1. v/t (h.) को खिलाना, को भोजन देना; को पालना, का पोषण क०; को स्तन पिलाना; fig: का भरण-पोषण क०; को दिल में रखना, सँजोना; पैदा क०, को बढ़ावा देना; er nährt sich hauptsächlich von Gemüse वह मुख्यत: शाक-सब्ज़ी खाकर जीवित रहता है; fig: er nährt sich von seiner Hände Arbeit वह अपने परिश्रम की रोटी खाता है; fig: das Land nährt seine Bewohner reichlich इस देश की भूमि से पर्याप्त मात्रा में भोजन-सामग्री प्राप्त होती है, इस देश की भूमि बहुत उर्वर है; fig: eine Hoffnung nähren किसी उम्मीद को सँजोना; fig: dieses Geschehen nährte seinen Haß इस घटना ने उसकी घृणा को बढ़ावा दिया, इस घटना से उसके हृदय में घृणा उत्पन्न हुई; 2. v/i (h.) पौष्टिक या पुष्टिकर होना ।

nahrhaft, adj. पौष्टिक, पुष्टिकर, पौषणिक, पोषक ।

Nähr-mittel, n/pl. आहार-सामग्री, भोजन-सामग्री; अन्न की भोजन-सामग्री; **~stoff,** m पोषक तत्व, पौष्टिक पदार्थ ।

Nahrung, f (-) आहार, भोजन, खाना-पानी; चारा; fig: रोज़ी, धंधा; रोज़ी-रोटी, भरण-पोषण; ईंधन; fig: sein Verhalten gab unserem Mißtrauen Nahrung उसके व्यवहार से हमारे अविश्वास को पुष्टि प्राप्त हुई; **~smittel,** n/pl. खाद्य सामग्री; खाने-पीने का सामान ।

Nährwert, m पोषार्हा ।

Nähseide, f सिलाई का रेशमी डोरा ।

Naht, f (-/ ⸚e) सीवन; anat: सेवनी, सीवन की भाँति दिखने वाला खोपड़ी की हड्डियों का जोड़; med: घाव की सिलाई के टाँके; tech: धातुओं की संधिरेखा; ढली हुई वस्तु की संधिरेखा; U: sie platzt aus allen Nähten वह बेहद मोटी है; **~los,** adj. बिना सीवन का, सीवनहीन; बिना संधिरेखा का ।

Nahverkehr, m समीपस्थ स्थानों के बीच का यातायात, परिनागर-यातायात ।

Nähzeug, n सिलाई का सामान ।

naiv, adj.[frz.] भोला, मासूम, सीधा-सादा; अकृत्रिम; निष्कपट; (einfältig) बुद्धू, मूर्ख; **~ität,** f (-) भोलापन, मासूमियत, सीधासादापन; अकृत्रिमता; निष्कपटता; बुद्धूपन, मूर्खता; **~ling,** m (-s/-e) U: सीधा-सादा तथा मूर्ख व्यक्ति, आशुविश्वासी मूर्ख ।

Name, m (-ns/-n) नाम, अभिधान, संज्ञा; ख्याति, प्रसिद्धि; im Namen des Gesetzes क़ानून के नाम पर; im Namen der Familie परिवार के सदस्यों की ओर से; dafür werde ich meinen Namen nicht hergeben इसके लिए मैं अपना नाम नहीं दूँगा, इससे मैं अपने नाम को नहीं संबंधित करूँगा; ich kenne ihn nur dem Namen nach मैंने केवल उसका नाम ही सुना है, मैं उसे व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता हूँ; durch diese Tat hat er sich einen Namen gemacht इस काम के द्वारा उसने बहुत प्रतिष्ठा प्राप्त की है या नाम कमाया है; U: mein Name ist Hase (,ich weiß von nichts) मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है, मैं इस मामले (या चक्कर) में नहीं पड़ना चाहता हूँ; U: in Gottes Namen! अच्छा भाई, जो चाहो सो करो!; **~nlos,** adj. अनाम; अकथित, अज्ञात; fig: अकथनीय, घोर, महान ।

namens 1. adv. नामक, (के) नाम का;

2. präp. (+gen.) के नाम में, के आदेश पर, की ओर से ।

Namens-aktie, f, kfm: शेयर जिसपर शेयरधारी का नाम अंकित हो, नामगत शेयर; **~gebung,** f नामकरण; **~schild,** n नामपट्ट; **~tag,** m नामदिवस; **~zeichen,** n नामाक्षर, नाम के प्रथम अक्षर, छोटे हस्ताक्षर; **~zug,** m हस्ताक्षर, दस्तख़त; गुम्फाक्षर ।

namentlich, 1. adj. नाम के साथ; 2. adv. नाम लेकर; विशेष रूप से ।

namhaft, adj. (berühmt) विख्यात, प्रसिद्ध, मशहूर; (beträchtlich)अधिक, बहुत, काफ़ी, बड़ा, भारी; महत्वपूर्ण; jdn. namhaft machen किसी के नाम को बताना, किसी के नाम का पता लगाना ।

nämlich, 1. adj. एक ही, वही; die nämlichen Leute वही लोग;an dem nämlichen Tage उसी दिन;2. adv. अर्थात्, यथा, यानी, इसका नाम है, इनके नाम हैं; क्योंकि, चूँकि; es gibt vier Jahreszeiten, nämlich Frühling, Sommer, Herbst und Winter चार ऋतुएँ होती हैं, इनके नाम हैं वसन्त, ग्रीष्म, शरत् तथा शीत; er konnte nicht kommen, er war nämlich krank वह नहीं आ सका क्योंकि वह बीमार था ।

Napf, m (-[e]s/ ⸚e) कटोरा; छोटी चिलमची ।

Narb-e, f (-/-n) क्षतचिह्न, व्रणचिह्न, दाग़; bot: कुक्षि, वर्तिकाग्र; **~en,** v/t (h.) Felle: चमड़े पर से बाल साफ़ क०; Leder: चमड़े की सतह को दानेदार बनाना; **~ig,** adj. व्रणचिह्नयुक्त, दाग़ी, दाग़दार ।

Narko-se, f (-/-n) [griech.] निद्रावहन, संवेदनाहरण; अचैतन्य, संज्ञालोप, बेहोशी;**~tikum,** n (-s/-'ka) निश्चेतक, संवेदनाहारी; स्वापक, उपविष; **~tisch,** adj. अचेतन या बेहोश करने वाला; तन्द्राकर, स्वापक; **~tisieren,** v/t (h.) को अचेतन या बेहोश क०; को सुला देना (उपविष देकर) ।

Narr, m (-en/-en) विदूषक, भाँड़; मूर्ख, मूढ़;jdn. zum Narren halten किसी को उल्लू बनाना, किसी का मज़ाक़ उड़ाना; fig: einen Narren an etw./jdm. gefressen haben किसी वस्तु/व्यक्ति पर बुरी तरह फ़िदा होना, किसी वस्तु/व्यक्ति को बहुत अधिक चाहना; spw: Kinder und Narren reden die Wahrheit बच्चे और विदूषक सच बोलते हैं; **~en,** v/t (h.) को उल्लू बनाना, का मज़ाक़ उड़ाना; **~enkappe,** f विदूषक की टोपी; **~ensicher,** adj., fig.मूढ़स्पष्ट; जिसपर किसी मूर्ख व्यक्ति का प्रभाव न पड़े; **~enstreich,** m भँड़ैती, मसखरी;fig: बहुत बड़ी मूर्खता; **~etei,** f (-/-en) भँड़ैती, मसखरापन; मूर्खता; **~heit,** f (-/-en) →Narretei

närrisch, adj. भाँड़ों जैसा; मूर्खतापूर्ण; मूर्ख, पागल, बेवक़ूफ़; (lächerlich) हास्यास्पद, उपहास्य; U: बहुत, अधिक, घोर, अत्यन्त ।

Narzißmus, m (-) [griech.] आत्मासक्ति, आत्मरति ।

Narzisse, f (-/-n) [griech.] नरगिस ।

nasal, [lat.] 1. adj. अनुनासिक, नासिक्य; anat: नाक का, नासीय; 2. m (-s/-e) अनुनासिक वर्ण या ध्वनि; **~ieren,**v/t (h.)नाक से बोलना; अनुनासिक बनाना ।

naschen, v/t (h.) टूंगना, खाना, चुराकर खाना (विशेष रूप से मिष्टान्न आदि) ।

Näscherei f (-/-en) मिठाई, मिष्टान्न ।

nasch-haft, adj. मिठाईपसंद, अक्सर मिठाई आदि खाने वाला, चटोरा; **~katze,** f, U: मिठाईपसंद लड़की या स्त्री, चटोरी; **~werk,** n (-[e]s) मिठाई, मिष्टान्न ।

Nase, f (-/-n) नाक, नासा, नासिका; अग्रभाग, किसी वस्तु का बाहर को निकला हुआ भाग; fig: घ्राणशक्ति;

जन्मजात प्रवृत्ति या योग्यता, ज्ञान, पहचान; fig: eine gute Nase haben सूक्ष्म घ्राणशक्ति वाला होना; fig: eine feine Nase für etw. haben को किसी बात की पहचान होना; fig: die Nase hoch tragen घमंडी होना; fig: sich den Wind um die Nase wehen lassen संसार तथा जीवन का अनुभव प्राप्त क०; fig: sich an die eigene Nase fassen अपने दोषों को देखना; U: jdm. eine Nase drehen किसी की हँसी उड़ाना; U: jdn. an der Nase herumführen किसी को चलाना, किसी को भ्रम में डालना, किसी को उल्लू बनाना; U: jdm. auf der Nase herumtanzen किसी के साथ मनमानी क०, किसी की एक न सुनना, किसी के सिर पर नाचना; U: jdm. eins auf die Nase geben किसी की भर्त्सना क०, किसी को डाँटना-फटकारना; U: jdn. mit der Nase auf etw. stoßen किसी का ध्यान किसी बात की ओर स्पष्ट रूप से आकर्षित क०; U: jdm. etw. vor der Nase wegschnappen किसी चीज़ को जिसे दूसरा व्यक्ति प्राप्त करना चाहता हो उसके देखते-देखते हथिया लेना; U: seine Nase in etw. stecken किसी बात में दखल देना; U: Mund und Nase aufsperren बहुत आश्चर्यचकित होना; U: man muß ihm die Würmer aus der Nase ziehen उससे खोद-खोदकर पूछना पड़ता है (क्योंकि वह अपने आप कुछ नहीं बताता); U: man hat ihm einen jungen Mann vor die Nase gesetzt एक नवयुवक को उसके अफ़सर के पद पर बिठा दिया गया है; U: er ist immer mit der Nase vorn वह बड़ा कुतूहली है, वह हर बात में अपनी नाक घुसेड़ता है; U: seine Nase gefällt mir nicht मैं उसे पसंद नहीं करता हूँ, मुझे उससे नफ़रत है; U: er sieht nicht weiter als seine Nase वह दक़ियानूस है, वह संकीर्णमना है; वह अदूरदर्शी है; U: immer der Nase nach! बराबर या बिल्कुल नाक की सीध में (चलते जाइए!)।

näseln, v/i (h.) नाक से बोलना।

Nasen-bein, n नाक की हड्डी, नासास्थि; ~**bluten**, n (-s) नकसीर फूटना; ~**flügel**, m नथना; ~**höhle**, f नासिका-विवर; ~**lang**: alle nasenlang बहुत अक्सर, बार-बार, रोज़-रोज़; ~**länge**, f: fig: jdm. um eine Nasenlänge voraus sein किसी से थोड़ा-सा आगे होना; ~**laut**, m अनुनासिक वर्ण या ध्वनि; ~**loch**, n नासारंध्र, नासाछिद्र; ~**ring**, m नासा-वलय, नकेल; नथ, नथनी; ~**stüber**, m नाक पर किया गया हल्का-सा प्रहार।

nas-eweis, adj. जिज्ञासु, कुतूहली; ढीठ, गुस्ताख़; ~**führen**, v/t (h.) को भ्रम में डालना, को उल्लू बनाना, को चलाना; ~**horn**, n गैंडा, गंडक।

naß, 1. adj. भीगा, तर, नम, आर्द्र, गीला; 2. n (-'sses) poet: तरल पदार्थ; वृष्टिजल; पेय।

Nassauer, m (-s/-) U: हरामख़ोर, हराम की खाने वाला, हराम का ऐश करने वाला; ~**n**, v/i (h.) हराम की खाना, हराम का ऐश क०।

Nässe, f (-) नमी, तरी, आर्द्रता; ~**n**, 1. v/t (h.) भिगोना, तर क०, गीला क०, आर्द्र बनाना; 2. v/i (h.) से पानी निकलना (घाव आदि से)।

naß-forsch, adj., U: निर्लज्ज, बेशर्म; गुस्ताख़, बेलिहाज़; ~**kalt**, adj. ठंडा तथा नम।

Nation, f (-/-en) [lat.] राष्ट्र; क़ौम; ~**al**, adj. राष्ट्रीय; क़ौमी; राष्ट्रवादी।

National-bewußtsein, n राष्ट्र-चेतना, देशभक्ति; ~**charakter**, m राष्ट्रीय विशेषता, राष्ट्रगत वैशिष्ट्य; ~**farben**, f/pl. राष्ट्रीय ध्वज के रंग; ~**feiertag**,

m राष्ट्रीय स्मरणोत्सव-दिवस (गणतंत्र दिवस,स्वतंत्रतादिवस आदि); ~flagge, f राष्ट्रीय ध्वज; ~gefühl, n → Nationalbewußtsein; ~hymne, f राष्ट्रगान; ~isiseren, v/t (h.) का राष्ट्रीयकरण क०; ~isierung, f (-/-en) राष्ट्रीयकरण; ~ismus, m (-/-'men) राष्ट्रवाद, राष्ट्रीयता; ~ist, m (-en/-en) राष्ट्रवादी; ~istisch, adj. राष्ट्रवाद-संबंधी, राष्ट्रवाद पर आधारित, राष्ट्रवादी; ~ität, f (-/-en) राष्ट्रिकता, राष्ट्रीयता,नागरिकता; ~mannschaft, f राष्ट्रीय टीम; ~ökonom, m अर्थशास्त्री; ~ökonomie,f (राजकीय) अर्थशास्त्र; अर्थनीति, राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था; ~sozialismus, m राष्ट्रीय समाजवाद, नाज़ीवाद, नात्सीवाद; ~tracht, f राष्ट्रीय पोशाक या पहनावा ।

Nativität, f (-/-en) [lat.] astrol: जन्मनक्षत्र, जन्मकुंडली, जन्मपत्री ।

Natr-ium, n (-s) [arab.] क्षारातु, सोडियम; ~on, n (-s) U: विक्षार, सोडा; क्षारा, सज्जी ।

Natter, f (-/-en) सर्प, साँप, ज़हरीला साँप, गेहुअन; fig: eine Natter am Busen nähren आस्तीन में साँप पालना; ~nbrut, f, fig: द्वेषी तथा विश्वासघाती व्यक्ति ।

Natur, f (-) [lat.] प्रकृति, क़ुदरत, निसर्ग, सृष्टि; (Körper-beschaffenheit) शरीररचना, शरीर-गठन; (unberührte Landschaft) अछूती भूमि, जंगल या खुला मैदान आदि; (pl: Naturen)प्रकार; स्वभाव, प्रकृति, मिज़ाज; मनुष्य, इंसान; das liegt in seiner Natur यह तो उसका स्वभाव है;die Stimme der Natur नैसर्गिक प्रवृत्ति; er hat eine eiserne Natur वह बहुत हट्टा-कट्टा है; er ist von Natur aus großzügig वह स्वभाव से ही उदार (या वदान्य) है; ich kann meine Natur nicht ändern मैं अपने स्वभाव को तो नहीं बदल सकता; er ist eine ängstliche Natur वह (स्वभाव से ही) डरपोक इंसान है; Fragen grundsätzlicher Natur सैद्धान्तिक (प्रकार के) प्रश्न; das geht mir gegen/wider die Natur यह मेरे स्वभाव के प्रतिकूल है; इससे मुझे सख्त नफ़रत है; das liegt in der Natur der Sache यह बात ही इस प्रकार की है ।

Naturalien, pl. [lat.] प्राकृतिक उत्पाद, प्राकृतिक खाद्य-सामग्री; कच्चा माल; प्रकृतिवृत्त-प्रादर्श ।

Naturalis-ation, f (-/-en) [lat.] नागरिकता-प्रदान, देशीकरण; ~ieren, v/t (h.) को नागरिकता प्रदान क०, को नागरिक बनाना; ~ierung, f → Naturalisation

Naturalis-mus, m (-) [lat.] प्रकृतवाद, प्रकृतिवाद; ~t, m (-en/-en) प्रकृति-वादी; ~tisch,adj. प्रकृतिवाद-संबंधी, प्रकृतिवाद का, प्रकृतिवादी ।

Natur-bursche, m गँवार, उजड्ड; ~ell, 1. adj. प्राकृतिक, क़ुदरती, प्राकृत, अरंजित; 2. n (-s/-e) स्वभाव, प्रकृति, मिज़ाज; ~farben, adj. क़ुद-रती रंग का; ~gemäß, adj. स्वभाव-गत; प्राकृतिक, क़ुदरती; ~geschichte, f → Naturkunde; ~gesetz, n प्राकृतिक नियम, प्रकृति-नियम, नैसर्गिक नियम; ~getreu, adj. प्राकृतिक रूप से बिल्कुल मिलता-जुलता; ~heil-kunde, f प्राकृतिक चिकित्सा-शास्त्र, प्राकृतिक चिकित्साविज्ञान; ~ka-tastrophe,f प्राकृतिक महाविपत्ति (जैसे भूकम्प, बाढ़ आदि); ~kunde, f प्रकृति-वृत्त; प्रकृतिविज्ञान ।

natürlich, 1. adj. प्राकृतिक, प्राकृत, प्रकृत, क़ुदरती; स्वाभाविक; (nicht künstlich) अकृत्रिम, असली; (un-gezwungen) सहज, स्वाभाविक,अनौप-चारिक, सरल, सरलस्वभाव;(einfach) साधारण, सामान्य, सादा; (selbst-verständlich)प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, स्वाभा-

विक; Kind: जारज, विवाहेतर, अवैध; 2. adv. बिल्कुल, ज़रूर, अवश्य, हर हालत में; स्वाभाविक रूप से; सहज ही, स्वभावत:; **~keit,** f (-) प्राकृतिकता; अकृत्रिमता; स्वाभाविकता; अनौपचारिकता; सारल्य, सरलस्वभाव; सादापन; सुस्पष्टता।

Natur-mensch, m आदिम व्यक्ति; प्रकृतिप्रेमी; → Naturbursche; **~produkt,** n प्राकृतिक उत्पाद; **~recht,** n स्वभावगत धर्म; **~rein,** adj. विशुद्ध, अमिश्रित, बिना मिलावट का; **~religion,** f प्रकृति-पूजा; **~schutz,** m प्रकृति-रक्षा, वन तथा वन्य जीवों की रक्षा; **~schutzgebiet,** n प्रकृतिरक्षा-क़ानून के अंतर्गत आरक्षित क्षेत्र, आरक्षित वन; **~trieb,** m नैसर्गिक प्रवृत्ति; **~volk,** n आदिम जाति; **~widrig,** adj. प्रकृति के विरुद्ध, अप्राकृतिक; **~wissenschaft,** f प्राकृतिक विज्ञान; **~wissenschaftler,** m वैज्ञानिक, विज्ञानी; **~wissenschaftlich,** adj. विज्ञान का, विज्ञान-, विज्ञान पर आधारित, वैज्ञानिक; **~wüchsig,** adj. प्राकृतिक, प्राकृत, क़ुदरती; मौलिक; **~zustand,** m आद्यावस्था, मूलावस्था; नग्नावस्था; fig: अछूतापन।

Nauti-k, f (-) [lat./griech.] नाविकी, नौविद्या; **~ker,** m (-s/-) नौविद्याविद्, नाविकी में प्रवीण आदमी; **~sch,** adj. नावीय, नाविकी-विषयक, नाविकी पर आधारित।

Navig-ation, f (-) [lat.] नौसंचालन; विमान-संचालन; **~ieren,** v/i (h.) नौसंचालन क०; विमान-संचालन क०; मार्ग-निर्देशन क० (विमान या जहाज़ का)।

Nazi, m (-s/-s) U: नात्सी, नाज़ी; **~smus,** m (-) U: → Nationalsozialismus

Nebel, m (-s/-) कोहरा, कुहरा, कुहासा, धुंध; astron: नीहारिका; **~haft,** adj., fig: धुंधला, अस्पष्ट; **~horn,** n, mar: कोहरे के समय प्रयोग किया जाने वाला भोंपू; **~ig,** adj. कुहरेदार, कोहरे से ढका हुआ; धुंधला; **~lampe,/~leuchte,** f, mot: कोहरा-बत्ती, कोहरे के समय प्रयोग की जाने वाली कार आदि की बत्ती; **~n,** v/i (h.) कोहरा पड़ना; **~schleier,** m कोहरे की चादर, कोहरे की हल्की परत।

neben, präp. 1. (+dat.& akk.) के समीप, के पास, के बाज़ू में, की बग़ल में; 2. (+dat.) के अतिरिक्त, के अलावा, के साथ-साथ; की तुलना में, के सामने; das Buch liegt neben dem Telefon किताब टेलीफ़ोन के पास रखी है; legen Sie das Buch neben das Telefon! किताब को टेलीफ़ोन के पास रख दीजिए!; neben seinem Studium ist er noch berufstätig पढ़ाई के साथ-साथ वह नौकरी भी करता है; neben seinem Bruder wirkt er schwach अपने भाई की तुलना में वह कमज़ोर लगता है।

neben-amtlich, adj. उपपदीय; अंशकालिक, खंडकालिक; **~an,** adv. पास में, बग़ल में; बग़ल के घर में; पड़ोस में; **~anschluß,** m, tel: मुख्य टेलीफ़ोन से जुड़ा हुआ टेलीफ़ोन या उसका नम्बर; उप-दूरभाष; **~arbeit,** f अतिरिक्त काम, साथ-साथ किया हुआ अमहत्वपूर्ण काम; **~bedeutung,** f सम्पृक्तार्थ, दूसरा (कम महत्वपूर्ण) अर्थ; **~bei,** adv. (nebenher) साथ-साथ, साथ ही; इसके अतिरिक्त; (beiläufig) यों ही, खास तौर पर नहीं; **~beruf,** m उपजीविका, उपव्यवसाय; **~beruflich,** adj. उपजीविका का, उपव्यावसायिक; **~beschäftigung,** f उपवृत्ति; उपव्यवसाय, उपजीविका; **~buhler,** m प्रतिद्वन्द्वी; प्रतिस्पर्धी; **~einander,** 1. adv. एक दूसरे के पास, पास-पास, अगल-बगल; (gleichzeitig) एक साथ, एक ही समय; 2. n (-s) सामीप्य; सहास्तित्व; **~eingang,** m उपद्वार, पास या बग़ल का दरवाज़ा; **~einkünfte,/~einnahmen,** f/pl.

अतिरिक्त आय, ऊपरी आमदनी, अनुलाभ; ~**erzeugnis,** n उपोत्पाद; ~**fach,** n गौण विषय, वैकल्पिक या ऐच्छिक विषय; ~**fluß,** m सहायक नदी, उपनदी; ~**frau,** f उपपत्नी, रखैल; ~**gebäude,**n उपभवन, उपगृह; ~**geschmack,**m→Beigeschmack; ~**her,** adv. साथ-साथ, (के) साथ में; →nebenbei; ~**hin,** adv. साथ-साथ; यों ही, खास तौर पर नहीं; ~**kosten,** pl. अतिरिक्त व्यय; ~**linie,** f, Verkehrslinie: → Nebenstrecke; Stammbaum: शाखा, उपशाखा; ~**mann,** m बग़ल में खड़ा या बैठा व्यक्ति; ~**produkt,** n→ Nebenerzeugnis; ~**sache,**f महत्वहीन बात, गौण बात; ~**sächlich,** adj. महत्वहीन, गौण, नगण्य, अनावश्यक, बेकार; ~**sächlichkeit,** f (-/-en) बेकार का काम, बेकार की बात, महत्वहीन काम या बात; ~**satz,** m उपवाक्य; ~**sinn,** m अतिरिक्त अर्थ, दूसरा अर्थ; ~**stelle,** f, Büro: शाखा-कार्यालय; tel: → Nebenanschluß; ~**straße,**f मुख्य सड़क के पास की छोटी सड़क; ~**strecke,** f मुख्यमार्ग से हटकर निकलने वाला कम महत्वपूर्ण (रेल)मार्ग, उप(रेल)मार्ग; ~**verdienst,** m अतिरिक्त आय; ~**wirkung,** f med: अनुषंगी प्रभाव; ~**zimmer,** n बग़ल का कमरा।

neblig, adj. →nebelig

nebst, präp. (+dat.) के साथ; के अतिरिक्त; को मिलाकर, को शामिल करके।

neck-en, v/t (h.) से मज़ाक़ क०, से छेड़छाड़ क०, को प्यार से चिढ़ाना; छेड़ना या तंग क०; spw: was sich liebt, das neckt sich जो आपस में प्यार करते हैं वे एक दूसरे को चिढ़ाते भी हैं, प्यार में छेड़छाड़ तो होती ही है; ~**erei,** f (-/-en) छेड़छाड़, प्रेमपूर्ण छेड़खानी, प्यार से चिढ़ाना; हँसी-मज़ाक़; ~**isch,** adj. छेड़छाड़ करने वाला, हँसी-मज़ाक़ करने वाला; मनोहर, आकर्षक,ललित;चोचलेबाज़, नखरेबाज़; हास्यकर, विचित्र।

ne(e), adv. → nein

Neffe, m (-n/-n) भतीजा; भांजा।

Negation, f (-/-en) [lat.] नकार, इनकार, नास्तिवचन।

[1]**negativ,** adj. [lat.] नकारात्मक, नकारी, नहिक;(ungünstig) प्रतिकूल, ख़राब, हानिकर; math: ऋणात्मक।

[2]**Negativ,** n (-s/-e) phot: नहिक, निगेटिव।

Neger, m (-s/-) [span./lat.] हब्शी, नीग्रो।

negier-en, v/t (h.) [lat.] को नकारना या अस्वीकार क०, का खंडन क०; ~**ung,** f (-/-en) खंडन, अस्वीकरण, नकार।

Negligé, n (-s/-s) [frz.] प्रातःकाल पहनने की ढीली-ढाली ज़नानी पोशाक; स्त्रियों का सवेरे का गाउन।

nehmen, v/t (h.) लेना, ले लेना, प्राप्त कर लेना, ग्रहण क०, उठाना, उठा लेना; (wegnehmen) छीन लेना; (annehmen) स्वीकार क०; (verlangen) माँगना (शुल्क, मूल्य आदि); (verwenden) प्रयोग क०, इस्तेमाल क०; (einnehmen) सेवन क०, खाना; जीत लेना; nehmen Sie Platz!स्थान ग्रहण कीजिए!,बैठ जाइए!; nehmen Sie noch eine Tasse Tee? क्या आप एक प्याला चाय और लेंगे?; ein Taxi nehmen टैक्सी लेना; etw. aus dem Schrank nehmen किसी वस्तु को अलमारी से निकालना; ein Mädchen zur Frau nehmen किसी लड़की से विवाह कर लेना या क०; er hat sich einen Diener genommen उसने एक नौकर रख लिया है; er nimmt zwanzig Mark für die Stunde वह (एक) घंटे के बीस मार्क माँगता (या लेता) है; sie nimmt Unterricht in Englisch वह अँग्रेज़ी

सीखती है (किसी से); वह अँग्रेज़ी सीख रही है; sie nimmt nur Öl zum Kochenवह भोजन बनाने के लिए केवल तेल का प्रयोग करती है; Tabletten nehmen टिकियाँ खाना; jdn. zu sich nehmenकिसी को अपने यहाँ रख लेना; etw. an sich nehmen किसी वस्तु को हथिया लेना या अधिकार में कर लेना; etw. auf sich nehmen किसी बात की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ले लेना;U: jdn. zu nehmen wissen किसी के साथ उपयुक्त व्यवहार करने की क्षमता रखना, किसी के साथ उस के स्वभाव के अनुकूल व्यवहार क० या इस की क्षमता रखना।

Neid, m (-[e]s) ईर्ष्या, जलन, असूया, डाह, मत्सर; reden kann er, das muß ihm der Neid lassen इस बात को तो मानना पड़ेगा कि वह वाक्पटु है, यह तो मानना ही पड़ेगा कि वह अच्छा बोल लेता है; U: sie platzte fast vor Neid उसे बहुत अधिक ईर्ष्या हुई; **~en,** v/t (h.): jdm. etw. neiden किसी से किसी बात की डाह क०; **~er,** m (-s/-) ईर्ष्या करने वाला, जलने वाला, डाही; **~hammel,** m, U: → Neider; **~isch,** adj. ईर्ष्यालु, डाही, जलने वाला; **~los,** adj. ईर्ष्या से परे, ईर्ष्यारहित, डाह न करने वाला।

Neige, f (-) ढाल, प्रावण्य; ह्रास, अवसान, अंत; अवशेष; der Tag geht zur Neige दिन ढलने वाला है; ein Glas bis zur Neige leeren गिलास पूरी तरह खाली कर देना; fig: er mußte den Kelch bis zur Neige leeren उसे कष्ट या मुसीबत को अंत तक झेलना पड़ा (या पूरी तरह झेलना पड़ा)।

neig-en, 1. v/t (h.) झुकाना; तिरछा क०; ढलवाँ बनाना; den Kopf neigen सिर झुकाना; fig: jdm. sein Ohr neigen किसी की बात सुनना; 2. v/i (h.) fig: zu etw. neigen किसी बात में रुचि, रुझान होना, किसी बात की ओर झुकाव रखना या होना; किसी बात के लिए तैयार रहना; fig: er neigt zu Erkältungen उसे सर्दी आसानी से लग जाती है; fig: ich neige zu der Ansicht, daß...मेरा विचार है कि...; **~ung,** f (-/-en) झुकना, झुकाना; (Schrägstellung) झुकाव, आनति, नति; ढाल; fig: (Hang) प्रवृत्ति, झुकाव, अभिरुचि, रुझान; fig: (Zuneigung) स्नेह, प्यार, चाहत; **~ungsehe,** f प्रेमविवाह।

nein, 1. adv. नहीं; er kann nicht nein sagen वह नहीं तो कभी करता नहीं है, उसके मुँह से नहीं का शब्द तो कभी निकलता ही नहीं है, वह बहुत परोपकारी तथा दयालु है; nein, und nochmals nein! नहीं, कभी नहीं!; 2. n (-s) नकार; इनकार, अस्वीकृति; er antwortete mit einem klaren Nein उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया; **~sager,** m (-s/-) हर बात को अस्वीकार कर देने वाला, हर बात में नहीं करने या कहने वाला।

Nektar, m (-s) [griech.] अमृत, सुधा; bot: मकरन्द, मधुरस।

Nelke, f (-/-n) लवंगपद्म; Gewürz: लौंग, लवंग।

nenn-en, v/t (h.) (का नाम लेकर) उल्लेख क०, को नामोद्दिष्ट क०; बताना, की चर्चा क०; कहना; (bezeichnen als) को नाम देना, का नाम रखना, के नाम से पुकारना; er nannte das Kind nach seinem Vater उसने बच्चे को अपने पिता का नाम दिया;das nennt man Glück! इसे तक़दीर कहते हैं!; er nannte sich mein Freund वह मेरा मित्र होने का दावा करता था, वह मेरा मित्र बनता था; nennen Sie mir bitte Ihren Namen! मुझे अपना नाम बताइए!; **~enswert,** adj. उल्लेखनी ; **~er,** m (-s/-) math:

-हर;fig: auf einen (gemeinsamen) Nenner bringen को समान स्तर पर लाना; को समान बनाना, में सामंजस्य उत्पन्न क०; **~fall,** m, gramm: प्रथमा, कर्त्ता कारक; **~form,** f, gramm: क्रिया का मूल रूप, अकाल क्रिया, क्रियार्थक संज्ञा; **~ung,** f (-/-en) उल्लेख, चर्चा, नामोल्लेख; नामकरण; sport: प्रतियोगियों की सूची में नामांकन; **~wert,** m अंकित मूल्य; **~wort,** n,gramm: संज्ञा ।

Nepal-ese, m (-n/-n) नेपाल-निवासी, नेपाली; **~esisch,** adj. नेपाल का, नेपाली ।

Nepp, m (-s) [hebr.] U: ठगई, लूट, बहुत अधिक मूल्य वसूल क०; **~en,** v/t (h.) को ठगना या लूटना, से बहुत अधिक मूल्य वसूल क०; **~er,**m(-s/-) U: ठग, लुटेरा, बहुत ऊँचे दाम वसूल करने वाला; **~lokal,** n, U: मधुशाला जिसमें ग्राहकों को ठग लिया जाए ।

Nerv, m (-s/-en) [lat.] anat: चेता, स्नायु, नस, तंत्रिका; bot: नाड़ी, तंत्रिका; U: er hat Nerven wie Drahtseile वह जल्दी उत्तेजित नहीं होता है, वह अत्यन्त साहसी(या धैर्यवान) है; U: er hat den Nerv, das zu tun उसमें यह करने का साहस है; वह इतना गुस्ताख है कि वह ऐसा कर सकता है;U: jdm. auf die Nerven gehen/fallenकिसी को तंग क०, किसी की नाक में दम किए रहना; किसी को नागवार होना; U: jdm. den letzten Nerv töten किसी को बेहद तंग क०, किसी के साथ ऐसा आचरण क० कि वह अपना रहा-सहा आत्मनियंत्रण भी खो बैठे; U: die Nerven verlieren आत्मनियंत्रण खो देना, अधीर हो जाना; घबरा जाना, डर जाना;U: Sie haben vielleicht Nerven! आप भी कमाल की हद करते हैं!; **~enarzt,** m चेता-रोग-चिकित्सक, स्नायविक रोगों का चिकित्सक; **~enaufreibend,** adj. अत्यन्त श्रमसाध्य; अत्यन्त कष्टप्रद; **~enbündel,**n, fig: अत्यन्त उत्तेजनाशील व्यक्ति; **~enheilanstalt,** f मानसिक चिकित्सालय; पागलखाना; **~enkitzel,** m (-s/-) रोमांच, रोमहर्ष, सिहरन; **~enkrank,** adj. चेता-रोग से पीड़ित, स्नायविक रोग से पीड़ित; **~enkrankheit,** f / **~enleiden,** n चेता-रोग;तंत्रिका-रोग, स्नायु-रोग; **~ensäge,** f, U: बहुत तंग करने वाला व्यक्ति, नाक में दम करने वाला इन्सान; **~enschwach,** adj. कमज़ोर स्नायुतंत्र वाला, शीघ्र ही उत्तेजित हो जाने वाला; **~ensystem,** n स्नायुतंत्र, तंत्रिकातंत्र; **~enzusammenbruch,** m स्नायुतंत्र का जवाब दे जाना,स्नायविक दुर्बलता के परिणामस्वरूप अधीरता, विषाद, क्रोध आदि का दौरा; **~ig,** adj. नसदार; शक्तिशाली, तगड़ा; **~lich,** adj. स्नायुतंत्र-संबंधी, स्नायुतंत्र का, स्नायविक; **~ös,** adj.स्नायविक, स्नायुतंत्र-संबंधी; उत्तेजनशील; उत्तेजित, अधीर, विकल, व्यग्र; **~osität,** f (-) उत्तेजनशीलता; घबराहट, अधीरता, व्यग्रता, उत्तेजना ।

Nerz, m (-es/-e) [slaw.] विस्रक या उसका लोमयुक्त चर्म; U: विस्रक के लोमयुक्त चर्म का ओवरकोट ।

[1]**Nessel,** f (-/-n) बिच्छू-बूटी, बिछुवा, दंशरोम; U: sich in die Nesseln setzen जान-बूझकर परेशानी या झंझट में पड़ जाना ।

[2]**Nessel,**m(-s/-) मोटे धागे का कपड़ा ।

Nessel-fieber, n / **~sucht,** f, med: पित्ती, शीतपित्त, उत्कोठ ।

Nest, n (-es/-er) घोंसला, नीड़; U: घर; बिस्तर; U:(kleine Ortschaft) छोटा-सा गाँव; fig: लुक-छिपकर मिलने का स्थान;बदमाशों आदि का अड्डा;fig: sein eigenes Nest beschmutzen अपनों की निन्दा क०; U: sich ins warme/gemachte Nest setzenबिना परिश्रम के अच्छे पद पर पहुँच जाना

या ऐश्वर्य को प्राप्त कर लेना; अमीर लड़के या लड़की से विवाह कर लेना ।

nesteln, v/i (h.): an etw. nesteln किसी वस्तु को हड़बड़ाकर खोलने का प्रयत्न क०; किसी वस्तु का हस्तोपचार क० ।

Nest-flüchter, m घोंसले से निकल आया हुआ चिड़िया का बच्चा; अंडे से निकलने के शीघ्र बाद ही घोंसला छोड़ देने वाली चिड़िया; **~häkchen**, n (-s/-) बहुत दिनों तक घोंसला न छोड़ने वाला चिड़िया का बच्चा; नीड़-शावक, गेदा; fig: सबसे छोटा बच्चा; **~hocker**, m (-s/-) बहुत दिनों तक आत्मनिर्भर न होने वाला चिड़िया का बच्चा; **~ling**, m (-s/-e) गेदा, नीड़-शावक; fig: बहुत छोटा बच्चा; **~wärme**, f, fig: घर-परिवार का सुख, परिवार के साथ रहने वाले की निश्चिन्तता ।

nett, adj. [frz.] सौम्य, भद्र, व्यवहार-शील; सहयोगशील, कृपालु, मेहरबान; (hübsch) सुन्दर, आकर्षक, मनोरम; (angenehm) प्रिय, सुखद, अच्छा लगने वाला; U: काफ़ी, अधिक; अच्छा, मज़ेदार, बढ़िया; U: das hat ein nettes Sümmchen gekostet इसमें काफ़ी पैसा लग गया, इसके लिए बहुत धन व्यय करना पड़ा; U: das ist ja eine nette Geschichte यह तो बड़ी ख़राब (या गड़बड़) बात है; **~igkeit**, f (-/-en) सौम्यता, भद्रता, व्यवहार-शीलता; सहयोगशीलता, कृपालुता, मेहरबानी; मनोरमता; सुखदता; प्रशंसोक्ति, मीठी बात, भद्रतापूर्ण बात ।

netto, adv. [ital.] कर या व्यय आदि निकालकर, शुद्ध लाभ के रूप में, शुद्ध, वास्तविक; **~gewicht**, n शुद्ध भार; **~lohn**, m कर आदि निकालकर बचा हुआ वेतन, शुद्ध आय; **~preis**, m शुद्ध मूल्य, न्यूनतम मूल्य ।

Netz, n (-es-/e) जाल, पाश, जाली; कोई भी जालवत् वस्तु; (verzweigte Anlage) तंत्र; (Linienwerk) जालीदार लकीरें; einer Spinne: जाला, जाली; anat: प्रतान; वपाजाल; el: बिजली, विद्युत्-व्यवस्था, घरेलू उपयोग की बिजली; fig: ein Netz von Lügen झूठ का जाल; fig: sich im eigenen Netz verstricken अपने ही जाल में फँस जाना; fig: jdm. ins Netz gehen किसी के जाल में फँस जाना; **~anschluß**, m, el: बिजली, बिजली का कनेक्शन, बिजली का सॉकेट; **~auge**, n, zool: संयुताक्षि; **~ball**, m, Tennis: जाल से टकराकर निकली हुई गेंद ।

netzen, v/t (h.) भिगोना, गीला क०, नम क०, आर्द्र क० ।

Netz-haut, f, anat: मूर्तिपट, दृष्टि-पटल; **~karte**, f टिकट जिससे क्षेत्र-विशेष के अंदर-अंदर अनेक बार यात्रा की जा सके; **~magen**, m रोमन्थक पशुओं का द्वितीय आमाशय; **~spannung**, f, el: घरेलू उपयोग की बिजली की दाब या वोल्टता; **~werk**, n जाल, जाली, कोई भी जालवत् वस्तु ।

neu, adj. नवीन, नूतन, नया; बिना इस्तेमाल किया हुआ; ताज़ा, हाल का; (aktuell) आधुनिक, सामयिक, साम्प्रतिक, वर्तमान; neuere Sprachen अपेक्षाकृत आधुनिक भाषायें; die neuesten Nachrichten नवीनतम समाचार, बिल्कुल ताज़ी ख़बरें; seit neuestem अभी कुछ ही दिनों से; aufs neue [von neuem] [auf ein neues] फिर से, दुबारा; was gibt's Neues? क्या नए समाचार हैं?; das ist mir neu इसका मुझे पता नहीं था, मेरे लिए यह एक नवीन समाचार है; U: er ist neu hier वह यहाँ अभी नया-नया आया है; **~artig**, adj. नए प्रकार का; **~ausgabe**, f नवीन संस्करण; **~bau**, m नवनिर्मित भवन, नया मकान; पश्चिमी जर्मनी में सन् 1949 के बाद बनीं इमारतें; **~bearbeitung**, f संशोधन; संशोधित संस्करण; **~belebung**, f पुनरुज्जीवन; पुनरुद्धार; पुन:प्रवर्तन; **~bildung**, f नए शब्द का

निर्माण, नवनिर्मित शब्द; हेरफेर, नव-निर्माण; med: नववृद्धि; ~erdings, adv. अभी कुछ ही दिनों से; हाल (ही) में; ~erer, m (-s-) प्रवर्तक; ~erlich, 1. adj. नया, नवीकृत, फिर से किया गया; 2. adv. →neuerdings; ~erscheinung, f नया प्रकाशन, नवप्रकाशित पुस्तक; नवीनता, नई बात; ~erung, f(-/-en) नवीकरण, नवीनीकरण; अभिनव परिवर्तन; नवीनता, नवाचार, नई बात; सुधार; ~estens, adv. → neuerdings; ~fassung, f संशोधन; संशोधित संस्करण; ~geboren, adj. नवजात; fig: स्फूर्तिमय; ~gier(de), f (-) जिज्ञासा; कुतूहल; ~gierig, adj. जिज्ञासु; कुतूहली; ~heit, f (-/-en) नवीन उत्पाद;नया आविष्कार;नई बात; नवाचार; o.pl: नवीनता, नयापन: ~hochdeutsch, 1. adj. नवीन उच्च जर्मन का; 2. n (-[s]) नवीन उच्च जर्मन भाषा; ~igkeit, f (-/-en) नया समाचार, नई खबर; नवाचार, नई बात; ~jahr, n नववर्ष का प्रारंभ, साल का पहला दिन; ~land, n नवविकसित कृषिभूमि; अछूती भूमि; fig: नया विषय, नया कार्यक्षेत्र; ~lich, adv. हाल (ही) में, अभी थोड़े दिन पहले; ~ling, m (-s/-e) नौसिखिया; ~modisch, adj. नए ढंग या फ़ैशन का, आधुनिक; ~mond, m अमावस, अमावस्या ।

neun, 1. adj. नौ, नव; 2. f नौ की संख्या; नौ नंबर की बस या ट्राम; ~eck, n नवभुज; ~erlei, adj. नौ प्रकार का, नौ प्रकार के; ~fach,/ ~fältig, adj. नौगुना; ~hundert, adj. नौ सौ; ~jährig, adj. नौ साल का; ~malklug, adj., U: स्वयम् को सबसे अधिक होशियार समझने वाला; ~tägig, adj. नौ दिनों तक चलने वाला; ~tausend, adj. नौ हज़ार; ~tel, n नवाँ भाग; ~zehn, adj. उन्नीस; ~zig, adj. नब्बे ।

Neuphilolog·e, m आधुनिक भाषाओं के क्षेत्र में काम करने वाला भाषावैज्ञानिक; ~ie, f आधुनिक-भाषा-विज्ञान, आधुनिक भाषाओं का विज्ञान ।

Neuralg·ie, f (-/-n) [griech.] तंत्रिकार्ति, चेताशूल, तंत्रिकाशूल; ~isch, adj. तंत्रिकीय, तांत्रिक्य; तंत्रिकाशूल-संबंधी; fig: संगीन, नाज़ुक ।

neureich, adj. नया अमीर,जो अचानक अमीर बन गया हो ।

Neurolog·e, m (-n/-n) [griech.] चेता-रोग-विशेषज्ञ, स्नायविक रोगों का विशेषज्ञ चिकित्सक; ~ie, f (-) तंत्रिका-विज्ञान,चैतिकी, चेतावैकारिकी; ~isch, adj. तंत्रिकाविज्ञान-संबंधी, चैतिकी-विषयक,चैतिकी पर आधारित ।

Neuro·se, f (-/-n) [griech.] चेतारुजा, तंत्रिका-व्यतिक्रम; मनस्ताप, आधि, मानसिक रोग; ~tiker, m (-s/-) रुग्णतंत्रिक; मानसिक रोगी; ~tisch,adj.रुग्णतंत्रिक जैसा;मानसिक रोगियों जैसा; तंत्रिका-व्यतिक्रम-संबंधी ।

Neuschnee, m नई बरफ़, हाल ही में गिरी हुई बरफ़ ।

Neusee-land, n न्यूज़ीलैंड; ~länder, m (-s/-) न्यूज़ीलैंड-निवासी; ~ländisch, adj. न्यूज़ीलैंड का ।

Neu-silber, n नक़ली चाँदी; ~sprachler, m (-s/-)→Neuphilologe; ~stens, adv. →neuestens

neutral, adj. [lat.] तटस्थ; उदासीन; निष्पक्ष; chem: मध्यग, उदासीन; gramm: नपुंसकलिंग; U: अविशेष; सादा; हर रंग से मेल खाने वाला; ~isation, f →Neutralisierung; ~isieren, v/t (h.) को तटस्थ घोषित कर देना; को तटस्थ बना देना; को निष्प्रभाव या बेअसर कर देना;chem: ~isierung, f (-) तटस्थीकरण; निष्प्रभावन; उदासीनीकरण; ~ität, f तटस्थता; निष्पक्षता; मध्यगता; उदासीनता ।

Neutrum, n (-s/-'tra;-'tren) [lat.]

gramm: नपुंसकलिंग, नपुंसकलिंग शब्द ।

Neutron, n (-s/-en) [lat./griech.] क्लीवाणु, न्यूट्रॉन ।

neu-vermählt, adj. नवविवाहित; **~wert,** m किसी वस्तु का मूल्य जब वह नई हो; **~wertig,** adj. नया जैसा; **~zeit,** f आधुनिक युग; **~zeitlich,** adj. आधुनिक युग का ।

nicht, adv. नहीं, न, मत;nicht doch! नहीं भाई!, अरे रहने भी दो भाई!; bitte nicht! कृपया यह मत कीजिए!, मेहरबानी करके यह मत कीजिए; das gefällt Ihnen, nicht (wahr)? यह आपको अच्छा लगता है न?; er wird morgen kommen, nicht (wahr)? यह सच है न कि वह कल आएगा ?

nicht-amtlich, adj. अराजकीय, ग़ैर-सरकारी, अशासकीय; अनधिकारिक; **~angriffspakt,** m अनाक्रमण-समझौता ।

Nichte, f (-/-n) भतीजी; भांजी ।

nichtig, adj. महत्वहीन, मूल्यहीन; व्यर्थ, बेकार, निष्फल;jur: अप्रामाणिक, अमान्य; अकृत, रद्द;etw. für nichtig erklären किसी बात को अकृत या रद्द घोषित कर देना;null und nichtig अकृत और शून्य; **~keit,** f (-/-en) o. pl., jur: अप्रामाणिकता, अमान्यता; अकृति; o. pl: (Wertlosigkeit) महत्वहीनता, मूल्यहीनता; व्यर्थता, निष्फलता; (wertlose Sache) महत्व-हीन, बेकार वस्तु या बात ।

Nicht-leiter, m, el: अचालक; **~raucher,** m धूम्रपान न करने वाला ।

nichts, 1. indefinitpron. कुछ नहीं, कुछ भी नहीं; das ist nichts für mich इसमें मेरी कोई रुचि नहीं; यह मेरे मतलब की चीज़ नहीं है; यह मेरे योग्य नहीं है; für nichts und wieder nichts बिल्कुल व्यर्थ (ही) में; U: mir nichts, dir nichts...यों ही, बिना कुछ कहे-सुने, बिना पूछे, बिना सोचे-विचारे; U: die Schuhe gingen weg wie nichts (ये) जूते बड़ी जल्दी बिक गए; 2. n (-) विनाश, तबाही; साधनों का पूर्ण अभाव; (Wertloses) तुच्छ, नगण्य, महत्वहीन वस्तु या बात; नाचीज़, नगण्य या बिना किसी हस्ती का आदमी;philos: अनस्तित्व, असत्व; शून्य; अवस्तु; vor einem/dem Nichts stehen का सर्वनाश हो जाना।

Nichtschwimmer, m जिसको तैरना नहीं आता हो ।

nichtsdesto-trotz,/~weniger, adv. तथापि, फिर भी ।

Nichts-könner, m नाकारा, निकम्मा, पूर्णतया अयोग्य व्यक्ति; **~nutz,** m (-es/-e) बिल्कुल बेकार व्यक्ति, जो किसी काम के लायक न हो, नाकारा, हर काम बिगाड़ने वाला; **~nutzig,** adj. बेकार, बिल्कुल अयोग्य; **~sagend,** adj. निरर्थक, बेकार; असार, पूर्णतया महत्वहीन; निस्तेज, भावहीन; **~tuer,** m (-s/-) निकम्मा, आलसी, निष्क्रिय व्यक्ति; **~tun,** n (-s) कुछ भी न क०,निकम्मापन, निष्क्रियता; बेकारी; **~würdig,** adj. अधम, नीच, कमीन, ज़लील; **~würdigkeit,** f (-/-en) अधमता, नीचता, कमीनपन, ज़लालत ।

Nicht-wissen, n अज्ञान; मूढ़ता; **~zutreffend,**adj.अनुपयुक्त, जो लागू न होता हो,जो लागू न हो सके,जिसका प्रश्न न उठता हो; Nichtzutreffendes streichen! जो बात लागू नहीं होती हो उसे काट दीजिए !

Nickel, n (-s) [schwed.] रूपक, गिलट, निकल ।

nicken, v/i (h.) (सहमति, साधुवाद आदि प्रकट करने के लिए) सिर झुकाना, सिर झुकाकर सहमति प्रकट क०; सिर झुकाकर अभिवादन क०; U: ऊँघना, झपकी लेना, हल्की नींद लेना ।

Nickerchen, n (-s/-) U: झपकी, ऊँघ, हल्की नींद ।

nie, adv. कभी नहीं, कदापि नहीं; nie und nimmer! हरगिज़ नहीं, कदापि नहीं।

nieder, 1. adj. नीचा, कम ऊँचा; निचला, निम्न श्रेणी का; अवर, निम्न; अधम, नीच, क्षुद्र; 2. adv. नीचे, नीचे की तरफ़; ज़मीन की ओर; auf und nieder ऊपर-नीचे; nieder mit den Verrätern! देशद्रोहियों का नाश हो!, विश्वासघातियों का नाश हो!, ग़द्दार मुर्दाबाद!

nieder-beugen, v/t (h.) नीचे को झुकाना; sich niederbeugen झुकना; अपना सिर झुकाना; **~brechen,** 1. v/t (h.) गिरा देना, ढा देना; 2. v/i (s.) ढह जाना, गिर जाना; गिर पड़ना, घुटनों पर गिर जाना; **~brennen,** 1. v/t (h.) जलाकर राख कर देना, भस्म कर देना; जला डालना; 2. v/i (s.) जलकर राख हो जाना, पूरी तरह जल जाना; **~deutsch,** 1. n जर्मनी के मैदानी इलाक़ों में बोली जाने वाली भाषायें, जर्मनी के उत्तरी प्रदेशों की बोली; 2. adj. जर्मनी के उत्तरी प्रदेशों की भाषा में लिखित; जर्मनी के उत्तरी प्रदेशों का; **~druck,** m, tech: निम्न निपीड, अल्प दाव; **~drücken,** v/t (h.) नीचे को दबाना या दबा देना; fig: को विषण्ण या दुःखी कर देना, को हतोत्साह कर देना, की हिम्मत तोड़ देना; का दमन क०, को कुचल देना; **~fallen,** v/i (s.) गिर पड़ना, गिर जाना, घुटनों पर गिर जाना; **~gang,** m, fig: पतन, अधःपतन; mar: जहाज़ की सीढ़ी; poet: Niedergang der Sonne सूर्यास्त; **~gedrückt,** adj. →niedergeschlagen; **~gedrücktheit,** f →Niedergeschlagenheit; **~gehen,** v/i (s.) उतरना; उतर जाना, धरातल पर पहुँचना; (fallen) गिरना; धराशायी हो जाना; Gewitter: बिजली का गिरना; **~geschlagen,** adj., fig: विषण्ण, उदास; हतोत्साह, निराश; **~geschlagenheit,** f (-) विषण्णता, उदासी, निराशा, विषाद, ग्लानि; **~halten,** v/t (h.) नीचे को दबाए रखना; fig: का दमन क०; **~hauen,** v/t (h.) धराशायी कर देना; काट गिराना; **~holen,** v/t (h.) Flagge usw: उतारना; **~kämpfen,** v/t (h.) को युद्ध में पराजित कर देना; fig: पर विजय पा लेना, पर क़ाबू पा लेना; **~knien,** v/i (s.) घुटने टेकना, घुटनों के बल बैठना या बैठ जाना; **~knüppeln,** v/t (h.) को डंडे मारकर गिरा देना; fig: का बलपूर्वक दमन कर देना; **~kommen,** v/i (s.) के बच्चा होना, जनना, प्रसव क०; **~kunft,** f (-/⸗e) प्रसव, प्रसूति; **~lage,** f पराजय, हार; घोर असफलता; संग्रहागार, गोदाम; शाखा-कार्यालय।

Nieder-lande, f हॉलैंड; **~länder,** m (-s/-) हॉलैंड-निवासी; **~ländisch,** adj. हॉलैंड का।

nieder-lassen, 1. v/t (h.) नीचे को लटकाना, नीचे क०; 2. v/r (h.) बैठ जाना; (sich ansiedeln) बस जाना; als Arzt usw: का धंधा शुरू कर देना; **~lassung,** f (-/-en) धंधा शुरू क०; (Ansiedlung) बस जाना; (Filiale) शाखा, शाखा-कार्यालय; **~legen,** 1. v/t (h.) रख देना, ज़मीन पर रख देना; Haus: गिरा देना, ढा देना; Baum: काट गिराना; Amt: से इस्तीफ़ा देना; die Arbeit niederlegen हड़ताल क०; 2. v/r (h.) लेट जाना; **~machen,** v/t (h.) की हत्या कर देना, का वध कर देना; **~mähen,** v/t (h.) काट डालना, लुन डालना; fig: मारकर बिछा देना, मार डालना; **~metzeln,** v/t (h.)→ niedermachen; **~prasseln,** v/i (s.) पट-पट की ध्वनि के साथ गिरना; fig: Beschimpfungen prasselten auf ihn nieder उसके ऊपर गालियों (या भर्त्सनापूर्ण अपशब्दों) की बरसात

हो रही थी; ~**reißen**, v/t (h.) को ढा देना; ~**ringen**, v/t (h.) को धराशायी कर देना; को हरा देना (कुश्ती में); fig: पर विजय पाना; ~**schießen**, 1. v/t (h.) को गोली से उड़ा देना; 2. v/i (s.) fig: ऊपर से टूट पड़ना (शिकारी पक्षी का); ~**schlag**, m धराशायी करने वाला प्रहार; met: वृष्टि, हिमपात, ओले, कोहरा आदि; chem: तलछट, अवक्षेप; fig: diese Erlebnisse haben in seinem Buch Niederschlag gefunden ये अनुभव उसकी पुस्तक में प्रतिबिम्बित होते हैं, अपनी पुस्तक में उसने इन अनुभवों का वर्णन किया है; ~**schlagen**, 1. v/t (h.) गिरा देना, मारकर गिरा देना, प्रहार द्वारा गिरा देना; मार डालना; नीचे को मोड़ना या मोड़ देना; (umknicken) झुका देना, मोड़ देना; jur: खारिज कर देना; chem: अवक्षेप क०; fig: का दमन कर देना, को कुचल देना; die Augen niederschlagen नजर झुका लेना; 2. v/r (h.) घनीभूत होकर गिरना, पर (घनीभूत होकर) जम जाना; fig: प्रतिबिम्बित होना; der Tau hat sich als feine Tröpfchen an den Gräsern niedergeschlagen ओस छोटी-छोटी बूँदों में (घनीभूत हो कर) घास पर जम गई है; ~**schlagung**, f धराशायी किया जाना; jur: मुक़दमे का खारिज किया जाना; fig: दमन; ~**schmettern**, v/t (h.) तीव्र प्रहारों द्वारा धराशायी कर देना; पटक देना; fig: पर मर्मस्पर्शी प्रभाव डालना; हतोत्साह या निराश कर देना; fig: diese Nachricht schmetterte ihn nieder इस समाचार ने उसे हतोत्साह कर दिया; ~**schreiben**, v/t (h.) लिख लेना, लिखकर रख लेना; ~**schreien**, v/t (h.) को चिल्ला-चिल्लाकर चुप कर देना या चुप हो जाने के लिए मजबूर कर देना; ~**schrift**, f लिख लेना; संलेख, लिखित या लिखकर रखी हुई बात; दस्तावेज, नोट; ~**setzen**, v/t (h.) रख देना, जमीन पर रख देना; sich niedersetzen बैठ जाना; ~**sinken**, v/i (s.) गिर जाना, गिर पड़ना, मूर्च्छित हो जाना; डूब जाना; vor jdm. niedersinken किसी के पैरों पर गिर पड़ना, किसी के आगे घुटने टेक देना; ~**spannung**, f, el: नीच वोल्टता, निम्न वोल्टता; ~**stampfen**, v/t (h.) को पैरों से कुचल डालना; ~**stechen**, v/t (h.) को छुरा या कटार भोंक-कर मार डालना; ~**steigen**, v/i (s.) नीचे उतरना, नीचे आना, उतरकर नीचे आना; ~**stimmen**, v/t (h.) को मतदान द्वारा पराजित कर देना, को मतदान में (या से) हरा देना; ~**stoßen**, 1. v/t (h.) एक प्रहार में गिरा देना; को कटार भोंककर मार डालना; 2. v/i (s.) तेज़ी से टूट पड़ना (शिकारी पक्षी का); ~**strecken**, 1. v/t (h.) को एक प्रहार में (या मारकर) धराशायी कर देना; को गोली से उड़ा देना; 2. v/r (h.) लेट जाना, लम्बा हो जाना।

Nieder-tracht, f (-) नीचता, कमीनपन, ज़लालत, निकृष्टता, दुष्टता; ~**trächtig**, adj. नीच, कमीन, ज़लील, निकृष्ट, दुष्ट; ~**trächtigkeit**, f (-/-en) o.pl: → Niedertracht; नीचता, कमीनपन, ज़लालत, दुष्टता का काम।

nieder-trampeln, v/t (h.) → niederstampfen; fig: पैर पटककर इतना शोर मचाना कि दूसरा (पक्ष) बोल ही न पाए; ~**treten**, v/t (h.) कुचल डालना; पैरों से कुचलकर सम-तल क०; अधिक प्रयोग द्वारा घिस डालना (जूते, क़ालीन आदि)।

Niederung, f (-/-en) निम्नभूमि, मैदानी इलाक़ा; fig: सामाजिक या नैतिक पतन, नैतिकता या सामाजिकता का निम्न स्तर।

nieder-wärts, adv. नीचे की ओर, नीचे को; ~**werfen**, v/t (h.) को

पटक देना, को ज़मीन पर दे मारना; fig: को पराजित कर देना; का दमन क०, को कुचल देना; को बिस्तर में लेटने को मजबूर कर देना; sich vor jdm. niederwerfen किसी के पैरों पर गिर पड़ना; ~**zwingen,** v/t (h.) को बलपूर्वक धराशायी कर देना; fig: का मुँह बंद कर देना, को चुप रहने के लिए मजबूर कर देना।

niedlich, adj. सुकुमार, सुन्दर, ख़ूबसूरत, मनोहर, चारु, आकर्षक; ~**keit,** f (-) सुकुमारता, सुन्दरता, ख़ूबसूरती, मनोहरता, चारुता।

Niednagel, m गलका, छिलौरी, तितना, नाख़ून की जड़ के पास से उखड़ने वाली खाल।

niedrig, adj. नीचा, कम ऊँचा; (gering) लघु, छोटा; अल्प, कम; standesmäßig: निम्न, निम्न स्तर का, छोटे तबक़े का; fig: नीच, निकृष्ट, कमीन, ज़लील; fig: ein Mensch von niedriger Gesinnung नीच प्रकृति का इंसान, गर्हणीय मनोवृत्ति वाला व्यक्ति; ~**keit,** f (-) fig: नीचता, निकृष्टता, कमीनपन, ज़लालत; ~**wasser,** n नदियों आदि में पानी का निम्न स्तर, निम्न जल; निम्न वेला, भाटा।

niemals, adv. कभी भी नहीं।

niemand, indefinitpron. कोई नहीं, कोई भी नहीं; es ist niemand zu Hause घर पर कोई भी नहीं है; es war niemand anders als er यह उसी ने किया है (उसके अलावा किसी और ने नहीं); ~**sland,** n अराजक भूमि, अवान्तर भूमि, दो राष्ट्रीय सीमाओं या मोरचों के बीच की भूमि; (unerforschtes Gebiet) अछूता क्षेत्र या प्रदेश।

Niere, f (-/-n) वृक्क, गुरदा; fig: das ging ihm an die Nieren इससे वह बहुत उत्तेजित हो उठा; इससे उसको बहुत चोट पहुँची, इससे उसे बहुत अधिक पीड़ा हुई; ~**nstein,** m वृक्को-पल, गुरदे की पथरी।

nieseln, v/i (h.) हल्की वृष्टि होना, बूँदा-बाँदी होना।

Nieselpriem, m, U: शेख़ीखोर, डींग मारने वाला।

Nieselregen, m हल्की बारिश।

nies-en, v/i (h.) छींकना; ~**pulver,** n छींक लाने वाला चूर्ण।

Nießbrauch, m (-[e]s) jur: भोगाधिकार।

Niet, m (-[e]s/-e) tech: लवंगकील, कीलक, रिवेट।

Niete, f (-/-n) लॉटरी का ख़ाली (या बिना इनाम वाला) टिकट; fig: नाकारा या निकम्मा व्यक्ति; असफल व्यक्ति; tech: → Niet; U: असफलता, नाकामयाबी, असफल प्रयत्न।

niet-en, v/t (h.) को लवंगकीलों से जड़ना, को रिवेटों से जोड़ना; Nägel: को घुंडीदार बनाना; ~**nagel,** m → Niednagel; tech: → Niet; ~**-und nagelfest,** adj., U: मज़बूती से जड़ा हुआ, जिसे हिलाया (तक) न जा सके।

Nihilis-mus, m (-) [lat.] नास्तिवाद, शून्यवाद; नाशवाद; ~**t,** m (-en/-en) नास्तिवादी, शून्यवादी; नाशवादी; ~**tisch,** adj. नास्तिवाद पर आधारित, नास्तिवादी, शून्यवाद-संबंधी, शून्यवादी, नाशवादी।

Nikotin, n (-s) [frz.] ताम्रकूटी, तम्बाकू का सार या विष, निकोटीन; ~**haltig,** adj. निकोटीनयुक्त।

Nilpferd, n दरियाई घोड़ा।

Nimbus, m (-/-se) [lat.] प्रभामंडल, भामंडल; met: वर्षामेघ, जलमेघ; fig: महिमा, गौरव, प्रतिष्ठा।

nimmer, adv. → nie; niemals; dial: और नहीं, फिर नहीं; nie und nimmer कभी भी नहीं, हरगिज़ नहीं; ~**leinstag,** m, U: am Nimmerleinstag कभी भी नहीं; ~**mehr,** adv. फिर कभी नहीं, अब कभी भी नहीं; ~**satt,** m (-[e]s/-e) U: खाऊ, पेटू, जिसका पेट कभी न भरे; जिसका

जी कभी न भरे, अति लालची या अतर्पणीय व्यक्ति; ~**wiedersehen,** n : auf Nimmerwiedersehen हमेशा के लिए ।

nippen, v/i (h.) चुस्की लेना, घूँट लगाना; थोड़ा-थोड़ा करके या एक-एक घूँट करके पीना ।

nirgend-s, adv. कहीं नहीं, कहीं भी नहीं; ~**(s)her,** adv. कहीं से (भी) नहीं; ~**(s)hin,** adv. कहीं को (भी) नहीं; ~**(s)wo,** adv. → nirgends; ~**(s)woher,** adv.→nirgendsher; ~**(s)wohin,** adv. → nirgendshin

Nische, f (-/-n) [frz.] आला, ताक़, कोटरिका; रेस्तराँ आदि में छोटी-सी कोठरी (अलग बैठने के लिए) ।

nist-en, v/i (h.) घोंसला बनाना; ~**kasten,** m पेड़ आदि पर टाँगा गया लकड़ी का डिब्बा जिसमें चिड़ियाँ घोंसला बना सकें ।

Nitroglyzerin, n [griech.] chem: भूयमधुरि, शोरे के अम्ल से युक्त ग्लेसरीन, नाइट्रोग्लेसरीन ।

Niveau, n (-s/-s) [frz.] तल, स्तर; योग्यता; कोटि, दरजा; fig: er hat kein Niveau वह निम्न कोटि (या स्तर) का व्यक्ति है; उसमें कोई योग्यता नहीं; ~**los,** adj.,fig: निम्न स्तर का; निम्न कोटि का; जिसका ज्ञान बहुत सीमित हो ।

nivellier-en, v/t (h.) [frz.] समतल, चौरस या बराबर कर देना; की ऊँचाई के अन्तर को नापना; fig: के अन्तर को मिटा देना; ~**ung,** f (-/-en)चौरसाई, समतलन, ऊँचाई के अन्तर को नापने की क्रिया; fig: समकरण, अंतर को मिटा देना ।

[1]**nix,** U: → nichts

[2]**Nix,**m(-es/-e)जलयक्ष,जलप्रेत;जलपुरुष; ~**e,** f (-/-n) जलयक्षिणी, जलप्रेतनी; जलपरी, मत्स्यांगना, मत्स्यकन्या ।

nob-el,adj. [frz./ital.] (adlig) अभिजात, कुलीन; (edel) उच्च, उदात्त; उदारचेता, महामनस्क, विशालहृदय, (freigebig) दानी, दानशील, वदान्य; ~**ilität,** f (-) कुलीनवर्ग; सामन्तवर्ग; ~**lesse,** f (-) कुलीनवर्ग; सामन्तवर्ग; कुलीनता, अभिजात्य; उच्चता, श्रेष्ठता; महामनस्कता; दानशीलता, वदान्यता ।

noch, adv.अब तक, अभी तक, अद्यापि, अभी भी; तब तक, उस समय तक; (außerdem) और, इसके अतिरिक्त, इसके अलावा; noch nie अभी तक कभी नहीं; तब तक कभी नहीं; noch nicht अब तक नहीं, अभी तक नहीं; noch immer अभी भी;noch immer nicht अभी (तक) भी नहीं; तब तक (भी) नहीं; nur noch eine Minute बस एक मिनट और; weder ... noch ... न तो ... और न ... ही;nicht ... noch ... न तो ... और न ... ही; sei er noch so reich वह चाहे कितना ही अमीर क्यों न हो;noch und noch बहुत अधिक (मात्रा में);U: das wäre ja noch schöner! नहीं, इसका प्रश्न ही नहीं उठता, नहीं,यह नहीं हो सकता (या होगा);~**malig,** adj. दुबारा का, पुनःकृत; ~**mals,** adv. दुबारा; एक बार फिर से ।

Nock, n (-[e]s/-e) /~**e,** f (-/-n) mar: पीरमान का सिरा ।

Nocken, m (-s/-) tech: गाम, कैम; ~**welle,** f गामेषा ।

Nomad-e, m (-n/-n)[griech.] यायावर जाति का आदमी, खानाबदोश; बंजारा; ~**enhaft,** /~**isch,** adj. यायावरीय, अस्थिरवासी, खानाबदोश; ~**isieren,** v/i (h.) खानाबदोशी की जिन्दगी बिताना; fig: बार-बार मकान बदलना ।

Nomen, n (-s/-'mina) [lat.]gramm: संज्ञा ।

Nomenklatur, f (-/-en) [lat.] पारिभाषिक शब्दावली ।

nomin-al, adj. [lat.] gramm: संज्ञासंबंधी, संज्ञात्मक, संज्ञाप्रधान; → nominell; ~**allohn,** m वेतन जिसकी क्रय-शक्ति कम हो, रोक-वेतन;

~alwert, m, kfm: अंकित मूल्य; ~ation, f (-/-en) (Benennung) नामनिर्देशन, नामकरण, नाम बताना; (Ernennung) मनोनयन; नियुक्ति; ~ativ, m (-s/-e) gramm: → Nennfall; ~ell, adj. नामिक; नाममात्र का, नामधारक, अवास्तविक; gramm: संज्ञात्मक; ~ieren, v/t (h.) को मनोनीत क०; का नाम बताना।

Nonne, f (-/-n) [lat] मठवासिनी, धर्मसंघिनी।

Noppe, f (-/-n) गाँठ, गंटु, पट-ग्रंथि, कपड़े के किनारे पर की गाँठ।

Nord, 1. geogr: → Norden; 2. m (-[e]s/-e) poet: उत्तर से आने वाली वायु, उत्तरी वायु; ~amerika, n उत्तरी अमरीका; ~amerikanisch, adj. उत्तरी अमरीका का; ~atlantikpakt, m, pol: नाटो, नेटो (उत्तरी अंधमहासागर के तटवर्ती देशों तथा अन्य कुछ देशों के बीच पारस्परिक सुरक्षा का समझौता); ~deutsch, 1. adj. उत्तरी जर्मनी का; 2. n (-[s]) उत्तरी जर्मनी की भाषा या बोली।

[1]**norden,** v/t (h.) उत्तर की ओर रखना या क०, उत्तर की ओर अभिमुख क०।

[2]**Nord-en,** m (-s) उत्तर, शुमाल; उत्तरी क्षेत्र या प्रदेश; उत्तर के राष्ट्र; ~isch, adj. उत्तरी, उत्तर से आने वाला, उदीच्य, नॉर्डिक; die nordischen Sprachen नॉर्डिक भाषायें (आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन तथा डेनमार्क की भाषायें)।

nördlich, 1. adj. उत्तरी, उत्तरस्थ; उत्तरध्रुवीय; die nördliche Halbkugel उत्तरी गोलार्ध;in nördlicher Richtung उत्तर में, उत्तर की ओर; 2. adv. उत्तर की ओर, उत्तर में; nördlich von Delhi दिल्ली से उत्तर की ओर, दिल्ली के उत्तर में; 3. präp. (+gen.) के उत्तर में, से उत्तर की ओर; nördlich der Stadt शहर के उत्तर में, शहर से उत्तर की ओर; nördlich Delhis दिल्ली के उत्तर में, दिल्ली से उत्तर की ओर।

Nord-licht, n उत्तरध्रुव-प्रकाश; ~ost(en), m उत्तरपूर्व, ईशान; ~östlich, adj. उत्तरपूर्वी, ऐशान; ~pol,m उत्तरी ध्रुव,उत्तरध्रुव; ~see, f उत्तरसागर (इंग्लैंड तथा स्कैंडिनेविया के बीच स्थित सागर); ~seite,f उत्तरी पहलू, उत्तर की ओर अभिमुख भाग; ~stern,m ध्रुवतारा; ~wärts, adv. उत्तर की ओर; ~west(en),m उत्तर-पश्चिम, वायव्या; ~westlich, adj. वायव्य, उत्तरपश्चिमी; ~wind, m उत्तरी हवा, उत्तर से आने वाली वायु।

Nörg-elei,f(-/-en) लगातार भुनभुनाना या मीन-मेख निकालना, छोटी-छोटी बातों में नुक़्ताचीनी; ~eln, v/i (h.) भुनभुनाना, मीन-मेख निकालना, ज़रा-ज़रा-सी बात में नुक़्ताचीनी क० या छिद्रान्वेषण क०; ~ler, m (-s/-) भुनभुनाने वाला, छोटी छोटी बात में नुक़्ताचीनी करने वाला, हर बात पर असंतोष प्रकट करने वाला।

Norm, f (-/-en) [lat.] आदर्श;मानक, मानदंड, मापदंड; (Richtschnur) नियम, सिद्धान्त; (Arbeitsnorm)कार्य की निर्धारित मात्रा, निर्धारित या प्रसामान्य कार्य-समय।

normal, adj. प्रसम, प्रसामान्य; नियमित; प्रमाणक; साधारण, सामान्य; U: ठीक दिमाग़ वाला, सामान्य मनोदशा वाला; मनोविकार-रहित, सनकी या पागल नहीं; ~erweise, adv.प्रसमतः; सामान्यतः, आम तौर पर, अमूमन, साधारणतया; ~fall, m प्रसम स्थिति, सामान्य दशा या परिस्थिति या मामला; im Normalfall सामान्यतः; प्रसमतः; ~isieren, v/t (h.) (प्र)सामान्य बनाना; एकरूप या एक-सा क०; die Lage normalisierte sich schnell परिस्थिति (या स्थिति शीघ्र ही सामान्य हो गई (या बन गई); ~isierung,f(-)(प्र)सामान्यीकरण; एकरूपीकरण; ~maß, n

प्रामाणिक माप; ~**null,** n (-s) समुद्रतल; ~**verbraucher,** m, U: साधारण या सामान्य व्यक्ति, आम व्यक्ति; ~**zeit,** f प्रमाप समय, स्टैंडर्ड समय ।

norm-ativ, adj. प्रासमिक, नियामक; मानकीय, आदर्शक, आदर्शी; ~**ative,** f (-/-n) मूल नियम, आदर्शमूलक नियम; ~**en,** v/t (h.) निर्धारित आदर्श या मानक के अनुरूप बनाना, मानकित क०, मानकीकृत क०; ~**ieren,** v/t (h.) → normen; ~**ierung,** f / ~**ung,** f (-/-en) मानकीकरण; ~**widrig,** adj. अप्रसामान्य; अपसामान्य; नियमविरुद्ध ।

Norweg-en, n नॉर्वे; ~**er,** m (-s/-) नॉर्वे-निवासी; ~**isch,** 1. adj. नॉर्वे का; 2. n नॉर्वे की भाषा ।

Nostalg-ie, f (-) [griech.] गृहविरह, गृहातुरता; अतीत का विरह, अतीत के प्रति उत्कट प्रेम; ~**isch,** adj. गृहातुरता-संबंधी; अतीत के विरह या प्रेम से युक्त ।

[1]**Not,** f (-) ग़रीबी, निर्धनता, दरिद्रता, मुफ़लिसी; (Mangel) कमी, अभाव; (Zwang) विवशता, लाचारी, मजबूरी; (Notwendigkeit) जरूरत, (घोर) आवश्यकता;(pl: Nöte) कष्ट,परेशानी, मुसीबत, विपत्ति; संकट, खतरा; Not leiden ग़रीबी में दिन काटना, बहुत निर्धन होना; in Nöten sein मुसीबत या विपत्ति में होना; damit hat es keine Not वह आवश्यक नहीं है, इसकी जल्दी नहीं है; U: mit ihm hat man seine liebe Not उससे बहुत मुसीबत होती है, उसके कारण (या उसके लिए) बहुत परेशानी उठानी पड़ती है, उसके मारे तो नाक में दम हुआ जा रहा है;U: ich helfe Ihnen, wenn Not am Mann ist अगर बहुत जल्दी है तो मैं आपकी सहायता कर दूंगा; मुसीबत (की हालत) में मैं आपकी मदद करूँगा; U: zur Not geht es खींच-तान कर काम चल जाएगा इससे, मजबूरी की हालत में (या आवश्यकता पड़ने पर) इससे भी काम चल जाएगा; spw: Freunde in der Not gehn hundert/tausend auf ein Lot मुसीबत में सहायता करने वालों की संख्या बहुत कम होती है ।

[2]**not,** adv.: etw. tut not किसी बात या वस्तु की (सख्त) ज़रूरत है ।

Nota, f (-/-s) [lat.] स्मरण-लेख, नोट; (Rechnung) बीजक, बिल ।

Notanker, m आकवती लंगर, संकटकालीन उपयोग का अतिरिक्त लंगर; fig: अन्तिम सहारा, अन्तिम उपाय, अन्तिम आधार ।

Notar, m (-s/-e) [lat.] विपत्र-प्रमाणक, लेख्य-प्रमाणक, नाज़िर निकराई; ~**iat,** n (-[e]s/-e) विपत्र-प्रमाणक का कार्यालय; ~**iell,** adj. विपत्र-प्रमाणक द्वारा (प्रमाणित) ।

Not-ausgang, m संकट-द्वार, आपाती द्वार; ~**behelf,** m कामचलाऊ प्रबंध या उपाय, कामचलाऊ वस्तु या साधन; ~**bremse,** f खतरे की जंजीर (रेलगाड़ी में); ~**durft,** f (-) : seine Notdurft verrichten लघुशंका या दीर्घशंका क०; ~**dürftig,** adj. अपर्याप्त, असंतोषजनक; कामचलाऊ ।

Note, f (-/-n) [lat.] (Zensur) परीक्षाफल की श्रेणी; (Anmerkung) टिप्पणी; (Geldschein) नोट, अर्थपत्र; (Eigenart) लक्षण, गुण, वैशिष्ट्य; छाप; mus: स्वर; स्वरचिह्न; im diplomatischen Verkehr: राजनयिक पत्र; ~**nbank,** f नोट जारी करने वाला बैंक; ~**nheft,** n स्वरलिपि-पुस्तिका; ~**nschlüssel,** m, mus: कुंजी; ~**nständer,** m, mus: स्वरलिपि-पत्रों (को रखने) का आधार; ~**nwechsel,** m राजनयिक पत्रों का आदान-प्रदान ।

Not-fall, m आपत्काल, संकटकाल, संकट की स्थिति, आकस्मिक संकट, मुसीबत, विपत्ति;आवश्यकता; ~**falls,** adv. आवश्यकता पड़ने पर, ज़रूरत

पड़ने पर, यदि आवश्यकता हुई तो; यदि और कोई चारा न हुआ तो; **~gedrungen,** adv. मजबूरी में, मजबूरन, क्योंकि और कोई चारा नहीं है (या था); विवश होकर; **~geld,** n आपत्कालीन मुद्रा, प्रतीक-मुद्रा; **~groschen,** m वक़्त-बेवक़्त के लिए बचाया हुआ धन; **~hilfe,** f आपत्कालीन सहायता; प्रथमोपचार।

notier-en, v/t (h.) [lat.] लिख लेना, नोट कर लेना; kfm: (शेयरों आदि) का भाव निर्धारित करके बताना; **~ung,** f (-/-en) लिख लेना; लिखी हुई बात; kfm: निर्ख; भावों का निर्धारण तथा प्रकाशन।

nötig, adj. आवश्यक, ज़रूरी; अपरिहार्य; अनिवार्य; sie haben Hilfe nötig उन्हें सहायता की आवश्यकता है; er hat es nicht nötig zu arbeiten उसे काम करने की कोई आवश्यकता नहीं है (उसका काम ऐसे भी चल जाता है); es fehlt am Nötigsten ज़रूरी से ज़रूरी वस्तुओं का (भी) अभाव है।

nötig-en, v/t (h.) को बाध्य क०, को मजबूर क०, पर (कुछ करने के लिए) दबाव डालना; sich genötigt sehen, etw. zu tun कुछ करने के लिए मजबूर होना, स्वयं को कुछ करने के लिए बाध्य पाना; **~enfalls,** adv.→ notfalls; **~ung,** f (-) बाध्यकरण; jur: कुछ कराने के लिए बलप्रयोग।

Notiz, f (-/-en) [lat.] लिखकर रख ली गई बात, नोट, स्मरण-लेख, स्मरण-पत्र; (Mitteilung) संक्षिप्त समाचार या सूचना; von etw./jdm. Notiz nehmen किसी वस्तु/व्यक्ति पर ध्यान देना, किसी वस्तु (या बात)/व्यक्ति से अवगत होना; **~buch,** n डायरी, आवश्यक बातों को लिखने की कॉपी।

Not-lage, f संकटमय परिस्थिति, संकट, मुसीबत; **~landen,** v/i (s.) आपात-अवतारण क०, विमान के खराब हो जाने पर उसे तुरंत उतारना; **~landung,** f आपात-अवतारण; **~leidend,** adj. दीन-हीन, दरिद्र, ग़रीब, अकिंचन; **~lüge,** f मजबूरी का झूठ; **~nagel,** m, fig: अनुकल्प, उपकल्प; संकट में काम आने वाला व्यक्ति, मुसीबत में काम आने वाली वस्तु।

notorisch, adj. [lat.] प्रायिक; सामान्य; सर्वविदित; सर्वज्ञात; पक्का, नम्बरी, अभ्यस्त।

Not-pfennig, m → Notgroschen; **~recht,** n सरकार के अल्पकालीन अधिकार; **~reif,** adj. अकाल-परिपक्व; **~ruf,** m, tel: आकस्मिक संकट के समय पुलिस या फ़ायरब्रिगेड को दी गई सूचना; आकस्मिक संकट की सूचना, संकट-संदेश; **~schlachten,** v/t (h.) (घायल या बीमार पशु) का वध क०; **~schlachtung,** f घायल या बीमार पशु का वध; **~schrei,** m संकट-गुहार, संकट में सहायता के लिए पुकार; **~signal,** n संकट-संकेत, विपत्ति-संकेत; **~stand,** m, jur: आपत्काल; मजबूरी, संकट; विपत्ति; **~standsgebiet,** n आपातग्रस्त क्षेत्र; **~standsgesetz,** n आपात-क़ानून, आपात्कालीन क़ानून; **~taufe,** f मरणासन्न शिशु का बपतिस्मा; **~taufen,** v/t (h.) मरणासन्न शिशु को बपतिस्मा देना; **~verband,** m कामचलाऊ मरहम-पट्टी; **~wassern,** v/i (s.) समुद्र आदि में आपात-अवतारण क०; **~wehr,** f, jur: आत्मरक्षा।

notwending, adj. आवश्यक, ज़रूरी; (zwangsläufig) अनिवार्य, अपरिहार्य; ein notwendiges Übel अप्रिय बात जिसके बिना काम न चले; **~keit,** f (-/-en) आवश्यकता, ज़रूरत; आवश्यकता की वस्तु; अनिवार्य बात या काम।

Not-wohnung, f कामचलाऊ आवास; **~zucht,** f बलात्कार; **~züchtigen,**

v/t (h.) के साथ बलात्कार क०, के साथ बलपूर्वक सम्भोग क० ।

Novell-e, f (-/-n) [ital./lat.] लघु-कथा (जिसमें केवल एक असाधारण या अपूर्व घटना का वर्णन हो); jur: अनुपूरक विधि; विधिसंहिता में बाद में जोड़ा गया या संशोधित किया हुआ क़ानून; **~ieren,** v/t (h.) में नए क़ानून को जोड़ना, (किसी क़ानून) का संशोधन क०; **~ist,** m (-en/-en) लघुकथा-लेखक; **~istisch,** adj. लघुकथा की शैली का, लघुकथा की शैली में ।

November, m(-[s]/-) [lat.] नवम्बर।

Novität, f (-/-en) [lat.]→Neuheit; नवीन प्रकाशन, नवप्रकाशित पुस्तक ।

Noviz-e, [lat.] 1. m (-n/-n) eccl: परिवीक्षाधीन मठवासी या नवशिष्य; 2. f (-/-n)/**~in,** f (-/-nen) परिवीक्षाधीन मठवासिनी या नवशिष्या; **~iat,** n (-[e]s/-e) मठवासी या मठवासिनी की परिवीक्षा-अवधि ।

Novum, n(-s/-'va) [lat.]→Neuheit; अपूर्व बात; नया दृष्टिकोण; अभिनव परिवर्तन ।

Nu, m: im Nu/in einem Nu पलक मारते ही, चुटकी बजाते ही, ज़रा-सी देर में ।

Nuanc-e, f (-/-n) [frz.] आभाभेद, वर्णछटा; सूक्ष्म भेद या अंतर; अर्थछटा, अर्थभेद; **~ieren,** v/t (h.) में किंचित् परिवर्तन लाना, रंगों को क्रमशः एक से दूसरे में परिवर्तित क० ।

nüchtern, adj. [lat.] खाली पेट, बिना कुछ खाए या पिए हुए; (nicht betrunken) अमत्त, बिना नशे के, बेनशा; fig: (besonnen) विवेकपूर्ण, विवेकशील, गंभीर; स्थिरबुद्धि; अनुद्वेगशील; fig: (trocken) अनलंकृत, सादा; रूखा, तथ्यात्मक; नीरस, शुष्क; U: फीका, बेस्वाद; **~heit,** f (-) fig: विवेक, विवेकशीलता; गंभीरता; अनुद्वेग(शीलता); सादगी; तथ्यात्मकता, नीरसता, शुष्कता ।

nuckeln, v/i (h.) U: चूसना; स्तनपान क०; चचोरना, चचोड़ना ।

Nudel, f (-/-n) सेवइँ, अंडे और मैदे से बनी सिवैयाँ; U: मज़ाक़िया व्यक्ति या इंसान, विलक्षण व्यक्ति; **~holz,** n बेलन; **~n,** v/t (h.) Geflügel: को मोटा करने के लिए सिवैयाँ आदि खिलाना; fig: jdn. nudeln किसी को भूख से ऊपर खिलाना ।

Nudis-mus, m (-) [lat.] नग्नवाद; **~t,** m (-en/-en) नग्नवादी ।

nuklear, adj. [lat.] परमाण्विक, परमाण्वी; nukleare Waffen परमाणु-अस्त्र ।

null, [lat.] 1. adj. शून्य, एक भी नहीं; null Uhr अर्धरात्रि, रात के बारह बजे का समय; 2. f (-/-en) शून्य, सिफ़र, सुन्ना; शून्यांक; fig: er ist eine Null वह बिल्कुल अयोग्य है; वह बिल्कुल नगण्य या महत्वहीन व्यक्ति; है; fig: die Wirkung war gleich Null (इसका) प्रभाव शून्य के बराबर हुआ (या था); **~ifizieren,** v/t (h.) अकृत क०, रद्द क०, शून्य क०, निष्फल क०; **~punkt,** m शून्यांक; हिमांक; fig: निम्नतम बिन्दु, अधोबिन्दु; **~tarif,** m (नागरिक) यातायात के साधनों में निःशुल्क परिवहन ।

numerier-en, v/t (h.) [lat.] पर अंक या संख्या डालना; पर क्रमसंख्या लिखना या लगाना; **~ung,** f संख्यांकन, अंकन; क्रमांकन ।

numerisch, 1.adj. [lat.] संख्यात्मक, संख्यागत; 2. adv. संख्या में, संख्या के हिसाब से ।

Numismatik, f (-) [griech.] मुद्राशास्त्र, मुद्रातत्वशास्त्र; **~er,** m (-s/-) मुद्राशास्त्री ।

Nummer, f (-/-n) [lat.] संख्या; अंक; (कार, टेलीफ़ोन, मकान आदि का) नम्बर; einer Zeitschrift: अंक; प्रति; (Größe) माप; (Programmnummer) कार्यक्रम; U: er ist eine ulkige Nummer वह बड़ा निराला

जीव(या प्राणी या व्यक्ति)है; ~nschild, n नम्बर-पट्टिका ।

nun, 1. adv. अब, इस समय, इस क्षण; ऐसी स्थिति में; तब, तो, तो फिर; तो फिर क्या सोचा?; ही; ख़ैर; nun ist es zu spät अब तो इसका समय निकल गया; es ist nun mal geschehen यह तो हो ही गया है;nun,da ist nichts zu machen ख़ैर अब तो कुछ भी नहीं किया जा सकता; nun denn! तो ठीक है फिर!, चलो!; शुरू करो!; 2. konj.: nun (da) es geschehen ist,...अब चूँकि यह हो ही चुका है तो...; ~**mehr,** adv. अब से आगे, अब, अब से, इसके बाद ।

nur, 1. adv. केवल, सिर्फ़, मात्र, ही; er hat alles nur mögliche getan उसने जो भी संभव था वह किया; wenn er doch nur käme! काश कि वह आ ही जाता; U: es regnete nur so घनघोर वर्षा हो रही थी; 2. konj. किन्तु, मगर यह है कि, बस इतना है कि; die Wohnung ist sehr gut, nur könnte sie etwas größer sein फ़्लैट बहुत अच्छा है, किन्तु अगर थोड़ा बड़ा होता तो अच्छा रहता ।

nuscheln, v/i (h.)U: अस्पष्ट बोलना, बुदबुदाना ।

Nuß, f (-/ ⸚'sse) काष्ठफल, गिरीदार फल; गिरी, मेवा; U: काठ का उल्लू, मूर्ख, बौड़म;U: eine harte Nuß zu knacken haben किसी कठिन समस्या में उलझा होना;~**baum,** m काष्ठफल का पेड़, अखरोट का पेड़; ~**knacker,** m (-s/-) काष्ठफल तोड़ने की सड़सी; गरी निकालने का उपकरण; ~**schale,** f काष्ठफल का छिलका; (kleines Schiff) छोटी-सी नौका, छोटा पोत ।

Nüster, f (-/-n) नथना, नासाछिद्र ।

Nut, f (-/-en)/ **Nute,** f (-/-n) tech: खाँचा, झिरी, शिगाफ़ जिसमें कोई दूसरा पुर्ज़ा बैठाया जा सके ।

Nutte, f (-/-n) vulg: रंडी, वेश्या, तवायफ़ ।

nutz-bar, adj. प्रयोज्य, इस्तेमाल के क़ाबिल, व्यवहार्य; उपयोगी; ~**barkeit,** f (-)प्रयोज्यता, व्यवहार्यता, उपयोगिता; ~**bringend,** adj. लाभकारी, लाभदायक, फ़ायदेमन्द ।

nütze: zu etw. nütze sein किसी काम के लिए उपयोगी होना, किसी मतलब का होना ।

Nutzen, m (-s) लाभ, फ़ायदा, नफ़ा; प्राप्ति ।

nutzen/nützen, 1. v/i (h.) उपयोगी होना, मतलब का होना; के काम आना, के काम में सहायक होना; लाभदायक होना, से लाभ होना; jdm. zu etw. nutzen किसी के किसी काम आना; das nützt nichts यह बेकार है, इस से कोई फ़ायदा नहीं, इससे कुछ हासिल नहीं होगा; seine Sprachkenntnisse nutzten ihm sehr भाषाओं के ज्ञान से उसे बहुत फ़ायदा हुआ; 2. v/t (h.) का उपयोग क०, से काम लेना; का सदुपयोग क०; का लाभ उठाना, से लाभ उठाना; er nutzt jede Gelegenheit वह हर अवसर का लाभ उठाता है ।

Nutz-holz, n इमारती लकड़ी, मेज़-कुर्सी आदि बनाने की लकड़ी; ~**last,** f किसी वाहन द्वारा ढोया जा सकने वाला भार ।

nützlich, adj. उपयोगी, काम का; लाभदायक, फ़ायदेमन्द; सहायक; जिससे सहायता मिले; sich nützlich machen हाथ बँटाना, सहायता क०; ~**keit,** f (-) उपयोगिता; लाभप्रदता, लाभदायकता ।

nutz-los, adj. अनुपयोगी, बेकार; व्यर्थ, निरर्थक, बेफ़ायदा, निष्फल; ~**losigkeit,** f (-) अनुपयोगिता; व्यर्थता, निरर्थकता, निष्फलता; ~**nießer,** m (-s/-) लाभ उठाने वाला व्यक्ति; ~**nießerisch,** adj. लाभ उठाने वाला; ~**nießung,** f (-) jur: भोगाधिकार; ~**ung,** f (-) उपयोग,

प्रयोग, इस्तेमाल; लाभ उठाना; ~ungsrecht, n उपयोगाधिकार, इस्तेमाल का हक़।

Nymphe, f (-/-n) [griech.] अप्सरा, परी; zool: शिशुकीट, डिंभक।

nymphoman, adj. [griech.] कामोन्मादिनी, सुरतोन्मत्त, सुरतोन्मादिनी; **~ie,** f (-) स्त्रीकामोन्माद, सुरतोन्माद; **~in,** f (-/-nen) कामोन्मादिनी स्त्री, सुरतोन्मत्त स्त्री, सुरतोन्मादिनी स्त्री।

O

o, int. ओह, आह; o ja! जी हाँ!, अवश्य!, बिल्कुल!; o nein! जी नहीं!, क़तई नहीं!, बिल्कुल नहीं!; o wäre er doch hier! काश कि वह यहाँ होता!

Oase, f (-/-n) [griech.] मरुद्वीप, मरूद्यान, नख़लिस्तान; fig: dieses Zimmer ist eine Oase der Ruhe यह कमरा शान्ति के द्वीप के समान है।

ob, 1. konj. कि, क्या, कि क्या; चाहे; ich weiß nicht, ob es wahr ist मुझे मालूम नहीं (है) कि यह सच है या नहीं; sie will wissen, ob Sie heute abend kommen वह जानना चाहती है कि क्या आप आज शाम को आएँगे; ob arm, ob reich, alle müssen sterben चाहे ग़रीब हो चाहे अमीर मरना सभी को पड़ता है; als ob जैसे, मानों; er tat so, als ob er schliefe वह ऐसे कर रहा था मानों सो रहा हो, वह सोने का बहाना कर रहा था; U: (na) und ob! बिल्कुल, सर्वथा, इससे भी कहीं ज़्यादा, ख़ूब; 2. präp. (+ gen.) के कारण, की वजह से; er lobte ihn ob seines Fleißes उसने उसके परिश्रम के कारण उसकी प्रशंसा की।

Obacht, f (-) ध्यान; देखरेख, निगरानी; सावधानी; gib Obacht! देखके!, सँभलकर!, सावधानी से!

Obdach, n (-[e]s) घर, निवासस्थान, रहने की जगह; आश्रय, पनाह; **~los,** adj. बेघर; निराश्रय, बेपनाह, अनाथ; **~losigkeit,** f (-) निर्गृहता; निराश्रयता।

Obdu-ktion, f (-/-en) [lat.] शव-परीक्षा, मुर्दे की चीर-फाड़; **~zieren,** v/t (h.) के शव की परीक्षा क०।

O-Beine, n/pl. धनुषाकार टाँगें, धनुर्जानु; **~-beinig,** adj. धनुर्जंघी, धनुषाकार टाँगों वाला।

Obelisk, m (-en/-en) [griech.] सूच्याकार स्तम्भ, ओबेलिस्क।

oben, adv. ऊपर; ऊँचाई पर; ऊपरी मंज़िल में; U: उत्तर में; wir wohnen oben हम लोग ऊपरी मंज़िल में (या ऊपर) रहते हैं; nach oben gehen ऊपर (की ओर) जाना; hoch oben auf dem Berg पहाड़ की चोटी पर; fig: ein Befehl von oben उच्चाधिकारी का आदेश, ऊपर से आया या भेजा गया आदेश; fig: er hat sich nach oben gearbeitet उसने बहुत प्रगति की है, वह परिश्रम द्वारा उच्च पद पर पहुँच गया है; U: diese Sache steht mir bis da oben इस बात (या काम या मामले) से मैं तंग आ गया हूँ, मैं इस बात से ऊब गया हूँ; **~an,** adv. सबसे ऊपर; सर्वप्रथम स्थान पर; सबसे आगे; **~auf,** adv. सबसे ऊपर; ऊपर से; fig: er ist immer obenauf वह सदैव प्रफुल्लचित्त रहता है; **~drein,**

adv. ऊपर से, इसके अतिरिक्त; ~**hin,** adv. यों ही, लापरवाही से, सरसरी तौर पर; ~**hinaus,** adv., fig: er will obenhinaus वह महत्वाकांक्षी है।

[1]**Ober,** m (-s/-) बैरा, परिवेषक; Spielkarte: ग़ुलाम (जर्मन ताशों में)।

[2]**ober,** adj. ऊपरी, ऊपर का, ऊपर वाला, उपरला; ऊँचा, उच्चस्थ; वरिष्ठ, प्रवर, उच्च; das obere Stockwerk ऊपरी मंज़िल; die Oberen वरिष्ठ अधिकारी-वर्ग।

Ober-arm, m प्रगंड, बाँह का ऊपरी भाग; ~**arzt,** m वरिष्ठ चिकित्सक; ~**bau,** m अधिरचना; पुल का ऊपरी भाग; Bahnanlage: रेल की पटरियाँ; ~**befehl,** m, mil: सर्वोच्च कमान, आला कमान; ~**befehlshaber,** m प्रधान सेनापति; ~**begriff,** m पूरे समुदाय या वर्ग के लिए प्रयुक्त शब्द, जातिवाचक शब्द; ~**bekleidung,** f ऊपरी वस्त्र, बाह्य वस्त्र; ~**bett,** n रज़ाई, लिहाफ़; ~**bürgermeister,** m महानिगमाध्यक्ष; ~**deck,** n, mar: मुख्य डेक, ऊपरी डेक; दो मंज़िलों वाली बस की ऊपरी मंज़िल; ~**deutsch,** 1. n जर्मनी के दक्षिणी प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषायें या बोलियाँ; 2.adj. जर्मनी के दक्षिणी प्रदेशों की भाषा में लिखित; जर्मनी के दक्षिणी प्रदेशों का; ~**faul,** adj.,U: अत्यन्त संदेहजनक; ~**fläche,**f पृष्ठ, सतह, बाहरी हिस्सा; तरल पदार्थों की सतह; ~**flächlich,** adj. ऊपरी, सतही; मामूली, अगाढ़, अघनिष्ठ; fig: उथला, छिछला, पल्लव-ग्राही; छिछोरा, ओछा; ~**flächlichkeit,** f (-) fig: उथलापन, छिछलापन; पल्लवग्राहिता; छिछोरापन, ओछापन; ~**geschoß,** n ऊपरी मंज़िल; ~**halb,** 1. präp.(+gen.) के ऊपर, से अधिक ऊँचाई पर; 2. adv. से ऊपर की ओर, से ऊपर को; ~**hand,** f (-) fig: die Oberhand haben (über jdn.) (किसी पर) प्रभुत्व या आधिपत्य रखना, (किसी से) बढ़कर या प्रबल होना; die Oberhand gewinnen(पर) विजय पाना; प्रबल हो जाना (का प्रभाव) बढ़ जाना; ~**haupt,** n मुखिया, प्रमुख, प्रधान; ~**haus,** n, parl: राज्यसभा; हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स; उत्तर सदन; ~**hemd,** n कमीज़, कुर्ता; ~**herrschaft,** f आधिपत्य, प्रभुसत्ता; ~**hoheit,** f साम्राज्य, अधिराज्य; ~**in,** f (-/-nen) मठाध्यक्षा; अस्पताल की परिचारिकाओं की अध्यक्षा; ~**irdisch,** adj. ज़मीन के ऊपर का; ~**italien,**n उत्तरी इटली; ~**kellner,** m प्रमुख परिचारक, बड़ा बैरा; ~**kiefer,** m ऊर्ध्वहनु, ऊपरी जबड़ा; ~**klasse,**f, in Schule: उच्च कक्षा; in Gesellschaft: उच्च वर्ग; ~**kommando,** n, mil:आला कमान; ~**körper,** m धड़, रुंड; ~**landesgericht,** n, jur: सर्वोच्च प्रान्तीय न्यायालय; ~**lauf,** m, eines Flusses: नदी का ऊपरी भाग; ~**leder,** n,eines Schuhes: ऊपरी चमड़ा; ~**leitung,** f प्रमुख संचालन, प्रधान संचालक (-मंडल); el: ऊर्ध्वस्थ तार, व्योमस्थ तार; ~**leutnant,** m लेफ़्टीनेन्ट; ~**licht,** n झरोखे या रोशनदान से आने वाला प्रकाश; झरोखा, रोशनदान; ~**lippe,**f ऊपर का होठ; ~**schenkel,** m जाँघ, जंघा, उरु; ~**schicht,** f ऊपरी तह, ऊपरी परत; ऊपरी संस्तर; der Gesellschaft: उच्च वर्ग; ~**schule,** f उच्चतर माध्यमिक विद्यालय; ~**schwester,** f वरिष्ठ परिचारिका (अस्पताल में); ~**seite,** f उपरली तरफ़, ऊपरी पहलू।

[1]**oberst,** adj. सबसे ऊपर का; सर्वोच्च, उच्चतम; das oberste Stockwerk सबसे ऊपर की मंज़िल; der oberste Grundsatz सर्वोच्च सिद्धान्त।

[2]**Oberst,** m (-en/-en) mil: कर्नल; ~**leutnant,** m लेफ़्टीनेन्ट कर्नल।

Ober-stübchen, n, U: er ist nicht ganz richtig im Oberstübchen

वह कुछ पागल-सा है, उसका दिमाग़ कुछ ख़राब है; **~tasse,** f प्याला; **~teil,** n ऊपरी भाग, उपरला हिस्सा; **~wasser,** n बंधारे का पानी; fig: Oberwasser haben फ़ायदे में होना, अच्छी स्थिति में होना; **~weite,**f सीने की नाप।

obgleich, konj. यद्यपि, हालाँकि।

Obhut,f (-)संरक्षण, देखरेख, निगरानी।

obig, adj. उपर्युक्त, उपरिलिखित।

Objekt, n (-[e]s/-e) [lat.] पदार्थ, वस्तु, चीज़; विषय; fig: लक्ष्य, पात्र; gramm: कर्म।

[1]**objektiv,** adj. [lat.] वस्तुगत, वस्तुनिष्ठ; वास्तविक, यथार्थ; अनात्म, यथार्थनिष्ठ, निष्पक्ष।

[2]**Objektiv,** n (-s/-e) opt: वस्तुवीक्ष, अभिदृश्यक।

objektiv-ieren, v/t (h.) इन्द्रियग्राही बनाना, विषयाश्रित बनाना, विषय बनाना; **~ität,** f (-) वस्तुनिष्ठता, वस्तुपरकता; अनात्म्य, निष्पक्षता।

Oblate, f (-/-n) [lat.] काग़ज़ जैसा पतला गोलाकार तथा फीका विस्कुट; eccl: (अ-पवित्रीकृत) रोटिका; med: औषधि-संपुटिका।

obliegen, v/t (h.): einer Sache obliegen किसी काम में रत रहना, किसी बात या काम में लगा रहना; es obliegt mir, das zu tun यह मेरी ज़िम्मेदारी है, इस काम को करने की ज़िम्मेदारी मेरी है, इस (काम) को करना मेरा कर्तव्य है;**~heit,** f(-/-en) ज़िम्मेदारी, कर्तव्य।

oblig-at, adj. [lat.] आबंधक, बाध्यकर; अनिवार्य, अवश्यकरणीय; **~ation,** f(-/-en)(Haftung)(उत्तर)-दायित्व, ज़िम्मेदारी; kfm: ऋणपत्र, तमस्सुक, बॉण्ड; **~atorisch,** adj. बाध्यकर; अनिवार्य, अपरिहार्य; **~o,** n (-s/-s) kfm: दायित्व, ज़िम्मेदारी; दायिता, देयता; ohne Obligo बिना ज़िम्मेदारी लिए हुए, बिना गारंटी के।

Obmann, m अध्यक्ष।

Obo-e, f (-/-n) [frz.] नफ़ीरी; **~ist,** m (-en/-en) नफ़ीरी-वादक।

Obolus, m (-/-;-se) [griech.] fig: अंशदान, चंदा।

Obrigkeit, f (-/-en) सत्ता, प्रभुत्व; अधिकारी-वर्ग, सत्ताधारी-वर्ग; सरकार; **~lich,** adj. सत्ता-विषयक, सत्ता-संबंधी, सरकारी, राजकीय, शासकीय।

obschon, konj. → obgleich

Observat-ion, f (-/-en) [lat.] अवलोकन; प्रेक्षण, संवीक्षण; अनुभव; **~or,** m(-s/-en) प्रेक्षक, संवीक्षक; **~orium,** n (-s/-'rien)वेधशाला, आलोकशाला।

obsiegen, v/i (h.): (jdm./einer Sache obsiegen किसी व्यक्ति/बात पर विजय या क़ाबू पाना।

obskur, adj. [lat.] अज्ञात, अल्पज्ञात; संदिग्ध, संदेहास्पद, संदेहात्मक, अविश्वसनीय; **~ität,** f (-) अप्रसिद्धि; संदिग्धता, संदेहास्पदता, संदेहात्मकता, अविश्वसनीयता।

Obst, n (-es) फल; **~garten,** m फलोद्यान; **~handlung,**f फलों की दूकान।

obstinat, adj. [lat.] हठी, ज़िद्दी, दुराग्रही।

Obstler, m (-s/-) dial: फलों की ब्रांडी।

obstru-ieren,v/t (h.) [lat.] में अड़ंगा लगाना, में बाधा डालना, (प्रस्ताव आदि) को पारित न होने देना; **~ktion,** f (-/-en) अवरोधन, प्रतिरोधन, बाधन; बाधा, अड़ंगा।

obszön, adj. [lat.] अश्लील; **~ität,** f (-/-en) अश्लीलता।

obwaltend, adj. विद्यमान, वर्तमान, मौजूदा।

obwohl,/obzwar, konj. → obgleich

Ochs-e, m (-n/-n) बैल, बधिया; U: उजड्ड, गँवार, बैल; मूर्ख; **~en,** v/i (h.) U: बहुत मेहनत से पढ़ना, पढ़ाई में बेहद मेहनत क०, रट्टा मारना; **~enauge,** n (Bullauge) गवाक्ष, गोल रोशनदान; U: तला हुआ अंडा।

Ocker, m/n (-s/-) [lat.] गेरू, गैरिक,

सुवर्णगैरिक; ~gelb, adj. अवरक्ता-पीत ।

Ode, f (-/-n) [griech.] संबोध-गीति, गीति-कविता ।

[1]öd(e), adj. निर्जन, सुनसान, वीरान, ग़ैर-आबाद; उजाड़, बंजर; fig: नीरस, उबाऊ; खोखला, असार ।

[2]Öde, f (-/-n) निर्जन, सुनसान, ग़ैर-आबाद स्थान, बियाबान; fig: नीरसता, उबाऊपन; खोखलापन, असारता ।

Odem, m (-s) poet: श्वास, साँस ।

Ödem,n(-s/-e)[griech.] med: शोफ ।

oder, konj. या, अथवा; möchten Sie Tee oder Kaffee ? आप चाय लेंगे या कॉफ़ी; Sie kennen ihn doch, oder? आप तो उसे जानते हैं न? entweder..., oder... या(तो)... या... ।

Odium, n (-s) [lat.] घृणा, जुगुप्सा; द्वेष; विद्वेष, गर्हा ।

Ödland, n अकृष्ट भूमि; बंजर भूमि ।

Odyssee, f (-/-n) [griech.] fig: भटकना, लम्बा भ्रमण (जिसके दौरान भ्रमण करने वाला व्यक्ति भटकता रहे), सही मार्ग को ढूंढने का असफल प्रयत्न ।

Ofen, m (-s/ ̈) चूल्हा, अँगीठी; तंदूर, आपाक, बेकिंग-रेंज; तापन-भट्ठी, आतिशदान; tech: भ्राष्ट्र; वात्या-भट्ठी; fig: hinter dem Ofen hocken घरघुस्सू होना, अधिकांश समय घर पर बिताना; U: jetzt ist der Ofen aus!बस अब और नहीं!,अब मेरी सहनशक्ति समाप्त हो चुकी है; अब और कुछ भी नहीं किया जा सकता है, अब तो बात बिगड़ गई!; ~**rohr,** n आतिशदान का धुआँकश, तापन-भट्ठी के धुएँ को बाहर निकालने का पाइप; ~**röhre,** f छोटा आपाक ।

offen, adj. खुला; अनवरुद्ध, निर्बाध; अगुप्त, प्रकट, स्पष्ट;(nicht verpackt) अवेष्टित; (nicht besetzt) खाली (पद आदि); (öffentlich) सार्वजनिक, आम; (unerledigt) अनिर्णीत, अनिश्चित, विचाराधीन; जिसका भुगतान बाकी हो; fig: (ehrlich) ईमानदार, सच्चा, निष्कपट,विमलात्मा, साफ़ दिल का; fig: (empfänglich) ग्रहणशील, प्रभावनीय; Vokal: विवृत; offenes Bier ढोल की बियर (बोतलों की नहीं); ein offener Brief खुला पत्र, प्रकट पत्र, आम चिट्ठी; eine offene Rechnung बीजक या बिल जिसका भुगतान न किया गया हो; offene Fragen अनिर्णीत या विचारा-धीन प्रश्न (या समस्यायें); fig: er hat ein offenes Gesicht वह ईमानदार (या निष्कपट) दिखता है, उसके चेहरे पर निष्कपटता (या ईमान-दारी) झलकती है; fig: mit offenen Augen durch die Welt gehen पूर्वग्रहरहित होना, हर चीज़ या अनुभव से कुछ सीखने का प्रयत्न क०; fig: er ist offen für alles Neue वह हर नई बात के लिए (या के प्रति) ग्रहणशील है, वह हर नई बात से कुछ सीखने का प्रयत्न करता है ।

offenbar, 1. adj. सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, ज़ाहिर; 2. adv. प्रतीयमानतः, लगता है कि ।

offenbar-en, 1. v/t (h.) प्रकट क०, सामने लाना, दिखाना; बताना; 2. v/r (h.) प्रकट होना, सामने आना, दिखाई पड़ना, स्पष्ट हो जाना; sich jdm. offenbaren किसी से अपने दिल की बात कहना; ~**ung,** f (-/-en) प्रकटीकरण, अभिव्यक्ति, इज़हार; रहस्योद्घाटन; दैवी संदेश, इलहाम; श्रुतिप्रकाश; प्रकाशना; ~**ungseid,** m, jur: दिवालिया होने की शपथ ।

offen-halten, v/t (h.) खुला रखना; fig: खाली रखना, पर किसी को नियुक्त न क०; ~**heit,** f (-) ईमान-दारी, निष्कपटता; स्पष्टभाषिता, स्पष्टवादिता, स्पष्टता; ~**herzig,** adj. विमलात्मा, साफ़ दिल का, निष्कपट; अभिव्यक्तिशील, भोला; U: बहुत खुला, जिसकी गले की काट बहुत गहरी हो

(स्त्रियों की पोशाक के लिए प्रयुक्त); ~**herzigkeit,** f (-/-en) निष्कपटता; अभिव्यक्तिशीलता, भोलापन; ~**kundig,** adj. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, ज़ाहिर; ~**lassen,** v/t (h.) खुला छोड़ देना, खुला रहने देना; का उत्तर न देना; fig: को अनिर्णीत छोड़ देना, को विचाराधीन रखना; ~**legen,** v/t (h.) fig: प्रकट क०, अभिव्यक्त क०, को सामने रखना; ~**sichtlich,** 1. adj. स्पष्ट, प्रकट, प्रत्यक्ष, ज़ाहिर; 2. adv. प्रतीयमानतः, लगता है कि।

offensiv, adj. [frz./lat.] आक्रामक, आक्रमणात्मक; युयुत्सु; अपमानजनक; ~**e,** f (-/-n) आक्रमण, समाक्रमण; fig: अभियान।

offenstehen, v/t (h.) खुला होना; खुला या अनाच्छादित (रखा) होना; का भुगतान बाक़ी होना; fig: खाली होना (पद आदि)।

öffentlich, adj. सार्वजनिक, आम; राजकीय, सरकारी, शासकीय; सर्वविदित; मुक्तप्रवेश; ein öffentlicher Fernsprecher सार्वजनिक टेलीफ़ोन; die öffentliche Ordnung सार्वजनिक व्यवस्था; ein öffentliches Haus वेश्यालय, रंडीख़ाना, चकला; ~**keit,** f (-) जनता, जनसाधारण, सर्वसाधारण।

offer-ieren, v/t (h.) [lat.] प्रस्तुत क०, पेश क०; देना, मोल लगाना; ~**te,** f (-/-n) प्रस्ताव, पेशकश; kfm: निवेद, निविदा।

offiziell, adj. [lat.] आधिकारिक; सरकारी, राजकीय; (förmlich) औपचारिक।

Offizier, m (-s/-e) [frz.] सैनिक पदाधिकारी, फ़ौजी अफ़सर।

offiziös, adj. [lat.] अर्धसरकारी।

öffn-en, v/t (h.) खोलना; को अभिगम्य बनाना; sich öffnen खुलना, खुल जाना; खिल जाना; fig: jdm. den Blick für etw. öffnen किसी के मन में किसी बात के लिए दिलचस्पी पैदा क०; ~**er,** m (-s/-) (डिब्बे या बोतल आदि) खोलने का उपकरण; ~**ung,** f (-/-en) विवर, छेद, रन्ध्र; मुख, द्वार; o.pl: खोलना, खोला जाना; ~**ungszeit,** f खुलने का समय, खुले रहने का समय।

Offsetdruck, m अनुचित्रित मुद्रण, रबड़ की छपाई, ऑफ़सेट-मुद्रण; ऑफ़सेट-पद्धति से छपी पुस्तक।

oft, adv. कई बार, अक्सर, प्रायः, बहुधा; जल्दी-जल्दी।

öfter, adv. बहुत अक्सर, काफ़ी बार, (बहुत) प्रायः; des öfteren कई बार, बहुत बार; ~**s,** adv., U: → öfter

oftmal-ig, adj. बार-बार का, कई बार का; ~**s,** adv. → oft

oh, int. → o

ohne, 1. präp.(+akk.) के बिना, के बग़ैर, से रहित, से विहीन; ein Kind ohne Eltern बिना माँ-बाप का बच्चा, अनाथ बालक; er ist ohne jedes Schamgefühl वह बिल्कुल निर्लज्ज है; U: das ist gar nicht (so) ohne! यह इतना अहानिकर नहीं है!; यह इतना ख़राब नहीं है!, इसमें कुछ तत्व की बात है; 2. konj. बिना; बग़ैर; er ging, ohne ein Wort zu sagen वह बिना कुछ कहे हुए चला गया; er kam, ohne daß wir ihn eingeladen hatten वह हमारे बिना बुलाए ही चला आया; ~**dies,**/~**hin,** adv. वैसे ही, पहले से ही; ~**gleichen,** adv. बेजोड़, बेमिसाल, लाजवाब।

Ohn-macht, f (-/-en) मूर्च्छा, बेहोशी, गश; o. pl., fig: विवशता, लाचारी, मजबूरी; ~**mächtig,** adj. मूर्च्छित, बेहोश, बेसुध; fig: विवश, लाचार, मजबूर।

Ohr, n (-[e]s/-en) कान, कर्ण; ich habe seine Worte noch im Ohr उसके शब्द मेरे कानों में अभी भी गूँज रहे हैं; diese Musik geht ins Ohr यह संगीत अत्यन्त मधुर है; U: sich aufs Ohr legen सोने के लिए लेट

जाना; U: die Ohren spitzen बहुत ध्यानपूर्वक सुनना, ग़ौर से सुनने लगना; U: auf den Ohren sitzen न सुनना; का ध्यान कहीं और होना;U: tauben Ohren predigen की चेतावनियों का कोई प्रभाव न होना; U: die Ohren steifhalten हिम्मत न हारना; U: die Ohren hängenlassen हतोत्साह या विषण्ण होना; U: jdn. übers Ohr hauen किसी को धोखा देना, किसी को ठग लेना; U: schreibt euch das hinter die Ohren! इस बात को तुम लोग कान खोलकर सुन लो!, इस बात की तुम लोग गाँठ बाँध लो; U: diese Wände haben Ohren इन दीवारों के कान हैं (यहाँ कनसुई लेने वाले हैं); U: er hat viel um die Ohren उसके पास बहुत काम है, उसे काम के मारे सिर उठाने की फ़ुरसत नहीं मिलती; U: er ist noch nicht trocken hinter den Ohren वह अभी बच्चा है।

Öhr, n (-[e]s/-e) सूराख, छेद, सुई का नाका; हथौड़े, कुल्हाड़ी आदि का छेद जिसमें बेंट डाला जाता है।

ohren-betäubend, adj. कर्णभेदी, कानफोड़; **~sausen,** n कानों का झनझनाना; **~schmalz,** n कान का मैल; **~schmaus,** m कर्णानन्द, सुनने में अत्यन्त प्रिय तथा मधुर लगने वाली संगीत-रचना या बात; **~schützer,** m/pl. कर्णत्राण; **~sessel,** m कानों के आस-पास तक पहुँचने वाली पीठ की कुर्सी; **~zeuge,** m कर्णसाक्षी, सुनी हुई बात की गवाही देने वाला।

Ohr-feige, f तमाचा, थप्पड़, चाँटा, झापड़, रहपटा; **~feigen,** v/t (h.) के थप्पड़ मारना; **~läppchen,** n कर्णशुष्कली, ललरी, लोलकी; **~muschel,** f कर्णपल्लव, वाह्य कर्ण; **~ring,** m कान की बाली, बुन्दा, झुमका आदि; **~wurm,** m, zool: चर्माग्रपक्ष, छेउकी।

Okkultis-mus, m (-) [lat.] गुह्यविद्या, तंत्र-मंत्र, तंत्रक्रिया; **~t,** m (-en/-en) तांत्रिक; **~tisch,** adj. गुह्यविद्या पर आधारित, गुह्यविद्या-विषयक, तंत्रक्रिया-संबंधी, तांत्रिक।

okkupieren, v/t (h.) [lat.] को अपने अधिकार में कर लेना, पर क़ब्ज़ा कर लेना।

Ökolog-ie, f (-) [griech.] पारिस्थितिकी, परिवेशविज्ञान; **~isch,** adj. पारिस्थितिक, परिस्थितिकी-संबंधी, पारिस्थितिकी पर आधारित।

Ökonom, m(-en/-en)[griech.] कृषक, खेतिहर; अर्थशास्त्री; **~ie,** f (-) अर्थशास्त्र; अर्थव्यवस्था; (Sparsamkeit) मितव्यय, किफ़ायत; (Wirtschaftlichkeit) लाभप्रदता, अर्थकरता; **~isch,** adj. अर्थशास्त्रीय; आर्थिक; लाभप्रद, अर्थकर; किफ़ायती; किफ़ायत का।

Oktaeder, n (-s/-) [griech.] अष्टफलक।

Oktanzahl, f [lat.] mot: अष्टीन्यमान।

Oktav, n (-s/-e) [lat.] अष्टक, अष्टपत्रक (किताबों का आकार)।

Oktave, f (-/-n) [lat.] mus: अष्टक (भारतीय पद्धति के अनुसार सप्तक)।

Oktober, m (-[s]/-) [lat.] अक्टूबर।

Oktogon, n (-s/-e) [griech.] अष्टभुज; अष्टकोणीय इमारत।

oktroyieren, v/t (h.) [frz.] के सिर मढ़ देना, पर थोप देना, पर लाद देना।

Ökumen-e, f (-) [griech.] आबाद ज़मीन, पृथ्वी; **~isch,** adj. सार्वभौम, सार्वभौमिक।

Okzident, m [lat.] पश्चिम, प्रतीची; **~al(isch),** adj. पश्चिमी, पाश्चात्य।

Öl, n (-[e]s/-e) [lat.] तेल, तैल; fig: Öl auf die Wellen/Wogen gießen किसी व्यक्ति को शान्त क०; किसी झगड़े को शान्त क०; **~baum,** m जैतून का वृक्ष, तैलवदर का वृक्ष।

Oleander, m (-s/-) [ital.] करवीर, कनेर।

öl-en, v/t (h.) में तेल देना या डालना,

को चिकनाना; पर तेल लगाना; eccl: को अभ्यंजित क०, का विलेपन-संस्कार क०; fig: das geht wie geölt यह बहुत आसानी से हो जाता है या हो रहा है; ~**farbe,** f तैलरंग; ~**gemälde,** n तैलचित्र, तैलरंगों से बनाया चित्र; ~**götze,** m, U: er steht da wie ein Ölgötze वह मूर्त्तिवत् खड़ा है; ~**heizung,** f तापन-व्यवस्था जिस में तेल का प्रयोग किया जाए; ~**ig,** adj. तेलिया; तेलहा; तैलाक्त, चिक्कण; fig: भावावेगपूर्ण ।

Oligarch-ie, f (-/-n) [griech.] अल्प-तंत्र, गुटतंत्र; ~**isch,** adj. अल्पतंत्रीय, गुटतंत्रीय ।

oliv, adj. [lat.] जैतून-हरित; ~**e,** f (-/-n) तैलवदर, जैतून; ~**enfarbig,**/ ~**grün,** → oliv

Öl-kuchen, m खली; ~**leitung,** f भूतैल-नाल-पथ; mot: तेल की नली; ~**pest,** f समुद्रजल का तेल द्वारा दूषित किया जाना; ~**presse,** f कोल्हू; ~**ung,** f (-/-en) स्नेहन, तेल डालना, ओंगना; eccl: विलेपन-संस्कार ।

Öl-vorkommen, n भूतैल का पाया जाना; भूतैल की विद्यमानता; ~**wechsel,** m, mot: तेल बदलना ।

Olymp-iade, f (-/-n) [griech.] ओलिम्पिक खेल; ~**ionike,**m (-n/-n) ओलिम्पिक खेलों में भाग लेने वाला; ~**isch,** adj. ओलिम्प पर्वत का; ओलिम्पिक खेलों से संबंधित; fig: शानदार, गौरवपूर्ण; शाही; die Olympischen Spiele ओलिम्पिक खेल ।

Öl-zeug, n सामुद्रिकों की मोमजामे की पोशाक; ~**zweig,** m जैतून की टहनी (शान्ति का प्रतीक) ।

Oma, f (-/-s) दादी; नानी ।

Omelett, n (-[s]/-s;-e) / **Omelette,** f (-/-n) [frz.] ऑमलेट ।

Om-en, n (-s/-) [lat.] शकुन, सगुन; अपशकुन, अशुभ लक्षण; ~**inös,** adj. अशुभ, अनिष्ट-सूचक; चिन्ताजनक; संदेहजनक ।

Omnibus, m (-ses/-se) [lat.] बस, सर्वयान ।

omni-potent, adj. [lat.) सर्वशक्तिमान्, सर्वसमर्थ; ~**potenz,** f (-) सर्वशक्तिमत्ता, सर्वसामर्थ्य; ~**präsent,** adj. सर्वव्यापी; ~**präsenz,** f (-) सर्वव्यापिता ।

Onan-ie, f (-) अपूर्ण मैथुन; हस्तमैथुन; ~**ieren,** v/i (h.) हस्तमैथुन क० ।

ondulieren, v/t (h.) [frz.] लहरदार बनाना (बालों को) ।

Onkel, m (-s/-) [frz.] ताऊ, चाचा, मामा, मौसा, फूफा; बच्चों द्वारा किसी अपरिचित आदमी के संबोधन का शब्द; ~**ehe,** f, U: किसी विधवा का अपने बच्चों समेत किसी पुरुष के साथ बिना विवाह किए हुए रहने की स्थिति; ~**haft,**adj. अनुग्रहशील; चाचा, मामा आदि की भाँति व्यवहार करने वाला; कृपाडम्बरी ।

Onyx,m (-[es]/-e) [griech.] शेषमणि, संगसलीमा, अलेमानी, सुलेमानी ।

Opa, m (-s/-s) दादा, बाबा; नाना ।

Opal, m (-s/-e) [griech./sans.] उपल, रत्नोपल, दूधिया; ~**en,** adj. रत्नोपल का; उपलभासी; ~**eszenz,** f (-) उपलभासा, रंगदीप्ति; ~**isieren,** v/i (h.) रत्नोपल की भाँति चमचमाना; ~**glas,** n दूधिया काँच ।

Oper, f (-/-n) [ital.] गीति-नाट्य, संगीत-नाटक ।

Operat-eur, m (-s/-e) [frz.] प्रचालक, यंत्रचालक, प्रक्षेपित्र-चालक; med: शल्यचिकित्सक, ऑपरेशन करने वाला; ~**ion,** f (-/-en) med: शल्यक्रिया, ऑपरेशन; mil: फ़ौजी कार्रवाई; संग्राम, युद्ध-संबंधी गतिविधि; (Rechenvorgang) परिकलन-संक्रिया; (Arbeitsvorgang) कार्य-प्रक्रम का चरण-विशेष; ~**ionsbasis,** f स्थान जहाँ से कोई कार्रवाई प्रारंभ की जाए; mil: अड्डा, आस्थान; ~**ionssaal,** m शल्य-कक्ष; ~**iv,** adj. शल्यक्रिया द्वारा, ऑपरेशन द्वारा ।

Operette, f (-/-n)[ital.] गीति-नाटिका, संगीत-नाटिका ।

operieren, 1. v/t (h.) [frz.] शल्य-क्रिया क०, ऑपरेशन क०; 2. v/i (h.) सैनिक कार्रवाई क० ।

Opernglas, n नाट्य-दूरवीन ।

Opfer, n (-s/-) [lat.] बलिदान, त्याग, आत्मत्याग, क़ुरबानी; बलि, बलिपशु; शिकार; (Spende) दान, चढ़ावा, भेंट; ein Opfer bringen für jdn. किसी के लिए कोई त्याग क०; dem Erdbeben fielen Tausende zum Opfer हज़ारों व्यक्ति भूकम्प के शिकार हो गए; **~altar,** m बलिवेदी; **~bereit,** adj. (हर) क़ुरबानी के लिए तैयार; आत्म-त्यागी; **~bereitschaft,** f (-) आत्मा त्याग; निस्स्वार्थता; **~freudig,** adj. खुशी से क़ुरबानी करने वाला; **~gabe,** f दान, चढ़ावा, भेंट; **~lamm,** n मेमना जिसकी बलि चढ़ाई जाए; fig: बलि का बकरा, व्यक्ति जिसे निर्दोष होते हुए भी दंड मिले; **~mut,** m बलिदान की भावना, आत्मत्याग की भावना; आत्म-त्याग का साहस; **~n,** 1. v/t (h.) की बलि चढ़ाना; की क़ुरबानी क०, का त्याग क०; प्रदान क०, अर्पित क०; की भेंट चढ़ाना; sich für etw./jdn. opfern किसी बात/व्यक्ति के लिए शहीद हो जाना, किसी बात/व्यक्ति के लिए अपने प्राणों की बलि देना; 2. v/i (h.) बलि चढ़ाना, भेंट चढ़ाना; आत्मत्याग क०; **~stätte,** f बलिदान का स्थान; **~stock,** m गिरजाघर की दानपेटी; **~tier,** n बलिपशु; fig: बलि का बकरा, निर्दोष होते हुए भी दंड पाने वाला व्यक्ति; **~tod,** m आत्मबलिदान, शहादत; **~ung,** f (-/-en) बलिदान, क़ुरबानी; भेंट चढ़ाना, अर्पण; **~willig,** adj. → opferfreudig

Opi-at, n (-[e]s/-e) [lat.] अफ़ीम-मिश्रित औषधि; **~um,** n (-s) अहिफेन, अफ़ीम; **~umsucht,** f अफ़ीम की लत; **~umsüchtig,** adj. अफ़ीम का लती ।

Oppon-ent, m(-en/-en) [lat.] विरोधी, विपक्षी, प्रतिपक्षी; **~ieren,** v/i (h.) विरोध क०, खिलाफ़त क० ।

opportun, adj. [lat.] उपयुक्त; संगत, समयोचित, समयानुकूल; **~ismus,** m (-) अवसरवाद, अवसरवादिता; **~ist,** m (-en/-en) अवसरवादी, अवसरचारी; **~istisch,** adj. अवसरवादी(य); **~ität,** f (-) (सु)अवसर, अनुकूल अवसर; समयानुकूलता; लाभ, फ़ायदा ।

Opposition, f (-/-en) [lat.] विरोध, प्रतिरोध, खिलाफ़त; parl: विरोधी दल; astron: वियुति; **~ell,** adj. विरोधी दल का; विरोध-संबंधी ।

optieren, v/i (h.) [lat.] को चुनना, के पक्ष में निर्णय लेना, के लिए अपनी चाह या पसंद बताना ।

Optik, f (-) प्रकाशिकी, प्रकाशविज्ञान; U:बाह्य रूप, बाहरी तड़क-भड़क; (pl: Optiken)प्रकाशिक यंत्र की वीक्ष-संहति; **~er,** m (-s/-) प्रकाशिक यंत्रों का निर्माता, प्रकाशिक यंत्रों को बेचने वाला; चश्माकार, चश्माफ़रोश ।

optimal, adj. [lat.] अनुकूलतम, इष्टतम; सर्वोत्तम ।

Optimis-mus, m (-) [lat.] आशावाद, आशावादिता, सर्वशुभवाद; philos: श्रेष्ठवाद; **~t,** m (-en/-en आशावादी, सर्वशुभवादी; श्रेष्ठवादी; **~tisch,** adj. आशान्वित, आशापूर्ण, आशावादी; श्रेष्ठवाद पर आधारित, श्रेष्ठवादी ।

Optimum, n (-s/-'ma)[lat.] अनुकूलतम परिस्थिति; अधिकतम परिमाण ।

Option, f (-/-en) [lat.] वरण, चुनाव; पसन्द ।

optisch, adj. [lat.] प्रकाशिकी-संबंधी; प्रकाशिक प्रकाशीय, प्रकाश-; दृष्टि-, दृष्टि-संबंधी, चाक्षुष, नैत्रिक; eine optische Täuschung दृष्टिभ्रम ।

opulent, adj. [lat.] प्रचुर, विपुल; राजसी ।

Opus, n (-/Opera) [lat.] रचना, कलाकृति; mus: (अपने में परिपूर्ण) संगीत-रचना ।

Orakel, n (-s/-) [lat.] देववाणी, आकाशवाणी, भविष्यवाणी, भविष्य-कथन; fig: गूढ़ कथन, रहस्यपूर्ण कथन; **~haft,** adj. देववाणी-सदृश; गूढ़, रहस्यपूर्ण, अनेकार्थक; **~n,** v/i (h.) भविष्यकथन क०, भविष्य बताना; गूढ़ या रहस्यपूर्ण बातें क०; समझ में न आने वाली बातें क० ।

oral,adj. [lat.] मुख का, मुख के द्वारा ।

[1]**orange,** [frz.] 1. adj. → orangefarben; 2. n (-s) नारंगी रंग ।

[2]**Orange,** f (-/-n) नारंगी; मुसम्मी; **~at,** n (-s/-e) नारंगी या मुसम्मी का पागा हुआ छिलका ।

orangefarben, adj. नारंगी (रंग का) ।

Orchest-er, n (-s/-) [griech.] वाद्य-वृन्द, वादक-दल; वादक-कक्ष; **~ral,** adj. वाद्यवृन्दीय; **~rieren,** v/t (h.) सम्मिलित वादन के लिए स्वर-लिपि तैयार क० ।

Orchidee, f (-/-n) [griech.] जीवन्ती-प्रजाति का पौधा या उसका फूल, ऑर्किड ।

Orden, m (-s/-) [lat.] पदक, तमग़ा; eccl: धर्मसंघ; **~sband,** n तमग़े का फ़ीता; **~sregeln,** f/pl. धर्मसंघ की नियमावली ।

ordentlich, 1. adj. सुव्यवस्थाप्रेमी, तरीक़े से काम करने वाला; भला, नेक, ईमानदार, निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ; (aufgeräumt) सुव्यवस्थित; (regelrecht) नियमित, निर्धारित, उचित; पक्का, पूरा, निरा; (tüchtig) तगड़ा, ज़ोरदार; ढंग का; (ordnungsgemäß) नियम के अनुसार किया या बनाया गया, नैयमिक; (ganz gut) अच्छा, काफ़ी अच्छा, बहुत अच्छा; die Sache geht ihren ordentlichen Gang यह काम नियमित (या उचित) ढंग से हो रहा है; ein ordentlicher Professor प्रोफ़ेसर, प्रोफ़ेसर जो पीठाध्यक्ष हो;eine ordentliche Tracht Prügel तगड़ी या ज़ोरदार पिटाई; 2. adv. तरीक़े से; ढंग से; नियम के अनुसार; अच्छी तरह से; ख़ूब, बहुत अधिक, बुरी तरह; U: dem haben wir's ordentlich gegeben उसका दिमाग़ हमने अच्छी तरह दुरुस्त कर दिया है, उसकी तबियत हमने ढंग से हरी कर दी है; U: ich bin ordentlich erschrokken मैं बुरी तरह घबरा गया हूँ; **~keit,** f (-) व्यवस्थाप्रेम; निष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा, नियमनिष्ठा; सुव्यवस्थितता, सुव्यवस्था ।

Order, f (-/-n) [frz.] आदेश, हुक्म; निदेश, निर्देश; kfm: हस्ताक्षरित धनादेश ।

ordinär, adj. [frz.] साधारण, मामूली, नित्य का; fig: अशिष्ट, अभद्र, अश्लील; तुच्छ, नीच ।

Ordinari-at, n (-[e]s/-e) [lat.] पीठ, प्रोफ़ेसर का पद; eccl: बिशप का प्रशासनिक कार्यालय; **~us,** m (-/-'rien) प्रोफ़ेसर, पीठाध्यक्ष प्रोफ़ेसर; eccl: स्थानीय धर्माध्यक्ष या बिशप ।

Ordinate, f(-/-n)/ **Ordinatenachse,** f [lat.] math: र-अक्ष ।

Ordin-ation, f (-/-en) [lat.] पादरी का अभिषेक; eines Arztes: नुसख़ा; चिकित्सक का परामर्श; चिकित्सक से परामर्श करने का समय; **~ieren,** 1. v/i (h.) (चिकित्सक का) रोगियों को देखना; 2. v/t (h.) को पादरी के पद पर प्रतिष्ठित क०; नुसख़ा लिखना, का परामर्श देना ।

ordn-en, v/t (h.)[lat.] को सुव्यवस्थित क०, में व्यवस्था लाना; को ठीक क० या ठीक से रखना; क्रमबद्ध क०, को क्रम-विशेष से रखना, को ढंग-विशेष से सजाना; निपटाना, सुलझाना; fig: in geordneten Verhältnissen leben नियमित, सुव्यवस्थित या सुसंयत जीवन बिताना; **~er,** m (-s/-) व्यवस्थापक; प्रबंधकर्ता; (Aktenordner) संचिका, सजिल्द फ़ाइल ।

Ordnung, f (-/-en) व्यवस्थित क० या किया जाना; क्रमबद्ध क० या किया जाना; निपटारा; (geregelter

Zustand) व्यवस्था; क्रम; नियत या नियमित क्रम; (Regel) नियम; विधान; निर्धारित कार्य-नियम; (Klasse) वर्ग, श्रेणी; zool: गण; fig: अनुशासन;संयम; Verwandte erster Ordnungसमरक्त संबंधी; etw. in Ordnung bringen किसी वस्तु को ठीक क०; किसी वस्तु या स्थान को सुव्यवस्थित क०; किसी मामले को सुलझाना या निपटाना; U: er ist in Ordnung! वह विश्वसनीय है; वह भला आदमी है, वह ठीक आदमी है; U: in Ordnung!ठीक है!, अच्छी बात!, बात पक्की हो गई!; **~sgemäß,** adj. नियमानुसार, यथा-नियम, नियमसम्मत;**~shalber,** adv. नियम के पालन के उद्देश्य से;**~sliebe,** f व्यवस्थाप्रेम, व्यस्थाप्रियता, सलीक़ा-पसन्दी; नियमनिष्ठा; अनुशासनप्रियता; **~sliebend,** adj. व्यवस्थाप्रेमी, व्यवस्थाप्रिय, सलीक़ापसन्द; नियमनिष्ठ; अनुशासनप्रिय; **~smäßig,** adj.→ ordnungsgemäß; क्रमानुसार; गणा-नुसार; **~sruf,** m सभापति या अध्यक्ष द्वारा दी गई चेतावनी, (सदन में) अनुशासनपूर्ण व्यवहार करने के लिए अध्यक्ष का आदेश; **~ssinn,** m व्यवस्था या अनुशासन के प्रति झुकाव, व्यवस्थाप्रियता, अनुशासनप्रियता; **~sstrafe,** f अनुशासनिक दंड, अनुशासन भंग करने पर दिया गया दंड; **~swidrig,** adj. नियमविरुद्ध; **~swidrigkeit,**f(-/-en)नियमोल्लंघन; **~szahl,** f क्रमसूचक संख्या, क्रम-संख्या; chem: परमाणु-क्रमांक, परमाणु-संख्या।

Ordonnanz, f (-/-en) [frz.] mil: काम-विशेष के लिए नियुक्त सैनिक; संदेशवाहक सैनिक; अर्दली।

Organ, n (-s/-e) [griech.) अंग, इन्द्रिय; अवयव; Zeitung: मुखपत्र, दल-विशेष का अख़बार, संगठन-विशेष की पत्रिका; (Stimme) आवाज़; Institution: कार्यकारिणी संस्था; Person: कार्यकारी व्यक्ति; fig: er hat kein Organ für klassische Musik उसे शास्त्रीय संगीत में कोई रुचि (या दिलचस्पी) नहीं है, उसमें शास्त्रीय संगीत को समझने की क्षमता नहीं है।

Organisat-ion, f (-/-en) [griech.] संगठन; o.pl: व्यवस्थापन; संघटन; व्यवस्था, प्रबंध; **~ionstalent,** n. संघटन-क्षमता, संगठन-प्रतिभा, अच्छा प्रबंध या अच्छी व्यवस्था करने की योग्यता; **~or,** m (-s/-en) संगठन-कर्ता, संगठक; आयोजक; **~orisch,** adj. संगठन-संबंधी; आयोजन-संबंधी, प्रबंध-संबंधी।

organisch, adj. आंगिक, ऐन्द्रिय; सुघटित, सुव्यवस्थित; स्वभावगत, सहज, समवायी; biol: जैव, जीवजात; chem: प्रांगारिक, कार्बनिक।

organisieren, v/t (h.) को संघटित क०; का आयोजन क०, का प्रबंध क०; को संघबद्ध क०, को संगठित क०; sich organisieren संघबद्ध हो जाना, संगठित हो जाना; U: etw. organisieren किसी वस्तु को चुरा लेना या पार कर देना।

Organismus, m (-/-'men) जीव, जीवी, अवयवी, संघटित शरीर-रचना; fig: सुसंघटित समष्टि, तंत्र, व्यवस्था।

Organist, m (-en/-en) वाद्यराज-वादक।

Orgas-mus, m (-/-'men) [griech.] रतिक्षण, मदनलहरी; **~tisch,** adj. रतिक्षण-संबंधी, मदनलहरी-संबंधी; कामोन्मत्त।

Orgel, f (-/-n) वाद्यराज, ऑर्गन; **~pfeife,** f वाद्यराज की स्वर-नलिका; U: die Kinder standen aufgereiht wie die Orgelpfeifen बच्चे क्रमिक ऊँचाई के अनुसार एक पंक्ति में खड़े थे।

Orgie, f (-/-n) [griech.] व्यभिचार-पूर्ण पानोत्सव, अतिरेकपूर्ण मद्यतुमुल।

Orient, m (-s) [lat.] पूर्व, प्राची, पूर्व-देश; **~ale,** m (-n/-n) पूर्वदेशवासी,

पूर्वदेशी; ~**alisch,** adj. प्राच्य, पूर्वी; पूर्वदेशीय संस्कृति का; ~**alist,** m (-en/-en) पूर्वदेशीय संस्कृति एवं भाषाओं का विद्वान या विद्यार्थी, प्राच्यविद्; ~**alistik,** f (-) प्राच्य विद्या।

orientier-en, v/t (h.) को ज्ञान या जानकारी देना, को किसी बात से अवगत कराना, को बताना; स्थिति-निर्धारण क०, दिग्विन्यास क०; sich über etw. orientieren किसी बात के बारे में जानकारी प्राप्त क०; sich orientieren können अपनी स्थिति निर्धारित करके रास्ता ढूँढ पाना; sich an etw. orientieren किसी बात के अनुसार चलना; किसी बात के अनुसार होना; jdn. auf etw. orientieren किसी का ध्यान किसी बात की ओर आकर्षित क०; किसी को किसी रास्ते पर लाना; ~**ung**,f (-/-en) जानकारी (देना); स्थिति-निर्धारण; दिग्विन्यास; die Orientierung verlieren रास्ता भूल जाना, को दिशाभ्रम हो जाना; ~**ungspunkt,** m दिग्विन्यास-चिह्न; प्रसंग।

original, [lat.] 1. adj. मूल,प्रारंभिक; (echt) असली; 2. n (-s/-e) मूल; मूल आदर्श; मूल वस्तु; मूल लेख; मूल प्रमाणपत्र; fig: विलक्षण या अनोखा व्यक्ति; ~**ausgabe,** f मूल संस्करण; ~**fassung,** f मूल शब्दयोजना, मूल रचना; ~**getreu,** adj. मूल से बिल्कुल मिलता-जुलता; ~**ität,** f (-) मौलिकता।

originell, adj. [lat.] मौलिक; सृजनशील, विचक्षण; अपूर्व, नूतन; असाधारण, निराला, अनूठा, विलक्षण।

Orkan, m (-[e]s/-e) [niederl.] प्रचंड तूफ़ान।

Ornament,n(-[e]s/-e) [lat.] अलंकार, सजावट, सजावट की वस्तु, सजावट का नमूना; ~**ieren,** v/t (h.) को अलंकृत क०; ~**ik,** f (-) सजावट की सभी वस्तुएँ,सारी सजावट; अलंकरण-कला।

Ornat, m (-[e]s/-e) [lat.] पद-विशेष का औपचारिक परिधान।

Ornitholog-e, m (-n/-n) [griech.] पक्षिविज्ञानी, खगविद्याज्ञ; ~**ie,** f (-) पक्षिविज्ञान, खगविद्या।

Ort, m (-[e]s/-e) स्थान, जगह; स्थल; (Ortschaft) गाँव, क़स्बा, शहर; (pl: Örter): math: बिन्दुपथ।

Örtchen, n (-s/-) U: शौचालय।

orten, v/t (h.) की स्थिति का पता लगाना (विमान या जहाज़ की)।

orthodox, adj. [griech.]शास्त्रसम्मत; अतिधर्मनिष्ठ; die orthodoxe Kirche प्राच्य चर्च; fig: रूढ़िवादी, परम्परानिष्ठ;~**ie,**f(-)शास्त्रसम्मतता; अतिधर्मनिष्ठा; fig: परम्परानिष्ठा, रूढ़िवादिता।

Orthograph-ie, f (-/-n) [griech.] वर्तनी, वर्णविन्यास;शुद्ध वर्तनी;~**isch,** adj. वर्तनी-विषयक, वर्तनी-संबंधी।

Orthopäd-e, m (-n/-n) [griech.] विकृतांग-चिकित्सक; ~**ie** , f (-) विकलांगविज्ञान, विकृतांग-चिकित्सा-विज्ञान; ~**isch,** adj. विकृतांग-चिकित्साविज्ञान पर आधारित; विकलांगविज्ञान-संबंधी।

örtlich, adj. स्थानीय, स्थानिक; मुक़ामी; विशेषक्षेत्री; ~**keit,** f (-/-en) स्थान, जगह; क्षेत्र, मैदान; pl., U: शौचालय।

orts-ansässig, adj. किसी स्थान पर रहने वाला, स्थानीय, आवासी, अधिवासी; ~**bestimmung,** f स्थिति-निर्धारण।

Ortschaft, f (-/-en) गाँव, क़स्बा; छोटा नगर।

orts-fremd, adj. बाहर का, परदेशी; ~**gebunden,** adj. किसी स्थान पर स्थायी रूप से रहने वाला, किसी दूसरे नगर में जाकर रहने के लिए असमर्थ; ~**gedächtnis,** n किसी नये स्थान की सड़कों आदि को याद रखने या वहाँ आसानी से रास्ता ढूँढ लेने की सहज क्षमता; ~**gespräch,** n, tel:

स्थानीय टेलीफ़ोन-वार्ता; ~**kenntnis,** f किसी स्थान या वहाँ की परिस्थितियों की जानकारी; ~**kundig,** adj. किसी स्थान से परिचित; ~**netz,** n, tel: किसी स्थान का टेलीफ़ोन-तंत्र; ~**sinn,** m→Ortsgedächtnis; ~**üblich,** adj. किसी स्थान में प्रचलित या प्रायिक; ~**verkehr,** m स्थानीय यातायात; स्थानीय संचार-व्यवस्था; ~**zeit,** f स्थानीय समय ।

Ortung, f (-/-en) स्थिति-निर्धारण ।

Öse, f (-/-n) कड़ी, छल्ला, तुकमा, पाशक ।

Osmo-se, f (-/-n) [griech.] परिसरण, परासरण, आसृति; ~**tisch,** adj. आसृति-संबंधी, आसृतीय, परिसरण पर आधारित ।

Ost, 1. geogr: →Osten; 2. m (-[e]s/-e) poet: पुरवाई; ~**block,** m, pol: पूर्वी यूरोप के साम्यवादी राष्ट्रों का गुट; ~**en,** m (-s) पूर्व, प्राची, मशरिक; पूर्वी प्रदेश, पूर्वी क्षेत्र; पूर्व के राष्ट्र ।

Oster-ei, n ईस्टर के पर्व का रंगविरंगा अंडा; ~**fest,** n→Ostern; ~**glocke,** f नरगिस; ~**hase,** m ईस्टर के पर्व पर रंगविरंगे अंडे लाने वाला खरगोश ।

österlich, adj. ईस्टर-संबंधी, ईस्टर का, ईस्टर जैसा ।

Oster-montag m ईस्टर के बाद का सोमवार; ~**n,** n. (-)/ f/pl. ईस्टर, ईसा के पुनरुत्थान का पर्व ।

Österreich, n ऑस्ट्रिया; ~**er,** m (-s/-) ऑस्ट्रिया-निवासी; ~**isch,** adj. ऑस्ट्रिया का ।

Osteuropa, n पूर्वी यूरोप ।

östlich, 1. adj. पूर्वी, पूर्वीय, प्राच्य; 2. adv. पूर्व की ओर, पूर्व में; 3. präp. (+gen.) के पूर्व में, से पूर्व की ओर ।

ost-wärts, adv. पूर्व की ओर, पूर्वाभिमुख; ~**wind,** m पुरवाई, पुरवैया ।

Oszill-ation, (-/-en) [lat.] दोलन; ~**ieren,** v/i (h.) झूलना, दोलायमान होना; ~**ograph,** m (-en/-en) दोलन-लेखी ।

[1]**Otter,** m (-s/-) उद्र, जलविडाल, पानी में रहने वाला ऊदबिलाव ।

[2]**Otter,** f (-/-n) विषैला साँप, गेहुअन जैसा एक साँप ।

Ouvertüre, f (-/-n) [frz.] mus: पूर्वरंग; fig: प्रस्तावना; प्रारंभ, आरंभ ।

oval, [lat.] 1. adj. अंडाकार; 2. n (-s/-e) अंडवक्र, अंडाकृति ।

Ovation, f (-/-en) [lat.] जय-जयकार; करतलध्वनि, साधुवाद ।

Oxid/Oxyd, n (-[e]s/-e) [griech.] जारेय, ऑक्साइड; ~**ation,** f (-/-en) जारण, उपचयन, ऑक्सीकरण; ~**ieren,** v/i (h.;s.) ऑक्सीकृत होना ।

Ozean, m (-s/-e)[griech.] महासागर, ~**isch,** adj. महासागरीय; समुद्रीय; ~**ographie,** f (-) समुद्रविज्ञान; ~**riese,** m विशाल (जल)पोत, बहुत बड़ा जहाज़ ।

Ozelot, m (-s/-e) [indian.] अमरीकी तेंदुआ (जो मेक्सिको से उत्तरी अर्जेन्टीना तक के जंगलों में पाया जाता है) ।

Ozon, n (-s) [griech.] प्रजारक, ओज़ोन ।

P

[1]**paar,** indefinitpron. कुछ, थोड़े, थोड़े-से, चंद; in ein paar Minuten कुछ मिनटों में ।

[2]**Paar,** n (-[e]s/-e) [lat.] जोड़ा, जोड़ी, युग्म, युगल; दो, द्वय; ein Paar Schuhe जूतों का जोड़ा, एक जोड़ी जूते; ein Paar Ochsen बैलों की जोड़ी; zu Paaren दो-दो करके, जोड़ों में, जोड़े बनाकर; ~**en,** v/t (h.) जोड़ा मिलाना, (पशुओं को युग्मन के लिए) जोड़ियों में विभक्त क०, जोड़ा खिलाना; fig: से मिलाना, से जोड़ना; sich paaren (पशुओं का) जोड़ा खाना या मैथुन क०; fig: से मिला होना; ~**ig,** adj. जिसका जोड़ा भी विद्यमान हो, युग्ममय, युगल, युग्मित; ~**lauf,** m बर्फ़ के फ़र्श पर युगल-स्केटिंग ।

paarmal, adv. : ein paarmal एक-आध बार, दो-एक बार, कुछ बार ।

Paar-ung, f (-/-en) जोड़ा मिलाना या खिलाना, युग्मन, मैथुन (पशुओं का); ~**ungszeit,** f मदकाल, पशुओं के गरम होने का मौसम; ~**weise,** adv. दो-दो करके, जोड़ों में ।

Pacht, f (-/-en) Nutzungsrecht: धारणाधिकार, काश्तकारी; भाटकिता; पट्टा, इजारा; Entgelt: भाटक, धारणाधिकार के लिए दिया जाने वाला धन; लगान, भूमिकर; ~**en,** v/t (h.) पट्टे पर लेना; भाटक पर लेना ।

Pächter, m (-s/-) पट्टेदार, पट्टाधारी; भाटकी ।

Pacht-ung, f (-) पट्टे या इजारे पर लेना; भाटक पर लेना; ~**vertrag,** m पट्टा, पट्टे का अनुबंध; भाटक-अनुबंध; ~**zins,** m भाटक, धारणाधिकार के लिए दिया जाने वाला धन; लगान, भूमिकर ।

[1]**Pack,** m (-[e]s/-e; ⸗e) गट्ठा, गट्ठर, पुलिंदा; गाँठ; गड्डी; पैकिट ।

[2]**Pack,** n (-[e]s) U: नीच लोग, हेय वर्ग; गुंडे-बदमाश ।

Päckchen, n (-s/-) संवेष्ट, पार्सल, छोटा पैकिट; fig: jeder hat sein Päckchen zu tragen हर एक के सिर पर चिन्ताओं का बोझ रहता है ।

Pack-eis, n प्रवाही हिमपुंज, तैरते हुए हिमखंडों का समूह; ~**en,** 1. v/t (h.) बाँधना, का बंडल बाँधना, संवेष्टित क०, पैक क०; डिब्बे या संदूक आदि में बंद क०; (ergreifen) कसकर पकड़ना या पकड़ लेना; fig: पर मर्म-स्पर्शी प्रभाव डालना, के मर्म को छू जाना; की नस-नस में समा जाना; को पुलकित, भावविह्वल या रोमांचित कर देना; को मंत्रमुग्ध कर देना; U: कर लेना, पूरा क०, निष्पादित क०, निपटाना; 2. v/r (h.) U: चला जाना, खिसक जाना, भाग जाना, फूट जाना; 3. m (-s/-) → [1]Pack; ~**er,** m (-s/-) संवेष्टक, पैकर; ~**esel,** m मालवाही गधा; U: भारी बोझ से लदा व्यक्ति;व्यक्ति जिस पर सब काम लाद दिया जाए, कोल्हू का बैल; ~**papier,** n (सं)वेष्टन का काग़ज़, पैकिंग का काग़ज़; ~**sattel,** m काठी; ~**ung,** f (-/-en) संवेष्टन, बँधाई; संवेष्ट, पैकिट, डिब्बा; संवेष्टन-सामग्री, खाली पैकिट या डिब्बा; med: जलचिकित्सा के लिए रोगी को भीगे कपडे से लपेटना या इस के लिए प्रयुक्त भीगा कपड़ा; tech: गद्दी, वाशर, गास्केट ।

Pädagog-e, m (-n/-n) [griech.] शिक्षाशास्त्री; संशिक्षक, शिक्षक, अध्यापक; ~**ik,** f (-) शिक्षाशास्त्र, संशैक्षिकी; ~**isch,** adj. शिक्षा-शास्त्रीय, शैक्षणिक ।

Paddel, n (-s/-) [eng.] चप्पू, क्षेपणी; ~**boot,** n चप्पूदार नौका, चप्पुओं से चलाई जाने वाली नाव; ~**n,** v/i

(h.;s.) चप्पुओं से नाव खेना या चलाना; fig: कुत्ते की तरह तैरना।

paffen, v/i (h.) U: (बहुत अधिक) धूम्रपान क०, धुआँ उड़ाना।

Page, m (-n/-n) [frz.] वर्दीधारी किशोर परिचर (होटलों में); ~**nkopf,** m केशविन्यास जिसमें बाल कानों के ऊपर तक लटकते हैं।

Paket, n(-[e]s/-e) [frz.] पोट, पार्सल, पैकिट; ~**annahme,** f पार्सल-खिड़की; ~**ausgabe,** f पार्सल-वितरण की खिड़की; ~**karte,** f पार्सल-फ़ॉर्म; ~**post,** f पोट-डाक, पार्सल-डाक।

Pakistan, n पाकिस्तान; ~**i,** m(-s/-s) पाकिस्तानी; ~**isch,** adj. पाकिस्तानी।

Pakt, m (-[e]s/-e)[lat.] संधि; संश्रय; समझौता; ~**ieren,** v/i (h:) संधि क०; समझौता क०।

Palais, n (-/-) [frz.] राजभवन, प्रासाद, महल।

Paläontolog-ie, f (-) [griech.] पुरासात्विकी, जीवाश्मविज्ञान, जीवाश्मिकी; ~**isch,** adj. पुरासात्विकी-संबंधी, जीवाश्मिकी पर आधारित।

Palast, m (-[e]s/ ⸚e) राजभवन, प्रासाद, महल; शानदार इमारत; ~**revolution,** f शासक के अंतरंग व्यक्तियों द्वारा सिंहासनोत्क्षेपण (का प्रयत्न)।

palatal, [lat.] 1. adj. तालव्य; 2. m (-s/-e) तालव्य ध्वनि।

Palaver, n (-s/-) [port.] U: निरर्थक प्रलाप; अनावश्यक प्रलाप, बेकार की लम्बी-चौड़ी बात या बहस; ~**n,** v/i (h) निरर्थक प्रलाप क०, बेकार की लम्बी-चौड़ी बातें या बहस क०।

Palette, f (-/-n) [frz./ital.] रंग-पट्टिका; छोटी पेटियों आदि को एक साथ ले जाने के लिए प्रयुक्त पहियेदार चौकी।

Palisander, m (-s/-) / ~**holz,** n [indian.] शीशम; ~**n,** adj. शीशम का।

Palm-e, f (-/-n) [lat.] ताड़, खजूर; (Palmwedel) ताड़पत्र; fig: die Palme des Sieges erringen विजयी होना, विजय प्राप्त क०; U: jdn. auf die Palme bringen किसी को क्रोध दिलाना, किसी को ग़ुस्सा दिलाना; ~**sonntag,** m ईस्टर से पूर्व का रविवार; ~**wedel,** m ताड़पत्र।

Pampelmuse, f (-/-n) [niederl.] चकोतरा।

Pamphlet, n (-[e]s/-e) [lat.] निन्दा-रचना, निन्दा-लेख; ~**ist,** m (-en/-en) निन्दा-लेखक।

pampig, adj., U: लसलसा, गारे जैसा, लपसी जैसा; fig: धृष्ट; ढीठ, ग़ुस्ताख़, बदतमीज़, बेलिहाज़।

panaschieren, v/i (h.) [frz.] bei Wahlen: एक ही मतपत्र पर (भिन्न दलों के) उम्मीदवारों को वरीयता के अनुसार अंकित क०, मतविभाजन क०।

Paneel, n (-s/-e) [niederl.] काष्ठास्तरण, दीवारों पर की तख़्तावंदी; ~**ieren,** v/t (h.) (दीवार) पर पटरे जड़ना, तख़्तावंदी क०।

panieren, v/t (h.) [frz.] को तलने से पहले अंडे तथा रोटी के कणों या मैदे आदि में लपेटना (गोश्त, मछली आदि)।

Pan-ik, f (-/-en) आतंक, संत्रास, तहलका, भीषिका; भगदड़; ~**ikartig,** 1. adj. आतंकित, संत्रस्त; भगदड़ जैसा; 2. adv. बेतहाशा घबरा कर या भयभीत होकर; ~**ikmache,** f, U: आतंक फैलाने का प्रयत्न; ~**isch,** 1. adj. आतंकपूर्ण, संत्रासपूर्ण; 2. adv. बेतहाशा, बुरी तरह से।

Panne, f (-/-n) [frz.] कार आदि का रास्ते में ख़राब हो जाना; (Betriebsstörung) मशीनों का बिगड़ जाना या ठप हो जाना; U: अड़चन; दुर्दैव; अकरण, ग़लती, गड़बड़।

Panorama, n (-s/-'men) [griech] परिदृश्य, सर्वदिग्दृश्य।

pansch-en, 1. v/t (h.) U: में पानी मिलाना; 2. v/i (h.)→ planschen; ~**er,** m (-s/-) U: (दूध या अंगूरी

आदि को)पानी मिलाकर बेचने वाला।

Pansen, m (-s/-) [lat.] रोमन्थक पशुओं का प्रथम आमाशय; dial: पेट।

Pantheis-mus, m (-) [griech.] सर्वेश्वरवाद, 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का सिद्धान्त; ~**t,** m (-en/-en) सर्वेश्वरवादी; ~**tisch,** adj.सर्वेश्वरवादात्मक, सर्वेश्वरवाद-संबंधी।

Panther, m (-s/-) [griech.] तेंदुआ, द्वीपी।

Pantine, f (-/-n) [frz.] काष्ठपादुका, चट्टी।

Pantoffel, m (-s/-n) [frz./ital.] स्लीपर, स्लीपट, घर में पहनने का जूता; U; er steht unter dem Pantoffel वह जोरू का गुलाम है; ~**held,** m, U: स्त्रीवश्य पुरुष, जोरू का ग़ुलाम।

Pantolette, f (-/-n) सैंडल।

Pantomim-e, [griech.] 1. f (-/-n) मूकाभिनय; 2. m (-n/-n)मूकाभिनेता; ~**isch,** adj. मूकाभिनय-विषयक, मूकाभिनय द्वारा प्रदर्शित।

pantsch-en, v/t & v/i (h.) → panschen; ~**er,** m →Panscher

Panzer, m (-s/-) [ital.] mil: टैंक, दुर्गयान; Stahlhülle: लोहे की चादर, वख़्तर, वक्तर; Rüstung: कवच, जिरह बक्तर, उरस्त्राण; zool:प्रकवच, कर्पर; ~**abwehrkanone,**f, mil: टैंकमार तोप; ~**echse,**f मकर, मगर; ~**fahrzeug,** n कवचित यान, बक्तरबंद गाड़ी; ~**flotte,** f टैंक-समूह; ~**führer,** m टैंक-चालक; ~**glas,** n अभेद्य काँच; ~**hemd,** n उरस्त्राण, कवच; ~**kreuzer,** m, mar: कवचित युद्धपोत; ~**n,** v/t (h.) को कवचित क॰; ~**schlacht,** f टैंकों की लड़ाई; ~**schrank,** m तिजोरी;~**ung,** f (-) कवचित क॰, लौहाच्छादन; लोहे की चद्दर, वर्म; बक्तर; ~**wagen,** m कवचित यान।

Papa, m (-s/-s) [frz.] U: पिताजी, बप्पा, अब्बा।

Papagei, m (-en/-en) [frz.] तोता, शुक, सुग्गा; ~**enkrankheit,** f शुक-रोग, तोतों का मनुष्यों में फैलने वाला रोग।

Papier, n(-s/-e) [lat./griech.] o.pl: काग़ज़; (Schriftstück) दस्तावेज़, लेखपत्र; kfm: हुंडी, शेयर आदि; pl: परिचयपत्र आदि; etw. zu Papier bringen किसी बात को लेखबद्ध क॰; das steht nur auf dem Papier यह तो केवल काग़ज़ी बात है (इस का कोई व्यावहारिक महत्व नहीं है); ~**en,** adj. काग़ज़ का, काग़ज़ी; fig: शुष्क, नीरस (शैली आदि); ~**geld,** n काग़ज़ी मुद्रा, अर्थपत्र, नोट; ~**korb,** m रद्दी काग़ज़ों (या कूड़े) की टोकरी; ~**krieg,** m लिखापढ़ी, फ़ीताशाही के फलस्वरूप (अनावश्यक) लिखापढ़ी; ~**schnitzel,** n/pl. काग़ज़ की कतरन; ~**taschentuch,** n काग़ज़ का रूमाल; ~**tiger,** m, U: मिट्टी का शेर, टाँय टाँय फिस्स।

Papp, m (-[e]s/-e) U: (Brei) गूदा, लुगदी; (Kleister) लेई;~**e,** f (-/-n) गत्ता, दफ़्ती; U: das ist nicht von Pappe यह खराब नहीं है; यह बहुत ज़बरदस्त है, इसे कम न समझना!

Pappel, f (-/-n) [lat.] पहाड़ी पीपल।

päppeln, v/t (h.) U: को लाड़-प्यार से खिलाना या पालना।

pappen, 1. v/t (h.) U: चिपकाना; 2. v/i (h.) U: चिपकना, चिपचिपा होना।

Pappenheimer, m (-s/-) fig: ich kenne meine Pappenheimer मैं इन लोगो को अच्छी तरह जानता हूँ, मैं इन लोगों की नस-नस पहचानता हूँ।

Pappenstiel, m, fig: das ist kein Pappenstiel यह कोई मामूली बात नहीं है; यह नहीं है कि इसका कोई मूल्य न हो।

papperlapapp, int. अरे रहने दो यह

बकवास!

papp-ig, adj. चिपचिपा, जल्दी चिपक या बंध जाने वाला ~**karton,** m गत्ते या दफ़्ती का डिब्बा; ~**masché,** n (-s/-s) काग़ज़ की लुगदी; ~**schnee** m चिपक जाने वाली बर्फ़; ~**teller,** m गत्ते या दफ़्ती की तश्तरी।

Paprika, m (-s/-s)[ungar.] (शिमला) मिर्च या उसका पौधा।

Papst, m (-es/ ⁻ e) [lat.] पोप।

päpstlich, adj. पोप-संबंधी, पोप का।

Papsttum, n (-s) पोप का पद; पोप-तंत्र।

Papyrus, m (-/-'ri) [griech.]श्रीपत्र; श्रीपत्र के डंठलों से बना काग़ज़ या उसकी पांडुलिपि।

Parabel, f (-/-n) [lat.] दृष्टान्त-कथा, नीतिकथा; math: परवलय।

parabol-isch, adj. [lat.] नीतिकथा-संबंधी; नीतिकथा के रूप में वर्णित, लाक्षणिक; math: परवलयिक; ~**oid,** n (-[e]s/-e) math: परवलयज; ~**spiegel,** m परवलीय परावर्तक।

Parade, f (-/-n) [frz.] सैन्य-प्रदर्शन, सैन्य-प्रदर्शन का औपचारिक निरीक्षण, परेड; beim Fechten: वार को रोकना; Reitsport: घोड़े की चाल को प्रदर्शनार्थ धीमा क०; ~**beispiel,** n आदर्श उदाहरण; ~**marsch,** m प्रदर्शन-प्रयाण, मार्च-पास्ट; ~**stück,** n, fig: प्रदर्शनीय वस्तु या काम; ~**uniform,** f समारोह-परेड की वर्दी।

paradieren, v/i (h.) [frz.] परेड क०; fig: mit etw. paradieren किसी वस्तु या बात का प्रदर्शन क०।

Paradies, n (-es) [griech.] स्वर्ग, बैकुंठ, जन्नत, अदनवाटिका, ~**apfel,** m, dial: टमाटर; ~**isch,** adj. स्वर्गतुल्य, स्वर्ग जैसा, स्वर्ग्य, स्वर्गीय; fig: अत्यन्त मनोरम।

Paradigma, n (-s/-'men) [griech.] निदर्शन, उदाहरण; gramm: शब्द-रूपावली, रूपतालिका; ~**tisch,** adj. निदर्शनात्मक।

paradox, [griech.] 1. adj. विरोधाभासी, विरोधाभासात्मक;2. n (-es/-e) →Paradoxon; ~**ie,** f (-/-n) विरोधाभासिता, विरोधाभासात्मकता; ~**on,** n (-s/-'xa) विरोधाभास; विरोधोक्ति, विरोधाभासी कथन।

Paraffin, n (-s/-e) [lat.] मृद्वसा, पैराफ़िन।

Paragraph, m (-en/-en) [griech.] अनुच्छेद, पैरा, पैराग्राफ़, परिच्छेद; jur: कंडिका, धारा, दफ़ा; ~**enreiter,** m, U: क़ानून का शब्दश: पालन करने वाला।

parallel, adj. [griech.] समानान्तर, समान्तर; fig: समकालिक, एक ही समय पर या साथ-साथ होने वाला; सदृश, समान; ~**e,** f (-/-n)समानान्तर रेखा; fig: सादृश्य, समानता, सदृशयता, तुल्यता; ~**ismus,** m (-/-'men) सादृश्य, समानता, एकरूपता; ~**ität,** f (-) समान्तरता; समानता, सदृशता; ~**kreis,** m अक्षवृत्त, अक्षरेखा; ~**ogramm,** n (-s/-e) समान्तर चतुर्भुज; ~**schaltung,** f, el: पार्श्व-बंध; ~**straße,** f समानान्तर या समदिश सड़क।

Paraly-se, f (-/-n) [griech.] med: अंगघात, पक्षाघात, लक़वा, फ़ालिज; ~**sieren,** v/t (h.) विकलांग कर देना; fig: का प्रभाव समाप्त कर देना; को ठप कर देना; ~**tiker,** m (-s/-) अंगघात-पीड़ित व्यक्ति, लक़वा-रोगी; ~**tisch,** adj. अंगघातग्रस्त, लक़वा मारा हुआ।

Parameter, m (-s/-)[griech.]math: प्राचल।

Parano-ia, f (-) [griech.] med: संविभ्रम, पीड़नोन्माद; ~**id,** adj. → paranoisch; ~**iker,** m (-s/-) पीड़नोन्माद का रोगी, संविभ्रमी; ~**isch,** adj. संविभ्रम से पीड़ित, विक्षिप्त।

Paraph-e, f (-/-n) [frz.] हस्ताक्षर-चिह्न, लघु हस्ताक्षर; **~ieren,** v/t (h.) पर लघु हस्ताक्षर क० ।

Paraphras-e, f (-/-n) [griech.] पदान्वय, भावानुवाद; **~ieren,** v/t (h.) का भावानुवाद क०, पदान्वय क० ।

Parapsychologie, f (-) [griech.] परा-मनोविज्ञान ।

Parasit, m (-en/-en) [griech.] परजीवी, जीवोपजीवी, पराश्रयी; **~är,/ ~isch,** adj. परजीवी, पारजैविक, पराश्रयिक; **~ismus,** m (-) परजीविता ।

parat, adj. [lat.] तैयार; स्मृतिस्थ, जो याद हो ।

Paratyphus, m [griech.] med: अप्यान्त्रज्वर ।

Pärchen, n (-s/-) प्रेमी और प्रेमिका की जोड़ी, प्रेमी-युगल ।

Pardon, m (-s) [frz.] क्षमा, माफ़ी; रिआयत, मुरव्वत ।

Parenthe-se, f (-/-n) [griech.] निक्षिप्त वचन, वाक्य, पद या वाक्यांश; कोष्ठक; **~tisch,** adj. निक्षिप्त; अप्रासंगिक रूप से कथित ।

Parfüm, n (-s/-e;-s) [frz./ital.] इत्र, अतर, सुगंधयुक्त द्रव्य; **~erie,** f (-/-n) सुगंधशाला, इत्रसाज़ की दूकान; **~ieren,** v/t (h.) सुगंधित क०, इत्र लगाना ।

pari, [ital.] 1. adv., kfm: सममूल्य पर; अंकित मूल्य पर; 2. n (-s) सममूल्य; अंकित मूल्य ।

Paria, m (-s/-s) अछूत, चांडाल; fig: बहिष्कृत व्यक्ति ।

parieren,[frz.] 1. v/i (h.) U: आज्ञा मानना, आज्ञाकारी होना, फ़ौरन हुक्म बजा लाना; मानना, के अनुसार चलना; 2. v/t (h.) Schlag: रोकना, बचाना; Pferd: को लगाम खींच कर खड़ा क० ।

Parität, f (-/-en) [lat.] समानता, समानाधिकार; kfm: मुद्रा-विनिमयदर; **~isch,** adj. बराबरी का, समान स्तर का, जिसमें दलों या धर्मों के अनुयायिओं की संख्या बराबर हो ।

Park, m (-s/-s) [eng.] उद्यान, उपवन, बग़ीचा, पार्क; **~anlagen,** f/pl. किसी नगर के सभी उद्यान आदि ।

parken, v/i & v/t (h.] [frz.] पार्क क०, मोटर आदि को खड़ा क० ।

Parkett, n (-[e]s/-e) [frz.] सजावटी लकड़ी का फ़र्श; theat: मंच के सामने का भाग या उसमें लगी हुई कुर्सियाँ ।

Park-gebühr, f कार आदि खड़ी करने का शुल्क; **~(hoch)haus,** n कारें आदि पार्क करने का (बहुमंजिला) भवन; **~lücke,** f दो कारों के बीच की खाली जगह जहाँ अन्य कार खड़ी की जा सके; **~ometer,** n (-s/-)→Parkuhr; **~platz,** m पार्क करने की जगह; **~uhr,** f समयमापी स्तम्भ जिसके पास निश्चित अवधि के लिए कार खड़ी की जा सके; **~wächter,** m पार्क करने की जगह का चौकीदार ।

Parlament, n (-[e]s/-e) [frz.] संसद, पार्लियामेन्ट; **~arier,** m (-s/-) संसद-सदस्य; **~arisch,** adj. संसद-संबंधी, संसदीय; **~arismus,** m (-) प्रजातंत्र, संसदीय प्रणाली, संसत्शासन; **~sferien,**pl. संसद का अवकाशकाल ।

parlieren, v/i (h.) [frz.] बातचीत क०, वार्तालाप क० ।

Parod-ie, f (-/-n) [griech.] हास्यानुकृति, विद्रूपिका, विडम्बन-कृति, पैरोडी; **~ieren,** v/t (h.) की हास्यजनक ढंग से नक़ल क०; **~ist,** m (-en/-en) हास्यानुकर्ता, पैरोडीकार; **~istisch,** adj. हास्यानुकृति की शैली में ।

Parole, f (-/-n) [frz.] नारा; आदर्श वाक्य; mil: प्रतीति-वचन, संकेत-शब्द, पहचान-शब्द ।

Paroli, n (-s/-s) [frz.] fig: jdm. Paroli bieten किसी को ईंट का जवाब पत्थर से देना, किसी के एक पत्थर के बदले दो मारना; किसी को चुनौती देना, किसी का घोर विरोध क० ।

Pars-e, m (-n/-n) [pers.] पारसी,

ज़रतुश्ती, आतिशपरस्त; ~**isch,** adj. पारसियों का, आतिशपरस्तों का; ~**ismus,** m (-) पारसी धर्म, आतिशपरस्ती ।

Part, m (-[e]s/-e] [frz.] अंश, भाग, हिस्सा; mus: स्वर-विशेष; संगीत-रचना का खंड-विशेष; theat: भूमिका ।

Partei, f (-/-en) [frz.] दल, पार्टी; jur: पक्ष, पक्षकार; Mieter: किरायेदार; fig· für jdn. Partei ergreifen किसी का पक्ष लेना; ~**apparat,** m दल-तंत्र, दल-संगठन, दल-व्यवस्था; ~**buch,** n सदस्य-पुस्तिका, दल की सदस्यता की पुस्तिका; ~**führer,** m पार्टी का नेता या अध्यक्ष; ~**gänger,** m किसी दल का अनुयायी या सदस्य; ~**isch,** adj. पक्षपाती, पक्षपातपूर्ण, असमदर्शी; ~**lich,** adj. पार्टी-संबंधी, पार्टी का; → parteiisch; ~**los,** adj. निर्दली; ~**nahme,** f पक्षपात, तरफ़दारी; ~**organ,** n मुखपत्र, किसी पार्टी का अखबार; ~**politik,** f दल-नीति; दलबंदी; ~**politisch,** adj. दल-नीति-संबंधी; ~**programm,** n किसी दल की नीति, नीति-घोषणा; ~**tag,** m दल-अधिवेशन ।

parterre, [frz.] 1. adv. सबसे निचली मंज़िल में; 2. n (-s/-s) सबसे निचली मंज़िल;theat: नाट्यशाला की पीछे की कुर्सियाँ ।

Partie, f (-/-n) [frz.] (Ausflug) प्रमोद-भ्रमण, सैर; (Spiel) बाज़ी; (Teil) भाग, खंड, हिस्सा; (Warenposten) माल; माल का ढेर, माल की संबद्ध मात्रा; Heirat: वर(-पक्ष), वधू (-पक्ष); mus: वाद्य-विशेष के लिए स्वर-लिपि; संगीत-नाटक में (गायक की) भूमिका-विशेष; U: ich bin mit von der Partie मैं भी इसमें शरीक हूँगा; eine Partie Schach शतरंज की एक बाज़ी; sie hat eine gute Partie gemacht उसे धनी वर मिल गया है, उसने एक धनी आदमी से विवाह (तय) कर लिया है ।

partiell, 1. adj. [frz.] आंशिक, खंड-, एकतरफ़ा; 2. adv. अंशतः, आंशिक रूप से ।

Partikel, f (-/-n) [lat.] कण, कणिका, लव, लेश, ज़र्रा; gramm: निपात ।

partikular, adj. [lat.] आंशिक, अंशगत; अकेला, एकमात्र; विशिष्ट; ~**ismus,** m विशेषाधिकारवाद, पार्थक्यवाद ।

Partisan, (-s;-en/-en) [frz./ital.] स्वतंत्रता के लिए छिपकर सशस्त्र संग्राम करने वाला, गुरिल्ला ।

Partitur, f (-/-en) [lat.] mus: किसी संगीत-रचना की सम्पूर्ण स्वर-लिपि (संगीत-निर्देशक के लिए) ।

Partizip, n (-s/-ien) [lat.] gramm: कृदन्त; ~**ial,** adj.कृदन्तीय, कृदन्तात्मक ।

partizipieren, v/i (h.) [lat.] में भाग लेना, में हिस्सा लेना या सम्मिलित होना ।

Partner, m (-s/-)[eng.] साथी, संगी; जोड़ा, जोड़ीदार; kfm: साझी, साझेदार, भागी; ~**schaft,** f (-) साथ, संग; साझा, भागिता, साझेदारी ।

Parvenü, m (-s/-s) [frz.] अभिनवोत्थित व्यक्ति, नया अमीर, कल का नवाब ।

Parzell-e, f (-/-n) [frz.] भूमिखंड; ~**ieren,** v/t (h.) को खंडों में बाँटना (भूमि) ।

Pascha, m (-s/-s) [türk.] fig: स्त्रियों से अपनी सेवा कराने वाला पुरुष ।

Paspel, m (-s/-)/ f (-/-n) [frz.] गोटा, गोट, किनारी; ~**ieren,** / ~**n,** v/t (h.) (गोटे की) किनारी लगाना ।

Paß, m (-'sses/ ⠤ 'sse) [lat.] (Reisepaß) पासपोर्ट, पारपत्र; (Gebirgspaß) दर्रा; तंग घाटी; Fußball: गेंद को दूसरे खिलाड़ी की ओर पहुँचाना; o.pl., Gangart: चौपायों की चाल ।

passabel, adj. [frz.] ठीक ही, बहुत अच्छा नहीं, कामचलाऊ।

Passage, f (-/-n) [frz.] मार्ग, रास्ता; गलियारा; (Ladenstraße) दूकानों वाला आच्छादित मार्ग; (Textabschnitt) परिच्छेद; लेखांश, उद्धरण; mus: गत, स्वरों का द्रुतप्रवाह, द्रुत-स्वरग्रामपथ ।

Passagier, m (-s/-e) [frz.] यात्री, मुसाफ़िर ।

Passant, m (-en/-en) [frz.] राहगीर, पथिक, राही, बटोही ।

Passat, m (-[e]s/-e) /**~wind,** m [niederl.] उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की पुरवाई, अयान वायु।

Paßbild, n पारपत्र-परिमाण का भाचित्र ।

Passe, f (-/-n) [frz.] सिले हुए वस्त्रों का कंधे पर का भाग, तीरा ।

passé, adj. [frz.] U: das ist passé यह बात समाप्त हो चुकी है, यह अतीत की बात है; यह अब प्रचलित नहीं है ।

passen, 1. v/i (h.) [frz.] से मेल खाना; के साथ खप जाना; कपड़ों आदि का फ़िटहोना या ठीक आना; (genehm sein) सुविधाजनक या अनुकूल होना; को अच्छा लगना; im Spiel: बाज़ी न लेना; zu jdm. passen किसी के साथ मेल खाना, का किसी के साथ मेल बैठना; का किसी के साथ जोड़ा बैठना; zu etw. passen किसी वस्तु के साथ खप जाना या शोभा देना; das paßt mir gar nicht यह (तो) मुझे बिलकुल अच्छा नहीं लगता; यह मेरे लिए बहुत असुविधाजनक है; wann paßt es Ihnen? आपके पास कब समय होगा?; er paßt nicht in diese Gesellschaft वह इस समाज में नहीं खपता है; 2. v/t (h.) में ठीक बैठाना, में फ़िट बैठाना या क०; 3. v/r (h.) dial: उचित होना, उपयुक्त होना, शोभनीय होना; **~d,** adj. अनुकूल, उपयुक्त; मेल खाता हुआ ।

passier-bar, adj. पारणीय; **~en,** 1. v/t (h.) को पार क०, से होकर निकलना; Speisen: आगे बढ़ाना; 2. v/i (s.) होना, घटित होना; was ist passiert? क्या हो गया (है)?, क्या हुआ?, क्या बात हो गई?; ihm ist nichts passiert उसे कुछ भी नहीं हुआ; **~schein,** m पारण-पत्र ।

Passion, f (-/-en) [lat.] मनोवेग, भावावेश, भावसंवेग, भावातिरेक; तीव्रोत्साह, विशेष रुचि, शौक़; eccl: ईसामसीह के दुःखभोग की कथा; **~iert,** adj. बहुत शौक़ीन; **~sspiel,** n दुःखभोग-नाटक; **~swoche,** f दुःखभोग-सप्ताह, यंत्रणा-सप्ताह ।

[1]Passiv, n (-s/-e) [lat.] gramm: कर्मवाच्य ।

[2]passiv, adj. निष्क्रिय, निश्चेष्ट, अकर्मण्य; उदासीन, तटस्थ; सहनशील; kfm: जिससे देयता बढ़े; passives Wahlrecht निर्वाचित किए जाने का अधिकार; passiver Widerstand निष्क्रिय (या अहिंसात्मक) विरोध, सत्याग्रह; passive Handelsbilanz निर्यात की तुलना में आयात का आधिक्य ।

Passiva, pl., kfm: देयता, ऋण ।

Passiv-ität, f (-) निष्क्रियता, निश्चेष्टता, अकर्मण्यता; उदासीनता, तटस्थता; सहनशीलता; **~um,** n (-s/-'va) → [1]Passiv

Paßkontrolle, f पारपत्र-निरीक्षण, पासपोर्ट-निरीक्षण ।

Passus, m (-/-) [lat.] परिच्छेद, अनुच्छेद, लेखांश ।

Paßwort n संकेत-शब्द, पहचान-शब्द ।

Pasta, / **Paste,** f (-/-'ten) [ital.] लेपी, कोई भी गाढ़ा लपसी जैसा पदार्थ ।

Pastell, n (-s/-e) [ital.] पेस्टल-चित्र, **~farbe,** f पेस्टल-रंग, खड़िया तथा लेई मिलाकर बनाया गया रंग या इस रंग की बत्ती ।

Pastete, f (-/-n) [lat.] मांस आदि की गोलाकार गुझिया, गोलाकार समोसा; यकृत या छोटी मछलियों को बारीक

पीस कर बनाया गया लेपी जैसा खाद्य पदार्थ ।

pasteurisieren, v/t (h.) पैंसठ डिग्री सेन्टीग्रेड पर तप्त करके परिरक्षित क० (दूध या फलों के रस को), का पास्तुरीकरण क० ।

Pastille, f (-/-n) [lat.] चूसने की टिकिया; मुँह में घुल जाने वाली मिठाई की टिकिया ।

Pastor, m (-s/-en) [lat.] प्रोटेस्टेन्ट पादरी; **~al,** adj. ग्राम्य, ग्रामीण; पादरी-संबंधी, प्रोटेस्टेण्ट पादरी का; fig: समारोही, गौरवपूर्ण; **~ale,** n (-s/-s) ग्राम्य शैली का मधुर गीत, ग्वालगीत; **~at,** n (-[e]s/-e) प्रोटेस्टेण्ट पादरी का पद; उसका निवास-स्थान या कार्यालय ।

Pate, m (-n/-n) [lat.] धर्मपिता (बपतिस्मा के समय शिशु की धर्मशिक्षा का आंशिक भार अपने ऊपर लेने वाला); **~nkind,** n धर्मशिशु, धर्मपुत्र, धर्मपुत्री; **~nschaft,** f (-/-en) धर्मपितृत्व, धर्ममातृत्व, धर्मपिता या धर्ममाता का दायित्व ।

[1]**patent,** adj. [lat.] U: कुशल, प्रवीण, चतुर, होशियार; काम का, उपयोगी; बढ़िया, शानदार, अत्युपयुक्त ।

[2]**Patent,** n (-[e]s/-e) jur: एकस्वाधिकार, एकस्व, एकस्वपत्र, पेटेंट; कार्याधिकारपत्र, नियुक्तिपत्र; **~amt,** n एकस्वाधिकार प्रदान करने वाली संस्था; **~anmeldung,** f एकस्वपत्र के लिए प्रार्थना; **~anwalt,** m एकस्व के मामलों का वकील; **~brief,** m एकस्वपत्र; **~gebühr,** f एकस्व-शुल्क; **~ieren,** v/t (h.) के लिए एकस्वाधिकार प्रदान क०; (sich) etw. patentieren lassen किसी आविष्कार के लिए एकस्वाधिकार प्राप्त क०; **~inhaber,** m एकस्वी, पेटेंटधारी ।

Patentlösung, f, U: अत्युपयुक्त हल या समाधान ।

Patent-recht, n एकस्व-विधि, एकस्व-संबंधी क़ानून; **~schrift,** f एकस्व-विनिर्देश ।

Pater, m (-s/-;-'tres) [lat.] मठवासी पादरी ।

[1]**Paternoster,** n (-s/-) [lat.] eccl: प्रभु-प्रार्थना ।

[2]**Paternoster,** m (-s/-) बिना दरवाज़े की लिफ़्ट ।

pathetisch, adj. [griech.] मार्मिक, हृदयग्राही, भावनापूर्ण, भावात्मक; fig: अति समारोही, अत्यौपचारिक, आडम्बरपूर्ण ।

Patholog-e, m (-n/-n) [griech.] विकृतिविज्ञानी, रोगविज्ञानी; **~ie,** f (-) विकृतिविज्ञान, रोगविज्ञान, व्याधिकी; **~isch,** adj. व्याधिकी-संबंधी, व्याधिकी पर आधारित; विकृत, रोगात्मक ।

Pathos, n (-) [griech.] भावुकता, भावातिरेक, भावविह्वलता ।

Patient, m (-en/-en) [lat.] रोगी, मरीज़ ।

Patina, f (-) [ital.] छादिमा ।

Patriarch, m (-en/-en) [griech.] आर्चबिशप की उपाधि; प्राच्य चर्च का अध्यक्ष; धर्माध्यक्ष; **~alisch,** adj. धर्माध्यक्ष-संबंधी, धर्माध्यक्ष का; पितृक, पैतृक; पितृसत्तात्मक; पूज्य; **~at,** n (-[e]s/-e) धर्माध्यक्ष का पद, धर्माध्यक्ष का अधिकार-क्षेत्र; o.pl: पितृसत्ता ।

Patrimonium, n (-s/-'nien) [lat.] पैतृक सम्पत्ति, बपौती ।

Patriot, m (-en/-en) [frz.] देशभक्त; **~isch,** adj. देशभक्तिपूर्ण; देशभक्त; **~ismus,** m (-) देशभक्ति, देशप्रेम ।

Patron, m (-s/-e) [lat.] (Schutzheiliger) संरक्षक सन्त; (Schutzherr) संरक्षक; उपकारक; समर्थक; U: अप्रिय व्यक्ति; **~at,** n (-[e]s/-e) संरक्षण, संरक्षकत्व ।

Patrone, f (-/-n) [frz.] Munition: कारतूस; für Füllhalter: स्याही की बत्ती; Weberei: बुनाई का नमूना; **~nhülse,** f कारतूस का खोल, खाली कारतूस ।

Patrouill-e, f (-/-n) [frz.] प्रहरी, पहरेदार; गवेषक सैनिक(-टुकड़ी) पुलिस की गश्त लगाने वाली टुकड़ी; **~ieren,** v/i (h.;s.) पहरा देना, गश्त पर जाना,गश्त लगाना ।

Patsch-e, f (-/-n) U: (Hand) हाथ (बच्चों का); o.pl: कठिनाई, परेशानी, संकट, मुसीबत; fig: in der Patsche sitzen कठिनाई या संकट में होना; **~en,** v/i (h.) U: छप-छप क० (पानी में); हाथों या पैरों को पटकर आवाज़ क०; ताली बजाना; **~hand,** f, U: हाथ (बच्चों का); **~naß,** adj., U: तर-ब‌तर, शराबोर ।

Patt, n (-s/-s) [frz.] Schach: ज़िच; fig: गत्यवरोध ।

Patte, f (-/-n) [frz.] जेब का पल्ला; किसी वस्त्र के किनारे का उलटा हुआ या ऊपर से लगाया हुआ पट्टा ।

patz-en, v/i (h.) U: घपला क०, गड़-बड़ कर देना, काम बिगाड़ देना; धब्बे डालना; mus: ग़लत बजाना;**~er,** m (-s/-) U: घपला करने वाला, काम बिगाड़ने वाला, कच्चा काम करने वाला; घपला, ग़लती, गड़बड़; **~ig,** adj., U: चिड़चिड़ा, कटखना; तुनक-मिज़ाज; रूखा; बदतमीज़, गुस्ताख, अशिष्ट ।

Pauke, f (-/-n) ताशा, नक़्क़ारा; U: auf die Pauke hauen बड़ी लम्बी-चौड़ी डींग मारना; U: er ist mit Pauken und Trompeten durchs Examen gefallen वह बहुत बुरी तरह अनुत्तीर्ण हुआ है; **~n,** 1.v/i (h.) नक़्क़ारा बजाना; किसी चीज़ को ठोंकना या पीटना; 2. v/i&v/t(h.) U: रटना, घोटना, रट्टा मारना, घोर परिश्रम क० (परीक्षा के लिए); **~r,** m (-s/-) नक़्क़ारा बजाने वाला; (Lehrer) अध्यापक, मास्टर (पिटाई करने वाला); **~rei,** f (-) U: रटाई, रट्टा ।

Paus-back, m(-[e]s/-e) U: गलफुल्ला, फूले गालों वाला बच्चा या व्यक्ति; **~backig,/~bäckig,**adj. फूले गालों वाला ।

pauschal, adj. कुल, समस्त; समग्र; समावेशक, सार्वत्रिक; एकमुश्त, एक-रक़मी; **~e,** f (-/-n) एकमुश्त अदायगी, पिंडराशि; **~ieren,** v/t (h.) की दर एक कर देना; को पिंडित कर देना, को जोड़ कर एक कर देना, के लिए एकमुश्त अदायगी (का निर्णय) क०; **~summe,** f पिंडराशि, एकमुश्त अदायगी की रक़म ।

[1]**Pause,** f (-/-n) [frz./griech.] विराम, थोड़े समय के लिए काम रोक कर किया गया आराम, मध्यावकाश, अल्पावकाश; mus: यति ।

[2]**Pause,** f (-/-n) [frz.] (फ़ोटो-)अनु-रेखण द्वारा बनाई गई प्रतिलिपि; **~n,** v/t (h.) (फोटो-) अनुरेखण द्वारा प्रति-लिपि बनाना ।

paus-enlos, adj. अविराम, अनवरत, अविच्छिन्न, निरंतर लगातार; **~enzeichen,** n, Radio: दो कार्य-क्रमों के बीच खाली समय में प्रसारित की जाने वाली ध्वनि; **~ieren,** v/i (h.) अल्पावकाश लेना, काम को थोड़े समय के लिए रोकना, थोड़ी देर के लिए आराम क० ।

Pauspapier, n अनुरेखण द्वारा प्रति-लिपि बनाने का पारदर्शी कागज़ ।

Pavian,m (-s/-e)[niederl.] श्व-वानर, बैबून ।

Pavillon, m (-s/-s) [frz.] प्रशाला, मंडप ।

Pazif-ik, m प्रशान्त महासागर; **~isch,** adj.: der Pazifische Ozean प्रशान्त महासागर ।

Pazifis-mus, m (-) [lat.] शान्तिवाद; **~t,** m (-en/-en)शान्तिवादी; **~tisch,** adj. शान्तिवाद-संबंधी, शान्तिवादी ।

Pech, n (-[e]s/-e) [lat.] तारकोल, डामर, अलकतरा; o.pl., fig: दुर्भाग्य, दुर्दैव, बदक़िस्मती; fig: sie halten zusammen wie Pech und Schwefel वे एक दूसरे का हर परि-

स्थिति में साथ देते हैं; ~**blende,** f (-) किरणीयिज, यूरेनियम का खनिज; ~**ig,** adj. तारकोल जैसा, काला और चिपचिपा; ~**kohle,** f जतुक्य अंगार; ~**(raben)schwarz,** adj. , U: एक दम काला,काला-कलूटा; ~**strähne,** f, U:बदक़िस्मती का दौर; ~**vogel,** m, U: बदक़िस्मत इन्सान ।

Pedal, n (-s/-e) [lat.] पादक, पैडल ।

Pedant, m (-en/-en) [lat]. छोटी-छोटी बातों को महत्व देने वाला; अति-नियमनिष्ठ व्यक्ति; विद्याडम्बरी; ~**erie,** f (-/-n) अतियथातथ्यता, अतिनियमनिष्ठता, छोटी-छोटी बातों को महत्व देने की आदत; विद्याडम्बर; ~**isch,** adj. छोटी-छोटी बातों को महत्व देने वाला; अतिनियमनिष्ठ; पंडिताऊ ।

Pedell, m (-s/-e) [lat.] (विश्व)विद्या-लय, अदालत आदि का प्रभारी चपरासी ।

Pediküre, f (-/-n) [frz.] पादप्रसा-धिका; o.pl: पादप्रसाधन; ~**n,** v/t (h.) का पादप्रसाधन क०, के पैरों के नाखून या ढट्टे आदि काटना ।

Pegel, m (-s/-)[lat.] पाणसल, साधनी, जलमापी; जलतल, जलमान ।

Peil-antenne, f दिशाबोधक ऐन्टेना; ~**en,** v/t (h.) [lat.] की दिशा का पता लगाना, दिशा-निर्धारण क०; स्थिति-निर्धारण क०; Gewässer: की गहराई नापना;U: का पता लगाना;अनु-मान या अंदाज़ लगाना; ~**ung,** f (-/-en) दिशा-निर्धारण;स्थिति-निर्धारण; गहराई नापना ।

Pein, f (-) [lat.] दुःख,मानसिक यंत्रणा, संताप, क्लेश; व्यथा, घोर पीड़ा, यातना; ~**igen,** v/t (h.) को यंत्रणा देना, को उत्पीड़ित क०; को सताना, को दुःख देना, को पीड़ा पहुँचाना; ~**iger,** m (-s/-) उत्पीड़क, यातना देनेवाला; ~**igung,** f (-) उत्पीड़न, संतापन ।

peinlich, adj. [lat.] अप्रिय, कष्टकर, तकलीफ़देह आकुलकारी, घबड़ा देने वाला; लज्जित करने वाला, शर्मिन्दा करने वाला; (übergenau)अत्यवधानी, अतिसावधान; अतिनियमनिष्ठ; सख़्त, कठोर; अतिरंजित, बेहद; ~**keit,** f (-) अप्रियता, कष्टकरता; आकुल-कारिता; अत्यवधान, अति सावधानी; सख़्ती ।

Peitsche, f (-/-n) [tschech.] कोड़ा, चाबुक, हंटर, कशा; ~**n,** v/t&v/i (h.) कोड़े लगाना; चाबुक मारना; fig: तेज़ प्रहार क०; (बारिश) की तेज़ बौछार होना; ~**nhieb,** m कशाघात, कोड़े का प्रहार ।

Pelikan, m (-s/-e) [lat./griech.] हवासिल, पाशगल-प्रजाति की एक चिड़िया ।

Pell-e, f (-/-n) [lat.] छिलका; खाल; U: jdm. auf der Pelle liegen किसी के सिर पर सवार रहना, किसी को तंग करता रहना; ~**en,** v/t (h.) छीलना, का छिलका उतारना; ~**kartoffeln,** f/pl. छिलके के साथ उबाले हुए आलू ।

Pelz, m (-es/-e) [lat.]लोमचर्म, समूर; रोयेंदार छिलका; (Pelzmantel) समूर का ओवरकोट; U: खाल, चमड़ी; U: jdm. auf den Pelz rücken किसी को किसी बात के लिए तंग क०; ~**ig,** adj. लोमचर्म जैसा, रोमिल, रोयेंदार; Obst: रेशेदार; Gefühl: सुन्न-सा, संवेदनशून्य-सा; ~**mantel,** m लोमचर्म या समूर का ओवरकोट; ~**tiere,** n/pl. मृदुलोमयुक्त पशु ।

Pendant, n (-s/-s)[frz.] जोड़ा, जोड़ी-दार समकक्ष, पूरक, सहचर ।

Pendel, n (-s/-) [lat.] निदोल, लोलक; ~**n,** v/i (h.;s.) झूलना, दोलायमान होना; fig: दो स्थानों के बीच नित्य सफ़र क० (नौकरी करने के लिए); ~**tür,** f दोनों ओर को खुलने वाला दरवाज़ा; ~**uhr,** f निदोल-घड़ी, लोलक वाली घड़ी; ~**verkehr,** m दो स्थानों के बीच नित्य सफ़र करने की

व्यवस्था।

Pendler, m (-s/-) दो स्थानों के बीच नित्य सफ़र करने वाला।

pene-trant, adj. [lat.] भेदक, वेधी; fig: तीखा, तेज़; तंग करने वाला, दुराग्रही; **~tranz,** f (-) तीखापन; दुराग्रह; **~tration,** f (-) व्याप्त हो जाना, समा जाना; प्रवेश; **~trieren,** v/t (h.) में व्याप्त हो जाना, में समा जाना; में प्रवेश क०।

penibel, adj. [frz.] अत्यवधानी, अतिसावधान; अतिनियमनिष्ठ; (mühsam) श्रमसाध्य; कष्टकर।

Penis, m (-/-se;-'nes) [lat.] शिश्न, लिंग।

Pennäler, m (-s/-) [lat.] U: (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का) विद्यार्थी, स्कूली लड़का।

Penn-bruder, m, U: बेघर आदमी; **~e,** f (-/-n) vulg: घटिया रेस्तराँ, ढाबा; घटिया रैनबसेरा; U: स्कूल, मदरसा, विद्यालय; **~en,** v/i (h.) U: सोना, नींद लेना।

Pension, f (-/-en) [frz.](Gasthaus) पथिकावास, यात्रीभवन, (सस्ता) भोजनावास; (Pensionat) सावास पाठशाला; (Ruhestand) सेवा-निवृत्ति (के बाद की स्थिति); (Ruhegehalt) निवृत्तिका, पेंशन; **~är,** m (-s/-e) निवृत्तिकाभोगी, पेंशनभोगी; **~at,** n (-[e]s/-e) सावास पाठशाला; **~ieren,** v/t (h.) पेंशन के साथ सेवा-निवृत्त क०; **~ierung,** f (-/-en) सेवा-निवृत्ति (पेंशन के साथ); **~salter,** n निवृत्ति-वयस।

Pensum, n (-s/-'sen;-'sa) [lat.] अवधि-विशेष के लिए नियत कार्य,नियत पाठ्यक्रम, काम की नियत मात्रा।

Penta-gon, n (-s/-e) [griech.] पंचभुज; **~gramm,**n (-s/-e) पंचकोण तारक।

per, präp. (+ akk.) के द्वारा, के ज़रिये, से; kfm: के लिए; को; प्रति, फ़ी; per Bahn reisen रेलगाड़ी से यात्रा क०; Pakete per Post verschicken पार्सलों को डाक से भेजना; U: mit jdm. per du sein किसी के साथ अनौपचारिक संबंध होना, किसी को तू या तुम कहकर संबोधित क०; per Ersten jeden Monats हर मास की पहली तारीख को; fünf Mark per Kilogramm पाँच मार्क प्रति किलोग्राम।

[1]perfekt, adj. [lat.] परिपूर्ण, आदर्श, अनिन्द्य; निपुण, दक्ष; पूरा, पक्का; Vertrag: तयशुदा, निर्णीत, पक्का।

[2]Perfekt, n (-[e]s/-e) [lat.]gramm: पूर्णकाल, भूतकाल।

Perfektion, f (-) [lat.] पूर्णता; उत्कर्ष; नैपुण्य, कौशल; निष्पत्ति, निष्पादन; **~ismus,**m (-) पूर्णतावाद; उत्कर्षवाद; सिद्धिवाद; **~ist,** m (-en/-en) पूर्णतावादी; उत्कर्षवादी, सिद्धिवादी।

perfid, adj. [lat.] नीच, कमीन, ज़लील, निकृष्ट; बेवफ़ा; विश्वासघाती; दग़ाबाज़, कपटी; **~ie,** f (-/-n) नीचता, निकृष्टता, ज़लालत; बेवफ़ाई, विश्वासघात; दग़ाबाज़ी, कपट।

Perfor-ation, f (-/-en) [lat.] छिद्रण, रन्ध्रण; छेदों की रेखा; छिद्र-रेखा, एक पंक्ति में बने हुए छेद; **~ieren,** v/t (h.) को छिद्रित क०, में एक पंक्ति में छेद बनाना।

Pergament, n (-[e]s/-e) चर्मपत्र; चर्मपत्र की पांडुलिपि; **~en,** adj. चर्मपत्र का; **~papier,** n चिकनाईरोक काग़ज़।

Period-e, f (-/-n) [griech.] युग, काल; (Zeitabschnitt) अवधि, मियाद; math: आवर्ती अंक; med: रजोधर्म, मासिक धर्म; gramm: वाक्य-रचना; astron: परिक्रमण-काल; परिभ्रमण-काल; **~isch,** adj. आवर्ती, आवर्तक, आवर्तनिक; मियादी; नियतकालिक; **~izität,** (-) आवर्तिता; आवर्तन।

peripher, adj. [griech.] परिधीय;

परिसरीय, नगरोपान्तीय; fig: गौण; महत्वहीन; ~ie, f (-/-n) math: परिधि; fig: बाह्यांचल, परिसर, नगरोपान्त, वाह्य सीमा; ~isch, adj. →peripher

Periskop, n (-s/-e) [griech.] परिदर्शी, परिवीक्षण-यंत्र।

Perl-e, f (-/-n) [lat.] मोती, मुक्ता; काँच की गोली, माला का गुरिया; मुक्तोपम वस्तु (जैसे ओसविन्दु; अश्रुविन्दु आदि); fig: अत्यन्त मूल्यवान वस्तु; अत्यन्त उत्कृष्ट वस्तु या रचना; U: बहुत मेहनती तथा विश्वसनीय परिचारिका; U: Perlen vor die Säue werfen भैंस के आगे बीन बजाना; **~en,** v/i (h.) बूंद बनकर निकलना या छलकना या बहना; घनीभूत होकर बूंद बन जाना; बुदबुदाना; से बुलबुले निकलना; Schweiß perlt auf seiner Stirn उसके माथे पर पसीने की बूंदें छलक रहीं हैं; der Sekt perlt im Glas शैम्पेन गिलास में बुदबुदा रही है; ein perlendes Lachen मधुर खिलखिलाहट; **~enfischerei,** f मोती वाली सीपों को निकालने का व्यवसाय; **~enkette,** f मोतियों का हार; **~huhn,** n वृक्षकुक्कुट; **~ig,** adj. मोती जैसा; मुक्तोपम, मोतिया; **~mutt,** n (-s) /**~mutter,** f (-) शुक्तिपुट, सीप के अंदर पाया जाने वाला चमकीला पदार्थ; **~zwiebel,** f पलांडु, छोटा प्याज़।

permanen-t, adj. [lat.] अनवरत, सतत, निरन्तर, स्थायी; दवामी; **~z,** f (-) सातत्य, निरन्तरता; स्थायित्व।

Perpendikel, n/m (-s/-) [lat.]साहुल; लोलक (घड़ी का)।

perplex, adj. [lat.] हैरान, परेशान; चकित; हतबुद्धि, किंकर्तव्यविमूढ़; **~ität,** f (-) हैरानी, परेशानी; आश्चर्य; किंकर्तव्यविमूढ़ता।

Perser, m (-s/-) ईरानी, फ़ारसी; ईरानी क़ालीन; **~teppich,** m ईरानी क़ालीन।

Persianer, m (-s/-) नवजात मेमने का चर्म; U: नवजात मेमनों के चर्म से बना कोट।

Persifl-age, f (-/-n) [frz.] (साहित्यिक) व्यंग्य; **~ieren,** v/t (h.) पर व्यंग्य क०।

persisch, 1. adj. फ़ारसी, ईरानी, ईरान का; 2. n (-[s]) फ़ारसी (भाषा)।

Person, f (-/-en) [lat.] व्यक्ति; वाह्य रूप या आकार, शरीर की गठन, काठी; theat: पात्र; gramm: पुरुष; U: स्त्री, लड़की; er ist klein von Person उसका क़द छोटा है, वह छोटे क़द का आदमी है; U: er hat eine reiche Person geheiratet उसने एक धनवान स्त्री से विवाह कर लिया है; **~a grata,** f स्वीकार्य, अभिमत या ग्राह्य व्यक्ति।

personal, 1. adj. → personell; 2. n (-s) कर्मचारीगण; सेवकगण; **~abteilung,** f स्थापना-विभाग, कर्मचारियों के मामलों का विभाग; **~akte,** f वैयक्तिक नस्ती; **~ausweis,** m पहचान-पत्र; **~chef,** m स्थापना-विभाग का अध्यक्ष; **~ien,** pl. वैयक्तिक विवरण; **~ität,** f (-)→Persönlichkeit; **~iter,** adv. व्यक्तिगत रूप से, स्वयं, बज़ात ख़ुद; **~pronomen,** n, gramm: (पुरुषवाचक) सर्वनाम।

personell, adj. [frz.] व्यक्तिक, व्यक्तिगत; कर्मचारियों से संबंधित।

Personen-aufzug, m केवल व्यक्तियों के परिवहन के लिए प्रयुक्त लिफ़्ट; **~auto,** n /**~kraftwagen,** m कार, वस, केवल व्यक्तियों के परिवहन के लिए प्रयुक्त मोटरगाड़ी; **~kult,** m व्यक्ति-पूजा; **~stand,** m → Familienstand; **~verkehr,** m मनुष्य-यातायात, यात्रि-यातायात; **~waage,** f मनुष्यों को तोलने की तुला; **~zug,** m सवारी गाड़ी।

Personifi-kation, f (-/-en) [frz.] मानवीकरण, मूर्त्तीकरण, मानवगुणारोपण; मूर्त्तिमान आदर्श; **~zieren,** v/t (h.) मानवीकरण क०, मूर्त्तीकरण

क०; का मूर्त्तिमान आदर्श प्रस्तुत क०; **~zierung**, f → Personifikation

persönlich, 1. adj. व्यक्तिगत, व्यक्तिक, वैयक्तिक; अपना, निजी; ein persönliches Fürwort पुरुषवाचक सर्वनाम; persönlich werden अपमानजनक बातें क०, असंगत रूप से किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप क०; 2. adv. स्वयं, खुद, व्यक्तिगत रूप से; **~keit**, f (-/-en) महत्वपूर्ण व्यक्ति, जाना-माना व्यक्ति; o. pl: व्यक्तित्व, शख्सियत।

Perspektiv, n (-s/-e) [lat.] छोटी दूरबीन; **~e**, f (-/-n) नेत्रदृश्य;संदर्श, परिप्रेक्ष्य, परिदृश्य; fig: भविष्य, भविष्णुता, आसार, लक्षण; दृष्टिकोण; **~isch**, adj. नेत्रदृशीय; संदर्शात्मक।

Peru, n (-s) पेरू; **~aner**, m (-s/-) पेरू-निवासी; **~anisch**, adj. पेरू का।

Perücke, f (-/-n) [frz.] नक़ली बाल, बालों की टोपी।

pervers, adj. [lat.] अप्राकृतिक रुचियों वाला; अस्वाभाविक, अप्राकृतिक; **~ion**, f (-/-en) अप्राकृतिक रुचि, कामविकृति; **~ität**, f (-/-en) अस्वाभाविकता, अप्राकृतिकता, अप्राकृतिक ढंग से यौनसुख को प्राप्त क०।

Pessar, n (-s/-e) [lat.] med: पिधा, पेसरी।

Pessimis-mus, m (-) [lat.] निराशावाद, निराशावृत्ति; **~t**, m (-en/-en) निराशावादी; **~tisch**, adj. निराशावादात्मक, निराशावादी; निराशात्मक।

Pest, f (-) [lat.] ताऊन, प्लेग; fig: महामारी; **~beule**, f ताऊन की गिलटी; **~ilenz**, f (-/-en)→ Pest

Petersilie, f (-/-n) [lat./griech.] अजमोदा; U: ihm ist die Petersilie verhagelt उसका काम विगड़ गया, लोगों ने उसका काम विगाड़ दिया।

Petition, f (-/-en) [lat.] याचिका, निवेदनपत्र।

Petroleum, n (-s) [griech./lat.] भू-तेल, मिट्टी का तेल; **~kocher**, m स्टोव (मिट्टी के तेल से जलने वाला); **~lampe**, f मिट्टी के तेल का चिराग़, लालटेन।

Petschaft, n (-s/-e) [tschech.] ठप्पा, सील।

petzen, v/i & v/t (h.) U: चुगली क०।

Pfad, m (-[e]s/-e) पथ, पगडंडी।

Pfadfinder, m (-s/-) बालचर, स्काउट।

Pfaffe, m (-n/-n) [griech.] पादरी।

pfäffisch, adj. पादरी जैसा, पादरीवत्।

Pfahl, m (-[e]s/ ⸚e) [lat.] खूंटा; लट्ठा, खम्भा, बल्ली, डंडा, थूनी, टेक; fig: ein Pfahl im Fleische महाकंटक, आँख का काँटा; **~bau**, m (-[e]s/-ten) पानी में लट्ठे गाड़कर उनपर बनाया गया झोपड़ा या मकान; **~bauer**, m पानी में लट्ठों पर बने झोपड़े में रहने वाला।

pfählen, v/t (h.) में लट्ठों की थूनियाँ लगाना, (छोटे पौधों) के तने से डंडा बाँधकर सहारा देना।

Pfand, n (-[e]s/ ⸚er) आधि, गिरवी वस्तु; धरोहर, अमानत; गारंटी के रूप में जमा किया हुआ धन, प्रतिभूति।

pfändbar, adj. विनिग्राह्य, आसेव्य, क़ुर्क़ी करने योग्य।

Pfandbrief, m, kfm: न्यासपत्र, बंधकपत्र, रेहननामा; ऋणपत्र, बॉण्ड, तमस्सुक।

pfänden, v/t (h.) क़ुर्क़ क०, जब्त क०, आसेध क०।

Pfand-haus, n वंधक या गिरवी रखने की दूकान; **~leihe**, f (-) आधि-व्यवसाय, गिरवी रखकर ऋण देने का व्यवसाय, साहूकारी, महाजनी; **~leiher**, m (-s/-) आधि-व्यवसायी, गिरवी रखकर ऋण देने वाला, महाजन; **~recht**, n आधि-व्यवसायी का गिरवी वस्तु को निश्चित अवधि के बाद बेच देने का अधिकार; **~schein**, m गिरवी वस्तु की रसीद।

Pfändung, f (-/-en) विनिग्रहण, जब्ती; आसेध, क़ुर्क़ी।

Pfann-e, f (-/-n) हत्थेदार चपटी कड़ाही; anat: संधि-गर्तिका; Dachziegel: चपटी खपरैल; **~kuchen,** m चिल्ला, चीला ।

Pfarr-amt, n पादरी का कार्यालय; **~ei,** f (-/-en) पादरी का क्षेत्र; **~er,** m(-s/-)पादरी; **~gemeinde,** f पादरी का क्षेत्र, पादरी के क्षेत्र के निवासी; **~haus,** n पादरी का निवासस्थान; **~kind,**n पादरी के क्षेत्र का निवासी ।

Pfau, m (-[e]s/-en) [lat.] मयूर, मोर; **~enauge,** n एक प्रकार की तितली(जिसके पंखों पर गोल चमकीला धब्बा होता है) ।

Pfeffer, m (-s/-) [lat.] गोल मिर्च, काली मिर्च; mil: बारूद; U: geht hin, wo der Pfeffer wächst! तुम लोग मेरी आँखों से ओझल हो जाओ!; **~ig,** adj. जिसमें अधिक मात्रा में काली मिर्च मिली हो; **~kuchen,** m काली मिर्च और शहद मिलाकर बनाया गया केक; **~minze,** f तीव्र पर्णास, तीव्रा, पोदीना-विशेष; **~minztee,** m तीव्र पर्णास की चाय; **~n,** v/t (h.) में काली मिर्च डालना या मिलाना; U: फेंक देना, दे मारना, पटक देना; U: etw. an die Wand pfeffern किसी वस्तु को दीवार पर दे मारना ।

Pfeif-e, f (-/-n) [lat.] सीटी; वेणु, मुरली; फुंकनी; zum Rauchen: चिलम, पाइप; U: nach jds. Pfeife tanzen किसी के इशारों पर नाचना; **~en,** *1.* v/i (h.) सीटी बजाना; सीटी देना; Vogel: चहचहाना; Wind: सनसनाना; U: पुलिस को कोई भेद बता देना; er pfiff (nach) seinem Hund उसने अपने कुत्ते को बुलाने के लिए सीटी बजाई; U: ich pfeife darauf मुझे इसकी क़तई परवाह नहीं; 2. v/t (h.) सीटी बजाकर धुन निकालना या गाना; सीटी बजाकर सूचित क०; U: ein Spiel pfeifen किसी खेल-प्रतियोगिता का संचालन क०; U: ich werd' Ihnen was pfeifen आप जो चाहते हैं वह मैं क़तई नहीं करूँगा; **~enkopf,** m चिलम या पाइप का तम्बाकू भरने वाला भाग; **~er,** m (-s/-) सीटीबाज़; वेणुवादक; **~konzert,** n, U: असंतोष की व्यंजना के लिए दर्शकों का लगातार सीटी बजाना ।

Pfeil, m (-[e]s/-e) [lat.] तीर, वाण, शर; निर्देशक शर-चिह्न ।

Pfeiler, m (-s/-) [lat.] चौकोर स्तम्भ या खम्भा ।

pfeil-geschwind,/~schnell,adj., fig: तीर की तरह तेज़, अत्यन्त द्रुतगामी ।

Pfennig, m (-[e]s/-e) फ़ेनिष, जर्मन मार्क का सौवाँ हिस्सा; **~fuchser,** m (-s/-) U: कंजूस, मक्खीचूस ।

Pferch, m (-[e]s/-) [lat.] भेड़ों का बाड़ा; **~en,** v/t (h.) बाड़े में बंद क०, तंग या छोटी जगह में ठूँसकर खड़ा क० (मनुष्यों या जानवरों को) ।

Pferd, n (-[e]s/-e)अश्व, घोड़ा, बाजि, तुरंग; sport: (छलाँग लगाने की लकड़ी की) घोड़ी; Schachfigur:घोड़ा; U: sich aufs hohe Pferd setzen घमंड क०, नखरे दिखाना; U: aufs falsche Pferd setzen परिस्थिति को ग़लत समझना; ग़लती क०, ग़लत ढंग से या ग़लत दिशा में प्रयत्न क०; U: das Pferd beim Schwanz aufzäumen किसी काम को ग़लत ढंग से शुरू क०; U: mit ihm kann man Pferde stehlen वह बहुत विश्वसनीय साथी है, वह हर काम में साथ देता है, वह जोखिम के काम में भी साथ देने को तैयार रहता है; **~efuß,** m गदापद; शैतान, पिशाचनाथ; fig: अप्रत्यक्ष असुविधा, अप्रत्यक्ष कमी; **~ekur,** f, U: अतिपूर्ण चिकित्सा, चिकित्सा में अति या ज़बरदस्ती; **~enatur,** f: eine Pferdenatur haben घोड़े की तरह तगड़ा होना; **~erennen,** n घुड़दौड़; **~eschwanz,** m घोड़े की पूँछ; fig: घोड़े की पूँछ

जैसा केशविन्यास; ~estärke, f अश्वशक्ति।

Pfiff, m (-[e]s/-e) सीटी, सीटी की आवाज़; fig: विशिष्ट सौंदर्य, असली ख़ूबसूरती; वैशिष्ट्य; तरकीब, चाल।

Pfifferling, m (-s/-e) एक प्रकार का चरपरा खाद्य छत्रक; fig: das ist keinen Pfifferling wert यह बिल्कुल बेकार है, यह दो कौड़ी का भी नहीं है।

pfiff-ig, adj. होशियार, चालाक, चतुर; **~igkeit,** f (-) होशियारी, चतुराई, चातुर्य; **~ikus,** (-[ses]/-[se]) U: होशियार या चतुर व्यक्ति।

Pfingst-en, n (-) [griech.] ईसाइयों का ईस्टर के बाद के पचासवें दिन पड़ने वाला त्योहार, पंचाशती, पेन्तोकोस्त; **~fest,** n → Pfingsten; **~lich,** adj. पंचाशती का, पंचाशती जैसा; **~montag,** m पंचाशती के त्योहार का दूसरा दिन; **~rose,** f चन्द्र-प्रजाति का फूल या पौधा।

Pfirsich, m (-[e]s/-e) [lat.] आरूक, आड़ू, सतालू, शफ़तालू।

Pflanze, f (-/-n) [lat.] पौधा, उद्‌भिज, पादप; U: धृष्ट तथा लापरवाह व्यक्ति; **~n,** v/t (h.) रोपना, लगाना, जमाना, बैठाना; U: गाड़ देना, लगा देना (झंडा आदि); **~nfett,** n औद्‌भिद स्नेह, वनस्पति-चरबी; **~nkost,** f शाकाहार; **~nkunde,** f वनस्पतिविज्ञान; **~nwelt,** f वनस्पति-जगत्; **~r,** m (-s/-) रोपक; बाग़ान-मालिक।

Pflanz-holz, n पौधा रोपने के लिए गड्ढा करने का नुकीला डंडा; **~lich,** adj. वनस्पति-संबंधी, वनस्पति-, औद्‌भिद, उद्‌भिज्ज।

Pflänzling, m (-s/-e) पौध, पौद।

Pflanzung, f (-/-en) रोपस्थली, रोपवन, बाग़ान; o.pl: रोपण।

Pflaster, n (-s/-) [lat./griech.] सड़क का खड़ंजा, गच, कुट्टिम, कुट्टिमपदी, आचित तल; med: पटलेप, पलस्तर, चिपकने वाली औषधियुक्त पट्टी; fig: सान्त्वना; तसल्ली, राहत; U: स्थान, जगह; U: diese Stadt ist ein teures Pflaster इस शहर में हर चीज़ बहुत महँगी है; **~n,** v/t(h.) आचयन क०, प्रस्तराचयन क०, खड़ंजा लगाना; med: पर पलस्तर लगाना; fig: के मार्ग पर बिछाना; **~stein,** m आचयन-प्रस्तर।

Pflaume, f (-/-n) [lat.] आलूचा, आलूबुख़ारा; U: लद्धड़ आदमी; अश्लील व्यंग्य; **~nweich,** adj. आलूचे जैसा मुलायम।

Pflege, f (-) परिचर्या, सेवा, सेवा-सुश्रूषा; प्रसाधन, बनाव-शृंगार; देखरेख, देखभाल, पालन-पोषण; अनुरक्षण; (Wartung) सफ़ाई, मशीनों की नियमित देखभाल; **~eltern,** pl. पोषक माँ-बाप; **~heim,** n उपचर्या-गृह; वृद्धाश्रम; **~kind,** n पोष्य शिशु, पालित बालक; **~mutter,** f धात्री, धाय, उपमाता; **~n,** v/t (h.) Kranke: की परिचर्या या सेवा-सुश्रूषा क०; Kind: का पालन-पोषण क०, को नहलाना-धुलाना तथा खिलाना-पिलाना; Maschine: की सफ़ाई या देखभाल रखना, अनुरक्षण क०; sein Äußeres: बनाव-शृंगार क०, प्रसाधन क०; eine Wissenschaft/Kunst: की साधना क०; Brauch/Freundschaft: बनाए रखना, क़ायम रखना, रखना; (gewohnheitsmäßig tun) की आदत होना, आदतन क०; sich pflegen साफ़-सुथरा रहना, अपना बनाव-शृंगार क०; er pflegt morgens lange zu schlafen वह सुबह देर तक सोता रहता है, सुबह को देर तक सोते रहने की उसकी आदत है; U: seinen Bauch pflegen ख़ूब (डटकर) खाना, पेटू होना; **~r,** m (-s/-) परिचारक; देखभाल करने वाला; **~vater,** m पोषक या पालक पिता।

pfleg-lich, 1. adj. सावधानीपूर्ण, अनुरक्षात्मक; 2. adv. सावधानीपूर्वक, अनुरक्षात्मक ढंग से, सँभालकर, मनोयोग के साथ; **~ling,** m (-s/-e) पोष्य

शिशु, पालित बालक; ~**schaft,** f (-/-en) अभिभावकत्व; संरक्षण, देखभाल।

Pflicht, f (-/-en) कर्तव्य, फ़र्ज़; दायित्व, ज़िम्मेदारी; das ist Ihre Pflicht und Schuldigkeit यह तो आपका कर्तव्य है; ~**bewußt,** adj. कर्तव्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण, अपने फ़र्ज़ को समझने वाला; ~**bewußtsein,** n कर्तव्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता, कर्तव्यचेतना; ~**eifer,** m कर्तव्योत्साह; आत्यन्तिक कर्तव्यपरायणता; ~**eifrig,** adj. कर्तव्योत्साही; अतिकर्तव्यपरायण; ~**fach,** n अनिवार्य विषय; ~**gefühl,** n → Pflichtbewußtsein; ~**gemäß,** adj. कर्तव्य के अनुकूल, कर्तव्यसम्मत; ~**lektüre,** f अनिवार्य पाठ्य सामग्री; ~**schuldigst,** adv. (नैतिक) कर्तव्य या बाध्यता के अनुसार, जैसा कि फ़र्ज़ है; ~**teil,** n, jur: हर हालत में प्राप्त होने वाला दायांश; ~**treu,** adj. कर्तव्यपरायण, कर्तव्यनिष्ठ; ~**treue,** f कर्तव्यपरायणता, कर्तव्यनिष्ठा; ~**übung,** f, sport: प्रतियोगिता में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाने वाला अभ्यास; ~**vergessen,** adv. कर्तव्यच्युत, फ़र्ज़फ़रामोश; ~**vergessenheit,** f (-) कर्तव्यच्युति, फ़र्ज़फ़रामोशी; ~**verletzung,** f कर्तव्य को न पूरा क०; ~**verteidiger,** m, jur: अदालत की ओर से नियुक्त प्रतिवादी वकील।

Pflock, m (-[e]s/ ⸚e) खूँटा, खूँटी, मेख; छोटा लट्ठा या डंडा।

pflöcken, v/t (h.) खूँटे लगाना, खूँटियों से बाँधना।

pflück-en, v/t (h.) [lat.] तोड़ना, तोड़ लेना (फल या फूल); ~**er,** m (-s/-) फलों की फ़सल को उतारने के लिए रखा गया मज़दूर।

Pflug, m (-[e]s/ ⸚e) हल, लांगल।

pflügen, v/i & v/t (h.) जोतना, जुताई क०।

Pflugschar, f (-/-en) फाल।

Pforte, f (-/-n) [lat.] बड़े भवनों का प्रवेश-द्वार; छोटा दरवाज़ा, छोटा फाटक (बग़ीचे आदि का); geogr: घाटी, पहाड़ों के बीच का रास्ता।

Pförtner, m (-s/-) दरबान, द्वारपाल; anat: जठरनिर्गम, निजठर; ~**loge,** f द्वारपाल के बैठने का कमरा।

Pfosten, m (-s/-) खम्भा, स्तम्भ; ऊर्ध्वाध्वर लट्ठा, बल्ली, थूनी आदि।

Pfote, f (-/-n) पंजा; U: हाथ; fig: गंदा लेख, गिचपिच या अपाठ्य लेख।

Pfriem, m (-[e]s/-e) सूआ, सूजा (मोची का); ~**en,** v/t (h.) सूजे से छेदना या छेद करना।

Pfropf, m (-[e]s/-e) घनास्र, ख़ून का थक्का; पीप की कील; घाव में भरने का फाहा; ~**en,** 1. m (-s/-) → Pfropf; डाट, डट्ठा, काग; 2. v/t(h.) Pflanzen: क़लम बाँधना या रोपना; U: बलपूर्वक ठूँसना या घुसेड़ना; U: gepfropft voll ठसाठस भरा हुआ।

Pfröpfling, m (-s/-e) / **Pfropfreis,** n (पौधे की) क़लम, उपरोपित डाल।

Pfründe, f (-/-n) [lat.] पादरी की वृत्ति; धर्मवृत्ति; कलीसियाई या पादरी का पद; धार्मिक पद; U: बिना परिश्रम की आमदनी, मुफ़्त की आमदनी।

Pfuhl, m (-[e]s/-e)(कीचड़दार) तालाब या पोखरा; fig: पापकुंड।

Pfühl, m/n (-[e]s/-e) [lat.] poet: बड़ा तकिया; मुलायम बिस्तर, गुदगुदा गद्दा।

pfui, int. छिः, छी।

Pfund, n (-[e]s/-e) [lat.] Gewicht: पौण्ड, पाउण्ड (=500 ग्राम); Währung: इंग्लैंड की मुद्रा; पाउण्ड।

pfund-ig, adj., U: उत्कृष्ट, शानदार; ~**skerl,** m, U: बढ़िया आदमी, योग्य तथा अच्छे स्वभाव का व्यक्ति।

pfundweise, adv. पौण्ड के हिसाब से, पौण्डों में।

pfusch-en, v/i (h.) काम बिगाड़ना, कच्चा काम क०, घपला क०, गड़बड़ क०; ~**er,** m (-s/-) कच्चा काम करने वाला, घपला करने वाला,

गडबडिया, अनाड़ी; ~erei, f (-) कच्चा काम (क०), घपला (क०), गड़बड़ (क०), अनाडीपन (क०)।

Pfütze, f (-/-n) [lat.] पानी भरा गड्ढा, गढ़ैया।

Phalanx, f (-/-'langen) [griech.] व्यूह; anat: अंगुल्यस्थि; fig: संगठित विरोध या मोरचा।

phall-isch, adj. [griech.] लिंग-, लैंगिक; ~**us,** m (-/-'lli;-'llen) लिंग; ~**uskult,** m लिंगपूजा, लिंगोपासना।

Phänomen, n (-s/-e) [griech.] प्रतिभास, आभास; दृश्यघटना या बात, संवृति, दृश्यप्रपंच; U: असाधारण बात, चमत्कार, कमाल; ~**al,** adj. प्रतिभासिक, प्रतीयमान; दृश्य; U: असाधारण, चमत्कारिक, कमाल का।

Phantasie, f (-/-n) [griech.] स्वप्न-चित्र, कल्पित बात, विलक्षण कल्पना, स्वैरकल्पना; o. pl: कल्पनाशक्ति; विदग्धता; विचारधारा; ~**los,** adj. अकल्पनाशील, कल्पनाशक्तिविहीन; मन्दबुद्धि; मतिमन्द; ~**losigkeit,** f (-) कल्पनाशक्ति-राहित्य, कल्पनाशक्ति-विहीनता; मतिमन्दता; ~**reich,** adj. कल्पनाशील, कल्पनाप्रवण; कल्पनापूर्ण; ~**ren,** v/i (h.) स्वैरकल्पना क०; खयाली पुलाव पकाना; के बारे में सोत्साह बातें क०, के स्वप्न-चित्र बनाना; बीमारी की हालत में बड़बड़ाना या ऊट-पटाँग बातें क०; U: बकवास क०, बेसिरपैर की बातें क०; ~**voll,** adj. कल्पनापूर्ण; कल्पनाशील।

Phantast, m(-en/-en) कल्पनाविहारी, दिवास्वप्नद्रष्टा; विलक्षण विचारों वाला व्यक्ति, सनकी; ~**erei,** f (-/-en) कल्पित बात, दिवास्वप्न, हवाई क़िला, स्वैरकल्पना; सनक; ~**isch,** adj. काल्पनिक, अवास्तविक; विलक्षण, अनोखा, निराला; सनकी, झक्की; U: बहुत बढ़िया, शानदार, भव्य; बहुत अधिक, बेहद ज्यादा।

Phantom, n (-s/-e) [frz.] छायाभास, छाया; भूत, प्रेत; med: प्रशिक्षण के लिए प्रयुक्त शरीर के किसी अंग की प्रतिकृति।

Pharisäer, m (-s/-) fig: पाखंडी; संकीर्णमना व्यक्ति।

Pharma-kologe, m (-n/-n) [griech.] भैषज्यविज्ञान का विद्वान या विद्यार्थी, औषधि-प्रभाव-विज्ञान का विद्यार्थी या विद्वान; ~**kologie,** f (-) भैषज्य-विज्ञान, औषधिप्रभाव-विज्ञान; ~**kologisch,** adj. भैषज्यविज्ञान-संबंधी, भैषज्यविज्ञान पर आधारित, भैषजिकीय; ~**kon,** n (-s/-'ka) औषध, औषधि, दवा; विष; ~**zeut,** m (-en/-en) भेषजज्ञ; औषधि-निर्माता; औषधि-विक्रेता; औषधि-निर्माण-विज्ञान का विद्वान या विद्यार्थी; ~**zeutik,** f / ~**zie,** f (-) औषधि-निर्माण-विज्ञान; ~**zeutisch,** adj. भेषजीय, औषधीय, औषधि-निर्माण-विज्ञान पर आधारित या उससे संबंधित।

Phas-e, f (-/-n) [griech.] चरण; अवस्था, स्थिति; phys: प्रावस्था; astron: कला; ~**isch,** adj. चरण-विशेष, स्थिति-विशेष या प्रावस्था-विशेष में (परिवर्तित) होने वाला।

Philantrop, m (-en/-en) [griech.] मानवप्रेमी; लोकोपकारक; ~**ie,** f (-) मानव-प्रेम; लोकोपकार; ~**isch,** adj. मानव-जाति से प्रेम करने वाला; लोकोपकारी।

Philatel-ie, f (-) [griech.] टिकटों के बारे में जानकारी, टिकट-विद्या; ~**ist,** m (-en/-en) टिकटों के बारे में जानकारी रखने वाला; टिकट-संग्रही; ~**istisch,** adj. टिकट-विद्या-संबंधी; टिकट-संग्रहण-संबंधी।

Philharmon-ie, f (-/-n) [griech.] संगीत-मंडली; ऑर्केस्ट्रा या संगीत-कक्ष का नाम; ~**iker,** m (-s/-) ऑर्केस्ट्रा में बजाने वाला वादक; ~**isch,** adj. संगीत-मंडली-संबंधी, संगीत-मंडली का; ऑर्केस्ट्रा-संबंधी; संगीतप्रेमी।

Philister, m (-s/-) fig: संकीर्णमना व्यक्ति; क्षुद्रमना व्यक्ति, अनुदार व्यक्ति;

~haft, adj. संकीर्णमना, क्षुद्रमना, अनुदार; ~tum, n (-s) संकीर्णता, अनुदारता।

Philolog-e, m (-n/-n) [griech.] भाषाशास्त्री; भाषाशास्त्र का विद्वान या विद्यार्थी; ~ie, f (-/-n) भाषाशास्त्र; ~isch, adj. भाषाशास्त्रीय।

Philosoph, m (-en/-en) [griech.] दर्शनशास्त्री, दार्शनिक, तत्वज्ञ; दर्शनशास्त्र का विद्वान या विद्यार्थी; ~ie, f (-/-n) दर्शनशास्त्र, तत्व-ज्ञान; ~ieren, v/i (h.) चिन्तन क०, के तत्व को पहचानने का प्रयत्न क०; U: दर्शनशास्त्र झाड़ना, फ़लसफ़ा झाड़ना; ~isch, adj. दर्शनशास्त्र-संबंधी, दर्शनशास्त्र पर आधारित, दर्शनशास्त्रीय, दार्शनिक।

Phiole, f (-/-n) [griech.] नाशपाती के आकार की छोटी शीशी।

Phlegma, n (-s) [griech.] निष्क्रियता, निश्चेष्टता, सुस्ती, आलस्य; ~tiker, m (-s/-) निष्क्रिय, निश्चेष्ट, सुस्त, आलसी व्यक्ति; ~tisch, adj. निष्क्रिय, निश्चेष्ट, सुस्त, आलसी।

Phobie, f (-/-n) [griech.] med: भीति, भय, दुर्भीति।

Phon, n (-s/-s) [griech.] ध्वनिघनत्व की इकाई।

Phonet-ik, f (-) [griech.] स्वानिकी, स्वरविज्ञान, उच्चारणशास्त्र; ~iker, m (-s/-) स्वरविज्ञानी, उच्चारणशास्त्री; ~isch, adj. ध्वन्यात्मक, उच्चारण-संबंधी।

Phonotypistin, f (-/-nen) [griech.] डिक्टाफ़ोन से टाइप करने वाली, ध्वनिटंकिका।

Phosphat, n (-[e]s/-e) [griech.] chem: फ़ॉस्फ़ेट, भास्वीय।

Phosphor, m (-s) [griech.] chem: फ़ॉस्फ़ोरस, भास्वर; ~eszenz, f (-) स्फुरदीप्ति; ~eszieren, v/i (h.) स्फुरदीप्त होना, टिमटिमाना।

Photo, n (-s/-s) [griech.] छायाचित्र, फ़ोटो; ~apparat, m कैमरा; ~gen, adj. चित्रोपम; जिसका छायाचित्र बहुत सुन्दर लगे; ~graph, m (-en/-en) छायाचित्रकार, भाचित्रकार; ~graphie, f (-/-n) →Photo; o.pl: छायाचित्रण, छायाचित्र बनाने की कला; ~graphisch, adj. भाचित्रात्मक, भाचित्रीय; छायाचित्रण-संबंधी; ~kopie, f भाचित्र-प्रतिलिपि, चित्र-प्रतिलिपि; ~kopieren, v/t (h.) भाचित्र-प्रतिलिपि बनाना; ~montage, f भिन्न-भिन्न छायाचित्रों के टुकड़ों को जोड़कर एक काल्पनिक चित्र बनाना या इस प्रकार से बना चित्र; ~synthese, f प्रकाश-संश्लेषण; ~zelle, f भाविद्युत्-कोशा, प्रकाश-वैद्युत कोशा।

Phrase, f (-/-n) [griech.] उक्ति, सूक्ति, मुहावरा; U: घिसी-पिटी बात, निरर्थक बात; ~nhaft, adj. घिसा-पिटा, निरर्थक, खोखला; ~ologie, f (-/-n) वाक्यप्रबंध, कथन-शैली, मुहावरों का प्रयोग; पदावली, मुहावरों का संग्रह।

Physik, f (-) [lat./griech.] भौतिकी, भौतिकविज्ञान; ~alisch, adj. भौतिक, भौतिकी-संबंधी, भौतिकी पर आधारित, भौतिकीय; ~er, m (-s/-) भौतिकी का विद्वान या विद्यार्थी, भौतिकविज्ञानी; ~um, n (-s) चिकित्सा-विज्ञान के विद्यार्थियों की पहली परीक्षा।

Physiognom-ie, f (-/-n) [griech.] रूपाकृति; मुखलक्षण; आकृति, रूप; ~ik, f (-) रूपाकृति-विज्ञान; मुख-लक्षण-निरूपण; ~isch, adj. रूपाकृति-संबंधी; मुख-सामुद्रिकीय; रूपाकृति-विज्ञान पर आधारित।

Physiolog-ie, f (-) [griech.] शरीर-क्रिया-विज्ञान, दैहिकी; ~isch, adj. शरीरक्रिया-संबंधी, दैहिक; दैहिकी-संबंधी, दैहिकी पर आधारित।

Phys-is, f (-) [griech.] अंग-संहति, शरीर-गठन, डील-डौल; देह, काया; ~isch, adj. दैहिक, शारीरिक।

Pianist, m (-en/-en) [ital.] पियानो-

वादक ।

Piano(forte), n (-s/-s) [ital.] पियानो ।

Picke, f (-/-n) गैंती, कुदाली ।

[1]**Pickel,** m (-s/-) med: फुंसी, पिटिका, मुँहासा ।

[2]**Pickel,** m (-s/-) छोटी कुदाली (पर्वतारोहियों की); नोकदार डंडा, छड़ या छड़ी; ~**haube,** f कीलदार लोहे का टोप ।

pick(e)lig, adj. फुंसीदार, पिटिकायुक्त ।

picken, 1. v/t (h.) चुगना; 2. v/i (h.) चोंच मारना ।

Picknick, n (-s/-s;-e) [frz.] वनभोज, गोठ, पिकनिक; ~**en,** v/i (h.) वन में भोजन क०, पिकनिक क० ।

picobello, adj. [ital.] U: साफ़-सुथरा; बना-ठना; सुन्दर ।

pieken, v/t (h.) → pieksen

piekfein, adj., U: बहुत बढ़िया, अत्युत्कृष्ट; बहुत बना-ठना या बना-सजा ।

piecksen, v/t (h.) U: में छेद क०; चुभाना; के डंक मारना ।

Piep, m (-[e]s/-e) चीं, चूँ; पतली आवाज़; U: सनक, पागलपन का काम; U: keinen Piep sagen चूँ तक न क० ।

piepe, adj., U: das ist mir piepe इसकी मुझे कोई परवाह नहीं ।

[1]**piepen,** v/i (h.) चीं-चीं क०, चूँ-चूँ क०; पतली आवाज़ में बोलना; रेडियो में समय बताने के लिए पिप-पिप की ध्वनि क० या होना; U: bei Euch piept's wohl ? तुम लोगों का दिमाग़ ख़राब है क्या?; U: das ist zum Piepen यह बहुत हास्यजनक बात है ।

[2]**Piepen,** pl., U: रुपये, पैसे, रुपया-पैसा ।

Piep-matz, m छोटी-सी चिड़िया; U: सनक, पागलपन; ~**sen,** v/i (h.) → piepen; ~**ser,** m (-s/-) चीं, चूँ, पतली आवाज़; चीं या चूँ की आवाज़; ~**sig,** adj. , U: चीं-चीं जैसा, बहुत पतला (स्वर आदि); fig: बीमार-सा, कमज़ोर ।

piesacken, v/t (h.) U: सताना, यंत्रणा देना; तंग क०, दुःखी क०, पीड़ित क० ।

Pietät, f (-)[lat.] भक्ति, धर्मपरायणता, धर्मनिष्ठा; श्रद्धा, आदर की भावना (मृतकों के प्रति); ~**los,** adj. श्रद्धाहीन; अनादरपूर्ण, अनादरकारी; धर्मनिष्ठाहीन; ~**voll,** adj. श्रद्धालु; श्रद्धामय, आदरपूर्ण; धर्मनिष्ठ, धर्मपरायण ।

Pietis-mus, m (-) [lat.] भक्तिवाद, धर्मचर्यावाद; पुण्यशीलता; ~**t,** m (-en/-en) भक्तिवादी; धर्मचर्यावादी; पुण्यशील व्यक्ति; ~**tisch,** adj. धर्मचर्यावाद-संबंधी या उसपर आधारित, धर्मचर्यावादी; पुण्यशील ।

Pigment, n (-[e]s/-e) [lat.] रंगद्रव्य, वर्णक, रंजक; शरीर के ऊतकों का सहज वर्ण; ~**ation,** f (-) रंगायण; ~**ieren,** 1. v/t (h.) रंगद्रव्य को छोटे-छोटे कणों में विखंडित क०; 2. v/i (h.) रंगायित होना ।

[1]**Pik,** m (-s) U: विद्वेष, घृणा, नफ़रत, खार ।

[2]**Pik,** n (-s/-s) [frz.] हुकुम (का पत्ता) ।

pikant, adj. [frz.] चरपरा, चटपटा, मसालेदार; fig: कामोत्तेजक, कामोद्दीपक; अश्लील; ~**erie,** f (-/-n) कामोत्तेजक बात; अश्लील बात ।

Pike, f (-/-n) [frz.] बरछा, भाला; U: von der Pike auf dienen निम्नतम स्तर से (सेवा) प्रारंभ क० ।

pikieren, v/t (h.) [frz.] (पौध) जमाना या रोपना ।

pikiert, adj. [frz.] नाराज़, रुष्ट, खिन्न, चिढ़ा हुआ ।

piksen, v/t (h.) → pieksen

Pilger, m (-s/-) [lat.] तीर्थयात्री, ~**fahrt,** f तीर्थयात्रा; ~**n,** v/i (s.) तीर्थयात्रा क० ।

Pille, f (-/-n) [lat.] औषधि की गोली; U: गर्भनिरोधक गोली; fig: eine bittere Pille कड़ुआ घूंट ।

Pilot, m (-en/-en) [frz.] विमान-चालक; mar: कर्णधार, खुले समुद्र में

जहाज़ चलाने वाला कर्णिक ।

Pilz, m (-es/-e) [lat./griech.] खुमी, छत्रक, कुकुरमुत्ता; U: in die Pilze gehen कुकुरमुत्ते एकत्र करने के लिए वन में जाना; fig: neue Häuser schossen wie Pilze aus dem Boden थोड़े दिनों में ही बहुत-से नये मकान बन गए ।

Piment, n/m (-[e]s/-e) [lat.] लवंग-बदर, जमैका की गोलमिर्च ।

Pimp-el, m (-s/-) U: सुकुमार व्यक्ति, नाज़ुक-मिज़ाज इंसान; लाड़-प्यार से बिगड़ा हुआ बच्चा, पिनपिनाने वाला बालक; **~(e)lig,** adj., U: सुकुमार, नाज़ुक-मिज़ाज; लाड़-प्यार से बिगड़ा हुआ, पिनपिनाने वाला ।

pimpern, v/t & v/i (h.) vulg: (स्त्री) लेना, चोदना; गर्भवती बनाना ।

Pimpf, m (-[e]s/-e) U: छोटा-सा लौंडा, छटाँक भर का लौंडा, छोटा-सा लड़का ।

Pinakothek, f (-/-en)[griech.] कला-भवन, चित्र-संग्रहालय ।

ping(e)lig, adj., U: छोटी-छोटी बातों को महत्व देने वाला; ओछा, छोटे दिल का ।

Pinguin, m (-s/-e) [frz.] दक्षिणध्रुव-प्रदेश में पाई जाने वाली चिड़िया, पेंग्विन ।

Pinie, f (-/-n) [lat.] चीड़ ।

Pinke, f (-) U: रक़म, धन ।

Pinkel, m (-s/-) [jidd.] U: ein feiner Pinkel बाँका, बना-ठना आदमी ।

pinkeln, v/i (h.) U: मूतना, पेशाब क० ।

Pinne, f (-/-n) [lat.] mar: कर्णदंड; am Kompaß: क़ुतुबनुमे की कीली जिसपर उसकी सुई टिकी होती है ।

Pinscher, m (-s/-) [eng.] जर्मन नस्ल का एक छोटा कुत्ता; U: महत्वहीन आदमी, दो कौड़ी का आदमी ।

Pinsel, m (-s/-) [lat.] कूँची, तूलिका, बुरुश; U: भोंदू, बौड़म; **~ei,** f (-/-en) लीपा-पोती, कूँची-घिसाई; घटिया चित्र; **~n,** 1. v/i (h.) कूँची घिसना, लीपा-पोती क०; बहुत सँभाल-सँभालकर लिखना; 2. v/t (h.) पर रंग क० ।

Pinte, f (-/-n) [frz./lat.] U: घटिया मधुशाला, घटिया रेस्तराँ ।

Pinzette, f (-/-n) [frz.] चिमटी ।

Pionier, m (-s/-e) [frz.] mil: सैन्य-मार्गशोधक, सफ़रमैना; fig: प्रणेता, अग्रेसर, पुरोगामी; **~arbeit,** f, fig: पथप्रशस्तीकरण ।

Pipette, f (-/-n) [frz.] पिपेट, नल्लिका ।

Pirat, m (-en/-en) [lat./griech.] जलदस्यु, समुद्री डाकू; **~erie,** f (-/-n) जलदस्युता, समुद्री डकैती ।

Pirouette, f (-/-n) [frz.] नृत्य में घिरनी (खाना) ।

Pirsch, f (-) [frz.] दबे पाँव शिकार के पास पहुँचने की क्रिया; **~en,** v/i (h.; s.) दबे पाँव शिकार के पास पहुँचने का प्रयत्न क०, दबे पाँव चलना ।

piss-en, v/i (h.) vulg: मूतना; **~oir,** n (-s/-s;-e) पेशाबघर, मूत्रालय ।

Pistazie, f (-/-n) [lat.] पिस्ता ।

Piste, f (-/-n) [frz.] धावन-पथ, दौड़-पथ, अवतरण-पथ (विमान का); sport: दौड़ के लिए निर्धारित मार्ग या पटरी ।

Pistole, f (-/-n) [tschech.] पिस्तौल, तमंचा; fig: jdm. die Pistole auf die Brust setzen किसी को किसी बात के लिए मजबूर क०, किसी को कोई निर्णय लेने के लिए मजबूर क०; fig: seine Antwort kam wie aus der Pistole geschossen उसने तड़ाक से जवाब दिया, उसे जवाब देने के लिए एक क्षण भी नहीं सोचना पड़ा ।

pitsch(e)naß, adj., U: तर-ब-तर, शराबोर ।

pittoresk, adj. [ital.] सुरम्य, नयनाभिराम, चित्रोपम ।

Pizz-a, f (-/-s) [ital.] पित्सा, एक इतालवी व्यंजन; **~eria,** f(-/-'rien;-s) पित्सा बनाने वाला रेस्तराँ ।

placier-en, v/t (h.) [frz.] (किसी स्थान पर) रखना, खड़ा क०; Kapital:

(पूँजी) लगाना; sport: गेंद को स्थान-विशेष पर(या दिशा-विशेष में)पहुँचाना; sich placieren खेल-प्रतियोगिता में (अच्छा) स्थान पाना; ~**ung,** f (-/-en) खेल-प्रतियोगिता में प्राप्त स्थान ।

plack-en, v/r (h.) U: घोर परिश्रम क०; ~**erei,** f (-) U: घोर परिश्रम, कमरतोड़ मेहनत ।

pläd-ieren, v/i (h.) [frz.] jur: अभिवचन क०, वकालत क०; für etw. plädieren किसी बात का समर्थन क०; ~**oyer,** n (-s/-s) jur: अभिवचन, सुनवाई पूरी हो जाने के बाद वकीलों का निवेदन-भाषण ।

Plage, f (-/-n) [lat.] घोर परिश्रम, कमरतोड़ मेहनत; कष्ट, मुसीबत, परेशानी; आपत्ति, आफत; U: es ist eine Plage mit ihm उससे बड़ी परेशानी होती है; ~**geist,** m (-es/-er) U: उत्पीड़क; दुःखी या तंग करने वाला; ~**n,** v/t (h.) से कमरतोड़ मेहनत कराना; को उत्पीड़ित क० या यातना देना; को दुःखी या तंग क०; sich plagen कमरतोड़ मेहनत क०, घोर कष्ट उठाना ।

Plagi-at, n (-[e]s/-e) [frz.] साहित्यिक चोरी, भावहरण; ~**ator,** m (-s/-en) भावहारी, साहित्यिक चोरी करने वाला; ~**ieren,** v/t (h.) (की) साहित्यिक चोरी क० ।

Plakat, n (-[e]s/-e) [frz.] भित्तिपत्रक, इश्तहार, विज्ञापन; ~**farbe,** f अश्ममुद्रण में प्रयुक्त रंग, इश्तहार बनाने का रंग; ~**ieren,** 1. v/t (h.) का इश्तहारों द्वारा प्रचार क०; 2. v/i (h.) इश्तहार चिपकाना; ~**iv,** adj. इश्तहार के प्रकार का, भित्तिपत्रक की शैली में ।

Plakette, f (-/-n)[frz.] पदक, तमग़ा, धातुपत्र ।

[1]**Plan,** m (-[e]s/ ⸗e) समतल मैदान; समतल भूमि; रणक्षेत्र; fig: auf den Plan treten सामने आना, मैदान में उतर आना; fig: auf den Plan rufen चुनौती देना, कुछ करने के लिए उत्तेजित क० ।

[2]**Plan,** m (-[e]s/ ⸗e) (Grundriß) बुनियाद-खाका, खाका, नक़्शा;रेखाचित्र, अनुप्रस्थिका; (Karte) मानचित्र; मापचित्र; (Entwurf) रूपरेखा, प्रारूप; (Einteilung) संविभाजन (समय या कार्य का), कार्यक्रम; (Vorhaben) योजना, परियोजना, पूर्वयोजन; मन्सूबा, इरादा ।

Plane, f (-/-n) तिरपाल, ट्रक आदि की तिरपाल की छत ।

plan-en, 1. v/i (h.) भविष्य के लिए योजनायें बनाना; 2. v/t (h.) की योजना बनाना; का इरादा क०; (समय या कार्य) संविभाजित क० या नियत क०; की रूपरेखा बनाना; ~**er,** m (-s/-) योजना बनाने वाला; रूपरेखा बनाने वाला, अभिकल्पक ।

Planet, m (-en/-en) [griech.] ग्रह; ~**arisch,** adj. ग्रहीय; ~**arium,** n (-s/-'rien) ताराघर, कृत्रिम नभोमंडल; ~**oid,** m (-en/-en)क्षुद्र ग्रह, ग्रहिका ।

planier-en, v/t (h.) समतल क०, चौरस क०; ~**raupe,** f तलेक्षक, तलेक्षण के लिए प्रयुक्त चक्रपट्टी वाली गाड़ी ।

Planke, f (-/-n) [lat.] तख्ता, पटरा ।

Plänkel-ei, f (-/-en) मामूली मुठभेड़, गोलियों का मामूली आदान-प्रदान; fig: कहा-सुनी, झड़प; नोक-झोंक; ~**n,** v/i (h.) गोलियों का मामूली आदान-प्रदान क०; fig: कहा-सुनी क०; नोंक-झोंक क० ।

Plankton, n (-s) [griech.] मन्दप्लवक ।

plan-los, 1. adj.अव्यवस्थित, बेतरतीब, असंबद्ध; योजनाहीन; 2. adv. बिना किसी योजना के, अंधाधुंध, ऊटपटाँग ढंग से; ~**losigkeit,** f (-) अव्यवस्था, व्यवस्था-राहित्य, असंबद्धता; योजनाहीनता; ~**mäßig,** 1. adj. व्यवस्थित, बातरतीब; नियत, निर्धारित; 2. adv. व्यवस्थित ढंग से, क्रम से, योजना के

अनुसार; नियत समय के अनुसार; ~mäßigkeit, f (-) व्यवस्थापूर्णता, क्रमबद्धता; ~quadrat, n देशान्तर-रेखाओं तथा अक्षान्तर-रेखाओं से बना चतुर्भुज (मानचित्र पर)।

Plansch-becken, n बच्चों के खेलने का छोटा जलकुंड; ~**en,** v/i (h.) पानी में छप-छप क०, पानी में खेलना, पानी उछालना; ~**erei,** f (-) पानी में छप-छप क० या खेलना।

plan-soll, n योजना-लक्ष्य की पूर्ति के लिए अवधि-विशेष में आवश्यक कार्य या उत्पादन की मात्रा; ~**spiel,** n मानचित्र पर युद्ध का अभ्यास; ~**stelle,** f योजनागत पद।

Plantage, f (-/-n) [frz.] विशाल रोप-स्थली, बागान।

Plan-ung, f (-/-en) आयोजन, नियोजन; योजना; अभिकल्पन, परिकल्पन, रूपरेखा बनाना; ~**voll,** 1. adj. योजनाबद्ध, सुव्यवस्थित ढंग का, तरीक़े का; 2. adv. योजना बनाकर, ढंग से, तरीक़े से।

Planwagen, m तिरपाल की छत वाली घोड़ागाड़ी।

Plan-wirtschaft, f योजनाबद्ध अर्थ-व्यवस्था; ~**ziel,** n योजना-लक्ष्य।

Plapper-ei, f (-) U: अनर्गल प्रलाप; ~**er,** m (-s/-) U: अनर्गल प्रलाप करने वाला आदमी; ~**haft,** adj., U: बातूनी, गप्पी; ~**n,** v/i (h.) U: अनर्गल प्रलाप क०, गप लड़ाना; अशुद्ध बोलना (बच्चों का); बहुत बातें क०; ~**maul,** n/~**tasche,** f, U: अनर्गल प्रलाप करने वाला व्यक्ति, गप्पी आदमी या औरत, बातूनी।

plärren, 1. v/i (h.) U: ज़ोर-ज़ोर से रोना, गला फाड़कर चिल्लाना; 2. v/t (h.) U: कर्कश स्वर में या गला फाड़-कर गाना।

Plasma, n (-s/-'men) [griech.] हरि-भासिज, हरा बिल्लौर; biol: प्ररस, प्लाविका, अस्राम्बु; phys: अक्रिय अणुओं तथा मुक्त इलेक्ट्रॉनों और आयनों वाली गैस, प्लाज़्मा।

¹Plastik, f (-/-en) [griech.] मूर्ति, प्रतिमा; o.pl: मूर्तिकला, भास्कर्य; med: अभिघट्य-कर्म, सन्धानीय शल्य।

²Plastik, n(-s/-s) [griech.] प्लास्टिक, गटापार्चा।

Plast-ilin, n(-s) अभिघटनशील पदार्थ, अभिघटनी; ~**isch,**adj. प्रतिमाविधायक; त्रिविम; सुघट्य; fig: सुस्पष्ट, सजीव, जीता-जागता; plastische Chirurgie सन्धानीय शल्य, ऊतयन्तरण-शल्य; ~**izität,** f (-) प्रतिमाविधायकता; सुघट्यता।

Platane, f (-/-n) [griech.] पृथुपत्र, चनार।

Plateau, n (-s/-s) [frz.] पठार, अधित्यका।

Platin, n (-s) [span.] प्लैटिनम; ~**ieren,** v/t (h.) पर प्लैटिनम की पर्त चढ़ाना।

Platitüde, f (-/-n) [frz.] घिसी-पिटी बात, खोखली बात।

platonisch, adj. अफ़लातूनी; fig: आध्यात्मिक, निष्काम।

platschen, v/i (s.;h.) U: छपछपाना, छपछपाते हुए आगे बढ़ना या गिरना; मूसलाधार बारिश होना।

plätschern, v/i (h.) कलकलाना, कलकल ध्वनि के साथ बहना; पानी में छप-छप क०, छपछपाना; fig: लगातार चलता रहना (वार्ता, भाषण आदि)।

platt, 1. adj. चपटा; समतल, चौरस, सपाट; fig: घिसा-पिटा, खोखला; नीरस, फीका; U: हक्का-बक्का, हैरान, आश्चर्यचकित; 2. n (-[s]) उत्तरी जर्मनी की बोली।

plattdeutsch, 1. adj. उत्तरी जर्मनी की बोली का; 2. n उत्तरी जर्मनी की बोली।

platt-drücken, v/t (h.) चपटा क०, दबाकर चपटा क०; ~**e,** f (-/-n) तख़्ता, फलक, पट्ट, पट्टिका; für Speisen: प्लेट, तश्तरी; phot: भाचित्रीय पट्ट, भा-पट्ट;

(Druckstock) मुद्रांक, मुद्रण-पट्ट; geol: उत्तट, ऊर्ध्व; (Schallplatte) ग्रामोफ़ोन का रेकॉर्ड; U: गंजी खोपड़ी; kalte Platte ठंडा भोजन ।

Plätt-eisen, n इस्तरी; ~**en,** v/t (h.) चपटा क०, को चपटा बनाना; Wäsche: पर इस्तरी क० ।

Platten-leger, m पत्थर का फ़र्श बनाने वाला, शिला-फलकों का फ़र्श बनाने वाला; ~**spieler,** m ग्रामोफ़ोन ।

platterdings, adv. बिल्कुल, एकदम, पूर्णतया, सर्वथा ।

Platt-fisch, m एक बाज़ू पर तैरने वाली चपटी समुद्री मछली, पृथुमीन; ~**form,** f (सभा-)मंच, ट्राम के डिब्बे का अगला या पिछला भाग जिसमें कुर्सियाँ नहीं होती हैं; fig: आधार; ~**fuß,** m चपटा पैर, पैर जिसका तलवा सपाट हो; ~**füßig,** adj. चपटे पैर वाला; ~**heit,** f (-/-en) o.pl: चपटापन; fig: घिसी-पिटी या खोखली बात; नीरस बात; ~**ieren,** v/t (h.) पर मुलम्मा या चद्दर चढ़ाना ।

Platz, m (-es/⸗e) स्थान, जगह, स्थल; (Ortschaft) गाँव, क़स्बा, शहर; (Sitzplatz) सिनेमाघर आदि में बैठने का स्थान या उसकी श्रेणी; (Sportplatz) खेल का मैदान; (Placierung) खेल-प्रतियोगिता में प्राप्त स्थान; das ist das größte Hotel am Platz यह (इस) शहर का सबसे बड़ा होटल है; Scherze sind jetzt nicht am Platz यह हँसी-मज़ाक का अवसर नहीं है; Platz da! हटो!, खिसको!, जगह करो!, बैठने दो!; Platz machen जगह छोड़ना; जगह क०, रास्ता छोड़ना; Platz nehmen स्थान ग्रहण क०, बैठ जाना; ~**angst** f विवृत-स्थान-भीति, खुले स्थान को पार करने से भय लगना; U: ठसाठस भरे कमरे में घबराहट होना; ~**anweiserin,** f सिनेमाघर में बैठने की जगह दिखाने वाली स्त्री ।

Plätzchen, n (-s/-) बड़े दिन के पिष्टक, बिस्कुट आदि; छोटी-सी जगह ।

platzen, v/i (s.) फट जाना, फूट जाना; फटा जाना; आ धमकना; U: (किसी काम का) बिगड़ जाना, असफल हो जाना; U: vor Neugierde platzen किसी बात को जानने के लिए अत्यन्त व्यग्र होना; U: vor Wut platzen अत्यन्त क्रुद्ध होना; in eine Versammlung platzen किसी सभा में (बिना निमंत्रण के) आ धमकना; fig: Verhandlungen platzen lassen वार्ता समाप्त कर देना, बातचीत को आगे न बढ़ाना ।

Platz-karte, f स्थान-आरक्षण-पत्र (रेलगाड़ी के लिए); ~**konzert,** n खुले मैदान में संगीत-मंडली द्वारा वादन; ~**mangel,** m स्थानाभाव ।

Platz-patrone, f पटाके का कारतूस, केवल बारूद-भरा कारतूस (अभ्यास के लिए प्रयुक्त); ~**regen,** m आकस्मिक वृष्टि, झटित्वर्षा, मूसलाधार वर्षा (जो अचानक होने लगे) ।

Platz-wart, m खेल के मैदान का प्रबंधक; ~**wechsel,** m स्थान-परिवर्तन; kfm: स्थानगत धनादेश ।

Plauder-ei, f (-/-en) बातचीत, गपशप; विनोदपूर्ण वार्ता या लेख; ~**er,** m (-s/-) बातचीत में निपुण आदमी; व्यक्ति जिसके पेट में कोई बात न पचे; ~**n,** v/i (h.) गपशप क०, बातचीत क०, गप लड़ाना; fig: aus der Schule plaudern भेद की बात बता देना; ~**tasche,** f, U: वार्तारसिक, बातूनी, गपोड़िया ।

Plausch, m (-es/-e) U: गपशप; ~**en,** v/i (h.) गपशप क० ।

plausibel, adj. [lat.] विश्वास्य, विश्वासोत्पादक, प्रत्यायक, युक्तियुक्त ।

Plazenta, f (-/-s;-'ten) [lat.] anat: →Mutterkuchen

Plazet, n (-s/-s) [lat.] अनुमति, आज्ञा; अनुमोदन, सहमति ।

plazieren, v/t (h.] → placieren

Pleb-iszit, n (-[e]s/-e) [lat.] जनमत; जनमत-संग्रह; **~iszitär,** adj. जनमत पर आधारित; **~s,** m (-es) जनता, जनसाधारण; fig: अनपढ़ या अनभिज्ञ लोग।

pleite, [hebr.] 1. adj., U:दिवालिया; खाली जेब वाला; 2. f (-/-n) U: दिवाला, शोधाक्षमता; (Reinfall) विफलता, असफलता, नाकामयाबी; **~geier,** m, U: अनिष्ट के बादल, तबाही के बादल।

plemplem, adj., U: पागल, विक्षिप्त, खब्ती।

Plen-arsitzung, f सर्वांगीण सभा, सभा या बैठक जिसमें सभी सदस्य उपस्थित हों; **~um,** n (-s) [lat.] (संसद के) सभी सदस्य; सर्वांगीण सभा, पूर्ण बैठक।

Pleuelstange, f, tech: क्रूपर और पिस्टन को जोड़ने वाली छड़।

Pliss-ee, n (-s/-s) [frz.] चुनट; **~ieren,** v/t (h.) में चुनटें डालना।

Plomb-e, f (-/-n) [frz.] सीस-मुद्रा, सीसे की सील; (Zahnfüllung) खोखले दाँत में भरा जाने वाला द्रव्य; **~ieren,** v/t (h.) सीसे (की सील) से बंद क०; (खोखले दाँत) की भराई क०।

plötzlich, 1. adj. अप्रत्याशित, आकस्मिक, अचानक होने वाला; 2. adv. अकस्मात्, अचानक, सहसा, एकाएक; U: फुर्ती से, तुरन्त, फ़ौरन; **~keit,** f (-) आकस्मिकता।

Pluder-hose, f तंग मोहरियों और चौड़े पाँयचों का पाजामा या पतलून; ढीली-ढाली बिरजिस; **~n,** v/i (h.) हवा भर जाने से पाजामे या लहँगे आदि का फूल जाना।

[1]**plump,** adj. (unförmig) भद्दा, बेडौल, भोंड़ा;(schwerfällig) मंदबुद्धि, मोटी अक़्ल वाला; अनाड़ी, अदक्ष; fig: अभद्रतापूर्ण, उजड्डतापूर्ण; सीधा-सादा, लट्ठमार; अकुशल।

[2]**Plump,** m (-es/-e) U: → Plumps

Plumpheit,f (-) भद्दापन, भोंड़ापन; कमअक़्ली; अनाड़ीपन, अदक्षता; fig: अभद्रता, उजड्डपन; अकुशलता।

Plumps, m (-es/-e) U: धमाका; **~en,** v/i (s.) U: धमाके से गिरना, धड़ाम से गिरना; **~er,** m (-s/-) U: →Plumps

Plunder, m (-s) काठ-कबाड़, बेकार सामान; घटिया वस्तु या वस्तुएँ।

Plünder-er, m (-s/-) लुटेरा, लूटपाट या लूटमार करने वाला; **~n,** v/i & v/t (h.) लूटना; **~ung,** f (-/-en) लूट, लूटमार, लूटपाट।

Plural, m (-s/-e) [lat.] gramm: बहुवचन; **~isch,** adj. , gramm: बहुवचन; **~ismus,** m (-) बहुत्ववाद; बहुलवाद, बहुवाद; **~istisch,** adj. बहुत्ववादी; बहुलवादी, बहुवादी; **~ität,** f (-/-en) बहुसंख्या, बाहुल्य; अनेकत्व।

plus, [lat.] 1. adv.,math: धन, और, और...को मिलाकर या जोड़कर; 2. n (-/-) math: धन का चिह्न; U: अधिशेष, अधिराशि; लाभ, फ़ायदा, लाभ की बात।

Plüsch, m (-es/-e) [frz.] मख़मल की तरह का लोमश वस्त्र।

Pluspunkt, m, fig: खेल-प्रतियोगिता में जीता हुआ अंक।

Plusquamperfekt, n (-s/-e)gramm: पूर्ण भूत।

plustern, v/t (h.)फुलाना, खड़ा क० (पंखों को)।

Plutokratie, f (-/-n) [griech.] धनिकतंत्र।

Pluto(n), m (-) प्लूटो, पीतग्रह।

Pneu, m (-s/-s) [griech.] वायवीय टायर; **~matik,** 1. f (-) वातिकी; 2. m (-s/-s) →Pneu; **~matisch,** adj. वायवीय, वायुमय; वायुसंचालित; **~monie,** f (-/-n) med: फुप्फुस-प्रदाह; निमोनिया।

Pöbel, m (-s) [frz.] निम्न वर्ग, कुँजड़े-कसाई; साधारण लोग; **~haft,** adj. निम्नवर्गीय,कुँजड़े-कसाईओं जैसा;

अशिष्ट, गँवारू; वदतमीज़, वेलिहाज़ ।

pochen, 1. v/i (h.) खटखटाना, ठोंकना; धड़कना, धुक-धुक क०; an/gegen die Tür pochen दरवाज़े पर दस्तक देना; fig: auf sein Recht pochen अपने अधिकार का दावा क०; 2. v/t (h.) Erze: कूटना, तोड़ना ।

Pock-e, f (-/-n) पिटिका, फुंसी, चेचक का दाग़; pl: चेचक; **~enimpfung,** f चेचक का टीका; **~ennarbig,** / **~ig,** adj. चेचकरू, चेचक के दाग़ों से युक्त ।

Podest, m/n (-es/-e) [griech.] ज़ीने का शीर्षमंच या मध्यमंच; मंच, चबूतरा ।

Podex, m (-[es]/-e) [lat.] U: नितम्ब, चूतड़ ।

Podium, n (-s/-'dien) (lat./griech.) पादक, व्याख्यान-पीठिका; **~sdiskussion,** f दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत वादविवाद या वार्तालाप ।

Poe-sie, f (-/-) [griech.] काव्य, कविता, पद्यरचना; काव्यकला, शायरी; fig: मनोज्ञता; चमत्कार; **~sielos,** adj., fig: नीरस, अमनोज्ञ; **~t,** m (-en/-en) कवि, शायर; **~tik,** f (-/-en) काव्यशास्त्र; **~tisch,** adj. कवि का, कविसुलभ, शायराना; काव्यात्मक, काव्योचित; छन्दोबद्ध, पद्यात्मक; काव्यशास्त्र-संबंधी, काव्य-शास्त्रीय; fig: मनोज्ञ, सरस ।

Pogrom, m (-s/-e) [russ.] दल-विशेष या सम्प्रदाय-विशेष के विरुद्ध अत्याचार ।

Point-e, f (-/-n) [frz.] मुख्य वात, सार, मर्म; **~ieren,**v/t(h.) पर विशेष वल देना, का विशेष रूप से उल्लेख क०; **~iert,** adj. सुस्पष्ट, विशेष रूप से कहा गया; तत्वपूर्ण, सारगर्भित ।

Pokal, m (-s/-e) [ital.] चषक, पानपात्र; जाम; sport: जयपात्र, पारितोषिक-पात्र ।

Pökel, m (-s) नमक का घोल, नमक का पानी; **~n,** v/t (h.) नमक के घोल में रखकर परिरक्षित क० (मांस या मछली) ।

Poker, m (-s) [eng.] पोकर; **~n,** v/i (h.) पोकर खेलना; fig: दाँवबाज़ी क०; जोखिम उठाना ।

Pol, m (-s/-e) [lat./griech.] ध्रुव, मेरु; eines Magneten: चुम्बकीय ध्रुव, चुम्वक का छोर; el: वैटरी के दोनों सिरे ।

polar, adj. ध्रुवीय, ध्रुवी; **~forscher,** m ध्रुवप्रदेश का अन्वेषक या गवेषक ।

Polari-sation, f (-/-en) ध्रुवण, ध्रुवीयण; opt: अभिस्पन्दन; **~siren,** v/t (h.) अभिस्पन्दन क०; ध्रुवण क०; fig: (विचारधाराओं के) विरोध को स्पष्ट क०; sich polarisieren में विरोध उत्पन्न होना ।

Polarität, f (-) वैषम्य, विरोध, विरोधात्मकता ।

Polar-kreis, m ध्रुवीय वृत्त; **~licht,** n ध्रुवीय ज्योति, ध्रुव-प्रकाश; **~stern,** m ध्रुवतारा ।

Pole, m (-n/-n) पोलैंडवासी ।

Polem-ik, f (-/-en) [griech.] झगड़ा, विवाद; साहित्यिक विवाद या विद्वेष; विद्वेषपूर्ण आलोचना; **~isch,** adj. विवादात्मक; विद्वेषपूर्ण; आलोचना से युक्त, कटु; **~isieren,** v/i (h.) विवाद क०, कटु या विद्वेषपूर्ण आलोचना क०, आलोचनात्मक अभियान क० ।

Polen, n पोलैंड ।

Polente, f (-) [jidd.] U: पुलिस ।

Polier, m (-s/-e) मजदूरों को आदेश देने वाला राजमिस्त्री, वड़ा राजमिस्त्री ।

polieren, v/t (h.) [lat.] चिकनाना; चमकाना, पर पॉलिश क०, पर रोग़न क० ।

Poliklinik, f [griech.] नागरिक चिकित्सालय, अस्पताल जिसमें मरीज़ों को भर्ती करने का प्रबंध न हो ।

Politesse, f (-/-n) [frz.] यातायात-विभाग की पुलिसवाली (जो ग़लत स्थान पर गाड़ी पार्क करने वालों पर जुर्माना करती है) ।

Politik, f (-)[frz.] राजनीति, सियासत;

fig: नीति, तरकीब, चाल; ~er, m (-s/-) राजनीतिज्ञ; fig: नीतिज्ञ, तरकीब से अपना काम निकालने वाला; ~um,n (-s/-'ka) राजनैतिक मामला, राजनैतिक महत्व की बात।

polit-isch, adj. राजनैतिक, सियासती; **~isieren,** 1. v/i (h.) राजनीति के विषय में बातचीत क०; 2. v/t (h.) को राजनैतिक मामला बनाना; में राजनैतिक चेतना उत्पन्न क०, पर राजनीति का रंग चढ़ाना।

Politolog-e, m (-n/-n) राजनीतिशास्त्र का विद्वान या विद्यार्थी, राजनीतिशास्त्री; **~ie,** f (-) राजनीतिशास्त्र।

Politur, f (-/-en) [lat.] पॉलिश आदि करने से उत्पन्न चमक; पॉलिश, रोगन।

Polizei, f (-) [griech.] पुलिस; **~beamte,** m पुलिस-अधिकारी, पुलिस वाला; **~gewalt,** f पुलिस के अधिकार; पुलिस(-शक्ति); **~hund,** m पुलिस का भेदिया कुत्ता; **~lich,** adj. पुलिस-संबंधी, पुलिस का, पुलिस द्वारा या पुलिस की सहायता से; **~revier,** n पुलिस-क्षेत्र, किसी थाने का अधिकार-क्षेत्र; थाना, कोतवाली; **~staat,** m पुलिस-राज्य, पुलिस-राज; **~streife,** f पुलिस का गश्ती दल; **~stunde,** f मधुशालाओं, मनोरंजन-स्थलों आदि को बंद करने का समय; **~wache,** f थाना।

Polizist, m (-en/-en) [griech.] पुलिस वाला, पुलिस-अधिकारी।

Pollen, m (-s/-) [lat.] पराग।

polnisch, 1. adj. पोलैंड का; 2. n पोलैंड की भाषा।

Polo, n (-s/-s) [eng.] चौगान, पोलो; **~hemd,** n चौगान खेलते समय पहनने की कमीज़; आधी आस्तीन की कमीज़।

Polster, n (-s/-) गद्दी, गद्दा; तकिया; सोफ़ा आदि का गद्दा; U: चरबी की परत; **~er,** m (-s/-) सोफ़ासाज, कुर्सियों आदि में गद्दी लगाने वाला; **~möbel,** n/pl. सोफ़ा, गद्देदार कुर्सी आदि; **~n,** v/t (h.) गद्दी लगाना; **~ung,** f (-/-en) → Polster; गद्दी लगाने का काम।

Polter-abend, m विवाह की पूर्वसंध्या (जिसपर शकुन के रूप में चीनी के बर्तन तोड़े जाते हैं); **~er,** m (-s/-) अक्सर डाँटने वाला, ज़ोर-शोर से डाँटने वाला व्यक्ति।

polt(e)rig, adj. ज़ोर-शोर से डाँटने वाला, अक्सर गरज उठने वाला।

Polter-kammer, f काठ-कबाड़ रखने का कमरा; **~n,** v/i (h.) घड़घड़ाना, धड़धड़ाना; धड़ाम से गिरना; ज़ोर-शोर से डाँटना; U: विवाह की पूर्वसंध्या पर चीनी के बर्तन तोड़ना।

Poly-andrie, f (-/-n) [griech.] बहुपतित्व, बहुपति-प्रथा; **~eder,** n (-s/-) बहुफलक; **~gam,** adj. बहुविवाही; बहुसंगमनी; **~gamie,** f (-/-n) बहुविवाह, बहुविवाह-प्रथा; **~gamist,** m (-en/-en) बहुविवाही; बहुविवाहवादी; **~glott,** adj. बहुभाषी, बहुभाषाविद्; **~gon,** n (-s/-e) बहुभुज; **~gonal,** adj. बहुभुजी; **~merisation,** f (-/-en) chem: पुरुभाजन, बहुलीकरण; **~merisieren,** v/t (h.) पुरुभाजन क०; **~morph,** adj. पुरुरूप, बहुरूप; **~morphismus,** m (-) पुरुरूपता, बहुरूपता; **~nesien,** n (-s) पुरुद्वीपावलि, प्रशान्त महासागर का एक द्वीप-समूह, पोलीनेशिया; **~nesier,** m (-s/-)पोलीनेशिया-निवासी; **~nesisch,** adj. पोलीनेशिया का; **~nom,** n (-s/-e) math: बहुपद; **~nomisch,** adj., math: बहुपदी।

Polyp, m (-en/-en) [griech.] पुर्वेगक, पुरुपाद; अष्टबाहु जलजन्तु; med: अर्श; U: पुलिसवाला।

Polytechnikum,n [griech.] बहुशिल्प-शिक्षालय।

Polytheis-mus, m (-) [griech.] बहुदेववाद; **~tisch,** adj बहुदेववादी।

Pomad-e, f (-/-n) [frz.] वासवसा, सुगंधित अंगराग; सुगंधित केश-लेप;

~ig, adj. , U: ढीला, सुस्त, आलसी, निश्चेष्ट; ~isieren, v/t (h.) सुगंधित केश-लेप लगाना ।

Pomeranze, f (-/-n) [pers.] कटु नारंग निम्बू ।

Pomp, m (-[e]s) [frz.] शान; तड़क-भड़क; धूम-धाम; ~**haft,**/~**ös,** adj. शानदार; तड़क-भड़क वाला; धूमधाम वाला ।

[1]**Pony,** n (-s/-s) [eng.] टट्टू, याबू ।

[2]**Pony,** m (-s/-s) [eng.] माथे पर को काढ़े हुए बाल ।

Popanz, m (-es/-e) [tschech.] हौआ, जूजू; घास-फूस का पुतला; fig: (दूसरे के हाथों की) कठपुतली ।

pop(e)lig, adj., U: मामूली, घटिया, बेकार, रद्दी; कंजूस, मक्खीचूस ।

popeln, v/i (h.) U: नाक में उँगली क० ।

Popo, m (-s/-s) U: चूतड़, पेंदा ।

populär, adj. [frz./lat.] लोकप्रिय, जनप्रिय ।

populari-sieren, v/t (h.) [frz./lat.] को लोकप्रिय बनाना; सर्वबोधगम्य बनाना, सामान्य भाषा में लिखना या स्पष्ट क०; ~**tät,** f (-) लोकप्रियता ।

Por-e, f (-/-n) [griech.] सूक्ष्म छिद्र; रोमकूप, लोमकूप; ~**ig,** adj. सरंध्र, छिद्रिल ।

Pornograph-ie, f (-) [griech.] अश्लील तथा घटिया साहित्य, अश्लील तथा घटिया चित्र(कला); ~**isch,** adj. अश्लील तथा घटिया ।

por-ös, adj. [griech.] सूक्ष्मरंध्र, छिद्रिल; पारगम्य, प्रवेश्य; ~**osität,** f (-) सूक्षरंध्रता, छिद्रिलता; पारगम्यता, प्रवेश्यता ।

Porree, m (-s/-s) [frz.] गन्दना, प्याज़ जैसी एक वनस्पति ।

Portal, n (-s/-e) [lat.] मुख्य द्वार, सदर दरवाज़ा ।

Portefeuille, n (-s/-s)[frz.]पत्राधान, चमड़े आदि का चपटा झोला, बैग; मंत्री का विभाग ।

Portemonnaie, n (-s/-s) बटुआ, थैली, मनीबैग, पर्स ।

Portier, m (-s/-s) [frz.] द्वारपाल, दरबान ।

Portiere, f (-/-n) [frz.] दरवाज़े का परदा ।

Portion,f (-/-en) [frz.] (खाद्य पदार्थों की) निर्धारित मात्रा; U: eine halbe Portion दुबला-पतला व्यक्ति; ~**sweise,** adv. निर्धारित मात्रा के अनुसार ।

Porto, n (-s/-'ti) [ital.] डाक-व्यय, डाक-शुल्क, डाक-महसूल; ~**frei,** adj. बिना डाक-व्यय का, डाकभार-मुक्त; ~**pflichtig,** adj. डाकशुल्काधीन, प्रेषशुल्काधीन, जिसपर डाक-व्यय देना आवश्यक हो ।

Porträt, n (-s/-s) [frz.] चित्र, रूप-चित्र; ~**ieren,** v/t (h.) का चित्र बनाना ।

Portu-gal, n पुर्तगाल; ~**giese,** m (-n/-n) पुर्तगाली, पुर्तगालवासी; ~**giesisch,** 1. adj. पुर्तगाल का, पुर्तगाली; 2. n पुर्तगाली भाषा ।

Porzellan, n (-s/-e) [ital.] चीनी मिट्टी; चीनी मिट्टी के बर्तन; ~**en,** adj. चीनी मिट्टी का ।

Posaun-e, f (-/-n) [frz.]सुतूर्य, तुरहा-विशेष; ~**en,** 1. v/i (h.) सुतूर्य बजाना; 2. v/t (h.) U: की घोषणा क०,का भेद खोलना;~**ist,**m(-en/-en) सुतूर्य-वादक ।

Pos-e, f (-/-n) [frz.] ठवन, मुद्रा, भंगिमा; ~**ieren,** v/i (h.) किसी मुद्रा में खड़े होना या बैठना; fig: दिखावा क०, बनना ।

Position,f (-/-en) [lat.] मुद्रा,भंगिमा; अंगस्थिति; (Stelle) स्थान; (Lage) स्थिति, अवस्थिति; (Anstellung) पद; einer Aufstellung: मद्द, मद; fig: मत, विचार, विचारधारा; fig: Position beziehen अपने विचारों को स्पष्ट रूप से प्रकट क०, साफ़-साफ़ बात क०; ~**slicht,** n दूर से पहचान

की बत्ती (विमानों या जहाज़ों की)।

[1]**positiv,** adj. [lat.] (feststehend) सुनिश्चित, सुस्पष्ट, निश्चयात्मक; (bejahend) स्वीकारात्मक, सकारात्मक; Drehung: दक्षिणावर्त; math: धनात्मक; el: धनात्मक; philos: वास्तविक।

[2]**Positiv,** n (-s/-e) phot: अनुचित्र, सहिक।

[3]**Positiv,** m (-s/-e) gramm: विशेषण की सामान्यावस्था।

Positivis-mus, m (-) [lat.] प्रत्यक्षवाद; **~t,** m (-en/-en) प्रत्यक्षवादी; **~tisch,** adj. प्रत्यक्षवादात्मक, प्रत्यक्षवाद-संबंधी, प्रत्यक्षवाद पर आधारित, प्रत्यक्षवादी।

Positur, f (-/-en) [lat.] मुद्रा, भंगिमा; संस्थिति; चुनौती की मुद्रा; U: शरीर-गठन, काठी।

Posse, f (-/-n) प्रहसन; स्वाँग, दुर्मल्ली, घटिया हास्य-नाटिका; **~n,** m (-s/-) शरारत, नटखटी; Possen reißen शरारत क०; **~nhaft,** adj. हास्यास्पद; घटिया हास्य-नाटिका के अनुकूल, स्वाँग जैसा; **~nreißer,** m (-s/-) मसखरा, भाँड़; मज़ाक़िया आदमी।

Possessivpronomen, n [lat.] सर्वनाम का संबंधवाचक रूप, संबंधवाचक सर्वनाम।

possierlich, adj. [lat.] हास्यकर, विनोदक; विनोदशील; **~keit,** f (-) हास्यकरता, विनोदकता; विनोदशीलता।

Post, f(-) [ital.] डाक; डाक-तार-विभाग; डाकखाना; **~alisch,** adj. डाक-संबंधी, डाकीय, डाक का, डाक-तार-विभाग का; **~amt,** n डाकखाना, डाकघर; **~anschrift,** f डाक का पता; **~anweisung,** f डाक द्वारा भेजा गया धनादेश, मनी-ऑर्डर; **~beamte,** m डाक-कर्मचारी; **~bote,** m डाकिया।

Posten, m (-s/-) [ital.] (Stellung) पद, नौकरी; (Wache) चौकी; (Stelle) स्थान, जगह; (Wachtposten) प्रहरी, पहरेदार, संतरी; (Warenmenge) माल का ढेर, माल की संबद्ध मात्रा; einer Rechnung: मद, मद्द; mil: Posten stehen पहरा देना; fig: auf verlorenem Posten kämpfen/stehen जो बात विगड़ चुकी हो उसे वनाने का व्यर्थ प्रयत्न क०, जिस बात के होने की कोई संभावना न हो उसके लिए व्यर्थ प्रयास क०, निराशाजनक परिस्थिति में होना; fig: er ist nicht (recht) auf dem Posten उसका स्वास्थ्य अच्छा नहीं है; **~kette,** f प्रहरी-शृंखला, प्रहरियों की पंक्ति।

Post-fach, n डाकघर में स्थित व्यक्तिगत पत्र-पेटी; **~geheimnis,** n दूसरे के पत्र को न खोलने का नियम; डाक-कर्मचारियों की गोपनीयता की बाध्यता।

posthum, adj. → postum

postieren, v/t (h.) [frz.] खड़ा क०, तैनात क०।

Post-karte, f पोस्टकार्ड; **~kasten,** m पत्र-पेटी, **~lagernd,** adj. डाक-घर के पते पर भेजा हुआ, न्यस्त (पत्र आदि); **~leitzahl,** f डाक-निर्देश-संख्या, पिन कोड; **~ler,** m (-s/-) U: → Postbeamte; **~minister,** m डाक-मंत्री; **~sache,** f डाक से भेजा जाने वाला पत्र या पार्सल आदि; **~schalter,** m डाकघर की खिड़की; **~scheck,** m डाक-वैंक का चेक; **~scheckamt,** n डाक-वैंक (केवल चेक-व्यवहार के लिए); **~scheck-konto,** n डाक-वैंक में खोला चालू खाता; **~schließfach,** n →Postfach

Postskript, n (-[e]s/-e) / **~um,** n (-s/-'ta) [lat.] → Nachschrift

Post-sparbuch, n डाकखाने के बचत-बैंक की किताब; **~sparkasse,** f डाकखाने का बचत-बैंक; **~stempel,** m डाकखाने की तारीख की मोहर।

Postul-at, n (-[e]s/-e) [lat.]

(नैतिक) माँग, शर्त; अभिगृहीत अभिधारणा; **~ieren,** v/t (h.) माँगना, की शर्त रखना; मान लेना।

postum, adj. [lat.] मरणोत्तर; मरणोपरान्त-प्रकाशित।

Post-verkehr, m डाक-सेवा; डाक द्वारा संचार; **~wendend,** adv. वापसी डाक से; **~wertzeichen,** n डाक-टिकट।

potent, adj.[lat.]शक्तिशाली, वलशाली, प्रभावशाली; कार्यक्षम; med:प्रजननक्षम, मैथुन-समर्थ; **~at,** m (-en/-en) अधिपति, शासक; **~ial,** 1. adj. संभाव्य, शक्य, संभावित; 2. n (-s/-e) अन्तःशक्ति, कार्यक्षमता; phys: विभव; **~iell,** adj. संभव, संभावित; कल्पनीय।

Potenz, f (-/-en) शक्ति, प्रभाव; सामर्थ्य; कार्यक्षमता; med: प्रजनन-क्षमता, मैथुन-सामर्थ्य; math: घात; **~ieren,** v/t (h.) math: घात क०; fig: में वृद्धि क०।

Potpourri, n (-s/-s) [frz.] संगीत-चयन; fig: घालमेल, खिचड़ी।

Pott, m (-[e]s/ ⸚e)dial: पात्र, वर्तन; हाँडी, बटलोई।

Pottasche, f [lat.] पोटाश।

poussieren, [frz.] 1. v/i (h.) इश्क़बाज़ी क०; 2. v/t (h.) की ख़ुशामद या चापलूसी क०।

Präambel, f (-/-n) [lat.] (किसी दस्तावेज़ या संधिपत्र का) आमुख।

Pracht, f (-) भव्यता, वैभव, शान; दीप्ति, चमक; तड़क-भड़क, धूमधाम; सौंदर्य; **~bau,** m शानदार इमारत; **~exemplar,** n शानदार नमूना, शानदार उदाहरण।

prächtig, adj. भव्य, शानदार; वैभवशाली, राजसी; fig: अत्युत्कृष्ट, वहुत बढ़िया, निहायत उम्दा; **~keit,** f (-) भव्यता, शान; वैभव; fig: अत्युत्कृष्टता।

Pracht-kerl, m / **~mensch,** m, U: बहुत शानदार इंसान, अत्यन्त प्रिय व्यक्ति; **~stück,** n → Pracht-exemplar; **~voll,** adj.→prächtig

Prädestin-ation, f(-) [lat.] पूर्वनियति; **~iert,** adj. पूर्वनियत; fig: किसी काम के लिए विशेष प्रतिभा रखने वाला।

Prädikat, n(-[e]s/-e) [lat.] gramm: विधेय; (Titel) उपाधि; Bewertung: ईदृकता-श्रेणी, गुण-श्रेणी; **~iv,** adj. gramm: विधेयात्मक।

Präferenz, f (-/-en) [lat.] वरीयता, अधिमान, प्राथमिकता, तरजीह; Kartenspiel: तुरुप।

Präfix, n (-es/-e) [lat.] पुरःप्रत्यय, उपसर्ग, पूर्वप्रत्यय।

Präge, f / **~anstalt,** f टकसाल; **~n,** v/t (h.) समुद्भृत क०, धातु, चमड़े, गत्ते आदि पर ठप्पे से उभरी या धँसी हुई छाप बनाना; Münzen: ढालना, बनाना; fig: गढ़ना; पर स्थायी प्रभाव डालना, पर गहरी छाप डालना; fig: dieses Ereignis hat ihn geprägt इस घटना से उसपर स्थायी प्रभाव पड़ा है, इस घटना ने उस पर गहरी छाप डाली है; **~stempel,** m उभरी या धँसी हुई छाप बनाने का ठप्पा।

Pragmat-ik, f (-) [griech.] परिणाम-वाद, उपयोगितावाद; व्यावहारिकता-(वाद); प्रशासनिक नियमावली; **~iker,** m (-s/-) उपयोगितावादी; व्यावहारिकतावादी; **~isch,** adj. व्यावहारिक, उपयोगी; तथ्यात्मक।

prägnan-t, adj. [lat.] संक्षिप्त, सुगठित, परिसंहत, सारगर्भित, अर्थ-गर्भित; **~z,** f (-) संक्षिप्तता, परि-संहति, अर्थपूर्णता, सारपूर्णता।

Prägung, f (-/-en) सिक्का-ढलाई; गढ़ाई; छाप, समुद्भृत छाप; fig: प्रकार; चरित्र, विशिष्टता; छाप।

prähistorisch, adj. [lat.] प्रागैति-हासिक, पूर्वैतिहासिक।

prahl-en, v/i (h.) शेख़ी बघारना, डींग मारना; आत्मश्लाघा क०; **~er,** m

(-s/-) शेख़ीख़ोर, डींग मारने वाला; आत्मश्लाघी; ~erei, f (-/-en) शेख़ी, डींग; आत्मश्लाघा; ~erisch, adj. शेख़ीपूर्ण, डींगपूर्ण; शेख़ीख़ोर; आत्मश्लाघी; ~hans, m(-es/ ¨-e) U: → Prahler

präjudizieren, v/t(h.)[lat.] पर प्रतिकूल प्रभाव डालना, पूर्वाग्रह उत्पन्न क० ।

Praktik, f (-/-en) [griech.] अभ्यास, व्यवहार; (Kniff) तरकीब, चाल; ~**abel,** adj. व्यवहार्य, साध्य; उपयोगी; ~**ant,** m(-en/-en) प्रशिक्षु, शिक्षणार्थी, शिल्पशिक्षार्थी; ~**er,** m (-s/-) व्यावहारिक या कार्यकुशल व्यक्ति; ~**um,** n (-s/-'ka) प्रयोग, प्रयोगात्मक अभ्याम, प्रयोगशाला का काम; व्यावहारिक प्रशिक्षण ।

praktisch, adj. प्रयोगात्मक; व्यावहारिक; वास्तविक; (zweckdienlich) उपयोगी; (geschickt) कार्यकुशल, चतुर, दक्ष;ein praktischer Mensch कार्यकुशल या दक्ष व्यक्ति; ein praktischer Arztसामान्य चिकित्सक, अविशेषज्ञ चिकित्सक ।

praktizieren, 1. v/i (h.) चिकित्सक का धंधा क०; 2. v/t (h.) का आचरण या अभ्यास क०, का प्रयोग क०, के अनुसार चलना; को कार्यरूप में परिणत क० ।

Präliminarien, pl. [lat.] प्रारंभिक व्यवस्था या तैयारी; पूर्ववार्ताएँ, प्रारंभिक बातचीत ।

Praline, f (-/-n) [frz.] फल या मिठाई या ब्रांडी आदि से भरा हुआ चॉकलेट का टुकड़ा ।

prall, 1. adj. ठसाठस भरा हुआ; तना हुआ, कसा हुआ; तेज़ (धूप, गर्मी); U: मांसल, मोटा-ताज़ा, गोल-मटोल; in der prallen Sonne कड़कती धूप में; 2. m (-[e]s/-e) प्रघात, टक्कर, संघात, संघट्ट; ~**en,** v/i (s.)टकराना; Sonne: चिलचिलाना, चमकना; ~**voll,** adj. ठसाठस भरा हुआ ।

Präludium, n(-s/-'dien) [lat.] mus: पूर्वरंग, पूर्वालाप ।

Prämie, f (-/-n) [lat.] पुरस्कार, इनाम; प्रेरणा-धन; (Versicherungsbeitrag) बीमा-क़िस्त; (Lohnzuschlag) अधिवेतन ।

prämier-en, v/t (h.) को पुरस्कार या इनाम देना, को पुरस्कृत क०; के लिए इनाम रखना; ~**ung,** f (-/-en) पुरस्कार-वितरण ।

Prämisse, f (-/-n)[lat.] आधारवाक्य; शर्त, प्रतिबंध ।

prangen, v/i (h.) पर सुशोभित या सुसज्जित होना; पर लगा होना; चमकना, चमचमाना; mit etw. prangen किसी वस्तु की शेख़ी मारना, किसी वस्तु को साभिमान प्रदर्शित क० (या करता फिरना) ।

Pranger, m (-s/-) कलंक-स्तम्भ, सार्वजनिक स्थान का स्तम्भ जिसपर अपराधियों को जनसाधारण द्वारा भर्त्सना के लिए बाँध दिया जाता था ।

Pranke, f (-/-n) [lat.] पंजा; U: लम्बा-चौड़ा हाथ ।

Präpar-at, n (-[e]s/-e) [lat.] विनिर्मित पदार्थ या वस्तु; परिरक्षित वस्तु; med: सम्पाक; ~**ation,**f (-/-en)विनिर्माण; तैयारी; ~**ieren,** v/t(h.)तैयार क०; प्रशिक्षित क०; परिरक्षित क०; सीखने के लिए मुरदे (के किसी अंग) को या पौधे आदि को काटना या विच्छेदित क०; fig: jdn. auf etw. präparieren किसी को किसी बात के लिए तैयार या प्रशिक्षित क० ।

Präposition, f (-/-en) [lat.] gramm: उपसंज्ञ; ~**al,** adj. उपसंज्ञीय ।

Präsens,n(-/-'sentia;-'senzien)[lat.] वर्तमान काल ।

[1]**präsent,** adj. उपस्थित, मौजूद, विद्यमान ।

[2]**Präsent,** n (-s/-e) उपहार, भेंट, तोहफ़ा ।

präsent-abel, adj. शानदार, बढ़िया, प्रदर्शनीय; U: सामने आने योग्य;

~**ation**, f (-/-en)→Präsentierung; ~**ieren**, v/t (h.) सामने रखना, प्रस्तुत क०; भेंट क०, प्रदान क०; das Gewehr: सलामी देना; fig: sich präsentieren सामने आना; ~**ierung**, f (-) प्रस्तुतीकरण ।

Präsenz, f (-) [lat.] उपस्थिति, विद्यमानता, मौजूदगी, वजूद; ~**bibliothek**, f पुस्तकालय जिससे पुस्तकों को बाहर ले जाने की आज्ञा न हो; ~**stärke**, f, mil: युद्धक्षम सैनिकों की संख्या, वास्तविक सैन्यबल ।

Präservativ, n (-s/-e) [frz.] शिश्नावेष्टन (मैथुन के समय का) ।

Präsident, m (-en/-en) [lat.]अध्यक्ष; सभापति; राष्ट्रपति;~**schaft**, f (-) अध्यक्षता; सभापतित्व; राष्ट्रपतित्व ।

präsi-dial, adj. अध्यक्षीय; सभापतीय; राष्ट्रपतीय; मुख्यालय का, सदर दफ़्तर का; ~**dieren**, v/i (h.) अध्यक्षता क०; सभापतित्व क०; ~**dium**, n (-s/-'dien) मुख्यालय, सदर दफ़्तर; स्थायी समिति; सभापतिमंडल, प्रधान परिषद्; अध्यक्षता ।

prasseln, v/i (h.) पटपटाना, पड़पड़ाना, तड़तड़ाना; चटचटाना, चरचराना ।

prass-en, v/i (h.) रंगरलियाँ मनाना, विलासपूर्ण जीवन विताना, ऐयाशी क०, ठाट-बाट से रहना; ~**er**, m (-s/-) विलासी, ऐयाश; ~**erei**, f (-/-en) विलासिता, ऐयाशी ।

Präsumt-ion, f (-/-en) [lat.] अनुमान, धारणा; शर्त, प्रतिबंध; ~**iv**, adj. अनुमानित; शर्तबंद ।

Präten-sion, / ~**tion**, f (-/-en) [frz.] दावा; धृष्टता, मिथ्याभिमान; ~**tiös**, adj. धृष्ट, मिथ्याभिमानी ।

Präteritum, n (-s/-'ta)[lat.]gramm: भूतकाल ।

Prävent-ion, f (-/-en) [lat.] निवारण, रोक, निरोध, रोकथाम; ~**iv**, adj. निरोधक, निवारक, रोधात्मक, निरोधी; ~**ivkrieg**, m निवारक आक्रमण, शत्रु के संभावित आक्रमण से पूर्व ही उसपर किया गया आक्रमण; ~**ivmittel**, n, med: निवारक या निरोधक साधन; निरोधक औषधि ।

Praxis, f (-) [griech.] अभ्यास, मश्क़; प्रयोग, व्यवहार, कार्य, काम; (Erfahrung) अनुभव, तजरुबा; (Brauch) प्रथा, रिवाज, दस्तूर; (pl: Praxen) वकील का कार्यालय; चिकित्सक की दूकान ।

Präzedenzfall, m [lat.] पूर्वोदाहरण, (पूर्व)दृष्टान्त, मिसाल ।

präzis-(e), adj. [frz.]यथार्थ, अवितथ, यथातथ्य; सुनिश्चित, सुस्पष्ट, असंदिग्ध; सूक्ष्म,संक्षिप्त;~**ieren**,v/t(h.)स्पष्ट रूप से कहना, साफ़-साफ़ कहना, निरूपित क०, ठीक-ठाक बताना; ~**ion**, f (-) यथार्थता, यथातथ्यता; सुनिश्चितता, सुस्पष्टता; सूक्ष्मता ।

predig-en, v/i & v/t (h.) [lat.] प्रवचन देना, धर्मोपदेश देना; U: उपदेश देना, बार-बार कहना या चेतावनी देना; ~**er**, m (-s/-) धर्मोपदेशक, उपदेशक; ~**t**, f (-/-en) प्रवचन, उपदेश, धर्मोपदेश; U: डाँट-फटकार, भर्त्सना ।

Preis, m (-es/-e) [frz.] मूल्य, दाम, क़ीमत; (Auszeichnung) पुरस्कार, इनाम, पारितोषिक;o.pl.,poet:प्रशंसा, स्तुति, यश; ~**abschlag**, m मूल्य में छूट या कमी, मूल्य का घटना; ~**anstieg**, m मूल्य में वृद्धि; ~**ausschreiben**, n पुरस्कार-प्रतियोगिता; ~**bindung**, f उत्पादक द्वारा निर्धारित मूल्य पर बेचने की बाध्यता ।

Preiselbeere,f [tschech.] नीलबदरी ।

preisen, v/t (h.) की प्रशंसा क०, की स्तुति गाना, का यशगान क०,का गुणगान क०; Sie können sich glücklich preisen, daß Ihnen nichts passiert ist आप की तक़दीर अच्छी थी कि आपको कुछ नहीं हुआ ।

Preis-entwicklung, f मूल्य-विकास, क़ीमतों का रुख; ~**erhöhung**, f

मूल्य बढ़ाना; मूल्य में वृद्धि; ~frage, f पुरस्कार-प्रतियोगिता का प्रश्न; fig: मूल्य पर निर्भर बात या निर्णय, क़ीमत का सवाल; U: कठिन प्रश्न, कठिन समस्या; ~gabe, f (-) परित्याग; समर्पण; भेद खोल देना; ~geben, v/t (h.) छोड़ देना, का परित्याग कर देना; के हवाले कर देना, का समर्पण कर देना; (भेद) खोल देना; बता देना; का विषय बनाना, के प्रभाव में डालना; ~gekrönt, adj. पुरस्कृत, पुरस्कार-प्राप्त; ~gericht, n पारितोषिकीय प्रतियोगिता की निर्णायक समिति; ~günstig, adj. सस्ता, कम मूल्य का; ~lage, f मूल्य-स्तर, मूल्य; Saris in allen Preislagen कम से कम मूल्य से लेकर अधिक से अधिक मूल्य तक की साड़ियाँ; ~lich, adj. मूल्य-संबंधी, मूल्यगत; ~liste, f मूल्य-सूची; ~nachlaß, m→Rabatt; ~niveau, n मूल्य-देशना पर आधारित मूल्य-स्तर, ~politik, f मूल्य-नीति, मूल्य संबंधी नीति; ~richter, m पारितोषिकीय प्रतियोगिता की निर्णायक समिति का सदस्य; ~schild, n मूल्य-पर्ची; ~steigerung, f मूल्य-वृद्धि, मूल्यों में वृद्धि; ~stopp, m मूल्य-स्थिरीकरण, मूल्य-वृद्धि-निषेध; ~sturz, m मूल्यों का अचानक गिर जाना, मंदी; ~treiber, m कृत्रिम रूप से क़ीमतें बढ़ाने वाला; ~treiberei, f (-/-en) कृत्रिम मूल्य-वर्धन; ~wert, adj. उचित मूल्य का; सस्ता, कम मूल्य का।

prekär, adj. [frz.] कठिन, मुश्किल; नाज़ुक, संगीन, संकटपूर्ण; अप्रिय, कष्टकर।

Prell-bock, m रेलगाड़ी की पटरी के अन्त का संविराम, प्रतिरोधक, दावड़ा; ~en, 1. v/i (s.) टकराना, टकरा जाना; तेज़ी से दौड़ना (जंगली जानवर या शिकारी कुत्ते का); 2.v/t (h.) धोखा देना, बेईमानी क०, ठग लेना; jdn. um etw. prellen किसी को बेईमानी द्वारा किसी वस्तु से वंचित क०, किसी से कुछ ठग लेना; sich prellen चोट मार लेना, के चोट लग जाना, के गुमटा पड़ जाना; die Zeche prellen उपभुक्त खाद्य या पेय का मूल्य बिना चुकाए खिसक जाना; ~er, m (-s/-) धोखेबाज़, बेईमान, ठग; उपभुक्त वस्तुओं का मूल्य न चुकाने वाला; टक्कर, चोट; ~schuß, m टप्पा खाकर लगने वाली गोली; ~stein, m किनारे का पत्थर, टक्कर-रोक पत्थर; ~ung, f (-/-en) med: अन्तःक्षति, गुमटा, नील।

Premiere, f (-/-n) [frz.] प्रथम प्रदर्शन।

Premierminister, m [frz.] प्रधान-मंत्री।

preschen, v/i (s.) U: जल्दी क०; दौड़ना, दौड़ते हुए जाना, दौड़कर जाना।

pressant, adj. [frz.] जल्दी का, तुरन्त-करणीय; जल्दी में।

Presse, f (-/-n) [lat.] कोई भी दाब-यंत्र; कोल्हू; रस निचोड़ने का उपकरण; (Druckerpresse) मुद्रण-यंत्र, छपाई की मशीन; tech: सम्पीडक, सम्पीडित्र; o. pl: पत्रकारगण; समाचारपत्र, अख़बार; समाचार-व्यवस्था; ~agentur, f → Nachrichten-agentur; ~freiheit, f समाचारपत्रों का निर्बाध रूप से समाचार प्रकाशित करने का अधिकार; अख़बारों के माध्यम से अपने विचार प्रकट करने की जनसाधारण की स्वतंत्रता; ~konferenz, f पत्रकार-सम्मेलन।

pressen, v/t (h.) दबाना, भींचना; पेरना, निचोड़ना; fig: पर अनुचित दबाव डालना; को मजबूर क०।

Presse-stelle, f पत्रकार-सम्पर्क-विभाग, प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति देने वाला विभाग; ~stimmen, f/pl. समाचारपत्रों की आलोचनायें, समाचारपत्रों में छपे मत।

pressieren, v/i (h.) [frz.] U: जल्दी होना, देर की क़तई गुंजाइश न होना।

Preß-kohle, f कोयले की इष्टिका; ~luft, f सम्पीडित वायु।

Prestige, n (-s) [frz.] प्रतिष्ठा, सम्मान, इज्जत, आबरू; **~denken,** n केवल सम्मान-प्राप्ति के दृष्टिकोण से व्यवहार या काम करने की मनोवृत्ति; **~frage,** f इज्जत का सवाल।

prickeln, v/i (h.) चुनचुनी या झुरझुनी पैदा क०; शैम्पेन आदि का बुदबुदाना; fig: उत्तेजित क०, कामोत्तेजना पैदा क०।

Priem, m (-[e]s/-e) [niederl.] खाने की तम्बाकू; **~en,** v/i (h.) तम्बाकू चबाना।

Priester, m (-s/-) [griech.] पादरी; पुरोहित; **~lich,** adj. पादरी का, पादरी-संबंधी, पादरीसुलभ; **~tum,** n (-s) पादरीपन; पादरी का पद; **~weihe,** f पादरी का अभिषेक, पादरी के पद पर नियुक्ति का संस्कार।

prima, adj. [lat.] kfm: उच्च ईदृकता का, उच्च कोटि का, अत्युत्कृष्ट; U: बहुत बढ़िया, बहुत अच्छा, बहुत शानदार; बहुत मेहनती, बहुत योग्य।

Prima-ballerina, f (-/-'nen) [ital.] प्रमुख नर्तकी, प्रधान नर्तकी; **~donna,** f (-/-'nnen) संगीत-नाटक की प्रधान अभिनेत्री, प्रधान गायिका।

primär, adj. [lat.] प्रारंभिक, प्रथम, प्राथमिक; मूल; **~literatur,** f मूल साहित्य, कृति-साहित्य, सर्जनात्मक साहित्य।

Primel, f (-/-n) [lat.] bot: पीतसेवती का फूल या पौधा।

primitiv, adj. [lat.] आदिम, आद्य; अतिसाधारण, बहुत मामूली; असभ्य, अपरिष्कृत; मूढ़; **~ität,** f (-) साधारणता, मामूलीपन; असभ्यता; मूढ़ता।

Primus, m (-s/-se;-'mi) [lat.] कक्षा का सबसे अच्छा विद्यार्थी।

Primzahl, f, math: अभाज्य संख्या, रूढ़ संख्या।

Prinz, m (-en/-en) [frz.] राजकुमार, युवराज; **~essin,** f (-/-nen) राजकुमारी; **~gemahl,** m रानीपति, राज्ञीपति।

Prinzip, n (-s/-ien) [lat.] नियम, सिद्धान्त, उसूल; **~iell,** 1. adj. सैद्धान्तिक, आधारभूत; 2. adv. सैद्धान्तिक रूप से, उसूलन; **~ienreiter,** m, U: उसूलों का ग़ुलाम।

Priorität, f (-/-en) [lat.] प्राथमिकता, प्रथमता, अग्रता।

Prise, f (-/-n) [frz.] चुटकी-भर, ज़रा-सा; mar: विजित पोत; नौजित माल।

Prisma, n (-s/-'men) [griech.] समपार्श्व; opt: प्रिज़्म, संक्षेप; **~tisch,** adj. समपार्श्विक; सांक्षेत्रिक।

Pritsche, f (-/-n) तख़्त, तखत, फलकशय्या; बैठने या लेटने का तख़्ता; Schlaggerät: चपटा पटरा; चपटी मुगरी; eines Lastwagens: ठेले या ट्रक का तख़्ता जो सामान लादते समय नीचे लटका दिया जाता है।

privat, adj. [lat.] ग़ैरसरकारी, अराजकीय; व्यक्तिगत, वैयक्तिक, निजी; गुप्त, गोपनीय; **~dozent,** m अनायुक्त प्राध्यापक; **~ier,** m (-s/-s) व्यक्तिगत सम्पत्ति से व्यय चलाने वाला, बिना किसी नौकरी या धंधे के जीवन बिताने वाला; **~im,** adv. व्यक्तिगत रूप से, अकेले में, गुप्त रूप से; **~isieren,** 1. v/i (h.) अपनी निजी सम्पत्ति से व्यय चलाना, कोई नौकरी या काम न क०; 2. v/t (h.) को ग़ैरसरकारी बनाना, को व्यक्तिगत अधिकार में देना, को शासनेतर या वैयक्तिक क्षेत्र का बना देना; **~klinik,** f ग़ैरसरकारी अस्पताल; **~leben,** n व्यक्तिगत जीवन; वैयक्तिक जीवन; **~lehrer,** m वैयक्तिक अध्यापक, अध्यापक जो केवल वैयक्तिक अध्यापन करता हो; **~mann,** m → Privatier; राजकीय सेवा से पृथक किया हुआ व्यक्ति; **~patient,** m चिकित्सक-शुल्क को अपनी जेब से चुकाने वाला रोगी, अनागोपित रोगी; **~person,** f शासनेतर व्यक्ति; **~recht,** n, jur: व्यवहार-विधि; **~sache,** f वैयक्तिक या व्यक्तिगत मामला; **~schule,** f अराजकीय विद्यालय,

ग़ैरसरकारी स्कूल; ~unterricht, m वैयक्तिक अध्यापन ।

Privileg, n (-[e]s/-ien) [lat.] विशेषाधिकार; ~**ieren,** v/t (h.)को विशेषाधिकार देना ।

[1]**pro,** präp. (+akk.) प्रति, फ़ी; pro Woche प्रति सप्ताह; Einkommen pro Kopf (der Bevölkerung) प्रतिव्यक्ति आय ।

[2]**Pro,** n (-s) पक्ष; अनुकूल तर्क ।

probat, adj. [lat.] परखा हुआ, आज़माया हुआ ।

Probe, f (-/-n) [lat.] परीक्षण; जाँच, आज़माइश, परख; परिवीक्षा; (Muster) बानग़ी, नमूना; theat: पूर्वाभिनय, पूर्वाभ्यास, अभ्यास; jdn. auf die Probe stellen किसी व्यक्ति को आज़माना; auf Probe परिवीक्षाधीन, परिवीक्षा पर; ~**abzug,** m शोध्यपत्र, प्रूफ़; ~**exemplar,** n नमूने की प्रति; ~**fahrt,** f कार आदि को जाँचने के लिए पहली बार चलाना,परीक्षण-चालन; ~**flug,** m परीक्षण-उड़ान; ~**n,** v/t (h.) theat: का पूर्वाभ्यास या अभ्यास क०; ~**nummer,** f किसी पत्रिका की नमूने की प्रति; ~**weise,**adv. जाँच के लिए; परख के लिए; नमूने के तौर पर; परिवीक्षा पर; ~**zeit,** f परिवीक्षावधि ।

probieren, v/t (h.) परखना, जाँचना, आज़माना; कोशिश क०, कोशिश करके देखना; चखना, का स्वाद लेना; कपड़े, जूते आदि पहनकर देखना; U: → proben; spw: Probieren geht über Studieren व्यवहार द्वारा प्राप्त अनुभव किताबी ज्ञान से बढ़कर होता है, पढ़े से कढ़े भले ।

Problem, n (-s/-e) [griech.] समस्या, प्रश्न, कठिनाई;~**atik,** f (-) कठिनाई, समस्यात्मकता; ~**atisch,** adj. कठिन, जटिल, समस्यात्मक; संदिग्ध, संदेहास्पद ।

Produkt, n (-[e]s/-e) [lat.] उपज, पैदावार; उत्पाद; (Ergebnis)परिणाम, फल; math: गुणनफल; ~**ion,**f(-/-en) उत्पादन; निर्माण; ~**ionsleistung,** f उत्पादन-क्षमता; ~**iv,** adj. उत्पादी, उत्पादक, उत्पादनशील; उर्वर, उपजाऊ; सृजनशील; ~**ivität,** (-) उत्पादकता, उत्पादनशीलता;उर्वरता; सृजनशीलता ।

Produ-zent, m (-en/-en) उत्पादक; निर्माता; ~**zieren,** v/t (h.) उत्पन्न क०, का उत्पादन क०; बनाना, तैयार क०, का निर्माण क०; sich produzieren अपनी योग्यता का प्रदर्शन क० ।

profan, adj.[lat.] लौकिक; अधार्मिक; अपवित्र; U: साधारण, तुच्छ, रोज़ का; ~**ieren,** v/t (h.) को अपवित्र क०; का अनादर क०; U: को साधारण बनाना, को तुच्छ समझना या बनाना, का दुरुपयोग क० ।

Profession, f (-/-en)[eng.] व्यवसाय, वृत्ति; पेशा, धंधा; ~**al,** m (-s/-s) व्यावसायिक या पेशावर खिलाड़ी; ~**ell,** adj. व्यवसाय-संबंधी, व्यावसायिक ।

Profess-or, m (-s/-en) [lat.]प्रोफ़ेसर; ~**ur,** f (-/-en) प्रोफ़ेसर का पद ।

Profi,m (-s/-s) →Professional

Profil, n (-s/-e) [frz.] पार्श्वचित्र, पार्श्वक, पार्श्विका; पार्श्वदृश्य; रूपरेखा; अनुप्रस्थ काट; von Reifen: कार के टायरों की धारियाँ या उनके बीच की गहराई; fig: er hat kein Profil उसका कोई व्यक्तित्व नहीं, वह औसत दर्जे का आदमी है; ~**ieren,** v/t (h.) का पार्श्वचित्र बनाना; की रूपरेखा बनाना; fig:को विशिष्ट या प्रभावशाली बनाना, को विशेष व्यक्तित्व प्रदान क०; ~**iert,** adj. , fig: विशिष्ट, प्रभावशाली, जिसकी ओर तुरन्त ध्यान आकर्षित हो जाए ।

Profit, m (-[e]s/-e) [frz.] लाभ, फ़ायदा, नफ़ा, मुनाफ़ा; ~**abel,** adj. लाभदायक, लाभकारी, लाभकर, लाभप्रद; ~**ieren,** v/i (h.) से लाभ या फ़ायदा उठाना, को लाभ होना;

~**jäger,** m, U: मुनाफ़ाखोर ।

pro forma, adv. [lat.] उपचारार्थ, उपचारात्, दिखावे के लिए ।

profund, adj. [lat.] गहरा, ठोस (ज्ञान आदि) ।

Prognos-e, f (-/-n) [griech.] पूर्वकथन, अग्रनिरूपण; पूर्वानुमान; ~**tizieren,** v/t (h.) का अग्रनिरूपण क०, पहले से बताना; का पूर्वानुमान क० ।

Programm, n (-s/-e) [griech.] कार्यक्रम; कार्यक्रम-पुस्तिका; (Vorhaben) योजना, इरादा, मन्सूबा; लक्ष्य; von Elektronenrechnern: प्रोग्राम, कम्प्यूटर को दिये जाने वाले आदेशों का क्रम; diese Partei hat kein klares Programm इस दल का कोई स्पष्ट लक्ष्य (या कार्यक्रम) नहीं है; ~**atisch,** adj. कार्यक्रमबद्ध; आदर्श, निर्देशक; ~**gemäß,** adv. कार्यक्रम के अनुसार, योजना के अनुसार; ~**ieren,** v/t (h.) कार्यक्रम बनाना; कम्प्यूटर का प्रोग्राम तैयार क०, कम्प्यूटर को कार्य-विशेष के लिए आदेश देकर तैयार क०; ~**ierer,** m (-s/-) कम्प्यूटर का प्रोग्राम बनाने वाला; ~**iersprache,** f कम्प्यूटर के प्रोग्राम में प्रयुक्त भाषा; ~**steuerung,** f मशीनों का कम्प्यूटर द्वारा संचालन ।

Progress-ion, f (-/-en) [lat.] क्रमिक विकास या प्रगति; math: श्रेढ़ी, श्रेणी; ~**iv,** adj. क्रमिक; वर्धमान; प्रगतिशील; प्रगतिवादी ।

Prohibition, f (-/-en) [lat.] निषेध; प्रतिषेध; मद्य-निषेध ।

Projekt, n (-[e]s/-e) [lat.] परियोजना, प्रायोजना, योजना; इरादा, मन्सूबा; ~**ieren,** v/t (h.) की योजना बनाना, का इरादा क० ।

Projektil, n (-s/-e) [lat.] अस्त्र, प्रक्षेप्य अस्त्र; स्वचालित अस्त्र ।

Projekt-ion, f (-/-en) [lat.] प्रक्षेपण; ~**ionsapparat,** m/~**or,** m (-s/-en) प्रक्षेपित्र ।

projizieren, v/t (h.) [lat.] प्रक्षेपण क०, का खाका बनाना ।

Proklam-ation, f (-/-en) [lat.] घोषणा, उद्घोषणा, एलान, मुनादी; ~**ieren,** v/t (h.) की घोषणा क०, का एलान क० ।

Prokur-a, f (-/-'ren) [lat.] kfm: मुख़्तारी, पूर्णाधिकार; ~**ist,** m (-en/-en) पूर्णाधिकार-प्राप्त व्यक्ति, प्रतिपुरुष, प्रतिनिधि मुख़्तार ।

Prolet, m (-en/-en) [lat.] श्रमजीवी; गँवार, उजड्ड या अपरिष्कृत व्यक्ति; ~**ariat,** n (-[e]s) मज़दूरवर्ग, सर्वहारावर्ग; ~**arier,** m (-s/-) श्रमजीवी, सर्वहारा, मज़दूर; ~**arisch,** adj. मज़दूरवर्ग-संबंधी, मज़दूरों का; मज़दूरों जैसा; श्रमजीवी ।

Prolog, m (-[e]s/-e) [griech.] आमुख, प्रस्तावना; पूर्वरंग ।

Prolong-ation, f (-/-en) [lat.] kfm: अवधि बढ़ाना, अवधि का बढ़ाया जाना; ~**ieren,** v/t (h.) की अवधि को बढ़ाना ।

Promen-ade, f (-/-n) [frz.] टहलने की सड़क; विचरणस्थल; विहारस्थल; विचरण, टहलना; ~**ademischung,** f, U: दोग़ला कुत्ता; ~**ieren,** v/i (s.; h.) टहलना, विचरण क०, सैर क० ।

Promille, n (-[s]/-) [lat.] सहस्रांश, हज़ारवाँ भाग; रक्त में मद्यसार को नापने की इकाई ।

prominen-t, adj. [eng.] प्रमुख, विशिष्ट, महत्वपूर्ण; लब्धप्रतिष्ठ; ~**z,** f (-) प्रतिष्ठित वर्ग, बड़े लोग ।

Promo-tion, f (-/-en) [lat.] विद्यावाचस्पति की उपाधि का प्रदान किया जाना, डॉक्टर की उपाधि का दिया जाना; ~**vieren,** 1. v/i (h.) विद्यावाचस्पति की उपाधि प्राप्त क०; 2. v/t (h.) को विद्यावाचस्पति की उपाधि प्रदान क० ।

prompt, adj. [lat.] तात्क्षणिक,

अविलम्बित, अचिर, तत्काल; आशुकारी; ~heit, f (-) तात्क्षणिकता, अचिरता, शीघ्रता; आशुकारिता ।
Pronom-en, n (-s/-;-'mina) [lat.] gramm: सर्वनाम; **~inal,** adj. सर्वनामिक, सर्वनाम के रूप में प्रयुक्त ।
Propädeut-ik, f (-) [griech.] विषय-प्रवेश, विषय-विशेष का प्रारंभिक ज्ञान देना; **~isch,**adj. विषय-प्रवेश-संबंधी, प्रारंभिक ज्ञान का, विषय-प्रवेश की शैली में ।
Propagand-a, f (-) [lat.] प्रचार, अधिप्रचार; **~ist,** m (-en/-en) प्रचारक, अधिप्रचारक; **~istisch,** adj. अधिप्रचार-सम्बन्धी, प्रचारात्मक, प्रचारकीय ।
propagieren, v/t (h.) [lat.] के लिए प्रचार क०, का प्रचार क० ।
Propeller, m (-s/-) [eng.] नोदक, प्रणोदित्र ।
proper, adj. [frz.] साफ़-सुथरा, ढंग का, सलीक़े का ।
Prophet, m (-en/-en) [griech.] पैग़म्बर, नबी; भविष्यवक्ता; spw: der Prophet gilt nichts in seinem Vaterlande घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव का सिद्ध; **~ie,** f (-/-n) भविष्यवाणी; **~isch,** adj. पैग़म्बरी; भविष्यवाणीयुक्त, भविष्यसूचक ।
prophezei-en, v/t (h.) [griech.] भविष्यवाणी क०, पहले से ही बता देना; **~ung,** f (-/-en) भविष्यकथन, भविष्यवाणी; पूर्णकथन ।
prophy-laktisch, adj. [griech.] निरोधक, निवारक, रोधात्मक; रोग-निरोधी; **~laxe,** f (-/-n) निवारण, रोक; रोगनिरोधन ।
Proportion, f (-/-en) [lat.] अनुपात; सापेक्ष सम्बन्ध; math: समानुपात; **~al,** adj. आनुपातिक, समानुपाती; सापेक्ष; **~iert,** adj. यथानुपात, आनुपातिक; संतुलित; सुडौल ।
Prorektor, m (-s/-en) [lat.] पिछले वर्ष का उपकुलपति, सहायक उपकुलपति; उपप्रधानाचार्य ।
Prosa,f (-) [lat.] गद्य; fig: रुक्षता, नीरसता; तथ्यात्मकता; **~iker,** m (-s/-) गद्यकार, गद्यलेखक; fig: अनुद्वेगशील व्यक्ति; **~isch,** adj. गद्यात्मक; fig: रुक्ष, नीरस; अनुद्वेगशील; **~ist,** m (-en/-en) गद्यकार, गद्यलेखक ।
Proseminar, n [lat.] प्रारंभिक या प्राथमिक सेमिनार ।
prosit, [lat.] 1. int. यह जाम आपके लिए स्वास्थ्यकर हो !; 2. n(-s/-s) सलामती जाम पीते समय प्रयुक्त शब्द ।
Prospekt, m (-[e]s/-e) [lat.] दृश्य, परिदृश्य; (Werbeschrift) विवरणपत्र, विवरणपत्रिका, विवरणिका; **~iv,** adj. अग्रदर्शी; संभाव्य ।
prostitu-ieren v/r (h.) [frz.] अपने आप को बेचना; वेश्यावृत्ति क०; **~ierte,** f (-n/-n) वेश्या, रंडी; **~tion,** f (-/-en) वेश्यावृत्ति, वेश्याकर्म ।
Proteg-é, m (-s/-s) [frz.] कृपापात्र; संरक्षणाधीन व्यक्ति; **~ieren,** v/t (h.) को आगे बढ़ाना, का समर्थन क०; का संरक्षण क० ।
Protein, n (-s/-e) [griech.] प्रोटीन ।
Protekt-ion, f (-/-en) [lat.] संरक्षण; कृपा, समर्थन, हिमायत; **~or,** m (-s/-en) संरक्षक; समर्थक, हिमायती; **~orat,** n (-[e]s/-e) संरक्षकत्व; pol: संरक्षित राज्य या देश ।
Protest, m (-es/-e) [lat.] विरोध; प्रतिवाद; kfm: हुंडी की अस्वीकृति का पत्र ।
Protestant, m (-en/-en) [lat.] प्रोटेस्टेण्ट चर्च का अनुयायी; **~isch,** adj. प्रोटेस्टेण्ट चर्च या सम्प्रदाय का; **~ismus,** m (-) प्रोटेस्टेण्ट धर्म ।
protestieren, 1. v/i (h.) विरोध (प्रकट) क०; प्रतिवाद क०; 2. v/t (h.) kfm: (हुंडी आदि का) अस्वीकृति-पत्र लिखना ।
Prothese, f (-/-n) [griech.] कृत्रिम

अंग; gramm: आदिवर्णागम ।

Protokoll, n (-s/-e)[griech.] संलेख; कार्यवृत्त, वार्तावृत्त, अधिवृत्त, विवरण; Diplomatie: नयाचार; **~arisch,** adj. अभिलिखित, कार्यवृत्त में लिखा हुआ; **~ant,** m (-en/-en) → Protokollführer; **~chef,** m नयाचार-विभाग का अध्यक्ष, नयाचार-सम्बन्धी बातों का प्रबन्ध करने वाला; **~führer,** m कार्यवृत्त, अधिवृत्त, वार्तावृत्त लिखने वाला; **~ieren,** 1. v/t (h.) लिख लेना, कार्यवृत्त में लिखना; 2. v/i (h.) अधिवृत्त या कार्यवृत्त लिखना ।

Proton, n (-s/-en) [griech.] आवन्त, प्राणु, प्रोटॉन ।

Prototyp, m (-s/-en) [griech.] आदिप्रारूप, मूलादर्श, मूलवस्तु; आदर्श; प्रथम मुद्रण; **~isch,** adj. मूलादर्शीय, मूल वस्तु जैसा; आदर्श ।

Protz, m (-es/-e;-en/-en) शेखीखोर, डींगमार, शेखीबाज़; **~en,** v/i (h.) शेखी बघारना, डींग मारना; **~entum,** n (-s)/**~erei,** f (-/-en) शेखीबाज़ी; डींगबाज़ी; **~ig,** adj. शेखीबाज़; डींगबाज़; अत्याडम्बरपूर्ण, दिखावटी घूमधाम या तड़क-भड़क वाला ।

Proviant, m (-[e]s) [ital.] सीमित अवधि के लिए (पर्याप्त) खाद्य-सामग्री; रास्ते के लिए साथ ले जाया गया भोजन, पाथेय ।

Satan, m (-s/-e) [hebr.] शैतान, पिशाचनाथ; fig: नरपिशाच, खल; ~**isch,** adj. शैतान-संवंधी, शैतान का, शैतानी, पैशाचिक; ~**sbraten,** m, U: अत्यन्त धूर्त व्यक्ति, वहुत वड़ा मक्कार।

Satellit, m (-en/-en) [lat.] उपग्रह; fig: पिछलग्गू; ~**enstaat,** m नाममात्र को स्वाधीन राज्य, किसी शक्तिशाली राष्ट्र के इशारों पर चलने वाला राज्य या राष्ट्र।

Satin, m (-s/-s) [arab.] अतलस, साटन।

Satir-e, f (-/-n) [lat.] व्यंग्य-साहित्य; व्यंग्य-रचना, व्यंगिका; ~**iker,** m (-s/-) व्यंग्यकार; ~**isch,** adj. व्यंग्यात्मक, उपहासात्मक; व्यंग्य-साहित्य-संवंधी।

satt, adj. तृप्त, संतुष्ट, अघाया हुआ; छका हुआ; chem: संतृप्त; Farbe: गाढ़ा, गहरा; fig: ein sattes Lächeln आत्मसंतोषपूर्ण मुस्कान; U: ein satter Schuß ठीक निशाने पर बैठने वाली गोली; U: etw. satt haben किसी बात से तंग आ जाना या अघा जाना, किसी वात से आजिज़ आ जाना; U: jdn. satt haben किसी व्यक्ति से तंग या आजिज़ आ जाना; U: nicht satt werden, etw. zu tun किसी काम को बार-बार क०; किसी काम को करने से न थकना; U: sich nicht satt sehen können an etw. किसी वस्तु की तरफ़ से आँखें फेरने की तबियत न होना।

Sattel, m (-s/ ⸚) ज़ीन, पल्याण; चारजामा; काठी; कजावा; Fahrrad: गद्दी; geol: अवतल प्रदेश; arch: घरन, धरनी; U: fest im Sattel sitzen स्थायी (तथा प्रभावशाली) पद पर होना; अपने स्थान पर डटा, ज या दृढ़ होना; U: jdn. aus Sattel heben किसी को अ

देना; U: er ist in allen Sätteln gerecht वह हर क्षेत्र में प्रवीण है; ~dach, n → Giebeldach; ~fest, adj. सवारी करने में पक्का या माहिर; fig: (विषय-विशेष में) पारंगत, प्रवीण; (परीक्षा आदि के लिए) अच्छी तरह तैयार; ~n, 1. v/t (h.) जीन कसना या बाँधना; 2. v/r (h.) अच्छी तरह तैयारी क०, अच्छी तरह तैयार होना; ~tasche, f खुरजी; ~zeug, n घोड़े का साज़-सामान।

Sattheit, f (-) परितृप्ति, अघाव, तृप्ति; गाढ़ापन (रंगों का)।

sättig-en, v/t (h.) को तृप्त कर देना, अघा देना, का पेट भर देना, की भूख मिटा देना; chem: संतृप्त क०; fig: को संतुष्ट कर देना; **~ung,** f (-/-en) परितर्पण; परितृप्ति; chem: संतृप्तिकरण; fig: संतुष्टिकरण; संतुष्टि।

Sattler, m (-s/-) जीनसाज़; **~ei,** f (-/-en) जीनसाज़ की कार्यशाला या दूकान; o.pl: जीनसाज़ी (का धंधा)।

sattsam, adv. पर्याप्त रूप से, समुचित रूप से; काफ़ी से अधिक।

Satur-ation, f (-) [lat.] chem: संतृप्तिकरण; संतृप्ति; **~ieren,** v/t (h.) chem: संतृप्त क०; fig: jdn. saturieren किसी को संतुष्ट कर देना।

Saturn, m (-s) [lat.] शनि; शनि देव; **~isch,** adj. शनि-संबंधी, शनि का; fig: अतिप्राचीन, अतिपुरातन; विशाल तथा भयंकर।

Satz, m (-es/⸚e) वाक्य, जुमला; (Lehrsatz) सिद्धान्त; mus: संगीत-रचना का अपने में परिपूर्ण भाग; Drucktechnik: अक्षरयोजन, मुद्रयोजन; मुद्राक्षर-विन्यास; Tennis: सेट; Zusammengehöriges: कुलक, एक ही प्रकार की वस्तुओं का संकलन, सेट; (Sprung) छलाँग, कुलाँच; von Kaffee: अवक्षेप, तलछट; Gebühren usw.: शुल्क, शुल्क-दर, निर्धारित दर या मूल्य; **~aussage,** f, gramm: विधेय; **~bau,** m, gramm: वाक्य-संरचना; **~ergänzung,** f, gramm: कर्म; **~fehler,** m अक्षरयोजन की ग़लती; **~gegenstand,** m, gramm: कर्ता; **~lehre,** f, gramm: पद-योजना, वाक्यविज्ञान; **~spiegel,** m पृष्ठ का मुद्रित भाग।

Satzung, f (-/-en) संविधि; अधिनियम; लिखित नियमावली, निर्धारित कार्य-नियम; **~sgemäß,** 1. adj. सांविधिक; अधिनियमानुकूल; 2. adv. संविधि या अधिनियमों के अनुसार।

satz-weise, adv. एक-एक वाक्य करके; उछलते हुए, छलाँग लगाते हुए; सेट के हिसाब से; **~zeichen,** n विरामादि-विधान का चिह्न।

Sau, f (-/⸚e) शूकरी, सूअरी, सुअरिया; U: बहुत गंदा या गंदगी करने वाला व्यक्ति; (pl: Sauen) जंगली सुअर; vulg: unter aller Sau बिल्कुल बेकार; vulg: jdn. zur Sau machen किसी को बुरी तरह डाँटना-फटकारना; **~arbeit,** f, U: बहुत गंदगी का काम; कमरतोड़ काम।

sauber, adj. [lat.] निर्मल, साफ़-सुथरा, स्वच्छ, उजला, धुला हुआ; सफ़ाईपसंद; अच्छी तरह या बख़ूबी किया हुआ; fig: निर्दोष, निष्कलंक, अच्छे चालचलन वाला, चरित्रवान; सच्चा, ईमानदार; U: सुन्दर, ख़ूबसूरत, हसीन; U: eine saubere Weste haben निर्दोष होना, का दामन पाक होना; **~keit,** f (-) निर्मलता, सफ़ाई, स्वच्छता; सफ़ाई-पसंदगी; fig: निर्दोषता, निष्कलंकता।

säuberlich, adj. अत्यवधानपूर्वक किया हुआ, अच्छी तरह या बख़ूबी किया हुआ, सफ़ाई से किया हुआ।

saubermachen, v/t (h.) साफ़ क०, की सफ़ाई क०।

säuber-n, v/t (h.) साफ़ क०, की सफ़ाई क०; fig: (विरोधियों, भ्रष्टाचारियों; अप्रिय व्यक्तियों, दुश्मनों आदि) का सफ़ाया क०; **~ung,** f (-/-en) स्वच्छकरण, सफ़ाई; fig: सफ़ाया; **~ungsaktion,** f

सफ़ाई-अभियान; fig: अप्रिय व्यक्तियों का सफ़ाया।

saublöd(e), adj., U: निपट बुद्धू, निपट मूर्ख, महाबौड़म; अत्यन्त अप्रिय या कष्टकर।

Sauce, f (-/-n) → Soße

saudumm, adj., U: निपट मूर्ख, निहायत बेवक़ूफ़; अत्यन्त कष्टकर, निहायत तकलीफ़देह।

sauer, adj. खट्टा; Milch: खराब; फटा हुआ, जम गया; Boden: अम्लीय तत्वों से युक्त; chem: अम्लीय; fig: श्रमसाध्य, कठोर, कमरतोड़; क्रुद्ध, रुष्ट, अप्रसन्न, नाखुश; पीड़ामय, कष्टपूर्ण, कटु; U: ein saures Gesicht machen मुँह फुलाना, मुँह बिगाड़ना, अप्रसन्नताद्योतक मुखमुद्रा बनाना; U: gib ihm Saures! मार साले को!, दे और एक!; **~ampfer,** m अम्ल-लोणिका, चुक्र, चोका, खटमिट्ठा शाक।

Sauerei, f (-/-en) vulg: गंदगी; अश्लीलता; अश्लील बात; fig: फूहड़-पन का काम, खराब या कच्चा काम।

Sauer-kirsche, f खट्टी ओलची, खट्टा आलूबालू; **~kraut,** n नमक मिला-कर परिरक्षित किए हुए बंदगोभी के लच्छे।

säuerlich, adj. खट्टा-सा, खट्टापन लिए हुए; fig: अप्रसन्न, रुष्ट, खिन्न; बुरा मान जाने वाला; दक़ियानूस।

Sauermilch, f जमा हुआ दूध; मट्ठा।

säuern, 1. v/t (h.) खट्टा बनाना, में खटाई मिलाना; में खमीर उठाना; 2. v/i (h.) खट्टा हो जाना।

Sauerstoff, m (-[e]s) chem: जारक, ऑक्सीजन; **~gerät,** n ऑक्सीजन-श्वसन-उपकरण।

Sauer-teig, m खमीर का आटा, किण्वमय आटा (गुँदा हुआ); **~töpfisch,** adj., U: चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज, हर बात से असंतुष्ट रहने वाला।

Sauf-bold, m (-[e]s/-e) / **~bruder,** m, U: पियक्कड़, बहुत अधिक शराब पीने वाला; **~en,** v/i & v/t (h.) vulg: चढ़ाना, बहुत अधिक (शराब) पीना, अतिपान क॰; Vieh: पीना, सोखना।

Säufer, m (-s/-) U: पियक्कड़, शराब का लती।

Sauferei, f (-/-en) U: अत्यधिक मद्यपान; गोष्ठी जिसमें अत्यधिक मद्यपान किया जाए।

Säuferwahnsinn, m मद्यज कम्पोन्माद; मद्यज विक्षिप्तता या ज्ञानभ्रांति।

Saufgelage, n गोष्ठी जिस में अत्यधिक मदिरापन किया जाए।

Saufraß, m, vulg: घटिया तथा स्वादहीन भोजन।

saugen, v/t & v/i (h.) सोखना, सोख लेना; चूसना, चूस लेना; धूलिचूषक यंत्र से साफ़ क॰; einen Teppich saugen क़ालीन को धूलिचूषक यंत्र से साफ़ क॰; der Schwamm hat sich voll Wasser gesogen स्पंज पानी से भर गया है।

säugen, v/t (h.) को स्तनपान कराना।

Sauger, m (-s/-) चूषक, चूषण-यंत्र; (Schnuller) चुसनी (दूध पिलाने वाली बोतल की भी); (Staubsauger) धूलिचूषक यंत्र।

Säug-er, m (-s/-) / **~etier,** n स्तनी पशु, स्तनधारी या स्तनपायी जानवर।

saug-fähig, adj. चूषण-क्षम; अवशोषी, अवशोषक; **~flasche,** f बच्चों को दूध पिलाने की बोतल।

Säugling, m (-s/-e) दुधमुहाँ या दूध-पीता बच्चा; **~sausstattung,** f → Babyausstattung; **~sschwester,** f शिशु-परिचारिका।

sau-grob, adj., vulg: अत्यन्त अभद्र, निपट गँवार; अत्यन्त अभद्रतापूर्ण; **~haufen,** m, vulg: अव्यवस्थित ढेर; अव्यवस्थित भीड़ **~igel,** m, vulg: गंदा या मैला-कुचैला व्यक्ति; अश्लील बातें करने वाला व्यक्ति; **~igeln,** v/i (h.) vulg: अश्लील या गंदी बातें क॰, गंदे या अश्लील चुटकुले सुनाना।

säuisch, adj.; vulg: बहुत गंदा; अश्लील ।

sau-kalt, adj., vulg: बहुत ठंडा; **~kälte,** f बहुत अधिक ठंड; **~kerl,** m, vulg: → Sauigel; कमीन, ज़लील, निकृष्ट व्यक्ति ।

Säule, f (-/-n) गोल खम्भा, (अलंकृत) गोल स्तम्भ; mil: मार्च करता हुआ दस्ता; fig: आधार; अवलम्ब; **~nhalle,** f विशाल कक्ष जिसमें दीवारों के स्थान पर गोल स्तम्भ हों, स्तम्भावली से घिरा हुआ कक्ष; **~nheilige,** m स्तम्भ-शीर्ष पर बैठ कर तपस्या करने वाला, स्तम्भनिवासी तपस्वी ।

Saum, m (-[e]s/ ⸚e) तटसीवन, छोर, तुरुपा हुआ किनारा; गोट, गोटा, मगज़ी; किनारा, सीमान्त ।

saumäßig, vulg:, 1. adj. बहुत खराब; 2. adv. बहुत, अत्यन्त, बेहद ।

[1]**säumen,** v/t (h.) किनारे पर तुरुपना या बखिया क०, गोट या किनारा लगाना; के आसपास (या चारों ओर) खड़ा होना; (क्यारी आदि) के आसपास घेरा बनाना ।

[2]**säum-en,** v/i (h.) ठहरना, रुकना, रहना; (trödeln)देर क०, देर लगाना; (zaudern) हिचकना, हिचकिचाना, आगा-पीछा क०; **~er,** m (-s/-) देर करने वाला, देर से आने वाला; आगा-पीछा करने वाला, हिचकिचाने वाला; **~ig,** adj. ढीला-ढाला, आलसी, दीर्घसूत्री; विलम्बकारी, (अदायगी आदि में) देर करने वाला; पिछड़ा हुआ; **~nis,** f (-/-se)/ n (-ses/-se) हिचकिचाहट; देर, विलम्ब; चूक, अकरण; बाक़ीदारी ।

Saumpfad, m भारवाही पशुओं की सहायता से माल ढोने का तंग पहाड़ी रास्ता ।

saumselig, adj. ढीला-ढाला, आलसी, दीर्घसूत्री; विलम्बकारी ।

Saumtier, n भारवाही पशु ।

Sauna f (-/-s) [finn.] वाष्प-स्नान-गृह ।

Säure, f (-/-n) chem: अम्ल, तेज़ाब; o.pl: खट्टापन ।

Sauregurkenzeit, f, U: मन्दा समय, मन्दी का समय ।

Saurier, m (-s/-) [griech.] प्रागैतिहासिक दीर्घकाय सरटक ।

Saus, m: in Saus und Braus leben → Braus

säuseln, 1. v/i (h.) सरसराना; सनसनाना, हल्के-हल्के बहना (हवा का); fig:फुसफुसाना, फुसफुसाकर मीठी या चापलूसी की बातें क०;2. v/t (h.), फुसफुसाकर तथा चापलूसी के साथ कहना ।

sausen, v/i (s.) ज़ोर से सनसनाना; झनझनाना; तेज़ी से चलना या दौड़ना, दौड़ कर जाना या आना; U: durch die Prüfung sausen अनुत्तीर्ण हो जाना; es saust mir in den Ohren मेरे कानों में झनझनाहट हो रही है ।

Sau-stall, m सूअर-बाड़ा, खोबार; vulg: घोर अव्यवस्था, कुप्रबंध, घोर दुर्व्यवस्था या बदइंतज़ामी से उत्पन्न स्थिति; **~wetter,** n, vulg: बहुत खराब मौसम; **~wirtschaft,** f, vulg: अंधव्यवस्था, घोर अव्यवस्था, कुप्रबंध बदइंतज़ामी; **~wohl,** adj., U: mir ist sauwohl मैं बहुत खुश हूँ ।

Savanne, f (-/-n) [span.] झाड़ीदार या इक्के-दुक्के पेड़ों वाले घास के मैदान (उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में) ।

S-Bahn, f → Schnellbahn

Schabe, f (-/-n) → Schaber; Insekt: तिलचटा ।

schab-en, v/t (h.) खुरचना, खुरच या रगड़कर साफ़ या चिकना क०; छोटे-छोटे टुकड़ों या कतलों में तराशना;U:की दाढ़ी बनाना; **~er,** m (-s/-) खुरचनी, खुरचकर साफ़ या चिकना करने का उपकरण ।

Schabernack, m (-s/-e) नटखटी, शरारत, हरकत; छेड़छाड़; jdm. einen

Schabernack spielen किसी के साथ नटखटी या शरारत क० ।

schäbig, adj. दीन-हीन; टूटा-फूटा; जीर्ण-शीर्ण, फटा-पुराना; कृपण, कंजूस; ओछा, नीच, कमीन, निकृष्ट; U: अपर्याप्त, कम; **~keit,** f (-) हीनता; जीर्णता; कृपणता; ओछापन, नीचता ।

Schablon-e, f (-/-n) [frz.] नमूना; साँचा, धातु आदि की पट्टी में कटा हुआ नमूना; fig: घिसा-पिटा ढंग, घिसी-पिटी मान्यता, रूढ़ि; **~enhaft,** adj. कटे हुए नमूने जैसा; fig: घिसा-पिटा, रूढ़, रूढ़िबद्ध; **~ieren,/ ~isieren,** v/t (h.) साँचे या कटे हुए नमूने की सहायता से बनाना ।

Schach, n (-s/-s) [pers.] शतरंज; किश्त, शह; fig: jdn. in/im Schach halten किसी की नाक में दम किए रहना; किसी पर निरंतर नियंत्रण रखना; किसी को दबाव या डर में रखना; किसी को खतरनाक होने का मौक़ा न देना; **~brett,** n बिसात ।

Schacher, m (-s) [hebr.] बेईमानी के साथ मोल-भाव, बेईमानी का धंधा, मुनाफ़ाखोरी ।

Schächer, m (-s/-) डकैत, हत्यारा ।

Schacher-ei, f (-) → Schacher; **~n,** v/i (h.) (बेईमानी के साथ) मोल-भाव क० ।

schach-matt, adj. शहमात, शतरंज में पराजित; fig: थकान से चूर; jdn. schachmatt setzen किसी को शतरंज में हरा देना; U: किसी को ठंडा कर देना, किसी के प्रभाव को पूर्णतया समाप्त कर देना; **~spiel,** n शतरंज का खेल ।

Schacht, m (-[e]s/ ⸚e) (चौकोर) कूपक (जैसे लिफ़्ट-कूपक, प्रकाश-कूपक); Bergbau: कूपक ।

Schachtel, f (-/-n) डिब्बा, डिबिया, डिब्बी; U: eine alte Schachtel (खूसठ) बुढ़िया; **~n,** v/t (h.) एक भाग को दूसरे में रखना या घुसेड़ना (जैसे माचिस की डिबिया में); fig: क्लिष्ट वाक्य-रचना क०; **~satz,** m, gramm: क्लिष्ट वाक्य, कई उपवाक्यों वाला वाक्य ।

Schachzug, m शतरंज की चाल; fig: बहुत चतुराई का काम, सुविवेचित या चालाकीपूर्ण युक्ति ।

[1]**schade,** adj. खेदजनक, खेदपूर्ण, खराब; मूल्यवान, अच्छा, ऊँचे स्तर का; das ist schade यह खेदजनक बात है, यह खेद का विषय है; es ist schade um ihn उसका पतन या नुक़सान खेदजनक है; dafür bin ich mir zu schade यह काम मेरे स्तर से नीचे का है, इसे मैं नहीं करूँगा; darum ist es nicht schade यह कोई बड़ा नुक़सान नहीं है ।

[2]**Schade,** m (-ns/ ⸚n) → Schaden

Schädel, m (-s/-) कपाल, करोटि, खोपड़ी; U: सिर; U: mir brummt der Schädel मेरे सिर में दर्द हो रहा है; U: einen harten Schädel haben ज़िद्दी या हठधर्मी होना; U: sich den Schädel einrennen अपनी हठधर्मिता या ज़िद के कारण हानि उठाना; **~bruch,** m करोटि-भंग, खोपड़ी का चटक जाना; **~decke,** f खोपड़ी का ऊपरी भाग, चाँद ।

[1]**schaden,** v/i (h.) को क्षति, हानि, नुक़सान पहुँचाना; से क्षति, हानि, नुक़सान होना; पर बुरा प्रभाव डालना, से बुरा प्रभाव पड़ना; jdm. schaden किसी को हानि पहुँचाना; das schadet der Gesundheit इससे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है; U: das schadet ihm nichts वह इसी के क़ाबिल है ।

[2]**Schaden,** m (-s/ ⸚) क्षति, हानि, नुक़सान; अलाभ, घाटा; चोट; क्षय, टूट-फूट; कमी, खराबी, नुक़्स; jdm. Schaden zufügen किसी को क्षति पहुँचाना; einen Schaden erleiden नुक़सान उठाना; को चोट आना; spw: durch Schaden wird man klug

नुक़सान उठाने के बाद इंसान सतर्क हो जाता है, दूध का जला छाछ फूंक-फूंक-कर पीता है; ~ersatz, m क्षतिपूर्ति, हरजाना, मुआवज़ा; ~freude, f दूसरों की हानि पर प्रसन्नता; ~froh, adj. दूसरों की हानि पर प्रसन्न होने वाला; दूसरों की हानि के कारण प्रसन्नतापूर्ण ।

schadhaft, adj. ख़राब, क्षतिग्रस्त, टूटा हुआ, टूटा-फूटा; **~igkeit,** f (-) क्षतिग्रस्तता, ख़राबी ।

schäd-igen, v/t (h.) को क्षति, हानि, नुक़सान, चोट पहुँचाना; **~igung,** f (-/-en) हानिकरण; हानि, क्षति, नुक़सान; **~lich,** adj. क्षतिप्रद, हानिकर, हानिकारक, नुक़सानदेह; घातक; **~lichkeit,** f (-) क्षतिप्रदता, हानिकारकता, हानिप्रदता; घातकता; **~ling,** m (-s/-e) हानिकारक व्यक्ति जन्तु, पौधा; नाशी जीव, नाशिकीट; **~lingsbekämpfung,** f नाशिकीट-निग्रह, फ़सल को नुक़सान पहुँचाने वाले कीड़ों को मारना ।

schadlos, adv. बिना नुक़सान के, बिना हानि उठाए हुए; sich an jdm. schadlos halten किसी के व्यय पर अपनी क्षतिपूर्ति क॰; sich an etw. schadlos halten दूसरे की किसी वस्तु का डट कर सेवन क॰ ।

Schaf, n (-[e]s/-e) भेड़, मेष; fig: मूर्ख व्यक्ति, बुद्धू, गोबर-गणेश; fig: ein schwarzes Schaf कलंकी मनुष्य; अवज्ञाकारी या मनमानी करने वाला व्यक्ति ।

Schäfchen, n (-s/-) छोटी-सी भेड़; मेमना; U: बौड़मबसन्त; pl: → Schäfchenwolken; U: seine Schäfchen ins trockene bringen अपने फ़ायदे की बात को पक्का कर लेना, अपने लाभ का काम क॰; रक़म काटना, ख़ूब धन पैदा क॰; **~wolken,** f/pl. पक्षाभ-कपासी मेघ, छोटे-छोटे कपासी मेघ ।

Schäfer, m (-s/-) गड़रिया, मेषपाल; **~dichtung,** f ग्राम्य काव्य, ग्राम-काव्य, गड़रियों आदि के जीवन से संबंधित काव्य; **~ei,** f (-/-en) भेड़पालन-संस्था; o. pl: भेड़पालन; **~hund,** m भेड़ों के गल्ले की रखवाली करने वाला कुत्ता; अल्सेशियन कुत्ता; **~stündchen,** n प्रेमियों के मिलन का समय ।

schaffen, 1. v/t (h.) ले जाना, हटाना, दूर क॰; लाना, ले आना; (ins Leben rufen) को जन्म देना, की स्थापना क॰; (bewältigen) का निष्पादन क॰, को पूरा क॰, को निपटाना; (bewirken) उत्पन्न क॰, पैदा क॰; (künstlerisch gestalten) गढ़ना, की रचना क॰, को कलात्मक रूप देना; (erschaffen) बनाना, का निर्माण क॰, का सृजन या सर्जन क॰; की सृष्टि क॰; eine Angelegenheit aus der Welt schaffen किसी बात या मामले को हमेशा के लिए निपटा देना; किसी बात को हमेशा के लिए ख़त्म कर देना; das hätten wir geschafft! चलिए यह काम तो पूरा हो गया (या पूरा कर लिया); damit habe ich nichts zu schaffen इससे मेरा कोई संबंध या सरोकार नहीं; das macht ihm zu schaffen इससे उसे तकलीफ़ या कठिनाई (हो रही) है, इसके मारे उसकी नाक में दम है; für etw. wie geschaffen sein किसी काम के लिए विशेष प्रतिभा या योग्यता रखना; 2. n (-s) कार्य, काम, कृत्य; रचना-कार्य, रचना; क्रियाकलाप; **~sdrang,** m सर्जनात्मक अन्तःप्रेरणा, सृजनोत्साह, काम करने की उत्कंठा; **~sfreude,** f काम करने का शौक़; **~sfreudig,** adj. काम करने का शौक़ीन, कर्मठ, कमेरा; **~skraft,** f कर्मशक्ति, सृजन-शक्ति ।

Schaffner, m (-s/-) संवाहक, कंडक्टर, रेलगाड़ी या ट्राम आदि में टिकट देखने वाला या टिकट बेचने वाला ।

Schaf-garbe, f, bot: सहस्रपर्णी; **~herde,** f भेड़ों का गल्ला ।

Schafott, n (-[e]s/-e) [frz.] वधमंच।
Schaf-pelz, m भेड़ का लोमयुक्त चर्म या उससे बना कोट आदि; fig: ein Wolf im Schafpelz भेड़ के वेश में भेड़िया; **~skopf,** m बुद्धू, बौड़म, मूर्ख व्यक्ति।
Schaft, m (-[e]s/ ⸚e) लम्बा डंडा, दंड (भाले, झंडे या चप्पू आदि का); किसी वस्तु के बीच का लम्बा तथा सीधा भाग (जैसे तीर, चाबी या खम्भे आदि का); an Werkzeugen: हत्था, मूठ, बेंट; am Gewehr: बंदूक आदि का लकड़ी वाला भाग; einer Feder: पक्ष-दंड, पंख की लम्बी डंडी; eines Stiefels: ऊँचे बूट का टाँग को ढकने वाला भाग; bot: डंठल; पल्लवरहित टहनी।
schäften, v/t (h.) में डंडा, हत्था या बेंट आदि लगाना; bot: में क़लम लगाना।
Schakal, m (-s/-e) [sans] शृगाल, सियार, गीदड़।
Schäker, m (-s/-) [jidd.] ठिठोलिया, नोक-झोंक या हँसी-मज़ाक़ करने वाला व्यक्ति, दिल्लगीबाज़; **~ei,** f (-/-en) नोक-झोंक, हँसी-मज़ाक़, दिल्लगी, ठिठोली; **~n,** v/i (h.) नोक-झोंक, हँसी-मज़ाक़, दिल्लगी, ठिठोली क०।
[1]**schal,** adj. फीका, बेस्वाद, बासी, पर्युषित; fig: सारहीन, तत्वहीन; नीरस।
[2]**Schal,** m (-s-/s;-e) [eng.] मफ़लर; शाल; Gardine: ऊपरी परदे का दायीं या बायीं तरफ़ लटकने वाला भाग।
Schale, f (-/-n) छिलका; वल्कल, छाल; Gefäß: कटोरी, कटोरा, गहरी तश्तरी या रक़ाबी; तराज़ू का पलड़ा; pl: जंगली जानवरों के खुर; fig: in einer rauhen Schale steckt oft ein weicher Kern कड़ाई करने वाले व्यक्ति अक्सर कोमलहृदय होते हैं; U: sich in Schale werfen बहुत अच्छे कपड़े पहनकर निकलना, घराऊ कपड़े पहनना।
schälen, v/t (h.) छीलना, का छिलका अलग क०; की छाल उतारना; बहुत कम गहरी जुताई क०।
Schalen-obst, n कड़े छिलके वाले फल, मेवा; **~wild,** n खुरदार जंगली जानवर।
Schalheit, f (-) फीकापन, स्वाद-राहित्य; बासीपन; fig: सारहीनता, तत्वहीनता; नीरसता।
Schälhengst, m बीजाश्व।
Schalk, m (-[e]s/-e; ⸚e) दिल्लगीबाज़, मसखरा, मज़ाक़िया व्यक्ति; **~haft,** adj. मज़ाक़िया, दिल्लगीबाज़; **~haftigkeit,** f (-) मज़ाक़ियापन, दिल्लगीबाज़ी।
Schall, m (-[e]s/-e; ⸚e) ध्वनि, नाद, आवाज़; गूँज, अनुनाद; **~dämpfer,** m, mot: रवशामक; an Schußwaffen: पिस्तौल, बंदूक आदि की आवाज़ को धीमा करने का यंत्र; **~dicht,** adj. ध्वनिरोधी; ध्वनिरुद्ध।
Schallehre, f → Akustik
schall-en, v/i (h.) ध्वनित होना, निनादित होना; अनुनादित होना, गूँजना; schallendes Gelächter ज़ोर का ठहाका या अट्टहास; **~geschwindigkeit,** f ध्वनि की गति; **~kasten,** / **~körper,** m अनुनादक, ध्वनि-फलक।
Schall-mauer, f उड़ते हुए विमान आदि की गति का ध्वनि की गति के बराबर होने पर उत्पन्न वायु-प्रतिरोध; **~messer,** m ध्वनिमापी; **~platte,** f ग्रामोफ़ोन का रेकॉर्ड; **~trichter,** m तुरही आदि का कीप की तरह दिखने वाला भाग; भोंपू, मेगाफ़ोन; **~wort,** n ध्वनि-अनुकरणमूलक शब्द।
Schalotte, f (-/-n) [frz.] छोटा प्याज़।
Schalt-bild, n → Schaltplan; **~brett,** n → Schalttafel; **~en,** 1. v/i (h.) बटन दबाना, स्विच दबाना; mot: गियर बदलना, गियर डालना; (verfügen über) का प्रयोग या इस्ते-

माल क०; पर अधिकार होना, राज्य क०; U: समझना, समझ लेना, समझ पाना; frei schalten und walten मनमानी क०; स्वनिर्णय के अनुसार कोई काम या आचरण क०; का मनमाने ढंग से प्रयोग क०; U: er schaltet zu langsam उसकी समझ में बात देर से आती है, उसकी अक़्ल मोटी है; 2. v/t (h.) el: को स्विच दबाकर चालू क० ।

[1]**Schalter,** m (-s/-) el: बटन, खटका, स्विच ।

[2]**Schalter,** m (-s/-) पटल, काउन्टर, (डाकखाने, बैंक आदि की) खिड़की; ~**dienst,** m डाकखाने या बैंक आदि में खिड़की पर का काम; ~**stunden,** f/pl. डाकखाने, बैंक आदि की खिड़की के खुले रहने का समय ।

Schalt-hebel, m योक्त्र-दंड, गियर बदलने की छड़; किसी मशीन को चालू करने का हत्था; ~**jahr,** n अधिवर्ष, लौंद वर्ष, वर्ष जिसमें फ़रवरी का महीना 29 दिनों का हो; ~**plan,** m, el: परिपथ-रेखाचित्र; ~**pult,** n, el: किसी संयंत्र के संचालन तथा नियंत्रण का स्विचबोर्ड; ~**tafel,** f, el: बिजली के बटनों का पटल, स्विचबोर्ड; ~**tag,** m अधिदिवस (29 फ़रवरी का दिन) ।

Schalung, f (-/-en) फलकावरण, पाड़, पाइट ।

Scham, f (-) लज्जा, लाज, शर्म, हया, व्रीडा, संकोच; anat: गुप्तांग, जननांग ।

schämen, v/r (h.) लजाना, शरमाना; लज्जित होना, को शर्म आना ।

Scham-gefühl, n लज्जा की भावना; लज्जाशीलता; ~**haare,** n/pl. पशम, झाँटें; ~**haft,** adj. लजीला, शरमीला, लज्जापूर्ण; लज्जालु लज्जाशील, झेंपू; ~**haftigkeit,** f (-) लजीलापन; लज्जापूर्णता, लज्जालुता लज्जाशीलता, झेंपूपन; ~**lippe,** f, anat: भगोष्ठ; ~**los,** adj. निर्लज्ज, बेशर्म, बेहया;

Schampun, n→Shampoo(n)

scham-rot, adj. लज्जारुण; ~**röte,** f लज्जारुणिमा; ~**teile,** n/pl. गुप्तांग, जननांग ।

schand-bar→schändlich; ~**e,** f (-/-n) कलंक, अपयश, अपकीर्ति, बदनामी; घोर लज्जा की बात, बहुत शरमिन्दगी की बात ।

schänd-en, v/t (h.) पर कलंक लगाना, को कलंकित या बदनाम क०; को विरूपित क०, की तोड़-फोड़ क०; को अपवित्र क०; का सतीत्व हर लेना, के साथ बलात्कार क०; ~**er,** m (-s/-) अपवित्रकर्ता; बलात्कारी; कलंक लगाने वाला ।

Schandfleck, m कलंक, दोष; धब्बा, दाग़; fig: कलंक का टीका ।

schändlich, 1. adj. नीचतापूर्ण, निकृष्ट, घृणास्पद, जघन्य; कलंक का, अत्यन्त लज्जाजनक, बहुत शर्मनाक; U: बहुत ख़राब, बहुत कम; 2. adv., U: बहुत, बेहद, अत्यन्त; ~**keit,** f (-/-en) निकृष्टता, घृणास्पदता, जघन्यता; लज्जजानकता ।

Schand-mal, n कलंक का दाग़; ~**maul,** n, U: निन्दा या मिथ्यापवाद करने वाला मुँह; निन्दात्मक या निर्लज्जतापूर्ण बातें करने की आदत; Mensch: निन्दक; निर्लज्जतापूर्ण बातें करने वाला व्यक्ति; ~**pfahl,** m → Pranger; ~**tat,** f कुकर्म, कलंक का काम, जघन्य काम; U: zu jeder Schandtat bereit हर काम के लिए तैयार, हर हँसी-मज़ाक़ के लिए तैयार ।

Schändung, f (-/-en) कलंक लगाना; बदनामी, निन्दा (क०); विरूपण, तोड़-फोड़; अपवित्रीकरण; सतीत्वहरण, बलात्कार ।

Schank, m (-[e]s/ ⸚e) मधुशाला; शराब की दूकान, शराब का अड्डा ।

Schanker, m (-s/-) [frz.] med: रतिज व्रण; उपदंश का प्रथम चरण ।

Schank-erlaubnis, f/ ~**gerechtigkeit,** f/ ~**konzession,** f शराब बेचने का लाइसेंस; ~**tisch,** m (मधुशाला की) शराब बेचने की लम्बी

मेज़; ~**wirt,** m मधुशाला चलाने वाला, भठियारा, मधुशाला में शराब बेचने वाला; ~**wirtschaft,** f मधुशाला, शराबघर, रेस्तराँ जिसमें शराब भी मिले।

Schanz-e, f (-/-n) mil: खाई; क़िलाबंदी; mar: → Achterdeck; (Sprungschanze) स्कियों के साथ छलाँग लगाने का रपटवाँ मंच; ~**en,** v/i (h.) mil: खाई बनाना, खाई खोदना, खाई से घेरना; U: खुदाई क०; कड़ी मेहनत (का काम) क०; ~**zeug,** n खाई बनाने के लिए आवश्यक औज़ार।

[1]**Schar,** f (-/-en) झुंड, समूह, वृन्द, दल।

[2]**Schar,** n (-[e]s/-e)/ f (-/-en) हल का फाल।

Schäre, f (-/-n) [schwed.] गोल चट्टानी टापू।

schar-en, v/t (h.) एकत्र क०, जमा क०; को (प्रभावित करके) अपना अनुयायी बनाना; sich um jdn. scharen किसी के चारों ओर जमा हो जाना या खड़ा हो जाना; ~**enweise,** adv. झुंडों में, झुंड के झुंड।

scharf, 1. adj. पैना, तेज़, तीक्ष्ण; तीखा, चरपरा, कड़वा; (spitz) नुकीला; (heftig) प्रचंड; प्रबल, तीव्र, तेज़; (ätzend) क्षारक; कटु, तीखा, लगने वाला, मर्मस्पर्शी; (hart) कड़ा, कठोर; सख्त; (klar) स्पष्ट; सुस्पष्ट, साफ़; Stimme: कर्णभेदी; Verstand: प्रखर, कुशाग्र; U: कामुक, कामोन्मत्त; eine scharfe Kurve कैंची-मोड़; ein scharfer Wind प्रचंड वायु, ठंडी तेज़ हवा; scharfer Widerstand कड़ा विरोध; scharfe Kritik कटु आलोचना; in scharfem Ton reden कड़ाई से बात क०, सख्ती या उग्रता के साथ बात क०; ein scharfes Gehör सूक्ष्म श्रवणशक्ति; ein scharfer Hund कटखना कुत्ता, रखवाली के लिए प्रशिक्षित कुत्ता; scharfe Munition असली स्फोटास्त्र, गोलीदार कारतूस; fig: sie hat eine scharfe Zunge उसकी ज़बान बहुत पैनी या कड़वी है; U: scharfe Getränke अधिक मद्यसार वाले पेय; U: auf etw. scharf sein किसी वस्तु को पाने के लिए लालायित होना, किसी वस्तु को पाने की प्रबल इच्छा रखना; U: scharf darauf sein, etw. zu erfahren किसी बात को जानने के लिए उत्सुक होना; 2. adv.: scharf durchgreifen सख्त क़दम उठाना; scharf nachdenken दिमाग़ पर ज़ोर डाल कर सोचना; ~**blick,** m कुशाग्र बुद्धि, कुशाग्रता।

Schärfe, f (-/-n) पैनापन, तीक्ष्णता; चरपरापन, कड़वापन; नुकीलापन; क्षारकता; मर्मस्पर्शिता; कड़ाई, सख्ती; स्पष्टता, प्रखरता; कुशाग्रता; प्रचंडता, प्रबलता; सूक्ष्मता।

schärfen, v/t (h.) को पैना क० या बनाना, पैनाना, पर सान रखना; Sinne: प्रखर, कुशाग्र, सूक्ष्म बनाना।

scharf-kantig, adj. नुकीले किनारों वाला, पैने किनारों वाला; ~**machen,** v/t (h.) U: उकसाना, भड़काना; ~**macher,** m, U: भड़काने वाला, उकसाने वाला; ~**richter,** m जल्लाद; ~**schütze,** m पक्का निशानेबाज़; ~**sinn,** m कुशाग्र बुद्धि, विचक्षणता, विदग्धता; ~**sinnig,** adj. कुशाग्रबुद्धि, विचक्षण, विदग्ध; विचक्षणतापूर्ण।

Scharlach, m (-s/-e) [lat.] लोहित, लाल रंग, लाल कपड़ा; o.pl. . med: लोहित ज्वर; ~**farben,**/ ~**farbig,**/ ~**rot,** adj. लोहित, लाल, सिंदूरी।

Scharlatan, m(-s/-e) [ital.] प्रतारक, धूर्त, कपटी, मक्कार, धोखेबाज़; कठबैद, नीम हकीम; ~**erie,** f (-/-n) प्रतारणा, वंचना, कपट-चतुराई, मक्कारी; नीम-हकीमी, कठबैदी।

Scharm, m → Charme

Scharmützel, n (-s/-) [ital.] mil:

मुठभेड़, भिड़न्त, खंडयुद्ध; ~**n,** v/i (h.) खंडयुद्ध क०, मुठभेड़ क० ।

Scharnier, n (-[e]s/-e) [frz.] क़ब्ज़ा, चूल ।

Schärpe, f (-/-n) [frz.] पटका; कपड़े की चौड़ी कमरपेटी; आभूषण के रूप में कंधे पर जनेऊ की तरह लटकाया जाने वाला चौड़ा पट्टा ।

Scharr-e, f (-/-n)/ ~**eisen,** n खुरचनी, खुरपी; ~**en,** v/i (h.) खुरचना, कुरेदना, थोड़ा-सा खोदना; टाप, खुर या पंजे से कुरेदना या खरोंचना; Mißfallensbekundung: अप्रसन्नता या अरुचि का प्रदर्शन करने के लिए पैर रगड़ना ।

Schart-e, f (-/-n) खाँच, खाँचा; चाकू आदि की धार टूट जाने से पड़ गया खम; (Schießscharte) तोप का झरोखा; (Hasenscharte) खंडोष्ठ, ऊपर के होठ में जन्मजात कटान; geol: पर्वत-शिखर में कटान या गड्ढा; U: eine Scharte auswetzen किसी ग़लती को सुधार देना, किसी कमी को दूर कर देना; ~**ig,** adj. खाँचेदार; खमदार ।

scharwenzeln, v/i (s.) [tschech.] जीहुज़ूरी क०, खुशामदी तौर पर (किसी की) सेवा क० ।

Schaschlik, m (-s/-s) [russ.] सूअर की चरबी तथा प्याज़ के साथ सीख पर भूने गए मांस के टुकड़े ।

schassen, v/t (h.) [frz.] निकाल देना, निकाल बाहर क०, निष्कासित कर देना ।

Schatten, m (-s/-) परछाईं, छाया; छाँह, छाँव; phot: चित्र का छायांश या छायाभाग; (Dunkel) अँधेरा; (Geist) भूत, प्रेतात्मा; fig: छाया; पिछलग्गू; दोष, कलंक, धब्बा; विषाद की झलक; लेशमात्र; sie hat Schatten unter den Augen उसकी आँखों के नीचे काले-से गड्ढे पड़ गए हैं; poet: der Schatten des Todes liegt auf ihm उसके ऊपर मौत की छाया पड़ चुकी है; fig: er kann nicht über seinen Schatten springen वह अपने स्वभाव को तो नहीं बदल सकता; fig: jdn. in den Schatten stellen किसी की तुलना में बहुत अच्छा होना, किसी से कहीं अधिक प्रतिभाशाली होना; fig: nur noch ein Schatten seiner selbst sein बहुत अधिक दुबला हो जाना; ~**bild,** n तिमिरचित्र, काला पक्षचित्र; परछाईं-(-चित्र); ~**dasein,** n, fig: भूला-बिसरा अस्तित्व; सम्मानहीन या प्रतिष्ठाहीन जीवन; ~**haft,** adj. छाया जैसा; अस्पष्ट, धुँधला; ~**kabinett,** n छाया-मंत्रिमंडल; ~**reich,** n, poet: प्रेतलोक, अधोलोक, यमलोक; ~**riß,** m → Schattenbild; ~**seite,** f छाँहदार भाग, छाया वाली ओर; fig: अप्रिय या असुविधाजनक पहलू, प्रतिकूल परिस्थिति या तथ्य, कमी, असुविधा; ~**spiel,** n छाया-नाटक, छाया-नाट्य ।

schatt-ieren, v/t (h.) छायित क०, प्रकाश और छाया के अन्तर को चित्रित क०; रंगान्तरण क०, रंगभेद को स्पष्ट क०; ~**ierung,** f (-/-en) छायाकरण; रंगान्तरण; वर्णछटा; fig: मत, पंथ, दल, राजनैतिक झुकाव; ~**ig,** adj. छाँहदार, छायादार, छायामय ।

Schatulle, f (-/-n) मंजूषा, पेटिका (गहने आदि रखने की) ।

Schatz, m (-es/ ⸚e) सम्पत्ति, ख़ज़ाना, निधि; रत्नराशि, धनराशि; jur: निखात-निधि; U: प्रियतम; प्रियतमा ।

schätz-en, v/t (h.) (veranschlagen) कूतना, आँकना, के मूल्य का अनुमान लगाना, (अनुमानित मूल्य) का आकलन क०; (vermuten) अनुमान क०, का अनुमान या खयाल होना; (achten) की क़द्र क०, को महत्व देना, का सम्मान क०, को मानना, की इज्ज़त क०; sich glücklich schätzen स्वयम् को भाग्यशाली समझना; etw. zu schätzen wissen किसी बात की क़द्र समझना या क०; ~**er,** m (-s/-)

मूल्यांकक ।

Schatz-gräber, m निखात-निधि के लिए खुदाई करने वाला, छिपे या गड़े हुए खज़ाने को ढूंढने वाला; **~kammer,** f निधि-कक्ष, रत्नराशि या खज़ाना रखने का कमरा; कोषागार; **~meister,** m कोषाध्यक्ष, खज़ान्ची ।

Schätz-ung, f (-/-en) मूल्यन, मूल्यांकन, मूल्य-निर्धारण (अनुमान के आधार पर); अनुमान; अन्दाज़ा; der Steuer: कर-निर्धारण (अनुमान के आधार पर); fig: सम्मान, प्रतिष्ठा; इज़्ज़त; क़द्र; **~ungsweise,** adv. अन्दाज़न, अनुमानतः, लगभग, क़रीब-क़रीब; **~ungswert,/ ~wert,** m अनुमानित मूल्य या अर्हा, मूल्यांकक द्वारा निर्धारित मूल्य ।

Schau, f (-/-en) प्रदर्शन, तमाशा; प्रदर्शनी; दिखावा; o.pl: अवलोकन, प्रेक्षण; दृष्टिकोण; U: असाधारण घटना या काम; etw. zur Schau stellen का प्रदर्शन क०; U: eine Schau abziehen (किसी असाधारण काम के द्वारा) लोगों का केन्द्रबिन्दु बन जाना; U: jdm. die Schau stehlen किसी से इतना अधिक अच्छा होना कि वह फीका पड़ जाए या उसे प्रत्याशित साधुवाद न मिले; **~bild,** n रेखा-लेख, रेखाचित्र; संदर्शात्मक आकृति या रेखाचित्र; **~bühne,** f रंगशाला, नाट्यशाला; मंच, रंगमंच ।

Schauder, m (-s/-) भय, डर, भयपूर्ण विक्षोभ; घबराहट; कँपकँपी, सिहरन; **~haft,** 1. adj. बीभत्स, भयंकर, भयोत्पादक; जुगुप्साजनक, घृणाजनक; U: बहुत खराब; 2. adv., U: बहुत, बहुत अधिक; **~n,** v/i (h.) काँपना, थरथराना, के रोंगटे खड़े हो जाना (भय या सर्दी आदि से); को घृणा या जुगुप्सा होना, को घिन आना ।

schauen, 1. v/i (h.) देखना, झाँकना, निहारना, नज़र डालना; nach jdm. schauen किसी का ध्यान रखना, किसी की देखभाल क०; 2. v/t (h.) poet: को देखना, के दर्शन क०; का अनुभव क०; की सजीव कल्पना क० ।

Schauer, m (-s/-) बौछार, बरसात, वृष्टि; (Frösteln) कँपकँपी, ठिठुरन; (Schauder) भय, भयपूर्ण विक्षोभ; सिहरन रोंगटे खड़े होना; **~lich,** 1. adj. भयंकर, भयोत्पादक, डरावना, विकराल; U: बहुत खराब; 2. adv., U: बहुत, बहुत अधिक; **~n,** v/i (h.) काँपना, थरथराना; डरना, घबराना, के रोंगटे खड़े हो जाना; mir/mich schauert vor ihm उसे देख कर मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं; **~roman,** m रोमांचकारी घटिया उपन्यास ।

Schaufel, f (-/-n) परावप, बेलचा; am Geweih: ऋश्य-शृंग का चौड़ा भाग, हरिण-विशेष का चौड़ा सींग; **~n,** v/i & v/t (h.) बेलचे से उठाना या हटाना; खोदना ।

Schaufenster, n दूकान की बाहरी खिड़की जिसमें प्रदर्शन के लिए माल सजाया जाता है, प्रदर्शन-खिड़की ।

Schaufler, m (-s/-) चौड़े सींगों वाला मृग, ऋश्य ।

Schau-flug, m उड्डयन-प्रदर्शन, हवाई प्रदर्शन; **~haus,** n शवगृह, शवकक्ष; **~kasten,** m प्रदर्शन-मंजूषा ।

Schaukel, f (-/-n) झूला, हिंडोला; **~n,** 1. v/i (h.) झूलना; कुर्सी आदि को आगे-पीछे हिलाना; das Boot schaukelt auf den Wellen नाव लहरों के ऊपर हिचकोले खा रही है; 2. v/t (h.) झुलाना; U: wir werden das Kind schon schaukeln हम इस काम या बात को सँभाल लेंगे, हम मामले को ठीक कर लेंगे; **~pferd,** n दोलन-घोड़ा; **~politik,** f अवसरवादी राजनीति या नीति; **~stuhl,** m दोलन-कुर्सी ।

Schaulust, f (-) कुतूहल, तमाशबीनी; **~ig,** adj कुतूहली, तमाशा देखने का शौक़ीन, तमाशबीन; **~ige,** m(-n/-n) तमाशबीन ।

Schaum, m (-[e]s/ ⸗e) फेन, फेना,

झाग; fig: नश्वर या असार वस्तु, पानी का बुलबुला; असारता, खोखलापन, नश्वरता; प्रवंचना; spw: Träume sind Schäume सपने तो प्रवंचनामात्र होते हैं; fig: Schaum schlagen डींग मारना, बढ़-चढ़ कर बातें क०, लम्बी-चौड़ी हाँकना; ~**bad,** n झागदार पानी में स्नान।

schäumen, v/i (h.) से झाग उठना या निकलना;में झाग बनना, झाग छोड़ना, में बुलबुले बनना; fig: उबलना, आपे से बाहर होना, आग-बबूला होना; fig: er schäumt vor Wut वह गुस्से के मारे आपे से बाहर हो रहा है।

Schaum-gummi, m स्पंज जैसी रबड़ (गद्दों आदि की भराई के लिए प्रयुक्त); ~**ig,** adj. फेन जैसा, फेनिल, फेनदार, झागदार; ~**kelle,** f झाग निकालने की छिद्रिल करछी; ~**krone,** f समुद्री लहरों का झाग; झागदार तरंग-शृंग; ~**schläger,** m→Schneebesen; fig: डींग मारने वाला, बढ़-चढ़ कर बातें करने वाला, शेखीखोर; ~**schlägerei,** f (-) शेखीबाजी, शेखीपूर्ण बकवास; ~**stoff,** m स्पंज जैसा संश्लिष्ट पदार्थ।

Schaumünze, f स्मरणार्थ जारी किया गया सिक्का, पदक, तमग़ा।

Schaumwein, m शैम्पेन।

Schau-packung, f प्रदर्शन-खिड़की में रखा जाने वाला किसी वस्तु का खाली डिब्बा आदि; ~**platz,** m घटनास्थल; ~**prozeß,** m प्रदर्शनात्मक मुक़दमा।

schaurig, adj. भयानक; भयंकर, भयोत्पादक, विकराल, डरावना, लोमहर्षक, रोंगटे खड़े कर देने वाला; U: बहुत खराब; ~**keit,** f (-) भयानकता, भयंकरता, भयावहता, विकरालता।

Schau-spiel, n नाटक; fig: दृश्य, घटनाक्रम; ~**spieler,** m अभिनेता; U: ढोंगी, पाखंडी, दिखावा करने वाला; अपनी भावनाओं को छिपाने में समर्थ व्यक्ति; ~**spielerisch,** adj. नाटकीय, अभिनय-संबंधी; ~**spielern,** v/i (h.) अभिनय क०, अभिनय द्वारा रोजी कमाना; U: ढोंग क०, दिखावा क०, नाटक क०; ~**spielhaus,** n रंगशाला, नाट्यशाला; ~**steller,** m (-s/-) प्रदर्शक, प्रदर्शनी में अपना माल रखने वाला; ~**stellung,** f (-/-en) प्रदर्शन; दिखावा; ~**stück,** n किसी संग्रह की सबसे मूल्यवान वस्तु; प्रदर्शन-वस्तु।

Scheck, m (-s/-s) [eng.] चेक, धनादेश; ~**buch,** n चेक-पुस्तिका।

Schecke, m (-n/-n) [frz.] चितकबरा, या चित्तीदार घोड़ा, चितकबरा बैल आदि।

Scheckheft, n →Scheckbuch

scheckig, adj. चितकबरा, अबलक, चित्तीदार; U: sich scheckig lachen बहुत हँसना, बहुत ज़ोर से हँसना।

scheel, adj. भेंगा, टेराक्ष; तिरछी (केवल नज़र के लिए प्रयुक्त); fig: ईर्ष्यालु, डाहपूर्ण; ~**äugig,** / ~**blickend,** adj. ऐंचा-ताना, ऐंचकताना, भेंगा, टेराक्ष; fig: ईर्ष्यालु दृष्टि से देखने वाला, डाही; ~**sucht,** f (-) ईर्ष्या, डाह, जलन; ~**süchtig,** adj. ईर्ष्यालु, डाही, जलने वाला।

Scheffel, m (-s/-) लकड़ी का डोल, लकड़ी की बाल्टी; ~**n,** v/t (h.) fig: बहुत अधिक मात्रा में एकत्र क०; जमा क०; या जोड़ना।

Scheibe, f (-/-n) बिम्ब; चकती, चक्रिका; मंडलक, चाक; Brot: कतला, फाँक; Glas: काँच-फलक, खिड़की का काँच; (Schießscheibe) चाँदमारी की चक्रिका, चाँद; U: davon könnt ihr euch eine Scheibe abschneiden इससे तुम लोग उदाहरण ले सकते हो (या कुछ सीख सकते हो); ~**nhonig,**/ ~**nkleister,** m, U: अत्यन्त अप्रिय बात या घटना (के होने पर प्रयुक्त शब्द); ~**nwischer,** m (-s/-) कार आदि के शीशे को साफ़ करने की शीशे पर ही लगी हुई रबड़दार पट्टिका।

Scheide, f (-/-n) →Scheideanstalt; für Degen usw: म्यान; Grenze: सीमा, सीमा-रेखा; anat: भग, योनि, भगद्वार से गर्भाशय तक का मार्ग; bot: आच्छद; ~**anstalt,** f परिष्करण-शाला (सोने या चाँदी के लिए), सोने तथा चाँदी की मिश्रधातु बनाने का कारखाना; ~**münze,** f छोटा सिक्का, कम मूल्य का सिक्का।

scheiden, 1. v/t (h.) अलग क०,पृथक क०; विभाजित क०; में अन्तर क०, के अन्तर को स्पष्ट क०; Ehe: विवाह-विच्छेद क०; Erz: को परिष्कृत क०; sich von jdm. scheiden किसी के संबंध तोड़ देना; 2. v/i (s.) अलग या पृथक हो जाना; विदा लेना, रुखसत हो जाना, संबंध तोड़ देना, नौकरी आदि छोड़ देना, सेवानिवृत्त हो जाना; freiwillig aus dem Leben scheiden आत्महत्या क०; खुदकशी क० या कर लेना; Milch scheidet (sich) दूध जम जाता है।

Scheide-wand, f विभाजक दीवार; anat: पट, पटी; ~**wasser,** n, chem: शोरे का तेज़ाब, नाइट्रिक एसिड; ~**weg,** m द्विशाखित मार्ग; fig: निर्णायक स्थिति; असमंजस, दुविधा;fig: an einem Scheideweg stehen निर्णायक स्थिति में होना; दुबिधा में होना।

Scheidung, f (-/-en) पृथक्करण; संबंध-विच्छेद; पार्थक्य; chem: वियोजन; परिष्करण; jur: विवाह-विच्छेद, तलाक़; ~**sklage,** f तलाक़ के लिए प्रार्थना, तलाक़ का मुक़दमा; ~**sprozeß,** m तलाक़ के मुक़दमे की कार्यवाही।

Schein, m (-[e]s/-e) प्रकाश, रोशनी; चमक, दीप्ति; o.pl: वाह्यरूप; भ्रम, भ्रान्ति, माया, धोखा; दिखावा; लोकलाज; (Bescheinigung) प्रमाण-पत्र, लिखित प्रमाण, दस्तावेज़; (Banknote) नोट, अर्थपत्र; der Schein trügt वाह्य रूप और वास्तविकता में बड़ा अन्तर होता है, हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और; ~**bar,** adj. भासमान, प्रतीतिमान, आभासी, ऊपरी, अवास्तविक, दिखावे का; ~**blüte,** f, fig: आभासी प्रगति; ~**en,** v/i (h.) चमकना; का प्रकाश आना या पड़ना,लगना प्रतीत होना,जान पड़ना; er scheint zu schlafen लगता है कि वह सो रहा है; es scheint, daß er sich geirrt hat (ऐसा) लगता है कि उससे ग़लती हो गई है; ~**heilig,** adj. ढोंगी, पाखंडी; पाखंडपूर्ण, दिखावटी; ~**heiligkeit,** f (-) कपटाचार, मिथ्याचार, ढोंगीपन; ढोंग, पाखंड; ~**tod,** m स्थिति जिसमें ऐसा लगे कि प्राणी मर गया हो पर वास्तव में वह जीवित हो;~**tot,** adj. सत्याभासी मृत्यु की स्थिति में, ऊपर से मृत पर वास्तव में जीवित; ~**werfer,** m कार आदि का शीर्ष-प्रकाश; खोज-वत्ती, दूर तक प्रकाश फेंकने वाली वत्ती।

Scheiß-e, f (-) vulg: गू, गूह, टट्टी, मल; ~**en,** v/i (h.) vulg: हगना, टट्टी क०; auf etw. scheißen किसी बात या वस्तु की क़तई परवाह न क०; ~**kerl,** m, vulg: नीच, पाजी, जलील आदमी, बदमाश, कमीना।

Scheit, n (-[e]s/-e;-er) बड़ा चैला, लकड़ी का चिरा हुआ कुंदा।

Scheitel, m (-s/-) सिर का सबसे ऊपरी भाग; माँग; (höchster Punkt) शिरोविन्दु, शीर्षविन्दु; शिखर, शिखाग्र; poet: सिर, शीर्ष; math: शीर्ष; fig: vom Scheitel bis zur Sohle सिर से पैर तक; ~**n,** v/t (h.) माँग निकालना; ~**punkt,** m शीर्षविन्दु; सर्वोच्च विन्दु; (Zenit) शिरोविन्दु, खमध्य।

Scheiterhaufen, m चिता।

scheitern, v/i (s.) असफल हो जाना, नाकामयाव हो जाना; अपने लक्ष्य तक

न पहुँच पाना; के कारण निष्फल, व्यर्थ या असफल हो जाना; mar: (जलमग्न) चट्टान से टकरा जाना।

Scheitholz, n चिरी हुई लकड़ी, चैले।

Schelle, f (-/-n) घंटी; घंटुरिया, छोटी घंटी; घुँघरू; pl: हथकड़ी; tech: सन्धर, नलों आदि को दीवार से जकड़ने का छल्ला; Kartenspiel: जर्मन ताशों में एक रंग; U: तमाचा, थप्पड़, रहपटा; fig: einer Katze die Schelle umhängen बिल्ली के गले में घंटी बाँधना; दूसरों के लिए कोई भारी जोखिम उठाना; **~n,** v/i (h.) घंटी बजाना; घंटी बजना।

Schelm, m (-[e]s/-e) ठिठोलिया, मसखरा, दिल्लगीबाज़, मज़ाक़िया व्यक्ति; ऐयार, बदमाश; मक्कार; **~enroman,** m उपन्यास जिसका नायक ऐयार हो, खलाख्यान; **~enstück,** n / **~enstreich,** m नटखटी, शरारत, हरकत, छेड़छाड़; ऐयारी का काम; **~erei,** f (-/-en) ठिठोलियापन, मसखरापन, दिल्लगी-बाज़ी; ठिठोली, मज़ाक़, छेड़छाड़, ऐयारी, मक्कारी; **~isch,** adj. मज़ाक़िया, दिल्लगीबाज़; ऐयारों जैसा।

Schelt-e, f (-/-n) डाँट, डाँट-फटकार, झिड़की; **~en,** v/t (h.) डाँटना, झिड़कना; **~wort,** n डाँट; गाली।

Schema, n (-s/-s;-'ta;-'men) आरेख, रेखाचित्र, रूपरेखा; आदर्श, नमूना, प्रतिमान; पद्धति, प्रणाली, ढंग, योजना; U: nach Schema F arbeiten घिसे-पिटे ढंग से काम क०; यंत्रवत् काम क०; **~tisch,** adj. आरेखी, रेखा-चित्रीय; प्रणालीबद्ध, ढंग-विशेष का योजना; नमूने जैसा; घिसे-पिटे ढंग का, यंत्रवत्, एक ढर्रे का; **~tisieren,** v/t (h.) का आरेख या रेखाचित्र बनाना; प्रणालीबद्ध या योजनाबद्ध क०; एक ढर्रे का बनाना; **~tismus,** m (-) प्रणालीबद्धता, योजनाबद्धता; प्रणाली-बद्ध, योजनाबद्ध या एक ढर्रे का बनाने की प्रवृत्ति; यंत्रवत् काम (करने की आदत)।

Schemel, m (-s/-) [lat.] पीढ़ा, मूढ़ा; पादपीठ।

Schemen, m (-s/-) छाया; भूत, प्रेतात्मा; **~haft,** adj. छाया जैसा; प्रेत-तुल्य, भूत जैसा; अवास्तविक, मायिक; मायामय।

Schenke, f (-/-n) ढाबा, छोटा रेस्तराँ जिसमें शराब भी मिले, छोटी मधुशाला।

Schenkel, m (-s/-) जाँघ, जंघा, रान, उरु; जाँघ जैसा भाग (परकार, जम्बूर, प्लास, कैंची आदि का); math: त्रिभुज की भुजा, कोई भी रेखा जो अन्य किसी रेखा के साथ कोण बनाए।

schenk-en, v/t (h.) भेंट क०, उपहार या तोहफ़े के रूप में देना; (मुफ़्त में) देना, प्रदान क०; (erlassen) छोड़ देना, माफ़ कर देना; einem Kind das Leben schenken बच्चे को जन्म देना; U: das möchte ich nicht(einmal) geschenkt इसे मैं मुफ़्त में भी नहीं लेना चाहूँगा, यह मुझे बिल्कुल पसन्द नहीं है; U: dieses Kapitel des Buches könnt ihr euch schenken पुस्तक के इस अध्याय को तुम लोग छोड़ सकते हो; **~ung,** f (-/-en) jur: किसी वस्तु या सम्पत्ति को किसी के नाम क०।

scheppern, v/i (h.) खटर-खटर क० या होना, खड़खड़ाना।

Scherbe, f (-/-n) टूटे हुए बरतन का टुकड़ा; spw: Scherben bringen Glück किसी बरतन का टूट जाना अच्छा शकुन होता है।

Scher-e, f (-/-n) कैंची; कतरनी; कैंचा; von Krebsen usw: केकड़े, बिच्छू आदि की सँड़सी; Ringen: कुश्ती में कैंची-दाँव।

¹scheren, v/t (h.) कतरना, कैंची से काटना; कैंचे से छाँटना।

²scheren, v/r (h.) चला जाना, हट जाना, आँखों से दूर या ओझल हो

जाना; का ख़याल क०, की परवाह क०; schert euch fort! हट जाओ तुम लोग यहाँ से!; तुम लोग मेरी आँखों से ओझल हो जाओ!; er schert sich um nichts वह किसी बात की परवाह नहीं करता है, उसे किसी बात की चिन्ता नहीं है; U: ich scher mich einen Dreck darum मुझे इस की रत्ती-भर भी परवाह नहीं है; 2. v/t (h.): das schert mich nichts इसका मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता, इसकी मुझे कोई परवाह नहीं; was schert mich das? मेरा इससे क्या सरोकार है?, मुझे इससे क्या लेना-देना? ।

Scherenschnitt, m कैंची से कटा हुआ पक्षचित्र या तिमिरचित्र ।

Schererei, f (-/-en) झंझट, परेशानी, कठिनाई ।

Scherflein, n (-s/-): sein Scherflein zu etw. beitragen किसी काम के लिए थोड़ा-सा धन देना; किसी काम में थोड़ी-सी सहायता क० ।

Scherge, m (-n/-n) धन लेकर विश्वासघात करने वाला ।

Scherz, m (-es/-e) मज़ाक़, हँसी, दिल्लगी; खिल्ली; seinen Scherz mit jdm. treiben किसी के साथ मज़ाक़ क०; किसी की खिल्ली उड़ाना; er versteht keinen Scherz वह हर मज़ाक़ का बुरा मान जाता है, वह मज़ाक़ पसन्द नहीं करता है; **~artikel,** m हँसी-मज़ाक़ की सामग्री; **~en,** v/i (h.) मज़ाक़ क०, दिल्लगी क०; **~haft,** adj. विनोदपूर्ण, मज़ाक़िया, विनोदात्मक; **~lied,** n हास्य-कविता, हास्यजनक गीत ।

[1]**scheu,** adj. शरमीला, लज्जालु, झिझकने वाला, संकोची; भीरु, कातर, डरपोक; झिझकता हुआ; Pferd: भड़कैल, बिचकने वाला, बिदकने वाला; U: die Pferde scheu machen किसी को भ्रम में घबराहट में डाल देना ।

[2]**Scheu,** f (-) शरमीलापन, लज्जालुता, झिझक, संकोच; भीरुता कातरता, भयातुरता, भय ।

Scheuche, f (-/-n) धूहा, बिजूखा, काकभगौड़ा; हौआ; **~n,** v/t (h.) डराकर या धमकाकर भगा देना ।

scheuen, 1. v/t (h.) से झिझकना, से डरना, से घबराना; में संकोच क०; से जी चुराना, से बचना; er scheut keine Arbeit वह काम से नहीं घबराता है, वह (किसी) काम से जी नहीं चुराता है; 2. v/r (h.) को संकोच या झिझक होना, की हिम्मत न पड़ना, से झिझकना, डरना या घबराना; er scheute sich, ihm die Wahrheit zu sagen उससे सच बात कहने की उसकी हिम्मत नहीं पड़ी; 3. v/i (h.) बिचक जाना, बिदक जाना, भड़क जाना ।

Scheuer-bürste, f फ़र्श आदि को रगड़ने का बुरुश; **~leiste,** f → Fußleiste; **~mittel,** n रगड़कर साफ़ करने के लिए प्रयुक्त चूर्ण, अपमार्जक; **~n,** 1. v/t (h.) माँजना; रगड़कर साफ़ क० या चमकाना; रगड़-कर अलग क० या छुड़ाना; रगड़ कर छील देना (खाल आदि); sich an etw. scheuern अपने शरीर को किसी वस्तु से रगड़ कर खुजलाना (जानवरों का); U: jdm. eine scheuern किसी के (एक) चाँटा जड़ देना; 2. v/i (h.) से रगड़ खाना; **~sand,** m माँजने का रेत, अपमार्जक ;

Scheu-klappe, f / **~leder,** n अँधेरी (घोड़े की); fig: ein Mensch mit Scheuklappen अत्यन्त सीमित ज्ञान वाला व्यक्ति ।

Scheune, f (-/-n) बखार, खत्ता, भुसौरा, खलिहान; **~ndrescher,** m, U: essen wie ein Scheunendrescher बहुत अधिक मात्रा में खाना ।

Scheusal, n (-[e]s/-e) U: घृण्य व्यक्ति, महानीच, दुष्टात्मा नरपिशाच; निहायत

बदसूरत तथा अपकर्षक व्यक्ति।

scheußlich, 1. adj. घृण्य, घृणास्पद, घिनावना, अपकर्षक; अत्यन्त कुरूप, भयंकर; निकृष्ट, जघन्य, नृशंसतापूर्ण; U: अत्यन्त कष्टकर, अत्यन्त अप्रिय, बहुत खराब; 2. adv. बहुत, बेहद, अत्यन्त; ~**keit,** f (-/-en) घृण्यता, घृणास्पदता; कुरूपता, भयंकरता; निकृष्टता, जघन्यता; नृशंसता; घृण्य, जघन्य, नीचतापूर्ण काम या बात।

Schi, m →Ski

Schicht, f (-/-en) परत, तह; पपड़ी; der Gesellschaft: वर्ग, तवक़ा; Arbeitsabschnitt: पाली, पारी; Arbeiter: एक पाली में काम करने वाले मज़दूर; geol: संस्तर, स्तर; ~**arbeiter,** m पालियों में काम करने वाला मज़दूर; ~**en,** v/t (h.) एक के ऊपर एक रखना या लगाना, एक के ऊपर रखकर ढेर लगाना; geol: स्तरण क०; ~**enfolge,** f, geol: स्तर-विन्यास, स्तर-निर्माण; ~**ig,** adj. कई परतों वाला, परतदार, स्तरित, पटलित; ~**ung,** f (-/-en) एक के ऊपर एक रखकर ढेर लगाना या इस प्रकार बना हुआ ढेर; वर्गीकरण; geol: स्तरण; ~**wechsel,** m पाली-परिवर्तन; ~**weise,** adv. परतों में, एक-एक परत करके; पालियों में; ~**wolke,** f स्तरी मेघ।

schick, [frz.] 1. adj. सुरुचिपूर्ण, ललित, सुन्दर, फ़ैशनेबुल; बना-ठना, सुन्दर या फ़ैशनेबुल वस्त्र पहने हुए; 2. m (-s) लालित्य, चारुता; नैपुण्य, प्रवीणता।

schicken, 1. v/t & v/i (h.) भेजना, प्रेषित क०; nach jdm. schicken किसी को बुलवाना; 2. v/r (h.) अच्छा लगना, शोभा देना, शोभनीय होना, उचित या मुनासिब होना; शिष्टता, सभ्यता या चलन के अनुकूल होना; (sich fügen) किसी परिस्थिति को स्वीकार कर लेना या उसके अनुकूल बन जाना, से निबाहना, के अनुसार चलना, को मान लेना; संयोगवश होना, इत्तफ़ाक से होना; dial: जल्दी क०।

schicklich, adj. शोभनीय, उचित, मुनासिब; शिष्टाचार या सभ्यता के अनुकूल, श्लील, मर्यादित; ~**keit,** f (-) शोभनीयता, औचित्य; श्लीलता, शिष्टता, भद्रता।

Schicksal, n (-s/-e) भाग्य, नियति, अदृष्ट, प्रारब्ध, क़िस्मत, नसीब, तक़दीर, मुक़द्दर; ~**haft,** adj. दैवनिर्दिष्ट, भाग्यनिर्दिष्ट, नियत, बदा; ~**sglaube,** m भाग्यवाद, दैववाद; ~**sschlag,** m भाग्य की मार, बदी, घोर विपत्ति।

Schickse, f (-/-n) [hebr.] U: मूर्ख तथा बेहूदा लड़की या स्त्री।

Schickung, f (-/-n) → Schicksal

Schieb-edach, n कार आदि की सरकवाँ छत; ~**en,** 1. v/t (h.) सरकाना, खिसकाना, धकेलना, ढकेलना, सरकाकर या ढकेलकर बढ़ाना, ठेलना; U: का अवैध व्यापार क०; को अनुचित रूप से आगे बढ़ाना; U: die Schuld auf jdn. schieben किसी के सिर कोई दोष मढ़ना; U: Knast schieben जेल काटना; U: Posten schieben पहरा देना; 2. v/i (s.) U: पैर घसीटकर या झुककर चलना; हेराफेरी क०, काले धंधे क०; ~**er,** m (-s/-) किसी उपकरण या यंत्र का सरकने वाला पुर्ज़ा; किसी वस्तु को सरकाने का उपकरण; चटखनी, सिटकनी; U: हेराफेरी करने वाला, काले धंधे करने वाला; शय्या-शौचपात्र, हाजती; ~**erisch,** adj. बेईमान, हेराफेरी (करने) वाला; ~**etür,** f सरकवाँ किवाड़; ~**ung,** f (-/-en) बेईमानी; भ्रष्टाचार; हेराफेरी।

Schieds-gericht, n विवाचन-समिति; पंचायत; ~**richter,** m विवाचक, मध्यस्थ; पंच; sport: खेलपंच, रेफ़री; ~**spruch,** m विवाचन-समिति का निर्णय, मध्यस्थ-निर्णय; पंचाट, पंच-फ़ैसला।

schief, 1. adj. टेढ़ा, तिरछा, आड़ा, तिर्यक्; fig: भ्रान्तिपूर्ण, ग़लत, अशुद्ध;

संदिग्ध, अस्पष्ट; तिरस्कारपूर्ण, घृणापूर्ण, अप्रसन्नतापूर्ण; fig: ein schiefer Vergleich ग़लत तुलना; fig: ein schiefes Gesicht ziehen मुँह बिगाड़ना; fig: jdn. mit schiefen Blicken ansehenकिसी को तिरस्कारपूर्ण दृष्टि से देखना; 2. adv.: jdn. schief ansehen किसी को संदेह की दृष्टि से देखना; U: sich schief lachen हँसते-हँसते दोहरा हो जाना; **~e,** f (-) टेढ़ापन, तिरछापन, आड़ापन, तिर्यक्ता ।

Schiefer, m (-s/-) स्लेट; स्लेटी पत्थर, स्तरित चट्टान; dial:किरच; **~farben,/ ~farbig, / ~grau,** adj. स्लेटी रंग का; **~ig,** adj. स्लेटी; स्लेटी पत्थर का; **~n,** v/r (h.) परतों में टूट जाना; की परत उतर जाना; **~tafel,** f स्लेट (बच्चों के लिखने की); **~ung,** f (-/-en) परतों में टूटना; स्तर-निर्माण, स्तरीय विन्यास ।

schief-gehen, v/i (s.)U: बिगड़ जाना, गड़बड़ हो जाना, निष्फल हो जाना, नाकामयाब हो जाना; U: es wird schon schiefgehen! घबराओ मत, सब ठीक हो जाएगा; **~gewickelt,** adj.: U: da sind Sie schiefgewickelt आप का यह विचार (बिल्कुल) ग़लत है, आप ग़लती में हैं, यह आप का भ्रम है; **~heit,** f (-)→Schiefe; **~liegen,** v/i (h.) U: ग़लती में होना; **~mäulig,** adj., fig: ईर्ष्यालु, डाही, मत्सरी, दूसरों की उपलब्धियों को देखकर जलने या कुढ़ने वाला ।

Schiel-auge, n भेंगी आँख; U: Schielaugen machen लालायित दृष्टि से देखना; **~en,** v/i (h.) भेंगा होना, टेराक्ष होना, ऐंचा-ताना होना; U: कनखी से देखना, कनखी मारना, कनखियाना, नज़र बचाकर या तिरछी नज़र से देखना; fig: nach etw. schielen किसी वस्तु को ललचाई दृष्टि से देखना, किसी वस्तु को पाने की इच्छा रखना ।

Schienbein, n, anat: अन्तर्जंघिका, घुटने के नीचे सामने की हड्डी, पिंडली की नली ।

Schiene, f (-/-n) पटरी, रेल की पटरी; med: खपची, खपच्ची; **~n** v/t (h.) पर खपची बाँधना; **~nfahrzeug,** n पटरियों पर चलने वाली गाड़ी (रेलगाड़ी, ट्राम आदि) **~nstoß,** m पटरी का जोड़; **~nstrang,** m पटरियाँ; **~nverkehr,**m पटरियों पर यातायात, रेल-यातायात ।

schier, 1. adj. शुद्ध, विशुद्ध, निरा; बिना हड्डी का (मांस); 2. adv. लगभग, क़रीब-क़रीब ।

Schieß-bude, f मेले में हवाई बंदूकों से निशानेबाज़ी करने या निशाना आज़माने की दूकान; **~budenfigur,** f मेले में निशाना आज़माने के लिए प्रयुक्त गत्ते या मिट्टी आदि की मूर्ति; U: हास्यास्पद व्यक्ति, बेढंगे कपड़ों या केश-सज्जा वाला व्यक्ति; **~eisen,** n, U: बंदूक, पिस्तौल, तमंचा आदि; **~n,** 1. v/i (h.) गोली चलाना या दागना; तीर चलाना; dieses Gewehr schießt gut इस बंदूक की मार अच्छी है; 2. v/i (s.) fig: बहुत तेज़ी से दौड़ना, बहुत तेज़ी से दौड़ते हुए या गाड़ी चलाते हुए जाना या निकलना; बहुत तेज़ी से उड़ना या उड़कर जाना; बहुत जल्दी विकसित होना या बढ़ना; fig: der Junge ist in die Höhe geschossen लड़के का क़द बहुत जल्दी बढ़ गया है; fig: das Blut schoß ihm ins Gesicht उसका चेहरा लाल पड़ गया या तमतमा उठा; U: er kam aus dem Haus geschossen वह बहुत तेज़ी से दौड़ता हुआ घर से बाहर आया; U: das ist zum Schießen यह अत्यन्त हास्यजनक बात है; 3. v/t (h.) Wild: गोली से मार देना; sport: तेज़ी से मारना या आगे बढ़ाना (गेंद आदि); गोल क० ;U:(कैमरे से) तस्वीर उतारना; Gestirn: की ऊँचाई नापना; fig: wütende Blicke auf

jdn. schießen किसी को क्रुद्ध दृष्टि से देखना); ~erei, f(-/-en)गोलीबारी; गोलीकांड; ~platz, m, mil: चाँद-मारी का मैदान; ~prügel, m, U: बंदूक; ~pulver, n बारूद; ~scharte, f तोप का झरोखा; ~scheibe, f चाँदमारी की चक्रिका, चाँद; ~stand, m चाँदमारी का स्थान या मैदान।

Schiff, n (-[e]s/-e) जहाज़, पोत, जलपोत; einer Kirche: गिरजाघर का मध्यभाग या पार्श्वभाग; Drucktechnik: अक्षरयोजन का पटल, गेली।

Schiffahrt, f नौ-परिवहन, पोत-परिवहन, जहाज़रानी।

schiff-bar, adj. नाव्य, नौगम्य; ~**bruch,** m पोतभंग; fig: Schiffbruch erleiden विफलता को प्राप्त होना; ~**brüchig,** adj. जिसका जहाज़ ध्वस्त हो गया हो, जहाज़ के टूट या डूब जाने से संकट में पड़ गया; ~**chen,** n (-s/-) छोटा-सा जहाज़, बच्चों के खेलने का (कागज़ का) जहाज़; Weberei: ढरकी, भरनी; tech: तुरी; शटल; bot: निधरण; U: लम्बी तथा पतली (फ़ौजी) टोपी, गांधी टोपी; ~**en,** 1. v/i (s.) नाव चलाना, नाव से सैर क०; 2. v/i (h.) vulg: मूतना, पेशाब क०; बरसात होना, बारिश होना; es schifft बारिश हो रही है; ~**er,** m (-s/-) पोतचालक, जहाज़ का कप्तान; पोतवणिक; वणिक-नौकाओं पर काम करने वाला मज़दूर; ~**erklavier,** n → Akkordeon; ~**(s)bau,** m पोत-निर्माण; ~**sjunge,** m प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला सामुद्रिक; ~**srolle,** f जहाज़ के कर्मीदल के काम के बटवारे का विवरण; ~**sschraube,** f जहाज़ का नोदक या पंखा; ~**staufe,** f जहाज़ का नामकरण।

Schikan-e, f (-/-n) [frz.] मिथ्यापत्ति, तंग करने की बात या युक्ति, जान-बूझकर दिया गया कष्ट; ~**ieren,** v/t (h.) सताना, दिक क०, तंग क०, परेशान क०; ~**ös,** adj. विद्वेषपूर्ण, तंग करने वाला, जान-बूझकर परेशान करने वाला।

[1]**Schild,** m (-[e]s/-e) ढाल, सिपर, वर्म; Wappen: कुलचिह्न-फलक; zool: पृष्ठवर्म, कवच; jdn. auf den Schild heben किसी को नेता चुनना; U: etw. im Schilde führen कोई गुप्त इरादा रखना।

[2]**Schild,** n (-[e]s/-er) पट्ट, पट्टिका (नामपट्ट, मार्गदर्शक पट्टिका, नम्बर-पट्टिका आदि); (Etikett) नाम-पत्र, मूल्य-पत्र, लेबल; an Mützen: टोपी की ओलती या ओरी।

Schildbürgerstreich, m मूढ़ता का काम।

Schilddrüse, f, anat: अवटुग्रंथि, गल-ग्रंथि।

Schilderhäuschen, n संतरी की कोठरी।

schilder-n, v/t (h.) का वर्णन या चित्रण क०; ~**ung,** f (-/-en) वर्णन, चित्रण।

Schild-kröte, f कछुआ, कच्छप, कमठ, कूर्म; ~**patt,** n (-[e]s) कर्पर।

Schilf, n (-[e]s/-e) नड, नरकुल, नरकट, सरकंडा; भादा, जलबेंत; ~**ig,** adj. नरकुल जैसा; जिसमें बहुत नरकुल जमा हो; ~**rohr,** n → Schilf

Schiller, m (-s/-) रंगदीप्ति, बहुवर्ण छटा; ~**n,** v/i (h.) तरह-तरह के रंगों में झिलमिलाना; ~**nd,** adj. तरह-तरह के रंगों में झिलमिलाता हुआ, बहुवर्ण, सतरंगा; fig: रहस्यमय; संदिग्ध, अस्पष्ट।

Schilling, m (-s/-e) शिलिंग (ऑस्ट्रिया की मुद्रा)।

schilpen, v/i (h.) चहचहाना।

Schimäre, f (-/-n) [griech.] निर्मूल कल्पना, कपोल-कल्पना; मरीचिका, माया, प्रपंच।

[1]**Schimmel,** m (-s/-) सफ़ेद घोड़ा।

[2]**Schimmel,** m (-s) फफूँद, फफूँदी, भुकड़ी; ~**ig,** adj. फफूँददार; ~**n,** v/i (h.) में फफूँदी लगना; ~**pilz,** m

कवक, फफूंद ।

Schimmer, m (-s/-) हल्का प्रकाश, हल्की चमक; झलक; U: पूर्वाभास; जानकारी; U: er hatte keinen Schimmer उसे कुछ भी मालूम नहीं था, उसे तनिक भी आभास नहीं था; **~n,** v/i (h.) झिलमिलाना, थोड़ा-थोड़ा चमकना; झलकना ।

schimmlig, adj.→ schimmelig

Schimpanse, m (-n/-n) मेघ्यवानर, वनमानुष, शिम्पांज़ी ।

Schimpf, m (-[e]s/-e) अपमान, निरादर, अनादर, बेइज़्ज़ती, मानभंग; अपयश, अपकीर्ति; jdm. Schimpf antun किसी का अपमान क०; jdn. mit Schimpf und Schande davonjagen किसी को बेआबरू करके भगा देना; **~en,** 1. v/i (h.) (ग़ुस्से या क्षोभ से) बकना या गाली-गलौज क०, गाली बकना; असंतोष या नाराज़गी प्रकट क०; 2. v/t (h.) को गाली देना, को भला-बुरा कहना, को डाँटना-फटकारना, की भर्त्सना क०; er schimpfte ihn einen Lügner उसने उसको झूठा कहकर अपमानित किया; **~erei,** f (-/-en) U: गाली-गलौज, डाँट-डपट; लगातार असंतोष या नाराज़गी प्रकट क०; **~lich,** adj. अपमानजनक, निन्दात्मक; अपकीर्तिकर, लज्जास्पद, लज्जाजनक; घृणित, जघन्य; **~name,** m / **~wort,** n गाली, अपशब्द, अपमानजनक शब्द ।

Schind-aas, n मरियल जानवर; **~anger,** m मरे हुए जानवरों को इकट्ठा करने का स्थान; चर्मापनयनशाला ।

Schindel, f (-/-n) [lat.] छदिफलक, कोरछादी तख्ता ।

schind-en, v/t (h.) को उत्पीड़ित क०; का शोषण क०, से कमरतोड़ काम लेना; के साथ दुर्व्यवहार क०; Vieh: का चमड़ा उतारना; U: अनुचित रूप से प्राप्त क०, चालाकी से प्राप्त करने का प्रयत्न क०; U: sich schinden घोर परिश्रम क०, कमरतोड़ मेहनत क०; U: Zeit schinden समय निकालना या इसका प्रयत्न क०; **~er,** m (-s/-) → Abdecker; शोषणकर्ता, कमरतोड़ काम लेने वाला; उत्पीड़क; **~erei,** f (-/-en) → Abdeckerei; उत्पीड़न, शोषण; कमरतोड़ काम; **~luder,** n → Schindaas; U: mit jdm. Schindluder treiben किसी के साथ अत्यन्त बुरा व्यवहार क०, किसी के साथ बहुत ज़्यादती क०; **~mähre,** f डग्गा, मरियल घोड़ा ।

Schinken, m (-s/-) पुट्ठे का मांस; सूअर के पुट्ठे का (सुखाया हुआ) मांस; U: बहुत मोटी किताब; बड़े आकार का घटिया चित्र; लम्बा-चौड़ा घटिया चलचित्र; भारी चूतड़; U: mit der Wurst nach dem Schinken werfen झींगा डालकर साझा क०, थोडा देकर बहुत पाने की इच्छा रखना ।

Schippe, f (-/-n) → Schaufel; Kartenspiel: हुकुम; U: रूठकर फुलाया हुआ मुंह; U: jdn. auf die Schippe nehmen किसी को उल्लू बनाना; **~n,** v/t (h.) → schaufeln

Schirm, m (-[e]s/-e) छाता, छतरी; छतरी के आकार की कोई वस्तु; आड़ या ओट का साधन; an Mützen: टोपी की ओलती या ओरी; an Lampen: ढक्कन; o.pl: संरक्षा, रक्षा, सुरक्षा; **~en,** v/t (h.) poet: की रक्षा क०, का बचाव क०; **~er,** m (-s/-) / **~herr,** m संरक्षक; **~herrschaft,** f (-/-en) संरक्षकत्व, संरक्षण ।

schirren, v/t (h.) जोतना, जूए में लगाना ।

Schisma, n (-s/-'men;-'mata) [griech.] ईसाई सम्प्रदाय का विभाजन; धर्म-सम्प्रदाय का विभाजन; फूट, मतभेद; **~tiker,** m (-s/-) सम्प्रदाय-विभाजन का समर्थक; मतभेद-समर्थक; **~tisch,** adj. मतभेदमूलक; सम्प्रदाय-विभाजन की ओर प्रवृत्त ।

Schiß, m (-'sses/-'sse) vulg: मल,

विष्ठा; बीट; गू, पाखाना; डर, भय।

schizophren, adj. [griech.] मनोभाजनाक्रान्त, खंडित मनस्कता से ग्रस्त; **~ie,** f (-/-n) मनोभाजन, खंडित मनस्कता।

schlabbern, v/i & v/t (h.) U: सपोटना, आवाज़ के साथ खाना या पीना; अनर्गल प्रलाप क०।

Schlacht, f (-/-en) mil: युद्ध, संग्राम, रण, जंग, लड़ाई; fig: मारपीट; दंगा, झगड़ा; प्रतियोगिता; **~bank,** f (वधशाला में) वध-स्थान, पशुओं के वध के लिए प्रयुक्त चौखटा; **~en,** v/t (h.) वध क० (पशुओं का), हलाल क०, ज़िबह क०; **~enbummler,** m खेल-विशेष का प्रेमी, मैच में अपने दल की हिम्मत बढ़ाने के लिए नारे लगाने वाला।

Schlächter, m (-s/-) कसाई, बूचड़; fig: जनसंहार करने वाला, क़त्ले-आम करने वाला; **~ei,** f (-/-en) कसाईखाना; कसाई की दूकान, मांस-विक्रेता की दूकान; fig: जनसंहार, क़त्ले-आम, हत्याकांड।

Schlacht-feld, n रणक्षेत्र, युद्धभूमि, लड़ाई का मैदान; **~fest,** n किसानों के यहाँ सूअर के वध के दिन दी गई दावत; **~gewicht,** n वध किए हुए पशु के प्रयोज्य अंगों का भार; **~haus,** n / **~hof,** m वधशाला, पशुवधगृह, कसाईखाना, बूचड़खाना, कमेला; **~opfer,** n बलि; **~ordnung,** f, mil: सैनिक टुकड़ियों की क्रमबद्ध व्यवस्था (युद्ध के लिए); **~plan,** m, U: किसी काम की योजना; **~schiff,** n जंगी जहाज़, युद्धपोत; **~ung,** f (-/-en) पशुवध, हलाल, ज़िबह किया जाना; **~vieh,** n मांस प्राप्त करने के लिए काटे जाने वाले (घरेलू) पशु।

Schlacke, f (-/-n) धातु-मल; अवस्कर; राख; geol: ठंडा लावा, छिद्रिल लावा; med: भोजन का अपाच्य अंश, भोजन का अपशिष्ट अंश जो तंतुओं आदि में जम जाता है; fig: कचरा, कूड़ा-करकट।

schlack-(e)rig, adj. हिलता-डुलता, अस्थिर; ढीला (लटकता हुआ), झूलता हुआ; लरजता हुआ; **~ern,** v/i (h.) हिलना; झूलना; लरजना; U: mit den Ohren schlackern अत्यन्त आश्चर्यचकित होना।

schlackig, adj. मलयुक्त (कच्ची धातु आदि); जिसमें अपाच्य अंशों की मात्रा अधिक हो; U: कीचड़दार।

Schlaf, m (-[e]s) नींद, निद्रा, सुप्ति; poet: der ewige Schlaf मृत्यु; sich den Schlaf aus den Augen reiben नींद से उठने के बाद पूरी तरह सचेत होने के लिए आँखें मलना; U: etw. im Schlaf tun können किसी काम को बड़ी आसानी से कर सकना, किसी काम में बहुत दक्ष, प्रवीण या माहिर होना; **~anzug,** m सोने के कपड़े।

Schläfchen, n (-s/-) थोड़ी-सी नींद, झपकी।

Schläfe, f (-/-n) कनपटी, शंख।

schlafen, v/i (h.) सोना, नींद लेना; रात बिताना; U: ध्यान न देना, सोना; सम्भोग क०; **~szeit,** f सोने का समय।

Schläfer, m (-s/-) सोने वाला, शयिता, शायी; **~n,** v/i (h.): mich schläfert [es schläfert mich] मुझे नींद आ रही है।

schlaff, adj. ढीला; शिथिल, श्लथ; थलथला; अशक्त, कमज़ोर, दुर्बल; **~heit,** f (-) ढीलापन; शिथिलता, शैथिल्य, थलथलापन; अशक्तता, कमज़ोरी।

Schlafgelegenheit, f सोने की जगह, सोने की सुविधा।

Schlafittchen, n (-s) fig: jdn. am Schlafittchen packen / nehmen किसी को पकड़कर डाँटना, किसी की भर्त्सना या लानत-मलामत क०।

Schlaf-krankheit, f सुषुप्ति रोग, निद्रा-रोग; **~lied,** n लोरी; **~los,** adj. निद्रारहित, विनिद्र, बिना नींद

का; **~losigkeit,** f (-) निद्राभाव, निद्राहीनता, अनिद्रता; अनिद्रा; **~mütze,** f, U: निष्क्रिय या आलसी व्यक्ति; लापरवाही से काम करने वाला व्यक्ति; **~mützig,** adj., U: निष्क्रिय, आलसी; लापरवाह, ध्यान न देने वाला ।

schläfrig, adj. उनींदा, निद्रालु; (träge) निष्क्रिय, आलसी, दीर्घकारी; **~keit,** f (-) उनींदापन, निद्रालुता; निष्क्रियता, आलस्य, दीर्घकारिता ।

Schlaf-rock, m → Morgenrock; **~sack,** m सोने का थैला या खोल; **~stelle,** f सोने की जगह, केवल रात विताने की जगह; **~tablette,** f नींद की गोली या टिकिया; **~trunk,** m नींद लाने वाला (औषधियुक्त) पेय; **~trunken,** adj.(कच्ची) नींद से उठा हुआ, जिसकी आँखों में नींद भरी हो; निद्रामय, निद्रापूर्ण; **~trunkenheit,** f (-) नींद से उठने के तुरंत बाद की अर्धचेतनता, नींद से उठने के बाद की बौखलाहट; **~wagen,** m शयन-यान; **~wandeln,** v/i (h.;s.)नींद में चलना; **~wandler,** m (-s/-) निद्राचारी; **~wandlerisch,** adj.: mit schlafwandlerischer Sicherheit निर्भ्रान्त भाव से; विना भूले-भटके, एकदम सीधे; **~zimmer,** n शयन-कक्ष, शयनागार, सोने का कमरा ।

Schlag, m (-[e]s/ ⁻e) मार, प्रहार, आघात; प्रहार-ध्वनि (धमाका, धड़ाका, तड़ाका, टन-टन, ढम-ढम आदि); des Herzens: धड़कन, स्पन्दन; durch Strom: झटका, धक्का; med: रक्ताघात; (Autotür) कार आदि का दरवाज़ा; (Verschlag) दरबा (मुर्गियों या कबूतरों का); von Singvögeln: आवाज़, कूजन, गायन (विशेष प्रकार की चिड़ियों का); Rudersport: एक बार चप्पू चलाना; Boxsport: मुष्टि-प्रहार; (Wesensart) प्रकार; क़िस्म; स्वभाव, विचारधारा; fig: भाग्य की मार, दुर्भाग्य, आपत्ति, विपत्ति; धक्का, सदमा; U: थोड़ा-सा (और), एक चमचा-भर, एक करछी-भर; Schläge bekommen की पिटाई होना; Schlag auf Schlag उत्तरोत्तर, शीघ्रता से एक के बाद एक; mit einem Schlag अचानक, एकाएक; एक ही बार में; Schlag zwölf Uhr ठीक बारह बजे; U: ein Schlag ins Wasser असफल प्रयत्न, विफलता; U: mich rührt der Schlag मैं अत्यन्त आश्चर्यचकित हूँ; आश्चर्य के मारे मेरी बोलती बन्द हो गई; fig: Leute vom gleichen Schlag एक ही प्रकार या विचारधारा के लोग; fig: das war ein harter Schlag für ihn इससे उसको बहुत बड़ा धक्का या सदमा पहुँचा; **~abtausch,** m प्रहारों का आदान-प्रदान; **~ader,** f धमनी; **~anfall,** m रक्ताघात; **~artig,** 1. adj. आकस्मिक; 2. adv. सहसा, अचानक, अकस्मात्, एकाएक; विजली की तरह; **~baum,** m (शुल्क-सीमा पर लगा हुआ) सड़क रोकने का लट्ठा; **~bolzen,** m बन्दूक का गुटका जिसके आघात से गोली छूटती है ।

schlagen, 1. v/t (h.) पर प्रहार क०; मारना; पीटना, की पिटाई क०; (durch Schläge verursachen) प्रहार द्वारा बनाना, उत्पन्न क०; (besiegen) को पराजित क०, पर विजय पाना; (fällen) काट गिराना; (einhüllen) लपेटना; (addieren) में सम्मिलित या शामिल क०, में जोड़ना; Instrument: बजाना; Takt: (ताल) देना; Rekord: तोड़ देना; Beute: (शिकारी पक्षी का अपने शिकार को) मार डालना; sich mit jdm. schlagen किसी से मारपीट क०; किसी से द्वन्द्व-युद्ध क०; sich um etw. schlagen किसी वस्तु के लिए लड़ना, मारपीट क० या संघर्ष क०; jdn. blutig schlagen किसी को मारते-मारते खून-खच्चर कर देना, किसी को मारते-मारते रक्तरंजित कर देना;

ein Loch in die Wand schlagen प्रहार द्वारा दीवार में छेद क०; Eiweiß (zu Schnee) schlagen अंडे की सफ़ेदी को फेंटना, अंडे की सफ़ेदी को फेंट कर झागदार बनाना; einen Nagel in die Wand schlagen कील को दीवार में ठोंकना; Eier in die Pfanne schlagen अंडों को तोड़कर चपटी कड़ाही में डालना या पकाना; eine Decke über etw. schlagen किसी वस्तु को किसी चादर या आवरण आदि से ढकना;ein Tuch um die Schultern schlagen कंधों पर कपड़ा डालना या लपेटना; die Verkaufssteuer auf den Preis schlagen बिक्री-कर को मूल्य में शामिल क० या जोड़ देना; jdn. in Fesseln schlagen किसी के हथकड़ियाँ या बेड़ियाँ डालना; jdn. in seinen Bann schlagen किसी को अपने रंग में रँग देना; sich durchs Leben schlagen संघर्षमय जीवन बिताना, जैसे-तैसे दिन काटना; sich etw. aus dem Kopf schlagen किसी बात को दिमाग़ से निकाल देना;fig: Brücken schlagen सम्बन्ध स्थापित क०; fig: sich auf jds. Seite schlagen किसी के पक्ष में हो जाना; fig: sich in die Büsche schlagen चुपचाप खिसक जाना, चुपचाप ग़ायब हो जाना; fig: ein vom Schicksal geschlagener Mensch भाग्य का मारा इंसान; 2. v/i (h.) आघात क०, प्रहार क०, चोट क०, मारना; Herz/Puls usw: धड़कना, धुक-धुक क०, स्पन्दित होना; Uhr: बजना, बजाना; टन-टन क०, टनटनाना; Vögel: बोलना, आवाज़ क०, कूजना, गाना (विशेष प्रकार की चिड़ियों का); nach jdm. schlagen किसी पर जाना, किसी के समान होना या बन जाना; wild um sich schlagen हाथ-पैर मारना या पटकना (किसी से बचने के लिए); पागलों की तरह उपद्रव मचाना या तोड़-फोड़ क०; der Regen schlägt gegen die Fenster बौछार खिड़कियों पर पड़ रही है; Flammen schlugen aus dem Zimmer (धधकती हुई) लपटें कमरे से निकल रहीं थीं; fremde Laute schlugen an sein Ohr उसे अपरिचित आवाज़ें सुनाई पड़ीं; seine letzte Stunde hat geschlagen उसका अन्तिम समय आ गया है, उसका वक़्त पूरा हो गया है; mit den Flügeln schlagen पंख फड़फड़ाना; fig: mit der Faust auf den Tisch schlagen किसी बात को कड़ाई से या दृढ़तापूर्वक कहना, सख़्ती का रुख़ अख़्तियार क०; **~end,** adj., fig: निश्चायक; अकाट्य, अखंडनीय; प्रत्यायक, विश्वासोत्पादक, युक्तियुक्त; ein schlagender Beweis अकाट्य प्रमाण, प्रत्यायक या विश्वासोत्पादक प्रमाण।

Schlager, m (-s/-) लोकप्रिय गीत, नाटक, चलचित्र, पुस्तक आदि; ख़ूब बिकने वाली वस्तु; अत्यन्त सफल रचना; सफलता।

Schläger, m (-s/-) टेनिस का रैकट, गोल्फ़ खेलने का डंडा, बल्ला, हॉकी या इसी प्रकार का अन्य खेलने का उपकरण; (Raufbold) मारपीट करने का शौक़ीन, बकैत, गुंडा; Pferd: लतहा; **~ei,** f (-/-en) मारपीट, हाथापाई।

schlag-fertig, adj. प्रत्युत्पन्नमति, हाज़िरजवाब, आशुबुद्धि; आशु, तात्कालिक, तुरन्त दिया हुआ (उत्तर); **~fertigkeit,** f (-) हाज़िरजवाबी; तात्कालिकता; **~kraft,** f आघात-बल, प्रहार-शक्ति; प्रहारकारी बल; mil: युद्ध-क्षमता, युद्ध-सामर्थ्य; fig: प्रभाव, प्रभावोत्पादकता; विश्वासोत्पादकता, प्रत्यायकता; **~kräftig,** adj. शक्तिशाली, तगड़ा; mil: युद्धक्षम; fig: प्रभावोत्पादक; विश्वासोत्पादक, अकाट्य, अखंडनीय; **~loch,** n सड़क का गड्ढा; **~rahm,** m →

Schlagsahne; ~ring, m वघनखा, नोकदार छल्लों का प्रहार करने के लिए प्रयुक्त लोहे आदि का उपकरण; मिज़राब; ~sahne, f फेंटी हुई दूध की क्रीम; ~seite, f: Schlagseite haben जहाज़ का एक वाज़ू के वल पड़ा होना, जहाज़ का एक बाज़ू की ओर झुक जाना; U: नशे के कारण सीधे न चल पाना, नशे में होना; ~werk, n, einer Uhr: घंटे वजाने वाली यंत्रावली; ~wetter, n, Bergbau: दाह्य निवाति; ~wort, n उक्ति, लोकोक्ति, आदर्श-वाक्य, नारा, आधार वाक्य; घिसा-पिटा फ़िकरा, घिसी-पिटी उक्ति; (Stichwort) संकेत-शब्द; ~zeile, f मुखसमाचार; ~zeug, n (-[e]s/-e) तालवाद्य, आघात-वाद्य (तबला, नगाड़ा, ढोल आदि); ~zeuger, m (-s/-) आघात-वाद्य-वादक।

Schlaks, m (-es/-e) U: लमगोड़ा, लम्बे क़द का तथा बेढंगी चाल वाला आदमी; ~ig, adj. लम्बे क़द का तथा बेढंगी चाल वाला, लमटंगा।

Schlamassel, m/n (-s/-) [jidd.] U: झंझट, परेशानी; उलझन; अव्यवस्था, दुर्व्यवस्था, गड़वड़, गड़बड़-घोटाला।

Schlamm, m (-[e]s/-e; ⸚e) कीचड़; पंक, कर्दम; अवपंक; ~en, v/i (h.) में कीचड़ जमना; अवपंक जमना।

schlämmen, v/t (h.) तलकर्षण क०, से कीचड़ निकालना; को कीचड़ निकाल-कर साफ़ क०; की खूब सिंचाई क०; प्रोद्धावन क०, धावशोधन क०, जल की सहायता से अलगाना।

schlammig, adj. कीचड़दार, कीचड़-भरा, पंकिल।

Schlämmkreide, f परिष्कृत खड़िया।

Schlamp-e, f (-/-n) U: फूहड़ स्त्री; ~en, v/i (h.) U: फूहड़पन या लापरवाही से काम क०; मैले-कुचैले कपड़ों में फिरना; ~er, m (-s/-) U: बेशऊरी या लापरवाही से काम करने वाला; मैले-कुचैले कपड़े पहने हुए आदमी; ~erei, f (-/-en) U: फूहड़पन, बेशऊरी; फूहड़पन या बेशऊरी का काम; ~ig, adj., U: फूहड़, बेशऊर, मैला-कुचैला रहने वाला।

Schlange, f (-/-n) सर्प, साँप, साँपिन; (lange Reihe) लम्वी पंक्ति या क़तार; astron: सर्प; fig: कुटिल, कपटी या धूर्त स्त्री; Schlange stehen क़तार में खड़ा होना, लाइन लगाना।

schlängeln, v/r (h.) सर्पिल होना, सर्पिल गति में चलना, टेढ़े-मेढ़े चलना या वहना।

Schlangen-beschwörer, m सँपेरा; ~fraß, m, U: अत्यन्त स्वादहीन भोजन; ~gift, n सर्प-विष, साँप का ज़हर; ~haft, adj. साँप जैसा, सर्पवत् चिकना; fig: चालाक, चतुर; कुटिल, सर्पगति; ~linie, f सर्पिल रेखा।

schlank, adj. छरहरा, एकहरा, छरहरे या इकहरे बदन का; ~heit, f (-) इकहरापन, छरहरापन; ~weg, adv., U: सीधे-सीधे, साफ़-साफ़, बिना सोच-विचार किए हुए।

schlapp, adj. → schlaff; fig: लद्धड़, लेंड़ी; बुज़दिल, डरपोक।

Schlappe, f (-/-n) U: पराजय, हार; विफलता, असफलता, नाकामयाबी; क्षति, हानि, नुक़सान।

[1]**Schlappen,** m (-s/-) U: चप्पल, चट्टी, घर में पहनने का जूता।

[2]**schlappen,** 1. v/i (h.) U: पैर घसीट कर चलना; वहुत ढीला होना; die Schuhe schlappen जूते बहुत ढीले हैं; 2. v/t (h.) आवाज़ करते हुए पीना, चप-चप करते हुए पीना।

Schlapp-hut, m चौड़ी बाढ़ वाला नरम या लचीला हैट; ~machen, v/i (h.) U: थककर अशक्त या मूर्च्छित हो जाना, थककर बैठ जाना या ढेर हो जाना; हिम्मत हार जाना; ~ohr, n लटकता हुआ कान (कुत्ते आदि का); ~schwanz, m, U: दब्बू, डरपोक, दबैल या बुज़दिल इंसान); लद्धड़ या लेंड़ी आदमी।

Schlaraffenland, n विलासमय परीलोक, आनन्दलोक, विलासलोक ।
schlau, adj. होशियार, चतुर, सयाना, चालाक, चालू; चतुराईपूर्ण; U: ich werde nicht schlau daraus यह मेरी समझ में नहीं आता है, इस बात को समझना मेरे लिए मुश्किल है; **~berger,** m (-s/-) U: होशियार, चतुर, सयाना; चालाक, चालू व्यक्ति ।
Schlauch, m(-[e]s/ ⸚e) रबड़ की नली, पानी छिड़कने की रबड़; लचीली नली या नलिका; von Reifen: ट्यूब; U: लम्बा तथा सँकरा कमरा; अत्यन्त श्रमसाध्य काम; कड़ी मेहनत, घोर परिश्रम; **~boot,** n रबड़ की (हवा भरने) की नाव; **~en,** v/t (h.) रबड़ की नली द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना (तरल पदार्थों को), रबड़ की नली से भरना या निकालना; U: से कड़ी मेहनत लेना, को थका देना ।
Schläue, f (-) → Schlauheit
schlauerweise, adv. चतुराई करके, यह चतुराई की बात थी कि ।
Schlaufe, f (-/-n) पाश, फन्दा, तुकमा, मुद्धी ।
Schlau-heit, f (-) होशियारी, चतुराई, चातुर्य, सयानापन, चालाकी, चालूपन; **~kopf,** / **~meier,** m, U: → Schlauberger
Schlawiner, m (-s/-) U: धूर्त, चालाक, चंट, चालू आदमी ।
schlecht, 1. adj. खराब, अच्छा नहीं, बुरा; (minderwertig) घटिया, निम्न कोटि का, बेकार, रद्दी; (verdorben) जो सेवन के योग्य न हो, बिगड़ा हुआ, खराब; moralisch: बुरा, कमीन, नीच, निकृष्ट; चरित्रहीन, बदचलन; gesundheitlich: खराब, अस्वस्थ; schlechtes Wetter खराब मौसम; eine schlechte Nachricht खराब या बुरा समाचार; eine schlechte Angewohnheit बुरी आदत; er spricht ein schlechtes Hindi वह खराब (या अशुद्ध) हिन्दी बोलता है; उसकी हिन्दी अच्छी नहीं है; eine schlechte Ernte खराब फ़सल; schlechtes Wasser अपेय जल; ein schlechter Mensch बुरा, कमीन, नीच, बदचलन इंसान; 2. adv.: mir ist schlecht मेरी तबियत खराब है, मैं अस्वस्थ या बीमार हूँ, मेरा जी ख़राब है; das Geschäft geht zur Zeit schlecht धंधा आजकल खराब चल रहा है; schlecht auf jdn. zu sprechen sein किसी से रुष्ट या नाराज़ होना; किसी को पसन्द न क०, किसी से नफ़रत क०; schlecht an jdm. handeln किसी के साथ बुरा व्यवहार क०, किसी के साथ अन्याय क०; sie hat es nicht schlecht bei ihm getroffen उसे उसके यहाँ कोई तकलीफ़ (या परेशानी) नहीं है; उसके यहाँ तो उसके ठाठ हैं या हो गए; U: er staunte nicht schlecht, als wir kamen जब हम पहुँचे तो उसे बड़ा आश्चर्य हुआ; U: ich kann ihm schlecht absagen मैं उसे मुश्किल से मना कर पाऊँगा; मैं उसे मना नहीं कर सकता, मैं उसकी बात नहीं टाल सकता; **~erdings,** adv. पूर्णतया, एकदम, बिल्कुल, सर्वथा; **~heit,** / **~igkeit,** f (-/-en) बुराई, नीचता, कमीनपन, निकृष्टता; खराबी, खामी; निकृष्ट काम या बात; **~hin,** adv. पूर्णतया, पूर्णरूपेण, एकदम, बिल्कुल; सामान्यत:; **~machen,** v/t (h.): jdn. schlechtmachen किसी की बुराई क०, किसी को बुरा बनाना या बताना; **~weg,** adv. सीधे-सीधे, साफ़-साफ़; बिना तीन-पाँच किए हुए, आसानी से, बिना परेशानी के ।
schleck-en, v/t (h.) चाटना, चाट लेना; U: शौक़ से खाना (विशेषतया मिठाई); **~er,** m (-s/-) U: चटोरा; मिठाईपसंद व्यक्ति या बच्चा; **~erei,** f (-/-en) U: चाट; मिठाई, मिष्टान्न; **~erig,** adj. मिठाईपसन्द; चटोरा, **~ern,** v/t (h.) U: शौक़ से खाना

(विशेषतया मिठाई)।

Schlegel, m (-s/-)मुँगरी; घन, हथौड़ा; चोब, ढोल या नगाड़ा आदि बजाने की लकड़ी; dial: खाये जाने वाले जानवरों की जाँघ (या पिछली टाँग का ऊपरी भाग)।

schleich-en, v/i (s.) रेंगना, रेंगते हुए चलना; बहुत धीरे-धीरे चलना; दबे पाँव चलना, लुक-छिपकर या आँख बचाकर आना, जाना, पहुँचना; Zeit: धीरे-धीरे या मुश्किल से कटना; sich aus dem Haus schleichen दबे पाँव या आँख बचाकर घर से निकल जाना; fig: sich in jds. Vertrauen schleichen किसी को धोखा देने के उद्देश्य से उसका विश्वासपात्र बनना; **~er,** m (-s/-) fig: ढोंगी, पाखंडी, दग़ाबाज़, मित्रता का ढोंग करने वाला विश्वासघाती व्यक्ति; **~handel,** m चोरबाज़ारी, अवैध व्यापार; **~händler,** m चोरबाज़ारी करने वाला; **~pfad,** / **~weg,** m गुप्त मार्ग, छिपा हुआ रास्ता, लुक-छिपकर आने-जाने का मार्ग; fig: auf Schleichwegen चोरी-छिपे;अवैध युक्ति के द्वारा, चारसौ बीसी के द्वारा; **~werbung,** f रेडियो या टेलीविज़न आदि में अप्रत्यक्ष विज्ञापन।

Schleie, f (-/-n) सामान्य दुर्मरा (एक प्रकार की मछली)।

Schleier, m (-s/-) घूँघट, नक़ाब; (पारदर्शी) ओढ़नी आदि; fig: परदा, आवरण,किसी बात को दबाने या भुलाने का साधन; धुंध, कुहासा, कोहरा; den Schleier nehmen मठवासिनी बनना; fig: den Schleier eines Geheimnisses lüften किसी भेद को खोल देना, किसी बात पर पड़े परदे को हटा देना; **~haft,** adj., U: रहस्यमय, गूढ़; अस्पष्ट, जटिल, अबोध्य, अबोधगम्य।

Schleife, f (-/-n) फन्दा, पाश, सरक-फंदा, सरकफूंद; (Kehre) कैंची-मोड़, वृत्ताकार मोड़, फन्दे जैसा मोड़ (सड़क का)।

[1]**schleifen,** v/t (h.) पर सान रखना या देना; रगड़ना, रगड़कर चिकना बनाना या क०; Glas usw: की सतह पर घिसाई द्वारा नमूने बनाना, की सतह को घिसकर विशेष रूप देना; U: रगड़ना, की रगड़ाई क०; को सुसंस्कृत बनाना, को शिष्टाचार सिखाना; diese Scheren sind bereits geschliffen इन कैंचियों पर सान रखी जा चुकी है; U: der Rekrut wurde so geschliffen, daß er krank wurde रंगरूट की ऐसी रगड़ाई की गई कि वह बीमार पड़ गया।

[2]**schleifen,** 1. v/t (h.) घसीटना, घसीटते हुए चलना, लाना या ले जाना; Töne: को अनावश्यक रूप से लम्बा क०; एक स्वर को दूसरे स्वर में परिवर्तित क०, मींड़ में बजाना या गाना; Befestigungen: ढाना, गिरा देना; fig: घसीट ले जाना, घसीटकर ले जाना, को ज़बरदस्ती (या इच्छा के विरुद्ध) साथ ले जाना;fig: er schleifte mich ins Kino वह मुझे ज़बरदस्ती सिनेमा लिवा ले गया; 2. v/i (h.) घिसटना, घिसटते जाना, पीछे-पीछे घिसटना; der Rock schleifte auf dem Boden लहँगा ज़मीन पर घिसट रहा था या घिसटता जा रहा था।

Schleif-er, m (-s/-) सान धरने वाला; काँच आदि पर नमूने काटने वाला; mus: मींड़; विलम्बित स्वर; U: रगड़ाई करने वाला उस्ताद; **~erei,** f (-/-en) सान धरने की दूकान; काँच आदि पर नमूने या बेल-बूटे काटने का कारखाना; **~papier,** n रेगमाल; **~stein,** m सान, सिल्ली, शाणाश्म, निशातनी।

Schleim, m (-[e]s/-e) श्लेष्मा, श्लेष्मल झिल्ली का स्राव (कफ, बलग़म, रेंट आदि); bot: लासा, लस; Brei: गाढ़ी लसदार लपसी (रोगियों के लिए); **~drüse,** f, anat: श्लेष्म-ग्रंथि; **~en,** v/i (h.) U: चापलूसी की बातें क० या लिखना, झूठी निष्ठा या मुहब्बत

दिखाना; ~**haut,** f, anat: श्लेष्मल झिल्ली, श्लेष्म-कला; ~**ig,** adj. श्लेष्मा जैसा, लिबलिबा; श्लेष्मायुक्त; fig: चापलूस, चाटुकार, दासवत् आचरण करने वाला; चाटुकारितापूर्ण, ख़ुशामदी; ~**scheißer,** m, vulg: बहुत अधिक चापलूसी करने वाला व्यक्ति, बहुत मीठी बातों द्वारा ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति।

schleißen, v/t (h.) चीरना, चीर कर अलग क०, फाड़ना; छिजाना, तार-तार कर देना, घिस डालना।

schlemm-en, v/i (h.) सुस्वादु भोजन क०, ख़ूब ठाठ से खाना-पीना; ~**er,** m (-s/-) सुस्वादु भोजन का प्रेमी, ख़ूब ठाठ से खाने-पीने वाला; ~**erei,** f (-/-en) सुस्वादु भोजन; ख़ूब ठाठ की दावत, ख़ूब ठाठ का खाना।

schlendern, v/i (s.) मज़े से घूमना, मटरगश्ती क०; आराम से या धीरे-धीरे चलना।

Schlendrian, m (-[e]s) काम में मटरगश्ती या हरामख़ोरी, नैत्य मंथरगति (से काम करने का ढंग)।

schlenkern, 1. v/i (h.): mit etw. schlenkern किसी वस्तु को इधर-उधर हिलाना या झुलाना; 2. v/t (h.) को इधर-उधर या आगे-पीछे हिलाना, को (लापरवाही से) झुलाना या डुलाना।

Schlepp-e, f (-/-n) पोशाक का ज़मीन पर घिसटने वाला पश्चभाग, पुछल्ला; ~**en,** 1. v/t (h.) → abschleppen; कष्ट के साथ ढोना या ले जाना; घसीटना, घसीटते या खींचते हुए ले जाना; साथ ले जाना; U: पहनना, पहनते रहना; fig: ज़बरदस्ती या फुसलाकर साथ ले जाना; sich schleppen घिसटकर चलना, कष्ट के साथ चलना या चलकर पहुँचना; 2. v/i (h.) घिसटना, घिसटता जाना; धीरे-धीरे आगे बढ़ना, में धीरे-धीरे (या कम)प्रगति होना; der Rock schleppt लहँगा (ज़मीन पर) घिसट रहा है या घिसटता जा रहा है; ~**end,** adj. सुस्त, मन्थरगति वाला, ढीला, घिसटता हुआ; धीरे-धीरे आगे बढ़ने वाला; क्लिष्ट, उबाऊ, नीरस; ~**er,** m (-s/-) कर्षित्र, कर्षयान, कर्षनाव; (Kundenfänger) ग्राहकों को फँसाकर लाने वाला; ~**netz,** n महाजाल, खेंचू जाल; ~**tau,** n कर्षण-रस्सा, ख़राब कार या नाव आदि को खींचने की रस्सी, गून, बाँध-रस्सी; fig: jdn. ins Schlepptau nehmen किसी की सहायता क०, किसी को अपने साथ आगे खींचना या बढ़ाना; किसी पर अधिकार जमाना, किसी के काम को अपने हाथ में ले लेना।

Schleuder, f (-/-n) शिलाप्रक्षेपक, गोफना, गुफनी, गुलेल; (Zentrifuge) विभिन्न घनत्वों के द्रवों को पृथक करने का यंत्र, मथित्र; (Wäscheschleuder) कपड़े निचोड़ने की मशीन; ~**n,** 1. v/t (h.) ज़ोर से फेंकना या फेंक देना, हवा में घुमाकर फेंक देना, दे मारना; Honig: मथित्र से मथना, मथित्र द्वारा निकालना; Wäsche: मशीन से निचोड़ना (कपड़ों को); 2. v/i (s.)रपट जाना, फिसल जाना (कार आदि का); ~**preis,** m बहुत घटाया हुआ मूल्य; zu Schleuderpreisen मिट्टी के मोल; ~**sitz,** m विमान-चालक की उत्क्षेपक सीट; ~**ware,** f मिट्टी के मोल बेची गई वस्तु; घटिया वस्तु, घटिया माल।

schleunig, adj. तात्कालिक, शीघ्र, अचिर, क्षिप्र, सत्वर,तुरन्त; ~**st,** adv. शीघ्रातिशीघ्र, जल्दी से जल्दी, फ़ौरन, तुरन्त।

Schleuse, f (-/-n) [niederl.] जलद्वार, जलकपाट; जलपाश; जलप्रणाल, मोरी; दाब-संतुलन-कक्ष; ~**n,** v/t (h.) (को जलपाश) के बीच से निकालना; fig: ले जाना, साथ ले जाना, कहीं तक पहुँचाना या पहुँचने में सहायता क०; ~**nkammer,** f जलावरोध(-कोष्ठ); ~**ntor,** n जलद्वार, जलपाश-द्वार।

Schlich, m (-[e]s/-e) तरकीब; चाल-

बाज़ी, चालाकी; भेद, राज़; कपटयोग, कपट-प्रबंध; jdm. auf die Schliche kommen किसी की चालबाज़ी को पहचान या पकड़ लेना; किसी के भेद को जान लेना।

schlicht, adj. साधारण, मामूली, सादा; सीधा-सादा; स्वाभाविक, अकृत्रिम।

schlichten, v/t (h.) मध्यस्थता द्वारा निपटाना, शांत क० या सुलझाना, के विरोध, झगड़े आदि को मिटाना या समाप्त क०;(glätten) चिकना क० या बनाना; Leder: मुलायम बनाना।

Schlichtheit, f (-) साधारणता, सादापन; सादगी; स्वाभाविकता, अकृत्रिमता।

Schlichthobel, m रन्दा।

Schlichtung, f (-) निपटारा, मध्यस्थता द्वारा शान्ति की स्थापना।

Schlick, m (-[e]s/-e) कीचड़, अवपंक, समुद्रतट का कीचड़; **~en,** v/i (h.) में कीचड़ या अवपंक एकत्र होना।

schlickern, v/i (h.) फिसलना, रपटना (बर्फ़ पर)।

Schliere, f (-/-n) काँच आदि में पड़ी धारी, काँच-फलक या काँच की किसी वस्तु का अपेक्षाकृत मोटा भाग।

Schließ-e, f (-/-n) कसनी, बंधन, पकड़; बकसुआ, बकलस; खटकेदार ताला; **~en,** 1. v/t (h.) बन्द क०, बन्द कर देना, मूँदना; में ताला आदि लगाना; (folgern) निष्कर्ष निकालना, परिणाम निकालना, किसी नतीजे पर पहुँचना; (beenden) समाप्त क०; Vertrag: क०, पक्का क० (समझौता आदि); 2. v/i (h.) बन्द होना; das Fenster schließt nicht खिड़की बन्द नहीं होती है (या हो रही है); **~er,** m (-s/-) द्वारपाल, चौकीदार; जेलखाने का पहरेदार; किसी इमारत में ताले आदि लगाने के लिए नियुक्त व्यक्ति; **~fach,** n तालेदार अलमारी, तालेदार खाना।

schließlich, adv. अन्त में, आखिर में; अन्ततोगत्वा, आखिरश।

Schließmuskel, m, anat: संकोचक पेशी, अवरोधिनी।

Schliff, m (-[e]s/-e) काँच आदि की सतह पर घर्षण द्वारा बनाया गया नमूना, घर्षण द्वारा चिकनी की हुई सतह; घिसाई;o.pl., fig: शिष्टाचार, सभ्यता; परिष्कृति; पूर्णता, पराकाष्ठा; fig: ein Mensch ohne Schliff असभ्य व्यक्ति।

schlimm, 1. adj. बुरा, खराब; असुविधाजनक, अप्रिय; नीच, निकृष्ट, ज़लील; चरित्रहीन, बदचलन; U: दुखता हुआ, ज़ख्मी, चोट लगा हुआ; das wird ein schlimmes Ende nehmen इसका अन्त या परिणाम बुरा होगा; er hat schlimme Zeiten durchgemacht उसने बुरे दिन देखे हैं, उसने बहुत कष्ट उठाया है; U: er hat einen schlimmen Finger उसकी उँगली दुखती है; 2. adv.: es steht schlimm um ihn उसकी हालत बहुत खराब है, उसकी स्थिति बहुत गंभीर है; er ist schlimm dran वह परेशानी में है, उसे बहुत कष्ट उठाना पड़ रहा है, उसकी परिस्थिति खराब है; U: das ist nicht so schlimm! कोई बात नहीं!, इससे कोई विशेष अन्तर नहीं पड़ता; **~stenfalls,** adv. प्रतिकूल से प्रतिकूल परिस्थिति में, बहुत (अधिक) हुआ तो, बहुत खराब हुआ तो।

Schlinge, f (-/-n) फन्दा, फन्द; सरकगाँठ वाला फन्दा; Tierfalle: जानवरों को पकड़ने का तारों का फन्दा; med: गलपट्टी; fig: sich aus der Schlinge ziehen अंतिम क्षण में किसी मुसीबत या खतरनाक परिस्थिति से बच निकलना।

Schlingel, m (-s/-) धूर्त, मक्कार, चलता पुरज़ा; नटखट या शैतान छोकरा, धृष्ट तथा चालाक बालक।

[1]**schlingen,** v/t (h.) (के चारों ओर) लपेटना या बाँधना; में गूँथना, ग्रथित

क०, बटना; die Arme um jdn. schlingen किसी को बाँहों में भर लेना या लपेट लेना; sich schlingen के चारों ओर लिपट जाना या लिपटा होना; के चारों ओर लिपटते हुए बढ़ना।

[2]**schlingen,** v/i(h.) गटकना, निगलना, भकोसना, जल्दी-जल्दी तथा लालायित होकर खाना।

schlingern, v/i (h.) हिचकोले खाना, झोंके खाना।

Schlingpflanze, f लता, वेल, वल्लरी, आरोही लता।

Schlips, m (-es/-e) टाई, कंठवंध; U: jdm. auf den Schlips treten किसी का अपमान क०।

Schlitten, m (-s/-) हिम-शकट, विचक्र शकट, बरफ़गाड़ी, स्लेज; tech: सरकने वाला पुरज़ा; mar: जलाव-तरण-पटरी, अवतरण-मंच; U: मोटर-गाड़ी, कार; विमान; U: mit jdm. Schlitten fahren किसी के साथ अन्याय क०, किसी के साथ मनमानी कठोरता क०, किसी को तंग क०।

schlittern, v/i (s.;h.) बरफ़ पर फिसलना (मनोरंजन के लिए); फिसल जाना।

Schlittschuh, m बरफ़ पर फिसलने का जूता, स्केटिंग का जूता, धावुका; **~laufen,** n बरफ़ पर स्केटिंग क०, धावुका-सर्पण।

Schlitz, m (-es/-e) दरार, शिगाफ़, दीर्घ छिद्र, झिरी, लम्बी कटान या चीर (पोशाक आदि में); रेखा-छिद्र; **~auge,** n मंगोल जाति के व्यक्ति की आँख, मंगोलों जैसी आँख; U: धूर्त या चालाक व्यक्ति; **~äugig,** adj. मंगोलों जैसी आँखों वाला; U: धूर्त, चालाक; **~en,** v/t (h.) में दरार डालना, चीरना; चीरा लगाना; में लम्बी चीर डालना; **~ohr,** n, fig: धूर्त, चालाक, मक्कार, धोखेबाज़ व्यक्ति; **~ohrig,** adj., fig: धूर्त चालाक, मक्कार, धोखेबाज़।

schlohweiß, adj. हिमश्वेत।

[1]**Schloß,** n (-'sses/ ⸚ 'sser) ताला, तालक, कुलुफ; hinter Schloß und Riegel जेलखाने में, हवालात में।

[2]**Schloß,** n (-'sses/ ⸚ 'sser) महल, प्रासाद; गढ़ी, हवेली।

Schlosser, m (-s/-) तालासाज़; धातु की वस्तुओं को बनाने या ठीक करने वाला मिस्त्री; **~ei,** f (-/-en) ताला-साज़ की दूकान या कार्यशाला; धातु की वस्तुओं को बनाने वाले की दूकान; **~n,** v/i (h.) तालासाज़ी (का काम) क०, धातु की वस्तुएँ लगाना या उनकी मरम्मत क०।

Schlot, m (-[e]s/-e) चिमनी, धुँआरा, धुँआकश; eines Vulkans: ज्वालामुखी-कूपक; U: उजड्ड या असभ्य व्यक्ति; अविवेकी या लापरवाह आदमी; U: er raucht wie ein Schlot वह बहुत अधिक धूम्रपान करता है; **~feger,** m चिमनी साफ़ करने वाला।

schlott-ern, v/i (h.) काँपना, थरथराना; बहुत ढीला होना, ढीला लटकना; der Anzug schlotterte ihm um den Körper उसका सूट बहुत ढीला था, वह इतना दुबला था कि सूट उसके शरीर पर केवल लटका हुआ था; **~(e)rig,** adj. काँपता हुआ, थरथराता हुआ; डाँवाडोल; बहुत ढीला, ढीला लटकता हुआ।

Schlucht, f (-/-en) तंग घाटी, कन्दर, महाखड्ड।

schluchz-en, v/i (h.) सुबकना, सिस-कना; **~er,** m (-s/-) सिसकी, सुबकी।

Schluck, m (-[e]s/-e) घूँट; पेय, शराब; in großen Schlucken trinken जल्दी-जल्दी पीना; das ist ein guter Schluck यह पेय अच्छा है, यह शराब अच्छी है; **~auf,** m (-s) हिचकी (आना); **~en,** 1. v/t (h.) निगल जाना, निगल लेना, लील लेना, पी लेना, पी जाना; U: बरदाश्त क०, सहन क०; U: das hat viel Geld geschluckt इसमें बहुत धन लगाना पड़ा; U: seinen Zorn (hinunter)

schluckenअपने क्रोध को प्रकट न क०, गुस्सा पी जाना; U: er muß vieles schlucken उसे बहुत-कुछ सहन करना पड़ता है; 2. v/i (h.) लीलना; थूक लीलना; 3. m (-s/-)→Schluckauf; ~er, m (-s/-): U: ein armer Schlucker अत्यन्त दरिद्र या दीन-हीन आदमी; ~impfung, f टीका-विधि जिसमें टीके की दवा का सेवन किया जाता है; ~sen, v/i (h.) को हिचकी आना ।

Schluder-arbeit, f लापरवाही का काम, कच्चा काम; ~**ig,** adj., U: लापरवाही से काम करने वाला; लापरवाह; लापरवाही से किया गया, लापरवाही का; ~**n,** v/i (h.) U: लापरवाही से काम क०, बेगार-सी मानना या क०, कच्चा काम क० ।

Schlummer, m (-s) हल्की नींद; ऊंघ, झपकी; ~**n,** v/i (h.) हल्की नींद लेना, झपकी लेना, आँखें मूँदकर आराम क०, ऊँघना; ~**rolle,** f गोल तकिया ।

Schlumpe, f (-/-n) U: →Schlampe

Schlund, m (-[e]s/ ⸚ e)हलक़; ग्रसनी; fig: गहरा खड्ड, विवर, अगाध गर्त ।

schlüpf-en, v/i (s.) फिसलना, फिसल जाना; (किसी तंग मार्ग) में से तेज़ी से तथा बलपूर्वक या सरककर निकलना; चुपचाप चला जाना या खिसक जाना; in eine Hose schlüpfen तेज़ी से या जल्दी से पतलून पहन लेना; aus dem Ei schlüpfen (पक्षिशावक का) अंडे में से निकलना; ~**er,** m (-s/-) ज़नाना जाँघिया, ज़नानी कच्छी; ~**(e)rig,** adj. चिक्कण, फिसलाऊ, रपटना (मार्ग आदि); लिबलिबा, दुर्ग्राह्य; fig: द्वयर्थक; अश्लील ।

Schlupf-loch, n /~**winkel,** m, fig: छिपने का स्थान, अड्डा ।

schlurfen, v/i (h.;s.) पैर घसीटकर चलना ।

schlürfen, v/i & v/t (h.) आवाज़ के साथ पीना; poet: चुस्की लेते हुए पीना, धीरे-धीरे तथा स्वाद लेते हुए पीना ।

Schluß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) अन्त, अख़ीर; समाप्ति; उपसंहार; (Folgerung) निष्कर्ष, परिणाम; zum Schluß अन्त में; Schluß damit! ख़त्म करो यह बात !; U: mit jdm. Schluß machen किसी से दोस्ती या प्रेम-संबंध को समाप्त कर देना; ich bin zu dem Schluß gekommen/ gelangt, daß...मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि...; ~**akt,** m, theat: अंतिम अंक; fig: अन्त; अन्तिम निर्णायक कार्य; समापन समारोह; ~**bilanz,** f, kfm: अन्तशेष ।

Schlüssel, m (-s/-) कुंजी, ताली, चाबी, चाभी; Werkzeug: रिन्च; प्रकुंच; fig: वितरण-सूत्र, अनुपात-सारणी; किसी बात को समझने का साधन; कुंजी; mus: कुंची; ~**bein,** n, anat: जत्रुक, हँसली; ~**blume,** f सुगंध-पीतसेवती; ~**bund,** m चाभियों का गुच्छा; ~**fertig,** adj. पूरी तरह तैयार (मकान, भवन); ~**gewalt,** f, jur: पत्नी का घरेलू अधिकार; ~**industrie,** f आधारोद्योग; ~**kind,** n कामकाजी माँ का बच्चा जिसके पास माँ की अनुपस्थिति में घर की चाभी रहती है; ~**loch,** n कुंजी-विवर; ~**stellung,** f प्रमुख पद, महत्वपूर्ण पद; महत्वपूर्ण स्थान; ~**wort,** n संकेत-शब्द; ~**zahl,** f संकेत-संख्या, संकेतांक ।

schluß-folgern, v/i (h.) निष्कर्ष निकालना; ~**folgerung,** f (-/-en) निष्कर्ष, परिणाम, नतीजा ।

schlüssig, adj. कृतसंकल्प; (folgerichtig) तर्कसंगत, युक्तियुक्त; sich über etw. schlüssig werden किसी बात का संकल्प करना, किसी बात का निर्णय कर लेना; ~**keit,** f (-) तर्कसंगति, युक्तियुक्तता ।

Schluß-licht, n पश्च-दीप, पीछे की बत्ती (किसी भी वाहन की); U:

फिसड्डी; कक्षा का सबसे कमज़ोर विद्यार्थी; दौड़ आदि में सबसे पीछे रह जाने वाला प्रतियोगी; ~**pfiff**, m, sport: मैच समाप्त होने की सीटी; ~**punkt**, m: fig: einen Schlußpunkt unter etw. setzen किसी (अप्रिय) बात को खत्म कर देना, किसी बात को हमेशा के लिए निपटा देना; ~**rechnung**, f, math: त्रैराशिक नियम या ऐकिक नियम (का प्रश्न); ~**strich**, m, fig: einen Schlußstrich unter etw. ziehen किसी (अप्रिय) बात को हमेशा के लिए समाप्त कर देना; ~**verkauf**, m, kfm: मौसम की समाप्ति पर निकासी-बिक्री; ~**wort**, n आखिरी बात; उपसंहार।

Schmach, f (-) अपमान, अवमान, बेइज़्ज़ती; घोर लज्जा या कलंक की बात।

schmacht-en, v/i (h.) यातनाएँ सहना, कष्ट भोगना, घुलना, सूखकर काँटा होना; के लिए तरसना, (को) ललचौहीं या प्रेमविह्वल आंखों से देखना; nach jdm. schmachten किसी (से मिलने) के लिए तरसना; in Gefangenschaft schmachten कारावास में यातनायें सहना, कारागार में घुलना; jdn. schmachtend ansehen किसी को प्रेमविह्वल नेत्रों से देखना; ~**fetzen**, m, U: अत्यन्त भावुकतापूर्ण कविता, गीत, पुस्तक; नाटक, चलचित्र।

schmächtig, adj. दुबला-पतला, कृश, क्षीण, कमज़ोर; ~**keit**, f (-)दुबलापन, कार्श्य, तनुता, क्षीणता।

Schmacht-lappen, m (-s/-) U: अत्यन्त भावुक व्यक्ति; अत्यन्त प्रेमविह्वल प्रेमी, इश्क़ का दीवाना, मजनू; ~**locke**, f, U: माथे पर लटकने वाली लट, काकुल; ~**riemen**, m, U: पेटी;fig: den Schmachtriemen enger schnallen खाने-पीने तक में बचत क०, भूखों मरना।

schmachvoll, adj. अत्यन्त कलंकपूर्ण या लज्जाजनक, बहुत शर्मनाक; अत्यन्त अपमानपूर्ण।

schmackhaft, adj. स्वादिष्ट, ज़ायकेदार, लज़ीज़; fig: jdm. etw. schmackhaft machen किसी के मन में किसी बात के लिए रुचि या दिलचस्पी पैदा क०; ~**igkeit**, f (-) स्वादिष्टता, लज्जत।

Schmäh-brief, m निन्दा-पत्र, अपमानजनक पत्र; ~**en**, v/t (h.) की निन्दा क०, की बुराई क०; का अपमान क०, की बेइज़्ज़ती क०, को गाली देना; को तुच्छ समझना; ~**lich**, 1. adj. अपमानपूर्ण, निरादरपूर्ण; लज्जाजनक, शर्मनाक; 2. adv. नीचतापूर्वक, बहुत बुरी तरह; बहुत अधिक, बेहद; ~**rede**, f निन्दा, भर्त्सना, अपशब्दों का प्रयोग, गाली-गलौज; निन्दा-भाषण;~**schrift**, f निन्दा-रचना, निन्दा-लेख, कुत्सात्मक लेख; ~**ung**, f (-/-en) निन्दा, भर्त्सना, कुत्सा; मानमर्दन, अपमान, बेइज़्ज़ती।

schmal, adj. संकीर्ण, तंग; (dünn) पतला; कृश, तनु, दुबला-पतला;(karg) कम, थोड़ा, अपर्याप्त; ein schmales Einkommen थोड़ी या अपर्याप्त आमदनी।

schmälen, 1. v/t (h.) की निन्दा क०, को तुच्छ या खराब समझना; को डाँटना-फटकारना, की भर्त्सना क०; 2. v/i (h.) हिरन का चौंककर चिल्लाना।

schmäler-n, v/t (h.) कम क०, घटाना; के महत्व को घटाना, को कम करके कहना; ~**ung**, f (-/-en) कम किया जाना, घटाया जाना, महत्व को कम क०।

Schmal-film, m आठ या सोलह मिलीमीटर (चौड़ाई) की फ़िल्म; ~**hans**, m, U: bei ihnen ist Schmalhans Küchenmeister उनके यहाँ खाने-पीने की तंगी है; ~**heit**, f (-) संकीर्णता; तंगी; पतलापन; कार्श्य, तनुता; अपर्याप्तता; ~**spurbahn**, f

लघ्वन्तर रेलवे, छोटी लाइन; ~**spurig,** adj. लघ्वन्तर, छोटी लाइन का; U: संकीर्णमना, अनुदार; ~**tier,** n एक से दो वर्ष तक की हिरनी; ~**vieh,** n → Kleinvieh

[1]Schmalz, m (-es) U: सस्ती भावुकता; सस्ती भावुकता वाला गीत ।

[2]Schmalz, n (-es/-e) गरम करके साफ़ की हुई चरबी, खाद्य चरबी; ~**en,** v/t (h.) में चरबी लगाना या मिलाना ।

schmälzen, v/t (h.) → schmalzen

schmalzig, adj. चरबीदार, चिकनाईदार, चिकना; U: सस्ती भावुकता वाला; अति भावुक ।

schmarotz-en, v/i (h.) दूसरों के टुकड़े तोड़ना, दूसरों के व्यय पर जीवन बिताना; ~**er,** m (-s/-) bot:/zool: परजीवी, पराश्रयी, जीवोपजीवी; Mensch: परान्नभोजी, टुकड़तोड़; ~**erisch,** adj. दूसरों के व्यय पर रहने वाला, परान्नभोजी; परजीवी, परजीवी जैसा, पारजैविक; ~**ertum,** n (-s) टुकड़तोड़ी; परजीविता ।

Schmarre, f (-/-n) U: घाव, चोट का दाग़ ।

Schmarren, m (-s/-) U: बकवास, अनाप-शनाप, ऊटपटांग बात; घटिया कलाकृति या साहित्यिक रचना, रद्दी नाटक या फ़िल्म ।

Schmatz, m (-es/-e; ⸚e) U: चुमकार, पुचकार, सशब्द चुम्बन, चटखारे के साथ चूमा; ~**en,** v/i (h.) U: चटखारे के साथ चूमना; चप-चप करके खाना, खाते समय चप-चप की ध्वनि क० ।

schmauchen, v/t & v/i (h.) मज़े के साथ पीना (बीड़ी, सिगरेट, पाइप आदि), मज़े के साथ धूम्रपान क० ।

Schmaus, m (-es/ ⸚e) भोज, प्रीतिभोज, दावत; राजसी भोजन; fig: आनन्द, अतिशय हर्षदायक बात या वस्तु; ~**en,** v/i & v/t (h.) स्वाद लेते हुए खाना, मज़ें के साथ खाना; ~**erei,** f (-/-en) अतिस्वादिष्ट या राजसी भोजन; मज़ा या स्वाद लेते हुए भोजन (क०) ।

schmecken, 1. v/i (h.) का स्वाद होना, से (किसी चीज़ या किसी प्रकार का) स्वाद आना; स्वादिष्ट होना, ज़ायकेदार होना; U: को अच्छा लगना या पसन्द आना; U: diese Arbeit schmeckt mir nicht यह काम मुझे अच्छा नहीं लगता है; U: dieses Essen schmeckt nach mehr यह भोजन इतना स्वादिष्ट है कि और खाने की इच्छा हो रही है; 2. v/t (h.) चखना, चखकर देखना; को (किसी चीज़ का) स्वाद आना ।

Schmeichel-ei, f (-/-en) चापलूसी या चाटुकारिता (की बात); ~**haft,** adj. आदरपूर्ण, प्रशंसापूर्ण, प्रशंसात्मक; प्रतिष्ठाजनक; ~**katze,** f, U: खुशामदी लड़की; ~**n,** v/i (h.) की अतिरंजित प्रशंसा क०, की बढ़ा-चढ़ाकर तारीफ़ क०; की चापलूसी, चाटुकारिता, लल्लो-चप्पो क०, के मन की बात क०, को पसन्द आने वाली बात कहना; के आत्मविश्वास को बढ़ाना; को अधिक सुन्दर बनाना, को अधिक प्रभावकारी रूप में प्रस्तुत क०; dieses Photo ist geschmeichelt इस चित्र में उसके सौंदर्य को बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया है; dieses Lob schmeichelte ihm इस प्रशंसा से उसके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई; er schmeichelt sich, ein großer Dichter zu sein वह अपने आपको बहुत बड़ा कवि समझता है ।

Schmeichler, m (-s/-) चाटुकार, चापलूस, जीहुज़ूरिया; अत्यन्त प्रशंसात्मक बातें करने वाला; ~**isch,** adj. चाटुकारितापूर्ण, चापलूसी का ।

schmeißen, v/t (h.) U: फेंकना, फेंक देना, पटक देना; को संभाल लेना, को पूरा कर लेना; के लिए व्यय क०; U: mit Geld um sich schmeißen अपव्ययी होना, फ़ुज़ूलखर्ची क०; U:

eine Sache schmeißen किसी काम या बात को सँभाल लेना, किसी काम को पूरा कर लेना।

Schmeißfliege, f नीलमक्षी-प्रजाति की एक बड़ी मक्खी, मक्खा।

Schmelz, m (-es/-e) तामचीनी, एनैमल; eines Zahnes: दन्तवल्क; auf Tonwaren: काचिका, काँच; poet: der Schmelz ihrer Stimme उसके स्वर का माधुर्य; poet: der Schmelz ihrer Jugend उसकी जवानी की बहार।

Schmelz-e, f (-/-n) गलन, प्रगलन; द्रवीभूत पदार्थ; **~en,** 1. v/i (s.) गलना, पिघलना, द्रवित होना; पिघल-कर वह जाना (बर्फ़); fig: कम या क्षीण हो जाना; मिट जाना, समाप्त हो जाना, द्रवीभूत हो जाना, का दिल पसीजना; fig: vor Sehnsucht schmelzen किसी के वियोग या विरह में घुलना; 2. v/t (h.) गलाना, पिघलाना; **~end,** adj., fig: मधुर, माधुर्यपूर्ण; अतिभावुकतापूर्ण; तरसता हुआ, प्रेमविह्वल; **~hütte,** f प्रद्रावणी, कच्ची धातुओं को पिघलाने का कारखाना; **~ofen,** m धातुओं को पिघलाने की भट्ठी; **~punkt,** m गलनांक, द्रवणांक; **~tiegel,** m कुठाली, घारिया; **~wasser,** n पिघली हुई बर्फ़ (का पानी)।

Schmerbauch, m, U: तोंद।

Schmerz, m (-es/-en) पीड़ा, दर्द, वेदना, व्यथा; fig: मनस्ताप, मानसिक कष्ट या क्लेश, बेचैनी, मनोव्यथा, दुःख, शोक; U: jdn. mit Schmerzen erwarten किसी का बहुत बेचैनी से इन्तज़ार क०; **~en,** 1. v/i (h.) में दर्द होना, में पीड़ा होना; 2. v/t (h.) को पीड़ा, मनोव्यथा, मानसिक कष्ट, दुःख, तकलीफ़ पहुँचाना; sein Unglück schmerzt mich उसके दुर्भाग्य से मुझे दुःख होता है; **~ensgeld,** n हरजाना (शारीरिक पीड़ा का); **~enskind,** n व्यक्ति या बालक जिसके कारण बहुत तकलीफ़ या चिन्ता हो; **~ensschrei,** m पीड़ा-पुकार, दर्द के कारण निकल गई चीख, दर्द की चीख; **~frei,** adj. पीड़ाहीन, पीड़ा से मुक्त; **~haft,** adj. पीड़ा-जनक, पीड़ावह, दुखता हुआ, शारीरिक पीड़ा उत्पन्न करने वाला; **~lich,** adj. मानसिक पीड़ा उत्पन्न करने वाला, दुःखद, दुःखदायी, दर्दनाक, दर्दीला; **~lindernd,** adj. पीड़ा कम करने वाला, दर्द घटाने वाला, शामक, उप-शामक; **~los,** adj. पीड़ाहीन; जिससे पीड़ा न हो, अकष्टकर; **~voll,** adj. अत्यन्त पीड़ाजनक, बहुत अधिक मानसिक या शारीरिक पीड़ा उत्पन्न करने वाला।

Schmetterling, m (-s/-e) तितली, पुष्पपतंग, चित्रपतंग; **~sblütler,** m (-s/-) bot: चणक-कुल।

schmettern, 1. v/t (h.) पटक देना, दे मारना, ज़ोर से फेंकना या फेंक देना; मार गिराना; ज़ोरदार प्रहार द्वारा (किसी दिशा में) बढ़ाना; Lied: ज़ोर से गाना; U: पीना, चढ़ाना; eine Tür ins Schloß schmettern किवाड़ को झटके के साथ बन्द कर देना या दे मारना; 2. v/i (h.) ज़ोर की आवाज़ क०, की कर्णभेदी ध्वनि होना या आना; ज़ोर से चहचहाना या गाना।

Schmied, m (-[e]s/-e) धातुकर्मी, लोहार; **~bar,** adj. आघातवर्ध्य, गढ़ने योग्य; **~e,** f (-/-n) धातुकर्मी की दूकान, लोहार की दूकान; **~earbeit,** f लोहार का काम, गढ़ाई; **~eeisen,** n पिटवाँ लोहा; **~en,** v/t (h.) तपाकर गढ़ना, आग में तप्त करके तथा पीटकर कोई रूप देना; fig: गढ़ना, बनाना, रचना, सोच निकालना; fig: Pläne schmieden योजनायें बनाना।

schmieg-en, v/t (h.) से सटाना, से सटाकर लगाना, की परिरेखाओं को एक कर देना, से सटाकर लगाने के लिए मोड़ना या झुकाना; sich an

jdn. schmiegen किसी से लिपट जाना, किसी से सट जाना; किसी से लिपटा या सटा हुआ होना; ~**sam,** adj. सुनम्य, लचीला; ~**samkeit,** f (-) सुनम्यता, लचीलापन ।

Schmier-e, f (-/-n) चिकनाई, ग्रीस; चिकनाईदार लेप; Schmutz: कीचड़, गंदगी, पंक; चिकनाई का धब्बा; theat: घटिया नाटक-मंडली, नौटंकी; U: पिटाई, ठुकाई; U: Schmiere stehen किसी ग़लत काम करने वाले को खबरदार करने के लिए सहायक के रूप में पहरे पर खड़ा होना; ~**en,** 1. v/i (h.) धब्बे डालना; गिचपिच लिखना; Kartenspiel: अपने साथी के हाथ बनाने पर बड़ा पत्ता डालना; 2. v/t (h.) (einfetten) पर चिकनाई लगाना, चिकनाना, ओंगना, में तेल डालना; (bestreichen) पर चुपड़ना; पर लगाना; U: लीपना, लीपना-पोतना; U: jdn. schmieren किसी को घूस देना; U: jdm. eine schmieren किसी के (एक) तमाचा जड़ देना; Brote schmieren डबलरोटी के टुकड़ों पर मक्खन आदि लगाना; ein Schloß schmieren ताले में तेल डालना; U: sich die Kehle schmieren शराब पीना; U: das ging wie geschmiert यह बहुत आसानी से हो गया, यह बिना किसी परेशानी के हो गया; ~**enkomödiant,** / ~**enschauspieler,** m नौटंकी का अभिनेता, निम्न कोटि का अभिनेता; ~**entheater,** n → Schmiere; ~**erei,** f (-/-en) U: लीप-पोत, लीपा-पोती; गिचपिच लेख; ~**fink,** m, U: गंदा बच्चा; गिचपिच लिखने वाला; ~**geld,** n रिश्वत की रक़म; ~**ig,** adj. चिकनाई से भरा, चिकना, चीकट; लिबलिबा, चिपचिपा; गंदा, मैला, धब्बेदार; fig: संदिग्ध, हेराफेरी का; U: चाटुकार, चापलूस; नीचतापूर्ण, घिनावना; ~**käse,** m मुलायम पनीर या चीज़ जिसे रोटी पर लगाया जा सके; ~**mittel,** n चिकनाई, ग्रीस, ओंगन, स्नेहक; ~**seife,** f तरल साबुन; ~**ung,** f (-/-en) स्नेहन, चिकनाना, ओंगना ।

Schmink-e, f (-/-n) अंगराग, चेहरे, होठों, पलकों आदि पर लगाने का रंगीन द्रव्य; ~**en,** v/t (h.) अंगराग लगाना, बनाव-शृंगार क०, रँगना (होठों, पलकों आदि को); fig: को अतिरंजित क०, में नमक-मिर्च लगाना; fig: ein geschminkter Bericht अतिरंजित वर्णन; ~**zeug,** n बनाव-शृंगार की सामग्री ।

Schmirgel, m (-s/-) [ital.] कौरव, कुरुन्द, रेगमाल बनाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला खनिज; ~**n,** v/t (h.) रेगमाल से रगड़ना या चिकना बनाना; ~**papier,** n रेगमाल ।

Schmiß, m (-'sses/-'sse) U: गहरी चोट, गहरा तथा लम्बा घाव या इसका दाग़; fig: (Schwung) जोश, ओज, उमंग ।

schmissig, adj., fig: जोशपूर्ण, जोशीला, उमंगपूर्ण, ओजपूर्ण ।

Schmöker, m (-s/-) U: (मोटी या घटिया) पुस्तक; ~**n,** 1. v/i (h.) U: पन्ने पलटना, पृष्ठ उलटना, पढ़कर मन बहलाना; 2. v/t (h.) पढ़ना ।

schmoll-en, v/i (h.) कुपित होना, रूठना, नाराज़ या अप्रसन्न होना, मुँह फुलाना; ~**mund,** m ग़ुस्से से फुलाया हुआ मुँह; बाहर को निकले हुए होठों वाला मुँह; ~**winkel,** m कोप-भवन, रूठकर बैठने की जगह ।

Schmor-braten, m सिझाया हुआ या दम देकर पकाया गया मांस, दमपुख़्त; ~**en,** 1. v/t (h.) सिझाना, दम देकर पकाना; 2. v/i(h.) सीझना; U: उमस से विकल या परेशान होना; व्यग्र होना, बेचैन होना, बेचैनी के साथ प्रतीक्षा क०; U: etw. schmoren lassen किसी काम को पड़ा रहने देना या न क०; ~**topf,** m मांस सिझाने का ढक्कनदार बर्तन ।

Schmu, m (-s) [hebr.] U: बेईमानी,

धोखा-घड़ी, चारसौवीसी।

[1]**schmuck,** adj. प्यारा-सा, सुन्दर, मनोरम; साफ़-सुथरा; बना-ठना।

[2]**Schmuck,** m (-[e]s) आभूषण, गहने, ज़ेवर; (Zierde) अलंकार, सज्जा, सजावट, शोभा या सजावट की वस्तुएँ।

schmücken, v/t (h.) को सजाना; को अलंकृत क०, की सजावट क०; की शोभा बढ़ाना; sich schmücken सज जाना।

Schmuck-kästchen, n आभूषण-मंजूषा; **~los,** adj. अनलंकृत, आडम्बरहीन, साधारण, सादा; **~sachen,** f/pl. गहने, ज़ेवरात; **~stück,** n गहना; fig: रत्न, अत्यन्त मूल्यवान वस्तु।

Schmudd-el, m (-s) U: गंदगी; गंदा व्यक्ति, मैला-कुचैला (रहने वाला) व्यक्ति; **~(e)lig,** adj. गंदा, मैला-कुचैला; **~eln,** v/i(h.) U: गंदगी क०; कच्चा काम क०, गंदगी या लापरवाही से काम क०।

Schmuggel, m (-s) तस्कर-व्यापार, तस्करी, चौकीमारी; **~ei,** f (-/-en) → Schmuggel; **~n,** 1. v/i (h.) तस्कर-व्यापार क०, चौकी मारना; 2. v/t (h.) चोरी से लाना या ले जाना।

Schmuggler, m (-s/-) तस्कर-व्यापारी, चौकीमार; **~bande,** f तस्कर-व्यापारियों का गिरोह।

schmunzeln, v/i (h.) (आत्मसंतोष के साथ) मुस्कराना, प्रसन्न होकर मुस्कराना; दबी हँसी हँसना।

Schmus, m (-es) [hebr.] U: बकवास; चाटुकारितापूर्ण प्रलाप; **~en,** v/i (h.) U: चाटुकारितापूर्ण बातें क०, (अभद्रतापूर्वक) घनिष्ठ होने का प्रयत्न क०; U: mit jdm. schmusen किसी के साथ चूमाचाटी क०।

Schmutz, m(-es) गंदगी; कूड़ा, कचरा, कूड़ा-करकट; धूल, मैल; fig: etw. in den Schmutz ziehen/zerren किसी बात को लेकर किसी पर कलंक लगाना; **~en,** v/i (h.) मैला हो जाना, गंदा हो जाना; dieser Stoff schmutzt leicht यह कपड़ा जल्दी मैला हो जाता है; **~fink,** m, U: गंदा या मैला-कुचैला रहने वाला व्यक्ति; **~ig,** adj. गंदा, गंदगीदार, मैला, मैला-कुचैला; fig: अश्लील; अवैध; निंद्य, अनुचित; **~titel,** m पुस्तक के शीर्षक वाले पृष्ठ से पहले का पृष्ठ (जिसपर संक्षिप्त शीर्षक आदि छपा होता है)।

Schnabel, m (-s/ ̈) चोंच; चंचु; U: मुँह; an Kannen: टोंटी; U: reden, wie einem der Schnabel gewachsen ist अकृत्रिम रूप से बोलना, स्वाभाविक रूप से बोलना; बेधड़क होकर बोलना।

schnäbeln, v/i (h.) चोंच लड़ाना; U: परस्पर चुम्बन क०।

Schnabel-schuh, m लम्बी नोक वाला जूता, सलीमशाही जूता; **~tasse,** f टोंटीदार प्याला।

schnabulieren, v/t & v/i (h.) U: स्वाद लेते हुए खाना।

Schnake, f (-/-n) डाँस; dial: सनक, झक; दिल्लगी, मज़ाक़।

Schnalle, f (/-n) बकसुआ, बकलस; vulg: रंडी, वेश्या; **~en,** v/t (h.) बकसुआ बंद क०, बकसुएदार पेटी से से कसना, बाँधना।

schnalz-en, v/i (h.) mit Fingern: चुटकी बजाना; mit Zunge: जीभ चटकारना, जीभ को तालू से टकराकर टक की आवाज़ निकालना; mit Peitsche: कोड़ा चटकाना; **~er,** m (-s/-) चुटकी; चटकारा, जीभ की नोक से निकाली टक की आवाज़; कोड़े का चटाका।

schnappen, 1. v/t (h.) U: झपट लेना, झपटकर ले लेना, झपटकर उठाना; पकड़ लेना, गिरफ़्तार कर लेना; 2. v/i (h.) मुँह मारना; मुँह से झपटने का प्रयत्न क०; der Hund schnappte nach ihm कुत्ते ने उसकी ओर मुँह मारा; U: nach Luft schnappen (साँस रुँधने पर) मुँह

खोलकर साँस लेने का प्रयत्न क०; 3. v/i (s.) छिटककर या उछलकर किसी ओर को गिर जाना या हो जाना; खट से बंद हो जाना; खटके में फँस जाना ।

Schnäpper, m (-s/-) दरवाज़े का हत्था; दरवाज़े का खटका; med: रक्तमोक्षण के लिए प्रयुक्त नश्तर ।

Schnapp-schloß, n खटकेदार ताला; **~schuß,** m, U: आशुचित्र, क्षणचित्र, एक निमिष में गृहीत आलोकचित्र ।

Schnaps, m (-es/ ⁻e)अधिक मद्यसार वाली शराब, ब्रांडी; **~brenner,** m (-s/-) ब्रांडी-निर्माता; **~brennerei,** f ब्रांडी-निर्माणशाला; **~bruder,** m, U: पियक्कड़; **~bude,** f, U: घटिया शराबघर; **~en,** v/i (h.) U: ब्रांडी पीना; **~idee,** f, U: ऊटपटाँग बात, बेसिरपैर की बात; सनक, तरंग; अनोखी सूझ ।

schnarch-en, v/i (h.) खर्राटे भरना या लेना; **~er,** m (-s/-) नींद में खर्राटे लेने वाला ।

Schnarre, f (-/-n) किड़किड़ी; **~n,** v/i (h.) खड़खड़ाना, किड़-किड़ की आवाज़ क० ।

Schnatter-gans, f, U: बातूनी औरत या लड़की; **~ig,** adj., U: बातूनी; **~n,** v/i (h.) काँ-काँ क०; U: (schwatzen) बहुत बातें क०, बक-बक लगाए रहना; U: (zittern) काँपना, थरथराना ।

schnauben, 1. v/i (h.) ज़ोर-ज़ोर से साँस लेना; घरघराते हुए साँस लेना; हाँफना; हवा का साँय-साँय क०; fig: अत्यन्त उत्तेजित होना; fig: vor Wut schnauben क्रोधोन्मत्त होना; 2. v/t (h.) (नाक) छिनकना या साफ़ क० ।

schnauf-en, v/i (h.) हाँफना, ज़ोर-ज़ोर से साँस लेना; U: साँस लेना; **~er,** m (-s/-) U: साँस, श्वास; U: er hat den letzten Schnaufer getan उसकी मृत्यु हो गई है ।

Schnauz-bart, m मूँछ; U: बड़ी मूँछ रखने वाला आदमी; **~bärtig,** adj. मुच्छड़, मूँछ वाला, मूँछ रखने वाला; **~e,** f (-/-n) थूथन, थूथनी; vulg: मुँह; an Gefäßen: टोंटा, टोंटी; vulg: halt die Schnauze! चुप रह!; vulg: ich habe die Schnauze voll मैं तंग आ चुका हूँ, मैं आज़िज़ आ चुका हूँ; U: frei nach Schnauze बिना तैयारी के; बिना योजना के; **~en,** v/i (h.) ज़ोर से या चिल्लाकर डाँटना; **~er,** m (-s/-) Hund: मोटे बालों वाली जाति का कुत्ता, श्नाउत्सर; Bart: बड़ी मूँछ; U:डाँट, डाँट-फटकार, झिड़की ।

Schnecke, f (-/-n) घोंघा, शम्बूक; anat: कम्बु, कर्णावर्त्त; arch: मरग़ोल; fig: सर्पिल चरखी, कुंडली, कोई भी कुंडलित या सर्पिल चीज़; U: jdn. zur Schnecke machen किसी को बुरी तरह डाँटना-फटकारना; **~nförmig,** adj. कुंडलित, कुंडलीदार, सर्पिल; **~nhaus,** n घोंघे का शंख; fig: sich in sein Schneckenhaus verkriechen वास्तविकता से मुँह छिपाना; **~nlinie,** f कुंडलित वक्र, सर्पिल चक्र; **~npost,** f, U: बहुत मंथरगति से चलने वाली सवारी; **~nrad,** n सर्पिल गियर; दन्त-चक्र; **~ntempo,** n, U: im Schneckentempo मंथरगति से, बहुत धीरे-धीरे ।

Schnee, m (-s) हिम, बर्फ़, बरफ़; (Eischnee) अंडे की सफ़ेदी को फेंटकर बनाया गया झाग; U: प्रमीली, कोकेन आदि का चूर्ण; **~ball,** m हिम-कंदुक, बर्फ़ का गोला; **~ballschlacht,**f एक दूसरे पर बर्फ़ के गोलों को फेंकना (मनोरंजन के लिए); **~besen,** m फेंटनी; **~blind,** adj. हिमान्ध; **~blindheit,** f हिमान्धता; **~decke,**f बर्फ़ की चादर; **~fall,** m हिमपात; **~flocke,** f हिमलव; **~gestöber,** n →Schneetreiben; **~glöckchen,** n, bot: हिमसुमन,

गुलचाँदनी; ~**grenze,** f चिरहिम-रेखा, सदैव पड़े रहने वाले हिम की निचली सीमा; ~**ig,** adj. हिमाच्छादित, हिमावृत; बर्फ़ जैसा सफ़ेद, हिमश्वेत; ~**ketten,** f/pl. बर्फ़ में कार आदि चलाने के लिए आवश्यक ज़ंजीरें जो पहियों पर चढ़ाई जाती हैं; ~**könig,** m, U: sich freuen wie ein Schneekönig अत्यन्त प्रसन्न होना; ~**mann,** m (बच्चों द्वारा बनाया गया) बर्फ़ का पुतला; ~**matsch,** m गलती हुई बर्फ़ का कीचड़; ~**pflug,** m सड़कों से बर्फ़ साफ़ करने का उपकरण; ~**regen,**m सहिम वृष्टि; ~**schmelze,** f बर्फ़ पिघलने का मौसम; हिम-गलन; ~**schuh,** m → Ski; ~**sturm,** m हिमझंझावत, बर्फ़ानी तूफ़ान; ~**treiben,** n प्रचंड हिमपात, आँधी के साथ हिमपात; ~**wasser,** n हिम-जल; पिघली हुई बर्फ़; ~**wehe,** f वायुताड़ित हिमराशि, हिमसंचय; ~**weiß,** adj. हिमश्वेत ।

Schneid, m (-[e]s) दम, ताक़त, स्फूर्ति, उमंग, ओज, तेज; साहस, हिम्मत, दिलेरी, जीवट, कलेजा ।

Schneidbrenner, m कर्तन-वर्ती, लोहे आदि को काटने का (ऐसिटिलीन-) बर्नर ।

Schneid-e, f (-/-n) (किसी औज़ार या हथियार की) धार; poet: तलवार, खड्ग; fig: es steht auf des Messers Schneide इसका निर्णय किसी भी तरफ़ को हो सकता है; ~**emühle,** f आराघर; ~**en,** 1. v/t (h.) (किसी औज़ार से) काटना, कतरना; छाँटना, काटकर छोटा क०; काटकर अलग क०; (schnitzen) तराशना, तराशकर बनाना; med: में चीरा लगाना, का ऑपरेशन क०; Film: फ़िल्म के अनावश्यक अंशों को काटकर निकाल देना (तथा शेष भागों को एक साथ जोड़ देना); Kurve: मोड़ पर से न निकलना, मोड़ को एक तरफ़ छोड़ देना तथा सीधा रास्ता लेना; Ball: तिरछी ओर को मारना, गेंद को तिरछा हाथ मारना; Wein: में मिलावट क०; U: से बचना, के रास्ते में न पड़ना, की ओर न देखना; sich schneiden काट लेना, शरीर के किसी अंग में चाक़ू या ब्लेड आदि से चोट मार लेना, एक दूसरे को काटना (रेखाओं, सड़कों आदि का); fig: jdm. den Weg schneiden किसी का रास्ता बंद कर देना या काट देना; 2. v/i (h.) काटना; fig: चुभना, लगना, पीड़ा पहुँचाना; das Messer schneidet gut (यह) चाक़ू अच्छा काटता है, (यह) चाक़ू पैना या तेज़ है; fig: dieser Anblick schnitt ihm ins Herz इस दृश्य से उसे हार्दिक पीड़ा हुई ।

Schneider, m (-s/-) दरज़ी, सूचिक; U: aus dem Schneider sein तीस वर्ष से ऊपर की आयु का होना; (प्रमुख) कठिनाइयों पर विजय पा लेना या उनसे मुक्त होना, (मुख्य) समस्याओं को निपटा चुका होना; ~**ei,** f (-/-en) दरज़ी की दूकान; o.pl: सिलाई, दरज़ी का धंधा; ~**kreide,** f कपड़े पर निशान लगाने की दरज़ी की खड़िया; ~**n,** v/i (h.) सीना, की सिलाई क०; ~**sitz,** m दरज़ी के बैठने का ढंग, पलौथी, पलथी ।

Schneidezahn, m कृन्तक दन्त ।

schneidig, adj. ओजपूर्ण, दमदार, जोशीला; हिम्मती, बहादुर, दिलेर, जीवट वाला, कलेजे वाला ।

schneien, 1. v/i (h.) हिमपात होना, बर्फ़ गिरना; 2. v/i (s.) U: jdm. ins Haus schneien किसी के यहाँ अचानक आ टपकना ।

Schneise, f (-/-n) वनवीथी, अरण्य-वीथिका; (Flugschneise) विमान का का निर्धारित उड्डयन-पथ ।

schnell,adj. तेज़, सत्वर, द्रुत, द्रुतगामी, शीघ्रगामी; फ़ुरतीला; अचिर, आशु, तत्काल; ~**bahn,** f परिनागर याता-यात की बिजली से चलने वाली द्रुतगामी रेलगाड़ी; ~**e,** f (-) → Schnellig-

keit; U: auf die Schnelle जल्दी से, जल्दी में; ज़रा-सी देर के लिए; ~en, 1. v/t (h.) को (अचानक) तेज़ी से बढ़ाना या छोड़ना; की गति को अचानक बढ़ाना; 2. v/i (s.) अचानक उठ पड़ना; अचानक या झटके के साथ (ऊपर को या आगे को) बढ़ाना; fig: die Preise sind in die Höhe geschnellt मूल्यों में अचानक वृद्धि हो गई है; ~gaststätte, f शीघ्राहार-गृह; ~hefter, m (-s/-) हल्की संचिका, फ़ाइल; ~igkeit, f (-) तेज़ी, सत्वरता, शीघ्रता, द्रुतगति; त्वरा; फुरती; रफ़्तार, गति; ~imbiß, m शीघ्राहार; शीघ्राहार-गृह, अल्पाहार-गृह; ~reinigung, f तुरन्त धुलाई करने वाली निर्जल धुलाई की दूकान; ~richter, m (छोटे मामलों में तुरन्त निर्णय देने के लिए नियुक्त) दंडनायक या दंडाधिकारी; ~schrift, f आशुलिपि; ~stens,/~stmöglich, adv. शीघ्रातिशीघ्र; ~straße, f बड़ी सड़क (जिसपर गाड़ियाँ तेज़ी से चल सकें); ~verfahren, n संक्षिप्त कार्यवाही या सुनवाई; ~zug, m द्रुतगामी रेलगाड़ी।

Schnepfe, f (-/-n) कुलाल, चहा; वनकुक्कुट; vulg: रंडी, वेश्या।

Schnepper, m (-s/-) → Schnäpper

schneuzen, 1. v/t (h.) की नाक साफ़ क०; (लालटेन आदि) की बत्ती काटना या साफ़ क०; 2. v/r (h.) नाक छिनकना, अपनी नाक साफ़ क०।

Schnickschnack, m (-s) U: बकवास, अनर्गल प्रलाप।

schniegeln, v/t (h.) का बनाव-शृंगार क०।

schnieke, adj., U: बना-ठना, सजा-धजा।

Schnippchen, n(-s/-) U: jdm. ein Schnippchen schlagen किसी के इरादों को नाकामयाब कर देना; किसी को अपनी चालाकी से मात कर देना।

Schnippe, f (-/-n) घोड़े की नाक का सफ़ेद दाग़।

Schnippel, m (-s/-) U: काग़ज़ का काटा हुआ छोटा टुकड़ा; चिप्पड़, चिप्पी, छिपटी; ~n, 1. v/t (h.) U: छोटे-छोटे टुकड़ों में कतरना; कतरकर बनाना; 2. v/i (h.) U: अंधाधुंध कतरना, कतराई क०।

schnippen, v/i (h.) चुटकी बजाना।

schnippisch, adj. ढीठ, धृष्ट, गुस्ताख़, उद्धत; अल्पभाषी तथा अश्रद्धालु।

Schnipsel, m (-s/-)U:→Schnippel; ~n, v/i & v/t (h.) U: →schnippeln

schnipsen, v/i (h.) →schnippen

Schnitt, m (-[e]s/-e) कटाई, काटने का काम; कटाव; काट, बनावट; (Ernte) कटी हुई फ़सल; (Schnittfläche) काट, काट-स्थल; प्रतिच्छेद-स्थल; (Schnittwunde) कटने का घाव; graphische Darstellung: छेदीय दशा; (Schnittmuster) पोशाक की काट का नमूना; bei Filmen: फ़िल्म के अनावश्यक अंशों को काटकर शेष भागों को एक साथ जोड़ने का काम; fig: औसत; प्रतिनिधिक अंश; ~blume, f गुलदस्ते के लिए काटा हुआ फूल; ~e, f (-/-n) (डबलरोटी का) कतला या टुकड़ा; ~er, m (-s/-) लुनेरा, लवैया, फ़सल काटने वाला मज़दूर; ~fläche, f काट, काट-स्थल; प्रतिच्छेद-स्थल; ~ig, adj. लुनाई के योग्य, पका हुआ; fig: बढ़िया, शानदार, ज़ोरदार; ~lauch, m सुकन्द, प्याज जैसी एक वनस्पति; ~muster, n पोशाक की काट का नमूना; ~punkt, m प्रतिच्छेद-बिन्दु; ~ware, f मीटरों के हिसाब से बेचा जाने वाला कपड़ा; ~wunde, f कटने का घाव।

Schnitz, m (-es/-e) कतला, फाँक।

Schnitzel, n (-s/-) काग़ज़ का छोटा-सा टुकड़ा; Fleisch: मांस का कतला; ~n, v/t (h.) को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटना या कतरना।

schnitz-en, v/t (h.) तराशना, लकड़ी

आदि में) तराशकर बनाना, नक़्क़ाशी क०; ~er, m (-s/-) लकड़ी आदि में नक़्क़ाशी करने वाला; U: भूल, चूक, ग़लती, मूर्खता, बेवक़ूफ़ी; ~erei, f (-/-en) लकड़ी में तराशा हुआ चित्र; तराशकर बनाई हुई कलाकृति; o.pl: लड़की आदि में तराशकर चित्र बनाने की कला, नक़्क़ाशी ।

schnodd(e)rig, adj., U; उद्धत, धृष्ट; निर्लज्ज; अश्रद्धालु, बदतमीज़; अनादरकारी, श्रद्धाहीन, निर्लज्जतापूर्ण; **~keit,** f (-) धृष्टता; निर्लज्जता, अश्रद्धालुता, बदतमीज़ी ।

schnöd(e), adj. तिरस्कारपूर्ण, सावमान; गर्हित, जघन्य, घृण्य, निकृष्ट, नीचतापूर्ण ।

Schnorchel, m (-s/-) पनडुब्बी में हवा पहुँचाने का उपकरण; ग़ोताखोरों का साँस लेने का उपकरण ।

Schnörkel, m (-s/-)कुंडलित अलंकार; सर्पिल रेखा;beim Reden: अनावश्यक शब्दाडम्बर; **~ig,** / **~haft,** adj. सर्पिल रेखाओं से अलंकृत; कुंडलित अलंकारों से युक्त; **~n,** v/i (h.) सर्पिल रेखाएँ खींचना, कुंडलित अलंकारों का प्रयोग क० ।

schnorr-en, 1. v/i (h.) U: दूसरों के व्यय पर जीवन बिताना; 2. v/t (h.) U: भीख के रूप में प्राप्त क०, माँगना या माँगकर पाना; **~er,** m (-s/-) U: टुकड़तोड़; भिखारी ।

Schnös-el, m (-s/-) U: मूर्ख तथा धृष्ट युवक या किशोर, नक़्शेबाज़ लौंडा; **~(e)lig,** adj. मूर्ख तथा धृष्ट, नक़्शेबाज़ ।

schnuck(e)lig, adj., U: बहुत प्यारा लगने वाला, जिसे गले लगाने की इच्छा हो, आलिंगनीय ।

Schnüff-elei, f (-/-en) सूँ-सूँ; fig: ताक-झाँक; चुपचाप तलाशी लेना; जासूसी (क०); **~eln,** v/i (h.) सूँ-सूँ क०, नाक से आवाज़ के साथ साँस खींचना; fig: ताक-झाँक क०, चुपचाप तलाशी लेना; जासूसी क०; **~ler,** m (-s/-) ताक-झाँक करने वाला; चुपचाप तलाशी लेने वाला; जासूस ।

schnull-en, v/i (h.) चूसना, चचोड़ना; **~er,** m (-s/-) चुसनी ।

Schnulze, f (-/-n) सस्ती भावुकता वाला गीत, नाटक, चलचित्र आदि ।

[1]**Schnupfen,** m (-s/-) ज़ुकाम ।

[2]**schnupf-en,** 1. v/t (h.) नाक के अंदर खींचना (सुँघनी); U: das schnupft mich इससे मुझे चिढ़ होती है; 2. v/i (h.) सुड़कना, नाक सुड़कना; **~tabak,** m सुँघनी ।

[1]**schnuppe,** adj., U: das ist mir schnuppe इसकी मुझे कोई परवाह नहीं है ।

[2]**Schnuppe,** f(-/-n) → Sternschnuppe

schnuppern, v/i (h.) सूँ-सूँ क०; सूँघना, सूँघकर पता लगाना, गंध लेना ।

Schnur, f (-/ ⸚e) डोरी, सुतली, पतली रस्सी ।

Schnür-band, n → Schnürsenkel; **~chen,** n (-s/-) छोटी-सी डोरी, सुतली या डोरी का छोटा टुकड़ा; U: wie am Schnürchen बिना किसी बाधा के, बिना किसी परेशानी के, आसानी से; दक्षतापूर्वक, निपुणता के साथ; **~en,** v/t (h.) डोरी या सुतली से बाँधना, डोरी आदि से कसकर बाँधना या कसना; fig: sein Bündel schnüren अपना बोरिया-बिस्तर बाँधना, प्रस्थान (की तैयारी) क०; U: jdn. schnüren किसी को धोखा देना या ठग लेना ।

schnurgerade, 1. adj. एकदम सीधा, पूर्णतया ऋजु; 2. adv. → schnurstracks

Schnurr-bart, m मूँछ, मोंछ; **~bärtig,** adj. मूँछ (रखने) वाला, मुच्छड़ ।

Schnurr-e, f (-/-n) प्रहसन, स्वाँग, दुर्मल्ली; विनोदपूर्ण कहानी; **~en,** v/i (h.) घरघराना; (बिल्ली का); भनभनाना या भन्नाना (लट्टू का); U: → schnorren; **~er,** m → Schnorrer;

~haare, n/pl. जानवरों के ऊपरी होठ के कड़े बाल, जानवरों की मूँछ (के बाल)।
schnurrig, adj. विलक्षण, अनोखा, निराला; सनकी, तरंगी; हास्यकर, विनोदक।
Schnürsenkel, m (-s/-) जूते का फ़ीता।
Schnurstracks, adv. एकदम सीधे; तुरन्त, अविलम्ब, फ़ौरन।
schnurz, adj., U: das ist mir schnurz इसकी मुझे कोई परवाह नहीं है।
Schnute, f (-/-n) U: मुँह; U: eine Schnute ziehen रूठ जाना, रूठकर मुँह फुलाना।
Schober, m (-s/-) अन्न या भूसे आदि का ढेर; बखार, खत्ता, भुसौरा; **~n,** v/t (h.) को बखार या खत्ते में रखना।
[1]**Schock,** n (-[e]s/-e) पाँच दर्जन, तीन बीसी, साठ; fig: बहुत-से, बहुत अधिक।
[2]**Schock,** m (-[e]s/-s) [eng./frz.] धक्का, सदमा; संक्षोभ; **~ant,** adj. दहलाने वाला, संक्षोभ उत्पन्न करने वाला; आपत्तिजनक; अश्लील; **~behandlung,** f, med: प्रघात-चिकित्सा; **~en,** v/t (h.) med: की प्रघात-चिकित्सा क०; →schockieren; **~er,** m (-s/-) U:लोमहर्षक उपन्यास; **~ieren,** v/t (h.) को विक्षुब्ध कर देना, के मन में घृणा पैदा कर देना, को दहला देना।
schofel,/ schof(e)lig, adj. [hebr.] नीच, कमीन, निकृष्ट, ज़लील; कृपण, कंजूस; ओछा, छोटे दिल का।
Schöffe, m (-n/-n) शप्तजन, जूरी का सदस्य; **~ngericht,** n शप्तजनी-न्यायालय, जूरी-न्यायालय।
Schokolade, f (-/-n) [niederl.] चॉकलेट।
Scholast-ik, f (-) [lat./griech.] मध्यकाल-दर्शन, ईसाई धर्म पर आधारित मध्ययुगीन दर्शन; fig: बौद्धिक ऊहापोह, वितंडावाद; केवल स्कूली ज्ञान; **~isch,** adj. मध्यकाल-दर्शन पर आधारित या इससे संबंधित; fig: स्कूली ढंग का; वितंडापूर्ण; वितंडावादी, बाल की खाल निकालने वाला।
[1]**Scholle,** f (-/-n) चिपिटिका (यूरोप में पाई जाने वाली एक चपटी मछली)।
[2]**Scholl-e,** f (-/-n) हल से कटी हुई मिट्टी का टुकड़ा; मिट्टी का चपटा-सा टुकड़ा; पानी में तैरता हुआ बर्फ़ (की चादर) का टुकड़ा; fig: जन्मभूमि, वतन; **~ern,** 1. v/t (h.) गाड़ना; 2. v/i (h.) भू-स्खलन होना, मिट्टी या पत्थर आदि का लुढ़कते हुए गिरना; **~ig,** adj. (बड़े-बड़े) चपटे टुकड़ों में टूटा हुआ।
schon, adv. (bereits) पहले ही, पहले से ही; (allein) केवल, मात्र, ही; (endlich) आखिरश, भी!, न!; (ohnehin) यों ही, वैसे ही; (an und für sich) तो, वसे तो; wollen Sie schon gehen? बस आप चल दिये?, अरे आप अभी जाना चाहते हैं ?; er muß schon um fünf Uhr aufstehen उसे पाँच बजे ही उठना पड़ता है; schon der Gedanke daran ist ein Unrecht इसका विचारमात्र ही अनुचित है; nun reden Sie doch schon! अब बोलिए भी आखिर!, अरे अब बोलिए भी सही!, बोलिए न !; wenn es doch schon vorbei wäre! काश कि यह अब निपट गया होता!; काश कि यह बात खत्म हो गई होती!; das ist schon teuer genug यह वैसे ही काफ़ी महँगा है; er hört auf niemanden, auf Sie schon gar nicht वह किसी की नहीं सुनता है आपकी तो और भी नहीं सुनेगा; es ist schon richtig, aber... यह ठीक तो है लेकिन...,वैसे तो यह ठीक है लेकिन...; es wird schon stimmen यह ठीक ही होगा; was kann er schon wissen?उसे आता ही क्या है?; उसे कुछ मालूम ही नहीं हो सकता; (na,) wenn schon तो फिर, तो फिर

क्या हुआ?;इससे कुछ नहीं होता, इससे कोई फ़र्क़ नही पड़ता ।

schön, 1. adj. सुन्दर, ख़ूबसूरत, हसीन, रमणीय, मनोहर, चारु; (angenehm) अच्छा, प्रिय,कर्णप्रिय या चक्षुप्रिय; सुखद, सुखपूर्ण; (beträchtlich) अधिक, ज़्यादा, काफ़ी अधिक, काफ़ी बड़ा, अच्छा ख़ासा;das schöne Geschlecht स्त्रियाँ, नारी-जाति; heute ist das Wetter schön आज मौसम अच्छा है; schöne Worte machen मीठी बातें क॰, चापलूसी की बातें क॰, खोखली बातें क॰; schönen Dank! बहुत-बहुत धन्यवाद; das war nicht schön von ihmयह उसने अच्छा नहीं किया, उसका यह व्यवहार अच्छा नहीं था; das ist ein schöner Zug an ihm यह उसका एक अच्छा (या प्रिय) गुण है;fig: jdm. schöne Augen machen किसी से आँखें लड़ाना या आँखों द्वारा प्रेम जताना; U: das hat ein schönes Stück Geld gekostet इसमें अच्छी खासी रक़म लग गई, इसके लिए बहुत अधिक व्यय करना पड़ा; U: das ist ja eine schöne Geschichte! यह तो बड़ी बुरी (या खराब या अप्रिय) बात है; U: das wäre ja noch schöner! जी नहीं, इसका सवाल नही पैदा होता!; 2. adv.: sie singt sehr schön वह बहुत अच्छा गाती है; das haben Sie schön gemacht यह आपने बड़ा अच्छा किया; er mußte ganz schön schuften उसे बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ी; er wird sich schön wundern, wenn...उसे बहुत आश्चर्य होगा, जब...;U: es wäre schön dumm, wenn... यह बड़ी मूर्खता की बात होगी, यदि...।

Schon-bezug, m रक्षावरण; **~en,** v/t (h.) की हिफ़ाज़त क॰; का ध्यान या खयाल रखना, का एहतियात रखना; को सँभालकर प्रयोग क॰, के साथ एहतियात या सावधानी बरतना; की भावनाओं का ख़याल रखना; sich schonen अपने स्वास्थ्य का ख़याल रखना, स्वास्थ्यरक्षा के उद्देश्य से आराम क॰ या कम परिश्रम क॰ ।

schönen, v/t (h.) चटकीला बनाना (रंगों को); निर्मल बनाना (तरल पदार्थों को); चक्षुप्रिय बनाना (खाद्य पदार्थों को) ।

[1]**Schoner,** m (-s/-)→Schonbezug

[2]**Schoner,** m (-s/-) [eng.] mar: दो या तीन मस्तूलों वाला जहाज़ ।

schön-färben, v/t (h.) (किसी बात को) प्रिय या अच्छा बनाकर कहना, की अतिरंजित प्रशंसा क॰, का प्रशंसापूर्ण वर्णन क॰; **~färberei,** f, fig: अतिरंजित प्रशंसा, प्रशंसापूर्ण वर्णन; **~geist,** m सौंदर्य-संवेदी; ललित कलाओं का प्रेमी; **~geistig,** adj. ललित; ललित कलाओं से संबंधित; ललित कलाओं का उपासक या प्रेमी; **~heit,** f (-/-en) सौन्दर्य, सुन्दरता, ख़ूबसूरती, हुस्न, रमणीयता, चारुता, लावण्य; माधुर्य; सुन्दरी, हसीना; मनोरम या दर्शनीय स्थल; **~heitsfehler,** m साधारण-सा शारीरिक दोष, मामूली-सा ऐब; fig: छोटी-सी कमी या त्रुटि; **~heitsfleck,** m गाल का तिल या मस्सा; →Schönheitspflästerchen; **~heitskönigin,** f सर्वसुन्दरी; **~heitspflästerchen,** n गाल पर लगाया हुआ कृत्रिम तिल या मस्सा; **~heitspflege,** f सौन्दर्य-प्रसाधन ।

Schonkost, f पथ्य, प्रतिभोजन ।

schön-machen, 1. v/t (h.) U: को सुन्दर बनाना, सजाना, का शृंगार क॰; 2. v/r (h.) U: सज-धज जाना, अपना शृंगार क॰; Hund: पिछले पैरों पर खड़ा होना; **~reden,** v/i (h.) चापलूसी (की बातें) क॰; मीठी बातें क॰; **~redner,** m चापलूस, चाटुकार; **~rednerisch,** adj. चाटुकारितापूर्ण; **~schrift,** f सुलेख, ख़ुशनवीसी;

~tuer, m (-s/-) → Schmeichler; ~tuerei,f (-/-en)→Schmeichelei; ~tun, v/i (h.) चाटुकारिता, चापलूसी, लल्लो-चप्पो क०, के मन की बात क०, को पसन्द आने वाली बात कहना।

Schonung, f (-) रक्षा, हिफ़ाज़त; सावधानी या एहतियात (का व्यवहार), दूसरों की भावनाओं का ख़याल या लिहाज़; सहिष्णुता, क्षांति; दया, कृपा; स्वास्थ्यरक्षा के लिए विश्राम; (pl: Schonungen) वनवृक्षों का संवर्धन-स्थान, सुरक्षित वन-खंड; ~sbedürftig, adj. जिसे (स्वास्थ्यलाभ या स्वास्थ्यरक्षा के लिए) आराम की आवश्यकता हो; ~slos, adj. दूसरों की भावनाओं का ख़याल न करने वाला, बेदर्द, बेरहम, निष्ठुर, निर्दय, कठोर; ~slosigkeit, f (-) निष्ठुरता, निर्दयता, बेरहमी; ~zeit, f आखेट-निषेध-काल, अवधि जिसमें पशु-विशेष के शिकार की मनाही होती है।

Schopf, m (-es/ ⸚e) सिर के बाल, चाँद के बाल; पक्षिशिखा, चूड़ा; (Baumkrone) वृक्षशिखा; U: eine Gelegenheit beim Schopf fassen/packen किसी अवसर का (तुरन्त) लाभ उठाना।

Schöpf-brunnen, m कूआँ; ~en, 1. v/t (h.) (कुएँ से) पानी खींचना या निकालना; डोई या चमचे से निकालना (तरल पदार्थ को), हाथों से निकालना या उलीचना; fig: प्राप्त क०, बटोरना (हिम्मत, साहस आदि); करना (संदेह, भरोसा आदि); बाँधना (आशा, उम्मीद आदि); fig: Hoffnung schöpfen आशा बाँधना या क०; 2. v/i (h.) fig: aus dem vollen schöpfen के यहाँ (या पास) हर वस्तु की बहुतायत होना।

[1]Schöpfer, m (-s/-) तरल पदार्थ को निकालने का बर्तन (डोल, बाल्टी, डोई, चमचा आदि)।

[2]Schöpfer, m (-s/-) सर्जक, रचयिता; सृजन करने वाला; (Gott) ईश्वर, भगवान; ~isch, adj. सर्जनात्मक, रचनात्मक।

Schöpf-gefäß, n डोल, बाल्टी आदि; घड़े से पानी निकालने का डंडीदार मग्घा; ~kelle, f डोई, कलछी, गहरी करछुल; ~löffel, m चमचा, डोई।

Schöpfung, f (-/-en) सृष्टि; विश्व, ब्रह्माण्ड; रचना, कलाकृति; ~sgeschichte, f विश्वोत्पत्ति या सृष्टि का वर्णन।

Schoppen, m (-s/-) चौथाई लिटर, पौवा, (कुछ क्षेत्रों में आधा लिटर भी)।

Schorf, m (-[e]s/-e) med: पपड़ी, खुरन्ट, खुन्ट; ~ig, adj. पपड़ीदार, जिसपर खुरन्ट जम गया हो।

Schorle, f (-/-n) / n (-s/-s) अंगूरी और पानी (या सोडा) मिलाकर बनाया गया पेय।

Schornstein, m (छत से ऊपर निकला हुआ) चिमनी या धुआँकश (का भाग): U: dieses Geld können Sie in den Schornstein schreiben इस धन को तो आप खोया हुआ समझिए, यह रक़म तो वसूल होने वाली नहीं है; ~feger, m चिमनी साफ़ करने वाला।

[1]Schoß, m (-'sses/-'sse)→ Schößling

[2]Schoß, m (-es/ ⸚e) गोद; (Mutterleib) गर्भाशय, कोख; an Kleidungsstücken: (समारोही) कोट का पिछला छोर या पल्ला; fig: अंतर, भीतरी भाग; fig: ihm ist alles in den Schoß gefallen उसे सब-कुछ यों ही (या बिना परिश्रम के) प्राप्त हो गया; fig: im Schoße der Familie परिवार (के प्रेमपूर्ण तथा सुरक्षित वातावरण) में; fig: das ruht noch im Schoß der Zukunft यह तो भविष्य की बात है, यह तो बहुत दूर की बात है, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता; ~hund, m छोटा पालतू कुत्ता; ~kind, n लाड़-प्यार से बिगड़ा बच्चा, लड़ैता बच्चा।

Schößling, m (-s/-e) अंकुर, अँखुआ, कल्ला।
Schote, f (-/-n) Fruchtform: फली, छीम्बी, शिम्बी; Fruchthülle: फली का छिलका।
Schott, n (-[e]s/-e) / **~e,** f (-/-n) mar: व्यवधान, पोतभीत।
Schotte, m (-n/-n) स्कॉटलैंड-निवासी; **~n,** m (-s/-) चौखानेदार ऊनी कपड़ा।
Schotter, m (-s/-) रोड़ी, कंकड़ी; **~n,** v/t (h.) पर रोड़ी या कंकड़ी बिछाकर पक्का क० (सड़क को)।
schott-isch, adj. स्कॉटलैंड का; **~land,** n स्कॉटलैंड।
schraff-en,/ ~ieren, v/t (h.) [niederl.] रेखाच्छादित क०; **~ierung, / ~ur,** f (-/-en) रेखाच्छादन।
schräg, adj. तिरछा, आड़ा, तिर्यक्, झुका हुआ; U: संदिग्ध, संदेहपूर्ण; अविश्वसनीय; U: ein schräger Vogel अविश्वसनीय व्यक्ति; **~e,** f (-/-n) तिरछापन, आड़ापन, तिर्यक्ता, झुकाव; झुकी हुई सतह या रेखा; **~en,** v/t (h.) तिरछा या आड़ा बनाना; **~heit,** f (-) तिरछापन, आड़ापन, तिर्यक्ता, झुकाव; **~strich,** m तिरछी रेखिका।
Schramm e, f (-/-n) छिलन, सतही चोट, किसी नुकीली चीज़ से लगी चोट; खरोंच; **~en,** 1. v/t (h.) छील देना, खरोंच मारना; में खरोंच डालना; 2. v/i (h.): an etw. schrammen किसी चीज़ से रगड़ खाना; **~stein,** m सड़क का किनारे का पत्थर।
Schrank, m (-[e]s/ ⸚e) अलमारी, धात्री; U: sie hat nicht alle Tassen im Schrank उसका दिमाग़ (कुछ) खराब है।
Schranke, f (-/-n) रोध, रोधिका; रोक-फाटक, रेल का फाटक; चुंगी का फाटक; fig: सीमा, हद; प्रतिबन्ध; घेरा, अखाड़ा; fig vor den Schranken des Gerichtes stehen अदालत के कटघरे में खड़ा होना, पर मुक़दमा चल रहा होना; fig: für etw./jdn. in die Schranken treten किसी बात/व्यक्ति का घोर समर्थन क०, किसी बात/व्यक्ति के लिए संघर्ष क०; fig: etw. in Schranken halten किसी बात को सीमित रखना या हद से बाहर न होने देना; fig: jdn. in seine Schranken weisen किसी को अपनी सीमाओं में रहने की चेतावनी देना।
schränken, v/t (h.) एक दूसरे के आड़े रखना, एक दूसरे पर रखना (बाँहें, टाँगें)।
schranken-los, adj. अपरिबद्ध; fig: असीम, अपार; अमर्यादित, बेलगाम; **~wärter,** m रेल-फाटक को खोलने तथा बंद करने वाला कर्मचारी।
Schranze, f (-/-n) → Hofschranze
Schrapnell, n (-s/-e;-s) [eng.] श्रैपनेल, किरच का गोला।
Schraub-e, f (-/-n) [lat.] पेंच, पेच, भ्रमि, व्यावर्तन-कील; (Schiffsschraube) जहाज़ का नोदक या पंखा; (Luftschraube) विमान का प्रणोदित्र या नोदक; sport: घूर्णन के साथ छलांग; U: खूसट या बेहूदी औरत; fig: eine Schraube ohne Ende कभी न ख़त्म होने वाली झंझट, कभी न ख़त्म होने वाला मामला या सिलसिला; U: bei ihm ist eine Schraube los/locker उसका दिमाग़ कुछ ख़राब है; **~en,** v/t (h.) पेंच से कसना, घुमाकर कसना या लगाना; घुमाते हुए आगे बढ़ाना; fig: Preise in die Höhe schrauben मूल्यों में वृद्धि क०, मूल्यों में बार-बार वृद्धि क०; U: sich schrauben नखरे क०, बनना, चोंचले दिखाना; **~enmutter,** f ढिबरी; **~enschlüssel,** m रिन्च, प्रकुंच; **~enzieher,** m पेचकश; **~stock,** m शिकंजा, बाँक।
Schrebergarten, m नगरोपान्त के सामूहिक उद्यान-क्षेत्र की वाटिका।
Schreck, m (-[e]s/-e) त्रास, संत्रास,

आतंक; भीति; भय, डर, भयाकुलता, घबराहट, दहशत; विभीषिका; jdm. einen Schreck(en) einjagen किसी को भयाकुल या भयभीत कर देना, किसी को बुरी तरह डरा देना; ~en, 1. v/t (h.) को भयाकुल, भयभीत, भयार्त्त कर देना, को डरा देना या घबरा देना; 2. m(-s/-) →Schreck; ~ensbleich, adj. डर से सफ़ेद; ~ensherrschaft, f आतंक द्वारा शासन, आतंक-युग; ~ensstarr, adj. डर के मारे निर्जीव या जड़बद्ध; ~enstat, f जघन्य या नृशंसतापूर्ण काम; ~gespenst, n तंग करने वाला या आतंक मचाने वाला भूत; fig: सन्निकट विपत्ति; घोर विपत्ति की कल्पना; ~haft, adj. जल्दी भयाकुल हो जाने वाला, जल्दी घबरा जाने (या डर जाने) वाला, भीरु, डरपोक; ~lich, 1. adj. भयानक, भयंकर, विभीषण, विकराल, डरावना; वीभत्स, जघन्य; बहुत बुरा, बहुत खराब; 2. adv., U: बहुत अधिक, बेहद, अत्यन्त; ~nis, n (-ses/-se) भयाकुल या आतंकित कर देने वाली घटना; संत्रास, आतंक; ~schraube, f, U: तंग करने वाली बेहूदी औरत; ~schußpistole, f नक़ली कारतूसों वाली पिस्तौल; ~sekunde, f आतंक-क्षण, अचानक घबराहट के कारण भावशून्यता का क्षण।

Schrei, m (-[e]s/-e) चीख, चीक, चिल्लाहट, चीत्कार; U: der letzte Schrei नवीनतम फ़ैशन।

schreib-en, 1. v/i & v/t (h.) लिखना, लिपिबद्ध क०, अंकित क०, (पुस्तक आदि) रचना क०; U: sich mit jdm. schreiben किसी के साथ पत्र-व्यवहार क०; 2. n (-s/-) लेखन; पत्र; ~er, m (-s/-) लेखक; लिखने वाला, लिपिक, किरानी, क्लार्क; ~erei, f (-/-en) U: (बेकार की) लिखा-पढ़ी; ~erling, m (-s/-e) U: घटिया लेखक, क़लमघसीट; ~erseele, f, U: छोटे दिल का व्यक्ति; ~faul, adj. पत्र लिखने में आलस करने वाला; ~feder, f निब; ~kraft, f लिपिक; ~krampf, m बहुत अधिक लिखने से उँगलियों में होने वाली ऐंठन; ~maschine, f टंकणयंत्र, टाइपराइटर; ~stube, f, mil: दफ़्तर; ~tisch, m लिखने की मेज़, लिखने-पढ़ने की मेज; ~ung, f (-/-en) लेखन; शुद्ध वर्तनी; ~waren, f/pl. लिखने की सामग्री; ~weise, f लेखन-शैली, लिखने का ढंग; किसी शब्द को लिखने का ढंग, वर्तनी; ~zeug, n कोई भी वस्तु जिससे लिखा जाए (क़लम, पेंसिल आदि)।

schrei-en v/i (h.) चीख़ना, चीख़ मारना, चीख़ पड़ना, चिल्लाना, चिल्ला पड़ना; (kreischen) चूं-चूं क०, चरमराना, चर्राना; nach etw. schreien किसी चीज़ के लिए चिल्लाना, किसी वस्तु को पाने के लिए चीख़-पुकार मचाना; fig: ein schreiendes Unrecht घोर अन्याय; fig: schreiende Farben बहुत चटकीले रंग; 2. v/t (h.) चीखते हुए कहना, चिल्लाकर कहना, की पुकार लगाना; ~er, m (-s/-) बहुत चिल्लाने वाला झगड़ालू व्यक्ति; बहुत रोने-चिल्लाने वाला बच्चा; ~erei, f (-/-en) चीख़-पुकार; ~hals, m, U: बहुत रोने-चिल्लाने वाला बच्चा।

Schrein, m (-[e]s/-e) [lat.] अलमारी, मंजूषा; पूजा की अलमारी; अस्थि-मंजूषा, सन्तों के देहावशेष का सन्दूक।

Schreiner, m (-s/-) बढ़ई, काष्ठकार; ~ei, f (-/-en) बढ़ई की दूकान; ~n, v/i (h.) काष्ठकारी क०, बढ़ई का काम क०।

schreiten, v/i (s.) सधे हुए क़दमों से चलना, गम्भीरतापूर्वक चलना, शान के साथ चलना, ऐंठकर चलना; zu etw. schreiten किसी काम को प्रारम्भ क०, किसी काम की ओर अग्रसर होना।

Schrieb, m (-s/-e) U: पत्र, चिट्ठी; ख़त।

Schrift, f (-/-en) लिपि; (Handschrift) हस्तलिपि, लिखावट; Geschriebenes: लेख, लेख्य, दस्तावेज़; रचना; कोई भी लिखित या मुद्रित चीज़ (जैसे पुस्तक, निबंध, प्रबंध, समीक्षा आदि); **~art,** f लिपि-प्रकार; **~bild,** n लिपि-रूप; **~deutsch,** 1. adj. साहित्यिक जर्मन (भाषा का); 2. n (-[s]) साहित्यिक जर्मन भाषा; **~führer,** m सचिव; **~grad,** m मुद्राक्षर का आकार; **~leiter,** m सम्पादक; **~leitung,** f सम्पादन; सम्पादक-समिति; **~lich,** adj. लिखित; **~satz,** m मुद्राक्षर-विन्यास; अक्षर-योजन; jur: लिखित कथन या बयान, लिखित आवेदन; **~setzer,** m मुद्रयोजक, अक्षरयोजक; **~sprache,** f साहित्यिक भाषा; **~steller,** m (-s/-) लेखक, ग्रंथकार; **~stellerisch,** adj. लेखन-संबंधी, लेखकीय; **~stellern,** v/i (h.) लेखन द्वारा जीविका कमाना; लेखन-कार्य क॰; **~stück,** n दस्तावेज़, प्रलेख; लिखित वक्तव्य; लिखित आवेदन; **~tum,** n (-s) साहित्य; **~verkehr,** m पत्राचार, ख़त-किताबत, लिखा-पढ़ी; **~wechsel,** m पत्रव्यवहार, पत्रों का आदान-प्रदान; **~zeichen,** n वर्ण, अक्षर।

schrill, adj. कर्णभेदी, कर्कश, कर्णकटु, तीक्ष्ण; **~en,** v/i (h.) की कर्णभेदी आवाज़ आना, तीक्ष्ण या कर्णकटु ध्वनि में बजना।

Schritt, m (-[e]s/-e) पग, डग, क़दम, गाम; पदध्वनि, चाप; क़दमचाल; bei Hosen: मियानी से कमर तक की लम्बाई; fig: क़दम; कार्यवाही, उपाय; mit jdm. Schritt halten किसी के साथ-साथ चलना, किसी के बराबर बना रहना; किसी से न पिछड़ना; Schritt fahren बहुत धीरे-धीरे गाड़ी चलाना; gerichtliche Schritte (gegen jdn.) einleiten (किसी के विरुद्ध) क़ानूनी कार्यवाही क॰; **~länge,** f डग की लम्बाई; einer Hose: मियानी से कमर तक की लम्बाई; **~lings,** → schrittweise; **~macher,** m गति-नियामक, गतिनिर्धारक; साइकिल-दौड़ में साइकिल-चालक के आगे मोटर साइकिल पर चलने वाला सहायक; fig: मार्ग प्रशस्त करने वाला; **~weise,** adv. क़दम-क़दम करके; धीरे-धीरे।

schroff, adj. अतिप्रवण, प्रपाती; दुरारोह; fig: रुक्ष, रूखा; घोर, महान; ein schroffer Abgrund प्रपाती खड्ड; fig: ein schroffer Gegensatz घोर अन्तर्विरोध; **~heit,** f (-/-en) अतिप्रवणता; दुरारोहता; fig: रुक्षता, रूखापन।

schröpf-en, v/t (h.) med: चूषक यंत्र द्वारा खून निकालना; U: ठग लेना, लूट लेना; **~er,** m (-s/-) / **~glas,** n / **~kopf,** m चूषण द्वारा रक्त निकालने का यंत्र।

Schrot, n/m (-[e]s/-e) छर्रे; Getreide: दलिया; bei Münzen: सोने या चाँदी के सिक्के का भार; fig: von echtem Schrot und Korn दृढ़ चरित्र वाला; **~en,** v/t (h.) दलना; को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ना (रद्दी लोहे आदि को); लुढ़काकर बढ़ाना या ले जाना; **~flinte,** f छर्रे वाली बन्दूक।

Schrott, m (-[e]s) पुराना लोहा-लंगड़, रद्दी धातु, धातु का रद्दी या टूटा-फूटा सामान।

schrubb-en, v/t (h.) U: रगड़ना, रगड़कर साफ़ क॰ या चमकाना; **~er,** m (-s/-) रगड़कर साफ़ करने का बुरुश।

Schrull-e, f (-/-n) सनक, झक, तरंग, विलक्षण सूझ; U: सनकी बुढ़िया; **~enhaft,** / **~ig,** adj. सनकी, झक्की; निराला, अजीब, विलक्षण।

schrump-(e)lig, adj. झुर्रीदार; **~eln,** v/i (s.) सिकुड़ जाना; में झुर्रियाँ पड़ जाना।

schrumpf-en, v/i (s.) सिकुड़ जाना, संकुचित होना या हो जाना; में झुर्रियाँ पड़ जाना; ~**ung,** f (-/-en) सिकुड़न, संकुचन; झुर्रियाँ पड़ना ।

Schrund-e, f (-/-n) दरार, विदर, फटन; ~**ig,** adj. विदीर्ण, दरारदार, फटा हुआ ।

schruppen, v/t (h.) मोटे तौर पर या कच्चे ढंग से तैयार क० (मोटी रेती से), मोटी रेती से रेतना ।

Schub, m (-[e]s/ ⸚ e) धक्का, ठेला; टोली, जत्था, दल; एक बार में बढ़ाई या निकाली वस्तुओं का समूह, घान; phys: प्रणोद, प्रणोद-शक्ति; ~**fach,** n→Schubkasten; ~**karre,** f / ~**karren,** m एकपहिया ठेला; ~**kasten,** m / ~**lade,** f दराज़; ~**lehre,** f व्यासमान ।

Schubs, m (-es/-e) U: धक्का, ठेला; ~**en,** v/t (h.) ढकेलना, ढकेल देना, धक्का लगाकर (या मारकर) हटाना या बढ़ाना ।

schubweise, adv. टोलियों में, दलों में; एक-एक घान करके; थोड़ा-थोड़ा करके ।

schüchtern, adj. संकोची; लज्जालु, शर्मीला, झेंपू; डरता हुआ, संकोचपूर्ण, अतिसावधान; ~**heit,** f (-) संकोच; लज्जालुता, शर्मीलापन, झेंपूपन; संकोचपूर्णता, अतिसावधानी ।

Schuft, m (-[e]s/-e) दुर्जन, दुष्ट, बदमाश, कमीना; बेईमान या धोखेबाज़ आदमी ।

schuft-en, v/i (h.) U: घोर परिश्रम क०, कड़ी या कमरतोड़ मेहनत क०; ~**erei,** f →Schuftigkeit; U: कमरतोड़ मेहनत ।

schuftig, adj. नीच, निकृष्ट, दुष्ट, बदमाश, ज़लील; बेईमान, धोखेबाज़; ~**keit,** f (-) नीचता, निकृष्टता, दुष्टता, ज़लालत; बेईमानी, धोखेबाज़ी ।

Schuh, m (-[e]s/-e) जूता, पादत्राण, उपानह; tech: शाम; धातु की टोपी, धातु का आवरण; आड़, कुत्ता; poet: घोड़े की नाल; U: jdm. etw. in die Schuhe schieben किसी के ऊपर कोई दोष मढ़ना, किसी को किसी बात के लिए ज़िम्मेदार ठहराना; U: wo drückt Sie der Schuh? आपको क्या परेशानी है?, आपको किस बात की चिन्ता या परेशानी है?; ~**bürste,** f जूते साफ़ करने का बुरुश; ~**creme,** f जूता-पॉलिश; ~**löffel,** m सीगड़ा; ~**macher,** m (-s/-) मोची; ~**macherei,** f (-/-en) मोची की दूकान; ~**plattler,** m (-s/-) बवेरिया का एक लोकनृत्य; ~**werk,** n जूते; ~**wichse,** f→Schuhcreme

Schul-arbeit, f स्कूल का काम; ~**bank,** f कक्षा की बेंच; U: die Schulbank drücken स्कूल जाना, विद्यालय में शिक्षा प्राप्त क०; ~**beispiel,** n आदर्श उदाहरण; पूर्वोदाहरण; ~**bildung,** f स्कूली शिक्षा; ~**buch,** n विद्यालय में प्रयुक्त पुस्तक ।

[1]**schuld,** adj.: (an etw.) schuld sein (किसी बात का) दोषी होना, (किसी बात) का कारण होना, की ग़लती होना, का दोष होना ।

[2]**Schuld,** f (-) दोष, क़ुसूर, ग़लती; अपराध, जुर्म; पाप, पातक, गुनाह; Schuld an etw. haben/tragen किसी बात के लिए क़ुसूरवार या दोषी होना; er hat eine schwere Schuld begangen उसने बहुत बड़ा अपराध किया है; (pl: Schulden) ऋण, कर्ज़; आभार; Schulden machen ऋण लेना; in Schulden stecken ऋणग्रस्त होना, कर्ज़ से दबा होना; in jds. Schuld stehen किसी का ऋणी या आभारी होना; ~**beladen,** adj. अपराध के बोझ से दबा हुआ, पाप के बोझ से दबा हुआ; ~**bewußt,** adj. अपने अपराध या पाप से अभिज्ञ; पाप-चेतना या अपराध-चेतना से पूर्ण; ~**en,** v/t (h.) का कर्ज़दार होना, का ऋणी होना, का देनदार होना; को कुछ देने के लिए बाध्य

होना; का आभारी होना; ich schulde ihm hundert Mark मेरे ऊपर उसके सौ मार्क उधार हैं, मुझे उसके सौ मार्क चुकाने (या देने) हैं; ich schulde Ihnen keine Erklärung मैं आपको सफ़ाई देने के लिए बाध्य नहीं हूँ;आपको मुझसे सफ़ाई माँगने का कोई हक़ नहीं है; jdm. Dank schulden किसी का आभारी या शुक्रगुज़ार होना; **~enfrei,** adj. ऋणमुक्त; दाय या ऋण से मुक्त (भूसम्पत्ति आदि); **~frei,** adj. निर्दोष, बेक़ुसूर, बेगुनाह; **~haft,** adj. क़ुसूरवार; jur: सदोष, आपराधिक; ज्ञानकृत; **~ig,** adj. दोषी, क़ुसूरवार; कर्ज़दार, देनदार; देय, यथोचित (सम्मान आदि); किसी को कुछ देने के लिए बाध्य; er ist mir hundert Mark schuldig उसपर मेरे सौ मार्क उधार हैं; mit schuldigem Respekt यथोचित सम्मान के साथ; den Beweis schuldig bleiben प्रमाण न प्रस्तुत क०, सबूत न पेश कर पाना; fig: jdm. nichts schuldig bleiben किसी से बराबर का बदला ले लेना; **~igkeit,** f कर्तव्य, फ़र्ज़, ज़िम्मेदारी, दायित्व; seine Schuldigkeit tun अपना फ़र्ज़ अदा क०, अपना कर्तव्य पूरा क०,अपना दायित्व निभाना; **~los,** adj. निर्दोष, बेक़ुसूर; **~losigkeit,** f (-) निर्दोषता, बेक़ुसूरी; **~ner,** m (-s/-) कर्ज़दार, देनदार, ऋणी; **~schein,** m ऋणपत्र, रुक्का, तमस्सुक; **~spruch,** m, jur: दोष-अभिनिर्णय, दोषी ठहराया जाना।

Schule, f (-/-n) [griech./lat.] पाठशाला, विद्यालय, स्कूल; शिक्षा; विचारधारा, मत, वाद; पद्धति, शैली; zur Schule gehen स्कूल जाना; स्कूल में शिक्षा पाना; fig: die Schule des Lebens जीवन का शिक्षालय, जीवन का अनुभव; U: sein Beispiel machte Schule (बहुत-से) लोगों ने उसका अनुकरण किया; **~n,** v/t (h.) को शिक्षा देना; को प्रशिक्षित क०; को अभ्यस्त बनाना, को उद्देश्य-विशेष से विकसित क०।

Schüler, m (-s/-) विद्यार्थी, शिक्षार्थी; शिष्य, चेला; **~austausch,** m दो देशों के बीच विद्यार्थियों की अदलाबदली; **~haft,** adj. स्कूली लड़कों जैसा; अपरिपक्व, अप्रौढ़; **~karte,** f विद्यार्थियों का बस या रेल आदि का रिआयती टिकट; **~schaft,** f (-/-en) किसी विद्यालय के सारे विद्यार्थी; **~zeitung,** f विद्यार्थियों द्वारा निकाली जाने वाली पत्रिका।

Schul-ferien, pl. विद्यालय की छुट्टियाँ; **~frei,** adj. : ein schulfreier Tag स्कूल की छुट्टी का दिन; **~funk,** m रेडियो का शिक्षा-संबंधी कार्यक्रम या विद्यार्थियों का कार्यक्रम; **~geld,** n शिक्षा-शुल्क, स्कूल की फ़ीस; **~haus,** n स्कूल की इमारत; **~hof,** m स्कूल का अहाता; **~isch,** adj. विद्यालय-संबंधी, विद्यालय का, स्कूली; **~jahr,** n शिक्षा-वर्ष, शैक्षिक वर्ष; **~kind,** n स्कूली बालक या बालिका, स्कूल जाने वाला बच्चा; **~klasse,** f कक्षा, दरजा; **~meister,** m, U: अध्यापक, शिक्षक, मास्टर, मुदर्रिस; fig: विद्याडम्बरी या पाण्डित्याभिमानी व्यक्ति; ज़रा-ज़रा-सी बात में आलोचना करने वाला व्यक्ति; **~meisterlich,** adj., fig: पंडिताऊ; ज़रा-ज़रा-सी बात में आलोचना करने वाला; **~meistern,** v/t (h.) को पंडिताऊ ढंग से सीख देना; की आलोचना क०, की ग़लतियाँ निकालना; **~pflicht,** f अनिवार्य शिक्षा, आयु-विशेष में बच्चों को स्कूल भेजने की बाध्यता; **~pflichtig,** adj. स्कूल जाने की उम्र का; **~rat,** m विद्यालय-निरीक्षक; **~schiff,** n प्रशिक्षण-पोत; **~system,** n शिक्षा-पद्धति; विद्यालय का प्रकार; **~tasche,** f बस्ता, स्कूल का झोला।

Schulter, f (-/-n) कंधा, स्कंध, अंस; U: jdm. die kalte Schulter zeigen किसी की अवहेलना क०, किसी का

तिरस्कार क०, किसी को घास (तक) न डालना; ~**blatt,** n, anat: अंस-फलक, स्कंधास्थि; ~**klappe,** f, mil: कंधे का पट्टा; ~**n,** v/t (h.) को कंधे पर रखना।

Schul-ung, f (-/-en) शिक्षा; शिक्षण; प्रशिक्षण; अनुभव, निपुणता; ~**ungs-kurs,** m प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम; पुनश्चर्या; ~**weg,** m स्कूल का रास्ता; ~**weisheit,** f किताबी ज्ञान; ~**wesen,** n शिक्षा-व्यवस्था; शिक्षा-प्रणाली।

schummeln, v/i (h.) U: बेईमानी क०, धोखा देना।

schumm(e)rig, adj. धुँधला, मन्द।

schummern, v/t (h.) को रेखाच्छादित क०।

Schund, m (-[e]s) काठ-कबाड़, बेकार सामान; कूड़ा, कचरा, कूड़ा-करकट; रद्दी माल; निम्न कोटि का साहित्य; ~**literatur,** f घटिया या निम्न कोटि का साहित्य (जिसका चरित्र पर बुरा प्रभाव पड़े); ~**ware,** f रद्दी माल।

schunkeln, v/i (h.) झूलना, डोलना, झूमना।

Schupo, 1. f (-) U: → Schutz-polizei; 2. m (-s/-s) U:→ Schutzpolizist

Schuppe, f (-/-n) शल्क, छिलका, सेहरा; med: खाल की सूखी तथा पतली पपड़ी; रूसी; bot: शल्क-सदृश वल्कल; fig: es fiel ihm wie Schuppen von den Augen अचानक उसकी आँखें खुल गईं, उसे अचानक वास्तविकता का बोध हुआ।

[1]**Schuppen,** m (-s/-) सामान आदि रखने का छाजन, छानी, लकड़ी के पटरों से पाटा हुआ कमरा, सायाबान।

[2]**schupp-en,** 1. v/t (h.) का शल्क उतारना या छीलना; 2. v/r (h.) की पपड़ी उतरना, पपड़ी बनकर गिरना; ~**enflechte,** f, med: छालरोग; ~**enpanzer,** m शल्क-सदृश लोहपत्रों से बना बक्तर; ~**entier,** n शल्कयुक्त जन्तु, शल्की जन्तु; ~**ig,** adj. शल्क-युक्त, शल्की; रूसीदार।

Schur, f (-/-en) ऊन की कतराई; घास-कटाई; U: झंझट, परेशानी।

Schür-eisen, n कुरेदनी, अग्निशलाका; ~**en,** v/t (h.) (आग को) कुरेदकर तेज़ क०; fig: jds. Haß schüren किसी की घृणा को जाग्रत क०; किसी के मन में घृणा पैदा क०; किसी की घृणा की आग में घी डालना।

schürf-en, 1. v/i (h.) पूर्वेक्षण क०, कच्ची धातु की खोज क०; fig: अध्यवसाय के साथ अनुसंधान-कार्य क०; 2. v/t (h.) खोदकर निकालना, खुरचकर प्राप्त क० (कच्ची धातु, खनिज आदि); sich schürfen छील लेना (खाल); की खाल छिल जाना; ~**wunde,** f छिलन, ऊपरी चोट।

Schürhaken, m → Schüreisen

Schurigel-ei, f (-/-en) उत्पीड़न, जान-बूझकर दिया गया कष्ट; मिथ्यापत्ति, तंग करने की बात या युक्ति; ~**n,** v/t (h.) को कष्ट देना, सताना, तंग क०, परेशान क०, दुःखी क०।

Schurk-e, m (-n/-n) दुर्जन, नराधम; निकृष्ट, ज़लील, नीच व्यक्ति, बदमाश, कमीना; विश्वासघाती; ~**enstreich,** m/~**erei,** f (-/-en) नीचता, कमीन-पन, ज़लालत का काम; विश्वासघात; ~**isch,** adj. नीच, अधम, निकृष्ट, ज़लील, कमीन; विश्वासघाती।

Schurz, m (-es/-e) गुप्तांगों को ढकने के लिए कमर के आस-पास बाँधा गया कपड़े का टुकड़ा।

Schürze, f (-/-n) पेटबन्द, एप्रन; (स्त्रियों द्वारा) काम करते समय आगे की ओर पहनने का वस्त्र; ~**n,** v/t (h.) ऊपर को उठाना (लहँगा, धोती आदि); उलझाना, गूँथना; सिकोड़ना; die Lippen schürzen होठ सिकोड़ना; den Knoten schürzen गाँठ डालना, डोरे आदि को उलझाकर गूँथ बनाना; poet: (कथानक के) विरोध को पराकाष्ठा पर पहुचाना; ~**njäger,** m, U: लड़कियों या औरतों के पीछे

पड़ने वाला, औरतबाज़, लौंडियाबाज़ ।

Schuß, m (-'sses/ ⸬ 'sse) गोली की आवाज़, गोले का धड़ाका; sport: गेंद को तेज़ी से मारना; तेज़ी से मारी गई गेंद; o.pl: (kleine Menge) अल्प मात्रा, थोड़ा-सा, ज़रा-सा; पुट; o.pl: (Schwung) वेग; आवेश, जोश, ताव; o.pl., Weberei: बाना, भरनी; U: तेज़ी के साथ वृद्धि या विकास; ein Schuß ins Schwarze बिल्कुल ठीक निशाने पर लगने वाली गोली; fig: बिल्कुल जमने वाली या प्रभावकारी बात; मार्मिक व्यंग्य; fig: ein Schuß ins Leere असफल प्रयत्न; U: weit (weg) vom Schuß ख़तरे से दूर; घटनाचक्र से परे; U: in Schuß kommen पूरी तरह स्वस्थ हो जाना; पूरी तरह दुरुस्त हो जाना; जोश में आ जाना;U: sie hält ihre Küche in Schuß वह अपनी रसोई को साफ़-सुथरा (या व्यवस्थित) रखती है; U: einen Schuß Rum in den Tee geben चाय में थोड़ी-सी रम मिलाना; fig: seine Rede enthielt auch einen Schuß Ironie उसके भाषण में थोड़ा-सा व्यंग्य भी था; U: das Kind hat in diesem Jahr einen kräftigen Schuß getan इस वर्ष (इस) बच्चे का क़द काफ़ी बढ़ गया ।

Schussel, m (-s/-) U: जल्दबाज़ी करने वाला व्यक्ति, हड़बड़िया या उतावला व्यक्ति ।

Schüssel, f (-/-n) [lat.] कटोरी, कटोरा,कटोरे के आकार का बड़ा बर्तन, गहरी तश्तरी या रक़ाबी ।

schussel-ig, adj., U: जल्दबाज़, उतावला, हड़बड़िया; **~n,** v/i (h.) U: जल्दबाज़ी क०, उतावली क०, हड़बड़ी क० ।

Schuß-faden, m, Weberei: बाना, भरनी; **~fahrt,** f, Skisport: स्कियों पर सरर्टि की दौड़ ।

schußlig, adj. → schusselig

schuß-sicher, adj. गोली-रोक, गोली-सह, अभेद्य; **~waffe,** f अग्न्यस्त्र; **~wunde,** f गोली की चोट ।

Schuster, m (-s/-) [lat.] मोची, जूते बनाने या गाँठने वाला; **~ei,** f(-/-en) U: मोची की दूकान; **~n,** v/i (h.) U: जूते बनाना, जूते गाँठना, मोची का काम क० ।

Schutt, m (-[e]s)भग्नावशेष,ध्वंसावशेष; मलबा, कूड़ा, कचरा; **~abladeplatz,** m मलबा आदि फेंकने का स्थान ।

Schüttel-frost, m ज्वर के पूर्व का का कम्पन, जूड़ी, शीतज्वर; **~n,** v/t (h.) को (इधर-उधर) हिलाना; झकझोरना; झँझोड़ना, को झटका देना; कँपाना, के शरीर में कँपकँपी पैदा क०, को हिलाकर रख देना; sich schütteln अपने शरीर को तेज़ी से झटकना या हिलाना (जैसे भीगा हुआ कुत्ता); काँप जाना (कड़वी या खट्टी वस्तु के सेवन के बाद); jdm die Hand schütteln किसी से हाथ मिलाना; sich vor Lachen schütteln हँसते-हँसते लोट-पोट हो जाना; **~reim,** m आद्याक्षर-विपर्यय द्वारा तुकबन्दी ।

schütten, 1. v/t (h.)डालना, उँडेलना; छलका देना, फैला देना, गिरा देना; 2. v/i (h.) U: es schüttet घनघोर वर्षा हो रही है ।

schütter, adj.: schütteres Haar बहुत कम घने बाल, कम या हल्के बाल ।

schüttern, v/i (h.) काँपना; गरजना, गड़गड़ाना ।

Schutt-halde, f मलबे या कूड़े-कचरे का ढेर; geol: शैल-मलबा; **~haufen,** m मलबे का ढेर, कूड़े का ढेर ।

Schutz, m (-es) रक्षा, सुरक्षा, बचाव; सुरक्षा या बचाव का उपाय; संरक्षण, रक्षात्मक सहायता; आश्रय, आड़, ओट;jdn. in Schutz nehmen किसी की हिमायत क०,किसी का बचाव क०; **~ärmel,** m आस्तीनपोश; **~bedürftig,** adj. जिसे (किसी के)

संरक्षण की आवश्यकता हो, निराश्रय, दीन-हीन; ~**befohlene,** m/f (-n/-n) आश्रित, रक्षित; आश्रिता, रक्षिता; ~**blech,** n पंकरोक, मडगार्ड ।

Schütze, m (-n/-n) लक्ष्यभेदी, निशानेबाज़, बन्दूकची; तीरन्दाज़; sport: गोल करने वाला; Weberei: ढरकी; astrol: धनु राशि; U: धनु राशि में पैदा हुआ व्यक्ति ।

schützen, v/t (h.) की रक्षा क०, का बचाव क०, की हिफ़ाज़त क०; बचाना; का संरक्षण क० ।

Schutzengel, m रक्षक देवात्मा, रखवाल देवदूत ।

Schützen-graben, m, mil: खाई, खन्दक, परिखा; ~**hilfe,** f, fig: jdm. Schützenhilfe leisten किसी की सहायता क०, किसी वादविवाद में किसी का समर्थन क०; ~**könig,** m सर्वश्रेष्ठ लक्ष्यभेदी, सबसे अच्छा निशानेबाज़ ।

Schutz-farbe, / ~**färbung,** f रक्षी रंग; ~**frist,**f रचना-स्वत्व की अवधि; ~**gebiet,** n संरक्षित राज्य या क्षेत्र; →Naturschutzgebiet; ~**haft,** f, jur: निवारक निरोध, रक्षार्थ क़ैद, सुरक्षात्मक गिरफ़्तारी, हिफ़ाज़त के लिए क़ैद या नज़रबन्दी;~**heilige,** m संरक्षक सन्त; ~**hülle,** f रक्षावरण; ~**impfung,** f प्रतिरक्षण-टीका ।

Schützling,m (-s/-e) रक्षित, रक्षिता, संरक्षणाधीन व्यक्ति; कृपापात्र, मुँहलगा ।

schutz-los, adj. अरक्षित, रक्षाहीन; निस्सहाय, बेसहारा; ~**macht,** f संरक्षी शक्ति; संरक्षी राज्य या राष्ट्र; ~**mann,** m पुलिस का सिपाही, पुलिस वाला; ~**marke,** f पंजीयित व्यापार-चिन्ह; ~**patron,** m → Schutzheilige; ~**polizei,** f पुलिस, आरक्षी; ~**polizist,** m पुलिस का सिपाही, पुलिस वाला; ~**umschlag,** m पुस्तकावरण; ~**vorrichtung,** f सुरक्षा-साधन; ~**zoll,** m रक्षण-शुल्क, देशी उत्पादनको आयातके प्रभाव से मुक्त रखने के लिए लगाया गया आयात-कर ।

schwabb-(e)lig, adj., U: ढीला,श्लथ, थलथला; ~**eln,** v/i (h.) U: थलथलाना ।

schwach, adj. अशक्त, दुर्बल, कमज़ोर, क्षीण; लचर, पोच; (zart) कोमल, सुकुमार, नाज़ुक; (gehaltlos) सारहीन, घटिया, बेकार; (nicht zahlreich) अल्पसंख्यक, कम; (dünn) पतला; पानीदार, पनिहा; geistig: मन्दबुद्धि, कमज़ोर (दिमाग़ वाला);Licht: धुँधला, मन्द, हल्का; Argument: अप्रत्यायक, निर्बल, कमज़ोर; gramm: प्रत्यान्त, निर्बल; kfm: मन्दा, मन्दी का; U: jeder hat irgend eine schwache Seite हर मनुष्य की कोई न कोई कमज़ोरी होती है;U: eine schwache Stunde कमज़ोरी का क्षण ।

Schwäche, f (-/-n) अशक्तता, दुर्बलता, कमज़ोरी; लचरपन; दिमाग़ी कमज़ोरी; ऐब, दोष, कमी, खामी, अवगुण; अनुराग, आसक्ति, शौक़; eine Schwäche für etw. haben किसी बात या वस्तु का बहुत शौक़ीन होना; ~**anfall,** m दुर्बलता का दौरा, अचानक अशक्त हो जाना ।

schwächen v/t (h.) को दुर्बल या कमज़ोर क०, को थका देना; को कम क०, को घटाना, के महत्व या प्रभाव को घटा देना ।

Schwach-heit, f (-/-en) दुर्बलता, कमज़ोरी; कोमलता, सुकुमारता; नैतिक निर्बलता, पापप्रवणता; U: bildet euch keine Schwachheiten ein! यह आशा मत करो कि तुम्हारी इच्छा पूरी हो जाएगी!; ~**kopf,** m, U: मूर्ख, उल्लू, मूढ़ ।

schwäch-lich, adj. कमज़ोर, दुर्बल, बीमार-सा, अस्वस्थ; ~**ling,** m (-s/-e) दुर्बल व्यक्ति; लचर या पोच आदमी, मिट्टी के माधव; बुज़दिल या कमहिम्मत आदमी ।

Schwach-matikus, m (-/-'ker;-se)

U: → Schwächling; **~sinn,** m (-[e]s) (जन्मजात) मूढ़ता, जड़बुद्धिता; **~sinnig,** adj. (जन्मजात) मूढ़, जड़-बुद्धि; **~strom,** m, el: कम वोल्टता वाली बिजली।

Schwächung, f (-) अशक्तीकरण, दुर्बलीकरण; (महत्व या प्रभाव का) कम किया जाना या कम होना।

Schwade, f (-/-n) कटी हुई फ़सल या घास की क़तार।

Schwaden, m (-s/-) → Schwade; गैस-मेघ, वाष्प-मेघ, (विषैली गैसों के) धुएँ का बादल।

Schwadron, f (-/-en) [ital.] mil: अश्वारोही सैनिकों का स्क्वॉड्रन; **~eur,** m (-s/-e) शेख़ीख़ोर; बड़बोल, डींग मारने वाला; **~ieren,** v/i (h.) शेख़ी मारना, डींग मारना; बहुत बातें क०।

Schwafel-ei, f (-/-en) U: अनर्गल प्रलाप; मूर्खतापूर्ण बातें; **~n,** v/i (h.) U: बकवास क०, अनर्गल प्रलाप क०; मूर्खतापूर्ण बातें क०।

Schwager, m (-s/ ⸚) बहनोई; साला; साढ़ू; देवर, जेठ; नन्दोई।

Schwäger-in, f (-/-nen) भाई की पत्नी (भाभी, अनुजवधू); साली; ननद; सरहज; **~schaft,** f (-) पति या पत्नी के संबंधीगण या रिश्तेदार, पति या पत्नी के रिश्तेदारों से नाता।

Schwalbe, f (-/-n) अबाबील, भाण्डीक; spw: eine Schwalbe macht noch keinen Sommer अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता; **~nschwanz,** m, tech: डबजोड़, डवचूल; काष्ठसंधि; U: → Frackschoß; zool: अबाबीलपुच्छी तितली।

Schwall, m (-[e]s/-e) बाढ़, प्राचुर्य; लहर, वेगधारा; सैलाब, ओघ; mar: महोर्मि-समूह; von Worten: झड़ी, बौछार।

Schwamm, m (-[e]s/ ⸚ e) स्पंज; खुमी, छत्रक, कुकुरमुत्ता; bot: फफूंद, कवक; U: Schwamm drüber! चलो छोड़ो इस बात को!, अरे रहने दो इस बात को!; **~ig,** adj. स्पंज जैसा; आप्यायित, सूजा हुआ।

Schwan, m (-[e]s/ ⸚ e) मराल, हंस, राजहंस; o.pl., astron: हंस।

schwanen, v/i (h.): jdm. schwant etw. किसी को किसी बात का आभास या पूर्वाभास होता है।

Schwanen-gesang, m, fig: अन्तिम रचना; **~hals,** m हंसग्रीवा; fig: हंस-ग्रीवा जैसी लम्बी तथा सुन्दर गरदन।

Schwang, m: U: im Schwang(e) sein प्रचलित होना, का चलन होना।

schwanger, adj. गर्भवती, गर्भिणी, हामला; fig: mit etw. schwanger sein/gehen किसी बात से पूर्ण होना; किसी बात की योजना बनाना; **~e,** f (-n/-n) गर्भवती स्त्री।

schwängern, v/t (h.) को गर्भवती बनाना; Stoffe: से परिपूर्ण कर देना।

Schwangerschaft, f (-/-en) गर्भ, गर्भावस्था; गर्भकाल; **~sunterbrechung,** f गर्भपात (कराना)।

Schwängerung, f (-) गर्भाधान; fig: से परिपूर्ण कर देना।

[1]**Schwank,** m (-[e]s/ ⸚ e) नटखटी, शरारत; (शरारत की) मज़ेदार कहानी; स्वाँग, दुर्मल्ली।

[2]**schwank,** adj. पतला तथा लचीला, आनम्य; fig: ढुलमुल; डाँवाडोल; **~en,** v/i (h.) अस्थिर होना, इधर-उधर हिलना, झूमना; डगमगाना, लड़खड़ाना; डाँवाडोल होना; Preise: घटना-बढ़ना, बदलते रहना; fig: दुबिधा में होना, असमंजस में होना, निश्चय न कर पाना।

Schwanz, m (-es/ ⸚ e) पूंछ, पुच्छ, दुम; U: hinterer Ansatz: पुछल्ला; U: (Schlange) प्रतीक्षा करते हुए लोगों की क़तार; fig: उत्तरभाग, उत्तर-प्रभाव; पूरक परीक्षा; vulg: लौड़ा, लंड; fig: beim Examen einen Schwanz bauen/machen परीक्षा के एक विषय में अनुत्तीर्ण हो जाना; U: kein Schwanz war zu sehen कोई भी नहीं दिख रहा था, वहाँ कोई

भी नहीं था; U: jdm. auf den Schwanz treten किसी का अपमान क० ।

schwänzeln, v/i (h.) Hund: पूँछ हिलाना; Mensch: इठलाते हुए चलना; नखरे के साथ चलना; U: um jdn. schwänzeln किसी की खुशामद क०, किसी की जीहुज़ूरी क० ।

schwänz-en, v/t (h.) में पुछल्ला लगाना; Schule usw: गोल क० (स्कूल, घंटा आदि); जान बूझकर न क०, से जी चुराना; ~**er,** m (-s/-) घंटा आदि गोल करने वाला; काम से जी चुराने वाला ।

schwanz-lastig, adj., Flugzeug: पीछे की ओर अधिक भारित, उलार; ~**lurch,** m सपुच्छ उभयचर ।

schwappen, 1. v/t (h.) U: छलका देना; फैला देना; 2. v/i (s.) किसी पात्र में भरे तरल पदार्थ का हिलना या लहराना; छलकना, छलक जाना, छलककर गिर जाना ।

Schwär-e, f (-/-n) व्रण, विद्रधि, फोड़ा; पीबदार घाव; ~**en,** v/i (h.) व्रणित हो जाना; में पीब पड़ना; ~**ig,** adj. व्रणित, विद्रधियुक्त; पीबदार ।

Schwarm, m (-[e]s/ ⸚e) झुंड, गोल, समूह, वृन्द, दल; भीड़; U: प्रेमभाजन, भक्तिभाजन; प्रेमी या प्रेमिका, माशूक़ या माशूक़ा ।

schwärm-en, 1. v/i (h.;s.) झुंड बनाकर निकलना, झुंड में आना; भीड़ में आना, की भीड़ जमा होना; U: आवारागर्दी क०, रंगरलियाँ मनाना, नाचकर तथा शराब पीकर समय काटना; mil: तितर-बितर होकर दुश्मन पर हमला क०; 2. v/i (h.) स्वैरकल्पना क०; सपनों में खो जाना, किसी की प्रशंसा में खो जाना, भावोन्मत्त हो जाना; für etw. schwärmen किसी वस्तु या बात की अत्यधिक प्रशंसा क०, किसी वस्तु या बात को बहुत पसन्द क०; für jdn. schwärmen किसी की आराधना क०, किसी पर आशिक़ या फ़िदा होना; किसी की अत्यधिक प्रशंसा क०; ~**er,** m (-s/-) रंगरलियाँ मनाने वाला; स्वैरकल्पना करने वाला, स्वप्नद्रष्टा; किसी (बात) की प्रशंसा में खो जाने वाला व्यक्ति; धर्मान्ध व्यक्ति; Feuerwerkskörper: फुलझड़ी वाला पटाखा; Falter: जमुहाँ; ~**erei,** f (-/-en) भावोन्माद, अत्यधिक प्रशंसा; ~**erisch,** adj. अति श्रद्धालु, अतिभक्तिपूर्ण; भावोन्मत्त, अतिभावुक ।

Schwarte, f (-/-n) चमड़ा, मांस के टुकड़े से जुड़ी खाल; (Schwiele) घट्ठा, किण; U: (Haut) खाल, चमड़ी; U: (Buch) मोटी किताब; ~**n,** 1. v/i (h.)U: बहुत चाव से पढ़ना, पढ़ने में मग्न होना; 2. v/t (h.) U: की ठुकाई क०, की पिटाई क० ।

schwarz, 1. adj. कृष्ण, काला, स्याह; कलूटा, साँवला; अंधकारमय; U: (schmutzig) गंदा, मैला; U: (katholisch) कैथॉलिक; U: (illegal) अवैध, ग़ैरक़ानूनी; fig: अशुभ, मनहूस; बुरा, अनिष्टकारी; दुष्ट; निराशामय, शोकपूर्ण; schwarzer Kaffee बिना दूध की कॉफ़ी; der Schwarze Erdteil अफ़्रीका; das schwarze Brett सूचनापट; ihr wurde schwarz vor den Augen उसकी आँखों के आगे अँधेरा छा गया; auf der schwarzen Liste stehen का नाम काली सूची में (लिखा) होना; der schwarze Markt चोरबाजार; fig: ein schwarzer Tag अशुभ, मनहूस या शोकपूर्ण दिन, दुर्भाग्य का दिन; fig: schwarze Gedanken hegen बुरी या विद्वेषपूर्ण भावनाओं को मन में रखना, विद्वेष रखना; fig: etw. in den schwärzesten Farben schildern किसी बात को अत्यन्त निराशापूर्ण दृष्टिकोण से देखना, किसी बात का अत्यन्त निराशाजनक चित्रण क०; fig: jdm. den Schwarzen Peter zuschieben किसी अप्रिय बात को किसी के सिर मढ़ना; U: hier

steht es schwarz auf weiß यह बात यहाँ साफ़-साफ़ लिखी हुई है; U: darauf könnt ihr warten bis ihr schwarz werdet तुम लोगों की प्रतीक्षा व्यर्थ है; fig: ins Schwarze treffen बिल्कुल ठीक या सुसंगत बात कहना, जमने वाली बात कहना; 2. n (-es) काला रंग; कालिमा; U: काले कपड़े (किसी समारोह के लिए या शोक-प्रदर्शन के लिए)।

Schwarz-arbeit, f अननुज्ञात नौकरी, रोज़गार, अवैध या गैरक़ानूनी धन्धा; **~arbeiten,** v/i (h.) अननुज्ञात नौकरी या रोज़गार क०, ग़ैरक़ानूनी धंधा क०, बिना अनुमति के नौकरी क०; **~brot,** n मोटे अन्न की डबलरोटी।

Schwarze, m/f (-n/-n) हबशी, हबशिन; काले बालों वाला इंसान।

Schwärze, f (-/-n) कालापन, कालिमा; कालिख, काला रंग, काली स्याही; **~n,** v/t (h.) काला क० या रँगना।

schwarz-fahren, v/i (s.) U: बिना टिकट के यात्रा क०; बिना लाइसेंस के कार आदि चलाना; **~fahrer,** m, U: बिना टिकट के यात्रा करने वाला; बिना लाइसेंस के मोटरगाड़ी चलाने वाला; **~handel,** m अवैध व्यापार; **~hören,** v/i (h.) U: बिना लाइसेंस के रेडियो सुनना या रखना; **~hörer,** m, U: बिना लाइसेंस के रेडियो रखने वाला।

schwärzlich, adj. श्यामल, काला-सा, कालेपन की झलक लिए हुए।

Schwarz-markt, m चोरबाज़ार; **~pulver,** n बारूद; **~schlachten,** v/t & v/i (h.) बिना सरकारी अनुमति के पशुवध क०; **~sehen,** v/i (h.) fig: निराशावादी होना, निराशावादी दृष्टिकोण से देखना,कोई आशा न रखना; U: बिना लाइसेंस के टेलीविज़न देखना या रखना; **~seher,** m, fig: निराशावादी; U: बिना लाइसेंस के टेलीविज़न रखने वाला; **~wild,** n जंगली सूअर, बनैले सूअर; **~wurzel,**f शतावर जैसी एक सब्ज़ी।

Schwatz, m (-es/-e)U: अनौपचारिक बातचीत, गपशप; **~base,** f गप्पी स्त्री, आलापप्रिय स्त्री; **~en,** v/i (h.) गपशप क०; बहुत बातें क०, घुलमिल कर बातें क०; कक्षा में चुपचाप बातें क०।

schwätz-en, v/i (h.) → schwatzen; **~er,** m (-s/-) बातूनी, गप्पी; डींग मारने वाला, बढ़-चढ़कर बातें करने वाला; **~erei,** f (-/-en) → Geschwätz

schwatzhaft, adj. आलापप्रिय, बातूनी, बहुत बातें करने वाला।

Schwebe,f(-): diese Angelegenheit ist noch in der Schwebe यह बात अभी तय नहीं हुई है, यह मामला अभी लटका है; **~bahn,** f संदाम-यान; **~balken,** m सन्तुलन-व्यायाम का शहतीर; **~n,** v/i (h.;s.) झूलना; लटकना; मँडराना; तिरना, उतराना; पर छाया होना; fig: दो सम्भावनाओं के बीच होना; दुविधा में होना, असमंजस में होना; अनिर्णीत होना, चल रहा होना; लटका होना (कोई मामला या मुक़दमा आदि); sein Name schwebt mir auf der Zunge उसका नाम मेरी ज़बान पर रखा है; fig: in Gefahr schweben खतरे में होना; fig: zwischen Furcht und Hoffnung schweben भय और आशा के बीच पड़ा होना।

Schwed-e, m (-n/-n) स्वीडन-निवासी; **~en,** n स्वीडन; **~isch,** 1. adj. स्वीडन का; 2. n (-[s]) स्वीडन की भाषा।

Schwefel, m (-s) गंधक, शुल्वारि; **~bande,** f, U: दुष्टों की मंडली; बदमाशों का गिरोह; शरारती लोगों की टोली; **~kies,** m माक्षीक, पाइराइट; **~n,** v/t (h.) गंधक का धुँआ देना; गंधक लगाना या मिलाना; **~säure,** f गंधक का तेज़ाब, सल्फ़्यूरिक ऐसिड।

Schweif, m (-[e]s/-e) (लम्बी तथा झबरी) पूँछ; पोशाक का ज़मीन पर घिसटने वाला पश्चभाग, पुछल्ला; eines Kometen: पुच्छ; **~en,** 1. v/t (h.) को सपुच्छ बनाना; Garn: धोना, धोकर साफ़ क०; tech: वृत्ताकार या चापाकार रूप में काटना; 2. vi (s.) उद्देश्यहीन घूमना, घूमना-फिरना; चक्कर काटना, यों ही घूमना या भ्रमण क०; seine Gedanken schweifen lassen अपने विचारों को मुक्त छोड़ देना, अपने विचारों को चक्कर काटने देना, के बारे में विचार क०, के खयालों में खो जाना; **~stern,** m पुच्छल तारा; **~wedeln,** v/i (h.) U: चापलूसी क०, ख़ुशामद क०, जीहुज़ूरी क० ।

Schweige-geld, n किसी बात को गुप्त रखने के लिए दी गई घूस, मुँहभराई (की रक़म); **~n,** 1. v/i (h.) चुप होना या रहना, ख़ामोश होना या रहना; 2. n (-s) चुप्पी, ख़ामोशी, मौन; U: sich in Schweigen hüllen चुप्पी मार जाना, चुप्पी साधना, मौन धारण कर लेना; **~pflicht,** f व्यावसायिक गूढ़ता (की बाध्यता); **~r,** m (-s/-) बहुत कम बोलने वाला, अमूनन ख़ामोश रहने वाला, अत्यल्पभाषी, कमगो ।

schweigsam, adj. अल्पभाषी, कम बोलने वाला, कमगो, चुप्पा; **~keit,** f (-) अल्पभाषिता, कमगोई, कम बोलने की आदत ।

Schwein, n (-[e]s/-e) सूअर, शूकर, वाराह; fig: मैला-कुचैला गंदा व्यक्ति; अश्लील बातें करने वाला इंसान; बदचलन इंसान, नीच, कमीन, निकृष्ट व्यक्ति; o.pl., U: सौभाग्य, ख़ुशक़िस्मती (की बात); U: Schwein haben की तक़दीर अच्छी होना, का भाग्य अच्छा होना; U: hier ist kein Schwein यहाँ कोई नहीं है; U: er ist ein armes Schwein उस बेचारे की दशा बहुत दयनीय है; **~efleisch,** n सूअर का मांस; **~ehund,** m, U: नराधम, अत्यन्त निकृष्ट या नीच आदमी; **~erei,** f (-/-en) U: गन्दगी; अव्यवस्था; नीचता या कमीनपन (का काम); अश्लील बात; अनैतिकता (का काम); **~estall,** m सूअर-बाड़ा, खोबार; U: दुर्व्यवस्था; **~igel,** m, U: मैला-कुचैला या गंदा व्यक्ति; अश्लील बातें करने वाला इंसान; बदचलन इंसान; **~igelei,** f (-) → Schweinerei; **~igeln,** v/i (h.) U: गन्दगी क०; अश्लील बातें क०, अश्लील चुटकुले सुनाना; **~isch,** adj., U: अश्लील; अश्लील बातें करने वाला; **~sleder,** n सूअर का चमड़ा; **~sledern,** adj. सूअर के चमड़े का ।

Schweiß, m (-es) स्वेद, पसीना; शिकार के जानवर का रक्त; fig: das hat viel Schweiß gekostet इस काम में बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ा; **~drüse,** f स्वेदग्रंथि ।

schweiß-en, 1. v/t (h.) वेल्द क०, को पिघला कर एक साथ जोड़ना; को काट-कर एक साथ जोड़ना; 2. v/i (h.) चोट खाए जानवर का ख़ून बहना; **~er,** m (-s/-) झलाईगर, धातुओं आदि को जोड़ने वाला कारीगर ।

Schweiß-füße, m/pl. स्वेदित पैर, पैर जिनमें बहुत पसीना आता हो; **~gebadet,** adj. पसीने से तर-बतर; **~ig,** adj. पसीनेदार, स्वेदित, प्रस्वेदित; जिसमें बहुत पसीना छूटता हो ।

Schweißnaht, f झलाई का जोड़ ।

Schweißperle, f पसीने की बूँद ।

schweiß-treibend, adj. प्रस्वेदक; स्वेदकारी, पसीना लाने वाला; **~triefend,** adj. पसीने से तर; **~tropfen,** m पसीने की बूँद ।

Schweiz, f स्विट्ज़रलैंड; **~er,** m (-s/-) स्विट्ज़रलैंड-निवासी; **~erdeutsch,** n स्विट्ज़रलैंड में बोली जाने वाली जर्मन भाषा; **~ergarde,** f पोप के अंगरक्षकों का दल; **~erisch,**

adj. स्विट्ज़रलैंड का।

schwelen, 1. v/t (h.) धीरे-धीरे जलाना; वायु की अनुपस्थिति में गरम क०; 2. v/i (h.) सुलगना; fig: der Haß schwelt in ihm उसके हृदय में घृणा की चिनगारी सुलग रही है।

schwel-gen, v/i (h.) ज़िन्दगी का मज़ा लूटना, ठाठ का जीवन बिताना; ख़ूब ठाट से खाना-पीना; in Erinnerungen schwelgen यादों में खो जाना, यादों का मज़ा लूटना; ~**er,** m (-s/-) ठाठ की ज़िन्दगी बिताने वाला, विलासी, ऐयाश; ~**erei,** f (-/-en) ऐयाशी, विलासिता, ठाठ का जीवन बिताना; ख़ूब ठाठ से खाना-पीना; ~**erisch,** adj. ऐयाशीपूर्ण, विलासितापूर्ण; ठाठ का, मज़े का; अपव्ययी, फ़ुज़ूलख़र्ची का।

Schwelle, f (-/-n) देहली, देहरी, दहलीज़; bei Bahnschienen: रेल की पटरियों के नीचे का शहतीर का टुकड़ा; über die Schwelle treten देहली को पार क०, घर में प्रवेश क०; fig: wir stehen an der Schwelle einer neuen Zeit हम एक नये युग के प्रारम्भ में खड़े हैं।

schwell-en, 1. v/t (h.) फुला देना; 2. v/i (s.) मोटा हो जाना, फूल जाना, फूलना; सूजना, सूज जाना, पानी का बढ़ना या चढ़ना; U: ihm schwoll der Mut उसकी हिम्मत बँध गई या बढ़ गई; ~**ung,** f (-/-en) फुलाव, बढ़ाव; स्फीति; सूजन; उभार, गोलाई-दार उभार।

Schwemm-e, f (-/-n) जानवरों को नहलाने का तालाब; kfm: आधिक्य, भरमार; U: (घटिया) मधुशाला, शराबघर; ~**en,** v/t (h.) नहलाना (जानवरों को); पानी में रखना, धोना (कच्चे चमड़े को); बहाना, नदी के साथ बहने देना; ~**land,** n कछारी भूमि, जलोढ़ भूमि।

Schwengel, m (-s/-) लोलक; नल आदि का हत्था; घुमाऊ छड़; U: छोकरा, लौंडा।

schwenk-bar, adj. घूमने वाला, जिसे घुमाया जा सके; ~**en,** 1. v/t (h.) इधर-उधर हिलाना, लहराना, फहराना; भाँजना; मोड़ना, घुमाना; Wäsche: प्रक्षालन क०, साफ़ पानी से धोना; 2. v/i (s.) घूमना, घूम जाना, मुड़ना, मुड़ जाना; fig: अपना मत बदल देना, अपनी विचारधारा बदल देना; ~**er,** m (-s/-) ब्रांडी पीने का गिलास (जो ऊपर की ओर तंग होता) है।

schwer, 1. adj. भारी; वज़नी वज़नदार; बोझिल; (hart) कठोर, कड़ा, सख़्त; कमरतोड़, श्रमसाध्य; कष्टकर, कष्टपूर्ण, कष्टमय; (schwierig) कठिन, मुश्किल, जटिल; दुःसाध्य, दुष्कर; दुरूह; (heftig) तीव्र, प्रचंड, विकट, ज़बरदस्त, ज़ोरदार; (schlimm) बुरा, ख़राब, दुर्भाग्यपूर्ण; (ernst) गम्भीर; विषादजनक; U: मोटा, स्थूलकाय, भारी-भरकम; अधिक, ज़्यादा; eine schwere Arbeit श्रम-साध्य काम, मेहनत का कार्य; eine schwere Geburt कष्टपूर्ण प्रसव; ein schwerer Sturm प्रचंड तूफ़ान; ein schwerer Winter सख़्त जाड़ा; eine schwere Strafe कठोर दंड; schwere Speisen अपाच्य या भारी व्यंजन; schweren Herzens अनिच्छा से, बेमन से; दुःख के साथ; sein Herz ist schwer उसे दुःख हो रहा है, वह दुःखी है, वह (बहुत) उदास है; eine schwere Zunge haben बहुत धीरे-धीरे बोलना, को बोलने में कष्ट होना, की ज़बान लड़खड़ाना; einen schweren Kopf haben का सिर भारी होना; U: ein schwerer Junge ख़तरनाक अपराधी, बलप्रयोग द्वारा अपराध करने वाला; 2. adv.: er muß schwer arbeiten उसे (बहुत) कड़ी मेहनत करनी पड़ती है; er kann nur schwer hören वह बहुत मुश्किल से सुन पाता है, वह बहुत ऊँचा सुनता है; schwer verwundet sein बहुत (बुरी तरह) घायल होना; U: schwer reich

sein बेहद अमीर होना, बहुत अधिक धनवान होना; **~arbeit,** f कठिन परिश्रम, कड़ी मज़दूरी; **~arbeiter,** m कठिन परिश्रम करने वाला, कड़ी मज़दूरी करने वाला; **~beschädigt,** adj. निर्योग्य, नौकरी करने के निर्योग्य, काम-काज से लाचार (किसी रोग के परिणामस्वरूप); विकलांग, विकलीकृत; **~beschädigte,** m/f (-n/-n) निर्योग्य पुरुष या स्त्री; विकलांग पुरुष या स्त्री; **~blütig,** adj. विषादी; विषादप्रवण; अनुत्तेज्य; निश्चेष्ट, दीर्घकारी; मन्दबुद्धि; **~e,** f (-) भारीपन; भार, वज़न, बोझ; fig: गुरुत्व, गुरुता, भार, गम्भीरता; कड़ाई, सख्ती; phys: गुरुत्व, गुरुत्वाकर्षण।

Schwerenöter, m (-s/-) स्त्रियों को प्रभावित करने का प्रयत्न करने वाला, स्त्री-चित्तचोर; औरतबाज़, लौंडियाबाज़।

schwer-fallen, v/i (s) में (या से) कठिनाई, मुश्किल, परेशानी, कष्ट, तकलीफ़ होना, के लिए मुश्किल या कठिन होना; की बिल्कुल इच्छा न होना; es fällt mir schwer, ihm zu verzeihen उसे क्षमा करने में मुझे कष्ट होता है; **~fällig,** adj. अनाड़ी, अदक्ष; निश्चेष्ट, आलसी, दीर्घकारी; मन्दबुद्धि; भद्दा; भोंड़ा, भारी-भरकम; क्लिष्ट, कठिन, नीरस; **~gewicht,** n मुष्टियुद्ध या मल्लयुद्ध की सर्वोच्च भार-श्रेणी या इस श्रेणी का योद्धा; fig: विशेष महत्व; **~hörig,** adj. ऊँचा सुनने वाला; **~industrie,** f गुरु उद्योग (इस्पात-उद्योग, खनन-उद्योग); **~kraft,** f, phys: गुरुत्वाकर्षण; **~krank,** adj. बहुत बीमार, सख़्त बीमार; **~lich,** adv. मुश्किल से; शायद ही; **~mut,** f (-) विषाद, विषण्णता, उदासी; **~mütig,** adj. विषादी, विषादग्रस्त, विषण्ण; उदास दु:खी; **~nehmen,** v/t (h.) का दु:ख मानना, के कारण दु:खी या चिन्तित होना; **~punkt,** m, phys: गुरुत्व-केन्द्र; fig: केन्द्रबिन्दु, प्रमुख अंश; बल, ज़ोर, महत्व।

Schwert, n (-[e]s/-er) तलवार, खड्ग, खंग, तेग, शमशीर, ख़ंजर; mar: गुंजक; नाव के पेंदे में लगा लोहे या लकड़ी का तख्ता जो नाव को उलटने से बचाता है; fig: das ist ein zweischneidiges Schwert इस में लाभ ही नहीं हानि भी है; **~feger,** m तलवार बनाने वाला; **~fisch,** m तेगामछली, असिमीन; **~lilie,** f खड्गपत्र वासमूल का पौधा या फूल।

Schwer-verbrecher, m महापराधी; **~verletzte,** m / f (-n/-n) बुरी तरह घायल पुरुष या स्त्री; **~wiegend,** adj. गंभीर; महत्वपूर्ण, वज़नी।

Schwester, f (-/-n) बहन, भगिनी, सहोदरा; (Krankenschwester) नर्स, उपचारिका, परिचारिका; (Nonne) व्रतिनी, संघिनी; **~firma,** f सम्बद्ध फ़र्म; **~lich,** adj. बहन का; भगिनीवत्, भगिनीसुलभ, बहन जैसा; **~schiff,** n समान बनावट का जहाज़।

Schwieger-eltern, pl. सास-ससुर; **~mutter,** f सास, श्वश्रू; **~sohn,** m दामाद, जमाई; **~tochter,** f बहू, पतोहू, पुत्रवधू; **~vater,** m ससुर, श्वसुर।

Schwiel-e, f (-/-n) घट्ठा, घेठा, ढट्टा, किण; **~ig,** adj. घट्ठेदार, जिसमें घट्ठे पड़े हों।

schwierig, adj. कठिन, मुश्किल, जटिल, पेचीदा, दुरूह; दुष्कर, दु:साध्य; टेढ़ा, चिड़चिड़ा; तुनकमिज़ाज, दुस्तोषणीय; हठी, हठीला, ज़िद्दी; **~keit,** f (-/-en) कठिनाई, मुश्किल; अड़चन, बाधा; समस्या।

Schwimm-bad, n तरण-कुंड, तैरने का जलाशय; **~becken,** n तरण-कुंड; **~blase,** f तैरना सीखने के लिए प्रयुक्त जलप्लाव; zool: मछली का वाताशय; **~en,** 1. v/i (s.;h.) तैरना, पैरना; तिरना, उतराना; (sehr naß sein) तर-बतर होना,

शराबोर होना; (überflutet sein) जलमग्न होना, किसी तरल पदार्थ से ढका या प्लावित होना; U: परीक्षा के लिए ठीक से तैयार न होना, को कम ज्ञान होना, परीक्षा में हकलाना या घपला क०; U: es schwimmt mir vor Augen मुझे चक्कर आ रहा है; U: sie schwamm in Tränen वह बुरी तरह रो रही थी; U: in/im Geld schwimmen अत्यधिक धनवान होना; U: der Schauspieler schwimmt (इस) अभिनेता को अपना संवाद (या पार्ट) ठीक से याद नहीं है; 2. v/t (h.) तैरकर पार क०, तैरकर तय क०; er schwimmt diese Strecke in zehn Minuten वह इस दूरी को दस मिनट में तैरकर तय करता है; ~**er,** m (-s/-) तैराक; प्लव, तिरेंदा, तरंड, तिरौंदा; ~**flosse,** f मीनपक्ष; तैराकी का रबड़ का जूता; ~**gürtel,** m तैरना सीखने का पेटी के आकार का जलप्लाव; डूबने से बचाने वाली रक्षा-पेटी; ~**haut,** f पादजाल, जलपक्षियों के पैरों की झिल्ली; ~**vogel,** m जलपक्षी; ~**weste,** f डूबने से बचाने वाली रक्षा-बंडी।

Schwindel, m (-s) घुमटा, घुमड़ी, चक्कर, सिरचक्कर; U: धोखा, बेईमानी, चारसौबीसी; छल, झूठ, झूठी बात; ~**ei,** f (-/-en) U: धोखेबाज़ी, चारसौबीसी; छल-कपट, झूठ (बोलना); ~**erregend,** adj. घुमटा लाने वाला, चकराने वाला; ~**haft,** adj. छलपूर्ण, कपटपूर्ण, औपधिक, बनावटी, जाली; →schwindelerregend; ~**n,** v/i (h.) बेईमानी क०, चारसौबीसी क०; झूठ बोलना, झूठी बातें बनाना; को चक्कर या घुमड़ी आना; (सिर) चकराना या घूमना।

schwind(e)lig, adj. चक्कर से आक्रांत; चक्कर या घुमटा लाने वाला।

schwinden, v/i (s.) कम होना, घटना; सिकुड़ जाना; समाप्त हो जाना, खत्म हो जाना; धीमा हो जाना; लुप्त हो जाना, अदृश्य हो जाना, ग़ायब हो जाना; Farben: फीका पड़ जाना, उड़ जाना।

Schwindler, m (-s/-) धोखेबाज़; झूठ बोलने वाला, झूठा; (झूठी) डींग मारने वाला; छल या कपट से अपना उल्लू सीधा करने वाला; ~**isch,** adj. कपटी, छली, वंचक, प्रतारक; छलपूर्ण, कपटपूर्ण औपधिक, धोखेबाज़ी का।

Schwind-sucht, f, med: क्षयरोग, यक्ष्मा, तपेदिक; ~**süchtig,** adj. क्षयरोग से ग्रस्त, यक्ष्मा से पीड़ित।

Schwing-e, f (-/-n) पंख, डैना; धुनकी, फटका; ओसाई-मशीन; अन्न साफ़ करने की बड़ी छलनी; ~**en,** 1. v/t (h.) झुलाना; डुलाना; लहराना, फहराना; घुमाना, भाँजना; Flachs: साफ़ क०; धुनना; U: eine Rede schwingen भाषण देना; U: große Reden schwingen शेख़ी बघारना, बढ़-चढ़ कर बातें क०; sich in den Sattel schwingen उछलकर घोड़े पर बैठना; 2. v/i (h.) झूलना, डोलना, झूमना; दोलन क०, दोलायमान होना; कम्पायमान होना; गूँजना, काँपना; ~**er,** m (-s/-) Boxsport: भरपूर प्रहार, बाँह को फैलाकर किया गया ज़ोरदार प्रहार; ~**ung,** f (-/-en) दोलन; कम्पन।

Schwippschwager, m, U: साढ़ू; नन्दोई।

Schwips, m (-es/-e) U: हल्का या गुलाबी नशा, सुरूर।

schwirren, v/i (h.;s.) फरफराते हुए उड़ना, फरफराना; भनभनाना, भनभनाते हुए उड़ना; सनसनाना; fig: उड़ना (अफ़वाहों का); Vögel schwirren durch die Luft चिड़ियाँ हवा में पंख फरफराती हुई उड़ रही हैं; fig: Gerüchte schwirren durch die Stadt शहर में अफ़वाहें उड़ रही हैं; U: mir schwirrt der Kopf

मेरा सिर भन्ना रहा है ।

Schwitz-bad, n वाष्प-स्नान; ~**e,** f→ Mehlschwitze; ~**en,** 1. v/i (h.) को पसीना आना, पसीना निकलना या छूटना; सीलन से नम हो जाना (दीवारों का); fig: पसीना बहाना, घोर परिश्रम क०, कड़ी मेहनत क०; 2. v/t (h.) को मक्खन आदि में तलना; Häute: को झुलसाना (बाल साफ़ करने के लिए); fig: Blut schwitzen अत्यन्त भयभीत होना; ~**kasten,** m वाष्प-स्नान की पेटी; मल्लयुद्ध में विरोधी के सिर को बाँह में फँसाकर दबाए रखने का दाँव ।

Schwof, m (-[e]s/-e) U: सार्वजनिक नृत्य; ~**en,** v/i (h.) U: सार्वजनिक नृत्यशाला में नाचना ।

schwören, v/t & v/i (h.) शपथ, सौगंद, सौगंध, क़सम खाना, हलफ़ उठाना, शपथपूर्वक कहना; jdm. Rache schwören किसी से बदला लेने की शपथ खाना; sie schwört auf dieses Mittel उसे इस औषधि पर पूरा भरोसा है, वह इस औषधि को रामबाण मानती है ।

schwul, adj., vulg: समलिंगकामुक (पुरुषों के लिए प्रयुक्त), लौंडेबाज़, गाँडू ।

schwül, adj. उमसदार, बहुत गरम, घमसा; fig: दमघोंटू, व्यग्रकारी, व्याकुल करने वाला; कामोत्तेजक, कामुकता-पूर्ण ।

Schwule, m (-n/-n) vulg: लौंडेबाज़; गाँडू ।

Schwüle, f (-) उमस, घमस, बहुत गर्मी ।

Schwulität, f (-/-en) U: in Schwulitäten geraten अप्रिय या व्यग्रकारी स्थिति में पड़ जाना, घबराहट, परेशानी, उलझन, धर्मसंकट में पड़ जाना ।

Schwulst, m (-es/⸚e) शब्दाडम्बर, शब्दाडम्बरपूर्ण शैली; बहुत अधिक सज-धज या तड़क-भड़क; ~**ig,** adj. सूजा हुआ; मोटा (होंठ आदि); गाँठदार (चोट का निशान आदि); fig: शब्दाडम्बरपूर्ण; बहुत तड़क-भड़क वाला ।

schwülstig, adj. शब्दाडम्बरपूर्ण; अत्यलंकृत, बहुत टीप-टाप वाला ।

schwumm(e)rig, adj., U: mir ist schwummerig मुझे चक्कर आ रहा है; मुझे डर-सा लग रहा है ।

Schwund, m (-[e]s) कमी, घटाव; वज़न का कम होना; med: संकुचन; Funktechnik: ध्वनि का (धीरे-धीरे) मन्द पड़ना ।

Schwung,m (-[e]s/⸚e) दोलन;घुमाव; पेंग; झूम; (Triebkraft) संवेग, वेग; शक्ति, ज़ोर; fig: जोश, उमंग; झूम की लय;ऊर्जा, जान, दम; U: ढेर, अम्बार; U: etw. in Schwung bringen किसी काम में जान डाल देना; U: er hat keinen Schwung उसमें जोश (या जान) नहीं है; ~**feder,** f पक्षान्त; पंख, डैना; ~**haft,** adj. ज़ोरदार, जोश के साथ किया गया;~**voll,** adj. शक्तिपूर्ण, ज़ोरदार झूमता हुआ; लहरदार (लिपि आदि); fig: ओजपूर्ण, भावविभोर करने वाला ।

Schwur, m(-[e]s/⸚e) शपथ; धार्मिक व्रत; ~**gericht,** n अभिसत्र-न्यायालय; शप्तजनी-न्यायालय ।

sechs, 1. adj. छः, षट्; sie waren zu sechsen वे छः थे, उनकी संख्या छः थी; 2. f (-/-en) छः की संख्या;छः नम्बर की ट्राम या बस आदि; Note: पूर्णतया अपर्याप्त(परीक्षाफल की श्रेणी); ~**eck,** n षड्भुज; ~**eckig,** adj. षड्भुजाकार, छःकोनिया;~**ender,** m (-s/-) छःसिंघा हिरन; ~**er,** m(-s/-) → Sechsender; U: पूर्णतया अपर्याप्त (परीक्षाफल की श्रेणी); पाँच प्फेनिष का सिक्का; अधेला, धिल्ला; ~**erlei,** adj. छः प्रकार का; छः बातें; ~**fach,** adj. छगुना, षड्गुण, छः गुना; ~**hundert,** adj. छः सौ; ~**mal,** adv. छः बार, छः दफ़ा, छः मर्तबा;

~malig, adj. छः बार का; छः बार होने वाला; ~spänner, m (-s/-) छः घोड़ों वाली बग्घी या गाड़ी; ~spännig, adj. छः घोड़ों (द्वारा खींची जाने) वाली; ~tausend, adj. छः हजार; ~tel, n (-s/-) छठवाँ भाग ।

sech-zehn, adj. सोलह, षोडश; ~zig, adj. साठ, ~ziger, 1. m (-s/-) साठ या साठ से सत्तर वर्ष की आयु का आदमी; 2. adj.(सन्) साठ से (सन्)सत्तर के बीच का; सन् साठ का ।

Sediment, n (-[e]s/-e) [lat.] तलछट; तलौंछ; अवमाद; ~är, adj. तलछटी; अवसादी ।

[1]See, m (-s/-n) झील, सरोवर, ताल ।

[2]See, f (-) समुद्र, सागर, जलधि, समन्दर; zur See fahren नाविक या सामुद्रिक होना ।

See-bad, n समुद्रतटीय स्वास्थ्य-स्थान; ~bär, m, U: पुराना या अनुभवी सामुद्रिक; ~beben n समुद्रकम्प; ~-Elefant,m समुद्र-हस्ती; ~fahrer, m सामुद्रिक, नाविक; ~fahrt, f समुद्रयात्रा; समुद्रयात्रावृत्ति; ~fest, adj. समुद्रयात्रा के योग्य (जहाज़ आदि); जिसे जहाज़ी मतली न आए; ~fisch, m समुद्री मछली, खारे पानी की मछली; ~gang, m समुद्र की लहरें, समुद्र की लहरों की गति; ~hund, m सील मछली; ~igel, m जलसाही, शल्य-कन्दुक; ~klar, adj. समुद्रयात्रा के लिए तैयार (जहाज़ आदि); ~krank, adj. जहाज़ी मतली से पीड़ित; ~krankheit, f जहाज़ी मतली; ~kuh, f समुद्रगो ।

Seele, f (-/-n) आत्मा, जीवात्मा, जीव; अन्तरात्मा, अन्तःकरण, मन; प्राण, जान; मनुष्य, व्यक्ति, प्राणी; eines Gewehrs: अभ्यन्तर व्यास; fig: प्राण, जान; die Seele aushauchen प्राण त्याग देना, मर जाना; U: die beiden sind ein Herz und eine Seele उन दोनों में बड़ी घनिष्ठता है; U: das tut mir in der Seele weh इससे मुझे आत्मिक कष्ट होता है, मुझे इसका बहुत खेद है; U: Sie sprechen mir aus der Seele आप बिल्कुल मेरे मन की बात कह रहे हैं; U: er ist eine Seele von Mensch वह बहुत भला या उदार आदमी है; U: keine Seele war da वहाँ कोई भी नहीं था; ~nadel, m, fig: उदाराशयता, उच्चाशयता; ~namt, n → Seelen-messe; ~nfrieden, m आत्मिक शान्ति, मानसिक शान्ति; ~ngröße, f विचारौदार्य, महानुभावता, सहृदयता; ~nheilkunde, f → Psychiatrie; ~nkunde, f → Psychologie; ~nleben, n आन्तरिक जीवन, मानसिक या आध्यात्मिक जीवन; ~nlos, adj. भावशून्य, निर्भाव; ~nmesse, f शान्ति-यज्ञ, मृतात्मा की शान्ति के लिए पढ़ा गया मिस्सा; ~nruhe, f आत्मिक शान्ति; अनुद्विग्नता, परम शान्ति; ~nvergnügt, adj., U: शान्त एवम् प्रफुल्ल; ~nverwandt, adj. समान-शील, एक ही स्वभाव का; ~nvoll, adj. भावपूर्ण; अनुभूतियुक्त; ~nwanderung, f देहान्तरण, पुनर्जन्म; ~nwärmer, m, U: छाती को गरम रखने का ऊनी कपड़ा या स्वेटर आदि; ब्रांडी ।

seelisch, adj. आत्मिक, मानसिक ।

Seelöwe, m जलसिंह ।

Seelsorge, f पादरी का काम, (ईसाई धर्म में) आत्माओं को मुक्ति-मार्ग पर लाने या पहुँचाने का काम; ~r, m (-s/-) पादरी ।

See-macht, f नौसेना, जलसेना; शक्तिशाली नौसेना वाला राष्ट्र; ~mann, m सामुद्रिक, नाविक; ~männisch, adj. सामुद्रिकों की भाषा का;सामुद्रिकों-जैसा; ~mannsgarn, n, U: सामुद्रिक की अतिशयोक्तिपूर्ण कहानी, सामुद्रिक की गप; ~mäßig, adj. जलमार्ग से भेजे जाने के लिए उपयुक्त; ~meile, f समुद्री मील, नाविक मील; ~not, f बीच समुद्र में जहाज़ के डूबने का खतरा;

~**pferd(chen),** n अश्वमीन; ~**räuber,** m → Pirat; ~**reise,** f समुद्रयात्रा; ~**rose,** f जल-नलिनी; ~**schlacht,** f समुद्रीयुद्ध; ~**schlange,** f समुद्री साँप; ~**stern,** m शल्य-तारक, तारामीन; ~**streitkräfte,** f/pl. जलसेना, नौसेना; ~**tang,** m समुद्री शैवाल; ~**tüchtig,** adj. जल-यात्रा के योग्य, समुद्रयात्रा के योग्य (जहाज़); ~**weg,** m जलमार्ग, समुद्री मार्ग; ~**zeichen,** n प्रकाश-स्तम्भ, (नाविकों को मार्ग ढूँढने में सहा-यक) समुद्री संकेत-चिह्न; ~**zunge,** f चिपिटा, कुकुरजीभी (एक चपटी स्वादिष्ट मछली)।

Segel, n (-s/-) पाल, बादबान; die Segel setzen पाल लगाना या चढ़ाना; U: die Segel streichen हार मान जाना, हिम्मत छोड़ देना या हार जाना; विरोध छोड़ देना; U: jdm. den Wind aus den Segeln nehmen किसी व्यक्ति के अभीष्ट तर्क को पहले ही काट देना, किसी की योजना को निष्फल कर देना; U: das war Wind in seine Segel यह बात उसके बिल्कुल अनुकूल थी; ~**boot,** n पाल-नाव; ~**fliegen,** n विना इंजन के विमान में उड़ान; ~**flieger,** m बिना इंजन के विमान में उड़ने वाला; ~**flug,** m → Segelfliegen; ~**flugzeug,** n बिना इंजन का विमान, ग्लाइडर; ~**n,** v/i (h.;s.) पाल-नाव चलाना, पाल-नाव से जाना; बिना इंजन के विमान में उड़ना; मँडराना; U: गिर जाना; गिर पड़ना; U: durch das Examen segeln परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाना; ~**schiff,** n पाल-जहाज़; ~**tuch,** n पाल बनाने का कपड़ा।

Segen, m (-s/-) [lat.] वरदान, वर; आशीर्वाद, दुआ; स्वस्तयन; अभिमंत्रण; ईश्वर की कृपा; सौभाग्य, सफलता; U: अनुमोदन, रज़ामन्दी, सहमति; अनुमति, आज्ञा; ~**sreich,** adj. हितकर, हित-कारी; सौभाग्यपूर्ण।

Segler, m (-s/-) पाल-जहाज़; पाल-नाव चलाने वाला; अबाबील जैसी एक चिड़िया, बतासी।

Segment, n (-[e]s/-e) [lat.] खंड, फाँक; math: वृत्तखंड, गोलीय खंड।

segn-en, v/t (h.) को आशीर्वाद, आशिष या दुआ देना; को अभिमंत्रित या अनुमंत्रित क०; पर कृपा क०; पर कृपादृष्टि क० (ईश्वर का); fig: को धन्य कहना या मानना, की प्रशंसा क०, पर प्रसन्न होना; fig: das Zeitliche segnen स्वर्ग सिधार जाना; fig: mit etw. gesegnet sein किसी वस्तु या गुण आदि से सम्पन्न होना; ~**ung,** f (-/-en) आशीर्वाद देना; अभिमंत्रण, अनुमंत्रण; स्वस्तयन; वरदान, फल, सुप्रभाव।

sehen, v/i & v/t (h.) देखना, देख लेना, (को) दिखाई पड़ना, दिखना, दृष्टिपात क०, नज़र डालना; (merken/feststellen) जान लेना, को पता चल जाना, स्पष्ट अनुभव क०, को स्पष्ट अनुभव होना, समझना, समझ लेना, की समझ में आना; (überlegen) सोचना, विचार क०, (पर) ग़ौर क०, का विचार होना; nach etw. /jdm. sehen किसी चीज़/व्यक्ति की देखभाल क० या रखना; auf etw. sehen किसी वस्तु पर नज़र डालना; fig: किसी वस्तु या बात का ख़याल रखना; ich wil sehen, was ich tun kann मैं देखूँगा कि मैं क्या कर सकता हूँ; sehen Sie jetzt, daß ich recht hatte? अब देख रहे हैं न आप कि मेरा कहना ठीक था?; ich sehe mich nicht in der Lage, das zu tun मैं यह करने में असमर्थ हूँ; er sah sich gezwungen, sein Haus zu verkaufen उसे अपना मकान बेचना पड़ा, अपना मकान बेचने के अतिरिक्त उसे और कोई चारा नहीं दिखा; wie sehen Sie diese Sache? आपका इस बात (या मामले) के बारे में क्या विचार है?; wann sehen wir uns

wieder? अब फिर कब मुलाक़ात होगी?; ich habe ihn kommen sehen मैंने उसे आते हुए देखा (है); U: das habe ich kommen sehen मुझे आभास था कि यह (अनिष्ट) होगा, मैं जानता था कि यह (परिणाम) सामने आएगा; U: er läßt sich nicht mehr bei uns sehen उसने हमारे यहाँ आना छोड़ दिया है; U: das kann sich sehen lassen! यह चीज़ तो (काफ़ी) अच्छी है; U: ich kann ihn nicht mehr sehen मैं उससे अघा गया हूँ, मैं उससे तंग आ गया हूँ; U: ihm verging Hören und Sehen उसे किसी बात की सुध नहीं रही; U: aufs Geld sehen पैसे का खयाल क०, किफ़ायत क०, पैसे का मुँह देखना; ~swert,/~swürdig, adj. दर्शनीय, देखने योग्य; ~swürdigkeit, f (-/-en) दर्शनीय वस्तु या स्थल।

Seh-er, m (-s/-) द्रष्टा, भविष्यद्रष्टा; नबी, पैग़म्बर; **~erisch**, adj. भविष्यद्रष्टा जैसा, भविष्य-दर्शन-संबंधी; पैग़म्बरी; **~fehler**, m दृष्टि-दोष, चाक्षुष दोष, आँख की खराबी, नज़र की कमज़ोरी; **~kraft**, f दृष्टिशक्ति, दृष्टि, नज़र।

Sehne, f (-/-n) anat: नस, कंडरा; des Bogens: डोरी, प्रत्यंचा, पतंचिका, ताँत।

sehnen, v/r (h.) लालायित होना, ललकना; तरसना; sich nach jdm. sehnen किसी (से मिलने) के लिए तरसना।

Sehn-enscheide, f, anat: कंडरा का आवरण; **~ig**, adj., Fleisch: नसदार; Mensch: छरहरे तथा बलिष्ठ शरीर का।

sehn-lich, adj. उत्कट, प्रबल, तीव्र; **~sucht**, f (-) लालसा, उत्कंठा, ललक, प्रबल इच्छा; तरस, तड़पन; **~süchtig**, / **~suchtsvoll**, adj. उत्कंठित, उत्कंठातुर, लालायित, लालसापूर्ण; व्यग्र, तरसता हुआ।

sehr, adv. बहुत, बहुत अधिक, अत्यधिक, अत्यन्त, निहायत; danke sehr! बहुत-बहुत धन्यवाद!

Seh-rohr, n परिदर्शी, परिवीक्षण-यंत्र; दूरबीन; **~schärfe**, f तीव्र दृष्टि; **~vermögen**, n दृष्टिशक्ति, दृष्टि, नज़र; **~weite**, f दृष्टि-परास; **~winkel**, m दर्शन-कोण।

seicht, adj. उथला, छिछला; fig: ओछा, छिछला, हल्का, सतही, ऊपरी; नीरस, उबाऊ; **~heit**,/**~igkeit**, f (-) उथलापन, छिछलापन; fig: ओछापन, हल्कापन, सतहीपन; नीरसता।

Seide, f (-/-n) [lat.] कौशेय, रेशम।

Seidel, n (-s/-) [lat.] बियर का गिलास।

seid-en, adj. रेशमी, रेशम का; → seidig; **~enbau**, m कोशकीट-पालन, रेशम-उत्पादन; **~enpapier**, n बहुत महीन तथा मुलायम काग़ज़; **~enraupe**, f कोशकीट, रेशम का कीड़ा; **~enspinner**, m कौशेय-शलभ; **~enweich**, adj. कौशेय-स्निग्ध, रेशम की तरह कोमल, बहुत मुलायम; **~ig**, adj. रेशम की तरह मुलायम या चमकता हुआ; रेशमी, रेशम का।

Seif-e, f (-/-n) साबुन; pl., geol: खनिजयुक्त या धातुयुक्त बजरी; **~enblase**, f साबुन के फेन का बुल्ला; fig: seine Pläne platzten wie Seifenblasen उसकी योजनाएँ निष्फल हो गईं; **~enlauge**, f साबुन का घोल; **~ensieder**, m (-s/-) साबुन बनाने वाला; **~ig**, adj. साबुनी, साबुन जैसा, साबुन जैसा चिकना; साबुन-भरा।

seih-en, v/t (h.) छानना; निस्यंदित क०, फ़िल्टर क०; **~er**, m (-s/-) छलनी; छन्ना, फ़िल्टर; छन्ने में बचा हुआ पदार्थ।

Seil, n (-[e]s/-e) रस्सी, रस्सा, रज्जु; संदाम; **~bahn**, f रज्जु-रेल; संदाम-यान; **~en**, v/i (h.) रस्सियाँ बटना, रस्सियाँ बनाना; **~er**, m (-s/-) रस्सियाँ बनाने वाला, रज्जु-निर्माता;

~**erei,** f (-/-en) रज्जु-निर्माणशाला, रज्जु-निर्माता की दूकान; o.pl: रस्सी बनाने का काम; ~**hüpfen,** n→ Seilspringen; ~**schaft,** f (-/-en) एक रस्सी के साथ बँधे हुए पर्वतारोहियों का दल; ~**springen,** n रस्सी-कूद; ~**tanzen,** n रस्सी पर कलाबाज़ी; ~**tänzer,** m रस्सी पर कलाबाज़ी करने वाला, नट; ~**winde,** f रज्जु-भ्रामणी।

Seim, m (-[e]s/-e) लासा, श्लेष्मक, लसीला तरल पदार्थ; ~**ig,** adj. लसदार, लसीला, लुआबदार, चिपचिपा तथा गाढ़ा।

[1]**sein,** 1. v/i होना; अस्तित्व रखना, विद्यमान या मौजूद होना;जीवित होना; er ist nicht mehr वह मर गया है; er ist nicht hier वह यहाँ नहीं है; er ist nicht bei sich वह बेहोश है; U: er ist nichts वह कुछ भी नहीं है, वह बेकार या निकम्मा है; वह नाचीज़ है; es ist an Ihnen, das zu entscheiden इसका निर्णय आपके ऊपर है, इसका निर्णय आपके हाथ में है; was ist mit Ihnen? आपको क्या हो गया है?, आप क्यों नाराज़ हैं?;... और आप?;...और आपने क्या किया?; U: etw. sein lassen किसी काम को न क०; der Schmerz ist nicht zu ertragen पीड़ा असह्य है, दर्द बर्दाश्त नहीं होता है; es wäre schön, wenn Sie kämen यदि आप आएँगे तो बहुत अच्छा होगा; 2. Hilfsverb: er ist gestorben वह मर गया है; er ist gegangen वह चला गया है; er war gegangen वह (चला) गया था; bis morgen wird er gegangen sein कल तक वह चला गया होगा; er ist letzte Woche hier gewesen पिछले हफ़्ते वह यहाँ था; 3. zur Passivbildung: es ist gesagt worden यह कहा गया है; er ist ermordet worden उसकी हत्या की गई है; 4. n (-s) अस्तित्व; वास्तविकता, हक़ीक़त।

[2]**sein,** possessivpron. & adj. उसका, उसकी; ich bin seiner Meinung मेरा भी विचार वही है जो उसका है, मैं उससे सहमत हूँ; das seine [das seinige] उसका भाग; उसका कर्त्तव्य; उसका अपना, उसका वाला; die Sein(ig)en उसके परिवार के सदस्य, उसके संबंधी, उसके अपने; sie wurde die Seine वह उसकी हो गई, उसने उससे विवाह कर लिया; alles zu seiner Zeit हर चीज़ अपने वक़्त पर होगी।

sein-erseits, adv. उसकी ओर से, उसकी तरफ़ से, उससे; ~**erzeit,** adv. तब, उस समय, उन दिनों; पहले; ~**esgleichen,** pron. उसके जैसे लोग; उस प्रकार का; er verkehrt nur mit seinesgleichen वह केवल अपने जैसे लोगों के साथ ही उठता-बैठता है; das hat nicht seinesgleichen यह बेमिसाल है; ~**ethalben,/etwegen,** adv. उसके लिए, उसके कारण, उस की वजह से; ~**etwillen,** adv.: um seinetwillen उसके लिए,उसके कारण; ~**ige,** m/f/n उसका वाला, उसकी वाली, उसका अपना, उसकी अपनी।

Seis-mik, f (-) [griech.] → Seismologie; ~**misch,** adj. भूकम्प-संबंधी, भूकम्पीय।

Seismo-gramm, n (-s/-e) [griech.] भूकम्प-अभिलेख; ~**graph,** m (-en/-en) भूकम्प-लेखी; ~**graphisch,** adj. भूकम्प-लेखन-संबंधी, भूकम्प-लेखी द्वारा अंकित; ~**logie,** f (-) भूकम्प-विज्ञान; ~**meter,** n (-s/-) भूकम्प-मापी।

seit, 1. präp.(+dat.) से, के बाद से; seit heute आज से; seit vielen Jahren कई वर्षों से; 2. konj.: seit er geheiratet hat, kommt er nicht mehr zu uns जबसे उसने शादी कर ली है तबसे वह हमारे यहाँ नहीं आता है; es ist ein Jahr her, seit er tot ist उसको मरे हुए एक

वर्ष हो गया है।

seitdem, 1. konj. जबसे; 2. adv. तबसे, उसके बाद से; ich traf ihn vor einer woche, seitdem habe ich nichts von ihm gehört मैं उससे एक सप्ताह पहले मिला था तब से उसकी कोई ख़बर नहीं मिली।

Seite, f (-/-n) पक्ष, पहलू;पार्श्व, बग़ल; तरफ़, ओर; दिशा; (Begrenzung) सीमा, सीमा-रेखा, किनारा, तट; (Charakterzug) विशेषता, विशेष क्षमता, गुण; eines Buches: पृष्ठ, सफ़ा, पन्ना; math: भुजा, फलक; die hintere Seite eines Hauses मकान का पिछवाड़ा;zu beiden Seiten der Straße सड़क के दोनों ओर; auf der anderen Seite des Flusses नदी के दूसरे तट पर, नदी के दूसरी ओर; diese Begabung hat er von der mütterlichen Seite यह प्रतिभा उसे माँ के पक्ष (या वंश) से प्राप्त हुई है; diese Sache hat auch ihre guten Seiten इस (चीज़ या बात) की अपनी अच्छाइयाँ भी हैं; er steht auf unserer Seite वह हमारे पक्ष में है; die gegnerische Seite विरोधी पक्ष; U: etw. auf die Seite legen किसी चीज़ को बचाकर रख लेना; U: jdm. zur Seite stehen किसी की सहायता क०; U: jdn von der Seite ansehen किसी को तुच्छ समझना, किसी के साथ तिरस्कारपूर्ण व्यवहार क०; U: sich auf jds. Seite schlagen किसी के पक्ष में हो जाना; U: alles hat seine zwei Seiten हर चीज़ के दो पहलू होते हैं; U: Mathematik ist seine starke Seiteगणित में वह बहुत होशियार है, गणित में वह पक्का है; U: jdn. auf die Seite schaffen किसी को मार डालना, किसी की हत्या कर देना, किसी को रास्ते से हटा देना; auf seiten der Studenten विद्यार्थियों की तरफ़, विद्यार्थियों के बीच; von seiten der Studenten विद्यार्थियों की तरफ़ से।

Seiten-ansicht, f पार्श्वदृश्य; पार्श्वचित्र; **~blick,** m कनखी, दृष्टि-विक्षेप; fig: तिरस्कारपूर्ण दृष्टि; ईर्ष्यापूर्ण दृष्टि; **~eingang,** m बग़ली दरवाज़ा; **~hieb,** m, fig: ताना, वक्रोक्ति, कटूक्ति, व्यंग्य, व्यंग्यपूर्ण उक्ति; **~lang,** adj. कई पृष्ठों का, बहुत लम्बा (वर्णन, पत्र आदि); **~linie.** f, Bahnstrecke: गौण रेलपथ; Familie: वंशवृक्ष की उपशाखा; **~s,** präp. (+ gen.) की तरफ़ से, की ओर से; **~schiff,** n गिरजाघर का पार्श्वभाग; **~sprung,** m एक तरफ़ को छलाँग;fig: नित्यचर्या के प्रतिकूल कोई काम; अन्यगमन, विवाहेतर संभोग; **~stechen,** n (-s) कोख का दर्द; **~straße,** f (मुख्य सड़क के) बग़ल की(छोटी) सड़क, गली; **~stück,** n पार्श्वभाग, पार्श्वखंड; fig: प्रतिवस्तु, पूरक वस्तु; **~zahl,** f पृष्ठ-संख्या; पृष्ठों की संख्या।

seither, adv. तब से, उसके बाद से।

seit-lich, 1. adj. बग़ली, पार्श्व-, पार्श्विक, पार्श्वीय;2. präp.(+ gen.) की बग़ल में, के किनारे, की एक तरफ़; 3. adv. बग़ल में, पास में, के किनारे (की ओर); **~wärts,** adv. बग़ल की ओर, एक ओर को, किनारे की तरफ़।

Sekret, n (-[e]s/-e)[lat.] med:स्राव।

Sekre-tär, m (-s/-e) [lat.] सचिव; सेक्रेटरी, व्यक्तिगत क्लार्क; Möbel: अलमारी जिसके एक पल्ले का मेज़ की तरह प्रयोग किया जाए; **~tariat,** n (-[e]s/-e) सचिवालय; दफ़्तर; **~tärin,** f (-/-nen) सचिव के पद पर नियुक्त महिला; व्यक्तिगत क्लार्क का काम करने वाली लड़की या स्त्री।

Sekretion, f (-/-en) [lat.] med: स्रावण, स्रवण।

Sekt, m (-[e]s/-e) [ital.] शैम्पेन।

Sekt-e, f (-/-n) [lat.] सम्प्रदाय, पंथ, मत; **~ierer,** m (-s/-) सम्प्रदायी; सम्प्रदायवादी।

Sektion, f (-/-en) [lat.] विभाग,

अनुभाग, शाखा, प्रशाखा; med: मुर्दे की चीर-फाड़, शव-परीक्षा ।

Sektor, m (-s/-en) [lat.] क्षेत्र; खंड, अंचल हलक़ा; math: त्रिज्य खंड, वृत्तखंड ।

Sekundant, m (-en/-en) [lat.] (द्वन्द्व-युद्ध के समय) द्वन्द्व-योद्धा का साक्षी; मुष्टि-योद्धा का सहायक ।

sekundär, adj. [lat.] अप्रधान, गौण; अनुषंगी; बाद का, बाद में होने वाला; **~literatur,** f शोध-साहित्य ।

Sekunde, f (-/-n) [lat.] सेकंड; math: 1/3600 अंश का कोण; **~nzeiger,** m सेकंड की सुई ।

sekundieren, v/i (h.) [lat.] द्वन्द्व-युद्ध के समय साक्षी होना, द्वन्द्व-युद्ध में योद्धा की हिम्मत बढ़ाना; सहायता क० ।

selb, adj. एक ही, वही; वैसा ही; im selben Augenblick उसी क्षण; zur selben Zeit उसी समय; **~er,** adv., U: → selbst; **~ig,** adj. वही; am selbigen Tag उसी दिन ।

selbst, 1. demonstrativpron. स्वयं, ख़ुद, आप; das muß ich selbst tun इस (काम) को मुझे ख़ुद ही करना पड़ेगा; er ist die Güte selbst वह निहायत भला इंसान है, वह भलमनसी (या साधुता) का अवतार है; jdn. sich selbst überlassen किसी को अपने आप पर छोड़ देना, किसी को बिल्कुल अकेला (या बेसहारा) छोड़ देना; das versteht sich von selbst यह तो स्वतः स्पष्ट है, यह तो बिल्कुल ज़ाहिर है; er kam von selbst वह अपने आप आया, वह स्वेच्छा से आया; spw: selbst ist der Mann आप काज महा काज, अपने हाथ जगन्नाथ; 2. adv. भी, तक; selbst Kinder arbeiten hier यहाँ बच्चे तक काम करते हैं; ich sage nichts, selbst wenn Sie mich umbringen मैं कुछ भी नहीं बताऊँगा (या कहूँगा) चाहे आप मुझे मार ही क्यों न डालें; 3. n (-) आपा, ख़ुदी, अहम्, स्व ।

Selbstachtung, f आत्मसम्मान, आत्मगौरव, स्वाभिमान ।

selbständig, adj. आत्मनिर्भर, स्वावलंबी; स्वतंत्र, आज़ाद, स्वाधीन; स्वतःपूर्ण; बिना किसी की सहायता का, स्वकृत; er hat sich selbständig gemacht वह स्वावलंबी बन गया है, वह अपने पैरों पर खड़ा हो गया है; उसने अपना ख़ुद का धंधा शुरू कर दिया है; U: das Kind hat sich selbständig gemacht बच्चा घर से भाग गया है, बच्चा खो गया है; **~keit,** f (-) आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन; स्वतंत्रता, आज़ादी, स्वाधीनता; बिना किसी की सहायता के कुछ करने या सोचने की क्षमता ।

Selbst-auslöser, m, phot: कैमरे का स्वचल या स्वयंक्रिय बटन; **~bedienung,** f स्वयंसेवा (रेस्तराँ, दूकान आदि में); **~befriedigung,** f हस्तमैथुन; **~beherrschung,** f आत्मसंयम, आत्मनियंत्रण; **~besinnung,** f आत्मचिन्तन, अपने किए-धरे का लेखा-जोखा (बनाना); **~bestimmung,** f ख़ुदमुख़्तारी, आत्मनिर्णय; **~bewußt,** adj. आत्मविश्वासी; आत्मविश्वासपूर्ण; स्वाभिमानी; **~bewußtsein,** n आत्मविश्वास; आत्मचेतना, स्वाभिमान; ख़ुदी; **~bildnis,** n आत्मचित्र; **~erhaltung,** f (-) आत्मपरिरक्षण; **~erhaltungstrieb,** m आत्मपरिरक्षण की नैसर्गिक प्रवृत्ति; **~erkenntnis,** f आत्मज्ञान, आत्मबोध; **~gefällig,** adj. आत्मसन्तुष्ट, आत्मासक्त; अहंकारी; अहंकारपूर्ण; **~gefälligkeit,** f (-) आत्मसंतोष, आत्मासक्ति; अहंकार; **~gefühl,** n आत्मविश्वास; स्वाभिमान, अहंभाव; **~gemacht,** adj. स्वनिर्मित; **~gnügsam,** adj. आत्म-पर्याप्त, ग़ैरमिलनसार; आत्मसंतुष्ट; **~gerecht,** adj. अपने विचारों या आचरण को सर्वथा सही मानने वाला, दंभी; **~gespräch,** n स्वगत, स्वगतभाषण, ख़ुदक़लामी; **~herrlich,** adj. स्वेच्छा-

चारी, निरंकुश;मनमाना; ~**herrscher,** m निरंकुश शासक, तानाशाह; ~**isch,** adj. स्वार्थी, स्वार्थपरायण, ख़ुदग़रज़; ~**kosten,** pl. मूल लागत; ~**kritik,** f अपनी ग़लतियों की आलोचना,आत्म-समालोचना; ~**kritisch,** adj. अपनी (ग़लतियों की) आलोचना करने वाला; आत्मसमालोचनात्मक; ~**lader,**m(-s/-) स्वयंक्रिय राइफ़ल; ~**laut,**m, gramm: अवर; ~**lob,** n आत्मश्लाघा; ~**los,** adj.निस्वार्थ,स्वार्थरहित; ~**losigkeit,** f (-)निस्वार्थता, स्वार्थहीनता; ~**mord,** m आत्महत्या, ख़ुदकुशी; ~**mörder,** m आत्महत्या करने वाला, आत्महा; ~**mörderisch,** adj. आत्मघातक, आत्मघाती; आत्महत्या-संबंधी, आत्म-हत्या-विषयक; ~**mordversuch,** m आत्महत्या का प्रयत्न; ~**redend,**adj., U:→selbstverständlich; ~**sicher,** adj. आत्मविश्वासी; आत्मविश्वासपूर्ण; ~**sicherheit,** f (-) आत्मविश्वास; ~**studium,** n स्वाध्याय; ~**sucht,** f (-) स्वार्थ, स्वार्थपरता, ख़ुदग़रज़ी; ~**süchtig,**adj. स्वार्थी, स्वार्थपरायण, ख़ुदग़रज़; ~**tätig,** adj. स्वचालित, स्वचल, स्वयंक्रिय; ~**täuschung,** f आत्मप्रवंचना, आत्मछल; ~**vergessen,** adj. आत्मविस्मृत, विचारों में लीन; ~**verlag,** m: im Selbstverlag erscheinen रचयिता या लेखक के द्वारा प्रकाशित किया जाना; ~**verständlich,**1. adj. स्वतःस्पष्ट, प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट; स्वाभाविक; 2. adv. बिल्कुल, अवश्य, ज़रूर; स्वाभाविक रूप से, स्वाभाविक है कि; ~**verteidigung,** f आत्मरक्षा; ~**vertrauen** n आत्म-विश्वास; ~**verwaltung,** f स्वायत्त संचालन, स्वायत्तता; ~**verwirklichung,** f आत्मविश्वास, आत्मसिद्धि; ~**wählferndienst,** m बिना मिलान-केन्द्र की सहायता के नगरान्तर फ़ोन करने की व्यवस्था; ~**zucht,** f अपनी इच्छाओं का दमन, आत्मनिग्रह; ~**zufrieden,** adj. आत्मसंतुष्ट; ~**zweck,** m स्वयंलक्ष्य।

selig, adj. स्वर्गीय, स्वर्गवासी; (glücklich) आह्लादित, आनन्दित, अतिप्रसन्न; सौभाग्यपूर्ण, सुखपूर्ण; U: गुलाबी नशे में; eccl: धन्य; ~**keit,** f (-/-en)आह्लाद,आनन्द, आनन्दातिरेक; eccl: स्वर्ग का आनन्द, परम आनन्द; ~**sprechung,** f (-/-en) eccl: धन्य-घोषणा (पोप के द्वारा)।

Sellerie, m (-s/-[s]) [frz.] प्रयवानी, अजमोदा।

selten, 1. adj. दुर्लभ, दुष्प्राप्य; विरल, विरला; U: असाधारण, विशिष्ट; विलक्षण, अनोखा; 2. adv. बिरले ही, कभी-कभार, यदा-कदा; ~**heit,** f (-/-en) दुर्लभ, विरल या असाधारण वस्तु; o.pl: दुर्लभता, दुष्प्राप्यता; विरलता, विरलापन; असाधारणता, विशिष्टता; विलक्षणता।

Selterswasser, n सोडा, विक्षार-जल।

seltsam, adj. विचित्र, अजीब, असाधारण,विलक्षण, अनोखा, निराला; आश्चर्यजनक; ~**erweise,** adv. आश्चर्य की बात है कि, अजीब बात है कि; ~**keit,** f (-) विचित्रता, विलक्षणता, निरालापन; आश्चर्य-जनकता।

Seman-tik, f (-)[griech.]शब्दार्थिकी, शब्दार्थ-विज्ञान; ~**tisch,** adj. शब्दार्थिकी-संबंधी, शब्दार्थिकी पर आधारित, शब्दार्थ-संबंधी, अर्थ-विषयक।

Semester, n (-s/-) [lat.] सत्र, विश्व-विद्यालय का आधा वर्ष, अर्द्धवार्षिक सत्र; U: ein älteres Semester पुराना विद्यार्थी, उच्च सत्र या कक्षा का विद्यार्थी; fig: अधेड़ व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); ~**ferien,** pl. दो सत्रों के बीच का अवकाश।

Semikolon, n (-s/-s;-'la) [lat./griech.] अर्धविराम।

Seminar, n (-s/-e) [lat.] पादरियों के प्रशिक्षण का स्थान; अध्ययन-गोष्ठी; सेमिनार; विषय-विशेष के अध्ययन की संस्था; पीठ।

Semit, m (-en/-en) सामी, शामी, अरबी-इब्रानी; U: यहूदी; **~isch,** adj. सामी, अरबी-इब्रानी संस्कृति का या इससे संबंधित; **~ist,** m (-en/-en) अरबी-इब्रानी साहित्य या भाषाओं का ज्ञाता; **~istik,** f (-) सामी साहित्य तथा भाषाएँ (अध्ययन के विषय के रूप में)।

Semmel, f (-/-n) छोटी गोल डबलरोटी; U: die Ware ging weg wie warme Semmeln (यह) माल आनन-फ़ानन (या तुरन्त) बिक गया।

Senat, m (-[e]s/-e) [lat.] व्यवस्थापिका सभा; उच्चतर सदन, सीनेट; der Universität: अधिसभा, सीनेट; **~or,** m (-s/-en) सीनेट-सदस्य, अधिसभ्य।

Sendbote, m हरकारा, संदेशवाहक, संदेशहर।

Send-efolge, f प्रसारण-क्रम; धारावाहिक या श्रेणीगत कार्यक्रम; **~en,** v/t (h.) भेजना, प्रेषित क०; (ausstrahlen) प्रसारित क०; **~er,** m (-s/-) प्रेषी, प्रेषित्र, प्रसारण-संयंत्र; प्रसारण-केन्द्र; **~eraum,** m प्रसारण-कक्ष; **~estation,** f प्रसारण-केन्द्र; **~ezeichen,** n (कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले प्रसारित की जाने वाली) प्रसारण-केन्द्र की पहचान-धुन; **~ung,** f (-/-en) भेजना, प्रेषण; प्रेषित वस्तु, भेजे हुए माल की मात्रा; रेडियो या टेलीविज़न का कार्यक्रम; fig: जीवन-लक्ष्य; ईश्वरीय आह्वान, आन्तरिक प्रेरणा।

Senf, m (-[e]s/-e) [lat./griech.] सरसों के दानों की चटनी; सरसों; U: seinen Senf dazugeben न पूछे जाने पर भी किसी बात के बारे में अपनी राय देना।

Senge, pl., U: पिटाई, ठुकाई।

sengen, 1. v/t (h.) झुलसाना; 2. v/i (h.) झुलसना, झुलस जाना; अत्यन्त तप्त होना, जलना।

senil, adj. [lat.] जराजीर्ण, जराग्रस्त, सठिया गया हुआ; **~ität,** f (-) जराजीर्णता, सठियापा।

Senkblei, n साहुल।

Senke, f (-/-n) धसकन, गर्त; घाटी।

Senkel, m (-s/-) जूते का फ़ीता।

senk-en, v/t (h.) झुकाना, नीचे को लटकाना, नीचा क०; डुबाना; कम क०, घटाना; हल्का या धीमा क०; गाड़ना, (ज़मीन में) दाबना; sich senken झुकना, झुक जाना; कम हो जाना; घट जाना; हल्का या धीमा हो जाना; den Blick senken नज़र झुकाना; die Stimme senken आवाज़ धीमी क०; Preise senken मूल्यों को घटाना; die Erde hat sich gesenkt ज़मीन धसक गई है; poet: die Nacht senkte sich über die Stadt रात का अँधेरा नगर पर छा गया, नगर रात के अँधेरे में डूब गया; **~er,** m (-s/-) bot: शाखा से निकला नया पौधा; दाब-डाली; **~fuß,** m चपटा पैर, सपाट तलवे वाला पैर; **~grube,** f मलकुंड; **~lot,** n → Senkblei; **~recht,** adj. खड़ा, सीधा, उर्ध्वाधर; लम्ब, अनुलम्ब; U: das ist das einzig Senkrechte यही एकमात्र उचित बात या साधन है; **~rechtstarter,** m उर्ध्वाधर दिशा में भूमि से उठने वाला विमान; fig: शीघ्र ही उच्च पद पर पहुँच जाने वाला व्यक्ति; **~ung,** f (-/-en) झुकाना, झुकाया जाना, नीचा किया जाना, कम किया जाना, घटाया जाना; झोल, अवनमन; geol: धसकन, गर्त; धसक जाना, धँसान; Vers: स्वराघातहीन पदांश; med: अवसादन।

Senner, m (-s/-) पहाड़ी चरागाह में रहने वाला ग्वाला या गोपालक, पहाड़ी दुग्धशाला चलाने वाला; **~ei,** f (-/-en) पहाड़ी दुग्धशाला।

Sensation, f (-/-en) [frz.] सनसनी, उत्तेजना; सनसनीखेज बात या घटना या समाचार; **~ell,** adj. सनसनीखेज; **~spresse,** f सनसनी फैलाने वाले

समाचारपत्र, उत्तेजना फैलाने वाले घटिया अखबार ।

Sense, f (-/-n) दराँती; U: (jetzt ist es) Sense! बस (अब बहुत हो गया)!; **~nmann,** m घास या फ़सल काटने वाला; poet: मृत्यु, यमराज ।

sensi-bel, adj. [lat.] संवेदी, संवेदनशील; सुकुमार, कोमलहृदय; निन्दा आदि का तीक्ष्ण अनुभव करने वाला; **~bilisieren,** v/t (h.) को संवेदी बना देना; phot: को सूक्ष्मग्राही बनाना; **~bilität,** f (-) संवेदनशीलता; सुकुमारता, कोमलहृदयता; phot: सूक्ष्मग्राहिता; **~tiv,** adj. संवेदी, प्रतिसंवेदी; चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज ।

Sentenz, f (-/-en) [lat.] सूक्ति, नीतिवचन; **~iös,** adj. सूक्ति जैसा; सारगर्भित तथा संक्षिप्त ।

sentimental, adj. [eng.] भावुक, भावप्रवण; भावुकतापूर्ण; **~isch,** adj. चिन्तनशील; नष्ट स्वाभाविकता के विरह से युक्त; **~ität,** f (-/-en) भावप्रवणता, भावुकता ।

separat, adj. [lat.] अलग, पृथक्; विशेष, विशिष्ट; एकान्त; **~ion,** f (-/-en) पृथक्करण, वियोजन; **~ismus,** m (-) पृथकतावाद, पार्थक्यवाद; **~ist,** m (-en/-en) पृथकतावादी; **~istisch,** adj. पृथकतावादात्मक, पार्थक्यवादी ।

separieren, v/t (h.) [lat.] अलग क०; पृथक् क० ।

September, m (-[s]/-) [lat.] सितम्बर ।

Sequenz, f (-/-en) [lat.] अनुक्रम, तारतम्य, ताँता, सिलसिला; माला, श्रेणी; mus: अन्य स्वर-स्तर पर दोहराए जाने वाले पदसमूहों का क्रम; Kartenspiel: सीढ़ी, एक ही साथ के कम से कम तीन पत्ते ।

Serenade, f (-/-n) [frz.] सांध्यसंगीत ।

Serie, f (-/-n) [lat.] माला, श्रेणी; ताँता, सिलसिला; एक ही प्रकार की वस्तुओं का समूह; पुस्तकश्रृंखला; ग्रंथमाला; श्रेणीगत या धारावाही कार्यक्रम (रेडियो या टेलीविज़न); **~nfertigung,** / **~nherstellung,** f पुंजोत्पादन; बहुमात्र-उत्पादन; **~nmäßig,** adj. श्रेणीगत, बहुमात्रक **~nweise,** adv. श्रेणियों में, अधिक मात्रा में ।

seri-ös, adj. [frz.] गंभीर, संजीदा; विश्वस्त, विश्वसनीय; गंभीरतापूर्ण, वास्तविक दिलचस्पी वाला; **~osität,** f (-) गंभीरता, संजीदगी; विश्वस्तता, विश्वसनीयता ।

Sermon, m (-s/-e) [lat.] U: उपदेश, डाँट-फटकार ।

Serpentine, f (-/-n) [lat.] टेढ़ा-मेढ़ा पहाड़ी मार्ग, सर्पिल सड़क ।

Serum, n (-s/-'ren) [lat.] लसी, सीरम ।

[1]**Service,** n (-s/-) [frz.] (चीनी मिट्टी के) बरतनों का सेट ।

[2]**Service,** m (-/-s) [eng.] परिचर्या, सेवा ।

servier-en, v/t (h.) [frz.] परोसना, परसना, मेज़ पर लगाना या लाकर रखना (खाना, पेय आदि); U: कहना, बताना, का ज़िक्र क०; **~erin,** f (-/-nen) परिवेशिका, रेस्तराँ में मेज़ पर खाना लगाने वाली; **~tisch,** m लाने की तश्तरियों आदि को रखने की किनारे की मेज़; **~wagen,** m खाने की तश्तरियों को एक साथ ले जाने के लिए प्रयुक्त छोटी पहियेदार मेज़ या किश्ती ।

Serviette, f (-/-n) [frz.] खाते समय मुँह पोंछने का रूमाल, नैपकिन ।

Servus, int., dial: नमस्ते!, अच्छा चलते हैं, नमस्ते !

Sesam, n (-s/-s) तिल ।

Sessel, m (-s/-) आरामकुर्सी, गद्दीदार कुर्सी; **~lift,** m संदाम-यान का एक प्रकार, पहाड़ पर पहुँचने के लिए प्रयुक्त संदाम पर लटकती हुई कुर्सियाँ ।

seßhaft, adj. बसा हुआ, किसी स्थान में आबाद, जमा हुआ; U: जम जाने

वाला, बैठ जाने के बाद उठने का नाम न लेने वाला ।

Session, f (-/-en) [lat.] अधिवेशन; बैठक ।

Setz-ei, n →Spiegelei; **~en,** 1. v/t (h.) रखना, रख देना; बैठाना; लगाना; Pflanzen: रोपना, लगाना; eine Frist: निर्धारित क०; einen Text: मुद्रयोजन क०; im Spiel: दाँव पर रखना, की बाजी लगाना; einen Topf aufs Feuer setzen बरतन को आग या चूल्हे पर रखना; ein Komma setzen अल्पविराम का चिह्न लगाना, कॉमा लगाना; jdm. ein Denkmal setzen किसी के स्मारक की स्थापना क०, किसी के लिए स्मारक बनवाना; eine Maschine in Gang setzen (किसी) मशीन को चालू क०; Vertrauen in jdn. setzen किसी पर भरोसा (या विश्वास) क०; sich ein Ziel setzen अपना लक्ष्य निर्धारित क०; U: dafür wird es Schläge setzen इसके लिए पिटाई होगी;2. v/r (h.) (Platz nehmen) बैठना, बैठ जाना, स्थान ग्रहण क०; (zusammensinken) धसक जाना; पिचक जाना; (sich niederschlagen) अवक्षेप क०; घनीभूत होकर गिरना, जम जाना; बस जाना (गंध का); 3. v/i (h.;s.) कूद जाना, छलाँग मारना, छलाँग मारकर पार क०; über einen Bach setzen कूदकर नाले के पार चला जाना, नाले के पार कूद जाना; **~er,** m (-s/-) मुद्रयोजक, अक्षरयोजक; **~erei,** f (-/-en) मुद्रयोजन-कक्ष; **~kasten,** m मुद्राक्षर-पेटी; **~ling,** m पौध, रोपा हुआ छोटा पौधा; क्षुद्रमीन, पोना; **~waage,** f साधनी, तलमापी ।

Seuche, f (-/-n) महामारी; fig: व्यापक दुर्व्यसन, अतिप्रचलित (बुरी) आदत; **~ngebiet,** n महामारी से ग्रस्त क्षेत्र ।

seufz-en, v/i (h.) उसाँस भरना, ठंडी साँस भरना; fig: चुपचाप बरदाश्त क० या सहना, कष्ट झेलना; जुल्म सहना; **~er,** m (-s/-) उसाँस ।

Sex, m (-es) [lat.] काम, कामुकता, काम-भावना; कामवासना, रत्यात्मकता; यौनाकर्षण, मोहकता; **~bombe,** f, U: अत्यन्त कामोत्तेजक युवती ।

Sextant, m (-en/-en) सेक्सटैण्ट, कोणिक दूरी नापने का यंत्र ।

Sextett, n (-[e]s/-e) [lat.] छः गायकों या वादकों की मंडली, छः गायकों या वादकों के लिए संगीत-रचना ।

Sexual-ität, f (-) [lat.] कामवासना, कामुकता; **~leben,** n यौन जीवन, काम-भावना, कामचेतना; **~verbrecher,** m कामोन्मत्त होकर (बलात्कार या हत्या या अन्य) जघन्य अपराध करने वाला ।

sex-uell, adj. यौन; मैथुनिक; **~us,** m (-/-) लिंग, योनि, लिंगभेद; **~y,** adj. [eng.] U: कामोत्तेजक ।

Sezession, f (-/-en) [lat.] अपसरण, संबंध-विच्छेद, पार्थक्य; **~skrieg,** m अपसारी युद्ध ।

sezieren, v/t (h.) [lat.] की चीर-फाड़ क०, का अंग-अंग पृथक क०; fig: का सूक्ष्म परीक्षण या निरीक्षण क० ।

Shampoo-(n), n (-s/-s) [eng.] सिर धोने का तरल साबुन; **~nieren,** v/t (h.) तरल साबुन-विशेष से सिर धोना ।

Siame-se, m (-n/-n) स्यामी, थाइलैंड-निवासी, थाई; **~sisch,** adj. स्याम का, थाइलैंड का; siamesische Zwillinge एक साथ जुड़े हुए जुड़वाँ बच्चे ।

sich, pron., akk. & dat. von er, sie, es, Sie अपने आप को, खुद को; अपना, खुद का ।

Sichel, f (-/-n) [lat.] हँसिया;Mond: बालचन्द्र, हिलाल; **~n,** v/t (h.) को हँसिये से काटना ।

sicher, 1. adj. सुरक्षापूर्ण, सुरक्षित; निरापद, संकटातीत, भयातीत, खतरे से खाली; (gewiß) निश्चित, पक्का, अवश्यम्भावी;(zweifelsfrei) निःसंशय,

गतसंदेह, निर्विवाद; (zuverlässig) विश्वस्त, विश्वसनीय, पक्का; (zuversichtlich) आश्वस्त; विश्वास-पूर्ण; (selbstbewußt) आत्मविश्वास-पूर्ण; (nicht irrend)निर्भ्रान्त; अचूक, अमोघ; (fest) नियत, बँधा हुआ; नियमित; (geübt) अभ्यस्त; सधा हुआ; hier sind wir sicher vor Feinden यहाँ हमें शत्रुओं का भय (या खतरा) नहीं है; ich bin sicher, daß... मुझे पूरा विश्वास है कि...; soviel ist sicher, daß...इतनी बात तो पक्की है कि...; sich einer Sache sicher sein (को) किसी बात का पूरा विश्वास या भरोसा होना; sicheres Geleit रक्षा-वचन, सुरक्षा-दान; यात्रा-सुरक्षण; 2. adv. अवश्य, ज़रूर, हर हालत में; निस्सन्देह, बेशक; **~heit,** f (-)रक्षा, सुरक्षा, निरापदता; नैश्चित्य, निश्चितता; विश्वस्तता; आत्मविश्वास; पूर्ण विश्वास या भरोसा; आश्वासन; भ्रान्तिहीनता;अमोघता;(pl: Sicherheiten) jur: गारंटी,प्रत्याभूति, ज़मानत; **~heitsgurt,** m सुरक्षा-पेटी; **~heitshalber,** adv. सुरक्षा के लिए, सुरक्षा के विचार से; एहतियातन; **~heitsnadel,** f (सुरक्षा-) पिन; **~heitsschloß,** n ताला जो दूसरी चाभी से न खोला जा सके; **~lich,** adv. अवश्य, ज़रूर, निश्चित रूप से; निस्सन्देह, बेशक; **~n,** 1. v/t (h.) को सुरक्षित क०, को खतरे से बचाना, की रक्षा (का प्रबंध)क०;(festmachen) को कसकर बाँधना, जकड़ देना, पक्का क०, मज़बूत क०; Waffe: का सुरक्षा-तालक लगाना; Tür usw: को अच्छी तरह बन्द क०, की सिटकनी चढ़ाना, में (दोहरा) ताला लगाना; sich etw. sichern किसी वस्तु को प्राप्त कर लेना, किसी वस्तु या स्थान आदि को आरक्षित करा लेना; jdm. etw. sichern किसी के लिए किसी वस्तु या स्थान आदि को आरक्षित क०; 2. v/i (h.) Wild: गंध लेते हुए इधर-उधर देखना; **~stellen,** v/t (h.) को सुरक्षित क०, को सुरक्षित स्थान पर रखना; बरामद क०, ज़ब्त कर लेना; **~ung,** f (-/-en) सुरक्षा-साधन, सुरक्षा-तालक, सुरक्षा-बटन; el: संगलक, फ़्यूज़; o.pl: सुरक्षित क० या किया जाना; बचाव; **~ungsverwahrung,** f, jur: खतरनाक क़ैदियों की अतिरिक्त निगरानी।

Sicht, f (-) दूर तक देख सकने की संभावना या स्थिति; दृष्टि-परास; U: दृश्य, नयनगोचर क्षेत्र; kfm: (चेक, हुंडी आदि के) प्रस्तुतीकरण का समय; fig: दृष्टिकोण; wir hatten eine Sicht von nur hundert Metern हमें केवल सौ मीटर तक ही दिखाई दे रहा था; wegen des Nebels ist die Sicht sehr schlecht कोहरे के कारण बहुत कम दूर तक ही दिखाई दे रहा है; die Berge sind in Sicht पहाड़ दिखाई दे रहे हैं; außer Sicht अदृश्य, अ-नयनगोचर, दृष्टि-परास से बाहर; U: eine Lösung ist in Sicht हल नज़र आ रहा है, (इस समस्या का) हल मिलने वाला है; auf lange Sicht लम्बी अवधि के लिए; **~bar,** adj. दृष्टिगोचर, नयनगोचर; सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष; **~en,** v/t (h.) देखना, देख लेना (किसी दूर की चीज़ को); को ध्यान-पूर्वक देखना तथा व्यवस्थित क०; **~feld,** n दृष्टि-क्षेत्र; **~lich,** adj. स्पष्ट, सुस्पष्ट, सुप्रकट, प्रत्यक्ष; **~vermerk,** m वीज़ा; **~wechsel,** m, kfm: दर्शनी हुंडी; **~weite,** f दृष्टि-परास, नज़र की पहुँच।

sickern, v/i (s.) रिसना, छनना, छन-कर निकलना, छनकर प्रवेश क० या पहुँचना; fig: die Nachricht ist in die Öffentlichkeit gesickert (यह) समाचार (छिपाने या गुप्त रखने का प्रयत्न करने पर भी) जनता तक पहुँच गया है।

[1]**sie,** personalpron., 1. f, sing., nom. वह (स्त्रीलिंग); 2. pl., nom.

von er, sie, es वे; 3. f, sing., akk. उसे; उसको; 4. pl., akk. von er, sie, es उन्हें, उनको ।

[2]Sie, personalpron., 1. m/f, sing., nom. आप; 2. m/f, pl. nom. आप लोग; 3. m/f pl., akk. आपको, आप लोगों को ।

Sieb, n (-[e]s/-e) छलनी, चलनी, छन्नी, छाननी; fig: Wasser mit einem Sieb schöpfen छलनी से पानी भरना, निरर्थक या बेकार का काम क०, कभी न ख़त्म होने वाले काम में लगा होना; U: ein Gedächtnis wie ein Sieb haben की याद छलनी की तरह होना, बहुत भुलक्कड़ होना ।

[1]**sieben,** v/t (h.) छानना, चालना; fig: (कई लोगों में से) अच्छे या योग्य लोगों को छाँटना या चुनना ।

[2]**sieben,** 1. adj. सात; U: mit jdm. um sieben Ecken verwandt sein (का)किसी से बहुत दूर का रिश्ता होना; 2. f (-) सात की संख्या; सात नम्बर की बस, ट्राम आदि; U: eine böse Sieben कलहप्रिय स्त्री ।

sieb(en)te, adj. सातवाँ; heute ist der Sieb(en)te आज सात तारीख़ है ।

sieben-erlei, adj. सात प्रकार का; सात बातें; **~fach,**/ **~fältig,** adj. सातगुना; **~hundert,** adj. सात सौ; **~jährig,** adj. सात साल का, सप्तवर्षीय; **~mal,** adv. सात बार; **~malig,** adj. सात बार, सात बार होने वाला, सात बार किया जाने वाला; **~monatskind,** n सतमासा; **~sachen,** f/pl., U:सामान, बोरिया-बिस्तर; माल-मता, सम्पदा; **~schläfer,** m, zool: स्वपमूष; U: बहुत (देर तक) सोने वाला इंसान; **~tausend,** adj. सात हज़ार ।

Sieb-tel, n सातवाँ भाग; **~zehn,** adj. सत्रह; **~zig,** adj. सत्तर ।

siech, adj. अस्वस्थ, रोगग्रस्त, बीमार; बहुत दिनों से बीमार; **~en,** v/i (s.) रोगग्रस्त होना, बीमार होना; बहुत दिनों से बीमार होना; **~tum,** n (-s) लम्बी बीमारी ।

Siedehitze, f क्वथन-ऊष्मा, क्वथनांक-ऊष्मा; fig: बहुत अधिक गर्मी ।

siedeln, v/i (h.) बस जाना ।

Sied-en, 1. v/t (h.)उबालना; खौलाना; 2. v/i (h.) उबलना; खौलना; fig: ग़ुस्से से खौलना; **~epunkt,** m क्वथनांक ।

Sied-ler, m (-s/-) अधिवासी, आबादकार; (Kolonist) उपनिवेशी; **~lung,** f (-/-en) बस्ती; o.pl: बसना, बसाया जाना, बस्ती बसाना ।

Sieg, m (-[e]s/-e) जय, विजय, जीत, फ़तह ।

Siegel, n (-s/-) [lat.] मोहर, मुहर, सील; **~lack,** m (मोहरी) लाख, लाह; **~ring,** m अंगुलि-मुद्रा, मुद्रिका, मुहर वाली अँगूठी ।

sieg-en, v/i (h.) जीतना, विजयी होना, विजय पाना; **~er,** m (-s/-) विजयी, विजेता; **~erehrung,** f, sport: पुरस्कार-वितरण, पदक-वितरण; **~erkranz,** m विजय-किरीट, जयपत्र; **~esbewußt,** adj.→siegessicher; विजयाभिमानपूर्ण; **~esgewiß,** adj. →siegessicher; **~eskranz,** m→ Siegerkranz; **~essicher,** adj. जिसे अपनी विजय पर पूरा भरोसा या विश्वास हो, विजय के विश्वास से पूर्ण; **~estrunken,** adj. विजयोन्मत्त, विजयोल्लसित; **~eszug,** m विजय-यात्रा, विजयोत्सव; **~haft,** adj., fig: अत्यन्त आत्मविश्वासी; अत्यन्त आत्म-विश्वासपूर्ण; **~reich,** adj. विजयी, विजयमान, फ़तहमन्द ।

Siel, m/n (-[e]s/-e) जलद्वार, जल-कपाट; मलप्रणाल ।

siezen, v/t (h.) आप कहकर संबोधन क० ।

Sigel, n (-s/-) संक्षेप-चिह्न, किसी शब्द का संक्षिप्त रूप; आशुलिपि में संकेत-चिह्न ।

Signal, n(-s/-e) [frz.] संकेत, इशारा; an Bahnstrecken: सिगनल, सिकन्दरा; **~feuer,** n संकेताग्नि; संकेत-दीप; **~flagge,** f अन्तर्राष्ट्रीय संकेत-ध्वज; **~isieren,** v/t (h.) का संकेत देना, संकेत द्वारा सूचित क०; fig: की सूचना देना; **~lampe,** f सिगनल-बत्ती।

Signa-tarmacht,f [lat.]किसी समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला देश;**~tur,** f (-/-en) संकेत, चिह्न; मुद्रण में फ़र्मे के प्रथम पृष्ठ पर अंकित अक्षर या अंक; Unterschrift: संक्षिप्त हस्ताक्षर; Kartenzeichen: मानचित्रों में प्रयुक्त संकेत-चिह्न; auf Büchern: पुस्तक-संख्या।

Sig-net, n. (-s/-s;-e) [lat.] प्रकाशक या मुद्रक का चिह्न, पुष्पिका;**~nieren,** v/t (h.) को चिह्नांकित क०; पर हस्ताक्षर क०; **~num,** n (-s/-'gna) चिह्न, निशान, मारका; संक्षिप्त हस्ताक्षर, नाम का आद्यक्षर।

Silbe, f (-/-n) [lat./griech.) शब्दांश (जिसमें एक स्वर या संयुक्त स्वर हो), वर्तनी के दृष्टिकोण से अविच्छेद्य शब्दांश; U: davon hat er keine Silbe erwähnt इसके बारे में उसने एक शब्द भी नहीं कहा;**~nklauberei,** f, U: वितंडा,वितंडावाद, बारीकीबीनी; **~nrätsel,** n शब्दांश-पहेली; **~ntrennung,** f शब्दांशों में विभाजन।

Silber, n (-s) चाँदी, रजत, रौप्य; **~blick,** m, U: मामूली भेंगापन; **~folie,** f रजत-पत्र, रजत-पर्णी; **~grau,** adj. रजत धूसर; **~hell,** adj. चाँदी जैसा चमकदार; स्वच्छ, निर्मल; fig: सुमधुर; **~hochzeit,** f विवाह की रजत-जयन्ती; **~ig,** adj. रुपहला; चाँदी जैसा चमकदार;**~ling,** m (-s/-e) रौप्यमुद्रा, चाँदी का सिक्का; **~löwe,** m गिरिविडाल, दक्षिणी अमरीका में पाया जाने वाला तेंदुआ; **~n,** adj. चाँदी का, रजत, राजत, रौप्य; poet: रुपहला, चाँदी जैसा चमकदार; **~schmied,** m रजतकार, सुनार; **~streifen,** m: fig: ein Silberstreifen am Horizont आशा की किरण; **~zeug,** n, U: चाँदी के बरतन, चाँदी का सामान।

silbrig, adj.→**silberig**

Silhouette, f (-/-n) [frz.] पक्षचित्र, पार्श्वचित्र, तिमिरचित्र।

Silo, n (-s/-s) [span.] संहरितालय; खत्ती।

Silvester, n (-s/-) वर्ष का अन्तिम दिन, नववर्ष की पूर्वसंध्या।

simpel, [lat.] 1. adj. सहज, सरल, आसान, साधारण; (einfältig) मूर्ख बुद्धू, बौड़म; 2. m (-s/-) U: बौड़म-बसन्त।

simplifizieren, v/t (h.) सरल बनाना या बना देना, सरल क०।

Sims, m/n (-es/-e) [lat.]→Gesims

Simu-lant, m (-en/-en) [lat.] बहानेबाज़; बीमारी का बहाना करने वाला; मिथ्यारोगी; **~lation,** f (-/-en) बहानेबाज़ी, (बीमारी का) बहाना, मिथ्याचरण; **~lator,** m (-s/-en) उड्डयन-प्रशिक्षण-संयंत्र; किसी तकनीकी प्रक्रिया का अनुकरण करने का यंत्र; अनुरूपक; **~lieren,** 1. v/i (h.) बहानेबाज़ी क०, मिथ्याचरण क०; 2. v/t (h.) का बहाना क०; tech: का अनुकरण क०; U: über etw. simulieren किसी विषय पर चिन्तन क०।

simultan, adj. [lat.] समकालिक, समक्षणिक, एककालिक; **~schule,** f असम्प्रदायी विद्यालय।

Sinfo-nie, f (-/-n) [ital.] सिम्फ़नी, वाद्य-वृन्द के लिए कई खंडों वाली संगीत-रचना; **~niker,** m (-s/-) सिम्फ़नी-रचयिता; सिम्फ़नी-वादकवृन्द का सदस्य।

sing-bar, adj. गेय, जिसे गाया जा सके; **~en,** 1. v/t (h.) गाना, गाकर सुनाना; 2. v/i (h.) (गीत) गाना; चहकना, चहचहाना, कूजना, कलरव

क०;Telegraphendrähte: भनभनाना; सनसनाना, गूँजना; U: अपराध स्वीकार क०, जुर्म क़बूल क०; भेद खोल देना; ~erei, f (-) U: उबाने वाला या तंग करने वाला गायन; ~sang, m (-[e]s) U: गाते हुए बोलने का ढंग; →Singerei; ~spiel,n संगीत-नाटक।

Singular, m (-s/-e) [lat] एकवचन; ~**isch,** adj. एकवचन में प्रयुक्त।

Singvogel, m गाने वाली चिड़िया।

sink-en, v/i (s) नीचे को गिरना, सरकना या उतरना; झुकना, झुक जाना;(untergehen) डूबना, डूब जाना; Preise: कम होना, घटना, गिरना; Temperatur: गिरना; कम होना; उतरना; zu Boden sinken धराशायी हो जाना; in jds. Arme sinken किसी की बाँहों में झूल जाना; fig: in Schlaf sinken सो जाना; fig: in Ohnmacht sinkenमूर्च्छित हो जाना, बेहोश हो जाना; fig: den Mut sinken lassen हिम्मत हार जाना, दिल छोटा क०; ~**kasten,** m सड़क के परनाले का जालीदार चौखटा (जो कूड़े-कचरे को रोक लेता है)।

Sinn,m (-[e]s/-e) इन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय; इन्द्रियबोधक्षमता, इन्द्रियबोधशक्ति; (Bewußtsein) चेतना, होश; (Gedächtnis) स्मृति, याददाश्त; बुद्धि, दिमाग़, मन; (Verständnis) विवेक, विवेकशक्ति; समझ; (Sinnesart) विचार, विचारधारा, अभिवृत्ति, प्रवृत्ति; (Bedeutung) अर्थ, सार, सारवस्तु, तात्पर्य, भाव, मतलब; (Gefühl für etw.) रुचि; अभिरुचि, झुकाव, प्रवृत्ति; भावना, माद्दा; (Zweck) उद्देश्य, अभिप्राय; लाभ, फ़ायदा; von Sinnen sein आपे से बाहर होना; को सुध-बुध न रहना; U: का दिमाग़ खराब होना; U: seine fünf Sinne zusammennehmen सोच-समझकर काम क०; ihr schwanden die Sinne वह मूर्च्छित हो गई; sich etw. aus dem Sinn schlagen किसी बात को दिमाग़ से निकाल देना; das geht mir nicht aus dem Sinn यह बात मेरे दिमाग़ (या मन) से नहीं निकलती है; etw. im Sinn habenकिसी बात का इरादा रखना; anderen Sinnes werden अपना विचार या इरादा बदल देना; das ist nicht der Sinn der Sache यह इस बात का उद्देश्य (या आशय) नहीं है; er hat keinen Sinn für Musik उसे संगीत में रुचि नहीं है; er hat keinen Sinn für Sauberkeit उसमें सफ़ाई की भावना नहीं है, उसमें सफ़ाई का माद्दा नहीं है; das hat keinen Sinn इससे कोई लाभ नहीं, यह बेकार काम (या बात) है।

Sinn-bild, n प्रतीक; ~**bildlich,** adj. प्रतीकात्मक; ~**en,** v/i (h.) über etw. sinnen किसी बात पर चिन्तन या मनन क०; auf etw. sinnen किसी बात का इरादा क०, किसी बात की योजना बनाना; किसी मार्ग, तरकीब आदि को सोच निकालने का प्रयास क०; ~**enfreude,** f ऐन्द्रिय सुख, सांसारिक सुख; ~**engenuß,** m संभोग-सुख; ~**enlust,** f कामुकता; संभोग-सुख; ~**entstellend,** adj. जिसके द्वारा अर्थ ग़लत होता हो, जिससे ग़लत अर्थ निकले; ~**enwelt,**f इन्द्रियगोचर जगत्, माया; ~**esart,** f विचार, विचारधारा,अभिवृत्ति; प्रवृत्ति; ~**esorgan,** n इन्द्रिय; ~**estäuschung,** f भ्रम, भ्रान्ति, धोखा; ~**fällig,** adj. इन्द्रियगोचर; सुस्पष्ट, प्रत्यक्ष; ~**gedicht,** n विनोदपूर्ण या व्यंग्यपूर्ण लघु कविता; ~**gemäß,** adj. भावात्मक, अशाब्दिक; ~**ieren,** v/i (h.) U: चिन्तन क०, मनन क०, सोच-विचार क०; ~**ierer,** m(-s/-)U: चिन्तनशील व्यक्ति, अन्तर्मुखी व्यक्ति; ~**ig,** adj: सुविचारित, तर्कसंगत; अर्थगर्भित, सारगर्भित; उपयुक्त, फ़ायदेमन्द, व्यावहारिक; ~**lich,** adj. ऐंद्रिय, इंद्रियगत; इंद्रियग्राह्य; शारीरिक, वासनात्मक; कामोत्तेजक; कामुक; ~**los,** adj. निरर्थक, अर्थहीन;

असंगत; अबोधगम्य; व्यर्थ, बेकार, बेमतलब, बेफ़ायदा; ~**reich,** adj. अर्थगर्भित, सारगर्भित; सुविचारित; अत्युपयुक्त, फ़ायदेमन्द, व्यावहारिक; ~**spruch,** m नीतिवचन, सूक्ति, सारगर्भित उक्ति, विचारोत्तेजक बात; ~**verwandt,** adj. पर्यायवाची, समानार्थक; ~**voll,** adj. अर्थपूर्ण, अर्थयुक्त, सारयुक्त; विचारोत्तेजक; fig: उपयोगी, लाभकर, फ़ायदेमन्द; बुद्धिमानी का, अक़्लमंदी का।

Sinolog-e, m (-n/-n) [griech.] चीनशास्त्री, चीनी भाषा, साहित्य, संस्कृति आदि का विशेषज्ञ, चीन-विद्या का अध्यापक या विद्यार्थी; ~**ie,** f (-) चीन-विद्या; ~**isch,** adj. चीन-विद्यासंबंधी, चीन-विद्या-विषयक।

Sinter, m (-s/-) निसाद; तप्त लोहे की पिटाई करते समय निकलने वाला लौहमल।

Sintflut, f जल-प्रलय; fig: nach mir die Sintflut मेरे बाद चाहे प्रलय हो जाए तो मुझे चिन्ता नहीं।

Sinus, m (-/-;-se) [lat.] math: ज्या; anat: कोटर।

Sipp-e, f (-/-n) रक्तसंबंधी, कुटुम्ब, वंश; zool: कुल, गण; bot: जाति, प्रजाति; gramm: किसी मूल शब्द से बने सभी शब्दों का समूह, शब्द-वंश; ~**schaft,** f संबंधी, रिश्तेदार लोग; (Klüngel) गुट, गिरोह; मंडली; स्वजन-पक्षपातियों का दल।

Sirene, f (-/-n) [griech.] यूनानी मिथकों में वर्णित परी जिसका शरीर पक्षी का होता है तथा जो सामुद्रिकों को अपने गायन द्वारा आकर्षित करके मार डालती है; tech: भोंपू, खतरे की सूचना देने वाला यंत्र; fig: मोहिनी, लुभाने वाली स्त्री।

Sirup, m (-s/-e) [lat.] शीरा; फलों का सांद्रित रस।

Sisal, m (-s) / ~**hanf,** m घीकुवांर का सन, गौरशण।

Sitte, f (-/-n) प्रथा, रिवाज, रूढ़ि, दस्तूर, आचार; (Sittlichkeit) नैतिकता; ~**nbild,**/~**ngemälde,** n युगविशेष की प्रथाओं को प्रदर्शित करने वाला चित्र; युग-विशेष की प्रथाओं का वर्णन; ~**ngesetz,** n आचार-नियम, आचरण-नियम; ~**nkodex,** m आचारसंहिता, आचरण-संहिता, नीति-संहिता; ~**nlehre,** f नीतिशास्त्र, आचारशास्त्र; ~**nlos,** adj. अनैतिक; अनुशासनहीन, निर्लज्ज; ~**npolizei,** f अनैतिकता की रोक-थाम करने वाला पुलिस-विभाग; ~**nrichter,** m नैतिकता के दृष्टिकोण से दूसरों के आचरण की आलोचना करने वाला; ~**nstreng,** adj. नीतिनिष्ठ, अतिनैतिक; ~**nstrolch,** m, U: स्त्रियों या बच्चों को अनैतिक रूप से छेड़ने वाला, बलात्कारी; ~**nwidrig,** adj. नीतिविरुद्ध, आचारविरुद्ध।

Sittich, m (-s/-e) [lat.] टुइयाँ तोता।

sittlich, adj. नैतिक, नीतिसंगत, नीतिपरक, नैतिकता के अनुकूल; नीतिनिष्ठ; शरीफ़; ~**keit,** f (-) नैतिकता, नीतिपरकता; नीतिनिष्ठा; शराफ़त; ~**keitsverbrechen,** n (स्त्रियों या बच्चों के साथ) बलात्कार।

sittsam, adj. शालीन, सलज्ज, सुशील; मर्यादित, मर्यादापूर्ण; ~**keit,** f (-) शालीनता, सलज्जता, शील, शीलसंकोच; मर्यादा, मर्यादापूर्णता।

spontan, adj. [lat.] स्वतःप्रवर्तित, अपने आप होने वाला, स्वतःस्फूर्त, स्वैच्छिक; स्वाभाविक, साहजिक, आकस्मिक सूझ को कार्यान्वित करने वाला; **~eität,** f (-) स्वयंस्फूर्ति, स्वतःप्रवृत्ति; स्वाभाविकता; आकस्मिक सूझ का कार्यान्वयन ।

sporadisch, 1. adj. [frz.] छिटपुट, यत्रतत्रिक; विरल, कदाचनिक; 2. adv. कहीं-कहीं, यत्र-तत्र, कभी-कभी, अनियमित रूप से ।

Spore, f (-/-n)[griech.] (एककोशिक) बीजाणु ।

Sporen, pl. → Sporn

Sporenpflanze, f पुष्पहीन पौधा, एककोशिक बीजाणु से उगने वाला पौधा ।

Sporn, m (-[e]s/Sporen) अश्व-ताड़िनी; महमेज़, एड़; zool: पक्षायुध, पादायुध; bot: मधुदीर्घा; mar: युद्धपोत का फाल; am Schuh: पर्वतारोही के जूतों के तल्लों की कीलें; o.pl., fig: प्रेरणा; प्रोत्साहन; einem Pferd die Sporen geben घोड़े को एड़ लगाना; fig: sich die Sporen verdienen नाम कमाना; **~en,** v/t(h.) →anspornen; **~streichs,** adv. तुरंत, तत्काल; बड़ी जल्दी में, बहुत शीघ्रता से; सीधे ।

Sport, m (-[e]s) [eng.] खेल, क्रीड़ा, खेलकूद; व्यायाम, कसरत; (Liebhaberei)मनोरंजन, मनबहलाव; व्यासंग, शौक़, शग़ल; **~artikel,** m/pl. खेल-कूद का सामान; **~begeistert,** adj.

खेलकूद का शौक़ीन; **~bericht,** m खेलकूद-विवरण; **~eln,** v/i (h.) U: (नियमित रूप से) थोड़ा-बहुत व्यायाम क०; **~flugzeug,** n मनोरंजन के लिए प्रयुक्त छोटा विमान; **~freund,** m खेलकूद का साथी; **~geschäft,** n खेलकूद के सामान की दूकान; **~hochschule,** f खेलकूद-महाविद्यालय; **~kleidung,** f खेलकूद के कपड़े, खेल के कपड़े; **~lehrer,** m खेलकूद-शिक्षक, खेलकूद-प्रशिक्षक; **~ler,** m (-s/-) खिलाड़ी; व्यायामी; **~lich,** adj. खेलकूद-संबंधी, खेलकूद का, खेलकूद के उपयुक्त; खिलाड़ी जैसा; तगड़ा, बलिष्ठ; निष्पक्ष, ईमानदार; **~platz,** m खेलकूद का मैदान, खेल का मैदान; **~schuh,** m खेलकूद का जूता; आरामदेह जूता; **~smann,** m→ Sportler; **~wagen,** m, Auto: बहुत तेज़ रफ़्तार वाली कार; für Kleinkinder: खुली छत की बच्चा-गाड़ी, छोटी बच्चा-गाड़ी (जिसमें केवल बैठने-भर की जगह होती है)।

Spott, m (-es) उपहास, हँसी, खिल्ली, कटु या अपमानजनक व्यंग्य; seinen Spott mit jdm. treiben किसी की खिल्ली उ.ाना; spw: wer den Schaden hat, braucht für den Spott nicht zu sorgen दूसरों की हानि पर हँसने वालों की कमी नहीं होती; **~bild,** n उपहासचित्र, व्यंग्य-चित्र; **~billig,** 1. adj. बहुत सस्ता; 2. adv. मिट्टी के मोल, बहुत सस्ते में; **~drossel,** f (उत्तरी अमरीका में पाई जाने वाली) मैना, सारिका; fig: उपहासक, उपहासप्रिय व्यक्ति।

Spöttel-ei, f (-/-en) ठिठोली, हँसी, मज़ाक़, व्यंग्योक्ति, ताना; **~n,** v/i (h.) ठिठोली क०, (की) हँसी उड़ाना, (पर) व्यंग्य क०, (पर) ताना मारना।

spotten, v/i (h.) (का) उपहास क०, (की) खिल्ली उड़ाना, (पर) कटु व्यंग्य क०, उपहासात्मक या व्यंग्यपूर्ण बातें क०; fig: को तुच्छ समझना, की परवाह न क०; से परे होना, के अतीत होना; को पार कर जाना; fig: das spottet jeder Beschreibung यह वर्णनातीत है; fig: er spottete aller Gefahren उसने किसी ख़तरे की परवाह नहीं की।

Spötter, m (-s/-) उपहासक, हँसी उड़ाने वाला।

Spott-gedicht, n उपहासात्मक कविता, उपहासपूर्ण कविता, व्यंग्यकविता; **~geld,** n, U: बहुत कम धन, धन की नगण्य मात्रा।

spöttisch, adj. उपाहासात्मक, उपहास-पूर्ण, व्यंग्यात्मक।

Spott-lied, n उपहासगीत, व्यंग्यगीत; **~lustig,** adj.उपहासप्रिय, व्यंग्यप्रिय; **~preis,** m बहुत कम मूल्य; **~vogel,** m विभिन्न ध्वनियों की नक़ल कर सकने वाली चिड़िया; U: उपहासक, उपहासप्रिय व्यक्ति।

Sprach-denkmal, n भाषा के दृष्टिकोण से अत्यन्त श्रेष्ठ कृति या ग्रंथ; **~e,** f (-/-n) भाषा, ज़बान; वाणी, बोली; बोलती; (Stil) (भाषा-)शैली, शब्द-योजना; (Sprechweise) बोलने का ढंग, बोली; ihm blieb die Sprache weg उसकी बोलती बन्द हो गई; वह अवाक् रह गया या हो गया; mit jdm. eine deutliche Sprache sprechen किसी से साफ़-साफ़ शब्दों में बात क०; etw. zur Sprache bringen किसी बात की चर्चा चलाना; heraus mit der Sprache! बोलो!, बताओ क्या बात है; die Sprache des Herzens दिल की आवाज़; die Sprache des Volkes जनसाधारण की बोली; **~eigenheit,** / **~eigentümlichkeit,** f भाषा की विशेषता; भाषागत विशेषता; वाक्चार; **~enkundig,** adj. कई भाषायें जानने वाला; **~familie,** f भाषा-परिवार; **~fehler,** m व्याकरणिक अशुद्धि, व्याकरण का अशुद्ध (या ग़लत) प्रयोग; हकलाहट; तुतलाहट; **~gebiet,** n भाषा-विशेष

का क्षेत्र; ~**gebrauch,** m भाषा विशेष का प्रचलित प्रयोग, भाषा-प्रयोग; ~**gefühl,** n भाषा-बोध, किसी भाषा का सहज बोध; ~**gewandt,** adj. वाग्मी, वाक्पटु, भाषा के प्रयोग में निपुण; ~**gut,** n शब्द-भंडार तथा शब्द-प्रयोग, शब्द तथा उनके प्रयोग; ~**kenntnisse,** f/pl. भाषा(-विशेष) का ज्ञान; ~**labor,** n इलेक्ट्रॉनी उपकरणों की सहायता से भाषा सीखने या उसका अभ्यास करने का कक्ष, भाषा-अभ्यासशाला; ~**lehre,** f व्याकरण, भाषा-सिद्धान्त, भाषा के नियम; ~**lich,** adj. भाषा-संबंधी, भाषा का; व्याकरणिक; ~**los,** adj. गूंगा, मूक; fig: अवाक्, निर्वाक्, भौचक्का, हक्का-बक्का; ~**raum,** m भाषा-विशेष का क्षेत्र; ~**regeln,** f/pl. भाषा (-प्रयोग) के नियम; ~**regelung,** f, pol: संवाद-नियंत्रण, प्रसारण से पूर्व समाचारों आदि (की भाषा) में परिवर्तन; ~**rohr,** n ध्वनिवर्द्धक यंत्र, भोंपू, मेगाफ़ोन; fig: प्रवक्तामात्र, अंधसमर्थन करने वाला; समर्थक; मुखपत्र; fig: sich zum Sprachrohr einer Sache machen किसी बात का सार्वजनिक रूप से समर्थन क०; ~**wissenschaft,** f भाषिकी, भाषा-विज्ञान।

Sprech-art, f →Sprechweise; ~**en,** 1. v/i (h.) बोलना; बात क०, बातचीत क०; भाषण देना; von jdm./etw. sprechen किसी व्यक्ति/वस्तु (या बात) का ज़िक्र क०; über jdn./etw. sprechen किसी व्यक्ति/ वस्तु (या बात) के बारे में बात क०, किसी व्यक्ति/विषय पर भाषण देना; der Redner sprach drei Stunden lang वक्ता ने तीन घंटे का भाषण दिया, वक्ता तीन घंटे तक बोलता रहा; für jdn. sprechen किसी का समर्थन क०, किसी के पक्ष में होना; es spricht für sich (selbst) यह स्वतः स्पष्ट है, इसमें किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है; fig: aus seinen Augen sprach Angst उसकी आँखों में भय की झलक थी, वह भयभीत दृष्टि से देख रहा था; 2. v/t (h.) बोलना, कहना, जपना; से बात क०, से परामर्श या विचार-विमर्श क०; er sprach kein einziges Wort वह एक शब्द भी नहीं बोला, उसने एक शब्द भी नहीं कहा; er spricht drei Sprachen वह तीन भाषायें बोलता है; wann kann ich Sie sprechen? मैं आपसे कब बात कर सकता हूँ?; ist er jetzt zu sprechen? क्या मैं अब उससे बात कर सकता हूँ?; ~**end,** 1. adj., fig: प्रभावशाली, भावपूर्ण; पक्का, अकाट्य; 2. adv. बिल्कुल, बहुत अधिक; ~**er,** m (-s/-) वक्ता; प्रवक्ता; उद्घोषक, वाचक; ~**funk,** m बेतार-दूरभाष; ~**gesang,** m सस्वर पाठ; ~**stunde,** f परामर्श का समय, मिलने का समय; ~**weise,** f बोलने का ढंग; ~**zimmer,** n परामर्श-कक्ष।

Spreiz-e, f (-/-n) टाँगें फैलाकर खड़े होने या बैठने का व्यायाम; Bergbau: सुरंग की दीवारों के बीच का अनुप्रस्थ शहतीर; ~**en,** v/t (h.) चौड़ा क०, फैलाना (टाँगें, उँगलियाँ, पंख आदि); fig: sich spreizen बनना, दिखावा क०, आडम्बरपूर्ण बातें या आचरण क०, नखरे दिखाना; किसी बात का (नखरे के साथ) विरोध क०; ~**fuß,** m चौड़ा तथा चपटा पैर।

Sprengel, m (-s/-) बिशप या पादरी का हलक़ा; प्रशासन-क्षेत्र; गिरजाघर में आशिष-जल छिड़कने की कूँची।

spreng-en, 1. v/t (h.) बारूद से उड़ा देना; (aufbrechen) तोड़ डालना; तोड़कर खोलना, बलपूर्वक खोलना; (befeuchten) को पानी छिड़ककर नम क०; पर पानी छिड़कना या छिड़काव क०; को सींचना; Fesseln sprengen बेड़ियाँ तोड़ डालना; eine Versammlung sprengen (किसी)

सभा को बलपूर्वक भंग कर देना; Wäsche sprengen इस्तरी करने के लिए कपड़ों पर पानी छिड़कना, 2. v/i (s.) घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए चलना; ~**kopf,** m स्फोटक शीर्ष; ~**körper,** m वम, गोला, विस्फोटक; ~**kraft,** f विस्फोट-शक्ति; ~**ladung,** f विस्फोटक पदार्थ की निश्चित मात्रा, वम आदि के अन्दर का विस्फोटक पदार्थ; ~**stoff,** m विस्फोटक पदार्थ; ~**ung,** f (-/-en) बारूद से उड़ाना या उड़ाया जाना; छिड़काव; बलपूर्वक भंग क० या किया जाना; ~**wagen,** m सड़कों पर छिड़-काव करने की गाड़ी; ~**wirkung,** f विस्फोट-प्रभाव ।

Sprenk-el, m (-s/-) चित्ती, धब्बा, दाग़; ~**(e)lig,** adj. चित्तीदार, धब्बे-दार, दाग़ी; ~**eln,** v/t (h.) चित्ती-दार बनाना, पर चित्तियाँ डालना ।

Spreu, f (-) अन्न के दाने का छिलका, तुष, सीकुर, भूसा आदि; fig: die Spreu vom Weizen sondern मूल्यवान वस्तु को निकालकर कूड़े-कचरे को अलग कर देना ।

Sprich-wort, n कहावत, लोकोक्ति, मसल, आभाणक; ~**wörtlich,** adj. लोकोक्तीय; लोकप्रसिद्ध ।

sprießen, v/i (s.) अंकुरित होना, निकलना, उगना, फूटना; एकाएक बढ़ना, निकलना, विकसित होना ।

Spring-brunnen, m फ़ौवारा, फ़ौआरा, फुहारा; ~**en,** v/i (s.) उछलना, उछल पड़ना, कूदना, कूद पड़ना; छलाँग लगाकर पहुँचना, चढ़ना या उतरना; (spritzen) फूट निकलना, का फुहारा छूटना; की पिचकारी छूटना; (sich ablösen) टूटकर गिरना या गिर जाना; टूट-टूट कर गिरना; (einen Riß bekommen) चटक जाना, दरक जाना; (weglassen) वीच में कुछ छोड़ते हुए आगे वढ़ना, छोड़ जाना, क्रम भंग करके आगे वढ़ना, छलाँग लगाना; Knospen: खिल जाना, खिल उठना; Tiere: मैथुन क०; der Zug sprang aus den Schienen रेलगाड़ी पटरियों(या पटरी) से उतर गई; fig: das springt sofort ins Auge इसपर फ़ौरन नज़र पड़ जाती है; U: etw. springen lassen कुछ खर्च क०; ~**er,** m (-s/-) कूदने वाला; कूदने की प्रतियोगिता में भाग लेने वाला; Schachfigur: घोड़ा; Zuchttier: साँड़, बिजार; ~**feder,** f (पत्तीदार) कमानी; ~**flut,** f बृहत् ज्वार; ~**insfeld,** m (-[e]s) U: उच्छृंखल, अविवेकी, दुःसाहसी इंसान; चंचल या ज़िन्दादिल बच्चा; ~**lebendig,** adj., U: बहुत फुर्तीला; जानदार, पूर्णतया स्वस्थ तथा समुल्ल-सित; ~**maus,** f हिरन-मूसा; चपलाखु ।

Sprinkler, m (-s/-) [eng.] छिड़काव करने की मशीन; ~**anlage,** f (बड़ी इमारतों में प्रयुक्त) आग बुझाने का स्वयंक्रिय संयंत्र ।

Sprint, m (-s/-s) [eng.] थोड़ी दूर की तेज़ दौड़; ~**en,** v/i (h.;s.) थोड़ी दूर की दौड़-प्रतियोगिता में भाग लेना; तेज़ी से दौड़ना; ~**er,** m (-s/-) थोड़ी दूर की दौड़-प्रतियोगिता में भाग लेने वाला ।

Sprit, m (-[e]s/-e) मद्यसार, सुरासार; U: पेट्रोल ।

Spritz-e, f (-/-n) पिचकारी; दमकल, med: सूई, इंजेक्शन; ~**en,** 1. v/t (h.) का फुहारा छोड़ना, की पिचकारी मारना या छोड़ना; पर फुहार के रूप में छिड़कना या फुहारना; पर छींटें डालना; med: के सूई लगाना; की सूई लगाना या इंजेक्शन देना; Bäume usw: पर कीटनाशी दवा छिड़कना; Wein usw: में सोडा या पानी मिलाना; 2. v/i (h.) फूट निकलना, का फुहारा छूटना, की पिचकारी छूटना; की छींटें उठना; U: तेज़ी से जाना, दौड़कर जाना, दौड़कर काम क०; बूंदाबादी होना; ~**er,** m (-s/-) छींट, छींटा; पानी या कीचड़ का धब्बा; अत्यल्प मात्रा (किसी

तरल पदार्थ की), ज़रा-सा; U: बारिश की बौछार, थोड़ी देर होने वाली तेज़ वर्षा; ~**fahrt,** f, U: → Spritztour; ~**ig,** adj. बुलबुलेदार, बुदबुदाने वाला; fig: वाग्विदग्ध; विनोदपूर्ण, मज़ेदार; फुर्तीला, चंचल, जानदार, ज़ोरदार; ~**pistole,** f रंग या पॉलिश आदि फुहारने की पिस्तौल जैसी पिचकारी; ~**tour,** f, U: कार आदि से थोड़ी देर की सैर; अल्पकालीन विनोद-यात्रा।

spröd-(e), adj. भुरभुरा, कठोर परन्तु भंगुर, जो मोड़ने या पीटने पर टूट जाए, अनम्य; Haut: पपड़ीदार, रुक्ष; शुष्क; Haar: सूखा, रुक्ष; fig: रूखा, रुक्ष, शुष्क; छद्मलज्जालु; ~**heit,** / ~**igkeit,** f (-) भुरभुरापन, भंगुरता, अनम्यता; रूक्षता, शुष्कता; fig: रूखापन, रुक्षता; रुखाई; छद्मलज्जालुता।

Sproß, m (-'sses/-'sse) bot: अंकुर, अँखुआ, कल्ला; कोंपल; poet: सन्तान, वंशज।

Sprosse, f (-/-n) सीढ़ी का डंडा; am Geweih: शृंग-शाखा।

sprossen, v/i (h.;s.) → sprießen

Sprößling, m (-s/-e) poet: वंशज, सन्तान; U: बच्चा।

Spruch, m (-[e]s/ ⸚e) उक्ति, कथन; सूक्ति, नीतिवचन, सिद्धान्तवाक्य; jur: अभिनिर्णय, निर्णय, फ़ैसला, न्यायवाक्य; U: Sprüche machen बढ़ा-चढ़ाकर बातें क॰; डींग मारना; ~**band,** n चित्रों पर लगा विवरण का चिप्पा; कपड़े या काग़ज़ पर छपा हुआ विज्ञापन (या नारा); ~**dichtung,** f सूक्तिकाव्य, सूक्ति-साहित्य; ~**reif,** adj. diese Sache ist noch nicht spruchreif इस मामले में अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

Sprudel, m (-s/-) फ़ौवारे का ऊपर को उठता हुआ पानी; जल-स्रोत; कार्बोनिक गैस से युक्त पेय स्रोत-जल; ~**n,** v/i (h;s.) बुदबुदाना, खदबदाना, में बुलबुले उठना; बुलबुले या झाग के साथ बह निकलना, उफन जाना, उफनकर वह निकलना; फूट निकलना, बह निकलना; fig: धाराप्रवाह निकलना, की झड़ी लगी होना।

sprüh-en, 1. v/t (h.) छिड़कना, फुहार के रूप में छिड़कना, फुहारना, की फुहार छोड़ना; 2. v/i (h.) फुहार के रूप में निकलना, उत्सर्जित होना, के छींटे पड़ना, की फुहार पड़ना; झींसी पड़ना, बूँदाबाँदी होना; fig: समुल्लसित होना, अतिप्रफुल्ल होना; चमकना, चमचमाना; झिलमिलाना (हीरा, मणि आदि); fig: vor Witz sprühen अत्यन्त वाग्विदग्ध होना, अत्यन्त विचक्षण होना; ~**regen,** m झींसी, बूँदाबाँदी, हल्की बारिश।

Sprung, m (-[e]s/ ⸚e) छलाँग, फलाँग, कूद, कुदान, उछाल; (Riß) दरार, चटकन; (plötzlicher Übergang) क्रमभंग, छलाँग; (Gedankensprung) आकस्मिक विचार-परिवर्तन या विषयान्तर, विचारों की छलाँग; (Rudel) झुंड (जंगली पशुओं का); zool: मैथुन; U: थोड़ी-सी दूरी; दो क़दम का रास्ता; बहुत थोड़ी अवधि, ज़रा-सी देर; U: jdm. auf die Sprünge helfen किसी की सहायता क॰, किसी का पथ-प्रदर्शन क॰; U: keine großen Sprünge machen können की आमदनी कम होना, अधिक व्यय करने की स्थिति में न होना, अधिक (मूल्य की) वस्तुएँ न खरीद सकना; U: auf einen Sprung ज़रा-सी देर के लिए; U: von hier ist es nur ein Sprung bis zum Markt बाज़ार यहाँ से ज़रा-सी दूरी पर है; U: immer auf dem Sprung sein हमेशा जल्दी में होना या रहना; U: sich auf die Sprünge machen शीघ्रता से चला जाना; ~**bein,** n, anat: घुटिकास्थि, गुल्फास्थि, गुल्फ; ~**brett,** n गोता-तख्ता; fig: उन्नति का प्रथम सोपान, तरक़्क़ी की सीढ़ी; ~**feder,** f (पत्तीदार) कमानी; ~**haft,** 1. adj. तेज़ तथा

आकस्मिक; fig: चंचल, चलचित्त, अस्थिरबुद्धि; असम्बद्ध; बेसिलसिला; 2. adv. बहुत तेज़ी से, अचानक; fig: बिला सिलसिले के; ~**schanze,** f स्कियों के साथ छलाँग लगाने का रपटवाँ मंच; ~**tuch,** n फ़ायर-ब्रिगेड द्वारा प्रयुक्त मोटी चादर(जिसपर) जलते हुए मकान की खिड़की से कूदकर जान बचायी जा सकती है)।

Spuck-e, f (-) थूक, पीक; लार; U: mir blieb die Spucke weg मैं अवाक् रह गया; ~**en,** v/t&v/i (h.) थकना, थूक देना; U: große Töne spucken शेख़ी बघारना, डींग मारना, बढ़-चढ़कर बातें क०; ~**napf,** m थूकदान, पीकदान।

Spuk, m (-[e]s/-e) भूतों का प्रकट होना, भूत-लीला; भूत, प्रेत; U: शोर, हल्ला, शोरगुल, ऊधम; fig: झमेला, झंझट; ~**en,** v/i (h.) भूत आना, भूत लगना;fig: छाया होना, मँडराना, बार-बार आना; विद्यमान होना;in diesem Haus spukt es इस मकान में भूत लगते हैं, यह मकान भुतहा है; fig: dieser Gedanke spukt in meinem Kopf यह विचार मेरे दिमाग़ में बार-बार आता है; ~**geschichte,** f भूतों की कहानी; ~**haft,** adj. प्रेत-तुल्य; भूत-लीला-तुल्य; मायिक।

Spülbecken, n बर्तन धोने या खँगालने की छोटी हौदी, सिंक, धावन-कुंड।

Spule, f (-/-n) चरखी, घिर्री, फिरकी, वलनी; el: किसी छड़ पर लपेटा हुआ तार, वेष्टन, कुंडली।

Spüle, f (-/-n)→Spülbecken

spulen, v/t (h.) चरखी पर लपेटना; चरखी से उतारना।

spül-en, 1. v/t (h.) खँगालना, प्रक्षालन क०, अच्छी तरह धोना; से कुल्ला क०; बहाकर ले जाना, बहाकर लाना; der Fluß spült Schlamm ans Ufer नदी कीचड़ को किनारे पर बहाकर लाती है; 2. v/i (h.) किनारे से टकराना (नदी आदि के पानी का); ~**icht,** n (-[e]s/-e) धोवन, धोने के बाद बचा गंदा पानी; ~**maschine,** f बर्तन धोने की मशीन; ~**stein,** m→ Spülbecken; ~**ung,** f (-/-en) धुलाई, प्रक्षालन; कुल्ला; मलाधार के प्रक्षालन की व्यवस्था।

Spulwurm, m गंडूपद कृमि, केंचुवा।

Spund, m (-[e]s/ ⸚ e) बियर आदि के ढोल की डाट, डट्टा; U: (pl: Spunde) अपरिपक्व या अनुभवहीन युवक; ~**en,** v/t (h.) में डाट लगाना, को डाट से बंद क०; ~**loch,** n डाट या डट्टा लगाने का छेद।

Spur, f (-/-en) पदचिह्न, पदांक, पैरों के निशान; लीक; (Spurweite) रेल की पटरियों के बीच का अन्तर, पटरी की चौड़ाई; (Fahrspur) सड़क की वीथिका, लेन; fig: (Anhaltspunkt) सुराग़, संकेत; fig: (verbliebenes Zeichen) छूटा हुआ चिह्न या निशान (अपराधी का); अवशेष; fig: (kleine Menge) अत्यल्प मात्रा, पुट, ज़रा-सा; fig: jdn. auf die richtige Spur bringen किसी को सही रास्ते पर लाना, किसी को सही संकेत देना; fig: einer Sache auf die Spur kommen किसी बात का सुराग़ पा लेना; किसी बात की थाह तक पहुँच जाना; fig: eine Spur Salz ज़रा-सा नमक, रत्ती-भर नमक; fig: in jds. Spuren wandeln किसी के पदचिह्नों पर चलना; U: keine Spur क़तई नहीं, बिल्कुल नहीं; ज़रा-भी नहीं, लेशमात्र भी नहीं।

spürbar, adj. इन्द्रियगोचर, संवेद्य; अनुभवगम्य।

spuren, v/i (h.) बिल्कुल सीध में चलना (कार आदि का); स्कियों से नई बर्फ़ में लीक बनाना; U: बात मानना, ढंग से चलना, कहना मानना।

spüren, 1. v/t (h.) का अनुभव क०, को महसूस क०, को अनुभूति होना; 2. v/i (h.) गंध लेना, गंध लेते हुए शिकार का पीछा करना।

Spurenelemente, n/pl. अनुज्ञापक तत्व ।

Spürhund, m भेदिया कुत्ता; शिकारी कुत्ता; U: जासूस, भेदिया ।

spurlos, 1. adj. चिह्नरहित, बेनिशान, बेसुराग़, खोज-मिटा; 2. adv.: spurlos verschwinden ऐसे ग़ायब होना जैसे गधे के सिर से सींग ।

Spür-nase, f अच्छी घ्राणशक्ति (शिकारी कुत्ते की) fig: गुप्त बातों का पता लगा लेने की क्षमता; **~sinn,** m शिकार को गंध लेकर ढूंढ लेने की क्षमता (शिकारी कुत्ते की);fig:गुप्त बातों का पता लगा लेने की जन्मजात प्रवृत्ति या प्रतिभा ।

Spurt,m (-[e]s/-s;-e) [eng.] (लक्ष्य से थोड़ा पहले की)तेज़ दौड़;आकस्मिक उग्र प्रयास; **~en,** v/i (s.) एकाएक तेज़ी से दौड़ने लगना; एकाएक उग्र प्रयास क० ।

Spurweite, f पटरी की चौड़ाई, रेल की पटरियों के बीच का अन्तर ।

sputen, v/r (h.) जल्दी क०, शीघ्रता क० ।

Sputnik, m (-s/-s) [russ.] कृत्रिम उपग्रह ।

Sputum, n (-s/-'ta) [lat.] med: कफ ।

Staat, m (-[e]s/-en) [lat.] राष्ट्र, देश, राज्य, मुल्क; fig: सरकार; von Tieren: निवह; o.pl., U: शानदार वस्त्र, धराऊ कपड़े; शान, भव्यता; तड़क-भड़क, सज्जा; धूम-धाम; U: mit etw. Staat machen किसी बात की शान मारना या दिखाना, किसी बात या वस्तु की शेखी मारना; किसी बात या वस्तु पर गर्व (या फ़क्र) क०; U: Vater Staat सरकार;**~enbund,** m राज्यसंघ, राष्ट्रसंघ; **~enlos,** adj. राष्ट्रिकताहीन, नागरिकताहीन; **~lich,** 1. adj. राजकीय, सरकारी, राज्य-, शासकीय; राष्ट्रीय; 2. adv. सरकार के द्वारा ।

Staats-akt, m राजकीय समारोह; **~aktion,** f राष्ट्रीय स्तर की घटना; U: झमेला, बतंगड़; **~angehörigkeit,** f (-) राष्ट्रिकता, नागरिकता; **~anleihe,** f सरकार द्वारा लिया गया ऋण; **~anwalt,** m, jur:सरकारी वकील; **~anzeiger,** m राजपत्र, गज़ट; **~apparat,** m शासन-व्यवस्था; **~begräbnis,** n राजकीय समारोह के साथ शव-संस्कार या शवाधान; **~besuch,** m राजकीय यात्रा; **~betrieb,** m राजकीय औद्योगिक संस्थान; **~bürger,** m नागरिक; **~dienst,** m सरकारी नौकरी; **~examen,** n सरकारी परीक्षा-समिति द्वारा ली गई परीक्षा, सरकारी परीक्षा; **~feind,** mदेशद्रोही; **~form,** f शासन-पद्धति; **~geheimnis,** n राष्ट्रीय भेद, राजनैतिक भेद, राष्ट्रीय गोपनीयता की बात; fig: बहुत बड़ा भेद या रहस्य; **~gewalt,** f शासन-सत्ता; राष्ट्र-सत्ता; **~haushalt,** m राष्ट्रीय आयव्ययक, बजट; **~kasse,** f राज-कोष; **~kunst,** f (-) राजनीति; **~mann,** m राजनेता, राज्यमर्मज्ञ, राजनीतिज्ञ; **~männisch,** adj. राजनीतिज्ञोचित, राजनीतिज्ञता-संबंधी; **~oberhaupt,** n राष्ट्रपति; अधिराज; **~prüfung,** f → Staatsexamen; **~sekretär,** m सचिव; **~streich,** m राज्य-विप्लव, सरकार का तख़्ता पलटने का प्रयत्न; आकस्मिक शासन-परिवर्तन ।

Stab,m (-[e]s/ ⸚e)डंडा, सोंटा, लाठी, लट्ठ; छड़; लग्गा, लग्गी; Amtsabzeichen: अधिकार-दंड; von Mitarbeitern: सहयोगियों का दल; mil: बलाधिकरण, आला कमान के अधिकारी के सहायक अधिकारी, स्टाफ़; fig: den Stab über jdn. brechen किसी को पूर्णतया दोषी ठहराना, किसी को अपराधित क० ।

Stäbchen, n (-s/-) छोटा तथा पतला डंडा, डंडी, दंडिका; Häkeln: क्रोशिया की बुनाई का फंदा; anat:

दृष्टिपटल की दंडाकार कोशिका; U: सिगरेट।

Stabhochsprung, m लग्गा-कूद।

stabil, adj. [lat.] सुस्थिर, स्थायी; सुदृढ़; टिकाऊ, मज़बूत, पक्का; तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट; **~isation,** f → Stabilisierung; **~isator,** m (-s/-en) स्थिरीकारी, स्थिरकारी यंत्र; **~isieren,** v/t (h.) को स्थिर, स्थायी, दृढ़ या मज़बूत बनाना; **~isierung,** f (-) स्थिरीकरण, स्थायीकरण; दृढ़ीकरण; **~ität,** f (-) स्थिरता, स्थैर्य, स्थायित्व; दृढ़ता; मज़बूती, टिकाऊपन।

Stab-reim, m अनुप्रास; **~sarzt,** m, mil: (कप्तान के पद पर नियुक्त) फ़ौजी चिकित्सक; **~soffizier,** m, mil: बलाधिकरण-अधिकारी, स्टाफ़-अफ़सर।

Stachel, m (-s/-n) काँटा, कंटक, शूल, काँटे जैसी कोई वस्तु; (Treibstock) अरई, पैना, अंकुश; zool: डंक; साही का काँटा; fig: प्रलोभन; प्रेरणा, प्रेरक बात, उकसाने वाली बात; चुभन, कसक, टीस, साल; **~beere,** f काकबदरी; **~draht,** m काँटेदार तार; **~ig,** adj. काँटेदार, कँटीला, कंटकीय; चुभने वाला; fig: कटु, तीखा, मर्मभेदी; **~n,** v/t (h.) के चुभाना, कोंचना, किसी नुकीली चीज़ से छेदना; fig: प्रेरित क०, उत्तेजित क०, उकसाना; **~schwein,** n साही।

stachlig, adj. → stachelig

Stadion, n (-s/-'dien) [griech.] क्रीड़ांगण, स्टेडियम।

Stadium, n (-s/-'dien) [lat./griech.] चरण, अवस्था।

Stadt, f (-/⸚e) नगर, शहर; शहर का (व्यवसाय-) केन्द्र; U: नगरपालिका, नगर-प्रशासन; die Ewige Stadt रोम; **~bahn,** f परिनागर यातायात की रेलगाड़ी; **~bekannt,** adj. नगर-विख्यात, शहर-भर में मशहूर, सर्वविदित; **~bezirk,** m नगर-खंड (प्रशासन के दृष्टिकोण से)।

Städte-bau, m नगर-निर्माण, नगर-योजना, नगर-आयोजन; **~r,** m (-s/-) नगर में रहने वाला, नगर-निवासी, शहरी।

Stadt-gebiet, n नगर-क्षेत्र, शहरी इलाक़ा, नगर; **~gespräch,** n गली-गली की चर्चा, लोकचर्चा (का विषय); अफ़वाह; tel: स्थानीय टेलीफ़ोन-वार्ता; **~haus,** n → Rathaus

städtisch, adj. नगर-संबंधी, नगर का, शहरी; नगर-प्रशासन-संबंधी, नगर-प्रशासन का।

Stadt-kämmerer, m नगरकोष का प्रबंधक, नगरपालिका या महापालिका का कोषाध्यक्ष; **~kern,** m नगर-केन्द्र; **~mauer,** f नगर-प्राचीर, शहरपनाह; **~park,** m नागरिक उद्यान; **~plan,** m शहर का नक़्शा; **~rat,** m नगर-परिषद, नगरपालिका-समिति; नगर-परिषद्य, नगरपाल, नगर-परिषद का सदस्य; **~staat,** m स्वशासी नगर; प्रान्तीय स्तर का नगर; **~teil,** m → Stadtviertel; **~väter,** m/pl., U: नगर-वृद्ध, नगर-परिषद के सदस्य; **~verwaltung,** f नगर-प्रशासन; **~viertel,** n मुहल्ला।

Stafette, f (-/-n) [ital.] आशुगामी दूत या संदेशहर; **~nlauf,** m चौकी-दौड़; दो-दो दलों की दौड़।

Staffage, f (-/-n) [frz.] सज्जा; उपसज्जा; तड़क-भड़क, अलंकारमात्र।

Staffel, f (-/-n) श्रेणी, कोटि; सोपान, सीढ़ी का डंडा; sport: चौकी-दौड़ में भाग लेने वाले दलों में से प्रत्येक; mil: लड़ाकू विमानों की टुकड़ी; **~ei,** f (-/-en) चित्राधार; **~lauf,** m → Stafettenlauf; **~n,** v/t (h.) श्रेणीबद्ध क०, वर्गीकृत क०।

Stag-nation, f (-/-en) [lat.] प्रगतिरोध; **~nieren,** v/i (h.) की प्रगति रुक जाना, में प्रगति न होना; **~nierung,** f → Stagnation

Stahl, m (-[e]s/⸚e) इस्पात, फ़ौलाद,

वज्रायस; fig: ein Mann von Stahl लौह पुरुष; ~**beton,** m प्रबलित कंकरीट, इस्पातयुक्त कंकरीट; ~**blau,** adj. वज्रायस नील ।

stähl-en, v/t (h.) Eisen: को इस्पात में परिवर्तित क०; से इस्पात बनाना; fig· को दृढ़, कठोर, फ़ौलादी बनाना; ~**ern,** adj. इस्पात का, फ़ौलाद का; fig: वज्रकठोर, इस्पात-सा कठोर, फ़ौलादी, सख्त, अनम्य ।

stahl-hart, adj. इस्पात-सा कठोर, वज्रकठोर, फ़ौलाद की तरह कड़ा; ~**helm,** m इस्पात का शिरस्त्राण; ~**kammer,** f वज्रकोष्ठ, बैंक की तिजोरी; ~**roß,** n, U: साइकिल; ~**stich,** m नक़्क़ाशीदार इस्पात-पत्र या उसका चित्र; ~**wolle,** f इस्पात की छीलन ।

stak-sen, v/i (s.) U: भारी क़दमों से चलना, लम्बे डग भरते हुए चलना; ~**sig,** adj. लमटंगा, बहुत लम्बी टांगों वाला ।

Stall, m (-[e]s/ ⸚e) पशुशाला, जानवरों को रखने का स्थान (जैसे थान, अस्तबल, खोबार, दरबा आदि); (Rennstall) अश्वशाला, दौड़ाक घोड़ों की घुड़साल; U: बहुत गंदा कमरा या मकान; fig: das beste Pferd im Stall सबसे अधिक कार्यकुशल तथा विश्वसनीय सहयोगी या कर्मचारी; ~**en,** 1. v/t (h.) अस्तबल में रखना; 2. v/i (h.) पेशाब क० (घोड़े का); ~**hase,** m, U: पालतू ख़रगोश; ~**ung,** f (-/-en) अस्तबल, घुड़साल; पशुशाला ।

Stamm, m (-[e]s/ ⸚e) तना, स्तम्भ (पेड़ का); (fester Bestand) स्थायी सदस्यवर्ग; स्थायी या पक्के ग्राहक; स्थायी कर्मचारीगण; किसी टीम के स्थायी खिलाड़ी; (Volksstamm) जनजाति; कबीला; (Familie) वंश, कुल, खानदान; zool: वंश; नस्ल, जाति; gramm: धातु; प्रातिपदिक; ~**baum,** m वंशवृक्ष, शिजरा, वंशावली; ~**buch,** n स्वाक्षर-संग्राहिका; वंशक्रम-पंजी ।

stammeln, v/i & v/t (h.) हकलाना, हकलाते हुए बोलना या कहना ।

stamm-en, v/i(h.;s.) से व्युत्पन्न होना; उद्भूत होना; का वंशज होना; का रहने वाला होना, से आना; का होना; ~**esgeschichte,** f जनजाति-इतिहास, वंशवृत्त; नस्ली विकास का इतिहास; ~**form,** f, gramm: मूल रूप; ~**gast,** m रेस्तराँ आदि में नियमित रूप से जाने वाला; ~**halter,** m वंश का नाम चलाने वाला, (ज्येष्ठ) पुत्र ।

stämmig, adj. हट्टा-कट्टा, गठीला, तगड़ा, बलिष्ठ; ~**keit,**f (-) हट्टाकट्टापन; गठीलापन, बलिष्ठता ।

Stamm-kunde, m पक्का ग्राहक, स्थायी ग्राहक, पुराना ग्राहक; ~**kundschaft,** f पक्के ग्राहक, पुराने ग्राहक, बँधे हुए ग्राहक ।

Stammler, m (-s/-) हकलाने वाला ।

Stamm-lokal, n (किसी का) अपना पुराना रेस्तराँ, रेस्तराँ जिसमें कोई व्यक्ति प्राय: या नियमित रूप से जाता हो; ~**sitz,** m पूर्वजों का निवासस्थान, पैतृक निवासस्थान; संस्थापना-स्थान; ~**tafel,** f वंशावली, शिजरा; ~**tisch,** m रेस्तराँ की अपनी पुरानी मेज़, रेस्तराँ की मेज़ जिसपर पुराना ग्राहक या पुराने ग्राहकों की मंडली सदैव बैठती हो; पुराने या नियमित ग्राहकों की मंडली; ~**vater,** m पूर्वज; आदम; ~**wort,** n, gramm: मूल शब्द, धातु ।

Stampfe, f (-/-n) मुँगरा, मुँगरी, थापी; दुरमुस, सड़क कूटने की मशीन; मूसर, मूसल, मूसली, मुसद्दन; ~**n,** 1. v/i (h.) (stapfen) धब-धब करते हुए चलना या जाना; mit dem Fuß: पैर पटकना; Schiff: लहरों के ज़ोर से ऊपर को उठना फिर छपाक से गिरना; 2. v/t (h.) मुँगरी, दुरमुस, मूसल आदि से कूटना; मुसद्दन से चूरना; को कुचलना, की लुगदी बनाना; पैरों से कुचलना, रौंदना; ~**r,** m (-s/-) → Stampfe

Stand, m (-[e]s/ ⸚e) o.pl: खड़ा होना, खड़े होने की स्थिति; o.pl: (Lage) स्थिति, अवस्था; दशा, हालत; (Standort) खड़े होने का स्थान, खड़े होने की जगह; अड्डा; beruflich: पद, ओहदा; in Gesellschaft: वर्ग, तबक़ा; हैसियत, प्रतिष्ठा, सामाजिक स्तर; Verkaufsbude: पटरों आदि से बनाई छोटी दूकान, स्टॉल; astron: स्थिति, उन्नतांश; der Stand der Dinge वस्तुस्थिति, परिस्थिति; fig: er hat keinen guten Stand bei seinem Chef उसके अध्यक्ष महोदय उससे खुश नहीं हैं, उसकी अपने अध्यक्ष से नहीं बनती है।

Standard, m (-s/-s) [eng.] मानक, मानदंड; स्तर; von Münzen: मान, धातु-विशेष की (निर्धारित) मात्रा; **~isieren,** v/t (h.) मानकित क०, मानकीकृत क०; **~werk,** n प्रामाणिक ग्रंथ, आदर्श ग्रंथ।

Standarte, f (-/-n) [frz.] ध्वज, छोटा चौकोर झंडा।

Stand-bild, n खड़ी मूर्ति, सर्वांगी मूर्ति।

Ständchen, n (-s/-) किसी के सम्मानार्थ प्रस्तुत किया गया संगीत, सम्मान-संगीत।

Stander, m (-s/-) तिकोना झंडा।

Ständer, m (-s/-) आधार, किसी वस्तु को रखने या खड़ा करने का साधन (जैसे शमादान, दीवट, फूलदान आदि); कपड़े आदि टाँगने का खूँटीदार खम्भा; el: (बिजली की मशीन का) स्थिर पुर्जा।

Standes-amt,n विवाह तथा जन्म-मरण के पंजीयन का कार्यालय; **~beamte,** m पंजीकार; **~bewußtsein,** n वर्ग-चेतना; पद का गर्व, पदाभिमान; **~dünkel,** m वर्गदंभ, अतिरंजित पदाभिमान, अहंकार; **~gemäß,** adj. सामाजिक स्तर के अनुकूल; **~genosse,** m समकक्ष, समान स्तर का व्यक्ति; समवर्गी; **~unterschied,** m सामाजिक स्तर का अन्तर, हैसियत का अन्तर।

stand-fest, adj. ठीक से खड़ा हुआ, मजबूती से खड़ा हुआ, जमा हुआ; **~geld,** n प्रदर्शनी आदि में दूकान या स्टॉल का किराया; विलम्बन-शुल्क; **~gericht,** n (रणस्थलीय) सैनिक न्यायालय, फ़ौजी अदालत; तुरंत फ़ैसला देने वाला नाममात्र का न्यायालय; **~haft,** adj. अडिग, अटल; दृढ़, दृढ-निश्चय; **~halten,** v/i (h.) डटा रहना, पीछे न हटना; डटकर विरोध क०; अडिग रहना; झेलना, सहन क०; टिकना, टिक सकना।

ständig, 1. adj. स्थायी; नियमित; सतत, अनवरत, निरन्तर; 2. adv. लगातार, सदा, सर्वदा, हमेशा।

ständisch, adj. वर्गगत, वर्गों के अनुसार विभाजित, वर्गीकृत।

Stand-licht, n पार्क की हुई गाड़ी की जलती रहने वाली बत्ती; **~ort,** m स्थिति, अवस्थिति; mil: स्थायी पड़ाव, छावनी, चौकी, संतरी के खड़े होने का स्थान; **~pauke,** f, U: डाँट, डाँट-फटकार, भर्त्सना, भर्त्सनापूर्ण उपदेश; **~punkt,** m, fig: धारणा, विचार, विचारधारा; दृष्टिकोण; **~recht,** n आपत्कालीन क़ानून, तुरत-न्याय-पद्धति (जिसमें नाममात्र की सुनवाई हो), नाम मात्र का न्याय; **~rechtlich,** adj. आपत्कालीन क़ानून पर आधारित; तुरत-न्याय-पद्धति पर आधारित; **~uhr,** f खड़ी करने की घड़ी, लम्बे चौखटे में लगी घड़ी (जिसे जमीन पर खड़ा किया जा सके)।

Stange, f डंडा, छड़; लग्गा, लग्गी; डंडे के आकार की कोई वस्तु; Geweih: मृगशृंग का मुख्य भाग; Zaumteil: कजई, मुखरी, दहाना; eine Stange Zigaretten सिगरेटों का एक डंडा, सिगरेट की दस डिब्बियों का बड़ा पैकिट; U: ein Anzug von der Stange बना-बनाया सूट; U: das kostet eine Stange Geld इसका मूल्य बहुत अधिक है, इसमें बहुत पैसे

लगते हैं; U: jdm. die Stange halten किसी की सहायता क०, किसी का पक्ष लेना, किसी की हिमायत क०; U: bei der Stange bleiben लगा रहना, किसी काम को करता रहना; U: jdn. bei der Stange halten किसी को किसी काम में लगाए रखना; **~nbohne,** f आरोही बेल वाली सेम, सेम की आरोही बेल; **~npferd,** n बम के पास वाला घोड़ा (छः घोड़ों वाली गाड़ी में)।

Stänker-ei, f (-/-en) U: दखलन्दाज़ी, (हर बात में) टाँग अड़ाना; अशान्ति फैलाना, फूट डालना, फ़साद खड़ा क०; **~(er),** m (-s/-) U: दखलन्दाज़ी करने वाला, टाँग अड़ाने वाला; अशान्ति फैलाने वाला, फ़सादी या झगड़ालू व्यक्ति; **~n,** v/i (h.) U: दखलन्दाज़ी क०, टाँग अड़ाना; अशांति फैलाना, फूट डालना, फ़साद खड़ा क०।

Stanniol, n (-s/-e) [lat.] टीन की पन्नी; वंगपर्णी।

[1]**Stanze,** f (-/-n) [ital.] वन्द, आठ पंक्तियों का छन्द; pl: राफ़ाएल के भित्तिचित्रों वाले वैटिकन के कमरे।

[2]**Stanze,** f (-/-n) छापा; छेदक, सुम्बी; नमूने काटने का उपकरण या यंत्र **~n,** v/t (h.) नमूने काटना (धातुपत्र या चमड़े आदि से); (छेद) वनाना या क०।

Stapel, m (-s/-) एक के ऊपर एक रखी हुई वस्तुओं का ढेर, अम्बार; (Stapelplatz) वस्तुओं को रखने का स्थान, माल या सामान को जमा करने का स्थान; für Schiff: निर्माणाधीन पोत का आधार; अवतरण-मंच; ein Schiff vom Stapel lassen किसी (नवनिर्मित) जहाज़ को पानी में उतारना, जहाज़ को भसाना; U: eine Rede vom Stapel lassen भाषण देना; **~lauf,** m जलावतरण; **~n,** v/t(h.) एक के ऊपर एक करके रखना, जमा क०, एकत्र क०, इकट्ठा क०; **~platz,** m वस्तुओं को रखने का स्थान, माल या सामान को जमा करने का स्थान।

Stapfe, f (-/-n) पदचिह्न, पैरों के निशान, पदांक; **~n,** 1. v/i (s.;h.) धब-धब करते हुए चलना या जाना या निकलना; 2. m (-s/-)→Stapfe

stapsen, v/i (s.;h.)→stapfen

[1]**Star,** m (-[e]s/-e) तेलियर (चिड़िया)।

[2]**Star,** m (-[e]s/-e) med: grauer Star मुक्ताबिन्दु, मोतियाबिन्द; grüner Star काचबिन्दु, सबलवाय; schwarzer Star तन्त्रिकान्धता; jdm. den Star stechen किसी का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन क०; fig: किसी की आँखें खोल देना।

[3]**Star,** m (-s/-s) [eng.] प्रसिद्ध अभिनेता या अभिनेत्री; fig: प्रतिष्ठित या माना-जाना व्यक्ति; केन्द्रबिन्दु।

stark, 1. adj. प्रबल, तगड़ा, ज़ोरदार; (kräftig) बलवान, बलशाली, ताक़तवर, हट्टा-कट्टा, हृष्ट-पुष्ट; (fest) मज़बूत, पुख्ता; कड़ा, कठोर, सख्त; (mächtig) शक्तिशाली, समर्थ; प्रभावशाली;(groß)बड़ा, महान;बहुत अधिक; ज़बरदस्त; (zahlreich) विशाल, बहुसंख्यक; (heftig)तीव्र, प्रचंड, ज़ोरदार, ज़बरदस्त; (dick) मोटा; स्थूलकाय, दोहरे बदन का; गाढ़ा, सान्द्र; घना; Arznei/Tabak usw: कड़ा, तगड़ा, सख्त; Getränke: कड़ा, तेज़, तगड़ा; Geschmack/Geruch usw: तीखा, तेज़;Glaube/Wille usw: दृढ़, अटल, पक्का; gramm: सबल, परिवर्तनशील; in Mathematik ist er nicht sehr stark गणित में वह कमज़ोर है; seine Bande ist zehn Mann stark उसका गिरोह दस आदमियों का है; ein starker Motor अधिक क्षमता वाला इंजन; ein starker Raucher बहुत अधिक धूम्रपान करने वाला; starke Schmerzen बहुत अधिक पीड़ा; starker Regen ज़ोरदार बारिश;starke Mauern मोटी दीवारें; ein starkes Seil मज़बूत रस्सी; dieser Roman ist sein stärkstes

Werk यह उपन्यास उसकी सबसे अच्छी (या महत्वपूर्ण) रचना है; in starkem Maße वहुत अधिक; U: das ist stark! [das ist ein starkes Stück!] यह तो (वदतमीज़ी की) हद हो गई!, यह वहुत वड़ी वदतमीज़ी (या वेशर्मी) की वात है!; U: sich für etw. stark machen किसी वात का घोर समर्थन क०; 2. adv. वहुत अधिक, अत्यधिक; बुरी तरह से; वहुत ज़ोर से।

Stärke, f (-) प्राबल्य; शक्ति, ताक़त; मज़वूती; कठोरता, सख्ती; कुल संख्या, तादाद; तीव्रता, प्रचंडता; मोटाई; सान्द्रता; दृढ़ता, अटलता; pflanzlicher Stoff: प्रांगोदीय, कार्बोहाइड्रेट; Stärkemittel: कलफ़; fig: विशेष क्षमता या सामर्थ्य; प्रतिभा, योग्यता;fig: Mathematik ist nicht seine Stärke गणित में वह कमज़ोर है।

stärken, v/t (h.) को सवल, सशक्त, तगड़ा, मज़वूत वनाना, को शक्ति या पुष्टि प्रदान क०; को ताज़गी देना; sich stärken कुछ खाना या पीना, कुछ खा-पीकर ताज़गी प्राप्त क०; Wäsche: पर कलफ़ क०।

Starkstrom, m उच्च वोल्टता की विजली, पावर।

Stärkung, f वलवर्द्धन, शक्तिवर्द्धन; ताज़गी देना या पाना; अल्पाहार, नाश्ता; **~smittel,** n शक्तिवर्द्धक, वलवर्द्धक, पुष्टिकारक पदार्थ।

starr, adj. स्तम्भित, निश्चल, गतिहीन; कड़ा, सख्त, दुर्नम्य, अनम्य; Leiche: कठिन, कड़ा, अकड़ा हुआ; fig: सख्त, कठोर; अपरिवर्तनीय; ज़िद्दी, हठी;starr sein vor Schrecken भय से स्तम्भित हो जाना; jdn. starren Blickes ansehen किसी को निश्चल दृष्टि से देखना, किसी को टकटकी लगाकर देखना; fig: starre Regeln कठोर या अपरिवर्तनीय नियम; fig: ein starrer Charakter ज़िद्दी स्वभाव (का व्यक्ति); **~e,** f (-) निश्चलता, गतिहीनता; कड़ापन; सख्ती, दुर्नम्यता, अनम्यता; (शव-)काठिन्य, अकड़न; **~en,** v/i (h.) निश्चल दृष्टि से देखना, टकटकी लगाकर देखना; fig: vor Schmutz starren वहुत ही गंदा होना; **~heit,** f (-) → Starre; fig: हठधर्मिता, ज़िद्दीपन; **~kopf,** m ज़िद्दी या हठधर्मी व्यक्ति; **~köpfig,** adj. ज़िद्दी, हठधर्मी, हठीला, अड़ियल; **~krampf,** m, med: धनुस्तम्भ; **~sinn,** m अड़ियलपन, हठधर्मिता, ज़िद्दीपन; **~sinnig,** adj. अड़ियल, हठधर्मी, ज़िद्दी, हठीला।

Start,m (-[e]s/-s;-e) [eng.] दौड़ आदि का प्रारंभ; दौड़ आदि के आरंभ का का स्थल; (Abflug)विमान का प्रस्थान; fig: प्रारंभ; शुरूआत; **~bahn,** f विमान का दौड़-पथ; **~en,** 1.v/i (s.) दौड़ शुरू क०; दौड़-प्रतियोगिता में भाग लेना; विमान का उड़ जाना, रवाना हो जाना; 2 v/t (h.) दौड़ शुरू कराना; चलाना, चालू क०, छोड़ देना (गाड़ी, विमान, रॉकेट आदि); fig: आरंभ क०, प्रारंम्भ क०, शुरू क०; **~er,**m (-s/-) sport:दौड़ शुरू कराने वाला, दौड़ शुरु करने का संकेत देने वाला;tech: कार का इंजन चालू करने का यंत्र; **~klar,** adj. प्रस्थान के लिए तैयार; **~nummer,** f, sport: दौड़-प्रतियोगिता में भाग लेने वाले की संख्या; **~zeichen,** n दौड़ प्रारंभ करने का संकेत; उड़ान प्रारंभ करने का संकेत।

Statik, f (-) [griech.] स्थैतिकी, स्थितिविज्ञान; **~er,** m (-s/-) भवन-निर्माण के लिए आवश्यक स्थैतिकी-संबंधी गणना करने वाला।

Station, f (-/-en) [lat.] स्टेशन, अवस्थान, बस-अड्डा; बस या ट्राम के रुकने का स्थान; (Aufenthalt) अल्पकालिक निवास, रुकना, ठहरना; (Sendestelle) प्रसारण-केन्द्र; (Observatorium) वेधशाला; im Krankenhaus: वार्ड, रोगीकक्ष; विभाग; fig: मंज़िल, मुक़ाम; Station

machen रुकना, ठहरना; bei jdm. freie Station haben किसी के यहाँ मुफ़्त में रहना तथा भोजन क०; ~är, adj. स्थावर, स्थिर, निश्चल, अचल; स्थायी; med: stationäre Behandlung चिकित्सा जिसके लिए रोगी को अस्पताल में भरती होना पड़े; ~ieren, v/t (h.) किसी स्थान पर रखना; किसी स्थान पर नियुक्त क०; ~sarzt, m अस्पताल के विभाग-विशेष का (मुख्य) चिकित्सक; ~sschwester, f रोगीकक्ष की महोपचारिका; ~svorsteher, m स्टेशन-मास्टर ।

statisch, adj. [griech.] स्थैतिकी-संबंधी, स्थैतिकी पर आधारित, स्थैतिक; स्थिर, निश्चल, गतिहीन ।

Statist, m (-en/-en) [lat.] नगण्य भूमिका वाला अभिनेता; भीड़ आदि के दृश्यों में मंच पर आने वाला किराये का आदमी; fig: महत्वहीन व्यक्ति ।

Statist-ik, f (-/-en) [lat.] सांख्यिकी; आँकड़े; **~iker,** m (-s/-) सांख्यिकीविद्; **~isch,** adj. सांख्यिकीय, सांख्यिकी-संबंधी, सांख्यिकी पर आधारित; आँकड़ों पर आधारित ।

Stativ, n (-s/-e)[lat.] कैमरे आदि का तीन टाँगों वाला आधार ।

[1]**Statt,** f (-) स्थान, जगह; er ging an meiner Statt मेरी जगह वह गया; jdn. an Kindes Statt annehmen किसी को गोद लेना; eine Erklärung an Eides Statt शपथपूर्वक कथन, हलफ़िया बयान ।

[2]**statt,** präp. (+ gen.) & konj. → anstatt

Stätte, f (-/-n) स्थान, जगह, स्थल, मुक़ाम, ठिकाना ।

statt-finden, v/i (h.) होना, घटित होना; **~geben,** v/i (h.) स्वीकार क०, मंजूर क०; **~haft,** adj. अनुमत, स्वीकार्य ।

Statthalter, m राज्यपाल; प्रान्तपति, सूबेदार ।

stattlich, adj. प्रभावशाली, प्रभावक, भव्य, शानदार; काफ़ी बड़ा; बहुत बड़ा; लम्बा-तड़ंगा ।

Statue, f (-/-n) [lat.] मूर्ति, प्रतिमा, बुत ।

statuieren, v/t (h.) [lat.] ein Exempel statuieren → Exempel

Statur, f (-/-en) [lat.] शरीर-गठन, डील-डौल ।

Status, m (-/-) [lat.] स्थिति, अवस्था, दशा; प्रतिष्ठा, हैसियत, रुतबा; jur: आस्थिति, क़ानून के दृष्टिकोण से किसी व्यक्ति से संबंध; der Status quo प्रस्तुत दशा, यथापूर्व स्थिति; **~symbol,** n प्रतिष्ठा का प्रतीक ।

Statut, n (-[e]s/-en) [lat.] संविधि; अधिनियम, लिखित नियमावली; **~arisch,** adj. सांविधिक; अधिनियमित, अधिनियमानुकूल ।

Stau, m (-[e]s) प्रवाहावरोध, बहाव की रुकावट; जमाव, संकुलन ।

Staub, m (-[e]s) धूलि, धूल, गर्द; बुकनी, चूर्ण; poet: मिट्टी, ख़ाक; bot: पराग; U: sich aus dem Staub machen चुपचाप खिसक जाना या भाग जाना; फ़रार हो जाना; **~beutel,** m, bot: परागकोश; im Staubsauger: धूलिचूषक यंत्र में लगी धूल की थैली; **~blatt,** n → Staubgefäß

Staubecken, n जलग्रहकुंड, जलग्रह-क्षेत्र, (कृत्रिम) जलाशय ।

stauben, v/i (h.) धूल उड़ाना, (से) धूल उड़ना ।

stäuben, 1. v/i (h.) छोटे-छोटे कणों में विभाजित होना, बहुत छोटे-छोटे कणों में छितरना; 2. v/t (h.) बुरकना; sich stäuben धूल में नहाना (चिड़ियों का) ।

Staub-faden, m, bot: पुंकेसर(-तंतु); **~fänger,** m, U: सज्जा की कोई वस्तु जिसपर आसानी से धूल जम जाती हो, सज्जामात्र की वस्तु; **~gefäß,** n, bot: पुंकेसर; **~ig,**

adj. धूलिमय, धूलि-धूसरित, धूल-भरा, धूल से ढका हुआ; **~korn,** n धूलि-कण; **~lappen,** m झाड़न, धूल झाड़ने या पोंछने का कपड़ा; **~lunge,** f, med: फुप्फुस-कणमयता, फेफड़ों का वायुधात्विक रोग; **~sauger,** m धूलिचूषक यंत्र; **~tuch,** n →Staub-lappen; **~wolke,** f उड़ती हुई धूल, ग़ुबार; **~zucker,** m पिसी हुई शकर।

stauchen, v/t (h.) ठसकना, झटके के साथ पटकना (बोरे आदि को जिससे उसमें अधिक सामान भरा जा सके); Metall: ठोंक या पीटकर छोटा तथा चौड़ा क०।

Staudamm, m बाँध, बन्द।

Staud-e, f (-/-n) झाड़ी, झाड़, क्षुप; U: चोकीगोभी का पौधा; **~ig,** adj. झाड़ीदार।

stau-en, v/t (h.) (के प्रवाह को) रोकना; mar: जमा क०, इकट्ठा कर देना, सजाकर रख देना; sich stauen (का प्रवाह) रुक जाना, न बहना; जमा हो जाना, एकत्र हो जाना, की भीड़ लग जाना; **~mauer,** f जलापरोध, बाँध (की दीवार)।

staunen, 1. v/i (h.) को आश्चर्य, विस्मय, ताज्जुब होना, विस्मित या (आश्चर्य) चकित होना, अचंभे में पड़ जाना; 2. n (-s) आश्चर्य, विस्मय, अचंभा, ताज्जुब; **~swert,** adj. आश्चर्यजनक, चमत्कारिक; बहुत बढ़िया, शानदार, बहुत जबरदस्त।

Stau see, m कृत्रिम जलाशय या झील; **~ung,** f (-/-en) प्रवाहावरोध(न), बहाव का रुकना या रोका जाना; mar: भरण, नौभरण; Verkehr: जमाव, संकुलन, भीड़।

stech-en, 1. v/i (h.) चुभना, छिदना; चुभने वाला होना; चुभाना, कोंचना, घोंपना, किसी नुकीली चीज़ से वार क०; Insekt: डंक मारना; काटना; sport: बराबर के खेल में अतिरिक्त प्रतियोगिता द्वारा विजेता का निर्णय क०; fig: दुखाना, सालना, टीस पैदा क०, हूक पैदा क०, हूक उठना; fig: die Sonne sticht कड़ाके की (या झुलसाने वाली) धूप पड़ रही है; 2. v/t (h.) के भोंक देना, चुभा देना, कोंच देना; के डंक मार देना, को काट लेना; छेदित क०, का भेदन क०, भेदन द्वारा बनाना; Kartenspiel: तुरुप या बड़े पत्ते से काट देना; Schweine: किसी नुकीली वस्तु से वध क०; Rasen: लॉन की ऊपरी सतह को तराशकर निकालना; in Kupfer: उत्कीर्ण क०, नक्क़ाशी द्वारा बनाना; **~end,** adj. भेदक; तीखा, तीक्ष्ण (गंध आदि); चिलचिलाती हुई, कड़ाके की (धूप); stechender Schmerz टीस, हूक; **~er,** m (-s/-) उत्कीर्णक, नक्क़ाश; **~fliege,** f डंक मारने वाली मक्खी, कुकुरमाछी, गोमक्षिका; **~schritt,** m फ़ौजी परेड का क़दम; **~uhr,** f→Kontrolluhr

Steck-brief, m (किसी फ़रार अपराधी का) वैयक्तिक वर्णन या शरीर-वर्णन; **~brieflich,** adv. वैयक्तिक वर्णन के इश्तहारों की सहायता से; **~dose,** f, el: सॉकेट।

[1]**stecken,** 1. v/t (h.) रखना, रख लेना; रख देना, खोंसना, खोंस देना, खोंस लेना, लगाना, लगा देना, लगा लेना; Kleid: सिलाई से पहले टाँके लगाना; Zwiebeln usw: गाड़ना, लगाना, बोना; Blumen ins Haar stecken बालों में फूल लगाना; etw. in Brand stecken किसी चीज़ को आग लगा देना; viel Geld in eine Sache stecken किसी काम में बहुत अधिक धन लगाना; U: jdm. etw. stecken किसी से कोई बात चुपचाप कह देना; U: sich hinter jdn. stecken किसी से (अनुचित) लाभ उठाना, किसी की सहायता से (या किसी के माध्यम से) कोई काम निकालना; 2. v/i (h.) रखा होना, खोंसा हुआ होना, लगा होना; में फँसा होना, में अटका होना; से भरा

होना, से पूर्ण होना; der Schlüssel steckt im Schloß चाभी ताले में लगी हुई है; sein Brief steckt voller Fehler उसका पत्र ग़लतियों से भरा हुआ है, उसके पत्र में ग़लतियाँ ही गलतियाँ हैं; U: wo habt ihr bis jetzt gesteckt? तुम लोग अब तक कहाँ थे? ।

²**Stecken,** m (-s/-) डंडा, छड़ी, बेंत ।

stecken-bleiben, v/i (s.) फँस जाना, अटक जाना, आगे न बढ़ पाना; **~lassen,** v/t (h.) रखा रहने देना, लगा रहने देना, फँसा रहने देना, अटका रहने देना; **~pferd,** n लिल्ली घोड़ा; fig: शग़ल, शौक़, व्यासंग ।

Steck-er, m (-s/-) el: प्लग; **~ling,** m (-s/-e) bot: दाब-डाली, दाब-क़लम; **~nadel,** f आलपीन; **~rübe,** f शलजम, शलग़म; **~schloß,** n ताले के छेद को बंद करने का धातु का गुटका; **~schuß,** m शरीर में अटक गई गोली; **~zwiebel,** f, bot: कन्द ।

Steg, m (-[e]s/-e) संक्रमसेतु, छोटा तथा सँकरा पुल, पैदलपुल; mar: अव-तरण-पटरा; an Brille: कमानी; an Saiteninstrument: मेरु, घोड़ी; Drucktechnik: मुद्रयोजन में प्रयुक्त चोब ।

Stegreif,m: aus dem Stegreif बिना तैयारी के, बिना पूर्वाभ्यास के ।

Stehaufmännchen, n हमेशा सीधी खड़ी हो जाने वाली गुड़िया; fig: हिम्मत न हारने वाला व्यक्ति, दुर्भाग्य-पूर्ण परिस्थितियों पर शीघ्र विजय पा लेने वाला व्यक्ति ।

stehen, v/i (h.) खड़ा होना; ऊर्ध्वाधर स्थिति में रखा होना; स्थापित होना; (stocken) न चलना, आगे न बढ़ना, रुका होना, बंद होना, ठप होना; (sein/sich befinden)होना,स्थित होना, लगा होना, विद्यमान होना; (kleiden) फबना, अच्छा (या खराब) लगना; in Buch usw: लिखा होना, छपा होना; U: तैयार हो जाना, पूरा हो जाना; das Haus steht an der Straße मकान सड़क के किनारे स्थित है; das Haus steht leer मकान ख़ाली (पड़ा) है; die Uhr steht घड़ी बंद है; diese Frisur steht ihr gut यह केश-सज्जा उसपर फबती है; das steht heute in der Zeitung यह आज के अखबार में है, यह ख़बर आज के अख़बार में आयी है; es steht schlecht um seine Gesundheit उसका स्वास्थ्य ख़राब है; zu jdm. stehen किसी की सहायता क०, किसी का साथ देना; zu seinem Wort stehen अपने वचन का पालन क०; wie stehen Sie dazu? इसके बारे में आपकी क्या राय है?, इसके प्रति आपका क्या विचार है?; wo stehen Sie politisch? आपका किस राज-नैतिक दल की ओर झुकाव है?, आप किस राजनैतिक दल के सदस्य हैं?; das steht bei Ihnen यह आपके निर्णयाधीन है, यह आप के ऊपर है या निर्भर करता है; das steht hier nicht zur Debatte यहाँ इस बात का प्रश्न नहीं है; es steht zu hoffen, daß...आशा की जा सकती है कि...; इस बात की आशा है कि...; U: sich gut mit jdm. stehen (किसी) के साथ अच्छे संबंध होना; U: dieser Aufsatz muß bis morgen stehen यह निबंध कल तक पूरा हो जाना चाहिए; U: auf jdn./etw. stehen किसी व्यक्ति/वस्तु (या बात) को बहुत पसंद क०; **~bleiben,** v/i (s.) खड़ा रहना; आगे न बढ़ना, रुक जाना; रह जाना, छूट जाना; fig: अटक जाना; **~d,** adj.खड़ा; रुद्ध, बँधा हुआ; स्थायी; प्रचलित, चिरप्रचलित; stehendes Heerस्थायी सेना; stehende Redens-arten (चिर)प्रचलित लोकोक्तियाँ या मुहावरे; **~lassen,** v/t (h.) खड़ा रहने देना, रखा रहने देना, बना रहने देना; छोड़ देना, छोड़ जाना, भूल जाना;

sich einen Bart stehenlassen दाढ़ी बढ़ाना ।

Steh-imbiß, m अल्पाहारगृह जिसमें खड़े-खड़े भोजन किया जाए; खड़े-खड़े खाया गया अल्पाहार या नाश्ता; **~kragen,** m खड़ा कॉलर, बिना लौट का गरेबान; **~lampe,** f फ़र्श पर खड़ी करने की बत्ती ।

stehlen, 1. v/i (h.) चोरी क॰; 2. v/t (h.) चुराना, चुरा लेना, की चोरी क॰; sich aus dem Haus stehlen घर से चुपचाप निकल जाना या निकल आना; fig: dem lieben Gott die Zeit stehlen आलस में पड़ा रहना, आलस में (या बेकार के कामों में) समय गँवाना ।

Steh-platz, m खड़े होने की जगह (नाट्यशाला या स्टेडियम आदि में); **~satz,** m अगले संस्करण के लिए सँभालकर रखे गए मुद्रण-फलक; **~vermögen,** n दम, तितिक्षा, झेलने की ताक़त ।

steif, 1. adj. कड़ा, सख्त, दुर्नम्य, अनम्य; बेलोच; (unbeweglich) कठिन, निर्जीव, अकड़ा हुआ; सुन्न; (dickflüssig) संहत, सान्द्र, गाढ़ा; (förmlich) औपचारिक; शुष्क, रूखा; mar: उग्र, तीव्र, प्रचंड, तेज़; ein steifer Wind प्रचंड वायु; steifes Benehmen औपचारिक (या शुष्क) व्यवहार; ein steifer Mensch रूखा या रूखे स्वभाव का इंसान; 2. adv.: etw. steif und fest behauptenकिसी बात को दावे के साथ (या दृढ़तापूर्वक या निश्चयपूर्वक) कहना; **~e,** f (-/-n) थूनी, टेक; o.pl: → Steifheit; **~en,** v/t (h.)को कड़ा या सख्त क॰; को थूनी लगाकर मज़बूत बनाना; Wäsche: पर कलफ़ क॰; U: jdm. den Nacken steifen किसी की विरोधशक्ति को बढ़ाना, किसी को चढ़ावा देना; **~halten,** v/t (h.): die Ohren steifhalten → Ohr; **~heit,/~igkeit,** f (-) कड़ापन, सख्ती; दुर्नम्यता, अनम्यता; काठिन्य, अकड़न, निर्जीवता; गाढ़ापन, सान्द्रता; औपचारिकता; शुष्कता, रूखापन; **~leinen,** 1. n बकरम; 2. adj. बकरम का; fig: औपचारिक, रूखा ।

Steig, m (-[e]s/-e) सँकरा रास्ता, पगडंडी, पहाड़ी पगडंडी; **~bügel,** m रक़ाब; anat: वलयक; **~e,** f (-/-n) सँकरा पथ, (पहाड़ी) पगडंडी, दुरारोह पगडंडी; **~eisen,** n खंभों आदि पर चढ़ने के लोहे के काँटे; पर्वतारोहियों के जूतों की कीलें; **~en,** v/i (s.) चढ़ना, चढ़ जाना, चढ़कर पहुँचना; सवार होना; में जाना या उतरना; (aussteigen) से उतरना, से निकलना; (emporsteigen) तेज़ी से ऊपर को उठना, बढ़ना या चढ़ना; (zunehmen) बढ़ना; में वृद्धि होना; बढ़ जाना, बढ़कर पहुँच जाना; Pferd: पिछले पैरों पर खड़ा होना; das Fieber ist gestiegen बुखार बढ़ गया है; die Spannung steigt तनाव में वृद्धि हो रही है; aus dem Bett steigen बिस्तर से निकलना; Treppen steigen सीढ़ियों पर चढ़ना; U: in die Prüfung steigen परीक्षा देना; U: das Fest steigt heute abend जलसा आज शाम को होगा, गोष्ठी आज शाम को होगी ।

Steiger, m (-s/-) वरिष्ठ खनक; खनन-निरीक्षक ।

steiger-n, 1. v/i (h.) बोली बढ़ाना (नीलाम में), बढ़कर बोली लगाना; 2. v/t (h.) बढ़ाना, में वृद्धि क॰; ऊँचा क॰, तेज़ क॰; gramm: उत्तरावस्था या उत्तमावस्था का रूप बनाना; sich steigern बढ़ जाना, में वृद्धि होना या हो जाना; ऊँचा हो जाना, तेज़ हो जाना; बेहतर हो जाना, अपेक्षाकृत अच्छा हो जाना; **~ung,** f (-/-en) वृद्धि, बढ़ती; संवर्धन; gramm: उत्तरावस्था; उत्तमावस्था ।

Steig-flug, m ऊपर को उड़ान, ऊर्ध्व उड़ान; **~rohr,** n ऊर्ध्वाधर नलका या

पाइप; ~**ung,** f (-/-en) ऊँचाई में वृद्धि; चढ़ाई; दुरारोह मार्ग ।

steil, adj. दुरारोह, तुंग, खड़ा, अतिप्रवण, बहुत ढालू; ~**e,** f (-) दुरारोहता, तुंगता, खड़ी चढ़ाई, अतिप्रवणता; ~**hang** m दरद, पातुक, दुरारोह या अतिप्रवण पहाड़ी, खड़ी चट्टान, कगार; ~**heit,** f (-) → Steile; ~**küste,** f खड़ी चट्टानों वाला समुद्रतट, कगारों वाला समुद्रतट ।

Stein, m (-[e]s/-e) प्रस्तर, पाषाण, पत्थर, शिला, अश्म; (Mauerstein) ईंट; भवन-निर्माण में प्रयुक्त पत्थर; (Edelstein) रत्न, मणि; Damenspiel: गोट, गोटी; in Steinobst: गुठली, अष्ठि; med: अश्मरी, पथरी; fig: jdm: Steine in den Weg legen किसी के रास्ते में बाधायें खड़ी क०, किसी के रास्ते में रोड़े बिछाना; fig: mir fiel ein Stein vom Herzen मेरे दिल का बोझ उतर गया या समाप्त हो गया; fig: es hätte einen Stein erweichen können यह तो पत्थर को भी पिघला देता; fig: er hat ein Herz von Stein वह पाषाणहृदय है; fig: der Stein des Anstoßes क्षोभ का कारण, आपत्ति का विषय या कारण; ~**alt,** adj. बहुत बूढ़ा; ~**bock,** m पहाड़ी बकरा; o.pl., astrol: मकर राशि; U: मकर राशि में पैदा हुआ व्यक्ति; ~**brecher,** m अश्म-खनिक; Maschine: पत्थर तोड़ने की मशीन; ~**bruch,** m अश्मखनि, पाषाणी; ~**druck,** m अश्ममुद्रण; ~**ern,** adj. पत्थर का; fig: कठोर, निष्ठुर; ~**erweichen,** n: zum Steinerweichen अत्यन्त करुणाजनक; ~**frucht,** f गुठली वाला फल, गुठलीदार फल, अष्ठि-फल; ~**gut,** n शिलाभाण्ड; ~**hart,** adj. पाषाणवत् कठोर, बहुत कड़ा; ~**ig,** adj. पथरीला, प्रस्तराकीर्ण; ~**igen,** v/t (h.) पत्थर मारमारकर मार डालना; ~**kohle,** f पत्थर का कोयला; ~**metz,** m (-en/-en) संगतराश; ~**obst,** n अष्ठि-फल, गुठलीदार फल; ~**pilz,** m पीत छत्रक; ~**reich,** adj. प्रस्तरमय, आश्मिक; fig: अत्यन्त धनवान, बेहद अमीर; ~**salz,** n शैललवण, सेंधा नमक, लाहौरी नमक; ~**schlag,** m शैल-स्खलन, पहाड़ों से पत्थरों का टूटकर गिरना; ~**zeit,** f प्रस्तर-युग ।

Steiß, m (-es/-e) नितम्ब, चूतड़; ~**bein,** n, anat: अनुत्रिक, गुदास्थि; ~**lage,** f जन्म के समय शिशु की उलटी स्थिति; उलटी गर्भगति ।

Stellage, f (-/-n) [frz./niederl.] चौखटा, आधार ।

Stelldichein, n (-[s]/-[s]) प्रेमी तथा प्रेमिका की पूर्वनिश्चित भेंट ।

Stelle, f (-/-n) स्थान, जगह, मुक़ाम, स्थल; (Textstelle) लेखांश, पुस्तक आदि का अंश; (Stellung) पद, स्थान, Behörde: संस्था; विभाग; कार्यालय; math: अंक; दशमलव के बाद का अंक या स्थान; zur Stelle sein उपस्थित होना, मौजूद होना; fig: an jds. Stelle treten किसी के पद(या स्थान)पर काम क० या करने लगना, किसी की जगह पर आ जाना; fig: nicht von der Stelle kommen आगे न बढ़ पाना, अटक जाना, अटका होना; fig: auf der Stelle तुरन्त, अविलम्ब, फ़ौरन, सीधे, एकदम ।

stellen, v/t (h.) खड़ा क०, खड़ा कर देना, ऊर्ध्वाधर स्थिति में रखना; रखना, रख देना; (an der Flucht hindern) रोक लेना, घेर लेना, पकड़ लेना; (verfügbar machen) देना, इस्तेमाल के लिए मुहैया क०; जुटाना, ला देना, का प्रबंध क०; प्रस्तुत क० पेश क०; (stiften) का व्यय उठाना, का प्रबंध क०; (vortäuschen) का बहाना क०, का ढोंग क०; Uhr: का समय ठीक क०, मिलाना; Weichen: को उचित स्थिति में लाना, लाइन बदलना; Antrag: लगाना, दाखिल क०; Frage: करना, पूछना; Bedingungen: लगाना, रखना;

Rechnung/Horoskop: बनाना, तैयार क०; Netze/Fallen: लगाना, बिछाना; sich ans Fenster stellen खिड़की पर खड़ा हो जाना, खिड़की के पास जाकर खड़ा हो जाना; sich krank stellen बीमारी का बहाना क०; sich zum Kampf stellen मुक़ाबले के लिए मैदान में उतर आना, मुक़ाबले के लिए तत्पर या तैयार हो जाना; der Mörder stellte sich der Polizei हत्यारा खुद पुलिस के पास चला गया, हत्यारे ने अपने आपको पुलिस के हवाले कर दिया; wie stellen Sie sich dazu? आपका इसके बारे में क्या विचार है?, इसके प्रति आपका क्या विचार है?; die Rechnung stellt sich auf fünfzig Mark बिल पचास मार्क का (बना) है; den Wecker auf fünf Uhr stellen पाँच बजे का अलार्म लगाना; das Bier kalt stellen बियर को ठंडा होने के लिए रख देना; das Radio lauter stellen रेडियो (की आवाज़) तेज़ क०; auf sich selbst gestellt sein को किसी का सहारा न होना, केवल अपने सहारे पर होना; gut gestellt sein की आर्थिक स्थिति अच्छी होना, अच्छी आर्थिक स्थिति में होना; fig: alles auf den Kopf stellen सब-कुछ उलट-पलट देना।

Stellen-angebot, n रिक्त स्थानों का विज्ञापन; किसी रिक्त स्थान पर काम करने का प्रस्ताव; **~gesuch,** n नौकरी के लिए प्रार्थनापत्र; नौकरी की तलाश का विज्ञापन; **~los,** → stellungslos; **~markt,** m श्रम-बाज़ार, रोज़गार की स्थिति; **~vermittlung,** f रोज़गार-दफ़्तर, नियोजन-कार्यालय; **~weise,** adv. यत्र-तत्र, कहीं-कहीं; **~wert,** m, fig: आंशिक महत्व, स्थान-विशेष पर महत्व, स्थिति-विशेष में या परिस्थिति-विशेष में महत्व।

Stellung, f (-/-en) स्थिति, अवस्थिति; ठवन, मुद्रा, आसन; (Posten) पद, स्थान, नौकरी (की जगह); (Rang) पद, ओहदा; सामाजिक प्रतिष्ठा या स्तर, हैसियत, औक़ात; astron: (आपेक्षिक) स्थिति; mil: मोरचा, मोर्चा, सेना द्वारा अधिकृत क्षेत्र; चौकी; die Stellung behaupten मोर्चे पर डटा रहना; fig: zu etw. Stellung nehmen किसी बात के बारे में अपने विचार प्रकट क०; किसी आरोप आदि का जवाब देना, सफ़ाई पेश क०; **~nahme,** f विचार, राय; जवाब, सफ़ाई; विचार प्रकट क० किसी (विशेष बात पर); जवाब देना, सफ़ाई पेश क०; **~sbefehl,** m, mil: सैन्यसेवा के लिए उपस्थित होने का आदेश, भरती का हुक्म; **~skrieg,** m, mil: मोरचों में से लड़ाई; **~slos,** adj. बेरोज़गार; **~swechsel,** m नौकरी बदलना, सेवास्थान-परिवर्तन।

stell-vertretend, adj. कार्यकारी, कार्यवाही, स्थानापन्न; सहायक, उप-, प्रति-; **~vertreter,** m प्रतिनिधि; प्रतिपुरुष, सहकारी, नायब, किसी की अनुपस्थिति में उसके पदभार को सँभालने वाला; **~werk,** n पटरियाँ बदलने तथा सिगनल देने का संयंत्र।

Stelz-bein, n → Stelzfuß; **~e,** f (-/-n) गेड़ी, पैरबाँसा, कँड़िया; zool: खंजरीट-वंश; fig: wie auf Stelzen gehen ऐंठ या अकड़ के साथ चलना, इतराते हुए चलना; **~en,** v/i (s.) गेड़ियों पर चलना; fig: इतराकर चलना, अकड़कर चलना; **~fuß,** m, U: कृत्रिम टाँग, लकड़ी की टाँग; लकड़ी की टाँग वाला व्यक्ति।

Stemm-eisen, n छेनी, रुखानी; **~en,** v/t (h.) धीरे-धीरे सिर के ऊपर तक उठाना; किसी चीज़ को पीछे की ओर दबाने या ढकेलने का प्रयास क०; टिकाना, टिका देना (हाथ आदि); रुखानी से बनाना; sich gegen etw. stemmen किसी वस्तु से टिक जाना, किसी चीज़ को अपने शरीर से पीछे की ओर ढकेलने का प्रयास क०; fig: किसी

बात का विरोध क०

Stempel, m (-s/-) मुद्रा, ठप्पा, मोहर; मोहर का चिह्न, मोहर की छाप; Stützholz: खम्भा, टेक, थूनी; bot: गर्भकेसर, स्त्रीकेसर; fig: छाप; **~farbe,** f मोहर की स्याही; **~geld,** n, U: बेरोज़गारी-भत्ता; **~kissen,** n मसी-पैड, मोहर लगाने की स्याही की गद्दी; **~n,** 1. v/t (h.) पर मोहर लगाना, पर मोहर ठोंकना, पर छाप लगाना, को मुद्रांकित क०; fig: jdn. zum Verbrecher stempeln किसी को अपराधी क़रार देना; 2. v/i (h.) U: stempeln gehen बेरोज़गारी-भत्ते से जीवनयापन क०; **~schneider,** m मोहर बनाने वाला।

Stengel, m (-s/-) वृन्त, डंठल; डंडी; U: vom Stengel fallen गिर पड़ना; आश्चर्यचकित होना; आपे से बाहर हो जाना।

Steno-gramm, n (-s/-e) आशुलेख; **~graph,** m (-en/-en) आशुलिपिक; **~graphie,** f (-/-n) आशुलिपि, संकेतलिपि; **~graphieren,** v/i&v/t (h.) आशुलिपि में लिखना; **~graphisch,** adj. आशुलिपि में लिखित; **~typistin,** f (-/-nen) आशुटंकिका।

Steppdecke, f रज़ाई, लिहाफ़।

Steppe, f (-/-n) [russ.] वृक्षरहित घास-क्षेत्र।

[1]**steppen,** v/t (h.) में टाँके लगाना; (रज़ाई आदि) में डोरे डालना।

[2]**steppen,** v/i (h.) [eng.] जूतों की एड़ियों तथा पंजों से लयपूर्ण ध्वनियाँ निकालते हुए नाचना।

Steptanz, m [eng.] जूतों की एड़ियों तथा पंजों से लयपूर्ण ध्वनियाँ निकालने का नृत्य-विशेष।

Ster, m (-s/-e;-s) [frz./griech.] → Raummeter

Sterb-ebett, n मृत्युशय्या; **~efall,** m मृत्यु, मौत, ग़मी; **~egeld,** n बीमा-संस्था द्वारा दिया जाने वाला अन्त्येष्टि-व्यय; **~en,** v/i (s.) मरना, मर जाना, का देहान्त हो जाना, की जीवनलीला समाप्त हो जाना; fig: बुझ जाना, समाप्त हो जाना; im Sterben liegen मरणासन्न होना, आख़िरी साँसें गिनना; den Heldentod sterben वीरगति को प्राप्त होना; fig: ihre Liebe ist gestorben उसकी मुहब्बत बुझ गई है, उसका प्यार मर गया है; U: vor Langeweile sterben ऊब के मारे मरा जाना, को बहुत अधिक ऊब होना; **~ensangst,** f बहुत अधिक भय; **~enskrank,** adj. बहुत अधिक बीमार, इतना बीमार कि बचने की आशा न हो; **~enslangweilig,** adj., U: बहुत अधिक उबाऊ; **~ensmatt,** adj. थकान से बुरी तरह चूर; **~enswörtchen,** n, U: kein Sterbenswörtchen sagen एक शब्द भी न कहना; **~esakramente,** n/pl. मृत्यु से पूर्व के अंतिम संस्कार; **~lich,** adj. मर्त्य, मरणशील, नश्वर; **~lichkeit,** f (-) मर्त्यता, नश्वरता; मृत्यु-संख्या, मृत्यु-दर।

Stereo-metrie, f (-) [griech.] सान्द्र रैखिकी; **~phon,** adj. त्रिविम; **~phonie,** f (-) त्रिविम ध्वनि की तकनीक; **~skop,** n (-s/-e) त्रिविमदर्शी; **~typ,** adj. अपरिवर्तनीय, नियत; fig: घिसा-पिटा; **~typie,** f (-/-n) सांद्रमुद्रण।

steril, adj. [lat.] अप्रजायी; बाँझ, वन्ध्या; med: रोगाणुहीन, जीवाणुहीन, निर्जीवाणुक; fig: अतिबौद्धिक; अस्वाभाविक; **~isation,** f (-/-en) नसबंदी; वन्ध्यीकरण; med: विसंक्रमण; जीवाणु-नाशन; **~isieren,** v/t (h.) की नसबन्दी क०, को अप्रजायी बनाना; को बाँझ क०; med: विसंक्रमित क०, जीवाणुरहित बनाना; **~isierung,** f → Sterilisation; **~ität,** f (-) अप्रजायिता; बाँझपन, वन्ध्यता; med: जीवाणुहीनता, निर्जीवाणुता।

Stern, m (-[e]s/-e) तारा, सितारा,

तारक; तारे जैसी कोई भी वस्तु; तारकचिह्न; an Äpfeln/Birnen: पुष्प-अवशेष; →[3]Star; fig: भाग्य (का सितारा); fig: nach den Sternen greifen चाँद को छूना चाहना, असंभव को पाने का प्रयत्न क॰; fig: das steht noch in den Sternen यह अनिश्चित बात है, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता; fig: das Vorhaben stand unter keinem günstigen Stern भाग्य इस योजना के प्रतिकूल था; **~bild,** n राशि; **~chen,** n (-s/-) छोटा-सा तारा; तारकचिह्न; U: उभरती हुई प्रतिभा; **~deuter,** m(-s/-) ज्योतिषी; **~deutung,** f ज्योतिष; फलित-ज्योतिष; **~enbanner,** n उत्तरी अमरीका का राष्ट्रीय ध्वज; **~enhimmel,** m नक्षत्रखचित आकाश, तारों-भरा आसमान; **~enklar,** adj. → sternklar; **~enzelt,** n, poet: नक्षत्रखचित आकाश; **~gucker,** m (-s/-) U: खगोलज्ञ, ज्योतिर्विद्, गणित-ज्योतिषी; **~hagelvoll,** adj., U: नशे में चूर; **~karte,** f खगोल-मानचित्र; **~klar,** adj.: eine sternklare Nacht रात जिसमें बिलकुल साफ़ दिखे; तारों-भरी रात; **~kunde,** f खगोल-विज्ञान; **~schnuppe,** f उल्का; **~stunde,** f सौभाग्यपूर्ण समय, सौभाग्यपूर्ण क्षण; **~warte,** f वेधशाला।

Sterz, m (-es/-e) पूँछ, पुच्छ; am Pflug: हल का हत्था।

stet, adj. → stetig; spw: steter Tropfen höhlt den Stein रोज़ के टपके से पत्थर भी घिस जाता है।

Stet-e,/~heit, f (-) →Stetigkeit

Stethoskop, n (-s/-e) [griech.] med: स्टेथॉस्कोप, आला।

stetig,adj. दृढ़, अटल; सतत, अविराम, अनवरत, अविच्छिन्न; नियमित; kfm: स्थिर; **~keit,** f (-) दृढ़ता, अटलता; सातत्य; निरन्तरता, नैरन्तर्य, अविच्छिन्नता; नियमितता।

stets, adv. सदैव, हमेशा, हर बार।

[1]Steuer, n (-s/-) पतवार, कर्ण, सुक्कान; mot: चालन-चक्का; fig: बागडोर, नियंत्रण; fig: das Steuer fest in der Hand haben का पूर्ण नियंत्रण होना, दृढ़तापूर्वक नियंत्रण क॰; fig: das Steuer herumwerfen प्रगति की दिशा बदल देना, (अचानक) रुख बदल देना।

[2]Steuer, f (-/-n) कर, टैक्स; **~aufkommen,** n राज्य की वार्षिक आय, कर की कुल रक़म; **~ausgleich,** m वार्षिक आय-कर के हिसाब का बराबर किया जाना; **~behörde,** f आय-कर-दफ़्तर; **~berater,** m आय-कर-संबंधी परामर्श देने वाला; **~bescheid,** m कर की निर्धारित राशि की सूचना।

Steuer-bord, m (-[e]s/-e) mar: जहाज़ का दक्षिण पार्श्व; **~bord(s),** adv., mar: दायीं ओर।

Steuer-erklärung,आय-कर-प्रविवरण; **~erleichterung,** f (आय-)कर में दी गई छूट; **~flucht,** f कर-अपवंचन के उद्देश्य से विदेश भाग जाना; कर से बचने के लिए मुख्यालय को विदेश में स्थापित क॰; **~frei,** adj. करमुक्त; **~freibetrag,** m आय का करमुक्त अंश; **~gesetz,** n (आय-)कर-अधिनियम; **~hinterziehung,** f कर-अपवंचन; **~klasse,** f करदाता-श्रेणी।

Steuerknüppel, m चालन-दंड।

Steuer-last, f कर-भार; **~lich,** adj. कर-संबंधी।

Steuermann, m कर्णधार, सुक्कानी।

Steuermarke, f रसीदी टिकट; कुत्ते आदि के लाइसेंस का बिल्ला; mar: दिग्विन्यास-चिह्न।

steuern, 1. v/t (h.) चलाना, का परिचालन क॰, चलाकर ले जाना; fig: jdn. steuern किसी को अपनी इच्छा के अनुसार चलाना, किसी के मार्ग को निर्धारित क॰; 2. v/i (h.)

जहाज़, विमान, कार आदि चलाना; fig: का उन्मूलन क०, को समाप्त क०, को दूर क०; fig: der Korruption steuern भ्रष्टाचार को दूर क०; 3. v/i (s.) की ओर चलना, बढ़ना या जाना; fig: wohin steuern Sie? आपका उद्देश्य क्या है ?

Steuer-nachlaß, m (आय-)कर में दी गई पूरी या आंशिक छूट; **~pflichtig** adj. कराधीन, करदेय; शुल्कारोप्य, शुल्क्य; **~politik,** f राजस्व-नीति; कराधान-नीति ।

Steuerrad, n चालन-चक्का ।

Steuer-recht, n कर-संबंधी विधि; **~reform,** f कराधान-नीति का सुधार; **~satz,** m कर की निर्धारित दर; **~schraube,** f: die Steuerschraube anziehen कर में (या करों में) वृद्धि क०; **~schuld,** f कर की अदत्त राशि, अदत्त कर ।

Steuerung, f (-/-en) चालन-यंत्रावली; tech: नियंत्रण-यंत्रावली; o.pl: चालन, परिचालन; नियंत्रण, o.pl: fig: उन्मूलन, समापन ।

Steuer-veranlagung, f कर-निर्धारण; **~vergünstigung,** f (आय-)कर में दी गई छूट; **~zahler,** m करदाता ।

Steven, m (-s/-) mar: पोताग्र, मन्दान ।

stibitzen, v/t (h.) U: चुरा लेना, पार कर देना ।

Stich, m (-[e]s/-e) किसी नुकीली चीज़ से प्रहार या वार; किसी नुकीली चीज़ के प्रहार से हुआ घाव; दंशन; दंश; beim Nähen: टाँका, तोपा; Schmerz: टीस, हूक; पार्श्वशूल; boshafte Anspielung: मर्मभेदी बात, ताना, कटाक्ष; (Kupfer-/Stahlstich) नक़्क़ाशीदार ताम्रपत्र या इस्पातपत्र (से बना चित्र); Kartenspiel: हाथ; fig: jdn. im Stich lassen किसी का साथ न देना, किसी को धोखा देना, किसी को (मझधार में) छोड़कर चला जाना; U: diese Milch hat einen Stich दूध खराब हो गया है; U: diese Farbe hat einen Stich ins Rötliche यह रंग कुछ ललछौहाँ-सा है, इस रंग में सुर्ख़ी की हल्की-सी झलक है; U: er hat einen Stich वह विक्षिप्त है; उसका दिमाग़ खराब है ।

Stichel, m (-s/-) तक्षणी, नक़्क़ाशी करने का नुकीला औज़ार ।

Stichel-ei, f (-/-en) fig: मर्मभेदी बात; ताना, कटाक्ष; **~n,** v/i (h.) सिलाई क०, सीना; काढ़ना; fig: ताना मारना, मर्मभेदी बातें क०, विद्वेषपूर्ण बातें क० ।

Stich-entscheid, m निर्णायक दौर (प्रतियोगिता या चुनाव का), अतिरिक्त प्रतियोगिता या चुनाव द्वारा विजेता का निर्णय; **~fest,** adj. अभेद्य, अछेद्य; fig: अखंडनीय, अकाट्य; **~flamme,** f अचानक भड़क उठने वाली लम्बी तथा नुकीली लपट; **~haltig,** adj. विश्वासोत्पादक, प्रत्यायक, युक्तियुक्त;अखंडनीय, अकाट्य; ठोस; **~kampf,** m, sport: प्रतियोगिता का निर्णायक दौर; **~ling,** m (-s/-e) कंटकपृष्ठ (मछली); **~probe,** f यादृच्छिक रूप से लिए गए अंशों का निरीक्षण या परीक्षण; **~tag,** m निर्धारित तिथि, निश्चित दिन या तिथि; **~waffe,** f नोंकदार हथियार; **~wahl,** f चुनाव का निर्णायक दौर, विजेता का निर्णय करने के लिए चुनाव का दूसरा दौर; **~wort,** n शब्दकोश का शब्द; शीर्षक-शब्द ;संकेत-शब्द; **~wortverzeichnis,** n शीर्षक-शब्दों की सूची; **~wunde,** f किसी नुकीली चीज़ के प्रहार से हुआ घाव ।

Stick-arbeit, f कशीदाकारी या कढ़ाई (का काम); **~en,** v/i & v/t (h.) काढ़ना, (की) कशीदाकारी क०; **~erei,** f (-/-en) कशीदाकारी या कढ़ाई (का काम); **~erin,** f (-/-nen) कशीदे का काम करने वाली ।

Stick-husten, m कुकास, कुकुरखाँसी; **~ig,** adj. दमघोंटू; घुटन-भरा; stickige Luft घुटन-भरी वायु, दूषित वायु; **~luft,** f घुटन-भरी हवा, दूषित वायु ।

Stickrahmen, m कढ़ाई करने का अड्डा ।

Stickstoff, m, chem: नाइट्रोजन, भूयाति ।

stieben, v/i (s.) छितर जाना, की फुहार-सी छूटना; Funken: (चिनगारियाँ) निकलना; Menge: तितर-बितर हो जाना ।

Stiefbruder, m सौतेला भाई ।

Stiefel, m (-s/-) घुटने तक का बूट या जूता; घुटने तक के बूट के आकार का गिलास; U: einen Stiefel daherreden बकवास क०, ऊटपटाँग बातें क०, **~knecht,** m घुटने तक के बूटों को उतारने का उपकरण; **~n,** v/i (s.;h.) U: लम्बे-लम्बे डग भरते हुए चलना; तेज़ी से चलकर पहुँचना ।

Stief-eltern, pl. सौतेले माँ-बाप; **~geschwister,** pl. सौतेले भाई-बहन; **~kind,** n सौतेला बच्चा, वैपित्र सन्तति; fig: उपेक्षित वस्तु, विभाग, शाखा आदि; fig: ein Stiefkind des Glücks भाग्य द्वारा उपेक्षित व्यक्ति, अभागा इंसान; **~mutter,** f विमाता, सौतेली माँ; **~mütterchen,** n (-s/-) bot: हृत्सुख (रंगबिरंगे फूलों का एक छोटा पौधा); **~mütterlich,** adj., fig: वैमात्रेय, निष्ठुर, उपेक्षा-पूर्ण; **~schwester,** f सौतेली बहन; वैमात्रेयी, विमातृजा भगिनी, कठबहन, विपितृजा भगिनी; **~sohn,** m सौतेला बेटा; कठपुत्र, तरैला; **~tochter,** f सौतेली बेटी; कठबेटी, तरैली; **~vater,** m सौतेला बाप, कठबाप ।

Stiege, f (-/-n) सीढ़ी, ज़ीना ।

Stiel, m (-[e]s/-e) डंठल, वृन्त; बेंट; मूठ; कूँची की डंडी; **~auge,** n, U: Stielaugen machen आँखें फाड़कर देखना; ललचाई दृष्टि से देखना; **~en,** v/t (h.) में बेंट लगाना ।

[1]stier, adj. निश्चल, स्तम्भित; ein stierer Blick निश्चल दृष्टि, टकटकी ।

[2]Stier, m (-[e]s/-e) वृषभ, साँड़, बिजार; o.pl., astrol: वृष राशि; U: वृष राशि में पैदा हुआ व्यक्ति; fig: den Stier bei den Hörnern packen हिम्मत के साथ टूट पड़ना, किसी मामले में बहादुरी के साथ आगे बढ़ना ।

stieren, v/i (h.) गरम होना (गाय का) ।

stier-ig, adj. गरम (गाय के लिए प्रयुक्त); **~kampf,** m षण्ड-युद्ध; **~kämpfer,** m षण्ड-योद्धा, वृषहन्ता; **~nacken,** m, U: बहुत मोटी गरदन; **~nackig,** adj. बहुत मोटी गरदन वाला ।

[1]Stift, m (-[e]s/-e) कील, कीला, चोभा, बिरंजी, कीली; खूँटी मेख, बिना घुंडी की कील; (Bleistift) पेंसिल, चित्रांकनी; U: प्रशिक्षु, नौसिखिया; छोकरा; लौंडा, लड़का ।

[2]Stift, n (-[e]s/-e) मठ; आश्रम; धार्मिक या खैराती संस्थान; पादरियों के प्रशिक्षण का संस्थान ।

stift-en, v/t (h.) (spenden) दान के रूप में देना; भेंट क०, देना, का व्यय उठाना; (gründen) की स्थापना क०, स्थापित क०; का प्रवर्तन क०, प्रारंभ क०; (schaffen) पैदा क०, उत्पन्न क०; ein Kloster stiften किसी मठ की स्थापना क०; Frieden stiften शान्ति की स्थापना क०, शान्ति स्थापित क०; Unruhe stiften अशान्ति उत्पन्न क०; **~engehen,** v/i (s.)U: भाग जाना, पलायन कर जाना; **~er,** m (-s/-) दाता; संस्थापक, प्रवर्तक ।

Stifts-dame, f/ **~fräulein,** n मठ-वासिनी; **~kirche,** f मठ का गिरजाघर ।

Stiftung, f (-/-en) (Gründung) संस्थापन, स्थापना; (Schenkung) दान, भेंट; jur: उद्देश्य-विशेष के लिए

दान के धन से स्थापित संस्था; ~**sfest,** n स्थापना-दिवस का उत्सव ।

Stiftzahn, m बिरंजी द्वारा दन्त-मूल में जड़ा गया नक़ली दाँत ।

Stigma, n (-s/-'men;-ta) [griech.] चिह्न, निशान; क्षत चिह्न; कलंक का दाग़ (अपराधियों के शरीर पर); bot: वर्तिकाग्र; zool: श्वास-छिद्र ।

Stil, m (-[e]s/-e) [lat.] भाषा-शैली; शब्द-प्रयोग, बोलने या लिखने का ढंग; Kunststil: शैली; sport: क्रियाविधि, तरीक़ा, ढंग; fig: व्यक्तित्व; सुरुचि; तहज़ीब; प्रकार, कोटि, दर्जा; ढंग, तरीक़ा; fig: ein Betrug großen Stils ऊँचे दर्जे की चारसौबीसी, बहुत बड़ा धोखा; ~**blüte,** f अशुद्ध तथा हास्यजनक भाषा-प्रयोग या शब्द-प्रयोग, अनायास मुँह से निकल गई ग़लत बात ।

Stilett, n (-s/-e) [ital.] कटारी ।

Stil-gefühl, n शैली की परख, शैली-भाव; सुरुचि-भाव; ~**isieren,** v/t (h.) सुरुचिपूर्ण शैली में लिखना या प्रतिपादित क०; शैली-विशेष का बनाना, शैली-विशेष के अनुरूप ढालना; ~**ist,** m (-en/-en) शैलीकार, सुरुचिपूर्ण शैली का प्रयोग करने वाला; ~**istik,** f (-) शैली-शास्त्र, ~**istisch,** adj. शैली-संबंधी, शैलीगत; ~**kunde,** f → Stilistik

still, adj. मौन; शान्त, शान्तिप्रिय, शान्त स्वभाव का; चुप, ख़ामोश; नीरव, शान्तिपूर्ण, निस्तब्ध, शान्तिमय, प्रशान्त; (unbewegt) निश्चल, अचल, निश्चेष्ट, स्थिर, गतिहीन, गतिशून्य; (heimlich) गुप्त; ein stiller Ort नीरव या शान्तिपूर्ण स्थान; ein stilles Gebet मौन प्रार्थना; ein stiller Mensch शान्त स्वभाव का या शान्तिप्रिय व्यक्ति; ein stiller Vowurf मौन भर्त्सना; ein stilles Gewässer बँधा हुआ पानी, स्थिर जलाशय (जैसे झील, तालाब आदि); der Stille Ozean प्रशान्त महासागर; sie ist seine stille Liebe वह उससे गुप्त रूप से प्यार करता है, वह उसका मौन उपासक है; im stillen चुपचाप, गुप्त रूप से; मन ही मन; es ist still um ihn geworden लोगों की दिलचस्पी उसमें समाप्त हो गई है, अब उसकी पूछ नहीं रही; fig: ein stilles Wasser गंभीर व्यक्ति; चुप्पा इंसान, छुपा रुस्तम; U: das stille Örtchen शौचालय; ~**e,** f (-) शान्ति, नीरवता, निस्तब्धता, सन्नाटा, निःशब्दता; चुप्पी, मौन, ख़ामोशी; निश्चलता, गतिशून्यता; in aller Stille चुपचाप, गुप्त रूप से; बिना धूमधाम के ।

Stilleben, n निष्प्राण या जड़ पदार्थों का चित्रण ।

stillegen, v/t (h.) ठप कर देना, बंद कर देना, रोक देना; का प्रयोग न क०, का इस्तेमाल बंद कर देना ।

Stillehre, f → Stilistik

still-en, v/t (h.) को प्रशमित क०; को तृप्त क०, को पूरा क०, को तुष्ट क०, को शान्त क०; Säugling: को स्तनपान कराना, को स्तन पिलाना; Durst: बुझाना, मिटाना; Blut: बन्द क०, को बहने से रोकना; ~**halteabkommen,** n थोड़े समय के लिए यथापूर्व स्थिति को स्वीकार कर लेने का समझौता; kfm: ऋणशोधन की अवधि को बढ़ाने का समझौता; ~**halten,** v/i (h.) न हिलना, बिना हिले-डुले खड़ा, बैठा या लेटा रहना; चुप रहना, विरोध न क०; ~**liegen,** v/i (h.) ठप होना, ठप पड़ा होना, रुका होना, बंद होना ।

stillos, adj. शैली-विशेष से मेल न खाता हुआ; fig: सुरुचिहीन, बेढंगा ।

Still-schweigen, 1. n मौन, ख़ामोशी, चुप्पी; रहस्यगोपन, संगोपन; 2. v/i (h.) मौन, ख़ामोश, चुप रहना; किसी रहस्य को प्रकट न क०; ~**schweigend,** 1. adj. मौन, मूक; उपलक्षित; 2. adv. चुपचाप, ख़ामोशी से, बिना कुछ कहे हुए; ~**stand,** m गतिहीनता, निश्चलता; ठहराव, विराम; गतिरोध, ज़िच; ~**stehen,** v/i (h.) रुका होना,

बंद होना, ठप होना, ठप पड़ा होना; mil: बिना हिले-डुले खड़ा रहना, सावधान की स्थिति में खड़ा होना; fig: थमना, थम जाना, रुक जाना; **~ung,** f (-) प्रशमन; तुष्टीकरण, (इच्छा की) पूर्ति; ख़ून बंद क०; **~vergnügt,** adj. मन ही मन प्रसन्न ।

Stil-möbel, n/pl. युग-विशेष का फ़र्नीचर; **~voll,** adj. शैलीयुक्त; सुरुचिपूर्ण, ललित ।

Stimm-band, n वाक्तन्तु, स्वर-तंत्री; **~berechtigt,** adj. मताधिकार-प्राप्त, जिसे मतदान का अधिकार हो; **~bruch,** m यौवनारंभ में आवाज़ का मोटा हो जाना, कंठ फूटना; **~e,** f (-/-n) आवाज़, वाणी, वाक्, स्वर; mus: स्वर-स्तर; वृन्दगान में गायक की निश्चित भूमिका; bei Abstimmung: मत, वोट; fig: die Stimme des Herzens दिल की आवाज़; spw: Volkes Stimme (ist) Gottes Stimme ज़बाने खल्क नक़्क़ाराए खुदा, लोकवाणी भगवान की वाणी के समान होती है; **~en,** 1. v/i (h.) सही, ठीक, उचित, मुनासिब, यथातथ्य होना, सच होना; मत देना, वोट देना; से मेल खाना; für jdn. stimmen किसी के पक्ष में मत देना; zu etw. stimmen किसी वस्तु या बात से मेल खाना; hier stimmt etw. nicht यहाँ (या इसमें) कुछ गड़बड़ है, यहाँ कुछ दाल में काला है; U: bei ihm stimmt es nicht उसका दिमाग़ (कुछ) खराब है; 2. v/t (h.) Instrumente: का सुर ठीक क० या मिलाना; Personen: (की मन:स्थिति या भावदशा) को प्रसन्नतामय, विषादमय, अनुकूल, प्रतिकूल आदि बना देना; **~enfang,** m मतार्जन; **~engewirr,** n (कई लोगों के एक साथ बोलने से उत्पन्न) कोलाहल; **~enthaltung,** f मतदान में तटस्थ रहना, मतदान में तटस्थता; **~er,** m (-s/-) वाद्ययंत्रों के सुर को ठीक करने वाला कारीगर; **~gabel,** f mus: स्वरित्र (द्विभुज); **~gewaltig,** adj. मोटी आवाज़ वाला; **~haft,** adj., gramm: सघोष, नादित, वाक्तन्तुओं की सहायता से उच्चारित; **~lage,** f स्वर-स्तर; **~lich,** adj. स्वर-संबंधी, आवाज़-संबंधी, आवाज़ का; **~los,** adj., gramm: अघोष, अनादित, बिना वाक्तन्तुओं के उच्चरित; **~recht,** n मताधिकार; **~ritze,** f, anat: कंठद्वार ।

Stimmung, f (-/-en) eines Instruments: वाद्ययंत्र के सुर को ठीक क०; तारत्व, स्वरमान; (Gemütslage) मन:स्थिति, मनोदशा, मनोभाव, भावदशा, मिज़ाज, भावावस्था, वृत्ति; हौसला; (Atmosphäre) वातावरण, माहौल, समाँ, फ़िज़ा; (Heiterkeit) प्रफुल्लता, मज़ा, मौज, रागरंग, मनोरंजन; der Allgemeinheit: जनसाधारण की भावना, सर्वसाधारण की राय, जनता का रुख़, जनमत, लोकमत; Stimmungen unterworfen sein अत्यन्त भावप्रवण होना, मौजी होना; jdm. die Stimmung verderben किसी का मज़ा किरकिरा कर देना, किसी के रंग में भंग कर देना, किसी को विक्षुब्ध या उदास कर देना; **~sbild,** n वातावरण-विशेष का चित्र; **~smache,** f लोगों को भड़काने का प्रयत्न; **~smensch,** m मौजी इंसान, भावप्रवण व्यक्ति, **~svoll,** adj. मनोरम, रमणीय, दिल ख़ुश कर देने वाला ।

Stimm-vieh, n मतदाता जिनकी अपनी कोई विचारधारा न हो, सुप्रभाव्य मतदाता; **~wechsel,** m → Stimmbruch; **~zettel,** m मतपत्र ।

Stimu-lans, n (-/-'lantien;'lantia) [lat.] उद्दीपक (पदार्थ); उत्तेजक पदार्थ; **~lation,** f (-/-en) उद्दीपन, उत्तेजन; **~lieren,** v/t (h.) उद्दीपित क०, उत्तेजित क०, स्फूर्ति देना; **~lus,** m (-/-'li) प्रलोभन; प्रेरक बात, प्रेरणा ।

Stink-bombe, f बदबूदार गोला, बदबू-

दार गैसों वाला बम; **~en,** v/i (h.) में (या से) दुर्गन्ध या बदबू आना, बदबूदार होना; U: सन्दिग्ध होना, में दाल में काला होना; को नापसन्द होना, को बिल्कुल अच्छा न लगना, को अप्रिय लगना; U: das stinkt zum Himmel यह अत्यन्त क्षोभकारी है, यह तो हद हो गई, यह घोर लज्जा का विषय है; U: nach Geld stinken बहुत अमीर होना, अत्यन्त धनवान होना; U: vor Faulheit stinken बहुत या बेहद आलसी होना; U: die Sache stinkt इस मामले में कुछ दाल में काला है; U: das stinkt mir इससे मुझे क्षोभ होता है; यह मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लगता (है); **~faul,** adj., U: बेहद आलसी; **~ig,** adj. दुर्गंधमय, बदबूदार; **~laune,** f, U: बहुत खराब मिज़ाज; **~wut,** f, U: बहुत अधिक क्रोध।

Stipend-iat, m (-en/-en) [lat.] छात्रवृत्तिभोगी, वज़ीफ़ा पाने वाला; **~ium,** n (-s/-'dien) छात्रवृत्ति, वज़ीफ़ा।

stippen, v/t (h.) U: डुबोना, बोरना; छूना, उँगली से थपथपाना।

Stippvisite, f, U: अल्पकालिक भेंट या मुलाक़ात; संक्षिप्त यात्रा।

Stirn, f (-/-en) मस्तक, माथा, ललाट, पेशानी; (Front) अग्रभाग, अगाड़ी, सामना; fig: die Stirn haben, etw. zu tun में कुछ करने की धृष्टता या निर्लज्जता होना; fig: es steht ihm auf/an der Stirn geschrieben यह तो उसके चेहरे पर लिखा हुआ है, यह यह तो उसके चेहरे से पता चल जाता है, fig: sich an die Stirn greifen/fassen किसी बात या आचरण के तुक (या औचित्य) को न समझ पाना; **~band,** n सिर-पट्टी; **~bein,** n, anat: ललाटास्थि; **~e,** f → Stirn; **~höhle,** f ललाट-कोटर; **~rad,** n, tech: दन्त-चक्र, दँतीला पहिया; **~seite,** f अग्रभाग, अगाड़ी, सामना।

stöbern, v/i (h.) इधर-उधर उड़ना (हिमलवों का); fig: तलाशी लेना, किसी वस्तु को ढूंढने के लिए सारी चीज़ें उलट-पलट डालना, छान डालना।

Stocher, m (-s/-) अग्निशलाका, कुरेदनी; दन्तकुरेदनी, खिलाल; **~kahn,** m, U: बल्ली से चलाई जाने वाली नौका; **~n,** v/i(h.) कुरेदना; in den Zähnen stochern कुरेदनी से दाँत साफ़ क०; im Essen (herum) stochern बेमन से तथा धीरे-धीरे खाना।

Stock, m(-[e]s/ ⸚e) दंड, शलाका; डंडा, सोंटा, छड़ी, बेंत; bot: तना मूलवृन्त; वृक्ष का ठूँठ; (Stockwerk) मंजिल, तल्ला; (Bergstock) गिरि-पिंड; (Druckstock) मुद्रांक, ठप्पा, ब्लॉक; (Bienenstock) मधुमक्खी-पालन की पेटी या टोकरी; kfm: मूलधन, आधार-पूँजी; am Stock gehen छड़ी के सहारे चलना; U: की माली हालत खराब होना; fig: über Stock und Stein सारी बाधाओं को पार करते हुए।

stock-dumm, adj. अत्यन्त मूर्ख, निहायत बेवक़ूफ़; **~dunkel,** adj. बिल्कुल अँधेरा अँधेरा-घुप, पूर्णतया अँधकारमय।

stöckel-n, v/i (s.) U: ऊँची एड़ी के जूतों में चलना; इतराते हुए चलना; **~schuh,** m ऊँची तथा नुकीली एड़ी वाला जूता।

stocken, v/i (h.) (nicht vorangehen) आगे न बढ़ना, में प्रगति न होना, अटका होना, रुका होना, थमा होना, रुक जाना, थम जाना, बंद हो जाना; (innehalten) बोलते-बोलते रुक जाना; (dick werden) स्कन्दित हो जाना, जम जाना (दूध आदि का); (Stockflecken bekommen) में सीलन या फफूँदी के दाग़ पड़ जाना; stockend reden अटक-अटक कर बोलना।

stock-finster, adj. →stockdunkel; **~fisch,** m शुष्कित स्नेहमीन; सुखाई हुई स्नेहमीन या कोई अन्य मछली; fig: घुन्ना इंसान।

Stock-fleck, m सीलन (या फफूँदी) का दाग़ या धब्बा; ~**ig,** adj. सीलन या फफूँदी के धब्बों से युक्त ।

stock-heiser, adj. पूर्णतया भग्नस्वर, जिसका गला बुरी तरह पड़ गया हो; बहुत भरभरा; ~**hieb,**m डंडे से प्रहार; ~**holz,** n कटे हुए वृक्ष की जड़; वृक्ष काटने के बाद बचा हुआ कुन्दा ।

Stockig, → stockfleckig

stock-nüchtern, adj. बिल्कुल अमत्त; ~**sauer,** adj., U: अत्यन्त रुष्ट, बेहद नाख़ुश, अत्यन्त अप्रसन्न ।

Stockschnupfen, m सख्त ज़ुकाम, ठीक न होने वाला ज़ुकाम, पुराना नज़ला ।

stock-steif, adj. अतिकठोर, बहुत कड़ा, बिल्कुल अकड़ा हुआ; fig: अत्यौपचारिक; ~**taub,** adj. वज्र-बधिर, बिल्कुल बहरा ।

Stockung, f (-/-en) रुकावट, गतिरोध, जिच; des Verkehrs: जमाव, संकुलन; med: रक्त-स्कन्दन, रुधिरा-तंचन ।

Stockwerk, n मंज़िल, तल्ला ।

Stoff, m (-[e]s/-e) [frz.] कपड़ा; (Materie) पदार्थ, द्रव्य; (Material) सामग्री; einer Erzählung: कथा-सामग्री; विषयवस्तु; des Unter-richts: पाठ, विषय-वस्तु; U: स्वापक, उपविष ।

Stoff-el, m (-s/-) U: गँवार; अनाड़ी; ~**(e)lig,** adj: गँवारू; अनाड़ी जैसा, अनाड़ियों जैसा ।

stoff-lich, adj. भौतिक, द्रव्यात्मक; पदार्थ-संबंधी, पदार्थ का, विषय-वस्तु-संबंधी; ~**lichkeit,** f (-) भौतिकता, द्रव्यात्मकता; ~**wechsel,** m, biol: चयापचय ।

stöhnen, v/i (h.) कराहना, आर्तनाद क०; fig: पर घोर असंतोष प्रकट क०; के कारण दुःखी या परेशान होना ।

stoisch, adj. [griech.] fig: निर्लिप्त, विरक्त; विरक्तिपूर्ण, धैर्यपूर्ण; उदा-सीनतापूर्ण; सर्वथा अविकल, पूर्णतया अनुत्तेज्य ।

Stola, f (-/-'len) [lat./griech.] स्कंध-पट; दुपट्टा ।

Stolle, f (-/-n) (बड़े दिन का) किश-मिश, बादाम आदि के साथ बनाया हुआ केक; ~**n,** m (-s/-) → Stolle; Bergbau: सुरंग; an Hufeisen: घुड़नाल के दोनों किनारों का कीलक; an Fußballschuh: ठोकर, जूते के तल्ले की कील या गुटका ।

stolp-(e)rig, adj. असमतल, ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा; ~**ern,** v/i (s.) ठोकर खाना, ठोकर लगना; über etw. stolpern किसी चीज़ से ठोकर खाना या ठोकर खाकर गिर जाना; fig: किसी बात को न समझ पाना; किसी बात पर आपत्ति क० ।

stolz, 1. adj. गौरवान्वित, गर्वित; अहंकारी, घमंडी, अभिमानी; (stattlich) भव्य, शानदार, प्रभावो-त्पादक, प्रभावशाली; काफ़ी बड़ा, बहुत बड़ा या अधिक; 2. m (-es) आत्मा-भिमान, आत्मगौरव; अहंकार, घमंड, दर्प, अभिमान; spw: Dummheit und Stolz wachsen auf einem Holz मूर्खता और दर्प का चोली-दामन का साथ होता है ।

stolzieren, v/i (s.) ऐंठकर चलना, ऐंठ में चलना, अकड़कर या इतराकर चलना ।

Stopf-ei, n रफ़ू करने के लिए प्रयुक्त लकड़ी का अंडा (जिसे छेद के नीचे लगाने से कपड़ा तन जाता है तथा रफ़ू करने में आसानी होती है); ~**en,** 1. v/t (h.) रफ़ू करके बंद क०, गाँठना; (hineinstecken) ठूँसना, ठूँस देना, भरना, भर देना, घुसेड़ना, घुसेड़ देना; (vollstopfen) ठसाठस भर देना, ऊपर तक ठूँस देना; किसी चीज़ से बंद कर देना (छेद आदि); भरना (चिलम आदि); (mästen) ख़ूब चारा खिलाकर मोटा क०; Trompete usw: की ध्वनि को मन्द क०; U: jdm. den Mund stopfen किसी को

चुप कर देना; U: gestopft voll ठसाठस या खचाखच भरा हुआ; 2. v/i (h.) Arznei: दस्त या अतिसार को रोकना; U: Speisen: भारी होना, क़ब्ज़ क०; ~er, m (-s/-) पाइप में तम्बाकू भरने का यंत्र; **~garn,** n रफ़ू करने का डोरा; **~nadel,** f रफ़ू करने की सूई।

stop(p), int. रुको!; ठहरो!; बस!

Stopp, m (-s/-s) रुकाव, विराम, ठहराव, ठहरना; रोक, रोधन; निषेध, प्रतिबंध, मनाही; स्थिरीकरण।

Stoppel, f (-/-n) आलव, (फ़सल कटने के बाद बची) ठूँठी; पक्षांकुर; दाढ़ी का छिदने वाला बाल; **~bart,** m चुभने वाली दाढ़ी, बिना बनाई हुई दाढ़ी; **~feld,** n खेत जिसमें ठूँठियाँ खड़ी हों, ठूँठीदार खेत; **~ig,** adj. ठूँठीदार; चुभने वाली (दाढ़ी); **~n,** v/i (h.) सिल्ला बीनना।

stopp-en, 1. v/i(h.) रुकना, रुक जाना, ठहर जाना, खड़ा हो जाना; 2. v/t (h.) रोकना, रोक देना, रोक लेना, बंद कर देना; Zeit: विराम-घड़ी से नापना; **~licht,** n कार आदि में ब्रेक लगाने पर जल उठने वाली बत्ती।

stopplig, adj. →stoppelig

Stopp-schild, n रोक-संकेत-पट्ट; **~uhr,** f विराम-घड़ी (जिसे इच्छानुसार चलाया या बंद किया जा सकता है)।

Stöpsel, m (-s/-) डाट, डट्टा, काग, ठेंठी; U: छोटे क़द का लड़का; **~n,** v/t (h.) में डाट, डट्टा या ठेंठी लगाना।

Storch, m (-[e]s/ ⸚e) सारस; **~en,** v/i (s.) U: सारस की भाँति चलना, लम्बे डग भरते हुए चलना; **~en-schnabel,**m, bot: वकचंचु कषायमूल; tech: सर्वमापलिख, प्रतिलेखयंत्र।

Store, m (-s/-s) [frz.] खिड़की का सफ़ेद रंग का पारदर्शी परदा।

stör-en, v/t (h.) (behindern) में विघ्न या बाधा डालना; (abhalten) के काम में विघ्न डालना, को कोई काम न करने देना; (belästigen) की शान्ति भंग क०, को तंग, परेशान, उत्तेजित क०; (durcheinanderbringen) अस्तव्यस्त कर देना; U: को आपत्ति होना, को बुरा लगना, को तकलीफ़ होना; stört es Sie, wenn ich rauche? मेरे सिगरेट पीने से आप को कोई तकलीफ़ (या आपत्ति) तो नहीं होगी?; sich nicht stören lassen अपना काम करता रहना, किसी बात या व्यक्ति के कारण अपना काम न रोकना, किसी की उपस्थिति की परवाह न क०; sich an etw. stören किसी बात पर आपत्ति क०; **~end,** adj. बाधक, गड़बड़ी करने वाला; असुविधाजनक; कष्टकर, तकलीफ़देह, अप्रिय; भद्दा, अनुपयुक्त; **~enfried,** m (-[e]s/-e) शांति भंग करने वाला; रंग में भंग करने वाला; दूसरों के काम में बाधा डालने वाला।

storn-ieren, v/t (h.) [ital.] kfm: काट देना, अभिशून्य कर देना (इन्दराज, प्रविष्टि आदि), रद्द कर देना (आर्डर आदि); **~o,** n/m (-s/-'ni) अभिशून्यन, निराकरण, रद्द क० या रद्द किया जाना।

störr-ig, adj.→störrisch; **~igkeit,** f (-) ज़िद्दीपन, हठीलापन, हठधर्मिता, दुराग्रह, अड़ियलपन; गरियारपन; **~isch,** adj. ज़िद्दी, हठी, हठीला, हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल; गरियार।

Stör-sender, m व्यतिकारी प्रेषित्र, किसी प्रसारण-केन्द्र के कार्यक्रम को अश्रव्य बना देने वाला प्रेषित्र; **~ung,** f (-/-en) शान्तिभंग; विघ्न, बाधा; गड़बड़ी; विराम, व्यवधान, क्रमभंग; व्यतिकरण; वायुवैद्युत क्षोभ; **~ungs-stelle,** f, tel: टेलीफ़ोन की मरम्मत का विभाग।

Stoß, m (-es/ ⸚e) संघात, टक्कर; धक्का, ठेला; झटका, झटके के साथ बढ़ना; (Schlag) झटके के साथ प्रहार, वार; (Stapel) ढ़ेर, अम्बार; an

Hosen: मोहरी के अन्दर का पट्टा; an Bahnschienen; पटरी का जोड़, टक्कर-जोड़; Bergbau: खात, पार्श्व-भित्ति; jdm. einen Stoß versetzen किसी के धक्का मारना, किसी पर प्रहार क०; fig: किसी को चोट पहुँचाना, किसी को धक्का या सदमा पहुँचाना; U: sich einen Stoß geben [seinem Herzen einen Stoß geben] कुछ करने का निश्चय कर डालना, अपने संकोच, आलस्य, असमंजस आदि को छोड़ देना; **~artig,** adj. झटकेदार, झटके के साथ होने या किया जाने वाला, आन्तरायिक, सविराम; **~dämpfer,** m, tech: धक्का-सह पैंड या कमानी आदि, झटके या आघात के प्रभाव को कम करने वाला पुर्ज़ा।

Stößel, m (-s/-) मूसल, मूसली, मुसद्दन।

stoß-empfindlich, adj. जो धक्का लगने से बिगड़ जाए (घड़ी आदि); **~en,** 1. v/t (h.) ढकेलना, के धक्का या टक्कर मारना; झटके के साथ आगे बढ़ाना, से टकरा देना; वार क०, घोंपना; Gewürze: कूटना; sport: (लौह गोलक) फेंकना; vulg: के साथ मैथुन क०; jdm. ein Messer in die Brust stoßen किसी के सीने में चाक़ू घोंप देना; sich an etw. stoßen किसी चीज़ मे टकरा जाना; fig: किसी बात पर आपत्ति क०; U: jdm. etw. stoßen किसी को कुछ बताना या बता देना; 2. v/i (h.) झटका या धक्का मारना; हिचकोले खाना; टकराना; से सटा, लगा या जुड़ा हुआ होना; Tier: सिर मारना, सींग मारना, मरखना होना; an etw. stoßen किसी चीज़ से टकरा जाना; fig: किसी बात पर आपत्ति क०; ins Horn stoßen भोंपू बजाना; mein Zimmer stößt an die Küche मेरा कमरा रसोई से जुड़ा हुआ है; fig: ins gleiche Horn stoßen किसी के साथ सहमत होना; किसी के विचारों का समर्थन क०; 3. v/i (s.) Raubvogel: टूट पड़ना; fig: (संयोगवश) पता चल जाना; को संयोगवश मिल जाना या प्राप्त हो जाना; से (संयोगवश) भेंट हो जाना; के पास पहुँचना, से जाकर मिलना; fig: zu jdm. stoßen किसी के पास पहुँचना, किसी से जाकर मिलना, किसी के साथ हो लेना (उसके पास पहुँचकर); fig: auf Schwierigkeiten stoßen के सामने कठिनाइयाँ आना, के मार्ग में कठिनाइयाँ आना; **~fest,** adj. धक्का-सह, जिस पर आघात का प्रभाव न पड़े; **~gebet,** n जल्दी-जल्दी दुहराई गई अतिभक्तिमय प्रार्थना; **~seufzer,** m सिसकी या हिचकी के साथ उसाँस; **~sicher,** adj. → stoßfest; **~stange,** f, mot: टक्कर-रोक; **~therapie,** f, med: थोड़े समय के अन्दर-अन्दर औषधि की अधिक मात्रा को खिलाना या खाना; **~trupp,** m, mil: आक्रमण-टुकड़ी; **~verkehr,** m व्यस्त समय का यातायात; **~weise,** adv. रुक-रुक कर, अटक-अटक कर, अनियमित रूप से; **~zeit,** f व्यस्त समय।

stott-(e)rig, adj. हकलाने वाला; हकलाता हुआ; **~ern,** 1. v/i & v/t (h.) हकलाना, हकलाकर बोलना; mot: इंजन का अनियमित रूप से चलना; fig: अटक-अटककर बोलना, रुक-रुककर बोलना या कहना; 2. n (-s) हकलाहट; U: etw. auf Stottern kaufen किसी वस्तु को क़िस्तों पर खरीदना।

stracks, adv. तुरन्त, अविलम्ब, सीधे; साफ़-साफ़, बिना घुमा-फिराकर; अवश्य-मेव, हर हालत में; ठीक-ठीक।

Straf-anstalt, f कारागार, बंदीगृह, जेलखाना, जेल; **~antrag,** m मुक़दमा चलाने की प्रार्थना, दावा; सरकारी वकील द्वारा दंड का प्रस्ताव; **~anzeige,** f पुलिस को किसी अपराध

की सूचना; ~arbeit, f स्कूल में दंड के रूप में दिया गया काम; ~bar, adj. दंडनीय, दंड्य, आपराधिक; sich strafbar machen कोई अपराध क०, कोई दंडनीय काम क०; ~befehl, m दंडादेश; ~bescheid, m किसी प्रशासनिक संस्था द्वारा जुर्माना, किसी प्रशासनिक संस्था द्वारा दिए गए अर्थदंड की सूचना; ~bestimmung, f दंड-धारा, दंड-संहिता; ~e, f (-/-n) दंड, सज़ा; अर्थदंड, जुर्माना; zur Strafe दंड के रूप में, बतौर सज़ा; ~en, v/t (h.) को दंड या सज़ा देना, को दंडित क०; पर जुर्माना क०; ~erlaß, m दंड-परिहार, सज़ा की माफ़ी ।

straff, adj. तना हुआ, कसा हुआ, अशिथिल; Haltung: सीधा, तना हुआ; (streng) कड़ा, सख्त, कठोर; (kurz) संक्षिप्त, सारिक ।

straffällig, adj. दंडनीय, आपराधिक ।

straffen, 1. v/t (h.) तानना, कसना, क़सकर बांधना; को संक्षिप्त बनाना, का संक्षेपण क०; 2. v/r (h.) तन जाना; अँगड़ाई लेना ।

straf-frei, 1. adj. अदंडित; 2. adv. बिना सज़ा के, बिना सज़ा पाए हुए; ~gefangene, m/f (-n/-n) अभिशस्त बंदी, मुजरिम, क़ैदी; ~gericht, n दंड-न्यायालय; fig: दंड, सज़ा; ~gesetz, n, jur: दंड-विधि; ~gesetzbuch, n, jur: दंड-संहिता; ~Kolonie, f दंडितों का उपनिवेश, बन्दी-उपनिवेश, काला पानी; ~lager, n बन्दी-शिविर ।

sträf-lich, adj. दंडनीय, दंड्य; अक्षम्य; गर्हणीय, निन्दनीय; ~ling, m (-s/-e) मुजरिम, क़ैदी, बन्दी ।

straf-los → straffrei; ~mandat, n दंड-निर्णय, दंडादेश; ~maß, n दंड की मात्रा, दंड; ~mündig, adj. दंड के योग्य आयु का, बालिग़; ~mündigkeit, f(-) दंड के योग्य आयु, विवेक-वयस; ~porto, n बैरंग चिट्ठी का जुर्माना, अधिशुल्क; ~predigt, f, U: घोर भर्त्सना, तगड़ी डाँट-फटकार; ~prozeßordung, f, jur: दंड-प्रक्रिया-संहिता; ~punkt, m, sport: ग़लती, ग़लती का अंक; ~raum, m, sport: फ़ुटबॉल आदि में पेनल्टी-क्षेत्र; ~recht, n, jur: दंड-विधि; ~rechtler, m (-s/-) दंड-विधि का प्राध्यापक; ~rechtlich, adj. दंड-विधि-संबंधी, दंड (-विधि)- विषयक, दंड-विधि पर आधारित; ~rede, f → Strafpredigt; ~register, n क्षेत्र-विशेष के अपराधियों की सूची; U: ग़लतियों या अपराधों की सूची; ~sache, f दंडाभियोग; ~stoß, m, Fußball: पेनल्टी; ~tat, f दंडापराध, जुर्म; ~täter, m दंडापराध करने वाला, अपराधी, मुजरिम; ~verfahren, n → Strafprozeß; ~verfolgung, f अभियोजन, इस्तगासा; ~verschärfung, f दंड में वृद्धि; ~versetzen, v/t (h.) दंड के रूप में स्थानान्तरित कर देना, सज़ा के तौर पर तबादला कर देना; ~versetzung, f सज़ा के तौर पर तबादला, अनुशासनिक स्थानान्तरण; ~vollstreckung, f दंड-निर्णय के कार्यान्वियन की कार्यवाही; ~vollzug, m दंड-निर्णय का कार्यान्वियन; दंडभोग; ~vollzugsanstalt, f दंडभोग-संस्थान, कारावास, जेलखाना; ~weise, adv. दंड के रूप में, सज़ा के तौर पर, बतौर सज़ा; ~würdig, adj. → strafbar

Strahl, m (-[e]s/-en) किरण, रश्मि; सीधी धार; phys: किरणपुंज, अंशु, किरण; math: त्रिज्या; किसी बिन्दु से प्रारंभ होने वाली सरल रेखा; am Huf: घोड़े की टाप की पुतली; poet: बिजली की कौंध; ~antrieb, m जेट-प्रणोदन; ~en, v/i (h.) से किरणें निकलना, किरणें बिखराना; (glänzen) चमकना, चमचमाना; Mensch: प्रफुल्ल या उल्लसित होना, के चेहरे पर (प्रसन्नता की) चमक होना; vor Freude strahlen के चेहरे पर प्रसन्नता की चमक होना, अतिप्रफुल्ल होना;

strahlender Laune sein बहुत खुश होना, प्रफुल्लतापूर्ण मन:स्थिति में होना; ~enbehandlung, f, med: विकिरण-चिकत्सा; ~enförmig, adj. आरीय, किरण जैसा, किरणवत्; ~enkrankheit, f विकिरण से उत्पन्न रोग, (विघटनाभिक) किरणों के प्रभाव से उत्पन्न रोग; ~enschutz, m विकिरण के हानिकारी प्रभावों से बचत का उपाय, विकिरण-रोधी आच्छादन; ~entherapie, f → Strahlenbehandlung; ~er, m(-s/-) विकिरक; ~ig, adj. → strahlenförmig; ~triebwerk, n जेट-प्रणोदन-संयंत्र; ~ung, f (-/-n) विकिरण, प्रभा-प्रसारण, किरण-स्फुरण; phys: विकिरण; किरणें; ~ungsgürtel, m विकिरण-कटिबंध, पृथ्वी के चारों ओर का विकिरण-वलय।

Strähn-e, f (-/-n) Haar: लट; Garn: लच्छा, लच्छी, अंटी; लड़, लड़ी; ~**ig,** adj. लटदार, लटों में लटकता हुआ।

stramm, adj. तना हुआ, कसा हुआ; (kräftig) तगड़ा, तन्दुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट; गठीले बदन का; (schneidig) ओजपूर्ण, सजीव, फुर्तीला, दमदार, ज़ोरदार; (anstrengend) श्रमसाध्य, कठिन, सख़्त; U: बहुत बड़ा, बहुत अधिक, तगड़ा, ज़ोरदार; U: den strammen Max spielen शेख़ी मारना, बढ़-चढ़कर बातें क॰; ~**en,** v/t (h.) तानना, कसना; ~**stehen,** v/i (h.) तनकर खड़ा होना; सीधा खड़ा हो जाना; mil: सावधान की स्थिति में खड़ा होना; ~**ziehen,** v/t (h.) खींचकर तानना या कसना।

Strampel-höschen, n शिशु-वस्त्र जिसमें मोज़े पायजामा तथा स्वेटर एक साथ जुड़े होते हैं; ~**n,** v/i (h.) पैर पटकना, पैर चलाना (बच्चों का)।

Strand, m (-[e]s/ ⸚e) समुद्रतट; पुलिन, समुद्र या झील का स्नान-घाट; ~**bad,** n समुद्र या झील का स्नान-घाट; ~**en,** v/i (s.) भूग्रस्त हो जाना, तल से अड़ जाना, पोतभंग हो जाना; fig: लक्ष्य तक न पहुँच पाना; विफलता को प्राप्त होना, असफल हो जाना; ~**gut,** n लहरों द्वारा तट पर लग गया माल (डूबे हुए जहाज़ों का); ~**hafer,** m बालू-तट की घास; ~**korb,** m समुद्री स्नान-घाट पर प्रयुक्त छायादार कुर्सी; ~**läufer,** m जलरंक; ~**ung,** f (-/-n) भूग्रस्त हो जाना, पोतभंग।

Strang, m (-[e]s/ ⸚) रस्सा, रस्सी, रज्जु; डोरी; (Faserstrang) तन्तु-समूह, रेशे; Zaumteil: जोत, प्रग्रह; (Strähne) लच्छा, लच्छी; लड़ी, लड़; von Schienen: रेलपथ, पटरी; fig: über die Stränge schlagen अमर्यादित आचरण क॰, बेलगाम होना, हद से बाहर जाना; fig: wenn alle Stränge reißen जब कोई रास्ता (या साधन या सहारा) न रहे; fig: am gleichen Strang ziehen का एक ही लक्ष्य होना।

strängen, v/t (h.) रास में जोतना (घोड़े को)।

Strangul-ation, f (-/-en) [lat./griech.] (रस्सी से) गला घोंटकर हत्या, फाँसी; med: रक्तसंचार-रोध; ~**ieren,** v/t (h.) (रस्सी से) गला घोंटकर मार डालना, फाँसी पर चढ़ाना; med: चाप द्वारा (शिरा, आँत आदि के) रक्तसंचार को रोकना; ~**ierung,** f → Strangulation

Strapaz-e, f (-/-n) [ital.] शारीरिक कष्ट, श्रान्ति, तकलीफ़; ~**ieren,** v/t (h.) थकाना, थका देना, से अधिक काम लेना, पर बहुत ज़ोर डालना; छिजाना, का बहुत अधिक प्रयोग क॰, घिस डालना (जूते आदि); ~**ierfähig,** adj. मज़बूत, जो अधिक प्रयोग से न छिजे या न घिसे; ~**iös,** adj. श्रान्तिकर, थकाने वाला, कठोर, कमरतोड़।

Straß, m (-;-'sses/-'sse) नक़ली मणि, नक़ली रत्न।

Straße, f (-/-n) [lat.] सड़क, पथ, वीथि, मार्ग; जलमार्ग, जलडमरूमध्य;

der Mann von der Straßeसामान्य मनुष्य; U: jdn. auf die Straße setzen / werfen किसी को घर से निकाल देना; किसी को नौकरी से निकाल देना; U: sie geht auf die straßः वह वेश्यावृत्ति करती है; **~nanzug,** m रोज़ पहनने का सूट; **~narbeiten,** f/pl. सड़क-निर्माण-कार्य, सड़क की मरम्मत का काम; **~narbeiter,** m वेलदार, खुदाई-मज़दूर; **~nbahn,** f ट्राम; **~nbahner,** m (-s/-) U: ट्राम-कर्मचारी; **~nbau,** mसड़क-निर्माण; **~ngraben,** m सड़क के किनारे की खाई; **~nhändler,** m सड़क के किनारे बैठकर सामान बेचने वाला; फेरी वाला; **~njunge,** m आवारा छोकरा; **~nkampf,** m बलवा, दंगा, सड़कों पर मारपीट या लड़ाई; **~nkarte,** f मानचित्र जिस पर सड़कें अंकित हों, सड़कों वाला नक़्शा; **~nkehrer,** m (-s/-) सड़कों पर झाड़ू लगाने वाला, झाड़ूबरदार, जमादार; **~nkreuzer,** m, U: बड़ी कार; **~nmädchen,** n वेश्या, रंडी; **~nraub,** m राहज़नी, बटमारी; **~nräuber,** m राहज़नी करने वाला, बटमार; **~nschild,** n सड़क का संकेत-पट्ट; सड़क के नाम की तख़्ती; **~nsperre,** f सड़कबन्दी; सड़क-रोक, मार्ग-रोक; **~nunterführung,** f अधोमार्ग, सुरंग-पथ, सड़क पार करने के लिए सड़क के नीचे से बनाया गया मार्ग; **~nverhältnisse,** pl. (यातायात के दृष्टिकोण से) सड़कों की दशा; **~nverkehr,** m सड़क-यातायात; **~nverkehrsordnung,** f सड़क-यातायात-नियमावली; **~nwalze,** f सड़क कूटने का बेलन (या रोलर)।

Strateg-e, m (-n/-n) [griech.] युद्ध-नीतिज्ञ; fig: कूटकुशल व्यक्ति; **~ie,** f (-/-n) युद्धनीति, युद्ध-कला; fig: कूट-कौशल, तरकीब, जुगत; **~isch,** adj. युद्धनीति-संबंधी, युद्धनीतिक; fig: कूट-नीतियुक्त, चालाकी का, जुगती।

Stratosphäre, f [lat./griech.] समताप मंडल।

sträuben, 1. v/t (h.) खड़ा क०, फुलाना (पंख आदि); 2. v/r (h.) खड़ा हो जाना (बालों, रोंगटों, पंखों आदि का); fig: का विरोध क०; को मानने के लिए तैयार न होना; से बचने का प्रयत्न क०; sich gegen etw. sträuben किसी बात का विरोध क०;किसी बात से बचने का प्रयत्न क०; किसी बात को मानने के लिए तैयार न होना।

Strauch, m (-[e]s/ ⸚ er) झाड़ी, क्षुप; **~dieb,** m राहज़नी करने वाला, बटमार।

straucheln, v/i (s.) ठोकर खाना, ठोकर खाकर गिर जाना; fig: पतित हो जाना; विफलता को प्राप्त होना, नाकामयाब हो जाना।

strauch-ig, adj. झाड़ीदार; **~ritter,** m → strauchdieb; **~werk,** n (-[e]s) झाड़ियाँ, झुरमुट।

[1]**Strauß,** m (-es/-e) [lat./griech.] शुतरमुर्ग़।

[2]**Strauß,** m (-es/ ⸚ e) गुलदस्ता, (फूलों का) गुच्छा; poet: युद्ध; झगड़ा; poet: einen Strauß ausfechten युद्ध क०; झगड़ा क०।

Streb-e, f (-/-n) आड़ी थूनी, टेक या कड़ी; **~ebogen,** m आड़ी थूनी पर का मेहराब।

streb-en, v/i (h.) की ओर बढ़ना; के लिए प्रयत्न, प्रयास या संघर्ष क०, को पाने का प्रयत्न क०; die Pflanze strebt zum Licht पौधा प्रकाश की ओर (को) बढ़ता है; nach Geld streben धन प्राप्त करने का प्रयत्न क०; nach der Macht streben सत्तारूढ़ होने का प्रयत्न क०, सत्ता हथियाने का प्रयत्न क०; **~epfeiler,** m पुश्ता; **~er,** m (-s/-) व्यक्तिगत सफलतावादी; महत्वाकांक्षी विद्यार्थी; सबसे आगे निकल जाने का प्रयत्न करने वाला; **~erei,** f (-) व्यक्तिगत

सफलता के लिए घोर प्रयत्न, सबसे आगे निकल जाने का प्रयत्न; ~**erhaft,**/ ~**erisch,** adj. व्यक्तिगत सफलता के लिए घोर प्रयत्न करने वाला, अति-महत्वाकांक्षी; ~**ertum,** n (-s) → Streberei; ~**sam,** adj. अध्यवसायी, अत्युद्यमी, अतिश्रमशील, बहुत मेहनती ।

Strecke, f (-/-n) दूरी, फ़ासला, दो स्थानों के बीच का मार्ग; (Gleisabschnitt)दो स्थानों के बीच का रेलपथ; math: दो बिन्दुओं को मिलाने वाली ऋजु रेखा; Bergbau: कूपक से जुड़ा हुआ सुरंग; (Jagdbeute) शिकार, अहेर, शिकार किया हुआ पशु; sport: दौड़ का निर्धारित पथ; ein Tier zur Strecke bringen किसी पशु को मार डालना (शिकार में); fig: jdn. zur Strecke bringen किसी को गिरफ़्तार कर लेना, किसी को मार डालना; fig: auf der Strecke bleiben पराजित हो जाना; असफल या नाकामयाब हो जाना ।

strecken, v/t (h.) तानना, खींचकर लम्बा क०; फैलाना, सीधा क०, सीधा रखना, पसारना; विस्तारित क०, बढ़ाना; (verdünnen) पतला क०, में पानी मिलाना; Rationen: की मात्रा को कम करके अधिक दिनों तक काम चलाना; sich strecken फैलना, विस्तृत हो जाना, विस्तार पाना, फैला होना; पसर जाना, लम्बा हो जाना, लेट जाना; अँगड़ाई लेना; बढ़ जाना, का क़द बढ़ जाना; eine Arbeit strecken किसी काम में देर क०, किसी काम को लम्बा क०; jdn. zu Boden strecken किसी को मारकर गिरा देना, किसी को धराशायी कर देना; fig: die waffen strecken आत्मसमर्पण कर देना; हार मान लेना; U: alle viere von sich strecken टाँगें और बाँहें फैलाकर पसर जाना ।

Strecken-arbeiter, m रेलपथ पर काम करने वाला मज़दूर, पटरियाँ बिछाने वाला मज़दूर; ~**wärter,** m रेलपथ की देखभाल करने वाला; रेलपथ-निरीक्षक; ~**weise,** adv. कहीं-कहीं, कुछ अंशों में ।

Streck-er, / ~**muskel,** m, anat: प्रसारिणी, प्रसारक (पेशी) ।

Streich, m (-[e]s/-e) (Hieb) आघात, प्रहार, वार; mit der Hand: चपत, तमाचा, थप्पड़; (Unfug) शरारत; नटखटी, हरकत, मज़ाक़; jdm. einen Streich spielen किसी के साथ कोई शरारत क०, किसी को उल्लू बनाना ।

streicheln, v/t (h.) सहलाना, पर प्रेमपूर्वक हाथ फिराना ।

streich-en, 1. v/t (h.) (पर) लगाना या चुपड़ना, पर लेप क०, का लेप क०; (anstreichen) पर रंग या रोग़न क०, की पुताई क०; (durchstreichen) काट देना (शब्द या लेखांश); (weglassen) छोड़ देना (शब्द या लेखांश);(beiseiteschieben) हटाना, एक तरफ़ को क०; mus: बजाना (गज़ से); Segel usw: उतारना; Ruder: रोकना, चप्पुओं को विपरीत दिशा में चलाना; ein Brot streichen रोटी पर मक्खन आदि लगाना; Butter aufs Brot streichen रोटी पर मक्खन लगाना; fig: etw. aus seinem Gedächtnis streichen किसी बात को भुला देना, किसी बात को याददाश्त (या दिमाग़) से निकाल देना; 2. v/i (s.) (पर) हाथ (या अन्य कोई वस्तु) फिराना, हाथ फिरा कर सिलवटें निकालना; (umhergehen) चलना, घूमता रहना, घूमता फिरना, चक्कर काटना; (wehen) बहना, चलना; jdm. übers Haar streichen किसी के बालों पर हाथ फिराना; durch die Stadt streichen शहर में चक्कर काटना, शहर में घूमता फिरना; der Wind streicht durch die offenen Fenster हवा खुली हुई खिड़कियों से होकर आ रही है; das Schiff

streicht durch die Wellen जहाज़ लहरों के बीच से होकर निकल रहा है; ~er, m (-s/-) गज़ से बजाए जाने वाले वाद्ययंत्र का वादक; ~holz, n दियासलाई, माचिस की तीली; ~instrument, n गज़ से बजाया जाने वाला वाद्ययंत्र; ~käse, m मुलायम पनीर या चीज़ (जिसे रोटी पर लगाया जा सके); ~riemen, m चमोटा; ~ung, f (-/-en) शब्द या लेखांश का काटना या काटा जाना; काटा (या छोड़ा हुआ) लेखांश या शब्द।

Streif, m (-[e]s/-e) → [1]Streifen; ~**band,** n डाक द्वारा भेजे जाने वाले अख़बार का रैपर।

Streife, f (-/-n) पुलिस की गश्त लगाने वाली टुकड़ी; गश्त; mil: गवेषक सैनिक-टुकड़ी।

[1]**Streifen,** m (-s/-) किसी भी वस्तु का लम्बा तथा पतला टुकड़ा, फ़ीता, फ़ीती, पट्टी, धज्जी, लम्बी पर्ची आदि; Muster: धारी; U: चलचित्र, फ़िल्म।

[2]**streifen,** 1. v/t (h.) को धारीदार बनाना, में धारियाँ डालना; (leicht berühren) संस्पर्श क०, हल्के से छूना, छू जाना; को छूता हुआ निकल जाना; Ring/Reif usw: पहनना, चढ़ाना; उतारना; Ärmel: (ऊपर को) चढ़ाना; नीचे को क०; fig: (kurz erwähnen) का ज़िक्र क०, का उल्लेख क०, पर थोड़ा-सा प्रकाश डालना; fig: jdn. mit einem Blick streifen किसी को सरसरी नज़र से देखना; 2. v/i(s.) निरुद्देश्य घूमना, घूमना-फिरना, चक्कर काटता रहना; fig: das streift schon an Betrug यह तो लगभग धोखा (या चारसौबीसी) ही है।

Streifen-dienst, m पुलिस का गश्त; ~**wagen,** m पुलिस की गश्ती टुकड़ी की कार।

streifig, adj. टेढ़ी-मेढ़ी धारियों वाला।

Streif-jagd, f शिकार-पद्धति जिसमें शिकारी तथा हाँका करने वाले साथ-साथ चलते हैं; ~**licht,** n किसी वस्तु को छूता हुआ निकल जाने वाला प्रकाश (पुंज), अस्थिर प्रकाश-पुंज; fig: ein Streiflicht auf etw. werfen किसी विषय या बात पर थोड़ा-सा प्रकाश डालना; ~**schuß,** m छूकर निकल जाने वाली गोली; ~**zug,** m भ्रमण, fig: सरसरी तौर पर सर्वेक्षण।

Streik, m (-[e]s/-e;-s) [eng.] हड़ताल; ~**brecher,** m हड़तालभेदी; ~**en,** v/i (h.) हड़ताल क०; U: साथ न देना; बिगड़ जाना, खराब हो जाना, ठप हो जाना; ~**posten,** m हड़ताल के दौरान लोगों को काम पर जाने से रोकने वाला, धरनैत; ~**recht,** n हड़ताल करने का अधिकार।

Streit, m (-[e]s/-e) झगड़ा, लड़ाई, कलह, कहासुनी, विवाद, हुज्जत, वादविवाद; संघर्ष, संग्राम; fig: einen Streit vom Zaun brechen झगड़ा मोल लेना; झगड़ा शुरू क०; ~**axt,** f परशु, फरसा; fig: die Streitaxt begraben झगड़ा समाप्त कर देना, सुलह कर लेना; ~**bar,** adj. झगड़ालू, कलहप्रिय; युद्धप्रिय, युयुत्सु; ~**en,** v/i (h.) झगड़ा, लड़ाई, कलह क०, विवाद क०, हुज्जत क०, वादविवाद क०; संघर्ष क०; sich streiten (आपस में) झगड़ा क०; darüber kann man (sich) streiten इसके बारे में भिन्न मत हो सकते हैं; fig: für eine Idee streiten किसी विचार या मत के समर्थन में संघर्ष क०, किसी विचारधारा या सिद्धान्त के लिए संघर्ष क०; U: (sich) vor Gericht streiten किसी मामले का फ़ैसला न्यायालय में करवाना, मुक़दमेबाज़ी क०; ~**erei,** f (-/-en) झगड़ा, कलह, टंटा, कहासुनी, तू तू-मैं मैं, वादविवाद, हुज्जत; ~**fall,** m झगड़ा, झगड़े की स्थिति; jur: मुक़दमा; ~**frage,** f झगड़े का विषय; विवादग्रस्त बात, विषय, समस्या; विवादास्पद या विवाद्य बात; ~**gespräch,** n उग्र वादविवाद;

शास्त्रार्थ; ~hahn,/~hammel, m, U: झगड़ालू आदमी, कलहप्रिय व्यक्ति; ~ig, adj. विवाद्य, विवादास्पद, विवादग्रस्त; संदेहास्पद, संदेहजनक; jur: न्यायाधीन, विचाराधीन; jdm. etw. streitig machen किसी के किसी वस्तु के अधिकार को न मानना, यह दावा करना कि किसी व्यक्ति-विशेष का किसी वस्तु-विशेष पर कोई अधिकार नहीं; ~igkeit, f (-/-en) झगड़ा, विवाद, मनोमालिन्य, मनमुटाव; ~kräfte, f/pl., mil: सेना, फ़ौज, सेनाएँ, फ़ौजें; ~lust, f (-) कलहप्रियता, झगड़ालूपन, विवादप्रियता; ~lustig, adj. विवादप्रिय, क़लहप्रिय, झगड़ालू; ~macht, f, mil: सैन्य-बल, सेना तथा शस्त्रास्त्र; ~sache, f, jur: मुक़दमा; ~schrift, f विवादात्मक लेख; ~sucht, f (-) विवादोन्माद, अत्यधिक कलहप्रियता; ~süchtig, adj. अत्यधिक कलहप्रिय, बिना झगड़ा किए हुए जिसकी रोटी न हज़म हो; ~wagen, m युद्ध-रथ; ~wert, m, jur: वाद-विषय की अर्हा, वाद-विषय का मूल्य ।

streng, adj. कड़ा, सख्त, कठोर; (genau) अतिनियमनिष्ठ, अतिसतर्क, अतिसावधान; सही, यथार्थ; सीमित; सुनिश्चित, पक्का, पूर्ण; (herb) तीखा, सख्त, कटु; eine strenge Prüfung कड़ी परीक्षा; सख्त जाँच; ein strenger Winter कड़ाके की सर्दी; im strengsten Sinn des Wortes (इस) शब्द के यथार्थ (या सही या सीमित) अर्थ में; ein strenger Geruch तीखी गंध; ~e, f (-) कठोरता, सख्ती, कड़ाई; अतिनियमनिष्ठता, अतिसतर्कता; तीखापन; कटुता; ~genommen, adv. सही अर्थ में, सच तो यह है कि, सच पूछिए तो; ~gläubig, adj. अतिधर्मनिष्ठ, कट्टर ।

Streu, f (-/-en) पुआल, बिचाली; ~en, 1. v/t (h.) बिखराना, छितराना, फैलना; बिछाना, डालना; छिड़कना, बुरकना; 2. v/i (h.) का निशाना ठीक न लगना; dieses Gewehr streut इस बंदूक का निशाना ठीक नहीं लगता है; ~er, m (-s/-) नमक आदि छिड़कने की छेददार ढक्कन वाली डिब्बी या शीशी ।

streun-en, v/i (h.;s.) मारा-मारा फिरना, आवारागर्दी क०; ~er, m (-s/-) आवारागर्द; आवारा कुत्ता, लावारिस कुत्ता ।

Streu-sand, m हिमाच्छादित सड़कों पर छितराई जाने वाली बजरी; स्याही-सोख चूर्ण; ~sel, n (-s/-) मैदे में मक्खन तथा शकर मिला कर बनाई गई छोटी-सी डली; ~ung, f (-/-en) छितराव, बिखराव, फैलाना; डालना; छिड़कना, बुरकना; phys: विचलन, अपसरण ।

Strich, m (-[e]s/-e) रेखा, लकीर, रेखिका; von Vögeln: प्रव्रजन; प्रव्राजी पक्षियों का झुंड; (Landstrich) क्षेत्र, इलाक़ा; bei Fell: बालों के जमने की दिशा; mus: गज़ चलाने का ढंग; गज़ चलाना; fig: einen Strich unter etw. ziehen किसी बात को समाप्त कर देना; U: keinen Strich tun कुछ भी न क०, ज़रा-सा भी काम न क०; U: Strich drunter! खत्म करो इस बात को !, चलो छोड़ो इस बात को!; U: jdn. auf dem Strich haben किसी से नफ़रत क०, किसी को क़तई पसन्द न क०; U: sie geht auf den Strich वह वेश्यावृत्ति करती है; U: das geht mir gegen/wider den Strich मुझे यह पसन्द नहीं है, यह मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है; U: nach Strich und Faden ढंग से, अच्छी तरह से, खूब; ~eln, v/t (h.) रेखाच्छादित क०; बीच-बीच में जगह छोड़ कर खींचना या बनाना (रेखा); ~junge, m, U: पैसे लेकर गुदा-मैथुन कराने वाला, पेशेवर गाँडू; ~mädchen, n, U: वेश्या, रंडी; ~punkt, m अर्धविराम;

~regen, m हल्की बारिश; ~vogel, m क्षेत्र-विशेष में पायी जाने वाली चिड़िया; ~weise, adv. यत्र-तत्र, कहीं-कहीं, कुछ क्षेत्रों में; ~zeichnung, f रेखाचित्र।

Strick, m (-[e]s/-e) रस्सा, रस्सी, रज्जु; U: बदमाश, मक्कार; U: wenn alle Stricke reißen जब कोई रास्ता (या साधन या सहारा) न रहे; U: jdm. aus etw. einen Strick drehen किसी के किसी काम या कथन के आधार पर उसे मुसीबत या चक्कर में डालने का प्रयत्न क०।

Strick-arbeit, f बुनाई (का काम); बुनी हुई वस्तु; **~en,** v/i & v/t (h.) बुनना; **~erei,** f (-/-en) बुनाई; बुनी हुई वस्तु; **~jacke,** f बुनी हुई जाकेट; **~leiter,** f रस्सी की सीढ़ी, कमन्द; **~maschine,** f बुनाई-मशीन; **~muster,** n बुनाई का नमूना; **~nadel,** f बुनने की सलाई; **~waren,** f/pl. बुने हुए कपड़े; **~zeug,** n बुनाई का सामान; अधबुनी वस्तु।

Striegel, m (-s/-) [lat.] खरहरा; **~n,** v/t (h.) की खरहरे से मालिश क०, को खरहरे से साफ़ क०; U: jdn. striegeln किसी के साथ अभद्रता का व्यवहार क०; किसी को डाँटना-फटकारना, किसी की रगड़ाई क०; U: sich striegeln अपने शरीर की सफ़ाई क०, रगड़-रगड़ कर नहाना-धोना।

Striem-e, f (-/-n) / **~n,** m (-s/-) प्रहार-चिह्न, कोड़े या बेंत का निशान; **~ig,** adj. प्रहार-चिह्नों से युक्त।

striezen, v/t (h.) U: को उत्पीड़ित क०, को यंत्रणा देना, के साथ दुर्व्यवहार क०।

strikt, adj. [lat.] कड़ा, सख्त, कठोर; सुनिश्चित, पक्का, पूर्ण; **~e,** adv. कड़ाई से, सख़्ती से; सुनिश्चित रूप से, बिल्कुल; सर्वथा, पूर्णरूपेण।

Strippe, f (-/-n) U: डोरी, सुतली, डोर; बद्धी, तनी, फ़ीता; U: an der Strippe hängen टेलीफ़ोन क०, टेलीफ़ोन कर रहा होना।

strittig, adj. विवादास्पद, विवादग्रस्त; संदिग्ध, संदेहात्मक।

Stroh, n(-[e]s) भूसा, पुआल; फूस; U: Stroh im Kopf haben मूर्ख होना, के दिमाग़ में भूसा भरा होना; **~blond,** adj. पीलापन लिए हुए सुनहला; पीले-से सुनहले बालों वाला; **~dumm,** adj. U: महामूर्ख, घोर मूर्ख; **~ern,** adj. पुआल का; पुआल जैसा सूखा; बहुत पतला; **~feuer,** n पुआल की आग; fig: क्षणभंगुर जोश, क्षणस्थायी उत्साह; **~halm,** m भूसे का तिनका; बाली का सूखा डंठल (नाल के रूप में भी प्रयुक्त); fig: sich an einen Strohhalm klammern तिनके का सहारा लेना; **~hut,** m पुआल का टोप; **~ig,** adj. पुआल की तरह सूखा, पतला या पीला; fig: फीका, बेस्वाद; **~kopf,** m, U: महामूर्ख व्यक्ति; **~mann,** m पुआल या भूसे का पुतला, घूहा, बिजूखा; fig: केवल दिखावे के लिए ज़िम्मेदार व्यक्ति; **~sack,** m पुआल का गद्दा; **~witwe,** f स्त्री जिसका पति कुछ दिनों के लिए कहीं चला गया हो; **~witwer,** m पुरुष जिसकी पत्नी कुछ दिनों के लिए कहीं चली गई हो।

Strolch, m (-[e]s/-e) आवारागर्द; धूर्त, पाजी; (Schelm) बदमाश, मक्कार; **~en,** v/i (s.) आवारागर्दी क०; घूमना-फिरना, चक्कर काटना।

Strom, m (-[e]s/ ⸚ e) (großer Fluß) बड़ी नदी, महासरिता, दरिया; (Strömung) प्रवाह, धारा; समय-प्रवृत्ति, काल-प्रवृति; el: बिजली, विद्युद्धारा; fig: उमड़ती हुई भीड़; U: es regnete in Strömen मूसलाधार वर्षा हो रही थी; fig: mit dem Strom schwimmen समय-प्रवृति के अनुसार चलना, धारा के साथ बहना; **~ab(wärts),** adv. नदी के बहाव की ओर, धारा के साथ-साथ; **~auf (wärts),** adv. बहाव के प्रतिकूल,

धारा से उलटी ओर को, प्रवाह के विरुद्ध (दिशा में)।

strömen, v/i (h.;s.) तेज़ी से बहना; अधिक मात्रा में बहना; बह निकलना, फूट पड़ना, उमड़ पड़ना; strömender Regen मूसलाधार वर्षा; fig: die Menschen strömten in den Saal लोगों की भीड़ हॉल में घुस पड़ी, लोगों की भीड़ तेज़ी से हॉल में घुस रही थी।

Stromer, m (-s/-) U: आवारागर्द, नाकारा; धूर्त, पाजी; बदमाश, मक्कार; शरारती बालक; **~n,** v/i (s.) आवारागर्दी क०, चक्कर काटना, निरुद्देश्य या बेकार घूमना।

Strom-kreis, m विद्युत्-परिपथ; **~linienform,** f सुवाही आकार; **~linienförmig,** adj. सुवाही आकार का; **~messer,** m (-s/-) धारामापी, एमीटर; **~netz,** n विद्युत्-तंत्र, विद्युत्-परिपथ, बिजली; **~schnelle,** f (-/-n) द्रुतवाह, तीव्र प्रवाह; **~schwankung,** f विद्युत्-शक्ति का उच्चावचन; **~spannung,** f विद्युत्-दाब, वोल्टता; **~stärke,** f द्युवह्नि-मात्रा, एम्पियर में नापी विद्युत्-मात्रा; **~stoß,** m बिजली का धक्का या झटका।

Strömung, f (-/-en) प्रवाह, धारा, बहाव; geistige Bewegung: युग-प्रवृत्ति, समय-प्रवृत्ति, (साहित्य, कला आदि की) प्रवृत्ति(-विशेष); **~slehre,** f प्रवाहिकी, प्रवाह विज्ञान, वायुगतिकी, द्रवगतिकी।

Stroph-e, f (-/-n) [griech.] छंद, बंद; **~isch,** adj. छंदोबद्ध।

strotzen, v/i (h.) से भरा होना, से परिपूर्ण होना, के मारे फटा पड़ना, से ओतप्रोत होना; von/vor Kraft strotzen ताक़त के मारे फटा पड़ना, बहुत ताक़तवर होना।

strubb(e)lig, adj., U: अस्तव्यस्त; बिखरे बालों वाला।

Strudel, m (-s/-) जलावर्त, भँवर; fig: चक्कर, लपेट, रेला; भँवर; **~n,** v/i (h.) में भँवर पड़ना, चक्कर खाते हुए बहना या आगे बढ़ना; खदबदाना।

Struktur, f (-/-en) [lat.] संरचना, विन्यास; व्यवस्था; संघटन; तन्तु-रचना, तन्तु-विन्यास; **~ell,** adj. संरचना-संबंधी, संरचना-,संरचनात्मक; व्यवस्था-संबंधी, संघटनात्मक; **~ieren,** v/t (h.) को संरचना-विशेष का बनाना, को व्यवस्था-विशेष का बनाना; **~wandel,** m संरचना-परिवर्तन, संरचनात्मक परिवर्तन, व्यवस्था-परिवर्तन।

Strumpf, m (-[e]s/ ⸚ e) मोज़ा, जुर्राब; U: sich auf die Strümpfe machen शीघ्रता से चल पड़ना या चला जाना; **~band,** n मोज़ा बाँधने का तस्मा, गेटिस; **~halter,** m गेटिसदार कमरबन्द (स्त्रियों का); **~hose,** f नायलॉन आदि का मोज़ेदार तंग पायजामा (स्त्रियों का)।

Strunk, m (-[e]s/ ⸚ e) ठूँठ।

struppig, adj. बिना कंघा किया हुआ, अस्तव्यस्त; बिखरे बालों वाला, अस्तव्यस्त तथा कड़े बालों वाला; Hund: झबरा।

Strychnin, n (-s) [lat./griech.] कुचला-सत।

Stube, f (-/-n) [lat.] कमरा, कक्ष; सामूहिक शयन-कक्ष, सामूहिक निवास-कक्ष; mil: बारिक, बैरक; **~nälteste,** m (-n/-n) सामूहिक निवास-कक्ष या बैरक का प्रभारी; **~narrest,** m अपने कमरे या बैरक में बैठे रहने का दंड; **~nfarbe,** f, U: चेहरे का पीलापन; **~nfliege,** f घरेलू मक्खी; **~ngelehrte,** m किताबी ज्ञान वाला व्यक्ति; अव्यवहारिक व्यक्ति; **~nhocker,** m,U: गृहसेवी, घरघुस्सू, अधिकांश समय घर पर ही बिताने वाला व्यक्ति; **~nmädchen,** n कमरा साफ़ करने वाली नौकरानी; **~nrein,** adj. जो कमरे के अन्दर पाख़ाना या पेशाब न करे(पालतू कुत्ता, बिल्ली आदि)।

Stubsnase, f→Stupsnase

Stuck, m (-[e]s) [ital.] गच, संगमरमर का चूना, सुधा।

Stück, n (-[e]s/-e) टुकड़ा; कतला, फाँक; अंश, भाग, खंड; (Bühnenwerk) नाटक, नाटिका; (Münze) सिक्का; Kunstwerk: कलाकृति, रचना; संगीत-रचना; bei Mengenangaben: अदद, ठो; U: व्यक्ति, आदमी; ein Stück Brot रोटी का (एक) टुकड़ा, डबलरोटी की एक फाँक; sechs Stück Eier छः अंडे, छः ठो अंडे; zwanzig Stück Pferde बीस (ठो) घोड़े; in Stücke gehen टूट जाना, टुकड़े-टुकड़े हो जाना; im/am Stück बिना फाँकों में काटा हुआ, कतलों में न काटा हुआ, एक (बड़े) टुकड़े में; ein gutes Stück Arbeit काफ़ी काम, बहुत काम; fig: große Stücke auf jdn. halten किसी पर गर्व क०, किसी पर फ़ख्र क०; U: in einem Stück बिना रुके हुए; लगातार, ताबड़तोड़; **~eln,** v/t (h.) (छोटे-छोटे) टुकड़ों में काटना; (छोटे-छोटे) टुकड़ों को जोड़कर बनाना; **~en,** v/t (h.) टुकड़े-टुकड़े क०, के टुकड़े क०; **~gut,** n अदद के हिसाब से प्रेषित किया जाने वाला माल; **~weise,** adv. अदद के हिसाब से; थोड़ा-थोड़ा करके, खंडशः; **~werk,** n, fig: कच्चा काम, अधूरा काम ।

Student, m (-en/-en) [lat.] महाविद्यालय या विश्वविद्यालय का विद्यार्थी, शिक्षार्थी, छात्र; **~enausschuß,** m छात्रसंघ; **~enfutter,** n मेवा और किशमिश का मिश्रण; **~enheim,** n छात्रावास; **~enschaft,** f (-/-en) (किसी संस्था या नगर आदि के) सभी विद्यार्थी; **~enwerk,** n छात्रकल्याण-संस्था; **~isch,** adj. छात्रतुल्य, छात्र-सुलभ, छात्रों का, छात्रों से संबंधित ।

Studie, f (-/-n) [lat.] प्रबंध, शोध-प्रबंध, (शोध-)लेख; रूपरेखा; Malerei: प्रारंभिक अभ्यास-चित्र; mus: अभ्यास-संगीत-रचना; pl:→Studium

Studien-freund, m सहपाठी, शिक्षा-काल का मित्र; **~halber,** adv. शिक्षा के लिए; अध्ययन के लिए; **~jahr,** n शिक्षा-वर्ष; **~rat,** m सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों की उपाधि; **~referendar,** m अध्यापक के पद का प्रशिक्षार्थी; **~reise,** f अध्ययन-भ्रमण, अध्ययन-यात्रा; **~zeit,** f शिक्षाकाल, छात्रजीवन के दिन ।

studier-en, 1. v/i (h.) [lat.] विश्वविद्यालय में पढ़ना, विश्वविद्यालय का छात्र होना; 2. v/t (h.) का अध्ययन क०, पढ़ना; का ध्यानपूर्वक निरीक्षण या विश्लेषण क०; **~te,** m/f (-n/-n) U: पढ़ा लिखा या शिक्षित व्यक्ति आदमी या औरत); **~zimmer,** n अध्ययन-कक्ष ।

Studiker, m (-s/-) U: अध्येता, पढ़ने वाला, पढ़ाकू ।

Studio, n (-s/-s) [lat.] कला-मंदिर, शिल्पशाला, चित्रकार की चित्रशाला; प्रसार-कक्ष; स्टूडियो; **~bühne,** f प्रयोगवादी रंगशाला ।

Stud-iosus, m (-/-'si) [lat.] U: अध्येता, विद्यार्थी, शिक्षार्थी; **~ium,** n (-s/-'dien) अध्ययन, अनुशीलन, परिशीलन; उच्च शिक्षा, पढ़ाई, पढ़ाई-लिखाई; शिक्षाकाल ।

Stuf-e, f (-/-n) सीढ़ी, सोपान, सीढ़ी का पत्थर, क़दमचा; mus: स्वरान्तराल; fig: स्तर; चरण; वर्ग, श्रेणी; fig: die Stufen zum Erfolg emporsteigen सफलता की सीढ़ी पर चढ़ना, सफलता के मार्ग पर होना; fig: die höchste Stufe der Entwicklung विकास का शिखर, विकास की पराकाष्ठा; fig: sich mit jdm. auf die gleiche Stufe stellen किसी की बराबरी क०, स्वयं को किसी के समकक्ष समझना; **~en,** v/t(h.) को सोपानयुक्त क०; का श्रेणीकरण क०; **~enartig,** adj. सीढ़ी जैसा; **~enleiter,** f, fig: सम्पूर्ण प्रगति-क्रम या विकास-क्रम; प्रगति की सीढ़ी; पदानुक्रम; **~enweise,** adv. धीरे-धीरे, एक-एक कदम करके; **~ig,** adj. सीढ़ी जैसा; श्रेणीकृत; **~ung,** f (-/-en) श्रेणीकरण, वर्गीकरण; सोपान-

युक्त बनाया जाना ।

Stuhl, m (-[e]s/ ⁓e) कुर्सी; → Stuhl-gang: U: jdm. den Stuhl vor die Tür setzen किसी से चले जाने को कहना; किसी को नौकरी से निकाल देना; U: sich zwischen zwei Stühle setzen एक साथ दो अवसरों को खो देना या हाथ से निकल जाने देना; U: fast vom Stuhl fallen अत्यन्त आश्चर्यचकित होना; **~gang,** m(-[e]s) मलत्याग; मल, पाखाना ।

Stulpe, f (-/-n) आस्तीन, दस्ताने आदि की लौट, दोहरा कफ़ या कलाई-बन्ध ।

stülpen, v/t (h.) को उलटना, को लौट देना; पर (लापरवाही से) रख देना या रखना; (sich) den Hut auf den Kopf stülpen (लापरवाही से) टोप लगाना या पहनना ।

stumm, adj. गूँगा, मूक; मौन, ख़ामोश, शब्दहीन; gramm: अनुच्चरित; eine stumme Abmachung मौन समझौता ।

Stummel, m (-s/-) किसी लम्बी वस्तु का छोटा-सा आखिरी टुकड़ा (जैसे पेंसिल का टुकड़ा, सिगरेट आदि का टोंटा या टुर्रा) ।

stümmeln, v/t (h.) को काटकर छोटा क० ।

Stumm-film, m मूक चलचित्र, अनबोलती फ़िल्म; **~heit,** f (-) गूँगापन; मौन, ख़ामोशी ।

Stumpen, m (-s/-) चुरुट, बिना नोंक का सिगार ।

Stümper, m (-s/-) U: अनाड़ी, गड़बड़िया, फूहड़, कच्चा काम करने वाला व्यक्ति; **~ei,** f (-/-en) अनाड़ीपन का काम, कच्चा काम; **~haft,** adj. कच्चा काम करने वाला, अनाड़ियों जैसा, फूहड़पन या अनाड़ीपन से किया हुआ; **~n,** v/i (h.) फूहड़पन या अनाड़ीपन से काम क०, अनाड़ियों की तरह काम क०, गड़बड़ क० ।

[1]**stumpf,** adj. भोथरा, भोथर, कुंठित; बिना नोंक का; (teilnahmslos) उदासीन, निश्चेष्ट; भावनाहीन, भावशून्य; (ohne Glanz) मलिन, धुंधला, फीका; Winkel: अधिक, नब्बे अंश से अधिक का; Reim: एकाक्षरी (तुक) ।

[2]**Stumpf,** m(-[e]s/ ⁓e) ठूँठ; U: etw. mit Stumpf und Stiel ausrotten किसी चीज़ को नेस्तनाबूद कर देना, किसी चीज़ का नामोनिशान मिटा देना ।

Stumpf-heit, f (-) भोथरापन, कुंठा; उदासीनता; भावशून्यता; मलिनता, फीकापन, धुंधलापन; **~sinn,** m उदासीनता; भावशून्यता, जड़िमा, व्यामोह; बुद्धिहीनता, मूर्खता; नीरसता; **~sinnig,** adj. उदासीन; भावशून्य, जड़; बुद्धिहीन, मूर्ख अल्पबुद्धि, कुन्दज़ेहन; नीरस, बेमज़ा ।

Stunde, f (-/-n) घंटा, होरा; (Unterrichtsstunde) पाठ, सबक़; घंटा; Zeitpunkt: समय, वक़्त, क्षण; zu später Stunde शाम को (या रात को) देर से; zur Stunde इस समय, इस वक़्त ।

stunden, v/t (h.) की अवधि बढ़ाना (ऋणशोधन की), की अदायगी की तारीख़ को बढ़ाना ।

Stunden-kilometer, m/pl., U: किलोमीटर प्रतिघंटा; **~lang,** adj. घंटों लम्बा, कई घंटों का; **~lohn,** m एक घंटे का पारिश्रमिक, घंटेवार वेतन; **~plan,** m समय-तालिका; **~weise,** adv. घंटों के हिसाब से; कुछ घंटों के लिए ।

stündlich, 1. adj. हर घंटे होने वाला; 2. adv. हर घंटे के बाद, घंटे-घंटे बाद; निरन्तर, लगातार; शीघ्र ही ।

Stundung, f (-/-en) प्रविलम्बन, अदायगी की तारीख़ का बढ़ाना या बढ़ाया जाना, मोहलत ।

Stunk, m (-s) U: झगड़ा, टंटा, कलह ।

stupid-(e), adj. [lat.] मूर्ख, बेवक़ूफ़, कुन्दज़ेहन, अल्पबुद्धि, बुद्धिहीन; नीरस,

बेमज़ा; ~ität, f (-) मूर्खता, बेवक़ूफ़ी, निर्बुद्धिता, बुद्धिहीनता, मूढ़ता, कुन्दज़ेहनी; नीरसता ।

Stups, m (-es/-e) U: हल्का धक्का, टहोका; **~en,** v/t (h.) U: को हल्का धक्का या टहोका देना; **~nase,** f ऊपर को उठी हुई नाक ।

stur, adj. हठीला, ज़िद्दी, अड़ियल; हठधर्मी, अनुदार, संकीर्णमना; निश्चल, गतिहीन; नीरस; **~heit,** f (-) ज़िद्दीपन, अड़ियलपन, हठधर्मिता; अनुदारता, संकीर्णता ।

Sturm, m (-[e]s/‥e) तूफ़ान, झंझा, झंझावत; mil: आक्रमण, धावा, हमला, चढ़ाई; fig: आवेश, उत्तेजना; उपद्रव, होहल्ला; बड़ी सार्वजनिक माँग; रेला, रेल-पेल; fig: gegen etw. Sturm laufen किसी बात का कड़ा विरोध क०, किसी बात के विरोध में घोर संघर्ष क०; fig: Ruhe vor dem Sturm तनावपूर्ण सन्नाटा; क्रोधोन्माद या अनिष्ट के पूर्व की शांति; fig: ein Sturm im Wasserglas तुम्बी में तूफ़ान, छोटी-सी बात पर नाहक का होहल्ला; fig: jds. Herz im Sturm erobern शीघ्र ही किसी का प्रेमपात्र बन जाना, किसी को तुरन्त मोहित कर लेना; U: Sturm läuten / klingeln लगातार घंटी बजाना; **~angriff,** m, mil: ज़बरदस्त हमला; **~band,** n टोप की तनी या बद्धी ।

stürm-en, 1. v/t (h.) ज़बरदस्त हमला क०; एकाएक आक्रमण करके जीत लेना; 2. v/i (h.) तूफ़ान चलना, तूफ़ानी मौसम होना; तेज़ी से चलना (हवा का); sport: (फ़ुटबॉल आदि में) अगली पंक्ति में खेलना; 3. v/i (s.) तेज़ी से दौड़कर जाना या पहुँचना; **~er,** m (-s/-) sport: अगली पंक्ति का खिलाड़ी; fig: दुःसाहसी, बिना सोचे-विचारे जूझ पड़ने वाला ।

Sturm-flut, f उच्च ज्वार; **~frei,**adj., mil: अनाक्रमणीय, अविजेय; U: eine sturmfreie Bude बिना रोक-टोक वाला किराये का कमरा; **~glocke,** f संकट-घंटी ।

stürmisch, adj. तूफ़ानी; प्रचंड, उग्र, तीव्र, तेज़; (ungestüm) उतावला, जल्दबाज़; बेलगाम, अत्यन्त उत्तेजित या उत्तेजनापूर्ण; fig: प्रबल, ज़ोरदार, धूमधाम का; घटनापूर्ण ।

Sturm-riemen, m→Sturmband; **~schritt,** m, mil: आक्रमण के समय तेज़ चाल; fig: बहुत तेज़ क़दम या चाल; **~vogel,**m नासानाल (एक समुद्री पक्षी); **~warnung,** f तूफ़ान की पूर्व-सूचना; **~wind,** m, poet:→Sturm

Sturz, m(-es/‥e)अचानक गिर पड़ना, गिर जाना; अचानक कम हो जाना(ताप-क्रम, मूल्यों आदि का);fig:अपदस्थीकरण; (बलप्रयोग द्वारा) शासन-परिवर्तन; (pl: Sturze) arch: सरदल, सोहावटी; fig: der Sturz der Regierung (बल-प्रयोग द्वारा) आकस्मिक शासन-परिवर्तन; **~acker,** m जोता हुआ खेत (जिस पर पटरा न चलाया गया हो); **~bach,** m जलप्रपात, प्रचंड धारा; fig: बौछार, भरमार, झड़ी ।

stürzen, 1. v/t (h.) गिराना, गिरा देना, ढकेल देना, बलपूर्वक या धक्का मारकर गिरा देना; (kippen) उलटना, उलट देना; fig: का तख़्ता पलट देना, को पद से हटा देना, की खटिया खड़ी कर देना; sich aus dem Fenster stürzen खिड़की से कूद पड़ना (आत्महत्या करने के लिए); sich auf jdn. stürzen किसी पर टूट पड़ना; किसी को घेर लेना, किसी को दूसरों से बात न करने देना; 2. v/i (s.) (fallen) गिर पड़ना; (eilen) तेज़ी से जाना या पहुँचना, दौड़कर जाना या पहुँचना; Gelände: अचानक ढालू हो जाना ।

Sturz-flug, m एकदम नीचे की ओर उड़ान; **~geburt,** f अतिक्षिप्र प्रसव;

~**güter**, n/pl. बिना आवेष्टन के भेजा जाने वाला माल; ~**helm**, m हल्का शिरस्त्राण; ~**see**, f भग्नोर्मि ।
Stuß, m (-'sses) [jidd.] U: बकवास, ऊटपटाँग बात या बातें ।
Stute, f (-/-n) घोड़ी; गधी; उँटनी ।
Stütze, f (-/-n) (Pfeiler) स्तम्भ, खम्भा, थूनी, टेक; fig: आधार, अवलंब, सहायता, सहारा, मदद ।
[1]**stutzen**, v/t (h.) काटना, छाँटना, को काट या छाँट कर छोटा क० ।
[2]**stutzen**, v/i (h.) झिझकना, हिचकना, हिचकिचाना; ठिठकना, रुक जाना; चौंक जाना, चौंककर सोचने लगना, संशयालु हो जाना, को संदेह होना ।
[3]**Stutzen**, m (-s/-) छोटी बन्दूक, कड़ाबीन; शरीर के किसी अंग को गरम रखने का खोल (जैसे नाड़ीत्राण, टंगत्राण, बिना पैर का मोज़ा आदि); tech: संयोजक टोंटी, तुंड ।
stützen, v/t(h.) में थूनी या टेक लगाना, टेक लगाकर गिरने, ढहने या लटक जाने से रोकना; पर टिकाना या टिका देना; fig: को सहारा देना, की सहायता क०; का समर्थन क०, का पक्ष लेना; की पुष्टि क०, को साबित क०; sich auf etw. stützen का सहारा लेना, का सहारा लेकर खड़ा होना या चलना; पर टिका होना, पर आधारित होना; को आधार मानना, अपने कथन आदि को किसी बात पर आधारित क०, किसी बात का हवाला देना; kfm: die Kurse stützen विनिमय-दर को गिरने से बचाना, शेयरों आदि के भाव को गिरने न देना ।
Stutzer, m (-s/-) बाँका, छैला, फ़ैशनपरस्त आदमी; ~**haft**, adj. बाँकों जैसा, छैल-छबीला, फ़ैशनपरस्त ।
stutzig, adj. चकित, भौचक; संशयालु; सशंक, शंकाकुल ।
Stütz-mauer, f पुश्ता-दीवार, प्रतिधारक दीवार; ~**punkt**, m आधारबिन्दु, आधार-स्थल; mil: अड्डा, आस्थान ।
subaltern, adj. [lat.] अधीनस्थ, मातहत; जीहुज़ूरी का, चाटुकारितापूर्ण ।
Subjekt, n(-[e]s/-e)[lat.] मनुष्य, इंसान; gramm: कर्ता; U: घृण्य व्यक्ति, निकृष्ट व्यक्ति; ~**iv**, adj. आत्मिक, प्रातीतिक स्वानुभूत्यात्मक, स्वानुभूतिमूलक, व्यक्तिगत, अवस्तुपरक; gramm: कर्तृपदीय; ~**ivität**, f (-) आत्मिकता, स्वानुभूत्यात्मकता, स्वानभूतिमूलकता, विषयनिष्ठता-राहित्य; ~**ivismus**, m (-) ज्ञानसापेक्षतावाद, व्यक्तिनिष्ठावाद; ~**ivistisch**, adj. ज्ञानसापेक्षतावादी, व्यक्तिनिष्ठावादी ।
sublim, adj. [lat.] अत्युदात्त, लोकोत्तर; अतिसूक्ष्म, अगोचर; ~**at**, n (-[e]s/-e) chem: ऊर्ध्वपातज, उत्साद; ~**ieren**, v/t (h.) उदात्तीकरण क०, उदात्त बनाना, का परिष्कार या संस्कार क०; chem: उत्सादन क०, ऊर्ध्वपातन क० ।
Submission, f (-/-en) [lat.] kfm: निविदा मँगवाना; निविदा के आधार पर ठेका देना ।
Subsidien, pl. [lat.] आर्थिक सहायता, माली इमदाद ।
subskri-bieren, v/t (h.) [lat.] का पूर्वक्रय क०; का ग्राहक बनना; ~**ption**, f (-/-en) अप्रकाशित कृति का पूर्वक्रय ।
substantiell, adj. [lat.] महत्वपूर्ण; भौतिक, वास्तविक ।
Substantiv, n (-s/-e) [lat.] संज्ञा; ~**ieren**, v/t (h.) को संज्ञा का रूप देना, को संज्ञा के रूप में प्रयोग क०; ~**isch**, adj. संज्ञात्मक ।
Substanz, f (-/-en) [lat.] द्रव्य, पदार्थ; उपादान; (Kernpunkt) तत्व, सार, महत्वपूर्ण अंश; U: पूंजी, मूलधन; सम्पत्ति, सम्पदा; भंडार ।
substitu-ieren, v/t (h.) [lat.] के स्थान पर रखना, प्रतिस्थापित क०; को स्थानापन्न क०; ~**tion**, f (-/-en) प्रतिस्थापन, स्थानापत्ति, एवजी ।
subtil, adj. [lat.] अतिसूक्ष्म; कुशाग्र; प्रखर; कुशाग्रबुद्धि, विचक्षण, चालाक;

चतुर; दुर्बोध, गूढ़; कोमल, नाजुक; ~ität, f (-/-en) (अति)सूक्ष्मता; प्रखरता; विचक्षणता; गूढ़ता, जटिलता; चालाकी, वितंडा, बारीकीबीनी; कोमलता।

Subtra-hend, m (-en/-en) [lat.] वियोजक, घटायी जाने वाली संख्या; **~hieren,** v/t (h.) घटाना, कम क०, निकालना; **~ktion,** f (-/-en) व्यवकलन, वियोजन, घटाना।

Sub-tropen, pl. [lat./griech.] उपोष्ण कटिबंध; **~tropisch,** adj. उपोष्ण-देशीय।

Subvention, f (-/-en) [lat.] आर्थिक सहायता, अर्थानुदान, राजकीय प्रदान, राजसहाय्य; **~ieren,** v/t (h.) के लिए आर्थिक सहायता देना।

Subvers-ion, f (-/-en) [lat.] उच्छेदन, विनाश, राज्योच्छेदन, विद्रोह या क्रान्ति द्वारा तख्ता पलट देना; **~iv,** adj. उच्छेदक, विनाशकारी, राज्योच्छेदक, विद्रोही, क्रान्तिकारी।

Such-aktion, f खोज-अभियान, खोज, तलाश; **~e,** f (-) अन्वेषण, खोज, तलाश; तलाशी, छानबीन, जाँच-पड़ताल; **~en,** 1. v/t (h.) खोजना, ढूँढ़ना, की तलाश क०; (erstreben) की इच्छा क० या रखना, को पाने का प्रयत्न क०, को चाहना या माँगना; (versuchen) का प्रयत्न क०, की कोशिश क०; U: was suchen Sie hier? आप यहाँ क्या कर रहे हैं ?, आप यहां कैसे?, आपका यहाँ क्या काम है?; das Weite suchen भाग जाना, पलायन कर जाना; Rat suchen (किसी की) राय माँगना या चाहना, (किसी से) परामर्श माँगना; er suchte ihm zu helfen उसने उसकी सहायता करने का प्रयत्न किया; 2. v/i (h.): nach etw./jdm. suchenकिसी वस्तु/व्यक्ति को ढूँढ़ना या खोजना, किसी वस्तु/व्यक्ति की तलाश में होना; **~er,** m (-s/-) phot: दृश्यदर्शी; **~erei,** f (-) U: छानबीन, खोजा-खाजी, तलाश, खोज; **~gerät,** n संसूचक यंत्र, खोज-यंत्र।

Sucht, f (-/⸗e) उन्माद, सनक, झक, उत्कट अभिलाषा, घोर लिप्सा; आसक्ति लत, व्यसन।

süchtig, adj. लिप्त, आसक्त, लती, व्यसनग्रस्त, आदी; **~keit,** f (-) लिप्तता, आसक्तता, आसक्ति, व्यसन-ग्रसतता।

Sud, m (-[e]s/-e) क्वाथ, काढ़ा; रसा, तरी, शोरबा।

Süd, 1. (-) geogr: →Süden; 2. m (-[e]s/-e) poet: दक्षिण से आनी वाली वायु, दक्षिणी वायु या पवन, दखिना; **~amerika,** n दक्षिणी अमरीका; **~amerikanisch,** adj. दक्षिणी अमरीका का; **~deutsch,** 1. adj. दक्षिणी जर्मनी का; 2. n (-[s]) दक्षिणी जर्मनी की भाषा (या बोलियाँ)।

Sudel-ei, f (-/-en) गंदगी (क०); कच्चा काम, फूहड़पन का काम, लापरवाही तथा गंदगी से किया गया काम; **~ig,** adj. गंदा; फूहड़पन से किया हुआ, लापरवाही तथा गंदगी के साथ किया हुआ; **~koch,** m मैला-कुचैला तथा गंदगी से काम करने वाला रसोइया, खराब रसोइया; **~n,** v/i (h.) गंदगी क०, गंदगी या कीचड़ में लोटना; फूहड़पन से काम क०, लापरवाही तथा गंदगी के साथ काम क०; **~wetter,** n कीचड़दार मौसम, गंदा मौसम।

Süd-en, m (-s) दक्षिण, दक्खिन, जुनूब; दक्षिणी क्षेत्र या प्रदेश; दक्षिण के राष्ट्र; **~früchte,** f/pl. दक्षिणी प्रदेशों के फल; **~länder,** m (-s/-) दक्षिणी देश का निवासी, दक्षिण का रहने वाला, दक्खिनी; **~ländisch,** adj. दक्षिणी, दक्खिनी, दक्षिणी देशों का, दक्खिन का; **~lich,** 1. adj. दक्षिणी, दक्खिनी; 2. adv. दक्षिण की ओर, दक्षिण में; 3. präp. (+gen.) के दक्षिण में, से दक्षिण की ओर; **~licht,** n दक्षिण ध्रुव-प्रकाश, दक्षिणध्रुव-प्रभा;

~ost(en), m दक्षिणपूर्व, अग्निकोण; **~pol,** m दक्षिणी ध्रुव, दक्षिणध्रुव; **~see,** f दक्षिण सागर, प्रशान्त महासागर का दक्षिणी भाग; **~wärts,**adv. दक्षिण की ओर; **~west(en),** m दक्षिणपश्चिम, नैॠत्य; **~wind,** m दक्षिणी पवन या वायु, दखिना ।

Suff, m (-[e]s) U: अत्यधिक मद्यपान; नशा; U: dem Suff verfallen sein पियक्कड़ होना, को पीने की लत पड़ जाना ।

süff-eln, v/t (h.) U: चुस्की लेते हुए पीना, मज़ा लेते हुए पीना; **~ig,** adj. ज़ायकेदार, स्वादिष्ट (अंगूरी आदि) ।

süffisant, adj. [frz.] आत्मसंतुष्ट, अहंकारपूर्ण ।

Suffix, n (-es/-e) [lat.] अंतसर्ग, प्रत्यय ।

suggerieren, v/t (h.) [lat.] के विचारों को प्रभावित क०; सुझाना, जताना, के दिमाग़ में लाना या बैठाना ।

Suggest-ion, f (-/-en) [lat.] विचारों को प्रभावित क०, व्यंजना, सम्मोहन; **~iv,** adj. विचारोत्तेजक, विचारों को प्रभावित करने वाला, अभिव्यंजक, उद्दीपक; **~ivfrage,** f संकेतक प्रश्न, सूचक प्रश्न ।

Suhle, f (-/-n) कीचड़ या गँदले पानी का गड्ढा; **~n,** v/r (h) कीचड़ में लोटना ।

Sühne, f (-/-n) प्रायश्चित्त; क्षतिपूर्ति, हरजाना; jur: विरोध-शमन, सुलह, मेल-मिलाप, संराधन; **~n,** v/t (h.) के लिए प्रायश्चित्त क०; की क्षतिपूर्ति क० का बदला या मूल्य चुकाना; **~opfer,** n देवताओं को प्रसन्न करने के लिए चढ़ाई गई वलि; **~termin,**m, jur: संराधन-तिथि; **~versuch,** m, jur: सुलह या मेल-मिलाप कराने का प्रयत्न ।

Suite, f (-/-n) [frz.] (Gefolge) परिजनसमूह, किसी बड़ी हस्ती के साथ चलने वालों का दल;(Zimmerflucht) कोष्ठावली, कमरों का सेट; mus: वाद्यसंगीत-रचना ।

Sukzess-ion, f (-/-en) [lat.]अनुक्रमण; अनुक्रम, सिलसिला, तारतम्य; उत्तराधिकार; राज्यारोहण, पदारोहण; **~iv,** adj. क्रमिक, आनुक्रमिक; **~ive,** adv. धीरे-धीरे, थोड़ा-थोड़ा करके ।

Sul-fat, n (-[e]s/-e) [lat.] chem: शुल्वीय, सल्फ़ेट; **~fid,** n (-[e]s/-e) शुल्वेय, सल्फ़ाइड; **~fit,** n (-s/-e) शुल्बित, सल्फ़ाइट ।

Sultanine, f (-/-n) [arab.] बीजरहित किशमिश ।

Sülze, f (-/-n) यूष की जेली, हड्डियों के क्वाथ की जेली; (Sole) लवण-जल, नमक का घोल; (Salzlecke) सुरक्षित वनों में पशुओं के लिए नमक डालने का स्थान; **~n,** v/i (h.) हड्डियों के क्वाथ की जेली बनाना; जंगली पशुओं को नमक डालना ।

Summ-and, m (-en/-en) [lat.] जोड़ी जाने वाली संख्या; **~arisch,** adj. संक्षिप्त; सरसरी; **~a summarum,** adv. कुल मिलाकर; **~ation,** f (-/-en) संकलन, जोड़, योग; **~e,** f (-/-n) संकलन-फल, योगफल, जोड़; कुल संख्या; रक़म, धनराशि; fig: समष्टि, साकल्य ।

summen, 1. v/i (h.) भिनभिनाना, गुंजारना, भनभनाना; 2. v/t (h.) गुनगुनाना।

summieren, v/t (h.) जोड़ना, का योगफल या मीज़ान निकालना; sich summieren इकट्ठा हो जाना, जमा हो जाना, बढ़ना, बढ़ जाना ।

Sumpf, m (-[e]s/ ⸚e) दलदल, धँसान, झाबर; fig: im Sumpf der Großstadt untergehen बड़े शहर के दूषित वातावरण में पतित हो जाना या पथभ्रष्ट हो जाना; **~en,** v/i (h.) U: लाम्पट्यपूर्ण जीवन बिताना; पीते-पिलाते सारी रात बिता देना ।

sümpfen, v/t (.) Bergwerk: का पानी निकालना, को सुखाना, Töp-

fermasse: गूँदना, रौंदना, रूँदना।

Sumpf-fieber, n मलेरिया; ~**ig,** adj. दलदला, दलदली, कीचड़दार ।

Sums, m (-es) U: बतंगड़, बखेड़ा; बकबास, अनर्गल प्रलाप।

Sund, m (-[e]s/-s) जलडमरूमध्य ।

Sünd-e, f (-/-n) पाप, पापकर्म, पातक, गुनाह; अपराध, दोष, जुर्म; ~**enbock,** m, U: बलि का बकरा, व्यक्ति जिस के सिर सारा दोष मढ़ा जाए; ~**enfall,** m आदिम पाप, आदम तथा उसकी पत्नी द्वारा ईश्वर के आदेश का उल्लंघन; ~**engeld,** n: das kostet ein Sündengeld यह बेहद महँगा है; ~**(en)los,** adj. पापरहित, बेगुनाह; ~**enpfuhl,**m पापकुंड; ~**enregister,** n, U: पापों की सूची; ~**er,** m (-s/-) पापी, पातकी, गुनाहगार; ~**flut,** f →Sintflut; ~**haft,** 1. adj. पापी, अघी, पाप से लदा हुआ, पातकी; व्यभिचारी, लम्पट; लाम्पट्यपूर्ण; U: अधिक; बहुत महँगा; 2. adv.: U: बेहद, बहुत अधिक, अत्यधिक; ~**ig,** adj. पापी, पातकी, गुनाहगार; ~**igen,** v/i (h.) पाप क०, ईश्वरीय विधान का उल्लंघन क०; U: अत्याचार क०, अन्याय क०, ज्यादती क० ।

süperb, adj. [frz.] भव्य, शानदार, अत्युत्कृष्ट, निहायत उम्दा ।

Super-(benzin), n उच्च अष्टीन्य-मान वाला पेट्रोल; ~**fein,** adj., U: बहुत अधिक बारीक या महीन; अत्युत्कृष्ट, निहायत उम्दा, बहुत ही बढ़िया; ~**klug,** adj., U: बहुत अधिक बुद्धिमान, चतुर, होशियार आदि ।

Superlativ,m (-s/-e) [lat.] gramm: उत्तमावस्था; fig: etw. in Superlativen preisen किसी वस्तु या बात की भूरि-भूरि प्रशंसा क०; ~**isch,** adj., gramm: उत्तमावस्था का; fig: अतिरंजित ।

Supermarkt, m [eng.] बड़ा बाज़ार, सुपर मार्केट ।

Suppe, f (-/-n) [frz.] शोरबा, रसा, सूप; U: jdm. die Suppe versalzen किसी का मज़ा किरकिरा कर देना; U: er findet immer ein Haar in der Suppe वह हमेशा कोई न कोई दोष निकाल लेता है; U: ihr habt mir eine schöne Suppe eingebrockt तुम लोगों ने यह अच्छा झंझट मेरे पीछे लगा दिया !; ~**ngrün,** n शोरबे या सूप में डालने का शाक तथा धनिया-पोदीना आदि; ~**nkaspar,** m, U: सूप न पसन्द करने वाला बच्चा, कम या बेमन से खाने वाला बच्चा; ~**nwürfel,** m जमाए हुए यूष का घनाकार टुकड़ा ।

suppig,adj. शोरबे जैसा पतला, पनियल ।

supranational,adj. [lat.] अधिराष्ट्रीय ।

Supremat, n/m (-[e]s/-e) [lat.] पोप का परमाधिकार; ~**ie,** f (-/-n) सर्वोच्चता, सर्वश्रेष्ठता; सर्वोपरिता, परमशक्तिमत्ता ।

Surrealis-mus, m [frz.] अतियथार्थवाद (बीसवीं सदी के प्रारंभ की साहित्य तथा कला की एक प्रवृत्ति); ~**t,** m (-en/-en) अतियथार्थवादी; ~**tisch,** adj. अतियथार्थवाद-संबंधी, अतियथार्थवाद पर आधारित, अतियथार्थवादी ।

surren, v/i (h.) खरखराना, सरसराना, फरफराना, खर्राना, फर्राना, फर्राहट की आवाज़ होना ।

Surrogat, n (-[e]s/-e) [lat.] अनुकल्प, कामचलाऊ वस्तु; स्थानापन्न एवजी, प्रतिहस्त ।

suspekt, adj. [lat.] संदिग्ध; संदेहास्पद ।

suspen-dieren, v/t (h.) [lat.] स्थगित कर देना, आस्थगित क०; मुअत्तल क०, निलंबित क०, कार्यवंचित क०; chem: किसी तरल पदार्थ में छितरा देना; med: मेरुदंड की चिकित्सा के लिए लटकाना (रोगी को); ~**sion,** f (-/-en) स्थगन, आस्थगन; मुअत्तली, निलंबन, कार्यवंचन; chem: ठोस कणों का तरल पदार्थ में छितराया जाना; तरल पदार्थ में तैरते हुए कण; med: अवलम्बन-चिकित्सा ।

süß, adj. मीठा, मिष्ट, शीरीं; fig: सुखद, प्रिय, रुचिकर; मधुर, सुरीला, कर्णप्रिय; U: मनोहर, आकर्षक, सुन्दर, रमणीय, प्यारा; fig: das süße Leben ऐश की ज़िन्दगी; **~e**, f (-) मीठापन, मिठास; मधुरता, माधुर्य, सुरीलापन; मनोहरता, आकर्षकता, आकर्षण, सौन्दर्य, रमणीयता; **~en**, v/t (h.) को मीठा क०, में मीठा मिलाना, में शक्कर, शहद, गुड़ आदि मिलाना; **~holz**, n मुलेठी; fig: Süßholz raspeln चापलूसी क०, चाटुकारिता क०; **~igkeit**, f (-/-en) मिठाई, मिष्टान्न; o.pl: → Süße; **~lich**, adj. अल्पमिष्ट, मीठा-सा; अप्रिय मिठास वाला; अप्रिय भीनेपन वाला; fig: भावुकतापूर्ण; अतिमधुर-भाषी; अतिरंजित माधुर्य से पूर्ण, अप्राकृतिक सौम्यता का; घृणोत्पादक माधुर्य या सौम्यता वाला; **~-sauer**, adj. खटमिट्ठा; **~speise**, f मिष्टान्न, भोजन के अन्त में खाया जाने वाला मिष्ट व्यंजन; **~stoff**, m सैकरिन; **~waren**, f/pl. मिठाइयाँ, शक्कर से बने खाद्यपदार्थ, मिष्टान्न; **~wasser**, n मीठा पानी।

Sutane, f → Soutane

suzerän, [frz.] 1. adj. सत्ताधारी; 2. m (-s/-e) अधिराज, अधिराट्; अधिराज्य; **~ität**, f अधिराजत्व।

Syllogis-mus, m (-/-'men)[griech.] निगमनिक तर्क; अवयवघटित वाक्य; **~tisch**, adj. निगमनिक।

Sylvester, n → Silvester

Symbio-se, f (-/-n) [griech.] सहजीवन, सहजीविता, अन्योन्यपोषकता; **~tisch**, adj. सहजीवी, अन्योन्य-पोषक।

Symbol, n (-s/-e) [griech.] प्रतीक; चिह्न, संकेताक्षर; **~ik**, f (-) प्रतीक-शास्त्र; प्रतीकार्थ, प्रतीक-प्रयोग, प्रतीकात्मक वर्णन; **~isch**, adj. प्रतीकात्मक; **~isieren**, v/t (h.) प्रतीक (या संकेत) द्वारा प्रस्तुत क०; **~ismus**, m (-) प्रतीकवाद; **~ist**, m (-en/-en) प्रतीकवादी; **~istisch**, adj. प्रतीक-वाद-संबंधी, प्रतीकवाद पर आधारित प्रतीकवादात्मक, प्रतीकवादी।

Symme-trie, f (-/-n) [griech.] सुडौलपन, सम्मिति; math: प्रति-साम्य, सममिति; **~trisch**, adj. सुडौल, सममित, प्रतिसम।

sympathetisch, adj. [griech.] सहानुभूतिशील, हमदर्द; गुप्त रूप से प्रभाव डालने वाला; अदृश्य, गुप्त।

Sympath-ie, f (-/-n)[griech.] सहानुभूति, समवेदना, हमदर्दी; अनुग्रह, अनुकम्पा, दया; झुकाव, स्नेह, सद्भाव; **~isch**, adj. अच्छा लगने वाला, प्रीतिकर, आकर्षक; **~isieren**, v/i (h.): mit etw./jdm. sympathisieren किसी बात/व्यक्ति से सहमत होना; किसी बात/व्यक्ति के प्रति झुकाव रखना या सहानुभूति रखना।

Symphonie, f (-/-n) → Sinfonie

Symposi-on,/~um, n (-s/-'sien) [griech.] विचार-गोष्ठी; विशेषज्ञों का सम्मेलन।

Symptom, n (-s/-e) [griech.] रोग-लक्षण; लक्षण, आसार, निशान, चिह्न; **~atisch**, adj रोगलक्षणों पर आधारित; लाक्षणिक, अभिलक्षक, विशेषता-सूचक।

Synagoge, f (-/-n) [griech.] यहूदियों का प्रार्थना-भवन या मंदिर।

synchron, adj. [griech.] समकालिक, एककालिक, तुल्यकालिक; समक्रमिक; **~isation**, f (-/-en) समकालन, तुल्यकालन; समक्रमण; **~isieren**, v/t (h.) समकालिक, तुल्यकालिक या समक्रमिक बनाना; Film: अनूदित संवादों से युक्त क०; ध्वनि को (मुँह की) गति के अनुसार चढ़ाना; **~isierung**, f → Synchronisation

Syndikat, n (-[e]s/-e) [lat./griech.] सिंडिकेट; अभिषद्, अध्यक्ष-सभा; kfm: व्यवसायसंघ, अभिषद्।

Syndrom, n (-s/-e) [griech.] med:

संलक्षण, लक्षण-समष्टि ।

syn-ergetisch, adj. [griech.] सहक्रियात्मक; सहक्रियाशील; **~ergie,** f (-) सहक्रिया ।

synod-al, adj. [griech.] धर्मसभा-विषयक, धर्मसभा-संबंधी, धर्मसभा-, धर्मसभा का; **~e,** f (-/-n) धर्मसभा ।

synonym, [griech.] 1. adj. समानार्थक, समानार्थी, पर्यायवाची; 2. n (-s/-e) पर्याय,समानार्थक या पर्यायवाची शब्द; **~ik,** f (-) पर्यायिकी; पर्यायत्व, समानार्थकता; पर्याय-संग्रह ।

Synop-se,/~sis, f (-/-'opsen) [griech.] रूपरेखा; सारांश, सार-संग्रह, संक्षिप्त विवरण; **~tisch,** adj. संक्षिप्त, सारिक, संक्षेपात्मक ।

syn-taktisch, adj. [griech.] वाक्यगत, वाक्य-रचना-संबंधी, वाक्य-विश्लेषण पर आधारित; **~tax,** f (-) वाक्य-रचना, वाक्य-विन्यास, वाक्य-विश्लेषण, वाक्य-विचार ।

Synthe-se, f (-/-n)[griech.] संयोजन, समन्वय, सामंजस्य, संयोग; philos: दो परस्पर विरोधी विचारों का एकीकरण या इस एकीकरण से उत्पन्न तीसरा विचार; chem: संश्लेषण; **~tisch,** adj. संश्लेषित, संश्लिष्ट, कृत्रिम; सांश्लेषिक; संयोगात्मक ।

Syphil-is, f (-)[lat.] उपदंश, आतशक, फिरंग; **~itiker,** m (-s/-) उपदंश का रोगी; **~itisch,** adj. उपदंशग्रस्त; उपदंशीय, उपदंशी, आतशक का ।

Syr-er, m (-s/-) सीरिया-निवासी; **~ien,** n (-s) सीरिया, **~isch,** adj. सीरिया का ।

System, n (-s/-e/ [griech.] व्यवस्था, तंत्र, संगठन; (Methode) प्रणाली, पद्धति; ढंग, विधि;(Theorie) सिद्धान्त, मत; वाद; (Plan) योजना; क्रम; (Netz) जाल, तंत्र; समूह, संहति; pol: शासन-प्रणाली, शासन-पद्धति; **~atik,** f (-/-en) सुव्यवस्थित प्रस्तुतीकरण; वर्गीकरण-विज्ञान; सिद्धान्तशास्त्र, व्यवस्थाबद्ध या प्रणालीबद्ध करने की कला; **~atiker,** m(-s/-) व्यवस्थाप्रिय व्यक्ति, व्यवस्थावादी; प्रणालीबद्ध काम करने वाला; **~atisch,** adj. सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध; प्रणालीबद्ध; योजनाबद्ध; ढंग का, बाक़ायदा; **~atisieren,** v/t (h.) सुव्यवस्थित क०, क्रमबद्ध क०; प्रणालीबद्ध क०; योजनाबद्ध क०; वर्गीकृत क० ।

Szen-ar, n (-s/-e) / **~arium,** n (-s/'rien) [griech.] दृश्यलेख; दृश्य-योजना, दृश्य-विधान; **~e,** f (-/-n) दृश्य; घटनास्थल; मंच, मंचसज्जा; घटना, तमाशा, प्रदर्शन; Beifall auf offener Szene अभिनय के बीच में साधुवाद;theat: ein Stück in Szene setzen किसी नाटक का रंगमंचीय निर्देशन तथा प्रबंध क०; fig: sich in Szene setzen लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयत्न क०, लोगों को प्रभावित करने का प्रयत्न क० या प्रभावित क०, केन्द्रबिन्दु बनना; fig: jdm. eine Szene machen किसी की घोर भर्त्सना क०, किसी को भली-बुरी सुनाना, किसी के साथ कलह क०; **~erie,** f (-/-n) मंचसज्जा, दृश्यबन्ध; परिदृश्य, प्राकृतिक दृश्य; **~isch,** adj. नाटकीय; दृश्य-विशेष के लिए आवश्यक; दृश्य-संबंधी ।

T

Tabak, m (-s/-e) [frz./span.] तम्बाकू; ~**sbeutel,** m तम्बाकू की थैली; ~**steuer,** f तम्बाकू-उत्पादन-कर।

Tabatiere, f (-/-n) [frz.] तम्बाकू का डिब्बा; सुँघनी की डिब्बिया।

tabell-arisch, adj. [lat.] सारणीबद्ध, तालिकाबद्ध; ~**arisieren,** v/t (h.) सारणीबद्ध या तालिकाबद्ध क०; ~**e,** f (-/-n) सारणी, तालिका।

Tabernakel, n/m (-s/-) [lat.] eccl: प्रकोश, वेदी-प्रकोश (जिसमें ख्रीस्तयाग की रोटिकाओं को रखा जाता है)।

Tablett, n (-[e]s/-e;-s) [frz.] ट्रे, किश्ती।

Tablette, f (-/-n) [frz.] टिकिया।

tabu, [polynes.] 1. adj. वर्जित, निषिद्ध; 2. n (-s/-s) वर्जना; वर्जित शब्द, बात, कर्म; ~**ieren,**/~**isieren,** v/t (h.) वर्जित क०।

Tabulator, m (-s/-en) [lat.] सारणी-यंत्र।

Tacho, m (-s/-s) [griech.] U: → Tachometer; ~**graph,** m (-en/-en) जवलिख, वेगलिख, रफ़्तार को अंकित करने वाला यंत्र; ~**meter,** n/m (-s/-) जवमान, वेगमापी।

Tadel, m (-s/-) (Rüge) भर्त्सना, डाँट, फटकार, निन्दा, गर्हण; (Kritik) आलोचना; (Makel) त्रुटि, कमी, दोष, ऐब; er ist über jeden Tadel erhaben वह सर्वथा अनिन्द्य है, उसमें कोई भी ऐब नहीं है; ~**los,** adj. अनिन्द्य; दोषरहित, त्रुटिहीन; पूर्ण, आदर्श; बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट, बहुत अच्छा; ~**n,** v/t (h.) की निन्दा, भर्त्सना या आलोचना क०, को डाँटना या डाँटना-फटकारना, के ऊपर असंतोष प्रकट क०; ~**nswert,** adj. निन्दनीय, गर्हणीय, निन्द्य; दोषी, सदोष।

Tafel, f (-/-n) [lat.] फलक, तख्ता, पट्ट, पट्टिका, तख्ती, पटिया; किसी वस्तु का चपटा तथा चौकोर टुकड़ा, टिकिया; zum Schreiben: श्यामपट्ट; पट्टी, तख्ती, स्लेट; (gedeckter Tisch) भोजन से सजी मेज़, खाने की मेज़; (Tabelle) सूची, तालिका, सारणी; Illustration: चित्र, रेखाचित्र, निदर्शन-चित्र; eine Tafel Schokolade चॉकलेट की एक टिकिया; die Tafel aufheben भोजन समाप्त करने का संकेत देना; ~**berg,** m समतल शीर्ष वाला पर्वत; ~**freuden,** f/pl: Tafelfreuden genießen (अच्छे तथा सुस्वादु) भोजन का आनन्द लेना; ~**land,** n पठार, अधित्यका, उच्च-समभूमि; ~**leinen,** n मेज़पोश का कपड़ा; ~**n,** v/i (h.) (भोजन की मेज़ पर) भोजन क०।

täfeln, v/t (h.) काष्ठास्तरण क०, तख्ताबंदी क०, पर तख्ते या पटियाँ जड़ना।

Tafelrunde, f [frz.] भोजन की मेज़ पर बैठे लोग; विशेष अतिथियों के साथ भोजन।

Täfelung, f (-/-en) काष्ठास्तरण, तख्ताबन्दी, तख्ते या पटियाँ।

Tafel-wasser, n (भोजन के साथ पीने का) बोतलों में भरा जल; ~**wein,** m (भोजन के साथ पीने की) अपेक्षाकृत सस्ती अंगूरी।

Taft, m (-[e]s/-e) [ital.] ताफ़्ता; ~**en,** adj. ताफ़्ते का।

Tag, m (-es/-e) दिन, दिवस, रोज़; दिवालोक, दिन का प्रकाश; unter Tage arbeiten खान के अन्दर काम क०; guten Tag! दिन के समय का अभिवादन; Tag für Tag हर (आये) दिन; dieser Tage इन दिनों, अभी कुछ दिव पहले; alle Tage हर दिन,

रोज़; vor Jahr und Tag बहुत दिनों पहले, बहुत समय पहले; eines (schönen) Tages एक दिन; in den Tag hinein leben लापरवाही का जीवन व्यतीत क०, यों ही दिन काटना; fig: seine Tage sind gezählt वह अधिक दिनों तक जीने वाला नहीं है, उसके दिन पूरे होने वाले हैं; etw. an den Tag bringen/ziehen किसी बात का भंडाफोड़ क०, किसी बात को को सब के सामने लाना; poet: der Tag des Herrn रविवार; poet: vor Tau und Tag बहुत तड़के, बहुत सवेरे; **~aus,** adv.: tagaus, tagein हर दिन, रोज़, सदैव, हमेशा; **~ebau,** m भूतल पर खनिकर्म, ज़मीन के ऊपर खनिज-अर्जन; **~ebuch,** n दैनिकी; **~edieb,**m आलसी या निष्क्रिय व्यक्ति; **~egeld,** n दैनिक भत्ता; **~elang,** 1. adj. कई दिनों का; 2. adv. कई दिनों तक; **~elohn,**m दिहाड़ी, रोज़ीना, एक दिन का पारिश्रमिक; **~elöhner,** m (-s/-) दिहाड़ी पर काम करने वाला; **~en,** v/i (h.) दिन निकालना, पौ फटना; (eine Tagung abhalten) सभा क०; की बैठक होना, का अधिवेशन होना।

Tages-ablauf, m दैनिक कार्यक्रम; दिन-विशेष का कार्यक्रम; **~anbruch,** m अरुणोदय, उषाकाल, भोर; **~befehl,** m, mil: दैनिक आदेश; **~ereignis,** n किसी दिन की सबसे महत्वपूर्ण घटना; **~gespräch,** n सब की चर्चा का विषय; **~kasse,**f, theat: अग्रिम बुकिंग की खिड़की; **~kurs,** m, kfm: दिन-विशेष की विनिमय-दर, दिन-विशेष का निर्ख या भाव; **~licht,**n दिवालोक, दिन का प्रकाश; fig: etw. ans Tageslicht bringen किसी बात को सर्वविदित क०,किसी बात को सबके सामने लाना, किसी बात का भंडाफोड़ क०; **~ordnung,** f कार्यसूची, कार्यावली, किसी बैठक का कार्यक्रम; fig: das ist an der Tagesordnung यह तो रोज़मर्रा की बात है, यह तो रोज़ या अक्सर होता है; **~schau,** f दैनिक समाचार-दर्शन; **~zeit,** f समय, वक्त; um welche Tageszeit? किस समय?, कितने बजे?; **~zeitung,** f दैनिक समाचारपत्र।

tag-eweise, adv. दिनों के हिसाब से; **~(e)werk,** n एक दिन का काम,दिन-विशेष का काम; रोज़ का काम; **~hell,** adj. दिन की तरह प्रकाशमान् या प्रकाशित।

täglich, 1. adj. दैनिक, रोज़ का, प्रतिदिन का; 2. adv. प्रतिदिन, रोज़, रोज़ाना।

tag-s,adv. दिन के समय;tags darauf उसके दूसरे दिन; tags zuvor उससे पिछले दिन; **~süber,** adv. दिन को, दिन के दौरान, दिन के समय; **~täglich,** adv. प्रतिदिन, हर दिन, हमेशा, सदैव; **~undnachtgleiche,** f विषुव; **~ung,** f (-/-en) बैठक, सभा, सम्मेलन, अधिवेशन।

Taifun,m (-s/-e) [chin.] प्रचंड तूफ़ान, टाइफ़ून।

Taill-e, f (-/-n) [frz.) कमर, कटि, मध्यभाग; U: कटि-विस्तार; **~ieren,** v/t (h.) (कमीज़, कोट आदि में) कमर छाँटना, कमर के पास के विस्तार को कम क०; ein tailliertes Hemd कमर के पास कम विस्तार वाली कमीज़।

Takel,n(-s/-)mar: रस्सों को कसने की कप्पी या घिरनी, हस्तघर्घरी; **~age,** f (-/-n)जहाज़ का साज़-सामान (रस्से, पाल, मस्तूल आदि); **~n,** v/t (h.)जहाज़ को आवश्यक साज़-सामान से सज्जित क०।

[1]**Takt,** m (-[e]s/-e) [lat.] mus: ताल; regelmäßige Bewegung: गतिचक्र, आवर्ती गति, चरण।

[2]**Takt,**m (-[e]s)[frz.] व्यवहार-कौशल, शऊर; **~gefühl,** n व्यवहारशीलता, व्यवहार-कौशल; समयोचित व्यवहार करने की सहज प्रतिभा या क्षमता।

[1]**taktieren,** v/i (h.) ताल देना ।

[2]**takt-ieren,** v/i (h.) युक्ति से काम क०, युक्ति से काम निकालना, चतुराई या चालाकी क०; ~**ik,** f (-/-en) mil: रणकौशल, रणनीति; fig: युक्ति, चाल, चतुराई, चालाकी, दाँवपेच; ~**isch,** adj. रणनीति-संबंधी, रणकौशल का, रणनीतिक; सामरिक; fig: चतुर, चालाक, कुशल; युक्तियुक्त, चतुराई का, चालाकी का ।

taktlos, adj. व्यवहार में अकुशल, वेशऊर; अविचारित, वेशऊरी का, वेहूदगी का; ~**igkeit,** f (-/-en) अकुशल व्यवहार, व्यवहार-कौशल की कमी, अभद्रता, वेशऊरी ।

Taktstock, m ताल-दंडिका (संगीत-निर्देशक की) ।

taktvoll, adj. व्यवहारिक, व्यवहारशील व्यवहार-कुशल ।

Tal, n (-[e]s/ ⁻er) घाटी; उपत्यका ।

Talar, m (-s/-e) [lat.] चोग़ा, लवादा ।

Talent, n (-[e]s/-e) [lat./griech.] प्रतिभा, मेधा; क्षमता, योग्यता, निपुणता; ~**iert,** adj. प्रतिभाशाली, मेधावी; क्षम, निपुण; ~**los,** adj. प्रतिभाहीन; अक्षम, नालायक; ~**voll,**→talentiert

Taler, m (-s/-) एक पुराना जर्मन सिक्का; spw: wer den Pfennig nicht ehrt, ist des Talers nicht wert चुल्लू-चुल्लू साधेगा तो द्वारे हाथी बाँधेगा ।

Talg, m (-[e]s/-e) गो-वसा; भेड़ की चरबी; कड़ी चरबी; ~**drüse,** f वसा-ग्रंथि; त्वग्वसा-ग्रंथि; ~**ig,** adj. वसामय; चरबी जैसा ।

Talisman, m (-s/-e) [frz.] तावीज़, गंडा, जन्तर ।

Talk, m (-[e]s) [frz./lat.] सेलखड़ी, सिलखड़ी ।

Talkessel, m गोल घाटी ।

Talkum, n (-s) → Talk

Talmi, n (-s) [frz.] नक़ली सोना ।

Talmud, m (-[e]s) [hebr.] यहूदी विधि-संग्रह, तालमूद; ~**isch,** adj. तालमूद-संबंधी, तालमूद का, तालमूदीय ।

Tal-sohle, f घाटी का धरातल; ~**sperre,** f घाटी से गुज़रती हुई नदी के प्रवाह को रोककर बनाया गया जलाशय ।

Tamarinde, f (-/-n) [arab.] इमली ।

Tambour, m (-s/-e) [frz.] ढोलकिया, नगाड़ा बजाने वाला, तम्बूर-वादक ।

Tamburin, n (-s/-e) [frz.] डफली, खंजरी ।

Tampon, m (-s/-s) [frz.] med: ठेंठी जैसा फाहा, टैम्पन, ठेंठी; ~**ade,** f (-/-n) व्रण या घाव आदि में फाहे की ठेंठी का भरा जाना; ~**ieren,** v/t (h.) में फाहे की ठेंठी भरना ।

Tamtam, n (-s) U: धूम-धड़ाका, शोर-शराबा, शोरगुल; बतंगड़, झमेला, झंझट; धूमधामी विज्ञापन ।

Tand, m (-[e]s) [lat.] काठ-कबाड़, रद्दी सामान; टूम-छल्ला ।

Tändel-ei, f (-/-en) [lat.] चोचलेबाज़ी, इश्क़बाज़ी; आमोद-प्रमोद, हँसी-मज़ाक़; ~**n,** v/i (h.) इश्क़ लड़ाना, इश्क़बाज़ी क०, चोचलेबाज़ी क०; अमोद-प्रमोद क०, हँसी-मज़ाक़ क०; (trödeln) समय गँवाना, बहुत धीरे-धीरे काम क० ।

Tandem, n (-s/-s) [eng.] दो सीटों वाली साइकिल; आगे-पीछे जुते हुए दो घोड़ों वाली घोड़ागाड़ी ।

Tändler, m (-s/-) इश्क़बाज़; आमोद-प्रमोद करने वाला, मज़ाक़िया आदमी; dial: कबाड़ी ।

Tang, m (-[e]s/-e) [dän.] समुद्री शैवाल ।

Tangen-s, m (-/-) [lat.) math: स्पर्शज्या; ~**te,** f (-/-n) स्पर्शरेखा ।

tangieren, v/t (h.)[lat.] की स्पर्शरेखा होना, को स्पर्श क०; fig: पर प्रभाव डालना; के लिए महत्वपूर्ण होना; से संबंध रखना ।

Tango, m (-s/-s) [span.] टांगो-नृत्य ।

Tank, m (-[e]s/-s;-e) [eng.] टंकी;

mil: टैंक, दुर्गयान; **~en,** v/i & v/t (h.) पेट्रोल आदि भरना; **~er,** m (-s/-) mar: टंकी-जहाज़, तेल-पोत; **~stelle,** f स्थान जहाँ गाड़ियों में पेट्रोल भरा जाता है, पेट्रोल-पम्प; **~wagen,** m टंकी-ट्रक; **~wart,** m पेट्रोल-पम्प पर काम करने वाला, गाड़ियों में पेट्रोल भरने वाला।

Tanne, f (-/-n) तालीशपत्र, एक प्रकार का देवदारु; **~n,** adj. तालीशपत्र की लकड़ी का; **~nbaum,** m तालीशपत्र का वृक्ष; **~nwald,** m तालीशपत्र-वन; **~nzapfen,** m तालीशपत्र का शंकु-फल।

Tante, f (-/-n) [frz.] फूफी, बूआ; चाची, ताई; मौसी, खाला; मामी, माईं; U: कोई (अपरिचित) औरत; बच्चों द्वारा किसी अपरिचित स्त्री के संबोधन का शब्द।

Tantieme, f (-/-n) [frz.] स्वत्व-शुल्क, रॉयल्टी।

Tanz, m (-es/⸚e) [frz.] नृत्य, नाच; नृत्य-संगीत; U: झगड़ा, टंटा, कलह; fig: ein Tanz auf dem Vulkan संकटपूर्ण स्थिति में रंगरलियाँ; **~abend,** m सांध्यकालीन नृत्य-गोष्ठी; **~bein,** n, U: das Tanzbein schwingen नाचना, नृत्य क०; **~boden,** m नृत्यशाला, नृत्य-कक्ष।

tänzeln, v/i (h.;s.) कुदकना, कुदकते हुए चलना, उछलते हुए या नाचते हुए चलना; Pferd: कुदकना, रहवाल चलना।

tanzen, 1. v/i (h.;s.) नाचना, नृत्य क०; नृत्य करते-करते बढ़ना या पहुँचना; fig: durchs Leben tanzen हँसी-खुशी की जिन्दगी बिताना, निश्चिन्त होकर दिन काटना; 2. v/t (h.) नाचना (नृत्य-विशेष को); sich müde tanzen नाचते-नाचते थक जाना।

Tänzer, m (-s/-) नर्तक; **~isch,** adj. नृत्य-संबंधी, नृत्यात्मक, नर्तकीय।

Tanz-fläche, f नाचने का फ़र्श; **~lustig,** adj. नाचने का शौक़ीन; **~musik,** f नृत्य-संगीत; **~platte,** f नृत्य-संगीत का रेकॉर्ड; **~schritt,** m नृत्य-पग; **~schule,** f नाच सिखाने वाला स्कूल; **~stunde,** f नृत्य-प्रशिक्षण, नाच (सीखने) का घंटा।

Taper-greis, m, U:जराजीर्ण आदमी, बहुत बूढ़ा आदमी; **~ig,** adj., U: जराजीर्ण, जराग्रस्त, बुढ़ापे के कारण अशक्त **~n,** v/i (h.;s.) काँपते या डगमगाते हुए चलना।

Tapet, n (-[e]s/-e) [frz.] U: etw. aufs Tapet bringen किसी विषय की चर्चा चलाना, किसी बात, समस्या, प्रस्ताव आदि को विचार-विमर्श के लिए सामने रखना।

Tape-te, f (-/-n) [lat.] भित्तिपत्र, दीवारी काग़ज़, दीवार मढ़ने का (बेल-बूटेदार) काग़ज़; **~zieren,** v/t (h) काग़ज़ से मढ़ना (दीवारों को); **~zierer,** m (-s/-) दीवारों को (बेल-बूटेदार) काग़ज़ से मढ़ने वाला।

Tapfe, f (-/-n) / **~n,** m (-s/-) पैर की छाप, पदचिह्न।

tapfer, adj. वीर, बहादुर, साहसी, दिलेर, निडर, पराक्रमी; **~keit,** f (-) वीरता, बहादुरी, साहस, दिलेरी, पराक्रम।

tapp-en, v/i (h.;s.) U: धब-धब करते हुए चलना; टटोलते हुए चलना या बढ़ना; U: की ओर (टटोलते हुए) हाथ बढ़ाना; **~(e)rig,** / **~ig,** adj., U: अनाड़ी, गावदी; भद्दा, भोंड़ा।

täppisch → tapperig

taprig, → taperig

Taps, m (-es/-e) U: अनाड़ी, गावदी; अकुशल व्यक्ति या बालक; **~en,** v/i (h.;s.) U: टेढ़े-सीधे क़दम रखते हुए चलना, पैर घसीटे हुए चलना; **~ig,** adj., U: अकुशल, अनाड़ी, गावदी; भद्दा, भोंड़ा, बेढंगा।

Tara, f (-/-'ren) [ital.] पैकिंग का वज़न, धारक-भार; भारमोक।

Tarantel, f (-/-n) [ital.] दक्षिणी यूरोप में पायी जाने वाली बड़े आकार

की मकड़ी, तरन्तुला; fig: er sprang auf wie von der Tarantel gestochen वह अचानक झटके के साथ उठ खड़ा हुआ।

Tarif, m (-s/-e) [frz.] मूल्य, शुल्क, सीमाशुल्क, कर, महसूल आदि की निर्धारित दर; दर-सूची; für Löhne: वेतन-क्रम, (कर्मचारी-संघ के साथ समझौते के द्वारा) निर्धारित वेतनमान; **~lich,** adj. निर्धारित दर या वेतनमान पर आधारित; **~lohn,** m निर्धारित वेतन; **~vertrag,** m व्यवसायी-संघ तथा श्रमिक-संघ के बीच वेतनमान एवं कार्य-समय आदि (के समझौते) की संविदा।

Tarn-anzug, m निगोपन-वर्दी; **~en,** v/t (h.) को छद्मावरण से छिपाना, का छद्मावरण क०; को कोई छद्म रूप देना; fig: (किसी बात या अभिप्राय आदि) को छिपाना या दूसरे रूप में प्रस्तुत क०, पर परदा डालना; **~farben,** f/pl., mil: निगोपन-रंग; **~ung,** f (-/-en) छद्मावरण, छन्नावरण; fig: किसी बात को छिपाने का प्रयत्न।

Tasche, f (-/-n) झोला, थैला; थैली, बटुआ; an Kleidungsstücken: जेब; zool: धानी; fig: jdm. auf der Tasche liegen किसी के खर्च पर (पड़ा) रहना, किसी के व्यय पर दिन काटना; fig: die Hände auf der Tasche halten कृपण या कंजूस होना; U: in die eigene Tasche arbeiten अपनी जेबें भरना, बेईमानी करके फ़ायदा उठाना या कमाना; U: jdn. in die Tasche stecken किसी को अपनी मुट्ठी में कर लेना, किसी से कहीं अधिक चतुर होना,किसी को अपनी योग्यता या चतुराई से हरा देना; U: jdn. in der Tasche haben किसी को अपनी मुट्ठी में कर रखना, किसी को अपने वश में कर रखना; **~nbuch,** n जेबी किताब, पत्रावरणबद्ध पुस्तिका; **~ndieb,** m जेबकतरा, गिरहकट; **~ngeld,** n जेबखर्च; **~nkalender,** m जेबी डायरी; **~nlampe,** f जेबी टॉर्च; **~nmesser,** n छोटा चाक़ू, जेबी चाक़ू; **~nspieler,** m बाज़ीगर; **~ntuch,** n रूमाल; **~nuhr,** f जेबघड़ी।

Taschner, /Täschner, m (-s/-) चमड़े के थैले बनाने वाला।

Tasse, f (-/-n) [frz.] प्याला, प्याली।

Tastatur, f (-/-en) [lat.] पियानो आदि के परदों का पटल; कुंची-गण (टाइपराइटर में)।

Tast-e, f (-/-n) [ital.] कुंची, बटन; पियानो आदि का परदा; **~n,** 1. v/t: (h.) टटोलना, टटोलकर देखना; sich tasten टटोलते हुए बढ़ना, टटोल-टटोलकर पहुँचना; 2. v/i (h.) टटोलना, टटोलते हुए हाथ बढ़ाना, टटोलकर ढूँढना; nach etw. tasten किसी चीज़ की ओर टटोलते हुए या सावधानी से हाथ बढ़ाना; fig: किसी बात को जानने के लिए सावधानीपूर्वक प्रश्न क०, किसी बात का सावधानीपूर्वक पता लगाना; **~sinn,** m स्पर्श-संवेदन, स्पर्शानुभूति।

Tat, f (-/-en) कार्य, कृत्य कर्म, काम; Straftat: अपराध, जुर्म; ein Mann der Tat कर्मठ आदमी, काम करने वाला आदमी (बातें मारने वाला नहीं); in der Tat सचमुच, वास्तव में, असल में दर हक़ीक़त,दर असल;spw: wie die Tat, so der Lohn जैसी करनी वैसी भरनी।

[1]**Tatar,** m (-en/-en) तातार, तातारी।

[2]**Tatar,** n (-[s]) गो-मांस का क़ीमा (जिसे कच्चा खाया जाता है)।

Tat-bestand, m वस्तुस्थिति; jur: अपराध के तथ्य; **~endrang,/~endurst,** m कर्म-तृष्णा, कुछ कर दिखाने की उत्कट इच्छा, प्रबल कर्मठता; **~enfroh,** adj. कर्मठ, कर्मण्य, खुशी या उत्साह के साथ काम करने वाला; **~enlos,** 1. adj. निष्क्रिय; अकर्मण्य; 2. adv. हाथ पर हाथ रखे, बिना कुछ कहे या किए।

Täter, m (-s/-) अपराधी, मुजरिम; **~schaft,** f (-) अपराध, जुर्म।

Tatform, f, gramm: कर्तृवाच्य ।
tätig, adj. कार्यरत, काम करता हुआ, नौकरी करता हुआ; कर्मण्य, क्रियाशील; सक्रिय; ~**en,** v/t (h.) करना, कार्यान्वित क०; पूरा क०, निष्पादित क०, सम्पादित क०; ~**keit,** f (-/-en) कार्य, काम, कार्यकलाप; प्रकार्य, क्रिया; (Beschäftigung) व्यवसाय, धंधा, नौकरी; ~**keitsform,** f→Tatform; ~**keitswort,** n, gramm: क्रिया ।
Tat-kraft, f कर्मशक्ति, ऊर्जस्विता; ~**kräftig,** adj. ऊर्जस्वी, कर्मठ, कर्मण्य; सक्रिय ।
tätlich, adj. हिंसापूर्ण, हिंसात्मक; gegen jdn. tätlich werden किसी पर हाथ उठाना, किसी को मारना या मारने लगना; ~**keit,** f (-/-en) मार-पीट, हाथापाई ।
Tatort, m अपराध-स्थल ।
tätowier-en, v/t (h.) गोदना, त्वचोत्कीर्णन क०; ~**ung,** f (-/-en) त्वचोत्कीर्णन, गुदाई; गोदा, गुदना ।
Tat-sache, f तथ्य; सत्य, सच्चाई, वास्तविकता, असलियत, हक़ीक़त; सम्पन्न कार्य; jdn. vor vollendete Tatsachen stellen किसी को कोई बात तब बताना जब उसमें कोई परिवर्तन संभव न हो; auf dem Boden der Tatsachen bleiben वास्तविकताओं से दूर न होना, वास्तविकता को न भूलना, हक़ीक़त को नजरन्दाज न क०; ~**sachenbericht,** m तथ्य-वर्णन, तथ्यात्मक वर्णन; ~**sächlich,** 1. adj. तथ्यात्मक, तथ्यक; वास्तविक, असली, यथार्थ; 2. adv. वस्तुतः, वास्तव में, सचमुच ।
tätscheln, v/t (h.) प्यार से थपथपाना।
tatschen, v/t (h.) U: को अनाड़ीपन से पकड़ना या हाथ लगाना; पर (घृष्टना या निर्लज्जता से) हाथ फिराना ।
Tatt-erich, m (-s) U: (हाथों का) काँपना (बुढ़ापे के कारण); ~**(e)rig,** adj. काँपता हुआ, काँपते हुए हाथों वाला, बुढ़ापे के कारण हिलता हुआ, जराजीर्ण ।
Tatze, f (-/-n) U: पंजा (शेर, बाघ, चीते आदि का); U: हाथ; हाथ पर छड़ी का प्रहार ।
[1]**Tau,** n (-[e]s/-e) मोटा रस्सा ।
[2]**Tau,** m (-[e]s) ओस ।
taub, adj. बहरा, बधिर; Gliedmaßen: सुन्न, संवेदनशून्य; Gestein: खनिज-रहित, बेकार; Nuß: रिक्त, ख़ाली, खोखला, बिना गिरी का ।
Taube, f (-/-n) कपोत, कबूतर, कबूतरी; ~**ngrau,** adj. कबूतर के रंग का, स्लेटी; ~**nschlag,** m दरबा ।
Täuberich, m (-[e]s/-e) नर-कपोत, कबूतर ।
Taub-heit, f (-) बहरापन, बधिरता; सुन्नता, संवेदनशून्यता; रिक्तता, ख़ालीपन, खोखलापन; ~**stumm,** adj. मूक-बधिर, बहरा तथा गूँगा ।
tauch-en, 1. v/i (h.;s.) ग़ोता लगाना, पानी के नीचे तैरना या रुकना; 2. v/t (h.) को ग़ोता देना, डुबाना, बोरना; ~**er,** m (-s/-) ग़ोताख़ोर, ग़ोतामार; zool: पनडुब्बी पक्षी, पनडुब्बा; ~**erglocke,** f अंतर्जलीय (शोध-) कार्य के लिए प्रयुक्त घन्टाकार यान; ~**sieder,** m निमज्जन-तापक, पानी गरम करने का बिजली का उपकरण जिसे पानी में डुबो दिया जाता है ।
tauen, v/i (h.) पिघलना (बर्फ़ का) ।
Tauf-e, f (-/-n) बपतिस्मा; fig: जहाज़ का ससमारोह नामकरण; fig: etw. aus der Taufe heben किसी संस्था आदि का सहसंस्थापक होना; ~**en,** v/t (h.) को बपतिस्मा देना; fig: का ससमारोह नामकरण क०; का नाम रखना, को (कोई)नाम देना; U: Wein: में पानी मिलाना ।
Täuf-er, m (-s/-) बपतिस्मा-दाता; ~**ling,** m (-s/-e) बपतिस्मा पाने वाला शिशु या व्यक्ति ।
Taufname, m बपतिस्मा-नाम, पुकारने का नाम ।

taufrisch, adj., fig: बिल्कुल ताज़ा, एकदम ताज़ा; अक्षता, अक्षतयोनि ।

Tauf-schein, m बपतिस्मा का प्रमाण-पत्र; **~stein,** m गिरजाघर की जल-कुंडिका जिसके पवित्र जल से बपतिस्मा दिया जाता है; **~wasser,** n बपतिस्मा देने का पवित्र जल ।

taug-en, v/i (h.) उपयोगी, लाभदायक, फ़ायदेमन्द, सार्थक होना; काम का या मतलब का होना; योग्य होना, क्षम होना; zu etw. taugen किसी काम के योग्य होना;das taugt nichts यह बिल्कुल बेकार है; **~enichts,** m (-[es]/-e) नाकारा या निकम्मा इंसान; **~lich,** adj. उपयोगी, लाभदायक, काम का, मतलब का; योग्य, क्षम; **~lichkeit,** f (-) उपयोगिता, लाभदायकता; योग्यता, क्षमता ।

Taumel, m (-s/-) चक्कर, घुमटा, घुमड़ी; fig: उन्माद, नशा; **~ig,** adj. चक्कर से आक्रान्त; **~n,** v/i (h.;s.) लड़खड़ाना, लड़खड़ाते हुए चलना, झूमना, झूमते हुए चलना ।

Taupunkt, m ओसांक ।

Tausch, m (-es/-e) विनिमय, आदान-प्रदान, अदला-बदली; **~en,** v/i & v/t (h.) (का) विनिमय क०, (की) अदला-बदली क०; बदलना; mit jdm. tauschen किसी के साथ किसी वस्तु या काम आदि की अदला-बदली क० या कर लेना; Küsse tauschen एक दूसरे का चुम्बन क० ।

täusch-en, 1. v/t (h.) को धोखा, चरका या झाँसा देना; को भ्रम में डालना या बहकाना; को पूरा न क०, पर पानी फेर देना; jds. Hoffnungen täuschen किसी की आशाओं पर पानी फेर देना; 2. v/r (h.) धोखा खा जाना, भ्रम में पड़ जाना, ग़लती क० या कर बैठना, ग़लती या भ्रम में होना; sich in jdm. täuschen किसी को कुछ का कुछ समझना या समझ बैठना, किसी की ओर से निराश हो जाना; **~end,** adj. भ्रामक, भ्रान्तिकर, भ्रमजनक; विस्मयकारी; **~er,** m (-s/-) सौदागर; धोखा, चरका या झाँसा देने वाला व्यक्ति ।

Tausch-geschäft, n (वस्तु-) विनिमय, अदला-बदली; **~handel,** m वस्तु-विनिमय (-व्यापार), अदला-बदली का व्यापार ।

Täuschung, f (-/-en) धोखा, झाँसा, चरका; भ्रम, भ्रान्ति; हाथ की सफ़ाई, हस्त-लाघव; **~smanöver,** n, mil: दुश्मन को भुलावे में डालने का प्रयत्न, भुलावा, मिथ्याक्रमण; fig: भुलावा, चरका, जुल, ध्यान दूसरी ओर करने की तरकीब ।

tausend, 1. adj. हज़ार, सहस्र; fig: अनेकानेक, अनगिनत, अगणित; die Menschen kamen zu Tausenden लोग हज़ारों की संख्या में आए; fig: tausend Dank बहुत-बहुत धन्यवाद; 2. n (-s/-e) सहस्रक; 3. f (-/-en) हज़ार की संख्या; **~er,** m (-s/-) हज़ार का नोट; **~erlei,** adj., fig: अनगिनत (प्रकार का); अनेकानेक बातें या काम; **~fach** ,/ **~fältig,** adj. सहस्रगुण, हज़ारगुना, सहस्रविध; **~füßler,** m (-s/-) बहुपदधारी कीट, कनखजूरा, गोजर, काँतर; **~jährig,** adj. सहस्रवर्षीय, हज़ार साल का; **~künstler,** m बाज़ीगर;हरफ़नमौला; **~mal,** adv. हज़ार बार; fig: अनेकानेक बार; **~sas(s)a,**m(-s/-[s]) U: बहुमुखी प्रतिभा वाला व्यक्ति, हरफ़नमौला; बिना सोचे-विचारे जूझ पड़ने वाला; **~stel,** n (-s/-) हज़ारवाँ अंश या भाग ।

Tautolo-gie, f (-/-n) [griech.] द्विरुक्ति, पुनरुक्ति; **~gisch,** adj. पुनरुक्त, द्विरुक्त, पुनरुक्तात्मक, पुनरुक्तिपूर्ण ।

Tauwerk, n (-[e]s) जहाज़ के सभी रस्से, आलात ।

Tauwetter, n हिम-द्रवण का मौसम, मौसम जिसमें बर्फ़ का पिघलना प्रारंभ हो जाए ।

Tauziehen, n रस्सा-कशी; fig: खींच-तान।

Taverne, f (-/-n) [lat.] कलवरिया, मधुशाला, शराबखाना, मयख़ाना।

Taxameter, m (-s/-) [lat./griech.] टैक्सी का मीटर।

Tax-ator, m (-s/-en) मूल्यांकक, आगणक; मूल्य-निर्धारक; **~e,** f (-/-n) मूल्यांकन, आगणन; मूल्य निर्धारण; निर्धारित मूल्य; (Gebühr) शुल्क; (Taxi) टैक्सी।

Taxi, n (-s/-s) टैक्सी।

tax-ieren, v/t (h.) का मूल्यांकन क०; का मूल्य निर्धारित क०; **~wert,** m आँका हुआ मूल्य, अनुमानित मूल्य।

Tech-nik, f (-)[frz.] तकनीकी विज्ञान; अभियांत्रिकी, यंत्र-शास्त्र; (pl: Techniken) तकनीक, प्रविधि; क्रियाविधि, विधि, ढंग, प्रणाली, तरीक़ा; **~niker,** m(-s/-) प्रविधिज्ञ; यंत्रविद्, अभियन्ता, तकनीकी जानकारी रखने वाला व्यक्ति; **~nikum,** n (-s/-'ka) औद्योगिक विद्यालय, तकनीकी स्कूल, शिल्प-विद्यालय; **~nisch,** adj. तकनीकी, प्राविधिक, प्रावैधिक; यांत्रिक, अभियांत्रिक; क्रियाविधि-संबंधी, विधि-विषयक; शिल्पीय; **~nisieren,** v/t (h.) यांत्रिक या यंत्रचालित बनाना, तकनीकी बनाना, तकनीकी साधनों का प्रयोग क०; **~nokrat,** m (-en/-en) प्रोद्योगतंत्रवादी, उद्योगतंत्रवादी; **~nokratie,** f (-) प्रोद्योगतंत्र; उद्योगतंत्र; **~nologie,** f (-) प्रौद्योगिकी, उद्योगविज्ञान।

Techtelmechtel, n (-s/-) साँठ-गाँठ, प्रेम-संबंध।

Teddy, m (-s/-s)/ **~bär,** m [eng.] बच्चों के खेलने का कपड़े आदि का भालू।

Tee, m (-s/-s) [frz.] चाय; **~-Ei,** n चाय बनाने के लिए प्रयुक्त धातु का छेददार अंडा (जिसमें चाय की पत्तियों को भर कर गरम पानी में लटका दिया जाता है); **~löffel,** m छोटा चम्मच।

Teer, m (-s/-e) डामर, तारकोल, अलकतरा; **~en,** v/t (h.) पर तारकोल बिछाना या लगाना; **~ig,** adj. डामर जैसा, चिपचिपा; डामर से आच्छादित, डामरयुक्त; **~jacke,** f (साधारण) नाविक, सामुद्रिक।

Tee-rose, f भारतीय गुलाब, भारत-पाटल; पीला गुलाब; **~wagen,** m पहियेदार किश्ती या ट्रे।

Teich, m (-[e]s/-e) सरोवर, तालाब, ताल, छोटी झील, पोखर, तलैया; **~rose,** f जल-नलिनी; **~wirtschaft,** f तालावों में मछलियाँ पालने का धंधा।

Teig, m (-[e]s/-e) गुँधा या सना आटा; **~ig,** adj. गुंधे आटे जैसा; Obst: मुलायम, पिलपिला; **~waren,** f/pl. मैदे से बनी वस्तुएँ।

Teil, m (-[e]s/-e) भाग, अंश, हिस्सा; टुकड़ा, खंड; des Körpers: अंग, अवयव; einer Maschine: पुरज़ा, अवयव; jur: पक्ष; ich für mein(en) Teil जहाँ तक मेरा प्रश्न है; sich sein(en) Teil denken किसी बात के बारे में अपने व्यक्तिगत विचार बनाना या रखना, किसी बात के बारे में कुछ मन ही मन सोचना; zum großen Teil अधिकांशतः, अधिकतर; काफ़ी हद तक, अधिकतर अंशों में; zum Teil अंशतः, कुछ अंशों में; **~bar,** adj. भाज्य, विभाज्य, विच्छेद्य; **~betrag,** m क़िस्त, अंशिका; **~en,** v/t (h.) विभाजित क०; बाँटना; में हिस्सा बँटाना; का सम्मिलित रूप से प्रयोग क०; को सम्मिलित रूप से मानना या महसूस क०; math: भाग देना; jds. Ansicht teilen किसी से सहमत होना; mit jdm. ein Zimmer teilen किसी के साथ एक ही कमरे में रहना, किसी कमरे का किसी के साथ सम्मिलित रूप से प्रयोग क०; fig: geteilter Meinung sein (किसी बात पर) असहमत या भिन्नमत होना; spw: geteilte Freude ist doppelte Freude सुख

बाँटने से दुगुना हो जाता है; spw: geteiltes Leid ist halbes Leid दुःख बाँटने से आधा रह जाता है; ~**er,** m (-s/-) math: भाजक; ~**haben,** v/i (h.): an etw. teilhaben किसी बात में सम्मिलित होना या भाग लेना; ~**haber,** m(-s/-) kfm:भागी, साझेदार; ~**haberschaft,** f (-) भागिता, साझेदारी, साझा; ~**haftig,** adj.: einer Sache teilhaftig werden किसी चीज़ में हिस्सेदार बन जाना, को (भी) कोई चीज़ प्राप्त हो जाना, को (भी) किसी चीज़ का अनुभव हो जाना; ~**nahme,** f भाग लेना, शामिल होना; (Interesse) रुचि, दिलचस्पी; (Anteilnahme) सहानुभूति, हमदर्दी; jur: सहापराधिता, अपराध में सहयोग; ~**nahmslos,** adj.अनाकृष्ट, उदासीन, विरक्त, निश्चेष्ट; ~**nahmsvoll,** adj. आकृष्ट, उत्सुक; सहानुभूतिशील, सहृदय, हमदर्द; ~**nehmen,** v/i (h.) में भाग लेना, में सम्मिलित होना; ~**nehmer,** m (-s/-) भाग लेने वाला; sport: प्रतियोगी; ~**s,** adv. अंशतः, कुछ अंशों में; ~**ung,** f (-/-en) विभाजन; बँटवारा; math: भाग; ~**weise,** 1. adj. आंशिक; 2. adv. अंशतः, कुछ अंशों में; ~**zahlung,** f क़िस्त; अंशिका; क़िस्तों में अदायगी।

Tein, n (-s) चाय की पत्तियों में निहित कैफ़ीन।

Teint, m (-s/-s) [frz.] मुखराग, स्वाभाविक मुख-रंग, रूप-रंग।

Tekto-nik, f (-) [griech.] रचनाशास्त्र, निर्माणिकी; वास्तुशिल्प; geol: संरचनान्तरिकी, विवर्तनिकी; रचिति; ~**nisch,** adj. रचनाशास्त्र-संबंधी, रचनाशास्त्र पर आधारित; विवर्तनिक; वास्तुशिल्पीय।

Telefon, n (-s/-e) [griech.] टेलीफ़ोन, दूरभाष; ~**at,** n (-[e]s/-e) टेलीफ़ोन-वार्ता, टेलीफ़ोन पर बातचीत; ~**buch,** n दूरभाष-निर्देशिका, दूरभाष-पुस्तक; ~**gespräch,** n →Telefonat; ~**ie,** f (-) दूरभाष-व्यवहार, टेलीफ़ोनी; ~**ieren,** v/i (h.) टेलीफ़ोन क॰, फ़ोन क॰; ~**isch,** 1. adj. दूरभाषिक; 2. adv. टेलीफ़ोन पर, टेलीफ़ोन द्वारा; ~**istin,** f (-/-nen) दूरभाष-चालिका; बड़े दफ़्तरों में टेलीफ़ोन मिलाने वाली स्त्री, टेलीफ़ोन वाली; ~**nummer,** f टेलीफ़ोन-नम्बर; ~**zelle,** f सार्वजनिक टेलीफ़ोन-कोष्ठ।

telegen, adj. [griech.] टेलीविज़न (-चित्र) के लिए उपयुक्त, जिसकी तस्वीर टेलीविज़न-पट पर अच्छी लगे।

Telegraf, m (-en/-en)→Telegraph

Telegramm n (-s/-e) [griech.] तार, टेलीग्राम, दूरलेख; ~**adresse,** f तार का पता; ~**bote,** m तार-वितरक, तार बाँटने वाला डाकिया; ~**stil,** m तार-भाषा की शैली, लुप्तपदीय शैली।

Telegraph, m (-en/-en) [griech.] तारयंत्र, तारप्रेषण-यंत्र; ~**ie,** f (-) तारसंचार; ~**ieren,** v/t (h.) तार द्वारा भेजना या प्रेषित क॰, (का) तार देना या भेजना; ~**isch,** adj. तार-संचार-संबंधी; तार का, तार द्वारा प्रेषित।

Telekolleg, n (-s/-s;-'gien) टेलीविज़न द्वारा प्रौढ़-शिक्षा, टेलीविजन का प्रौढ़-शिक्षा-विभाग।

Teleobjektiv, n [griech.] phot: दूरभा-वीक्ष।

Telepath, m (-en/-en) [griech.] दूरबोधी, दूरसंवेदी; ~**ie,** f (-) दुरबोध, दूरसंवेदन, दूरानुभूति; विचार-संक्रमण, चेतनासंवहन; ~**isch,** adj. दूरानुभूति पर आधारित, विचार-सक्रमणात्मक।

Telephon, n→ Telefon

Teleskop, n (-s/-e) [griech.] दूरेक्ष, दूरदर्शक यंत्र, दूरबीन; ~**isch,** 1. adj. दूरेक्षीय, दूरबीनी; 2. adv. दूरबीन की सहायता से।

Telex, n (-) [griech.] तारलेखी दूरमुद्रक (द्वारा भेजा गया समाचार)।

Teller, m (-s/-) [frz.] तश्तरी, रक़ाबी; प्लेट; der Hand: हथेली ।
Tempel, m (-s/-) [lat.] मंदिर, देवालय; fig: पवित्र स्थान, पुण्य-स्थान; **~herr,** m सैनिक धर्मसंघी ।
Trichin-e,f (-/-n) [griech.] ऊतिकृमि, तन्तुकृमि; **~ös,** adj. ऊतिकृमियुक्त ।

Trichter, m (-s/-) [lat.] कीप, छुच्छी; कोई भी कीपाकार वस्तु; Explosionsloch: गह्वर, विस्फोटजन्य गर्त; U: auf den (richtigen) Trichter kommen को किसी समस्या का (सही) हल मिल जाना; **~förmig,** adj. कीपाकार ।

Trick, m (-s/-s;-e) [eng.] तरकीब, युक्ति; चाल, दाँव, चालाकी; हाथ की सफ़ाई, हस्त-लाघव; करतब, कमाल; **~film,** m चलचित्र जिसमें कमाल की घटनाओं को प्रदर्शित किया जाए; कार्टून-फ़िल्म ।

tricksen, v/i (h.) U: विरोधी को चतुराई से मात कर देना; (फ़ुटबॉल में) विरोधी को चकमा देकर गेंद आगे बढ़ा ले जाना ।

Trieb, m (-[e]s/-e) सहजवृत्ति, नैसर्गिक प्रवृत्ति; भोगेच्छा; आकस्मिक प्रबल आकांक्षा, प्रेरणा; प्रेरक शक्ति; bot: अंकुर, कल्ला; अंकुरण-शक्ति; tech: नोदन, प्रणोदन; **~feder,** f घड़ी की मुख्य कमानी; fig: प्रेरक शक्ति, प्रेरक हेतु; **~haft,** adj. वृत्तिक, नैसर्गिक प्रवृत्ति का; आन्तरिक प्रेरणा द्वारा उत्पन्न; पशुवत्, अपनी भोगेच्छाओं का ग़ुलाम; कामुक;

~**wagen,** m इंजनयुक्त सवारी-डिब्बा (ट्राम या रेलगाड़ी का); ~**werk,** n चालन-संयंत्र, नोदन-संयंत्र ।

Trief-auge, n आँख जिससे अक्सर पानी बहता रहे, कीचड़दार आँख; ~**äugig,** adj. कीचड़दार आँखों वाला, जिसकी आँखों से अक्सर पानी बहता रहे; ~**en,** v/i (n.) बहना, टपकना; से तर-बतर होना, से लथपथ होना, से सराबोर होना; fig: von Freundlichkeit triefen अत्यन्त विनयपूर्ण या सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार क० ।

triezen, v/t (h.) U: को छेड़ना, तंग क०, परेशान क०; को चिढ़ाना या खिजाना; को सताना, की नाक में दम क० ।

Trift, f (-/-en) पशुचारण, चराई; पशुचारण का अधिकार; चरागाह; पशुओं को चरागाह ले जाने का मार्ग; mar: हवा के कारण समुद्र में लहरों का उठना, समुद्रजल का वहाव; Flößerei: लकड़ी के लट्ठों का एक-एक करके नदी के बहाव के साथ किसी स्थान तक पहुँचाया जाना; ~**en,** v/t (h.)बहाकर किसी स्थान तक पहुँचाना ।

triftig, adj. वज़नी, महत्वपूर्ण, अहम; अकाट्य; प्रत्यायक, प्रत्ययकारी, युक्तियुक्त ।

trigon-al,adj.[lat./griech.]त्रिकोणीय, तिकोना;~**ometrie,**f (-)त्रिकोणमिति; ~**ometrisch,** adj. त्रिकोणमितीय ।

Trikot, [frz.] 1. n(-s/-s) खेल-कूद या व्यायाम आदि की तंग पोशाक; 2. m (-s/-s) (बनियान या खेल-कूद आदि की पोशाक के लिए प्रयुक्त) लचीला कपड़ा ।

Triller, m (-s/-) [ital.] गिटकिरी, स्वरकम्पन; ~**n,** v/i (h.) गिटकिरी भरना, स्वर कँपाना; चहचहाना; ~**pfeife,** f थर्राती हुई आवाज़ वाली सीटी ।

Trilogie,f (-/-n) [griech.] नाटकत्रय; ग्रंथत्रय, त्रयी ।

trimmen, v/t (h.) Schiff: लदान को जहाज़ के भिन्न भागों में सुव्यवस्थित क० (जिससे वह पानी में सीधा चल सके); Hund: के बाल छाँटना या कतरना; fig: jdn. auf etw. trimmen किसी को किसी कार्य-विशेष या बात-विशेष के लिए सिखाकर पक्का क०; fig: sich trimmen व्यायाम द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ रखना या बनाना ।

Trinität, f (-) [lat.] eccl: त्रित्व; त्रियेक परमेश्वर (की अभिव्यक्ति) ।

trink-bar, adj. पेय, पीने के योग्य; ~**en,** 1. v/i (h.) शराब पीना, मद्यप होना, पियक्कड़ होना; 2. v/t (h.) पीना, का पान क०; poet: सोख लेना, अन्तःशोषण क०, चूस लेना; auf jds. Wohl trinken किसी की सलामती का जाम पीना; U: jdn. unter den Tisch trinken किसी को शराब पीने में हरा देना, किसी साथ पीने वाले की तुलना में कहीं अधिक शराब पीना; U: eins/einen über den Durst trinkenअधिक शराब पी लेना या पीना; ~**er,**m(-s/-)मद्यप, शराबी, पियक्कड़; ~**fest,** adj. जो शराब की अधिक मात्रा बरदाश्त कर सके, जिसे अधिक शराब पीने पर भी नशा न चढ़े; ~**gelage,** n पानगोष्ठी (जिसमें बहुत अधिक मदिरापान किया जाए);~**geld,** n बख्शीश; ~**spruch,** m (मद्यपान के साथ) शुभकामना; ~**stube,** f पानकक्ष, छोटी मधुशाला; ~**wasser,** n पीने का पानी ।

Trio, n (-s/-s) [ital.] U: तिगड्ड; mus: तीन गायकों या वादकों की मंडली; तीन गायकों या वाद्यों के लिए संगीत-रचना ।

Triode, f (-/-n) [griech.] त्रि-अग्र, त्र्यग्र, ट्रायोड ।

Trip, m (-s/-s) [eng.] सैर, आमोद-यात्रा; यात्रा, दौरा; U: स्वापक पदार्थों के सेवन के बाद की सुखानुभूति; सुख-बोध के लिए आवश्यक स्वापक पदार्थ

की मात्रा ।

trippeln, v/i (s.) कुदकना, फुदकना, छोटे-छोटे क़दम रखकर चलना या दौड़ना ।

Tripper, m (-s/-) med: सूज़ाक, गनवरिया ।

trist, adj. [frz.] निरानन्द, नीरस, उदास; सुनसान, उजाड़ ।

Tritt, m (-[e]s/-e) पग, क़दम; पग-ध्वनि, पदचाप; (Fußtritt) पादप्रहार, चरणाघात, लात, ठोकर; (Gleichschritt) समान गति की चाल; (Fußspur) पदचिह्न; पैर का निशान; (Trittbrett) पायदान; tech: यंत्र का पैर से चलाया जाने वाला पुर्ज़ा, पैडल; mil: Tritt fassen क़दम मिलाना; jdm. auf Schritt und Tritt folgen छाया (या परछाईं) की तरह किसी का पीछा क०; **~brett,** n पायदान; **~leiter,** f दो या तीन सोपान की टुटवाँ सीढ़ी ।

Triumph, m (-[e]s/-e) [lat.] विजय, जीत, फ़तह; अपूर्व सफलता, बहुत बड़ी कामयाबी; उल्लास, महान प्रसन्नता, आनन्द; Triumphe feiern बहुत बड़ी कामयाबी हासिल क०, अपूर्व सफलता प्राप्त क०; **~al,** adj. विजयसूचक; महान, अपूर्व; **~bogen,** m विजय-तोरण; **~ieren,** v/i (h.) उल्लसित होना, आनन्दित होना, सफलता की खुशी मनाना; **~zug,** m जय-यात्रा, विजयोत्सव-जुलूस ।

Triumvirat, n (-[e]s/-e) [lat.] शासकत्रय; त्रिशासकत्व, त्रिशासन, त्रितंत्र ।

trivial, adj. [frz.] तुच्छ, नगण्य; सारहीन, खोखला, घिसा-पिटा; **~ität,** f (-/-en) तुच्छता, नगण्यता; सारहीनता, खोखलापन, घिसापिटापन; घिसी-पिटी बात ।

trocken, adj. सूखा, शुष्क; अनार्द्र, खुश्क; (ausgetrocknet) सुखाया हुआ; सूख गया हुआ; (regenarm) निर्वृष्टि, जहाँ कम वर्षा होती हो, कम वर्षा वाला, वर्षाहीन; Haut/Haar: रुक्ष, शुष्क; Wein/Sekt: अमिष्ट, कड़वा-सा, खट्टा-सा; Humor/Witz: शुष्क, रुक्ष; Antwort: खरा, दो-टूक, सीधा-सीधा; fig: (langweilig) नीरस, उबाऊ; einen trockenen Mund haben का मुँह खुश्क होना या हो जाना, के मुँह में खुश्की होना; trockenes Brot सूखी रोटी; केवल रोटी; ein trokenes Jahr वृष्टिहीन या कम वर्षा वाला वर्ष; eine trockene Bemerkung दो-टूक बात, खरी बात; fig: auf dem trockenen sitzen परेशानी में होना; अर्थसंकट में होना; U: eine trockene Kehle haben को प्यास लगी होना; शराब का शौक़ीन होना; **~boden,** m कपड़े आदि सुखाने की अटारी; **~dock,** n सूखी या निर्जल गोदी; **~futter,** n सूखा चारा; **~haube,** f बाल सुखाने का छत्र या टोप; **~heit,** f (-) शुष्कता, खुश्की; सूखा, अनावृष्टि, जलाभाव; **~legen,** v/t (h.) Säugling: को सूखे कपड़े पहनाना; Sumpf: से पानी निकालना, को सुखाना; **~milch,** f दुग्ध-चूर्ण, सूखा दूध; **~zeit,** f वृष्टिहीन मौसम ।

trocknen, 1. v/i(s.) सूखना, सूख जाना; 2. v/t (h.) सुखाना ।

Troddel, f (-/-n) फुँदना, झब्बा ।

Tröd-el, m (-s) काठ-कबाड़, रद्दी सामान; घटिया सामान; **~elei,** f (-) U: ढिल्लड़पन, लद्धड़पन, सुस्ती, आलसीपन, काहिली; **~eln,** v/i (h.) काठ-कबाड़ का धन्धा क०, रद्दी समान बेचने का धन्धा क०; U: आलस क०, धीरे-धीरे काम क०; सुस्ती या आलस में समय गँवाना; **~ler,** m (-s/-) कबाड़ी; U: दीर्घसूत्री या चिरकारी व्यक्ति, ढिल्लड़, लद्धड़, सुस्त, आलसी आदमी; समय गँवाने वाला ।

Trog, m(-[e]s/ ⸚e) द्रोण, द्रोणिका, नाँद ।

trollen, v/r (h.) शर्माकर या लज्जित होकर चला जाना ।

Trommel, f (-/-n) ढोल, नगाड़ा, डंका,

मृदंग, तबला;बेलन, बेलनाकार आधान; die Trommel schlagen/rühren ढोल, नगाड़ा, डंका आदि बजाना या पीटना; fig: für etw. die Trommel rühren किसी बात के लिए प्रचार क०, किसी वस्तु या बात का प्रचार क०; **~ei,** f (-/-en) U: ढोल या नगाड़े आदि का अप्रिय वादन या शोर; **~fell,** n ढोल या नगाड़े आदि का चमड़ा; anat: कर्णपटल, कर्णमृदंग, कान का परदा; **~feuer,** n, mil: भयंकर गोलाबारी; **~n,** 1. v/i (h.) ढोल, नगाड़ा, मृदंग आदि बजाना; fig: उँगलियों या पैरों से बार-बार प्रहार क०, पीटना, ठोंकना; gegen die Tür trommeln दरवाज़ा पीटना, दरवाज़े पर बार-बार प्रहार क० या ठोकर मारना; 2. v/t (h.) को ढोल या मृदंग आदि पर बजाना; U: jdn. aus dem Schlaf trommeln (दरवाज़े पर) खट-खट करके किसी को जगा देना; **~revolver,** m रिवाल्वर; **~wirbel,** m ढोल, नगाड़े या मृदंग आदि का अतिद्रुत वादन।

Trommler, m(-s/-) ढोल, मृदंग, नगाड़ा आदि बजाने वाला।

Trompete, f (-/-n) [frz.] मुँह से बजाया जाने वाला धातु का एक वाद्य-यंत्र, ट्रम्पेट, तूर्य, तुरही; **~n,** v/i (h.) ट्रम्पेट बजाना; Elefant: चिंघाड़ना; **~nstoß,** m तूर्यनाद, ट्रम्पेट की आवाज़; **~r,** m (-s/-) ट्रम्पेट बजाने वाला।

Tropen, pl. [griech.] उष्णकटिबंध, अयनमंडल; **~fest,** adj. उष्णकटि-बंधीय जलवायु के लिए उपयुक्त; **~helm,** m सोला हैट; **~klima,** n उष्णकटिबंधीय या उष्णप्रदेशीय जलवायु; **~koller,** m, med: उष्णप्रदेश में रहने वाले विदेशियों को होने वाला उन्माद-रोग; **~tauglich,** adj. उष्ण-प्रदेश में रहने के योग्य।

Tropf, m (-[e]s/⸚e) U: बुद्धू, मूर्ख, बोड़मबसन्त; U: ein armer Tropf अभागा इंसान, दया के योग्य व्यक्ति।

tröpfeln, 1. v/t (h.) बूँद-बूँद करके डालना; 2. v/i (h.) बूँद-बूँद करके टपकना या गिरना; U: बूँदाबाँदी होना, हल्की बारिश होना।

[1]**Tropfen,** m (-s/-) बूँद, क़तरा; med: बूँदों के हिसाब से सेवन की जाने वाली औषधि; Tropfen förmiges: बूँद के आकार की कोई वस्तु; fig: किसी तरल पदार्थ की अत्यल्प मात्रा; fig: nur ein Tropfen auf den heißen Stein ऊँट के मुँह में ज़ीरा; U: ein guter Tropfen ज़ायकेदार अंगूरी, सुस्वादु अंगूरी।

[2]**tropf-en,** 1. v/t (h.) बूँद-बूँद करके डालना या गिराना; 2. v/i (h.) बूँद-बूँद करके गिरना; टपकना, चूना; **~enförmig,** adj. बूँद के आकार का; **~enweise,** adv. बूँद-बूँद करके; **~naß,** adj. तर-बतर, सराबोर; **~stein,** m निच्यावाश्म, निश्चुताश्म, टपकते हुए पानी से चूने का निक्षेप; **~steinhöhle,** f निच्यावाश्म-कन्दरा।

Trophäe, f (-/-n) [frz.] विजयचिह्न; शिकार किए हुए पशु का परिरक्षित सिर आदि।

tropisch, adj. उष्णकटिबंधीय, अयन-वृत्तीय, उष्णप्रदेशीय।

Troposphäre, f (-)[griech.] परिवर्ती-मंडल, क्षोभमंडल।

Troß, m (-'sses/-'sse) [frz.] mil: संभार, साथ का सामान; रसद; fig: अनुचरगण, अनुयायीगण।

Trosse, f (-/-n) [frz.] मोटा रस्सा; संदाम, तीनपान, तारों से बटा हुआ रस्सा।

Trost, m (-es) सान्त्वना, दिलासा, ढाढ़स, तसल्ली, धीरज, धैर्य; jdm. Trost zusprechen किसी को ढाढ़स बँधाना, किसी को दिलासा देना, किसी को धीरज बँधाना; U: Sie sind wohl nicht ganz bei Trost! आपका दिमाग़ तो नहीं ख़राब हो गया है!; **~bedürftig,** adj. जिसे सान्त्वना

की आवश्यकता हो; **~bringend,** adj. सान्त्वनादायी, ढाढ़स बँधाने वाला, सान्त्वनाकारी, सान्त्वनाप्रद ।

tröst-en, v/t (h.) को सान्त्वना, दिलासा, तसल्ली देना, को धीरज या ढाढ़स बँधाना; को बहलाना, का मन बहलाना; sich trösten अपना मन बहलाना, तसल्ली या सान्त्वना पाना; **~er,** m (-s/-) दिलासा या सान्त्वना देने वाला, धीरज बँधाने वाला; U: शराब, मदिरा; **~lich,** adj. सान्त्वनादायक, सान्त्वनाकारी ।

trost-los, adj. निराश, हतोत्साह, निराशोन्मत्त; निराशाजनक; fig: निर्जन, सुनसान, उजाड़, निरानन्द; **~preis,** m समाश्वासक पुरस्कार, सान्त्वना-पुरस्कार ।

Tröstung, f (-/-en) धीरज या ढाढ़स बँधाना, सान्त्वना या दिलासा देना; सान्त्वनाप्रद बात, सान्त्वना देने का प्रयत्न ।

Trott, m (-[e]s/-e) [ital./frz.] मंथरगति, धीमी चाल; धीमी दुलकी (घोड़े की; fig: एक ही ढर्रे का काम, घिसा-पिटा ढर्रा, नैत्य मंथरगति; fig: immer im gleichen Trott हमेशा एक-सी (ढीली-ढाली) रफ़्तार से ।

Trottel, m (-s/-) U: मन्दमति, जड़मति या मूर्ख व्यक्ति; **~haft,/~ig,** adj., U: मन्दमति या मूर्ख व्यक्ति की तरह आचरण करने वाला; भुलक्कड़, विस्मरणशील; असावधान, लापरवाह ।

trott-eln,/~en, v/i (s.) मंथरगति से चलना, धीरे-धीरे तथा लापरवाही से जाना या पहुँचना ।

Trottoir, n (-s/-e;-s) [frz.] पदातिपथ, पार्श्वपथ, पटरी ।

[1]**trotz,** präp. (+gen.) के बावजूद, के होते हुए भी; trotz des Verbotes मनाही (या निषेध) के बावजूद ।

[2]**Trotz,** m (-es) हठ, ज़िद; अवज्ञा, द्रोह, उपेक्षा, अवहेलना; etw. aus Trotz tun किसी काम को द्रोह (या हठ) की भावना से क०; jdm. Trotz bieten किसी को चुनौती देना, किसी का मुक़ाबला क०, किसी की अवज्ञा क०; allen Warnungen zum Trotz सारी चेतावनियों के बावजूद, सारी चेतावनियों की उपेक्षा करते हुए ।

trotzdem, adv. फिर भी, तथापि, तिस पर भी ।

trotz-en, v/i (h.) का मुक़ाबला क०, का विरोध क०; की उपेक्षा या अवहेलना क०; ज़िद क०, हठ क०; से रूठना, के साथ मनमुटाव होना; **~ig,** adj. अवज्ञाकारी, उद्धत; हठी, हठीला, ज़िद्दी, निमानिया; **~kopf,** m अवज्ञाकारी या ज़िद्दी इंसान; **~köpfig,** adj.→trotzig

trüb(e), adj. गँदला, आविल, पंकिल, अस्वच्छ; दूधिया, अपारदर्शी, गंदा, मलिन; Licht: धुँधला, मन्द; Wetter: मेघाच्छादित; मेघाच्छन्न; (traurig) विषादमय; उदास, विषण्ण, मलिन; U: बुरा, ख़राब; प्रतिकूल; अप्रिय; U: eine trübe Tasse नीरस व्यक्ति; U: im trüben fischen अव्यवस्था का अनुचित लाभ उठाना, किसी अस्पष्ट स्थिति का अनुचित लाभ उठाना ।

Trubel, m (-s/-) [frz.] चहल-पहल, धूम-धड़क्का, रेल-पेल, भीड़-भड़क्का, गुलगपाड़ा ।

trüb-en, v/t (h.) को गँदला, मलिन, धुँधला क०; को दूधिया या अपारदर्शी बना देना; fig: को कम क० या घटाना, पर बुरा प्रभाव डालना, बिगाड़ देना, किरकिरा कर देना; der Himmel hat sich getrübt आकाश मेघाच्छन्न हो गया है; fig: jds. Stimmung trüben किसी की मनःस्थिति पर बुरा प्रभाव डालना, किसी को उदास कर देना; fig: im hohen Alter hatte sich sein Geist getrübt बुढ़ापे में उसका दिमाग़ कमज़ोर हो गया था; U: er tut, als könne er kein Wässerchen trüben वह बड़ा भोला (या मासूम) बनता है; **~heit,** f (-) गँदलापन, आविलता, पंकिलता, अस्वच्छता, मलिनता; धुँधलापन; मेघमयता; **~sal,** f

विषाद, विषण्णता, दुःख, मनस्ताप; U: Trübsal blasen विषण्ण, उदास या दुःखी होना, दुःख मनाना; ~**selig,** adj. विषण्ण, उदास, दुःखी; निरुत्साह; विषादमय, विषादजनक; निरानन्द; बहुत ख़राब; ~**sinn,** m विषाद, विषण्णता, उदासी; मालीख़ूलिया, विषाद-रोग; ~**sinnig,** adj. विषादी, विषादग्रस्त; विषण्ण, उदास; ~**ung,** f (-/-en) गँदला, मलिन, धुँधला क० या होना; गँदलापन, मलिनता; धुँधलापन; विगड़ना, ख़राब होना; मनोमालिन्य, बिगाड़; कमज़ोरी (दिमाग़ आदि की)।

trudeln, v/i (s.) चक्कर खाना, चक्कर खाते हुए गिरना।

Trüffel, f (-/-n) [niederl.] कन्द-कवक।

Trug, m (-[e]s) धोखा, छल, कपट, झाँसा; भ्रम, भ्रान्ति; ~**bild,** n दृष्टि-भ्रमजन्य आभास; मृगमरीचिका; fig: मनोलीला, मनोरथसृष्टि, ख़याली पुलाव, कभी न पूरी होने वाली आशा।

trüg-en, v/t& v/i (h.) धोखा देना; भ्रम में डालना; भ्रामक या भ्रान्तिकर होना; der Schein trügt बाह्य रूप और वास्तविकता में बहुत अन्तर होता है, हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और; ~**erisch,** adj. भ्रामक, भ्रान्तिकर; छलपूर्ण, कपटपूर्ण; झूठा (भरोसा आदि)।

Trugschluß, m त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष; भ्रम, ग़लतफ़हमी, ग़लत ख़याल।

Truhe, f (-/-n) बकस, संदूक, पेटी।

Trümmer, pl. भग्नावशेष; खंडहर।

Trumpf, m (-[e]s/ ⸚e) [lat.] तुरुप; fig: सबसे कारगर साधन या युक्ति, ब्रह्मास्त्र; fig : einen Trumpf ausspielen सबसे कारगर साधन का प्रयोग क०; ~**en,** v/t (h.) तुरुप से काटना।

Trunk, m (-[e]s) (मदिरा)पान; मदिरासक्ति, पीने की लत; (pl: Trünke) पेय; dem Trunk ergeben sein पियक्कड़ होना, शराब का लती होना; ~**en,** adj. मदोन्मत्त, मस्त, मदहोश; fig: vor Freude trunken ख़ुशी से मतवाला; ~**enbold,** m (-[e]s/-e) मद्यप, पियक्कड़, नशेबाज़; ~**enheit,** f (-) नशा, शराब का नशा; ~**sucht,** f मद्यासक्ति, मदिरासक्ति, पीने की लत, शराब की लत; ~**süchtig,** adj. मदिरासक्त, शराब का लती।

Trupp, m (-s/-s) [frz.] दल, समूह; टोली, मंडली; ~**e,** f (-/-n) mil: दस्ता, टुकड़ी, सैनिक-टुकड़ी; सेना, फ़ौज; theat: नाटक-मंडली, अभिनेताओं की मंडली; ~**enübung,** f, mil: सैनिक-अभ्यास; युद्धाभ्यास।

Truthahn, m नर-पीरू।

Tschechoslowak-e, m (-n/-n) चेकोस्लोवाकिया-निवासी; ~**ei,** f चेकोस्लोवाकिया; ~**isch,** adj. चेको-स्लोवाकिया का।

tschilpen, v/i (h.) चहचहाना।

tschüs, int., U: अच्छा चलते हैं !, अच्छा नमस्कार ! (परिचित लोगों के बीच विदाई के समय प्रयुक्त)।

Tuba, f (-/-'ben) [lat.] भोंपू जैसा बड़े आकार का एक वाद्य।

Tube, f (-/-n) [lat.] (मंजन आदि का) ट्यूब।

Tuber-kel, m (-s/-)/f (-/-n) [frz./lat.] यक्ष्मिका; ~**kulös,** adj. यक्ष्मा-ग्रस्त, यक्ष्मा से पीड़ित; ~**kulose,** f (-/-n) क्षयरोग, यक्ष्मा, राजरोग, तपेदिक।

Tuch, 1. n (-[e]s/-e) कपड़ा, वस्त्र, ऊनी कपड़ा; 2. n (-[e]s/ ⸚er) कपड़े का सिला हुआ चौकोर टुकड़ा (जैसे रूमाल, तौलिया, दुपट्टा आदि); ~**en,** adj. कपड़े का; ~**fühlung,** f एक दूसरे से सटकर खड़े होने की स्थिति; fig: (निकट)सम्बन्ध, सम्पर्क; auf Tuchfühlung gehen एक दूसरे से सटकर खड़ा होना या बैठना; fig: mit jdm. in Tuchfühlung stehen किसी के सम्पर्क में होना, का किसी से सम्पर्क होना; fig: mit

jdm. Tuchfühlung aufnehmen किसी के साथ सम्पर्क स्थापित क० ।
tüchtig, 1. adj. कार्यक्षम, कार्य-कुशल, योग्य, दक्ष, निपुण, प्रवीण; (ordentlich) अच्छा, बढ़िया, ढंग का; तगड़ा, जोरदार; काफ़ी बड़ा, बहुत; 2. adv., U: ख़ूब, अच्छी तरह से, कसकर, डटकर; **~keit,** f (-) कार्यक्षमता, योग्यता, दक्षता, प्रवीणता, निपुणता, नैपुण्य ।
Tücke, f (-/-n) विद्वेष; विश्वासघात; छल, कपट, चालबाज़ी, मक्कारी; U: मशीन आदि की विशेषता या पेचीदगी ।
tuckern, v/i (h.) खड़खड़ाना; टक-टक की आवाज़ क० ।
tückisch, adj. विद्वेषी, विद्वेषपूर्ण; अहितकर, घातक, खतरनाक ।
Tuerei, f (-) U: दिखावा, ढोंग; नखरे, चोचले, नखरेबाज़ी, चोचलेबाज़ी ।
Tuff, m (-s/-e) [ital.] घनाश्म, ज्वालामुखी-पत्थर ।
Tüft-elei, f (-/-en) U: सोच-विचार, किसी बात को सोच निकालने का प्रयत्न; बहुत बारीकी का काम; **~(e)lig,** adj., U: कठिन, दुःसाध्य, बहुत बारीकी का; **~eln,** v/i (h.) U: सोच-विचार क०, किसी बात को सोच निकालने का प्रयत्न क०; बहुत बारीकी के साथ काम क०; बारीकी-बीनी क०; **~ler,** m (-s/-) U: बहुत सोच-विचार करने वाला, बहुत बारीकी के साथ काम करने वाला; बारीकीबीनी करने वाला ।
Tugend, f (-/-en) सद्गुण; नैतिकता; सदाचार; खूबी, गुण, विशिष्टता; कौमार्य; aus der Not eine Tugend machen प्रतिकूल परिस्थिति से भी कोई लाभ का मार्ग निकाल लेना; **~bold,** m (-[e]s/-e) सद्गुणों का पुतला; नैतिकता का पुतला; **~haft,** adj. सच्चरित्र, चरित्रवान, सदाचारी, नेक; सद्गुणी, गुणवान; शुद्ध, शुचि; **~held,** m → Tugendbold; **~reich,/ ~sam,** adj. → tugendhaft
Tüll, m (-s/-e) [frz.] महीन जालीदार कपड़ा, महीन जाली ।
Tülle, f (-/-n) तुंड, चंचु, टोंटी (केतली आदि की) ।
Tulpe, f (-/-n) [ital.] ट्यूलिप (एक प्रकार का कन्दपुष्प); **~nzwiebel,** f ट्यूलिप-कन्द ।
tummel-n, 1. v/r (h.) उछल-कूद क०, कूद-फाँद क०, कलोल क०; U: जल्दी क०, शीघ्रता क०; 2. v/t (h.) Pferd: पर सवारी करके घुमाना; **~platz,** m बच्चों के खेलने का स्थान या मैदान ।
Tumor, m (-s/-en) [lat.] med: अर्बुद ।
Tümpel, m (-s/-) ताल, तलैया, पोखरा ।
Tumult, m (-[e]s/-e) [lat.] होहल्ला; गुलगपाड़ा, शोरगुल, हंगामा; खलबली, हलचल; **~uarisch,** adj. खलबली-पूर्ण; उत्तेजित; विक्षुब्ध ।
[1]**tun,** v/t (h.) करना; का पालन क०; को पूरा क०; रखना, रख देना; रख लेना; U: काम क०; का दिखावा क०, बनना; (का) आचरण क०; nichts zu tun haben के पास कुछ करने को न होना, बेकार बैठा होना; jdm. Unrecht tun किसी के साथ अन्याय क०; das tut Wunder इसका चमत्कारी प्रभाव होता है; यह रामबाण है; Geld allein tut's nicht केवल धन से काम नहीं चलता है; was tut's ? इससे क्या होता है ? इससे क्या फ़र्क पड़ता है ?; Salz ans Essen tun खाने में नमक मिलाना; das tut man nicht यह शिष्टाचार के विरुद्ध है, यह अच्छी बात नहीं है, ऐसा नहीं करते हैं; mit jdm. zu tun haben किसी से कुछ काम होना; किसी से सम्बन्ध या ताल्लुक़ होना; damit habe ich nichts zu tun इससे मेरा कोई ताल्लुक़ नहीं; इसमें मेरा कोई हाथ नहीं; damit ist es nicht getan यह काफ़ी नहीं है, इससे

काम नहीं चलता; er tut sich schwer in Mathematik उसे गणित में परेशानी होती है, वह गणित में कमज़ोर है; fig: jdm. Gutes tun किसी के साथ कोई उपकार क०; U: da tut sich was वहाँ कुछ हो रहा है (या होता है)।

²**Tun,** n (-s) कार्य, कार्यकलाप; आचरण, व्यवहार, आचार-व्यवहार; sein Tun und Lassen उसका करना-धरना, उसका क्रियाकलाप।

Tünche, f (-/-n) [lat.] क़लई, चूना, पुताई का मसाला या रोग़न; fig: ऊपरी टीप-टाप या टीम-टाम, मुलम्मा; **~n,** v/t (h.) पुताई क०, सफ़ेदी क०।

Tunichtgut, m (-[s]/-e) नाकारा या निकम्मा इंसान; हमेशा कुछ न कुछ गड़बड़ या दुष्कर्म करने वाला युवक।

Tunke, f (-/-n) शोरबा, रसा, तरी, झोल; **~n,** v/t (h.) डुबोना, बोरना (रसे आदि में)।

tunlich,/~st, adv. यथासम्भव, जहाँ तक संभव हो; बेहतर होगा कि।

Tunnel, m (-s/-[s]) [eng.] सुरंग, बोगदा।

Tunt-e, f /-/-n) U: औरत, मुसम्मात; तुनुकमिज़ाज तथा उबाऊ औरत; **~ig,** adj., U: तुनुकमिज़ाज, उबाऊ।

Tüpfel, m/n (-s/-) बिन्दु, नुक़्ता; बिन्दी, चित्ती; auf den Tüpfel genau एकदम सही, पूर्णतया यथातथ्य; **~n,** v/t (h.) को चित्तीदार बनाना, पर चित्तियाँ डालना, को बिन्दीदार बनाना।

tupfen, 1. v/t (h.) → tüpfeln; का हल्का स्पर्श क०, को जल्दी-जल्दी हल्के से छूना; हल्के स्पर्श द्वारा लगाना या पोंछना; 2. m (-s/-) बिन्दु, बिन्दी, गोल चित्ती, गोल धब्बा।

Tupfer, m (-s/-) med: फाहा, खून आदि पोंछने का फाहा।

Tür, f (-/-en) द्वार, दरवाज़ा; किवाड़, कपाट, फाटक; jdm. die Tür weisen किसी को कमरे से (या घर से) निकाल देना; fig: mit der Tür ins Haus fallenकिसी बात को बिना किसी भूमिका के (या एकदम सीधे-सीधे) कह देना; fig: Weihnachten steht vor der Tür बड़े दिन का त्योहार आने वाला है।

Turban, m (-s/-e) [türk./pers.] पगड़ी, साफ़ा।

Turbine, f (-/-n) [frz.] वरीवर्त, टरबाइन; **~nantrieb,** m वरीवर्त-नोदन।

turbulen-t, adj. [lat.] अशान्त; संक्षुब्ध; कोलाहलमय, तुमुलमय; अस्त-व्यस्त; **~z,** f (-/-en) क्षोभ; अशान्ति, उपद्रव, हंगामा; कोलाहल, तुमुल; अस्तव्यस्तता।

Türk-e, m (-n/-n) तुर्क; टर्की-निवासी; **~ei,** f टर्की, तुर्किस्तान।

Türkis, m (-es/-e) [frz.] फ़ीरोज़ा।

türkisch, 1. adj. तुर्की, टर्की का; 2. n (-[s]) तुर्की भाषा।

Türklinke, f किवाड़ खोलने या बन्द करने का हत्था।

Turm, m (-[e]s/ ⸚e) [frz.] मीनार, बुर्ज, टावर;Schwimmsport: पानी में छलाँग लगाने का मंच; Schachfigur: हाथी, रुख़।

türmen, 1. v/i (s.) U: भाग जाना, पलायन कर जाना; 2. v/t (h.) एकत्र क०, जमा क०, का ढेर लगाना; sich türmen जमा हो जाना, का ढेर लग जाना।

turmhoch, 1. adj. मीनार जैसा ऊँचा, बहुत ऊँचा; 2. adv., fig: बहुत अधिक, कहीं अधिक; fig: jdm. turmhoch überlegen sein किसी से कहीं अधिक योग्य होना।

turn-en, 1. v/i (h.) व्यायाम या कसरत क०, कलाबाज़ी क०; 2. n (-s) व्यायाम, कसरत, कलाबाज़ी;**~er,** m (-s/-) व्यायामी, व्यायामिक कलाबाज़ी करने वाला; **~erisch,** adj. व्यायामिक, व्यायाम-संबंधी; **~halle,** f

व्यायामशाला, व्यायाम-कक्ष।

Turnier, n (-s/-e) खेल-प्रतियोगिता; घुड़सवारों की बरछेबाज़ी या नेज़ाबाज़ी।

Turnschuh, m हल्का किरमिच का जूता।

Turnus, m (-s/-se) [lat./griech.] चक्रानुक्रम, चक्रक्रम; ~**gemäß,** adv. चक्रानुक्रम के अनुसार।

Turnverein, m व्यायाम-क्लब।

Tür-steher, m द्वारपाल, दरवान; ~**sturz,** m सरदल, सोहावटी।

turtel-n, v/i (h.) [lat.] चोंच लड़ाना (कबूतरों का); गुटरगूँ या टुटरूँ-टूँ क०; U: चूमाचाटी क०; ~**taube,** f कपोतक, कबूतर, फ़ाख़्ता; fig: बहुत चूमाचाटी करने वाला व्यक्ति(स्त्री या पुरुष)।

Tusch, m (-es/-e) स्वागत या साधुवाद के लिए तुरही आदि का निर्घोष।

Tusche, f (-/-n) [frz.] पक्की स्याही।

tuscheln, v/i (h.) खुसुर-फुसुर क०, कानाबाती क०, सरगोशी क०।

tuschen, v/t (h.) [frz.] पक्की स्याही से खींचना या बनाना; पर पक्की स्याही क०।

Tute, f (-/-n) U: भोंपू,भोंपा।

Tüte,f (-/-n) काग़ज़ का थैला, लिफ़ाफ़ा, शंक्वाकार खोखला बिस्कुट जिसमें आइसक्रीम बेची जाती है; U: das kommt nicht in die Tüte! इसका सवाल नहीं पैदा होता, यह मैं क़तई नहीं करूँगा।

tuten, v/i (h.) U: भोंपू बजाना।

Tutor, m (-s/-en) [lat.] शिक्षक; अनुशिक्षक, विद्यार्थियों को परामर्श देने वाला।

Tüttel, n/m (-s/-) बिन्दु, नुक़्ता; छोटा-सा मस्सा।

tütt-(e)lig, adj.. U: बहुत बारीकी से काम करने वाला; तुनुकमिज़ाज; ~**eln,** v/i (h.) U:बहुत बारीकी से काम क०; तुनुकमिज़ाजी क० या दिखाना।

Typ, m (-s/-en) [griech.] प्रकार, क़िस्म; जाति, वर्ग; (Urbild) आदि-रूप, आद्यरूप; tech: नमूना, प्रतिमान; U: व्यक्ति, आदमी, इंसान।

Type, f (-/-n) [griech.] मुद्रणाक्षर, टाइपराइटर का अक्षर; U: विचित्र प्राणी, विलक्षण जीव, अजीव इंसान।

Typhus, m (-) [griech.]med: आन्त्र-ज्वर, मोतीझरा।

typ-isch,adj. प्रकारात्मक, प्रकार-विशेष का; विशेषतासूचक, अभिलक्षक; ठेठ, पक्का, असली; ~**isieren,** v/t (h.) का प्रातिनिधिक चित्रण क०; प्रकारों के आधार पर वर्गीकृत क०; ~**ograph,** m (-en/-en) मुद्रयोजक, मुद्रटंकक; ~**ographie,** f (-/-n) मुद्रण-कला; मुद्रटंकन, मुद्रलेखन, मुद्रण-रूप; ~**ographisch,** adj. मुद्रण-कला-संबंधी; मुद्रण-रूप-संबंधी; मुद्रलेखन-संबंधी, मुद्रण-।

Tyrann, m (-en/-en) [griech.] तानाशाह, निरंकुश शासक, प्रजापीड़क; अत्याचारी, ज़ालिम; ~**ei,** f (-) तानाशाही, नादिरशाही, निरंकुश शासन; अत्याचार, ज़ुल्म, तशद्दुद; ~**isch,** adj. निरंकुश; अत्याचारपूर्ण, ज़ालिमाना; अत्याचारी, नृशंस, क्रूर, ज़ालिम; ~**isieren,** v/t (h.) पर ज़ुल्म या अत्याचार क०, को दलित क०।

U

U-Bahn, f सुरंग-रेल ।

[1]**übel,** adj. बुरा, बद, ख़राब; अनिष्टकर, हानिकर, अशुभ; (gemein) अधम, नीच, दुष्ट, निकृष्ट, कमीन, ज़लील; नीचतापूर्ण, घृण्य, जुगुप्स्य; (sehr unangenehm) अत्यन्त अप्रिय; बहुत खराब; अत्यन्त कष्टकर, बहुत तकलीफ़देह; बहुत असुविधाजनक; (mißlich) खराब, संकटपूर्ण, नाज़ुक; कठिन, मुश्किल; (unwohl) अस्वस्थ; चक्कर से आक्रान्त; einen üblen Ruf haben बदनाम होना; U: ein übler Bursche निकृष्ट, नीच, कमीन आदमी; eine üble Geschichte खराब मामला, बुरी झंझट, अत्यन्त अप्रिय झंझट; üble Folgen haben का परिणाम बुरा होना; ein übler Geruch दुर्गन्ध, बदबू; üble Laune haben खराब मनःस्थिति में होना; ihr wurde übel उसकी तबियत ख़राब हो गई या बिगड़ गई ।

[2]**Übel,** n (-s/-) बुराई; (Unglück) अनिष्ट, अमंगल, दुर्भाग्य, दुर्दैव, विपत्ति, दुर्घटना; (Mißstand) कुव्यवस्था, दुर्व्यवस्था; कुचार, अंधेर; (Leiden) रोग, बीमारी; ein notwendiges Übel कोई अप्रिय बात जिसके बिना काम न चले, अपरिहार्य कुप्रथा; das kleinere Übel अपेक्षाकृत कम अनिष्टकारी विपत्ति; अपेक्षाकृत कम अप्रिय बात या वस्तु ।

Übel-befinden, n अस्वस्थता, बीमारी; **~keit,** f (-) वमनेच्छा, मतली, मचली, उबकाई; **~launig,** adj. ख़राब मनःस्थिति में, खिन्न; चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज; **~nehmen,** v/t (h.) (किसी बात का) बुरा मान जाना; **~nehmerisch,** adj. संक्षोभ्य, आशुक्षुब्ध, जल्दी बुरा मान जाने वाला; **~riechend,** adj. दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार, दुर्गन्धपूर्ण; **~stand,** m कुव्यवस्था, दुर्व्यवस्था; कुचार, अंधेर, अंधेरखाता; **~tat,** f कुकृत्य, दुष्कृति, दुष्कर्म; बदी, बुराई; **~täter,** m कुकर्मी; बदी करने वाला, बदकार; **~wollen,** 1. v/i (h.) (किसी) के अनिष्ट की कामना क०, (किसी) का बुरा चाहना; 2. n (-s) (किसी के) अनिष्ट की कामना ।

üben, v/i & v/t (h.) अभ्यास क० या कराना, मश्क क० या कराना; अभ्यास द्वारा दक्ष या निपुण होने का प्रयत्न क०; fig: करना; का आचरण, व्यवहार या बरताव क०, की साधना क०; sich in etw. üben किसी बात का अभ्यास क०; किसी बात या काम में अभ्यास द्वारा निपुण होने का प्रयत्न क०; fig: किसी बात की साधना क०; किसी बात की आदत डालना; fig: Nachsicht üben क्षमा क०, क्षमाशील होना; सहिष्णुता का बरताव क०; fig: Kritik (an jdm.) üben (किसी की) आलोचना क०; fig: Rache üben बदला लेना (या देना) ।

über, 1. präp. (+dat. & akk.) के ऊपर, से अधिक ऊँचाई पर, से ऊपर, पर; के ऊपर से; से होकर, के रास्ते से, के मार्ग से, बराह; (während) के दरमियान, के समय, के बीच, में; (jenseits von) के पार, के दूसरी ओर; के परे, से परे, के बाहर; (besser als) से अच्छा, से श्रेष्ठ; से बढ़कर, से अधिक; etw. betreffend: पर, के विषय में, के बारे में; के ऊपर, के कारण; er trug einen Pullover über dem Hemd वह कमीज़ के ऊपर (एक) स्वेटर पहने हुए था; die Lampe hängt über dem Tisch बत्ती मेज़ के ऊपर लटकी या टँगी है; die Lampe über den Tisch hängen बत्ती को मेज़ के ऊपर

लटकाना या टाँगना; das Hemd hängt über dem Stuhl कमीज़ कुर्सी पर लटकी या टँगी है; das Hemd über den Stuhl hängen कमीज़ को कुर्सी पर लटकाना या टाँगना; über einer Arbeit einschlafen कोई काम करते-करते सो जाना; über dem Lesen die Zeit vergessen पढ़ते-पढ़ते समय का ध्यान न रहना; über Nacht रात में, रातों-रात; er wohnt gleich über der Straße वह सड़क के बिल्कुल उस पार ही रहता है;über die Straße gehen सड़क पार क०, सड़क के उस पार जाना; es geht nichts über Gesundheit तन्दुरुस्ती से बढ़कर कोई चीज़ नहीं होती; das geht über meine Kraft यह मेरी शक्ति से बाहर है, यह मेरे वस का नहीं है, यह मेरे बस के बाहर की बात है; eine Rede über etw. halten किसी विषय पर भाषण देना; über jdn. lachen किसी पर हँसना, किसी के ऊपर हँसना; dieser Zug fährt über Kanpur यह गाड़ी कानपुर होकर जाती है; fig: über den Dingen stehen लोकोत्तर होना, उदात्त होना; 2. adv. während: -भर, तक, में; (mehr als) से अधिक, से ऊपर; U: अपेक्षाकृत अच्छा, श्रेष्ठ, योग्य आदि; die ganze Woche über पूरे हफ़्ते-भर; über zwei Wochen दो हफ़्तों से अधिक, दो सप्ताह से ऊपर; U: etw. über haben किसी बात से तंग आ जाना, किसी बात से आजिज़ आ जाना; über und über पूर्णतया, पूरी तरह से ।

überall, adv. सर्वत्र, सब जगह, हर जगह; हर क्षेत्र में; ~**her,** adv. हर तरफ़ से, हर ओर से, चारों ओर से; सभी स्थानों से, सारी दुनिया से; ~**hin,** adv. सब जगह, हर जगह; सब तरफ़ को ।

überalter-t, adj. बहुत पुराना; पुराने ढंग का, पुराने फ़ैशन का, अप्रचलित, अनुपयोगी; जिसके (लगभग) सभी कर्मचारी बूढ़े हो गए हों (संस्था); जिसकी अधिकतर जनता बूढ़ी हो (देश, प्रदेश आदि); ~**ung,** f (-) बूढ़ों की संख्या का आधिक्य ।

Überangebot, n उपलब्ध माल का आधिक्य, वहुतायत ।

überängstlich, adj. अतिभीरु, अत्यधिक आशंकित, अत्यधिक आशंका करने वाला ।

überanstreng-en, v/t (h.) से बहुत अधिक मेहनत कराना, से कमरतोड़ मेहनत लेना; sich überanstrengen कमरतोड़ मेहनत क०, अपनी शक्ति से अधिक मेहनत क०; ~**ung,** f कमरतोड़ मेहनत, बहुत अधिक मेहनत; अतिश्रान्ति ।

überantwort-en, v/t (h.) के ज़िम्मे कर देना, की ज़िम्मेदारी पर (या के ऊपर) छोड़ देना, के हवाले कर देना; der Dieb wurde der Polizei überantwortet चोर पुलिस के हवाले कर दिया गया; ~**ung,** f (-) किसी की ज़िम्मेदारी पर छोड़ना; हवाले क०, हवाले किया जाना ।

überarbeit-en, 1. v/t (h.) में सुधार क०, को दुबारा लिखना; diese Dissertation muß in einigen Teilen überarbeitet werden इस शोध प्रबन्ध के कुछ अंशों में सुधार करना पड़ेगा; 2. v/r (h.) बहुत अधिक काम क०, अपनी शक्ति से अधिक काम क०; ~**ung,** f (-/-en) सुधार, पुनःलेखन; अपनी शक्ति से अधिक काम, बहुत अधिक काम ।

überaus, adv. बहुत अधिक, अत्यधिक, अत्यन्त, नितान्त, बेहद, बेइन्तहा ।

Überbau, m (-[e]s/-ten) अधिरचना, भवन का ऊपरी भाग; ~**en,** v/t (h.) के ऊपर बनाना, के ऊपर (कमरे या अटारी आदि का) निर्माण क० ।

überbeanspruch-en, v/t (h.) से (ज़रूरत से) ज़्यादा काम लेना, पर (ज़रूरत से) ज़्यादा भार या ज़ोर

डालना; ~ung, f (-) ज़रूरत से ज़्यादा काम लेना या लिया जाना, बहुत अधिक काम, बहुत अधिक भार।

Überbein, n हाथ या पैर की हड्डी की विकृत वृद्धि, गाँठ, गंडिका।

überbelegen, v/t (h.) जितनी जगह हो उससे अधिक लोगों को रखना या स्थान देना (होटल, अस्पताल, स्कूल आदि में); das Hotel ist überbelegt होटल में जितनी जगह है उससे ज़्यादा लोग भरे हैं।

überbelicht-en, v/t (h.) phot: अति-उद्भासित क०; **~ung,** f अति-उद्भासन।

Überbeschäftigung, f (-/-en) ज़रूरत से ज़्यादा रोज़गार, स्थिति जिसमें रोज़गार का आधिक्य तथा काम करने वालों की कमी हो।

überbetonen, v/t (h.) पर ज़रूरत से ज़्यादा ज़ोर देना।

überbewerten, v/t (h.) को ज़रूरत से ज़्यादा महत्व देना।

überbieten, v/t (h.) से बढ़कर बोली लगाना; fig: से बढ़कर होना, को मात कर देना; er überbot alle bei der Auktion नीलाम में उसने सबसे बढ़कर बोली लगाई।

überbleib-en, v/i (s.) U:बचना, बाक़ी बचना, शेष रहना; **~sel,** n (-s/-) अवशेष, शेष, बाक़ी; शेषांश, अवशिष्ट अंश।

überblenden, v/t (h.) Film/Funk: एक दृश्य को धीरे-धीरे हटाना तथा साथ-साथ दूसरे दृश्य को लाना।

Überblick, m सर्वदृश्य, परिदृश्य, सर्वदिग्दृश्य; fig: व्यापक या समावेशक ज्ञान; किसी बात या परिस्थिति आदि को समावेशक रूप से समझने की क्षमता; रूपरेखा, सारांश; **~en,** v/t (h.) को पूरी तरह देखना या देख लेना; fig: एक नज़र में देख लेना, समझ लेना, जान लेना; fig: die Folgen dieser Sache sind noch nicht zu überblicken यह अभी नहीं कहा जा सकता है कि इस बात का क्या परिणाम होगा।

überbring-en, v/t (h.) लाना, लाकर देना या सौंपना, ले जाकर देना या सौंपना, पहुँचाना; er hat mir soeben diese Nachricht überbracht उसने मुझे अभी-अभी यह ख़बर लाकर दी है; **~er,** m (-s/-) किसी वस्तु को किसी स्थान पर पहुँचाने वाला, हरकारा, दूत, संदेशवाहक।

überbrück-en, v/t (h.) पर पुल बनाना; fig: के बीच सामंजस्य स्थापित क०, में समझौता कराना; ख़ाली समय को काटना; अस्थायी संकट पर विजय पाना, (थोड़े दिनों की परेशानी में) काम चलाना; fig: die Gegensätze konnten nicht überbrückt werden विरोधी विचारों में सामंजस्य नहीं स्थापित किया सका; **~ung,** f (-) सेतु-बन्धन; fig: सामंजस्य-स्थापना, समझौता कराना; समय काटना, वक़्त निकालना; **~ungskredit,** m अस्थायी संकट के समय को निकालने के लिए लिया (या दिया) गया ऋण।

überbürd-en, v/t (h.) पर बहुत अधिक काम डालना या लादना; ich bin sowieso mit Arbeit überbürdet मैं तो वैसे ही बहुत अधिक काम से लदा हुआ हूँ; **~ung,** f (-/-en) बहुत अधिक काम (डालना)।

überdach-en, v/t (h.) पर छत पाटना; ein überdachter Balkon छतदार छज्जा; **~ung,** f (-/-en) छत पाटना, छत-पटाई; छत।

überdauern, v/t (h.) से अधिक समय तक टिकना या बना रहना, के बाद तक बना रहना; sein Ruhm überdauerte ihn उसकी ख्याति उसके मरने के बाद तक बनी रही।

überdecken, v/t (h.) को ढक लेना, अतिछादित क०, दबा देना; dieser Geruch überdeckt alle anderen यह गंध और सब गंधों को दबा देती है।

überdenken, v/t (h.) पर विचार क०, पर सोच-विचार क०; das habe ich noch nicht überdacht इस बात पर मैंने अभी तक विचार नहीं किया है ।

überdies, adv. इसके अलावा, इसके अतिरिक्त ।

überdos-ieren, v/t (h.) की ख़ुराक बढ़ाना, ख़ुराक बढ़ाकर देना; ~**is,** f अतिमात्रा, मात्राधिक्य ।

überdrehen, v/t (h.) ज़रूरत से ज़्यादा चाभी देना (घड़ी में), बहुत ज़्यादा ऐंठ देना; fig: er ist überdreht वह अत्यधिक उत्तेजित है; वह आपे से बाहर है ।

Überdruck, m अधिमुद्रण; tech: अतिदाब ।

Über-druß, m (-'sses) अतितृप्ति की अवस्था, बुरी तरह जी भर जाने की अवस्था; घृणा, जुगुप्सा, विरुचि, झुँझलाहट; ~**drüssig,** adj: einer Sache überdrüssig sein किसी वस्तु या बात से बुरी तरह अघा चुका होना, किसी बात से तंग आ चुका होना ।

überdurchschnittlich, adj. औसत से अधिक, औसत से ऊपर का ।

Übereif-er, m अत्युत्साह; ~**rig,** adj. अत्युत्साही; अत्युत्साहपूर्ण ।

übereig-nen, v/t (h.) (किसी को) दे देना, (किसी के) अधिकार में दे देना, हस्तान्तरित कर देना, के नाम कर देना; er hat sein Haus seinem Sohn übereignet उसने अपना मकान अपने लड़के के नाम कर दिया (है); ~**nung,** f (-/-en) अभ्यर्पण, हस्तान्तरण, किसी के नाम क० ।

übereil-en, v/t (h.) में जल्दी, जल्दबाज़ी या हड़बड़ी क०, को बिना सोचे-समझे क०; übereilen Sie sich nicht mit dieser Entscheidung! इस निर्णय में जल्दबाज़ी मत कीजिए !

übereinander, adv. एक दूसरे के ऊपर; ~**legen,** v/t (h.) एक दूसरे के ऊपर रखना; ~**schlagen,** v/t. (h.): Beine übereinanderschlagen टाँग पर टाँग रखना ।

überein-kommen, 1. v/i (s.) से सहमत हो जाना, से किसी बात का समझौता क०; 2. n (-s/-) समझौता, अनुबंध;अनुबंध-पत्र; ~**kunft,** f(-/ ⸚ e) सहमति; समझौता,अनुबंध; ~**stimmen,** v/i (h.) से मेल खाना; एक होना, समान होना; से सहमत होना, के विचार एक होना; ~**stimmung,** f (-) मेल, अनुरूपता, सामंजस्य; ऐक्य, मतैक्य, विचारों की समानता, सहमति ।

überempfindlich,adj. अतिसंवेदनशील; अतिकोमलहृदय, बहुत नाज़ुकमिज़ाज; med: तीव्रग्राही, प्रत्यूर्जतापूर्ण; ~**keit,** f (-) अतिसंवेदनशीलता; अतिकोमल-हृदयता; med: तीव्रग्राहिता, प्रत्यूर्जता ।

Überernährung, f अतिभोजन, आवश्यकता से अधिक भोजन, अति-पोषण, आवश्यकता से अधिक पोषण ।

überessen, v/r (h.) ज़रूरत से ज़्यादा खा लेना, बहुत खा जाना, इतना खा लेना कि और खाने का मन न करे ।

überfahr-en, 1. v/t (h.) को पार उतारना, को पार ले जाना या लाना; der Fährmann hat uns übergefahren केवट ने हम लोगों को पार उतारा;2. v/t (h.) के ऊपर गाड़ी चढ़ा देना, के ऊपर से गाड़ी निकालकर चोट पहुँचाना या मार डालना; Verkehrs-schild: की उपेक्षा करते हुए गाड़ी आगे ले जाना, पर ध्यान न देना, पर ध्यान न देते हुए गाड़ी आगे बढ़ाना; fig: (किसी) से बिना पूछे या परामर्श किए हुए कोई निर्णय क०, के अधिकारों को कम क०, के अधिकारों का ध्यान न क०; को ठग लेना;er hat das Kind überfahren उसने बच्चे के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, उसने बच्चे के ऊपर से गाड़ी निकाल दी; ~**t,** f पारण, अवतरण ।

Überfall, m आकस्मिक आक्रमण या हमला; डकैती, डाका; ~**en,** v/t (h.) पर अचानक आक्रमण कर देना; पर टूट

पड़ना; U: के यहाँ बिना पूर्वसूचना के जा पहुँचना, आ धमकना; fig: पर छा जाना; के मन में छा जाना या समा जाना, को अभिभूत कर देना; fig: Müdigkeit überfiel mich मुझे अचानक थकान आ गई।

überfällig, adj. निश्चित समय से पीछे, जो निश्चित समय पर न पहुँचा हो, कालातीत; kfm: अतिदेय, अतिप्राप्य, निश्चित समय पर अदा न किया हुआ, जिसकी तारीख निकल गई हो।

Überfallkommando, n पुलिस का तूफ़ानी दस्ता।

überfliegen, v/t (h.) के ऊपर से उड़ते हुए निकल जाना; fig: सरसरी नज़र से पढ़ना; fig: ich habe das Buch nur überflogen मैंने इस किताब को सिर्फ़ सरसरी नज़र से पढ़ा है।

überfließen, v/i (s.) इतना भर जाना कि तरल पदार्थ बह निकले, में से बह निकलना; fig: से ओतप्रोत होना, के मारे फटा पड़ना; der Tank ist übergeflossen टंकी इतनी भर गई है कि उसमें से तरल पदार्थ बाहर को बह रहा है।

überflügeln, v/t (h.)(किसी) से अधिक अच्छा, योग्य या श्रेष्ठ होना, (किसी) से बढ़कर होना, निकलना या निकल जाना, से आगे निकल जाना, को मात कर देना; er hat seinen Bruder überflügelt वह अपने भाई से आगे निकल गया, वह अपने भाई से बढ़ कर निकला।

Über-fluß, m (-'sses) प्राचुर्य, आधिक्य, वैपुल्य, बाहुल्य, इफ़रात, बहुतायत; etw. im Überfluß haben के यहाँ (या के पास) किसी चीज़ की इफ़रात होना; **~flüssig,** adj. अनावश्यक, फ़ुज़ूल, अनुपयोगी, बेकार का; फ़ालतू, परिहार्य; अवांछित, अनिच्छित; **~flüssigerweise,** adv. व्यर्थ ही, बेकार (में), नाहक, बिना किसी आवश्यकता के।

überflut-en, v/t (h.) को जलमग्न कर देना; fig: (में या) पर छा जाना, में बाढ़-सी आ जाना, में बहुत अधिक मात्रा में आ जाना या लाना; की भरमार कर देना; das Hochwasser hat die Felder überflutet बाढ़ ने खेतों को जलमग्न कर दिया, बाढ़ से खेत जलमग्न हो गए; fig: von etw. überflutet werden में किसी चीज़ की भरमार, बहुतायत या इफ़रात होना; **~ung,** f (-) आप्लावन, बाढ़; fig: भरमार, बाढ़।

überforder-n, v/t (h.) से अधिक काम लेना, पर अधिक भार डालना, किसी से उसकी क्षमता से अधिक अपेक्षा क०; के साथ ज़्यादती क०; der Lehrer hat die Kinder überfordert अध्यापक ने बच्चों से उनकी क्षमता से (कहीं) अधिक अपेक्षा की, अध्यापक ने बच्चों के साथ ज़्यादती की; **~ung,** f (-) किसी से उसकी क्षमता से अधिक काम लेना; ज़्यादती।

überfragen, v/t (h.) (किसी) से ऐसा प्रश्न क० कि वह उत्तर न दे सके; da bin ich überfragt यह (तो) मुझे मालूम नहीं है।

Überfremdung, f (-) विदेशी तत्वों का आधिक्य, विदेशी प्रभाव का आधिक्य।

überfressen, v/r (h.) बहुत खा जाना, बहुत अधिक खा लेना, ज़रूरत से ज़्यादा (चारा) खा लेना; das Tier hat sich überfrersen (इस) जानवर ने बहुत अधिक (चारा) खा लिया है।

überführ-en, 1. v/t (h.) ले जाना, पहुँचाना; der Tote wurde in seine Heimat übergeführt मृतक (की लाश) को उसके स्वदेश ले जाया गया; 2. v/t (h.) के अपराध, जुर्म या इल्ज़ाम को साबित क०, को दोषी सिद्ध क०; er wurde des Diebstahls überführt उसके चोरी के अपराध को सिद्ध कर दिया गया; **~ung,** f (किसी दूसरे स्थान पर) ले जाना या ले जाया जाना; jur: दोष-सिद्धि, अभिशंसा;

im Verkehr: रेल या सड़क का पुल।

Überfüll-e, f आधिक्य, प्राचुर्य; **~en,** v/t (h.) को आवश्यकता से अधिक भर देना, को ठूँस-ठूँसकर भर देना; **~t,** adj. बुरी तरह भरा हुआ, खचाखच या ठसाठस भरा हुआ; **~ung,** f (-) खचाखच भरा होने की स्थिति; ठूँस-ठूँसकर भराई।

überfüttern, v/t (h.) को बहुत अधिक खिलाना, को ज़रूरत से ज़्यादा खिलाना या खाने को देना; dieser Hund ist überfüttert इस कुत्ते को बहुत खाने को मिलता है (या दिया जाता है)।

Übergabe, f सुपुर्दगी, सौंपान, देना, दिया जाना; mil: समर्पण, अभ्यर्पण; jur: विदेशी बंदी की उसकी सरकार को वापसी।

Übergang, m पारगमन; पारगमन-स्थान; Weg/Brücke usw: पार जाने का मार्ग या पुल आदि; Wechsel: परिवर्तन; परिवृत्ति; परिवर्तन-काल, परिवर्तन-अवधि, संधिकाल; (Zwischenlösung) कामचलाऊ उपाय, अस्थायी या अन्तःकालीन उपाय; **~slösung,** f कामचलाऊ उपाय, अस्थायी या अन्तःकालीन उपाय; **~sstadium,** n अन्तःकालीन अवस्था; **~szeit,** f अन्तर्वर्ती काल, परिवर्तन-काल।

Übergardine, f (मोटे कपड़े का) ऊपरी परदा।

übergeben, 1. v/t (h.) देना, दे देना, सौंप देना, सुपुर्द क० या कर देना, के हवाले कर देना, समर्पित कर देना, अभ्यर्पित कर देना; der Dieb wurde der Polizei übergeben चोर पुलिस के हवाले कर दिया गया; 2. v/r (h.) क़ै क० या कर देना, उलटी क० या कर देना, को उलटी हो जाना; er hat sich übergeben उसने उलटी कर दी, उसे उलटी हो गई है।

übergehen, 1. v/i (s.) की ओर हो जाना, के पक्ष में हो जाना या चला जाना; Besitz: के अधिकार में आ जाना या चला जाना; (etw. anderes beginnen) (कोई और काम या बात) करने लगना, अगला या दूसरा काम क० या उसकी ओर अग्रसर होना, अगले या दूसरे विषय पर बात (प्रारंभ) क०; (sich allmählich wandeln) में धीरे-धीरे परिवर्तित हो जाना या बदल जाना; की अवस्था में परिवर्तन होने लगना; man ist dazu übergegangen, Kunststoffe zu verwenden लोग(अब) संश्लिष्ट पदार्थों का प्रयोग करने लगे हैं; 2. v/t (h.) पर ध्यान न देना, का ख़याल न क०; को छोड़ देना; का ध्यान न रखना, (के अधिकार) की उपेक्षा क०; die ersten Seiten dieses Buches habe ich übergangen इस पुस्तक के पहले पृष्ठों को मैंने छोड़ दिया है।

übergenug, adv. पर्याप्त से अधिक, बहुत अधिक।

übergeordnet, adj. उच्च, प्रवर; वरिष्ठ।

Übergewicht, n अतिभार, अधिक भार; med: अतिस्थौल्य; fig: प्राबल्य, प्रबलता; प्रधानता; fig: das Übergewicht über jdn. haben किसी की तुलना में अधिक प्रबल या प्रभावशाली होना; U: das Übergewicht bekommen डगमगा जाना, का संतुलन बिगड़ जाना।

übergießen, v/t (h.) को तर क०, पर (किसी तरल पदार्थ को) उँडेलना या उलट देना; er übergoß sich mit Benzin उसने अपने ऊपर पेट्रोल उलट लिया।

überglasen, v/t (h.) को काँच से ढकना, पर काँच की छत बनाना; die Halle ist überglast हॉल की छत काँच की है।

überglücklich, adj. अत्यधिक आह्लादित या आनन्दित, अत्यन्त प्रसन्न।

über-greifen, v/i (h.) एक हाथ के ऊपर से दूसरे हाथ को ले जाना; fig: तक फैल जाना, में फैल जाना; **~griff,** m अनधिकार हस्तक्षेप; दखलन्दाज़ी;

अतिक्रमण, अनधिकार प्रवेश, बलात्प्रवेश ।

über-groß, adj सामान्य माप से बड़ा, अधिक बड़ा; ~**größe,** f अधिमाप ।

überhaben, v/t (h.) U: (कपड़ों के ऊपर) पहने होना; (übrig haben) के पास बचना, के पास बचा होना; (satt haben) से तंग या आजिज़ आ चुका होना, से दुःखी हो चुका होना ।

überhandnehmen, v/i (h.) की संख्या में वृद्धि होना; की प्रधानता होना, का बोलबाला होना ।

Über-hang,m, Fels: बाहर को निकली हुई चट्टान, प्रलम्बी चट्टान; Stockwerk: बाहर को निकली हुई ऊपरी मंज़िल; Äste: पड़ोसी के भूखंड के ऊपर को लटकी हुई टहनियाँ; fig: अधिशेष, आधिक्य, अतिरेक, बढ़ती, बेशी; ~**hängen,** 1. v/i (h.) बाहर को निकला या लटका होना, के ऊपर को लटका होना; 2. v/t (h.) के ऊपर को लटकाना; के कंधों पर डाल देना, को ओढ़ा देना ।

überhasten, v/t (h.) में जल्दी, जल्दबाज़ी या हड़बड़ी क०, को तेज़ी या शीघ्रता से क० ।

überhäufen, v/t (h.) को बहुत मात्रा में देना, को लाद देना, पर ढेर लगा देना; man hat ihn mit Blumen überhäuft लोगों ने उसे फूलों से लाद दिया ।

überhaupt, adv. (aufs Ganze gesehen) कुल मिलाकर;आम तौर पर, अमूमन, साधारणतया; वैसे भी; (überdies) इसके अतिरिक्त, इसके अलावा; (eigentlich) वास्तव में, वाक़ई; आखिर; bei Verneinung: बिल्कुल, हरगिज़, क़तई, ज़रा भी; ich habe diesen Film nicht gesehen – ich gehe überhaupt selten ins Kino मैंने यह फ़िल्म नहीं देखी है – मैं आम तौर पर (या वैसे भी) कभी-कभार ही सिनेमा जाता हूँ; und überhaupt, warum kommt er nicht selber ? और इसके अलावा (मैं पूछता हूँ कि) वह खुद क्यों नहीं आता है?; wie ist das überhaupt geschehen ? यह आखिर हुआ कैसे?; überhaupt nicht बिल्कुल नहीं, हरगिज़ नहीं, क़तई नहीं ।

überheb-en, 1. v/t (h.) से मुक्त क०, से बचाना या बचा रखना, छूट देना, के करने की आवश्यकता को समाप्त कर देना; wir sind jetzt dieser Arbeit überhoben अब हमें इस काम को करने की आवश्यकता नहीं, हमें इस काम से छूट मिल गई है; 2. v/r (h.) (किसी) को भारी वज़न उठाने के कारण कोई तकलीफ़ हो जाना; fig: घमंड क०, घमंडी हो जाना; ~**lich,** adj. घमंडी, अपने को कुछ समझने वाला; ~**lichkeit,** f (-) घमंड, अहंकार ।

überheizen, v/t (h.) को आवश्यकता से अधिक गरम क०, को हद से ज़्यादा गरम कर देना; ein überheiztes Zimmer आवश्यकता से अधिक गरम किया हुआ कमरा ।

überhitz-en, v/t (h.) बहुत अधिक गरम कर देना, बहुत अधिक गरम हो जाने देना, अतितप्त क०; ~**t,** adj. बहुत अधिक गरम, अतितप्त, बेहद गरम; fig: अत्यन्त उत्तेजित, अत्यन्त उत्तेजनापूर्ण; बहुत बढ़ा-चढ़ा; गरम, गरमबाज़ारी का; ~**ung,** f (-) अतितापन; fig: उत्तेजन; बहुत बढ़ाना-चढ़ाना; गरमबाज़ारी, तेज़ी ।

überhöh-en, v/t (h.) में बहुत अधिक वृद्धि क०, को बेहद बढ़ाना; Straße usw: को एक तरफ़ अपेक्षाकृत ऊँचा बनाना, मोड़ पर सड़क आदि को बाहर की ओर ऊँचा या उठा हुआ बनाना; überhöhte Preise बहुत अधिक बढ़ाए हुए मूल्य, हद से ज़्यादा ऊँची क़ीमतें; ~**ung,** f (-) अतिवृद्धि; बाहरी उठान ।

überhol-en, 1. v/i (h.) mar: das Schiff holte über जहाज़ एक तरफ़ को झुक गया; 2. v/t (h.) a) को पार

उतारना, को दूसरे किनारे पर पहुँचाना; Segel: मोड़ना (हवा की तरफ़); er holte uns mit seinem Boot über उसने हमें अपनी नाव से पार उतार दिया; b) से आगे निकल जाना; को पीछे छोड़ जाना; tech: की पूरी तरह जाँच या मरम्मत क॰; schon vor der Kurve überholte er uns मोड़ से पहले ही वह हमसे आगे निकल गया; ~t, adj., fig: पुराना; अप्रचलित; दक़ियानूसी, रूढ़िवादी; ~ung, f (-/-en) tech: (पूरी तरह मरम्मत, पुनःकल्पन; जाँच।

überhören, v/t (h.) सुन न पाना; न सुनना, न सुनना चाहना; wir haben das Klingeln überhört हमें घंटी (की आवाज़) नहीं सुनाई पड़ी।

überirdisch, adj. ज़मीन के ऊपर का; fig: दिव्य, दैवी; अलौकिक, लोकोत्तर।

überkandidelt, adj., U: सनकी, झक्की, थोड़ा-सा पागल; बेतुका, बेढब, ऊटपटाँग।

überkippen, v/i (s.) संतुलन खो देना; गिर पड़ना, गिर जाना, उलट जाना; Stimme: (अचानक) तेज़ तथा कर्कश हो जाना।

überkleben, v/t (h.) के ऊपर काग़ज़ आदि चिपकाकर अदृश्य बना देना, को ढक देना (काग़ज़ आदि चिपकाकर); wir haben den Fleck mit Papier überklebt हमने धब्बे को काग़ज़ से ढक दिया है।

überkleiden, v/t (h.) पर चढ़ा देना या लगा देना; wir haben diese Tür mit Leder überkleidet हमने इस दरवाज़े पर चमड़ा चढ़ा दिया है।

Überkleidung, 1. f (-) चढ़ाना, लगाना, चढ़ाने या लगाने की क्रिया, चढ़ाने या लगाने का काम; 2. f (-/-en) ऊपरी वस्त्र।

überklug, adj. अपने को बहुत बुद्धिमान समझने वाला।

überkommen, v/i (s.) उफनकर बाहर निकल जाना, उबलकर बाहर निकल जाना।

überkommen, 1. adj परम्परागत, पारम्परिक, रूढ़िगत, पीढ़ियों से प्रचलित; 2. v/t (h.) को अभिभूत या पराभूत क॰, की नस-नस में समा जाना; ein Gefühl des Ekels überkam ihn bei diesem Anblick यह देख कर वह जुगुप्सा की भावना से अभिभूत हो गया।

überlad-en, v/t (h.) में (या पर) बहुत अधिक भार लादना या रखना, को अतिभारित क॰; fig: er hat sich den Magen überladen उसने ज़रूरत से ज़्यादा खा लिया है; fig: mit Schmuck überladen अत्यलंकृत; अलंकारों या आभूषणों से लदा हुआ; ~ung, f (-) अतिभारित क॰ या होना; आधिक्य, अति।

überlager-n, v/t(h.) एक दूसरे पर रखना; एक दूसरे को ढकना; अतिव्याप्त क॰, परस्पर व्याप्त क॰; phys: व्यतिक्रमण क॰, संकरण क॰; ~ung, f (-/-en) एक दूसरे पर रखना या रखा होना; परस्पर व्यापन; अतिव्याप्ति; व्यतिक्रमण, संकरण।

Überlandbahn, f परिनागर ट्राम।

über-lang, adj. बहुत अधिक लम्बा, अतिदीर्घ, असामान्य रूप से लम्बा; ~länge, f अतिदैर्घ्य, असामान्य लम्बाई।

überlappen, v/t (h.) tech: कुछ अंश तक ढक लेना, किसी हद तक एक दूसरे को ढकना।

überlass-en, v/t (h.) दे देना, के लिए छोड़ देना; के ऊपर छोड़ देना, की ज़िम्मेदारी पर छोड़ देना; के अधिकार में दे देना, को सौंप देना या सुपुर्द कर देना; er überließ die Entscheidung mir उसने इस निर्णय को मेरे ऊपर छोड़ दिया; er hat das Geschäft seinem Sohn überlassen उसने दूकान अपने लड़के को दे दी; ~ung, f (-) अर्पण, प्रदान, स्वत्वत्याग।

überlast-en, v/t (h.) में (या पर) बहुत अधिक भार लादना; fig: पर बहुत अधिक भार डालना, के साथ ज़्यादती क०; er hat uns mit Arbeit überlastet उसने हमारे ऊपर बहुत अधिक काम लाद (या डाल) दिया है; **~ung,** f (-/-en) अतिभारित क० या होना; अति, ज़्यादती ।

Über-lauf, m (-[e]s/ ⸚e) अतिरिक्त जल के बाहर निकलने का स्थान या मार्ग (कृत्रिम जलाशय, हौज़ या सिंक आदि में); **~laufen,** 1. v/i (s.) से बह निकलना; लबालब भरा होना, इतना भरा होना कि छलक जाए; zum Feind: के पक्ष में चला जाना, विरोधी के पक्ष में हो जाना, दुश्मन से जाकर मिल जाना; der Tank ist übergelaufen टंकी इतनी भर गई कि पानी उससे बाहर बह निकला; 2. v/t (h.) के यहाँ बहुत अधिक संख्या में आना या जाना, (बार-बार या बहुत अधिक संख्या में पहुँचकर) सताना या तंग क०; को अभिभूत या पराभूत क०, की नस-नस में समा जाना; dieses Geschäft ist sehr überlaufen इस दूकान में बहुत अधिक लोग आते हैं; Angst überlief mich डर मेरी नस-नस में समा गया; **~läufer,** m (-s/-) दुश्मन से जाकर मिल जाने वाला; दलबदलू ।

über-laut, adj. कर्णभेदी, अतिकोलाहलपूर्ण, बहुत ज़ोर का ।

überleben, 1. v/i (h.) जीवित रहना, जीवित बना रहना; 2. v/t (h.) के बाद तक जीवित रहना; Gefahren: से जीवित बचना, से बच जाना; sie hat ihren Mann um viele Jahre überlebt वह अपने पति की मृत्यु के बाद कई वर्षों तक जीवित रही; 3. v/r (h.) पुराना हो जाना, के दिन निकल जाना, अप्रचलित हो जाना; dieser Brauch hat sich überlebt यह प्रथा पुरानी हो गई है ।

überlebensgroß, adj. प्राकृत आकार से बड़ा ।

[1]überlegen, 1. v/t & v/i (h.) सोचना, विचार क०, सोच-विचार क०; das habe ich mir noch nicht überlegt इसके बारे में मैंने अभी विचार नहीं किया है; 2. v/t (h.) के ऊपर रखना; U: की पिटाई क०; U: er hat seinen Sohn ordentlich übergelegt उसने अपने लड़के की अच्छी-ख़ासी पिटाई कर दी ।

[2]überlegen, adj. से बढ़कर, बेहतर, अपेक्षाकृत श्रेष्ठ या योग्य या बलवान; अहंकारपूर्ण; सुस्पष्ट (जीत आदि); jdm. überlegen sein किसी से अधिक योग्य या बलवान होना, किसी से बढ़कर होना; **~heit,** f (-) आधिक्य; गुणाधिक्य,अपेक्षाकृत अधिक योग्यता या शक्ति; प्राधान्य, प्राबल्य ।

überleg-t,adj.सुविचारित; पूर्वविमर्शित; **~ung,** f (-/-en) चिन्तन, सोच-विचार; विचार, ख़याल; etw. mit Überlegung tun किसी काम को सोच-समझकर क०; किसी काम को जान-बूझकर क०; Überlegungen anstellen (किसी बात पर)विचार या सोच-विचार क० ।

überleit-en, v/t (h.) किसी दूसरे विचार या विषय से संबंध स्थापित क०, दूसरे या अगले विचार या विषय की ओर ले जाना; **~ung,** f दूसरे या अगले विषय से संबंध स्थापित क०; दूसरे विषय या विचार की ओर ले जाने वाली बात ।

überlesen, v/t (h.) सरसरी नज़र से पढ़ना; सरसरी नज़र से पढ़ने के कारण न देख पाना; das habe ich überlesen इसे मैंने सरसरी नज़र से पढ़ लिया है; (सरसरी नज़र से पढ़ने के कारण) मैं इस शब्द या बात को नहीं देख पाया, इस पर मेरी नज़र नहीं पड़ी ।

überliefer-n, v/t (h.) के हवाले कर देना, को सौंप देना; fig: अगली पीढ़ी को बताना या देना तथा इस प्रकार क़ायम रखना(प्रथा, ज्ञान,साहित्य आदि);

fig: diese Sage ist mündlich über liefert यह पौराणिक कथा मौखिक रूप से एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी को दी गई, यह पौराणिक कथा पीढ़ी-दर-पीढ़ी से श्रुति के रूप में चली आ रही है; ~**ung,** f अगली पीढ़ियों को उत्तरोत्तर रूप से दिया जाना; पीढ़ी-दरपीढ़ी सें प्राप्त ज्ञान या हस्तलिपि आदि; पीढ़ियों से चली आ रही प्रथा, परम्परा।

überlist-en, v/t (h.) को ठग लेना, को धोखा देना, को उल्लू बनाना, को अपनी चालाकी से मात कर देना; er hat uns überlistet उसने हमें उल्लू बना दिया; ~**ung,** f (-) धोखा, चालाकी।

übermachen, v/t (h.) को दे देना, के नाम कर देना; को वसीयत में देना; er hat das Haus seinem Sohn übermacht उसने (अपना मकान अपने लड़के के नाम कर दिया (है)।

Über-macht, f (-) प्रबलता, प्राबल्य, (अपेक्षाकृत) अधिक शक्ति, (अपेक्षाकृत) अधिक संख्या; ~**mächtig,** adj. अत्यन्त प्रबल या शक्तिशाली, बहुत ज़बरदस्त।

übermalen, v/t (h.) पर फिर से रंग क०, में दूसरा रंग भरना; पहले किए हुए रंग को दूसरे रंग से ढक देना; पर फिर से पुताई क०; wir haben das Bild übermalt हमने इस चित्र पर फिर से रंग किया है, हमने इस चित्र के रंगों को नये रंगों से ढक दिया है।

übermannen, v/t (h.) को अभिभूत या पराभूत क०; की नस-नस में समा जाना; को (अचानक) आ जाना; fig: er wurde vom Schlaf übermannt उसे (अचानक) नींद आ गई।

Über-maß, n (-es) आधिक्य; बाहुल्य, वैपुल्य, प्राचुर्य; ~**mäßig,** adj. बहुत अधिक, अतिशय, अत्यधिक, अतिमात्र, बेहद; अतिरंजित; असंयत, अमर्यादित।

Übermensch, m अतिमानव; अवतारी पुरुष; ~**lich,** adj. अतिमानवीय; मनुष्य की शक्ति से परे; बहुत (ही) बड़ा।

übermitt-eln, v/t (h.) बताना, पहुँचाना, देना (समाचार आदि); er hat mir diese Nachricht übermittelt उसने मुझे यह खबर दी है; ~**lung,** f (-/-en) (समाचार आदि) पहुँचाना या देना, पहुँचाया जाना।

übermorg-en, adv. परसों (आगामी); ~**ig,** adj. आगामी परसों का, परसों होने वाला।

übermüd-et, adj. बहुत अधिक थका हुआ; ~**ung,** f (-) बहुत अधिक थकान, अतिश्रान्ति।

Über-mut, m अत्यधिक प्रफुल्लता, अत्योल्लास, बदमस्ती; ~**mütig,** adj. अतिप्रफुल्ल, अत्यधिक उल्लसित; खुशी के नशे में किया हुआ, बदमस्ती का।

übernächst, adj. अगले से अगला।

über-nachten, v/i (h.) रात बिताना; ~**nächtig,** /~**nächtigt,** adj. रात-भर न सोने के कारण थका हुआ; जो रात-भर न सोया हो, जो पूरी नींद न सो पाया हो; ~**nachtung,** f (-/-en) रात बिताना।

Übernahme, f (-/-n) ग्रहण, कार्यभार-ग्रहण, भार-ग्रहण।

übernational, adj. अधिराष्ट्रीय।

übernatürlich, adj. लोकोत्तर, लोकातीत, प्रकृति से परे, अलौकिक, दैवी; ज्ञानातीत।

übernehmen, 1. v/t (h.) ग्रहण क०, प्राप्त क०, ले लेना; Amt usw: का कार्यभार सँभालना या सँभाल लेना; Verantwortung: (का भार) अपने ऊपर लेना, (का भार) ग्रहण क०; Texte: को उद्धरण के रूप में ले लेना, किसी के विचारों को अपने निबंध आदि में अन्तर्वेशित क०; er hat das Geschäft seines Vaters übernommen अपने पिता की दूकान की जिम्मेदारी उसने अपने ऊपर ले ली है; 2. v/r (h.) अपने बूते से बाहर का काम क०, अपनी क्षमता से अधिक काम या जिम्मेदारी अपने ऊपर लाद लेना, अपनी गुंजाइश से अधिक व्यय

क० ।

überordnen, v/t (h.) के ऊपर नियुक्त क०, को किसी का अधिकारी या अफ़सर बना देना; को अपेक्षाकृत अधिक महत्व (का स्थान) देना ।

überparteilich, adj. दल-निरपेक्ष, निर्दल, निर्दलीय; **~keit,** f (-) दल-निरपेक्षता, निर्दलीयता ।

Überproduktion, f अत्युत्पादन, आवश्यकता से अधिक उत्पादन, बहुत अधिक उपज ।

überprüf-en, v/t (h.) की संवीक्षा क०; की जाँच क०, का ध्यानपूर्वक निरीक्षण क०, को ग़ौर से देखना; (किसी बात) की सच्चाई की जाँच क०; की फिर से जाँच क०, का पुनरीक्षण क०, को फिर देखना; पर फिर से विचार क०; ich habe seine Aussagen überprüft मैंने उसके कथन (या बयान) की जाँच कर ली है; **~ung,** f संवीक्षण, संवीक्षा; जाँच, निरीक्षण, परीक्षण; पुनरीक्षण, पुनःपरीक्षण; पुनर्विचार ।

überquer-en, v/t (h.) को पार क०, के पार जाना, के उस पार जाना; er hat die Straße überquert वह सड़क के उस पार चला गया है; **~ung,** f (-/-en) पारगमन ।

überragen, v/t (h.) से ऊँचा होना, से कहीं अधिक ऊँचा होना; से क़द में बड़ा होना; fig: से (कहीं) अधिक अच्छा होना, से बढ़कर होना; से (कहीं) अधिक योग्य या बुद्धिमान होना; **~d,** adj., fig: सर्वोपरि; अत्यंत प्रतिभाशाली, बहुत बुद्धिमान; अतिश्रेष्ठ, बहुत अच्छा ।

überrasch-en, v/t (h.) को आश्चर्य में डाल देना, को चकित या विस्मित क०; के यहाँ अचानक पहुँच जाना; पर बेमौक़े आ पड़ना; को रँगे हाथों पकड़ लेना; को अप्रत्याशित भेंट देना; **~ung,** f (-/-en) अप्रत्याशित बात, घटना, समाचार, भेंट या प्रसन्नता का विषय आदि; आश्चर्य या ताज्जुब की बात; o.pl: आश्चर्य, अचरज, अचंभा, ताज्जुब, हैरत ।

überre-den, v/t (h.) (किसी) को बहुत बातें करके किसी काम के लिए तैयार (या राज़ी) कर लेना या मजबूर कर देना; er hat mich dazu überredet उसने बहुत बातें करके मुझे इस बात के लिए मजबूर कर दिया; **~ung,** f (-) बहुत बातों द्वारा किसी को राज़ी क० या मजबूर क०; **~ungskunst,** f बातों द्वारा किसी को राज़ी करने की प्रतिभा या कला ।

überregional, adj. प्रादेशिक सीमाओं से बाहर तक जाने वाला, जिसका महत्व केवल प्रादेशिक ही न हो, अधि-प्रादेशिक ।

überreich, 1. adj.: überreich an etw. किसी चीज़ से परिपूर्ण, किसी वस्तु के बाहुल्य वाला; 2. adv.: jdn. überreich beschenken किसी को बहुत अधिक देना, किसी की झोली ऊपर तक भर देना ।

überreich-en, v/t (h.) ससमारोह प्रदान क०; **~ung,** f (-) ससमारोह प्रदान ।

überreif, adj. बहुत अधिक पका हुआ, ज़रूरत से ज्यादा पका हुआ ।

überreiz-en, v/t (h.) अत्यधिक उत्तेजित क०, अत्यधिक उद्दीपित क०; **~t,** adj. अत्यधिक उत्तेजित, अत्युद्विग्न; अत्यधिक उद्दीपित; **~theit,** f (-) अत्यधिक उत्तेजना की अवस्था; **~ung,** f (-) अत्यधिक उत्तेजन; अत्यधिक उद्दीपन; अत्यधिक उत्तेजना की अवस्था; अत्यधिक उद्दीप्त अवस्था ।

überrennen, v/t (h.) को कुचलते हुए निकल जाना, को रौंद डालना, को नष्ट-भ्रष्ट कर देना, को तोड़ते हुए आगे बढ़ना; fig: को मात कर देना, को विरोध करने का मौक़ा न देना; sie haben die feindlichen Stellungen überrannt वे दुश्मन के मोरचे को तोड़ते हुए आगे बढ़ गए; उन्होंने दुश्मन की चौकियों को नष्ट-भ्रष्ट कर डाला ।

Überrest, m अंतिम शेषांश, अवशेष; ध्वंसावशेष; poet: die sterblichen Überreste पार्थिव अवशेष, शव, लाश।
überrieseln, v/t (h.) पर फुहारना, पर फुहार डालना; fig: ein kalter Schauer überrieselte mich bei diesem Anblick यह देख कर मेरे रोंगटे खड़े हो गए।
Überrock, m ओवरकोट।
überrollen, v/t (h.) के ऊपर से गाड़ी आदि निकाल देना; mil: को कुचल डालना, को तहस-नहस कर देना, को नष्ट-भ्रष्ट कर देना, को बरबाद कर देना; wir haben den Feind überrollt हमने दुश्मन को तहस-नहस कर दिया।
überrump-eln, v/t (h.) को विरोध करने का कोई मौक़ा न देना, को चकरा देना या हक्का-बक्का कर देना (किसी अप्रत्याशित बात या प्रश्न द्वारा); को अचंभे में डाल देना; mil: पर अचानक धावा कर देना, को आकस्मिक आक्रमण द्वारा हक्का-बक्का कर देना, के छक्के छुड़ा देना; er hat uns überrumpelt उसने हमें अचंभे में डाल दिया, उसने हमें बुरी तरह चकरा दिया; **~(e)lung,** f (-) चकरा देना, अचंभे में डालने का प्रयत्न; mil: आकस्मिक आक्रमण, धावा या चढ़ाई।
überrunden, v/t (h.) sport: से एक चक्कर आगे निकल जाना, को एक चक्कर पीछे छोड़ देना (दौड़ में); fig: से बढ़ कर निकल जाना, से आगे हो जाना, को मात कर देना।
übers=über das
übersät, adj., fig: (से)आच्छादित, (से) ढका हुआ, (से) भरा हुआ।
übersättig-t, adj. अतितृप्त, अरुचि की सीमा तक छका या अघाया हुआ; chem: अतिसंतृप्त; **~ung,** f अतितृप्ति, अघाव, अफराव; अघाई, अफराई; chem: अतिसंतृप्ति; अतिसंतृप्तीकरण।
übersäuer-n, v/t (h.) अत्याम्ल क०, अत्यधिक अम्लीय बनाना; **~ung,** f (-) अत्यधिक अम्लीकरण; अत्यधिक अम्लीयता।
Überschall-flugzeug, n पराध्वनिक गति से उड़ने वाला विमान, ध्वनि की गति से अधिक गति वाला विमान; **~geschwindigkeit,** f पराध्वनिक गति, ध्वनि की गति से अधिक गति।
überschatten, v/t (h.) fig: को धुँधला या निष्प्रभ कर देना; को मंद या ठंडा कर देना, पर पानी फेर देना; seine Freude wurde durch diese Nachricht überschattet इस समाचार ने उस की प्रसन्नता को ठंडा कर दिया।
überschätzen, v/t (h.) को वास्तविकता से अधिक कूतना या समझना; ich hatte ihn überschätzt मैं उसे वास्तविकता से अधिक (योग्य या क्षम) समझ बैठा था।
überschau-bar, adj. जिसे एक नज़र में पूरी तरह देखा जा सके; fig: जिसे एक नज़र में पूरी तरह समझा जा सके; जिसके बारे में कोई विचार बनाया जा सके; **~en,** v/t (h.) को पूरी तरह देखना या देख लेना; को पूरी तरह समझना; fig: को एक नज़र में देख लेना, समझ लेना या जान लेना; fig: er hat die Lage sofort überschaut उस ने परिस्थिति को तुरन्त समझ लिया।
überschlafen, v/t (h.) पर एक रात (और) विचार या सोच-विचार क०, पर अगले दिन तक विचार क०।
Überschlag, m (व्यय या लागत आदि का) मोटा अनुमान, तख़मीना; sport: ढेंकली, कलैया, पलटा, कुलाँट।
[1]**überschlagen,** 1.v/t (h.) Beine: एक के ऊपर एक रखना; Wellen/Funken: के ऊपर को उछलना, के ऊपर को उठना; fig: में (अचानक) परिवर्तित हो जाना या बदल जाना; die Freude schlug in Ekstase über प्रसन्नता (अचानक) हर्षोन्माद में परिवर्तित हो गई;

2. a) v/t (h.)छोड़ देना; Kosten: का अनुमान लगाना; dieses Kapitel habe ich überschlagen इस अध्याय को मैंने छोड़ दिया है; b) v/r (h.) पलटा खा जाना, कुलाँट खा जाना, कलैया खा जाना; Stimme: (अचानक) तेज़, कर्कश या ऊँचा हो जाना; fig: er überschlägt sich fast vor Höflichkeit वह ज़रूरत से ज़्यादा विनम्रता का व्यवहार करता है।

²**überschlagen,** adj. अल्पोष्ण, कदुष्ण, शीरगर्म, गुनगुना।

über-schlägig, adj. मोटा, स्थूल; ~**schläglich,** adv. लगभग, क़रीब-क़रीब, मोटे हिसाब से।

überschnappen, v/i (s.) ठीक से न लगना, ठीक से बंद न होना (चटख़नी या ताले आदि का); Stimme: तेज़ या कर्कश हो जाना, ऊँचा हो जाना; U: पागल हो जाना, का दिमाग़ ख़राब हो जाना; U: sie ist übergeschnappt उसका दिमाग़ ख़राब हो गया है।

überschneid-en, v/r (h.) एक दूसरे को काटना; एक दूसरे को कुछ अंश तक ढक लेना; fig: एक ही समय पर होना; fig: diese Veranstaltungen haben sich überschnitten ये कार्यक्रम एक ही समय पर हुए; ~**ung,** f (-/-en) प्रतिच्छेदन, अंशछादन; fig: एक ही समय पर होना।

überschreib-en, v/t(h.)को शीर्षक देना, का शीर्षक रखना;(übereignen)के नाम कर देना; er hat seinen Besitz seinem Sohn überschrieben उसने अपनी सम्पत्ति अपने लड़के के नाम कर दी; ~**ung,** f किसी के नाम क० या किया जाना; शीर्षक (रखना)।

überschreien, 1. v/t (h.) से अधिक ज़ोर से चिल्लाना; को (अधिक ज़ोर से) चिल्लाकर चुप कर देना; 2. v/r (h.) इतने ज़ोर से चिल्लाना कि आवाज़ बैठ जाए, इतना अधिक चिल्लाना कि गला पड़ जाए; er hat sich überschrien वह इतना अधिक (या इतने ज़ोर से) चिल्लाया कि उसकी आवाज़ बैठ गई।

überschreit-en, v/t (h.) को पार क०, के पार जाना, को पैदल पार क०; fig: (hinausgehen über) से आगे निकल जाना, को पार कर जाना या कर देना, की सीमा को पार क०; से अधिक व्यय क०, को भंग क०, का उल्लंघन क०; fig: er hat das Maß überschritten वह हद से बाहर जा चुका है; ~**ung,** f (-/-en) पारगमन; fig: अतिक्रमण, उल्लंघन, भंग, अतिचार, अति।

Überschrift, f शीर्षक; सिरनामा।

Überschuh, m ऊपरी जूता।

überschuld-et, adj. बुरी तरह ऋण-ग्रस्त, कर्ज़ से बुरी तरह लदा हुआ; ~**ung,** f (-) अत्यधिक ऋणग्रस्तता।

Über-schuß, m (शुद्ध) लाभ, आयाधिक्य, अधिशेष; सापेक्ष आधिक्य, अतिरिक्त मात्रा, राशि या संख्या; ~**schüssig,** adj. अतिरिक्त, आवश्यकता से अधिक का, फ़ालतू।

überschütten, v/t (h.) के ऊपर उँडेलना, के ऊपर डालना, को किसी पदार्थ से ढक देना; fig: को बहुत अधिक मात्रा में देना, पर (गालियों, प्रशंसोक्तियों आदि की) बौछार क०; fig: sie haben ihn mit Geschenken überschüttet उन्होंने उसे बहुत अधिक तोहफ़े दिए, उन्होंने उसे तोहफ़ों से लाद दिया।

Überschwang, m (-[e]s) अतिरेक, नशा; im Überschwang der Freude हर्षातिरेक में, ख़ुशी के नशे में।

überschwappen, v/i (s.) U: छलक जाना, छलककर गिर जाना।

überschwemm-en, v/t (h.) को जल-मग्न कर देना; fig:में (किसी वस्तु की) बाढ़-सी आ जाना; को बहुत अधिक मात्रा में देना; fig: jdn. mit etw. überschwemmen किसी को कोई वस्तु बहुत अधिक मात्रा में देना; das

Hochwasser hat die Felder überschwemmt बाढ़ ने खेतों को जलमग्न कर दिया, बाढ़ से खेत जलमग्न हो गए; ~ung, f (-/-en) आप्लावन, बाढ़; fig: भरमार, बाढ़ ।

überschwenglich, adj. अतिभावुक; अत्युल्लसित;अतिभावपूर्ण,अतिभावुकतापूर्ण; अत्योल्लासपूर्ण; **~keit,** f (-) अतिभावुकता, अतिभावपूर्णता; अत्योल्लास ।

Übersee, समुद्रपार के देश; Waren aus Übersee समुद्रपार के देशों से आया माल; **~isch,** adj. समुद्रपार का, समुद्रपार के देशों का ।

überseh-bar, adj. जिसे एक नज़र में देखा जा सके; fig: जिसे एक नज़र में पूरी तरह समझा जा सके; जिसके बारे में कोई विचार बनाया जा सके, सुव्यवस्थित; **~en,** 1. v/r (h.) U: को इतनी बार देखना कि अरुचि हो जाए; er hat sich dieses Bild übergesehen उसने इस चित्र को इतनी बार देखा है कि उसे इससे अरुचि हो गई है; 2. v/t (h.) को न देखना, को न देख पाना, पर नज़र न पड़ना; को जानबूझ कर न देखना; (überblicken) को पूरी तरह देखना या देख लेना; को पूरी तरह समझ लेना; fig: को एक नज़र में देख लेना, समझ लेना,जान लेना;diesen Fehler hat er übersehen इस ग़लती पर उसकी नज़र नहीं पड़ी ।

übersend-en, v/t (h.) भेजना, प्रेषित क०; er hat uns diesen Brief übersandt उसने हमें यह पत्र भेजा है; **~ung,** f प्रेषण ।

übersetz-en, 1. v/t (h.) को पार उतारना, को दूसरे किनारे पर पहुँचाना; er hat uns mit dem Boot übergesetzt उसने हमें नाव से दूसरे किनारे पर पहुँचा दिया; 2. v/t (h.) का अनुवाद क०, का तरजुमा क०; er hat dieses Buch ins Englische übersetzt उसने इस पुस्तक का अनुवाद अँग्रेज़ी में किया है; **~er,** m (-s/-) अनुवादक, तरजुमान; **~ung,** f (-/-en) अनुवाद, उल्था, तरजुमा;tech: योक्त्र, गियर; गति-पारेषण ।

Übersicht, f (-/-en) व्यापक या समावेशक ज्ञान; किसी बात या परिस्थिति आदि को समावेशक रूप से समझने की क्षमता; (Synopse) रूपरेखा; सारसंग्रह, सारांश, संक्षिप्त वर्णन; विषयतालिका, विषयसूची; **~ig,** adj. दीर्घदृष्टि; **~igkeit,** f (-) दीर्घदृष्टिता; **~lich,** adj. जो आसानी से दिख जाए, पूरी तरह दिखने वाला, खुला; (klar gegliedert) सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध, ढंग से वर्गीकृत किया हुआ; (leicht erfaßbar) सुबोधगम्य, आसानी से समझ में आने वाला; **~lichkeit,** f (-) आसानी से दिख जाने की स्थिति; क्रमबद्धता, सुव्यवस्था; सुबोधगम्यता ।

übersied-eln, v/i (s.) जाकर बस जाना, किसी दूसरे स्थान को अपना स्थायी निवास बनाना; er ist nach Delhi über(ge)siedelt वह दिल्ली में जाकर बस गया है; **~lung,** f (-/-en) स्थायी निवासस्थान का परिवर्तन ।

übersinnlich, adj. इन्द्रियातीत, अनुभवातीत; अतींद्रिय; लोकोत्तर, लोकातीत ।

überspann-en, v/t (h.) पर तानना, के ऊपर तानकर आच्छादित क०; को बहुत अधिक तान देना, को ज़रूरत से ज़्यादा तान देना; fig: अति क० या कर देना, हद से बाहर चला जाना; **~t,** adj., fig: आत्यन्तिक, अतिरंजित; ऊटपटाँग, बेतुका; सनकी, झक्की, थोड़ा-सा पागल; **~theit,** f (-) fig: आत्यन्तिकता; बेतुकापन; सनक, झक, पागलपन, सनकीपन, झक्कीपन ।

überspielen, v/t (h.) (अंकित ध्वनि) को दूसरे रेकॉर्ड या फ़ीते पर उतारना; sport: को मात कर देना, को चकमा देकर गेंद आदि आगे बढ़ा ले जाना; fig: किसी भावना, अवगुण या कमज़ोरी

आदि को चतुराई से छिपाना; ich habe diese Schallplatte auf Band überspielt मैंने इस रेकॉर्ड को फ़ीते पर उतार लिया है।

überspitz-en, v/t (h.) को बहुत अधिक नुकीला बनाना, को ज़रूरत से ज़्यादा नुकीला बनाना; fig: (किसी बात या मामले) को बहुत अधिक या हद से ज़्यादा बढ़ाना, को अतिरंजित क०, को बहुत अधिक तूल देना; fig: er hat diesen Sachverhalt überspitzt formuliert उसने इस बात को बहुत अतिरंजिनापूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया है; **~ung,** f (-) अतिरंजना, बहुत अधिक बढ़ाना, बहुत अधिक तूल देना।

überspringen, 1. v/i (s.) एक स्थान से दूसरे स्थान पर छिटक या छटककर चला जाना (जैसे चिनगारी आदि); Dach usw: बाहर को निकला होना; fig:अचानक बात या विषय बदल देना; fig: er ist auf ein anderes Thema übergesprungen वह अचानक दूसरे विषय पर बात करने लगा, उसने अचानक बात बदल दी; 2. v/t (h.) को छलांग मारकर पार कर जाना; (auslassen) छोड़ देना; के (बीच में) छोड़ते हुए आगे बढ़ जाना; dieser Schüler hat eine Klasse übersprungen यह विद्यार्थी एक कक्षा को छोड़ कर उससे अगली वाली कक्षा में सीधा पहुँच गया।

übersprudeln, v/i (s.) उबलकर छलक जाना;fig: sie sprudelte über von Freude वह बहुत प्रसन्न थी, वह ख़ुशी के मारे फूली नहीं समा रही थी।

überstaatlich, adj. अधिराष्ट्रीय, जिस का महत्व केवल राष्ट्र-विशेष तक ही न सीमित हो।

überstehen, 1. v/i (h.) बाहर को निकला होना;das Dach hat zu weit übergestanden छत बहुत अधिक बाहर को निकली हुई थी; 2. v/t (h.) को झेल लेना, को सहन कर लेना, को भुगत लेना; पर विजय पाना; से जीवित बचना, से बच जाना; wir haben die Gefahr überstanden हम ख़तरे से बच गए; हमने संकट पर विजय पा ली।

übersteigen, v/t (h.) के ऊपर चढ़ना या चढ़ जाना; fig: से अधिक होना; से ऊपर होना, से बाहर होना या हो जाना; fig: diese Arbeit hat seine Kräfte überstiegen यह काम उसकी शक्ति से बाहर हो गया है।

übersteiger-n, v/t (h.) को बहुत अधिक बढ़ाना, को ज़रूरत से ज़्यादा बढ़ाना; sein Selbstbewußtsein ist maßlos übersteigert उसे ज़रूरत से कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास है; वह अहंकारी है; **~ung,** f (-) अतिवृद्धि।

überstiegen, adj. सनकी, झक्की, थोड़ा-सा पागल; **~heit,** f (-/-en) सनक, झक, सनकीपन, झक्कीपन, पागलपन।

überstimmen, v/t (h.) को मतदान में हरा देना; को मताधिक्य द्वारा चुप कर देना; er wurde überstimmt अधिकतर लोग उसके प्रस्ताव के विरोध में थे।

überstrahlen, v/t (h.) fig: को फीका कर देना, को मंद या धुँधला कर देना, से कहीं अधिक श्रेष्ठ होना; ihre Güte hat alles überstrahlt उसकी नेकी (या उदारता) के आगे सब-कुछ फीका पड़ गया।

überstreifen, v/t (h.) (लापरवाही से) पहनना या चढ़ाना (दस्ताने, जूते आदि)।

überstreuen, v/t (h.)पर बुरकना, के ऊपर बुरकना या बिखराना; vor dem Essen überstreute sie die Melone mit Zucker खाने से पहले उसने ख़रबूज़े पर शकर बुरक ली।

überströmen, 1. v/i (s.)छलक जाना, छलक कर गिर जाना; बह निकलना, फैल जाना; fig: er ist vor/von Dankbarkeit fast übergeströmt उस ने अत्यधिक आभार प्रदर्शन किया; 2. v/t (h.) को जलमग्न कर देना; को

तर-बतर कर देना; der Fluß hat die Straßen überströmt नदी ने सड़कों को जलमग्न कर दिया ।

Überstunde, f सामान्य समय के बाद के काम का घंटा; pl: अधिसमय, अति-समय ।

überstürzen, 1. v/t (h.) में जल्दी, जल्दबाज़ी या हड़बड़ी क०, को बिना सोचे-विचारे क०, को बिना सोचे-समझे क०; er hat seine Abreise überstürzt वह अचानक चला गया, उसने अपने प्रस्थान में बहुत जल्दबाज़ी की; 2. v/r (h.) एक के बाद एक जल्दी-जल्दी (घटित) होना या (सामने) आना; जल्दबाज़ी क०, हड़बड़ी क० ।

übertäuben, v/t (h.) को बहरा कर देना; दबा देना; der Straßenlärm hat alles übertäubt सड़क के कोलहल ने और सब आवाज़ों को दबा दिया ।

überteu-ern, v/t (h.) के मूल्य में अत्यधिक वृद्धि क०; dieser Händler hat seine Waren überteuert इस दूकानदार ने अपने माल के मूल्य में अत्यधिक वृद्धि कर दी है; ~(e)rung, f मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि ।

übertölp-eln, v/t (h.) को धोखा देना, को ठग लेना, को उल्लू बनाना या बना देना; er hat ihn übertölpelt उसने उसे उल्लू बना दिया; ~(e)lung, f (-) धोखा, ठगई, ठगी, वंचना ।

übertönen, v/t (h.) से अधिक निर्घोषमय होना; की आवाज़ को दबा देना, को अश्रव्य बना देना (कोलाहल आदि के द्वारा); der Staßenlärm hat den Redner übertönt सड़क के कोलाहल ने वक्ता की आवाज़ को दबा दिया ।

Über-trag, m ([e]s/ ⸚e) पिछले पृष्ठ का कुल योग (जिसे नए पृष्ठ पर सब से ऊपर लिखा जाता है), अग्रेनीत शेष; **~tragen,** v/t (h.) को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाना या लिखना, किसी पृष्ठ के कुल योग को अगले पृष्ठ पर लिखना; (senden) प्रसारित क०; (auf etw. anwenden)पर लागू क०; में प्रयोग क०, प्रतीकात्मक या लाक्षणिक अर्थ में प्रयोग क०; (übersetzen) का अनुवाद या तरजुमा क०; Krankheiten: को फैलाना, के रोगाणुओं को किसी प्राणी तक पहुँचाना; Blut: चढ़ाना; Kraft: को एक मशीन से दूसरी मशीन में देना (शक्ति, ऊर्जा आदि);ein Kind:के बच्चे का सामान्य गर्भकाल के बाद तक गर्भाशय में बना रहना; jdm. etw. übertragen किसी को कुछ सौंप देना; किसी चीज़ को किसी के नाम कर देना; er hat dieses Buch von Hindi ins Englische übertragen उसने इस पुस्तक का हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद किया है; **~tragung,** f (-/-en) एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाना; एक स्थान से दूसरे स्थान पर लिखना, प्रतिलेखन; प्रसारण, प्रसारित कार्यक्रम; अनुवाद, तरजुमा; रोग का फैलना, रोगसंचार; शक्ति-संचारण, ऊर्जा-संचारण; अर्पण, किसी को किसी चीज़ या काम का सौंपा जाना ।

übertreffen, v/t (h.) से अधिक श्रेष्ठ, योग्य, क्षम, निपुण होना, से बेहतर होना, से बढ़कर निकलना; er hat alle übertroffen वह सबसे बढ़कर निकला ।

übertreib-en, v/t (h.) की अति क०, में अति क०; की अतिरंजना क०, को बढ़ा-चढ़ाकर कहना; er übertreibt alles वह हर बात में अति करता है; वह हर बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहता है; **~ung,** f (-/-en) अति; अतिरंजना ।

übertret-en, 1. v/i (s.) तट के ऊपर आ जाना, में बाढ़ आ जाना; की सीमा को पार कर जाना, के निर्धारित स्थान से आगे बढ़ जाना; fig: दल बदलना, दूसरे दल का सदस्य बन जाना; धर्म बदलना, दूसरा धर्म ग्रहण क०; fig: er ist zum Christentum überge-

treten उसने ईसाई धर्म को ग्रहण कर लिया है; 2. v/t (h.) का उल्लंघन क०, को भंग क० या तोड़ना;sich den Fuß übertreten के पैर में मोच आ जाना, का पैर मुरक जाना;er hat die Regel übertreten उसने नियम का उल्लंघन किया है; **~ung,** f (-/-en) उल्लंघन, भंग ।

Übertritt, m पारगमन, सीमा को पार क०; zu anderem Glauben: धर्म-परिवर्तन;pol:दल-परिवर्तन ।

übertrumpfen, v/t (h.) तुरुप को बड़े तुरुप से काटना; fig: से आगे निकल जाना, को मात कर देना, को पराजित कर देना, से बढ़कर निकलना; fig: er hat alle (anderen) übertrumpft उसने सबको मात कर दिया, वह सबसे बढ़कर निकला ।

überübermorgen, adv., U: आगामी परसों के बाद वाले दिन ।

übervölker-t, adj. अत्यधिक आबाद, अत्यधिक जनाकीर्ण; **~ung,** f (-) अत्यधिक आबादी,अत्यधिक जनाकीर्णता, जनसंख्यातिरेक ।

übervoll, adj. बहुत अधिक भरा हुआ, जरूरत से ज्यादा भरा हुआ, खचाखच या ठसाठस भरा हुआ ।

übervorsichtig, adj. अत्यधिक सावधान ।

übervorteil-en, v/t (h.) को धोखा देना, को ठगना या ठग लेना; को आर्थिक हानि पहुँचाकर स्वयं लाभ उठाना; er hat uns übervorteilt उसने हमें ठग लिया; **~ung,** f (-/-en) धोखा, ठगी, ठगई ।

überwach, adj. पूरी तरह जाग्रत, अत्यधिक चैतन्य ।

überwach-en, v/t (h.) पर निगरानी रखना, की निगरानी क०, की देखरेख क०; का पर्यवेक्षण क०; का नियंत्रण क०; की गतिविधि पर नज़र रखना; **~ung,** f (-) निगरानी, देखरेख पर्यवेक्षण; नियंत्रण; गतिविधि पर नज़र रखना ।

überwältig-en, v/t (h.) को पराजित कर देना, को वश में कर लेना; fig: को अभिभूत कर देना, को अत्यधिक प्रभावित क०; fig: der Zorn hat ihn überwältigt क्रोध से वह पराभूत हो गया, ग़ुस्से के मारे वह आपा खो बैठा; **~end,** adj. अत्यधिक, ज़बरदस्त; विसम्यकारी, अत्यधिक प्रभावकारी, अतिभव्य ।

überwechseln, v/i (s.) दूसरे स्थान पर चला जाना; दल-परिवर्तन क०; धर्म-परिवर्तन क० ।

überweis-en, v/t (h.) के पास भेजना; प्रेषित क०, भेजना (धन); ich habe ihm das Geld überwiesen मैंने उसे रुपये भेज दिए हैं; **~ung,** f (-/-en) किसी के पास भेजना या भेजा जाना, अभिदेशन, अभिदेश; धन-प्रेषण, धनादेश, प्रेषित धन ।

überwerfen, v/r (h.) से झगड़ा क० या कर बैठना, से लड़ बैठना, से लड़कर अलग हो जाना; wir haben uns überworfen हमारा आपस में झगड़ा हो गया है, हम एक दूसरे से लड़कर अलग हो गए हैं ।

überwiegen, 1. v/i (h.) का आधिक्य होना, (की संख्या) अधिक होना; fig: की प्रधानता होना; अधिक महत्वपूर्ण होना; अधिक कारगर साबित होना; बढ़कर निकलना, की जीत होना; 2. v/t (h.) से अधिक होना, की तुलना में अधिक होना, की अपेक्षा बहुसंख्यक होना; fig: को दबा देना, को मात कर देना, पर विजय पाना;fig: schließlich überwog die Neugier die Angst अन्त में जिज्ञासा ने भय पर विजय पा ली; **~d,** 1. adj. अधिक, अधिकांश; 2. adv. अधिकांशतः, प्रधानतः, मुख्यतः ।

überwind-en, v/t (h) पर विजय पाना, का दमन क०; को पराजित कर देना; को छोड़ देना, को त्याग देना (विरोध, अविश्वास, घृणा आदि); sich zu etw. überwinden किसी

बात के प्रति अपने विरोध को अनिच्छा से त्याग देना, अनिच्छा से किसी बात के लिए तैयार हो जाना, किसी बात के लिए अपने आपको बाध्य क०; wir haben die Schwierigkeiten überwunden हमने कठिनाइयों पर विजय पा ली है; ~**ung,** f (-) आत्मदमन, आत्म-नियंत्रण ।

überwintern, v/i (h.) Pflanze: शीतकाल के बाद भी फलना, ठंड में न मारा जाना; zool: शीतस्वाप क०; U: जाड़ा बिताना ।

überwuchern, v/t (h.) में फैल जाना, को ढक लेना, में बहुत अधिक बढ़ जाना (अपतृण आदि); der Garten ist von Unkraut überwuchert बग़ीचा अनुपयोगी घास से भरा हुआ है ।

Überwurf, m लबादा; शाल, दुशाला; am Vorhängeschloß: ताले का कुंडा ।

Über-zahl, f (-) बहुत अधिक संख्या; अपेक्षाकृत अधिक संख्या; die Männer waren in der Überzahl पुरुषों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक थी; ~**zählig,** adj. फ़ालतू, आवश्यकता से अधिक का, अधिसंख्य ।

überzeichnen, v/t (h.) Anleihe: ऋण की आवश्यकता से अधिक के हिस्से बेचना; fig: का अतिरंजित चित्रण क०; fig: diese Figur ist überzeichnet इस पात्र का चित्रण अतिरंजनापूर्ण है ।

überzeug-en, v/t (h.) को विश्वास दिलाना, को यक़ीन दिलाना, का संदेह दूर क०; को किसी बात का प्रमाण देना; sich von etw. überzeugen किसी बात (की सत्यता) के बारे में विश्वास प्राप्त क०, किसी बात का निश्चित रूप से पता लगा लेना; überzeugt sein को पूरा या पक्का विश्वास या भरोसा होना; की दृढ़ धारणा होना; er ist ein überzeugter Christ वह पक्का ईसाई है; ~**end,** adj. विश्वासोत्पादक, प्रत्यायक, प्रत्ययकारी, युक्तियुक्त; ~**ung,** f प्रतीतिकरण, प्रत्यायन, विश्वास दिलाना, सप्रमाण समझाना; (fester Glaube) दृढ़ विश्वास, पक्का विश्वास, दृढ़ धारणा, पक्की धारणा ।

über-ziehen, 1. v/t (h.) पहनना, पहन लेना; ich habe noch einen Pullover übergezogen मैंने एक स्वेटर और पहन लिया है; U: jdm. eins überziehen किसी के (एक) डंडा जमा देना, किसी को डंडे से मारना; 2. v/t (h.) Kissen usw: पर चढ़ाना (गिलाफ़, खोल आदि); Konto: खाते में जमा रक़म से अधिक का चेक काटना, जमा रक़म से अधिक रक़म निकालना, अधिविकर्ष क०; Zeit: निर्धारित समय से आगे निकल जाना, निर्धारित समय से अधिक समय लेना या लगाना; Flugzeug: को डाँवाडोल कर देना; der Himmel hat sich mit Wolken überzogen आकाश मेघाच्छादित हो गया है; ~**zug,** m गिलाफ़, खोल; (dünne Schicht) हल्की परत, तह ।

üblich, adj. प्रायिक, रिवाजी; सामान्य, साधारण; प्रचलित; वही पुराना, रोज़ का ।

U-Boot, n पनडुब्बी ।

übrig, adj. शेष, बाक़ी, बचा हुआ, बचा-खुचा; अन्य; अतिरिक्त; ich habe nichts mehr übrig मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है; fig: dafür habe ich nichts übrig इसमें मेरी कोई रुचि नहीं है; यह मुझे क़तई पसन्द नहीं है; Sie können noch ein übriges tun आप एक काम और कर सकते हैं; अगर आप की समझ से और कुछ आवश्यक है तो आप वह कर सकते हैं, अगर आप और कुछ करना चाहते हैं तो कर सकते हैं (वैसे यह आवश्यक नहीं है); im übrigen इसके अलावा, इसके अतिरिक्त; ~**bleiben,**

v/i (s.) बच रहना, बाक़ी बचना, शेष रहना; was bleibt mir denn anderes übrig? मेरे पास (इसके अलावा) और चारा ही क्या है?; **~ens,** adv. इसके अतिरिक्त, इसके अलावा: अप्रासंगिक रूप से, यों ही; हाँ वह मैं और क्या कहना चाहता था; **~lassen,** v/t (h.) बाक़ी छोड़ना या छोड़ देना ।

Übung, f (-/-en) अभ्यास, मश्क़; रियाज़, साधना; (Gewandtheit) अभ्यास द्वारा प्राप्त क्षमता, दक्षता, निपुणता; an Universität: सेमिनार, अध्ययन-गोष्ठी; Turnen: व्यायाम-विशेष; aus der Übung kommen का अभ्यास छूट जाना; U: das ist nicht der Zweck der Übung यह इस बात का उद्देश्य नहीं है ।

Ufer, n (-s/-) तट, किनारा, समुद्रतट, नदीतट, किसी भी जलाशय का तट; **~los,** adj., fig: असीम, अपार, बेहद ।

Uhr, f (-/-en) [lat.] घड़ी; समय; wieviel Uhr ist es? कितने बजे हैं?, क्या समय हो गया है ?, कितने बज गए?; **~macher,** m घड़ीसाज़; **~werk,** n घड़ी की यंत्रावली; **~zeigersinn,** m: im Uhrzeigersinn दक्षिणावर्त्त, दाहिनी ओर को ।

Uhu, m (-s/-s) श्येनोलूक, यूरोप में पाया जाने वाला बड़े आकार का उल्लू ।

Ulk, m (-s/-e) मज़ाक़, दिल्लगी, नटखटी; **~en,** v/i (h.) U: मज़ाक़ क॰; **~ig,** adj. मज़ाक़िया, विनोदप्रिय; हास्यकर; हास्यजनक ।

Ulme, f (-/-n) [lat.] उपकर, हिमरोई, मोरेद ।

ultima-tiv, adj. [lat.] अंतिम प्रस्ताव जैसा, अंतिमेत्थम् जैसा, निर्धारित तिथि तक न पूरा करने पर बल प्रयोग या अत्याचार आदि की धमकी वाला; **~tum,** n (-s/-'ten;-s) किसी माँग को पूरा करवाने के लिए निश्चित की गई अवधि, अन्तिम प्रस्ताव, अन्तिमेत्थम्, अंतिम चेतावनी ।

ultimo, [lat.] 1. adv. महीने की आख़िरी तारीख़ को; 2. m (-s/-s) महीने की आख़िरी तारीख़ ।

Ultra, m (-s/-s) [lat.] चरमपंथी; **~kurzwellen,** f/pl., phys: अतिलघु तरंगें; **~marin,** 1. adj. लाजवर्दी, चमचमाता हुआ नीला; 2. n (-s) लाजवर्द, चमचमाता हुआ नीला रंग; **~rot,** adj.→infrarot; **~schall,** m (-[e]s) phys: पराश्रव्य ध्वनि-तरंगें, श्रवणातीत ध्वनि-तरंगें; **~violett,** adj. पराबैंगनी, पारनील-लोहित ।

um, 1. präp. (+ akk.) के चारों ओर, के आसपास (पूरा या आधा गोला बना कर); के दायरे में; wegen: के लिए,के कारण;Gegenwert bezeichnend: के बदले (में), के लिए; bei Zeitangaben: के समय; के लगभग; in bezug auf: के बारे में, के विषय में; um den Tisch sitzen मेज़ के चारों ओर बैठना या बैठे होना; jdn. um etw. bitten किसी से कोई चीज़ माँगना; किसी से किसी बात के लिए प्रार्थना क॰; sich um etw. bemühen किसी बात के लिए प्रयास क॰; किसी वस्तु को पाने के लिए प्रयत्न क॰; Auge um Auge, Zahn um Zahn आँख के बदले आँख, दाँत के बदले दाँत, बराबर का प्रतिशोध; um nichts in der Welt किसी भी क़ीमत पर नहीं; um fünf Uhr पाँच बजे, पाँच के लगभग; um die Mittagszeit दोपहर के समय, दोपहर को; दोपहर के लगभग; um etw. wissen किसी बात के बारे में जानकारी रखना, किसी बात को जानना; es gibt neue Gerüchte um ihn उस के बारे में नई अफ़वाहें उड़ रहीं हैं; Jahr um Jahr verging

एक के बाद एक कई वर्ष बीत गए, एक-एक करके कई वर्ष बीत गए; er ist um ein Jahr älter als seine Frau वह अपनी पत्नी से एक वर्ष बड़ा है; einer um den anderen एक को छोड़ कर एक, हर दूसरा; 2. präp. (+gen.) के लिए के कारण, के उद्देश्य से; um seines Vorteils willen अपने लाभ के लिए; अपने लाभ के उद्देश्य से; 3. konj.: er tat alles, um sein Ziel zu erreichen अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए उसने हर (संभव) प्रयत्न किया; die Zeit ist knapp, um so besser müssen wir sie nützen (चूँकि) समय सीमित है इस लिए हमें उसका अपेक्षाकृत अधिक सदुपयोग करना चाहिए; 4. adv. (vorüber) समाप्त, खत्म; (ungefähr) लगभग, क़रीब-क़रीब, तक़रीबन; die Zeit ist um समय समाप्त हो चुका है; dieses Buch kostet um die zwanzig Mark इस पुस्तक का मूल्य लगभग बीस मार्क है।

umadressieren, v/t (h.) अनुप्रेषित क०, पर नया पता लिखना।

umänder-n, v/t (h.) में संशोधन क०, को बदलना, में परिवर्तन क०, में आंशिक परिवर्तन क०; **~ung,** f संशोधन; परिवर्तन, आंशिक परिवर्तन।

umarbeit-en, v/t (h.) के रूप में परिवर्तन क०, को कोई नया रूप देना, को पूर्णतया रूपान्तरित क०; **~ung,** f (-/-en) रूपान्तरण।

umarm-en, v/t (h.) को बाँहों में भर लेना, को गले लगाना, का आलिंगन क०; er umarmte seine Tochter beim Abschied विदाई के समय उसने अपनी लड़की को गले लगा लिया; **~ung,** f (-/-en) आलिंगन; fig: पकड़, जकड़, गिरफ़्त।

Umbau, m (-[e]s/-e;-ten) भवन की बनावट में परिवर्तन; रंगमंच की सज्जा में परिवर्तन; fig: किसी व्यवस्था में परिवर्तन, पुनर्गठन; **~en,** 1. v/t (h.) की बनावट में परिवर्तन क० (मकान, कमरा आदि); (रंगमंच) की सज्जा में परिवर्तन क०; fig: की व्यवस्था में परिवर्तन क०, का पुनर्गठन क०; wir haben das Haus umgebaut हमने मकान की बनावट में परिवर्तन किए हैं; 2. v/t (h.) के चारों ओर दीवार खड़ी क०, के चारों ओर इमारतें खड़ी क०; der Garten ist (mit einer Mauer) umbaut बग़ीचे के चारों ओर दीवार बनी हुई है, बग़ीचा एक दीवार से घिरा हुआ है।

umbenennen, v/t (h.) का नाम बदलना, को कोई दूसरा नाम देना।

umbesetz-en, v/t (h.) किसी पद पर किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त क०, पदाधिकारियों की अदल-बदल क०; theat: किसी भूमिका के लिए अन्य अभिनेता को लेना, अभिनेताओं की अदल-बदल क०; **~ung,** f (-/-en) किसी पद पर अन्य व्यक्ति की नियुक्ति, पदाधिकारियों की अदल-बदल; अभिनेताओं की अदल-बदल।

umbetten, v/t (h.) को दूसरे बिस्तर में लिटाना; मरीज़ आदि के बिस्तर को साफ़ करके फिर से लगाना।

umbiegen, v/t (h.) (एक तरफ़ को) मोड़ना या मोड़ देना।

umbild-en, v/t (h.) को कोई नया रूप देना, का रूप बदलना; का पुनर्गठन क०; **~ung,** f रूपान्तरण; पुनर्गठन।

umbinden, v/t (h.) बाँधना, बाँध लेना, बाँध देना।

umblättern, v/i & v/t (h.) (पन्ना) पलटना।

Umbra, f (-) [lat.] astron: सूर्य के धब्बे का मध्यभाग।

umbrechen, v/t (h.) (पंक्ति-प्रूफ़) को पृष्ठों के अनुसार व्यवस्थित क०; पृष्ठाकार प्रूफ़ बनाना।

umbringen, v/t (h.) को मार डालना, की हत्या कर देना।

Umbruch, m मूलोपान्त परिवर्तन, आमूल परिवर्तन, बुनियादी तब्दीली,

कायापलट, इनक़लाबी तब्दीली; Drucktechnik: पंक्ति-प्रूफ़ की पृष्ठों के अनुसार व्यवस्था ।

umbuch-en, v/t (h.) पुस्तांकन में परिवर्तन क०, दूसरे स्थान पर चढ़ाना या लिखना, दूसरे खाते में चढ़ाना; बुकिंग में परिवर्तन क०; **~ung,** f पुस्तांकन में परिवर्तन, दूसरे स्थान पर या दूसरे खाते में दर्ज क०; बुकिंग में परिवर्तन ।

umdenken, v/i (h.) अपनी विचारधारा को बदलना ।

umdeuten, v/t (h.) को दूसरा अर्थ देना, को नया अर्थ देना, का दूसरा या नया अर्थ निकालना ।

umdisponieren, v/t (h.) की योजना को बदल देना, के बारे में अपनी योजना को बदल देना, का इरादा बदल देना ।

umdrängen, v/t (h.) के चारों ओर से घेर लेना, के चारों ओर जमा हो जाना, के चारों ओर भीड़ लगाना; die Menge umdrängte ihn लोग उसके चारों ओर जमा हो गए, उसके चारों ओर भीड़ लग गई ।

umdreh-en, 1. v/i (h.) लौटना, लौट जाना, लौट पड़ना; 2. v/t (h.) उलटना या उलट देना, पलटना या पलट देना; घुमाना, मोड़ना; उमेठना, उमेठ देना; U: er dreht jeden Pfennig zweimal um वह बहुत किफ़ायत करता है, वह पैसे को दाँत से दबाकर खर्च करता है; वह बहुत कंजूस है; sich umdrehen मुड़ना, पीछे की ओर मुड़ना; घूमना; घूर्णन क०; **~ung,** f घूर्णन; फेरा, चक्कर; **~ungszahl,** f प्रतिमिनट पूरे किए गए चक्करों की संख्या ।

umdüstern, v/r (h.) fig: sein Gemüt umdüsterte sich वह उदास हो गया; seine Stirn umdüsterte sich उसके चेहरे पर अप्रसन्नता झलकने लगी ।

umeinander, adv. एक दूसरे के आस-पास, आपस में; sich umeinander kümmern (आपस में) एक दूसरे का ख़याल क० या रखना ।

umerzieh-en, v/t (h.) को दूसरी दिशा में शिक्षित क०, को दूसरे उद्देश्यों के लिए शिक्षा देना; **~ung,** f दूसरे उद्देश्यों के लिए शिक्षा ।

umfahren, 1. v/t (h.) को गाड़ी से टक्कर मारकर गिरा देना; er hat das Verkehrsschild umgefahren उसने यातायात-संकेतचिह्न को गाड़ी से टक्कर मारकर गिरा दिया; 2. v/t (h.) के आसपास चक्कर लगाकर गाड़ी निकाल ले जाना, के बाहर-बाहर से गाड़ी निकाल ले जाना; के चारों ओर गाड़ी चलाना; er hat das Hindernis umfahren वह बाधा का चक्कर लगा कर गाड़ी निकाल ले गया ।

Umfall, m(-[e]s) fig: आकस्मिक मत-परिवर्तन; आकस्मिक दल-परिवर्तन या दल-त्याग; **~en,** v/i (s.) गिर जाना, गिर पड़ना, उलट जाना; U: अशक्त होकर गिर पड़ना; बेहोश हो जाना; fig: (किसी के प्रभाव में आकर) अपना विचार, मत या दल बदल देना ।

Um-fang, m (-[e]s/ ⸗e) परिधि, घेरा, दायरा, परिवेष, परिवेश; आकार, मोटाई, विस्तार (कमर, सीने आदि का); fig: विस्तार, आयाम; परिणाम, मात्रा; **~fangen,** v/t (h.) (umarmen) का आलिंगन क०, को बाँहों में भर लेना; (umfassen) को मुट्ठी में पकड़ना या पकड़ लेना, को (चारों ओर से) हाथ में पकड़ना; fig: अवगुंठित क०, आवृत क०, ढक लेना, के चारों ओर छा जाना; fig: plötzlich umfing uns die Dunkelheit अचानक हमारे चारों ओर अंधेरा छा गया; **~fänglich,** adj. व्यापक, विस्तृत, विस्तीर्ण, लम्बा-चौड़ा; **~fangreich,** adj. काफ़ी बड़ा, बड़े आकार का, लम्बा-चौड़ा, व्यापक, विस्तृत, विस्तीर्ण; U: मोटा, स्थूल ।

umfärben, v/t (h.) पर दूसरा रंग क०, को दूसरे रंग में रँगना ।

umfass-en, 1. v/t (h.) को दूसरे ढंग से जड़ना, की नई जड़ाई क०, को दूसरी अँगूठी में जड़ना; dieser Diamant soll umgefaßt werden इस हीरे को (इस अँगूठी से निकाल-कर) दूसरी अँगूठी में जड़ना है; 2. v/t (h.) (einschließen) को घेरना, को घेर लेना; के चारों ओर बनाना या बना होना; को मुट्ठी में पकड़ना या पकड़ लेना; (umarmen) का आलिंगन क०, को बाँहों में भर लेना; (in sich schließen) को समाविष्ट या अंतर्गत क०, में समाविष्ट या निहित होना; dieses Buch umfaßt fünfhundert Seiten इस पुस्तक में पाँच सौ पृष्ठ हैं; dieses Buch umfaßt sein gesamtes Werk इस पुस्तक में उस की सारी रचनायें निहित हैं; **~end,** adj. व्यापक, समावेशक; सुविस्तृत, विस्तारपूर्ण; umfassende Kenntnisse समावेशक ज्ञान; **~ung,** f (-) नई जड़ाई; घेरा (डालना); आलिंगन; **~ungsmauer,** f अहाते, घेरे या बाड़े आदि की दीवार ।

umfliegen, 1. v/i (s.) U: गिर जाना, उलट जाना; der Tisch ist umgeflogen मेज़ उलट गई है; 2. v/t (h.) के चारों ओर उड़ते हुए चक्कर लगाना; के आसपास चक्कर लगा कर विमान निकाल ले जाना, के बाहर-बाहर से विमान निकाल ले जाना; der Pilot hat die Stadt umflogen विमान-चालक शहर के बाहर-बाहर से विमान को आगे निकाल ले गया ।

umform-en, v/t (h.) को कोई नया रूप देना, का रूप बदलना, का आकार बदलना; el: बदलना, परिणमन क०; **~er** m (-s/-) el: परिणामित्र; **~ung,** f रूपान्तरण; el: परिणमन ।

Umfrage, f लोकमत-संचय; कई लोगों से पूछताछ; **~n,** v/i (h.) लोकमत-संचय के लिए पूछताछ क०; कई लोगों से पूछना या पूछताछ क० ।

umfried(ig)-en, v/t (h.) के आसपास घेरा, अहाता या दीवार आदि बनाना; er hat sein Grundstück mit Draht umfriedet उसने अपने भूखंड के आसपास तार का घेरा बना दिया है; **~ung,** f (-/-en) घेरा, अहाता, बाड़ा आदि (बनाना) ।

umfüllen, v/t (h.) को दूसरे बरतन में भरना, एक बरतन से निकाल कर दूसरे में भरना ।

umfunktionieren, v/t (h.) को कोई दूसरा रूप देना, से कोई दूसरा काम लेना, में परिवर्तित क० ।

Um-gang, m(-[e]s/ ⸗e)चक्कर, फेरा, फेरी; Umzug: धार्मिक जुलूस; परि-क्रमा; am Pferdegeschirr: घोड़े की पिछली टाँगों का पट्टा; arch: किसी भवन या कक्ष आदि के चारों ओर का आच्छादित मार्ग; o.pl: परस्पर व्यवहार; संपर्क, संसर्ग, साथ, (किसी के साथ) उठना-बैठना; er pflegt schlechten Umgang वह बुरे लोगों क साथ उठता-बैठता है; **~gänglich,** adj. मिलनसार, स्नेही; भद्र, सज्जन, सुलझा हुआ; **~gänglichkeit,** f (-) मिलनसारी, सौहार्द, स्नेह; भद्रता, सज्जनता; **~gangsformen,** f/pl. आचरण, व्यवहार, व्यवहार का ढंग; शिष्टाचार; **~gangssprache,** f चलती बोली, बोलचाल की भाषा, चलित भाषा; **~gangssprachlich,**adj. चलती बोली का, बोलचाल की भाषा का, बोलचाल की भाषा में प्रयुक्त ।

umgarnen, v/t (h.) को चालाकी या मीठी बातों से फँसाना; er hat sie umgarnt उसने उसे मीठी बातों से फँसा लिया ।

umgeb-en, v/t (h.) को घेरना या घेर लेना, के चारों ओर बनाना या बना होना, के चारों ओर खड़ा क० या खड़ा होना; sich mit etw. umgeben किसी चीज़ (या किन्हीं लोगों) को अधिक संख्या में अपने आसपास या इर्द-गिर्द रखना; von Feinden umgeben sein दुश्मनों से घिरा होना;

fig: das Kind ist von Liebe umgeben (इस) बच्चे को बहुत लाड़-प्यार मिलता है; ~ung, f (-/-en) पड़ोस, अड़ोस-पड़ोस, परिसर; आसपास का क्षेत्र या इलाक़ा, परिप्रदेश; fig: eines Menschen: दायरा, व्यक्ति जिन से रोज़ का संबंध हो; अनुयायीगण, अनुचरगण ।

Umgegend, f परिप्रदेश, आसपास का क्षेत्र या इलाक़ा ।

um:geh-en, 1. v/i (s.) Rundbrief usw: घुमाया जाना, एक के पास से दूसरे के पास पहुँचना या पहुँचाया जाना, एक-एक करके सबके पास पहुँचना; Gespenst: आना, आना-जाना, लगना; Gerücht: उड़ना, फैलना; Krankheit: फैलना, फैल रहा होना; mit jdm.: (उचित) व्यवहार क०, बरताव क०; (के साथ) व्यवहार में कुशल होना; mit etw.: (उचित) प्रयोग क०, के प्रयोग में कुशल होना; er kann nicht mit Kindern umgehen वह बच्चों के साथ व्यवहार में कुशल नहीं है; er geht mit dem Gedanken um,... वह ... का इरादा रखता है, उसका ... का इरादा है; 2. v/t (h.) के आसपास चक्कर लगाते हुए निकल जाना, के बाहर-बाहर से निकल जाना; fig: को चतुराई के साथ भंग क०; चालाकी से उल्लंघन क०, से बचना या बच निकलना; टाल जाना, टाल देना; fig: er umging die Antwort वह जवाब टाल गया; ~**end,** 1. adj. तात्कालिक; 2. adv. तत्काल, तुरन्त, फ़ौरन, अविलम्ब; वापसी डाक से; ~**ung,** f (-) आसपास चक्कर लगाते हुए निकलना, बाहर-बाहर से निकलना; fig: परिहार, बचाव, (क़ानून आदि का) चतुराई से उल्लंघन; टाल जाना, टाल-टूल; ~**ungsstraße,** f बाह्य पथ, शहर आदि के बाहर-बाहर से निकलने वाली सड़क ।

umgekehrt, 1. adj. उलटा, विपरीत; विलोम, प्रतिलोम; 2. adv. उलटे, उलटे क्रम से, उलटी तरफ़ से; विलोमतः ।

umgestalt-en, v/t (h.) को कोई नया रूप देना; का रूप, स्वरूप या आकार बदलना; ~**ung,** f रूपान्तरण ।

umgraben, v/t (h.) गोड़ना, की मिट्टी को पलटना या भुरभुरा क० ।

umgrenz-en, v/t (h.) के चारों ओर घेरा, बाड़ा, अहाता आदि बनाना, के चारों ओर बनाना या बना होना; (begrenzen) को सीमित क०; को सीमाबद्ध क०; ein Thema: की विषय-वस्तु को सीमित क०; er umgrenzte sein Grundstück mit einer Mauer उसने अपने भूखंड के चारों ओर दीवार खड़ी कर दी; ~**ung,** f (-/-en) घेरा, बाड़ा; अहाता आदि; सीमा, सीमा-रेखा; o.pl: घेरा, अहाता आदि बनाना, सीमा-बंधन, परिसीमन, सीमित क० ।

umgruppier-en, v/t (h.) के वर्गीकरण या विन्यास में परिवर्तन क०, फिर से विन्यस्त क०, को दूसरे ढंग से वर्गीकृत क०; ~**ung,** f वर्गीकरण या विन्यास में परिवर्तन (क०) ।

umgucken, v/r (h:) U: → umsehen; fig: ihr werdet euch noch umgucken! (अगर तुम लोग ऐसा करोगे या करते रहोगे तो) तुम्हें एक दिन आटे-दाल का भाव पता लग जाएगा ।

umhaben, v/t (h.) U: लपेटे हुए होना, बाँधे (हुए) होना; er hatte einen Schal um वह एक शाल लपेटे हुए था ।

umhalsen, v/t (h.) को गले लगा लेना, के गले लग जाना; er umhalste seinen Freund उसने अपने मित्र को गले लगा लिया, वह अपने मित्र के गले लग गया ।

Um-hang, m लबादा, बिना आस्तीन का लम्बा कोट; ~**hängen,** v/t (h.) को (एक स्थान से उतार कर) दूसरे स्थान पर टाँगना; को कंधों पर डाल देना या डाल लेना, को कंधे पर लटका देना या लटका लेना; ~**hängetasche,f**

कंधे पर लटकाने का झोला।

umhauen, v/t (h.) को मार गिराना, को प्रहार द्वारा धराशायी कर देना; को काट गिराना, को काट डालना; U: dieser Gestank haut einen um यह बदबू बहुत ही तेज़ है, यह दुर्गन्ध असह्य है; U: diese Nachricht hat ihn umgehauen इस समाचार ने उसे हक्का-बक्का कर दिया।

umhegen, v/t (h.) की बहुत मनोयोग से देखभाल क०, के साथ अत्यन्त स्नेहपूर्ण बरताव क०; sie umhegte den Kranken wochenlang वह कई हफ़्तों तक बड़े मनोयोग के साथ मरीज़ की देखभाल करती रही।

umher-blicken, v/i (h.) इधर-उधर देखना, अपने चारों ओर नज़र डालना; **~fahren,** v/i (s.) इधर-उधर गाड़ी चलाता फिरना; **~fliegen,** v/i (s.) इधर-उधर उड़ना, इधर-उधर उड़ता रहना; **~gehen,** v/i (s.) इधर-उधर फिरना, इधर-उधर घूमना, इधर-उधर फिरता या घूमता रहना; **~irren,** v/i (s.) इधर-उधर भटकना या भटकता रहना; **~jagen,** 1. v/i (s.)इधर-उधर दौड़ना या दौड़ता रहना; 2. v/t (h.) इधर-उधर दौड़ाना या दौड़ाता रहना, इधर-उधर खदेड़ना या खदेड़ता रहना; **~reisen,** v/i (s.) इधर-उधर सफ़र क० या करता रहना; **~schlendern,** v/i (s.) इधर-उधर मटरगश्ती क० या करता रहना; **~streifen,** v/i (s.) इधर-उधर चक्कर काटना या काटता रहना;**~ziehen,** 1. v/i (s.) इधर-उधर घूमना-फिरना या घूमता-फिरता रहना; लगातार ठिकाना बदलना या बदलता रहना, ख़ानाबदोशी क० या करता रहना; 2. v/t (h.) इधर-उधर खींचना या घसीटना, इधर-उधर अपने साथ घसीटता फिरना।

umhin, adv.: nicht umhin können, etw. zu tun कोई काम करने के लिए बाध्य होना; कुछ किए बिना न रह सकना।

umhören, v/r (h.) पूछ-पूछकर किसी बात के बारे में जानकारी प्राप्त क०, पूछताछ के द्वारा किसी बात को जानने का प्रयत्न क०।

umhüll-en, v/t (h.) को (किसी चीज़ से) आवृत कर देना या ढक देना, को किसी चीज़ में) लपेटना या लपेट देना; er war mit einer Decke umhüllt वह एक कम्बल में लिपटा हुआ था, उसने एक कम्बल ओढ़ रखा था; **~ung,** f (-/-en) आवरण, आच्छादन, वेष्टन।

umkämpfen, v/t (h.) के लिए संघर्ष क०; के लिए संग्राम या युद्ध क०; diese Stelle wurde heiß umkämpft इस स्थान या पद के लिए घोर संघर्ष किया गया (या हुआ)।

Umkehr, f(-)वापसी, प्रतिगमन, वापसी का प्रारंभ, वापसी के लिए मुड़ना; fig:नये जीवन का प्रारंभ;मत-परिवर्तन; धर्म-परिवर्तन;**~bar,**adj.प्रतिवर्त्य,परिवर्त्य, प्रतिवर्ती; उत्क्रमणीय;**~en,**1.v/i (s.) लौटना, लौट जाना, वापस जाना, वापस जाने लगना, वापस जाने के लिए मुड़ना; fig: नया जीवन शुरू क०; 2. v/t (h.) उलटना, उलट देन,ा पलटना, पलट देना; Reihenfolge: उत्क्रमित क०; का क्रम उलट देना; fig: उलट-पलट कर देना; छान डालना, की तलाशी ले डालना; **~ung,** f (-/-en) उलटना, उलट देना, उलटाव; उत्क्रमण; fig: उलट-पलट; आमूल परिवर्तन; पूर्वस्थितिस्थापन।

umkippen, 1. v/i (s.) गिर जाना, गिर पड़ना, उलट जाना; U: अशक्त होकर गिर जाना, बेहोश हो जाना; fig: (किसी के प्रभाव में आकर) अपना विचार या मत बदल देना; 2. v/t (h.) गिरा देना, उलट देना।

umklamm-ern, v/t (h.) को कसकर पकड़ना या पकड़ लेना, से लिपट या चिपट जाना, को बाँहों (या टाँगों से) जकड़ लेना, को गुम्फिया लेना; mil:

को चारों ओर से घेर लेना; ~(e)rung, f (-/-en) जकड़, पकड़, गिरफ़्त, गुस्फी; mil: चारों ओर से घेर लेना या घिर जाना, घेरा।

umklappen, 1. v/t (h.) ऊपर या नीचे को मोड़ देना, चूलदार ढक्कन को खोल देना या बन्द कर देना; 2. v/i(s.) U: अशक्त होकर गिर जाना, बेहोश हो जाना।

umkleid-en, 1. v/t (h.) के कपड़े बदलना, को दूसरे कपड़े पहनाना; er hat sich umgekleidet उसने दूसरे कपड़े पहन लिए हैं, उसने कपड़े बदल लिए हैं; 2. v/t (h.) को (किसी चीज़ से) आवृत कर देना या ढक देना; der Sarg wurde mit der Nationalflagge umkleidetशवपेटी को राष्ट्रीय ध्वज से ढक दिया गया; **~eraum,** m कपड़े बदलने का कमरा; **~ung,** f (-/-en) आवरण, आच्छादन; o.pl: कपड़े बदलना।

umknicken, 1. v/i (s.) (का पैर) मुड़ जाना या मुरक जाना; 2. v/t (h.) मोड़ना, मोड़ देना; तोड़कर झुका देना (डाली आदि)।

umkommen, v/i (s.) मर जाना, मारा जाना; ख़राब हो जाना (खाद्य या पेय आदि); sie läßt nichts umkommen वह किसी भी खाद्य पदार्थ को ख़राब नहीं होने देती; U: ich komme um vor Hunger भूख के मारे मेरी जान निकली जा रही है।

Umkreis, m (-es) परिप्रदेश, आसपास का क्षेत्र या इलाक़ा, परिसर; math: परिवृत्त; **~en,** v/t (h.) के आसपास चक्कर लगाना, की परिक्रमा क०।

umkrempeln, v/t (h.) ऊपर को चढ़ाना या पलटना (आस्तीन आदि); fig: को पूरी तरह बदल देना, की काया पलट देना; में उलट-पलट कर देना, को उलट-पलट देना।

umladen, v/t (h.) को (एक वाहन से उतारकर) दूसरे वाहन में लादना।

Umlage, f (अनिवार्य) सहांश या चन्दा।

umlagern, 1. v/t (h.) को दूसरे ढंग से गोदाम में रखना; को (एक स्थान से हटाकर) दूसरे स्थान पर जमा क० या रखना; der Weizen muß umgelagert werden गेहूँ को दूसरे स्थान पर रखना होगा, गेहूँ को दूसरे ढंग से रखना होगा; 2. v/t (h.) के चारों ओर भीड़ लगाना, के चारों ओर जमा हो जाना; sein Haus war von Neugierigen umlagert उसके घर के चारों ओर कुतूहली लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

Umland, n आसपास की भूमि, आसपास का क्षेत्र।

Umlauf, m संचार, संचरण; प्रचार, प्रसार, प्रचलन, चलन; परिक्रमा; (Rundschreiben) गश्ती चिट्ठी; med: हस्तांगुलिशोथ; ein Gerücht in Umlauf bringen किसी अफ़वाह को उड़ाना; **~bahn,** f परिक्रमा-पथ; ग्रहपथ; **~en,** 1. v/i (s.) चलन में होना; (गश्ती चिट्ठी का) घुमाया जाना; फैलना, फैल रहा होना; 2. v/t (h.) a) को दौड़ते हुए धक्का मारकर गिरा देना, को दौड़ते-दौड़ते धक्का मारकर गिरा देना; er hat das Kind umgelaufen उसने बच्चे को दौड़ते-दौड़ते धक्का मारकर गिरा दिया; b) का दौड़ते हुए चक्कर लगाना, के चारों ओर दौड़ना; की परिक्रमा क०; die Erde umläuft die Sonne पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है।

Umlaut, m अभिश्रुति।

umleg-en, v/t (h.) को दूसरे ढंग से रखना; को (एक स्थान से हटाकर) दूसरे स्थान पर रखना; (किसी खड़ी वस्तु) को गिरा देना या लिटा देना; (umschlagen) को मोड़ना या पलटना (कफ़ या कॉलर आदि); Kosten: को संविभाजित क०; Land: को चकों में बाँटना, चकबन्दी क०;

Termine: (पूर्वनिश्चित तिथि) को बदल देना; Kette usw: को पहनाना; Schal usw: के कंधों पर डालना, ओढ़ाना; U: jdn. umlegen किसी को मार डालना, किसी की हत्या कर देना; ~ung, f (-/-en) von Kosten: संविभाजन; अनुभाजन; von Land: चकबन्दी।

umleit-en, v/t (h.) को दूसरे मार्ग पर ले जाना, को दूसरी सड़क पर से निकालना, (सड़क बन्द होने के कारण यातायात) को दूसरी सड़क पर ले जाना; **~ung,** f चक्कर का मार्ग; यातायात को दूसरी सड़क पर से निकालना।

umlernen, v/i (h.) किसी काम का नया ढंग या तरीक़ा सीखना।

umliegend, adj. आसपास का, पास-पड़ोस का, प्रतिवेशी।

ummauern, v/t (h.) के चारों ओर दीवार खड़ी क० या कर देना, को दीवार से घेर देना; der Garten ist ummauert बग़ीचा दीवार से घिरा हुआ है, बग़ीचे के चारों ओर दीवार बनी है।

ummelden, v/r (h.) polizeilich: स्थानीय पुलिस को अपना निवासस्थान बदलने की सूचना देना।

ummodeln, v/t (h.) को दोबारा गढ़ना; को कोई नया रूप देना, का रूप बदलना।

umnacht-et, adj. चकराया हुआ; भ्रष्ट; विक्षिप्त, पागल, दीवाना; sein Geist ist umnachtet उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है, उसका दिमाग़ चकराया हुआ है; वह विक्षिप्त है; **~ung,** f (-) विक्षेप, पागलपन, दीवानगी; मनोभ्रंश।

umnebeln, v/t (h.) कुहरे से ढक देना, पर (कोहरा) छा जाना; के चारों ओर छा जाना; er ist von Zigarettenrauch umnebelt उसके चारों ओर सिगरेटों का धुआँ छाया हुआ है; fig: sein Blick ist umnebelt उसकी नज़र धुँधली हो गई है (नशे या घुमटे आदि के कारण)।

umorganisieren, v/t (h.) की व्यवस्था में परिवर्तन क०; का पुनर्गठन क०; को पुनःसंगठित क०।

umpacken, v/t (h.) को दूसरे ढंग से पैक क०, को (एक डिब्बे या संदूक आदि से निकालकर) दूसरे डिब्बे या संदूक आदि में रखना।

umpflanzen, v/t(h.) को (एक स्थान से हटाकर) दूसरे स्थान पर रोपना, को (एक गमले से निकालकर) दूसरे गमले में लगाना।

umpflügen, v/t (h.) जोतना, की जुताई क०।

umquartieren, v/t (h.) को (एक निवासस्थान से हटा कर) दूसरे निवास-स्थान पर ले जाना, को रहने के लिए दूसरी जगह देना।

umrahm-en, v/t (h.) पर चौखटा (या फ़्रेम) चढ़ाना; के चारों ओर लटका या लगा होना, को चारों ओर से घेरना, के चारों ओर होना; fig: seine Rede wurde von Musik umrahmt उसके भाषण से पहले तथा बाद में संगीत प्रस्तुत किया गया; **~ung,** f (-/-en) चौखटा, फ़्रेम; o.pl: चौखटा चढ़ाना, मढ़ाई।

umrand-en, v/t (h.) के चारों ओर गोटा, किनारी, पट्टी आदि लगाना; के चारों ओर मेंड़ बनाना; er hat das Beet mit Steinen umrandet उसने क्यारी के आसपास पत्थर के टुकड़ों की मेंड़ बना दी (है); **~ung,** f (-/-en) चारों ओर लगी हुई पट्टी, किनारी आदि; o.pl: चारों ओर गोटा, किनारी आदि लगाना; चारों ओर मेंड़ बनाना।

umranken, v/t (h.) पर लिपटते हुए बढ़ना, से लिपटा होना; die Mauer ist von Efeu umrankt दीवार पर मारवल्ली की लताएँ लिपटी हुई हैं।

umrechnen, v/t (h.) को (मुद्रा की) दूसरी इकाई में परिवर्तित क० या बदलना।

umreisen, v/t (h.): er hat die ganze

Erde umreist उसने सारी दुनिया का सफ़र किया है, उसने पूरे विश्व की यात्रा की है।

umreißen, 1. v/t (h.)(niederreißen) को ढा देना, को गिरा देना;(umwerfen) को झटके के साथ गिरा देना; को पटक देना, को धराशायी कर देना; er hat den Stuhl umgerissen उसने कुर्सी को झटके के साथ गिरा दिया; 2. v/t (h.) का रेखाचित्र बनाना, की परिरेखायें खींचना; की रूपरेखा बनाना या प्रस्तुत क०; er umriß uns seinen Plan उसने अपनी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की।

umrennen, v/t (h.) को दौड़ते हुए धक्का मारकर गिरा देना, को दौड़ते-दौड़ते धक्का मारकर गिरा देना।

umringen, v/t (h.) को घेर लेना, के चारों ओर जमा हो जाना, के चारों ओर भीड़ लगाना; Neugierige umringten ihn कुतूहली लोग उसके चारों ओर जमा हो गए।

Umriß, m (-'sses/-'sse) रेखाकृति, (स्थूल) रेखाचित्र, परिरेखा; रूपरेखा, सारांश, संक्षिप्त वर्णन।

umrühren, v/t (h.) चलाना; घोटना, फेंटना, विलोड़ना।

ums=um das

umsatteln, 1. v/t (h.) की पीठ पर दूसरी जीन कसना; 2. v/i (h.) U: अपना कार्यक्षेत्र बदलना, अपना पेशा बदलना, कोई नया पेशा शुरू क०, अध्ययन का विषय बदलना, एक विषय को छोड़कर किसी नये विषय का अध्ययन प्रारंभ क०।

Umsatz, m (-es/∸e) kfm: बिक्री, विक्रय; ~**steuer,** f बिक्री-कर, विक्रय-कर।

umsäumen, 1. v/t (h.) (किसी कपड़े) के किनारों को पक्का क०, की कोर को मोड़कर बखिया क० या तुरपना; das Tischtuch muß noch umgesäumt werden मेज़पोश के किनारों को अभी पक्का करना (बाक़ी) है; 2. v/t (h.) पर गोटा, मग़ज़ी आदि लगाना, के किनारों पर गोटा या पट्टी आदि लगाना; को किसी चीज़ से घेरना, के चारों ओर मेंड़ आदि बनाना; das Dorf ist von Wäldern umsäumt गाँव जंगलों से घिरा हुआ है।

umschalten, 1. v/t (h.) किसी दूसरे प्रसारण-स्थल या प्रसारण केन्द्र से संबंध स्थापित क०, रेडियो, टेलीविज़न आदि का प्रोग्राम बदलना; el: को दूसरे प्रकार (या दूसरी वोल्टता) के परिपथ से जोड़ना; mot: का गियर बदलना; 2. v/i (h.) fig: अपने आप को किसी परिवर्तित परिस्थिति के अनुकूल बनाना, परिवर्तित परिस्थिति के अनुकूल बनना, अपनी गतिविधि को बदलना।

umschatten, v/t (h.) पर छाया क० या डालना।

Umschau, f (-) चारों ओर दृष्टिपात, चारों ओर देखना; पर्यवलोकन; nach etw. Umschau halten किसी चीज़ की तलाश (या ताक)में रहना या होना; ~**en,** v/r (h.)→umsehen

umschicht-en, v/t (h.) एक के ऊपर एक रखी हुई वस्तुओं का क्रम बदलना या उन्हें दूसरे ढंग से रखना; के वर्गीकरण या वर्गविन्यास में परिवर्तन क०; ~**ig,** adv. एकान्तरत:, बारी-बारी से; ~**ung,** f एक के ऊपर एक रखी हुई वस्तुओं के क्रम में परिवर्तन; वर्ग-विन्यास-परिवर्तन।

umschiffen, v/t (h.) के आसपास चक्कर लगाते हुए जहाज़ निकाल ले जाना; wir haben das Riff umschifft हम जल-शैल के आसपास चक्कर लगाते हुए जहाज़ आगे निकाल ले गए; हमारा जहाज़ जल-शैल के आसपास चक्कर लगाता हुआ आगे निकल गया।

Umschlag, m (Hülle) आवरण, जैकट, पुस्तकावरण;(Kuvert)लिफ़ाफ़ा; (plötzliche Änderung) आकस्मिक परिवर्तन; med: चिकित्सा के लिए शरीर के किसी अंग पर भीगा कपड़ा

लपेटना; von Waren: एक वाहन से दूसरे वाहन में लदाई; यानान्तरण, नौकान्तरण; an Hosen usw: पतलून की मोहरी का मुड़ा हुआ पट्टा, मोहरी आदि की लौट; ~en, 1. v/t (h.) उलटना, पलटना, लौट देना; Bäume: काट गिराना, काट डालना; Waren: को (एक वाहन से उतारकर) दूसरे वाहन में लादना; 2. v/i (h.) उलट जाना, औंध जाना; अचानक बदल जाना, में अचानक परिवर्तन हो जाना; **~hafen,** m नौकान्तरण-बन्दरगाह; **~platz,** m नौकान्तरण-स्थान, वाहनान्तरण-स्थान; वाणिज्य-केन्द्र; **~tuch,** n शाल, दुशाला ।

umschleichen, v/t (h.) का दबे पाँव चक्कर लगाना, के चारों ओर (आँख बचाकर) चक्कर काटना ।

umschließen, v/t (h.) को मुट्ठी में पकड़ लेना; को बाँहों में भर लेना या जकड़ लेना; को चारों ओर से घेर लेना, के चारों ओर बनाना या खड़ा क०, के आसपास बना या खड़ा होना; Wälder umschließen das Dorf गाँव जंगलों से घिरा हुआ है ।

umschlingen, v/t(h.) से लिपट जाना, के गले से लिपट जाना; को आलिंगन-बद्ध कर लेना; को बाँहों में जकड़ लेना; से लिपटा होना (बेल आदि); er hielt ihn fest umschlungen उसने उसे अपनी बाँहों में जकड़े रखा (या जकड़ रखा था) ।

umschmeißen, v/t (h.) U: → umwerfen

umschreib-en, 1. v/t (h.) को फिर से लिखना, को दूसरे शब्दों में लिखना, में संशोधन क०; (übereignen) के नाम क०; das Haus wurde auf den Sohn umgeschrieben मकान लड़के के नाम कर दिया गया; 2. v/t (h.) का भावानुवाद क०; का अप्रत्यक्ष वर्णन क०, को सीधे-सीधे न कहना, को दूसरे शब्दों द्वारा व्यक्त क०; (beschreiben) (साफ़-साफ़) बताना, का (सुस्पष्ट) वर्णन क०; er hat seine Wünsche genau umschrieben उसने अपनी इच्छाओं (या माँगों) को सुस्पष्ट शब्दों में बता दिया (है); **~ung,** f (-/-en) भावानुवाद; अप्रत्यक्ष वर्णन के लिए प्रयुक्त शब्द; o.pl: फिर से या दूसरे शब्दों में लिखना, संशोधन; के नाम क० या किया जाना; अप्रत्यक्ष वर्णन, भावानुवाद क० ।

Umschrift, f संशोधित लेख, दूसरे शब्दों में लिखा गया लेख; लिप्यन्तरण; सिक्के की कोर का लेख ।

umschuld-en, v/t (h.) kfm: के ऋण की अवधि को बढ़ाना; **~ung,** f(-/-en) ऋण की अवधि का बढ़ाया जाना ।

um-schulen, v/t (h.) को (एक स्कूल से निकालकर) दूसरे स्कूल में भरती कराना; beruflich: को किसी दूसरे व्यवसाय के लिए प्रशिक्षित क०; **~schüler,** m दूसरे या नये व्यवसाय का प्रशिक्षार्थी; **~schulung,** f (-/-en) दूसरे स्कूल में भरती; beruflich: दूसरे या नये व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण ।

umschütten, v/t (h.) ढरकाना, ढरका देना; (umfüllen) को दूसरे बरतन में भरना ।

umschwärmen, v/t (h.) के आसपास उड़ना; के आसपास झुंडों में उड़ना; fig: के आसपास उपासकों, भक्तों, आशिक़ों की भीड़ लग जाना (या लगी रहना); Mücken umschwärmten das Licht पतंगों के झुंड के झुंड बत्ती के आसपास उड़ रहे थे ।

umschweben, v/t (h.) के आसपास मँडराना; Bienen umschwebten die Blüten मधुमक्खियाँ फूलों के आसपास मँडरा रहीं थीं ।

Umschweife, pl. वाग्जाल, वाक्-चक्र, घुमा-फिराकर कही बात, लम्बी-चौड़ी भूमिका; ohne Umschweife reden सीधी-सीधी बात क०; सुलझी हुई बात क०; keine Umschweife machen इधर-उधर की बातें न क०, सीधी-सीधी

बात क०, वाग्जाल न बिछाना, नखरे न दिखाना ।

umschwenken, 1. v/t (h.) मोड़ना, की दिशा बदलना; 2. v/i (s.) मुड़ जाना, की दिशा बदल जाना; fig: अपना मत, विचार या दल बदलना ।

umschwirren, v/t (h.) के आसपास (या चारों ओर) झुंडों में उड़ना या भिनभिनाना ।

Umschwung, m (-[e]s/ ⸚e) पूरा चक्कर (360 अंश का), कुलाँट; fig: आमूल परिवर्तन; निश्चायक मोड़ ।

umsehen, v/r (h.) मुड़कर देखना; अपने चारों ओर देखना या नज़र डालना; तलाश क०, तलाश में होना; sich in der Welt umsehen दुनिया की सैर क०; sich nach etw. umsehen किसी चीज़ की तलाश क०, किसी चीज़ की तलाश में होना ।

umseit-ig, adj. पन्ने के दूसरी ओर लिखित; **~s,**adv. पन्ने के दूसरी ओर ।

umsetzen, v/t (h.) को दूसरे स्थान पर रखना. बिठाना, रोपना;(verwandeln) परिवर्तित क०; mus: को दूसरे स्वर में लिखना; Waren: बेचना; ein Vorhaben in die Tat umsetzen किसी योजना को कार्यान्वित क० ।

Umsicht, f बुद्धिमानी, समझदारी, सावधानी, चौकसी; **~ig,** adj. बुद्धिमान, समझदार, सावधान, आगा-पीछा सोचकर काम करने वाला ।

umsied-eln, 1. v/t (h.) को (एक स्थान से हटाकर) दूसरे स्थान पर बसाना, को (एक मकान से निकालकर) दूसरे मकान में रखना; 2. v/i (s.) अपना मकान या निवासस्थान बदल देना; **~(e)lung,**f (-/-en) निवासस्थान-परिवर्तन; दूसरे स्थान पर बस जाना या बसाया जाना; **~ler,** m दूसरे स्थान पर जाकर बस जाने वाला; दूसरी जगह बसाया जाने वाला ।

umsinken, v/i (s.) अशक्त होकर गिर जाना ।

umsonst, adv. मुफ़्त में; (vergebens) व्यर्थ, व्यर्थ में, बेकार ही ।

umsorgen, v/t (h.) की मनोयोग के साथ देखभाल क०, की लाड़-प्यार या स्नेह के साथ देखभाल क०; die Großmutter umsorgt die Kinder दादी (या नानी) बड़े स्नेह के साथ बच्चों की देखभाल करती हैं ।

umspann-en, 1. v/t (h.) (जुते हुए जानवर के स्थान पर) दूसरा जानवर जोतना, (जुते हुए जानवर को खोलकर) दूसरा जानवर जोतना; el: बदलना, परिणमन क०; er hat die Ochsen umgespannt उसने जुते हुए बैलों के स्थान पर दूसरे बैलों को जोत दिया (है); 2. v/t (h.) के चारों ओर बाँधना या लपेटना; को मुट्ठी में पकड़ लेना; के चारों ओर बाँहें रखना, को बाँहों में भर लेना; er umspannte den Baumstamm mit seinen Armen उसने पेड़ के तने को बाँहों में भर लिया; **~werk,** n, el: परिणमन-केन्द्र ।

umspringen, 1. v/i (s.) व्यवहार क०, बरताव क०; Wind: की दिशा बदल जाना; der Wärter springt mit den Häftlingen sehr brutal um कारागारिक बंदियों के साथ बड़ी नृशंसता का व्यवहार करता है; 2. v/t (h.) के चारों ओर उछलना या कूदना; die Kinder umspringen den heimkehrenden Vater बच्चे घर लौटते हुए पिता के चारों ओर उछल रहे हैं ।

umspulen, v/t (h.) Film/Tonband: को (एक चरखी से उतारकर) दूसरी चरखी पर चढ़ाना ।

umspülen, v/t (h.) धोना, स्पर्श क०, पखारना; Wellen umspülten das Ufer लहरें किनारे को धो रहीं थीं ।

Um-stand, m (-[e]s/ ⸚e)परिस्थिति, हालत, दशा, अवस्था; तथ्य, बात; pl: आडम्बर, औपचारिकता, तकल्लुफ़; झमेला, बखेड़ा; unter Umständen संभवतः, अगर संभव हुआ तो; अगर

आवश्यकता हुई तो, ज़रूरत पड़ने पर; unter keinen Umständen किसी भी हालत में नहीं; machen Sie keine Umstände! तकल्लुफ़ मत कीजिए !; sie ist in anderen Umständen वह माँ बनने वाली है; **~ständehalber,** adv. परिस्थितिवश, विशेष परिस्थितियों के कारण; **~ständlich,** adj. बहुत लम्बा-चौड़ा, बहुत चक्कर, झमेले या परेशानी वाला; घुमा-फिराकर कहा गया; बहुत धीरे-धीरे या अत्यन्त सावधानी से काम करने वाला; बहुत तकल्लुफ़ वाला, अत्यौपचारिक; **~standsbestimmung,** f, gramm:क्रियाविशेषणात्मक पद; **~standskleid,** n गर्भकाल की पोशाक; **~standskrämer,** m, U: बतंगड़िया, छोटी-छोटी बातों के पीछे बेकार में समय ख़राब करने वाला; **~standswort,** n, gramm: क्रिया-विशेषण ।

umstehen, v/t (h.) के चारों ओर (या आसपास) खड़े होना; die Neugierigen umstanden den Verletzten कुतूहली लोग आहत आदमी के चारों ओर खड़े थे ।

umstehend, adj. आसपास खड़े हुए; पन्ने के दूसरी ओर लिखित ।

umsteigen, v/i (s.) गाड़ी, ट्राम, बस आदि बदलना ।

umstell-en, 1. v/t (h.) को (एक स्थान से हटाकर) दूसरे स्थान पर रखना, की स्थिति में परिवर्तन क०, को किसी दूसरी स्थिति में लाना; ändern: में परिवर्तन क०; के ढंग में परिवर्तन क०, को किसी नये ढंग से करने लगना; के लिए रूपान्तरित क०, के अनुकूल बनाना; sich (auf etw.) umstellen अपने आप को किसी परिवर्तित परिस्थिति के अनुकूल बनाना, परिवर्तित परिस्थिति के अनुकूल बनना; कोई दूसरा काम करने लगना; किसी काम को दूसरे ढंग से करने लगना; er hat den Tisch umgestellt उसने मेज़ को दूसरे स्थान पर रख दिया; 2. v/t(h.) को चारों ओर से घेर लेना; die Polizei hat das Haus umstellt पुलिस ने मकान को चारों ओर से घेर लिया; **~ung,** f (-/-en) स्थान-परिवर्तन, स्थिति-परिवर्तन; अनुकूलन, परिस्थिति, अनुकूलन ।

umstimmen, v/t (h.) (किसी) को समझा-बुझाकर अपना विचार बदलने के लिए राज़ी क०; को दूसरे ढर्रे पर लाना; Instrument: के स्वर-स्तर को बदलना ।

umstoßen, v/t (h.) को धक्का देकर गिरा देना; Pläne usw: को पूरी तरह बदल देना, को आद्योपान्त बदल देना; को छोड़ देना, को रद्द कर देना, का इरादा छोड़ देना ।

umstritten, adj. अनिश्चित, विवादास्पद, विवादित ।

umstülpen, v/t (h.) उलटना, उलट देना, उलटा क०; उलटना-पलटना, उलट-पलट डालना ।

Um-sturz, m (-es) आकस्मिक शासन-परिवर्तन, सरकार का तख़्ता पलट देना या पलट जाना; राज्य-विप्लव, क्रान्ति, बलप्रयोग द्वारा शासन-परिवर्तन का प्रयत्न; **~stürzen,** 1. v/t (h.) को उलट देना, को औंधा कर देना; को गिरा देना, को ढा देना; fig: को पूरी तरह बदल देना; का तख़्ता उलटना या उलट देना; 2. v/i (s.) उलट जाना, औंधा हो जाना; गिर जाना, ढह जाना; **~stürzler,** m (-s/-) क्रान्तिकारी, विप्लवकारी, विप्लवी; **~stürzlerisch,** adj. वैप्लविक, क्रान्तिकारी, विद्रोही ।

Umtausch, m ख़रीदी वस्तु को वापस करके उसी मूल्य की दूसरी वस्तु लेना, ख़रीदी वस्तु को बदलना; दूसरी मुद्रा में परिवर्तन, विनिमय; **~en,** v/t (h.) (ख़रीदी वस्तु) को बदलना; को दूसरी मुद्रा में बदलना या बदलवाना; **~recht,** n ख़रीदी वस्तु को वापस करके उसके बदले दूसरी वस्तु प्राप्त करने का अधिकार ।

umtopfen, v/t (h.) Pflanzen: को (एक गमले से निकालकर) दूसरे गमले में लगाना ।

Umtrieb,m (-[e]s/-e) fig: दुरभिसन्धि, षड्यन्त्र, कपटयोग, साज़िश ।

Umtrunk, m मद्यपान-गोष्ठी ।

umtun, 1. v/t (h.) के कंधों पर डालना, ओढ़ाना; 2. v/r (h.): sich nach etw. umtun किसी चीज़ की तलाश क० ।

umverteilen, v/t (h.) का पुनर्वितरण क०, को दूसरे हिसाब से बाँटना ।

umwälz·en, v/t (h.) को उलटना, को दूसरी करवट क०; fig: को आद्योपान्त बदलना, में आमूल परिवर्तन लाना, में क्रान्ति लाना; **~end,** adj. युगान्तर-कारी, क्रान्तिकारी; **~ung,** f (-/-en) आमूल परिवर्तन; आकस्मिक शासन-परिवर्तन ।

umwand-eln, v/t (h.) बदलना, परि-वर्तित क०; el: परिणमन क०; er ist wie umgewandelt वह बिल्कुल बदल गया है; **~(e)lung,** f परिवर्तन; el: परिणमन ।

umwechseln, v/t (h.) को दूसरी मुद्रा में बदलना या बदलवाना; भुनाना, तुड़ाना ।

Umweg, m चक्कर, चक्करदार मार्ग ।

umwehen, 1. v/t (h.): der Wind wehte den Stuhl um हवा ने कुर्सी को गिरा (या उलट) दिया, हवा के झोंके से कुर्सी उलट (या गिर) गई; 2. v/t (h.) के आसपास या चारों ओर बहना; der Wind umwehte das Haus हवा मकान के चारों ओर बह रही थी ।

Umwelt, f (-) वातावरण,माहौल, परि-वेश; बाह्य जगत्, प्रकृति, वायुमंडल; **~schutz,** m बाह्य जगत्, प्रकृति या वायुमंडल का संदूषण से बचाव; **~verschmutzung,** f बाह्य जगत्, प्रकृति या वायुमंडल का संदूषण ।

umwenden, v/t (h.) उलटना, पलटना; sich umwenden (पीछे को) मुड़ना या मुड़कर देखना ।

umwerben, v/t (h.) से प्रणय-निवेदन क०; को अपने पक्ष में करने का प्रयत्न क०, के पीछे लगा रहना; er ist ein umworbener Mann उस पर कई लड़कियां आशिक़ हैं; उसकी बहुत पूछ है ।

umwerfen, v/t (h.) को गिरा देना; को धराशायी क० या कर देना;. के कंधों पर डालना, ओढ़ाना; U: को घबरा देना, के होश उड़ा देना, को धक्का पहुँचाना; fig: को अस्तव्यस्त क० या कर देना, में गड़बड़ पैदा क० ।

umwickeln, v/t (h.) पर लपेटना; को (किसी चीज़ में) लपेटना; er umwickelte das Bein mit einem nassen Tuch उसने टाँग पर भीगा कपड़ा लपेट दिया ।

umwittert, adj., fig: (से) घिरा हुआ, (से) आवृत ।

umwölken, v/r (h.) मेघाच्छादित हो जाना; poet: seine Stirn umwölkte sich उसके चेहरे पर अप्रसन्नता (या झुँझलाहट) झलकने लगी ।

umwühlen, v/t (h.) थूथन से (किसी स्थान की)मिट्टी खोदना या खोद डालना; (किसी वस्तु-विशेष को ढूँढने के प्रयत्न में अन्य वस्तुओं) को उलट-पलट डालना; fig: अस्तव्यस्त कर देना ।

umzäun-en, v/t (h.) के आसपास या चारों ओर घेरा या बाड़ा आदि बनाना, को (किसी चीज़ से) घेर देना; er hat den Baum mit Draht umzäunt उसने पेड़ के आसपास तार का घेरा बना दिया; **~ung,** f (-/-en) घेरा या बाड़ा (लगाना) ।

umziehen, 1. a) v/i (s.) निवासस्थान बदलना, किसी दूसरे शहर या मकान में चला जाना; b) v/t (h.) के कपड़े बदलना, को दूसरे कपड़े पहनाना; sich umziehen (अपने) कपड़े बदलना, दूसरे कपड़े पहनना; 2. v/r (h.): der Himmel hat sich umzogen आकाश मेघाच्छादित हो गया है ।

umzing-eln, v/t (h.) को (चारों ओर से) घेर लेना; wir umzingelten den Feind हमने दुश्मन को चारों ओर से घेर लिया; **~(e)lung,** f (-) घिराव, घेराबन्दी; घेरा।

Umzug, m निवासस्थान-परिवर्तन, मकान बदलना; (Festzug) जुलूस, शोभायात्रा।

unabänderlich, adj. अपरिवर्तनीय; अटल।

unabdingbar, adj. अनिवार्य, अत्यावश्यक, निहायत अहम।

unabhängig, adj. स्वतंत्र, आज़ाद; **~keit,** f (-) स्वतंत्रता, आज़ादी।

unabkömmlich, adj. न आ सकने की स्थिति में, जिसकी उपस्थिति किसी अन्य स्थान पर अनिवार्य हो।

unablässig, adj. अनवरत, अविराम, अविच्छिन्न; अथक।

unabsehbar, adj. अनुमानातीत; जिसकी निकट भविष्य में कोई आशा न हो; अनन्त, अपार, असीम।

unabsichtlich, adj. अनभिप्रेत; अज्ञानकृत; अनैच्छिक।

unabweis-bar,/~lich, adj. अनिवार्य, अत्यावश्यक, अवश्यकरणीय, जिसे टाला न जा सके।

unachtsam, adj. असावधान, लापरवाह; अन्यमनस्क; **~keit,** f (-) असावधानी, लापरवाही; अन्यमनस्कता।

unanfechtbar, adj. अविरोधनीय; अविवाद्य, अप्रतिवाद्य, अकाट्य।

unangebracht, adj. असंगत; अनुचित, अनुपयुक्त।

unangemeldet, adj. जिसकी पूर्वसूचना न दी गई हो।

unangemessen, adj. अनुपयुक्त, अननुकूल, अनुचित; अशोभनीय; बहुत अधिक या बहुत कम।

unangenehm, adj. अप्रिय, अरुचिकर, अप्रीतिकर; कष्टकर, तकलीफ़देह, कष्टदायी।

unannehmbar, adj. अस्वीकार्य।

Unannehmlichkeit, f (-/-en) असुविधा; कष्ट; तकलीफ़, परेशानी; झंझट।

unansehnlich, adj. अप्रियदर्शन, कुरूप, असुन्दर, बदसूरत; पुराना, बहुत इस्तेमाल किया, घिसा-घिसाया।

unanständig, adj. अशिष्ट, बदतमीज़; अश्लील, लज्जास्पद; **~keit,** f (-/-en) अशिष्टता, बदतमीज़ी; अश्लीलता।

unantastbar, adj. अनतिक्रम्य; अनिन्द्य, अभर्त्सनीय; अधिक्षेपातीत; परमपावन।

unappetitlich, adj. अरुचिकर; गंदा, मैला, मैला-कुचैला; घिनावना।

Unart, 1. f (-/-en) दुर्गुण, कुलक्षण, बुरी आदत; अशिष्टता, अभद्रता, धृष्टता, बदतमीज़ी; 2. m (-[e]s/-e) अशिष्ट, धृष्ट या बदतमीज़ व्यक्ति; **~ig,** adj. धृष्ट, अशिष्ट, बदतमीज़, अवज्ञाकारी।

unartikuliert, adj. अस्पष्ट, अस्फुट, अस्पष्ट रूप से बोला गया।

unästhetisch,adj. सुरुचिहीन; असुन्दर, लालित्यहीन, अप्रियदर्शन; अरुचिकर, घिनावना।

unauffällig, 1. adj. अनाकर्षक, साधारण, मामूली; जिसकी ओर ध्यान आकर्षित न हो, जिस पर नज़र न पड़े; विनम्र, सीधा-सादा, सुशील; 2. adv. चुपचाप; नज़र बचाकर, गुप्त रूप से।

unaufgefordert, adj. स्वैच्छिक, अपने आप किया हुआ, बिना कहे किया हुआ।

unaufhalt-bar,/~sam, adj. अप्रतिरोध्य, जिसे रोका न जा सके; अनवरत, लगातार।

unaufhörlich, adj. निरन्तर, अनवरत, लगातार, सतत।

unauflös-bar,/~lich, adj. अविच्छेद्य, अटूट; असमाधेय; chem: अविलेय।

unaufmerksam, adj. अन्यमनस्क, दुचित्ता; लापरवाह; **~keit,** f अन्यमनस्कता, दुचित्तापन; लापरवाही।

unaufrichtig, adj. कुटिल, कपटी, झूठा, बेईमान, पाखंडी; **~keit,** f कुटिलता, कपट, झूठापन, बेईमानी,

पाखंड ।
unaufschiebbar, adj. बहुत ज़रूरी, जिसे टाला न जा सके ।
unausbleiblich, adj. अवश्यंभावी ।
unausgeglichen, adj., fig: असंतुलित, अशान्त; अस्थिरबुद्धि, चंचल, चलचित्त; **~heit,** f असंतुलन; अस्थिरबुद्धिता, चंचलता, चलचित्तता ।
unausgesetzt, adj. निरन्तर, अनवरत, लगातार, सतत ।
unauslöschlich, adj. अविस्मरणीय, अमिट ।
unanssprech-bar, adj. अनुच्चारणीय, जिसका उच्चारण बहुत कठिन हो; **~lich,** 1. adj., fig: अकथ्य, अकथनीय, अवर्णनीय, वर्णनातीत, अत्यधिक, महान्; 2. adv. बेहद, बहुत ही अधिक ।
unausstehlich, adj. जिससे बहुत नफ़रत हो, अत्यन्त अप्रिय ।
Un-band, m (-[e]s) बहुत धृष्ट तथा शरारती बच्चा; **~bändig,** 1. adj. बहुत बड़ा, बहुत अधिक, अत्यधिक; ज़बरदस्त; 2. adv. बहुत ही अधिक, बेहद ।
unbarmherzig, adj. निर्दय, बेदर्द, निष्ठुर, कठोरहृदय ।
unbeantwortet, adj. अनुत्तरित ।
unbedacht, adj. अविवेकी, उतावला, असावधान; अविवेचित, अविचारित; **~erweise,** adv. बिना सोचे-समझे, बिना सोचे-विचारे, उतावलेपन में; **~heit,** f (-) अविवेक, उतावलापन, असावधानी; विवेकहीन आचरण; **~sam,** adj.→unbedacht
unbedarft, adj., U:अनुभवहीन; सीधा, भोला-भाला, प्रवंच्य, जिसे आसानी से बहकाया जा सके ।
unbedenklich, 1. adj. अनापत्तिजनक, बेउज्र; संदेहातीत; अनिष्टशून्य; 2. adv. बेधड़क या बेफ़िक्र हो कर ।
unbedeutend, adj. महत्वहीन, गौण, नगण्य ।
unbedingt, 1. adj. अप्रतिबन्ध, अप्रतिबद्ध; असीम, अपार; पूर्ण, सम्पूर्ण, परम, चरम; 2. adv. हर हालत में, अवश्य, ज़रूर, अवश्यमेव ।
unbefangen, adj. निस्संकोच, बेधड़क; निष्कपट, सरल, अकृत्रिम, प्राकृतिक, सहज; (nicht voreingenommen) निष्पक्ष; पूर्वग्रहरहित; **~heit,** f निष्कपटता, सारल्य, अकृत्रिमता, सहजता; असंकोच, बेधड़कपन; निष्पक्षता; पूर्वग्रह-राहित्य ।
unbefleckt, adj. बेदाग़, निर्मल; fig: शुद्ध, पवित्र; निष्पाप, निष्कलंक; बेदाग़ ।
unbefriedig-end, adj. असंतोषजनक; **~t,** adj. असन्तुष्ट ।
unbefugt, adj. अनधिकृत ।
unbegabt, adj. प्रतिभाहीन; अक्षम, अप्रवीण ।
unbegreiflich, adj. अबोधगम्य, अबोध्य; गूढ़, रहस्यमय, रहस्यपूर्ण ।
unbegrenzt, adj. असीम, अपार; असीमित, अपरिमित ।
unbegründet, adj. निराधार, निर्मूल, बेबुनियाद ।
unbehaart, adj. अरोमिल, केशहीन, बिना बाल का ।
Unbehag-en, n असंतोष, अप्रसन्नता, नाराज़गी; बेचैनी, व्यग्रता, घबराहट; **~lich,** adj. असंतोषजनक; अप्रिय, कष्टकर, तकलीफ़देह ।
unbehelligt, adj. बिना छेड़ा हुआ, बिना छेड़खानी के; बिना रोक-टोक के, बेरोक ।
unbeherrscht, adj. आत्मसंयमहीन; असंयमित; **~heit,** f (-) आत्मसंयम-राहित्य; असंयमितता ।
unbehindert, adj. अबाधित, बेरोक ।
unbeholfen, adj. भद्दा, भोंड़ा; अनाड़ी, अकुशल, फूहड़; **~heit,** f (-)भोंड़ापन, भद्दापन; अनाड़ीपन, अकुशलता, फूहड़पन ।
unbeirr-bar, adj. अप्रभाव्य, जिसे विचलित न किया जा सके, दृढ़निश्चय, दृढ़संकल्प; **~barkeit,** f अप्रभाव्यता;

दृढ़ता; (-) ~t, adj. दृढ़; अटल, अविचल ।

unbekannt, adj. अज्ञात; अपरिचित; अप्रसिद्ध;math: unbekannte Größe अज्ञात राशि ।

unbekümmert, adj. निश्चिन्त, बेफ़िक्र, बेपरवाह, मस्त; उदासीन; ~**heit,** f (-) निश्चिन्तता, बेफ़िक्री, बेपरवाही, मस्ती; उदासीनता ।

unbelastet, adj. भारमुक्त, अभारित; Grundstück: ऋणमुक्त; fig:निश्चिन्त, बेफ़िक्र; प्रसन्नचित्त ।

unbelehrbar, adj. ज़िद्दी, हठीला, अड़ियल, किसी की बात न सुनने वाला; ~**keit,** f (-) ज़िद्दीपन, हठीलापन, अड़ियलपन ।

unbeliebt, adj. अलोकप्रिय, अप्रिय, लोकाप्रिय; ~**heit,** f अलोकप्रियता, अप्रियता, लोकप्रियता ।

unbemannt, adj. कर्मीदल-रहित ।

unbemerkt, 1. adj. अलक्षित, अनदेखा, अदृष्ट; जिसका पता न चले; 2. adv. गुप्त रूप से, लोगों की नज़र बचाकर ।

unbemittelt, adj. निर्धन, ग़रीब ।

unbenommen, adv.: es bleibt Ihnen unbenommen,...यह आपकी इच्छा पर (निर्भर करता) है कि ।

unbequem, adj. असुविधा-जनक, कष्टकर; fig: अप्रिय, टेढ़ा, दुर्विनीत; ~**lichkeit,** f असुविधा, कष्ट; अप्रियता, टेढ़ापन, दुर्विनय ।

unberechenbar, adj. अनुमानातीत, अनिश्चित; Mensch: तरंगी, जिसके बारे में यह न कहा जा सके कि वह कब क्या करेगा ।

unberechtigt, adj. अनधिकृत; अनुचित, अन्याय्य, बेजा; निराधार, बेबुनियाद ।

unberühr-bar, adj. अस्पृश्य, अछूत; ~**t,** adj.अस्पृष्ट, अछूता; अप्रभावित; भावशून्य; Landschaft: जिसपर किसी का पैर न पड़ा हो; Mädchen: असम्भुक्ता, अक्षतयोनि; ihre Klagen ließen ihn unberührt उसके रोने-पीटने का उसपर कोई असर नहीं पड़ा; ~**theit,** f (-) अस्पृष्टता, अछूतापन; अक्षतयोनित्व, कौमार्य ।

unberchadet, präp. (+gen.) का ध्यान या लिहाज़ किए बिना; के होते हुए भी, के बावजूद भी; के महत्व को न घटाते हुए (भी); unbeschadet der Tatsache, daß...इस बात के होते हुए भी कि...; इस बात के महत्व को न घटाते हुए कि...।

unbeschädigt, adj. अक्षत, अक्षुण्ण, साबुत ।

unbescheiden, adj. अविनीत; अहंकारी, घमंडी; Forderung: ग़ैरमुनासिब, बेजा; अतिशय, हद से ज़्यादा ।

unbescholten, adj. अनिन्द्य, निर्दोष, निष्कलंक; चरित्रवान, सच्चरित्र; नेक, भला, शरीफ़; ~**heit,** f (-) अनिन्द्यता, निष्कलंकता; सच्चरित्रता, भलाई, शराफ़त ।

unbeschrankt, adj. बिना फाटक का ।

unbeschränkt, adj. असीमित, अपरिमित, अबाधित, अप्रतिबद्ध ।

unbeschreiblich, adj. वर्णनातीत, अवर्णनीय; अविश्वास्य ।

unbeschwert, adj. अभारित, भारमुक्त; (sorglos) निश्चिन्त, बेफ़िक्र, बेपरवाह; (heiter) प्रफुल्ल, प्रसन्नचित्त, खुशमिज़ाज; ~**heit,** f (-) निश्चिन्तता, बेफ़िक्री, बेपरवाही; प्रफुल्लता, खुशमिज़ाजी ।

unbesehen, adv.: das nehme ich unbesehen इसे मैं बिना देखे ही ले लूँगा ।

unbesonnen, adj. अविवेकी, विवेकहीन; अविवेचित, अविचारित; ~**heit,** f अविवेक, विवेकहीनता, अविचार ।

unbesorgt, adj. निश्चिन्त, बेफ़िक्र ।

unbeständig, adj. अस्थिर; अस्थिरबुद्धि, चंचल, चपल; ढुलमुल; बिना पेंदी के लोटे की तरह; अस्थायी, बहुत

दिनों तक न टिकने वाला; Wetter: परिवर्तनशील; ~keit, f अस्थिरता; अस्थिरबुद्धिता, चपलता; ढुलमुलपन; अस्थायित्व; परिवर्तनशीलता।

unbestätigt, adj. अपुष्ट, अपरिपुष्ट, असम्पुष्ट।

unbestechlich, adj. अनुत्कोच्य, ईमानदार; **~keit**, f अनुत्कोच्यता, ईमानदारी।

unbestimm-bar, adj. अनिर्धार्य, अनिश्चेय; अपरिभाष्य; **~t**, adj. अनिश्चित, अनिर्धारित; अस्पष्ट; संदिग्ध, गोलमोल; gramm: अनिश्चयवाचक।

unbe-streitbar, adj. अविवाद्य, अशंकनीय; अकाट्य; **~stritten**, adj.अविवादित, निर्विवाद, सर्वमान्य।

unbeteiligt, adj. असम्मिलित, में भाग न लेने वाला; अनाकृष्ट, अनासक्त; उदासीन।

unbetont, adj. स्वराघातहीन।

unbeugbar, adj. अविभक्तिक, अविकार्य, अविकारी।

unbeugsam, adj., Mensch: दृढ़-प्रतिज्ञ, दृढ़निश्चय; अनम्य, न झुकने वाला; हठी, जिद्दी; Wille: दृढ़, अटल।

unbewältigt, adj. अकृत, अधूरा; अविजित (भावना, अतीत आदि)।

unbeweg-lich, adj. अचर, जमा हुआ, जड़ा हुआ; जिसे चलाया या हिलाया न जा सके; (bewegungslos) अचल, निश्चल, गतिहीन, स्तब्ध; कठिन, निर्जीव, अकड़ा हुआ; Feiertage: अचल, जो हर वर्ष एक ही तारीख को पड़े; jur: स्थावर, अचल; **~t**, adj. निश्चल, स्तब्ध;fig: भावशून्य, निरावेग, अप्रभावित।

unbewohnt, adj. ग़ैर-आबाद; निर्जन, वीरान।

unbewußt, adj. अनैच्छिक, अनभिप्रेत; साहजिक।

unbezahlbar, adj. बहुत महँगा, बहुत क़ीमती; fig: अमूल्य; शानदार; बहुत बढ़िया; बहुत उम्दा; बहुत उपयोगी।

Unbilden, f/pl: die Unbilden des Wetters मौसम के कारण होने वाली तकलीफ़ें।

unbillig, adj. अन्याय्य, बेजा, न्याय-विरुद्ध, अनुचित, ग़ैरमुनासिब।

unbotmäßig, adj. धृष्ट, गुस्ताख़, धृष्टतापूर्ण, गुस्ताख़ी का; अवज्ञाकारी, अवज्ञापूर्ण।

unbrauchbar, adj. अनुपयोगी; अप्रयोज्य; अव्यवहार्य; बेकार; अयोग्य, अक्षम; **~keit**, f अनुपयोगिता; अप्रयोज्यता; अव्यवहार्यता; अयोग्यता।

unbußfertig, adj. पश्चात्तापहीन, जो पश्चात्ताप करने के लिए तैयार न हो।

unchristlich, adj. ग़ैर-ईसाई; ईसाई धर्म के प्रतिकूल; U:कष्टप्रद, असुविधा-जनक, ग़ैरमुनासिब।

und, konj. और, तथा, एवं, व।

Undank, m कृतघ्नता, अकृतज्ञता; (नेकी के बदले में) बदी; **~bar**, adj. कृतघ्न, अकृतज्ञ, नमकहराम; भलाई का बदला बुराई से देने वाला, नेकी के बदले बदी करने वाला; fig: व्यर्थ, अनुपादेय, अत्यधिक परिश्रम तथा कम लाभ वाला।

undefinierbar, adj. अपरिभाष्य; अवर्णनीय; अव्याख्येय; अजीब-सा।

undeklinierbar, adj. अविभक्तिक, अविकार्य, अविकारी।

undenkbar, adj. अकल्पनीय; असंभव।

undeutlich, adj. अस्पष्ट; धुँधला।

undicht, adj. सूराख़दार, निःस्रावी, चूना, जो चूता हो।

Unding, n (-[e]s) बेतुकापन, बेहूदगी, बेतुकेपन या बेहूदगी की बात, मूर्खता (की बात)।

undiszipliniert, adj. अनुशासनहीन।

unduldsam, adj. असहिष्णु, अनुदार; **~keit**, f असहिष्णुता, अनुदारता।

undurchdringlich, adj. अपारगम्य, बहुत घना; fig: घुन्ना, चुप्पा; निरावेग, भावशून्य, दुर्ज्ञेय।

undurchführbar, adj. अव्यवहार्य;

जिसे कार्यान्वित न किया जा सके ।

undurchlässig, adj. के लिए अभेद्य, -सह ।

undurchsichtig, adj. अपारदर्शी; fig: गूढ़, रहस्यमय; जिसके मन की थाह (आसानी से) न मिले ।

uneben, adj. असमतल; ऊबड़-खाबड़, ऊँचा-नीचा; पहाड़ी; U: dieser Vorschlag ist nicht uneben यह प्रस्ताव (कुछ) खराब नहीं है; ~**heit,** f (-/en) असमतल स्थल; गड्ढा या टीला आदि; fig: कमी, त्रुटि; o. pl: ऊबड़खाबड़पन, नीची-ऊँची स्थिति ।

unehelich, adj. विवाहेतर; अविवाहित माँ से उत्पन्न, अवैध; अविवाहित (माँ या बाप) ।

unehrenhaft,adj. अपकीर्तिकर; कुत्सित, निन्द्य, लज्जाजनक, शर्मनाक ।

unehrlich, adj. बेईमान, झूठा, कपटी, पाखंडी; ~**keit,** f बेईमानी, कपट ।

uneigennützig, adj. निस्स्वार्थ ।

uneingeschränkt, adj. असीमित, अबाधित, अनियंत्रित, अप्रतिबन्ध; पूरा, पूर्ण ।

uneinig, adj. असहमत; जिनकी आपस में न बनती हो; ~**keit,** f असहमति; मतभेद; फूट, झगड़ा ।

unempfindlich, adj. संवेदनशून्य, असंविद, अनुभूतिहीन; असंवेदनशील; fig: उदासीन; ~**keit,** f संवेदनशून्यता, असंबित्ति, अनुभूति-राहित्य; असंवेदनशीलता; fig: उदासीनता ।

unendlich, 1. adj. अनन्त, असीम, अपरिमित, अन्तहीन, अपार; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, बेहिसाब; ~**keit,** f अनन्तता, अन्तहीनता, असीमता, अपारता ।

unentbehrlich, adj. अपरिहार्य, जिसके बिना काम न चले ।

unentgeltlich, adj. निःशुल्क, मुफ़्त ।

unentschieden, adj. अनिर्णीत; अनिश्चित; sport: बराबर का (खेल, प्रतियोगिता आदि) ।

unentschlossen,adj.दुबिधा या असमंजस में पड़ा हुआ; ~**heit,** f असमंजस, दुविधा ।

unentwegt, 1. adj. अनवरत, निरन्तर, सतत; अटल, अविचल, दृढ़; 2. adv. विना रुके हुए, लगातार, बराबर, दृढ़तापूर्वक ।

unerbittlich, adj. निर्दय, कठोर; अनमनीय, न झुकने वाला; घमासान, घोर ।

unerfahren, adj. अनुभवहीन; ~**heit,** f अनुभवहीनता ।

unerfindlich, adj. दुर्बोध, दुरूह, अबोधगम्य; अज्ञात; अप्राप्य; aus unerfindlichen Gründen अज्ञात कारणों से, पत्ता नहीं किन कारणों से ।

unerfreulich, adj. असुखद, दुःखद, अप्रिय; अत्यन्त असंतोषजनक, खराब ।

unergründlich, adj. अतर्क्य, अबोधगम्य; निगूढ़, रहस्यमय; अथाह, अगाध ।

unerheblich, adj. महत्वहीन, नगण्य, (बहुत) मामूली; der Schaden ist nicht unerheblich यह कोई मामूली नुक़सान नहीं है ।

unerhört, 1. adj. अनसुना, अश्रुत; (empörend) विक्षुब्धकारी, घोर, अतिकुत्सित, लज्जाजनक; (gewaltig) अपूर्व, असाधारण, ग़ज़ब का;बहुत बड़ा; seine Bitte blieb unerhört उसकी प्रार्थना अनसुनी रह गई; das ist unerhört! यह तो हद हो गई (बदतमीज़ी की)!; er hat unerhörtes Glück gehabt उसका भाग्य बहुत अच्छा था; 2. adv. बेहद, अत्यन्त, अत्यधिक; das ist unerhört teuer यह बेहद महँगा है ।

unerklärlich, adj. अव्याख्येय; रहस्यमय, अजीब-सा ।

unerläßlich,adj. अपरिहार्य, अनिवार्य ।

unerlaubt, adj. अननुमत, अननुज्ञात, वर्जित, निषिद्ध; अनधिकृत; अवैध, ग़ैरकानूनी; अनुचित, ग़लत ।

unermeßlich,adj.अपरिमेय, अमापनीय; अपार, अमित, असीम, अपरिमित;

2. adv. बेहद, बहुत ही अधिक ।

unermüdlich, adj. अथक, अश्रान्त; अत्यध्यवसायी; **~keit,** f (-) अत्यध्यवसाय; घोर परिश्रम की आदत; अश्रान्ति ।

unerquicklich, adj. अप्रिय, असुखद, असुखकर ।

unerreicht, adj. अद्वितीय, बेजोड़, लाजवाब, लासानी ।

unersättlich, adj. अतोषणीय, अतर्पणीय, अतृप्य ।

unerschlossen, adj. अगम्य, अनभिगम्य, अगत; अविकसित; अप्रयुक्त ।

unerschöpflich, adj. अक्षय, असीम, अपार, अनन्त ।

unerschrocken, adj. निर्भीक, साहसी, निडर, दिलेर ।

unerschütterlich, adj. दृढ़, अटल, अडिग, पक्का ।

unerschwinglich, adj. अलभ्य, अनधिगम्य; बेहद महँगा; अतिमहार्घ; Preise: अत्यधिक, हद से ज़्यादा ।

unersetz-bar, / ~lich, adj. अपूरणीय (हानि आदि); जिसके बिना काम न चले; अद्वितीय ।

unersprießlich, adj. अलाभकर, बेफ़ायदा, निष्फल, निरर्थक, व्यर्थ, बेकार; अप्रिय, असंतोषजनक, असुखकर ।

unerträglich, 1. adj. असह्य, असहनीय; अत्यन्त अप्रिय, जिसके आचरण या जिसकी उपस्थिति को बरदाश्त न किया जा सके; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, हद से ज़्यादा; hier ist es unerträglich heiß यहाँ बेहद गरमी है ।

unerwartet, adj. अप्रत्याशित, अनपेक्षित; आकस्मिक ।

unerwünscht, adj. अवांछित, अवांछनीय ।

unfähig, adj. अयोग्य, नाक़ाबिल, नालायक; अक्षम, असमर्थ, अशक्त; ein unfähiger Mitarbeiter अयोग्य सहकर्मी (या सहयोगी); der Kranke ist unfähig aufzustehen रोगी उठने में असमर्थ है, रोगी में उठने की सामर्थ्य नहीं है; **~keit,** f अयोग्यता, नालायकी; अक्षमता, असमर्थता, असामर्थ्य, अशक्तता ।

unfair, adj. [eng.] अनुचित, बेजा, ग़ैरमुनासिब; शराफ़त के ख़िलाफ़; sport: नियमविरुद्ध ।

Unfall, m (-[e]s/ ⸚e) दुर्घटना; **~flucht,** f दुर्घटना के बाद दुर्घटना करने वाले का पलायन; **~frei,** adj. दुर्घटनारहित ।

unfaß-bar,/~lich, adj. अबोधगम्य, समझ में न आने वाला; धक्का या सदमा पहुँचाने वाला, दहलाने वाला ।

unfehlbar, 1. adj. भ्रमातीत, कभी भी ग़लती न करने वाला; अमोघ, अचूक, पक्का; 2. adv. अवश्य, हर हालत में; **~keit,** f (-) भ्रमातीतत्व; अमोघत्व, अचूकपन, अचूक सन्धानत्व ।

Un-flat, m (-[e]s) कूड़ा, कचरा, कूड़ा-करकट; fig: अपशब्द, गाली, दुर्वचन; गन्दी या अश्लील बात (या बातें); **~flätig,** adj. गंदा, अश्लील ।

unförmig, adj. बेडौल, भद्दा, भोंड़ा, भारी-भरकम; विरूप; विकृतांग; **~keit,** f (-) बेडौलपन, भद्दापन, भोंड़ापन, कुगठन; विरूपता ।

unförmlich, adj. अनौपचारिक, बेतकल्लुफ़ ।

unfrei, adj. पराधीन; fig: संकोची; संकोच-भरा; Postsendung: जिसपर टिकट न लगा हो, अदत्तभार ।

unfreiwillig, adj. अनैच्छिक, मजबूरी का, अपनी इच्छा के विरुद्ध; अनभिप्रेत, अज्ञानकृत ।

unfreundlich, adj. अभद्र, अशिष्ट; रूखा; चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज; Wetter: ख़राब, ठंडा तथा बरसाती; **~keit,** f अभद्रता, अशिष्टता; रूखापन, चिड़चिड़ापन, बदमिज़ाजी ।

Unfrieden, m मनमुटाव, झगड़ा, कलह, अनबन, फूट; mit jdm. in Unfrieden leben की किसी के साथ अनबन रहना (या होना) ।

unfruchtbar, adj. अनुर्वर, अनुपजाऊ; बाँझ; अप्रजायी; अफल, अफलित; fig: निष्फल, व्यर्थ, बेकार।

Unfug, m (-[e]s) रिष्टि, दुष्कृत्य; आपत्तिजनक काम, उपद्रव, सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयत्न या काम; U: बकवास; उत्पात, शरारत, बदमाशी; ऊटपटाँग काम; हास्यास्पद आचरण।

Ungar, m (-n/-n) हंगरी-निवासी; ~**isch,** 1. adj. हंगरी का; 2. n हंगरी की भाषा।

ungastlich, adj. असत्कारशील; अप्रीतिकर, जहाँ (या जिसमें) रहने में कष्ट हो।

ungeachtet, präp(+gen.)के बावजूद (भी), के होते हुए भी, का ध्यान या लिहाज़ किए बिना; ungeachtet seines hohen Alters...उसके बुढ़ापे का लिहाज़ किए बिना..., उसके बुढ़ापे के बावजूद...।

ungeahnt, adj. अकल्पित; अप्रत्याशित, अनपेक्षित; अननुमानित।

ungebärdig, adj. ज़िद्दी, हठी, हठीला; उद्दण्ड, उद्दाम, बेलगाम; वहशी, जंगली, बेक़ाबू।

ungebeten, adj. अनिमंत्रित; बिना बुलाया; बेमाँगा, अयाचित।

ungebildet, adj. अशिक्षित, अनपढ़; असभ्य, उजड्ड।

unge-bräuchlich, adj. अप्रचलित; ~**braucht,**adj. नया, बिना इस्तेमाल किया हुआ।

Ungebühr, f (-) अनौचित्य; अभद्रता, अशिष्टता; अशोभनता, अमर्यादितता, अमर्यादा; ~**lich,** adj. अनुचित; अभद्रतापूर्ण, अशिष्ट; अशोभनीय, अमर्यादित।

ungebunden, adj. न बँधा हुआ, खुला; Buch: अजिल्द; fig: अप्रतिबद्ध, स्वतंत्र, आज़ाद; अविवाहित; in ungebundener Rede गद्य में।

Ungeduld, f अधीरता, व्यग्रता, अधैर्य, उतावलापन; ~**ig,** adj. अधीर, व्यग्र, उतावला, अधिक देर तक प्रतीक्षा करने में असमर्थ।

ungeeignet, adj. अयोग्य, अक्षम; अनुपयुक्त।

ungefähr, 1. adj. स्थूल, मोटा; थोड़ा-बहुत, लगभग; 2. adv. लगभग, क़रीब-क़रीब; das kommt nicht von ungefähr यह कोई इत्तफ़ाक की बात थोड़े ही है।

ungefähr-det, adj. निरापद, सुरक्षित, जिसके लिए कोई खतरा न हो; ~**lich,** adj. खतरनाक नहीं, जिससे कोई खतरा न हो, अहानिकर, अनिष्टशून्य।

ungehalten, adj. रुष्ट, क्रुद्ध, झुंझलाया हुआ, बहुत नाराज़, बहुत अप्रसन्न।

[1]**ungeheuer,** 1. adj. असाधारण, ग़ज़ब का; बहुत बड़ा, बेहद बड़ा; हद से ज़्यादा, बहुत अधिक; er hat eine ungeheure Kraft उसमें ग़ज़ब की ताक़त है, वह बहुत बलवान है; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, निहायत, नितान्त।

[2]**Ungeheuer,** n (-s/-) विकटाकार पशु; fig: दुष्टात्मा, अतिक्रूर व्यक्ति।

ungeheuerlich, adj. विक्षुब्धकारी, घोर, अतिकुत्सित।

ungehobelt, adj.,fig: असभ्य, उजड्ड; असभ्यतापूर्ण।

ungehörig, adj. अनुचित, अशोभनीय, धृष्टतापूर्ण, बदतमीज़ी का।

ungehorsam, 1. adj. अवज्ञाकारी, हुक्मउदूली करने वाला; 2. m आज्ञोल्लंघन, आज्ञाभंग; हुक्मउदूली, अवज्ञा।

ungelegen, adj. बेमौक़े का, बेमौक़ा, असमयोचित; kommen wir ungelegen? क्या हम बेमौक़े आ पहुँचे?; ~**heiten,** f/pl. असुविधा, कष्ट, तकलीफ़, परेशानी; wir wollen Ihnen keine Ungelegenheiten bereiten हम आपको परेशानी में नहीं डालना चाहते (हैं), हम आपको कष्ट नहीं देना चाहते हैं।

ungelenk, adj. भद्दा, भोंड़ा, बेलोच;

~ig, adj. कड़ा, सख्त, बेलोच; स्फूर्तिहीन, शिथिल।
ungelernt, adj.: ein ungelernter Arbeiter साधारण मज़दूर; अप्रशिक्षित श्रमिक।
Ungemach, n (-[e]s) poet: दुर्भाग्य; विपत्ति, मुसीबत, कष्ट।
ungemein, 1. adj. असाधारण, बहुत बड़ा, बहुत अधिक; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, निहायत।
ungemütlich, adj. असुखद, जहाँ (या जिसमें) मज़ा न आए; fig:, Person: रूखा; बदमिज़ाज; कठोर; कलहप्रिय; fig:, Gefühl: व्यग्र या बेचैन करने वाला।
ungenau, adj. अपरिशुद्ध, अशुद्ध, ग़लत, त्रुटिपूर्ण; अयथार्थ, स्थूल, अस्पष्ट, गोलमोल; **~igkeit**, f (-/-en) अपरिशुद्धता, अशुद्धता; अशुद्धि, त्रुटि, ग़लती; अयथार्थता।
ungeniert, adj. निस्संकोच, अनौपचारिक, बेतकल्लुफ़, बेपरवाही का।
ungenießbar, adj. बेस्वाद, स्वादहीन; अखाद्य, अपेय; खराब हो गया (भोजन या पेय); U: बदमिज़ाज, चिड़चिड़ा; झुंझलाया या चिढ़ा हुआ, नाराज़।
ungenügend, adj. अपर्याप्त; बहुत कम, असंतोषजनक; Note: पूर्णतया अपर्याप्त (परीक्षाफल की एक श्रेणी)।
ungerade, adj., Zahlen: विषम।
ungerecht, adj. अन्यायी, बेइंसाफ़; अन्यायपूर्ण, अन्याय्य, बेजा; **~fertigt**, adj. नाजायज़, अनधिकृत; निराधार, बेबुनियाद; **~igkeit**, f (-/-en) अन्याय, बेइंसाफ़ी।
ungereimt, adj. अतुकान्त; fig: बेतुका, ऊटपटाँग, असंगत, असम्बद्ध; **~heit**, f (-) fig: बेतुकापन, असंगति, असम्बद्धता; (pl: Ungereimtheiten) बेतुकी या तर्कविरुद्ध बात।
ungern, adv. अनिच्छा से, बेमन से, नाखुशी से।
ungerührt, adj. अप्रभावित; भावशून्य, उदासीन।
Ungeschick, n (-[e]s) / **~lichkeit**, f (-/-en) अनाड़ीपन, अदक्षता, अकुशलता, अनिपुणता, फूहड़पन; **~t**, adj. अनाड़ी, अदक्ष, अनिपुण, अप्रवीण, बेढंगा, अकुशल, फूहड़।
ungeschlacht, adj. भारी-भरकम; गँवारू, उजड्ड।
ungeschliffen, adj., fig: असभ्य, उजड्ड, बेशऊर, आचार-व्यवहार में अकुशल।
ungeschoren, adj. अकर्तित; fig: jdn. ungeschoren lassen किसी को न छेड़ना, किसी पर आक्षेप न क०।
ungeschrieben, adj.: ein ungeschriebenes Gesetz अलिखित क़ानून; सर्वमान्य आदत।
ungesellig, adj.: Mensch: ग़ैरमिलनसार, असामाजिक; Tier: अकेला रहने वाला, झुंडों में न रहने वाला।
ungesetzlich, adj. ग़ैरकानूनी, अवैध।
ungesittet, adj. अशिष्ट, शिष्टाचार के विरुद्ध।
ungestüm, 1. adj. उतावला, जल्दबाज़; जोशीला, ज़ोरदार; प्रचंड, उग्र, संवेगी; 2. n (-[e]s) उतावलापन; जोश, ताव, गरमी।
ungesund, adj. अस्वास्थ्यकर, स्वास्थ्य के लिए हानिकर; Aussehen: अस्वस्थ-सा, बीमार-सा।
ungeteilt, adj. अविभक्त, अनबाँटा, पूरा, पूर्ण; mit ungeteilter Aufmerksamkeit zuhören पूरे ध्यान से सुनना, पूर्णतया एकाग्रचित्त होकर सुनना।
Ungetüm, n (-[e]s/-e) भीमाकार वस्तु, भीमकाय जानवर।
ungeübt, adj. अनभ्यस्त अनुभवहीन।
ungewiß, adj. अनिश्चित, संशयापन्न; **~heit**, f अनिश्चय, अनिश्चितता, संशय।
ungewöhnlich, 1. adj. अप्रसम,

अप्रसामान्य; असामान्य, असाधारण; अप्रचलित, अप्रायिक; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, निहायत ।

ungewohnt, adj. अपरिचित, अनजान; जिसका अभ्यास न हो, जिसकी आदत न हो ।

ungewollt, adj. अनैच्छिक, अनभिप्रेत ।

Ungeziefer, n (-s) पीड़क जन्तु; हानिकारक जन्तु या कीड़े-मकोड़े ।

ungezogen, adj. धृष्ट, गुस्ताख़, बदतमीज़; अनुशासनहीन, अवज्ञाकारी; धृष्टतापूर्ण ।

ungezügelt, adj. अनियंत्रित, बेलगाम; आत्मसंयमहीन ।

ungezwungen, adj., fig: स्वाभाविक, अकृत्रिम, अनौपचारिक, बेतकल्लुफ़; **~heit,** f स्वाभाविकता, अकृत्रिमता, अनौपचारिकता, बेतकल्लुफ़ी ।

un-glaubhaft, adj. अविश्वास्य, अविश्वासोत्पादक; **~gläubig,** 1. adj. अविश्वासी, संदेही; नास्तिक; 2. adv.: jdn. ungläubig ansehen किसी को अविश्वासपूर्ण दृष्टि से देखना; **~glaublich,** 1. adj. अविश्वास्य, अविश्वासोत्पादक; असम्भाव्य, असम्भावित; fig: विक्षुब्धकारी, घोर, अतिकुत्सित; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, बहुत ही, निहायत; **~glaubwürdig,** adj अविश्वास्य, अविश्वसनीय ।

ungleich, 1. adj. असमान, असदृश; भिन्न; बेमेल; 2. adv. असमान रूप से; बहुत अधिक, कहीं अधिक; das ist ungleich schöner यह कहीं अधिक ख़ूबसूरत है; **~artig,** adj. असमान, असदृश; भिन्नरूप, भिन्न प्रकार का; विजातीय ।

Unglück, n (-[e]s/-e) अनर्थ, अनिष्ट; दुर्घटना; विपत्ति, मुसीबत, संकट; व्यथा, दुःख; fig: दुर्भाग्य, बदक़िस्मती, बदनसीबी; spw: ein Unglück kommt selten allein मुसीबत कभी अकेली नहीं आती; **~lich,** adj. दुःखी, व्यथित, ग़मगीन, दुःखग्रस्त; अभागा, हतभाग्य, बदनसीब, बदक़िस्मत; अशुभ; निष्फल; अदक्ष; er hat eine unglückliche Hand उससे हर काम बिगड़ जाता है; उसके हाथ में जस नहीं है; **~licherweise,** adv. दुर्भाग्यवश, बदक़िस्मती से; **~selig,** adj. अभागा, हतभाग्य, बदनसीब, बदक़िस्मत; अशुभ, अनिष्टपूर्ण, दुर्भाग्यपूर्ण; **~srabe,** m/**~svogel,** m, U: अभागा या बदक़िस्मत इंसान ।

Un-gnade, f अकृपा, अननुग्रह, नापसन्दगी, नाराज़गी; bei jdm. in Ungnade fallen किसी की अकृपा का पात्र हो जाना, किसी के अनुग्रह को खो देना; **~gnädig,** adj. रुष्ट, नाराज़; बेमुरौवत, अकृपालु, विद्वेषपूर्ण ।

ungültig,adj.अमान्य, रद्द, अप्रामाणिक; जिसकी वैधता समाप्त हो गई हो; चलन से बाहर; **~keit,** f अमान्यता, अप्रामाणिकता ।

Un-gunst, f असुविधा(जनकता), विपरीतता, प्रतिकूलता; हानि, नुक़सान, अलाभ; der Verkäufer hat sich zu seinen Ungunsten verrechnet विक्रेता ने ग़लती से कम पैसे लिए; **~günstig,** adj. असुविधाजनक, प्रतिकूल, विपरीत; असमयोचित, बेमौक़ा; अलाभकारी, हानिकर ।

ungut, adj. बुरा, अच्छा नहीं; अप्रिय, अप्रीतिकर; आशंकापूर्ण, भयमिश्रित, अनिष्ट या असफलता की आशंका से युक्त; nichts für ungut! (मेरी) इस बात का बुरा न मानिएगा !

unhaltbar, adj. जिसमें हर हालत में सुधार की आवश्यकता हो, असह्य (परिस्थिति आदि); Behauptung: निराधार, बेबुनियाद, अप्रमाण्य; sport: जिसे रोका न जा सके, ज़बरदस्त; mil: अरक्षणीय ।

unhandlich, adj. भारी, भारी-भरकम; दुर्वह; दुष्परिचालनीय ।

Unheil, n विपत्ति, मुसीबत, संकट; विनाश; अनर्थ, अनिष्ट ।

unheilbar, adj. असाध्य, अचिकित्स्य ।

unheilvoll, adj. अशुभ; विपत्तिजनक; विनाशक; अनर्थकारी, अनिष्टपूर्ण ।
unheimlich, 1. adj. भयानक, डरावना; भयोत्पादक;U:बहुत बड़ा, बहुत अधिक, ज़बरदस्त; 2. adv. बेहद, निहायत, बहुत ही, बहुत अधिक ।
unhöflich, adj. अशिष्ट, अभद्र; अविनीत, दुःशील; **~keit,** f अशिष्टता, अभद्रता; अविनय, दुःशीलता ।
unhold, 1. adj. अकृपालु; विद्वेषपूर्ण, शत्रुतापूर्ण; रुष्ट, नाराज़; 2. m (-[e]s/-e) दुष्टात्मा, अतिक्रूर व्यक्ति; पिशाच, शैतान; (स्त्रियों या बच्चों के साथ) बलात्कार करने वाला ।
[1]**uni,** adj. [frz] सादा, एकरंगा, एक रंग का ।
[2]**Uni,** f (-/-s) U: → Universität
uniform, [lat.] 1. adj. एकरूप, एक-सा, एकसमान; 2. f (-/-en) वर्दी; **~ieren,** v/t (h.) को वर्दी पहनाना, को वर्दीधारी बनाना; को एकरूप या एकसमान बनाना ।
Unikum, n (-s/-'ka;-s) [lat.] एकमात्र या अद्वितीय वस्तु; U: विलक्षण, अनोखा, निराला मनुष्य ।
unilateral, adj. [lat.] एकपक्षीय, एकतरफ़ा ।
uninteress-ant, adj. नीरस, अरुचिकर, उबाऊ; महत्वहीन; **~iert,** adj. अनाकृष्ट; उदासीन; ऊबा हुआ, उचाट ।
Union, f (-/-en) [lat.] संघ, सभा, यूनियन ।
universal, adj. [lat.] सार्वभौम, सर्वव्यापक, विश्वव्यापक; व्यापक, सार्विक, सर्व-; सर्वप्रयोजन; सर्वतोमुखी; **~erbe,** m एकमात्र दायाद या वारिस; **~genie,**n सर्वतोमुखी मेधा या प्रतिभा वाला व्यक्ति; **~ität,** f (-) सार्विकता; सर्वव्यापकता; सार्वभौमिकता, विश्वव्यापकता, व्यापकता; **~mittel,** n सर्वरोगहर, रामवाण ।
universell, adj.→ universal
Universität, f (-/-en) [lat.] विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी; **~sbibliothek,** f यूनिवर्सिटी-पुस्तकालय, विश्वविद्यालय का पुस्तकालय ।
Universum, n (-s) [lat.] ब्रह्माण्ड ।
Unke, f (-/-n) भेक; U: कुबोलना, कुबोलनी; निराशावादी; **~n,** v/i (h.) U: कुभाख निकालना, अशुभ बातें क०, अनिष्ट की भविष्यवाणी क० ।
unkennt-lich, adj. विकृत, विरूपित, जिसे पढ़ा या पहचाना न जा सके, अदृष्टिगोचर बनाया हुआ; **~lichkeit,** f (-) न पहचाने जाने की अवस्था; **~nis,** f (-) अज्ञान, अज्ञता, अनभिज्ञता, ज्ञानाभाव; jdn. in Unkenntnis über etw. lassen किसी को कोई बात न बताना, किसी को किसी बात से अनभिज्ञ रखना, किसी से कोई बात छिपाए रखना ।
unkeusch, adj. व्यभिचारी, कामुक; व्यभिचारपूर्ण, कामुकतापूर्ण ।
unklar, adj. धुँधला, अस्पष्ट; अबोधगम्य, दुर्बोध, गूढ़; Situation: अनिश्चित, अस्पष्ट; उलझा हुआ; Flüssigkeit: गँदला, अस्वच्छ; jdn. im unklaren lassen किसी से कोई बात छिपाए रखना, किसी को अंधकार में रखना; **~heit,** f (-/-en) अस्पष्टता; अबोधगम्यता, दुर्बोधता; अनिश्चितता; न समझ में आई बात, अनिश्चित या अस्पष्ट बात ।
unklug, adj. अविचारित, अविवेचित; मूर्खतापूर्ण ।
unkollegial, adj. सहयोगी के अयोग्य, असहयोगपूर्ण, सहकर्मी या सहयोगी के नाते अनुचित ।
unkompliziert, adj. सरल, साधारण, मामूली; Mensch: सुलझा हुआ ।
Unkosten, pl. (अतिरिक्त) व्यय या खर्च; U: sich in Unkosten stürzen बहुत अधिक खर्च कर डालना ।
Unkraut, n अपतृण, अनुपयोगी घास, खर-पतवार; spw: Unkraut vergeht nicht सख्तजान लोगों (के स्वास्थ्य) पर ऐसी छोटी-मोटी चीज़ों का असर नहीं पड़ता ।

unkultiviert, adj. अकृष्ट; fig: असभ्य, उजड्ड; असभ्यतापूर्ण ।

unkundig, adj. में अज्ञान, की योग्यता से हीन, की योग्यता या जानकारी न रखने वाला; des Schreibens unkundig sein को लिखना न आना ।

unlängst, adv. हाल ही में, (अभी) कुछ दिन पहले ।

unlauter, adj. अनुचित, बेईमानी का, नाजायज़ या अनीतिपूर्ण साधनों की सहायता से किया हुआ ।

unleidlich, adj. बदमिज़ाज, चिड़चिड़ा, बहुत रूखा; बदतमीज़, अशिष्ट ।

unleserlich, adj. अपाठ्य ।

unliebsam, adj. अप्रिय ।

unlös-bar, adj. जिसका हल न निकले (प्रश्न, पहेली आदि); जिसे सुलझाया न जा सके, जो न सुलझे (गाँठ); fig: असमाधेय, समाधानातीत; **~lich,** adj., chem: अविलेय ।

Unlust, f (-) अनिच्छा, अरुचि, अनौत्सुक्य; शिथिलता, मंदी; **~ig,** adj. अनिच्छुक, अनिच्छु, निरुत्साह, शिथिल, मंद ।

Unmaß, n (-es) आधिक्य, बाहुल्य, प्राचुर्य, अपरिमेय मात्रा ।

Unmasse, f बहुत अधिक मात्रा ।

unmäßig, adj. बहुत अधिक, अतिशय, अतिमात्र, असंयमित; असंयमी, (किसी बात की) अति करने वाला; **~keit,** f अति, असंयम ।

Unmenge, f बहुत अधिक मात्रा, बहुत अधिक संख्या ।

Unmensch, m दुष्टात्मा, अतिक्रूर व्यक्ति, नरपिशाच; **~lich,** 1. adj. अमानुषिक, पाशविक, क्रूर, नृशंस, निर्दय; नृशंसतापूर्ण, क्रूरतापूर्ण; बहुत बड़ा; असह्य; 2. adv. बेहद, बहुत ही, अत्यधिक; **~lichkeit,** f अमानुषिकता, पाशविकता, क्रूरता, नृशंसता ।

unmerk-bar,/~lich, adj. अतिसूक्ष्म, अगोचर, जिस (की उपस्थिति) का पता न चले ।

unmißverständlich, adj. सुस्पष्ट, साफ़-साफ़ ।

unmittelbar, 1. adj. सीधा; प्रत्यक्ष, अपरोक्ष, साक्षात्; निकटतम, निकटस्थ, सन्निकट; 2. adv. तुरन्त, फ़ौरन; बिल्कुल, एकदम; **~keit,** f (-) प्रत्यक्षता, अपरोक्षत्व ।

unmodern, adj. अनाधुनिक, अप्रचलित, पुराने फ़ैशन का; पुराने विचारों का ।

unmöglich, 1. adj. असम्भव, नामुमकिन, असाध्य; U: बेहूदा, बेढंगा; अनुपयुक्त, असंगत; अनुचित; 2. adv. क़तई नहीं, हरगिज़ नहीं, किसी भी हालत में नहीं; U: jdn. unmöglich machen किसी की निन्दा क०, किसी की बुराई क०, किसी को बुरा बताना; U: er hat sich unmöglich gemacht उसने बहुत बेहूदगी का आचरण किया; **~keit,** f (-) असंभवता, असंभावना, असाध्यता; das ist ein Ding der Unmöglichkeit यह बिल्कुल असंभव बात है ।

unmoralisch, adj. अनैतिक; व्यभिचारी, लम्पट; लम्पटतापूर्ण; अश्लील ।

unmotiviert, adj. निराधार, बेबुनियाद, अकारण, बेवजह; निरुद्देश्य ।

unmündig, adj. अवयस्क, नाबालिग़; **~keit,** f अवयस्कता; नाबालिग़ी ।

Unmut, m(-[e]s) रोष, क्रोध, नाराज़गी; (अत्यधिक) अप्रसन्नता, (घोर) असन्तोष; **~ig,** / **~svoll,** adj. रुष्ट, क्रुद्ध, नाराज़, अप्रसन्न, असन्तुष्ट, झुँझलाया हुआ ।

unnachahmlich, adj. अननुकरणीय; अद्वितीय, लाजवाब ।

unnachgiebig, adj. अनम्य; अनमनीय, हठधर्मी, दुराग्रही; दृढ़; सख़्त, सख़्ती का ।

unnahbar, adj. शुष्क, रूखा; जिससे निकट संबंध स्थापित करना असंभव हो; **~keit,** f (-) शुष्कता, रूखापन, बेरुख़ी ।

unnatürlich, adj. अप्राकृतिक; अस्वाभाविक, कृत्रिम, बनावटी, दिखावटी; **~keit,** f अप्राकृतिकता; अस्वाभाविकता, कृत्रिमता, दिखावा ।

unnötig, adj. अनावश्यक, ग़ैरज़रूरी; फ़ालतू, व्यर्थ, बेकार (का)।

unnütz, adj. अनुपयोगी, बेकार, व्यर्थ; निरर्थक, अनर्गल; बेफ़ायदा, निष्फल।

unord-entlich, adj., Mensch: लापरवाह, फूहड़, बेशऊर; Kleidung: मैला-कुचैला, फटा-पुराना, अस्तव्यस्त; Zimmer: गंदा, अव्यवस्थित, जिसमें चीज़ें उलटी-सीधी पड़ी हों; Arbeit: लापरवाही से किया हुआ; Lebenswandel: संयमहीन; अनैतिक; ~**nung,** f अव्यवस्था, घपला, गड़बड़, अस्तव्यस्तता।

unpartei-isch,adj. निष्पक्ष, अपक्षपाती, समदर्शी; ~**ische,** m (-n/-n) मध्यस्थ, विवाचक, पंच; खेलपंच, रेफ़री; ~**lich,**adj.→unparteiisch; ~**lichkeit,** f (-) निष्पक्षता, समदर्शिता।

unpaß, 1. adj. → unpäßlich; 2. adv. बेमौक़े, ग़लत मौक़े पर, असुविधाजनक समय पर; das kommt mir unpaß यह ग़लत मौक़े पर हो रहा है, इस समय मुझे इससे असुविधा होगी।

unpassend, adj. असंगत; अनुपयुक्त; अनुचित; बेमौक़ा, बेमौक़े का, असमयोचित।

unpäßlich, adj. अस्वस्थ; ~**keit,** f (-/-en) अस्वस्थता।

unpersönlich, adj. अव्यक्तिक, अवैयक्तिक; (sachlich) तथ्यात्मक, वस्तुपरक; gramm: भाववाचक।

unpraktisch, adj. अव्यावहारिक; अनुपयोगी, बेकार; Mensch: अकार्यकुशल, अकुशल, अदक्ष।

unpünktlich, adj. यथासमय नहीं, ठीक समय पर नहीं या निश्चित समय पर नहीं (होने या किया जाने वाला), देर से आने या पहुँचने वाला।

Unrast, f (-) बेचैनी, अशान्ति, व्याकुलता।

Unrat, m (-[e]s) कूड़ा, कचरा, कूड़ा-करकट; fig: Unrat wittern (किसी) अनिष्ट की आशंका क०, को अनिष्ट की आशंका होना।

unrealistisch, adj. यथार्थ से परे, अयथार्थवादी; अव्यवहार्य, अव्यावहारिक।

unrecht, 1. adj. ग़लत, भ्रांतिपूर्ण; बुरा, बद, पापमय, अनैतिक; (nicht gerecht) अन्याय्य, बेजा, अन्यायपूर्ण; (ungelegen) बेमौक़ा, असमयोचित; auf unrechte Gedanken kommen के मन में अनैतिक, बुरे या पापमय विचारों का उठना, की नीयत ख़राब होना या डिगना; jdm. unrecht geben किसी को दोष देना, किसी को दोषी सिद्ध क०; 2. n (-[e]s) अन्याय, ज़्यादती; पाप, अपराध, ग़लती; ein Unrecht begehen कोई पाप, अपराध या ग़लती क०; ein Unrecht tun (कोई) अन्याय क०, (कोई) ज़्यादती क०, (कोई) बेइंसाफ़ी क०; im Unrecht sein भ्रम में होना, ग़लती में होना; दोषी होना; er wurde zu Unrecht bestraft वह दंड का भागी नहीं था, उसे अन्यायपूर्वक दंडित किया गया; ~**mäßig,** adj. अनधिकृत, अवैध, ग़ैरक़ानूनी।

unredlich, adj. बेईमान, धोखेबाज़; बेईमानी का, चारसौबीसी का।

unregelmäßig, adj. अनियमित; नियमविरुद्ध, बेक़ायदा; विषम, असम्मित; अव्यवस्थित; ~**keit,** f (-/-en) अनियमितता; बेक़ायदगी; विषमता; अव्यवस्था; pl: बेईमानी, चारसौबीसी, छोटा-मोटा ग़बन।

unreif, adj. कच्चा, अपक्व; Mensch: अपरिपक्व; अप्रौढ़।

unrein, adj. अशुद्ध; अपवित्र, नापाक; Wasser: गँदला, अस्वच्छ; Haut: फुंसीदार; fig: अनैतिक, बुरा; ins unreine schreiben की कच्ची लिपि बनाना, की रूपरेखा बनाना; ~**heit,** f अशुद्धता; अपवित्रता; अस्वच्छता, गँदलापन; ~**lich,** adj. गंदा, मैला, मैला-कुचैला; मैला-कुचैला रहने वाला, जिसमें सफ़ाई का माद्दा न हो;

~lichkeit, f गंदगी; स्वच्छता की भावना का अभाव।

unrichtig, adj. अशुद्ध, ग़लत।

Unruh, f (-/-en) in Uhr: बाल-कमानी।

Unruh-e, f (-) बेचैनी, अशान्ति, व्यग्रता; व्याकुलता; चिन्ता, फ़िक्र; होहल्ला, कोलाहल, शोर, शोरगुल; (pl: Unruhen) दंगा, बलवा, हंगामा, उपद्रव, हलचल; **~estifter**, m अशोत्तेजक, भड़काने वाला, दंगा कराने वाला; **~ig**, adj. बेचैन, अशान्त, व्यग्र, व्याकुल; (besorgt) चिंतित, फ़िक्रमन्द; (geräuschvoll) कोलाहलपूर्ण, जहाँ का वातावरण कोलाहलमय हो; See: उग्र, तूफ़ानी, तरंगाकुल।

unrühmlich, adj. लज्जास्पद, शर्मनाक, अयशस्कर, अपकीर्तिकर।

uns, personalpron., dat. & akk. von wir हमें, हम को, हम से।

unsach-gemäß, adj. अनुपयुक्त, अनुचित, ग़लत; **~lich**, adj. अतथ्यात्मक, अवस्तुपरक; असंगत, विसंगत; वैयक्तिक।

un-sagbar,/**~säglich**, 1. adj. अकथनीय, अकथ्य अवर्णनीय, वर्णनातीत; 2. adv. बेहद, अत्यधिक, बहुत ही, निहायत।

unsanft, adj. असौम्य, कठोर।

unschädlich, adj. अहानिकर, नुक़सान न पहुँचाने वाला; fig. jdn. unschädlich machen किसी को अनपकारक बना देना, किसी को इस योग्य न रखना कि वह कोई हानि पहुँचा सके।

unscheinbar, adj. मामूली, साधारण; सीधा-सादा; अविशेष, व्यक्तित्वहीन।

unschicklich, adj. अनुचित, अशोभनीय, अमर्यादित, अशिष्ट।

unschlüssig, adj. असमंजस या दुविधा में पड़ा हुआ; **~keit**, f (-) असमंजस, दुविधा, अनिश्चय।

unschön, adj. असुन्दर, बदसूरत, कुरूप; अप्रीतिकर, अप्रिय।

Unschuld, f (-) निर्दोषता, निरपराधता, बेगुनाही; fig: निष्कपटता, भोलापन, मासूमियत; शुचि, शुचिता; कौमार्य; fig: सीधी-सादी या भोली-भाली लड़की; fig: seine Hände in Unschuld waschen स्वयं को निर्दोष बताना; **~ig**, adj. निर्दोष, निरपराध, बेगुनाह; fig: निष्कपट, भोला, भोला-भाला, मासूम; शुचि, शुद्ध; कुँवारी, अक्षतयोनि; **~slamm**, n, fig: निर्दोष या भोला-भाला व्यक्ति; निर्दोषता या भोलेपन का ढोंग करने वाला व्यक्ति।

unschwer, adv. आसानी से, सरलता से।

unselig, adj. अशुभ, मनहूस, अनिष्टपूर्ण, अनिष्टकारी; अभिशप्त, शापग्रस्त।

unser, possessivpron. & adj. हमारा, हम लोगों का।

unser-einer,/**~eins**, indefinitpron. हमवार, हमारे जैसा, हम लोगों जैसा; **~erseits**, adv. हमारी तरफ़ से, हमारी तरफ़; **~esgleichen**, indefinitpron. हमारे जैसे लोग; **~esteils**, adv. हमारी ओर से, जहाँ तक हमारा (या हम लोगों का) सवाल है; **~sgleichen** → unseresgleichen; **~thalben**,/**~twegen**, adv. हमारे लिए, हमारे कारण, हमारी वजह से; **~twillen**, adv.: um unsertwillen हमारे लिए, हमारे कारण।

unsicher, adj. असुरक्षित, अरक्षित, ख़तरनाक, ख़तरे का, जोखिम का; (ungewiß) अनिश्चित, संशयापन्न, जिसमें संदेह हो; (unzuverlässig) अविश्वसनीय, ढुलमुल; (unzuversichtlich) अविश्वस्त, आशंकित, शंकालु; (ohne Selbstbewußtsein) आत्मविश्वासहीन; (wacklig) डाँवाडोल, कमज़ोर, कच्चा; er hat eine unsichere Hand उसका हाथ काँपता है, उसका हाथ सधा हुआ नहीं है; U: er macht seit einer Woche die Gegend unsicher वह एक सप्ताह से इस इलाक़े में उत्पात मचा रहा है; वह एक हफ़्ते से यहाँ आया हुआ है;

~heit, f असुरक्षा, अरक्षा, खतरा, जोखिम; आशंका, संदेह; अनिश्चितता, अनैश्चित्य; आत्मविश्वास-राहित्य; **~heitsfaktor,** m जोखिम, खतरा, अर्थहानि की आशंका।

unsichtbar, adj. अदृश्य; **~keit,** f (-) अदृश्यता।

Unsinn, m (-s) मूर्खता, बेवक़ूफ़ी; बकवास, अनर्गल प्रलाप, निरर्थक या मूर्खतापूर्ण बातें; **~ig,** 1. adj. निरर्थक, व्यर्थ, बेकार का; ऊटपटाँग, मूर्खतापूर्ण; U: बहुत अधिक, अतिरंजित; बेजा; 2. adv., U: बेहद, ही, अत्यधिक, निहायत।

Unsitte, f कुप्रथा; बुरी आदत, दुर्गुण।

unsittlich, adj. अनैतिक; लम्पट, व्यभिचारी; लाम्पट्यपूर्ण, व्यभिचारपूर्ण।

uns-rerseits, → unsererseits; **~resgleichen,** → unseresgleichen; **~resteils,** → useresteils; **~rige,** m/f/n हमारा वाला, हमारी वाली, हमारा अपना, हमारी अपनी।

unstatthaft, adj. अननुमत, निषिद्ध; अस्वीकार्य।

unsterblich, 1. adj. अमर, अनश्वर; 2. adv., U: बेहद, अत्यधिक, बहुत ही, निहायत; **~keit,** f अमरता, अमरत्व।

Unstern, m (-[e]s) दुर्भाग्य का सितारा; दुर्भाग्य, बदक़िस्मती।

unstet, adj. अस्थिर; अनियमित, चलता-फिरता; व्यग्रतापूर्ण, बेचैन, व्याकुलतापूर्ण; चंचल, चलचित्त।

unstimmig, adj. असंगत, बेमेल, भिन्न, (परस्पर-)विरोधी; **~keit,** f (-/-en) अन्तर, फ़र्क़, असंगति, भिन्नता, (परस्पर-)विरोध; मतभेद, झगड़ा।

Unsumme, f बहुत बड़ी रक़म।

unsympathisch, adj. अप्रिय, अच्छा न लगने वाला, अप्रीतिकर, विकर्षक।

untadelig, adj. अनिन्द्य, बेऐब, बेनुक़्स, बहुत बढ़िया, उच्च कोटि का।

Untat, f कुकर्म; अपराध, जुर्म।

untätig, adj. निष्क्रिय; बेकार, बेरोज़गार; अकर्मण्य, आलसी, निकम्मा; **~keit,** f (-) निष्क्रियता; अकर्मण्यता, निकम्मापन, आलस्य।

untauglich, adj. अनुपयोगी, बेकार, अनुपयुक्त, काम के लायक नहीं; अयोग्य, अक्षम; mil: सैन्यसेवा के लिए अनुपयुक्त या अक्षम; **~keit,** f (-) अनुपयुक्तता, अनुपयोगिता; अयोग्यता, अक्षमता।

unteilbar, adj. अविभाज्य, अखंड्य।

unten, adv. नीचे; निचली मंज़िल में; गहराई में; U: दक्षिण में; **~an,** adv. निचले सिरे पर, सबसे नीचे।

[1]**unter,** 1. präp. (+dat. & akk.) के नीचे, के तले; (कोट आदि) के भीतर; (weniger als) से कम, से नीचे, से घटकर; zwischen: के बीच (में), में, में से; als Untergebener von: के अधीन, की मातहती में, के नीचे; während der Regierung von: के राज्यकाल में, के शासनकाल में; mit: के साथ, को करते हुए; die Flaschen stehen unter dem Tisch बोतलें मेज़ के नीचे रखी हैं; stellen Sie die Flaschen unter den Tisch! बोतलों को मेज़ के नीचे रख दीजिए!; dieses Buch ist nicht unter zwanzig Mark zu haben यह किताब बीस मार्क से कम में नहीं मिलेगी; (die) Bücher unter die Kinder verteilen किताबों को बच्चों के बीच बाँटना या बाँट देना; unter ihnen gibt es keinen einzigen fähigen Mann उनमें से एक भी आदमी योग्य नहीं है, उनके बीच एक भी आदमी योग्य नहीं है, वे सब नालायक हैं; diese Sache muß unter uns bleiben इस बात का किसी और को पता नहीं लगना चाहिए; er arbeitet unter seinem Bruder वह अपने भाई की मातहती में काम करता है; unter dem alten König machte das Land keine Fortschritte

पुराने राजा के शासनकाल में देश ने कोई प्रगति नहीं की; unter Tränen gestand er आँसुओं के साथ (या रोते-रोते) उसने अपने दोष को स्वीकार किया; unter großen Schwierigkeiten eine Arbeit beenden बड़ी कठिनाइयों के साथ किसी काम को समाप्त क०; unter Tags दिन के समय; unter Tage arbeiten ज़मीन के नीचे काम क०, खान के अन्दर काम क०; 2. adj. निचला, नीचे वाला, नीचे का, निम्नस्थ ।

[2]**Unter,** m (-s/-) जर्मन ताशों में एक पत्ता ।

Unterabteilung, f उपविभाग ।

Unterarm, m प्रकोष्ठ, प्रबाहु, बाँह का हाथ से कोहनी तक का भाग ।

Unterbau, m (-[e]s/-ten) नींव, बुनियाद; आधार, निचली संरचना, निचला ढाँचा ।

unterbelicht-en, v/t (h.) phot: कम उद्भासित क०; ~**ung,** f न्यून उद्भासन ।

unterbewert-en, v/t (h.) को कम महत्व देना, को कम समझना; ~**ung,** f न्यून मूल्यांकन, कम महत्व देना या दिया जाना ।

unterbewußt, adj. अज्ञात; उपचेतना में विद्यमान, उपचेतना का; ~**sein,** n (-s) उपचेतना, सुप्तचेतना ।

unterbezahlt, adj. जिसे काम की तुलना में कम वेतन (या पारिश्रमिक) दिया जाए ।

unterbieten, v/t (h.) की तुलना में कम दाम माँगना; के मुक़ाबले में कम की अपेक्षा क० या रखना; sport: अपेक्षाकृत कम समय लगाना या लेना (दौड़ आदि में) ।

unterbinden, v/t (h.) को कसकर बाँध देना (रक्तप्रवाह को रोकने के लिए); fig: की मनाही क०, पर रोक या प्रतिबंध लगाना; को रोक देना, का निवारण क०, को निष्फल या निष्प्रभाव क० ।

unterbleiben, v/i (s.) न होना, न घटित होना, न किया जाना ।

unterbrech-en, v/t (h.) को थोड़ी देर के लिए रोक देना या न क०, को बीच में रोक देना, में बाधा डालना; के बीच में बोलना, को टोकना; Reise: के बीच में (किसी स्थान पर) रुकना; tel: वियोजित क०, काटना; fig: का क्रम भंग क०, के बीच(-बीच) में होना या आना; ~**ung,** f (-/-en) विराम, व्यवधान; रोक, बाधा, अवरोध; टोक; यात्रा के बीच में रुकना; वियोजन; क्रमभंग ।

unterbreiten, v/t (h.) पेश क०, प्रस्तुत क०, सामने रखना; er hat uns diesen Vorschlag unterbreitet उसने हमारे सामने यह प्रस्ताव रखा ।

unterbringen, v/t (h.) को रखना, के लिए जगह बनाना; को जमा क० (गोदाम आदि में); को ठहराना, को टिकाना, को जगह देना; (verkaufen) के लिए ग्राहक जुटाना, बेचना; U: छपवाना, प्रसारित कराना, छपाने या प्रसारित कराने का प्रबंध क०; को (कोई) नौकरी दिलाना ।

unterderhand, adv. गुप्त रूप से, चुपचाप, चोरी-छिपे ।

unter-des,/~dessen, adv. इस बीच, इतने में ।

Unterdruck, m अल्पदाब; med: निम्न रक्तचाप, अवरक्तचाप ।

unterdrück-en, v/t (h.) दबाना, दबा देना, कुचल देना, का दमन क० या कर देना; के साथ अत्याचार क०, पर निरंकुश शासन क०;(nicht aufkommen lassen) को प्रकट न क०, को दबा लेना या दबा जाना, पर क़ाबू कर लेना, को पी जाना (क्रोध आदि); ~**ung,** f (-/-en)दमन,अत्याचार, ज़ुल्म, ज़्यादती, तशद्दुद ।

untereinander, adv. आपस में, परस्पर ।

unterentwickelt, adj. अविकसित, अल्पविकसित, अपूर्ण विकसित, पिछड़ा ।

unterernähr-t, adj. न्यूनपोषित, अल्पपोषित; **~ung,** f न्यूनपोषण, अल्पपोषण।

unterfahren, v/t (h.) Bergbau: (किसी सुरंग) के नीचे दूसरा सुरंग बनाना; Gebäude: की नींव को बाद में अधिक गहरा या चौड़ा बनाना।

unterfangen, 1. v/t (h.) की नींव को अधिक मज़बूत बनाना; 2. v/r (h.) का साहस क०, की हिम्मत क०; wie konnte er sich unterfangen, das zu sagen? उसे यह कहने का साहस कैसे हुआ?; 3. n (-s/-) (कठिन) काम, (साहसिक) कार्य।

unterfassen, v/t (h.) को बाँह पकड़कर सहारा देना; की बाँह में बाँह डालना, के हाथ में हाथ डालना।

unterführ-en, v/t (h.) किसी यातायात-मार्ग को दूसरे यातायात-मार्ग के नीचे से निकालना; **~ung,** f (-/-en) तल मार्ग, सुरंगपथ; **~ungszeichen,** n यथोपरि का चिह्न।

Untergang, m पतन, अधःपतन, विनाश, सत्यानाश; (Sinken) डूब जाना (जहाज़ आदि का); Gestirn: अस्तमन, अस्तगमन।

untergeben, adj.: jdm. untergeben sein किसी का मातहत होना; **~e,** m/f (-n/-n) मातहत, अधीनस्थ व्यक्ति (पुरुष या स्त्री)।

untergehen, v/i (s.) का पतन, अधःपतन, विनाश हो जाना; तबाह, बरबाद, नष्ट, समाप्त हो जाना; (sinken) डूबना, डूब जाना; Gestirn: अस्त होना या हो जाना; fig: sein Rufen ging im Lärm unter उसकी पुकार कोलाहल में विलीन हो गई; U: Sie ist in der Großstadt untergegangen बड़े शहर में पहुँचकर वह बुरे लोगों की संगत में पड़ गई।

Untergeschoß, n सबसे नीचे की मंज़िल।

Untergestell, n निचला ढाँचा, आधार-ढाँचा, आधार, न्याधार; U: टाँगें।

Untergewicht, n न्यूनभार, सामान्य से कम भार।

untergleider-n, v/t (h.) उपविभाजित क०, (उप)खंडों में विभाजित क०; वर्गीकृत क०; dieses Buch ist in drei Teile untergliedert इस पुस्तक के तीन खंड हैं; **~ung,** f उपविभाजन, (उप)खंडो में विभाजन।

untergraben, v/t (h.) का तलोच्छेदन क०, काटना (पानी का नदी के किनारों को); fig: को गुप्तरूप से हानि पहुँचाना या नष्ट क०; fig: er hat seinen Ruf untergraben उसने गुप्त रूप से उसकी प्रतिष्ठा को मिटा दिया।

Unter-grund, m (-[e]s) अवभूमि, अधोमृदा, नीचे की मिट्टी; रंग-चित्र की पृष्ठभूमि (का रंग); fig: गुप्त संगठन; विद्रोहियों, अपराधियों आदि का क्षेत्र; गुप्त स्थान; fig: im Untergrund leben ग़ायब हो जाना, लुक-छिपकर रहना, किसी गुप्त स्थान से अपने उद्देश्यों के लिए कार्यरत रहना; **~grundbahn,** f सुरंग-रेल; **~grundbewegung,** f गुप्त संगठन, सरकार-विरोधी गुप्त आन्दोलन, **~gründig,** adj. भूमिगत; अन्तर्भौम, ज़मीदोज़; fig: प्रच्छन्न, गुप्त।

unterhaken, v/t (h.)→unterfassen

unterhalb, präp. (+gen.) के नीचे, से नीचे।

Unterhalt, m (-[e]s) जीवन-निर्वाह-(-व्यय); अनुरक्षण(-व्यय)।

unterhalt-en, v/t (h.) का भरण-पोषण क०, का खर्च चलाना; (betreiben) चलाना (दूकान आदि); (instand halten) को अच्छी (या चालू) हालत में रखना; (aufrechterhalten) को बनाए रखना, को क़ायम रखना; रखना; die Zeit vertreiben: का मनोरंजन क०, का मन बहलाना; sich mit etw. unterhalten किसी वस्तु (या बात) से अपना मन बहलाना; sich mit jdm. unterhalten किसी

से बातचीत क०, किसी से बात क०; sich über etw. unterhalten किसी वस्तु, बात या विषय पर बातचीत क०; **~sam,** adj. मनोरंजक; संवादपटु; **~samkeit,** f (-) मनोरंजकता; संवादपटुता ।

Unterhalts-kosten, pl. निर्वाह-व्यय, निर्वाह-धन; **~pflicht,** f निर्वाह-व्यय देने की बाध्यता; **~pflichtig,** adj. निर्वाह-व्यय देने के लिए बाध्य ।

Unterhaltung, f (-/-en) अनुरक्षण, अच्छी हालत में रखना, रखना; बातचीत, वार्तालाप; मनोरंजन, मनबहलाव; **~smusik,** f सुगम संगीत ।

unter-handeln, v/i (h.): mit jdm. unterhandeln किसी के साथ समझौता-वार्ता क०; **~händler,** m समझौता-वार्ता करने वाला; मध्यस्थ, बिचौलिया; **~handlung,** f (-/-en) समझौते की बातचीत, समझौता वार्ता ।

Unterhaus, n, parl: लोक-सदन; लोक-सभा; हाउस ऑफ़ कॉमन्स ।

Unterhemd, n बनियाइन, बनियान ।

Unterholz, n झाड़-झंखाड़ ।

Unterhose, f जाँघिया, कच्छी ।

unterirdisch, adj. भूमिगत, अन्तर्भौम, ज़मीदोज़; fig: गुप्त, प्रच्छन्न ।

unterjochen, v/t (h.) को अपने अधीन क०; का दमन क०, पर अत्याचार क० ।

unterjubeln, v/t(h.): jdm. etw. unterjubeln किसी की इच्छा तथा जानकारी के बिना कोई चीज़ उसके सिर मढ़ देना ।

unterkellern, v/t (h.) को तहखानेदार बनाना, में तहखाना बनाना; dieses Haus ist unterkellert यह मकान तहखानेदार है ।

Unterkiefer, m अधोहनु ।

Unterkinn, n ठुड्डी के नीचे का लटकता हुआ मांस ।

Unterkleidung, f अन्दर के कपड़े, अन्तरीय ।

unterkommen, v/i (s.) शरण पाना, आश्रय पाना; रहने का स्थान पाना, को रहने की जगह मिलना; U: नौकरी पाना, को नौकरी मिलना, की नौकरी लगना; U: so etw. ist mir noch nicht untergekommen ऐसा तो मैंने आज तक नहीं देखा, यह तो हद हो गई (बदतमीज़ी की) ।

Unterkörper, m शरीर का कमर से नीचे का भाग ।

unterkriegen, v/t (h.) को झुका देना, का हौसला तोड़ देना, को वशीभूत कर लेना, को पराजित कर देना; sich nicht unterkriegen lassen हिम्मत न हारना, डटकर मुक़ाबला क० ।

unterkühl-en, v/t (h.) को अवशीतित क०; med: के शरीर के तापक्रम को सामान्य से कम क०; **~ung,** f अवशीतन; med: शरीर के तापक्रम का सामान्य से नीचे गिराया जाना या गिर जाना ।

Unterkunft, f (-/ ⸚e) रहने, ठहरने, टिकने की जगह, आवास ।

Unterlage, f (-/-n) नीचे रखने की चीज़; किसी के नीचे बिछाने का कपड़ा, गद्दा आदि; arch: निचली संरचना, आधार; bot: पौधे का क़लम से नीचे का भाग; fig: प्रमाणक, आधार-पत्र; दस्तावेज़ ।

Unterlaß, m: ohne Unterlaß लगातार, निरन्तर, बिना रुके हुए ।

unterlass-en, v/t (h.) नहीं क०; छोड़ना, छोड़ देना, रहने देना; (कुछ करने) से चूकना या रह जाना; **~ung,** f (-/-en) अकरण; चूक ।

Unterlauf, m नदी का अन्तिम भाग ।

unterlaufen, 1. v/t (h.) के नीचे से (झुककर) निकल जाना, पर झुककर या दबककर आगे बढ़ते हुए आक्रमण क०; को नीचे से धर दबोचना; 2. v/i (s.) होना, हो जाना, अनजाने में हो जाना; mit Blut: शोणितालुप्त होना या हो जाना; ihm ist ein Fehler unterlaufen उससे (अनजाने में) एक ग़लती हो गई है ।

[1]unterlegen, 1. v/t (h.) के नीचे रखना; fig: einen anderen Sinn unterlegen को दूसरा अर्थ देना, को दूसरे अर्थ में प्रयोग क०; 2. v/t (h.) के नीचे लगाना, चिपकाना या जड़ना, से युक्त क०; diese Platte ist mit Filz unterlegt इस फलक के नीचे नमदा लगा हुआ है।

[2]unterlegen, adj. पराजित, हारा हुआ; से अपेक्षाकृत कमज़ोर, से कम बुद्धिमान; **~heit,** f (-) अपेक्षाकृत कम शक्ति, योग्यता, या बुद्धि; हीनता।

Unterleib, m धड़ का निचला भाग; जननांग।

unterliegen, v/i (s.)अभिभूत, पराभूत, परास्त, पराजित हो जाना, से हार जाना या पीछे रह जाना; के अधीन होना;einer strengen Kontrolle unterliegen की सख़्त जाँच होना या की जाना, पर सख़्त नियंत्रण होना या किया जाना; das unterliegt keinem Zweifel इसमें कोई भी सन्देह नहीं है।

Unterlippe, f अधरोष्ठ, निचला ओंठ।

untermal-en, v/t (h.) (रंग-चित्र) की पृष्ठभूमि तैयार क०, पर पहला रंग चढ़ाना; fig: से युक्त क०, आनुषंगिक संगीत देना; eine mit Musik untermalte Rezitation ससंगीत कविता-पाठ; **~ung,** f (-) fig: आनुषंगिक संगीत।

untermauer-n, v/t (h.)को दीवारों की सहायता से मज़बूत बनाना, नयी नींव लगाना, पुश्ता लगाना; fig: की संपुष्टि क०, को परिपुष्ट क०; fig: er untermauerte seine Behauptung mit Beweisen उसने प्रमाणों के द्वारा अपने कथन की संपुष्टि की; **~ung,** f (-) दीवारों की सहायता से मज़बूत बनाने का काम, निचले भाग का पुनर्निर्माण; सहारा देने वाली दीवारें; fig: पुष्टीकरण, परिपुष्टि।

untermengen, v/t (h.) में मिश्रित क० या मिलाना, के साथ मिलाना, से युक्त क०।

Untermiete, f: zur/in Untermiete wohnen शिकमी किरायेदार होना; **~r,** m (-/-) शिकमी किरायेदार, दर-किरायेदार।

unterminieren, v/t (h.) [frz.] fig: की जड़ खोदना या काटना, को गुप्त रूप से हानि पहुँचाना या नष्ट क०।

untermischen, 1. v/t (h.) को मिलाना; in diesem Reis sind Steine untergemischt इस चावल में कंकड़ों को मिलाया गया है; 2. v/t (h.) से युक्त क०, में मिलाना; dieser Reis ist mit Steinen untermischt इस चावल में कंकड़ मिले हैं।

[1]unternehmen, v/t (h.) करना, कोई उपाय क०, कोई काम क०; कोई क़दम उठाना; was haben Sie dagegen unternommen? आपने इसके विरुद्ध क्या उपाय किया?, आपने इसके खिलाफ़ क्या किया?।

[2]Unternehm·en, n (-s-) काम, कार्य, उद्यम, उपक्रम; kfm: व्यवसाय-संघ; कम्पनी, फ़र्म, व्यापार-संस्था; कारबार; **~end,** adj. उद्यमशील, उद्यमी, उपक्रमशील, उत्साही; **~er,** m (-s/-) व्यवसायी, व्यापारी; उद्योगपति; **~ung,** f (-/-en) → Unternehmen; **~ungsgeist,** m उद्यमशीलता, उपक्रमशीलता, ऊर्जस्वी, कुछ करने का उत्साह; **~ungslustig,** adj. उद्यमशील, उत्साही, ऊर्जस्वी, कुछ करने के लिए तैयार या आतुर।

Unteroffizier, m अनायुक्त अफ़सर।

unterordn-en, v/t (h.) को (किसी का) मातहत बनाना, अधीनस्थ बनाना; को कम महत्व देना, का दमन क०; sich jdm. unterorden किसी की अधीनता स्वीकार कर लेना, किसी के आगे झुक जाना, किसी के अनुकूल बन जाना, किसी के अनुसार चलना; das ist von untergeordneter Bedeutung यह गौण बात है, इसका विशेष महत्व नहीं है; gramm: untergeordneter Satz आश्रित (उप)वाक्य; **~ung,** f

अधीनस्थीकरण; दमन, महत्व को कम क० ।

Unterpfand, n, fig: प्यार की अमानत, निशानी, प्रेमोपहार ।

unterpflügen, v/t (h.) को जुताई के द्वारा खेत की मिट्टी में मिलाना (खाद, पाँस आदि) ।

unterprivilegiert, adj. दलित, शोषित, अधिकारहीन ।

unterred-en, v/r (h.) बातचीत क०, विचार-विमर्श क०, परामर्श क०; er hat sich mit ihm unterredet उसने उसके साथ विचार-विमर्श किया है; **~ung,** f (-/-en) बातचीत, विचार-विमर्श, परामर्श ।

Unterricht, m (-[e]s/-e) शिक्षण, पढ़ाना, सिखाना, शिक्षा, पढ़ाई; (Unterrichtsstunde) पाठ, पढ़ाई का घंटा; **~en,** v/t (h.) पढ़ाना, सिखाना, सिखलाना, को शिक्षा देना; (benachrichtigen) को सूचित क०, को सूचना देना, को जानकारी देना, को अवगत क०; dieser Lehrer unterrichtet (in) Mathematik यह अध्यापक गणित पढ़ाता है; jdn. über etw. unterrichten किसी को किसी बात के बारे में सूचना या जानकारी देना; sich über etw. unterrichten किसी बात के बारे में जानकारी प्राप्त क०; gut unterrichtet sein über etw. किसी बात के बारे में समुचित जानकारी रखना; **~sanstalt,** f शिक्षालय, विद्यालय, पाठशाला, स्कूल; **~sfach,** n शिक्षा-विषय, अध्ययन का विषय; **~sgegenstand,** m शिक्षण की विषय-वस्तु, पाठ, सबक़; **~skunde,** / **~slehre,** f शिक्षाशास्त्र; **~smethode,** f शिक्षण-विधि, पढ़ाने का ढंग; **~sstunde,** f पाठ, पढ़ाई का घंटा; **~ung,** f (-) शिक्षण; (Benachrichtigung) ज्ञापन, सूचना देना, सूचना या जानकारी देने का काम ।

Unterrock, m साया, पेटीकोट ।

untersag-en, v/t (h.) की मनाही क०, का निषेध क०, निषिद्ध क०, किसी काम को न करने का आदेश देना, किसी काम को करने की आज्ञा न देना, मना कर देना, रोक देना; der Arzt hat ihm das Rauchen untersagt चिकित्सक ने उसे धूम्रपान करने को मना किया है; **~ung,** f मनाही, निषेध, प्रतिषेध ।

Untersatz, m कोई भी चीज़ जिसके ऊपर दूसरी चीज़ रखी जाए (जैसे पटरा, तख़्ता, गत्ता, चौकी, पीठिका आदि), आधार, आधार-ढाँचा; निचला ढाँचा; U: fahrbarer Untersatz: कार, मोटरगाड़ी ।

unterschätzen, v/t (h.) को वास्तविकता से कम कूतना या समझना; wir haben ihn unterschätzt हम उसे वास्तविकता से कम (योग्य, क्षम, बलवान, चालाक आदि) समझ बैठे (थे) ।

unterscheid-en, v/t (h.) के भेद या अंतर को पहचानना या दिखलाना; को अलग क०, को अलग-अलग प्रस्तुत क०; zwischen zwei Dingen: में अन्तर क०; में भेद क०; sich unterscheiden से भिन्न होना; में अन्तर होना, में भेद होना; nur die Größe unterscheidet ihn von seinem Zwillingsbruder [nur in der Größe unterscheidet er sich von seinem Zwillingsbruder] उसके जुड़वाँ भाई और उसमें केवल क़द का अन्तर है; **~ung,** f (-/-en) भेदीकरण, विभेदीकरण; विभेदन; **~ungsmerkmal,** n अन्तर, विशिष्टता, अन्तर पहचानने का चिह्न ।

Unterschenkel, m टाँग का घुटने से पैर तक का भाग, पिंडली, पिंडुली ।

Unterschicht, f निचली परत, निचली तह ।

unterschieben, 1. v/t (h.) के नीचे सरकाकर रखना या लगाना, के नीचे (को) सरका देना, के नीचे घुसेड़ना या

घुसेड़ देना; er hat ihr ein Kissen untergesc oben उसने उसके (सिर के) नीचे तकिया सरका दिया या घुसेड़ दिया; 2. v/t (h.) को गुप्त रूप से किसी के सिर मढ़ देना; को गुप्त रूप से बदल देना (नवजात शिशु); को गुप्त रूप से किसी स्थान पर पहुँचा देना; fig: पर आरोपित क०, का आरोपण क०, fig: er hat mir diese Bemerkung unterschoben उसने इस कथन को मेरे ऊपर आरोपित कर दिया, उसने दावा किया कि मैंने यह बात कही (हालाँकि यह बिल्कुल झूठ है)।

Unterschied, m(-[e]s/-e) अन्तर, भेद, फ़र्क़; असादृश्य, असाम्य, वैभिन्य, भिन्नता; भेद-भाव; das macht keinen Unterschied इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता; ~**lich,** adj. असदृश, असमान, भिन्न; अन्य, दूसरा, अलग, पृथक; कई प्रकार का, नानाविध, भिन्न-भिन्न; ~**slos,** adj. समान, बिना अन्तर का, बिना भेद-भाव का।

unterschlag-en, 1. v/t (h.) एक के ऊपर एक रखना; er saß mit untergeschlagenen Beinen वह टाँग पर टाँग रखे बैठा था; 2. v/t (h.) हड़प लेना; Geld: का ग़बन क०; Brief: को बीच में रोक लेना; U: को छिपा लेना या न बताना (समाचार या बात); (पुस्तक के किसी अंश) को छोड़ देना या न पढ़ना; die unterschlagene Summe ग़बन की रक़म; ~**ung,** f (-/-en) व्यपहरण, ग़बन; पत्र आदि को बीच में रोकना; गोपन, छिपाव।

Unterschleif,m (-[e]s/-e) धोखा, चारसौबीसी; ग़बन।

Unterschlupf, m छिपाने का स्थान; शरण, आश्रय, पनाह, शरणस्थान; ~**en,/ unterschlüpfen,** v/i (s.) छिपाना, को शरणस्थान मिल जाना, शरण पाना।

unterschreiben, v/t & v/i (h.) पर हस्ताक्षर क०, (पर) दस्तखत क०; fig: का अनुमोदन या समर्थन क०; er hat (diesen Brief) noch nicht unterschrieben उसने (इस पत्र पर) अभी हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

unterschreiten, v/t (h.) से कम होना (व्यय आदि); से कम लेना या लगाना; er hat die vorgegebene Zeit unterschritten उसने निर्धारित समय से कम समय लगाया।

Unterschrift, f (-/-en) हस्ताक्षर, दस्तखत।

unterschwellig, adj., psych: अधः-संवेदनिक, अवचेतन।

Untersee-boot, n पनडुब्बी; ~**isch,** adj. अन्तःसागरी, अन्तःसमुद्री।

Unterseite, f निचली तरफ़, उलटी तरफ़।

untersetz-en, v/t (h.) (किसी चीज़ के) नीचे रखना या रख देना; ~**er,** m (-s/-) (फूलदान या गिलास आदि के) नीचे रखने का गत्ता आदि।

untersetzt, adj. नाटा और गठीला, कोतगर्दना।

unterspülen, v/t (h.) के नीचे की मिट्टी को काटना या बहा ले जाना, को नीचे से खोखला क० या कर देना; das Wasser hat den Felsen unterspült पानी ने चट्टान के नीचे की जगह को खोखला कर दिया है।

unterst, adj. सबसे निचला, सबसे नीचे का; सबसे खराब, सबसे कमज़ोर (विद्यार्थी)।

Unterstand, m बारिश आदि से बचकर खड़े होने की जगह; mil: खाई।

unterstehen, 1. v/i (h.) (किसी चीज़ के नीचे) खड़ा होना; (बारिश आदि से) बचने के लिए या बचकर खड़ा होना, शरण पाना; während des Regens haben wir dort untergestanden जब तक बारिश होती रही तब तक हम वहाँ बचकर खड़े रहे, बारिश में हमने वहाँ शरण पाई; 2. a) v/i (h.) के नीचे काम क०, का मातहत होना; के अधिकार(-क्षेत्र) में आना; के अधीन होना;

wir unterstehen direkt dem Minister हम सीधे मंत्री महोदय के नीचे काम करते हैं; es untersteht keinem Zweifel, daß...इसमें कोई संदेह नहीं है कि ...; b) v/r (h.) का साहस क०, की हिम्मत क०; की धृष्टता क०; was unterstehen Sie sich! आप यह क्या धृष्टता कर रहे हैं? ।

unterstell-en, 1. v/t (h.) (किसी चीज़ के नीचे) खड़ा क० या रखना; er hat sein Fahrrad hier untergestellt उसने अपनी साइकिल यहाँ खड़ी कर दी है; 2. v/t (h.) के नीचे नियुक्त क०, का मातहत बनाना, के अधीनस्थ क०; के अधीन क०; (unterschieben) पर आरोपित क०; (annehmen)मान लेना;diese Einheit ist seinem Befehl unterstellt वह इस टुकड़ी का कमाण्डर है, यह टुकड़ी उसके अधीन है; **~ung,** f (-/-en) आरोप; आरोपण, लांछन ।

unterstreich-en,v/t (h.) के नीचे रेखा खींचना; fig: पर बल देना, पर ज़ोर देना, का विशेष रूप से उल्लेख क०; die unterstrichenen Wörter रेखांकित शब्द; **~ung,** f (-/-en)रेखांकन, शब्द आदि के नीचे रेखा खींचना ।

unterstütz-en, v/t (h.) की सहायता क०, की मदद क०; (fördern) का समर्थन क०, को प्रोत्साहन देना; **~ung,** f (-/-en) सहायता, मदद; समर्थन; प्रोत्साहन ।

untersuch-en, v/t (h.) की संवीक्षा क०, का ध्यानपूर्वक निरीक्षण क०; jur: जाँच-पड़ताल या छानबीन क०; med: की जाँच क०; **~ung,** f (-/-en) संवीक्षा, निरीक्षण, जाँच, परीक्षण; med: जाँच; jur: जाँच-पड़ताल, छानबीन ।

Untersuchungs-gefangene, m/f (n/-n) क़ैदी जिसपर मुक़दमा चल रहा हो, अनभिशंसित वन्दी (पुरुष या स्त्री); **~gefängnis,** n अनभिशंसित बन्दियों का कारागार, हवालात; **~haft,** f अभिशंसा से पूर्व का कारावास, जुर्म साबित करने से पहले की क़ैद ।

untertan, 1. adj. अधीन; वशवर्ती; तावेदार; jdm. untertan sein किसी का तावेदार होना;sich jdn. untertan machen किसी को अपने अधीन क०, किसी को अपना ग़ुलाम बनाना; 2. m (-s;-en/-en) दास, ग़ुलाम; **~engeist,** m दासप्रवृत्ति ।

untertänig, adj. दासवत् आज्ञाकारी; अतिविनम्र; **~keit,** f (-) दासवत् आज्ञाकारिता; अतिविनम्रता ।

Untertasse, f चाय आदि के प्याले के नीचे की तश्तरी ।

untertauchen, 1. v/i (s.) डूब जाना; डुबकी मारना या मार जाना; fig: ग़ायब हो जाना; 2. v/t (h.) डुवाना, को डुबकी देना ।

unterteil-en, v/t (h.) उपविभाजित क०; वर्गीकृत क०; **~ung,** f उपविभाजन; वर्गीकरण ।

Untertitel, m उपशीर्षक ।

Unterton, m मन्द स्वर; fig: प्रच्छन्न भाव या भावना, अन्तर्धारा ।

untertreib-en, v/t (h.) को कम करके बताना; **~ung,** f (-/-en) न्यूनोक्ति ।

untertunneln, v/t (h.) के नीचे (से) सुरंग बनाना ।

untervermieten, v/t (h.) (किराये पर लिए मकान के किसी हिस्से) को आगे किराये पर देना ।

unterwander-n, v/t (h.) में फैल जाना; में घुसपैठ करके अशान्ति फैलाना; **~ung,** f (-) घुसपैठ; किसी देश या समाज में विदेशियों की संख्या का बढ़ जाना ।

unterwärts, adv. नीचे; U: नीचे की ओर ।

Unterwäsche,f अन्दर के कपड़े,अन्तरीय।

unterwaschen, v/t(h.)→unterspülen.

unterwegs, adv. रास्ते में; यात्रा पर, यात्रा के बीच; U: bei ihr ist ein Kind unterwegs उसके बच्चा

होने वाला है, वह माँ बनने वाली है ।

unterweis-en, v/t (h.) पढ़ाना, सिखाना, का ज्ञान देना, का ज्ञान सिखाना; er hat mich in Mathematik unterwiesen उन्होंने मुझे गणित का ज्ञान दिया; ~**ung,** f (-/-en) शिक्षण।

Unterwelt, f अधोलोक; fig: अपराधी-समाज, अपराधी-जगत् ।

unterwerf-en, v/t (h.) को अपने अधीन क०; को वशीभूत क०; को पराजित क०; einer Prüfung/Kontrolle usw: परीक्षण, नियंत्रण, जाँच आदि क०; sich unterwerfen अधीनता स्वीकार क०, (के आगे) झुक जाना, हार मान लेना; ~**ung,** f (-) अधीनीकरण; वशीकरण ।

unterwürfig, adj. दासवत् आज्ञाकारी, दासवत् आचरण करने वाला; ~**keit,** f (-) दासवत् आज्ञाकारिता, दासवत् आचरण ।

unterzeich-nen, v/t & v/i (h.) (पर) हस्ताक्षर क०, (पर) दस्तखत क०; ~**ner,**m (-s/-) हस्ताक्षरकर्ता; ~**nete,** m (-n/-n) अधोहस्ताक्षरी; ~**nung,** f (-) हस्ताक्षरण, हस्ताक्षर क० ।

Unterzeug, n → Unterwäsche

unterziehen, 1. v/t (h.) के नीचे पहनना, कपड़ों के अन्दर पहनना; Eischnee: में बिना फेंटे हुए मिलाना; ich habe noch einen Pullover untergezogen मैंने नीचे (या अन्दर) एक स्वेटर और पहन लिया है; 2. v/t (h.) einer Prüfung/Kontrolle usw: परीक्षण, नियंत्रण, निरीक्षण, जाँच आदि क०; परीक्षा लेना; einem Verhör: प्रतिपृच्छा क०; er hat sich einer Operation unterzogen उसने ऑपरेशन करवाया है ।

untief, adj. उथला, छिछला; ~**e,** f उथली जगह; U: बहुत अधिक गहराई, अथाह गहराई ।

Untier, n भीमकाय या विकटाकार पशु; भयानक या खूँखार जानवर ।

untragbar, adj. असह्य, असहनीय ।

untreu, adj. बेवफ़ा; अन्यगामी; ~**e,** f बेवफ़ाई; अन्यगमन ।

untröstlich, adj. दुखी, भग्नहृदय, असान्त्वनीय ।

untrüglich, adj. पक्का, सुस्पष्ट, सुनिश्चित ।

Untugend, f दुर्गुण, कुलक्षण, बुरी आदत ।

unüberbrückbar, adj. अशाम्य, असंधेय ।

unüberlegt, adj. अविचारित, अविवेचित; अविवेकी; ~**heit,** f (-) अविचार, अविवेक ।

unübersehbar, adj. अपार, असीम; विपुल, बहुत बड़ा ।

unübersichtlich, adj. अल्पदृश्य, निभृत, पूरी तरह न दिखने वाला; दुरूह, उलझा हुआ; अव्यवस्थित, बेसिलसिला, लापरवाही से किया हुआ ।

unüber-trefflich, adj. लाजवाब, बेजोड़, लासानी, अनुपम; ~**troffen,** adj. अभी तक अद्वितीय, बेजोड़, लासानी या अनुपम; जिसे अभी तक न तोड़ा गया हो (कीर्तिमान) ।

unüberwind-bar, / ~**lich,** adj. अपराजेय, अजेय; जिसपर विजय पाना असंभव हो (कठिनाई आदि) ।

unüblich, adj. अप्रायिक; असामान्य; विरला ।

unumgänglich, adj. अनिवार्य, अपरिहार्य; परमावश्यक, निहायत ज़रूरी ।

unumschränkt, adj. अबाधित, अप्रतिबद्ध, निर्बाध; असीमित ।

unumstößlich, adj. अकाट्य, अखंडनीय; अविवाद्य, अप्रतिवाद्य; अप्रतिसंहार्य, अपरिवर्तनीय ।

unumwunden, adj. सीधा-सीधा, साफ़-साफ़, बिना घुमा-फिराकर कहा हुआ, सुस्पष्ट ।

ununterbrochen, adj. अविच्छिन्न, अविरत, निरन्तर, लगातार ।

unveränderlich, adj. अपरिवर्तनशील; एक-सा बना रहने वाला; math:

अचर।

unverantwortlich, adj. अनुत्तरदायी; लापरवाह, ग़ैरज़िम्मेदार; ग़ैर-ज़िम्मेदारी का, लापरवाही का।

unverbesserlich, adj. सुधारातीत, असुधार्य।

unverbildet,adj.स्वाभाविक, प्राकृतिक; अपरिष्कृत।

unverbindlich, adj. अबाध्यकर; अप्रतिबद्ध; (wenig freundlich) कम सौहार्दपूर्ण, शिष्ट परन्तु विरक्त, औपचारिक।

unverblümt, 1. adj. साफ़-साफ़, खरा, दो-टूक; 2. adv.: jdm. unverblümt die Meinung sagen किसी को खरी-खरी सुना देना।

unverbrüchlich,adj.अटूट, दृढ़, पक्का।

unverdaulich, adj. अपाच्य; fig: अबोधगम्य, कठिन, समझ में न आने वाला।

unverdient, adj. अनर्जित, बिना प्रयत्न या योग्यता के प्राप्त।

unverdrossen, adj. सदा प्रसन्न तथा परिश्रमी, अध्यवसायी; अश्रान्त, अथक; ~**heit**, f प्रसन्नतापूर्वक काम में जुटे रहने का स्वभाव; अश्रान्ति, अध्यवसाय।

unvereinbar, adj. (परस्पर-)विरोधी, असंगत; ~**keit**, f (-) असंगति, (परस्पर-)विरोध।

unverfälscht, adj. शुद्ध, अमिश्रित, बिना मिलावट का; असली, पक्का, ठेठ; ~**heit**, f (-) शुद्धता; ठेठपन।

unverfänglich, adj. अभ्रामक, अभ्रान्तिकर; साधारण, अहानिकर; अबाध्यकर।

unverfroren, adj. धृष्ट, गुस्ताख, निर्लज्ज, बदतमीज़; धृष्टतापूर्ण, गुस्ताखी का, निर्लज्जतापूर्ण, बदतमीज़ी का; ~**heit**, f (-) धृष्टता, गुस्ताखी, निर्लज्जता, बदतमीज़ी।

unvergänglich, adj. अविनश्वर, अविनाशी; अमर; ~**keit**, f अविनाशिता; अमरता, अमरत्व।

unvergessen, adj. अविस्मृत।

unvergeßlich, adj. अविस्मरणीय।

unvergleich-bar, adj. अतुलनीय, तुलना के लिए अनुपयुक्त; ~**lich**, adj. अनुपम, अद्वितीय, बेजोड़, लाजवाब, लासानी।

unverhältismäßig, adv. बेहद, अत्यधिक, आवश्यकता से अधिक, ज़रूरत से ज़्यादा; असामान्यतः, अप्रसमतः।

unverheiratet, adj. अविवाहित।

unverhofft, adj. अप्रत्याशित, अनपेक्षित; आकस्मिक।

unverhohlen, adj. अप्रच्छन्न, प्रकट, प्रत्यक्ष।

unverhüllt, adj. अनावृत, प्रकट, प्रत्यक्ष, नग्न।

unverkäuflich, adj. अविक्रेय; बिकाऊ नहीं।

unverkennbar, adj. सुस्पष्ट, सुप्रत्यक्ष, बिल्कुल ज़ाहिर।

unverletz-bar, adj. अवेध्य, अभेद्य, वज्रांगी; ~**lich**, adj., Rechte usw: अनतिक्रम्य, अलंघ्य, अलंघनीय।

unvermeid-bar,/~**lich**, adj. अवश्यंभावी; अपरिहार्य, अनिवार्य।

unvermindert, adj. अन्यून, अक्षुण्ण, अक्षीण।

unvermittelt, 1. adj. आकस्मिक; असम्बद्ध; 2. adv. सहसा, अचानक, अकस्मात्, एकाएक।

Unvermögen, n (-s) अक्षमता, असमर्थता, अयोग्यता; ~**d**, adj. अक्षम, असमर्थ, अयोग्य; (arm) निर्धन, ग़रीब।

unvermutet, adj. अप्रत्याशित, अनपेक्षित; आकस्मिक।

Unver-nunft, f अविवेक; बेतुकापन; ~**nünftig**, adj. अविवेकी; अविवेकपूर्ण, मूर्खतापूर्ण; बेतुका।

unverrichtet, adj. अकृत, असम्पादित; unverrichteterdinge zurückkommen बिना काम पूरा किए हुए लौट आना; असफल होकर लौट आना।

unverrückbar, adj. दृढ़, अटल, पक्का; अपरिवर्तनीय, अप्रतिसंहार्य।

unverschämt, 1. adj. निर्लज्ज, बेशरम; धृष्ट, गुस्ताख़; 2. adv., U: बेहद, बहुत अधिक, अत्यन्त; ~**heit,** f (-/-en) निर्लज्जता, बेशरमी; धृष्टता, गुस्ताख़ी।

unverschuldet, adj. ऋणमुक्त; निर्दोष, बिना दोष के घटित; अनर्जित (दंड आदि)।

unversehens, adv. अचानक, एकाएक, अकस्मात्।

unversehrt, adj. अनोपहत, बेचोट, सही-सलामत; अक्षत, साबुत; ~**heit,** f (-) कुशल, सलामती; अखंडता, समूचापन।

unversöhnlich, adj. अशाम्य, दुराराध्य, समझौते या मेल-मिलाप के लिए नहीं तैयार; ~**keit,** f (-) अशाम्यता, दुराराध्यता।

Unverstand, m नासमझी, अविवेक; मूर्खता, बेवक़ूफ़ी, मूढ़ता।

unverstanden, adj. जिसे किसी की सहानुभूति न मिले, उपेक्षित, जिसकी या जिसके विचारों की अवहेलना हो, जिसके विचारों को कोई मान्यता न मिले।

unverständ-ig, adj. अबोध, नासमझ; मूढ़, मूर्ख, बेवक़ूफ़; ~**lich,** adj. अबोधगम्य, दुरूह, न समझ में आने वाला, जटिल; रहस्यमय; अस्पष्ट; ~**nis,** n सहानुभूति-राहित्य, उपेक्षा, अवहेलना।

unversucht, adj.: nichts unversucht lassen हर संभव प्रयत्न कर डालना, कोई कोशिश उठा न रखना।

unverträglich, adj. परस्पर-विरोधी; अपाच्य; नुक़्सानदेह (औषधि आदि); Mensch: झगड़ालू, बिगड़ैल, चिड़चिड़ा।

unverwandt, 1. adj.निश्चल, अविचल, अटल, दृढ़; 2. adv.: jdn. unverwandt anblicken किसी को टकटकी लगाकर देखना।

unverwundbar, adj. अभेद्य, अवेध्य, वज्रांगी।

unverwüstlich, adj. अध्वंस्य, अक्षय्य; बहुत मज़बूत, बहुत टिकाऊ; fig: अदम्य, अदमनीय; असीम, अपार।

unverzagt,adj. निर्भीक, निडर, हिम्मती, दिलेर, बहादुर; ~**heit,** f निर्भीकता, निडरपन, हिम्मत, दिलेरी, बहादुरी।

unverzeih-bar,/ ~lich, adj. अक्षम्य।

unverzüglich, 1. adj. तात्कालिक; 2. adv. तुरन्त, अविलम्ब, फ़ौरन, तत्क्षण, तत्काल।

unvollendet, adj. अपूर्ण, अधूरा, अनिष्पन्न।

unvollkommen, adj. त्रुटिपूर्ण, सदोष, दोषपूर्ण, अपूर्ण; ~**heit,** f त्रुटिपूर्णता, दोषपूर्णता, अपूर्णता।

unvollständig, adj. असमग्र, अपूर्ण; ~**keit,** f असमग्रता, अपूर्णता।

unvorbereitet, adj. तैयार नहीं, बिना तैयारी का।

unvordenklich, adj.: seit unvordenklichen Zeiten अतिप्राचीन काल से, स्मरणातीत काल से।

unvoreingenommen, adj. पूर्वाग्रह-रहित, निष्पक्ष; ~**heit,** f पूर्वाग्रह-राहित्य, निष्पक्षता।

unvorhergesehen, adj. अप्रत्याशित, अनपेक्षित, आकस्मिक, अतर्कित।

unvorsichtig, adj. असावधान, अविवेकी; अविचारित, अविमर्शित, अविवेकपूर्ण; ~**keit,** f असावधानी; अविवेक, अविचार।

unvorstellbar, adj. कल्पनातीत, अकल्पनीय; बहुत बड़ा।

unvorteilhaft, adj. अलाभकर, घाटे का; अनुपयुक्त; न फबने वाला, भद्दा।

unwägbar, adj.अविचार्य, अविवेचनीय, अकल्पनीय, जिसका पूर्वानुमान असंभव हो।

unwahr, adj. असत्य, झूठा, मिथ्या; अयथातथ्य, वास्तविकता से परे; ~**haftig,** adj. असत्य, मिथ्या; मिथ्यावादी, झूठा, बेईमान; ~**heit,** f असत्य, झूठ।

unwahrscheinlich, 1. adj. असंभाव्य,

असंभावित, असंभावनीय; अविश्वास्य, अविश्वासोत्पादक; 2. adv. बेहद, बहुत ही, निहायत; **~keit,** f असंभाव्यता; असंभावना ।
unwandelbar, adj. अपरिवर्तनीय, अपरिवर्तनशील; दृढ़, पक्का, सच्चा ।
unwegsam, adj. अगम्य, दुर्गम ।
unweiblich, adj. अस्त्रियोचित; मरदानी ।
unweigerlich, 1. adj. अवश्यंभावी, सुनिश्चित; 2. adv. हर हालत में, हर दशा में, अवश्यमेव ।
unweit, präp. (+ gen. od. von) के समीप, के पास, के नज़दीक, से दूर नहीं; unweit der Straße [unweit von der Straße] सड़क के समीप ।
Unwesen, n उपद्रव, उत्पात; अत्याचार, अतिचार, ज़ुल्म, ज़्यादती, तशद्दुद, अति; खलता, दुष्टता, कुचेष्टा; रिष्टि, आरिष्टि ।
unwesentlich, adj. महत्वहीन, नगण्य, तुच्छ, असार; गौण, अप्रधान ।
Unwetter, n तड़ित्-झंझा, तूफ़ानी वृष्टि, ओला-वृष्टि, ओला-आँधी ।
unwichtig, adj. महत्त्वहीन, नगण्य, तुच्छ ।
unwiderleg-bar,/~lich,adj. अकाट्य, अखंडनीय ।
unwiderruflich, adj. अप्रतिसंहार्य, अपरिवर्तनीय, अन्तिम, आखिरी ।
unwiderstehlich, adj. अप्रतिरोध्य; fig: अत्यन्त सम्मोहक, जिस पर (बिना अपवाद के) सभी फ़िदा हो जाएँ ।
unwiederbringlich, adj. अप्रतिप्राप्य, अपूरणीय ।
Unwill-e, m कोप, रोष, क्रोध, नाराज़गी, झुँझलाहट, कुढ़न, चिढ़; **~ig,** adj. कुपित, रुष्ट, क्रुद्ध, नाराज़, झुँझलाया हुआ ।
unwillkürlich, adj. अनैच्छिक, अनभिप्रेत; साहजिक ।
unwirklich, adj. अवास्तविक; **~keit,** f अवास्तविकता ।
unwirksam, adj. निष्प्रभाव, अप्रभावी, बेअसर; jur: अमान्य, अभिशून्य ।
unwirsch, adj. रुक्ष, रूखा, कटु, चिड़चिड़ा, तुनकमिज़ाज; अप्रसंन्न, रुष्ट, झुँझलाया हुआ ।
unwirtlich, adj. अप्रीतिकर; जहाँ रहने में कष्ट हो; अशरण्य ।
unwissen-d, adj. अनजान, अज्ञानी, नादान; अनुभवहीन, ग़ैरतजरुबेकार; अनभिज्ञ, नावाक़िफ़; **~heit,** f (-) अज्ञान,अज्ञानता,ज्ञानाभाव;अनुभवाभाव, अनुभवहीनता; **~tlich,** adj. अनजाने में किया हुआ, अज्ञानकृत, विना जानकारी के किया हुआ ।
unwohl, adj. अस्वस्थ; अप्रसन्न; er fühlt sich hier unwohl उसका मन यहाँ नहीं लगता है, वह यहाँ अप्रसंन्न रहता है; **~sein,** n अस्वस्थता; (Menstruation) रजोधर्म ।
unwürdig, adj. के अयोग्य, के स्तर से नीचे; अयोग्य, नालायक, अपात्र; das ist meiner unwürdig यह मेरे स्तर से नीचे है, यह मेरी इज़्ज़त के खिलाफ़ है ।
Un-zahl, f (-) बहुत बड़ी संख्या; **~zählbar,** adj. असंख्येय, जिसको या जिनको गिनना असंभव हो; **~zählig,** adj. असंख्य, अनगिनत; अगणित; **~zähligemal,** adv. अनगिनत बार ।
Unze, f (-/-n) [lat.] आउन्स, औंस ।
Unzeit, f (-): zur Unzeit असुविधाजनक समय पर, बेमौक़े, ग़लत वक़्त पर; **~gemäß,** adj. अनाधुनिक, पुराने फ़ैशन का; अकालिक, बेमौक़ा, असामयिक; समयातीत; समय के साथ न चलने वाला ।
unzerbrechlich, adj. अभंगुर, न टूटने वाला, जिसे तोड़ा न जा सके ।
unzertrenn-bar, adj. अवियोज्य, अविच्छेद्य; अपृथक्करणीय; **~lich,**adj. अतिघनिष्ठ, हमेशा साथ रहने वाले ।
unziem-end,/~lich, adj. अनुचित; अशोभनीय, अशोभन; **~lichkeit,** f (-) अनौचित्य, अशोभनता, अशोभ-

नीयता ।

Un-zucht, f व्यभिचार, निषिद्ध मैथुन या इसका प्रयत्न; gewerbliche Unzucht वेश्यावृत्ति; **~züchtig,** adj. व्यभिचारी, लम्पट; व्यभिचारपूर्ण, लाम्पट्यपूर्ण; अश्लील, कामोत्तेजक ।

unzufrieden, adj. असन्तुष्ट; नाख़ुश, नाराज़; **~heit,** f (-) असंतोष; नाख़ुशी, नाराज़गी ।

unzugänglich, adj.अगम्य, अनभिगम्य; fig: रूखा, शुष्क; बात-विशेष को सुनने के लिए न तैयार, के प्रति विमुख; fig: er ist allen Bitten unzugänglich वह किसी भी प्रार्थना को नहीं सुनता (या स्वीकार करता) है, वह किसी भी प्रार्थना को सुनने के लिए तैयार नहीं है ।

unzulänglich, adj. अपर्याप्त; असमर्थ; **~keit,** f (-/-en) अपर्याप्तता, असमर्थता ।

unzulässig, adj. अनुचित, नाजायज़; अननुमत, निषिद्ध ।

unzurechnungsfähig, adj. क्षीणबुद्धि; विक्षिप्त, पागल; जिसे अच्छे-बुरे की सुध न हो; **~keit,** f क्षीणबुद्धिता; विक्षेप, पागलपन, दीवानगी; अच्छे-बुरे के भेद को न समझने की स्थिति ।

unzureichend, adj. अपर्याप्त ।

unzusammenhängend, adj. असम्बद्ध, असंगत; ऊटपटाँग, निरर्थक ।

unzutreffend, adj. जो लागू न होता हो; ग़लत ।

unzuverlässig, adj. अविश्वसनीय, अविश्वस्त; कर्तव्यनिष्ठाहीन, फ़र्ज़-फ़रामोश, विश्वासयोग्य, भरोसा करने योग्य ।

unzweckmäßig, adj. अनुपयुक्त, अव्यवहार्य; बेकार, जिससे कोई लाभ न हो ।

unzweideutig,adj. सुस्पष्ट, साफ़-साफ़; **~keit,** (-/-en) सुस्पष्ट कथन, खरी बात; o.pl: सुस्पष्टता ।

unzweifelhaft, adj. असंदिग्ध, सुनिश्चित, अशंकनीय ।

üppig, adj. भरपूर, प्रचुर, विपुल, बहुत अधिक (मात्रा में विद्यमान), प्रचुरता से बढ़ने वाला; (luxuriös) विलासमय, ठाठदार, राजसी; (schwellend) उभरा हुआ, उभारदार, सुविकसित (स्त्री का शरीर); U: गर्वीला; उद्धत, ढीठ, गुस्ताख़; **~keit,** f (-) बाहुल्य, प्राचुर्य, प्रचुरता, वैपुल्य, बहुतायत, आधिक्य; विलास, ऐयाशी; सुविकास, उभार ।

Ur, m (-s/-e) वन्य वृषभ (जो अब नहीं पाया जाता है) ।

Urabstimmung, f अपरोक्ष मतदान (जिसमें प्रत्येक सदस्य अपना मत देता है, गुटों या दलों के प्रतिनिधि नहीं) ।

Urahn(e), m पुरखा; किसी वंश का सर्वप्रथम पुरुष ।

uralt, adj. अतिवृद्ध, बहुत ही बूढ़ा ।

Uran, n (-s) [griech.] यूरेनियम, किरणातु ।

Uranus, m (-) [griech.] astron: वारुण, उरण, यूरेनस ।

uraufführ-en, v/t (h.) को सबसे पहली बार प्रदर्शित क०; **~ung,** f सर्वप्रथम प्रदर्शन ।

urban, adj. [lat.] सुसभ्य, सुसंस्कृत; नगरीय, नागर, शहरी; **~isieren,** v/t (h.) को सुसभ्य या सुसंस्कृत बनाना; को नगरीय बनाना, (गाँव या ग्रामीण क्षेत्र को) शहर या शहरी बनाना; **~ität,** f (-) सभ्यता, भद्रता, सौम्यता, सुसंस्कृति ।

urbar, adj. कृष्य, कृषियोग्य; **~machung,** f (-) कृषियोग्य बनाना या बनाया जाना ।

Urbevölkerung, f आदिवासी जाति या जातियाँ ।

Urbild, n आदिरूप, आदिप्रारूप, मूल ।

Ureinwohner, m आदिवासी, मूल निवासी ।

Urenkel, m प्रपौत्र, पन्ती; प्रदौहित्र ।

urgemütlich, adj. अत्यन्त सुखद; अत्यन्त तबियतदार या मौजी ।

Urgeschicht-e, f प्रागितिहास (-काल);

~lich, adj. प्रागैतिहासिक ।

Urgestein, n आद्य शैल ।

Urgewalt, f प्रकृति की (प्रचंड) शक्ति; अतिप्राकृत शक्ति ।

Urgroß-eltern, pl. दादा, नाना, दादी, नानी के माँ-बाप; ~**mutter,** f परदादी, परनानी; ~**vater,** m परदादा, परनाना ।

Urheber, m कर्ता, प्रवर्तक, आरंभक; लेखक, रचयिता; ~**recht,** n रचना-स्वत्व; ~**schaft,** f (-) कर्तृत्व, प्रवर्तकत्व ।

Urian, m (-s)शैतान, पिशाचनाथ; (pl: Uriane) अवांछनीय या अप्रिय अतिथि ।

urig, adj. अतिस्वाभाविक, अति-प्राकृतिक, सहज; उजड्ड, गँवारू ।

Urin, m (-s/-e) [lat.] मूत्र, पेशाब; ~**ieren,** v/i (h.) पेशाब क०, मूतना, लघुशंका क० ।

Urkirche, f प्रारंभिक कलीसिया ।

urkomisch, adj. अत्यन्त हास्यजनक; अत्यन्त हास्यास्पद; अतिविलक्षण ।

Urkraft, f प्रकृति की शक्ति; अतिप्राकृत शक्ति ।

Urkund-e, f (-/-n) प्रलेख, विलेख, दस्तावेज़, लिखित प्रमाण; प्रमाणपत्र; सनद, उपाधि-पत्र; ~**enfälschung,** f किसी दस्तावेज़ आदि में हेराफेरी, जाली दस्तावेज़, प्रमाणपत्र, सनद आदि बनाना; ~**lich,** adj. दस्तावेज़ी, तहरीरी; ~**sbeamte,** m दस्तावेज़ तैयार करने वाला कर्मचारी या अधिकारी ।

Urlaub, m (-[e]s/-e) (अनुपस्थिति-) अवकाश, छुट्टी; ~**er,** m (-s/-) सैलानी, छुट्टी मनाने वाला; छुट्टी पर गया व्यक्ति; ~**sgeld,** n छुट्टी मनाने के लिए दिया गया भत्ता, अवकाश-भत्ता ।

Urne, f (-/-n) [lat.] भस्म-कलश; (Wahlurne) मतपेटी, मतपेटिका ।

Urolog-e, m (-n/-n) [griech.] मूत्र-विज्ञान का विशेषज्ञ चिकित्सक; ~**ie,** f (-) मूत्रविज्ञान ।

Ur-oma, f, U:→Urgroßmutter; ~**opa,** m, U:→Urgroßvater

urplötzlich, 1.adj. अत्यन्त आकस्मिक; 2. adv. एकदम अचानक ।

Urproduktion, f खनिजार्जन ।

Ur-sache, f कारण, वजह, बायस; U: keine Ursache! अरे धन्यवाद की कोई बात नहीं है!; ~**sächlich,** adj. कारण-संबंधी, कारणात्मक ।

Urschrift, f मूल लेख, हस्तलिपि, पाण्डुलिपि; ~**lich,** adj. मूल, हस्त-लिखित, मूल लेख से संबंधित; मूल रूप में ।

Ur-sprung, m आरंभ, प्रारंभ, शुरूआत; fig: उत्पत्ति, उद्भव; उद्गम, स्रोत; ~**sprünglich,** 1. adj. आरंभिक, प्रारंभिक, प्राथमिक, प्रथम, मूल; आद्य, आदिम; आदि-; मौलिक; (unverbildet) स्वाभाविक, प्राकृतिक; अपरिष्कृत; 2. adv. शुरूआत में, पहले (तो); ~**sprünglichkeit,** f (-) मौलिकता; स्वाभाविकता; ~**sprungszeugnis,** n मूल स्थान का प्रमाणपत्र, उद्भव-प्रमाणपत्र ।

Urteil, n (-s/-e) jur: न्याय-निर्णय, निर्णय, फ़ैसला; (feste Meinung) (पक्का) विचार या मत, राय, सम्मति; sich ein Urteil bilden (किसी बात के बारे में) अपनी राय बनाना; ~**en,** v/i (h.) की राय होना, का मत या विचार होना, के बारे में अपनी राय बनाना या बताना; über etw./jdn. urteilen किसी (वस्तु या) बात/व्यक्ति के बारे में राय देना (या अपना मत प्रकट क०); ~**sfähig,** adj. समझदार, विवेकावस्था को प्राप्त, प्रज्ञ, अपनी खुद की राय बनाने के योग्य; ~**sfähigkeit,** f / ~**skraft,** f (-) समझ, विवेक, अपनी खुद की राय बनाने की क्षमता या बुद्धि; ~**sspruch,** m (न्याय-)निर्णय, फ़ैसला; ~**sverkündung,** f फ़ैसला सुनाना, फ़ैसले का सुनाया जाना,

~svermögen, n→Urteilsfähigkeit
urtümlich, adj. स्वाभाविक, प्राकृतिक, सरल; मूल, आरंभिक; अछूता, जिस-पर किसी का पैर न पड़ा हो; ~**keit,** f (-)स्वाभाविकता, सारल्य; मौलिकता; अछूतापन ।
Ur-viech,/~vieh, n, U: विनोदशील या मज़ाक़िया व्यक्ति ।
Urvogel, m प्रागैतिहासिक काल का सरीसृप जाति का पक्षी ।
Urwahl, f अन्तिम चुनाव में मतदान करने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव, निर्वाचक-मंडल का निर्वाचन ।
Urwald, m जंगल, आदियुगीन जंगल ।
urwüchsig, adj. अतिस्वाभाविक, अतिप्राकृतिक, सहज; उजड्ड, गँवारू; ~**keit,** f (-) अतिस्वाभाविकता; उजड्डपन, गँवारूपन ।
Urzeit, f आदिकाल ।
Urzustand, m आद्यावस्था ।
Usance, f (-/-n) [frz.] रिवाज, प्रथा, दस्तूर, चलन ।
Usur-pation, f (-/-en) [lat.] अनधिकार ग्रहण, बलाद्ग्रहण (सिंहासन या सत्ता का); ~**pieren,** v/i (h.) (सत्ता, सिंहासन, पद आदि पर) बलपूर्वक अधिकार क०, हड़प लेना, छीन लेना ।
Usus, m [lat.] प्रथा, परिपाटी, रिवाज, दस्तूर, चलन ।
Utensilien, pl. [lat.] उपकरण, किसी काम के लिए आवश्यक (छोटी-मोटी) वस्तुएँ ।
Uterus, m (-/-'ri) [lat.] anat: गर्भाशय ।
Uto-pie, f (-/-n) [griech.] काल्पनिक सुख या आदर्श, इच्छाजनित विश्वास या धारणा; ~**pisch,** adj. केवल कल्पना में संभव; अव्यवहार्य; असंभव की इच्छा करने वाला; ~**pist,** m (-en/-en) स्वप्नदर्शी, असंभव बातों की कल्पना करने वाला ।
Uz, m (-es/-e)→Uzerei; ~**bruder,** m, U: मज़ाक़िया आदमी, दिल्लगीबाज़; ~**en,** v/t (h.) U: से छेड़छाड़, हँसी-मज़ाक़, या नोक-झोंक क०, से दिल्लगी क०; ~**erei,** f (-/-en) U: छेड़छाड़, हँसी-मज़ाक़, नोक-झोंक; दिल्लगी ।

V

Vagabund, m (-en/-en) [lat.] आवारा, आवारागर्द; ~**ieren,** v/i (h.) आवारागर्दी क० ।
vag(e), adj. [lat.] अनिश्चित; अस्पष्ट, धुंधला ।
Vagina, f(-/-'nen) [lat.] भग, योनि ।
vakan-t, adj. [lat.] खाली, रिक्त (पद); ~**z,** f (-/-en) खाली जगह, रिक्ति; (Ferien) छुट्टियाँ ।
Vakuum, n (-s/-'kua;-'kuen) [lat.] शून्यक, शून्य; शून्यता; phys: निर्वात ।
Valenz, f (-/-en) [lat.] chem: संयुजता, संयोजकता; biol: क्षमता, शक्ति ।
Valuta, f (-/-'ten) [ital.] kfm: प्रतिमूल्य, मूल्य, वर्तमान मूल्य, दिन-विशेष का मूल्य; (विदेशी) मुद्रा; तारीख़ जिससे ब्याज लगना शुरू हो; नामे लिखने की तारीख़ ।
Vampir, m (-s/-e) [serb.] रक्तचूषक भूत; zool: चमगादड़; fig: शोषण करने वाला व्यक्ति, नरपिशाच ।
Vandal-e, m (-n/-n) एक पूर्वी जर्मनिक जन-जाति का कबायली, वांडाल; fig: बर्बर, विध्वंसक; ~**isch,** adj.

वांडाल-संबंधी, वांडालों का, वांडालों जैसा; fig:बर्बरतापूर्ण; ~ismus,m (-) fig: बर्बरता; कलाकृति-ध्वंसन, कला-विध्वंस।

Vanille,f(-) [span.] मधुवास, वैनिला।

variab-el, adj. [lat.] परिवर्ती; परिवर्तनीय, परिवर्तनशील; **~ilität**, f (-) परिवर्तिता; परिवर्तनशीलता; **~le**, f (-n/-n) math: चर; चर राशि।

Vari-ante, f (-/-n) [lat.] परिवर्त; दूसरा रूप, रूपभेद; रूपान्तर; पाठान्तर; **~ation**, f (-/-en) परिवर्तन; विभिन्नता; biol: उत्परिवर्तन; mus: स्वर-संगति का परिवर्तन, परिवर्तित स्वर-संगति; astron: च्युति, विच्युति; **~etät**, f (-/-en) भिन्नता; विविधता, वैविध्य;biol:प्रभेद, उत्परिवर्तित रूप।

Varieté, n (-s/-s)[frz.] विविध मनोरंजन की नाट्यशाला।

variieren, [lat.] 1. v/t (h.) में परिवर्तन क०, परिवर्तित क०, बदल देना; 2. v/i (h.) भिन्न होना; परिवर्तित होना, बदल जाना।

Vasall, m (-en/-en) [lat.] जागीरदार; जागीर-प्राप्त सामन्त; दास; **~entum**, n (-s) जागीर देने वाले के प्रति बाध्यता; जागीरदारी-प्रथा; दासता।

Vase, f (-/-n) [frz.] अलंकृत कलश, फूलदान, गुलदान।

Vaselin, n (-s) / **~e**, f (-) मृत्तैल-वसा, वैसलिन।

Vater, m (-s/ ⸚) पिता, बाप, जनक; संरक्षक, पोषक; Vorsteher: युवजन-पर्यटकावास का अध्यक्ष; (Urheber) प्रवर्तक, जन्मदाता, जनक; **~haus**, n (माँ-बाप का) घर; मयका; **~land**, n (-[e]s/ ⸚ er) स्वदेश, जन्मभूमि, मातृभूमि; **~ländisch**, adj. देशभक्तिपूर्ण।

väterlich, adj. पितृ-तुल्य, पितृवत्, पिता जैसा; पिता का, पैतृक; पितृसुलभ, जनकोचित; **~erseits**, adv. पितृवंश का, पिता की तरफ़ का।

Vater-mörder, m पितृहन्ता; U: खड़ा कॉलर; **~schaft**, f (-) पितृत्व, पैतृत्व; **~schaftsklage**, f, jur: पितृनिर्धारण का मुक़दमा; **~stadt**, f जन्मस्थान, शहर जिसमें जन्म तथा पालन-पोषण हुआ हो; **~unser**, n (-s/-) ईश-प्रार्थना।

Vati, m (-s/-s) U: पिताजी, बप्पा, अब्बा (पिता के संबोधन का शब्द)।

Vatikan, m(-s) [lat.] पोप का निवास-स्थान, वैटिकन; पोप की सरकार; **~isch**, adj. वैटिकन-संबंधी, वैटिकन का; पोप की सरकार का।

Vegetar-ier, m (-s/-) [lat.] शाकाहारी, निरामिषभोजी; **~isch**, adj. निरामिष; **~ismus**, m (-) शाकाहार; शाकाहारवाद।

Vegetation, f (-/-en) [lat.] प्ररोहण, पौधों का उगना तथा बढ़ना; वनस्पति, पेड़-पौधे।

Vegetativ, adj. [lat.] उद्भिज्ज; वनस्पति-; med: इच्छाशक्ति द्वारा अनियंत्रणीय या अनियंत्रित (चेता-संहति)।

vegetieren, v/i (h.) [lat.] जैसे-तैसे दिन काटना।

vehemen-t, adj. [lat.] तीव्र, प्रचंड, उग्र, ज़ोरदार, प्रबल; जोशीला, ओजस्वी; **~z**, f (-) तीव्रता, प्रचंडता; ओजस्विता।

Vehikel, n (-s/-) [lat.] गाड़ी, सवारी, वाहन।

Veilchen, n (-s/-) [lat.] बनफ़शा, नीलपुष्प; U: er ist blau wie ein Veilchen वह नशे में धुत्त है।

Vektor, m (-s/-en) [lat.] math: दिष्ट, सदिश, वेक्टर।

Velar, m (-s/-e) [lat.] कंठ्य, पश्च।

Velours, m (-/-) [frz.] मख़मल, मख़मल जैसा एक कपड़ा।

Vene, f (-/-n) [lat.] शिरा, नस।

venerisch, adj. [lat.] venerische Krankheit रतिरोग, यौन रोग।

venös, adj. [lat.] शिरा-संबंधी, शिराओं का।

Ventil, n (-s/-e) [lat.] वाल्व, कपाट;

वायुकपाट; einer Orgel: परदा; fig: मानसिक तनाव को समाप्त करने का साधन।

Ventil-ation, f (-/-en) [lat.] संवातन, वायुसंचार; ~**ator,** m (-s/-en) पंखा, संवातक; ~**ieren,** v/t (h.) में वायु-संचार क०, को संवातित क०; fig: पर ध्यानपूर्वक सोच-विचार क०।

Venus, f (-) [lat.] प्रेम की देवी, रति; astron: शुक्र; fig: सर्वांगसुन्दरी।

verabfolgen, v/t (h.) देना, दे देना, सौंप देना; Arznei: देना, खिलाना।

verabred-en, v/t (h.) तय क०, पक्का क०;का (या पर) समझौता क०; sich mit jdm. verabreden किसी के साथ भेंट की तिथि या जगह तय क०, किसी से मिलने का समय लेना; ~**ung,** f (-/-en) तय क०, निश्चित क०; भेंट का समय या स्थान नियत क०; तय की हुई बात, समझौता; पूर्व-निश्चित भेंट।

verabreichen, v/t (h.) देना, दे देना; खिलाना (औषधि); U: रसीद क० (तमाचा आदि)।

verabsäumen, v/t (h.) नहीं क०, की परवाह नहीं क०, को रहने देना।

verabscheu-en, v/t (h.) से घृणा क०, से नफ़रत क०, को क़तई पसन्द न क०; ~**ungswert,** / ~**ungswürdig,** adj. घृण्य, जघन्य, गर्हणीय, घृणास्पद, जुगुप्स्य।

verabschied-en, v/t (h.) को सेवामुक्त या बरखास्त क०; को सेवा-निवृत्त क०; Gesetze: पारित क०, स्वीकृत क०, की अभिपुष्टि क०; sichv on jdm. verabschieden किसी से विदा लेना; ~**ung,** f (-/-en) बरखास्तगी; सेवा-निवृत्ति; पारित किया जाना, स्वीकृत होना; विदाई।

verachten, v/t (h.) को तुच्छ समझना, को महत्व न देना, की परवाह न क०; की क़द्र न क०, की उपेक्षा क०, की अवहेलना क०, का तिरस्कार क०, को ठुकराना; से नफ़रत क०, से घृणा क०।

verächtlich, adj. तिरस्कारपूर्ण, तिर-स्कारात्मक, अवहेलनापूर्ण, उपेक्षापूर्ण, घृणापूर्ण; घृणित, घृण्य, तिरस्करणीय, गर्हणीय।

Verachtung, f (-) उपेक्षा, अवहेलना, तिरस्कार; घृणा, नफ़रत।

veralbern, v/t (h.) U: का मज़ाक़ उड़ाना, से दिल्लगी क०, को उल्लू बनाना।

verallgemeiner-n, v/t (h.) का सामान्यीकरण क०, को सामान्यीकृत रूप में प्रस्तुत क०, को सामान्य नियम का रूप देना; ~**ung,** f (-/-en) सामान्यीकरण।

veraltet, adj. अनाधुनिक, पुराना, अप्रचलित, अप्रयुक्त।

Veranda, f (-/-'den) [eng.] बरामदा, दालान।

veränder-lich, adj. परिवर्तनशील; ~**n,** v/t (h.) बदलना, बदल देना, परिवर्तित क० या कर देना; का रूप बदलना; sich verändern बदल जाना, दूसरे प्रकार का हो जाना;का रूप बदल जाना; दूसरा काम या दूसरी नौकरी करने लगना; ~**ung,** f (-/-en) परिवर्तन।

verängstig-en, v/t (h.) धमकाना; डराना,डरा देना,भयभीत या भयाभिभूत कर देना; ~**t,** adj. भयभीत, भयाभि-भूत, डरा हुआ।

veranker-n, v/t (h.) लंगर डालकर खड़ा क०, लंगर की सहायता से स्थिर क०; fig: दृढ़ क०, को सुनिश्चित रूप देना; fig: im Gesetz verankert sein क़ानून में सन्निहित होना, क़ानून का एक अंग होना; ~**ung,** f (-/-en) लंगरवानी, लंगर डालना, लंगर पर ठहरना।

veranlag-en, v/t (h.) की सम्पत्ति या आय को कूतना (कर-निर्धारण के लिए); पर कर लगाना, का कर निर्धारित क०; ~**t,** adj. प्रतिभा-विशेष वाला;स्वभाव-विशेष वाला; med: प्रवण, रोग-विशेष की प्रवणता वाला; ~**ung,** f (-/-en)

प्रतिभा(-विशेष); स्वभाव(-विशेष), प्रवृत्ति(-विशेष); med: (रोग-विशेष की) प्रवणता; (Steuerfestsetzung) कर-निर्धारण ।

veranlass-en, v/t (h.) कराना, करवाना, का प्रबंध कराना; प्रेरित क०, को प्रेरणा देना; को बाध्य क०; jdn. zu etw. veranlassen किसी को किसी काम या बात के लिए प्रेरित क०; किसी को कुछ करने के लिए बाध्य क०; किसी से कुछ करवाना; **~ung,** f (-/-en) कारण, हेतु, वजह, बायस; प्रेरणा ।

Veranschaulich-en, v/t (h.) (उदाहरण देकर) समझाना या स्पष्ट क०; **~ung,** f सोदाहरण स्पष्टीकरण ।

veranschlag-en, v/t (h.) (व्यय आदि) का अनुमान लगाना, तख़मीना लगाना; fig: आँकना; का महत्व समझना; **~ung,** f (-/-en) (व्यय आदि का) अनुमान या तख़मीना (लगाना) ।

veranstalt-en, v/t (h.) का आयोजन क०, आयोजित क०; U: करना, मचाना (शोर, कलह आदि); **~er,** m (-s/-) आयोजक; **~ung,** f (-/-en) आयोजित कार्यक्रम ।

verantwort-en, v/t(h.) की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेना; के परिणाम को भुगतना; की सफ़ाई देना, के औचित्य को दिखाना; sich für etw. verantworten अपने किसी काम के औचित्य को दिखाना, अपनी सफ़ाई में कुछ कहना; jur: पर मुक़दमा चलाया जाना; **~lich,** adj. उत्तरदायी, जवाबदेह, ज़िम्मेदार; उत्तरदायित्वपूर्ण, ज़िम्मेदारी का; jur: अभियोज्य, दोषी; **~lichkeit,** f (-) उत्तरदायिता, जवाबदेही; jur: अभियोज्यता; दोष, अपराध; **~ung,** f (-/-en) ज़िम्मेदारी, उत्तरदायित्व, दायित्व; **~ungsbewußt,** adj. उत्तरदायित्वनिष्ठ, अपनी ज़िम्मेदारी को समझने वाला, ज़िम्मेदार; **~ungslos,** adj. अनुत्तरदायी, ग़ैर-ज़िम्मेदार, उत्तरदायित्वहीन, लापरवाह ।

veräppeln, v/t (h.) U:→veralbern

verarbeit-en, v/t (h.) संसाधित क०, से (कोई चीज़) बनाना; fig: को पचाना, को दिमाग़ में क्रम से रखना, पर मनन करके अपना विचार बनाना; को (अपने लेख आदि में) सन्निहित क०, का प्रयोग क०; **~ung,** f (-/-en) संसाधन; संसाधन का ढंग, संसाधित रूप ।

verargen, v/t (h.): jdm. etw. verargen किसी की किसी बात का बुरा मान जाना, किसी से किसी बात के कारण नाराज़ होना ।

verärger-n, v/t (h.) को रुष्ट, नाराज़, अप्रसन्न कर देना; **~ung,** f (-/-en) रोष, नाराज़गी, अप्रसन्नता ।

verarm-en, v/i (s.) निर्धन, अकिंचन, ग़रीब हो जाना; **~t,** adj. जो निर्धन हो गया हो, अकिंचनीभूत; **~ung,** f (-/-en) अकिंचनीभवन ।

verarschen, v/t (h.) vulg: को चूतिया बनाना ।

verarzten, v/t (h.) U: का इलाज क०; का प्रथमोपचार क०, की मरहम-पट्टी क०; fig: को ढाढ़स बँधाना, को सान्त्वना देना ।

verästel-n, v/r (h.) शाखाओं में फैल जाना, से शाखाएँ निकलना; **~ung,** f (-/-en) प्रशाखन; शाखा-विस्तार, शाखा-प्रशाखाएँ ।

Verätzung, f (-/-en) तेज़ाब या अन्य क्षारक पदार्थ से शरीर का जल जाना ।

verausgaben, v/r (h.) बहुत अधिक व्यय कर डालना; सारा धन उड़ा देना या फूँक डालना; fig: अपनी शक्ति से अधिक दम लगाना, अपनी सारी शक्ति लगा डालना ।

verauslagen, v/t (h.) के लिए व्यय क० (उधार के तौर पर) ।

veräußer-lich, adj. विक्रेय, बिकाऊ; **~n,** v/t (h.) बेचना; हस्तान्तरित क०; **~ung,** f (-/-en) विक्रय; हस्तान्तरण ।

Verb, n (-s/-en) [lat.] gramm: क्रिया; क्रियापद; **~al,** adj. मौखिक,

ज़बानी; शाब्दिक; वाचिक, वाचनिक; gramm: क्रिया-विषयक; क्रियार्थक, क्रियामूलक; ~alinjurie, f अपशब्द, गाली, अपमानजनक शब्द; शब्दों द्वारा अपमान ।

verballhornen, v/t (h.) सुधार या परिशोधन के प्रयत्न में और अधिक बिगाड़ देना ।

Verbalnote, f हस्ताक्षररहित स्मरण-पत्र ।

Verband, m (-[e]s/ ⁼e) med: पट्टी; mil: टुकड़ी दस्ता; jur: संघ, सभा, यूनियन; ~**(s)kasten,** m मरहम-पट्टी के सामान का डिब्बा ।

verbann-en, v/t (h.) निकाल देना; को देशनिकाला देना, को निर्वासित या विवासित क०; ~**ung,** f (-/-en) देशनिकाला, निर्वासन, विवासन ।

verbarrikadieren, v/t (h.) को अवरुद्ध क०, को रोक देना; के आगे चीजों का ढेर लगा देना (सुरक्षा के लिए), कच्ची मोर्चाबन्दी क०; sich verbarrikadieren किसी स्थान को दूसरों के लिए अगम्य बनाकर वहाँ बैठ जाना या छिप जाना ।

verbauen, v/t (h) को ऊटपटाँग ढंग से बनाना, को बेढंगा बनाना; jdm. die Aussicht: के सामने या आगे इमारत खड़ी कर देना (जिससे दृष्टि अवरुद्ध हो जाए), की दृष्टि को सीमित कर देना (भवन-निर्माण द्वारा); U: को भवन-निर्माण में प्रयोग कर डालना या व्यय कर डालना; fig: का रास्ता बन्द कर देना; की संभावना को समाप्त कर देना ।

verbauern, v/i (s.) देहाती बन जाना, गँवार या उजड्ड बन जाना ।

verbeißen, v/t (h.)को दबाना या दबा लेना, को प्रकट न क०, को छिपाना, को पी जाना (गुस्सा आदि); को दाँतों से दबोच लेना,को दाँतों से दबोचकर पकड़े रहना,(sich)das Lachen verbeißen (अपनी) हँसी दबाना या दबा लेना; der Hund verbiß sich in ihr Bein कुत्ते ने उसकी टाँग को दबोच लिया, कुत्ता उसकी टाँग को दबोचकर पकड़े रहा; fig: sich in etw. verbeißen किसी काम में बुरी तरह जुटा रहना, किसी काम में दृढ़तापूर्वक लगा रहना ।

verbergen, v/t (h.) छिपाना, छिपा लेना; पर परदा डालना, को गुप्त रखना, न बताना, दबाना; प्रकट न क० ।

verbesser-n, v/t (h.) को अधिक अच्छा बनाना; में सुधार या संशोधन क०, का सुधार क०, को सुधारना; sich verbessern तरक़्क़ी या उन्नति क०, अपने जीवन-स्तर को पहले से अच्छा बनाना; अपनी ग़लती को सुधारना; ~**ung,** f (-/-en) सुधार संशोधन; उन्नति ।

verbeugen, v/r (h.) झुक जाना, सिर झुकाना, नतमस्तक हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) शिर-नमन ।

verbeulen, v/t (h.) को पिचका देना ।

verbiegen, v/t (h.) ग़लत ढंग से मोड़ना, ग़लत दिशा में मोड़ना; ग़लत ढंग से मोड़कर विकृत कर देना, मोड़-कर बिगाड़ देना या खराब कर देना, टेढ़ा कर देना ।

verbiester-n, v/t (h.) U: को भ्रम में डाल देना; को नाराज़, रुष्ट, अप्रसन्न कर देना; sich verbiestern भ्रम में पड़ जाना; नाराज़ हो जाना, झुँझला जाना; किसी बात पर अड़ जाना; ~**t,** adj., U: चकराया हुआ; नाराज़, रुष्ट, अप्रसन्न, झुँझलाया हुआ ।

verbieten, v/t (h.) निषिद्ध क०, निषेध क०, मना क०, की मनाही क०, की आज्ञा न देना ।

verbild-en, v/t (h.) को ग़लत ढंग से बनाना या गढ़ना, बिगाड़ना; को (कु)शिक्षा द्वारा अस्वाभाविक बना देना; ~**ung,** f (-/-en) विरूपण; विकृति, विरूपता ।

verbillig-en, v/t (h.) सस्ता कर देना, के मूल्य में कमी क०, का मूल्य घटाना;

~ung, f (-/-en) मूल्य में कमी ।
verbimsen, v/t (h.) U: की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क०; Geld: उड़ा डालना, फूँक देना, बरबाद कर देना ।
verbinden, v/t (h.) पर पट्टी बाँधना; (vereinigen) जोड़ना, मिलाना, सम्बद्ध क०, संयुक्त क०, के बीच संबंध स्थापित क०; tel: मिलाना; Buch: पर ग़लत ढंग से जिल्द चढ़ाना; poet: को आभारी बनाना; sich mit jdm. verbinden किसी के साथ मिल जाना; किसी से विवाह क० या कर लेना; ich bin Ihnen sehr verbunden मैं आपका अत्यन्त आभारी हूँ ।
verbindlich, adj. बन्धनकारी, बाध्यकारी; सुनिश्चित; पक्का; (höflich) भद्र, सुशिष्ट; सौहार्दपूर्ण, अनुग्रहशील; **~keit,** f (-/-en) बाध्यकारिता; सुनिश्चितता; बाध्यता, दायित्व, देयता, आबंध; शिष्टाचार, शिष्टाचार की बात, सौहार्दपूर्ण बात (या व्यवहार) ।
Verbindung, f (-/-en) संयोग, समुच्चय; संयोजन, संबंधन; संयोजक वस्तु; (Beziehung) संबंध, ताल्लुक़, सम्पर्क; संदर्भ; (Ehe) विवाह; im Verkehr: यातायात-व्यवस्था, यातायात-साधन, संचार-व्यवस्था; von Studenten: वर्गवादी विद्यार्थी-संघ; tel: मिलान, दूरभाष-संबंध; chem: यौगिक; mit jdm. in Verbindung stehen का किसी के साथ सम्पर्क या संबंध होना; er hat gute Verbindungen उसका काफ़ी प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंध है, वह बहुत पहुँच वाला आदमी है ।
verbissen, adj. दुर्दम्य, दुर्दान्त; दृढ़, अटल, पक्का; घोर, घमासान; कटु, कुढ़न से भरा हुआ; **~heit,** f (-) दुर्दम्यता; दृढ़ता, अटलता, घोरता; कटुता, कुढ़न ।
verbitten, v/r (h.) को बरदाश्त न क०, को सहन करने के लिए तैयार न होना, (किसी बात या काम) को न करने की सविरोध माँग क० ।
verbitter-n, 1. v/i (s.) कटु हो जाना; संतप्त या क्रुद्ध हो जाना; 2. v/t (h.) को कटु बनाना, को कटुतामय बनाना; को संतप्त या क्रुद्ध क०; **~ung,** f (-) कटुता; संताप, क्रोध ।
verblassen, v/i (s.) की चमक कम या समाप्त हो जाना, फीका पड़ जाना, fig: धुँधला हो जाना; (के आगे) फीका पड़ जाना ।
Verbleib, m (-[e]s) पता-ठिकाना; **~en,** v/i (s.) रहना, बना रहना; डटा रहना; (übrig bleiben) रह जाना, बाक़ी बचना; vereinbaren: किसी बात पर सहमत हो जाना; am Briefschluß: होना ।
verbleichen, v/i (s.) पीला, फीका, मन्द पड़ जाना, की चमक कम या समाप्त हो जाना; poet: की मृत्यु हो जाना ।
verblend-en, v/t (h.) को अंधा कर देना, की आँखों पर परदा डाल देना, की विचारशक्ति को हर लेना; Wand: पर दूसरे पत्थर, फलक आदि लगाना; **~ung,** f (-/-en) अन्धापन, विचारशक्ति-राहित्य; दीवार पर दूसरे पत्थरों आदि का लगाया जाना ।
verbleuen, v/t (h.) U: की ठुकाई, पिटाई, कुटाई क० ।
verblöd-en, v/i (s.) U: मंदबुद्धि, मूढ़, कुन्दज़ेहन हो जाना; **~ung,** f (-) बुद्धि का कम हो जाना; मूढ़ता ।
verblüff-en, v/t (h.) को विस्मित या हक्का-बक्का कर देना, को हैरत या अचंभे में डाल देना; **~ung,** f (-) विस्मय, हैरत, अचंभा ।
verblühen, v/i (s.) मुरझा जाना; के फूलने का मौसम निकल जाना; fig: बूढ़ा हो जाना, बुढ़ा जाना ।
verbluten, v/i (s.) की लगातार खून बहते रहने के कारण मृत्यु हो जाना; fig: sich verbluten के बहुत अधिक सैनिकों का मारा जाना ।
verbocken, v/t (h.) U: को ग़लत

ढंग से क०, को बिगाड़ देना, में गड़बड़ क० ।

verbohr-en, v/r (h.): sich in etw. verbohren किसी बात पर अड़ जाना; **~t,** adj. हठधर्मी, अड़ियल; **~theit,** f (-) हठधर्मिता, अड़ियलपन ।

verborgen, adj. गुप्त, प्रच्छन्न; प्रच्छादित, अप्रकट; **~heit,** f (-) गुप्तता, संगुप्ति, प्रच्छन्नता ।

Verbot, n (-[e]s/-e) निषेध, मनाही, प्रतिषेध, निषेधाज्ञा, रोक, प्रतिबंध; **~en,** adj. निषिद्ध, प्रतिषिद्ध, वर्जित; U: अत्यन्त हास्यास्पद ।

verbrämen, v/t(h.) पर (गोटे या लोमचर्म आदि का) किनारा लगाना; fig: को घुमा-फिराकर या दूसरों शब्दों में कहना, को प्रिय बनाकर कहना ।

Verbrauch, m (-[e]s) उपभोग, खपत, खर्च, व्यय; **~en,** v/t (h.) का उपभोग क० या कर डालना, इस्तेमाल क० या कर डालना; ख़र्च कर डालना; **~er,** m (-s/-) उपभोक्ता; **~t,** adj. उपभुक्त; Luft: ख़राब, अशुद्ध; fig: अशक्त ।

verbrech-en, 1. v/t (h.) अपराध क०, जुर्म क०; U: करना, की रचना क०, रचकर रखना; 2. n (-s/-) अपराध, जुर्म; **~er,** m (-s/-) अपराधी, मुजरिम; **~eralbum,** n, U: अपराधियों की सचित्र सूची; **~erisch,** adj. आपराधिक, दंड्य; अपराधी जैसा ।

verbreiten, v/t (h.) फैलाना; प्रसारित क० ।

verbreiter-n, v/t (h.) चौड़ा क०, को अधिक चौड़ा बनाना; **~ung,** f (-/-en) चौड़ा करने काम ।

Verbreitung, f (-) प्रसारण; फैलाना, फैलना ।

verbrenn-en, 1. v/i (s.) जल जाना, जलकर नष्ट हो जाना; झुलस जाना; chem: जारक के साथ मिश्रित होना, जारित होना या हो जाना; 2. v/t (h.) जला देना; भस्म कर देना, जलाकर नष्ट कर देना; झुलसा देना; **~ung,** f (-/-en) दाहन, जलाना, दाहकर्म; दहन, ज्वलन; जला, जलन, जले का घाव; chem: जारण, ऑक्सीकरण; **~ungsmotor,** m दहन-इंजन ।

verbriefen, v/t (h.) का प्रलेख देना, का दस्तावेज़ बनाना, की दस्तावेज़ी गारंटी क० ।

verbringen, v/t (h.) बिताना, गुज़ारना ।

verbrüder-n, v/r (h.) से भाईचारा क०, से मित्रवत् आचरण क०, मिलना-जुलना; **~ung,** f (-/-en) भाईचारा, मित्रवत् आचरण, मेल-जोल ।

verbrüh-en, v/t (h.) गरम पानी (या तरल पदार्थ) से झुलसाना या जलाना; **~ung,** f (-/-en) द्रवदाह; गरम पानी से पड़ा फफोला ।

verbuch-en, v/t (h.) पुस्तांकित क०, को खाते में दर्ज क०; fig: प्राप्त कर लेना(सफलता आदि); **~ung,** f (-/-en) पुस्तांकन ।

Verbum, n (-s/-'v a)→Verb

verbummeln, 1. v/i (s.) U: निकम्मा हो जाना, लापरवाही तथा आलस्य के कारण अधोगति को प्राप्त होना; 2. v/t (h.) U: बरबाद क०, गँवाना; लापरवाही के कारण भूल जाना; लापरवाही से कहीं डाल देना, खो देना ।

Verbund, m (-[e]s) संयोग, समुच्चय; arch: कंकरीट और लोहे का मिश्रण ।

verbünden, v/r (h.) से मिल जाना, के साथ हो जाना; से संधि या संश्रय क० ।

Verbundenheit, f (-) ऐक्यभाव, मैत्रीभाव, घनिष्ठता की भावना ।

Verbündete, m/f (-n/-n) मित्र, सन्धिबद्ध व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); मित्र राष्ट्र, संश्रित राष्ट्र ।

Verbundwirtschaft, f सामूहिक अर्थ-व्यवस्था, संयुक्त अर्थव्यवस्था, संयुक्त उद्योग(-व्यवस्था) ।

verbürgen, v/t (h.) की गारंटी देना, की सच्चाई, शुद्धता, ईमानदारी आदि का आश्वासन देना; की सच्चाई, शुद्धता आदि का प्रमाण होना, की गारंटी

होना; sich für jdn. verbürgen किसी का ज़िम्मा या उत्तरदायित्व लेना; किसी की सच्चाई, ईमानदारी आदि का आश्वासन देना।

verbüßen, v/t (h.) भोगना, भुगतना, (कारावास के दंड) को पूरा क०।

verbuttern, v/t (h.) से मक्खन बनाना; U: बरबाद क०, उड़ाना या उड़ा देना, का अपव्यय क० ।

verchromen, v/t (h.) पर क्रोमियम का पानी क० या चढ़ाना।

Verdacht, m (-[e]s) सन्देह, शक, शुबहा; jdn. in Verdacht haben किसी पर शक क० या होना।

verdächtig, adj. संदिग्ध, जिसपर शक हो; संदेहजनक, सन्देहास्पद; **~en,** v/t (h.) पर संदेह या शक क०; **~ung,** f (-/-en) सन्देह क०; संदेह, शक।

Verdachtsmoment, n सन्देहोत्पादक तथ्य, शक पैदा करने वाली बात ।

verdamm-en, v/t (h.) [lat.] की गर्हणा या घोर निन्दा क०; को कोसना, को धिक्कारना, को लानत भेजना; को दंडित क०; eccl: को नरक में डालना, को नरकदंड देना; **~nis,** f नरकदंड, नरकयातना; अभिशाप; **~t,** 1. adj. जघन्य, घृण्य, गर्हणीय, घृणित, निकृष्ट, नीच; eccl: नरक-प्राप्त, नरकवासी; U: verdammte Pflicht und Schuldigkeit अनिवार्य (नैतिक) कर्तव्य; 2. adv., U:बेहद, बहुत अधिक, निहायत; **~ung,** f (-/-en) गर्हणा, निन्दा; नरकदंड।

verdampf-en, 1. v/i (s.) वाष्पित होना या हो जाना; 2. v/t (h.) वाष्पण क०, वाष्पित क०, को वाष्प में बदल देना; **~ung,** f (-/-en) वाष्पीभवन, वाष्पीकरण।

verdanken, v/t (h.): jdm. etw. verdanken किसी बात के लिए किसी का आभारी होना; किसी को किसी बात का श्रेय देना; किसी को किसी बात का दोष देना ।

verdattert, adj., U: अत्यन्त विस्मित, हक्का-बक्का, किंकर्तव्यविमूढ़।

verdau-en, v/t (h.) पचाना, हज़म क०; fig: को दिमाग़ में क्रम से रखना, पर मनन करके अपना विचार बनाना; **~lich,** adj. पाच्य, पाचन-योग्य, पचनीय; **~ung,** f (-) पाचन, पाचन-शक्ति, हाज़मा; **~ungsbeschwerden,** f/pl./**~ungsstörung,** f अजीर्ण, अपच, अपाचन, बदहज़मी।

Verdeck, n (-[e]s/-e) mar: सबसे ऊपरी डेक; eines Autos: छत; **~en,** v/t (h.) आच्छादित क०; ढकना, ढक लेना, ढक देना; छिपाना, पर परदा डालना।

verdenken, v/t (h.)→verargen

Verderb, m (-[e]s) विनाश, तबाही, बरबादी, सर्वनाश, सत्यानाश; **~en,** 1. v/i (s.) ख़राब हो जाना, सड़ जाना, सेवन के योग्य न रह जाना; 2. v/t(h.) बिगाड़ना, ख़राब क०; नष्ट क०, का विनाश क०, का सत्यानाश क०; fig: का चरित्र बिगाड़ना, को भ्रष्ट क०; 3. n (-s) विनाश, तबाही, बरबादी, सर्वनाश, सत्यानाश; fig: नैतिक पतन; पतन; **~lich,** adj. जल्दी ख़राब हो जाने वाला; विनाशकारी; अनर्थकारी, अनिष्टकारी; **~nis,** f (-) अनैतिकता, भ्रष्टता; **~t,** adj. विकृत, अशुद्ध; fig: पतित; भ्रष्ट, चरित्रहीन, बदचलन; **~theit,** f (-) भ्रष्टता, चरित्रहीनता, बदचलनी।

verdeutlichen, v/t (h.) स्पष्ट क०।

verdeutschen, v/t (h.) का जर्मन भाषा में अनुवाद क०।

verdicht-en, 1. v/t (h.) सघन क०; संघनित क०; 2. v/r (h.) संघनित होना; घना होना, सघन होना; fig: में वृद्धि होना; पक्का होना; der Nebel verdichtet sich कोहरा घना हो रहा है; fig: der Verdacht verdichtet sich शक पक्का हो रहा है, शक पक्का होता जा रहा है; **~ung,** f (-/-en) संघनन, घनीकरण।

verdick-en, 1. v/t (h.) (अधिक) मोटा

क० या बनाना; गाढ़ा क०, सान्द्र क०; 2. v/r (h.) (अधिक) मोटा हो जाना; सूज जाना; गाढ़ा या सान्द्र हो जाना; जम जाना (द्रव); ~ung, f (-/-en) अपेक्षाकृत मोटा भाग; सूजन, सूजी हुई जगह, गाँठ, गिलटी ।

verdien-en, v/t (h.) कमाना, अर्जित क०, परिश्रम के द्वारा प्राप्त क०; के योग्य होना, का पात्र होना; er hat die Strafe verdient वह दंडनीय है, वह दंड के योग्य है, उसने दंडनीय काम किया है; sich um etw. verdient machen किसी संस्था आदि की उन्नति के लिए बहुत कुछ क०; **~er,** m (-s/-) अर्जक, उपार्जक; **~st,** 1. m (-es/-e) कमाई, आय, आमदनी; लाभ, नफ़ा; 2. n (-es/-e) श्रेय; सराहनीय कार्य या उपलब्धि; **~stausfall,** m कमाई, आय, पारिश्रमिक आदि की हानि, कमाई का मारा जाना; **~stlich,** adj. श्रेयपूर्ण, श्रेयस्कर; सराहनीय, स्तुत्य, प्रशंसनीय; **~stmöglichkeit,** f कमाई का साधन, आमदनी का ज़रिया; कमाई का अवसर; **~stspanne,** f लाभ, मुनाफ़े की गुंजाइश; **~stvoll,** adj. →verdienstlich; **~termaßen,** adv. काम के अनुसार; न्यायतः, ठीक, उचित रूप से ।

Verdikt, n (-[e]s/-e) [lat.] अभि-निर्णय; फ़ैसला ।

verdingen, v/t (h.) (किसी को) कोई नौकरी या काम देना; sich bei jdm. verdingen किसी के यहाँ नौकरी क० ।

verdonner-n, v/t (h.) U: पर (कोई काम) लाद देना, को (किसी अप्रिय काम को करने का) आदेश देना; का दंड देना, की सज़ा देना; **~t,** adj., U: भौचक, हक्का-बक्का, सम्भ्रान्त, किंकर्तव्यविमूढ़ ।

verdoppel-n, v/t (h.) को दुगना क०; **~ung,** f (-) दुगुना क० या किया जाना ।

verdorben, adj. खराब (हो गया), सड़ा हुआ; बिगड़ा हुआ; गड़बड़; fig: पतित, भ्रष्ट, चरित्रहीन, बदचलन; **~heit,** f (-) fig: भ्रष्टता, चरित्रहीनता, बद चलनी ।

verdorren, v/i (s.) सूख जाना ।

verdräng-en, v/t (h.) (ढकेलकर) एक तरफ़ को हटा देना, स्थानच्युत क०, विस्थापित क०; भगा देना, पदच्युत कर देना; psych: का दमन क०, को दबाना; को दिमाग़ से निकाल देना; **~ung,** f (-/-en) स्थानच्युति, विस्थापन; पद-च्युति; psych: दमन; mar: जहाज़ द्वारा अपसारित जल की मात्रा; phys: ठोस वस्तु द्वारा अपसारिल द्रव की मात्रा ।

verdrecken, v/i (s.) गंदा हो जाना, मैला हो जाना ।

verdreh-en, v/t (h.) (ग़लत ढंग से या ग़लत दिशा में) घुमाना, आवश्यकता से अधिक घुमाना, आवश्यकता से अधिक घुमाना या घुमा देना; ऐंठ देना, मरोड़ देना; fig: का जान-बूझकर ग़लत अर्थ निकालना; का अयथार्थ रूप प्रस्तुत क०; का मिथ्यावर्णन क०, का अयथार्थ वर्णन देना; **~t,** adj., fig: सम्भ्रान्त चक-राया हुआ; सनकी, पागल, विक्षिप्त; **~ung,** (-/-en) मरोड़, ऐंठन, अधिक (या ग़लत) घुमाना या घुमाया जाना; fig: मिथ्या वर्णन, मिथ्या निरूपण, अन्यथा-कथन ।

verdreschen, v/t (h.) U: की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क० ।

verdrieß-en, v/t (h.) को रुष्ट, अप्रसन्न, नाराज़, असन्तुष्ट, रंजीदा क०; के उल्लास या उत्साह को समाप्त कर देना; das verdrießt mich इससे मुझे अप्रसन्नता होती है; sich (etw.) nicht verdrießen lassen किसी काम को पूरे उल्लास के साथ करता रहना; हिम्मत, उत्साह, कोशिश आदि न छोड़ना **~lich,** adj., Mensch: चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज; रुष्ट, अप्रसन्न, नाराज़; Sache: कष्टप्रद, क्लेशकर, तकलीफ़-देह; ein verdrießliches Gesicht machen मुँह बिगाड़ना, के चेहरे पर अप्रसन्नता झलकने लगना; **~lichkeit,**

f (-/-en) कष्टप्रद, क्लेशकर, अप्रिय बात या मामला; o.pl: चिड़चिड़ापन, बदमिज़ाजी ।

verdrossen, adj. रुष्ट, नाराज़, अप्रसन्न नाख़ुश, झुँझलाया हुआ, रंजीदा; अप्रसन्नतापूर्ण, तनावपूर्ण; **~heit,** f (-) नाराज़ी, अप्रसन्नता, नाख़ुशी, झुँझलाहट, रंजीदगी ।

verdrucken, v/t (h.) ग़लत या अशुद्ध छापना ।

verdrücken, 1. v/t(h.) दवाकर विकृत कर देना या तोड़ डालना, पिचका देना; में शिकनें या सिलवटें डाल देना; U: खा लेना, ठूँस लेना; 2. v/r (h.) U: चुपचाप खिसक जाना या खिसक लेना ।

Verdruß, m (-'sses) रोष, नाराज़गी, अप्रसन्नता, असन्तोष, चिढ़, खीज, रंजीदगी ।

verduften, v/i (s.) की सुगंध समाप्त हो जाना, की ख़ुशबू ख़त्म हो जाना; U: (चुपचाप) खिसक जाना, गुप्त रूप से चला जाना, भाग जाना, खिसक लेना, फूट लेना ।

verdumm-en, 1. v/t (h.) को मूर्ख बनाना, के बौद्धिक विकास को रोक देना; 2. v/i (s.) मूर्ख हो जाना; मूढ़ता को प्राप्त होना, की बौद्धिक शक्ति का नाश हो जाना; **~ung,** f (-) मूढ़ीकरण, मूर्ख बनाना; बौद्धिक शक्ति का नाश ।

verdunk-eln, 1. v/t (h.) को अँधेरा क०, प्रकाश को (बाहर जाने से) रोकना; को धुँधला क०; jur: को छिपाना, के तथ्यों पर परदा डालना, किसी अपराध के चिह्नों को मिटाना; 2. v/r (h.) अँधेरा हो जाना, अंधेरा छा जाना; धुँधला हो जाना, धुँधला पड़ जाना; **~(e)lung,** f (-/-en) अँधेरा क० या किया जाना, चिराग़-गुल, तमाच्छादन; jur: अपराध के चिह्नों या सबूतों आदि का मिटाया जाना; **~(e)lungsgefahr,** f, jur: अपराध के चिह्नों या सबूतों के मिटाए जाने का अंदेशा ।

verdünn-en, 1. v/t (h.) तनु क०, पतला क० (पानी या अन्य तरल पदार्थ मिलाकर); 2. v/r (h.) पतला हो जाना; **~isieren,** v/r (h.) U: (चुपचाप) चला जाना; **~ung,** f (-/-en) तनूकरण; तनुता ।

verdunst-en, v/i (s.) वाष्पित या वाष्पीभूत हो जाना, उड़ जाना; **~ung,** f (-) वाष्पीभवन ।

verdursten, v/i (s.) पेय जल के अभाव के कारण मर जाना; U: को बहुत अधिक प्यास लगी होना, प्यास के मारे जान निकली जाना ।

verdüstern, v/r (h.) पर अँधेरा छा जाना, धुंधला पड़ जाना; fig: पर अप्रसन्नता झलकने लगना; निराशाजनक हो जाना, के आसार ख़राव होना ।

verdutzt, adj., U: सम्भ्रान्त, हक्का-बक्का, भौंचक, अत्यन्त विस्मित ।

verebben, v/i (s.) धीरे-धीरे कम हो जाना, धीरे-धीरे समाप्त हो जाना या शान्त हो जाना ।

vered-eln, v/t (h.) को अधिक अच्छा बनाना, का परिष्कार क०, को उच्च कोटि का बनाना; bot: में क़लम लगाना; Boden: को उर्वर बनाना; Metalle: सम्मिश्रण द्वारा अधिक मूल्यवान बनाना; **~(e)lung,** f (-/-en) परिष्कृति, परिष्करण; क़लम लगाना; उर्वरीकरण; **~(e)lungsindustrie,** f परिष्करण-उद्योग ।

verehelich-en, v/r (h.) विवाह कर लेना; **~ung,** f (-/-en) विवाह, शादी ।

verehr-en, v/t (h.) का आदर क०, पर श्रद्धा रखना, का सम्मान क०, को पूज्य मानना; की पूजा क०, की उपासना क०; U: पर आशिक़ होना; पर फ़िदा होना; poet: भेंट क०; jdm. etw. verehren किसी को कोई वस्तु भेंट क०; **~er,** m (-s/-) आराधक, उपासक, भक्त; U: आशिक़; **~ung,** f (-) आदर, श्रद्धा, सम्मान; पूजा, उपासना; **~ungswürdig,** adj. आदरणीय, श्रद्धेय, सम्माननीय, पूज्य ।

vereid(ig)-en, v/t (h.) को (पद-) शपथ दिलाना; **~ung,** f (-/-en) शपथ दिलाना, शपथग्रहण ।

Verein, m (-[e]s/-e) संघ, सभा, संस्था, सोसाइटी, क्लब; im Verein mit के साथ, के साथ मिलकर, के सहयोग से, की सहायता लेते हुए ।

vereinbar, adj. संगत, अविरुद्ध, अनुकूल, मुआफ़िक ।

vereinbar-en, v/t (h.) तय क०, पक्का क०, निश्चित क०, का समझौता क०, पर सहमत होना; से मेल खाता हुआ बनाना; के अनुकूल समझना; das kann ich mit meinem Gewissen nicht vereinbaren इसके लिए मेरी अन्तरात्मा साथ नहीं देती, यह मेरे ईमान के विरुद्ध है; **~ung,** f (-/-en) तय क०, निश्चित क०; तय की हुई बात, समझौता, अनुबंध ।

vereinen, v/t (h.) मिलना, एक कर देना, संयुक्त क०; को समन्वित क०, में सामंजस्य स्थापित क०; mit vereinten Kräften मिलकर, एक होकर, संयुक्त शक्ति से ।

vereinfach-en, v/t (h.) को सरल, आसान, साधारण बना देना; **~ung,** f (-) सरलीकरण, साधारणीकरण ।

vereinheitlich-en, v/t (h.) एक-सा बनाना या बना देना; मानकीकृत क०; **~ung,** f (-/-en) एक-सा बनाया जाना; मानकीकरण ।

vereinig-en, v/t (h.) मिलना, एक कर देना, संयुक्त क०; समन्वित क०; संघबद्ध क०; sich vereinigen मिल जाना, एक हो जाना, संयुक्त हो जाना; संघबद्ध हो जाना; समन्वित होना; **~ung,** f (-/-en) संघ, यूनियन; o.pl: एकीकरण; संघीकरण; समन्वय(न) ।

vereinnahmen, v/t (h.) आय के रूप में प्राप्त क०, वसूल क० ।

vereinsam-en, v/i (s.) अकेला हो जाना, तनहा हो जाना, की पूछ न रह जाना; **~ung,** f (-) अकेलापन, एकाकीपन; परित्यक्तता ।

Vereinsmeier, m, U: संघ या क्लब आदि के कामों को सर्वोपरि महत्व देने वाला; **~ei,** f (-) संघ या क्लब आदि के कामों को सर्वोपरि महत्व देना ।

vereinzelt, 1. adj. इक्का-दुक्का, छुट-पुट, यत्रतत्रिक; विरल, कदाचनिक; 2. adv. कहीं-कहीं, यत्र-तत्र; कभी-कभी ।

vereis-en, 1. v/t (h.) med: सुन्न कर देना; संवेदनाशून्य या असंवेदन क०; 2. v/i (s.) जमकर बर्फ़ बन जाना; पर बर्फ़ जम जाना; **~ung,** f (-/-en) बर्फ़ बनना, बर्फ़ जमना, बर्फ़ जमी होना; med: संवेदनाहरण ।

vereit-eln, v/t (h.) व्यर्थ, विफल, निष्फल क० या कर देना; **~(e)lung,** f (-) विफलीकरण ।

vereiter-n, v/i (s.) में पीप (या पीब) पड़ना, में मवाद पड़ना; **~ung,** f (-/-en) पूयन, पीब या मवाद पड़ना ।

verekeln, v/t (h.): jdm. etw. verekeln किसी के मन में किसी बात के प्रति अरुचि उत्पन्न कर देना, (किसी बात के लिए) किसी का उत्साह मिटा देना ।

verelend-en, v/i (s.) निर्धन हो जाना, अकिंचन या दीन-हीन हो जाना; **~ung,** f (-) अकिंचनीभवन ।

verenden, v/i (s.) मर जाना (केवल पशुओं के लिए प्रयुक्त) ।

verengen, 1. v/t (h.) संकीर्ण, सँकरा क०; 2. v/r (h.) सँकरा हो जाना ।

verenger-n, v/t (h.) अपेक्षाकृत तंग या चुस्त बनाना, की चौड़ाई कम क०; **~ung,** f (-/-en) अपेक्षाकृत तंग बनाना या बनाया जाना ।

Verengung, f (-/-en) संकीर्ण स्थल, मार्ग का सँकरा भाग; o.pl: सँकरा बनाना या बनाया जाना ।

vererb-en, v/t (h.) वसीयत में देना, उत्तरदान क०; biol: से आनुवंशिक गुण के रूप में प्राप्त होना; U: भेंट क०, दे देना; sich vererben आनुवंशिक होना; पीढ़ियों से चला आ रहा

होना; ~lich, adj. दाययोग्य; biol: वंशागत, आनुवंशिक; ~ung, f (-) आनुवंशिकता; ~ungslehre, f आनुवंशिकता-सिद्धान्त।

verewigen, 1. v/t (h.) अमर क० या कर देना, अमर या अविस्मरणीय बनाना; को स्थायी बनाना; 2. v/r (h.) U: अपना नाम लिख देना, अंकित कर देना या खोद देना।

[1]**verfahren,** 1. v/i (s.) (ढंग-विशेष से) करना, कोई काम या कार्यवाही क०, कोई क़दम उठाना; व्यवहार क०, बरताव क०; so lasse ich nicht mit mir verfahren मैं अपने साथ यह व्यवहार नहीं करने दूँगा, मैं इस बरताव को सहन नहीं करूँगा; 2. v/t (h.) ग़लत ढंग से क०, बिगाड़ देना, गड़बड़ कर देना, को ग़लत (दिशा में) मोड़ देना; U: गाड़ी आदि चलाते हुए गँवाना, (समय आदि). गाड़ी (चलाने) के लिए व्यय क०, गाड़ी चलाते-चलाते बिताना; diese Sache ist total verfahren यह मामला तो बिल्कुल बिगड़ चुका है; 3. v/r (h.) गाड़ी आदि चलाते हुए ग़लत रास्ते पर पहुँच जाना, रास्ता भूल जाना, रास्ता भूल जाने के कारण इधर-उधर गाड़ी चलाते फिरना।

[2]**Verfahren,** n (-s/-)कार्यविधि, क्रिया-विधि, ढंग, प्रणाली; jur: क़ानूनी कार्यवाही; मुक़दमा।

Verfall, m (-[e]s) क्षय, अपक्षय, अवह्रास; अधःपतन; Gebäude: जीर्णावस्था (को प्राप्त होना); Forderung usw: अन्तिम तिथि (का निकल जाना); अवधि की समाप्ति; ~en, 1. v/i(s.) जीर्णवस्था को प्राप्त होना, जीर्ण-शीर्ण हो जाना; क्षय होना, क्षीण होना, अशक्त होना या हो जाना; का पतन होना, का अधःपतन होना या हो जाना; (ablaufen) की अवधि समाप्त हो जाना, की वैधता का अंत हो जाना; in etw. verfallen किसी अवस्था को प्राप्त होना; किसी बात में लीन या मग्न हो जाना;auf etw. verfallen के मन में कोई (विलक्षण, ऊट-पटाँग या अजीब) विचार आना; पर किसी बात का भूत सवार हो जाना; jdm. verfallen किसी को मिल जाना, किसी के अधिकार में हो जाना; किसी के वशीभूत हो जाना, किसी का मुरीद हो जाना; einer Sache verfallen को किसी बात की लत पड़ जाना, किसी बात के वशीभूत हो जाना, किसी बात का शिकार हो जाना; ~tag, m अवधि की समाप्ति की तिथि; अंतिम तिथि; भुगतान-तिथि।

verfälsch-en, v/t (h.) में जाल, गोल-माल या हेर-फेर क०; Aussage usw: का अयथार्थ रूप प्रस्तुत क०; Lebensmittel: में मिलावट क०;~ung, f (-) अन्यथाकरण, जालसाज़ी; अयथार्थ रूप में प्रस्तुतीकरण; मिलावट (क०)।

verfangen, 1. v/t (h.) प्रभावकारी होना, से लाभ या फ़ायदा होना; das verfängt bei mir nicht इसका मेरे ऊपर कोई असर नहीं होता, इससे मुझे प्रभावित नहीं किया जा सकता; 2. v/r (h.) फँस जाना, अटक जाना, उलझ जाना; fig: sich in Widersprüche verfangen परस्पर-विरोधी बातें क०, परस्पर-विरोधी बातों द्वारा स्वयं ही अपना भंडाफोड़ कर देना।

verfänglich, adj. आकुलकारी, व्यग्रकारी, परेशानी का, अप्रिय; संदिग्ध, सन्देहोत्पादक; कपटपूर्ण फँसाने वाला (प्रश्न आदि)।

verfärben, v/t (h.) का रंग बिगाड़ देना, को रँगकर खराब कर देना; sich verfärben अपना रंग बदलना; का रंग बदलना, बिगड़ना या फीका पड़ना।

verfass-en,v/t (h.) लिखना, की रचना क०; ~er, m (-s/-) लेखक, रचयिता।

Verfassung, f (-/-en) pol: संविधान; (Satzung) अधिनियम, लिखित नियमावली; eines Menschen: (शारीरिक या मानसिक) दशा, स्थिति, अवस्था; ~gebend, adj.: verfassungsge-

bende Versammlung संविधान-सभा; ~smäßig, adj. संवैधानिक, संविधानी(य); ~swidrig, adj. असंवैधानिक, संविधान के प्रतिकूल ।

verfaulen, v/i (s.) सड़ना; क्षरणग्रस्त होना (हड्डी या दाँत) ।

verfecht-en, v/t (h.) के लिए संघर्ष क०; का समर्थन क०; **~er,** m (-s/-) समर्थक, हिमायती ।

verfehl-en, v/t (h.) न मिलना, न मिल पाना; चूकना, चूक जाना, (अपने लक्ष्य) पर न पहुँचना; सही मार्ग, स्थान, दरवाज़े आदि पर न पहुँचना; से रह जाना, में असफल होना, के अवसर को खो देना; verfehlen, etw. zu tun किसी काम के अवसर को हाथ से निकल जाने देना, किसी काम को करने से रह जाना, किसी काम को न कर पाना; fig: seinen Zweck verfehlen अपने उद्देश्य की पूर्ति न क० या कर पाना; **~t** adj. ग़लत, असंगत; असफल, लक्ष्य से विचलित हो गया; **~ung,** f (-/-en) भूल, ग़लती; अपराध; पाप, पातक, गुनाह ।

vefeinden, v/t (h.): sich mit jdm. verfeinden किसी से शत्रुता कर लेना, किसी का शत्रु बन जाना ।

verfeiner-n, v/t (h.) का परिष्कार या संस्कार क०; **~ung,** f (-/-en) परिष्करण, परिष्कार; परिष्कृति ।

verfemen, v/t (h.) को क़ानूनी संरक्षण से परे क०; निर्वासित क०, बहिष्कृत क० ।

verfertigen, v/t (h.) तैयार क०, बनाना, का निर्माण क०; की रचना क० ।

verfett-en, v/i (s.) बहुत मोटा हो जाना; **~ung,** f (-) बहुत अधिक मोटापा; med: (हृदय, यकृत आदि पर) चरबी का जमना ।

verfeuern, v/t (h.) जला डालना, का ईंधन के रूप में प्रयोग कर डालना; Munition: फूंक डालना, छुड़ा डालना ।

verfilm-en, v/t (h.) का चलचित्र बनाना, की फ़िल्म बनाना; **~ung,** f (-/-en) चल-चित्रण ।

verfilzen, v/i (s.) उलझ जाना (बालों का); के रेशों का उलझ जाना ।

verfinstern, v/t (h.) को धुँधला या अंधकारमय क०; sich verfinstern धुंधला हो जाना, अंधकारमय हो जाना; der Himmel verfinsterte sich आकाश पर काले बादल छा गए; fig: seine Miene ver-finsterte sich उस के चेहरे पर अप्रसन्नता झलकने लगी ।

verflachen, 1. v/t (h.) को चपटा, समतल या चौरस बनाना; 2. v/i (s.) चपटा, समतल या चौरस हो जाना; fig: उथला, छिछला, सतही या अल्प-गम्भीर हो जाना ।

verflecht-en, v/t (h.) गूँथना, एक दूसरे के साथ बटना, अंतर्ग्रंथित क०; fig: आलिप्त क०, फँसाना, उलझाना; **~ung,** f (-/-en) अन्तर्ग्रंथन, गुथाई; fig: उलझाव, उलझन; जटिलता; kfm: विलयन ।

verfliegen, 1. v/i (s.) उड़ जाना, ग़ायब हो जाना; fig: जल्दी कट जाना; ठंडा हो जाना, उतर जाना (क्रोध, जोश, नशा आदि); 2. v/r (h.) उड्डयन-पथ से विचलित हो जाना ।

verfließen, v/i (s.) कट जाना, गुज़र जाना(समय); समाप्त हो जाना (अवधि); Farben: एक दूसरे में मिल जाना; अस्पष्ट या धुँधला होना; Begriffe: (एक दूसरे) का अन्तर स्पष्ट न होना ।

verflixt, 1. adj., U: बुरा, अप्रिय, घृणित, घृण्य, जघन्य; नीच; 2. adv. बेहद, बहुत अधिक, निहायत ।

verfluch-en, v/t (h.) को कोसना, धिक्कारना या लानत भेजना; को शाप देना; की घोर निन्दा क०, पर घोर पश्चात्ताप क०; **~t,** 1. adj., U: अत्यन्त अप्रिय, घृण्य, जघन्य; कष्टकर, संतापक; 2. adv. बेहद, बहुत अधिक, अत्यन्त, निहायत ।

verflüchtigen, 1. v/t (h.) वाष्पित

क०; 2. v/r (h.) वाष्पित होना, उड़ जाना; U: चुपचाप खिसक जाना या भाग जाना; ग़ायब हो जाना।

verfolg-en, v/t (h.) का पीछा क०; को सताना या उत्पीड़ित क०, के पीछे पड़ा रहना, की नाक में दम किए रहना; (gerichtlich vorgehen) पर मुक़दमा चलाना, के खिलाफ़ क़ानूनी कार्यवाही क०; eine Sache: को ध्यान से देखना, पर नज़र रखना, की प्रगति पर नज़र रखना; को कार्यान्वित करने का प्रयत्न क०, में लगा रहना; का पालन क०; **~er,** m (-s/-) पीछा करने वाला; **~ung,** f (-/-en) पीछा, अनुधावन; उत्पीड़न, अत्याचार; क़ानूनी कार्यवाही; **~ungswahn,** m उत्पीड़ित किए जाने की विभ्रमजन्य आशंका, मानसिक रोग जिसके रोगी को लगता है कि लोग उस (की जान) के पीछे पड़े हुए हैं।

verform-en, v/t (h.) का रूप बदलना; की गढ़न बदलना; **~ung,** f (-/-en) रूप-परिवर्तन।

verfracht-en, v/t (h.) भेजना, जहाज़ आदि पर लादना; U: पहुँचाना, ले जाना; गाड़ी आदि में चढ़ाना; **~ung,** f (-) प्रेषण, लदाई।

verfranzen, v/r (h.) उड्डयन-पथ से विचलित हो जाना; fig: भटक जाना, रास्ता भूल जाना।

verfremd-en, v/t (h.) को असामान्य या विलक्षण रूप देना, को एकदम नए रूप में प्रस्तुत क०; **~ung,** f (-) असामान्य या विलक्षण रूप दिया जाना, एकदम नए रूप में प्रस्तुतीकरण।

verfressen, adj., U: खाऊ, पेटू; **~heit,** f (-) खाऊपन, पेटूपन।

verfroren, adj. जिससे ठंड बरदाश्त न हो; ठंड से काँपता हुआ, ठंड से अकड़ा हुआ।

verfrüht, adj. समयपूर्व, कालपूर्व, असामयिक, अकालिक।

verfüg-bar, adj. उपलभ्य, उपलब्ध, मौजूदा, जिसे तुरन्त उपयोग में लाया जा सके; **~en,** v/t (h.) का आदेश देना; sich irgendwohin verfügen किसी स्थान को जाना, किसी स्थान पर पहुँचना, कहीं जाना या पहुँचना; 2. v/i (h.) : über etw./jdn. verfügen किसी वस्तु/व्यक्ति से काम लेना; किसी वस्तु/व्यक्ति के बारे में निर्णय क०; किसी व्यक्ति को अपने वश में रखना या अपनी इच्छा के अनुसार चलाना; किसी वस्तु का मालिक होना, के पास किसी वस्तु का होना, किसी वस्तु को रखना; **~ung,** f (-/-en) आदेश, समादेश; o.pl: अधिकार, नियंत्रण; किसी व्यक्ति या वस्तु से इच्छानुसार काम ले सकने की स्थिति; jur: निर्णय; आज्ञप्ति, आज्ञा, निषेधाज्ञा, व्यादेश; etw. zur Verfügung haben किसी वस्तु का इच्छानुसार प्रयोग कर सकना; sein Amt zur Verfügung stellen त्यागपत्र देना; ich stehe Ihnen zur Verfügung मैं आपकी सेवा के लिए तैयार हूँ, आप मुझसे इच्छानुसार सेवा ले सकते हैं; das Auto steht zu Ihrer Verfügung कार को आप इच्छानुसार प्रयोग कर सकते हैं; **~ungsberechtigt,** adj. (इच्छानुसार प्रयोग के लिए)अधिकृत; **~ungsgewalt,** f इच्छानुसार प्रयोग करने का अधिकार या प्राधिकार; नियंत्रण, वश; **~ungsrecht,** n इच्छानुसार प्रयोग का अधिकार या प्राधिकार।

verführ-en, v/t (h.) को बहकाना, को पथभ्रष्ट क०; फुसलाना, बरगलाना; (अभि)प्रेरित क०; eine Frau: का शील भंग क०, को संभोग के लिए फुसलाना; **~er,** m (-s/-) बहकाने वाला पथ भ्रष्ट करने वाला; सतीत्वहर्ता; **~erisch,** adj. सम्मोहक, विमोहक; आकर्षक; **~ung,** f (-/-en) बहकावा; फुसलावा; सतीत्वहरण, शीलापवहन।

verfüttern, v/t (h.) का चारे के रूप में प्रयोग क०, जानवरों को खिला देना।

Vergabe, f (-/-n) देना, दिया जाना;

प्रदान; ठेका आदि देना; नियतन, विनिधान, विनियोजन।

vergaffen, v/r (h.) U: sich in jdn. vergaffen किसी पर आशिक़ हो जाना, किसी पर मुग्ध हो जाना।

vergällen, v/t (h.) को अपेय बना देना; fig: को कटु या कटुतामय बना देना, को किरकिरा कर देना, को मिटा देना, या नष्ट कर देना; fig: jdm. etw. vergällen किसी के उल्लास या उत्साह आदि को मिटा देना, किसी की प्रसन्नता या रुचि आदि को ख़त्म कर देना।

vergaloppieren, v/r (h.) U: कोई भूल या ग़लती कर बैठना; कोई ग़लत, अनुचित, असंगत बात कहना।

vergammeln, 1. v/i (s.) U: ख़राब हो जाना, बिगड़ जाना; निकम्मा हो जाना, लापरवाही तथा आलस्य के कारण अधोगति को प्राप्त होना; 2. v/t (h.) U: बिगाड़ना, बरबाद क०, गँवाना।

vergangen, adj. गत, विगत; पिछला; vergangene Woche गत सप्ताह, पिछला सप्ताह, पिछले सप्ताह; **~heit,** (-) अतीत; gramm: भूतकाल।

vergänglich, adj. अनित्य, नश्वर, क्षणभंगुर; **~keit,** f (-) अनित्यता, नश्वरता, क्षणभंगुरता।

vergären, 1. v/i (s.) किण्वित होना; 2. v/t (h.) किण्वित क०, किण्वन क०।

vergas-en, v/t (h.) को गैस में परिवर्तित क०; की विषैली गैस द्वारा हत्या क०; **~er,** m (-s/-) tech: (मोटर के इंजिन में) पेट्रोल या तरल ईंधन को गैस में परिवर्तित करने वाला यंत्र; **~ung,** f (-/-en) गैसीकरण, वातिकरण; विषैली गैस द्वारा हत्या।

vergattern, v/t (h.) में झँझरी या जाली लगाना; mil: सन्तरियों को बिगुल-संकेत द्वारा एकत्र क० तथा उन्हें निर्देश देना।

vergeben, v/t (h.) देना, दे देना, प्रदान क०; Stelle: पर नियुक्त क०; Auftrag: ठेका आदि देना; काम देना या नियत क०; Eintrittskarten: बेचना; (abtreten) को दूसरे के अधिकार में दे देना, स्वत्व त्याग देना (दूसरे के हित में); (verzeihen) माफ़ कर देना, क्षमा कर देना; sich vergeben पत्ते बाँटने में ग़लती क०; sich etw. vergeben अपनी प्रतिष्ठा या इज़्ज़त के विरुद्ध काम क०, की इज़्ज़त ख़राब हो जाना (कुछ करने से); diese Stelle ist schon vergeben इस पद पर नियुक्ति की जा चुकी है।

vergebens, adv. व्यर्थ, व्यर्थ में, बेकार (ही), बेकार में, वृथा, बेफ़ायदा।

vergeblich, adj. व्यर्थ, बेकार, बेफ़ायदा; निष्फल, असफल; **~keit,** f (-) व्यर्थता, लाभहीनता।

Vergebung, f (-) →Vergabe; (Verzeihung) क्षमा, माफ़ी।

vergegenwärtigen, v/r (h.) की सजीव कल्पना क०, मन में स्पष्ट रूप से देखना।

[1]**vergehen,** 1. v/i (s.) कटना, कट जाना, गुज़रना, गुज़र जाना, तमाम होना या हो जाना; (schwinden) धीरे-धीरे कम हो जाना; समाप्त हो जाना, ख़त्म हो जाना; ग़ायब हो जाना; (verflüchtigen) उड़ जाना (सुगंध आदि); vor etw. vergehen किसी बात के कारण हालत ख़राब हो जाना, किसी बात के कारण मरा जाना, किसी बात के कारण, घुलना, घुल जाना या घुला जाना; vor Angst fast vergehen डर के मारे मरा जाना, अत्यधिक भयभीत हो जाना, डर के मारे हालत ख़राब हो जाना; vor Sehnsucht vergehen विरह में घुलना, घुल जाना या घुला जाना; ihm verging Hören und Sehen उसके होश-हवास उड़ गए; 2. v/r (h.) : sich an jdm. vergehen किसी के साथ बलात्कार क०, किसी के साथ बलपूर्वक कुकर्म

(या अपराध) क०; sich gegen etw. vergehen किसी नियम, क़ानून आदि का उल्लंघन क० ।

[2]**Vergehen,** n (-s/-) उल्लंघन, नियमोल्लंघन, विध्योल्लंघन; दुष्कृति, कुकर्म, अपराध ।

vergeistig-en, v/t (h.) को आध्यात्मिक बनाना, में रूहानियत पैदा क०; ein vergeistigtes Gesicht रूहानी चेहरा; **~ung,** f (-) आध्यात्मीकरण; रूहानियत ।

vergelt-en, v/t (h.) का बदला देना या चुकाना, का प्रतिफल देना, का प्रतिदान देना, के बदले में देना या क०; का बदला या प्रतिशोध लेना; **~ung,** f(-/-en)बदला, प्रतिफल, प्रतिदान;प्रतिशोध प्रतिकार, प्रत्यपकार, प्रतिहिंसा ।

vergesellschaft-en, v/t (h.) का राष्ट्रीयकरण क०; kfm: का समवायीकरण क०; **~ung,** f (-/-en) राष्ट्रीयकरण; kfm: समवायीकरण ।

vergessen, v/t (h.) भूलना, भूल जाना, भुला देना, विस्मरण क०, बिसारना, विसराना; को ध्यान या दिमाग़ से निकाल देना; das werde ich Ihnen nie vergessen! मैं आपकी इस बात को कभी नहीं भूलूँगा; मैं आपके इस उपकार को कभी नहीं भूलूँगा; sich vergessen आपे से बाहर हो जाना, आत्मनियंत्रण खो देना; **~heit,** f (-): in Vergessenheit geraten विस्मृत हो जाना, भुला दिया जाना ।

vergeßlich, adj. विस्मरणशील, भुलक्कड़; **~keit,** f (-) विस्मरणशीलता, भुलक्कड़पन ।

vergeud-en,v/t(h.)बरबाद क०, गँवाना लुटाना; **~ung,** f (-) अपव्यय, बरबादी ।

vergewaltig-en, v/t (h.) के साथ बलात्कार क०; (unterdrücken) पर (या के साथ) अत्याचार क०; का दमन क०; **~ung,** f (-/-en) बलात्कार; अत्याचार, ज़्यादती, तशद्दुद; दमन ।

vergewissern, v/r (h.) को निश्चित रूप से जान लेना, के बारे में पक्का पता कर लेना, की सत्यता की जाँच क०;sich einer Sache vergewissernकिसी बात के बारे में पक्का पता कर लेना, किसी बात की सत्यता की जाँच क० ।

vergießen, v/t (h.) फैला देना; बहाना; Tränen vergießen आँसू बहाना ।

vergift-en, v/t (h.) विष देना या दे देना; fig: विषाक्त क० या कर देना, कटु बनाना या बना देना; दूषित क० या कर देना; **~ung,** f (-/-en) विषायण; विषाक्तता; fig: कटु बनाना, विषाक्तीकरण; दूषण ।

vergilben, v/i (s.) पीला पड़ना या पड़ जाना; vergilbtes Papier काग़ज़ जो पीला पड़ गया हो ।

vergipsen, v/t (h.) पर पलस्तर क०; को पलस्तर लगा कर मज़बूत क० ।

Vergißmeinnicht, n (-[e]s/-[e]) bot: मूषकर्णी (छोटे-छोटे नीले फूलों वाला एक पौधा) ।

vergittern, v/t (h.) में (या पर) जाली या जंगला लगाना ।

verglasen, 1. v/t (h.) में (या पर)शीशा लगाना; 2. v/i (s.) पथराना, भावशून्य हो जाना; ein verglaster Blick भावशून्य दृष्टि ।

Vergleich, m (-[e]s/-e) तुलना, मुक़ाबला, मिलान; उपमा; jur: समझौता, आपसी समझौते के आधार पर निपटारा; einen Vergleich aushalten की तुलना में कम न होना, के मुक़ाबले में बराबर का होना; einen Vergleich anstellen तुलना क० मुक़ाबला क०; jur: einen Vergleich schließen समझौता क० या कर लेना; **~bar,** adj. तुलनीय, तुल्य; **~en,** v/t (h.) तुलना क०, मुक़ाबला क०, मिलाना; jur: sich vergleichen (mit jdm.) (किसी के साथ) समझौता क० या कर लेना; **~sweise,** adv. अपेक्षाकृत, अपेक्षया, तुलनात्मक दृष्टि से ।

vergletschern, v/i (s.) हिमाच्छादित हो जाना, हिमशिला से आवृत हो जाना, हिमानी बन जना।

verglimmen, v/i(s.)धीरे-धीरे बुझ जाना; की चमक धीरे-धीरे समाप्त हो जाना।

verglühen, v/i (s.) बुझ जाना; घर्षण द्वारा जल कर भस्म हो जाना (उपग्रह, उल्का)।

vergnüg-en, 1. v/t (h.) का मनोरंजन क०, का जी या मन बहलाना, का मनोविनोद क०; sich vergnügen अपना मनोरंजन क०, मज़ा क० या लेना, अपना मनोविनोद क०; 2. n (-s/-) आनन्द, मज़ा; मनोरंजन, मनोविनोद; मनोरंजन-कार्यक्रम, मनोरंजन-आयोजन: mit Vergnügen सानन्द, बाखुशी, खुशी के साथ; **~lich,** adj. आनन्ददायक, मनोरंजक, मज़ेदार; **~t,** adj. आनन्दित, प्रमुदित, प्रफुल्ल, प्रसन्न, खुश; आनन्दमय, आनन्दपूर्ण; **~ung,** f (-/-en) मनोरंजन; आमोद-प्रमोद; मनोरंजन-आयोजन, मनोरंजन-कार्यक्रम, मनोरंजन-गोष्ठी; **~ungsreise,** f विहार-यात्रा, आमोद-यात्रा; **~ungssucht,** f विलासप्रियता, भोगासक्ति; **~ungssüchtig,** adj. विलासप्रिय, विलासी।

vergold-en, v/t (h.) पर सोना या सोने का पानी चढ़ाना; fig: को स्वर्णिम बनाना;को चमकाना, पर चमक लाना; **~ung,** f (-/-en) सोना या सोने का पानी चढ़ाना।

vergönnen, v/t (h.): jdm. etw. vergönnen किसी के कुछ प्राप्त करने पर डाह न क०; किसी को खुशी से कुछ करने या मिलने देना; es war ihm nicht mehr vergönnt, dies zu erleben यह देखना उसके भाग्य में नहीं था।

vergötter-n, v/t (h.) को बहुत अधिक चाहना, से बहुत अधिक प्यार (या प्रेम) क०, की पूजा क०, की उपासना क०; **~ung,** f (-) अत्यधिक प्रेम या प्यार (क०), उपासना, पूजा।

vergraben, v/t (h.) गाड़ना, गाड़ देना, ज़मीन के अन्दर छिपा देना; छिपाना; छिपा लेना;fig: sich vergraben दीन-दुनिया को भुलाकर किसी काम में व्यस्त हो जाना।

vergräm-en, v/t (h.) को रुष्ट, अप्रसन्न नाराज़ क०, को खिझाना; Wild: को चौंका देना; **~t,** adj. चिन्तित, दुःखी विषण्ण, उदास।

vergrätzen, v/t (h.) U: को रुष्ट, अप्रसन्न, नाराज़ क० या कर देना।

vergraulen, v/t (h.) U: को तंग या दुःखी करके भगा देना।

vergreifen, v/r (h.) ग़लत जगह हाथ डालना, ग़लत ढंग से पकड़ना; पकड़ने में ग़लती क०; ग़लत बजाना (वाद्ययंत्र को); fig: ग़लती क०; sich an jdm. vergreifen किसी पर हाथ उठाना, किसी को मारना या पीटना; sich an etw. vergreifen किसी वस्तु को चुरा लेना या अनधिकृत रूप से हथिया लेना, किसी वस्तु का अनधिकृत रूप से प्रयोग क०।

vergreisen, v/i (s.) (समय से पूर्व) जराजीर्ण या जराग्रस्त हो जाना; में बूढ़ों की संख्या का आधिक्य हो जाना।

vergriffen, adj., Buch: अप्राप्य।

vergröbern, v/t(h.)को खुरदरा बनाना।

vergrößer-n, v/t (h.) को बड़ा क०; में वृद्धि क०, वढ़ाना; की बड़े आकार की प्रतिकृति बनाना, आवर्धन क०; sich vergrößern बड़ा होना या हो जाना; में वृद्धि हो जाना, बढ़ना, बढ़ ज़ाना; **~ung,** f (-/-en) आवर्धित चित्र; o.pl: बड़ा क०; वृद्धि, वर्धन, आवर्धन; **~ungsglas,** n आवर्धक लेन्स।

Vergünstigung, f (-/-en) (विशेष) सुविधा; विशेषाधिकार; छूट, रिआयत, (आर्थिक) लाभ।

vergüt-en, v/t (h.) वापस क० या देना, निष्क्रति प्रदान क०; प्रतिपूर्ति क०; के लिए पारिश्रमिक देना; Stahl: को कठोर बनाना, पर पानी चढ़ाना; **~ung,** f (-/-en) निष्क्रति, प्रतिपूर्ति,

परिशोध; पारिश्रमिक (देना); इस्पात का कठोरीकरण।

verhaft-en, v/t (h.) को वन्दी क० या बनाना, को गिरफ़्तार क०; verhaftet sein mit etw. किसी बात से पूर्णतया प्रभावित होना, किसी बात का मुरीद होना; **~ung,** f (-/-en) बन्दीकरण, गिरफ़्तारी।

verhageln, v/i (s.) ओला-वृष्टि से नष्ट हो जाना।

verhallen, v/i (s.) धीरे-धीरे कम हो जाना या समाप्त हो जाना।

verhalten, 1. v/t (h.) रोक रखना, रोक लेना; दबा लेना; 2. v/r (h.) आचरण क०, व्यवहार क०, बरताव क०, पेश आना; Sache: होना, किसी प्रकार का होना; die Sache verhält sich anders (यह) बात ऐसी नहीं है, यह मामला इस प्रकार का नहीं है; math: a verhält sich zu b wie x zu y a और b का वही अनुपात है जो x और y का; 3. n (-s) आचरण, व्यवहार, बरताव; प्रतिक्रिया, क़दम; **~sforschung,** f जैववासिकी, पशुओं के आचरण का विज्ञान।

Verhältnis, n (-ses/-se) तुलना, मुक़ाबला; math: अनुपात; (menschliche Beziehung) संबंध, ताल्लुक़; रिश्ता, नाता; (Liebesbeziehung) प्रेम-संबंध, मैथुनिक संबंध; U: प्रेमिका; प्रेमी; pl: स्थिति, परिस्थिति; तबक़ा; औक़ात, हस्ती; im Verhältnis zu की तुलना में, के मुक़ाबले में; er lebt in schlechten Verhältnissen उसकी आर्थिक स्थिति खराब है, वह दीन-हीन स्थिति में रहता है; über seine Verhältnisse leben अपनी औक़ात से ऊपर व्यय क०; **~mäßig,** adv. अपेक्षाकृत, अपेक्षया; U: काफ़ी, कुछ-कुछ; **~wahl,** f अनुपाती प्रतिनिधित्व पर आधारित निर्वाचन-पद्धति; **~wort,** n, gramm: उपसंज्ञ।

Verhaltungsmaßregel, f वांछित आचरण का निर्देश।

verhandeln, v/t & v/i (h.)(पर) बातचीत क०, वार्ता क०; विचार-विमर्श क०; परामर्श क०; kfm. वेचना, बेचान क०; व्यापार-वार्ता क०; jur: सुनवाई क०, न्यायिक जाँच क०; पैरवी क०।

Verhandlung, f (-/-en) बातचीत, वार्ता; विचार-विमर्श, परामर्श; jur: मुक़दमा, मुक़दमे की सुनवाई; पैरवी; **~sgegenstand,** m बातचीत या वार्ता का विषय, विचार-वस्तु; **~spartner,** m पक्ष, पक्षकार, व्यक्ति या संस्था जिसके साथ बातचीत की जाए; **~sweg,** m: auf dem Verhandlungsweg बातचीत या वार्ता के द्वारा।

verhangen, adj., Himmel: मेघाच्छादित।

verhängen, 1. v/t (h.) को परदे से बन्द कर देना, पर परदा कर देना; पर कुछ टाँगकर बन्द कर देना; fig: लगाना, लागू क०; देना (दंड या सज़ा); fig: eine Strafe über jdn. verhängen किसी को कोई दंड देना; 2. v/r (h.): der Anzug hat sich verhängt ग़लत ढंग से टाँगने के कारण सूट की शकल बिगड़ गई है।

Verhängnis, n (-ses/-se) अनिष्ट, अनर्थ, विपत्ति, दुर्भाग्य; विनाश, विनाश का कारण; **~voll,** adj. अनर्थकारी, अनिष्टकर, विनाशक।

verharmlosen, v/t (h.) को अनिष्ट-शून्य बताना, को अहानिकर बताना, की हानिप्रदता पर परदा डालना, को अहानिकर या अचिन्ताजनक रूप देकर कहना।

verhärmt, adj. चिन्ताकुल, चिन्ताग्रस्त; चिन्ता से घुला हुआ, चिन्ता के कारण दुबला।

verharren, v/i (s.;h.) किसी अवस्थिति (या मुद्रा) में बना रहना; डटा रहना, अड़ा रहना, दृढ़ रहना, अड़ जाना।

verharschen, v/i (s.) Schnee: पपड़ीदार हो जाना; Wunde: पर कुकरी या खुरन्ट जमना।

verhärt-en, 1. v/t (h.) को कठोर

बनाना; fig: को निष्ठुर या कठोर बनाना; 2. v/r(h.); कठोर, कड़ा, सख्त हो जाना; में घट्टा पड़ जाना; fig: निष्ठुर, कठोर, पाषाणहृदय बन जाना; ~ung,f (-/-en) कठोरीकरण, कठोरीभवन; घट्टा, किण; कठोरीभूत स्थल; fig: निष्ठुर बन जाना; निष्ठुरता।

verhaspeln, 1. v/t (h.) ग़लत लपेटना; 2. v/r (h.) U: गड़बड़ा जाना (बोलने में)।

verhaßt, adj. घृणित; घृणाजनक, घृणावह; अत्यन्त अप्रिय।

verhätscheln, v/t (h.) की बहुत लाड़-प्यार से परिचर्या क०, बहुत लाड़-प्यार क०।

Verhau, m/n (-[e]s/-e) तार या टहनियों आदि से बनाई गई) रोक या बाधा; U: अव्यवस्था, अस्तव्यस्तता, घपला।

verhauen, v/t (h.) U: की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क०; (schlecht machen) को बिगाड़ देना, में बहुत ग़लतियाँ क०; sich verhauen ग़लती क०, भूल क०।

verheben, v/r (h.) बोझ उठाकर अपने शरीर को क्षति पहुँचाना, के शरीर को बोझ उठाने से क्षति पहुँचना।

verheddern, 1. v/r (h.) U: फँस जाना, उलझ जाना; गड़बड़ा जाना (बोलने में), अटक जाना, हकलाना, हकलाने लगना; 2. v/t (h.) U: उलझाना, उलझा देना।

verheer-en, v/t (h.) उजाड़ना, उजाड़ देना; तहस-नहस क० या कर देना; ध्वस्त कर देना, बरबाद कर देना, तबाह कर देना; **~end,** adj. अनर्थकारी, विध्वंसकारी, विनाशकारी; सर्वनाशकारी; U: बहुत ख़राब; बहुत भद्दा, बहुत बेढंगा; **~ung,** f (-/-en) विध्वंस, विनाश, सर्वनाश, तबाही।

verhehlen, v/t (h.) छिपाना, गुप्त रखना, प्रकट न क०।

verheilen, v/i (s.) ठीक हो जाना, भर जाना (घाव)।

verheimlich-en, v/t (h.): jdm. etw. verheimlichen किसी से कोई बात छिपाना, किसी को कोई बात न बताना; **~ung,** f (-) छिपाव, संगोपन।

verheirat-en, v/t (h.) का विवाह क०; की शादी क०; sich verheiraten अपना विवाह क०, अपनी शादी क०; **~ung,** f (-) विवाह, शादी।

verheiß-en, v/t (h.) का वादा क०, का वचन देना; की भविष्यवाणी क०; की आशा दिलाना; **~ung,** f (-/-en) वादा (क०), वचन (देना); भविष्यवाणी (क०); **~ungsvoll,** adj. आशाजनक।

verheizen, v/t (h.) जला डालना, ईंधन की तरह प्रयोग क० या कर डालना; U: झोंक देना (सैनिक-टुकड़ियाँ)।

verhelfen, v/t (h.): jdm. zu etw. verhelfen किसी को कोई चीज़ दिलवाना, किसी को किसी वस्तु, व्यक्ति आदि के प्राप्त करने में सहायक होना।

verherrlich-en, v/t (h.) की भूरि-भूरि प्रशंसा क०, की बहुत अधिक प्रशंसा क०; **~ung,** f (-) भूरि-भूरि प्रशंसा, बेहद तारीफ़, अत्यन्त प्रशंसापूर्ण शब्दों में गुणगान।

verhetzen, v/t (h.) को उकसाना, उभाड़ना, भड़काना।

verheult, adj., U: रोने के कारण सूजी हुई (आँखें)।

verhexen, v/t (h.) पर जादू क०।

verhimmeln, v/t (h.) U: की पूजा, उपासना क०, का बहुत बड़ा भक्त होना।

verhind-ern, v/t (h.) को रोकना, को न होने देना, में रुकावट या बाधा डालना; verhindert sein न आ सकना, किसी अड़चन या बाधा के कारण न पहुँच सकना; **~(e)rung,** f रोक, रुकावट, अड़चन (लगाना); न आ सकने की स्थिति; **~(e)rungsfall,** m: im Verhinderungsfall यदि कोई बाधा आ गई तो।

verhohlen, adj. गुप्त, छिपा हुआ, अप्रकट।

verhöhn-en, v/t (h.) का उपहास क०, की हँसी उड़ाना; की उपेक्षा क०, का तिरस्कार क०; **~ung,** f (-) उपहास; उपेक्षा, तिरस्कार।

verhohnepipeln, v/t (h.) U: की हँसी उड़ाना, का मज़ाक़ उड़ाना, का उपहास क०।

verhökern, v/t (h.) U: बेचना, बेच देना।

verholen, v/t (h.) mar: को (रस्सों की सहायता से) खींचकर ले जाना।

Verhör, n (-[e]s/-e) पृच्छा, प्रतिपृच्छा, पूछताछ; jdn. ins Verhör nehmen किसी से प्रतिपृच्छा क०, किसी से बयान लेना; **~en,** 1. v/t (h.) से पूछताछ या प्रतिपृच्छा क०, से बयान लेना; 2. v/r (h.) ग़लत सुनना, सुनने में ग़लती क०।

verhüll-en, v/t (h.) ढकना आवृत, क०, छिपाना; fig: को प्रिय बनाकर कहना, प्रिय या भद्रतापूर्ण शब्दों में प्रस्तुत क०; **~ung,** f (-/-en) आवरण; fig: भद्र या प्रिय शब्दों में प्रस्तुतीकरण।

verhungern, v/i (s.) भूखों मरना; आहाराभाव के कारण मर जाना; U: क्षुधातुर होना, भूख के मारे मरा जाना।

verhunzen, v/t (h.) बिगाड़ना, ख़राब क०, के स्वरूप को बिगाड़ना।

verhüt-en v/t (h.) रोकना, को न होने देना; बचाना, बचा लेना, निवारण क०, निराकरण क०; **~ung,** f (-/-en) रोक; निवारण, निराकरण, निरोधन; **~ungsmittel,** n गर्भनिरोधक साधन।

verhütt-en, v/t (h.) से धातु बनाना या निकालना; **~ung,** f (-/-en) धातु-निर्माण; खनिजों, अयस्कों आदि से धातु का बनाया जाना।

verhutzelt, adj. झुर्रीदार, बुढ़ापे के कारण सिकुड़ा तथा झुर्रीदार।

verinnerlich-en, v/t (h.) को अन्दर की ओर मोड़ना (भावना, विचार आदि); **~ung,** f (-) अन्तर्मुखता, अंतर्वृत्ति।

verirr-en, v/r (h.) भटकना, भटक जाना, रास्ता भूल जाना, ग़लत रास्ते पर पहुँच जाना; भ्रम में पड़ जाना; **~ung,** f (-/-en) भटकना, विपथगमन; विचार-भ्रम।

verjagen, v/t (h.) भगा देना, खदेड़ देना, मार भगाना।

verjähr-en, v/i (s.) दावे या माँग का अधिकार समाप्त हो जाना, हक़-तक़ाज़े की अवधि समाप्त हो जाना; की दंडनीयता की अवधि समाप्त हो जाना; **~ung,** f (-/-en) हक़-तक़ाज़े (की अवधि) की समाप्ति, दावे या माँग के अधिकार की समाप्ति; दंडनीयता की अवधि की समाप्ति; **~ungsfrist,** f हक़-तक़ाज़े की अवधि, दावे या माँग के अधिकार की अवधि; दंडनीयता की अवधि।

verjubeln, v/t (h.) U: का अपव्यय क०, उड़ा देना, बरबाद कर देना।

verjüng-en, v/t (h.) को जवान, तरुण बनाना; (में) जवान व्यक्तियों को नियुक्त क०; Bäume: की पुरानी लकड़ी को काटना, की छँटाई क०; Maßstab: को छोटा बनाना; को छोटे अनुमाप में चित्रित क०, के आकार को छोटा क०; sich verjüngen जवान या तरुण हो जाना; आगे या ऊपर की ओर पतला हो जाना (खम्भा, नली); **~ung,** f (-/-en) तरुण बनाना या होना; छँटाई; छोटे अनुमाप में चित्रण।

verjuxen, v/t (h.) U:→verjubeln

verkalk-en, v/i (s.) में चूने के निक्षेप का जमना (बटलोई या धावन-मशीन आदि में); med: धमनियों का कठिन होना; U: सठियाना; बुढ़ापे के कारण बुद्धि का दुर्बल हो जाना; **~ung,** f (-/-en) चूने का निक्षेप (जमना); med: धमनी-काठिन्य; धमनियों का कठिन होना; U: सठियापा, बुढ़ापे के कारण बुद्धि का दुर्बल होना।

verkalkulieren, v/r (h.) ग़लत हिसाब लगाना, हिसाब में ग़लती क०; मिथ्या अनुमान लगाना, धोखा खा जाना।

verkappt, adj. छिपा हुआ, प्रच्छन्न।

verkapseln, v/r (h.) संपुटिका में बन्द

हो जाना; med: परिपुटित होना या हो जाना; fig: समाज से अलग-थलग रहना या रहने लगना, संसार से विरक्त हो जाना, एकान्त में रहना या रहने लगना।

verkatert, adj., U: रात भर जागने या मद्यपान करने के कारण परिश्रान्त।

Verkauf, m (-[e]s/ ⸚e) विक्रय, विक्री; विक्रय-विभाग; ~**en,** v/t (h.) बेचना, विक्रय क०, फ़रोख़्त क०; fig: के साथ विश्वासघात क० (धन के लोभ से)।

Verkäuf-er, m (-s/-) विक्रेता; ~**lich,** adj. बिकाऊ।

Verkaufs-erlös, m बिक्री की रक़म, बिक्री से प्राप्त रक़म; ~**offen,** adj.: verkaufsoffener Samstag (मास का पहला) शनिवार जिस दिन दूकानें सारे दिन खुली रहें; ~**schlager,** m बहुत तथा शीघ्रता से बिकने वाली वस्तु।

Verkehr, m(-s) यातायात, आवागमन, आमदरफ़्त; परिचलन, चलन; परियात; (Umgang) सम्पर्क, संसर्ग, संव्यवहार, परस्पर व्यवहार; (Geschlechtsverkehr) संभोग, रतिक्रिया, मैथुन; Banknoten aus dem Verkehr ziehen (किन्हीं) नोटों को चलन से निकालना; diese Leute sind kein Verkehr für uns इन लोगों के साथ हमारे सम्पर्क का प्रश्न नहीं उठता, हम इन लोगों के साथ सम्पर्क रखना पसन्द नहीं करते; ~**en,** 1. v/i (h.; s.) चलना; से सम्पर्क, संबंध रखना, के साथ उठना-बैठना, के यहाँ आना-जाना, से मेल-जोल रखना; dieser Zug verkehrt nicht am Sonntag यह गाड़ी इतवार को नहीं चलती है; er verkehrt mit schlechten Leuten वह बुरे लोगों के साथ उठता-बैठता (या मेल-जोल रखता) है; 2. v/t (h.) में बदल देना या परिणत क०, को उलट देना; को उलटा रूप या अर्थ देना, का ग़लत अर्थ लगाना; sich ins Gegenteil verkehren (पूर्णतया) उलटा हो जाना, का एकदम उलटा प्रभाव होना; ~**sader,** f मुख्य यातायात-मार्ग; ~**sampel,** f यातायात-नियंत्रक बत्ती; ~**serziehung,** f यातायात-मार्गों को सुरक्षित ढंग से प्रयोग करने की शिक्षा, यातायात-शिक्षा; ~**sinsel,** f सड़क के बीच में पैदल चलने वालों के खड़े होने का स्थान; ~**smittel,** n यातायात-साधन; ~**sreich,** adj. बहुत अधिक यातायात वाला; ~**sschild,** n यातायात-निर्देश-पट्ट, यातायात-चिह्न; ~**ssünder,** m, U: यातायात-नियमों का उल्लंघन करने वाला; ~**sunfall,** m यातायात-दुर्घटना; ~**swert,** m, kfm: विपणि-अर्हा, विपणि-मूल्य; ~**szeichen,** n यातायात-चिन्ह।

verkehrt, adj. ग़लत; उलटा; Masche: उलटा; ~**heit,** f (-) उलटापन; ग़लती।

Verkehrung, f (-) उलट देना; उलटा रूप या अर्थ देना।

verkeilen, 1. v/t (h.) को फान या पच्चर लगा कर मज़बूत क०; U: की पिटाई क०; 2. v/r (h.): sich ineinander verkeilen एक दूसरे में अड़, फँस या उलझ जाना।

verkennen, v/t (h.) को न पहचानना, को न पहचान पाना; को न समझना, को ग़लत समझना; की क़द्र न क० या समझना, को कम समझना, को कम महत्व देना।

verkett-en, v/t (h.) जंजीर से बाँधना या कसना; fig: कसकर बाँध देना; शृंखलाबद्ध क०, संयुक्त क०, जोड़ना, सिलसिला लगाना; ~**ung,** f (-/-en) जंजीर से बाँधना या बाँधा जाना; fig: शृंखला, सिलसिला।

verketzern, v/t (h.) की घोर निन्दा क०, की बदनामी क०।

verkitschen, v/t (h.) को बिगाड़ देना, को घटिया या सस्ती भावुकता से युक्त बनाना (कलाकृति आदि); U: को सस्ते मूल्य पर बेचना, को मिट्टी के मोल

वेचना।

verklagen, v/t (h.) पर मुक़दमा चलाना, के ख़िलाफ़ मुक़दमा दायर क०।

verklär-en, v/t (h.) को प्रदीप्त, ज्योतित क०, में (या पर) चमक पैदा क०; को सुन्दर या प्रिय वनाना; fig: को महिमान्वित क०; ~**t,** adj. प्रदीप्त, कान्तिमय; fig: मंत्रमुग्ध; महिमान्वित; दीन-दुनिया से वेख़बर, लोकोत्तर।

verklatschen, v/t (h.) U: की (झूठी) निन्दा क०, के वारे में मिथ्यापवाद क०; Zeit: गपशप या मिथ्यापवाद में गुज़ारना।

verklausulieren, v/t (h.) को शर्तों या प्रतिवंधों द्वारा सीमित क०, शर्तें लगाना; U: के वाक्य-विन्यास को जटिल बनाना, को जटिल वाक्यों में कहना या लिखना।

verkleid-en, 1. v/t (h.) आवृत क०, ढकना, पर लगाना या चढ़ाना; को छद्मवेश पहनाना; 2. v/r (h.) (का) छद्मवेश धारण क०; ~**ung,** f (-/-en) आवरण; छद्मवेश।

verkleiner-n, v/t (h.) को छोटा क० या बनाना; को घटाना या कम क०; के आकार को छोटे अनुमाप में चित्रित क०; fig: का महत्व घटाना, को कम समझना या वताना; ~**ung,** f (-/-en) छोटा क० या किया जाना; कम क० या कम किया जाना, लघुकृत रूप; ~**ungsform,** f, gramm: (शब्द का) लघुत्वार्थक रूप।

verklemm-en, v/r (h.) फँस जाना, अटक जाना; जकड़ जाना; ~**t,** adj., fig: अन्तर्वाधाग्रस्त, अन्दर से अवरुद्ध, भीरु, झेंपू; ~**ung,** f (-/-en) fig: अन्तर्वाधा, आन्तरिक अवरोध, भीरुता, झेंप।

verklingen, v/i (s.) धीरे-धीरे मन्द पड़ जाना, धीरे-धीरे धीमा होते हुए शान्त हो जाना।

ver-klopfen,/~kloppen, v/t (h.) U: की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क०।

verknacken, v/t (h.) [hebr.] U: की सज़ा देना, का दंड देना।

verknacksen, v/r (h.) U: sich den Fuß verknacksen का पैर मुरक जाना, के पैर में मोच आना।

verknallen, v/r (h.) U: पर आशिक़ या फ़िदा हो जाना, से प्रेम करने लगना, पर मुग्ध हो जाना।

verknapp-en, 1. v/t (h.) को कम क०, को घटाना; 2. v/r (h.) कम हो जाना, दुर्लभ या दुष्प्राप्य हो जाना; ~**ung,** f (-) दुष्प्राप्यता, अभाव।

verkneifen, v/t (h.) U: sich etw. verkneifen किसी बात या भावना आदि को दबा लेना, छिपा लेना या प्रकट न क०; किसी चीज़ को त्याग देना, किसी चीज़ के बिना काम चलाना।

verkniffen, adj., Gesicht: कटुता, अप्रसन्नता या कष्ट के कारण सिकुड़ा हुआ (चेहरा, मुँह)।

verknittern, v/t (h.) में सिलवटें डाल देना, को गुँजिल डालना।

verknöcher-n, v/i (s.) अस्थि में परिणत होना; fig: कठोर हो जाना, (बुढ़ापे या आदत के कारण) अड़ियल या हठधर्मी बन जाना, पक्का हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) अस्थीभवन; fig: बुढ़ापे या आदत के कारण हठधर्मी बनना, बुढ़ापे या आदत से उत्पन्न हठधर्मिता।

verknorpel-n, v/i (s.) उपास्थीय या उपास्थिमय हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) उपास्थीयभवन।

verknoten, v/t (h.) गाँठ लगाना, गाँठ लगाकर जोड़ना।

verknüpf-en, v/t (h) (गाँठ लगाकर) जोड़ना (एक साथ) बाँधना; fig: से संबंधित क०, से संबंध स्थापित क०; के साथ क०, के साथ जोड़ना या मिलाना; ~**ung,** f (-/-en) जोड़ना, बाँधना; जोड़, बंधन; fig: संबंध; एक साथ किया जाना।

verkochen, 1. v/i (s.) अधिक देर तक पकाने के कारण ख़राब हो जाना; अधिक देर तक उबलने के कारण वाष्पित हो जाना; 2. v/t (h.) देर तक पकाना

या उबालना, देर तक पकाकर गाढ़ा क० ।

verkohlen, 1. v/t (h.) से कोयला बनाना, को जलाकर कोयला बनाना; U: jdn. verkohlen किसी को उल्लू बनाना; 2. v/i (s.) जलकर कोयला हो जाना ।

verkommen, v/i (s.) क्षय होना, क्षयग्रस्त होना; ख़राब होना या हो जाना, बिगड़ जाना; Mensch: पथ-भ्रष्ट, अनैतिक, बदचलन हो जाना; 2. adj. पथभ्रष्ट, अनैतिक, बदचलन, चरित्रहीन; ~**heit,** f (-) पथभ्रष्टता, अनैतिकता, चरित्रहीनता ।

verkonsumieren, v/t (h.) U: उपभोग क०, उपभोग कर डालना ।

verkopp-eln, v/t (h.)एक साथ जोड़ना, संयुक्त क०; मिलाकर एक क०; fig: से संबंधित क०, से जोड़ना; ~**(e)lung,** f (-/-en) संयोजन; मिलाकर एक क० या किया जाना; fig: संबंधन, किसी बात से किसी उद्देश्य आ आशा आदि को जोड़ना ।

verkorken, v/t (h.) में काग या डाट लगाना ।

verkorksen, v/t (h.) U: बिगाड़ देना, ख़राब कर देना, चौपट क़र देना ।

verkörper-n, v/t (h.) की मूर्ति होना, का अवतार होना; theat: का अभिनय क०; ~**ung,** f (-) मूर्तरूप, मूर्ति; अभिनय ।

verköstigen, v/t (h.) को खिलाना-पिलाना, को भोजन देना ।

verkrachen, 1. v/i (s.) U: असफल हो जाना, विफलता को प्राप्त होना, टूट जाना; kfm: का दिवाला निकल जाना; U: eine verkrachte Existenz टूटा हुआ अस्तित्व; 2. v/r (h.): sich mit jdm. verkrachen किसी से झगड़ा कर लेना, किसी से लड़ बैठना ।

verkraften v/t (h.) U: को पूरा क०, को निपटाना; को झेलना, को बरदाश्त क० ।

verkrampf-en, v/r (h.) ऐंठ जाना, अकड़ जाना; fig: अन्तर्बाधाग्रस्त होना, घबराहट के कारण अस्वाभाविक संकोच क०; fig: ein verkrampftes Lächeln अस्वाभाविक या कृत्रिम मुस्कान; ~**ung,** f (-/-en) ऐंठन, अकड़न; fig: अन्तर्बाधा, अस्वाभाविक संकोच, झेंप ।

verkriechen, v/r (h.) रेंगकर घुस जाना या छिप जाना; fig: दबकना, दबक जाना, छिपना, छिप जाना; की तुलना में हीन होना ।

verkrümeln, v/t (h.) को किनका-किनका करके फैलाना, को किनका-किनका कर देना; 2. v/r (h.) U: ग़ायब हो जाना, खो जाना; चुपचाप खिसक जाना ।

verkrümm-en, v/r (h.) टेढ़ा हो जाना, वक्र हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) टेढ़ा होना; वक्रता, विकृति ।

verkrüpp-elt, adj. विकृति, विरूपित; टेढ़ा-मेढ़ा; ~**(e)lung,** f (-/-en) विकृति, विरूपता ।

verkühlen, v/r (h.) U: बहुत अधिक ठंडा हो जाना; को सर्दी या ठंड लग जाना ।

verkümm-ern, v/i (s.) धीरे-धीरे क्षीण हो जाना; का विकास रुक जाना; Pflanze: कुम्हला जाना, मुरझा जाना, सूख जाना; Muskel/Organ: संकुचित हो जाना; सिकुड़कर छोटा हो जाना; ~**ert,** adj. क्षीण; अविकसित, रुद्ध-विकास; कुम्हलाया, मुरझाया हुआ; संकुचित, सिकुड़ा हुआ, अवशेष-सदृश; ~**(e)rung,** f (-) अपक्षय; विकासा-वरोध; संकुचन ।

verkünd(ig)-en, v/t (h.) सोत्साह बताना, सुनाना;घोषित क०, की घोषणा क०; प्रख्यापित क०; ~**ung,** f (-/-en) घोषणा; प्रख्यापन; सूचना, सोत्साह सुनाई गई बात ।

verkünsteln, v/r (h.) (किसी काम को) अतिरंजित मनोयोग के साथ क० ।

verkupp-eln, v/t (h.) जोड़ना, संबद्ध

क०;U: (किसी स्त्री या पुरुष) से संभोग के लिए मेल कराना; ~(e)lung, f (-/-en) संवंधन; U: कुटनाई, संभोग के लिए स्त्री पुरुष का मेल कराना।

verkürz-en, v/t (h.) को (काटकर) छोटा क०; Zeit: काटना; घटाना; ~**ung,** f (-/-en) (काटकर) छोटा क० या किया जाना; समय काटना; समय घटाना।

verlachen, v/t (h.) की हँसी उड़ाना।

verlad-en, v/t (h.) लादना; ~**ung,** f (-/-en) लदाई।

Verlag, m (-[e]s/-e) प्रकाशन-गृह, प्रकाशन-संस्था; Vertrieb: वर्तन-व्यापार, आढ़त।

verlager-n, v/t (h.) का स्थान बदलना, को स्थानान्तरित क०; पर रखना या डालना (बोझ); पर (सं)केन्द्रित क०; ~**ung,** f (-/-en) स्थानान्तरण; संकेन्द्रण।

verlanden, v/i (s.) में गाद या रेग भर जाना, के तल में रेग, मिट्टी, कचरा आदि जमना।

verlangen, 1. v/t (h.) माँगना, की माँग क०, की अपेक्षा क० या रखना; की (प्रबल) इच्छा क० या रखना; (notwendig sein für) के लिए आवश्यक होना, के लिए (किसी चीज़ की) आवश्यकता होना; jdn. verlangen किसी से मिलना या बात क० चाहना; 2. v/i (h.) : nach jdm. verlangen किसी से मिलने या बात करने की इच्छा प्रकट क०, किसी को देखना चाहना, किसी को अपने पास बुलवाना; nach etw. verlangen किसी वस्तु के लिए इच्छा (प्रकट) क०; mich verlangt danach मेरी इसकी (प्रबल) इच्छा है, इसके लिए मेरी (प्रबल) इच्छा है; 3. n (-s) माँग, अपेक्षा; इच्छा, चाह।

verläng-ern, v/t (h.) को लम्बा क०, की लम्बाई बढ़ाना; Frist: बढ़ाना; Vertrag usw: की अवधि बढ़ाना; Soße usw: को पतला क०, में पानी मिलाना, पानी मिलाकर मात्रा बढ़ाना; sport: गेंद को किसी स्थान तक पहुँचाना; ~**(e)rung,** f (-/-en) प्रवर्द्धन, दीर्घीकरण; अवधि बढ़ाना, अवधि का बढ़ाया जाना; प्रवर्द्धित भाग; ~**(e)rungsschnur,** f, el: उपसंयोजन-तार।

verlangsamen, v/t (h.) (गति या रफ़्तार को) घटाना, कम क०, को धीमा क०।

verläppern, v/t (h.) U: बरबाद क०, उड़ाना; गँवाना।

Verlaß, m (-'sses) विश्वास, भरोसा; auf ihn ist kein Verlaß वह अविश्वसनीय है, उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

verlassen, 1. v/t (h.) छोड़ देना, से संबंध तोड़ देना, को अकेला छोड़ देना; से चला जाना, को छोड़ जाना; fig: sein Mut verließ ihn हिम्मत ने उसका साथ नहीं दिया; sich auf jdn. verlassen किसी पर भरोसा क०; किसी का आसरा क०, किसी के आसरे पर रहना; sich auf etw. verlassen को किसी बात पर विश्वास या भरोसा होना; किसी बात के आसरे पर रहना; 2. adj. निर्जन, सुनसान, वीरान; परित्यक्त, अकेला, एकाकी; ~**heit,** f (-) निर्जनता, वीरानी, परित्यक्तता, अकेलापन, एकाकीपन।

verläßlich, adj. विश्वसनीय, भरोसे का; विश्वस्त; ~**keit,** f (-) विश्वसनीयता; विश्वस्तता।

verlästern, v/t (h.) की निन्दा क०, का तिरस्कार क०।

Verlaub, m: mit Verlaub आपकी आज्ञा से, यदि (आपकी) आज्ञा हो तो।

Verlauf, m (-es) पथ, पथ-विस्तार, दिशा; Entwicklung: विकास, विकासक्रम, प्रगतिक्रम; Ablauf: क्रम अनुक्रम, घटनाक्रम, घटनाचक्र; im Verlauf von के दौरान, के दरमियान, में; ~**en,** 1. v/i (s.) कटना, गुज़रना (समय); (ablaufen) होना, घटित

होना, चलना; पूरा होना, निष्पन्न होना, अन्त तक पहुँचना; (sich entwickeln) विकसित होना, किसी दिशा में विकसित होना या बढ़ना, का विकास होना; (sich erstrecken) फैला होना, विस्तृत होना; बिछा होना; जाना, निकलना (सड़क आदि); Farben: फैल जाना; 2. v/r (h.) भटक जाना, रास्ता भूल जाना; Menge: तितर-बितर हो जाना; fig:, Flut: उतर जाना।

verlausen, v/i (s.) जूँ या चीलर पड़ जाना।

verlautbar-en, v/t (h.) विदित क०, की घोषणा क०; **~ung,** f (-/-en) सूचना, विज्ञप्ति; घोषणा।

verleb-en, v/t (h.) बिताना, काटना, गुज़ारना; **~t,** adj. (ऐयाशी या लाम्पट्यपूर्ण जीवन बिताने के कारण) अकाल वृद्ध, जीर्ण, जर्जर, निस्तेज।

[1]**verlegen,** v/t (h.) कहीं रख देना, कहीं रखकर भूल जाना; Sitz: का स्थान बदलना, को दूसरे स्थान पर रखना, ले जाना स्थापित क०, प्रतिष्ठापित क०; Handlung: (कथानक) का स्थान बदलना, को (किसी अन्य स्थान या वातावरण की घटना के रूप में) प्रस्तुत क०; (vertagen) की तारीख बढ़ाना, के लिए कोई अन्य तिथि निर्धारित क०; Leitungen: बिछाना; लगाना; Bücher: प्रकाशित क०; sich auf etw. verlegen किसी काम या व्यवसाय आदि को करने लगना, किसी अन्य धन्धे का सहारा लेना।

[2]**verlegen,** adj. व्याकुल, घबराया हुआ, लज्जित, परेशान, चकराया हुआ; व्याकुलतापूर्ण, घबराहट से भरा हुआ; er ist nie um eine Ausrede verlegen उसके पास हमेशा कोई न कोई बहाना तैयार रहता है, उसके पास बहानों की कोई कमी नहीं; **~heit,** f (-/-en) व्याकुलता, घबराहट, लज्जा, परेशानी; उलझन, कठिनाई, संकट।

Verleg-er, m (-s/-) प्रकाशक; **~ung,** f (-/-en) स्थान-परिवर्तन; नई या दूसरी तिथि का निर्धारण; पटरियों आदि का बिछाया जाना; तारों आदि का लगाया जाना।

verleiden, v/t (h.): jdm. etw. verleiden किसी के किसी काम (या बात का मज़ा बिगाड़ देना।

Verleih, m (-[e]s/-e) वस्तुओं को किराये देने वाली संस्था या दूकान; वस्तुओं को किराये पर देने का धंधा; **~en,** v/t (h.) उधार देना, ब्याज पर देना; किराये पर देना; (geben) देना, (ससमारोह) प्रदान क०, से युक्त क०; einem Gefühl Ausdruck verleihen किसी भावना को व्यक्त क० या प्रकट क०; **~er,** m (-s/-) वस्तुओं को किराये पर देने वाला; महाजन; **~ung,** f (-/-en) किराये या ब्याज पर देना; (ससमारोह) प्रदान।

verleit-en, v/t (h.): jdn. zu etw. verleiten; किसी को कोई (ग़लत, अनुचित या अवैध) काम करने के लिए प्रेरित क० या फुसलाना; **~ung,** f (-) कुप्रेरणा, फुसलावा।

verlernen, v/t (h.) किसी सीखे हुए काम) को भूल जाना।

verlesen, v/t (h.) पढ़ना, पढ़कर सुनाना; (auslesen) चुनना, बीनना, के बेकार या खराब अंश को बाहर निकालना; sich verlesen ग़लत पढ़ना, पढ़ने में ग़लती क०।

verletz-en, v/t (h.) को चोट मारना या पहुँचाना, को घायल क; Vorschriften usw: का उल्लंघन क०, तोड़ना; fig: का अपमान क०, की भावनाओं को चोट पहुँचाना, के दिल को चोट पहुँचाना; **~end,** adj., fig: अपमानजनक, उद्वेजक अपमानपूर्ण; **~lich,** adj., fig: अतिसंवेदनशील, जल्दी अपमानित हो जाने वाला, छुई-मुई; **~te,** m/f (-n/-n) घायल व्यक्ति (पुरुष या स्त्री), आहत, आहता; **~ung,** f (-/-en) चोट, क्षति, घाव; o. pl: उल्लंघन; अतिक्रमण, अतिलंघन; भंग;

अपमान।

verleugnen, v/t (h.) मुकरना, अस्वीकार क०, अनंगीकार क०; Herkunft / Wahrheit usw: को छिपाना; का खंडन क०; Freunde usw: को अपना न मानना; Wesen/ Glauben usw: का परित्याग क०, के विरुद्ध आचरण क०; er ließ sich durch seine Frau verleugnen उसने अपनी पत्नी से कहला दिया कि वह घर पर नहीं है।

verleumd-en, v/t (h.) की निन्दा, बदनामी, मानहानि क०; **~erisch,** adj. निन्दात्मक, मानहानिकारक, बदनामी करने का; **~ung,** f (-/-en) निन्दा, बदनामी, मानहानि।

verlieb-en, v/r (h.) पर मोहित, मुग्ध, आशिक़, फ़िदा हो जाना, के प्रेम में फँस जाना; **~t,** adj. मोहित, मुग्ध, फ़िदा, प्रेमातुर, प्रेमविह्वल; **~theit,** f (-/-en) प्रेमातुरता, प्रेमविह्वलता, इश्क़।

verlieren, 1. v/t (h.) खोना, खो देना; (einbüßen) से वंचित हो जाना, से विहीन हो जाना, की हानि उठाना; (besiegt werden) में हार जाना, में पराजित हो जाना; jdn. aus den Augen verlieren किसी से बहुत दिनों से (या बहुत दिनों तक) भेंट न होना; die Spur verliert sich hier पदांक यहाँ आकर समाप्त हो जाते हैं; सुराग़ यहाँ आकर खत्म हो जाता है; darüber brauchen wir kein Wort zu verlieren इसके बारे में कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है; 2. v/i (h.) की ख़ूबसूरती कम हो जाना, का सौंदर्य घट जाना; हार जाना, पराजित हो जाना; an etw. verlieren किसी चीज़ का कम हो जाना; किसी चीज़ को खो बैठना।

Verlies, n (-es/-e) भूगर्भित कारागार।

verloben, v/r (h.) के साथ मँगनी क०; परस्पर विवाह करने का वचन देना।

Verlöbnis, n (-ses/-se) मँगनी, वाग्दान।

Verlob-te, m/f (-/-en) वाग्दत्त लड़का या लड़की, मंगेतर; **~ung,** f (-/-en) मँगनी, सगाई, वाग्दान।

verlock-en, v/t (h.) लुभाना, लुब्ध क०, आकृष्ट क०, को प्रलोभन देना; के मन में कुछ करने की प्रबल इच्छा उत्पन्न क०; **~end,** adj. लुभावना, आकर्षक, प्रलुब्ध करने वाला; **~ung,** f (-/-en) प्रलोभन।

verlogen, adj. झूठा, असत्य, मिथ्या; Person: मिथ्यावादी, झूठा; **~heit,** f (-/-en) असत्यता, झूठ; मिथ्यावादिता।

verlohnen, v/r & v/i (h.) लाभकर या सार्थक होना, लाभ या फ़ायदा होना; के योग्य होना।

verloren, adj. खोया हुआ, लुप्त, गुम, ग़ायब; हारा हुआ; व्यर्थ, वेकार, निष्फल, निराशाजनक; verlorene Mühe व्यर्थ परिश्रम, निष्फल प्रयत्न; jdn. verloren geben किसी के बचने (या किसी को बचा सकने) की आशा छोड़ देना, किसी से फिर मिलने की आशा छोड़ देना; etw. verloren geben किसी वस्तु की हानि को स्वीकार कर लेना, किसी वस्तु को फिर पाने की आशा त्याग देना; किसी हानि या पराजय को स्वीकार कर लेना; **~gehen,** v/i (s.) खो जाना, गुम हो जाना, ग़ायब हो जाना।

verlöschen, 1. v/t (h.) बुझा देना; fig: मिटा देना; 2. v/i (s.) बुझ जाना; fig: मिट जाना।

verlos-en, v/t (h.) को लॉटरी डालकर वितरित क०; **~ung,** f (-/-en) लॉटरी द्वारा वितरण।

verlöten, v/t (h.) झलाई द्वारा जोड़ना, पिघले राँगे से जोड़कर मज़बूत क०।

verlottern, v/i (s.) U: फटेहाल हो जाना, फटीचर हो जाना, दीन-हीन (तथा अनैतिक) जीवन व्यतीत करने लगना।

verludern, v/i (s.) पथभ्रष्ट, अनैतिक हो जाना, अनैतिक तथा दीन-हीन जीवन व्यतीत क० या करने लगना।

verlumpen, 1.v/i (s.) →verlottern; 2. v/t (h.) U: उड़ा देना, फूंक देना, बरबाद कर देना।

Verlust, m (-es/-e) लोप, अप्राप्ति; हानि, नुक़सान, घाटा; eines Menschen: वियोग; मृत्यु; ~**geschäft,** n घाटे का धंधा या सौदा; ~**ig,** adv.: einer Sache verlustig gehen किसी वस्तु को खोना या खो बैठना, किसी वस्तु से हाथ धो बैठना, किसी वस्तु से वंचित हो जाना; ~**reich,** adj. बहुत घाटे का।

vermachen, v/t (h.): jdm. etw. vermachen किसी को कोई वस्तु वसीयत में देना या दे जाना।

Vermächtnis, n (-ses/-se) वसीयत, रिक्थदान, उत्तरदान; रिक्थ, वसीयत द्वारा दी गई सम्पत्ति या वस्तु; fig: मृतक की अंतिम इच्छा।

vermähl-en, v/t (h.) का विवाह क०, की शादी क०; ~**ung,** f (-/-en) विवाह, शादी।

vermahn-en, v/t (h.) को चेतावनी देना; की भर्त्सना क०, को फटकारना या डाँटना; ~**ung,** f (-/-en) चेतावनी; भर्त्सना, डाँट, डाँट-फटकार।

vermaledeit, adj. [lat.] अभिशप्त; अशुभ, मनहूस, घृणित, घृण्य, जघन्य, निन्द्य।

vermännlichen, v/t (h.) को पुरुष-सदृश बनाना, को मरदाना रूप देना, के स्त्रियोचित गुणों को कम या नष्ट कर देना।

vermarken, v/t (h.) सर्वेक्षण क०, भूमापन क०।

vermasseln, v/t (h.) [hebr.] U: विगाड़ देना, खराब कर देना।

Vermassung, f (-) विशिष्टता या व्यक्तित्व का नाश।

vermauern, v/t (h.) को दीवार से बन्द क० या कर देना।

vermehr-en, v/t (h.) बढ़ाना, (की संख्या, मात्रा आदि) में वृद्धि क०; sich vermehren की संख्या में वृद्धि होना; प्रजनन द्वारा अपनी संख्या बढ़ाना; ~**ung,** f (-/-en) बढ़ती, वृद्धि; (प्रजनन द्वारा) संख्या में वृद्धि।

vermeid-en, v/t(h.) से बचना, से बचकर रहना, से दूर रहना, से कतराना, से जी चुराना; का परिहार क०, को न होने देना; ~**lich,** adj. परिहार्य, निवार्य; जिससे बचा जा सके।

vermein-en, v/t (h.) का विचार या ख़याल होना, की धारणा होना; ग़लत सोचना, की ग़लत धारणा होना, ग़लत अनुमान क०; ~**tlich,** adj. जिसके बारे में ग़लत अनुमान किया गया हो, ग़लत अनुमान पर आधारित, तथाकथित।

vermeng-en, v/t (h.) मिलाना, मिश्रित क०, घोटना; घपला क०, गड़बड़ क०, (असंगत शब्दों का) घालमेल क०; ~**ung,** f (-/-en) मिश्रण, मिलाना; घपला, घालमेल।

vermenschlich-en, v/t (h.) को मानवीय रूप या गुणों से युक्त क०, का मानवीयकरण क०, को मानवीय रूप में चित्रित क०; ~**ung,** f (-) मानवीय रूप में चित्रण, मानवीयकरण।

Vermerk, m (-[e]s/-e) संक्षिप्त स्मारक-लेख, स्मरणपत्र, संक्षिप्त विवरण, टिप्पणी, नोट; ~**en,** v/t (h.) संक्षेप में लिखना; नोट क०, लिख लेना, लिख देना; jdm. etw. übel vermerken किसी की किसी बात का बुरा मान जाना; किसी की किसी बात को बुरा समझना या मानना।

[1]**vermessen,** 1. v/t (h.) को ठीक-ठीक नापना, (भूमि, भूखंड आदि); 2. v/r (h.) ग़लत नापना, नापने में ग़लती क०; fig: की धृष्टता क०, की गुस्ताखी क०, का दुःसाहस क०, की निर्लज्जता क०।

[2]**vermessen,** adj. धृष्ट, ढीठ, गुस्ताख, निर्लज्ज; दुःसाहसी; ~**heit,** f (-)

धृष्टता, ढिठाई, गुस्ताखी, निर्लज्जता; दुःसाहस ।

Vermessung, f (-/-en) मापन; भूमापन; **~skunde,** f (-) भूमापन-विद्या, भूगणित ।

vermiesen, v/t (h.) U: (का मज़ा) बिगाड़ देना, ख़राब कर देना, किरकिरा कर देना ।

vermiet-en, v/t (h.) किराये पर देना किराये पर उठाना; **~er,** m (-s/-) किराये पर देने वाला; मकानदार; **~ung,** f (-/-en) किराये पर देना या दिया जाना; किराये पर उठाना या उठाया जाना ।

verminder-en, v/t (h.) कम क०, घटाना; **~ung,** f (-/-en) घटाव, ह्रास; कमी; कम क० या किया जाना ।

verminen, v/t (h.) में सुरंगें बिछाना ।

vermisch-en, v/t (h.) मिलाना, मिश्रित क०; **~t,** adj. विविध, फुटकर, मिश्रित; **~ung,** f (-/-en) मिश्रण; मिलाना, मिलाया जाना ।

vermissen, v/t (h.) की किसी वस्तु का खो जाना; के अभाव का अनुभव क०, के अभाव के कारण दुःखी होना, की अनुपस्थिति के कारण दुःखी होना, के वियोग से दुःखी होना ।

Vermißte, m/f (-n/-n) लापता या ग़ायब हो गया व्यक्ति (पुरुष या स्त्री) ।

vermitt-eln, 1. v/i (h.) मध्यस्थता क०, समझौता कराना; 2. v/t (h.) दिलाना; दिलवाना, कुछ प्राप्त करने में किसी की सहायता क०; **~els(t),** präp. (+gen.) के द्वारा, की सहायता से; **~ler,** m (-s/-) मध्यस्थ, बिचवई; एजेंट, किसी को कुछ दिलाने वाला; **~lung,** f (-/-en) मध्यस्थता; एजेंसी, अभिकरण; tel: मिलान-केन्द्र ।

vermöbeln, v/t (h.) U: की ठुकाई, पिटाई, कुटाई क० ।

vermodern, v/i (s.) क्षय होना, सड़ना ।

vermöge, präp. (+gen.) के आधार पर, के कारण ।

[1]**vermögen,** v/t (h.) कर सकना; सकना, (कुछ करने) के योग्य होना, की क्षमता रखना, की सामर्थ्य रखना; etw. zu tun vermögen कुछ कर सकना, कोई काम करने के योग्य (या क्षम) होना, किसी काम की सामर्थ्य रखना ।

[2]**Vermögen,** n(-s/-) जायदाद, सम्पत्ति; माल, धन, दौलत; (Können) क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य; **~d,** adj. मालदार, धनी, दौलतमन्द, **~(s)steuer,** f सम्पत्ति-कर ।

vermorschen, v/i (s.) क्षयग्रस्त हो जाना, सड़ जाना ।

vermumm-en, v/t (h.) चारों ओर से ढक देना या लपेट देना; छद्मवेश धारण कराना या क०; **~ung,** f (-/-en) छद्मवेश; चारों ओर से ढकना या ढका जाना ।

vermurksen, v/t (h.) U: बिगाड़ देना, ख़राब कर देना, गड़बड़ कर देना, ग़लत ढंग से क० ।

vermut-en, v/t (h.) को संभव समझना या मानना, अनुमान क०, का अनुमान, विचार, ख़याल होना; **~lich,** 1. adj. अनुमानित, संभावित; 2. adv. संभवतः, सम्भाव्यतः, शायद; **~ung,** f (-/-en) अनुमान, अन्दाज़ा, अटकल; Vermutungen anstellen अनुमान लगाना, अटकल भिड़ाना ।

vernachlässig-en, v/t (h.) का ध्यान न रखना, पर ध्यान न देना, में लापरवाही, लैतलाली, असावधानी क०; का पालन न क०; **~ung,** f (-) लापरवाही, लैतलाली, असावधानी; कर्तव्य आदि का) पालन न क० ।

vernagel-n, v/t (h.) कीलें ठोंककर बन्द कर देना, पर कीलों से तख़्ते जड़ देना; **~t,** adj., U: संकीर्णमना, अनुदार; जड़बुद्धि, मूर्ख, मूढ़ ।

vernähen, v/t (h.) सी देना, सीकर बन्द कर देना ।

vernarben, v/i (s.) भर जाना, ठीक हो जाना, (घाव ठीक होने के बाद) दाग़

पड़ जाना।

vernarr-en, v/r (h.): sich vernarren in पर मुग्ध हो जाना, पर लट्टू हो जाना, पर आशिक़ हो जाना, पर फ़िदा हो जाना; ~**t,** adj. मुग्ध, फ़िदा।

vernaschen, v/t (h.) की मिठाई खा डालना, को मिष्टान्न के लिए खर्च कर देना; U: के साथ संभोग कर लेना।

verneb-eln, v/t (h.) को कृत्रिम कोहरे से ढक देना; fig: पर परदा डालना; ~**(e)lung,** f (-/-en) कृत्रिम कोहरे से ढकना; fig: किसी बात पर परदा डालना, परदापोशी।

vernehm-en, v/t (h.) सुनना, सुन लेना; के सुनने में आना, को पता चलना; (verhören) से परिपृच्छा क०, का बयान लेना, से पूछताछ क०; dem Vernehmen nach (जैसा कि) सुनने में आया है कि; ~**lich,** adj. सुश्रव्य, ज़ोर का; ~**ung,** f (-/-en) परिपृच्छा, पृच्छा; पूछताछ; बयान लिया जाना; ~**ungsfähig,** adj. परिपृच्छा के योग्य, बयान देने की स्थिति में।

verneig-en, v/r (h.) सिर झुकाना, शिर-नमन क०, नतमस्तक होना; ~**ung,** f (-/-en) शिर-नमन।

verneín-en, v/t (h.) का नकारात्मक उत्तर देना, का नहीं में उत्तर देना; को अस्वीकार क०, के पक्ष में न होना, का समर्थन न क०; ~**ung,** f (-/-en) नकारना; नकारात्मक उत्तर; अस्वीकरण; gramm: नकारात्मक कथन; निषेधार्थक पद।

vernicht-en, v/t (h.) पूर्णतया नष्ट कर देना, बरबाद कर देना; को मिटा देना, को नेस्तनाबूद कर देना; ~**ung,** f (-/-en) विनाश, सर्वनाश, सत्यानाश; नाशन, पूर्णतया नष्ट क० या कर देना।

verniedlich-en, v/t (h.) को प्रिय बनाकर प्रस्तुत क०, को अहानिकर बताना, की बुराई को छिपाना या कम करके बताना; ~**ung,** f (-) प्रिय रूप में प्रस्तुतीकरण, अहानिकर बताना, बुराई छिपाना, बुराई का अच्छाई के रूप में प्रस्तुतीकरण।

vernieten, v/t (h.) में कीलें या कीलक जड़ देना।

Vernunft, f (-) विवेक, बुद्धि, धी; समझ, समझदारी; विचारशक्ति, तर्कशक्ति।

Vernünft-elei, f (-) थोथा विवेकवाद; वितंडा, बारीकीबीनी, कुतर्क; ~**eln,** v/i (h.) थोथा विवेकवाद फैलाना; बारीकीबीनी क०, कुतर्क क०; दिमाग़ लड़ाना; ~**ig,** adj. विवेकी, विवेकशील, बुद्धिमान, समझदार; विवेकपूर्ण, बुद्धिसंगत, तर्कणापरक, युक्तिमूलक, युक्तियुक्त, मुनासिब; ~**igerweise,** adv. विवेक के आधार पर; यह विवेक की बात है (या थी) कि, समझदारी करके।

veröden, 1. v/i (s.) निर्जन, वीरान, सुनसान, उजाड़ हो जाना; 2. v/t (h.) med: स्फीत शिरा को शिथिल कर देना।

veröffentlich-en, v/t (h.) प्रकाशित क० या करवाना छापना, छपवाना; ~**ung,** f (-/-en) प्रकाशन, मुद्रण; मुद्रित पुस्तक, लेख आदि।

verord-nen, v/t (h.) med: चिकित्सक की हैसियत से कुछ करने का आदेश देना; का नुसखा लिखना; औषधि-निर्देश क०; (anordnen) का आदेश या निर्देश देना; ~**nung,** f (-/-en) चिकित्सक की हैसियत से आदेश; औषधि-निर्देश; आदेश, निदेश।

verpacht-en, v/t (h.) पट्टे पर देना, इजारे पर देना; ~**ung,** f (-/-en) पट्टे पर देना या दिया जाना।

verpack-en, v/t (h.) संवेष्टित क० या कर देना, का पैकिट बनाना; में रखना या रख देना; ~**ung,** f (-/-en) संवेष्टन, पैक क०; संवेष्टन-सामग्री।

verpäppeln, v/t (h.) U: को स्त्रैण या पौरुषहीन बना देना।

verpassen, v/t (h.) से न मिल पाना, से भेंट न हो पाना; (गाड़ी, बस आदि

का) न मिल पाना या छूट जाना; Gelegenheit: खो देना, हाथ से (निकल) जाने देना; U: को (ज़बरदस्ती) देना; के सिर थोपना; को ज़बरदस्ती पहनाना; U: jdm. eine Ohrfeige verpassen किसी के (एक) तमाचा जड़ देना।

verpatzen, v/t (h.) U: बिगाड़ देना, ख़राब कर देना, गड़बड़ कर देना, चौपट कर देना।

verpesten, v/t (h.)को दूषित कर देना, को दुर्गंधमय बना देना।

verpetzen, v/t (h.) U: की चुगली क०, की चुपचाप शिकायत क०।

verpfänd-en, v/t (h.) बंधक रखना, गिरवी रखना, रेहन रखना; fig: sein Wort verpfänden(अपना)वचन देना, ज़बान देना; ~ung, f (-/-en) बंधक रखना या रखा जाना।

verpfeifen, v/t (h.) U: का भेद खोल देना, की चुगली क०; को पकड़वा देना या गिरफ़्तार करा देना (मुख़बिरी द्वारा)।

verpflanz-en, v/t (h.) को दूसरे स्थान पर रोपना या लगाना; Organ: प्रतिरोपित क०, किसी अंग को निकाल-कर उसके स्थान पर दूसरे प्राणी का अंग लगाना; fig: दूसरे स्थान पर बसाना; ~ung, f (-) दूसरे स्थान पर रोपना या रोपा जाना; प्रतिरोपण; fig: दूसरे स्थान पर बसाना या बसाया जाना।

verpfleg-en, v/t (h.) का पोषण क०, को खाना-पानी देना, को भोजन देना; ~ung, f (-) पोषण; भोजन, खाना-पानी; रसद।

verpflicht-en, v/t (h.) को वचनबद्ध क०; को किसी काम के लिए सानुबंध नियुक्त क०; बाध्य क०; sich zu etw. verpflichten कुछ करने के लिए वचनबद्ध होना, कुछ करने का वादा क०; ~ung, f (-/-en)वचनबद्ध क० या किया जाना, शपथ दिलाना; नियोजन, नियुक्ति;आबन्ध, बंधन, बाध्यता; कर्तव्य, फ़र्ज़।

verpfuschen, v/t (h.) U: बिगाड़ देना, ख़राब कर देना, चौपट कर देना।

verplanen, v/t (h.) ग़लत योजना बनाना, योजना बनाने में ग़लती क०; U: को किसी योजना के अंतर्गत लाना, को किसी योजना में सम्मिलित क०।

verplappern, v/r (h.) U: ग़लती से कोई भेद खोल देना।

verplaudern, v/t (h.) Zeit: गपशप में बिताना या बिता देना, गपशप में गुज़ारना या गँवाना।

verplempern, v/t (h.) U: उड़ा देना, फूँक देना; गँवा देना; sich verplempern (इश्क़बाज़ी या बेमेल मुहब्बत में पड़कर) अपना जीवन या भविष्य बरबाद क० (या कर देना)।

verpönt, adj. सार्वजनिक रूप से तिरस्कृत, निन्दित, निरनुमोदित।

verprassen, v/t (h.) भोगविलास में उड़ा देना।

verprellen, v/t (h.) Wild: को चौंका देना, डराकर भगा देना; U: डरा देना, भयाभिभूत कर देना, धमका देना।

verproviantieren, v/t (h.) को खाद्य-सामग्री देना, को रास्ते के लिए खाने-पीने का सामान देना।

verprügeln, v/t (h.) की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क०।

verpuffen, v/i (s.) मामूली विस्फोट होना, धीरे-से विस्फुटित होना, भक से उड़ जाना; fig: निष्प्रभाव रह जाना, का प्रभाव न होना, बेकार चला जाना, बेकार हो जाना, फिस्स हो जाना।

verpulvern, v/t (h.) U: बरबाद क०, फूँकना, का अपव्यय क०, व्यर्थ ही उड़ाना या उड़ा देना।

verpuppen, v/r (h.) कोषावस्था को प्राप्त होना, प्यूपा बनना।

verpusten, v/r (h.) U: दम लेना, थोड़ी देर (के लिए) आराम क०।

Verputz, m (-es) मोटा छर्रा, दीवार का पलस्तर ~en, v/t (h.) पर मोटा छर्रा या पलस्तर लगाना; U: खाना,

खा जाना, उड़ाना, उड़ा जाना; U: jdn./etw. nicht verputzen können किसी व्यक्ति/बात से नफ़रत क० ।

verqualmt, adj. धुएँ से भरा हुआ ।

verquellen, v/i (s.) नमी के कारण फूल जाना; (रोने के कारण) आँखों का सूज जाना।

verquer, adv., U: verquer gehen बिगड़ जाना, में असफलता होना ।

verquick-en, v/t (h.) पारदित क०; fig: मिलाना, जोड़ना, एक कर देना; ~**ung,** f (-/-en) पारदन; fig. एकीकरण, समामेलन ।

verrammeln, v/t (h.) के आगे चीज़ों का ढेर लगाकर बन्द कर देना (दरवाज़ा आदि) ।

verramschen, v/t (h.) U: सस्ते में निकालना, मिट्टी के मोल बेचना या बेच देना ।

Verrat, m (-[e]s) विश्वासघात; विरोधी को अपने पक्ष का भेद बताना; देशद्रोह, राजद्रोह; ~**en** v/t(h.)के साथ विश्वासघात या दग़ा क०; का भेद खोल देना; किसी गोपनीय बात को बता देना, प्रकट कर देना; fig: चुपचाप बताना; से पता चलना, से स्पष्ट होना; sich verraten ग़लती से अपना भेद खोल देना; fig: की वास्तविकता का पता चल जाना, की वास्तविकता मालूम हो जाना ।

Verräter, m (-s/-) विश्वासघाती; भेदी; देशद्रोही, राजद्रोही; ~**isch,** adj. विश्वासघातक; विश्वासघातात्मक; देशद्रोहात्मक; fig: अभिव्यक्तिपूर्ण, किसी बात को प्रकट करता हुआ ।

verrauchen, 1. v/t (h.) धूम्रपान के लिए व्यय कर डालना; 2. v/i (s.) fig: ग़ायब हो जाना, हवा हो जाना ।

verrech-nen, v/t (h.) का हिसाब लगाना या बनाना; को हिसाब में सम्मिलित क०; को मिलाकर हिसाब बराबर क०; Scheck: के खाते में चढ़ाना; sich verrechnen ग़लत हिसाब लगाना, हिसाब में ग़लती क०; U: ग़लत अनुमान लगाना, ग़लती क०, धोखा खा जाना, (को) कुछ का कुछ समझ बैठना; ~**nung,** f (-/-en) हिसाब, लेखा; हिसाब का बराबर किया जाना; खाते में चढ़ाया जाना; ~**nungsscheck,** m साहजोग या रेखित चेक ।

verrecken, v/i (s.) vulg: मर जाना; बिगड़ जाना (इंजिन आदि); nicht ums Verrecken! किसी भी हालत में नहीं ।

verregnen, v/i (s.) वृष्टि के कारण नष्ट हो जाना; वृष्टिमय होना, बारिश की वजह से बेमज़ा होना या हो जाना।

verreiben, v/i (h.) रगड़ कर लगाना, अच्छी तरह मलना; रगड़-रगड़कर महीन क०, संपेषण क०, घोटना ।

verreisen, v/i (s.) यात्रा पर जाना।

verreißen, v/t (h.) की धज्जियाँ उड़ा देना; U: को बिल्कुल ख़राब बताना, को निम्न कोटि का ठहराना ।

verrenk-en, v/t(h.)का जोड़ उखाड़ना, जोड़ से हटाना; मुरका देना, में मोच आ जाना; ऐंठना, मोड़ना; ~**ung,** f (-/-en) संधिभ्रंश, जोड़ का उखड़ जाना; मोच; ऐंठन, कुंचन, मरोड़ ।

verrennen, v/t (h.) fig: sich in etw. verrennen किसी बात पर अड़ जाना, किसी बात को अपनी पक्की धारणा बना लेना ।

verricht-en, v/t (h.)करना, निष्पादित क०, सम्पन्न क०, निष्पन्न क०; ~**ung,** f (-/-en) निष्पादन; निष्पत्ति, क्रिया; काम, कार्य ।

verriegeln, v/t (h.) को चटखनी से बंद क० या कर देना, चटखनी लगा देना ।

verring-ern, v/t (h.)कम क०, घटाना; ~**(e)rung,** f (-) कम क० या किया जाना, कम होना; घटाव, कमी ।

verrinnen, v/i (s.) बहना बन्द हो जाना; बहकर प्रवेश कर जाना; fig: गुज़र जाना, कट जाना ।

Verriß, m (-'sses/-'sse) बहुत खराब समीक्षा।

verroh-en, v/i (s.) नृशंस, निर्दयी, पाशविक हो जाना या बन जाना; **~ung,** f (-)निर्दयीभवन, कठोरीभवन, पाशविक हो जाना।

verrosten, v/i (s.) ज़ंग से खराब हो जाना, में ज़ंग लग जाना।

verrotten, v/i (s.) सड़ जाना; क्षय हो जाना, जीर्ण-शीर्ण हो जाना; fig: पतित हो जाना, का अध:पतन हो जाना।

verrucht, adj. दुष्ट, धूर्त, निकृष्ट; जघन्य, घृणित, घृण्य, गर्हणीय; दुश्चरित्र; लम्पट; **~heit,** f (-)दुष्टता, धूर्तता, निकृष्टता, जघन्यता, गर्हणीयता; दुश्चरित्रता, लाम्पट्य।

verrücken, v/t (h.) एक तरफ़ को खिसकाना, खिसकाकर दूसरे स्थान पर रखना।

verrückt, adj., U: विक्षिप्त, पागल, दीवाना, बावला; विलक्षण, अजीब, असाधारण, असामान्य; **~heit,**f (-/-en) विक्षेप, पागलपन, दीवानगी, बावलापन; विलक्षणता, अजीबपन, असाधारणता, असामान्यता।

Verruf, m (-[e]s): jdn. in Verruf bringen किसी को बदनाम क०; in Verruf kommen/geraten बदनाम हो जाना; **~en,** adj. बदनाम, कुख्यात।

verrußen, v/i (s.) कज्जलित हो जाना, में कालिख जम जाना।

verrutschen, v/i (s.) सरकना, सरक जाना, सरककर टेढ़ा हो जाना।

Vers, m (-es/-e) [lat.] छन्द या कविता की पंक्ति; U:→Strophe; fig: sich auf etw. keinen Vers machen können किसी बात को न समझ पाना।

versachlichen, v/t (h.) को वस्तुगत, वस्तुपरक, विषयपरक बनाना, को वस्तुपरक बनाकर प्रस्तुत क०।

versacken, v/i (s.) Schiff: डूबना, डूब जाना, U: पतित हो जाना, का अध:पतन होना।

versag-en, 1. v/i (h.) असफल होना, विफलता को प्राप्त होना; निराश क०; ठप हो जाना, रुक जाना, बिगड़ जाना, ख़राब हो जाना, साथ न देना; 2. v/t (h.): jdm. etw. versagen किसी को कोई चीज़ न देना, किसी को कुछ देने से इनकार क०; किसी की किसी इच्छा को पूरा न क० या ठुकरा देना; sich etw. versagen स्वयं को किसी चीज़ से वंचित रखना; किसी चीज़ को त्यागना या त्याग देना; 3. n (-s) चूक, ग़लती; ठप हो जाना, ख़राब हो जाना; **~er,**m(-s/-) असफल व्यक्ति, निकम्मा या नाकारा व्यक्ति; बेकार निकलने वाली वस्तु।

versalzen, v/t (h.) में अधिक नमक मिला देना, में नमक अधिक कर देना; fig: jdm. die Freude versalzen किसी का मज़ा किरकिरा कर देना।

versamm-eln v/t (h.) इकठ्ठा क०, एकत्र क०; sich versammeln एकत्र होना, इकट्ठे होना; **~lung,** f (-/-en) सम्मेलन, सभा; सम्मेलन में भाग लेने वाले व्यक्ति।

Versand, m (-[e]s) माल-प्रेषण; माल-प्रेषण-विभाग।

versanden, v/i (s.) के तल में बालू जमना, गाद या रेग से भर जाना; fig: बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो जाना (वार्ता); निष्प्रभाव रह जाना।

versand-fertig, adj. प्रेषण के लिए तैयार; **~handel,** m प्रेषादेश-व्यापार; **~haus,** n प्रेषादेश-व्यापार-संस्थान।

versauen, v/t (h.) vulg: गंदा क० या कर देना; U: बिगाड़ देना, ख़राब कर देना; चौपट कर देना।

versauern, v/i (s.) U: की बौद्धिक शक्ति क्षीण हो जाना, का दिमाग़ कमज़ोर हो जाना।

versaufen, 1. v/t (h.) U: शराब में उड़ा देना, मद्यपान के लिए व्यय कर डालना; 2. v/i (s.) U: डूब जाना; में पानी भर जाना।

versäum-en, v/t (h.) से चूक जाना, से रह जाना; में असफल होना; Pflicht usw: पर ध्यान न देना, का पालन न क०, को (पूरा) न क०; Zug usw: को न मिल पाना, छूट जाना; Gelegenheit usw: खो देना, को हाथ से (निकल) जाने देना; Unterricht usw: में भाग न लेना, में न पहुँचना; Termin: निश्चित तिथि पर न क०; निश्चित तिथि पर न पहुँचना (या न उपस्थित होना); **~nis,** 1. n. (-ses/-se) चूक, अकरण, अनाचरण; 2. f (-/-se) jur: निश्चित तिथि पर उपस्थित न होना।

verschachern, v/t (h.) [hebr.] बहुत अधिक मूल्य पर बेचना, मोल-तोल करके बेचना।

verschachtelt, adj. (डिब्बियों या डिब्बों की तरह) एक दूसरे में घुसा या रखा हुआ; ein verschachtelter Satz कई वाक्यों तथा उपवाक्यों से निर्मित (क्लिष्ट) वाक्य।

verschaffen, v/t (h.) दिलाना, दिलवाना, (के लिए) मुहैया क०; sich etw. verschaffen किसी चीज़ को प्राप्त कर लेना; हासिल कर लेना; U: was verschafft mir die Ehre? आप किस लिए आए हैं?, आप का आना कैसे हुआ?।

verschal-en, v/t (h.) फलकावृत क०, पर तख्ते लगाना; **~ung,** f (-/-en) फलकावरण, तख्ताबन्दी।

verschämt, adj. सलज्ज, लज्जालु, झेंपू, संकोची; **~heit,** f (-) सलज्जता, लज्जालुता, झेंप, संकोच।

verschand-eln, v/t (h.) U: विरूपित क०, का रूप बिगाड़ना, को असुन्दर बनाना, को गंदा क०; **~(e)lung,** f(-) विरूपण, सौन्दर्य-नाश।

verschanzen, 1. v/t (h.) की सुरक्षा के लिए पक्का मोरचा बनाना; 2. v/r (h.) (के पीछे) छिपना; fig: के द्वारा बचने का प्रयत्न क०, का सहारा लेना, की शरण लेना।

verschärf-en, v/t (h.) को बढ़ाना; को तीव्र क०; को सख्त क०; को अधिक गंभीर कर देना; को बदतर कर देना; **~ung,** f (-) बढ़ाना या बढ़ाया जाना; तीव्रीकरण; सख्त क० या किया जाना; बदतर क० या होना।

verscharren, v/t (h.) जल्दी से गाड़ देना, मिट्टी से ढक देना।

verschätzen, v/r (h.) ग़लत अनुमान या अंदाज लगाना; कूतने या आँकने में ग़लती क०।

verscheiden, v/i (s.) poet: की मृत्यु हो जाना।

verschenken, v/t (h.) भेंट के रूप में दे देना, भेंट कर देना।

verscherbeln, v/t (h.) U: बेच देना, के टके बनाना।

verscherzen, v/t (h.) अविवेक से खो देना, से हाथ धो बैठना, को हाथ से निकल जाने देना (लापरवाही करके); sich sein Glück verscherzen अपनी तक़दीर को लात मारना।

verscheuchen, v/t (h.) चौंकाकर या डराकर भगा देना; खदेड़ देना, मार भगाना; fig: दूर कर देना।

verscheuern, v/t (h.) U: बेच देना, के टके बनाना।

verschick-en, v/t (h.) भेजना, भेज देना; Sträflinge: को विवासित क०; **~ung,** f (-/-en) भेजना या भेजा जाना; विवासन।

verschieb-en, v/t (h.) सरकाकर दूसरे स्थान पर रखना, सरका देना, खिसका देना, स्थानान्तरित क०, का स्थान बदलना; zeitlich: (आ)स्थगित क०, मुल्तवी क०, विलम्बित क०, टालना, को भविष्य में किसी समय करने का निर्णय क०; fig: बदलना, बदल देना; U: चोरी-छिपे बेचना; का अवैध व्यापार क०; sich verschieben सरक जाना, सरककर टेढ़ा हो जाना; आस्थगित किया जाना; fig: बदल जाना; **~ung,** f (-/-en) सरकना या सरक जाना, स्थानान्तरण, स्थान-परिवर्तन;

स्थगन, विलम्बन; geol: विस्थापन, स्खलन, स्थानभ्रंश; fig: परिवर्तन; U: चोरी-छिपे विक्रय; अवैध व्यापार ।

verschieden, adj. असदृश, असमान, भिन्न, भिन्न प्रकार का; विविध, नानाविध; pl: अनेक, कई; **~artig,** adj. भिन्न प्रकार का; **~emal,** adv. कई बार, अनेक बार; **~erlei,** adj. नानाविधि, तरह-तरह, का कई प्रकार का; कई बातें; **~heit,** f (-/-en) असादृश्य, भिन्नता, असमानता; **~tlich,** adv. अक्सर, कई बार ।

verschießen, 1. v/t (h.) चला डालना, के पास एक भी न बचना (गोली, तीर आदि); sport: गोल के पास से मार देना, गोल न कर पाना; 2. v/i (s.) का रंग उड़ जाना या फीका पड़ जाना; 3. v/r (h.) पर मुग्ध, आशिक़, फ़िदा हो जाना, पर लट्टू हो जाना ।

verschiff-en, v/t (h) जहाज़ से भेजना या भेज देना; **~ung,** f (-) नौपरिवहन, जहाज़ से भेजना या भेजा जाना ।

verschimmeln, v/i (s.) में फफूंदी लग जाना ।

verschlacken, v/i (s.) अवस्करित होना; med: तन्तुओं आदि का भोजन के अपशिष्ट अंशों से युक्त होना ।

verschlafen, 1. v/i (h.) देर तक सोना या सोता रहना, समय पर न उठ पाना; 2. v/t (h.) सोकर काट देना या गुज़ार देना, सोने में गुज़ार देना; सोते रहने के कारण न कर पाना या चूक जाना, सोते रहने के कारण गँवा देना, सोते रहने के कारण न पकड़ पाना (गाड़ी आदि); सोकर मिटाना (चिन्ता, पीड़ा आदि); 3. adj. निद्रालु, शयालु, उनींदा; fig: लद्धड़; नीरस, उबाऊ ।

Verschlag, m (-[e]s/ ⸚e) पटरों से अलग किया हुआ छोटा-सा कमरा (सामान आदि रखने का), भंडरिया ।

[1]**verschlagen,** v/t (h.) को तख़्ते जड़कर बंद कर देना, पर तख़्ते जड़ देना; Bälle: ग़लत दिशा में मारना या मार देना; irgendwohin: पहुँचाना, ले जाना, ला पटकना, ले जाकर पटकना; fig: रोक देना, बंद कर देना (बोलती आदि); die Wellen verschlugen das Schiff an diese Küste लहरों ने जहाज़ को इस समुद्रतट पर ला पटका; fig: die Angst verschlug ihm die Sprache डर के मारे उसकी बोलती बंद हो गई ।

[2]**verschlagen,** adj. धूर्त, चालाक, कपटी, छली, दग़ाबाज़; छलपूर्ण, कपटपूर्ण; **~heit,** f (-) धूर्तता, चालाकी, दग़ाबाज़ी, कपटपूर्णता, छलपूर्णता ।

verschlammen, v/i (s.) में कीचड़ एकत्र होना या हो जाना ।

verschlampen, 1. v/i (s.) U: निकम्मा हो जाना, फटीचर हो जाना, मैलाकुचैला रहने लगना; की दशा खराब हो जाना; 2. v/t (h.) U: लापरवाही से खो देना, को कहीं रखकर भूल जाना ।

verschlecht-ern, v/t (h.) और बिगाड़ देना, और खराब कर देना; को कम कर देना (कोटि, श्रेणी, गुण, आदि); **~(e)rung,** f (-/-en) अपकर्ष, ह्रास, गुणह्रास; अपकर्षण, (अव)ह्रसन ।

verschlei-ern, v/t (h.) ढकना (घूँघट से), अच्छादित या आवृत क०; fig: पर परदा डालना, को छिपाना या दबाना; **~(e)rung,** f (-/-en) आच्छादन, आवरण; fig: किसी बात पर परदा डालना, परदापोशी ।

verschleimen, v/i (s.) में बलग़म या कफ भर जाना ।

Verschleiß, m (-es/-e) छीजन, छीज, घिसाव, (अधिक)इस्तेमाल द्वारा घिसना, कम होना, क्षीण होना; **~en,** 1. v/t (h.) छिजाना, घिस डालना, (अधिक) इस्तेमाल द्वारा क्षीण कर देना या बेकार कर देना; 2. v/i (s.) छिज जाना, घिस जाना, (अधिक) इस्तेमाल से घिस जाना, क्षीण हो जाना, बेकार हो जाना ।

verschlepp-en, v/t (h.) बलपूर्वक या अनधिकृत रूप से खींच ले जाना, पकड़

ले जाना; उठा ले जाना; (weiterverbreiten) फैलाना (संक्रामक रोग); (hinauszögern) में (जान-बूझकर) अधिक समय लगाना, को टालते रहना, को लटकाए रखना; Krankheit: का समय पर इलाज न क० या कराना, से बहुत दिनों तक ग्रस्त रहना (समय पर इलाज न कराने के कारण); ~ung, f (-/-en) बलपूर्वक ले जाना या ले जाया जाना, अधिक समय लगाना, लटकाए रखना; समय पर इलाज न क० ।

verschleuder-n, v/t (h.) उड़ा देना, का अपव्यय क०; Waren: बहुत कम मूल्य पर बेचना, को मिट्टी के मोल बेचना; ~ung, f(-) अपव्यय; बहुत कम मूल्य पर विक्रय ।

verschließ-bar, adj. तालेदार, जिसे ताले से बंद किया जा सके, जिस में ताला लगाया जा सके; ~en, v/t (h.) बंद क०, बंद कर देना; का ताला बंद क०, को ताले से बंद कर देना, में ताला लगा देना; (einschließen) को ताले में रख देना, को कमरे या अलमारी आदि में बंद कर देना; hinter verschlossenen Türen बंद कमरे में (जहाँ अनधिकृत लोगों के प्रवेश की आज्ञा न हो), केवल अधिकृत लोगों की उपस्थिति में, गोपनीय रूप से; sich jdm. verschließen किसी से भेदभाव या दुराव रखना, किसी को अपने मन की बात न बताना; किसी के लिए अबोधगम्य होना या बन जाना; sich einer Sache verschließen किसी बात को न जानना या न सुनना चाहना, किसी बात को स्वीकार न क०, किसी बात को मानने या सुनने के लिए तैयार न होना ।

verschlimm-ern, v/t (h.) और बिगाड़ना या बिगाड़ देना, और खराब कर देना; ~(e)rung, f (-) और बिगड़ जाना, और खराब हो जाना (दशा, स्थिति आदि) ।

verschlingen, v/t (h.) (एक दूसरे में) उलझा देना (डोरा आदि); एक दूसरे में फँसाना (उँगलियाँ आदि); (gierig essen) खा जाना, निगल लेना, जल्दी-जल्दी ठूँस लेना; fig: ein Buch verschlingen किसी पुस्तक को बड़े चाव से पढ़ना या पढ़ डालना; fig: jdn. mit Blicken verschlingen किसी को ललचाई हुई आँखों से देखना ।

verschlossen, adj., fig: अन्तर्मुखी; चुप्पा, घुन्ना; अल्पभाषी, कमगो; ~heit, f (-)अन्तर्मुखता; अल्पभाषिता, कमगोई; घुन्नापन ।

verschlucken, 1. v/t (h.) निगलना, लीलना, निगल जाना, लील जाना; beim Sprechen: (शब्द या शब्दांशों) का उच्चारण न क०; 2. v/r (h.) की साँस की नली में भोजन, पानी, थूक आदि का चला जाना ।

Verschluß, m (-'sses/ ⸚ 'sse) किसी वस्तु को बंद करने का कोई साधन (जैसे ताला, चटख़नी, ढक्कन, डाट, बकसुआ, बटन, ज़िप आदि); etw. unter Verschluß halten किसी वस्तु को ताले में रखना ।

verschlüssel-n, v/t (h.) कूटबद्ध क०, कूट-भाषा में लिखना; ~ung, f (-/-en) कूटबद्ध क० या किया जाना ।

Verschlußlaut, m, gramm: स्पर्श व्यंजन, स्फोट व्यंजन ।

Verschlüßlung, f→Verschlüsselung

verschmachten, v/i (s.) (के मारे) मरा जाना ।

verschmähen, v/t (h.) की उपेक्षा, अवहेलना क०, का तिरस्कार क०, को घृणापूर्वक अस्वीकार कर देना ।

verschmelz-en, 1. v/t (h.) मिलाकर एक कर देना, मिला देना; 2. v/i (s.) मिल जाना, एक हो जाना; ~ung, f (-/-en) एकीकरण, समामेलन ।

verschmerzen, v/t (h.) को भुला देना, को भूल जाना, के कारण दुःखी न होना या रहना ।

verschmieren, v/t (h.) लेप क०, मल-कर लगाना; गंदा क०, लीपा-पोती क० ।

verschmitzt, adj. चालाक, धूर्त, मक्कार, चालू; धूर्ततापूर्ण, मक्कारी, से भरा; ~**heit,** f (-) चालाकी, धूर्तता, मक्कारी, चालूपन ।

verschmutz-en, 1. v/t (h.) गंदा क०, मैला क०; 2. v/i (s.) गंदा या मैला हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) गंदा क० या होना ।

verschnaufen, v/i & v/r (h.) दम लेना, जरा सी देर आराम क०, थोड़ा-सा आराम करने के लिए काम रोकना ।

verschneid-en, v/t (h) ग़लत काटना; की काट बिगाड़ देना; (stutzen) को छाँटना, को छाँट या काटकर छोटा क०; Tiere: को बधिया क०; Wein: में सम्मिश्रण क०;~**ung,**f (-/-en)बधिया-करण ।

verschneit, adj. हिमावृत, हिमाच्छादित ।

Verschnitt, m (-[e]s/-e) सम्मिश्रित मदिरा; कतरन; ~**ene,** m (-n/-n) छिन्नवृषण आदमी, क्लीव, खोजा ।

verschnörk-eln,v/t (h.) अलंकृत क०, कुंडलित अलंकारों से युक्त क०; सर्पिल रेखाओं से अलंकृत क० (अक्षर, शब्द आदि); ~**(e)lung,** f (-/-en) अलंकरण कुंडलित अलंकारों या सर्पिल रेखाओं का प्रयोग ।

verschnupft, adj. ज़ुकाम से पीड़ित; fig: रुष्ट, नाराज़ ।

verschollen, adj. लापता, ग़ायब, जिसके बारे में वर्षों से कोई समाचार न मिला हो ।

verschonen, v/t (h.) पर दया क०, पर रहम क०; को छोड़ देना; (किसी) को किसी बात से बचाए रखना ।

verschön-en, / ~**ern,** v/t (h.) को (अधिक) सुन्दर बनाना, का सौंदर्य बढ़ाना, को सजाना;~**erung,**f (-/-en) (अधिक)सुन्दर बनाना या बनाया जाना, अलंकरण ।

verschrammen, v/t (h.) में खरोंच या खरोंचें डाल देना (या मार देना) ।

verschränken, v/t (h.) एक दूसरे पर रखना (टाँगें), एक दूसरे में फँसाना (बाँहें); एक दूसरे पर आड़े-तिरछे रखना ।

verschraub-en, v/t (h.) (चूड़ीदार ढक्कन) को घुमाकर बंद क० या कसना, चूड़ीदार ढक्कन से बंद क०; ~**ung,** f (-/-en) चूड़ीदार ढक्कन से बंद क० या किया जाना; चूड़ीदार ढक्कन ।

verschreib-en, v/t (h.) का लिखने के लिए इस्तेमाल कर डालना, लिखकर भर देना, लिख डालना; (verordnen) का नुसखा लिखना, चिकित्सक की हैसियत से कुछ करने का आदेश देना; sich verschreibenग़लत लिखना, लिखने में ग़लती क०; sich jdm./einer Sache verschreiben किसी व्यक्ति/बात का मुरीद हो जाना, किसी व्यक्ति/बात की सेवा या साधना में लग जाना; ~**ung,** f (-/-en) kfm: ऋणपत्र ।

ver-schreien, v/t (h.) को (के नाम से) बदनाम क०; ~**schrie(e)n,** adj. (के नाम से) बदनाम ।

verschroben, adj. विचित्र, विलक्षण, निराला, अजीब; सनकी, झक्की; ~**heit,** f (-) विचित्रता, विलक्षणता, निरालापन; सनक, झक, खब्त, सनकीपन, झक्कीपन ।

verschrotten, v/t (h.) को लोहे-लंगड़ की तरह प्रयोग क०, को लोहे-लंगड़ के ढेर पर डाल देना (दुर्घटनाग्रस्त या पुरानी कार आदि) ।

verschrumpeln, v/i (s.) सिकुड़ जाना, में झुर्रियाँ पड़ जाना ।

verschüchtert, adj.अभित्रस्त, भयभीत, (धमकियों आदि से) डरा हुआ, भयातुर ।

verschuld-en, 1. v/t (h) का कारण बनना; के लिए दोषी या क़सूरवार होना; 2. v/i (s.) ऋणग्रस्त हो जाना; 3. n (-s) दोष, ग़लती, क़सूर ~**et,** adj. ऋणग्रस्त; ~**ung,** f (-) ऋणग्रस्तता, ऋण-भार ।

verschütt-en, v/t (h.) दबा देना, गाड़ देना, को मिट्टी आदि से ढक देना; में

मिट्टी भरकर बंद कर देना (कूआँ, तलाब आदि); Flüssigkeit: छलकाना, छलका देना, गिरा देना; ~gehen, v/i (s.) U: खो जाना, गुम या ग़ायब हो जाना; गिरफ़्तार कर लिया जाना ।

verschwägert, adj. पति या पत्नी के द्वारा संबंधित ।

verschweig-en, v/t (h.) को गुप्त रखना, छिपाना, न बताना; **~ung,** f (-) संगोपन (किसी बात का) ।

verschwend-en, v/t (h.) का अपव्यय क०, को बरबाद क०, को व्यर्थ में गँवाना या ख़राब क०; **~er,** m (-s/-) अपव्ययी, फ़ुज़ूलख़र्ची करने वाला; **~erisch,** adj. अपव्ययी, फ़ुज़ूलख़र्च, उड़ाऊ; विपुल, प्रचुर, अत्यधिक; **~ung,** f (-) अपव्यय, फ़ुज़ूलख़र्ची, बरबादी; **~ungssucht,** f अपव्ययोन्माद; **~ungssüchtig,** adj. अपव्ययोन्मादी ।

verschwiegen, adj., Mensch: किसी भेद को गुप्त रखने (या रख सकने) वाला; Ort: गुप्त, छिपा हुआ, एकान्त; **~heit,** f (-) किसी भेद को गुप्त रखने की क्षमता, भेद को छिपाए रखने का गुण; गोपनीयता; शान्ति, एकान्त ।

verschwimmen, v/i (s.) धुँधला या अस्पष्ट हो जाना ।

verschwinden, v/i (s.) ग़ायब हो जाना; खो जाना, गुम हो जाना; U: चुपचाप चला जाना, खिसक जाना, फ़ूट लेना; fig: (के आगे) फीका पड़ जाना; fig: sie verschwindet neben ihm वह उसके आगे फीकी पड़ जाती है; fig: ein verschwindender Teil (एक) नगण्य या महत्वहीन अंश ।

verschwistert, adj.: mit jdm. verschwistert sein किसी से भाई-बहन का रिश्ता होना, किसी का भाई या किसी की बहन होना; fig: किसी से भाईचारा या घनिष्ठता होना ।

verschwitzen, v/t (h.) को पसीने से भिगो देना (क़मीज़ आदि); U: भूल जाना, को किसी बात की बिलकुल याद न रहना ।

verschwommen, adj. धुँधला, अस्पष्ट; **~heit,** f (-) धुँधलापन, अस्पष्टता ।

verschwör-en, v/r (h.): sich mit jdm. verschwören किसी के साथ मिलकर षड्यंत्र क०; sich einer Sache verschwören किसी बात का तन-मन-धन से समर्थन क०, किसी बात में तन-मन-धन से लग जाना; fig: alles hat sich gegen uns verschworen हर चीज़ (या बात) हमारे ख़िलाफ़ है, हमें किसी बात में सफलता नहीं मिल रही है; **~er,** m (-s/-) षड्यंत्रकारी; **~ung,** f (-/-en) षड्यंत्र, दुरभिसंधि, कपटसंधि, साज़िश ।

[1]**versehen,** 1. v/t (h.) (कोई) ग़लती क०; (ausüben) के पद पर काम क०, की हैसियत से काम क०; Aufgabe usw: (काम या कार्यभार) को सँभालना, करना, को पूरा क०; einen Schwerkranken: मृत्यु से पूर्व का अंतिम संस्कार क०; mit etw: से युक्त क०; से लैस या सज्जित क०; jdn. mit etw. versehen किसी को कोई चीज़ देना, किसी के लिए किसी वस्तु का प्रबंध क०, किसी वस्तु से युक्त क०; ein Zimmer mit Möbeln versehen कमरे को फ़र्नीचरयुक्त क०, कमरे में मेज़-कुर्सी आदि लगाना; 2. v/r (h.) ग़लती क०, भूल क०; ehe man sich's versieht अचानक, एकाएक; ehe er sich's versah,...उसके परिस्थिति से अवगत होने के पहले ही..., वह सँभल भी न पाया था कि...।

[2]**Versehen,** n (-s/-) ग़लती, भूल; aus Versehen ग़लती से, भूल से; **~tlich,** adv. भूल से, ग़लती से; अनजाने में ।

versehr-en, v/t (h.) को चोट पहुँचाना या मारना, को घायल क०, को पंगु या विकलांग क०; **~te,** m/f (-n/-n) पंगु या विकलांग व्यक्ति (पुरुष या स्त्री); **~theit,** f (-) विकलांगता ।

verselbständigen, v/r (h.) आत्मनिर्भर बनना या बन जाना; अपने पैरों

पर खड़ा हो जाना।

versend-en, v/t (h.)भेजना, प्रेषित क०; **~ung,** f (-) प्रेषण।

versengen, v/t (h.) झुलसाना, झुलसा देना।

versenk-en, v/t (h.)डुबवाना, डुबा देना; की सतह के नीचे कर देना, धँसा देना, के अन्दर कर देना; in die Erde: गाड़ देना, ज़मीन के अंदर उतार देना (शव-पेटी आदि); fig: sich in etw. versenken किसी चीज़ या काम में लीन (या मग्न) हो जाना; **~ung,** f (-/-en) डुबवाना या डुबाया जाना; theat: मंच का नीचे को धँस जाने वाला भाग; (Meditation) गहन चिन्तन, समाधि; fig: in der Versenkung verschwinden विस्मृति में लीन हो जाना, विस्मृत हो जाना, लोगों के दिमाग़ से निकल जाना।

versessen, adj.: auf etw. versessen sein किसी वस्तु या बात के पीछे दीवाना होना; **~heit,** f (-) किसी वस्तु या बात के लिए दीवानापन।

versetz-en, v/t (h.) का स्थान बदलना या बदल देना, को दूसरे स्थान पर रखना या लगाना, को एक तरफ़ को क० या हटाना; Beamte: का तबादला क०; Schüler: को अगली कक्षा में चढ़ाना; (verpfänden) गिरवी रखना; (in einen Zustand bringen) को किसी स्थिति या दशा में लाना; Flüssigkeiten: में मिलाना, में सम्मिश्रित क०; Stoß/Tritt/Schlag usw: देना, मारना; U: से व्यर्थ ही प्रतीक्षा कराना, (किसी) से वादा करके न पहुँचना; jdm. einen Schlag versetzen किसी पर (एक) प्रहार क०; fig: किसी को सदमा या धक्का पहुँचाना; sich in jds. Lage versetzen किसी की (परि)स्थिति की कल्पना क०, स्वयं को किसी की परिस्थित में मान कर उसे समझने का प्रयत्न क०; 2. v/i(h.) उत्तर देना, जवाब देना; **~ung,** f (-/-en) स्थान-परिवर्तन, दूसरे स्थान पर रखा या लगाया जाना; तबादला, स्थानान्तरण; कक्षोन्नति; गिरवी रखना; सम्मिश्रण।

verseuch-en, v/t (h.) संदूषित क०; संक्रमित क०; fig: पर बुरा प्रभाव डालना, को भ्रष्ट क०; दूषित क०; mil: ein Gebiet mit Minen verseuchen किसी क्षेत्र में सुरंगें बिछा देना; **~ung,** f (-) संदूषण; संक्रमण; fig: भ्रष्टीकरण, कुप्रभाव डालना; दूषण।

versicher-n, v/t (h.) का बीमा क० या कराना, का आगोप क० या कराना; (beteuern) का विश्वास या आश्वासन दिलाना, का यक़ीन दिलाना, को निश्चयपूर्वक, दृढ़तापूर्वक, साग्रह कहना, गारंटी के साथ कहना; sich einer Sache versichern किसी बात (की सत्यता) के बारे में नैश्चित्य या विश्वास प्राप्त क०; sich jds. versichern किसी के समर्थन का वादा ले लेना, किसी को निश्चित रूप से अपने पक्ष में कर लेना; **~ung,** f (-/-en) बीमा, आगोप; बीमा-संस्था, बीमा-कम्पनी; आश्वासन, दृढ़-कथन, गारंटी।

Versicherungs-beitrag, m बीमा-क़िस्त; **~betrag,** m बीमा की कुल रक़म; **~betrug,** m बीमा-संस्था से चारसौबीसी द्वारा धन प्राप्त क०; **~police,** f / **~schein,** m बीमापत्र; बीमा-पॉलिसी।

versickern, v/i (h.) बहकर प्रवेश कर जाना, पानी का ज़मीन में ज़ब्ब हो जाना, पानी का धरती के द्वारा सोख लिया जाना।

versieben, v/t (h.) U: खो देना; कहीं रखकर भूल जाना; को करना भूल जाना।

versiegel-n, v/t (h.) को मुहरबंद क०, को बंद क०; Parkett: पर रोग़न क०, को लाक्षायुक्त लेप से सुरक्षित क०; **~ung,** f (-) मुहरबंदी, सीलबंदी; रोग़न क० या किया जाना, लाक्षायुक्त लेप क० या किया जाना।

versiegen, v/i (s.) सूख जाना (क्षुद्र

सरिता, सोता आदि), बहना बंद हो जाना; fig: समाप्त हो जाना, खत्म हो जाना।

versiert, adj. [lat.] प्रवीण, दक्ष, निपुण; अनुभवी, तजरुबेकार, जानकार; **~heit,** f (-) प्रवीणता, दक्षता, नैपुण्य, निपुणता; अनुभव, तजरुबा, जानकारी।

versilber-n, v/t (h.) पर चाँदी चढ़ाना, रजतित क०; U: बेच देना, के टके बनाना; **~ung,** f (-) रजतन, चाँदी चढ़ाना।

versinken, v/i (s.) डूबना, डूब जाना; धँस जाना; fig: मग्न हो जाना, लीन हो जाना।

versinnbildlich-en, v/t (h.) को प्रतीकात्मक शैली में प्रस्तुत क०, का प्रतीक होना; **~ung,** f (-) प्रतीकात्मक शैली; में प्रस्तुतीकरण।

versinnlich-en, v/t (h.)ऐंद्रिय, शारीरिक, वासनात्मक बनाना; **~ung,** f(-) ऐंद्रिय, शारीरिक; वासनात्मक बनाया जाना।

Version, f (-/-en) [lat.] शब्दयोजना; वर्णना, विवरण, वृत्तान्त, बयान; रूपान्तर, पाठान्तर।

versippt, adj. संबंधित, किसी रिश्ते द्वारा संबंधित।

versitzen, v/t (h.) Kleidung: बैठ कर सिलवटें डाल देना; Zeit: बैठे-बैठे काट देना, गुज़ार देना, बिता देना, गँवा देना।

versklav-en, v/t (h.) को दास बना लेना, को गुलाम बनाना; fig: को अपने वश में क० या कर लेना; को वशीभूत क०; **~ung,** f (-) दासकरण; दासता, गुलामी; fig: वशीकरण: वशीभूत होने की स्थिति।

Vers-lehre, f छन्दःशास्त्र, छन्दोविधान; **~maß,** n वृत्त, छन्द।

versnobt, adj. जो वर्गदंभी बन गया हो।

versoffen, adj., U: शराब का लती; पियक्कड़।

versohlen, v/t (h.) U: की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क०।

versöhn-en, v/t (h.) मेल कराना, मेल-मिलाप कराना; के बीच पुनः मैत्री स्थापित क०; सन्तुष्ट क०, अनुकूल बना लेना; sich mit jdm. versöhnen किसी के साथ पुनः मैत्री कर लेना, किसी के साथ पुनर्मेल कर लेना; **~lich,** adj. मेल-मिलाप करने के लिए तैयार; पुनः मैत्री करने को तैयार, क्षमाशील; शान्तिकर, संराधक, मैत्रीपूर्ण; **~lichkeit,** f (-) क्षमाशीलता, मृदुभाव; प्रसादनीयता; **~ung,**f (-/-en) मेल-मिलाप, पुनर्मेल; संराधन, संतोषण।

versonnen, adj. चिन्तनशील; विचार-मग्न, विचारों में तल्लीन, खयालों में खोया हुआ; **~heit,** f (-) चिन्तन-शीलता; विचारमग्नता।

versorg-en, v/t (h.) की देखभाल क०, को सँभालना; की सेवा-सुश्रूषा क०; का पालन-पोषण क०, का खर्च चलाना; jdn./sich mit etw. versorgen किसी के लिए/अपने लिए किसी वस्तु का प्रबंध क०, किसी के लिए/अपने लिए कोई वस्तु मुहैया क०; **~ung,** f (-) देखभाल; सेवा-सुश्रूषा; संभरण, पालन-पोषण, भरण-पोषण; प्रबंध, इंतज़ाम, व्यवस्था।

verspannen, v/t (h.) को तारों या रस्सियों से कसना या कस देना।

verspät-en, v/r (h.) देर से आना या पहुँचना, देर कर देना, को देर हो जाना; **~ung,** f (-/-en) देर, अबेर, विलम्ब।

verspeisen, v/t (h.) खा जाना, खा लेना।

versperren, v/t (h.) बन्द क०, बन्द कर देना, में ताला डाल देना; को अगम्य बना देना, का रास्ता रोक देना, को अवरुद्ध या बाधित क० (या कर देना)।

verspiel-en, 1. v/t (h.) जूए आदि में हार जाना, जूए आदि में उड़ा देना; 2. v/i (h.):fig: bei jdm. verspielt habenकिसी की नज़र में गिर जाना या

गिर गया होना, किसी के अनुग्रह से वंचित हो गया होना; ~t, adj., fig: खिलाड़ी, केवल खेल-कूद की सोचने वाला, खेल में मस्त रहने वाला।

verspinnen, v/t (h.) कातना, से सूत बनाना; fig: sich in etw. verspinnen किसी बात (की धुन) में मस्त रहना, किसी बात पर अनवरत चिन्तन करता रहना, किसी बात के खयाल में उलझा रहना।

verspott-en, v/t (h.) का उपहास क०, की हँसी या खिल्ली उड़ाना, का (सतिरस्कार) उपहास क०; ~**ung,** f (-) (सतिरस्कार) उपहास।

versprech-en, 1. v/t (h.) का वादा क०, का वचन देना, की प्रतिज्ञा क०; fig: की आशा दिलाना या देना, से आशा होना, परिलक्षित क०, की संभावना प्रकट क०; sich versprechen बोलने में ग़लती क०, के मुँह से ग़लत शब्द या बात निकल जाना; अशुद्ध उच्चारण क०; fig: was versprechen Sie sich davon? आप इससे क्या आशा करते हैं ?, आप इससे किस बात की उम्मीद करते है ?; 2. n (-s/-) वादा, वचन, प्रतिज्ञा, प्रतिश्रुति; ~**er,** m (-s/-) U: ग़लती से मुँह से निकली बात; अशुद्ध उच्चारण ~**ung,** f (-/-en) वादा, वचन, प्रतिज्ञा, प्रतिश्रुति।

versprengen, v/t (h.) तितर-बितर कर देना, तितर-बितर करके भगा देना या खदेड़ देना।

verspritzen, v/t (h.) फुहारना, छिड़कना, छींटें उड़ाना।

versprochenermaßen, adv. वादे के मुताबिक, वचन या प्रतिज्ञा के अनुसार।

versprühen, v/t (h.) फुहारना, फुहार के रूप में छिड़कना।

verspüren, v/t (h.) का अनुभव क०, को अनुभव या अनुभूति होना, को महसूस क०, को महसूस होना; को लगना; को होना।

verstaatlich-en, v/t (h.) का राष्ट्रीयकरण क०; ~**ung,** f (-) राष्ट्रीयकरण।

verstädter-n, 1. v/t (h.) नगरीय या शहरी बनाना; 2. v/i (s.) नगरीय या शहरी बन जाना; ~**ung,** f (-) नगरीकरण, शहरी बनाना; शहरी बन जाना।

verstählen, v/t (h.) पर इस्पात की पर्त चढ़ाना।

Verstand, m (-[e]s) बुद्धि, अक़्ल, दिमाग़, ज्ञानशक्ति, विचारशक्ति, समझ, समझदारी; U: den Verstand verlieren की समझ पर पत्थर पड़ जाना, की अक़्ल मारी जाना; U: nicht recht bei Verstand sein का दिमाग़ ख़राब होना; ~**esmäßig,** adj. बुद्धिसंगत; ~**esmensch,** m. बुद्धिवादी, बुद्धि के आधार पर काम करने वाला व्यक्ति (भावना के आधार पर नहीं)।

verständig, adj. समझदार, विवेकी, विवेकशील; ~**en,** v/t (h.) को सूचना देना, को सूचित क०; sich mit jdm. verständigen किसी को अपना अभिप्राय या आशय स्पष्ट कर देना, किसी से इस प्रकार बात क० कि वह समझ सके; किसी से सहमत हो जाना, किसी से समझौता कर लेना; ~**keit,** f (-) समझ, समझदारी, विवेकशीलता; ~**ung,** f (-) ज्ञापन, सूचना देना; सहमति, समझौता; tel: श्रव्यता, टेलीफ़ोन पर बात का समझ में आना या सुनाई पड़ना।

verständlich, adj. आसानी से समझ में आने वाला, (सु)बोधगम्य; कर्णगोचर, सुश्रव्य; सुस्पष्ट; fig: स्वाभाविक; sich verständlich machen अपना अभिप्राय या आशय प्रकट कर देना; इतने ज़ोर से बोलना कि बात सुनाई पड़ जाए।

Verständnis, n (-ses) समझ, बोध, ज्ञान; किसी (की) परिस्थिति को समझने की क्षमता, किसी (की) परिस्थित के

प्रति सहिष्णुता या उदारता, क्षमाशीलता; सहानुभूति; ~**los,** adj. न समझने वाला, अनभिज्ञ; भौचक, चकराया हुआ; अनुदार, असहिष्णु; सहानुभूतिहीन; ~**voll,** adj. समझदार, अभिज्ञ; उदार, अनुकूल; सहानुभूतिक, सहानुभूतिपूर्ण।

verstärk-en, 1. v/t (h.) को अधिक मज़बूत बनाना, को सुदृढ़ बनाना; Truppen usw: की संख्या में वृद्धि क०; Farben: को गाढ़ा क०; el: परिवर्द्धित क०; chem: को सान्द्र क०; fig: बढ़ाना, में वृद्धि क०; को तेज़ क०, को तीव्र क०; 2. v/r (h.) सुदृढ़ या अधिक मज़बूत हो जाना; fig: बढ़ना, में वृद्धि होना; तेज़ हो जाना, तीव्र हो जाना; ~**er,** m (-s/-) el: प्रवर्द्धक (यंत्र); phot: तीव्रकारी रासायन; ~**ung,** f (-/-en) सुदृढ़ीकरण, अधिक मज़बूत बनाना; संख्या में वृद्धि; mil: कुमक; el: प्रवर्धन chem: सान्द्रण; fig: वृद्धि (क०), बढ़ाना या बढ़ाया जाना; तेज़ क०, तीव्रीकरण।

verstaubt, adj. धूलिमय, धूलि-धूसरित, धूल-भरा; fig: पुराना, अनाधुनिक, अप्रचलित; घिसा-पिटा।

verstauch-en, v/t (h.): sich die Hand/den Fuß verstauchen के हाथ/पैर में मोच आ जाना; ~**ung,** f (-/-en) मोच।

verstauen, v/t (h.) सजाकर रखना, लगा देना।

Versteck, n (-[e]s/-e) छिपने का स्थान; छिपाकर रखने का स्थान, गुप्त स्थान; ~**en,** v/t (h.) छिपाना, छिपा देना, छिपाकर रख देना; ~**spiel,** n आँख-मिचौनी, लुका-छिपी; ~**t,** adj. प्रच्छन्न, छिपा या छिपाया हुआ; fig: अव्यक्त, अप्रत्यक्ष, परोक्ष।

verstehen, v/t (h.) सुनना, को (साफ़-साफ़) सुनाई पड़ना; (begreifen) समझना, समझ लेना, की समझ में आना; (deuten) का अर्थ लगाना; (können) की क्षमता रखना, में निपुण या दक्ष होना, में माहिर होना; को आना (भाषा); का (अच्छा) ज्ञान होना; (Verständnis haben für) को समझना, के प्रति उदार या सहिष्णु होना; sich zu etw. verstehen किसी बात के लिए (अनिच्छा से) तैयार हो जाना, किसी बात को (अनिच्छा से) स्वीकार क० या कर लेना; sich auf etw. verstehen किसी काम में माहिर होना; sich mit jdm. verstehen की किसी के साथ पटना, के किसी के साथ अच्छे संबंध होना; der Preis versteht sich einschließlich Verkaufssteuer मूल्य में बिक्रीकर सम्मिलित है; das versteht sich (von selbst) यह तो ज़ाहिर है, यह सुस्पष्ट है; यह स्वाभाविक है।

versteifen, 1. v/t (h.) कड़ा क०, कड़ा बनाना; में टेक लगाकर मज़बूत या दृढ़ बनाना; 2. v/r (h.) कड़ा हो जाना; Glied usw: अकड़ जाना, कठोर हो जाना, सख्त हो जाना; fig: कठोर हो जाना, अड़ जाना; sich auf etw. versteifen किसी बात पर अड़ जाना।

versteigen, v/r (h.) ग़लत दिशा में चढ़ना, पहाड़ पर चढ़ते हुए रास्ता भूल जाना (पर्वतारोहियों का); fig: sich zu etw. versteigen किसी बात की धृष्टता या गुस्ताख़ी क०, किसी बात का दुःसाहस क०।

versteiger-n, v/t (h.) नीलाम क०; ~**ung,** f (-/-en) नीलाम।

versteiner-n, v/i (s.) अश्मीभूत हो जाना, पत्थर बन जाना; fig: स्तम्भित हो जाना, जड़ीभूत हो जाना; ~**ung,** f (-/-en) अश्मीभवन; अश्मीभूत वस्तु या जीव, जीवाश्म।

verstell-en, v/t (h.)का स्थान बदलना, को दूसरे स्थान पर रखना या लगाना, स्थानान्तरित क०; को इधर-उधर कर देना, का क्रम बदलना, को दूसरी स्थिति में लाना, को वांछित स्थिति में लाना; (versperren) रोकना, रोक देना (मार्ग,

दरवाज़ा आदि); (चीज़ों का ढेर लगा-कर) अवरुद्ध कर देना; Stimme usw: इस प्रकार बदलना कि लोग पहचान न पाएँ; sich verstellen बनना, दिखावा क०, ढोंग क०, बहाना क०; ~ung, f (-) दिखावा, ढोंग, बहाना (क०)।

versteu-ern, v/t(h.) पर कर देना, पर टैक्स देना; ~(e)rung, f (-) कर-दान, कर देना।

verstiegen, adj., fig: सनकी, झक्की; ऊटपटाँग, बेतुका।

verstimm-en, 1. v/t (h.) को रुष्ट, अप्रसन्न, नाराज़ कर देना; 2. v/i (s.) का सुर बिगड़ जाना; ~t, adj. बेसुरा, जिसका सुर बिगड़ गया हो (पियानो आदि); fig: रुष्ट, अप्रसन्न, नाराज़, ना-खुश; Magen: खराब; ~ung, f (-) अप्रसन्नता, नाराज़ी नाखुशी।

verstockt, adj., fig: हठधर्मी, अड़ियल, ज़िद्दी; पश्चात्तापहीन; ~heit, f (-) हठधर्मिता, अड़ियलपन, ज़िद्दीपन, ज़िद; पश्चात्तापहीनता।

verstohlen, 1. adj. गुप्त, लुका-छिपा; 2. adv. चुपचाप, नज़र बचाकर, लुके-छिपे।

verstopf-en, v/t (h.) भर देना, (कुछ भर कर या ठूँसकर) बंद क० या बंद कर देना; अवरुद्ध क० या कर देना; med: क़ब्ज़ क०, मलबंध पैदा क०; ~ung, f (-/-en) भरना या भरा जाना, भराई, बंद क० या किया जाना; अवरोध(न); med: क़ब्ज़, मलबंध, क़ब्ज़ियत।

verstorben, adj. दिवंगत, मृत; ~e, m/f (-n/-n) मृत व्यक्ति (पुरुष या स्त्री)।

verstört, adj. जो शोक या हादसे आदि के कारण मानसिक संतुलन खो बैठा हो, शोकाकुल, शोकग्रस्त; घबराया हुआ, अस्तव्यस्त; ~heit, f (-) मान-सिक असंतुलन, शोकाकुलता, शोक-ग्रस्तता; घबराहट, अस्तव्यस्तता।

Verstoß, m (-es/ ̈-e) उल्लंघन, भंजन, व्यतिक्रम; ~en, 1. v/t (h.) को (घर परिवार, बिरादरी आदि से) निकाल देना; 2. v/i (h.): gegen etw. verstoßen किसी बात (जैसे नियम, क़ानून आदि) का उल्लंघन क०; ~ung, f (-) निष्कासन, बहिष्करण, बहिष्कार।

verstreb-en, v/t (h.) में आड़ी थूनी लगाना, टेक लगाना; ~ung, f (-/-en) आड़ी थूनी या टेक के लिए प्रयुक्त शहतीरें आदि।

verstreichen, 1. v/t (h.) चुपड़ना, लगाना, का लेप क०; Mauerriß: को सीमेंट आदि से बंद क०; 2. v/i (s.) Zeit: कटना, गुज़रना, बीतना।

verstreuen, v/t (h.) छितराना, बिख-राना, बिखेरना; फैलाना।

verstrick-en, v/t (h.) बुनाई के लिए इस्तेमाल कर डालना (ऊन आदि); बुनाई में बिता देना (समय); fig: उल-झाना, उलझा देना, फँसाना, फँसा देना; fig: sich in etw. verstricken किसी बात, मामले, झंझट, चक्कर, जाल आदि में फँस जाना; ~ung, f (-/-en) fig: झंझट, चक्कर, उलझन, चकल्लस (में फँस जाना)।

verstümm-eln, v/t(h.) को अंगभंग कर देना, का कोई अंग काट देना, को विक-लांग कर देना; fig: को विकृत कर देना, का कुछ अंश काटकर अपूर्ण बना देना, में अर्थविपर्यय के उद्देश्य से परि-वर्तन क०; ~(e)lung, f (-/-en) अंग-छेदन, अंगकर्तन; fig: विकृत क० या किया जाना।

verstummen, v/i (s.) चुप हो जाना, खामोश हो जाना; की आवाज़ बंद हो जाना; समाप्त हो जाना, खत्म हो जाना।

Versuch, m (-[e]s/-e) प्रयत्न, कोशिश, प्रयास; सम्परीक्षा, परीक्षण, परीक्षण की क्रिया, प्रयोग, परख, जाँच; ~en, v/t (h.) का प्रयत्न क०, की कोशिश क०; (kosten) को चखकर देखना, का ज़ायका लेकर देखना; (verlocken) लुभाना, को प्रलोभन देना, को (किसी कुकर्म के लिए) प्रवृत्त क०, बहकाना;

(auf die Probe stellen) को आज़माना, परखना, जाँचना; की (कठोर) परीक्षा लेना; versucht sein, etw. zu tun कुछ करने के लिए प्रवृत्त होना; के मन में कुछ करने की प्रबल इच्छा होना; **~er,** m (-s/-) लुभाने वाला, प्रलोभक; शैतान, पिशाचनाथ; **~sballon,** m,fig: einen Versuchsballon steigen lassen किसी बात के बारे में लोगों की प्रतिक्रिया जानने का प्रयत्न क०, किसी चीज़ या बात को आज़माना; **~skaninchen,** n वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए प्रयुक्त ख़रगोश; U: किसी नई चीज़ को आज़माने के लिए प्रयुक्त व्यक्ति; **~sreihe,** f प्रयोग-शृंखला; **~stier,** n वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए प्रयुक्त पशु; **~sweise,** adv. प्रयोग के रूप में; आज़माइशी तौर पर, परख या आज़माइश के लिए; **~ung,** f (-/-en) प्रलोभन; परीक्षा।

versumpf-en, v/i (s.) दलदली या दलदलदार हो जाना; U: पतित हो जाना, का अधःपतन हो जाना; **~ung,** f (-) दलदली हो जाना; U: पतन, अधःपतन ।

versündig-en, v/r (h.) पाप क०, गुनाह क०; के विरुद्ध आचरण क०; के साथ अन्याय, अत्याचार, ज़्यादती क०; **~ung,** f (-) पापकरण; पाप, पातक, गुनाह, पापकर्म; अन्याय, अत्याचार, ज़्यादती।

versunken, adj.: in Gedanken versunken विचारमग्न, विचारों में लीन; **~heit,** f (-) विचारमग्नता, लीनता।

versüßen, v/t (h.) में मीठा मिलाना, को मीठा क०; fig: को प्रिय या मधुर बनाना।

vertag-en, v/t (h.) स्थगित क०, मुल्तवी क०, को भविष्य में किसी समय करने का निर्णय क०; **~ung,** f (-/-en) स्थगन, मुल्तवी।

vertäuen, v/t (h.) mar: रस्सों से बाँध देना या कस देना (तट पर)।

vertauschen, v/t (h.) ग़लती से कोई दूसरी (या दूसरे की) चीज़ ले जाना, ग़लती से अदला-बदली कर देना; किसी वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु का प्रयोग क०; बदल देना, अदला-बदली क०।

verteidig-en, v/t (h.) की रक्षा या प्रतिरक्षा क०, का बचाव क०; का औचित्य दिखाना, का समर्थन क०, की सफ़ाई देना; jur: प्रतिवाद क०, का वकील होना; **~er,** m (-s/-) jur: प्रतिवादी वकील, मुद्दालेह का वकील; (Fürsprecher) समर्थक; sport: गोल बचाने वाला खिलाड़ी; **~ung,** f (-/-en) रक्षा, प्रतिरक्षा, बचाव; औचित्य-प्रदर्शन, सफ़ाई, समर्थन; jur: मुद्दालेह के पक्ष में वकालत; प्रतिपक्ष, मुद्दालेह का वकील; sport: बचाव करने वाले खिलाड़ियों का दल; **~ungsminister,** m (प्रति)रक्षामंत्री; **~ungsministerium,** n रक्षामंत्रालय।

verteil-en, v/t (h.) बाँटना, वितरित क०, यथोचित भागों में बाँटना, संविभाजित क०, (बराबर-बराबर भागों में) बाँटकर रखना; फैलाना, फैला देना; sich verteilen फैलना, फैल जाना; बँट जाना, बँटकर अलग हो जाना; **~er,** m (-s/-) वितरक; el: संयोग-चक्रिका; auf Rundschreiben: प्रतिलिपि प्राप्त करने वालों की सूची; **~ung,** f (-/-en) वितरण; **~ungsschlüssel,** m वितरण-सूत्र।

verteu-ern, 1. v/t (h.) का मूल्य बढ़ाना; 2. v/r (h.) का मूल्य बढ़ जाना; **~(e)rung,** f (-/-en) मूल्य में वृद्धि।

verteuf-eln, v/t (h.) को बुरा बताना, की विद्वेषपूर्वक निन्दा क०; **~elt,** 1. adj., U: बुरा, ख़राब, निकृष्ट, घृणित; 2. adv., U: अत्यधिक, बहुत ही, बेहद, निहायत; **~(e)lung,** f (-) विद्वेषपूर्ण निन्दा।

vertief-en, 1. v/t (h.) को (अधिक) गहरा क०, को (और) गहरा क० या बनाना; fig: को और गहन या गंभीर

बनाना; को बढ़ाना (ज्ञान आदि); 2. v/r (h.) और गहरा हो जाना; fig: और गहन या गंभीर हो जाना; बढ़ जाना; fig: sich in etw. vertiefen किसी बात, काम आदि में लीन या तल्लीन हो जाना; ~ung, f (-/-en) गहराई, गड्ढा, पिचक, छेद, धसकन आदि; o.pl: और गहरा क० या किया जाना; fig: और गहन या गंभीर क० या किया जाना।

vertikal, adj. [lat.] खड़ा, ऊर्ध्व, उदग्र; ~**e,** f (-n/-n) खड़ी रेखा, ऊर्ध्वाधर रेखा।

vertilg-en, v/t (h.) नष्ट क०, नष्ट कर देना; उखाड़ फेंकना; U: खाना, खा जाना, निगलना, निगल जाना; ~**ung,** f (-/-en) नाश; नष्ट क० या किया जाना; मूलोच्छेदन।

vertippen, v/t (h.) U: ग़लत टाइप क०; sich vertippen टाइप करने में ग़लती क०, ग़लत टाइप क०।

vertonen, v/t (h.) को संगीतबद्ध क०।

vertönen, v/i (s.) धीरे-धीरे विलीन हो जाना, धीरे-धीरे समाप्त हो जाना (ध्वनि आदि)।

Vertonung, f (-/-en) संगीतबद्ध क० या किया जाना।

vertrackt, adj., U: उलझा हुआ, उलझनदार; झंझट वाला, बुरा, खराब, अप्रिय।

Vertrag, m (-[e]s/ ⸚e) समझौता; अनुबंध, संविदा; इक़रारनामा, अनुबंध-पत्र, संविदा-पत्र; संधि।

vertragen, v/t (h.)सहन क०, बरदाश्त क०, से सहन या बरदाश्त होना; Speisen/Getränke usw: का सेवन कर सकना, पर किसी खाद्य या पेय का प्रतिकूल प्रभाव न पड़ना; sich mit jdm. vertragen की किसी के साथ पटना, किसी के साथ परस्पर मेल होना, किसी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध होना, किसी के साथ मेल से रहना; sich mit etw. vertragen किसी बात या चीज़ से मेल खाना, किसी बात या चीज़ के अनुकूल होना।

vertraglich, 1. adj. संविदागत, सांविदिक, संविदात्मक, संविदा या अनुबंध द्वारा पक्का किया हुआ; 2. adv. संविदा या अनुबंध द्वारा।

verträglich, adj. सेवनीय, सुपाच्य; अनुकूल, मुआफ़िक, माफ़िक; fig: भला, सीधा, सुलझा हुआ, सौहार्दपूर्ण, प्रिय; ~**keit,** f (-) सेवनीयता, सुपाच्यता, अनुकूलता; fig: भलाई, सुलझा हुआ स्वभाव, सौहार्द्, सौहार्द्पूर्णता।

Vertrags-abschluß, m संविदा या अनुबंध का (हस्ताक्षर द्वारा)पक्का किया जाना; ~**entwurf,** m संविदा का प्रारूप या मसौदा; ~**gemäß,** adv. अनुबंध या संविदा के अनुसार; ~**partner,** m संविदा करने वाला पक्ष; ~**strafe,** f संविदा-भंग का दंड; ~**werk,** n संविदा-पत्र, अनुबंध-पत्र, इक़रारनामा।

vertrauen, 1. v/t (h.) →anvertrauen; 2. v/i (h.) पर (पूरा) विश्वास क०, पर (पूरा) भरोसा क० या रखना, पर (पूरी) आस्था रखना; का आसरा क० या रखना; auf jdn./etw. vertrauen किसी व्यक्ति/बात पर विश्वास क०, को किसी व्यक्ति/बात का विश्वास या भरोसा होना;किसी व्यक्ति/बात का आसरा क० या रखना; 3. n (-s) विश्वास, भरोसा, आस्था, विश्रम्भ; jds. Vertrauen genießen किसी का विश्वासपात्र होना; im Vertrauen (gesagt) गोपनीय रूप से, यह मैं आप को आपसी विश्वास के आधार पर बता रहा हूँ।

Vertrauens-frage, f, parl: विश्वास-प्रस्ताव; ~**mann,** m मध्यस्थ, बिचौलिया; ~**person,** f भरोसे का व्यक्ति (स्त्री या पुरुष); ~**sache,** f विश्वास की बात, विश्वास का प्रश्न; ~**selig,** adj. आशुविश्वासी, आसानी से विश्वास कर लेने वाला; ~**seligkeit,** f (-) आशुविश्वासिता, आसानी से विश्वास कर लेने का स्वभाव; ~**voll,** adj. विश्वासी; विश्वासपूर्ण;

~**würdig**, adj. विश्वसनीय, विश्वास्य, भरोसे का।

vertraulich adj. गोपनीय; घनिष्ठ, अन्तरंग; आवश्यकता से अधिक घनिष्ठतापूर्ण; ~**keit**, f (-/-en) गोपनीयता; घनिष्ठता, आत्मीयता; आवश्यकता से अधिक घनिष्ठता।

verträum-en, v/t (h.) कल्पना-जगत् में विचरण करते हुए बिता देना, दिवास्वप्नों में बिता देना; ~**t**, adj. स्वप्नद्रष्टा, अव्यवहारिक; स्वप्निल, रमणीय; ~**theit**, f (-) अव्यवहारिकता; स्वप्निलता, रमणीयता।

vertraut, adj. घनिष्ठ, अन्तरंग; से अभिज्ञ या परिचित; में दक्ष, निपुण, प्रवीण, अनुभवी; ~**heit**, f (-) घनिष्ठता; अभिज्ञता, जानकारी, परिचय; दक्षता, निपुणता, अनुभव।

vertreib-en, v/t (h.) मार भगाना, भगा देना, खदेड़ देना; (bannen) निकाल देना, निष्कासित कर देना; को दूर कर देना; (verkaufen) बेचना; Zeit: बिताना; von dem Besitz: बेदखल कर देना; ~**ung**, f (-/-en) निष्कासन; बेदखली।

vertret-en, v/t (h.) का प्रतिनिधि होना, का प्रतिनिधित्व क०; के स्थान पर काम क०, की एवजी में काम क०, का प्रतिपुरुष होना; Sache: का समर्थन क०, का समर्थक या हिमायती होना; का औचित्य दिखाना; Meinung: का विचार होना, की कोई (विशेष) विचार-धारा होना; eine Firma usw: का माल बेचना, के माल को बेचने का प्रबंध क०, का एजेंट होना; jur: की वकालत क०; के स्थान पर न्यायालय में उपस्थित होना; jdm. den Weg vertreten किसी का रास्ता रोक लेना; sich den Fuß vertreten के पैर में मोच आ जाना; U: sich die Beine vertreten काफ़ी देर बैठे रहने के बाद चल-फिरकर टाँगें सीधी क०; vertreten sein (प्रतिनिधि के रूप में) उपस्थित होना; सम्मिलित होना; ~**er**, m (-s/-) प्रतिनिधि; प्रतिपुरुष, स्थानापन्न व्यक्ति; समर्थक, हिमायती; (विक्रय-)एजेंट; वकील; किसी के स्थान पर न्यायालय में उपस्थित होने वाला; ~**ung**, f (-/-en) प्रतिनिधित्व; प्रतिनिधि-मंडल; स्थानापत्ति; स्थानापन्न व्यक्ति; एजेंसी; एजेंट; वकालत; वकील।

Vertrieb, m (-[e]s/-e) विक्रय; विक्रय-विभाग, विपणन-विभाग; ~**skosten**, pl. विक्रय-व्यय; विक्रय-विभाग का व्यय।

vertrimmen, v/t (h.) U: की पिटाई, ठुकाई, कुटाई क०।

vertrinken, v/t (h.) शराब में उड़ा देना।

vertrocknen, v/i (s.) सूख जाना; मुरझा जाना; fig: ein vertrockneter Mensch हठधर्मी इंसान, बुढ़ापे आदि के कारण ज़िद्दी तथा अल्पबुद्धि हो गया इंसान।

vertrödeln, v/t (h.) U: बरबाद क०, ख़राब क०, गँवाना (समय)।

vertröst-en, v/t (h.) को (किसी बात का वादा करके) टाल देना; ~**ung**, f (-/-en) (वादा करके) टालना।

vertrotteln, v/i (s.) U: मूढ़ हो जाना, मन्दमति हो जाना; सठिया जाना।

vertun, 1. v/t (h.) बरबाद क०, ख़राब क०, गँवाना, नष्ट क० (धन, समय); 2. v/r (h.) ग़लती क०, से ग़लती हो जाना।

vertuschen, v/t (h.) छिपाना, दबाना, पर परदा डालना।

verübeln, v/t (h.): jdm. etw. verübeln किसी की किसी बात का बुरा मानना या मान जाना।

verüben, v/t (h.) करना (छलघात, हत्या, अपराध, जुर्म आदि)।

verulken, v/t (h.) U: की हँसी उड़ाना, को उल्लू बनाना।

verunglimpf-en, v/t (h.) की निन्दा क०; पर कलंक लगाना, (के नाम) पर बट्टा लगाना; ~**ung**, f (-/-en) निन्दा; कलंक लगाना।

verunglücken, v/i (s.) दुर्घटनाग्रस्त हो जाना; U: बिगड़ जाना; विफल हो जाना, में सफलता न मिलना; U: das ist ihm verunglückt उसे इसमें सफलता नहीं मिली; उससे यह बिगड़ गया ।

verunreinig-en, v/t (h.) गंदा क०, मैला क०; दूषित क०; **~ung**, f (-/-en) गंदा क०, गंदगी फैलाना; दूषण ।

verunsichern, v/t (h.) को (जान-बूझकर) घबरा देना, के आत्मविश्वास को हिला देना ।

verunstalt-en, v/t (h.) विरूपित या विकृत क०, की शक्ल बिगाड़ देना, का रूप बिगाड़ देना; **~ung**, f (-) विरूपण; विकृति ।

veruntreu-en, v/t (h.) अनधिकृत रूप से ले लेना (धन), का ग़बन क०; **~ung**, f (-/-en) ग़बन ।

verunzieren, v/t (h.)→verunstalten

verursachen, v/t (h.) उत्पन्न क०, का क़ारण बनना, का कारण होना; के लिए आवश्यक होना ।

verurteil-en, v/t (h.) की निन्दा क०, का गर्हण क०, को बुरा बताना; को अपराधित क०, को कोई दंड या सज़ा देना; fig: dieser Plan war von Anfang an zum Scheitern verurteilt यह तो प्रारम्भ से स्पष्ट था कि यह योजना असफल हो जाएगी, इस योजना की विफलता प्रारंभ से ही निश्चित थी; **~ung**, f (-/-en) निन्दा, गर्हण; अभिशंसा, दोषसिद्ध; दंडाज्ञा ।

vervielfach-en, v/t (h.) को कई गुना क०, में काफ़ी अधिक वृद्धि क०; math: से गुणा क०; sich vervielfachen कई गुना हो जाना, में काफ़ी अधिक वृद्धि हो जाना, की संख्या काफ़ी बढ़ जाना; **~ung**, f (-/-en) कई गुना किया जाना या होना; वृद्धि; math: गुणन ।

vervielfältig-en, v/t (h.) की (कई) अनुलिपियाँ बनाना; **~ung**, f (-/-en) अनुलिपियाँ बनाना ।

vervollkomm-nen, v/t (h.) को पूर्ण क०, का परिष्कार क०, को आदर्श या अनिन्द्य बनाना; **~nung**, f (-) परिष्करण; परिष्कार ।

vervollständig-en, v/t (h.) को पूरा क०, की कमी को पूरा क०, संपूरण क०; **~ung**, f (-) संपूरण ।

verwachs-en, 1. v/t (h.) Kleidung usw: इतना बढ़ जाना कि वस्त्रादि छोटे हो जाएँ; 2. v/i (s.) भर जाना (घाव आदि); एक साथ जुड़ जाना (अंग, अवयव आदि); एक साथ जुड़कर बढ़ना या उगना; कुबड़ा होना या हो जाना; fig: एकीभाव होना, एक हो जाना, मिल जाना, मिलकर एक हो जाना; 3. adj. विकृत, विरूपित, विकलांग; कुबड़ा; Garten/Weg: घास या झाड़ियों आदि से भरा हुआ; **~ung**, f (-/-en) विकृति, अंग-विकृति ।

verwackelt, adj., Foto: (चित्र लेते समय कैमरा हिल जाने के कारण) अस्पष्ट ।

Verwahr, m: etw. in Verwahr nehmen किसी वस्तु को हिफ़ाज़त से रख देना या रख लेना; **~en**, v/t (h.) हिफ़ाज़त से रखना, रख लेना; रख देना; fig: sich gegen etw. verwahren किसी बात का विरोध क० ।

verwahrlos-en, v/i (s.) बिगड़ जाना; आवारा हो जाना, बदचलन हो जाना; पतित हो जाना, का अधःपतन हो जाना; लावारिस होना (जानवर); की देखभाल न होना, बिना देखभाल के कारण बेकार हो जाना, बरबाद हो जाना, जीर्ण-शीर्ण हो जाना; **~ung**, f (-) पतन, अधःपतन; देखभाल के अभाव में बरबादी या क्षय ।

Verwahrsam, m (-s) परिरक्षा, हिफ़ाज़त, निगरानी; हिरासत, हवालात ।

Verwahrung, f (-) हिफ़ाज़त से रखना या रखा जाना; परिरक्षा, हिफ़ाज़त, निगरानी ।

verwais-en, v/i (s.) अनाथ हो जाना, यतीम हो जाना; fig: निर्जन हो जाना, खाली हो जाना; **~ung,** f (-) अनाथ या यतीम होना; fig: निर्जन हो जाना।

verwalt-en, v/t (h.) प्रशासन क०; संचालन, प्रबंध, व्यवस्था, देख-रेख क०; सँभालना, देखना; **~er,** m (-s/-) प्रशासक; प्रबंधक, प्रबंधकर्ता, कारिन्दा, व्यवस्थापक; **~ung,** f (-/-en) प्रशासन; प्रशासक, प्रशासक-मंडल; प्रशासन-संस्था; प्रबंध; प्रबंधक, प्रबंधक-समिति, प्रबंधक-मंडल; प्रबंध करने वाली संस्था; व्यवस्था; व्यवस्थापक, व्यवस्थापक-समिति; **~ungsakt,** m प्रशासनिक कार्यवाही।

verwand-eln, v/t (h.) (में) परिवर्तित क०, (में) बदल देना; का रूप, स्वरूप, स्वभाव बदल देना, को कोई दूसरा रूप देना; sich verwandeln परिवर्तित हो जाना, बदल जाना; का रूप धारण कर लेना; का रूप, स्वरूप, स्वभाव बदल जाना; **~lung,** f (-/-en) परिवर्तन, तब्दीली; रूपान्तरण, रूप-परिवर्तन, स्वभाव-परिवर्तन।

verwandt, adj. संबंधित; सजात, सजातीय, समस्रोतीय; सगोत्र; fig: समान विचारों या भावनाओं वाला; **~e,** m/f (-n/-n) नातेदार, रिश्तेदार, संबंधी; नातेदारिन, रिश्तेदारिन; **~schaft,** f (-/-en) संबंध, नाता, रिश्ता; नातेदारी, रिश्तेदारी, संबंधीगण; fig: विचारों या भावनाओं की समानता; **~schaftlich,** adj. रिश्तेदारी का, नातेदारी का, नातेदारी-संबंधी, नाते या रिश्ते पर आधारित।

verwarn-en, v/t (h.) को चेतावनी देना; को फटकारना, की भर्त्सना क०; **~ung,** f (-/-en) चेतावनी; भर्त्सना।

verwaschen, adj. बहुत धुलाई के कारण फीका पड़ गया; Farbe: फीका, निर्जीव, धुलाई से फीका या हल्का पड़ गया; fig: धुंधला, अस्पष्ट; जिसका अर्थ सुस्पष्ट न हो।

verwässern, v/t (h.) में पानी मिलाना या मिला देना, को पानी मिलाकर पतला क० या कर देना; fig: को असार बना देना, के मूल तत्व को बिगाड़ देना, को नीरस बना देना।

verweben, v/t (h.) बुनाई के लिए इस्तेमाल कर डालना; के साथ बुनना, सन्निविष्ट क०; fig: मिलाकर एक कर देना, एक ही कथासूत्र में ग्रथित क० या कर देना।

verwechs-eln, v/t (h.) ग़लती से एक को दूसरा समझना, ग़लती से किसी वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु का प्रयोग क०, ग़लती से अदला-बदली कर देना; U: er verwechselt mein und dein वह चोर है; **~(e)lung,** f (-/-en) ग़लती से अदला-बदली, ग़लती से एक को दूसरा समझना।

verwegen,adj. निर्भीक, निडर, साहसी; दुःसाहसी, दुःसाहसपूर्ण; धृष्ट, गुस्ताख़; **~heit,** f (-) निर्भीकता, निडरता, साहस; दुःसाहस; धृष्टता, गुस्ताख़ी।

verwehen, 1. v/t (h.) उड़ा ले जाना, उड़ा देना; (पदचिह्न, लीक आदि) को मिटा देना या धूल आदि से ढक देना; 2. v/i (s.) हवा में उड़ जाना, तूफ़ान के कारण हिम या धूल से ढक जाना।

verwehren, v/t (h.): jdm. etw. verwehren किसी को कोई काम न करने देना, किसी को किसी बात या काम की मनाही क०, किसी को किसी काम से रोकना।

Verwehung, f (-/-en) वायुताड़ित हिमराशि।

verweichlich-en, 1. v/t (h.) को (लाड़-प्यार से) नाज़ुक या कमज़ोर बनाना; पौरुषहीन या ज़नाना बना देना; 2. v/i (s.) (लाड़-प्यार के कारण) नाज़ुक या कमज़ोर हो जाना; पौरुषहीन या ज़नाना हो जाना; **~ung,** f (-) (लाड़-प्यार से) नाज़ुक या कमज़ोर बनाना या बनाया जाना; पौरुषहीन या ज़नाना बनाया जाना।

verweiger-n, v/t (h.) कुछ करने से इनकार कर देना; कुछ देने या स्वीकार

करने से इनकार कर देना; नहीं देना, की आज्ञा न देना; jdm. den Gehorsam verweigern किसी की अवज्ञा क०, किसी की आज्ञा मानने से इनकार कर देना; ~ung, f (-/-en) इनकार, अस्वीकरण; अस्वीकृति, कुछ करने या देने से इनकार।

verweilen, v/i & v/r (h.) रुकना, ठहरना, थोड़ी देर के लिए ठहर जाना या विश्राम क०।

verweint, adj. रोने के कारण लाल या सूजी हुई (आँखें); आँसुओं के दाग़ों से युक्त (चेहरा)।

[1]Verweis, m (-es/-e) चेतावनी; डाँट, फटकार; लिखित भर्त्सना।

[2]Verweis, m (-es/-e) निर्देश, संकेत, उल्लेख, संदर्भ।

verweis-en, v/t (h.): jdn. an jdn. anderen verweisen किसी को किसी दूसरे व्यक्ति के पास भेजना, किसी से किसी दूसरे व्यक्ति के पास जाने को कहना; auf etw. verweisen किसी बात की ओर संकेत क०, किसी बात का संदर्भ देना; jdn. (von) der Schule verweisen किसी को स्कूल से निकाल देना; jdn. des Landes verweisen किसी को देशनिकाला देना; jdn. des Saales verweisen [jdn. aus dem Saal verweisen] किसी को हॉल से निकाल देना; **~ung,** f (-/-en) निष्कासन; देशनिकाला; (Hinweis) अभिदेशन, निर्देशन, संकेत, उल्लेख, संदर्भ; jur: किसी मुक़दमे का अन्य न्यायालय में भेजा जाना।

verwelken, v/i (s.) मुरझा जाना, कुम्हला जाना; fig: निस्तेज हो जाना, कान्तिहीन हो जाना; समाप्त हो जाना (ख्याति आदि)।

verweltlich-en, 1. v/i (s.) सांसारिक बनना या बन जाना; धर्मनिरपेक्ष बनना या बन जाना; 2. v/t (h.) सांसारिक बनाना; धर्मनिरपेक्ष बनाना; चर्च के प्रभाव या अधिकार से मुक्त क०; **~ung,** f (-) सांसारिक, धर्मनिरपेक्ष बनाया जाना या बनना, धर्मनिरपेक्षण, धर्मनिरपेक्षीकरण।

verwend-bar, adj. प्रयोज्य, व्यवहार्य; उपयोगी, काम का; **~en,** v/t (h.) का प्रयोग, उपयोग, इस्तेमाल क०, को काम में लाना; Mühe/Geld/Zeit usw: लगाना; jdn zu etw. verwenden किसी व्यक्ति का किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए साधन के रूप में प्रयोग क०, किसी व्यक्ति को किसी बात का साधन बनाना; sich für jdn. verwenden किसी व्यक्ति की सिफ़ारिश क०, किसी व्यक्ति के लिए निवेदन क०; किसी व्यक्ति का कोई काम करवाना; **~ung,** f (-) प्रयोग, उपयोग, इस्तेमाल।

verwerfen, 1. v/t (h.) को इस प्रकार से फेंक देना कि फिर न मिले (गेंद आदि); को अस्वीकार क०, को नहीं मानना, की उपेक्षा क०; jur: रद्द क०, ख़ारिज क०; अस्वीकार क०; 2. v/i (h.) Tiere: को गर्भपात होना, उलट जाना; 3. v/r (h.) Holz: संवलित हो जाना; beim Kartenspiel: ग़लत पत्ता चलना; geol: विस्थापित हो जाना।

verwerflich, adj. घृण्य, जघन्य, निन्द्य, बुरा, अनैतिक, नैतिकता के दृष्टिकोण से अमान्य; **~keit,** f (-) घृण्यता, जघन्यता, अनैतिकता, निन्द्यता।

Verwerfung, f (-/-en) अस्वीकरण; jur: ख़ारिज क० या किया जाना; geol: विस्थापन।

verwert-bar, adj. उपयोगी, प्रयोज्य, इस्तेमाल के क़ाबिल, जिसका उपयोग संभव हो; **~en,** v/t (h.) का उपयोग क०, का इस्तेमाल क०, का समुचित उपयोग या सदुपयोग क०, को काम में लाना; से लाभ उठाना; **ung,** f (-) उपयोग, सदुपयोग, प्रयोग, इस्तेमाल, समुचित उपयोग।

verwes-en, v/i (s.) सड़ना, सड़ जाना (लाश आदि); **~lich,** adj. सड़नशील, क्षयशील; **~ung,** f (-) सड़न; सड़ाव, क्षय।

verwichsen, v/t (h.) U: की ठुकाई, पिटाई, कुटाई क०; Geld: उड़ा देना ।

verwick-eln, v/t (h.) उलझाना, उलझा लेना, उलझा देना, फँसाना, फँसा लेना, फँसा देना; fig: sich in Widersprüche verwickeln परस्पर-विरोधी बयान देना; **~elt,** adj., fig: जटिल, पेचीदा, कठिन; **~(e)lung,** f (-/-en) गुत्थी, उलझन; झंझट, चक्कर, समस्या; मुश्किल, कठिनाई ।

verwilder-n, v/i (s.) जंगली बन जाना या हो जाना; की दशा बिगड़ जाना; (बिना देखभाल के कारण) घास-फूस से ढक जाना या उजाड़ हो जाना; **~t,** adj. जंगली, असभ्य, असभ्यतापूर्ण; देखभाल के अभाव में जिसकी दशा बिगड़ गई हो; अपतृणयुक्त, घास-फूस से भरा, उजाड़ ।

verwind-en, v/t (h.) (अपमान, निराशा आदि) को भूल जाना या भुला देना; (दुःख, क्षोभ, ग्लानि आदि) पर विजय पाना ।

verwirk-en, v/t (h.) (अपनी ग़लती से) खो बैठना, से हाथ धो बैठना, से वंचित हो जाना ।

verwirklich-en, v/t (h.) को वास्तविकता का रूप देना, को चरितार्थ क०, को (पूरा) कर दिखाना, को साकार कर देना; **~ung,** f (-) वास्तविकता का रूप देना या दिया जाना, साकारीकरण, सिद्धि, निष्पत्ति ।

verwirr-en, v/t (h.) उलझाना, उलझा देना, अस्तव्यस्त क० या कर देना; fig: घबरा देना, को घबराहट में डाल देना, चकरा देना, व्याकुल कर देना, उलझन में डाल देना; **~ung,** f (-) अस्तव्यस्तता; fig: घबराहट, उलझन, संभ्रम, संभ्रान्ति; घपला, गड़बड़ ।

verwirtschaften, v/t (h.) (दुर्व्यवस्था द्वारा) बरबाद कर देना; उड़ा देना ।

verwischen, v/t (h.) धुंधला या अस्पष्ट बनाना (घिस या रगड़कर); fig: मिटा देना; sich verwischen धुंधला हो जाना या पड़ जाना, अस्पष्ट हो जाना; fig: मिट जाना, न रह जाना (अन्तर आदि) ।

verwitter-n, v/i (s.) का अपक्षय हो जाना (ऋतुप्रभाव से); **~t,** adj. अपक्षीण; fig: बहुत अधिक झुर्रीदार; **~ung,** f (-) अपक्षयण, अपक्षय ।

verwitwet, adj. विधुरित, जिसकी पत्नी मर गई हो, जिसका पति मर गया हो ।

verwöhnen, v/t (h.) को बहुत लाड़-प्यार क०, को बहुत लाड़-प्यार से बिगाड़ना; की हर इच्छा को पूरा कर देना; की आदत बिगाड़ देना (बहुत लाड़ करके); को नाज़ुक या सुकुमार बना देना ।

verwohnt, adj. अधिक प्रयोग द्वारा जीर्ण-शीर्ण (फ़र्नीचर, मकान आदि) ।

Verwöhn-theit, f (-) बहुत लाड़-प्यार से बिगड़ी हुई आदत या आदतें; सुकुमारता, नज़ाकत; **~ung,** f (-) बहुत लाड़-प्यार (से बिगाड़ना); नाज़ुक या सुकुमार बनाना ।

verworfen, adj. चरित्रहीन, बदचलन; अधम, कमीना, नीच; **~heit,** f(-) चरित्रहीनता; अधमता, कमीनपन, नीचता ।

verworren, adj. अस्पष्ट, अव्यवस्थित, ऊटपटाँग; जटिल, पेचीदा, उलझा हुआ; **~heit,** f (-) अस्पष्टता, ऊटपटाँगपन; घपला, गड़बड़; जटिलता, पेचीदगी ।

verwund-bar, adj. भेद्य, सुभेद्य, छेद्य; fig: अतिसंवेदनशील, शीघ्र अपमानित हो जाने वाला; **~en,** v/t (h.) को घायल कर देना, को ज़ख़्मी क० या कर देना; fig: की भावनाओं को चोट या ठेस पहुँचाना ।

verwunder-lich, adj. आश्चर्यजनक; विस्मयकारी, अद्भुत, अजीब, अजीबोग़रीब; **~n,** v/t (h.) को (आश्चर्य)-चकित या विस्मित क० या कर देना; को अचंभे में डालना; sich verwundern को ताज्जुब, आश्चर्य, अचम्भा होना; **~ung,** f (-) आश्चर्य, ताज्जुब, अचम्भा, विस्मय ।

Verwund-ete, m/f (-n/-n) घायल व्यक्ति (पुरुष या स्त्री); **~ung,** f

(-/-en) घाव, ज़ख़्म, चोट।
verwunschen, adj. अभिशप्त, शापित, शापग्रस्त; भुतहा।
verwünsch-en, v/t (h.) को धिक्कारना; को शाप देना; **~t,** adj. अत्यन्त अप्रिय, मनहूस; **~ung,** f (-/-en) शाप, अभिशाप, अपशब्द; दुर्वचन।
verwurz-eln, v/i (s.) जड़ पकड़ना; fig: (किसी) की जड़ जम जाना, जम जाना या बस जाना; **~elt,** adj. बद्धमूल, सुदृढ़, पक्का, जमा हुआ।
verwüst-en, v/t (h.) का विध्वंस क० या कर देना, को तबाह क० या कर देना; fig: (चेहरे) को पूर्णतया कान्तिहीन कर देना; **~ung,** f (-/-en) विध्वंस, सर्वनाश, तबाही।
verzag-en, v/i (s.) हताश हो जाना, हिम्मत या आशा छोड़ देना, हिम्मत हार जाना; **~theit,** f (-) हताशा, नैराश्य; साहसहीनता, बुज़दिली, हिम्मत छोड़ देने की प्रवृत्ति।
verzählen, v/r (h.) ग़लत गिनना, गिनने में ग़लती क०।
verzahn-en, v/t(h.)एक दूसरे में फँसाना; डवचूल से जोड़ना; fig: सम्बद्ध क०, अन्तर्बद्ध क०; **~ung,** f (-/-en) एक दूसरे में फँसाने की क्रिया या व्यवस्था, डवचूल; fig: आन्तरिक संबंध।
verzanken, v/r (h.)(आपस में) लड़ना, झगड़ा क०, लड़ाई क० या कर लेना।
verzapfen, v/t (h.) ढोल से टोंटी के द्वारा बियर आदि निकाल कर देना; Holzteile: सालना, चूल से जोड़ना; U:(ऊटपटाँग बातें) बनाना या सुनाना।
verzärt-eln, v/t (h.) को बहुत लाड़-प्यार क०, को लाड़-प्यार से बिगाड़ना; **~(e)lung,** f (-) बहुत लाड़-प्यार।
verzauber-n, v/t (h.) के रूप को जादू से बदल देना, को जादू के द्वारा कोई दूसरा रूप दे देना; fig: मंत्रमुग्ध क० या कर लेना, मोह लेना, मोहित क० या कर लेना; **~ung,** f (-/-en) जादू; द्वारा रूप-परिवर्तन; fig:सम्मोहन।
Verzehr, m (-[e]s) उपभोग, खपत, खर्च (खाने-पीने की वस्तुओं के लिए प्रयुक्त); **~en,** v/t (h.) का उपभोग क०, खाना, पीना, खाना-पीना; खाने-पीने या जीवनयापन के लिए व्यय क०; fig: को क्षीण क०, को घुलाना; fig: sich nach etw. verzehren किसी वस्तु या बात के लिए तरसना।
verzeich-nen, v/t (h.) का ग़लत चित्र बनाना; लिखना, लिख लेना, लिख देना; अंकित क०, दर्ज क०; fig: का अयथार्थ वर्णन क०, का अयथार्थ रूप प्रस्तुत क०; Fortschritte verzeichnen प्रगति क०; er hat große Erfolge zu verzeichnen उसने बहुत सफलता प्राप्त की (है); es sind mehrere Todesfälle zu verzeichnen कई लोगों की मृत्यु हो गई; **~nis,** n (-ses/-se) सूची, फ़िह्‌रिस्त; पंजी, रजिस्टर।
verzeih-en, v/t (h.) क्षमा क० या कर देना, माफ़ क० या कर देना, का बुरा न मानना; **~lich,** adj. क्षम्य; माफ़ी योग्य; **~ung,** f (-/-en) क्षमा, माफ़ी।
verzerr-en, v/t (h.) विकृत या विरूपित क०, बिगाड़ना; सिकोड़ना, टेढ़ा क०; Sehne / Muskel: को बहुत अधिक तानना, मुड़काना, ऐंठना, पर अधिक बल डालना; fig: का अयथार्थ या मिथ्या वर्णन क०; को अस्पष्ट बनाना (ध्वनि आदि); **~ung,** f (-/-en) विकृति; विरूपण; मुड़क, ऐंठन, बल; fig: अयथार्थ या मिथ्या वर्णन; ध्वनि आदि की अस्पष्टता।
verzett-eln, v/t (h.) एक-एक पर्ची या काग़ज़ पर अलग-अलग लिखना; छोटे-छोटे तथा महत्वहीन कामों में बरबाद क० (धन या समय या शक्ति), बेकार की बातों में गँवाना या नष्ट क०; sich verzetteln एक साथ कई काम शुरू क० तथा किसी को भी पूरा न कर पाना, बेकार के कामों में फँसा रहना तथा कोई ढंग का काम न क०; **~(e)lung,** f (-) बेकार के कामों में समय या शक्ति आदि का अपव्यय।

Verzicht, m (-[e]s/-e) त्याग, परित्याग; अधिकार-त्याग; ~**en,** v/i (h.) त्यागना, त्याग देना, त्याग क०, छोड़ देना; अधिकार त्यागना; के बिना काम चलाना; ~**leistung,** f → Verzicht

verziehen, 1. v/t (h.) विकृत या विरूपित क०; सिकोड़ना, टेढ़ा क०; बिगाड़ना (मुँह), बदलना (भावभंगिमा); ein Kind: का लाड़-प्यार से बिगाड़ना, की ग़लत परवरिश क०; 2. v/r (h.) का रूप बदल जाना, टेढ़ा हो जाना, सिकुड़ जाना; Wolken: चला जाना, ग़ायब हो जाना; Holz: संवलित हो जाना; Schmerz: दूर हो जाना; U: चुपचाप खिसक जाना; 3. v/i (s.) मकान बदल देना, किसी दूसरे स्थान पर जाकर रहने लगना।

verzier-en, v/t (h.) सजाना, अलंकृत क०; ~**ung,** f(-/-en) अलंकरण; सजावट, सज्जा, अलंकार।

verzinken, v/t (h.) पर जस्ता या क़लई चढ़ाना; U: का भेद खोल देना, को पकड़वा देना, को गिरफ़्तार करा देना।

verzins-en, v/t (h.) पर ब्याज देना; sich verzinsen से ब्याज मिलना, पर ब्याज प्राप्त होना; ~**lich,** adj. जिस पर ब्याज मिलता हो; जिसपर ब्याज मिल सके या दिया जा सके; ~**ung,** f (-) ब्याज; ब्याज-दर।

verzöger-n, v/t (h.) में देर क०, में अधिक समय लगाना (जान-बूझकर); (की गति) को धीमा क०; प्रगति, विकास आदि में बाधा डालना; ~**ung,** f (-/-en) देर, विलम्ब; विलम्बन, मंदन; प्रगति, विकास आदि में बाधा।

verzollen, v/t (h.) पर सीमाशुल्क देना।

verzück-en, v/t (h.) आनन्दमग्न कर देना, आनन्दविभोर कर देना, हर्षोन्मत्त या भावोन्मत्त कर देना; ~**ung,** f (-/-en) आनन्दातिरेक, हर्षातिरेक, हर्षोन्माद; भावोन्माद, भावातिरेक।

verzuckern, v/t (h.) पर चीनी डालना या बुरकना, (केक आदि पर चीनी की परत) पागना; chem: शर्करा में परिवर्तित क०; fig: को मीठा बनाना, को प्रिय बनाना।

Verzug, m (-[e]s) देर, विलम्ब, पिछड़े होने की स्थिति (काम, अदायगी आदि में); ohne Verzug अविलम्ब, तुरंत, बिना देरी के; mit einer Zahlung im Verzug sein किसी चुकौती को निश्चित समय पर न कर पाना; Gefahr ist im Verzug खतरा सिर पर है।

verzweif-eln, v/i (s.) पूर्णतया निराश हो जाना, सारी उम्मीदें छोड़ देना; U: अधीर हो उठना, परेशान होकर धैर्य खो बैठना; an/über etw. verzweifeln किसी बात से पूर्णतया निराश हो जाना; ~**lung,** f (-) (पूर्ण) नैराश्य, नाउम्मीदी, निराशा की स्थिति।

verzweig-en, v/r (h.) विशाखित होना, शाखाओं में विभक्त होना; ~**ung,** f (-/-en) विशाखन; शाखा-विस्तार।

verzwickt, adj., U: जटिल, कठिन, पेचीदा।

Vesper, f (-/-n) [lat.] सांध्य-प्रार्थना, सांध्य-वन्दना; dial: (तीसरे पहर का) हल्का भोजन; ~**n,** v/i (h.) dial: (तीसरे पहर का) भोजन क०।

Veteran, m (-en/-en) [lat.] सेवा-निवृत्त सैनिक, पुराना फ़ौजी; fig: पुराना अनुभवी व्यक्ति।

Veterinär, m (-s/-e) [frz./lat.] पशु-चिकित्सक।

Veto, n (-s/-s) [lat.] आपत्ति, उज्र; निषेधाधिकार, प्रतिषेधाधिकार; ~**recht,** n निषेधाधिकार, प्रतिनिषेधाधिकार।

Vetter, m (-s/-n) चचेरा, फुफेरा, मौसेरा, ममेरा भाई; ~**nwirtschaft,** f स्वजन-पक्षपात, कुनबापरस्ती।

Viadukt, n (-[e]s/-e) [lat.] पुल, मार्ग-सेतु।

Vib-ration, f (-/-en) [lat.] कम्पन, थरथराहट; **~rieren,** v/i (h.) कम्पित होना, थरथराना।
Viech, n (-[e]s/-er) U: → Vieh; **~erei,** f (-/-en) U: भद्दा मज़ाक़; कमरतोड़ परिश्रम।
Vieh, n (-[e]s) ढोर, मवेशी, डाँगर, गोरू; U: जानवर, हैवान; vulg: पाशविक आचरण करने वाला व्यक्ति; **~isch,** adj. पाशविक; **~zucht,** f पशुपालन; **~züchter,** m पशुपालक, पशुपालन का व्यवसाय करने वाला।
viel, 1. adj. बहुत, अधिक, ज़्यादा; बहुसंख्यक, अनेक; in vieler Hinsicht hat er recht कई दृष्टिकोणों से उसकी बात ठीक है; er hat viel von seinem Vater वह अपने पिता से बहुत मिलता-जुलता है (बाह्य रूप या स्वभाव में); 2. adv. अधिक, कहीं अधिक, बहुत; **~beschäftigt,** adj. अतिव्यस्त, बहुत मशगूल; **~deutig,** adj. अनेकार्थक; अस्पष्ट; संदिग्ध; **~deutigkeit,** f (-) अनेकार्थकता; अस्पष्टता; संदिग्धता; **~eck,** n बहुभुज; **~eckig,** adj. बहुभुजी; बहुकोणी; **~enorts,** adv. कई जगहों या स्थानों में, कई क्षेत्रों में; **~erlei,** adj. कई प्रकार का, नानाविध, बहुविध; **~erorts,** adv. → vielenorts; **~fach,** 1. adj. कई गुना, कई बार का; कई लोगों का; 2. adv., U: अक्सर, बहुधा, प्रायः, कई बार; **~falt,** f (-) विविधता, वैविध्य, अनेकरूपता; **~fältig,** adj. विविध, नानाविध, भाँति-भाँति का, तरह-तरह का, नानारूप, अनेकरूप; **~fältigkeit,** f (-) नानारूपता, अनेकरूपता, वैविध्य; **~flach,** n (-[e]s/-e) बहुफलक; **~fraß,** m, U: पेटू, खाऊ, अतिभोजी व्यक्ति; **~gereist,** adj. जिसने बहुत देशाटन या भ्रमण किया हो; **~gestaltig,** adj. बहुरूप; fig: नानाविध, विविध; **~heit,** f (-) वैविध्य, विविधता; बाहुल्य, अधिकता।
vielleicht, adv. शायद, संभवतः; (etwa) कदाचित्, कहीं; लगभग, तक़रीबन; U: बहुत, बेहद; vor vielleicht einer Woche लगभग एक सप्ताह पहले; U: das war vielleicht eine Überraschung! यह (वस्तुतः) बड़े आश्चर्य की बात थी!, यह बहुत आश्चर्यजनक बात थी!
viel-malig, adj. कई बार का, कई बार होने वाला; **~mals,** adv. कई बार, अक्सर; बहुत अधिक, बहुत-बहुत; **~männerei,** f (-) बहुपतित्व, बहुपति-प्रथा; **~mehr,** adv. बल्कि, यों कहिए कि; **~sagend,** adj. अर्थपूर्ण, अर्थ-गर्भित; भावपूर्ण, अभिव्यंजक; **~seitig,** adj. कई प्रकार का; कई तरफ़ से होने वाला; कईतरफ़ा; बहुमुखी; math: बहुभुजी; **~seitigkeit,** f (-) बहुमुखी प्रतिभा; बहुपक्षिता; **~versprechend,** adj. आशाजनक; जिससे काफ़ी लाभ की आशा हो; होनहार; **~weiberei,** f (-) बहुपत्नीत्व, बहुभार्यत्व, बहुपत्नी-प्रथा; **~zahl,** f बहुत बड़ी संख्या।
vier, 1. adj. चार; U: auf allen vieren gehen हाथों और घुटनों के बल चलना; 2. f (-/-en) चार की संख्या; चार नम्बर की ट्राम या बस आदि; Note: उत्तीर्ण होने भर को पर्याप्त (जर्मनी में परीक्षाफल की एक श्रेणी); **~beiner,** m (-s/-) U: चौपाया; **~blätt(e)rig,** adj. चार पत्तों वाला; **~eck,** n चतुष्कोण, चतुर्भुज; **~eckig,** adj. चतुर्भुजीय, चतुष्कोणीय, चौकोर; **~er,** m (-s/-) sport: चार व्यक्तियों द्वारा चलाई जाने वाली नाव; U: उत्तीर्ण होने भर को पर्याप्त (जर्मनी में परीक्षाफल की एक श्रेणी); **~erlei,** adj. चार प्रकार का; चार बातें; **~fach,/~fältig,** adj. चौगुना, चारगुना; चौहरा; **~flach,** n (-[e]s/-e) चतुष्फलक; **~gespann,** n चार घोड़ों वाली गाड़ी या बग्घी; **~hundert,** adj. चार सौ; **~jährig,**

adj. चार वर्ष का, चार वर्षीय; चार वर्षों तक होने या चलने वाला; ~**kant,** m (-[e]s/-e) कोनिया, गुनिया (औज़ार); ~**kantig,** adj. चतुष्कोणीय, चार किनारों वाला; ~**ling,** m (-s/-e) एक साथ पैदा हुए चार बच्चों में एक; Gewehr: चार नालों वाली बन्दूक, चौनालू असला; ~**mal,** adv. चार बार, चार दफ़ा, चार मर्तबा; ~**malig,** adj. चार बार का, चार बार होने वाला; ~**schrötig,** adj. चौड़ी काठी का; भारी-भरकम; ~**sitzer,** m (-s/-) चार सीटों वाला वाहन; ~**sitzig,** adj. चार सीटों वाला; ~**spänner,** m (-s/-) चार घोड़ों वाली गाड़ी या बग्घी, वाहन जिसमें चार घोड़ों को जोतने का प्रबंध हो; ~**spännig,** adj. चार घोड़ों वाला (वाहन आदि); ~**tägig,** adj. चार दिन का; चार दिन होने या चलने वाला; ~**taktmotor,** m चार गति-चक्रों वाला इंजन; ~**tausend,** adj. चार हज़ार; ~**teilen,** v/t (h.) के चार टुकड़े कर देना; ~**tel,** n (-s/-) चतुर्थांश, चौथाई; Stadtteil: मुहल्ला, टोला, बस्ती; नगर का भाग-विशेष; ~**teln,** v/t (h.) को चार भागों में बाँटना; ~**telstunde,** f पन्द्रह मिनट का समय; ~**zehn,** adj. चौदह, चतुर्दश; ~**zeiler,** m (-s/-) चतुष्पद छंद, चतुष्पदी; ~**zig,** adj. चालीस ।

Vikar, m (-s/-e) [lat.] सहायक प्रोटेस्टैन्ट पादरी; ~**iat,** n (-[e]s/-e) सहायक प्रोटेस्टैन्ट पादरी का पद या कार्यालय ।

Villa, f (-/-'llen) [lat.] गाँव का बँगला, ग्राम-निवास; कोठी, बड़ा मकान या बँगला ।

Viola, f (-/-'len) [ital.] mus: बड़ा वॉयलिन ।

violett, [lat.] 1. adj. बैंगनी, नील-लोहित; 2. n (-s) बैंगनी रंग ।

Violin-e, f (-/-n) [ital.] वॉयलिन-बेला; ~**ist,** m (-en/-en) वॉयलिन वादक; ~**schlüssel,** m स्वर-लिपि में उच्चस्वर-चिह्न ।

Viper, f (-/-n) [lat.] पृदाकु, वाइपर, एक प्रकार का ज़हरीला साँप ।

Viren, pl.→Virus

virtuos, adj. [ital.] अत्यन्त कौशल-पूर्ण, बहुत बढ़िया (गायन, वादन आदि); ~**e,** m (-n/-n) कलामर्मज्ञ, अत्यन्त कुशल गायक, वादक आदि; ~**ität,** f (-) प्रवीणता, कलानिपुणता ।

Virus, m (-/-'ren) [lat.] विषाणु, वाइरस ।

Visa, pl.→Visum

Visage, f (-/-n) [frz.] U: चेहरा, शक्ल ।

Visier, n (-s/-e) [lat.] शिरस्त्राण-संलग्न मुखावरण; am Gewehr: लक्षक, तकनी, दर्शी; ~**en,** 1. v/t(h.) मानकीकृत क० (नापने के उपकरणों आदि को); (पासपोर्ट में) वीज़े का ठप्पा लगाना; 2. v/i (h.) निशाना लगाना ।

Vision, f (-/-en) [lat.] स्वप्नगत वस्तु, स्वप्न में देखी वस्तु, दृष्टिभ्रम, भ्रम, धोखा; ~**är,** adj. काल्पनिक, अवास्तविक, स्वप्न में देखा हुआ-सा; स्वप्नद्रष्टा, भविष्यद्रष्टा जैसा ।

Visitation, f (-/-en) [lat.] निरीक्षण, मुआयना; तलाशी ।

Visite, f (-/-n) [frz.] चिकित्सक का रोगी या रोगियों को देखने जाना; ~**nkarte,** f परिचय-कार्ड ।

visitieren, v/t (h.) [lat.] निरीक्षण क०, मुआयना क०; तलाशी लेना ।

viskos, adj. [lat.] लसीला, चिपचिपा; ~**ität,** f (-)लसीलापन, चिपचिपाहट ।

visuell, adj. [lat.] दृष्टि-, दर्शन-, चाक्षुष, दृष्टि-संबधी दृष्टि-विषयक ।

Visum, n (-s/-'sa;-'sen) [lat.] वीज़ा ।

vital, adj. [lat.] जीवन-संबंधी; जीवन के लिए आवश्यक, अत्यावश्यक; सक्रिय; ओजस्वी, सजीव; ~**ität,** f (-) जीवन-शक्ति; ओजस्विता, ओज, तेज ।

Vitamin, n (-s/-e) [lat.] विटामिन;

~**isieren,** v/t (h.) विटामिनयुक्त बनाना।

Vitrine, f (-/-n) [frz.] काँच की अलमारी, काच-मंजूषा, प्रदर्शन-मंजूषा।

Vizepräsident, m [lat.] उपराष्ट्रपति; उपाध्यक्ष।

Vlies, n (-es/-e) भेड़ की खाल; मेषलोम, ऊन, कच्चा ऊन।

V-Mann, m, U:,एजेन्ट, अपना आदमी; विश्वास का आदमी।

Vogel, m (-s/ ⸚) पक्षी, चिड़िया; U: सनक, पागलपन; (अजीब) व्यक्ति; आदमी; U: jdm. einen Vogel zeigen किसी की ओर इस बात का इशारा क० कि वह पागल या मूर्ख है (अपनी कनपटी पर उँगली रखकर); U: einen Vogel haben का दिमाग़ खराब होना, सनकी होना; ~**bauer,** n पिंजरा, पिंजड़ा; ~**dunst,** m चिड़ियों का शिकार करने के छोटे छर्रे; ~**frei,** adj. विधिबहिष्कृत; ~**herd,** m चिड़ियाँ पकड़ने का स्थान, चिड़ीमार का अड्डा; ~**kunde,** f पक्षि-विज्ञान; ~**leim,** m लासा।

vögeln, v/i & v/t (h.) vulg: (के साथ) संभोग क०, चोदना।

Vogel-perspektive, /~**schau,** f विहंगम दृष्टि; ~**scheuche,** f धूहा, बिजूखा, धोखा; fig: दुबला-पतला तथा बदसूरत व्यक्ति; ~**steller,** m (-s/-) चिड़ीमार, बहेलिया; ~**-Strauß-Politik,** f आत्मप्रवंचक नीति।

Vogt, m (-[e]s/ ⸚ e) [lat.] (महा) प्रबंधक; प्रशासक; अध्यक्ष।

Voka-bel, f (-/-n) [lat.] शब्द, लफ़्ज़; ~**bular,** n (-s/-e) शब्दावली, शब्द-संग्रह, शब्दसूची; शब्दभंडार।

Vokal, m (-[e]s/-e) [lat.] स्वर, स्वरवर्ण; ~**isch,** adj. स्वर-, स्वरीय, स्वर का; ~**ismus,** m(-) स्वर-प्रयोग; स्वरसाधना; ~**musik,** f कंठसंगीत, गायन।

Vokativ, m (-s/-e) [lat.] gramm: संबोधन; संबोधन-पद।

Volant, m (-s/-s) [frz.] झालर, चुनटदार गोट।

Volk, n (-[e]s/ ⸚ er) राष्ट्र, क़ौम, जाति; जनता, लोग, जन, जनसाधारण, अवाम; निम्नवर्ग, कुंजड़े-कसाई; भीड़, जनसमूह; von Bienen: झुंड, दल।

Völker-bund, m राष्ट्रसंघ; ~**kunde,** f मानवजाति-विज्ञान, नृजाति-विज्ञान; ~**kundlich,** adj. नृजाति-विज्ञान-संबंधी, नृजाति-विज्ञान पर आधारित; ~**mord,** m जाति-संहार, जनसंहार; ~**recht,** n अन्तर्राष्ट्रीय सह-अस्तित्व-नियम; ~**rechtlich,** adj. अन्तर्राष्ट्रीय सह-अस्तित्व-नियम पर आधारित या उससे संबंधित; ~**schaft,** f (-/-en) जनजाति, कबीला।

völkisch, adj. जाति-विशेष का, राष्ट्र-विशेष का; क़ौमी, राष्ट्रीयतामूलक।

Volks-abstimmung, f जनमत-संग्रह; ~**armee,**f पूर्वी जर्मनी की जल-, थल- तथा वायुसेना; ~**begehren,** n जनमत-संग्रह करने से पूर्व की लोकपृच्छा, (लोकपृच्छा पर आधारित) जनमत-संग्रह की माँग; ~**eigen,** adj. सार्वजनिक, जनता का, राष्ट्रीयकृत; ~**entscheid,** m → Volksabstimmung; ~**fest,** n मेला; ~**hochschule,** f प्रौढ़-शिक्षा-महाविद्यालय; ~**kammer,** f पूर्वी जर्मनी की "लोकसभा"; ~**kunde,** f (-) लोकज्ञान, लोकवार्ताशास्त्र; ~**kundlich,** adj. लोकज्ञान-संबंधी, लोकज्ञान पर आधारित; ~**kunst,** f लोक-कला; ~**lied,** n लोकगीत; ~**mund,** m देशी भाषा, देशी बोली; ~**polizei,** f लोक-पुलिस, जन-पुलिस; ~**schule,** f प्राथमिक विद्यालय; ~**stamm,** m जनजाति, कबीला; ~**tanz,** m लोकनृत्य; ~**tum,** n (-s) राष्ट्रीय या जातिगत गुणधर्म; राष्ट्रत्व; ~**tümlich,** adj. राष्ट्रीय, जातीय, क़ौमी; लोकगत, सामान्य, लोकप्रचलित; लोकप्रिय; ~**vertreter,** m जनता का प्रतिनिधि; ~**vertretung,** f संसद, जनता के प्रतिनिधियों की सभा;

~wirtschaft, f (राजकीय) अर्थशास्त्र, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था; ~wirt-(schaftler), m (-s/-e) अर्थशास्त्री, (राजकीय) अर्थशास्त्र का विद्वान या विद्यार्थी; ~wirtschaftlich, adj. राजकीय अर्थशास्त्र से संबंधित या उसपर आधारित, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से संबंधित या उसपर आधारित; ~wirtschaftslehre, f राजकीय अर्थशास्त्र (अध्ययन के विषय के रूप में)।

voll, 1. adj. (ठसाठस, खचाखच, लबालब, ऊपर तक) भरा हुआ; पूरा, पूर्ण, पूरा-पूरा, परिपूर्ण, भरपूर; (dicklich) मोटा-सा; मोटा, भरा हुआ; (dicht) घना, सघन; Stimme: ज़ोरदार, भारी; U: मदोन्मत्त, नशे में चूर; ein Garten voll(er) Blumen फूलों से भरी वाटिका; etw. in vollen Zügen genießen किसी बात या चीज़ का पूरा-पूरा मज़ा लेना; volles Haar घने बाल; fig: jdn. nicht für voll nehmen किसी की बात को महत्व न देना; 2. adv.: voll und ganz पूर्णतया, पूरी तरह से, सम्पूर्णतः, बिल्कुल; **~auf,** adv. पूर्णतया, पूरी तरह से; हर दृष्टिकोण से।

vollaufen, v/i (s.)(ऊपर तक या लबालब) भर जाना; U: sich vollaufen lassen बहुत अधिक शराब पीना या पी लेना।

voll-automatisch, adj. पूर्णतया स्वचल; **~bad,** n पूर्ण स्नान, सारे शरीर का स्नान; **~bart,** m पूरी दाढ़ी; **~beschäftigung,** f पूर्ण रोज़गार, पूर्ण नियोजन; **~besitz,** m अबाधित स्वामित्व, पूर्ण स्वामित्व; im Vollbesitz seiner Kräfte sein पूरी तरह तन्दुरुस्त होना; **~blut,** n(-[e]s)/ **~blüter,** m (-s/-) नसलदार घोड़ा, असली नस्ल का घोड़ा; **~blütig,** adj. असली नस्ल का, नसलदार; fig: ओजस्वी, तेजस्वी; **~bringen,** v/t (h.) पूरा क०, निष्पन्न या निष्पादित क०, सम्पन्न क०; कर दिखाना; **~dampf,** m (-[e]s) पूर्ण क्षमता, पूरी शक्ति या ताक़त, पूरा ज़ोर; **~enden,** v/t (h.) पूरा क०, समाप्त क०, निष्पन्न क०; को परिपूर्ण या अनिन्द्य रूप देना; **~ends,** adv. पूर्णतया, पूरी तरह से; **~endung,** f (-) पूरा क०, निष्पादन, समापन; पूर्णता; पराकाष्ठा।

Völlerei, f (-) खाने-पीने में अति, अति-भोजन, अतिपान।

voll·führen, v/t (h.) करना, पूरा क०, सम्पन्न क०, निष्पादित क०, कर दिखाना; **~gas,** n पूरी रफ़्तार, अधिकतम संभव रफ़्तार; **~gepfropft,** adj. ठसाठस या खचाखच भरा हुआ।

völlig, 1. adj. पूर्ण, सम्पूर्ण, पूरा; निरा, निपट, पक्का; 2. adv. पूर्णतया, पूरी तरह से, पूर्ण रूप से।

voll-jährig, adj. वयस्क, बालिग़; **~jährigkeit,** f (-) वयस्कता, बालिग़ी, बालिग़ होने की आयु; **~kommen,** 1. adj. पूर्ण, पूरा; पक्का, निरा, निपट; आदर्श, अनिन्द्य, अनुपम, बेमिसाल; 2. adv., U: पूर्णतया, पूरी तरह से; **~kommenheit,** f (-) पूर्णता; अनिन्द्यता, अनुपमता, आदर्श, पराकाष्ठा; **~kornbrot,** n चोकर-युक्त मोटे आटे की डबलरोटी, आटे और दलिए के मिश्रण से बनी डबल रोटी; **~machen,** v/t (h.) पूरा भर देना, ऊपर तक भर देना; fig: को पूरा क० या कर देना; U: गंदा क० या कर देना; हग देना, पाख़ाना कर देना; **~macht,** f (-/-en) प्राधिकार, अधिकार; **~milch,** f बिना मक्खन निकाला हुआ दूध; **~mond,** m पूर्ण चन्द्र, पूर्णिमा का चाँद; **~mundig,** adj. जिसका स्वाद परिपूर्ण हो (अंगूरी के लिए प्रयुक्त); **~pension,** f टिकने तथा पूरे भोजन का प्रबंध; **~saugen,** v/r (h.) सोख लेना, ज़ज्ब कर लेना; **~schenken,** v/t (h.) लगभग लबालब भर देना (शराब आदि से); **~schlank,** adj. दोहरे बदन का, **~ständig,** 1. adj. पूरा, पूर्ण, सम्पूर्ण,

समग्र, सारा; 2. adv. पूर्णतया, पूरी तरह से, बिल्कुल; **~ständigkeit,** f (-) सम्पूर्णता, पूर्णता; **~strecken,** v/t (h.) निष्पन्न या निष्पादित क०, (दंडाज्ञा आदि को) कार्यान्वित क०; **~streckung,** f (-/-en) निष्पादन, कार्यान्वयन (दंडाज्ञा आदि का); **~treffer,** m लक्ष्य-भेदन, ठीक निशाने पर मारना; fig: मर्मभेदी बात; अत्यन्त प्रभावकारी बात; **~trunken,** adj. नशे में चूर, नशे से बेहोश; **~versammlung,** f पूर्ण सभा, सभी सदस्यों की बैठक, सर्वांगीण सभा; **~waise,** f पूर्ण अनाथ, बालक जिसके माँ और बाप दोनों मर गए हों; **~wertig,** adj. पूर्ण रूप से समान (मूल्य का); **~zählig,** adj. पूरी संख्या में, पूर्णसंख्यक; **~ziehen,** v/t (h.) निष्पादित या निष्पन्न क०, सम्पादित या सम्पन्न क०; (दंडाज्ञा आदि को) कार्यान्वित क०; **~ziehung,** f (-)/ **~zug,** m (-[e]s) निष्पादन, कार्यसम्पादन; कार्यान्वयन (दंडाज्ञा आदि का; **~zugsanstalt,** f कारागार, जेलखाना; **~zugsmeldung,** f दंडाज्ञा के कार्यान्वयन की सूचना।

Volon-tär, m (-s/-e) [frz.] अवैतनिक शिशिक्षु, कुछ सीखने के उद्देश्य से बिना वेतन के काम करने वाला व्यक्ति; **~tieren,** v/i (h.) कुछ सीखने के उद्देश्य से बिना वेतन के काम क०।

Volt, n (-[s]/-) वोल्ट; **~ameter,** n अपघटन-धारामापी; **~ampere,** n विद्युत्प्रवाहक शक्ति की इकाई; **~meter,** n वोल्टमापी।

Volum-en, n (-s/-;-'mina) [lat.] धारिता, आयतन; आकार; ग्रंथ-खंड; **~inös,** adj. बृहदाकार; भारी-भरकम।

vom=von dem

von, präp. (+dat.) 1. räumlich/örtlich: से, की तरफ़ (या ओर) से, के पास से, के यहाँ से; 2. zeitlich: से, 3. zur Angabe des Genitivs: का, के, की; 4. zur Angabe des Urhebers: का, के, की, के द्वारा रचित; 5. zur Angabe einer Eigenschaft: वाला, वाले, वाली; 6. im Passivsatz: के द्वारा; (über) के बारे में, के विषय में; (bestehend aus) का, का बना हुआ; dieser Zug fährt von Delhi nach Kanpur यह गाड़ी दिल्ली से कानपुर जाती है; ich komme gerade vom Arzt मैं सीधा (या अभी-अभी) चिकित्सक के पास से आ रहा हूँ; grüßen Sie alle von mir! मेरी तरफ़ से सब को नमस्कार (या दुआ-सलाम) कहिएगा !; von morgens bis abends सुबह से शाम तक; dieses Buch ist von meinem Bruder यह पुस्तक मेरे भाई की है; wo ist die Zeitung von heute? आज का अखबार कहाँ है ? ; Dramen von Schiller शिलर के नाटक; ein Mann von Charakter चरित्र वाला (या चरित्रवान) आदमी; er wurde von seinem Lehrer gelobt उसके अध्यापक ने उसकी प्रशंसा की; von wem sprecht ihr ? तुम लोग किसके बारे में बात कर रहे हो ? ; ein Ring von Gold (एक) सोने की अँगूठी; U: ich weiß von nichts मुझे किसी बात का पता नहीं है, मुझे कुछ पता नहीं है; U: von wegen ! जी नहीं, इस का सवाल ही नहीं उठता ! ; U: dieser Esel von Arzt यह गधा डॉक्टर।

voneinander, adv. एक दूसरे से।

vonnöten, adv. आवश्यक, ज़रूरी।

vonstatten, adv.: vonstatten gehen होना, घटित होना; आगे बढ़ना, पूरा होना, सम्पन्न होना।

vor, präp. 1. räumlich (+dat. & akk.) : के सामने, के आगे, के आगे-आगे; das Auto steht vor dem Haus कार घर के आगे(या सामने)खड़ी है; das Auto vor das Haus stellen कार को घर के आगे खड़ा

क०; der Brunnen befindet sich vor dem Dorf कूआँ गाँव के सामने (अर्थात गाँव के बाहर) है; das sollten Sie vor den Kindern nicht sagen यह (बात) आपको बच्चों के सामने नहीं कहनी चाहिए (थी); 2. zeitlich (+dat.): पहले, के पहले, से पहले, के पूर्व, पूर्व, से पूर्व; vor Sonnenaufgang सूर्योदय के पहले vor einer Woche एक सप्ताह पूर्व; es ist jetzt zehn Minuten vor zehn Uhr दस बजने में दस मिनट बाक़ी है; vor zwei Stunden wird er nicht kommen वह दो घंटे से पहले नहीं आएगा; 3. zur Angabe des Grundes (+dat.): के कारण, के मारे, की वजह से, से; vor Angst zittern डर के मारे काँपना ।

vorab, adv. पहले से (ही), पहले ही; फ़िलहाल ।

Vorabend, m पूर्वसन्ध्या ।

Vorahnung, f पूर्वाभास, पूर्वबोध ।

voran, adv. आगे, सबसे आगे, आगे-आगे; (vorwärts) आगे की ओर, आगे; **~gehen,** v/i (s.) पहले (से) जाना, पहले चला जाना; आगे-आगे चलना, सबसे आगे चलना; (से) पहले (घटित) होना; fig: आगे बढ़ना, में प्रगति होना; **~kommen,** v/i (s.) में प्रगति क०, (में) आगे बढ़ना ।

Voranschlag, m लागत का अनुमानित अंकपत्र; तख़मीना, अनुमानित व्यय ।

vorantreiben, v/t (h.) में जल्दी क०, को आगे बढ़ाना ।

Voranzeige, f अग्रिम सूचना; ट्रेलर, आने वाली फ़िल्म की झलकियाँ ।

Vorarbeit, f प्रारंभिक काम, तैयारी का काम; **~en,** v/i (h.) प्रारंभिक या तैयारी का काम क०; अग्रिम काम क०, पहले ही काम पूरा क०; **~er,** m अधिकर्मी, फ़ोरमैन ।

voraus, adv. आगे; आगे-आगे; से बेहतर, से अच्छा; im voraus पहले ही से; **~eilen,** v/i (s.) से पहले तेज़ी से चला जाना या आ जाना; के आगे-आगे तेज़ी से चलना; **~gehen,** v/i (s.) से पहले (चला)जाना; के आगे-आगे चलना; पहले होना, पहले घटित होना, पूर्व-घटित होना; **~haben,** v/t (h.): jdm. etw. voraushaben किसी की अपेक्षा किसी बात में अधिक या बेहतर होना, किसी की तुलना में किसी दृष्टिकोण से अच्छी स्थिति में होना; **~sage,** f भावीकथन, पूर्वकथन, भविष्यवाणी, भविष्यकथन; पूर्वानुमान; **~sagen,** v/t (h.) पहले से बता देना; **~schauend,** adj. आगे की सोचने वाला, अग्रदर्शी, दूरदर्शी; **~schicken,** v/t (h.) पहले बताना या बता देना, पहले (ही) कहना या कह देना; **~sehen,** v/t (h.) पहले से जान लेना, का पूर्वानुमान लगा लेना; **~setzen,** v/t (h.) (पहले से) मान लेना, को मानकर चलना, को तथ्यरूप में मान लेना; की अपेक्षा रखना, के लिए आवश्यक होना; **~setzung,** f पूर्व-मान्यता, पूर्वधारणा; अपेक्षा, पूर्वापेक्षा; शर्त; (प्राथमिक) आवश्यकता; **~sicht,** f अनुमान, संभावना, सम्भाव्यता; दूरदर्शिता, दूरदृष्टि; aller Voraussicht nach अतिसंभवतः, बहुत ही संभव है कि; **~sichtlich,** 1. adj. संभावित, संभावनीय; 2. adv. संभवतः, संभाव्यतः, अनुमानतः; **~zahlung,** f अग्रिम भुगतान, पेशगी भुगतान, या अदायगी ।

Vorbau, m (-s/-ten) इमारत का अगला भाग; इमारत का आगे की ओर बाहर निकला हुआ भाग (जैसे छज्जा, द्वार-मंडप आदि); **~en,** 1. v/t (h.) आगे की ओर अधिनिर्माण क०, (इमारत) के आगे कुछ और बनाना; 2. v/i (h.) पहले से ही प्रबंध क०, (बचाव, निवारण, निराकरण आदि) के लिए पहले ही तैयार हो जाना ।

Vorbedacht, m: mit Vorbedacht (पहले से ही) सोच-समझकर, समझकर, जान-बूझकर ।

Vorbedeutung, f शकुन; अपशकुन ।
Vorbedingung, f शर्त ।
Vorbehalt, m (-[e]s/-e) प्रतिबंध, शर्त; उपबंध, परंतुक; unter Vorbehalt zusagen पूरी सहमति न देना, सप्रतिबंध सहमति देना, पूरी तरह स्वीकार न क०, सप्रतिबंध स्वीकार क०; **~en,** v/t (h.) सुरक्षित रखना (अधिकार, अवसर आदि), का अधिकार अपने पास रखना; की शर्त रखना; **~lich,** präp. (+gen.) इस शर्त पर कि, बशर्ते कि; vorbehaltlich seiner Zustimmung इस शर्त पर कि उसकी (या उनकी) सहमति या मंजूरी मिल जाए ।
vorbei, adv. से होकर, के पास से, से पार, के पार; समाप्त, खत्म, समाप्त हो चुका हुआ; U: es ist fünf Uhr vorbei पाँच बजे चुके हैं, पाँच बजे से ऊपर का समय है; **~gehen,** v/i (s.) (के पास से) निकलना या निकल जाना; चूक जाना (निशाना, प्रहार); fig: समाप्त हो जाना, अंत को प्राप्त होना; पर ध्यान न देना; U: के यहाँ मिलने जाना; **~kommen,** v/i (s.) के पास से होकर निकलना या गुज़रना, के पास से होते हुए आना; U: के यहाँ (मिलने) आना; **~lassen,** v/t (h.) आगे निकल जाने देना; **~reden,** v/i (h.): am Thema vorbeireden विषय-वस्तु (को बिना समझे हुए उस) से विसंगत या असम्बद्ध बातें क०; **~schießen,** v/i (h.) का निशाना चूक जाना; **~ziehen,** v/i (s.) के पास से निकलना या निकल जाना; fig: बीतना, गुज़रना, बीत जाना ।
vorbereit-en, v/t (h.) तैयार क०, की तैयारी क०, के लिए तैयार क०; के उपयुक्त या योग्य बनाना; **~ung,** f (-/-en) तैयारी, उपक्रम ।
vorbestell-en, v/t (h.) पहले से ऑर्डर देना; पहले से आरक्षित कराना; पहले से सुरक्षित करा लेना; **~ung,** f पहले का ऑर्डर; पहले से कराया गया आरक्षण; पहले से सुरक्षित करने का आवेदन ।
vorbestraft, adj. पूर्वदंडित, सज़ायाफ़्ता ।
vorbeten, v/t (h.): jdm. etw. vorbeten किसी के आगे प्रार्थना आदि के शब्द बोलना ताकि वह दोहरा सके; fig: किसी को कोई बात बार-बार समझाना ।
vorbeug-en, 1. v/i (h.) की रोकथाम (का प्रबंध) क०, के निवारण का पूर्व-प्रबंध क०; 2. v/r (h.) आगे की ओर झुकना; **~end,** adj. निवारक, निरोधक; **~ung,** f (-) बचाव, निवारण, रोक-थाम (का प्रबंध) ।
Vorbild, n (आदर्श) उदाहरण, आदर्श, नमूना; **~lich,** adj. आदर्श, आदर्श-स्वरूप, अनुकरणीय ।
Vorblidung, f प्राक्-प्रवेश या प्रारंभिक प्रशिक्षण, प्रारंभिक शिक्षा ।
Vorbote, m अग्रदूत; लक्षण, आसार ।
vorbringen, v/t (h.) को सामने रखना या सामने लाना, प्रस्तुत क०, कहना; आगे की ओर लाना या बढ़ाना; eine Bitte vorbringen आवेदन (प्रस्तुत) क० ।
vorchristlich, adj. ईसा के पूर्व का ।
vordatieren, v/t (h.) पर आगे की तारीख डालना ।
vordem, adv. पुराने ज़माने में, कभी पहले, पुराने दिनों में ।
vorder, adj. अगला, अगली तरफ़ का, अगला वाला; die vorderen Plätze अगली सीटें, आगे की सीटें ।
Vorder-ansicht, f सामने से दिखने वाला भाग, सामने से दिखने वाला दृश्य; **~front,** f अगला भाग, आगे का भाग (इमारत का); **~grund,** m अग्रभाग, अग्रभूमि; fig: केन्द्र, केन्द्र-स्थान; fig: stets im Vordergrund stehen wollen हमेशा केन्द्रविन्दु बनना चाहना; **~gründig,** adj. ऊपरी, बाहरी, सतही; **~hand,** adv. अभी, इस समय, फ़िलहाल; **~lader,** m (-s/-) नालमुख से भरी जाने वाली बन्दूक, गज़ वाली बन्दूक; **~lastig,**

adj. आगे की ओर अधिक भारित; ~**mann,** m अगला आदमी, आगे बैठा या खड़ा व्यक्ति (पंक्ति में); fig: jdn. auf Vordermann bringen किसी को कसकर डाँट देना, किसी के आचरण की भर्त्सना क०; ~**seite,** f अग्रभाग, पुरोभाग, अगली तरफ़, ऊपरी तरफ़; ~**st,** adj. सबसे अगला, सबसे आगे का; die vordersten Plätze सबसे आगे की सीटें।

vordrängen, v/t (h.) आगे की ओर ठेलना, ठेलकर आगे की ओर बढ़ाना; sich vordrängen ठेलकर आगे (की ओर) बढ़ना; fig: लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयत्न क०।

vordringen, v/i (s.) आगे की ओर बढ़ना; घुस जाना, प्रवेश क० या कर जाना; पहुँच जाना; का प्रचार होना।

vordringlich, adj. सर्वाधिक प्राथमिकता वाला; बहुत ज़रूरी, अत्यावश्यक, अत्यन्त महत्वपूर्ण।

Vordruck, m (-[e]s/-e) प्रपत्र, फ़ॉर्म।

vorehelich, adj. विवाह से पहले का।

voreilig, adj. अविवेचित, अविचारित, जल्दबाज़ी का; ~**keit,** f (-) अविवेक, जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।

voreingenommen, adj. पूर्वाग्रहग्रस्त, पूर्वाग्रही, पक्षपाती; ~**heit,** f (-) पूर्वाग्रहग्रस्तता; पूर्वाग्रह, पक्षपात।

Voreltern, pl. पुरखे, पूर्वज।

vorenthalten, v/t (h.): jdm. etw. vorenthalten किसी को कोई चीज़ न देना, किसी को किसी वस्तु से वंचित रखना।

Vorentscheidung, f प्रारंभिक निर्णय, अनन्तिम निर्णय।

vorerst, adv. सर्वप्रथम, सबसे पहले; अभी, फ़िलहाल।

Vorfahr, m (-en/-en) पूर्वज, पुरखा।

vorfahr-en, 1. v/i (s.) पहले जाना (कार, साइकिल आदि से); आगे की ओर बढ़ना या चलना (किसी वाहन का); घर के आगे आ जाना (कार, बग्घी आदि का, सवारी लेने के लिए); 2. v/t (h.) आगे बढ़ाना, आगे (की ओर) ले जाना या बढ़ाना; ~**t,** f (-) चौराहे या तिराहे पर मार्ग की प्राथमिकता, चौराहे या तिराहे पर गाड़ी पहले बढ़ा ले जाने का नियमगत अधिकार।

Vorfall, m (-s/⸚e) (आकस्मिक) घटना, वारदात; med: भ्रंश, स्थानभ्रंश; ~**en,** v/i (s.) होना, घटित होना; med: अन्दरूनी अंगों का बाहर को लटक आना।

Vorfilm, m मुख्य फ़िल्म से पहले दिखाई जाने वाली फ़िल्म।

vorfinden, v/t (h.) (कहीं या किसी स्थान पर पहुँचने पर) पाना, को मिलना।

Vorfreude, f पूर्वाह्लाद, किसी होने वाली बात की ख़ुशी।

Vorführ-dame, f फ़ैशन के वस्त्रों को पहन कर प्रदर्शित करने वाली युवती; ~**en,** v/t (h.) दिखाना, प्रदर्शित क०, का प्रदर्शन क०; प्रस्तुत क०; jur: को पेश क०; ~**ung,** f प्रदर्शन; प्रस्तुतीकरण; jur: पेशी, पेश किया जाना।

Vorgabe, f, sport: प्रतियोगिता में कमज़ोर प्रतिद्वन्द्वी को दी गई रिआयत।

Vorgang, m घटना, घटना-क्रम; प्रक्रम, प्रक्रम-चरण; फ़ाइल, किसी व्यक्ति या विषय से संबंधित सभी काग़ज़ात।

Vorgänger, m (-s/-) पूर्ववर्ती, पूर्वाधिकारी।

Vorgarten, m घर के आगे की वाटिका।

vorgaukeln, v/t (h.): jdm. etw. vorgaukeln किसी के सामने किसी बात का ढोंग या दिखावा क०; किसी को किसी बात की झूठी उम्मीद दिलाना।

vorgeben, v/t (h.) आगे की ओर देना या बढ़ाना, आगे बढ़ाना; fig: (का) बहाना क०; sport: की रिआयत देना (कमज़ोर प्रतिद्वन्द्वी को)।

Vorgebirge, n गिरिपाद, पादगिरि, ऊँचे पहाड़ से पहले की छोटी-छोटी

पहाड़ियाँ; अन्तरीप।

vorgeblich, adj. तथाकथित, दिखावटी बनावटी, मिथ्या।

vorgefaßt, adj. पूर्वावधारित, अग्रधारित, पूर्वनिर्णीत।

vorgefertigt, adj. पहले से तैयार किया हुआ, पूर्वनिर्मित।

Vorgefühl, n पूर्वाभास, पूर्वबोध।

vorgehen, 1. v/i (s.) आगे (की ओर) जाना या बढ़ना; पहले जाना या चला जाना; आगे-आगे चलना या जाना; mil: आक्रमण के लिए अग्रसर होना, आक्रमण क०; (geschehen) होना, घटित होना; (handeln) कोई क़दम उठाना, कुछ क०, कोई कार्यवाही क०; Uhr: आगे होना; तेज़ होना; fig: का अधिक महत्व होना; gegen jdn. vorgehen किसी के विरुद्ध कार्यवाही क०; fig: diese Sache geht vor इस काम का अधिक महत्व है, यह काम पहले किया जाएगा; 2. n कार्यवाही, क़दम।

Vorgeschicht-e, f प्रागितिहास, प्रागैतिहासिक काल; fig: पूर्ववृत्त; **~lich,** adj. प्रागैतिहासिक।

Vorgeschmack, m (-[e]s) fig: पूर्वानुभव, पूर्वस्वाद।

Vorgesetzte, m/f (-n/-n) उच्चतर पद पर नियुक्त व्यक्ति (पुरुष या स्त्री), वरिष्ठ अधिकारी, अफ़सर।

vorgest-ern, adv. परसों, गत दिवस से पूर्व के दिन; **~rig,** adj. परसों का; U: पुराना, पुराने ढंग का।

vor-greifen, v/i (h.) किसी व्यक्ति, बात या निर्णय आदि की प्रतीक्षा किए बिना ही कोई क़दम, उठाना या उठा लेना, से पहले ही कर देना, से पहले ही कह देना; **~griff,** m पहले ही उठाया गया क़दम, किसी व्यक्ति, बात या निर्णय आदि से पहले ही की गई कार्यवाही।

vorhaben, 1. v/t (h.) की योजना बनाना, का इरादा रखना या क० या बनाना, का इरादा होना; 2. n (-s/-) योजना, इरादा; कार्य उद्यम।

vorhalt-en, 1. v/t (h.) आगे की ओर क० या पकड़े रखना, के सामने क०, रखना या पकड़े रखना; fig: (का) उलाहना देना, (के लिए) भर्त्सना क०; 2. v/i (h.) बना रहना; चल जाना, काफ़ी होना; **~ung,** f (-/-en) उलाहना, भर्त्सना; jdm. Vorhaltungen machen किसी की भर्त्सना क०।

Vorhand, f (-) सवार के सामने का घोड़े का भाग; Kartenspiel: खेल शुरू करने की बारी; Tennis: हाथ को आगे करके किया गया प्रहार।

vorhanden, adj. उपलभ्य, उपलब्ध; विद्यमान, वर्तमान; **~sein,** n (-s) उपलभ्यता; विद्यमानता।

Vorhang, m (-[e]s/ ⸚e) परदा, पट; यवनिका।

Vorhängeschloß, n अलग से लगाया जाने वाला ताला, वियोज्य ताला, क़ुफ़्ल।

Vorhaut, f शिश्नमुंडच्छद, मुंडचर्म, शिश्नाग्रत्वचा।

vorher, adv. पहले, पहले से, पहले ही।

vorher-bestimmen, v/t (h.) पहले से ही निश्चित क०, पूर्वनियत क०; पूर्वनिर्धारित क०; **~bestimmung,** f पूर्वनियत, भाग्य, प्रारब्ध; पूर्वनिर्धारण; **~gehend,** adj. पूर्ववर्ती, पूर्वगत; पूर्वोक्त, पूर्वोल्लिखित; **~ig,** adj. पहले का, पूर्वगत; पूर्वोक्त; भूतपूर्व।

Vorherrsch-aft, f प्रधानता, प्राधान्य, प्रबलता, प्रभुत्व; सर्वाधिकता, आधिक्य; **~en,** v/i (h.) प्रधान या प्रबल होना, प्रभुत्व, रखना, की तूती बोलना; सर्वाधिक होना, का आधिक्य होना; प्रचलित होना, व्याप्त होना; **~end,** adj.प्रधान, प्रबल; सर्वाधिक; प्रचलित, व्याप्त।

Vorher-sage, f भावीकथन, भविष्यकथन; पूर्वानुमान; **~sagen,** v/t (h.) पहले से बता देना, का भविष्यकथन क०, का पूर्वानुमान लगाकर बताना; **~sehen,** v/t (h.) पहले ही से जानना या जान लेना।

vorhin, adv. अभी-अभी, अभी थोड़ी देर पहले ।

vorhinein, adv.: im vorhinein पहले ही, पहले से ही ।

Vorhof, m बाहर का आँगन, प्रांगण; anat: अध्यलिन्द, अलिन्द ।

Vorhut, f (-/-en) mil: अग्रदल, अग्रगामी सैन्यदल, हरावल, नासीर ।

vorig, adj. गत, पिछला; उपर्युक्त, उपरिलिखित; पहले वाला, पूर्वोल्लिखित ।

Vor-jahr, n गत वर्ष, पिछला साल; **~jährig,** adj. गतवर्ष का, पिछले साल का ।

Vorkämpfer, m प्रणेता, अग्रगामी, प्रवर्तक ।

vorkauen, v/t (h.) fig: jdm. etw. vorkauen किसी को कोई बात पूरे विवरण के साथ बार-बार समझाना ।

Vorkaufsrecht, n पूर्वक्रय-अधिकार, हक़शफ़ा; प्रथम विकल्पाधिकार ।

Vorkehrung, f (-/-en): Vorkehrungen treffen पूर्वोपाय क०, पूर्वप्रबंध क०, निवारक पूर्वोपाय क० ।

Vorkenntnisse, f/pl. पहले से प्राप्त किया हुआ ज्ञान; किसी काम के लिए अनिवार्य ज्ञान या जानकारी ।

vorknöpfen, v/t (h.) U: sich jdn. vorknöpfen किसी से जवाब तलब क०, किसी को अपने पास बुलाकर डाँटना-फटकारना ।

vorkomm-en, 1. v/i (s.) आगे (की ओर) आना, सामने आना; (sich ereignen) होना, घटित होना; (vorhanden sein) होना, विद्यमान होना, में मिलना या पाया जाना; (scheinen) लगना, होना; das kommt mir komisch vor यह मुझे अजीब-सा लगता है; er kommt sich besonders klug vor वह अपने को बहुत (या विशेष) बुद्धिमान समझता है; 2. n (-s/-) विद्यमानता, उपस्थिति, प्राप्ति, पाया जाना; **~nis,** n (-ses/-se) घटना ।

Vorkriegszeit, f युद्धपूर्व काल ।

vorlad-en, v/t (h.) jur: न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश देना, के नाम सम्मन भेजना; **~ung,** f (-/-en) न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश, सम्मन ।

Vorlage, f (-/-n) प्रस्तुतीकरण, सामने रखना, पेश क०; (Muster) आदर्श, नमूना; (Bettvorleger) खाट के पास का छोटा क़ालीन; parl: विधेयक; chem: आश्रुत को एकत्र करने का पात्र; Fußball: गोल करने के लिए दी गई गेंद ।

vorlassen, v/t (h.) (आगे) निकल जाने देना, पंक्ति में अपने आगे हो जाने देना; आने या घुसने देना; आए हुए व्यक्ति से मिलना; (वरिष्ठ) अधिकारी तक पहुँचने देना ।

Vor-lauf, m, sport: आरंभिक दौड़; chem: आसवन में सब से पहले निकलने वाला द्रव; **~läufer,** m पूर्ववर्ती; प्रणेता; आदिप्रारूप ।

vorläufig, 1. adj. अस्थायी; अनन्तिम, अन्तरिम; कामचलाऊ; 2. adv. अभी (तो), फ़िलहाल ।

vorlaut, adj. धृष्ट, हर बात में दखल देने वाला, बिना ज़रूरत के बोलने वाला, न पूछे जाने पर भी बोलने वाला ।

vorleben, 1. v/t (h.): jdm. etw. vorleben किसी को किसी बात का अपने आचरण द्वारा उदाहरण देना; 2. n पूर्वचरित ।

vorleg-en, v/t (h.) के सामने या आगे रखना, प्रस्तुत क०, पेश क०; दिखाना; Essen: परोसना; ein Schloß: लगाना; im Fußball: गोल करने के लिए किसी खिलाड़ी की ओर गेंद बढ़ाना; im Wettkampf: बना लेना, प्राप्त कर लेना (अंक आदि); Geld: उधार देना; U: er legte ein hohes Tempo vor वह बहुत तेज़ी से दौड़ने लगा; **~er,** m (-s/-) छोटा क़ालीन (पलंग आदि के पास का) ।

Vorleistung, f अग्रिम धन, पेशगी;

pol: पहला क़दम, दूसरे पक्ष की शर्त को पहले मान लेना।

vorles-en, v/t (h.) पढ़कर सुनाना; **~ung,** f (-/-en) सस्वर पाठ (श्रोताओं के समक्ष); व्याख्यान; प्रपाठ, लेक्चर(विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में)।

vorletzt, adj. उपान्तिम, अन्तिम से पहले वाला; पिछले से पिछला।

Vorlieb-e, f विशेष झुकाव, विशेष अनुराग; **~nehmen,** v/i (h.): mit etw. vorliebnehmen किसी वस्तु से काम चलाना या चला लेना, किसी वस्तु से ही संतुष्ट हो जाना।

vorliegen, v/i (h.) के हाथ में होना, के सामने रखा या पड़ा होना, के पास पहुँच चुका होना; होना, विद्यमान होना; was liegt gegen ihn vor? उसके खिलाफ़ क्या आरोप है ?; von ihm liegt ein neues Buch vor उसकी एक नई किताब छपकर आ गई है; **~d,** adj. यह, प्रस्तुत, जो सामने है; विद्यमान।

vorlügen, v/t (h.): jdm. etw. vorlügen किसी को कोई झूठी बात बताना, किसी से झूठ बोलना।

vormachen, v/t (h.) करके दिखाना; दिखाना; jdm. etw. vormachen किसी को कोई काम करके दिखाना; fig: किसी के आगे किसी बात का ढोंग क०; किसी को सोलह दूनी आठ पढ़ाना, किसी की आँखों में धूल झोंकना, किसी को धोखा देना।

Vormacht(stellung), f आधिपत्य, प्राधान्य।

vormal-ig, adj. पहले वाला, भूतपूर्व, **~s,** adj. पहले।

Vormarsch, m अग्रसरण, अग्रगमन, आगे की ओर बढ़ना।

vormerk-en, v/t (h.) पहले से लिख लेना या नोट कर लेना (आरक्षण, ऑर्डर आदि के लिए); **~ung,** f (-/-en) आरक्षण आदि के लिए पहले से लिखा जाना; आरक्षण, बुकिंग आदि का विवरण।

Vormit-tag, m पूर्वाह्न, सुबह, मध्याह्न के पूर्व का समय; **~tägig,** adj. पूर्वाह्न का, पूर्वाह्न के समय का; **~täglich,** adj. हर दिन पूर्वाह्न को होने वाला, हर दिन मध्याह्न से पूर्व, होने वाला; **~tags,** adv. मध्याह्न से पूर्व, सुबह, दोपहर से पहले।

Vormund, m (-[e]s/-e; ¨er) अभिभावक, वली, अभिरक्षक; **~schaft,** f (-/-en) अभिरक्षण, अभिभावकत्व; **~schaftlich,** adj. अभिरक्षण-संबंधी, अभिरक्षण या अभिभावकत्व पर आधारित।

vorn(e), adv. आगे, आगे की तरफ़; सबसे आगे; von vorn(e) आगे (की तरफ़) से; प्रारंभ से; U: er läßt sich hinten und vorn(e) bedienen वह अपनी खूब सेवा करवाता है; U: das Geld reicht hinten und vorn(e) nicht पैसा बिल्कुल पूरा नहीं पड़ता है; U: jetzt heißt es Rita hinten und vorn(e) आजकल तो रीता की खातिर हो रही है, आजकल तो रीता का बोलबाला है।

Vornahme, f (-/-n) करना, किया जाना, निष्पादन।

Vorname, m प्रथम नाम।

vornehm, adj. कुलीन, अभिजात; उच्च वर्ग का, बड़ा; सुसंस्कृत; शरीफ़; (großzügig) विशालहृदय, उदार; उदारचेता; उदारतापूर्ण; (elegant) सुरुचिपूर्ण, ललित; उत्कृष्ट; बढ़िया; (hauptsächlich) मुख्य, प्रमुख।

vornehmen, v/t (h.) आगे (की ओर) क०; करना, का निष्पादन क०; einige Änderungen vornehmen कुछ परिवर्तन करना; sich etw. vornehmen कुछ करने का निर्णय, संकल्प, इरादा क०; fig: sich jdn. vornehmen किसी को (अपने पास बुलाकर) डाँटना-फटकारना, किसी की भर्त्सना क०; U: jdn. vornehmen किसी का काम पहले कर देना, किसी को पहले निपटा देना।

Vornehmheit, f(-)कुलीनता; सुसंस्कृति; शराफ़त; विशालहृदयता, उदारता; सुरुचिपूर्णता, लालित्य; उत्कृष्टता ।

vornehmlich, adv. विशेषतया, विशेष रूप से, विशेषकर; सबसे अधिक ।

vornherein, adv. : von vornherein प्रारंभ में ही, प्रारंभ से ही ।

vornüber, adv. आगे की ओर से, आगे की ओर को ।

Vorort, m उपनगर, परिनगर, नगर-परिसर; **~zug,** m नगर-केन्द्र तथा उपनगर के बीच चलने वाली रेलगाड़ी, स्थानीय रेलगाड़ी ।

Vorplatz, m घर या इमारत के आगे की खुली जगह; प्रकोष्ठ, ड्योढ़ी, पौरी, दालान ।

Vorposten, m, mil: सेना से आगे कुछ दूरी पर का पहरा या प्रहरी(-दल); आगे की चौकी ।

Vorrang, m (-[e]s) प्राथमिकता, प्रथमता; अग्रसरता, अग्रता, वरीयता; श्रेष्ठता, उत्कर्ष; den Vorrang vor jdm. gewinnen किसी से आगे निकल जाना, किसी से अधिक महत्वपूर्ण या श्रेष्ठ हो जाना ।

Vor-rat, m (-[e]s/ ⸚e)भंडार, संभार, संचित सामग्री, भविष्य के लिए जमा की हुई सामग्री, संग्रह, संचय; auf Vorrat kaufen (भविष्य के लिए जमा करने के उद्देश्य से) थोक में ख़रीदना; **~rätig,** adj. जमा करके रखा हुआ; उपलब्ध, भंडार में विद्यमान;**~ratshaltung,** f खाद्य सामग्री आदि का संग्रहण या संचयन, भंडार में जमा करके रखना ।

Vorraum, m बाहरी कमरा, उपकक्ष; आगे का कमरा ।

vorrechnen, v/t (h.): jdm. etw. vorrechnen किसी को कोई हिसाब समझाना, किसी के आगे कोई हिसाब फिर से क०; fig: किसी को किसी बात का उलाहना देना, किसी को किसी बात का जूता मारना ।

Vorrecht, n विशेषाधिकार; विशेष सुविधा ।

Vorred-e, f प्राक्कथन, प्रस्तावना, आमुख, भूमिका; मुख्य भाषण से पूर्व के परिचायक शब्द; **~ner,** m पूर्ववक्ता ।

Vorrichtung, f (-/-en) उपकरण, यंत्र, साधित्र; साधन, युक्ति ।

vorrücken, 1. v/t (h.) आगे (की ओर) बढ़ाना या खिसकाना; 2. v/i (s.) आगे बढ़ना या बढ़ जाना; आगे की ओर खिसकना (घड़ी की सूई का); की पदोन्नति होना, को तरक़्क़ी मिलना; zu vorgerückter Stunde आधीरात के लगभग, काफ़ी रात गये ।

wohl, 1. adv. भली भाँति, अच्छी तरह; (angenehm)अच्छा, प्रिय, सुखद, आरामदेह; (gesund) स्वस्थ, तबियत ठीक होने की स्थिति में; (vermutlich)अनुमानतः, संभाव्यतः, शायद; (zwar) तो, ज़रूर, बेशक; mir ist nicht wohl मेरी तबियत ठीक नहीं है, मेरी तबियत खराब है; mir ist nicht wohl bei diesem Gedankenइस विचार से मुझे असफलता या अनिष्ट की आशंका होती है, इस विचार से मुझे बेचैनी-सी होती है, जब मैं यह सोचता हूँ तो मुझे डर-सा लगता है; bedenken Sie wohl, was Sie tun! जो आप कर रहे हैं उस पर भली भाँति सोच-विचार कर लीजिए!, कुछ करने से पहले भली भाँति सोच-विचार लीजिए!; er wird es wohl vergessen haben वह शायद इस बात को भूल गया होगा; das ist wohl ein Jahr her यह शायद एक साल पहले की बात है, इसे लगभग एक साल हो गया है; es mag wohl stimmen, aber ich glaube es nicht यह बात ठीक तो हो सकती है मगर मुझे इसपर विश्वास नहीं आता; wohl oder übel इच्छापूर्वक या अनिच्छापूर्वक, चाहे इच्छा हो चाहे न हो; 2. n (-[e]s) कल्याण; कुशल-क्षेम, खैरियत, सलामती; सुख, सम्पन्नता; स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती; auf Ihr Wohl! आपकी सलामती (या तन्दुरुस्ती) के लिए!, आपके कल्याण की कामना के साथ!; **~an,** int. तो ठीक है फिर!; चलो!, शुरू करो!; **~auf,** 1. int. →wohlan; 2. adj.: er ist (wieder) wohlauf वह (अब फिर) स्वस्थ है या अच्छा-भला है; **~bedacht,** adj. सुविचारित, सुविवेचित; **~befinden,** n कुशल-क्षेम; तन्दुरुस्ती; स्वास्थ्य; (अच्छा) हाल-चाल; **~behagen,** n आराम, चैन, आनन्द; **~behalten,** adj. सही-सलामत, भला-चंगा, सकुशल; अक्षत, सही हालत में; **~bekannt,**adj. अच्छी तरह परिचित; सुप्रसिद्ध, नामी; **~ergehen,** n (-s) कुशल-क्षेम; तन्दुरुस्ती स्वास्थ्य; **~erhalten,** adj. अच्छी हालत में; **~erzogen,** adj. शिष्ट, तमीज़दार; **~fahrt,** f (-) कल्याण; जन-कल्याण, लोक-हित; जनकल्याण-संस्था; **~feil,** adj. सस्ता, कम मूल्य का; **~gefallen,** n सुख, आनन्द, सन्तोष; U: sich in Wohlgefallen auflösen शान्तिपूर्वक समाप्त हो जाना; टूट जाना; विफलता को प्राप्त होना; **~gefällig,** 1. adj. प्रिय, रोचक, मनोहर, अच्छा लगने वाला; संतोषजनक; आत्मसन्तुष्ट; 2. adv. आनन्द के साथ, आत्मसंतोष के साथ, मज़ा लेते हुए; **~gemeint,** adj. भलाई का, भलाई या हित के लिए दिया गया (सुझाव, परामर्श आदि); **~gemut,** adj. प्रफुल्लित; प्रफुल्लचित्त, हँसमुख; **~geruch,** m सुगंध, खुशबू; **~gestalt,** adj. सुडौल, सुघड़;सुन्दर शरीर वाला; **~gestaltet,** adj. अच्छी तरह गढ़ा हुआ; सुडौल, सुन्दर शरीर वाला; **~habend,** adj. धनी, धनवान, अमीर; **~habenheit,** f (-) धनाढ्यता, अमीरी; **~ig,** adj. प्रिय, सुखद, आरामदेह; **~klang,/ ~laut,** m स्वरमाधुर्य, श्रुति-मधुरता; **~leben,**n आराम,चैन, ऐश की ज़िंदगी **~meinend,** adj. भलाई चाहने वाला, हितैषी, सदाशय; **~schmeckend,** adj. स्वादिष्ट, ज़ायकेदार, लज़ीज़; **~sein,** n कल्याण, कुशल-क्षेम, कुशल-मंगल; तन्दुरुस्ती; zum Wohlsein! आपकी सलामती के लिए!; **~stand,** m (-[e]s)समृद्धि, ऐश्वर्य, उच्च जीवन-स्तर; **~tat,** f उपकार, भलाई, नेकी; राहत, चैन, सुखदायी बात या वस्तु; **~täter,** m उपकारक, नेकी करने वाला; **~tätig,** adj. परोपकारी; पुण्यार्थ, खैराती, सहायतार्थ; **~tätigkeitsveranstaltung,** f सहायतार्थ प्रदर्शन; **~tuend,** adj. सुखकर, सुखद, आरामदेह, राहत या आराम या चैन पहुँचाने वाला; **~tun,** v/i (h.) राहत,

आराम या चैन पहुँचाना; **~überlegt,** adj. सुविचारित, सुविवेतित; **~unterrichtet,** adj. विश्वस्त, जिसे (किसी बात की) पूरी जानकारी हो; **~verdient,** adj. हलाल का, ईमानदारी से अर्जित; अर्जित; **~weislich,** adv. अच्छी तरह सोच-विचारकर; यह नीतिज्ञता तथा दूरदर्शिता की बात थी (या है) कि, एहितियातन; **~wollen,** 1. n (-s) हितैषिता, शुभचिन्ता; अनुग्रह, सद्भाव; 2. v/i (h.) का हितैषी, या शुभचिन्तक होना; के प्रति सद्भाव रखना; **~wollend,** adj. हितैषी, शुभचिन्तक; अनुग्रहपूर्ण, सद्भावपूर्ण; परोपकारी, दूसरों का कल्याण चाहने वाला।

Wohn-block, m किराये के फ़्लैटों वाली बहुमंज़िला इमारत; **~en,** v/i (h.) रहना, निवास क०; **~haft,** adj. निवासी; **~lich,** adj. आरामदेह, जिसमें रहा जा सके, निवास-योग्य, निवास्य; **~ort,** m निवासस्थान; अधिवास; **~sitz,** m निवास, आराम; निवासस्थान; **~ung,** f (-/-en) घर, मकान, फ़्लैट; **~ungsnot,** f रहने के स्थान की समस्या, मकान की समस्या, मकानों की कमी; **~wagen,** m रहने के लिए प्रयुक्त अनुयान; **~zimmer,** n बैठक।

wölb-en, v/t (h.) मेहराबी बनाना, गोल तथा उभरा हुआ बनाना; sich wölben मेहराब की तरह (बना) होना, मेहराब की तरह छाया होना (आकाश आदि); गोल-गोल उभरना; **~ung,** f (-/-en) मेहराब; गोलाई, उभार; झुकाव।

Wolf, m (-[e]s/ ⸚e) भेड़िया, वृक; Küchengerät: क़ीमा (या सब्ज़ी आदि की लुगदी) बनाने का उपकरण या यंत्र; tech: धुनने की मशीन, रेशों को ढीला करने की मशीन; med: शरीर के दो अंगों के रगड़ खाने से उत्पन्न सूजन, छिलन; fig: jdn. durch den Wolf drehen किसी को बहुत बुरी तरह डाँटना-फटकारना; fig: mit den Wölfen heulen ज़मानासाज़ी क०, (अपने लाभ के लिए) जिसकी चलती हो उसी की हाँ में हाँ मिलाना।

wölfisch, adj. वृकवत्, भेड़िये जैसा।

Wolfs-hund, m एल्सेशियन कुत्ता; **~hunger,** m, U: प्रचंड भूख, बहुत जोर की भूख; **~milch,** f, bot: स्नुही, थूहड़, विषैले दूधिया रस वाला एक पौधा; **~rachen,** m, med: विदरयुक्त तालू; **~spinne,** f शिकारी मकड़ी।

Wolke, f (-/-n) बादल, मेघ, घटा, अभ्र; fig: sie war in eine Wolke von Parfüm gehüllt उसके शरीर से इत्र की तीव्र गंध आ रही थी; U: aus allen Wolken fallen अत्यन्त आश्चर्यचकित हो जाना, हक्का-बक्का रह जाना या हो जाना; **~nbruch,** m मूसलाधार वर्षा; **~nkratzer,** m, U: गगनचुम्बी इमारत; **~nkuckucksheim,** n काल्पनिक आदर्श नगर, आदर्श नगर की कल्पना-मात्र।

wolkig, adj. मेघाच्छादित, मेघाच्छन्न; बादल-सा।

Woll-decke, f कम्बल; **~e,** f (-/-n) ऊन, उर्ण, पशम, सूफ़; fig: leicht in die Wolle geraten जल्दी क्रुद्ध हो जाना; ज़रा-सी बात में ग़ुस्सा हो जाना; fig: mit jdm. in die Wolle geraten [sich mit jdm. in der Wolle haben] किसी के साथ झगड़ा क० या हो जाना।

wollen, adj. ऊनी।

wollen, 1. v/t&v/i (h.) चाहना, की इच्छा होना; अपेक्षा क० या रखना, प्राप्त करना चाहना; (कोई काम) करना चाहना, का (किसी काम के लिए) पक्का इरादा होना; कहना, दावा क०; का उद्देश्य या अभिप्राय होना; ich will jetzt Ruhe मैं अब शान्ति चाहता हूं; ich will jetzt gehen मैं अब जाना चाहता हूँ (या जाना चाहूँगा); was wollen Sie mit diesem Brief? आप इस पत्र का क्या करेंगे?; er mag

wollen oder nicht चाहे उसकी इच्छा हो या न हो; er will ihn gesehen haben वह कहता है कि उसने उसे देखा है; das wollte ich nicht मैं यह नहीं चाहता था, यह मेरा उद्देश्य (या अभिप्राय) नहीं था; wir wollen sehen! अच्छा देखेंगे!; अच्छा देखा जाएगा!; wollen Sie bitte einen Augenblick warten कृपया थोड़ी देर प्रतीक्षा कीजिए!; das will gelernt sein यह सीखना पड़ता है (या पड़ेगा), यह बिना सीखे नहीं आता; diese Pflanze will täglich gegossen werden इस पौधे को रोज़ पानी देना पड़ता है (या पड़ेगा); ich wollte, ich hätte ihn nie kennengelernt! काश कि उससे मेरी जान-पहचान कभी न हुई होती!; ich wollte, die Zeit bliebe stehen! काश कि समय की गति रुक जाती!; U: diese Sache will mir nicht aus dem Kopf यह बात मेरे दिमाग़ से नहीं निकलती है; U: zu wem wollen Sie? आप किससे मिलना चाहते हैं?; U: das will nicht viel bedeuten इसका कोई विशेष (या अधिक) महत्व नहीं है; U: und dann will es niemand gewesen sein फिर सब यही कहेंगे या कहते हैं कि मैं निर्दोष हूँ; 2. n (-s) चाह इच्छा, चाहना; इरादा, अभिप्राय, उद्देश्य ।

Wollust, f (-/ ⸚e) रति-सुख, संभोग का आनन्द, मदनलहरी; fig: आनन्द, परमानन्द, परमसुख, महान प्रसन्नता ।

wollüst-ig, adj. कामुक, कामातुर; विषयासक्त, ऐयाश; **~ling,** m विषयासक्त व्यक्ति, ऐयाश ।

Wollwaren, f/pl. ऊनी कपड़े ।

wo-mit, adv., 1. in Fragen: किस से, किसके द्वारा; काहे के साथ, किस (वस्तु) के साथ; 2. im Relativsatz: जिससे, जिसके द्वारा; जिसके साथ; **~möglich,** adv. संभवतः, शायद;यदि संभव हो तो; कहीं, शायद कहीं; **~nach,** adv., 1. in Fragen: किस(वस्तु)की ओर; किसके बाद, किस वस्तु या बात के पश्चात; किसके अनुसार; 2. im Relativsatz: जिसकी ओर; जिसके बाद; जिसके अनुसार ।

Wonn-e, f (-/-n) हर्ष, आह्लाद, सुख, गहरी प्रसन्नता, मज़ा, परमानन्द; आह्लादक वस्तु, आह्लाद का विषय; **emonat,/~emond,** m मई का महीना; **~etrunken,** adj. अत्याह्लादित, अह्लादित, हर्षित,अतिहर्षित; **~ig(lich),** adj. आनन्दप्रद, आह्लदक; मोहक, मनोहर, मुग्ध करने वाला ।

wor-an, adv., 1. in Fragen: किस (बात) के बारे में, किस वस्तु के बारे में; किसरोग से; किस पर; किसमें; 2. im Relativsatz: जिससे; जिसके बारे में, जिसमें; **~auf,** adv., 1. in Fragen: किस (वस्तु) पर, काहे पर; किस वस्तु या बात के लिए; 2. im Relativsatz: जिस पर, जिसके लिए; **~aus,** adv., 1. in Fragen: किस चीज़ का, किस चीज़ से बना हुआ; किस बात से; 2. im Relativsatz: जिसका, जिससे; जिस बात से ।

Worfel, f (-/-n) (धातु का) सूप, फटकनी; **~n,** v/t (h.) Getreide: ओसाना, फटकना ।

worin, adv., 1. in Fragen: किस (चीज़) में, किस बात में; 2. im Relativsatz: जिसमें ।

Wort, n (-[e]s/ ⸚er) शब्द, लफ़्ज़; (pl: Worte)शब्द, कथन, बात; कथनी; o.pl: वचन, वादा, प्रतिज्ञा, क़ौल; das Wort ergreifen (किसी सभा या बैठक में) बोलना प्रारंभ क०; Wort für Wort शब्दशः; das große Wort führen शेखी बघारना; in Wort und Schrift दोनों लिखने तथा बोलने में; ein gutes Wort für jdn. einlegen किसी की सिफ़ारिश क०; jdm. aufs Wort glauben किसी की बात पर पूरा-पूरा विश्वास क०; jdm. ins Wort fallen किसी की बात

काटना, किसी को बोलने न देना; jdm./einer Sache das Wort reden किसी व्यक्ति/बात की हिमायत (या का समर्थन) क०; ein Mann von Wort बात का धनी, बात का पक्का आदमी; **~bruch,** m वादाखिलाफ़ी, प्रतिज्ञा-भंग, अपना वादा तोड़ना; **~brüchig,** adj.: wortbrüchig werden वादाखिलाफ़ी क०, से मुकर जाना, अपना वादा पूरा न क० ।

Wörterbuch, n शब्दकोश ।

Wort-führer, m प्रवक्ता, प्रतिनिधि, मुखिया; **~gefecht,** n वाक्कलह, कहा-सुनी, तू-तू मैं-मैं, विवाद, वाग्युद्ध, झड़प; **~getreu,** adj. शाब्दिक; **~karg,** adj. अल्पभाषी; **~klauberei,** f वितण्डा, बारीकीबीनी; **~laut,** m शब्द, शब्दावली, एक-एक शब्द, मज़मून ।

wörtlich, adj. शाब्दिक; eine wörtliche Übersetzung शब्दानुवाद; gramm: wörtliche Rede साक्षात्कथन ।

wort-los, adj. बिना कुछ कहे हुए, बिना कुछ बोले हुए; **~reich,** adj. शब्दबहुल; शब्दाडम्बरपूर्ण; **~schatz,** m (-es) शब्द-भण्डार; **~spiel,** n शब्दक्रीड़ा, यमक; **~streit,**m (निरर्थक) विवाद, शब्दों का झगड़ा; वाग्युद्ध; **~wechsel,** m कहा-सुनी, वाक्कलह, विवाद, झड़प; **~wörtlich,** adj. शाब्दिक, शब्दशः ।

wor-über, adv., 1. in Fragen: किस बात के बारे में, किस बात पर, किस चीज़ के बारे में; 2. im Relativsatz: जिसके बारे में, जिस पर; **~um,** adv., 1. in Fragen किसी बात के लिए; किस चीज़ या बात के बारे में; 2. im Relativsatz: जिसके लिए; जिसके बारे में; **~unter,** adv., 1. in Fragen: किसके अन्तर्गत; किस चीज़ या बात से; 2. im Relativsatz: जिसके अन्तर्गत; जिससे; **~von,** adj., 1. in Fragen: किसका, किस चीज़ या बात का; किस चीज़ या बात के बारे में; 2. im Relativsatz: जिसका; जिसके बारे में; **~vor,** adv. 1. in Fragen: किससे, किस बात से, किस चीज़ से; 2. im Relativsatz: जिससे; **~zu,** adv., 1. in Fragen: किस लिए; किस बात के लिए; 2. im Relativsatz: जिसके लिए ।

Wrack, n (-[e]s/-s) भग्न पोत, विमान या कार आदि; fig: अत्यन्त क्षीणकाय व्यक्ति, व्यक्ति जिसकी शक्तियाँ क्षीण हो चुकी हों ।

wringen, v/t (h.) निचोड़ना, ऐंठकर निचोड़ना, ।

Wucher,m (-s) अपलाभ, मुनाफ़ाखोरी, अपने लाभ के लिए दूसरों का शोषण, कुसीद, सूदखोरी; Wucher treiben अपने लाभ के लिए दूसरों का शोषण क०, मुनाफ़ाखोरी क०; **~er,** m (-s/-) अपने लाभ के लिए दूसरों का शोषण करने वाला, कुसीदजीवी, मुनाफ़ाखोर, सूदखोर; **~isch,** adj. कुसीदिक, कुसीदात्मक; **~n,** v/i (h.) खूब फैल जाना; अत्यधिक मात्रा में उगना (घास आदि); अपलाभ उठाना, सूदखोरी क०; अपने लाभ के लिए दूसरों का शोषण क०; med: अर्बुद आदि का बढ़ना या फैलना; mit etw. wuchern किसी वस्तु से अपलाभ उठाना; **~ung,** f (-/-en) med: अर्बुद, अपवृद्धि; बदगोश्त; **~zinsen,** m/pl. बहुत अधिक ब्याज, कमरतोड़ सूद ।

Wuchs, m (-es) वर्धन, वृद्धि; डील, डील-डौल, काठी, शरीर-गठन ।

Wucht, f (-/-en) शक्ति, ज़ोर, प्रहार-शक्ति,संवेग; वज़न, भार; phys: गतिज ऊर्जा; U: बहुत अधिक मात्रा; mit voller Wucht auf etw. prallen पूरे ज़ोर से किसी चीज़ से टकरा जाना; U: das ist eine Wucht! यह बड़ी ज़ोरदार चीज़ है, यह कमाल की चीज़ है; **~en,** 1. v/t (h.) पूरा ज़ोर लगाकर उठाना, पूरी शक्ति से उठाकर रखना; 2. v/i

(h.) U: बहुत कड़ी मेहनत क०; ~ig, adj. विशाल, भारी-भरकम; भारी, वज़नदार, वज़नी; ज़ोरदार,ज़बरदस्त ।

wühl-en, v/i (h.) हाथों से (मिट्टी) खोदना या कुरेदना; थूथन से मिट्टी खोदना या कुरेदना, ज़मीन के अन्दर छेद बनाते हुए आगे बढ़ना; खखोरना, कुछ ढूंढ़ने के लिए चीज़ों को उलट-पुलट करना; fig: गुप्त रूप से आन्दोलन क० या लोगों को भड़काना; ~**er,** m (-s/-) ज़मीन के अन्दर बिल बनाकर आगे बढ़ने वाला जानवर; fig: गुप्त रूप से लोगों को भड़काने वाला; ~**erei,** f (-/-en) U: हाथों से लगातार खोदना या कुरेदना; लगातार खखोरना; fig: गुप्त रूप से भड़काना, गुप्त आन्दोलन; कठोर (बौद्धिक) परिश्रम; ~**maus,** f शाद्वल-मूषक; पानी में रहने वाला बड़े आकार का चूहा ।

Wulst, m(-es/ ¨-e) किनारे का उभार लम्बा-सा उभरा हुआ भाग; घाव के किनारे की सूजन; ~**ig,** adj. उभरा हुआ; मोटे तथा बाहर को निकले हुए (होंठ); (किनारे पर) सूजा हुआ ।

wummern, v/i (h.) गूँजना, घनघनाना; ठक-ठक क० ।

wund, adj. दुखता हुआ; जिसकी या जहाँ की खाल छिल गई हो; घायल, ज़ख्मी; ~**brand,** m घाव की सूजन, घाव के कारण हुई सूजन; ~**e,** f(-/-n) घाव, ज़ख्म ।

Wunder, n (-s/-) चमत्कार; अत्यन्त असाधारण घटना, काम या रचना, अद्भुत घटना या वस्तु; (Verwunderung) आश्चर्य, ताज्जुब, अचम्भा, विस्मय; ein Wunder an Schönheit असाधारण सौन्दर्य, अपूर्व सौन्दर्य; er glaubt, wunder was getan zu haben वह समझता है कि उसने जैसे कोई तीर मार लिया हो, वह समझता है कि उसने कोई बहुत असाधारण काम किया है; er bildet sich wunder was darauf ein उसे इस बात का बहुत बड़ा घमंड है, इस बात से वह अपने आपको जाने क्या समझने लगा है; ~**bar,** adj. अद्भुत, चमत्कारिक, आश्चर्यजनक; बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट, अत्युत्तम, शानदार, प्रशंसनीय; ~**barerweise,** adv. यह चमत्कार की बात है (या थी) कि; ~**hübsch,** adj. अत्यन्त सुन्दर; ~**kind,** n असाधारण प्रतिभा वाला बच्चा; ~**lich,** adj. अद्भुत, अजीब, आश्चर्यजनक; विचित्र, विलक्षण, निराला, अनोखा; (launisch) सनकी, झक्की; ~**n,** *1.* v/t (h.) को अचरज, आश्चर्य, अचम्भे, ताज्जुब में डालना; 2. v/r (h.) पर आश्चर्य क०, ताज्जुब क०, अचम्भे में पड़ना; sich über etw./jdn. wundern किसी बात/व्यक्ति पर ताज्जुब क०, किसी बात/व्यक्ति को न समझ पाना; ~**nehmen,** v/t (h.): das nimmt mich wunder इस पर मुझे अचरज, आश्चर्य, ताज्जुब होता है; ~**sam,** adj., poet: अलौकिक; अद्भुत, अजीब; विचित्र, विलक्षण, अनोखा; ~**schön,** adj. अत्यन्त सुन्दर; ~**tier,** n, U: अद्भुत प्राणी, अत्यन्त विचित्र प्राणी; ~**voll,** adj. बहुत बढ़िया, उत्कृष्ट, अत्युत्तम, शानदार; ~**werk,** n चमत्कार; असाधारण उपलब्धि ।

wund-liegen, v/r (h.) बिस्तर में बहुत दिनों तक लगातार पड़े रहने से खाल छिल जाना या शय्याव्रण हो जाना; ~**mal,** n क्षतचिह्न, चोट का दाग़; ~**rose,** f, med: विसर्प; ~**starrkrampf,** m धनुस्तम्भ, अपतानक ।

Wunsch, m (-es/ ¨-e) इच्छा, चाह; अभिलाषा, कामना, आकांक्षा; निवेदन, माँग; (Glückwunsch) बधाई, मुबारकबाद; ~**bild,** n आदर्श; ध्येय, सर्वोच्च लक्ष्य; ~**denken,** n इच्छाजनित विश्वास या धारणा ।

Wünschelrute, f शकुनक दंड ।

wünschen, v/t (h.) चाहना, की इच्छा, अभिलाषा, आकांक्षा, कामना क०, को (किसी चीज़ या बात की) इच्छा, अभिलाषा,आकांक्षा,होना; निवेदन क०,

माँगना; sich etw. wünschen अपने लिए किसी बात की इच्छा क०, अपने लिए कोई चीज़ माँगना या माँग लेना; jdm. etw. wünschen किसी के लिए किसी बात की कामना क०; das läßt zu wünschen übrig इसमें काफ़ी कमियाँ है, यह ऐसा नहीं है जैसा होना चाहिए;ich wünsche nicht gestört zu werden मैं नहीं चाहता हूँ कि कोई मेरा ध्यान बटाए, मैं नहीं चाहता हूँ कि कोई मेरी शान्ति भंग करे या मेरे काम करने में बाधा डाले; मैं किसी से मिलना (या बात करना) नहीं चाहता हूँ; ~swert, adj. वांछनीय, इष्ट अभीष्ट, काम्य।

wunsch-gemäß, adj. इच्छानुकूल, इच्छा के अनुसार; **~kind,** n, U: वांछित सन्तान, स्वेच्छा से पैदा किया हुआ बच्चा; **~los,** 1. adj. बिना किसी इच्छा या अभिलाषा के; 2. adv. पूर्णतया, पूरी तरह; **~traum,** m आकांक्षाजनित स्वप्न; महानाकांक्षा, बहुत बड़ी इच्छा, तमन्ना ।

Würd-e, f (-/-n) उपाधि,पद; सम्मान, मानोपाधि;o.pl: मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा, गरिमा, गौरव, आन, शान; आत्म-सम्मान, आत्मगौरव; die Würde des Alters बड़प्पन, बुजुर्गी; etw. mit Würde tragen किसी बात को आत्मगौरव के साथ सहन क०; akademische Würden अकादमिक उपाधियाँ; **~elos,** adj. आत्मगौरवहीन, आत्मसम्मानहीन;गर्हणीय, घृण्य; **~enträger,** m उच्चपदाधिकारी; उपाधि-प्राप्त या सम्मानित व्यक्ति; **~evoll,** adj. गौरवपूर्ण; आत्मागौरवपूर्ण; गंभीर, गांभीर्यपूर्ण; **~ig,** adj. गौरव-पूर्ण;गंभीर, गांभीर्यपूर्ण; श्रद्धेय, सम्मान-नीय; योग्य, क़ाबिल, लायक; **~igen,** v/t (h.) मूल्यांकन, गुण-दोष-विवेचन, समालोचना क०; का ससम्मान उल्लेख क०; को सम्मान या मान्यता देना, की क़दर क०,को महत्व देना; को योग्य, क़ाबिल, लायक समझना; jdn. keines Blickes würdigen किसी की तरफ़ देखना तक नहीं; **~igung,** f (-/-en) मूल्यांकन, गुण-दोष-विवेचन, समालोचना; सम्मान क़दरदानी; सम्मान-लेख ।

Wurf, m (-es/ ⸚e) फेंकने की क्रिया, फेंक, क्षेप(ण); फेंकने की दूरी; von Säugetieren: एक बार में ब्याए बच्चे, झोल; von Stoffen: कपड़ों या परदों में अपने आप पड़ने वाली चुन्नटें, कपड़ों आदि का गिराव या लटकाव; fig: सफलता, कामयाबी; सफल रचना ।

Würfel, m (-s/-) घन, किसी वस्तु का घनाकार टुकड़ा; Spielstein: पाँसा, पाशक, अक्ष; fig: die Würfel sind gefallen (अन्तिम) निर्णय हो चुका है; **~ig,** adj. घनाकार; **~n,** 1. v/i (h.) पाँसा खेलना, पाँसा फेंकना; 2. v/t (h.) घनाकार टुकड़ों में काटना; **~zucker,** m शकर के छोटे घनाकार पिंड ।

würflig, adj. →würfelig

Wurf-scheibe, f क्षेपण-प्रतियोगिता में प्रयुक्त चक्र, लौहचक्र, डिसकस; **~sendung,** f सामूहिक विज्ञापन-डाक ।

Würge-griff, m गलाघोंटू पकड़; **~n,** 1. v/t (h.) को अरुचि के बावजूद लीलना; का गला घोंटना या दबाना; के गले में चुभना (कॉलर का); fig: के गले को रुद्ध क०, से गला रुँध जाना; 2. v/i (h.) के गले में फँस जाना, के गले के नीचे न उतरना; को उलटी हो जाना; an etw. würgen किसी चीज़ को (अरुचि के बावजूद) सकष्ट लीलने का प्रयत्न क०; fig: बहुत कष्ट उठाना, कमरतोड़ मेहनत क०; **~r,** m (-s/-) हत्यारा; गला घोंटकर मारने वाला; bot: एक परजीवी लता; poet: मृत्यु, यमराज ।

Wurm, m (-[e]s/ ⸚er) कृमि, कीड़ा; केंचुआ; सूँड़ी, सूँड़ा; med: कृमिरोग का कीड़ा, पेट का कीड़ा; fig: sich winden wie ein Wurm बचने के लिए कोई बहाना ढूँढने का

प्रयत्न क०; fig: in dieser Sache ist der Wurm इस बात में (या मामले में) कुछ दाल में काला है; 2. n (-[e]s/ ⸚er) U: छोटा-सा बच्चा, निस्सहाय बच्चा; ~en, v/t (h.) U: से कोफ़्त होना, के दिल में खटकना या कसकना, से बहुत चिढ़ होना; das wurmt ihn इससे उसे कोफ़्त होती है या हो रही है; ~fortsatz, m, anat: उण्डुकपुच्छ; ~ig, adj. जिसमें सूँडी या सूँड़ा हो (फल); कृमिल, कृमिण; घुणी; ~stichig, adj. घुणी, सघुण; कृमिल, कृमिमय, कीड़ा लगा हुआ।

Wurst, f (-/⸚e) लंगोचा, गुलमा, आँत या संश्लिष्ट झिल्ली में क़ीमे को भरकर बनाया जाने वाला व्यंजन; U: jetzt geht es um die Wurst अब बात निर्णायक अवस्था में पहुँच चुकी है; U: das ist mir Wurst मुझे इसकी कोई परवाह नहीं, इसमें मुझे कोई दिलचस्पी नहीं; ~**blatt,** n, U: घटिया अखबार, निम्न स्तर की पत्रिका।

Würstchen, n (-s/-) छोटा लंगोचा; U: नगण्य व्यक्ति, छुटभैया, नाचीज़; U: ein armes Würstchen बेचारा या अभागा व्यक्ति।

Wurstel-ei, f (-) बेतरीक़ा काम, अनाड़ीपन या फूहड़पन का काम, कच्चा काम; ~**n,** v/i (h.) U: धीरे-धीरे तथा बेतरीक़े काम क०, अनाड़ीपन या फूहड़पन से काम क०, कच्चा काम क०।

wursten, v/i (h.) लंगोचे तैयार क०, लंगोचे बनाना।

wurstig, adj., U: बेपरवाह, लापरवाह; उदासीन; ~**keit,** f (-) बेपरवाही; लापरवाही; उदासीनता।

Würze, f (-/-n) मसाला; सौरभ, सुगंध; fig: ख़ास मज़ा; विशेष आकर्षण।

Wurzel, f (-/-n) जड़, मूल; eines Zahnes usw: मूल; gramm: धातु; प्रातिपदिक; math: मूल (जैसे वर्गमूल, आदि); fig: कारण, वजह, बायस, जड़; Wurzeln schlagen जमना, जम जाना, से जड़ें निकलना; fig: किसी जगह बस जाना; fig: das Übel an der Wurzel packen बुराई की जड़ को मिटाने का प्रयत्न क०; fig: die Wurzel allen Übels सारी बुराई की जड़; ~**los,** adj. अमूल, मूलविहीन, बिना जड़ का; fig: जो कहीं न रम सके; बेग़ाना; ~**n,** v/i (h) से जड़े निकलना, जड़ पकड़ना, जम जाना; fig: बस जाना, जम जाना, किसी जगह रम जाना; दृढ़ होना, बद्धमूल होना; की जड़ें (या का मूलस्रोत) किसी बात में होना; ~**stock,** m प्रकन्द; ~**werk,** n (-[e]s) जड़ें, मूल-तंत्र; zum Kochen: शोरबे आदि को स्वादिष्ट बनाने के लिए प्रयुक्त गाजर, अजमोदा, धनियाँ आदि।

würz-en, v/t (h.) में मसाला डालना, मसाले से ज़ायकेदार बनाना; fig: मज़ेदार, दिलचस्प, हास्यजनक बनाना; ~**ig,** adj. मसालेदार, चरपरा, चटपटा; सुरभित, ख़ुशबूदार, सुगंधित; गंध-विशेष से युक्त; ~**mittel,** n मसाला।

wuschel-ig, adj., U: अस्तव्यस्त, बिना कंघा किए हुए (बाल); ~**kopf,** m, U: अस्तव्यस्त बालों वाला व्यक्ति या बच्चा; कृत्रिम रूप से बनाए गए घुँघराले बालों वाली केश-सज्जा।

Wust, m (-es) U: अव्यवस्थित ढेर।

wüst, adj. (öde) निर्जन, सुनसान, वीरान; उजाड़, बंजर; (unordentlich) अव्यवस्थित, बेतरतीब; अंधाधुंध, बेहिसाब; (ausschweifend) पथभ्रष्ट, लम्पट, दुराचारी, बदचलन; लाम्पट्यपूर्ण, लम्पटतापूर्ण; (rüde) अभद्र, उजड्ड, अशिष्ट; dial: ख़राब; गन्दा; पीव-भरा; बुरा, भद्दा; बदसूरत, कुरूप, भोंड़ा, असुन्दर; eine wüste Schlägerei अंधाधुंध मार-पीट; ~**e,** f(-/-n) मरु, मरुस्थल, मरुभूमि, रेगिस्तान; U: jdn. in die Wüste schicken किसी के प्रभाव को पूर्णतया समाप्त कर देना; किसी को बरख़ास्त कर देना; ~**en,** v/i (h.): mit etw. wüsten किसी चीज़ (जैसे धन, स्वास्थ्य आदि) को

तबाह क० या बरबाद क०; ~enei, f (-/-en) निर्जन या सुनसान क्षेत्र, वीरान इलाक़ा, वीराना; ~enschiff, n, U: ऊँट; ~ling, m (-s/-e) लम्पट, बदचलन या दुराचारी व्यक्ति, व्यभिचारी; ~ung, f (-/-en) जनशून्य हो गई बस्ती, बस्ती जिसे सब लोग छोड़ गए हों; खान जिसमें काम न होता हो।

Wut, f(-) रोष, क्रोधोन्माद, क्रोधान्धता; (übersteigerte Begeisterung) अत्यधिक उत्साह; fig: प्रचंडता, ज़ोर, तेज़ी; U: eine Wut im Bauch haben अत्यन्त रुष्ट या क्रुद्ध होना, क्रोधोन्मत्त होना।

wüten, v/i (h.) क्रोधोन्मत्त होना, क्रोधोन्मत्त होकर तोड़-फोड़ क०, अत्यधिक क्रोध क०; fig: का प्रकोप होना; **~d,** adj. क्रोधोन्मत्त, अतिक्रुद्ध, आग-बबूला; भीषण, प्रचंड, उग्र, घोर।

wutentbrannt, adj. अतिक्रुद्ध, बहुत अधिक ग़ुस्से से भरा।

Wüt-erich, m (-s/-e) बहुत ग़ुस्सैल आदमी; क्रूर, नृशंस या ज़ालिम इंसान; **~ig,** adj.→ wütend

wutschnaubend, adj. क्रोधोन्मत्त, ग़ुस्से से पागल।

X Y

[1]x, math: कोई अज्ञात राशि; U: कई, अनेक, अनगिनत, बहुतेरे; U: er hat x Bücher dieser Art उसके पास इस तरह की अनेक (या कई) किताबें हैं।

[2]X, n: jdm. ein X für ein U vormachen किसी की आँखों में धूल झोंकना, किसी को सोलह दूनी आठ पढ़ाना; U: Herr X कोई (अपरिचित) आदमी, फ़लाँ-फ़लाँ सज्जन।

X-Achse, f, math: य-अक्ष।

X-Beine, n/pl. अन्तर्वक्र टाँगें; **~beinig,** adj. संहतजानुक, अन्तर्वक्र टाँगों वाला।

x-beliebig, adj. कोई भी।

x-fach 1. adj., math: x- गुना; adv. अनेक बार।

x-mal, adj. कई बार, अनेक बार, अनगिनत बार।

x-Strahlen, pl. एक्स-क़िरणें, क्ष-किरणें।

Xylograph, m (-en/-en) [griech.] काष्ठ-चित्रकार, लकड़ी पर नक़्क़ाशी करने वाला; **~ie,** f (-/-n) काष्ठ-चित्र, काष्ठोत्कीर्णित मूर्ति; o. pl: काष्ठ-चित्रकला, लकड़ी पर नक़्क़ाशी करने की कला।

Xylophon, n (-s/-e) [griech.] काष्ठ-तरंग (एक वाद्य)।

Xylose, f (-)[griech.] काष्ठ-शर्करा।

Y-Achse, f, math: र-अक्ष।

Yankee, m (-s/-s) [eng./niederl.] उत्तरी अमरीका का निवासी, अमरीकी; **~tum,** n (-s) उत्तरी अमरीका वालों के आचार-व्यवहार का ढंग, अमरीकी तौर-तरीक़ा।

Yard, n (-s/-s) [eng.] गज़।

Ysop, m (-s/-e) [lat.] कठिंजर, ज़ूफ़ा।

Z

Zacke, f (-/-n) नोक, नुकीला भाग; शृंगशाखा; an Kamm/Gabel: दाँता, दन्दाना, काँटा; ~**n,** 1. v/t (h.) दाँतेदार बनाना, दन्तुरित क०, क्रकचित या दन्दानेदार बनाना; 2. m (-s/-)→ Zacke

zackig, adj. दाँतेदार, दन्तुरित, क्रकची, दन्दानेदार; U: फ़ौजी ढंग का, तनकर तथा चुस्ती के साथ काम करने वाला; ज़ोरदार, जोशीला ।

zag-en, v/i (h.) डरना, हिचकिचाना, झिझकना, संकोच क०; ~**haft,** 1. adj. डरपोक, भीरु, बुज़दिल, संकोची, हिचकिचाने वाला; आशंकापूर्ण, संकोचपूर्ण; 2. adv. डरते-डरते, संकोच के साथ; ~**haftigkeit,** /~**heit,** f (-) भीरुता, कायरता, बुज़दिली; संकोचपूर्णता; संकोच, संकोची प्रकृति ।

zäh, adj. चीमड़, चिमड़ा; कड़ा, सख़्त, रेशेदार (मांस);(zähflüssig) लसलसा, लसीला, चिपचिपा, लसदार; (widerstandsfähig) तितिक्षु; (beharrlich) दृढ़, अटल; दुराग्रही, ज़िद्दी; अविरत; (langwierig) बहुत समय लेने वाला, बहुत धीरे-धीरे होने वाला; ~**flüssig,** adj. लसलसा, लसीला, लसदार, चिपचिपा; ~**igkeit,** f (-) चीमड़पन; कड़ापन; लसलसापन, लसीलापन; तितिक्षा; दृढ़ता, अटलता; दृढ़ग्राहिता, दुराग्रह; अनवरतता; बहुत धीरे-धीरे होना ।

Zahl, f (-/-en) अंक, संख्यांक, संख्या; (Anzahl) संख्या, राशि; gramm: वचन;in großer Zahl बड़ी संख्या में; ohne Zahl असंख्य, अनगिनत ।

zahlen, 1. v/i (h.) अदायगी क०; धन व्यय क०, पैसा खर्च क०; बिल चुकाना; fig: ख़ामियाज़ा उठाना;2. v/t (h.) अदा क०, का भुगतान क०, चुकता क०, चुकाना, देना; के लिए पैसे देना या खर्च क०; fig: चुकाना ।

zählen, v/t (h.) गिनना, की गिनती या गणना क०; में गिनती क०;समझना, मानना; का होना; er zählt dreißig Jahre वह तीस वर्ष का है, उसकी आयु तीस साल (की) है; ich zähle ihn zu meinen Freuden उसकी गिनती मैं अपने मित्रों में करता हूँ, वह मेरा मित्र हैं; मैं उसे अपना मित्र समझता हूँ; 2. v/i (h.) गिनती सुनाना, गिनना; में गिनती होना, में गिना जाना; माना जाना,समझा जाना; का मूल्य होना; fig: महत्व रखना, का महत्व होना; auf jdn. zählen किसी पर भरोसा क० या रखना; fig: nicht bis drei zählen können बुद्धू होना, बिल्कुल बेवकूफ़ होना, निरा बौड़म होना; fig: sein Vermögen zählt nach Millionen वह लखपती (या करोड़पती) है, उसकी सम्पत्ति लाखों (या करोड़ों) की है ।

Zahlen-folge,f संख्या-क्रम; ~**gedächtnis,** n संख्याओं को याद रखने की क्षमता; ~**mäßig,** 1. adj. संख्यात्मक; 2. adv. संख्या में, संख्या के हिसाब से; ~**material,** n(दत्त) आँकड़े; ~**reihe,** f संख्यात्मक श्रेणी, संख्या-श्रेणी; ~**schloß,** n बिना चाबी का संख्याओं वाला ताला; ~**system,** n गणन-प्रणाली; ~**wert,** m संख्यात्मक मूल्य ।

Zahler, m (-s/-) भुगतानकर्ता ।

Zähler, m (-s/-) math: अंश, लव; Gerät: (बिजली, पानी आदि का) मीटर ।

Zahl-grenze, f स्थान या दूरी जिसको पार करने पर बस या ट्राम आदि का किराया बढ़ जाता है; ~**karte,** f डाकघर के किसी खाते में धन जमा करने के लिए प्रयुक्त फ़ॉर्म; ~**los,** adj. असंख्य, अगणित, अनगिनत ।

Zählmaß, n गणना की इकाई (जैसे दर्जन, कोड़ी, सैकड़ा आदि)।

Zahlmeister, m ख़ज़ानची; सैनिक वेतनाधिकारी; **~ei,** f (-/-n) ख़ज़ानची का कार्यालय; सैनिक वेतनाधिकारी का कार्यालय।

zahl-reich, adj. बहुसंख्यक; बहुत से, अनेक; **~stelle,** f ख़ज़ानची की खिड़की; **~tag,** m वेतन-वितरण-दिवस; भुगतान-तिथि।

Zahlung, f (-/-en) अदायगी, भुगतान; शोधन, चुकौती; **~sanweisung,** f अदायगी का आदेश; धनप्रेषादेश, धनादेश; **~sbedingungen,** f/pl. शोधन-निबंधन, कर्ज़ की अदायगी की शर्तें; **~sbilanz,** f देना-पावना, देयादेय; **~sfähig,** adj. (ऋण)शोधक्षम; **~sfrist,** f शोधन के लिए निर्धारित; अवधि; **~smittel,** n मुद्रा, चलार्थ; चेक, हुंडी आदि (जिसके द्वारा अदायगी की जाए); **~sunfähig,** adj. शोधाक्षम; दिवालिया; **~sverkehr,** m लेन-देन, क्रय-विक्रय-व्यवहार।

Zählwerk, n गणना करने की मशीन।

Zahlwort, n अंक, संख्यांक।

zahm, adj. पालतू; मनुष्यों को देखकर न चौंकने वाला, हिला हुआ; सीधा; fig: वश्य, वशीभूत; सौम्य, शान्त; U: मन्द, नरम।

zähmen, v/t (h.) पालतू बनाना, हिला लेना; सधाना; fig: वश में क०; दमन क०; सीधा कर देना।

Zahmheit, f (-) पालतूपन; हिला हुआ होना; सीधापन; fig: वश्यता, दब्बूपन।

Zahn, m (-[e]s/ ⸚e)दन्त, दाँत, दशन; (Zacke) दाँता, दन्दाना; fig: der Zahn der Zeit समय की विनाशकारी शक्ति; fig: sich die Zähne an etw. ausbeißen किसी काम को पूरा न कर पाना; किसी काम को पूरा करने के लिए अत्यधिक मानसिक परिश्रम क० या दिमाग़ पच्ची क०; fig: jdm. die Zähne zeigen किसी को धमकी देना, किसी को अपनी शक्ति का अहसास कराना; किसी को मनमानी न करने देना, किसी का विरोध क०; fig: jdm. auf den Zahn fühlen किसी की परीक्षा लेना, किसी की थाह लेना, किसी के मन की थाह लेने का प्रयत्न क०; U: die dritten Zähne नक़ली दाँत, नक़ली बत्तीसी; U: ein steiler Zahn बहुत ख़ूबसूरत लड़की, बहुत हसीन छोकरी, ज़ोरदार लौंडिया; U: einen gewaltigen Zahn drauf haben बहुत तेज़ दौड़ना या गाड़ी चलाना; **~arzt,** m दन्त-चिकित्सक; **~bein,** n दन्तास्थि; **~bett,** n दन्ताधार; **~bürste,** f दन्तकूची, दाँत साफ़ करने का बुरुश; **~creme,** f दन्त-मंजन; **~en,** v/i (h.) के दाँत निकलना।

zähnen, v/t (h.) दाँतेदार, दन्तुर या दन्तुरित बनाना।

Zahn-ersatz, m नक़ली बत्तीसी, नक़ली दाँत; **~fäule,** f दन्तास्थि-क्षय; **~fleisch,** n मसूड़ा, दन्तमांस; fig: auf dem Zahnfleisch daherkommen बहुत अधिक थका होना, इतना थका होना कि चला न जाए; **~hals,** m दन्त-ग्रीवा; **~höhle,** f दाँत के अन्दर की खोखली जगह; **~laut,** m दन्त्य, दन्त्त वर्ण; **~los,** adj. दन्तहीन, पोपला; **~lücke,** f दाँत उखड़ जाने से बन गई ख़ाली जगह, खुड्डी; **~pasta,/~paste,** f→ Zahncreme; **~pflege,** f दाँतों की सफ़ाई; **~rad,** n दन्तुर पहिया, दँतीला पहिया, दन्त-चक्र; **~schmelz,** m दन्तवल्क; **~spange,** f दाँतों की स्थिति को ठीक करने के लिए प्रयुक्त कमानी; **~stein,** m (-[e]s) दाँतों पर जम जाने वाला मैल; **~stocher,** m दन्तखोदनी, दन्तकुरेदनी, खिलाल; **~techniker,** m नक़ली बत्तीसी, कृत्रिम दन्तशिखरक, दाँतों की कमानी आदि बनाने वाला; **~weh,** n दाँत का दर्द, दन्तशूल।

Zähre, f (-/-n) poet: अश्रु, आँसू।

Zange, f (-/-n) सँड़सा, सँड़सी, संसी;

चिमटा; चिमटी; जम्बूर, प्लास; zool: संदंशिनी, कुछ जन्तुओं का चिमटीजैसा अंग; U: कलहप्रिय या कलही स्त्री; U: jdn. in die Zange nehmen किसी पर दबाव डालना; किसी को घेरना, किसी को बचत का रास्ता न मिलने देना; किसी से बहुत मुश्किल सवाल क० ।

Zank, m (-[e]s) झगड़ा, कलह, लड़ाई; **~apfel,** m झगड़े की जड़; **~en,** 1. v/i (h.) डाँटना, डाँट लगाना; झगड़ा, कलह क०, लड़ना; 2. v/r (h.) झगड़ा कलह, लड़ाई क० या कर लेना ।

Zänker, m (-s/-) कलहप्रिय या झगड़ालू व्यक्ति ।

Zankerei, f (-) U: (रोज़-रोज़ का) झगड़ा, झगड़ेबाज़ी, कलहबाज़ी ।

Zänk-erei, f (-/-en) अकारण कलह, बिला वजह का झगड़ा, नगण्य बात के कारण झगड़ा; **~isch,** adj झगड़ालू, लड़ाका, कलहप्रिय ।

zanksüchtig, adj. कलहप्रिय, टण्टेबाज़, झगड़ालू, लड़ाका ।

Zäpfchen, n (-s/-) med: वर्तिका, औषधि-वर्तिका (गुदा या भग के द्वारा शरीर में पहुँचाई जाने वाली); anat: अलिजिह्वा, कौआ, काकल ।

[1]**zapfen,** v/t (h.) टोंटी खोलकर निकालना (ढोलाकार बरतन से बियर या अंगूरी आदि) ।

[2]**Zapfen,** m (-s/-) बियर आदि के ढोल की डाट, डट्टा; चूल, किसी खाँचे या छेद में बिठाया जाने वाला लकड़ी का हिस्सा; bot: शंकुफल; tech: कूर्परेषा आदि की कीली; कीलक, धुराग्र ।

Zapfenstreich, m, mil: छावनी या बैरकों में वापस आने का संकेत; U: काम बन्द करने का समय, छुट्टी ।

Zapfsäule, f पैट्रोल-पम्प,पेट्रोल-स्तम्भ ।

zappel-ig, adj. चुलबुला, चंचल, चपल; अशान्त, अधीर व्यग्र; **~n,** v/i (h.) चुलबुलाना, अशान्ति के साथ इधर-उधर घूमना या शरीर के किसी अंग को इधर-उधर हिलाना; बेचैन, व्यग्र, अधीर, व्याकुल होना; तड़फड़ाना, छटपटाना, तड़पना; **~philipp,** m (-s/-e;-s) U: (बहुप) चुलबुला बालक, चंचल या उपद्रवी बालक या व्यक्ति ।

zappenduster, adj.,U: एकदम अँधेरा, अँधेरा-घुप; fig: पूर्णतया निराशाजनक ।

Zar, m (-en/-en) [russ.] ज़ार, रूसी सम्राटों की उपाधि (1917 तक) ।

Zarge, f (-/-n) चौखट,चौखटा, ढाँचा, फ्रेम (कुर्सी, बेंच आदि का); सारंगी, वेला आदि का पार्श्वभाग ।

zart, adj. मुलायम, नरम, कोमल; स्निग्ध, चिकना;(nicht widerstandsfähig) सुकुमार, कमज़ोर, नाज़ुक; भंगुर; दुबला-पतला, क्षीणकाय; (sanft) मन्द, हल्का, कोमल; मधुर, श्रुतिमधुर; (feinfühlig) कोमलहृदय, संवेदनशील, सदय; (zärtlich) प्रेमपूर्ण, प्रेममय, स्नेहपूर्ण; Farben: हल्का; U: das zarte Geschlecht नारी-जाति; U: dieser Witz ist nichts für zarte Ohren यह चुटकुला स्त्रियों (या महिलाओं) के सुनने योग्य नहीं है; **~fühlend,** adj. कोमलहृदय,व्यवहारशील, व्यवहारकुशल; **~gefühl,** n व्यवहारशीलता, व्यवहार-कौशल; **~heit,** f (-) कोमलता, नरमी, मुलायमियत; स्निग्धता; सुकुमारता, कमज़ोरी, नज़ाकत; भंगुरता; क्षीणता; मधुरता, माधुर्य;कोमलहृदयता, सदयता हल्कापन; स्नेहपूर्णता ।

zärtlich, adj. प्रेमपूर्ण, स्नेहपूर्ण, प्रेममय स्नेही, प्रेमी, प्रेमशील, स्नेहशील; प्रेमविह्वल; चूमा-चाटी करने वाला, प्यार से सहलाने वाला; **~keit,** f (-/-en) चूमा-चाटी, चुम्बन-आलिंगन; o.pl: प्रेमपूर्णता; प्रेम, स्नेह; प्रेमविह्वलता ।

Zaster, m (-s) [sans.] U: टका, रुपया-पैसा, पैसा, पैसे ।

Zäsur, f (-/-en) [lat.] छन्द-विराम, यति; fig: क्रमभंग ।

Zauber, m(-s/-) जादू, टोना, जादूगरी, जादू-टोना; अभिचार; माया; fig: जादू, सम्मोहन, मोहनी, आकर्षण, मोहकता;

~ei, f (-/-en) जादू-टोना, जादूगरी, अभिचार; बाज़ीगरी, जादू, हाथ की सफ़ाई; ~er, m (-s/-) जादूगर, अभिचारक; बाज़ीगर; ~haft, adj. जादुई; अद्भुत, आश्चर्यजनक; fig: अत्यन्त सुन्दर, निहायत ख़ूबसूरत; अत्याकर्षक, अत्यन्त मनोहर या मोहक; ~isch, adj. जादुई; अद्भुत, आश्चर्यजनक; ~kraft, f जादुई शक्ति, जादू की ताक़त; किसी जादू या टोने का असर; ~künstler, m जादूगर, बाज़ीगर; ~kunststück, n जादू, हाथ की सफ़ाई; ~n, 1. v/i (h.) जादूगरी क०,जादू-टोना क०, टोना क० या चलाना; बाज़ीगरी क०, जादू का खेल दिखाना; 2. v/t (h.) जादू से बनाना या उत्पन्न क०; जादू से पहुँचा देना, जादू से निकालना; ~spruch, m मंत्र, तंत्र-मंत्र, जादू के बोल ।

Zaubrer, m → Zauberer

Zauder-ei, f (-) हिचकिचाहट, संकोच, टालमटोल; ~er, m (-s/-) हिचकिचाने वाला, संकोची, टालमटोल करने वाला, आगा-पीछा करने वाला; ~n, v/i (h.) हिचकिचाना, हिचकना, संकोच क०, टालमटोल क०, आगा-पीछा क०, निर्णय न ले पाना ।

Zaum, m(-[e]s/ ⸚e)लगाम, बाग; fig: im Zaum(e) halten पर लगाम लगाना, को क़ाबू में रखना, पर नियंत्रण रखना; का दमन क० ।

zäumen, v/t (h.) के लगाम लगाना ।

Zaumzeug, n → Zaum

Zaun, m (-[e]s/e ⸚) बाड़ा, बाड़,घेरा, अहाते की दीवार या झाड़ी;~gast, m बिना पैसे के तमाशा देखने वाला; अनिमंत्रित या बिनबुलाया अतिथि; ~könig, m चिकुर, फुदकी, पिटपिटी; ~pfahl, m बाड़े या अहाते का खम्भा या लट्ठा; fig: ein Wink mit dem Zaunpfahl सुस्पष्ट इंगित या इशारा ।

zausen, v/t (h.) अस्तव्यस्त क०, खींच नोचकर अस्तव्यस्त क०, नोचना, खींचना, (बाल पकड़कर) झकझोरना ।

Zebra, n (-s/-s) ज़ेबरा; ~streifen, m पैदल चलने वालों के लिए सड़क पार करने की जगह जिस पर चौड़ी सफ़ेद धारियाँ बनी होतीं है ।

Zechbruder, m → Zecher

[1]**Zeche,** f (-/-n)खान, खदान, आकर ।

[2]**Zech-e,** f (-/-n) रेस्तराँ में उपभुक्त वस्तुओं का बिल; fig: die Zeche bezahlen müssen (को) किसी बात का ख़ामियाज़ा उठाना पड़ना, (को) करनी का फल भोगना पड़ना; ~en, v/i (h.) ख़ूब शराब पीना, अत्यधिक या डटकर मदिरापान क०; पानगोष्ठी का आयोजन क०; ~er, m (-s/-) मद्यप, पियक्कड़; पानगोष्ठी में भाग लेने वाला; ~preller, m (-s/-) अपना बिल चुकाए बिना रेस्तराँ से खिसक जाने वाला; ~prellerei, f (-/-en) रेस्तराँ से बिल चुकाए बिना खिसक जाना ।

Zecke, f (-/-n) किलनी, किलना, चिचड़ी, चिचड़ा ।

Zeder, f (-/-n) [lat./griech.] देवदारु; ~n, adj. देवदारु की लकड़ी का (बना); ~nholz, n देवदारु की लकड़ी।

Zeh, m (-[e]s/-en) पैर की उँगली, पादांगुलि, पैर का अँगूठा; fig: jdm. auf die Zehen treten किसी से (ग़लती से) कोई अपमानजनक बात कह देना, किसी का अपमान क० या कर देना ।

[1]**Zehe,** f (-/-n) → Zeh

[2]**Zehe,** f (-/-n) लहसुन की पोटी या पुती ।

zehn, 1. adj. दस, दश; 2. f (-/-en) दस की संख्या; दस नम्बर की ट्राम या बस आदि; ~er, m (-s/-) दहाई का अंक; U: दस फ़्रेनिष का सिक्का; दस का सिक्का या नोट; ~erlei, adj. दस प्रकार का; दस बातें; ~ersystem, n दशमलव प्रणाली, दशमिक प्रणाली; ~fach,/~fältig, adj. दसगुना; ~fingersystem, n दसों उँगलियों से

टाइप करने का तरीक़ा; ~**jährig,** adj. दस वर्ष का, दसवर्षीय; दस वर्षों तक चलने या होने वाला; ~**kampf,** m, sport: दस विषयों की शारीरिक प्रतियोगिता; ~**mal,** adv. दस बार; ~**malig,** adj. दस बार का, दस बार होने वाला; ~**tägig,** adj. दस दिन का; दस दिन(तक)होने या चलने वाला; ~**tausend,** adj. दस हज़ार; fig: die oberen Zehntausend समाज का उच्चतम वर्ग।

zehren, v/i (h.) दुबला क०, पतला या कृश क०; दुर्बल, कमज़ोर या क्षीण क०; क्षय क०, नष्ट क०, के कारण घुलना या घुल कर काँटा होना; von etw. zehren किसी वस्तु का उपभोग क०, किसी वस्तु को जीवित रहने के लिए इस्तेमाल क० या खर्च क०, किसी वस्तु पर जीना; fig: von Erinnerungen zehren यादों में खोये रहना, पुरानी बातों को याद कर-करके खुश होना, यादों के सहारे जीवित रहना; die Krankheit zehrte an seinen Kräften बीमारी ने उसकी शक्तियों को क्षीण कर दिया।

Zeichen, n (-s/-) चिह्न, निशान; संकेत, इशारा, सैन, इंगित; निर्देश-चिह्न, निर्देश-अंक; (Kennzeichen) पहचान-चिह्न; (Anzeichen) शकुन; आसार; लक्षण, चिह्न; (Symbol) संकेताक्षर, चिह्न; प्रतीक; (Satzzeichen) विरामादि-विधान का चिह्न; (Beweis) सबूत, प्रमाण; astrol: राशि; sich durch Zeichen verständigen इशारों में बातें क०; er ist Schneider seines Zeichens वह दरज़ी है; fig: die Zeichen der Zeit erkennen वक़्त (की रफ़्तार) को पहचानना, परिस्थिति को पहचानना या पहचान लेना; fig: im Zeichen von etw. stehen किसी बात के प्रभाव, जोश या नशे में होना; किसी बात की तैयारी में लगा होना; ~**brett,** n आरेख-पट्ट, रेखण-पटल; ~**setzung,** f विरामादि-विधान; ~**sprache,** f इंगित-भाषा, संकेत-भाषा; ~**trickfilm,** m कार्टून-फ़िल्म।

zeichn-en, 1. v/t (h.) खींचना, का चित्र या रेखाचित्र बनाना; (kennzeichnen) को चिह्नित क०, पर निशान लगाना; (unterschreiben) पर हस्ताक्षर क०; kfm: हस्ताक्षर द्वारा क्रय के लिए वचनबद्ध हो जाना, खरीदना (शेयर आदि); fig: को चित्रित क०, का चित्रण क०, का वर्णन क०; für etw. zeichnen किसी बात के लिए ज़िम्मेदार होना, किसी बात की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेना; fig: vom Tode gezeichnet sein के चेहरे पर मृत्यु के लक्षण स्पष्ट होना, पर मौत की छाया पड़ चुकी होना; 2. v/i (h.) रेखाचित्र, खाका या चित्र बनाना, चित्रकारी क०; रेखाचित्र आदि बनाने का काम क०; Wild: पर गोली का प्रभाव दिखने लगना; ~**er,** m (-s/-) नक़्शानवीस, रेखाचित्र आदि बनाने वाला; ~**erisch,** adj. रेखाचित्र के रूप में प्रस्तुत किया हुआ; चित्रकारी का, चित्रांकन-संबंधी; ~**ung,** f (-/-en) रेखाचित्र, चित्र, आलेख, खाका; (Musterung) रंगों तथा चित्तियों आदि का नमूना (पशुचर्म पर); kfm: हस्ताक्षर द्वारा क्रय (के लिए वचनबद्ध होना); fig: चित्रण, चरित्र-चित्रण, वर्णन।

Zeige-finger, m तर्जनी, देशिनी; ~**n,** 1. v/t (h.) दिखाना, दिखा देना, देखने को देना; प्रदर्शित क०; (merken lassen) प्रकट क०, व्यक्त क०, ज़ाहिर क०; से प्रकट या ज़ाहिर होना; (vormachen) करके दिखाना; (weisen) समझाना, सिखाना, बतलाना; (beweisen) साबित क०, सिद्ध क०, प्रमाणित क०; 2. v/i (h.) की ओर इशारा क०, की ओर उँगली उठाना; की ओर (अभिमुख) होना; 3. v/r (h.) प्रकट होना, ज़ाहिर होना, दिखाई पड़ना, सामने आना; साबित होना, सिद्ध होना; दर्शन देना; किसी स्थान पर आना या जाना; निकलना, निकल आना; झलकना, झल-

कने लगना; ~r, m (-s/-) सूई (घड़ी या मीटर आदि की)।

zeihen, v/t (h.) (किसी) पर (किसी बात का) आरोप या इल्ज़ाम लगाना, पर दोष लगना; jdn. einer Lüge zeihen किसी पर झूठ का इल्ज़ाम लगाना।

Zeile, f (-/-n) पंक्ति, लाइन; (Reihe) क़तार; zwischen den Zeilen lesen अकथित (या अलिखित) बात को समझ लेना या भाँप लेना; ~**nweise,** adv. पंक्तियों के हिसाब से; एक-एक पंक्ति करके।

Zeisig, m (-s/-e) [tschech.] हरे-पीले रंग की एक गाने वाली चिड़िया, चटिका; fig: ein lockerer Zeisig उच्छृंखल व्यक्ति, बेपरवाह या लापरवाह आदमी, अविवेचित काम करने वाला व्यक्ति।

[1]**zeit,** präp.(+ gen.): zeit (seines) Lebens अपने जीवनकाल में, अपनी सारी ज़िन्दगी में, ज़िन्दगी-भर, आजीवन।

[2]**Zeit,** f (-/-en) समय, काल, वक़्त; (Zeitraum) अवधि, मियाद, मुद्दत; (verfügbare Zeit) समय, वक़्त; फ़ुरसत; (Epoche) युग, काल; ज़माना; (Zeitpunkt) समय, वक़्त; अवसर, मौक़ा; निश्चित या निर्धारित समय; (Uhrzeit) समय, वक़्त; gramm: काल; in alten Zeiten पुराने दिनों में, पुराने ज़माने में; von Zeit zu Zeit कभी-कभी, यदा-कदा, समय-समय पर; zur Zeit अभी, इस समय; आजकल; mit der Zeit धीरे-धीरे, वक़्त के साथ; mit der Zeit gehen समय के साथ चलना, ज़माने के (साथ-) साथ क़दम मिलाकर चलना; es ist Zeit zu gehen अब जाने का समय हो गया है; einen Vertrag auf Zeit abschließen सीमित समय के लिए समझौता क०; das Kind kam vor der Zeit अनुमानित प्रसव-तिथि (या प्रसव-समय) से पहले ही बच्चा पैदा हो गया; (ach) du liebe Zeit! अरे!; अरे वाह!; हे भगवान!; अरे ग़ज़ब हो गया!; हाय!, हाय राम!; spw: alles zu seiner Zeit कोई जल्दी नहीं है; हर चीज़ का वक़्त होता है!; ~**abschnitt,** m अवधि, कालावधि; मियाद; ~**alter,** n युग, काल; ज़माना; ~**dehner,** m, phot: मन्दगति प्रक्षेपण (की विधि); ~**form,** f, gramm: (क्रिया का) काल; ~**geist,** m युग-चेतना, युग-विशेष की चेतना; ~**gemäß,** adj. समयोचित, समयानुकूल, अवसर के अनुकूल; ~**genosse,** m समकालीन व्यक्ति; ~**genössisch,** adj. समकालीन, समसामयिक; ~**geschichte,** f तत्कालीन (समय का) इतिहास, आसन्न अतीत तथा वर्तमान का इतिहास; ~**geschichtlich,** adj. तत्कालीन इतिहास से संबंधित या उस पर आधारित; ~**hafen,** m केवल ज्वार के समय प्रयोग में लाया जा सकने वाला बन्दरगाह; ~**ig,** 1. adj. समय से पहले का; जल्दी का; 2. adv. समय से पहले; जल्दी; वक़्त से; ~**igen,** v/t (h.) उत्पन्न क०, सामने लाना, का (अच्छा या बुरा) परिणाम या असर होना, को सफलता या असफलता मिलना; ~**karte,** f निश्चित अवधि के लिए जारी किया गया यात्रा-पत्र, पास; ~**lang,** f: eine Zeitlang थोड़ी देर तक, कुछ समय तक, थोड़ी देर; ~**lebens,** adv. ज़िन्दगी-भर, सारी ज़िन्दगी, तमाम उम्र, आजीवन; ~**lich,** 1. adj. कालिक, सामयिक, समयगत, समय का; (irdisch) ऐहिक, सांसारिक, पार्थिव; अनित्य, नाशवान्; 2. adv. जहाँ तक समय का प्रश्न है, समय के दृष्टिकोण से; समय की कमी के कारण; ~**lichkeit,** f (-) अनित्यता, नश्वरता; ~**los,** adj. कालातीत, शाश्वत; नये फ़ैशन के बावजूद भी जिसका प्रयोग या रिवाज समाप्त न हो; ~**lupe,** f (-) →Zeitdehner; ~**nah,** adj. सामयिक, वर्तमान-विषयक, वर्तमान (परिस्थितियों) से संबंधित या उनसे

मेल खाता हुआ; **~nehmer,** m (-s/-) sport: समयपाल, समय का हिसाब रखने वाला; **~plan,** m समय-निर्धारण, योजना अदि की समय-सारणी; **~punkt,** m समय, वक़्त;क्षण; निर्धारित समय; **~raffer,** m (-s/-) तीव्रगति प्रक्षेपण (की विधि); **~raubend,** adj. बहुत समय लेने वाला, जिसमें बहुत समय लगे, लम्बा; **~raum,** mअवधि, कालावधि, मियाद, मुद्दत; **~rechnung,** f कालनिर्धारण-पद्धति (जैसे ईसवी, हिजरी, शक-संवत्, विक्रम-संवत्); **~schrift,** f पत्रिका; **~spanne,** f अवधि, कालावधि; **~sparend,** adj. समय बचाने वाला (तरीक़ा, ढंग आदि)।

Zeitung, f (-/-en) समाचारपत्र, अख़बार; **~sausschitt,** m अख़बार की कतरन; अख़बार से काटा हुआ अंश; **~sente,**f झूठा समाचार, झूठी ख़बर; **~snotiz,** f संक्षिप्त समाचार; **~swesen,** n समाचार-व्यवस्था; **~swissenschaft,**f पत्रकारिता-विज्ञान (अध्ययन के विषय के रूप में)।

Zeit-vertreib, m मनबहलाव, मनोरंजन; **~weilig,** 1. adj. अस्थायी, अल्पकालिक; अन्तरिम; 2. adv. कभी-कभी, समय-समय पर, बीच-बीच में; **~weise,** adv. यदा-कदा, कभी-कभी, जब-तब, समय-समय पर, बीच-बीच में; **~wort,** n (-[e]s/ ⁻⁻er) क्रिया; **~zünder,** m मियादी पलीता।

zelebrieren, v/t (h.) [lat.] मनाना (उत्सव आदि), का अनुष्ठान क०, करना (यज्ञ, मिस्सा आदि)।

Zell-e, f (-/-n) [lat.] छोटा-सा कमरा, कोठरी; im Gefängnis: जेलख़ाने की कोठरी, कारागार-कक्ष; von Bienenwabe: मधुमक्खी के छत्ते का एक ख़ाना; biol: कोशाणु, कोशिका, कोशा; pol: गुट्ट; el: विद्युद्घटक; **~gewebe,** n कोशा-ऊति, ऊतक; **~kern,** m कोशा-केन्द्रक; **~stoff,** m कोशाधु, वह पदार्थ जिससे पौधों के ठोस भाग का निर्माण होता है; **~ular,** adj. कोशिकीय, कोशिकामय; कोशिका-संबंधी; कोशाकार; **~uloid,** n (-s) कोशाव्भाभ, काष्ठकपूर, हाथी-दाँत जैसा एक संश्लिष्ट पदार्थ; **~ulose,** f (-) सैलूलोज़, वह पदार्थ जिससे पौधों के ठोस भाग का निर्माण होता है; **~wolle,** f (-) संश्लिष्ट सूत।

Zelt, n (-[e]s/-e) तम्बू, ख़ेमा; **~en,** v/i (h.) तम्बू में रहना, तम्बू लगाकर रहना; **~lager,** n तम्बू-शिविर; **~platz,** m शिविर-स्थान, तम्बू लगाने की जगह।

Zement, m (-[e]s/-e) [lat.] सीमेंट, वज्रचूर्ण; दन्तवज्र; दाँत का अस्थिमय रक्षक आवरण; **~ieren,** v/t (h.) को सीमेंट से जोड़ना, पर सीमेंट लगाना; fig: को दृढ़ क०, को मज़बूत क०।

Zenit, m (-[e]s) [ital.] शिरोविन्दु, खमध्य; fig: चरम विन्दु, पराकाष्ठा।

zen-sieren, v/t (h.) [lat.] निरीक्षण द्वारा नियंत्रित क०, सेन्सर क०; (परीक्षा के काम) का मूल्यांकन क०, में (या पर) नम्बर देना, का परीक्षाफल बनाना; **~sierung,** f (-) (संवाद-) नियंत्रण, समाचार-नियंत्रण; मूल्यांकन, (परीक्षा की कॉपियाँ) जाँचना; **~sor,** m (-s/-en) (संवाद-)नियंत्रक, सेन्सर; **~sur,** f (-/-en) संवाद-नियंत्रण; सेन्सर-व्यवस्था, संवाद-नियंत्रण-व्यवस्था; (Note) परीक्षाफल की श्रेणी, परीक्षा में दिए गए अंक; परीक्षाफल; **~sus,** m (-/-) जनगणना, मर्दुमशुमारी।

Zentenarium, n (-s/-'rien) [lat.] शताब्दी-महोत्सव।

Zentimeter, m/n [lat.] सेन्टीमीटर।

Zentner,m (-s/-) [lat.] वज़न की एक इकाई (1 Zentner=50 किलोग्राम)।

zentral, adj. [lat.] केन्द्रीय; प्रमुख, प्रधान, महत्वपूर्ण; das ist von zentraler Bedeutung यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है; **~e,** f (-/-n) प्रधान कार्यालय, मुख्यालय, सदर मुक़ाम; केन्द्र;

tel: मिलान-केन्द्र; **~heizung,** f केन्द्रीय तापन; **~isation,** f → Zentralisierung; **~isieren,** v/t (h.) केन्द्रित क०; का केन्द्रीयकरण क०, को केन्द्रीय शासन या प्रशासन के अधीन क०; **~isierung,** f (-) केन्द्रीयकरण, केन्द्रीकरण; **~ismus,** m (-) केन्द्रीय-शासनवाद; केन्द्रीयकरण की नीति; **~komitee,** n कार्यकारिणी समिति।

zent-rieren, v/t (h.) [lat.] केन्द्रीभूत क०, केन्द्रित क०; **~rifugal,** adj. अपकेन्द्र, अपकेन्द्रीय, केन्द्रापसारी; **~rifugalkraft,** f केन्द्रापसारी बल; **~rifuge,** f (-/-n) अपकेन्द्रित्र, विभिन्न घनत्वों के द्रवों के पृथक करने वाला मथित्र; **~rifugieren,** v/t (h.) अपकेन्द्रित्र की सहायता से विभिन्न घनत्वों के द्रवों को पृथक क०; **~ripetal,**adj. अभिकेन्द्र, अभिकेन्द्रीय, केन्द्राभिसारी, केन्द्राभिमुखी; **~risch,** adj. केन्द्रस्थ, केन्द्रिक, केन्द्रीय; **~rum,** n (-s/-'tren) केन्द्र, मध्यबिन्दु, मध्य; (Stadtmitte) नगर-केन्द्र, शहर का केन्द्र।

Zeppelin,m(-s/-e) ज़ेपेलिन, वायुपोत।

Zepter, n (-s/-) [lat./griech.] सम्राट का अधिकार-दंड; fig: das Zepter führen/schwingen राज्य क०, का राज्य होना; का सिक्का चलना, की चलना।

zerbeißen, v/t (h.) दाँतों से काटकर टुकड़े-टुकड़े कर देना, दाँतों से काट-कर या चबाकर नष्ट कर देना, चबा डालना।

zerbersten, v/i (s.) फट जाना, फट कर टुकड़े-टुकड़े हो जाना।

zerbomben, v/t (h.) बमबारी द्वारा तहस-नहस कर देना।

zerbrech-en, 1. v/i (s.) टुकड़े-टुकड़े हो जाना, टूट जाना; fig: an etw. zerbrechen किसी बात के कारण (अन्दर से) टूट जाना, किसी बात से दु:खी हो जाना या आजिज आ जाना; 2. v/t (h.) टुकड़े-टुकड़े कर देना, तोड़ डालना; fig: sich den Kopf über etw. zerbrechen किसी बात के बारे में (या किसी समस्या का हल निकालने के लिए) सिर पच्ची क० या खपाना; **~lich,** adj. भंगुर, जल्दी या आसानी से टूट जाने वाला;fig: दुर्बल, कमज़ोर; सुकुमार, नाज़ुक।

zerdeppern, v/t (h.)→zerteppern

zerdrücken, v/t (h.) दबाकर तोड़ना या तोड़ डालना, दबाकर या कुचल-कर नष्ट कर देना, दबाकर या कुचल-कर मार डालना, कुचल डालना, मसल डालना, में सिलवटें डाल देना।

zerebral, adj. [lat.] प्रमस्तिष्कीय, मस्तिष्क-संबंधी; मस्तिष्क-; Vokal: मूर्धन्य।

Zeremon-ie, f (-/-n) [lat.] समारोह, अनुष्ठान; **~iell,** 1. adj. समारोही, आनुष्ठानिक, औपचारिक;2. n (-s/-e) समारोह, अनुष्ठान; शिष्टाचार, औप-चारिकतायें; **~iös,** adj. औपचारिक, आडम्बरपूर्ण; संयत, गंभीर।

zerfahren, adj. अधिक प्रयोग द्वारा टूटा-फूटा हुआ (मार्ग आदि); fig: अन्यमनस्क, अनमना, दुचित्ता; **~heit,** f (-) अन्यमनस्कता, अनमनापन, दुचित्तापन।

Zerfall, m (-[e]s) क्षय; अपक्षय; विनाश; phys: विघटन;(Untergang) पतन, अध:पतन; **~en,** v/i (s.) क्षय हो जाना, टुकड़े-टुकड़े हो(कर गिर) जाना;नष्ट हो जाना;घुल जाना; विभक्त होना या हो जाना; phys: विघटित हो जाना; fig: mit jdm. zerfallen sein (किसी की) किसी से दुश्मनी या अनबन होना।

zefetzen, v/t (h.) फाड़ डालना, चिथड़े-चिथड़े कर डालना, की धज्जियाँ उड़ा देना।

zerfledern, v/t (h.) छिजा देना, की दुर्गति कर देना।

zerfleischen, v/t (h.) फाड़ डालना, दाँतों से खून-खच्चर कर देना, इस प्रकार काटना कि मांस बाहर लटकने

लगे।

zerfließen, v/i (s.) पिघलकर बह जाना; (फैलकर) बह जाना; in Tränen zerfließen बहुत बुरी तरह रोना।

zerfressen, v/t (h.) खा डालना (कीड़ों का कपड़ों आदि को); संक्षारित कर देना, क्षय कर देना; सड़ा देना; नष्ट कर देना।

zerfurcht, adj. जिस पर शिकनें पड़ गई हों, झुर्रीदार।

zergehen, v/i (s.) पिघल जाना; घुल जाना।

zerglieder-n, v/t (h.) का विश्लेषण क०; **~ung,** f (-/-en) विश्लेषण।

zerkleinern, v/t (h.) के छोटे-छोटे टुकड़े क०, छोटे-छोटे टुकड़ों में काटना या कूटना या तोड़ना।

zerklüftet, adj. विदीर्ण, कटा-फटा; दर्रों और घाटियों से युक्त।

zerknallen, 1. v/i (s.) धड़ाके के साथ फट जाना या फूट जाना; 2. v/t (h.) धड़ाके के साथ फोड़ देना।

zerknirsch-t, adj. पश्चात्तापी, अनुतप्त, पश्चात्तापपूर्ण, ग्लान, ग्लानियुक्त, खिन्न; **~ung,** f (-) पश्चात्ताप, अनुताप, ग्लानि, खिन्नता।

zerknittern, v/t (h.) मरोड़ देना, गुँजिल देना; में सिलवटें डाल देना।

zerknüllen, v/t (h.) गुड़ी-मुड़ी कर देना, को मुट्ठी में लेकर दबा देना (कागज़ आदि)।

zerlassen, v/t (h.) पिघलाना (मक्खन, घी आदि)।

zerleg-en, v/t (h.) के पुरज़े अलग-अलग क०, के पुरज़े खोलना; (वध किए हुए पशु) को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटना; (वाक्य-) विश्लेषण क०; **~ung,** f (-) पुरज़े खोलना; वध किए हुए पशु को टुकड़ों में काटना; (वाक्य-) विश्लेषण।

zerlesen, adj. कई लोगों द्वारा पढ़े जाने के कारण जीर्ण-शीर्ण।

zerlöchert, adj. छिद्रिल, छलनी किया हुआ।

zerlumpt, adj., U: फटीचर, फटे-हाल, चिथड़ों में लिपटा हुआ, चिथड़े पहने हुए।

zermahlen, v/t (h.) पीस डालना, पीसकर बारीक क०।

zermalmen, v/t (h.) कुचल डालना, कुचलकर या दबाकर ध्वस्त कर देना, पीस डालना, कुचलकर या दबाकर टुकड़े-टुकड़े कर देना; चबा डालना, चबाकर तोड़ डालना; की लपसी बना देना; fig: को पीसकर रख देना।

zermartern, v/r (h.) : sich den Kopf zermartern सिर पच्ची क०, दिमाग़ पच्ची क०।

zermürben, v/t (h.) के विरोध को समाप्त कर देना, की इच्छाशक्ति को तोड़ देना, को झुका देना, को ढीला, नरम, ठंडा कर देना, की कमर तोड़ देना, को तोड़ देना।

zerpflücken, v/t (h.) की एक-एक पंखुड़ी या पत्ती तोड़ना या अलग क०; fig: की एक-एक बात को ग़लत साबित क०, की एक-एक बात की आलोचना क०, की धज्जियाँ उड़ा देना।

zerplatzen, v/i (s.) फट जाना, बुरी तरह या धड़ाके के साथ फट जाना; fig: vor Wut zerplatzen क्रोधोन्मत्त हो जाना, ग़ुस्से के मारे आपे से बाहर हो जाना या होना।

Zerrbild, n विद्रूप, मिथ्या वर्णन, तोड़-मरोड़कर किया हुआ वर्णन या चित्रण; उपहासचित्र।

zerreden, v/t (h.) पर आवश्यकता से अधिक बात क०, अनावश्यक या अत्यधिक वादविवाद द्वारा नष्ट कर देना (भावना, इच्छा आदि को)।

zerreiben, v/t (h.) पीस कर बारीक क०, घोटना, घोट डालना; fig: पीस डालना।

zerreiß-en, 1. v/t (h.) फाड़ डालना, चीर डालना, फाड़ देना, चीर देना; चीरकर या फाड़कर अलग कर देना; चीर कर या फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना; तोड़ देना, तोड़ डालना; U: sich

für jdn. zerreißen किसी के लिए अपनी शक्ति से अधिक काम क०; 2. v/i (s.) फट जाना; टूट जाना; ~probe, f तन्यता-परीक्षण; fig: कठिन परीक्षा, सहनशक्ति-परीक्षा; सहनशक्ति-परीक्षा; ~ung, f (-) फाड़ डालना, चीर डालना; तोड़ डालना; फट जाना; टूट जाना; med: नसों आदि का फट जाना।

zerren, v/t (h.) खींचना, घसीटना, खींचकर या घसीटकर ले जाना; ज़ोर लगा कर खींचना या तानना; पर अधिक ज़ोर डालना; fig: etw. an die Öffentlichkeit zerren बिना किसी लिहाज़ के किसी बात का ढिंढोरा पीटना।

zerrinnen, v/i (s.) पिघलकर बह जाना, बह जाना;fig: विलीन हो जाना, के हाथों में न रुकना (धन); कम हो जाना, घटता जाना; पर पानी फिर जाना।

zerrissen, adj. फटा हुआ, जिसकी धज्जियाँ उड़ रही हों; fig: जिसमें फूट पड़ गई हो (दल आदि), अन्तर्द्वन्द्व से ग्रस्त; अपने आप से असन्तुष्ट ग्लान, खिन्न; ~heit, f (-) फटे होने की स्थिति, फटापन; फूट; अपने आप से असन्तोष, (आतम)ग्लानि, खिन्नता।

Zerrung, f (-/-en) खींचने या तानने से हुआ विकार या रूप-परिवर्तन; med: नस का तन जाना (अधिक ज़ोर डालने के कारण)।

zerrütt-en, v/t (h.) अस्तव्यस्त कर देना; बिगाड़ देना, बरबाद कर देना, तबाह कर देना;eine zerrüttete Ehe वैवाहिक जीवन जिसमें पति-पत्नी के संबंध पूर्णतया बिगड़ चुके हों; eine zerrüttete Gesundheit जर्जर स्वास्थ्य, पूरी तरह बिगड़ चुकी हुई तन्दुरुस्ती; ~ung, f (-) अस्तव्यस्तता; बरबादी, तबाही; बिगाड़।

zerschellen, v/i (s.) टुकड़े-टुकड़े हो जाना, टूट जाना, चकनाचूर हो जाना।

zerschlagen, 1. v/t (h.) (प्रहार द्वारा) तोड़ डालना या फोड़ डालना, (फेंककर या गिराकर) तोड़ देना या टुकड़े-टुकड़े कर देना: fig: को नष्ट कर देना, को तहस-नहस कर देना; U: Porzellan zerschlagen अप्रिय, असामयिक, अनुचित कथन या आचरण द्वारा अनर्थ कर देना; 2. v/r (h.) विफल हो जाना; पर पानी फिर जाना; 3. adj., fig: अत्यधिक थका हुआ, थकान से चूर।

zerschleißen, v/t (h.) छिजाना, छिजा देना, छिजा डालना, जीर्ण-शीर्ण कर देना।

zerschmettern, v/t (h.) (फेंककर या पटककर या प्रबल प्रहार द्वारा) टुकड़े-टुकड़े कर देना, चकनाचूर कर देना।

zerschneiden, v/t (h.) काट डालना, काटकर टुकड़े-टुकड़े कर देना।

